उपशमक	८-११	३८०		—	,,	३८०		—	३८०		—	,,	३८०		—	,,
क्षपक	८-१२	३८१		—	मूलोघवत	३८१		—	३८१		—	मूलोघवत	३८१		—	मूलोघवत
असंज्ञी	१	३८२		...	निरन्तर	३८२		...	३८३		...	गुणस्थान परिवर्तनाभाव	३८३		...	गुणस्थान परिवर्तनका अभाव
१४. आहारक मार्गणा																
आहारक सा.	...		६७	...	,,		६७	...		१४९	५ समय	विग्रह गतिमें		१५०	३ समय	विग्रह गतिमें
अनाहारक सा.	...		६७	...	,,		६७	...		१५१	क्षुद्रभव-३ समय	कार्मण काय-योगीवत्		१५१	असंख्याता सं. उत. अवसर्पिणी	बिना मोड़ेकी गतिसे भ्रमण
आहारक	१	३८४		—	मूलोघवत	३८४		—	३८४		—	मूलोघवत	३८४		—	मूलोघवत

* नोट—ध.खं./१/६ में द्वितीयोपशमका कथन किया है, क्योंकि प्रथमोपशमसे मिथ्यात्वकी ओर ले जानेसे मार्गणा विनष्ट हो जाती है। इसके कथनके लिए देखो अंतर २/६।

मार्गणा		नाना जीवापेक्षया						एक जीवापेक्षया						
मार्गणा	गुण स्थान	प्रमाण १	प्रमाण ३	जघन्य	अपेक्षा	प्रमाण १	प्रमाण ३	उत्कृष्ट	प्रमाण १	प्रमाण २	जघन्य	अपेक्षा	प्रमाण १	प्रमाण २	उत्कृष्ट	अपेक्षा
		सू	सू			सू	सू		सू	सू			सू	सू		
आहारक	२	३८५		१ समय	मूलोघवत्	३८५		पल्य/असं.	३८६		पल्य/असं.	मूलोघवत्	३८७		आहारक काल -२ समय या असंख्यातासं. उत्. अवसर्पिणी	२ समय स्थिति वाला सासादन मरकर एक विग्रह से उत्पन्न होकर द्वितीय समय आहारक हो तृतीय समय मिथ्यात्वमें गया। परिभ्रमण कर आहारक कालके अंतमें उप. सम्य. को प्राप्त हो आहारक कालका एक समय शेष रहनेपर पुनः सासादन।
	३	३८५		१समय	मूलोघवत्	३८५		पल्य/असं.	३८६		अन्तर्मुहूर्त	मूलोघवत्	३८७		आहारक काल- ६ अंतर्मु. या असं. उत् अवसर्पिणी	२८/ज देवोंमें उत्पन्न हो सम्यग्मिथ्या. को प्राप्तकर मिथ्यादृष्टि हो आहारक काल प्रमाण भ्रमण कर, उपशम पूर्वक सम्यग्मिथ्यात्व धार सम्य. या मिथ्या. होकर विग्रह गतिमें गया।
	४	३८८		...	निरन्तर	३८८		...	३८९		अन्तर्मुहूर्त	गुणस्थान परिवर्तन	३९०		,,-९ अंतर्मु.	
	५	३८८		...	,,	३८८		...	३८९		,,	,,	३९०		,, ,,	,, किन्तु संज्ञी सम्मूर्च्छिम तिर्य. में उत्पन्न कराके प्रथम संयमासंमय ग्रहण कराना। फिर भ्रमण।
	६-७	३८८		...	,,	३८८		...	३८९		,,	,,	३९०		,,-८ वर्ष-३ अंतर्मु.	,, परन्तु मनुष्योंमें उत्पन्न कराके संयत बनाना। फिर भ्रमण
उपशमक	८-११	३९१		—	मूलोघवत्	३९१		—	३९२		अन्तर्मुहूर्त	मूलोघवत्	३९३		,,-८ वर्ष-क्रमशः १२,१०,९,८ अंतर्मु.	प्रमत्ताप्रमत्तवत् (८वें में १२, ९वें में १०, १०वें में ९, ११वें में ८)
क्षपक	८-१३	३९४		—	,,	३९४		—	३९४		—	,,	३९४		—	मूलोघवत्
अनाहारक	१,२,४, १३	३९६		—	कार्मण योगवत्	३९६		—	३९६		—	कार्मण काययोगवत्	३९६		—	कार्मण काययोगवत्
	१४	३९७		—	मूलोघवत्	३९७		—	३९७		—	मूलोघवत्	३९७		—	मूलोघवत्

५. कर्मोंके बन्ध उदय सत्त्व विषयक प्ररूपणा :—

नोट—उस उस विषयकी प्ररूपणाके लिए देखो संकेतित प्रमाण अर्थात् शास्त्रमें वह वह स्थल।

सं.	विषय	मूल प्रकृतिकी ओघ आदेश प्ररूपणा		उत्तर प्रकृतिकी ओघ आदेश प्ररूपणा	
		नाना जीवापेक्षया	एक जीवापेक्षया	नाना जीवापेक्षया	एक जीवापेक्षया
(१)	अष्ट कर्म प्रकृति बन्धमें अन्तर :—	(म. ब. पु./सू./पृ.)			
१	ज. उ.	१/३६५-३६०/२५०-२५८	१/८४-१२२/६६-६४		
(२)	अष्ट कर्म स्थिति बन्धमें अन्तर :—	(म. ब. पु./सू./पृ.)			
१	ज. उ.	२/२०४-२२०/११८-१२५	२/६७-१२५/५६-७७	२/५५५-५६४/२५६-२६०	२/२१७-२६६/३६५-४३६
२	भुजगार.	२/३२६-३३६/१६६-१७२	२/२८१-२६४/१६१-१५७	३/७२६-८०६/३८०-३८५	३/७३३-७६३/३३६-३६१
३	वृद्धि.	२/४०३-४०४/२०२-२०३	२/३७०-३८२/१८८-१६४	ताड़ पत्र नष्ट हो गये	३/८८२-६१३/४१८-४४४
(३)	अष्ट कर्म अनुभाग बन्धमें अन्तर :—	(म. ब. पु./सू./पृ.)			
१	ज. उ.	४/२५४-२५८/११६-१२०	४/११८-१७६/४४-७४		
२	भुजगार.	४/३००-३०१/१३८	४/२७३-२८४/१२७-१३१		
३	वृद्धि.	४/३३६/१६६	४/३५६/१६३		
(४)	अष्ट कर्म प्रदेश बन्धमें अन्तर :—	(म. ब. पु./सू./पृ.)			
१	ज. उ.	६/६५-६६/५०-५१	६/६० ६३/४५-४८		६/१४८-२६८/१५४
२	भुजगार.	६/१४०-१४१/७६-७७	६/१०७-१२४/५७-६५		
३	वृद्धि.				
(५)	अष्ट कर्म प्रकृति उदयमें अन्तर :—	(ध. पु./पृ.)			
१	सामान्य	१५/२८५	१५/२८५	१५/२८८	१५/२८८
(६)	अष्ट कर्म स्थिति उदयमें अन्तर :—	(ध. पु./पृ.)			
१	ज. उ.	१५/२६१	१५/२६१	१५/२६५	१५/२६५
२	भुजगार.	१५/२६४	१५/२६४	»	»
३	वृद्धि.	»	»	»	»
(७)	अष्ट कर्म अनुभाग उदयमें अन्तर :—	(ध. पु./पृ.)			
१	ज. उ.	१५/२६६	१५/२६६	१५/२६६	१५/२६६
२	भुजगार.	»	»	»	»
३	वृद्धि.	»	»	»	»
(८)	अष्ट कर्म प्रदेश उदयमें अन्तर :—	(ध. पु./पृ.)			
१	ज. उ.	१५/२६६	१५/२६६	१५/३०६	१५/३०६
२	भुजगार.	»	»		१५/३२६
३	वृद्धि.	»	»		
(९)	अष्ट कर्म प्रकृति उदीरणामें अन्तर :—	(ध. पु./पृ.)			
१	ज. उ.	१५-४६-५०	१५/४६-५०	१५/६८-६७	१५/६८-६७
२	भुजगार.	१५/५१-५२	१५/५१-५२	१५/६७	१५/६७
३	वृद्धि.				
(१०)	अष्ट कर्म स्थिति उदीरणामें अन्तर :—	(ध. पु./पृ.)			
१	ज. उ.	१५/१४१	१५/१३०-१३७	१५/१४१	१५/१३०-१३६
२	भुजगार.	१५/१६१-१६२	१५/१६१-१६२	१५/१६१-१६२	१५/१६१-१६२
३	वृद्धि.				

सं.	विषय	मूल प्रकृतिकी ओघ आदेश प्ररूपणा		उत्तर प्रकृतिकी ओघ आदेश प्ररूपणा	
		नाना जीवापेक्षया	एक जीवापेक्षया	नाना जीवापेक्षया	एक जीवापेक्षया
(११)	अष्ट कर्म अनुभाग उदीरणामें अन्तर :—	(ध. पु./पृ.)			
१	ज. उ.			१५/२०८-२१०	१५/१९९-२०३
२	भुजगार.			१५/२३६	१५/२३३/२३४
३	वृद्धि.				
(१२)	अष्ट कर्म प्रदेश उदीरणामें अन्तर :—	(ध. पु./पृ.)			
१	ज. उ.			१५/२६१	१५/२६१
२	भुजगार.			१५/२७४	१५/२७४
३	वृद्धि.			,,	,,
(१३)	अष्टकर्म अप्रशस्त उपशमनामें अन्तर :—	(ध. पु./पृ.)			
१	प्रकृतिके तीनों विकल्प	१५/२७७	१५/२७७	१५/२७८-२८०	१५/२७८-२८०
२	स्थितिके ,, ,,	१५/२८१	१५/२८१	१५/२८१	१५/२८१
३	अनुभाग ,, ,,	१५/२८२	१५/२८२	१५/२८२	१५/२८२
४	प्रदेश ,, ,,				
(१४)	अष्टकर्म संक्रमणमें अन्तर :—	(ध. पु./पृ.)			
१	प्रकृतिके तीनों विकल्प	१५/२८३-२८४	१५/२८३-२८४	१५/२८३-२८४	१५/२८३-२८४
२	स्थितिके ,, ,,	,,	,,	,,	,,
३	अनुभाग ,, ,,	,,	,,	,,	,,
४	प्रदेश ,, ,,	,,	,,	,,	,,
(१५)	मोहनीय प्रकृति सत्त्वमें अन्तर :—	(क. पा. पु./पैरा पृ./)			
१	राग व द्वेष	१/§३६१/४०६-४०७	१/§३७५		
२	सामान्य		२/§६४/४४	२/§१८४-१८५/१७३-१७५	२/§१३५-१४१/१२३-१३०
३	सत्त्व स्थान.			२/§३७८-३८१/३४४-३५२	२/§३०८-३२५/१८१-२६२
४	भुजगार.			२/§४६४-४६७/४१६-४२२	२/§४३८-४४२/३६७-४०६
५	वृद्धि.			२/§५२६-५३१/४७५/४७८	२/§४६८-५०४/४४६-४५५
(१६)	मोहनीय स्थिति सत्त्वमें अन्तर :—	(क. पा. पु./पैरा/पृ.)			
१	ज. उ. स्थिति	३§२१८-२२२/१२३-१२५	३/१८८-१६४/१०८-११०	३/§१५५-१६३/८८-९३	३/§८३-९२/४७-५४
२	वृद्धि. आदि पद.	३/§३२८-३४१/१८०-१८५	३/§२७३-२८६/१४६-१६०		
३	ज. उ. स्थिति स्वामित्व			३/६७३-७०६/४०६-४२४	३/§५३८-५७२/३१६-३४५
४	भुजगार.			४/१४३-१६१/७४-८२	४/§७१-९१/४२-५०
५	वृद्धि.			४/§ -४५८/२६०-२७४	४/३१५-३५७/१६१-२२१
(१७)	मोहनीय अनुभाग सत्त्वमें अन्तर :—	(क. पा. पु./पैरा/पृ.)			
१	ज. उ.	५/§१३१-१३७/८५-९०	५/§६०-८१/४३-५२	५/§२६१-३१८/२४१-२४६	५/§३०३-३२४/२०१-२१३
२	भुजगार.	५/§१५६/१०६	५/१४७-१५०/९७-९९	५/§५०५-५०८/२६५-२६७	५/§४८१-४८६/२८०-२८६
३	वृद्धि.	५/§१८३/१२३-१२४	५/§१७४-१७६/११६/११८		
४	वृद्धि आदि पद			५/§५६२-५६५/३२६-३२८	५/§५४०-५४४/३१२-३१६

६. अन्य विषयों सम्बन्धी ओघ आदेश प्ररूपणाएँ :—

ध. ६/४,१,७१/३७०-४२८ पाँचों शरीरोंके योग्य पुद्गल स्कन्धोंकी उत्कृष्ट अनुत्कृष्ट जघन्य संघातन-परिशातन व तदुभय कृति सम्बन्धी ओघ आदेश प्ररूपणा।

ध. १२/४,२,७,२०१/११४-१२७/१४ जीवसमासोंमें अनुभाग बन्ध स्थानोंके अन्तरका अल्प-बहुत्व।

ध. १३/५,४,३१/१३२-१७२ प्रयोग कर्म, समवधानकर्म, अधःकर्म, तपः-कर्म, ईर्यापथ कर्म, और क्रिया कर्ममें १४ मार्गणाओंकी अपेक्षा प्ररूपणा।

ध. १४/५,६,११६/१५०-१५१/६ तेइस प्रकार वर्गणाओंका जघन्य उत्कृष्ट अन्तर।

ध. १४/५,६,१६७/२८४-३०१/६ पाँचों शरीरोंके स्वामियोंके (२,३,४) भंगोंका ओघ आदेशसे जघन्य उत्कृष्ट अन्तर।

अंतरकरण—पूर्वोपार्जित कर्म यथा काल उदयमें आकर जीवके गुणोंका पराभव करनेमें कारण पड़ते रहते हैं। और इस प्रकार जीव उसके प्रभावसे कभी भी मुक्त नहीं हो पाता। परन्तु आध्यात्मिक साधनाओंके द्वारा उनमें कदाचित् अन्तर पड़ना सम्भव है। कुछ काल सम्बन्धी कर्म निषेक अपना स्थान छोड़कर आगे-पीछे हो जाते हैं। उस कालसे पूर्व भी कर्मोंका उदय रहता है और उस कालके पीछे भी। परन्तु उतने काल तक कर्म उदयमें नहीं आता। कर्मोंके इस प्रकार अन्तर उत्पन्न करनेको ही अन्तरकरण कहते हैं। इसी विषयका कथन इस अधिकारके अन्तर्गत किया गया है।

१. अन्तरकरण विधान

१. अन्तरकरणका लक्षण

ल.सा./भाषा. ८४/११६ विवक्षित कोई निषेकनिका सर्व द्रव्य कौं अन्य निषेकनिविषैं निक्षेपण करि तिनि निषेकनिका जो अभाव करना सो अन्तरकरण कहिये।

२. प्रथमोपशम सम्यक्त्वकी अपेक्षा अन्तरकरण-विधान

ध. ६/१,९-८,६/२३१/१४/विशेषार्थ–अन्तरकरण प्रारम्भ करनेके समयसे पूर्व उदयमें आनेवाले मिथ्यात्व कर्मकी अन्तर्मुहूर्त प्रमित स्थितिको उल्लंघन कर उससे ऊपरकी अन्तर्मुहूर्त प्रमित स्थितिके निषेकोंका उत्कीरण कर कुछ कर्म प्रदेशोंको प्रथम स्थितिमें क्षेपण करता है और कुछको द्वितीय स्थितिमें। अन्तरकरणसे नीचेकी अन्तर्मुहूर्त प्रमित स्थितिको प्रथम स्थिति कहते हैं, और अन्तरकरणसे ऊपरकी स्थिति-को द्वितीयस्थिति कहते हैं। इस प्रकार प्रतिसमय अन्तरायाम सम्बन्धी कर्म प्रदेशोंको ऊपर नीचेकी स्थितियोंमें तबतक देता रहता है जबतक कि अन्तरायाम सम्बन्धी समस्त निषेकोंका अभाव नहीं हो जाता है। यह क्रिया एक अन्तर्मुहूर्त कालतक जारी रहती है। जब अन्तरायामके समस्त निषेक ऊपर या नीचेकी स्थितिमें दे दिये जाते हैं और अन्तरकाल मिथ्यात्व स्थितिके कर्म निषेकोंसे सर्वथा शून्य हो जाता है तब अन्तर कर दिया गया ऐसा समझना चाहिए। वि. दे. (ध.६/१,९-८,६/२३१/३); (ल.सा./मू.८४-८६/११९-१२१)


३. प्रथमोपशम सम्यक्त्वकी अपेक्षा अन्तरकरणकी संदृष्टि व यन्त्र

उदयागत निषेक—०

सत्तास्थित निषेक—०

उत्कीरित निषेक—×


निक्षिप्त निषेक—●



४. द्वितीयोपशम सम्यक्त्वकी अपेक्षा अन्तरकरण विधान

ध. ६/१,९-८,१४/२६०/३ तदो अंतोमुहुत्तं गंतूण दंसणमोहणीयस्स अंतरं करेदि। तं जधा-सम्मत्तस्स पढमट्ठिदिमंतोमुहुत्तमेत्तं मोत्तूण अंतरं करेदि, मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्ताणमुदयावलियं मोत्तूण अंतरं करेदि। अंतरम्हि उक्कीरिज्जमाणपदेसग्गं विदियट्ठिदिम्हि ण सछुहदि, बंधाभावादो सव्वमाणेदूण सम्मत्तपढमट्ठिदिम्हि णिक्खि-वदि। सम्मत्तपदेसग्गमप्पणो पढमट्ठिदिम्हि चेव संछुहदि। मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्त-सम्मत्ताणं विदियट्ठिदिपदेसग्गं ओकड्डिदूण सम्मत्त-पढमट्ठिदीए देदि, अणुक्कीरिज्जमाणासु ट्ठिदीसु च देदि। सम्मत्त-पढमट्ठिदिसमाणासु ट्ठिदीसु ट्ठिद-मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्तपदेसग्गं सम्मत्तपढमट्ठिदिसु संकामेदि। जाव अंतरदुचरिमफालो पददि ताव इमो कमो होदि। पुणो चरिमफालीए पदमाणाए मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्ताणमंतरट्ठिदिपदेसग्गं सव्वं सम्मत्तपढमट्ठिदीए संछुहदि। एवं सम्मत्त-अंतरट्ठिदिपदेसं पि अप्पणो पढमट्ठिदीए चेव देदि। विदियट्ठिदिपदेसग्गं पि ताव पढमट्ठिदिमेदि जाव आवलिय-पडिआवलियाओ पढमट्ठिदीए सेसाओ त्ति।—इसके पश्चात् अन्तर्मुहूर्त काल जाकर दर्शनमोहनीयका अन्तर करता है। वह इस प्रकार है—सम्यक्त्वप्रकृतिकी अन्तर्मुहूर्त मात्र प्रथम-स्थितिको छोड़कर अन्तर करता है। तथा मिथ्यात्व व सम्यग्-मिथ्यात्व प्रकृतियोंकी उदयावलीको छोड़कर अन्तर करता है। इस अन्तरकरणमें उत्कीरण किये जानेवाले प्रदेशाग्रको द्वितीय स्थिति-में नहीं स्थापित करता है, किन्तु बन्धका अभाव होनेसे सबको लाकर सम्यक्त्वप्रकृतिकी प्रथमस्थितिमें स्थापित करता है। सम्यक्त्व-प्रकृतिके प्रदेशाग्रको अपनी प्रथम स्थितिमें ही स्थापित करता है। मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्वप्रकृतिके द्वितीय स्थिति सम्बन्धी प्रदेशाग्रका अपकर्षण करके सम्यक्त्वप्रकृतिकी प्रथम स्थितिमें देता है, और अनुत्कीर्यमाण (द्वितीय स्थितिकी) स्थितियोंमें भी देता है। सम्यक्त्वप्रकृतिकी प्रथम स्थितिके समान स्थितियोंमें स्थित मिथ्यात्व और सम्यग्-मिथ्यात्व प्रकृतियोंके प्रदेशाग्रको सम्यक्त्वप्रकृतिकी प्रथम स्थितियोंमें संक्रमण कराता है। जबतक अन्तरकरणकालकी द्विचरम फाली प्राप्त होती है तबतक यही क्रम रहता है। पुनः अन्तिम फालीके प्राप्त होनेपर मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व प्रकृतियोंके सब अन्तरस्थिति-सम्बन्धी प्रदेशाग्रको, सम्यक्त्वप्रकृतिकी प्रथम स्थितिमें स्थापित करता है। इस प्रकार सम्यक्त्वप्रकृतिके अन्तरस्थिति सम्बन्धी प्रदेशको भी अपनी प्रथम स्थितिमें ही देता है। द्वितीय स्थिति सम्बन्धी प्रदेशाग्र भी तबतक प्रथमस्थितिको प्राप्त होता है जबतक कि प्रथम स्थितिमें आवली और प्रत्यावली शेष रहती है।

५. द्वितीयोपशम सम्यक्त्वकी अपेक्षा अन्तरकरणकी संदृष्टि व यन्त्र



६. चारित्रमोहके उपशमकी अपेक्षा अन्तरकरण विधान

द्वितीयोपशमकी भाँति यहाँ भी दो प्रकारकी प्रकृतियाँ उपलब्ध हैं—उदयरूप, अनुदय रूप। इसके अतिरिक्त यहाँ एक विशेषता यह है कि यहाँ साथ-साथ चारित्र मोहकी किन्हीं प्रकृतियोंका नवीन बन्ध भी हो रहा है और किन्हींका नहीं भी हो रहा है।

इस देशघाती करणसे ऊपर संख्यात हजार स्थितिबन्धके पश्चात् मोहनीयकी २१ प्रकृतियोंका अन्तरकरण करता है। संज्वलन क्रोध, मान, माया, लोभमें कोई एकके, तथा तीनों वेदोंमें किसी एकके उदय सहित श्रेणी चढ़ता है। इन उदय रूप दो प्रकृतियोंकी तो प्रथम स्थिति अन्तर्मुहूर्त स्थापै है और अनुदय रूप १९ प्रकृतियोंकी प्रथम स्थिति आवली मात्र (उदयावली) स्थापै है। इन प्रथम स्थिति प्रमाण निषेकोंको नीचे छोड़ ऊपरके निषेकोंका अन्तरकरण करता है, ऐसा अर्थ जानना। क्रम बिलकुल द्वितीयोपशमके समान ही है।

अन्तरके अर्थ उत्कीर्ण किये द्रव्यको अन्तरायाममें नहीं देता है। फिर किसमें देता है उसे कहते हैं। जिनका उदय नहीं होता केवल बन्ध ही होता है उन प्रकृतियोंके द्रव्यको उत्कर्षण करके तत्काल बँधनेवाली अपनी प्रकृतिकी आबाधाको छोड़कर, द्वितीय स्थितिके प्रथम समयसे लगाकर यथायोग्य अन्तपर्यन्त निक्षेपण करता है, और अपकर्षण करके उदय रूप जो अन्य कषाय उसकी प्रथम स्थितिमें निक्षेपण करता है।

जिन प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता केवल उदय ही होता है, उनके द्रव्यका अपकर्षण करके अपनी प्रथम स्थितिमें देता है। और उत्कर्षण करके, जहाँ अन्य कषाय बँधती हैं उनकी द्वितीय स्थितिमें देता है, तथा अपकर्षण द्वारा उदय रूप अन्य क्रोधादि कषायकी प्रथम स्थितिमें संक्रमण कराके उदय प्रकृति रूप भी परिणमाता है।

जिन प्रकृतियोंका बन्ध भी है और उदय भी है, उनके 'अन्तर' सम्बन्धी द्रव्यको अपकर्षण करके उदय रूप प्रथम स्थितिमें देता है तथा अन्य प्रकृति परिणमने रूप संक्रमण भी होता है। और उत्कर्षण करके जहाँ अन्य प्रकृति बँधती है उनकी द्वितीय स्थितिमें देता है।

बन्ध और उदय रहित प्रकृतियोंके अन्तर सम्बन्धी द्रव्यको अपकर्षण करके उदय रूप प्रकृतिकी प्रथम स्थितिमें संक्रमण कराता है वा तद्रूप परिणमाता है। और उत्कर्षण करके अन्य बँधनेवाली प्रकृतियोंकी द्वितीय स्थिति रूप संक्रमण कराता है।

इस प्रकार अन्तर्मुहूर्तकाल तक अन्तर करने रूप क्रियाकी समाप्ति होती है। जब उदयावलीका एक समय व्यतीत होता है, तब गुणश्रेणीका एक समय उदयावलीमें प्रवेश करता है, और तब ही अन्तरायामका एक-एक समय गुणश्रेणीमें मिलता है, और द्वितीय स्थितिका एक समय अन्तरायाममें मिलकर द्वितीय स्थिति घटती है। प्रथम स्थिति और अन्तरायाम उतनाका उतना ही रहता है। (विशेष दे.—ल. सा./मू.व.जी प्र. २४१-२४७ / २६७-३०४)

७. चारित्रमोह क्षपणकी अपेक्षा अन्तरकरण विधान

चारित्रमोह उपशम विधानवत् देशघाती करण तैं परैं ख्यात हजार स्थिति काण्डकोंके पश्चात् चार संज्वलन और नव नोकषायका अन्तर करता है। अन्तरकरण कालके प्रथम समयमें पूर्वसे अन्य प्रमाण लिये स्थितिकाण्डक, अनुभाग काण्डक व स्थिति बन्ध होता है। प्रथम समयमें उन निषेकोंके द्रव्यको अन्य निषेकोंमें निक्षेपण करता है।

संज्वलन चतुष्कमें-से कोई एक, तीनों वेदोंमें-से कोई एक ऐसे दो प्रकृतिकी तो अन्तर्मुहूर्तमात्र स्थिति स्थापै है। इनके अतिरिक्त जिनका उदय नहीं ऐसी १९ प्रकृतियोंकी आवली मात्र स्थिति स्थापै है। वर्तमान सम्बन्धी निषेकसे लगाकर प्रथम स्थिति प्रमाण निषेकोंको नीचे छोड़ इनके ऊपरके निषेकोंका अन्तर करता है।

असंख्यातगुणा क्रम लिये अन्तर्मुहूर्तमात्र फालियोंके द्वारा सर्व द्रव्य अन्य निषेकोंमें निक्षेपण करता है। अन्तर रूप निषेकोंमें क्षेपण नहीं करता। कहाँ निक्षेपण करता है उसे कहते हैं।

बन्ध उदय रहित वा केवल बन्ध सहित उदय रहित प्रकृतियोंके द्रव्यको अपकर्षण करके उदयरूप अन्य प्रकृतियोंकी प्रथम स्थितिमें संक्रमण रूप निक्षेपण करता है। बन्ध उदय रहित प्रकृतियोंके द्रव्यको द्वितीय श्रेणीमें निक्षेपण नहीं करता है क्योंकि बन्ध बिना उत्कर्षण होना सम्भव नहीं है। केवल बन्ध सहित प्रकृतियोंके द्रव्यको उत्कर्षण करके अपनी द्वितीय स्थितिमें देता है, वा बँधनेवाली अन्य प्रकृतियोंकी द्वितीय स्थितिमें संक्रमण रूपसे देता है।

केवल उदय सहित प्रकृतियोंके द्रव्यको अपकर्षण करके प्रथम स्थितिमें देता है और अन्य प्रकृतियोंके द्रव्यको भी इनकी प्रथम स्थितिमें संक्रमण रूप निक्षेपण करता है। इनका द्रव्य है सो उत्कर्षण करके बन्धनेवाली अन्य प्रकृतियोंकी द्वितीय स्थितिमें निक्षेपण करता है। केवल उदयमान प्रकृतियोंका द्रव्य अपनी द्वितीय स्थितिमें निक्षेपण नहीं करता है।

बन्ध उदय सहित प्रकृतियोंके द्रव्यको प्रथम स्थितिमें वा बन्धती द्वितीय स्थितिमें निक्षेपण करता है। (विशेष दे.—क्ष. सा. भाषा ५३३-५३५/५१३)

२. अन्तरकरण सम्बन्धी नियम

१. अन्तरकरणकी निष्पत्ति अनिवृत्तिकरणके कालमें होती है

ध.६/१,९-८,६/२३१/३ कम्हि अन्तरं करेदि। अणियट्टीअद्धाए संखेज्जे भागे गतूण।—शंका—किसमें अर्थात् कहाँपर या किस करणके कालमें अन्तर करता है। उत्तर—अनिवृत्तिकरणके कालमें संख्यात भाग जाकर अन्तर करता है। (ल.सा.मू. ८४/११८)

२. अन्तरकरणका काल भी अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है

ल. सा. मू. ८५/११९ एयट्ठिदिखंडुक्कीरणकाले अंतरस्स णिप्पत्ती। अंतोमुहुत्तमेत्ते अंतरकरणस्स अद्धाणं ॥ ८५ ॥—एक स्थिति खण्डोत्कीरण काल विषै अन्तरकी निष्पत्ति हो है। एक स्थिति काण्डोत्कीरणका जितना काल तितने काल करि अन्तर करे है। याको अन्तरकरण काल कहिए है, सो यह अन्तर्मुहूर्त मात्र है।

३. अन्तरायाम भी अन्तर्मुहूर्त प्रमाण ही होता है

ल. सा./जी./प्र. २४३/२९९ एवं विधान्तरायामप्रमाणं च ताभ्यां द्वाभ्यां-

मन्तर्मुहूर्तावलिमात्रीभ्यां प्रथमस्थिती ताभ्यां संख्यातगुणितमेव भवति। =बहुरि अन्तर्मुहूर्त वा आवलीमात्र जो उदय अनुदय प्रकृतिनिकी प्रथम स्थिति ताते संख्यातगुणा ऐसा अन्तर्मुहूर्त मात्र अतरायाम है।

४. अन्तर पूरण करण

ल. सा. मू. १०३ / १३६ उवसमसम्मत्तुवरि दंसणमोहं तुरंत पूरेदि। उदयिल्लस्सुदयादो सेसाणं उदयबाहिरदो ॥१०३॥ =उपशम सम्यक्त्वके ऊपरि ताका अन्त समयके अनन्तरि दर्शन मोहकी अन्तरायामके उपरिवर्ती जो द्वितीय स्थिति ताके निषेकनिका द्रव्य को अपकर्षण करि अंतर को पूरै है।

अंतरकृष्टि—दे. 'कृष्टि'।

अंतरद—एक ग्रह—दे. 'ग्रह'।

अंतरात्मा—बाह्य विषयोंसे जीवकी दृष्टि हटकर जब अन्तरकी ओर झुक जाती है तब अन्तरात्मा कहलाता है।

१. अन्तरात्मा सामान्यका लक्षण

मो. पा. मू. ५ अक्खाणि बाहिरप्पा अंतरअप्पा हु अप्पसंकप्पो।=इन्द्रियनिकूं बाह्य आत्मा कहिए। उसमें आत्मबुद्धका संकल्प करे सो बहिरात्मा है। बहुरि अन्तरात्मा है सो अन्तरंग विषै आत्माका प्रगट अनुभवगोचर संकल्प है। (द्र. सं. टी. १४/४६/८)

नि. सा. मू. १४६-१५०/३०० आवासएण जुत्तो समणो सो होदि अंतरंगप्पा।...॥१४६॥=जप्पेसु जो ण वट्टइ सो उच्चइ अंतरंगप्पा॥१५०॥=आवश्यक सहित श्रमण वह अन्तरात्मा है ॥१४६॥ जो जल्पोंमें नहीं वर्तता, वह अन्तरात्मा कहलाता है ॥१५०॥

र. सा. मू. १४१ सिविणे वि ण भुंजइ विसयाइं देहाइभिण्णभावमई। भुंजइ णियप्पसुहो सिवसुहरत्तो दु मज्झिमप्पो सो ॥१४१॥=देहादिकसे अपनेको भिन्न समझनेवाला जो व्यक्ति स्वप्नमें भी विषयोंको नहीं भोगता, परन्तु निजात्माको ही भोगता है, तथा शिव सुखमें रत रहता है वह अन्तरात्मा है।

प. प्र. मू. १४/२१/१३ देह विभिण्णउ णाणमउ जो परमप्पु णिएइ। परम-समाहि-परिट्ठियउ पंडिउ सो जि हवेइ ॥१४॥ =जो पुरुष परमात्माको शरीरसे जुदा केवलज्ञान कर पूर्ण जानता है, वही परम समाधिमें निष्ठता हुआ अन्तरात्मा अर्थात् विवेकी है।

ध. १/१,१,२/१२०/५ अट्ठ-कम्मब्भंतरो त्ति अंतरप्पा। =आठ कर्मोंके भीतर रहता है इसलिए अन्तरात्मा है। (म.पु. २४/१०३,१०७)

ज्ञा. सा. ३१ धर्मध्यानं ध्यायति दर्शनज्ञानयोः परिणतः नित्यम्। सः भण्यते अन्तरात्मा लक्ष्यते ज्ञानबुद्धिः ॥३१॥=जो धर्मध्यानको ध्याता है, नित्य दर्शन व विज्ञानसे परिणत रहता है, उसको अन्तरात्मा कहते हैं।

का. अ. मू. १६४ जे जिण-वयणे कुसला भेयं जाणंति जीवदेहाणं। णिज्जिय-दुट्ठट्ठ-मया अंतरअप्पा य ते तिविहा ॥१६४॥ =जो जिनवचनोंमें कुशल हैं, जीव और देहके भेदको जानते हैं, तथा जिन्होंने आठ दुष्ट मदोंको जीत लिया है वे अन्तरात्मा हैं।

२. अन्तरात्माके भेद

द्र. सं. टी. १४/४६ अविरतगुणस्थाने तथोग्याशुभलेश्यापरिणतो जघन्यान्तरात्मा, क्षीणकषायगुणस्थाने पुनरुत्कृष्टः, अविरतक्षीणकषाययोर्मध्ये मध्यमः। =अविरत गुणस्थानमें उसके योग्य अशुभ लेश्यासे परिणत जघन्य अन्तरात्मा है, और क्षीणकषाय गुणस्थानमें उत्कृष्ट अन्तरात्मा है। अविरत और क्षीणकषाय गुणस्थानोंके बीचमें जो सात गुणस्थान हैं सो उनमें मध्यम अन्तरात्मा है। (नि. सा./ता. वृ. १४६में 'मार्ग प्रकाश'से उद्धृत)

स. श. भा. ४ अन्तरात्माके तीन भेद हैं—उत्तम अन्तरात्मा, मध्यम अन्तरात्मा, और जघन्य अन्तरात्मा। अन्तरंग-बहिरंग-परिग्रहका त्याग करनेवाले, विषय कषायोंको जीतनेवाले और शुद्धोपयोगमें लीन होनेवाले तत्त्वज्ञानी योगीश्वर 'उत्तम अन्तरात्मा' कहलाते हैं, देशव्रतका पालन करनेवाले गृहस्थ तथा छट्ठे गुणस्थानवर्ती मुनि 'मध्यम अन्तरात्मा' कहे जाते हैं और तत्त्व श्रद्धाके साथ व्रतोंको न रखनेवाले अविरत सम्यग्दृष्टि जीव जघन्य अन्तरात्मा' रूपसे निर्दिष्ट हैं।

३. अन्तरात्माके भेदोंके लक्षण

का.अ.मू. १६५-१६७ पंच-महव्वय-जुत्ता धम्मे सुक्के वि संठिदा णिच्चं। णिज्जिय-सयल-पमाया, उक्किट्ठा अंतरा होंति ॥ सावयगुणेहिं जुत्ता पमत्त-विरदा य मज्झिमा होंति। जिणहवणे अणुरत्ता उवसमसीला महासत्ता ॥१६६॥ अविरय-सम्मादिट्ठी होंति जहण्णा जिणिंदपय-भत्ता। अप्पाणं णिंदंता गुणगहणे सुट्ठु अणुरत्ता ॥१६७॥ =जो जीव पाँचों महाव्रतोंसे युक्त होते हैं, धर्म-ध्यान और शुक्ल-ध्यानमें सदा स्थित रहते हैं, तथा जो समस्त प्रमादोंको जीत लेते हैं वे उत्कृष्ट अन्तरात्मा हैं ॥१६५॥ श्रावकके व्रतोंको पालनेवाले गृहस्थ और प्रमत्त गुणस्थानवर्ती मुनि 'मध्यम अन्तरात्मा' होते हैं। ये जिनवचनमें अनुरक्त रहते हैं, उपशमस्वभावी होते हैं और महापराक्रमी होते हैं ॥१६६॥ जो जीव अविरत सम्यग्दृष्टि हैं वे जघन्य अन्तरात्मा हैं। वे जिन भगवान्‌के चरणोंके भक्त होते हैं, अपनी निन्दा करते रहते हैं और गुणोंको ग्रहण करनेमें बड़े अनुरागी होते हैं ॥१६७॥

नि. सा. टी. १४६ 'में' मार्ग प्रकाश'से उद्धृत—जघन्यमध्यम त्कृष्टभेदादविरतः सुदृक्। प्रथमः क्षीणमोहोन्त्यो मध्यमो मध्यमस्तयोः॥=अन्तरात्माके जघन्य, मध्यम और उत्कृष्ट ऐसे (तीन) भेद हैं। अविरत सम्यग्दृष्टि वह प्रथम (जघन्य) अन्तरात्मा है। क्षीणमोह अन्तिम अर्थात् उत्कृष्ट अन्तरात्मा है और उन दोके मध्यमें स्थित मध्यम अन्तरात्मा है।

द्र. सं. टी. १४/४६/२—दे. ऊपरवाला शीर्षक सं. २।

★ **जीवको अन्तरात्मा कहनेकी विवक्षा**—दे. जीव १/३।

अंतराय—अन्तराय नाम विघ्नका है। जो कर्म जीवके गुणोंमें बाधा डालता है, उसको अन्तराय कर्म कहते हैं। साधुओंकी आहारचर्यामें भी कदाचित् बाल या चींटी आदि पड़ जानेके कारण जो बाधा आती है उसे अन्तराय कहते हैं। दोनों ही प्रकारके अन्तरायोंके भेद-प्रभेदोंका कथन इस अधिकारमें किया गया है।

१. अन्तराय कर्म

१. अन्तराय कर्मका लक्षण

त. सू. ६ / २७ विघ्नकरणमन्तरायस्य ॥२७॥ =विघ्न करना अन्तरायका कार्य है। (स. सि. ६/१०/३२७) (रा. वा. ६/१०/४/५१७/१७) (ध. १३/५,५,१३७/३६०/४) (गो. क./जी. प्र. ८००/९७६/८)

स. सि. ८ / १३ / ३६४ दानादिपरिणामव्याघातहेतुत्वात्तद्व्यपदेशः ॥—दानादि परिणामके व्याघातका कारण होनेसे यह अर्थात् अन्तराय संज्ञा मिली है।

ध. १३/५,५,१३७/३८६/१२ अन्तरमेति गच्छतीत्यन्तरायः।=जो अन्तर अर्थात् मध्यमें आता है वह अन्तराय कर्म है।

२. अन्तराय कर्मके भेद

त. सू. ८ / १३ दानलाभभोगोपभोगवीर्याणाम्। =दान, लाभ, भोग, उपभोग और वीर्य इनके पाँच अन्तराय हैं। (मू. आ १२३४) (पं. सं. प्रा. २/४) (ष. ख. ६/१,६-१/सू. ४६/७८); (ष.ख.१३/२,४,१४/२२/५८५) (ध. १३/५,५,१३७/३८६/६) (पं. सं. २/३३४); (गो. क./जी. प्र. ३३/२७/२)

३. दानादि अन्तराय कर्मोंके लक्षण

स. सि. ८/१३/३६४/६ यदुदयाद्दातुकामोऽपि न प्रयच्छति, लब्धुकामोऽपि न लभते, भोक्तुमिच्छन्नपि न भुङ्क्ते, उपभोक्तुमभिला-

ऽछन्नपि नोपभुङ्क्ते, उत्सहितुंकामोऽपि नोत्सहते।—जिसके उदयसे देनेकी इच्छा करता हुआ भी नहीं देता है, ग्रास करनेकी इच्छा करता हुआ भी नहीं कर पाता है, भोगनेकी इच्छा करता हुआ भी नहीं भोग सकता है, और उत्साहित होनेकी इच्छा रखता हुआ भी उत्साहित नहीं होता है। (रा. वा. ८/१३/२/५८०/३२) (गो. क./जी प्र ३३/३०/१८)

४. अन्तराय कर्मका कार्य

मो मा प्र ५/५६ अन्तराय कर्मके उदयसे जीव चाहै सो न होय।... बहुरि तिसहीका क्षयोपशमतैं किंचित् मात्र चाहा भी होय।

५. अन्तराय कर्मके बन्ध योग्य परिणाम

त सू. ६/२७ विघ्नकरणमन्तरायस्य ॥ २७ ॥ =दानादिमें विघ्न डालना अन्तराय कर्मका आस्रव है।

रा.वा ६/२७/१/५३१/३० तद्विस्तरस्तु विविधते—ज्ञानप्रतिषेधसत्कारोपघात-दानलाभभोगोपभोगवीर्यस्नानानुलेपनगन्धमाल्याच्छादनविभूषणशयनासनभक्ष्यभोज्यपेयलेह्यपरिभोगविघ्नकरण - विभवसमृद्धि - विस्मय-द्रव्यापरित्याग-द्रव्यासप्रयोगसमर्थनाप्रमार्जनवाद - देवता-निवेद्यानिवेद्यग्रहण-निरवद्योपकरणपरित्याग-परकीयापहरण-धर्मव्यवच्छेदनकरण-कुशलाचरणतपस्विगुरुचैत्यपूजाव्याघात - प्रव्रजितकृपण-दीननाथवस्त्रपात्रप्रतिश्रयप्रतिषेधक्रियापरनिरोधबन्धनगुह्याङ्गछेदन - कर्ण-नासिकौष्ठकर्तन-प्राणिवधादि.। =उसका विस्तार इस प्रकार है—ज्ञानप्रतिषेध, सत्कारोपघात, दान, लाभ, भोग, उपभोग और वीर्य, स्नान, अनुलेपन, गन्ध, माल्य, आच्छादन, भूषण, शयन, आसन, भक्ष्य, भोज्य, पेय, लेह्य और परिभोग आदिमें विघ्न करना, विभव-समृद्धिमें विस्मय करना, द्रव्यका त्याग न करना, द्रव्यके उपयोगके समर्थनमें प्रमाद करना, अवर्णवाद करना, देवताके लिए निवेदित या अनिवेदित द्रव्यका ग्रहण करना, निर्दोष उपकरणोंका त्याग, दूसरेको शक्तिका अपहरण, धर्म व्यवच्छेद करना, कुशल चारित्रवाले तपस्वी, गुरु तथा चैत्यकी पूजामें व्याघात करना, दीक्षित, कृपण, दीन, अनाथको दिये जानेवाले वस्त्र, पात्र, आश्रय आदिमें विघ्न करना, पर निरोध, बन्धन, गुह्य अंगच्छेद, नाक, ओठ आदिका काट देना, प्राणिवध आदि अन्तराय कर्मके आस्रवके कारण हैं। (त.सा ४/५५-५८) (गो.क./जी. मू. ८१०/९८५)

२ आहार सम्बन्धी अन्तराय

१. श्रावक सम्बन्धी पंचेन्द्रियगत अन्तराय

१ सामान्य ६ भेद

ला सं. ५/२४० दर्शनात्स्पर्शनाच्चैव मनसि स्मरणादपि। श्रवणाद्गन्धनाच्चापि रसनादन्तरायका ॥२४०॥ =श्रावकोंके लिए भोजनके अन्तराय कई प्रकारके है। कितने ही अन्तराय देखनेसे होते हैं, कितने ही छूनेसे वा स्पर्श करनेसे होते हैं, कितने ही मनमें स्मरण कर लेने मात्रसे होते है, कितने ही सुननेसे होते है, कितने ही संघनेसे होते है और कितने ही अन्तराय चखने वा स्वाद लेनेसे अथवा खाने मात्रसे होते है।

२ स्पर्शन सम्बन्धी अन्तराय

सा. ध. ४/३१ .....स्पृष्ट्वा रजस्वलाशुष्कचर्मास्थिशुनकादिकम् ॥ ३१ ॥= रजस्वला स्त्री, सूखा चमडा, सूखी हड्डी, कुत्ता, बिल्ली और चाण्डाल आदिका स्पर्श हो जानेपर आहार छोड देना चाहिए।

ला सं ५/२४२,२४७ शुष्कचर्मास्थिलोमादिस्पर्शनान्नैव भोजयेत्। मूषकादिपशुस्पर्शात्त्यजेदाहारमञ्जसा ॥२४२॥ =सूखा चमडा, सूखी हड्डी, बालादिका स्पर्श हो जानेपर भोजन नहीं करना चाहिए। इसी प्रकार चूहा, कुत्ता, बिल्ली आदि घातक पशुओंका स्पर्श हो जानेपर शीघ्र ही भोजनका त्याग कर देना चाहिए ॥ २४२ ॥

नोट—और भी देखो आहारके १४ मल दोष—दे आहार II/४।

३. रसना सम्बन्धी अन्तराय

सा.ध./४/३२,३३...भुक्त्वा नियमितं वस्तु भोज्यैऽशक्यविवेचनैः ॥३२॥ संसृष्टे सति जीवद्भिर्जीवैर्वा बहुभिर्मृतैः ॥ ३३ ॥ =जिस वस्तुका त्याग कर दिया है, उसके भोजन कर लेनेपर, तथा जिन्हें भोजनसे अलग नहीं कर सकते ऐसे जीवित दो इन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय जीवोंके संसर्ग हो जानेपर (मिल जानेपर) अथवा तीन चार आदि मरे हुए जीवोंके मिल जानेपर उस समयका भोजन छोड देना चाहिए।

ला. सं. ५/२४४-२४७ प्राक्परिसंख्यया त्यक्तं वस्तुजातं रसादिकम्। भ्रान्त्या विस्मृतमादाय त्यजेद्भोज्यमसंशयम् ॥ २४४ ॥ आमगोरससंपृक्तं द्विदलान्नं परित्यजेत्। लालायाः स्पर्शमात्रेण त्वरितं बहुमूर्च्छनात् ॥२४५॥ भोज्यमध्यादशेषांश्च दृष्ट्वा त्रसकलेवरान्। यद्वा समूलतो रोम दृष्ट्वा सद्यो न भोजयेत् ॥२४६॥ चर्मतोयादिसम्मिश्रास्रदोषमनशनादिकम्। परिज्ञायेङ्गितैः सूक्ष्मैः कुर्यादाहारवर्जनम् ॥२४७॥ =भोगोपभोग पदार्थोंका परिमाण करते समय जिन पदार्थोंका त्याग कर दिया है अथवा जिन रसोंका त्याग कर दिया है उनको भूल जानेके कारण अथवा किसी समय अन्य पदार्थका भ्रम हो जानेके कारण ग्रहण कर ले तथा फिर उसी समय स्मरण आ जाय अथवा किसी भी तरह मालूम हो जाय तो बिना किसी सन्देहके उस समय भोजन छोड देना चाहिए ॥२४४॥ कच्चे दूध, दही आदि गोरसमें मिले हुए चना, उडद मूँग, रमास (बोडा) आदि जिनके बराबर दो भाग हो जाते हैं (जिनकी दाल बन जाती है) ऐसे अन्नका त्याग कर देना चाहिए, क्योंकि कच्चे गोरसमें मिले चना, उड़द, मूँगादि अन्नोंके खानेसे मुँहकी लारका स्पर्श होते ही उसमें उसी समय अनेक सम्मूर्च्छन जीव उत्पन्न हो जाते हैं ॥ २४५ ॥ यदि बने हुए भोजनमें किसी भी प्रकारके त्रस जीवोंका कलेवर दिखाई पड़े तो उसे देखते ही भोजन छोड देना चाहिए, इसी प्रकार यदि भोजनमें जड सहित बाल दिखाई दे तो भी भोजन छोड देना चाहिए ॥२४६॥ "यह भोजन चमडेके पानीसे बना है वा इसमें चमडेके बर्तनमें रखे हुए घी, दूध, तेल, पानी आदि पदार्थ मिले हुए है और इसलिए यह भोजन अशुद्ध व सदोष हो गया है" ऐसा किसी भी सूक्ष्म इशारेसे व किसी भी सूक्ष्म चेष्टासे मालूम हो जाये तो उसी समय आहार छोड देना चाहिए।

४. गन्ध सम्बन्धी अन्तराय

ला. स. ५/२४३ गन्धनान्मद्यगन्धेन पूतिगन्धेन तत्समे। आगते घ्राणमार्गं च नान्नं भुञ्जीत दोषवित् ॥ २४३ ॥ =भोजनके अन्तराय और दोषोंको जाननेवाले श्रावकोंको मद्यकी दुर्गन्ध आनेपर वा मद्यकी दुर्गन्धके समान गन्ध आनेपर अथवा और भी अनेकों प्रकारकी दुर्गन्ध आनेपर भोजनका त्याग कर देना चाहिए।

५. दृष्टि या दर्शन सम्बन्धी अन्तराय

सा ध. ४/३१ दृष्ट्वार्द्रं चर्मास्थिसुरामांसासृक्पूयपूर्वकम्... ॥३१॥= गीला चमड़ा, गीली हड्डी, मदिरा, मांस, लोहू तथा पीबादि पदार्थोंको देखकर उसी समय भोजन छोड़ देना चाहिए। या पहले दीख जानेपर उसी समय भोजन न करके कुछ काल पीछे करना चाहिए (ला. सं. ५/२४१)।

चा. पा टी. २१/४३/१५ अस्थिसुरामांसरक्तपूयमलमूत्रमृताङ्गिदर्शनतः प्रत्याख्यातान्नसेवनाच्चाण्डालादिदर्शनात्तच्छब्दश्रवणे च भोजनं त्यजेत्। =हड्डी, मद्य, चमड़ा, रक्त, पीब, मल, मूत्र, मृतक मनुष्य इन पदार्थोंके दीख पड़नेपर तथा त्याग किये हुए अन्नादिका सेवन हो जानेपर अथवा चाण्डाल आदिके दिखाई दे जानेपर या उसका शब्द कानमें पड़ जानेपर भोजन त्याग देना चाहिए। क्योंकि ये सब दर्शनप्रतिमाके अतिचार है।

६. श्रोत्र सम्बन्धी अन्तराय

सा. ध. ४/३२ श्रुत्वा कर्कशाक्रन्दविड्वरप्रायनिस्वनं... ॥ ३१ ॥ =

'इसका मस्तक काटो इत्यादि रूप कठोर शब्दोंको, 'हा हा' इत्यादि रूप आर्तस्वर वाले शब्दोंको और परचक्रके आगमनादि विषयक विद्वेषरूप शब्दोंको सुन करके भोजन त्याग देना चाहिए।

चा. पा. टी. २१/४३/१६ चाण्डालादिदर्शनात्तच्छब्दश्रवणाच्च भोजनं त्यजेत्।=चाण्डालादिके दिखाई दे जानेपर, या उसका शब्द कानमें पड जानेपर आहार छोड देना चाहिए।

ला. स. ५/२४८-२४९ श्रवणाद्धिंसक शब्दं मारयामीति शब्दवत्। दग्धो मृत' स इत्यादि श्रुत्वा भोज्यं परित्यजेत् ॥ २४८ ॥ शोकाश्रितं वचः श्रुत्वा मोहाद्वा परिदेवनम्। दीनं भयानक श्रुत्वा भोजनं त्वरितं त्यजेत् ॥२४९॥='मै इसको मारता हूँ' इस प्रकारके हिंसक शब्दोंको सुनकर भोजनका परित्याग कर देना चाहिए। अथवा शोकसे उत्पन्न होनेवाले वचनोंको सुनकर वा किसीके मोहसे अत्यन्त रोनेके शब्द सुनकर अथवा अत्यन्त दीनताके वचन सुनकर वा अत्यन्त भयंकर शब्द सुनकर शीघ्र ही भोजन छोड देना चाहिए।

७. मन सम्बन्धी अन्तराय

सा. ध. ४/३३ । इद मांसमिति दृढसंकल्पे भाशनं त्यजेत् ॥ ३३ ॥= यह पदार्थ (जैसे तरबूज) मांसके समान है अर्थात् वैसी ही आकृति-का है इस प्रकार भक्ष्य पदार्थमें भी मनके द्वारा सकल्प हो जानेपर निस्सन्देह भोजन छोड़ दे।

ला. स. ५/२५० उपमानोपमेयाभ्यां तदिदं पिशितादिवत्। मनः-स्मरणमात्रत्वात्कृत्स्नमन्नादिक त्यजेत् ॥२५०॥='यह भोजन मांसके समान है वा रुधिरके समान है' इस प्रकार किसी भी उपमेय वा उपमानके द्वारा मनमें स्मरण हो जावे तो भी उसी समय समस्त जलपानादिका त्याग कर देना चाहिए ॥२५०॥

२. साधु सम्बन्धी अन्तराय

मू. आ. मू. ४९५-५०० कागमेज्झा छद्दी रोहण रुहिरं च अस्सुवादं च। जण्हूहिट्ठामरिसं जण्हुवरि वदिक्कमो चेव ॥४९५॥ णाभि अधो-णिग्गमणं पच्चक्खियसेवणाय जंतुवहो। कागादिपिंडहरणं पाणीदो पिंडपडणं च ॥४९६॥ पाणीए जंतुवहो मांसादीदंसणे य उवसग्गो। पादंतरम्मि जीवो संपादो भोयणाणं च ॥४९७॥ उच्चारं पस्सवणं अभोजगिहपवेसण तहा पडणं। उववेसणं सदंसं भूमीसंफास-णिट्ठुवणं ॥४९८॥ उदरकिमिणिग्गमणं अदत्तगहणं पहारगामडाहो। पादेण किंचि गहणं करेण वा जं च भूमिए ॥४९९॥ एदे अण्णे बहुगा कारणभूदा अभोयणस्सेह। बीहणलोगदुगंछणसजमणिव्वेदणट्ठं च ॥५००॥=साधुके चलते समय वा खडे रहते समय ऊपर जो कौआ आदि बीट करे तो वह काक नामा भोजनका अन्तराय है। अशुचि वस्तुसे चरण लिप्त हो जाना वह अमेध्य अन्तराय है। वमन होना छर्दि है। भोजनका निषेध करना रोध है, अपने या दूसरेके लोहू निकलता देखना रुधिर है। दुःखसे आँसू निकलते देखना अश्रुपात है। पैरके नीचे हाथसे स्पर्श करना जान्वध' परामर्श है। तथा घुटने प्रमाण काठके ऊपर उलंघ जाना वह जानूपरि व्यतिक्रम अन्तराय है। नाभिसे नीचा मस्तक कर निकलना वह नाभ्यधोनिर्गमन है। त्याग की गयी वस्तुका भक्षण करना प्रत्याख्यातसेवना है। जीव वध होना जन्तुवध है। कौआ ग्रास ले जाये वह काकादिपिण्डहरण है। पाणिपात्रसे पिण्ड-का गिर जाना पाणित' पिण्डपतन है। पाणिपात्रमें किसी जन्तुका मर जाना पाणित जन्तुवध है। मांस आदिका दीखना मांसादि दर्शन है। देवादिकृत उपसर्गका होना उपसर्ग है। दोनों पैरोंके बीचमें कोई जीव गिर जाये वह जीवसंपात है। भोजन देनेवालेके हाथसे भोजन गिर जाना वह भोजनसंपात है। अपने उदरसे मल निकल जाये वह उच्चार है। मूत्रादि निकलना प्रस्रवण है। चाण्डालादि अभोज्यके घरमें प्रवेश हो जाना अभोज्यगृह प्रवेश है। मूर्च्छादिसे आप गिर जाना पतन है। बैठ जाना उपवेशन है। कुत्तादिका काटना संदंश है। हाथसे भूमिको छूना भूमिस्पर्श है। कफ आदि मलका फेंकना निष्ठीवन है। पेटसे कृमि अर्थात् कीडोंका निकलना उदरकृमिनिर्गमन है। बिना दिया किंचित् ग्रहण करना अदत्तग्रहण है। अपने व अन्यके तलवार आदिसे प्रहार हो तो प्रहार है। ग्राम जले तो ग्रामदाह है। पाँव-द्वारा भूमिसे कुछ उठा लेना वह पादेन किंचित् ग्रहण है। हाथ-द्वारा भूमिसे कुछ उठाना वह करेण किंचित् ग्रहण है। ये काकादि ३२ अन्तराय तथा दूसरे भी चाण्डाल स्पर्शादि, कलह, इष्टमरणादि बहुत-से भोजन त्यागके कारण जानना। तथा राजादिका भय होनेसे, लोकनिन्दा होनेसे, संयमके लिए, वैराग्यके लिए, आहारका त्याग करना चाहिए ॥४९५-५००॥ (अन. ध ५/४२-६०/५५०)

३. भोजन त्याग योग्य अवसर

मू. आ. ४८० आदके उवसग्गे तिरक्खणे बंभचेरगुत्तीओ। पाणिदया-तवहेऊ सरीरपरिहारवेच्छेदो।=व्याधिके अकस्मात् हो जानेपर, देव-मनुष्यादि कृत उपसर्ग हो जानेपर, उत्तम क्षमा धारण करनेके समय, ब्रह्मचर्य रक्षण करनेके निमित्त, प्राणियोंकी दया पालनेके निमित्त, अनशन तपके निमित्त, शरीरसे ममता छोड़नेके निमित्त इन छः कारणोंके होनेपर भोजनका त्याग कर देना चाहिए।

अन. ध ५/६४/५५८ आतङ्के उपसर्गे ब्रह्मचर्यस्य गुप्तये। काय-कार्श्यतप प्राणिदयार्थं चानाहरेत् ॥ ६४ ॥ =किसी भी आकस्मिक व्याधि-मारणान्तिक पीड़ाके उठ खड़े होनेपर, देवादिकके द्वारा किये उपसर्गादिकके उपस्थित होनेपर, अथवा ब्रह्मचर्यको निर्मल बनाये रखनेके लिए यद्वा शरीरकी कृशता, तपश्चरण और प्राणिरक्षा आदि धर्मोंकी सिद्धिके लिए भी साधुओंको भोजनका त्याग कर देना चाहिए।

४. एक स्थानसे उठकर अन्यत्र चले जाने योग्य अवसर

अन. ध. ९/९४/९२५ प्रक्षाल्य करौ मौनेनान्यत्रार्थाद्वि व्रजेद्यदेवाद्यात्। चतुरङ्गुलान्तरसमक्रम' सहाञ्जलिपुटस्तदैव भवेत् ॥ ९४ ॥=भोजनके स्थानपर यदि कीडी आदि तुच्छ जीव-जन्तु चलते-फिरते अधिक नजर पडे, या ऐसा ही कोई दूसरा निमित्त उपस्थित हो जाये तो सयमियोंको हाथ धोकर वहाँसे दूसरी जगहके लिए आहारार्थ मौन पूर्वक चले जाना चाहिए। इसके सिवाय किस समय वे अनगार ऋषि भोजन करें उसी समय उनको अपने दोनों पैरोंके बीच चार अंगुलका अन्तर रखकर, समरूपमें स्थापित करने चाहिए तथा उसी समय दोनों हाथोंकी अंजलि भी बनानी चाहिए।

★ **अयोग्य वस्तु खाये जानेका प्रायश्चित**—दे भक्ष्याभक्ष्य १।

अंतराल—Interval—दे ज. प. प्र. १०५।

अंतरिक्ष निमित्त ज्ञान—दे. निमित्त २।

अंतरिक्ष लोक—दे ज्योतिषी २।

अंतरोपनिधा—दे श्रेणी १।

अंतर्चित्प्रकाश—दे. दर्शन।

अंतर्जातीय विवाह—दे विवाह।

अंतर्द्धान ऋद्धि—दे. ऋद्धि ३।

अंतर्द्वीप—१. सागरोंमें स्थित छोटे-छोटे भूखण्ड, दे. लोक ४/१।

२. लवण समुद्रमें ९८ अन्तर्द्वीप है, जिनमें कुभोग-भूमिज मनुष्य रहते है। (दे म्लेच्छ) ये द्वीप अन्य सागरोंमें नहीं हैं। दे. लोक ४/१।

अंतर्द्वीपजम्लेच्छ—दे० म्लेच्छ।

अंतर्पण्डिय—आर्यखण्डस्थ एक देश। दे० मनुष्य/४।

अंतर्मुहूर्त—

१ अन्तर्मुहूर्तका लक्षण (मुहूर्तसे कम व आवलीसे अधिक)

ध ३/१,२,६/६७/६ तत्थ एगमावलियं घेत्तूण असंखेज्जेहि समयेहि एगावलिया होदि त्ति असंखेज्जा समया कायव्वा। तत्थ एगसमए अवणिदे सेसकालपमाण भिण्णमुहुत्तो उच्चदि। पुणो वि अवरेगे समए अवणिदे सेसकालपमाणमंतोमुहुत्त होदि। एव पुणो पुणो समया अवणेयव्वा जाव उस्सासो णिट्ठिदो त्ति। तो वि सेसकालपमाणमंतोमुहुत्तं चेव होइ। एव सेसुस्सासे वि अवणेयव्वा जावेगावलिया सेसा त्ति। सा आवलिया वि अंतोमुहुत्तमिदि भण्णदि।=एक आवलीको ग्रहण करके असंख्यात समयोंसे एक आवली होती है, इसलिए उस आवलीके असंख्यात समय कर लेने चाहिए। यहाँ मुहूर्तमें-से एक समय निकाल लेनेपर शेष कालके प्रमाणको भिन्न मुहूर्त कहते हैं। उस भिन्न मुहूर्तमें-से एक समय और निकाल लेनेपर शेष कालका प्रमाण अन्तर्मुहूर्त होता है। इस प्रकार उत्तरोत्तर एक-एक समय कम करते हुए उच्छ्वासके उत्पन्न होने तक एक-एक समय निकालते जाना चाहिए। वह सब एक-एक समय कम किया हुआ काल भी अन्तर्मुहूर्त प्रमाण होता है। इसी प्रकार जबतक आवली उत्पन्न नहीं होती तबतक शेष रहे एक उच्छ्वासमें-से भी एक-एक समय कम करते जाना चाहिए, ऐसा करते हुए जो आवली उत्पन्न होती है उसे भी अन्तर्मुहूर्त कहते हैं। (चा. पा टी. १७/४१/५)।

२ मुहूर्त के समीप या लगभग

ध. ३/१,२,६/६६/५ उवसमसम्माइट्ठीणमवहारकालो पुण असंखेज्जावलिमेत्तो, खइयसम्माइट्ठीहिंतो तेसिं असंखेज्जगुणहीणत्तण्णहाणुववत्तीदो। सासणसम्माइट्ठि-सम्मामिच्छाइट्ठीणं पि अवहारकालो असंखेज्जावलियमेत्तो, उवसमसम्माइट्ठीहिंतो तेसिमसंखेज्जगुणहीणत्तण्णहाणुववत्तीदो। 'एदेहि पलिदोवममवहिरदि अंतोमुहुत्तेण कालेण' इति सुत्तेण सह विरोहो वि ण होदि। सामीप्यार्थे वर्तमानान्त शब्दग्रहणात्। मुहूर्तस्यान्त अन्तर्मुहूर्त'।=उपशम सम्यग्दृष्टि जीवोंका अवहार काल तो असंख्यात आवली प्रमाण है, अन्यथा उपशम सम्यग्दृष्टि जीव क्षायिक सम्यग्दृष्टियोंसे असंख्यातगुणे हीन बन नहीं सकते हैं। उसी प्रकार सासादन सम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंका भी अवहारकाल असंख्यात आवली प्रमाण है, अन्यथा उपशम सम्यग्दृष्टियोंसे उक्त दोनों गुणस्थान वाले जीव असंख्यातगुणा हीन बन नहीं सकते हैं। 'इन गुणस्थानोंमें-से प्रत्येक गुणस्थानकी अपेक्षा अन्तर्मुहूर्त प्रमाणकाल पल्योपम अपहृत होता है।' इस पूर्वोक्त सूत्रके साथ उक्त कथनका विरोध भी नहीं आता है, क्योंकि अन्तर्मुहूर्तमें जो अन्तर शब्द आया है उसका सामीप्य अर्थमें ग्रहण किया गया है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि जो मुहूर्तके समीप हो उसे अन्तर्मुहूर्त कहते हैं। इस अन्तर्मुहूर्तका अभिप्राय मुहूर्तसे अधिक भी हो सकता है।

अंतर्विचारिणी—एक औषधि विद्या। दे. 'विद्या'।

अंतर्स्थिति—देखो स्थिति।

अंध—पाँचवें नरकका चौथा पटल। दे. नरक ५/११।

अंधश्रद्धान—दे श्रद्धान २।

अंध्रकरूढि—वानरवंशीय राजा प्रतिचन्द्रका पुत्र। दे. इतिहास १०/१३

अंध्रकवृष्णि—(ह. पु. १८ श्लोक) पूर्वभव नं. ५—ब्राह्मणपुत्र रुद्रदत्त (९७-१०१), पूर्वभव नं. ४—सातवें नरकका नारकी (१०१), पूर्वभव नं ३—गौतम ब्राह्मणका पुत्र (१०२-१८), पूर्वभव नं. २—स्वर्गमें देव (१०९), वर्तमान भव—शौरपुरके राजा शूरका पुत्र (१०), समुद्रविजयादि १० पुत्र तथा कुन्ती-मद्री दो पुत्रियोंका पिता एवं भगवान् नेमिनाथका बाबा था (१२-१३), अन्तमें पुत्रोंको राज्य दे दीक्षा धारण कर ली। (१७७-१७८)

अंध्रनगरी—(म. पु प्र ५०/प पन्नालाल) हैदराबाद प्रान्तमें वर्तमान वेंगीनगर।

अंबर—प प्र. टी. २/१६३/२७५ अम्बरशब्देन शुद्धाकाशं न ग्राह्यं किन्तु विषयकषायविकल्पशून्यपरमसमाधिग्राह्य।=अम्बर शब्द आकाशका वाचक नहीं समझना, किन्तु समस्त विषय कषायरूप विकल्प जालोंसे शून्य परम समाधि लेना।

अंबरतिलक—विजयार्धकी उत्तर श्रेणीका एक नगर।-दे विद्याधर।

अंबरीष—असुरकुमार भवनवासी देवोंका एक भेद।—दे असुर।

अंबर्णा—भरतक्षेत्र आर्य खण्डकी एक नदी।—दे. मनुष्य ४।

अंश—प. ध. पू ६० अपि चांश पर्यायो भागो हारो विधा प्रकारश्च। भेदश्छेदो भङ्ग शब्दाश्चैकार्थवाचका एते॥ ६०॥=अंश, पर्याय, भाग, हार, विधा, प्रकार तथा भेद, छेद और भंग ये सब शब्द एक ही अर्थके वाचक हैं। अर्थात् इनका दूसरा अर्थ नहीं है।

प ध पू २७६ तत्र निरंशो विधिरिति स यथा स्वयं सदेवेति। तदिह विभज्य विभागैः प्रतिषेधश्चांशकल्पनं तस्य॥ २७६॥=उन विधि और प्रतिषेधमें अंश कल्पनाका न होना विधि यह है तथा वह विधि इस प्रकार है कि जैसे स्वयं सत्र सत् ही है और यहाँपर विभागोंके द्वारा उस सत्का विभाग करके उसके अंशोंकी कल्पना प्रतिषेध है।

★ **निरंश द्रव्यमें अंशकल्पना—**दे. 'द्रव्य'।

★ **उत्पादादि तीनों वस्तुके अंश हैं।—**दे उत्पादव्ययध्रौव्य।

★ **गुणोंमें अंशकल्पना—**दे गुण २।

★ **गणित सम्बन्धी अर्थ—**x/y में x अंश कहलाता है—दे—गणित II/१/१०।

अकंपन—(म. पु सर्ग/श्लोक) काशी देशका राजा (४३/१२७) स्वयंवर मंडपका संचालक था तथा भरत चक्रवर्तीका गृहपति था (४५/५१-५४) भरतके पुत्र अर्ककीर्ति तथा सेनापति जयकुमारमें सुलोचना नामक कन्याके निमित्त संघर्ष होनेपर (४४/३४४-३४५) अपनी बुद्धिमत्तासे अक्षमाला नामक कन्या अर्ककीर्तिके लिए दे सहज निपटारा किया (४५/१०-३०) अन्तमें दीक्षा धार अनुक्रमसे मोक्ष प्राप्त किया। (४५/८७,२०४-२०६)

अकंपनाचार्य—(ह पु २०/श्लोक) मुनिसंघके नायक थे (५) हस्तिनापुरमें ससंघ इनपर बलि आदि चार मन्त्रियोंने घोर उपसर्ग किया (३३-३४) जिसका निवारण विष्णुकुमार मुनिने किया (६२)।

अकबर—१. (स. सा./ कलश टी / प्र./ ब्र. शीतल)—दिल्लीका सम्राट्। समय-वि. १६०३-१६६२ (ई.१५५६-१६०५) २. हि जै. सा. इ ६७ कामता—दिल्लीका सम्राट्। समय ई श. १६।

अकर्तृत्वनय—दे. नय I/५।

अकर्तृत्व शक्ति—स. सा./आ./परि/शक्ति नं. २१ सकलकर्मकृतज्ञातृत्वमात्रा तरिक्तपरिणामकरणोपरमात्मिका अकर्तृत्वशक्ति।—सब कर्मोंसे किये गये ज्ञातापनेमात्रसे भिन्न परिणाम उनके करनेका अभावस्वरूप इक्कीसवीं अकर्तृत्व शक्ति है।

अकलंक त्रैविद्य देव—(ध २/प्र. ४/H. L. Jain नन्दिसंघके देशिय गणकी गुर्वावलीके अनुसार यह गण्डविमुक्तदेवके शिष्य थे, त्रैविद्यदेव आपकी उपाधि थी। समय—वि. १२३५-१२३९ (ई. ११५८-११८२) आता है। विशेष—दे० इतिहास ७/५।

अकलंक भट्ट—१. (सि. वि. प्र. ५/पं. महेन्द्रकुमार)—लघुहव्व नृपतिके ज्येष्ठ पुत्र प्रसिद्ध आचार्य। आपने राजा हिम-शीतलकी सभामें एक बौद्ध साधुको परास्त किया था, जिसकी ओर से तारा देवी शास्त्रार्थ किया करती थी। अकलंक देव आपका नाम था और भट्ट आपका पद था। आपके शिष्यका नाम महीदेव भट्टारक था। आपने निम्नग्रन्थ रचे हैं।—१. तत्त्वार्थ राजवार्तिक सभाष्य, २. अष्टशती, ३. लघीयस्त्रय सविवृत्ति, ४ न्यायविनिश्चय सविवृत्ति, ५. सिद्धिविनिश्चय, ६ प्रमाणसंग्रह, ७. स्वरूप सम्बोधन, ८. बृहत्त्रयम्, ९. न्याय चूलिका, १०. अकलंक स्तोत्र। आपके कालके सम्बन्धमें चार धारणाएँ हैं।—१ अकलंक चारित्रमें "विक्रमार्कशकाब्दीयशतसप्तप्रमाजुषि। कालेऽकलङ्कयतिनो बौद्धैर्वादो महानभूत्" ॥=विक्रम संवत् ७०० (ई. ६४३) में बौद्धोंके साथ श्री अकलंक भट्टका महान् शास्त्रार्थ हुआ। २ वि. श. ६ (सभाष्य तत्त्वार्थाधिगम/प्र. २/टिप्पणीमें श्री नाथूराम प्रेमी)। ३. ई. ६२०-६८० (नरसिंहाचार्य, प्रो. एस. श्रीकण्ठ शास्त्री, प. जुगलकिशोर, डॉ ए. एन. उपाध्ये, पं कैलाशचन्द्रजी शास्त्री, ज्योतिप्रसादजी)। ४. ई. स. ७२०-७८० (डॉ. के. बी. पाठक, डॉ. सतीशचन्द्र विद्याभूषण, डॉ आर. जी. भण्डारकर, पिटर्सन, लुइस राइस, डॉ विन्टरनिट्ज, डॉ. एफ. डब्ल्यू थामस, डॉ ए. बी. कीथ, डॉ. ए. एस आल्तेकर, श्री नाथूराम प्रेमी, प. सुखलाल, डॉ बी.एन. सालेतोर, महामहोपाध्याय पं. गोपीनाथ कविराज, पं. महेन्द्रकुमार) उपरोक्त चार धारणाओंमेंसे नं १ वाली धारणा अधिक प्रामाणिक होनेके कारण आपका समय ई. ६२०-६८० के लगभग आता है। ४ शब्दानुशासनके कर्ता (दे भट्टाकलंक)।

★ **जैन साधु संघमें आपका स्थान**—(दे. इतिहास ७/१)।

अकलंक स्तोत्र—आ अकलंक भट्ट (ई ६२०-६८०) द्वारा संस्कृत छन्दोमें रचित जिन-स्तोत्र। इसमें कुल १६२ श्लोक है। इस पर प. सदासुखदास (ई १७९५-१८६६) ने भाषामें टीका लिखी है।

अकषाय—दे. कषाय १।

अकषाय वेदनीय—दे. मोहनीय १।

अकाम निर्जरा—दे 'निर्जरा'।

अकाय—दे. 'काय'।

अकार्यकारण शक्ति—स. भा./आ./परि शक्ति १४ अन्याक्रिय माणान्याकारकैकद्रव्यात्मिका अकार्यकारणशक्ति'।=अन्यसे न करने योग्य और अन्यका कारण नहीं ऐसा एक द्रव्य, उस स्वरूप अकार्यकारण चौदहवीं शक्ति है।

अकालनय—१. दे. नय I/५। २. काल व अकाल नयका समन्वय-दे. नियति ५।

अकाल मृत्यु—दे मरण ४।

अकालवर्ष—मान्यखेटके राजा अमोघवर्षके पुत्र थे। कृष्ण द्वितीय इनकी उपाधि थी जो कृष्ण प्रथमके पुत्र ध्रुवराजके राज्यपर आसीन होनेके कारण इन्हे प्राप्त थी। ये भी राष्ट्रकूटके राजा थे। राजा लोकादित्यके समकालीन थे। इनका समय ई ८७८ से ९१२ है। (विशेष दे इतिहास ३/५)। (ह. पु ६६/५२-५३), (उत्तरपुराणकी प्रशस्ति); (जीवन्धर चम्पू/प्र. ८/A. N. Upadhye); (आ. अनु प्र. ७०/H L. Jain,), (म पु प्र. ४२/पं. पन्नालाल बाकलीवाल)।

अकालाध्ययन—सम्यग्ज्ञानका एक दोष—दे. 'काल'।

अकिंचित्कर हेत्वाभास—प मु ३/३५-३६ सिद्धे प्रत्यक्षादिबाधिते च साध्ये हेतुर्किंचित्कर।=जो साध्य स्वयं सिद्ध हो अथवा प्रत्यक्षादिसे बाधित हो उस साध्यकी सिद्धिके लिए यदि हेतुका प्रयोग किया जाता है तो वह हेतु अकिंचित्कर कहा जाता है।

न्या. दी ३/§ ६३/१०२ अप्रयोजको हेतुरकिंचित्कर'। —जो हेतु साध्यकी सिद्धि करनेमे अप्रयोजक अर्थात् असमर्थ है उसे अकिंचित्कर हेत्वाभास कहते है।

२. अकिंचित्कर हेत्वाभासके भेद

न्या. दी. ३/§ ६३/१०२ स द्विविध—सिद्धसाधनो बाधितविषयश्चेति।—अकिंचित्कर हेत्वाभास दो प्रकारका है—सिद्धसाधन और बाधितविषय।

३. सिद्धसाधन अकिंचित्कर हेत्वाभासका लक्षण

प. मु ३/३६-३७ सिद्ध श्रावण शब्द शब्दत्वात्। किंचिदकरणात्।=शब्द कानसे सुना जाता है क्योंकि वह शब्द है। यहाँपर शब्दमें श्रावणत्व स्वयं सिद्ध है इसलिए शब्दमें श्रावणत्वकी सिद्धिके लिए प्रयुक्त शब्दत्व हेतु कुछ नही करता (अत' सिद्धसाधन हेत्वाभास है)।

स.म /श्रुत प्रभावक मण्डल १२७/१६ पूर्वसे ही सिद्ध है (ऐसी) सिद्धिको साधनेसे सिद्ध साधन दोष उपस्थित होता है।

न्या दी ३/§ ६३/१०२ यथा शब्द श्रावणो भवितुमर्हति शब्दत्वादिति। अत्र श्रावणत्वस्य साध्यस्य शब्दनिष्ठत्वेन सिद्धत्वाद्धेतुरकिंचित्कर।=शब्द श्रोत्रेन्द्रियका विषय होना चाहिए, क्योंकि वह शब्द है। यहाँ श्रोत्रेन्द्रियकी विषयता रूप साध्य शब्दमें श्रावण प्रत्यक्षसे ही सिद्ध है। अत उसको सिद्ध करनेके लिए प्रयुक्त किया गया 'शब्दपना' हेतु सिद्धसाधन नामका अकिंचित्कर हेत्वाभास है।

★ **प्रत्यक्षबाधित आदि हेत्वाभास**—दे. 'बाधित'।

★ **कालात्ययापदिष्ट हेत्वाभास**—दे. 'कालात्ययापदिष्ट'।

अकृत—अभ्यागम दोष या हेत्वाभास। दे. 'कृतनाश'।

अकृतिधारा—दे गणित II/५/२।

अकृतिमातृकधारा—दे गणित II/५/२।

अक्रियावाद—

१ मिथ्या एकान्तकी अपेक्षा—

ध. १/४,१,४५/२०७/४ सूत्रे अष्टाशीतिशतसहस्रपदै १८०००० पूर्वोक्तसर्वदृष्टयो निरूप्यन्ते, अबन्धक अलेपक, अभोक्ता अकर्ता निर्गुण सर्वगत अद्वैत नास्ति जीव, समुदयजनित सर्वं नास्ति बाह्यार्थो नास्ति सर्वं निरात्मकं, सर्वं क्षणिकं अक्षणिकमद्वैतमित्यादयो दर्शनभेदाश्च निरूप्यन्ते।=सूत्र अधिकारमें अठासी लाख ८८००००० पदों द्वारा पूर्वोक्त सब मतोका निरूपण किया जाता है। इसके अतिरिक्त जीव अबन्धक है, अलेपक है, अभोक्ता है, अकर्ता है, निर्गुण है, व्यापक है, अद्वैत है जीव नही है, जीव (पृथिवी आदि चार भूतोके) समुदायसे उत्पन्न हुआ है सब नहीं है अर्थात् शून्य है, बाह्य पदार्थ नहीं है, सब निरात्मक है, सब क्षणिक हैं, सब अक्षणिक अर्थात् नित्य है, अद्वैत है, इत्यादि दर्शन भेदोंका भी इसमें निरूपण किया जाता है। (ध. १/१,१ २/११०/८)

गो क/भाषा/८८४/१०६८ अक्रियावादी वस्तु को नास्ति रूप मानि क्रियाका स्थापन नाहि करैं है।

भा. पा./भाषा/१३७ पं. जयचन्द—बहुरि केई अक्रियावादी हैं तिनि नैं जीवादिक पदार्थनि विषैं क्रियाका अभाव मानि परस्पर विवाद करैं हैं। केई कहै है जीव जानैं नाहीं है, केई कहै है कछु करै नाहीं है, केई कहैं है भोगवै नांही है, केई कहै है उपजै नाहीं है, केई कहै है

विनसै नाहीं है, केई कहै हैं गमन नाहीं करै है, केई कहै हैं तिष्ठै नाहीं है। इत्यादिक क्रियाके अभाव पक्षपात करि सर्वथा एकान्ती होय है तिनिके संक्षेप करि चौरासी भेद किये हैं।

२. सम्यक् एकान्तकी अपेक्षा—

का. अ मू./४१२ पुण्णासाए ण पुण्ण जदी णिरीहस्स पुण्ण-संपत्ती। इय जाणिऊण जइणो पुण्णे वि म आयर कुणह ॥ ४१२ ॥=पुण्यकी इच्छा करनेसे पुण्यबन्ध नहीं होता, बल्कि निरीह (इच्छा रहित) व्यक्तिको ही पुण्यकी प्राप्ति होती है। अतः ऐसा जानकर हे यतीश्वरो, पुण्यमें भी आदर भाव मत रक्खो।

प्र. सा./त प्र./परि./नय नं ३६ अकर्तृनयेन स्वकर्मप्रवृत्तरङ्गकाध्यक्षवत्केवलमेव साक्षि ॥ ३६ ॥ आत्म द्रव्य अकर्तृत्व नयसे केवल साक्षी ही है (कर्ता नहीं), अपने कार्यमें प्रवृत्त रंगरेजको देखनेवाले पुरुष (प्रेक्षक) की भाँति।

प प्र./मू. १/५५,६५ अट्ठ वि कम्मइँ बहुविहइँ णव णव दोस वि जेण। सुद्धहं एक्कु वि अत्थि णवि सुण्णु वि वुच्चइ तेण ॥५५॥ बन्ध वि मोक्खु वि सयलु जिय जीवहं कम्म जणेइ। अप्पा किंपि वि कुणइ णवि णिच्छइ एउ भणेइ ॥६५॥=जिस कारण आठों ही अनेक भेद वाले कर्म अठारह ही दोष इनमें-से एक भी शुद्धात्माके नहीं है, इसलिए शून्य भी कहा जाता है ॥५५॥ हे जीव, बन्धको और मोक्षको सबको जीवोंका कर्म ही करता है, आत्मा कुछ भी नहीं करता, निश्चय नय ऐसा कहता है।

३. अक्रियावादके ८४ भेद

ध. १/१,१,२/१०७/८ मरीचिकपिलोलूक-गार्ग्य-व्याघ्रभूतिवाद्वलिमाठर-मोद्गल्यायनादीनामक्रियावाददृष्टीनां चतुरशीति। = मरीचि, कपिल, उलूक, गार्ग्य, व्याघ्रभूति, वाद्वलि, माठर और मोद्गल्यायन आदि अक्रियावादियोंके ८४ मतोंका वर्णन और निराकरण किया गया है। (रा. वा. १/२०/१२/७४/४; ८/१/१०/५६२/४) (ध. ६/४,१, ४५/२०३/४), (गो. जी./जी प्र. ३६०/७७०/१२)

गो क मू. ८८४-८८५/१०६७ णत्थि सदो परदो वि य सत्तपयत्था य पुण्ण पाऊणा। कालादियादि भंगा सत्तरि चदुपंति सजादा ।८८४। णत्थि य सत्त पदत्था णियदीदो कालदो तिपंतिभवा। चोद्दस इदि णत्थित्ते अक्किरियाणं च चुलसीदी ॥८८५॥=आगे अक्रियावादीनिके भंग कहै है—(नास्ति) × (स्वतः परतः) × (जीव, अजीव, आस्रव, संवर, निर्जरा, बन्ध, मोक्ष) × (काल, ईश्वर, आत्मा, नियति, स्वभाव)— =१×२×७×५=७० तथा (नास्ति) × (जीव, अजीव, आस्रव, संवर, निर्जरा, बन्ध, मोक्ष) × (नियति, काल)= १×७×२=१४, मिलकर अक्रियावादके (७०+१४=८४) चौरासी भेद हुए। (ह पु १०/५२-५३)

अक्रियवान—क्रियवान अक्रियवानकी अपेक्षा द्रव्योंका विभाग। —दे. द्रव्य ३।

अक्ष—१ स सि./१/१२/१०३ अक्ष्णोति व्याप्नोति जानातीत्यक्ष आत्मा।=पहिचानता है, वा बोध करता है, व्याप्त होता है, जानता है, ऐसा 'अक्ष' आत्मा है। (रा वा १/१२/२/५३/११) (प्र सा./ता वृ./१/२२) (गो जी/जी प्र ३६६/७६५) २. पासा आदि दे निक्षेप ४। ३ भेद व भंग—दे गणित II/३/१,२।

अक्षम्रक्षण वृत्ति—भिक्षावृत्तिका एक भेद—दे. भिक्षा १/७।

अक्षयनिधिव्रत—व्रतविधान संग्रह / ८३ गणना—कुल समय १० वर्ष, कुल उपवास २०, एकाशना २८०।

किशन सिंह क्रियाकोश। **विधि**—१० वर्ष तक प्रतिवर्षकी श्रावण शुक्ला दशमी व भाद्रपद कृष्ण १० को उपवास। इनके बीच २८ दिनमें एकाशन। **मन्त्र**—नमस्कार मन्त्रका त्रिकाल जाप।

अक्षयफल दशमी व्रत—व्रत विधान सं.। ८६ गणना—कुल समय १० वर्ष तक। **विधि**—प्रतिवर्ष श्रावण शु १० को उपवास। **मन्त्र**—"ओं ह्रीं वृषभजिनाय नमः" इस मन्त्रका त्रिकाल जाप्य।

अक्षर—ध ६/१,६-१,१४/२१/११ खरणभावा अक्खर केवलणाणं।=क्षरण अर्थात् विनाशका अभाव होनेसे केवलज्ञान अक्षर कहलाता है।

गो जी/जो प्र ३३३/७२८/८ न क्षरतीत्यक्षर द्रव्यरूपतया विनाशाभावात्।=द्रव्य रूपसे जिसका विनाश नहीं होता वह अक्षर है।

२. अक्षरके भेद

ध. १३/५,५,४८/२६४/१० लद्धिअक्खरं णिव्वत्तिअक्खरं संठाणक्खरं चेदि तिविहमक्खरं।=अक्षरके तीन भेद हैं—लब्ध्यक्षर, निर्वृत्यक्षर, व संस्थानाक्षर। (गो जी/जी प्र. ३३३/७२८/७)

३. लब्ध्यक्षरका लक्षण

ध १३/५,५,४८/२६४/११ सुहुमणिगोदअपज्जत्तप्पहुडि जाव सुदकेवलि त्ति ताव जे खओवसमा तेसिं लद्धिअक्खरमिदि सण्णा। ... सपहि लद्धिअक्खरं जहण्णं सुहुमणिगोदलद्धिअपज्जत्तस्स होदि, उक्कस्सं चोद्दसपुव्विस्स।=सूक्ष्म निगोद लब्ध्यपर्याप्तकसे लेकर श्रुतकेवली तक जीवोंके जितने क्षयोपशम होते हैं उन सबकी लब्ध्यक्षर संज्ञा है। जघन्य लब्ध्यक्षर सूक्ष्म निगोद लब्ध्यपर्याप्तकके होता है और उत्कृष्ट चौदह पूर्वधारीके होता है।

गो. जी./जी. प्र ३२२/६८२/४ लब्धिर्नामश्रुतज्ञानावरणक्षयोपशमः, अर्थग्रहणशक्तिर्वा, लब्ध्या अक्षरं अविनश्वरं लब्ध्यक्षरं तावत् क्षयोपशमस्य सदा विद्यमानत्वात्।=लब्धि कहिये श्रुतज्ञानावरणका क्षयोपशम वा जानन शक्ति ताकरि अक्षरं कहिए अविनाशी सो ऐसा पर्याय ज्ञान ही है, जातैं इतना क्षयोपशम सदा काल विद्यमान रहे है।

गो जी/जी प्र ३३३/७२८/८ पर्यायज्ञानावरणप्रभृतिश्रुतकेवलज्ञानावरणपर्यन्तक्षयोपशमादुद्भूतात्मनोऽर्थग्रहणशक्तिर्लब्धि भावेन्द्रियं, तद्रूपमक्षरं लब्ध्यक्षरं अक्षरज्ञानोत्पत्तिहेतुत्वात्।=तहाँ पर्यायज्ञानावरण आदि श्रुतकेवलज्ञानावरण पर्यन्तके क्षयोपशमतैं उत्पन्न भई जो पदार्थ जाननेकी शक्ति सो लब्धि रूप भावेन्द्रिय तोहि स्वरूप जो अक्षर कहिये अविनाश सो लब्धि अक्षर कहिये जातैं अक्षर ज्ञान उपजने कौ कारण है।

४. निर्वृत्यक्षर सामान्य विशेषका लक्षण

ध. १३/५,५,४८/२६५/१ जीवाणं मुहादो णिग्गमस्स सद्दस्स णिव्वत्ति अक्खरमिदि सण्णा। तं च णिव्वत्तिअक्खरं वत्तमव्वत्तं चेदि दुविहं। तत्थ वत्त सण्णिपंचिंदियपज्जत्तएसु होदि। अव्वत्तं बेइंदियप्पहुडि जाव सण्णिपंचिंदियपज्जत्तएसु होदि। णिव्वत्ति अक्खरं जहण्णयं बेइंदियपज्जत्तादिसु, उक्कस्सयं चोद्दसपुव्विस्स।=जीवोंके मुखसे निकले हुए शब्दकी निर्वृत्यक्षर संज्ञा है। उस निर्वृत्यक्षरके व्यक्त और अव्यक्त ऐसे दो भेद हैं। उनमेंसे व्यक्त निर्वृत्यक्षर संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तकोंके होता है, और अव्यक्त निर्वृत्यक्षर द्वीन्द्रियसे लेकर संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तक तक जीवोंके होता है। जघन्य निर्वृत्यक्षर द्वीन्द्रिय पर्याप्तक आदिक जीवोंके होता है और उत्कृष्ट चौदह पूर्वधारीके होता है।

गो.जी./जो प्र ३३३/७२८/६ कण्ठोष्ठतालुवादिस्थानस्पृष्टतादिकरणप्रयत्ननिर्वर्त्यमानस्वरूपं अकारादिककारादिस्वरव्यञ्जनरूप मूलवर्णतत्संयोगादिसंस्थान निर्वृत्यक्षरम्।=बहुरि कंठ, ओठ, तालु आदि अक्षर बुलावनेके स्थान अर होठनिका परस्पर मिलना सो स्पृष्टता ताकौ आदि देकरि प्रयत्न तोहि करि उत्पन्न भया शब्दरूप अकारादि स्वर अर ककारादि व्यञ्जन अर संयोगी अक्षर सो निर्वृत्यक्षर कहिए।

४. स्थापना या संस्थानाक्षरका लक्षण

ध. १३/५,५,४८/२६५/४ जं तं संठाणक्खरं णाम तं ट्ठवणक्खरमिदि घेत्तव्व। का ट्ठवणा णाम। एदमिदमक्खरमिदि अभेदेण बुद्धीए जा ट्ठविया लीहादव्वं वा तं ट्ठवणक्खरं णाम।—संस्थानाक्षरका दूसरा नाम स्थापना अक्षर है, ऐसा ग्रहण करना चाहिए। प्रश्न—स्थापना क्या है? उत्तर—'यह वह अक्षर है' इस प्रकार अभेद रूपसे बुद्धिमें जो स्थापना होती है या जो लिखा जाता है वह स्थापना अक्षर है।

गो.जी./जी.प्र./३३३/७२८/१ पुस्तकेषु तद्देशानुरूपतया लिखितसंस्थानं स्थापनाक्षरम्।—पुस्तकादि विषैं निजदेशकी प्रवृत्तिके अनुसार अकारादिकनिका आकारकरि लिखिए सो स्थापना अक्षर कहिए।

५. बीजाक्षरका लक्षण

ध. ९/४,१,४४/१२७/१ संखित्तसद्दरयणमणं तत्थावगमहेदुभूदाणेगलिंगसग्गयं बीजपदं णाम।—संक्षिप्त शब्द रचनासे सहित व अनन्त अर्थोंके ज्ञानके हेतुभूत अनेक चिह्नोंसे संयुक्त बीजपद कहलाता है।

६. ह्रस्व, दीर्घ व प्लुत अक्षरका लक्षण

ध १३/५,५,४६/२४८/३ एकमात्रो ह्रस्वः, द्विमात्रो दीर्घः, त्रिमात्रः प्लुतः, मात्रार्द्धं व्यञ्जनम्।—एक मात्रावाला वर्ण ह्रस्व होता है, दो मात्रावाला वर्ण दीर्घ होता है, तीन मात्रावाला वर्ण प्लुत होता है और अर्ध मात्रावाला वर्ण व्यञ्जन होता है।

७. व्यंजन स्वरादिकी अपेक्षा भेद व इनके संयोगी भंग

ध १३/५,५,४५/२४७/८ वग्गक्खरा पंचवीस, अंतत्था चत्तारि, चत्तारि उम्हाक्खरा, एव तेत्तीसा होंति वंजणाणि ३३। अ इ उ ऋ ऌ ए ऐ ओ औ एवमेदे णव सरा हरस्स-दीह-पुदभेदेण पुध पुध भिण्णा सत्तावीस होंति। एचां ह्रस्वा न सन्तीति चेत्-न, प्राकृते तत्र तत्सत्त्वाविरोधात्। अजोगवाहा अ अं अः क प इति चत्तारि चेव होंति। एवं सव्वक्खराणि चउसट्ठी।

ध. १३/५,५,४६/२४९/१ एदेसिमक्खराणं सखं रासिं दुवे विरलिय दुगुणिदमण्णोण्णेण संगुणे अण्णोण्णसमब्भासो एत्तिओ होदि—१८४४६७४४०७३७०९५५१६१६। एदम्मि सखाणे रूवूणे कदे सजोगक्खराणं गणिदं होदि त्ति णिद्दिसे।

वर्णाक्षर पच्चीस, अंतस्थ चार और ऊष्माक्षर चार इस प्रकार तेंतीस व्यञ्जन होते है। अ, इ, उ, ऋ, ऌ, ए, ऐ, ओ, औ इस प्रकार ये नौ स्वर अलग-अलग ह्रस्व, दीर्घ और प्लुतके भेदसे सत्ताईस होते है। शंका—एच् अर्थात् ए, ऐ, ओ, औ इनके ह्रस्व भेद नहीं होते? उत्तर—नहीं, क्योंकि प्राकृतमें उनमें इनका सद्भाव माननेमें कोई विरोध नहीं आता। अयोगवाह अ अं क और प ये चार ही होते है। इस प्रकार सब अक्षर ६४ होते है। इन अक्षरोंकी संख्याकी राशि प्रमाण २ का विरलन करके परस्पर गुणा करनेसे प्राप्त हुई राशि इतनी होती है—१८४४६७४४०७३७०९५५१६१६। इस संख्यामें से एक कम करनेपर संयोगाक्षरोका प्रमाण होता है, ऐसा निर्देश करना चाहिए। (विस्तारके लिए दे ध. १३/५,५,४६/२४९-२६०) (गो जी./जी.प्र./३५२-३५४/७४९-७५९)।

ध. १३/५,५,४७/२६०/१ जदि वि एगसजोगक्खरमणेगेसु अत्थेसु अक्खरवच्चासावच्चासबलेण वट्टदे तो वि अक्खरमेक्कं चेव, अण्णोण्णमवेक्खिय णाणकज्जजणयाणं भेदाणुववत्तीदो।—यद्यपि एक संयोगाक्षर अनेक अर्थोंमें अक्षरोंके उलट-फेरके बलसे रहता है तो भी अक्षर एक ही है, क्योंकि एक दूसरेकी देखते हुए ज्ञान रूप कार्यको उत्पन्न करनेकी अपेक्षा उनमें कोई भेद नहीं पाया जाता।

८. अन्य सम्बन्धित विषय

* अक्षरात्मक शब्द—दे. भाषा।
* अक्षरगता असत्यमृषा भाषा—दे. भाषा।
* आगमके अपुनरुक्त अक्षर—दे. आगम १।
* अक्षर संयोग तथा संयोगी अक्षरोंकी एकता-अनेकता सम्बन्धी शंकाएँ—दे. ध. १३/५,५,४६/२४९-२६०।

अक्षर ज्ञान—द्रव्य श्रुतका एक भेद—दे. श्रुतज्ञान II।

अक्षर म्लेच्छ—दे. म्लेच्छ।

अक्षर समास—द्रव्य श्रुतज्ञानका एक भेद—दे. श्रुतज्ञान II।

अक्ष संचार—गणित सम्बन्धी एक प्रक्रिया—दे. गणित II/३।

अक्षांश—(ज.प./प्र. १०५) Latitude.

अक्षिप्र—मतिज्ञानका एक भेद—दे. मतिज्ञान ४।

अक्षीण महानस ऋद्धि—दे. ऋद्धि ९।

अक्षीणमहालय ऋद्धि—दे. ऋद्धि ९।

अक्षीय परिभ्रमण—(ध. ५/प्र.२७) Axial Revolution.

अक्षोभ—विजयार्धकी उत्तर श्रेणीका एक नगर—दे. विद्याधर।

अक्षौहिणी—सेनाका एक अंग—दे. सेना।

अखंड—१. द्रव्यमें खण्डत्व अखण्डत्व निर्देश—दे. द्रव्य ४। २. गुणमें खण्डत्व अखण्डत्व निर्देश—दे. गुण २। ३. चौथे नरकका सप्तम पटल—दे. नरक ५। ४. (ज.प./प्र. १०५) Continuous.

अगर्त—भरत क्षेत्रमें पश्चिम आर्य खण्डका एक देश—दे. मनुष्य ४।

अगाढ़—सम्यग्दर्शनका एक दोष।

अन. ध./२/५७-५८ वृद्धयष्टिरिवात्यक्तस्थाना करतले स्थिता। स्थान एव स्थिते कम्पमगाढं वेदकं यथा ॥५७॥ स्वकारितेऽर्हच्चैत्यादौ देवोऽयमेऽन्यकारिते। अन्यस्यासाविति भ्राम्यन्मोहाच्छ्राद्धोऽपि चेष्टते ॥५८॥

अन. ध./२/६१ की टीकामें उद्धृत—यच्चलं मलिनं चास्मादगाढमनवस्थितम्। नित्यं चान्तर्मुहूर्तादिषट्षष्ट्यब्ध्यन्तवर्ति यत् ॥

जिस प्रकार वृद्ध पुरुषकी लकड़ी तो हाथमें ही बनी रहती है, परन्तु अपने स्थानको न छोड़ती हुई भी कुछ काँपती रहती है उसी प्रकार क्षयोपशम सम्यग्दर्शन देव गुरु व तत्त्वादिककी श्रद्धामें स्थित रहते हुए भी सकम्प होता है। उसको अगाढ वेदक सम्यग्दर्शन कहते हैं ॥५७॥ वह भ्रम व संशयको प्राप्त होकर अपने बनाये हुए चैत्यादिमें 'यह मेरा देव है' और अन्यके बनाये हुए चैत्यादिमें 'यह अन्यका देव है' ऐसा व्यवहार करने लगता है ॥५८॥ (गो जी./जी.प्र./२५/५१/१५) इस प्रकार जो क्षायोपशमिक सम्यग्दर्शन चल मलिन अगाढ व अनवस्थित है वही नित्य भी है। अन्तर्मुहूर्तसे लेकर ६६ सागर पर्यन्त अवस्थित रहता है।

अगारी—त सू /७/२०अणुव्रतोऽगारी॥२०॥=अणुव्रती श्रावक अगारी है।

स सि /७/१९/३५७ प्रतिश्रयार्थिभिः अङ्ग्यते इति अगारं वेश्म, तद्वानगारी।... ननु चात्र विपर्ययोऽपि प्राप्नोति शून्यागारदेवकुलाद्यावासस्य मुनेरगारित्वम् अनिवृत्तविषयतृष्णस्य कुतश्चित्कारणाद् गृहं विमुच्य वने वसतोऽनगारत्वं च प्राप्नोति इति। नैष दोषः भावागारस्य विवक्षितत्वात्। चारित्रमोहोदये सत्यगारसम्बन्धः प्रत्यनिवृत्तपरिणामो भावागारमित्युच्यते। स यस्यास्त्यसावगारी वने वसन्नपि। गृहे वसन्नपि तदभावादनगार इति च भवति।=आश्रय चाहनेवाले जिसे अंगीकार करते है वह अगार है। अगारका अर्थ वेश्म अर्थात् घर है, जिसके घर है वह अगारी है। शंका—उपरोक्त लक्षणसे विपरीत अर्थ भी प्राप्त होता है, क्योंकि शून्य घर व देव मन्दिर आदिमें वास करनेवाले मुनिके अगारपना प्राप्त हो जायेगा? और जिसकी विषय-तृष्णा अभी निवृत्त नहीं हुई है ऐसे किसी व्यक्तिको किसी कारणवश घर छोड़कर वनमें बसनेसे अनगारपना प्राप्त हो जायेगा?

उत्तर—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि यहाँपर भावागार विवक्षित है। चारित्र मोहनीयका उदय होनेपर जो परिणाम घरसे निवृत्त नहीं है वह भावागार कहा जाता है। वह जिसके है वह वनमें निवास करते हुए भी अगारी है और जिसके इस प्रकारका परिणाम नहीं है वह घरमें बसते हुए भी अनगार है। (रा वा /७/१६,१/५४६/२४) (त सा /४/७६) (विषय विस्तार दे श्रावक)।

अगासदेव—(म पु /प्र २०/प पन्नालाल) आप एक कवि थे। कृति-चन्द्रप्रभपुराण।

अगुणी—दे. गुणी।

अगुप्ति भय—दे भय।

अगुरुलघु—जड या चेतन प्रत्येक द्रव्यमें अगुरुलघु नामका एक सूक्ष्म गुण स्वीकार किया गया है जिसके कारण वह प्रतिक्षण सूक्ष्म परिणमन करते हुए भी ज्योंका त्यों बना रहता है। सयोगी अवस्था में वह परिणमन स्थूल रूपसे दृष्टिगत होता है। शरीरधारी जीव भी हलके-भारीपनेकी कल्पनासे युक्त हो जाता है। इस कल्पनाका कारण अगुरुलघु नामका एक कर्म स्वीकार किया गया है। इन दोनोंका ही परिचय इस अधिकारमें दिया गया है।

१. अगुरुलघु गुणका लक्षण (षट् गुण हानि वृद्धि)

आ प /६ अगुरुलघोर्भावोऽगुरुलघुत्वम्। सूक्ष्मावागगोचरा प्रतिक्षणं वर्तमाना आगमप्रमाणादभ्युपगम्या अगुरुलघुगुणा।=अगुरुलघु भाव अगुरुलघुपन है। अर्थात् जिस गुणके निमित्तसे द्रव्यका द्रव्यपना सदा बना रहे अर्थात् द्रव्यका कोई गुण न तो अन्य गुण रूप हो सके और न कोई द्रव्य अन्य द्रव्य रूप हो सके, अथवा न द्रव्यके गुण बिखरकर पृथक्-पृथक् हो सकें और जिसके निमित्तसे प्रत्येक द्रव्यमें तथा उसके गुणोंमें समय समय प्रति षट्गुण हानि वृद्धि होती रहे उसे अगुरुलघु गुण कहते है। अगुरुलघु गुणका यह सूक्ष्म परिणमन वचनके अगोचर है, केवल आगम प्रमाणगम्य है।

स, सा /आ, परि /शक्ति न १७ षट्स्थानपतितवृद्धिहानिपरिणत-स्वरूपप्रतिष्ठत्वकारणविशिष्टगुणात्मिका अगुरुलघुत्वशक्ति।=षट्-स्थान पतित वृद्धि-हानिरूप परिणत हुआ जो वस्तुके निज स्वभाव-की प्रतिष्ठाका कारण विशेष अगुरुलघुत्व नामा गुण-स्वरूप अगुरुलघुत्व नामा सत्रहवीं शक्ति है।

प्र, सा /त, वृ./८०/१०१ अगुरुलघुकगुणषड्वृद्धिहानिरूपेण प्रतिक्षण प्रवर्तमाना अर्थपर्यायाः।=अगुरुलघु गुणकी षड्गुणहानि वृद्धि रूपसे प्रतिक्षण प्रवर्तमान अर्थ पर्याय होती है।

२. सिद्धोंके अगुरुलघु गुणका लक्षण

द्र स टी /१४/४३ यदि सर्वथा गुरुत्व भवति तदा लोहपिण्डवदध:-पतन, यदि च सर्वथा लघुत्व भवति तदा वाताहतार्कतूलवत्सर्वदैव भ्रमणमेव स्यान्न च तथा तस्मादगुरुलघुत्वगुणोऽभीष्यते।=यदि उनका स्वरूप सर्वथा गुरु हो तो लोहेके गोलेके समान वह नीचे पडा रहेगा और यदि वह सर्वथा लघु हो तो वायुसे प्रेरित आककी रूईकी तरह वह सदा इधर-उधर घूमता रहेगा, किन्तु सिद्धोका स्वरूप ऐसा नहीं है इस कारण उनके 'अगुरुलघु' गुण कहा जाता है।

प्र. प्र. टी./१/६१/६२ सिद्धावस्थायोग्यं विशिष्टागुरुलघुत्व नामकर्मो-दयेन प्रच्छादितम्। गुरुत्वशब्देनोच्चगोत्रजनित महत्त्व भण्यते, लघुत्व-शब्देन नीचगोत्रजनितं तुच्छत्वमिति, तदुभयकारणभूतेन गोत्रकर्मो-दयेन विशिष्टागुरुलघुत्व प्रच्छादयत इति।=सिद्धावस्थाके योग्य विशेष अगुरुलघुगुण, नामकर्मके उदयसे अथवा गोत्रकर्मके उदयसे ढँक गया है। क्योंकि गोत्र कर्मके उदयमें जब नीच गोत्र पाया, तब तुच्छ या लघु कहलाया और उच्च गोत्रमें बडा अर्थात् गुरु कहलाया।

३. अगुरुलघु नामकर्मका लक्षण

स सि /८/११/३९१ यस्योदयादय पिण्डवद्द गुरुत्वाद्नाध पतति न चार्कतूलवल्लघुत्वाद्ध्वं गच्छति तदगुरुलघु नाम।=जिसके उदयसे लोहेके पिण्डके समान गुरु होनेसे न तो नीचे गिरता है और न अर्क-तूलके समान लघु होनेसे ऊपर जाता है वह अगुरुलघु नामकर्म है। (रा. वा./८/११/१२/५७७/३१) (गो क /जी. प्र /३३/२६/१२)।

ध. ६/१,९-१,२८/५८/१ अणताणतेहि पोग्गलेहि आऊरियस्स जीवस्स जेहि कम्मक्खधेहितो अगुरुअलहुअत्त होदि, तेसिमअगुरुअलहुअ-त्ति सण्णा, कारणे कज्जुवयारादो। जदि अगुरुअलहुअकम्मं जीवस्स ण होज्ज, तो जीवो लोहगोलओ व्व गरुअओ अक्कतूलं व हलुओ वा होज्ज। ण च एवं अणुवलभादो।=अनन्तानन्त पुद्गलोंसे भरपूर जीवके जिन कर्मस्कन्धोके द्वारा अगुरुलघुपना होता है, उन पुद्गल स्कन्धोकी 'अगुरुलघु' यह सज्ञा कारणमें कार्यके उपचारसे की गयी है। यदि जीवके अगुरुलघु कर्म न हो, तो या तो जीव लोहेके गोलेके समान भारी हो जायेगा, अथवा आकके तूलके समान हलका हो जायेगा। किन्तु ऐसा है नहीं, क्योंकि, वैसा पाया नहीं जाता है। (ध १३/५,५,१०१/३६४/१०)।

ध ६/१,९-२,७६/११४/३ अण्णहा गरुअसरीरेण दुद्धो जीवो उट्ठेदुं पि ण सक्केज्ज। ण च एव, सरीरस्स-अगुरु-अलहु अत्ताणमणुवलंभा।=यदि ऐसा (इस कर्मको पुद्गल विपाकी) न माना जाये, तो गुरु भार वाले शरीरसे संयुक्त यह जीव उठनेके लिए भी न समर्थ होगा। किन्तु ऐसा है नहीं, क्योंकि शरीरके केवल हलकापन और केवल भारीपन नहीं पाया जाता है।

* अगुरुलघु नामकर्मकी बन्ध उदय सत्व प्ररूपणाएँ व तत्सम्बन्धी नियम आदि—दे. वह वह नाम।

४. अगुरुलघु गुण अनिर्वचनीय है

आ. प./६ सूक्ष्मावाग्गोचरा आगमप्रमाणादभ्युपगम्या अगुरुलघुगुणा। =अगुरुलघु गुणका यह सूक्ष्म परिणमन वचनके अगोचर है। आगम प्रमाणके ही गम्य है। (न, च /श्रु /५७)।

पं ध पू /११२ किंत्वस्ति च कोऽपि गुणोऽनिर्वचनीय स्वत सिद्ध। नाम्ना चागुरुलघुरिति गुरुलक्ष्यः स्वानुभूतिलक्ष्यो वा।=किन्तु स्वत सिद्ध और प्रत्यक्षदर्शियोंके लक्ष्यमें आने योग्य अर्थात् केवल-ज्ञानगम्य अथवा स्वानुभूतिके द्वारा जानेके योग्य तथा नामसे अगुरुलघु ऐसा कोई वचनोके अगोचर गुण है।

५. जीवके अगुरुलघु गुण व अगुरुलघु नाम कर्मोदयकृत अगुरुलघुमें अन्तर

ध ६/१,९-२,७८/११३/११ अगुरुअलहुअत्त णाम सव्वजीवाणं पारि-णामियमत्थि, सिद्धेसु खीणासेसकम्मेसु वि तस्सुवलंभा। तदो अगुरुअलहुअकम्मस्स फलाभावा तस्साभावो इदि। एत्थ परिहारो उच्चदे-होज्ज एसो दोसो जदि अगुरुअलहुअ जीवविवाई होदि। किंतु एदं पोग्गलविवाई अणंताणंतपोग्गलेहि गरुवपासेहि आरद्धस्स अगुरु-अलहुअत्तुप्पायणादो। अण्णहा गरुअसरीरेण दुद्धो जीवो उट्ठेदुं पि ण सक्केज्ज। ण च एव, सरीरस्स अगुरु-अलहुअत्ताणमणुवलभा।=शका—अगुरुलघु नामका गुण सर्व जीवोंमें पारिणामिक है, क्योंकि अशेष कर्मोसे रहित सिद्धोमें भी उसका सद्भाव पाया जाता है। इस-लिए अगुरुलघु नामकर्मका कोई फल न होनेसे उसका अभाव मानना चाहिए? उत्तर—यहाँपर उक्त शकाका परिहार करते है। यह उपर्युक्त दोष प्राप्त होता, यदि अगुरुलघु नाम-कर्म जीवविपाकी होता। किन्तु यह कर्म पुद्गलविपाकी है, क्योंकि गुरुस्पर्शवाले अनन्तानन्त पुद्गल वर्गणाओंके द्वारा आरब्ध शरीरके अगुरुलघुताकी उत्पत्ति होती है। यदि ऐसा न माना जाये, तो गुरु भारवाले शरीरसे सयुक्त यह जीव उठनेके लिए भी न समर्थ होगा। किन्तु ऐसा है नहीं,

क्योंकि शरीरके केवल हल्कापन और केवल भारीपन नहीं पाया जाता।

ध.६/१,९-१,२८/५८/४ अगुरुवलहुअत्तं णाम जीवस्स साहावियमत्थि चेण, ससारावत्थाए कम्मपरतंतम्मि तस्साभावा। ण च सहावविणासे जीवस्स विणासो, लक्खणविणासे लक्खविणासस्स णाइयत्तादो। ण च णाण-दसणे मुच्चा जीवस्स अगुरुलहुअत्त लक्खणं, तस्स आयासादीसु वि उवलंभा। किं च ण एत्थ जीवस्स अगुरुलहुअत्त कम्मेण कीरइ, किंतु जीवम्हि भरिओ जो पोग्गलक्खंधो, सो जस्स कम्मस्स उदएण जीवस्स गरुओ हलुवो वा त्ति णावडइ तमगुरुवलहुअं। तेण ण एत्थ जीवविसय अगुरुलहुवत्तस्स गहण।=**प्रश्न**-अगुरुलघु तो जीवका स्वाभाविक गुण है (फिर उसे यहाँ कर्म प्रकृतियोंमें क्यों गिनाया)? **उत्तर**—नहीं, क्योंकि ससार अवस्थामें कर्म-परतंत्र जीवमें उस स्वाभाविक अगुरुलघु गुणका अभाव है। यदि ऐसा कहा जाये कि स्वभावका विनाश माननेपर जीवका विनाश प्राप्त होता है, क्योंकि लक्षणके विनाश होनेपर लक्ष्यका विनाश होता है ऐसा न्याय है, सो भी यहाँ बात नहीं है, अर्थात् अगुरुलघु नामकर्मके विनाश होनेपर भी जीवका विनाश नहीं होता है, क्योंकि ज्ञान और दर्शनको छोडकर अगुरुलघुत्व जीवका लक्षण नहीं है, चूँकि वह आकाश आदि अन्य द्रव्योंमें भी पाया जाता है। दूसरी बात यह है कि यहाँ जीवका अगुरुलघुत्व कर्मके द्वारा नहीं किया जाता है किन्तु जीवमें भरा हुआ जो पुद्गल स्कन्ध है, वह जिस कर्मके उदयसे जीवके भारी या हलका नहीं होता है, वह अगुरुलघु यहाँ विवक्षित है। अतएव यहाँपर जीव विषयक अगुरुलघुत्वका ग्रहण नहीं करना चाहिए।

६. अजीव द्रव्योंमें अगुरुलघु गुण कैसे घटित होता है

रा.वा./८/११,१२/५७७/३२ धर्मादीनामजीवानां कथमगुरुलघुत्वमिति चेत्। अनादिपारिणामिकागुरुलघुत्वगुणयोगात्। =**प्रश्न**—धर्म अधर्मादि अजीव द्रव्योंमें अगुरुलघुपना कैसे घटित होता है? **उत्तर**—अनादि पारिणामिक अगुरुलघुत्व गुणके सम्बन्धसे उनमें उसकी सिद्धि हो जाती है।

७. मुक्त जीवोंमें अगुरुलघु गुण कैसे घटित होता है

रा वा/८/११,१२/५७७/३३ मुक्तजीवाना कथमिति चेत्? अनादिकर्मनोकर्मसबन्धानां कर्मोदयकृतमगुरुलघुत्वम्, तदत्यन्तविनिवृत्तौ तु स्वाभाविकमाविर्भवति। =**प्रश्न**—मुक्त जीवोंमें (अगुरुलघु) कैसे घटित होता है, क्योंकि वहाँ तो नामकर्मका अभाव है? **उत्तर**—अनादि कर्म नोकर्मके बन्धनसे बद्ध जीवोंमें कर्मोदय कृत अगुरुलघु गुण होता है। उसके अत्यन्ताभाव हो जाने पर मुक्त जीवोंके स्वाभाविक अगुरुलघुत्व गुण प्रकट होता है।

अगृहीत चेटिका—दे. स्त्री।

अगृहीत मिथ्यात्व—दे. मिथ्यादर्शन ३।

अग्नि—ज्ञा सा. ५७ अग्नि त्रिकोण' रक्त'। =अग्नि त्रिकोण व लाल होती है।

१. अग्निके अंगारादि भेद

मूला./२२१ इगालजालअच्ची सुम्मुरसुद्धागणी य अगणी य। ते जाण तेउजीवा जाणित्ता परिहरेदव्वा। =धुआँ रहित अगार, ज्वाला, दीपककी लौ, कडाकी आग और वज्राग्नि, बिजली आदिसे उत्पन्न शुद्ध अग्नि सामान्य अग्नि—ये तेजस्कायिक जीव है, इनको जानकर इनकी हिंसाका त्याग करना चाहिए (आचाराग निर्युक्ति १६६) (पं.स.प्रा./१/७६) (ध १/१,१,४२/२७३/गा १५१)(भ आ./वि./६०८/८०५) (त सा./२/६४)।

२. गार्हपत्य आदि तीन अग्नियोंका निर्देश व उपयोग

म. पु./४०/८२-९० त्रयोऽग्नय प्रणेया' स्यु' कर्मारम्भे द्विजोत्तमै.। रत्नत्रितयसंकल्पादग्नीन्द्रमुकुटोद्भवा.॥८२॥ तीर्थकृद्गणभृच्छेषकेवल्यन्तमहोत्सवे। पूजाङ्गत्वं समासाद्य पवित्रत्वमुपागता'॥८३॥ कुण्डत्रये प्रणेतव्यास्त्रय एते महाग्नय। गार्हपत्याहवनीयदक्षिणाग्निप्रसिद्धय'॥८४॥ अस्मिन्नग्नित्रये पूजां मन्त्रै' कुर्वन् द्विजोत्तम। आहिताग्निरिति ज्ञेयो नित्येज्या यस्य सद्मनि॥८५॥ हविष्पाके च धूपे च दीपोद्बोधनसविधौ। वह्नीना विनियोग स्यादमीषां नित्यपूजने॥८६॥ प्रयत्नेनाभिरक्ष्य स्यादिदमग्नित्रय गृहे। नैव दातव्यमन्येभ्यस्तेऽन्ये ये स्युरसस्कृता'॥८७॥ न स्वतोऽग्ने' पवित्रत्व देवतारूपमेव वा। किन्त्वर्हद्दिव्यमूर्तीज्यासबन्धात् पावनोऽनल॥८८॥ तत पूजाङ्गतामस्य मत्वार्चन्ति द्विजोत्तमा। निर्वाणक्षेत्रपूजावत्तत्पूजातो न दुष्यति॥८९॥ व्यवहारनयापेक्षा तस्येष्टा पूज्यता द्विजै.। जैनैरध्यवहार्योऽय नयोऽद्यत्वेऽग्रजन्मन॥९०॥=क्रियाओंके प्रारभमें उत्तम द्विजोको रत्नत्रयका संकल्प कर अग्निकुमार देवोंके इन्द्रके मुकुटसे उत्पन्न हुई तीन प्रकारकी अग्नियाँ प्राप्त करनी चाहिए॥८२॥ ये तीनो ही अग्नियाँ तीर्थंकर, गणधर और सामान्य केवलीके अन्तिम अर्थात् निर्वाणोत्सवमें पूजाका अग होकर अत्यन्त पवित्रताको प्राप्त हुई मानी जाती है॥८३॥ गार्हपत्य, आहवनीय और दक्षिणाग्नि नामसे प्रसिद्ध इन तीनो महाग्नियोको तीन कुण्डोमें स्थापित करना चाहिए॥८४॥ इन तीनो प्रकारकी अग्नियोमें मन्त्रोके द्वारा पूजा करनेवाला पुरुष द्विजोत्तम कहलाता है। और जिसके घर इस प्रकारकी पूजा नित्य होती रहती है वह आहिताग्नि व अग्निहोत्री कहलाता है॥८५॥ नित्य पूजन करते समय इन तीनो प्रकारकी अग्नियोका विनियोग नैवेद्य पकानेमें, धूप खेनेमें और दीपक जलानेमें होता है अर्थात् गार्हपत्य अग्निसे नैवेद्य पकाया जाता है, आहवनीय अग्निमें धूप खेई जाती है और दक्षिणाग्निसे दीप जलाया जाता है॥८६॥ घरमें बडे प्रयत्नसे इन तीनो अग्नियोंकी रक्षा करनी चाहिए और जिनका कोई संस्कार नहीं हुआ है ऐसे अन्य लोगोंको कभी नही देनी चाहिए॥८७॥ अग्निमें स्वयं पवित्रता नहीं है और न वह देवता रूप ही है किन्तु अर्हन्त देवकी दिव्य मूर्तिकी पूजाके सम्बन्धसे वह अग्नि पवित्र हो जाती है॥८८॥ इसलिए ही द्विजोत्तम लोग इसे पूजाका अंग मानकर इसकी पूजा करते है अत निर्वाण क्षेत्रकी पूजाके समान अग्निकी पूजा करनेमें कोई दोष नहीं है॥८९॥ ब्राह्मणोंको व्यवहार नयकी अपेक्षा ही अग्निकी पूज्यता इष्ट है इसलिए जैन ब्राह्मणोंको भी आज यह व्यवहार नय उपयोगमें लाना चाहिए॥९०॥ (और भी देखो यज्ञमें आर्ष यज्ञ) (दे. मोक्ष ५/१) (भ आ./वि./८/१८५६)।

* अर्हंतपूजासे ही अग्नि पवित्र है स्वयं नही—दे. अग्नि २।

३. क्रोधादि तीन अग्नियोंका निर्देश

म पु/६७/२०२-२०३ त्रयोऽग्नय' समुद्दिष्टा क्रोधकामोदराग्नय'। तेषु क्षमाविरागत्वानशनाहुतिभिर्वने॥२०२॥ स्थिरवर्षियतिमुन्यस्तशरणा परमद्विजा'। इत्यात्मयज्ञमिष्ट्वार्थमष्टमीमवनी ययु॥२०३॥=क्रोधाग्नि कामाग्नि और उदराग्नि ये तीन अग्नियाँ बतलायी गयी हैं। इनमें क्षमा, वैराग्य और अनशनकी आहुतियाँ देनेवाले जो ऋषि, यति, मुनि और अनगार रूपी श्रेष्ठ द्विज वनमें निवास करते हैं वे आत्मयज्ञ कर इष्ट अर्थको देनेवाली अष्टम पृथिवी मोक्ष-स्थानको प्राप्त होते है।

४. पंचाग्निका अर्थ पंचाचार

पंचमहागुरु भक्ति—पंचहाचार-पंचग्गिसंसाहया सूरिणो दिंतु मोक्खं-गयासंगया।=जो पचाचार रूप पंचाग्निके साधक हैं वे आचार्य परमेष्ठी हमें उत्कृष्ट मोक्ष लक्ष्मी देवें। (विशेष दे पचाचार)।

५. प्राणायाम सम्बन्धी अग्निमण्डल

ज्ञा./२१/२२,२७/२८८ स्फुलिङ्गपिङ्गलं भीममूर्ध्वज्वालाशतार्चितम्। त्रिकोणं स्वस्तिकोपेतं तद्बीज वह्निमण्डलम्॥२२॥ बालार्कसंनि-

भश्चोर्ध्वं सावर्त्तश्चतुरङ्गुल'। अत्युष्णो ज्वलनाभिख्य' पवन' कीर्तितो बुधैः ॥२७॥—अग्निके स्फुलिंग समान पिंगल वर्ण भीम रौद्र रूप ऊर्ध्वगमन स्वरूप सैकडों ज्वालाओं सहित त्रिकोणाकार स्वस्तिक (साथिये) सहित, वह्निबीजसे मण्डित ऐसा वह्निमण्डल है ॥२२॥ जो उगते हुए सूर्यके समान रक्त वर्ण हो तथा ऊँचा चलता हो, आवर्तों (चक्रों) सहित फिरता हुआ चले, चार अंगुल बाहर आवे और अति ऊष्ण हो ऐसा अग्निमण्डलका पवन पण्डितोंने कहा है।

६. आग्नेयी धारणाका लक्षण

ज्ञा. /३७/१०-१६/३८२ ततोऽसौ निश्चलाभ्यासात्कमलं नाभिमण्डले। स्मरत्यतिमनोहारि षोडशोन्नतपत्रकम् ॥१०॥ प्रतिपत्रसमासीनस्वरमालाविराजितम्। कर्णिकायां महामन्त्र विस्फुरन्तं विचिन्तयेत् ॥११॥ रेफरुद्धं कलाबिन्दुलाञ्छितं शून्यमक्षरम्। लसदिन्दुच्छटाकोटिकान्तिव्याप्तदिङ्मुखम् ॥१२॥ तस्य रेफाद्विनिर्यान्तीं शनैर्धूमशिखां स्मरेत्। स्फुलिङ्गसंततिं पश्चाज्ज्वालालीं तदनन्तरम् ॥१३॥ तेन ज्वालाकलापेन वर्धमानेन संततम्। दहत्यविरतं धीर' पुण्डरीकं हृदिस्थितम् ॥१४॥ तदष्टकर्मनिर्माणमष्टपत्रमधोमुखम्। दहत्येव महामन्त्रध्यानोत्थ प्रबलोऽनल ॥१५॥ ततो बहि शरीरस्य त्रिकोणं वह्निमण्डलम्। स्मरेज्ज्वालाकलापेन ज्वलन्तमिव वाडवम् ॥१६॥ वह्निबीजसमाक्रान्तं पर्यन्ते स्वस्तिकाङ्कितम्। ऊर्ध्ववायुपुरोद्भूत निर्धूम काञ्चनप्रभम् ॥१७॥ अन्तर्दहति मन्त्रार्चिर्बहिर्वह्निपुर पुरम्। धगद्धगितिविस्फूर्जज्ज्वालाप्रचयभासुरम् ॥१८॥ भस्मभावमसौ नीत्वा शरीर तच्च षड्जम्। दाह्याभावात्स्वय शान्ति याति वह्नि' शनै' शनै ॥१९॥—तत्पश्चात् (पार्थिवी धारणाके) योगी (ध्यानी) निश्चल अभ्याससे अपने नाभिमण्डलमें सोलह ऊँचे-ऊँचे पत्रोंके एक मनोहर कमलका ध्यान करै ॥१०॥ तत्पश्चात् उस कमलकी कर्णिकामें महामन्त्रका (जो आगे कहा जाता है उसका) चिन्तवन करे और उस कमल के सोलह पत्रो पर 'अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अ' इन १६ अक्षरोंका ध्यान करै ॥११॥ रेफ से रुद्ध कहिए आवृत और कला तथा बिन्दुसे चिह्नित और शून्य कहिए हकार ऐसा अक्षर लसत कहिए दैदीप्यमान होते हुए बिन्दुकी छटाकोटिकी कान्तिसे व्याप्त किया है दिशाका मुख जिसने ऐसा महामन्त्र "ह्रं" उस कमलकी कर्णिकामें स्थापन कर, चिन्तवन करै ॥१२॥ तत्पश्चात् उस महामन्त्रके रेफसे मन्द-मन्द निकलती हुई धूम (धुएँ)की शिखाका चिन्तवन करै। तत्पश्चात् उसमेंसे अनुक्रमसे प्रवाह रूप निकलते हुए स्फुलिंगोंकी पंक्तिका चिन्तवन करै और पश्चात् उसमेंसे निकलती हुई ज्वालाकी लपटोंका विचारै ॥१३॥ तत्पश्चात् योगी मुनि क्रमसे बढते हुए उस ज्वालाके समूहसे अपने हृदयस्थ कमलको निरन्तर जलाता हुआ चिन्तवन करै ॥१४॥ वह हृदयस्थ कमल अधोमुख आठ पत्रका है। इस आठ पत्रोंपर आठ कर्म स्थित हो। ऐसे नाभिस्थ कमलकी कर्णिकामें स्थित "ह्रं" महामन्त्रके ध्यानसे उठी हुई प्रबल अग्नि निरन्तर दहती है, इस प्रकार चिन्तवन करै, तब अष्ट कर्म जल जाते है यह चैतन्य परिणामोंकी सामर्थ्य है ॥१५॥ उस कमलके दग्ध हुए पश्चात् शरीरके बाह्य त्रिकोण वह्निका चिन्तवन करै, सो ज्वालाके समूहसे जलते हुए बडवानलके समान ध्यान करै ॥१६॥ तथा अग्नि बीजाक्षर 'र' से व्याप्त और अन्तमें साथियाके चिह्नसे चिह्नित हो, ऊर्ध्व वायुमण्डलसे उत्पन्न धूम रहित काचनकी-सी प्रभावाला चिन्तवन करै ॥१७॥ इस प्रकार वह धगधगायमान फैलती हुई लपटोके समूहोसे दैदीप्यमान बाहरका अग्निपुर (अग्निमण्डल) अन्तरंगकी मन्त्राग्निको दग्ध करता है ॥१८॥ तत्पश्चात् यह अग्निमण्डल उस नाभिस्थ कमल और शरीरका भस्मीभूत करके दाह्यका अभाव होनेसे धीरे-धीरे अपने आप शान्त हो जाता है ॥१९॥ (त. अनु १८४)

अग्नि गति—एक विद्या—दे विद्या।

अग्नि जीव—

* अग्नि जीवों सम्बन्धी, गुणस्थान, जीव समास, मार्गणा स्थान आदि २० प्ररूपणाएँ—दे सत्।
* सत, संख्या, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव व अल्पबहुत्व रूप आठ प्ररूपणाएँ—दे. वह वह नाम।
* तैजस कायिकोंमें वैक्रियक योगकी सम्भावना—दे. वैक्रियक।
* मार्गणा प्रकरणमें भाव मार्गणाको इष्टता तथा वहाँ आयके अनुसार व्यय होनेका नियम—दे. मार्गणा।
* अग्निकायिकोंमें कर्मोंके बन्ध उदय सत्त्व - दे वह वह नाम।
* अग्निमें पुद्गलके सर्व गुणोका अस्तित्व—दे पुद्गल १०।
* अग्नि जीवों कर्म—दे. सावद्य ५।
* अग्निमें कथंचित् त्रसपना—दे. स्थावर ६।
* अग्निके कायिकादि चार भेद—दे. पृथिवी।
* तैजसकायिकमें आतप व उद्योतका अभाव—दे. उदय ४।
* सूक्ष्म अग्निकायिक जीव सर्वत्र पाये जाते है—दे क्षेत्र ४।
* बादर तैजसकायिकादिक भवनवासी विमानो व आठो पृथिवियोंमें रहते है, परन्तु इन्द्रिय ग्राह्य नहीं है।—दे काय २/५।

अग्निज्वाल—विजयार्धकी उत्तर श्रेणीका एक नगर—दे. विद्याधर।

अग्निदेव—

* भूतकालीन ११वें तीर्थंकर—दे तीर्थंकर ५।
* लोकपालोके भेद रूप अग्नि।—दे लोकपाल।
* अनलकायिक आकाशोपपन्न देव—दे देव II/१।
* अग्न्याभजातिके लौकान्तिक देव—दे लौकान्तिक।
* अग्निज्वाल नामा ग्रह—दे ग्रह।
* अग्निकुमार भवनवासी देव—दे भवन १।
* अग्निरुद्धनामा असुरकुमार देव—दे. असुर।
* भौतिक अग्नि देवता रूप नही है।—दे अग्नि २।

अग्निप्रभदेव—(प पु /३६/७२) इस ज्योतिष देवने देशभूषण व कुलभूषण मुनियोंपर घोर उपसर्ग किया। जो वनवासी राम व लक्ष्मण के आनेपर शान्त हुआ।

अग्निभूति—(ह पु /४३/१००,१३६-१४६) मगधदेश शालिग्राम निवासी सोमदेव ब्राह्मणका पुत्र था। मुनियोंसे पूर्वभवका श्रवण कर लज्जा एव द्वेष पूर्वक मुनि हत्याका उद्यम करनेपर यक्ष-द्वारा कील दिया गया। मुनिकी दयासे छूटनेपर अणुव्रत ग्रहण कर अन्तमें सौधर्म स्वर्गमें देव हुआ।

अग्निमित्र—१ (म पु /७४/७६) एक ब्राह्मण पुत्र था। यह वर्धमान भगवान्का दूरवर्ती पूर्वका भव है—दे वर्धमान। २ मगध देशकी राजवंशावलीके अनुसार यह एक शक जातिका सरदार था जिसने मौर्य कालमें ही मगध देशके किसी एक भागपर अपना अधिकार जमा रखा था। इसका अपर नाम भानु भी था। यह वसुमित्रके समकालीन था। समय—वी नि २८५-३४५ ई पू. २४२-१८२। दे—इतिहास ३।

अग्निसह—(म पु /७४/७४) एक ब्राह्मण पुत्र था। यह वर्धमान भगवान्का दूरवर्ती पूर्वभव है—दे वर्धमान।

अज्ञात—स सि /६/६/३२३ मदात्प्रमादाद्वानवबुध्य प्रवृत्तिरज्ञातम्। =मद या प्रमादके कारण बिना जाने प्रवृत्ति करना अज्ञात भाव है। (रा.वा /६/६/४/५१२/४)।

अज्ञातसिद्ध—एक हेत्वाभास—दे. अभिद्ध।

अज्ञान—जैनागममें अज्ञान शब्दका प्रयोग दो अर्थोंमें होता है—एक तो ज्ञानका अभाव या कमीके अर्थमें और दूसरा मिथ्याज्ञानके अर्थमें। पहलेवालेको औदयिक अज्ञान और दूसरेवालेको क्षायोपशमिक

अज्ञान कहते है। मोक्षमार्गकी प्रमुखता होनेके कारण आगममें अज्ञान शब्दसे प्राय: मिथ्याज्ञान कहना ही इष्ट होता है।

१. औदयिक अज्ञानका लक्षण

स सि /२/६/१५६ ज्ञानावरणकर्मण उदयात्पदार्थानवबोधो भवति तदज्ञानमौदयिकम्।=पदार्थोंके नही जाननेको अज्ञान कहते है चूंकि वह ज्ञानावरण कर्मके उदयसे होता है इसलिए औदयिक है। रा वा /२/६/५/१०६/८।

ध ७, उ./१०२२ अस्ति यत्पुनरज्ञाननर्थादौदयिक स्मृतम्। तदस्ति शून्यतारूप यथा निश्चेतन वपु: ॥१०२२॥=और जो यथार्थमें औदयिक अज्ञान है वह मृत देहकी तरह शून्य रूप है।

२. क्षयोपशमिक अज्ञानका लक्षण

१ मिथ्याज्ञानकी अपेक्षा

रा.वा /६/७/११/६०४/८ मिथ्यादर्शनोदयापादितकालुष्यमज्ञानं त्रिविधम्।=मिथ्यादर्शनके उदयसे उत्पन्न होनेवाला अज्ञान तीन प्रकारका है। (द्र सं./टी/५/१५) (त. सा./१/३५)।

ध १/१,१,११५/३५३/७ मिथ्यात्वसमवेतज्ञानस्यैव ज्ञानकार्याकरणादज्ञानव्यपदेशात्।=मिथ्यात्व सहित ज्ञानको ही ज्ञानका कार्य नहीं करनेसे अज्ञान कहा है। (ध ५/१,७,४५/२२४/३)।

स सा /आ/ २४७ सोऽज्ञानत्वान्मिथ्यादृष्टि।=(परके कर्तृत्व रूप अध्यवसायके कारण) अज्ञानी होनेसे मिथ्यादृष्टि है।

स सा /ता वृ /८८/१४४ शुद्धात्मादितत्त्वभावविषये विपरीतपरिच्छित्तिरूपो विकारपरिणामो जीवस्याज्ञानम्।=शुद्धात्मादि भाव तत्त्वोंके विषयमें विपरीत ग्रहण रूप विकारी परिणामोंको जीवका अज्ञान कहते है।

पं ध / उ./१०२१ त्रिषु ज्ञानेषु चैतेषु यत्स्याद्ज्ञानमर्थत:। क्षायोपशमिकं तत्स्यान्न स्यादौदयिक क्वचित्। =इन तीन ज्ञानोमे जो वास्तवमें अज्ञान है अर्थात् ज्ञानमें विशेषता होते हुए भी यदि वह सम्यग्दर्शन सहित नहीं तो उसे वास्तवमें अज्ञान कहते है। वह अज्ञान क्षायोपशमिक भाव है। कहीं भी औदयिक नहीं कहा जा सकता।

स. सा /प. जयचन्द/१६५ मिथ्यात्व सहित ज्ञान ही अज्ञान कहलाता है। (स. सा /प जयचन्द/७४,१७७)।

२ दूषित ज्ञानकी अपेक्षा

ध.१/१,१,१२०/३६४/६ यथायथमप्रतिभासितार्थ प्रत्ययानुविद्धावगमोऽज्ञानम्। =न्यूनता आदि दोषोंसे युक्त यथावस्थित अप्रतिभासित हुए पदार्थके निमित्तसे उत्पन्न हुए तत्सम्बन्धी बोधको अज्ञान कहते है।

न. च बृ./३०६ सम्यक्विमोहविब्भमजुत्त ज त खु होइ अण्णाणं। अहवा कुसच्छाइभेयं पावपदं हवदि तं णाणं ॥३०६॥ =सशय, विमोह, विभ्रमसे युक्त ज्ञान अज्ञान कहलाता है अथवा कुशास्त्रोका अध्ययन पापका कारण होनेसे वह भी अज्ञान कहलाता है। (ध. १/१,१,४/१४३/३)।

३ अज्ञान मिथ्यात्वकी अपेक्षा

स. सि./८/१/३७५ हिताहितपरीक्षाविरहोऽज्ञानिकत्वम्। =हिताहितकी परीक्षासे रहित होना अज्ञानिक मिथ्यादर्शन है। (रा वा ८/१/२८/५६४/२२)।

रा. वा /८/१/१२/५६२/१३ अत्र चोच्यते-बादरायणवसुजैमिनिप्रभृतीनां श्रुतिविहितक्रियानुष्ठायिनां कथमज्ञानिकत्वमिति। उच्यते-प्राणिवधधर्मसाधनाभिप्रायात्। न हि प्राणिवध पापहेतुधर्मसाधनत्वमापत्तुमर्हति। =प्रश्न—बादरायण, वसु, जैमिनी आदि तो वेद विहित क्रियाओंका अनुष्ठान करते है, वे अज्ञानी कैसे हो सकते है? उत्तर—इनने प्राणी वधको धर्म माना है (परन्तु) प्राणी वध तो पापका ही साधन हो सकता है, धर्मका नहीं। (इनकी यह मान्यता ही अज्ञान है।)

ध.८/३,६/२०/४ विचारिज्जमाणे जीवाजीवादिपयत्था ण संति णिच्चाणिच्चविअप्पेहि, तदो सव्वमण्णाणमेव। णाणं णत्थि त्ति अहिणिवेसो अण्णाणमिच्छत्त। =नित्यानित्य विकल्पोसे विचार करनेपर जीवाजीवादि पदार्थ नहीं है, अतएव सब अज्ञान ही है, ज्ञान नहीं है, ऐसे अभिनिवेशको अज्ञान मिथ्यात्व कहते है।

त.सा./५/७/२७८ हिताहितविवेकस्य यत्रात्यन्तमदर्शनम्। यथा पशुवधो धर्मस्तदज्ञानिकमुच्यते। =जिस मतमें हित और अहितका बिलकुल ही विवेचन नहीं है। 'पशुवध धर्म है' इस प्रकार अहितमें प्रवृत्ति करानेका उपदेश है वह अज्ञानिक मिथ्यात्व है।

नोट—और भी देखो आगे अज्ञानवाद।

३. मति आदि ज्ञानोंको अज्ञान कैसे कहते हैं

ध ७/२,१,४५/८६-८८/७ कधं मदिअण्णाणिस्स खओवसमिया लद्धी। मदिअण्णाणावरणस्स देसघादिफद्दयाणमुदएण मदिअण्णाणित्तुवलभादो। जदि देसघादिफद्दयाणमुदएण अण्णाणित्तं होदि तो तस्स ओदइयत्तं पसज्जदे। ण सव्वघादिफद्दयाणमुदयाभावा। कधं पुण खओवसमियत्त। आवरणे संते वि आवरणिज्जस्स णाणस्स एगदेसो जम्हि उदए उवलब्भदे तस्स भावस्स खओवसमववएसादो खओवसमियत्तमण्णाणस्स ण विरुज्झदे। अथवा णाणस्स विणासो खओ णाम, तस्स उवसमो एगदेसक्खओ, तस्स खओवसमसण्णा। ... सपहि दोण्हं (सव्वघादिफद्दयाणमुदयक्खएण तेसिं चेव संतोवसमेण) पडिसेहं कादूण देसघादिफद्दयाणमुदयणेव खओवसमिय भावो होदि त्ति परूवंतस्स सुत्तयणविरोहो किण्ण जायदे। ण, जदि सव्वघादिफद्दयाणमुदयक्खएण सजुत्तदेसघादिफद्दयाणमुदएणेव खओवसमिय भावो इच्छिज्जदि तो फासिंदिय-कायजोगो-मदि-सुदणाणाणं खओवसमिओ भावो ण पावदे फासिंदियावरण वीरियंतराइय-मदि-सुदणाणावरणाण सव्वघादिफद्दयाण सव्वकालमुदयाभावा। ण च सुत्तवयणविरोहो वि, इंदियजोगमग्गणासु अण्णेसिमाइरियाणं वक्खाणक्कमजाणावणट्ठं तत्थ तधापरूवणादो। ज णहो णियमेण उप्पज्जदि त तस्स कज्जमियर च कारण। ण च देसघादिफद्दयाणमुदओ व्व सव्वघादिफद्दयाणमुदयक्खओ णियमेण अप्पप्पणो णाणजणओ, खीणकसायचरिमसमए ओहिमणपज्जवणाणावरणसव्वघादिफद्दयाणं खएण समुप्पज्जमाणओहिमणपज्जवणाणाणमुवलभाभावादो। =प्रश्न—मति अज्ञानी जीवके क्षयोपशम लब्धि कैसे मानी जा सकती है? उत्तर—क्योंकि, उस जीवके मत्यज्ञानावरण कर्मके देशघाती स्पर्धकोंके उदयसे अज्ञानित्व पाया जाता है। प्रश्न—यदि देशघाती स्पर्धकोंके उदयसे अज्ञानित्व होता है तो अज्ञानित्वको औदयिक भाव माननेका प्रसग आता है? उत्तर—नहीं आता, क्योंकि वहाँ सर्वघाती स्पर्धकोंके उदयका अभाव है। प्रश्न—तो फिर अज्ञानित्वमें क्षायोपशमिकत्व क्या है? उत्तर—आवरणके होते हुए भी आवरणीय ज्ञानका एक देश जहाँपर उदयमें पाया जाता है उसी भावको क्षायोपशमिक नाम दिया जाता है। इससे अज्ञानको क्षायोपशमिक भाव माननेमें कोई विरोध नहीं आता। अथवा ज्ञानके विनाशका नाम क्षय है उस क्षयका उपशम हुआ एकदेश क्षय। इस प्रकार ज्ञानके एक देशीय क्षयको क्षयोपशम संज्ञा मानी जा सकती है...। प्रश्न—यहाँ (मति अज्ञान आदिकोंमें) सर्वघाती स्पर्धकोंके उदय, क्षय और उनके सत्त्वोपशम इन दोनोंका प्रतिषेध करके केवल देशघाती स्पर्धकोंके उदयसे क्षायोपशमिक भाव होता है ऐसा प्ररूपण करनेवालेके स्ववचन-विरोध दोष क्यों नही होता? उत्तर—नहीं होता, क्योंकि यदि सर्वघाती स्पर्धकोंके उदयक्षयसे संयुक्त देशघाती स्पर्धकोंके उदयसे ही क्षायोपशमिक भाव मानना इष्ट है तो स्पर्शनेन्द्रिय, काययोग और मतिज्ञान तथा श्रुतज्ञान इनके क्षायोपशमिक भाव प्राप्त नहीं होगा। क्योंकि स्पर्शेन्द्रियावरण,

वीर्यान्तराय और मतिज्ञान तथा श्रुतज्ञान इनके आवरणोंके सर्वघाती स्पर्धकोंके उदयका सब कालमें अभाव है। प्रश्न—[फिर आगममें "सर्वघाती स्पर्धकोंका उदयाभावी क्षय, उन्हींका सदवस्था रूप उपशम व देशघातीका उदय' ऐसा क्षयोपशमका लक्षण क्यों किया गया?] उत्तर—अन्य आचार्योंके व्याख्यान क्रमका ज्ञान करानेके लिए वहाँ वैसा प्ररूपण किया गया है। इसलिए स्ववचनविरोध नहीं आता। जो जिससे नियमत उत्पन्न होता है वह उसका कार्य होता है और वह दूसरा उसको उत्पन्न करनेवाला उसका कारण होता है। किन्तु देशघाती स्पर्धकोंके उदयके समान सर्वघाती स्पर्धकोंके उदय-क्षय नियमसे अपने-अपने ज्ञानके उत्पादक नहीं होते क्योंकि, क्षीणकषायके अन्तिम समयमें अवधि और मन पर्यय ज्ञानावरणोंके सर्वघाती स्पर्धकोंके क्षयसे अवधिज्ञान और मन पर्यय ज्ञान उत्पन्न होते हुए नहीं पाये जाते।

दे. ज्ञान III। मिथ्यात्वके कारण ही उसे मिथ्याज्ञान कहा जाता है। वास्तवमें ज्ञान मिथ्या नहीं होता।

४. अज्ञान नामक अतिचारका लक्षण

भ. आ./मू. आ./६१३/८१३ अज्ञानाचरणदर्शनात्तथाचरणं, अज्ञानिना उपनीतस्य उद्गमादिदोषदुष्टस्य उपकरणादे सेवनं वा ॥१३॥ =अज्ञ जीवोंका आचरण देखकर स्वयं भी वैसा आचरण करना, उसमें क्या दोष है इसका ज्ञान न होना अथवा अज्ञानीके लाये, उद्गमादि दोषोंसे सहित ऐसे उपकरणादिकोंका सेवन करना ऐसे अज्ञानसे अतिचार उत्पन्न होते हैं।

५. अन्य सम्बन्धित विषय

* अज्ञान सम्बन्धी शंका समाधान—दे. ज्ञान III/३।
* सासादन गुणस्थानमें अज्ञानके सद्भाव सम्बन्धी शंका—दे. सासादन ३।
* मिश्र गुणस्थानमें अज्ञानके अभाव सम्बन्धी शंका—दे. मिश्र २।
* ज्ञान व अज्ञान (मत्यज्ञान) में अन्तर—दे. ज्ञान III/२/८।
* अज्ञान क्षायोपशमिक कैसे है—दे. मतिज्ञान २/४।

अज्ञान निग्रहस्थान—न सू./५/२/१७/३१६ अविज्ञातं चाज्ञानम्॥७॥ =वादीके कथनका परिषद्-द्वारा विज्ञान किये जा चुकनेपर यदि प्रतिवादीको विज्ञान नहीं हुआ है तो प्रतिवादीका 'अज्ञान' इस नामका निग्रहस्थान होगा। (श्लो. वा. ४/न्या. २४१/४१३/१३)।

अज्ञान परिषह—स सि./९/९/४२७ अज्ञोऽयं न वेत्ति पशुसम इत्येवमाद्यधिक्षेपवचनं सहमानस्य परमदुश्चरतपोऽनुष्ठायिनो नित्यमप्रमत्तचेतसो मेऽद्यापि ज्ञानातिशयो नोत्पद्यत इति अनभिसंदधतोऽज्ञानपरिषहजयोऽवगन्तव्यः। =यह मूर्ख है, कुछ नहीं जानता, पशुके समान है" इत्यादि तिरस्कारके वचनोंको मैं सहन करता हूँ, मैंने परम दुश्चर-तपका अनुष्ठान किया है, मेरा चित्त निरन्तर अप्रमत्त रहता है, तो भी मेरे अभी तक भी ज्ञानका अतिशय नहीं उत्पन्न हुआ है, इस प्रकार विचार नहीं करनेवालेके अज्ञान परिषहजय जानना चाहिए (रा. वा./९/९/२७,६१२/१३), (चा. सा./१२२/१)।

* प्रज्ञा व अज्ञान परिषहमें भेदाभेद—दे. प्रज्ञा परिषह १।

अज्ञानवाद—

१. अज्ञानवादका इतिहास

द. सा./२० सिरिवीरणाहतित्थे बहुस्सुदो पाससंघगणिसीसो। मक्कडिपूरणसाहू अण्णाणं भासए लोए। २०। =महावीर भगवान्‌के तीर्थमें पार्श्वनाथ तीर्थंकरके संघके किसी गणीका शिष्य मस्करी पूरन नामका साधु था। उसने लोकमें अज्ञान मिथ्यात्वका उपदेश दिया। (गो. जी./जी. प्र./१६)।

२. अज्ञानवादका स्वरूप

स. सि./पं. जगरूप सहाय/८/१/पृ. ५ की टिप्पणी—"कुत्सितज्ञानमज्ञानं तद्येषामस्ति ते अज्ञानिकाः। ते च वादिनश्च इति अज्ञानिकवादिनः। ते च अज्ञानमेव श्रेयः असच्चिन्त्यकृतकर्मबन्धवैफल्यात्, तथा न ज्ञानं कस्यापि क्वचिदपि वस्तुन्यस्ति प्रमाणमसंपूर्णं वस्तुविषयत्वादित्याद्यभ्युपगन्तव्यः। =कुत्सित या खोटे ज्ञानको अज्ञान कहते हैं। वह जिनमें पाया जाये सो अज्ञानिक है। उन अज्ञानियोंका जो वाद या मत सो अज्ञानवाद है। उसे माननेवाले अज्ञानवादी हैं। उनकी मान्यता ऐसी है कि अज्ञान ही श्रेय है, क्योंकि असत् की चिन्ता करके किया गया कर्मोंका बन्ध विफल है, तथा किसीको भी, कभी भी, किसी भी वस्तु में ज्ञान नहीं होता, क्योंकि प्रमाणके द्वारा असम्पूर्ण ही वस्तुको विषय करनेमें आता है। इस प्रकार जानना चाहिए। (स्थानाग सूत्र/अभयदेव टी./४/४/३४५) (सूत्रकृताग/शीलाक टी./१/१२) (नन्दिसूत्र/हरिभद्र टीका सू. ४६) (षड्दर्शनसमुच्चय/बृहद्वृत्ति/श्लो. १)।

गो. क./मू. ८८६-८८७/१०६९ को जाणइ णव भावे सत्तमसत्तं दयं अवचमिदि। अवयणजुदसत्तयं इदि भंगा होंति तेसट्ठी ॥८८६॥ =को जाणइ सत्तचऊ भाव सुद्धं खु दोण्णिपडिभंगा। चत्तारि होंति एवं अण्णाणीणं तु सत्तट्ठी ॥८८७॥ =जीवादिक नवपदार्थ निर्विषैं एक एकको सप्तभंग अपेक्षा जानना। जीव अस्ति ऐसा कौन जानै है। जीव नास्ति ऐसा कौन जानै है। जीव अस्ति नास्ति ऐसा कौन जानै है। जीव अवक्तव्य ऐसा कौन जानै है। जीव अस्ति अवक्तव्य ऐसा कौन जानै है। जीव नास्ति अवक्तव्य ऐसा कौन जानै है। जीव अस्ति नास्ति अवक्तव्य ऐसा कौन जानै है। ऐसे ही जीवकी जायगां अजीवादिक कहै तरेसठि भेद हो है ॥८८६॥ प्रथम शुद्ध पदार्थ ऐसा लिखिए ताकै उपरि अस्ति आदि च्यारि लिखिए। इन दोऊ पंक्तिनिकरि उपजे च्यारि भंग हो है। शुद्ध पदार्थ अस्ति ऐसा कौन जानै है। शुद्ध पदार्थ नास्ति ऐसा कौन जानै है। शुद्ध पदार्थ अस्ति नास्ति ऐसा कौन जानै है। शुद्ध पदार्थ अवक्तव्य ऐसा कौन जानै है। ऐसे च्यारि तो ए अर पूर्वोक्त तरेसठि मिलिकरि अज्ञानवाद सडसठि हो है। भावार्थ—अज्ञानवाद वाले वस्तुका न जानना ही मानै है। (भा पा./पं. जयचन्द/१३७)।

भा पा./मू. व टी./१३५ "सत्तट्ठी अण्णाणी ॥१३५॥ सप्तषष्टि- ज्ञानेन मोक्ष मन्वाना मस्करपूरणमतानुसारिणो भवति। =सडसठ प्रकारके अज्ञान-द्वारा मोक्ष माननेवाले मस्करपूरण मतानुसारीको अज्ञान मिथ्यात्व होता है। (वि. दे.—मस्करी पूरन)

३. अज्ञानवादके ६७ भेद

ध. १/१,१,२/१०८/२ शाकल्य-वल्कल-कुथुमि-सात्यमुग्रि-नारायण-कण्व-माध्यन्दिन-मोद-पैप्पलाद-बादरायण-स्वेष्टकृदैतिकायन-वसु-जैमिन्यादीनामज्ञानिकदृष्टीनां सप्तषष्टिः। =दृष्टिवाद अगमें—शाकल्य, वल्कल, कुथुमि, सात्यमुग्रि, नारायण, कण्व, माध्यदिन, मोद, पैप्पलाद, बादरायण, स्वेष्टकृत, ऐतिकायन, वसु और जैमिनि आदि अज्ञानवादियोंके सडसठ मतों का वर्णन और निराकरण किया गया है। (ध. १/४,१,४५/२०३/५) (रा. वा./१/२०/१२/७४/५) (रा वा./८/१/११/५६२/७) (गो. जी./जी. प्र./३६०/७९०/१३)।

गो. क./मू./८८६-८८७/१०६६ नव पदार्थ×सप्तभंग=६३+(शुद्धपदार्थ)×(आस्ति, नास्ति, अस्ति-नास्ति, अव्यक्त=४ मिलिकरि अज्ञानवाद सडसठ हो है। (मूलके लिए दे. शीर्षक स. २)

अज्ञानी—दे. मिथ्यादृष्टि।

अग्र—

१ विभिन्न अर्थोंमें—

ध. १३/५,५,५०/२८८/६ चारित्राच्छ्रुतं प्रधानमिति अग्र्यम्। कथं ततः

श्रुतस्य प्रधानता। श्रुतज्ञानमन्तरेण चारित्रानुत्पत्तेः अथवा, अग्र्यं मोक्षः तत्साहचर्याच्छ्रुतमप्यग्रम्। =चारित्रसे श्रुतकी प्रधानता है इसलिए उसकी अग्र संज्ञा है। प्रश्न—चारित्रसे श्रुतकी प्रधानता किस कारणसे है? उत्तर—क्योंकि श्रुतज्ञानके बिना चारित्रकी उत्पत्ति नहीं होती, इसलिए चारित्रकी अपेक्षा श्रुतकी प्रधानता है। अथवा अग्र्य शब्दका अर्थ मोक्ष है, इसके साहचर्यसे श्रुत भी अग्र्य कहलाता है।

ध. १४/५,६,३२३/३६७/४ जहण्णणिव्वत्तिए चरिमणिसेओ अग्गं णाम। =जघन्य निर्वृत्तिके अन्तिम निषेक की अग्र संज्ञा है।

स सि./६/२७/४४४ अग्र मुखम्। =अग्र है सो मुख है। (अर्थात् अग्रका मुख, सहारा, अवलम्बन, आश्रय, प्रधान वा सम्मुख अर्थ है।)

२. आत्माके अर्थमें

रा. वा./६/२७,३/६२५/२३ अङ्ग्यते तदङ्गमिति तस्मिन्निति वाग्रं मुखम् ॥३॥

रा. वा./६/२७,७/६२५/३२ अर्थपर्यायवाची वा अग्रशब्द ॥७॥ अथवा अङ्ग्यते इत्यग्रः अर्थ इत्यर्थः।

रा. वा./६/२७,२१/६२७/३ अङ्गतीत्यग्रमात्मेति वा ॥२१॥ जिसके द्वारा जाना जाता है या जिसमें जाना जाता है ऐसा अग्र मुख है। ३। अग्र शब्द अर्थका पर्यायवाची है, जिसके द्वारा गमन किया जाये या जाना जाये सो अग्र या अर्थ है ऐसा अर्थ समझना ॥७॥ जो गमन करता है या जानता है सो अग्र आत्मा है। २१।

त. अनु./६२ अथवाङ्गति जानातीत्यग्रमात्मा निरुक्तितः। तत्त्वेषु चाग्रगण्यत्वादसावग्रमिति स्मृतः ॥ ६२ ॥ =जो गमन करता है या जानता है सो अग्र आत्मा है ऐसी निरुक्ति है या तत्त्वोंमें अग्रणी होनेके कारण यह आत्मा अग्र है ऐसा जाना जाता है।

अग्रनिर्वृत्ति क्रिया—दे. संस्कार २।

अग्रवया—(म प्र./प्र ५०/प. पन्नालाल) वर्तमान नगर आगरा।

अग्रस्थिति—दे. स्थिति १।

अग्रहण वर्गणा—दे. वर्गणा १।

अग्रायणी—ध. १/१,१,२/११५/१ अग्गेणियं णाम पुव्वं अंगाणगं वण्णेइ। =अग्र अर्थात् द्वादशांगों में प्रधानभूत वस्तुके अयन अर्थात् ज्ञानको अग्रायण कहते हैं, और उसका कथन करना जिसका प्रयोजन हो उसे अग्रायणी पूर्व कहते हैं।

ध. ९/१,१,२/१२३/६ अंगाणमग्गपदं वण्णेदि त्ति अग्गेणियं गुणणामं। =अगोंके अग्र अर्थात् प्रधानभूत पदार्थोंका वर्णन करनेवाला होनेके कारण 'अग्रायणीय' यह गौण नाम है।

ध. १/४,१,४५/२२६/७ अंगानामग्रमेति गच्छति प्रतिपादयतीति गौण्यनामाग्गेणियं। =अगों के अग्र अर्थात् प्रधान पदार्थको वह प्राप्त होता है अर्थात् प्रतिपादन करता है अतः अग्रायणीय यह गौण नाम है।

* श्रुतज्ञानका द्वितीय पूर्व—दे. श्रुतज्ञान III/१।

अग्राह्य वर्गणा—दे. वर्गणा १।

अघ—एक ग्रह—दे. ग्रह।

अघन धारा—दे. गणित II/५/२।

अघन मातृक धारा—दे. गणित II/५/२।

अघाती प्रकृतियाँ—दे. अनुभाग ३।

अचक्षुदर्शन—दे. दर्शन ५।

अचक्षुदर्शनावरण—दे. दर्शनावरण।

अचल—१. जीवके अचल प्रदेश (दे. जीव ४) २. द्वितीय बलदेव। अपरनाम अचलस्तोक (दे. अचलस्तोक)। ३. षष्ठ रुद्र। अपरनाम बल (दे. शलाका पुरुष ७)। ४. भरत क्षेत्रका एक ग्राम (दे. मनुष्य ४)। ५. पश्चिम धातकी खण्डका मेरु (दे. लोक ४/२)।

अचलप्र—कालका प्रमाण विशेष। अपरनाम अचलात्म चर्चिका (दे० गणित १/४)

अचलमात्रा—(ज. प./प्र. १०५) Invariant mass.

अचलस्तोक—(म. पु./५८/श्लोक) पूर्व भव नं. १ में भरत क्षेत्र महापुर नगरका राजा वायुरथ (८०), पूर्व भव नं. २ में प्राणतेन्द्र (८२)। वर्तमान भव—यह द्वितीय बलदेव हैं। अपर नाम अचल—दे. शलाका पुरुष ३।

अचलात्म—कालका प्रमाण विशेष—दे. गणित १/४।

अचलावली—कालका प्रमाण विशेष—दे. आवलि।

अचित्त—भक्ष्य पदार्थोंका सचित्ताचित्त विचार—दे. सचित्त ५।

अचित्त गुणयोग—दे. योग १।

अचित्त योनि—स सि २/३२/१८८ तेषां हि योनिरुपपाददेश पुद्गलप्रचयोऽचित्तः। =उनके उपपाद देशके पुद्गल प्रचयरूप योनि अचित्त है। (रा. वा./२/३२/१८/ ४३/१)।

अचेतन—आ. प./११ अचेतनस्य भावोऽचेतनत्वमचैतन्यमननुभवनम्। =जिस गुणके निमित्तसे द्रव्य जाना जाये, पर जान न सके वह अचेतनत्व गुण है। अर्थात् जीवादि पदार्थोंको स्वयं न जान सके सो अचेतनत्व है।

अचेलकत्व—भ आ./मू./११२३ ११२४/११३० देसामासियसुत्तं आचेलक्कति तं खु ठिदिकप्पे ठवितोत्थ आदिसद्दो जह तालपलंबसुत्तम्मि ॥११२३॥ णय होदि संजदो वत्थमित्तचागेण सेससंगेहिं। तह्मा आचेलक्कं चाओ सव्वेसि होइ संगाणं ॥११२४॥ =चेल शब्द परिग्रहका उपलक्षण है अतः चेल शब्दका अर्थ वस्त्र ही न समझकर उसके साथ अन्य परिग्रहोंका भी ग्रहण करना चाहिए। इसके लिए आचार्यने तालपलम्बका उदाहरण दिया है। तालपलम्ब इस सामासिक शब्दमें जो ताल शब्द है उसका अर्थ ताड़का वृक्ष इतना ही नहीं अपितु वनस्पतियोंका उपलक्षण रूप समझकर उससे सम्पूर्ण वनस्पतियोंका ग्रहण करते हैं। ११२३। वस्त्र मात्रका त्याग करनेपर भी यदि अन्य परिग्रहोंसे मनुष्य युक्त है तो इसको संयत मुनि नहीं कहना चाहिए। अतः वस्त्रके साथ सम्पूर्ण परिग्रह त्याग जिसने किया है वही अचेलक माना जाता है। (मू. आ ३०)।

* पाँच प्रकारके वस्त्र—दे. वस्त्र

१. नाग्न्य परिषहका लक्षण—

स. सि./६/६/४२२ जातरूपवन्निष्कलङ्कजातरूपधारणमशक्यप्रार्थनीयं याचनारक्षणहिंसनादिदोषविनिर्मुक्तं निष्परिग्रहत्वान्निर्वाणप्राप्तिप्रत्येकसाधनमनन्यबाधनं नाग्न्यं बिभ्रतो मनोविक्रियाविप्लुतिविरहात् स्त्रीरूपाण्यत्यन्ताशुचिकुणपरूपेण भावयतो रात्रिन्दिवं ब्रह्मचर्यमखण्डमानिष्ठमानस्याचेलव्रतधारणमवगन्तव्यम्। =बालकके स्वरूपके समान जो निष्कलंक जातरूपको धारण करने रूप है, जिसका याचना करनेसे प्राप्त होना अशक्य है, जो याचना, रक्षा करना और हिंसा आदि दोषोंसे रहित है, जो निष्परिग्रह रूप होनेसे निर्वाण प्राप्तिका अनन्य साधन है, जो अन्य बाधाकर नहीं है, ऐसे नाग्न्यको जो धारण करता है, जो मनके विक्रिया रूप उपद्रवसे रहित होनेके कारण स्त्रियोंके रूपको अत्यन्त अपवित्र बदबूदार अनुभव करता है, जो रात-दिन अखण्ड ब्रह्मचर्यको धारण करता है,

उसके निर्दोष अचेलव्रत होता है। (रा. वा./९/६/१०/६०६/२९) (चा. सा./१११/५)।

* द्रव्यलिंगकी प्रधानता व भावलिंगके साथ समन्वय—दे. लिंग ४।

* सवस्त्र मुक्तिका निषेध—दे. वेद ७।

२. अचेलकत्वके कारण व प्रयोजन

भ. आ./वि./४२१/६१०-६११/४ अचेलो यतिस्त्यागाख्ये धर्मे प्रवृत्तो भवति। आकिंचन्याख्ये अपि धर्मे समुद्यतो भवति···असत्यारम्भे कृतोऽसयमः।···न निमित्तमस्त्यनृताभिधानस्य।···लाघवं च अचेलस्य भवति। अदत्तविरतिरपि सपूर्णा भवति।···रागादिके त्यक्ते भावविशुद्धिमयं ब्रह्मचर्यमपि विशुद्धतमं भवति।···चोत्तमक्षमा व्यवतिष्ठते।···मार्दवमपि तत्र सन्निहितं।···आर्जवता भवति··· सोढाश्चोपसर्गाः निश्चेलतामभ्युपगच्छता। तपोऽपि घोरमनुष्ठित भवति। एवमचेलत्वोपदेशेन दशविधधर्माख्यानं कृतं भवति संक्षेपेण। अन्यथा प्रकाश्यते अचेलताप्रशंसा। संयमशुद्धिरेको गुणः।···इन्द्रियविजयो द्वितीयः।···कषायाभावश्च गुणोऽचेलतायाः। ध्यानस्वाध्याययोरविघ्नता च।···ग्रन्थत्यागश्च गुणः।···शरीर आदरस्त्यक्तः।··· स्ववशता च गुणः।·· चेतोविशुद्धिप्रकटनं च गुणोऽचेलतायाः···। निर्भयता च गुणः···। अप्रतिलेखनता च गुणः। चतुर्दशविधं उपधिं, गृह्णतां बहुप्रतिलेखनता न तथाचेलस्य। परिकर्मवर्जनं च गुणः।··· रञ्जनं इत्यादिकमनेकं परिकर्म सचेलस्य। स्वस्य वस्त्रप्रावरणादेः स्वयं प्रक्षालनं सीवनं वा कुत्सितं कर्म, विभूषा, मूर्च्छा च। लाघवं गुणः। अचेलोऽल्पोपधिः स्थानासनगमनादिकासु क्रियासु वायुवदप्रतिबद्धो लघुर्भवति नेतरः। तीर्थकराचरितत्वं च गुणः ··जिनाः सर्व एवाचेलाभूता भविष्यन्तश्च।···प्रतिमास्तीर्थंकरमार्गानुयायिनश्च गणधरा इति तेऽप्यचेलास्तच्छिष्याश्च तथैवेति सिद्धमचेलत्वम्।··· अतिगूढबलवीर्यता च गुणः।·· इत्थं चेले दोषा अचेलतायां अपरिमिता गुणा इति।—वस्त्र रहित यति सर्व परिग्रहका त्याग होनेसे त्याग नामक धर्ममें प्रवृत्त होता है।···आकिंचन्य धर्ममें प्रवृत्त होता है।···आरम्भका अभाव होनेसे असंयम भी नष्ट हो चुका है।·· असत्य भाषणका कारण ही नष्ट हो गया है।·· अचेलत्वसे लाघवगुण प्राप्त होता है। अचौर्य महाव्रतकी पूर्णविस्था प्राप्त होती है।···रागादिकका त्याग होनेसे परिणामोंमें निर्मलता आती है, जिससे ब्रह्मचर्यका निर्दोष रक्षण होता है।···और उत्तमक्षमा गुण प्रगट होता है।···मार्दव गुण प्राप्त होता है। आर्जव गुणकी लब्धि होती है।···उपसर्ग व परिषह सहन करनेकी सामर्थ्य आत्मामें प्रगट होती है।···घोर तपका पालन भी होता है। अचेलता की प्रशंसा अब दूसरे प्रकारसे आचार्य कहते हैं—संयम शुद्धि होती है···इन्द्रियविजय नामक गुण प्रगट होता है।···लोभादिक कषायोंका अभाव होता है।···ध्यान स्वाध्याय निर्विघ्न होते है।···परिग्रहत्याग नामका गुण प्रगट होता है। इससे आत्मा निर्मल होता है।···शरीरपर अनादर करना यह गुण है।··· स्ववशता गुण प्रगट होता है।···मन की विशुद्धि प्रगट होती है।··· निर्भयता गुण प्रगट होता है।···अप्रतिलेखना नामक गुण भी निष्परिग्रहतासे प्राप्त होता है। चौदह प्रकारकी उपाधियोंको ग्रहण करनेवाले श्वेताम्बर मुनियोंको बहुत संशोधन करना पड़ता है, परन्तु दिगम्बर मुनियोंको उसकी आवश्यकता नहीं। परिकर्मवर्जन नामका गुण है।···रंगाना इत्यादिक कार्य वस्त्र सहित मुनिका करने पड़ते हैं।··· स्वतः के पास वस्त्र प्रावरणादिक हो तो उसको धोना पड़ेगा, फटनेपर सीना पड़ेगा, ऐसे कुत्सित कार्य करने पड़ेंगे तथा वस्त्र समीप होनेसे अपनेको अलंकृत करनेकी इच्छा होती है। और इसमें मोह उत्पन्न होता है। अचेलतामें लाघव नामक गुण है। निर्वस्त्र मुनि खड़े रहना, बैठना, गमन करना इत्यादिक कार्योंमें वायुके समान अप्रतिबद्ध रहते हैं। तीर्थंकराचरित नामका गुण भी अचेलतामें रहता है। जितने तीर्थंकर हो चुके और होनेवाले हैं वे सब वस्त्ररहित होकर ही तप करते हैं।···जिनप्रतिमाएँ और तीर्थंकरोंके अनुयायी गणधर भी निर्वस्त्र ही हैं। उनके सर्व शिष्य भी वस्त्र रहित ही होते हैं।···नग्नतामें अपना बल और वीर्य प्रगट करना यह गुण है।··· नग्नतामें दोष तो है ही नहीं परन्तु गुणमात्र अपरिमित हैं।

* कदाचित् स्त्रीको नग्न रखनेकी आज्ञा—दे. लिंग १/४।

३. कदाचित् परिस्थितिवश वस्त्र ग्रहणकी आज्ञा

भ. आ./वि./४२१/६११/१८ अथैवं मन्यसे पूर्वागमेषु वस्त्रपात्रादिग्रहणमुपदिष्टम्। तथा ह्याचारप्रणिधौ भणितम्—"प्रतिलिखेत्पात्रकम्बलं ध्रुवमिति। असत्सु पात्रादिषु कथं प्रतिलेखना ध्रुवं क्रियते।"···वस्त्रपात्रे यदि न ग्राह्ये कथमेतानि सूत्राणि नीयन्ते।···निषेधेऽप्युक्तं—"कसिणाइं वत्थकंबलाइं जो भिक्खु पडिग्गहिदि पज्जदि मासिग लहुगं" इति। एवं सूत्रनिर्दिष्टे चेले अचेलता कथं इत्यत्रोच्यते-आर्यिकाणामागमे अनुज्ञातं वस्त्रं कारणापेक्षया। भिक्षूणां ह्रीमानयोग्यशरीरावयवो दुश्चर्माभिलम्बमानबीजो वा परीषहसहने वा अक्षमः स गृह्णाति।··· हिमसमये शीतबाधासहः परिगृह्य चेलं तस्मिन्निष्क्रान्ते ग्रीष्मे समायाते प्रतिष्ठापयेदिति। कारणापेक्ष्यं ग्रहणमाख्यातम्। परिजीर्णविशेषोपादानाद्दृढानामपरित्याग इति चेत् अचेलतावचनेन विरोधः। प्रक्षालनादिकसंस्कारविरहात्परिजीर्णता वस्त्रस्य कथिता '···अचेलता नाम परिग्रहत्यागः पात्रं च परिग्रह इति तस्यापि त्यागः सिद्ध एवेति। तस्मात्कारणापेक्षं वस्त्रपात्रग्रहणम्। यदुपकरणं गृह्यते कारणमपेक्ष्य तस्य ग्रहणविधिः गृहीतस्य च परिहरणमवश्यं वक्तव्यमेव। तस्माद्वस्त्रं पात्रं चार्थाधिकारापेक्ष्य सूत्रेषु बहुषु यदुक्तं तत्कारणमपेक्ष्य निर्दिष्टमिति ग्राह्यम्।—प्रश्न— पूर्वागमोंमें वस्त्र पात्रादिकके ग्रहण करनेका विधान मिलता है। आचारप्रणिधि नामक ग्रन्थमें लिखा है—"पात्र और कम्बलको अवश्य शोधना चाहिए। अर्थात उनका प्रतिलेखन आवश्यक है"। यदि वस्त्र पात्रादिकका विधान न होता तो प्रतिलेखना निश्चयसे करनेका विधान क्यों लिखा होता? (आचारांग आदि सूत्रोंमें भी इसी प्रकारके अनेकों उद्धरण उपलब्ध होते हैं) वस्त्र पात्र यदि 'ग्राह्य नहीं है' ऐसा आगममें लिखा होता तो इन सूत्रोंका उल्लेख कैसे होता? वस्त्र पात्रके सम्बन्धमे ऐसा प्रमाण है 'सर्व प्रकारके वस्त्र कम्बलोंको ग्रहण करनेसे मुनिको लघुमासिक नामक प्रायश्चित्त विधि करनी पड़ती है। इस प्रकार सूत्रोंमें ग्रहणका विधान है, इसलिए अचेलता या नग्नताका आपका विवेचन कैसे योग्य माना जायेगा? उत्तर—आगममे आर्यिकाओंको वस्त्र ग्रहण करनेकी आज्ञा है। और कारणकी अपेक्षासे भिक्षुओंको वस्त्र धारणकी आज्ञा है। जो साधु लज्जालु हैं, जिसके शरीरके अवयव अयोग्य हैं अर्थात् जिसके पुरुषलिंग पर चर्म नहीं हैं, जिसका लिंग अति दीर्घ है। (भ. आ./वि./७७) जिसके अण्डकोश दीर्घ हैं, अथवा जो परिषह सहन करनेमें असमर्थ है वह वस्त्र ग्रहण करता है। जाड़ेके दिनोंमें जिससे सर्दी सहन होती नहीं है ऐसे मुनिको वस्त्र ग्रहण करके जाड़ेके दिन समाप्त होने पर जीर्ण वस्त्र (पुराने वस्त्र) छोड़ देना चाहिए। कारणकी अपेक्षासे वस्त्र ग्रहण करनेका विधान है (निरर्गलतावश नहीं)। प्रश्न—जीर्ण वस्त्रका त्याग करनेका विधान आगममें है इसलिए दृढ़ (मजबूत) या जो अभी फटा नहीं है, वस्त्रका त्याग नहीं करना चाहिए, ऐसा आगमसे सिद्ध होता है? उत्तर—ऐसा कहना अयोग्य है क्योंकि इससे आचार्यके मूल वचन (मूल गाथामें कथित) अचेलताके साथ विरोध आता है। प्रक्षालन आदि संस्कार न होनेसे वस्त्रमें जीर्णता आती ही है। इसी अपेक्षासे जीर्णताका कथन किया है। अचेलता शब्दका अर्थ सर्व परिग्रह त्याग है। पात्र भी परिग्रह है, इसलिए उसका भी त्याग करना अवश्य सिद्ध होता है। अतः कारणकी अपेक्षासे वस्त्र पात्रका ग्रहण करना सिद्ध होता

है। जो उपकरण कारणकी अपेक्षासे ग्रहण किया जाता है उसका त्याग भी अवश्य करना चाहिए। इसलिए वस्त्र और पात्रका अर्थाधिकारकी अपेक्षासे सूत्रोंमें बहुत स्थानोंमें विधान आया है, वह सब कारणकी अपेक्षासे ही है, ऐसा समझना चाहिए।

नोट—[इस वादमें सभी उद्धरण श्वेताम्बर साहित्यमें से लिये गये है अत ऐसा प्रतीत होता है कि विजयोदया टीकाकार आचार्यको श्वेताम्बरोंको प्रेमपूर्वक समझाना इष्ट था। वास्तवमें दिगम्बर आम्नायमें परिषहादिके कारण भी वस्त्रादिके ग्रहणकी आज्ञा नहीं है। यदि ऐसा करना हो पड़े तो मुनिपद छोड़कर नीचे आ जाना पड़ता है।] (और भी दे. प्रव्रज्या १/४)।

अचैतन्य—दे. अचेतन।

अचौर्य—दे. अस्तेय।

अच्छेज्ज—वसतिका दोष—दे वसति।

अच्युत—१ कल्पवासी देवोंका एक भेद तथा उनका अवस्थान—दे. स्वर्ग ५, २. कल्प स्वर्गोंमें १६वाँ स्वर्ग—दे स्वर्ग ५; ३. आरण अच्युत स्वर्गका तृतीय पटल व इन्द्रक—दे. स्वर्ग ५, ४. (म.पु /सर्ग/श्लोक)—पूर्व भव नं ८ में महानन्द राजाका पुत्र हरिवाहन था (८/२३७) पूर्व भव न. ७ में सूकर बना (८/२२६) पूर्व भव नं ६ में उत्तरकुरुमें मनुष्य पर्याय प्राप्त की (६/१०) पूर्व भव न. ५ में ऐशान स्वर्गमें मणिकुण्डल नामक देव हुआ (६/१८७) पूर्व भव न. ४ में नन्दिषेण राजाका पुत्र वरसेन हुआ (१०/१५०) पूर्वभव न ३ में विजय नामक राजपुत्र हुआ (११/१०) पूर्वभव न. २ में सर्वार्थसिद्धिमें अहमिन्द्र हुआ (११/१६०) वर्तमान भवमें ऋषभनाथ भगवान्‌का पुत्र तथा भरतका छोटा भाई (१६/४) भरत द्वारा राज्य माँगा जानेपर विरक्त हो दीक्षा धारण कर ली (३४/१२६) भरतके मुक्ति जानेके बाद मुक्तिको प्राप्त किया (४७/३६६) इनका अपर नाम श्रीषेण था (४७/३७२-३७३)।

अच्युता—एक विद्या—दे. विद्या।

अछेद्य—वसतिका दोष—दे. वसति।

अज—भारतीय इतिहासकी पुस्तक १/५०१-५०६ मगधका राजा था। शिशुनागवंशका था। समय—ई. पू. श. ६।

अजयवर्मा—र. सा /प्र.३६-३७/ भोजवंशी राजा था। भोजवंशकी वंशावलीके अनुसार (दे. इतिहास) आप राजा यशोवर्माके पुत्र और विन्ध्यवर्मा (विजयवर्मा) के पिता थे। मालवा (मगध) में आपका राज्य था। धारा व उज्जैनी आपकी राजधानी थी। समय ई. ११५३-११६२। (विशेष दे इतिहास ३/१)।

अजातशत्रु—मगधका एक राजा था तथा शिशुनागवंशी था।

अजितंजय—ह. पु./६०/४६२, त्रि.सा ८५५-८५६ आगममें इस राजाको धर्मका संस्थापक माना गया है। जबकि कल्किके अत्याचारोंसे धर्म व साधुसंघ प्राय: नष्ट हो चुका था तब कल्किका पुत्र अजितंजय मगध देशका राजा हुआ था जिसने अत्याचारोंसे सन्तप्त प्रजाको सान्त्वना देकर पुन: संघ व धर्मकी वृद्धि की थी। समय वी. नि. १०४०; ई. ५१४।

अजितंधर—अष्टम रुद्र थे। (विशेष दे. शलाकापुरुष ७)।

अजित—१. भ. चन्द्रप्रभका शासक यक्ष—दे. तीर्थंकर ५/३; २. एक ब्रह्मचारी था। ति-हनुमच्चरित्र (पु. अनु./प्र. २१/)।

अजितनाथ—(म. पु /४८/श्लोक) पूर्वभव न. ३ में विदेह क्षेत्रके सुसीमा नगरका विमलवाहन नामक राजा था (२-४); पूर्वभव नं. २ में अनुत्तर विमानमें देव हुआ (१३); वर्तमान भव—दे. तीर्थंकर ५।

अजितनाभि—नवम रुद्र थे। अपर नाम जितनाभि था। (विशेष दे शलाकापुरुष ७)।

अजितपुराण—१. कवि विजयसिंह (ई. १४४८) कृत अपभ्रंश रचना; २. अरुणमणि (ई. १६५६) कृत भाषा काव्य।

अजितसेन—१. (म. पु./५४/श्लोक) पूर्व धातकीखण्डमें राजा अजितंजयका पुत्र था (८६, ८७, ६२) पिताकी दीक्षाके पश्चात् क्रमसे चक्रवर्ती पद प्राप्त किया (६६,६७) एक माहके उपवासी मुनिको आहार देकर उनसे अपने पूर्वभव सुने तथा दीक्षा धारण कर ली, मरकर अच्युतेन्द्र पद प्राप्त किया (१२०-१२६) यह चन्द्रप्रभु भगवान्‌का पूर्वका पाँचवाँ भव है (२७६), २ राजा सार सिंह, इनके उत्तराधिकारी राजा राजमल्ल, इनके मन्त्री चामुण्डराय और इनके पुत्र जिनदेव ये सब समकालीन होते हुए मुनि अजितसेनके शिष्य थे। समय ई. १० का उत्तरार्ध, जैन साहित्यका इतिहास २६७/ प्रेमीजी, गो. क. मू. २६६, बाहुबलि चरित्र श्लो. ११, २८, जै./१/३६०; ३ सेनगणमें पार्श्वसेनके प्रशिष्य, कृति अलंकार चिन्तामणि, समय ई. १२५०।

अजीव—स. सि /१/४/१४ तद्विपर्ययलक्षणोऽजीवः।—जीवसे विपरीत लक्षणवाला अजीव है।

स सि./५/२/२६६ तेषां धर्मादीनाम् 'अजीव' इति सामान्यसंज्ञा जीवलक्षणाभावमुखेन प्रवृत्ता। —धर्मादिक द्रव्योंमें जीवका लक्षण नहीं पाया जाता है इसलिए उनकी अजीव यह सामान्य संज्ञा है।

प्र. सा /त. प्र /१२७ यत्र पुनरुपयोगसहचरिताया यथोदितलक्षणायाश्चेतनाया अभावाद् बहिरन्तश्चाचेतनत्वमवतीर्णं प्रतिभाति सोऽजीवः। —जिसमें उपयोगके साथ रहनेवाली, यथोक्त लक्षणवाली चेतनाका अभाव होनेसे बाहर तथा भीतर अचेतनत्व अवतरित प्रतिभासित होता है, वह अजीव है।

द्र. सं./टी./१५/५० इत्युक्तलक्षणोपयोगश्चेतना च यत्र नास्ति स भवत्यजीव इति विज्ञेयम्। —इस प्रकारकी उक्त लक्षणवाली चेतना जहाँ नहीं है वह अजीव होता है ऐसा जानना चाहिए।

१. अजीवके दो आध्यात्मिक भेद

प प्र./टी./१/३०/३३ तच्च द्विविधम्। जीवसंबन्धमजीवसंबन्धं च। —और वह दो प्रकारका है—जीव सम्बन्ध और अजीव सम्बन्ध।

२. अजीवके उपर्युक्त भेदोंके लक्षण

प. प्र /टी./१/३०/३३ देहरागादिरूपं जीवसंबन्धं, पुद्गलादिपञ्चद्रव्यरूपमजीवसंबन्धमजीवलक्षणम्। —देहादिमें राग रूप तो जीव सम्बन्ध अजीवका लक्षण है और पुद्गलादि पंचद्रव्य रूप अजीव सम्बन्ध अजीवका लक्षण है।

३. पाँच अजीव द्रव्योंका नाम निर्देश

त. सू./५/१,३६ अजीवकाया धर्माधर्माकाशपुद्गलाः १। कालश्च। ३६। —धर्म द्रव्य, अधर्म द्रव्य, आकाश द्रव्य, पुद्गल द्रव्य और काल द्रव्य ये पाँच अजीवकाय हैं। (प्र.सा /त.प्र /१२७) (द्र सं./मू /१५/५०)।

४. अन्य सम्बन्धित विषय

* धर्मादि द्रव्य—दे. वह वह नाम।
* जीवको कथंचित् अजीव कहना—दे. जीव १/३।
* अजीव-विचय धर्मध्यानका लक्षण—दे. धर्मध्यान १।
* षट् द्रव्योंमें जीव अजीव विभाग—दे. द्रव्य. ३।

अजीव आस्रव—दे. आस्रव।

अजीव कर्म—दे. क

अजीव निर्जरा—दे. निर्जरा।

अजीव बन्ध—दे. बंध।

अजीव मोक्ष—दे. मोक्ष।

अजीव विचय—दे. धर्मध्यान १।

अजीव संवर—दे संवर।

अटट—काल प्रमाणका एक विकल्प—दे. गणित I/१/४।

अटटांग—काल प्रमाणका एक विकल्प—दे. गणित I/१/४।

अढाई द्वीप—जम्बू द्वीप धातकी खण्ड और पुष्कर द्वीपका अन्दर-वाला अर्ध भाग, ये मिलकर अढाई द्वीप कहलाता है। मनुष्यका निवास व गमनागमन इसके भीतर ही भीतर है बाहर नहीं, इस-लिए इसे मनुष्य लोक भी कहते हैं। दे. लोक ४/२ पर मानचित्र।

अणिमा ऋद्धि—दे. ऋद्धि ३।

अणु—रा.वा. ५/२५,१/४६१/११ प्रदेशमात्रभाविभिः स्पर्शादिभि. गुणै-स्सततं परिणमन्त इत्येव अण्यन्ते शब्द्यन्ते ये ते अणवः। सौक्ष्म्या-दात्मादय आत्ममध्या आत्मान्ताश्च। =प्रदेश मात्र-भावि स्पर्शादि गुणोंसे जो परिणमन करते हैं और इसी रूपसे शब्दके विषय होते हैं वे अणु है। वे अत्यन्त सूक्ष्म हैं, इनका आदि मध्य अन्त एक ही है।

प. का /ता. वृ./४/१२ अणुशब्देनात्र प्रदेशा गृह्यन्ते। =अणु शब्दसे यहाँ प्रदेश ग्रहण किये जाते है।

द्र स /टी./२६/७३/११ अणुशब्देन व्यवहारेण पुद्गला उच्यन्ते···वस्तु-वृत्त्या पुनरणुशब्द सूक्ष्मवाचक। =अणु इस शब्द-द्वारा व्यवहार नयसे पुद्गल कहे जाते हैं। वास्तवमें अणु शब्द सूक्ष्मका वाचक है।

अणुवयरयणपईव—अपर नाम अणुव्रतरत्नप्रदीप है। कवि लक्खण (वि. १३१३) कृत श्रावकाचार विषयक अपभ्रंश ग्रन्थ। (ती./४/३७६)।

अणुविभंजन—(ज. प./प्र १०५) Atomic Splitation.

अणुव्रत—दे. व्रत।

अतत्—१. प. ध. पू./३१२ तदतद्भावविचारे परिणामो विसदृशोऽथ-सदृशो वा ॥३१२॥ =तत् व अतत् भावके विचारमें परिणामोंकी सदृशता विसदृशताका भेद होता है; २. द्रव्य में तत्-अतत् धर्म —दे. अनेकांत ४,५।

अतत्त्वशक्ति—स. सा. /परि / शक्ति नं. ३० अतद्रूपाऽभवनरूपा अतत्त्वशक्तिः। =तत्स्वरूप न होने रूप तीसवीं अतत्त्वशक्ति है।

अतद्भाव—दे अभाव।

अतिकाय—महोरग नामा व्यन्तर जातीय देवोंका एक भेद—दे. महोरग। (व्यन्तर २/१)।

अतिक्रम—रा. वा./७/२३, ३/५५२/११ अतिचार' अतिक्रम इत्यनर्था-न्तरम्। =अतिक्रम भी अतिचारका ही दूसरा नाम है।

रा. वा./७/२७, ३/५५४/११ उचितान्न्याय्याद्भागादन्येन प्रकारेण दानग्रहण-मतिक्रम इत्युच्यते। =उचित न्याय्य भागसे अधिक भाग दूसरे उपायोंसे ग्रहण करना अतिक्रम है। (यह लक्षण अस्तेयके अतिचारोंके अन्तर्गत ग्रहण किया गया है)।

रा. वा./७/३०,१/५५५/१६ परिमितस्य दिगवधेरतिलङ्घनमतिक्रम इत्यु-च्यते। =दिशाओंकी परिमित मर्यादाका उल्लंघन करना (दिग्व्रतका) अतिक्रम है।

रा.वा./७/३१,६/५५६/१२ स्वयमनतिक्रमन् अन्येनातिक्रामयति ततोऽति-क्रम इति व्यपदिश्यते। =स्वय मर्यादाका उल्लंघन न करके दूसरेसे करवाता है। अत' उनको (आनयन आदिको देशव्रतका) 'अतिक्रम' ऐसा कहते हैं।

रा. वा./७/३६,५/५५८/२८ अकाले भोजनं कालातिक्रमः ॥५॥ अनगाराणाम् अयोग्यकाले भोजनं कालातिक्रम इति कथ्यते। =साधुओंको भिक्षा कालको टालकर अयोग्य कालमें भोजन देनेका भाव करना अतिथि संविभाग व्रतमें कालका अतिक्रम कहलाता है।

पु. सि./ ३० में उद्धृत "अतिक्रमो मानसशुद्धिहानि. व्यतिक्रमो यो विषयाभिलाष'। तथातिचार करणालसत्व भङ्गो ह्यना चारमिह व्रतानाम्।" =मनकी शुद्धिमें हानि होना सो अतिक्रम है, विषयोंकी अभिलाषा सो व्यतिक्रम है, इन्द्रियोंकी असावधानी अर्थात् व्रतोंमें शिथिलता सो अतिचार है और व्रतका सर्वथा भग हो जाना सो अनाचार है। (सा. पा / ६)

अतिक्रांत—(ज. प./प्र. १०५) Extra

अतिगोल—(ज. प./प्र. १०५) Right circular cylinder

अतिचार—रा.वा /७/२३, ३/५५२/१६ दर्शनमोहोदयादतिचरणमति-चारः ॥३॥ दर्शनमोहोदयात्तत्त्वार्थश्रद्धानादतिचरणमतिचार' अतिक्रम इत्यनर्थान्तरम्। =दर्शन मोहके उदयसे तत्त्वार्थश्रद्धानसे विचलित होना (सम्यग्दर्शनका) अतिचार है। अतिक्रम भी इसीका नाम है।

ध. ८/३,४१/८२/६ सुरावाण-मांसभक्खण-कोह-माण-माया-लोह-हस्स-रइ-सोग-भय-दुगुंछित्थि-पुरिस-णवुंसय वेयापरिच्चागो अदिचारो, एदेसिं विणासो णिरदिचारो सपुण्णदा, तस्स भावो णिरदिचारदा। =सुरापान, मांसभक्षण, क्रोध, मान, माया, लोभ, हास्य, रति, शोक, भय, जुगुप्सा, स्त्रीवेद, पुरुषवेद एव नपुसक वेद इनके त्याग न करनेका नाम अतिचार है और इनके विनाशका नाम निरतिचार या सम्पूर्णता है। इसके भावको निरतिचारता कहते है।

चा.सा./१३७/२ कर्तव्यस्याकरणे वर्जनीयस्यावर्जने यत्पापं सोऽतिचार। =किसी करने योग्य कार्यके न करनेपर और त्याग करने योग्य पदार्थके त्याग न करनेपर जो पाप होता है उसे अतिचार कहते है।

सा. पा. / ६ ··प्रभोऽतिचारं विषयेषु वर्तनम्। =विषयोंमें वर्तन करनेका नाम अतिचार है।

सा. ध. ४/१८ सापेक्षस्य व्रते हि स्यादतिचारोऽशभञ्जनम्। मन्त्रतन्त्र-प्रयोगाद्याः परेऽप्यूह्यास्तथात्ययाः। =''मैं ग्रहण किये हुए अहिंसा व्रतका भंग नहीं करूँगा'' ऐसी प्रतिज्ञा करनेवाले श्रावकके व्रतका एक अश भग होना अर्थात् चाहे अन्तरंग व्रतका खण्डन होना अथवा बहिरग व्रतका खण्डन होना उस व्रतमें अतिचार कहलाता है। दे. अतिक्रम/पु. सि. इन्द्रियोंकी असावधानी अर्थात् व्रतोंमें शिथिलता सो अतिचार है।

१. अतिचार सामान्यके भेद

भ. आ./मू व वि. /४८७/७०६ दंसणणाणादिचारे वदादिचारे तवा-दिचारे य। देसच्चाए विविधे सव्वच्चाए य आवण्णो ॥४८७॥ सर्वो द्विप्रकार इत्याचष्टे देशत्यागे विविधे देशातिचारं नानाप्रकार मनोवाक कायभेदात्कृतकारितानुमतविकल्पाच्च। सर्वत्यागे य सर्वातिचारे च आपन्न। =सम्यग्दर्शन और ज्ञानमें अतिचार उत्पन्न हुए हों, देशरूप अतिचार उत्पन्न हुए हो अथवा सर्व प्रकारोंसे अतिचार उत्पन्न हुए हों ये सर्व अतिचार क्षपक आचार्यके पास विश्वास युक्त होकर कहे ॥४८७॥···अतिचारके देशत्याग और सर्व-त्याग ऐसे दो भेद है। मन, वचन, शरीर, कृत, कारित और अनु-मोदन ऐसे नौ भेदोंमें से किसी एकके द्वारा सम्यग्दर्शनादिकोंमें दोष उत्पन्न होना ये देशातिचार है और सर्वप्रकारसे अतिचार उत्पन्न होना सर्वत्यागातिचार है।

भ. आ./वि./६१२/८१२/६ [इस प्रकरणमें अतिचारोंके लक्षण दिये हैं। परन्तु यहाँ पर केवल भाषामें अतिचारोंके नाम मात्र देते है] १ अज्ञानातिचार, २ अनाभोगकृत अतिचार, ३ आपात अतिचार; ४ आर्तातिचार; ५ उपधि अतिचार; ६ उपचारातिचार; ७ गौरव अतिचार; ८ तिक्तिणदा अतिचार; ९ देशातिचार; १० परवशातिचार; ११ पालिकुंचन अतिचार, १२ प्रदोषातिचार; १३ प्रमादातिचार; १४ भयातिचार, १५ परीक्षा मीमांसा अतिचार, १६ वचनातिचार; १७ वसति अतिचार, १८ विनयातिचार; १९ शंकितातिचार; २० सर्वातिचार; २१ सहसातिचार; २२ स्नेहातिचार; २३ स्वप्नातिचार; २४ स्वयं शोधक अतिचार तथा इसी प्रकार अन्य भी अनेकों अतिचार हो सकते हैं।

* आखेट व द्यूतके अतिचार—दे. वह वह नाम।
* ईर्यासमितिके अतिचार—दे. समिति १।
* कायोत्सर्गके अतिचार—दे व्युत्सर्ग १।
* जलगालनके अतिचार—दे. जलगालन २।
* तपोके अतिचार—दे. वह वह नाम।
* निरतिचार शीलव्रत—दे शील।
* परस्त्री व वेश्याके अतिचार—दे. ब्रह्मचर्य २।
* मद्य, मास, मधुके अतिचार—दे. वह वह नाम।
* मन, वचन, कायगुप्तिके अतिचार—दे. गुप्ति २।
* व्रतोंके अतिचार—दे वह वह नाम।
* सम्यग्ज्ञानके अतिचार—दे. आगम १।
* सम्यग्दर्शनके अतिचार—दे. सम्यग्दर्शन I/२।

२. अतिचारके भेदोंके लक्षण

भ. आ./वि./ ६१२/८१२/६ उपयुक्तोऽपि सम्यगतिचारं न वेत्ति सोऽनाभोगकृत व्याक्षिप्तचेतसा वा कृत। नदीपूर, अग्न्युत्थापनं, महावातापातः, वर्षाभिघात, परचक्ररोध इत्यादिका आपाता। रोगार्त, शोकार्तो, वेदनार्त इत्यार्तता त्रिविधा। रसासक्तता मुखरता चेति द्विप्रकारता तिक्तिणदाशब्दवाच्या। सचित्तं किमचित्तमिति शङ्किते द्रव्ये भञ्जनभेदनभक्षणाभिराहारस्योपकरणस्य, वसतेर्वा उद्गमादिदोषोपहतिरस्ति न वेति शंकायामभ्युपादानम्। अशुभस्य मनसो वाचो वा झटिति प्रवृत्ति सहसेरयुच्यते। एकान्तायां वसतौ व्यालमृगव्याघ्रादयस्तेना वा प्रविशन्ति इति भयेन द्वारस्थगने जातोऽतिचारस्तीव्रकषायपरिणाम प्रदोष इत्युच्यते। उदकराज्यादिसमानतया प्रत्येक चतुर्विकल्पाश्चत्वार कषायाः। आत्मनश्चापरस्य वा बललाघवादिपरीक्षा मीमांसा तत्र जातोऽतिचारः। प्रसारितकराकुञ्चितम्, आकुञ्चितकरप्रसारणम्, धनुषाद्यारोपणं, उपलाद्युक्षेपणं, बाधन, वृत्तिकण्ठकाद्युल्लङ्घनं, पशुसर्पादीनां मन्त्रपरीक्षणार्थं धारणं औषधवीर्यपरीक्षणार्थमञ्जनस्य चूर्णस्य वा प्रयोग द्रव्यसंयोजनया त्रसानामेकेन्द्रियाणां च समूर्च्छना परीक्षा। अज्ञानामाचरणं दृष्ट्वा स्वयमपि तथा चरति तत्र दोषानभिज्ञ। अथवाज्ञानिनोपनीतमुद्गमादिदोषोपहतं उपकरणादिक सेवते इति अज्ञानात्प्रवृत्तोऽतीचार। शरीरे, उपकरणे, वसतौ, कुले, ग्रामे, नगरे, देशे, बन्धुषु, पार्श्वस्थेषु वा ममेदं भाव स्नेहस्तेन प्रवर्तित आचार। मम शरीरमिदं शीतो वातो बाधयति, कटादिभिरन्तर्धानं, अग्निसेवा, ग्रीष्मातपनोदनार्थं प्रावरणग्रहणं वा, उद्वर्तन वा। उपकरणं विनस्यतीति तेन स्वकार्याकरण यथा पिच्छविनाशभयादप्रमार्जन इत्यादिकम्। भक्षण, तैलादिना कमण्डल्वादीनां प्रक्षालनं वा, वसतितृणादिभक्षणस्य भञ्जनादेर्वा ममतया निवारणं, बहूनां यतीनां प्रवेशनं मदीयं कुलं न सहते, इति भाषण, प्रवेशे कोपः, बहूनां न दातव्यमिति निषेधन, कुलस्यैव वैयावृत्यकरणम्। निमित्ताद्युपदेशश्च तत्र ममतया ग्रामे नगरे देशे वा अवस्थानानिषेधनम्। यतीनां सबन्धिना सुखेन सुखमात्मनो दुःखेन दुःखमित्यादिरतिचारः। पार्श्वस्थानां वन्दना, उपकरणादिदानं वा। तदुल्लङ्घनासमर्थता। गुरुता, ऋद्धित्यागासहता, ऋद्धिगौरवं, परिवारे कृतादरः। परकीयमात्मसात्करोति प्रियवचनेन उपकरणदानेन। अभिमतरसत्यागोऽनाभिमतानादरश्च नितरां रसगौरवम्। निकामभोजने, निकामशयनादौ वा आसक्तिः सातगौरवम्। अनात्मवशतया प्रवर्तितातिचार। उन्मादेन, पित्तेन पिशाचदेशेन वा परवशता। अथवा ज्ञातिभिः परिगृहीतस्य बलात्कारेण गन्धमाल्यादिसेवा प्रत्याख्यातभोजनं, मुखवासताम्बूलादिभक्षणं वा स्त्रीभिर्नपुंसकैर्वा बलादब्रह्मकरणम्। चतुर्षु स्वाध्यायेषु आवश्यकेषु वा आलस्यम्। उपधिशब्देन मायोच्यते प्रच्छन्नमनाचारे वृत्तिः। ज्ञात्वा दातृकुलं पूर्वमन्येभ्य प्रवेश। कार्यापदेशेन यथा परे न जानन्ति तथा वा। भद्रक भुक्त्वा विरसमशनं भुक्तमिति कथनम्। ग्लानस्याचार्यादेर्वा वैयावृत्त्यं करिष्यामि इति किंचिद्गृहीत्वा स्वय तस्य सेवनम्। स्वप्ने वायोग्यसेवा सुमिणमित्युच्यते। द्रव्यक्षेत्रकालभावाप्रयेण प्रवृत्तस्यातिचारस्यान्यथा कथन पालिकुञ्चनशब्देनोच्यते। कथं, सचित्तसेवांकृत्वा अचित्तं सेवितमिति। अचित्त सेवित्वा सचित्त सेवितमिति वदति। तथा स्वावस्थाने कृतमध्वनि कृतमिति, सुभिक्षे कृत दुर्भिक्षे कृतमिति, दिवसे कृतं रात्रौ कृतमिति, अकषायतया सपादितं तीव्रक्रोधायिना सपादितमिति। यथावत्कृतालोचनो यतिर्यावत्सूरिः प्रायश्चित्तं प्रयच्छति, तावत्स्वयमेवेद मम प्रायश्चित्तम् इति स्वयं गृह्णाति स स्वय शोधक। एवं मया स्वशुद्धिरनुष्ठितेति निवेदनम्॥ (यद्यपि मूल ज्यो का त्यो दे दिया है, पर सुविधार्थ भाषार्थ वर्णानुक्रमसे दिया है) १ अज्ञानातिचार—दे. अज्ञान ४। २. अनाभोग कृत—उपयोग देकर भी जिसे अतिचारोंका सम्यग्ज्ञान नहीं होता, उसको अनाभोगकृत अतिचार कहते हैं। अथवा मन दूसरी तरफ लगने पर जो अतिचार होता है वह भी अनाभोग कृत है। ३. आपात—नदीपूर, अग्नि लगना, महावायु बहना, वृष्टि होना, शत्रुके सैन्यसे घिर जाना, इत्यादिक कारणोंसे होने वाले अतिचारोंको आपात अतिचार कहते है। ४ आर्त—रोग, शोक, या वेदनासे व्यथित होना ऐसे आर्तताके तीन प्रकार है। इससे होने वाले अतिचारोंको आर्तातिचार कहते है। ५. उपाधि—उपधि शब्दका अर्थ माया होता है। गुप्त रीतिसे मायाचारमें प्रवृत्ति करना, दाताके घरका शोध करके अन्य मुनि जानेके पूर्वमें वहाँ आहारार्थ प्रवेश करना, अथवा किसी कार्यके निमित्तसे दूसरे नहीं जान सकें इस प्रकारसे प्रवेश करना, मिष्ट पदार्थ खानेको मिलनेपर 'मुझे विरस अन्न खानेको मिला' ऐसा कहना, रोगी मुनि आचार्यकी वैयावृत्त्यके लिए श्रावकोंसे कुछ चीज माँगकर उसका स्वयं उपयोग करना। ऐसे दोषोंकी आलोचना करनी चाहिए। ६. उपचार—यह ठंडा हवा मेरे शरीरको पीडा देती है ऐसा विचार कर चटाईसे उसको ढकना, अग्निका सेवन करना, ग्रीष्म ऋतुका ताप मिटानेके लिए वस्त्र ग्रहण करना, उबटन लगाना, साफ करना, तैलादिकोंसे कमंडलु वगैरह साफ करना, धोना, उपकरण नष्ट होगा इस भयसे उसको अपने उपयोगमें न लाना, जैसे—पिच्छिका झड जायेगी इस भयसे उससे जमीन, शरीर व पुस्तकादि साफ न करना, ऐसे अतिचारोंकी उपचारातिचार यह सज्ञा है। (और भी दे.-स. १८ व १८) ७. गौरव—ऋद्धिका त्याग करनेमें असमर्थ होना, ऋद्धिमें गौरव समझना, परिवारमें आदर करना, प्रिय भाषण करके और उपकरण देकर परकीय वस्तु अपने वश करना, इसको ऋद्धि गौरव कहते है। इष्ट रसका त्याग न करना, अनिष्ट रसमें अनादर रखना, इसको रस गौरव कहते है, अतिशय भोजन करना, अतिशय सोना इसको सात गौरव कहते है। इन दोषोंकी आलोचना करनी चाहिए। ८ तिक्तिणदा—रसमें आसक्त होना और वाचाल होना इसको तिक्तिणदा अतिचार कहते है। ९. देशातिचार—(मन, वचन, काय तथा कृत, कारित, अनुमोदनाके विकल्पोंसे देशातिचार नाना प्रकारका है)। १० परवश—परवश होनेसे जो अतिचार होते हैं उनका विवेचन इस प्रकार है—उन्माद, पित्त, पिशाच इत्यादि कारणोंसे परवश होनेसे अतिचार होते है। अथवा जातिके लोगोंसे पकड़नेपर बलात्कारसे इत्र, पुष्प, वगैरहका सेवन किया जाना, त्यागे हुए पदार्थोंका भक्षण करना, रात्रि भोजन करना, मुखको सुगन्धित करनेवाला पदार्थ ताम्बूल वगैरह भक्षण करना, स्त्री अथवा नपुंसकोंके

द्वारा बलात्कारसे ब्रह्मचर्यका विनाश होना, ऐसे कार्य परवशतासे होनेसे अतिचार लगते हैं। इनकी आलोचना करना क्षपकका कर्तव्य है। ११. पालिकुंचन—द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावके आश्रयसे जो अतिचार हुए हों उनका अन्यथा कथन करना उसको पालिकंचन कहते हैं—जैसे सचित्त पदार्थका सेवन करके अचित्तका सेवन किया ऐसा कहना, या अचित्तका सेवन करके सचित्तका सेवन किया ऐसा कहना (द्रव्य), वसतिमें कोई कृत्य किया हो तो 'मैंने यह कार्य रास्तेमें किया' ऐसा कहना (क्षेत्र), सुभिक्षमें किया हुआ कृत्य दुर्भिक्षमें किया था ऐसा कहना, तथा दिनमें कोई कृत्य करनेपर भी मैंने रातमें अमुक कार्य किया था ऐसा बोलना (काल), अकषाय भावसे किये हुए कृत्यको तीव्र परिणामसे किया था ऐसा बोलना (भाव), इन दोषोंकी आलोचना करनी चाहिए। १२ प्रदोष—संज्वलन कषायोंका तीव्र परिणमन होना अर्थात उनका तीव्र उदय होना। जल, धूलि, पृथिवी, व पाषाण रेखा तुल्य क्रोध, मान, माया, व लोभके प्रत्येकके चार-चार भेद हैं। इन सोलह कषायोंसे होनेवाले अतिचारको प्रदोषातिचार कहते हैं। १३. प्रमाद—वाचना पृच्छना आदि चार प्रकार स्वाध्याय तथा सामायिक वन्दनादि आवश्यक क्रियाओंमें अनादर आलस्य करना प्रमाद नामका अतिचार है। १४. भय—एकान्त स्थानमें वसति होनेसे सर्प, दुष्ट पशु, बाघ इत्यादिक प्राणि प्रवेश करेंगे इस भयसे वसतिके द्वार बन्द करना भयातिचार है। १५ मीमांसा परीक्षा—अपना बल और दूसरेका बल, इसमें कम और ज्यादा किसका है इसकी परीक्षा करना, इससे होनेवाले अतिचारको मीमांसातिचार कहते हैं—जैसे फैले हुए हाथको समेट लेना, संकुचित हाथको फैला लेना, धनुषको डोरी लगाकर सज्ज करना, पत्थर फेंकना, माटीका ढेला फेंकना, बाधा देना, मर्यादा-बाड़को उल्लंघना, कंटकादिको लाँघकर गमन करना, पशु सर्प वगैरह प्राणियोंको मन्त्रकी परीक्षा करनेके लिए पकड़ना, और सामर्थ्यकी परीक्षा करनेके लिए अंजन और चूर्णका प्रयोग करना, द्रव्योंका संयोग करनेसे त्रस और एकेन्द्रिय जीवोंकी उत्पत्ति होती है या नहीं इसकी परीक्षा करना, इन कृत्योंको परीक्षा कहते हैं। ऐसे कृत्य करनेसे व्रतोंमें दोष उत्पन्न होते हैं। १६. वचन—दे. सं, ११ पालिकुंचन अतिचार। १७ वसति—वसतिका तृण कोई पशु खाता हो तो उसका निवारण करना, वसति भग्न होती हो तो उसका निवारण करना, बहुतसे व्यक्ति मेरी वसतिमें नहीं ठहर सकते ऐसा भाषण करना, बहुत मुनि प्रवेश करने लगें तो उनपर क्रुद्ध होना, बहुत यतियोंको वसति मत दो ऐसा कहना, वसतिकी सेवा करना, अथवा अपने कुलके मुनियोंसे सेवा कराना, निमित्तादिकोंका उपदेश देना, ममत्वसे ग्राम नगरमें अथवा देशमें रहनेका निषेध न करना, अपने सम्बन्धी यतियोंके सुखसे अपनेको सुखी और उनके दुःखसे अपनेको दुखी समझना। (इस प्रकारके अतिचारोंका अन्तर्भाव उपचारातिचारमें होता है) १८. विनयातिचार—पार्श्वस्थादि मुनियोंकी वन्दना करना, उनको उपकरणादि देना, उनका उल्लंघन करनेकी सामर्थ्य न रखना, इत्यादि कृत्यों से जो दोष होते हैं, उनकी आलोचना करनी चाहिए (इसका अन्तर्भाव संख्या ६ वाले उपचारातिचारमें करना चाहिए) १९. शंका—पिच्छिका वगैरह उपयोगी द्रव्यों में ये सचित्त हैं या अचित्त हैं ऐसी शंका उत्पन्न होनेपर भी उन्हें मोड़ना, फोड़ना, भक्षण करना। आहार, उपकरण और वसति ये पदार्थ उद्गमादि दोष रहित हैं, अथवा नहीं हैं ऐसी शंका आनेपर भी उनको स्वीकार करना यह शंकितातिचार है। २०. सर्वातिचार—(व्रतका बिलकुल भंग हो जाना सर्वातिचार है) २१. सहसातिचार—अशुभवचन और अशुभ विचारोंमें वचनकी और मनकी तत्काल अविचार पूर्वक प्रवृत्ति होना इसको सहसातिचार कहना चाहिए। २२. स्नेहातिचार—शरीर, उपकरण, वसति, कुल, गाँव, नगर, शा, बन्धु और पार्श्वस्थ मुनि इनमें 'ये मेरे हैं' ऐसा भाव उत्पन्न होना इसको स्नेह कहते हैं। इससे उत्पन्न हुए दोषोंको स्नेहातिचार कहते हैं। २३. स्वप्नातिचार—स्वप्नमें अयोग्य पदार्थका सेवन होना उसको सुमिण (स्वप्न) कहते हैं। २४. स्वयं शोधक—आचार्यके पास आलोचना करनेपर आचार्यके प्रायश्चित्त देनेसे पूर्व ही स्वयं यह प्रायश्चित्त मैंने लिया है, ऐसा विचार कर स्वयं प्रायश्चित्त लेता है, उसको स्वयं शोधक कहते हैं। स्वयं मैंने ऐसी शुद्धि की है ऐसा कथन जानना।

* बड़े-बड़े दोष भी अतिचार हो सकते हैं—दे. अतिचार सामान्यके भेद।

३. अतिचार व अनाचार में अन्तर

स. सि./७/२५/३६६ दण्डकशाबेत्रादिभिरभिघातः प्राणिनां वधः न प्राणव्यपरोपणम्, तत प्रागेवास्य विनिवृत्तत्वात्। =डण्डा, चाबुक और बेंत आदिसे प्राणियोंको मारना वध है। यहाँ वधका अर्थ प्राणोंका वियोग करना नहीं लिया है, क्योंकि अतिचारके पहले ही हिंसाका त्याग कर दिया जाता है। (भावार्थ - प्राण-व्यपरोपण अतिचार नहीं है, उससे तो व्रतका नाश होता है)।

सा. पा./६ क्षतिर्मनःशुद्धिविधेरतिक्रमं व्यतिक्रमं शीलव्रतैर्विलङ्घनम्। प्रभोतिचार विषयेषु वर्तन वदन्त्यनाचारमिहातिसक्तताम्। =मनकी शुद्धिमें क्षति होना अतिक्रम है, शील तथा व्रतोंकी मर्यादाका उल्लंघन करना व्यतिक्रम है, विषयोंमें वर्तन करना अतिचार है, और विषयोंमें अत्यन्त आसक्तिका होना अनाचार है। (पु. सि./३० में उद्धृत)।

४. अतिचार लगनेके कारण

स. सि./७/३५/३७१ कथं पुनरस्य सचित्तादिषु प्रवृत्तिः। प्रमादसंमोहाभ्याम्। =प्रश्न—यह गृहस्थ सचित्तादिकमें प्रवृत्ति किस कारणसे करता है। उत्तर—प्रमाद और संमोहके कारण।

क्रमशः रा. वा. हि./७/३५/५८० प्रमाद तैं तथा अति भूख तैं तथा तीव्र राग तैं होय है।

* अतिचार लगने की सम्भावना—दे. सम्यग्दर्शन/ २/६।

* व्रतोंमें अतिचार लगाने का निषेध—दे. व्रत २।

अतिथि—स. सि./७/२१/३६२ संयममविनाशयन्ननियतकालमागमनमतिथिः। अथवा नास्य तिथिरस्तीत्यतिथिः अनियतकालागमन इत्यर्थः। =संयमका विनाश न हो, इस विधिसे जो आता है, वह अतिथि है या जिसके आनेकी कोई तिथि नहीं उसे अतिथि कहते हैं। तात्पर्य यह है कि जिसके आनेका कोई काल निश्चित नहीं है, उसे अतिथि कहते हैं।

सा. ध./५/४२ में उद्धृत "तिथिपर्वोत्सवाः सर्वे त्यक्ता येन महात्मना। अतिथिं तं विजानीयाच्छेषमभ्यागतं विदुः।" =जिस महात्माने तिथि पर्व उत्सव आदि सबका त्याग कर दिया है अर्थात् अमुक पर्व या तिथिमें भोजन नहीं करना ऐसे नियमका त्याग कर दिया है उसको अतिथि कहते हैं। शेष व्यक्तियोंको अभ्यागत कहते हैं।

चा. पा./टी./२५/४५ न विद्यते तिथिः प्रतिपदादिका यस्य सोऽतिथिः। अथवा संयमलाभार्थमतति गच्छति उद्दण्डचर्यां करोतीत्यतिथिर्यतिः। =जिसको प्रतिपदा आदिक तिथि न हों वह अतिथि है। अथवा संयम पालनार्थ जो विहार करता है, जाता है, उद्दण्डचर्या करता है ऐसा यति अतिथि है।

१. अतिथिसंविभाग व्रत

स. सि./७/२१/३६२ अतिथये संविभागोऽतिथिसंविभागः। स चतुर्विधः भिक्षोपकरणौषधप्रतिश्रयभेदात्। मोक्षार्थमभ्युद्यतायातिथये संयमपरायणाय शुद्धाय शुद्धचेतसा निरवद्या भिक्षा देया। धर्मोपकरणानि च सम्यग्दर्शनाद्युपबृंहणानि दातव्यानि। औषधमपि योग्यमुपयोजनीयम्। प्रतिश्रयश्च परमधर्मश्रद्धया प्रतिपादयितव्य इति। 'च' शब्दो वक्ष्यमाणगृहस्थधर्मसमुच्चयार्थः। =अतिथिके लिए विभाग

करना अतिथिसंविभाग है। वह चार प्रकारका है—भिक्षा, उपकरण, औषध और प्रतिश्रय अर्थात् रहनेका स्थान। जो मोक्षके लिए बद्धकक्ष है, संयमके पालन करनेमें तत्पर है और शुद्ध है, उस अतिथिके लिए शुद्ध मनसे निर्दोष भिक्षा देनी चाहिए। सम्यग्दर्शन आदिके बढानेवाले धर्मोपकरण देने चाहिए। योग्य औषधकी योजना करनी चाहिए तथा परम धर्मका श्रद्धापूर्वक निवास-स्थान भी देना चाहिए। सूत्रमें 'च' शब्द है वह आगे कहे जानेवाले गृहस्थ धर्मके संग्रह करनेके लिए दिया गया है। (रा. वा./७/२१, १२/५४८/१८) (रा. वा /७/२१ २८/५५०/१०)।

का. अ. मू /३६०-३६१ तिविहे पत्तहि सया सद्धाइ-गुणेहि संजुदो णाणी। दाण जो देदि सय णव-दाण-विहोहि संजुत्तो ॥३६०॥ सिक्खावय च तिदिय तस्स हवे सव्वसिद्धि-सोक्खयर। दाण चउविहं पि य सव्वे दाणाण सारयरं ॥३६१॥ =श्रद्धा आदि गुणोंसे युक्त जो ज्ञानी श्रावक सदा तीन प्रकारके पात्रोंको दानकी नौ विधियोंके साथ स्वय दान देता है उसके तीसरा शिक्षा व्रत होता है। यह चार प्रकारका दान सब दानोंमें श्रेष्ठ है और सब सुखोंका व सब सिद्धियोंका करनेवाला है।

सा ध /५/४१ व्रतमतिथिसंविभाग, पात्रविशेषाय विधिविशेषेण। द्रव्यविशेषवितरण, दातृविशेषस्य फलविशेषाय ॥४१॥ =जो विशेष दाताका विशेष फलके लिए, विशेष विधिके द्वारा, विशेष पात्रके लिए, विशेष द्रव्यका दान करना है वह अतिथिसंविभाग व्रत कहलाता है।

२. अतिथिसंविभाग व्रतके पाँच अतिचार

त. सू /७/३६ सचित्तनिक्षेपापिधानपरव्यपदेशमात्सर्यकालातिक्रमा = १ सचित्त कमल पत्रादिमें आहार रखना, २ सचित्तसे ढक देना, ३ स्वय न देकर दूसरेको दान देनेको कहकर चले जाना, ४ दान देते समय आदर भाव न रहना, ५ साधुओंके भिक्षा कालको टालकर द्वारापेक्षण करना, ये पाँच अतिथि संविभाग व्रतके अतिचार हैं। (र क श्रा /१२१)।

* दान व दान योग्य पात्र अपात्र—दे वह वह विषय।

अतिपुरुष—किंपुरुष नामा व्यन्तर जाति देवोंका एक भेद—दे. किंपुरुष।

अतिप्रसंग—पं ध.पू /२८६ ननु चान्यतरेण कृतं किमथ प्राय प्रयासभारेण। अपि गौरवप्रसगादनुपदेयाच्च वाग्विलासत्वात्। =(शकाकार का कहना है कि) जब अस्ति नास्ति दोनोंमें से किसी एकसे ही काम चल जायेगा तो फिर दोनोंको मानकर होनेवाले प्राय प्रयास भारसे क्या प्रयोजन है। तथा दोनोको माननेसे गौरव प्रसग आता है अर्थात एक प्रकारका अतिप्रसग दोष आता है और वचनका विलास मात्र होनेसे दोनोंका मानना उपादेय नहीं है।

अतिबल—ऋषभ देव भगवान्के पूर्वके दसवें भवमें (म पु/५/२००) महाबलका पिता था (म पु /४/१३३) अन्तमें दीक्षा धारण कर ली (म पु ४/१५१-१५२)।

अतिवीर—भगवान् महावीरका अपरनाम—दे. महावीर।

अतिवीर्य—(प पु./६/३७/श्लोक) राम लक्ष्मणके वनवास होनेपर (१) इसने भरतपर चढाई कर दी (२५-२६) नर्मदियोंके वेषमें गुप्त रहकर (६५-६६) उन वनवासियोंने इसे वहाँ जाकर बाँध लिया (१२७-१२८) परन्तु दया पूर्ण सीताने इसे छुडा दिया (१४६) अन्तमें दीक्षा ले ली (१६१)।

अतिवेलंब—मानुषोत्तर पर्वतस्थ सर्वरत्न कूटका स्वामी भवनवासी वरुणकुमार देव—दे. लोक ५।

अतिव्याप्त—दे. लक्षण।

अतिशय—भगवान्के ३४ अतिशय—दे. अर्हंत १।

अतिशायन हेतु—दे. हेतु।

अतिस्थापना—दे. अपकर्षण।

अतिस्थापनावलि—दे. आवलि।

अत्यंताभाव—दे अभाव।

अत्यंतायोगव्यवच्छेद—दे. एव।

अत्यय—रा वा./२/८,१८/१२२/२२ वाचां गोचरताऽत्ययात्। =शब्दके गोचर हो नहीं हो सकता।

अत्राणभय—दे. भय।

अथाप्रवृत्तसंयत—दे. संयत १ व करण ४।

अथाप्रवृत्तसंयतासंयत—दे सयतासयत १ व करण ४।

अथालंद—भ आ वि /१५५/३५३/४ परिषहोपसर्गजयेसमर्था, अनिगूहितबलवीर्या, आत्मानं मनसा तुल्यन्ति। परिहारस्यासमर्था.अथालन्दविधिमुपगन्तुकामास्त्रयः पञ्च सप्त नव वा ज्ञानदर्शनसंपन्नास्तीव्रसंवेगमापन्ना स्थविरमूलनिवासिन अवधृतारमसामर्थ्या विदितायुःस्थितय स्थविरं विज्ञापयन्ति। आचारो निरूप्यते—अथालन्दसयतानां लिगम् औत्सर्गिकं, देहस्योपकारार्थम् आहारं वा वसतिं च गृह्णन्ति, शेष सकलं त्यजन्ति। तृणपीठकटफलकादिकम् उपधिं च न गृह्णन्ति,। ·अप्रतिलेखना एव व्युत्सृष्टशरीरसंस्कारा परीषहान् सहन्ते नो वा धृतिबलहीना।···त्रय पञ्च वा सह प्रवर्तन्ते।·वेदनया प्रतिक्रियया वर्जया यदा तपसातिश्रान्तस्तदा सहायहस्तावलम्बनं कुर्वन्ति। वाचनादिकं च न कुर्वन्ति। यामाष्टकेऽप्यनिद्रा एकचित्ताध्याने यतन्ते· ·अकृतप्रतिज्ञा,लेखनां कालद्वयेऽपि कुर्वन्ति।··श्मशानमध्येऽपि तेषां ध्यानमप्रतिषिद्धं,आवश्यकेषु च प्रयतन्ते। उपकरणप्रतिलेखना कालद्वयेऽपि कुर्वन्ति। मिथ्या मे दुष्कृतमिति निवर्तन्ते। दशविधे समाचारे प्रवर्तन्ते। दानं, ग्रहणं, अनुपालनं, विनय, सहजल्पनं च नास्ति सधेन तेषाम्। कारणमपेक्ष्य केषांचिदेक एव संल्लाप कार्य। यत्र क्षेत्रे सधर्मा तत्र क्षेत्रे न प्रविशन्ति। मौनावग्रहनिरता पन्थानं पृच्छन्ति, शङ्कितव्यं वा द्रव्यं शय्याधरगृहं वा। एवं तिस्र एव भाषा। ·गृहे प्रज्वलिते न चलन्ति चलन्ति वा।···व्याघ्रादिव्यालमृगाद्या यद्यापतन्ति ततोऽपसर्पन्ति न वा। पादे कण्टकालग्ने चक्षुषि रजःप्रवेशे वा, अपनयन्ति न वा। धर्मोपदेशं कुर्वन्त तत्प्रवर्ज्यामि इच्छामि भगवतां पादमूले इत्युक्ता अपि न मनसापि वाञ्छन्ति। क्षेत्रत सप्ततिधर्मक्षेत्रेषु भवति। कालत सर्वदा। चारित्रत सामायिकछेदोपस्थापनयो। तीर्थत सर्वतीर्थकृतां तीर्थेषु। जन्मनि त्रिंशद्वर्षजीविता श्रामण्येन एकोनविंशतिवर्षा। श्रुतेन नवदशपूर्वधरा। वेदत पुमांसो नपुंसकाश्च। लेश्यया पद्मशुक्ललेश्या। ध्यानेन धर्मध्याना। सस्थानत षड्विधेष्वन्यतरसंस्थाना देशोनसप्तहस्तादि यावत्पञ्चधनु शतोत्सेधा। कालतो भिन्नमुहूर्ताद्यूनपूर्वकोटिकालस्थितय। विक्रियाचारणताक्षीरस्रावित्वादयश्च तेषां जायन्ते। विरागतया न सेवन्ते। गच्छविनिर्गतालंदविधिरेष व्याख्यात। गच्छप्रतिबद्धालंदकविधिरुच्यते—गच्छन्निर्गच्छन्तो बहि सक्रोशयोजने विहरन्ति। सपराक्रमो गणधरो ददाति क्षेत्राद्व बहिर्गत्वार्थपदम्। तेष्वपि समर्था आगत्य शिक्षां गृह्णन्ति। एको द्वौ त्रयो वा परिज्ञानधारणा गुणसमग्रा गुरुशकाशमायान्ति। कृतप्रतिग्रहकार्याः स्वक्षेत्रे भिक्षाग्रहण कुर्वन्ति। ···यदि गच्छेरक्षेत्रान्तरं गण अथालंदिका अपि गुर्वनुज्ञया यान्ति क्षेत्रम्। ···व्याख्यातोऽयमथालंदविधिः। =(सल्लेखना धारण विधिके अन्तर्गत भक्तप्रत्याख्यान आदि अनेकों विधियोंका निरूपण है। तहाँ एक अथालंद विधि भी है। वह दो प्रकारकी है—गच्छविनिर्गत और गच्छप्रतिबद्ध। इन दोनोंमें पहली गच्छविनिर्गतका स्वरूप कहते हैं—) १. परीषह व उपसर्गको

ओढनेमें समर्थ तथा शक्त वस्त्र योग्य परन्तु परिहार विधिको धारण करनेमें असमर्थ साधु इस विधिको धारण करते हैं। ज्ञान दर्शन सम्पन्न तथा तीव्र संसारभीरु तीन, पाँच, सात अथवा नौ साधु मिलकर धारण करते हैं। धर्माचार्यकी शरणमें रहते हैं। उनका आचार बताते हैं—औत्सर्गिक (नग्न) लिंग धारण करते हैं। देहोपकारार्थ आहार, वसति, कमंडलु और पिच्छिकाका आश्रय लेते हैं। तृण, चटाई, फलक आदि अन्य परिग्रह व उपधिका त्याग करते हैं। बैठते उठते आदि समय पिच्छिकासे शरीरस्पर्श रूप प्रतिलेखन नहीं करते। शरीरसंस्कारका त्याग करते हैं, परीषह सहते हैं, तीन या पाँच आदि मिलकर वृत्ति करते हैं, वेदनाका इलाज नहीं करते, तपसे अतिशय थक जानेपर सहायकोंके हस्तादिका आश्रय लेते हैं, वाचना, पृच्छना आदिका त्याग करते हैं, दिनमें व रातको कभी नहीं सोते, परन्तु न सोनेकी प्रतिज्ञा भी नहीं करते, ध्यानमें प्रयत रहते हैं, श्मशानमें भी ध्यान करनेका उन्हें निषेध नहीं है, षडावश्यक क्रियाओंमें सदा प्रयत्नशील रहते हैं, सायं व प्रातः पिच्छिका व कमंडलुका संशोधन करते हैं। 'मिथ्या मे दुष्कृतम्' इतना बोलकर ही दोषोंका निराकरण कर लेते हैं, दस प्रकारके समाचारोंमें प्रवृत्ति करते हैं। संघके साथ दान, ग्रहण, विनय आदिका व्यवहार नहीं करते। कार्यवश उनमें-से केवल एक साधु ही बोलता है, जिस क्षेत्रमें सधर्मीजन हों वहाँ प्रवेश नहीं करते, मौनका नियम होते हुए भी तीन विषयोंमें बोलते हैं—मार्ग पूछना, शास्त्र विषयक प्रश्न पूछना, घरका पता पूछना। वसतिमें आग आदि लग जानेपर उसे त्याग देते हैं अथवा नहीं भी त्यागते, व्याघ्रादि दुष्ट प्राणियोंके आ जानेपर मार्ग छोड़ देते हैं अथवा नहीं भी छोड़ते, कण्टक आदि लगने या आँखमें रजकण पड़नेपर उसे निकालते हैं अथवा नहीं भी निकालते। धर्मोपदेश करते हैं, परन्तु दीक्षार्थीको दीक्षा देनेका मनमें विचार भी नहीं करते। क्षेत्रकी अपेक्षा ये साधु सर्व कर्मभूमियोंमें होते हैं, कालकी अपेक्षा सदा होते हैं, चारित्रकी अपेक्षा सामायिक व छेदोपस्थापना ये दो चारित्र होते हैं, तीर्थकी अपेक्षा सब तीर्थंकरोंके तीर्थोंमें होते हैं, ३० वर्ष पर्यन्त भोग भोगकर ९९ वर्ष तक मुनि अवस्थामें रहनेके पश्चात् ही अथालंद विधि धारणके योग्य होते हैं, ज्ञानकी अपेक्षा नौ या दस पूर्वोंके ज्ञाता होते हैं, वेदकी अपेक्षा पुरुष या नपुंसकवेदी होते हैं। लेश्याकी अपेक्षा पद्म व शुक्ल लेश्यावाले होते हैं, ध्यानकी अपेक्षा धर्मध्यानी होते हैं। संस्थानकी अपेक्षा छहोंमें-से किसी भी एक संस्थानवाले होते हैं, अवगाहनाकी अपेक्षा सात हाथसे ५०० धनुषतकके होते हैं, कालकी अपेक्षा विधिको धारण करनेसे पूर्व भीती आयुसे हीन पूर्वकोटि प्रमाण उत्कृष्ट स्थितिवाले होते हैं। (मध्यम जघन्य भी यथायोग्य जानना)। विक्रिया, चारण व क्षीरस्रावी आदि ऋद्धियोंके धारक होते हैं, परन्तु वैराग्यके कारण उनका सेवन नहीं करते। गच्छविनिर्गत अर्थात् गच्छसे निकलकर उससे पृथक् रहते हुए अथालंद विधि करनेवाले मुनियोंका यह स्वरूप है। २. अब गच्छप्रतिबद्ध अथालंद विधिका विवेचन करते हैं।—गच्छसे निकलकर बाहर एक योजन और एक कोश (५ कोश) पर ये मुनि विहार व निवास करते हैं। शक्तिमान् आचार्य स्वयं अपने क्षेत्रसे बाहर जाकर उनको अर्थपदका अध्ययन कराते हैं। अथवा समर्थ होनेपर अथालंद विधिवाले साधु स्वयं भी आचार्यके पास जाकर अध्ययन करते हैं। परिज्ञान व धारणा आदि गुणसम्पन्न एक, दो या तीन मुनि गुरुके पास आते हैं और उनसे प्रश्नादि करके अपने स्थानपर लौट जाते हैं। यदि गच्छ क्षेत्रान्तरको विहार करता है, तो वे भी गुरुकी आज्ञा लेकर विहार करते हैं। (शेष विधि पूर्ववत् जानना)—इस प्रकार अथालंद विधिके दोनों भेदोंका कथन किया गया।

अदंतधोवन—मूला. ३३ अंगुलिणहावलेहणिकलीहिं पासाणछल्लियाईहिं। दंतमलासोहणयं संजमगुत्ती अदंतमणं।—अंगुली, नख, दातौन, तृणविशेष, पैनीकंकणी, वृक्षकी छाल (वल्कल), आदि कर दाँतके मलको नहीं शुद्ध करना वह इन्द्रिय संयमकी रक्षा करनेवाला अदंतधोवन मूल गुण है।

अदत्तादान—दे. अस्तेय।

अदर्शन परिषह—स.सि./९/९/४२७/१० परमवैराग्यभावनाशुद्धहृदयस्य विदितसकलपदार्थतत्त्वस्यार्हदायतनसाधुधर्मपूजकस्य चिरन्तनप्रव्रजितस्यापि मे ज्ञानातिशयो नोत्पद्यते। महोपवासाद्यनुष्ठायिनां प्रातिहार्यविशेषाः प्रादुर्भवन्तीति प्रलापमात्रमनर्थिकेयं प्रव्रज्या। विफलं व्रतपरिपालनमित्येवमसमादधानस्य दर्शनविशुद्धियोगाददर्शनपरिषहसहनमवसातव्यम्।—परम वैराग्यकी भावनासे मेरा हृदय शुद्ध है, मैंने समस्त पदार्थोंके रहस्यको जान लिया है, मैं अरहन्त, आयतन, साधु और धर्मका उपासक हूँ, चिरकालसे मैं प्रव्रजित हूँ तो भी मेरे अभी भी ज्ञानातिशय नहीं उत्पन्न हुआ है। महोपवास आदिका अनुष्ठान करनेवालेके प्रातिहार्य विशेष उत्पन्न हुए, यह प्रलापमात्र है। यह प्रव्रज्या अनर्थक है, व्रतोंका पालन करना निरर्थक है इत्यादि बातोंका दर्शनविशुद्धिके योगसे मनमें नहीं विचार करनेवालेके अदर्शनपरिषह सहन जानना चाहिए। (रा. वा./९/९,२८/६१२/१७), (चा. सा./१२८/४)।

१. प्रज्ञा व अदर्शन परिषहमें अन्तर—दे. प्रज्ञा परीषह।

२. अदर्शनका अर्थ अश्रद्धान क्यों अवलोकनाभाव क्यों नहीं

रा.वा./९/९,२९-३०/६१२/२३ श्रद्धानालोचनग्रहणमविशेषादिति चेत्; न अव्यभिचारदर्शनार्थत्वात्। २९। स्यादेतत् श्रद्धानमालोचनमिति द्विविधं दर्शनम्, तस्याविशेषेण ग्रहणमिह प्राप्नोति, कुतः, अविशेषात्। न हि किंचिद्विशेषलिङ्गमिहाश्रितमस्तीति, तन्न, किं कारणम्। अव्यभिचारी दर्शनार्थत्वात्। मत्यादिज्ञानपञ्चकाव्यभिचारिश्रद्धानं दर्शनम्। आलोचनं तु न, श्रुतमनःपर्ययोरप्रवृत्तेरतोऽस्याव्यभिचारिणः श्रद्धानस्य ग्रहणमिहोपपद्यते। मनोरथपरिकल्पनामात्रमिति चेत् न वक्ष्यमाणकारणसामर्थ्यात्।३०।...दर्शनमोहान्तराययोरदर्शनालाभौ। त. सू./९/१४ इति।—यद्यपि दर्शनके श्रद्धान और आलोचन ये दो अर्थ होते हैं, पर यहाँ मति आदि पाँच ज्ञानोंके अव्यभिचारी श्रद्धान रूप दर्शनका ग्रहण है, आलोचन रूपदर्शन श्रुत और मनःपर्यय ज्ञानोंमें नहीं होता अतः उसका ग्रहण नहीं है। आगे सू. सं. १४ में दर्शनमोहके उदयसे ही अदर्शन परिषह बतायी जायेगी। अतः दर्शनका अर्थ श्रद्धान है केवल कल्पनामात्र नहीं है।

अदिति—(ह. पु./२२/५१-५३) तप भ्रष्ट नमि विनमि द्वारा ध्यानस्थ ऋषभनाथ भगवान्‌से राज्यकी याचना करनेपर, अपने पति धरणेन्द्रकी आज्ञासे इस देवीने उन दोनोंको विद्याओंका कोष दिया था।

अदीक्षा ब्रह्मचारी—दे. ब्रह्मचारी।

अदृष्ट—कायोत्सर्गका एक अतिचार दे. व्युत्सर्ग १।

अदृष्टांत वचनोदाहरणाभास—दे. दृष्टान्त।

अद्धा—स. सि./३/३८ अद्धा कालस्थितिरित्यर्थः।—अद्धा और काल की स्थिति ये एकार्थवाची हैं। (ध.४/१,५,१/३१८/१) (ध. १३/५,५,५०/२८४/२) (भ. आ. वि./२५/८६/४)।

रा. वा./५/१.१६/४३१/२२ अद्धाशब्दो निपातः कालवाची।—अद्धा शब्द एक निपात है, वह कालवाची है।

क. पा. ४/३,२२/§२६/१५/८ का अद्धा नाम। द्विदिबंधकालो।—अद्धा किसे कहते हैं? स्थिति बन्धके कालको अद्धा कहते हैं।

अद्धा असंक्षेप—ध.९/१,९-६,२३/१६७/१ असंखेपद्धा त्ति एदेसु आवासाधाविएसु देव-णेरइयाणं आउअस्स उक्कस्सणिसेयट्ठिदी संभवदि त्ति उत्तं होदि।—असंक्षेपाद्धा अर्थात् जिससे छोटा (संक्षिप्त) कोई काल न हो, ऐसे आवलीके असंख्यातवें भाग प्रमाण काल तक जितने

आबाधाके विकल्प होते हैं उनमें देव और नारकियोंके, आयुकी उत्कृष्ट निषेक स्थिति सम्भव है।

ध. १४/५,६,६४५/५०३/१२ जहण्णओ आउअबंधकालो जहण्णविस्समण कालपुरस्सरो असंखेद्धा णाम। सो जवमज्झचरिमसमयप्पहुडि ताव होदि जाव जहण्णाउअबंधकालचरिमसमओ त्ति। एसा वि असंखेपद्धा तदियति भागम्मि चेव होदि।—जघन्य विश्रमण काल पूर्वक जघन्य आयुबन्ध काल असंक्षेपाद्धा कहा जाता है। वह यव मध्यके अन्तिम समयसे लेकर जघन्य आयु बन्धके अन्तिम समय तक होता है। यह असंक्षेपाद्धा तृतीय त्रिभागमें ही होता है।

गो.जी.जी.प्र./५१८/६१३ असंखेद्धा भुज्यमानायुषोऽन्त्यावल्यसंख्येयभागः तस्मिन्नवशिष्टे प्रागेव अन्तर्मुहूर्तमात्रसमयप्रबद्धान् परभवायुर्नियमेन बद्धध्वा समाप्नोतीति नियमो ज्ञातव्यः।—'असंक्षेपाद्धा' जो आवलीका असंख्यातवाँ भाग प्रमाण काल भुज्यमान आयुका अवशेष रहै ताकै पहिले अन्तर्मुहूर्त काल मात्र समय प्रबद्धनिकरि परभव आयु को बाँधि पूर्ण करै है ऐसा नियम जानना।

गो. क. मू./२१७/११०२···आउस्स य आबाहा ण ट्ठिदिपढिभागमाउस्स। —बहुरि नहीं पाइयें है आयुको आबाधाका संक्षेप, घाटि पना जातैं ऐसा जो अद्धा काल सो असंक्षेपाद्धा कहिये है।

अद्धाच्छेद—क. पा. ३/३, २२/§२०/१५/३ चरिमणिसेयस्स कालो उक्कस्स अद्धाच्छेदो णाम।—(बद्ध कर्मके) अन्तिम निषेकके कालको उत्कृष्ट अद्धाच्छेद कहते हैं।

क. पा. ३/३,२२/§५१३/२६२/५ सयलणिसेयगयकालपहाणो अद्धाच्छेदो सयलणिसेगपहाणा ट्ठिदि त्ति।—सर्व निषेकगत काल-प्रधान अद्धाच्छेद होता है और सर्व निषेकप्रधान स्थिति होती है।

अद्धानशन—दे. अनशन।

अद्धापल्य—दे गणित I/१/३,४,६।

अद्धायु—दे. आयु १।

अद्धासागर—कालका प्रमाण—दे. गणित I/१/५।

अद्वैत दर्शन—१. एकान्त अद्वैतका निरास—दे. द्रव्य ४; २. अद्वैत दर्शनका विकास क्रम—दे. दर्शन; ३. विशेष दे. वेदान्त।

अद्वैत नय—प्र.सा./त.प्र./परि./नय सं.४५ निश्चयनयेन केवलबध्यमानमुच्यमानबन्धमोक्षोचितस्निग्धरूक्षत्वगुणपरिणतपरमाणुवद्बन्धमोक्षयोरद्वैतानुवर्ति ॥ ४५ ॥ —आत्मद्रव्य निश्चयनयसे बन्ध और मोक्षमें अद्वैतका अनुसरण करनेवाला है, अकेले बध्यमान और मुच्यमान ऐसे बंधमोक्षोचित स्निग्धत्व रूक्षत्वगुणरूप परिणत परमाणुकी भाँति।

१. ज्ञान-ज्ञेय द्वैताद्वैत नय

प्र. सा./त. प्र./परि./नय सं. २४-२५ ज्ञानज्ञेयाद्वैतनयेन महदिन्धनभारपरिणतधूमकेतुवदेकम् ॥ २४ ॥ ज्ञानज्ञेयद्वैतनयेन परप्रतिबिम्बसंपृक्तदर्पणवदनेकम् ॥ २५ ॥ =आत्म द्रव्य ज्ञान-ज्ञेय-अद्वैतनयसे (ज्ञान और ज्ञेयके अद्वैतरूप नयसे) महान् ईंधनसमूह रूप परिणत अग्निकी भाँति एक है। २४। आत्म द्रव्य ज्ञान-ज्ञेय द्वैतरूपनयसे, परके प्रतिबिम्बोंसे सम्पृक्त दर्पणकी भाँति अनेक है। २५।

अद्वैतवाद—

१. पुरुषाद्वैतवाद

गो. क. मू./८८१/१०६५ एक्को चेव महप्पा पुरिसो देवो य सव्ववावी य। सव्वंगणिगूढोवि य सचेयणो णिग्गुणो परमो ॥ ८८१ ॥ —एक ही महात्मा है। सोई पुरुष है। देव है। सर्व विषै व्यापक है। सर्वांगपनै निगूढ कहिए अगम्य है। चेतनासहित है। निर्गुण है। परम उत्कृष्ट है। ऐसे एक आत्मा ही करि सबकौं मानना सो आत्मवादका अर्थ है। (स. सि./८/१/५ की टिप्पणी जगरूपसहाय कृत) (और भी दे. वेदान्त २)।

स. म./१३/१५१/८ "सर्वं वै खल्विदं ब्रह्म नेह नानास्ति किंचन। आरामं तस्य पश्यन्ति न तत्पश्यति कश्चन"। इति समयात्। "अयं तु प्रपञ्चो मिथ्यारूपः, प्रतीयमानत्वात्।" —हमारे मतमें एक ब्रह्म ही सत् है। कहा भी है 'यह सब ब्रह्मका ही स्वरूप है, इसमें नानारूप नहीं है, ब्रह्मके प्रपञ्चको सब लोग देखते हैं, परन्तु ब्रह्मको कोई नहीं देखता' तथा 'यह प्रपञ्च मिथ्या है, क्योंकि मिथ्या प्रतीत होता है।' (और भी दे. वेदान्त)

अभिधान राजेन्द्र कोश- पुरुष एवैकः सकललोकस्थितिसर्गप्रलयहेतुः प्रलयोऽप्यलुप्तज्ञानातिशयशक्तिरिति। तथा चोक्तम्। ऊर्णनाभ इवांशूनां चन्द्रकान्त इवाम्भसाम्। प्ररोहाणामिव प्लक्षः स हेतुः सर्वजन्मिनाम् इति। तथा 'पुरुष सर्वं यद्भूतं यच्च भाव्यम्।' ऋ. वे. १०/६०। इत्यादि मन्वानां वादः पुरुषवादः।—एक पुरुष ही सम्पूर्ण लोककी स्थिति, सर्ग और प्रलयका कारण है। प्रलयमें भी उसकी अतिशय ज्ञानशक्ति अलुप्त रहती है। कहा भी है—जिस प्रकार ऊर्णनाभ रश्मियोंका, चन्द्रकान्त जलका और वटबीज प्ररोहका कारण है उसी प्रकार वह पुरुष सम्पूर्ण प्राणियोंका कारण है। जो हो चुका तथा जो होगा, उस सबका पुरुष ही हेतु है। इस प्रकारकी मान्यता पुरुषवाद है।

२. विज्ञानाद्वैतवाद

न्यायकुमुदचन्द्र पृ. ११६ प्रतिभासमानस्याशेषस्य वस्तुनो ज्ञानस्वरूपान्तःप्रविष्टत्वप्रसिद्धेः संवेदनमेव पारमार्थिकं तत्त्वम्। तथाहि यदवभासते तज्ज्ञानमेव यथा सुखादि, अवभासन्ते च भावा इति।··· तथा यद्वेद्यते तद्धि ज्ञानादभिन्नम् यथा विज्ञानस्वरूपम्, वेद्यन्ते च नीलादय इत्यतोऽपि विज्ञानाद्वैतसिद्धिरिति।—प्रतिभासमान अशेष ही वस्तुओंका ज्ञानस्वरूपसे अन्तःप्रविष्टपन प्रसिद्ध होनेके कारण संवेदन ही पारमार्थिक तत्त्व है। वह इस प्रकार कि जो-जो भी अवभासित होता है वह ज्ञान ही है, जैसे सुखादि भाव ही अवभासित होते हैं।···इसी प्रकार जो-जो भी वेदन करनेमें आता है वह ज्ञानसे अभिन्न है, जैसे विज्ञानस्वरूप नीलादिक पदार्थ वेदन किये जाते हैं। इसीलिए यहाँ भी विज्ञानाद्वैतवादकी सिद्धि होती है। (यु. अनु./११६/२४)।

अभिधान राजेन्द्र कोश "बाह्यार्थनिरपेक्षं ज्ञानाद्वैतमेव ये बौद्धविशेषा मन्वते ते विज्ञानवादिनः। तेषां सिद्धान्तो विज्ञानवादः।—बाहरके ज्ञेय पदार्थोंसे निरपेक्ष ज्ञानाद्वैतको ही जो कोई बौद्ध विशेष मानते हैं वे विज्ञानवादी हैं, उनका सिद्धान्त विज्ञानवाद है।

३. शब्दाद्वैतवाद

न्यायकुमुदचन्द्र पृ. १३६-१४० योगजमयोगजं वा प्रत्यक्षं शब्दब्रह्मोल्लेख्येवावभासते बाह्याध्यात्मिकार्थेषूत्पद्यमानस्यास्य शब्दानुविद्धत्वेनैवोत्पत्तेः, तत्संस्पर्शवैकल्ये प्रत्ययानां प्रकाशमानतया दुर्घटत्वात्। वाङ्रूपतां हि शाश्वतो प्रत्यवमर्शिनी च, तदभावे तेषां नापरं रूपमवशिष्यते।—समस्त योगज अथवा अयोगज प्रत्यक्ष शब्दब्रह्मका उल्लेख करनेवाले ही अवभासित होते हैं। क्योंकि बाह्य या आध्यात्मिक अर्थोंमें उत्पन्न होनेवाला यह प्रत्यक्ष शब्दसे अनुविद्ध ही उत्पन्न होता है। शब्दके संस्पर्शके अभावमें ज्ञानोंकी प्रकाशमानता दुर्घट है, बन नहीं सकती। वाग्रूपता नित्य और प्रत्यवमर्शिनी है, उसके अभावमें ज्ञानोंका कोई रूप शेष नहीं रहता।

* सभी अद्वैत दर्शन संग्रह नयाभासी हैं दे. अनेकान्त २/६।

४. सम्यगेकान्तकी अपेक्षा

न्या. दी./३/§८४/१२८/३ एवमेव परमद्रव्यार्थिकनयाभिप्रायविषयः परमद्रव्यं सत्ता, तदपेक्षया 'एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म नेह नानास्ति किंचन' सद्रूपेण चेतनानामचेतनानां च भेदाभावात्। भेदे तु सल्लिक्षणत्वेन तेषामसत्त्वप्रसङ्गात्।—इसी प्रकार परम द्रव्यार्थिक नयके अभिप्रायका विषय परम सत्ता, महा सामान्य है। उसकी अपेक्षासे 'एक ही अद्वितीय ब्रह्म है यहाँ नाना अनेक कुछ भी नहीं है' इस

प्रकारका प्रतिपादन किया जाता है। क्योंकि सद्रूपसे चेतन और अचेतन पदार्थोंमें भेद नहीं है। यदि भेद माना जाये तो सत्तसे भिन्न होनेके कारण वे सब असत् हो जायेंगे।

* द्वैत व अद्वैतका विधि निषेध – दे. द्रव्य ४।

* परम अद्वैतके अपर नाम—दे. मोक्षमार्ग २/५।

अध:कर्म—जिन कार्योंके करनेसे जीवहिंसा होती है उन्हें अध:कर्म कहते हैं। अध:कर्म युक्त किसी भी पदार्थकी मन, वचन, कायसे साधुजन अनुमोदना नहीं करते और न ही ऐसा आहार व वसति आदिका ग्रहण करते हैं। इस विषयका परिचय इस अधिकारमें दिया गया है।

१. आहार सम्बन्धी अध:कर्म

मूला. मू./४२३ छज्जीवणिकायाणं विराहणोद्दावणादिणिप्पण्णं। आधाकम्मं णेयं सय रकदमादसपण्ण ॥ ४२३ ॥ —पृथ्वीकाय आदि छह कायके जीवोंको दु:ख देना, मारना इससे उत्पन्न जो आहारादि वस्तु वह अध:कर्म है। वह पाप क्रिया आप कर को गयी, दूसरे कर को गयी तथा आप कर अनुमोदना को गयी जानना।

ध. १३/५,४,२१/४६/८ तं ओद्दावण-विद्दावण-परिदावण-आरंभकदणिप्फण्णं त सव्व आधाकम्मं णाम ॥ २२ ॥...जीवस्य उपद्रवणम् ओद्दावणं णाम। अगच्छेदनादिव्यापारः विद्दावण णाम। संतापजननं परिदावणं णाम। प्राणिप्राण-वियोजन आरंभो णाम।—जो उपद्रावण, विद्रावण, परितापन और आरम्भ रूप कार्यसे निष्पन्न होता है, वह सब अध:कर्म है ॥ २२ ॥ ...जीवका उपद्रव करना ओद्दावण कहलाता है। अंग छेदन आदि व्यापार करना विद्दावण कहलाता है। सन्ताप उत्पन्न करना परिदावण कहलाता है और प्राणियोंके प्राणोंका वियोग करना आरम्भ कहलाता है।

चा. सा./६८/१ षड्जीवनिकायस्योद्रवणम् उपद्रवणम्, अंगच्छेदनादिव्यापारो विद्रावणम्, संतापजननं परितापन, प्राणिप्राणव्यपरोपणमारम्भ', एवमुपद्रवणविद्रावणपरितापनारम्भक्रियया निष्पन्नमन्नं स्वेन कृतं परेण कारितं वानुमनितं वाध:कर्म (जनितं) तत्सेविनोऽनशनादितपांसि...प्ररक्षन्ति।—षट्कायके जीव समूहोंके लिए उपद्रव होना उपद्रवण है। जीवोंके अंग छेद आदि व्यापारको विद्रावण कहते हैं। जीवोंको सन्ताप (मानसिक वा अन्तरंग पीड़ा) उत्पन्न होनेको परितापन कहते है। प्राणियोंके प्राण नाश होनेको आरम्भ कहते हैं। इस प्रकार उपद्रवण, विद्रावण, परितापन, आरम्भ क्रियाओंके द्वारा जो आहार तैयार किया गया हो, जो अपने हाथसे किया हो अथवा दूसरेसे कराया हो, अथवा करते हुए की अनुमोदना की हो, अथवा जो नीच कर्मोंसे बनाया गया हो, ऐसे आहारको ग्रहण करनेवाले मुनियोंके उपवासादि तपश्चरण नष्ट होते हैं।

२. वसति सम्बन्धी अध:कर्म

भ.आ.वि./२३०/४४७ तत्रोद्गमो दोषो निरूप्यते। वृक्षच्छेदस्तदानयनं, इष्टकापाक., भूमिखननं, पाषाणसिक्तादिभि' पूरण, धरायाः कुट्टन, कर्दमकरणं, कीलानां करण, अग्निनायस्तापनं कृत्वा प्रताड्य ककचै' काष्ठपाटनं, वासीभिस्तक्षणं, परशुभिश्छेदनं इत्येवमादिव्यापारेण षण्णां जीवनिकायानां बाधां कृत्वा स्वेन वा उत्पादिता, अन्येन वा कारिता वसतिरध:कर्मशब्देनोच्यते।—वृक्ष काटकर उनको लाना, ईंटोंका समुदाय पकाना, जमीन खोदना, पाषाण, बालु इत्यादिकोंसे खाड़ा भरना, जमीनको कूटना, कीचड करना, खम्भे तैयार करना, अग्निसे लोह तपवाना, करौतसे लकडी चीर टासीसे छीलना, कुल्हाड़ीसे छेदन करना इत्यादि क्रियाओंसे षट्काय जीवोंको बाधा देकर स्वयं वसति बनायी हो अथवा दूसरोंसे बनवायी हो, वह वसति अध:कर्मके दोषसे युक्त है।

३. अध:कर्म शरीर

ध. १३/५,४,२४/४७/५ जम्हि शरीरे ठिदाणं केसिं चि जीवाणं कम्हि वि काले ओद्दावण-विद्दावण-परिदावणेहि मरणं संभवदि तं सरीराधाकम्म णाम।—जिस शरीरमें स्थित किन्हीं जीवोंके किसी भी कालमें उपद्रावण, विद्रावण और परितापनसे मरना संभव है, वह शरीर अध:कर्म है।

४. नारकियोंमें अध:कर्म नहीं होता

ध. १३/५,४,३१/६१/५ आधाकम्म-इरियावधकम्म-तवोकम्माणि णत्थि; णेरइएसु ओरालियसरीरस्स उदयाभावादो पंचमहव्वयाभावादो। एवं सत्तसु पुढवीसु।—अध:कर्म ईर्यापथ कर्म, और तप:कर्म नहीं होते, क्योंकि नारकियोंके औदारिक शरीरका उदय और पंचमहाव्रत नहीं होते। इसी प्रकार सातों पृथिवियोंमें जानना चाहिए।

५. नारकियोंका शरीर अध:कर्म नहीं

ध. १३/५,४,२४/४७/३ ओद्दावणादिदंसणादो णेरइयसरीरमाधाकम्म त्ति किण्ण भण्णदे। [ण] तत्थ ओद्दावण-विद्दावण-परिदावणेहितो आरंभाभावादो। जम्हि सरीरे ठिदाणं केसिं वि जीवाणं कम्हि वि काले ओद्दावण-विद्दावण-परिदावणेहि मरणं संभवदि त सरीरमाधाकम्मं णाम ण च एद विसेसण णेरइयसरीरे अत्थि, तत्तो तेसिमवमिच्चुवज्जियाणं मरणाभावादो। अथवा चउण्णं समूहो जेणेग विसेसणं, ण तेण पुव्वुत्तदोसो। प्रश्न—नारकियोंके शरीरमें भी उपद्रावण आदि कार्य देखे जाते है, इसलिए उसे अध कर्म क्यों नहीं कहते? उत्तर—नहीं, क्योंकि वहाँपर उपद्रावण-विद्रावण और परितापनसे आरम्भ (प्राणि प्राण वियोग) नहीं पाया जाता। जिस शरीरमें स्थित किन्हीं जीवोंके किसी भी कालमें उपद्रावण, विद्रावण और परितापनसे मरना संभव है वह शरीर अध कर्म है। परन्तु यह विशेषण नारकियोंके शरीरमें नहीं पाया जाता, क्योंकि इनसे उनकी अपमृत्यु नहीं होती, इसलिए उनका मरण नहीं होता। अथवा चूँकि उपद्रावण आदि चारोंका समुदायरूप एक विशेषण है, इसलिए पूर्वोक्त दोष नहीं आता।

६. भोगभूमिजका शरीर अध:कर्म कैसे

ध. १३/५,४,२४/४७/१ एव घेप्पमाणे भोगभूमिगयमणुस्सतिरिक्खाणं सरीरमाधाकम्मं ण होज्ज, तत्थ ओद्दावणादीणमभावादो। ण ओरालियसरीरजादिदुवारेण सबाह सरीरेण सह एयत्तमावण्णस्स आधाकम्मत्तासिद्धीदो। प्रश्न—जिस शरीरमें स्थित जीवोंके उपद्रावण आदि अन्यके निमित्तसे होते हैं, वह शरीर अध:कर्म है। इस तरहसे स्वीकार करनेपर भोगभूमिके मनुष्य और तिर्यंचोंका शरीर अध:कर्म नहीं हो सकेगा, क्योंकि वहाँ उपद्रावण आदि कार्य नहीं पाये जाते? उत्तर—नहीं, क्योंकि औदारिक शरीररूप जातिकी अपेक्षा यह बाधा सहित शरीर और भोगभूमिजोंका शरीर एक है, अत उसमें अध कर्मपनेकी सिद्धि हो जाती है।

* अध कर्म विषयक सत्, संख्या, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव व अल्पबहुत्व रूप आठ प्ररूपणाएँ—दे. वह वह नाम।

अध:प्रवृत्तसंयत—दे. संयत १ व करण ४।

अध:प्रवृत्तसंयतासंयत—दे. संयतासंयत १ व करण ४।

अध:प्रवृत्तिकरण—दे. करण ४।

अध:प्रवृत्तिसंक्रमण—दे. संक्रमण ६।

अधर्म द्रव्य—दे. धर्माधर्म।

अधस्तन कृष्टि—दे. कृष्टि।

अधस्तन द्रव्य—दे. कृष्टि।

अधस्तन द्वीप—(ज प./प्र. १०५) Inner Island.

अधस्तन शीर्ष—दे. कृष्टि।

अधिक—न्या सू./५/२/१३/३१५ हेतूदाहरणाधिकमधिकम्।=हेतु और उदाहरणके अधिक होनेसे अधिक नामक निग्रह-स्थान है। (श्लो. वा.४/न्या २२२/४००/१५)।

अधिकरण—जिस धर्मीमें जो धर्म रहता है उस धर्मीको उस धर्मका (न्याय विषयक) अधिकरण कहते हैं जैसे-घटत्व धर्मका अधिकरण घट है।

प्र.सा./त.प्र./१६/१६ शुद्धानन्तशक्तिज्ञानविपरिणमनस्वभावस्याधारभूतस्वादधिकरणत्वमात्मसात्कुर्वाण.।=शुद्ध अनन्त शक्तियुक्त ज्ञान रूपसे परिणमित होनेके स्वभावका स्वयं ही आधार होनेसे अधिकरणताको आत्मसात् करता हुआ (इस प्रकार) स्वयमेव (अधिकरण कारक) रूप होता है।

प्र. सा./ता. वृ./१६/२२ निश्चयशुद्धचैतन्यादिगुणस्वभावात्मनः स्वयमेवाधारत्वादधिकरणं भवति।=यह आत्मा निश्चयसे शुद्ध चैतन्यादि गुणोंका स्वयमेव आधार होनेसे अधिकरण कारकको स्वीकार करता है।


स. सा./आ.परि./शक्ति नं. ४६ भाव्यमानभावाधारत्वमयी अधिकरणशक्तिः।=भावनेमें आता जो भाव इसके आधारपनमयी छयालीसवीं अधिकरण शक्ति है।

१. अधिकरणके भेद

त सू./६/७-१६ अधिकरणं जीवाजीवा: ॥७॥ आद्यं संरम्भसमारम्भारम्भयोगकृतकारितानुमतकषायविशेषैस्त्रिस्त्रिस्त्रिश्चतुश्चैकशः ॥८॥ निर्वर्तनानिक्षेपसंयोगनिसर्गा द्वित्रिभेदाः परम् ॥९॥=अधिकरण जीव और अजीव रूप हैं ॥७॥ पहला जीवाधिकरण संरंभ, समारंभ, आरम्भके भेदसे तीन प्रकारका, कृत, कारित और अनुमतके भेदसे तीन प्रकारका तथा कषायोंके भेदसे चार प्रकारका होता हुआ परस्पर मिलानेसे १०८ प्रकारका है ॥८॥ पर अर्थात् अजीवाधिकरण क्रमसे दो, चार, दो और तीन भेदवाले निर्वर्तना, निक्षेप, संयोग और निसर्गरूप है ॥९॥ (भ. आ./मू.८११/१५४)।

रा. वा./६/१,१२-१५/५१६/२८ अजीवाधिकरणं निर्वर्तनालक्षणं द्वेधा व्यवतिष्ठते। कुत.। मूलोत्तरभेदात्। मूलगुणनिर्वर्तनाधिकरणम् उत्तरगुणनिर्वर्तनाधिकरणं चेति। तत्र मूलं पञ्चविधानि शरीराणि वाङ्मनःप्राणापानाश्च। उत्तरं काष्ठपुस्तकचित्रकर्मादि।... निक्षेपश्चतुर्धा भिद्यते। कुत.। अप्रत्यवेक्षदुष्प्रमार्जनसहसानाभोगभेदात्—अप्रत्यवेक्षितनिक्षेपाधिकरणं दुष्प्रमृष्टनिक्षेपाधिकरणं, सहसानिक्षेपाधिकरणं, अनाभोगनिक्षेपाधिकरणं चेति।... संयोगो द्विधा विभज्यते। कुत.। भक्तपानोपकरण भेदात्, भक्तपानसंयोगाधिकरणम्, उपकरणसंयोगाधिकरणं चेति।... निसर्गस्त्रिधा कल्प्यते। कुत.। कायादिभेदात्। कायनिसर्गाधिकरणं वाङ्निसर्गाधिकरणं मनोनिसर्गाधिकरणं चेति।

रा. वा./६/७,५/५१३/२२ तदुभयमधिकरणं दशप्रकारम्—विषलवणक्षारकटुकाम्लस्नेहाग्नि-दुष्प्रयुक्तकायवाङ्मनोयोगभेदात्।=अजीवाधिकरणोंमें निर्वर्तनालक्षण अधिकरण दो प्रकारका है। कैसे? मूलगुणनिर्वर्तनाधिकरण और उत्तरगुणनिर्वर्तनाधिकरण। उसमें भी मूलगुणनिर्वर्तनाधिकरण ८ प्रकारका है - पाँच प्रकारके शरीर, मन, वचन और प्राणापान। उत्तरगुणनिर्वर्तनाधिकरण काठ, पुस्तक व चित्रादि रूपसे अनेक प्रकारका है ॥१२॥ निक्षेपाधिकरण चार प्रकारका है। कैसे? अप्रत्यवेक्षितनिक्षेपाधिकरण, दुष्प्रमृष्टनिक्षेपाधिकरण, सहसानिक्षेपाधिकरण और अनाभोगनिक्षेपाधिकरण ॥१३॥ संयोगनिक्षेपाधिकरण दो प्रकारका है। कैसे? भक्तपानसंयोगाधिकरण और उपकरणसंयोगाधिकरण ॥१४॥ निसर्गाधिकरण तीन प्रकारका है। कैसे? कायनिसर्गाधिकरण, वचननिसर्गाधिकरण और मनोनिसर्गाधिकरण ॥१५॥ तदुभयाधिकरण दश प्रकारका है—विष, लवण, क्षार, कटुक, आम्ल, स्निग्ध, अग्नि और दुष्प्रयुक्त मन, वचन, काय ॥५॥ (स सि./६/६/३२७), (भ. आ./वि./८१२/८५७)।



२. निर्वर्तनाधिकरण सामान्य-विशेष

स.सि./६/६/३२६ निर्वर्त्यते इति निर्वर्तना निष्पादना। निक्षिप्यत इति निक्षेपः स्थापना। संयुज्यत इति संयोगो मिश्रीकृतम्। निसृज्यत इति निसर्गः प्रवर्तनम्।=निर्वर्तनाका अर्थ निष्पादना या रचना है। निक्षेपका अर्थ स्थापना अर्थात् रखना है। संयोगका अर्थ मिश्रित करना अर्थात् मिलाना है और निसर्गका अर्थ प्रवर्तन है। (रा. वा./६/६,२/५१६/१)।

भ.आ./वि./८१४/८५७...निक्षिप्यत इति निक्षेपः। उपकरणं पुस्तकादि, शरीरं, शरीरमलानि वा सहसा शीघ्रं निक्षिप्यमाणानि भयात्। कृतश्चित्करकार्यान्तरकरणप्रयुक्तेन वा त्वरितेन षड्जीवनिकायव्याघातिकरणं प्रतिपद्यन्ते। असत्यामपि त्वरायां जीवाः सन्ति न सन्तीति निरूपणामन्तरेण निक्षिप्यमाणं तदेवोपकरणादिकं अनाभोगनिक्षेपाधिकरणमुच्यते। दुष्प्रमृष्टमुपकरणादिनिक्षिप्यमाणं दुष्प्रमृष्टनिक्षेपाधिकरणं स्थाप्यमानाधिकरणं वा दुष्प्रमृष्टनिक्षेपाधिकरणम्। प्रमार्जनोत्तरकालेसे जीवाः सन्ति न सन्तीति अप्रत्यवेक्षितं यन्निक्षिप्यते तदप्रत्यवेक्षितं निक्षेपाधिकरणम्। निर्वर्तनाभेदमाचष्टे—देहो य दुप्पजुत्तो दु प्रयुक्तं शरीरं हिंसोपकरणतया निर्वर्त्यत इति निर्वर्तनाधिकरणं भवति। उपकरणानि च सच्छिद्राणि यानि जीवबाधानिमित्तानि निर्वर्त्यन्ते तान्यपि निर्वर्तनाधिकरणं यस्मिन्सौवीरादिभाजने प्रविष्टानि म्रियन्ते ॥८१४॥ संजोजणमुवकरणाणं उपकरणानां पिच्छादीनां अन्योन्येन संयोजना। शीतस्पर्शस्य पुस्तकस्य कमण्डल्वादेर्वा आतपादिपिच्छेन प्रमार्जनं इत्यादिकम्। तहा तथा। पाणभोजणाण च पानभोजनयोश्च पानेन पानं, भोजनं भोजनेन, भोजनं पानेनेत्येवमादिकं संयोजनं। यस्य संमूर्छनं संभवति सा हिंसाधिकरणत्वेनात्रोपात्ता न सर्वा। दुट्ठणिसिट्ठा मणवचिकाया दुष्टुप्रवृत्ता मनोवाक्कायप्रभेदा निसर्गशब्देनोच्यन्ते। =निक्षेप किया जाये उसे निक्षेप कहते हैं। पिच्छी कमण्डलु आदि उपकरण, पुस्तकादि, शरीर और शरीरका मल इनको भयसे सहसा जल्दी फेंक देना, रखना। किसी कार्यमें तत्पर रहनेसे अथवा त्वरासे पिच्छी कमण्डल्वादिक पदार्थ जब जमीन पर रखे जाते हैं तब षट्काय जीवोंको बाधा देनेमें आधाररूप होते हैं अर्थात् इन पदार्थोंसे जीवोंको बाधा पहुँचती है। त्वरा नहीं होनेपर भी जीव है अथवा नहीं है इसका विचार न करके, देख भाल किये बिना ही उपकरणादि जमीनपर रखना, फेंकना उसको अनाभोगनिक्षेपाधिकरण कहते हैं। उपकरणादिक वस्तु बिना साफ किये ही जमीनपर

रख देना अथवा जिसपर उपकरणादिक रखे जाते हैं उसको अर्थात् चौकी जमीन वगैरहको अच्छी तरह साफ न करना, इसको दुष्प्रमृष्ट-निक्षेपाधिकरण कहते है। साफ करनेपर जीव है अथवा नहीं हैं, यह देखे बिना उपकरणादिक रखना अप्रत्यवेक्षितनिक्षेपाधिकरण है। शरीरको असावधानता पूर्वक प्रवृत्ति करना दुःप्रयुक्त कहा जाता है, ऐसा दुःप्रयुक्त शरीर हिंसाका उपकरण बन जाता है। इसलिए इसको देहनिर्वर्तनाधिकरण कहते हैं। जीव-बाधाका कारण ऐसे छिद्र सहित उपकरण बनाना, इसको भी निर्वर्तनाधिकरण कहते हैं। जैसे—कांजी वगैरह रखे हुए पात्रमें जन्तु प्रवेश कर मर जाते हैं। पिच्छी-कमण्डलु आदि उपकरणोंका संयोग करना, जैसे ठण्डे स्पर्शवाले पुस्तकका धूपसे संतप्त कमण्डलु और पिच्छीके साथ संयोग करना अथवा धूपसे तपी हुई पिच्छीसे कमण्डलु, पुस्तकको स्वच्छ करना आदिको उपकरण संयोजना कहते हैं। जिनसे सम्मूर्च्छन जीवोंकी उत्पत्ति होगी ऐसे पेयपदार्थ दूसरे पेयपदार्थके साथ संयुक्त करना, अथवा भोज्य पदार्थ-के साथ पेय पदार्थको संयुक्त करना। जिनसे जीवोंकी हिंसा होती है ऐसा ही पेय और भोज्य पदार्थोंका संयोग निषिद्ध है, इससे अन्य सयोग निषिद्ध नहीं हैं। ऐसा भक्तपानसंयोजना है। मन, वचन और शरीरके द्वारा दुष्ट प्रवृत्ति करना उसको निसर्गाधिकरण कहते हैं।

३. असमीक्ष्याधिकरण

स. सि /७/३२/३७ असमीक्ष्यप्रयोजनमाधिक्येन करणमसमीक्ष्याधि-करणम्। =प्रयोजनका विचार किये बिना मर्यादाके बाहर अधिक काम करना असमीक्ष्याधिकरण है।

रा.वा. /७/३२,४-५/५५६/२२ असमीक्ष्य प्रयोजनमाधिक्येन करणमधि-करणम् ॥४॥ अधिरुपरिभावे वर्तते, करोति चापूर्वप्रादुर्भावे प्रयोजनम-समीक्ष्य आधिक्येन प्रवर्तनमधिकरणम्। तत्त्रेधा कायवाङ्मनो-विषयभेदात् ॥५॥ तदधिकरण त्रेधा व्यवतिष्ठते। कुत' कायवाङ्मनो-विषयभेदात्। तत्र मानसं परानर्थककाव्यादिचिन्तनम्, वाग्गतं निष्प्रयोजनकथाख्यानं परपीडाप्रधानं यत्किंचनबकवृत्त्वम्, कायिक च प्रयोजनमन्तरेण गच्छंस्तिष्ठन्नासीनो वा सचित्तेतरपत्रपुष्पफलच्छेदन-भेदनकुट्टनक्षेपणादीनि कुर्यात्। अग्निविषक्षारादिप्रदानं चारभेत इत्येवमादि, तत्सर्वमसमीक्ष्याधिकरणम्। =प्रयोजनके बिना ही आधिक्य रूपसे प्रवर्तन अधिकरण कहलाता है। मन, वचन और कायके भेदसे वह तीन प्रकारका है। निरर्थक काव्य आदिका चिन्तन मानस अधिकरण है। निष्प्रयोजन परपीडादायक कुछ भी बकवास वाचनिक अधिकरण है। बिना प्रयोजन बैठे या चलते हुए सचित्त या अचित्त पत्र, पुष्प, फलोंका छेदन, भेदन, मर्दन, कुट्टन या क्षेपण आदि करना तथा अग्नि, विष, क्षार आदि देना कायिक असमीक्ष्या-धिकरण है। (चा.सा /१८/४)।

अधिकरण सिद्धान्त—दे सिद्धान्त।

अधिकारिणी क्रिया—दे क्रिया /३/२।

अधिगत—दे चारित्र /१।

अधिगम—मौखिक उपदेशोंको सुनकर या लिखित उपदेशों को पढ-कर जीव जो भी गुण दोष उत्पन्न करता है वे अधिगमज कहलाते हैं, क्योंकि वे अधिगम पूर्वक हुए है। वे ही गुण या दोष यदि किन्हीं जीवोंमें स्वाभाविक होते हैं, तो उन्हें निसर्गज कहते हैं। सम्यग्दर्शन व सम्यग्ज्ञान तो दो प्रकारका होता है पर चारित्र केवल अधिगमज ही होता है क्योंकि उसमें अवश्य ही किसीके उपदेशकी या अनुसरणकी आवश्यकता पडती है।

१. अधिगम सामान्य

स. सि. /१/३/१२ अधिगमोऽर्थावबोधः। =अधिगमका अर्थ पदार्थका ज्ञान है।

रा.वा. /१/३,...१२/१४ अधिपूर्वाद् गमेर्भावसाधनोऽच अधिगमन-मधिगमः। ='अधि' उपसर्ग पूर्वक 'गम्' धातुमें भाव साधन अच् प्रत्यय करनेपर अधिगम अर्थात् पदार्थका ज्ञान करना सो अधि-गम है।

ध. ३/१,२,५/३६/१ अधिगमो णाणपमाणमिदि एगट्ठो। =अधिगम और ज्ञान प्रमाण ये दोनों एकार्थवाची है।


रा वा हि /१/६/४३ प्रमाण नय करि भया जो अपने स्वरूपका आकार ताकूं अधिगम कहिये।

२. अधिगम सामान्यके भेद

त.सू. /१/६ प्रमाणनयैरधिगम। =जीवादि पदार्थोंका ज्ञान प्रमाण और नयों द्वारा होता है।

स.सि /१/६/३ जीवादीना तत्त्वं प्रमाणाभ्या नयैश्चाधिगम्यते।... तत्र प्रमाणं द्विविधं स्वार्थं परार्थं च। =जीवादि पदार्थोंका स्वरूप प्रमाण और नयोंके द्वारा जाना जाता है। प्रमाणके दो भेद है—स्वार्थ और परार्थ। (रा.वा. /१/६,४/३३/११)।

स भं.त. /१/६ तत्राधिगमो द्विविधः स्वार्थ परार्थश्चेति ।... स च द्विविध प्रमाणात्मको नयात्मकश्चेति। =अधिगम दो प्रकारका है—स्वार्थ और परार्थ। और वह अधिगम प्रमाण-रूप तथा नय-रूप इन दो भागोंमें विभक्त है।



३. स्वार्थाधिगम

स सि /१/६/३ ज्ञानात्मकं स्वार्थम्। =स्वार्थ अधिगम ज्ञान स्वरूप है।

रा. वा. १/६,४/३३/१२ स्वाधिगमहेतुर्ज्ञानात्मक प्रमाणनयविकल्पः। = स्वाधिगम हेतु ज्ञानात्मक है जो प्रमाण और नय भेदों वाला है।

स. भं त./१/२ स्वार्थाधिगमो ज्ञानात्मको मतिश्रुत्यादिरूप। =स्वार्था-धिगम ज्ञानात्मक है जो मति श्रुत आदि ज्ञान रूप है।

४. परार्थाधिगम

स. सि /१/६/३ वचनात्मक परार्थम्। =परार्थ अधिगम वचन रूप है।

रा. वा./१/६,४/३३/१२ पराधिगमहेतुर्वचनात्मकः। तेन श्रुतारव्येन प्रमाणेन स्याद्वादनयसस्कृतेन प्रतिपर्यायं सप्तभङ्गीमन्तो जीवादय' पदार्था अधिगमयितव्या। =वचन पराधिगम हेतु हैं। वचनात्मक स्याद्वाद श्रुतके द्वारा जोवादिककी प्रत्येक पर्याय सप्तभगी रूपसे जानी जाती है।

स भ त /१/७ परार्थाधिगम' शब्दरूप। स च द्विविध –प्रमाणात्मको नयात्मकश्चेति।..... अयं द्विविधोऽपि भेद' सप्तधा प्रवर्तते, विधि-प्रतिषेधप्राधान्यात्। इयमेव प्रमाणसप्तभङ्गी नयसप्तभङ्गी च कथ्यते। =शब्दात्मक अर्थात वचन रूप अधिगमको परार्थाधिगम कहते हैं। वह अधिगम प्रमाण और नय रूप है। पुन' विधि प्रतिषेधकी प्रधा-नतासे ये दोनो भेद सप्त भगमें विभक्त है। इसीको प्रमाणसप्तभङ्गी तथा नयसप्तभङ्गी कहते हैं।

५. निसर्गज सम्यग्दर्शन

स सि. /१/३/१२ यद्बाह्योपदेशादृते प्रादुर्भवति तन्नैसर्गिकम्। =जो बाह्य उपदेशके बिना होता है, वह नैसर्गिक सम्यग्दर्शन है। (रा. वा. /१/३,५/१३/२३)।

श्लो. वा /२/१/३/१३/८५/२८ तत्र प्रत्यासन्ननिष्ठस्य भव्यस्य दर्शनोहो-पशमादौ सत्यन्तरङ्गे हेतौ बहिरङ्गादपरोपदेशात्तत्त्वार्थज्ञानात्... ... प्रजायमान तत्त्वार्थश्रद्धानं निसर्गजम्... प्रत्येतव्यम्। =निकट सिद्धिवाले भव्य जीवके दर्शनमोहनीय कर्मका उपशम आदिक अन्त-

रंग हेतुओंके विद्यमान रहनेपर और परोपदेशको छोड़कर शेष, ऋद्धि दर्शन, जिनबिम्ब दर्शन वेदना आदि बहिरंग कारणोंसे पैदा हुए तत्त्वार्थ-ज्ञानसे उत्पन्न हुआ तत्त्वार्थ श्रद्धान निसर्गज समझना चाहिए।

६. अधिगमज सम्यग्दर्शन

स. सि /१/३/१२ यत्परोपदेशपूर्वकं जीवाद्यधिगमनिमित्तं तद्व्युत्तरम्। = जो बाह्य उपदेश पूर्वक जीवादि पदार्थोंके ज्ञानके निमित्तसे होता है वह अधिगमज सम्यग्दर्शन है। (रा. वा./१/३,५/१४/२३)।

ध. १/१,१,१४४/गा. २१२/३९५ छप्पंच-णव-विहाणं अत्थाणं जिणवरोवइट्ठाणं। आणाए अहिगमेण व सद्दहणं होइ सम्मत्तं। = जिनेन्द्र देवके द्वारा उपदिष्ट छह द्रव्य, पाँच अस्तिकाय और नव पदार्थोंका आज्ञा अथवा अधिगमसे श्रद्धान करनेको सम्यक्त्व कहते हैं। (गो. जी./मू. ५६१/१००६)।

गो. जी /जी प्र. /५६१/१३ तच्छ्रद्धानं.....अधिगमेन प्रमाणनयनिक्षेपनिरुक्त्यनुयोगद्वारैः विशेषनिर्णयलक्षणेन भवति। =वह श्रद्धान प्रत्यक्ष परोक्ष प्रमाण और द्रव्यार्थिक पर्यायार्थिक नय और नाम स्थापना द्रव्य भाव निक्षेप और व्याकरणादिकरि साधित निरुक्ति और निर्देश स्वामित्व आदि अनुयोग इत्यादि करि विशेष निर्णय रूप है लक्षण जाका ऐसा जो अधिगमज श्रद्धान हो है।

प्र. सा./ता. वृ./९३/११८/२८ परमार्थ विनिश्चयाधिगमशब्देन सम्यक्त्वं कथं भण्यत इति चेत्। परमोऽर्थः परमार्थः शुद्धबुद्धैकस्वभावः परमात्मा, परमार्थस्य विशेषणेन संशयादिरहितत्वेन निश्चयः परमार्थनिश्चयरूपोऽधिगमः। =परमार्थविनिश्चय अधिगमका अर्थ सम्यक्त्व है। सो कैसे?—परम अर्थ अर्थात् परमार्थ अर्थात् शुद्ध बुद्ध एकस्वभावी परमात्मा। परमार्थके विशेषण द्वारा संशयादि रहित निश्चयको परमार्थ निश्चयरूप अधिगम कहा गया है।

७. निसर्गज व अधिगमज सम्यग्दर्शनमें अन्तर

गो.क /जी प्र /५५०/७४२/२३ निसर्गजेऽर्थावबोधः स्यान्न वा। यदि स्यात्तदा तदप्यधिगमजमेव। यदि न स्यात्तदानवगततत्त्वः श्रद्दधीतेति। तन्न। उभयत्रान्तरङ्गकारणे दर्शनमोहस्योपशमे क्षये क्षयोपशमे वा समाने च सत्याचार्यादिद्युपदेशेन जातमधिगमजं तद्विना जातं नैसर्गिकमिति भेदस्य सद्भावात्। =प्रश्न—जो निसर्ग विषैं पदार्थनिका अवबोध है कि नाहिं, जो है तो वह भी अधिगमज ही भया अर नाहीं है तो तत्त्वज्ञान बिना सम्यक्त्व कैसे नाम पाया? उत्तर—दोउनिविषैं अन्तरंग कारण दर्शन मोहका उपशम, क्षय, क्षयोपशमकी समानता है। ताकौ होतैं तहाँ आचार्यादिकका उपदेश करि तत्त्वज्ञान होय सो अधिगम है। तीहिं बिना होइ सो निसर्गज है। यह दोनोंमें अन्तर है।

अन. ध./२/४६/१७६ पर उद्धृत "यथा शूद्रस्य वेदार्थे शास्त्रान्तरसमीक्षणात्। स्वयमुत्पद्यते ज्ञानं तत्त्वार्थे कस्यचित्तथा।" =जिस प्रकार शूद्र वेदके अर्थका साक्षात् ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकता, किन्तु ग्रन्थान्तरोंको पढ़कर उसके ज्ञानको प्राप्त कर सकता है। किसी-किसी जीवके तत्त्वार्थका ज्ञान भी इसी तरहसे होता है। ऐसे जीवोंके गुरूपदेशादिके द्वारा साक्षात् तत्त्वबोध नहीं होता किन्तु उनके ग्रन्थोंके अध्ययन आदिके द्वारा स्वयं तत्त्वबोध और तत्त्वरुचि उत्पन्न हो जाती है।

अन. ध. /२/४६/१७६ केनापि हेतुना मोहवैधुर्यात्कोऽपि रोचते। तत्त्वं हि चर्चानायस्त कोऽपि च क्षोदयन्निधीः। =जिनका मोह वेदना अभिभवादिकोंमें-से किसी भी निमित्तको पाकर दूर हो गया है, सम्यग्दर्शनको घातनेवाली सात प्रकृतियोंका बाह्य निमित्त वश जिनके उपशम क्षय या क्षयोपशम हो चुका है उनमेंसे कोई जीव तो ऐसे होते हैं कि जिनको बिना किसी चर्चाके विशेष प्रयास के ही तत्त्वमें रुचि उत्पन्न हो जाती है और कोई ऐसे होते हैं कि जो कुछ अधिक प्रयास करनेपर ही बाह्य निमित्तके अनुसार मोहके दूर हो जानेपर तत्त्वरुचिको प्राप्त होते हैं। अल्प और अधिक प्रयासका ही निसर्ग और अधिगमज सम्यग्दर्शनमें अन्तर है।

८. सर्व सम्यग्दर्शन साक्षात् या परम्परासे अधिगमज ही होते हैं

श्लो.वा./२/१/३/४/६७/२६ न हि निसर्गः स्वभावो येन ततः सम्यग्दर्शनमुत्पाद्यमानमनुपलब्धतत्त्वार्थगोचरतया रसायनवन्नोपपद्येत। =निसर्गका अर्थ स्वभाव नहीं है जिससे कि उस स्वभावसे ही उत्पन्न हो रहा सत्ता सम्यग्दर्शन नहीं जाने हुए तत्त्वार्थोंको विषय करनेकी अपेक्षासे रसायनके समान सम्यग्दर्शन ही न बन सके, अर्थात् रसायनके तत्त्वोंको न समझ करके क्रिया करनेवाले पुरुषके जैसे रसायनकी सिद्धि नहीं हो पाती है।

श्लो.वा. /२/१/३/२/६३/१३ स्वयंबुद्धश्रुतज्ञानमपरोपदेशमिति चेन्न, तस्य जन्मान्तरोपदेशपूर्वकत्वात् तज्जन्मापेक्षया स्वयंबुद्धत्वस्याविरोधात्। =प्रश्न—जो मुनिमहाराज स्वयंबुद्ध हैं अर्थात् अपनेआप ही पूर्ण श्रुतज्ञानको पैदा कर लिया है उन मुनियोंका श्रुतज्ञान तो परोपदेशकी अपेक्षा नहीं रहता, अतः उसको निसर्गसे जन्य सम्यग्ज्ञान कह देना चाहिए? (रा. वा. हि /१/३/२८)। उत्तर—ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि उन प्रत्येक बुद्ध (स्वयंबुद्ध) मुनियोंके भी इस जन्मके पूर्वके दूसरे जन्मोंमें जाने हुए आप्त उपदेशको कारण मानकर ही इस जन्ममें पूर्ण श्रुतज्ञान हो सका है। इस जन्मकी अपेक्षासे उनको स्वयंबुद्ध होनेमें कोई विरोध नहीं है।

ध.६/१,९-६,३४/४३१/१ जाइस्सरण-जिणबिंबदंसणेहि विणा उप्पज्जमाणणइसग्गियपढमसम्मत्तस्स असंभवादो। =जातिस्मरण और जिनबिम्ब दर्शनके बिना उत्पन्न होनेवाला नैसर्गिक प्रथम सम्यक्त्व असंभव है।

ल. सा /जी. प्र /६/४ चिरातीतकाले उपदेशितपदार्थधारणलाभो बाह्य देशनालब्धिर्भवति। तुशब्देनोपदेशकररहितेषु नारकादिभवेषु पूर्वभवश्रुतधारिततत्त्वार्थस्य संस्कारबलात् सम्यग्दर्शनप्राप्तिर्भवति, इति सूच्यते। =अथवा लम्बे समय पहले तत्त्वोंकी प्राप्ति देशना लब्धि है। तु शब्द करि नारकादि विषैं तहाँ उपदेश देने वाला नाहीं तहाँ पूर्व भवविषैं धार्या हुवा तत्त्वार्थके संस्कार बल तैं सम्यग्दर्शनकी प्राप्ति जाननी। (मो. मा. प्र /७/३८३/८)।

प्र सा /ता. वृ /९३/११९ परमार्थतोऽर्थविबोधो यस्मात्सम्यक्त्वात्तत परमार्थविनिश्चयाधिगमम्। =क्योंकि परमार्थसे सम्यक्त्वसे ही अर्थविबोध होता है, इसलिए वह सम्यक्त्व ही परमार्थविनिश्चयाधिगम है।

रा. वा. हि. १/३/२८-२९ सम्यग्दर्शनके उपजावने योग्य बाह्य परोपदेश पहले होय है, तिस तैं सम्यग्दर्शन उपजै है। पीछे सम्यग्दर्शन होय तब सम्यग्ज्ञान नाम पावै।

* सर्वथा नैसर्गिक सम्यक्त्व असम्भव है—दे. सम्यग्दर्शन III/२/१।

९. क्षायिक सम्यक्त्व साक्षात् रूपसे अधिगमज व निसर्गज दोनों होते हैं

श्लो वा /२/१/३/२/२०/६४ भाषा "किन्हीं कर्मभूमिया द्रव्य-मनुष्योंको केवली श्रुतकेवलीके निकट उपदेशसे और उपदेशके बिना भी क्षायिक सम्यग्दर्शन हो जाता है।

१०. पाँचों ज्ञानोंमें निसर्गज व अधिगमजपना

रा वा. हि/१/३/२८ केवलज्ञान श्रुतज्ञान-पूर्वक होता है तातैं निसर्गपना नाहीं। श्रुतज्ञान परोपदेश-पूर्वक ही होता है। स्वयंबुद्धके श्रुतज्ञान हो है सो जन्मान्तर के उपदेश-पूर्वक है। (तातैं निसर्गज नाहीं) मति, अवधि, मनःपर्ययज्ञान निसर्गज ही हैं।

११. चारित्र तो अधिगमज ही होता है

श्लो वा./२/१/३/२/२८/६४ चारित्रं पुनरधिगमजमेव तस्य श्रुतपूर्वकत्वात्तद्विशेषस्यापि निसर्गजत्वाभावात् द्विविधहेतुकत्वं न संभवति। =चारित्र तो अधिगमसे ही जन्य है। निसर्ग (परोपदेशके बिना

अन्य कारण समूह) से उत्पन्न नहीं होता है। क्योंकि प्रथम ही श्रुतज्ञानसे जीव आदि तत्त्वोंका निर्णय कर चारित्रका पालन किया जाता है, अत श्रुतज्ञान-पूर्वक ही चारित्र है। इसके विशेष अर्थात् सामायिक, परिहारविशुद्धि आदि भी निसर्गसे उत्पन्न नहीं होते। अत चारित्र-निसर्ग व अधिगम दोनों प्रकारसे नहीं होता [अपितु अधिगमसे ही होता है।]

रा. वा. हि/१/३/२८ चारित्र है सो अधिगम ही है तातैं श्रुतज्ञानपूर्वक ही है।

अधिराज—दे. राजा।

अधोऽधिगम—द्रव्य निक्षेपका एक भेद—दे निक्षेप ५/६।

अधोमुख—नवम नारद। अपर नाम उन्मुख—दे. शलाकापुरुष ६।

अधोलोक—१. चित्र—दे. लोक २/८। २. व्याख्या—दे. नरक ५।

अध्यधि—१. आहारका एक दोष—दे. आहार II/४। २. वसतिका एक दोष—दे. वसति।

अध्ययन—दे. स्वाध्याय।

अध्ययन कुशल साधु—भ. आ./वि./४०३/५९२/६ स्वाध्यायं कृत्वा गव्यूतिद्वयं गत्वा गोचरक्षेत्रवसतिं गत्वा तिष्ठति। यत्र विप्रकृष्टोमार्गस्तत्र सूत्रपौरुष्यामर्थपौरुष्यां वा मंगलं कृत्वा याति एवं स्वाध्यायकुशलता। =जो मुनि स्वाध्याय कर दो कोस गमन करता है और जहाँ आहार मिलेगा ऐसे क्षेत्रकी वसतिमें जाकर ठहरता है। यदि मार्ग दूर होय तो सूत्रपौरुषी अथवा अर्थ पौरुषीके समय मंगल करके आगे गमन करता है। वह स्वाध्याय कुशल मुनि है।

अध्यवधि—१. आहारका दोष।—दे. आहार II/४/४। २. वसतिका एक दोष।—दे. वसति।

अध्यवसान—स. सा./मू. व आ./२७१/३५० बुद्धी ववसाओ वि य अज्झवसाणं मई विण्णाणं। एयट्ठमेव सव्वं चित्तं भावो य परिणामो ॥ २७१ ॥ स्वपरयोरविवेके सति जीवस्याध्यवसितमात्रमध्यवसानम्। तदेव च बोधनमात्रत्वाद्बुद्धि। व्यवसानमात्रत्वाद् व्यवसाय। मननमात्रत्वान्मति। विज्ञप्तिमात्रत्वाद्विज्ञानम्। चेतनमात्रत्वाच्चित्तम्। चित्तो भवनमात्रत्वाद् भाव। चित्त परिणमनमात्रत्वाद् परिणाम। =बुद्धि, व्यवसाय, अध्यवसान, मति, विज्ञान, चित्त, भाव और परिणाम ये सब एकार्थ ही है। ॥ २७१ ॥ स्व और परका ज्ञान न होनेसे जो जीवको निश्चिति होना यह अध्यवसान है। वही बोधन मात्रपनसे बुद्धि है, निश्चयमात्रपनसे व्यवसाय है, जानन मात्रपनसे मति है, विज्ञप्तिमात्रपनसे विज्ञान है, चेतन मात्रपनसे चित्त है, चेतनके भवन मात्रपनसे भाव है और परिणमन मात्रपनसे परिणाम है। अत सब शब्द एकार्थवाची हैं।

स. सा./ता वृ./९५/१५२ विकल्पः यदा ज्ञेयतत्त्वविचारकाले करोति जीव तदा शुद्धात्मस्वरूप विस्मरति तस्मिन्विकल्पे कृते सति धर्मोऽहमिति विकल्प उपचारेण घटत इति भावार्थ।

स. सा./ता वृ./२७०/३४८ भेदविज्ञानं यदा न भवति तदाहं जीवान् हिनस्मीत्यादि हिंसाध्यवसान नारकोऽहमित्यादि कर्मोदय अध्यवसानं, धर्मास्तिकायोऽहमित्यादि ज्ञेयपदार्थाध्यवसानं च निर्विकल्प शुद्धात्मान सकाशाद्भिन्नं न जानातीति।

=ज्ञेय पदार्थका विचार करते समय जब जीव विकल्प करता है तब शुद्धात्म स्वरूपको भूल जाता है। उस विकल्पके होनेपर 'मैं धर्मास्तिकाय द्रव्य हूँ' ऐसा विकल्प उपचारसे घटता है—यह भावार्थ है। भेद विज्ञान जब नहीं होता तब 'मैं जीवोंको मारता हूँ' इस प्रकारका हिंसाध्यवसान होता है। 'मैं नारकी हूँ' इस प्रकारका कर्मोदय अध्यवसान होता है। 'मैं धर्मास्तिकाय हूँ' इस प्रकारका ज्ञेयपदार्थ अध्यवसान होता है।

स. सा./आ./२७७ अहमस्य सर्वस्य स्व्यादिविषयस्य स्वामीति क्रिया 'अहंक्रिया'। ताभि प्रसक्त संलग्नः प्रवृत्तो वा मिथ्या, असत्यो, अध्यवसायो, अभिनिवेशः। =मैं इन सबी आदि सर्व विषयोंका स्वामी हूँ' ऐसी क्रिया 'अह क्रिया' है। इसके द्वारा प्रसक्त, संलग्न या प्रवृत्त मिथ्या है, असत्य है, अध्यवसाय है, अभिनिवेश है।

१. अध्यवसानके भेद

स. सा./आ./२७७/२९८ इह खल्वध्यवसानोदयाः कतरेऽपि संसारविषया कतरेऽपि शरीरविषया। तत्र यतरे संसारविषया ततरे बन्धनिमित्ता। यतरे शरीरविषयास्ततरे तूपभोगनिमित्ता। यतरे बन्धनिमित्तास्ततरे रागद्वेषमोहाद्या यतरे उपभोगनिमित्तास्ततरे सुखदुःखाद्या।

स. सा./आ./२७०/३४८ एतानि किल यानि त्रिविधा (अज्ञानादर्शनाचारित्रसंज्ञकानि) अध्यवसानानि समस्तान्यपि तानि शुभाशुभकर्मबन्धनिमित्तानि, स्वयमज्ञानादिरूपत्वात्।

=इस लोकमें निश्चयसे अध्यवसानके उदय कितने ही तो ससारके विषय हैं और कितने ही शरीरके विषय है। उनमें-से जितने संसारके विषय है उतने तो बन्धके निमित्त हैं और जितने शरीरके विषय हैं उतने उपभोगके निमित्त है। वहाँ जितने बन्धके निमित्त है उतने तो राग द्वेष मोहादिक है और जितने उपभोगके निमित्त है उतने सुखदुःखादिक है। ये पूर्वोक्त अध्यवसान तीन प्रकारके है—अज्ञान, अदर्शन और अचारित्र। ये सभी शुभ अशुभ कर्म बन्धके निमित्त है; क्योंकि ये स्वयं अज्ञानादि रूप है।

२. अध्यवसान विशेषके लक्षण

स. सा./आ./२७०/३४८ एतानि किल यानि त्रिविधान्यध्यवसानानि समस्तान्यपि तानि शुभाशुभकर्मबन्धनिमित्तानि, स्वयमज्ञानादिरूपत्वात्। तथाहि, यदिद हिनस्मीत्याद्यध्यवसान तदज्ञानमयत्वेन आत्मन सदहेतुकज्ञप्त्येकक्रियस्य रागद्वेषविपाकमयीनां हननादिक्रियाणां च विशेषाज्ञानेन विविक्तात्माज्ञानादस्ति तावदज्ञान विविक्तात्मादर्शनादस्ति च मिथ्यादर्शनं, विविक्तात्मानाचरणादस्ति चाचारित्रम्। यत्पुनरेष धर्मो ज्ञायत इत्याद्यध्यवसान तदपि ज्ञानमयत्वेनात्मन सदहेतुकज्ञानैकरूपस्य ज्ञेयमयानां धर्मादिरूपाणां च विशेषाज्ञानेन विविक्तात्माज्ञानादस्ति तावदज्ञान विविक्तात्मादर्शनादस्ति च मिथ्यादर्शनं विविक्तात्मानाचरणादस्ति चाचारित्रम्। ततो बन्धनिमित्तान्येवैतानि समस्तान्यध्यवसानानि।=ये पूर्वोक्त अध्यवसान तीन प्रकारके हैं—अज्ञान, अदर्शन और अचारित्र। यह सभी शुभअशुभ कर्म बन्धके निमित्त हैं, क्योंकि ये स्वयं अज्ञानादि रूप हैं। किस तरह हैं सो कहते हैं—जो यह 'मैं जीवको मारता हूँ' इत्यादि अध्यवसान है, वह अज्ञानादि रूप है, क्योंकि आत्मा तो ज्ञायक है, इस ज्ञायकपनसे ज्ञप्ति क्रिया मात्र ही (होने योग्य) है (हनन क्रिया नहीं) इसलिए सद्रूप द्रव्य दृष्टिसे किसीसे उत्पन्न नहीं, ऐसा नित्य रूप जानने मात्र ही क्रियावाला है। हनना घातना आदि क्रियाएँ है वे रागद्वेषके उदयसे है। इस प्रकार आत्मा और घातने आदि क्रियाके भेदको न जाननेसे आत्माको भिन्न नहीं जाना, इसलिए 'मैं पर जीवका घात करता हूँ' ऐसा अध्यवसान मिथ्याज्ञान है। इसी प्रकार भिन्नात्माका श्रद्धान न होनेसे मिथ्यादर्शन है। इसी प्रकार भिन्नात्माके अनाचरणसे मिथ्याचारित्र है। 'यह धर्म द्रव्य मुझसे जाना जाता है' ऐसा अध्यवसान भी अज्ञानादि रूप ही है। आत्मा तो ज्ञानमय होनेसे ज्ञानमात्र ही है, क्योंकि सद्रूप द्रव्य दृष्टिसे अहेतुक ज्ञानमात्र ही एक रूप वाला है। धर्मादिक तो ज्ञेयमय है। ऐसा ज्ञान ज्ञेयका विशेष न जाननेसे भिन्नात्माके अज्ञानसे 'मैं धर्म द्रव्यको जानता हूँ' ऐसा भी अज्ञान रूप अध्यवसान है। भिन्नात्माके न देखनेसे श्रद्धान न होनेसे यह अध्यवसान मिथ्यादर्शन है और भिन्नात्माके अनाचरणसे यह अध्यवसान अचारित्र है। इसलिए ये सभी अध्यवसान बन्धके निमित्त हैं।

स. सा /ता वृ /२७०/३४८ शुद्धात्मसम्यक्श्रद्धानज्ञानानुचरणरूपं निश्चयरत्नत्रयलक्षणं भेदविज्ञानं यदा न भवति तदाऽहं जीवान् हिनस्मीत्यादि हिंसाध्यवसानं नारकोऽहमित्यादि कर्मोदयाध्यवसानं, धर्मास्तिकायोऽयमित्यादि ज्ञेयपदार्थाध्यवसानं च निर्विकल्पशुद्धात्मनः सकाशाद्भिन्नं न जानातीति। =शुद्धात्माका सम्यक् श्रद्धान, ज्ञान व अनुचरणरूप निश्चयरत्नत्रय लक्षणवाला भेदज्ञान जब नहीं होता तब 'मैं जीवोंका हनन करता हूँ' इत्यादि हिंसा आदि रूप अध्यवसान होता है। 'मैं नारकी हूँ' इत्यादि कर्मोदयरूप अध्यवसान होता है। 'यह धर्मास्तिकाय है' इत्यादि ज्ञेय पदार्थ अध्यवसान होता है। निर्विकल्प शुद्धात्मको इन सबसे भिन्न नहीं जानता है।

३. अध्यवसान भावोंकी अनर्थ कार्यकारिता

स सा /मू /२६६/३४३ दुक्खिदसुहिदे जीवे करेमि बंधेमि तह विमोचेमि। जा एसा मूढमई णिरत्थया साहु दे मिच्छा ॥२६६॥

स.सा /आ./२६६/३४३ यदेतदध्यवसानं तत्सर्वमपि परभावस्य परस्मिन्नव्याप्रियमाणत्वेन स्वार्थक्रियाकारित्वाभावात् खकुसुमलुनामीत्यध्यवसानवन्मिथ्यारूपं केवलमात्मनोऽनर्थायैव।

स सा./ता.वृ /२६६/३४३ सुखितदुःखितान् जीवान् करोमि, बन्धयामि, तथा विमोचयामि या एषा तव मतिः सा निरर्थिका निष्प्रयोजना स्फुटम्। अहो ततः कारणात् मिथ्या वितथा व्यलीका भवति।

=भाई! तेरी जो ऐसी मूढबुद्धि है कि मैं जीवोंको दुःखी-सुखी करता हूँ, बाँधता हूँ और छुड़ाता हूँ, वह मोहस्वरूप बुद्धि निरर्थक है सत्यार्थ नहीं है, इसलिए निश्चयसे मिथ्या है। जो यह अध्यवसान है वह सभी मिथ्या है, क्योंकि परभावका परमें व्यापार न होनेसे स्वार्थ-क्रियाकारीपन नहीं है। परभाव परमें प्रवेश नहीं करता। जैसे कोई ऐसा अध्यवसान करे कि 'मैं आकाश-पुष्पको तोड़ता हूँ' इसी प्रकारके अध्यवसानवत् (वे सब उपर्युक्त भाव भी) मिथ्यारूप है, मात्र अपने अनर्थके लिए ही है, परका कुछ भी करनेवाले नहीं हैं। मैं जीवोंको सुखी व दुःखी करता हूँ, बाँधता व छुड़ाता हूँ, ऐसी जो तेरी बुद्धि है वह स्पष्टरूपसे निरर्थक व निष्प्रयोजन है। क्योंकि अन्यको दुःखी-सुखी करनेका अन्यका कार्य नहीं है। इसी कारण यह अध्यवसान मिथ्या है, वितथ है, व्यलीक है।

अध्यवसाय—स सा /आ /२५०/३३१ परजीवानहं जीवयामि परजीवैर्जीव्ये चाहमित्यध्यवसायो ध्रुवमज्ञानम्=मैं परजीवोंको जिलाता हूँ और परजीव मुझे जिलाते हैं, ऐसा आशय निश्चयसे अज्ञान है। (और भी दे अध्यवसान)।

१. स्थितिबन्ध अध्यवसायस्थान

ध ११/४,२,६,१६५/३१०/६ सव्वमूलपयडीणं सग-उदयादो समुप्पण्णपरिणामाणं सग-सगट्ठिदिबंधकारणत्तेण ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणं।=सब मूल प्रकृतियोंके अपने-अपने उदयसे जो परिणाम उत्पन्न होते हैं उनको ही अपनी-अपनी स्थितिके बन्धमें कारण होनेसे स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान संज्ञा है।

गो. जी /भाषा/३१०/१२ ज्ञानावरणादिक कर्मनि का ज्ञानकौं आवरना इत्यादिक स्वभाव करि संयुक्त रहनेको जो काल ताकौं स्थिति कहिये, तिसके सम्बन्ध कौं कारणभूत जे परिणामनिके स्थान तिनिका नाम स्थितिबन्धाध्यवसायस्थान है।

२. कषाय व स्थितिबन्धाध्यवसायस्थानमें अन्तर

ध.११/४,२,६,१६५/३१०/३ (जदि पुण कसायउदयट्ठाणाणि चेव ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि) होंति तो णेदमप्पाबहुगं घडदे, कसायोदयट्ठाणेण विणा मूलपयडिबंधाभावेण सव्वपयडिट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणं समाणत्तप्पसंगादो। तम्हा सव्वमूलपयडीणं सग-सग-उदयादो समुप्पण्णपरिणामाणं सग-सगट्ठिदिबंधकारणत्तेण ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणं। =यदि कषायोदय स्थान ही स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान हों तो यह अल्पबहुत्व घटित नहीं हो सकता है क्योंकि कषायोदय स्थानके बिना मूल प्रकृतियोंका बन्ध न हो सकनेसे सभी मूल प्रकृतियोंके स्थितिबन्धाध्यवसाय स्थानोंकी समानताका प्रसंग आता है। अतएव सब मूल प्रकृतियोंके अपने अपने उदयसे जो परिणाम उत्पन्न होते हैं उनकी अपनी-अपनी स्थितिके बन्धमें कारण होनेसे स्थितिबन्धाध्यवसायस्थान संज्ञा है।

३. अनुभाग बन्धाध्यवसायस्थानोंमें हानि वृद्धि रचना

ध ६/१,९-७,४३/२००/३ सव्वट्ठिदिबंधट्ठाणाणं एक्केक्कट्ठिदि बंधट्ठाणाणं एक्केक्कट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणस्स हेट्ठा छवड्ढिकमेण असंखेज्जलोगमेत्ताणि अणुभागबंधज्झवसाणट्ठाणाणि होंति। ताणि च जहण्णकसाउदयअणुभागबंधज्झवसाणट्ठाणप्पहुडि उवरि जाव जहण्णट्ठिदि-उक्कस्सकसाउदयट्ठाणअणुभागबंधज्झवसाणट्ठाणाणि त्ति विसेसाहियाणि। विसेसे पुण असंखेज्जा लोगा। =सर्वस्थिति-बन्धों सम्बन्धी एक-एक स्थितिबन्धाध्यवसायस्थानके नीचे उपर्युक्त षड्वृद्धिके क्रमसे असंख्यात लोकमात्र अनुभागबन्धाध्यवसायस्थान होते हैं। वे अनुभागबन्धाध्यवसायस्थान जघन्य कषायोदय सम्बन्धी अनुभागबन्धाध्यवसायस्थानसे लेकर ऊपर जघन्य स्थितिके उत्कृष्ट कषायोदयस्थानसम्बन्धी अनुभागबन्धाध्यवसायस्थान तक विशेष-विशेष अधिक हैं। यहाँपर विशेषका प्रमाण असंख्यात लोक है।

४. अनुभाग बन्धाध्यवसायस्थानोंमें गुणहानि शलाका सम्बन्धी दृष्टिभेद

गो क /जी प्र /९६४/११६१/४ अनुभागबन्धाध्यवसायानां नानागुणहानिशलाका सन्ति न सन्तीत्युपदेशद्वयमस्ति।=अनुभाग बन्धाध्यवसायनि कै नाना गुणहानि शलाका हैं वा नाहीं हैं ऐसा आचार्यनिके मतिकरि दोऊ उपदेश हैं।

५. स्थितिबन्ध अध्यवसायस्थानोंमें हानि-वृद्धि रचना

ध ६/१,९-७,४३/१६६/४ एक्केक्कस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणस्स असंखेज्जा लोगा ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि जहाकमेण विसेसाहियाणि। विसेसो पुण असंखेज्जा लोगा। ताणि च ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि जहण्णट्ठाणादो जावप्पप्पणो उक्कस्सट्ठाणं ताव अणंतभागवड्ढी असंखेज्जभागवड्ढी, संखेज्जभागवड्ढी, संखेज्जगुणवड्ढी, असंखेज्जगुणवड्ढी, अणंतगुणवड्ढी त्ति छव्विहाए वड्ढीए ट्ठिदाणि। अणंतभागवड्ढिकंडयं गंतूण, एगा असंखेज्जभागवड्ढी होदि। असंखेज्जभागवड्ढिकंडयं गंतूण एगा संखेज्जभागवड्ढी होदि। संखेज्जभागवड्ढिकंडयं गंतूण एगा संखेज्जगुणवड्ढी होदि। संखेज्जगुणवड्ढिकंडयं गंतूण एगा असंखेज्जगुणवड्ढी होदि। असंखेज्जगुणवड्ढिकंडयं गंतूण एगा अणंतगुणवड्ढि होदि। एदमेगं छट्ठाणं। एरिसाणि असंखेज्जलोगमेत्ताणि छट्ठाणाणि होंति। =एक-एक स्थिति बन्धस्थानके असंख्यात लोक प्रमाण स्थितिबन्धाध्यवसाय स्थान होते हैं। जो कि यथाक्रमसे विशेष-विशेष अधिक हैं। इस विशेषका प्रमाण असंख्यात लोक है। वे स्थितिबन्धाध्यवसायस्थान जघन्य स्थानसे लेकर अपने-अपने उत्कृष्ट स्थान तक अनन्तभागवृद्धि, असंख्यात भागवृद्धि, संख्यातभागवृद्धि, संख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणवृद्धि, अनन्तगुणवृद्धि, इस ६ प्रकारकी वृद्धिसे अवस्थित हैं। अनन्तभाग वृद्धिकाण्डक जाकर अर्थात् सूच्यंगुलके असंख्यातवें भाग मात्र बार अनन्तभागवृद्धि हो जानेपर एक बार असंख्यातभागवृद्धि होती है। असंख्यातभागवृद्धि काण्डक जाकर एक बार संख्यात भागवृद्धि होती है। संख्यातभागवृद्धि काण्डक जाकर एक बार संख्यातगुणवृद्धि होती है। संख्यातगुणवृद्धिकाण्डक जाकर एक बार असंख्यात गुणवृद्धि होती है। असंख्यातगुणवृद्धि काण्डक जाकर एक बार अनन्तगुण वृद्धि होती है। (यहाँ सर्वत्र काण्डकसे अभिप्राय सूच्यंगुलके असंख्यातवें भाग मात्र बारोंसे है) यह एक षड्वृद्धि रूप स्थान है। इस प्रकारके असंख्यात लोकमात्र षड्वृद्धिरूप स्थान उन स्थितिबन्धाध्यवसायस्थानोंके होते हैं।

६. पहले-पहलेवाले स्थितिबन्ध अध्यवसायस्थान अगले-अगले स्थानोंमें नहीं पाये जाते

ध. ११/४,२,६,२७०/३६४/५ जाणि विदियाए ट्ठिदीए ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि ताणि तदियाए ट्ठिदीए ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणेसु होंति त्ति ण घेत्तव्व, पढमखंडज्झवसाणट्ठाणाणं तदियट्ठिदि अज्झवसाणट्ठाणेसु अणुवलंभादो। =जो स्थिति बन्ध अध्यवसाय स्थान (कर्मकी) द्वितीय स्थिति (बन्ध) मे है, वे तृतीय स्थितिके अध्यवसायस्थानोमें (भी) होते है, ऐसा नही ग्रहण करना चाहिए, क्योकि द्वितीय स्थितिके प्रथम खण्ड सम्बन्धी अध्यवसायस्थान तृतीय स्थितिके अध्यवसायस्थानोमे नही पाये जाते है।

७. स्थिति व अनुभाग बन्ध अध्यवसायस्थानोमें परस्पर सम्बन्ध

ध ६/१,९-७,४३/२००/३ सव्वट्ठिदिबंधट्ठाणाणं एक्केक्कट्ठिदिबन्धज्झवसाणट्ठाणस्स हेट्ठा छवड्ढिकमेण असंखेज्जलोगमेत्ताणि अणुभागबंधज्झवसाणट्ठाणाणि होंति। =सर्व स्थिति बन्धो सम्बन्धी एक-एक स्थितिबन्धाध्यवसायस्थानके नीचे उपर्युक्त षड्वृद्धिके क्रमसे असंख्यात लोकमात्र अनुभागबन्धाध्यवसायस्थान होते है।

८. अनुभाग अध्यवसायस्थानोंमें परस्पर सम्बन्ध

१. मूल प्रकृति—देखो म बं ४/३७१-३८६/१६८। २. उत्तर प्रकृति—देखो म बं ५/६२६-६५८/३७२।

अध्यात्म—स, सा /ता. वृ./परि./पृ ५२५ निजशुद्धात्मनि विशुद्धाधारभूतेऽनुष्ठानमध्यात्मम्। =अपने शुद्धात्मामें विशुद्धताका आधारभूत अनुष्ठान या आचरण अध्यात्म है।

पं. का./ता. वृ /परि./पृ २५५/१० अर्थपदानामभेदरत्नत्रयप्रतिपादकानामनुकूलं यत्र व्याख्यान क्रियते तदध्यात्मशास्त्रं भण्यते। =अभेद रूप रत्नत्रयके प्रतिपादक अर्थ और पदोके अनुकूल जहाँ व्याख्यान किया जाता है उसे अध्यात्म शास्त्र कहते है।

द्र.स /टी ५७/२३८ मिथ्यात्वरागादिसमस्तविकल्पजालरूपपरिहारेणस्वशुद्धात्मन्यनुष्ठानं तदध्यात्ममिति। =मिथ्यात्वरागादि समस्त विकल्प समूहके त्याग द्वारा निज शुद्धात्मामें जो अनुष्ठान प्रवृत्ति करना, उसको अध्यात्म कहते है।

सु पा. /६/प जयचन्द "जहाँ एक आत्माके आश्रयनिरूपण करिये सो अध्यात्म है।"

अध्यात्मकमलमार्तण्ड—पं राजमल्लजी (वि. १६३२-१६५०) द्वारा रचित संस्कृत छन्द बद्ध आध्यात्मिक ग्रन्थ। (ती ४/८१)।

अध्यात्मनय—दे. नय I/१।

अध्यात्मपदटीका—भट्टारक शुभचन्द्र (ई. १५१६–१५५६) द्वारा रचित एक आध्यात्मिक ग्रन्थ। (दे शुभचन्द्र)।

अध्यात्मपद्धति—दे. पद्धति।

अध्यात्मरहस्य—प. आशाधरजी द्वारा विरचित द्रव्यमन तथा भावमनका स्वरूप दर्शानेवाला योग विषयक संस्कृत पद्यबद्ध ७२ श्लोक प्रमाण ग्रन्थ। अपर नाम योगोद्दीपन। समय ई ११४३-१२४३। (ती. ४/४५)।

अध्यात्मसंदोह—आचार्य योगेन्दुदेव (ई. श ६ उत्तरार्ध) द्वारा विरचित अपभ्रंश दोहा बद्ध आध्यात्मिक ग्रन्थ। (दे. योगेन्दुदेव)।

अध्यात्म स्थान—स, सा /आ. /५२/६४/६ - यानि स्वपरैकत्वाध्यासे सति विशुद्धचित्परिणामातिरिक्तत्वलक्षणान्यध्यात्मस्थानानि तानि सर्वाण्यपि न सन्ति जीवस्य। =स्वपरके एकत्वका अध्यास होनेपर विशुद्ध चैतन्य परिणामसे भिन्न लक्षणवाले अध्यात्म स्थान भी जीवके लक्षण नहीं है।

अध्यारोप—१. एक बातको भूलसे दूसरी जगह लगाना; २. मिथ्या या निराधार कल्पना।

अध्यास—स सा./आ /५२/६४/६ यानि स्वपरैकत्वाध्यासे सति··। =स्व परके एकत्वका अध्यास होनेपर।

अध्रुव—१. मतिज्ञानका एक भेद—दे. मतिज्ञान ४। २. अध्रुवबन्धी प्रकृतियाँ—दे प्रकृतिबन्ध २।

अध्वर—म.पु /६७/१९३ यागो यज्ञ क्रतु: पूजा सपर्येज्याध्वरो मख:। मह इत्यपि पर्याय वचनान्यर्चनाविधे। =याग, यज्ञ, क्रतु, पूजा, सपर्या, इज्या अध्वर, मख और मह ये सब पूजाविधिके पर्यायवाचक शब्द है।

अध्वान—ध ८/३,५/गा २/८/२३ अध्वान अर्थादि बन्धसीमा। [किस गुणस्थान तक बन्ध होता है।]

अनंगक्रीडा—रा.वा. /७/२८,३/५५४/३१ अङ्गं प्रजननं योनिश्च ततोऽन्यत्र क्रीडा अनङ्गक्रीडा। अनेकविधप्रजननविकारेण जघनादन्यत्र चाङ्गे रतिरित्यर्थ:। =लिंग तथा भग या योनि अंग है। इससे दूसरे स्थानमें क्रीडा व केलि सो अयोग्य अंगसे क्रीडा है अर्थात् काम सेवनके योग्य अगोको छोडकर अन्य अंगोमें वा अन्य रीतिसे क्रीडा करना सो अनंगक्रीडा है।

अनंत—द्रव्यो, पदार्थों व भावो तककी संख्याओंका विचित्र प्रकारसे निरूपण करनेका ढग सर्वज्ञ मतसे अन्यत्र उपलब्ध नहीं होता। ये संख्याएँ गणनाको अतिक्रान्त करके वर्तनेके कारण असंख्यात व अनंत द्वारा प्ररूपित की जाती है। यद्यपि अनन्त संख्याको जानना अल्पज्ञके लिए सम्भव नही है फिर भी उसमें एक दूसरेकी अपेक्षा तरतमता दर्शाकर बडी योग्यताके साथ उसका अनुमान कराया जाता है।

१. अनंतके भेद व लक्षण

१. अनंत सामान्यका लक्षण

स सि /५/९/२७५ अविद्यमानोऽन्तो येषां ते अनन्ता:। =जिनका अन्त नहीं है, वे अनन्त कहलाते हैं।

स. सि /८/९/३८६ अनन्तससारकारणत्वान्मिथ्यादर्शनमनन्तम्। =अनन्त ससारका कारण होनेसे मिथ्यादर्शन अनन्त कहलाता है।


ध १/१,१,१४०/३९२/६ न हि सान्तस्यानन्त्यं विरोधात्। सव्ययस्य निरायस्य राशे: कथमानन्त्यमिति चेन्न, अन्ययैकस्याप्यानन्त्यप्रसङ्ग:। शव्ययस्यानन्तस्य न क्षयोऽस्तीत्येकान्तोऽस्ति। =सान्तको अनन्त माननेमें विरोध आता है। प्रश्न—जिस राशिका निरन्तर व्यय चालू है, परन्तु उसमें आय नहीं है, तो उसको अनन्तपन कैसे बन सकता है? उत्तर—नहीं, क्योंकि, यदि सव्यय और निराय राशिको भी अनन्त न माना जावे तो एकको भी अनन्तपनेका प्रसग आ जायेगा। व्यय होते हुए भी अनन्तका क्षय नहीं होता है यह एकान्त नियम है।

ध ३/१,२,५३/२६७/५ जो रासी एगेगरूवे अवणिज्जमाणे णिट्ठादि सो असंखेज्जो। जो पुण ण समप्पइ सो रासी अणंतो। =एक-एक संख्या के घटाते जानेपर जो राशि समाप्त हो जाती है वह असंख्यात है और जो राशि समाप्त नहीं होती है वह अनन्त है। (ध. ३/१,२,३/१५/८) (ध १४/५,६,१२८/२३५/६)।

२. अनंतके भेद-प्रभेद

ध ३/१,२,२/गा.८/११/७ णाम ट्ठवणादवियं सस्सद गणणापदेसियमणंत। एगो उभयादेसो वित्थारो सव्वभावो य। =नामानन्त, स्थापनानन्त, द्रव्यानन्त, शाश्वतानन्त, गणनानन्त, अप्रदेशिकानन्त, एकानन्त-उभयानन्त, विस्तारानन्त, सर्वानन्त और भावानन्त इस प्रकार अनन्तके ग्यारह भेद है।

ध ३/१,२,२/पृ /पं त दव्वाणंत तं दुविह आगमदो णोआगमदो य। १२/३.—त णोआगमदो दव्वाण त त तिविह, जाणुगसरीरदव्वाणतं भवियदव्वाण त तव्वदिरित्तदव्वाण त चेदि। १३/३, - तं दव्वादिरित्तदव्वाण त तं दुविहं. कम्माणंत णोकम्माणंतमिदि। १५/१,— त भावाणंतं त दुविहं आगमदो णोआगमदो य। १६/१,— तं गणणाणंतं त पि तिविहं, परित्ताणंतं जुत्ताणंतं अणताणतमिदि। १८/३,- तं अणताणंत त पि तिविह, जहण्णमुक्कस्सं मज्झिममिदि। १६/२।—द्रव्यानन्त आगम व नोआगमके भेदसे दो प्रकारका है। नोआगम द्रव्यानन्त तीन प्रकारका है—ज्ञायक शरीर नोआगम द्रव्यानन्त, भव्य नोआगम द्रव्यानन्त, तद्व्यतिरिक्त नोआगम द्रव्यानन्त। तद्व्यतिरिक्त नोआगम द्रव्यानन्त दो प्रकारका है—कर्म तद्व्यतिरिक्त नोआगम द्रव्यानन्त और नोकर्म तद्व्यतिरिक्त नोआगम द्रव्यानन्त। आगम और नोआगमकी अपेक्षा भावानन्त दो प्रकारका है। गणनानन्त तीन प्रकारका है—परीतानन्त, युक्तानन्त, और अनन्तानन्त। और उपलक्षणसे परीतानन्त व युक्तानन्त भी तीन प्रकारका है—जघन्य अनन्तानन्त, उत्कृष्ट अनन्तानन्त और मध्यम अनन्तानन्त। (ति प /४/३११) (रा. वा. /३/३८/५/१५/२०६-२०७)।



३. नामादि ११ भेदोंके लक्षण

ध. ३/१,२,२/११-१६/६ णामाणंतं जीवाजीवमिस्सदव्वस्स कारणणिरवेक्खा सण्णा अणंता इदि। जं तं ट्ठवणाणंतं णाम तं कट्ठकम्मेसु वा चित्तकम्मेसु वा पोत्तकम्मेसु वा लेप्पकम्मेसु वा लेणकम्मेसु वा सेलकम्मेसु वा भित्तिकम्मेसु वा गिहकम्मेसु वा भेंडकम्मेसु वा दंतकम्मेसु वा अक्खो वा वराडयो वा जे च अण्णे ट्ठवणाए ट्ठविदा अणंतमिदि तं सव्वं ट्ठवणाणंतं णाम। ··आगमो गंथो सुदणाणं सिद्धंतो पवयणमिदि एगट्ठो तत्थ आगमदो दव्वाणंतं अणंतपाहुडजाणओ अणुवजुत्तो। आगमाद्दण्णो णोआगमो। तत्थ जाणुगसरीरदव्वाणं तं अणंतपाहुडजाणुगसरीरं तिकालजादं।···भवियाणंतं अणंतपाहुडजाणुगभावी जीवो ··जं तं कम्माणंतं तं कम्मस्स पदेसा। जं तं णोकम्माणंतं तं कंडय-लूजगदीव समुद्दादि एयपदेसादि पोग्गलदव्वं वा।··। जं तं सस्सदाणंतं तं धम्मादिदव्वगयं। कुदो। सासयत्तेण दव्वाण विणासाभावादो। जं तं गणणाणंतं तं बहुवण्णणीयं सुगमं च। जं तं अपदेसियाणंतं तं परमाणू। एकप्रदेशी परमाणौ तद्व्यतिरिक्तापरो द्वितीय प्रदेशोऽन्तव्यपदेशभाक् नास्तीति परमाणुरप्रदेशानन्त।·· जं तं एयाणंतं तं लोगमज्झादो एगसेढि पेक्खमाणे अंताभावादो एयाणंतं।·· जहा अपारो सागरो, अथाहं जलमिदि। जं तं उभयाणंतं तं तधा चेव उभयदिसाए पेक्खमाणे अंताभावादो उभयादेसणंत। जं तं वित्थाराणंतं तं पदरागारेण आगासं पेक्खमाणे अंताभावादो भवदि। जं तं सव्वाणंतं तं घणागारेण आगासं पेक्खमाणे अंताभावादो सव्वाणंतं भवदि।· आगमदो भावाणंतं अणंतपाहुडजाणगो उवजुत्तो। जं तं णोआगमदो भावाणंतं तं तिकालजादं अणंतपज्जयपरिणदजीवादिदव्वं। = १. नामानन्त—कारणके बिना ही जीव अजीव और मिश्र द्रव्यकी 'अनन्त' ऐसी संज्ञा करना नाम अनन्त है (११/६)। २. स्थापनानन्त—काष्ठ कर्म, चित्रकर्म, पुस्त (वस्त्र) कर्म, लेप्यकर्म, लेनकर्म, शैलकर्म, भित्तिकर्म, गृहकर्म, भेडकर्म अथवा दन्तकर्ममें अथवा अक्ष (पासा) हो या कौडी हो, अथवा कोई दूसरी वस्तु हो उसमें 'यह अनन्त है' इस प्रकारकी स्थापना करना स्थापनानन्त है (११/६)। ३. द्रव्यानन्त—द्रव्यानन्त आगम नोआगमके भेदसे दो प्रकारका है। आगम, ग्रन्थ, श्रुतज्ञान, सिद्धान्त और प्रवचन ये एकार्थवाची शब्द है (१२/३)। १. आगम द्रव्यानन्त—अनन्त विषयक शास्त्रको जाननेवाले परन्तु वर्तमानमें उसके उपयोगसे रहित जीवको आगमद्रव्यानन्त कहते है। (१२/११)। २ नोआगम द्रव्यानन्त—[वह नोआगम द्रव्यानन्त तीन प्रकारका है—ज्ञायक शरीर, भव्य और तद्व्यतिरिक्त] उनमेंसे अनन्त विषयक शास्त्रको जाननेवाले (जीव) के तीनों कालोंमें होनेवाले शरीरको ज्ञायक शरीर नोआगम द्रव्यानन्त कहते है (१३/३)। जो जीव भविष्यकालमें अनन्त विषयक शास्त्रको जानेगा उसे भावि नोआगम द्रव्यानन्त कहते है। तद्व्यतिरिक्त नोआगम द्रव्यानन्त दो प्रकारका है—कर्म तद्व्यतिरिक्त और नोकर्म तद्व्यतिरिक्त। ज्ञानावरणादिक आठ कर्मोंके प्रदेशोंको कर्म तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यानन्त कहते है। कटक (ककण) रुचक (तावीज) द्वीप और समुद्रादिक अथवा एकप्रदेशादिक पुद्गल द्रव्य ये सब नोकर्मतद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यानन्त है (१५/१)। ४. शाश्वतानन्त—शाश्वतानन्त धर्मादि द्रव्योंमें रहता है, क्योंकि धर्मादि द्रव्य शाश्वतिक होनेसे उनका कभी भी विनाश नहीं होता।

अन्त विनाशको कहते है। जिसका अन्त अर्थात् विनाश नहीं होता उसको अनन्त कहते है (१५/४)। ५. गणनानन्त—गणनानन्त बहुवर्णनीय है तथा सुगम है (दे आगे पृथक् लक्षण)। ६. अप्रदेशानन्त—एक परमाणुको अप्रदेशानन्त कहते है। क्योंकि, एकप्रदेशी परमाणुमें उस एक प्रदेशको छोडकर 'अन्त इस संज्ञाको प्राप्त होनेवाला दूसरा प्रदेश नही पाया जाता है, इसलिए परमाणु अप्रदेशानन्त है (१५/६)। ७. एकानन्त—लोकके मध्यसे आकाशके प्रदेशोंकी एक श्रेणीको (एक दिशामें) देखनेपर उसका अन्त नहीं पाया जाता, इसलिए उसको एकानन्त कहते है—जैसे अथाह समुद्र, अथाह जलादि। Unidirectional infinite (ज. प/प्र.१०५)। ८. उभयानन्त—लोकके मध्यसे आकाश प्रदेश पंक्तिको दो दिशाओंमें देखनेपर उनका अन्त नहीं पाया जाता है, इसलिए उसे उभयानन्त कहते है। ९ विस्तारानन्त—आकाशको प्रतर रूपसे देखनेपर उसका अन्त नही पाया जाता इसलिए उसे विस्तारानन्त कहते हैं (१६/७)। १० सर्वानन्त—आकाशको घन रूपसे देखनेपर उसका अन्त नही पाया जाता इसलिए उसे सर्वानन्त कहते हैं (१६/८)। ११. भावानन्त—आगम और नोआगमकी अपेक्षा भावानन्त दो प्रकारका है। १ आगम भावानन्त—अनन्त विषयक शास्त्रको जाननेवाले और वर्तमानमें उसके उपयोगसे उपयुक्त जीवको आगम भावानन्त कहते है। २. नोआगम भावानन्त—त्रिकाल जात अनन्त पर्यायोसे परिणत जीवादि द्रव्यको नोआगम भावानन्त कहते है।

४. जघन्यादि परीतानन्तके लक्षण

रा. वा. ३/३८/५/२०७/७ यज्जघन्या संख्येयासंख्येय तद्विरलीकृत्य पूर्वविधिना त्रीन्वारान् वर्गितसंवर्गित उत्कृष्टासंख्येयासंख्येय प्राप्नोति। ततो धर्माधर्मैकजीवलोकाकाशप्रदेशप्रत्येकशरीरजीवबादरनिगोतशरीराणि षडप्येतान्यसंख्येयानि स्थितिबन्धाध्यवसायस्थानान्यनुभागबन्धाध्यवसायस्थानानि योगविभागपरिच्छेदरूपाणि चासंख्येयलोकप्रदेशपरिमाणान्युत्सर्पिण्यवसर्पिणीसमयांश्च प्रक्षिप्य पूर्वोक्तराशौ त्रीन्वारान् वर्गितसंवर्गित कृत्वा उत्कृष्टासंख्येयासंख्येयमतीत्य जघन्यपरीतानन्त गत्वा पतितम्।...यज्जघन्यपरीतानन्त तत्पूर्ववद्वर्गितसंवर्गितमुत्कृष्टपरीतानन्तमतीत्य जघन्ययुक्तानन्तं गत्वा पतितम्। तत् एकरूपेऽपनीतेउत्कृष्टपरीतानन्तं तद्भवति। मध्यममजघन्योत्कृष्टपरीतानन्तम्। = जघन्य संख्येयासंख्येय (देखो असंख्यात) को विरलन कर पूर्वोक्त विधिसे (दे. नीचे) तीन बार वर्गित संवर्गित करनेपर भी उत्कृष्ट संख्येयासंख्येय नहीं होता। इसमें धर्म, अधर्म, एक जीव व लोकाकाशके प्रदेश, प्रत्येक शरीर, बादर निगोद शरीर ये छहों असंख्येय, स्थिति बन्धाध्यवसाय स्थान, अनुभाग बन्धाध्यवसाय स्थान, योगके अविभाग प्रतिच्छेद, उत्सर्पिणी अवसर्पिणी कालके समयोंको जोड़कर तीन बार वर्गित संवर्गित करनेपर उत्कृष्टासंख्येयासंख्येयको उल्लंघकर जघन्यपरीतानन्तमें जाकर स्थित होता है। यह जो जघन्य परीतानन्त उसको पूर्ववत् वर्गितसंवर्गित करनेपर उत्कृष्ट परीतानन्तको उल्लंघकर जघन्य युक्तानन्तमें जाकर गिरता है। उसमें-से एक कम करनेपर उत्कृष्ट परीतानन्त हो जाता है। मध्यम परीतानन्त इन दोनों सीमाओंके बीचमें अजघन्य व अनुत्कृष्ट रूपवाला है। (ति. प. ४/३१०/१८१) (त्रि. सा ४५-४६)।

५. वर्गित संवर्गित करनेकी प्रतिक्रिया

ध ५/प्र. २३ (ध. ३/१,२,२/२०)

अ अ ज = जघन्य असंख्यातासंख्यात

[यही राशि]

$$\text{यदि } क' = \left[\left\{ (\text{अ अ ज})^{(\text{अ अ ज})} \right\}^{(\text{अ अ ज})} \right]$$

'ख' = क + (धर्म व अधर्म द्रव्य तथा एक जीव व लोकाकाशके प्रदेश + प्रत्येक शरीर जीव + बादर निगोद शरीर ये छह)

$$\text{'ग'} = \left[\left\{ (\text{ख})^{(\text{ख})} \right\}^{(\text{ख})} \right]^{(\text{ख})} + \text{४ निम्नराशि}$$

४ राशि = स्थिति बन्धाध्यवसाय स्थान + अनुभाग बन्धाध्यवसाय स्थान + योगके अविभाग प्रतिच्छेद + उत्सर्पिणी अवसर्पिणी कालोंके कुल समय।

$$\text{ही जघन्य परीतानन्त} = \text{न.प.ज} = \left[\left\{ (\text{ग})^{(\text{ग})} \right\}^{(\text{ग})} \right]^{(\text{ग})}$$

मध्यम परीतानन्त = न.प.म. => न प ज, किन्तु < न प उ. अर्थात न प ज. से बड़ा और न.प.उ. से छोटा।

उत्कृष्ट परीतानन्त = न.प.उ −न.प ज.−१


६. जघन्यादि युक्तानन्तके लक्षण

रा.वा./३/३८,५/२०७/१४ यज्जघन्यपरीतानन्त तत्पूर्ववद्वर्गितसंवर्गितमुत्कृष्टपरीतानन्तमतीत्य जघन्ययुक्तानन्त गत्वा पतितम्। यज्जघन्ययुक्तानन्त तद्विरलीकृत्यात्रैकैकरूपे जघन्ययुक्तानन्त दत्वा सकृद्वर्गितमुत्कृष्टयुक्तानन्तमतीत्य जघन्यमनन्तानन्त गत्वा पतितम्। तत् एकरूपेऽपनीते उत्कृष्टयुक्तानन्त भवति। मध्यममजघन्योत्कृष्टयुक्तानन्तम्। = जघन्य परीतानन्त पूर्ववत् वर्गित, संवर्गित उत्कृष्ट परीतानन्तको उल्लंघ कर जघन्य युक्तानन्तमें जाकर स्थित होता है। इस जघन्य युक्तानन्तको विरलन कर प्रत्येकपर जघन्ययुक्तानन्तको रख उन्हें परस्पर वर्ग करनेपर उत्कृष्ट युक्तानन्तको उल्लंघकर जघन्य परीतानन्त (जघन्य युक्तानन्त) को प्राप्त होता है अर्थात् (जघन्य युक्तानन्त) यह राशि जघन्य अनन्तानन्तके बराबर है। इसमें से एक कम करनेपर उत्कृष्ट युक्तानन्त होता है। मध्यम युक्तानन्त इन दोनोंकी सीमाओंके बीचमें अजघन्य व अनुत्कृष्ट रूप है। (ति प /४/३११) (त्रि.सा/४६-४७)।

७. जघन्यादि अनन्तानन्तके लक्षण

रा.वा./३/३८,५/२०७/१६ यज्जघन्ययुक्तानन्त तद्विरलीकृत्यात्रैकैकरूपे जघन्ययुक्तानन्त दत्वा सकृद्वर्गितमुत्कृष्टयुक्तानन्तमतीत्य जघन्यानन्तानन्त गत्वा पतितम्। यज्जघन्यानन्तानन्तं तद्विरलीकृत्य पूर्ववत्त्रीन्वारान् वर्गितसंवर्गितमुत्कृष्टानन्तानन्त न प्राप्नोति, तत सिद्धनिगोतजीववनस्पतिकायातीतानागतकालसमय सर्वपुद्गलसर्वाकाशप्रदेशधर्माधर्मास्तिकायागुरुलघुगुणानन्तान् प्रक्षिप्य प्रक्षिप्य त्रीन् वारान् वर्गितसंवर्गिते कृते उत्कृष्टानन्तानन्त न प्राप्नोति ततोऽनन्ते केवलज्ञाने दर्शने च प्रक्षिप्ते उत्कृष्टानन्तानन्त भवति। तत एकरूपेऽपनीतेऽजघन्योत्कृष्टानन्तानन्त भवति। = जघन्य युक्तानन्तको विरलन कर प्रत्येकपर जघन्य युक्तानन्तको रख उन्हें परस्पर वर्ग (जघन्य युक्तानन्त) करनेपर अर्थात (जघन्य युक्तानन्त) उत्कृष्ट युक्तानन्तसे आगे जघन्य अनन्तानन्तमें जाकर प्राप्त होता है। इस जघन्य अनन्तानन्तको पूर्ववत् विरलीकृत कर तीन बार वर्गित संवर्गित करनेपर उत्कृष्ट अनन्तानन्त प्राप्त नहीं होता है। उसमें सिद्ध जीव, निगोद जीव, वनस्पति काय वाले जीव, अतीत व अनागत कालके समय, सर्व पुद्गल, सर्व आकाश प्रदेश, धर्म व अधर्मास्तिकाय द्रव्योंके अगुरुलघु गुणोंके अनन्त अविभाग प्रतिच्छेद जोड़ें। फिर तीन बार वर्गित संवर्गित करें। तब भी उत्कृष्ट अनन्तानन्त नहीं होता है। अत उसमें केवलज्ञान व केवलदर्शनको (अर्थात् इनके सर्व अविभागी प्रतिच्छेदोंको) जोड़ें, तब उत्कृष्ट अनन्तानन्त होता है। उसमें-से एक कम करनेपर अजघन्योत्कृष्ट या मध्यम अनन्तानन्त होता है। (ति.प /४/३११) (ध. ३/१,२,२/१८/५) (त्रि सा./४७-५१)

(ध.५/प्र २४) जघन्य अनन्तानन्त=न.न.ज.।



छः राशि=सिद्ध+साधारण वनस्पति निगोद+वनस्पति काय+अतीत व अनागत कालके समय या व्यवहार काल+पुद्गल+अलोकाकाश।

$$\text{'त्र'} = \left[\left\{ (\text{क्ष}\ \text{क्ष}) \right\}^{\left\{ (\text{क्ष}\ \text{क्ष}) \right\}} \right] + \text{दो राशि}$$

दो राशि=धर्म व अधर्म द्रव्यके अगुरुलघु गुणोंके अविभाग प्रतिच्छेद।

$$\text{'ज्ञ'} = \left[\left\{ (\text{त्र}) \right\}^{\left\{ (\text{त्र}) \right\}^{(\text{त्र})}} \right]$$

तब केवल ज्ञान राशि > ज्ञ'

उत्कृष्ट अनन्तानन्त=न.न.उ.=ज्ञ+केवलज्ञान व केवलदर्शनके अविभाग प्रतिच्छेद

२. अनन्त निर्देश

१. अनन्त वह है जिसका कभी अन्त न हो।

ध १/१,१,१४१/३९२/६ न हि सान्तस्यानन्त्य विरोधात्। सव्ययनिरायस्य राशे कथमानन्त्यमिति चेन्न, अन्यथैकस्याप्यानन्त्यप्रसङ्ग। सव्ययस्यानन्तस्य न क्षयोऽस्तीत्येकान्तोऽस्ति स्वसंख्येयासंख्येय भागव्ययस्य राशेरनन्तस्यापेक्षया तद्द्विव्यादिसंख्येयराशिव्ययतो न क्षयोऽपीत्यभ्युपगमात्। अर्धपुद्गलपरिवर्तनकालस्यानन्तस्यापि क्षय दर्शनादनेकान्तिक आनन्त्यहेतुरिति चेन्न, उभयोर्भिन्ननिबन्धत प्राप्तानन्तयो साम्याभावतोऽर्द्धपुद्गलपरिवर्तनस्य वास्तवानन्त्याभावात्। तद्यथा अर्द्ध पुद्गलपरिवर्तनकाल सक्षयोऽप्यनन्त छद्मस्थैरनुपलब्धपर्यन्तत्वात्। केवलमनन्तस्तद्विषयत्वाद्वा। जीवराशिस्तु पुन संख्येयराशिक्षयोऽपि निर्मूलप्रलयाभावादनन्त इति। किं च सव्ययस्य निरवशेषक्षयेऽभ्युपगम्यमाने कालस्यापि निरवशेषक्षयो जायेत सव्ययत्व प्रत्यविशेषात्। अस्तु चेन्न, सकलपर्यायप्रक्षयतोऽशेषस्य वस्तुन प्रक्षीणस्वलक्षणस्याभावापत्ते।—जो राशि सान्त होती है उसमें अनन्तपन नहीं बन सकता है, क्योंकि सान्तको अनन्त माननेमें विरोध आता है। प्रश्न—जिस राशिका निरन्तर व्यय चालू है, परन्तु इसमें आय नहीं होती है तो उसको अनन्तपन कैसे बन सकता है? उत्तर—नहीं, क्योंकि यदि सव्यय और निराय राशिको भी अनन्त न माना जावे तो एकको भी अनन्त माननेका प्रसग आ जायेगा। व्यय होते हुए भी अनन्तका क्षय नहीं होता, यह एकान्त नियम है, इसलिए जिसके संख्यातवें और असंख्यातवें भागका व्यय हो रहा है ऐसी राशिका, अनन्तकी अपेक्षा उसकी दो तीन आदि संख्यात राशिके व्यय होनेसे भी क्षय नहीं होता है, ऐसा स्वीकार किया है। प्रश्न—अर्ध पुद्गल परिवर्तन रूप काल अनन्त होते हुए भी उसका क्षय देखा जाता है। इसलिए भव्य राशिके क्षय न होनेमें जो अनन्त रूप हेतु दिया है वह व्यभिचरित हो जाता है? उत्तर—नहीं, क्योंकि भिन्न-भिन्न कारणोसे अनन्तपनको प्राप्त भव्य राशि और अर्धपुद्गल परिवर्तन काल वास्तवमें अनन्त रूप नहीं है। आगे इसीका स्पष्टीकरण करते हैं।—अर्धपुद्गल परिवर्तनकाल क्षय सहित होते हुए भी इसलिए अनन्त है कि छद्मस्थ जीवोंके द्वारा उसका अन्त नहीं पाया जाता है। किन्तु केवलज्ञान वास्तवमें अनन्त है। अथवा अनन्तको विषय करनेवाला होनेसे वह अनन्त है। जीव राशि तो, उसका संख्यातवें भाग रूप राशिके क्षय हो जानेपर भी निर्मूल नाश नहीं होनेसे, अनन्त है। अथवा ऊपर जो भव्य राशिके क्षय होनेमें अनन्त रूप हेतु दे आये हैं, उसमें छद्मस्थ जीवोंके द्वारा अनन्तकी उपलब्धि नहीं होती है, इस अपेक्षाके बिना ही, यह विशेषण लगा देनेसे अनैकान्तिक दोष नहीं आता है। दूसरे व्यय सहित अनन्तके सर्वथा क्षय मान लेनेपर कालका भी सर्वथा क्षय हो जायेगा, क्योंकि व्यय सहित होनेके प्रति दोनों समान है। प्रश्न—यदि ऐसा ही मान लिया जाये तो क्या हानि है? उत्तर—नहीं, क्योंकि ऐसा माननेपर कालकी समस्त पर्यायोंके क्षय हो जानेसे दूसरे द्रव्योंकी स्वलक्षण रूप पर्यायोंका भी अभाव हो जायेगा। और इसलिए समस्त वस्तुओंके अभावकी आपत्ति आ जायेगी। (ध.४/१,५,४/३३८/४)।

स.म./२९/श्लो.२ में उद्धृत ३३२/५ अत्यन्यूनातिरिक्तत्वैर्युज्यते परिमाणवत्। वस्तुन्यपरिमेये तु नून तेषामसंभव. ॥२॥—अपरिमित वस्तुका न कभी अन्त होता है, न कभी घटती है और न समाप्त होती है।

द्र.सं./टी./३७/१५७ यथा भाविनकाले समयानां क्रमेण गच्छतां यद्यपि भाविकालसमयराशेः स्तोकत्वं भवति तथाप्यवसानं नास्ति। तथा मुक्ति गच्छतां जीवानां यद्यपि जीवराशेः स्तोकत्व भवति

तथाप्यवसान नास्ति।=क्रमसे जाते हुए जो भविष्यत्कालके समय, उनसे यद्यपि भविष्यत्कालके समयोंकी राशिमें कमी होती है, फिर भी उस समय-राशिका कभी अन्त न होगा, इसी प्रकार मुक्तिमें जाते हुए जीवोंसे यद्यपि जगत्में जीवराशिकी न्यूनता होती है तो भी उस राशिका अन्त नहीं होता।

२. अनन्तकी सिद्धि

रा.वा./५/९,३-५/४५२/३४ न च तेन परिच्छिन्नमित्यत: सान्तम्। अनन्तेनानन्तमिति ज्ञातत्वात्। अत्र सर्वे प्रवादिनो विप्रतिपद्यन्ते केचित्तावदाहु:-'अनन्ता लोकधातव:' इति। अपरे मन्यन्ते—दिक्कालात्माकाशानां सर्वगतत्वाद् अनन्तत्वमिति। इतरे ब्रुवते-प्रकृतिपुरुषयोरनन्तत्वं सर्वगतत्वादिति। न चैतेषामनन्तत्वादपरिज्ञानम्, नापि परिज्ञानत्वमात्रादेव तेषामन्तवत्त्वम्। यस्य अर्थनामानन्त्यमपरिज्ञातकारणं तस्य सर्वज्ञाभाव प्रसजति। अथान्तवत्त्वं स्यात् ससारो मोक्षश्च नोपपद्यते। कथमिति चेत्, उच्यते जीवाश्चेत्सान्ता, सर्वेषां हि मोक्षप्राप्तौ संसारोच्छेद: प्राप्नोति। तद्भयात् मुक्तानां पुनरावृत्त्यभ्युपगमे स मोक्ष एव न स्यात् अनात्यन्तिकत्वात्। एकैकस्मिन्नपि जीवे कर्मादिभावेन व्यवस्थिता पुद्गला अनन्ता:, तेषामन्तवत्त्वे सति कर्मनोकर्मविषयविकल्पाभावात् ससाराभाव: तदभावान्मोक्षश्च न स्यात्। तथा अतीतानागतकालयोरन्तवत्त्वे प्राक् पश्चाच्च कालव्यवहाराभाव स्यात्। न चासौ युक्त असत प्रादुर्भावाभावात् सतश्चात्यन्तविनाशानुपपत्तेरिति। तथा आकाशस्यान्तवत्त्वाभ्युपगमे ततो बहिर्घनत्वप्रसङ्ग। नास्ति चेदघनत्वम् आकाशेनापि भवितव्यमित्यन्तवत्त्वाभाव:।=**प्रश्न**—अनन्तको केवलज्ञानके द्वारा जान लेनेसे अनन्तता नहीं रहेगी? **उत्तर**—१. उसके द्वारा अनन्तका अनन्तके रूपमें ही ज्ञान हो जाता है। अत: मात्र सर्वज्ञके द्वारा ज्ञानसे उसमें सान्तत्व नहीं आता। २. प्राय: सभी वादी अनन्त भी मानते हैं और सर्वज्ञ भी। बौद्ध लोग धातुओंको अनन्त कहते हैं। वैशेषिक दिशा, काल, आकाश और आत्माको सर्वगत होनेसे अनन्त कहते हैं। सांख्य पुरुष और प्रकृतिको सर्वगत होनेसे अनन्त कहते हैं। इन सबका परिज्ञान होने मात्रसे सान्तता हो नहीं सकती। अत: अनन्त होनेसे अपरिज्ञानका दूषण ठीक नहीं है। ३. यदि अनन्त होनेसे पदार्थको अज्ञेय कहा जायेगा तो सर्वज्ञका अभाव हो जायेगा। ४. यदि पदार्थोंको सान्त माना जायेगा तो संसार और मोक्ष दोनोंका लोप हो जायेगा। सो कैसे? वह बताते हैं—(१) यदि जीवोंको सान्त माना जाता है तो सब जीव मोक्ष चले जायेंगे तब संसारका उच्छेद हो जायेगा। यदि ससारोच्छेदके भयसे मुक्त जीवोंका ससारमें पुन: आगमन माना जाये तो अनात्यन्तिक होनेसे मोक्षका भी उच्छेद हो जायेगा। (२) एक जीवमें कर्म और नोकर्म पुद्गल अनन्त है। यदि उन्हें सान्त माना जाये तो भी संसारका अभाव हो जायेगा और उसके अभावसे मोक्षका भी अभाव हो जायेगा। (३) इसी तरह अतीत और अनागत कालको सान्त माना जाये तो पहले और बादमें काल व्यवहारका अभाव ही हो जायेगा, पर यह युक्तिसंगत नहीं है। क्योंकि असत्की उत्पत्ति और सत्का सर्वथा नाश दोनों ही अयुक्तिक है। (४) इसी तरह आकाशको सान्त माननेपर उससे आगे कोई ठोस पदार्थ मानना होगा। यदि नहीं तो आकाश ही आकाश माननेपर सान्तता नहीं रहेगी।

ज.प./प्र. १,२/(प्रो. लक्ष्मीचन्द्र) पायथागोरियन युगमें 'जीनो'के तर्कोंने इसकी सिद्धि की थी। केंटरके कन्टीनम् (continuum) १,२,३...के अल्पबहुत्वसे अनन्तके अल्पबहुत्वकी सिद्धि होती है। जार्ज केन्टरने 'Abstractset Theory' की रचना करके अनन्तको स्वीकार किया है।

३. अर्द्धपुद्गल परिवर्तनको अनन्त कैसे कहते हैं

ध. १/१,१,१४१/३९३/२ अर्धपुद्गलपरिर्तनकाल: सक्षयोऽप्यनन्त: छद्मस्थैरनुपलब्धपर्यन्तत्वात्। केवलमनन्तस्तद्विषयत्वाद्वा।=अर्द्ध पुद्गल परिवर्तनकाल क्षय सहित होते हुए भी इसीलिए अनन्त है कि छद्मस्थ जीवोंके द्वारा उसका अन्त नहीं पाया जाता है। वास्तवमें केवलज्ञान अनन्त है अथवा अनन्तको विषय करनेवाला होनेसे वह अनन्त है।

ध.३/१,२,५३/२६७/७ कधं पुणो तस्स अद्धपोग्गलपरिमट्टस्स अणंतववएसो। इदि चे ण, तस्स उवयारणिबंधणत्तादो। तं जहा अणंतस्स केवलणाणस्स अद्धपोग्गलपरियट्टकालो वि अणंतो होदि। =**प्रश्न**—अर्द्धपुद्गल परिवर्तनकालको अनन्त संज्ञा कैसे दी गयी है? **उत्तर**—नहीं, क्योंकि अर्धपुद्गल परिवर्तनकालको जो अनन्त संज्ञा दी गयी है, वह उपचार-निमित्तक है। आगे उसीका स्पष्टीकरण करते हैं—अनन्त रूप केवलज्ञानका विषय होनेसे अर्द्धपुद्गल परिवर्तनकाल भी अनन्त है ऐसा कहा जाता है। (ध. ३/१,२,२/२५-२६/९), (ध ४/१,२,२३/२६६) (ध. १४/५,६,१२८/२३५/८)।

४. अनन्त, संख्यात व असंख्यातमें अन्तर

ध.३/१,२,५२/२६७/५ किमसखेज्जं णाम। जो रासी एगेगरूवे अवणिज्जमाणे णिट्ठादि सो असखेज्जो। जो पुण ण समप्पइ सो रासी अणंतो। जदि एवं तो वयसहिदसक्खयअद्धपोग्गलपरियट्टकालो वि असखेज्जो जायदे। होदु णाम। कधं पुणो तस्स अद्धपोग्गलपरियट्टस्स अणंतववएसो। इदि चे ण, तस्स उवयारनिबंधणादो। तं जहा—अणंतस्स केवलणाणस्स विसयत्तादो अद्धपोग्गलपरियट्टकालो वि अणंतो होदि। केवलणाणविसयत्त पडि विसेसाभावा सव्वसक्खाणमणंतत्तं जायदे। चे ण, ओहिणाणविसयवदिरित्तसक्खाणे अणंतविसयत्तस्स तदुवयारप्पवुत्तादो। अहवा जं सक्खाणं पंचिंदियविसओ त सखेज्जं णाम। तदो उवरि जमोहिणाणविसओ तमसखेज्ज णाम। =**प्रश्न**—असंख्यात किसे कहते है, अर्थात् अनन्तसे असंख्यातमें क्या भेद है? **उत्तर**—एक-एक संख्याके घटाते जानेपर जो राशि समाप्त हो जाती है वह असंख्यात है और जो राशि समाप्त नहीं होती है वह अनन्त है। **प्रश्न**—यदि ऐसा है तो व्यय सहित होनेसे नाशको प्राप्त होनेवाला अर्धपुद्गल परिवर्तन काल भी असंख्यात रूप हो जायेगा? **उत्तर**—हो जाये। **प्रश्न**—तो फिर उस अर्धपुद्गलपरिवर्तनकालको अनन्त संज्ञा कैसे दी गयी है? **उत्तर**—नहीं, क्योंकि अर्धपुद्गल परिवर्तनकालको जो अनन्त संज्ञा दी गयी है वह उपचार निमित्तक है। आगे उसीका स्पष्टीकरण करते है—अनन्तरूप केवलज्ञानका विषय होनेसे अर्धपुद्गल परिवर्तनकाल भी अनन्त है, ऐसा कहा जाता है। **प्रश्न**—केवलज्ञानके विषयत्वके प्रति कोई विशेषता न होनेसे सभी संख्याओंको अनन्तत्व प्राप्त हो जायेगा? **उत्तर**—नहीं, क्योंकि, जो सख्याएँ अवधिज्ञानका विषय हो सकती है उनसे अतिरिक्त ऊपरकी संख्याएँ केवलज्ञानको छोड़कर दूसरे और किसी ज्ञानका विषय नहीं हो सकतीं, अतएव ऐसी संख्याओंमें अनन्तत्वके उपचारकी प्रवृत्ति हो जाती है। अथवा, जो संख्या पाँचों इन्द्रियोंका विषय है वह संख्यात है, उसके ऊपर जो संख्या अवधिज्ञानका विषय है वह असंख्यात है, उसके ऊपर जो सख्या केवलज्ञानके विषय-भावको ही प्राप्त होती है वह अनन्त है।

त्रि. सा./५२ जावदिया पक्खक्खा जुगवं सुदओहिकेवलाण हवे। तावदियं सक्खेज्जमसक्खमणंतं कमा जाणे ॥५२॥=यावन्मात्र विषय युगपत् प्रत्यक्ष श्रुत, अवधि, केवलज्ञानके होंहि तावन्मात्र संख्यात असंख्यात अनन्त क्रमतैं जानऊ।

५. सर्वज्ञत्वके साथ अनन्तत्वका समन्वय

रा.वा./५/९,३-४/४५२/२४ अनन्तत्वादपरिज्ञानमिति चेत्, न, अतिशयज्ञानदृष्टत्वात् ॥३॥ स्यादेतत्-सर्वज्ञेनानन्तं परिच्छिन्नं वा, अपरिच्छिन्नं वा। यदि परिच्छिन्नम्; उपलब्धावसानत्वाद् अनन्तत्वमस्य हीयते। अथापरिच्छिन्नम्; तत्स्वरूपानवबोधाद् असर्वज्ञत्वं स्यादिति। तन्न किं कारणम्। अतिशयज्ञानदृष्टत्वात्। यत्तत्केवलिनां ज्ञानं क्षायिकम् अतिशयवद् अनन्तानन्तपरिमाणं तेन तदनन्तमम-

बुध्यते साक्षात्। तदुपदेशादितरैरनुमानेनेति न सर्वज्ञत्वहानि'। न च तेन परिच्छिन्नमिष्यत सन्तम् अनन्तेनानन्तमिति ज्ञातत्वात्। किं च सर्वेषामविप्रतिपत्ते ॥४॥ =प्रश्न—अनन्त होनेके कारण वह ज्ञानमें नहीं आना चाहिए? उत्तर—नहीं, क्योंकि अतिशय रूप केवलज्ञानके द्वारा उसे भी जान लिया जाता है। प्रश्न—सर्वज्ञके द्वारा अनन्त जाना जाता है अथवा नहीं जाना जाता? यदि अनन्तको सर्वज्ञने जाना है तो अनन्तका ज्ञानके द्वारा अन्त जान लेनेसे अनन्तता नहीं रहेगी, और यदि नहीं जाना है तो उसके स्वरूपका ज्ञान न होनेके कारण असर्वज्ञताका प्रसंग आयेगा? उत्तर—ऐसा नहीं है, क्योंकि अतिशय ज्ञानके द्वारा वह जाना जाता है। यह जो केवलज्ञानियोंका क्षायिकज्ञान है सो अतिशयवान् तथा अनन्तानन्त परिमाण वाला है। उसके द्वारा अनन्त साक्षात् जाना जाता है। अन्य लोक सर्वज्ञके उपदेशसे तथा अनुमानसे अनन्तताका ज्ञान कर लेते हैं। प्रश्न—यदि कहोगे कि उसके द्वारा जाना गया है, अतः वह अनन्त भी सान्त है? उत्तर—तो ऐसा भी नहीं है, क्योंकि सर्वज्ञने अनन्तको अनन्त रूपसे ही जाना है और सभी वादी प्रायः इस विषयमें विरोध भी नहीं रखते हैं। (वि. दे. अनन्त २/२)।

ध. ३/१,२,३/३०/६ ण च अणादि त्ति जाणिदे सादित्तं पावेदि, विरोहा। =अनादित्वका ज्ञान हो जाता है, इसलिए उसे सादित्वकी प्राप्ति हो जायेगी, सो भी बात नहीं है, क्योंकि ऐसा माननेमें विरोध आता है।

६. निर्व्यय भी अभव्यराशिमें अनन्तत्व कैसे सिद्ध होता है

ध. ७/२,५,१६०/२६५/१० कधं एदस्स अव्वए संते अव्वाच्छिज्जमाणस्स अणंतत्तमवयवसो ण, अणंतस्स केवलणाणस्स चेव विसए अवट्ठिदाणं संखाणमुवयारेण अणंतत्तविरोहाभावादो। =प्रश्न—व्ययके न होनेसे व्युच्छित्तिको प्राप्त न होनेवाली अभव्य राशिके 'अनन्त' यह संज्ञा कैसे सम्भव है? =उत्तर—नहीं, क्योंकि, अनन्त रूप केवलज्ञानके ही विषयमें अवस्थित संख्याओंके उपचारसे अनन्तपन माननेमें विरोध नहीं आता।

७. अनन्त चतुष्टयमें अनन्तत्व कैसे सिद्ध है

क्ष. सा./मू./६१०/७२५ खीणे घादिचउक्के णंतचउक्कस्स होदि उप्पत्ती। सादी अपज्जवसिदा उक्कस्साणंतपरिसंखा ॥६१०॥ प्रश्न—घातिया कर्मोंके चतुष्टयका नाश होते अनन्तचतुष्टयकी उत्पत्ति हो है। अनन्तपन कैसे सम्भव है? =उत्तर—सादि कहिये उपजने काल विषै आदि सहित है तथापि अपर्यवसिता कहिए अवसान या अन्त ताकरि रहित है तातै अनन्त कहिये। अथवा अविभाग प्रतिच्छेदनिकी अपेक्षा इनकी उत्कृष्ट अनन्तानन्त मात्र संख्या है तातै भी अनन्त कहिये।

८. अनन्त भी कथंचित् सीमित है

ध. ३/१,२,३/३०/१ तेण कारणेण मिच्छाइट्ठिरासी ण अवहिरिज्जदि, सव्वे समया अवहिरिज्जंति। अण्णहा तस्साभावपसंगादो। ण च अणादि त्ति जाणिदं सादित्तं पावेदि, विरोहा।=मिथ्यादृष्टि जीवराशिका प्रमाण समाप्त नहीं होता, परन्तु अतीत कालके सम्पूर्ण समय समाप्त हो जाते हैं।...यदि उसका प्रमाण नहीं माना जाये तो उसके अभावका प्रसंग आ जायेगा। परन्तु उसके अनादित्वका ज्ञान हो जाता है, इसलिए उसे सादित्वकी प्राप्ति हो जायेगी, सो भी बात नहीं है, क्योंकि ऐसा माननेमें विरोध आता है।

श्लो. वा /२/१/७/१६/५६६/६ भाषाकार "जैन सिद्धान्त अनुसार अलोकाकाशके अनन्तानन्त प्रदेश भी संख्यामें परिमित हैं, क्योंकि अक्षय अनन्त जीवराशिसे अनन्तगुणे पुद्गल राशिसे भी अनन्त गुणे हैं।

* आगममें अनन्तकी यथास्थान प्रयोग विधि—दे. गणित I/१/१.६।

अनंतकथा—आचार्य पद्मनन्दि (ई. १२८०-१३३०) की संस्कृत छन्दबद्ध रचना।

अनंतकायिक—दे. वनस्पति।

अनंतकीर्ति—१ प्रामाण्यभंगके कर्ता। समय-ई श ८। (ती./३/१६६)। २ बृहत् तथा लघु सर्वज्ञसिद्धिके कर्ता। प्रभाचन्द्र (ई. ९५०-१०२०) ने अपने प्रमेयकमलमार्तण्डमें इनका अनुसरण किया। समय-ई. श ६ का उत्तरार्ध। (ती./३/६१४)। ३, यश.-कीर्तिके दादा गुरु, ललितकीर्तिके गुरु। समय-वि. १२४६ (ई.११८६)। (भद्रबाहुचरित/प्र ७/कामताप्रसाद)।

अनंतगणनांक-सिद्धान्त—(ध. ५/प्र २७) Theory of infinite cardinals.

अनंतचतुर्दशी व्रत—व्रत विधान संग्रह/पृ. ८७ गणना-कुल समय=१४ वर्ष तक, उपवास=१४।

किशन सिंह क्रिया कोश विधि—१४ वर्ष तक प्रत्येक वर्ष अनन्तचतुर्दशी (भाद्रपद शु. १४) को उपवास। अनन्तनाथ भगवान्‌की पूजा। मन्त्र—"ओं नमो अर्हते भगवते अनन्ते अनन्तकेवलीय अनन्तनाणे अणंतकेवलदंसणे अणुपूजवासणे अनन्ते अनन्तागमकेवलिने स्वाहा" अथवा—यदि लम्बा पड़े तो "ओं ह्रीं अर्हं ह स' अनन्तकेवलिने नमः" इस मन्त्रका त्रिकाल जाप्य।

अनंतचतुष्टय—दे चतुष्टय।

अनंतदेव—स.भं त./अन्तिम प्रशस्ति—"आप दिगम्बराचार्य थे।" शिष्य विमलदास नामा एक गृहस्थ था। समय—ध्रुवङ्क संवत्सर (?)।

अनंतधर्मत्वशक्ति—स.सा./आ. परि./शक्ति नं. २७ विलक्षणानन्तस्वभावभावितैकभावलक्षणानन्तधर्मत्वशक्ति'। =परस्पर भिन्न लक्षणस्वरूप जो अनन्तस्वभाव उनसे मिला हुआ जो एक भाव जिसका लक्षण है ऐसी सत्ताईसवीं अनन्तधर्मत्व शक्ति है।

अनंतनाथ—म. पु./६०/श्लोक "पूर्वके तीसरे भवमें धातकी खण्डमें पूर्व मेरुसे उत्तरकी ओर अरिष्ट नगरका छद्मस्थ नामक राजा था (२-३) आगे पूर्वके दूसरे भवमें पुष्पोत्तर विमानमें इन्द्रपद प्राप्त किया (१२) वर्तमान भवमें चौदहवें तीर्थंकर हुए हैं। (विशेष दे. तीर्थंकर ५)।

अनंतनाथपुराण—श्रीजन्नाचार्य (सं. १२०६) की रचना है।

अनंतबल मुनि—प. पु./१४/३७०-३७१ मेरुकी वन्दना करके लौटते समय मार्गमें आपसे रावणने परस्त्री त्याग व्रत ग्रहण किया था।

अनंतमति—भगवान् धर्मनाथका शासन देव—दे. यक्ष।

अनंतर—दे बंध/१।

अनंतरथ—प. पु./२२/१६०-१६६ राजा अनरण्यका पुत्र तथा दशरथका बड़ा भाई था। पिताके साथ-साथ दीक्षा धारण कर अनन्त परीषहको जीतनेके कारण अनन्तवीर्य नामको प्राप्त हुए।

अणंतरोपनिधा—ध.११/४,२,६,३५२/३५२/१२ जत्थ णिरंतरं थोवबहुत्तपरिक्खा कीरदे सा अणंतरोवणिधा। =जहाँपर निरन्तर अल्प बहुत्वकी परीक्षा की जाती है, वह अनन्तरोपनिधा कही जाती है।

अनंतवर्मन्—गंगवंशी राजा था। उड़ीसामें राज्य करता था। समय-ई. १०४०।

अनंतविजय—म पु./सर्ग/श्लोक "पूर्वके नवमें भवमें पूर्व विदेहमें वत्सकावती देशके राजा प्रीतिवर्धनका पुरोहित था (८/११) फिर आठवें भवमें उत्तरकुरुमें मनुष्य हुआ (८/२१२) आगे पूर्वके सातवें भवमें प्रभंजन नामक देव हुआ (८/२१२-२१३) फिर छठे भवमें धनमित्र नामक सेठ हुआ (८/२१८) फिर पाँचवें भवमें अधोग्रैवेयकमें अहमिन्द्र हुआ (६/६०-६२) फिर चौथे भवमें वज्रसेन राजाका महापीठ नामक राजपुत्र हुआ (११/१३) फिर पूर्वके तीसरे भवमें सर्वार्थसिद्धिमें

अहमिन्द्र हुआ (११/१६०)। (युगपत् सर्वभव—४७/३६७ ३६९)। वर्तमान भवमें भगवान् ऋषभदेवके पुत्र तथा भरतचक्रवर्तीके छोटे भाई थे (१६/२) भरतने उन्हें नमस्कार करनेको कहा। स्वाभिमानी उन्होंने नमस्कार करनेकी बजाय भगवान्‌के समीप दीक्षा धारण कर ली (३४/१२६) अन्तमें मुक्ति प्राप्त की (४७/३९९)।

अनंतवीर्य—१ भूतकालीन चौबीसवें तीर्थंकर।—(विशेष परिचय दे. तीर्थंकर ५) २ भाविकालीन चौबीसवें तीर्थंकर। —(विशेष परिचय दे तीर्थंकर/५)। ३ म पु /सर्ग/श्लो "आप पूर्वके नवमें भवमें सागरदत्तके उग्रसेन नामक पुत्र थे" (८/२२३-२२४) फिर व्याघ्र हुए (८/२२६) फिर सातवें भवमें उत्तरकुरुमें मनुष्य हुए (८/१०) वहाँसे फिर छठे भवमें ऐशान स्वर्गमें चित्रांगद नामक देव हुए (९/१८७) फिर पाँचवें भवमें विभीषण राजाके पुत्र वरदत्त हुए (१०/१४९) फिर चौथे भवमें अच्युत स्वर्गमें देव हुए (१०/१७२) फिर तीसरे भवमें जय नामक राजकुमार हुए (११/१०) फिर पूर्वके दूसरे भवमें स्वर्गमें अहमिन्द्र हुए (११/१६०) वर्तमान भवमें ऋषभनाथ भगवान्‌के पुत्र तथा भरतके छोटे भाई हुए (१६/३) भरतने इन्हें नमस्कार करनेको कहा। स्वाभिमानी इन्होंने नमस्कार करनेकी बजाय भगवान्‌के समीप दीक्षा धारण कर ली तथा सर्वप्रथम मोक्ष प्राप्त किया (२४/१८१) अपर नाम महासेन था। (युगपत् सर्वभव ४७/३७१)। ४ (म पु ६२/श्लोक) वत्सकावती देश प्रभाकरी नगरीके राजा स्तमितसागरका पुत्र था (४१/) राज्य पाकर नृत्य देखनेमें आसक्त होनेसे नारदकी विनय करना भूल गया (४२२-४३०) क्रुद्ध नारदने शत्रु दमितारिको युद्धार्थ प्रस्तुत किया (४४३) इसने नर्तकीका वेश बना उसकी लडकीका हरण कर लिया (४६१-४७३) उसके ही चक्रसे उसको मार दिया (४८३-४८४) आगे क्रमसे अर्धचक्री पद प्राप्त किया (५१२) तथा नारायण होनेसे नरकमें गया (६३/२५) यह शान्तिनाथ भगवान्‌के चक्रायुध नामक प्रथम गणधरका पूर्वका नवम भव है —दे. चक्रायुध। ५. अपरनाम अनन्तरथ—दे. अनंतरथ।

अनन्तवीर्य—द्रविडसंघ नन्दिगण उरुङ्गलान्वय गुणकीर्ति सिद्धान्त भट्टारक तथा देवकीर्ति पण्डितके गुरु, वादिराजके दादागुरु, श्रीपालके सधर्मा, गोणसेन पण्डितके शिष्य, श्रवणबेलगोलवासी, न्यायके उद्भट विद्वान्। कृतियाँ—अकलंक कृत ग्रन्थोंके भाष्य सिद्धिविनिश्चयवृत्ति, प्रमाणसंग्रहालंकार। समय—ई. ९७५-१०२५ (ती ३/४०-४१)। (दे. इतिहास ६)।

अनंतानंत—दे अनंत।

अनंतानुबंधी—जीवोंकी कषायोंकी विचित्रता सामान्य बुद्धिका विषय नहीं है। आगममें वे कषाय अनन्तानुबन्धी आदि चार प्रकारकी बतायी गयी हैं। इन चारोंके निमित्त-भूत कर्म भी इन्हीं नामवाले हैं। यह वासना रूप होती है व्यक्त रूप नहीं। तहाँ परपदार्थोंके प्रति मेरे-तेरेपनेकी, या इष्ट-अनिष्टपनेकी जो वासना जीवमें देखी जाती है, वह अनन्तानुबन्धी कषाय है, क्योंकि वह जीवका अनन्त संसारसे बन्ध कराती है। यह अनन्तानुबन्धी प्रकृतिके उदयसे होती है। अभिप्रायकी विपरीतताके कारण इसे सम्यक्त्वघाती तथा परपदार्थोंमें राग-द्वेष उत्पन्न करानेके कारण चारित्रघाती स्वीकार किया है।

१. अनन्तानुबन्धीका लक्षण

स. सि./८/९/३८६ अनन्तसंसारकारणत्वान्मिथ्यादर्शनमनन्तम्। तदनुबन्धिनोऽनन्तानुबन्धिनः क्रोधमानमायालोभाः। =अनन्त संसारका कारण होनेसे मिथ्यादर्शन अनन्त कहलाता है तथा जो कषाय उसके अनुबन्धी हैं, वे अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया, लोभ हैं। (रा. वा /८/९.५/५७४/३३)।

ध. ६/१,९-१,२३/४१/५ अनन्तान् भवाननुबद्धं शीलं येषां ते अनन्तानुबन्धिनः।...जेहि कोह-माण-माया-लोहेहि सह जीवो अणंते भवे हिंडदि तेसिं कोह-माण-माया-लोहाणं अणंताणुबंधी सण्णा त्ति उत्तं होदि। एदेहि जीवम्हि जणिदसंसकारस्स अणंतेसु भवेसु अवट्ठाणब्भुवगमादो। अधवा अणंतो अणुबंधो तेसिं कोह-माण-माया-लोहाणं ते अणंताणुबंधी कोह-माण-माया-लोहा। एदेहितो संसारो अणंतेसु भवेसु अणुबंधं ण छड्डेदि त्ति अणंताणुबंधी संसारो। सो जेसिं ते अणंताणुबंधिणो कोह-माण-माया-लोहा। =१ अनन्त भवोंको बाँधना ही जिनका स्वभाव है, वे अनन्तानुबन्धी कहलाते हैं। अनन्तानुबन्धी जो क्रोध, मान, माया, लोभ होते हैं, वे अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया, लोभ कहलाते हैं। जिन अविनष्ट स्वरूपवाले अर्थात् अनादि परम्परागत क्रोध, मान, माया और लोभके साथ जीव अनन्तभवोंमें परिभ्रमण करता है उन क्रोध, मान, माया व लोभ कषायोंकी 'अनन्तानुबन्धी' संज्ञा है, यह अर्थ कहा गया है। २. इन कषायोंके द्वारा जीवमें उत्पन्न हुए संस्कारका अनन्त भवोंमें अवस्थान माना गया है। अथवा जिन क्रोध, मान, माया, लोभोंका अनुबन्ध (विपाक या सम्बन्ध) अनन्त होता है वे अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया लोभ कहलाते हैं। ३. इनके द्वारा वृद्धिगत संसार अनन्त भवोंमें अनुबन्धको नहीं छोड़ता है इसलिए 'अनन्तानुबन्ध' यह नाम संसारका है। वह संसारात्मक अनन्तानुबन्ध जिनके होता है वे अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया, लोभ हैं।

भ.आ./वि./२९/५५/५ न विद्यते अन्त अवसानं यस्य तदनन्तं मिथ्यात्वम्, तदनुबध्नन्तीत्येव शीला अनन्तानुबन्धिन क्रोध-मान-मायालोभा। =नहीं पाइये है अन्त जाका ऐसा अनन्त कहिये मिथ्यात्व ताहि अनुबन्धति कहिये आश्रय करि प्रवर्ते ऐसे अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया, लोभ है।

गो.जी./जी.प्र./२८३/६०८/१३ अनन्तसंसारकारणत्वात्, अनन्तं मिथ्यात्वम् अनन्तभवसंस्कारकालं वा अनुबध्नन्ति संघटयन्तीत्यनन्तानुबन्धिन इति निरुक्तिसामर्थ्यात्। =अनन्त संसारका कारण मिथ्यात्व वा अनन्त संसार अवस्था रूप काल ताहि अनुबध्नन्ति कहिए सम्बन्ध रूप करें तिनिको अनन्तानुबन्धी कहिए। ऐसा निरुक्तिसे अर्थ है।

द.पा./२/पं जयचन्द "जो सर्वथा एकान्त तत्त्वार्थके कहनेवाले जे अन्यमत, जिनका श्रद्धान तथा बाह्य वेष, तातैं विषै सत्यार्थपनेका अभिमान करना, तथा पर्यायनि विषै एकान्त तैं आत्मबुद्धि करि अभिमान तथा प्रीति करनी, यह अनन्तानुबन्धीका कार्य है। (स.सा./२० /क. १३७/पं जयचन्द)।

२. अनन्तानुबन्धीका स्वभाव सम्यक्त्वको घातना है—

पं. सं.प्रा./१/११५ पढमो दंसणघाई बिदिओ तह घाइ देसविरइत्ति। तइओ संजमघाई चउत्थो जहखायघाईया। =प्रथम अनन्तानुबन्धी कषाय सम्यग्दर्शनका घात करती है, द्वितीय अप्रत्याख्यानावरण कषाय देशविरतिकी घातक है। तृतीय प्रत्याख्यानावरण कषाय सकलसंयमकी घातक है और चतुर्थ संज्वलन कषाय यथाख्यात चारित्रकी घातक है। (पं. स.प्रा./१/११०) (गो.जी./मू./२८३/६०८) (गो. क./मू ४५) (ध सं.सं. १/१०४-२०५)—दे. सासादन २/६।

३. वास्तवमें यह सम्यक्त्व व चारित्र दोनोंको घातती है—

ध. १/१,१,१०/१६५/१ अनन्तानुबन्धिनां द्विस्वभावत्वप्रतिपादनफलत्वात्। यस्माच्च विपरीताभिनिवेशोऽभूदनन्तानुबन्धिनो, न तद्दर्शनमोहनीयं तस्य चारित्रावरणत्वात्। तस्योभयप्रतिबन्धकत्वादुभयव्यपदेशो न्याय्य इति चेन्न, इष्टत्वात्। =अनन्तानुबन्धी प्रकृतियोंकी द्विस्वभावताका कथन सिद्ध हो जाता है तथा जिस अनन्तानुबन्धीके उदयसे दूसरे गुणस्थानमें विपरीताभिनिवेश होता है, वह अनन्तानुबन्धी दर्शन मोहनीयका भेद न होकर चारित्रका आवरण करनेवाला होनेसे चारित्र मोहनीयका भेद है। प्रश्न—अनन्तानुबन्धी सम्यक्त्व और चारित्र इन दोनोंका प्रतिबन्धक होनेसे उसे उभयरूप संज्ञा देना न्याय संगत है? उत्तर—यह आरोप ठीक

नहीं है, क्योंकि यह तो हमें इष्ट ही है, अर्थात् अनन्तानुबन्धीको सम्यक्त्व और चारित्र इन दोनोंका प्रतिबन्धक माना ही है। (ध. ६/१,९-१,२३/४२/३)।

गो. क/जी. प्र./५४६/७६/१२ मिथ्यात्वेन सह उदीयमाना कषाय: सम्यक्त्वं घ्नन्ति। अनन्तानुबन्धिना च सम्क्त्वसंयमौ। =मिथ्यात्वके साथ उदय होनेवाली कषाय सम्यक्त्वको घातती है और अनन्तानुबन्धीके साथ सम्यक्त्व व चारित्र दोनोंको घातती है।

४. एक ही प्रकृतिमें दो गुणोंको घातनेकी शक्ति कैसे सम्भव है

ध. ६/१,९-१,२३/४२/४ का एत्थ जुत्ती। उच्चदे- ण ताव एदे दंसणमोहणिज्जा, सम्मत्त-मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्तेहि चेव आवरियस्स सम्मत्तस्स आवरणे फलाभावादो। ण चारित्तमोहणिज्जा वि, अपच्चक्खाणावरणादीहि आवरिदचारित्तस्स आवरणे फलाभावा। तदो एदेसिमभावो चेय। ण च अभावो सुत्तम्हि एसेसिमत्थित्तपदुप्पायणादो। तम्हा एदेसिमुदएण सासणगुणुप्पत्तीए अण्णहाणुववत्तीदो सिद्ध दंसणमोहणीयत्तं चारित्तमोहणीयत्तं च। =प्रश्न- अनन्तानुबन्धी कषायोंकी शक्ति दो प्रकारकी है, इस विषयमें क्या युक्ति है? उत्तर—ये चतुष्क दर्शन मोहनीय स्वरूप नहीं माने जा सकते हैं, क्योंकि सम्यक्त्व प्रकृति, मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वके द्वारा ही आवरण किये जानेवाले दर्शन मोहनीयके फलका अभाव है। और न इन्हें चारित्र मोहनीय स्वरूप ही माना जा सकता है, क्योंकि अप्रत्याख्यानावरणादि कषायोंके द्वारा आवरण किये गये चारित्रके आवरण करनेमें फलका अभाव है। इसलिए उपर्युक्त अनन्तानुबन्धी कषायोंका अभाव ही सिद्ध होता है। किन्तु उनका अभाव नहीं है, क्योंकि सूत्रमें इनका अस्तित्व पाया जाता है। इसलिए इन अनन्तानुबन्धी कषायोंके उदयसे सासादन भावकी उत्पत्ति अन्यथा हो नहीं सकती है। इस हेतु अन्यथानुपपत्तिसे इनके दर्शनमोहनीयता और चारित्रमोहनीयता अर्थात् सम्यक्त्व और चारित्रको घात करनेकी शक्तिका होना, सिद्ध होता है।

५. चारित्र मोहकी प्रकृति सम्यक्त्व घातक कैसे ?

प.ध.उ./११४० सत्यं तत्राविनाभाविनो बन्धसत्त्वोदयं प्रति। द्वयोरन्यतरस्यातो विवक्षायां न दूषणम् ॥११४०॥ =मिथ्यात्वके बन्ध, उदय, सत्त्वके साथ अनन्तानुबन्धी कषायका अविनाभाव है। इसलिए दोमेंसे एककी विवक्षा करनेसे दूसरेकी विवक्षा आ जाती है। अत कोई दोष नहीं।

गो.क./जी.प्र./५४६/७१/१२ मिथ्यात्वेन सहोदीयमाना कषाया सम्यक्त्वं घ्नन्ति। अनन्तानुबन्धिना च सम्यक्त्वसंयमौ। =मिथ्यात्वके साथ उदय होनेवाली कषाय सम्यक्त्वको घातती है और अनन्तानुबन्धीके द्वारा सम्यक्त्व और संयम घाता जाता है।

६. अनन्तानुबन्धीका जघन्य व उत्कृष्ट सत्त्व काल

१ ओघकी अपेक्षा

क.पा.२/§११८/९९/५ अणंताणु० चउक्क विहत्ती केवचिरं का०। अणादि० अपज्जवसिदा अणादि० सपज्जवसिदा सादि० सपज्जवसिदा वा। जा सा सपज्जवसिदा तिस्से इमो णिद्देसो-जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० अद्धपोग्गलपरियट्ट देसूणं। =अनन्तानुबन्धी चतुष्ककी विभक्तिवाले जीवोंका कितना काल है? अनादि-अनन्त, अनादि सान्त और सादि सान्त काल है। सादि सान्त अनन्तानुबन्धी चतुष्कविभक्तिका जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल कुछ कम अर्द्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण है।

क.पा २/§१२५/१०८/५ अथवा सत्तरथ उप्पज्जमाणसासणस्स एगसमओ वत्तव्वो। पंचिंदियअपज्जत्तएसु सम्मत्त सम्मामि० विहत्ति० जह० एगसमओ। =अथवा जिन आचार्योंके मतसे सासादन सम्यग्दृष्टि जीव एकेन्द्रियादि सभी पर्यायोंमें उत्पन्न होता है उनके मतसे पंचेन्द्रिय और पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंके अनन्तानुबन्धी चतुष्कका एक समय जघन्य काल कहना चाहिए।

२ आदेशकी अपेक्षा

क पा २/§११९/१०१/१ आदेसेण णिरयगदीए णेरइएसु मिच्छत्त-बारसकसाय-णवणोकसाय० विहत्ती केव०। जह० दस वाससहस्साणि, उक्क० तेत्तीस सागरोवमाणि। पढमादि जाव सत्तमा त्ति एव चेव वत्तव्वं। णवरि सत्तमाए पुढवीए अणंताणु० चउक्कस्स जह० अंतोमुहुत्त। =आदेशकी अपेक्षा नरकगतिमें नारकियोंमें मिथ्यात्व, बारह कषाय और नौ नोकषाय विभक्तिका कितना काल है? उत्तर—जघन्य काल दस हजार वर्ष और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है। इसी प्रकार सम्यक्त्व-प्रकृति, सम्यक्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चतुष्कका काल भी समझना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनका जघन्यकाल एक समय है। पहली पृथिवीसे लेकर सातवीं पृथिवी तक इसी प्रकार समझना चाहिए। परन्तु सातवीं पृथिवीमें अनन्तानुबन्धीका जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त है।

क.पा २/§१२०/१०२/१ तिरिक्खगईए तिरिक्खेसु · अणंताणु० चउक्कस्स जह० एगसमओ, उक्क० दोण्ह पि अणंतकालो। =तिर्यञ्च गतिमें अनन्तानुबन्धी चतुष्कका जघन्य काल एक समय है तथा पूर्वोक्त बाईस और अनन्तानुबन्धी चतुष्क इन दोनोंका उत्कृष्ट अनन्तकाल है।

क. पा २/§१२०/१०/२७ एवं मणुसतियस्स वत्तव्वं।

क. पा २/§१२२/१०४/२ देवाणं णारगभंगो।

=मनुष्य-त्रिक् अर्थात् सामान्य मनुष्य, पर्याप्त मनुष्य और मनुष्यनीके भी उक्त अट्ठाईस प्रकृतियोंका काल समझना चाहिए। देवगतिमें सामान्य देवोंके अट्ठाईस प्रकृतियोंकी विभक्तिका सत्त्व काल सामान्य नारकियोंके समान कहना चाहिए।

७. जघन्य व उत्कृष्ट अन्तर काल

क.पा.२/§१३५/१२३/७ अणंताणुबंधिचउक्क० विहत्ति० जह० अंतोमुहुत्त, उक्क० वेछावट्ठिसागरोवमाणि देसूणाणि। =अनन्तानुबन्धी चतुष्कका जघन्य अनन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम एक सौ बत्तीस सागर है।

८. अन्तर्मुहूर्त मात्र उदयवाली भी इस कषायमें अनन्तानुबन्धीपना कैसे ?

ध. ६/१,९-१,२३/४१/९ एदेसिमुदयकालो अंतोमुहुत्तमेत्तो चेय,... तदो एदेसिमणंतभवाणुबंधित्त ण जुज्जदि त्ति। ण एस दोसो, एदेहि जीवम्हि जणिदसंसकारस्स अणंतेसु भवेसु अवट्ठाणब्भुवगमादो। =प्रश्न—उन अनन्तानुबन्धी क्रोधादिकषायोंका काल अन्तर्मुहूर्त मात्र ही है अतएव इन कषायोंमें अनन्तानुबन्धिता घटित नहीं होती? उत्तर—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि इन कषायोंके द्वारा जीवमें उत्पन्न हुए संस्कारका अवस्थान अनन्तभवोंमें माना गया है। (विशेष दे अनन्तानुबन्धी १)।

९. अनन्तानुबन्धीका वासना काल

गो.क/जी.प्र./४६,४७ अंतोमुहुत्तपक्ख छम्मास संखासंखणभव। संजलणमादियाणं वासणकालो दु णियमेण ॥४६॥ उदयाभावेऽपि तत्संस्कारकालो वासनाकाल स च संज्वलनानामन्तर्मुहूर्त। प्रत्याख्यानावरणानामेकपक्ष अप्रत्याख्यानावरणाना षण्मासा अनन्तानुबन्धिनां संख्यातभवा असंख्यातभवा, अनन्तभवा वा भवन्ति नियमेन। =उदयका अभाव होते सते भी जो कषायनिका संस्कार जितने काल रहै ताका नाम वासनाकाल है। सो संज्वलन कषायनिका वासनाकाल अन्तर्मुहूर्त मात्र है। प्रत्याख्यानकषायनिका एक पक्ष है। अप्रत्याख्यान कषायनिका छ महीना है। अनन्तानुबन्धी कषायनिका संख्यात भव, असंख्यात भव, अनन्त भव पर्यन्त वासना काल है। जैसे—काहू पुरुषने क्रोध किया पीछे क्रोध मिटि और कार्य विषै लग्या,

तहाँ क्रोधका उदय तो नाही परन्तु वासना काल रहै, तेतैं जोहस्यो क्रोध किया था तीहस्यों क्षमा रूप भी न प्रवर्तै सो ऐसैं वासना काल पूर्वोक्त प्रमाण सब कषायनिका नियम करके जानना।(चा.सा./६०/१)।

१०. अन्य सम्बन्धित विषय

* अनन्तानुबन्धी प्रकृतिका बंध उदय सत्त्व व तत्सम्बन्धी नियम व शंका समाधान—दे वह वह नाम।
* अनन्तानुबन्धीमे दशों करणोंकी सम्भावना—दे करण २।
* अनन्तानुबन्धीकी उद्वेलना—दे. संक्रमण ४।
* कषायोंकी तीव्रता मन्दतामे अनन्तानुबन्धी नही, लेश्या कारण है—दे. कषाय ३।
* अनन्तानुबन्धीका सर्वघातियापन—दे. अनुभाग ४।
* अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना—दे विसयोजना।
* यदि अनन्तानुबन्धी द्विस्वभावी है तो इसे दर्शनचारित्र मोहनीय क्यों नही कहते ?—दे. अनन्तानुबन्धी ३।
* अनन्तानुबन्धी व मिथ्यात्वजन्य विपरीताभिनिवेशमे अन्तर—दे. सासादन १/२।

अनंतावधि ज्ञान—दे. अवधिज्ञान।

अनऋद्धि प्राप्तआर्य—दे. आर्य।

अनक्षरगता भाषा—दे. भाषा।

अनक्षरात्मक ज्ञान—दे श्रुतज्ञान I/१।

अनक्षरात्मक शब्द—दे. शब्द।

अनगार—मू आ /८८६ समणोत्ति संजदोत्ति य रिसिमुणिसाधुत्ति वादवरागो त्ति। णामाणि सुविहिदाणं अणगार भदत दंतोत्ति ॥८८६॥ =उत्तम चारित्रवाले मुनियोके ये नाम है—श्रमण, सयत, ऋषि, मुनि, साधु, वीतराग, अनगार, भदत, दंत व यति।

चा पा /मू /२० दुविहं संजमचरणं सायारं तह हवे निरायारं। सायारं सग्गंथे परिग्गहा रहिय खलु निरायारं ॥२०॥ सयम चारित्र है सो दो प्रकारका होता है—सागर तथा निरागार या अनगार तहाँ सागार तो परिग्रह सहित श्रावकके होता है और निरागार परिग्रह रहित साधुके होता है।

दे अगारी। चारित्र मोहनीयका उदय होनेपर जो परिणाम घरसे निवृत्त नहीं है वह भावागार कहा जाता है। वह जिसके है वह वनमें निवास करते हुए भी अगारी है और जिसके इस प्रकारका परिणाम नहीं है वह घरमें वास करते हुए भी अनगार है।

त. सा /४/७६ अनगारस्तथागारी स द्विधा परिकथ्यते। महाव्रतोऽनगार' स्यादगारी स्यादणुव्रत ॥७६॥ =वे व्रती अनगार तथा अगारी ऐसे दो प्रकार हैं। महाव्रतधारियोंको अनगार कहते है।

प्र सा./ता. वृ /२४६ अनगारा सामान्यसाधव। कस्मात्। सर्वेषां सुख-दु खादिविषये समतापरिणामोऽस्ति। =अनगार सामान्य साधुओको कहते है, क्योंकि, सर्व ही सुख व दु ख रूप विषयोमें उनके समता परिणाम रहता है। (चा सा /४७/४)

१. अनागारका विषय विस्तार—दे. साधु।

अनगारधर्म—र. सा./मू /११ झाणाझयण मुक्ख जइधम्म ण तं विणा तहा सोवि ॥११॥ =ध्यान और अध्ययन करना मुनीश्वरोका मुख्य धर्म है। जो मुनिराज इन दोनोको अपना मुख्य कर्तव्य समझकर अहर्निश पालन करता है, वही मुनीश्वर है, मोक्ष मार्गमें संलग्न है। अन्यथा वह मुनीश्वर नहीं है।

प. वि १/३८ आचारो दशधर्मसयमतपोमूलोत्तराख्या गुणा मिथ्यामोहमदोज्झनं शमदमध्यानप्रमादस्थिति'। वैराग्यं समयोपबृंहणगुणा रत्नत्रयं निर्मलं पर्यन्ते च समाधिरक्षयपदानन्दाय धर्मो यते' ॥३८॥ =ज्ञानाचारादि स्वरूप पाँच प्रकारका आचार, उत्तम क्षमादि रूप दश प्रकारका धर्म, संयम, तप तथा मूलगुण और उत्तरगुण, मिथ्यात्व, मोह एव मदका त्याग, कषायोका शमन, इन्द्रियोका दमन, ध्यान, प्रमाद रहित अवस्थान, संसार, शरीर एवं इन्द्रिय विषयोंसे विरक्ति, धर्मको बढानेवाले अनेको गुण, निर्मल रत्नत्रय तथा अन्तमें समाधिमरण यह सब मुनियोंका धर्म है जो अविनश्वर मोक्षपदके आनन्दका कारण है।

अनगारधर्मामृत—प. आशाधरजी (ई ११७३-१२४३) द्वारा रचित संस्कृत श्लोक बद्ध यत्याचार विषयक एक प्रसिद्ध ग्रन्थ। इसमें ६ अध्याय तथा ६५४ श्लोक है। (ती ४/४६), (जै. १/४२६)

अनधिगत चारित्र—दे. चारित्र १।

अनध्यवसाय—न्या दी /१/§ ६/८ किमित्यालोचनमात्रमनध्यवसाय। यथा पथि गच्छतस्तृणस्पर्शादि ज्ञानम्। =‘यह क्या है’ इस प्रकारका जो ज्ञान होता है, उसको अनध्यवसाय कहते है। जैसे-रास्ता चलनेवालेको तृण या काँटे आदिके स्पर्श मात्रसे यह कुछ पदार्थ है, ऐसा ज्ञान होता है, उसको अनध्यवसाय कहते है।

ध. १/१,१,४/१४८/५ प्रतिभास प्रमाणञ्चाप्रमाणञ्च विसंवादाविसवादोभयरूपस्य तत्रोपलम्भात्। =अनध्यवसाय रूप प्रतिभास प्रमाण भी है और अप्रमाण भी है, क्योकि, उसमें विसवाद अर्थात् ‘यह क्या है’ ऐसा अनिश्चय तथा अविसवाद अर्थात् ‘कुछ है अवश्य’ ऐसा निश्चय दोनो पाये जाते है।

रा. वा. हि /१/३२/१६२ काहै तै निर्णय कीजिये ? हेतुवाद तर्क शास्त्र है ते तो कही ठहरे नाहीं। बहुरि आगम है वे जुदे जुदे है। कोई कछु कहे कोई कछु कहे तिनि का ठिकाना नाहीं। बहुरि सर्वका ज्ञाता मुनि कोई प्रत्यक्ष नाही, जाके वचन प्रमाण कीजिये। बहुरि धर्मका स्वरूप यथार्थ सूक्ष्म है, सो कैसे निर्णय होय। तातैं जो बडा मार्ग चला आवे तैसे चलना, प्रवर्तना। निर्णय होता नाहीं, ऐसे अनध्यवसाय है।

* अनध्यवसाय, संशय व विपर्ययमे अन्तर—दे संशय ४।

अननुगामी—अवधिज्ञानका एक भेद=दे. अवधिज्ञान १।

अननुभाषण—न्या सु./५/२/१६/३१६ विज्ञातस्य परिषदा त्रिरभिहितस्याप्यप्रत्युच्चारणमननुभाषणम् ॥१६॥ =सभा अर्थात् सभासदने जिस अर्थको जान लिया और वादीने जिसको तीन बार कह दिया ऐसे जाने और तीन बार कहे हुएको सुनकर भी जो प्रतिवादी कुछ न कहे तो उसको ‘अननुभाषण’ नामक निग्रहस्थान कहते है। (श्लो वा. ४ /न्या २३१/४०६/१०)।

अनपायी—न वि /वृ./१/८६/३६५ अनपायी अव्यभिचारी यत्र इति। =अनपायी अव्यभिचारीको कहते है।

अनभिव्यक्ति—दे. व्यक्ति।

अनय—एक ग्रह—दे. ग्रह।

अनयाभास—दे. नय II/१।

अनर्थदंड—र. क. श्रा /७४ आभ्यन्तर दिगवधेरपार्थिकेभ्य सपापयोगेभ्य। विरमणमनर्थदण्डव्रत विदुर्व्रतधराग्रण्य। =दिशाओकी मर्यादाके भीतर-भीतर प्रयोजन रहित पापोंके कारणोसे विरक्त होनेको व्रतधारियोमें अग्रगण्य पुरुष अनर्थदण्ड व्रत कहते है।

स सि /७/२१/३५६ असत्युपकारे पापादानहेतुरनर्थदण्ड। =उपकार न होकर जो प्रवृत्ति केवल पापका कारण है, वह अनर्थदण्ड है। (रा. वा./७/२१ ४/५४७/२६)।

चा. सा./१६/४ प्रयोजन विना पापादानहेरवनर्थदण्ड'। =बिना ही प्रयोजनके जितने पाप लगते हों उन्हे अनर्थदण्ड कहते है।

का अ /मू /३४३ कज्जं किं पि ण साहदि णिच्च पाव करेदि जो अत्थो। सो खलु हवदि अणत्थो पंच-पयारो वि सो विविहो ॥ =जिससे अपना कुछ प्रयोजन तो सधता नहीं केवल पाप बन्धता है उसे अनर्थ कहते है।

वसु श्रा./२१६ अय-दण्ड-पास-विषकय-कूड-तुलामाण-कूरसत्ताणं। जं सगहो ण कीरइ त जाण गुणव्वयं तदियं। =लोहेके शस्त्र तलवार कुदाली वगैरहके तथा दण्ड और पाश (जाल) आदिके बेचनेका त्याग करना, झूठी तराजू तथा कूट मान आदिके बाँटोका कम नही रखना तथा बिल्ली, कुत्ता आदि क्रूर प्राणियोका सग्रह नही करना सो यह तीसरा अनर्थदण्ड त्याग नामका गुणव्रत जानना चाहिए ॥२१६॥ (गुण. श्रा.१४२)।

सा. ध /५/६ पीडा पापोपदेशाद्यैर्देहाद्यर्थाद्विनाङ्गिनाम्। अनर्थदण्डस्तत्त्यागोऽनर्थदण्डव्रत मतम्। =अपने तथा अपने कुटुम्बी जनोंके शरीर, वचन तथा मन सम्बन्धी प्रयोजनके बिना, पापोपदेशादिकके द्वारा प्राणियोंको पीडा नहीं देना, अनर्थदण्डका त्याग अनर्थदण्डव्रत माना गया है।

१. अनर्थदण्डके भेद

र क. श्रा./७५ पापोपदेशहिंसादानापध्यानदुःश्रुती पञ्च। प्राहुः प्रमादचर्यामनर्थदण्डानदण्डधराः। =दण्डको नही धरनेवाले गणधरादिक आचार्य-पापोपदेश हिंसादान, अपध्यान, दुःश्रुति और प्रमादचर्या इन पाँचोंको अनर्थदण्ड कहते है। (स सि /७/२१/३६०) (रा वा./७/२१.२१/५४६/५) (चा. सा./१६/४)।

पु सि /१४१-१४६ अपध्यान।१४१। पापोपदेश।१४२। प्रमादाचरित।१४३। हिंसादान।१४४। दुःश्रुति।१४५। क्रीडा।१४६।

चा. सा /१६/५ पापोपदेशश्चतुर्विध.—क्लेशवणिज्या, तिर्यग्वणिज्या, वधकोपदेश, आरम्भकोपदेशश्च। =पापोपदेश चार प्रकारका है—क्लेशवणिज्या, तिर्यग्वणिज्या, वधकोपदेश, आरम्भकोपदेश। (दुःश्रुति चार प्रकारकी है—स्त्रीकथा, भोगकथा, चोरकथा व राजकथा—दे. कथा)।

२. अपध्यानादि विशेष अनर्थदण्डोंके लक्षण

१. अपध्यान अनर्थदण्ड—दे. अपध्यान।

२ पापोपदेश अनर्थदण्ड

र क. श्रा./७६ तिर्यक्क्लेशवणिज्याहिंसारम्भप्रलम्भनादीनाम्। कथाप्रसङ्गप्रसव. स्मर्त्तव्य. पाप उपदेश. ॥७६॥ =तिर्यग्वणिज्या, क्लेशवणिज्या, हिंसा, आरभ, ठगाई आदिकी कथाओंके प्रसग उठानेको पापोपदेश नामका अनर्थदण्ड जानना चाहिए। (स सि /७/२१/३६०)

रा. वा /७/२१/५४६/७ क्लेशतिर्यग्वणिज्यावधकारम्भादिषु पापसयुतं वचन पापोपदेश। तद्यथा अस्मिन् देशे दासा दास्यश्च सुलभास्तानमुं देश नीत्वा विक्रये कृते महानर्थ लाभो भवतीति क्लेशवणिज्या। गोमहिष्यादीन् अमुत्र गृहीत्वा अन्यत्र देशे व्यवहारे कृते भूरिवित्तलाभ इति तिर्यग्वणिज्या। वागुरिकसौकरिकशाकुनिकादिभ्यो मृगवराहशकुन्तप्रभृतयोऽमुष्मिन् देशे सन्तीति वचनं वधकोपदेश.। आरम्भकेभ्य. कृषीवलादिभ्य क्षित्युदकज्वलनपवनवनस्पत्यारम्भोऽनेनोपायेन कर्तव्य. इत्याख्यानमारम्भकोपदेश। इत्येवं प्रकार पापसंयुतं वचन पापोपदेश। =क्लेशवणिज्या, तिर्यग्वणिज्या, वधक तथा आरम्भादिकमें पाप सयुक्त वचन पापोपदेश कहलाता है। वह इस प्रकार कि—१ इस देशमें दास-दासी बहुत सुलभ हैं। उनको अमुक देशमें ले जाकर बेचनेसे महान् अर्थ लाभ होता है। इसे क्लेशवणिज्या कहते हैं। २ गाय, भैंस आदि पशु अमुक स्थानसे ले जाकर अन्यत्र देशमें व्यवहार करनेसे महान् अर्थ लाभ होता है, इसे तिर्यग्वणिज्या कहते है। ३. वधक व शिकारी लोगोंको यह बताना कि हिरण, सूअर व पक्षी आदि अमुक देशमें अधिक होते है, ऐसा वचन वधकोपदेश है। ४. खेती आदि करनेवालोंसे यह कहना कि पृथ्वीका अथवा जल, अग्नि, पवन, वनस्पति आदिका आरम्भ इस उपायसे करना चाहिए। ऐसा कथन आरम्भकोपदेश है। इस प्रकारके पाप सयुक्त वचन पापोपदेश नामका अनर्थदण्ड है। (चा सा /१६/५)।

पु. सि /१४२ विद्यावाणिज्यमषीकृषिसेवाशिल्पजीविनां पुंसाम्। पापोपदेशदान कदाचिदपि नैव वक्तव्यम् ॥१४२॥ =बिना प्रयोजन किसी पुरुषको आजीविकाके कारण, विद्या, वाणिज्य, लेखनकला, खेती, नौकरी और शिल्प आदिक नाना प्रकारके काम तथा हुनर करनेका उपदेश देना, पापोपदेश अनर्थदण्ड कहलाता है। पापोपदेश अनर्थदण्डके त्यागका नाम ही अनर्थदण्डव्रत कहलाता है।

का अ./मू./३४५ जो उवएसो दिज्जदि किसि-पसु-पालण-वणिज्जपमुहेसु। पुरिसित्थी-सजाए अणत्थ-दडोहवे विदिओ। =कृषि, पशुपालन, व्यापार वगैरहका तथा स्त्री-पुरुषके समागमका जो उपदेश दिया जाता है वह दूसरा अनर्थदण्ड है।

सा ध /५/७ पापोपदेश यद्वाक्य, हिंसाकृत्यादिसश्रयम्। तज्जीविभ्यो न तं दद्यान्नापि गोष्ठ्यां प्रसज्जयेत् ॥७॥ =हिंसा, खेती और व्यापार आदिका विषय करनेवाला जो वचन होता है वह पापोपदेश कहलाता है इसलिए अनर्थदण्डव्रतका इच्छुक श्रावक हिंसा, खेती और व्यापार आदिसे आजीविका करनेवाले, व्याध, ठग वगैरहके लिए उस पापोपदेशको नही देवें और कथा-वार्तालाप वगैरहमें उस पापोपदेशको प्रसंगमें नही लावे।

३ प्रमादाचरित अनर्थदण्ड

र क श्रा /मू./८० क्षितिसलिलदहनपवनारम्भं विफल वनस्पतिच्छेदम्। सरणं सारणमपि च प्रमादचर्यां प्रभाषन्ते ॥८०॥ =बिना प्रयोजन पृथिवी, जल, अग्नि, और पवन के आरम्भ करनेको, वनस्पति छेदनेको, पर्यटन करनेको और दूसरोंको पर्यटन करानेको भी प्रमादचर्या नामा अनर्थदण्ड कहते है। (का. अ /मू /३४६)।

स. सि /७/२१/३६० प्रयोजनमन्तरेण वृक्षादिच्छेदनभूमिकुट्टनसलिलसेचनाद्यवद्यकर्म प्रमादाचरितम्। =बिना प्रयोजनके वृक्षादिका छेदना, भूमिका कूटना, पानीका सींचना आदि पाप कार्य प्रमादाचरित नामका अनर्थदण्ड है। (रा.वा./७/२१,२१/५४६/१४) (चा.सा./१७/२)।

पु.सि /१४३ भूखननवृक्षमोट्टनशाड्वलदलनाम्बुसेवनादीनि। निष्कारण न कुर्याद्दलफलकुसुमोच्चयानपि च। =बिना प्रयोजन जमीनका खोदना, वृक्षादिको उखाडना, दूब आदिक हरी घासको रौदना या खोदना, पानी खींचना, फल, फूल, पत्रादिका तोड़ना इत्यादिक पाप क्रियाओका करना प्रमादचर्या अनर्थदण्ड है।

सा.ध /५/१० प्रमादचर्यां विफलक्ष्मानिलाग्न्यम्बुभूरुहाम्। खातव्यधाततिध्यापासेकच्छेदादि नाचरेत् ॥१०॥ =अनर्थदण्डका त्यागी श्रावक पृथिवीके खोदनेरूप किवाड वगैरहके द्वारा वायुके प्रतिबन्ध करने रूप, जलादिसे अग्निको बुझाने रूप, भूमि वगैरहमें जलके फेंकने तथा वनस्पतिके छेदने आदि रूप प्रमादचर्याको नही करे

४. हिंसादान अनर्थदण्ड

र क श्रा /७७ परशुकृपाणखनित्रज्वलनायुधशृङ्गशृङ्खलादीनाम्। वधहेतूनां दानं हिंसादानं ब्रुवन्ति बुधाः ॥७७॥ =फरसा, तलवार, खनित्र, अग्नि, आयुध, सींगी, शांकल आदि हिंसाके कारणोंके माँगे देनेको पण्डित जन हिंसादान नामा अनर्थदण्ड कहते हैं।

स. सि /७/२१/३६० विषकण्टकशस्त्राग्निरज्जुकशादण्डादिहिंसोपकरणप्रदानं हिंसाप्रदानम्। =विष, काँटा, शस्त्र, अग्नि, रस्सी, चाबुक, और लकडी आदि हिंसाके उपकरणोंका प्रदान करना हिंसाप्रदान नामा अनर्थदण्ड है (रा. वा./७/२१.२१/५४६/१६) (चा. सा./१७/३)।

पु. सि. /१४४ असिधेनुविषहुताशनलाङ्गलकरवालकार्मुकादीनाम्। वितरणमुपकरणानां हिंसाया' परिहरेद्यत्नात्। =असि, धेनु, जहर, अग्नि, हल, करवाल, धनुष आदि अनेक हिंसाके उपकरणोंको दूसरोंको माँगा देनेका त्याग करना, हिंसाप्रदान अनर्थदण्ड है।

का अ./मू./३४७ मज्जार-पहुदि-धरण आउह-लोहादि-विक्कणं ज च। लक्खा-खलादि-गहणं अणत्थ-दण्डो हवे तुरिओ ॥३४७॥=बिलावादि हिंसक जन्तुओंका पालना, लोहे तथा अस्त्र-शस्त्रोंका देना-लेना और लाख, विष वगैरहका लेना-देना चौथा अनर्थदण्ड है।

सा. ध /५/८ हिंसादानविषास्त्रादि-हिंसाङ्गस्पर्शनं त्यजेत्। पाकाद्यर्थं च नाग्न्यादिदाक्षिण्याविषयेऽर्पयेत्।=विष या हथियार आदि हिंसाके कारणभूत पदार्थोंका देना हिंसादान नामक अनर्थदण्ड व्रत कहलाता है। उस हिंसादान अनर्थदण्डको छोड देना चाहिए। जिससे अपना व्यवहार है ऐसे पुरुषोंसे भिन्न पुरुषोंके विषयमें पाकादिके लिए अग्नि नहीं देवे।

५ दु श्रुति अनर्थदण्ड

र क. श्रा /७६ आरम्भसंगसाहसमिथ्यात्वद्वेषरागमदमदनैः। चेतः कलुषयतां श्रुतिरवधीनां दुःश्रुतिर्भवति ॥७६॥=आरम्भ, परिग्रह, दुःसाहस, मिथ्यात्व, द्वेष, राग, गर्व, कामवासना आदिसे चित्तको क्लेषित करनेवाले शास्त्रोंका सुनना-बाँचना सो दुःश्रुति नामा अनर्थदण्ड है।

स सि./७/२१/३६० हिंसारागादिप्रवर्धनदुष्टकथाश्रवणशिक्षणव्यापृतिरशुभश्रुतिः। =हिंसा और राग आदिको बढानेवाली दुष्ट कथाओंका सुनना और उनकी शिक्षा देना अशुभश्रुति नामका अनर्थदण्ड है। (रा. वा./७/२१,२१/५४६/१७) (चा. सा /१७/४)।

पु. सि /१४५ रागादिवर्द्धनानां दुष्टकथानामबोधबहुलानाम्। न कदाचन कुर्वीत श्रवणार्जनशिक्षणादीनि ॥१४५॥=रागद्वेष आदिक विभाव भावोंके बढानेवाली, अज्ञान भावसे भरी हुई दुष्ट कथाओंको सुनना, बनाना, एकत्रित करना, या सीखना आदिका त्याग करनेका नाम दुःश्रुति अनर्थदण्ड व्रत है।

का. अ /मू./३४८ ज सवणं सत्थाणं भंडण-वासियरण-काम-सत्थाणं। परदोसाणं ज तहा अणत्थ-दण्डो हवे चरिमो। ३४८। =जिन शास्त्रों या पुस्तकोंमें गन्दे मजाक, वशीकरण, कामभोग वगैरहका वर्णन हो उनका सुनना और परके दोषोंकी चर्चा वार्ता सुनना पाँचवाँ अनर्थदण्ड है।

सा. ध./५/६ चित्तकालुष्यकृत्काम-हिंसार्थश्रुतश्रुतिम्। न दुःश्रुतिमपध्यानं, नार्तरौद्रात्म चान्वियात् ॥६॥=अनर्थदण्डव्रतका इच्छुक श्रावक चित्तमें कालुष्यता करनेवाला जो काम तथा हिंसा आदिक हैं तात्पर्य जिनके ऐसे शास्त्रोंके रूप दुःश्रुति नामक अनर्थदण्डको नहीं करे और आर्त तथा रौद्र ध्यान स्वरूप अपध्यान नामक अनर्थदण्डको नहीं करे।

३. अनर्थदण्डव्रतके अतिचार

त. सू /७/३२ कन्दर्पकौत्कुच्यमौखर्यासमीक्ष्याधिकरणोपभोगपरिभोगानर्थक्यानि।=१ हास्ययुक्त अशिष्ट वचनका प्रयोग, २. कायकी कुचेष्टा सहित ऐसे वचनका प्रयोग, ३. बेकार बोलते रहना, ४. प्रयोजनके बिना कोई न कोई तोड-फोड करते रहना या काव्यादिका चिन्तवन करते रहना, ५. प्रयोजन न होनेपर भी भोग-परिभोगकी सामग्री एकत्रित करना या रखना, ये पाँच अनर्थदण्ड व्रतके अतिचार हैं। (र. क. श्रा./८१)।

४. भोगपभोग परिमालव्रत व भोगोपभोग आनर्थक्य नामक अतिचारमें अन्तर

रा.वा./७/३२,६-७/५५६/२६ यावतार्थेन उपभोगपरिभोगौ प्रकल्प्येतेत्तस्य तावानर्थ इत्युच्यते, ततोऽन्यस्याधिक्यमानर्थक्यम्।६।...स्यादेतत्—उपभोगपरिभोगव्रतेऽन्तर्भवतीति पौनरुक्त्यमासज्यत इति; तन्न किं कारणम्। तदर्थनिबन्धारणात्। इच्छावशात् उपभोगपरिभोगपरिमाणाग्रहं सावद्यप्रत्याख्यानं चेति तदुक्तम्, इह पुनः कल्प्यस्यैव आधिक्यमित्यतिक्रम इत्युच्यते। नन्वेवमपि तद्व्रतातिचारान्तर्भावात् इदं वचनमनर्थकम्। नानर्थकम्, सचित्ताद्यतिक्रमवचनात्।=जिसके जितने उपभोग और परिभोगके पदार्थोंसे काम चल जाये वह उसके लिए अर्थ है, उससे अधिक पदार्थ रखना उपभोगपरिभोगानर्थक्य है। प्रश्न—इसका तो उपभोग परिभोगपरिमाणव्रतमें अन्तर्भाव हो जाता है अतः इससे पुनरुक्तता प्राप्त होती है। उत्तर—नहीं होती, क्योंकि इसका अर्थ अन्य है। उपभोग परिभोगपरिमाणव्रतमें तो इच्छानुसार प्रमाण किया जाता है और सावद्यका परिहार किया जाता है, पर यहाँ आवश्यकताका विचार है। जो संकल्पित भी है पर यदि आवश्यकतासे अधिक है तो अतिचार है। प्रश्न—तब इसका अन्तर्भाव भोगपरिभोग-परिमाणव्रतके अतिचारमें हो जानेसे यह कथन निरर्थक है? उत्तर—निरर्थक नहीं है क्योंकि वहाँ सचित्त सम्बन्ध आदि रूपसे मर्यादातिक्रम विवक्षित है, अतः इसका वहाँ कथन नहीं किया।

५. अनर्थदण्डव्रतका प्रयोजन

रा वा /७/२१,२२/५४६/१६ दिग्देशयोरुत्तरयोश्चोपभोगपरिभोगयोरवधृतपरिमाणयोरनर्थक षड्क्रमणादिविषयोपसेवनं च निष्प्रयोजनं न कर्तव्यमित्यतिरेकनिवृत्तिज्ञापनार्थं मध्येऽनर्थदण्डवचनं क्रियते। =पहले कहे गये दिग्व्रत तथा देशव्रत तथा आगे कहे जाने वाले उपभोग-परिभोग परिमाणव्रतमें स्वीकृत मर्यादामें भी निरर्थक गमन आदि तथा विषय सेवन आदि नहीं करना चाहिए, इस अतिरेकनिवृत्तिकी सूचनाके लिए बीचमें अनर्थदण्डविरतिका ग्रहण किया है।

६. अनर्थदण्डव्रतका महत्त्व

पु. सि /१४७ एवंविधमपरमपि ज्ञात्वा मुञ्चत्यनर्थदण्डं यः। तस्यानिशमनवद्यं विजयमहिंसाव्रतं लभते ॥१४७॥=जो पुरुष इस प्रकार अन्य भी अनर्थदण्डोंको जानकर उनका त्याग करता है, वह निरन्तर निर्दोष अहिंसाव्रतका पालन करता है।

अनर्पित—स. सि /५/३२/३०३ तद्विपरीतमनर्पितम्। प्रयोजनाभावात् सतोऽप्यविवक्षा भवतीत्युपसर्जनीभूतमनर्पितमित्युच्यते।=अर्पितसे विपरीत अनर्पित है। अर्थात् प्रयोजनके अभावमें जिसकी प्रधानता नहीं रहती वह अनर्पित कहलाता है। तात्पर्य यह है कि किसी वस्तु या धर्मके रहते हुए भी उसकी विवक्षा नहीं होती इसलिए जो गौण हो जाता है वह अनर्पित कहलाता है। (रा. वा./५/३२,२/४६७/१५)।

अनल—दे अग्नि।

अनलकायिक—आकाशोपपन्न देव—दे. देव II/१/३।

अनवधृत अनशन—दे अनशन।

अनवस्था—श्लो वा./४/न्या /४५६/५५१/११ उत्तरोत्तरधर्मापेक्षया विश्रामाभावानवस्था। =उत्तर-उत्तर धर्मोंमें अनेकान्तकी कल्पना बढती चली जानेसे उसको अनवस्था दोष कहते हैं।

स. भ त/८२/४ अप्रामाणिकपदार्थपरम्परापरिकल्पनाविश्रान्त्यभावश्चानवस्थेत्युच्यते। =अप्रामाणिक पदार्थोंकी परम्परासे जो कल्पना है, उस कल्पनाके विश्रामके अभावको ही अनवस्था कहते हैं।

प. ध./पू /३८२ अपि कोऽपि परायत्त सोऽपि पर सर्वथा परायत्तात्। सोऽपि परायत्त' स्यादित्यनवस्थाप्रसङ्गदोषश्च ॥३८२॥ =यदि कदाचित् कहो कि (कोई एक धर्म) उनमें से परके आश्रय है, तो जिस परके आश्रय है वह पर भी सब तरहसे अपनेसे परके आश्रय होनेसे, अन्य परके आश्रयकी अपेक्षा करेगा और वह भी पर अन्यके आश्रयकी अपेक्षा रखता है इस प्रकार उत्तरोत्तर अन्य-अन्य आश्रयोंकी कल्पनाकी सम्भावनासे अनवस्था प्रसंग रूप दोष भी आवेगा।

अनवस्थाप्य—परिहार प्रायश्चित्तका एक भेद—दे. परिहार।

अनवस्थित—अवधिज्ञानका एक भेद—दे अवधिज्ञान १।

अनशन—यद्यपि भूखा मरना कोई धर्म नहीं, पर शरीरसे उपेक्षा हो जानेके कारण, अथवा अपनी चेतन वृत्तियोंको भोजन आदिके बन्धनोंसे मुक्त करनेके लिए, अथवा क्षुधा आदिमें भी साम्यरससे च्युत न होने रूप आत्मिक बलकी वृद्धिके लिए किया गया अशन-का त्याग मोक्षमार्गीको अवश्य श्रेयस्कर है। ऐसे ही त्यागका नाम अनशन तप है, अन्यथा तो कोरा लंघन है, जिससे कुछ भी सिद्धि नहीं।

१. अनशन सामान्यका निश्चय लक्षण

का अ /मू /४४०-४४१ जो मण-इंदिय विजई इह-भव-पर-लोय-सोक्ख-णिरवेक्खो। अप्पाणे वियं णिवसई सज्झाय-परायणो होदि ॥४४०॥ कम्माण णिज्जरट्ठं आहारं परिहरेइ लीलाए। एग-दिणादि-पमाणं तस्स तवं अणसणं होदि। =जो मन और इन्द्रियोंको जीतता है, इस भव और परभवके विषय सुखकी अपेक्षा नहीं करता, अपने आत्मसुखमें ही निवास करता है और स्वाध्यायमें तत्पर रहता है ॥४४०॥ उक्त प्रकारका जो पुरुष कर्मोंकी निर्जराके लिए एक दिन वगैरहका परिमाण करके लीला मात्रसे आहारका त्याग करता है, उसके अनशन नामक तप होता है ॥४४१॥

प्र सा /त प्र /२२७/२७७ यस्य सकलकालमेव सकलपुद्गलाहरणशून्य-मात्मानमवबुद्ध्यमानस्य सकलाशनतृष्णाशून्यत्वात्स्वयमनशन एव स्वभाव। तदेव तस्यानशन नाम तपोऽन्तरङ्गस्य बलीयस्त्वात्। =सदा ही समस्त पुद्गलाहारसे शून्य आत्माको जानता हुआ समस्त अनशन तृष्णा रहित होनेसे जिसका स्वयं अनशन ही स्वभाव है, वही उसके अनशन नामक तप है, क्योंकि अन्तरंगकी विशेष बलवत्ता है।

२. अनशन सामान्यका व्यवहार लक्षण

रा वा /६/१६,१/६१८/१७ यत्किंचिद् दृष्टफलं मन्त्रसाधनाद्यनुद्दिश्य क्रिय-माणमुपवसनमनशनमित्युच्यते। =मन्त्र साधनादि दृष्ट फलकी अपेक्षा-के बिना किया गया उपवास अनशन कहलाता है। (चा सा./१३४/१)।

भ. आ /वि /६/३२/१४ =अनशनं नाम अशनत्याग। स च त्रिप्रकार मनसा भुञ्जे, भोजयामि, भुञ्जते व्यापृतस्यानुमतिं करोमि। भुञ्जे भुङ्क्ष्व, पचन कुर्विति वचसा। तथा चतुर्विधस्याहारस्याभिसंधि-पूर्वकं कायेनादान हस्तसंज्ञया प्रवर्त्तनम् अनुमतिसूचनं कायेन। एतेषां मनोवाक्कायक्रियाणां कर्मोपादानकारणानां त्यागोऽनशन चारित्रमेव। =चार प्रकारके आहारोंका त्याग करना इसको अनशन कहते हैं। यह अनशन तीन प्रकारका है। मैं भोजन करूँ, भोजन कराऊँ, भोजन करनेवालेको अनुमति देऊँ, इस तरह मनमें संकल्प करना। मैं आहार लेता हूँ तू भोजन कर, तुम भोजन पकाओ ऐसा वचनसे कहना, चार प्रकारके आहारको सकल्प पूर्वक शरीरसे ग्रहण करना, हाथसे इशारा करके दूसरेको ग्रहण करनेमें प्रवृत्त करना, आहार ग्रहण करनेके कार्यमें शरीरसे सम्मति देना ऐसी जो मन, वचन, कायकी कर्म ग्रहण करनेमें निमित्त होने वाली क्रियाएँ उनका त्याग करना उसको अनशन कहते हैं।

ध १३/५,४,२६/५८/१ तत्थ चउत्थ-छट्ठट्ठम-दसम-दुवालस-पक्खव-मास उडु-अयण-संवच्छरेसु एसणपरिच्चाओ अणेसणं णाम तवो। =चौथे, छठे, आठवें, दसवें और बारहवें एषणका ग्रहण करना तथा एक पक्ष, एक मास, एक ऋतु एक अयन अथवा एक वर्ष तक एषणका त्याग करना अनेषण नामका तप है।

अन. ध /७/११/६६४ चतुर्थाद्यर्धवर्षान्तं उपवासोऽथवामृते। सकृद्भुक्तिश्च मुक्त्यर्थं तपोऽनशनमिष्यते ॥११॥ =कर्मोंका क्षय करनेके उद्देश्यसे भोजनका त्याग करनेको अनशन तप कहते हैं।

३. अनशन तपके भेद

भ. आ /मू /२०६ अद्धाणसण सव्वाणसण दुविहं तु अणसणं भणियं। =अर्धनिशन और सर्वनिशन ऐसे अनशन तपके दो भेद हैं।

मू. ला /३४७ इत्तरियं जावजीवं दुविहं पुण अणसणं मुणेदव्वं ॥३४७॥ =अनशन तपके दो भेद हैं—इतरिय तथा यावज्जीव।

रा. वा /६/१६,२/६१८/१८ तद् द्विविधमवधृतानवधृतकालभेदात्। =वह अनशन अनवधृत और अवधृतकालके भेदसे दो प्रकारका होता है। (चा सा /१३४/२)।

अन ध /७/११/६६५ =यह दो प्रकारका होता है—सकृद्भुक्ति या प्रोषध तथा दूसरा उपवास। उपवास दो प्रकारका माना है—अवधृतकाल और अनवधृतकाल।

४. अनशनके भेदोंके लक्षण

अवधृत काल अनशनका लक्षण

मूला /३४७-३४८ इत्तरियं साकाङ्क्षम्॥ ॥३४७॥ छट्ठट्ठमदसमद्दुवादसेहिं मासद्धमासखमणाणि। कणगेगावलि आदी तवोविहाणाणि णाहारे ॥३४८॥ =कालकी मर्यादासे इत्तरिय होता है ॥३४७॥ अर्थात् एक दिन-में दो भोजन वेला कही है। चार भोजन वेलाका त्याग उसे चतुर्थ उपवास कहते हैं। छ भोजन वेलाका त्याग वह दो उपवास कहे जाते हैं। इसीको षष्ठम तप कहते हैं। षष्ठम, अष्टम, दशम, द्वादश, पक्ष दिन, एक मास त्याग, कनकावली, एकावली, मुरज, मध्यविमान-पंक्ति, सिंहनी क्रीडित इत्यादि जो भेद जहाँ है वह सब साकांक्ष अनशन तप है ॥३४८॥ इसीको अवधृत काल अनशन तप कहते हैं। (चा सा /१३४/२)।

रा वा /६/१६,२/६१८/२० तत्रावधृतकालं सकृद्भोजनं चतुर्थभक्तादि। =एक बार भोजन या एक दिन पश्चात् भोजन नियतकालीन अनशन है।

भ आ /वि /२०६/४२५/१३ कदा तदुभयमित्यत्र कालविवेकमाह—विद्-रन्तस्य ग्रहणप्रतिसेवनकालयोर्वर्तमानस्य अद्धानशनं। =ग्रहण और प्रतिसेवना कालमें अद्धानशन तप मुनि करते हैं। दीक्षा ग्रहण कर जब तक सन्यास ग्रहण किया नहीं तब तक ग्रहण काल माना जाता है। तथा व्रतादिकोंमें अतिचार लगनेपर जो प्रायश्चित्तसे शुद्धि करने-के लिए कुछ दिन अर्थात् षष्ठम, अष्टम आदि अनशन करना पड़ता है, उसको प्रतिसेवनाकाल कहते हैं।

अन ध /७/११/६६५ वह अनशन दो प्रकारका होता है—सकृद्भुक्ति अर्थात् प्रोषध तथा दूसरा उपवास। दिनमें एक बार भोजन करनेको प्रोषध और सर्वथा भोजनके परिहारको उपवास कहते हैं। उसमें अवधृत-काल उपवासके चतुर्थसे लेकर षाण्मासिक तक अनेक भेद होते हैं।

२. अनवधृत काल या सर्वनिशनका लक्षण

मूला./३४६ भत्तपइण्णा इंगिणि पाउवगमणाणि जाणि मरणाणि। अण्णेवि एवमादी बोधव्वा णिरवकंखाणि ॥३४६॥ =भक्तप्रत्याख्यान, इंगिनीमरण, प्रायोपगमनमरण अथवा अन्य भी अनेकों प्रकारके मरणोंमें जो मरण पर्यन्त आहारका त्याग करना है वह निराकांक्ष कहलाता है।

रा वा /२/१६,२/६१८/२० अनवधृतकालमादेहोपरमात्। =शरीर छूटने तक उपवास धारण करना अनियमित काल अनशन कहलाता है। (चा सा /१३४/३) (अन ध /७/११/६६४) (भ.आ /वि./२०६/४२५)।

५. सर्वनिशन तप कब धारण किया जाता है

भ आ./वि /२०६/४२५/१४ परित्यागोत्तरकालो जीवितस्य य सर्वकाल तस्मिन्ननशनं अशनत्यागः सर्वानशनम्।... चरिमंते परिणामकाल-स्यान्ते। =मरण समयमें अर्थात् संन्यास कालमें मुनि सर्वानशन तप करते हैं।

६. अनशनके अतिचार

भ आ /वि./४८७/७०७/१ तपसोऽनशनादेरतिचारः। स्वयं न भुङ्क्ते अन्यं भोजयति, परस्य भोजनमनुजानाति मनसा वचसा कायेन च। स्वयं क्षुधापीडित आहारमभिलषति। मनसा पारणां मम कः प्रयच्छति, क्व वा लप्स्यामीति चिन्ता अनशनातिचारः। =स्वयं

भोजन नहीं करता है, परन्तु दूसरोंको भोजन कराता है, कोई भोजन कर रहा हो तो उसकी अनुमति देता है, यह अतिचार मनसे, वचनसे और शरीरसे करना। भूखसे पीडित होनेपर स्वयं मनमें आहारकी अभिलाषा करना, मेरेको कौन पारणा देगा, किस घरमें मेरा पारणा होगा, ऐसी चिन्ता करना, ये अनशन तपके अतिचार है।

७. अनशन शक्तिके अनुसार करना चाहिए

अन.ध /५/६५ द्रव्य क्षेत्र बल कालं भावं वीर्यं समीक्ष्य च। स्वास्थ्याय वर्तितां सर्वविद्धशुद्धाशनैः सुधी ॥६५॥=विचार पूर्वक आचरण करनेवाले साधुओंको आरोग्य और आत्मस्वरूपमें अवस्थान रखनेके लिए द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव, बल और वीर्य इन छह बातोंका अच्छी तरह पर्यालोचन करके सर्वाशन, विद्धाशन और शुद्धाशनके द्वारा आहारमें प्रवृत्ति करना चाहिए।

८. अनशनके कारण व प्रयोजन

स सि /९/१९/४३८ दृष्टफलानपेक्ष संयमसिद्धिरागोच्छेदकर्मविनाशध्यानागमाप्त्यर्थमनशनम्। =दृष्ट फल मन्त्रसाधना आदिकी अपेक्षा किये बिना संयमकी सिद्धि, रागका उच्छेद, कर्मोंका विनाश ध्यान और आगमकी प्राप्तिके लिए अनशन तप किया जाता है। (रा वा /९/१९,१/६१८/१६) (चा सा /१३४/४)

ध.१३/५,४,२६/५५/३ किमट्ठमेसो कीरदे। पाणिंदियसंजमट्ठं, भुत्तीए उहयासंजम अविणाभावदंसणादो। =**प्रश्न**—यह अनेषण किसलिए किया जाता है? **उत्तर**—यह प्राणिसंयम और इन्द्रिय संयमकी सिद्धिके लिए किया जाता है, क्योंकि भोजनके साथ दोनों प्रकारके असंयमका अविनाभाव देखा जाता है।

९. अनशनमें ऐहलौकिक फलकी इच्छा नहीं होनी चाहिए

रा.वा /९/१९,१/६१८/१६ यत्किंचिद् दृष्टफलं मन्त्रसाधनाद्यनुद्दिश्य क्रियमाणमुपवसनमनसनमित्युच्यते। =मन्त्र साधनादि कुछ भी दृष्ट फलकी अपेक्षाके बिना किया गया उपवास अनशन कहलाता है। (चा.सा./१३४/४)।

रा.वा /९/१९,१९/६१९/२४ सम्यग्योगनिग्रहो गुप्ति (९/४) इत्यत सम्यक ग्रहणमनुवर्त्तते, तेन दृष्टफलनिवृत्ति' कृता भवति सर्वत्र ='सम्यग्योगनिग्रहो गुप्ति' इस सूत्रमें-से सम्यक् शब्दकी अनुवृत्ति होती है। इसी 'सम्यक्' पदकी अनुवृत्ति आनेसे सर्वत्र (अनशन तपमें भी) दृष्टफल निरपेक्षताका होना तपोंमें अनिवार्य है। इसलिए सभी तपोंमें ऐहलौकिक फलकी कामना नहीं होनी चाहिए।

* अधिक से अधिक उपवास करनेकी सीमा—दे. प्रोषधोपवास।

अनस्तमी व्रत—व्रतविधान संग्रह पृ १६ कुल समय=जीवन पर्यन्त।

'किशनसिंह क्रिया कोष' विधि—प्रतिदिन सूर्यके दो घड़ी पश्चात तथा सूर्योदयसे दो घड़ी पहले भोजन करे। बीचके शेष समयोंमें चारों प्रकारके आहारका त्याग। मन्त्र—नमस्कारमन्त्रकी त्रिकाल जाप।

अनाकांक्ष क्रिया—दे क्रिया ३/२।

अनाकार—दे. आकार।

अनाचार—दे अतिचार/पु सि उ "व्रतका सर्वथा भंग होना अतिचार है।"

दे अतिचार/सामायिक पाठ "विषयोंमें अत्यन्त आसक्ति सो अनाचार है।"

१. अनाचार व अतिचार में अन्तर—दे अतिचार।

अनात्मभूत कारण—दे कारण I/१।

अनात्मभूत लक्षण—दे लक्षण।

अनादर—जम्बूद्वीपका अधिपति व्यन्तर देव—दे. व्यन्तर ४।

अनादि—१. ज्ञानमें आ जानेके कारण अनादि सादि नहीं हो जाता—दे अनंत २,२ भूत भविष्यत् कालका प्रमाण निश्चित कर देनेपर अनादि भी सादि बन जायेगा।—दे काल ३।

अनादिनय—सादि अनादि पर्यायार्थिक नय—दे नय IV/४।

अनादि बंध—सादि अनादि बन्धी-प्रकृतियाँ—दे प्रकृति बंध २।

अनादृत—कायोत्सर्गका एक अतिचार—दे व्युत्सर्ग १।

अनादेय—दे. आदेय।

अनाभोगकृतातिचार—दे. अतिचार।

अनाभोग क्रिया—दे क्रिया ३/२।

अनाभोगनिक्षेपाधिकरण—दे. अधिकरण।

अनायतन—दे आयतन।

अनारम्भ—प्र सा /त प्र /२३९ निःक्रियनिजशुद्धात्मद्रव्ये स्थित्वा मनोवचनकायव्यापारनिवृत्तिरनारम्भ। =निष्क्रिय जो निज शुद्धात्म द्रव्य, उसमें स्थित होनेके कारण मन वचन कायके व्यापारसे निवृत्त हो जाना अनारम्भ है।

अनालब्ध—कायोत्सर्गका एक अतिचार दे व्युत्सर्ग १।

अनालोच्य वचन—दे असत्य।

अनावर्त—१ एक यक्ष—दे. यक्ष; २. उत्तर जम्बूद्वीपका रक्षक व्यन्तर देव—दे व्यन्तर ४।

अनाहारक—ष ख १/१/१/सू. १७७/४१०/१ अणाहारा चदुसु ट्ठाणेसु विग्गहगइसमावण्णाणं केवलीणं वा समुग्घाद-गदाणं अजोगिकेवली सिद्धा चेदि ॥१७७॥=विग्रहगतिको प्राप्त जीवोंके, मिथ्यात्व, सासादन और अविरत सम्यग्दृष्टि तथा समुद्घातगत केवली, इन चार गुणस्थानोंमें रहनेवाले जीव और अयोगिकेवली तथा सिद्ध अनाहारक होते हैं ॥१७७॥ (ध १/१,१,९ ५/१५३/२, (गो जी./मू /६६६/१११९)।

स सि /२/२९/१८६ उपपादक्षेत्रं प्रति ऋज्व्यां गतौ आहारकः। इतरेषु त्रिषु समयेषु अनाहारकः। =जब यह जीव उपपाद क्षेत्रके प्रति ऋजुगतिमें रहता है तब आहारक होता है। बाकीके तीन समयोंमें अनाहारक होता है।

रा.वा /९ ७/११/६०४/१९ उपभोगशरीरप्रायोग्यपुद्गलग्रहणमाहारः, तद्विपरीतोऽनाहारः। तत्राहारः शरीरनामोदयात् विग्रहगतिनामोदयाभावाच्च भवति। अनाहारः शरीरनामत्रयोदयाभावात् विग्रहगतिनामोदयाच्च भवति। =उपभोग्य शरीरके योग्य पुद्गलोंका ग्रहण आहार है, उससे विपरीत अनाहार है। शरीर नामकर्मके उदय और विग्रहगति नामके उदयाभावसे आहार होता है। तीनों शरीर नामकर्मोंके उदयाभाव तथा विग्रहगति नामके उदयसे अनाहार होता है।

अनिःसृत—मतिज्ञानका एक भेद—दे. मतिज्ञान ४।

अनिःसरणात्मक तैजस शरीर—दे तैजस १।

अनिंदित—किन्नर नामा व्यन्तर जातिका एक भेद—दे किन्नर।

अनिंदिता—म पु /६२/ श्लोक 'मगध देशके राजा श्रीषेणकी पत्नी थी (४०)। आहार दानकी अनुमोदना करनेसे भोग भूमिका बन्ध किया (३४८ ३५०) अन्तमें पुत्रोंके पारस्परिक कलहसे दुःखी हो विष पुष्प सूँघकर मर गयी (३५६)। यह शान्तिनाथ भगवान्‌के चक्रायुध नामा प्रथम गणधरका पूर्वका चौदहवाँ भव है।—दे चक्रायुध।

अनिंद्रिय—**१. अनिन्द्रियक लक्षण मनके अर्थमें**—दे मन।

२. अनिन्द्रियक लक्षण इन्द्रिय रहितके अर्थमें :

ध १/१,१,३३/२४८/८ न सन्तीन्द्रियाणि येषां तेऽनिन्द्रियाः। के ते। अशरीरा सिद्धाः। उक्तं च—

ध. १/१,१,३३/गा १४०/२४८ ण वि इंदिय-करणजुदा अवग्गहादीहि गाहया अत्थे। णेव य इंदिय-सोक्खा अणिंदियाणंतणाण-सुहा ॥१४०॥ =जिनके इन्द्रियाँ नहीं पायी जाती उन्हे अनीन्द्रिय जीव कहते हैं। प्रश्न—वे कौन है? उत्तर—शरीररहित सिद्ध अनिन्द्रिय है। कहा भी है—वे सिद्ध जीव इन्द्रियोके व्यापारसे युक्त नही है और अवग्रहादिक क्षायोपशमिक ज्ञानके द्वारा पदार्थोंको ग्रहण नहीं करते है। उनके इन्द्रिय सुख भी नही है, क्योंकि उनका अनन्त ज्ञान व अनन्त सुख अनिन्द्रिय है। (गो जी /मू /१७४)।

अनित्थं—दे संस्थान।

अनित्य—दे नित्य।

अनित्य अनुप्रेक्षा—दे अनुप्रेक्षा।

अनित्य नय—दे नय I/४, सद्भावानित्यपर्यायार्थिक नय—दे नय IV/४)।

अनित्यसमा जाति—दे नित्यसमा।

अनित्य स्वभाव निर्देश—दे स्वभाव १।

अनिबद्ध मंगल—दे मंगल।

अनियति नय—दे नियति।

अनिरुद्ध—(म पु /५५/१८) कृष्णका पोता तथा प्रद्युम्नका पुत्र था।

अनिवर्तक—भाविकालीन बीसवें तीर्थंकर। अपरनाम कदर्प। (विशेष—दे तीर्थंकर ५)।

अनिह्नव—दे निह्नव।

अनिवृत्तिकरण—जीवोकी परिणाम विशुद्धिमे तरतमताका नाम गुणस्थान है। बहुत-बहुत जब साधक निर्विकल्प समाधिमें प्रवेश करनेके अभिमुख होता है तो उसकी संज्ञा अनिवृत्तिकरण गुणस्थान है। इस अवस्थाको प्राप्त सभी जीवोके परिणाम तरतमता रहित सदृश होते है। अनिवृत्तिकरण रूप परिणामोका सामान्य परिचय 'करण' में दिया गया है। यहाँ केवल अनिवृत्तिकरण गुणस्थानका प्रकरण है।

१. अनिवृत्तिकरण गुणस्थानका लक्षण

ष स./प्रा /१/२० २१ एक्कम्मि कालसमये संठाणादीहि जह णिवट्टंति। ण णिवट्टंति तह चिय परिणामेहिं मिहो जम्हा ॥२०॥ होंति अणियट्टिणो ते पडिसमयं जेसिमेक्कपरिणामा। विमलयरझाणहुयवहसिहाहि णिद्दड्ढकम्मवणा ॥२१॥ =इस गुणस्थानके अन्तर्मुहूर्तप्रमित कालमेंसे विवक्षित किसी एक समयमें अवस्थित जीव यत संस्थान (शरीरका आकार) आदिकी अपेक्षा जिस प्रकार निवृत्ति या भेदको प्राप्त होते है, उस प्रकार परिणामोकी अपेक्षा परस्पर निवृत्तिको प्राप्त नहीं होते है, अतएव वे अनिवृत्तिकरण कहलाते है। अनिवृत्तिकरण गुणस्थानवर्ती जीवोंके प्रतिसमय एक ही परिणाम होता है। ऐसे ये जीव अपने अतिविमल ध्यानरूप अग्निकी शिखाओसे कर्मरूप वनको सर्वथा जला डालते है। (ध १/१,१,१७/१८६/गा ११९-१२०) (गो जी /मू /५६-५७/१४१) (प स सं /१/३८,४०)।

रा वा /९/१,२०/५९०/१४ अनिवृत्तिपरिणामवशात् स्थूलभावेनोपशमक क्षपकश्चानिवृत्तिबादरसाम्परायौ ॥२०॥ तत्र उपशमनीया क्षपणीयाश्च प्रकृतय उत्तरत्र वक्ष्यन्ते। =अनिवृत्तिकरणरूप परिणामोकी विशुद्धिसे कर्म प्रकृतियोको स्थूल रूपसे उपशम या क्षय करनेवाला उपशामक क्षपक अनिवृत्तिकरण होता है।

ध १/१,१,१७/१८३/११ समानसमयावस्थितजीवपरिणामाना निर्भेदेन वृत्ति निवृत्ति। अथवा निवृत्तिर्व्यावृत्ति, न विद्यते निवृत्तिर्येषा तेऽनिवृत्तय। साम्परायाः कषायाः, बादरा स्थूला, बादराश्च ते साम्परायाश्च बादरसाम्परायाः। अनिवृत्तयश्च ते बादरसाम्परायाश्च अनिवृत्तिबादरसाम्परायाः। तेषु प्रविष्टा शुद्धिर्येषा संयतानां तेऽनिवृत्तिबादरसाम्परायप्रविष्टशुद्धिसंयता। तेषु सन्ति उपशमका क्षपकाश्च। ते सर्वे एको गुणोऽनिवृत्तिरिति। =समान समयवर्ती जीवोंके परिणामोकी भेदरहित वृत्तिको निवृत्ति कहते है। अथवा निवृत्ति शब्दका अर्थ व्यावृत्ति भी है। अतएव जिन परिणामोंकी निवृत्ति अर्थात व्यावृत्ति नहीं होती है उन्हे अनिवृत्ति कहते है। साम्पराय शब्दका अर्थ कषाय है और बादर स्थूलको कहते है। इसलिए स्थूल कषायोको बादरसाम्पराय कहते है और अनिवृत्तिरूप बादरसाम्परायको अनिवृत्तिबादरसाम्पराय कहते है। उन अनिवृत्तिबादरसाम्परायरूप परिणामोमे जिन संयतोकी विशुद्धि प्रविष्ट हो गयी है, उन्हे अनिवृत्तिबादरसाम्परायप्रविष्टशुद्धि संयत कहते है। ऐसे संयतोंमें उपशामक व क्षपक दोनों प्रकारके जीव होते है और उन सब संयतोका मिलकर एक अनिवृत्तिकरण गुणस्थान होता है।

गो. जी /जी प्र /५७/११०/३ न विद्यते निवृत्ति विशुद्धिपरिणामभेदो येषां ते अनिवृत्तय इति निरुक्त्याश्रयणात्। ते सर्वेऽपि अनिवृत्तिकरणा जीवा तत्कालप्रथमसमयादिं कृत्वा प्रतिसमयमनन्तगुणविशुद्धिवृद्धया वर्धमानेनहीनाधिकभावरहितेन विशुद्धिपरिणामेन प्रवर्तमानाः सन्ति यत तत प्रथमसमयवर्तिजीवविशुद्धिपरिणामेभ्यो द्वितीयसमयवर्तिजीवविशुद्धिपरिणामा अनन्तगुणा भवन्ति। एवं पूर्वपूर्वसमयवर्तिजीवविशुद्धिपरिणामेभ्यो जीवानामुत्तरोत्तरसमयवर्तिजीवऋद्धिपरिणामा अनन्तानन्तगुणितक्रमेण वर्धमाना भूत्वा गच्छन्ति। =जातैं नाही विद्यमान है निवृत्ति कहिये विशुद्धि, परिणामनि विषे भेद जिनके ते अनिवृत्तिकरण है ऐसी निरुक्ति जानना। जिन जीवनिको अनिवृत्तिकरण माडै पहला दूसरा आदि समान समय भये होहि, तिनि त्रिकालवर्ती अनेक जीवनिके परिणाम समान होहि। जैसे—अधःकरण अपूर्वकरण विषै समान होते थे तैसें इहाँ नाहीं। बहुरि अनिवृत्तिकरण कालका प्रथम समयको आदि देकरि समय-समय प्रति वर्तमान जे सर्व जीवतै हीन अधिकपनातै रहित समान विशुद्ध परिणाम धरै है। तहाँ समय समय प्रति जे विशुद्ध परिणाम अनन्तगुणे अनन्तगुणे उपजै है, तहाँ प्रथम समय विषै जे विशुद्ध परिणाम है तिनितै द्वितीय समय विषै विशुद्ध परिणाम अनन्तगुणे हौ है। ऐसे पूर्व-पूर्व समयवर्ती विशुद्ध परिणामनितै जीवनिके उत्तरोत्तर समयवर्ती विशुद्ध परिणाम अविभाग प्रतिच्छेदनिकी अपेक्षा अनन्तगुणा अनन्तगुणा अनुक्रमकरि वर्तता हुआ प्रवर्ते है।

द्र सं /टी /१३/३५ दृष्टश्रुतानुभूतभोगाकाङ्क्षादिरूपसमस्तसंकल्पविकल्परहितनिजनिश्चलपरमात्मस्वैकाग्र्यध्यानपरिणामेन कृत्वा येषां जीवानामेकसमये ये परस्पर पृथक्कर्तुं नायान्ति ते वर्णसंस्थानादिभेदेऽप्यनिवृत्तिकरणौपशमिकक्षपकसंज्ञा द्वितीयकषायाद्येकविंशतिभेदभिन्नचारित्रमोहप्रकृतीनामुपशमक्षपणसमर्था नवमगुणस्थानवर्तिनो भवन्ति। =देखे, सुने और अनुभव किये हुए भोगोकी वाछादि रूप सम्पूर्ण सकल्प तथा विकल्प रहित अपने निश्चल परमात्मस्वरूपके एकाग्र ध्यानके परिणामसे जिन जीवोके एक समयमें परस्पर अन्तर नहीं होता वे वर्ण तथा संस्थानके भेद होनेपर भी अनिवृत्तिकरण उपशामक व क्षपक संज्ञाके धारक, अप्रत्याख्यानावरण द्वितीय कषाय आदि इक्कीस प्रकारकी चारित्र मोहनीय कर्मकी प्रकृतियोके उपशमन और क्षपणमें समर्थ नवम गुणस्थानवर्ती जीव है।

२. सम्यक्त्व व चारित्र दोनोकी अपेक्षा औपशमिक व क्षायिक दोनो भावोकी सम्भावना

ध १/१,१,१७/१८८/८ काश्चित्प्रकृतीरुपशमयति, काश्चिदुपरिष्टादुपशमयिष्यतीति औपशमिकोऽयं गुण। काश्चित प्रकृती क्षपयति काश्चिदुपरिष्टात् क्षपयिष्यतीति क्षायिकश्च। सम्यक्त्वापेक्षया चारित्रमोहस्यापकस्य क्षायिक एव गुणस्तत्रान्यस्यासंभवात्। उपशमकस्यौपशमिक क्षायिकश्चोभयोरपि तत्राविरोधात्। =इस गुणस्थानमें जीव मोहकी कितनी ही प्रकृतियोका उपशमन करता है और कितनी ही प्रकृतियोका आगे उपशमन करेगा इस अपेक्षा यह

गुणस्थान औपशमिक है। और कितनी ही प्रकृतियोंका क्षय करता है तथा कितनी ही प्रकृतियोंका आगे क्षय करेगा, इस दृष्टिसे क्षायिक भी है। सम्यग्दर्शनकी अपेक्षा चारित्रमोहका क्षय करनेवालेके यह गुणस्थान क्षायिक भावरूप ही है, क्योंकि क्षपक श्रेणीमें दूसरा भाव सम्भव ही नहीं है। तथा चारित्रमोहनीयका उपशम करनेवालेके यह गुणस्थान औपशमिक और क्षायिक दोनों भावरूप है, क्योंकि उपशम श्रेणीकी अपेक्षा वहाँपर दोनों भाव सम्भव है।

३. इस गुणस्थानमें औपशमिक व क्षायिक ही भाव क्यों

ध ५/१,७,८/२०४/४ होदु णाम उवसंतकसायस्स ओवसमिओ भावो उवसमिदासेसकसायत्तादो। ण सेसाणं, तत्थ असेसमोहस्सुवसमाभावा। ण अणियट्टिबादरसांपराय-सुहुमसांपराइयाणं उवसमिदथोवकसायजणिदुवसमपरिणामाणं ओवसमियभावस्स अत्थित्ताविरोहा।

ध ५/१,७,६/२०५/१० बादर-सुहुमसांपराइयाणं पि खविदमोहेयदेसाणं कम्मक्खयजणिदभावोवलंभा।=

प्रश्न- समस्त कषायों और नोकषायोंके उपशमन करनेसे उपशान्तकषाय छद्मस्थ जीवके औपशमिक भाव भले रहा आवे, किन्तु अपूर्वकरणादि शेष गुणस्थानवर्ती जीवोंके औपशमिक भाव नहीं माना जा सकता है, क्योंकि, इन गुणस्थानोंमें समस्त मोहनीय कर्मके उपशमनका अभाव है। उत्तर- नहीं, क्योंकि कुछ कषायोंके उपशमन करनेसे उत्पन्न हुआ है उपशम परिणाम जिनके, ऐसे अनिवृत्तिकरण बादरसाम्पराय और सूक्ष्मसाम्पराय संयतके उपशम भावका अस्तित्व माननेमें कोई विरोध नहीं है। मोहनीय कर्मके एक देशके क्षपण करनेवाले बादरसाम्पराय और सूक्ष्मसाम्पराय क्षपकोंके भी कर्मक्षय जनित भाव पाया जाता है। (ध. ७/२,१,४६/९३/१)

४. अन्य सम्बन्धित विषय

* इस गुणस्थानके स्वामित्व सम्बन्धी जीवसमास, मार्गणास्थानादि २० प्ररूपणाएँ—दे सत्।
* इस गुणस्थान सम्बन्धी सत्, संख्या, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव, अल्पबहुत्व रूप आठ प्ररूपणाएँ —दे वह वह नाम।
* इस गुणस्थानमें कर्म प्रकृतियोंका बन्ध, उदय व सत्त्व —दे वह वह नाम।
* इस गुणस्थानमें कषाय, योग व संज्ञाके सद्भाव व तत्सम्बन्धी शंका समाधान —दे वह वह नाम।
* अनिवृत्तिकरणके परिणाम, आवश्यक व अपूर्वकरणसे अन्तर, अनिवृत्तिकरण लब्धि—दे करण ६।
* अनिवृत्तिकरणमें योग व प्रदेश बन्धकी समानताका नियम नहीं। दे करण ६।
* पुनः पुनः यह गुणस्थान प्राप्त करनेकी सीमा —दे संयम २।
* उपशम व क्षपक श्रेणी—दे श्रेणी २,३।
* बादर कृष्टि करण—दे कृष्टि।
* सभी गुणस्थानोंमें आयके अनुसार व्यय होनेका नियम —दे मार्गणा।

अनिष्ट—पदार्थकी इष्टता-अनिष्टता रागके कारणसे है। वास्तवमें कोई भी पदार्थ इष्टानिष्ट नहीं।—दे राग २।

अनिष्ट पक्षाभास—दे पक्ष।

अनिष्ट संयोगज आर्तध्यान—दे आर्तध्यान।

अनिसृष्ट—वसतिका दोष—दे वसति। आहारका दोष —दे आहार II/४/४।

अनीक—स सि/४/४/२३६ पदात्यादीनि सप्त अनीकानि दण्डस्थानीयानि।=सेनाकी तरह सात प्रकारके पदाति आदि अनीक कहलाते हैं। (रा. वा/४/४,७/२१३/६)।

ति प/३/६७ सेणोवमा गणिया ॥६७॥=अनीकदेव सेनाके तुल्य होते हैं।

त्रि सा/२२४ भाषा "जैसे राजाके हस्ति आदि सेना है वैसे देवोंमें अनीक जातिके देव ही हस्ति आदि आकार अपने नियोग तैं होइ है।"

१. अनीक देवोंके भेद

ति प/३/७७ सत्ताणीयं होंति हु पत्तेक्कं सत्त सत्त कक्खजुदा। पढमं ससमाणसमा तद्दुगुणा चरमकक्खत्ति ॥७७॥=सात अनीकोंमें-से प्रत्येक अनीक सात-सात कक्षाओंसे युक्त होती है। उनमें-से प्रथम कक्षाका प्रमाण अपने-अपने सामानिक देवोंके बराबर तथा इसके आगे अन्तिम कक्षा तक उत्तरोत्तर प्रथम कक्षासे दूना-दूना प्रमाण होता चला गया है ॥७७॥

ज प/४/१५८-१५९ सत्ताणियो पउक्खामि। सोहम्मकप्पवासीइंदस्स महाणुभावस्स ॥१५८॥ वसभरहतुरयमयगलणच्चणगंधव्वभिच्चवग्गाणं। सत्ताणीया दिट्ठा सत्तहि कच्छाहि संजुत्ता ॥१५९॥=महा प्रभावसे युक्त सौधर्म इन्द्रकी सात अनीकोंका वर्णन करते हैं ॥१५८॥ वृषभ, रथ, तुरग, मदगल (हाथी), नर्तक, गन्धर्व और भृत्यवर्ग इनकी सात कक्षाओंसे संयुक्त सात सेनाएं कही गयी हैं।

त्रि सा/२८०,२३० कुंजरतुरयपदादीरहगंधव्वा य णट्टवसहात्ति। सत्तेवय अणीया पत्तेय सत्त सत्त कक्खजुदा ॥२८०॥ ; पढमं ससमाणसमं तद्दुगुणं चरिमककखोत्ति ॥२३०॥=हाथी, घोड़ा, पयोदा-रथ, गन्धर्व, नृत्यकी और वृषभ ऐसे सात प्रकार अनीक एक-एकके हैं। बहुरि एक-एक अनीक सात-सात कक्ष कहिये फौज तिन करि संयुक्त है ॥२८०॥ तहाँ प्रथम अनीकका कक्ष विषै प्रमाण अपने-अपने सामानिक देवनिके समान है। तातैं दूणा दूणा प्रमाण अन्तका कक्ष विषै पर्यन्त जानना। तहाँ चमरेन्द्रके भैंसानिकी प्रथम फौजनि विषै चौसठ हजार भैंसे है। तातैं दूणे दूसरी फौज विषै भैंसे है। ऐसे सत्ताईस फौज पर्यन्त दूणे-दूणे जानने। बहुरि ऐसे ही तथा इतने ही घाटक आदि जानने। याही प्रकार और तनिका यथा सम्भव जान लेना ॥२३०॥

* इन्द्रों आदिके परिवारमें अनीकोंका निर्देश—दे भवनवासी आदि भेद।

२. कल्पवासी अनीकोंकी देवियोंका प्रमाण

ति. प/८/२२८ सत्ताणीय पढम पुह पुह देवीओ छस्सया होंति। दोण्णि सया पत्तेक्क देवीओ अणीय देवाणं ॥२२८॥=सात अनीकोंके प्रभुओंके पृथक् पृथक् छ सौ और प्रत्येक अनीकके दो सौ देवियाँ होती हैं।

अनीकदत्त—ह पु/३४/ श्लोक "पूर्वके चतुर्थ भवमें भानु सेठके शूर नामक राजपुत्र हुआ (९७-९८)। फिर पूर्वके तीसरे भवमें चित्रचूल विद्याधरका पुत्र 'गरुडध्वज' हुआ (१३२-१३३)। फिर दूसरे भवमें गगनदेव राजाका पुत्र 'गगरक्षित' हुआ (१४२-१४३)। वर्तमान भवमें वसुदेवका पुत्र तथा कृष्णका भाई था (३४/७)। कंसके भयसे गुप्तरूपसे सुदृष्टि' नामक सेठके घर पालन-पोषण हुआ था (३४/७)। धर्म श्रवण कर दीक्षा धारण कर ली (५९/११५-१२०)। अन्तमें गिरनार पर्वतसे मोक्ष प्राप्त किया (६५/१६-१७)।"

अनीकपाल—'अनीकदत्त' वत् ही है। नामोंमें शूरके स्थानपर 'सूरदेव' और गगरक्षितके स्थानपर 'नन्द' पढना।

अनीश्वरनय—दे नय I/५।

अनु—स. सि./२/२६/१८३ अनुशब्दस्यानुपूर्व्येण वृत्तिः।='अनु' शब्दका अर्थ 'यथाक्रम करि' ऐसा है। (रा वा/२/२६,२/१३७/२८)।

अनुकंपा—१ का /मू /१३७/२०१ तिसिदं बुभुक्खिदं वा दुहिदं दट्ठूण जो दूदुहिदमणो। पडिवज्जदि तं किवया तस्सेसा हादि अणुकंपा ॥=तृषातुर, क्षुधातुर अथवा दुखीको देखकर जो जीव मनमें दुःख पाता हुआ उसके प्रति करुणामें वर्तता है, उसका वह भाव अनुकम्पा है।

स सि /६/१२/३३० अनुग्रहार्द्रीकृतचेतस परपीडात्मस्थामिव कुर्वतोऽनुकम्पनमनुकम्पा।=अनुग्रहसे दयार्द्र चित्तवालेके दूसरेकी पीडाको अपनी ही माननेका जो भाव होता है, उसे अनुकम्पा कहते है। (रा वा /६/१२,३/५२२/१६)।

रा वा /१/२,३०/२२/६ सर्वप्राणिषु मैत्री अनुकम्पा। -सर्व प्राणी मात्रमें मैत्रीभाव अनुकम्पा है।

प्र सा /ता वृ /२६८ तृषित वा बुभुक्षित वा दुःखितं वा दृष्ट्वा कमपि प्राणिन यो हि स्फुट दुःखितमना सन् प्रतिपद्यते स्वीकरोति दयापरिणामेन तस्य पुरुषस्येषा प्रत्यक्षीभूता शुभोपयोगरूपानुकम्पा दया भवतीति।=प्यासेको या भूखेको या दुःखित किसी भी प्राणीको देखकर जो स्पष्टत दुःखित मन होकर दया परिणामके द्वारा (उनकी सेवा आदि) स्वीकार करता है, उस पुरुषके प्रत्यक्षीभूत शुभोपयोग रूप यह दया या अनुकम्पा होती है।

प ध उ /४४६,५६० अनुकम्पा कृपा ज्ञेया सर्वसत्त्वेष्वनुग्रह। मैत्रीभावोऽथ माध्यस्थ ने शल्य वैरवर्जनात् ॥४४६॥ समता सर्वभूतेषु यानुकम्पा परत्र सा। अर्थात स्वानुकम्पा स्याच्छल्यवच्छल्यवर्जनात् ॥५६०॥ =अनुकम्पा शब्दका अर्थ कृपा समझना चाहिए अथवा वैरके त्याग पूर्वक सर्व प्राणियोंपर अनुग्रह, मैत्रीभाव, माध्यस्थभाव और अन्य रहित वृत्ति अनुकम्पा कहलाती है ॥४४६॥ जो सब प्राणियोंमें समता या माध्यस्थभाव और दूसरे प्राणियोंके प्रति दयाका भाव है वह सब वास्तवमें शल्यके समान शल्यके त्याग होनेके कारण स्वानुकम्पा ही है ॥५६०॥

द पा /२/५ जयचन्द "सर्व प्राणीनि विषे उपकारकी बुद्धि तथा मैत्री भाव सो अनुकम्पा है, सो आप ही विषे अनुकम्पा है"।

१. अनुकम्पाके भेद

भ आ /वि /१८३२/१६४३/३ अनुकम्पा त्रिप्रकारा। धर्मानुकम्पा, मिश्रानुकम्पा, सर्वानुकम्पा चेति। =अनुकम्पा या दया इसके तीन भेद है—धर्मानुकम्पा, मिश्रानुकम्पा और सर्वानुकम्पा।

२. अनुकम्पाके भेदोके लक्षण

भ आ /वि /१८३४/१६४३/५ तत्र धर्मानुकम्पा नाम परित्यक्तासयमेषु मानावमानसुखदुःखलाभालाभतृणसुवर्णादिषु समानचित्तेषु दान्तेन्द्रियान्तःकरणेषु मातरमिव मुक्तिमाश्रितेषु परिहृतोग्रकषायविषमेषु विरक्तेषु भोगेषु दोषान्विचिन्त्य विरागतामुपगतेषु, ससारमहासमुद्राद्भयेन निशास्वप्यल्पनिद्रेषु, अगीकृतनिस्सगत्वेषु, क्षमादिदशविधधर्मपरिणतेषु यानुकम्पा सा धर्मानुकम्पा, यया प्रयुक्तो जनो विवेकी तद्योग्यान्नपानावसथैषणादिक सयमसाधनं यतिभ्य प्रयच्छति। स्वामविनिगुह्यशक्तिम् उपसर्गदोषानपसारयति, आज्ञाप्यतामिति सेवा करोति भ्रष्टमार्गाणां पन्थानमुपदर्शयति। तै प्रयोगमवाप्य अहो, सपुण्या वयमिति हृष्यति, सभासु तेषाम् गुणान् कीर्तयति स्वान्ते गुरुमिव पश्यति तेषा गुणानामभीक्ष्णं स्मरति, महात्मभि कदा नु मम समागम इति तै संयोग समीप्सति, तदीयान् गुणान् परैरभिवर्ण्यमानाञ्छ्रुत्वा तुष्यति। इत्थमनुकम्पापर साधुगुणानुमननानुकारी भवति। त्रिधा च सन्तो बन्धमुपदिशन्ति स्वयं कृतं, करणाया, परैः कृतस्यानुमतेश्च तत्तो महापुण्यराशिगतहर्षात् महान् पुण्यास्रव। मिश्रानुकम्पोच्यते पृथुपापकर्ममूलेभ्यो हिसादिभ्यो व्यावृता सतोषवैराग्यपरमनिरता, दिग्विरति, देशविरति, अनर्थदण्डविरति चोपगतास्तीव्रदोषात् भोगोपभोगान्निवृत्य शेषे च भोगे कृतप्रमाणा पापात्परिभोतचित्ता, विशिष्टदेशे काले च विवर्जितसर्वसावद्या पर्वस्वारम्भयोग सकलं विसृज्य उपवासं ये कुर्वन्ति तेषु संयतासंयतेषु क्रियमाणानुकम्पा मिश्रानुकम्पाच्यते। जीवेषु दयां च कृत्वा कृत्स्नामबुध्यमाना जिनसूत्राद्बाह्या येऽन्यपाखण्डरताविनीता कष्टानि तपासि कुर्वन्ति क्रियमाणानुकम्पा तया सर्वोऽपि कर्मपुण्य प्रचिनोति देशप्रवृत्तिर्गृहिणामकृत्स्नत्वात्। मिथ्यात्वदोषोपहतोऽन्यधर्म इत्येषु मिश्रा भवति धर्मो मिश्रानुकम्पामवगच्छेज्जन्तु। सदृष्टयो वापि कुदृष्टयो वा स्वभावतो मार्दवसप्रयुक्ता। या कुर्वते सर्वशरीरवर्गे सर्वानुकम्पेत्यभिधीयते सा। क्लिश्नान् क्लिश्नान् बद्धान् प्रकृतविलुप्यमानांश्च मर्त्यान्, सहैनसो निरेनसो वा परिदृश्य मृगान्विहगान् सरीसृपान् पशूश्च मासादि निमित्त प्रहन्यमानान् परलोके परस्परं वा तान् हिंसतो भक्षयतश्च दृष्ट्वा सूक्ष्माङ्गान् कुन्थुपिपीलिकाप्रभृतिप्राणभूतो मनुजकरभखरशरभकरितुरगादिभि समृद्यमानानभिवीक्ष्य असाध्यरोगोरगदशनात् परितप्यमानान् मृतोऽस्मि नष्टोऽस्म्यभिधावतेति रोगानुभूयमानान्, स्वपुत्रकलत्रादिभिरप्राप्तिकालि (?) सहसा वियुज्य कुर्वतो रुजा निष्क्राशन स्वाङ्गानिघनतश्च, शोकेन उपार्जितद्रविणैर्वियुज्यमानान् प्रनष्टबन्धून् धैर्यशिल्पविद्याव्यवसायहीनान् यान् प्रज्ञाप्रशमस्था वराकान् निरीक्ष्य दुःखमात्मस्थमिव विचिन्त्य स्वास्थ्यमुपशमनमनुकम्पा।=१. धर्मानुकम्पा—जिन्होने असंयमका त्याग किया है। मान, अपमान, सुख, दुःख, लाभ, अलाभ तृण, स्वर्ण इत्यादिकोंमें जिनका बुद्धि रागद्वेष रहित हो गयी है, इन्द्रिय और मन जिन्होंने अपने वश किये है, माता की भाँति युक्तिका जिन्होने आश्रय लिया है, उग्र कषाय विषयोका जिन्होने छोड दिया है, दिव्य भोगोंको दोष युक्त देखकर जो वैराग्य युक्त हो गये है, ससार समुद्रकी भीतिसे रातमें भी अल्प निद्रा लेनेवाले है। जिन्होने सम्पूर्ण परिग्रहको छोडकर निःसगता धारण की है, जो क्षमादि दस प्रकारके धर्मोंमें इतने तत्पर रहते है कि मानो स्वयं क्षमादि दशधर्म स्वरूप ही बने हों, ऐसे सयमी मुनियोंके ऊपर दया करना, उसको धर्मानुकम्पा कहते है। यह अन्त करणमें जब उत्पन्न होती है तब विवेकी गृहस्थ यतियोंको योग्य अन्नजल, निवास, औषधादिक पदार्थ देता है। अपनी शक्तिको न छिपाकर वह मुनिके उपसर्गको दूर करता है। हे प्रभो! आज्ञा दीजिए, ऐसी प्रार्थना कर सेवा करता है। यदि कोई मुनि मार्गभ्रष्ट होकर दिङ्मूढ हो गये हों तो उनको मार्ग दिखाता है। मुनियोका संयोग प्राप्त होनेसे 'हम धन्य है' ऐसा समझकर मनमें आनन्दित होता है, सभामें उनके गुणोंका कीर्तन करता है। मनमें मुनियोको धर्मपिता व गुरु समझता है। उनके गुणोंका चिन्तन सदा मनमें करता है, ऐसे महात्माओका फिर कब सयोग होगा ऐसा विचार करता है, उनका सहवास सदा ही होनेकी इच्छा करता है, दूसरोके द्वारा उनके गुणोका वर्णन सुनकर सन्तुष्ट होता है। इस प्रकार धर्मानुकम्पा करनेवाला जीव साधुके गुणोंको अनुमोदन देने वाला और उनके गुणोका अनुकरण करनेवाला होता है। आचार्य बन्धके तीन प्रकार कहते है—अच्छे कार्य स्वय करना, कराना और करनेवालोको अनुमति देना, इससे महान् पुण्यास्रव होता है, क्योंकि महागुणोमे प्रेम धारण कर जो कृत कारित और अनुमोदन प्रवृत्ति होती है वह महापुण्यको उत्पन्न करती है। २. मिश्रानुकम्पा—महान् पातकोके मूल कारण रूप हिसादिकोसे विरक्त होकर अर्थात् अणुव्रती बनकर सन्तोष और वैराग्यमें तत्पर रहकर जो दिग्विरति, देशविरति और अनर्थदण्डत्याग इन अणुव्रतोंको धारण करते हैं, जिनके सेवनसे महादोष उत्पन्न होते है ऐसे भोगोपभोगोंका त्यागकर जीवनके भोगोपभोगकी वस्तुओका जिन्होने प्रमाण किया है, जिनका मन पापसे भय युक्त हुआ है, पापसे डरकर विशिष्ट देश और कालकी मर्यादा कर जिन्होने सर्व पापोका त्याग किया है अर्थात् जो सामायिक करते है, पर्वोके दिनमें सम्पूर्ण आरम्भका त्याग कर जो उपवास करते है, ऐसे सयतासयत अर्थात् गृहस्थोंपर जो दया की जाती है उसको मिश्रानुकम्पा कहते है। जो जीवोंपर दया करते है, परन्तु दयाका पूर्ण स्वरूप जो नही जानते हैं, जो जिन-

सूत्रसे ग्राह्य हैं, जो अन्य पाखण्डी गुरुकी उपासना करते है, नग्न और कष्टदायक कायक्लेश करते है, इनके ऊपर कृपा करना यह भी मिश्रानुकम्पा है, क्योंकि गृहस्थोकी एकदेशरूपतासे धर्ममे प्रवृत्ति है, वे सम्पूर्ण चारित्र रूप धर्मका पालन नही कर सकते। अन्य जनोका धर्म मिथ्यात्वसे युक्त है। इस वास्ते गृहस्थ धर्म और अन्य धर्म दोनोंके ऊपर दया करनेसे मिश्रानुकम्पा कहते है। ३ सर्वानुकम्पा—सुदृष्टि अर्थात् सम्यग्दृष्टि जन, कुदृष्टि अर्थात् मिथ्यादृष्टि जन यह दोनों भी स्वभावत मार्दवसे युक्त होकर सम्पूर्ण प्राणियोके ऊपर दया करते है, इस दयाका नाम सर्वानुकम्पा है। जिनके अवयव टूट गये, जिनको जख्म हुई है, जो बाँधे गये है, जो स्पष्ट रूपसे लूटे जा रहे हैं, ऐसे मनुष्योंको देखकर, अपराधी अथवा निरपराधी मनुष्योको देखकर मानो अपनेको ही दु ख हो रहा हो, ऐसा मानकर उनके ऊपर दया करना यह सर्वानुकम्पा है। हिरण, पक्षी, पेटसे रेंगनेवाले प्राणी, पशु इनको मासादिक के लिए लोग मारते है ऐसा देखकर, अथवा आपसमें उपर्युक्त प्राणी लडते है और भक्षण करते है ऐसा देखकर जो दया उत्पन्न होती है, उसको सर्वानुकम्पा कहते है। सूक्ष्म कुंथु, चींटी वगैरह प्राणी, मनुष्य, ऊँट, गधा, शरभ, हाथी, घोडा इत्यादिकोके द्वारा मर्दित किये जा रहे है, ऐसा देखकर दया करनी चाहिए। असाध्य रोग रूपी सर्पसे काटे जानेसे जो दुखी हुए है, 'मै मर रहा हूँ' 'मेरा नाश हुआ' 'हे जन दौडो' ऐसा जो दु,खसे शब्द कर रहे है, रागोका जो अनुभव करता है उनके ऊपर दया करनी चाहिए। पुत्र, कलत्र, पत्नी वगैरहसे जिनका वियोग हुआ है, जो रोग पीडासे शोक कर रहे है, अपना मस्तक वगैरह जो वेदनासे पीटते है, कमाया हुआ धन नष्ट होनेसे जिनको शोक हुआ है, जिनके बान्धव छोडकर चले गये हैं, धैर्य, शिल्प, विद्या, व्यवसाय इत्यादिकोसे रहित है, उनको देखकर अपनेको इनका दु ख हो रहा है ऐसा मानकर उन प्राणियोको स्वस्थ करना, उनकी पीडाका उपशम करना, यह सर्वानुकम्पा है।

अनुकृति—ध ११/४,२,६,२४६/३४१/१२ अणुकट्ठी णाम दिट्ठि जत्थ-सरिसाणं सरिसाणं समाणत्तमसमाणत्त च परूवेदि। =अणुकृति अनुयोगद्वार प्रत्येक स्थितिके स्थितिबन्धाध्यवसायस्थानोकी समानता व असमानताको बतलाता है।

अनुकृष्टि—ल सा./४३/७७/५ अनुकृष्टयद्धा एकसमयपरिणामैर्नाना-खण्डसरूपेत्यर्थ। =अनुकृष्टिका गच्छ, एक एक समय सम्बन्धी परिणामनि विषै एते एते खण्ड हो है ऐसा अर्थ है। (विशेष दे. गणित II/६/२)।

अनुकृष्टि गच्छ आदि—दे गणित II/६/२।

अनुकृष्टि चय—दे. गणित II/६/२।

अनुक्त—मतिज्ञानका एक भेद -दे. मतिज्ञान ४।

अनुगम—ध ३/१,२,१/८/६ यथावस्त्ववबोध अनुगम' केवलिश्रुत-केवलिभिरनुगतानुरूपेणावगमो वा। =वस्तुके अनुरूप ज्ञानको अनुगम कहते है। अथवा केवली और श्रुतकेवलियोके द्वारा परम्परासे आये हुए अनुरूप ज्ञानको अनुगम कहते है।

ध. ६/४ १,४५/१४१/६ जम्हि जेण वा वत्तव्व परुविज्जदि सो अणुगमो। अहियारसण्णिदाणमणिओगद्दाराण जे अहियारा तेसिमणुगमो त्ति सण्णा, जहा वेयणाए पदमीमांसादि। अथवा अनुगम्यन्ते जीवादय' पदार्थाः अनेनेत्यनुगम प्रमाणम्। =१ जहाँ या जिसके द्वारा वक्तव्य-की प्ररूपणा की जाती है, वह अनुगम कहलाता है। २. अधिकार संज्ञा युक्त अनुयोगद्वारोके जो अधिकार होते है उनका 'अनुगम' यह नाम है, जैसे—वेदनानुयोगद्वारके पदमीमांसा आदि अनुगम। ३. अथवा जिसके द्वारा जीवादि पदार्थ जाने जाते है वह अनुगम अर्थात् प्रमाण कहलाता है।

ध. ६/४,१,४५/१६२/४ अथवा अनुगम्यन्ते परिच्छिद्यन्त इति अनुगमाः षड्द्रव्याणि त्रिकोटिपरिणामात्मकपाषण्ड्यविषयविभ्राड्भावरूपाणि प्राप्तजात्यन्तराणि प्रमाणविषयतया अपसारितदुर्नयानि सविश्वरूपा-नन्तपर्यायसप्रतिपक्षविविधनियतभङ्गात्मकसत्तास्वरूपाणीति प्रति-पत्तव्यम्। एवमणुगमपरूवणा कदा। =अथवा जो जाने जाते है' इस निरुक्तिके अनुसार त्रिकोटि स्वरूप (द्रव्य, गुण, पर्याय स्वरूप) पाषण्डियोके अविषय भूत अविभ्राड्भाव सम्बन्ध अर्थात् कथचित तादात्म्य सहित, जात्यन्तर स्वरूपको प्राप्त, प्रमाणके विषय होनेसे दुर्नयोको दूर करनेवाले, अपनी नानारूप अनन्त पर्यायोकी प्रतिपक्ष भूत असत्तासे सहित और उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य स्वरूपसे सयुक्त, ऐसे छह द्रव्य अनुगम है, ऐसा जानना चाहिए। इस प्रकार अनुगमकी प्ररूपणा की है।

अनुगामी—अवधिज्ञानका एक भेद—दे अवधिज्ञान १।

अनुग्रह—स सि./७/३८/३७२ स्वपरोपकारोऽनुग्रह। स्वोपकार' पुण्य-सचय, परोपकार' सम्यग्ज्ञानादिवृद्धि। =अपना तथा दूसरेका उपकार सो अनुग्रह है। (दान विषै) अपना उपकार तो पुण्य सचय है और परका उपकार सम्यग्ज्ञानादिकी वृद्धि है। (रा वा / ७/३८,१/५५६/१५)।

रा. वा. ४/२०,२/२३५/१३ अनुग्रह इष्टप्रतिपादनम्। =इष्ट प्रतिपादन करना अनुग्रह है।

रा. वा /५/१७,३/४६०/२५ द्रव्याणा शक्त्यन्तराविर्भाव कारणभावोऽनुग्रह उपग्रह इत्याख्यायते। =द्रव्यकी अन्य शक्तियोके प्रगट होनेमें कारण भावको अनुग्रह या उपग्रह कहते है।

अनुग्रहतंत्र नय—दे. नय I/५।

अनुजीवी गुण—दे. गुण १।

अनुत्तर—ध १३/५,५,५०/२८३/३ उत्तर प्रतिवचनम्, न विद्यते उत्तर यस्य श्रुतस्य तदनुत्तर श्रुतम्। अथवा अधिकमुत्तरम्, न विद्यते उत्तरोऽन्यसिद्धान्त अस्मादित्यनुत्तर श्रुतम्। =१ उत्तर प्रति-वचनका दूसरा नाम है, जिस श्रुतका उत्तर नही है वह श्रुत अनुत्तर कहलाता है। अथवा उत्तर शब्दका अर्थ अधिक है, इससे अधिक चूँकि अन्य कोई भी सिद्धान्त नही पाया जाता, इसलिए इस श्रुत-का नाम अनुत्तर है। २ कल्पातीत स्वर्गोका एक भेद—दे स्वर्ग ५/२।

अनुत्तरोपपादक—ध. १/१,१,२/१०४/१ अनुत्तरेष्वोपपादिका अनुत्तरौपपादिका। =जो अनुत्तरोमें उपपाद जन्मसे पैदा होते हैं, उन्हे अनुत्तरोपपादिक कहते है।

१. भगवान् वीरके तीर्थमें दश अनुत्तरोपपादकोका निर्देश

ध. १,१,२/१४०/२ ऋषिदास-धन्य-सुनक्षत्र-कार्त्तिकेयानन्द-नन्दन-शालि-भद्राभय वारिषेण-चिलातपुत्रा इत्येते दश वर्द्धमानतीर्थकरतीर्थे। =ऋषिदास, धन्य, सुनक्षत्र, कार्त्तिकेय, आनन्द, नन्दन, शालिभद्र, अभय, वारिषेण और चिलातपुत्र ये दश अनुत्तरौपपादिक वर्धमान तीर्थंकरके तीर्थमे हुए है।

अनुत्तरोपपादकदशांग—द्रव्यश्रुतज्ञानका नवाँ अग =दे श्रुत-ज्ञान III।

अनुत्पत्तिसमाजाति—न्या सू./५/१/१२/२६२ प्रागुत्पत्ते कारणा-भावादनुत्पत्तिसम ॥१२॥ उत्पत्तिके पहले कारणके न रहनेसे 'अनु-त्पत्तिसम' होता है। शब्द अनित्य है, प्रयत्नकी कोई आवश्यकता नहीं होनेसे घट की नाईं है, ऐसा कहनेपर दूसरा कहता है कि उत्पत्तिके पहले अनुत्पन्न शब्दमें प्रयत्नावश्यकता जो अनित्यत्वकी हेतु है, वह नहीं है। उसके अभावमें नित्यका होना प्राप्त हुआ और नित्यकी उत्पत्ति है नहीं, अनुत्पत्तिसे प्रत्यवस्थान होनेसे अनुत्पत्तिसम हुआ। (श्लो वा ४/न्या, ३७३/५१/४)।

अनुत्पादनोच्छेद—दे. व्युच्छित्ति।

अनुत्सेक—स सि /६/२६/३४० विज्ञानादिभिरुत्कृष्टस्यापि सतस्त-

रकृतमदविरहोऽनहङ्कारतानुत्सेक'। =ज्ञानादिकी अपेक्षा श्रेष्ठ होते हुए भी उसका मद न करना अर्थात् अहंकार रहित होना अनुत्सेक है।

अनुदिश—रा वा /४/१९,५/२५/१ किमनुदिशमिति। प्रतिदिशमित्यर्थ'। =प्रश्न- अनुदिशसे क्या तात्पर्य है? उत्तर—अनुदिश अर्थात् प्रत्येक दिशामें वर्तमान विमान। अर्थात् जो प्रत्येक आठ दिशाओंमें पाये जायें, वे अनुदिश हैं। क्योंकि अनुदिश विमान एक मध्यमें है तथा दिशाओं व विदिशाओंमें आठ है। अत इन विमानोंको अनुदिश कहते है। २. कल्पातीत स्वर्गोंका एक भेद = दे. स्वर्ग ५/२।

अनुपक्रम—दे. काल १।

अनुपचरित नय—दे नय V/५।

अनुपमा—वरांग च./सर्ग/श्लोक "समृद्धपुरके राजा धृतिसेनकी पुत्री थी (२/११)। वरांगकुमारसे विवाही गयी (२/८७)। अन्तमें दीक्षा धारण कर ली (२६/१४) तथा घोर तपश्चरण कर स्वर्गमें देव हुई (३१/११४)।

अनुपलब्धि—दे उपलब्धि।

अनुपसंहारी हेत्वाभास—श्लो वा ४/न्या २७३/४२५/२२ तथैवानुपसंहारी केवलान्वयिपक्षक'। =व्यतिरेक नहीं पाया जाकर जिसका केवल अन्वय ही वर्तता है उसको पक्ष या साध्य बनाकर जिस अनुमानमें हेतु दिये जाते है, वे हेतु अनुपसंहारी हेत्वाभास है।

अनुपस्थापनापरिहार प्रायश्चित—दे. परिहार।

अनुपात—रा. वा./१/११,६/५२/२४ अनुपात्त प्रकाशोपदेशादिपर'। =अनुपात उपदेशादि 'पर' है।

रा वा./६/७,९/६००/८ अनुपात्तानि परमाण्वादीनि। कर्मनोकर्मभावेन आत्मनागृहीतानि। =अनुपात द्रव्य वे परमाणु आदि है जो आत्माके द्वारा कर्म व नोकर्म रूपसे ग्रहण किये जाने योग्य नहीं है।

ध. १२/४,२,७/२२०/११६/६ कोऽनुपात। त्रैराशिकम्। =प्रश्न—अनुपात किसे कहते है? उत्तर—त्रैराशिकको अनुपात कहते हैं। २. (ज. प /प्र. १२७) Proportion.

अनुपालनाशुद्धप्रत्याख्यान—दे. प्रत्याख्यान १।

अनुप्रेक्षा—किसी बातको पुन -पुन चिन्तवन करते रहना अनुप्रेक्षा है। मोक्षमार्गमें वैराग्यकी वृद्धिके अर्थ बारह प्रकारकी अनुप्रेक्षाओंका कथन जैनागममें प्रसिद्ध है। इन्हे बारह वैराग्य भावनाएँ भी कहते है। इनके भानेसे व्यक्ति शरीर व भोगोंसे निर्विण्ण होकर साम्य भावमें स्थिति पा सकता है।

१ भेद व लक्षण
- १ अनुप्रेक्षा सामान्यका लक्षण
- २. अनुप्रेक्षाके भेद
- ३. अनित्यानुप्रेक्षा (निश्चय, व्यवहार)
- ४ अन्यत्वानुप्रेक्षा (निश्चय, व्यवहार)
- ५. अशरणानुप्रेक्षा (निश्चय, व्यवहार)
- ६. अशुचित्वानुप्रेक्षा (निश्चय, व्यवहार)
- ७. आस्रवानुप्रेक्षा (निश्चय, व्यवहार)
- ८. एकत्वानुप्रेक्षा (निश्चय, व्यवहार)
- ९. धर्मानुप्रेक्षा (निश्चय, व्यवहार)
- १० निर्जरानुप्रेक्षा (निश्चय, व्यवहार)
- ११. बोधिदुर्लभानुप्रेक्षा (निश्चय, व्यवहार)
- १२. लोकानुप्रेक्षा (निश्चय, व्यवहार)
- १३ संवरानुप्रेक्षा (निश्चय, व्यवहार)
- १४ ससारानुप्रेक्षा (निश्चय, व्यवहार)

२. अनुप्रेक्षा निर्देश
- १. सर्व अनुप्रेक्षाओका चिन्तवन सब अवसरोंपर आवश्यक नही
- २ एकत्व व अन्यत्व अनुप्रेक्षामे अन्तर
- * धर्म ध्यान व अनुप्रेक्षामे अन्तर—दे. धर्मध्यान ३।
- ३. आस्रव, संवर, निर्जरा—इन भावनाओंकी सार्थकता
- ४. वैराग्य स्थिरीकरणार्थ कुछ अन्य भावनाएँ
- * ध्यानमे भाने योग्य कुछ भावनाएँ—दे. ध्येय।

३ निश्चय व्यवहार अनुप्रेक्षा विचार
- १ अनुप्रेक्षाके साथ सम्यक्त्वका महत्त्व
- २ अनुप्रेक्षा वास्तवमे शुभभाव है।
- ३. अन्तरंग सापेक्ष अनुप्रेक्षा संवरका कारण है।

४. अनुप्रेक्षाका कारण व प्रयोजन
- १ अनुप्रेक्षाका माहात्म्य व फल
- २ अनुप्रेक्षा सामान्यका प्रयोजन
- ३ अनित्यानुप्रेक्षाका प्रयोजन
- ४. अन्यत्वानुप्रेक्षाका प्रयोजन
- ५ अशरणानुप्रेक्षाका प्रयोजन
- ६ अशुचि अनुप्रेक्षाका प्रयोजन
- ७ आस्रवानुप्रेक्षाका प्रयोजन
- ८ एकत्वानुप्रेक्षाका प्रयोजन
- ९. धर्मानुप्रेक्षाका प्रयोजन
- १० निर्जरानुप्रेक्षाका प्रयोजन
- ११. बोधिदुर्लभ अनुप्रेक्षाका प्रयोजन
- १२ लोकानुप्रेक्षाका प्रयोजन
- १३. संवरानुप्रेक्षाका प्रयोजन
- १४ संसारानुप्रेक्षाका प्रयोजन

१. भेद व लक्षण

१. अनुप्रेक्षा सामान्यका लक्षण

त सू./९/७ स्वाख्यातत्वानुचिन्तनमनुप्रेक्षा। =बारह प्रकारसे कहे गये तत्त्वका पुन' पुन' चिन्तन करना अनुप्रेक्षा है।

स. सि /९/२/४०९ शरीरादीनां स्वभावानुचिन्तनमनुप्रेक्षा। =शरीरादिकके स्वभावका पुन -पुन' चिन्तन करना अनुप्रेक्षा है। (रा वा./९/२,४/५९१/३४)

स. सि /९/२५/४४३ .अधिगतार्थस्य मनसाभ्यासोऽनुप्रेक्षा। =जाने हुए अर्थका मनमें अभ्यास करना अनुप्रेक्षा है। (रा वा./९/२५,३/६२४) (त.सा./७/२०) (चा सा /१५३/३) (अन ध /७/८९/७१५)।

ध ९/४,१,५५/२६३/१ कम्मणिज्जरणट्ठमट्ठि-मज्जाणुगयस्स सुदणाणस्स परिमलणमणुपेक्खणा णाम। =कर्मोकी निर्जराके लिए अस्थि-मज्जानुगत अर्थात् पूर्ण रूपसे हृदयगम हुए श्रुतज्ञानके परिशीलन करनेका नाम अनुप्रेक्षा है।

ध. १४/५,६,१४/६/५ सुदत्थस्स सुदाणुसारेण चिन्तणमणुपेहणं णाम। =सुने हुए अर्थका श्रुतके अनुसार चिन्तन करना अनुप्रेक्षा है।

२. अनुप्रेक्षाके भेद

त.सू./९/७ अनित्याशरणसंसारैकत्वान्यत्वाशुच्यास्रवसंवरनिर्जरालोकबोधिदुर्लभधर्मस्वाख्याततत्त्वानुचिन्तनमनुप्रेक्षाः ॥७॥ =अनित्य, अशरण, संसार, एकत्व, अन्यत्व, अशुचि, आस्रव, संवर, निर्जरा, लोक, बोधिदुर्लभ और धर्मस्वाख्याततत्त्वका बार-बार चिन्तन करना अनुप्रेक्षाएँ है। (बा अ/२) (मू आ/६९२) (रा वा/९,७/१४/४०/१४) (प वि./६/४३-४४) (द्र स./टी/३५/१०१)।

भ. आ/मू/१७१५/१५४७ अद्धुवमसरणमेगत्तमण्णत्तसंसारलोयमसुइत्तं। आसवसंवरणिज्जरधम्मं बोधिं च चिंतिज्ज ॥=अध्रुव, अशरण, एकत्व, अन्यत्व, संसार, लोक, अशुचित्व, आस्रव, संवर, निर्जरा, धर्म और बोधि ऐसे बारह अनुप्रेक्षाओंका भी चिन्तन करना चाहिए।

रा. वा./९/७,५/६०१/२९ अन्यत्वं चतुर्धा व्यवतिष्ठते—नामस्थापनाद्रव्यभावालम्बनेन। =अन्यत्व नाम, स्थापना, द्रव्य और भावके आश्रयसे चार प्रकारका है।

३. अनित्यानुप्रेक्षा—१ निश्चय

बा. अ/७ परमट्ठेण दु आदा देवासुरमणुवरायविविहेहिं। वदिरित्तो सो अप्पा सस्सदमिदि चिंतये णिच्चं ॥७॥ =शुद्ध निश्चयनयसे आत्माका स्वरूप सदैव इस तरह चिन्तवन करना चाहिए कि यह देव, असुर, मनुष्य और राजा आदिके विकल्पोंसे रहित है। अर्थात् इसमें देवादिक भेद नहीं है—ज्ञानस्वरूप मात्र है और सदा स्थिर रहनेवाला है।

रा. वा./९/७,९/६००/७ उपात्तानुपात्तद्रव्यसंयोगव्यभिचारस्वभावोऽनित्यत्वम्। =उपात्त और अनुपात्त द्रव्य संयोगोका व्यभिचारी-स्वभाव अनित्य है।

द्र. स./टी/३५/१०२ तत्सर्वमध्रुवमिति भावयितव्यम्। तद्भावनासहितपुरुषस्य तेषां वियोगेऽपि सत्युच्छिष्टेष्विव ममत्वं न भवति तत्र ममत्वाभावादविनश्वरनिजपरमात्मानमेव भेदाभेदरत्नत्रयभावनया भावयति, यादृशमविनश्वरमात्मानं भावयति तादृशमेवाक्षयानन्तसुखस्वभावं मुक्तात्मानं प्राप्नोति। इत्यध्रुवानुप्रेक्षा गता। =(धन स्त्री आदि) सो सब अनित्य है, इस प्रकार चिन्तवन करना चाहिए। उस भावना सहित पुरुषके उन स्त्री आदिके वियोग होनेपर भी जूठे भोजनोके समान ममत्व नहीं होता। उनमें ममत्वका अभाव होनेसे अविनाशी निज परमात्माका ही भेद, अभेद रत्नत्रयकी भावना द्वारा भाता है। जैसी अविनश्वर आत्माको भाता है, वैसी ही अक्षय, अनन्त सुख स्वभाववाली मुक्त आत्माको प्राप्त कर लेता है। इस प्रकार अध्रुव भावना है।

२. व्यवहार

बा. अ./६ जोव्वणिबद्धं देहं खीरोदयमिव विणस्सदे सिग्घं। भोगोपभोगकारणदव्वं णिच्चं कह होदि ॥६॥ =जब क्षीरनीरवत् जीवके साथ निबद्ध यह शरीर ही शीघ्र नष्ट हो जाता है, तो भोगोपभोगके कारण यह दूसरे पदार्थ किस तरह नित्य हो सकते है। (भूधरकृत १२ भावनाएँ) (श्रीमद्कृत १२ भावनाएँ)।

स. सि./९/७/४१३ इमानि शरीरेन्द्रियविषयोपभोगद्रव्याणि जलबुद्बुदवदनवस्थितस्वभावानि गर्भादिष्ववस्थाविशेषेषु सदोपलभ्यमानसंयोगविपर्ययाणि, मोहादज्ञो नित्यतां मन्यते। न किंचित्संसारे समुदितं ध्रुवमस्ति आत्मनो ज्ञानदर्शनोपयोगस्वभावादन्यदिति चिन्तनमनुप्रेक्षा। =ये समुदाय रूप शरीर, इन्द्रिय विषय, उपभोग और परिभोग द्रव्य, जल बुद्बुदके समान अनवस्थित स्वभाववाले होते हैं तथा गर्भादि अवस्था विशेषोंमें सदा प्राप्त होनेवाले संयोगोंसे विपरीत स्वभाववाले होते है। मोहवश अज्ञ प्राणी इनमें नित्यताका अनुभव करता है, पर वस्तुत आत्माके ज्ञानोपयोग और दर्शनोपयोगके सिवा इस संसारमें कोई भी पदार्थ ध्रुव नहीं है, इस प्रकार चिन्तन करना अनित्यानुप्रेक्षा है। (भ आ/मू./१७१६-१७२८/१५४३) (मू.आ./६९३-६९४) (रा वा/९/७,१/६००/९) (प वि/३ सम्पूर्ण) (प वि/६/४५) (चा सा./१७८/१) (अन ध/६/५८-५९/६०९)।

४. अन्यत्वानुप्रेक्षा—१ निश्चय

बा.अ/१३ अण्ण इमं सरीरादिगं पि ज होइ बाहिरं दव्वं। णाणं दंसणमादा एवं चिंतेहि अण्णत्तं ॥२३॥ =शरीरादि जो बाहिरी द्रव्य है, सो भी सब अपनेसे जुदा है और मेरा आत्मा ज्ञान दर्शन स्वरूप है, इस प्रकार अन्यत्व भावनाका चिन्तवन करना चाहिए। (स सा./मू./२७,३८) (स सा/क./५)।

स. सि./९/७/४१५ शरीरादन्यत्वचिन्तनमन्यत्वानुप्रेक्षा। तद्यथा-बन्धप्रत्येकत्वे सत्यपि लक्षणभेदादन्योऽहमैन्द्रियकं शरीरमतीन्द्रियोऽहमज्ञं शरीरं ज्ञोऽहमनित्यं शरीरं नित्योऽहमाद्यन्तवच्छरीरमनाद्यन्तोऽहम्। बहूनि मे शरीरशतसहस्राण्यतीतानि संसारे परिभ्रमतः। स एवाहमन्यस्तेभ्य इत्येवं शरीरादप्यन्यत्वं मे किमङ्ग, पुनर्बाह्येभ्यः परिग्रहेभ्यः। इत्येवं ह्यस्य मनः समादधानस्य शरीरादिषु स्पृहा नोत्पद्यते। =शरीरसे अन्यत्वका चिन्तन करना अन्यत्वानुप्रेक्षा है। यथा बन्धकी अपेक्षा अभेद होनेपर भी लक्षणके भेदसे 'मैं अन्य हूँ', शरीर ऐन्द्रियक है, मैं अतीन्द्रिय हूँ। शरीर अज्ञ है, मैं ज्ञाता हूँ। शरीर अनित्य है, मैं नित्य हूँ। शरीर आदि अन्तवाला है और मैं अनाद्यनन्त हूँ। संसारमें परिभ्रमण करते हुए मेरे लाखो शरीर अतीत हो गये है। उनसे भिन्न वह ही मैं हूँ। इस प्रकार शरीरसे भी जब मैं अन्य हूँ तब हे वत्स! मैं बाह्य पदार्थोंसे भिन्न होऊँ, तो इसमें क्या आश्चर्य है? इस प्रकार मनको समाधान युक्त करनेवाले इसके शरीरादिमें स्पृहा उत्पन्न नहीं होती। (भ आ/मू./१७५४) (मू आ/७००-७०२) (रा.वा/९/७,५/६०१/३१) (चा सा/१७०/४) (प वि/६/४१/२१०) (अन ध/६/६६-६७/६/६)।

रा. वा./९/७,५/६०१/२९ अन्यत्वं चतुर्धा व्यवतिष्ठते—नामस्थापनाद्रव्यभावालम्बनेन। आत्मा जीव इति नामभेदः, काष्ठप्रतिमेति स्थापनाभेदः, जीवद्रव्यमजीवद्रव्यमिति द्रव्यभेदः, एकस्मिन्नपि द्रव्ये बालो युवा मनुष्यो देव इति भावभेदः। तत्र बन्धप्रत्येकत्वे सत्यपि लक्षणभेदादन्यत्वम्। =नाम, स्थापना, द्रव्य और भावके अवलम्बन भेदसे अन्यत्व चार प्रकारका है। आत्मा जीव इत्यादि तो नाम भेद या नामोमे अन्यत्व है, काष्ठ आदिकी प्रतिमाओमें भेद सो स्थापना अन्यत्व है, जीव-अजीव आदि सो द्रव्योमें अन्यत्व है और एक ही द्रव्यमें बाल और युवा, मनुष्य या देव आदिक भेद सो भावोंसे अन्यत्व है। बन्ध रूपसे एक होते हुए भी लक्षण रूपसे इन सबमें भेद होना सो अन्यत्व है।

२. व्यवहार

बा. अ./२१ मादापिदरसहोदरपुत्तकलत्तादिबंधुसंदोहो। जीवस्स ण संबंधो णियकज्जवसेण वट्टंति ॥२१॥ =माता, पिता, भाई, पुत्र, स्त्री, आदि बन्धुजनोका समूह अपने कार्यके वश सम्बन्ध रखता है, परन्तु यथार्थमें जीवका इनसे कोई सम्बन्ध नहीं है। अर्थात् ये सब जीवसे जुदे है।

धम्मपद/५/३ पुत्ता मत्थि धनं मत्थि इदि बालो विहञ्ञति। अत्ता हि अत्तनो नत्थि कुतो पुत्तो कुतो धनं ॥ =मेरे पुत्र है, मेरा धन है ऐसा अज्ञानीजन कहते है। इस संसारमें जब शरीर ही अपना नहीं तब पुत्र धनादि कैसे अपने हो सकते है।

द्र. स./टी./३५/१०८ देहबन्धुजनसुवर्णाद्यर्थेन्द्रियसुखादीनि कर्माधीनत्वे विनश्वराणि निजपरमात्मपदार्थाच्चिन्तनेनान्यानि भिन्नानि। तेभ्यः पुनरात्माप्यन्यो भिन्न इति। इत्यन्यत्वानुप्रेक्षा ॥ =देह, बन्धुजन, सुवर्ण आदि अर्थ और इन्द्रिय सुख आदि कर्मोके आधीन

होनेसे विनश्वर है। निश्चय नयसे निज परमात्म पदार्थसे अन्य है भिन्न है और उनसे आत्मा अन्य है भिन्न है। इस प्रकार अन्यत्व अनुप्रेक्षा है। (भ.आ./मू./१७५५-१७६७/१५४७) (भूधरकृत भावना स. ४) (श्रीमद्कृत १२ भावनाएँ)।

५. अशरणानुप्रेक्षा—१ निश्चय

का. अ/११ जाइजरामरणरोगभयदो रक्खेदि अप्पणो अप्पा। जम्हा आदा सरणं बंधोदयसत्तकम्मवदिरित्तो ॥११॥ =जन्म, जरा, मरण, रोग और भय आदिसे आत्मा ही अपनी रक्षा करता है, इसलिए वास्तवमें जो कर्मोंकी बन्ध, उदय और सत्ता अवस्थासे जुदा है, वह आत्मा ही इस संसारमें शरण है। अर्थात् संसारमें अपने आत्माके सिवाय अपना और कोई रक्षा करनेवाला नहीं है। यह स्वयं ही कर्मोंको खिपाकर जन्म जरा मरणादिके कष्टोंसे बच सकता है। (का.अ./३१) (स.सा/मू./७४)

का.अ./मू./३० दंसणणाण-चरित्तं सरणं सेवेह परम-सद्धाए। अण्णं किं पि ण सरणं संसारे संसरंताणं ॥३०॥ =हे भव्य! सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र शरण है। परम श्रद्धाके साथ उन्हींका सेवन कर। संसारमें भ्रमण करते हुए जीवोंको उनके सिवाय अन्य कुछ भी शरण नहीं है। (भ.आ./मू./१७४६)।

द्र.सं./टी./३५/१०२-१०३ अथाशरणानुप्रेक्षा कथ्यते—निश्चयरत्नत्रयपरिणतं स्वशुद्धात्मद्रव्यं तद् बहिरङ्गसहकारिकारणभूत पञ्चपरमेष्ठ्याराधनं च शरणम्, तस्माद्बहिर्भूता ये देवेन्द्रचक्रवर्तिसुभटकोटिभटपुत्रादिचेतना गिरिदुर्गभूविवरमणिमन्त्राज्ञाप्रासादौषधादय पुनरचेतनास्तदुभयात्मका मिश्राश्च मरणकालादौ महाटव्या व्याघ्रगृहीतमृगबालस्येव, महासमुद्रे पोतच्युतपक्षिण इव शरण न भवन्तीति विज्ञेयम्। तद्विज्ञाय भोगाकांक्षारूपनिदानबन्धादिनिरालम्बने स्वसंवित्तिसमुत्पन्नसुखामृतसावलम्बने स्वशुद्धात्मन्येवालम्बन कृत्वा भावनां करोति। यादृशं शरणभूतमात्मानं भावयति तादृशमेव सर्वकालशरणभूत शरणगतवज्रपञ्जरसदृश निजशुद्धात्मानं प्राप्नोति। इत्यशरणानुप्रेक्षा व्याख्याता। =निश्चय रत्नत्रयसे परिणत जो शुद्धात्म द्रव्य और उसको बहिरंग सहकारी कारणभूत पंचपरमेष्ठियोंकी आराधना, यह दोनों शरण हैं। उनसे भिन्न जो देव, इन्द्र, चक्रवर्ती, सुभट, कोटिभट और पुत्रादि चेतन पदार्थ तथा पर्वत, किला, भहरा, मणि, मन्त्र-तन्त्र, आज्ञा, महल और औषध आदि अचेतन पदार्थ तथा चेतन-अचेतन मिश्रित पदार्थ ये कोई भी मरणादिके समय शरणभूत नहीं होते जैसे महावनमें व्याघ्र-द्वारा पकड़े हुए हिरणके बच्चेको अथवा समुद्रमें जहाजसे छूटे पक्षीको कोई शरण नहीं है। अन्य पदार्थोंको अपना शरण न जानकर आगामी भोगोंकी आकांक्षा रूप निदान बन्ध आदिका अवलम्बन न लेकर तथा स्वानुभवसे उत्पन्न सुख रूप अमृतका धारक निज शुद्धात्माका ही अवलम्बन करके, उस शुद्धात्माकी भावना करता है। जैसो आत्माको यह शरणभूत भाता है वैसे ही सदा शरणभूत, शरणमें आये हुएके लिए वज्रके पिंजरेके समान, निज शुद्धात्माको प्राप्त होता है। इस प्रकार अशरण अनुप्रेक्षाका व्याख्यान हुआ।

२. व्यवहार

भ. आ./मू./१७२१ णासदि मदि उदिण्णे कम्मेण य तस्स दीसदि उवाओ। अमदंपि विसं सच्चं तणं पि णीयं विहंति अरी। =कर्मका उदय आनेपर विचारयुक्त बुद्धि नष्ट होती है, अवग्रह इत्यादि रूप मतिज्ञान और आप्तके उपदेशसे प्राप्त हुआ श्रुतज्ञान इन दोनोंसे मनुष्य प्राणी हित और अहितका स्वरूप जान लेता है। अन्य उपायसे हिताहित नहीं जाना जाता है। असाता वेदनीय कर्मके उदयसे अमृत भी विष होता है और तृण भी छुरीका काम देता है, बन्धु भी शत्रु हो जाते हैं। (विस्तार दे. भ आ./मू./१७२१-१७४५)

भा अ/८ मणिमंतोसहरक्खा हयगयरहओ य सयलविज्जाओ। जीवाणं ण हि सरणं तिसु लोए मरणसमयम्हि ॥८॥ =मरते समय प्राणियोंको तीनों लोकोंमें मणि, मन्त्र, औषध, रक्षक, घोड़ा, हाथी, रथ और जितनी विद्याएँ, वे कोई भी शरण नहीं है अर्थात् ये सब उन्हें मरनेसे नहीं बचा सकते।

स. सि./९/७/४१४ यथा-मृगशावस्यैकान्ते बलवता क्षुधितेनामिषैषिणा व्याघ्रेणाभिभूतस्य न किंचिच्छरणमस्ति, तथा जन्मजरामृत्युव्याधिप्रभृतिव्यसनमध्ये परिभ्रमतो जन्तो शरण न विद्यते। परिपुष्टमपि शरीरं भोजनं प्रति सहायीभवति न व्यसनोपनिपाते। यत्नेन संचिता अर्था अपि न भवान्तरमनुगच्छन्ति। संविभक्तसुखदुःखा सुहृदोऽपि न मरणकाले परित्रायन्ते। बान्धवा समुदिताश्च रुजा परीतं न परिपालयन्ति। अस्ति चेत्सुचरितो धर्मो व्यसनमहार्णवे तरणोपायो भवति। मृत्युना नीयमानस्य सहस्रनयनादयोऽपि न शरणम्। तस्माद्भवव्यसनसंकटे धर्म एव शरणं सुहृदर्थोऽप्यनपायी, नान्यत्किंचिच्छरणमिति भावना अशरणानुप्रेक्षा। =जैसे हिरणके बच्चेको अकेलेमें भूखे मांसके अभिलाषी व बलवान् व्याघ्र-द्वारा पकड़े हुएका कुछ भी शरण नहीं है, तैसे जन्म, बुढ़ापा, मरण, पीड़ा इत्यादि विपत्तिके बीचमें भ्रमते हुए जीवका कोई रक्षक नहीं है। बराबर पोषा हुआ शरीर भी भोजन करते ताईं सहाय करनेवाला होता है न कि कष्ट आनेपर। जतन करि इकट्ठा किया हुआ धन भी परलोकको नहीं जाता है। सुख-दुखमें भागी मित्र भी मरण समयमें रक्षा नहीं करते हैं। इकट्ठे हुए कुटुम्बी रोगग्रसितका प्रतिपालन नहीं कर सकते हैं। यदि भले प्रकार आचरण किया हुआ धर्म है तो विपत्तिरूपी बड़े समुद्रमें तरणेका उपाय होता है। कालकरि ग्रहण किये हुएका इन्द्रादिक भी शरण नहीं होते हैं। इसलिए भवरूपी विपत्तिमें वा कष्टमें धर्म ही शरण है, मित्र है, धन है, अविनाशी भी है। अन्य कुछ भी शरण नहीं है। इस प्रकार बार-बार चिन्तवन करना सो अशरण अनुप्रेक्षा है। (मू.आ./६९५-६९७) (रा.वा./९/७,२/६००/१५) (चा सा./१७८/४) (पं.वि./६/४६) (अन.ध./६/६०-६१/६१२) (द्र स /टी./३५/१०३)।

६. अशुचित्वानुप्रेक्षा—१. निश्चय

भा.अ./४६ देहादो वदिरित्तो कम्मविरहिओ अणंतसुहणिलयो। चोक्खो हवेइ अप्पा इदि णिच्चं भावण कुज्जा ॥४६॥ =वास्तवमें आत्मा देहसे जुदा है, कर्मोंसे रहित है, अनन्त सुखोंका घर है, इसलिए शुद्ध है, इस प्रकार निरन्तर भावना करते रहना चाहिए। (मो पा./मू./१८) (श्रीमद् कृत १२ भावनाएँ)।

द्र सं./टी./३५/१०९ सप्तधातुमयत्वेन तथा नास्किादिनवरन्ध्रद्वारैरपि स्वरूपेणाशुचित्वात्तथैव मूत्रपुरीषाद्यशुचिमलानामुत्पत्तिस्थानत्वाच्चाशुचिरयं देह। न केवलमशुचिकारणत्वेनाशुचिः स्वरूपेणाशुच्युत्पादकत्वेन चाशुचिः। निश्चयेन शुचिरूपत्वाच्च परमात्मैव शुचिः। 'ब्रह्मचारी सदा शुचि' इति वचनात्तथाविधब्रह्मचारिणामेव शुचित्वं च कामक्रोधादिरतानां जलस्नानादिशौचेऽपि। विशुद्धात्मनदीस्नानमेव परमशुचित्वकारणं न च लौकिकगङ्गादितीर्थे स्नानादिकम्। इत्यशुचित्वानुप्रेक्षा गता। =अपवित्र होनेसे, सात धातुमय होनेसे, नाकादि नौ छिद्र द्वार होनेसे, स्वरूपसे भी अशुचि होनेके कारण तथा मूत्र विष्ठा आदि अशुचि मलोंकी उत्पत्तिका स्थान होनेसे हो यह देह अशुचि नहीं है, किन्तु यह शरीर स्वरूपसे भी अशुचि है और अशुचि मल आदिका उत्पादक होनेसे अशुचि है। निश्चयसे अपने आप पवित्र होनेसे यह परमात्मा (आत्मा) ही शुचि या पवित्र है।...'ब्रह्मचारी सदा शुचि' इस वचनसे पूर्वोक्त प्रकारके ब्रह्मचारियों (आत्मा ही में चर्या करनेवाले मुनि)के ही पवित्रता है। जो काम क्रोधादिमें लीन जीव हैं उनके जल स्नान आदि करनेपर भी पवित्रता नहीं है।... आत्मारूपी शुद्ध नदीमें स्नान करना ही परम पवित्रताका कारण है, लौकिक गंगादि तीर्थमें स्नान करना नहीं।...इस प्रकार अशुचित्व अनुप्रेक्षाका कथन हुआ।

२. व्यवहार

भ.आ./मू./१८१३-१८१५ असुहा अत्था कामा य हुंति देहो य सव्वमणुयाणं। एओ चेव सुभो णवरि सव्वसोक्खायरो धम्मो ॥१८१३॥

इहलोगियपरलोगियदोसे पुरिसस्स आवहइ णिच्चं। अत्थो अणत्थमूलं महाभय सुत्तिपडिपथो ॥१८१४॥ कुणिमकुडिभवा लहुगत्तकारया अप्पकालिया कामा। उभयो लोए दुक्खावहा य ण य हुंति ते सुलहा॥१८१५॥=अर्थ व काम पुरुषार्थ तथा सर्व मनुष्योंका देह अशुभ है। एक धर्म ही शुभ है और सर्व सौख्योंका दाता है ॥१८१३॥ इस लोक और परलोकके दोष अर्थ पुरुषार्थसे मनुष्यको भोगने पडते है। अर्थ पुरुषार्थके वश होकर पुरुष अन्याय करता है, चोरी करता है और राजासे दण्डित होता है और परलोकमें नरकमे नाना दुःखोंका अनुभव लेता है, इसलिए अर्थ अर्थात् धन अनर्थका कारण है। महाभयका कारण है, मोक्ष प्राप्तिके लिए यह अर्गलाके समान प्रतिबन्ध करता है ॥१८१४॥ यह काम पुरुषार्थ अपवित्र शरीरमे उत्पन्न होता है, इससे आत्मा हल्की होती है, इसकी सेवासे आत्मा दुर्गतिमें दुःख पाती है, यह पुरुषार्थ अल्पकालमें ही उत्पन्न हो कर नष्ट हो जाता है। और प्राप्त होनेमें कठिन है।

बा.अ./४४ दुग्गंध बीभत्सं कलिमलभरिदं अचेयणं सुत्त। मडणपडणसहाव देहं इदि चिंतये णिच्चं ॥४॥=यह देह दुर्गन्धमय है, डरावनी है, मलमूत्रसे भरी हुई है, जड है, मूर्तीक है और क्षीण होनेवाली है तथा विनाशीक स्वभाववाली है। इस तरह निरन्तर इसका विचार करते रहना चाहिए।

स सि./९/७/४१६ शुक्रशोणितास्पदमत्यन्ताशुचियोनिशुक्रशोणितशुचिसवर्धितमवस्करवदशुचिभाजनं त्वङ्मात्रप्रच्छादितमतिपूतिरसनिष्यन्दिस्रोतोबिलमङ्गारवदात्मभावमाश्रितमप्याशवेवापादयत्। स्नानानुलेपनधूपप्रघर्षवासमाल्यादिभिरपि न शक्यमशुचित्वमपहर्तुमस्य। सम्यग्दर्शनादि पुनर्भाव्यमानं जीवस्यात्यन्तिकीं शुद्धिमाविर्भावयतीति तत्त्वतोभावनमशुचित्वानुप्रेक्षा। = यह शरीर अत्यन्त अशुचि पदार्थोंकी योनि है। शुक्र और शोणित रूप अशुचि पदार्थोंसे वृद्धिको प्राप्त हुआ है, शौचगृहके समान अशुचि पदार्थोंका भाजन है। त्वचा मात्रसे आच्छादित है। अति दुर्गन्धित रसको बहानेवाला झरना है। अंगार के समान अपने आश्रयमें आये हुए पदार्थोंको भी शीघ्र ही नष्ट कर देता है। स्नान, अनुलेपन धूपका मालिश और सुगन्धित माला आदिके द्वारा भी इसकी अशुचिताको दूर कर सकना शक्य नहीं है, किन्तु अच्छी तरह भावना किये गये सम्यग्दर्शन आदिके जीवकी आत्यन्तिक शुद्धिको प्रगट करते हैं। इस प्रकार वास्तविक रूपसे चिन्तन करना अशुचि अनुप्रेक्षा है। (भ आ/मू/१८१६-१८२०) (भा.पा/मू/३७-४२) (मू आ/७२०-७२३) (रा वा/९/७,६/६०२) (चा सा/११०/६) (पं वि/६/५०) (अन ध/६/६८-६९) स सा नाटक ४ (भूधरकृत भावना स ६) (श्रीमद्भकृत १२ भावनाएँ) (और भी देखो अशुचिके भेद)।

७. आस्रवानुप्रेक्षा—१ निश्चय

बा. अ/६० पुव्वत्तासवभेयो णिच्छयणयएण णत्थि जीवस्स। उदयासवणिम्मुक्क अप्पाण चिंतए णिच्चं ॥६०॥ =पूर्वोक्त आस्रव मिथ्यात्व आदि भेद निश्चय नयसे जीवके नहीं होते है। इसलिए निरन्तर ही आत्माके द्रव्य और भावरूप दोनों प्रकारके आस्रवोंसे रहित चिन्तवन करना चाहिए। (स सा/मू/५१) (म सा/आ/१९८/क १२०)।

२ व्यवहार

बा. अ/५९ पारंपज्जएण दु आसवकिरियाए णत्थि णिव्वाण। संसारगमणकारणमिदि णिद्द आसवं जाण ॥५९॥=कर्मोंका आस्रव करनेवाली क्रियासे परम्परासे भी निर्माण नहीं हो सकता है। इसलिए संसारमें भटकनेवाले आस्रवको बुरा समझना चाहिए।

मू.आ./७३० धिद्धी मोहस्स सदा जेण हिदत्थेण मोहिदो संतो। णवि बुज्झदि जिणवयणं हिदसिवसुहकारणं भणं ॥७३०॥=मोहको सदा काल धिक्कार हो, धिक्कार हो, क्योंकि हृदयमें रहनेवाले जिस मोहसे मोहित हुआ यह जीव हितकारी मोक्ष सुखका कारण ऐसे जिन वचनको नहीं पहचानता।

स सि./९/७/४१६ आस्रवा इहामुत्रापायमुक्ता महानदीस्रोतोवेगतीक्ष्णा इन्द्रियकषायाव्रतादय तत्रेन्द्रियाणि तावत्स्पर्शादीनि वनगजवायसपतङ्गहरिणादीन् व्यसनार्णवमवगाहयन्ति तथा कषायोदयोऽपीह वधबन्धापयश परिक्लेशादीन् जनयन्ति। अमुत्र च नानागतिषु बहुविधदु खप्रज्वलितासु परिभ्रमयन्तीत्येवमास्रवदोषानुचिन्तनमास्रवानुप्रेक्षा=आस्रव इस लोक और परलोकमें दुःखदायी है। महानदीके प्रवाहके वेगके समान तीक्ष्ण है तथा इन्द्रिय, कषाय और अव्रत रूप है। उनमेंसे स्पर्शादिक इन्द्रियाँ वनगज, कौआ, सर्प, पतङ्ग और हरिण आदिको दुःखरूप समुद्रमें अवगाहन कराती है। कषाय आदि भी इस लोकमें, वध, बन्ध, अपयश और क्लेशादिक दुःखोंको उत्पन्न करते है। तथा परलोकमें नाना प्रकारके दुःखोंसे प्रज्वलित नाना गतियोंमे परिभ्रमण कराते हैं। इस प्रकार आस्रवके दोषोंका चिन्तवन करना आस्रवानुप्रेक्षा है। (भ आ/मू०/१८२१-१८३५) (स सा/मू/१६४-१६५) (रा वा/९/७,६/६०२/२२) (चा सा/११३/२) (पं वि/६/५१) (अन ध/६/७०-७१) (भूधरकृत भावना सं ७)।

द्र स/टी/३५/१९० इन्द्रियाणि कषाया पञ्चाव्रतानि पञ्चविंशतिक्रिया रूपास्रवाणां द्वारैः कर्मजलप्रवेशे सति ससारसमुद्रे पातो भवति। न च मुक्तिवेलापत्तन प्राप्नोतीति। एवमास्रवगतदोषानुचिन्तनमास्रवानुप्रेक्षा ज्ञातव्येति।=पाँच इन्द्रिय, चार कषाय, पाँच अव्रत और पच्चास क्रिया रूप आस्रवोंके द्वारोंसे कर्मजलके प्रवेश हो जानेपर ससारसमुद्रमें पतन होता है और मुक्तिरूपी वेलापत्तनकी प्राप्ति नहीं होती। इस प्रकार आस्रवके दोषोंका पुनः-पुनः चिन्तवन सो आस्रवानुप्रेक्षा जानना चाहिए।

८. एकत्वानुप्रेक्षा—१ निश्चय

भ. आ/मू/१७५२-१७५३ जो पुण धम्मो जीवेण कदो सम्मत्तचरणसुदमइयो। सो परलोए जीवस्स होइ गुणकारकसहाओ ॥१७५२॥ बद्धस्स बधणे व ण रागो देहम्मि होइ णाणिस्स। तिसरिसेसु ण रागो अत्थेसु महाभयेसु तहा॥१७५३॥=सम्यग्दर्शन, सम्यक्चारित्र और सम्यग्ज्ञान रूप अर्थात् रत्नत्रय रूप धर्म जो इस जीवने धारण किया था वही लोकमें इसका कल्याण करनेवाला सहायक होता है ॥१७५२॥ रज्जू आदिसे बन्धा हुआ पुरुष जिस प्रकार उन रज्जू आदि बन्धनोंमें राग नहीं करता है, वैसे ही ज्ञानी जनोंके शरीरमें स्नेह नहीं होता है। तथा इसी प्रकार विषके समान दुःखद व महाभय प्रदायी अर्थमें अर्थात् धनमें भी राग नहीं होता है ॥१७५३॥

भा अ/२० एक्कोहं णिम्ममो सुद्धो णाणदसणलक्खणो। सुद्धे यत्तमुपादेयमेव चिंतेइ सव्वदा ॥२०॥=मैं अकेला हूँ, ममता रहित हूँ, शुद्ध हूँ, और ज्ञान दर्शन स्वरूप हूँ, इसलिए शुद्ध एकपना ही उपादेय है, ऐसा निरन्तर चिन्तवन करना चाहिए। (स सा/मू/७३) (सामायिक पाठ अमितगति २७) (स सा ना/३३)।

द्र स/टी/४०/१०७ निश्चयेन केवलज्ञानमेवैक सहजशरीरम्।... न च सप्तधातुमयौदारिकशरीरम्। निजात्मतत्त्वमेवैक सदा शाश्वतं परमहितकारी न च पुत्रकलत्रादि। स्वशुद्धात्मपदार्थ एक एवाविनश्वरहितकारी परमार्थ न च सुवर्णाद्यर्थ। स्वभावात्मसुखमेवैक सुखं न चाकुलत्वोत्पादेन्द्रियसुखमिति। स्वशुद्धात्मैकसहायो भवति। एव एकत्वभावनाफल ज्ञात्वा निरन्तर निजशुद्धात्मैकत्वभावना कर्तव्या। इत्येकत्वानुप्रेक्षा गता।=निश्चयसे केवलज्ञान ही एक सहज या स्वाभाविक शरीर है, सप्तधातुमयी यह औदारिक शरीर नहीं। निजात्म तत्त्व ही एक सदा शाश्वत व परम हितकारी है, पुत्र कलत्रादि नहीं। स्वशुद्धात्म पदार्थ ही एक अविनश्वर व परम हितकारी परम धन है, सुवर्णादि रूप धन नहीं। स्वभावात्म सुख ही एक सुख है, आकुलता उत्पादक इन्द्रिय सुख नहीं। स्वशुद्धात्मा ही एक सहायी है। इस प्रकार एकत्व भावनाका फल जानकर निरन्तर शुद्धात्मामें एकत्व भावना करनी चाहिए। इस प्रकार एकत्व भावना कही गयी।

२. व्यवहार

बा. अ./१४ एक्को करेदि कम्मं एक्को हिंडदि य दीहसंसारे । एक्को जायदि मरदि य तस्स फलं भुंजदे एक्को ॥१४॥ =यह आत्मा अकेला ही शुभाशुभ कर्म बान्धता है, अकेला ही अनादि संसारमें भ्रमण करता है, अकेला ही उत्पन्न होता है, अकेला ही मरता है, अकेला ही अपने कर्मोंका फल भोगता है, अर्थात् इसका कोई साथी नहीं है। (मू.आ./६६६)।

स सि./६/७/४१५ जन्मजरामरणावृत्तिमहादुःखानुभवनं प्रति एक एवाहं न कश्चिन्मे स्वः परो वा विद्यते । एक एव जायेऽहम् । एक एव म्रिये । न मे कश्चित् स्वजनः परजनो वा व्याधिजरामरणादीनि दुःखान्यपहरति । बन्धुमित्राणि श्मशानं नातिवर्तन्ते धर्म एव मे सहायः सदा अनपायीति चिन्तनमेकत्वानुप्रेक्षा ।=जन्म, जरा, मरणकी आवृत्ति रूप महादुःखका अनुभव करनेके लिए अकेला ही मैं हूँ, न कोई मेरा स्व है और न कोई पर है, अकेला ही मैं जन्मता हूँ, अकेला ही मरता हूँ। मेरा कोई स्वजन या परजन, व्याधि जरा और मरण आदिके दुःखोंको दूर नहीं करता। बन्धु और मित्र श्मशानसे आगे नहीं जाते। धर्म ही मेरा कभी साथ न छोड़नेवाला सदाकाल सहायक है। इस प्रकार चिन्तवन करना एकत्वानुप्रेक्षा है। (भ आ /१७४७-१७५१) (मू आ./६६८) (रा.वा./६/७,४/६०१) (चा. सा /१८७/२) (प वि /६/४८ तथा सम्पूर्ण अधिकार स ४, श्लोक सं २६) (अन ध./६/६४-६५) (भूधरकृत भावना स ३) (श्रीमद्कृत १२ भावनाएँ)।

९. धर्मानुप्रेक्षा—१. निश्चय

बा. अ /८२ णिच्छयणएण जीवो सागारणगारधम्मदो भिण्णो । मज्झत्थभावणाए सुद्धप्पं चिंतये णिच्चं ॥८२॥ =जीव निश्चय नयसे सागार और अनगार अर्थात् श्रावक और मुनि धर्मसे बिलकुल जुदा है, इसलिए राग-द्वेष रहित परिणामोंसे शुद्ध स्वरूप आत्मा ही सदा ध्यान करना चाहिए।

रा.वा./६/७,१०/६०३/२३ उक्तानि जीवस्थानानि गुणस्थानानि च, तेषां गत्यादिषु मार्गणास्थानेषु स्वतत्त्वविचारणालक्षणो धर्मः जिनशासने स्वाख्यातः ॥=पूर्वोक्त जीवस्थानों व गुणस्थानोंका उन गति आदि मार्गणास्थानोंमें अन्वेषण करते हुए स्वतत्त्वको विचारणालक्षणवाला धर्म जिनशासनमें भली प्रकार कहा गया है।

२. व्यवहार

बा. अ /६८,८१ एयारसदसभेयं धम्मं सम्मत्तपुव्वयं भणियं । सागारणगाराणं उत्तमसुहसंपजुत्तेहि ॥६८॥ सावयधम्मं चत्ता जदिधम्मे जो दु वट्टए जीवो । सो ण य वज्जदि मोक्ख धम्म इदि चिंतये णिच्चं ॥८१॥ =उत्तम सुखमें लीन जिनदेवने कहा है कि श्रावकों और मुनियोंका धर्म जो कि सम्यक्त्व सहित होता है, क्रमसे ग्यारह प्रकारका और दस प्रकारका है ॥६८॥ जो जीव श्रावक धर्मको छोड़कर मुनियोंके धर्मका आचरण करता है, वह मोक्षको नहीं छोड़ता है, इस प्रकार धर्म भावनाका नित्य ही चिन्तन करते रहना चाहिए।

स. सि./६/७/४१६ अयं जिनोपदिष्टो धर्मोऽहिंसालक्षणः सत्याधिष्ठितो विनयमूलः । क्षमाबलो ब्रह्मचर्यगुप्त उपशमप्रधानो नियतिलक्षणो निष्परिग्रहतालम्बनः । अस्यालाभादनादिसंसारे जीवाः परिभ्रमन्ति दुष्कर्मविपाकजं दुःखमनुभवन्तः । अस्य पुनः प्रतिलम्भे विविधाभ्युदयप्राप्तिपूर्विका निःश्रेयसोपलब्धिर्नियतेति चिन्तनं धर्मस्वाख्यातत्वानुप्रेक्षा ।=जिनेन्द्रदेवने जो अहिंसालक्षण धर्म कहा है, सत्य उसका आधार है। विनय उसकी जड है, क्षमा उसका बल है, ब्रह्मचर्यसे रक्षित है, उपशमकी उसमें प्रधानता है, नियति उसका लक्षण है, परिग्रह रहितपना उसका आलम्बन है। इसकी प्राप्ति नहीं होनेसे दुष्कर्म विपाकसे जायमान दुःखको अनुभव करते हुए ये जीव अनादि संसारमें परिभ्रमण करते है। परन्तु इसका लाभ होनेपर नाना प्रकारके अभ्युदयोंकी प्राप्ति पूर्वक मोक्षकी प्राप्ति होना निश्चित है, ऐसा चिन्तन करना धर्मस्वाख्यातत्वानुप्रेक्षा है। (भ. आ./मू./१८५७-१८६५) (मू आ /७५०-७५४) (रा. वा /६/७,११/६०७/३) (चा. सा./२०१/२) (पं वि./६/५६) (अन. ध./६/८०/६३३) (भूधरकृत भावना सं. १२)।

द्र. सं./टी./३५/१४५ चतुरशीतियोनिलक्षेषु मध्ये दुःखानि सहमानः सन् भ्रमितोऽयं जीवो यदा पुनरेव गुणविशिष्टस्य धर्मस्य लाभो भवति तदा ···विविधाभ्युदयसुखं प्राप्य पश्चादभेदरत्नत्रयभावनाबलेनाक्षयानन्तसुखादिगुणास्पदमर्हत्पदं सिद्धपदं च लभते तेन कारणेन धर्म एव परमरसरसायनं निधिनिधान कल्पवृक्ष कामधेनुश्चिन्तामणिरिति ।···इति संक्षेपेण धर्मानुप्रेक्षा गता। =चौरासी लाख योनियोंमें दुःखोंको सहते हुए भ्रमण करते इस जीवको जब इस प्रकारके पूर्वोक्त धर्मकी प्राप्ति होती है तब वह विविध प्रकारके अभ्युदय सुखोंको पाकर, तदनन्तर अभेद रत्नत्रयकी भावनाके बलसे अक्षयानन्त सुखादि गुणोंका स्थानभूत अर्हन्तपद और सिद्ध पदको प्राप्त होता है। इस कारण धर्म ही परम रसका रसायन है, धर्म ही निधियोंका भण्डार है, धर्म ही कल्पवृक्ष है, कामधेनु है, धर्म ही चिन्तामणि है···इस प्रकार संक्षेपसे धर्मानुप्रेक्षा समाप्त हुई। (श्रीमद्कृत १२ भावनाएँ)

१०. निर्जरानुप्रेक्षा—१. निश्चय

स. सा /मू /१६८ उदयविवागो विविहो कम्माणं वण्णिओ जिणवरेहिं। ण दु ते मज्झ सहावा जाणगभावो दु अहमिक्को ॥१६८॥ = कर्मोंके उदयका रस जिनेश्वर देवने अनेक प्रकारका कहा है। वे कर्म विपाकसे हुए भाव मेरा स्वभाव नहीं है। मैं तो एक ज्ञायक भाव स्वरूप हूँ।

द्र. सं./टी./३५/११२ निजपरमात्मानुभूतिबलेन निर्जरार्थं दृष्टश्रुतानुभूतभोगाकांक्षादिविभावपरिणामपरित्यागरूपैः संवेगवैराग्यपरिणामैर्वर्त्तत इति ।·· इति निर्जरानुप्रेक्षा गता। =निजपरमात्मानुभूतिके बलसे निर्जरा करनेके लिए दृष्ट, श्रुत व अनुभूत भोगोंकी आकांक्षादिरूप विभाव परिणामके त्याग रूप संवेग तथा वैराग्य रूप परिणामोंके साथ रहता है। इस प्रकार निर्जरानुप्रेक्षा समाप्त हुई। (स. सा./आ./१६३ उत्थानिका रूप कलश, १३३)

२ व्यवहार

बा. अ /६७ सा पुण दुविहा णेया सकालपक्का तवेण कयमाणा। चादुगदीण पढमा वयजुत्ताण हवे बिदिया ॥६७॥ =उपरोक्त निर्जरा दो प्रकारकी है—स्वकाल पक्व और तप द्वारा की गयी। इनमेंसे पहली तो चारों गतिवाले जीवोंके होती है और दूसरी केवल व्रतधारी श्रावक वा मुनियोंके होती है। (भूधरकृत भावना स १०)।

स सि /६/७/४१७ निर्जरा वेदनाविपाकः इत्युक्तम्। सा द्वेधा-अबुद्धिपूर्वा कुशलमूला चेति। तत्र नरकादिषु गतिषु कर्मफलविपाकजा अबुद्धिपूर्वा सा अकुशलानुबन्धा। परिषहजये कृते कुशलमूला सा शुभानुबन्धा निरनुबन्धा चेति। इत्येवं निर्जरायां गुणदोषभावनं निर्जरानुप्रेक्षा। =वेदनाविपाकका नाम निर्जरा है, यह पहले कह आये हैं। वह दो प्रकारकी है—अबुद्धिपूर्वा और कुशलमूला। नरकादि गतियोंमें कर्मफलके विपाकसे जायमान जो अबुद्धिपूर्वा निर्जरा होती है, वह अकुशलानुबन्धा है। तथा परिषहके जीतनेपर जो निर्जरा होती है, वह कुशलमूला निर्जरा है। वह शुभानुबन्धा और निरनुबन्धा होती है। इस प्रकार निर्जराके गुणदोषोंका चिन्तवन करना निर्जरानुप्रेक्षा है। (भ.आ./मू. १८४५-१८५६) (मू.आ./७४४-७४६) (रा वा./६/७,६/६०२/११) (प.वि /६/५३) (अन.ध /६/७४-७५/६२७)।

११. बोधिदुर्लभानुप्रेक्षा—१ निश्चय

बा. अ /८३-८४ उप्पज्जदि सण्णाणं जेण उवाएण तस्सुवायस्स। चिंता हवेइ बोही अच्चंतं दुल्लहं होदि ॥८३॥ कम्मुदयजपज्जाया हेयं खाओवसमियणाण खु। सगदव्वमुवादेयं णिच्छयदो होदि सण्णाणं ॥८४॥ =जिस उपायसे सम्यग्ज्ञानकी उत्पत्ति हो, उस उपायकी चिन्ता करनेको अत्यन्त दुर्लभबोधि भावना कहते हैं, क्योंकि बोधि

अर्थात् सम्यग्ज्ञानका पाना अत्यन्त कठिन है ॥८३॥ अशुद्ध निश्चय नयसे क्षायोपशमिक ज्ञान कर्मोंके उदयसे, जो कि परद्रव्य है, उत्पन्न होता है, इसलिए हेय अर्थात् त्यागने योग्य है और सम्यग्ज्ञान (बोधि) स्वद्रव्य है, अर्थात् आत्माका निज स्वभाव है, इसलिए उपादेय है ॥८४॥

२ व्यवहार

स. सि. ९/७/४१८ एकस्मिन्निगोतशरीरे जीवा सिद्धानामनन्तगुणा। एव सर्वलोको निरन्तर निचित स्थावरैरतस्तत्र त्रसता बालुकासमुद्रे पतिता वज्रसिकताकणिकेव दुर्लभा। तत्र च विकलेन्द्रियाणा भूयिष्ठत्वात्पञ्चेन्द्रियता गुणेषु कृतज्ञतेव कृच्छ्रलभ्या। तत्र च तिर्यक्षु पशुमृगपक्षिसरीसृपादिषु बहुषु मनुष्यभावश्चतुष्पथे रत्नराशिरिव दुरासद। तत्प्राप्तावे च पुनस्तदुपपत्तिर्दग्धतरुपुद्गलतद्भावोपपत्तिवद् दुर्लभा। तल्लाभे च देशकुलेन्द्रियसंपन्नारोगत्वान्युत्तरोत्तरतोऽतिदुर्लभानि। सर्वेष्वपि तेषु लब्धेषु सद्धर्मप्रतिलम्भो यदि न स्याद् व्यर्थं जन्म वदनमिव दृष्टिविकलम्। तमेव कृच्छ्रलभ्य धर्ममवाप्य विषयसुखे रज्जनं भस्मार्थं चन्दनदहनमिव विफलम्। विरक्तविषयसुखस्य तु तपोभावनाधर्मप्रभावनासुखमरणादिलक्षण समाधिर्दुरवाप। तस्मिन् सति बोधिलाभ फलवान् भवतीति चिन्तनं बोधिदुर्लभानुप्रेक्षा। =एक निगोद शरीरमें सिद्धोंसे अनन्त गुणे जीव है। इस प्रकारके स्थावर जीवोंसे सर्वलोक निरन्तर भरा हुआ है। अत इस लोकमें त्रस पर्यायका प्राप्त होना इतना दुर्लभ है, जितना कि बालुकाके समुद्रमें पडी हुई वज्रसिकताकी कणिकाका प्राप्त होना दुर्लभ होता है। इसमें भी विकलेन्द्रिय जीवोंकी बहुलता होनेके कारण गुणोंमें जिस प्रकार कृतज्ञता गुणका प्राप्त होना बहुत दुर्लभ होता है उसी प्रकार पचेन्द्रिय पर्यायका प्राप्त होना बहुत दुर्लभ है। उसमें भी पशु, मृग, पक्षी और सरीसृप तिर्यंचोकी बहुलता होती है। इसीलिए जिस प्रकार चौराहेपर रत्नराशिका प्राप्त होना अति कठिन है, उसी प्रकार मनुष्य पर्यायका प्राप्त होना अति कठिन है। और मनुष्य पर्यायके मिलनेके बाद उसके च्युत हो जानेपर पुन उसकी प्राप्ति होना इतना कठिन है जितनी कि जले हुए पुद्गलोका पुन उस वृक्ष पर्याय रूपसे उत्पन्न होना कठिन होता है। कदाचित् पुन इसकी प्राप्ति हो जाये तो देश, कुल, इन्द्रिय, सम्पत और नीरोगता इनका प्राप्त होना उत्तरोत्तर दुर्लभ है। इन सबके मिल जानेपर भी यदि समीचीन धर्मकी प्राप्ति न होवे तो जिस प्रकार दृष्टिके बिना मुख व्यर्थ होता है उसी प्रकार मनुष्य जन्मका प्राप्त होना व्यर्थ है। इस प्रकार अति कठिनतासे प्राप्त होने योग्य उस धर्मको प्राप्त कर विषय सुखमें रममाण होना भस्मके लिए चन्दनको जलानेके समान निष्फल है। कदाचित् विषय सुखसे विरक्त हुआ तो भी इसके लिए तपकी भावना, धर्मकी प्रभावना और सुखपूर्वक मरण रूप समाधिका प्राप्त होना अतिदुर्लभ है। इसके होनेपर ही बोधिलाभ सफल है, ऐसा विचार करना बोधिदुर्लभानुप्रेक्षा है। (भ आ /मू /१८६६-१८७३) (मू आ./७५५ ७६२) (रा.वा./९/७,९/६०३) (चा सा /१९८/४) (प.वि./६/५५) (अन.ध./६/७८-७९/६३१) (भूधरकृत भावना सं. ११)।

द्र. स./टी /३५/१४४ कथंचित् काकतालीयन्यायेन (एते मनुष्यगति आर्यत्वतत्त्वश्रवणादि सर्वे) लब्धेष्वपि तल्लब्धिरूपबोधे फलभूतस्वशुद्धात्मसंवित्त्यात्मकनिर्मलधर्मध्यानशुक्लध्यानरूप परमसमाधिर्दुर्लभ। तस्मात्स एव निरन्तर भावनीय। सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणामप्राप्तप्रापणं बोधिस्तेषामेव निर्विघ्नेन भवान्तरप्रापणं समाधिरिति। एव सक्षेपेण दुर्लभानुप्रेक्षा समाप्ता। =यदि काकतालीयन्यायसे इन मनुष्य गति, आर्यत्व, तत्त्वश्रवणादि सबकी लब्धि हो जाये तो भी इनकी प्राप्ति रूप जो ज्ञान है, उसमें फलभूत जो शुद्धात्माके ज्ञान स्वरूप निर्मल धर्मध्यान तथा शुक्लध्यान रूप परमसमाधि है, वह दुर्लभ है। ''इसलिए उसकी ही निरन्तर भावना करनी चाहिए। पहले नहीं प्राप्त हुए सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रका प्राप्त होना तो बोधि कहलाता है और उन्हीं सम्यग्दर्शनादिकोंको निर्विघ्न अन्य भवमें साथ ले जाना सो समाधि है। ऐसा संक्षेपसे बोधिदुर्लभ अनुप्रेक्षाका कथन समाप्त हुआ।

१२. लोकानुप्रेक्षा—१ निश्चय

बा.अ./४२ असुहेण णिरयतिरिय सुहउपजोगेण दिविजणरसोक्ख। सुद्धेण लहइ सिद्धि एवं लोय विचिंतिज्जो ॥४२॥ =यह जीव अशुभविचारोसे नरक तथा तिर्यंच गति पाता है, शुभविचारोसे देवो तथा मनुष्योके सुख भोगता है और शुद्ध विचारोसे मोक्ष प्राप्त करता है, इस प्रकार लोक भावनाका चिन्तन करना चाहिए। (भा पा./मू./-७६, ७७,८८) (श्रीमद्कृत १२ भावनाएँ)।

भ आ /वि./१७१८/१६१४/१८ यद्यप्यनेकप्रकारो लोकस्तथापीह लोकशब्देन जीवद्रव्यं लोक एवोच्यते। ·सूत्रेण जीवधर्मप्रवृत्तिक्रमनिरूपणात्। =यद्यपि (नाम, स्थापनादि विकल्पोसे) लोकके अनेक भेद हैं तथापि यहाँ लोक शब्दसे जीव द्रव्य लोक ही ग्राह्य है क्योंकि जीवके धर्म प्रवृत्तिका यहाँ क्रम कहा गया है।

द्र सं/टी /३५/१४३ आदिमध्यान्तमुक्ते शुद्धबुद्धैकस्वभावे परमात्मनि सकलविमलकेवलज्ञाननेत्रेण दर्पणे बिम्बानीव शुद्धात्मादिपदार्था लोक्यन्ते दृश्यन्ते ज्ञायन्ते परिच्छिद्यन्ते यतस्तेन कारणेन स एव निश्चयलोकस्तस्मिन्निश्चयलोकाख्ये स्वकीयशुद्धपरमात्मनि अवलोकनं वा स निश्चयलोक। ...इति निजशुद्धात्मभावनोत्पन्नपरमाह्लादैकसुखामृतस्वादानुभवनेन च या भावना सैव निश्चयलोकानुप्रेक्षा। =आदि, मध्य तथा अन्त रहित शुद्ध, बुद्ध एक स्वभाव तथा परमात्ममें पूर्ण विमल केवलज्ञानमयी नेत्र है, उसके द्वारा जैसे दर्पणमें प्रतिबिम्बोंका भान होता है उसी प्रकारसे शुद्धात्मादि पदार्थ देखे जाते है, जाने जाते है। इस कारण वह शुद्धात्मा ही निश्चय लोक है अथवा उस निश्चय लोकवाले निज शुद्धपरमात्मामें जो अवलोकन है वह निश्चय लोक है। इस प्रकार निज शुद्धात्माकी भावनासे उत्पन्न परमाह्लाद सुखरूपी अमृतके आस्वादके अनुभवसे जो भावना होती है वही निश्चयसे लोकानुप्रेक्षा है।

२. व्यवहार

मू.आ /७१५-७१९ तत्थणुवहंति जीवा सकम्मणिव्वत्तियं सुह दुक्खं। जम्मणमरणपुणब्भवमणतभवसायरे भीमे। ॥७१५॥ आदा य होदि धूदा धूदा मादूत्तणं पुण उवेदि। पुरिसोवि तत्थ इत्थी पुमं च अपुमं च होइ जगे ॥७१६॥ होऊण तेयसत्ताधिओ दु बलविरियरूवसंपण्णो। जादो बच्चवरे किमिधिगत्थु संसारवासस्स ॥७१७॥ धिग्भवदु लोगधम्मं देवावियं सूरवदीय महधीया। भोत्तूण य सुहमतुलं पुणरवि दुक्खावहा होंति ॥७१८॥ णाऊण लोगसारं णिस्सारं दीहगमणससारं। लोगग्गसिहरवासं झाहि पयत्तेण सुहवासं ॥७१९॥ =इस लोकमें ये जीव अपने कर्मोंसे उपार्जन किये सुख-दु खको भोगते है और भयकर इस भवसागरमें जन्म-मरणको बारम्बार अनुभव करते है ॥७१५॥ इस संसारमें माता है, वह पुत्री हो जाती है, पुत्री माता हो जाती है। पुरुष स्त्री हो जाता है और स्त्री पुरुष और नपुंसक हो जाती है ॥७१६॥ प्रताप सुन्दरतासे अधिक बल वीर्ययुक्त इनसे परिपूर्ण राजा भी कर्मवश अशुचि (मैले) स्थानमें लट होता है। इसलिए ऐसे संसारमें रहनेको धिक्कार हो ॥७१७॥ लोकके स्वभावको धिक्कार हो जिससे कि देव और महान् ऋद्धिवाले इन्द्र अनुपम सुखको भोग कर पश्चात् दुख भोगनेवाले होते है ॥७१८॥ इस प्रकार लोकको निस्सार (तुच्छ) जानकर तथा उस संसारको अनन्त जानकर अनन्त सुखका स्थान ऐसे मोक्षका यत्नसे ध्यान कर ॥७१९॥

भ आ /मू./१७१८, १८१२ आहिंडय पुरिसस्स व इमस्स णीया तहिं होंति। सव्वे वि इमो पत्तो सबंधे सव्वजीवेहिं ॥१७१८॥ विज्जू वि चचलं फेणदुव्वलं आधिमहियमच्चुहद। णाणी किह पेच्छतो रमेज्ज दुक्खुड्डुधुदं लोगं ॥१८१२॥ =एक देशसे दूसरे देशको जानेवाले पुरुषके समान इस जीवको सर्व जगमें बन्धु लाभ होता है, अमुक जीवके साथ

इसका पिता पुत्र वगैरह रूपसे सम्बन्ध नहीं हुआ ऐसा काल ही नहीं था, अतः सर्व जीव इसके सम्बन्धी है ॥१७६८॥ यह जगत् बिजलीके समान चंचल है, समुद्रके फेनके समान बलहीन है, व्याधि और मृत्युसे पीड़ित हुआ है। ज्ञानी पुरुष इसे दुःखोंसे भरा हुआ देखकर उसमें कैसी प्रीति करते हैं अर्थात् ज्ञानी इस लोकसे प्रेम नहीं करते। इसके ऊपर माध्यस्थभाव रखते है।

स सि /९/७/४१८ लोकसंस्थानादिविधिर्व्याख्यात। समन्तादनन्तस्यालोकाकाशस्य बहुमध्यदेशभाविनो लोकस्य संस्थानादिविधिर्व्याख्यातः। तत्स्वभावानुचिन्तनं लोकानुप्रेक्षा। =लोकका आकार व प्रकृति आदिकी विधि वर्णन कर दी गयी है। अर्थात् चारों ओरसे अनन्त अलोकाकाशके बहुमध्य देशमें स्थित लोकके आकारादिककी विधि कह दी गयी। उसके स्वभावका अनुचिन्तन करना लोकानुप्रेक्षा है। (मू आ /७११-७१४) (रा. वा /९/७ ८/६०३) (चा सा /१६६/४) (पं वि./६/५४) (अन ध. ६/७६-७७) (भूधरकृत भावना सं ५)।

१३ संवरानुप्रेक्षा—१ निश्चय

बा अ /६५ जीवस्स ण संवरण परमट्ठणएण सुद्धभावादो। संवरभावविमुक्क अप्पाण चिंतये णिच्च ॥६५॥ =शुद्ध निश्चय नयसे जीवके संवर हो नहीं है इसलिए संवरके विकल्पसे रहित आत्माका निरन्तर चिन्तवन करना चाहिए। (स सा /१८१/क १२७)

द्र स /टी /३५/१११ अथ संवरानुप्रेक्षा कथ्यते—यथा तदेव जलपात्रं छिद्रस्य झम्पने सति जलप्रवेशाभावे निर्विघ्नेन वेलापत्तनं प्राप्नोति। तथा जीवजलपात्रं निजशुद्धात्मसंवित्तिबलेन इन्द्रियाद्यास्रवच्छिद्राणां झम्पने सति कर्मजलप्रवेशाभावे निर्विघ्नेन केवलज्ञानाद्यनन्तगुणरत्नपूर्णमुक्तिवेलापत्तनं प्राप्नोति। एवं संवरगतगुणानुचिन्तनं संवरानुप्रेक्षा ज्ञातव्या। =अब संवर अनुप्रेक्षा कहते है। वही समुद्रका जहाज अपने छेदोंके बन्द हो जानेसे जलके न घुसनेसे निर्विघ्न वेलापत्तनको प्राप्त हो जाता है। उसी प्रकार जीवरूपी जहाज अपने शुद्ध आत्म ज्ञानके बलसे इन्द्रिय आदि आस्रवछिद्रोंके मुँह बन्द हो जानेपर कर्मरूपी जल न घुसनेसे केवलज्ञानादि अनन्त गुण रत्नोंसे पूर्ण मुक्तिरूपी वेलापत्तनको निर्विघ्न प्राप्त हो जाता है। ऐसे संवरके गुणोंके चिन्तवन रूप संवर अनुप्रेक्षा जाननी चाहिए।

२ व्यवहार

बा अ /६३,६४ सुहजोगेण पवित्ती संवरण कुणदि असुहजोगस्स। सुहजोगस्स णिरोहो सुद्धुवजोगेण संभवदि ॥६३॥ सुद्धुवजोगेण पुणो धम्मं सुक्कं च होदि जोवस्स। तम्हा संवरहेदू झाणो त्ति विचिंतये णिच्च ॥६४॥ =मन, वचन, कायकी शुभ प्रवृत्तियोंसे अशुभोपयोगका संवर होता है और केवल आत्माके ध्यान रूप शुद्धोपयोगसे शुभयोग का संवर होता है ॥६३॥ इसके पश्चात शुद्धोपयोगसे जीवके धर्मध्यान और शुक्लध्यान होते है। इसलिए संवरका कारण ध्यान है, ऐसा निरन्तर विचारते रहना चाहिए ॥६४॥

स.सि /९/७/४१७ यथा महार्णवे नावो विवरपिधानेऽसति क्रमात्प्लुतजलाभिप्लवे सति तदाश्रयाणां विनाशोऽवश्यभावी, छिद्रपिधाने च निरुपद्रवममिलषितदेशान्तरप्रापणं, तथा कर्मागमद्वारसंवरणे सति नास्ति श्रेय प्रतिबन्ध इति संवरगुणानुचिन्तनं संवरानुप्रेक्षा। =जिस प्रकार महार्णवमें नावके छिद्रके नहीं रुके रहनेपर क्रमसे भिरे हुए जलसे उसके व्याप्त होनेपर उसके आश्रयपर बैठे हुए मनुष्योंका विनाश अवश्यम्भावी है और छिद्रके रुके रहनेपर निरुपद्रव रूपसे अभिलषित देशान्तरका प्राप्त होना अवश्यम्भावी है। उसी प्रकार कर्मागमद्वारके रुके होनेपर कल्याणका प्रतिबन्ध नहीं होता। इस प्रकार संवरके गुणोंका चिन्तवन करना संवरानुप्रेक्षा है। (भ आ./मू./१८३६-१८४४) (मू.आ./७३८-७४३) (रा.वा./९/७,६/६०२/३२) (चा सा /१६६/२) (पं. वि./६/५२) (अन.ध /६/७२-७३) (भूधरकृत १२ भावनाएँ)।

१४ संसारानुप्रेक्षा—१. निश्चय

ला अ /३७ कम्मणिमित्तं जीवो हिंडदि संसारघोरकांतारे। जीवस्स ण संसारो णिच्चयणयकम्मणिम्मुक्को ॥३७॥ =यद्यपि यह जीव कर्मके निमित्तसे संसार रूपी बड़े भारी वनमें भटकता रहता है, परन्तु निश्चय नयसे यह कर्मसे रहित है और इसीलिए इसका भ्रमण रूप संसारसे कोई सम्बन्ध नहीं है।

द्र.स./टी./३५/१०५ एवं पूर्वोक्तप्रकारेण द्रव्यक्षेत्रकालभवभावरूप पञ्चप्रकार संसारं भावयतोऽस्य जीवस्य संसारातीतस्वशुद्धात्मसंवित्तिविनाशकेषु संसारवृद्धिकारणेषु मिथ्यात्वाविरतिप्रमादकषाययोगेषु परिणामो न जायते, किन्तु संसारातीतसुखास्वादे रतो भूत्वा स्वशुद्धात्मसंवित्तिबलेन संसारविनाशकनिजनिरञ्जनपरमात्मनि एव भावना करोति। ततश्च यादृशमेव परमात्मनं भावयति तादृशमेव लब्ध्वा संसारविलक्षणे मोक्षेऽनन्तकालं तिष्ठतीति। इति संसारानुप्रेक्षा गता। =इस प्रकारसे द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव और भाव रूप पाँच प्रकारके संसारको चिन्तवन करते हुए इस जीवके, संसार रहित निज शुद्धात्म ज्ञानका नाश करनेवाले तथा संसारकी वृद्धिके कारणभूत जो मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग है उनमें परिणाम नहीं जाता, किन्तु वह संसारातीत सुखके अनुभवमें लीन होकर निज शुद्धात्मज्ञानके बलसे संसारको नष्ट करनेवाले निज निरंजन परमात्मामें भावना करता है। तदनन्तर जिस प्रकारके परमात्माको भाता है उसी प्रकारके परमात्माको प्राप्त होकर संसारसे विलक्षण मोक्षमें अनन्त काल तक रहता है। इस प्रकार संसारानुप्रेक्षा समाप्त हुई।

२. व्यवहार

बा अ /२४ पंचविहे संसारे जाइजरामरणरोगभयपउरे। जिणमग्गमपेच्छंतो जीवो परिभमदि चिरकालं ॥२४॥ =यह जीव जिनमार्गकी ओर ध्यान नहीं देता है, इसलिए जन्म, बुढापा, मरण, रोग और भयसे भरे हुए पाँच प्रकारके संसारमें अनादि कालसे भटक रहा है।

स सि /९/७/४१७ कर्मविपाकवशादात्मनो भवान्तरावाप्तिः संसारः। स पुरस्तात्पञ्चविधपरिवर्तनरूपेण व्याख्यातः। तस्मिन्ननेकयोनिकुलकोटिबहुशतसहस्रसंकटे संसारे परिभ्रमन् जीवः कर्मयन्त्रप्रेरितः पिता भूत्वा भ्राता पुत्रः पौत्रश्च भवति। माता भूत्वा भगिनी भार्या दुहिता च भवति। स्वामी भूत्वा दासो भवति। दासो भूत्वा स्वाम्यपि भवति। नटवदत्र रङ्गे। अथवा किं बहुना, स्वयमात्मनः पुत्रो भवतीत्यादिः संसारस्वभावचिन्तनमनुप्रेक्षा=कर्म विपाकके वशसे आत्माको भवान्तरकी प्राप्ति होना सो संसार है। उसका पहले पाँच प्रकारके परिवर्तन रूपसे व्याख्यान कर आये है। अनेक योनि और कुल कोटिलाखसे व्याप्त उस संसारमें परिभ्रमण करता हुआ यह जीव कर्मयन्त्रसे प्रेरित होकर पिता होकर भाई, पुत्र और पौत्र होता है। माता होकर भगिनी, भार्या, और पुत्री होता है। स्वामी होकर दास होता है तथा दास होकर स्वामी भी होता है। जिस प्रकार रंगस्थलमें नट नाना रूप धारण करता है उसी प्रकार यह होता है। अथवा बहुत कहनेसे क्या प्रयोजन, स्वयं अपना पुत्र होता है। इत्यादि रूपसे संसारके स्वभावका चिन्तन करना संसारानुप्रेक्षा है। (भ.आ./मू./१७६८-१७९७) (मू आ /७०३-७१०) (रा वा /९/७,३/६००-६०१) (चा सा /१८६/५) (प वि /६/४७) (अन ध /६/६२-६५)।

रा वा /९/७,३/६००/२८ चतुर्विधात्मावस्था—संसार असंसार नोसंसार तत्त्रितयव्यपायश्चेति। तत्र संसारश्चतसृषु गतिषु नानायोनिविकल्पासु परिभ्रमणम्। अनागतिरसंसार शिवपदपरमामृतसुखप्रतिष्ठा। नोसंसार सयोगकेवलिन चतुर्गतिभ्रमणाभावात् असंसारप्राप्त्याभावाच्च ईषत्संसारो नोसंसार इति। अयोगकेवलिन तत्त्रितयव्यपाय। अभव्यत्वसामान्यापेक्षया संसारोऽनाद्यनन्तः, भव्यविशेषापेक्षया अनादिपर्यवसान। (नोसंसारो जघन्येनान्तर्मुहूर्तं, उत्कृष्टेन देशोनपूर्वकोटिलक्षं सादि सपर्यवसान संसारो जघन्येनान्तर्मुहूर्तं उत्कृष्टेनार्धपुद्गलपरावर्तनकालः स च संसारो द्रव्यक्षेत्रकालभवभावभेदात् पञ्चविधो। (चा सा)। =आत्माकी चार अवस्थाएँ होती है—संसार, असंसार, नोसंसार और तीनोंसे विलक्षण। अनेक योनि

वाली चार गतियोंमें भ्रमण करना संसार है। शिवपदके परमामृत सुखमें प्रतिष्ठा असंसार है। चतुर्गतिमें भ्रमण न होनेसे और मोक्षकी प्राप्ति न होनेसे सयोगकेवलीकी जीवन मुक्ति अवस्था ईषत् संसार या नोसंसार है। अयोगकेवली इन तीनोंसे विलक्षण है। अभव्य तथा भव्य सामान्यकी दृष्टिसे संसार अनादि-अनन्त है। भव्य विशेषकी अपेक्षा अनादि और उच्छेदवाला है। नोसंसार सादि और सान्त है। असंसार सादि अनन्त है। त्रितय विलक्षणका काल अन्तर्मुहूर्त है। नोसंसारका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट देशोन एक लाख क्रोड पूर्व है। सादि सान्त संसारका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अर्द्ध पुद्गल परावर्तन काल है। ऐसा वह संसार, द्रव्य, क्षेत्र काल, भव व भावके भेदसे पाँच प्रकारका है।

श्रीमद्राजचन्द्र—बहु पुण्य केरा पुंज थी शुभ देह मानव नो मळ्यो। तोये अरे भव चक्र नो आंटो नहीं एके टळ्यो॥ रे आत्म तारो। आत्म तारो॥ शीघ्र एने ओळखो। सर्वात्म मां समदृष्टि दो आ वचनने हृदय लखो। =बहुत पुण्यके उदयसे यह मानवकी उत्तम देह मिली, परन्तु फिर भी भवचक्रमें किंचित् हानि न कर सका। अरे! अब शीघ्र अपनी आत्माको पहिचानकर सर्व आत्माओंको समदृष्टिसे देख, इस वचनको हृदयमें रख। (विशेष दे – संसार ३ में पंच परिवर्तन)

२ अनुप्रेक्षा निर्देश

१. सर्व अनुप्रेक्षाओंका चिन्तवन सब अवसरोंपर आवश्यक नहीं

अन ध /६/८२/६३४ इत्येतेषु द्विषेषु प्रवचनदृगनुप्रेक्षमाणोऽध्रुवादिष्वद्धा यत्किंचिदन्तःकरणकरणजिद्वेत्ति य स्व स्वयं स्वे। उच्चैरुच्चैर्यदाशाधरभवविधुराम्भोधिपाराप्तिराजत्कार्तार्थ्यं पूतकीर्त्तिः प्रतपति स परे स्वैर्गुणैर्लोकमूर्ध्नि॥ =परमागम ही है नेत्र जिसके ऐसा जो मुमुक्षु अध्रुवादि बारह अनुप्रेक्षाओंमें-से यथा रुचि एक अनेक अथवा सभीका तत्त्वतः हृदयमें ध्यान करता है वह मन और इन्द्रिय दोनोंपर विजय प्राप्त करके आत्मा ही में स्वयं अनुभव करने लगता है। तथा जहाँ पर चक्रवर्ती तीर्थंकरादि उन्नतोन्नत पदोंको प्राप्त करनेकी अभिलाषा लगी हुई है ऐसे संसारके दुःख समुद्रसे पार पहुँच कर कृतकृत्यताको प्राप्त कर लेता है। इस प्रकार वह मुमुक्षु पवित्र यश और वचनोंको धारण करके जीवन्मुक्त बनकर अन्तमें अपने सम्यग्दर्शनादि उत्कृष्ट गुणों द्वारा तीन लोकके ऊपर प्रदीप्त होता है।

२. एकत्व व अन्यत्व अनुप्रेक्षामें अन्तर

द्र.स /टी/३५/१०८ एकत्वानुप्रेक्षायामेकोऽहमित्यादिविधिरूपेण व्याख्यान, अन्यत्वानुप्रेक्षायां तु देहादयो मत्सकाशादन्ये मदीया न भवन्तीति निषेधरूपेण। इत्येकत्वान्यत्वानुप्रेक्षायां विधिनिषेधरूप एव विशेषस्तात्पर्यं तदेव। =एकत्व अनुप्रेक्षामें तो 'मैं अकेला हूँ' इत्यादि प्रकारसे विधिरूप व्याख्यान है और अन्यत्व अनुप्रेक्षामें 'देह आदि पदार्थ मुझसे भिन्न है, ये मेरे नहीं है' इत्यादि निषेध रूपसे वर्णन है। इस प्रकार एकत्व और अन्यत्व इन दोनों अनुप्रेक्षाओंमें विधि-निषेध रूपका ही अन्तर है। तात्पर्य दोनोंका एक ही है।

३. आस्रव, संवर, निर्जरा इन भावनाओंकी सार्थकता

रा वा /९/७,७/६०२ आस्रवसंवरनिर्जराग्रहणमनर्थकमुक्तत्वादिति चेत्, नतद्गुणदोषान्वेषणपरत्वात्॥७॥ =प्रश्न—आस्रव संवर और निर्जराका कथन पहले प्रकरणोंमें हो चुका है अतः यहाँ अनुप्रेक्षा प्रकरणमें इनका ग्रहण करना निरर्थक है? उत्तर—नहीं, उनके दोष विचारनेके लिए यहाँ उनका ग्रहण किया है।

४. वैराग्य स्थिरीकरणार्थ कुछ अन्य भावनाएँ

त.सू /७/१२ जगत्कायस्वभावौ वा संवेगवैराग्यार्थम्॥१२॥ =संवेग और वैराग्यके लिए जगत्के स्वभाव और शरीरके स्वभावकी भावना करनी चाहिए। (ज्ञा /२७/४)।

म.पु./२१/९९ विषयेष्वनभिष्वङ्गः कायतत्त्वानुचिन्तनम्। जगत्स्वभावचिन्त्येति वैराग्यस्थैर्यभावना॥९९॥ =विषयोंमें आसक्त न होना, शरीरके स्वरूपका बार-बार चिन्तवन करना और जगत्के स्वभावका चिन्तवन करना ये वैराग्यको स्थिर रखनेवाली भावनाएँ है।

३. निश्चय व्यवहार अनुप्रेक्षा विचार

१. अनुप्रेक्षाके साथ सम्यक्त्वका महत्त्व

स.सि /९/७/४१६ ततस्तत्त्वज्ञानभावनापूर्वकस्य वैराग्यप्रकर्षे सति आत्यन्तिकस्य मोक्षसुखस्याविर्भावति। =इससे (अर्थात् शरीर व आत्माके भिन्न रूप समाधानसे) तत्त्वज्ञानकी भावना पूर्वक आत्यन्तिक मोक्षसुखकी प्राप्ति होती है।

२ अनुप्रेक्षा वास्तवमें शुभ भाव है

र.सा /६४-६५ दव्वत्थकायछप्पणतच्चपयत्थेसु सत्तणवएसु। बंधणमुक्खे तक्कारणरूपे बारसणुवेक्खे॥४६॥ रयणत्तयस्स रूवे अज्जाकम्मो दयाइसद्धम्मे। इच्चेवमाइगो जो वट्टइ सो होइ सुभभावो॥६५॥ =पंचास्तिकाय, छह द्रव्य, सात तत्त्व, नवपदार्थ, बंधमोक्षके कारण बारह भावना, रत्नत्रय, आर्जवभाव, क्षमाभाव और सामायिकादि चारित्रमय जिन भव्य जीवोंके भाव है वे शुभ भाव है।

बा अ /६३ सुहजोगेसु पवित्ती संवरणं कुणदि असुहजोगस्स। सुहजोगस्स णिरोहो सुद्धुवजोगेण संभवदि॥६३॥ =मन, वचन कायकी शुभ प्रवृत्तियोंसे अशुभ योगका संवर होता है और केवल आत्माके ध्यान रूप शुद्धोपयोगसे शुभयोगका संवर होता है।

द्र.स /टी १४९ एवं व्रतसमितिगुप्तिधर्मद्वादशानुप्रेक्षापरीषहजयचारित्राणां भावसंवरकारणभूतानां यद्व्याख्यानं कृतं, तत्र निश्चयरत्नत्रयसाधकव्यवहाररत्नत्रयरूपस्य शुभोपयोगस्य प्रतिपादकानि यानि वाक्यानि तानि पापास्रवसंवरणानि ज्ञातव्यानि। यानि तु व्यवहाररत्नत्रयसाध्यस्य शुद्धोपयोगलक्षणनिश्चयरत्नत्रयस्य प्रतिपादकानि तानि पुण्यपापद्वयसंवरकारणानि भवन्तीति ज्ञातव्यम्। =इस प्रकार भाव संवरके कारणभूत व्रत, समिति, गुप्ति, धर्म द्वादशानुप्रेक्षा, परीषहजय और चारित्र, इन सबका जो व्याख्यान किया, उसमें निश्चय रत्नत्रयका साधक व्यवहार रत्नत्रय रूप शुभोपयोगके वर्णन करनेवाले जो वाक्य है वे पापास्रवके संवरमें कारण जानने चाहिए। जो व्यवहार रत्नत्रयके साध्य शुद्धोपयोग रूप निश्चय रत्नत्रयके प्रतिपादक वाक्य है, वे पुण्य पाप इन दोनों आस्रवोंके संवरके कारण होते है, ऐसा समझना चाहिए।

३. अन्तरंग सापेक्ष अनुप्रेक्षा संवरका कारण है

त.सा /६/४३/३५१ एवं भावयतः साधोर्भवेद्धर्ममहोद्यमः। ततो हि निष्प्रमादस्य महान् भवति संवरः॥४३॥ =इस प्रकार (अन्तरंग सापेक्ष) बारह अनुप्रेक्षाओंका चिन्तवन करनेसे साधुके धर्मका महान् उद्योत होता है। उससे वह निष्प्रमाद होता है, जिससे कि महान् संवर होता है।

४. अनुप्रेक्षाका कारण व प्रयोजन

१. अनुप्रेक्षाका माहात्म्य व फल

बा अ./८९,९० मोक्खगया जे पुरिसा अणाइकालेण बारअणुवेक्ख। परिभविऊण सम्मं णमामि पुणो पुणो तेसिं॥८९॥ किं पलवियेण बहुणा जे सिद्धा णरवरा गये काले। सेझंति य जे (भ) विया तज्जाणह तस्स माहप्पं॥९०॥ =जो पुरुष इन बारह भावनाओंका चिन्तन करके अनादि कालसे आज तक मोक्षको गये है उनको मैं मन, वचन, काय पूर्वक बारम्बार नमस्कार करता हूँ॥८९॥ इस विषयमें अधिक कहनेकी जरूरत नहीं है इतना ही बहुत है कि भूतकालमें जितने श्रेष्ठ पुरुष सिद्ध हुए और जो आगे होंगे वे सब इन्हीं भावनाओंका चिन्तवन करके ही हुए है। इसे भावनाओंका ही महत्त्व समझना चाहिए।

ज्ञा /१३/२/५६ विध्याति कषाग्निर्विगलति रागो विलीयते ध्वान्तम्। उन्मिषति बोधदीपो हृदि पुंसा भावनाभ्यासात्।=इन द्वादश भावनाओंके निरन्तर अभ्यास करनेसे पुरुषोंके हृदयमें कषाय रूप अग्नि बुझ जाती है तथा पर द्रव्योंके प्रति राग भाव गल जाता है और अज्ञानरूपी अन्धकारका विलय होकर ज्ञानरूप दीपका प्रकाश होता है।

प.वि /६/४२ द्वादशापि सदा चिन्त्या अनुप्रेक्षा महात्मभि। तद्भावना भवत्येव कर्मण. क्षयकारणम् ॥४२॥=महात्मा पुरुषोंको निरन्तर बारहों अनुप्रेक्षाओंका चिन्तवन करना चाहिए। कारण यह है कि उनकी भावना (चिन्तन) कर्मके क्षयका कारण होती है।

२. अनुप्रेक्षा सामान्यका प्रयोजन

भ आ /मू /१८७४/१६७६ इय आलंबणमणुपेहाओ धम्मस्स होंति उज्झाणस्स। उज्झायंताणविणस्सदि उज्झाणे आलंबणेहि मुणी ॥१८७४॥=धर्मध्यानमें जो प्रवृत्ति करता है उसको ये द्वादशानुप्रेक्षा आधार रूप है, अनुप्रेक्षाके बलपर ध्याता धर्मध्यानमें स्थिर रहता है, जो जिस वस्तु स्वरूपमें एकाग्रचित्त होता है वह विस्मरण होनेपर उससे चिगता है, परन्तु बार-बार उसको एकाग्रताके लिए आलंबन मिल जावेगा तो वह नहीं चिगेगा।

स सि /९/६/४१३ कस्मात्क्षमादीनयममलम्बते नान्यथा प्रवर्तत इत्युच्यते यस्मान्नायं पिण्डवत्क्षमादिपरिणतेनात्महितैषिणा कर्तव्या।

स /सि /९/७/४१९ मध्ये अनुप्रेक्षावचनमुभयार्थम्। अनुप्रेक्षा हि भावयन्नुत्तमक्षमादीश्च प्रतिपालयति परीषहाश्च जेतुमुत्सहते।=तपाये हुए लोहेके गोलेके समान क्षमादि रूपसे परिणत हुए आत्महितको इच्छा करने वालोंको ये निम्न द्वादश अनुप्रेक्षा भानी चाहिए। बीचमें अनुप्रेक्षाओंका कथन दोनों अर्थके लिए है। क्योंकि अनुप्रेक्षाओंका चिन्तवन करता हुआ यह जीव उत्तम क्षमादिका ठीक तरहसे पालन करता है और परिषहोंको जीतनेके लिए उत्साहित होता है।

३. अनित्यानुप्रेक्षाका प्रयोजन

स.सि./९/७/४१४ एव ह्यस्य भव्यस्य चिन्तयतस्तेष्वभिष्वङ्गाभावाद्भुक्तोज्झितगन्धमाल्यादिष्विव वियोगकालेऽपि विनिपाते नोपपद्यते। =इस प्रकार विचार करनेवाले इस भव्यके उन शरीरादिमें आसक्तिका अभाव होनेसे भोग कर छोड़े हुए गन्ध और माला आदिके समान वियोग कालमें भी सन्ताप नहीं होता है। (रा वा /९/७ ६/६००/१२)।

का अ./मू./२२ चइऊण महामोह विसए मुणिऊण भंगुरे सव्वे। णिव्विसया कुणह मणं जेण सुहं उत्तमं लहइ ॥२२॥=हे भव्य जीवो! समस्त विषयोंको क्षणभंगुर जानकर महामोहको त्यागो और मनको विषयोंके सुखसे रहित करो, जिससे उत्तम सुखकी प्राप्ति हो। (चा सा,/१७८/२)।

४. अन्यत्वानुप्रेक्षा का प्रयोजन

स सि./९/७/४१६ इत्येवं ह्यस्य मनः समादधानस्य शरीरादिषु स्पृहा नोत्पद्यते। ततस्तत्त्वज्ञानभावनापूर्वकवैराग्यप्रकर्षे सति आत्यन्तिकस्य मोक्षसुखस्यावाप्तिर्भवति।=इस प्रकार मनको समाधान युक्त करनेवाले इसके शरीरादिमें स्पृहा उत्पन्न नहीं होती है और इससे तत्त्वज्ञानकी भावनापूर्वक वैराग्यकी वृद्धि होनेपर आत्यन्तिक मोक्षसुखकी प्राप्ति होती है। (रा वा /९/७.५/६०२/३) (चा सा /१६०/४)।

का अ /मू /८२ जो जाणिऊण देहं जीव-सरूवादु तच्चदो भिण्णं। अप्पाणं पि य सेवदि कज्जकरं तस्स अण्णत्तं।=जो आत्मस्वरूपको यथार्थमें शरीरसे भिन्न जानकर अपनी आत्माका ही ध्यान करता है उसके अन्यत्वानुप्रेक्षा कार्यकारी है। (चा सा १८/२)।

५. अशरणानुप्रेक्षा का प्रयोजन

स सि /९/७/४१४एव ह्यस्याध्यवसतो नित्यमशरणोऽस्मीति भृशमुद्विग्नस्य सामारिकेषु भावेषु ममत्वविगमो भवति। भगवदर्हत्सर्वज्ञप्रणीत एव मार्गे प्रयत्नो भवति।=इस प्रकार विचार करनेवाले इस जीवके 'मैं सदा अशरण हूँ' इस तरह अतिशय उद्विग्न होनेके कारण संसार के कारण भूत पदार्थोंमें ममता नहीं रहती और वह भगवान् अर्हन्त सर्वज्ञ प्रणीत मार्ग ही प्रयत्नशील होता है। (रा वा /९/७,१/६००/२५

का अ /मू /३१ अप्पाणं पि य सरणं खमादि-भावेहिं परिणदो होदि। तिव्वकसायाविट्ठो अप्पाणं हणदि अप्पेण ॥३१॥=आत्माको उत्तम क्षमादि भावोंसे युक्त करना भी शरण है। जिसकी तीव्र कषाय होती है वह स्वयं अपना घात करता है। (चा सा /१८०/२)।

६ अशुचि अनुप्रेक्षाका प्रयोजन

स सि /९/७/४१६ एव ह्यस्य सस्मरत शरीरनिर्वेदो भवति। निर्विण्णश्च जन्मोदधितरणाय चित्त समाधत्ते।=इस प्रकार चिन्तवन करनेसे शरीरसे निर्वेद होता है और निर्विण्ण होकर जन्मोदधिको तरनेके लिए चित्तको लगाता है। (रा वा./९/७,६/६०२/१७) (चा सा /१६२/६)।

का अ /मू /८७ जो परदेहविरत्तो णियदेहे ण य करेदि अणुराय। अप्प सरूव-सुरत्तो असुइत्ते भावणा तस्स।=जो दूसरों के शरीरसे विरक्त है और अपने शरीरसे अनुराग नहीं करता है तथा आत्मध्यानमें लीन रहता है उसके अशुचि भावना सफल है।

७ आस्रवानुप्रेक्षाका प्रयोजन

स.सि./९/७/४१७ एवं ह्यस्य चिन्तयत क्षमादिषु श्रेयस्त्वबुद्धिर्न प्रच्यवते। सर्व एते आस्रवदोषा कूर्मवत्सवृतात्मनो न भवन्ति।=इस प्रकार चिन्तन करनेवाले इस जीवके क्षमादिकमें कल्याण रूप बुद्धिका त्याग नहीं होता तथा कछुएके समान जिसने अपनी आत्माको संवृत कर लिया है उसके ये सब आस्रवके दोष नहीं होते है। (रा.वा./९/७,७/६०२/३०) चा.सा /१६५/५)।

का.अ./मू./९४ एदे मोहय भावा जो परिवज्जेइ उवसमे लीणो। हेयं ति मण्णमाणो आसव अणुवेहण तस्स ॥९४॥=जो मुनि साम्यभावमें लीन होता हुआ, मोहकर्मके उदयसे होनेवाले इन पूर्वोक्त भावोंको त्यागनेके योग्य जानकर, उन्हें छोड़ देता है, उसीके आस्रवानुप्रेक्षा है।

८ एकत्वानुप्रेक्षाका प्रयोजन

स सि /९/७/४१५ एव ह्यस्य भावयत स्वजनेषु प्रीत्यनुबन्धो न भवति। परजनेषु च द्वेषानुबन्धो नोपजायते। ततो निःसङ्गतामभ्युपगतो मोक्षायैव घटते।=इस प्रकार चिन्तवन करते हुए इस जीवके स्वजनोंमें प्रीतिका अनुबन्ध नहीं होता और परजनोंमें द्वेषका अनुबन्ध नहीं होता इसलिए निःसङ्गताको प्राप्त होकर मोक्षके लिए ही प्रयत्न करता है। (रा वा ९/७.४/६०१/२७) (चा सा /१८८/३)।

का अ /मू /७९ सव्वायरेण जाणह एक्कं जीवं सरीरदो भिन्नं। जम्हि दु मुणिदे जीवे होदि असेसं खणे हेयं ॥७९॥=पूरे प्रयत्नसे शरीरसे भिन्न एक जीवको जानो। उस जीवके जान लेनेपर क्षण भरमें ही शरीर, मित्र, स्त्री, धन, धान्य वगैरह सभी वस्तुएँ हेय हो जाती है।

९ धर्मानुप्रेक्षाका प्रयोजन

स सि /९/७/४१९ एव ह्यस्य चिन्तयतो धर्मानुरागात्सदा प्रतियत्नो भवति।=इस प्रकार चिन्तवन करनेवाले इस जीवके धर्मानुरागवश उसकी प्राप्तिके लिए सदा यत्न होता है। (रा वा /९/७,११/६०७/४) (चा.सा /२०१/३)।

का अ /मू /४३७ इय पच्चक्खं पेच्छह धम्माधम्माण विविहमाहप्पं। धम्मं आयरह सया पाव दूरेण परिहरह ॥४३७॥=हे प्राणियो, इस धर्म और अधर्मका अनेक प्रकार माहात्म्य देखकर सदा धर्मका आचरण करो और पापसे दूर ही रहो।

१०. निर्जरानुप्रेक्षाका प्रयोजन

स सि /९/७/४१७ एव ह्यस्यानुस्मरत कर्मनिर्जरायै प्रवृत्तिर्भवति।=इस प्रकार चिन्तवन करनेवाले इसकी कर्म निर्जराके लिए प्रवृत्ति होती है। रा वा /९/७,७/६०३/३) (चा सा /१६७/२)।

का अ /मू /११४ जो समसोक्ख णिलीणो वारंवार सरेइ अप्पाणं। इंदिय-कसाय विजई तस्स हवे णिज्जरा परमा ।११४॥=जो मुनि

समता-रसमें लीन हुआ, बार-बार आत्माका स्मरण करता है, इन्द्रिय और कषाय जीतनेवाले उसीके उत्कृष्ट निर्जरा होती है।

११. बोधिदुर्लभ अनुप्रेक्षाका प्रयोजन

स सि /९/७/४१६ एवं ह्यस्य भावयतो बोधि प्राप्य प्रमादो न भवति। =इस प्रकार विचार करनेवाले इस जीवके बोधिको प्राप्त कर कभी प्रमाद नहीं होता। (रा वा /९/७,९/६०३/२२) (चा.सा /२०१/३)।

का अ /मू /३०१ इय सव्व-दुलह दुलह दसण-णाण तहा चरित्त च। मुणिऊण य संसारे महायर कुणह तिण्ह पि ॥३०१॥=इस सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान व सम्यक्चारित्रको ससारकी समस्त दुर्लभ वस्तुओंमें भी दुर्लभ जानकर इन तीनोंका अत्यन्त आदर करो।

१२ लोकानुप्रेक्षाका प्रयोजन

स सि /९/७/४१८ एवं ह्यस्याध्यवस्यतस्तत्त्वज्ञानविशुद्धिर्भवति। =इस प्रकार लोकस्वरूप विचारनेवालेके तत्त्वज्ञानकी विशुद्धि होती है। (रा वा /९/७,८/६०३/६) (चा सा /१९८/३)।

का अ /मू/२८३ एव लोयसहावं जो झायदि उवसमेक्क-सब्भावो। सो खविय कम्मपुंज तिल्लोय सिहामणी होदि ॥२८३॥=जो पुरुष उपशम परिणामस्वरूप परिणत होकर इस प्रकार लोकके स्वरूपका ध्यान करता है वह कर्मपुंजको नष्ट करके उसी लोकका शिखामणि होता है।

१३ संवरानुप्रेक्षाका प्रयोजन

स सि /९/७/४१७ एव ह्यस्य चिन्तयत संवरे नित्योद्यक्तता भवति। ततश्च नि श्रेयसपदप्राप्तिरिति।=इस प्रकार चिन्तवन करनेवाले इस जीवके संवरमें निरन्तर उद्युक्तता होती है और इससे मोक्ष पदकी प्राप्ति होती है।

१४ संसारानुप्रेक्षाका प्रयोजन

बा अ /३८ संसारमदिक्कंतो जीवो जादेयमिदि विचिंतिज्जो। संसार-दुहदिक्कंतो जीवो सो हेयमिदि विचिंतिज्जो ॥३८॥=जो जीव संसारसे पार हो गया है, वह तो उपादेय अर्थात् ध्यान करने योग्य है ऐसा विचार करना चाहिए और जो ससाररूपी दुःखोंसे घिरा हुआ है वह हेय है ऐसा चिन्तवन करना चाहिए।

स सि /९/७/४१५ एव ह्यस्य भावयत ससारदुःखभयादुद्विग्नस्य ततो निर्वेदो भवति। निर्विण्णश्च ससारप्रहाणाय प्रयतते। =इस प्रकार चिन्तवन करते हुए ससारके दुःखके भयसे उद्विग्न हुए इसके ससारसे निर्वेद होता है और निर्विण्ण होकर ससारका नाश करनेके लिए प्रयत्न करता है (रा वा /९/७,३/६०१/१७)।

का अ /मू/७३ इय ससार जाणिय मोह सव्वायरेण चउऊण। त झायह स-सरूव ससरणं जेण णासेइ ॥७३॥ =इस प्रकार ससारको जानकर और सम्यक् व्रत, ध्यान आदि समस्त उपायोंसे मोहको त्याग कर अपने उस शुद्ध ज्ञानमय स्वरूपका ध्यान करो, जिससे पाँच प्रकारके ससार-परिभ्रमणका नाश होता है।

अनुभव—लौकिक अथवा पारमार्थिक सुख-दुःखके वेदनको अनुभव कहते हैं। पारमार्थिक आनन्दका अनुभव ही शुद्धात्माका अनुभव है, जो कि मोक्ष-मार्गमें सर्वप्रधान है। साधककी जघन्य स्थितिसे लेकर उसकी उत्कृष्ट स्थितिपर्यन्त यह अनुभव बराबर तारतम्य भावसे बढ़ता जाता है और एक दिन उसे कृतकृत्य कर देता है। इसी विषयका कथन इस अधिकारमें किया गया है।

---

१. भेद व लक्षण

१. अनुभवका अर्थ अनुभाग
२ अनुभवका अर्थ उपभोग
३ अनुभवका अर्थ प्रत्यक्षवेदन
४. अनुभूतिका अर्थ प्रत्यक्षवेदन
५ स्वसंवेदन ज्ञानका अर्थ अन्त सुखका वेदन
६ संवित्तिका अर्थ सुखसंवेदन

२. अनुभव निर्देश

१ स्वसंवेदन मानस अचक्षुदर्शनका विषय है।
२ आत्माका अनुभव स्वसंवेदन-द्वारा ही संभव है।
३ अन्य ज्ञेयोंसे शून्य होता हुआ भी सर्वथा शून्य नहीं है।
४. आत्मानुभव करनेकी विधि।
* आत्मानुभव व शुक्लध्यानकी एकार्थता—दे. पद्धति।
* आत्मानुभवजन्य सुख।—दे सुख।
* परमुखानुभव।—दे राग।

३. मोक्षमार्गमें आत्मानुभवका स्थान

१ आत्माको जाननेमें अनुभव ही प्रधान है।
२ पदार्थकी सिद्धि आगमयुक्ति व अनुभवसे होती है।
३ तत्त्वार्थश्रद्धानमें आत्मानुभव ही प्रधान है।
४ आत्मानुभवके बिना सम्यग्दर्शन नहीं होता।
* शुद्धात्मानुभवका महत्त्व व फल।—दे. उपयोग II/२।
* जो एकको जानता है वही सर्वको जान सकता है।—दे श्रुतकेवली २/६।

४. स्वसंवेदनज्ञानकी प्रत्यक्षता

१ स्वसंवेदन द्वारा आत्मा प्रत्यक्ष होता है।
२ स्वसंवेदनमें केवलज्ञानवत् आत्मप्रत्यक्ष होता है।
३ सम्यग्दृष्टिको स्वात्मदर्शनके विषयमें किसीसे पूछनेकी आवश्यकता नहीं।
४ मति-श्रुतज्ञानकी प्रत्यक्षता व परोक्षताका समन्वय।
५ मति-श्रुतज्ञानकी प्रत्यक्षताका प्रयोजन।
* स्वसंवेदन ज्ञानमें विकल्पका कथंचित् सद्भाव व असद्भाव।—दे विकल्प।
* मति-श्रुतज्ञानकी पारमार्थिक परोक्षता।—दे. परोक्ष।
* स्वसंवेदन ज्ञानके अनेकों नाम हैं।—दे मोक्षमार्ग २/५।

५ अल्प भूमिकाओंमें आत्मानुभव विषयक चर्चा

१ सम्यग्दृष्टिको स्वानुभूत्यावरण कर्मका क्षयोपशम अवश्य होता है।
२ सम्यग्दृष्टिको कथंचित् आत्मानुभव अवश्य होता है
* लौकिक कार्य करते भी सम्यग्दृष्टिको ज्ञानचेतना रहती है।—दे. सम्यग्दृष्टि २।
* सम्यग्दृष्टिको ज्ञान चेतना अवश्य होती है।—दे. चेतना २।
३. धर्मध्यानमें कथंचित् आत्मानुभव अवश्य होता है।

४. धर्मध्यान अल्पभूमिकाओंमें भी यथायोग्य होता है।
* पंचमकालमें शुद्धानुभव संभव है।—दे. धर्मध्यान ५।
५. निश्चय धर्मध्यान मुनिको होता है, गृहस्थको नहीं।
६. गृहस्थको निश्चय ध्यान कहना अज्ञान है।
७. साधु व गृहस्थके निश्चय ध्यानमें अन्तर
* शुभोपयोग मुनिको गौण होता है और गृहस्थको मुख्य।—दे. धर्म ६।
* १–३ गुणस्थान तक अशुभ और ४–६ गुणस्थान तक शुभ उपयोग प्रधान है। —दे. उपयोग II/४।
८. अल्पभूमिकामें आत्मानुभवके सद्भाव असद्भावका समन्वय।
* शुद्धात्मानुभूतिके अनेकों नाम।—दे. मोक्षमार्ग २/५।

६. शुद्धात्माके अनुभव विषयक शंका समाधान

१. अशुद्ध ज्ञानसे शुद्धात्माका अनुभव कैसे करे।
२. अशुद्धताके सद्भावमें भी उसकी उपेक्षा कैसे करें।
३. देहसहित भी उसका देहरहित अनुभव कैसे करें।
४ परोक्ष आत्माका प्रत्यक्ष कैसे करे।
* मिथ्यादृष्टि व सम्यग्दृष्टिके अनुभवमें अन्तर।—दे. मिथ्यादृष्टि ४।

---

१. भेद व लक्षण

१. अनुभवका अर्थ अनुभाग

त. सू./८/२१ विपाकोऽनुभव।=विपाक अर्थात् विविध प्रकारके फल देनेकी शक्तिका (कर्मोंमें) पड़ना ही अनुभव है।

देखो विपाक—द्रव्य, क्षेत्र, काल आदिके निमित्तसे उत्पन्न पाक ही अनुभव है।

२. अनुभवका अर्थ उपभोग

रा. वा./३/३७,१९१ अनुभव उपभोगपरिभोगसम्पत्।=अनुभव उपभोग परिभोग रूप होता है। (स. सि./३/३७/२२२)।

३. अनुभवका अर्थ प्रत्यक्षवेदन

द्र. स./टी./४२/१८४ स्वसंवेदनगम्य आत्मसुखका वेदन ही स्वानुभव है —दे. आगे स्वसंवेदन।

न्या. दी./३/८/५६ इदन्तोल्लेखिज्ञानमनुभव।='यह है' ऐसे उल्लेखसे चिह्नित ज्ञान अनुभव है।

४ अनुभूतिका अर्थ प्रत्यक्षवेदन

स. सा./आ./१४/क १३ आत्मानुभूतिरिति शुद्धनयात्मिका या ज्ञानानुभूतिरियमेव किलेति बुद्ध्वा। आत्मानमात्मनि निवेश्य सुनिष्प्रकम्पमेकोऽस्ति नित्यमवबोधघन समन्तात् ॥१३॥ =शुद्धनयस्वरूप आत्माकी अनुभूति ही ज्ञानकी अनुभूति है। अत आत्मामें आत्माको निश्चल स्थापित करके सदा सर्व ओर एक ज्ञानघन आत्मा है इस प्रकार देखो।

प. का./ता. प्र./३८/७९ चेतनानुभूत्युपलब्धिवेदनानामेकार्थत्वात्।=चेतना, अनुभव, उपलब्धि और वेदना ये एकार्थक है।

पं. ध./पू./६५१-६५२ स्वात्माध्यानाविष्टस्तथेह कश्चिन्नरोऽपिकिलयावत्। अयमहमात्मा स्वयमिति स्यामनुभवितेहमस्य नयपक्षः॥६५१॥ चिरमचिर वा दैवात् स एव यदि निर्विकल्पकश्च स्यात्। स्वयमात्मेत्यनुभवनात् स्यादियमात्मानुभूतिरिह तावत् ॥६५२॥ =स्वात्मध्यानसे युक्त कोई मनुष्य भी जहाँ तक "मैं ही यह आत्मा हूँ और मैं स्वयं ही उसका अनुभव करनेवाला हूँ" इस प्रकारके विकल्पसे युक्त रहता है, तब तक वह नयपक्ष वाला कहा जाता है ॥६५१॥ किन्तु यदि वही दैववशसे अधिक या थोड़े कालमें निर्विकल्प हो जाता है, तो 'मैं स्वयं आत्मा हूँ' इस प्रकारका अनुभव करनेसे यहाँ पर उसी समय आत्मानुभूति कही जाती है।—

५. स्वसंवेदनज्ञानका अर्थ अन्तःसुखका वेदन

त. अनु./१६१ वेद्यत्वं वेदकत्वं च यत् स्वस्य स्वेन योगिनः। तत्स्वसंवेदनं प्राहुरात्मनोऽनुभव दृशम् ॥१६१॥ —'स्वसंवेदन' आत्माके उस साक्षात् दर्शनरूप अनुभवका नाम है जिसमें योगी आत्मा स्वयं ही ज्ञेय तथा ज्ञायक भावको प्राप्त होता है।

प. प्र./टी./१२ अन्तरात्मलक्षणवीतरागनिर्विकल्पस्वसंवेदनज्ञानेन...यं परमात्मस्वभावम् ज्ञातः। =अन्तरात्म लक्षण वीतराग निर्विकल्प स्वसंवेदनज्ञानके द्वारा जो यह परमात्मस्वभाव जाना गया है।

द्र. सं./टी./४१/१७६ रागादिविकल्पोपाधिरहितपरमस्वास्थ्यसंवित्तिसंजातसदानन्दैकलक्षणसुखामृतरसास्वादः। =रागादि विकल्पोंकी उपाधिसे रहित परम स्वास्थ्य लक्षण संवित्ति या स्वसंवेदनसे उत्पन्न सदानन्द रूप एक लक्षण अमृतरसका आस्वाद- (द्र. स./टी./४०/१६३;४२/१८४)।

द्र. स./टी./४१/१७७ शुद्धोपयोगलक्षणस्वसंवेदनज्ञानेन। =शुद्धोपयोग लक्षण स्वसंवेदन ज्ञानके द्वारा।

द्र. स./टी./५२/२१ तस्यैव शुद्धात्मनो निरुपाधिस्वसंवेदनलक्षणभेदज्ञानेन मिथ्यात्वरागादिपरभावेभ्यः पृथक्परिच्छेदेन सम्यग्ज्ञानम्। =उसी शुद्धात्माके उपाधिरहित स्वसंवेदनरूप भेदज्ञान-द्वारा मिथ्यात्व रागादि परभावोंसे भिन्न जानना सम्यग्ज्ञान है।

६. संवित्तिका अर्थ सुखसंवेदन

न. च./वृ./३५० लक्खणदो णियलक्खे अणुहवयाणस्स जं हवे सोक्खं। सा संवित्ती भणिया सयलवियप्पाण णिद्दहणा ॥३५०॥ =निजात्माके लक्ष्यसे सकल विकल्पोंको दग्ध करनेपर जो सौख्य होता है उसे संवित्ति कहते है।

२. अनुभव निर्देश

१. स्वसंवेदन मानस अचक्षुदर्शनका विषय है

प. प्र./टी./२/३४/१५५ अत्र चतुष्टयमध्ये मानसमचक्षुर्दर्शनमात्मग्राहक भवति। =चारों दर्शनोंमें-से, मानस अचक्षुदर्शन आत्मग्राहक है।

पं. ध./पू./७११-७१२ तदभिज्ञानं हि यथा शुद्धस्वात्मानुभूतिसमयेऽस्मिन्। स्पर्शनरसनघ्राणं चक्षुः श्रोत्रं च नोपयोगि मतम् ॥७११॥ केवलमुपयोगि मनस्तत्र च भवतीह तन्मनो द्वेधा। द्रव्यमनो भावमनो नोइंद्रियनाम किल स्वार्थात् ॥७१२॥ =शुद्ध स्वात्मानुभूतिके समयमें स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र इन्द्रियाँ उपयोगी नहीं मानी जातीं ॥७११॥ तहाँ केवल एक मन ही उपयोगी है और वह मन दो प्रकारका है—द्रव्यमन व भावमन।

२. आत्माका अनुभव स्वसंवेदन द्वारा ही संभव है

त. अनु./१६६-१६७ मोहीन्द्रियाविषया दृश्यं रूपादिरहितत्वतः। विकल्पकास्तत्र पश्यन्ति ते ह्यविस्पष्टतर्कणाः ॥१६६॥ उभयस्मिन्निरुद्धे तु स्यादतीन्द्रियमस्पष्टमतीन्द्रियम्। स्वसंवेद्यं हि तद्रूपं स्वसंवित्त्यैव दृश्यताम् ॥१६७॥ =रूपादिसे रहित होनेके कारण वह आत्मरूप इन्द्रियज्ञानसे दिखाई देनेवाला नहीं है। तर्क करनेवाले उसे देख नहीं पाते। वे अपनी तर्कणामें भी विशेष रूपसे स्पष्ट नहीं हो पाते ॥१६६॥ इन्द्रिय और मन दोनोंके निरुद्ध होनेपर अतीन्द्रिय ज्ञान विशेष रूपसे स्पष्ट होता है। अपना वह जो स्वसंवेदनके गोचर है, उसे स्वसंवेदनके द्वारा ही देखना चाहिए। ॥१६७॥

३. अन्य ज्ञेयोंसे शून्य होता हुआ भी सर्वथा शून्य नहीं है

स. अनु./१६०,१७२ चिन्ताभावो न जैनानां तुच्छो मिथ्याहृशामिव। दृग्बोधसाम्यरूपस्य स्वस्य संवेदनं हि सः ॥१६०॥ तदा च परमैकाग्र्यादृग्बहिरर्थेषु सत्स्वपि। अन्यत्र किंचनाभाति स्वमेवात्मनि पश्यतः ॥१७२॥ =चिन्ताका अभाव जैनियोंके मतमें अन्य मिथ्यादृष्टियोंके समान तुच्छाभाव नहीं है क्योंकि वह वस्तुतः दर्शन, ज्ञान और समतारूप आत्माके संवेदन रूप है ॥१६०॥ उस समाधिकालमें स्वात्मामें देखनेवाले योगीकी परम एकाग्रताके कारण बाह्य पदार्थोंके विद्यमान होते हुए भी आत्माके (सामान्य प्रतिभासके) अतिरिक्त और कुछ भी प्रतिभासित नहीं होता ॥१७२॥

दे. ध्यान ४/६ (आलेख्याकारवत् अन्य ज्ञेय प्रतिभासित होते हैं)—इन दोनोंका समन्वय दे दर्शन २।

४. आत्मानुभव करनेकी विधि

स. सा./आ./१४४ यत्र प्रथमतः श्रुतज्ञानावष्टम्भेन ज्ञानस्वभावमात्मानं निश्चित्य ततः स्वस्यात्मख्यातये परख्यातिहेतूनखिलानेवेन्द्रियानिन्द्रियबुद्धीरवधार्य आत्माभिमुखीकृतमतिज्ञानतत्त्वः, तथा नानाविधनयपक्षालम्बनेनानेकविकल्पैराकुलयन्तीः श्रुतज्ञानबुद्धिरप्यवधार्य श्रुतज्ञानतत्त्वमप्यात्माभिमुखीकुर्वन्नत्यन्तमविकल्पो भूत्वा झगित्येव स्वरसत एव व्यक्तीभवन्तमादिमध्यान्तविमुक्तमनाकुलमेकं केवलमखिलस्यापि विश्वस्योपरितरन्तमिवाखण्डप्रतिभासमयमनन्तं विज्ञानघनं परमात्मानं समयसारं विन्दन्नेवात्मा सम्यग्दृश्यते ज्ञायते च। =प्रथम श्रुतज्ञानके अवलम्बनसे ज्ञानस्वभाव आत्माका निश्चय करके, और फिर आत्माकी प्रसिद्धिके लिए, पर पदार्थकी प्रसिद्धिके कारणभूत इन्द्रियों और मनके द्वारा प्रवर्तमान बुद्धियोंको मर्यादामें लेकर जिसने मतिज्ञान तत्त्वको आत्मसम्मुख किया है, तथा जो नाना प्रकारके नयपक्षोंके आलम्बनसे होनेवाले अनेक विकल्पोंके द्वारा आकुलता उत्पन्न करनेवाली श्रुतज्ञानकी बुद्धियोंको भी मर्यादामें लाकर श्रुतज्ञान तत्त्वको भी आत्मसम्मुख करता हुआ, अत्यन्त विकल्प रहित होकर, तत्काल निजरससे ही प्रकट होता हुआ, आदि, मध्य और अन्तसे रहित, अनाकुल, केवल, एक, सम्पूर्ण ही विश्वपर मानो तैरता हो ऐसे अखण्ड प्रतिभासमय, अनन्त, विज्ञानघन, परमात्मारूप समयसारका जब आत्मा अनुभव करता है, तब उसी समय आत्मा सम्यक्तया दिखाई देता है, और ज्ञात होता है।

सं सा./आ./३८१/क२२३ रागद्वेषविभावमुक्तमहसो नित्यं स्वभावस्पृशः, पूर्वागामिसमस्तकर्मविकला भिन्नास्तदात्वोदयात्। दूरारूढचरित्रवैभवबलान्नश्यन्ति येऽद्यापि ते, चिन्दन्ति स्वरसाभिषिक्तभुवनं ज्ञानस्य संचेतनाम् ॥२२३॥ =जिनका तेज राजद्वेषरूपी विभावसे रहित है, जो सदा स्वभावको स्पर्श करनेवाले हैं, जो भूतकालके तथा भविष्यत्कालके समस्त कर्मोंसे रहित हैं, और जो वर्तमानकालके कर्मोदयसे भिन्न हैं, वे ज्ञानी अतिप्रबल चारित्रके वैभवके बलसे ज्ञानकी संचेतनाका अनुभव करते हैं—जो ज्ञान चेतना चमकती हुई चैतन्य ज्योतिमय है और जिसने अपने रससे समस्त लोकको सींचा है।

३. मोक्षमार्गमें आत्मानुभवका स्थान

१ आत्माको जाननेमें अनुभव ही प्रधान है

स. सा./मू./५ तं एयत्तविहत्तं दाएहं अप्पणो सविहवेण। जदि दाएज्ज पमाणं चुक्किज्ज छलं ण घेत्तव्वं ॥५॥ =उस एकत्व विभक्त आत्माको मैं निजात्माके वैभवसे दिखाता हूँ। यदि मैं दिखाऊँ तो प्रमाण करना और यदि कहीं चूक जाऊँ तो छल ग्रहण न करना। (स. सा./मू./३), (पं. वि./१/११०), (पं. ध./उ./६६३) (पं. ध./पु./७१)।

स.सा./आ./५ यदि दर्शये तदा स्वयमेव स्वानुभवप्रत्यक्षेण परीक्ष्य प्रमाणीकर्त्तव्यम्। =मैं जो यह दिखाऊँ उसे स्वयमेव अपने अनुभव प्रत्यक्षसे परीक्षा करके प्रमाण करना।

प्र. सा./त. प्र./परिशिष्ट/प्रारम्भ-ननु कोऽयमात्मा कथं चाभ्यते इति चेत्। आत्मा हि तावच्चैतन्यसामान्यव्याप्तानन्तधर्माधिष्ठात्रैकं द्रव्यमनन्तधर्मव्यापकानन्तनयव्याप्येकश्रुतज्ञानलक्षणपूर्वकस्वानुभवप्रमीयमाणत्वात्। =प्रश्न—यह आत्मा कौन है और कैसे प्राप्त किया जाता है? उत्तर—आत्मा वास्तवमें चैतन्यसामान्यसे व्याप्त अनन्त धर्मोंका अधिष्ठाता एक द्रव्य है, क्योंकि अनन्त धर्मोंमें व्याप्त होनेवाला जो एक श्रुतज्ञानस्वरूप प्रमाण है, उस प्रमाणपूर्वक स्वानुभवसे प्रमेय होता है।

पं. का./ता. वृ./३०/४४ तदित्थंभूतमात्मानमागमानुमानस्वसंवेदनप्रत्यक्षज्ञानाद् शुद्धो भवति। =वह इस प्रकारका यह आत्मा आगम, अनुमान और स्वसंवेदन प्रत्यक्षसे शुद्ध होता है।

२. पदार्थकी सिद्धि आगम, युक्ति व अनुभवसे होती है

सा. सा./आ./४४ न खल्वागमयुक्तिस्वानुभवैर्बाधितपक्षत्वात् तदात्मवादिनः परमार्थवादिनः। =जो इन अध्यवसानादिकको जीव कहते हैं, वे वास्तवमें परमार्थवादी नहीं है, क्योंकि आगम, युक्ति और स्वानुभवसे उनका पक्ष बाधित है। (और भी दे. पक्षाभास व अकिंचित्करहेत्वाभास)।

३. तत्त्वार्थश्रद्धानमें आत्मानुभव ही प्रधान है

स. सा./आ./१७-१८ परैः सममेकत्वाध्यवसायेन विमूढस्यायमहमनुभूतिरित्यात्मज्ञानं नोत्पद्यते तदभावादज्ञातखरशृङ्गश्रद्धानसमानत्वाच्छ्रद्धानमपि नोत्पद्यते। =परके साथ एकत्वके निश्चयसे मूढ अज्ञानी जनको 'जो यह अनुभूति है वही मैं हूँ' ऐसा आत्मज्ञान उदित नहीं होता और उसके अभावसे, अज्ञातका श्रद्धान गधेके सींगके समान है, इसलिए श्रद्धान भी उदित नहीं होता।

पं. ध./उ./४१५-२० स्वानुभूतिसनाथश्चेत् सन्ति श्रद्धादयो गुणाः। स्वानुभूतिं विनाभासा नार्थाच्छ्रद्धादयो गुणाः ॥४१५॥ नैवं यतः समव्याप्ती श्रद्धा स्वानुभवद्वयोः। नूनं नानुपलब्धेऽर्थे श्रद्धा खरविषाणवत् ॥४२०॥ =यदि श्रद्धा आदि स्वानुभव सहित हों तो वे सम्यग्दृष्टिके गुण लक्षण कहलाते हैं और वास्तवमें स्वानुभवके बिना उक्त श्रद्धा आदि सम्यग्दर्शनके लक्षण नहीं कहलाते किन्तु लक्षणाभास कहलाते हैं ॥४१५॥ श्रद्धा और स्वानुभव इन दोनोंमें समव्याप्ति है, कारण कि निश्चयसे सम्यग्ज्ञानके द्वारा अगृहीत पदार्थमें सम्यक्श्रद्धा खरविषाणके समान हो ही नहीं सकती ॥४२०॥ (ला. सं./३/६०,६६)।

४. आत्मानुभवके बिना सम्यग्दर्शन नहीं होता

र. सा./६० णियतच्चुवलद्धि विणा सम्मत्तुवलद्धि णत्थि णियमेण। सम्मत्तुवलद्धि विणा णिव्वाणं णत्थि जिणुद्दिट्ठं ॥६०॥ =निज तत्त्वोपलब्धिके बिना सम्यक्त्वकी उपलब्धि नहीं होती और सम्यक्त्वकी उपलब्धिके बिना निर्वाण नहीं होता ॥६०॥

स. सा./आ./१२/क६ एकत्वे नियतस्य शुद्धनयतो व्याप्तुर्यदस्यात्मनः, पूर्णज्ञानघनस्य दर्शनमिह द्रव्यान्तरेभ्यः पृथक्। सम्यग्दर्शनमेतदेव नियतमात्मा चतावानयं, तन्मुक्त्वा नवतत्त्वसंततिमिमामात्मायमेकोऽस्तु नः ॥६॥ =इस आत्माको अन्य द्रव्योंसे पृथक् देखना ही नियमसे सम्यग्दर्शन है। यह आत्मा अपने गुण पर्यायोंमें व्याप्त रहनेवाला है और शुद्ध नयसे एक तत्त्वमें निश्चित किया गया है तथा पूर्ण ज्ञानघन है। एवं जितना सम्यग्दर्शन है उतना ही आत्मा है, इसलिए इस नव तत्त्वकी संततिको छोड़कर यह आत्मा एक ही हमें प्राप्त हो।

४. स्वसंवेदनज्ञानकी प्रत्यक्षता

१. स्वसंवेदन द्वारा आत्मा प्रत्यक्ष होता है

न. च. वृ./२६६ पच्चक्खो अणुहवो जम्हा ॥२६६॥ आराधनाकालमें युक्ति आदिका आलम्बन करना योग्य नहीं, क्योंकि अनुभव प्रत्यक्ष होता है।

त अनु./१६८ वपुषोऽप्रतिभासेऽपि स्वातन्त्र्येण चकासती। चेतना ज्ञानरूपेयं स्वयं दृश्यत एव हि ॥१६८॥ =स्वतन्त्रतासे चमकती हुई यह

ज्ञानरूपी चेतना शरीर रूपसे प्रतिभासित न होनेपर भी स्वयं ही दिखाई पड़ती है।

पं. का /ता वृ./१२७/११० यद्यप्यनुमानेन लक्षणेन परोक्षज्ञानेन व्यवहारनयेन धूमादग्निवदशुद्धात्मा ज्ञायते तथापि स्वसंवेदनज्ञानसमुत्पन्न··· सुखामृतजलेन· ·भरितावस्थानां परमयोगिनां यथा शुद्धात्मा प्रत्यक्षो भवति तथेतरेषां न भवति। =यद्यपि अनुमान लक्षण परोक्षज्ञानके द्वारा व्यवहारनयसे धूमसे अग्निकी भाँति अशुद्धात्मा जानी जाती है, परन्तु स्वसंवेदन ज्ञानसे उत्पन्न सुखामृत जलसे परिपूर्ण परमयोगियोंको जैसा शुद्धात्मा प्रत्यक्ष होता है, वैसा अन्यको नहीं होता। (प्र. सा./ता. वृ.)।

२. स्वसंवेदनमें केवलज्ञानवत् आत्मप्रत्यक्ष होता है

स. सा /ता वृ /११० प्रक्षेपक गाथा—को विदिदत्थो साहू संपडिकाले भणिज्जइ रूवमिणं। पच्चक्खमेव दिट्ठ परोक्खणाणे पवट्टं तं। =वर्तमानमें ही परोक्ष ज्ञानमें प्रवर्तमान स्वरूप भी साधुको प्रत्यक्ष होता है।

क पा /१/१/§३१/४४ केवलणाणस्स ससंवेयणपच्चक्खेण णिव्वाहेणुवलंभादो। =स्वसंवेदन प्रत्यक्षके द्वारा केवलज्ञानके अंशरूप ज्ञानकी निर्बाधरूपसे उपलब्धि होती है।

स. सा./आ /१४३ यथा खलु भगवान्केवली विश्वसाक्षितया केवलं स्वरूपमेव जानाति, न तु नयपक्षं परिगृह्णाति, तथा किल य ··श्रुतज्ञानात्मकविकल्पप्रत्युद्गमनेऽपि परपरिग्रहप्रतिनिवृत्तौत्सुक्यतया स्वरूपमेव केवलं जानाति, न तु ·स्वयमेव विज्ञानघनभूतत्वात्· ·नयपक्षं परिगृह्णाति. स खलु निखिलविकल्पेभ्यः परतरः परमात्मा ज्ञानात्मा प्रत्यग्ज्योतिरात्मख्यातिरूपोऽनुभूतिमात्रः समयसारः। =जैसे केवली भगवान् विश्वके साक्षीपनेके कारण, स्वरूपको ही मात्र जानते हैं, परन्तु किसी भी नयपक्षको ग्रहण नहीं करते; इसी प्रकार श्रुतज्ञानात्मक विकल्प उत्पन्न होनेपर भी परका ग्रहण करनेके प्रति उत्साह निवृत्त हुआ होनेसे स्वरूपको ही केवल जानते हैं परन्तु स्वयं ही विज्ञानघन होनेसे नय पक्षको ग्रहण नहीं करता, वह वास्तवमें समस्त विकल्पोंसे पर परमात्मा ज्ञानात्मा प्रत्यग्ज्योति, आत्मख्याति रूप अनुभूतिमात्र समयसार है। (और भी दे. नय I/३/५-६)।

स. सा./आ /१४/१२ भूत भान्तमभूतमेव रभसान्निर्भिद्य बन्धं सुधीर्यद्यन्तः किल कोऽप्यहो कलयति व्याहत्य मोहं हठात्। आत्मात्मानुभवैकगम्यमहिमा व्यक्तोऽयमास्ते ध्रुवः, नित्यं कर्मकलङ्कपङ्कविकलो देवः स्वयं शाश्वतः ॥१२॥ =यदि कोई सुबुद्धि जीव भूत, वर्तमान व भविष्यत् कर्मोंके बन्धको अपने आत्मासे तत्काल भिन्न करके तथा उस कर्मोदयके बलसे होने वाले मिथ्यात्वको अपने बलसे रोककर अन्तरंगमें अभ्यास करे, तो यह आत्मा अपने अनुभव से ही जानने योग्य जिसकी प्रगट महिमा है, ऐसा व्यक्त, निश्चल, शाश्वत, नित्य कर्मकलंकसे रहित स्वयं स्तुति करने योग्य देव विराजमान है। (स सा /आ./२०३/क २४०)।

छा./३२/४४ सुसंवृतेन्द्रियग्रामे प्रसन्ने चान्तरात्मनि। क्षणं स्फुरति यत्तत्त्व तद्रूपं परमेष्ठिनः ॥४४॥ =इन्द्रियोंका संवर करके अन्तरंगमें अन्तरात्माके प्रसन्न होनेपर जो उस समय तत्त्व स्फुरण होता है, वही परमेष्ठीका रूप है। (स श./मू./३०)।

स.सा /ता वृ /११० इदमात्मस्वरूपं प्रत्यक्षमेव मया दृष्टं चतुर्थकाले केवलज्ञानिवत्। =यह आत्म-स्वरूप मेरे द्वारा चतुर्थ कालमें केवलज्ञानियोंकी भाँति प्रत्यक्ष देखा गया।

प्र सा./ता वृ./३३ यथा कोऽपि देवदत्त आदित्योदयेन दिवसे पश्यति रात्रौ किमपि प्रदीपेनेति। तथादित्योदयस्थानीयेन केवलज्ञानेन दिवसस्थानीयमाक्षपर्याये भगवानात्मानं पश्यति। संसारी विवेकिजन पुनर्नक्तंशास्थानीयसंसारपर्याये प्रदीपस्थानीयेन रागादिविकल्परहितपरमसमाधिना निजात्मानं पश्यतीति। =जैसे कोई देवदत्त सूर्योदयके द्वारा दिनमें देखता है और दीपकके द्वारा रात्रिको कुछ देखता है। उसी प्रकार मोक्ष पर्यायमें भगवान् आत्माको केवलज्ञानके द्वारा देखते हैं। संसारी विवेकी जन संसारी पर्यायमें रागादिविकल्प रहित समाधिके द्वारा निजात्माको देखते हैं।

नि.सा./ता वृ /१४६/क.२५३ सर्वज्ञवीतरागस्य स्ववशस्यास्य योगिनः। न कामपि भिदां क्वापि तां विद्मो हा जडा वयम् ॥२५३॥ =सर्वज्ञ वीतरागमें और इस स्ववश योगीमें कहीं कुछ भी भेद नहीं है; तथापि अरेरे! हम जड़ हैं कि उनमें भेद मानते हैं ॥२५३॥

नि सा./ता वृ /१७८/क २६७ भावा पञ्च भवन्ति येषु सततं भावः परः पञ्चमः। स्थायी संसृतिनाशकारणमयः सम्यग्दृशां गोचरः ॥२६७॥ =भाव पाँच हैं, जिनमें यह परम पंचम भाव (पारिणामिक भाव) निरन्तर स्थायी है। संसारके नाशका कारण है और सम्यग्दृष्टियोंके गोचर है।

पं ध /उ /२१०,४८६ नातिव्याप्तिरभिज्ञाने ज्ञाने वा सर्ववेदिनः। तयोः सवेदनाभावात् केवल ज्ञानमात्रतः ॥२१०॥ अस्ति चात्मपरिच्छेदिज्ञानं सम्यग्दृगात्मनः। स्वसंवेदनप्रत्यक्षं शुद्धं सिद्धास्पदोपमम् ॥४८६॥ =स्वानुभूति रूप मति-श्रुतज्ञानमें अथवा सर्वज्ञके ज्ञानमें अशुद्धोपलब्धिकी व्याप्ति नहीं है, क्योंकि उन दोनों ज्ञानोंमें सुख दुःखका संवेदन नहीं होता है। वे मात्र ज्ञान रूप होते हैं ॥२१०॥ सम्यग्दृष्टि जीवका अपनी आत्माको जाननेवाला स्वसंवेदन प्रत्यक्षज्ञान शुद्ध और सिद्धोंके समान होता है ॥४८६॥

स.सा /१४३ प जयचन्द "जब नयपक्षको छोड़ वस्तुस्वरूपको केवल जानता ही हो, तब उस कालमें श्रुतज्ञानी भी केवलीकी तरह वीतरागके समान ही होता है।

३. सम्यग्दृष्टिको स्वात्मदर्शनके विषयमें किसीसे पूछनेकी आवश्यकता नहीं

स.सा /आ /२०६ आत्मतृप्तस्य च वाचामगोचरं सौख्यं भविष्यति। तत्तु तत्क्षण एव त्वमेव स्वयमेव द्रक्ष्यसि मा अन्यान् प्राक्षीः। =आत्मसे तृप्त ऐसे तुझको वचन अगोचर सुख प्राप्त होगा और उस सुखको उसी क्षण तू ही स्वयं देखेगा, दूसरोंसे मत पूछ।

४. मति-श्रुतज्ञानकी प्रत्यक्षता व परोक्षताका समन्वय

स सा /ता.वृ /११० यद्यपि केवलज्ञानापेक्षया रागादिविकल्परहितस्वसंवेदनरूप भावश्रुतज्ञानं शुद्धनिश्चयनयेन परोक्षं भण्यते, तथापि इन्द्रियमनोजनितसविकल्पज्ञानापेक्षया प्रत्यक्षम्। तेन कारणेन आत्मा स्वसंवेदनज्ञानापेक्षया प्रत्यक्षोऽपि भवति, केवलज्ञानापेक्षया पुनः परोक्षोऽपि भवति। सर्वथा परोक्ष एवेति वक्तुं नायाति। किंतु चतुर्थकालेऽपि केवलिनः किमात्मानं हस्ते गृहीत्वा दर्शयन्ति। तेऽपि दिव्यध्वनिना भणित्वा गच्छन्ति। तथापि श्रवणकाले श्रोतृणां परोक्ष एव पश्चात्परमसमाधिकाले प्रत्यक्षो भवति। तथा इदानीं कालेऽपीति भावार्थः। =यद्यपि केवलज्ञानकी अपेक्षा रागादि विकल्परहित स्वसंवेदनरूप भाव श्रुतज्ञान शुद्ध निश्चयसे परोक्ष कहा जाता है, तथापि इन्द्रिय मनोजनित सविकल्प ज्ञानकी अपेक्षा प्रत्यक्ष है। इस प्रकार आत्मा स्वसंवेदनज्ञानकी अपेक्षा प्रत्यक्ष होता हुआ भी केवलज्ञानकी अपेक्षा परोक्ष भी है। 'सर्वथा परोक्ष ही है' ऐसा कहना नहीं बनता। चतुर्थकालमें क्या केवली भगवान् आत्माको हाथमें लेकर दिखाते हैं? वे भी तो दिव्यध्वनिके द्वारा कहकर चले ही जाते हैं। फिर भी सुननेके समय जो श्रोताके लिए परोक्ष है, वही पीछे परम समाधिकालमें प्रत्यक्ष होता है। इसी प्रकार वर्तमान कालमें भी समझना।

पं.का /ता.वृ /६६/१५६ स्वसंवेदनज्ञानरूपेण यदात्मग्राहकं भावश्रुतं तत्प्रत्यक्षं यत्पुनर्द्वादशाङ्गचतुर्दशपूर्वरूपपरमागमसंज्ञं तच्च मूर्तामूर्तोभयपरिच्छित्तिविषये व्याप्तिज्ञानरूपेण परोक्षमपि केवलज्ञानसदृशमित्यभिप्रायः। =स्वसंवेदन ज्ञानरूपसे आत्मग्राहक भाव श्रुतज्ञान है वह प्रत्यक्ष है और जो बारह अंग चौदह पूर्व रूप परमागम नामवाला ज्ञान है, वह मूर्त, अमूर्त व उभय रूप अर्थोंके जाननेके विषयमें अनुमान ज्ञानके रूपमें परोक्ष होता हुआ भी केवलज्ञानसदृश है।

द्र.स /टी./५/१६/१ शब्दात्मक श्रुतज्ञानं परोक्षमेव तावत्, स्वर्गापवर्गादिबहिर्विषयपरिच्छित्तिपरिज्ञान विकल्परूप तदपि परोक्षम् यत्पुनरभ्यन्तरे सुखदुःखविकल्परूपोऽहमनन्तज्ञानादिरूपोऽहमिति वा तदीषत्परोक्षम्। यच्च निश्चयभावश्रुतज्ञानं तच्च शुद्धात्माभिमुखस्वसंवित्तिस्वरूप स्वसंवित्त्याकारेण सविकल्पमपीन्द्रियमनोजनितरागादिविकल्पजालरहितत्वेन निर्विकल्पम्। अभेदनयेन तदेवात्मशब्दवाच्य वीतरागसम्यक्चारित्राविनाभूत केवलज्ञानापेक्षया परोक्षमपि संसारिणां क्षायिकज्ञानाभावात् क्षायोपशमिकमपि प्रत्यक्षमभिधीयते। अत्राह शिष्य – आद्ये परोक्षमिति तत्त्वार्थसूत्रे मतिश्रुतद्वयं परोक्ष भणितं तिष्ठति, कथं प्रत्यक्ष भवतीति परिहारमाह – तदुत्सर्गव्याख्यानम्, इदं पुनरपवादव्याख्यानम्, यदि तदुत्सर्गव्याख्यानं न भवति तर्हि मतिज्ञानं कथं तत्त्वार्थे परोक्षं भणितं तिष्ठति। तर्कशास्त्रेऽपि साव्यवहारिकं प्रत्यक्षं कथं जातम्। यथा अपवादव्याख्यानेन मतिज्ञानं परोक्षमपि प्रत्यक्षज्ञानं तथा स्वात्माभिमुख भावश्रुतज्ञानमपि परोक्षं सत्प्रत्यक्षं भण्यते। यदि पुनरेकान्तेन परोक्षं भवति तर्हि सुखदुःखादिसंवेदनमपि परोक्षं प्राप्नोति, न च तथा। –श्रुतज्ञानके भेदोंमें शब्दात्मश्रुतज्ञान तो परोक्ष ही है और स्वर्ग मोक्ष आदि बाह्य विषयोंकी परिच्छित्ति रूप विकल्पात्मक ज्ञान भी परोक्ष ही है। यह जो अभ्यन्तरमें सुख दुःखके विकल्प रूप या अनन्त ज्ञानादि रूप मैं हूँ ऐसा ज्ञान होता है वह ईषत्परोक्ष है। परन्तु जो निश्चय भाव श्रुतज्ञान है, वह शुद्धात्माभिमुख स्वसंवित्ति स्वरूप है। यह यद्यपि संवित्तिके आकार रूपसे सविकल्प है, परन्तु इन्द्रिय मनोजनित रागादि विकल्प जालसे रहित होनेके कारण निर्विकल्प है। अभेदनयसे वही ज्ञान आत्मा शब्दसे कहा जाता है तथा वह वीतराग सम्यक्चारित्रके बिना नहीं होता। वह ज्ञान यद्यपि केवलज्ञानकी अपेक्षा परोक्ष है तथापि संसारियोंको क्षायिक ज्ञानकी प्राप्ति न होनेसे क्षायोपशमिक होनेपर भी 'प्रत्यक्ष' कहलाता है। प्रश्न—'आद्ये परोक्षम्' इस तत्त्वार्थसूत्रमें मति और श्रुत इन दोनों ज्ञानोंको परोक्ष कहा है, फिर श्रुतज्ञान प्रत्यक्ष कैसे हो सकता है? उत्तर - तत्त्वार्थसूत्रमें उत्सर्ग व्याख्यानकी अपेक्षा कहा है और यहाँ अपवाद व्याख्यानकी अपेक्षा है। यदि तत्त्वार्थसूत्रमें उत्सर्गका कथन न होता तो तत्त्वार्थसूत्रमें मतिज्ञान परोक्ष कैसे कहा गया है? और यदि सूत्रके अनुसार वह सर्वथा परोक्ष ही होता तो तर्कशास्त्रमें सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष कैसे हुआ? इसलिए जैसे अपवाद व्याख्यानसे परोक्षरूप भी मतिज्ञानको सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष कहा गया है वैसे ही स्वात्मसन्मुख ज्ञानको भी प्रत्यक्ष कहा जाता है। यदि एकान्तसे मति, श्रुत दोनों परोक्ष ही हों तो सुख दुःख आदिका जो संवेदन होता है वह भी परोक्ष ही होगा। किन्तु वह स्वसंवेदन परोक्ष नहीं है।

पं. ध./पू /७०६-७०७ अपि किंचाभिनिबोधिकबोधद्वैतं तदादिमं यावत्। स्वात्मानुभूतिसमये प्रत्यक्षं तत्समक्षमिव नान्यत् ॥७०६॥ तदिह द्वैतमिदं चित्स्पर्शादीन्द्रियविषयपरिग्रहणे। व्योमाद्यवगमकाले भवति परोक्षं न समक्षमिह नियमात् ॥७०७॥ =स्वात्मानुभूतिके समयमें मति व श्रुत ज्ञान प्रत्यक्षकी भाँति होनेके कारण प्रत्यक्ष है, परोक्ष नहीं ॥७०६॥ स्पर्शादि इन्द्रियके विषयोंको ग्रहण करते समय और आकाशादि पदार्थोंको विषय करते समय ये दोनों ही परोक्ष हैं प्रत्यक्ष नहीं। (प ध /उ /४६०-४६२)।

रहस्यपूर्ण चिट्ठी प टोडरमल—"अनुभवमें आत्मा तो परोक्ष ही है।—परन्तु स्वरूपमें परिणाम मग्न होते जो स्वानुभव हुआ वह स्वानुभवप्रत्यक्ष है स्वयं ही इस अनुभवका रसास्वाद वेदे है।

५. मति-श्रुतज्ञानकी प्रत्यक्षताका प्रयोजन

पं का./ता वृ /४३/८६ निर्विकारशुद्धात्मानुभूत्यभिमुखं यन्मतिज्ञानं तदेवोपादेयभूतानन्तसुखसाधकत्वान्निश्चयेनोपादेयं तत्साधकं बहिरङ्गं पुनर्व्यवहारेणेति तात्पर्यम्। अभेदरत्नत्रयात्मकं यद्भावश्रुतं तदेवोपादेयभूतपरमात्मतत्त्वसाधकत्वान्निश्चयेनोपादेयं, तत्साधकं बहिरङ्गं तु व्यवहारेणेति तात्पर्यम्। =निर्विकार शुद्धात्मानुभूतिके अभिमुख जो मतिज्ञान है वही उपादेयभूत अनन्त सुखका साधक होनेसे निश्चयसे उपादेय है और उसका साधक बहिरंग मतिज्ञान व्यवहारसे उपादेय है। इसी प्रकार अभेद रत्नत्रयात्मक जो भाव श्रुतज्ञान है वही उपादेयभूत परमात्मतत्त्वका साधक होनेसे निश्चयसे उपादेय है और उसका साधक बहिरंग श्रुतज्ञान व्यवहारसे उपादेय है, ऐसा तात्पर्य है।

५ अल्प भूमिकाओंमें आत्मानुभव विषयक चर्चा

१. सम्यग्दृष्टिको स्वानुभूत्यावरण कर्मका क्षयोपशम अवश्य होता है

ध प /उ /४०७,८५६ हेतुस्तत्रापि सम्यक्त्वोत्पत्तिकालेऽस्त्यवश्यतः। तज्ज्ञानावरणस्योच्चैरस्त्यवस्थान्तरं स्वतः ॥४०७॥ अवश्यं सति सम्यक्त्वे तल्लब्ध्यावरणक्षतिः ॥८५६॥ =सम्यक्त्वके होनेपर नियमपूर्वक लब्धि रूप स्वानुभूतिके रहनेमें कारण यह है कि सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके समय अवश्य ही स्वयं स्वानुभूत्यावरण कर्मका भी यथायोग्य क्षयोपशम होता है ॥४०७॥ सम्यक्त्व होते ही स्वानुभूत्यावरण कर्मका नाश अवश्य होता है ॥८५६॥

२. सम्यग्दृष्टिको कथंचित् आत्मानुभव अवश्य होता है

स सा /मू /१४ जो पस्सदि अप्पाणं अबद्धपुट्ठं अणण्णयं णियदं। अविसेसमसंजुत्तं तं सुद्धणयं वियाणीहि ॥१४॥ =जो नय आत्मा बन्ध रहित, परके स्पर्श रहित, अन्यत्व रहित, चलाचलता रहित, विशेष रहित, अन्यके संयोगसे रहित ऐसे पाँच भाव रूपसे देखता है उसे हे शिष्य! तू शुद्ध नय जान ॥१४॥ इस नयके आश्रयसे ही सम्यग्दर्शन होता है ॥११॥ (प ध./उ /२३३)।

ध.१/१,१,१/३८/४ सम्यग्दृष्टीनामवगताप्तस्वरूपाणां ज्ञानदर्शनानामावरणविनिर्मुक्तानन्तज्ञानदर्शनशक्तिरूपचिंतात्मस्मर्तृणां वा पापक्षयकारित्वतस्तत्रयोस्तदुपपत्तेः। =आप्तके स्वरूपको जाननेवाले और आवरणरहित अनन्तज्ञान और अनन्तदर्शनरूप शक्तिसे युक्त आत्माका स्मरण करनेवाले सम्यग्दृष्टियोंके ज्ञानमें पापका क्षयकारीपना पाया जाता है।

स.सा /आ /१४/क १३ आत्मानुभूतिरिति शुद्धनयात्मिकायाः, ज्ञानानुभूतिरियमेव किलेति बुद्ध्वा ॥१३॥=जो पूर्वकथित शुद्धनयस्वरूप आत्माकी अनुभूति है, वही वास्तवमें ज्ञानकी अनुभूति है (स.सा /आ /१७-१८)।

प का /त प्र /१६६/२३६ अर्हदादिभक्तिसंपन्नः कथंचिच्छुद्धसंप्रयोगोऽपि सन् जीवो जीवद्रागलवत्वाच्छुभोपयोगतामजहत् बहुशः पुण्यं बध्नाति, न खलु सकलकर्मक्षयमारभते। =अर्हन्तादिके प्रति भक्ति सम्पन्न जीव कथंचित् शुद्ध संप्रयोगवाला होनेपर भी राग लव जीवित होनेसे शुभोपयोगको न छोड़ता हुआ बहुत पुण्य बाँधता है, परन्तु वास्तवमें सकल कर्मोंका क्षय नहीं करता।

ज्ञा./३२/४३ स्याद्यत्रत्वोत्थेऽज्ञस्य तत्तदेवापदास्पदम्। विभेत्यय पुनर्यस्मिंस्तदेवानन्दमन्दिरम् ॥४३॥=अज्ञानी पुरुष जिस-जिस विषयमें प्रीति करता है, वे सब ज्ञानीके लिए आपदाके स्थान हैं तथा अज्ञानी जिस-जिस तपश्चरणादिसे भय करता है वही ज्ञानीके आनन्दका निवास है।

प्र सा /ता वृ /२४८ श्रावकाणामपि सामायिकादिकाले शुद्धभावना दृश्यते। =श्रावकोंके भी सामायिकादि कालमें शुद्ध भावना दिखाई देती है।

पं का /ता वृ /१७० चतुर्थगुणस्थानयोग्यमात्मभावनामपरित्यजन् सन् देवलोके कालं गमयति, ततोऽपि स्वर्गादागत्य मनुष्यभवे चक्रवर्त्यादिविभूतिं लब्ध्वापि पूर्वभवभावितशुद्धात्मभावनाबलेन मोहं न करोति। =चतुर्थ गुणस्थानके योग्य आत्मभावनाको नहीं छोड़ता हुआ वह देवलोकमें काल गँवाता है। पीछे स्वर्गसे आकर मनुष्य भवमें चक्रवर्ती आदिकी विभूतिको प्राप्त करके भी, पूर्वभवमें भावित शुद्धात्मभावनाके बलसे मोह नहीं करता है।

प ध /पू /७१० इह सम्यग्दृष्टे किल मिथ्यात्वोदयविनाशजा शक्ति । कांचिदनिर्वचनीया स्वात्मप्रत्यक्षमेतदस्ति यथा ॥ =सम्यग्दृष्टि जीवके निश्चय ही मिथ्यात्वकर्मके अभावसे कोई अनिर्वचनीय शक्ति होती है जिससे यह आत्मप्रत्यक्ष होता है ।

मो.मा प्र /७/३७६/६ मोचली दशाविषें केई जीवनिके शुभोपयोग और शुद्धोपयोगका युक्तपना पाइये है ।

सा.स /भाषा/४/२६६/११३ चौथे गुणस्थानमें सम्यग्दर्शनके साथ ही स्वरूपाचरण चारित्र भी आत्मामें प्रगट हो जाता है ।

यु अ./५१ प जुगल किशोर "स्वाभाविकत्वाच्च मम मनस्ते ॥५१॥ =असयत सम्यग्दृष्टिके भी स्वानुरूप मन:साम्यकी अपेक्षा मनका सम होना बनता है, क्योंकि उसके सयमका सर्वथा अभाव नहीं है ।

३. धर्मध्यानमें किंचित् आत्मानुभव अवश्य होता है

द्र स /टी /४७/१६६ निश्चयमोक्षमार्गं तथैव · व्यवहारमोक्षमार्गं च तद्द्विविधमपि निर्विकारस्वसंवित्त्यात्मकपरमध्यानेन मुनि प्राप्नोति । =निश्चय मोक्षमार्ग तथा व्यवहार मोक्षमार्ग इन दोनोंको मुनि निर्विकार स्वसंवेदनरूप परमध्यानके द्वारा प्राप्त करता है ।

द्र. स /टी /५६/२२५ तस्मिन्ध्याने स्थितानां यद्वीतरागपरमानन्दसुखं प्रतिभाति तदेव निश्चयमोक्षमार्गस्वरूपम् । तच्च पर्यायनामान्तरेण किं किं भण्यते तदभिधीयते । तदेव शुद्धात्मस्वरूप, तदेव परमात्मस्वरूप तदेवैकदेशव्यक्तिरूप -परमहंसस्वरूपम् । तदेव शुद्धचारित्र स एव शुद्धोपयोग, षडावश्यकस्वरूप, सामायिक, चतुर्विधाराधना, धर्मध्यान, शुक्लध्यान, शून्यध्यान, परमसाम्य, भेदज्ञान, परमसमाधि, परमस्वाध्याय इत्यादि ६६बोल ।=उस ध्यानमें स्थित जीवोंका जो वीतराग परमानन्द सुख प्रतिभासता है, वह निश्चय मोक्षमार्गका स्वरूप है । वही पर्यायान्तरसे क्या-क्या कहा जाता है, सो कहते है । वही शुद्धात्मस्वरूप है, वही परमात्मस्वरूप तथा एकदेश परमहंसस्वरूप है । वही शुद्धचारित्र, शुद्धोपयोग, षडावश्यकस्वरूपसामायिक, चतुर्विधाराधना, धर्मध्यान, शुक्लध्यान, शून्यध्यान, परमसाम्य, भेदज्ञान, परम समाधि, परमस्वाध्याय आदि हैं ।

४. धर्मध्यान अल्प भूमिकाओंमें भी यथायोग्य होता है

प्र सा /ता वृ /१६४ ध्यायति य कर्ता । कम् । निजात्मानम् । किं कृत्वा । स्वसंवेदनज्ञानेन ज्ञात्वा । कथंभूत: । यति गृहस्थ । य एव गुणविशिष्ट श्रमणं ध्यायति स मोहदुर्ग्रन्थिम् । =जो यति या गृहस्थ स्वसंवेदनज्ञानसे जानकर निजात्माका ध्याता है उसकी मोहग्रन्थि नष्ट हो जाती है ।

द्र स /टी /४८/२०१-२०५ तावदागमभाषया (२०१) ..तारतम्यवृद्धिक्रमेणासंयतसम्यग्दृष्टिदेशविरतप्रमत्तसंयताप्रमत्ताभिधानचतुर्गुणस्थानवर्त्तिजीवसंभवं मुख्यवृत्त्या पुण्यबन्धकारणमपि परम्परया मुक्तिकारणं चेति धर्मध्यानं कथ्यते ॥२०२॥ अध्यात्मभाषया पुन: सहजशुद्धपरमचैतन्यशालिनि निर्भरानन्दमालिनी भगवति निजात्मन्युपादेयबुद्धिं कृत्वा पश्चादनन्तज्ञानोऽहमनन्तसुखोऽहमित्यादिभावनारूपमभ्यन्तरधर्मध्यानमुच्यते । पञ्चपरमेष्ठिभक्त्यादि तदनुकूलशुभानुष्ठानं पुनर्बहिरंगधर्मध्यानं भवति (२०४) । =आगम भाषाके अनुसार तारतम्य रूपसे असंयत सम्यग्दृष्टि, देशसयत, प्रमत्तसयत और अप्रमत्तसंयत इन चार गुणस्थानवर्ती जीवोंमें सम्भव, मुख्यरूपसे पुण्यबन्धका कारण होते हुए भी परम्परासे मुक्तिका कारण धर्मध्यान कहा गया है । अध्यात्म भाषाके अनुसार सहज शुद्ध परम चैतन्य शालिनी निर्भरानन्द मालिनी भगवती निजात्मामें उपादेय बुद्धि करके पीछे 'मै अनन्त ज्ञानरूप हूँ, मै अनन्त सुख रूप हूँ' ऐसी भावना रूप अभ्यन्तर धर्मध्यान कहा जाता है । पञ्चपरमेष्ठीकी भक्ति आदि तथा तदनुकूल शुभानुष्ठान बहिरंग धर्मध्यान होता है ।

पं ध./उ /६८८,६१५ दृङ्मोहेऽस्तं गते पुंस: शुद्धस्यानुभवो भवेत् । न भवेद्विघ्नकर: कश्चिच्चारित्रावरणोदय ॥६८८॥ प्रमत्तानां विकल्पत्वान्न स्यात्सा शुद्धचेतना । अस्तीति वासनोन्मेष: केषांचित्स न सम्मिह ॥६१५॥ =आत्माके दर्शनमोहकर्मका अभाव होनेपर शुद्धात्माका अनुभव होता है । उसमें किसी भी चारित्रावरणकर्मका उदय बाधक नहीं होता ॥६८८॥ 'प्रमत्तगुणस्थान तक विकल्पका सद्भाव होनेसे वहाँ शुद्ध चेतना सम्भव नहीं' ऐसा जो किन्हींके वासनाका उदय है, सो ठीक नहीं है ॥६१५॥

५. निश्चय धर्मध्यान मुनिको होता है गृहस्थको नहीं

ज्ञा ४/१७ खपुष्पमथवा शृङ्गं खरस्यापि प्रतीयते । न पुनर्देशकालेऽपि ध्यानसिद्धिर्गृहाश्रमे ॥१७॥ =आकाशपुष्प अथवा खरविषाणका होना कदाचित् सम्भव है, परन्तु किसी भी देशकालमें गृहस्थाश्रममें ध्यानकी सिद्धि होनी सम्भव नहीं ॥१७॥

त अनु /४७ मुख्योपचारभेदेन धर्मध्यानमिह द्विधा । अप्रमत्तेषु तन्मुख्यमितरेष्वौपचारिकम् ॥४७॥ =धर्मध्यान मुख्य और उपचारके भेदसे दो प्रकारका है । अप्रमत्त गुणस्थानोंमें मुख्य तथा अन्य प्रमत्तगुणस्थानोंमें औपचारिक धर्मध्यान होता है ।

स सा./ता वृ /६६ ननु वीतरागस्वसंवेदनज्ञानविचारकाले वीतरागविशेषणं किमिति क्रियते प्रचुरेण भवद्भि:, किं सरागमपि स्वसंवेदनज्ञानमस्तीति । अत्रोत्तर विषयसुखानुभवानन्दरूपं स्वसंवेदनज्ञानं सर्वजनप्रसिद्धं सरागमप्यस्ति । शुद्धात्मसुखानुभूतिरूपं स्वसंवेदनज्ञानं वीतरागमिति । इदं व्याख्यानं स्वसंवेदनव्याख्यानकाले सर्वत्र ज्ञातव्यमिति भावार्थ । =प्रश्न–वीतराग स्वसंवेदन ज्ञानका विचार करते हुए आप सर्वत्र 'वीतराग' विशेषण किसलिए लगाते है । क्या सरागको भी स्वसंवेदनज्ञान होता है ? उत्तर–विषय सुखानुभवके आनन्द रूप स्वसंवेदनज्ञान सर्वजन प्रसिद्ध है । वह सरागको भी होता है । परन्तु शुद्धात्म सुखानुभूति रूप स्वसंवेदनज्ञान वीतरागको ही होता है । स्वसंवेदनज्ञानके प्रकरणमें सर्वत्र यह व्याख्यान जानना चाहिए ।

प्र सा /ता वृ /२५४/३४७ विषयकषायनिमित्तोत्पन्नेनार्त्तरौद्रध्यानद्वयेन परिणतानां गृहस्थानामात्माश्रितनिश्चयधर्मस्यावकाशो नास्ति । =विषय कषायके निमित्तसे उत्पन्न आर्त-रौद्र ध्यानोंमें परिणत गृहस्थजनोंको आत्माश्रित धर्मका अवकाश नहीं है ।

द्र स./टी /३४/६६ असयतसम्यग्दृष्टिश्रावकप्रमत्तसंयतेषु पारम्पर्येण शुद्धोपयोगसाधक उपर्युपरि तारतम्येन शुभोपयोगो वर्तते, तदनन्तरमप्रमत्तादिक्षीणकषायपर्यन्तं जघन्यमध्यमोत्कृष्टभेदेन विवक्षितैकदेशशुद्धनयरूपशुद्धोपयोगो वर्तते । =असयत सम्यग्दृष्टिसे प्रमत्तसंयत तकके तीन गुणस्थानोंमें परम्परा रूपसे शुद्धोपयोगका साधक तथा ऊपर-ऊपर अधिक-अधिक विशुद्ध शुभोपयोग वर्तता है और उसके अनन्तर अप्रमत्तादि क्षीणकषाय पर्यन्तके गुणस्थानोंमें जघन्य, मध्यम, उत्कृष्ट भेदको लिये विवक्षित एकदेश शुद्धनयरूप शुद्धोपयोग वर्तता है ।

मो पा /टी /२/३०५/६ मुनीनामेव परमात्मध्यानं घटते । तप्तलोहगोलकसमानगृहिणां परमात्मध्यानं न संगच्छते । =मुनियोंके ही परमात्मध्यान घटित होता है । तप्तलोहके गोलेके समान गृहस्थोंको परमात्मध्यान प्राप्त नहीं होता । (देवसेन सूरिकृत भावसंग्रह ३७१-३६७,६०५)

भा पा./टी./८१/२१२/२४ क्षोभ: परीषहोपसर्गनिपाते चित्तस्य चलनात्मा विहीनो रहित मोहक्षोभविहीन । एवं गुणविशिष्ट आत्मन: शुद्धबुद्धैकस्वभावस्य चिच्चमत्कारलक्षणश्चिदानन्दरूप: परिणामो धर्म इत्युच्यते । स परिणामो गृहस्थानां न भवति । पञ्चसूनासहितत्वात् । =परिषह व उपसर्गके आनेपर चित्तका चलना क्षोभ है । उससे रहित मोह-क्षोभ विहीन है । ऐसे गुणोंसे विशिष्ट शुद्धबुद्ध एकस्वभावी आत्माका चिच्चमत्कार लक्षण चिदानन्द परिणाम धर्म कहलाता है । पंचसून दोष सहित होनेके कारण वह परिणाम गृहस्थोंको नहीं होता ।

६. गृहस्थको निश्चयध्यान कहना अज्ञान है

मो.पा /टी./२/३०५ ये गृहस्था अपि सन्तो मनागात्मभावनामासाद्य वयं ध्यानिन इति ब्रुवते ते जिनधर्मविराधका मिथ्यादृष्टयो ज्ञातव्या: । =जो गृहस्थ होते हुए भी मनाक् आत्मभावनाको प्राप्त करके 'हम

ध्यानी हैं' ऐसा कहते हैं, वे जिनधर्म विराधक मिथ्यादृष्टि जानने चाहिए।

भावसंग्रह/३८५ (गृहस्थोंको निरालम्ब ध्यान माननेवाला मूर्ख है)।

७. साधु व गृहस्थके निश्चय ध्यानमें अन्तर

भो.प्र./मू./८३-८६ णिच्छयणयस्स एवं अप्पम्मि अप्पणे सुरदो। सो होदि हु सुचरित्तो जोई सो लहइ णिव्वाणं ॥८३॥ एव जिणेहि कहि सवणाणं सावयाण पुण सुणसु। ससारविणासयर सिद्धियर कारणं परमं ॥८५॥ गहिऊण य सम्मत्तं सुणिम्मल सुरगिरीव णिक्कंपं। तं जाणि ज्झाइज्जइ सावय। दुक्खक्खयट्ठाए ॥८६॥—निश्चय नयका ऐसा अभिप्राय है कि जो आत्मा ही विषैं आपहीके अर्थि भले प्रकार रत होय सो योगी ध्यानी मुनि सम्यग्चारित्रवान् भया संता निर्वाणकूं पावै है ॥८३॥ इस प्रकारका उपदेश श्रमणोंके लिए किया गया है। बहुरि अब श्रावकनिकूं कहिये है, सो सुनो। कैसा कहिये है—ससारका तो विनाश करनेवाला और सिद्धि जो मोक्ष ताका करनेवाला उत्कृष्ट कारण है ॥८५॥ प्रथम तौ श्रावककूं भलै प्रकार निर्मल और मेरुवत् अचल अर चल, मलिन, अगाढ दूषण रहित अत्यन्त निश्चल ऐसा सम्यक्त्वकूं ग्रहणकरि, तिसकूं ध्यानविषैं ध्यावना, कौन अर्थि-दुःखका क्षयके अर्थि ध्यावना ॥८६॥ जो जीव सम्यक्त्वकूं ध्यावै है, सो जीव सम्यग्दृष्टि है, बहुरि सम्यक्त्वरूप परिणया सता दुष्ट जे आठ कर्म तिनिका क्षय करै है ॥८७॥

८. अल्पभूमिकामें आत्मानुभवके सद्भाव-असद्भावका समन्वय

स.सा./ता.वृ./१० यो भावश्रुतरूपेण स्वसंवेदनज्ञानबलेन शुद्धात्मान जानाति स निश्चयश्रुतकेवली भवति। यस्तु स्वशुद्धात्मानं न सवेदयति न भावयति, बहिर्विषयं द्रव्यश्रुतार्थं जानाति स व्यवहारश्रुतकेवली भवतीति। ननु तर्हि—स्वसंवेदनज्ञानबलेनास्मिन् कालेऽपि श्रुतकेवली भवति। तत्र यादृशं पूर्वपुरुषाणां शुक्लध्यानरूप स्वसंवेदनज्ञान तादृशमिदानीं नास्ति किंतु धर्मध्यानयोग्यमस्तीत्यर्थ।—जो भावश्रुतरूप स्वसंवेदनज्ञानके बलसे शुद्धात्माको जानता है, वह निश्चय श्रुतकेवली होता है। जो शुद्धात्माका सवेदन तो नहीं करता परन्तु बहिर्विषयरूप द्रव्य श्रुतको जानता है वह व्यवहारश्रुतकेवली होता है। प्रश्न—तब तो स्वसंवेदन ज्ञानके बलसे इस कालमें श्रुतकेवली हो सकता है? उत्तर—नहीं, क्योंकि जिस प्रकारका शुक्लध्यानरूप स्वसंवेदनज्ञान पूर्वपुरुषोंको होता था वैसा इस कालमें नहीं है, किन्तु धर्मध्यानके योग्य है।

प्र.सा./ता.वृ./२४८ ननु शुभोपयोगिनामपि क्वापि काले शुद्धोपयोगभावना दृश्यते, शुद्धोपयोगिनामपि क्वापि काले शुभोपयोगभावना दृश्यते। श्रावकाणामपि सामायिकादिकाले शुद्धभावना दृश्यते, तेषां कथं विशेषो भेदो ज्ञायत इति। परिहारमाह—युक्तमुक्त भवता परं किंतु ये प्रचुरेण शुभोपयोगेन वर्त्तन्ते, यद्यपि क्वापि काले शुद्धोपयोगभावनां कुर्वन्ति तथापि शुभोपयोगिन एव भण्यन्ते। येऽपि शुद्धोपयोगिनस्ते यद्यपि क्वापि काले शुभोपयोगेन वर्त्तन्ते तथापि शुद्धोपयोगिन एव। कस्मात्। बहुपदस्य प्रधानत्वादाम्रवननिम्बवनवदिति।—प्रश्न—शुभोपयोगियोंके भी किसी काल शुद्धोपयोगकी भावना देखी जाती है और शुद्धोपयोगियोंके भी किसी काल शुभोपयोगकी भावना देखी जाती है। श्रावकोंके भी सामायिकादि कालमें शुद्धभावना दिखाई देती है। इनमें किस प्रकार विशेष या भेद जाना जाये? उत्तर—जो प्रचुर रूपसे शुभोपयोगमें वर्तते हैं वे यद्यपि किसी काल शुद्धोपयोगकी भावना भी करते हैं तथापि शुभोपयोगी ही कहलाते हैं और इसी प्रकार शुद्धोपयोगी भी यद्यपि किसी काल शुभोपयोग रूपसे वर्तते हैं तथापि शुद्धोपयोगी ही कहे जाते हैं। कारण कि आम्रवन व निम्बवनकी भाँति बहुपदकी प्रधानता होती है।

द्र.सं./टी./३४/९७/१ तत्रशुद्धनिश्चये शुद्धोपयोगो कथं घटते इति चेत्तत्रोत्तरम्—शुद्धोपयोगे शुद्धबुद्धैकस्वभावो निजात्माध्येयस्तिष्ठति तेन कारणेन शुद्धध्येयत्वाच्छुद्धावलम्बनत्वाच्छुद्धात्मस्वरूपसाधकत्वाच्च शुद्धोपयोगो घटते। स च संवरशब्दवाच्य शुद्धोपयोग ससारकारणभूतमिथ्यात्वरागाद्यशुद्धपर्यायवदशुद्धो न भवति फलभूतकेवलज्ञानपर्यायवत् शुद्धोऽपि न भवति किंतु ताभ्यामशुद्धशुद्धपर्यायाभ्यां विलक्षणं एकदेशनिरावरण च तृतीयमवस्थान्तर भण्यते।—प्रश्न—अशुद्ध निश्चयमें शुद्धोपयोग कैसे घटित होता है? उत्तर—शुद्धोपयोगमें शुद्ध-बुद्ध एक स्वभाव आत्मा ध्येयरूपसे रहती है। इस कारणसे शुद्ध ध्येय होनेसे, शुद्ध अवलम्बन होनेसे और शुद्धात्मस्वरूपका साधक होनेसे शुद्धोपयोग घटित होता है। सवर शब्दका वाच्य वह शुद्धोपयोग न तो मिथ्यात्वरागादि अशुद्ध पर्यायवत् अशुद्ध होता है और न ही केवलज्ञानपर्यायवत् शुद्ध ही होता है। किन्तु अशुद्ध व शुद्ध दोनों पर्यायोसे विलक्षण एकदेश निरावरण तृतीय अवस्थान्तर कही जाती है। (प्र.सा./ता.वृ./१८९/२४५/११)।

६. शुद्धात्माके अनुभव विषयक शका-समाधान

१. अशुद्ध ज्ञानसे शुद्धात्माका अनुभव कैसे करें

स.सा./ता.वृ./४१४/५०८/२३ केवलज्ञान शुद्धं छद्मस्थज्ञान पुनरशुद्ध शुद्धस्य केवलज्ञानस्य कारण न भवति। नैवं छद्मस्थज्ञानस्य कथंचिच्छुद्धाशुद्धत्वम्। तद्यथा—यद्यपि केवलज्ञानापेक्षया शुद्धं न भवति तथापि मिथ्यात्वरागादिरहितत्वेन वीतरागसम्यक्चारित्रसहितत्वेन च शुद्धम्। अभेदनयेन छद्मस्थानां सबन्धिभेदज्ञानमात्मस्वरूपमेव तत कारणात्तेनैकदेशव्यक्तिरूपेणापि सकलव्यक्तिरूप केवलज्ञानं जायते नास्ति दोष।...क्षायोपशमिकमपि भावश्रुतज्ञान मोक्षकारणं भवति। शुद्धपारिणामिकभाव एकदेशव्यक्तिलक्षणाया कथंचिद्भेदाभेदरूपस्य द्रव्यपर्यायात्मकस्य जीवपदार्थस्य शुद्धभावनावस्थायां ध्येयभूतद्रव्यरूपेण तिष्ठति न च ध्यानपर्यायरूपेण।—प्रश्न—केवलज्ञान शुद्ध होता है और छद्मस्थका ज्ञान अशुद्ध। वह शुद्ध केवलज्ञानका कारण नहीं हो सकता?—उत्तर—ऐसा नहीं है, क्योंकि छद्मस्थज्ञानमें भी कथंचित् शुद्धाशुद्धत्व होता है। वह ऐसे कि यद्यपि केवलज्ञानकी अपेक्षा तो वह शुद्ध नहीं होता, तथापि मिथ्यात्व रागादिसे रहित होनेके कारण तथा वीतराग सम्यक्चारित्रसे सहित होनेके कारण वह शुद्ध भी है। अभेद नयसे छद्मस्थो सम्बन्धी भेदज्ञान भी आत्मस्वरूप ही है। इस कारण एक देश व्यक्तिरूप उस ज्ञानसे सकल व्यक्तिरूप केवलज्ञान हो जाता है, इसमें कोई दोष नहीं है। क्षायोपशमिक भावश्रुतज्ञान भी (भले सावरण हो पर) मोक्षका कारण हो सकता है। शुद्ध पारिणामिकभाव एकदेश व्यक्तिलक्षणरूपसे कथंचित भेदाभेद द्रव्यपर्यात्मक जीवपदार्थकी शुद्धभावनाकी अवस्थामें ध्येयभूत द्रव्यरूपसे रहता है, ध्यानकी पर्यायरूपसे नहीं। (और भी देखो पीछे 'अनुभव/५/७')।

२. अशुद्धताके सद्भावमें भी उसकी उपेक्षा कैसे करें

प.ध./उ./१५१,१६२ न चाशङ्क्यं सतस्तस्यस्याद्युपेक्षा कथं नवात ॥१५१॥ यदा तद्वर्णमालायां दृश्यते हेम केवलम्। न दृश्यते परोपाधिः स्वेष्टं दृष्टेन हेम तत् ॥१६२॥—उस सत्स्वरूपपर संयुक्त द्रव्यकी सहसा उपेक्षा कैसे हो जायेगी—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए ॥१५१॥ क्योंकि जिस समय अशुद्ध स्वर्णके रूपमें केवल शुद्ध स्वर्ण दृष्टिगोचर किया जाता है, उस समय परद्रव्यकी उपाधि दृष्टिगोचर नहीं होती, किन्तु प्रत्यक्ष प्रमाणसे अपना अभीष्ट वह केवल शुद्धस्वर्ण ही दृष्टिगोचर होता है।

३. देह सहित भी उसका देह रहित अनुभव कैसे करें

ज्ञा./३२/९-११ कथं तर्हि पृथक् कृत्वा देहाद्यर्थकदम्बकात्। आत्मानमभ्यसेद्योगी निर्विकल्पमतीन्द्रियम् ॥९॥ अपास्य बहिरात्मानं सुस्थिरेणान्तरात्मना। ध्यायेद्विशुद्धमत्यन्तं परमात्मानमव्ययम् ॥१०॥ संयोजयति देहेन चिदात्मानं विमूढधीः। बहिरात्मा ततो ज्ञानी पृथक् पश्यति देहिनाम् ॥११॥—प्रश्न—यदि आत्मा ऐसा है तो इसे देहादि पदार्थोंके समूहसे पृथक् करके निर्विकल्प व अतीन्द्रिय, ऐसा कैसे ध्यान

करें ॥९॥ उत्तर—योगी बहिरात्माको छोड़कर भले प्रकार स्थिर अन्तरात्मा होकर अत्यन्त विशुद्ध अविनाशी परमात्माका ध्यान करें ॥१०॥ जो बहिरात्मा है, सो चैतन्यरूप आत्माकी देहके साथ संयोजन करता है और ज्ञानी देहको देहीसे पृथक् ही देखता है ॥११॥

४ परोक्ष आत्माका प्रत्यक्ष कैसे करें

ज्ञा./३३/४ अलक्ष्य लक्ष्यसम्बन्धात् स्थूलात्सूक्ष्म विचिन्तयेत्। सालम्बाच्च निरालम्ब तत्त्ववित्तत्त्वमञ्जसा ॥४॥ =तत्त्वज्ञानी इस प्रकार तत्त्वको प्रगटतया चिन्तवन करे कि लक्ष्यके सम्बन्धसे तो अलक्ष्यको और स्थूलसे सूक्ष्मको और सालम्ब ध्यानसे निरालम्ब वस्तु स्वरूपको चिन्तवन करता हुआ उससे तन्मय हो जाये।

स.सा./ता.वृ./१९० परोक्षस्यात्मन कथ ध्यान भवतीति। उपदेशेन परोक्षरूप यथा द्रष्टा जानाति भण्यते तथैव ध्रियते जीवो द्रष्टश्च ज्ञातश्च ॥१॥ आत्मा स्वसंवेदनापेक्षया प्रत्यक्षो भवति केवलज्ञानापेक्षया परोक्षोऽपि भवति। सर्वथा परोक्षमिति वक्तु नायाति। =प्रश्न—परोक्ष आत्माका ध्यान कैसे होता है? उत्तर—उपदेशके द्वारा परोक्षरूपसे भी जैसे द्रष्टा जानता है, उसे उसी प्रकार कहता है और धारण करता है। अत: जीव द्रष्टा भी है और ज्ञाता भी है ॥१॥ आत्मा स्वसंवेदनकी अपेक्षा प्रत्यक्ष होता है और केवलज्ञानकी अपेक्षा परोक्ष भी होता है सर्वथा परोक्ष कहना नहीं बनता।

स.सा./ता.वृ./२९६ कथ स गृह्यते आत्मा 'दृष्टिविषयो न भवत्यमूर्त्तत्वात्' इति प्रश्न'। प्रज्ञाभेदज्ञानेन गृह्यते इत्युत्तरम्। =प्रश्न—वह आत्मा कैसे ग्रहण की जाती है, क्योंकि अमूर्त होनेके कारण वह दृष्टिका विषय नहीं है? उत्तर—प्रज्ञारूप भेदज्ञानके द्वारा ग्रहण किया जाता है।

अनुभव प्रकाश—पं दीपचन्दजी शाह (ई १७२२) द्वारा रचित हिन्दी भाषाका एक आध्यात्मिक ग्रन्थ।

अनुभाग—अनुभाग नाम द्रव्यकी शक्तिका है। जीवके रागादि भावोंकी तरतमताके अनुसार, उसके साथ बन्धनेवाले कर्मोंकी फलदान शक्तिमें भी तरतमता होनी स्वाभाविक है। मोक्षके प्रकरणमें कर्मोंकी यह शक्ति ही अनुभाग रूपसे इष्ट है। जिस प्रकार एक बूँद भी पकता हुआ तेल शरीरको दझानेमें समर्थ है और मन भर भी कम गर्म तेल शरीरको जलानेमें समर्थ नहीं है, उसी प्रकार अधिक अनुभाग युक्त थोड़े भी कर्मप्रदेश जीवके गुणोंका घात करनेमें समर्थ है, परन्तु अल्प अनुभागयुक्त अधिक भी कर्मप्रदेश उसका पराभव करनेमें समर्थ नहीं है। अत कर्मबन्धके प्रकरणमें कर्मप्रदेशोंकी गणना प्रधान नहीं है, बल्कि अनुभाग ही प्रधान है। हीन शक्तिवाला अनुभाग केवल एकदेश रूपसे गुणका घात करनेके कारण देशघाती और अधिक शक्तिवाला अनुभाग पूर्ण रूपेण गुणका घातक होनेके कारण सर्वघाती कहलाता है। इस विषयका ही कथन इस अधिकार में किया गया है।

---

१. भेद व लक्षण

१. अनुभाग सामान्यका लक्षण व भेद।
२ जीवादि द्रव्यानुभागोंके लक्षण।
३. अनुभागबन्ध सामान्यका लक्षण।
४. अनुभाग बन्धके १४ भेदोंका निर्देश।
५. सादि अनादि ध्रुव-अध्रुव आदि अनुभागोंके लक्षण।
६. अनुभाग स्थान सामान्यका लक्षण।
७. अनुभाग स्थानके भेद।
८. अनुभाग स्थानके भेदोंके लक्षण।
१. अनुभाग सत्कर्म; २. अनुभागबन्धस्थान; ३. बन्धसमुत्पत्तिक अनुभाग सत्कर्मस्थान; ४. हतसमुत्पत्तिक अनुभागसत्कर्मस्थान; ५. हतहतसमुत्पत्तिक सत्कर्मस्थान
* अनुभाग अध्यवसायस्थान। —दे. अध्यवसाय।
* अनुभागकाण्डकघात। —दे. अपकर्षण ४।

२. अनुभागबन्ध निर्देश

१. अनुभाग बन्ध सामान्यका कारण।
२ शुभाशुभ प्रकृतियोंके जघन्य व उत्कृष्ट अनुभाग बन्धके कारण।
३. शुभाशुभ प्रकृतियोंके चतु:स्थानीय अनुभाग निर्देश।
* कषायोंकी अनुभाग शक्तियाँ। —दे. कषाय २।
* स्थिति व अनुभाग बन्धोंकी प्रधानता। —दे. स्थिति ३।
* प्रकृति व अनुभागमें अन्तर। —दे. प्रकृतिबन्ध ४।
४. प्रदेशोंके बिना अनुभाग बन्ध सम्भव नहीं।
५. परन्तु प्रदेशोंकी हीनाधिकतासे अनुभागको हीनाधिकता नहीं होती।

३. घाती अघाती अनुभाग निर्देश

१ घाती व अघाती प्रकृतिके लक्षण।
२. घाती अघातीकी अपेक्षा प्रकृतियोंका विभाग।
३. जीवविपाकी प्रकृतियोंको घातिया न कहनेका कारण।
४. वेदनीय भी कथंचित् घातिया है।
५. अन्तराय भी कथंचित् अघातिया है।

४. सर्वघाती व देशघाती अनुभाग निर्देश

१. सर्वघाती व देशघाती अनुभाग निर्देश।
२. सर्वघाती व देशघातीके लक्षण।
३. सर्वघाती व देशघाती प्रकृतियोंका निर्देश।
४. सर्व व देशघाती प्रकृतियोंमें चतु स्थानीय अनुभाग।
५. कर्मप्रकृतियोंमें यथायोग्य चतु स्थानीय अनुभाग।
१ ज्ञानावरणादि सर्वप्रकृतियोंकी सामान्य प्ररूपणा।
२ मोहनीय प्रकृतिकी विशेष प्ररूपणा।
६ कर्मप्रकृतियोंमें सर्व व देशघाती अनुभाग विषयक शंका समाधान।
१ मति आदि ज्ञानावरण देशघाती कैसे हैं? २ केवलज्ञानावरण सर्वघाती है या देशघाती? ३ सम्यक्त्व प्रकृति देशघाती कैसे है? ४ सम्यग्-मिथ्यात्व प्रकृति सर्वघाती कैसे है? ५ मिथ्यात्व प्रकृति सर्वघाती कैसे है? ६. प्रत्याख्यानावरण कषाय सर्वघाती कैसे है? ७. मिथ्यात्वका अनुभाग चतु:स्थानीय कैसे हो सकता है? ८. मानकषायकी शक्तियोंके दृष्टान्त मिथ्यात्वादि प्रकृतियोंके अनुभागोंमें कैसे लागू हो सकते है?
* सर्वघातीमें देशघाती है, पर देशघातीमें सर्वघाती नहीं। —दे. उदय ४/२।

५. अनुभाग बन्ध सम्बन्धी कुछ नियम व प्ररूपणाएँ

१. प्रकृतियोंके अनुभागकी तरतमतासम्बन्धी सामान्य नियम ।

२. प्रकृति विशेषोंमें अनुभागकी तरतमताका निर्देश

१ ज्ञानावरण और दर्शनावरणके अनुभाग परस्पर समान होते हैं । २. केवलज्ञानदर्शनावरण, असाता व अन्तरायके अनुभाग परस्पर समान हैं । ३. तिर्यंचायुसे मनुष्यायुका अनुभाग अनन्तगुणा है ।

३. जघन्य व उत्कृष्ट अनुभागके बन्धकों सम्बन्धी नियम

* उत्कृष्ट अनुभागका बन्धक ही उत्कृष्ट स्थितिको बान्धता है । —दे स्थिति ४।

* उत्कृष्ट अनुभागके साथ ही उत्कृष्ट स्थिति बन्धका कारण । —दे स्थिति ५।

१. अघातिया कर्मोंका उत्कृष्ट अनुभाग सम्यग्दृष्टिको ही बँधता है, मिथ्यादृष्टिको नहीं । २. गोत्रकर्मका जघन्य अनुभागबन्ध तेज व वातकायिकोंमें ही सम्भव है ।

४. प्रकृतियोंके जघन्य व उत्कृष्ट अनुभाग बंधकोंकी प्ररूपणा ।

५. अनुभाग विषयक अन्य प्ररूणाओंका सूचीपत्र ।

* अनुभाग सत्त्व । —दे. 'सत्त्व'

* प्रकृतियोंके चतुःस्थानीय अनुभाग बन्धके काल, अंतर, क्षेत्र, स्पर्शन, भाव अल्पबहुत्व व संख्या सम्बन्धी प्ररूपणाएँ । —दे. वह वह नाम

---

१. भेद व लक्षण

१. अनुभाग सामान्यका लक्षण व भेद

ध.१३/५,५,८२/३४६/५ छद्दव्वाण सत्ती अणुभागो णाम । सो च अणुभागो छव्विहो—जीवाणुभागो, पोग्गलाणुभागो धम्मत्थियअणुभागो अधम्मत्थियअणुभागो आगासत्थियअणुभागो कालदव्वाणुभागो चेदि ।=छह द्रव्योंकी शक्तिका नाम अनुभाग है । वह अनुभाग छह प्रकारका है—जीवानुभाग, पुद्गलानुभाग, धर्मास्तिकायानुभाग, अधर्मास्तिकायानुभाग, आकाशास्तिकायानुभाग और कालद्रव्यानुभाग ।

२. जीवादि द्रव्यानुभागोंके लक्षण

ध./१३/५,५,८२/३४६/७ तत्थ असेसदव्वागमो जीवाणुभागो । जरकुट्ठक्खयादिविणासणं तदुप्पायणं च पोग्गलाणुभागो । जोणिपाहुडे भणिदमंततंतसत्तीयो पोग्गलाणुभागो त्ति घेत्तव्वो । जीवपोग्गलाण गमणागमणहेदुत्त धम्मत्थियाणुभागो । तेसिमवट्ठाणहेदुत्त अधम्मत्थियाणुभागो । जीवादिदव्वाणमाहारत्तमागासत्थियाणुभागो । अण्णेसि दव्वाणं कमाकमेहि परिणमणहेदुत्त कालदव्वाणुभागो । एवं दुसजोगादिणा अणुभागपरूवणा कायव्वा । जहा [मट्टिआ] पिंड-दंड-चक्क-चीवर-जल-कुंभारादीण घडुप्पायणाणुभागो ।=समस्त द्रव्योंका जानना जीवानुभाग है । ज्वर, कुष्ठ और क्षय आदिका विनाश करना और उनका उत्पन्न करना, इसका नाम पुद्गलानुभाग है । योनिप्राभृतमें कहे गये मन्त्र तन्त्ररूप शक्तियोंका नाम पुद्गलानुभाग है, ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए । जीव और पुद्गलोंके गमन और आगमनमें हेतु होना, धर्मास्तिकायानुभाग है । उन्हींके अवस्थानमें हेतु होना, अधर्मास्तिकायानुभाग है । जीवादि द्रव्योंका आधार होना, आकाशास्तिकायानुभाग है । अन्य द्रव्योंके क्रम और अक्रमसे परिणमनमें हेतु होना, कालद्रव्यानुभाग है । इसी प्रकार द्विसंयोगादि रूपसे अनुभागका कथन करना चाहिए । जैसे—मृत्तिकापिण्ड, दण्ड, चक्र, चीवर, जल और कुम्भार आदिका घटोत्पादन रूप अनुभाग ।

३. अनुभाग बन्ध सामान्यका लक्षण

त. सू./८/२१,२२ विपाकोऽनुभव. ॥२१॥ स यथानाम ॥२२॥=विविध प्रकारके पाक अर्थात् फल देनेकी शक्तिका पड़ना ही अनुभव है ॥२१॥ वह जिस कर्मका जैसा नाम है उसके अनुरूप होता है ॥२२॥

मू.आ./१२४० कम्माणं जो दु रसो अज्झवसाणजणिद सुह असुहो वा । अधो सो अणुभागो पदेसबधो इमो होइ ॥१२४०॥=ज्ञानावरणादि कर्मोंका जो कषायादि परिणामजनित शुभ अथवा अशुभ रस है वह अनुभागबन्ध है ।

स.सि./८/३/३७६ तद्रसविशेषोऽनुभव. । यथा—अजागोमहिष्यादिक्षीराणां तीव्रमन्दादिभावेन रसविशेष तथा कर्मपुद्गलानां स्वगतसामर्थ्यविशेषोऽनुभवः ।=उस (कर्म) के रस विशेषको अनुभव कहते हैं । जिस प्रकार बकरी, गाय और भैंस आदिके दूधका अलग अलग तीव्र मन्द आदि रस विशेष होता है, उसी प्रकार कर्म-पुद्गलोंका अलग-अलग स्वगत सामर्थ्य विशेष अनुभव है । (प स./प्रा./४/५१४) (रा.वा./८/३,६/५६७) (पं.सं./सं./४/३६६) (द्र.सं./टी./३३/९३) ।

ध.१२/४,२,७,१९९/९१/८ अट्ठण्णं वि कम्माणं जीवपदेसाणं अण्णोण्णाणुगमणहेदुपरिणामो ।=अनुभाग किसे कहते हैं ? आठों कर्मों और प्रदेशोंके परस्परमें अन्वय (एकरूपता) के कारणभूत परिणामको अनुभाग कहते हैं ।

क.पा.५/४-२३/९१/२/३ को अणुभागो । कम्माणं सगकज्जकरणसत्ती अणुभागो णामा ।=कर्मोंके अपना कार्य करने (फल देने) की शक्तिको अनुभाग कहते हैं ।

नि सा./ता वृ./४० शुभाशुभकर्मणां निर्जरासमये सुखदुःखफलदानशक्तियुक्तो ह्यनुभागबन्ध. ।=शुभाशुभकर्मकी निर्जराके समय सुखदुःखरूप फल देनेकी शक्तिवाला अनुभागबन्ध है ।

४. अनुभाग बन्धके १४ भेदोंका निर्देश

प स प्रा./४/४४१ सादि अणादिय अट्ठ य पसत्थिदरपरूवणा तहा सण्णा । पच्चय विवाय देसा सामित्तेणाह अणुभागो ॥४४१॥=अनुभागके चौदह भेद है । वे इस प्रकार हैं—१ सादि, २ अनादि, ३. ध्रुव, ४. अध्रुव, ५. जघन्य, ६ अजघन्य, ७ उत्कृष्ट, ८. अनुत्कृष्ट, ९. प्रशस्त, १०. अप्रशस्त, ११. देशघाति व सर्वघाति, १२. प्रत्यय, १३. विपाक, ये तेरह प्रकार तो अनुभाग बन्ध और १४ वाँ स्वामित्व । इन चौदह भेदोंकी अपेक्षा अनुभाग बन्धका वर्णन किया जाता है ।

५. सादि अनादि ध्रुव अध्रुव आदि अनुभागोंके लक्षण

ो क/जी.प्र./९१/७५ येषां कर्मणां उत्कृष्टा तेषामेव कर्मणां उत्कृष्ट स्थित्यनुभागप्रदेश साद्यादिभेदाच्चतुर्विधो भवति । अजघन्येऽपि एवमेव चतुर्विध । तेषां लक्षणं अत्रोदाहरणमात्र किंचित्प्रदर्श्यते । तद्यथा—उपशमश्रेण्यारोहक सूक्ष्मसाम्पराय उच्चैर्गोत्रानुभागं उत्कृष्ट बद्ध्वा उपशान्तकषायो जात । पुनरवरोहणे सूक्ष्मसाम्परायो भूत्वा तदनुभागमनुत्कृष्टं बध्नाति तदास्य सादित्वम् । तत्सूक्ष्मसाम्परायचरमादधोऽनादित्वम् । अभव्ये ध्रुवत्वं यदा अनुत्कृष्टं त्यक्त्वोत्कृष्टं बध्नाति तदा अध्रुवत्वमिति । अजघन्येऽप्येवमेव चतुर्विध. । तद्यथा—सप्तमपृथिव्या प्रथमोपशमसम्यक्त्वाभिमुखो मिथ्यादृष्टिश्चरमसमये

नीचैर्गोत्रानुभाग जघन्य बहुरि सम्यग्दृष्टिर्भूत्वा तदनुभागमजघन्य बध्नाति तदास्य सादित्व द्वितीयादिसमयेषु अनादित्वमिति चतुर्विधं यथासम्भव द्रष्टव्यम्। =अनुभाग व प्रदेश बन्ध सादि, अनादि, ध्रुव, अध्रुव भेदतैं चार प्रकार हो है। बहुरि अजघन्य भी ऐसे ही अनुत्कृष्टवत् च्यार प्रकार हो है। इनके लक्षण यहाँ उदाहरण मात्र किंचित कहिये है—उपशम श्रेणी चढनेवाला जीव सूक्ष्म साम्पराय गुणस्थानवर्ती भया तहाँ उत्कृष्ट उच्चगोत्रका अनुभागबन्ध करि पीछे उपशान्तकषाय गुणस्थानवर्ती भया। बहुरि इहाँ तै उतरि करि सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानवर्ती भया। तहाँ अनुत्कृष्ट उच्चगोत्रका अनुभागबन्ध किया। तहाँ इस अनुत्कृष्ट उच्चगोत्रके अनुभागको सादि कहिये। जातै अनुत्कृष्ट उच्चगोत्रके अनुभागका अभाव होइ बहुरि सद्भाव भया तातै सादि कहिये। बहुरि सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानतैं नीचेके गुणस्थानवर्ती जीव है तिनके सो बन्ध अनादि है। बहुरि अभव्य जीव विषैं सो बन्ध ध्रुव है। बहुरि उपशम श्रेणीवालेके जहाँ अनुत्कृष्टको उत्कृष्ट बन्ध हो है तहाँ सो बन्ध अध्रुव है ऐसे अनुत्कृष्ट उच्चगोत्रके अनुभाग बन्धविषै सादि अनादि ध्रुव अध्रुव च्यारि प्रकार कहै। ऐसे ही जघन्य भी च्यारि प्रकार है, सो कहिये है। सप्तम नरक पृथिवीविषैं प्रथमोपशम सम्यक्त्वका सन्मुख भया मिथ्यादृष्टि जीव तहाँ मिथ्यादृष्टि गुणस्थानका अन्तसमय विषै जघन्य नीचगोत्रके अनुभागको बान्धै है। बहुरि सो जीव सम्यग्दृष्टि होइ पीछे मिथ्यात्वके उदयकरि मिथ्यादृष्टि भया तहाँ अजघन्य नीचगोत्रके अनुभागको बान्धै है। तहाँ इस अजघन्य नीचगोत्रके अनुभागको सादि कहिये। बहुरि तिस मिथ्यादृष्टिके तिस अंतसमयतैं पहिलै सो बन्ध अनादि है। अभव्य जीवके सो बन्ध ध्रुव है। जहा अजघन्यको छोड जघन्यको प्राप्त भया तहाँ सो बन्ध अध्रुव है। ऐसे अजघन्य नीचगोत्रके अनुभागविषे सादि अनादि ध्रुव अध्रुव च्यारि प्रकार कहे। ऐसे ही यथा सम्भव और भी बन्ध विषै सादि अनादि ध्रुव अध्रुव च्यारि प्रकार जानने। प्रकृति बन्ध विषैं उत्कृष्ट अनुत्कृष्ट जघन्य अजघन्य ऐसे भेद नाहीं है। स्थिति, अनुभाग, प्रदेशबन्धनि विषैं वे भेद यथा योग्य जानने।

६. अनुभाग स्थान सामान्यका लक्षण

ध. १२/४,२,७,२००/१११/१२ एगजीवम्मि एक्कम्हि समये जो दीसदि कम्माणुभागो तं ठाणं णाम=एक जीवमें एक समयमें जो कर्मानुभाग दिखता है उसे स्थान कहते हैं।

क. पा /५/४-२२/§५७२/३३६/१ अनुभागट्ठाणं णाम चरिमफद्दयचरिमवग्गणाए एगपरमाणुम्हि ट्ठिदअणुभागट्ठाणविभागपडिच्छेदकलावो। सो उक्कड्डणाए वड्ढदि॰॰। =अन्तिम स्पर्धककी अन्तिम वर्गणाके एक परमाणुमें स्थित अनुभागके अविभाग प्रतिच्छेदोंके समूहको अनुभाग स्थान कहते है। प्रश्न—ऐसा माननेपर 'एक अनुभाग स्थानमें अनन्त स्पर्धक होते है' इस सूत्रके साथ विरोध आता है? उत्तर—नहीं, क्योंकि जघन्य अनुभाग स्थानके जघन्य स्पर्धकसे लेकर ऊपरके सर्व स्पर्धक उसमें पाये जाते है। प्रश्न—तो एक अनुभाग स्थानमें जघन्य वर्गणासे लेकर उत्कृष्ट स्थानकी उत्कृष्ट वर्गणा पर्यन्त क्रमसे बढते हुए प्रदेशोके रहनेका जो कथन किया जाता है उसका अभाव प्राप्त होता है? उत्तर—ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि जहाँ यह उत्कृष्ट अनुभागवाला परमाणु है, वहाँ क्या यह एक ही परमाणु है या अन्य भी परमाणु है। ऐसा पूछा जानेपर कहा जायेगा कि वहाँ वह एक ही परमाणु नहीं है, किन्तु वहाँ अनन्त कर्मस्कन्ध होने चाहिए और उन कर्मस्कन्धोंके अवस्थानका यह क्रम है, यह बतलानेके लिए अनुभाग स्थानकी उक्त प्रकारसे प्ररूपणा की है। प्रश्न—जैसे योगस्थानमें जीवके सब प्रदेशोकी सब योगोके अविभाग प्रतिच्छेदोंको लेकर स्थान प्ररूपणा की है वैसा कथन यहाँ क्यों नहीं करते? उत्तर—नहीं, क्योंकि वैसा कथन करनेपर अधःस्थित गलनाके द्वारा और अन्य प्रकृति रूप सक्रमणके द्वारा अनुभाग काण्डककी अन्तिम फालीको छोडकर द्विचरम आदि फालियोमें अनुभागस्थानके घातका प्रसंग आता है। किन्तु ऐसा है नही, क्योकि काण्डक घातको छोडकर अन्यत्र उसका घात नहीं होता।

स. सा /आ. ५२ यानि प्रतिविशिष्टप्रकृतिरसपरिणामलक्षणानि अनुभागस्थानानि=भिन्न-भिन्न प्रकृतियोके रसके परिणाम जिनका लक्षण है, ऐसे जो अनुभाग स्थान।

७. अनुभाग स्थानके भेद

ध. १२/४,७,२,२००/१११/१३ तं च ठाणं दुविहं—अणुभागबधट्ठाणं अणुभागसंतट्ठाणं चेदि। =वह स्थान दो प्रकारका है—अनुभाग बन्ध स्थान व अनुभाग सत्त्वस्थान।

क. पा /५/४-२२/ठाणप्ररूपणा सूत्र/पृ३३०/१४ सतकम्मट्ठाणाणि तिविहाणि—बंधसमुप्पत्तियाणि हदसमुप्पत्तियाणि हदहदसमुप्पत्तियाणि। =सत्कर्मस्थान (अनुभाग) तीन प्रकारके है—बन्धसमुत्पत्तिक, हतसमुत्पत्तिक और हतहतसमुत्पत्तिक। (क पा /५/४-२२/§१८६/१२५/८)।

८. अनुभागस्थानके भेदोंके लक्षण

१. अनुभाग सत्कर्मका लक्षण

ध./१२/४,२,४,२००/११२/१ जमणुभागट्ठाणं घादिज्जमाणं बंधाणुभागट्ठाणेण सरिसत्तं होदि, बधअट्ठंकस्स उव्वंकाणं विच्चाले हेट्ठिम उव्वंकादो अणंतगुणं उवरिम अट्ठंकादो अणंतगुणहीणं होदूण चेट्ठदि, तमणुभागसंतकम्मट्ठाणं। =घाता जानेवाला जो अनुभागस्थान बन्धानुभागके सदृश नहीं होता है, किन्तु बन्ध सदृश अष्टाक और उर्वकके मध्यमें अधस्तन उर्वकसे अनन्तगुणा और उपरिम अष्टाकसे अनन्तगुणा हीन होकर स्थित रहता है, वह अनुभाग सत्कर्मस्थान है।

२ अनुभागबन्धस्थानका लक्षण

ध./१२/४,२,७,२००/१३ तत्थ जं बधेण णिप्फण्णं तं बंधट्ठाणं णाम। पुव्वबधाणुभागे घादिज्जमाणे जं बधाणुभागेण सरिसं होदूण पददि तं पि बधट्ठाणं चेव, तत्सरिसअणुभागबधुवलंभादो। =जो बन्धसे उत्पन्न होता है वह बन्धस्थान कहा जाता है। पूर्व बद्ध अनुभागका घात किये जानेपर जो बन्ध अनुभागके सदृश होकर पडता है वह भी बन्धस्थान ही है, क्योंकि, उसके सदृश अनुभाग बन्ध पाया जाता है।

३ बन्ध समुत्पत्तिक अनुभाग सत्कर्मस्थानका लक्षण

क. पा /५/४-२२/§५७०/३३१/१ बन्धादो समुप्पत्तियं जेसिं ताणि बन्धसमुप्पत्तियाणि। =जिन सत्कर्मस्थानोकी उत्पत्ति बन्धसे होती है, उन्हें बन्धसमुत्पत्तिक कहते है।

क. पा./५/४-२२/§१८६/१२५/६ हदसमुप्पत्तियं कादूणच्छिदसुहुमणिगोदजहण्णाणुभागसंतट्ठाणसमाणबधट्ठाणमादिं कादूण जाव सण्णिपंचिंदियपज्जत्तसव्वुक्कस्साणुभागबधट्ठाणे त्ति ताव एदाणि असंखे० लोगमेत्तछट्ठाणाणि बधसमुप्पत्तियट्ठाणाणि त्ति भण्णंति, बधेण समुप्पण्णत्तादो। अणुभागसंतट्ठाणवादेण समुप्पण्णमणुभागसंतट्ठाणं तं पि एत्थ बधट्ठाणमिदि घेत्तव्वं, बधट्ठाणसमाणत्तादो। =१. हतसमुत्पत्तिक सत्कर्मको करके स्थित हुए सूक्ष्म निगोदिया जीवके जघन्य अनुभाग सत्त्वस्थानके समान बन्धस्थानसे लेकर सज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तकके सर्वोत्कृष्ट अनुभागबन्धस्थान पर्यन्त जो असंख्यात लोकप्रमाण षट्स्थान है उन्हे बन्ध समुत्पत्तिकस्थान कहते है, क्योंकि वे स्थान बन्धसे उत्पन्न होते है। २ अनुभाग सत्त्वस्थानके घातसे जो अनुभाग सत्त्वस्थान उत्पन्न होते है उन्हे भी यहाँ बन्धस्थान ही मानना चाहिए, क्योंकि वे बन्धस्थानके समान हैं। (सारांश यह है कि बन्धनेवाले स्थानोको ही बन्धसमुत्पत्तिकस्थान नहीं कहते, किन्तु पूर्वबद्ध अनुभागस्थानोमें भी रसघात होनेसे परिवर्तन होकर समानता रहती है सो वे स्थान भी बन्धस्थान ही कहे जाते है।

४ हतसमुत्पत्तिक अनुभाग सत्कर्मस्थानका लक्षण

ध. १२/४,२,७,३५/२१/५ 'हदसमुप्पत्तियकम्मेण' इति वुत्ते पुव्विल्लमणुभागसंतकम्मं सव्वं घादिय अणंतगुणहीणं कादूण 'ट्ठिदेण' इति वुत्तं होदि। =हतसमुत्पत्तिक कर्मवाले' ऐसा कहनेपर पूर्वके समस्त अनुभाग सत्त्वका घात करके और उसे अनन्त गुणा हीन करके स्थित हुए जीवके द्वारा, यह अभिप्राय समझना चाहिए।

क पा./५/४-२२/§४७०/३३१/१ हते समुत्पत्तिर्येषां तानि हतसमुत्पत्तिककानि। =घात किये जानेपर जिन सत्कर्मस्थानोंकी उत्पत्ति होती है, उन्हें हतसमुत्पत्तिक कहते हैं।

क पा./५/४-२२/§१८६/१२५/१४ पुणो एदेसिमसंखे० लोगमेत्तछट्ठाणाणं मज्झे अणंतगुणवड्ढि-अणंतगुणहाणि अट्ठंकुव्वंकाणं विच्चालेसु असंखे० लोगमेत्तछट्ठाणाणि हदसमुप्पत्तियसंतकम्मछट्ठाणाणि भण्णंति। बंधट्ठाणघादेण बंधट्ठाणाणं विच्चालेसु जच्चंतरभावेण उप्पण्णत्तादो। =इन असंख्यात लोकप्रमाण षट्स्थानोंके मध्यमें अष्टांक और उर्वंक रूप जो अनंतगुणवृद्धियाँ और अनंतगुणहानियाँ हैं उनके मध्यमें जो असंख्यात लोकप्रमाण षट्स्थान हैं, उन्हें हतसमुत्पत्तिक सत्कर्मस्थान कहते हैं। क्योंकि बंधस्थानका घात होनेसे बन्धस्थानोंके बीचमें ये जात्यन्तर रूपसे उत्पन्न हुए हैं।

५ हतहतसमुत्पत्तिक अनुभाग सत्कर्मस्थानका लक्षण

क पा./५/४-२२/§४७०/३३१/२ हतस्य हंति हतहंति तत समुत्पत्तिर्येषां तानि हतहतिसमुत्पत्तिककानि। =घाते हुएका पुनः घात किये जानेपर जिन सत्कर्मस्थानोंकी उत्पत्ति होती है, उन्हें हतहतसमुत्पत्तिक कहते हैं।

क. पा./५/४-२२/§१८६/१२६/२ पुणो एदेसिमसंखे० लोगमेत्ताणं हदसमुप्पत्तियसंतकम्मट्ठाणाणमणंतगुणवड्ढि-हाणि अट्ठंकुव्वंकाणं विच्चालेसु असंखे० लोगमेत्तछट्ठाणाणि हदहदसमुप्पत्तियसंतकम्म ट्ठाणाणि, वुच्चंति, घादेणुप्पण्ण अणुभागट्ठाणाणि बंधाणुभागट्ठाणेहिंतो विसरिसाणि घादिय बंधसमुप्पत्तिय-हदसमुप्पत्तियअणुभागट्ठाणेहिंतो विसरिसभावेण उप्पाइदत्तादो। =इन असंख्यात लोकप्रमाण हतसमुत्पत्तिकसत्कर्मस्थानोंके जो कि अष्टांक और उर्वंकरूप अनन्तगुण वृद्धि-हानिरूप है, बीचमें जो असंख्यात लोकप्रमाण षट्स्थान है, उन्हें हत-हतसमुत्पत्तिक सत्कर्मस्थान कहते हैं। बन्धस्थानोंसे विलक्षण जो अनुभागस्थान रसघातसे उत्पन्न हुए हैं, उनका घात करके उत्पन्न हुए ये स्थान बन्धसमुत्पत्तिक और हतसमुत्पत्तिक अनुभागस्थानोंसे विलक्षणरूपसे ही वे उत्पन्न किये जाते हैं।

२. अनुभागबन्ध निर्देश

१. अनुभाग बन्धसामान्यका कारण

ष.खं./१२/४-२-८ सन्त १३/२८८ कसायपच्चए ट्ठिदि अणुभागवेयणा॥१३॥ =कषाय प्रत्ययसे स्थिति व अनुभाग वेदना होती है। (स सि./८/३/३७६) (रा वा./८/३,१०/५६७) (ध १२/४-२-८-१३/गा २/४८६) (न. च. वृ १५५), (गो. क./मू /२५९/३६४) (द्र सं /मू /३३)।

२. शुभाशुभ प्रकृतियोंके जघन्य व उत्कृष्ट अनुभाग बन्धके कारण

पं. सं./४/४५१-४५२ सुहपयडीण विसोही तिव्वं असुहाण संकिलेसेण। विवरीए दु जहण्णो अणुभाओ सव्वपयडीणं ॥४५१॥ बायालं पि पसत्था विसोहिगुण उक्कडस्स तिव्वाओ। वासीय अप्पसत्था मिच्छुक्कडसंकिलिट्ठस्स ॥४५२॥ =शुभ प्रकृतियोंका अनुभागबन्ध विशुद्ध परिणामोंसे तीव्र अर्थात् उत्कृष्ट होता है। अशुभ प्रकृतियोंका अनुभागबन्ध संक्लेश परिणामोंसे उत्कृष्ट होता है। इससे विपरीत अर्थात् शुभ प्रकृतियोंका संक्लेशसे और अशुभ प्रकृतियोंका विशुद्धिसे जघन्य अनुभाग बन्ध होता है ॥४५१॥ जो बयालीस प्रशस्त प्रकृतियाँ हैं, उनका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध विशुद्धिगुणकी उत्कटता वाले जीवके होता है तथा व्यासी जो अप्रशस्त प्रकृतियाँ है उनका उत्कृष्ट अनुभाग बन्ध उत्कृष्ट संक्लेशवाले मिथ्यादृष्टि जीवके होता है ॥४५२॥ (स सि /८/२१/३६८) (रा.वा /८/२१,१/५८०/१४) (गो क./मू /१६३-१६४/१६६) (प स./सं /४/२७३-२७४)।

३. शुभाशुभ प्रकृतियोंके चतुःस्थानीय अनुभाग निर्देश

पं स /प्रा./४/४८७ सुहपयडीणं भावा गुडखंडसियामयाण खलु सरिसा। इयरा दु णिबकजीरविसहालाहलेण अहमाई। =शुभ प्रकृतियोंके अनुभाग गुड खाँड शक्कर और अमृतके तुल्य उत्तरोत्तर मिष्ट होते हैं। पाप प्रकृतियोंका अनुभाग निंब, कांजीर, विष व हालाहलके समान निश्चयसे उत्तरोत्तर कटुक जानना। (पं.सं /४/३९६) (गो क /मू/१८४/२१६) (द्र स /टी./३३/९६)।

४. प्रदेशोंके बिना अनुभागबन्ध सम्भव नहीं

ध. ६/१,९,७,४३/२०१/५ अणुभागबंधादो पदेसबंधो तक्कारणजोगट्ठाणाणि च सिद्धाणि हवंति। कुदो। पदेसेहि विणा अणुभागाणुववत्तीदो। =अनुभाग बन्धसे प्रदेश बन्ध और उसके कारणभूत योगस्थान सिद्ध होते हैं, क्योंकि प्रदेशोंके बिना अनुभाग बन्ध नहीं हो सकता।

५. परन्तु प्रदेशोंकी हीनाधिकतासे अनुभागकी हीनाधिकता नहीं होती

क पा/५/४-२२/§५५७/३२७/११ ट्ठिदीए इव पदेसगलणाए अणुभागघादो णत्थि त्ति जाणावणट्ठं। =प्रदेशोंके गलनेसे जैसे स्थिति घात होता है, वैसे प्रदेशोंके गलनेसे अनुभागका घात नहीं होता।

क. पा/५/४-२२/§५७२/३३६/१ उक्कड्डिदे अणुभागट्ठाणाविभागपडिच्छेदाणं वड्ढीए अभावादो। ...ण सो उक्कड्डणाए वड्ढदि, बंधेण विणा तदुक्कड्डणाणुववत्तीदो। =उत्कर्षणके होनेपर अनुभाग स्थानके अविभागप्रतिच्छेदोंकी वृद्धि नहीं होती है।... अनुभागके अविभाग प्रतिच्छेदोंका समूहरूप वह अनुभाग स्थान उत्कर्षणसे नहीं बढ़ता, क्योंकि बन्धके बिना उनका उत्कर्षण नहीं बन सकता।

ध. १२/४,२,७,२०१/११५/५ जोगवड्ढीदो अणुभागवड्ढीए अभावादो। =योग वृद्धिसे अनुभाग वृद्धि सम्भव नहीं।

३. घाती अघाती अनुभाग निर्देश

१. घाती व अघाती प्रकृतिके लक्षण

ध ७/२,१,१५/६२/६ केवलणाण-दंसण-सम्मत्त-चारित्तवीरियाणमणेयभेयभिण्णाणं जीवगुणाणं विरोहित्तणेण तेसिं घादिववदेसादो। =केवलज्ञान, केवलदर्शन, सम्यक्त्व, चारित्र और वीर्य रूप जो अनेक भेद-भिन्न जीवगुण हैं, उनके उक्त कर्म विरोधी अर्थात् घातक होते हैं और इसलिए वे घातियाकर्म कहलाते हैं। (गो क /जी प्र /१०/८) (पं ध./उ./११८)।

ध ७/२,१,१५/६२/७ सेसकम्माणं घादिववदेसो किण्ण होदि। ण, तेसिं जीवगुणविणासणसत्तीए अभावा। =शेष कर्मोंको घातिया नहीं कहते क्योंकि, उनमें जीवके गुणोंका विनाश करनेकी शक्ति नहीं पायी जाती। (पं.ध /उ./११९)।

२. घाती अघातीकी अपेक्षा प्रकृतियोंका विभाग

रा वा./८/२३,७/५८४/२८ तत्र पुनः कर्मप्रकृतयो द्विविधा—घातिका अघातिकाश्चेति। तत्र ज्ञानदर्शनावरणमोहान्तरायाख्या घातिका। इतरा अघातिकाः। =वह कर्म प्रकृतियाँ दो प्रकारकी है—घातिया व अघातिया। तहाँ ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोह व अन्तराय ये तो घातिया हैं और शेष चार (वेदनीय, आयु, नाम, गोत्र) अघातिया। (ध. ७/२,१,१५/६२), (गो. क./मू./७,९/७)।

३. जीवविपाकी प्रकृतियोंको घातिया न कहनेका कारण

ध.७/२,१,१५/६३/१ जीवविवाइणामकम्मवेयणियाणं घादिकम्मववदेसो किण्ण होदि। ण जीवस्स अणप्पभूदसुभगदुभगादिपज्जयसमुप्पायणे

वावदाण जीव-गुणविणासयत्तविरहादो। जीवस्स मोहविणासिय दुक्खप्पायय असादावेदणीय घादिववएसं किण्ण लहदे। ण तस्स घादिकम्मसहायस्स घादिकम्मेहि विणा सकलकरणे असमत्थस्स सदो तत्थ पउत्ती णत्थि त्ति जाणावणट्ठ तव्ववएसाकरणादो। =प्रश्न—जीवविपाकी नामकर्म एवं वेदनीय कर्मोंको घातिया कर्म क्यों नहीं माना? उत्तर—नहीं माना, क्योंकि, उनका काम अनात्मभूत सुभग दुर्भग आदि जीवकी पर्याय उत्पन्न करना है, जिससे उन्हें जीवगुण विनाशक मानने में विरोध उत्पन्न होता है। प्रश्न- जीवके सुखको नष्ट करके दुःख उत्पन्न करनेवाले असातावेदनीयको घातिया कर्मनाम क्यों नहीं दिया? उत्तर—नहीं दिया, क्योंकि, वह घातियाकर्मोंका सहायक मात्र है और घातिया कर्मोंके बिना अपना कार्य करनेमें असमर्थ तथा उसमें प्रवृत्ति रहित है। इसी बातको बतलानेके लिए असाता वेदनीयको घातिया कर्म नहीं कहा।

४. वेदनीय भी कथंचित् घातिया है

गो क /मू /१६/१२ घादिव वेयणीयं मोहस्स बलेण घाददे जीवं। इदि घादीणं मज्झे मोहस्सादिम्हि पढिदं तु ॥१६॥ =वेदनीयकर्म घातिया कर्मवत् मोहनीयकर्मका भेद जो रति अरति तिनिके उदयकाल करि ही जीवको घातै है। इसी कारण इसको घाती कर्मोंके बीचमें मोहनीयसे पहिले गिना गया है।

५. अन्तराय भी कथंचित् अघातिया है

गो क /मू /१७/११ घादीवि अघादि वा णिस्सेसं घादणे असक्कादो। णामतियणिमित्तादो विग्घं पडिदं अघादि चरिमम्हि ॥१७॥ =अन्तरायकर्म घातिया है तथापि अघातिया कर्मवत् है। समस्त जीवके गुण घातनेको समर्थ नाहीं है। नाम, गोत्र, वेदनीय इन तीन कर्मनिके निमित्तते ही इसका व्यापार है। इसी कारण अघातियानिके पीछे अन्त विषै अन्तराय कर्म कह्या है।

ध. १/१,१,१/४४/४ रहस्यमन्तरायः, तस्य शेषघातित्रितयविनाशाविनाभाविनो भ्रष्टबीजबन्नि शक्तीकृताघातिकर्मणो हननादरिहन्ता। =रहस्य अन्तरायकर्मको कहते हैं। अन्तराय कर्मका नाश शेष तीन घातिया कर्मोंके नाशका अविनाभावी है और अन्तरायकर्मके नाश होनेपर अघातिया कर्म भ्रष्ट बीजके समान निःशक्त हो जाते हैं।

४. सर्वघाती व देशघाती अनुभाग निर्देश

१. सर्वघाती व देशघाती अनुभाग निर्देश

रा.वा /८/२३,७/५८४/२९ घातिकाश्चापि द्विविधाः सर्वघातिका देशघातिकाश्चेति। =घातिया प्रकृतियाँ भी दो प्रकार हैं—सर्वघाती व देशघाती। (ध. ७/२,१,१५/६३/६) (गो क /जी प्र/३८/४८/२)।

२. सर्वघाती व देशघातीके लक्षण

क पा. ५/§३/३/११ सव्वघादि त्ति किं। सगपडिबद्धं जीवगुणं सव्वं-णिरवसेसं घाइउ विणासिदु सील जस्स अणुभागस्स सो अणुभागो सव्वघादी। =सर्वघाती इस पदका क्या अर्थ है? अपनेसे प्रतिबद्ध जीवके गुणको पूरी तरहसे घातनेका जिस अनुभागका स्वभाव है उस अनुभागको सर्वघाती कहते हैं।

द्र. सं /टी /३४/९९ सर्वप्रकारेणात्मगुणप्रच्छादिका कर्मशक्तय सर्वघातिस्पर्द्धकानि भण्यन्ते, विवक्षितैकदेशेनात्मगुणप्रच्छादिकाः शक्तयो देशघातिस्पर्द्धकानि भण्यन्ते। =सर्वप्रकारसे आत्मगुणप्रच्छादक कर्मोंकी शक्तियाँ सर्वघाती स्पर्धक कहे जाते हैं और विवक्षित एकदेश रूपसे आत्मगुणप्रच्छादक शक्तियाँ देशघाती स्पर्द्धक कहे जाते हैं।

३. सर्वघाती व देशघाती प्रकृतियोंका निर्देश

पं.स.प्रा/४८३-४८४ केवलणाणावरणं दंसणछक्कं च मोहबारसयं। ता सव्वघाइसण्णा मिस्सं मिच्छत्तमेयवीसदिमं ॥४८३॥ णाणावरण-चउक्क दंसणतिगमंतराइगे पंच। ता होंति देशघाई सम्मं संजलण-णोकसाया य ॥४८४॥ =केवलज्ञानावरण, दर्शनावरणषट्क अर्थात् पाँच निद्रायें व केवलदर्शनावरण, मोहनीयकी बारह अर्थात् अनन्तानुबन्धी, अप्रत्याख्यान और प्रत्याख्यान चतुष्क, मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व इन २१ प्रकृतियोंकी सर्वघाती संज्ञा है ॥४८३॥ ज्ञानावरणके शेष चार, दर्शनावरणकी शेष तीन, अन्तरायकी पाँच, सम्यक्त्वप्रकृति, संज्वलनचतुष्क और नौ नोकषाय—ये छब्बीस देशघाती प्रकृतियाँ हैं ॥४८४॥ (रा वा /८/२३,७/५८४/३०) (गो क./मू /३९-४०/४३) (प. स स./४/३१०-३१३)।

गो क /जी प्र /५४६/७०८/१४ द्वादश कषायाणां स्पर्धकानि सर्वघातीन्येव न देशघातीनि। =बारह कषाय अर्थात् अनन्तानुबन्धी, अप्रत्याख्यान और प्रत्याख्यान चतुष्कके स्पर्धक सर्वघाती ही हैं, देशघाती नहीं।

४. सर्व व देशघाती प्रकृतियोंमें चतुःस्थानीय अनुभाग

ध.७/२,१,१५/६३/गा१४ सव्वावरणीय पुण उक्कस्सं होदि दारुगसमाणे। हेट्ठा देसावरणं सव्वावरणं च उवरिल्लं ॥१४॥ घातिया कर्मोंकी जो अनुभाग शक्ति लता, दारु, अस्थि और शैल समान कही गयी है, उसमें दारु तुल्यसे ऊपर अस्थि और शैल तुल्य भागोंमें तो उत्कृष्ट सर्वावरणीय या सर्वघाती शक्ति पायी जाती है, किन्तु दारु सम भागके निचले अनन्तिम भागमें (व उससे नीचे सब लता तुल्य भागमें) देशावरण या देशघाती शक्ति है, तथा ऊपरके अनन्त बहु भागोंमें (मध्यम) सर्वावरण शक्ति है।

गो क./मू /१८०/२११ सत्ती य लदादारू अट्ठीसेलोवमाहु घादीणं। दारु-अणंतिमभागोत्ति देसघादी तदो सव्वं। =घातिया प्रकृतियोंमें लता दारु अस्थि व शैल ऐसी चार शक्तियाँ है। उनमें दारुका अनन्तिम भाग (तथा लता) तो देशघाती है और शेष सर्वघाती है। (द्र. सं./टी./३३/९३)।

क्ष सा./भाषा टी./४६५/५४०/११ तहाँ जघन्य स्पर्धकतैं लगाय अनन्त स्पर्धक लता भाग रूप है। तिनके ऊपर अनन्त स्पर्धक दारु भाग रूप हैं। तिनिके ऊपर अनन्त स्पर्धक अस्थि भाग रूप हैं। तिनिके ऊपर उत्कृष्ट स्पर्धक पर्यन्त अनन्त स्पर्धक शैल भाग रूप हैं। तहाँ प्रथम स्पर्धक देशघातीका जघन्य-स्पर्धक है तहाँ तैं लगाय लता भागके सर्व स्पर्धक अर दारु भागके अनन्तवाँ भाग मात्र (निचले) स्पर्धक देशघाती है। तहाँ अन्त विषैं देशघाती उत्कृष्ट स्पर्धक भया। बहुरि ताके ऊपरि सर्वघातीका जघन्य स्पर्धक है। तातैं लगाय ऊपरिके सब स्पर्धक सर्वघाती है। तहाँ अन्त स्पर्धक उत्कृष्ट सर्वघाती जानना।

५. कर्म प्रकृतियोंमें यथायोग्य चतुःस्थानीय अनुभाग

१. ज्ञानावरणादि सर्व प्रकृतियोंकी सामान्य प्ररूपणा

प. स प्रा./४/४८६ आवरणदेसघायंतरायसजलणपुरिससत्तरस। चउविह-भावपरिणया तिभावसेसा सयं तु सत्तट्ठियं। =मतिज्ञानावरणादि चार, चक्षुदर्शनावरणादि तीन, अन्तरायकी पाँच, संज्वलन चतुष्क और पुरुषवेद, ये सत्तरह प्रकृतियाँ लता, दारु, अस्थि और शैल रूप चार प्रकारके भावोंसे परिणत है। अर्थात् इनका अनुभाग बन्ध एक-स्थानीय, द्विस्थानीय, त्रिस्थानीय और चतुःस्थानीय होता है। शेष १०७ प्रकृतियाँ दारु, अस्थि और शैलरूप तीन प्रकारके भावोंसे परिणत होती है। उ का एक स्थानीय (केवल लता रूप) अनुभाग बन्ध नहीं होता ॥४८

क्ष. सा./भाषा टीका/४६५/५४०/१७ केवलके बिना च्यारि ज्ञानावरण, तीन दर्शनावरण, अर सम्यक्त्व मोहनीय, संज्वलन चतुष्क, नोकषाय नव, अन्तराय पाँच इन छब्बीस प्रकृतिनिकी लता समान स्पर्धककी प्रथम वर्गणा सो एक-एक वर्गके अविभाग प्रतिच्छेदकी अपेक्षा समान है। बहुरि मिथ्यात्व बिना केवलज्ञानावरण, केवलदर्शनावरण, निद्रा पाँच, मिश्रमोहनीय, संज्वलन बिना १२ कषाय इन सर्वघाती २०

प्रकृतिनिके देशघाता स्पर्धक है नाहीं। तातें सर्वघाती जघन्य स्पर्धक वर्गणा तैसे ही परस्पर समान जाननी। तहाँ पूर्वोक्त देशघाती छब्बीस प्रकृतिनिकी अनुभाग रचना देशघाती जघन्य स्पर्धक तें लगाय उत्कृष्ट देशघाती स्पर्धक पर्यन्त होइ। तहाँ सम्यक्त्वमोहनीय-का तौ इहाँ ही उत्कृष्ट अनुभाग होइ निवरया। अवशेष २५ प्रकृतिनिकी रचना तहाँ तै ऊपर सर्वघाती उत्कृष्ट स्पर्धक पर्यन्त जाननी। बहुरि सर्वघाती बीस प्रकृतिनिकी रचना सर्वघातीका जघन्य स्पर्धकतैं लगाय उत्कृष्ट स्पर्धक पर्यन्त है। यहाँ विशेष इतना—सर्वघाती दारु भागके स्पर्धकनिका अनन्तवाँ भागमात्र स्पर्धक पर्यन्त मिश्र मोहनीयके स्पर्धक जानने। ऊपरि नहीं है। बहुरि इहाँ पर्यन्त मिथ्यात्वके स्पर्धक नाही है। इहाँतैं ऊपरि उत्कृष्ट स्पर्धक पर्यन्त मिथ्यात्वके स्पर्धक है।

२ मोहनीय प्रकृतिकी विशेष प्ररूपणा

क. पा. ५/४-२२/चूर्णसूत्र/§१८९-२१४/१२९-१५१ उत्तरपयडिअणुभागविहत्ति वत्तइस्सामो ।§१८९। पुव्वं गणिज्जा इमा परूवणा ।§१९०। सम्मत्तस्स पढमं देसघादिफद्दयमादि कादूण जाव चरिम घादिफद्दयं त्ति एदाणि फद्दयाणि ।§१९१। सम्मामिच्छत्तस्स अणुभागसंतकम्मं सव्वघादिआदिफद्दयमादिकादूण दारुअसमाणस्स अणंतभागे णिट्ठिदं ।§१९२। मिच्छत्तस्स अणुभागसंतकम्मं जम्मि सम्मामिच्छत्तस्स अणुभागसंतकम्मं णिट्ठिदं तदो अणंतरफद्दयमाढत्ता उवरि अप्पडिसिद्धं ।§१९३। बारसकसायाणमणुभागसंतकम्म सव्वघादीणं दुट्ठाणियमादिफद्दयमादि कादूण उवरिमप्पडिसिद्धं ।§१९४। चदुसंजलणणवणोकसायाणमणुभागसंतकम्म देसघादीणमादिफद्दयमादि कादूण उवरि सव्वघादि त्ति अप्पडिसिद्धं ।§१९५। तत्थ दुविधा सण्णा घादि सण्णा ट्ठाणसण्णा च ।§१९६। ताओ दो वि एक्कदो णिज्जंति ।§१९७। मिच्छत्तस्स अणुभागसंतकम्मं जहण्णयं सव्वघादि दुट्ठाणियं ।§१९८। उक्कस्सयमणुभागसंतकम्मं सव्वघादिचदुट्ठाणियं ।§२००। एवं बारसकसायछण्णोकसायाणं ।§२०१। सम्मत्तस्स अणुभागसंतकम्म देसघादि एगट्ठाणियं वा दुट्ठाणियं वा ।§२०२। सम्मामिच्छत्तस्स अणुभागसंतकम्मं सव्वघादि दुट्ठाणियं ।§२०३। एक्कं चेव ट्ठाणं सम्मामिच्छत्ताणुभागस्स ।§२०४। चदुसंजलणाणमणुभागसंतकम्मं सव्वघादी वा देसघादी वा एगट्ठाणियं वा दुट्ठाणियं वा तिट्ठाणियं वा चउट्ठाणियं वा ।§२०५। इत्थिवेदस्स अणुभागसंतकम्मं सव्वघादी दुट्ठाणियं वा तिट्ठाणियं वा चउट्ठाणियं वा ।§२०६। मोत्तूण खवगचरिमसमयइत्थिवेदय उदयणिसेगं ।§२०७। तस्स देसघादी एगट्ठाणियं ।§२०८। पुरिसवेदस्स अणुभागसंतकम्मं जहण्णयं देसघादी एगट्ठाणियं ।§२०९। उक्कस्साणुभागसंतकम्म सव्वघादी चदुट्ठाणियं ।§२१०। णवुंसयवेदयस्स अणुभागसंतकम्मं जहण्णयं सव्वघादी दुट्ठाणियं ।§२११। उक्कस्सयमणुभागसंतकम्मं सव्वघादी चउट्ठाणियं ।§२१२। णवरि खवगस्स चरिमसमयणवुंसयवेदयस्स अणुभागसंतकम्म देसघादी एगट्ठाणियं ।§२१४। =अब उत्तर प्रकृति अनुभाग विभक्तिको कहते हैं ॥१८९॥ पहिले इस प्ररूपणाको जानना चाहिए ॥१९०॥ सम्यक्त्व प्रकृतिके प्रथम देशघाती स्पर्धकसे लेकर अन्तिम देशघाती स्पर्धक पर्यन्त ये स्पर्धक होते हैं ॥१९१॥ सम्यग्मिथ्यात्व प्रकृतिका अनुभागसत्कर्म प्रथम सर्वघाती स्पर्धकसे लेकर दारुके अनन्तवें भाग तक होता है ॥१९२॥ जिस स्थानमें सम्यग्मिथ्यात्वका अनुभागसत्कर्म समाप्त हुआ उसके अनन्तरवर्ती स्पर्धकसे लेकर आगे बिना प्रतिषेधके मिथ्यात्व सत्कर्म होता है ॥१९३॥ बारह कषायोंका अनुभागसत्कर्म सर्वघातियोंके द्विस्थानिक प्रथम स्पर्धकसे लेकर आगे बिना प्रतिषेधके होते हैं। (अर्थात दारुके जिस भागसे सर्वघाती स्पर्धक प्रारम्भ होते हैं उस भागसे लेकर शैल पर्यन्त उनके स्पर्धक होते हैं।) ॥१९४॥ चार संज्वलन और नव नोकषायोंका अनुभागसत्कर्म देशघातियोंके प्रथम स्पर्धकसे लेकर आगे बिना प्रतिषेधके सर्वघाती पर्यन्त है।' (तो भी उन सबके अन्तिम स्पर्धक समान नहीं है) ॥१९५॥ उनमें-से संज्ञा दो प्रकारकी है—घाति संज्ञा और स्थान संज्ञा ॥१९६॥ आगे उन दोनों संज्ञाओंको एक साथ कहते हैं ॥१९७॥ मिथ्यात्वका जघन्य अनुभाग सत्कर्म सर्वघाती और द्विस्थानिक (लता दारु रूप) है ॥१९८॥ मिथ्यात्वका उत्कृष्ट अनुभाग सत्कर्म सर्वघाती और चतु स्थानिक (लता, दारु, अस्थि, शैल) रूप है ॥२००॥ इसी प्रकार बारह कषाय और छह नोकषायों (त्रिवेद रहित) का अनुभाग सत्कर्म है ॥२०१॥ सम्यक्त्वका अनुभाग सत्कर्म देशघाती है और एकस्थानिक तथा द्विस्थानिक है (लता रूप तथा लता दारु रूप) ॥२०२॥ सम्यग्मिथ्यात्वका अनुभागसत्कर्म सर्वघाती और द्विस्थानिक (लता दारु रूप) है ॥२०३॥ सम्यग्मिथ्यात्वके अनुभागका एक (द्विस्थानिक) ही स्थान होता है ॥२०४॥ चार संज्वलन कषायोंका अनुभागसत्कर्म सर्वघाती और देशघाती तथा एक स्थानिक (लता) द्विस्थानिक (लता दारु), त्रिस्थानिक (लता, दारु, अस्थि) और चतु स्थानिक (लता दारु, अस्थि व शैल) होता है ॥२०५॥ स्त्रीवेदका अनुभाग सत्कर्म सर्वघाती तथा द्विस्थानिक, त्रिस्थानिक और चतु स्थानिक होता है (केवल लतारूप नहीं होता) ॥२०६॥ मात्र अन्तिम समयवर्ती क्षपक स्त्रीवेदीके उदयगत निषेकका छोड़कर शेष अनुभाग सर्वघाती तथा द्विस्थानिक, त्रिस्थानिक और चतु स्थानिक होता है ॥२०७॥ किन्तु उस (पूर्वोक्त क्षपक) का अनुभाग सत्कर्म देशघाती और एक स्थानिक होता है ॥२०८॥ पुरुषवेदका जघन्य अनुभाग सत्कर्म देशघाती और एक स्थानिक है ॥२०९॥ तथा उत्कृष्ट अनुभाग सत्कर्म सर्वघाती और चतु स्थानिक होता है ॥२१०॥ नपुंसकवेदका जघन्य अनुभाग-सत्कर्म सर्वघाती और द्विस्थानिक होता है ॥२११॥ तथा (उसीका) उत्कृष्ट अनुभागसत्कर्म सर्वघाती और चतु स्थानिक होता है ॥२१२॥ इतना विशेष है कि अन्तिम समयवर्ती नपुंसकवेदी क्षपकका अनुभागसत्कर्म देशघाती और एकस्थानिक होता है ॥२१४॥

६. कर्मप्रकृतियोंमें सर्व व देशघाती अनुभाग विषयक शंका-समाधान

१ मति आदि ज्ञानावरण देशघाती कैसे हैं

ज्ञानबिन्दु—प्रश्न—मति आदि ज्ञानावरण देशघाती कैसे है? उत्तर—मति, श्रुत, अवधि, मन पर्यय चार ज्ञानावरण ज्ञानांशको घात करनेके कारण देशघाती है, जब कि केवलज्ञानावरण ज्ञानके प्रचुर अंशोंको घातनेके कारण सर्वघाती है। (अवधि व मन पर्यय ज्ञानावरणमें देश-घाती सर्वघाती दोनों स्पर्धक है। दे—उदय ४।२)।

२ केवलज्ञानावरण सर्वघाती है या देशघाती

ध १३/५,५,२१/२१४/९० केवलणाणावरणीयं किं सव्वघादी आहो देसघादी। ण ताव सव्वघादी, केवलणाणस्स णिस्सेसाभावे सते जीवाभावप्पसंगादो आवरणिज्जाभावेण सेसावरणाणमभावप्पसंगादो वा। ण च देसघादी, 'केवलणाण-केवलदंसणावरणीयपयडीओ सव्वघादियाओ' त्ति सुत्तेण सह विरोहादो। एत्थ परिहारो—ण ताव केवलणाणावरणीयं देसघादी, किंतु सव्वघादी चेव, णिस्सेसमावरिदकेवलणाणत्तादो। ण च जीवाभावो, केवलणाणे आवरिदे वि चदुण्णं णाणाणं संतुवलंभादो। जीवम्मि एक्कं केवलणाणं, तं च णिस्सेसमावरिदं। कत्तो पुण चदुण्णं णाणाणं संभवो। ण, छारच्छण्णग्गीदाहुप्पत्तीए इव सव्वघादिणा आवरणेण आवरिदकेवलणाणादो चदुण्णं णाणाणमुप्पत्तीए विरोहाभावादो। एदाणि चत्तारि वि णाणाणि केवलणाणस्स अवयवा ण होंति। =प्रश्न—केवलज्ञानावरणीयकर्म क्या सर्वघाती है या देशघाती? (क) सर्वघाती तो हो नहीं सकता, क्योंकि केवलज्ञान-का निःशेष अभाव मान लेनेपर जीवके अभावका प्रसंग आता है। अथवा आवरणीय ज्ञानोंका अभाव होनेपर शेष आवरणोंके अभावका प्रसंग प्राप्त होता है। (ख) केवलज्ञानावरणीय कर्म देशघाती भी नहीं हो सकता, क्योंकि ऐसा माननेपर 'केवलज्ञानावरणीय और केवल-

दर्शनावरणीय कर्म सर्वघाती है' इस सूत्रके साथ विरोध आता है ? उत्तर--केवल ज्ञानावरणीय देशघाती तो नहीं है, किन्तु सर्वघाती ही है, क्योंकि वह केवलज्ञानका निःशेष आवरण करता है, फिर भी जीवका अभाव नहीं होता, क्योंकि केवलज्ञानके आवृत होनेपर भी चार ज्ञानोंका अस्तित्व उपलब्ध होता है। प्रश्न—जीवमें एक केवलज्ञान है। उसे जब पूर्णतया आवृत कहते हो, तब फिर चार ज्ञानोंका सद्भाव कैसे हो सकता है ? उत्तर—नहीं, क्योंकि जिस प्रकार राखसे ढकी हुई अग्निसे वाष्पकी उत्पत्ति होती है, उसी प्रकार सर्वघाती आवरणके द्वारा केवलज्ञानके आवृत होनेपर भी उससे चार ज्ञानोंकी उत्पत्ति होनेमें कोई विरोध नहीं आता। प्रश्न—चारों ज्ञान केवलज्ञानके अवयव हैं या स्वतन्त्र ? उत्तर—दे ज्ञान I/४।

३ सम्यक्त्व प्रकृति देशघाती कैसे है

क पा ५/४-२२/§१११/१३०/१ लदासमाणजहण्णफद्दयमादिं कादूण जाव देसघादिदारू असमाणुक्कस्सफद्दय त्ति ट्ठिदसम्मत्ताणुभागस्स कुदो देसघादित्तं। ण, सम्मत्तस्स एगदेस घादेताण तदविरोहो। को भागो सम्मत्तस्स तेण घाइज्जदि। थिरत्त णिक्कंखत्तं। प्रश्न—लता रूप जघन्य स्पर्धकसे लेकर देशघाती दारुरूप उत्कृष्ट स्पर्धक पर्यन्त स्थित सम्यक्त्वका अनुभाग देशघाती कैसे है ? उत्तर—नहीं, क्योंकि सम्यक्त्व प्रकृतिका अनुभाग सम्यग्दर्शनके एकदेशको घातता है। अतः उसके देशघाती होनेमें कोई विरोध नहीं है। प्रश्न—सम्यक्त्वके कौन-से भागका सम्यक्त्व प्रकृति द्वारा घात होता है ? उत्तर—उसकी स्थिरता और निष्कांक्षिताका घात होता है। अर्थात् उसके द्वारा घाते जानेसे सम्यग्दर्शनका मूलसे विनाश तो नहीं होता किन्तु उसमें चल, मल आदि दोष आ जाते हैं।

४ सम्यग्मिथ्यात्व प्रकृति सर्वघाती कैसे है

क पा ५/४-२२/§१२/१३०/१० सम्मामिच्छत्तफद्दयाणं कुदो सव्वघादित्तं। णिस्सेससम्मत्तघायणादो। ण च सम्मामिच्छत्ते सम्मत्तस्स गंधो वि अत्थि, मिच्छत्तसम्मत्तेहिंतो जच्चंतरभावेणुप्पण्णे सम्मामिच्छत्ते सम्मत्त-मिच्छत्ताणमत्थित्तविरोहादो। =प्रश्न—सम्यग्मिथ्यात्वके स्पर्धक सर्वघाती कैसे हैं ? उत्तर क्योंकि वे सम्पूर्ण सम्यक्त्वका घात करते हैं। सम्यग्मिथ्यात्वके उदयमें सम्यक्त्वकी गन्ध भी नहीं रहती, क्योंकि मिथ्यात्व और सम्यक्त्वकी अपेक्षा जात्यन्तररूपसे उत्पन्न हुए सम्यग्मिथ्यात्वमें सम्यक्त्व और मिथ्यात्वके अस्तित्वका विरोध है। अर्थात् उस समय न सम्यक्त्व ही रहता है और न मिथ्यात्व ही रहता है, किन्तु मिला हुआ दही-गुडके समान एक विचित्र ही मिश्रभाव रहता है।

ध ५/१,७,४/११८/६ सम्मामिच्छत्त-खओवसमियमिदि चे एवं विहविवक्खाए सम्मामिच्छत्त खओवसमियं मा होदु, किंतु अवयवावयवनिराकरणानिराकरणं पडुच्च खओवसमियं सम्मामिच्छत्तदव्वकम्म पि सव्वघादी चेव होदु, जच्चंतरस्स सम्मामिच्छत्तस्स सम्मत्ताभावादो। किंतु सद्दहणभागो ण होदि, सद्दहणासद्दहणाणमेयत्तविरोहा। =सम्यग्मिथ्यात्वका उदय रहते हुए अवयवी रूप सम्यक्त्व गुणका तो निराकरण रहता है किन्तु सम्यक्त्व गुणका अवयव रूप अंश प्रगट रहता है, इस प्रकार क्षायोपशमिक भी वह सम्यग्मिथ्यात्व द्रव्यकर्म सर्वघाती ही होवे, क्योंकि जात्यन्तर सम्यग्मिथ्यात्व कर्मके सम्यक्त्वत्वका अभाव है। किन्तु श्रद्धान भाग अश्रद्धान भाग नहीं हो जाता है, क्योंकि श्रद्धान और अश्रद्धानके एकताका विरोध है।

ध १/१,१,११/१६८/५ सम्यग्दृष्टेर्निरन्वयविनाशाकारिणः सम्यग्मिथ्यात्वस्य कथं सर्वघातित्वमिति चेन्न, सम्यग्दृष्टेः साकल्यप्रतिबन्धितामपेक्ष्य तस्य तथोपदेशात्। प्रश्न—सम्यग्मिथ्यात्वका उदय सम्यग्दर्शनका निरन्वय विनाश तो करता नहीं है फिर उसे सर्वघाती क्यों कहा ? उत्तर—ऐसी शंका ठीक नहीं है, क्योंकि वह सम्यग्दर्शनकी पूर्णताका प्रतिबन्ध करता है, इस अपेक्षासे सम्यग्मिथ्यात्वको सर्वघाती कहा है।

ध ७/२,१,७६/११०/८ होदु णाम सम्मत्तं पडुच्च सम्मामिच्छत्तफद्दयाणं सव्वघादित्तं, किंतु असुद्धणए विवक्खिए ण सम्मामिच्छत्तफद्दयाणं सव्वघादित्तमत्थि, तेसिमुदए संते वि सिद्धसम्मत्तकणस्सुवलंभादो। =सम्यक्त्वकी अपेक्षा भले ही सम्यग्मिथ्यात्व स्पर्धकोंमें सर्वघातीपन हो, किन्तु अशुद्धनयकी विवक्षासे सम्यग्मिथ्यात्व प्रकृतिके स्पर्धकोंमें सर्वघातीपन नहीं होता, क्योंकि उनका उदय रहनेपर भी मिथ्यात्वमिश्रित सम्यक्त्वका कण पाया जाता है। (ध १४/५,६,१६/२१/६)।

५. मिथ्यात्व प्रकृति सर्वघाती कैसे है

क पा ५/४-२२/§२००/१३६/७ कुदो सव्वघादित्तं। सम्मत्तासेसावयवविणासणेण। प्रश्न—यह सर्वघाती क्यों है ? उत्तर—क्योंकि यह सम्यक्त्वके सब अवयवोंका विनाश करता है, अतः सर्वघाती है।

६ प्रत्याख्यानावरणकषाय सर्वघाती कैसे है

ध ५/१,७,७/२०२/५ एवं संते पच्चक्खाणावरणस्स सव्वघादित्तं फिट्टदि त्ति उत्ते ण फिट्टदि, पच्चक्खाणं सव्व घादयदि त्ति तं सव्वघादी उच्चदि। सव्वमपच्चक्खाणं ण घादेदि, तस्स तत्थ वावाराभावा। =प्रश्न—यदि ऐसा माना जाये (कि प्रत्याख्यानावरण चतुष्कके उदयके सर्व प्रकारके चारित्र विनाश करनेकी शक्तिका अभाव है) तो प्रत्याख्यानावरण कषायका सर्वघातीपन नष्ट हो जाता है ? उत्तर—नहीं होता, क्योंकि प्रत्याख्यानावरण कषाय अपने प्रतिपक्षी सर्व प्रत्याख्यान (संयम) गुणको घातता है, इसलिए वह सर्वघाती कहा जाता है। किन्तु सर्व अप्रत्याख्यानको नहीं घातता है, क्योंकि इसका इस विषयमें व्यापार नहीं है।

७ मिथ्यात्वका अनुभाग चतुःस्थानीय कैसे हो सकता है

क पा ५/४-२२/§ १९८-२००/१३७-१४०/१२ मिच्छत्ताणुभागस्स दारु-अट्ठि-सेलसमाणाणि त्ति तिण्णि चेव ट्ठाणाणि लतासमाणफद्दयाणि उल्लंघिय दारुसमाणम्मि अवट्ठिदसम्मामिच्छत्तुक्कस्सफद्दयादो अणंतगुणभावेण मिच्छत्तजहण्णफद्दयस्स अवट्ठाणादो। तदो मिच्छत्तस्स जहण्णाणुभागसंतकम्मं दुट्ठाणियमिदि वुत्ते दारु-अट्ठि-समाणफद्दयाणं गहणं कायव्वं, अण्णहा तस्स दुट्ठाणियत्ताणुववत्तीदो।...लतादारुस्थानाभ्यां केनचिदंशान्तरेण समानतया एकत्वमापन्नस्य दारुसमानस्थानस्य तद्व्यपदेशोपपत्तेः। समुदाये प्रवृत्तस्य शब्दस्य तदवयवेऽपि प्रवृत्युपलम्भाद्वा ॥पृ १३७ १३८॥ लदासमाणफद्दएहि विणा कधं मिच्छत्ताणुभागस्स चदुट्ठाणियत्तं। मिच्छत्तुक्कस्सफद्दयम्मि लदा-दारु-अट्ठि-सेलसमाणट्ठाणाणि चत्तारि वि अत्थि, तेसिं फद्दयाविभागपलिच्छेदाणसंभवो,...मिच्छत्तुक्कस्साणुभागसंतकम्मं चदुट्ठाणियमिदि वुत्ते मिच्छत्तुक्कस्सफद्दयस्सेव कधं गहणं। ण, मिच्छत्तुक्कस्सफद्दयचरियवग्गणाए एगपरमाणुणा धरिदअणंताविभागपलिच्छेदणिप्पण्णअणंतफद्दयाणमुक्कस्साणुभागसंतकम्मववएसादो। =प्रश्न—मिथ्यात्वके अनुभागके दारुके समान, अस्थिके समान और शैलके समान, इस प्रकार तीन ही स्थान हैं। क्योंकि लता समान स्पर्धकोंको उल्लंघन करके दारुसमान अनुभागमें स्थित सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट स्पर्धकसे मिथ्यात्वका जघन्य अनुभागसत्कर्म द्विस्थानिक है ऐसा कहनेपर दारुसमान और अस्थिसमान स्पर्धकोंका ग्रहण करना चाहिए, अन्यथा वह द्विस्थानिक नहीं बन सकता ? उत्तर—किसी अंशान्तरकी अपेक्षा समान होनेके कारण लता समान और दारु समान स्थानोंसे दारुस्थान अभिन्न है, अतः उसमें द्विस्थानिक व्यपदेश हो सकता है। अथवा जो शब्द समुदायमें प्रवृत्त होता है, उसके अवयवमें भी उसकी प्रवृत्ति देखी जाती है, अतः केवल दारुसमान स्थानोंको भी द्विस्थानिक कहा जाता है। प्रश्न—जब मिथ्यात्वके स्पर्धक लता समान नहीं होते तो उसका अनुभाग चतुःस्थानिक कैसे है ? उत्तर—मिथ्यात्वके उत्कृष्ट स्पर्धकमें लता समान, दारु-समान, अस्थिसमान और शैलसमान चारों ही स्थान हैं क्योंकि उनके

स्पर्धकोंके अविभाग प्रतिच्छेदोंकी संख्या यहाँ पायी जाती है। और बहुत अविभाग प्रतिच्छेदोंमें स्तोक अविभाग प्रतिच्छेदोंका होना असंभव नहीं है, क्योंकि एक आदि संख्याके बिना अविभाग प्रतिच्छेदोंकी संख्या बहुत नहीं हो सकती। प्रश्न—मिथ्यात्वका उत्कृष्ट अनुभागसत्कर्म चतुःस्थानिक है, ऐसा कहनेपर मिथ्यात्वके एक उत्कृष्ट स्पर्धकका ही ग्रहण कैसे होता है? उत्तर—नहीं, क्योंकि मिथ्यात्वके उत्कृष्ट स्पर्धककी अन्तिम वर्गणामें एक परमाणुके द्वारा धारण किये गये अनन्त अविभाग प्रतिच्छेदोंसे निष्पन्न अनन्त स्पर्धकोंकी उत्कृष्ट अनुभाग सत्कर्म संज्ञा है।

८. मानकषायकी शक्तियोंके दृष्टान्त मिथ्यात्वादि प्रकृतियोंके अनुभागोंमें कैसे लागू हो सकते हैं

क. पा./५/४-२२/§१९९/१३९/१ लदा दारु-अट्ठि-सेलसण्णाओ माणाणुभागफद्दयाण लयाओ कधं मिच्छत्तम्मि पयट्टंति। ण, माणम्मि अवट्ठिदचदुण्हं सण्णाणमणुभागाविभागपलिच्छेदेहि समाणत्त पेक्खिदूण पयडिविरुद्धमिच्छत्तादिफद्दएसु वि पवुत्तीए वि रोहाभावादो। = प्रश्न—लता, दारु, अस्थि और शैल संज्ञाएँ मान कषायके अनुभाग स्पर्धकोंमें की गयी है। (दे. कषाय ३), ऐसी दशामें वे संज्ञाएँ मिथ्यात्वमें कैसे प्रवृत्त हो सकती हैं? उत्तर—नहीं, क्योंकि, मानकषाय और मिथ्यात्वके अनुभागके अविभागी प्रतिच्छेदोंके परस्परमें समानता देखकर मानकषायमें होनेवाली चारों संज्ञाओंकी मानकषायसे विरुद्ध प्रकृतिवाले मिथ्यात्वादि (सर्व कर्मोंके अनुभाग) स्पर्धकोंमें भी प्रवृत्ति होनेमें कोई विरोध नहीं है।

५. अनुभाग बन्ध सम्बन्धी कुछ नियम व प्ररूपणाएँ

१ प्रकृतियोंके अनुभागकी तरतमता सम्बन्धी सामान्य नियम

ध. १२/४,२,७,६५/५५/४ महाविसयस्स अणुभागो महल्लो होदि, थोवविसयस्स अणुभागो थोवो होदि। खवगसेडीए देसघादिबंधकरणे जस्स पुव्वमेव अणुभागबंधो देसघादी जादो तस्साणुभागो थोवो। जस्स पच्छा जादो तस्स बहुओ। = महान् विषयवाली प्रकृतिका अनुभाग महान् होता है और अल्प विषयवाली प्रकृतिका अनुभाग अल्प होता है। यथा - क्षपकश्रेणीमें देशघाती बन्धकरणके समय जिसका अनुभाग बन्ध पहले ही देशघाती हो गया है उसका अनुभाग स्तोक होता है और जिसका अनुभागबन्ध पीछे देशघाती होता है उसका अनुभाग बहुत होता है। (ध १२/४,२,७,१२४/६६/१५)।

२ प्रकृति विशेषोंमें अनुभागकी तरतमताका निर्देश

१ ज्ञानावरण व दर्शनावरणके अनुभाग परस्पर समान होते हैं

ध. ६/१२/४,२,७/४३/३३/२ णाणावरणीय-दंसणावरणीयवेयणाभावदो जहण्णियाओ दो वि तुल्लाओ अणंतगुणाओ। = भावकी अपेक्षा ज्ञानावरणीय और दर्शनावरणीयकी जघन्य वेदनाएँ दोनों ही परस्पर तुल्य होकर अनन्तगुणी है।

२. केवलज्ञान, दर्शनावरण, असाता व अन्तरायके अनुभाग परस्पर समान हैं

ध ६/१२/४,२,७/सू ७६/४६/६ केवलणाणावरणीयं केवलदंसणावरणीयं असादवेदणीय वीरियंतराइयं च चत्तारि वि तुल्लाणि अणंतगुणहीणाणि ॥७६॥ केवलज्ञानावरणीय, केवलदर्शनावरणीय, असातावेदनीय और वीर्यान्तराय ये चारों ही प्रकृतियाँ तुल्य होकर उससे अनंतगुणी हैं ॥७६॥

३. तिर्यंचायुसे मनुष्यायुका अनुभाग अनन्तगुणा है

ध. १२/४,२,१३,१६२/४३१/१२ सहावदो चेव तिरिक्खाउआणुभागादो मणुसाउअभावस्स अणंतगुणत्ता। = स्वभावसे ही तिर्यंचायुके अनुभागसे मनुष्यायुका भाव अनन्त गुणा है।

३. जघन्य व उत्कृष्ट अनुभागके बन्धकों सम्बन्धी नियम

१. अघातिया कर्मोंका उत्कृष्ट अनुभाग सम्यग्दृष्टिको ही बन्धता है, मिथ्यादृष्टिको नहीं

ध. १२/४,२,१३/२५०/४५६/४ ण च मिच्छाइट्ठीसु अघादिकम्माणमुक्कस्सभावो अत्थि सम्माइट्ठीसु णियमिदउक्कस्साणुभागस्स मिच्छाइट्ठीसु संभवविरोहादो। = मिथ्यादृष्टि जीवोंमें अघातिकर्मोंका उत्कृष्ट भाव संभव नहीं है, क्योंकि सम्यग्दृष्टि जीवोंमें नियमसे पाये जानेवाले अघाति कर्मोंके उत्कृष्ट अनुभागके मिथ्यादृष्टि जीवोंमें होनेका विरोध है।

ध १२/४,२,१३,२५६/४५९/२ असंजदसम्मादिट्ठिणा मिच्छादिट्ठिणा वा बद्धस्स देवाउअ पेक्खिदूण अप्पसत्थस्स उक्कस्सत्तविरोहादो। तेण अणंतगुणहीणा। = सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टिके द्वारा बान्धी गयी मनुष्यायु चूँकि देवायुकी अपेक्षा अप्रशस्त है, अतएव उसके उत्कृष्ट होनेका विरोध है। इसी कारण वह अनन्तगुणी हीन है।

२. गोत्रकर्मका जघन्य अनुभागबन्ध तेज व वातकायिकोंमें ही सम्भव है

ध. १२/४,२,१३,२०४/४४१/८ बादरतेउक्काइयपज्जत्तएसु जादजहण्णाणुभागेण सह अण्णत्थ उप्पत्तीए अभावादो। जदि अण्णत्थ उप्पज्जदि तो णियमा अणंतगुणवड्ढीए वड्ढिदो चेव उप्पज्जदि ण अण्णहा। = बादरतेजकायिक व वायुकायिक पर्याप्तक जीवोंमें उत्पन्न जघन्य अनुभागके साथ अन्य जीवोंमें उत्पन्न होना संभव नहीं। यदि वह अन्य जीवोंमें उत्पन्न होता है तो नियमसे वह अनन्तगुण वृद्धिसे वृद्धिको प्राप्त होकर ही उत्पन्न होता है, अन्य प्रकारसे नहीं।

४. प्रकृतियोंके जघन्य व उत्कृष्ट अनुभाग बन्धकोंकी प्ररूपणा

प्रमाण—१. (पं.स.प्रा./४/४६०-४८२) (दे स्थिति ६), (क.पा ५/४-२२/§२२६-२७६/१५१-१८५/केवल मोहनीय कर्म विषयक)।

संकेत-अनि०=अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें उस प्रकृतिकी बन्धव्युच्छित्तिसे पहला समय; अपू०=अपूर्वकरण गुणस्थानमें उस प्रकृतिकी बन्धव्युच्छित्तिसे पहला समय; अप्र०=अप्रमत्तसंयत, अवि०=अविरतसम्यग्दृष्टि, क्षपक०=क्षपकश्रेणी, चतु०=चतुर्गतिके जीव; ति०=तिर्यंच, तीव्र०=तीव्र संक्लेश या कषाययुक्त जीव, देश०=देशसंयत, ना०=नारकी, प्र०=प्रमत्तसंयत, मध्य०=मध्य परिणामों युक्त जीव, मनु०=मनुष्य, मि०=मिथ्यादृष्टि, विशु०=अत्यन्त विशुद्ध परिणामयुक्त जीव; सम्य०=सम्यग्दृष्टि; सा० मि०=सातिशय मिथ्यादृष्टि; सू० सा०=सूक्ष्मसाम्परायका चरम समय।

नाम प्रकृति	उत्कृष्ट अनुभाग	जघन्य अनुभाग
ज्ञानावरणीय ५	तीव्र० चतु० मि०	सू० सा०
दर्शनावरणीय ४	"	"
निद्रा, प्रचला	"	अपू०
निद्रा निद्रा, प्रचला प्रचला	"	सा० मि०/चरम
स्त्यानगृद्धि	"	"
अन्तराय ५	"	सू० सा०
मिथ्यात्व	"	सा० मि०/चरम
अनन्तानुबन्धी चतु०	"	"
अप्रत्याख्यान चतु०	"	प्र० सन्मुख अवि०
प्रत्याख्यान चतु०	"	प्र० सन्मुख देश०
संज्वलन चतु०	"	अनि०
हास्य, रति	"	अपू०
अरति, शोक	"	अप्र० सन्मुख प्र०
भय, जुगुप्सा	"	अपू०

नाम प्रकृति	उत्कृष्ट अनुभाग	जघन्य अनुभाग
स्त्री, नपुंसक वेद	तीव्र० चतु० मि०	तीव्र० चतु० मि०
पुरुष वेद	,,	अनि०
साता	क्षपक०	मध्य० मि० सम्य०
असाता	तीव्र० चतु० मि०	,,
नरकायु	मि० मनु० ति०	मि० मनु० ति०
तिर्यंचायु	,,	,,
मनुष्यायु	,,	,,
देवायु	अप्र०	,,
नरक द्वि०	मि० मनु० ति०	,,
तिर्यक् द्वि०	मि० देव० ना०	सप्तम पृ० ना०
मनुष्य द्वि०	सम्य० देव० ना०	मध्य० मि०
देव द्वि०	क्षपक०	मि० मनु० ति०
एकेन्द्रिय जाति	मि० देव	मध्य० मि०
		देव० मनु० ति०
२-४ इन्द्रिय जाति	मि० मनु० ति०	मि० मनु० ति०
पंचेन्द्रिय जाति	क्षपक०	तीव्र० चतु० मि०
औदारिक द्वि०	सम्य० देव ना०	मि० देव० ना०
वैक्रियक द्वि०	क्षपक०	मि० मनु० ति०
आहारक द्वि०	,,	प्र० सन्मुख अप्र०
तैजस शरीर	क्षपक०	तीव्र० चतु० मि०
कार्मण शरीर	,,	,,
निर्माण	,,	,,
प्रशस्त वर्णादि ४	,,	,,
अप्रशस्त वर्णादि ४	तीव्र० चतु० मि०	अपू० मध्य० मि०
समचतुरस्रसंस्था०	क्षपक	मध्य० मि०
शेष पाँच संस्थान	तीव्र चतु० मि०	,,
वज्र ऋषभ नाराच	सम्य० देव ना०	,,
वज्र नाराच आदि ४	तीव्र० चतु० मि०	,,
असंप्राप्त सृपाटिका	मि० देव ना०	,,
अगुरुलघु	क्षपक०	तीव्र० चतु० मि०
उपघात	तीव्र० चतु० मि०	अपू०
परघात	क्षपक	तीव्र० चतु० मि०

नाम प्रकृति	उत्कृष्ट अनुभाग	जघन्य अनुभाग
आतप	मि० देव	तीव्र० मि० भवन-त्रिकसे ईशान०
उद्योत		मि० देव ना०
उच्छ्वास	सू० सा०	तीव्र० चतु० मि०
प्रशस्त विहायो०	क्षपक०	मध्य० मि०
अप्रश० विहायो०	तीव्र० चतु० मि०	,,
प्रत्येक	क्षपक	तीव्र० चतु० मि०
साधारण	मि० मनु० ति०	मि० मनु० ति०
त्रस	क्षपक०	तीव्र० चतु० मि०
स्थावर	मि० देव	मध्य० मि० देव मनु० ति०
सुभग	क्षपक०	मध्य० मि०
दुर्भग	तीव्र० चतु० मि०	,,
सुस्वर	क्षपक०	,,
दुस्स्वर	तीव्र० चतु० मि०	,,
शुभ	क्षपक०	मध्य० मि० सम्य०
अशुभ	तीव्र० चतु० मि०	,,
सूक्ष्म	मि० मनु० ति०	मि० मनु० ति०
बादर	क्षपक	तीव्र० चतु० मि०
पर्याप्त	,,	,,
अपर्याप्त	मि० मनु० ति०	मि० मनु० ति०
स्थिर	क्षपक०	मध्य० मि० सम्य०
अस्थिर	तीव्र० चतु० मि०	,,
आदेय	क्षपक०	मध्य० मि०
अनादेय	तीव्र० चतु० मि०	,,
यश-कीर्ति	क्षपक०	मध्य० मि० सम्य०
अयश-कीर्ति	तीव्र० चतु० मि०	,,
तीर्थंकर	क्षपक०	ना० सन्मुख अवि०
उच्च गोत्र	क्षपक०	मध्य० मि०
नीच गोत्र	तीव्र० चतु० मि०	सप्तम पृ० ना० मि०
अन्तराय ५	—दे० दर्शनावरणीयके पश्चात्	

५. अनुभाग विषयक अन्य प्ररूपणाओंका सूचीपत्र

नाम प्रकृति	विषय	ज. उ. पद	भुजगारादि पद	ज. उ. वृद्धि	षड्गुण वृद्धि
		म. ब. पु./§···/पृ.	म. ब. पु./ ·/पृ	म. ब. पु./§ पृ	म. ब. पु./§ ·/पृ.
१. मूल प्रकृति	सन्निकर्ष	४/१७२-१८१/७४-७६			
	भंगविचय	४/१८२-१८५/७६-८१	४/२८५/१३१ १३२		
	अनुभाग अध्यवसाय स्थान सम्बन्धी सर्व प्ररूपणाएँ—	४/३७१-३८६/१६८-१७६			४/३६०-३६१/१६३-१६४
२. उत्तरप्रकृति	संनिकर्ष	५/१-३०८/१-१२६			
	भंगविचय	५/३०६-३१३/१२६-१२६	५/४६२-४६७/२७६-७८		५/६१७/३६२
	अध्यवसाय स्थान सम्बन्धी सर्व प्ररूपणाएँ –	५/६२६ ६५८/३७२-३६८			

अनुभाषण—शुद्ध प्रत्याख्यान—दे. प्रत्याख्यान १।

अनुभूति—दे. अनुभव।

अनुमत—दे अनुमति।

अनुमति—स्वयं तो कोई कार्य न करना, पर अन्यको करनेकी राय देना, अथवा उसके द्वारा स्वयं किया जानेपर प्रसन्न होना, अनुमति कहलाता है।

१. अनुमति सामान्यका लक्षण

रा.वा./६/८,६/५१४/११ अनुमतशब्द प्रयोजकस्य मानसपरिणामप्रदर्शनार्थः ॥६॥ यथा मौनव्रतिकश्चक्षुष्मान् पश्यन् क्रियमाणस्य कार्यस्याप्रतिषेधात् अभ्युपगमात् अनुमन्ता तथा कारयिता प्रयोक्तृत्वात् तत्समर्थाचरणावहितमन परिणाम अनुमन्तेत्यवगम्यते।—करनेवालेके मानस-परिणामोंकी स्वीकृति अनुमत है। जैसे कोई मौनी व्यक्ति किये जानेवाले कार्यका यदि निषेध नहीं करता तो वह उसका

अनुमोदक माना जाता है, उसी तरह करानेवाला प्रयोक्ता होनेसे और उन परिणामोंका समर्थक होनेसे अनुमोदक है। (स.सि./६/८/३२५) (चा सा./८८/६)।

२. अनुमतिके भेद

मू. आ./४१४ पडिसेवा पडिसुणणं संवासो चेव अणुमदी तिविहा।=प्रतिसेवा, प्रतिश्रवण, संवास ये तीन भेद अनुमतिके है।

३. प्रतिसेवा अनुमति

मू आ./४१४ उद्दिट्ठ यदि भुंजदे भोगयति च भवति प्रतिसेवा।=उद्दिष्ट आहारका भोजन करनेवाले साधुके प्रतिसेवा अनुमति नामका दोष होता है।

४. प्रतिश्रवण अनुमति

मू आ./४१५ उद्दिट्ठं जदि विचरदि पुव्वं पच्छा व होदि पडिसुणणं। ='यह आहार आपके निमित्त बनाया गया है' आहारसे पहिले या पीछे इस प्रकारके वचन दाताके मुखसे सुन लेनेपर आहार कर लेना या सन्तुष्ट तिष्ठना साधुके लिए प्रतिश्रवण अनुमति है।

५. संवास अनुमति

मू.आ./४१५ सावज्ज संकिलिट्ठो ममत्तिभावो दु संवासो ॥४१५॥=यदि साधु आहारादिके निमित्त ऐसा ममत्वभाव करे कि ये गृहस्थलोक हमारे है, वह उसके लिए संवास नामकी अनुमति है।

६. अनुमति त्याग प्रतिमा

र.क श्रा./१४६ अनुमतिरारम्भे वा परिग्रहे वैहिकेषु कर्मसु वा। नास्ति खलु यस्य समधीरनुमतिविरत स मन्तव्य ॥१४६॥=जिसकी आरम्भमें अथवा परिग्रहमे या इस लोक सम्बन्धी कार्योंमें अनुमति नहीं है, वह समबुद्धिवाला निश्चय करके अनुमति त्याग प्रतिमाका धारी मानने योग्य है। (का अ./मू./३८८) (वसु श्रा./३००) (गुणभद्र श्रा./१८२)।

सा ध./७/३१-३४ चैत्यालयस्थ. स्वाध्याय कुर्यान्मध्याह्नवन्दनात्। ऊर्ध्वमामन्त्रित' सोऽद्याद् गृहे स्वस्य परस्य वा ॥३१॥ यथाप्राप्तमदन् देहसिद्धयर्थं खलु भोजनम्। देहश्च धर्मसिद्धयर्थं मुमुक्षुभिरपेक्ष्यते ॥३२॥ सा मे कथ स्यादुद्दिष्टं सावद्यावष्टमश्नत'। कहिं भैक्षामृत भोक्ष्ये इति चेच्छेज्जितेन्द्रिय ॥३३॥ पञ्चाचारक्रियोद्युक्तो निष्क्रमिष्यन्नसौ गृहात्। आपृच्छेत गुरून् बन्धून् पुत्रादीश्च यथोचितम् ॥३४॥=इस अनुमतिविरति श्रावकको जिनालयमें रहकर ही शास्त्रोंका स्वाध्याय करना चाहिए तथा मध्याह्न वन्दना आदि कर लेनेके पश्चात् किसीके बुलानेपर पुत्रादिके घर अथवा किसी अन्यके घर भोजन करे ॥३१॥ भोजनके सम्बन्धमें इसे ऐसी भावना रखनी चाहिए कि मुमुक्षुजन शरीरकी स्थितिके अर्थ ही भोजनकी अपेक्षा रखते हैं और शरीरकी स्थिति भी धर्मसिद्धिके अर्थ करते है ॥३२॥ परन्तु उद्दिष्ट आहार करनेवाले मुझको उस धर्मकी सिद्धि कैसे हो सकती है, क्योंकि यह तो सावद्ययोग तथा जघन्य क्रियाओंके द्वारा उत्पन्न किया गया है। वह समय कब आयेगा जब कि मै भिक्षा रूपी अमृतका भोजन करूँगा ॥३३॥ पंचाचार पालन करनेवाले तथा गृहत्यागकी इच्छा रखनेवाले उसको माता-पितासे, बन्धुवर्गसे तथा पुत्रादिकोंसे यथोचित रूपसे पूछना चाहिए ॥३४॥

अनुमान—यह परोक्ष प्रमाणका एक भेद है, जो जैन व जैनेतर सर्व दर्शनकारोंको समान रूपसे मान्य है। यह दो प्रकारका होता है—स्वार्थ व परार्थ। लिंग परसे लिंगीका ज्ञान हो जाना स्वार्थ अनुमान है जैसे धुएँको देखकर अग्निका ज्ञान स्वत हो जाता है और हेतु तर्क आदि-द्वारा पदार्थका जो ज्ञान होता है वह परार्थानुमान है। इसमें पाँच अवयव होते है—पक्ष, हेतु, उदाहरण, उपनय व निगमन। इनका उचित रीतिसे प्रयोग करना 'न्याय' माना गया है। इसी विषयका कथन इस अधिकारमें किया गया है।

१. भेद व लक्षण
१. अनुमान सामान्यका लक्षण।
२. अनुमान सामान्यके दो भेद (स्वार्थ व परार्थ)।
३. स्वार्थानुमानके तीन भेद (पूर्ववत्, शेषवत् आदि)।
४. स्वार्थानुमानका लक्षण।
५ परार्थानुमानका लक्षण।
६. अन्वय व व्यतिरेक व्याप्तिलिंगज अनुमानोंके लक्षण।
७. पूर्ववत् अनुमानका लक्षण।
८. शेषवत् अनुमानका लक्षण।
९. सामान्यतोदृष्ट अनुमानका लक्षण।
* अनुमान बाधितका लक्षण। —दे. बाधित
२ अनुमान सामान्य निर्देश
१ अनुमानज्ञान श्रुतज्ञान है।
२. अनुमानज्ञान कोई प्रमाण नहीं।
* अनुमानज्ञान परोक्ष प्रमाण है। —दे. परोक्ष
* स्मृति आदि प्रमाणोंके नाम निर्देश। —दे परोक्ष
* स्मृति आदिकी एकार्थता तथा इनका परस्परमे कार्य-कारण सम्बन्ध। —दे. मतिज्ञान ३
३. अनुमानज्ञान भ्रान्ति या व्यवहार मात्र नहीं है बल्कि प्रमाण है।
४. कार्यपरसे कारणका अनुमान किया जाता है।
५ स्थूलपरसे सूक्ष्मका अनुमान किया जाता है।
६. परन्तु जीव अनुमानगम्य नहीं है।
* अनुमान अपूर्वार्थग्राही होता है। —दे. प्रमाण २
* अनुमान स्वपक्ष साधक परपक्ष दूषक होना चाहिए। —दे. हेतु २
३. अनुमानके अवयव
१. अनुमानके पाँच अवयवोंका नाम निर्देश।
२ पाँचों अवयवोंकी प्रयोग विधि।
३. स्वार्थानुमानमे दो ही अवयव होते है।
४. परार्थानुमानमे भी शेष तीन अवयव वीतराग कथामें ही उपयोगी है, वादमें नहीं।

१. भेद व लक्षण

१. अनुमान सामान्यका लक्षण—

न्या. वि./मू./२.१/१ साधनात्साध्यज्ञानमनुमानम्।=साधनसे साध्यका ज्ञान होना अनुमान है। (प.मु./३/१४) (का.अ./मू./२६७) न्या. दी./३/§१७) (न्या. वि./वृ/२.१/१/१६) (क पा/पु. ३/१-१५/§३०६/३४१/३)।

२. अनुमान सामान्यके भेद (स्वार्थ व परार्थ)

प. मु./३/५२-५३ तदनुमानं द्वेधा ॥५२॥ स्वार्थं परार्थभेदात् ॥५३॥=स्वार्थ व परार्थके भेदसे वह अनुमान दो प्रकारका है। (स म./२८/३२२/१) (न्या. दी./३/§२३)।

३. स्वार्थानुमानके तीन भेद (पूर्ववत् आदि)

न्या. सू./मू./१-१/५ अथ तत्पूर्वकं त्रिविधमनुमानं पूर्ववच्छेषवत्सामान्यतोदृष्टं च ॥५॥ =प्रत्यक्ष पूर्वक अनुमान तीन प्रकारका है—पूर्ववत्, शेषवत् और सामान्यतोदृष्ट। (रा वा /१/२०,१५/७८/११)।

४. स्वार्थानुमानका लक्षण

प. मु /३/५४,१४ स्वार्थमुक्तलक्षणम् ॥५४॥ साधनाद्साध्यविज्ञानमनुमानम् ॥१४॥ =स्वार्थका लक्षण पहिले कह दिया गया है ॥५४॥ कि साधनसे साध्यका विज्ञान होना अनुमान है ॥१४॥

स.म./२८/३२२/२ तत्रान्यथानुपपन्नैकलक्षणहेतुग्रहणसम्बन्धस्मरणकारणक साध्यविज्ञानं स्वार्थम्। =अन्यथानुपपत्ति रूप एक लक्षणवाले हेतुको ग्रहण करनेके सम्बन्धके स्मरणपूर्वक साध्यके ज्ञानको स्वार्थानुमान कहते हैं। (स. म /२०/२५६/१३)।

न्या. दी./३/§२८/७५ में उद्धृत "परोपदेशाभावेऽपि साधनात्साध्यबोधनम्। यद्वद्रष्टुर्जायते स्वार्थं मनुमान तदुच्यते ॥ =परोपदेशके अभावमें भी केवल साधनसे साध्यको जान जो ज्ञान देखनेवालेको उत्पन्न हो जाता है उसे स्वार्थानुमान कहते हैं।

न्या. दी./३/§२३/७१ परोपदेशमनपेक्ष्य स्वयमेव निश्चितात्प्राक्तर्कानुभूतव्याप्तिस्मरणसहकृताद्धूमादेः साधनादुत्पन्नपर्वतादौ धर्मिण्यग्न्यादेः साध्यस्य ज्ञानं स्वार्थानुमानमित्यर्थः। =परोपदेशकी अपेक्षा न रखकर स्वयं ही निश्चित तथा तर्क प्रमाणसे जिसका फल पहिले ही अनुभव हो चुकता है ऐसी व्याप्तिके स्मरणसे युक्त, ऐसे धूम आदि हेतुसे पर्वतादि धर्मीमें उत्पन्न होनेवाले जो अग्नि आदिक साध्यका ज्ञान, उसको स्वार्थानुमान कहते हैं। (न्या. दी./३/§१७)।

और भी दे. प्रमाण १, (स्वार्थ प्रमाण ज्ञानात्मक होता है)।

५. परार्थानुमानका लक्षण

प. मु /३/५५-५६ परार्थं तु तदर्थपरामर्शिवचनाज्जातम् ॥५५॥ तद्वचनमपि तद्धेतूपचारात् ॥५६॥ =स्वार्थानुमानके विषयभूत हेतु और साध्यको अवलम्बन करनेवाले वचनोसे उत्पन्न हुए ज्ञानको परार्थानुमान कहते हैं ॥५५॥ परार्थानुमानके प्रतिपादक वचन भी उस ज्ञानका कारण होनेसे उपचारसे परार्थानुमान हैं, मुख्यरूपसे नहीं ॥५६॥ (स.म /२८/३२२/३)।

न्या. दी./३/§९६ परोपदेशमपेक्ष्य साधनात्साध्यविज्ञानं परार्थानुमानम्। प्रतिज्ञाहेतुरूपपरोपदेशवशाच्छ्रोतुरुत्पन्नं साधनात्साध्यविज्ञानं परार्थानुमानमित्यर्थः। यत पर्वतोऽयमग्निमान् भवितुमर्हति धूमवत्त्वान्यथानुपपत्तेरिति वाक्ये केनचित्प्रयुक्ते तद्वाक्यार्थं पर्यालोचयत स्मृतव्याप्तिकस्य श्रोतुरनुमानमुपजायते। =परोपदेशसे जो साधनसे साध्यका ज्ञान होता है वह परार्थानुमान है। अर्थात् प्रतिज्ञा और हेतुरूप दूसरेका उपदेश सुननेवालेको जो साधनसे साध्यका ज्ञान होता है उसे परार्थानुमान कहते हैं। जैसे कि इस पर्वतमें अग्नि होनी चाहिए, क्योंकि यदि यहाँपर अग्नि न होती तो धूम नहीं हो सकता था। इस प्रकार किसीके कहनेपर सुननेवालेको उक्त वाक्यके अर्थका विचार करते हुए और व्याप्तिका स्मरण होनेसे जो अनुमान होता है वह परार्थानुमान है। और भी दे प्रमाण १/३ (परार्थ प्रमाण वचनात्मक होता है)।

६. अन्वय व व्यतिरेक व्याप्तिलिंगज अनुमानोंके लक्षण

स.म./१६/२१६/६ यद्येन सह नियमेनोपलभ्यते तत्ततो न भिद्यते, यथा सच्चन्द्रादसच्चन्द्रः। नियमेनोपलभ्यते च ज्ञानेन सहार्थ इति व्यापकानुपलब्धिः। =जो जिसके साथ नियमसे उपलब्ध होता है, वह उससे भिन्न नहीं होता। जैसे यथार्थ चन्द्रमा भ्रान्त चन्द्रमाके साथ उपलब्ध होता है, अतएव भ्रान्त चन्द्रमा यथार्थ चन्द्रमासे भिन्न नहीं है। इसी प्रकार ज्ञान और पदार्थ एक साथ पाये जाते हैं, अतएव ज्ञान पदार्थसे भिन्न नहीं है। इस व्यापकानुपलब्धि अनुमानसे ज्ञान और पदार्थका अभेद सिद्ध होता है।

वैशेषिक सूत्रोपस्कार (चौखम्बा काशी)/२,१/१ व्यतिरेकव्याप्तिकाक्षिङ्गाद् यदनुमानं क्रियते तद्व्यतिरेकिलिङ्गानुमानमुच्यते। साध्याभावे साधनाभावप्रदर्शनं व्यतिरेकव्याप्तिः। तथा च प्रकृते अनुमाने सर्वज्ञरूपसाध्याभावे निर्दोषत्वरूपसाधनाभावः प्रदर्शितः। =व्यतिरेकव्याप्तिवाले लिंगसे जो अनुमान किया जाता है उसे **व्यतिरेक लिंगानुमान** कहते हैं। साध्यके अभावमें साधनका भी अभाव दिखलाना व्यतिरेकव्याप्ति है। प्रकृतमें सर्वज्ञरूप साध्यके अभावमें निर्दोषत्व रूप साधनाका भी अभाव दर्शाया गया है। अर्थात् यदि सर्वज्ञ नहीं है तो निर्दोषपना भी नहीं हो सकता। ऐसा अनुमान व्यतिरेकव्याप्ति अनुमान है।

७. पूर्ववत् अनुमानका लक्षण

रा वा /१/२०,१५/७८/१२ तत्र येनाग्नेर्निःसरत् पूर्वं धूमो दृष्टः, स प्रसिद्धाग्निधूमसम्बन्धाहितसंस्कारः पश्चाद्धूमदर्शनाद् 'अस्त्यत्राग्निः' इति पूर्ववदग्निं गृह्णातीति पूर्ववदनुमानम्। =जिसने अग्निसे निकलते हुए धूमको पहिले देखा है, वह व्यक्ति अग्नि और धूमके प्रसिद्ध सम्बन्ध विशेषको जाननेके संस्कारसे सहित है। वह व्यक्ति पीछे कभी धूमके दर्शन मात्रसे 'यहाँ अग्नि है' इस प्रकार पहिलेकी भाँति अग्निको ग्रहण कर लेता है। ऐसा पूर्ववत् अनुमान है। (न्या. सू / भा /१-१/५/१३/१)।

न्या. सू /१-१/५/१२/२४ पूर्ववदिति यत्र कारणेन कार्यमनुमीयते यथा मेघोन्नत्या भविष्यति वृष्टिरिति। =जहाँ कारणसे कार्यका अनुमान होता है उसे पूर्ववत अनुमान कहते हैं, जैसे बादलोंके देखनेसे आगामी वृष्टिका अनुमान करना।

८. शेषवत् अनुमानका लक्षण

रा वा /१/२०,१५/७८/१४ येन पूर्वं विषाणविषाणिनोः संबन्ध उपलब्धः तस्य विषाणरूपदर्शनाद्विषाणिन्यनुमानं शेषवत्। =जिस व्यक्तिने पहिले कभी सींग व सींगवाले के सम्बन्धका ज्ञान कर लिया है, उस व्यक्तिको पीछे कभी भी सींग मात्रका दर्शन हो जानेपर सींगवालेका ज्ञान हो जाता है। अथवा उस पशुके एक अवयवको देखनेपर भी शेष अनेक अवयवों सहित सम्पूर्ण पशुका ज्ञान हो जाता है, इसलिए वह शेषवत् अनुमान है।

न्या सू /भा /१-१/५/१२/२५ शेषवदिति यत्र कार्येण कारणमनुमीयते। पूर्वोदकविपरीतसमुदकं नद्याः पूर्णत्वं शीघ्रत्वं च दृष्ट्वा स्रोतसोऽनुमीयते भूता वृष्टिरिति। =कार्यसे कारणका अनुमान करना शेषवत् अनुमान कहलाता है। जैसे नदीकी बाढको देखकर उससे पहिले हुई वर्षाका अनुमान होता है, क्योंकि नदीका चढना वर्षाका कार्य है।

९. सामान्यतोदृष्ट अनुमानका लक्षण

रा वा./१/२०,१५/७८/१५ देवदत्तस्य देशान्तरप्राप्तिं गतिपूर्विकां दृष्ट्वा संबन्ध्यन्तरे सवितरि देशान्तरप्राप्तिदर्शनाद्द गतेरत्यन्तपरोक्षायाः अनुमानं सामान्यतोदृष्टम्। =देवदत्तका देशान्तरमें पहुँचना गतिपूर्वक होता है, यह देखकर सूर्यकी देशान्तर प्राप्तिपरसे अत्यन्त परोक्ष उसकी गतिका अनुमान कर लेना सामान्यतोदृष्ट है। (न्या. सू./भा /१-१/५/१२/२६/)।

२. अनुमान सामान्य निर्देश

१. अनुमान ज्ञान श्रुतज्ञान है

रा. वा /१/२०,१५/७८/१६ तदेतत्त्रितयमपि स्वप्रतिपत्तिकाले अनक्षरश्रुतं परप्रतिपत्तिकाले अक्षरश्रुतम्। =तीनों (पूर्ववत् शेषवत् व सामान्यतोदृष्ट) अनुमान स्वप्रतिपत्ति कालमें अनक्षरश्रुत हैं और पर प्रतिपत्तिकालमें अक्षरश्रुत है।

क. पा /पु./१/१-१५/३४१/३ धूमादिअत्थलिंगजं पुण अणुमाणं णाम। =धूमादि पदार्थरूप लिंगसे जो श्रुतज्ञान उत्पन्न होता है वह अर्थलिंगज श्रुतज्ञान है। इसका दूसरा नाम अनुमान भी है।

२. अनुमान ज्ञान कोई प्रमाण नहीं

ध. ६/१,१,६,६/१५१/१ पवयणे अणुमाणस्स पमाणस्स पमाणत्ताभावत्तादो। =प्रवचन (परमागम) में अनुमान प्रमाणके प्रमाणता नहीं मानी गयी है।

३ अनुमान ज्ञान परोक्ष प्रमाण है

सि. वि /मू /६/११-१२/३८६ यथास्व न चेद्बुद्धे स्वसविदन्यथा पुन। स्वाकारविभ्रमात सिध्येद भ्रान्तिरप्यनुमानधी ॥११॥ स्वव्यक्तस्वृतात्मानौ व्याप्नोत्येक स्वलक्षणम्। यदि हेतुफलात्मानौ व्याप्नोत्येक स्वलक्षणम् न बुद्धेर्ग्राह्यग्राहकाकारौ भ्रान्तावेव स्वयमेकान्तहानि ॥१२॥ =यदि ज्ञान यथायोग्य अपने स्वरूपको नहीं जानता तो अपने स्वरूपमें भी विभ्रम होनेसे स्वलक्षण बुद्धि भी भ्रान्तिरूप सिद्ध होगी। यदि कहोगे कि अनुमानसे जानेंगे तो अनुमान बुद्धि भी तो भ्रान्त है ॥११॥ यदि एक स्वलक्षण (बुद्धिरूप तु), सुव्यक्त (बोधस्वभाव प्रत्यक्ष)और सवृत (उससे विपरीत) रूपों में व्याप्त होता है, अर्थात् एक साथ व्यक्त और अव्यक्त स्वभाव रूप होता है तो उस स्वलक्षणके अपने कारण और कार्यमें व्याप्त होनेमें क्या रुकावट हो सकती है? बुद्धिके ग्राह्य और ग्राहक आकार सर्वथा भ्रान्त नहीं है ऐसा माननेसे स्वयं बौद्धके एकान्तकी हानि होती है ॥१२॥

सि. वि./वृ./६/१/३८७/२१ प्रमाणत सिद्धा, किमुच्यते व्यवहारिणेति। प्रमाणसिद्ध[त्योभ]योरपि अभ्युपगमार्हत्वात्' अन्यथा त्वरत प्रामाणिकत्वाद्वो येन (परस्यापि न प्रामाणिकत्वम्)। व्यवहार्यभ्युपगमात चेत्, अतएव प्रतिबन्धान्तरमस्तु। न च अप्रमाणाभ्युपगसिद्धे द्वैवैस स (द्वे. अर्धवैशस्य) न्यायो न्यायानुसारिणां युक्त। =यदि पूर्व और उत्तर क्षणमें तदुत्पत्ति सम्बन्ध प्रमाणसे सिद्ध है तो उसे व्यवहार सिद्ध क्यों कहते हो? जो प्रमाण सिद्ध है वह तो वादी और प्रतिवादी दोनोंके ही स्वीकार करने योग्य है। अन्यथा यदि वह प्रमाणसिद्ध नहीं है तो दूसरेको भी प्रामाणिकपना नहीं है। यदि व्यवहारोंके द्वारा स्वीकृत होनेसे उसे स्वीकार करते हैं तो इसीसे उन दोनोंके बीचमें अन्य प्रतिबन्ध मानना चाहिए। अप्रमाण भी हो और अभ्युगम (स्वीकृति) सिद्ध भी हो यह अर्ध वैशसन्याय न्यायानुसारियोंके योग्य नहीं है।

४. कार्यपर-से कारणका अनुमान किया जाता है

आप्त. मी./मू /६८/६६ कार्यलिङ्गं हि कारणम्। =कार्यलिंगसे ही कारणका अनुमान करिये है।

पं. ध./उ./३१२ अस्ति कार्यानुमानाद्धि कारणानुमिति. क्वचित्। दर्शनाच्छदपूरस्य देवो वृष्टो यथोपरि ॥३१२॥ =निश्चयसे कार्यके अनुमानसे कारणका अनुमान होता है। जैसे नदीमें पूर आया देखनेसे यह अनुमान हो जाता है कि ऊपर कहीं वर्षा हुई है। (अनुमान १/८)

५. स्थूलपर-से सूक्ष्मका अनुमान किया जाता है

ज्ञा./३३/४ अलक्ष्य लक्ष्यसबन्धात् स्थूलात्सूक्ष्मं विचिन्तयेत्। सालम्बाच्च निरालम्बं तत्त्ववित्तत्त्वमञ्जसा ॥४॥ =तत्त्वज्ञानी इस प्रकार तत्त्वको प्रगटतया चिन्तवन करे कि—लक्ष्यके सम्बन्धसे तो अलक्ष्यको और स्थूलसे सूक्ष्म पदार्थको चिन्तवन करे। इसी प्रकार किसी पदार्थ विशेषका अवलम्बन लेकर निरालम्ब स्वरूपसे तन्मय हो।

६. परन्तु जीव अनुमानगम्य नहीं है

प्र सा /त. प्र /१७२ आत्मनो हि ··अलिङ्गग्राह्यत्वम् · न लिङ्गादिन्द्रियगम्याद् धूमादग्नेरिव ग्रहणं यस्येतीन्द्रियप्रत्यक्षपूर्वकानुमानाविषयत्वस्य। =आत्माके अलिंगग्राह्यत्व है। क्योंकि जैसे धुएँसे अग्निका ग्रहण होता है, उसी प्रकार इन्द्रिय प्रत्यक्षपूर्वक अनुमानका विषय नहीं है।

३. अनुमानके अवयव

१. अनुमानके पाँच अवयवोंका नाम निर्देश

न्या सू /मू /१-१/३२ प्रतिज्ञाहेतूदाहरणोपनयनिगमनान्यवयवा ॥३२॥ =प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय और निगमन, ये अनुमान वाक्यके पाँच अवयव है।

२ पाँचो अवयवोंकी प्रयोगविधि

प मु /३/६५ परिणामी शब्द कृतकत्वात्। य एव स एव दृष्टा यथा घट। कृतकश्चायं तस्मात्परिणामी। यस्तु न परिणामी स न कृतको दृष्टा यथा वन्ध्यास्तनधय। कृतकश्चायं तस्मात्परिणामी ॥६५॥ =शब्द परिणामस्वभावी है (प्रतिज्ञा), क्योंकि वह कृतक है (हेतु)। जो-जो पदार्थ कृतक होता है वह-वह परिणामी देखा गया है, जैसे घट (अन्वय उदाहरण), जो परिणामी नहीं होता, वह कृतक भी नहीं होता जैसे वन्ध्यापुत्र (व्यतिरेकी उदाहरण)। यह शब्द कृतक है (उपनय) इसलिए परिणामी है (निगमन)।

द्र. स /टी /५०/२१३ अन्तरिता सूक्ष्मपदार्था, धर्मिण कस्यापि पुरुष विशेषस्य प्रत्यक्षा भवन्तीति साध्या धर्म इति धर्मिधर्मसमुदायेन पक्षवचनम्। कस्मादिति चेत्, अनुमानविषयत्वादिति हेतुवचनम्। किंवत्। यद्यदनुमानविषय तत्तत् कस्यापि प्रत्यक्ष भवति, यथाग्न्यादि. इत्यन्वयदृष्टान्तवचनम्। अनुमानेन विषयाश्चेति इत्युपनयवचनम्। तस्मात् कस्यापि प्रत्यक्षा भवन्तीति निगमनवचनम्। इदानीं व्यतिरेकदृष्टान्त कथ्यते -यन्न कस्यापि प्रत्यक्ष तदनुमानविषयमपि न भवति यथा खपुष्पादि, इति व्यतिरेकदृष्टान्तवचनम्। अनुमानविषयाश्चेति पुनरप्युपनयवचनम्। तस्मात् प्रत्यक्षा भवन्तीति पुनरपि निगमनवचनमिति। =अन्तरित व सूक्ष्म पदार्थ रूप धर्मी किसी भी पुरुष विशेषके प्रत्यक्ष होते है। इस प्रकार साध्य धर्मी और धर्मके समुदायसे पक्षवचन अथवा प्रतिज्ञा है। क्योंकि वे अनुमानके विषय है, यह हेतु वचन है। किसकी भाँति? जो-जो अनुमानका विषय है वह-वह किसीके प्रत्यक्ष होता है, जैसे अग्नि आदि, यह अन्वय दृष्टान्तका वचन है। और ये पदार्थ भी अनुमानके विषय है, यह उपनयका वचन है। इसलिए किसीके प्रत्यक्ष होते है, यह निगमन वाक्य है।

अब व्यतिरेक दृष्टान्त कहते है—जो किसीके भी प्रत्यक्ष नहीं होते वे अनुमानके विषय भी नहीं होते, जैसे कि आकाशके पुष्प आदि, यह व्यतिरेकी दृष्टान्त वचन है। और ये अनुमानके विषय है, यह पुन उपनयका वचन है। इसीलिए किसीके प्रत्यक्ष भी अवश्य होते है, यह पुन निगमन वाक्य है।

३. स्वार्थानुमानमें दो ही अवयव होते है

न्या दी /३/§२४-२५/७२ अस्य स्वार्थानुमानस्य त्रीण्यङ्गानि—धर्मी, साध्य, साधनं च ॥२४॥ पक्षो हेतुरित्यङ्गद्वयं स्वार्थानुमानस्य, साध्यधर्मविशिष्टस्य धर्मिणः पक्षत्वात्। तथा च स्वार्थानुमानस्य धर्मीसाध्यसाधनभेदात्त्रीण्यङ्गानि पक्षसाधनभेदादङ्गद्वय चेति सिद्ध, विवक्षाया वैचित्र्यात् ॥२५॥ =इस स्वार्थानुमानके तीन अंग है—धर्म, साध्य व साधन ॥२४॥ अथवा पक्ष व हेतु इस प्रकार दो अंग भी स्वार्थानुमानके है, क्योंकि, साध्य धर्मसे विशिष्ट होनेके कारण साध्य व धर्मी दोनोंका पक्षमें अन्तर्भाव हो जाता है और साधन व हेतु एकार्थवाचक है। (यहाँ प्रतिज्ञा नामका कोई अंग नहीं होता, उसके स्थानपर पक्ष होता है)। इस प्रकार स्वार्थानुमानके धर्मी, साध्य व साधनके भेदसे तीन अंग भी होते है और पक्ष व हेतुके भेदसे दो अंग भी होते है। ऐसा सिद्ध है। यहाँ केवल विवक्षाका ही भेद है ॥२५॥

४. परार्थानुमानमें भी शेष तीन अवयव वीतराग कथा में ही उपयोगी हैं, वादमें नहीं

प मु./३/३७,४४,४६ एतद्वयमेवानुमानाङ्गं नोदाहरणम् ॥३७॥ न च तदङ्गे ॥४४॥ · बालव्युत्पत्त्यै तत्त्रयोपगमे शास्त्र एवासौ नवा दे,अनुप-

योगात्॥४६॥=पक्ष और हेतु ये दोनों ही अनुमानके अंग हैं, उदाहरण नहीं ॥३७॥ न ही उपनय व निगमन अंग है ॥४४॥ क्योंकि बाल व्युत्पत्तिके निमित्त इन तीनोंका उपयोग शास्त्रमें होता है,वादमें नहीं, क्योंकि वहाँ वे अनुपयोगी है ॥४६॥

न्या दी /३/§३१,३४,३६/७६,८१,८२ परार्थानुमानप्रयोजकस्य च वाक्यस्य द्वावयवौ, प्रतिज्ञा हेतुश्च ॥३१॥ प्रतिज्ञाहेतुप्रयोगमात्रे बोदाहरणादिप्रतिपाद्यस्यार्थस्य गम्यमानस्य व्युत्पन्नेन ज्ञातु शक्यत्वात्। गम्यमानस्याप्यभिधाने पौनरुक्तप्रसङ्गात् ॥३४॥ वीतरागकथायां तु प्रतिपाद्याशयानुरोधेन प्रतिज्ञाहेतू द्वावयवौ, प्रतिज्ञाहेतूदाहरणानि त्रय , प्रतिज्ञाहेतूदाहरणोपनयाश्चत्वार प्रतिज्ञाहेतूदाहरणोपनयनिगमनानि वा पञ्चेति यथायोग्य प्रयोगपरिपाटी। तदेव प्रतिज्ञादिरूपात्परोपदेशादुत्पन्नं परार्थानुमानम् ॥३६॥ =परार्थानुमान प्रयोजक वाक्यके दो अवयव होते है—प्रतिज्ञा व हेतु ॥३१॥ प्रतिज्ञा व हेतु इन दो मात्रके प्रयोगसे ही व्युत्पन्न जनोंको उदाहरणादिके द्वारा प्रतिपाद्य व जाना जाने योग्य अर्थका भी ज्ञान हो जाता है। जान लिये गयेके प्रति भी इनको कहनेमे पुनरुक्तिका प्रसंग आता है ॥३४॥ परन्तु वीतराग कथामें प्रतिपाद्य अभिप्रायके अनुरोधसे प्रतिज्ञा व हेतु ये दो अवयव भी है, प्रतिज्ञा, हेतु व उदाहरण इस प्रकार तीन अवयव भी है, प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण और उपनय इस प्रकार चार भी है तथा प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय और निगमन इस प्रकार पाँच भी है। यथायोग्य परिपाटीके अनुसार ये सब ही विकल्पघटित हो जाते है। इस प्रकार प्रतिज्ञादि रूप परोपदेशसे उत्पन्न होनेके कारण वह परार्थानुमान है ॥३६॥

अनुमानित—आलोचनाका एक दोष—दे आलोचना २।

अनुमोदना—दे अनुमति।

अनुयोग—जैनागम चार भागोंमें विभक्त है, जिन्हें चार अनुयोग कहते है—प्रथमानुयोग, करणानुयोग, चरणानुयोग और द्रव्यानुयोग। इन चारोंमें क्रमसे कथा व पुराण, कर्म सिद्धान्त व लोक विभाग, जीवका आचार-विचार और चेतनाचेतन द्रव्योंका स्वरूप व तत्त्वोंका निर्देश है। इसके अतिरिक्त वस्तुका कथन करनेमें जिन अधिकारोंकी आवश्यकता होती है उन्हे अनुयोगद्वार कहते है। इन दोनों ही प्रकारके अनुयोगोंका कथन इस अधिकारमें किया गया है।

१. आगमगत चार अनुयोग

१ आगमका चार अनुयोगोंमें विभाजन।
२. आगमगत चार अनुयोगोंके लक्षण।
३. चारों अनुयोगोंकी कथन पद्धतिमें अन्तर।
४. चारो अनुयोगोंका प्रयोजन।
५. चारो अनुयोगोंकी कथंचित् मुख्यता गौणता।
६ चारो अनुयोगोंका मोक्षमार्गके साथ समन्वय।
* चारो अनुयोगोंके स्वाध्यायका क्रम।
—दे स्वाध्याय १।

२. अनुयोगद्वारोंके भेद व लक्षण

१. अनुयोगद्वार सामान्यका लक्षण।
२. अनुयोगद्वारोंके भेद-प्रभेदोंके नाम निर्देश।
१. उपक्रम आदि चार अनुयोगद्वार।
२ निर्देश, स्वामित्व आदि छ अनुयोगद्वार।
३ सत्, संख्यादि आठ अनुयोगद्वार तथा उनके भेद।
४ पदमीमांसा आदि अनुयोगद्वार निर्देश।
* विभिन्न अनुयोगद्वारोंके लक्षण।—दे वह वह 'नाम'।

३ अनुयोगद्वार निर्देश

१ सत्, संख्या आदि अनुयोगद्वारोंके क्रमका कारण।
२ अनुयोगद्वारोंमें परस्पर अन्तर।
* उपक्रम व प्रक्रममें अन्तर।—दे उपक्रम।
३. अनुयोगद्वारोंका परस्पर अन्तर्भाव।
४. ओघ और आदेश प्ररूपणाओंका विषय।
५. प्ररूपणाओं या अनुयोगोंका प्रयोजन।
* **अनुयोग व अनुयोग समास ज्ञान**—दे श्रुतज्ञान II

१. आगमगत चार अनुयोग

१. आगमका चार अनुयोगोंमें विभाजन

क्रियाकलापमें समाधिभक्ति—"प्रथमं करणं चरणं द्रव्य नम।=प्रथमानुयोग, करणानुयोग, चरणानुयोग और द्रव्यानुयोगको नमस्कार है।

द्र स /टी./४२/१८२ प्रथमानुयोगो चरणानुयोगो· करणानुयोगो·· द्रव्यानुयोगो इत्युक्तलक्षणानुयोगचतुष्टरूपेण चतुर्विधं श्रुतज्ञानं ज्ञातव्यम्। =प्रथमानुयोग, चरणानुयोग, करणानुयोग और द्रव्यानुयोग ऐसे उक्त लक्षणोंवाले चार अनुयोगोंरूपसे चार प्रकारका श्रुतज्ञान जानना चाहिए। (पं का /ता.वृ /१७३/२५४/१५)।

२. आगमगत चार अनुयोगोंके लक्षण

१ प्रथमानुयोगका लक्षण

र.क.श्रा /४३ प्रथमानुयोगमर्थाख्यान चरित्र पुराणमपि पुण्यम्। बोधिसमाधिनिधान बोधातिबोध समीचीन ॥४३॥ =सम्यग्ज्ञान है सो परमार्थ विषयका अथवा धर्म, अर्थ, काम मोक्षका अथवा एक पुरुषके आश्रय कथाका अथवा त्रेसठ पुरुषोंके चरित्रका अथवा पुण्यका अथवा रत्नत्रय और ध्यानका है कथन जिसमें सो प्रथमानुयोग रूप शास्त्र जानना चाहिए। (अन ध /३/६/२५८)।

ह पु /१०/७१ पदैः पञ्चसहस्रैस्तु प्रयुक्ते प्रथमे पुनः। अनुयोगे पुराणार्थः त्रिषष्टिरुपवर्ण्यते ॥७१॥ =दृष्टिवादके तीसरे भेद अनुयोगमें पाँच हजार पद हैं तथा इसके अवान्तर भेद प्रथमानुयोगमें त्रेसठ शलाका पुरुषोंके पुराणका वर्णन है ॥७१॥ (क.पा /१/§१०३/१३८) (गो.क /जी प्र /३६१-३६२/७७३/३) (द्र स./टी./४२/१८२/८) (पं का./ता.वृ./१७३/२५४/१५)।

ध. २/१,१,२/१,१,२/४ पढमाणियोगो पंचसहस्सपदेहि पुराणं वण्णेदि। प्रथमानुयोग अर्थाधिकार पाँच हजार पदोंके द्वारा पुराणोंका वर्णन करता है।

२ चरणानुयोगका लक्षण

र क श्रा /४५ गृहमेध्यनगाराणा चारित्रोत्पत्तिवृद्धिरक्षाङ्गम्। चरणानुयोगसमय सम्यग्ज्ञानं विजानाति ॥४५॥ =सम्यग्ज्ञान ही गृहस्थ और मुनियोंके चारित्रकी उत्पत्ति, वृद्धि, रक्षाके अंगभूत चरणानुयोग शास्त्रको विशेष प्रकारसे जानता है। (अन ध /३/११/२६१)।

द्र सं./टी /४२/१८२/९ उपासकाध्ययनादौ श्रावकधर्मम्, आचाराराधनौ यतिधर्म च यत्र मुख्यत्वेन कथयति स चरणानुयोगो भण्यते।=उपासकाध्ययन आदिमें श्रावकका धर्म और मूलाचार, भगवती आराधना आदिमें यतिका धर्म जहाँ मुख्यतासे कहा गया है, वह दूसरा चरणानुयोग कहा जाता है। (पं का./ता वृ./१७३/२५४/१६)।

३. करणानुयोगका लक्षण

र.क श्रा./४४ लोकालोकविभक्तेर्युगपरिवृत्तेश्चतुर्गतीनां च। आदर्शमिव तथामतिरवैति करणानुयोगं च ॥४४॥ =लोक अलोकके विभागको, युगोके परिवर्तनको तथा चारों गतियोको दर्पणके समान प्रगट करनेवाले करणानुयोगको सम्यग्ज्ञान जानता है। (अन ध /३/१०/२६०)।

द्र स /टी /४२/१८२/१० त्रिलोकसारे जिनान्तरलोकविभागादिग्रन्थव्याख्यानं करणानुयोगो विज्ञेयः। =त्रिलोकसारमे तीर्थंकरोका अन्तराल और लोकविभाग आदि व्याख्यान है। ऐसे ग्रन्थरूप करणानुयोग जानना चाहिए। (प का /ता वृ /१७३/२५४/१७)।

४ द्रव्यानुयोगका लक्षण

र क श्रा./४६ जीवाजीवसुतत्त्वे पुण्यापुण्ये च बन्धमोक्षौ च। द्रव्यानुयोगदीपः श्रुतविद्यालोकमातनुते ॥४६॥ =द्रव्यानुयोगरूपी दीपक जीव-अजीवरूप सुतत्त्वोको, पुण्य-पाप और बन्ध-मोक्षको तथा भावश्रुतरूपी प्रकाशको विस्तारता है। (अन ध /३/९२/२६१)।

ध १/१ १,७/१०८/४ सत्ताणियोगम्हि जमत्थित्त उत्त तस्स पमाणं परूवेदि दव्वाणियोगो। सत्प्ररूपणामे जो पदार्थोका अस्तित्व कहा गया है उनके प्रमाणका वर्णन द्रव्यानुयोग करता है। यह लक्षण अनुयोगद्वारोके अन्तर्गत द्रव्यानुयोगका है।

द्र.स /टी /४२/१८२ ११ प्राभृततत्त्वार्थसिद्धान्तादौ यत्र शुद्धाशुद्धजीवादिषड्द्रव्यादीना मुख्यवृत्त्या व्याख्यान क्रियते स द्रव्यानुयोगो भण्यते। =समयसार आदि प्राभृत और तत्त्वार्थसूत्र तथा सिद्धान्त आदि शास्त्रोमें मुख्यतासे शुद्ध-अशुद्ध जीव आदि छ द्रव्य आदिका जो वर्णन किया गया है वह द्रव्यानुयोग कहलाता है। (पं का /ता वृ /१७३/२५४/१८)।

३. चारों अनुयोगोकी कथन पद्धतिमें अन्तर

१. द्रव्यानुयोग व करणानुयोगमे

द्र स /टी /१३/४०/५ एव पुढविजलतेउवाऊ इत्यादिगाथात्रयेण तृतीयगाथापादत्रयेण च धवलजयधवलमहाधवलप्रबन्धाभिधानसिद्धान्तत्रयबीजपदं सूचितम्। 'सव्वेसुद्धा हु सुद्धणया' इति शुद्धात्मतत्त्वप्रकाशक तृतीयगाथाचतुर्थपादेनपञ्चास्तिकायप्रवचनसारसमयसाराभिधानप्राभृतत्रयस्यापि बीजपदं सूचितम्। यच्चाध्यात्मग्रन्थस्य बीजपदभूत शुद्धात्मस्वरूपमुक्त तत्पुनरुपादेयमेव। =इस रीतिसे चौदह मार्गणाओके कथनके अन्तर्गत 'पुढविजलतेउवाऊ' इत्यादि दो गाथाओ और तीसरी गाथाके तीन पदोसे धवल, जयधवल और महाधवल प्रबन्ध नामक जो तीन (करणानुयोगके) सिद्धान्त ग्रन्थ है, उनके बीजपदकी सूचना ग्रन्थकारने की है। सव्वे सुद्धा हु सुद्धणया' इस तृतीय गाथाके चौथे पादसे शुद्धात्मतत्त्वके प्रकाशक पचास्तिकाय, प्रवचनसार और समयसार इन तीनो प्राभृतोका बीजपद सूचित किया है। तहाँ जो अध्यात्मग्रन्थका बीज पदभूत शुद्धात्माका स्वरूप कहा है वह तो उपादेय ही है।

नोट—(धवल आदि करणानुयोगके शास्त्रोके अनुसार जीव तत्त्वका व्याख्यान पृथिवी जल आदि असद्भूत व्यवहार गत पर्यायोके आधारपर किया जाता है, और पंचास्तिकाय आदि द्रव्यानुयोगके शास्त्रोके अनुसार उसी जीव तत्त्वका व्याख्यान उसकी शुद्धाशुद्ध निश्चय नयाश्रित पर्यायोके आधारपर किया जाता है। इस प्रकार करणानुयोगमे व्यवहार नयकी मुख्यतासे और द्रव्यानुयोगमे निश्चयनयकी मुख्यतासे कथन किया जाता है।

मो.मा प्र /८/७/४०४/६ करणानुयोगविषैं व्यवहारनयकी प्रधानता लिये व्याख्यान जानना।

मो.मा.प्र /८/८/४०७/२ करणानुयोगविषै भी कहीं उपदेशकी मुख्यता लिये व्याख्यान हो है ताकौ सर्वथा तैसे ही न मानना।

मो.मा प्र./८/८/४०६/१४ करणानुयोग विषैं तौ यथार्थ पदार्थ जनावनेका मुख्य प्रयोजन है। आचरण करावनेकी मुख्यता नाही।

रहस्यपूर्ण चिट्ठी प० टोडरमल—समयसार आदि ग्रन्थ अध्यात्म है और आगमकी चर्चा गोमट्टसार (करणानुयोग) मे है।

२ द्रव्यानुयोग व चरणानुयोगमे

मो मा प्र /८/१४/४२९/७ (द्रव्यानुयोगके अनुसार) रागादि भाव घटे बाह्य ऐसै अनुक्रमतै श्रावक मुनि धर्म होय। अथवा ऐसै श्रावक मुनि धर्म अगीकार किये पचम षष्ठम आदि गुणस्थाननि विषै रागादि घटावनेरूप परिणामनिकी प्राप्ति हो है। ऐसा निरूपण चरणानुयोगविषै किया।

३. करणानुयोग व चरणानुयोग मे

मो मा प्र /८/७/४०६/१४ करणानुयोग विषैं तो यथार्थ पदार्थ जनावनेका मुख्य प्रयोजन है। आचरण करावनेकी मुख्यता नाही। ताते यहु तौ चरणानुयोगादिकके अनुसार प्रवर्त्ते, तिसतै जो कार्य होना है सो स्वयमेव ही होय है। जैसे आप कर्मनिका उपशमादि किया चाहे तौ कैसे होय?

४. चारो अनुयोगोका प्रयोजन

१ प्रथमानुयोगका प्रयोजन

गो जी /जी प्र /३६१-३६२/७७३/३ प्रथमानुयोगः प्रथम मिथ्यादृष्टिमविरतिकमव्युत्पन्न वा प्रतिपाद्यमाश्रित्य प्रवृत्तोऽनुयोगोऽधिकार प्रथमानुयोग। =प्रथम कहिये मिथ्यादृष्टि अव्रती, विशेष ज्ञानरहित, ताको उपदेश देने निमित्त जो प्रवृत्त भया अधिकार अनुयोग कहिए सो प्रथमानुयोग कहिए।

मो मा प्र /८/२/३६४/११ जे जीव तुच्छ बुद्धि होय ते भी तिस करि धर्म सन्मुख होये है। जातै वे जीव सूक्ष्म निरूपणको पहिचानै नाही, लौकिक वार्तानिकं जानै। तहाँ तिनिका उपयोग लागै। बहुरि प्रथमानुयोगविषै लौकिक प्रवृत्तिरूप निरूपण होय, ताकौ तै नीकै समझ जाय।

२ करणानुयोगका प्रयोजन

मो मा प्र /८/३/३६५/२० जे जीव धर्म विषै उपयोग लगाय चाहै ऐसे विचारविषै (अर्थात् करणानुयोग विषय उनका) उपयोग रमि जाय, तब पाप प्रवृत्ति छूट स्वयमेव तत्काल धर्म उपजै है। तिस अभ्यासकरि तत्त्वज्ञानकी प्राप्ति शीघ्र हो है। बहुरि ऐसा सूक्ष्म कथन जिनमत विषैं ही है, अन्यत्र नाही, ऐसे महिमा जान जिनमतका श्रद्धानी हो है। बहुरि जे जीव तत्त्वज्ञानी होय इस करणानुयोगको अभ्यासै है, तिनकौ यहु तिसका (तत्त्वनिका) विशेषरूप भासै है।

३ चरणानुयोगका प्रयोजन

मो.मा प्र /८/४/३६७/७ जे जीव हित-अहितकौ जानै नाही, हिंसादि पाप कार्यनि विषै तत्पर होय रहे है, तिनको जैसे वे पापकार्यकौ छोड धर्मकार्यनिविषै लागै, तैसे उपदेश दिया। ताकौ जानि धर्म आचरण करने कौ सम्मुख भये। ऐसै साधनतैं कषाय मन्द हो है। ताका फलतै इतना तौ हो है, जो कुगति विषै दुख न पावै, अर सुगतिविषै सुख पावै। बहुरि (जो) जीवतत्त्वके ज्ञानी होय करि चरणानुयोगकौ अभ्यासै है, तिनकौ ए सर्व आचरण अपने वीतरागभावके अनुसारी भासै है। एकदेश वा सर्व देश वीतरागता भये ऐसी श्रावकदशा और मुनिदशा हो है।

४ द्रव्यानुयोगका प्रयोजन

मो मा प्र /८/५/३६८/४ जे जीवादि द्रव्यानिकौ का तत्त्वनिकौ पहिचानै नाही, आपापरकौ भिन्न जानै नाही तिनिकौ हेतु दृष्टान्त युक्तिकरि वा प्रमाणनयादि करि तिनिका स्वरूप ऐसै दिखाया जैसै याके प्रतीति होय जाय। उनके भावोको पहिचाननेका अभ्यास राखै तौ शीघ्र ही तत्त्वज्ञानकी प्राप्ति होय जाय। बहुरि जिनिकै तत्त्वज्ञान भया होय, ते जीवद्रव्यानुयोग कौ अभ्यासै। तिनिको अपने श्रद्धानके अनुसारि सो सर्व कथन प्रतिभासै है।

५. चारों अनुयोगोंकी कथंचित् मुख्यता गौणता

१ प्रथमानुयोगकी गौणता

मो.मा.प्र./८/६/४०१/६ यहाँ (प्रथमानुयोगमें) उपचाररूप व्यवहार वर्णन किया है, ऐसे याको प्रमाण कीजिये है। याकौ तारतम्य न मानि लेना। तारतम्य करणानुयोग विषैं निरूपण किया है सो जानना। बहुरि प्रथमानुयोगविषै उपचाररूप कोई धर्मका अंग भये सम्पूर्ण धर्म भया कहिए है।—(जैसे) निश्चय सम्यक्त्वका तौ व्यवहार विषै उपचार किया, बहुरि व्यवहार सम्यक्त्वके कोई एक अंग विषै सम्पूर्ण व्यवहार सम्यक्त्वका उपचार किया, ऐसे उपचार करि सम्यक्त्व भया कहिए है।

२. करणानुयोगकी गौणता

मो मा प्र /८/७/४०४/१५ करणानुयोग विषैं व्यवहार नयकी प्रधानता लिये व्याख्यान जानना, जातैं व्यवहार बिना विशेष जान सके नाहीं। बहुरि कहीं निश्चय वर्णन भी पाइये है।

मो.मा.प्र /८/७/४०७/२ करणानुयोगविषै भी कहीं उपदेशकी मुख्यता लिए व्याख्यान हो है, ताकौ सर्वथा तैसै ही न मानना।

मो मा.प्र /८/७/४०६/२४ करणानुयोग विषैं तौ यथार्थ पदार्थ जनावनेका मुख्य प्रयोजन है, आचरण करावनेकी मुख्यता नाहीं।

३ चरणानुयोगकी गौणता

मो मा प्र /८/८/४०७/१६ चरणानुयोगविषैं जैसे जीवनिकै अपनी बुद्धिगोचर धर्मका आचरण होय सो उपदेश दिया है। तहाँ धर्म तौ निश्चयरूप मोक्षमार्ग है, सोई है। ताके साधनादिक उपचारतै धर्म है, सो व्यवहारनयकी प्रधानताकरि नाना प्रकार उपचार धर्मके भेदादिकका या विषै निरूपण करिए है।

४ द्रव्यानुयोगकी प्रधानता

मो मा प्र /८/१५/४३०/६ मोक्षमार्गका मूल उपदेश तौ तहाँ (द्रव्यानुयोग विषै) ही है।

६. चारों अनुयोगोंका मोक्षमार्ग के साथ समन्वय

१. प्रथमानुयोगका समन्वय

मो मा प्र /८/६/४००/१६ प्रश्न—(प्रथमानुयोगमें) ऐसा झूठा फल दिखावना तो योग्य नाहीं, ऐसे कथनकौ प्रमाण कैसे कीजिए? उत्तर—जे अज्ञानी जीव बहुत फल दिखाए बिना धर्म विषैं न लागैं, वा पाप तैं न डरैं, तिनिका भला करनेके अर्थि ऐसै वर्णन करिए है।

मो मा प्र./८/१२/४२५/१५ प्रश्न—(प्रथमानुयोग) रागादिका निमित्त होय, सो कथन ही न करना था। उत्तर -सरागी जीवनिका मन केवल वैराग्य कथन विषै लागै नाहीं, तातै जैसे बालकको बतासाकै आश्रय औषध दीजिये, तैसै सरागीकूँ भोगादि कथनकै आश्रय धर्मविषैं रुचि कराईए है।

२ करणानुयोगका समन्वय

मो मा प्र./८/१३/४२७/१३ प्रश्न—द्वीप समुद्रादिकके योजनादि निरूपे तिनमें कहा सिद्धि है? उत्तर—तिनिकौ जानै किछू तिनिविषैं इष्ट अनिष्ट बुद्धि न होय, तातैं पूर्वोक्त सिद्धि हो है। प्रश्न तौ जिसतैं किछू प्रयोजन नाहीं, ऐसा पाषाणादिककौ भी जानै तहाँ इष्ट अनिष्टपनों न मानिए है, सो भी कार्यकारी भया? उत्तर सरागी जीव रागादि प्रयोजन बिना काहूको जाननेका उद्यम न करै। जो स्वयमेव उनका जानना होय—तो तहाँतै उपयोगको छुडाया ही चाहै है। यहाँ उद्यमकरि द्वीप समुद्रादिककौ जानै है, तहाँ उपयोग लगावै है। सो रागादि घटै ऐसा कार्य हो है। बहुरि पाषाणादि विषै लोकका कोई प्रयोजन भास जाय तौ रागादिक होय आवै। अर द्वीपादिकविषैं इस लोक सम्बन्धी कार्य किछू नाहीं, तातैं रागादिका कारण नाहीं।...बहुरि यथावत् रचना जाननै करि भ्रम मिटै उपयोगकी निर्मलता होय, तातैं यह अभ्यासकारी है।

३ चरणानुयोगका समन्वय

प्र.सा./त.प्र./२००/क १२-१३ द्रव्यानुसारि चरणं चरणानुसारि, द्रव्यं, मिथो द्वयमिदं ननु सव्यपेक्षम्। तस्मान्मुमुक्षुरधिरोहतु मोक्षमार्ग, द्रव्यं प्रतीत्य यदि वा चरणं प्रतीत्य ॥१२॥ द्रव्यस्य सिद्धौ चरणस्य सिद्धि, द्रव्यस्य सिद्धिश्चरणस्य सिद्धौ। बुद्ध्वेति कर्मविरता परेऽपि, द्रव्याविरुद्धमथ चरणं चरन्तु ॥१३॥ चरण द्रव्यानुसार होता है और द्रव्य चरणानुसार होता है, इस प्रकार ये दोनों परस्पर सापेक्ष हैं, इसलिए या तो द्रव्यका आश्रय लेकर मुमुक्षु मोक्षमार्गमें आरोहण करो ॥१२॥ द्रव्यकी सिद्धिमें चरणकी सिद्धि है और चरणकी सिद्धिमें द्रव्यकी सिद्धि है, यह जानकर कर्मोंसे (शुभाशुभ भावों) से अविरत दूसरे भी, द्रव्यसे अविरुद्ध चरण (चारित्र) का आचरण करो ॥१३॥

मो मा.प्र /८/१४/४२८/२० प्रश्न - चरणानुयोगविषैं बाह्यव्रतादि साधनका उपदेश है, सो इनतैं किछू सिद्धि नाहीं। अपने परिणाम निर्मल चाहिए, बाह्य चाहो जैसे प्रवर्तौ। उत्तर—आत्म परिणामनिकै और बाह्यप्रवृत्तिकै निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है। जातैं छद्मस्थके क्रिया परिणामपूर्वक हो है।—अथवा बाह्य पदार्थनिका आश्रय पाय परिणाम हो सकै है। तातैं परिणाम मेटनेके अर्थ बाह्य वस्तुका निषेध करना समयसारादिविषैं (स सा./मू./२८५)—कह्या है।—बहुरि जो बाह्यसंयमतैं किछू सिद्धि न होय तौ सर्वार्थसिद्धिके वासी देव सम्यग्दृष्टि बहुत ज्ञानी तिनिकै तो चौथा गुणस्थान होय अर गृहस्थ श्रावक मनुष्यके पंचम गुणस्थान होय, सो कारण कहा। बहुरि तीर्थंकरादि गृहस्थ पद छोडि काहेको संयम ग्रहैं।

४ द्रव्यानुयोगका समन्वय

मो मा प्र /८/१५/४२९/१६ प्रश्न—द्रव्यानुयोगविषैं व्रत-संयमादि व्यवहारधर्मका होनपना प्रगट किया है। इत्यादि कथन सुन जीव है सो स्वच्छन्द होय पुण्य छोडि पापविषैं प्रवर्तेंगे तातैं इनका बांचना सुनना युक्त नाहीं। उत्तर—जैसे गर्दभ मिश्री खाए मरै, तौ मनुष्य तौ मिश्री खाना न छाडै। तैसै विपरीतबुद्धि अध्यात्म ग्रन्थ सुनि स्वच्छन्द होय तौ विवेकी तौ अध्यात्मग्रन्थनिका अभ्यास न छोडैं। इतना करै जाकौ स्वच्छन्द होता जानै, ताकौ जैसे वह स्वच्छन्द न होय, तैसे उपदेश दे। बहुरि अध्यात्म ग्रन्थनिविषैं भी जहाँ तहाँ स्वच्छन्द होनेका निषेध कीजिये है। बहुरि जो झूठा दोषकी कल्पनाकरि अध्यात्म शास्त्रका बाँचना-सुनना निषेधिये तौ मोक्षमार्गका मूल उपदेश तो तहाँ ही है। ताका निषेध किये मोक्षमार्ग का निषेध होय।

२. अनुयोगद्वारोंके भेद व लक्षण

१. अनुयोगद्वार सामान्यका लक्षण

क पा ३/३-२२/§७/३ किमणिओगद्दार णाम। अहियारो भण्णमाणत्थस्स अवगमोवाओ।=अनुयोगद्वार किसे कहते हैं? कहे जानेवाले अर्थके जाननेके उपायभूत अधिकारको अनुयोगद्वार कहते हैं।

ध १/१,१,१/१००-१०१/१५३/८ अणियोगो णियोगो भाषा विभाषा वार्त्तिकेत्यर्थ। उक्तं च—अणियोगो य णियोगो भासा विभासा य वट्टिया चेय। एदे अणिओअस्स दु णामा एयट्ठआ पंच ॥१००॥ सूई मुहा पडिहो संभवदल-वट्टिया चेय। अणियोगनिरुत्तीए दिट्ठंता होंति पंचेय ॥१०१॥=अनुयोग, नियोग, भाषा, विभाषा और वार्तिक ये पाँचो पर्यायवाची नाम है। कहा भी है - अनुयोग, नियोग, भाषा, विभाषा और वार्तिक ये पाँच अनुयोग के एकार्थवाची नाम जानने चाहिए ॥१००॥ अनुयोगकी निरुक्तिमें सूची, मुद्रा, प्रतिघ, संभवदल और वार्तिका ये पाँच दृष्टान्त होते हैं ॥१०१॥ विशेषार्थ - लकडीसे किसी वस्तुको तैयार करनेके लिए पहिले लकडीके निरुपयोगी भागको निकालनेके लिए उसके ऊपर एक रेखामें जो डोरा डाला जाता है, वह सूचीकर्म है। अनन्तर उस डोरासे लकडीके ऊपर जो चिह्न कर दिया जाता है वह मुद्रा कर्म

है। इसके बाद उसके निरुपयोगी भागको छाँटकर निकाल दिया जाता है। इसे ही प्रतिघ या प्रतिघात कर्म कहते है। फिर इस लकडीके आवश्यकतानुसार जो भाग कर लिये जाते है वह सम्भव-दलकर्म है और अन्तमें वस्तु तैयार करके उसपर पालिश आदि कर दी जाती है, वही वार्तिका कर्म है। इस तरह इन पाँच कर्मों-से जैसे विवक्षित वस्तु तैयार हो जाती है, उसी प्रकार अनुयोग शब्दसे भी आगमानुकूल सम्पूर्ण अर्थका ग्रहण होता है। नियोग, भाषा, विभाषा और वार्तिक ये चारों अनुयोग शब्दके द्वारा प्रगट होनेवाले अर्थको ही उत्तरोत्तर विशद करते है, अतएव ये अनुयोगके ही पर्यायवाची नाम हैं। (ध. ४,१,५४/१२२-१२३/२६०)।

ई.सं./टी./४२/१८३/२ अनुयोगोऽधिकार परिच्छेद' प्रकरणमित्या-र्थकोऽर्थ। =अनुयोग, अधिकार, परिच्छेद, प्रकरण, इत्यादिक सब शब्द एकार्थवाची हैं।

२. अनुयोगद्वारोंके भेद-प्रभेदोंके नाम निर्देश

१. उपक्रम आदि चार अनुयोगद्वार


स. म./२८/३०६/२२ चत्वारि हि प्रवचनानुयोगमहानगरस्य द्वाराणि उपक्रमः निक्षेप' अनुगम' नयश्चेति। =प्रवचन अनुयोगरूपी महा-नगरके चार द्वार हैं—उपक्रम, निक्षेप, अनुगम और नय। (इनके प्रभेद व लक्षण—दे. वह-वह नाम)


२. निर्देश, स्वामित्व आदि छः अनुयोगद्वार

त.सू./१/७ निर्देशस्वामित्वसाधनाधिकरणस्थितिविधानत'॥७॥=निर्देश, स्वामित्व, साधना (कारण), अधिकरण (आधार), स्थिति (काल) तथा विधान (प्रकार)—ऐसे छः प्रकारसे सात तत्त्वोंको जाना जाता है। (लघीयस्त्रय पृ. १५)।

ध. १/१,१,१/१८/३४ किं कस्स केण कत्थ व केवचिरं कदिविधो य भावो त्ति। छहि अणिओगद्दारेहि सव्वभावाणुगंतव्वा ॥१८॥ =पदार्थ क्या है (निर्देश), किसका है (स्वामित्व), किसके द्वारा होता है (साधन), कहाँपर होता है (अधिकरण), कितने समय तक रहता है (स्थिति), कितने प्रकारका है (विधान), इस प्रकार इन छह अनुयोगद्वारोंसे सम्पूर्ण पदार्थोंका ज्ञान करना चाहिए।

३. सत् संख्यादि ८ अनुयोगद्वार तथा उनके भेद-प्रभेद





४. पद्मीमासादि अनुयोगद्वार निर्देश

ष. खं. १०/४,२,४/सू. १/१८ वेयणादव्वविहाणे त्ति तत्थ इमाणि तिण्णि अणियोगद्दाराणि णादव्वाणि भवंति—पदमीमांसा सामित्तमप्पाबहुए त्ति ॥१॥ =अब वेदना द्रव्य विधानका प्रकरण है। उसमें पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्पबहुत्व, ये तीन अनुयोगद्वार ज्ञातव्य है ॥१॥

ध. १०/४,२,४,१/१८/५ तत्थ पदं दुविहं – ववत्थापदं भेदपदमिदि।

ध. १०/४,२,४,१/११/२ एत्थभेदपदेण उक्कस्सादिसरूवेण अहियारो। उक्कस्साणुक्कस्स-जहण्णाजहण्ण-सादि-अणादि-धुव-अद्धुव ओज-जुम्म-ओम-विसिट्ठ-णोमणोविसिट्ठपदभेदेण एत्थतेरस पदाणि।

ध. १०/४,२,४,१/गा. २/१६ पदमीमांसा संखा गुणयारो चउत्थयं च सामित्त। ओजो अप्पाबहुगं ठाणाणि य जीवसमुहारो।

=पद दो प्रकारका है—व्यवस्थापद और भेदपद। यहाँ उत्कृष्टादि भेदपदका अधिकार है। उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य, अजघन्य, सादि, अनादि ध्रुव, अध्रुव, ओज, युग्म, ओम, विशिष्ट और नोओम-नोविशिष्ट पदके भेदसे यहाँ तेरह पद है। —पदमीमांसा, संख्या, गुणकार, चौथा स्वामित्व, ओज, अल्पबहुत्व, स्थान और जीव समुदाहार, ये आठ अनुयोगद्वार हैं।

३. अनुयोगद्वार निर्देश

१. सत्, संख्याआदि अनुयोगद्वारोंके क्रमका कारण

ध. १/१,१,७/१५५-१५८/७ संताणियोगो सेसाणियोगद्दाराण जेण जोणी-भूदो तेण पढमं संताणियोगो चेव भण्णदे। णिय-संखा-गुणि-दोगाहणखेत्तं खेत्त उच्चदे दि। एद चेव अदीद-फुसणेण सह फोसण उच्चदे। तदो दो वि अहियारा सखा-जोणिणो। णाणेग-जीवे अस्सिऊण उच्चमाण-कालंतर-परूवणा वि संखा-जोणी। इदं थोवमिदं च बहुवमिदि भण्णमाण-अप्पाबहुग पि संखा-जोणी। तेण एदाण-मादम्हि दव्वपमाणाणुगमो भण-जोग्गो ।·· भावो·· तस्स बहु-वण्णादो।···अवगय-वट्टमाण फासो सुहेण दो वि पच्छा जाणदु त्ति फोसणपरूवणादो होदु णाम पुव्वं खेत्तस्स परूवणा, . अणवगयखेत्त-फोसणस्स तक्कालंतर-जाणणुवायाभावादो। तहा भावप्पाबहुगाण पि परूवणा खेत्त-फोसणाणुगममंतरेण ण तव्विषया होंति त्ति पुव्वमेव खेत्त-फोसण-परूवणा कायव्वा।·· ण ताव अंतरपरूवणा एत्थ भणण-जोग्गा कालजोणित्तादो। ण भावो वि तस्स तदो हेट्ठिम-अहियार-जोणित्तादो। ण अप्पाबहुगं पि तस्स वि सेसाणियोग-जोणित्तादो। परिसेसादो कालो चेव तत्थ परूवणा-जोगो त्ति। भावप्पाबहुगाणं जोणित्तादो पुव्वमेवंतरपरूवणा उत्ता अप्पाबहुग-जोणित्तादो पुव्वमेव भावपरूवणा उच्चदे। =सत्प्ररूपणारूप अनुयोगद्वार जिस कारणसे शेष अनुयोगद्वारोंका योनिभूत है, उसी कारण सबसे पहले सत्प्ररूपणा-का ही निरूपण किया है ॥पृ. १५५॥ अपनी-अपनी संख्यासे गुणित अवगाहनारूप क्षेत्रको ही क्षेत्रानुगम कहते हैं। इसी प्रकार अतीत-कालीन स्पर्शके साथ स्पर्शनानुगम कहा जाता है। इसलिए इन दोनों

हो अधिकारोंका सख्याधिकार योनिभूत है। उसी प्रकार नाना जीव और एक जीवकी अपेक्षा वर्णन को जानेवाली काल प्ररूपणा और अन्तर प्ररूपणाका भी संख्याधिकार योनिभूत है। तथा यह अल्प है और यह बहुत है इस प्रकार कहे जानेवाले अल्पबहुत्वानुयोगद्वारका भी सख्याधिकार योनिभूत है। इसलिए इन सबके आदिमें द्रव्यप्रमाणानुगम या संख्यानुयोगद्वारका ही कथन करना चाहिए। बहुत विषयवाला होनेके कारण भाव प्ररूपणाका वर्णन यहाँ नहीं किया गया है ॥पृ. १५६॥ जिसने वर्तमानकालीन स्पर्शको जान लिया है, वह अनन्तर सरलतापूर्वक अतीत व वर्तमानकालीन स्पर्शको जान लेवे, इसलिए स्पर्शनप्ररूपणासे पहिले क्षेत्रप्ररूपणाका कथन रहा आवे। जिसने क्षेत्र और स्पर्शनको नहीं जाना है, उसे तत्सम्बन्धी काल और अन्तरको जाननेका कोई भी उपाय नहीं हो सकता[१]। उसी प्रकार भाव और अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा क्षेत्र और स्पर्शनानुगमके बिना क्षेत्र और स्पर्शनको विषय करनेवाली नहीं हो सकती। इसलिए इन सबके पहिले ही क्षेत्र और स्पर्शनानुगमका कथन करना चाहिए ॥पृ १५७॥ यहाँपर अन्तरप्ररूपणाका कथन तो किया नहीं जा सकता है, क्योंकि अन्तरप्ररूपणाकी योनिभूत कालप्ररूपणा है। स्पर्शनप्ररूपणाके बाद भावप्ररूपणाका भी वर्णन नहीं कर सकते है, क्योंकि कालप्ररूपणामें नीचेका अधिकार भावप्ररूपणाका योनिभूत है। उसी प्रकार स्पर्शनप्ररूपणाके बाद अल्पबहुत्वका भी कथन नहीं किया जा सकता, क्योंकि शेषानुयोग (भावानुयोग) अल्पबहुत्व प्ररूपणाका योनिभूत है। तब परिशेषन्यायसे यहाँपर काल ही प्ररूपणाके योग्य है यह बात सिद्ध हो जाती है ॥पृ १५७॥ भाव प्ररूपणा और अल्पबहुत्व प्ररूपणाकी योनिभूत होनेसे इन दोनोंके पहिले ही अन्तर प्ररूपणाका उल्लेख किया गया है तथा अल्पबहुत्वकी योनि होनेसे इसके पीछे ही भावप्ररूपणाका कथन किया है ॥पृ १५८॥ (रा वा /१/८,२-६/४१)।

२. अनुयोगद्वारोंमें परस्पर अन्तर

१. काल अन्तर व भंग विचयमे अन्तर

ध ७/२,१,२/२७/१० णाणाजीवेहि काल-भंगविचयाणं को विसेसो। ण, णाणाजीवेहि भगविचयस्स मग्गणाण विच्छेदाविच्छेदट्ठियत्तपरूवयस्स मग्गणकालतरेहि सह एयत्तविरोहादो। =प्रश्न—नाना जीवोंकी अपेक्षा काल और नाना जीवोंकी अपेक्षा भंग विचय इन दोनोंमें क्या भेद है? उत्तर—नहीं, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय नामक अनुयोगद्वार मार्गणाओंके विच्छेद और विच्छेदके अस्तित्वका प्ररूपक है। अतः उसका मार्गणाओंके काल और अन्तर बतलानेवाले अनुयोगद्वारोंके साथ एकत्व माननेमें विरोध आता है।

२ उत्कृष्ट विभक्ति सर्वस्थिति अद्धाच्छेदमे अन्तर

क.पा.३/३-२२/§२०/१४/१२ सव्वट्ठिदीए अद्धाछेदम्मि भणिद उक्कस्सट्ठिदीए च को भेदो। वुच्चदे—चरिमणिसेयस्स जो कालो सो उक्कस्सअद्धाछेदम्मि भणिदउक्कस्सट्ठिदी णाम। तत्थतणसव्वणिसेयाणं समूहो सव्वट्ठिदी णाम। तेण दोण्हमत्थि भेदो। उक्कस्सविहत्तीए उक्कस्सअद्धाछेदस्स च को भेदो। वुच्चदे—चरिमणिसेयस्स कालो उक्कस्सअद्धाच्छेदो णाम। उक्कस्सट्ठिदीविहत्ती पुण सव्वणिसेयाणं सव्वणिसेयपदेसाणं वा कालो। तेण एदेसिं पि अत्थि भेदो। =प्रश्न—सर्वस्थिति और अद्धाच्छेदमें कही गयी उत्कृष्ट स्थितिमें क्या भेद है? उत्तर—अन्तिम निषेकका जो काल है वह उत्कृष्ट अद्धाच्छेदमें कही गयी उत्कृष्ट स्थिति है तथा वहाँपर रहनेवाले सम्पूर्ण निषेकोंका जो समूह है वह सर्व स्थिति है, इसलिए इन दोनोंमें भेद है। प्रश्न—उत्कृष्ट विभक्ति व उत्कृष्ट अद्धाच्छेदमें क्या भेद है? उत्तर—अन्तिम निषेकके कालको उत्कृष्ट अद्धाच्छेद कहते हैं और समस्त निषेकोंके या समस्त निषेकोंके प्रदेशोंके कालको उत्कृष्ट स्थिति विभक्ति कहते हैं, इसलिए इन दोनोंमें भेद है।

३ उत्कृष्ट विभक्ति व सर्वस्थितिमे अन्तर

क.पा.३/३-२२/§२०/१५/५ एव संते सव्वुक्कस्सविहत्तीणं णत्थि भेदो त्ति णासकणिज्जं। ताणं पि णयविसेसवसेण कथंचि भेदुवलंभादो। तं जहा-समुदायपहाणा उक्कस्सविहत्ती। अवयवपहाणा सव्वविहत्ति त्ति। =ऐसा (उपरोक्त शंकाका समाधान) होते हुए सर्वविभक्ति और उत्कृष्ट विभक्ति इन दोनोंमें भेद नहीं है, ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि, नयविशेषकी अपेक्षा उन दोनोंमें भी कथंचित् भेद पाया जाता है। वह इस प्रकार है—उत्कृष्टविभक्ति समुदायप्रधान होती है और सर्वविभक्ति अवयवप्रधान होती है।

३. अनुयोगद्वारोंका परस्पर अन्तर्भाव

क पा २/२-२२/§१६६/८१/५ कमणियोगद्दार केसिमंतब्भियं। वुच्चदे, समुक्कित्तणा ताव पुध ण वत्तव्वा सामित्तादिअणियोगद्दारेहि चेव एगेगपयडीणमत्थित्तसिद्धीदो अवगयत्थपरूवणाए फलाभावादो। सव्वविहत्ती णोसव्वविहत्ती उक्कस्सविहत्ती अणुक्कस्सविहत्ती जहण्णविहत्ती अजहण्णविहत्तीओ च ण वत्तव्वाओ, सामित्त-सण्णियासादिअणिओगद्दारेसु भण्णमाणेसु अवगयपयडिसंखस्स सिस्सस्स उक्कस्साणुक्कस्सजहण्णाजहण्णपयडिसंखाविसयपडिबोहुप्पत्तीदो। सादि-अणादि-धुव-अद्धुव अहियारा वि ण वत्तव्वा कालंतरेसु परूविज्जमाणेसु तदवगमुप्पत्तीदो। भागाभागो ण वत्तव्वो अवगयअप्पाबहुग (स्स) सव्वविसयपडिबोहुप्पत्तीदो। भावो वि ण वत्तव्वो; उवदेसेण विणा वि मोहोदएण मोहपयडिविहत्तीए संभवो होदि त्ति अवगमुप्पत्तीदो। एव सपहियसेसतेरसअत्थाहियारत्तादो एक्कारसअणिओगद्दारपरूवणा चउवीसअणियोगद्दारपरूवणाए सह ण विरुज्झदे। =अब किस अनुयोगद्वारका किस अनुयोगद्वारमें संग्रह किया है इसका कथन करते हैं। यद्यपि समुत्कीर्तना अनुयोगद्वारमें प्रकृतियोंका अस्तित्व बतलाया जाता है तो भी उसे अलग नहीं कहना चाहिए, क्योंकि स्वामित्वादि अनुयोगोंके कथनके द्वारा प्रत्येक प्रकृतिका अस्तित्व सिद्ध हो जाता है अतः जाने हुए अर्थका कथन करनेमें कोई फल नहीं है। तथा सर्वविभक्ति, नोसर्वविभक्ति, उत्कृष्टविभक्ति, अनुत्कृष्टविभक्ति, जघन्य विभक्ति और अजघन्य विभक्तिका भी अलगसे कथन नहीं करना चाहिए, क्योंकि स्वामित्व, सन्निकर्ष आदि अनुयोगद्वारोंके कथनसे जिस शिष्यने प्रकृतियोंकी सख्याका ज्ञान कर लिया है उसे उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट तथा जघन्य और अजघन्य प्रकृतियोंकी संख्याका ज्ञान हो ही जाता है तथा सादि, अनादि, ध्रुव और अध्रुव अधिकारोंका पृथक् कथन नहीं करना चाहिए, क्योंकि काल और अन्तर अनुयोग द्वारोंके कथन करनेपर उनका ज्ञान हो जाता है। तथा भागाभाग अनुयोगद्वारका भी पृथक् कथन नहीं करना चाहिए, क्योंकि जिसे अल्पबहुत्वका ज्ञान हो गया है उसे भागाभागका ज्ञान हो ही जाता है। उसी प्रकार भाव अनुयोगद्वारका भी पृथक् कथन नहीं करना चाहिए, क्योंकि मोहके उदयसे मोहप्रकृतिविभक्ति होती है, ये बात उपदेशके बिना भी ज्ञात हो जाती है। इस प्रकार शेष तेरह अनुयोगद्वार ग्यारह अनुयोगद्वारोंमें ही संग्रहीत हो जाते हैं। अतः ग्यारह अनुयोगद्वारोंका कथन चौबीस अनुयोगद्वारोंके कथनके साथ विरोधको नहीं प्राप्त होता।

४. ओघ और आदेश प्ररूपणाओंका विषय

रा.वा.हि./१/८/६८ सामान्य करि तो गुणस्थान विषैं कहिये और विशेष करि मार्गणा विषैं कहिए।

५. प्ररूपणाओं या अनुयोगोंका प्रयोजन

ध २/१,१/४१५/२ प्ररूपणायां किं प्रयोजनमिति चेदुच्यते, सूत्रेण सूचितार्थानां स्पष्टीकरणार्थं विंशतिविधानेन प्ररूपणोच्यते। =प्रश्न—प्ररूपणा करनेमें क्या प्रयोजन है? उत्तर—सूत्रके द्वारा सूचित पदार्थोंके स्पष्टीकरण करनेके लिए बीस प्रकारसे प्ररूपणा कही जाती है।

अनुयोगसमास—श्रुतज्ञानका एक भेद—दे. श्रुतज्ञान II।

अनुयोगी—(यह शब्द नैयायिक व वैशेषिक दर्शनकार आधार व आश्रयके अर्थमें प्रयुक्त करते है। द्रव्य अपने गुणोका अनुयोगी है, परन्तु गुण अपने द्रव्यका नहीं, क्योंकि द्रव्य ही गुणका आश्रय है, गुण द्रव्यका नहीं)।

अनुराग—दे राग।

अनुराधा—एक नक्षत्र—दे. नक्षत्र।

अनुलोम—(ध /पू./२८८/भाषाकार) सामान्यकी मुख्यता तथा विशेषकी गौणता करनेसे जो अस्तिनास्तिरूप वस्तु प्रतिपादित होती है, उसको अनुलोमक्रम कहते है।

अनुवाद—ध १/१,१,२४/२०१/४ गतिरुक्तलक्षणा, तस्याः वदनं वाद। प्रसिद्धस्याचार्यपरम्परागतस्यार्थस्य अनु पश्चात् वादोऽनुवाद'। =गतिका लक्षण पहिले कह आये है। उसके कथन करनेको वाद कहते हैं। आचार्य परम्परासे आये हुए प्रसिद्ध अर्थका तदनुसार कथन करना अनुवाद है।

ध.१/१,१.१११/३४६/३ तथोपदिष्टमेवानुवदनमनुवाद'। प्रसिद्धस्य कथनमनुवाद। =जिस प्रकार उपदेश दिया है, उसी प्रकार कथन करनेको अनुवाद कहते है। अथवा प्रसिद्ध अर्थके अनुकूल कथन करनेको अनुवाद कहते है।

अनुवीचिभाषण—रा.वा./७/५,१/५३६/१२ अनुवीचिभाषणं अनुलोमभाषणमित्यर्थ। =अनुवीचिभाषण अर्थात् विचारपूर्वक बोलना (चा.स./६३/३)।

चा.प./टी /४६/११ वीची वाग्लहरी तामनुकृत्य या भाषा वर्तते सोऽनुवीचिभाषा, जिनसूत्रानुसारिणी भाषा अनुवीचिभाषा पूर्वाचार्यसूत्रपरिपाटीमनुल्लघ्य भाषणीयमित्यर्थ। =वीची वाग्लहरीको कहते है उसका अनुसरण करके जो भाषा बोली जाती है सो अनुवीचिभाषण है। जिनसूत्रकी अनुसारिणीभाषा अनुवीची भाषा है। पूर्वाचार्यकृत सूत्रकी परिपाटीको उल्लघन न करके बोलना, ऐसा अर्थ है।

अनुवृत्ति—स.सि.१//३३१४०/६ द्रव्य सामान्यमुत्सर्ग अनुवृत्तिरित्यर्थ। =द्रव्यका अर्थ सामान्य उत्सर्ग और अनुवृत्ति है।

स्या म./४/१६/२ एकाकारप्रतीतिरेकशब्दवाच्यता चानुवृत्ति'। =एक नामसे जाननेवाली प्रतीतिको अनुवृत्ति अथवा सामान्य कहते है। किसी धर्मकी विधिरूपसे वृत्ति या अनुस्यूतिको अनुवृत्ति कहते है। जैसे घटमें घटत्वकी अनुवृत्ति है। (न्या दी /३/§७६)।

अनुशिष्ट—भ.आ./वि./६८/१६६/४ अणुसिट्ठि सूत्रानुसारेण-शासनम्। =अनुशिष्ट अर्थात् आगमके अविरुद्ध उपदेश करना।

अनुश्रेणी—ज.प./प्र १०५ Along a world line अर्थात् एक प्रदेश, पंक्ति।

अनुश्रेणीगति—दे. विग्रह गति।

अनुसमयापवर्तना—१. काण्डकघात व अनसमयापवर्तनामें अन्तर—दे. अपकर्षण/४।

अनुस्मरण—रा.वा /१/१२,११/५५/१६ पूर्वानुभूतानुसारेण विकल्पनमनुस्मरणम्= पूर्वकी अनुभूतियोंके अनुसार विकल्प करना अनुस्मरण है।

अनृत—दे. सत्य।

अनेक—१. द्रव्यमें एक अनेक धर्म (दे. अनेकान्त ४)। २. षट्द्रव्योंमें एक अनेक विभाग (दे. द्रव्य ३)।

अनेकत्व— न. च. वृ./६२/६५ अणेक्करूवा हु विविहभावत्था॥६२॥ ... अणेक्कं...पज्जयपदो ॥६५॥ =अनेक रूप अर्थात् विविध भावों या पर्यायोंमें स्थित ॥६२॥ द्रव्य पर्यायकी अपेक्षा अनेक है ॥६५॥

आ.प /६ गुणपर्यायाधिकार' एकस्याप्यनेकस्वभावोपलम्भादनेकस्वभाव। =एक द्रव्यके अनेक स्वभावको उपलब्धि होनेके कारण वह अनेक स्वभाववाला है।

स. सा/आ/परि /शक्ति नं. ३२ एकद्रव्यव्याप्यानेकपर्यायमयत्वरूपा अनेकत्वशक्ति। एक द्रव्यसे व्याप्य (व्यापने योग्य) अनेक पर्यायमयपनारूप अनेकत्व शक्ति है।

अनेकान्त—वस्तुमें एक ही समय अनेकों क्रमवर्ती व अक्रमवर्ती विरोधी धर्मों गुणों, स्वभावों व पर्यायोंके रूपमें—भली प्रकार प्रतीति के विषय बन रहे है। जो वस्तु किसी एक दृष्टिसे नित्य प्रतीत होती है वही किसी अन्य दृष्टिसे अनित्य प्रतीत होती है, जैसे व्यक्ति वहका वह रहते हुए भी बालकसे बूढा और गँवारसे साहब बन जाता है। यद्यपि विरोधी धर्मोका एक ही आधारमें रहना साधारण जनोंको स्वीकार नही हो सकता पर विशेष विचारकजन दृष्टिभेदकी अपेक्षाओं को मुख्य गौण करके विरोधमें भी अविरोधका विचित्र दर्शन कर सकते है। इसी विषयका इस अधिकारमें कथन किया गया है।

---

१ भेद व लक्षण

१. अनेकान्तसामान्यका लक्षण।
२. अनेकान्तके दो भेद (सम्यक् व मिथ्या)।
३. सम्यक् व मिथ्या अनेकान्तके लक्षण।
४. क्रमे व अक्रम अनेकान्तके लक्षण।

२. अनेकान्त निर्देश

१. अनेकान्त छल नही है।
२. अनेकान्त संशयवाद नही है।
* अनेकान्त प्रमाणस्वरूप है। —दे. नय I/२।
३. अनेकान्तके बिना वस्तुकी सिद्धि नही होती।
४. किसी न किसी रूपमे सब अनेकान्त मानते हैं।
५. अनेकान्त भी अनेकान्तात्मक है।
६. अनेकान्तमे सर्व एकान्त रहते है पर एकान्तमे अनेकान्त नही रहता।
७. निरपेक्ष नयोका समूह अनेकान्त नही है।
८. अनेकान्त व एकान्त का समन्वय।
* सर्व दर्शन मिलकर एक जैनदर्शन बन जाता है। —दे. अनेकान्त २/६।
* एवकारका प्रयोग व कारण आदि। —दे. एकान्त २।
* स्यात्कारका प्रयोग व कारण आदि। —दे. स्याद्वाद
९. सर्व एकान्तवादियोके मत किसी न किसी नयमे गर्भित है।

३. अनेकान्तका कारण व प्रयोजन

१. अनेकान्तके उपदेशका कारण।
* शब्द अल्प है और अर्थ अनन्त।
२. अनेकान्तके उपदेशका प्रयोजन।
३. अनेकान्तवादियोंको कुछ भी कहना अनिष्ट नही।
४. अनेकान्तकी प्रधानता व महत्ता।

४. वस्तुमें विरोधी धर्मोंका निर्देश

१. वस्तु अनेको विरोधी धर्मोंसे गुम्फित है।
२ वस्तु भेदाभेदात्मक है।
३ सत् सदा अपने प्रतिपक्षीकी अपेक्षा रखता है।
४. स्व सदा परकी अपेक्षा रखता है।
५. विधि सदा निषेधकी अपेक्षा रखती है।
६ वस्तुमे कुछ विरोधी धर्मोंका निर्देश।
७ वस्तुमे कथचित् स्व-पर भाव निर्देश।

५. विरोधमें अविरोध

* वस्तुके विरोधी धर्मोंमे कथंचित् विधि निषेध व भेदाभेद। —दे सप्तभंगी ५।

* अनेकान्तके स्वरूपमे कथंचित् विधि निषेध। —दे सप्तभंगी ३।

१. विरोधी धर्म रहनेपर भी वस्तुमे कोई विरोध नही पडता।
२ सभी धर्मोंमे नही बल्कि यथायोग्य धर्मोंमे ही अविरोध है।
३. अपेक्षाभेदसे विरोध सिद्ध है।
४. वस्तु एक अपेक्षासे एकरूप है और अन्य अपेक्षासे अन्यरूप।
५. नयोंको एकत्र मिलानेपर भी उनका विरोध कैसे दूर होता है।
६. विरोधी धर्मोंमे अपेक्षा लगानेकी विधि।
७ विरोधी धर्म बतानेका प्रयोजन।

* अपेक्षा व विवक्षा प्रयोग विधि। —दे. स्याद्वाद।

* नित्यानित्य पक्षमे विधि निषेध व समन्वय। —दे उत्पाद, व्यय ध्रौव्य २।

* द्वैत व अद्वैत अथवा भेद व अभेद अथवा एकत्व व पृथक्त्व पक्षमे विधि निषेध व समन्वय। —दे. द्रव्य ४।

---

१. भेद व लक्षण

१. अनेकान्त सामान्यका लक्षण

ध. १५/२५/१ को अणेयंतो णाम। जच्चंतरत्तं। =अनेकान्त किसको कहते हैं? जात्यन्तरभावको अनेकान्त कहते हैं (अर्थात् अनेक धर्मों या स्वादोंके एकरसात्मक मिश्रणसे जो जात्यन्तरपना या स्वाद उत्पन्न होता है, वही अनेकान्त शब्दका वाच्य है)।

स. सा./आ./परि. यदेव तत्तदेवातत्, यदेवैकं तदेवानेकं, यदेव सत्तदेवासत्, यदेव नित्यं तदेवानित्यमित्येकवस्तुनि वस्तुत्वनिष्पादकपरस्परविरुद्धशक्तिद्वयप्रकाशनमनेकान्तः। =जो तत् है वही अतत् है, जो एक है वही अनेक है, जो सत् है वही असत् है, जो नित्य है वही अनित्य है, इस प्रकार एक वस्तुमें वस्तुत्वकी उपजानेवाली परस्पर विरुद्ध दो शक्तियोंका प्रकाशित होना अनेकान्त है। (और भी देखो आगे सम्यगनेकान्तका लक्षण)

न्या. दी /३/§७६ अनेके अन्ता धर्माः सामान्यविशेषपर्याया गुणा यस्येति सिद्धोऽनेकान्तः। =जिसके सामान्य विशेष पर्याय व गुणरूप अनेक अन्त या धर्म है, वह अनेकान्त रूप सिद्ध होता है। (स.भ.त /३०/२)।

२. अनेकान्तके दो भेद—सम्यक् व मिथ्या

रा. वा /१/६,७/३५/२३ अनेकान्तोऽपि द्विविधः—सम्यगनेकान्तो मिथ्याऽनेकान्त इति। =अनेकान्त भी दो प्रकारका है—सम्यगनेकान्त व मिथ्या अनेकान्त। (स.भ त./७३/१०)।

३. सम्यक् व मिथ्या अनेकान्तके लक्षण

सम्यगनेकान्तका लक्षण

रा. वा /१/६,७/३५/३६ एकत्र सप्रतिपक्षानेकधर्मस्वरूपनिरूपणो युक्त्यागमाभ्यामविरुद्धः सम्यगनेकान्तः। =युक्ति व आगमसे अविरुद्ध एक ही स्थानपर प्रतिपक्षी अनेक धर्मोंके स्वरूपका निरूपण करना सम्यगनेकान्त है। (स.भ त /७४/२)।

२. मिथ्या अनेकान्तका लक्षण

रा. वा./१/६,७/३५/२७ तदतत्स्वभाववस्तुशून्यं परिकल्पितानेकात्मकं केवलं वाग्विज्ञानं मिथ्यानेकान्तः। =तत् व अतत् स्वभाववस्तुसे शून्य केवल वचन विलास रूप परिकल्पित अनेक धर्मात्मक मिथ्या अनेकान्त है। (स भ त./७४/३)।

४. क्रम व अक्रम अनेकान्तके लक्षण

प्र सा./ता वृ /१४१/२००/१ तिर्यक्प्रचयः तिर्यक्सामान्यमिति विस्तारसामान्यमित्यक्रमानेकान्त इति च भण्यते।·· ऊर्ध्वप्रचय इत्यूर्ध्वसामान्यमित्यायतसामान्यमिति क्रमानेकान्त इति च भण्यते। =तिर्यक्प्रचय, तिर्यक् सामान्य, विस्तार सामान्य और अक्रमानेकान्त यह सब शब्द तिर्यक् प्रचयके नाम हैं और इसी प्रकार ऊर्ध्व प्रचय, ऊर्ध्वसामान्य, आयतसामान्य तथा क्रमानेकान्त ये सब शब्द ऊर्ध्व प्रचयके वाचक हैं। (अर्थात् वस्तुका गुणसमूह अक्रमानेकान्त है, क्योंकि गुणोंकी वस्तुमें युगपत् वृत्ति है और पर्यायोंका समूह क्रमानेकान्त है, क्योंकि पर्यायोंकी वस्तुमें क्रमसे वृत्ति है।

२. अनेकान्त निर्देश

१. अनेकान्त छल नहीं है

रा वा./१/६,८/३६/१ स्यान्मतम्—'तदेवास्ति तदेव नास्ति तदेव नित्यं तदेवानित्यम्' इति चानेकान्तप्ररूपणं छलमात्रमिति, तन्न; कुतः। छललक्षणाभावात्। छलस्य हि लक्षणमुक्तम्—"वचनविघातोऽर्थविकल्पोपपत्त्या छलम् यथा नवकम्बलोऽयम् इत्यविशेषाभिहितेऽर्थे वक्तुरभिप्रायादर्थान्तरकल्पनम् नवास्य कम्बलाः न चत्वार इति, नवो वास्य कम्बलो न पुराण" इति नवकम्बलः। न तथानेकान्तवादः। यतः उभयनयगुणप्रधानभावार्पितानर्पितव्यवहारसिद्धिर्विशेषबललाभप्रापितयुक्तिपुष्कलार्थः अनेकान्तवादः। =प्रश्न—'वही वस्तु है और वही वस्तु नहीं है, वही वस्तु नित्य है और वही वस्तु अनित्य है, इस प्रकार अनेकान्तका प्ररूपण छल मात्र है? =उत्तर—अनेकान्त छल रूप नहीं है, क्योंकि, जहाँ वक्ताके अभिप्रायसे भिन्न अर्थकी कल्पना करके वचन विघात किया जाता है, वहाँ छल होता है। जैसे 'नवकम्बलो देवदत्तः' यहाँ 'नव' शब्दके दो अर्थ होते हैं। एक ९ संख्या और दूसरा नया। तो 'नूतन' विवक्षा कहे गये 'नव' शब्दका ९ संख्या रूप अर्थ विकल्प करके वक्ताके अभिप्रायसे भिन्न अर्थकी कल्पना छल कही जाती है। किन्तु सुनिश्चित मुख्य गौण विवक्षासे सम्भव अनेक धर्मोंका सुनिर्णीत रूपसे प्रतिपादन करनेवाला अनेकान्तवाद छल नहीं हो सकता, क्योंकि, इसमें वचनविघात नहीं किया गया है, अपितु यथावस्थित वस्तुतत्त्वका निरूपण किया गया है। (स भ त /७९/१०)।

२. अनेकान्त संशयवाद नहीं है

रा.वा /१/६,९-१२/३६/८ स्यान्मतम्—संशयहेतुरनेकान्तवादः। कथम्। एकाधारे विरोधिनोऽनेकस्यासम्भवात्।·· तच्च न; कस्मात्। विशेष-

लक्षणोपलब्धे'। इह सामान्यप्रत्यक्षाद्विशेषस्मृतेश्च संशय'। ...न च तद्वदनेकान्तवादे विशेषानुपलब्धि', यतः स्वरूपाद्यादेशवशीकृता विशेषा उक्ता वक्तव्या' प्रत्यक्षमुपलभ्यन्ते। ततो विशेषोपलब्धेर्न संशयहेतुः ॥९॥ विरोधाभावात् संशयाभावः ॥१०॥ उक्तादर्पणभेदाद् एकत्राविरोधेनावरोधो धर्माणां पितापुत्रादिसंबन्धवत् ॥११॥ स्वपक्षासपक्षापेक्षोपलक्षितसत्त्वासत्त्वादिभेदोपचितैकधर्मवद्वा ॥ १२ ॥ =प्रश्न—अनेकान्तसंशयका हेतु है, क्योंकि एक आधारमें अनेक विरोधी धर्मोंका रहना असम्भव है? उत्तर—नहीं, क्योंकि यहाँ विशेष लक्षणकी उपलब्धि होती है।...सामान्य धर्मका प्रत्यक्ष होनेसे विशेष धर्मोंका प्रत्यक्ष न होनेपर किन्तु उभय विशेषोंका स्मरण होनेपर संशय होता है। जैसे धुँधली रात्रिमें स्थाणु और पुरुषगत ऊँचाई आदि सामान्य धर्मकी प्रत्यक्षता होनेपर, स्थाणुगत पक्षी-निवास व कोटर तथा पुरुषगत सिर खुजाना, कपड़ा हिलना आदि विशेष धर्मोंके न दिखनेपर किन्तु उन विशेषोंका स्मरण रहनेपर ज्ञान दो कोटिमें दोलित हो जाता है, कि यह स्थाणु है या पुरुष। इसे संशय कहते हैं। किन्तु इस भाँति अनेकान्तवादमें विशेषोंकी अनुपलब्धि नहीं है। क्योंकि स्वरूपादिकी अपेक्षा करके कहे गये और कहे जाने योग्य सर्व विशेषोंकी प्रत्यक्ष उपलब्धि होती है। इसलिए अनेकान्त संशयका हेतु नहीं है ॥९॥ इन धर्मोंमें परस्पर विरोध नहीं है, इसलिए भी संशयका अभाव है ॥१०॥ पिता-पुत्रादि सम्बन्धवत् मुख्यगौण विवक्षासे अविरोध सिद्ध है (देखो आगे अनेकान्त ५) ॥११॥ तथा जिस प्रकार वादी या प्रतिवादीके द्वारा प्रयुक्त प्रत्येक हेतु स्वपक्षकी अपेक्षा साधक और परपक्षकी अपेक्षा दूषक होता है, उसी प्रकार एक ही वस्तुमें विविध अपेक्षाओंसे सत्त्व-असत्त्वादि विविध धर्म रह सकते हैं, इसलिए भी विरोध नहीं है ॥१२॥ (स. भ. त./८१-९३। आठ दोषोंका निराकरण)।

३ अनेकान्तके बिना वस्तुकी सिद्धि नहीं होती

ब. स्तो./२२,२४,२५ अनेकमेकं च तदेव तत्त्वं, भेदान्वयज्ञानमिदं हि सत्यम्। मृषोपचारोऽन्यतरस्य लोपे, तच्छेषलोपोऽपि ततोऽनुपाख्यम् ॥२२॥ न सर्वथा नित्यमुदेत्यपैति, न च क्रियाकारकमत्र युक्तम्। नैवासतो जन्म सतो न नाशो, दीपस्तमः पुद्गलभावतोऽस्ति ॥२४॥ विधिनिषेधश्च कथंचिदिष्टौ, विवक्षया मुख्यगुणव्यवस्था ॥२५॥ =वह सुयुक्तिनीत वस्तुतत्त्व भेद-अभेद ज्ञानका विषय है और अनेक तथा एक रूप है। भेद ज्ञानसे अनेक और अभेद ज्ञानसे एक है। ऐसा भेदाभेद ग्राहक ज्ञान ही सत्य है। जो लोग इनमें-से एकको ही सत्य मानकर दूसरेमें उपचारका व्यवहार करते हैं वह मिथ्या है, क्योंकि दोनों धर्मोंमें-से एकका अभाव माननेपर दूसरेका भी अभाव हो जाता है। दोनोंका अभाव हो जानेपर वस्तुतत्त्व अनुपाख्य अर्थात् निःस्वभाव हो जाता है ॥२२॥ यदि वस्तु सर्वथा नित्य हो तो वह उदय अस्तको प्राप्त नहीं हो सकती और न उसमें क्रियाकारककी ही योजना बन सकती है। जो सर्वथा असत् है उसका कभी जन्म नहीं होता और जो सत् है उसका कभी नाश नहीं होता। दीपक भी बुझनेपर सर्वथा नाशको प्राप्त नहीं होता किन्तु अन्धकार रूप पर्यायको धारण किये हुए अपना अस्तित्व रखता है ॥२४॥ वास्तवमें विधि और निषेध दोनों कथंचित् इष्ट हैं। विवक्षावश उनमें मुख्यगौणकी व्यवस्था होती है ॥२५॥ (स्व. स्तो./४२-४४; ६२-६५), (पं.ध./पू./४१८-४३३)।

ध.१/१,१,११/१६७/२ नात्मनोऽनेकान्तत्वमसिद्धमनेकान्तमन्तरेण तस्यार्थक्रियानुपपत्तेः। =आत्माका अनेकान्तपना असिद्ध नहीं है, क्योंकि अनेकान्तके बिना उसके अर्थक्रियाकारीपना नहीं बन सकता। (श्लो. वा./१/१,१,१२७/५९७)

४. किसी न किसी रूपमें सब अनेकान्त मानते हैं

रा.वा./१/६,१४/३७ नात्र प्रतिवादिनो विसंवदन्ते एकमनेकात्मकमिति। केचित्तावदाहुः—'सत्त्वरजस्तमसां साम्यावस्था प्रधानम्' इति। तेषां प्रसादलाघवशोषतापावरणसादनादिभिन्नस्वभावानां प्रधानात्मना मिथश्च न विरोधः। अथ मन्येथाः 'न प्रधानं नामैकं गुणेभ्योऽर्थान्तरभूतमस्ति, किन्तु त एव गुणाः साम्यापन्नाः प्रधानाख्यां लभन्ते' इति। यद्येवं भूम्ना प्रधानस्य स्यात्। स्यादेतत्—तेषां समुदायः प्रधानमेकमिति; अतएवाविरोधः सिद्ध गुणानामवयवानां समुदायस्य च। अपरे मन्यन्ते—'अनुवृत्तिविनिवृत्तिबुद्ध्यभिधानलक्षणं सामान्यविशेषः' इति। तेषां च सामान्यमेव विशेषः सामान्यविशेष इत्येकस्यात्मन उभयात्मकं न विरुध्यते। अपरे आहुः—'वर्णादिपरमाणुसमुदायो रूपपरमाणुः' इति। तेषां कक्खडत्वादिभिन्नलक्षणानां रूपात्मना मिथश्च न विरोधः। अथ मतम् 'न परमाणूनामेकोऽस्ति ग्राह्यः', किन्तु विज्ञानमेव तदाकारपरिणतं परमाणुव्यपदेशार्हम् इत्युच्यते; अत्रापि ग्राहकविषयाभाससंवित्तिशक्तित्रयाकाराधिकरणस्यैकस्याभ्युपगमान्न विरोधः। किं सर्वेषामेव तेषां पूर्वोत्तरकालभावावस्था विशेषार्पणाभेदादेवस्य कार्यकारणशक्तिसमन्वयो न विरोधस्यास्पदमित्यविरोधसिद्धिः। ='एक वस्तु अनेक धर्मात्मक है' इसमें किसी वादीको विवाद भी नहीं है। यथा सांख्य लोग सत्त्व रज और तम इन भिन्नस्वभाववाले धर्मोंका आधार एक प्रधान मानते हैं। उनके मतमें प्रसाद, लाघव, शोषण, अपवरण, सादन आदि भिन्न-भिन्न गुणोंका प्रधानसे अथवा परस्परमें विरोध नहीं है। वह प्रधान नामक वस्तु उन गुणोंसे पृथक् ही कुछ हो सो भी नहीं है, किन्तु वे ही गुण साम्यावस्थाको प्राप्त करके 'प्रधान' संज्ञाको प्राप्त होते हैं और यदि ऐसे हों तो प्रधान भूमा (व्यापक) सिद्ध होता है। यदि यहाँ यह कहो कि उनका समुदाय प्रधान एक है तो स्वयं ही गुणरूप अवयवोंके समुदायमें अविरोध सिद्ध हो जाता है। वैशेषिक पृथिवीत्व आदि सामान्य विशेष स्वीकार करते हैं। एक ही पृथिवी स्वव्यक्तियोंमें अनुगत होनेसे सामान्यात्मक होकर भी जलादिसे व्यावृत्ति करानेके कारण विशेष कहा जाता है। उनके यहाँ 'सामान्य ही विशेष है' इस प्रकार पृथिवीत्व आदिको सामान्यविशेष माना गया है। अतः उनके यहाँ भी एक आत्माके उभयात्मकपन विरोधको प्राप्त नहीं होता। बौद्ध जन कर्कश आदि विभिन्न लक्षणवाले परमाणुओंके समुदायको एकरूप स्वलक्षण मानते हैं। इनके मतमें भी विभिन्न परमाणुओंमें रूपकी दृष्टिसे कोई विरोध नहीं है। विज्ञानाद्वैतवादी योगाचार बौद्ध एक ही विज्ञानको ग्राह्याकार, ग्राहकाकार और संवेदनाकार इस प्रकार त्रयाकार स्वीकार करते ही हैं। सभी वादी पूर्वावस्थाको कारण और उत्तरावस्थाको कार्य मानते हैं, अतः एक ही पदार्थमें अपनी पूर्व और उत्तर पर्यायोंकी दृष्टिसे कारण-कार्य व्यवहार निर्विरोध रूपसे होता है। उसी तरह सभी जीवादि पदार्थ विभिन्न अपेक्षाओंसे अनेक धर्मोंके आधार सिद्ध होते हैं। (गीता/१३/१४-१६) (ईशोपनिषद्/८)।

५ अनेकान्त भी अनेकान्तात्मक है

स्व. स्तो./१०३ ननु भगवन्मते येन रूपेण जीवादि वस्तु नित्यादिस्वभावं तेन किं कथंचित्तथा सर्वथा वा। यदि सर्वथा तदेकान्तप्रसङ्गादनेकान्तक्षतिः, अथ कथंचित्तदानवस्थेत्याशङ्क्याह—अनेकान्तोऽप्यनेकान्तः प्रमाणनयसाधनः अनेकान्तः प्रमाणात्ते तदेकान्तोऽर्पितान्नयात्। =प्रश्न—भगवान्के मतमें जीवादि वस्तुका जिस रूपसे नित्यादि स्वभाव बताया है, वह कथंचित् रूपसे है या सर्वथा रूपसे। यदि सर्वथा रूपसे है तब तो एकान्तका प्रसंग आनेके कारण अनेकान्तकी क्षति होती है और यदि कथंचित् रूपसे है तो अनवस्था दोष आता है। इसी आशंकाके उत्तरमें आचार्यदेव कहते हैं। उत्तर—आपके मतमें अनेकान्त भी प्रमाण और नय साधनोंको लिये हुए अनेकान्तस्वरूप है। प्रमाणकी दृष्टिसे अनेकान्तरूप सिद्ध होता है और विवक्षित नयकी अपेक्षासे अनेकान्तमें एकान्तरूप सिद्ध होता है।

रा.वा./१,६/७/३५/२८ नयार्पणादेकान्तो भवति एकनिश्चयप्रवणत्वात्; प्रमाणार्पणादनेकान्तो भवति अनेकनिश्चयाधिकरणत्वात्। =एक अंगका निश्चय करानेवाला होनेके कारण नयकी मुख्यतासे एकान्त होता है और अनेक अंगोंका निश्चय करानेवाला होनेके कारण प्रमाणकी विवक्षासे अनेकान्त होता है।

श्लो. वा /२/१,६,५६/४७४ न चैवमेकान्तोपगमे कश्चिद्दोष सुनयार्पितस्यैकान्तस्य समीचीनतया स्थितत्वात् प्रमाणार्पितस्यास्तित्वानेकान्तस्य प्रसिद्धे । येनात्मनानेकान्तस्तेनात्मनानेकान्त एवेत्येकान्तानुषङ्गोऽपि नानिष्टः । प्रमाणसाधनस्यैवानेकान्तत्वसिद्धे. नयसाधनस्यैकान्तव्यवस्थितेरनेकान्तोऽप्यनेकान्त इति प्रतिज्ञानात् । तदुक्तम्—"अनेकान्तोऽप्यनेकान्तः- (देखो ऊपर नं० १)।"=इस प्रकार एकान्तको स्वीकार करनेपर भी हमारे यहाँ कोई दोष नहीं है, क्योंकि श्रेष्ठ नयसे विवक्षित किये गये एकान्तकी समीचीन रूपसे सिद्धि हो चुकी है और प्रमाणसे विवक्षित किये गये अस्तित्वके अनेकान्तकी प्रसिद्धि हो रही है। 'जिस विवक्षित प्रमाणस्वरूपसे अनेकान्त है, उस स्वरूपसे अनेकान्त ही है', ऐसा एकान्त होनेका प्रसंग भी अनिष्ट नहीं है, क्योंकि, प्रमाण करके साधे गये विषयको ही अनेकान्तपना सिद्ध है, और नयके द्वारा साधन किये गये विषयको एकान्तपना व्यवस्थित हो रहा है। हम तो सबको अनेकान्त होनेकी प्रतिज्ञा करते है. इसलिए अनेकान्त भी अनेक धर्मवाला होकर अनेकान्त है। श्री १०८ समन्तभद्राचार्यने कहा भी है, कि अनेकान्त भी अनेकान्तस्वरूप है...इत्यादि (देखो ऊपर नं. १ स्व स्त /१०३)।

न च.वृ /१८१ एयंतो एयणयो होइ अणेयंतमस्स सम्मूहो। =एकान्त एक नयरूप होता है और अनेकान्त नयोंका समूह होता है।

का. अ./मू./२६१ ज वत्थु अणेयत एयंत तं पि होदि सविपेक्ख। सुयणाणेण णएहि य णिरवेक्ख दीसदे णेव ॥२६१॥=जो वस्तु अनेकान्तरूप है वही सापेक्ष दृष्टिसे एकान्तरूप भी है। श्रुतज्ञानकी अपेक्षा अनेकान्त रूप है और नयोंकी अपेक्षा एकान्त रूप है ॥२६१॥

६. अनेकान्तमें सर्व एकान्त रहते है पर एकान्तमें अनेकान्त नहीं रहता

न. च. वृ /५७में उद्धृत "नित्यैकान्तमतं यस्य तस्यानेकान्तता कथम्। अनेकान्तमतं यस्य तस्यैकान्तमतं स्फुटम्। =जिसका मत नित्य एकान्तस्वरूप है उसके अनेकान्तता कैसे हो सकती है। जिसका मत अनेकान्त स्वरूप है उसके स्पष्ट रूपसे एकान्तता होती है।

न च. वृ /१७६ जह सद्धाणमाई सम्मत्तं जह तवाइगुणणिलए। धाओ वा एयरसो तह णयमूलं अणेयतो ॥१७६॥=जिस प्रकार तप ध्यान आदि गुणोंमें, श्रद्धान, सम्यक्त्व, ध्येय आदि एक रसरूपसे रहते है, उसी प्रकार नयमूलक अनेकान्त होता है। अर्थात् अनेकान्तमें सर्व नय एक रसरूपसे रहते हैं।

स्या. मं /३०/३३६/११ सर्वनयात्मकत्वाद्वानेकान्तवादस्य। यथा विशकलितानां मुक्तामणीनामेकसूत्रानुस्यूतानां हारव्यपदेश', एव पृथगभिसबन्धिनां नयनां स्याद्वादलक्षणैकसूत्रप्रोतानां श्रुताख्यप्रमाणव्यपदेश इति।=अनेकान्तवाद सर्वनयात्मक है। जिस प्रकार बिखरे हुए मोतियोंको एक सूत्रमें पिरो देनेसे मोतियोंका सुन्दर हार बन जाता है उसी प्रकार भिन्न-भिन्न नयोंको स्याद्वादरूपी सूतमें पिरो देनेसे सम्पूर्ण नय 'श्रुत प्रमाण' कहे जाते है।

स्या. म./३०/३३६/२६ न च वाच्य तर्हि भगवत्समयस्तेषु कथं नोपलभ्यते इति। समुद्रस्य सर्वसरिन्मयत्वेऽपि विभक्तासु तासु अनुपलम्भात्। तथा च वक्तृवचनयोरैक्यमध्यवस्य श्रीसिद्धसेनदिवाकरपादा (ई. ५५०) उदधाविव सर्वसिन्धव' समुदीर्णास्त्वयि नाथ दृष्टय'। न च तासु भवान् प्रदृश्यते प्रविभक्तासु सरित्स्विवोदधि'। =प्रश्न—यदि भगवान्का शासन सर्वदर्शन स्वरूप है, तो यह शासन सर्वदर्शनोंमें, क्यों नहीं पाया जाता। उत्तर—जिस प्रकार समुद्रके अनेक नदी रूप होनेपर भी भिन्न-भिन्न नदियोंमें समुद्र नहीं पाया जाता उसी प्रकार भिन्न-भिन्न दर्शनोंमें जैनदर्शन नहीं पाया जाता। वक्ता और उसके वचनोंसे अभेद मानकर श्री सिद्धसेन दिवाकर (ई. ५५०) ने कहा है, 'हे नाथ' जिस प्रकार नदियाँ समुद्रमें जाकर मिलती है वैसे ही सम्पूर्ण दृष्टियोंका आपमें समावेश होता है। जिस प्रकार भिन्न-भिन्न नदियोंमें सागर नहीं रहता उसी प्रकार भिन्न-भिन्न दर्शनोंमें आप नहीं रहते।

७. निरपेक्ष नयोंका समूह अनेकान्त नहीं है

आप्त मी /१०८ मिथ्यासमूहो मिथ्या चेन्न मिथ्यैकान्ततास्ति नः। निरपेक्षा नया मिथ्या सापेक्षा वस्तुतोऽर्थकृत ॥१०८॥=मिथ्या नयोंका समूह भी मिथ्या ही है, परन्तु हमारे यहाँ नयोंका समूह मिथ्या नहीं है, क्योंकि, परस्पर निरपेक्ष नय मिथ्या है, परन्तु जो अपेक्षा सहित नय है वे वस्तुस्वरूप है।

प मु /६/६१-६२ विषयाभासं सामान्यं विशेषो द्वय वा स्वतन्त्रम् ॥६१॥ तथा प्रतिभासनात् कार्यकरणाच्च ॥६२॥=वस्तुके सामान्य व विशेष दोनों अशोंको स्वतन्त्र विषय मानना विषयाभास है ॥६१॥ क्योंकि न तो ऐसे पृथक् सामान्य या विशेषोंकी प्रतीति है और न ही पृथक्-पृथक् इन दोनोंसे कोई अर्थक्रिया सम्भव है।

न्या दी /३/§८६ ननु प्रतिनियताभिप्रायगोचरतया पृथगात्मनां परस्परसाहचर्यनिपेक्षाणां मिथ्याभूतानामेकत्ववादीनां धर्माणां साहचर्यलक्षणसमुदायोऽपि मिथ्यैवेति चेत्तदङ्गीकुर्महे, परस्परोपकार्योपकारकभावं विना स्वतन्त्रतया नैरपेक्ष्यापेक्षायां परस्वभावविमुक्तस्य तन्तुसमूहस्य शीतनिवारणाद्यर्थ क्रियावदेकत्वानेकत्वानामर्थ क्रियायां सामर्थ्याभावात्कथ चिन्मिथ्यात्वस्यापि सभवात्। =प्रश्न-एक-एक अभिप्रायके विषयरूपसे भिन्न-भिन्न सिद्ध होनेवाले और परस्परमें साहचर्यकी अपेक्षा न रखनेपर मिथ्याभूत हुए एकत्व अनेकत्व आदि धर्मोंका साहचर्य रूप समूह भी जो कि अनेकान्त माना जाता है, मिथ्या ही है। तात्पर्य यह कि परस्पर निरपेक्ष एकत्वादि एकान्त जब मिथ्या है तो उनका समूहरूप अनेकान्त भी मिथ्या ही कहलायेगा? उत्तर—वह हमे इष्ट है। जिस प्रकार परस्परके उपकार्य-उपकारक भावके बिना स्वतन्त्र होनेसे एक दूसरेकी अपेक्षा न करनेपर वस्त्ररूप अवस्थासे रहित तन्तुओंका समूह शीत निवारण आदि कार्य नहीं कर सकता है, उसी प्रकार एक दूसरेकी अपेक्षा न करनेपर एकत्वादिक धर्म भी यथार्थ ज्ञान कराने आदि अर्थक्रियामें समर्थ नहीं है। इसलिए उन परस्पर निरपेक्ष धर्मोंमें कथ चित् मिथ्यापन भी सम्भव है।

८. अनेकान्त व एकान्तका समन्वय

रा.वा /१/६,७/३५/२६ यद्यनेकान्तोऽनेकान्त एव स्यान्नैकान्तो भवेत्, एकान्ताभावात् तत्समूहात्मकस्य तस्याप्यभाव स्यात्, शाखाद्यभावे वृक्षाद्यभाववत्। यदि चैकान्त एव स्यात्, तदविनाभाविशेषनिराकरणादात्मलोपे सर्वलोप स्यात्। एवम् उत्तरे च भङ्गा योजयितव्या। =यदि अनेकान्तको अनेकान्त ही माना जाये और एकान्तका सर्वथा लोप किया जाये तो सम्यगेकान्तके अभावमें, शाखादिके अभावमें वृक्षके अभावकी तरह तत्समुदायरूप अनेकान्तका भी अभाव हो जायेगा। यदि एकान्त ही माना जाये तो अविनाभावी इतर धर्मोंका लोप होनेपर प्रकृत शेषका भी लोप होनेसे सर्व लोपका प्रसंग प्राप्त होता है। इसी प्रकार (अस्ति नास्ति भंगवत्) अनेकान्त व एकान्तमें शेष भंग भी लागू कर लेने चाहिए। (स भ.त /७५/४)।

९. सर्व एकान्तवादियोंके मत किसी न किसी नयमें गर्भित है

स्या. मं /२८/३१६/७ एत एव च परामर्शा अभिप्रेतधर्मविधारणात्मकतया शेषधर्मतिरस्कारेण प्रवर्तमाना दुर्नयसंज्ञामश्नुवते। तद्बलप्रभावितसत्ताका हि खल्वेते परप्रवादा। तथाहि—नैगमनयदर्शनानुसारिणौ नैयायिक-वैशेषिकौ। संग्रहाभिप्रायप्रवृत्ता सर्वेऽप्यद्वैतवादा सांख्यदर्शनं च। व्यवहारनयानुपातिप्रायश्चार्वाकदर्शनम्। ऋजुसूत्राकूतप्रवृत्तबुद्धयस्तथागताः। शब्दादिनयावलम्बिनो वैयाकरणादयः। =जिस समय ये नय अन्य धर्मोंका निषेध करके केवल अपने एक अभीष्ट धर्मका ही प्रतिपादन करते है, उस समय दुर्नय कहे जाते हैं। एकान्तवादी लोग वस्तुके एक धर्मको सत्य मानकर अन्य धर्मोंका निषेध करते है, इसलिए वे लोग दुर्नयवादी कहे जाते है। वह ऐसे कि—न्याय-वैशेषिक लोग नैगमनयका अनुसरण करते है, वेदान्ती अथवा

सभी अद्वैतवादी तथा सांख्य दर्शन संग्रहनयको मानते हैं। चार्वाक लोग व्यवहारनयवादी है, बौद्ध लोग केवल ऋजुसूत्रनयको मानते हैं तथा वैयाकरण शब्दादि तीनों नयका अनुकरण करते हैं। नोट :—[इन नयाभासोंके लक्षण (दे. नय III)]।

३. अनेकान्तका कारण व प्रयोजन

१. अनेकान्तके उपदेशका कारण

स सा./परि "ननु यदि ज्ञानमात्रत्वेऽपि आत्मवस्तुन: स्वयमेवानेकान्त: प्रकाशते तर्हि किमर्थमर्हद्भिस्तत्साधनत्वेनानुशास्यतेऽनेकान्त। अज्ञानिनां ज्ञानमात्रात्मवस्तुप्रसिद्ध्यर्थमिति ब्रूम। न खल्वनेकान्तमन्तरेण ज्ञानमात्रमात्मवस्त्वेव प्रसिध्यति। तथा हि—इह स्वभावत एव बहुभावनिर्भरविश्वे सर्वभावानां स्वभावेनाद्वैतेऽपि द्वैतस्य निषेद्धुमशक्यत्वात् समस्तमेव वस्तु स्वपररूपप्रवृत्तिव्यावृत्तिभ्यामुभयभावाध्यासितमेव। =प्रश्न—यदि आत्मवस्तुको ज्ञानमात्रता होनेपर भी, स्वयमेव अनेकान्त प्रकाशता है, तब फिर अर्हन्त भगवान् उसके साधनके रूपमें अनेकान्तका उपदेश क्यों देते हैं? उत्तर—अज्ञानियोंके ज्ञानमात्र आत्मवस्तुकी प्रसिद्धि करनेके लिए उपदेश देते हैं, ऐसा हम कहते हैं। वास्तवमें अनेकान्तके बिना ज्ञानमात्र आत्म वस्तु ही प्रसिद्ध नहीं हो सकती। इसीको इस प्रकार समझाते हैं। स्वभावसे ही बहुत-से भावोंसे भरे हुए इस विश्वमें सर्व भावोंका स्वभावसे अद्वैत होनेपर भी, द्वैतका निषेध करना अशक्य होनेसे समस्त वस्तु स्वरूपमें प्रवृत्ति और पररूपमें व्यावृत्तिके द्वारा दोनों भावोंसे अध्यासित है। (अर्थात् समस्त वस्तु स्वरूपमें प्रवर्तमान होनेसे और पर रूपसे भिन्न रहनेसे प्रत्येक वस्तुमें दोनों भाव रह रहे हैं)।

प का /त.प्र /१० अविशेषाद्द्रव्यस्य सत्स्वरूपमेव लक्षणम्, न चानेकान्तात्मकस्य द्रव्यस्य सन्मात्रमेव स्वरूपम्। =सत्तासे द्रव्य अभिन्न होनेके कारण सत् स्वरूप ही द्रव्यका लक्षण है, परन्तु अनेकान्तात्मक द्रव्यका सन्मात्र ही स्वरूप नहीं है।

और भी दे नय I/२/५-(अनेक धर्मोंको युगपत् जाननेवाला ज्ञान ही प्रमाण है।)

और भी दे नय I/२/८ (वस्तुमें सर्व धर्म युगपत् पाये जाते हैं।)

२ अनेकान्त के उपदेशका प्रयोजन

न च वृ /२६०-२६१ तच्च पि हेयमियर हेयं खलु भणिय ताण परदव्व। णिय दव्व पि य जाणसु हेयाहेयं च णयजोगे ॥२६०॥ मिच्छासरागभूयो हेयो आदा हवेई णियमेण। तव्विवरीओ झेओ णायव्वो सिद्धिकामेण ॥२६१॥ =तत्त्व भी हेय और उपादेय रूपसे दो प्रकारका है। तहाँ परद्रव्यरूप तत्त्व तो हेय है और निजद्रव्यरूप तत्त्व उपादेय है। ऐसा नय योगसे जाना जाता है ॥२६०॥ नियमसे मिथ्यात्व व राग सहित आत्मा हेय है और उससे विपरीत ध्येय है ॥२६१॥

का.अ./मू /३११-३१२ जो तच्चमणेयत णियमा सद्दहदि सत्तभंगेहिं। लोयाण पण्हवसदो ववहारपवत्तणट्ठं च ॥३११॥ जो णयरेण मण्णदि जीवाजीवादि णवविह अत्थं। सुदणाणेण णएहि य सो सद्दिट्ठी हवे सुद्धो ॥३१२॥ =जो लोगोंके प्रश्नोंके वशसे तथा व्यवहार चलानेके लिए सप्तभंगोंके द्वारा नियमसे अनेकान्त तत्त्वका श्रद्धान करता है वह सम्यग्दृष्टि होता है ॥३११॥ जो श्रुतज्ञान तथा नयोंके द्वारा जीव-अजीव आदि नव प्रकारके पदार्थोंको आदर पूर्वक मानता है, वह शुद्ध सम्यक्दृष्टि है ॥३१२॥

३. अनेकान्तवादियोंको कुछ भी कहना अनिष्ट नहीं

लो.वा.२/५.२-१४/१८० व्यक्तिरपि तथा नित्या स्यादिति चेत् न किंचिदनिष्टं, पर्यायार्थादेशादेव विशेषपर्यायस्य सामान्यपर्यायस्यवानित्यत्वोपगमात्। प्रश्न—यदि कोई कहे कि इस प्रकार तो द्रव्यकी व्यक्तियें अर्थात् घट पट आदि पर्यायें भी नित्य हो जायेंगी? उत्तर—हो जाने दो। हम स्याद्वादियोंको कुछ भी अनिष्ट नहीं है। हमने पर्यायार्थिक नयसे ही सामान्य व विशेष पर्यायोंको अनित्य स्वीकार किया है, द्रव्यार्थिक नयसे तो सम्पूर्ण पदार्थ नित्य हैं ही।

४. अनेकान्तकी प्रधानता व महत्ता

स्व स्तो./१८ अनेकान्तात्मदृष्टिस्ते सती शून्यो विपर्यय:। ततः सर्वं मृषोक्तं स्यात्तदयुक्तं स्वघातत ॥१८॥ =आपकी अनेकान्त दृष्टि सच्ची है। विपरीत इसके जो एकान्त मत है वह शून्यरूप असत् है, अतः जो कथन अनेकान्त दृष्टिसे रहित है, वह सब मिथ्या है।

ध.१/१,१,२७/२२२/२ उत्सुत्तं लिहता आइरिया कथं वज्जभीरुणो। इदि चे ण एस दोसो, दोण्हं मज्झे एकस्सेव संगहे कीरमाणे वज्जभीरुत्तं णिबद्धति। दोण्हं पि संगहं करेंताणमाइरियाणं वज्जभीरुत्ताविणासादो। =प्रश्न—उत्सूत्र लिखनेवाले आचार्य पापभीरु कैसे माने जा सकते है? उत्तर—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि दोनों प्रकारके वचनोंसे किसी एक ही वचनके संग्रह करनेपर पापभीरुता निकल जाती है अर्थात् उच्छृंखलता आ जाती है। अतएव दोनों प्रकारके वचनोंका संग्रह करनेवाले आचार्योंके पापभीरुता नष्ट नहीं होती है।

गो क /मू /८९५/१०७४ एकान्तवादियोंका सर्व कथन मिथ्या और अनेकान्तवादियोंका सर्व कथन सम्यक् है। (दे. स्याद्वाद ५।

प्र सा /त.प्र /२७ अनेकान्तोऽत्र बलवान्। =यहाँ अनेकान्त बलवान् है।

प का /त प्र /२१ स खल्वयं प्रसादोऽनेकान्तवादस्य यदीदृशोऽपि विरोधो न विरुध्यते। =यह प्रसाद वास्तवमें अनेकान्तवादका है कि ऐसा विरोध भी विरोध नहीं है।

प ध /पू /२२७ तत्र यतोऽनेकान्तो बलवानिह खलु न सर्वथैकान्तः। सर्वं स्यादविरुद्धं तत्पूर्वं तद्विना विरुद्धं स्यात् ॥२२७॥ =जैन सिद्धान्तमें निश्चयसे अनेकान्त बलवान् है, सर्वथा एकान्त बलवान् नहीं है। इसलिए अनेकान्त पूर्वक सब ही कथन अविरुद्ध चलता है और अनेकान्तके बिना सर्व ही कथन विरुद्ध हो जाता है।

४. वस्तुमें विरोधी धर्मोंका निर्देश

१. वस्तु अनेकों विरोधी धर्मोंसे गुम्फित है

स सा /आ /परि. "अत्र यदेव तत्तदेवातत्, यदेवैकं तदेवानेकं, यदेव सत्तदेवासत्, यदेव नित्यं तदेवानित्यमित्येकवस्तु वस्तुत्वनिष्पादकपरस्परविरुद्धशक्तिद्वयप्रकाशनमनेकान्त:। =अनेकान्त। १/१ (स सा /आ /परि)।

न्या.दी /३/§५७ सर्वस्मिन्नपि जीवादिवस्तुनि भावाभावरूपत्वमेकानेकरूपत्वं नित्यानित्यरूपत्वमित्येवमादिकमनेकान्तात्मकत्वम्। =सर्व ही जीवादि वस्तुओंमें भावपना-अभावपना, एकरूपपना-अनेकरूपपना, नित्यपना-अनित्यपना, इस प्रकार अनेकान्तात्मकपना है।

प.ध /पू /२६२-२६३ स्यादस्ति च नास्तीति च नित्यमनित्यं स्वनेकमेकं च। तदतच्चेति चतुष्टययुग्मैरिव गुम्फित वस्तु ॥२६२॥ अथ तद्यथा यदस्ति हि तदेव नास्तीति तच्चतुष्कं च। द्रव्येण क्षेत्रेण च कालेन तथाथवापि भावेन ॥२६३॥ =कथंचित् है और नहीं है यह तथा नित्य-अनित्य और एक-अनेक, तत्-अतत् इस प्रकार इन चारयुगलोंके द्वारा वस्तु गुंथी हुई की तरह है ॥२६२॥ इसका खुलासा इस प्रकार है कि निश्चयसे स्व द्रव्य, क्षेत्र, काल व भाव इन चारोंके द्वारा जो सत् है वही पर द्रव्यादिमें असत् है। इस प्रकारसे द्रव्यादि रूपसे अस्ति-नास्तिका चतुष्टय हो जाता है ॥२६३॥

२. वस्तु भेदाभेदात्मक है।

यु.अनु./७ अभेदभेदात्मकमर्थतत्त्वं, तव स्वतन्त्रान्यतरत्खपुष्पम्। =हे प्रभु! आपका अर्थ तत्त्व अभेदभेदात्मक है। अभेदात्मक और भेदात्मक दोनोंको स्वतन्त्र स्वीकार करनेपर प्रत्येक आकाश पुष्पके समान हो जाता है।

३. सत् सदा अपने प्रतिपक्षीको अपेक्षा रखता है

पं.का /मू /८ सत्ता सव्वपयत्था सविस्सरूवा अणंतपज्जाया। भंगुप्पादधुवत्ता सप्पडिवक्खा हवदि एक्का ॥८॥ =सत्ता उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यात्मक, एक, सर्वपदार्थस्थित, सविश्वरूप, अनन्तपर्यायमय और सप्रतिपक्ष (क पा १/१-१/§६/५३) (ध १४/५-६-१२८ १८/२३४)।

पं.का./त प्र/८ एवभूतापि सा न खलु निरङ्कुशा किंतु सप्रतिपक्षा। प्रतिपक्षो ह्यसत्ता सत्तायाः, अत्रिलक्षणत्व त्रिलक्षणायाः अनेकत्वमेकस्याः, एकपदार्थस्थितत्व सर्वपदार्थस्थितायाः, एकरूपत्व सविश्वरूपायाः, एकपर्यायत्वमनन्तपर्यायाः इति।=ऐसी होनेपर भी वह (सत्ता) वास्तवमें निरंकुश नहीं है, किन्तु सप्रतिपक्ष है। १. सत्ताको असत्ता प्रतिपक्ष है, २ त्रिलक्षणको अत्रिलक्षणपना प्रतिपक्ष है, ३ एकको अनेकपना प्रतिपक्ष है, ४ सर्वपदार्थस्थितको एकपदार्थस्थितपना प्रतिपक्ष है; ५ सविश्वरूपको एकरूपपना प्रतिपक्ष है, ६ अनन्तपर्यायमयको एकपर्यायमयपना प्रतिपक्ष है। (प ध./पू./१५) (न.च./श्रु/५३)।

नि.सा./ता वृ./३४ अस्तित्व नाम सत्ता। सा किंविशिष्टा। सप्रतिपक्षा, अवान्तरसत्ता महासत्तेति।=अस्तित्व नाम सत्ताका है। वह कैसी है? महासत्ता और अवान्तरसत्ता—ऐसी सप्रतिपक्ष है।

स भ त/५१/३ सत्ता सप्रतिपक्षेका इति वचनात्।=सम्पूर्ण द्रव्य, क्षेत्र, कालादि रूप जो एक महासत्ता है वही विकल द्रव्य, क्षेत्र आदिसे प्रतिपक्ष सहित है। ऐसा अन्यत्र आचार्यका वचन है।

४ स्व सदा परकी अपेक्षा रखता है

स्या मं/१६/२१८/११ कथमन्यथा स्वशब्दस्य प्रयोगः। प्रतियोगीशब्दो ह्ययं परमपेक्षमाण एव प्रवर्तते।='स्व' शब्दका प्रयोग अन्यथा क्यों किया है? स्व-शब्द प्रतियोगी शब्द है। अतएव स्वशब्दसे पर शब्दका भी ज्ञान होता है।

५ विधि सदा निषेधकी अपेक्षा रखती है।

न च वृ./२५७,३०४ एक्कणिरुद्धे इयरो पडिवक्खो अणवरेद्ध सब्भावो। सव्वेसिं च सहावे कायव्वा होइ तह भंगी ॥२५७॥ अत्थित्त णो णत्थिसहावस्स जो हु सावेक्ख। णत्थी विय तह दव्वे मूढो मूढो दु सव्वत्थ ॥३०४॥=एक स्वभावका निषेध होनेपर दूसरा प्रतिपक्षी स्वभाव अनुवृत्ति करता है, इस प्रकार सभी स्वभावोंमें सप्तभंगी करनी चाहिए ॥२५७॥ जो अस्तित्वको नास्तित्व सापेक्ष और नास्तित्वको अस्तित्व सापेक्ष नहीं मानता है, वह द्रव्यमें मूढ और इसलिए सर्वत्र मूढ है।

रा.वा./१/६,१३/३७/६ यो हेतुरुपदिश्यते स साधको दूषकश्च स्वपक्षं साधयति परपक्षं दूषयति।=जो हेतु कहा जाता है वह साधक भी होता है और दूषक भी, क्योंकि स्वपक्षको सिद्ध करता है पर पक्षमें दोष निकालता है (स भ त./१०/३)।

पं.ध./पू./६६५ विधिपूर्वं प्रतिषेधः प्रतिषेधपुरस्सरो विधिस्त्वनयोः। मैत्री प्रमाणमिति वा स्वपराकारावगाहि यज्ज्ञानम्।=विधिपूर्वक प्रतिषेध और प्रतिषेध पूर्वक विधि होती है, परन्तु इन दोनोंकी मैत्री स्वपराकारग्राही ज्ञान रूप है। वही प्रमाण है।

६. वस्तुमें कुछ विरोधी धर्मोंका निर्देश

दे अनेकान्त/शीर्षक "सत्संख्या सत्-असत्, एक-अनेक; नित्य-अनित्य, तत्-अतत्। (४/१), भेद अभेद (४/२)। सत्ता-असत्ता, त्रिलक्षणत्व-अत्रिलक्षणत्व; एकत्व-अनेकत्व, सर्वपदार्थस्थित-एकपदार्थस्थित, सविश्वरूप-एकरूप, अनन्तपर्यायमयत्व-एकपर्यायमयत्व, महासत्ता-अवान्तरसत्ता; स्व-पर, (४/३)।"

न च वृ/७०/टीका "सद्रूप-असद्रूप, नित्य अनित्य, एक अनेक, भेद-अभेद; भव्य-अभव्य, स्वभाव-विभाव, चैतन्य-अचैतन्य, मूर्त-अमूर्त, एकप्रदेशत्व-अनेकप्रदेशत्व, शुद्ध-अशुद्ध, उपचरित-अनुपचरित; एकान्त-अनेकान्त इत्यादि स्वभाव है।

स्या म/मू/२५ अनित्य-नित्य, सदृश-विसदृश, वाच्य-अवाच्य, सत्-असत्।

ध/पू/श्लो न. "देश-देशांश ॥७४॥, स्व द्रव्य=महासत्ता-अवान्तर सत्ता ॥२६४॥, स्वक्षेत्र=सामान्य-विशेष; अर्थात् अखण्ड द्रव्य तथा उसके प्रदेश, स्व काल=सामान्य-विशेष अर्थात् अखण्ड द्रव्यकी एक पर्याय तथा पृथक्-पृथक् गुणोंकी पर्याय; स्वभाव=सामान्य व विशेष अर्थात् द्रव्य तथा गुण व पर्याय ॥२७०-२८०॥ (और भी दे. जीव ३/४)

७. वस्तुमें कथंचित् स्वपर भाव निर्देश

रा वा/१/६,५/३४/३१ चैतन्यशक्तेर्द्वावाकारौ ज्ञानाकारो ज्ञेयाकारश्च। तत्र ज्ञेयाकार स्वात्मा तन्मूलत्वाद् घटव्यवहारस्य। ज्ञानाकार परात्मा सर्वसाधारणत्वात्।=चैतन्य शक्तिमें दो आकार रहते हैं—ज्ञानाकार व ज्ञेयाकार। तहाँ ज्ञानाकार तो घटव्यवहारका मूल होनेके कारण स्वात्मा है तथा सर्वसाधारण होनेके कारण ज्ञेयाकार परमात्मा है।

रा वा/१/६,५/३३/३१,४०,४१,४३ घटत्व नामक धर्म 'घट'का स्वरूप है और पटत्वादि पररूप है। नाम, स्थापना, द्रव्य, भावादिकोंमें जो विवक्षित है, वह स्वरूप है और जो अविवक्षित है, वह पररूप है। घट विशेषके अपने स्थौल्यादि धर्मोंसे विशिष्ट घटत्व तो उसका स्वरूप है और अन्य घटोंका घटत्व उसका पररूप है। और उस ही घट विशेषमें पूर्वोत्तरकालवर्ती पिण्ड कुशूलादि उसका पररूप है और उन पिण्ड कुशूलादिमें अनुस्यूत एक घटत्व उसका स्वरूप है। ऋजुसूत्र नयकी अपेक्षा वर्तमान घटपर्याय स्वरूप है और पूर्वोत्तर कालवर्ती घटपर्याय पररूप है। उस क्षणमें भी तत्क्षणवर्ती रूपादि समुदायात्मक घटमें रहनेवाले पृथुबुध्नोदरादि आकार तो उसके स्वरूप है और इसके अतिरिक्त अन्य आकार उसके पररूप है। तत्क्षणवर्ती रूपादिकोंमें भी रूप उसका स्वरूप है और अन्य जो रसादि वे उसके पर रूप है, क्योंकि चक्षु इन्द्रिय द्वारा रूपमुखेन ही घटका ग्रहण होता है। समभिरूढ नयसे घटनक्रिया विषयक कर्तृत्व ही घटका स्वरूप है और अन्य कौटिल्यादि धर्म उसके पररूप हैं। मृत द्रव्य उसका स्व-द्रव्य है और अन्य स्वर्णादि द्रव्य उसके परद्रव्य है। घटका स्वक्षेत्र भूतल आदि है और परक्षेत्र भीत आदि है। घटका स्वकाल वर्तमानकाल है और परकाल अतीतादि है। (स भ त/प ३१-४५)।

स भ त./४९-५१ प्रमेयका प्रमेयत्व उसका स्वरूप है घटत्वादिक ज्ञेय उसका पररूप है। अथवा प्रमेयका स्वरूप तो प्रमेयत्व है और पररूप अप्रमेयत्व है ॥४९-५०॥ छहों द्रव्योंका शुद्ध अस्तित्व तो उनका स्वरूप है और उनका प्रतिपक्षी अशुद्ध अस्तित्व उनका पररूप है। शुद्ध द्रव्यमें भी उसका सकल द्रव्य क्षेत्र काल भावकी उपेक्षा सत्त्व है और विकल द्रव्य क्षेत्रादिकी अपेक्षा असत्त्व है ॥५१॥

प.ध./उ/३९८ ज्ञानात्मक आत्माका एक ज्ञान गुण स्वार्थ है और शेष सुख आदि गुण परार्थ हैं।

रा.वा./१/६,७/३५/११ एवमिय सप्तभङ्गी जीवादिषु सम्यग्दर्शनादिषु च द्रव्यार्थिकपर्यायार्थिकनयार्पणाभेदादायोजयितव्या।=इस प्रकार यह सप्तभंगी जीवादिक व सम्यग्दर्शनादिक सर्व विषयोंमें द्रव्यार्थिक व पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षा भेद करके लागू कर लेनी चाहिए।

५ विरोधमें अविरोध

१ विरोधी धर्म रहनेपर भी वस्तुमें कोई विरोध नहीं पड़ता

ध १/१,१,११/१६६/६ अक्रमेण सम्यग्मिथ्यारुच्यात्मको जीव सम्यग्मिथ्यादृष्टिरिति प्रतिजानीमहे। न विरोधोऽप्यनेकान्ते आत्मनि भूयसा धर्माणां सहानवस्थालक्षणविरोधासिद्धेः।=युगपत् समीचीन और असमीचीन श्रद्धावाला जीव सम्यग्मिथ्यादृष्टि है, ऐसा मानते हैं और ऐसा माननेमें विरोध भी नहीं आता, क्योंकि आत्मा अनेकधर्मात्मक है, इसलिए उसमें अनेक धर्मोंका सहानवस्थालक्षण विरोध असिद्ध है।

पं.वि./८/१३/१५१ यत्सूक्ष्मं च महच्च शून्यमपि यन्नो शून्यमुत्पद्यते, नश्यत्येव च नित्यमेव च तथा नास्त्येव चास्त्येव च। एकं यद्यदनेकमेव तदपि प्राप्ते प्रतीति दृढा, सिद्धज्योतिरमूर्ति चिन्मुखमयं केनापि तल्लक्ष्यते ॥१३॥

प.वि./१०/१४/१७२ निर्विनाशमपि नाशमाश्रितं शून्यमत्यतिशयेन संभृतम्। एकमेव गतमप्यनेकता तत्त्वमीदृगपि नो विरुध्यते ॥१४॥

=जो सिद्धज्योति सूक्ष्म भी है और स्थूल भी है, शून्य भी है और परिपूर्ण भी है, उत्पाद-विनाशशाली भी है और नित्य भी है, सद्भावरूप भी है और अभावरूप भी है तथा एक भी है और अनेक भी है, ऐसा वह दृढ प्रतीतिको प्राप्त हुई अमूर्तिक चेतन एव सुख-स्वरूप सिद्ध ज्योति किसी विरले ही योगी पुरुषके द्वारा देखी जाती है ॥१३॥ वह आत्मतत्त्व विनाशसे रहित होकर भी नाशको प्राप्त है, शून्य होकर भी अतिशयसे परिपूर्ण है तथा एक होकर भी अनेकता-को प्राप्त है। इस प्रकार नय विवक्षासे ऐसा माननेमें कुछ भी विरोध नहीं आता है (गीता/१३/१४-१६) (ईशोपनिषद्/८) (और भी दे. अनेकान्त/२/५)।

२. सभी धर्मोंमें नहीं बल्कि यथायोग्य धर्मोंमें ही अविरोध है

ध १/१.१,११/१६७/३ अस्त्वेकस्मिन्नात्मनि भूयसा सहावस्थाना प्रत्य-विरुद्धाना सभवो नाशेषाणामिति चेत्क एवमाह समस्तानाप्यवस्थिति-रिति चैतन्याचैतन्यभव्याभव्यादिधर्माणामप्येकस्मिन्नात्मन्यवस्थि-तिप्रसङ्गात्। किन्तु येषा धर्माणा नात्यन्ताभावो यस्मिन्नात्मनि तत्र कदाचित्क्वचिदेकस्मिन्, तेषामस्तित्व प्रतिजानीमहे। =प्रश्न—जिन धर्मोंका एक आत्मामें एक साथ रहनेमें विरोध नहीं है, वे रहे, परन्तु सम्पूर्ण धर्म तो एक साथ एक आत्मामें रह नहीं सकते है। उत्तर—कौन ऐसा कहता है कि परस्पर-विरोधी और अविरोधी समस्त धर्मोंका एक साथ आत्मामें रहना सम्भव है। यदि सम्पूर्ण धर्मोंका एक साथ रहना मान लिया जावे तो परस्पर विरुद्ध चैतन्य-अचैतन्य, भव्यत्व-अभव्यत्व आदि धर्मोंका एक साथ एक आत्मामें रहनेका प्रसग आ जायेगा। इसलिए 'सम्पूर्ण परस्पर विरोधी धर्म एक आत्मा-में रहते है,' अनेकान्तका यह अर्थ नहीं समझना चाहिए। किन्तु जिन धर्मोंका जिस आत्मामें अत्यन्त अभाव नहीं (यहाँ सम्य-ग्मिथ्यात्व भावका प्रकरण है) वे धर्म उस आत्मामें किसी काल और किसी क्षेत्रकी अपेक्षा युगपत् भी पाये जा सकते है, ऐसा हम मानते है।

३. अपेक्षा भेदसे अविरोध सिद्ध है

स. सि /५/३२/३०३ तस्या सिद्धेर्पितानर्पितासिद्धेर्नास्ति विरोध। तद्यथा—एकस्य देवदत्तस्य पिता पुत्रो भ्राता भागिनेय इत्येवमादय सम्बन्धा जनकत्वजन्यत्वादिनिमित्ता न विरुध्यन्ते, अर्पणाभेदात्॥ पुत्रापेक्षया पिता, पित्रपेक्षया पुत्र इत्येवमादि। तथा द्रव्यमपि सामान्यार्पणया नित्यम्, विशेषार्पणयानित्यमिति नास्ति विरोध। =इन दोनोकी अपेक्षा एक वस्तुमें परस्पर विरोधी दो धर्मोंकी सिद्धि होती है, इसलिए कोई विरोध नहीं है।—जैसे देवदत्तके पिता पुत्र, भाई और भानजे, इसी प्रकार और भी जनकत्व और जन्यत्वादिके निमित्तसे होनेवाले सम्बन्ध विरोधको प्राप्त नहीं होते। जब जिस धर्मकी प्रधानता होती है उस समय उसमे वही धर्म माना जाता है। उदाहरणार्थ—पुत्रकी अपेक्षा वह पिता है और पिताकी अपेक्षा वह पुत्र है आदि। उसी प्रकार द्रव्य भी सामान्यकी अपेक्षा नित्य है और विशेषकी अपेक्षा अनित्य है, इसलिए कोई विरोध नहीं है। (रा. वा १/६,११/३६/२२)।

रा.वा./५/३१ २/४६७/४ विप्रतिषेध न व्येति, उत्पद्यमान एव नोत्पद्यते इति विरोध, ततो न युक्तमिति; तन्न किं कारणम्। धर्मान्तरा-श्रयणात्। यदि येन रूपेण व्ययोदयकल्पना तेनैव रूपेण नित्यता प्रतिज्ञायेत स्याद्विरोध जनकत्वापेक्षयैव पितापुत्रव्यपदेशवत्, नन्तु धर्मान्तरसंश्रयणात्। =प्रश्न—'जो नष्ट होता है वही नष्ट नहीं होता और जो उत्पन्न होता है वही उत्पन्न नहीं होता,' यह बात परस्पर विरोधी मालूम होती है। उत्तर—वस्तुत विरोध नहीं है, क्योंकि जिस दृष्टिसे नित्य कहते है यदि उसी दृष्टिसे अनित्य कहते तो विरोध होता जैसे कि एक जनकत्वकी ही अपेक्षा किसीको पिता और पुत्र कहनेमें। पर यहाँ द्रव्य दृष्टिसे नित्य और पर्याय दृष्टिसे अनित्य कहा जाता है, अत विरोध नहीं है। दोनो नयोकी दृष्टिसे दोनो धर्म बन जाते है।

न.च /श्रु /पृ ६५ यथा स्वस्वरूपेणास्तित्व तथा पररूपेणाप्यस्तित्व माभू-दिति स्याच्छब्द। यथा द्रव्यरूपेण नित्यत्व तथा पर्यायरूपेण (अपि) नित्यत्व माभूदिति स्याच्छब्द। =जिस प्रकार वस्तुका स्वरूपसे अस्तित्व है, उसी प्रकार पररूपसे भी अस्तित्व न हो जाये, इसलिए स्यात् शब्द या अपेक्षाका प्रयोग किया जाता है। जिस प्रकार द्रव्यरूपसे वस्तु नित्य है, उसी प्रकार पर्यायरूपसे भी वह नित्य न हो जाये इसलिए स्यात् शब्दका प्रयोग किया जाता है। (स्या मं २३/२७६/७)।

प का/ता वृ /१८/३८ ननु यद्युत्पादविनाशौ तर्हि तस्यैव पदार्थस्य नित्यत्व कथम्। नित्यं तर्हि तस्यैवोत्पादव्ययद्वय च कथम्। परस्पर-विरुद्धमिद शीतोष्णवदिति पूर्वपक्षे परिहारमाहु। येषां मते सर्वथै-कान्तेन नित्यं वस्तु क्षणिकं वा तेषां दूषणमिदम्। कथमिति चेत्। येनैव रूपेण नित्यत्व तेनैवानित्यत्व न घटते, येन च रूपेणानित्यत्व तेनैव न नित्यत्व घटते। कस्मात्। एकस्वभावत्वाद्वस्तुनस्तन्मते। जैनमते पुनरनेकस्वभाव वस्तु तेन कारणेन द्रव्यार्थिकनयेन द्रव्यरूपेण नित्यत्व घटते पर्यायार्थिकनयेन पर्यायरूपेणानित्यत्वं च घटते। तौ च द्रव्यपर्यायौ परस्पर सापेक्षौ—तेन कारणेन.. एकदेवदत्तस्य जन्य-जनकादिभाववत् एकस्यापि द्रव्यस्य नित्यानित्यत्वं घटते नास्ति विरोध। =प्रश्न—यदि उत्पाद और विनाश है तो उसी पदार्थमें नित्यत्व कैसे हो सकता है? और यदि नित्य है तो उत्पाद-व्यय कैसे हो सकते है? शीत व उष्ण की भाँति ये परस्पर विरुद्ध है? उत्तर—जिनके मतमें वस्तु सर्वथा एकान्त नित्य या क्षणिक है उनको यह दूषण दिया जा सकता है। कैसे? वह ऐसे कि जिस रूपसे नित्यत्व है, उसी रूपसे अनित्यत्व घटित नहीं होता और जिस रूपमे अनित्यत्व है, उसी रूपसे नित्यत्व घटित नहीं होता। क्योंकि उनके मतमें वस्तु एक स्वभावी है। जैन मतमें वस्तु अनेकस्वभावी है इस-लिए द्रव्यार्थिकनयसे नित्यत्व और पर्यायार्थिकनयसे अनित्यत्व घटित हो जाता है और क्योंकि ये द्रव्य व पर्याय परस्पर सापेक्ष है, इसलिए एक देवदत्तके जन्य-जनकत्वादि भाववत् एक ही द्रव्यके नित्यानित्यत्व घटित होनेमें कोई विरोध नहीं है।

स्या म /२४/२१०/८ तदा हि विरोध स्याद्यद्येकोपाधिकं सत्त्वमसत्त्व च स्यात्। न चैवम्। यतो न हि येनैवांशेन सत्त्वं तेनैवासत्त्वमपि। किन्त्वन्योपाधिक सत्त्वम्, अन्योपाधिक पुनरसत्त्वम्। स्वरूपेण सत्त्व पररूपेण चासत्त्वम्। =सत्त्व असत्त्व धर्मोंमें तब तो विरोध हुआ होता जब दोनोंको एक ही अपेक्षासे माना गया होता। परन्तु ऐसा तो है नहीं, क्योंकि, जिस अशसे सत्त्व है उसी अशसे असत्त्व नहीं है। किन्तु अन्य अपेक्षासे सत्त्व है और किसी अन्य ही अपेक्षासे असत्त्व है। स्वरूपसे सत्त्व है और पररूपसे असत्त्व है।

४. वस्तु एक अपेक्षासे एकरूप है और अन्य अपेक्षासे अन्यरूप

रा.वा /१/६/१२/३७/१ सपक्षासपक्षापेक्षयोपलक्षितानां सत्त्वासत्त्वादीनां भेदानामाधारेण पक्षधर्मेणैकेन तुल्यं सर्वद्रव्यम्। =जैसे एक ही हेतु सपक्षमें सत् और विपक्षमें असत् होता है उसी तरह विभिन्न अपेक्षाओ-से अस्तित्व आदि धर्मोंके रहनेमें भी कोई विरोध नहीं है। (तथा इसी प्रकार अन्य अपेक्षाओंसे भी कथन किया है)।

न.च वृ /८८ भावा णेयसहावा पमाणगहणेण होंति णिप्पत्ता। एक्कसहावा वि पुणो ते चिय णयभेयगहणेण ॥८८॥ =प्रमाणकी अपेक्षा करनेपर भाव अनेकस्वभावोंसे निष्पन्न भी है और नय भेदकी अपेक्षा करनेपर वे एक स्वभावी भी है।

स सा /आ /परि. "अत्र स्वात्मवस्तुज्ञानमात्रतया अनुशास्यमानेऽपि न तत्परिकोप', ज्ञानमात्रस्यात्मवस्तुन स्वमेवानेकान्तत्वात्।... अन्तश्चक-चकायमानज्ञानस्वरूपेण तत्त्वाद् बहिरुन्मिषदनन्तज्ञेयतापन्नस्वरूपा-तिरिक्तपररूपेणातत्त्वात्। सहक्रमप्रवृत्तानन्तचिदंशसमुदयरूपा-विभागद्रव्येणैकत्वात्, अविभागैकद्रव्यप्राप्तसहक्रमप्रवृत्तानन्तचिदंश-रूपपर्यायैरनेकत्वात्, स्वद्रव्यक्षेत्रकालभावभवनशक्तिस्वभावत्वेन

सत्त्वात्, परद्रव्यक्षेत्रकालभावाभवनशक्तिस्वभावत्वेनासत्त्वात्, अनादिनिधनाविभागैकवृत्तिपरिणतत्वेन नित्यत्वात्, क्रमप्रवृत्तैकसमयावच्छिन्नानेकवृत्त्यंशपरिणतत्वेनानित्यत्वात्तदतत्त्वमेकानेकत्वं सदसत्त्वं नित्यानित्यत्वं च प्रकाशत एव। =इसलिए आत्मवस्तुको ज्ञानमात्रता होनेपर भी, तत्त्व-अतत्त्व, एकत्व-अनेकत्व, सत्त्व-असत्त्व और नित्यत्वपना प्रकाशता ही है, क्योंकि उसके अन्तरंगमें चकचकित ज्ञानस्वरूपके द्वारा तत्पना है; और बाहर प्रगट होते, अनन्त ज्ञेयत्वको प्राप्त, स्वरूपसे भिन्न ऐसे पररूपके द्वारा अतत् पना है। सहभूत प्रवर्तमान और क्रमशः प्रवर्तमान अनन्त चैतन्य अंशोंके समुदायरूप अविभाग द्रव्यके द्वारा एकत्व है और अविभाग एक द्रव्यमें व्याप्त, सहभूत प्रवर्तमान तथा क्रमशः प्रवर्तमान अनन्त चैतन्य अंशरूप पर्यायोंके द्वारा अनेकत्व है। अपने द्रव्य, क्षेत्र, काल, भावरूपसे होनेकी शक्तिरूप जो स्वभाव है उस स्वभाववानपनेके द्वारा सत्त्व है और परके द्रव्य, क्षेत्र, काल भावरूप न होनेकी शक्तिरूप जो स्वभाव है, उस स्वभाववानपनेके द्वारा असत्त्व है, अनादि निधन अविभाग एक वृत्तिरूपसे परिणतपनेके द्वारा नित्यत्व है, और क्रमशः प्रवर्तमान एक समयकी मर्यादावाले अनेक वृत्ति अंशरूपसे परिणतपनेके द्वारा अनित्यत्व है।—दे. नय X/१/५।

५. नयोंको एकत्र मिलानेपर भी उनका विरोध कैसे दूर होता है

स्व. स्तो./६१ य एव नित्यक्षणिकादयो नया मिथोऽनपेक्षाः स्वपरप्रणाशिनः। त एव तत्त्वं विमलस्य ते मुने, परस्परेक्षा स्वपरोपकारिणः। =जो ही ये नित्य क्षणिकादि नय परस्परमें अनपेक्ष होनेसे स्व-पर प्रणाशी है, वे ही नय हे प्रत्यक्षज्ञानी विमल जिन! आपके मतमें परस्पर सापेक्ष होनेसे स्व-पर उपकारी है।

स्या.म./२०/३३६/१३ ननु प्रत्येकं नयानां विरुद्धत्वं कथं समुदितानां निर्विरोधित्वं। उच्यते। यथा हि समीचीनं मध्यस्थं न्यायनिर्णेतारमासाद्य परस्परं विवदमाना अपि वादिनो विवादाद्विरमन्ति, एवं नया अन्योऽन्यं वैरायमाणा अपि सर्वज्ञशासनमुपेत्य स्याच्छब्दप्रयोगोपशमितविप्रतिपत्तयः सन्तः परस्परमत्यन्तं सुहृद्भूयावतिष्ठन्ते। =प्रश्न—यदि प्रत्येक नय परस्पर विरुद्ध हैं तो उन नयोंके एकत्र मिलानेसे उनका विरोध किस प्रकार नष्ट होता है? उत्तर—परस्पर वाद करते हुए वादी लोग किसी मध्यस्थ न्यायीके द्वारा न्याय किये जानेपर विवाद करना बन्द करके आपसमें मिल जाते हैं, वैसे ही परस्पर विरुद्ध नय सर्वज्ञ भगवान्‌के शासनकी शरण लेकर 'स्याद्' शब्दसे विरोधके शान्त हो जानेपर मैत्री भावसे एकत्र रहने लगते हैं। (स्याद्वाद/५ में देखो स्यात् पद प्रयोगका महत्त्व)।

६. विरोधी धर्मोंमें अपेक्षा लगानेकी विधि

१. सत् असत् धर्मोंकी योजना विधि—(दे. सप्तभंगी ४)।

२. एक अनेक धर्मोंकी योजना विधि—

पं.ध./पू./श्लोक सं./केवल भावार्थ—"द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावके द्वारा वह सत् अखण्ड या एक कैसे सिद्ध होता है, इसका निरूपण करते हैं ॥४३७॥ १ द्रव्यकी अपेक्षा—गुणपर्यायवान् द्रव्य कहनेसे यह अर्थ ग्रहण नहीं करना चाहिए कि उस सत्के कुछ अंश गुण रूप हैं और कुछ अंश पर्याय रूप हैं, बल्कि उन गुणपर्यायोंका शरीर वह एक सत् है ॥४३८॥ तथा वही सत् द्रव्यादि चतुष्टयके द्वारा अखण्डित होते हुए भी अनेक है, क्योंकि व्यतिरेकके बिना अन्वय भी अपने पक्षकी रक्षा नहीं कर सकता है ॥४६४॥ द्रव्य, गुण व पर्याय इन तीनोंमें संज्ञा लक्षण प्रयोजनकी अपेक्षा भेद सिद्ध होनेपर वह सत् अनेक रूप क्यों न होगा ॥४६५॥ २ क्षेत्रकी अपेक्षा—क्षेत्रके द्वारा भी अखण्डित होनेके कारण सत् एक है ॥४५४॥ अखण्ड भी उस द्रव्यके प्रदेशोंको देखनेपर—जो सत् एक प्रदेशमें है वह उसीमें है उससे भिन्न दूसरे प्रदेशमें नहीं। अर्थात् प्रत्येक प्रदेशकी सत्ता जुदा-जुदा दिखाई देती है। इसलिए कौन क्षेत्रसे भी सत्को अनेक नहीं मानेगा ॥४६६॥ ३ कालकी अपेक्षा—वह सत् बार-बार परिणमन करता हुआ भी अपने प्रमाणके बराबर रहनेसे अथवा खण्डित नहीं होनेसे कालकी अपेक्षासे भी एक है ॥४७८॥ क्योंकि सत्की पर्यायमालाको स्थापित करके देखें तो एक समयकी पर्यायमें रहनेवाला जो जितना व जिस प्रकारका सत है, वही उतना तथा उसी प्रकारका सम्पूर्ण सत समुदित सब समयोंमें भी है। कहीं कालकी वृद्धि-हानि होनेसे शरीरकी भाँति उसमें वृद्धि-हानि नहीं हो जाती ॥४७२-४७४॥ पृथक्-पृथक् पर्यायोंको देखनेपर जो सत एक कालमें है, वह सत अर्थात् विवक्षित पर्याय विशिष्ट द्रव्य उससे भिन्न कालमें नहीं है। इसलिए कालसे वह सत् अनेक है ॥४६७॥ ४ भावकी अपेक्षा—(यदि सम्पूर्ण सत्के गुणोंकी पंक्तिरूपसे स्थापित करके केवल भावमुखेन देखो तो इन गुणोंमें सब सत ही है और यहाँपर कुछ भी नहीं है। इसलिए वह सत् एक है ॥४८१॥ जिस-जिस भावमुखसे जिस-जिस समय सत्की विवक्षा की जायेगी, उस-उस समय वह सत् उस-उस भावमय ही कहा जायेगा या प्रतीतिमें आयेगा अन्य भाव रूप नहीं। इस प्रकार भावकी अपेक्षा वह सत् अनेक भी है ॥४६८॥

३. अनित्य व नित्य धर्मोंकी योजना विधि

प.ध./पू. श्लोक सं. "जिस समय केवल वस्तु दृष्टिगत होती है और परिणाम दृष्टिगत नहीं होता उस समय द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षा सर्व वस्तु नित्य है ॥३३६॥ जिस समय यहाँ केवल परिणाम दृष्टिगत होता है और वस्तु दृष्टिगत नहीं होती, उस समय पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षासे, नवीन पर्याय रूपसे उत्पन्न और पूर्व पर्यायरूपसे विनष्ट होनेसे सब वस्तु अनित्य है।

४ तत् व अतत् धर्मोंकी योजना विधि

प.ध./पू./श्लो. सं. "परिणमन करते हुए भी अपने सम्पूर्ण परिणमनोंमें तज्जातीयपना उल्लंघन न करनेके कारण वह सत् तत् रूप है ॥३१२॥ परन्तु सत् असत्की तरह पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षा देखनेपर प्रत्येक पर्यायमें वह सत् अन्य अन्य दिखनेके कारण अतत् रूप भी है ॥३३३॥

७ विरोधी धर्म बतानेका प्रयोजन

पं.ध./पू./३३२,४४२ अयमर्थः सदसद्वत्तदतदपि च विधिनिषेधरूपं स्यात्। न पुनर्निरपेक्षतया तद्द्वयमपि तत्त्वमुभयतया ॥३३२॥ स्यादेकत्वं प्रति प्रयोजकं स्यादखण्डवस्तुत्वम्। प्रकृतं यथासदेकं द्रव्येणाखण्डितं मतं तावत् ॥=सत्-असत्की तरह तत्-अतत् भी विधिनिषेध रूप होते है, किन्तु निरपेक्षपने नहीं क्योंकि परस्पर सापेक्षपनेसे वे दोनों तत्-अतत भी तत्त्व है ॥३३२॥ कथंचित् एकत्व बताना वस्तुकी अखण्डताका प्रयोजक है।

न.च./श्रु./पृ. ६५-६७/ भावार्थ "स्यात् नित्यका फल चिरकाल तक स्थायीपना है। स्यादनित्यका फल निज हेतुओंके द्वारा अनित्य स्वभावी कर्मके ग्रहण व परित्यागादि होते हैं।"

अनैकान्तिक हेत्वाभास—दे. व्यभिचार।

अनोजीविका—दे. सावद्य ५।

अन्न—१. अन्नं मुद्गादि (ला.सं./२/१६) मूग, मोठ, चना, गेहूँ आदि अन्न कहलाता है। २. बींधा व संदिग्ध अन्न अभक्ष्य है—दे. भक्ष्याभक्ष्य २।

अन्नप्राशनक्रिया—दे. संस्कार २।

अन्यत्व—रा.वा./२/७,१३/११२/१ अन्यत्वमपि साधारणं सर्वद्रव्याणां परस्परतोऽन्यत्वात्। कर्मोदयाद्यपेक्षाभावात् तदपि पारिणामिकम्। =एक द्रव्य दूसरेसे भिन्न होता है, अतः अन्यत्व भी सर्वसाधारण है। कर्मोदय आदिकी अपेक्षाका अभाव होनेके कारण, यह पारिणामिक भाव है, अर्थात् स्वभावसे ही सबमें पाया जाता है।

स.सा./आ./३५५/क २१३ वस्तु चैकमिह नान्यवस्तुन:, येन तेन खलु वस्तु वस्तु तत्। निश्चयोऽयमपरोऽपरस्य क:, किं करोति हि बहिर्लुठन्नपि ॥२१३॥=इस लोकमें एक वस्तु अन्य वस्तुकी नहीं है, इसलिए वास्तवमें वस्तु वस्तु ही है। ऐसा होनेसे कोई अन्य वस्तु अन्य वस्तुके बाहर लोटती हुई भी उसका क्या कर सकती है।

प्र.सा./त.प्र./१०६ अतद्भावो ह्यन्यत्वस्य लक्षणं तत्तु सत्ताद्रव्ययोर्विद्यत एव गुणगुणिनोस्तद्भावस्याभावात् शुक्लोत्तरीयवदेव। =अतद्भाव अन्यत्वका लक्षण है, वह तो सत्ता और द्रव्यके है ही, क्योंकि गुण और गुणीके तद्भावका अभाव होता है—शुक्ल व वस्त्रकी भाँति।

* दो पदार्थोंके मध्य अन्यत्वका विशेष रूप—दे. कारक, कारण।

अन्यत्वानुप्रेक्षा—दे अनुप्रेक्षा।

अन्यथानुपपत्ति—दे. हेतु।

अन्यथायुक्ति खण्डन—(ज.प्र./प्र १०५) Reductio-ad-absurdum.

अन्यदृष्टिप्रशंसा—स सि./७/२३/३६४ प्रशंसासंस्तवयो को विशेष। मनसा मिथ्यादृष्टेर्ज्ञानचारित्रगुणोद्भावनं प्रशंसा, भूतामूतगुणोद्भावनवचन संस्तव इत्ययमनयोर्भेद। =प्रश्न–प्रशंसा और संस्तवमें क्या अन्तर है? उत्तर—मिथ्यादृष्टिके ज्ञान और चारित्र गुणोंको मनसे उद्भावन करना प्रशंसा है, और मिथ्यादृष्टिमें जो गुण है या जो गुण नहीं है इन दोनोंका सद्भाव बतलाते हुए कथन करना संस्तव है, इस प्रकार इन दोनोंमें अन्तर है।(रा वा /७/२३,१/५५२) (चा सा /७/२)।

अन्ययोगव्यवच्छेद

१. अन्ययोगव्यवच्छेदात्मक एवकार—दे एव।

२. अन्ययोगव्यवच्छेद नामका ग्रन्थ—श्वेताम्बराचार्य श्री हेमचन्द्र सूरि (ई १०८८-११७३) द्वारा रचा गया एक न्यायविषयक ग्रन्थ है। इसपर श्री मल्लिषेण सूरि (ई १२९२) ने स्याद्वादमंजरी नामकी टीका लिखी है।

अन्योन्यगुणकार शलाका—(ज प्र /प्र.१०५) Mutual multiple log.

अन्योन्याभाव—दे अभाव।

अन्योन्याभ्यस्तराशि—गो क /मू /९३७/११३७ इट्ठसलायपमाणे दुगसंवग्गे कदेदु इट्ठस्स। पयडिस्स य अण्णोण्णाभत्थपमाणं हवे णियमा॥ =अपनी-अपनी इष्ट शलाका जो नाना गुणहानि शलाका तीहिं प्रमाण दोयके अंक मांडि परस्पर गुणै अपनी इष्ट प्रकृतिका अन्योन्याभ्यस्त राशिका प्रमाण हो है। (गो क /भाषा/९२२/१०८/३) (गो.जी /भाषा/५६/१५६/६) (विशेष दे गणित/II/६/२)।

२. प्रत्येक कर्मकी अन्योन्याभ्यस्त राशि—दे गणित II/६/४।

अन्योन्याश्रय हेत्वाभास—श्लो.वा /४/न्या. ४५६/५५५/६/भाषाकार "परस्परमें धारावाही रूपसे एक-दूसरेकी अपेक्षा लागू रहना अन्योन्याश्रय है" (जिसे खटकेके तालेकी चाबी तो आलमारीमें रह गयी और बाहरसे ताला बन्द हो गया। तब चाबी निकले तो ताला खुले और ताला खुले तो चाबी निकले, ऐसी परस्परकी अपेक्षा लागू होती है)।

अन्वय—रा.वा./५/२,४३६/२१ स्वजात्यपरित्यागेनावस्थितिरन्वयः। =अपनी जातिको न छोड़ते हुए उसी रूपसे अवस्थित रहना अन्वय है।

रा.वा./४/४२,११/२५२/१४ के पुनरन्वया। बुद्ध्यभिधानानुवृत्तिलिङ्गेन अनुमीयमानाविच्छेदः स्वात्मभूतास्तित्ववादयः। प्रश्न—अन्वय क्या है? उत्तर—अनुगताकार (यह वही है ऐसी) बुद्धि और अनुगताकार शब्द प्रयोगके द्वारा अनुमान किये जानेवाले तथा नित्य स्थित स्वात्मभूत अस्तित्वादि गुण अन्वय कहलाते हैं।

स सा./ता.वृ /२२३ अन्वयव्यतिरेकशब्देन सर्वत्र विधिनिषेधौ ज्ञातव्यौ। =अन्वय और व्यतिरेक शब्दसे सर्वत्र विधि-निषेध जानना चाहिए।

पं.ध./पू /१४३ सत्ता सत्त्वं सद्वा सामान्यं द्रव्यमन्वयो वस्तु। अर्थो विधिरविशेषादेकार्थवाचका अमी शब्दाः ॥१४३॥=सत्ता, सत्त्व, सत्, सामान्य, द्रव्य, अन्वय, वस्तु, अर्थ और विधि ये सब शब्द अविशेषरूपसे एकार्थवाचक हैं।

२. अन्वय व्यतिरेककी परस्पर सापेक्षता—दे. सप्तभंगी ४।

३. अन्वय द्रव्यार्थिक नय—दे. नय IV/२।

अन्वयी—स.सि./५/३८/३०६ अन्वयिनो गुणाः। =गुण अन्वयी होते हैं। (रा वा /४/४२,११/२५२/१४) प्र.सा./त.प्र./८०) (पं ध /पू /१४४)।

पं.ध /पू /१३८ तद्वाक्यान्तरमेतद्यथा गुणाः सहभुवोऽपि चान्वयिनः। अर्थाच्चैकार्थत्वादर्थादेकार्थवाचकाः सर्वे ॥१३८॥=गुण, सहभू और अन्वयी तथा अर्थ ये सब शब्द अर्थको दृष्टिसे एकार्थक होनेके कारण एकार्थवाचक हैं।

अन्वर्थ—प.का./ता.वृ./१/७/६ अन्वर्थनाम किं यादृशं नाम तादृशोऽर्थः यथा तपतीति तपन आदित्य इत्यर्थः। =जैसा नाम हो वैसा ही पदार्थ हो उसे अन्वर्थ नाम कहते हैं—जैसे जो तपता है सो तपन अर्थात् सूर्य है।

अप्—दे. जल।

अपकर्ष—गो जी /जी.प्र./५१८/९१३/१७ भुज्यमानायुरपकृष्यापकृष्य परभवायुर्बध्यते इत्यपकर्षः। =भुज्यमान आयुको घटा-घटाकर आगामी परभवकी आयुको बाँधै सो अपकर्ष कहिये (अर्थात् भुज्यमान आयुका २/३ भाग बीत जानेपर आयुबन्धके योग्य प्रथम अवसर आता है। यदि वहाँ न बँधे तो शेष १/३ आयुका पुन २/३ भाग बीत जानेपर दूसरा अवसर आता है। इस प्रकार आयुके अन्तपर्यन्त आठ अवसर आते हैं। इन्हे आठ अपकर्ष कहते हैं। (विशेष दे, आयु ४)।

अपकर्षण—अपकर्षणका अर्थ घटना है। सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्रके कारण स्वत अथवा तपश्चरण आदिके द्वारा साधक पूर्वोपार्जित कर्मोंकी स्थिति व अनुभाग बराबर घटाता हुआ अथवा घातता हुआ आगे बढता है। इसीका नाम मोक्षमार्गमें अपकर्षण इष्ट है। संसारी जीवोंके भी प्रतिपल शुभ या अशुभ परिणामोंके कारण पुण्य या पाप प्रकृतियोंका अपकर्षण हुआ करता है। वह अपकर्षण दो प्रकारसे होता है—साधारण व गुणाकार रूपसे। इनमें पहिलेको अपकर्षण व अपसरण तथा दूसरेको काण्डकघात कहते है, क्योंकि इसमें कर्मोंके गट्ठे के गट्ठे एक-एक बारमें तोड दिये जाते है। यह काण्डकघात ही मोक्षका साक्षात् कारण है और केवल ऊँचे दर्जेके ध्यानियोंको होता है। इसी विषयका परिचय इस अधिकारमें दिया गया है।

---

१ भेद व लक्षण

१. अपकर्षण सामान्यका लक्षण।

२ अपकर्षणके भेद (अव्याघात व व्याघात)।

३. अव्याघात अपकर्षणका लक्षण।

४ व्याघात अपकर्षणका लक्षण।

५ अतिस्थापना व निक्षेपके लक्षण।

* जघन्य उत्कृष्ट निक्षेप व अतिस्थापना।

—दे अपकर्षण २/१; ४/२।

२. अपकर्षण सामान्य निर्देश

१. अव्याघात अपकर्षण विधान ।

२. अपकर्षण योग्य स्थान व प्रकृतियाँ ।

३. अपकृष्ट द्रव्यमे भी पुन: परिवर्तन होना सम्भव है ।

४. उदयावलिसे बाहर स्थित निषेकोंका ही अपकर्षण होता है भीतरवालो का नही ।

३. अपसरण निर्देश

१. चौतीस स्थितिबन्धापसरण निर्देश ।
(पृथक्-पृथक् चारों गतियोंके जीवोंकी अपेक्षा)

२. स्थिति सत्त्वापसरण निर्देश ।

३. ३४ बन्धापसरणोंकी अभव्योमे सम्भावना व असम्भावना सम्बन्धी दो मत ।

★ स्थिति बन्धापसरण कालका लक्षण—दे. अपकर्षण ४/४

४. व्याघात या काण्डकघात निर्देश

१. स्थितिकाण्डकघात विधान

★ चारित्रमोहोपशम विधानमे स्थितिकाण्डकघात ।
—दे. ल सा /७७ ७८/११२

★ चारित्रमोहक्षपणा विधानमे स्थितिकाण्डकघात ।
—दे. क्ष.सा /४०५-४०७/४११

२. काण्डकघातके बिना स्थितिघात सम्भव नही ।

३. आयुका स्थितिकाण्डकघात नही होता ।

४. स्थितिकाण्डकघात व स्थितिबन्धापसरण मे अन्तर ।

५. अनुभागकाण्डक विधान ।

६. अनुभागकाण्डकघात व अपवर्तनाघातमे अन्तर ।

★ अनुभागकाण्डकघातमे अन्तरंगकी प्रधानता ।
दे. कारण II/२

७. शुभ प्रकृतियोंका अनुभागघात नही होता ।

८. प्रदेशघातसे स्थिति घटती है, अनुभाग नहीं ।

९. स्थिति व अनुभागघातमे परस्पर सम्बन्ध ।

★ आयुकर्मके स्थिति व अनुभागघात सम्बन्धी ।
—दे. आयु/५

---

१. भेद व लक्षण

१. अपकर्षण सामान्यका लक्षण

ध १०/४,२,४,२१/५३/२ पदेसाणं ठिदीणमोवट्टणा ओकड्डणा णाम । =कर्मप्रदेशोकी स्थितियोंके अपवर्तन (घटने) का नाम अपकर्षण है ।

गो.क /जी.प्र./४३८/५६१ स्थित्यनुभागयोर्हानिरपकर्षणं णाम । =स्थिति और अनुभागकी हानि अर्थात पहिले बान्धी थी उससे कम करना, अपकर्षण है ।

ल.सा /भाषा/५५/८७ स्थिति घटाय ऊपरिके निषेकनिका द्रव्य नीचले निषेकनि विषैं जहाँ दीजिये तहाँ अपकर्षण कहिये । (पीछे उदय आने योग्य द्रव्यको ऊपरका और पहिले उदयमें आने योग्यको नीचेका जानना चाहिए) । [गो जी /भाषा/२५८/५६६/१६) ।

२. अपकर्षणके भेद

(अपकर्षण दो प्रकारका कहा गया है—अव्याघात अपकर्षण और व्याघात अपकर्षण । व्याघात अपकर्षणका ही दूसरा नाम काण्डकघात भी है, जैसा कि इस संज्ञासे ही विदित है) ।

३. अव्याघात अपकर्षणका लक्षण

ल सा /भाषा/५६/८८/१ जहाँ स्थितिकाण्डकघात न पाइए सो अव्याघात कहिये ।

४. व्याघात अपकर्षणका लक्षण

ल सा /भाषा/५६/९२/१ जहाँ स्थितिकाण्डकघात होइ सो व्याघात कहिये ।


५. अतिस्थापना व निक्षेपके लक्षण

ल सा /जी प्र /५६/८७/१२ अपकृष्टद्रव्यस्य निक्षेपस्थानं निक्षेप', निक्षिप्यतेऽस्मिन्निति निर्वचनात् । तेनातिक्रम्यमाणं स्थानमतिस्थापन, अतिस्थाप्यते अतिक्रम्यतेऽस्मिन्निति अतिस्थापनम् । =अपकर्षण किये गये द्रव्यका निक्षेपणस्थान, अर्थात् जिन निषेकोंमे उन्हें मिलाते है वे निषेक निक्षेप कहलाते है, क्योकि, जिसमें क्षेपण किया जाये सो निक्षेप है, ऐसा वचन है, उसके द्वारा अतिक्रमण या उल्लंघन किया जानेवाला स्थान, अर्थात् जिन निषेकोंमें नहीं मिलाते वे सब, अतिस्थापना हैं, क्योकि, 'जिसमें अतिस्थापन या अतिक्रमण किया जाता है, सो अतिस्थापना है' ऐसा इसका अर्थ है । (ल सा./भाषा/५५/८७/२) (ल सा./भाषा/८१/११६/१८) ।

२. अपकर्षण सामान्य निर्देश


१. अव्याघात अपकर्षण विधान

ल.सा /मू. व टीका/५६-५८/८८-९० केवल भावार्थ [नोट—साथ आगे दिया गया यन्त्र देखिए । द्वितीयावलीके प्रथम निषेकका अपकर्षण करि नीचे (प्रथमावलीमें) निक्षेपण करिये तहाँ भी कुछ निषेकोंमें तो निक्षेपण करते हैं, और कुछ निषेक अतिस्थापना रूप रहते हैं । उनका विशेष प्रमाण बताते हैं ।] प्रथमावलीके निषेकनि विषैं समयघाट आवलीका त्रिभागसे एक समय अधिक प्रमाण निषेक तो निक्षेप रूप हैं (अर्थात् यदि आवली १६ समय प्रमाण तो $\frac{१६-१}{३}+१=६$ निषेक निक्षेप रूप है ।) इस विषैं सोई द्रव्य दीजिये है । बहुरि अवशेष (नं. ७-१६ तकके १०) निषेक अतिस्थापना रूप हैं । (दे. यन्त्र नं. २) ।



यातै ऊपरि द्वितीयावलीके द्वितीय निषेकका अपकर्षण किया । तहाँ एक समय अधिक आवली मात्र (१६+१=१७) याके नीचे निषेक हैं । तिनि विषैं निक्षेप तो (वही पहले वाला अर्थात) निषेक घाट

आवलीका त्रिभागसे एक समय अधिक ही है। अति-स्थापना पूर्वतैं एक समय अधिक है (क्योंकि द्वितीयावलीका प्रथम समय जिसके द्रव्यको पहिले अपकर्षण कर दिया गया है, अब खाली होकर अति-स्थापनाके समयोंमें सम्मिलित हो गया है।) ऐसे क्रमतैं द्वितीयावलीके तृतीयादि निषेकनिका अपकर्षण होते निक्षेप तो पूर्वोक्त प्रमाण ही और अतिस्थापना एक एक समय अधिक क्रमतैं जानना। (इसी प्रकार बढते-बढते) अतिस्थापना आवली मात्र (अर्थात् १६ निषेक प्रमाण) हो है, सो यहु उत्कृष्ट अतिस्थापना है। यहाँ तैं (आगै) ऊपरिके निषेक-निका द्रव्य (अर्थात् द्वितीय स्थितिके नं ७ आदि निषेक) अपकर्षण किये सर्वत्र अतिस्थापना तो आवली मात्र ही जानना और निक्षेप एक-एक समय क्रमतैं बँधता जाये।



तहाँ स्थितिका अन्त निषेकका द्रव्यको अपकर्षण करि नीचले निषेकनि विषैं निक्षेपण करते, तिस अन्त निषेकके नीचे आवली मात्र निषेक तौ अतिस्थापना रूप है, और समय अधिक दोय आवली करि हीन उत्कृष्ट स्थिति मात्र निक्षेप है। सो यहु उत्कृष्ट निक्षेप जानना। (कुल स्थितिमेंसे एक आवली तो आबाधा काल और एक आवली अतिस्थापना काल तथा एक समय अन्तिम निषेकका कम करनेपर यह उत्कृष्ट निक्षेप प्राप्त होता है। दे. यन्त्र नं ४)।

२. अपकर्षण योग्य स्थान व प्रकृतियाँ

गो.क /मू /४४५-४४८/५६५-५६८ ओवकड्डणकरणं पुण अजोगिसत्ताण जोगि-चरिमोत्ति। खीण मुहुमंताणं खयदेसं सावलीयसमयोत्ति ॥४४५॥ उवसंतोत्ति सुराऊ मिच्छुच्चिय खवगसोलसण च। खयदेसोत्ति य खवगे अट्ठकसायादिबीसाण ॥४४६॥ मिच्छुत्त मिस्ससाण उवसमसेढिम्मि सतमोहत्ति। अट्ठकसायादीण उवसमियट्ठाणमत्ति हवे ॥४४७॥ पढमकसायाणं च विसजोजकं वोत्ति अयदेसोत्ति। णिरयतिरियाउगाणमुदीरणसत्तोदया सिद्धा ॥४४८॥ =अयोगि विषै सत्त्वरूप वही पिच्यासी प्रकृति (पाँच शरीर, पाँच बन्धन,
५ ५
पाँच संघात, छः संस्थान, तीन अंगोपांग, छः सहनन, पाँच वर्ण,
५ ६ ३ ६ ५
दोय गंध, पाँच रस, आठ स्पर्श, स्थिर-अस्थिर, शुभ-अशुभ, सुस्वर-
२ ५ ८ २ २ २
दुःस्वर, देवगति व आनुपूर्वी, प्रशस्त व अप्रशस्त विहायोगति दुर्भग,
२ २ १
निर्माण, अयश कीर्ति, अनादेय, प्रत्येक, अपर्याप्त, अगुरुलघु, उपघात,
१ १ १ १ १ १ १
परघात, उच्छ्वास, अनुदयरूप अन्यतम वेदनीय, नीच गोत्र—ये
१ १ १ १
७२ प्रकृति की तौ अयोगिके द्विचरम समय सत्त्वसे व्युच्छित्ति होती है, बहुरि जिनका उदय अयोगि विषै पाइये ऐसे उदयरूप अन्यतम
१
वेदनीय, मनुष्यगति, पंचेन्द्रिय, सुभग, त्रस, बादर, पर्याप्त, आदेय,
१ १ १ १ १ १ १
यश कीर्ति, तीर्थंकरत्व, मनुष्यायु व आनुपूर्वी, उच्च गोत्र—इन
१ १ २ १
तेरह प्रकृतियोंकी अयोगिके अन्त समय सत्त्वसे व्युच्छित्ति होती है। सर्व मिलि ८५ भई।) तिनिकै (८५ प्रकृतिनि कै) सयोगिका अन्त समय पर्यन्त अपकर्षण जानना। बहुरि क्षीणकषाय विषय सत्त्वसे व्युच्छित्ति भई सोलह और सूक्ष्म-साम्परायविषैं सत्त्वतैं व्युच्छित्ति भया सूक्ष्म लोभ इन तेरह प्रकृतिनिकै क्षयदेश पर्यन्त अपकर्षणकरण जानना। (पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, पाँच अन्तराय, निद्रा-
५ ४ ५ २
प्रचला ये सोलह तथा सूक्ष्म लोभ। सर्व मिलि १७ भई।) तहाँ क्षयदेश कहा सो कहिये है—जे प्रकृति अन्य प्रकृतिरूप उदय देय विनसै हैं, ऐसी परमुखोदयी है, तिनकै तो अन्तकाण्डककी अन्त फालि क्षयदेश। बहुरि अपने ही रूप फल देइ विनसै है ऐसी स्वमुखोदयी प्रकृति, तिनक एक एक समय अधिक आवली प्रमाण क्षयदेश है, तातैं तिनि सतरह प्रकृतिनिकै एक समय आवली काल पर्यंत अपकर्षण पाइये ॥४४५॥ उपशान्तकषाय पर्यन्त देवायुके अपकर्षणकरण है। बहुरि मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्त्व प्रकृति ये तीन और 'णिरय तिरक्खा' इत्यादि सूत्रोक्त अनिवृत्तिकरण विषै क्षय भई सोलह प्रकृति (नरक गति व आनुपूर्वी, तिर्यंचगति व आनुपूर्वी,
२ २
विकलत्रय, स्त्यानगृद्धित्रिक उद्योत, आतप, एकेन्द्रिय, साधारण
३ ३ १ १ १ १
सूक्ष्म, स्थावर, इन सोलह प्रकृतिनिकी अनिवृत्तिकरणके पहिले भाग
१ १
विषै सत्त्वसे व्युच्छित्ति है)। इनिके क्षयदेश पर्यन्त अपकर्षणकरण है—अन्तकाण्डकका अन्तका फालि पर्यन्त है ऐसा जानना। बहुरि आठ कषायने आदि देकरि अनिवृत्तिकरणविषै क्षय भई ऐसी बीस प्रकृति (अप्रत्याख्यान कषाय, प्रत्याख्यान कषाय, नपुंसक वेद, स्त्रीवेद
४ ४ १ १
छह नोकषाय, पुरुषवेद, संज्वलन क्रोध मान व माया। सर्व मिलि
६ १ ३
२० भई।) तिनिकै अपने अपने क्षयदेश पर्यन्त अपकर्षणकरण है। जिस स्थानक क्षय भया सो क्षय देश कहिये ॥४४६॥

उपशम श्रेणीविषै मिथ्यात्व, मिश्र, सम्यक्त्व प्रकृति ये तीन और नरकद्विकादिक सोलह (अनिवृत्तिकरणमें व्युच्छित्तिप्राप्त पूर्वोक्त १६) इनिका उपशान्तकषाय पर्यन्त अपकर्षण है। बहुरि अष्ट कषायादिक (अनिवृत्तिकरणमें व्युच्छित्ति प्राप्त पूर्वोक्त २०) तिनके अपने-अपने उपशमनेके ठिकाने पर्यन्त अपकर्षणकरण है ॥४४७॥ अनन्तानुबन्धी चतुष्क देशसंयत, प्रमत्त, अप्रमत्तनि विषै यथा सम्भव जहाँ विसंयोजना होई तहा पर्यन्त अपकर्षणकरण है ॥४४८॥

३. अपकृष्ट द्रव्यमे भी पुनः परिवर्तन होना सम्भव है

ध ६/१,९-८,१६/२२/३४७ ओकड्डदि जे असेसे काले ते च होंति भजिदव्वा। वड्ढीए अवट्ठाणे हाणीए संकमे उदए ॥२३॥ =जिन कर्मांशोंका अपकर्षण करता है वे अनन्तर कालमें स्थित्यादिकी वृद्धि, अवस्थान, हानि, संक्रमण, और उदय, इनसे भजनीय है, अर्थात् अपकर्षण किये जानेके अनन्तर समयमें ही उनमें वृद्धि आदिक उक्त क्रियाओंका होना सम्भव है ॥२३॥

४ उदयावलिसे बाहर स्थित निषेकोंका ही अपकर्षण होता है भीतरवालोंका नहीं

क पा ७/पूर्ण सूत्र/§४२३-४२४/२३६ ओकड्डणादो झीणट्ठिदियं णाम किं

॥४२३॥ जं कम्ममुदयावलियब्भंतरे ट्ठियं तमोकड्डणादो झीणट्ठिदियं। जमुदयावलिबाहिरे ट्ठिदं तमोकड्डणादो अज्झीणट्ठिदियं ॥४२४॥ —प्रश्न—वे कौनसे कर्मपरमाणु है जो अपकर्षणसे झीन (रहित) स्थितिवाले है ॥४२३॥ उत्तर—जो कर्मपरमाणु उदयावलिके भीतर स्थित हैं वे अपकर्षणसे झीन स्थितिवाले है और जो कर्मपरमाणु उदयावलिके बाहर स्थित हैं वे अपकर्षणसे अझीन स्थितिवाले है। अर्थात् उदयावलिके भीतर स्थित कर्म परमाणुओंका अपकर्षण नहीं होता, किन्तु उदयावलिके बाहर स्थित कर्मपरमाणुओंका अपकर्षण हो सकता है।

३. अपसरण निर्देश

१. चौंतीस स्थिति बन्धापसरण निर्देश

१ मनुष्य व तिर्यंचोंकी अपेक्षा

ल.सा./मू. व जो प्र ८/६-१६/४७-५३ केवल भाषार्थ "प्रथमोपशम सम्यक्त्वको सन्मुख भया मिथ्यादृष्टि जीव सो विशुद्धताकी वृद्धिकरि वर्द्धमान होता सता प्रायोग्यलब्धिका प्रथम समयतैं लगाय पूर्व स्थिति बन्धकै (१) संख्यातवैं भागमात्र अन्तःकोटाकोटी सागर प्रमाण आयु बिना सात कर्मनिका स्थितिबन्ध करै है ॥६॥ तिस अन्तःकोटाकोटी सागर स्थितिबन्ध तैं पल्यका संख्यातवां भागमात्र घटता स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्त पर्यन्त समानता लिये करै। बहुरि तातैं पल्यका संख्यातवां भागमात्र घटता स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्त पर्यन्त करै है। ऐसे क्रमतैं संख्यात स्थितिबन्धापसरणनि करि पृथक्त्वसौ (८०० या ६००) सागर घटै पहिला स्थिति बन्धापसरण स्थान होइ। २ बहुरि तिस ही क्रमतैं तिस तैं भी पृथक्त्वसौ घटै दूसरा स्थितिबन्धापसरण स्थान हो है। ऐसैं इस ही क्रमतैं इतना-इतना स्थिति बन्ध घटै एक-एक स्थान होइ। ऐसे स्थिति बन्धापसरणके चौंतीस स्थान होइ। चौंतीस स्थाननिविषैं कैसी प्रकृतिका (बन्ध) व्युच्छेद हो है सो कहिए ॥१०॥ १. पहिला नरकायुका व्युच्छित्ति स्थान है। इहां तै लगाय उपशम सम्यक्त्व पर्यन्त नरकायुका बन्ध न होइ, ऐसे ही आगे जानना। २. दूसरा तिर्यंचायुका है। (इसी क्रमसे) ३ मनुष्यायु; ४. देवायु; ५. नरकगति व आनुपूर्वी; ६ संयोगरूप सूक्ष्म अपर्याप्त साधारण (संयोग रूप अर्थात् तीनोंका युगपत बन्ध); ७. संयोगरूप सूक्ष्म अपर्याप्त प्रत्येक; ८. संयोगरूप बादर अपर्याप्त साधारण; ६. संयोगरूप बादर अपर्याप्त प्रत्येक; १०. संयोगरूप बेइन्द्रिय अपर्याप्त; ११. संयोगरूप तेइन्द्रिय अपर्याप्त; १२ संयोगरूप चौइन्द्रिय अपर्याप्त; १३. संयोगरूप असंज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्त; १४ संयोगरूप संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त ॥११॥ १५ संयोगरूप सूक्ष्म पर्याप्त साधारण; १६. संयोगरूप सूक्ष्म पर्याप्त प्रत्येक; १७. संयोगरूप बादर पर्याप्त साधारण; १८. संयोगरूप बादर पर्याप्त प्रत्येक एकेन्द्रिय आतप स्थावर; १६. संयोगरूप बेइन्द्रिय पर्याप्त; २०. संयोगरूप तेइन्द्रिय पर्याप्त; २१. चौइन्द्रिय पर्याप्त, २२. असंज्ञी, पंचेन्द्रिय, पर्याप्त ॥१२॥ २३ संयोगरूप तिर्यंच व आनुपूर्वी तथा उद्योत; २४ नीच गोत्र; २५. संयोगरूप अप्रशस्त विहायोगति दुर्भग-दुःस्वरअनादेय, २६. हुंडकसंस्थान, सृपाटिका सहनन, २७. नपुंसकवेद; २८. वामन संस्थान, कीलित संहनन; ॥१३॥ २६. कुब्जक संस्थान, अर्धनाराच संहनन; ३० स्त्रीवेद; ३१ स्वाति संस्थान, नाराच सहनन, ३२. न्यग्रोध संस्थान, वज्रनाराच संहनन; ३३. संयोगरूप मनुष्यगति व आनुपूर्वी-औदारिक शरीर व अंगोपांग—वज्र-वृषभनाराच संहनन; ३४. संयोगरूप अस्थिर-अशुभ-अयश- ॥१४॥ अरति-शोक असाता—। ऐसे ये चौंतीस स्थान भव्य और अभव्यके समान हो है ॥१५॥ मनुष्य तिर्यंचनिकैं तो सामान्योक्त चौंतीस स्थान पाइये है तिनके ११७ बन्ध योग्यमें-से ४६ की व्युच्छित्ति भई, अवशेष ७१ बान्धिये है ॥१६॥ (ध.६/१,६-२, २/१३५/५) (ल.सा./२२२-२२३/२६७) (क.पा.सु./१०-६४/४०/पृ. ६२७-६१६) (म.ब./पु.३/११५-११६)।

२. भवनत्रिक व सौधर्म युगलकी अपेक्षा

ल.सा./मू.व.टी./१६/५३ केवल भाषार्थ "भवनत्रिक व सौधर्म युगलविषैं दूसरा, तीसरा अठारहवाँ और तेईसवाँ आदि दस (२३-३२) और अन्तका चौंतीसवाँ ये चौदह स्थान ही संभवै है। तहां ३१ प्रकृतिनि की व्युच्छित्ति हो है और बन्ध योग्य १०३ विषैं ७२ प्रकृतिनिका बन्ध अवशेष रहे है ॥१६॥

३. प्रथम छह नरकों तथा सनत्कुमारादि १० स्वर्गोंकी अपेक्षा

ल.सा./मू.व टी./१७/५४ केवल भाषार्थ—"रत्नप्रभा आदि छह नरक पृथिवीनिविषै और सनत्कुमार आदि दश स्वर्गनिविषैं पूर्वोक्त (भवनत्रिकके) १४ स्थान अठारहवे बिना पाइये है। तिनि तेरह स्थाननिकरि अठाईस प्रकृति व्युच्छित्ति हो है। तहाँ बंधयोग्य १०० प्रकृतिनिविषैं ७२का बन्ध अवशेष रहे है ॥१७॥

४. आनतसे उपरिम ग्रैवेयक तककी अपेक्षा

ल.सा./मू व टी./१८/५५ केवल भाषार्थ—"आनत स्वर्गादि उपरिम ग्रैवेयक पर्यन्त विषै (उपरोक्त) १३ स्थान दूसरा व तेईसवाँ बिना पाइये। तहाँ तिनि ग्यारह स्थाननिकरि चौबीस घटाइ बन्धयोग्य ६६ प्रकृतिनिविषै ७२ बाँधिये है ॥१८॥

५. सातवीं पृथिवीकी अपेक्षा

ल.सा./मू.व.टी./१६/५५ केवल भाषार्थ—"सातवीं नरक पृथिवी विषै जे (उपरोक्त) ११ स्थान तीसरा करि हीन और दूसरा करि सहित तथा चौबीसवाँ करि हीन पाइये। तहाँ तिनि १० स्थाननि करि तेईसवाँ उद्योत सहित ये चौबीस घटाइ बन्ध योग्य ६६ प्रकृतिनिविषैं ७३ वा ७२ बाँधिये है, जातैं उद्योतको बन्ध वा अबन्ध दोनों संभवे है ॥१६॥

२. स्थिति सत्त्वापसरण निर्देश

ल.सा./मू व.टी./४२७-४२८/५०६ केवल भाषार्थ—"मोहादिकका क्रम लिए जो क्रमकरण (दे क्रमकरण) रूप बन्ध भया, तातैं परै इस ही क्रम लिये तितने ही संख्यात हजार स्थिति बन्ध भये असंज्ञी पंचेन्द्रिय समान (सागरोपमसहस्रपृथक्त्व) स्थिति सत्त्व है। बहुरि तातैं परै जैसे-जैसे मोहनीयादिकका क्रमकरण पर्यन्त स्थिति बन्धका व्याख्यान किया तैसे ही स्थिति सत्त्वका होना अनुक्रम तैं जानना। तहाँ एक पल्य स्थिति पर्यन्त पल्यका संख्यातवाँ भागमात्र तातैं दूरापकृष्टि पर्यन्त पल्यका संख्यातवां भागमात्र, तातैं संख्यात हजार वर्ष स्थिति पर्यन्त पल्यका असंख्यातवां बहुभागमात्र आयाम लिये जो स्थिति बन्धापसरण तिनिकरि स्थिति बन्धका घटना कहा था, तैसे ही इहाँ तितने आयाम लिये स्थिति काण्डकनिकरि स्थितिसत्त्वका घटना हो है। बहुरि तहाँ संख्यात हजार स्थिति बन्धका व्यतीत होना कहा तैसे इहाँ भी कहिए है, वा तहाँ तितने स्थिति काण्डकनिका व्यतीत होना कहिए। जातैं स्थिति बन्धापसरण और स्थितिकाण्डोत्करणका काल समान है। बहुरि तहाँ स्थिति बन्ध जहाँ कह्या था यहाँ स्थिति सत्त्व तहाँ कहना। बहुरि अल्प बहुत्व त्रैराशिक आदि विशेष बन्धापसरणवत् ही जानना। सो स्थिति सत्त्वका क्रम कहिए—प्रत्येक संख्यात हजार काण्डक गये क्रमतैं असंज्ञी पंचेन्द्रिय, चौइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, बेइन्द्रिय, एकेन्द्रियनिकै स्थिति बन्ध कै समान कर्मनिकी स्थिति सत्त्व हजार, सौ, पचास पच्चीस, एक सागर प्रमाण हो है। बहुरि संख्यात स्थिति काण्डक भये बीसयनि (नाम गोत्र) का एक पल्य : तीसियनि (ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय, अन्तराय) का डयोढ पल्य, मोहका दोय पल्य स्थिति सत्त्व हो है। १. तातैं परै पूर्व सत्त्वका संख्यात बहुभागमात्र एक काण्डक भये बीसयनिका पल्यके संख्यात भागमात्र स्थिति सत्त्व भया तिस कालविषैं बीसयनिकैं तीसयनिका संख्यात-

गुणा मोहका विशेष अधिक स्थिति सत्त्व भया। २ बहुरि इस क्रमतै संख्यात हजार स्थिति काण्डक भये तीसयनिका (एक) पल्यमात्र, मोहका त्रिभाग अधिक पल्य ($1\frac{1}{3}$) मात्र स्थिति सत्त्व भया। ताके परै एक काण्डक भये तीसयनिका भी पल्यके संख्यातवें भागमात्र स्थिति सत्त्व हो है। तिस समय बीसयनिका स्तोक तातै तीसयनिका संख्यातगुणा तातै मोहका संख्यातगुणा स्थिति सत्त्व हो है। ३ बहुरि इस क्रम लिये संख्यात स्थितिकाण्डक भये मोहका पल्यमात्र स्थिति सत्त्व हो है। बहुरि एक काण्डक भये मोहका भी पल्यके संख्यातवें भागमात्र स्थिति सत्त्व हो है। तीहि समय सातो कर्मनिका स्थिति सत्त्व पल्यके संख्यातवें भागमात्र भया। तहाँ बीसयनिका स्तोक, तीसयनिका संख्यातगुणा तातै मोहका संख्यातगुणा स्थिति सत्त्व हो है। ४ तातै परै इस क्रम लिये संख्यात हजार स्थितिकाण्डक भये बीसयनिका स्थितिसत्त्व दूरापकृष्टिकौ उल्लंघि पल्यके असंख्यातवें भागमात्र भया। तिस समय बीसयनिका स्तोक तातै तीसयनिका असंख्यातगुणा तातै मोहका संख्यातगुणा स्थिति सत्त्व हो है। ५ तातै परै इस क्रम लिये संख्यात हजार स्थितिकाण्डक भये तीसयनिका स्थितिसत्त्व दूरापकृष्टिकौ उल्लंघि पल्यके असंख्यातवें भागमात्र भया। तब सर्व ही कर्मनिका स्थितिसत्त्व पल्यके असंख्यातवें भागमात्र भया। तहाँ बीसयनिका स्तोक तातै तीसयनिका असंख्यातगुणा तातै मोहका असंख्यातगुणा स्थितिसत्त्व हो है। ६ बहुरि इस क्रमकरि संख्यात हजार स्थितिकाण्डक भये नाम-गोत्रका स्तोक तातै मोहका असंख्यातगुणा तातै तीसयनिका असंख्यातगुणा स्थितिसत्त्व हो है। ७. बहुरि इस क्रम लिये संख्यात हजार स्थितिकाण्डक भये मोहका स्तोक तातै बीसयनिका असंख्यातगुणा तातै तीसयनिका असंख्यातगुणा स्थितिसत्त्व हो है। ८. बहुरि इस क्रम लिये संख्यात हजार स्थिति काण्डक भये मोहका स्तोक तातै बीसयनिका असंख्यातगुणा तातै तीन घातियानिका असंख्यातगुणा तातै वेदनीयका असंख्यातगुणा स्थितिसत्त्व हो है। ९. बहुरि इस क्रम लिये संख्यात हजार स्थितिकाण्डक भये मोहका स्तोक तातै तीन घातियानिका असंख्यातगुणा तातै नाम-गोत्रका असंख्यातगुणा तातै वेदनीयका विशेष अधिक स्थितिसत्त्व हो है। १० ऐसे अंतविषै नामगोत्रतै वेदनीयका स्थितिसत्त्व साधिक भया तब मोहादिकै क्रम लिये स्थिति सत्त्वका क्रमकरण भया ॥४२७॥ बहुरि इस क्रमकरणतैं परै संख्यात हजार स्थितिबन्ध व्यतीत भये जो पल्यका असंख्यातवाँ भागमात्र स्थितिहोइ ताकौ होतै सतै तहाँ असंख्यात समय प्रबद्धनिकी उदीरणा हो है। इहाँ तै पहिले अपकर्षण किया द्रव्यकौ उदयावली विषै देनेके अर्थि असंख्यात लोकप्रमाण भागहार संभवै था। तहाँ समयप्रबद्धके असंख्यातवाँ भाग मात्र उदीरणाद्रव्य था। अब तहाँ पल्यका असंख्यातवाँ भागप्रमाण भागहार होनेतै असंख्यात समयप्रबद्धमात्र उदीरणाद्रव्य भया ॥४२८॥

३ ३४ बन्धापसरणोंकी अभव्योंमें संभावना व असंभावना संबन्धी दो मत

१. अभव्यको भी संभव है

ल सा /मू /१५/४७ बंधापसरणस्थानानि भव्याभव्येषु सामान्यानि।= चौतीस बन्धापसरणस्थान भव्य वा अभव्यके समान हो है।


२ अभव्यका संभव नहीं

म.ब.३/११५/११ पंचिंदियाण सण्णीण मिच्छादिट्ठीणं अभवसिद्धिया. पाओग्ग अंतोकोडाकोडिपुधत्तं बंधमाणस्स णत्थि ट्ठिदिबंधवोच्छेदो। =पंचेन्द्रिय संज्ञी मिथ्यादृष्टि जीवोंमें अभव्योंके योग्य अन्त कोडाकोडीपृथक्त्वप्रमाण स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवके स्थितिकी बन्ध व्युच्छित्ति नहीं होती है।

४. व्याघात या काण्डकघात निर्देश

१. स्थितिकाण्डक घात विधान

ल सा /मू.६०/९२ केवल भाषार्थ "जहा स्थिति काण्डकघात ह इ सो व्याघात कहिए। तहाँ कहिए है—कोई जीव उत्कृष्ट स्थिति बान्धि पीछे क्षयोपशमलब्धिकरि विशुद्ध भया तब बन्धी थी जा स्थिति तीहीं विषै आबाधारूप बन्धावलीको व्यतीत भये पीछे एक अन्तर्मुहूर्त कालकरि स्थितिकाण्डकका घात किया। तहाँ जो उत्कृष्ट स्थितिबाधा थी, तिस विषै अन्त कोटाकोटी सागर प्रमाण स्थिति अवशेष राखि अन्य सर्व स्थितिका घात तिस काण्डककरि हो है। तहाँ काण्डकविषै जेती स्थिति घटाई ताके सर्व निषेकनिका परमाणूनिकौ समय समय प्रति असंख्यातगुणा क्रम लिये, अवशेष राखी स्थितिविषैं अन्तर्मुहूर्त पर्यन्त निक्षेपण करिए है। सो समय-समय प्रति जो द्रव्य निक्षेपण किया सोई फालि है। तहाँ अन्तकी फालिविषै, स्थितिके अन्त निषेकका जो द्रव्य ताकौ ग्रहि अवशेष राखी स्थितिविषै दिया। तहाँ अन्त कोटाकोटी सागरकरि हीन उत्कृष्ट स्थिति प्रमाण उत्कृष्ट अतिस्थापना हो है, जातै इस विषै सो द्रव्य न दिया। इहाँ उत्कृष्ट स्थितिविषै अन्त कोटाकोटी सागरमात्र स्थिति अवशेष रही तिसविषै द्रव्य दिया, सो यहु निक्षेप रूप भया। तातै यहु घटाया अर एक अन्त निषेकका द्रव्य ग्रह्या ही है तातै एक समय घटाया है अक सदृष्टिकरि जैसे हजार समयनिकी स्थितिविषै काण्डकघात कर सौ समयकी स्थिति राखी। (तहाँ सौ समय उत्कृष्ट निक्षेप रूप रहे अर्थात्, हजारवाँ समय सम्बन्धी निषेकका द्रव्यको आदिके सौ समयसम्बन्धी निषेकनिविषै दिया)। तहाँ शेष बचे ८९९ मात्र समय उत्कृष्ट अतिस्थापना हो है ॥५९-६०॥



नोट-[अव्याघात विधानमें अतिस्थापना केवल आवली मात्रथी और निक्षेप एक एक समय बढ़ता हुआ लगभग पूर्ण स्थिति प्रमाण ही रहता था, इसलिए तहाँ स्थितिका घात होना संभव न था। यहाँ प्रदेशोंका अपकर्षण तो हुआ पर स्थितिका नहीं।

यहाँ स्थिति काण्डक घात विषै निक्षेप अत्यन्त अल्प है और शेष सर्व स्थिति अतिस्थापना रूप रहती है, अर्थात् अपकृष्ट द्रव्य केवल अल्प मात्र निषेकोंमें ही मिलाया जाता है शेष सर्व स्थितिमें नहीं। उस स्थानका द्रव्य हटा कर निक्षेपमें मिला दिया और तहाँ दिया कुछ न गया। इसलिए वह सर्वस्थान निषेकोंसे शून्य हो गया। यही स्थितिका घटना है। (दे अपकर्षण/२/१)। जैसे अव्याघात विधानमें आवली प्रमाण उत्कृष्ट अतिस्थापना प्राप्त होनेके पश्चात्, ऊपरका जो निषेक उठाया जाता था उसका समय तो अतिस्थापनाके आवली प्रमाण समयोंमें से नीचेका एक समय निक्षेप रूप बन जाता था। क्योंकि निक्षेप रूप अन्य निषेकोंके साथ-साथ उसमें भी अपकृष्ट द्रव्य मिलाया जाता था। इस प्रकार अतिस्थापनामें तो एक-एक समयकी वृद्धि व हानि बराबर बनी रहनेके कारण वह तो

अन्त तक आवली प्रमाण ही रहती थी, और निक्षेपमें बराबर एक-एक समयकी वृद्धि होनेके कारण वह कुल स्थितिसे केवल अतिस्थापनावली कम होन रहता था। यहाँ व्याघात विधान विषै उलटा क्रम है। यहाँ निक्षेपमें वृद्धि होनेकी बजाये अतिस्थापनामें वृद्धि होती है। अपकर्षण-द्वारा जितनी स्थिति शेष रखी गयी उतना ही यहाँ उत्कृष्ट निक्षेप है। जघन्य निक्षेपका यहाँ विकल्प नहीं है। तथा उससे पूर्व स्थितिके अन्तिम समय तक सर्वकाल अतिस्थापना रूप है। यहाँ ऊपरवाले निषेकोंका द्रव्य पहिले उठाया जाता है और नीचे वालोंका क्रम पूर्वक उसके पीछे। अव्याघात विधानमें प्रति समय एक ही निषेक उठाया जाता था पर यहाँ प्रति समय असंख्यात निषेकोंका द्रव्य इकट्ठा उठाया जाता है। एक समयमें उठाये गये सर्व द्रव्यको एक फालि कहते है। व्याघात विधानका कुल काल केवल एक अन्तर्मुहूर्त है, जिसमें कि उपरोक्त सर्व स्थितिका घात करना इष्ट है। अन्तर्मुहूर्तके असंख्यातों खण्ड हैं। प्रत्येक खण्डमें भी प्रति समय एक एक फालिके क्रमसे जितना द्रव्य समय उठाया गया उसे एक काण्डक कहते हैं। इस प्रकार एक एक अन्तर्मुहूर्तमें एक एक काण्डकका निक्षेपण करते हुए कुल व्याघातके कालमें असंख्यात काण्डक उठा लिये जाते है, और निक्षेप रूप निषेकोंके अतिरिक्त ऊपरके अन्य सर्व निषेकोंके समय कार्मण द्रव्यसे शून्य कर दिये जाते है। इसीलिए स्थितिका घात हुआ कहा जाता है। क्योंकि इस विधानमें काण्डकरूपसे द्रव्यका निक्षेपण होता है, इसलिए इसे काण्डक घात कहते है, और स्थितिका घात होनेके कारण व्याघात कहते हैं।)

२. काण्डकघातके बिना स्थितिघात सम्भव नहीं

ध १२/४,२,१४,३०/४८६/८ खंडयघादेण विणा कम्मट्ठिदीए घादाभावादो। =काण्डकघातके बिना कर्मस्थितिका घात सम्भव नहीं है।

३. आयुका स्थितिकाण्डकघात नहीं होता

ध ६/१,९-८,५/२२४/३ अपुव्वकरणस्स आयुगवज्जाणं सव्वकम्माणं ट्ठिदिखंडओ होदि। =(अपूर्वकरणके प्रकरणमें) यह स्थितिखण्ड आयु कर्मको छोड़कर शेष समस्त कर्मोंका होता है। (अन्यत्र भी सर्वत्र यह नियम लागू होता है)।

४. स्थितिकाण्डकघात व स्थिति बन्धापसरणमें अन्तर

क्ष. सा./मू. ४१८/४९९ बंधोसरणा बंधो ठिदिखंडं संतमोसरदि ॥४१८॥ =स्थितिबन्धापसरणकरि स्थितिबन्ध घटै है और स्थिति काण्डकनिकरि स्थितिसत्त्व घटै है। **नोट**—(स्थिति बन्धापसरणमें विशेष हानिक्रमसे बन्ध घटता है और स्थितिकाण्डकघातमें गुणहानिक्रमसे सत्त्व घटता है।)

ल. सा./जी प्र./७६/११४ एकैकस्थितिखण्डनिपतनकालः, एकैकस्थितिबन्धापसरणकालश्च समानावन्तर्मुहूर्तमात्रौ। =जाकरि एक बार स्थिति सत्त्व घटाइये ऐसा काण्डकोत्करणकाल और जाकरि एक बार स्थितिबन्ध घटाइये सो स्थिति बन्धापसरणकाल ए दोऊ समान है, अन्तर्मुहूर्त मात्र है।

५. अनुभागकाण्डकघात विधान

ल.सा./मू व टीका ८०-८१/११४-११६केवल भाषार्थ ' अप्रशस्त जे असाता प्रकृति तिनिका अनुभाग काण्डकायाम अनन्तबहुभागमात्र है। अपूर्वकरणका प्रथम समय विषैं (चारित्रमोहोपशमका प्रकरण है) जो पाइए अनुभाग सत्त्व ताकौ अनन्तका भाग दीए तहाँ एक काण्डक करि बहुभाग घटावै। एक भाग अवशेष राखै है। यहु प्रथम खण्ड भया। याकौ अनन्तका भाग दीए दूसरे काण्डक करि बहुभाग घटाइ एक भाग अवशेष राखे है। ऐसै एक एक अन्तर्मुहूर्त करि एक एक अनुभाग काण्डकघात हो है। तहाँ एक अनुभाग काण्डकोत्करण काल विषैं समय-समय प्रति एक-एक फालिका घटावना हो है ॥८०॥ अनुभागको प्राप्त ऐसे कर्म परमाणु सम्बन्धी एक गुणहानिविषैं स्पर्धकनिका प्रमाण सो स्तोक है। तातैं अनन्तगुणे अतिस्थापनारूप स्पर्धक हैं। तातैं अनन्तगुणे निक्षेप स्पर्धक है। तातैं अनन्तगुणा अनुभाग काण्डकायाम है। इहाँ ऐसा जानना कि कर्मनिके अनुभाग विषैं अनुभाग रचना है। तहाँ प्रथमादि स्पर्धक स्तोक अनुभाग युक्त हैं। ऊपरिके स्पर्धक बहु अनुभाग युक्त हैं। ऐसे तहाँ तिनि सर्व स्पर्धकनिकौ अनन्तका भाग दिऐं बहुभागमात्र जे ऊपरिके स्पर्धक, तिनिके परमाणूनिकौ एक भागमात्र जे निचले स्पर्धक तिनि विषैं, केतेइक ऊपरिके स्पर्धक छोड़ि अवशेष निचले स्पर्धकनिरूप परिणमावै है। तहाँ केतेइक परमाणु पहिले समय परिणमावै है, केतेइक दूसरे समय परिणमावै हैं। ऐसे अन्तर्मुहूर्त कालकरि सर्व परमाणु परिणमाइ तिनि ऊपरिके स्पर्धकनिका अभावकरै है। तिनिका द्रव्यको जे काण्डकघात भये पीछैं अवशेष स्पर्धक रहैं तिनिविषैं तिनि प्रथमादि स्पर्धकनिविषैं मिलाया, ते तौ निक्षेप रूप हैं, अर जिनि ऊपरिके स्पर्धकनि विषैं न मिलाया ते अतिस्थापना रूप हैं ॥८१॥ (क्ष.सा./मू.व टी./४०८ ४०९/४९३)

६. अनुभाग काण्डकघात व अपवर्तनघातमें अन्तर

ध. १२/४,२,७,४१/३२/१ एसो अणुभागखंडयघादो त्ति किण्ण वुच्चदे। ण, पारद्धपढमसमयादो अंतोमुहुत्तेण कालेण जो घादो णिप्पज्जदि सो अणुभागखंडघादो णाम, जो पुण उक्कीरणकालेण विणा एगसमएणेव पददि सा अणुसमओवट्टणा। अण्णं च, अणुसमओवट्टणाए णियमेण अणंता भागा हम्मंति, अणुभागखंडयघादे पुण णत्थि ऐसो णियमो, छव्विहहाणीए खंडयघादुवलंभादो। =प्रश्न—इसे (अनुसमयापवर्तनाघातको) अनुभागकाण्डकघात क्यों नहीं कहते? उत्तर—नहीं, क्योंकि, प्रारम्भ किये गये प्रथम समयसे लेकर अन्तर्मुहूर्त कालके द्वारा जो घात निष्पन्न होता है, वह अनुभागकाण्डकघात है। परन्तु उत्कीरण कालके बिना एक समय द्वारा ही जो घात होता है, वह अनुसमयापवर्तना है। दूसरे अनुसमयापवर्तनामें नियमसे अनन्त बहुभाग नष्ट होता है परन्तु अनुभाग काण्डकघातमें यह नियम नहीं है, क्योंकि छह प्रकारकी हानि द्वारा काण्डकघातकी उपलब्धि होती है। **विशेषार्थ**- काण्डक पोरको कहते है। कुल अनुभागके हिस्से करके, एक एक हिस्सेका फालि क्रमसे अन्तर्मुहूर्त काल द्वारा अभाव करना अनुभाग काण्डक घात कहलाता है। और प्रति समय अनन्त बहुभाग अनुभागका अभाव करना अनुसमयापवर्तना कहलाती है। मुख्य रूपसे यही इन दोनोंमें अन्तर है।

७. शुभ प्रकृतियोंका अनुभाग घात नहीं होता

ध १२/४,२,७,१४/१८/१ सुहाणं पयडीणं विसोहिदो केवलिसमुग्घादेण जोगणिरोहेण वा अणुभागघादो णत्थि त्ति जाणवेदि। खीणकसायसजोगीसु ट्ठिदिअणुभागघादेसु संतेसु वि सुहाणं पयडीणं अणुभागघादो त्ति सिद्धं ट्ठिदिअणुभागवज्जिदे सुहाणं पयडीणमुक्कस्साणुभागो होदि णत्थि त्ति अत्थावत्तिसिद्धं। =शुभ प्रकृतियोंके अनुभागका घात विशुद्धि, केवलि समुद्घात अथवा योगनिरोधसे नहीं होता। क्षीणकषाय और सयोगी गुणस्थानोंमें स्थितिघात व अनुभागघातके होनेपर भी शुभ प्रकृतियोंके अनुभाग घात वहाँ नहीं होता, यह सिद्ध होनेपर 'स्थिति व अनुभागसे रहित अयोगी गुणस्थानमें शुभ प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभाग होता है,' यह अर्थापत्तिसे सिद्ध है।

ल.सा./मू./८०/११४ सुहपयडीणं णियमा णत्थि त्ति रसस्स खंडाणि। =शुभ प्रकृतियोंका अनुभागकाण्डकघात नियमसे नहीं होता है।

८. प्रदेशघातसे स्थिति घटती है, अनुभाग नहीं

क.पा. ५/४-२२/§५७२/३३७/११ ट्ठिदीए इव पदेसगलणाए अणुभागघादो णत्थि त्ति। =प्रदेशोंके गलनेसे जैसे स्थितिघात होता है, वैसे प्रदेशोंके गलनेसे अनुभागका घात नहीं होता।

९. स्थिति व अनुभाग घातमें परस्पर सम्बन्ध

ध. १/१,१,२७/२१६/१० अंतोमुहुत्तेण एक्केक्कं ट्ठिदिकंडयं घादेंतो

अप्पणो कालब्भंतरे संखेज्जसहस्साणि ट्ठिदिकंडयाणि घादेदि। तत्तियाणि चेव ट्ठिदिबंधोसरणाणि वि करेदि। तेहिंतो संखेज्जसहस्सगुणे अणुभागकंडय-घादे करेदि, 'एक्काणुभाग कंडय-उक्कीरण-कालादो एक्क ट्ठिदिकंडय-उक्कीरणकालो संखेज्जगुणो' त्ति सुत्तादो। =एक-एक अन्तर्मुहूर्तमें एक-एक स्थितिकाण्डकका घात करता हुआ अपने कालके भीतर संख्यात हजार स्थितिकाण्डकोंका घात करता है। और उतने ही स्थितिबन्धापसरण करता है। तथा उनसे संख्यात हजार गुणे अनुभागकाण्डकोंका घात करता है, क्योंकि, एक अनुभाग-काण्डकके उत्कीरणकालसे एक स्थितिकाण्डककाउत्कीरणकाल संख्यात गुणा है। (ल सा./मू /७६/११४)

ध. १२/४,२,१३,४०/३६३/१२ पडिभग्गपढमसमयप्पहुडि जाव अंतोमुहुत्त कालो ण गदो ताव अणुभागखंडयघादाभावादो।

ध. १२/४,२,१३,६४/४१३/७ अंतोमुहुत्तचरिमसमयस्स कधमुक्कस्साणुभाग-संभवो। ण, तस्स अणुभागखंडयघादाभावादो।
=प्रतिभग्न होनेके प्रथम समयसे लेकर जब तक अन्तर्मुहूर्तकाल नहीं बीत जाता तब तक अनुभागकाण्डकघात सम्भव नहीं। =प्रश्न—अन्तर्मुहूर्तके अन्तिम समयमें उत्कृष्ट अनुभागकी सम्भावना कैसे है? उत्तर—नहीं, क्योंकि, उसके अनुभागकाण्डक घातका अभाव है।

ध. १२/४,२,१३,४१/१-२/३६४ ट्ठिदिघादे हदसे अणुभागा आऊआण सव्वेसिं। अणुभागेण विणा वि हु आउववज्जाण ट्ठिदिघादो ॥१॥ अणुभागे हदसे ट्ठिदिघादो आउआण सव्वेसिं। ट्ठिदिघादेण विणा वि हु आउववज्जाणमणुभागो ॥२॥ =स्थितिघात होनेपर (ही) सब आयुओंके अनुभागका नाश होता है। (परन्तु) आयुको छोड़कर शेष कर्मोंका अनुभागके बिना भी स्थितिघात होता है ॥१॥ (इसी प्रकार) अनुभागका घात होनेपर ही सब आयुओंका स्थितिघात होता है (परन्तु) आयुको छोड़कर शेष कर्मोंका स्थितिघातके बिना भी अनुभागघात होता है ॥२॥

ध. १२/४,२,१६,१६२/४३१/१३ आउअस्स खवगसेढीए पदेसस्स गुणसेडि-णिज्जराभावो व ट्ठिदि-अणुभागाणं घादाभावादो। =क्षपकश्रेणीमें आयुकर्मके प्रदेशोंकी गुणश्रेणी निर्जरके अभावके समान स्थिति और अनुभागके घातका अभाव है। (इसीलिए वहाँ घातको प्राप्त हुआ अनुभाग अनन्तगुणा हो जाता है)।

अपकर्षसमा—न्या.सू./५/१/४/२८८ साध्यदृष्टान्तयोर्धर्मविकल्पा-दुभयसाध्यत्वाच्चोत्कर्षापकर्षवर्ण्यावर्ण्यविकल्पसाध्यसमा ॥४॥

न्या. भा./५/१/४/२८८ साध्ये धर्मिभावे दृष्टान्तात् प्रसञ्जनोऽपकर्षसम'। लोष्ठः खलु क्रियावानविभुर्दृष्टः काममात्मापि क्रियावानविभुरस्तु विपर्यये वा विशेषो वक्तव्य इति। =साध्यमें दृष्टान्तसे धर्माभावके प्रसंगको अपकर्षसम कहते हैं। जैसे कि 'लोष्ठ निश्चय क्रियावाला व अविभु देखा गया है अतः' (इस दृष्टान्त-द्वारा साध्य) आत्मा भी क्रियावान् व अविभु होना चाहिए। जो ऐसा नहीं है तो विशेषता दिखानी चाहिए।

श्लो. वा. ४/न्या. ३४४/४७७/४ विद्यमानधर्मापनयोऽपकर्षः।

श्लो. वा. ४/न्या ३४१/४७६ तत्रैव क्रियावज्जीवसाधने प्रयुक्ते सति साध्य-धर्मिणि धर्मस्याभावं दृष्टान्तात् समासजयन् यो वक्ति सोऽपकर्षसमा-जातिं वदति। यथा लोष्ठः क्रियाश्रयोऽसर्वगतो दृष्टस्तद्वदात्मा सदाप्य-सर्वगतोऽस्तु विपर्यये वा विशेषकृद्धेतुर्वाच्य इति। =विद्यमान हो रहे धर्मका पक्षमें-से अलग कर देना अपकर्ष है। क्रियावान् जीवके साधनेका प्रयोग प्राप्त होनेपर जो प्रतिवादी साध्यधर्मीमें धर्मके अभावको दृष्टान्तसे भले प्रकार प्रसंग कराता हुआ कह रहा हो कि वह अपकर्षसमा जाति है।—जैसे कि लोष्ठ क्रियावान् हो रहा अव्यापक देखा गया है, उसीके समान आत्मा भी सर्वदा असर्वगत हो जाओ। अथवा विपरीत माननेपर कोई विशेषताको करनेवाला कारण बतलाना चाहिए, जिससे कि ढेलेका एक धर्म (क्रियावान्पना) तो आत्मामें मिलता रहे और दूसरा धर्म (असर्वगतपना) आत्मामें न ठहर सके।

अपकार—दे उपकार।

अपकृष्ट—श सा./भाषा/५८८/७०६ गुणश्रेणी आदिके अर्थि जो सर्व स्थितिके द्रव्यको अपकर्षण करि ग्रहिये सो अपकृष्टि (अपकृष्ट) द्रव्य कहिए है।

अपक्षय—रा वा./४/४२/४/२५०/११ क्रमेण पूर्वभावैकदेशनिवृत्तिर-पक्षयः। =क्रमपूर्वक पूर्वभावकी एकदेश निवृत्ति होना अपक्षय है।

अपदर्श—नील पर्वतस्थ कूट व उसका स्वामी देव—दे. लोक/५/४।

अपदेश—स सा./ता वृ./१५ अपदिश्यतेऽर्थो येन स भवत्यपदेश शब्द द्रव्यश्रुतमिति। =जिसके द्वारा अर्थ निर्देशित किये जाये सो अपदेश है। वह शब्द अर्थात् द्रव्यश्रुत है।

अपध्यान—र. क.श्रा./मू /७८ वधबन्धच्छेदादेर्द्वेषाद्रागाच्च परकल-त्रादेः। आध्यानमपध्यानं शासति जिनशासने विशदाः ॥७८॥ =जिन-शासनमें चतुर पुरुष, रागसे अथवा द्वेषसे अन्यकी स्त्री आदिके नाश होने, कैद होने, कट जाने आदिके चिन्तन करनेको आध्यान या अपध्याननामा अनर्थदण्ड कहते हैं।

स.सि./७/२१/३६० परेषां जयपराजयवधबन्धनाङ्गच्छेदपरस्वहरणादि कथं स्यादिति मनसा चिन्तनमपध्यानम्। =दूसरोंका जय, पराजय, मारना, बाँधना, अंगोंका छेदना, और धनका अपहरण आदि कैसे किया जाये इस प्रकार मनसे विचार करना अपध्यान है। (रा वा /७/२१/२१/५४६/७) (चा सा./१६/५) (पु. सि.उ./१४१)

चा.सा./१७१/३ उभयमप्येतदपध्यानम्। =ये दोनों आर्त व रौद्रध्यान अपध्यान है। (सा ध /५/६)

का अ./मू ३४४ परदोसाण वि गहणं परलच्छीणं समीहणं जं च। पर-इत्थी अवलोओ परकलहालोयणं पढम ॥३४४॥=परके दोषोंका ग्रहण करना, परकी लक्ष्मीकी चाहना, परायी स्त्रीको ताकना तथा परायी कलहको देखना प्रथम (अपध्यान) अनर्थदण्ड है।

द्र.स./टी./२२/६६/६ स्वयं विषयानुभवरहितोऽप्ययं जीव परकीयविषया-नुभव दृष्ट श्रुत च मनसि स्मृत्वा यद्विषयाभिलाष करोति तदपध्यान भण्यते। =स्वयं विषयोंके अनुभवसे रहित भी यह जीव अन्यके देखे हुए तथा सुने हुए विषयके अनुभवको मनमें स्मरण करके विषयोंकी इच्छा करता है, उसको अपध्यान कहते हैं (प्र सा./ता वृ./१५८/२१६)।

अपरविदेह—१. सुमेरु पर्वतके पश्चिममें स्थित गन्धमालिनी आदि १६ क्षेत्र अपर या पश्चिम विदेह कहलाते हैं—दे लोक/५। २. नील पर्वतस्थ एक कूट व उसके रक्षक देवका नाम भी अपरविदेह है - दे. लोक/५।

अपरव्यवहार—आगमकी ७ नयोंमें व्यवहारनयका एक भेद—दे. नय V/४।

अपरसंग्रह—आगमकी ७ नयोंमें संग्रहनयका एक भेद—दे. नय III/४।

अपराजित—१ एक यक्ष—दे. यक्ष, २ एक ग्रह—दे. ग्रह; ३. कल्पा-तीत देवोंका एक भेद—दे स्वर्ग/२/१; ४. अपराजित स्वर्ग—दे स्वर्ग/५/४, ५ जम्बूद्वीपकी वेदिकाका उत्तर द्वार—दे. लोक/३/१, ६. अपर विदेहस्थ व प्रवान क्षेत्रकी मुख्य नगरी—दे लोक/५/२; ७ रुचकवर पर्वतका कूट—दे लोक/५/१३; ८ विजयार्धकी दक्षिण श्रेणीका एक नगर—दे. विद्याधर; ९. विजयार्धकी उत्तर श्रेणीका एक नगर—दे. विद्याधर। १० (म.पु./५२/श्लो. ७) धातकी खण्डमें सुसीमा देशका राजा था (२-३) प्रव्रज्या ग्रहणकर तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध किया और ऊर्ध्व ग्रैवेयकमें अहमिन्द्र हो गये (१२-१४) यह पद्मप्रभ

भगवान्‌का पूर्वका तीसरा भव है। ११ (म.पु./६२/श्लो.) वत्सकावती देशकी प्रभाकरी नगरीके राजा स्तमितसागरका पुत्र था (४१२-४१३) राज्य पाकर नृत्य देखनेमें आसक्त हो गया और नारदका सत्कार करना भूल गया (४३०-४३१) क्रुद्ध नारदने शत्रु दमितारिको युद्धार्थ प्रस्तुत किया (४४३) इन्होंने नर्तकीका वेश बना उसकी लड़कीका हरण कर लिया और युद्धमें उसको हरा दिया (४६१-४८४) तथा बलभद्र पद पाया (५१०)। अन्तमें दीक्षा ले समाधि-मरण कर अच्युतेन्द्र पद पाया (२६-२७) यह शान्तिनाथ भगवान्‌का पूर्वका ७वाँ भव है। १२ (म.पु./६२/श्लो.) सुगन्धिला देशके सिंहपुर नगरके राजा अर्हदास का पुत्र था (३-१०) पहिले अणुव्रत धारण किये (१६) फिर एक माहका उत्कृष्ट सन्यास धारण कर अच्युतेन्द्र हुआ (४५-५०) यह भगवान् नेमिनाथका पूर्वका पाँचवाँ भव है। १३ (ह.पु./३६/श्लो.) जरासन्धका भाई था, कंसकी मृत्युके पश्चात् कृष्णके साथ युद्धमें मारा गया (७२-७३)। १४ श्रुतावतारके अनुसार आप भगवान् वीरके पश्चात् तृतीय श्रुतकेवली हुए थे। समय-वी नि ६२-११४, ई पू ४३४-४१२। दे इतिहास। ४/४। १५. (सि वि./प्र. ३४/पं. महेन्द्रकुमार) आप सुमति आचार्यके शिष्य थे। समय—वि ४६४ (ई. ४३७)। १६ (भ आ./प्र./१ नाथूराम प्रेमी) आप चन्द्रनन्दिके प्रशिष्य और बलदेवसूरिके शिष्य थे। आपका अपर नाम विजयाचार्य था। आपने भगवती आराधनापर विस्तृत संस्कृत टीका लिखी है। समय—शक ६५८ (वि ७९३) में टीका पूरी की।

अपराजित संघ—आचार्य अर्हद्बलि-द्वारा स्थापित दिगम्बर साधु संघोंमें-से एक था। दे इतिहास/४/६।

अपराजिता—१. भगवान् मुनिसुव्रतनाथकी शासिका यक्षिणी—दे तीर्थंकर/५/३, २.पूर्व विदेहस्थ महावत्सा देशकी मुख्य नगरी—दे. लोक ५/२, ३ नन्दीश्वर द्वीपके पश्चिममें स्थित एक वापी, दे. लोक/५/११, ४ रुचकपर्वत निवासिनी दिक्कुमारी—दे. लोक/५/१३।

अपराध—स. सा /मू /३०४ ससिद्धिराद्धसिद्धं साधियमाराधियं च एयट्ठं। अवगयराधो जो खलु चेया सो होइ अवराधो ॥३०४॥ ससिद्धि, राध, सिद्ध, साधित और आराधित, ये एकार्थवाची शब्द हैं। जो आत्मा अपगतराध अर्थात् राधसे रहित है वह आत्मा अपराध है। (नि सा./ता वृ /८४)।

स सा /आ /३००/क १८६ परद्रव्यग्रहं कुर्वन् बध्येतैवापराधवान्। बध्येतानपराधो न स्वद्रव्ये संवृतो यतिः ॥१८६॥ =जो परद्रव्यको ग्रहण करता है वह अपराधी है, इसलिए बन्धमें पड़ता है। और जो स्व द्रव्यमें ही संवृत है, ऐसा यति निरपराधी है, इसलिए बन्धता नहीं है (स सा./आ /३०१)।

अपराह्ण—दिनका तीसरा पहर।

अपरिगृहीता—स सि /७/२८/३६८ या गणिकात्वेन पुंश्चलीत्वेन वा परपुरुषगमनशीला अस्वामिका सा अपरिगृहीता। =जो वेश्या या व्यभिचारिणी होनेसे दूसरे पुरुषोंके पास आती-जाती रहती है, और जिसका कोई पुरुष स्वामी नहीं है, वह अपरिगृहीता कहलाती है।

अपरिणत—आहारका एक दोष—दे. आहार II/४/४।

अपरिणामी—दे. परिणमन।

अपरिस्रावित—भ.आ./मू /४८६,४९५ लोहेण पदीमुदयं व जस्स आलोचिदा अदीचारा। ण परिस्सवंति अण्णत्तो सो अपरिस्सवो होदि ॥४८६॥ इच्चेवमादिदोसा ण होंति गुरुणो रहस्सधारिस्स। पुट्ठेव अपुट्ठे वा अपरिस्साइस्स धारिस्स ॥४९५॥ =जैसे तपा हुआ लोहेका गोला चारों तरफसे पानीका शोषण कर लेता है, वैसे ही जो आचार्य क्षपकके दोषोंको सुनकर अपने अन्दर ही शोषण कर पूछनेपर अथवा न पूछनेपर भी जो उन्हें अन्यपर प्रगट न करे, वह अपरिस्रावी गुणका धारक है।

अपर्याप्त—दे पर्याप्त।

अपवर्ग—न्या सू./मू /१-१/२२ तदत्यन्तविमोक्षोऽपवर्गः। =उस दुख-दायी जन्मसे अत्यन्त विमुक्तिका नाम अपवर्ग है।

अपवर्तन—

१. अपवर्तनाघात सामान्यका लक्षण

स सि /२/५३/२०१ बाह्यस्योपघातनिमित्तस्य विषशस्त्रादेः सति संनिधाने ह्रस्व भवतीत्यपवर्त्यम्। =उपघातके निमित्त विष शस्त्रादिक बाह्य निमित्तोंके मिलनेपर जो आयु घट जाती है वह अपवर्त्य आयु कहलाती है।

क.पा /१,१८/§३१५/३४७/५ किमोवट्टणं णाम। णqुंसयवेए खविदे सेसणोकसायक्खवणमोवट्टणं णाम। =प्रश्न—अपवर्तना किसे कहते हैं? उत्तर—नपुंसकवेदका क्षपण हो जानेपर शेष नोकषायोंके क्षपण होनेको यहाँ अपवर्तना कहा है।

गो /क /जी.प्र./६४३/८३७/१६ आयुर्बन्धं कुर्वतां जीवानां परिणामवशेन बध्यमानस्यायुषोऽपवर्तनमपि भवति तदेवापवर्तनघात इत्युच्यते, उदीयमानायुरपवर्तनस्यैव कदलीघाताभिधानात्। =आयुके बन्धको करते जीव तिनिकै परिणामनिके वशतैं बध्यमान आयुका अपवर्तन भी होता है। अपवर्तन नाम घटनेका है, सो याकौ अपवर्तनघात कहिए, जातैं उदय आई (भुज्यमान) आयुकै अपवर्तनका नाम कदलीघात है। (अर्थात् भुज्यमान आयुके घटनेका नाम कदलीघात और बध्यमान आयुके घटनेका नाम अपवर्तनघात है।)

२. अनुसमयापवर्तनाका लक्षण

क पा ५/४ २२/§६२७/३६६/१३ का अणुसमओवट्टणा। उदय-उदयावलियासु पविस्समाणट्ठिदीणमणुभागस्स उदयावलियबाहिरट्ठिदीणमणुभागस्स य समय पडि अणंतगुणहीणकमेण घादो। =प्रश्न—प्रति समय अपवर्तना किसे कहते हैं? उत्तर—उदय और उदयावलिमें प्रवेश करनेवाली स्थितियोंके अनुभागका तथा उदयावलीसे बाहरकी स्थितियोंके अनुभागका जो प्रति समय अनन्तगुणहीन क्रमसे घात होता है उसे प्रतिसमय अपवर्तना कहते हैं।

ध १२/४,२,७,४१/१२/३२/२ उक्कीरणकालेण विणा एगसमएणेव पदेहि सा अणुसमओवट्टणा। अण्ण च, अणुसमओवट्टणाए णियमेण अणंताभागा हम्मंति। =उत्कीरणकालके बिना एक समय द्वारा जो घात होता है वह अनुसमयापवर्तना है। अथवा अनुसमयापवर्तनामें नियमसे अनन्त बहुभाग नष्ट होता है। (अर्थात् एक समयमें ही अनन्तों काण्डकोंका युगपत् घात करना अनुसमयापवर्तना है।)

* अनुसमयापवर्तना व काण्डकघातमें अन्तर—दे अपकर्षण ४/६।

* आयुके अपवर्तन सम्बन्धी—दे. आयु ५।

* अकाल मृत्यु वश आयुका अपवर्तन—दे मरण ४।

* अपवर्तनोद्वर्तन—दे. अश्वकर्ण करण।

३. गणितके सम्बन्धमें अपवर्तन

समान मूल्योंमें बदलना जैसे १८/७२=१/४—दे. गणित II/१/१०।

अपवाद—यद्यपि मोक्षमार्ग केवल साम्यता की साधना का नाम है, परन्तु शरीरस्थितिके कारण आहार-विहार आदिमें प्रवृत्ति भी करनी पड़ती है। यदि इससे सर्वथा उपेक्षित हो जाये तो भी साधना होनी सम्भव नहीं और यदि केवल इसहीकी चर्यामें निरर्गल प्रवृत्ति करने लगे तो भी साधना सम्भव नहीं। अतः साधकको दोनों ही बातोंका सन्तुलन करके चलना आवश्यक है। तहाँ साम्यताकी वास्तविक

साधनाको उत्सर्ग और शरीर चर्याको अपवाद कहते हैं। इन दोनोंके सम्मेल सम्बन्धी विषय ही इस अधिकारमें प्ररूपित है।

१. भेद व लक्षण

१. अपवाद सामान्यका लक्षण।
२ अपवादमार्गका लक्षण।
३ उत्सर्गमार्गका लक्षण।
* उत्सर्ग व अपवाद लिंगके लक्षण—दे लिंग १।

२. अपवादमार्ग निर्देश

१ मोक्षमार्गमें क्षेत्र काल आदिका विचार आवश्यक है।
२. अपनी शक्तिका विचार आवश्यक है।
३. आत्मोपयोगमें विघ्न न पड़े ऐसा ही त्याग योग्य है।
४. आत्मोपयोगमें विघ्न पड़ता जाने तो अपवाद मार्गका आश्रय ले।
* प्रथम व अन्तिम तीर्थमें छेदोपस्थापना चारित्र प्रधान होते हैं। —दे० छेदोपस्थापना।
* उत्सर्ग व अपवाद व्याख्यानमें अन्तर।

३. परिस्थितिवश साधुवृत्तिमें कुछ अपवाद

१ कदाचित् ९ कोटि शुद्धकी अपेक्षा ५ कोटि शुद्ध आहारका ग्रहण।
२. उपदेशार्थ शास्त्रोंका और वैयावृत्त्यर्थ औषध आदिका संग्रह।
* आचार्यकी वैयावृत्त्यके लिए आहार व उपकरणादिक माँगकर लाना।
३ क्षपकके लिए आहार माँगकर लाना।
४. क्षपकको कुरले व तेलमर्दन आदिकी आज्ञा।
५. क्षपकके लिए शीतोपचार व अनीमा आदि।
६. क्षपकके मृतशरीरके अंगोपांगोंका छेदन।
* कालानुसार चारित्रमें हीनाधिकता सम्भव है। —दे० निर्यापक/भ. आ./मू ६७१।
* कदाचित् लौकिक संसर्गकी आज्ञा। —दे० संगति।
* कदाचित् मन्त्र प्रयोगकी आज्ञा। —दे० मन्त्र।
७. परोपकारार्थ विद्या व शास्त्रादिका प्रदान।
* कदाचित् अकालमें स्वाध्याय। —दे० स्वाध्याय २/२।
८. कदाचित् रात्रिकी भी बातचीत।
* कदाचित् रात्रिको करवट लेना।—दे. निद्रा।
* कदाचित् नौकाका ग्रहण व जलमें प्रवेश। —दे. विहार।
* शूद्रसे छू जानेपर स्नान। —दे. भिक्षा ६।
* मार्गमें कोई पदार्थ मिलनेपर उठाकर आचार्यको दे दे। —दे. अस्तेय।
* एकान्तमें आर्यका संगतिका विधि-निषेध। —दे संगति।
* कदाचित् स्त्रीको नग्न रहनेकी आज्ञा। —दे लिंग १/४।

४. उत्सर्ग व अपवादमार्गका समन्वय

१ वास्तवमें उत्सर्ग ही मार्ग है अपवाद नहीं।
२ कारणवश ही अपवादका ग्रहण निर्दिष्ट है सर्वतः नहीं।
३ अपवादमार्गमें योग्य ही उपधि आदिके ग्रहणकी आज्ञा है अयोग्यकी नहीं।
* साधुके योग्य उपधि। —दे परिग्रह १।
* स्वच्छन्दाचारपूर्वक आहार ग्रहणका निषेध। —दे. आहार II/२/७।
५ अपवादका ग्रहण भी त्यागके अर्थ होता है।
६. अपवाद उत्सर्गका साधक होना चाहिए।
७. उत्सर्ग व अपवादमें परस्पर सापेक्षता ही श्रेय है।
८ निरपेक्ष उत्सर्ग या अपवाद श्रेय नहीं।

---

१. भेद व लक्षण

१. अपवाद सामान्यका लक्षण

स सि /१/३३/१४१ पर्यायो विशेषोऽपवादो व्यावृत्तिरित्यर्थ।=पर्यायका अर्थ विशेष अपवाद और व्यावृत्ति है।

द पा /टी /२४/२१/२० विशेषोक्तो विधिरपवाद इति परिभाषणात्। =विशेष रूपसे कही गयी विधिको अपवाद कहते हैं।

२. अपवादमार्गका लक्षण

प्र सा /त प्र /२३० शरीरस्य शुद्धात्मतत्त्वसाधनभूतसंयमसाधनत्वेन मूलभूतस्य छेदो न यथा स्यात्तथा बालवृद्धश्रान्तग्लानस्य स्वस्य योग्य मृद्वाचरणमाचरणीयमित्यपवादः। =बाल, वृद्ध, श्रान्त व ग्लान मुनियोंका शुद्धात्म तत्त्वके साधनभूत संयमका साधन होनेके कारण जो मूलभूत है, उसका छेद जिस प्रकार न हो उस प्रकार अपने योग्य मृदु आचरण ही आचरना, इस प्रकार अपवाद है।

प्र सा /ता वृ /२३० असमर्थ पुरुष शुद्धात्मभावनासहकारिभूत किमपि प्रासुकाहारज्ञानोपकरणादिकं गृह्णातीत्यपवादो 'व्यवहारः' एकदेशपरित्यागस्तथा चाप्यहृतसंयम सरागचारित्र शुभोपयोग इति यावदेकार्थः। =असमर्थ जन शुद्धात्मभावनाके सहकारीभूत जो कुछ भी प्रासुक आहार ज्ञान व उपकरण आदिका ग्रहण करते हैं, उसीको अपवाद, व्यवहारनय, एकदेशत्याग, अपहृत संयम, सराग चारित्र, शुभोपयोग इन नामोंसे कहा जाता है।

३. उत्सर्ग मार्गका लक्षण

प्र सा /त प्र /२२१ आत्मद्रव्यस्य द्वितीयपुद्गलद्रव्याभावात्सर्व एवोपधिः प्रतिषिद्ध इत्युत्सर्गः। =उत्सर्ग मार्ग वह है जिसमें कि सर्व परिग्रहका त्याग किया जाये, क्योंकि, आत्माके एक अपने भावके सिवाय परद्रव्यरूप दूसरा पुद्गलभाव नहीं है। इस कारण उत्सर्ग मार्ग परिग्रह रहित है।

प्र सा /त प्र /२३० बालवृद्धश्रान्तग्लानेनापि संयमस्य शुद्धात्मसाधनत्वेन मूलभूतस्य छेदो न यथा स्यात्तथा संयतस्य स्वस्य योग्यमतिकर्कशमाचरणीयमित्युत्सर्गः। =बाल, वृद्ध, श्रमित या ग्लान (रोगी श्रमण) को

भी संयमका जो कि शुद्धात्मतत्त्वका साधन होनेसे मूलभूत है, उसका छेद जैसे न हो उस प्रकार सयतको अपने योग्य अतिकर्कश आचरण ही आचरना, इस प्रकार उत्सर्ग है।

प्र.सा./ता वृ./२३०/३१५/५ शुद्धात्मनः सकाशादन्यद्बाह्याभ्यन्तरपरिग्रहरूपं सर्वं त्याज्यमित्युत्सर्गे 'निश्चयनय' सर्वपरित्याग परमोपेक्षासंयमो वीतरागचारित्रं शुद्धोपयोग इति यावदेकार्थाः। =शुद्धात्माके सिवाय अन्य जो कुछ भी बाह्य अभ्यन्तर परिग्रह रूप है, उस सबका त्याग ही उत्सर्ग है। निश्चयनय कहो या सर्वपरित्याग कहो या परमोपेक्षा संयम कहो, या वीतरागचारित्र कहो या शुद्धोपयोग कहो, ये सब एकार्थवाची है।

२. अपवादमार्ग निर्देश

१. मोक्षमार्गमें क्षेत्र कालादिका विचार आवश्यक है

अन ध./५/६५/५५८ द्रव्यं क्षेत्रं बलं भावं कालं बीर्यं समीक्ष्य च। स्वास्थ्याय वर्तता सर्वविद्धशुद्धाशनैः सुधीः ॥६५॥ =विचार पूर्वक आचरण करनेवाले साधुओंको आरोग्य और आत्मस्वरूपमें अवस्थान रखनेके लिए द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव, बल और बीर्य इन छः बातोंका अच्छी तरह पर्यालोचन करके सर्वाशन, विद्धाशन और शुद्धाशनके द्वारा आहारमें प्रवृत्ति करना चाहिए। (अन ध./७/१६-१७)।

२. अपनी शक्तिका विचार आवश्यक है

ध १३/५,४,२६/५६/१२ पित्तप्पकोवेण उववास अक्खमेहि अद्धाहारेण उववासादो अहियपरिस्समेहि··। =जो पित्तके प्रकोपवश उपवास करनेमें असमर्थ है; जिन्हे आधे आहारकी अपेक्षा उपवास करनेमें अधिक थकान होती है·· (उन्हे यह अवमोदर्य तप करना चाहिए।)

अन ध /५/६५;७/१६-१७-दे. पहलेवाला सं. २/१।

प्र.सा./ता.वृ /२३० (असमर्थ पुरुषको अपवादमार्गका आश्रय लेना चाहिए दे. पहले सं. १/२)।

३. आत्मोपयोगमें विघ्न न पड़े ऐसा ही त्याग योग्य है

प्र.स./त.प्र./२१५ तथाविधशरीरवृत्त्यविरोधेन शुद्धात्मद्रव्यनीरङ्गनिस्तरङ्गविश्रान्तिसूत्रणानुसारेण प्रवर्तमाने क्षपणे··। =तथाविध शरीरकी वृत्तिके साथ विरोधरहित शुद्धात्म द्रव्यमें नीरग और निस्तरंग विश्रान्तिकी रचनानुसार प्रवर्तमान अनशनमें···।

४. आत्मोपयोगमें विघ्न पड़ता जाने तो अपवादमार्गका आश्रय करे

स्या मं /११/१३८ पर उद्धृत 'सव्वत्थं संजमं संजमाओ अप्पाणमेव रक्खेज्जा। मुच्चइ अइवायाओ पुणो विसोही नयाविरई। =मुनिको सर्व प्रकारसे अपने सयमकी रक्षा करनी चाहिए। यदि सयमका पालन करनेमें अपना मरण होता हो तो सयमको छोडकर अपनी आत्माकी रक्षा करनी चाहिए, क्योंकि इस तरह मुनि दोषोंसे रहित होता है। वह फिरसे शुद्ध हो सकता है, और उसके व्रत भगका दोष नहीं लगता।

३. परिस्थितिवश साधुवृत्तिमे कुछ अपवाद

१ ९ कोटिकी अपेक्षा ५ कोटि शुद्ध आहारका ग्रहण

स्या.मं.११/१३८/६ यथा जैनानां सयमपरिपालनार्थं नवकोटिविशुद्धाहारग्रहणमुत्सर्गः। तथाविधद्रव्यक्षेत्रकालभावापत्सु च निपतितस्य गत्यन्तराभावे पञ्चकादिदोषतनया अनेषणीयादिग्रहणमपवादः। सोऽपि च संयमपरिपालनार्थमेव। =जैन मुनियोंके वास्ते सामान्यरूपसे संयमकी रक्षाके लिए नव कोटिसे विशुद्ध आहार ग्रहण करनेकी विधि बतायी गयी है। परन्तु यदि किसी कारणसे कोई द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावजन्य आपदाओंसे ग्रस्त हो जाये और उसे कोई मार्ग सूझ न पड़े, तो ऐसी दशामें वह पाँच कोटिसे शुद्ध आहारका ग्रहण कर सकता है। यह अपवाद नियम है। परन्तु जैसे सामान्य विधि सयमकी रक्षाके लिए है, वैसे ही अपवाद विधि भी सयमकी रक्षाके लिए है।

२. उपदेशार्थ शास्त्र तथा वैयावृत्यर्थ औषध संग्रह

भ आ /वि./१७५/३९३ किंचित्कारणमुपदिश्य श्रुतग्रहणं, परेषां वा श्रुतोपदेशम् आचार्यादिवैयावृत्त्यादिकं, वा परिभुक्तं व्यवहृतम्। उपधिं परिग्रहमौषधं अतिरिक्तज्ञानसंयमोपकरणानि वा। अणुपधिं ईषत्परिग्रहम् ··वसतिरुच्यते। वर्जयित्वा आचरति। =शास्त्र पढना, दूसरोको शास्त्रोपदेश देना, आचार्योंकी वैयावृत्य करना इत्यादि कारणोंके उद्देश्यसे जो परिग्रह संगृहीत किया था, अथवा औषध व तद्व्यतिरिक्त ज्ञानोपकरण और सयमोपकरण संगृहीत किया था, उसका (इस सल्लेखनाके अन्तिम अवसरपर) त्यागकर विहार करे। तथा ईषत्परिग्रह अर्थात् वसतिका भी त्याग करे।

३. क्षपकके लिए आहार आदि माँगकर लाना

भ आ /मू./६६२-६६६ चत्तारि जणा भत्तं उवकप्पेंति अगिलाए पाओग्गं। छदियमवगददोसं अमाइणो लद्धिसंपण्णा ॥६६२॥ चत्तारि जणा पाणयमुवकप्पंति अडिलाए पाओग्गं। छदियमवगददोसं अमाइणो लद्धिसंपण्णा ॥६६३॥ चत्तारि जणा रक्खंति दवियमुवकप्पियं तयं तेहिं। अगिलाए अप्पमत्ता खवयस्स समाधिमिच्छंति ॥६६४॥ काइयमादी सव्वं चत्तारि पदिट्ठवंति खवयस्स। पडिलेहंति य उवधोकाले सेज्जुवधिसथारं ॥६६५॥ खवगस्स घरदुवारं रक्खंति जदणाए ॥६६६॥=चार साधु तो क्षपकके लिए उद्गमादि दोषरहित आहारके पदार्थ (श्रावकके घरसे माँगकर) लाते है। चार साधु पीनेके पदार्थ लाते है। कितने दिन तक लाना पड़ेगा, इतना विचार भी नही करते है। माया भाव रहित वे मुनि वात,पित्त,कफ सम्बन्धी दोषोको शान्त करनेवाले ही पदार्थ लाते है। भिक्षा लब्धिसे सम्पन्न अर्थात् जिन्हे भिक्षा आसानीसे मिल जाती है, ऐसे मुनि ही इस कामके लिए नियुक्त किये जाते हैं ॥६६२-६६३॥ उपर्युक्त मुनियों-द्वारा लाये गये आहार-पानकी चार मुनि प्रमाद छोडकर रक्षा करते है, ताकि उन पदार्थोंमें त्रस जीवोंका प्रवेश न होने पावे। क्योकि जिस प्रकार भी क्षपकका मन रत्नत्रयमें स्थिर हो वैसा ही वे प्रयत्न करते है ॥६६४॥ चार मुनि क्षपकका मलमूत्र निकालनेका कार्य करते है, तथा सूर्यके उदयकालमें और अस्तकालके समयमें वे वसतिका, उपकरण और सस्तर इनको शुद्ध करते हैं, स्वच्छ करते है ॥६६५॥ चार परिचारक मुनि क्षपकको वसतिकाके दरवाजेका प्रयत्नसे रक्षण करते है, अर्थात् असंयत और शिक्षकोंको वे अन्दर आनेको मना करते है और चार मुनि समोसरणके द्वारका प्रयत्नसे रक्षण करते है, धर्मोपदेश देनेके मडपके द्वारपर चार मुनि रक्षणके लिए बैठते है ॥६६६॥ (भ.आ./मू./१९९३)।

भ.आ./मू./१९७८/१७४२ उवसयपडिदावण्णं उवसगहिदं तु तत्थ उवकरणं। सागारियं च दुविहं पडिहारियमपडिहारि वा ॥१९७८॥ =क्षपककी शुश्रूषा करनेके लिए जिन उपकरणोका सग्रह किया जाता था उनका वर्णन इस गाथामें किया गया है। कुछ उपकरण गृहस्थोंसे लाये जाते थे जैसे औषध, जलपात्र, थाली वगैरह। कुछ उपकरण त्यागने योग्य रहते है, और कुछ उपकरण त्यागने योग्य नहीं होते। जो त्याज्य नहीं हैं वे गृहस्थोंको वापिस दिये जाते हैं। कुछ कपड़ा वगैरह उपकरण त्याज्य रहता है।

दे. सल्लेखना/३/१२ (इंगिनीमरण धारक क्षपक अपने सस्तरके लिए स्वयं गाँवसे तृण माँगकर लाता है।)

४. क्षपकको कुरले व तेलमर्दन आदि

भ.आ./मू./६८८ तेल्लकसायादीहि य बहुसो गंडूसया तु घेत्तव्वा। जिब्भाकण्णाण बलं होहि दिढं तुंडं च से विसदं ॥६८८॥ =तैल और कषायले द्रव्यके क्षपकको बहुत बार कुरले करने चाहिये। कुरले करनेसे

जीभ और कानोंमें सामर्थ्य प्राप्त होती है। कर्णमें तेल डालनेसे श्रवण शक्ति बढती है ॥६८॥

५. क्षपकके लिए शीतोपचार आदि

भ आ /मू /१९९९ बच्छीहि अवहणतावणेहि आलेवसोदकिरियाहि। अब्भंगणपरिमद्दण आदीहि तिगिच्छदे खवय ॥१४९९॥ =बस्ति कर्म (अनीमा करना), अग्निसे सेकना, शरीरमें उष्णता उत्पन्न करना, औषधिका लेप करना, शीतपना उत्पन्न करना, सर्व अंग मर्दन करना, इत्यादिके द्वारा क्षपकको वेदनाका उपशमन करना चाहिए।

मू आ /टी /३७५ 'प्रतिरूपकालक्रिया —उष्णकाले शीतक्रिया, शीतकाले उष्णक्रिया, वर्षाकाले तद्योग्य क्रिया। =उष्णकालमें शीतक्रिया और शीतकालमें उष्णक्रिया वर्षाकालमें तद्योग्य क्रिया करना प्रतिरूपकाल क्रिया है (जिसके करनेका मूल गाथामें निर्देश किया है)।

त वृ./९/४७/३१६/१२ केचिदसमर्था महर्षय शीतकालादौ कम्बलशब्दवाच्यं कौशेयादिक गृह्णन्ति। ... केचिच्छरीरे उत्पन्नदोषाल्लज्जित्वात् तथा कुर्वन्तीति। व्याख्यानमाराधनाभगवतीप्रोक्ताभिप्रायेणापवादरूपं ज्ञातव्यम्। =कोई-कोई असमर्थ महर्षि शीत आदि कालमें कम्बल शब्दका वाच्य कुश घास या परानी आदिक ग्रहण कर लेते हैं। कोई शरीरमें उत्पन्न हुए दोष वश लज्जाके कारण ऐसा करते हैं। यह व्याख्यान भगवती आराधना में कहे हुए अभिप्रायसे अपवाद रूप है। (भ आ /वि /४२१/६११/१८)।

बो.पा./टी /१७/८५ तस्य आचार्यस्य—वात्सल्य भोजन पान पादमर्दन शुद्धतैलादिनाङ्गाभ्यञ्जन तत्प्रक्षालन चेत्यादिकं कर्म सर्वं तीर्थंकरनाम कर्मोपार्जनहेतुभूत वैयावृत्त्य कुरुत यूयम्। =उन आचार्य (उपाध्याय व साधु) परमेष्ठीकी वात्सल्य, भोजन, पान, पादमर्दन, शुद्धतेल आदिके द्वारा अंगमर्दन, शरीर प्रक्षालन आदिक द्वारा वैयावृत्ति करना, ये सब कर्म तीर्थंकर नाम कर्मोपार्जनके हेतुभूत है।

६. क्षपकके मृत शरीरके अंगोपांगोंका छेदन

भ आ /मू /१९७९-१९७७ गीदत्था कदकज्जा महाबलपरक्कमा महासत्ता। बंधंति य छिंदंति य करचरणगुट्ठयपदेसे ॥१९७६॥ जदि वा एस ण कीरेज्ज विधी तो तत्थ देवदा कोई। आदाय त कलेवरमुट्ठिज्ज रमिज्ज बाधेज्ज ॥१९७७॥ =महान् पराक्रम और धैर्य युक्त मुनि क्षपकके हाथ और पाँव तथा अंगूठा इनका कुछ भाग बान्धते है अथवा छेदते है ॥१९७६॥ यदि यह विधि न की जायेगी तो उस मृतशरीरमे क्रीडा करनेका स्वभाववाला कोई भूत अथवा पिशाच प्रवेश करेगा, जिसके उपकरण वह शरीर उठना, बैठना, भागना आदि भीषण क्रियायें करेगा ॥१९७७॥

७. परोपकारार्थ विद्या व शस्त्रादिका प्रदान

म.पु /६५/१८ कामधेन्वभिधां विद्यामीप्सितार्थप्रदायिनीम्। तस्यै विश्राणयाचक्रे समन्त्रं परशुं च स ॥१८॥ =उन्होंने (मुनिराजने रेणुकाको, उसके सम्यक्त्व व व्रत ग्रहणसे सन्तुष्ट होकर) मनवांछित पदार्थ देनेवाली कामधेनु नामकी विद्या और मन्त्र सहित एक फरसा भी उसके लिए प्रदान किया ॥१८॥

८. कदाचित् रात्रिको भी बोलते है

प.पु /४८/३८ स्मरेषुहतचित्तोऽसौ तामुद्दिश्य व्रजन्निशि। मुनिनावधियुक्तेन मैवमित्यभ्यभाषत ।३८॥ =(दरिद्रीकी बस्तीमें किसी सुन्दरीको देखकर) काम बाणोंसे उसका (यक्षदत्तका) हृदय हरा गया। सो वह रात्रिके समय उसके उद्देश्यसे जा रहा था, कि अवधिज्ञानसे युक्त मुनिराजने 'मा अर्थात् नहीं' इस प्रकार (शब्द) उच्चारण किया।

४. उत्सर्ग व अपवाद मार्गका समन्वय

१. वास्तवमें उत्सर्ग ही मार्ग है, अपवाद नहीं

प्र.सा./त.प्र./२२४ ततोऽवधार्यते उत्सर्ग एव वस्तुधर्मो न पुनरपवाद'। इदमत्र तात्पर्यं वस्तुधर्मत्वात्परमनैर्ग्रन्थ्यमेवावलम्ब्यम्। =इससे निश्चय होता है कि उत्सर्ग ही वस्तुधर्म है अपवाद नहीं। तात्पर्य यह है कि वस्तु धर्म होनेसे परम निर्ग्रन्थत्व ही अवलम्बन योग्य है।

२. कारणवश ही अपवादका ग्रहण निर्दिष्ट है, सर्वतः नहीं

भ आ /वि /४२१/६१२/१४ तस्माद्वस्त्रं पात्रं चार्थाधिकारमपेक्ष्य सूत्रेषु बहुषु यदुक्तं तत्कारणमपेक्ष्य निर्दिष्टमिति ग्राह्यम्। =इसलिए अर्थाधिकारकी अपेक्षासे बहुत-से सूत्रोंमे जो वस्त्र और पात्रका ग्रहण कहा गया है, वह कारणकी अपेक्षासे निर्दिष्ट है, ऐसा समझना चाहिए।

म.पु /७४/३१४ चतुर्थज्ञाननेत्रस्य निसर्गबलशालिन। तस्यादावेव चारित्रं द्वितीयं तु प्रमादिनाम् ॥३१४॥ =मन पर्ययज्ञानरूपी नेत्रको धारण करनेवाले और स्वाभाविक बलसे सुशोभित उन भगवान्‌के पहिला सामायिक चारित्र ही था, क्योंकि दूसरा छेदोपस्थापना चारित्र प्रमादी जीवोंके ही होता है। (गो क /जी.प्र /५४७/७१४/५)।

प्र सा /त प्र /२२२ अथ तु विशिष्टकालक्षेत्रवशात्कश्चिदप्रतिषिद्ध इत्यपवाद। यदा हि श्रमण सर्वोपधिप्रतिषेधमास्थाय परमुपेक्षासंयम प्रतिपत्तुकामोऽपि विशिष्टकालक्षेत्रवशादवसन्नशक्तिर्न प्रतिपत्तुं क्षमते तदापकृष्य संयमं प्रतिपद्यमानस्तदेहरङ्गसाधनमात्रमुपधिमाश्रयति। =विशिष्ट काल, क्षेत्रके वश कोई उपधि अनिषिद्ध है। ऐसा अपवाद है। जब श्रमण सर्व उपधिके निषेधका आश्रय लेकर परमोपेक्षा संयमको प्राप्त करनेका इच्छुक होनेपर भी विशिष्ट काल, क्षेत्रके वश हीन शक्तिवाला होनेसे उसे प्राप्त करनेमें असमर्थ होता है, तब उसमें अपकर्षण करके (अनुत्कृष्ट) संयम प्राप्त करता हुआ उसको बाह्य साधनमात्र उपधिका आश्रय लेता है।

३ अपवाद मार्गमें भी योग्य ही उपधि आदिके ग्रहणकी आज्ञा है अयोग्यकी नहीं

प्र.सा /मू /२२३ अप्पडिकुट्ठं उवधि अपत्थणिज्ज असंजदजणेहि। मुच्छादिजणणरहिद गेण्हदु समणो जदि वि अप्पं ॥२२३॥ =भले ही अल्प हो तथापि जो अनिन्दित हो, असंयत जनोंसे अप्रार्थनीय हो और मूर्च्छादि उत्पन्न करनेवाली न हो, ऐसी ही उपधिको श्रमण ग्रहण करो।

भ आ /वि /१९२/३७५/१९ उपधिर्नाम पिच्छान्तर कमण्डलवन्तरं वा तद्धानी संयमसिद्धौ न करणमिति संयमसाधनं न भवति। अथवा ज्ञानोपकरण अवशिष्टोपधिरुच्यते। =एक ही पिच्छिका और एक ही कमण्डल रखता है, क्योंकि उससे ही उसका संयम साधन होता है। दूसरा कमण्डल व दूसरी पिच्छिका उसको संयम साधनमें कारण नहीं है। अवशिष्ट ज्ञानोपकरण (शास्त्र) भी उस (सल्लेखनाके) समय परिग्रह माना गया है।

प्र सा /त प्र /२२२ की उत्थानिका "कस्यचित्कदाचित्कथं चित्कश्चिदुपधिरप्रतिषिद्धोऽप्यस्तीत्यपवादमुपदिशति। =किसीके कहीं कभी किसी प्रकार कोई उपधि अनिषिद्ध भी है, ऐसा अपवाद कहते है।

प्र सा./त वृ /२२३ गृह्णातु श्रमणो यमप्यल्प तथापि पूर्वोक्ताचितलक्षणमेव ग्राह्य न च तद्विपरीतमधिक वेत्यभिप्राय। =श्रमण जो कुछ भी अल्पमात्र उपधि ग्रहण करता है वह पूर्वोक्त उचित लक्षणवाली ही ग्रहण करता है, उससे विपरीत या अधिक नहीं, ऐसा अभिप्राय है।

४. अपवादका अर्थ स्वच्छन्द वृत्ति नहीं है

मू आ /९३१ जो जट्ठ जहा लद्धं गेण्हदि आहारमुवधियादीयं। समणगुणमुक्कजोगी संसारपवड्ढओ होदि ॥९३१॥ =जो साधु जिस शुद्ध-अशुद्ध देशमें जैसा कैसा शुद्ध-अशुद्ध मिला आहार व उपकरण ग्रहण करता है, वह श्रमणगुणसे रहित योगी संसारको बढानेवाला ही होता है।

प.प्र./मू /२/९९ जे जिणलिंगु धरेवि मुणि इट्ठ परिग्गह लेंति। छद्दि करेविणु ते जि जिय सा पुणु छिद्दि गिलंति ॥९९॥ =जो मुनि जिन-

लिंगको धारण कर फिर भी इच्छित परिग्रहका ग्रहण करते हैं, हे जीव ! वे ही वमन करके फिर उस वमनको पीछे निगलते हैं।

प्र.सा./ता.वृ./२५० योऽसौ स्वशरीरपोषणार्थं शिष्यादिमोहेन वा सावद्यं नेच्छति तस्येदं (अपवादमार्ग) व्याख्यानं शोभते। यदि पुनरन्यत्र सावद्यमिच्छति वैयावृत्त्यादिस्वकीयावस्थायोग्ये धर्मकार्ये नेच्छति तदा तस्य सम्यक्त्वमेव नास्तीति।

प्र.सा./ता.वृ./२५२ अत्रेदं तात्पर्यम्...स्वभावनाविघातकरोगादिप्रस्तावे वैयावृत्त्यं करोति शेषकाले स्वकीयानुष्ठानं करोतीति।

=जो स्व शरीरका पोषण करनेके लिए अथवा शिष्य आदिके मोहके कारण सावद्यकी इच्छा नहीं करता है, उसको ही यह अपवाद मार्गका व्याख्यान शोभा देता है। यदि अन्यत्र तो सावद्यकी इच्छा करे और वैयावृत्ति आदि स्वकीय अवस्थाके योग्य धर्मकार्यमें इच्छा न करे, तब तो उसके सम्यक्त्व ही नहीं है ॥२५०॥ यहाँ ऐसा तात्पर्य है कि स्वभाव विघातक रोगादि आ जानेपर तो वैयावृत्ति करता है, परन्तु शेषकालमें स्वकीय अनुष्ठान (ध्यान आदि) ही करता है ॥२५२॥

५. अपवादका ग्रहण भी त्यागके अर्थ होता है

प्र.सा./त.प्र./२२२ अयं तु ...आहारनिहारादिग्रहणविसर्जनविषयच्छेदप्रतिषेधार्थमुपादीयमानः सर्वथा शुद्धोपयोगाविनाभूतत्वाच्छेदप्रतिषेध एव स्यात्। =यह आहारनीहारादिका ग्रहण-विसर्जन सम्बन्धी बात छेदके निषेधार्थ ग्रहण करनेमें आयी है, क्योंकि सर्वत्र शुद्धोपयोग सहित है। इसलिए वह छेदके निषेधरूप ही है।

६ अपवाद उत्सर्गका साधक होना चाहिए

स्या.मं./११/१३८/६ अन्यार्थमुत्सृष्टम्... अन्यस्मै कार्याय प्रयुक्तम्—उत्सर्गवाक्यम्, अन्यार्थप्रयुक्तेन वाक्येन नापोद्यते—नापवादगोचरीक्रियते। यमेवार्थमाश्रित्य शास्त्रेषूत्सर्गः प्रवर्तते, तमेवाश्रित्यापवादोऽपि प्रवर्तते, तयोरित्थमुन्नतादिव्यवहारवत् परस्परसापेक्षत्वेनैकार्थं साधनविषयत्वात्। ...सोऽपि च संयमपरिपालनार्थमेव। =सामान्य (उत्सर्ग) और अपवाद दोनों वाक्य शास्त्रोंके एक ही अर्थको लेकर प्रयुक्त होते हैं। जैसे ऊँच-नीच आदिका व्यवहार सापेक्ष होनेसे एक ही अर्थका साधक है, वैसे ही सामान्य और अपवाद दोनों परस्पर सापेक्ष होनेसे एक ही प्रयोजनको सिद्ध करते हैं।—(उदाहरणार्थ नव कोटि शुद्धकी बजाये परिस्थितिवश साधु जो पंचकोटि भी शुद्ध आहारका ग्रहण कर लेता है। जैसे सामान्य विधि संयमकी रक्षाके लिए है, तैसे ही वह अपवाद भी संयमकी रक्षाके लिए ही है।

७. उत्सर्ग व अपवादमें परस्पर सापेक्षता ही श्रेय है

प्र.सा./मू./२३० बालो वा बुड्ढो वा समभिहदो वा पुणो गिलाणो वा। चरियं चरउ सजोग्गं मूलच्छेदं जधा ण हवदि ॥२३०॥ बाल, वृद्ध, श्रान्त अथवा ग्लान श्रमण, मूलका छेद जिस प्रकारसे न होय उस प्रकार अपने योग्य आचरण आचरो।

प्र.सा./त.प्र./२३० बालवृद्धश्रान्तग्लानेनापि संयमस्य शुद्धात्मतत्त्वसाधनत्वेन मूलभूतस्य छेदो न यथा स्यात्तथा संयतस्य स्वस्य योग्यातिकर्कशमेवाचरणमाचरणीयमित्युत्सर्गः। ...शरीरस्य छेदो न यथा स्यात्तथा...स्वस्य योग्यं मृदवेवाचरणमाचरणीयमित्यपवादः। संयमस्य ...छेदो न यथा स्यात्तथा संयतस्य स्वस्य योग्यमतिकर्कशमाचरणमाचरता शरीरस्य...छेदो यथा न स्यात्तथा स्वस्य योग्यं मृद्वप्याचरणमाचरणीयमित्ययमपवादसापेक्ष उत्सर्गः। शरीरस्य छेदो न यथा स्यात्तथा स्वस्य योग्यं मृद्वाचरणमाचरता संयमस्य छेदो न यथा स्यात्तथा संयतस्य स्वस्य योग्यमतिकर्कशमप्याचरणमाचरणीयमित्युत्सर्गसापेक्षोऽपवादः। अतः सर्वथोत्सर्गापवादमैत्र्या सौस्थित्यमाचरणस्य विधेयम्। =बाल, वृद्ध, श्रान्त अथवा ग्लान श्रमणको भी संयमका, कि जो शुद्धात्म तत्त्वका साधन होनेसे मूलभूत है, उसका छेद जिस प्रकार न हो उस प्रकार संयतका ऐसा अपने योग्य अतिकर्कश आचरण ही आचरना उत्सर्ग है।...संयमके साधनभूत शरीरका छेद जिस प्रकार न हो उस प्रकार अपने योग्य मृदु आचरण ही आचरना अपवाद है। संयमका छेद जिस प्रकार न हो उस प्रकार अपने योग्य अतिकर्कश आचरण आचरते हुए भी शरीरका छेद जिस प्रकार न हो उस प्रकार अपने योग्य मृदु आचरणका आचरना अपवादसापेक्ष उत्सर्ग है। शरीरका छेद जिस प्रकार न हो उस प्रकार अपने योग्य मृदु आचरणको आचारते हुए भी संयमका छेद जिस प्रकार न हो उस प्रकार अपने योग्य अतिकर्कश आचरणको भी आचरना उत्सर्गसापेक्ष अपवाद है। इससे सर्वथा उत्सर्ग अपवादकी मैत्रीके द्वारा आचरणको स्थिर करना चाहिए।

८. निरपेक्ष उत्सर्ग या अपवाद श्रेय नहीं

प्र.सा./त.प्र./२३१ अथ देशकालज्ञस्यापि...मृद्वाचरणप्रवृत्तत्वादल्पो लेपो भवत्येव तद्वरमुत्सर्गः। मृद्वाचरणप्रवृत्तत्वादल्प एव लेपो भवति तद्वरमपवादः। अल्पलेपभयेनाप्रवर्तमानस्यातिकर्कशाचरणीभूयाक्रमेण शरीरं पातयित्वा सुरलोकं प्राप्योद्वान्तसमस्तसंयममृतभारस्य तपसोऽनवकाशतयाऽशक्यप्रतिकारो महान् लेपो भवति। तत्र श्रेयानपवादनिरपेक्ष उत्सर्गः। देशकालज्ञस्यापि आहारविहारयोरल्पलेपत्वं विगणय्य यथेष्टं प्रवर्त्तमानस्य मृद्वाचरणीभूय संयमं विराध्य संयतजनसमानीभूतस्य तदात्वे तपसोऽनवकाशतयाशक्यप्रतिकारो महान् लेपो भवति, तत्र श्रेयानुत्सर्गनिरपेक्षोऽपवादः। अतः...परस्परसापेक्षोत्सर्गापवादविजृम्भितवृत्तिः स्याद्वादः। =देशकालज्ञको भी मृदु आचरणमें प्रवृत्त होनेसे अल्प लेप होता है, इसलिए उत्सर्ग अच्छा है। और मृदु आचरणमें प्रवृत्त होनेसे अल्प (मात्र) ही लेप होता है, इसलिए अपवाद अच्छा है। अल्पलेपके भयसे उसमें प्रवृत्ति न करे तो अतिकर्कश आचरण रूप होकर अक्रमसे ही शरीरपात करके देवलोक प्राप्त करता है। तहाँ जिसने समस्त संयममृतका समूह वमन कर डाला है, उसे तपका अवकाश न रहनेसे, जिसका प्रतिकार अशक्य है, ऐसा महान् लेप होता है। इसलिए अपवाद निरपेक्ष उत्सर्ग श्रेयस्कर नहीं। देशकालज्ञको भी, आहार-विहार आदिसे होनेवाले अल्पलेपको न गिनकर यदि वह उसमें यथेष्ट प्रवृत्ति करे तो, मृदु आचरणरूप होकर संयमविरोधी असंयतजनके समान हुए उसको उस समय तपका अवकाश न रहनेसे, जिसका प्रतिकार अशक्य है ऐसा महान् लेप होता है। इसलिए उत्सर्ग निरपेक्ष अपवाद श्रेयस्कर नहीं है। इसलिए परस्पर सापेक्ष उत्सर्ग और अपवादसे जिसकी वृत्ति प्रगट होती है ऐसा स्याद्वाद सदा अनुगम्य है।

अपशब्द खंडन—आ० शुभचन्द्र (ई० १५१६-१५५६) द्वारा रचित न्याय विषयक एक ग्रन्थ।

अपसरण—दे. अपकर्षण/३।

अपसिद्धान्त—न्या.सू./मू. ५/२/२३ सिद्धान्तमभ्युपेत्यानियमात् कथाप्रसङ्गोऽपसिद्धान्तः। (श्लो.वा.४/न्या. २६८/४२२/१५) =किसी अर्थके सिद्धान्तको मानकर नियम-विरुद्ध 'कथाप्रसंग' करना 'अपसिद्धान्त' नामक निग्रहस्थान होता है। अर्थात् स्वीकृत आगमके विरुद्ध अर्थका साधन करने लग जाना अपसिद्धान्त है।

पं.ध./पू./५६८ जैसे शरीरको जीव बताना अपसिद्धान्त रूप विरुद्ध वचन है।

अपहृत-संयम—दे. संयम/१।

अपाच्य—पश्चिम दिशा।

अपात्र—१. दान योग्य अपात्र—दे. पात्र। २. ज्ञान योग्य अपात्र—दे. श्रोता।

अपादान कारक—प्र.सा./त.प्र./१६ शुद्धानन्तशक्तिज्ञानविपरिणम

नस्वभावसमये पूर्वप्रवृत्तविकलज्ञानस्वभावापगमेऽपि सहजज्ञानस्वभावेनध्रुवत्वालम्बनादपादानत्वमुपाददान । =शुद्धानन्त शक्तिमय ज्ञानरूपसे परिणमित होनेके समय पूर्वमे प्रवर्तमान विकलज्ञानस्वभाव का नाश होनेपर भी सहज ज्ञानस्वभावसे स्वय ही ध्रुवताका अवलम्बन करनेसे (आत्मा) अपादानताको धारण करता है।

अपादान कारण—दे उपादान।

अपादान शक्ति—स. सा /आ /परि /शक्ति न ४५ उत्पादव्ययालिङ्गितभावापायनिरपायध्रुवत्वमयी अपादानशक्ति'। =उत्पाद व्यय से आलिंगित भावका अपाय (हानि या नाश) होनेसे हानिको प्राप्त न होनेवाली ध्रुवत्वमयी अपादान शक्ति है।

अपान—स.सि./५/१९/२८८ आत्मना बाह्यो वायुरभ्यन्तरीक्रियमाणो निःश्वासलक्षणोऽपान इत्याख्यायते ।=आत्मा जिस बाहरी वायुको भीतर करता है निःश्वास लक्षण उस वायुको अपान कहते है। (रा.वा./५/१९/३६/४७३) (गो.जो /जी.प्र./६०६/१०६२/१२।

अपाप—भावी तेरहवें तीर्थंकर/अपर नाम 'निष्पाप', व 'पुण्यमूर्ति' व 'निष्कषाय'। विशेष दे तीर्थंकर/५।

अपाय—स.सि./७/६/३४७ अभ्युदयनि श्रेयसार्थानां क्रियाणां विनाशक. प्रयोगोऽपाय'।=स्वर्ग और मोक्षकी क्रियाओंका विनाश करनेवाली प्रवृत्ति अपाय है।

रा.वा./७/६/१/५३७ अभ्युदयनि श्रेयसार्थानां क्रियासाधनानां नाशकोऽनर्थ' अपाय इत्युच्यते। अथवा ऐहलौकिकादिसप्तविधं भयमपाय इति कथ्यते।=अभ्युदय और नि श्रेयसके साधनोंका अनर्थ अपाय है। अथवा इहलोकभय परलोकभय आदि सात प्रकारके भय अपाय है।

अपाय विचय—धर्मध्यानका एक भेद व लक्षण। दे. धर्मध्यान/१।

अपार्थक—न्या.सू /५/२/१० पौर्वापर्यायोगादप्रतिसंबन्धार्थमपार्थम्। —जहाँ अनेक पद या वाक्योंका पूर्व-पर क्रमसे अन्वय न हो अतएव एक दूसरेसे मेल न खाता हुआ असम्बन्धार्थत्व जाना जाता है, वह समुदाय अर्थके अपाय (हानि) से 'अपार्थक' नामक निग्रहस्थान कहलाता है। उदाहरण जैसे दश अनार, छ पूये, कुण्ड, चर्म, अजा, कहना आदि। वाक्यका दृष्टान्त जैसे यह कुमारीका गैरुक (मृगचर्म) शय्या है उसका पिता सोया नहीं है। ऐसा कहना अपार्थक है। (श्लो.वा.४/न्या २०६/३८७/१६)।

अपूर्वकरण—जीवोंके परिणामोंमें क्रमपूर्वक विशुद्धिकी वृद्धियोंके स्थानोंको गुणस्थान कहते हैं। मोक्षमार्गमें १४ गुणस्थानोंका निर्देश किया गया है। तहाँ अपूर्वकरण नामका आठवाँ गुणस्थान है।

★ इस गुणस्थानके स्वामित्व सम्बन्धी गुणस्थान, जीव समास, मार्गणा स्थानादि २० प्ररूपणाएँ। —दे. सत्।

★ इस गुणस्थानकी सत् (अस्तित्व), संख्या, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव व अल्पबहुत्व रूप आठ प्ररूपणाएँ। —दे. वह वह नाम।

★ इस गुणस्थानमें कर्म प्रकृतियोंका बन्ध, उदय व सत्त्व। —दे. वह वह नाम।

★ इस गुणस्थानमे कषाय, योग व संज्ञाओंका सद्भाव तथा तत्सम्बन्धी शंकाएँ। —दे. वह वह नाम।

★ इस गुणस्थानकी पुनः पुनः प्राप्तिकी सीमा। —दे. संयम २।

★ इस गुणस्थानमे मृत्युका विधि-निषेध। —दे. मरण ३।

★ सभी गुणस्थानोंमें आयके अनुसार व्यय होनेका नियम। —दे. मार्गणा।

१ अपूर्वकरण गुणस्थानका लक्षण

पं.सं /प्रा./१/१७-१९ भिण्णसमयट्ठिएहि दु जीवेहि ण होइ सव्वहा सरिसो। करणेहि एसमयट्ठिएहि सरिसो विसरिओ वा ॥१७॥ एयम्मि गुणट्ठाणो विसरिसमयट्ठिएहि जीवेहि। पुव्वमपत्ता जम्हा होंति अपुव्वा हु परिणामा ॥१८॥ तारिसपरिणामट्ठियजीवा हु जिणेहि गलियतिमिरेहि। मोहस्सऽपुव्वकरणाखवणुवसमणुज्जया भणिया ॥१९॥ =इस गुणस्थानमें, भिन्न समयवर्ती जीवोंमें करण अर्थात् परिणामोंकी अपेक्षा कभी भी सादृश्य नहीं पाया जाता। किन्तु एक समयवर्ती जीवोंमें सादृश्य और वैसादृश्य दोनों ही पाये जाते है ॥१७॥ इस गुणस्थानमे यत' विभिन्न समयस्थित जीवोंके पूर्वमें अप्राप्त अपूर्व परिणाम होते है, अत उन्हे अपूर्वकरण कहते है ॥१८॥ इस प्रकारके अपूर्वकरण परिणामोंमें स्थित जीव मोहकर्मके क्षपण या उपशमन करनेमें उद्यत होते हैं, ऐसा अज्ञान तिमिर वीतरागी जिनोंने कहा है ॥१७-१९॥ (ध.१/१,१,१७/११६-११८/१८३), (गो.जी / मू./५१ ५२,५४/१४०), (प.स./स. १/३५-३७)।

ध १/१,१,१६/१८०/१ करणा परिणामा', न पूर्वा' अपूर्वा। नानाजीवापेक्षया प्रतिसमयमादितः क्रमप्रवृद्धासंख्येयलोकपरिणामस्यास्य गुणस्यान्तर्विवक्षितसमयवर्तिप्राणिनो व्यतिरिक्त्यान्यसमयवर्तिप्राणिभिरप्राप्या अपूर्वा अत्रतनपरिणामैरसमाना इति यावत्। अपूर्वाश्च ते करणाश्चापूर्वकरणा'। =करण शब्दका अर्थ परिणाम है, और जो पूर्व अर्थात् पहिले नहीं हुए उन्हे अपूर्व कहते है। इसका तात्पर्य यह है कि नाना जीवोंकी अपेक्षा आदिसे लेकर प्रत्येक समयमें क्रमसे बढते हुए असंख्यातलोक प्रमाण परिणामवाले इस गुणस्थानके अन्तर्गत विवक्षित समयवर्ती जीवोंको छोडकर अन्य समयवर्ती जीवोंके द्वारा अप्राप्य परिणाम अपूर्व कहलाते हैं। अर्थात् विवक्षित समयवर्ती जीवोंके परिणामोंसे भिन्न समयवर्ती जीवोंके परिणाम असमान अर्थात् विलक्षण होते है। इस तरह प्रत्येक समयमें होनेवाले अपूर्व परिणामोंको अपूर्वकरण कहते हैं।

अभिधान राजेन्द्रकोश/अपुव्वकरण "अपूर्वमपूर्वा क्रिया गच्छतीत्यपूर्वकरणम्। तत्र च प्रथमसमय एव स्थितिघातरसघातगुणश्रेणिगुणसंक्रमाः अन्यश्च स्थितिबन्ध' इत्येते पञ्चाप्यधिकारा यौगपद्येन पूर्वमप्रवृत्ता' प्रवर्त्तन्ते इत्यपूर्वकरणम्। =अपूर्व-अपूर्व क्रियाको प्राप्त करता होनेसे अपूर्वकरण है। तहाँ प्रथम समयसे ही-स्थितिकाण्डकघात, अनुभागकाण्डकघात, गुणश्रेणीनिर्जरा, गुणसंक्रमण और स्थितिबन्धापसरण ये पाँच अधिकार युगपत् प्रवर्त्तते है। क्योंकि ये इससे पहिले नहीं प्रवर्तते इसलिए इसे अपूर्वकरण कहते है।

द्र.सं./टी /१३/३४ स एवातीतसंज्वलनकषायमन्दोदये सत्यपूर्वपरमाह्लादैकसुखानुभूतिलक्षणापूर्वकरणोपशमकक्षपकसञ्ज्ञोऽष्टमगुणस्थानवर्त्ती भवति=वही (सप्तगुणस्थानवर्ती साधु) अतीत संज्वलन कषायका मन्द उदय होनेपर अपूर्व, परम आह्लाद सुखके अनुभवरूप अपूर्वकरणमें उपशमक या क्षपक नामक अष्टम गुणस्थानवर्ती होता है।

★ अपूर्वकरणके चार आवश्यक, परिणाम तथा अनिवृत्तिकरणके साथ इसका भेद। —दे. करण ५।

★ अपूर्वकरण लब्धि। —दे करण ५।

२. इस गुणस्थानमें क्षायिक व औपशमिक दो ही भाव सम्भव हैं

ध.१/१,१,१६/१८२/४ पञ्चसु गुणेषु कोऽत्रगुणश्चेत्क्षपकस्य क्षायिकः उपशमकस्यौपशमिक'।...सम्यक्त्वापेक्षया तु क्षपकस्य क्षायिको भावः

दर्शनमोहनीयक्षपणमविधाय क्षपकश्रेण्यारोहणानुपपत्तेः। उपशमकस्यौपशमिक क्षायिको वा भावः, दर्शनमोहोपशमक्षयाभ्यां विनोपशमश्रेण्यारोहणानुपलम्भात्। =प्रश्न—पाँच प्रकारके भावोंमें-से इस गुणस्थानमें कौन-सा भाव पाया जाता है? उत्तर—(चारित्रकी अपेक्षा) क्षपकके क्षायिक और उपशमके औपशमिक भाव पाया जाता है। सम्यग्दर्शनकी अपेक्षा तो क्षपकके क्षायिक भाव होता है, क्योंकि, जिसने दर्शनमोहनीयका क्षय नहीं किया है, वह क्षपक श्रेणीपर नहीं चढ सकता है। और उपशमके औपशमिक या क्षयिकभाव होता है, क्योंकि, जिसने दर्शनमोहनीयका उपशम अथवा क्षय नहीं किया है, वह उपशमश्रेणीपर नहीं चढ सकता है।

३. इस गुणस्थानमें एक भी कर्मका उपशम या क्षय नहीं होता

रा वा /९/१/१९/५९०/११ तत्र कर्मप्रकृतीनां नोपशमो नापि क्षयः। =तहाँ अपूर्वकरण गुणस्थानमें, कर्म प्रकृतियोंका न उपशम है और न क्षय।

ध १/१,१,२७/२११/३ अपुव्वकरणे ण एक्कं पि कम्ममुवसमदि। किंतु अपुव्वकरणो पडिसमयमणंतगुण-विसोहीए वड्ढंतो अंतोमुहुत्तेण एक्केक्कं ट्ठिदिखंडयं घादेंतो संखेज्जसहस्साणि ट्ठिदिखंडयाणि घादेदि, तत्तियमेत्ताणि ट्ठिदिबंधोसरणाणि करेदि। =अपूर्वकरण गुणस्थानमें एक भी कर्मका उपशम नहीं होता है। किन्तु अपूर्वकरण गुणस्थानवाला जीव प्रत्येक समयमें अनन्तगुणी विशुद्धिसे बढता हुआ एक-एक अन्तर्मुहूर्तमें एक एक स्थितिखण्डोका घात करता हुआ संख्यात हजार स्थितिखण्डोका घात करता है। उतने ही स्थिति बन्धापसरणोंको करता है।

ध.१/१,१,२७/२१६/९ सो ण एक्कं वि कम्मं खवेदि, किंतु समयं पडि असंखेज्जगुणसरूवेण पदेस णिज्जरं करेदि। अंतोमुहुत्तेण एक्केक्कं ट्ठिदिकंडयं घादेंतो अप्पणो कालब्भंतरे संखेज्जसहस्साणि ट्ठिदिखंडयाणि घादेदि। तत्तियाणि चेव ट्ठिदिबंधोसरणाणि वि करेदि। तेहिंतो संखेज्जसहस्सगुणे अणुभागकंडयघादे करदि। =वह एक भी कर्मका क्षय नहीं करता है, किंतु प्रत्येक समयमें असंख्यातगुणित रूपसे कर्मप्रदेशोंकी निर्जरा करता है। एक-एक अन्तर्मुहूर्तमें एक स्थिति काण्डकका घात करता हुआ अपने कालके भीतर संख्यात हजार स्थिति काण्डकोंका घात करता है। और उतने ही स्थिति बन्धापसरण करता है। तथा उनसे संख्यात हजारगुणे अनुभागकाण्डकोंका घात करता है।

४. उपशम व क्षय किये बिना भी इसमें वे भाव कैसे सम्भव हैं

रा वा /९/१/१९/५९०/१२ पूर्वत्रोत्तरत्र च उपशमं क्षयं वापेक्ष्य उपशमकः क्षपक इति च घृतघटवदुपचर्यते। =आगे होनेवाले उपशम या क्षयकी दृष्टिसे इस गुणस्थानमें भी उपशमक और क्षपक व्यवहार घीके घड़ेकी तरह हो जाता है।

ध.१/१,१ १६/१८१/४ अक्षपकानुपशमकानां कथं तद्व्यपदेशश्चेन्न, भाविनि भूतवदुपचारतस्तत्सिद्धेः। सत्येवमतिप्रसङ्ग स्यादिति चेन्न, असति प्रतिबन्धरि मरणे नियमेन चारित्रमोहक्षपणोपशमकारिणां तदुन्मुखानामुपचारभाजामुपलम्भात्। =प्रश्न—आठवें गुणस्थानमें न तो कर्मोंका क्षय ही होता है, और न उपशम ही फिर इस गुणस्थानवर्ती जीवोंको क्षपक और उपशमक कैसे कहा जा सकता है? उत्तर—नहीं, क्योंकि, भावी अर्थमें भूतकालीन अर्थके समान उपचार कर लेनेसे आठवें गुणस्थानमें क्षपक और उपशमक व्यवहारकी सिद्धि हो जाती है। प्रश्न—इस प्रकार माननेपर तो अतिप्रसंग दोष प्राप्त हो जायेगा। उत्तर—नहीं, क्योंकि प्रतिबन्धक मरणके अभावमें नियमसे चारित्रमोहका उपशम करनेवाले तथा चरित्रमोहका क्षय करने वाले, अतएव उपशमन व क्षपणके सन्मुख हुए और उपचारसे क्षपक या उपशमक संज्ञाको प्राप्त होनेवाले जीवोंके आठवें गुणस्थानमें भी क्षपक या उपशमक संज्ञा बन जाती है (ध. ५/१,७,६/२०५/४)

ध५/१,७,६/२०५/२ उवसमसमणसत्तिसमण्णिदअपुव्वकरणस्स तदत्थित्ताविरोहा। =उपशमन शक्तिसे समन्वित अपूर्वकरणसंयतके औपशमिक भावके अस्तित्वको माननेमें कोई विरोध नहीं है।

ध५/१,७,६/२०६/१ अपुव्वकरणस्स अविणट्ठकम्मस्स कधं खइयो भावो। ण तस्स वि कम्मक्खयणिमित्तपरिणामुवलंभादो। उवयारेण वा अपुव्वकरणस्स खइओ भावो। उवयारे आसयिज्जमाणे अइप्पसंगो त्ति ण होदीदि चे ण, पच्चासत्तीदो अइप्पसंगपडिसेहादो। =प्रश्न किसी भी कर्मके नष्ट नहीं करनेवाले अपूर्वकरणसंयतके क्षायिकभाव कैसे माना जा सकता है? उत्तर—नहीं, क्योंकि, उसके भी कर्म क्षयके निमित्तभूत परिणाम पाये जाते हैं। अथवा उपचारसे अपूर्वकरणसंयतके क्षायिकभाव मानना चाहिए। प्रश्न—इस प्रकार सर्वत्र उपचारका आश्रय करनेपर अतिप्रसंग दोष क्यों न आयेगा? उत्तर—नहीं, क्योंकि प्रत्यासत्ति अर्थात् समीपवर्ती अर्थके प्रसंगसे अतिप्रसंग दोषका प्रतिबंध हो जाता है।

ध ७/२,१,४६/९३/५ खवगुवसामगअपुव्वकरणपढमसमयप्पहुडि थोवथोवक्खवणुवसामणकज्जणिप्पत्तिदंसणादो। पडिसमय कज्जणिप्पत्तीए विणा चरिमसमए चेव णिप्पज्जमाणकज्जाणुवलंभादो च। =क्षपक व उपशामक अपूर्वकरणके प्रथम समयसे लगाकर थोड़े-थोड़े क्षपण व उपशामन रूप कार्यकी निष्पत्ति देखी जाती है। यदि प्रत्येक समय कार्यकी निष्पत्ति न हो तो अन्तिम समयमें भी कार्य पूरा होता नहीं पाया जा सकता।

दे सम्यग्दर्शन/IV/२/१० दर्शनमोहका उपशम करने वाला जीव उपद्रव आने पर भी उसका उपशम किये बिना नहीं रहता।

अपूर्व कृष्टि—दे. कृष्टि।

अपूर्वस्पर्धक—दे स्पर्धक।

अपूर्वार्थ—(प मु /१/४-५)—अनिश्चितोऽपूर्वार्थ ॥४॥ दृष्टोऽपि समारोपात्तादृक् ॥५॥ =जो पदार्थ पूर्वमें किसी भी प्रमाण द्वारा निश्चित न हुआ हो उसे अपूर्वार्थ कहते हैं ॥४॥ तथा यदि किसी प्रमाणसे निर्णीत होनेके पश्चात् पुन उसमें संशय, विपर्यय अथवा अनध्यवसाय हो जाये तो उसे भी अपूर्वार्थ समझना ॥५॥

अपेक्षा—दे स्याद्वाद/२।

अपोह—ष ख /१३/५,५,३८/सू३८/२४२ ईहा ऊहा अपोहा मग्गणागवेसणा मीमांसा ॥३८॥ =ईहा, ऊहा, अपोहा, मार्गणा, गवेषणा, और मीमांसा ये ईहाके पर्याय नाम है।

ध/१३/५,५,३८/२४२/९ अपोह्यते संशयनिबन्धनविकल्प अनया इति अपोहा। =जिसके द्वारा संशयके कारणभूत विकल्पका निराकरण किया जाता है वह अपोह है।

अपोहरूपता—एक पदार्थके अभावसे दूसरे पदार्थके सद्भावको दर्शाना—जैसे घटका अभाव ही पट है, या द्रव्यका अभाव ही गुण है इत्यादि। (प्र सा /त.प्र /१०८)

अपोही—न.वि वृ /२/२५/५० अपोहिनाम् विजातीयविशेषवतां खण्डादीनाम्। =विजातीयविशेषवान्के खण्डादि।

अपौरुषेय—आगमका पौरुषेय व अपौरुषेयपना। —दे. आगम/६

अप्रणीतवाक्—दे वचन।

अप्रतिकर्म—प्र.सा /ता वृ./२०५ परमोपेक्षासंयमबलेन देहप्रतिकाररहितत्वादप्रतिकर्म भवति। =परमोपेक्षा संयमके बलसे देहके प्रतिकार रहित होनेसे अप्रतिकर्म होता है।

अप्रतिक्रमण—दे. प्रतिक्रमण।

अप्रतिघातऋद्धि—दे. ऋद्धि/३।

अप्रतिघाती—सूक्ष्म पदार्थोंका अप्रतिघातीपना। —दे सूक्ष्म/१।

अप्रतिचक्रेश्वरी—पद्मप्रभुकी शासक यक्षिणी। –दे तीर्थंकर ५/३।

अप्रतिपक्षी प्रकृतियाँ—दे प्रकृति बन्ध/२।

अप्रतिपत्ति—श्लो /वा /४/न्या ४५६/५५१/२० अनुपलम्भोऽप्रतिपत्ति। =अनुपलब्धिको अप्रतिपत्ति कहते है। जिसकी अप्रतिपत्ति है उसका अभाव मान लिया जाता है।

अप्रतिपाती—१ अप्रतिपाती अवधिज्ञान —दे. अवधिज्ञान/६। २ अप्रतिपाती मन पर्यय ज्ञान—दे. मन पर्ययज्ञान/२।

अप्रतिबुद्ध—स सा /मू/१६ कम्मे णोकम्मह्मि य अहमिदि अहकं च कम्म णोकम्म। जा एसा खलु बुद्धी अपडिबुद्धो हवदि ताव ॥१६॥ =जब तक इस आत्माकी ज्ञानावरणादि द्रव्यकर्म भावकर्म और शरीरादि नामकर्ममें 'यह मै हूँ' और 'मुझमें यह कर्म नोकर्म है' ऐसी बुद्धि है, तब तक यह आत्मा अप्रतिबुद्ध है।

अप्रतिभा—न्या./सू./मू /५२/२/१८ उत्तरस्याप्रतिपत्तिप्रतिभा ॥१८॥ =परपक्षका खण्डन करना उत्तर है। सो यदि किसी कारणसे वादी समयपर उत्तर नही देता तो यह उसका अप्रतिभा नामक निग्रहस्थान है। (श्लो वा ४/न्या २४५/४१४/१४)

अप्रतियोगी—जिस धर्ममें जिस किसी धर्मका अभाव नहीं होता है, वह धर्म उस अभावका अप्रतियोगी है। जैसे घटमें घटत्व।

अप्रतिष्ठान—सप्तम नरकका इन्द्रक बिल—दे. नरक/५।

अप्रतिष्ठित—अप्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पति—दे. वनस्पति।

अप्रत्यवेक्षित—निक्षेपाधिकरण—दे अधिकरण।

अप्रत्यवेक्षितोत्सर्ग—दे उत्सर्ग।

अप्रत्याख्यान —

१. संयमासंयमके अर्थमे—

ध.६/१,६-१,२३/४३/३ प्रत्याख्यान संयम', न प्रत्याख्यानमप्रत्याख्यानमिति देशसंयम' =प्रत्याख्यान सयमको कहते है। जो प्रत्याख्यान रूप नही है वह अप्रत्याख्यान है। इस प्रकार 'अप्रत्याख्यान' यह शब्द देशसंयमका वाचक है। (ध ६/१,६-१,२३/४४/३)

ध १३/५,५,६५/३६०/१० ईषत्प्रत्याख्यानमप्रत्याख्यानमिति व्युत्पत्ते अणुव्रतानामप्रत्याख्यानसज्ञा। ='ईषत् प्रत्याख्यान अप्रत्याख्यान है' इस व्युत्पत्तिके अनुसार अणुव्रतोको अप्रत्याख्यान सज्ञा है। (गो जी./जी प्र / २८३/६०८/१४)

२ विषयाकाक्षाके अर्थमे

स.सा /ता वृ /२८३ रागादि विषयाकाङ्क्षारूपमप्रत्याख्यानमपि तथैव द्विविध विज्ञेय·· द्रव्यभावरूपेण। =रागादि विषयोकी आकाक्षारूप अप्रत्याख्यान भी दो प्रकारका जानना चाहिए—द्रव्य अप्रत्याख्यान व भाव अप्रत्याख्यान।

अप्रत्याख्यान क्रिया—दे. क्रिया/३/२।

अप्रत्याख्यानावरण—

१. अप्रत्याख्यानावरण कर्मका लक्षण

स.सि /८/६/३८६/७ यदुदयाद्देशविरति सयमासयमाख्यामल्पामपि कर्तुं न शक्नोति ते देशप्रत्याख्यानमावरणवन्तोऽप्रत्याख्यानावरणा क्रोधमानमायालोभा.। =जिनके उदयसे सयमासयम नामवाले देशविरतिको यह जीव स्वल्प भी करनेमें समर्थ नही होता है वे देश प्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, माया और लोभ है। (रा.वा./८/६/५/५७५/१) (ध ६/१-६,१,२३/४,४/४ (ध १३/५,५,६५/३६०/१० (गो.क / जी प्र /४५/४६/१२) (गो.जी/जी /जी प्र/३३/२८/४) गो जी./जी प्र./२८३/६०८/१४)

* अप्रत्याख्यानावरण प्रकृतिकी बंध उदय सत्त्व प्ररूपणाएँ व तत्सम्बन्धी नियम व शंका समाधान दे वह वह नाम।

* अप्रत्याख्यानावरणका सर्वघातीपना —दे अनुभाग ४।

* अप्रत्याख्यानावरणमे दशो करणोकी संभावना —दे करण २।

२. अप्रत्याख्यानावरण कषाय देशव्रतको घातती है

पं.स /प्रा /१/११५ पढमो दसणघाई बिदिओ तह घाइ देसविरइ त्ति। =प्रथम अनन्तानुबन्धी तो सम्यग्दर्शनका घात करती है, और द्वितीय अप्रत्याख्यानावरण कषाय देशविरतिकी घातक है। (गो.क / मू /४५/४६) (गो जी /मू /२८३/६०८) (पं.स /स /१/२०५)

३. अप्रत्याख्यानावरण कषायका वासना काल

गो.क /मू व टी /४६/४७ अन्तर्मुहूर्त पक्ष षण्मासा सख्यासख्ययानन्तभवा। संज्वलनाद्याना वासनाकाल तु नियमेन। अप्रत्याख्यानावरणाना षण्मासा। =सज्वलनादि कषायोका वासनाकाल नियमसे अन्तर्मुहूर्त, एक पक्ष छ मास तथा संख्यात असंख्यात व अनन्त भव है। अप्रत्याख्यानावरणका छ मास है।

* कषायोकी तीव्रता मन्दतामे अप्रत्याख्यानावरण नही बल्कि लेश्या कारण है। —दे कषाय/३।

अप्रदेशासंख्यात—दे. असंख्यात।

अप्रदेशी—स.सि /५/१/२६६ यथाणो प्रदेशमात्रत्वाद् द्वितीयादयोऽस्य प्रदेशा न सन्तीत्यप्रदेशोऽणु तथाकालपरमाणुरप्येकप्रदेशत्वादप्रदेश इति। =जिस प्रकार अणु एक प्रदेशरूप होनेके कारण उसके द्वितीयादि प्रदेश नही होते, इसलिए अणुको अप्रदेशी कहते है उसी प्रकार काल परमाणु भी एक प्रदेशरूप होनेके कारण अप्रदेशी है।

अप्रमत्तसंयत—दे. संयत।

अप्रमार्जितोत्सर्ग—दे उत्सर्ग।

अप्रशस्त—स सि /७/१४/३५२/७ प्राणिपीडाकर यत्तदप्रशस्तम्। =जिससे प्राणियोको पीडा होती है, उसे (ऐसे कार्यको) अप्रशस्त कहते है।

स सि /६/२८/४४५ अप्रशस्तमपुण्यास्रवकारणत्वात्। =जो पापास्रवका कारण है, वह (ध्यान) अप्रशस्त है।

अप्रशस्तोपशम—दे उपशम/१।

अप्राप्तकाल—न्या सू /मू /५/२/११ अवयवविपर्यासवचनमप्राप्तकालम् ॥११॥ =प्रतिज्ञा आदि अवयवोका जैसा लक्षण कहा गया है, उससे विपरीत आगे पीछे कहना। अर्थात् जिस अवयवके पहिले या पीछे जिस अवयवके कहनेका समय है, उस प्रकारसे न कहनेको अप्राप्त काल नामक निग्रहस्थान कहते है। क्योकि क्रमसे विपरीत अवयवोके कहनेसे साध्यकी सिद्धि नही होती। (श्लो वा /पु ४/न्या २११/३६१/१)

अप्राप्तिसमा—दे प्राप्तिसमा।

अप्राप्यकारी—अप्राप्यकारी इन्द्रिय—दे. इन्द्रिय/२।

अप्रियवाक्—दे. वचन।

अबंध—१ अबन्धका लक्षण—दे. बध/१। २ अबन्ध प्रकृतियाँ—दे. प्रकृतिबंध/२।

अबद्ध—पं.ध./उ/१६ मोहकर्मावृतो बद्ध स्यादबद्धस्तदत्ययात्। =मोहकर्मसे युक्त ज्ञानको बद्ध तथा मोहकर्मके अभावसे ज्ञानको अबद्ध कहते है।

अबुद्धि—दे बुद्धि।

अब्बहुल—ति प./२/१६ अब्बहुलो त्ति भाग सलिलसरूवस्सवो होदि ॥१६॥ =अब्बहुल भाग (अधोलोकमें प्रथम पृथिवी) जलस्वरूपके आश्रयसे है।

★ लोकमे इसका अवस्थान—दे. रत्नप्रभा।

अभोज्यभव—१. आहारका एक दोष—दे आहार/II/४। २. वसतिका एक दोष—दे. वसति।

अब्रह्म—त सू./७/१६ मैथुनमब्रह्म। =मैथुन करना अब्रह्म है। (त सा /४/७७)।

अब्रह्मनिषेध आदि—दे. ब्रह्मचर्य/३,४।

अभक्ष्य—दे भक्ष्याभक्ष्य।

अभयंकर—एक ग्रह—दे ग्रह।

अभय—१ भगवान् वीरके तीर्थमें हुए अनुत्तरोपपादकोमें-से एक—दे अनुत्तरोपपादक। २ श्रुतावतारके अनुसार आप एक आचार्य थे जिनका अपर नाम यशोभद्र व भद्र था—दे 'यशोभद्र'।

अभयकुमार—(म पु./७४/श्लो. स.) पूर्व भव सं ३ में ब्राह्मणका पुत्र तथा महामिथ्यात्वी था। एक श्रावकके उपदेशसे मूढताओंका त्याग करके फिर पूर्वके दूसरे भवमें सौधर्म स्वर्गमें देव हुआ। वर्तमान भवमें राजा श्रेणिककी ब्राह्मणी रानीसे पुत्र उत्पन्न हुआ ॥४२६॥

अभयचन्द्र—१. (सि वि /प्र/४३ प महेन्द्रकुमार) आप ई. श १३ के आचार्य है। आपने लघीयस्त्रय पर स्याद्वादभूषण नामकी तात्पर्यवृत्ति लिखी है। २. बालचन्द तथा श्रुतमुनि (ई १३११) के गुरु, गोमट्टसारकी मन्दप्रबोधिनी टीकाके रचयिता। समय ई श. १४ का पूर्वार्ध। ए एन उपाध्येके अनुसार ई १२७६ में मृत्यु। प. कैलाशचन्दको मान्य नही। ४६६/ (जै/१/४७०); (ती/३/३१६)

अभयदत्ति—दे दान।

अभयदान—दे दान।

अभयदेव—१ वाद महार्णव तथा सन्मतितर्क टीकाके रचयिता श्वेताम्बराचार्य। समय—ई श. १० (सि. वि /प्र ४०/ पं महेन्द्र)। २ नवागवृत्तिके रचयिता श्वेताम्बराचार्य। समय—ई. १०३१ १०७८। (जै /१/३६६)

अभयनंदि—नन्दिसंघ देशीयगण (दे. इति/७/५) के अनुसार आप इन्द्रनन्दि और नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती (ई. श १०-११) के समवयस्क दीक्षागुरु और वीर नन्दिके शिक्षागुरु थे। आपको क्योंकि सिद्धान्तचक्रवर्तीकी उपाधि प्राप्त थी इसलिए इन तीनों शिष्योंको भी वह सहज मिल गई। इन तीनोमें आचार्य वीरनन्दि पहिले आ. मेघचन्द्रके शिष्य थे, पीछे विशेष ज्ञान प्राप्तिके अर्थ आपकी शरणमें चले गये थे। कृतिये—१. बिना संदृष्टिकी गोमट्टसार टीका; २ कर्मप्रकृति रहस्य, ३. तत्त्वार्थ सूत्रकी तात्पर्य वृत्ति टीका, ४ श्रेयोविधि; ५ पूजाकल्प, ६ प. कैलाशचन्दजी के अनुसार सम्भवत जैनेन्द्र व्याकरणकी महावृत्ति टीका भी। समय—व्याकरण महावृत्तिके अनुसार वि श ११ का प्रथम चरण आता है। देशीयगणकी गुर्वावलीमें वह ई. ६३०-६५० दर्शाया गया है। (जै./१/३८७); (ती/२/४१६); (इतिहास ७/५)। जैन साहित्य इतिहास /२७०/ नाथूरामजी प्रेमी)।

अभयसेन—पुन्नाट संघकी गुर्वावलीके अनुसार आप आ. सिद्धसेनके शिष्य तथा आ. भीमसेनके गुरु थे। दे. इतिहास ७/८।

अभव्य—दे भव्य।

अभाव—यह वैशेषिकों द्वारा मान्य एक पदार्थ है। जैन न्याय शास्त्र में भी इसे स्वीकार किया है, परन्तु वैशेषिकोवत् सर्वथा निषेधकारी रूपसे नहीं, बल्कि एक कथंचित् रूपसे।

१. भेद व लक्षण

१. अभाव सामान्यका लक्षण

न्या सू /भा/२-२/१०/११०यत्र भूत्वा किंचिन्न भवति तत्र तस्याभाव उपपद्यते। =जहाँ पहिले होकर फिर पीछे न हो वहाँ उसका अभाव कहा जाता है। जैसे किसी स्थानमें पहिले घट रक्खा था और फिर वहाँसे वह हटा लिया गया तो वहाँके घडेका अभाव हो गया।

श्लो.वा. ४/न्या. ४५६/५५१/२० सद्भावे दोषप्रसक्ते' सिद्धिविरहान्नास्तित्वापादनमभाव। =सद्भावमें दोषका प्रसंग आ जानेपर, सिद्धि न होनेके कारण जिसकी नास्ति या अप्रतिपत्ति है उसका अभाव मान लिया जाता है।

प्र सा./ता वृ /१०० भावान्तरस्वभावरूपी भवत्यभाव इति वचनात्। = भावान्तर स्वभाव रूप ही अभाव होता है, न कि सर्वथा अभाव रूप जैसे कि मिथ्यात्व पर्यायके भंगका सम्यक्त्वपर्याय रूपसे प्रतिभास होता है।

न्याय भाषामें प्रयोग—जिस धर्मीमें जो धर्म नही रहता उस धर्मीमें उस धर्मका अभाव है।

२. अभावके भेद

न्या.सू /२-२/१२ प्रागुत्पत्तेरभावोत्पत्तेश्च। =अभाव दो प्रकारका—एक जो उत्पत्ति होनेके पहिले (प्रागभाव); और दूसरा जब कोई वस्तु नष्ट हो जाती है (प्रध्वंसाभाव)।

जैन सिद्धान्त प्रवेशिका/१८१ अभाव चार है—प्रागभाव, प्रध्वंसाभाव, अन्योन्याभाव व अत्यन्ताभाव।

३. अभावके भेद

ध. ७/२,१,४/४७६/२४ विशेषार्थ—अभाव दो प्रकारका होता है—पर्युदास और प्रसज्य।

४. प्रागभाव

वै.द/६/१/१ क्रियागुणव्यपदेशाभावात् प्रागसत्। =क्रिया व गुणके व्यपदेशका अभाव होनेके कारण प्रागसत् होता है। अर्थात् कार्य अपनी उत्पत्तिसे पहिले नही होता।

आप्त मी /पं, जयचन्द/१० प्रागभाव कहिए कार्यके पहिले न होना।

जैन सिद्धान्तप्रवेशिका/१८२ वर्तमान पर्यायका पूर्व पर्यायमें जो अभाव है उसे प्रागभाव कहते है।

क.पा १ '१,१३-१४/§२०५/गा.१०४/२५० विशेषार्थ—कार्यके स्वरूपलाभ करनेके पहिले उसका जो अभाव रहता है वह प्रागभाव है।

५. प्रध्वंसाभाव

वै.द /६-१/२ सदसत् ॥२॥ =कार्यकी उत्पत्तिके नाश होनेके पश्चात्के अभावका नाम प्रध्वंसाभाव है।

आप्त. मी./प जयचन्द/१० प्रध्वंस कहिए कार्यका विघटननामा धर्म।

जैन सिद्धान्त प्रवेशिका/१८३ आगामी पर्यायमें वर्तमान पर्यायके अभावको प्रध्वंसाभाव कहिए।

क.पा /१/१,१३-१४/§२०५/गा १०४/२५० भाषार्थ—कार्यका स्वरूपलाभके पश्चात् जो अभाव होता है वह प्रध्वंसाभाव है।

६. अन्योन्याभाव

वै.द./६-१/४ सच्चासत् ॥४॥ जहा घड़ेकी उपस्थितिमें उसका वर्णन

किया जाता है कि गौ ऊट नहीं और ऊट गौ नहीं। उनमें तादात्म्याभाव अर्थात् उसमें उसका अभाव और उसमें उसका अभाव है। उसका नाम अन्योन्याभाव है।

आप्त मी /प जयचन्द्र/११ अन्य स्वभावरूप वस्तुतैं अपने स्वभावका भिन्नपना याकूं इतरेतराभाव कहिये।

जैन सिद्धान्त प्रवेशिका/१८४ पुद्गलकी एक वर्तमान पर्यायमें दूसरे पुद्गलकी वर्तमान पर्यायके अभावको अन्योन्याभाव कहते हैं।

क पा /१/१,१३-१४/§२०५/गा.१०५/२५१ विशेषार्थ—एक द्रव्यकी एक पर्यायका उसकी दूसरी पर्यायमें जो अभाव है उसे अन्यापोह या इतरेतराभाव कहते हैं। (जैसे घटका पटमें अभाव)।

७. अत्यन्ताभाव

वै.द /९-१/५ यच्चान्यदसदतस्तदसत् ॥५॥ उन तीनों प्रकारके अभावोंके अतिरिक्त जो अभाव है वह अत्यन्ताभाव है।

आप्त मी /पं जयचन्द/११ अत्यन्ताभाव है सो द्रव्यार्थिकनयका प्रधानपनाकरि है। अन्य द्रव्यका अन्यद्रव्यविषै अत्यन्ताभाव है।

जैन सिद्धान्त प्रवेशिका/१८५ एक द्रव्यमें दूसरे द्रव्यके अभावको अत्यन्ताभाव कहते हैं।

क.पा.१/१,१३-१४/§२०५/गा १०५/२५१/भाषार्थ-रूपादिककास्वसमवायी पुद्गलादिकसे भिन्न जीवादिकमें समवेत होना अन्यत्रसमवाय कहलाता है। यदि इसे स्वीकार किया जाता है, अर्थात् अत्यन्ताभाव का अभाव माना जाता है तो पदार्थका किसी भी असाधारणरूपमें कथन नहीं किया जा सकता है।

८. पर्युदास अभाव

ध.७/२,९,४/४७१/२४ विशेषार्थ—पर्युदासके द्वारा एक वस्तुके अभावमें दूसरी वस्तुका सद्भाव ग्रहण किया जाता है।

रा वा/२/८/१८/१२२/८ प्रत्यक्षादन्योऽप्रत्यक्ष इति पर्युदास। =प्रत्यक्षसे अन्य सो अप्रत्यक्ष—ऐसा पर्युदास हुआ।

९ प्रसज्य अभाव

रा.वा /२/८/१८/१२२/८ प्रत्यक्षो न भवतीत्यप्रत्यक्ष इति प्रसज्यप्रतिषेधो =जो प्रत्यक्ष न हो सो अप्रत्यक्ष ऐसा प्रसज्य अभाव है।

ध.७/२,९,४/४७१/२४ विशेषार्थ —प्रसज्यके द्वारा केवल अभावमात्र समझा जाता है।

क पा.१/१३-१४/§१९०/२२७/१ कारकप्रतिषेधव्यापृतात्। =क्रियाके साथ निषेधवाचक 'नञ्' का सम्बन्ध।

१०. स्वरूपाभाव या अतद्भाव

प्र सा./मू /१०६,१०८ पविभत्तपदेसत्तं पुधुत्तमिदि सासणं हि वीरस्स। अण्णत्तमतब्भावो ण तब्भय होदि कधमेगं। जं दव्वं तण्ण गुणो जो वि गुणो सो ण तच्चमत्थादो ॥१०६॥ एसो हि अतब्भावो णेव अभावो त्ति णिद्दिट्ठो ॥१०८॥ =विभक्त प्रदेशत्व पृथक्त्व है—ऐसा वीरका उपदेश है। अतद्भाव अन्यत्व है। जो उस रूप न हो वह एक कैसे हो सकता है ॥१०६॥ स्वरूपपेक्षासे जो द्रव्य है वह गुण नहीं है और जो गुण है वह द्रव्य नहीं है। यह अतद्भाव है। सर्वथा अभाव अतद्भाव नहीं। ऐसा निर्दिष्ट किया गया है।

प्र.सा /त.प्र./१०६-१०७ अतद्भावो ह्यन्यत्वस्य लक्षणं, तत्तु सत्ता द्रव्ययोर्विद्यत एव गुणगुणिनोस्तद्भावस्याभावात् शुक्लोत्तरीयवदेव ॥१०६॥ यथा —एकस्मिन्मुक्ताफलस्रग्दाम्नि य शुक्लो गुण स न हारो न सूत्र न मुक्ताफलं, यश्च हार सूत्र मुक्ताफलं वा स न शुक्लो गुण इतीतरेतरस्याभावः स तदभावलक्षणोऽतद्भावोऽन्यत्वनिबन्धनभूत। तथैकस्मिन् द्रव्ये य सत्तागुणस्तन्न द्रव्य नान्यो गुणो न पर्यायो यच्च द्रव्यमन्यो गुण पर्यायो वा स न सत्तागुण इतीतरेतरस्य यस्तस्याभाव स तदभावलक्षणोऽतद्भावोऽन्यत्वनिबन्धनभूत ॥१०७॥ =अतद्भाव अन्यत्वका लक्षण है, वह तो सत्तागुण और द्रव्यके है ही, क्योंकि गुण और गुणीके तद्भावका अभाव होता है—शुक्लत्व और वस्त्र (या हार) की भाँति ॥१०६॥ जैसे एक मोतियोंकी मालामें जो शुक्लगुण है, वह हार नहीं है धागा नहीं है, या मोती नहीं है, और जो हार,धागा या मोती है वह शुक्लत्व गुण नहीं है—इस प्रकार एक-दूसरेमें जो 'उसका अभाव' अर्थात् 'तद्रूप होनेका अभाव है' सो वह 'तदभाव' लक्षणवाला 'अतद्भाव' है,जो कि अन्यत्वका कारण है। इसी प्रकार एक द्रव्यमें जो सत्तागुण है वह द्रव्य नहीं है, अन्य गुण नहीं है या पर्याय नहीं है, और जो द्रव्य अन्य गुण या पर्याय है, वह सत्तागुण नहीं है।—इस प्रकार एक-दूसरेमें जो 'उसका अभाव' अर्थात् 'तद्रूप होनेका अभाव' है वह 'तदभाव' लक्षण 'अतद्भाव' है, जो कि अन्यत्वका कारण है।

प्र.सा /ता वृ./१०७/१४१/२ परस्परं प्रदेशाभेदेऽपि योऽसौ संज्ञादिभेद स तस्य पूर्वोक्तलक्षणतद्भावस्याभावस्तदभावो भण्यते। अतद्भाव इति संज्ञालक्षणप्रयोजनादिभेद इति। =परस्पर प्रदेशोंमें अभेद होनेपर भी जो यह संज्ञादिका भेद है वही उस पूर्वोक्त लक्षण रूप तद्भावका अभाव या तदभाव कहा जाता है। उसीको अतद्भाव भी कहते हैं—संज्ञा लक्षण प्रयोजन आदिसे भेद होना, ऐसा अर्थ है।

११. अभाववादका लक्षण

पु. अतु /२५ अभावमात्रं परमार्थवृत्त्या, सा संवृति सर्व-विशेष-शून्या। तस्या विशेषौ किल बन्धमोक्षौ हेत्वात्मनेति स्वदतोऽथवाक्यम् ॥२५॥ =परमार्थ वृत्तिसे तत्त्व अभावमात्र है, और वह परमार्थवृत्ति संवृतिरूप है। और संवृति सर्व विशेषोंसे शून्य है। उक्त अविद्यात्मिका एवं सकल तात्त्विक विशेषशून्या संवृति भी जो बन्ध और मोक्ष विशेष हैं वे हेत्वाभास हैं। "इस प्रकार यह उन (संविद्वाद्वैतवादी बौद्धों) का वाक्य है। (जैन दर्शन द्रव्यार्थिक नयसे अभावको स्वीकार नहीं करता पर पर्यायार्थिकनयसे करता है।—दे उत्पाद व्ययध्रौव्य २/७)।

२. अभावोंमें परस्पर अन्तर व फल

१. पर्युदास व प्रसज्यमें अन्तर

न्या.वि वृ /२/१२३/१५३ नयबुद्धिवशादभावौदासीन्येन भावस्य,तदौदासीन्येन चाभावस्य प्राधान्यसमर्पणे पर्युदासप्रसज्ययोर्विशेषस्य विकल्पनात्। =नय विवक्षाके वशसे भावकी उदासीनतासे भावका और अभावकी उदासीनतासे अभावका प्राधान्य समर्पण होनेपर पर्युदास व प्रसज्य इन दोनोंमें विशेषताका विकल्प हो जाता है। अर्थात्—किसी एक वस्तुके अभाव-द्वारा दूसरी वस्तुका सद्भाव दर्शाना तो पर्युदास है, जैसे प्रकाशका अभाव ही अन्धकार है। और वस्तुका अभाव मात्र दर्शाना प्रसज्य है, जैसे इस भूतलपर घटका अभाव है।

२. प्राक्, प्रध्वंस व अन्योन्याभावोंमें अन्तर

वै.द /भा./९-१/४/२७२ यह (अन्योन्याभाव) अभाव दो प्रकारके अभावसे पृथक् तीसरे प्रकारका अभाव है। वस्तुकी उत्पत्तिसे प्रथम नहीं और और न उसके नाशके पश्चात् उसका नाम अन्योन्याभाव है। यह अभाव हमेशा रहनेवाला है, क्योंकि, घडेका कपडा और कपडेका घडा होना हर प्रकार असम्भव है। वे सर्वदा पृथक्-पृथक् ही रहेंगे। इस वास्ते जिस प्रकार पहिली व दूसरी तरहका अभाव (प्रागभाव और प्रध्वंसाभाव) अनित्य है, यह अभाव उसके विरुद्ध नित्य है।

आप्त मी /पं. जयचन्द (अष्टसहस्रीके आधारपर)/११। प्रश्न—प्रागभाव, प्रध्वंसाभाव, इतरेतराभावमें विशेष कहा है? उत्तर—जो कार्यद्रव्य घटादिक, ताकै पहिलै (पिंड आदिक) अवस्था थी, सो, सो तो प्रागभाव है (अर्थात् घटादिकका पिण्डादिकमें प्रागभाव है) बहुरि कार्यद्रव्यके पीछे जो अवस्था होय सो प्रध्वंसाभाव है (अर्थात् घटमें पिण्ड आदिकका अभाव प्रध्वंसाभाव है)। बहुरि इतरेतराभाव है, सो ऐसा नहीं है। जो दोय भावरूप वस्तु न्यारे-न्यारे युगपत दीसे

तोनिके परस्पर स्वभाव भेदकरि वाका निषेध वामैं और वाका निषेध वामैं इतरेतराभाव है। (जैसे घटका पटमें और पटका घटमें अभाव अन्योन्याभाव है)।

३. अन्योन्याभाव व अत्यन्ताभावमें अन्तर

वै.द./भा./९-१/५/२७३ उन तीनों प्रकारके अभावोंके अतिरिक्त जो अभाव है, वह अत्यन्ताभाव है, क्योंकि प्रागभावके पश्चात् नाश हो जाता है, अर्थात् वस्तुकी उत्पत्ति होनेपर उस (प्रागभावका) अभाव नहीं रहता। और विध्वंसाभावका नाश होनेसे प्रथम अभाव है। अर्थात् जब तक किसी वस्तुका नाश नहीं हुआ तब तक उसका विध्वंसाभाव उपस्थित ही नहीं। और अन्योन्याभाव विपक्षीमें रहता है और अपनी सत्तामें नहीं रहता। परन्तु अत्यन्ताभाव इन तीनोंका विपक्षी अभाव है।

अष्टसहस्री ११/पृ. १०९ तत' सूक्तमन्यापोहलक्षणं स्वभावान्तरास्वभाव-व्यावृत्तिरन्यापोह इति। तस्य कालत्रयापेक्षेऽत्यन्ताभावेऽप्यभावा-दतिव्याप्त्ययोगात्। न हि घटपटयोरितरेतराभाव कालत्रयापेक्षः कदा-चित्पटस्यापि घटत्वपरिणामसंभवात्, तथा परिणामकारणसाकल्ये तदविरोधात्, पुद्गलपरिणामानियमदर्शनात्। न चैवं चेतनाचेतनयोः कदाचित्तादात्म्यपरिणाम', तत्त्वविरोधात्।

अष्टसहस्री ११/पृ. १४४ न च किंचित्स्वात्मन्येव परात्मनाप्युपलभ्यते ततः किंचित्स्वेष्टं तत्त्वं क्वचिदनिष्टेऽर्थे सत्यात्मनानुपलभ्यमान' काल-त्रयेऽपि तत्तत्र तथा नास्तीति प्रतिपद्यते एवेति सिद्धोऽत्यन्ताभावः। —इस प्रकार स्वभावान्तरसे स्वभावको व्यावृत्तिको अन्यापोह कहते हैं, यह लक्षण ठीक ही कहा है' यह लक्षण कालत्रय सापेक्ष अत्यन्ताभावमें भी रहता है। अतः इसमें अतिव्याप्ति दोष नहीं आता। घट और पटका इतरेतराभाव कालत्रयापेक्षी नहीं है। कभी पटका भी घट परिणाम सम्भव है, उस प्रकार के परिणमनमें कारण समुदायके मिलनेपर, इसका अविरोध है। पुद्गलोंमें परिणामका नियम नहीं देखा जाता है, किन्तु इस तरह चेतन-अचेतनका कभी भी तादात्म्य परिणाम नहीं हो सकता, क्योंकि वे दोनों भिन्न तत्त्व हैं—उनका परस्परमें विरोध है।

आप्त. मी./प. जयचन्द (अष्टसहस्रीके आधारपर) ११ इतरेतराभाव है सो जो दोय भावरूप वस्तू न्यारे-न्यारे युगपत् दोसै तिनिकै परस्पर स्वभाव भेदकरि वाका निषेध वामैं और वाका निषेध वामैं इतरेतरा-भाव है। यह विशेष है कि यह तो पर्यायार्थिक नयका विशेषपणा प्रधानकरि पर्यायनिके परस्पर अभाव जानना। बहुरि अत्यन्ताभाव है सो द्रव्यार्थिकनयका प्रधानपणाकरि है। अन्य द्रव्यका अन्य द्रव्य विषैं अत्यन्ताभाव है। ज्ञानादिक तौ काहू कालविषैं पुद्गलमें होय नाहीं। बहुरि रूपादिक जीव द्रव्यमैं काहू कालविषैं होइ नाहीं। ऐसे इतरेतराभाव और अत्यन्ताभाव ये दोऊ (है)।

★ अन्योन्याभाव केवल पुद्गल मे ही होता है

—दे० अभाव २/३

४. चारों अभावोंको न माननेमें दोष

आप्त मी. मू./१०,११ कार्यद्रव्यमनादि स्यात् प्रागभावस्य निह्नवे। प्रध्वं-सस्य च धर्मस्य प्रच्यवेऽनन्ततां व्रजेत्॥१०॥ सर्वात्मकं तदेकं स्याद-न्यापोहव्यतिक्रमे। अन्यत्र समवाये न व्यपदिश्येत् सर्वथा॥११॥ =प्रागभावका अपलाप करनेपर कार्यद्रव्य घट पटादि अनादि हो जाते हैं। प्रध्वंसाभावका अपलाप करनेपर घट पटादि कार्य अनन्त अर्थात् अन्तरहित अविनाशी हो जाते हैं॥१०॥ इतरेतराभावका अपलाप करनेपर प्रतिनियत द्रव्यकी सभी पर्याये सर्वात्मक हो जाती हैं। रूपादिकका स्वसमवायी पुद्गलादिकसे भिन्न जीवादिकमें समवेत होना अन्यत्रसमवाय कहलाता है। यदि इसे स्वीकार किया जाता है, अर्थात् यदि अत्यन्ताभावका अभाव माना जाता है तो पदार्थका किसी भी असाधारण रूपसे कथन नहीं किया जा सकता॥११॥ (आशय यह है कि इतरेतराभावको नहीं माननेपर एक द्रव्यकी विभिन्न पर्यायोंमें कोई भेद नहीं रहता—सब पर्याये सबरूप हो जाती हैं। तथा अत्यन्ताभावको नहीं माननेपर सभी वादियोंके द्वारा माने गये अपने-अपने मूल तत्त्वोंमें कोई भेद नहीं रहता—एक तत्त्व दूसरे तत्त्वरूप हो जाता है। ऐसी हालतमें जोवद्रव्य चैतन्यगुणकी अपेक्षा चेतन ही है और पुद्गल द्रव्य अचेतन ही है, ऐसा नहीं कहा जा सकता।) (क. पा. १/§२०५/गा. १०४-१०५/२५०)।

५. एकान्त अभाववादमें दोष

आप्त. मी.मू./१२ अभावैकान्तपक्षेऽपि भावापह्नववादिनाम्। बोधवाक्यं प्रमाणं न केन साधन-दूषणम्॥१०६॥ =जो वादी भावरूप वस्तुको सर्वथा स्वीकार नहीं करते हैं, उनके अभावैकान्त पक्षमें भी बोध अर्थात् स्वार्थानुमान और वाक्य अर्थात् परार्थानुमान प्रमाण नहीं मनते हैं। ऐसी अवस्थामें वे स्वमतका साधन किस प्रमाणसे करेंगे, और परमतमें दूषण किस प्रमाणसे देंगे।

अभाव शक्ति—दे. भाव।

अभिघट—१. आहारका एक दोष—दे. आहार II/४/४। २. वसति का एक दोष—दे. वसति।

अभिचन्द्र—(म पु./३/१२९) दशवें कुलकर (विशेष दे. शलाका पुरुष/९)।

अभिजित—एक नक्षत्र। दे. नक्षत्र।

अभिधान—द्र सं टी./१/७/५ यदेव व्याख्येयसूत्रमुक्तं तदेवाभि-धानं वाचकं प्रतिपादक भण्यते।—जो व्याख्यान किये जाने योग्य सूत्र कहे गये हैं, वही अभिधान अर्थात् वाचक या प्रतिपादक कहलाते हैं।

अभिधानचिन्तामणि कोश—दे. शब्दकोश।

अभिधाननिबंधननाम—ध. १५/२/५ जो णामसद्दो पवुत्तो संतो अप्पाणं चेव जाणावेदि तमभिहाणणिबंधणं णाम। =जो संज्ञा शब्द प्रवृत्त होकर अपने आपको जतलाता है, वह अभिधान निबन्धन (नाम) कहा जाता है।

अभिधानमल—दे. मल।

अभिधेय—द्र.सं टी./१/७/६ अनन्तज्ञानाद्यनन्तगुणाधारपरमात्मा-दिस्वभावोऽभिधेयो वाच्यः प्रतिपाद्यः।—अनन्तज्ञानादि अनन्तगुणों का आधार जो परमात्मा आदिका स्वभाव है, वह अभिधेय है, अर्थात् वाच्य या प्रतिपाद्य अथवा कथन करने योग्य विषय है।

अभिनंदन—द्र स.टी./१३ अभिनन्दनमभिवृद्धिः। =अभिनन्दन अर्थात् अभिवृद्धि।

अभिनन्दन—(म.पु./५०श्लो.स.) पूर्वके तीसरे भवमें मंगलावती देश का राजा महाबल था॥२-३॥ दूसरे भवमें विजय नामक विमानमें अहमिन्द्र हुए॥१३॥ और वर्तमान भवमें चौथे तीर्थंकर हुए। आप अयोध्या नगरीके राजा स्वयंवरके पुत्र थे॥१६-१९॥ एक हजार राजाओंके संग दीक्षा धारण कर ली। उसी समय मन.पर्ययज्ञानकी प्राप्ति हो गयी॥४६-५३॥ अन्तमें मोक्ष प्राप्त किया॥६५ ६६॥ (विशेष दे. तीर्थंकर ५)।

अभिनिबोध—स सि./१/१३/१०६ अभिनिबोधनमभिनिबोधः। =साधनके साध्यका ज्ञान अभिनिबोध ज्ञान है।

ध.६/१,९-१,१४/१५/९ अहिमुह-णियमिय अत्थावबोहो अभिणिबोहो। थूल-वट्टमाण-अणंतरिद अत्था अहिमुहा। चक्खिंदिए रूवं णियमिदं, सोदिंदिए सद्दो, घाणिंदिए गंधो, जिब्भिंदिए रसो, फासिंदिए फासो,

णोइंदिए दिट्ठ-सुदाणुभूदत्था णियमिदा । अहिमुह-णियमिदट्ठेसु जो बोधो सो जहिणिबोधो । अहिणिबोध एव आहिणिबोधियणाणं । =अभिमुख और नियमित अर्थके अवबोधको अभिनिबोध कहते हैं। स्थूल वर्तमान और अनन्तरित अर्थात् व्यवधान रहित अर्थोंको अभिमुख कहते हैं। चक्षुरिन्द्रियमें रूप नियमित है, श्रोत्रेन्द्रियमें शब्द, घ्राणेन्द्रियमें गन्ध, जिह्वेन्द्रियमें रस, स्पर्शनेन्द्रियमें स्पर्श और नोइन्द्रिय अर्थात् मनमें दृष्ट, श्रुत, और अनुभूत पदार्थ नियमित हैं। इस प्रकारके अभिमुख और नियमित पदार्थोंमें जो बोध होता है, वह अभिनिबोध है। अभिनिबोध ही आभिनिबोधिक ज्ञान कहलाता है। (और भी दे. मतिज्ञान १/१/२)।

★ स्मृति आदि ज्ञानोंकी कथंचित् एकार्थताकी सिद्धि—दे. मतिज्ञान/३।

अभिनिवेश—सं स्तो./टी /१७ में उद्धृत "ममेदमित्यभिनिवेश । शश्वदनात्मीयेषु स्वतनुप्रमुखेषु कर्मजनितेषु । आत्मीयाभिनिवेशो ममकारो मया यथा देह । ='यह मेरा है' इस भावको अभिनिवेश कहते है 'शाश्वत रूपसे अनात्मीय तथा कर्मजनित स्वशरीर आदि द्रव्योंमें आत्मीयपनेका भाव अभिनिवेश कहलाता है—जैसे 'यह शरीर मेरा है' ऐसा कहना।

स.स्तो /टी /१२/२६ अहमस्य सर्वस्य स्त्र्यादिविषयस्य स्वामीति क्रिया अहंक्रिया'। ताभि' प्रसक्त' संलग्न प्रवृत्तो वा मिथ्या', असत्यो, अध्यवसायो, अभिनिवेश । सैव दोषो । =मैं इन सर्व स्त्री आदि विषयोंका स्वामी हूँ, ऐसी क्रियाको अहंक्रिया कहते है। इनसे प्रसक्त या संलग्न प्रवृत्ति मिथ्या है, असत्य है, अध्यवसाय है, अभिनिवेश है। वह ही महान् दोष है।

अभिन्न—एक ग्रह।—दे. ग्रह।

अभिन्नकारकी व्यवस्था—दे. कारक १।

अभिन्नपूर्वी—अभिन्न दश पूर्वी व अभिन्न चतुर्दश पूर्वी।—दे. श्रुतकेवली।

अभिमन्यु—पा.पु /पर्व/श्लो. नं०—सुभद्रा रानीसे अर्जुनका पुत्र था। १६/१०१॥ कृष्ण जरासन्ध युद्धमें अनेकोंको मारा। १६/१७८॥ अन्तमें कौरवोंके मध्य घिर जानेपर सन्यास मरण कर देवत्व प्राप्त किया। २०/२६-३६॥

अभिमान—स सि./४/२१/२५२ मानकषायादुत्पन्नोऽहंकारोऽभिमान.। =मान कषायके उदयसे उत्पन्न अहंकारको अभिमान कहते हैं। (रा वा /४/२१/४/२३६)।

अभियोग (देव)—रा.वा./४/४/६/२१३/१० यथेह दासा वाहनादिव्यापारं कुर्वन्ति तथा तत्र योग्या वाहनादिभावेनोपकुर्वन्ति। =जिस प्रकार यहाँ दास जन वाहनादि व्यापार करते है, उसी प्रकार वहाँ (देवोंमें) अभियोग्य नामा देव वाहनादि रूपसे उपकार करते है। (स.सि /४/४/१४/२३६) (ति प /३/६८) (म.पु /२२/२६) (त्रि सा /भाषा/२२४)।

रा वा /४/१३/६/२२०/१७ कर्मणां हि फलं वैचित्र्येण पच्यते ततस्तेषा गतिपरिणतिमुखेनैव कर्मफलमवबोद्धव्यम्। =कर्मोंका फल विचित्रता से पकता है। इसलिए गतिपरिणतिमुखेन ही उनके कर्मका फल जानना चाहिए।

★ देवोंके परिवारोंमें इन देवोंका निर्देशादि—दे. भवनवासी आदि भेद

२. इन देवोंका गमनागमन अच्युत स्वर्ग पर्यन्त ही है

मू आ./११३३ कंदप्पमाभिजोगा देवीओ चावि आरणचुदोत्ति। =कदर्प और अभियोग्य जातिके देव आरण-अच्युत स्वर्ग पर्यन्त है।

अभियोगी भावना—(भ.आ./मू /१८२) मंताभिओगकोदुगभूदीयम्मं पउंजदे जो हु। इड्ढिरससादहेदुं अभिओग भावणं कुणइ ॥१८२॥ =मन्त्र प्रयोग करना, कौतुककारक अकाल वृष्टि आदि करना तथा ऋद्धि, रस व सात गौरवयुक्त अन्य इसी प्रकारके कार्य करना मुनिके लिए अभियोगी भावना कहलाती है।

अभिलाप—न वि /वृ /१/१३५/२ अभिलपनमभिधेयप्रतिपादनम् अभिलाप.। =अभिलपन अर्थात् अभिधेयका प्रतिपादन करना अभिलाप है।

अभिलाषा—प. ध /उ /७०५-७०७ न्यायादक्षार्थकांक्षाया ईहा नान्यत्र जातुचित ॥७०५॥ नैव हेतुरतिव्याप्तेरारादाक्षीणमोहिषु। बन्धस्यनित्यतापत्तेर्भवेन्मुक्तेरसम्भव ॥७०७॥ =न्यायानुसार इन्द्रियों के विषयोंकी अभिलाषाके सिवाय कभी भी (अन्य कोई इच्छा) अभिलाषा नहीं कहलाती ॥७०५॥ इच्छाके बिना क्रियाके न माननेसे क्षीणकषाय और उसके समीपके (११ १२,१३) गुणस्थानोंमें अनिच्छापूर्वक क्रियाके पाये जानेके कारण उक्त लक्षण (क्रिया करना मात्र अभिलाषा है) में अतिव्याप्ति नामका दोष आता है। क्योंकि यदि उक्त गुणस्थानोंमें क्रियाके सद्भावसे इच्छाका सद्भाव माना जायेगा तो बन्धके नित्यत्वका प्रसग आनेसे मुक्तिका होना भी असम्भव हो जायेगा ॥७०७॥ तात्पर्य है इन्द्रिय भोगोंकी इच्छा ही अभिलाषा है। मन, वचन, कायकी क्रिया परसे उस इच्छाका सद्भाव या असद्भाव सिद्ध नहीं होता।

★ अभिलाषा या इच्छाका निषेध—दे. राग।

अभिव्यक्ति—दे. व्यक्ति।

अभिषव—स सि /७/३५/३७१ द्रवो वृष्यो वाभिषव । =द्रव, वृष्य और अभिषव इनका एक अर्थ है। (रा.वा./७/३५/५/५५८)।

अभिहृत—दे पूजा।

अभिषेक—वसति विषयक एक दोष—दे वसति।

अभीक्ष्णज्ञानोपयोग—स.सि /६/२४/३३८ जीवादिपदार्थस्वतत्त्वविषये सम्यग्ज्ञाने नित्यं युक्तता अभीक्ष्णज्ञानोपयोग । =जीवादि पदार्थरूप स्वतत्त्वविषयक सम्यग्ज्ञानमें निरन्तर लगे रहना अभीक्ष्णज्ञानोपयोग है। (सा.ध /टी /७७/२२१/६)।

रा वा /६/२४/४/५२६ मत्यादिविकल्पं ज्ञान जीवादिपदार्थस्वतत्त्वविषय प्रत्यक्षपरोक्षलक्षणम् अज्ञाननिवृत्त्यव्यवहितफल हिताहितानुभयप्राप्तिपरिहारोपेक्षाव्यवहितफल यत्, तस्य भावनायां नित्ययुक्तता ज्ञानोपयोग । =जीवादि पदार्थोंको प्रत्यक्ष और परोक्षरूपसे जाननेवाले मति आदि पाँच ज्ञान है। अज्ञाननिवृत्ति इनका साक्षात् फल है तथा हितप्राप्ति अहितपरिहार और उपेक्षा व्यवहित या परम्परा फल है। इस ज्ञानकी भावनामें सदा तत्पर रहना अभीक्ष्णज्ञानोपयोग है। (चा सा /५३/३)।

ध.८/३,४१/९१/४ अभिक्खणमभिक्खण णाम बहुवारमिदि भणिद होदि। णाणोवजोगो त्ति भावसुदं दव्वसुदं वावेक्खदे। तेसु मुहुम्मुहुजुत्तदाए तित्थयरणामकम्म बज्झइ। =अभीक्ष्णका अर्थ बहुत बार है। ज्ञानोपयोगसे भावश्रुत अथवा द्रव्यश्रुतकी अपेक्षा है। उन (द्रव्य व भावश्रुत) में बारबार उद्यत रहनेसे तीर्थंकर नाम कर्म बन्धता है।

२. अभीक्ष्णज्ञानोपयोगकी १५ भावनाओंके साथ व्याप्ति

ध.८/३,४१/९१/६ दंसणविसुज्झदादीहि विणा एदिस्से अणुववत्तीदो। =दर्शनविशुद्धता आदिक (अन्य १५ भावनाओं) के बिना यह अभीक्ष्णज्ञानोपयुक्तता बन नहीं सकती।

★ एक अभीक्ष्णज्ञानोपयोगसे ही तीर्थकरत्वका बन्ध सम्भव है—दे. भावना/२।

अभूतार्थ—स.सा./ जयचन्द/११ जिसका विषय विद्यमान न हो, या असत्यार्थ हो उसे अभूतार्थ कहते है। (गधेके सींग विद्यमान न होनेके कारण अभूतार्थ है और घट पट आदि सयोगी पदार्थ असत्यार्थ होनेके कारण अभूतार्थ हैं)।

अभूतोद्भावन—दे. असत्य।

अभेद—न चि वृ /२/३६/६६ अभेद तिर्यक्सामान्यम्। =तिर्यक्-सामान्य अर्थात् द्रव्यों व गुणोकी युगपत् वृत्ति ही अभेद है।

★ **अन्य विषय**—दे भेद।

अभेद वृत्ति—रा वा /४/४२/१४/२५३/१ द्रव्यार्थत्वेनाश्रयेण तदव्यतिरेकादभेदवृत्ति। =द्रव्यार्थिक नयके आश्रयसे द्रव्य गुण आदिका व्यतिरेक न होनेके कारण अभेद वृत्ति है। (स भ त १६/१३)।

अभेद स्वभाव—आ.प /६ गुणगुण्याद्यैकस्वभावत्वादभेदस्वभाव। =गुण व गुणी आदिकमें एकपना होनेके कारण अभेद स्वभाव है। (न.च वृ /६२)।

अभेदोपचार—रा वा./४/४२/१४/२५३/१ पर्यायार्थत्वेनाश्रयेण परस्पर व्यतिरेकेऽपि एकत्वाध्यारोप ततश्चाभेदोपचार। =पर्यायार्थिक नयके आश्रयसे विभिन्न पर्यायोंमें परस्पर व्यतिरेक होते हुए भी उनमें एकत्वका अध्यारोप करना अभेदोपचार है। (स.भ त./१६/१३)।

अभेद्य—ज.प /प्र १०५ –Indivisible।

अभोक्तृत्व नय—दे. नय I/५।

अभोक्तृत्व शक्ति—स.सा /आ./परि /शक्ति. नं २२ सकलकर्मकृतज्ञातृमात्रातिरिक्तपरिणामानुभवोपरमात्मिका अभोक्तृत्वशक्ति। =समस्त कर्मोंसे किये गये, ज्ञातृत्वमात्रसे भिन्न परिणामोंके अनुभवका (भोक्तृत्वका) उपरमस्वरूप अभोक्तृत्व शक्ति है।

अभ्यंतर—स सि /६/२०/४३६ कथमस्याभ्यन्तरत्वम्। मनोनियमनार्थत्वात्। =प्रश्न—इस तपके अभ्यन्तरपना कैसे है? उत्तर—मनका नियमन करनेवाला होनेसे इसे आभ्यन्तर तप कहते है।

अभ्यंतर इंद्रिय—दे इन्द्रिय/१।

अभ्यंतर कारण—दे. कारण II।

अभ्यस्त—गणितकी गुणकार विधिमें—गुण्यको गुणकार-द्वारा अभ्यस्त किया गया कहते है। दे गणित II/१/५।

अभ्याख्यान—रा वा./१/२०/१२/७५/१२ हिंसादे कर्मण कर्तुविरतस्य विरताविरतस्य वायमस्य कर्तेत्यभिधानम् अभ्याख्यानम्। =हिंसादि कार्य करके हिंसासे विरक्त मुनि या श्रावकको दोष लगाते हुए 'यह इसका कार्य है, अर्थात् यह कार्य इसने किया है' ऐसा कहना अभ्याख्यान है। (ध /१/१,२/११६/१२) (ध ६/४,१,४५/२१७/३) (गो.जी /जी.प्र./३६६/७७८/१६)।

ध. १२/४,२,८,१०/२८५/४ क्रोधमानमायालोभादिभि परेष्वविद्यमानदोषोद्भावनमभ्याख्यानम्। =क्रोध मान माया और लोभ आदिके कारण दूसरोमें अविद्यमान दोषोंको प्रगट करना अभ्याख्यान कहा जाता है।

अभ्यागत—मा ध /टो /५/४२ में उद्धृत तिथिपर्वोत्सवाः सर्वे त्यक्ता येन महात्मना। अतिथि तं विजानीयाच्छेषमभ्यागत बिदु। =तिथि पर्व तथा उत्सव आदि दिनोका जिस महात्माने त्याग किया है, अर्थात् सब तिथियाँ जिनके समान है, उसे अतिथि कहते है, और शेष व्यक्तियोंको अभ्यागत कहते है।

अभ्यास—न्या सू./भा /३-२/४३ अभ्यासस्तु समाने विषये ज्ञानानामभ्यावृत्तिरभ्यासजनित. संस्कार आत्मगुणोऽभ्यासशब्देनोच्यते स च स्मृतिहेतु समान इति। =एक विषयमें बार बार ज्ञान होनेसे जो संस्कार उत्पन्न होता है, उसीको अभ्यास कहते है। यह भी स्मरणका कारण है।

२. मोक्षमार्गमें अभ्यासका महत्त्व

स.श /मू./३७ अविद्याभ्यासंसस्कारैरवशिष्यते मनः। तदेवज्ञानसस्कारै स्वतस्तत्त्वेऽवतिष्ठते ॥३७॥ =शरीरादिकको शुचि स्थिर और आत्मीय माननेरूप जो अविद्या या अज्ञान है उसके पुनः पुनः प्रवृत्तिरूप अभ्याससे उत्पन्न हुए सस्कारो द्वारा मन स्ववश न रहकर विक्षिप्त हो जाता है। वही मन आत्म देहके भेद विज्ञानरूप सस्कारोंके द्वारा स्वय ही आत्मस्वरूपमें स्थिर हो जाता है।

मो.पा.टी /६३/३५१ शनै शनै आहरोऽल्प क्रियते। शनैः शनैरासन पद्मासनं उद्भासन चाभ्यस्यते। शनैः शनैः निद्रापि स्तोका स्तोका क्रियते एकस्मिन्नेव पार्श्वे पार्श्वपरिवर्तनं न क्रियते। एव सति सर्वोऽप्याहारस्त्यक्तु शक्यते। आसनं च कदाचिदपि त्यक्तं(न) शक्यते। निद्रापि कदाचिदप्यकर्तुं शक्यते। अभ्यासात् किं न भवति। तस्मादेव कारणात्केवलिभिः कदाचिदपि न भुज्यते। पद्मासन एव वर्षाणां सहस्रैरपि स्थीयते, निद्राजयेनाप्रमत्तैर्भूयते, स्वप्नो न दृश्यते। =धीरे धीरे आहार अल्प किया जाता है, धीरे धीरे पद्मासन या खड्गासनका अभ्यास किया जाता है। धीरे धीरे ही निद्राको कम किया जाता है। करवट बदले बिना एक ही करवटपर सोनेका अभ्यास किया जाता है। इस प्रकार करते करते एक दिन सर्व ही आहारका त्याग करनेमें समर्थ हो जाता है, आसन भी ऐसा स्थिर हो जाता है, कि कभी भी न छूटे। निद्रा भी कभी न आये ऐसा हो जाता है। अभ्यास से क्या क्या नहीं हो जाता है। इसीलिए तो केवली भगवान् कभी भी भोजन नहीं करते, तथा हजारो वर्षो तक पद्मासनसे ही स्थित रह जाते है। निद्राजयके द्वारा अप्रमत्त होकर रह सकते है, कभी स्वप्न नहीं देखते। अर्थात् यह सब उनके पूर्व अभ्यासका फल है।

३. ध्यान सामायिकमें अभ्यासका महत्त्व

ध. १३/५ ४,२६/गा २३-२४/६७-६८ एगवारेणेव बुद्धीए थिरत्ताणुववत्तीदो। एत्थ गाहा—पुव्वकयब्भासो भावणाहिज्झाणस्स जोग्गदमुवेदि। ताओ य णाणदंसणचरित्त-वेरग्गजणियाओ ॥२३॥ णाणे णिच्चब्भासो कुणइ मणोधारणं विसुद्धिं च। णाणगुणमुणियसारो तो ज्झायइ णिच्चलमईओ ॥२४॥ =केवल एक बारमे ही बुद्धिमें स्थिरता नहीं आती। इस विषयमें गाथा है—जिसने पहिले उत्तम प्रकारसे अभ्यास किया है वह पुरुष ही भावनाओं-द्वारा ध्यानकी योग्यताको प्राप्त होता है और वे भावनाएँ ज्ञान दर्शन चारित्र और वैराग्यसे उत्पन्न होती है ॥२३॥ जिसने ज्ञानका निरन्तर अभ्यास किया है वह पुरुष ही मनोनिग्रह और विशुद्धिको प्राप्त होता है क्योंकि जिसने ज्ञानगुणके बलसे सारभूत वस्तुको जान लिया है वह निश्चलमति हो ध्यान करता है ॥२४॥

सा.ध./५/३२ सामायिक सुदुःसाध्यप्यभ्यासेन साध्यते। निम्नीकरोति वाम्बिन्दुः किं नाश्मानं मुहुः पतन् ॥३२॥ =अत्यन्त दुःसाध्य भी सामायिक व्रत अभ्यासके द्वारा सिद्ध हो जाता है, क्योंकि, जैसे कि बार बार गिरने वाली जलकी बून्द क्या पत्थरमें गड्ढा नहीं कर देती ॥३२॥

अन.ध /८/७७/८०५ नित्येनैत्थमथेतरेण दुरितं निर्मूलयन् कर्मणा, योऽभ्यासेन विपाचयत्यमलयन् ज्ञानं त्रिगुप्तिश्रित। स प्रोद्बुद्धनिसर्गशुद्धपरमानन्दानुविद्धस्फुरद्विश्वाकारसमग्रबोधसुभगं कैवल्यमास्तिघ्नुते ॥७७॥ =नित्य और नैमित्तिक क्रियाओंके द्वारा पापकर्मोंका निर्मूलन करते हुए और मन वचन कायके व्यापारोंको भले प्रकार निग्रह करके तीनो गुप्तियोके आश्रयसे ज्ञानको निर्मल बनाता है, वह उस कैवल्य निर्वाणका प्राप्त कर लेता है।

अभ्युत्थान—प्र.सा /ता वृ /२६२ अभिमुखगमनमभ्युत्थानम्। =विनयपूर्वक मुनिके सम्मुख जाना अभ्युत्थान है। (विशेष दे.विनय)।

अभ्युदय—र क श्रा./पू /१३५ पूजार्थाज्ञैश्वर्यैर्बलपरिजनकामभोग-भूयिष्ठै । अतिशयितभुवनमद्भुतमभ्युदय फलति सद्धर्म. ॥१३५॥ =सल्लेखनादिसे उपार्जन किया हुआ समीचीन धर्मप्रतिष्ठा धन आज्ञा और ऐश्वर्यसे तथा सेना नौकर-चाकर और काम भोगोकी बहुलतासे लोकातिशयी अद्भुत अभ्युदयको फलता है। (लौकिक सुख)

ध.१/१.१.१/५६/६ तत्राभ्युदयसुख नाम सातादिप्रशस्तकर्म-तीव्रानुभागोदयजनितेन्द्रप्रतीन्द्र-सामानिकत्रायस्त्रिंशदादिदेव-चक्रवर्तिबलदेवनारायणार्धमण्डलीक-मण्डलीक-महामण्डलीक - राजाधिराज-महाराजाधिराज-परमेश्वरादि-दिव्यमानुषसुखम्। =साता वेदनीय प्रशस्त कर्म प्रकृतियोंके तीव्र अनुभागके उदयसे उत्पन्न हुआ जो—इन्द्र, प्रतीन्द्र, सामानिक, त्रायस्त्रिंश आदि देव सम्बन्धी दिव्य सुख; और चक्रवर्त्ती, बलदेव, नारायण, अर्धमण्डलीक, मण्डलीक, महामण्डलीक, राजाधिराज, महाराजाधिराज, परमेश्वर (तीर्थंकर) आदि सम्बन्धी मानुष सुखको अभ्युदय सुख कहते है। (ध १/१.१,१/गा.४५/५८)।

अभ्युपगमसिद्धान्त—दे सिद्धान्त।

अभ्र—सौधर्म स्वर्गका २१वाँ पटल व इन्द्रक। —दे. स्वर्ग/५/३।

अमम—काल-विषयक एक प्रमाण—दे गणित I/१/४।

अममांग—काल विषयक एक प्रमाण - दे गणित I/१/४।

अमरप्रभ—यह वानर वंशका संस्थापक वानरवंशी राजा था। दे इतिहास/१०/१३।

अमर्यादित—१ अमर्यादित भोजन—दे. भक्ष्याभक्ष्य/२/४। २ भक्ष्य पदार्थोंकी मर्यादाएँ—दे. भक्ष्याभक्ष्य/१/७।

अमलप्रभ—भूतकालीन नवम तीर्थंकर—दे. तीर्थंकर ५।

अमात्य—त्रि.सा /टी./६८३ अमात्य कहिए देशका अधिकारी।

अमावस्या—ति.प./७/२११-२१२ ससिबिंबस्स दिणं पडि एक्केक्क-पहम्मिभागमेक्केक्कं। पच्छादेदि हु राहू पण्णरसकलाओ परियत ॥२११॥ इय एक्केक्ककलाए आवरिदाए खु राहुबिंबेण। चदेवक्ककला मग्गे जरिस दिस्सेदि सो य अमवासो ॥२१२॥ =राहु प्रतिदिन (चन्द्रमाके) एक एक पथमें पन्द्रह कला पर्यन्त चन्द्रबिम्बके एक एक भागको आच्छादित करता है ॥२११॥ इस प्रकार राहुबिम्बके द्वारा एक एक कलाओंके आच्छादित हो जानेपर जिस मार्गमे चन्द्रमा की एकही कला दिखती है वह अमावस्या दिवस होता है ॥२१२॥ विशेष दे. ज्योतिषी/२/८।

अमितगति—१. माथुर सघकी गुर्वावलीके अनुसार (दे. इतिहास ७/११) आप देवसेनके शिष्य तथा नेमिषेणके गुरु थे। कृति—योगसार. समय—वि. ९८०-१०२० (ई ९२३-९६३)। (सुभाषित रत्नसंदोहकी प्रशस्ति), (प प्र./प्र.१२१ में A. N. Up.) (ती /२/२८४)। २ (सुभाषित रत्न संदोहकी प्रशस्ति)—माथुर संघकी गुर्वावलीके अनुसार आप अमितगति प्रथमके शिष्य माधवसेनके शिष्य थे। आप मुञ्जराजाके राज्यकालमें हुए थे। कृतियाँ—१. पंच सग्रह संस्कृत (वि. १०७३), २. जम्बू द्वीप प्रज्ञप्ति, ३. चन्द्रप्रज्ञप्ति, ४ सार्द्ध द्वय द्वीपप्रज्ञप्ति, ५. व्याख्याप्रज्ञप्ति; ६ धर्म परीक्षा, ७ सामायिक पाठ; ८ सुभाषित रत्नसंदोह, ९ भगवती आराधनाके संस्कृत श्लोक; १०. अमितगति श्रावकाचार। समय वि १०४०-१०८० (ई. ९८३-१०२३)। का अ /प्र.३५/A. N. Up); (सुभाषित रत्न सन्दोह/प्र. पं. पन्नालाल); (यो.सा/अ/प्र २ प. गजाधरलाल), (अ.ग श्रा /प्र. १/पं. गजाधरलाल), (जै /१/३८०-३८१), (ती./२/३८४); (दे इतिहास/७/११)।

अमितगति श्रावकाचार—आ. अमितगति (ई ९८३-१०२३) द्वारा संस्कृत छन्दोमें रचित ग्रन्थ है। इसमें १५ परिच्छेद है और कुल १३५२ पद्य है। (दे अमितगति)

अमिततेज—म पु./६२/श्लो.नं.—अर्ककीर्तिका पुत्र था ॥१५२॥ अशनिघोष द्वारा बहन सुताराके चुराये जानेपर महाज्वाला विद्या सिद्ध कर अशनिघोषको हराया ॥२६८-८०॥ अनेको विद्याएँ सिद्ध कीं और भोगोके निदान सहित दीक्षा ले तेरहवें स्वर्गमें देव हुआ ॥३८७-४११॥ यह शान्तिनाथ भगवान्का पूर्वका नवमां भव है।

अमितसेन—पुन्नाटसंघकी गुर्वावलीके अनुसार आप आचार्य जयसेनके शिष्य तथा कीर्तिषेणके गुरु थे। समय—वि. ८००-८५० (ई. ७४३-७९३)—दे. इतिहास/७/८।

अमुख मंगल—दे. मगल।

अमूढदृष्टि—

१. अमूढदृष्टिका निश्चय लक्षण—

स.सा /मू /२३२—जो हवइ अमूढो चेदा सद्दिट्ठि सव्वभावेसु। सो खलु अमूढदिट्ठी सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो ॥२३२॥ =जो चेतयिता समस्त भावोमें अमूढ है। यथार्थ दृष्टिवाला है, उसको निश्चयसे अमूढदृष्टि सम्यग्दृष्टि जानना चाहिए। (स सा /आ.२३२)।

रा.वा /६/२४/१/५२९/१२ "बहुविधेषु दुर्नयदर्शनवर्त्मसु तत्त्ववदाभासमानेषु युक्तयभावं परीक्षाचक्षुषा व्यवसाय्य विरहितमोहता अमूढदृष्टिता=बहुत प्रकारके मिथ्यावादियोके एकान्त दर्शनोमें तत्त्वबुद्धि और युक्तियुक्तता छोडकर परीक्षारूपी चक्षुद्वारा सत्य असत्यका निर्णय करता हुआ मोह रहित होना अमूढदृष्टिता है।

द्र सं वृ /टी /४१/१७३/६ निश्चयेन पुनस्तस्यैव व्यवहारमूढदृष्टिगुणस्य प्रसादेनान्तस्तत्त्वबहिस्तत्त्वनिश्चये जाते सति समस्तमिथ्यात्वरागादिशुभाशुभसंकल्प-विकल्पेष्टात्मबुद्धिमुपादेयबुद्धि हितबुद्धि ममत्वाभाव त्यक्त्वा त्रिगुप्तिरूपेण विशुद्धज्ञानदर्शनस्वभावे निजात्मनि यन्निश्चलावस्थान तदेवामूढदृष्टित्वमिति।" =निश्चयनयसे व्यवहार अमूढदृष्टिगुणके प्रसादसे जब अन्तरंग और बहिरंग तत्त्वका निश्चय हो जाता है, तब सम्पूर्ण मिथ्यात्व रागादि शुभाशुभ सकल्प विकल्पोमें इष्ट बुद्धिको छोडकर त्रिगुप्तिरूपसे विशुद्ध ज्ञानदर्शनस्वभावी निजात्मामे निश्चल अवस्थान करता है, वही अमूढदृष्टिगुण है।

२. अमूढदृष्टिका व्यवहार लक्षण

मू. आ /२५६ लोइयवेदियसामाइएसु तह अण्णदेवमूढत्तं। णच्चा दंसणघादी ण य कायव्वं ससत्तीए ॥२५६॥ =मूढताके चारभेद है—लौकिक मूढता, वैदिक मूढता, सामायिक मूढता, अन्यदेवतामूढता इन चारोको दर्शनघातक जानकर अपनी शक्तिकर नहीं करना चाहिए। (पु.सि उ/मू/१४)।

र.क.श्रा /१४ कापथे पथि दुःखानां कापथस्थेऽप्यसम्मति। असंपृक्तिरनुत्कीर्तिरमूढा दृष्टिरुच्यते ॥१४॥=कुमार्ग व कुमार्गियोमें मनसे सम्मत न होना, कायसे सराहना नहीं करना, वचनसे प्रशंसा नहीं करनी सो अमूढदृष्टिनामा अग कहा जाता है।

द्र सं /टी/४१/१७३/५ कुदृष्टिभिर्यत्प्रणीतं— अज्ञानिजनचित्तचमत्कारोत्पादकं दृष्ट्वा श्रुत्वा च योऽसौ मूढभावेन धर्मबुद्धया तत्र रुचि भक्ति न कुरुते स एव व्यवहारेणामूढदृष्टिरुच्यते। कुदृष्टियोके द्वारा बनाये हुए, अज्ञानियोके चित्तमें विस्मयको उत्पन्न करनेवाले रसायनादिक शास्त्रोको देखकर या सुनकर जो कोई मूढभावसे धर्मबुद्धि करके उनमें प्रीति तथा भक्ति नहीं करता है उसको व्यवहारसे अमूढदृष्टि कहते है।

ध.ध /उ /५८९-५९५,५९६,७७५ अतत्त्वेतत्त्वश्रद्धान मूढदृष्टि स्वलक्षणात्। नास्ति सा यस्य जीवस्य विख्यात. सोऽस्त्यमूढदृक् ॥५८९॥ अदेवे देवबुद्धि स्यादधर्मे धर्मधीरिह। अगुरौ गुरुबुद्धिर्या ख्याता देवादिमूढता ॥५९५॥ कुदेवाराधन कुर्यादैहिकश्रेयसे कुधी। मृषालोकोपचारत्वादश्रेया लोकमूढता ॥५९६॥ देवे गुरौ तथा धर्मे दृष्टिस्तत्त्वार्थ-

दर्शिनी। ख्याताऽप्यमूढदृष्टि' स्यादन्यथा मूढदृष्टिता ॥७७५॥=मूढ दृष्टि लक्षणकी अपेक्षासे अतत्त्वोंमें तत्त्वपनेके श्रद्धानको मूढदृष्टि कहते है। वह मूढदृष्टि जिस जीवको नही है सो अमूढदृष्टिवाला प्रगट सम्यग्दृष्टि है ॥५८१॥ इस लोकमें जो कुदेव है, उनमें देवबुद्धि, अधर्ममें धर्मबुद्धि, तथा कुगुरुमें गुरुबुद्धि होती है वह देवादिमूढ़ता कहनेमें आती है ॥५६५॥ इस लोक सम्बन्धी श्रेयके लिए जो मिथ्यादृष्टि जीव मिथ्यादेवोंकी आराधना करता है, वह मात्र मिथ्यालोकोपचारवत् करानेमें आयी होनेसे अकल्याणकारी लोकमूढता है ॥५६६॥ देवमें, गुरुमें और धर्ममें समीचीन श्रद्धा करनेवाली जो दृष्टि है वह अमूढदृष्टि कहलाती है और असमीचीन श्रद्धा करनेवाली जो दृष्टि है वह मूढदृष्टि है ॥७७५॥

(स. सा/२३६/ पं. जयचन्द) (द. पा/पं. जयचन्द/२)

३. कुगुरु आदिके निषेधका कारण

अन. ध/२/८५/२११ सम्यक्त्वगन्धकलभ' प्रबलप्रतिपक्षकरीटसंघट्टम्। कुर्वन्नेव निवार्य' स्वपक्षकल्याणमभिलषता ॥८५॥=जिस प्रकार अपने यूथको कुशल चाहनेवाला सेनापति अपने यूथके मदोन्मत्त हाथीके बच्चेको प्रतिपक्षियोके प्रबल हाथीसे रक्षा करता है, क्योंकि वह बच्चा है। बडा होनेपर उस प्रबल हाथीका घात करने योग्य हो जायेगा तब स्वयं उसका घात कर देगा। ऐसे ही पहिली भूमिकामें अन्यदृष्टिके साथ भिडनेसे अपनेको बचाये।

★ **कुगुरु आदिकी विनयका निषेध**—दे. विनय/४।

★ **देवगुरु धर्म मूढ़ता**—दे. मूढता।

अमूर्त—१ गणित सम्बन्धी अर्थ (ज. प/प्र. १०५) Abstract २. अमूर्तत्व सामान्य व अमूर्तत्व शक्ति—दे. मूर्त' ३ जीवका अमूर्तत्व निर्देश—दे. जीव/३; ४. द्रव्योंमें मूर्तामूर्तकी अपेक्षा विभाजन—दे द्रव्य/३; ५. अमूर्त जीवसे मूर्तकर्म कैसे बन्धे—दे. बंध/२; ६. अमूर्त द्रव्योंके साथ मूर्त द्रव्योंका स्पर्श कैसे सम्भव है—दे. स्पर्श/२

अमृतचन्द्र—आप एक प्रसिद्ध आचार्य हुए है। कोई इन्हे काष्ठासंघी कहते है। कृतियाँ—१. समयसार पर आत्मख्याति टीका, २. प्रवचनसारपर तत्त्वदीपिका टीका, ३ पचास्तिकाय पर तत्त्वप्रदीपिका टीका, ४. परमाध्यात्म तरंगिनी, ५. पुरुषार्थ सिद्ध्युपाय, ६. तत्त्वार्थसार; ७. लघु तत्त्व स्फोट। समय—पट्टावलीमें इनका पट्टारोहण काल वि. ९६२ दिया गया है। पं. कैलाशचन्दके अनुसार वि. श. १०। अतः ई. ९०५–९५५। (जै./२/१७३, १८६, ३३६); (ती./ २/ ४०५)।

अमृतधार—विजयार्धकी दक्षिण श्रेणीका एक नगर। दे. विद्याधर।

अमृतरसायन—ह. पु./३३ श्लो.—गिरिनगरके मांसभक्षी राजा चित्ररथका रसोइया था ॥११५१॥ मुनियोंके उपदेशसे राजाने दीक्षा तथा राजपुत्रने अणुव्रत धारण कर लिये ॥११२–११३॥ इससे कुपित हो इसने मुनियोंको कडवी तुम्बीका आहार दे दिया, जिसके फलसे तीसरे नरक गया ॥११४–११६॥ यह कृष्णजीका पूर्व पंचम भव है।

अमृतस्रावी ऋद्धि—दे. ऋद्धि

अमृताशीति—आचार्य योगेन्दुदेव (ई श. ६) द्वारा रचित उपदेशमूलक विभिन्न छन्दमय अपभ्रंश भाषाके ८२ पद्य है। प्रेमीजीके अनुसार ये छन्द इन्हीं द्वारा विरचित अध्यात्म सन्दोहके है। (प. प्र/प्र ११६ H L. Jain)

अमेचक—प. सा/आ/१६/क. १८ परमार्थेन तु व्यक्तज्ञातृत्वज्योतिषैकक:। सर्वभावान्तरध्वंसिस्वभावत्वादमेचक' ॥१८॥=शुद्ध निश्चयनयसे देखा जाये तो प्रगट ज्ञायकत्व ज्योतिमात्रसे आत्मा एक स्वरूप है। क्योंकि शुद्ध द्रव्यार्थिक नयसे सर्व अन्य द्रव्यके स्वभाव तथा अन्यके निमित्तसे होनेवाले विभावोंको दूर करनेरूप उसका स्वभाव है। इसलिए वह अमेचक है—शुद्ध एकाकार है।

अमोघ—१. नवग्रैवेयक स्वर्गका द्वितीय पटल—दे. स्वर्ग/५/३। २. मानुषोत्तर पर्वतस्थ अंककूटका स्वामी भवनवासी सुपर्णकुमार देव—दे. लोक/५/१०। ३ रुचक पर्वतस्थ एक कूट—दे. लोक/५/१३।

अमोघवर्ष—१. अमोघवर्ष प्रथम—मान्यखेटके राजा जगत्तुङ्ग (गोविन्द तृ) के पुत्र थे। पिताके पश्चात् राज्यारूढ हुए। बडे पराक्रमी थे। इन्होंने अपने चाचा इन्द्रराजके पुत्र कर्कराजकी सहायतासे श. सं. ७९७ में लाट देशके राजा ध्रुव राजाको जीतकर उसका देश भी अपने राज्यमें मिला लिया था। इनका राज्य समस्त राष्ट्रकूटमें फैला हुआ था। आप जिनधर्मवत्सल थे। आचार्य भगवज्जिनसेनाचार्य (महापुराणके कर्ता) के शिष्य थे। इसीलिए पिछली अवस्थामें राज्य छोडकर उन्होंने वैराग्य ले लिया था। इनका बचपनका नाम 'शर्वणराय' था तथा उपाधि 'नृपतुंग' थी। 'गोविन्दचतुर्थ' भी इन्हे ही कहते है। अकालवर्ष (कृष्ण द्वि.) इनका पुत्र था। इन्होंने एक 'प्रश्नोत्तर माला' नामक ग्रन्थ भी लिखा है। **समय**—निश्चितरूपसे आपका समय श सं ७३६–८००; वि. ८७३–९३५, ई. ८१४–८७८ है। विशेष देखो—इतिहास/३ ५ (आ. अनु/प्र/A. N. Upa.) (ष. ख१/प्र/ A. N. Upa.) ष. ख१/प्र ३६/H. L. Jain), (क. पा १/प्र ७३/प. महेन्द्रकुमार), (ज्ञा/प्र ७/ प. पन्नालाल बाकलीवाल); (म पु/प्र ४१/ प. पन्नालाल बाकलीवाल)। २ अमोघवर्ष द्वितीय—अमोघवर्ष प्र. के पुत्र अकालवर्ष (कृष्णराज द्वितीय) का नाम ही अमोघवर्ष द्वि. था—दे. इतिहास/३/५, ३. अमोघवर्ष तृतीय—अकाल वर्षके पुत्र कृष्णराज तृतीयका नाम ही अमोघवर्ष तृतीय था। दे कृष्णराज तृतीय—इतिहास/३/५।

अयन—१. कालका एक प्रमाण -दे. गणित I/१/४। २ (ज. प्र/प्र १०५) solstice।

अयशःकीर्ति—दे. यश:कीर्ति।

अयुतसिद्ध—दे. युत।

अयोग—दे. योग।

अयोग केवली—दे. केवली/१।

अयोगव्यवच्छेद—१. अयोगव्यवच्छेदात्मक एवकार—दे एव। २. अयोगव्यवच्छेद नामक एक न्याय विषयक ग्रन्थ, जिसे श्वेताम्बराचार्य हेमचन्द्र सूरि (ई १०८८–११७३) ने केवल ३२ श्लोकोंमें रचा था, और इसी कारणसे जिसको द्वात्रिंशिका भी कहते हैं। मल्लिषेणसूरिने ई १२९२ में इसपर स्याद्वादमजरी नामकी टीका रची।

अयोध्या—१. अपर विदेहस्थ गन्धमालिनी क्षेत्रकी मुख्य नगरी—दे० लोक/५/२, २. अयोध्या, साकेत, सुकौशला और विनीता ये सब एक ही नगरके नाम है (म. पु. सू/१२/९३)।

अरक्षा भय—दे. भय।

अरजस्का—विजयार्धकी दक्षिण श्रेणीका एक नगर—दे. विद्याधर।

अरजा—१ अपर विदेहस्थ शंख क्षेत्रकी प्रधान नगरी—दे. लोक/५/२; २. नन्दीश्वर द्वीपकी दक्षिण दिशामें स्थित वापी—दे. लोक/५/११।

अरण्य—नि. सा /ता. वृ./५८ मनुष्यसचारशून्यं वनस्पतिजातिवल्लीगुल्मप्रभृतिभि' परिपूर्णमरण्यं। =मनुष्यसचारसे शून्य वनस्पति, बेलों व वृक्षादिसे परिपूर्ण अरण्य कहलाता है।

अरति—अरति कषाय द्वेष है—दे. कषाय/४।

अरति परिषह—स सि /९/९/४२२/७ संयतस्येन्द्रियेष्टविषयसम्बन्ध प्रति निरुत्सुकस्य गीतनृत्यवादित्रादिविरहितेषु शून्यागारदेवकुलतरुकोटरशिलागुहादिषु स्वाध्यायध्यानभावनारतिमास्कन्दतो दृष्टश्रुतानुभूतरतिस्मरणतत्कथाश्रवणकामशरप्रवेशनिर्विवरहृदयस्य प्राणिषु सदा सदयस्यारतिपरिषहजयोऽवसेय । =जो संयत इन्द्रियोंके इष्ट विषय सम्बन्धके प्रति निरुत्सुक है, जो गीत, नृत्य और वादित्र आदिसे रहित शून्यघर, देवकुल, तरुकोटर, और शिलागुफा आदिमें स्वाध्याय, ध्यान और भावनामें लीन है, पहिले देखे हुए सुने हुए और अनुभव किये हुए विषय भोगके स्मरण, विषय भोग सम्बन्धी कथाके श्रवण और कामशर प्रवेशके लिए जिसका हृदय निश्छिद्र है और जो प्राणियोंके ऊपर सदाकाल सदय है, उसके अरति परिषहजय जानना चाहिए। (रा वा /९/९/११/६०९/३६) चा. सा /११५/३)

२ अरति व अन्य परिषहोंमें अन्तर

रा वा /९/९/१२/६१०/३ स्यादेतत्—क्षुधादीना सर्वेषामरतिहेतुत्वात् पृथगरतिग्रहणमनर्थकमिति । तन्न, किं कारणम्। क्षुदाद्यभावेऽपि मोहोदयात्तत्प्रवृत्ते । मोहोदयाकुलितचेतसा हि क्षुधादिवेदनाभावेऽपि संयमेऽरतिरुपजायते । =प्रश्न—क्षुधा आदिक सर्व ही परिषह अरतिके हेतु होनेके कारण अरति परिषहका पृथक् ग्रहण अनर्थक है। उत्तर—नहीं, क्योंकि, क्षुधादिके न होनेपर भी मोह कर्मके उदयसे होनेवाली संयमकी अरति का संग्रह करनेके लिए 'अरति' का पृथक् ग्रहण किया है।

अरति प्रकृति—स सि /८/९/३८५/१३ यदुदयाद्देशादिष्वौत्सुक्य सा रति । अरतिस्तद्विपरीता। =जिसके उदयसे देश आदिमें उत्सुकता होती है, वह रति है। अरति इससे विपरीत है। (रा. वा /८/९/४/५७४/१७) (ध १२/४,२,८,१०/२८५/६)

अरतिवाक्—दे वचन।

अरनाथ—१. (म. पु /६५/श्लो नं)—पूर्वके तीसरे भवमें कच्छदेशकी क्षेमपुरी नगरीके राजा 'धनपति' थे। २ पूर्वके भवमें जयन्त विमानमें अहमिन्द्र हुए। ८-१। वर्तमानभवमें १८वें तीर्थंकर हुए। (विशेष दे तीर्थंकर/५) (युगपत् सर्व भव दे म पु /६५/५०) २. भावी बारहवें तीर्थंकरका भी यही नाम है। अपर नाम पूर्वबुद्धि है। (विशेष दे तीर्थंकर/५)

अरिंजय—१. विजयार्धकी उत्तर श्रेणीका एक नगर—दे विद्याधर, २. विजयार्धकी दक्षिण श्रेणीका एक नगर—दे विद्याधर।

अरि—ध. १/१,१,१/४२/६ नरकतिर्यक्कुमानुष्यप्रेतावासगताशेषदुःखप्राप्तिनिमित्तत्वादरिर्मोहः ।=नरक, तिर्यंच, कुमानुष और प्रेत इन पर्यायोंमें निवास करनेसे होनेवाले समस्त दुःखोंकी प्राप्तिका निमित्तकारण होनेसे मोहको 'अरि' अर्थात् शत्रु कहते है। (विशेष दे. मोहनीय/१/५)

अरिकेसरी—आप चालुक्यवंशी राजा थे। इनका पुत्र 'वड्डिग' था जो कृष्णराज तृतीयके आधीन था। तदनुसार इनका समय वि. ९९८ (ई. ९४१–९७४) आता है। इनके समयमें कन्नड जैन कवि 'पम्प' ने 'विक्रमार्जुन विजय' नामका ग्रन्थ लिखकर पूरा किया था। (यशस्तिलक चम्पू/प्र. २०/-प. सुन्दरलाल)

अरिष्ट—१. लौकान्तिक देवोंका एक भेद—दे. लौकांतिक, २ ब्रह्मस्वर्गका प्रथम पटल—दे. स्वर्ग/५/३। ३. रुचक पर्वतस्थ एक कूट—दे. लोक/५

अरिष्टपुर—पूर्व विदेहस्थ कच्छक देशकी मुख्य नगरी—दे. लोक/५/२

अरिष्टसंभवा—आकाशोपपन्न देवोंका एक भेद—दे. देव II/१।

अरिष्टा—१ नरककी पाँचवीं पृथ्वी—दे. धूमप्रभा (नरक/५/१)। २ पूर्व विदेहस्थ कच्छ देशकी मुख्यनगरी—दे लोक/५/२।

अरुण—१. सौधर्म स्वर्गका छठा पटल व इन्द्रक—दे. स्वर्ग/५/३, २. लौकान्तिक देवोंका एक भेद—दे. लौकांतिक, ३. दक्षिण अरुणवर द्वीपका रक्षक देव—दे. भवन/४, ४. दक्षिण अरुणवर समुद्रका रक्षक देव—दे. भवन/४।

अरुणप्रभ—१. उत्तर अरुणवर द्वीपका रक्षक देव—दे. भवन/४; २. उत्तर अरुणवर समुद्रका रक्षक देव—दे. भवन/४

अरुणमणि—आप एक कवि थे। आपने 'अजित पुराण' ग्रन्थ रचा। समय—वि. १७१६ (ई. १६५९) में उपरोक्त ग्रन्थ पूर्ण किया था। (म. पु /प्र २०/पं. पन्नालाल) (ती/४/८९)।

अरुणवर—मध्यलोकका नवम द्वीप व सागर—दे. लोक/५।

अरुणा—पूर्व आर्य खण्डस्थ एक नदी—दे. मनुष्य/४।

अरुणी—विजयार्धकी उत्तर श्रेणीका एकनगर—दे. विद्याधर।

अरुणीवर—मध्यलोकका नवम द्वीप व सागर—दे. लोक/५/१।

अरूपत्व—दे मूर्त।

अरूपी—दे. मूर्त।

अर्ककीर्ति—(म. पु./सर्ग/श्लो न.)—भरत चक्रवर्तीका पुत्र था। ४७/१८६-१८७। सुलोचना कन्याके अर्थ सेनापति जयसेन-द्वारा युद्धमें परास्त किया गया /४४/७१,७२,३४४-४५। गृहपति अकम्पन-द्वारा समझाया जानेपर 'अक्षमाला' कन्याको प्राप्तकर सन्तुष्ट हुआ/४५/१०-३०। इसीसे सूर्यवंशकी उत्पत्ति हुई। (प. पु./५/४), (प. पु./५/२६०-२६१) ह पु./३/१-७)।

अर्ककमूल—विजयार्धकी दक्षिण श्रेणीका एक नगर—दे. विद्याधर।

अर्चट—आप एक बौद्ध नैयायिक थे। अपर नाम धर्मकरदत्त था। आप धर्मोत्तरके गुरु थे। कृतियाँ—१. हेतु बिन्दु टीका। २ क्षणभङ्गसिद्धि, ३. प्रमाणद्वय सिद्धि। समय—ई श ७-८/. (सि वि प्र ३२/५, महेन्द्रकुमार)।

अर्चन—(दे पूजा/४/१ मे ध. ८)।

अर्जुन—(पा पु /सर्ग/श्लो न) पूर्वके तीसरे भवमें सोममूति ब्राह्मणका पुत्र था /२३/८२। पूर्वके दूसरे भवमें अच्युत स्वर्गमें देव/२३/१०६। वर्तमान भवमें राजा पाण्डुका कुन्ती रानीसे पुत्र उत्पन्न हुआ/८/१७०-७३। अपर नाम धनंजय व वृष्टद्युम्न भी था/१६/२१२। द्रोणाचार्यसे शब्दवेधनी धनुर्विद्या पायी/८/२०८-२१६। तथा स्वयंवरमें गाण्डीव धनुष चढाकर द्रौपदीको वरा/१५/१०५। युद्धमें दुर्योधन आदिक कौरवोंको परास्त किया/१६/६१। अन्तमें दीक्षा धारणकर ली। दुर्योधनके भानजेकृत उपसर्गको जीत मोक्ष प्राप्त किया/२५/१२-१७, ५१-१३३।

अर्जुन—(भारतीय इतिहास १/१८६)—आप एक कवि थे, अपर नाम अश्वमेध दत्त था—समय ई. पू १५००।

अर्जुन वर्मा—(द सा./प्र. ३६-३७/नाथूरामजी प्रेमी) आप सुभटवर्माके पुत्र और देवपालके पिता थे। मालवा (मगध) के राजा थे। धारा व उज्जैनी नगरी राजधानी थी। समय—ई० १२०७-१२१८।

अर्जुनी—विजयार्धकी उत्तर श्रेणीका एक नगर—दे विद्याधर।

अर्थ—

१. अर्थ = जो जाना जाये

स.सि./१/२/८ अर्यत इत्यर्थो निश्चीयत इति यावत्। =जो निश्चय किया जाता है उसे अर्थ कहते हैं।

रा.वा./१/२/६/१६/२३ अर्यते गम्यते ज्ञायते इत्यर्थ'। =जो जाना जाये या निश्चय किया जाये उसे अर्थ कहते हैं। (रा.वा./१/३३/१/९५/४), (ध १२/४,२,१४,२/४७८/७), (ध.१३/५,५,५०/२८१/१२), (न्या. वि / वृ /१/६/१६५/२३) (स.म./२८/३०७/१५) (प ध /पू०./१५८)।

२. अर्थ = द्रव्य गुण पर्याय

स.सि /१/१७/११६/२ "इयर्ति पर्यायांस्तैर्वाऽर्यत इत्यर्थो द्रव्यं...। =जो पर्यायोंको प्राप्त होता है, या जो पर्यायोंके द्वारा प्राप्त किया जाता है, यह अर्थ शब्दकी व्युत्पत्ति है। इसके अनुसार अर्थ द्रव्य ठहरता है। (रा वा /१/१७/६५/३०)।

स.सि /६/४४/४५५ अर्थ ध्येयो द्रव्य पर्यायो वा। =अर्थ ध्येयको कहते हैं। इससे द्रव्य और पर्याय लिये जाते है।

रा वा /१/३३/१/९५/४ अर्यते गम्यते निष्पाद्यत इत्यर्थ' कार्यम्। =जो जाना जाता है, प्राप्त किया जाता है, या निष्पादन किया जाता है वह 'अर्थ' कार्य या पर्याय है।

ध.१३/५,५,५०/२८१/१२ अर्यते गम्यते परिच्छिद्यत इति अर्थो नव पदार्था'। =जाना जाता है वह अर्थ है। यहाँ अर्थ पदसे नौ पदार्थ लिये गये है।

प.मु /४/१ सामान्यविशेषात्मा तदर्थो विषय'। =सामान्य और विशेष स्वरूप अर्थात् द्रव्य और पर्याय स्वरूप पदार्थ प्रमाण (ज्ञान) का विषय होता है।

प्र सा /त.प्र /८७ गुणपर्यायानियुंति गुणपर्यायैर्यन्त इति वा अर्था द्रव्याणि, द्रव्याण्याश्रयत्वेनेयुंति द्रव्यैराश्रयभूतैर्यन्त इति वा अर्था गुणा, द्रव्याणि क्रमपरिणामेनार्यन्त इति वा अर्था पर्याया'। =जो गुणोंको और पर्यायोंको प्राप्त करते है, अथवा जो गुणों और पर्यायों के द्वारा प्राप्त किये जाते है ऐसे 'अर्थ' द्रव्य है। जो द्रव्योंको आश्रयके रूपमें प्राप्त करते है अथवा जो आश्रयभूत द्रव्योंके द्वारा प्राप्त किये जाते है ऐसे 'अर्थ' गुण है। जो द्रव्योंको क्रम परिणामसे प्राप्त करते है, अथवा जो द्रव्योके द्वारा क्रम परिणामसे प्राप्त किये जाते हैं, ऐसे 'अर्थ' पर्याय है।

न दो./३/७६ कोऽयमर्थो नाम। उच्यते। अर्थोऽनेकान्तः। =अर्थ किसे कहते है—अनेकान्तको अर्थ कहते हैं।

३. अर्थ = ज्ञेयरूप विश्व

प्र सा./त प्र /१२४ तत्र क खल्वर्थ, स्वपरविभागेनावस्थितं विश्व। =अर्थ क्या है? स्व परके विभागपूर्वक अवस्थित विश्व ही अर्थ है। (पं ध /पू/५४१) (प.ध./उ /३९१) —दे नय I/४ समस्त विश्व शब्द, अर्थ व ज्ञान इन तीनमें विभक्त है।

४. अर्थ = श्रुतज्ञान

ध.१४/५,६,१७/८/८ अत्थो गणहरदेवो, आगमसुत्तेण विणा सयलसुदणाण-पज्जाएण परिणदत्तादो। तेण समं सुदणाणं अत्थसम अथवा अत्थो बीजपद, तत्तो उप्पणं सयलसुदणाणमत्थसमं। ='अर्थ' गणधरदेवका नाम है, क्योकि, वे आगम सूत्रके बिना सफल श्रुतज्ञानरूप पर्यायसे परिणत रहते है। इनके समान जो श्रुतज्ञान होता है वह अर्थसम श्रुतज्ञान है? अथवा अर्थ बीज पदको कहते है, इससे जो समस्त श्रुतज्ञान उत्पन्न होता है वह अर्थ सम श्रुतज्ञान है।

५. अर्थ = प्रयोजन

स.सि /१/६/२१ द्रव्यमर्थ' प्रयोजनमस्येत्यसौ द्रव्यार्थिक'। =द्रव्य ही अर्थ या प्रयोजन जिसका सो द्रव्यार्थिक नय है। (रा.वा./१/३३/१-९५/८) (ध.१/१,१,१/८३/११) (ध.९/४,१,४५/१७०/१) (आ.प./९)

रा.वा /४/४२/१५ अर्थाकरणसम्भव अभिप्रायादिशब्दः न्यायात्कल्पितो अर्थादिगम्य'। =अर्थ, अकरण, सम्भव, अभिप्राय आदि शब्द न्यायसे कल्पित किये हुए अर्थाधिगम्य कहलाते हैं, जैसे रोटी खाते हुए 'सैन्धव लाओ' कहनेसे नमक ही लाना, घोड़ा नहीं ऐसा स्पष्ट अभिप्राय न्यायसे सिद्ध है।

न्या.दी./३/§७३ अर्थस्तावत्तात्पर्यरूढ इति यावत्। अर्थ एव तात्पर्यमेव वचसोरर्थाभियुक्तवचनात्। ='अर्थ' पद तात्पर्यमें रूढ है, अर्थात् प्रयोजनार्थक है, क्योंकि 'अर्थ ही या तात्पर्य ही वचनोंमें हैं' ऐसा आर्ष वचन है।

६ 'अर्थ' पदके अनेकों अर्थ

रा.वा./१/२/१९/२०/३१ अर्थशब्दोऽर्थमनेकार्थ —क्वचिद् द्रव्यगुणकर्मसु वर्तते 'अर्थ इति द्रव्यगुणकर्मसु' (वै सू./७/२/३) इति वचनात्। क्वचित् प्रयोजने वर्तते 'किमर्थमिहागमनं भवत' किं प्रयोजनमिति। क्वचिद्धने वर्तते अर्थवानयं देवदत्त' धनवानिति। क्वचिदभिधेये वर्तते शब्दार्थसम्बन्ध इति। ='अर्थ' शब्दके अनेक अर्थ हैं—१ वैशेषिक शास्त्रमें द्रव्य गुण कर्म इन तीन पदार्थोंकी अर्थसंज्ञा है। २. 'आप यहाँ किस अर्थ आये हैं' यहाँ अर्थ शब्दका अर्थ प्रयोजन है। ३. 'देवदत्त अर्थवान है' यहाँ अर्थ शब्द धनके अर्थमें ग्रहण किया गया है—अर्थवान अर्थात् धनवान। ४. 'शब्दार्थसम्बन्ध' इस पदमें अर्थ शब्द का अर्थ अभिधेय या वाच्य है।

प्र.वि./वृ /१/७/१४०/१५ अर्थोऽभिधेय। =अर्थ अर्थात् अभिधेय (भ. आ /वि./११३/२६१/१२)।

प.ध /पू /१४३ सत्ता सत्त्वं सद्वा सामान्यं द्रव्यमन्वयो वस्तु। अर्थो विधिरविशेषादेकार्थवाचका अमी शब्दा ॥१४३॥ =सत्ता, सत्त्व अथवा सत्, सामान्य, द्रव्य, अन्वय, वस्तु, अर्थ और विधि ये नौ शब्द सामान्य रूपसे एक द्रव्य रूप अर्थके ही वाचक हैं।

★ **वर्तमान पर्यायको ही अर्थ कहने सम्बन्धी शंका** —दे केवलज्ञान/५/२।

★ **शब्द अर्थ सम्बन्ध**—दे आगम/४।

★ **अर्थकी अपेक्षा वस्तुमें भेदाभेद** —दे. सप्तभंगी/५/८

अर्थनय—दे. नय I/४।

अर्थ पद—दे. पद।

अर्थ पर्याय—दे. पर्याय/३।

अर्थ पुनरुक्त—दे. पुनरुक्त।

अर्थ पुरुषार्थ—दे. पुरुषार्थ।

अर्थ मल—दे मल।

अर्थ वाद—अर्थवाद रूप वाक्य—दे. वाक्य।

अर्थ शुद्धि—मू. आ /मू./२८५ विंजणसुद्धं सुत्तं अत्थविसुद्धं च तदुभयविसुद्धं। पयदेण च जप्पंतो णाणविसुद्धो हवइ एसो ॥२८५॥ =जो सूत्रको अक्षरशुद्ध अर्थशुद्ध अथवा दोनों कर शुद्ध सावधानीसे पढता पढाता है, उसीके शुद्ध ज्ञान होता है।

भ.आ /वि /११३/२६१/१२ अथ अर्थ शब्देन किमुच्यते। व्यञ्जनशब्दस्य सान्निध्यादर्थशब्द' शब्दाभिधेये वर्तते, तेन सूत्रार्थोऽर्थ इति गृह्यते। तस्य का शुद्धि। विपरीतरूपेण सूत्रार्थनिरूपणाया अर्थाधारत्वान्निरूपणाया अवैपरीत्यस्य अर्थशुद्धिरित्युच्यते। ='अर्थ' शब्दसे हम क्या समझें? अर्थ शब्द व्यञ्जन शब्दके समीप होनेसे शब्दोंका उच्चारण होनेपर मनमें जो अभिप्राय उत्पन्न होता है वह अर्थ शब्दका भाव है। अर्थात् गणधर आदि रचित सूत्रोंके अर्थको यहाँ अर्थ समझना चाहिए। 'शुद्धि'का अर्थ इस प्रकार जानना—विपरीत रूपसे सूत्रार्थकी निरूपणामें अर्थ ही आधारभूत है। अतः ऐसी निरूपणा अर्थशुद्धि नहीं हैं। संशय, विपर्यय, अनध्यवसायादि दोषोंसे रहित सूत्रार्थ निरूपणको अर्थशुद्धि कहते हैं।

अर्थ संदृष्टि—आ नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती (ई० ९९३-१०१३) कृत गोमट्टसार, लब्धिसार व क्षपणसार इन तीनों ग्रन्थोंमें प्रयुक्त

गणितके आधारपर प० टोडरमल्लने तीनो सम्बन्धी तीन अर्थ संदृष्टियाँ रची है। समय—लगभग वि० १८१४ ई० १७५७ (ती/४/८८६)।

अर्थसम—अर्थसम द्रव्य निक्षेप। दे. निक्षेप/५/८।

अर्थसमय—दे. समय।

अर्थ सम्यक्त्व—दे. सम्यग्दर्शन I/१।

अर्थान्तर—(न्या सू./मू /५-२/७) प्रकृतार्थादप्रतिसम्बन्धार्थं मर्थान्तरम्। =प्रकृत अर्थसे सम्बन्ध न रखनेवाले अर्थको अर्थान्तर निग्रहस्थान कहते है, उदाहरण जैसे कोई कहे कि शब्द नित्य है, अस्पर्शत्व होनेसे। हेतु किसे कहते है। 'हि' धातुसे 'तुनि' प्रत्यय करनेसे हेतु यह कृदन्त पद हुआ और नाम, आख्यात, उपसर्ग और निपात ये पद है। यह प्रकृत अर्थसे कुछ सम्बन्ध नहीं रखता। (श्लो वा ४/न्या १९१/३८०/७)

अर्थाधिगम—दे. अधिगम।

अर्थापत्ति—रा.वा /६/६/६/५१६/६ यथा हि असति हि मेघे वृष्टिर्नास्तीत्युक्ते अर्थादापन्नं सति मेघे वृष्टिस्तीति। =जैसे 'मेघके अभावमें वृष्टि नहीं होती' ऐसा कहने पर अर्थापत्तिसे ही जाना जाता है कि मेघके होनेपर वृष्टि होती है।

शुक्ल लेश्यामें	ओघवत्
११. सम्यक्त्व मार्गणा :—	
सम्यग्दर्शन सा. में	ओघवत्
उपशम व क्षायिक सम्य में	,,
वेदक सम्यग्दृष्टि में	सर्वार्थसिद्धिवत्
मिथ्यादृष्टि में	तिर्यंच वत्
सासादन में	नरकवत्
सम्यग्मिथ्यादृष्टि में	वेदक सम्य वत्
१२. भव्यत्व मार्गणा :—	
भव्य में	ओघवत्
अभव्य में	,,
१३. संज्ञित्व मार्गणा —	
संज्ञि में	ओघवत्
असंज्ञि में	तिर्यंच वत्
१४. आहारक मार्गणा —	
आहारक में	ओघवत्
अनाहारक में	×

कौन कर्मका अनुभाग	अल्पबहुत्व
(८) अष्ट कर्म प्रकृतियोके जघन्य अनुभाग की ६४ स्थानीय स्वस्थान ओघ व आदेश प्ररूपणा— (म.ब ५/§४२६-४३२/२२४-२२६)	
१. ज्ञानावरण—	
मनःपर्यय ज्ञानावरणका अनुभाग	सर्वत: स्तोक
अवधि ,, ,,	अनन्तगुणा
श्रुत ,, ,,	,,
आभिनिबोधिक ज्ञानावरणका अनुभाग	,,
केवल ज्ञानावरणका ,,	,,
२. दर्शनावरण—	
अवधि दर्शनावरणका अनुभाग	स्तोक
अचक्षु ,, ,,	अनन्तगुणा
चक्षु ,, ,,	,,
केवल ,, ,,	,,
प्रचला ,, ,,	,,
निद्रा ,, ,,	,,
प्रचला प्रचला ,, ,,	,,
निद्रा निद्रा ,, ,,	,,
स्त्यानगृद्धि ,, ,,	,,
३. वेदनीय—	
असाता का	स्तोक
साता ,,	अनन्तगुणा
४. मोहनीय—	
संज्वलन लोभ का	स्तोक
,, माया ,,	अनन्तगुणा
,, मान ,,	,,
,, क्रोध ,,	,,
पुरुष वेद ,,	,,
हास्य ,,	,,
रति ,,	,,
जुगुप्सा ,,	,,
भय ,,	,,
शोक ,,	,,
अरति ,,	,,
स्त्री वेद ,,	,,
नपुंसक वेद ,,	,,
प्रत्याख्यान मान ,,	,,
,, क्रोध ,,	विशेषाधिक
,, माया ,,	,,
,, लोभ ,,	,,
अप्रत्याख्यान मान,,	अनन्तगुणा
,, क्रोध ,,	विशेषाधिक
,, माया ,,	,,
,, लोभ ,,	,,
अनन्तानुबन्धी मान,,	अनन्तगुणा
,, क्रोध ,,	विशेषाधिक
,, माया ,,	,,
,, लोभ ,,	,,

कौन कर्मका अनुभाग		अल्पबहुत्व
५. आयु —		
तिर्यंचायु	का	स्तोक
मनुष्यायु	,,	अनन्तगुणा
नरकायु	,,	,,
देव आयु	,,	,,
६. नामकर्म (गति)—		
तिर्यंच गति	,,	स्तोक
नरक ,,	,,	अनन्तगुणा
मनुष्य ,,	,,	,,
देव ,,	,,	,,
(जाति) : —		
चतुरिन्द्रिय	,,	स्तोक
त्रीन्द्रिय	,,	अनन्तगुणा
द्वीन्द्रिय	,,	,,
एकेन्द्रिय	,,	,,
पंचेन्द्रिय	,,	,,
(शरीर)'—		
औदारिक	,,	स्तोक
वैक्रियक	,,	अनन्तगुणा
तैजस	,,	,,
कार्मण	,,	,,
आहारक	,,	,,
(संस्थान) : —		
न्यग्रोध परिमण्डल	,,	स्तोक
स्वाति	,,	अनन्तगुणा
कुब्ज	,,	,,
वामन	,,	,,
हुण्डक	,,	,,
समचतुरस्र	,,	,,
(अंगोपांग) '—		
औदारिक	,,	स्तोक
वैक्रियक	,,	अनन्तगुणा
आहारक	,,	,,
(संहनन) '—		
वज्र नाराच	,,	स्तोक
नाराच	,,	अनन्तगुणा
अर्ध नाराच	,,	,,
कीलित	,,	,,
असम्प्राप्त सृपाटिका	,,	,,
वज्र ऋषभ नाराच	,,	,,
(वर्ण) '—		
अप्रशस्त वर्ण चतुष्क	,,	स्तोक
प्रशस्त ,, ,,	,,	अनन्तगुणा
अंगोपांग) '—		
तिर्यंच गत्यानपूर्वी	,,	स्तोक
नरक ,,	,,	अनन्तगुणा
मनुष्य ,,	,,	,,
देव ,,	,,	,,
(उपघातादि) —		
उपघात	का	स्तोक
परघात	,,	अनन्तगुणा
उच्छ्वास	,,	,,
अगुरुलघु	,,	,,
७. गोत्र कर्म—		
नीच गोत्र	का	स्तोक
ऊँच गोत्र	,,	अनन्तगुणा
८. अन्तराय—		
दान अन्तराये	का	स्तोक
लाभ ,,	,,	अनन्तगुणा
भोग ,,	,,	,,
उपभोग ,,	,,	,,
वीर्य ,,	,,	,,

(९) अष्ट कर्म प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभाग की ६४ स्थानीय परस्थान ओघ प्ररूपणा

(म ब. ५/§४३६-४३६/२८८-२२६)

साता वेदनीय	का	सबसे तीव्र
यश' कीर्ति	,,	अनन्तगुणा हीन
उच्च गोत्र	,,	ऊपर तुल्य
देव गति	,,	अनन्तगुणा हीन
कार्मण शरीर	,,	,,
तैजस ,,	,,	,,
आहारक ,,	,,	,,
वैक्रियक ,,	,,	,,
मनुष्य गति	,,	,,
औदारिक शरीर	,,	,,
मिथ्यात्व	,,	,,
केवल ज्ञानावरण	,,	,,
केवल दर्शनावरण	,,	ऊपर तुल्य
असाता वेदनीय	,,	अनन्तगुणा हीन
वीर्यान्तराय	,,	,,
अनन्तानुबन्धी लोभ	,,	,,
,, माया	,,	विशेष हीन
,, क्रोध	,,	,,
,, मान	,,	,,
संज्वलन लोभ	,,	अनन्तगुणा हीन
,, माया	,,	विशेष हीन
,, क्रोध	,,	,,
,, मान	,,	,,
प्रत्याख्यान लोभ	,,	अनन्तगुणा हीन
,, माया	,,	विशेष हीन
,, क्रोध	,,	,,
,, मान	,,	,,
अप्रत्याख्यान लोभ	,,	अनन्तगुणा हीन
माया	,,	विशेष हीन
क्रोध	,,	,,
मान	,,	,,
मति ज्ञानावरण	,,	अनन्तगुणा हीन

कौन कर्म का अनुभाग			अल्पबहुत्व
उपभोगान्तराय		का	ऊपर तुल्य
चक्षुदर्शनावरण		”	अनन्तगुण हीन
अचक्षुदर्शनावरण		”	”
श्रुत ज्ञानावरण		”	ऊपर तुल्य
भोगान्तराय		”	”
अवधि ज्ञानावरण		”	अनन्तगुण हीन
अवधि दर्शनावरण		”	ऊपर तुल्य
लाभान्तराय		”	”
मन पर्यय ज्ञानावरण		”	अनन्तगुण हीन
स्त्यानगृद्धि		”	ऊपर तुल्य
दानान्तराय		”	”
नपुंसक वेद		”	अनन्तगुण हीन
अरति		”	”
शोक		”	”
भय		”	”
जुगुप्सा		”	”
निद्रा निद्रा		”	”
प्रचला प्रचला		”	”
निद्रा		”	”
प्रचला		”	”
अयश कीर्ति		”	”
नीच गोत्र		”	ऊपर तुल्य
नरक गति		”	अनन्तगुण हीन
तिर्यंच गति		”	”
स्त्री वेद		”	”
पुरुष वेद		”	”
रति		”	”
हास्य		”	”
देवायु		”	”
नरकायु		”	”
मनुष्यायु		”	”
तिर्यंचायु		”	”

नोट —इसकी आदेश प्ररूपणाके लिए देखो (म ब./पु. ५/§४३६-४४२/पृ. २३१-२३३)।

(१०) अष्ट कर्म प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागकी ६४ स्थानीय परस्थान ओघ प्ररूपणा

(म ब./पु ५/§४४३/पृ २३३-२३४)

संज्वलन	लोभ	का	सर्वतः स्तोक
”	माया	”	अनन्तगुणा
”	मान	”	”
”	क्रोध	”	”
मन पर्यय ज्ञानावरण		”	”
दानान्तराय		”	ऊपर तुल्य
अवधि ज्ञानावरण		”	अनन्तगुणा
” दर्शनावरण		”	ऊपर तुल्य
लाभान्तराय		”	”
श्रुत ज्ञानावरण		”	अनन्तगुणा
अचक्षु दर्शनावरण		”	ऊपर तुल्य
भोगान्तराय		”	”
चक्षु दर्शनावरण		का	अनन्तगुणा
मतिज्ञानावरण		”	”
उपभोगान्तराय		”	ऊपर तुल्य
वीर्यान्तराय		”	अनन्तगुणा
पुरुष वेद		”	”
हास्य		”	”
रति		”	”
जुगुप्सा		”	”
भय		”	”
शोक		”	”
अरति		”	”
स्त्री वेद		”	”
नपुंसक वेद		”	”
केवलज्ञानावरण		”	”
केवलदर्शनावरण		”	ऊपर तुल्य
प्रचला		”	अनन्तगुणा
निद्रा		”	”
प्रत्याख्यानावरण	मान	”	”
”	क्रोध	”	विशेषाधिक
”	माया	”	”
”	लोभ	”	”
अप्रत्याख्यान	मान	”	अनन्तगुणा
”	क्रोध	”	विशेषाधिक
”	माया	”	”
”	लोभ	”	”
प्रचला प्रचला		”	अनन्तगुणा
निद्रा निद्रा		”	”
स्त्यानगृद्धि		”	”
अनन्तानुबन्धी	मान	”	अनन्तगुणा
”	क्रोध	”	विशेषाधिक
”	माया	”	”
”	लोभ	”	”
मिथ्यात्व		”	अनन्त गुणा
औदारिक	शरीर	”	”
वैक्रियक	”	”	”
तिर्यञ्चायु		”	”
मनुष्यायु		”	”
तैजस	शरीर	”	”
कार्मण	”	”	”
तिर्यञ्च	गति	”	”
नरक	”	”	”
मनुष्य	”	”	”
देव	”	”	”
नीच गोत्र		”	”
अयश कीर्ति		”	”
असाता वेदनीय		”	”
अयश कीर्ति		”	”
उच्च गोत्र		”	ऊपर तुल्य
साता वेदनीय		”	अनन्त गुणा
नरकायु		”	”

कौन कर्म का अनुभाग	अल्पबहुत्व
देवायु का	अनन्तगुणा
आहारक शरीर ,,	,,

नोट—इस सम्बन्धी आदेश प्ररूपणा के लिए देखो म ब./पु. ५/§४४५-४५०/पृ. २३५-२३६)

११ एक समय प्रबद्ध प्रदेशाग्र में सर्व व देशघाती अनुभागके विभाग की अपेक्षा—

(गो.क./सू १९७/पृ. २५६)

सर्व घाती भाग	सर्व द्रव्य/अनन्त
देश घाती ,,	शेष बहु भाग

१२. एक समय प्रबद्ध प्रदेशाग्र में निषेक सामान्य के विभाग की अपेक्षा—

(ध /पु १२/४,२,७,६३/३६-४०)

चरम स्थिति में	स्तोक
प्रथम ,, ,,	असं गुणे
अप्रथम व अचरम स्थितियों में	,,
अप्रथम में	विशेषाधिक
अचरम में	,,
सब स्थितियों में	,,

१३. एक समय प्रबद्ध में अष्ट कर्म प्रकृतियों के प्रदेशाग्र विभाग की अपेक्षा—

१. स्वस्थानप्ररूपणा—

मूल प्रकृति विभाग—(ष.स./प्रा. ४/४९६-४९७) (ध. १५/३५); (गो.क / सू १९२,१९६/२२५)

आयु कर्म का भाग	स्तोक
नाम ,, ,, ,,	विशेषाधिक
गोत्र ,, ,, ,,	ऊपर तुल्य
ज्ञानावरण ,, ,, ,,	विशेषाधिक
दर्शनावरण ,, ,, ,,	ऊपर तुल्य
अन्तराय ,, ,, ,,	,,
मोहनीय ,, ,, ,,	विशेषाधिक
वेदनीय ,, ,, ,,	,,

उत्तर प्रकृति विभाग स्वस्थान अपेक्षा-

१. ज्ञानावरण के द्रव्य में—

मति ज्ञानावरण का भाग	अधिक
श्रुत ,, ,, ,,	विशेष हीन
अवधि ,, ,, ,,	,,
मन:पर्यय ,, ,,	,,
केवल ,, ,, ,,	,,

२. दर्शनावरण के द्रव्य में—

चक्षु दर्शनावरण का भाग	अधिक
अक्षक्षु ,, ,, ,,	विशेष हीन
अवधि ,, ,, ,,	,,
केवल ,, ,, ,,	,,
निद्रा दर्शनावरण का भाग	विशेष हीन
निद्रानिद्रा ,, ,, ,,	,,
प्रचला ,, ,, ,,	,,
प्रचलाप्रचला ,, ,, ,,	,,
स्त्यानगृद्धि ,, ,, ,,	,,

३. वेदनीय के द्रव्य में—

साता का भाग	अन्यतमका ही द्रव्य आता है अत: अल्प बहुत्व नहीं होता
असाता ,, ,,	

४. मोहनीय के द्रव्य में—

अनन्तानुबन्धी चतुष्क का भाग	अधिक
अप्रत्याख्यान ,, ,, ,,	विशेष हीन
प्रत्याख्यान ,, ,, ,,	,,
संज्वलन ,, ,, ,,	,,
हास्य का ,,	,,
रति ,, ,,	,,
अरति ,, ,,	,,
शोक ,, ,,	,,
भय ,, ,,	,,
जुगुप्सा ,, ,,	,,
स्त्री वेद ,, ,,	,,
पुरुष वेद ,, ,,	,,
नपुसक वेद ,, ,,	,,

५. आयु के द्रव्य में—

चारों आयु में से	अन्यतमका ही द्रव्य आता है अत: अल्प-बहुत्व नहीं

६. नाम के द्रव्य में—

गति, जाति, शरीर, अंगोपांग, निर्माण, बन्धन, संघात, सस्थान, संहनन, स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण, आनुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, परघात, आतप, उद्योत, उच्छ्वास, विहायोगति, प्रत्येक शरीर, त्रस, सुभग, सुस्वर, शुभ, बादर, पर्याप्ति, स्थिर, आदेय, यश:कीर्ति, तीर्थंकर	इसी क्रम से प्रत्येक में अपने-अपने से पूर्व की अपेक्षा विशेषहीन भाग जानना शुभाशुभ युगलों में अल्प-बहुत्व नहीं है क्योंकि अन्यतम का द्रव्य आता है।

७. गोत्र के द्रव्य में—

ऊँच गोत्र का भाग	अन्यतमका ही द्रव्य आता है अत अल्प-बहुत्व नहीं
नीच ,, ,, ,,	

८. अन्तराय के द्रव्य में—

दानान्तराय का भाग	स्तोक
उलाभ ,, ,, ,,	विशेषाधिक
भोग ,, ,, ,,	,,
उपभोग ,, ,, ,,	,,
वीर्य ,, ,, ,,	,,

क्रम	कर्म का नाम				अल्पबहुत्व
	२. परस्थान प्ररूपणा—(उत्कृष्ट प्रकृति प्रक्रम। (ध १५/३६-३७)				
१	अप्रत्याख्यान	मान	में	प्रदेश	सर्वत. स्तोक
२	,,	क्रोध	,,	,,	विशेषाधिक
३	,,	माया	,,	,,	,,
४	,,	लोभ	,,	,,	,,
५	प्रत्याख्यान	मान	,,	,,	,,
६	,,	क्रोध	,,	,,	,,
७	,,	माया	,,	,,	,,
८	,,	लोभ	,,	,,	,,
९	अनन्तानुबन्धी	मान	,,	,,	,,
१०	,,	क्रोध	,,	,,	,,
११	,,	माया	,,	,,	,,
१२	,,	लोभ	,,	,,	,,
१३	मिथ्यात्व		,,	,,	,,
१४	केवल दर्शनावरण		,,	,,	,,
१५	प्रचला		,,	,,	,,
१६	निद्रा		,,	,,	,,
१७	प्रचला प्रचला		,,	,,	,,
१८	निद्रा निद्रा		,,	,,	,,
१९	स्त्यानगृद्धि		,,	,,	,,
२०	केवल ज्ञानावरण		,,	,,	,,
२१	आहारक	शरीर	नामकर्म	,,	अनन्त गुणे
२२	वैक्रियक	,,	,,	,,	विशेषाधिक
२३	औदारिक	,,	,,	,,	,,
२४	तैजस	,,	,,	,,	,,
२५	कार्मण	,,	,,	,,	,,
२६	देवगति		,,	,,	स० गुणे
२७	नरक गति		,,	,,	,,
२८	मनुष्यगति		,,	,,	,,
२९	तिर्यग्गति		,,	,,	,,
३०	अशय कीर्ति		,,	,,	,,
३१	जुगुप्सा		नो कषाय	,,	,,
३२	भय		,,	,,	विशेषाधिक
३३	हास्य-शोक		,,	,,	,, दोनो तुल्य)
३४	रति-अरति		,,	,,	,, ,,
३५	स्त्री-नपुंसक वेद		,,	,,	,, ,,
३६	दानान्तराय			,,	सं० गुणे
३७	लाभान्तराय			,,	विशेषाधिक
३८	भोगान्तराय			,,	,,
३९	परिभोगान्तराय			,,	,,
४०	वीर्यान्तराय			,,	,,
४१	संज्वलन क्रोध			,,	,,
४२	मन.पर्यय		ज्ञानावरण	में	,,
४३	अवधि		,,	,,	,,
४४	श्रुत		,,	,,	,,
४५	मति		,,	,,	,,
४६	संज्वलन		मान	,,	,,
४७	अवधि		दर्शनावरण	,,	,,
४८	अचक्षु		,,	,,	,,
४९	चक्षु		दर्शनावरण	में प्रदेश	विशेषाधिक
५०	पुरुष वेद			,,	,,
५१	संज्वलन		माया	,,	,,
५२	अन्यतर		आयु	,,	,,
५३	नीच		गोत्र	,,	,,
५४	संज्वलन		लोभ	,,	,,
५५	असाता		वेदनीय	,,	,,
५६	उच्च		गोत्र	,,	,,
५७	यश कीर्ति			,,	ऊपर तुल्य
५८	साता वेदनीय				विशेषाधिक
	जघन्य प्रकृति प्रक्रम— न० १ से २० तक				उत्कृष्ट वत्
२१	औदारिक	शरीर	नामकर्म	में	अनन्त गुणे
२२	तैजस	,,	,,	,,	विशेषाधिक
२३	कार्मण	,,	,,	,,	,,
२४	तिर्यग्गति		,,	,,	सं० गुणे
२५	यश,कीर्ति		,,	,,	विशेषाधिक
२६	अयशकीर्ति		,,	,,	ऊपर तुल्य
२७	मनुष्य गति		,	,,	विशेषाधिक
२८	जुगुप्सा		नोकषाय	,,	स० गुणा
२९	भय		,,	,,	विशेषाधिक
३०	हास्य-शोक		,,	,,	,,(दोनो तुल्य
३१	रति-अरति		,,	,,	,, ,,
३२	अन्यत		वेद	,,	,,
३३	संज्वलन		मान	,,	,,
३४	,,		क्रोध	,,	,,
३५	,,		माया	,,	,,
३६	,,		लोभ	,,	,,
३७	दानान्तराय			,,	,,
३८	लाभान्तराय			,,	,,
३९	भोगान्तराय			,,	,,
४०	उपभोगान्तराय			,,	,,
४१	वीर्यान्तराय			,,	,,
४२	मन पर्यय		ज्ञानावरण	,,	,,
४३	अवधि		,,	,,	,,
४४	श्रुत		,,	,,	,,
४५	मति		,,	,,	,,
४६	अवधि		दर्शनावरण	,,	,,
४७	अचक्षु		,,	,,	,,
४८	चक्षु		,,	,,	,,
४९	उच्च नीच गोत्र			,,	स० गुणे (दोनों तुल्य)
५०	साता-असाता वेदनीय			,,	विशेषाधिक
५१	वैक्रियक शरीर		नामकर्म	,,	असं० गुणे
५२	देव गति		,,	,,	सं० गुणे
५३	मनुष्य गति		,,	,,	असं० गुणे
५४	तिर्यग्गति		,,	,,	ऊपर तुल्य
५५	नरक गति		,,	,,	असं० गुणे
५७	देव व नरक आयु		,,	,,	,,
५८	आहारक शरीर		,,	,,	,,

(१४) जीव समासों में विभिन्न प्रदेश बन्धोंकी अपेक्षा

(ष ख १०/४,२,४/सू १७४/४३१)

पदेस अप्पबहुए त्ति जहा जोगअप्पाबहुगं णीदं तथा णेदव्वं। णवरि पदेसा अप्पाए त्ति भणिदव्वं ॥१७४॥ = जिस प्रकार योग अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा की गयी है (देखो न ८ प्ररूपणा) उसी प्रकार प्रदेश अल्पबहुत्व की प्ररूपणा करना चाहिए। विशेष इतना है कि योग के स्थानोंमें यहाँ प्रदेश ऐसा कहना चाहिए।

नोट :—योगके एक अविभाग प्रतिच्छेदमें भी अनन्त कर्म प्रदेशोंके अपकर्षणकी शक्ति है।

(१५) आठ आकर्षोंकी अपेक्षा आयुबन्धके जीवोंकी प्ररूपणा

(गो जी./जी.प्र. ५१८/६१५/२)

आठ अपकर्षों द्वारा करनेवाले	स्तोक
७ ,, ,, ,, ,,	संख्यात गुणे
६ ,, ,, ,, ,,	,,
५ ,, ,, ,, ,,	,,
४ ,, ,, ,, ,,	,,
३ ,, ,, ,, ,,	,,
२ ,, ,, ,, ,,	,,
१ ,, ,, ,, ,,	,,

(१६) आठों अपकर्षोंमें आयु बन्धके कालकी अपेक्षा

(गो. जी./जी. प्र.५१८/६१५/८)

संकेत :—८ वाले का=८ अपकर्षों द्वारा आयु बन्ध करनेवाले जीवका
८ वें का=आठवें अपकर्षका बन्ध काल

सं.=संख्यात वि. अ.=विशेषाधिक

आयु बन्ध काल	ज./उ.	अल्पबहुत्व
८ वाले का ८ वें का काल	ज.	स्तोक
	उ.	वि अ.
,, ,, ,, ७ ,, ,, ,,	ज.	सं. गुणा
	उ.	वि. अ.
७ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज.	सं. गुणा
	उ.	वि. अ.
८ वाले का ६ वें का काल	ज.	सं गुणा
	उ.	वि. अ.
७ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज.	स. गुणा
	उ.	वि. अ
६ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज	सं. गुणा
	उ.	वि. अ.
८ वाले का ५ वें का काल	ज.	स. गुणा
	उ.	वि अ
७ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज.	सं. गुणा
	उ.	वि अ.
६ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज.	सं. गुणा
	उ.	वि अ.
५ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज.	सं. गुणा
	उ.	वि. अ
८ वाले का ४ थे का काल	ज.	सं. गुणा
	उ.	वि. अ.
७ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज.	सं. गुणा
	उ.	वि. अ.
६ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज.	सं. गुणा
	उ.	वि. अ.
५ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज	सं. गुणा
	उ.	वि. अ.
४ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज.	सं. गुणा
	उ.	वि. अ.
८ वाले का ३ रे का काल	ज.	सं. गुणा
	उ.	वि अ
७ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज.	स. गुणा
	उ.	वि अ.
६ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज.	सं. गुणा
	उ.	वि. अ.
५ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज.	सं. गुणा
	उ.	वि. अ
४ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज.	सं. गुणा
	उ.	वि अ.
३ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज.	स. गुणा
	उ.	वि अ
८ वाले का २ रे का काल,	ज.	सं. गुणा
	उ.	वि अ
७ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज.	सं गुणा
	उ.	वि. अ.
६ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज.	सं. गुणा
	उ.	वि. अ.
५ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज.	सं. गुणा
	उ.	वि. अ.
४ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज.	सं. गुणा
	उ.	वि. अ.
३ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज.	सं गुणा
	उ.	वि. अ.
२ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज.	सं. गुणा
	उ.	वि. अ.
८ वाले का १ ले का काल	ज.	सं. गुणा
	उ.	वि. अ.
७ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज.	सं. गुणा
	उ.	वि. अ.
६ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज.	सं. गुणा
	उ.	वि अ.
५ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज.	सं गुणा
	उ.	वि अ.
४ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज.	सं गुणा
	उ.	वि. अ.
३ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज.	सं. गुणा
	उ.	वि. अ.

आयु बन्ध काल		अल्पबहुत्व
२ वाले का १ ले का काल	ज.	स गुणा
	उ.	वि. अ
१ ,, ,, ,, ,, ,, ,,	ज.	स. गुणा
	उ.	वि. अ.

१०. अष्टकर्म संक्रमण व निर्जराकी अपेक्षा अल्पबहुत्व प्ररूपणा—

१. भिन्न गुणधारी जीवोंमे गुण श्रेणी रूप प्रदेश निर्जरा की ११ स्थानीय सामान्य प्ररूपणा—

(ष.ख १२/४,२,७/सू १७५-१८५/८०-८६) (क.पा.१/१,१/ गा.५८-५६/१०६) (त.सू./६/४५), (स सि./६/४५/१५१-१५४) (ध.१०/४,२,४,७४/२६५ २६६) (गो जी /सू./६६-६७/१६७)

सूत्र	स्वामी	अल्पबहुत्व
१७५	दर्शन मोह उपशमक सम्मुख (या सातिशय मिथ्यादृष्टि) की	सर्वत. स्तोक
१७६	संयतासंयत की	असं. गुणी
१७७	अध:प्रवृत्त स्वस्थान संयत अर्थात अप्रमत्त व प्रमत्त संयत की	,,
१७८	अनन्तानुबन्धी विसयोजक की	,,
१७९	दर्शन मोह क्षपक की	,,
१८०	चारित्र मोह उपशमक—	
	अपूर्व करण की	,,
	अनिवृत्ति करण की	,,
	सूक्ष्म साम्पराय की	,,
१८१	उपशान्त कषाय वीतराग (११) की	,,
१८२	चारित्र मोह क्षपक की	
	अपूर्व करण की	,,
	अनिवृत्ति करण की	,,
	सूक्ष्म साम्पराय की	,,
१८३	क्षीण कषाय वीतराग (१२) की	,,
१८४	स्व स्थान अधःप्रवृत्त सयोग केवलीकी समुद्घात केवली की (गो.जी./जी.प्र./६७/१६८/२)	,,
१८५	योग निरोध केवली की	,,

२ भिन्न गुणधारी जीवों मे गुण श्रेणी प्रदेश निर्जरा के काल की ११ स्थानीय प्ररूपणा—

(ष खं.१२/४,२,७/सू.१८६-१९६/८५-८६)

सूत्र	स्वामी	अल्पबहुत्व
१८६	योग निरोध केवली का	सर्वत' स्तोक
	समुद्घात केवली का (प्ररूपणा नं. १ के आधार पर)	असं. गुणा
१८७	स्व स्थान अध:प्रवृत्त सयोग केवली का	,,
१८८	क्षीण कषाय वीतराग का	,,
१८९	चारित्र मोह क्षपक—	
	सूक्ष्म साम्पराय का	,,
	अनिवृत्ति करण का	,,
	अपूर्व करण का	,,
१९०	उपशान्त कषाय वीतराग का	असं. गुणा
१९१	चारित्र मोह उपशामक—	
	सूक्ष्म साम्पराय का	,,
	अनिवृत्ति करण का	,,
	अपूर्व करण का	,,
१९२	दर्शन मोह क्षपक का	,,
१९३	अनन्तानुबन्धी विसयोजक का	,,
१९४	स्व स्थान अध प्रवृत्त प्रमत्ताप्रमत्त संयत का	,,
१९५	संयतासंयत का	,,
१९६	दर्शन मोह उपशमक का (सातिशय मिथ्यादृष्टि का)	,,

३. पाँच प्रकार के सक्रमणों द्वारा हत, कर्म प्रदेशो के परिमाण मे अल्पबहुत्व—

(गो.क /सू./४३०-४३५/५८७)

क्रम	उत्तरोत्तर भागहारों के नाम	अल्पबहुत्व
१	सर्व संक्रमण का भागहार	सर्वत' स्तोक
२	गुण ,, ,, ,,	असं. गुणा
		गुणकार=पल्य/असं.
	उत्कर्षण भागहार	,,
	अपकर्षण ,,	ऊपर तुल्य
३	अध प्रवृत्त सक्रमण द्वारा हत	पल्य/असं. गुणे
	ज सं. उ. योगों का गुणकार	,,
	कर्म स्थितिकी नाना गुणहानि शलाका	पल्य के अर्द्धच्छेद रूप असं. गुणा
	पल्य के अर्धच्छेद	विशेषाधिक
	पल्य का प्रथम वर्गमूल	असं गुणा
	कर्म स्थितिकी एक गुणहानिके समयों का परिमाण	,,
	कर्म स्थितिकी अन्योन्याभ्यस्त राशि	,,
	पल्य	,,
४	कर्म की उत्कृष्ट स्थिति	७००×क्रोड×क्रोड़×क्रोड×क्रोड़ गुणा
	विध्यात संक्रमण का भागहार	असं. गुणा
		गुणकार=सूच्यंगु/असं.
५	उद्वेलना का भागहार	,,
	कर्मों के अनुभाग की नाना गुण हानि शलाका	अनन्त गुणी
	कर्मानुभाग की एक गुण हानि का आयाम	,,
	कर्मानुभाग की द्वयर्ध गुण हानि का आयाम	डेढ़ गुणी
	कर्मानुभाग की २ गुण हानि	एक गुणहानि से दुगुनी
	कर्मानुभाग की अन्योन्याभ्यस्त राशि	अनन्त गुणी

११. अष्टकर्मबन्ध उदय सत्त्वादि १० करणोंकी अपेक्षा भुजगारादि पदोंमें अल्पबहुत्वकी ओघ व आदेश प्ररूपणा

नोट—इस सारणी में केवल शास्त्र के पृष्ठादि ही दर्शाये गये हैं। अत उस उस प्ररूपणा को देखने के लिए शास्त्र का वह वह स्थान देखिये।

विषय	प्रकृति विषयक मूल प्र	प्रकृति विषयक उत्तर प्रकृति	स्थिति विषयक मूल प्र	स्थिति विषयक उत्तर प्रकृति	अनुभाग विषयक मूल प्र.	अनुभाग विषयक उत्तर प्र.	प्रदेश विषयक मूल प्र.	प्रदेश विषयक उत्तर प्र.
१. उदीरणा सम्बन्धी अल्पबहुत्व की ओघ व आदेश प्ररूपणा—(ध. १५/पृ.)								
१. स्वामित्व सामान्य	४७	८०-८१	—	१४७-१५७	—	२१६-२३१	—	२६१-२६४ब
२. ८, ७ आदि प्रकृतियों की उदीरणा रूप भंगोंके स्वामित्वकी अपेक्षा	५०	८५	—	—	—	—	—	२७४-२७५ —
३ भुजगारादि पदों की अपेक्षा	५३	९७	—	१६२ १६४	—	२३६-२३७	—	२६१-२६४
४. ज. उ. वृद्धि हानि की अपेक्षा	—	—	—	१६४-१७०	—	२४६-२५२	—	२७१-२७३
२. उदय सम्बन्धी अल्पबहुत्व की ओघ व आदेश प्ररूपणा—(ध. १५/पृ.)								
१. स्वामित्व सामान्य अपेक्षा	२८५	२८८-२८९	२९४	२९५	२९६	२९६	२९६	३०९-३२४
२. भुजगारादि पदोके स्वामित्वकीअपेक्षा	—	—	,,	,,	,,	,,	,,	३२९
३. पद निक्षेप सामान्य की अपेक्षा	—	—	,,	,,	,,	,,	,,	३३५
४. पद निक्षेपोंके स्वामित्वकी अपेक्षा	—	—	,,	,,	,,	,,	,,	—
५. वृद्धि हानि की अपेक्षा	—	—	,,	,,	,,	,,	,,	—
६ ,, ,, के स्वामित्वकी अपेक्षा	—	—	,,	,,	,,	,,	,,	—
३. उपशमना सम्बन्धी अल्पबहुत्व की ओघ व आदेश प्ररूपणा—(ध. १५/पृ.)								
१. स्वामित्व सामान्य अपेक्षा	२७७	२७९						
२. भुजगारादि की अपेक्षा	,,	,,						
३. अन्य सर्व विकल्पों की अपेक्षा	२८०	२८०	२८१	२८१	२८२	२८२	२८२	२८२
४. संक्रमण सम्बन्धी अल्पबहुत्वकी ओघ व आदेश प्ररूपणा—(ध. १५/पृ.)								
१. सर्व विकल्पों की अपेक्षा	२८३	२८३	२८३	२८३	२८४	२८४	२८४	२८४
५. बन्ध सम्बन्धी अल्पबहुत्वकी ओघ व आदेश प्ररूपणा—(म ब /पु./पृ.)								
१. बन्धक अबन्धक जीव सा.की अपेक्षा		१/४१४-५३६		२/२-१८				
२. ज उ पदों के बन्धकों ,, ,,			२/९२३-९७०	३/५६७-६११	४/२६०-२६६	४/४१७-४५०	६/६६-१००	
३. भुजगारादि पदोंके बन्धकों ,, ,,			२/३३८-३४२	३/८०८-८३१	४/३०३-३०८	५/५४८-५६२	६/१४३-१४५	
४. ज उ, वृद्धि हानिके बन्धक ,, ,,			२/३५३-३५६		४/३४२-३५२	५/६०५-६१०	६/१५३	
५. षट्स्थान ,, ,, ,, ,,			२/४०६-४१४	३/६५७-६७८	४/३६८-३७०	५/६२५-	६/१५७-१६५	
६. बन्ध अध्यवसाय स्थान ,, ,,				३/६८२-६९२		५/६२८-६४४		
६. मोहनीय कर्म सत्त्व सम्बन्धी अल्पबहुत्वकी स्व व पर स्थानीय ओघ व आदेश प्ररूपणा—(म. ब /पु. पृ.)								
१. ज. उ. पदों के बन्धक			३/१६४-१६८	३/८७१-६१६	५/१३६-१४०	५/४२६-४७०		
२. भुजगारादि पदोंके बन्धक			३/२२४-२२५	४/१७७-१९५	५/१६१	५/५१०-५१३		
३. ज. उ. वृद्धि हानि रूप पदों के बन्धक	२/४८२-४८४		३/२४१-२४५	४/२०४-२२२		५/५६६-५६९		
४. षट्स्थान वृद्धि हानि रूप पदों के बन्धक	२/५३३-५३६		३/३४३-३५४	४/४६०-६०६	५/१८५			
५. बन्धक सामान्यका प्रमाण	१/३६३-३६४							
६. प्रकृति सत्त्व असत्त्व का स्वामित्व	२/१८७-२०६							
७. २८-२४ आदि सत्त्व स्थानोंके काल की अपेक्षा	२/३८४-३९०			४/६१६-६४०				
८ उप स्वामि.की अपेक्षा	२/३९१-४१६							
९. सत्समुत्पत्तिकादि पदोंके स्वामी					५/१८८			
१०. ज.उ. वृद्धि हानि पदोंकी अपेक्षा					५/१९७-१९८	५/५२६-५३०		

७. अष्टकर्म बन्ध वेदनामे स्थिति, अनुभाग, प्रदेश व प्रकृति बन्धोंकी अपेक्षा ओघ व आदेश स्व पर स्थान अल्पबहुत्व प्ररूपणाएँ :

प्रमाण	विषय
१. स्थिति बन्धवेदना .—	
१ ष. खं. ११/४,२,६/सू२५-३५/१३७-१३६	अष्टकर्मकी जघन्य उत्कृष्ट स्थिति सम्बन्धी स्थिति वेदनाकी परस्थान प्ररूपणा
२ ष.ख. ११/४,२,६/सू१२३-१६४/२०७-२७६	" " " " आबाधा व काण्डकों सम्बन्धी स्व पर स्थान प्ररूपणा सामान्य
३ ध. ११/४,२,६/सू १६४/२८०-३०८	" " " " " " " " " " " " " विशेष
४ ष खं. ११/४,२,६/सू१८२-२०३/३२१-३३२	साता असाता के द्वितीय, त्रितीय, चतुर्थ आदि स्थानोंके अनुभाग बन्धक जीव विशेषों में अष्टकर्मकी जघन्य उत्कृष्ट स्थिति सम्बन्धी पदोका परस्थान अल्पबहुत्व
५ ष खं ११/४,२,६/सू२०६-२३८/३३४-३४४	उपरोक्त जीवोमें अष्टकर्मोंके स्थिति बन्ध स्थानोंका परस्थान अल्पबहुत्व
६ ष.ख ११/४,२,६/सू२४१-२४५/३४६-३४६	अष्टकर्म स्थिति बन्धके सामान्य अध्यवसाय स्थानों सम्बन्धी परस्थान प्ररूपणा
७ ष. खं. ११/४,२,६/सू२५२-२६६/३५२-३६२	" " " जघन्य उत्कृष्ट अध्यवसाय स्थानो सम्बन्धी " "
८ ष खं. ११/४,२,६/सू.२७२-२७६/३६६-३६८	" " " " " स्थानों के योग्य तीव्र मन्द परिणामों सम्बन्धी प्ररूपणा
६ म ब २/सू २/२	चौदह जीव समासोंमें मूल प्रकृति स्थिति बन्ध स्थानों सम्बन्धी प्ररूपणा
१० म. ब. २/सू ५-१६/६-१२	" " " " " " " " " में प्रथम समयसे लेकर अन्तिम समय तकके निषेको सम्बन्धी प्ररूपणा
११ म. ब. २/सू १८-२२/१३-१६	चौदहजीव समासोंमें मूल प्रकृतिके ज.उ. स्थिति बन्धस्थानों, आबाधा स्थानों व काण्डकों संबंधी
१२ म. ब. २/सू १६-२१/२२८-२२६	नं. १० वत् ही परन्तु उत्तर प्रकृतिकी अपेक्षा
१३ म. ब. २/सू २३-२४/२३०	नं. १२ वत् ही " " " "
२. अनुभाग बन्ध वेदना .—	
१ष.खं.१२/४,२,७/सू४०-६४/अ.सू.१-३/३१-४४	अष्टकर्म मूलोत्तर प्रकृति के ज. उ. अनुभागोदय सम्बन्धी स्व व पर स्थान प्ररूपणा
२ ष. खं. १२/४,२,७/सू ६४-११७/४४-५६	अष्टकर्म उत्तर प्रकृति उत्कृष्ट अनुभाग बन्धकी परस्थान प्ररूपणा
३ ध. १२/४,२,७,११७/६० ६२	" " " " " " स्वस्थान "
४ ष. खं १२/४,२,७/सू११८-१७४/६५-७५	" " " जघन्य " " परस्थान "
५ ध. १२/४,२,७,१७४/७५-७८	" " " " " " स्वस्थान "
६ ध. १२/४,२,७,२०१/११४-१२७	१४ जीव समासोंमें ज. उ. अनुभाग बन्ध स्थानोंके अन्तर सम्बन्धी प्ररूपणा
७ ध १२/४,२,७,२०२/१२८	" " " ज. अनु. बन्ध व ज. अनु सत्त्व सम्बन्धी परस्थान प्ररूपणा
८ ष खं. १२/४,२,७/सू२३६-२४०/२०५-२०७	यव मध्य रचना क्रममें अनुभाग बन्ध अध्यवसाय स्थानो सम्बन्धी प्ररूपणा
ष.खं १२/४,२,७/सू२६० २६२/२६६-२६७	
६ ष ख १२/४,२,७/सू२७६-२८६/२४७-२६५	ज उ बन्ध अध्यवसायके सामान्य स्थानोंमें जीवोके प्रमाण सम्बन्धी प्ररूपणा
ष ख १२/४,२,७/सू३०४-३१४/२७२-२७४	
१० ष ख.१२/४ २,७/सू२६३-३०३/२६७-२७२	अनुभाग बन्ध अध्यवसाय स्थानोंमें जीवोके स्पर्शन काल सम्बन्धी प्ररूपणा
३ प्रदेश बन्ध वेदना —	
१ ध. १०/११७-१२१	अष्टकर्म प्रकृतियोके ज उ प्रदेशोंके सत्त्व सम्बन्धी प्ररूपणा
२ ष ख. १०/४,२,४/सू१२४-१४३/३८५-३६४	" " " " पदों सम्बन्धी प्ररूपणा
३ ष.ख. १०/४,२,४/सू१७४/४३१	प्रदेश बन्ध का अल्पबहुत्व योग स्थानों के अल्पबहुत्व वत् ही है
४ ध. १०/४,२,४,१८१/४४८/१६	प्रथमादि योग वर्गणाओंमें जीव प्रदेशों सम्बन्धी प्ररूपणा
५ ध १०/४,२,४,१८६/४७६	योग वर्गणाओंके अविभाग प्रतिच्छेदो सम्बन्धी प्ररूपणा
६ ध. ११/४,२,४,२०५/५०२	योगोंमें गुण हानि वृद्धि सम्बन्धी प्ररूपणा
७ ध. १०/४,२,४,२८/१५-६८	ज उ योग स्थानोंमें स्थित जीवोके प्रमाण सम्बन्धी प्ररूपणा
८ ध. ११/४।२,५,१७/३३/१	उत्कृष्ट क्षेत्रोंमें स्थित जीवो सम्बन्धी प्ररूपणा
६ ध. १२/४,२,७,१६१/१०२ १०४,११०	ज. उ वर्गणाओंमें दिये गये कर्म प्रदेशों सम्बन्धी परस्थान प्ररूपणा
४. प्रकृति बन्ध वेदना .—	
१ ष खं.१२/४,२,१६/सू १-२६/५०६-५१२	अष्ट कर्म मूलोत्तर प्रकृतियोके असंख्याते भेदो सम्बन्धी परस्थान प्ररूपणा
२ ष. खं.१३/५,५/सू१२४-१३२/३८४-३८७	चारो गति सम्बन्धी आनुपूर्वी नाम कर्म प्रकृतिके भेदोकी परस्थान प्ररूपणा

अल्प सावद्य—दे सावद्य।

अवंति—मालवा नरेश थे। प्रद्योत आपका अपर नाम था। अवन्ती या उज्जैनी राजधानी थी। आप प्रसिद्ध राजा पालकके पिता थे जो वीर निर्वाणके समय राज्य करते थे। तदनुसार आपका समय—वी. नि पू. ३३–०(ई पू ५६०–६७०) आता है—दे इतिहास ३/४। (ह. पु. ६०/४८८); (क पा १/प्र. ५१/पं महेन्द्रकुमार)

अवंति कामा—भरत क्षेत्रमें आर्य खण्डकी एक नदी।—दे मनुष्य ४।

अवंति वर्मा—कश्मीर नरेश—समय=ई ८८४ (ज्ञा. प्र ६/पं. पन्ना लाल बाकलीवाल)

अवंती—१ भरत क्षेत्र आर्य खण्डका एक देश—दे मनुष्य/४, २. वर्तमान उज्जैनका पार्श्ववर्ती देश। उज्जैनी इसकी राजधानी है। पहिले यह नगर वर्तमान मालवा प्रान्तमें ही सम्मिलित था। (म पु./प्र ४८/पं. पन्नालाल)।

अवक्तव्य—ध. १/४,१,६६/२७४/२४ दोरूवेसु वग्गिदेसु वड्ढिदंसणादो दोण्णं णणो कदिस। तत्तो मूलमवणिय वग्गिदे ण वड्ढदि

पुव्विल्लारासी चेव होदि,तेण दोण्णं ण कदित्तं पि अत्थि। एदं मणेण अवहारिय दुवे अवत्तव्वमिदि वुत्तं। ऐसा विदियगणणजाई। =दो रूपोंका वर्ग करनेपर चूँकि वृद्धि देखी जाती है, अत' दो को नोकृति नहीं कहा जा सकता। और चूँकि उसके वर्गमेंसे मूलको कम करके वर्णित करनेपर वह वृद्धिको प्राप्त नहीं होती, किन्तु पूर्वोक्त राशि ही रहती है, अत. 'दो' कृति भी नहीं हो सकता। इस बातको मनसे निश्चित कर 'दो संख्या वक्तव्य है' ऐसा सूत्रमें निर्दिष्ट किया है।

★ वस्तुकी कथंचित् वक्तव्यता अवक्तव्यता—दे.सप्तभंगी/६।

अवक्तव्य नय—४७ नयोंमें-से एक—दे नय I/५

अवक्तव्य बंध—दे. प्रकृति बन्ध १।

अवक्तव्य भंग—दे. सप्तभंगी ६।

अवक्तव्यवाद—

१. मिथ्या एकान्तकी अपेक्षा :—

यु. अनु २८ उपेयतत्त्वाऽनभिलाप्यता वद उपायतत्त्वाऽनभिलाप्यता स्यात्। अशेषतत्त्वाऽनभिलाप्यतायां, द्विषां भवद्भवस्यभिलाप्यतायाः। =हे भगवन्! आपकी युक्तिकी अभिलाप्यताके जो द्वेषी है, उन द्वेषियोंको इस मान्यतापर कि सम्पूर्ण तत्त्व अनभिलाप्य हैं, उपेय-तत्त्वकी अवाच्यताके सामान्य उपायतत्त्व भी सर्वथा अवाच्य हो जाता है।

स्व. स्तो/१०० ये ते स्वघातिनं दोषं शमीकर्तुमनीश्वरा.। स्वद्वेषि. स्वहनो बालास्तत्त्वावक्तव्यतां श्रिता ॥१००॥ =वे एकान्तवादी जन जो उस स्वघाती दोषको दूर करनेके लिए असमर्थ है, आपसे द्वेष रखते हैं, आत्मघाती हैं,और बालक है। उन्होंने तत्त्वकी अवक्तव्यता को आश्रित किया है।

२. सम्यगेकान्त की अपेक्षा :—

पं. ध. पू./७४७ तत्त्वमनिर्वचनीयं शुद्धद्रव्यार्थिकस्य भवति मतम्। गुणपर्ययवद्द्रव्यं पर्यायार्थिकनयस्य पक्षोऽयम् ॥७४७॥ ='तत्त्व अनिर्वचनीय है' यह शुद्ध द्रव्यार्थिकनयका पक्ष है; तथा 'गुणपर्यायवाला तत्त्व है'यह पर्यायार्थिक नयका पक्ष है। (और भी दे.अवक्तव्य नय)।

३. वक्तव्य अवक्तव्यका समन्वय—दे. सप्तभंगी ६।

अवक्रांत—प्रथम नरकका १२वां पटल—दे. नरक ५/११ व रत्नप्रभा।

अवगाढ रुचि—दे. सम्यग्दर्शन I/१।

अवगाढ सम्यग्दर्शन—दे. सम्यग्दर्शन I/१।

अवगाह—Depth (गहराई)।

स. सि. ५/१८/२८४ जीवपुद्गलादीनामवगाहिनामवकाशदानमवगाह आकाशस्योपकारो वेदितव्य'। =अवगाह करनेवाले जीव और पुद्गलोंको अवकाश देना आकाशका उपकार जानना चाहिए। (गो. जी./जी. प्र. ६०५/१०६०/३)

अवगाह क्षेत्र—दे. क्षेत्र।

अवगाहन—

१. सर्व द्रव्योंमे अवगाहन गुण :

का.अ.मू./२१४-२१५ सव्वाण दव्वाणं अवगाहणसत्ति अत्थि परमत्थं। जह्भसमपाणियाण जीव पएसाण बहुयाणं ॥२१४॥ जदि ण हवदि सा सत्ती सहावभूदा हि सव्वदव्वाणं। एक्केक्कासपएसे कहं ता सव्वाणि वट्टंति ।२१५। =वास्तवमें सभी द्रव्योंमें अवकाश देनेकी शक्ति है। जैसे भस्ममें और जलमें अवगाहन शक्ति है, वैसे ही जीवके असंख्यात प्रदेशोंमें जानो ॥२१४॥ यदि सब द्रव्योंमें स्वभावभूत अवगाहन शक्ति न होती तो एक आकाशके प्रदेशोंमें सब द्रव्य कैसे रहते ॥२१५॥

पं. ध. पू./१८६, १८१ यत्तत्तद्विसदृशत्वं जातेरनतिक्रमात् क्रमादेव। अवगाहनगुणयोगाद्देशांशानां सतामेव ॥१८६॥ अंशानामवगाहे दृष्टान्त' स्वांशसंस्थितं ज्ञानम्। अतिरिक्तं न्यूनं वा ज्ञेयाकृति तन्मयान्न तु स्वांशै ॥१८१॥ =जो उन परिणामोंमें विसदृशता होती रहती है, वह केवल सत्के अंशोंके सदवस्थ रहते हुए भी, अपनी-अपनी जातिको उल्लंघन न करके, उस देशके अंशोंमें ही क्रम पूर्वक आकारसे आकारान्तर होनेसे होती है, जो कि अवगाहन गुणके निमित्तसे होती है ॥१८६॥ जैसे कि ज्ञान अपने अंशोंसे हीन अधिक न होते हुए भी, ज्ञेयाकार होनेके कारण हीन अधिक होता है ॥१८१॥

२. सिद्धोंका अवगाहन गुण :

प. प्र. टी./६१/१३ एकजीवावगाहप्रदेशे अनन्तजीवावगाहदानसामर्थ्यमवगाहनस्य भण्यते। =एक जीवके अवगाह क्षेत्रमें अनन्ते जीव समा जायें, ऐसी अवकाश देनेकी सामर्थ्य अवगाहनगुण है।

द्र. सं. टी १४/४३/१ एकदीपप्रकाशे नानादीपप्रकाशवदेकसिद्धक्षेत्रे सङ्करव्यतिकरदोषपरिहारेणानन्तसिद्धावकाशदानसामर्थ्यमवगाहनगुणो भण्यते। =एक दीपके प्रकाशमें जैसे अनेक दीपोंका प्रकाश समा जाता है उसी तरह एक सिद्धके क्षेत्रमें संकर तथा व्यतिकर दोषसे रहित जो अनन्त सिद्धोंको अवकाश देनेकी सामर्थ्य है वह अवगाहन गुण है।

★ अवगाहन गुणकी सिद्धि व लोकाकाशमे इसका महत्त्व—दे. आकाश ३।

अवगाहना—जीवोंके शरीरकी ऊँचाई लम्बाई आदिको अवगाहना कहते हैं। इस अधिकारमें जघन्य व उत्कृष्ट अवगाहनावाले जीवोंका विचार किया गया है।

---

१. अवगाहना निर्देश

१. अवगाहनाका लक्षण

२ उत्कृष्ट अवगाहनावाले जीव अन्तिम द्वीप सागरमें ही पाये जाते हैं।

३. विग्रह गतिमे जीवोंकी अवगाहना।

४ जघन्य अवगाहना तृतीय समयवर्ती निगोदमें ही सम्भव है।

★ सूक्ष्म व स्थूल पदार्थोंकी अवगाहना विषयक।—दे. सूक्ष्म ३।

२. अवगाहना सम्बन्धी प्ररूपणाएँ

१. नरक गति सम्बन्धी प्ररूपणा

२. तिर्यंच गति सम्बन्धी प्ररूपणा

१-२. एकेन्द्रियादि तिर्यंचोंकी जघन्य व उत्कृष्ट अवगाहना

३. पृथिवी कायिकादिकी जघन्य व उत्कृष्ट अवगाहना

४. सम्मूर्च्छन व गर्भज जलचर थलचर आदिकी अवगाहना

* महामत्स्यकी अवगाहना की विशेषताएँ—दे. संमूर्च्छन

५. जलचर जीवोंकी उत्कृष्ट अवगाहना

६. चौदह जीवसमासोंकी अपेक्षा अवगाहना यन्त्र व मत्स्य रचना

३ मनुष्य गति सम्बन्धी प्ररूपणा

१-२. भरतादि क्षेत्रों, कर्म भोगभूमियों व सुषमादि कालोंकी अपेक्षा अवगाहना

★ तीर्थंकरोंकी अवगाहना—दे. तीर्थंकर ५

★ शलाका पुरुषोंकी अवगाहना—दे. शलाका पुरुष

४. देव गति सम्बन्धी प्ररूपणा
१-३. भवनवासी, व्यन्तर व ज्योतिषी देवोंकी अवगाहना
४. कल्पवासी देवोंकी अवगाहना
★ अवगाहना विषयक संख्या व अल्पबहुत्व प्ररूपणाएँ
—दे. वह वह नाम

१. अवगाहना निर्देश

१. अवगाहनाका लक्षण

स सि १०/१/४७२/११ आत्मप्रदेशव्याप्तित्वमवगाहनम्। तद्द्विविधम्—उत्कृष्टजघन्यभेदात्। =आत्मप्रदेशमें व्याप्त करके रहना, उसका नाम अवगाहना है। वह दो प्रकारकी है—जघन्य और उत्कृष्ट।

२. उत्कृष्ट अवगाहना वाले जीव अन्तिम द्वीप सागरमें ही पाये जाते हैं।

ध. ४/१,३,२/३३/४ सयंपहपव्वयपरभागट्ठियजीवाणमोगाहणा महल्लेत्ति जाणावणमुत्तमेतत्। सयंपहणगिंदपव्वदस्स परदो जहण्णोगाहणा वि जीवा अत्थि त्ति चे ण मूलग्गसयास काऊण अद्धं कदे वि सखेज्जघणगुलदंसणादो। =स्वयंप्रभ पर्वतके परभागमें स्थित जीवोंकी अवगाहना सबसे बडी होती है, इस बातका ज्ञान करानेके लिए यह गाथा सूत्र है। प्रश्न—स्वयंप्रभनगेन्द्र पर्वतके उस ओर जघन्य अवगाहनावाले भी जीव पाये जाते हैं। उत्तर—नही, क्योकि, जघन्य अवगाहनारूप मूल अर्थात् आदि और उत्कृष्ट अवगाहनारूप अन्त, इन दोनोको जोडकर आधा करनेपर भी संख्यात घनागुल देखे जाते है।

३. विग्रह गतिमें जीवोंकी अवगाहना

ध. ४/१,३,२/३०/२ विग्गहगदीए उप्पण्णाण उजुगदीए उप्पण्णपढमसमयओगाहणाए समाणा चेव ओगाहणा भवदि। णवरि दोण्हमोगाहणाणं सठाणे समाणत्तणियमो णत्थि। कुदो। आणुपुव्विसठाणणामकम्मेहि जणिदसठाणाणमेगत्तविरोधा। =विग्रहगतिसे उत्पन्न हुए जीवोके ऋजुगतिसे उत्पन्न जीवोके प्रथम समयमें होनेवाली अवगाहनाके समान ही अवगाहना होती है। विशेषता केवल इतनी है कि दोनो अवगाहनाओके आकारमें समानताका नियम नही है, क्योकि आनुपूर्वी नाम कर्मके उदयसे उत्पन्न होनेवाले और संस्थान नाम कर्मके उदयसे उत्पन्न होनेवाले सस्थानोके एकत्वका विरोध है। (विग्रह गतिमें जीवोका आकार आनुपूर्वी नाम कर्मके उदयसे पूर्व भववाला ही रहता है। वहाँ सस्थान नाम कर्मका उदय नही है। भव धारण कर लेनेपर सस्थान नामकर्मका उदय हो जाता है, जिसके कारण नवीन आकार बन जाता है—दे. उदय ४/६/२)।

४. जघन्य अवगाहना तृतीय समयवर्ती निगोदमें ही सम्भव है

ध. ११/४,२,६,२०/३४/८ पढमसमयआहारयस्स पढमसमयतब्भवत्थस्स जहण्णक्खेत्तसामित्त किण्ण दिज्जदे। ण, तत्थ आयरचउरस्सक्खेत्तागारेण ट्ठिदम्मि ओगाहणाए थोवत्ताणुववत्तीदो। विदियसमयआहारयविदियसमयतब्भवत्थस्स जहण्णसामित्त किण्ण दिज्जदे। ण तत्थ समचउरससरूवेण जीवपदेसाणमवट्ठाणादो। विदियसमए विक्खंभसमो आयामो जीवपदेसाणं होदि त्ति कुदो णव्वदे। परमगुरूवदेसादो। तदीयसमयआहारयस्स तदियसमयतब्भवत्थस्स चेव जहण्णक्खेत्तसामित्त किमट्ठं दिज्जदे। ण एस दोसो, चउरस्सक्खेत्तस्स चत्तारि वि कोणे सकोडिय वट्टुलागारेण जीवपदेसाणं तत्थावट्ठाणदंसणादो। =प्रश्न—प्रथम समयवर्ती आहारक (अर्थात ऋजुगतिसे उत्पन्न होनेवाला) और प्रथमसमयवर्ती तद्भवस्थ हुए निगोद जीवके जघन्य क्षेत्रका स्वामीपना क्यो नही देते? उत्तर—नही, क्योकि, उस समय आयत चतुरस्र क्षेत्रके आकारसे स्थित उक्त जीवमें अवगाहनाका स्तोकपना बन नहीं सकता। प्रश्न—द्वितीय समयवर्ती आहारक और द्वितीय समयवर्ती तद्भवस्थ होनेवाले जीवके जघन्य (क्षेत्रका) स्वामीपना क्यो नही देते? उत्तर—नही क्योकि उस समयमें भी जीवप्रदेश समचतुरस्र स्वरूपसे अवस्थित रहते है। प्रश्न—द्वितीय समयमें जीवके प्रदेशोका आयाम उसके विष्कम्भके समान होता है, यह कैसे कहते हो? उत्तर—परमगुरूके उपदेशसे कहते है। प्रश्न—तृतीय समयवर्ती आहारक और तृतीय समयवर्ती तद्भवस्थ निगोद जीवके ही जघन्य क्षेत्रका स्वामीपना किस लिए देते हो? उत्तर—यह कोई दोष नहीं है, क्योकि, उस समयमे चतुरस्र क्षेत्रके चारो ही कोनोको सकुचित करके जीव प्रदेशोका वर्तुलाकारसे (गोल आकारसे) अवस्थान देखा जाता है।

१. अवगाहना सम्बन्धी प्ररूपणाएँ

१. नरक गति सम्बन्धी प्ररूपणा

संकेत—ध.=धनुष; हा.=हाथ; अंगु.=अंगुल। गणना—१ धनुष=४ हाथ; १ हाथ=२४ अगुल।
प्रमाण—(मू.आ. १०५५-१०६१), (स. सि ३/३/२०७), (ति प.२/२१७-२७०); (रा.वा.३/३/४/१६४/१५), (ह पु.४/२६५-३४०); (ध ४/१,३,५/५८-६२); (त सा २/१३६), (त्रि सा.२०१), (म.पु.१०/६४), (द्र स.टी.३५/११६/८)—ध ४ के आधार पर—

पृथिवी	प्रथम पृथिवी			द्वितीय पृथिवी			तृतीय पृथिवी			चतुर्थ पृथिवी			पंचम पृथिवी			षष्ठ पृथिवी			सप्तम पृथिवी
	ध.	हा.	अगु.	ध	हा.	अगु.	ध.	हा	अगु	ध	हा	अंगु.	ध	हा.	अगु	ध.	हा	अगु.	ध
१	०	३	०—०	८	२	२—२/११	१७	१	१०—२/३	३५/९	२	२०—४/७	७५	—	—	१६६	२	१६—०	५००
२	१	१	८—१/२	९	—	२२—४/११	१९	—	९—१/३	४०	—	१७—१/७	८७	२	—	२०८	१	८—०	
३	१	३	१७—०	९	३	१८—६/११	२०	३	८—०	४४	२	१३—५/७	१००	—	—	२५०	—	—	
४	२	२	१—१/२	१०	२	१४—८/११	२२	२	९—२/३	४९	—	१०—२/७	११२	२	—				
५	३	—	१०—०	११	१	१०—१०/११	२४	१	५—१/३	५३	२	६—६/७	१२५	—	—				
६	३	२	१८—१/२	१२	—	७—१/११	२६	—	४—०	५८	—	३—३/७							
७	४	१	३—०	१२	३	३—३/११	२७	३	२—२/३	६२	२	—							
८	४	३	११—१/२	१३	१	२३—५/११	२९	२	१—१/३										
९	५	१	२०—०	१४	—	१९—७/११	३१	१	—										
१०	६	—	४—१/२	१४	३	१५—९/११													
११	६	२	१३—०	१५	२	१२—०													
१२	७	—	२१—१/२			—													
१३	७	३	९—०																

२. तिर्यंचगति सम्बन्धी प्ररूपणा

१. एकेन्द्रियादि तिर्यंचोंकी जघन्य अवगाहना

संकेत—असं.=असंख्यात; सं.=संख्यात।

(मू आ./१०६९) (ति प /५/३१८/विस्तार) (ध ४/१,३,२४-३३) (त सा./२/१४५) (गो जी /मू ९४/२१५)—ति प.के आधारपर

क्रम	मार्गणा	जघन्य अवगाहना	
		अवगाहना	अपेक्षा
१	एकेन्द्रिय	घनांगुल/असं	जन्मके तृतीयसमयवर्ती सूक्ष्म लब्ध्यप्त निगोद
२	द्वीन्द्रिय	घनांगुल/स	अनुन्धरी
३	त्रीन्द्रीय	घनांगुल/स. उपरोक्त×स	कुन्थु
४	चतुरिन्द्रिय	उपरोक्त×सं	काणमक्षिका
५	पंचेन्द्रिय	,,	तन्दुलमच्छ

२. एकेन्द्रियादि तिर्यंचोकी उत्कृष्ट अवगाहना

सकेत—यो.=योजन (४ कोश), को =कोश।

(मू आ /१०७०-१०७१) (ति प /५/३१५-३१८) (ध ४/१,३,२/-३३-४५) (त सा./२/१४२-१४४) (गो.जी /मू /९५-९६/२१६-२२१)—ति प. के आधार पर

इन्द्रिय	अवगाहना			अपेक्षा	विशेष
	लम्बाई	चौडाई	मोटाई		
१	१००० यो	१ यो.	१ यो	कमल	स्वयम्भूरमण द्वीपके मध्यवर्ती भागमें उत्पन्न
२	१२ यो	४ यो.	१$\frac{१}{३}$ यो.	शंख	,, ,, समुद्र ,, ,, ,,
३	३ को	३/८को.	३/१६को.	कुम्भी या सहस्रपद	,, ,, द्वीपके अपरभागमें उत्पन्न
४	१ यो.	३/४यो	१/२यो.	भँवरा	,, ,, ,, ,, ,, ,,
५	१००० यो	५०० यो	२५० यो.	महा—मत्स्य	,, ,, समुद्रके मध्यवर्ती भागमें उत्पन्न

३. पृथ्वी कायिकों आदिकी जघन्य व उत्कृष्ट अवगाहना

संकेत—सू.=सूक्ष्म; बा.=बादर; अस.=असख्यात।

(मू आ १०८७)।

क्रम	काय	समास	जघन्य	उत्कृष्ट
१	पृथिवी	सू. बा.	घनांगुल/असं.	द्रव्यांगुल/असं.
२	अप् तेज	,,	,,	,,
३	वायु	,,	,,	,,

४ सम्मूर्च्छन व गर्भज जलचर, थलचर आदिकी उत्कृष्ट अवगाहना

(मू.आ.१०८४-१०८६) (ह पु ५/६३०)।

क्रम	मार्गणा	सम्मूर्च्छन		गर्भज	
		अपर्याप्त	पर्याप्त	अपर्याप्त	पर्याप्त
१	जलचर	१ बालिश्त		४-८ धनुष	
२	महा—मत्स्य		योजना १०००×५००×२५०		योजन ५००×२५०×१२५
३	थलचर	,,	४-८ धनुष	,,	३ कोश
४	नभचर	,,	,,	,,	४-८ धनुष

नोट—गर्भजोंकी अवगाहना सर्वत्र सम्मूर्च्छनोसे आधी जानना

५. जलचर जीवोंकी उत्कृष्ट अवगाहना

(ह पु ५/६३०-६३१)।

स्थान	तीर पर			मध्य में		
	लम्बाई	चौडाई	मोटाई	लम्बाई	चौडाई	मोटाई
लवण समुद्र	६ यो.	(४$\frac{१}{२}$)	(२$\frac{१}{२}$)	१८ यो.	(९)	(४$\frac{१}{२}$)
कालोद समुद्र	१८ यो.	(९)	(४$\frac{१}{२}$)	३६ यो.	(१८)	(९)
स्वयंभू रमण	५०० यो	(२५०)	(१२५)	१०००	५००	२५०

६. चौदह जीव समासो की अपेक्षा अवगाहना यंत्र

संकेत—सू=सूक्ष्म; बा.=बादर; प.=पर्याप्त, अप.=अपर्याप्त; आ./असं.=आवलीका असंख्यातवाँ भाग, पल्य/अस.=पल्य÷असंख्यात पृ.=पृथ्वी, ज=जघन्य, ×=पूर्व स्थान+$\frac{\text{पूर्व स्थान}}{\text{आ./अस.}}$ ⊛=पूर्व स्थान+$\frac{\text{पूर्व स्थान}}{\text{पल्य/असं.}}$

प्रमाण —(मू आ १०८७); (ति.प ५/३१८ विस्तार)(गो.जी./जी प्र./९७-१०१/२२३-२४३)


कुल स्थान = ६४

स्थान=१ (सू.अप.ज.)	स्थान=२ (बा.अप.ज.)	स्थान=३ (अप.ज.)	स्थान=४ (सू.प.ज.)	स्थान=५ (बा.प.ज.)	स्थान=६ (प.ज.)	स्थान=७ (प.ज.)	स्थान=८ (प.ज.)
सूक्ष्म निगोद १	बादर वात=६	अप्र.प्रत्येक १२	सूक्ष्म निगोद १७	बादर वात ३२	अप्र.प्रत्येक ५०	तेन्द्रिय=५५	तेन्द्रिय ६०
,, वात २	,, तेज=७	बेइंद्री=१३	,, वात=२०	,, तेज=३५	बेन्द्रिय ५१	चौन्द्रिय=५६	चौन्द्रिय ६१
,, तेज ३	,, अप्=८	तेइन्द्रि=१४	,, तेज २३	,, अप्=३८	तेन्द्रिय=५२	बेन्द्रिय=५७	बेन्द्रिय=६२
,, अप् ४	,, पृथ्वी=९	चतुरेन्द्रि=१५	,, अप्=२६	,, पृथ्वी=४१	चौन्द्रिय=५३	अप्रतिष्ठित=५८	अप्र.प्रत्येक=६३
,, पृथ्वी ५	,, निगोद=१०	पचेन्द्रिय=१६	,, पृथ्वी=२९	,, निगोद=४४	पञ्चेन्द्रिय=५४	पञ्चेन्द्रिय=५९	पञ्चेन्द्रिय=६४
प्रति स्थान वृद्धि क्रमशः आ./असं.	प्रति स्थान वृद्धि क्रमशः पल्य/असं.	प्रति स्थान वृद्धि क्रमशः पल्य/अस.	प्रति स्थान वृद्धि क्रमशः ×	प्र.प्रत्येक=४७ प्रति स्थान वृद्धि क्रमश ⊛	प्रति स्थान वृद्धि क्रमश पल्य/सं.	प्रति स्थान वृद्धि क्रमशः पल्य/सं.	प्रति स्थान वृद्धि क्रमशः पल्य/सं.

स्थान=९ (सू.अप.उ.)	स्थान=१० (बा.अप.उ.)	स्थान=११ (सू.प.उ.)	स्थान=१२ (बा.प.उ.)
निगोद=१८	वात=३३	निगोद=१९	वात=३४
वात=२१	तेज=३६	वात=२२	तेज=३७
तेज=२४	अप्=३९	तेज=२५	अप्=४०
अप=२७	पृथ्वी=४२	अप्=२८	पृथ्वी=४३
पृथ्वी=३०	निगोद=४५	पृथ्वी=३१	निगोद=४६
प्रति स्थान वृद्धि क्रमश ×	प्र.प्रत्येक=४८ प्रति स्थान वृद्धि क्रमश ⊛	प्रति स्थान वृद्धि क्रमश ×	प्र प्रत्येक=४९ प्रति स्थान वृद्धि क्रमश ⊛

६. चौदह जीव समासो की अपेक्षा अवगाहना की मत्स्य रचनाका यंत्र

नोट व संकेत : १. रचनाका क्रम (देखो पहले पृष्ठपर) जघन्य, मध्यम, उत्कृष्ट स्थान व अवक्तव्य वृद्धि
२. एक स्थानको दो बिन्दी=उस स्थानमें जघन्यसे उत्कृष्ट पर्यन्त अवगाहनाके सर्वभेद
३. दो दो स्थानोमें बिन्दी=प्रति अवगाहना (ति प ४/३१८ विस्तार), (गो जी./जी प्र/११२/२७४)।
४. दो बिन्दी के बीच का अन्तराल=प्रति अवगाहना स्थान अवक्तव्यवृद्धि।
५. दो बिन्दियो के बीच के स्थान=मध्यमस्थान



३. मनुष्य गति सम्बन्धी प्ररूपणा

१. भरतादि क्षेत्रों व कर्मभोग भूमिकी अपेक्षा अवगाहना

गणना—२००० धनुषका १ कोश

प्रमाण—१. (मू आ १०६३,१०८७), २ (स सि.३/३६-३१),३ (ति. प ४/ गा न), ४ (रा वा.३/३६-३१/१६२), ५. (ध.४/ १,३,२/४५),६ (ज प.११/५४), ७ (त सा २/१३७)

प्रमाण		अधिकरण		अवगाहना	
ति.प./गा	अन्य प्रमाण	क्षेत्र निर्देश	भूमि निर्देश	जघन्य	उत्कृष्ट
	२,५,७	भरत-ऐरावत	कर्म भूमि	३½ हाथ	५२५ धनु
४०४	१,२	हैमवत हैरण्यवत	जघन्य भोग	५२५,५०० धनु	२००० धनु
३१६	१,२	हरि-रम्यक	मध्यम भोग	२००० धनु	४००० धनु
२२५६	२,५	विदेह	उ.कर्मभूमि	५०० धनु	५०० धनु
३३५	१,२	देव व उत्तर कुरु	उत्तम भोग	४००० धनु	६००० धनु
२५१३	६	अन्तर्द्वीप	कुभोग	५०० धनु	२००० धनु

२ सुषमा आदि छ कालोकी अपेक्षा अवगाहना

काल निर्देश	अवसर्पिणी			उत्सर्पिणी			
	प्रमाण ति.प/४	जघन्य अवगाह	उत्कृष्ट अवगाहना	जघन्य ति प./४/अव.		उत्कृष्ट ति.प./४/अव.	
	गा.			गा.		गा.	
सुषमासुषमा	३३५	४००० धनु	६००० धनु	१६०२	छह उत्सर्पिणी काल	१६०४	छह अवसर्पिणीकाल
सुषमा	३६६	२००० ,,	४००० ,,	१६००		१६०१	
सुषमादुषमा	४०४	५२५ ,,	२००० ,,	१५६७		१५६८	
दुषमासुषमा	१२७७	७ हाथ	५२५	१५७६		१५६५	
दुषमा	१४७५	३ या ३½	७ हाथ	१५६८			
दुषमादुषमा	१५३६	१ ,,	३या ३½ ,,	१५६४			

४ देवगति सम्बन्धी प्ररूपणा

१ भवनवासी देवोकी अवगाहना

(मू आ १०६२) (ति प ३/१७६) (ह पु ४/६८) (ध ४/१,३,२/गा.१८/७ (ज प ११/१३६) (त्रि सा २४६)

क्रम	नाम	अवगाहना	क्रम	नाम	अवगाहना
१	असुरकुमार	२५ धनुष	६	उदधिकुमार	१० धनुष
२	विद्युत्कुमार	१० ,,	७	द्वीपकुमार	१० ,,
३	सुपर्णकुमार	१० ,,	८	दिक्कुमार	१० ,,
४	अग्निकुमार	१० ,,	६	स्तनितकुमार	१० ,,
५	वातकुमार	१० ,,	१०	नागकुमार	१० ,,

२ व्यन्तर देवोकी अवगाहना

१ (मू आ १०६२), २ (ति.प ४/७६,१६५२,१६७२), ३ (ति प ६/६८), ४. (ह.पु.४/६८), ५. (ध.४/१ ३,२/गा.१८/७६), ६ (ध ७/२,६,१७ गा १/३१६), (ज प ११/१३६)

प्रमाण स.—१,३-६ (किन्नर आदि आठ प्रकार व्यन्तरों की अवगाहना १० धनुष है।)

प्रमाण स. २—(मध्य लोकके कूटो व कमलो आदिके स्वामी देव देवियोकी अवगाहना भी १० धनुष बतायी गयी है)।

३ ज्योतिषी देवोकी अवगाहना

(मू आ १०६२) (ति प ७/६१८) (ह पु. ४/६८) (ध ४/१,३, २(गा १८/७६) (ज.प ११/१३६) (त्रि.सा.२४६) (सर्व ज्योतिष देवोकी अवगाहना ७ धनुष है)

४ कल्पवासो देवोंकी अवगाहना

१. मू आ १०६४-१०६८), २. (स.सि.४/२१/२५२); ३. (ति प. ८/६४०); ४. (रा.वा.४/२१/८/२३६/२६), ५ (ह.पु ४/६६); ६ (ध.७/२,६,१७/ २-६/३१६ ३२०), ७. (ज.प.११/३४६-३५२); ८. (ज.प.११/२५३), ६. (त्रि.सा ५४३), १०. (त.सा.२/१३६-१४१)

प्रमाण स.	नाम	अवगाह	विशेषता
स.३ के बिना सर्व	सौधर्म-ईशान	७हाथ	
,, ३व८के बिनासर्व	सनत्कुमार-माहेन्द्र	६ ,,	
,,	ब्रह्म-ब्रह्मोत्तर	५ ,,	

प्रमाण सं.	नाम	अवगाह	विशेषता
केवल सं ३	लौकान्तिक	५ हाथ	
सं.३७८के बिना सर्व	लान्तव कापिष्ठ	५ ,,	
,,	शुक्र-महाशुक्र	४ ,,	
,,	शतार-सहस्रार	४ ,,	प्रमाण नं ६के अनुसार १/२ हाथ कम
,,	आनत-प्राणत	३½ ,,	,,
,,	आरण-अच्युत	३ ,,	
,,	अधोग्रैवेयक	२½ ,,	
,,	मध्य ग्रैवेयक	२ ,,	
,,	उपरिम ग्रैवेयक	१½ ,,	
केवल सं १	नव अनुदिश	१½ ,,	प्रमाण न.६के अनुसार १/२ हाथ कम
३ व ८के बिना सर्व	पंच अनुत्तर	१ ,,	

* अवगाहना प्रकरणमें प्रयुक्त मानोका अर्थ दे गणित I/१/६

अवग्रह—इन्द्रिय ज्ञानकी उत्पत्तिके क्रममें सर्व प्रथम इन्द्रिय और पदार्थ का सन्निकर्ष होते ही जो एक झलक मात्र सी प्रतीत होती है, उसे अवग्रह कहते है। तत्पश्चात् उपयोगकी स्थिरताके कारण ईहा व अवायके द्वारा उसका निश्चय होता है। ज्ञानके ये तीनो अंश बड़े वेगसे बीत जानेके कारण पृथक् प्रतीति गोचर नहीं होते।

१. भेद व लक्षण

१ अवग्रह सामान्यका लक्षण।

२ अवग्रहके भेद।

१ विशद व अविशद—२ अर्थ व व्यंजन।

३ विशद व अविशद अवग्रहके लक्षण।

४ अर्थ व व्यंजन अवग्रहके लक्षण।

२. अवग्रह निर्देश

★ अवग्रह ईहा आदिका उत्पत्ति क्रम—दे० मतिज्ञान ३

१ अवग्रह और संशयमे अन्तर।

२ अवग्रह अप्रमाण नही।

३ अर्थावग्रह व व्यंजनावग्रहमे अन्तर।

४ अर्थावग्रह व व्यंजनावग्रहका स्वामित्व।

५ अप्राप्यकारी तीन इन्द्रियोमे अवग्रह सिद्धि।

★ प्राप्यकारी व अप्राप्यकारी इन्द्रियाँ।—दे० इन्द्रिय २

★ अवग्रह और दर्शनमे अन्तर।—दे० दर्शन २/६

★ अवग्रह व ईहामे अन्तर।—दे० अवग्रह २/१/२

६ अवग्रह व अवाय मे अन्तर।

१. भेद व लक्षण

१. अवग्रह सामान्यका लक्षण

ष ख. १३/५,५/सू ३७/२४२ ओग्गहे जोदाणे साणे अवलंबणा मेहा॥३७॥ अवग्रह, अवधान, सान, अवलम्बना और मेधा ये अवग्रहके पर्यायवाची नाम हैं। (इन शब्दोके अर्थ—दे० वह वह नाम)

स सि १/१५/१११ विषयविषयिसंनिपातसमनन्तरमाद्यं ग्रहणमवग्रह विषयविषयिसंनिपाते सति दर्शन भवति। तदनन्तरमर्थग्रहणमवग्रह। =विषय और विषयीके सम्बन्धके बाद होनेवाले प्रथम ग्रहणको अवग्रह कहते है। विषय और विषयीका सन्निपात होनेपर दर्शन होता है। उसके पश्चात् जो पदार्थका ग्रहण होता है वह अवग्रह कहलाता है। (रा वा १/१५/१/६०/२), (ध १/१,११५/३५४/२), (ध ६/१,९-१, १४/१६/५), (ध.९/४,१.४५/१४४/५), क पा १/१-१५/§३०२/३३२/३); (ज प १३/५७); (गो जी /मू ३०८/६६३)।

ध १३/५,५,३७/२४२/२ अवगृह्यते अनेन घटाद्यर्था इत्यवग्रह'। =जिसके द्वारा घटादि पदार्थ जाने जाते है वह अवग्रह है।

ध १३/५,५,२३/२१६/१३ विषयविषयिसंपातसमनन्तरभाव्य ग्रहणमवग्रह'। रसाद्योऽर्था विषय, षडपीन्द्रियाणि विषयिण, ज्ञानोत्पत्ते पूर्वावस्था विषयविषयिसंपात ज्ञानोत्पादनकारणपरिणामविशेषसंतत्युत्पत्त्युपलक्षित अन्तर्मुहूर्तकाल दर्शनव्यपदेशभाक्। तदनन्तर भाव्य वस्तुग्रहणमवग्रह, यथा चक्षुषा घटोऽय घटोऽयमिति। यत्र घटादिना विना रूपदिशाकारादिविशिष्ट वस्तुमात्रं परिच्छिद्यते ज्ञानेन अनध्यवसायरूपेण तत्राप्यवग्रह एव, अनवगृहीतेऽर्थे ईहाद्युत्पत्ते। =विषय व विषयीका सम्पात होनेके अनन्तर जो प्रथम ग्रहण होता है, वह अवग्रह है। रस आदिक अर्थ विषय है, छहो इन्द्रियाँ विषयी है, ज्ञानोत्पत्तिकी पूर्वावस्था विषय व विषयीका सम्पात है, जो दर्शन नाम से कहा जाता है। यह दर्शन ज्ञानोत्पत्तिके कारणभूत परिणाम विशेषकी सन्ततिकी उत्पत्तिसे उपलक्षित होकर अन्तर्मुहूर्त कालस्थायी है। इसके बाद जो वस्तुका प्रथम ग्रहण होता है वह अवग्रह है। यथा—चक्षुके द्वारा 'यह घट है, यह घट है' ऐसा ज्ञान होना अवग्रह है। जहाँ घटादिके बिना रूप, दिशा, और आकार आदि विशिष्ट वस्तुमात्र ज्ञानके द्वारा अनध्यवसाय रूपसे जानी जाती है, वहाँ भी अवग्रह ही है, क्योंकि, अनवगृहीत अर्थमे ईहादि ज्ञानोकी उत्पत्ति नहीं हो सकती।

ज प १३/६१ सोदूण देवदत्ति य सामण्णेण विचाररहिदेण। जस्सुप्पज्जइ बुद्धी अवग्गह तस्स णिद्दिट्ठ ॥६१॥ ='देवता' इस प्रकार सुनकर जिसके विचार रहित सामान्य से बुद्धि उत्पन्न होती है, उसके अवग्रह निर्दिष्ट किया गया है।

न्या दी. २/§११/३१ तत्रेन्द्रियार्थ समवधानसमनन्तरसमुत्थसत्तालोचनान्तरभावी सत्ताबान्तरजातिविशिष्टवस्तुग्राही ज्ञानविशेषोऽवग्रह। यथाऽय पुरुष इति। =इन्द्रिय और पदार्थ के सम्बन्ध होने के बाद उत्पन्न हुए सामान्य अवभास (दर्शन), के अनन्तर होने वाले और अवान्तर सत्ताजाति से युक्त वस्तु को ग्रहण करनेवाले ज्ञानविशेषको अवग्रह कहते है, जैसे—'यह पुरुष है'।

२. अवग्रहके भेद

१. विशद अवग्रह व अविशद अवग्रह

ध. ९/४,१.४५/१४५/३ द्विविधोऽवग्रहो विशदाविशदावग्रहभेदेन। =विशदावग्रह और अविशदावग्रह के भेद से अवग्रह दो प्रकारका है।

२. अर्थ व व्यंजन अवग्रह

ध १/१,१.११५/३५४/७ अवग्रहो द्विविधोऽर्थावग्रहो व्यञ्जनावग्रहश्चेति। =अवग्रह दो प्रकार का होता है अर्थावग्रह और व्यंजनावग्रह। (ध ६/१,९-१,१४/१६/७), (ज प/११/६५)

गो जी/जी प्र/३०७/६६०/७ मतिज्ञानविषयो द्विविध व्यंजनं अर्थश्चेति। व्यञ्जनरूपे विषये स्पर्शनरसनघ्राणश्रोत्रै चतुर्भिरिन्द्रियै अवग्रह एक एवोत्पद्यते नेहादय। ईहादीना ज्ञानानां देशसर्वाभिव्यक्तौ सत्यामेव उत्पत्तिसंभवात्। इति व्यञ्जनावग्रहश्चतुर्धा एव। =मति ज्ञानका विषय दो भेद रूप है—व्यंजन व अर्थ। तहाँ व्यंजन जो अव्यक्त शब्दादि तिनि विषय स्पर्शन, रसन, घ्राण व श्रोत्र इन्द्रियनिकरि केवल अवग्रह ही है, ईहादिक न ही है, जातै

ईहादिक तो एक देश वा सर्वदेश व्यक्त भए ही हो है।· तातै च्यार इन्द्रियनिकरि व्यंजनावग्रहके च्यार भेद है।

३. विशद व अविशद अवग्रहके लक्षण

ध. ६/४ १,४५/१४५/३ तत्र विशदो निर्णयरूप अनियमेनेहावायधारणा प्रत्ययोत्पत्तिनिबन्धन। अविशदावग्रहो नाम अगृहीतभाषावयोरूपादिविशेष· गृहीतव्यवहारनिबन्धनपुरुषमात्रसत्त्वादिविशेष अनियमेनेहाद्युत्पत्तिहेतु·।=विशद अवग्रह निर्णयरूप होता हुआ अनियमसे ईहा अवाय और धारणा ज्ञानकी उत्पत्तिका कारण है। ··भाषा, आयु व रूपादि विशेषोंको ग्रहण न करके व्यवहारके कारणभूत पुरुषमात्रके सत्त्वादि विशेषको ग्रहण करनेवाला तथा अनियमसे जो ईहा आदिकी उत्पत्तिमें कारण है वह अविशदावग्रह है।

४. व्यंजनावग्रह व अर्थावग्रहका लक्षण

स सि १/१८/११७/६ व्यक्तग्रहणात् प्राग्व्यञ्जनावग्रह· व्यक्तग्रहणमर्थावग्रह:।=व्यक्त ग्रहणसे पहिले पहिले व्यंजनावग्रह होता है और व्यक्त ग्रहणका नाम अर्थावग्रह है। (रा. वा १/१८/२/१७/५)

ध. १/१,१,११५/ पृ०/प० अप्राप्तार्थग्रहणमर्थावग्रह· ३५४/७ · प्राप्तार्थग्रहणं व्यञ्जनावग्रह ।३५५-१। ··योग्यदेशावस्थितेरेव प्राप्तेरभिधानात्। ३५७-२।=अप्राप्त अर्थके ग्रहण करनेको अर्थावग्रह कहते है। (और) प्राप्त अर्थ के ग्रहण करने को व्यंजनावग्रह कहते है। इन्द्रियोंके ग्रहण करने के योग्य देशमें पदार्थोंकी अवस्थितिको प्राप्ति कहते है। (ध. ६/१-६-१.१४/१६/७) (ध. ६/४ १,४५/१५६/८)

ज.प १३/६६-६७ दूरेण य ज गहण इंदियणोइंदिएहि अत्थिक्कं। अत्थावग्गहणाणं णायव्वं तं समासेण।६६। फासित्ता ज गहण रसफरसणसद्दगंधविसएहि। वंजणवग्गहणाणं णिद्दिट्ठं त वियाणाहि।६७।=दूरसे ही जो चक्षुरादि इन्द्रियो तथा मनके द्वारा विषयोंका ग्रहण होता है उसे सक्षेपसे अर्थावग्रहज्ञान जानना चाहिए। ६६। छूकर जो रस, स्पर्श, शब्द और गन्ध विषयका ग्रहण होता है, उसे व्यंजनावग्रह निर्दिष्ट किया गया है। ६७।

गो.जी /जी.प्र ३/३०७/६६०/८ इन्द्रियै. प्राप्तार्थ विशेषग्रहणं व्यंजनावग्रह। तैरप्राप्तार्थविशेषग्रहण अर्थावग्रह इत्यर्थ·। व्यंञ्जन अव्यक्तंशब्दादिजात इति तत्त्वार्थविवरणेषु प्रोक्त कथमनेन व्याख्यानेन सह सगतिमिति चेदुच्यते विगत-अञ्जन-अभिव्यक्तिर्यस्य तद्व्यञ्जन। व्यज्यते ग्रह्यते प्राप्यते इति व्यञ्जन अञ्जु गतिव्यक्तिम्रक्षणेष्विति व्यक्तिम्रक्षणार्थयोर्ग्रहणात्।शब्दाद्यर्थ श्रोत्रादीन्द्रियेण प्राप्तोऽपि यावन्नाभिव्यक्तस्तावद् व्यञ्जनमित्युच्यते ··पुनरभिव्यक्तौ सत्या स एवार्थो भवति।=जो विषय इन्द्रियनिकरि प्राप्त होइ स्पर्शित होइ सो व्यंजन कहिए। जो प्राप्त न होइ सो अर्थ कहिए। प्रश्न--तत्त्वार्थ सूत्रकी टीका विषै तो अर्थ ऐसा कीया है, जो व्यंजन नाम अव्यक्त शब्दादिकका है। इहाँ प्राप्त अर्थको व्यंजन कह्या सो कैसे है? उत्तर—व्यंजन शब्दके दोऊ अर्थ हो है। 'विगत अञ्जन व्यञ्जनं' दूरभयाहै अंजन कहिए व्यक्तभाव जाके सो व्यंजन कहिए। सो तत्त्वार्थ सूत्रकी टीका विषै तौ इस अर्थका मुख्य ग्रहण किया है। अर 'व्यज्यते ग्रह्यते प्राप्यते इति व्यंजनं' जो प्राप्त होइ ताकौ व्यंजन कहिए सो इहाँ यहु अर्थ मुख्य ग्रहण कीया है। जातै 'अञ्जु' धातु गति, व्यक्ति, म्रक्षण अर्थ विषै प्रवर्ते है। तातै व्यक्ति अर्थका अर म्रक्षण अर्थका ग्रहण करनेतै करणादिक इन्द्रियनिकरि शब्दादिक अर्थ प्राप्त हुवै भी यावत् व्यक्त न होइ, तावत् व्यंजनावग्रह है व्यक्त भए अर्थावग्रह हो है। (विशेष देखो आगे अर्थ व व्यंजनावग्रहमे अन्तर)।

२. अवग्रह निर्देश

१. अवग्रह और संशयमें अन्तर

रा. वा. १/१४/७-१०/६०/२१ अवग्रहे ईहाद्यपेक्षत्वात् सशयानतिवृत्ते। उच्यते—लक्षणभेदादन्यत्वमग्निजलवत्।८। ··· कोऽसौ लक्षणभेद। उच्यते।८। स्थाणुपुरुषाद्यनेकार्थालम्बनसंनिधानादनेकार्थात्मक· सशय, एकपुरुषाद्यन्यतमात्मकोऽवग्रह·। स्थाणुपुरुषानेकधर्मानिश्चितात्मक सशय·, यतो न स्थाणुधर्मान् पुरुषधर्मांश्च निश्चिनोति, अवग्रहस्तु पुरुषाद्यन्यतमैकधर्मनिश्चयात्मक·। स्थाणुपुरुषानेकधर्मापर्युदासात्मक सशय· यतो न प्रति नियतान्स्थाणुपुरुषधर्मान् पर्युदस्यति संशय, अवग्रह पुन· पर्युदासात्मक·, स ह्यन्यान् ध्रुवादीन् पर्यायान् पर्युदस्य 'पुरुष' इत्येकपर्यायालम्बन·।९। स्यादेतत्—सशयतुल्यऽवग्रह कुत। अपर्युदासात्। तत्र, किं कारणम्। निर्णयविरोधात् सशयस्य। सशयो हि निर्णयविरोधी न स्वावग्रह निर्णयदर्शनात्।१०।=प्रश्न—अवग्रहमें ईहाकी अपेक्षा होनेसे करीब-करीब संशयरूपता ही है? उत्तर—अवग्रह और संशयके लक्षण जल और अग्निकी तरह अत्यन्त भिन्न है, अत दोनो जुदे जुदे है। इनके लक्षणों में क्या भेद है, वही बताते है—संशय स्थाणु पुरुष आदि अनेक पदार्थों में दोलित रहता है, अनिश्चयात्मक होता है और स्थाणु पुरुषादिमें-से किसीका निराकरण नहीं करता जब कि अवग्रह एक ही अर्थको विषय करता है, निश्चयात्मक है और स्व विषयमें भिन्न पदार्थोंका निराकरण करता है। सारांश यह सशय निर्णयका विरोधी होता है, अवग्रह नहीं। (ध ६/४,१,४५/१४५/६) (न्याय. दी २/§११/३१)।

ध. १३/५,५,२३/२१७/८ सशयप्रत्यय· क्वान्त पतितः। ईहायाम्। कुतः। ईहाहेतुत्वात्। तदपि कुत:। कारणे कार्योपचारात्। वस्तुत. पुनरवग्रह एव। का ईहा नाम। संशयादूर्ध्वमवायादधस्तात् मध्यावस्थायां वर्तमान विमर्शात्मक. प्रत्यय हेत्ववष्टम्भबलेन समुत्पद्यमान· ईहेति भण्यते।=प्रश्न—सशय प्रत्ययक अन्तर्भाव किस ज्ञान में होता है? उत्तर -ईहामें, क्योंकि वह ईहाका कारण है। प्रश्न—यह भी क्यों? उत्तर—क्योंकि कारणमें कार्यका उपचार किया जाता है। वस्तुत. वह संशय प्रत्यय अवग्रह ही है। प्रश्न—ईहाका क्या स्वरूप है? उत्तर—संशयके बाद और अवाय पहले बीचकी अवस्थामें विद्यमान तथा हेतुके अवलम्बनसे उत्पन्न हुए विमर्शरूप प्रत्ययको ईहा कहते है।

२ अवग्रह अप्रमाण नहीं

रा. वा १/१५/६/६०/१३ यथा चक्षुषि न निर्णय. सत्येव तस्मिन् 'किमयं स्थाणुपुरुषोस्वित पुरुष·' इति सशयदर्शनात् तथा अवग्रहेऽपि सति न निर्णय ईहादर्शनात्, ईहाया च न निर्णय, यतो निर्णयार्थमीहा न त्वीहैव निर्णय। यश्च निर्णयो न भवति स सशयजातीय इत्यप्रामाण्यमनयोरिति॥६॥ स्यादेतत् न अवग्रह-संशय·। कुत·। अवग्रहवचनात्। यत उक्त पुरुष 'पुरुषोऽयम्' इत्यवग्रह., तस्य 'भाषावयोरूपादीविशेषाकाक्षणमीहा' इति।=प्रश्न—जैसे चक्षु होते हुए सशय होता है अत उसे निर्णय नहीं कह सकते उसी तरह अवग्रहके होते हुए ईहा देखी जाती है। ईहा निर्णय रूप नहीं है, क्योंकि निर्णयके लिए ईहा है न कि स्वयं निर्णय रूप, और जो स्वय निर्णय रूप नही है वह स्वय की ही कोटि में होता है, अत अवग्रह और ईहाको प्रमाण नहीं कह सकते? उत्तर—अवग्रह सशय नही है, क्योंकि 'अवग्रह' अर्थात् निश्चय ऐसा कहा गया है। जो कि उक्त पुरुषमें 'यह पुरुष है' ऐसा ग्रहण तो अवग्रह है और उसकी भाषा, आयु व रूपादि विशेषोंको जाननेकी इच्छाका नाम ईहा है। (विशेष दे अवग्रह २/१)

ध ६/४ १,४५/१४५/२ न प्रमाणमवग्रह, तस्य सशयविपर्ययानध्यवसायेष्वन्तर्भावादिति। न अवग्रहस्य द्वैविध्यात्।···विशदाविशदावग्रहभेदेन। तत्र विशदो निर्णयरूप·।·· तत्राविशदावग्रहो नाम अगृहीतभाषावयोरूपादिविशेष· गृहीतव्यवहारनिबन्धनपुरुषमात्रसत्त्वादि विशेष·। अप्रामाण्यमविशदावग्रह· अनध्यवसायरूपत्वादिति चेन्न अध्यवसितकतिपयविशेषत्वात्। न विपर्ययरूपत्वादप्रमाणम्. तत्र वैपरीत्यानुपलम्भात्। न विपर्ययज्ञानोत्पादकत्वादप्रमाणम्, तस्मात्तदुत्पत्तेर्नियमाभावात्। न संशयहेतुत्वादप्रमाणम्, कारणानुगुणकार्यनियमानुपलम्भात्, सशयादप्रमाणात्प्रमाणीभूतनिर्णयप्रत्ययोत्पत्तितो-

ऽनैकान्ताच्च ।... ततो गृहीतवस्त्वं शं प्रति अविशदावग्रहस्य प्रामाण्यमभ्युपगन्तव्यम्, व्यवहारयोग्यत्वात्। व्यवहारायोग्योऽपि अविशदावग्रहोऽस्ति, कथ तस्य प्रामाण्यम् । न, किंचिन्मया दृष्टमिति व्यवहारस्य तत्राप्युपलम्भात्। वास्तवव्यवहारायोग्यत्व प्रति पुनरप्रमाणम् ।=प्रश्न—(अनिर्णय स्वरूप होनेके कारण) अवग्रह प्रमाण नहीं हो सकता, क्योंकि ऐसा होनेपर उसका संशय, विपर्यय व अनध्यवसायमें अन्तर्भाव होगा ? उत्तर—नहीं, क्योंकि, अवग्रह दो प्रकारका है—विशदावग्रह और अविशदावग्रह। उनमें विशदावग्रह निर्णयरूप होता है और भाषा, आयु व रूपादि विशेषोंको ग्रहण न करके व्यवहारके कारणभूत पुरुषमात्रके सत्त्वादि विशेषको ग्रहण करनेवाला अविशदावग्रह होता है। प्रश्न—अविशदावग्रह अप्रमाण है, क्योंकि वह अनध्यवसाय रूप है ? उत्तर—१ ऐसा नहीं है क्योंकि वह कुछ विशेषोंके अध्यवसायसे सहित है।—२ उक्त ज्ञान विपर्ययस्वरूप होनेसे भी अप्रमाण नहीं कहा जा सकता, क्योंकि उसमें विपरीतता नहीं पायी जाती। यदि कहा जाय कि वह चूँकि विपर्यय ज्ञानका उत्पादक है, अतः अप्रमाण है, सो यह भी ठीक नहीं है, क्योंकि, उससे विपर्ययज्ञानके उत्पन्न होनेका कोई नियम नहीं है।—३. संशयका हेतु होनेसे भी वह अप्रमाण नहीं है, क्योंकि, कारणानुसार कार्यके होनेका नियम नहीं पाया जाता, तथा अप्रमाणभूत संशयसे प्रमाणभूत निर्णय प्रत्ययकी उत्पत्ति होनेसे उक्त हेतु व्यभिचारी भी है।—४. संशयरूप होनेसे भी वह अप्रमाण नहीं है—(दे अवग्रह २/१)—इस कारण ग्रहण किये गये वस्त्वंशके प्रति अविशदावग्रहको प्रमाण स्वीकार करना चाहिए, क्योंकि वह व्यवहारके योग्य है। प्रश्न—व्यवहारके अयोग्य भी तो अविशदावग्रह है, उसके प्रमाणता कैसे सम्भव है ? उत्तर—नहीं, क्योंकि, 'मैंने कुछ देखा है' इस प्रकारका व्यवहार वहाँ भी पाया जाता है। किन्तु वस्तुतः व्यवहारकी अयोग्यताके प्रति वह अप्रमाण है।

३. अर्थावग्रह व व्यंजनावग्रहमें अन्तर

स. सि.१/१८/११७ ननु अवग्रहग्रहणमुभयत्र तुल्य तत्र किं कृतोऽयं विशेष । अर्थावग्रहव्यञ्जनावग्रहयोर्व्यक्ताव्यक्तकृतो विशेषः । कथम् । अभिनवशरावार्द्रीकरणवत्। यथा जलकणद्वित्रासिक्त सरावोऽभिनवो नार्द्रीभवति, स एव पुनः पुनः सिच्यमान शनैस्तिम्यति एवं श्रोत्रादिष्विन्द्रियेषु शब्दादिपरिणता पुद्गला द्वित्रादिसमयेषु गृह्यमाणा न व्यक्तीभवन्ति, पुनः पुनरवग्रहे सति व्यक्तीभवन्ति। अतो व्यक्तग्रहणात्प्राग्व्यञ्जनावग्रहः व्यक्तग्रहणमर्थावग्रहः। ततोऽव्यक्तावग्रहणादीहादयो न भवन्ति। =प्रश्न—जब कि अवग्रहका ग्रहण दोनों जगह समान है तब फिर इनमें अन्तर किंनिमित्तक है ? उत्तर—इनमें व्यक्त व अव्यक्त ग्रहणकी अपेक्षा अन्तर है। प्रश्न—कैसे ? उत्तर—जैसे मिट्टीका नया सकोरा जलके दो तीन कणोंसे सींचने पर गीला नहीं होता और पुनः-पुनः सींचनेपर वह धीरे-धीरे गीला हो जाता है। इसी प्रकार श्रोत्रादि इन्द्रियोंके द्वारा ग्रहण किये गये शब्दादि रूप पुद्गल स्कन्ध दो तीन समयोंमें व्यक्त नहीं होते हैं, किन्तु पुनः पुनः ग्रहण होनेपर वे व्यक्त हो जाते हैं। इससे सिद्ध हुआ कि व्यक्त ग्रहणसे पहिले-पहिले व्यंजनावग्रह होता है और व्यक्त ग्रहणका नाम (या व्यक्त ग्रहण हो जाने पर) अर्थावग्रह है। अव्यक्त अवग्रहसे ईहा आदि नहीं होते हैं। (गो.जी./जी.प्र./३०७/६६०/१०)

ध.६/१,९,४५/१४५/३ तत्र विशदो निर्णयरूपः, अनियमेनेहावायधारणाप्रत्ययोत्पत्तिनिबन्धनः।...तत्रअविशदावग्रहो नाम अगृहीतभाषायुरूपादिविशेष गृहीतव्यवहारनिबन्धनपुरुषमात्रसत्त्वादिविशेष अनियमेनेहाद्युत्पत्तिहेतुः। =विशद अवग्रह निर्णय रूप होता हुआ अनियमसे ईहा, अवाय और धारणा ज्ञानकी उत्पत्तिका कारण है।... उनमें भाषा, आयु व रूपादि विशेषोंको ग्रहण न करके व्यवहारके कारणभूत पुरुषमात्रके सत्त्वादि विशेषको ग्रहण करनेवाला तथा अनियमसे जो ईहा आदिकी उत्पत्तिमें कारण है वह अविशदावग्रह है।

ध ९/४,१,४५/१५६/८ अप्राप्तार्थग्रहणमर्थावग्रहः, प्राप्तार्थग्रहणं व्यञ्जनावग्रहः। न स्पष्टास्पष्टग्रहणे अर्थव्यञ्जनावग्रहौ, तयोश्चक्षुर्मनसोरपि सत्त्वतस्तत्र व्यञ्जनावग्रहस्य सत्त्वप्रसंगात्।... न शनैर्ग्रहणं व्यञ्जनावग्रहः, चक्षुर्मनसोरपि तदस्तित्वतस्तयोर्व्यञ्जनावग्रहस्य सत्त्वप्रसङ्गात्। न च तत्रशनैर्ग्रहणमसिद्धमक्षिप्रभङ्गाभावे अष्टचत्वारिंशच्चक्षुर्मतिज्ञानभेदस्यासत्त्वप्रसङ्गात्। =अप्राप्त पदार्थके ग्रहणको अर्थावग्रह और प्राप्त पदार्थके ग्रहणको व्यंजनावग्रह कहते हैं। स्पष्ट ग्रहणको अर्थावग्रह और अस्पष्टग्रहणको व्यंजनावग्रह नहीं कहा जा सकता, क्योंकि, स्पष्टग्रहण और अस्पष्टग्रहण तो चक्षु और मनके भी रहता है, अतः ऐसा माननेपर उन दोनोंके भी व्यंजनावग्रहके अस्तित्वका प्रसंग आवेगा। (परन्तु इसका सूत्र द्वारा निषेध किया गया है।) यदि कहो कि धीरे-धीरे जो ग्रहण होता है वह व्यंजनावग्रह है, सो भी ठीक नहीं है, क्योंकि इस प्रकारके ग्रहणका अस्तित्व चक्षु और मनके भी है, अतः उनके भी व्यंजनावग्रहके रहनेका प्रसंग आवेगा। और उन दोनोंमें शनैर्ग्रहण असिद्ध नहीं है, क्योंकि, ऐसा माननेसे अक्षिप्र भंगका अभाव होनेपर चक्षुनिमित्तक अड़तालिस मतिज्ञानके भेदोंके अभावका प्रसंग आवेगा।" (ध १३/५,५,२४/२२०/१)

४. अर्थावग्रह व व्यंजनावग्रहका स्वामित्व

त सू १/१९ न चक्षुरनिन्द्रियाभ्याम् ॥१९॥

स सि.१/१९/११८ चक्षुषा अनिन्द्रियेण च व्यञ्जनावग्रहो न भवति। =चक्षु और मनसे व्यंजनावग्रह नहीं होता॥

ध १/१,१,१५/३५५/१ चक्षुर्मनसोरर्थावग्रह एव, तयोः प्राप्तार्थग्रहणानुपलम्भात्। शेषाणामिन्द्रियाणां द्वावप्यवग्रहौ भवतः। =चक्षु और मनसे अर्थावग्रह ही होता है क्योंकि, इन दोनोंसे प्राप्त अर्थका ग्रहण नहीं पाया जाता है। शेष चारों ही इन्द्रियोंके अर्थावग्रह और व्यंजनावग्रह ये दोनों भी पाये जाते हैं। (त सू.१/१७-१९) (ध.९/४,१,४५/१६०/२) (ध.१३/५,५,२१/२२५) (ज.प.१३/६८-६९)

५. अप्राप्यकारी ३ इन्द्रियोंमें अवग्रह सिद्धि

ध.१/१,१,१५/३५५/१ तत्र चक्षुर्मनसोरर्थावग्रह एवतयोः प्राप्तार्थग्रहणानुपलम्भात्। शेषाणामिन्द्रियाणां द्वावप्यवग्रहौ भवतः। शेषेन्द्रियेष्वप्राप्तार्थग्रहणं नोपलभ्यत इति चेन्न, एकेन्द्रियेषु योग्यदेशस्थितनिधिषु निधिस्थितप्रदेश एव प्ररोहमुक्त्यन्यथानुपपत्तितः ; शेषेन्द्रियाणामप्राप्तार्थग्रहणं नोपलभ्यत इति...। यद्युपलभ्यस्त्रिकालगोचरमशेषं पर्यच्छेत्स्यदनुपलब्धस्याभावोऽभविष्यत्। न कार्त्स्न्येनाप्राप्तमर्थस्यानि सृतत्वमनुक्तत्वं वा ब्रूमहे यतस्तदवग्रहादिनिदानमिन्द्रियाणामप्राप्यकारित्वमिति। किं तर्हि। कथं चक्षुरनिन्द्रियाभ्यामनिःसृतानुक्तावग्रहादितयोरपि प्राप्यकारित्वप्रसङ्गादिति चेन्न, योग्यदेशावस्थितेरेव प्राप्तेरभिधानात्।... रूपस्याचक्षुषाभिमुखतया, न तत्परिच्छेदिना चक्षुषा प्राप्यकारित्वमनि सृतानुक्तावग्रहादिसिद्धेः। =चक्षु और मनसे अर्थावग्रह ही होता है, क्योंकि, इन दोनोंमें प्राप्त अर्थका ग्रहण नहीं पाया जाता है। शेष चारों ही इन्द्रियोंके अर्थावग्रह और व्यंजनावग्रह ये दोनों भी पाये जाते हैं। प्रश्न—शेष इन्द्रियोंमें अप्राप्त अर्थका ग्रहण नहीं पाया जाता है इसलिए उनसे अर्थावग्रह नहीं होना चाहिए ? उत्तर—नहीं, क्योंकि, एकेन्द्रियोंमें उनका योग्य देशमें स्थित निधिवाले प्रदेशोंमें ही अंकुरोंका फैलाव अन्यथा बन नहीं सकता है। प्रश्न—स्पर्शन इन्द्रियके अप्राप्त अर्थका ग्रहण करना बन जाता है तो बन जाओ। फिर भी शेष इन्द्रियोंके अप्राप्त अर्थका ग्रहण करना नहीं पाया जाता है ? उत्तर—नहीं क्योंकि, यदि हमारा ज्ञान त्रिकाल-गोचर समस्त पदार्थोंको जाननेवाला होता तो अनुपलब्धका अभाव सिद्ध हो जाता। दूसरे पदार्थके पूरी तरहसे अनिःसृतपनेको और अनुक्तपनेको हम अप्राप्त नहीं कहते हैं, जिससे उनके अवग्रहादिका कारण इन्द्रियोंका अप्राप्यकारीपना होवे। प्रश्न—तो फिर अप्राप्यकारीपनेसे क्या प्रयोजन है ? और यदि पूरी तरहसे अनिःसृतत्व और अनुक्तत्वको अप्राप्त नहीं कहते हो तो

चक्षु और मनसे अनिःसृत और अनुक्तके अवग्रहादि (जिनका कि सूत्रमें निर्देश किया गया है) कैसे हो सकेंगे? यदि चक्षु और मनसे भी पूर्वोक्त अनि सृत और अनुक्तके अवग्रहादि माने जावेंगे तो उन्हे भी प्राप्यकारित्वका प्रसग आवेगा? उत्तर—नहीं, क्योकि इन्द्रियोके ग्रहण करनेके योग्य देशमें पदार्थोंकी अवस्थितिको ही प्राप्ति कहते है। (जैसा कि) रूपका चक्षुके साथ अभिमुखरूपसे अपने देशमें अवस्थित रहना स्पष्ट है, क्योकि, रूपको ग्रहण करने वाले चक्षु के साथ रूपका प्राप्यकारीपना नही बनता है। इस प्रकार अनि'सृत और अनुक्त पदार्थोंके अवग्रहादिक सिद्ध हो जाते है।

ध १/४,१,४५/१५७/३ न श्रोत्रादीन्द्रियचतुष्टये अर्थावग्रह, तत्र प्राप्तस्यैवार्थस्य ग्रहणोपलम्भादिति चेन्न, वनस्पतिष्वप्राप्तार्थग्रहणस्योपलम्भात्। तदपि कुतोऽवगम्यते। दूरस्थनिधिमुद्दिश्य प्ररोहमुक्त्यन्यथानुपपत्तेः।

ध. १,४,१ ४५/१५६/४ यदि प्राप्तार्थग्राहिण्येवेन्द्रियाणि नवयोजनान्तरस्थिताग्नि-विषाभ्यां तीव्रस्पर्श-रसक्षयोपशमाना दाह-मरणे स्याताम्, प्राप्तार्थग्रहणात्। तावन्मात्राध्वानस्थिताशुचिभक्षणतद्गन्धजनितदुःखे च तत् एव स्याताम्।—'पुट्ठं सुणेइ सद्दं अप्पुट्ठं चेय पस्सदे रूवं। गंध रसं च फासं बद्धं पुट्ठं च जाणादि ॥५८॥' इत्यस्मात्सूत्रात्प्राप्तार्थग्राहित्वमिन्द्रियाणामवगम्यत इति चेन्न, अर्थावग्रहस्य लक्षणाभावतः खरविषाणस्येवाभावप्रसगात्। कथ पुनरस्या गाथाया अर्थो व्याख्यायते। उच्यते रूपमस्पृष्टमेव चक्षुर्गृह्णाति। चशब्दादनिन्द्रियं च। गन्ध रस स्पर्श च बद्धं स्वकस्वकेन्द्रियेषु नियमितं पुट्ठं स्पृष्टं च शब्दादस्पृष्टं च शेषेन्द्रियाणि गृह्णन्ति। पुट्ठं सुणेइ सद्दं इत्यत्रापि बद्धं च-शब्दौ योज्यौ, अन्यथा दुर्व्याख्यानतापत्तेः। =प्रश्न—श्रोत्रादिक चारइन्द्रियोमें अर्थावग्रहनही है,क्योकि,उनमें प्राप्त ही पदार्थका ग्रहण पाया जाता है? उत्तर—ऐसा नहीं है, क्योकि, वनस्पतियोमें अप्राप्त अर्थका ग्रहण पाया जाता है। प्रश्न—वह भी कहाँसे जाना जाता है? उत्तर—क्योकि, दूरस्थ निधि (खाद्य आदि) को लक्ष्य कर प्ररोह (शाखा) का छोडना अन्यथा बन नही सकता। दूसरे यदि इन्द्रियाँ प्राप्त पदार्थको ग्रहण करनेवाली ही होतीं तो नौ योजनके अन्तरमें स्थित अग्नि और विषसे स्पर्श और रसके तीव्र क्षयोपशमसे युक्त जीवोंके क्रमश दाह और मरण होना चाहिए।... और इसी कारण उतने मात्र अध्वानमें स्थित अशुचि पदार्थके भक्षण और उसके गन्धसे उत्पन्न दुःख भी होना चाहिए। (ध. १३/५,५, २४/२२०) (ध. १३/५,५,२७/२२६) प्रश्न—'श्रोत्रसे स्पष्ट शब्दको सुनता है। परन्तु चक्षुसे रूपको अस्पृष्टही देखता है। शेष इन्द्रियोसे गन्ध रस और स्पर्शको बद्ध व स्पृष्ट जानता है ॥५४॥' इस (गाथा) सूत्रसे इन्द्रियोके प्राप्त पदार्थका ग्रहण करना जाना जाता है? उत्तर—ऐसा नही है, क्योकि, वैसा होनेपर अर्थावग्रहके लक्षणका अभाव होनेसे गधेके सींगके समान उसके अभावका प्रसग आवेगा? प्रश्न तो फिर इस गाथाके अर्थका व्याख्यान कैसे किया जाता है? उत्तर—चक्षु रूपको अस्पृष्ट ही ग्रहण करती है, च शब्दसे मन भी अस्पृष्ट ही वस्तुको ग्रहण करता है। शेष इन्द्रियाँ गन्ध रस और स्पर्शको बद्ध व स्पृष्ट ग्रहण करती है, च शब्दसे अस्पृष्ट भी ग्रहण करती है। 'स्पृष्ट शब्दको सुनता है' यहाँ भी बद्ध और च शब्दोको जोडना चाहिए, क्योकि ऐसा न करनेसे दूषित व्याख्यानकी आपत्ति आती है।

६. अवग्रह व अवायमें अन्तर

ध ६/१,९-१,१४/१८/३ अवग्गहावायाणं णिण्णयत्तंपडिभेदाभावा एयत्तं किण्ण होदि इदि चे होदु तेण एयत्तं, किंतु अवग्गहो णाम विसयविसइसण्णिवायाणंतरभावी पढमो बोधविसेसो, अवाओ पुण ईहाणंतरकालभावी उप्पण्णसदेहाभावरूवो, तेण ण दोण्हमेयत्तं। =प्रश्न—अवग्रह और अवाय, इन दोनो ज्ञानोके निर्णयत्वके सम्बन्धमें कोई भेद न होनेसे एकता क्यो नहीं है? उत्तर—निर्णयत्वके सम्बन्धमें कोई भेद न होनेसे एकता भलेही रही आवे किन्तु विषय और विषयीके सन्निपातके अनन्तर उत्पन्न होनेवाला प्रथम ज्ञानविशेष अवग्रह है, और ईहाके अनन्तर कालमें उत्पन्न होनेवाले सन्देहके अभावरूप अवायज्ञान होता है, इसलिए अवग्रह और अवाय, इन दोनों ज्ञानोमें एकता नहीं है। (ध. ९/४,१,४५/१४४/८)

अवच्छिन्न—अन्य धर्मोंमें व्यावृत्तिपूर्वक निज स्वरूपका निश्चय करानेवाले धर्मविशेषकी सयुक्तताको अवच्छिन्न कहते है। जैसे—घट 'घटत्व' धर्मसे अवच्छिन्न है, क्योकि, यह धर्म, पटत्व धर्मसे व्यावृत्तिपूर्वक घटके स्वरूपका निश्चय कराता है। इतना विशेष है कि 'त्व' प्रत्यय युक्त सामान्य धर्मकी सयुक्तता ही यहाँ इष्ट है, लाल नीले आदि विशेष धर्मोंकी नहीं।

अवच्छेदक—अन्य धर्मोंकी व्यावृत्तिपूर्वक धर्मीके स्वरूपका बोध करानेवाला धर्मविशेष उस धर्मीका अवच्छेदक कहलाता है, जैसे घटका व्यवच्छेदक 'घटत्व' धर्म है। 'त्व' प्रत्ययमुक्त सामान्य धर्म ही यहाँ इष्ट है।

अवतंस—भद्रशाल वनमें स्थित 'रुचक' दिग्गजेन्द्र पर्वतका स्वामी देव—दे, लोक ५/३

अवतारक—ल. सा./भाषा/३१३/३९७ उपशमश्रेणीतैं उतरनेवालेका नाम अवरोहक कहिए अथवा अवतारक कहिए।

अवदान—ध १३/५,५,३७/२४२/३ अवदीयते खण्ड्यते परिच्छिद्यते अन्येभ्यः अर्थ अनेनेति अवदानम्। =जिसके द्वारा 'अवदीयते खण्डयते' अर्थात् अन्य पदार्थोंसे अलग करके विवक्षित अर्थ जाना जाता है, वह अवग्रहका अन्य नाम अवदान है।

अवद्य—रा. वा ७/१/२/५३७/२/५—'गर्ह्यमवद्यम्' =अवद्य अर्थात् गर्ह्य निन्द्य।

अवधा—(ज. प्र./प्र. १०५) Segment.

अवधारणा—वाक्यमें एवकार-द्वारा निश्चित अर्थका द्योतक। —(विशेष दे. एव)

अवधि—ध ९/४,१,२/१२/६ तथा १३/१ ओहिसद्दो अप्पाणम्मि वट्टदे, कत्थ वि मज्जाए वट्टदे कत्थ वि णाणे वट्टदे...। अथवा अवाग्धानादवधिरिति व्युत्पत्तेर्ज्ञानस्य अवधित्व घटते। =१ अवधि शब्द आत्माके अर्थ मे होता है,· २ कहींपर मर्यादाके अर्थमे भी इस शब्दका प्रयोग होता है,·· ३ कहीपर ज्ञान अर्थमें भी यह शब्द आता है। ४. अथवा 'अवाग्धानात् अवधि' अर्थात् जो अधोगत पुद्गलको अधिकतासे ग्रहण करे वह अवधि है, इस व्युत्पत्तिसे ज्ञानकी अवधिपना घटित होता है।

अवधिज्ञान—सम्यग्दर्शन या चारित्रकी विशुद्धताके प्रभावसे कदाचित् किन्ही साधकोको एक विशेष प्रकारका ज्ञान उत्पन्न हो जाता है जिसे अवधिज्ञान कहते है। यद्यपि यह मूर्तीक अथवा सयोगी पदार्थोंको जान सकता है, परन्तु इन्द्रियो आदिकी सहायताके बिना ही जाननेके कारण प्रत्यक्ष है। सकल पदार्थों को न जाननेके कारण देश प्रत्यक्ष है। भावोकी वृद्धि हानिके साथ इसमें वृद्धि हानि होती स्वाभाविक है, अत यह कई प्रकारका हो जाता है। इसके जाननेकी शक्तियाँ जघन्यसे उत्कृष्ट पर्यन्त अनेक प्रकारकी होती है। परिणामोमे संक्लेश उत्पन्न हो जानेपर यह छूट भी जाता है। देव नारकियोमें यह अहेतुक होता है, इसलिए भवप्रत्यय कहलाता है, और मनुष्य तिर्यंचोमे गुण प्रत्यय। यद्यपि लौकिक दृष्टिसे यह चमत्कारिक है, परन्तु मोक्षमार्गमें इसका कोई मूल्य नहीं। इसकी उत्पत्ति शरीरमें स्थित शख चक्र आदि किन्ही विशेष चिह्नोसे बतायी जाती है।

१ भेद व लक्षण

१ अवधिज्ञान सामान्यका लक्षण
२ अवधिज्ञानके भेद प्रभेद (सम्यक् व मिथ्या, गुण-प्रत्यय, देशावधि-परमावधि आदि)
३ सम्यक् मिथ्या अवधिका लक्षण
४ गुण प्रत्यय व भवप्रत्ययका लक्षण
५ देशावधि आदि भेदोके लक्षण
६ वर्द्धमान हीयमान आदि भेदोके लक्षण

२ अवधिज्ञान निर्देश

१ अवधिज्ञानमे अवधि पदका सार्थक्य
२ प्रत्येक समय नया ज्ञान उत्पन्न होता है
३ अवधि व मति श्रुतज्ञानमे अन्तर
४ अवधि व मन पर्यय ज्ञानमे अन्तर
५ अवधिकी अपेक्षा मनःपर्यय विशुद्ध कैसे है ?
६ मोक्षमार्गमे अवधि व मन पर्ययका कोई मूल्य नही
७ पचमकालमे अवधि व मन पर्यय सम्भव नही
८ पचमकालमे भी कदाचित् अवधि सम्भव है
९ मिथ्यादृष्टिका अवधिज्ञान विभंग कहलाता है
★ अवधिज्ञान निसर्गज होता है—दे अधिगम
★ अवधिज्ञान क्षायोपशमिक कैसे है —दे मतिज्ञान २/४

३ अवधि व मनः पर्ययकी कथंचित् प्रत्यक्षता परोक्षता

★ अवधि व मन पर्ययकी देश प्रत्यक्षता —दे प्रत्यक्ष १/३
१ अवधि व मन.पर्यय कर्म प्रकृतियोको प्रत्यक्ष जानते है
२ दोनो कर्मबद्ध जीवको प्रत्यक्ष जानते है
३ अवधि मन पर्ययकी कथंचित् परोक्षता
४ दोनोंकी प्रत्यक्षता परोक्षताका समन्वय
५ अवधि व मतिज्ञानकी प्रत्यक्षतामे अन्तर

४ अवधिज्ञानमें इन्द्रियों व मनके निमित्तका सद्भाव व असद्भाव

१ अवधि ज्ञानमे कथंचित् मनका सद्भाव
२ अवधिज्ञानमे मनके निमित्तका अभाव
★ बिना इन्द्रियोके प्रत्यक्षज्ञान कैसे हो ?—दे. प्रत्यक्ष २/४

५ अवधि ज्ञानके उत्पत्ति-स्थान व करण चिह्न विचार

१ देशावधि गुण प्रत्यय ज्ञानकरण चिह्नोसे उत्पन्न होता है और शेष सब सर्वांग से
२ करण चिह्नोके आकार
३ चिह्नोके आकार नियत नही है
४ शरीरमे शुभ व अशुभ चिह्नोका प्रमाण व अवस्थान
५ सम्यक्त्व व मिथ्यात्वके कारणकरण-चिह्नोंमे परिवर्तन
६ सम्यक्त्व व मिथ्यात्व कृत चिह्नभेद सम्बन्धी मतभेद।
७ सर्वांग क्षयोपशमके सद्भावमे करण-चिह्नोकी क्या आवश्यकता ?
८ सर्वांगकी बजाय एकदेशमे ही क्षयोपशम मान ले तो ?
★ करण चिह्नोके अधीन होनेके कारण अवधिज्ञान परोक्ष क्यो न हो जायेगा ? —दे ऊपर क्रम ८
९ करणचिह्नोमे भी ज्ञानोत्पत्तिका कारण क्षयोपशम ही है

६ अवधिज्ञानके भेदों सम्बन्धी विचार

१ भव प्रत्यय व गुण प्रत्ययमे अन्तर
२ क्या भव प्रत्ययमे ज्ञानावरणका क्षयोपशम नही है ?
३ भव प्रत्यय है तो भवके प्रथम समय ही उत्पन्न क्यों नही होता ?
४ देव नारकी सम्यग्दृष्टियोके अवधिज्ञानको भवप्रत्यय कहें या गुणप्रत्यय ?
५ सभी सम्यग्दृष्टि आदिकोंको गुणप्रत्यय ज्ञान उत्पन्न क्यों नही होता ?
६ भव व गुण प्रत्ययमे देशावधि आदि विकल्प
७ परमावधिमे कथंचित् देशावधिपना
८ देशावधि आदि भेदोमे वर्द्धमान आदि अथवा प्रतिपाती आदि विकल्प
९ देशावधि आदि भेदोंमे चारित्रादि सम्बन्धी विशेषताएँ

७ अवधिज्ञानका स्वामित्व

१ सामान्यरूपसे अवधिज्ञान चारो गतियोमे सम्भव है
२ भवप्रत्यय केवल देव नारकियों व तीर्थंकरोंको होता है
३ गुणप्रत्यय केवल मनुष्य और तिर्यंचोमे ही होता है
४ भवप्रत्यय ज्ञान सम्यग्दृष्टि व मिथ्यादृष्टि दोनोको होता है
५ गुणप्रत्यय अवधिज्ञान केवल सम्यग्दृष्टियोको ही होता है
६ उत्कृष्ट देशावधि मनुष्योमे तथा जघन्य मनुष्य व तिर्यंच दोनोमे सम्भव है पर देव व नारकियोमे नही
७ उत्कृष्ट देशावधि उत्कृष्ट सयतोको ही होता है पर जघन्य ज्ञान असंयत सम्यग्दृष्टि आदिकोको भी सम्भव है
८ मिथ्यादृष्टियोंमे भी अवधिज्ञानकी सम्भावना
९ परमावधि व सर्वावधि चरमशरीरी सयतोमे ही होता है
१० अपर्याप्तावस्थामे अवधिज्ञान सम्भव है पर विभंग नही
११ संज्ञी संमूर्च्छनोमे अवधिज्ञानकी सम्भावना व असम्भावना
१२ अपर्याप्तावस्थामे अवधिज्ञानके सद्भाव और विभंगके अभाव सम्बन्धी शंका

८ अवधिज्ञानकी विषय सीमा

१ द्रव्यकी अपेक्षा रूपीको ही जानता है
२ द्रव्यप्रमाणकी अपेक्षा अनन्तको नही जानता।

३ क्षेत्रप्ररूपणाका स्पष्टीकरण
४ देवोके ज्ञानकी क्षेत्रप्ररूपणा परिमाण नियामक नहीं स्थान-नियामक है
५ कालकी अपेक्षा अवधिज्ञान सावधि त्रिकालग्राही है
६ भावकी अपेक्षा पुद्गल व संयोगी जीवकी पर्यायोंको जानता है
★ मूर्त ग्राहक अवधि ज्ञान अमूर्त जीवके भावोंको कैसे जानता है ? —दे. मनःपर्यय ६
७ अवधिज्ञानके विषयभूत क्षेत्रादिकोंमें वृद्धि हानिका क्रम
८ अवधिज्ञान विषयक प्ररूपणाएँ
१ द्रव्य व भाव सम्बन्धी सामान्य नियम
२ नरकगतिमें देशावधिका विषय
३ भवनत्रिक देवोंमें देशावधिका विषय
४ कल्पवासी देवोंमें देशावधिका विषय
५ तिर्यंच व मनुष्योंमें देशावधिका विषय
६ परमावधि व सर्वावधिका विषय
७ देशावधिकी क्रमिक वृद्धिके १९ काण्डक
९० अन्य सम्बन्धित विषय
★ अवधिज्ञानके स्वामित्व सम्बन्धी गुण-स्थान, जीवसमास मार्गणास्थान आदि २० प्ररूपणाएँ —दे सत्
★ अवधिज्ञान विषयक सत्, संख्या, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव व अल्पबहुत्व रूप आठ प्ररूपणाएँ —दे. वह वह नाम
★ अवधिज्ञानियोंमें कर्मोंका बन्ध उदय सत्त्व आदि —दे वह वह नाम
★ सभी मार्गणाओंमें आयके अनुसार ही व्यय होनेका नियम —दे. मार्गणा
★ प्रत्येक तीर्थंकरके तीर्थमें अवधिज्ञानियोंका प्रमाण —दे. तीर्थंकर ५
★ विभंग ज्ञानके दर्शन पूर्वक होनेका विधि निषेध —दे दर्शन ६/२

१. भेद व लक्षण

१. अवधिज्ञान सामान्यका लक्षण

१. व्युत्पत्ति

ष. खं./पु.१/१२३ अवहीयदि त्ति ओही सीमाणाणेत्ति वण्णियं समए। —जो द्रव्य क्षेत्र काल और भावकी अपेक्षा अवधि अर्थात् सीमासे युक्त अपने विषयभूत पदार्थको जाने, उसे अवधिज्ञान कहते हैं। सीमासे युक्त जाननेके कारण परमागममें इसे सीमा ज्ञान कहा गया है। (ध.१/१,१,११५/१८४/३५६) (गो.जी./मू./३७०/७६७)।

स.सि.१/९/९४/३ अवाग्धानादवच्छिन्नविषयाद्वा अवधिः। —अधिकतर नीचेके विषयको जाननेवाला होनेसे या परिमित विषयवाला होनेसे अवधि कहलाता है।

रा.वा.१/९/३/४४/१४ अवधिज्ञानावरणक्षयोपशमाद्यभयहेतुसन्निधाने सति अवाग्धीयते अवाग्दधाति अवग्धानमात्रं वावधिः। अवशब्दोऽध: पर्यायवचन: 'यथा अध:-क्षेपणम् अवक्षेपणम्' इति। अधोगतभूयद्रव्योविषयो ह्यवधि। अथवा अवधिर्मर्यादा, अवधिना प्रतिबद्ध ज्ञानमवधिज्ञानम्। तथाहि—'रूपिष्ववधेः (त.सू./१/२७)' इति। —'अव्' पूर्वक 'धा' धातुसे कर्म आदि साधनोंमें अवधि शब्द बनता है। तहाँ नं. १—'अव्' शब्द अध:-वाची है जैसे अध क्षेपणको अवक्षेपण कहते हैं, अवधिज्ञान भी नीचेकी ओर बहुत पदार्थोंको विषय करता है। (ध. १३/५,५,२१/२१०/१२) अधोगौरवधर्मत्वात् पुद्गल अवाङ् नाम त दधाति परिच्छिनत्तीति अवधिः—नीचे गौरवधर्मवाला होनेसे पुद्गलकी अवाग् संज्ञा है, उसे जो धारण करता है अर्थात् जानता है वह अवधि है—नं. २। अथवा अवधि शब्द मर्यादार्थक है अर्थात् द्रव्य क्षेत्रकालादिकी मर्यादासे सीमित ज्ञान अवधिज्ञान है।—(रा.वा.१/२०/१५/७८/२७) (ध. ६/१,९-१, १४/२५/८) (ध. ९/४,१,२/११/१/४) (ध. १३/५,५,२१/२१०/१२) (क.पा. १/१-§१२/१६/२)

२. मूर्तीक पदार्थका प्रत्यक्ष सीमित ज्ञान

ति.प.४/९७२ अतिमखंदंताइ परमाणुप्पहुदिमुत्तिदव्वाइं। जं पच्चक्खइ जाणइ तमोहिणाणं ति णायव्वं ॥९७२॥ —जो प्रत्यक्षज्ञान अन्तिम स्कन्ध पर्यन्त परमाणु आदिक मूर्त द्रव्योंको जानता है उसको अवधिज्ञान जानना चाहिए। (ज.प./१३/५६) (न. दी./२/§१३/३४)

क.पा.१/१/§२८/४३ परमाणुपज्जंतासेसपोग्गलदव्वाणमसखेज्जलोगमेत्तखेत्तकालभावाणं कम्मसबंधवसेण पोग्गलभावमुवगयजीव···[जीवदव्वा] ण च पच्चक्खेण [परिच्छित्ति कुणइ ओहिणाणं]—महास्कन्धसे लेकर परमाणु पर्यन्त समस्त पुद्गल द्रव्योंको, असंख्यात लोकप्रमाण क्षेत्र, काल और भावोंको तथा कर्मके सम्बन्धसे पुद्गल भावको प्राप्त हुए जीवोंको जो प्रत्यक्षरूपसे जानता है उसे अवधिज्ञान कहते हैं।

ध. १/१,१,२/९३/७ ओहिणाणं णाम दव्वखेत्तकालभाववियप्पियं पोग्गलदव्वं पच्चक्खं जाणदि। —द्रव्य क्षेत्र काल और भावके विकल्पसे अनेक प्रकारके पुद्गल द्रव्यको जो प्रत्यक्ष जानता है, उसे अवधिज्ञान कहते हैं। (ध. १/१,१,११५/३५८/२)

द्र.स./टी./५/१७/१ अवधिज्ञानावरणीयक्षयोपशमान्मूर्तं वस्तु यदेकदेशप्रत्यक्षेण सविकल्पं जानाति तदवधिज्ञानम्। —अवधिज्ञानावरणके क्षयोपशमसे मूर्तीक पदार्थको जो एकदेश प्रत्यक्ष द्वारा सविकल्प जानता है वह अवधिज्ञान है।

स.भ.त.४७/१३ प्रत्यक्षस्यापि विकलस्यावधि मनः पर्ययलक्षणस्यैन्द्रियानिन्द्रियानपेक्षत्वे सति स्पष्टतया स्वार्थव्यवसायात्मकं स्वरूपम्। —इन्द्रिय और अनिन्द्रिय अर्थात् मनकी कुछ भी अपेक्षा न रखकर केवल आत्मामात्रकी अपेक्षासे निर्मलता पूर्वक स्पष्ट रीतिसे अपने विषयभूत पदार्थोंका निश्चय करना—यह विकल प्रत्यक्षरूप अवधि तथा मन पर्यय ज्ञानका स्वरूप है।

२. अवधिज्ञानके भेद प्रभेद

१. सम्यक् व मिथ्या अवधिकी अपेक्षा

त.सू.१/३१ मतिश्रुतावधयो विपर्ययश्च। —मति, श्रुत और अवधि ये तीन (ज्ञान) विपर्यय भी होते हैं।

स.सि.१/३१/१३८/४ अवधिज्ञानेन सम्यग्दृष्टि: रूपिणोऽर्थानवगच्छति तथा मिथ्यादृष्टि: विभंगज्ञानेनेति। —सम्यग्दृष्टि अवधिज्ञानके द्वारा रूपी पदार्थोंको जानता है और मिथ्यादृष्टि विभंगज्ञानके द्वारा।

रा.वा.१/३१/९२/१२ सम्यग्दर्शनमिथ्यादर्शनोदयविशेषात्तेषां त्रयाणां द्विधा वक्ष्यमिर्भवति— अवधिज्ञान विभङ्गज्ञानमिति। —सम्यग्दर्शन और मिथ्यादर्शनके उदयसे उन तीनों (मति श्रुत व अवधि) के दो-दो प्रकार बन जाते हैं। (तहाँ अवधिज्ञान के दो प्रकार हैं)—अवधिज्ञान और विभंग ज्ञान (मिथ्यावधिज्ञान)।

२ गुणप्रत्यय व भवप्रत्ययकी अपेक्षा

ष. ख. १३/५,५,५३/सू. ५३/२९० त च ओहिणाण दुविहं भवपच्चइयं गुणपच्चइयं चेव ॥ ५३ ॥ =भवप्रत्यय व गुणप्रत्ययके भेदसे अवधिज्ञान दो प्रकार है। (रा.वा.१/२०/१५/७८/२९) (गो. जी /मु./३७०/७१६)

स. सि. १/२०/१२५/३ द्विधोऽवधिर्भवप्रत्यय क्षयोपशमनिमित्तश्चेति। =अवधिज्ञान दो प्रकार है—भवप्रत्यय और क्षयोपशम निमित्तक।

३. अवधिज्ञानके अनेक भेदोंका निर्देश

ष. ख. १३/५,५/सूत्र ५६/२९२ त च अणेयविह देसोही परमोही सव्वोही हीयमाणयं वड्ढमाणयं अवट्ठिद अणवट्ठिद अणुगामी अणणुगामी सप्पडिवादी अप्पडिवादी एयक्खेत्तमणेयक्खेत्त ॥५६॥ = वह (अवधिज्ञान) अनेक प्रकार है—देशावधि, परमावधि, सर्वावधि, हीयमान, वर्द्धमान, अवस्थित, अनवस्थित, अनुगामी, अननुगामी, सप्रतिपाती, अप्रतिपाती, एक क्षेत्रावधि और अनेक क्षेत्रावधि।

रा वा १/२२४/८१/२७ अनुगाम्यननुगामिवर्धमानहीयमानावस्थितानवस्थितभेदात् षड्विध ॥ ४ ॥ पुनरपरेऽवधेस्त्रयो भेदा —देशावधि परमावधि सर्वावधिश्चेति। तत्र देशावधिस्त्रेधा जघन्य उत्कृष्ट अजघन्योत्कृष्टश्चेति। तथा परमावधिरपि त्रिधा। सर्वावधिरविकल्पत्वादेक एव। वर्द्धमानो, हीयमान अवस्थित अनवस्थित अनुगामी अननुगामी अप्रतिपाती प्रतिपाती इत्येतेऽष्टौ भेदा देशावधेर्भवन्ति। हीयमानप्रतिपातिभेदवर्जा इतरे षड्भेदा भवन्ति परमावधे। अवस्थितोऽनुगाम्यननुगाम्यप्रतिपाती इत्येते चत्वारो भेदा सर्वावधे। =अवधिज्ञानके अनुगामी, अननुगामी, वर्द्धमान, हीयमान, अवस्थित और अनवस्थित, ये छह भेद हैं। देशावधि, परमावधि और सर्वावधिके भेदसे भी अवधिज्ञान तीन प्रकारका है। देशावधि और परमावधिके जघन्य, उत्कृष्ट और जघन्योत्कृष्ट ये तीन प्रकार है। सर्वावधि एक ही प्रकारका है। वर्द्धमान, हीयमान, अवस्थित, अनवस्थित, अनुगामी, अननुगामी, अप्रतिपाती और प्रतिपाती ये आठ भेद देशावधिमें होते है। हीयमान प्रतिपाती, इन दोको छोडकर शेष छ भेद परमावधिमें होते है। अवस्थित, अनुगामी, अननुगामी और अप्रतिपाती ये चार भेद सर्वावधिमें होते हैं। (प. का./ता वृ /४३/उद्धृत प्रक्षेपक गाथा स. ३—देशावधि आदि तीन भेद) (प स /प्रा /१/१२४—वर्द्धमान आदि छ भेद), (श्लो. वा ४/१/२२/१०-१७/१६-२१ रा वा. वाले सर्व विकल्प); (ह. पु. १०/१५२—देशावधि आदि तीन भेद), क पा. १/१/§१३/१७/१—देशावधि आदि तीन भेद) (ध ६/१,९-१,१४/२५/६—देशावधि आदि तीन भेद) (ध. ९/४,१,२/१४/१,५—देशावधि आदि तीन तथा देशावधिके जघन्य उत्कृष्टादि तीन भेद) (ध ९/४,१,४/४८/५ सर्वावधिका एक ही विकल्प तथा परमावधिके जघन्य उत्कृष्टादि तीन विकल्प) गो जी / मू ३७२/७१६—वर्द्धमान आदि छ तथा देशावधि आदि तीन भेद), (ज. प. १३/५१—देशावधि आदि तीन भेद), (पं स. सं. १/२२२ =वर्द्धमान आदि छः भेद)

ध /पु. १३/५,५,५६/२९४/५ तच्च तिविह खेत्ताणुगामी भवाणुगामी खेत्तभवाणुगामी चेदि। =वह (अनुगामी) तीन प्रकारका है—क्षेत्रानुगामी भवानुगामी और क्षेत्रभवानुगामी। (गो.जी./जी.प्र ३७२/७१६/८)

३. सम्यक् मिथ्या अवधिके लक्षण

१. सम्यगवधिका लक्षण—दे अवधिज्ञान सामान्य

२. मिथ्यावधिका लक्षण

पं. सं/प्रा. १/१२० विवरीओहिणाणं खओवसमियं च कम्मबीजं च। वेभगो त्ति य वुच्चइ समत्तणाणीहि समयम्हि। =जो क्षयोपशम अवधिज्ञान मिथ्यात्वसे संयुक्त होनेके कारण विपरीत स्वरूप है, और नवीन कर्मका बीज है उसे आगममें कुअवधि या विभंग ज्ञान कहा गया है। (ध. १/१,१,११५/१८१/३५१) (गो.जी/मू ३०५/६५७) (पं.सं./सं. १/२३२) (पं.का./त. प्र. ४१/८२)।

४. गुणप्रत्यय व भवप्रत्ययका लक्षण

स सि. १/२१/१२५/६ भवः प्रत्ययोऽस्य भवप्रत्ययोऽवधिर्देवनारकाणां वेदितव्यः।

स. सि १/२२/१२७/३ तो निमित्तमस्येति क्षयोपशमनिमित्तः। =जिस अवधिज्ञानके होनेमें भव निमित्त है, वह भवप्रत्यय अवधिज्ञान है। वह देव और नारकियोंके जानना चाहिए।—इन दोनों अर्थात् सर्वघाती स्पर्धकोके उदयाभावी क्षय और उन्हींके सदवस्थारूप उपशमके निमित्तसे जो होता है वह क्षयोपशमनिमित्तक अवधिज्ञान है। (रा. वा. १/२१/२/७९/११ व ८१/३)

ध १३/५,५,५३/२९०/५ भव उत्पत्ति. प्रादुर्भावः स प्रत्ययः कारण यस्य अवधिज्ञानस्य तद् भवप्रत्ययकम्।

ध. १३/५,५ ५३/२९१/१० अणुव्रतमहाव्रतानि सम्यक्त्वाधिष्ठानानि गुणः कारणं यस्यावधिज्ञानस्य तद्गुणप्रत्ययकम्। =भव, उत्पत्ति और प्रादुर्भाव ये पर्याय नाम है। जिस अवधिज्ञानका निमित्त भव (नरक व देव भव) है वह भवप्रत्यय अवधिज्ञान है।—सम्यक्त्वसे अधिष्ठित अणुव्रत और महाव्रत गुण जिस अवधिज्ञानके कारण है वह गुणप्रत्यय अवधिज्ञान है। (गो. जी./जी. प्र. ३७०/७१७/४)

५. देशावधि आदि भेदोंके लक्षण

ध १३/५,५,५६/३२३/३ परमा ओही मज्जाया जस्स णाणस्स तं परमोहिणाण। कि परमं। असंखेज्जलोगसेत्तसंजमवियप्पा।.....देसं सम्मत्त, संजमस्स अवयवभावादो, तमोही मज्जाया जस्स णाणस्स तं देसोहिणाण। सव्वं केवलणाण, तस्स विसओ जो जो अत्थो सो विसव्वं उवयारादो। सव्वमोही मज्जाया जस्स णाणस्स तं सव्वोहिणाणं। =परम अर्थात् असंख्यात लोकमात्र संयमभेद ही जिस ज्ञानकी अवधि अर्थात् मर्यादा है वह "परमावधि ज्ञान" कहा जाता है।...देशका अर्थ सम्यक्त्व है, क्योकि वह संयम का अवयव है। वह जिस ज्ञानकी अवधि अर्थात् मर्यादा है वह "देशावधिज्ञान"है।..... सर्वका अर्थ केवलज्ञान है, उसका विषय जो जो अर्थ होता है, वह भी उपचार से सर्व कहलाता है। सर्व अवधि अर्थात् मर्यादा जिस ज्ञानकी होती है वह "सर्वावधिज्ञान" है।

ध. ९/४,१,३/४१/६ परमो ज्येष्ठः, परमश्चासौ अवधिश्च परमावधिः।

ध. ९/४,१,४/४७/६ सर्वं विश्वं कृत्स्नमवधिर्मर्यादा यस्य स सोऽयं सर्वावधिः। एत्थ सव्वसद्दो सयलदव्ववाचओ ण घेत्तव्वो, परदो अविज्जमाणदव्वस्स ओहित्ताणुववत्तीदो। किंतु सव्वसद्दो सव्वेगदेसम्हि रूवयदे वट्टमाणो घेत्तव्वो। तेण सव्वरूवयदं ओही जिस्से त्ति संबंधो कायव्वो। अथवा सरति गच्छति आकुञ्चनविसर्पणादीनीति पुद्गलद्रव्यं सर्वं, तमोही जिस्से सा सव्वोही।

ध. ९/४,१,५/५२/६ अन्तश्च अवधिश्च अन्तावधी, न विद्येते तौ यस्य स अनन्तावधि। =परम शब्दका अर्थ ज्येष्ठ है। परम ऐसा जो अवधि वह परमावधि है।—विश्व और कृत्स्न ये 'सर्व' शब्दके समानार्थक शब्द हैं। सर्व है मर्यादा जिस ज्ञानकी, वह सर्वावधि है। यहाँ सर्व शब्द समस्त द्रव्यका वाचक नही ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि जिसके परे अन्य द्रव्य न हो उसके अवधिपना नहीं बनता। किंतु 'सर्व' शब्द सर्वके एकदेशरूप रूपी द्रव्यमें वर्तमान ग्रहण करना चाहिए। अथवा जो आकुंचन और विसर्पणादिकोको प्राप्त हो वह पुद्गल द्रव्य सर्व है, वही जिसकी मर्यादा है वह "सर्वावधि" है। ...अन्त और अवधि जिसके नही है वह "अनन्तावधि" है। (विशेष दे० अवधिज्ञान ४)

६. वर्द्धमान हीयमान आदि भेदों के लक्षण

१. वर्द्धमान आदि छः भेदो के लक्षण

स. सि. १/२२/१२७/६ कश्चिदवधिर्भास्करप्रकाशवद्गच्छन्तमनुगच्छति। कश्चिन्नानुगच्छति तत्रैवानिपतति उन्मुखप्रश्नादेर्पुरुषवचनवत्। अपरोऽवधि अरणिनिर्मथनोत्पन्नशुष्कपर्णोपचीयमानेन्धननिचय-

समिद्धपावकवत्सम्यग्दर्शनादिगुणविशुद्धपरिणामसन्निधानाद्यत्परिमाण उत्पन्नस्ततो वर्द्धते आ असंख्येयलोकेभ्य'। अपरोऽवधिपरिच्छिन्नोपादानसन्ततयग्निशिखावत्सम्यग्दर्शनादिगुणहानिसंक्लेशपरिणामवृद्धियोगाद्यत्परिमाण उत्पन्नस्ततो हीयते आ अङ्गुलस्यासंख्येयभागात्। इतरोऽवधि' सम्यग्दर्शनादिगुणावस्थानाद्यत्परिमाण उत्पन्नस्तत्परिमाण एवावतिष्ठते. न हीयते नापि वर्धते लिङ्गवत् आ भवक्षयादाकेवलज्ञानोत्पत्तेर्वा। अन्योऽवधि सम्यग्दर्शनादिगुणवृद्धिहानियोगाद्यत्परिमाण उत्पन्नस्ततो वर्द्धते यावदेनेन वर्धितव्यं हीयते च यावदेनेनहातव्य वायुवेगप्रेरितजलोर्मिवत्। एव षड्विधोऽवधिर्भवति। =१ कोई अवधिज्ञान, जैसे सूर्यका प्रकाश उसके साथ जाता है, वैसे अपने स्वामीका अनुसरण करता है। उसे "अनुगामी" कहते हैं। (विशेष देखो नीचे) २ कोई अवधिज्ञान अनुसरण नहीं करता, किन्तु जैसे विमुख हुए पुरुष के प्रश्नके उत्तर स्वरूप दूसरा पुरुष जो वचन कहता है वह वहीं छूट जाता है, विमुख पुरुष उसे ग्रहण नहीं करता है, वैसे ही यह अवधिज्ञान भी वहीं पर छूट जाता है। (उसे अनुगामी कहते है। विशेष देखो आगे)। ३ कोई अवधिज्ञान जंगल के निर्मन्थन से उत्पन्न हुई और सूखे पत्तोंसे उपचीयमान इंधनके समुदायसे वृद्धिको प्राप्त हुई अग्निके समान सम्यग्दर्शनादि गुणोंकी विशुद्धिरूप परिणामोके सन्निधान वश जितने परिणाममें उत्पन्न होता है, उससे (आगे) असंख्यातलोक जाननेकी योग्यता होने तक बढता जाता है। (वह "वर्द्धमान" है)। ४ कोई अवधिज्ञान परिमित उपादान सततिवाली अग्निशिखाके समान सम्यग्दर्शनादि गुणोंकी हानिसे हुए सक्लेश परिणामोंके बढनेसे जितने परिमाणमें उत्पन्न होता है उससे (लेकर) मात्र अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण जाननेकी योग्यता होने तक घटता चला जाता है। (उसे "हीयमान" कहते है)। ५ कोई अवधिज्ञानसम्यग्दर्शनादि गुणोंके समानरूपसे स्थिर रहनेके कारण जितने परिमाणमें उत्पन्न होता है उतना ही बना रहता है। पर्यायके नाश होने तक या केवलज्ञानके उत्पन्न होने तक शरीरमें स्थित मस्सा आदि चिन्होंवत् न घटता है न बढता है उसे "अवस्थित" कहते है। ६ कोई अवधिज्ञान वायुके वेगसे प्रेरित जलकी तरंगोंके समान सम्यग्दर्शनादि गुणोकी कभी वृद्धि और कभी हानि होनेसे जितने परिमाणमें उत्पन्न होता है, उससे बढता है जहाँ तक उसे बढना चाहिये, और घटता है जहाँ तक उसे घटना चाहिये उसें 'अनवस्थित' कहते हैं। इस प्रकार अवधिज्ञान छः प्रकारका है। (रा. वा. १/२२/४/८१/१७) (ध १३/५,५,५६/२६३/४) (गो. जी./जी. प्र. ३७३/७९९/७)

२. अनुगामी अननुगामी की विशेषताएँ

ध. १३/५,५,५६/२६४/४ जमोहिणाणमुप्पण्णं संतं जीवेण सह गच्छदि तमणुगामी णाम तं च तिविह खेत्ताणुगामी भवाणुगामी खेत्तभवाणुगामी चेदि। तत्थ जमोहिणाणं एयम्मि खेत्ते उप्पण्णं संतं सगपरपयोगेहि सगपरखेत्तेसु हिंडतस्स जीवस्स ण विणस्सदि तं खेत्ताणुगामी णाम। जमोहिणाणमुप्पण्णं सत तेण जीवेण सह अण्णभवं गच्छदि तं भवाणुगामी णाम। जं भरहेरावद-विदेहादिखेत्ताणि देव-णेरइय-माणुसतिरिक्खभव पि गच्छदि त खेत्तभवाणुगामि त्ति भणिदं होदि। जं तमणुगामी णाम ओहिणाणं त तिविहं खेत्ताणुगामी भवाणुगामी खेत्तभवाणुगामी चेदि। [जं] खेत्तंतरं ण गच्छदि, भवंतरं चेव गच्छदि [तं] खेत्ताणुगामी त्ति भण्णदि। जं भवंतरं ण गच्छदि खेत्तंतरं चेव गच्छदि तं भवाणुगामी णाम। जं खेत्तंतरभवांतराणि ण गच्छदि एक्कम्हि चेव खेत्ते भवे च पडिबद्धं तं खेत्तभवाणुगामी त्ति भण्णदि।=१. जो अवधिज्ञान उत्पन्न होकर जीवके साथ जाता है वह अनुगामी अवधिज्ञान है। वह तीन प्रकारका है—क्षेत्रानुगामी, भवनानुगामी और क्षेत्रभवानुगामी। उनमें-से जो अवधिज्ञान एक क्षेत्रमें उत्पन्न होकर स्वत: या परप्रयोगसे जीवके स्वक्षेत्र या परक्षेत्रमें विहार करनेपर विनष्ट नहीं होता है, वह क्षेत्रानुगामी अवधिज्ञान है। जो अवधिज्ञान उत्पन्न होकर उस जीवके साथ अन्य भव में जाता है वह भवानुगामी है। जो भरत ऐरावत और विदेह आदि क्षेत्रोंमें तथा देव नारक मनुष्य और तिर्यंच भवमें भी साथ जाता है वह क्षेत्रभवानुगामी अवधिज्ञान है। २. जो अननुगामी अवधिज्ञान है वह तीन प्रकारका है—क्षेत्राननुगामी, भवाननुगामी और क्षेत्रभवाननुगामी। जो क्षेत्रान्तरमें साथ नहीं जाता, भवान्तरमें ही साथ जाता है वह क्षेत्राननुगामी अवधिज्ञान कहलाता है। जो भवान्तर में साथ नहीं जाता, क्षेत्रान्तरमें ही साथ जाता है वह भवाननुगामी अवधिज्ञान है। जो क्षेत्रान्तर और भवान्तर दोनोंमें साथ नहीं जाता, किन्तु एक ही क्षेत्र और भवके साथ सम्बन्ध रखता है वह क्षेत्रभवाननुगामी अवधिज्ञान कहलाता है। (गो. जी./जी. प्र ३७२/७९९/८)

३ प्रतिपाती व अप्रतिपाती के लक्षण

ध. १३/५,५,५६/२९५/१ जमोहिणाणमुप्पण्णं संत णिम्मूलदो विणस्सदि तं सप्पडिवादी णाम।...जमोहिणाणं संतं केवलणाणेण समुप्पण्णे चेव विणस्सदि, अण्णहा ण विणस्सदि, तमप्पडिवादी णाम।=जो अवधिज्ञान उत्पन्न होकर निर्मूल विनाशको प्राप्त होता है वह सप्रतिपाती अवधिज्ञान है। जो अवधिज्ञान उत्पन्न होकर केवलज्ञानके उत्पन्न होने पर ही विनष्ट होता है अन्यथा विनष्ट नहीं होता वह अप्रतिपाती अवधिज्ञान है।

४ एकक्षेत्र व अनेकक्षेत्र अवधिज्ञान के लक्षण

ध १३/५,५,५६/२९५/६ जस्स ओहिणाणस्स जीवसरीरस्स एगदेसो करण होदि तमोहिणाणमेगक्खेत्त णाम। जमोहिणाणं पडिणियदखेत्त वज्जिय सरीरसव्वावयवेसु वट्टदि तमणेयक्खेत्त णाम।=जिस अवधिज्ञानका करण जीव शरीरका एक देश होता है वह एकक्षेत्र अवधिज्ञान है जो अवधिज्ञान प्रतिनियत क्षेत्रके बिना शरीरके सब अवयवों में रहता है वह अनेकक्षेत्र अवधिज्ञान है। (विशेष दे. अवधिज्ञान ५)

अवधिज्ञान निर्देश

१. अवधिज्ञानमें अवधि पदका सार्थक्य

क. पा. १/१/§१२/१७/१ किमट्ठ तत्थ ओहिसद्दो परूविदो। ण, एदम्हादो हेट्ठिमसव्वणाणाणि सावहियाणि उवरिमणाण णिरवहियमिदि जाणावणट्ठं। ण मणपज्जवणाणेण विभिचारो, तस्य वि अवहिणाणादो अप्पविसयत्तेण हेट्ठिमत्तब्भुवगमादो। पओगरस पुण ट्ठाणविवज्जासो सजमसहगयत्तेण कयविसेसपदुप्पायणफलो त्ति ण कोच्छि(च्चि)दोसो।=प्रश्न—अवधिज्ञानमें अवधि शब्दका प्रयोग किसलिए किया गया है? उत्तर—इससे नीचेके सभी ज्ञान सावधि है, और ऊपरका केवलज्ञान निरवधि है। इस बातका ज्ञान करानेके लिए अवधिज्ञानमें 'अवधि' शब्दका प्रयोग किया है। यदि कहा जाय कि इस प्रकारका कथन करनेपर मन पर्यय ज्ञानसे व्यभिचार दोष आता है, सो भी बात नहीं है, क्योंकि मन पर्ययज्ञान भी अवधिज्ञानसे अल्पविषयवाला है, इसलिए विषयकी अपेक्षा उसे अवधिज्ञानसे नीचेका स्वीकार किया है। फिर भी सयमके साथ रहनेके कारण मन पर्ययज्ञानमें जो विशेषता आती है उस विशेषताको दिखलानेके लिए मन पर्ययको अवधिज्ञानसे नीचे न रखकर ऊपर रखा है, इसलिए कोई दोष नहीं है। (ध ९/४,१/२/१३/४)

२ प्रत्येक समय नया ज्ञान उत्पन्न होता है

ध १३/५,५,५६/२९८/१३ सोकस्स वि ओहिणाणस्स अवट्ठाणकालो होदि। कुदो। उप्पण्णविदियसमए चेव विणट्ठस्स ओहिणाणस्स एगसमयकालुवलंभादो। जीवट्ठाणादिसु ओहिणाणस्स जहण्णकालो अंतोमुहुत्तमिदि पढिदो। तेण सह कधमेद सुत्त न विरुज्झदे। ण एस दोसो, ओहिणाणसामण्ण-विसेसावलंबणादो। जीवट्ठाणे जेण सामण्णोहिणाणस्स कालो

परूविदो तेण तत्थ अंतोमुहुत्तो होदि। एत्थ पुण ओहिणाणविसेसेण अहियारो, तेण एक्कम्हि ओहिणाणविसेसे एगसमयमच्छिदूण विदिय समए वड्ढीए हाणीए वा णाणंतरमुवगयस्स एगसमओ लब्भदे। एवं दोतिण्णि समए आदिं कादूण जाव समऊणावलिया त्ति ताव एवं चेव परूवणा कायव्वा। कुदो। दो-तिण्णिआदिसमए अच्छिदूण वि ओहिणाणस्स वड्ढिहाणीहि णाणंतरगमणं संभवदि। =वह (एक समय) किसी भी अवधिज्ञानका अवस्थानकाल होता है, क्योंकि, उत्पन्न होनेके दूसरे समयमें ही विनष्ट हुए अवधिज्ञानका एक समय काल उपलब्ध होता है। प्रश्न—जीवस्थान आदि(काल प्ररूपणा)में अवधिज्ञानका जघन्यकाल अन्तर्मुहुर्त कहा है। उसके साथ यह सूत्र कैसे विरोधको प्राप्त नहीं होता? उत्तर—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, अवधिज्ञान सामान्य और अवधिज्ञान विशेषका अवलम्बन लिया गया है। अत जीवस्थानमें सामान्य अवधिज्ञानका काल कहा गया है, अत वहाँ अन्तर्मुहुर्त मात्र काल होता है। किन्तु, यहाँपर अवधिज्ञान विशेषका अधिकार है, इसलिए एक अवधिज्ञानविशेषका एक समय काल तक रहकर दूसरे समयमें वृद्धि या हानिके द्वारा ज्ञानान्तरको प्राप्त हो जानेपर एक समय काल उपलब्ध होता है। इसी प्रकार दो या तीन आदि समयसे लेकर एक समय कम आवली काल तक इसी प्रकार कथन करना चाहिए, क्योंकि, दो या तीन आदि समय तक रहकर भी अवधिज्ञानकी वृद्धि और हानिके द्वारा ज्ञानान्तर रूपसे प्राप्ति सम्भव है।

३ अवधि, मति व श्रुतज्ञानमें अन्तर

ध.६/१,९-१,१४/२६/१ मदिसुदणाणेहिंतो एदस्स सावहियत्तेण भेदाभावा पुधपरूवणं णिरत्थयमिदि च, ण एस दोसो, मदिसुदणाणाणि परोक्खाणि, ओहिणाणं, पुण पच्चक्खं तेण तहिंतो तस्स भेदुवलभा। मदिणाण पि पच्चक्ख णिस्सदीदि चे ण, मदिणाणेण पच्चक्खं वत्थुस्स अणुवलभा। =प्रश्न—अवधि अर्थात् मर्यादा-सहित होनेकी अपेक्षा अवधिज्ञानका मतिज्ञान और श्रुतज्ञान, इन दोनोंसे कोई भेद नहीं है, इसलिए इसका पृथक् निरूपण करना निरर्थक है? उत्तर—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, मतिज्ञान और श्रुतज्ञान परोक्षज्ञान है। किन्तु अवधिज्ञान तो प्रत्यक्षज्ञान है। इसलिए उक्त दोनों ज्ञानोंसे अवधिज्ञानके भेद पाया जाता है। प्रश्न—मतिज्ञान भी तो प्रत्यक्ष दिखलाई देता है? उत्तर—नहीं, क्योंकि, मतिज्ञानसे वस्तुका प्रत्यक्ष उपलम्भ नहीं होता। (विशेष दे. आगे अवधिज्ञान ३)

४. अवधि व मनःपर्यय ज्ञानमें अन्तर

त.सू.१/२५ विशुद्धिक्षेत्रस्वामिविषयेभ्योऽवधिमनःपर्ययोः। =विशुद्धि, क्षेत्र, स्वामी और विषयकी अपेक्षा अवधिज्ञान और मन पर्ययज्ञानमें भेद है। (त सा.१/२६/२६)

रा.वा ६/१०/१६/५१६/३ मनःपर्ययज्ञानं स्वविषये अवधिज्ञानवत् न स्वमुखेन वर्तते। कथं तर्हि। परकीयमनःप्रणालिकया। ततो यथा मनोऽतीतानागतानर्थांश्चिन्तयति न तु पश्यति। तथा मनःपर्ययज्ञान्यपि भूतभविष्यन्तौ वेत्ति न पश्यति। वर्तमानमपि मनोविषयविशेषाकारेणैव प्रतिपद्यते। =मन पर्ययज्ञान अवधिज्ञानकी तरह स्वमुखसे विषयोंको नहीं जानता, किन्तु परकीय मन प्रणालीसे जानता है। अत मन जैसे अतीत और अनागत अर्थोंका विचार चिन्तन तो करता है, देखता नहीं है, उसी तरह मन पर्ययज्ञानी भी भूत और भविष्यत्को जानता है, देखता नहीं। वह वर्तमान भी मनको विषयविशेषाकारमें जानता है।

ध.६/१,९-१,१४/२६/१ ओहिमणपज्जवणाणाणं को विसेसो। उच्चदे—मणपज्जवणाणं विसिट्ठसंजमपच्चयं, ओहिणाणे पुण भवपच्चय गुणपच्चयं च। मणपज्जवणाणं मदिपुव्वं चेव ओहिणाण पुण ओहिदंसणपुव्वं। एसो तेसिं विसेसो। =प्रश्न—अवधिज्ञान और मनःपर्ययज्ञान इन दोनोंमें क्या भेद है? उत्तर—मन पर्ययज्ञान विशिष्ट संयमके निमित्तसे उत्पन्न होता है, किन्तु अवधिज्ञान भवके निमित्तसे और गुण अर्थात् क्षयोपशमके निमित्तसे उत्पन्न होता है। मन.पर्ययज्ञान तो मतिपूर्वक ही होता है, किन्तु अवधिज्ञान अवधिदर्शनपूर्वक होता है। यह उन दोनोंमें भेद है।

५. अवधि ज्ञानसे मनःपर्यय विशुद्ध क्यों

रा.वा १/२५/१/९६/१६ स्यान्मतम्-अवधिज्ञानान्मनःपर्ययोऽविशुद्धतरः। कुत। अल्पद्रव्यविषयत्वात्। यतः सर्वावधिरूपिद्रव्यानन्तभागो मनःपर्ययद्रव्यमिति; तन्न किं कारणम्। भूयः पर्यायज्ञानात्। यथा कश्चिद् बहूनि शास्त्राणि व्याचष्टे एकदेशेन, न साकल्येन तद्गतमर्थं शक्नोति वक्तुं, अपरस्त्वेकं शास्त्रं साकल्येन व्याचष्टे यावन्तस्तस्यार्थास्तान् सर्वान् शक्नोति वक्तुम्, अयं पूर्वस्मादविशुद्धतरविज्ञानो भवति। तथा अवधिज्ञानविषयानन्तभागोऽपि मनःपर्ययो विशुद्धतर, यस्तमनन्तभागं रूपादिभिर्बहुभिः पर्यायैः प्ररूपयति। =प्रश्न—अवधिज्ञानकी अपेक्षा मन.पर्ययज्ञान अविशुद्धतर है, क्योंकि उसका द्रव्य विषय अल्प है। जैसे कि कहा भी है कि सर्वावधिके रूपीद्रव्यका अनन्तवाँ भाग मन:पर्ययका विषय है? उत्तर—नहीं, क्योंकि, वह उस अपने विषयभूत द्रव्यकी बहुत पर्यायोंको जानता है। जैसे कोई बहुत-से शास्त्रोंको एक देशरूपसे जानता है परन्तु साकल्यरूपसे उसको कहनेमें समर्थ नहीं है; और दूसरा कोई केवल एक ही शास्त्रको जानता है परन्तु साकल्यरूपसे जितना कुछ भी उसके द्वारा प्रतिपादित अर्थ है उस सबको कहनेमें समर्थ है। तब यह पहलेकी अपेक्षा विशुद्धतर विज्ञान समझा जाता है। इसी प्रकार अवधिज्ञानके विषयका अनन्तवाँ भाग भी मन पर्ययज्ञान विशुद्धतर है, क्योंकि उस अनन्तवें भाग द्रव्यको बहुत अधिक पर्यायोंको प्ररूपित करता है।

६. मोक्षमार्गमें अवधि व मनःपर्यय का कोई मूल्य नहीं

रा.वा.२/१/३/२/६२ केवलस्य सकलश्रुतपूर्वकत्वोपदेशात्। =केवलज्ञानकी उत्पत्ति पूर्ववर्ती पूर्ण द्वादशांग श्रुतज्ञानरूप कारणसे होती हुई मानी है। (भाषाकार—केवलज्ञानमें अत्युपयोगी श्रुतज्ञान है, अवधि मन.पर्यय नहीं है।)

पं.ध.पू. ७१६ अपि चात्मसिद्धयै नियतं हेतू मतिश्रुते ज्ञाने। प्राप्यद्वय विना स्यान्मोक्षो न स्यादृते मतिद्वैतम् ॥७१६॥ =आत्माकी सिद्धिके लिए मतिश्रुतज्ञान निश्चित कारण हैं क्योंकि अन्तके दो (अवधि व मनःपर्यय) ज्ञानोंके बिना मोक्ष हो सकता है, किन्तु मति श्रुतज्ञानके बिना मोक्ष नहीं हो सकता। रहस्यपूर्ण चिट्ठी "इस अनुभवमें मतिज्ञान व श्रुतज्ञान ही है, अन्य कोई ज्ञान नहीं।"

७. पंचम कालमें अवधि व मनःपर्यय सम्भव नहीं

म.पु. ४१/७६ परिवेषोपरक्तस्य शशिनोर्निशामनात्। नोत्पत्स्यते तपोभृत्सु समनःपर्ययोऽवधिः ॥७६॥ =(भरतके स्वप्नोंका फल बताते हुए भगवान् कहते हैं) परिमण्डलसे घिरे हुए चन्द्रमाको देखने से यह जान पड़ता है कि पंचमकालके मुनियोंमें अवधिज्ञान व मन.पर्ययज्ञान नहीं होगा।

८. पंचम कालमें भी कदाचित् अवधिज्ञान सम्भव है

ति.प. ४/१५१०-१५१७ दट्ठूणं पिंडगं समणा कालो य अंतराणं पि। गच्छंति ओहिणाण उप्पज्जइ तेसुएक्कम्मि ॥१५१२॥ कल्की पडि एक्केक्कं दुस्समसाहुस्स ओहिणाणं पि। संघाय चादुवण्णा थोवा आयंति तक्काले ॥१५१७॥ =आचारांगधरोंके पश्चात् २७५ वर्ष व्यतीत होनेपर कल्की नरपतिको पट्ट बाँधा गया था ॥१५१०॥ वह कल्की मुनियोंके आहारमें-से भी अग्रपिण्डको शुल्क (के रूपमें) माँगने लगा ॥१५११॥ तब श्रमण अग्रपिंडको देकर और 'यह अन्तरायोंका काल है' ऐसा समझकर [निराहार] चले जाते हैं। उस समय उनमें-से किसी एकको अवधिज्ञान उत्पन्न हो जाता है ॥१५१२॥ इस प्रकार

एक हजार वर्षोंके पश्चात् पृथक्-पृथक् एक-एक कल्की तथा पाँच सौ वर्षों पश्चात् एक-एक उपकल्की होता है ॥१५१६॥ प्रत्येक कल्कीके प्रति एक-एक दुषमाकालवर्ती साधुको अवधिज्ञान प्राप्त होता है और उसके समयमें चातुर्वर्ण्य संघ भी अल्प हो जाते हैं ॥१५१७॥

६. मिथ्यादृष्टिका अवधिज्ञान विभंग कहलाता है

पं.सं./प्रा १/१२० वेभंगो त्ति व वुच्चई सम्मत्तणाणीहि समयम्हि। =उसे (मिथ्यात्व संयुक्त अवधिज्ञानको) आगममें विभंगज्ञान कहा गया है। (ध. १/१,१,११५/१८१/३५९) (गो.जी./मू.३०५/६५७) (पं.सं.सं. १/२३२)।

ध. १३/५,५,५३/२९०/८ ण च मिच्छाइट्ठीसु ओहिणाणं णत्थि त्ति वोत्तुं जुत्तं, मिच्छत्तसहचरिदओहिणाणस्सेव विहंगणाणववएसादो। =मिथ्यादृष्टियोंके अवधिज्ञान नहीं होता, ऐसा कहना युक्त नहीं है, क्योंकि, मिथ्यात्व सहचरित अवधिज्ञानकी ही विभंगज्ञान संज्ञा है।

३. अवधि व मनःपर्ययकी कथंचित् प्रत्यक्षता परोक्षता

१. अवधि-मनःपर्यय कर्मप्रकृतियोंको प्रत्यक्ष जानते हैं

ध.१/१,१,१/५६/३ कर्मणामसंख्यातगुणश्रेणिनिर्जरा केषां प्रत्यक्षेति चेन्न, अवधिमनःपर्ययज्ञानिनां सूत्रमधीयानानां तत्प्रत्यक्षतायाः समुपलम्भात्। =प्रश्न—कर्मोंकी असंख्यात गुणश्रेणी रूपसे निर्जरा होती है, यह किनके प्रत्यक्ष है? उत्तर—ऐसी शंका ठीक नहीं है, क्योंकि सूत्रका अध्ययन करनेवालोंकी असंख्यात गुणित श्रेणीरूपसे प्रति समय कर्मनिर्जरा होती है, यह बात अवधिज्ञानी और मनःपर्यय ज्ञानियोंको प्रत्यक्षरूपसे उपलब्ध होती है।

२. दोनों कर्मबद्ध जीवको प्रत्यक्ष जानते हैं

स सि ८/२६/४०५/३ एवं व्याख्यातो सप्रपञ्चः बन्धपदार्थः। अवधिमनःपर्ययकेवलज्ञानप्रत्यक्षप्रमाणगम्यस्तदुपदिष्टागमानुमेयः। =इस प्रकार (१४८ प्रकृतियोंके निरूपण द्वारा) बन्ध-पदार्थका विस्तारके साथ व्याख्यान किया। यह अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान और केवलज्ञान रूप प्रत्यक्ष प्रमाणगम्य है और इन ज्ञानवाले जीवों द्वारा उपदिष्ट आगमसे अनुमेय है।

ध. १३/५,५,६३/३३३/४ दिट्ठसुदाणुभूदट्ठविसयणाणविसेसिदजीवो सण्णी णाम। तं पि पच्चक्खं पेच्छदि। अमुत्तो जीवो कधं मणपज्जवणाणेण मुत्तट्ठपरिच्छेदियोहिणाणादो हेट्ठिमेण परिच्छिज्जदे। णमुत्तट्ठकम्मेहि अणादिबंधनबद्धस्स जीवस्स अमुत्तत्ताणुववत्तीदो। स्मृतिरमूर्त्ता चेत्—न जीवादोपुधभूदसदीए अणुवलंभा। अणागयत्थविसयमदिणाणेण विसेसिदजीवो मदी णाम। तं पि पच्चक्खं जाणदि। वट्टमाणत्थविसयमदिणाणेण विसेसिदजीवो चिंता णाम तंपि पच्चक्खं वेच्छदि। =दृष्ट श्रुत और अनुभूत अर्थको विषय करनेवाले ज्ञानसे विशेषित जीवका नाम स्मृति है, इसे भी वह (मनःपर्ययज्ञानी) प्रत्यक्षसे देखता है। प्रश्न—यत जीव अमूर्त है अतः वह मूर्त अर्थको जाननेवाले अवधिज्ञानसे नीचेके मन पर्ययज्ञानके द्वारा कैसे जाना जाता है? उत्तर—नहीं, क्योंकि, संसारी जीव मूर्त आठ कर्मोंके द्वारा अनादिकालीन बन्धनसे बद्ध है इसलिए वह अमूर्त नहीं हो सकता। प्रश्न—स्मृति तो अमूर्त है? उत्तर—नहीं, क्योंकि, स्मृति जीवसे पृथक् नहीं उपलब्ध होती है। अनागत अर्थका विषय करनेवाले मतिज्ञानसे विशेषित जीवकी मति संज्ञा है, इसे भी वह प्रत्यक्ष जानता है। वर्तमान अर्थको विषय करने वाले मतिज्ञानसे विशेषित जीवकी चिन्ता संज्ञा है- इसे भी वह प्रत्यक्ष देखता है।

३. अवधि मनःपर्ययकी कथंचित् परोक्षता

ध./पु.७०१ छद्मस्थायामावरणेन्द्रियसहायसापक्षम्। यावज्ज्ञानचतुष्टयमर्थात् सर्वं परोक्षमिव वाक्यम् ॥७०१॥ =छद्मस्थ अवस्थामें आवरण और इन्द्रियोंकी सहायताकी अपेक्षा रखनेवाले जितने भी चारों ज्ञान हैं वे सब परमार्थ रीतिसे परोक्षवत् कहने चाहिए।

मो.मा.प्र. ३/५१/४ सो यहु (अवधि ज्ञान) भी शरीरादिक पुद्गलनिके आधीन है।...अवधि दर्शन है सो मतिज्ञान वा अवधिज्ञानवत् पराधीन जानना।

४. अवधि मनःपर्ययकी प्रत्यक्षता परोक्षताका समन्वय

पं.ध./पू.७०२-७०५ अवधिमन पर्ययवद्वैतं प्रत्यक्षमेकदेशत्वात्। केवलमिदमुपचारादथ च विवक्षावशान्न चान्वर्थात्॥७०२॥ तत्रोपचारहेतुर्यथा मतिज्ञानमक्षजं नियमात्। अथ तत्पूर्वं श्रुतमपि न तथावधि-चित्तपर्ययं ज्ञानम् ॥७०३॥ यस्मादवग्रहेहावायानतिधारणापरायत्तम्। आद्यं ज्ञानं द्वयमिह यथा नैव चान्तिमं द्वैतम् ॥७०४॥ दूरस्थानर्थानिह समक्षमिव वेत्तिहेलया यस्मात्। केवलमेव मनसादवधिमन पर्ययद्वयं ज्ञानम् ॥७०५॥ =अवधि और मन पर्यय ये दोनों ज्ञान एकदेशपनेसे प्रत्यक्ष है, यह कथन केवल उपचारसे अथवा विवक्षा वश समझना चाहिए, किन्तु अन्वर्थसे नहीं ॥७०२॥ उपचारका कारण यह है कि जैसे नियमसे मतिज्ञान इन्द्रियोंसे उत्पन्न होता है और श्रुतज्ञान भी मतिपूर्वक होता है, वैसे अवधिमन.पर्यय ज्ञान इन्द्रियादिकसे उत्पन्न नहीं होते हैं ॥७०३॥ क्योंकि जैसे यहाँ पर आदिके दोनों ज्ञान अवग्रह ईहा अवाय और धारणाको उल्लंघन नहीं करनेसे पराधीन है; वैसे अन्तके दोनों ज्ञान नहीं हैं ॥७०४॥ क्योंकि यहाँपर अवधि और मनःपर्यय ये दोनों ज्ञान केवल मनसे ही दूरवर्ती पदार्थोंको लीलामात्रसे प्रत्यक्षकी तरह जानते हैं ॥७०५॥

५. अवधि व मतिज्ञान की प्रत्यक्षतामें अन्तर

ध. ६/१,९-१,१४/२६/२ मतिसुदणाणाणि परोक्खाणि, ओहिणाणं पुण पच्चक्खं; तेण तेहिंतो तस्स भेदुवलंभा। मदिणाणं वि पच्चक्खं दिस्सदीदि चे ण, मदिणाणेण पच्चक्खं वत्थुस्स अणुवलंभा। जो पच्चक्खमुवलब्भइ, सो वत्थुस्स एगदेसो त्ति वत्थू ण होदि। जो वि वत्थू, सो वि ण पच्चक्खेण उवलब्भदि, तस्स पच्चक्खापच्चक्खपरोक्खमइणाणविसयत्तादो। तदो मदिणाणं पच्चक्खेण ण वत्थु परिच्छेदयं। जदि एवं, तो ओहिणाणस्स वि पच्चक्ख-परोक्खत्तं पसज्जदे, तिकालगोयराणंतपज्जाएहि उवचियं वत्थू, ओहिणाणस्स पच्चक्खेण तारिसवत्थुपरिच्छेदणसत्तीए अभावादो इति चे ण, ओहिणाणम्मि पच्चक्खेण वट्टमाणासेसपज्जायविसिट्ठवत्थुपरिच्छित्तीए उवलंभा, तीदाणागदअसंखेज्जपज्जायविसिट्ठवत्थुदंसणादो च। एवं पि तदो वत्थुपरिच्छेदो णत्थि त्ति ओहिणाणस्स पच्चक्ख-परोक्खत्तं पसज्जदे। ण, उभयणयसमूहवत्थुम्मि-ववहारजोगम्मि ओहिणाणस्स पच्चक्खत्तुवलंभा। ण चाणं तवंजणपज्जाए ण सेप्पदि त्ति ओहिणाणं वत्थुस्स एगदेसपरिच्छेदयं, ववहारणयवंजणपज्जाएहि एत्थ वत्थुत्तब्भुवगमादो। ण मदिणाणस्स वि एसो कमो, तस्स वट्टमाणासेसपज्जायविसिट्ठ-वत्थु परिच्छेयणसत्तीए अभावादो। =निर्देश—मतिज्ञान और श्रुतज्ञान परोक्ष है, किन्तु अवधिज्ञान तो प्रत्यक्षज्ञान है, इसलिए उक्त दोनों ज्ञानोंसे अवधिज्ञानके भेद पाया जाता है। प्रश्न—मतिज्ञान भी तो प्रत्यक्ष दिखलाई देता है? उत्तर—नहीं क्योंकि मतिज्ञानसे वस्तुका प्रत्यक्ष उपलम्भ नहीं होता है। मतिज्ञानसे जो प्रत्यक्ष जाना जाता है वह वस्तुका एकदेश है; और वस्तुका एकदेश सम्पूर्ण वस्तुरूप नहीं हो सकता है। जो भी वस्तु है वह मतिज्ञानके द्वारा प्रत्यक्षरूपसे नहीं जानी जाती है, क्योंकि, वह प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्षरूप परोक्ष मतिज्ञानका विषय है। इसलिए यह सिद्ध हुआ कि मतिज्ञान प्रत्यक्षरूपसे वस्तुका जाननेवाला नहीं है। (जितने अंशको स्पष्ट जाना वह प्रत्यक्ष है शेष अंश अप्रत्यक्ष है। और इन्द्रियावलम्बी होनेसे परोक्ष है इसलिए यहाँ मतिज्ञानको 'प्रत्यक्षाप्रत्यक्ष' परोक्ष कहा गया है) प्रश्न—यदि ऐसा है तो अवधिज्ञानके भी प्रत्यक्षपरोक्षात्मकता प्राप्त होती है, क्योंकि, वस्तु त्रिकालगोचर अनन्त पर्यायोंसे उपचित है, किन्तु

अवधिज्ञानके प्रत्यक्ष द्वारा उस प्रकारकी वस्तुके जाननेकी शक्तिका अभाव है ? उत्तर—नहीं, क्योंकि अवधिज्ञानमें प्रत्यक्षरूपसे वर्तमान समस्त पर्यायविशिष्ट वस्तुका ज्ञान पाया जाता है, तथा भूत और भावी असंख्यात पर्यायविशिष्ट वस्तुका ज्ञान देखा जाता है। प्रश्न—इस प्रकार माननेपर भी अवधिज्ञानसे पूर्ण वस्तुका ज्ञान नहीं होता है, इसलिए, अवधिज्ञानके प्रत्यक्षपरोक्षात्मकता प्राप्त होती है। उत्तर - नहीं क्योंकि, व्यवहारके योग्य, एवं द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक, इन दोनों नामोंके समूहरूप वस्तुमें अवधिज्ञानके प्रत्यक्षता पायी जाती है। प्रश्न—अवधिज्ञान अनन्त व्यंजन पर्यायोंको नहीं ग्रहण करता है, इसलिए वस्तुके एकदेशका जाननेवाला है ? उत्तर—ऐसा भी नहीं जानना चाहिए, क्योंकि, व्यवहार नयके योग्य व्यंजनपर्यायोंकी अपेक्षा यहाँपर वस्तुत्व माना गया है। यदि कहा जाय कि मतिज्ञानका भी यही क्रम मान लेंगे, सो नहीं माना जा सकता, क्योंकि मतिज्ञानके वर्तमान अशेष पर्यायविशिष्ट वस्तुके जाननेकी शक्तिका अभाव है, तथा मतिज्ञानके प्रत्यक्षरूपसे अर्थ ग्रहण करनेके नियमका अभाव है।

ध.१३/५,५,२१/२११/३ अवध्याभिनिबोधिकज्ञानयोरेकत्वम्, ज्ञानत्वं प्रत्यविशेषादिति चेत्-न प्रत्यक्षाप्रत्यक्षयोरनिन्द्रियजेन्द्रियजयोरेकत्वविरोधात्। ईहादिमतिज्ञानस्याप्यनिन्द्रियजत्वमुपलभ्यत इति चेत्-न, द्रव्यार्थिकनयेऽवलम्ब्यमाने ईहाद्यभावतस्तेषामनिन्द्रियजत्वाभावात् नैगमनये अवलम्ब्यमानेऽपि पारम्पर्येणेन्द्रियजत्वोपलम्भाच्च। प्रत्यक्षमाभिनिबोधिकज्ञानम्, तत्र वैशद्योपलभादवधिज्ञानवदिति चेत्-न, ईहादिषु मानसेषु च वैशद्याभावात्। न चेदं प्रत्यक्षलक्षणम्, पञ्चेन्द्रियविषयावग्रहस्यापि विशदस्यावधिज्ञानस्येव प्रत्यक्षतापत्तेः। अवग्रहे वस्त्वेकदेशो विशद चेत्-न, अवधिज्ञानेऽपि तदविशेषात्। ततः पराणीन्द्रियाणि आलोकादिश्च, परेषामायत्तज्ञान परोक्षम्। तदन्यत्प्रत्यक्षमित्यङ्गीकर्तव्यम्। =प्रश्न—अवधिज्ञान और आभिनिबोधिक (मति) ज्ञान ये दोनों एक हैं, क्योंकि, ज्ञान समान्यकी अपेक्षा इनमें कोई भेद नहीं। उत्तर—नहीं, क्योंकि अवधिज्ञान प्रत्यक्ष है और अभिनिबोधिक ज्ञान परोक्ष है,तथा अवधिज्ञान इन्द्रिय जन्य नहीं है और अभिनिबोधिक ज्ञान इन्द्रियजन्य है, इसलिए इन्हें एक माननेमें विरोध आता है। प्रश्न—ईहादि मतिज्ञान भी अनिन्द्रियज उपलब्ध होते है ? उत्तर—नहीं, क्योंकि द्रव्यार्थिक नयका अवलम्बन लेनेपर ईहादि स्वतन्त्र ज्ञान नहीं है इसलिए वे अनिन्द्रियज नहीं ठहरते। तथा नैगम नयका अवलम्बन लेनेपर भी वे परम्परासे इन्द्रियजन्य ही उपलब्ध होते है। प्रश्न—आभिनिबोधिक ज्ञान प्रत्यक्ष है, क्योंकि उसमें अवधिज्ञानके समान विशदता उपलब्ध होती है ? उत्तर—नहीं, क्योंकि, ईहादिकोंमें और मानसिकज्ञानोंमें विशदताका अभाव है। दूसरे यह विशदता प्रत्यक्षका लक्षण नहीं है, क्योंकि ऐसा माननेपर पंचेन्द्रिय विषयक अवग्रह भी विशद होता है, इसलिए उसे भी अवधिज्ञानकी तरह प्रत्यक्षता प्राप्त हो जायगी। प्रश्न—अवग्रहमें वस्तुका एकदेश विशद होता है ? उत्तर—नहीं, क्योंकि, अवधिज्ञानमें भी उक्त विशदतासे कोई विशेषता नहीं है, अर्थात् इसमें भी वस्तुकी एकदेश विशदता पायी जाती है। इसलिए 'पर' का अर्थ इन्द्रियाँ और आलोक आदि है,और पर अर्थात् इनके अधीन जो ज्ञान होता है वह परोक्ष ज्ञान है। तथा इससे अन्य ज्ञान प्रत्यक्ष है, ऐसा यहाँ स्वीकार करना चाहिए।

४. अवधिज्ञानमें इन्द्रियों व मनके निमित्तका सद्भाव व असद्भाव

१. अवधिज्ञान में कथंचित मनका सद्भाव

पं. ध./पू./६६६ देशप्रत्यक्षमिहाप्यवधिमन पर्यये च यज्ज्ञानम्। देशं नोइन्द्रियमन उत्थात् प्रत्यक्षमितरनिरपेक्षात् ॥६६६॥ =अवधिमनःपर्ययरूप जो ज्ञान है वह देशप्रत्यक्ष है क्योंकि वह केवल अनिन्द्रियरूप मनसे उत्पन्न होनेके कारण देश तथा अन्य बाह्य पदार्थों की अपेक्षा न रखने से प्रत्यक्ष कहलाता है।

१. अवधिज्ञानमें मनके निमित्तका अभाव

अष्टशती/का.३/निर्णयसागर बम्बई—"आत्मनमेवापेक्ष्यैतानि त्रीणि ज्ञानानि उत्पद्यन्ते। न इन्द्रियाणिन्द्रियापेक्षा तत्रास्ति। उक्तं च—अतएवाक्षानपेक्षाञ्जनादिसंस्कृतचक्षुषो यथालोकानपेक्षा।"—अवधि, मन:पर्यय व केवल ये तीनों ज्ञान आत्माकी अपेक्षा करके ही उत्पन्न होते हैं। तहाँ इन्द्रिय या अनिन्द्रियकी अपेक्षा नहीं होती। कहा भी है—"जिस प्रकार अंजन आदिसे संस्कृत आँख आलोकादिसे निरपेक्ष ही देखती है, सी प्रकार ये तीनों ज्ञान भी इन्द्रियोंसे निरपेक्ष हो जानते हैं।

अष्टसहस्री/पृ.५०/निर्णयसागर बम्बई—"न हि सर्वार्थेषु सकृदक्ष सम्बन्धः सम्भवति साक्षात्परम्परया वा। ननु, चावधिमनः पर्ययज्ञानिनोर्देशतो विरतव्यामोहयोः असर्वदर्शिनः कथमक्षानपेक्षा संलक्षणीया। तदावरण क्षयोपशमातिशयवशात्स्वविषयेषु परिस्फुरत्वात इति ब्रूमः।" =इन ज्ञानोंमें साक्षात या परम्परा रूपसे किसी भी प्रकार इन्द्रियोंका सम्बन्ध सम्भव नहीं है। प्रश्न—अवधि व मन पर्ययज्ञानियोंको जो कि केवल एकदेश रूपसे मोहसे छूटे हैं तथा असर्वदर्शी हैं, इन्द्रियोंसे निरपेक्षपना कैसे कहा जा सकता है ? उत्तर—क्योंकि अपने आवरण कर्मके क्षयोपशमके कारण ही वे अपने-अपने विषयमें परिस्फुरित होते हैं। इसलिए ऐसा कहा है।

गो.जी/मू./४४६/८६३ "इंदियणोइंदियजोगादि पेक्खित्तु उजुमदी होदि। णिरवेक्खिय विउलमदी ओहि वा होदि णियमेण ॥४४६॥" =ऋजुमति ज्ञान तो स्व व परके इन्द्रिय, मन व योगोंकी सापेक्षतासे उत्पन्न होता है, परन्तु विपुलमति व अवधिज्ञान नियमसे इनकी अपेक्षा रहित है।

५. अवधिज्ञानके उत्पत्ति स्थान व करण चिह्न विचार

१. देशावधि गुणप्रत्ययज्ञान करण चिह्नोंसे उत्पन्न होता है और शेष सब सर्वांगसे होते हैं

ध १३/५,५,५६/२४/२६५ णेरइय-देव-तित्थयरोहिखेत्तस्सबाहिरं एदे। जाणंति सव्वदो खलु सेसा देसेण जाणंति। सेसा देसेण जाणंति त्ति एत्थ णियमो ण कायव्वो, परमोहिसव्वोहिणाणगणहराइणं सगसव्वावयवेहि सगविसईभूदत्थस्स गहणुवलंभादो। तेण सेसा देसेण सव्वदो च जाणंति त्ति घेत्तव्वं। =नारकी, देव और तीर्थंकर इनका जो अवधिक्षेत्र है उसके भीतर ये सर्वांगसे जानते हैं और शेष जीव शरीरके एकदेशसे जानते हैं ॥२४॥

शेष जीव शरीरके एक देशसे जानते हैं, इस प्रकारका यहाँ नियम नहीं करना चाहिए, क्योंकि परमावधिज्ञानी और सर्वावधिज्ञानी गणधरादिक अपने शरीरके सब अवयवोंसे अपने विषयभूत अर्थको ग्रहण करते हुए देखे जाते हैं। इसलिए शेष जीव शरीरके एकदेशसे और सर्वांगसे जानते हैं, ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए।

पं.स./स /१/१५८ तीर्थकृच्छ्वाभ्रदेवानां सर्वांगोत्थोऽवधिर्भवेत्। नृतिरश्चां तु शङ्खाब्जस्वस्तिकाद्यङ्गचिह्नजम् ॥१५८॥ =तीर्थंकर, नारकी व देवोंको अवधिज्ञान सर्वांगसे उत्पन्न होता है। तथा मनुष्यों व तिर्यंचोंको शरीरवर्ती शंख कमल व स्वस्तिक आदि करण चिह्नोंसे उत्पन्न होता है। (गो.जी./मू./३७१/७९८)

२. करण चिह्नोंके आकार

ष.ख.१३/५,५,/सू.५७-५८/२९६ खेत्तदो ताव अणेयसंठाणसंठिदा ॥५७॥ सिरिवच्छ-कलस-संख सोत्थिय-णंदावत्तादीणि संठाणाणि णादव्वाणि भवंति ॥५८॥ =क्षेत्रकी अपेक्षा शरीरप्रदेश अनेक संस्थान संस्थित होते हैं ॥५७॥ श्रीवत्स, कलश, शंख, सांथिया, और नन्दावर्त आदि आकार जानने योग्य है ॥५८॥ (आदि शब्दसे अन्य संस्थानोंका ग्रहण होता है) (रा.वा./१/२२/४/८३/२५)

पं.सं./सं./१/१५८ अत्र शङ्खाब्जस्वस्तिकश्रीवत्सध्वजकलशनन्द्यावर्तहलादीन्यवधेरुत्पत्तिक्षेत्रसंस्थानानि। =शंख, कमल, स्वस्तिक, श्रीवत्स, ध्वज, कलश, नन्द्यावर्त, हल आदिक अवधिज्ञानकी उत्पत्तिके क्षेत्र संस्थान होते हैं। (गो जी /जी.प्र./३७१/७१८/६)

३. चिह्नोंके आकार नियत नहीं हैं

ध.१३/५,५,५७/२९६/१० जहा कायाणमिंदियाणं च पडिणियद सठाणं तहा ओहिणाणस्स ण होदि, किंतु ओहिणाणावरणीयखओवसमगद-जीवपदेसाणं करणीभूदसरीरपदेसा अणेयसठाणसंठिदा होंति। =जिस प्रकार शरीरका और इन्द्रियोंका प्रतिनियत आकार होता है उस प्रकार अवधिज्ञान का नहीं होता है। किन्तु अवधि ज्ञानावरणीय कर्मके क्षयोपशमको प्राप्त हुए जीवप्रदेशोंके करणरूप शरीर प्रदेश अनेक संस्थानोंसे संस्थित होते है।

४. शरीरमें शुभ व अशुभ चिह्नोंका प्रमाण व अवस्थान

ध.१३/५,५,५८/२९७/१० ण च एक्कस्स जीवस्स एक्कम्हि चेव पदेसे ओहिणाणकरणं होदि त्ति णिययमो अत्थि, एग दो-तिण्णि-चत्तारि-पंच-छआदिखेत्ताणमेगजीवम्हि संखादिसुहसंठाणाणं कम्हि वि संभवादो। एदाणि संठाणाणि तिरिक्खमणुस्साणं णाहीए उवरिमभागे होंति, णो हेट्ठा; सुहसठाणाणमधोभागेण सह विरोहादो। तिरिक्खमणुस्सविहंगणाणीणं णाहीए हेट्ठा सरडादि असुहसंठाणाणि होंति त्ति गुरूवदेसो, ण सुत्तमत्थि। =एक जीवके एक ही स्थानमें अवधिज्ञानका करण होता है, ऐसा कोई नियम नहीं है, क्योंकि, किसी भी जीवके एक, दो, तीन, चार, पाँच और छह आदि क्षेत्र रूप शंखादि शुभ संस्थान सम्भव है। ये संस्थान तिर्यंच और मनुष्योंके नाभिके उपरिम भागमें होते है, नीचेके भागमें नहीं होते, क्योंकि, शुभ संस्थानोंका अधोभागके साथ विरोध है। तथा तिर्यंच और मनुष्य विभंगज्ञानियोंके नाभिसे नीचे गिरगिट आदि अशुभ संस्थान होते हैं। ऐसा गुरुका उपदेश है, इस विषयमें कोई सूत्र वचन नहीं है। (पं.सं./सं./१/१५८ व्याख्या) (गो.जी./जी.प्र./३७१/७१८/६)

५. सम्यक्त्व व मिथ्यात्वके कारण करणचिन्होंमें परिवर्तन

ध. १३/५,५,५८/२९८/२ विहंगणाणीणं ओहिणाणे सम्मत्तादिफलेण समुप्पण्णे सरडादिअसुहसंठाणाणि फिट्टिदूण णाहीए उवरि संखादिसुहसंठाणाणि होंति त्ति घेत्तव्वं। एवमोहिणाणपच्छायदविहंगणाणीणं पि सुहसंठाणाणि फिट्टिदूण असुहसंठाणाणि होंति त्ति घेत्तव्वं। =विभंगज्ञानियोंके सम्यक्त्व आदिके फल स्वरूपसे अवधिज्ञानके उत्पन्न होनेपर गिरगिट आदि अशुभ आकार मिटकर नाभिके ऊपर शंख आदि शुभ आकार हो जाते है, ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए। इसी प्रकार अवधिज्ञानसे लौटकर प्राप्त हुए विभंगज्ञानियोंके भी शुभ स्थान मिटकर अशुभ संस्थान हो जाते हैं, ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए।

६. सम्यक्त्व व मिथ्यात्व कृत चिह्नभेद संबंधी मतभेद

ध. १३/५,५,५८/२९८/५ के वि आइरिया ओहिणाण-विभंगणाणं खेत्तसंठाणभेदो णाभीए हेट्ठोवरि णियमो च णत्थि त्ति भणंति, दोण्णं पि ओहिणाणत्तं पडिभेदाभावादो। ण च- सम्मत्तमिच्छत्तसहचारेण कदणाममेदादो भेदो अत्थि,अइप्पसंगादो। एदमेत्थ पहाणं कायव्वं। =कितने ही आचार्य अवधिज्ञान और विभंगज्ञानका क्षेत्रसंस्थानभेद तथा नाभिके नीचे ऊपरका नियम नहीं है, ऐसा कहते हैं, क्योंकि अवधिज्ञानसामान्यकी अपेक्षा दोनोंमें कोई भेद नहीं है। सम्यक्त्व और मिथ्यात्वकी संगतिसे किये गये नामभेदके होनेपर भी अवधिज्ञानकी अपेक्षा उनमें कोई भेद नहीं हो सकता; क्योंकि ऐसा माननेपर अतिप्रसंग दोष आता है। इसी अर्थको यहाँ प्रधान करना चाहिए।

७. सर्वांग क्षयोपशमके सद्भावमें करण चिन्होंकी क्या आवश्यकता

ध.१३/५,५,५६/२९६/२ ओहिणाणं अणेयखेत्त चेव, सव्वजीवपदेसेसु अक्कमेण खओवसमं गदेसु सरीरेगदेसेणेव अज्झट्ठावगमाणुववत्तीदो। ण,अण्णत्थ करणाभावेण करणसरूवेण परिणदसरीरेगदेसेण तदवगमस्स विरहाभावादो। ण च सकरणो खओवसमो तेण विणा जाणदि, विप्पडिसेहादो। =प्रश्न अवधिज्ञान अनेकक्षेत्र ही होता है, क्योंकि सब जीव प्रदेशोंके युगपत् क्षयोपशमको प्राप्त होनेपर शरीरके एकदेशसे ही बाह्य अर्थका ज्ञान नहीं बन सकता? उत्तर—नहीं क्योंकि अन्य देशोंमें करणस्वरूपता नहीं है,अतएव करणस्वरूपसे परिणत हुए शरीर के एकदेशसे बाह्य अर्थका ज्ञान माननेमें कोई विरोध नहीं आता। प्रश्न—सकरण क्षयोपशम उसके बिना जानता है? उत्तर—यह कहना ठीक नहीं है; क्योंकि इस मान्यताका विरोध है।

८. सर्वांगकी बजाय एक देशमें ही क्षयोपशम मान लें तो

ध.१३/५,५,५६/२९६/५ जीवपदेसाणमेगदेसे चेव ओहिणाणावरणक्खओवसमे संते एयक्खेत्तं जुज्जदि त्ति ण पच्चवट्ठेयं, उदयगदगोपुच्छाए सव्वजीवपदेसविसयाए देसट्ठाइणीए संतीए जीवेगदेसे चेव खओवसमस्स वुत्तिविरोहादो। ण चोहिणाणस्स पच्चक्खत्तं पि फिट्टदि अणेयक्खेत्ते अपरायत्ते पच्चक्खलक्खणुवलंभादो। =प्रश्न— जीवप्रदेशोंके एकदेशमें ही अवधिज्ञानावरणका क्षयोपशम होनेपर एकक्षेत्र अवधिज्ञान बन जाता है? उत्तर—ऐसा निश्चय करना भी ठीक नहीं है, क्योंकि, उदयको प्राप्त हुई गोपुच्छा सब जीवप्रदेशोंको विषय करती है, इसलिए उसका देशस्थायिनी होकर जीवके एकदेशमें ही क्षयोपशम माननेमें विरोध आता है। प्रश्न—इससे अवधिज्ञानकी प्रत्यक्षता विनष्ट हो जाती है? उत्तर—यह कहना भी ठीक नहीं है, क्योंकि, वह अनेक क्षेत्रमें उसके पराधीन न होनेपर उसमें प्रत्यक्षका लक्षण पाया जाता है नोट—जीव प्रदेशोंके भ्रमण करनेपर ज्ञानके अभावका प्रसंग आ जायेगा—दे० इन्द्रिय/१

९. करण चिह्नोंमें भी ज्ञानोत्पत्तिका कारण तो क्षयोपशम ही है

गो जी /जी प्र./३७१/७१८/६ कलशादिशुभचिह्नलक्षितात्मप्रदेशावधिज्ञानावरणवीर्यान्तरायकर्मद्वयक्षयोपशमोत्पन्नमित्यर्थः। =कलश इत्यादिक आकाररूप जहाँ शरीरविषै भले लक्षण होइ तहाँ संबंधी जे आत्माके प्रदेश तिनिविषै तिष्ठता जो अवधिज्ञानावरण कर्म अर वीर्यान्तरायकर्म तिनिके क्षयोपशमतैं उत्पन्न ही है।

६. अवधिज्ञानके भेदों सम्बन्धी विचार

१. भवप्रत्यय व गुणप्रत्ययमें अन्तर

गो जी /जी प्र ३७१/७१८/४ तत्र भवप्रत्ययावधिज्ञानं सुराणां नारकाणां चरमभवतीर्थकराणां च संभवति। तच्च तेषां सर्वाङ्गोत्थं भवति।...गुणप्रत्ययं अवधिज्ञानं नराणां तिरश्चां च संभवति। तच्च तेषां शङ्खादिचिह्नभवं भवति।...भवप्रत्यये अवधिज्ञाने दर्शनविशुद्धयादिगुणसद्भावेऽपि तदनपेक्ष्यैव भवप्रत्ययत्वं ज्ञातव्यं। गुणप्रत्ययेऽवधिज्ञाने तिर्यग्मनुष्यसद्भावेऽपि तदनपेक्ष्यैव गुणप्रत्ययत्वं ज्ञातव्यं। =भवप्रत्यय अवधिज्ञान देवनिकै, नारकीनिकै, अर चरमशरीरी तीर्थंकर देवनिकै पाइये है। सो यहु उन के सर्वांगसे उत्पन्न हो है। बहुरि गुणप्रत्यय अवधिज्ञान है सो मनुष्य और तिर्यंचके संभवै है। सो यहु उनके शंखादि चिह्नोंसे उत्पन्न हो है। भवप्रत्यय अवधिज्ञान विषै भी सम्यग्दर्शनादि गुणका सद्भाव है तथापि उन गुणोंकी अपेक्षा नाहीं करनेतैं भवप्रत्यय कहा। अर गुणप्रत्यय विषै मनुष्य तिर्यंच (भव) का सद्भाव है, तथापि उन पर्यायनिकी अपेक्षा नाहीं करनेतैं गुण प्रत्यय कहा है।

२. क्या भवप्रत्ययमें ज्ञानावरणका क्षयोपशम नहीं है

स सि १/२१/१२५/७ भव: प्रत्ययोऽस्य भवप्रत्यय:। —यद्येवं तत्र क्षयोपशमनिमित्तत्वं न प्राप्नोति। नैष दोष:, तदाश्रयात्तत्सिद्धे:। भव प्रतीत्य क्षयोपशम समायत इति कृत्वा भव प्रधानकारण-मित्युपदिश्यते। यथा पतत्रिणो गमनमाकाशे भवनिमित्तम्। न शिक्षागुणविशेष:, तथा देवनारकाणां व्रतनियमाद्यभावेऽपि जायत इति भवप्रत्यय इत्युच्यते। इतरथा हि भव: साधारण इति कृत्वा सर्वेषामविशेष: स्यात्। इष्यते च तत्रापि प्रकर्षाप्रकर्षवृत्ति। =जिस अवधिज्ञानके होनेमें भव निमित्त है वह भवप्रत्यय अवधिज्ञान है। प्रश्न—यदि ऐसा है तो अवधिज्ञानके होनेमें क्षयोपशमकी निमित्तता नहीं बनती? उत्तर—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, भवके आश्रयसे क्षयोपशमकी सिद्धि हो जाती है। भवका आलम्बन लेकर क्षयोपशम हो जाता है ऐसा समझकर भव प्रधान कारण है ऐसा उपदेश दिया जाता है। जैसे पक्षियोंका आकाशमें गमन करना भवनिमित्तक होता है, शिक्षा गुणकी अपेक्षासे नहीं होता वैसे ही देव और नारकियोंके व्रत नियमादिकके अभावमें भी अवधिज्ञान होता है, इसलिए उसे भव निमित्तक कहते हैं। यदि ऐसा न माना जाय तो भव तो सबके साधारण रूप पाया जाता है, अत सबके एक-सा अवधिज्ञान प्राप्त होगा। परन्तु वहाँपर अवधिज्ञान न्यूनाधिक कहा ही जाता है। इससे जाना जाता है कि वहाँपर अवधिज्ञान होता तो क्षयोपशमसे ही है, पर वह क्षयोपशम भवके निमित्तसे प्राप्त होता है, अत उसे 'भवप्रत्यय' कहते हैं। (रा वा-१/२१/३-४/७६/१२)

३. भव प्रत्यय है तो भवके प्रथम समय ही उत्पन्न क्यों नहीं होता

ध.१३/५,५,५२/२९०/६ जदि भवमेत्तमोहिणाणस्स कारणं होज्ज तो देवेसु णेरइएसु वा उप्पण्णपढमसमए ओहिणाण किण्ण उप्पज्जदे। ण एस दोसो, ओहिणाणुप्पत्तीए छहि पज्जत्तीहि पज्जत्तयदभवग्गहणादो। =प्रश्न—यदि भवमात्र ही अवधिज्ञानका कारण है, तो देवों और नारकियोंमें उत्पन्न होनेके प्रथम समय में ही अवधिज्ञान क्यों नहीं उत्पन्न होता? उत्तर—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि छह पर्याप्तियोंसे पर्याप्त भवको ही यहाँ अवधिज्ञानकी उत्पत्तिका कारण माना गया है।

४. देव नारकी सम्यग्दृष्टियोंके ज्ञानको भवप्रत्यय कहे कि गुणप्रत्यय

ध १३/५,५,५३/२९०/६ देवणेरइयसम्माइट्ठीसु समुप्पण्णोहिणाणं ण भवपच्चइयं, सम्मत्तेण विणा भवादो चेव ओहिणाणस्साविब्भावाणुवलंभादो। ण एस दोसो, सम्मत्तेण विणा वि मिच्छाइट्ठीसु पज्जत्तयदेसु ओहिणाणुप्पत्तिदंसणादो। तम्हा तत्थतणमोहिणाणं भवपच्चइयं चेव। =प्रश्न—देव और नारकी सम्यग्दृष्टियोंमें उत्पन्न हुआ अवधिज्ञान भवप्रत्यय नहीं, क्योंकि, उनके सम्यक्त्वके बिना एकमात्र भवके निमित्तसे ही अवधिज्ञानकी उपलब्धि नहीं होती। उत्तर—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, सम्यक्त्व के बिना भी पर्याप्त मिथ्यादृष्टियोंके अवधिज्ञानकी उत्पत्ति देखी जाती है, इसलिए वहाँ उत्पन्न होनेवाला अवधिज्ञान भवप्रत्यय ही है।

५. सभी सम्यग्दृष्टि आदिकोंको गुणप्रत्यय ज्ञान उत्पन्न क्यों नहीं होता

ध १३/५,५,५३/२९२/१ जदि सम्मत्त-अणुव्वदमहव्वदेहिंतो ओहिणाणमुप्पज्जदि तो सव्वेसु असजदसम्माइट्ठिसजदासजद-सजदेसु ओहिणाण किण्ण उपलब्भदे। ण एस दोसो, असखेज्जलोगमेत्त सम्मत्त-सजमासजमसजमपरिणामेसु ओहिणाणावरणक्खओवसम-णिमित्ताण परिणामाणमइथोवत्तादो। णचते सव्वेसु सभवहि,तप्पडिवक्खपरिणाम बहुत्तेणतदुवलद्धीए थोवत्तादो। =प्रश्न—यदि सम्यक्त्व, अणुव्रत और महाव्रतके निमित्तसे अवधिज्ञान उत्पन्न होता है तो सब असयतसम्यग्दृष्टि, सयतासयत और सयतोंके अवधिज्ञान क्यों नहीं पाया जाता? उत्तर—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, सम्यक्त्व सयमासयम और सयमरूप परिणाम असख्यात लोकप्रमाण है। उनमें-से अवधिज्ञानावरणके क्षयोपशमके निमित्तभूत परिणाम अतिशय स्तोक है। वे सबके सम्भव नहीं है, क्योंकि, उनके प्रतिपक्षभूत परिणाम बहुत है, इसलिए उनकी उपलब्धि क्वचित् ही होती है।

६. भव व गुणप्रत्ययमें देशावधि आदि विकल्प

प का/मू/४३की प्रक्षेपक गा ३/८६ ओहि तहेव घेप्पदु देस परम च ओहिसव्व च। तिण्णि वि गुणेण णियमा भवेण देस तहा णियदं ॥ ३ ॥ =अवधिज्ञान तीन प्रकारका जानना चाहिए—देशावधि, परमावधि व सर्वावधि। ये तीनो ही नियमसे गुणप्रत्यय है तथा भवप्रत्यय निश्चितरूप से देशावधि ही है।

गो जी/मू/३७३/८०१ भवपच्चइगो ओही देसोही होदि परमसव्वोही। गुणपच्चइगो णियमा देसोही वि य गुणे होदि ॥ ३७३ ॥ =भवप्रत्यय अवधिज्ञान तो देशावधि ही होता है। परमावधि व सर्वावधि गुणप्रत्यय ही होते है तथा देशावधि गुणप्रत्यय भी होता है।

७. परमावधिमें कथंचित् देशावधिपना

रा. वा/१/२०/१५/७६/१ सर्वशब्दस्य निरवशेषवाचित्वात् सर्वावधिमपेक्ष्य परमावधेर्देशावधित्वमेवेति वक्ष्याम। ='सर्व' शब्द क्योंकि निरवशेषवाची है इसलिए सर्वावधिकी अपेक्षा परमावधिको भी देशावधिपना कहा जाता है। (रा वा /१/२२/४/८३/१६)

८. देशावधि आदि भेदोंमें वर्द्धमान आदि अथवा प्रतिपाती आदि विकल्प

रा वा /१/२२/४/८१/२७ देशावधिस्त्रेधा-जघन्य-उत्कृष्ट अजघन्योत्कृष्टश्चेति। तथा परमावधिरपि त्रेधा। सर्वावधिविकल्पत्वादेक एव।

रा.वा/१/२२/४/८२/१ वर्द्धमानो हीयमान अवस्थित अनवस्थित' अनुगामी अननुगामी अप्रतिपाती प्रतिपाती इत्येतेऽष्टौ भेदा देशावधेर्भवन्ति। होयमानप्रतिपातिभेदवर्जा इतरे षट्भेदा भवन्ति परमावधे। 'अवस्थितोऽनुगाम्यननुगाम्यप्रतिपाती' इत्येते चत्वारो भेदा' सर्वावधे।

रा वा/१/२२/४/८३/११ एष त्रिविधोऽपि परमावधि' वर्द्धमानो भवति न हीयमान। अप्रतिपाती न प्रतिपाती। अवस्थितो भवति अनवस्थितश्च वृद्धि प्रति न हानिम्। ऐहलौकिकदेशान्तरगमनादनुगामी पारलौकिकदेशान्तरगमनाभावादननुगामी।— सर्वावधिरुच्यते·· स एष वर्धमानो न हीयमानो नानवस्थितो न प्रतिपाती, प्राक्सयतभवक्षयात् अवस्थितोऽप्रतिपाती, भवान्तरं प्रत्यननुगामी देशान्तर प्रत्यनुगामी। =देशावधि तीन प्रकारका है—जघन्य,मध्यम,उत्कृष्ट। इसी प्रकार परमावधि भी तीन प्रकारका है। सर्वावधि निर्विकल्प होनेसे एक ही प्रकारका है। देशावधि मे आठ भेद है—वर्धमान, हीयमान, अवस्थित, अनवस्थित, अनुगामी, अननुगामी, अप्रतिपाती और प्रतिपाती। होयमान और प्रतिपातीको छोडकर शेष छह भेद परमावधि में है। अवस्थित, अनुगामी, अननुगामी और अप्रतिपाती ये चार भेद सर्वावधि मे है। जघन्य आदि तीनो प्रकारका परमावधि वर्धमान ही होता है हीयमान नही। अप्रतिपाती ही होता है प्रतिपाती नही। अवस्थित होता है अथवा वृद्धिके प्रति अनवस्थित भी होता है परन्तु हानिके प्रति नहीं। इस लोकमें देशान्तर गमनके कारण अनुगामी है, परन्तु परलोकरूप देशान्तर गमनका अभाव होनेके कारण अननुगामी है। अब सर्वावधि को कहते है। वह वर्धमान ही होता है हीयमान नहीं। अनवस्थित व प्रतिपाती भी नही होता। वर्तमानके सयत भवके क्षय से पहिले तक अवस्थित और

अप्रतिपाती है। भवान्तरके प्रति अननुगामी है और देशान्तरके प्रति अनुगामी है। (गो. जी./मू./वृ./३७५/३०८)

ध. १३/५,५,५६/३१०/५ परमोहि पुण दव्व-खेत्त-कालभावाणमक्कमेण वुड्ढी होदि वत्तव्वं।

ध १३/५,५,६/३२३/६, तत्थ परमोहिणाणीणं पडिवादाभावेण उप्पादाभावादो। =परमावधि ज्ञानमें तो द्रव्य क्षेत्र काल और भवकी युगपत् वृद्धि होती है, ऐसा यहाँ व्याख्यान करना चाहिए। परमावधि ज्ञानियोंका प्रतिपात नहीं होनेसे वहाँ (स्वर्गमें) उनका उत्पाद सम्भव नहीं।

६. देशावधि आदि भेदोंमें चारित्रादि सम्बन्धी विशेषताएँ

ध ६/४,१ ३/४१/६ कधमेदस्स ओहिणाणस्स जेट्ठदा। देसोहि पेक्खिदूण-महाविसयत्तादो, मणपज्जवणाणं व संजदेसु चेव समुप्पत्तीदो, सगुप्पण्णभवे चेव केवलणाणुप्पत्तिकारणत्तादो, अप्पडिवादित्तादो वा जेट्ठदा। =प्रश्न—इस (परमावधि) अवधिज्ञानके ज्येष्ठपना कैसे है? उत्तर—चूंकि यह परमावधि ज्ञान देशावधिकी अपेक्षा महा विषय वाला है, मनःपर्ययज्ञानके समान संयत मनुष्योंमें ही उत्पन्न होता है, अपने उत्पन्न होनेके भवमें ही केवलज्ञानकी उत्पत्तिका कारण है और अप्रतिपाती है। इसलिए उसके ज्येष्ठपना सम्भव है।

ध १३/५,५,५६/३२३/८ तं मिच्छत्तं पि गच्छेज्ज असंजमं पि गच्छेज्ज अविरोहादो=उस (देशावधि) के होनेपर जीव मिथ्यात्व को भी प्राप्त होता है, और असंयमको भी प्राप्त होता है, क्योंकि ऐसा होनेमें कोई विरोध नहीं है।

गो.जी./मू.व टी./३७५/८०३ पडिवादी वेसोही अप्पडिवादी हवंति सेसा ओ। मिच्छत्तं अविरमणं ण य पडिवज्जदि चरिमदुगे/३७५। सम्यक्त्वचारित्राभ्यां प्रच्युत्य मिथ्यात्वासंयमयोः प्राप्तिः प्रतिपातः, तद्युतः प्रतिपाती, स तु देशावधिरेव भवति। ...परमावधि-सर्वावधिद्विके जीवाः नियमेन मिथ्यात्वं अविरमणं च न प्रतिपद्यन्ते ततः कारणात् तौ द्वावपि अप्रतिपातिनौ। देशावधिज्ञानं प्रतिपाति अप्रतिपाति च इति निश्चितं। =प्रतिपातो कहिए सम्यक्त्व चारित्रसौं भ्रष्ट होइ मिथ्यात्व व असंयमकौं प्राप्त होना, तीहि संयुक्त जो होइ सो प्रतिपाती कहिए। देशावधिवाला तौ कदाचित् सम्यक्त्व चारित्रसौं भ्रष्ट होइ मिथ्यात्व असंयमकौं प्राप्त हो है। अर परमावधि सर्वावधि दोय ज्ञानविषै वर्तमान जीव सो निश्चयसौं मिथ्यात्व अर अविरतिकौं प्राप्त न हो है जातै देशावधि तौ प्रतिपाती भी है, और अप्रतिपाती भी है, परमावधि सर्वावधि अप्रतिपाती ही हैं।

७. अवधिज्ञानका स्वामित्व

१. सामान्य रूपसे अवधि चारों गतियोंमें सम्भव है

स. सि./१/२५/१३२/६ अवधिः पुनश्चातुर्गतिकेष्विति।=अवधिज्ञान चारों गतियोंके जीवोंको होता है। (रा. वा./१/२५/८७/१)

२. भवप्रत्यय केवल देव नारकियों व तीर्थंकरोंके होता है

त. सू./१/२१ भवप्रत्ययोऽवधिर्देवनारकाणां।२१। =भवप्रत्यय अवधिज्ञान देव और नारकियोंके होता है। (ष.ख./५,५/सू. ५४/२६३) (स.सा./१/२७/२६)।

ध. १३/५,५,५३/२६१/२ सामण्णणिद्देसे संते सम्माइट्ठि-मिच्छाइट्ठीणमोहिणाणं पज्जत्तभवपच्चइयं चेवे त्ति कुदो णव्वदे। अपज्जत्तेव णेरइएसु विहंगणाणपडिसेहण्णहाणुववत्तीदो। =प्रश्न—देवों और नारकियोंका अवधिज्ञान भवप्रत्यय होता है, ऐसा सामान्य निर्देश होनेपर सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टियोंका अवधिज्ञान पर्याप्त भवके निमित्तसे ही होता है, यह किस प्रमाणसे जाना जाता है? उत्तर—क्योंकि अपर्याप्त देवों और नारकियोंके विभंग ज्ञानका जो प्रतिषेध किया है वह अन्यथा बन नहीं सकता।

गो.जी./मू./३७१/७६८ भवपच्चइगो सुरणिरयाणं तित्थेवि सव्व अंगुत्थो।

गो.जी./जी.प्र./३७१/७६६/४ तत्र भवप्रत्ययावधिज्ञानं सुराणां नारकाणां चरमभवतीर्थकराणां च संभवति। =भवप्रत्यय अवधिज्ञान देवनिकै नारकीनिकै अर चरमशरीरी तीर्थंकर देवनिकै पाइये है।

३. गुणप्रत्यय केवल मनुष्य व तिर्यंचोंमें ही होता है

ष.ख १३/५,५/सू.५५/२६३ जं तं गुणपच्चइयं तं तिरिक्ख-मणुस्साणं ॥५५॥ =जो गुण प्रत्यय अवधिज्ञान है वह तिर्यंचों और मनुष्योंके होता है। (गो.जी./मू./३७१/७६८) (त.सा.१/२७/२६)।

त.सू.१/२२ क्षयोपशमनिमित्तः षड्विकल्पः शेषाणाम् ॥२२॥ =क्षयोपशमनिमित्तक अवधिज्ञान छः प्रकार है, जो शेष अर्थात् तिर्यंचों और मनुष्योंके होता है।

४. भवप्रत्यय ज्ञान सम्यग्दृष्टि व मिथ्यादृष्टि दोनोंको होता है

ध १३/५,५,५३/२६०/१० सम्मत्तेण वि मिच्छाइट्ठीसु पज्जत्तएसु ओहिणाणुप्पत्तिदंसणादो। तम्हा तमोहिणाणं भवपच्चइयं चेव। =सम्यक्त्वसे भी पर्याप्त मिथ्यादृष्टियोंके अवधिज्ञानकी उत्पत्ति देखी जाती है, इसलिए वहाँ उत्पन्न होनेवाला अवधिज्ञान भवप्रत्यय ही है।

५. गुणप्रत्यय अवधिज्ञान केवल सम्यग्दृष्टियोंको ही होता है

ष.ख.१/१.१/सू.१२०/३६४ आभिणिबोहियणाणं सुदणाणं ओहिणाणमसंजदसम्माइट्ठिप्पहुडि जाव खीणकसायवीदरागछदुमत्था त्ति ॥१२०॥ =आभिनिबोधिकज्ञान, श्रुतज्ञान और अवधिज्ञान असंयत सम्यग्दृष्टियोंसे लेकर क्षीणकषाय वीतराग छद्मस्थ गुणस्थान तक होते हैं ॥१२०॥ (गो.जी./जी.प्र./७२४/११६०/७)

स.सि.१/२२/१२७/६ यथोक्तसम्यग्दर्शनादिनिमित्तसंनिधाने सति शान्तक्षीणकर्मणां तस्योपलब्धिर्भवति। =यथोक्त सम्यग्दर्शनादि निमित्तोंके मिलनेपर जिनके अवधिज्ञानावरण कर्म शान्त और क्षीण हो गया है (अर्थात् क्षयोपशम प्राप्त हो गया है) उनके यह उपलब्धि या सामर्थ्य होती है (रा.वा./१/२२/२/८१/१०)।

ध.१३/५,५,५३/२६१/१० अणुव्रत-महाव्रतानि सम्यक्त्वाधिष्ठानानि गुणः कारणं यस्यावधिज्ञानस्य तद् गुणप्रत्ययकम्। =सम्यक्त्वसे अधिष्ठित अणुव्रत और महाव्रत गुण जिस अवधिज्ञानके कारण हैं वह गुणप्रत्यय अवधिज्ञान है।

पं.का./ता.वृ.४३/प्रक्षेपक गा.३/८६ त्रयोऽप्यवधयो विशिष्टसम्यक्त्वादिगुणेन निश्चयेन भवन्ति। =देशावधि, परमावधि व सर्वावधि ये तीनों ही गुणप्रत्यय अवधिज्ञान निश्चयसे विशिष्ट सम्यक्त्वादि गुणोंके द्वारा होते हैं। (गो.जी./जी.प्र./३७४/८०१/१३)।

६. उत्कृष्ट देशावधि मनुष्योंमें तथा जघन्य मनुष्य व तिर्यंच दोनोंके सम्भव है—देव नारकीमें नहीं

ष.ख.१३/५,५,५६/सूत्र गाथा १७/३२७ उक्कस्स माणुसेसु त माणुस तेरिच्छए जहण्णोही।

ध.१३/५,५,५६/३२७/५ उक्कस्सओहिणाणं तिरिक्खेसु देवेसु णेरइएसु वा ण होदि किंतु मणुस्सेसु चेव होदि। जहण्णमोहिणाणं देवणेरइएसु ण होदि किंतु मणुस्सतिरिक्खसम्माइट्ठीसु चेव होदि। =उत्कृष्ट अवधिज्ञान मनुष्योंके तथा जघन्य अवधिज्ञान मनुष्य और तिर्यंच दोनोंके होता है। उत्कृष्ट अवधिज्ञान तिर्यंच देव और नारकियोंके नहीं होता किन्तु मनुष्योंके ही होता है। जघन्य अवधिज्ञान देव और नारकियोंके नहीं होता, किन्तु सम्यग्दृष्टि मनुष्य और तिर्यंचोंके ही होता है। (गो.जी./जी.प्र./३७४/८०८/८) (रा.वा./१/२२/४/८२.३४-८३/३)।

७. उत्कृष्ट देशावधि उत्कृष्ट संयतोंको ही होता है पर जघन्य असंयत सम्यग्दृष्टि आदिको भी सम्भव है

रा.वा./१/२२/४/८३/३ एषो देशावधिरुत्कृष्टो मनुष्याणां संयतानां भवति। —यह उत्कृष्ट देशावधि संयत मनुष्योंको ही होता है।

ध.१३/५,५,५६/३२७/६ उक्कस्समोहिणाणं महारिसीणं चेव होदि (··· जहण्णमोहिणाणं—मणुस्सतिरिक्खसम्माइट्ठीसु चेव होदि। —उत्कृष्ट अवधिज्ञान महर्षियोंके ही होता है। जघन्य अवधिज्ञान सम्यग्दृष्टि मनुष्य और तिर्यंचोंके ही होता है।

गो.जी./जी.प्र.३७४/८०२/८ देशावधेर्ज्ञानस्य जघन्यं नरतिरश्चोरेव संयतासंयतयोः भवति, न देवनारकयोः। देशावधेः सर्वोत्कृष्टं तु नियमेन मनुष्यगतिसकलसंयते एव भवति नेतरगतित्रये तत्र महाव्रता भवात्। —देशावधिका जघन्य भेद संयमी व असंयमी (सम्यग्दृष्टि) मनुष्य तिर्यंच विषै ही हो है, देव नारकी विषै न हो है। बहुरि देशावधिका उत्कृष्ट भेद संयमी महाव्रती मनुष्य विषै ही हो है जाते और तीन गतिविषै महाव्रत संभवै नाहीं।

गो.जी./जी.प्र.३७३/८०१/१३ देशावधिरपि गुणे दर्शनविशुद्ध्यादिलक्षणे सति भवति। —देशावधि भी दर्शन विशुद्धि आदि लक्षणवाले सम्यग्दर्शनादि गुण होते संते हो है।

८. मिथ्यादृष्टियोंमें भी अवधिज्ञानकी सम्भावना

ध.१३/५,५,५३/२६०/८ मिच्छाइट्ठिसु ओहिणाणं णत्थि त्ति वोत्तुं ण जुत्तं, मिच्छत्तसहचरिदओहिणाणस्सेव विहंगणाणववएसादो। —मिथ्यादृष्टियोंके अवधिज्ञान नहीं होता, ऐसा कहना युक्त नहीं क्योंकि, मिथ्यात्व सहचरित अवधिज्ञानकी ही विभंग ज्ञान संज्ञा है।

गो.जी./जी.प्र.३०५/६५७/५ मिथ्यादर्शनकलङ्कितस्य जीवस्य अवधिज्ञानावरणीयवीर्यान्तरायक्षयोपशमजनितं···विपरीतग्राहकं तिर्यग्-मनुष्यगत्योः तीव्रकायक्लेशद्रव्यसंयमरूपगुणप्रत्ययं, चशब्दादिव-नारकगत्योर्भवप्रत्ययं च···अवधिज्ञानं विभंग इति। —मिथ्यादृष्टि जीवनिकैं अवधिज्ञानावरण वीर्यान्तरायके क्षयोपशमतैं उत्पन्न भया ऐसा वि कहिए विशिष्ट जो अवधिज्ञान ताका भंग कहिए विपरीत भाव सो विभंग कहिए। सो तिर्यंच मनुष्य गतिविषै तो तीव्र काय-क्लेशरूप द्रव्य संयमादिकरि उपजै है सो गुण प्रत्यय हो है। और 'च' शब्द से देव नारक गतियोंमें भव प्रत्यय हो है।

९. परमावधि व सर्वावधि चरमशरीरी संयतोंमें ही होता है

रा.वा.१/२२/४/८३/११ स एष त्रिविधोऽपि परमावधिः उत्कृष्टचारित्रयुक्त-स्यैव भवति नान्यस्य।···—यह तीनों प्रकारका (जघन्य, मध्यम व उत्कृष्ट) परमावधि ज्ञान उत्कृष्ट चारित्र युक्तके ही होता है अन्यके नहीं।

ध.१३/५,५,५६/३२३/४ परमोहिणाणं संजदेसु चेव उप्पज्जदि उप्पण्णे हि परमोहिणाणे सो जीवो मिच्छत्तं ण कयावि गच्छदि, असंजमं वि णो गच्छदि त्ति भणिदं होदि।···सव्वमोहिणाणं। एदं पि णिग्गंथाणं चेव होदि।···परमावधि ज्ञानकी उत्पत्ति संयतोंके ही होती है। परमावधिज्ञानके उत्पन्न होनेपर वह जीव न कभी मिथ्यात्वको प्राप्त होता है और न कभी असंयमको भी प्राप्त होता है। यह उक्त कथन-का तात्पर्य है।···यह सर्वावधिज्ञान भी निर्ग्रन्थोंके ही होता है। (ध./६/४,१,३/४१/७)।

पं.का./ता.वृ.४३ की प्रक्षेपक गा.३ की टीका ८६/२४ परमावधि-सर्वा-वधित्रयं···चरमदेहतपोधनानां भवति। तथा चोक्तं। "परमोहि सव्वोहि चरमसरीरस्स विरदस्स"। —परमावधि और सर्वावधि ये दोनों ज्ञान चरमशरीरी तपोधनोंके ही होते हैं। जैसे कि कहा भी है—"परमावधि व सर्वावधि चरम शरीरी विरत अर्थात् संयतके होते हैं"।

गो.जी./जी.प्र./३७३/८०१ देवनारकयोर्गृहस्थतीर्थकरस्य च परमावधि-सर्वावध्योरसंभवात्। —देव, नारकी और गृहस्थ तीर्थंकर इनके परमावधि व सर्वावधि होइ नाहीं।

१०. अपर्याप्तावस्थामें अवधिज्ञान सम्भव है पर विभंग नहीं

ष.ख-१/१,१/सू.११८/३६३ पज्जत्ताणं अत्थि, अपज्जत्ताणं णत्थि। —विभंग ज्ञान पर्याप्तकोंके ही होता है, अपर्याप्तकोंके नहीं होता ॥११८॥

स.सि./१/२२/१२७/५ न ह्यसंज्ञिनामपर्याप्तकानां च तत्सामर्थ्यमस्ति। —असंज्ञी और अपर्याप्तकके यह सामर्थ्य नहीं है (क्षयोपशम निमित्तक अवधिज्ञान असंज्ञी व अपर्याप्तकोंमें उत्पन्न नहीं होता है।)

ध.१३/५,५,५३/२११/७ तिरिक्खमणुस्सेसु समत्तगुणेणुप्पण्णस्स तत्था-वट्ठाणुवलंभादो। —तिर्यंच और मनुष्योंमें सम्यक्त्व गुणके निमित्तसे उत्पन्न हुआ अवधिज्ञान देवों और नारकियोंके अपर्याप्त अवस्थामें भी पाया जाता है। (विशेष दे. सत् प्ररूपणा)।

११. संज्ञी संमूर्च्छनोंमें अवधिज्ञानकी सम्भावना असम्भावना

ध.५/१,६,२३४/११६/११एक्को अट्ठावीससंतकम्मिओ सम्मूच्छिमपज्जत्तएसु उववण्णो। छहि पज्जत्तीहि पज्जत्तयदो; विस्संतो, विसुद्धो, वेदग-सम्मत्तं पडिवण्णो तदो अंतोमुहुत्तेण ओहिणाणी जादो। —मोहकर्म-की अट्ठाईस प्रकृतिकी सत्तावाला कोई एक जीव संज्ञी सम्मूर्च्छिम पर्याप्तकोंमें उत्पन्न हुआ। छहों पर्याप्तियोंसे पर्याप्त हो, विश्राम ले, विशुद्ध हो, वेदक सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ। पश्चात् अन्तर्मुहूर्तसे अवधिज्ञानी हो गया।

ध. ५/१,६,२३७/११८/११ सण्णिसम्मुच्छिमपज्जत्तएसु संजमासंजमस्सेव ओहिणाणुवसमसम्मत्ताणं संभवाभावादो।···ओहिणाणाभावो कुदो णव्वदे। सम्मुच्छिमेसु ओहिणाणमुप्पाइय अंतरपरूवय आइरियाण-मणुवलंभादो।···गब्भोवक्कंतिएसु गमिदअट्ठतालीस (—पुव्वकोडि-) वस्सेसु ओहिणाणमुप्पादिय किण्ण अंतराविदो। ण, तत्थ वि ओहि-णाणसंभवं परूवयंतवक्खाणाइरियाणमभावादो। —प्रश्न—संज्ञी सम्मूर्च्छिम पर्याप्तकोंमें संयमासंयमके समान अवधिज्ञान और उपशम सम्यक्त्वकी संभवताका अभाव है। प्रश्न—संज्ञी सम्मू-र्च्छिक जीवोंमें अवधिज्ञानका अभाव कैसे जाना जाता है? उत्तर—क्योंकि, अवधिज्ञानको उत्पन्न कराके अन्तरके प्ररूपण करनेवाले आचार्योंका अभाव है। अर्थात् किसी भी आचार्यने इस प्रकार अन्तरकी प्ररूपणा नहीं की। प्रश्न—गर्भोत्पन्न जीवोंमें व्यतीतकी गयी अड़तालीस पूर्वकोटी वर्षोंमें अवधिज्ञान उत्पन्न करके अन्तरको प्राप्त क्यों नहीं कराया? उत्तर—नहीं, क्योंकि, उन में भी अवधि-ज्ञानकी सम्भवताको प्ररूपण करनेवाले व्याख्यानाचार्योंका अभाव है।

१२. अपर्याप्तावस्थामें अवधिज्ञानके सद्भाव और विभंगके अभाव सम्बन्धी शंका

ध. १/१,१,११८/३६२/६ अथ स्यादेवं देवनारकाणां विभङ्गज्ञानं भव-निबन्धनं भवेदपर्याप्तकालेऽपि तेन भवितव्यं तद्भवैतोर्भवस्य सत्त्वा-दिति न,'सामान्यबोधनाश्च विशेषेष्ववतिष्ठन्ते' इति न्यायात् नापर्या-प्तविशिष्टं देवनारकत्वं विभङ्गनिबन्धनमपि तु पर्याप्तविशिष्ट-मिति। ततो नापर्याप्तकाले तदस्तीति सिद्धम्। —प्रश्न—यदि देव और नारकियोंके विभंगज्ञान भव-प्रत्यय होता है तो अपर्याप्तकालमें भी वह हो सकता है, क्योंकि, अपर्याप्तकालमें भी विभंगज्ञानके कारणरूप भवकी सत्ता पायी जाती है? उत्तर—नहीं, क्योंकि, 'सामान्य विषय-का बोध करानेवाले वाक्य विशेषोंमें रहा करते हैं' इस न्यायके अनुसार अपर्याप्त अवस्थासे युक्त देव और नारक पर्याप्त विभंगज्ञानका कारण नहीं है। किन्तु पर्याप्त अवस्थासे युक्त ही देव और नारक

पर्याप्त विभंगज्ञानका कारण है, इसलिए अपर्याप्तकालमें विभंग ज्ञान नहीं होता है, यह बात सिद्ध हो जाती है।

ध.१३/५,५,५३/२९१/३ विहंगणाणस्सेव अपज्जत्तकाले ओहिणाणस्स पडिसेहो किण्ण कीरदे। ण उप्पत्ति पडि तस्स वि तत्थ विहंगणाणस्सेव पडिसेहदंसणादो।...ण च तत्थ ओहिणाणस्सच्चंताभावो, तिरिक्ख-मणुस्सेसु सम्मत्तगुणेणुप्पण्णस्स तत्थावट्ठाणुवलंभादो। ण विहंगणाणस्स एस कमो, तक्कारणाणुकंपादीणं तत्थाभावेण तदवट्ठाणाभावादो। —प्रश्न—विभंगज्ञानके समान अपर्याप्तकालमें अवधिज्ञानका निषेध क्यों नहीं करते। उत्तर—नहीं क्योंकि, उत्पत्तिकी अपेक्षा उसका भी वहाँ विभंगज्ञानके समान ही निषेध देखा जाता है। ...पर इसका यह अर्थ नहीं कि देवों और नारकियोंके अपर्याप्त अवस्थामें अवधिज्ञानका अत्यन्त अभाव है, क्योंकि तिर्यंचों और मनुष्योंमें सम्यक्त्व गुणके निमित्तसे उत्पन्न हुआ अवधिज्ञान देवों और नारकियोंके अपर्याप्त अवस्थामें भी पाया जाता है प्रश्न—विभंगज्ञानमें भी यह क्रम लागू हो जायेगा? उत्तर—यह कहना ठीक नहीं है, क्योंकि अवधिज्ञानके कारणभूत अनुकम्पा आदिका अभाव होनेसे अपर्याप्तावस्थामें वहाँ उसका अवस्थान नहीं रहता।

८. अवधिज्ञानकी विषय सीमा

१. द्रव्यकी अपेक्षा रूपीको ही जानता है

त.सू./१/२७ रूपिष्ववधेः ॥२७॥—अवधिज्ञानकी प्रवृत्ति रूपी पदार्थोंमें होती है।

स.सि./१/२७/१३४/१० रूपिष्वेवावधेर्विषयनिबन्धनो नारूपिष्विति नियमः क्रियते।=रूपी पदार्थोंमें ही अवधिज्ञानका विषय सम्बन्ध है अरूपी पदार्थोंमें नहीं, यह नियम किया गया है। (ध.१३/५,५,२१/२११/२)

ध.९/४,१,३/४४/६ एसो रूवयदसद्दो मज्झदीवओ त्ति हेट्ठोवरिमोहीणाणेसु सव्वत्थ जोजेयव्वो। एदेण दव्वपरूवणा कदा। =यह रूपगत शब्द चूंकि मध्य दीपक है, अतएव इसे अधस्तन और उपरिम अवधिज्ञानोंमें (अर्थात् देशावधि, परमावधि व सर्वावधि तीनोंमें) जोड़ लेना चाहिए। इस व्याख्यान द्वारा द्रव्य प्ररूपणा की गयी। नोट :—यहाँ रूपीका अर्थ पुद्गल ही न समझना बल्कि कर्म व शरीरसे बद्ध जीव द्रव्य व उसके संयोगी भाव भी समझना (दे. आगे अवधिज्ञान/८/६)

२. द्रव्यप्रमाणकी अपेक्षा अनन्तको नहीं जानता

ध. ९/४,१,२/२७/८ ण च ओहिणाणमुक्कस्सं पि अणंतसंखावगमक्खमं आगमे तहोवदेसाभावादो। दव्वट्ठियाणंतपज्जाए पच्चक्खेण अपरिच्छिंदंतो ओही कधं पच्चक्खेण दव्वं परिच्छिंदेज्ज। ण, तस्स, पज्जायावयवगयाणंतसंखं मोत्तूण असंखेज्जपज्जायावयवविसिट्ठदव्वपरिच्छेदयत्तादो। =उत्कृष्ट भी अवधिज्ञान अनन्त संख्याके जाननेमें समर्थ नहीं है, क्योंकि, आगममें वैसे उपदेशका अभाव है। प्रश्न—द्रव्यमें स्थित अनन्त पर्यायोंको प्रत्यक्षसे न जानता हुआ अवधिज्ञान प्रत्यक्ष द्रव्यको कैसे जानेगा? उत्तर—नहीं, क्योंकि, अवधिज्ञान पर्यायोंके अवयवोंमें रहनेवाली अनन्त संख्याको छोड़कर असंख्यात पर्यायावयवोंसे विशिष्ट द्रव्यका ग्राहक है।

३. क्षेत्रप्ररूपणाका स्पष्टीकरण

ध. ९/४,१,२/२३/१ जहण्णोहिणाणी एगोलिए चेव जाणदि तेण ण सुत्तविरोहो त्ति के वि भणंति। णेदं पि घडदे, चक्खिंदियणाणादो वि तस्स जहण्णत्तप्पसंगादो। कुदो। चक्खिंदियणाणेण संखेज्जसूचिअंगुलविक्खंभरुस्सेहायामखेत्तब्भंतरट्ठिदवत्थुपरिच्छेददंसणादो, एदस्स जहण्णोहिखेत्तायामस्स असंखेज्जजोयणत्तुवलंभादो च।...ण च सो कुलसेल-मेरुमहीयर-भवणविमाणट्ठपुढवी-देव-विज्जाहर-सरड-सरिसवादीणि वि पेच्छइ, एदेसिमेगागासे अवट्ठाणाभावादो। ण च तेसिमवयवं पि जाणादि, अविण्णादे अवयविम्हि एदस्स एसो अवयवो त्ति णावुमसत्तीदो। जदि अक्कमेण सव्वं घणलोगं जाणदि तो सिद्धो णो पक्खो, णिप्पडिबक्खत्तादो। सुहुमणिगोदोगाहणाए घणपदरागारेण ठइदाए आगासवित्थाराणेगोलि चेव जाणदि त्ति के वि भणंति। णेदं पि घडदे, जहण्णं सुहुमणिगोदजहण्णोगाहणा तद्देहे जहण्णोहि खेत्तमिदि भणंतेण गाहासुत्तेण सह विरोहादो। ण चाणेगोलीपरिच्छेदो छदुमत्थाणं विरुद्धो, चक्खिंदियणाणेणेगोलिठियपोग्गलक्खंदपरिच्छेदुवलंभादो।=दृष्टि १. जघन्य अवधिज्ञानी एक श्रेणीको ही जानता है, अतएव सूत्र विरोध नहीं होगा, ऐसा कितने ही आचार्य कहते हैं परन्तु यह भी घटित नहीं होता, क्योंकि, ऐसा माननेपर चक्षु इन्द्रियजन्य ज्ञानकी अपेक्षा भी उसके जघन्यताका प्रसंग आवेगा। कारण कि चक्षु इन्द्रियजन्यज्ञानसे संख्यात सूच्यंगुल विस्तार, उत्सेध और आयामरूप क्षेत्रके भीतर स्थित वस्तुका ग्रहण देखा जाता है। तथा वैसा माननेपर इस जघन्य अवधिज्ञानके क्षेत्रका आयाम असंख्यात योजन प्रमाण प्राप्त होगा।

इसके अतिरिक्त वह कुलाचल, मेरुपर्वत, भवनविमान, आठ पृथिवियों, देव, विद्याधर, गिरगिट और सरीसृपादिकोंको भी नहीं जान सकेगा, क्योंकि इनका एक आकाश (श्रेणी) में अवस्थान नहीं है। और वह उनके अवयवको भी नहीं जानेगा, क्योंकि, अवयवीके अज्ञात होनेपर 'यह इसका अवयव है' इस प्रकार जाननेकी शक्ति नहीं हो सकती। यदि वह युगपत् सब घनलोकको जानता है, तो हमारा पक्ष सिद्ध है, क्योंकि वह प्रतिपक्षसे रहित है। दृष्टि २. सूक्ष्म निगोद जीवकी अवगाहनाको घनप्रतराकारसे स्थापित करनेपर एक आकाश विस्तारूप अनेक श्रेणीको ही जानता है, ऐसा कितने ही आचार्य कहते हैं। परन्तु यह भी घटित नहीं होता, क्योंकि ऐसा होनेपर 'जितनी सूक्ष्म निगोदकी जघन्य अवगाहना है उतना ही जघन्य अवधिका क्षेत्र है,' ऐसा कहनेवाले गाथासूत्रके साथ विरोध होगा। और छद्मस्थोंके अनेक श्रेणियोंका ग्रहण विरुद्ध नहीं है, क्योंकि चक्षु इन्द्रियजन्यज्ञानसे अनेक श्रेणियोंमें स्थित पुद्गलस्कन्धोंका ग्रहण पाया जाता है।

ध. १३/५,५,५६/३०२-३०२/६ ण च एगोली जहण्णोगाहणा होदि, समुदाए वक्खपरिसमत्तिमस्सिदूण तत्थतणसव्वागासपदेसाणं गहणादो।... एदं जहण्णोगाहणक्खेत्तं एगागासपदेसोलीए रचेदूण तदंते ट्ठिदं जहण्णदव्वं जाणदि त्ति किण्ण घेप्पदे। ण, जहण्णोगाहणादो असंखेज्जगुणजहण्णोहिखेत्तप्पसंगादो। जं जहण्णोहिणाणेण अवरुद्धखेत्तं तं जहण्णोहिखेत्तं णाम।...जत्तिया जहण्णोगाहणा तत्तिया चेव जहण्णोहिखेत्तमिदि सुत्तेण सह विरोहादो।...ण च ओहिणाणी एगागासगुचीए जाणदि त्ति वोत्तुं जुत्तं, जहण्णमदिणाणादो वि तस्स जहण्णत्तप्पसंगादो जहण्णदव्वअवगमोवायाभावादो च। तम्हा जहण्णोहिणाणेण अवरुद्धखेत्तं सव्वमुच्चिणिदूण घणपदरागारेण ट्ठइदे सुहुमणिगोदअपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणप्पमाणं होदि त्ति घेत्तव्वं। जहण्णोहिणिबंधणस्स खेत्तस्स को विक्खंभो को उस्सेहो को वा आयामो त्ति भणिदे णत्थि एत्थ उवदेसो, किंतु ओहिणिबद्धखेत्तस्स पदरवणागारेण ट्ठइदस्स पमाणमुस्सेहघणंगुलस्स असंखेज्जदिभागो त्ति उवएसो।=एक आकाश पंक्ति जघन्य अवगाहना होती है, यह कहना ठीक नहीं है, क्योंकि, समुदाय रूपमें वाक्यकी परिसमाप्ति इष्ट है। इसलिए सूक्ष्म निगोद लब्ध्यपर्याप्तक जीवकी अवगाहनामें स्थित सब आकाश प्रदेशोंका ग्रहण किया है।...प्रश्न—इस जघन्य अवधिज्ञानके क्षेत्रको एक आकाशप्रदेशपंक्तिरूपसे स्थापित करके उसके भीतर स्थित जघन्य द्रव्यको जानता है, ऐसा यहाँ क्यों नहीं ग्रहण करते? उत्तर—नहीं, क्योंकि ऐसा ग्रहण करनेपर जघन्य अवगाहनासे असंख्यातगुणे जघन्य अवधिज्ञानके क्षेत्रका प्रसंग प्राप्त होता है। जो जघन्य अवधिज्ञानसे अवरुद्ध क्षेत्र है वह जघन्य अवधिज्ञानका क्षेत्र कहलाता है। किन्तु यहाँ पर वह जघन्य अवगाहनासे असंख्यात

गुणा दिखाई देता है।...."जितनी जघन्य अवगाहना है उतना ही जघन्य अवधिज्ञानका क्षेत्र है" ऐसा प्रतिपादन करने वाले सूत्रके साथ उक्त कथनका विरोध होता है।...अवधिज्ञानी एक आकाशप्रदेश-सूचीरूपसे जानता है, यह कहना भी युक्त नहीं है, क्योंकि, ऐसा माननेपर वह जघन्य मतिज्ञानसे भी जघन्य प्राप्त होता है और जघन्य द्रव्यके जाननेका अन्य उपाय भी नहीं रहता। इसलिए जघन्य अवधिज्ञानके द्वारा अवरुद्ध हुए सब क्षेत्रको उठाकर घन-प्रतरके आकाररूपसे स्थापित करनेपर सूक्ष्म निगोद लब्धपर्याप्तक जीवकी जघन्य अवगाहना प्रमाण होता है, ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए। प्रश्न—जघन्य अवधिज्ञानसे सम्बन्ध रखनेवाले क्षेत्रका क्या विष्कम्भ है, क्या उत्सेध है, और क्या आयाम है? उत्तर—इस सम्बन्ध में कोई उपदेश उपलब्ध नहीं होता। किन्तु घनप्रतराकार-रूपसे स्थापित अवधिज्ञान सम्बन्धी क्षेत्रका प्रमाण उत्सेध घनांगुलके असंख्यातवें भाग है, यह उपदेश अवश्य ही उपलब्ध होता है।

ध.६/४,१,२/२२/८ सुहुमणिगोदजहण्णोगाहणमेत्तमेदं सव्वं हि जहण्णो-हिखेत्तमोहिणाणिजीवस्स तेण परिच्छिज्जमाणदव्वस्स य अंतरमिदि केवि आइरिया भणंति। णेदं घडदे, सुहुमणिगोदजहण्णोगाहणादो जहण्णोहिखेत्तस्स असंखेज्जगुणत्तप्पसंगादो। कथमसंखेज्जगुणत्तं। जहण्णोहिणाणविसयविक्खंभरूस्सेहेहि आयामे गुणिज्जमाणे तत्तो असंखेज्जगुणत्तसिद्धीदो। ण चासंखेज्जगुणत्तं संभवदि, जहेहि सुहु-मणिगोदस्स जहण्णोगाहणा तहेहि चेव जहण्णोहिखेत्तमिदि भणंतेण गाहासुत्तेण सह विरोहादो।=सूक्ष्म निगोद जीवकी जघन्य अवगा-हना मात्र यह सब ही जघन्य अवधिज्ञानका क्षेत्र, अवधिज्ञानी जीव और उसके द्वारा ग्रहण किये जानेवाले द्रव्यका अन्तर है, ऐसा कितने ही आचार्य कहते हैं। परन्तु यह घटित नहीं होता, क्योंकि, ऐसा स्वीकार करनेसे सूक्ष्म निगोद जीवकी जघन्य अवगाहनासे जघन्य अवधिज्ञानके क्षेत्रके असंख्यातगुणे होनेका प्रसंग आवेगा। प्रश्न—असंख्यातगुणा कैसे होगा? उत्तर - क्योंकि जघन्य अवधिज्ञानके विषयभूत क्षेत्रके विस्तार और उत्सेधसे आयामको गुणा करनेपर उससे असंख्यात गुणत्व सिद्ध होता है। और असंख्यात गुणत्व सम्भव है नहीं, क्योंकि, 'जितनी सूक्ष्म निगोदकी अवगाहना है उतना ही जघन्य अवधिका क्षेत्र है;' ऐसा कहनेवाले गाथा सूत्रके साथ विरोध आता है।

ध.६/४,१,४/४८/७ परमोहिउक्कस्सखेत्तं तप्पाओग्गअसंखेज्जरूवेहि गुणिदे सव्वोहिए उक्कस्सखेत्तं होदि। सव्वोहिउक्कस्सखेत्तुप्पायणट्ठं परमोहि-उक्कस्सखेत्तं तिस्से चेव चरिम अणवट्ठिदगुणगारेण आवलियाए असंखे-ज्जदिभागपदुप्पण्णेण गुणिज्जदि त्ति के वि भणंति। तण्ण घडदे, परियम्मे वुत्तओहिणिबद्धखेत्ताणुप्पत्तीदो।=परमावधि के उत्कृष्टक्षेत्र-को उसके योग्य असंख्यातलोकोंसे गुणित करनेपर सर्वावधिका उत्कृष्टक्षेत्र होता है। सर्वावधिके उत्कृष्टक्षेत्रको उत्पन्न करानेके लिए परमावधिके उत्कृष्ट क्षेत्रको आवलीके असंख्यातवें भागसे उत्पन्न उसके ही अन्तिम अनवस्थित गुणकारसे गुणा किया जाता है, ऐसा कोई आचार्य कहते हैं, किन्तु वह घटित नहीं होता, क्योंकि ऐसा माननेपर परिकर्ममें कहे हुए अवधिसे निबद्ध क्षेत्र नहीं बनते।

४. देवोंके ज्ञानकी क्षेत्रप्ररूपणा परिमाण-नियामक नहीं स्थान नियामक है

गो. जी./जी.प्र. ४३२/८५३/७ इदं क्षेत्रपरिमाणनियामकं न किंतु तत्रतन-स्थाननियामकं भवति। कुतः। अच्युतान्तानां विहारमार्गेण अन्यत्रगतानां तत्रैव क्षेत्रे तदवधुत्पत्त्यभ्युपगमात्।=ऐसा यहाँ क्षेत्रका परिमाण कहा है, सो स्थानका नियमरूप जानना। क्षेत्रका परिमाण लीये नियमरूप न जानना। जातैं अच्युत स्वर्ग पर्यन्तके वासी विहारकरि अन्य क्षेत्रको जाँइ अर तहाँ अवधि होइ तो पूर्वोक्त स्थानकपर्यन्त हो होइ। ऐसा नाहीं जो प्रथम स्वर्गवाला पहिले नारक जाइ और तहाँ सेती डेढ राजू नीचैं और जानै। सौधर्मद्विकके प्रथम नरक पर्यन्त अवधिक्षेत्र है सो तहाँ भी तिष्ठता तहाँ पर्यन्त क्षेत्रको ही जानै वैसे सर्वत्र जानना।

५. कालकी अपेक्षा अवधि त्रिकालग्राही

ध. ६/१,९-१,१४/२७/३ ओहिणाणम्मि पच्चक्खेण वट्टमाणासेसपज्जाय-विसिट्ठवत्थुपरिच्छित्तीए उवलंभा, तीदाणाद-असंखेज्जपज्जाय-विसिट्ठवत्थु दंसणादो च।=अवधिज्ञानमें प्रत्यक्षरूपसे वर्तमान समस्त पर्यायविशिष्ट वस्तुका ज्ञान पाया जाता है, तथा भूत और भावी असंख्यातपर्याय-विशिष्ट वस्तुका ज्ञान देखा जाता है। (ध. ६/४,१,४४/१२७/८), (ध. १३/५,५,५६/३०५/३; ३०८/६; ३१०/११) (ध. १५/८/२)

६. भावकी अपेक्षा पुद्गल व संयोगी जीवकी पर्यायों-को जानता है

स. सि. १/१७/१३४/१० रूपिष्वपि भवन्न सर्वपर्यायेषु, स्वयोग्येष्वेवेदय-धारणार्थमसर्वपर्यायेष्वित्यभिसम्बन्ध्यते।=रूपी पदार्थों में होता हुआ भी उनकी सब पर्यायोंमें नहीं होता किन्तु स्वयोग्य सीमित पर्यायोंमें ही होता है इस प्रकारका निश्चय करनेके लिए 'असर्व-पर्यायेषु' पदका सम्बन्ध होता है।

रा. वा. १/२७/४/८८/१६ 'असर्वपर्यायेषु' इत्येतदुपादीयमानमनुवर्तते।...तत्रो रूपिषु पुद्गलेषु प्रागुक्तद्रव्यादिपरमाणुषु, जीवपर्यायेषु औदयिकौप-शमिकक्षायोपशमिकेषूत्पद्यतेऽवधिज्ञानम्। रूपिद्रव्यसम्बन्धात् न क्षायिकपारिणामिकेषु नापि धर्मास्तिकायादिषु तत्सम्बन्धाभावात्।=इस सूत्रमें 'असर्वपर्याय की अनुवृत्ति कर लेनी चाहिए। अर्थात पहले कहे गये रूपी द्रव्योंकी कुछ पर्यायोंको (देखो आगे विषय प्ररूपक चार्ट) और जीवके औदयिक, औपशमिक और क्षायोप-शमिक भावोंको अवधिज्ञान विषय करता है, क्योंकि इनमें रूपी कर्मका सम्बन्ध है। उसका सम्बन्ध न होनेके कारण वह क्षायिक व पारिणामिक भाव तथा धर्म अधर्म आदि अरूपी द्रव्यों (व उनकी पर्यायों) को नहीं जानता।

ध. ६/४,१,२/२७/५ जमप्पणो जाणिददव्वं तस्स अणंतेसु वट्टमाणपज्जाएसु तत्थ आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तपज्जाया जहण्णोहिणाणेण विसईकया जहण्णभावो। केवि आइरिया जहण्णदव्वस्सुवरिट्ठिदरूव-रस-गंध-फासादिसव्वपज्जाए जाणदि त्ति भणंति तण्ण घडदे, तेसिमाणंत्तादो।...तीदाणागयपज्जायाणं किण्ण भाववयएसो। ण, तेसिं कालत्तब्भुवगमादो। एवं जहण्णभावपरूवणा कदा।=अपना जो जाना हुआ द्रव्य है उसकी अनन्त वर्तमान पर्यायोंमें-से जघन्य अवधिज्ञानके द्वारा विषयीकृत आवलीके असंख्यात भागमात्र पर्याय जघन्य भाव है। कितने ही आचार्य जघन्य द्रव्यके ऊपर स्थित रूप रस, गन्ध एवं स्पर्श आदि रूप सब पर्यायोंको उक्त अवधिज्ञान जानता है, ऐसा कहते हैं। किन्तु वह घटित नहीं होता, क्योंकि, वे अनन्त हैं। और उत्कृष्ट भी अवधिज्ञान अनन्त संख्याके जाननेमें समर्थ नहीं है। प्रश्न—अतीत व अनागत पर्यायोंकी 'भाव' संज्ञा क्यों नहीं है? उत्तर—नहीं है, क्योंकि, उन्हें काल स्वीकार किया गया है। इस प्रकार जघन्य भावकी प्ररूपणा की गयी।

ध. १५/८/३ भावदो असंखेज्जलोगमेत्तदव्वपज्जाए तीदाणागदवट्टमाण-कालविसए जाणदि। तेण ओहिणाणं सव्वदव्वपज्जयविसयं ण होदि।=भावकी अपेक्षा वह अतीत, अनागत एवं वर्तमान कालको विषय करनेवाली असंख्यात लोक मात्र द्रव्यपर्यायोंको जानता है। इसलिए अवधिज्ञान द्रव्योंकी समस्त पर्यायोंको विषय करनेवाला नहीं है।

७. अवधिज्ञानके विषयभूत क्षेत्रादिकोंमें वृद्धि-हानिका क्रम

ष.ख. १३/५,५,५१/गाथा सूत्र ८/३०१ कालो चदुण्ण वुड्ढी। कालो भजिदव्वो खेत्तवुड्ढीए। वुड्ढीए दव्व-पज्जए भजिदव्वो खेत्तकालो दु। (म.क./पु.१/गा. सू.७/२२)

ध १३/५,५,५६/३१०/४ एसो गाहत्थो देसोहीए जोजेयव्वा, ण परमोहीए।

परमोहीए पुण दव्व-खेत्त-काल-भावाणमक्कमेण वुड्ढी होदि त्ति वत्तव्वा।=काल चारों ही (द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव) वृद्धियोंके लिए होता है। क्षेत्रकी वृद्धि होने पर कालकी वृद्धि होती भी है और नहीं भी होती। तथा द्रव्य और पर्यायकी वृद्धि होनेपर क्षेत्र और कालकी वृद्धि होती भी है और नहीं भी होती ॥८॥ (रा वा १/२२/४/८३/२१) (गो जी./जी.प्र. ४१२/८३६/११)। **नोट**—इस गाथाके अर्थकी देशावधिज्ञानमें योजना करनी चाहिए, परमावधिमें नहीं। परमावधिज्ञानमें तो द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी युगपत् वृद्धि होती है।

९. अवधिज्ञान विषयक प्ररूपणाएँ

१. द्रव्य व भाव सम्बन्धी सामान्य नियम

ध. १३/५,५,५६/गा. सूत्र ३/३०१ ओगाहणा जहण्णा णियमा दु सुहुमणिगोदजीवस्स। जदेही तदेही जहण्णिया खेत्तदोओही ॥३॥=सूक्ष्म निगोदलब्ध्यपर्याप्तक जीवकी जितनी जघन्य अवगाहना होती है उतना अवधिज्ञानका जघन्य क्षेत्र है।

रा वा १/२१/७/८०/२२ कालद्रव्यभावेषु कोऽवधिरिति। अत्रोच्यते—यस्य यावत्क्षेत्रावधिस्तस्य तावदाकाशप्रदेशपरिच्छिन्ने काल-द्रव्ये भवत.। तावत्सु समयेष्वतीतेष्वनागतेषु च ज्ञानं वर्तते, तावत्संख्यातभेदेषु अनन्तप्रदेशेषु पुद्गलस्कन्धेषु जीवेषु च सकर्मेषु। भावत स्वविषयपुद्गलस्कन्धानां रूपादिविकल्पेषु जीवपरिणामेषु चौदयिकौपशमिकक्षायोपशमिकेषु वर्तते। =प्रश्न—काल द्रव्य व भावों में क्या अवधि होती है? उत्तर—जिस अवधिज्ञानका जितना क्षेत्र है उतने आकाश प्रदेशप्रमाण काल और द्रव्य होते है। अर्थात उतने समयप्रमाण अतीत और अनागतका ज्ञान होता है और उतने भेदवाले अनन्तप्रदेशी पुद्गलस्कन्धोके रूपादिगुणोमें और (उतने ही कर्म स्कन्ध युक्त) जीवके औदयिक औपशमिक व क्षायिक भावोमें अवधिज्ञानकी प्रवृत्ति होती है। **नोट**—(सर्व ही प्ररूपणाओमें यह सामान्य नियम द्रव्य व भाव व कालके सम्बन्धमें विशेषता जाननेके लिए लागू करते रहना)।

२. नरक गतिमें देशावधिका विषय

(म. ब. १/गा. १४/२३) (ति. प २/१७२); (रा.वा. १/२१/७/८०/२७) (ह.पु.४/३४०-३४१) (ध.१३/५,५,५६/३२५-३२६) (गो.जी.मू.४२४/८४८) (त्रि.सा. २०२)

नाम	जघन्य क्षेत्र	उत्कृष्ट क्षेत्र ऊपर	उत्कृष्ट क्षेत्र तिर्यक्	उत्कृष्ट क्षेत्र नीचे	काल	द्रव्यभाव
रत्नप्रभा		सर्वत्र अपने बिलके शिखर तक	सर्वत्र असं. कोडाकोडी योजन	४ कोश तक	स्व स्व अन्तर्मुहूर्त (विशेष के सामान्य नियम)	सामान्य नियमके अनुसार
शर्कराप्रभा				३½ ,, ,,		
बालुकाप्रभा				३ ,, ,,		
पंकप्रभा				२½ ,, ,,		
धूमप्रभा				२ ,, ,,		
तम.प्रभा				१½ ,, ,,		
महातम.प्रभा				१ ,, ,,		

३. भवनत्रिक देवोंमें देशावधिका विषय

(ध. १३/५,५,५६/सू. १०-११/३१४) (म ब. १/गा.६-१०/२२) ध. ६/४,१, २/८/२५) (ति.प ३/१७७-१८१) (रा.वा. १/२१/७/८०/५) (ज.प.११/१४०-१४१) (गो.जी /मू.४२६-४२६/८५०)।

नाम	ज.क्षेत्र	उत्कृष्ट क्षेत्र ऊपर	उत्कृष्ट क्षेत्र तिर्यक्	उत्कृष्ट क्षेत्र नीचे	काल	द्रव्यभाव
असुरकुमार	२५ यो	ऋजुविमान का शिखर	असं. कोडा-कोडी योजन	स्वकीय अवस्थान	असं. वर्ष (विशेष देखो सामान्य नियम)	सामान्य नियमके अनुसार स्व योग्य
नागकुमारादि ९ प्रकार व्यन्तर	,,	मेरुशिखर	असं. सहस्र योजन	स्वकीय अवस्थान		
	,,	स्वभवन-शिखर	असं.को को. योजन	असं सहस्र योजन		
१ पल्य आयु वाले व्यन्तर	१ लाख योजन (ति.प ६/१९)				सर्वत्र असुरकुमारके कालका असंख्या. भाग	
१००० वर्षायुष्क व्यंतर	५ कोष	सर्वत्र ५० कोश (ति प. ६/१०)				
ज्योतिषी	२५×सं. योजन	स्वविमान शिखर	असं को.को. योजन	असं.सहस्र योजन		

४. कल्पवासी देवोंमें देशावधिका विषय

(म ब १/गा सू/११ १३/२२) (ध. १३/५ ५,५६/गा सू १२-१४/३१६-३२२) (ध ६/गा १०-१२/२५) (ति प. ८/६८५-६९०) (रा वा १/२१/७/८०/१३) (ह पु. ६/११३-११७) (त्रि.सा. ५२७) (गो.जी /मू. ४३०-४३६/८५२-८५६)।

नाम स्वर्ग	जघन्य क्षेत्र कथित स्थान के अन्त तक	उत्कृष्ट क्षेत्र ऊपर	उत्कृष्ट क्षेत्र तिर्यक् त्रसनालीमे कथित प्रमाण	उत्कृष्ट क्षेत्र नीचे कथितस्थान-के अन्त तक	उत्कृष्ट काल अतीत व अनागत	द्रव्य व भाव
सौधर्म ईशान	ज्योतिषदेव-का उत्कृष्ट	सर्वत्र अपने-अपने विमानके शिखर तक	१½ राजू	रत्न प्रभा	असं को. वर्ष पल्य। असं ,, किंचि-दून-पल्य ,, ,, ,,

५. तिर्यंच व मनुष्योंमें देशावधिका विषय

(म.ब. १/गा.सू १४-१५/२३) (रा.वा. १/२२/४/८२/५) (ध.२/१,१,२/६३) (गो. जी./मू. ४२५/२४६)।

नाम	ज/उ	द्रव्य	क्षेत्र	काल	भाव
तिर्यंच	उ	तैजस शरीर प्रमाण	असं. द्वीप-समुद्र	असं वर्ष (१ समय कम पल्य)	सामान्य नियमके अनुसार स्वस्व योग्य
मनुष्य	ज	एक जीवका औदारिक शरीर–लोक प्रदेश (स्वक्षेत्रके प्रदेशोंके असं भागप्रमाण विस्रसोपचय सहित स्व शरीर)	उत्सेधांगुल/असं. (लब्ध्यपर्याप्त निगोदियाकी अवगाहनाप्रमाण का असं. भाग)	आवली–असं.	
	उ	एक परमाणु या कार्मण शरीर प्रमाण	समस्त लोक (असं. लोक)	असं. लोक प्रमाण समय	

६. परमावधि व सर्वावधिका विषय

(म.ब. १/गा.सू ८/२२) (ध. १३/५,५,५१/गा.सू १५/३२३)
(ध ६/४,१,३/१६/४२-५०) (रा.वा. १/२२/४/८३/५)
(गो.जी./मू./४१४-४२१/८३७)।

ज./उ.	द्रव्य	क्षेत्र	काल	भाव
	(१) परमावधि–(ध.६/पृ)			
ज.	देशावधिका उत्कृष्ट ×सं. (४५)	देशावधिका उत्कृष्ट×असं. (४५)	देशावधि का उत्कृष्ट × असं (४५)	देशावधिका उत्कृष्ट×असं. (४५)
उ	परमावधिका जघन्य + (देशावधिका उत्कृष्ट ×अग्निकायद्वारापरि-च्छिन्न अनन्तपरमाणु)	असं लोक (४२)	असं. लोक प्रदेश प्रमाण समय (सामान्य नियम)	अन्तिम विकल्प तक क्रमेण असं. गुणित (४७)
	नोट—परमावधिके जघन्यसे उत्कृष्ट पर्यन्त विषयवृद्धिके विकल्प देखो (ध ६/४,१,३/४४)			
	(२) सर्वावधि–(ध.६/पृ)			
	नोट–यहाँ जघन्य उत्कृष्टका विकल्प नहीं है–			
	परमावधिका उत्कृष्ट +अग्र/असं. (४८)	परमावधिका उत्कृष्ट×असं. लोक (४८)	परमावधिका उत्कृष्ट×असं. (५०)	परमावधिका उत्कृष्ट×असं (४८)

७. देशावधिकी क्रमिक वृद्धिके १९ काण्डक

(म.ब. १/गा.सू. २-६/२१) (ध. १३/५,५,५६/गा.सू ३-६/३०१-३२८)
(ध. ६/४,१,२/गा. ५-७/२४-२६) (रा.वा १/२२/४/८२/८)
(गो.जी./मू व टी. ४०४-४१३/८३०-८३६)

काण्डक सं.	ध./१३ पृ	द्रव्य	क्षेत्र	काल	भाव
१	३०४	प्रथम काण्डकमें विस्रसोपचय सहित निज औदारिक शरीर –घनलोक प्रमाण असं. द्रव्य है। तत्पश्चात् द्वितीयादिमें सर्वत्र पूर्व द्रव्य+(पूर्व द्रव्य+मनोवर्गणा/अनन्त)	घनांगुल ÷ अ	आवली–असं.	प्रथम काण्डकमें स्व विषय गत द्रव्यकी आव/असं. मात्र वर्तमान पर्याय। तत्पश्चात् द्वितीयादिमें सर्वत्र पूर्व × असं.
२	३०५		घनांगुल–सं.	आवली । स	
३	,,		घनांगुल	किंचिदून आवली	
४	,,		घनांगुल पृथक्त्व	आवली	
५	३०६		१ घन हाथ	आवली पृथक्त्व	
६	,,		१ घन कोस	अन्तर्मुहूर्त	
७	,,		१ घन योजन	१ भिन्न मुहूर्त (मुहूर्त-१समय)	
८	,,		२५ घन योजन	किंचिदून१दिन	
९	३०७		भरत क्षेत्र प्रमाण (५२६$\frac{6}{19}$घ. योजन)	अर्द्ध मास	
१०	,,		जम्बूद्वीप प्रमाण १००,०००घ योजन	साधिक १मास	
११	,,		मनुष्यलोक प्रमाण ४५००,०००घ.योजन	१ वर्ष	
१२	,,		रुचकवर द्वीप तक	वर्ष पृथक्त्व	
१३	३०८		असंख्य द्वीप सागर	संख्यात वर्ष	
१४	३१०	तैजस शरीर पिंड	पूर्व पूर्वसे असंख्यात गुणा	असंख्यात वर्ष	
१५	,,	कार्मण ,, ,,			
१६	३११	विस्रसोपचय रहित एक तैजसवर्गणा			
१७	३१२	एक भाषा वर्गणा			
१८	३१३	एक मनोवर्गणा			
१९	,,	एक कार्मण वर्गणा			

ध. ६/४,१,२/२९-३० का सारार्थ—इसी प्रकार द्रव्य व भावमें करते जाये। क्षेत्र व काल अवस्थित रखें। द्रव्य व भावकी वृद्धिमें अगुल। असं प्रमाण विकल्प हो चुकनेपर क्षेत्रमें एक प्रदेशकी वृद्धि करें। काल अवस्थित रखें। उपरोक्त क्रमसे पुन-पुन द्रव्य व भावमें वृद्धि करें। इसप्रकार कालको अवस्थित रखते है और क्षेत्रमें एक-एक प्रदेश की वृद्धि करते हुए अगुल/असं. प्रमाण प्रदेश वृद्धि हो जानेपर एक समय बढावें। इसी प्रकार पुन पुन. कालकी वृद्धि करते कालमें भी आवली/असं. विकल्प उत्पन्न करें।

आगे जाकर क्षेत्रकी वृद्धि प्रतिकाल वृद्धिस्थानमें यथायोग्य घनांगुलके असंख्यात भाग, संख्यात भाग, १ भाग तथा वर्गादिरूप होने लगती है। यहाँ तक कि देशावधिका उत्कृष्टकाल तो एक समय कम पल्य और क्षेत्र समस्त लोक हो जाता है।

अवधि ज्ञानावरण—दे. ज्ञानावरण।

अवधि जिन—दे. जिन।

अवधि दर्शन—दे. दर्शन ५।

अवधि दर्शनावरण—दे. दर्शनावरण।

अवधि मरण—दे. मरण १

अवधिस्थान—सप्त नरकका इन्द्रक—दे. नरक ५/३।

अवधृत—अवधृत काल अनशन—दे अनशन।

अवनिपाल—जैन हितैषी/प नाथू राम—मगधका राजा।

अवनीत—मगधशीय राजा था। इनका पुत्र दुर्विनीत आ. पूज्य पादका शिष्य था। तदनुसार इनका समय वि ५००-५३५ (ई ४४३-४७८) आता है। (इ.पा/प्र ३८/प्रेमी जी), (समाधितन्त्र/प्र १० प, जुगलकिशोर), (न सि प्र ६५/प फूलचन्द)।

अवपीड़क—भ.आ./मू. ४७८-४७८ आलोचणागुणदोसे कोई सम्म पि पण्णविज्जतो। तिव्वेहि गारवादिहि सम्म णालोचए खवए ॥४७४॥ णिद्द महुर हिदयगम च पल्हादणिज्जमेगंते। कोई तु पण्ण विज्जतओ वि णालोचए सम्म ॥४७६॥ तो उप्पीलेदव्वा खवयस्सोप्पीलए दोसा से बोमेइ ममसुदरमिव गद सीहो जह सियाल ॥४७७॥ उज्जसी तेजस्सी वच्चस्सी पहिदकित्तियायरिओ। पज्जेइ धद माया तस्सेव हिद विचितती ॥४७६॥ =आलोचना करनेसे गुण और न करनेसे दोष की प्राप्ति होती है, यह बात अच्छी तरहसे समझानेपर भी कोई क्षपक तीव्र अभिमान या लज्जा आदिके कारण अपने दोष कहनेमें उद्युक्त नही होता है ॥४७४॥ स्निग्ध, कर्णमधुर व हृदयमें प्रवेश करनेवाला ऐसा भाषण बोलनेपरभी कोई क्षपक अपने दोषोकी आलोचना नही करता ॥४७६॥ तब अवपीडक गुणधारक आचार्य क्षपकके दोषोको जबरीसे बाहर निकालते है, जैसे सिह सियालके पेटमें भी चला गया मास बमन करवाता है ॥४७७॥ उत्पीलक या अवपीडक गुणधारक आचार्य ओजस्वी,बलवान् और तेजस्वी प्रतापवान् होते है, तथा सबमुनियोपर अपना रौब जमानेवाले होते है।वेवर्चस्वी अर्थात् प्रश्नका उत्तर देनेमें कुशल होते है, उनकी कीर्ति चारो दिशाओंमे रहती है। वे सिह समान अक्षोभ्य रहते है। वे किसीसे नही डरते।

अवमान—दे प्रमाण/५

अवमौदर्य—

१. अवमौदर्य तपका लक्षण—

मू आ मू ३५० बत्तीसा किरकवला पुरिसस्स तु होदि पयदि आहारो। एगकवलादिहि ततो ऊणियगहण उमोदरिय ॥३५०॥ =पुरुषका स्वाभाविक आहार ३२ ग्रास है उसमें-से एकग्रास आदि कम करके लेना अवमौदर्य तप है। (रा.वा ६/१६/३/६१८/२१) (त सा ७/६) (अन ध ७/२२/६७२) (भा पा /टी. ७८/२२२/३)।

ध. १३/५,४,२६/५६/१ अद्धाहारणियमो अवमोदरियतवो। जो जस्स पयडिआहारो तत्तो ऊणाहारविसयअभिग्गहो अवमोदरियमिदि भणिदं होदि। =आधे आहारका नियम करना अवमौदर्य तप है। जो जिसका प्राकृतिक आहार है उससे न्यून आहार विषयक अभिग्रह (प्रतिज्ञा) करना अवमौदर्य तप है।

भ आ /वि ६/३२/१७योगत्रयेण तृप्तिकारिण्या भुजिक्रियायां दर्पवाहिन्यां निराकृति अवमौदर्यम्। =तृप्ति करनेवाला, दर्प उत्पन्न करनेवाला ऐसा जो आहार उसका मन वचन काय रूप तीनों योगोसे त्याग करना अवमौदर्य है।

२. अवमौदर्य तपके अतिचार

भ.आ /वि ४८७/७०७/५ रसवदाहारमतरेण परिश्रमो मम नाप्नै ति इति वा। षड्जीवनिकायबाधाया अन्यतमेन योगेन वृत्ति। प्रचुरनिद्रतया सक्लेशकमनर्थमिदमनुष्ठित मया, सतापकारीद नाचरिष्यामि इति सकल्प अवमौदर्यातिचार। मनसा बहुभोजनादर। परं बहुभोजयामीति चिन्ता। भुड्क्ष्व यावद्भवतस्तृप्तिरिति वचन, भुक्त मया अद्दित्युक्ते सम्यक्कृतमिति वा वचन, हस्तसज्ञया प्रदर्शन कण्ठदेशमुपस्पृश्य। =रस युक्त आहारके बिना यह मेरा परिश्रम दूर न होगा, ऐसी चिन्ता करना, षट्काय जीवोको मन वचन कायमें-से किसी भी एक योगसे बाधा देनेमे प्रवृत्त होना। 'मेरेको बहुत निद्रा आती है, और यह अवमौदर्य नामक तप मैने व्यर्थ धारण किया है, यह सक्लेशदायक है, सताप उत्पन्न करनेवाला है, ऐसा यह तप तो मै फिर कभी भी न करूँगा' ऐसा सकल्प करना—ये अवमौदर्य तपके अतिचार है। अथवा बहुत भोजन करनेकी मनमें इच्छा रखना, 'दूसरोको बहुत भोजन करनेमे प्रवृत्त करूँगा', ऐसा विचार रखना, 'तुम तृप्ति होने तक भोजन करो' ऐसा कहना, यदि वह 'मैने बहुत भोजन किया है' ऐसा कहे तो 'तुमने अच्छा किया' ऐसा बोलना, अपने गलेको हाथसे स्पर्शकर 'यहाँ तक तुमने भोजन किया है ना?' ऐसा हस्त चिह्नसे अपना अभिप्राय प्रगट करना—ये सब अवमौदर्य तपके अतिचार है।

३. अवमौदर्य तप किसके करने योग्य है

ध.१३/५,४,२६/५६/१२ एसो वि तवो केहि कायव्वो। पित्तप्पकोवेण उववास अक्खमेहि अद्धाहारेण उववासादो अहियपरिस्समेहि सगतवोमाहप्पेण भव्वजीवुवसमणवावदेहि वा सगकुक्खिकिमिउप्पत्तिणिरोहकखुएहि वा अदिमत्ताहारभोयणेण बाहिवेयणाणिमित्तेण सज्झायभगभीरुएहि वा। =प्रश्न—यह तप किन्हे करना चाहिए? उत्तर—जो पित्तके प्रकोपवश उपवास करनेमें असमर्थ है, उन्हे आधे आहारकी अपेक्षा उपवास करनेमे अधिक थकान आती है, जो अपने तपके माहात्म्यसे भव्य जीवोको उपशान्त करनेमें लगे है, जो अपने उदरमें कृमिकी उत्पत्तिका निरोध करना चाहते है, और जो व्याधिजन्य वेदनाके निमित्तभूत अतिमात्रामें भोजन कर लेनेसे स्वाध्यायके भग होनेका भय करते है, उन्हे यह अवमौदर्य तप करना चाहिए।

४. अवमौदर्य तपका प्रयोजन

मू आ ३५१ धम्मावासयजोगे णाणादीये उवग्गहं कुणदि। ण य इन्दियप्पदोसयरी उमोदरितवोवुत्ती ॥३५१॥=क्षमादि धर्मोमें, सामायिकादि आवश्यकोमें, वृक्षमूलादि योगोमेंतथा स्वाध्याय आदिमें यह अवमौदर्य तपकी वृत्ति उपकार करती है और इन्द्रियोंको स्वेच्छाचारी नहीं होने देती।

स. सि ६/१६/४३८/७ सजमप्रजागरदोषप्रशमसंतोषस्वाध्यायादिसुखसिद्ध्यर्थमवमौदर्यम्। =सयमको जागृत रखने, दोषोंके प्रशम करने, सन्तोष और स्वाध्यायादिकी सुखपूर्वक सिद्धिके लिए अवमौदर्य तप किया जाता है।

अवयव—रा वा. ५/१६/६/१० अवयूयन्ते इत्यवयवाः। जो वस्तुके हिस्से कर देते है वे अवयव है।

★ **अनुमानके पाँच अवयव**—दे अनुमान

★ **जल्पके चार अवयव**—दे. जल्प

★ **परमाणुका सावयव निरवयवपना**—दे परमाणु

★ **शरीरके अवयव**—दे अंगोपाग

अवरोहक—दे अवतारक।

अवर्णवाद—स.सि/६/१३/३३१/१३ गुणवत्सु महत्सु असद्भूतदोषोद्भावनमवर्णवाद। =गुणवाले बडे पुरुषोंमें जो दोष नही है उनका उनमें उद्भावन करना अवर्णवाद है यथा—

रा.वा/६/१३/८-१२/५२४/१२ पिण्डाम्यवहारजीविन' कम्बलदशानिर्हरणा' अलाबुपात्रपरिग्रहा कालभेदवृत्तज्ञानदर्शना केवलिन इत्यादिवचनं केवलिष्ववर्णवाद। मासमत्स्यभक्षणं मधुसुरापान वेदादितमैथुनोपसेवा रात्रिभोजनमित्येवमाद्यनवद्यमित्यनुज्ञानं श्रुतेऽवर्णवाद ॥९॥ एते श्रमणा शूद्रा अस्नानमलदिग्धाङ्गा अशुचयो दिगम्बरा निरपत्रपा इहैवेति दु खमनुभवन्ति परलोकश्च सुषित इत्यादि वचन सङ्घेऽवर्णवाद ॥१०॥ जिनोपदिष्टो दशविकल्पो धर्मो निर्गुण तदुपसेविनो ये चे तेऽसुरा भवन्ति इत्येवमाद्यभिधान धर्मावर्णवादः ॥११॥ सुरा मास चोपसेवन्ते देवा आहव्यादिषुचासक्तचेतस' इत्या-

द्याघोषणं देवावर्णवाद ॥१२॥=केवली भोजन करते है, कम्बल आदि धारण करते है, तुंबडीका पात्र रखते है उनके ज्ञान और दर्शन क्रमश होते है इत्यादि केवलीका अवर्णवाद है ॥८॥ मास-मछलीका भक्षण, मधु और सुराका पीना, कामातुरको रतिदान तथा रात्रि भोजन आदिमे कोई दोष नही है, यह सब श्रुतका अवर्णवाद है ॥९॥ ये श्रमण शूद्र है, स्नान न करनेसे मलिन शरीरवाले है, अशुचि है, दिगम्बर है, निर्लज्ज है इसी लोकमे ये दु खी है, परलोक भी इनको कष्ट है, इत्यादि सबका अवर्णवाद है ॥१०॥ जिनोपदिष्ट धर्म निर्गुण है, इसके धारण करनेवाले मर कर असुर होते है इत्यादि धर्मका अवर्णवाद है ॥११॥ देव मद्य मासका सेवन करते है, आहव्या आदिमे आसक्त हुए ये, इत्यादि देवोका अवर्णवाद है।

भ. आ/वि/४७/१६१/२३ सर्वज्ञतावीतरागते नार्हति विद्यते रागादिभि-रविद्यया च अनुगता समस्ता एव प्राणभृत इत्यादिरर्हतामवर्णवाद । स्त्रोवस्त्रगन्धमाल्यालकारादिविरहिताना सिद्धाना सुख न किंचिद-तीन्द्रियाणाम्। तेषा समधिगतौ न निबन्धनमस्ति किंचिदिति सिद्धावर्णवाद ।...न प्रतिबिम्बादिस्था अर्हदादय तद्गुणैकलयान्न प्रतिबिम्बानामर्हदादित्वमिति चैत्यावर्णवाद । अज्ञात चापदिशतो वच कथ सत्य। तदुद्गत च ज्ञान कथ समीचीनमिति श्रुतावर्ण-वाद । दुष्टप्रदायी चेद्धर्म स्वनिष्पत्त्यनन्तर सुखमात्मन कि न करोति इति धर्मावर्णवाद । केशाल्लु चनादिभ पीडयता च कथ नात्मवध । अदृष्टमात्मविषय, धर्म, पाप, तत्फलं च वदता कथ सत्यव्रतम्। इति साधववर्णवाद । एवमितरयोरपि।=वीतरागता व सर्वज्ञपना अर्हन्तमे नही है, क्योकि जगतमे सम्पूर्ण प्राणी ही रागद्वेष और अज्ञानसे घिरे हुए देखे जाते है, ऐसा कहना यह अर्हन्तका अवर्णवाद है। स्त्री, वस्त्र, इत्र वगैरह सुगधी पदार्थ, पुष्पमाला और वस्त्रालकार ये ही सुखके कारण है। इन पदार्थोका अभाव होनेसे सिद्धोका सुख नही है। सुख इन्द्रियोसे प्राप्त होता है परन्तु वे सिद्धोंको नही है, अत वे सुखी नही है ऐसा कहना सिद्धावर्णवाद है। मूर्तिमे अर्हन्त सिद्ध आदि पूज्य पुरुष वास नही करते है, क्यों-कि उनके गुण मूर्तिमें दीखते नही है, ऐसा कहना चैत्यावर्णवाद है। अज्ञात वस्तुका यदि वह उपदेश करेगा तो उसके उपदेशमें प्रमाणता कैसे आवेगी? उसके उपदेशसे लोगोको जो ज्ञान उत्पन्न होगा वह भी प्रमाण कैसे माना जायेगा? अत आगमज्ञान प्रमाण नही है। ऐसा कहना श्रुतावर्णवाद है। यदि धर्म सुखदायक है तो वह उत्पन्न होनेके अनन्तर ही सुख क्यो उत्पन्न नही करता है। ऐसा कहना यह धर्मावर्णवाद है। ये साधु केशलोच उपवासादिके द्वारा अपने आत्माको दु ख देते है, इसलिए इनका आत्मवधका दोष क्यो न लगेगा। पाप और पुण्य दृष्टिगोचर होते नही है, तो भी ये मुनि उनका और उनके नरक स्वर्गादि फलोका वर्णन करते है। उनका यह विवेचन झूठा होनेसे उन्हे सत्यव्रत कैसे हो सकता है। इत्यादि कहना यह साधु अवर्णवाद है। ऐसे ही अन्यमे भी जानना।

अवर्ण्यसमा—न्यायविषयक एक जाति—दे. वर्ण्यसमा।

अवलंब—अर्थात् कारण—दे कारण I/१।

अवलंबना—ध १३/५,५,३७/२४२/४ अवलम्बते इन्द्रियादीनि स्वो-त्पत्त्ये इत्यवग्रह अवलम्बना।=जो अपनी उत्पत्तिके लिए इन्द्रिया-दिकका अवलम्बन लेता है, वह अवलम्बना अवग्रहका चौथा नाम है।

अवलंबनाकरण—ध १०/४,२ ४,११२/३३०/११ किमवलंबणाकरणं णाम। परभवआउअवरिमट्ठिदिदव्वस्स ओकड्डणाए हेट्ठा णिव-दणमवलंबणाकरणं णाम। एदस्स ओकड्डणसण्णा किण्ण कदा। ण उदयाभावेण उदयावलियबाहिरे अणिवदमाणस्स ओकड्डणा ववएस-विरोहादो।=प्रश्न—अवलंबनाकरण किसे कहते है? उत्तर—परभव सम्बन्धी आयुकी उपरिम स्थितिमे द्रव्यका अपकर्षण द्वारा नीचे पतन करना अवलंबनाकरण कहा जाता है। प्रश्न—इसकी अप-कर्षण सज्ञा क्यो नही की? उत्तर—नहीं, क्योकि, परभविक आयु-का उदय नही होनेसे इसका उदयावलिके बाहर पतन नही होता, इसलिए इसकी अपकर्षण सज्ञा करनेका विरोध आता है। (आशय यह है कि परभव सम्बन्धी आयुका अपकर्षण होनेपर भी उसका पतन आबाधा कालके भीतर न होकर आबाधासे ऊपर स्थित स्थितिनिषेकोमें होता है। इसीसे इसे अपकर्षणसे जुदा बताया गया है।

अवलंब ब्रह्मचारी—दे. ब्रह्मचारी।

अवश—नि. सा/मू/१४२ ण वसो अवसो=जो अन्यके वश नही है वह अवश है।

नि सा/ता वृ/१४२ यो हि योगी स्वात्मपरिग्रहादन्येषा पदार्थाना वश न गत। अतएव अवश इत्युक्त।=जो योगी निजात्माके परिग्रहके अतिरिक्त अन्य पदार्थोके वश नही होता है, और इसीलिए जिसे अवश कहा जाता है।

स श/टी/३७/२३६ अवश विषयेन्द्रियाधीनमनात्मायत्तमित्यर्थ।=विषय व इन्द्रियोके आधीन अनात्म पदार्थोंका निमित्तपना अवश है अर्थात् अपने वशमें नही है।

अवसन्न—भ आ/मू १२६४-१२६५/१२७२ आसण्णसेवणाओ पडिसेवंतो असजदा होई। सिद्धिपहपच्छिदाओ ओहीणा साधुसत्थादो।१२६४। इंदियकसायगुरुगत्तणेण सुहमालभाविदा समणो। करणालसो भवित्ता सेवदि आसण्णसेवाओ।१२६५।=जो साधु चारित्रसे भ्रष्ट होकर सिद्ध-मार्गकी अनुयायी क्रियाएँ करता है तथा असयत जनोकी सेवा करता है, वह अवसन्न साधु है। तीव्र कषाय युक्त होकर वे इन्द्रियोके विषयोमे आसक्त हो जाते है, जिसके कारण सुखशील होकर आच-रणमें प्रवृत्ति करते है।

भ आ/वि २५/८८/१४ पर उद्धृत गाथा "पासत्थो सच्छंदो कुसील ससत्त होंति ओसण्णा। ज सिद्धि पच्छिदादो ओहीणा साधु सत्थादो।"=पार्श्वस्थ, स्वच्छन्द, कुशील, ससक्त और अवसन्न ये पाँच प्रकारके मुनि रत्नत्रय मार्गमे विहार करनेवाले मुनियोका त्याग करते है अर्थात् स्वच्छन्दसे चलते है।

भ आ वि १९८०/१७२१/२१ यथा कर्दमे क्षुण्ण मार्गाद्धीनोऽवसन्न इत्यु-च्यते स द्रव्यतोऽवसन्न। भावावसन्न अशुद्धचारित्र।=जैसे कीचडमें फँसे हुए और मार्गभ्रष्ट पथिकको अवसन्न कहते है, उसको द्रव्यावसन्न भी कहते है, वैसे ही जिसका चारित्र अशुद्ध बन गया है ऐसे मुनिको भावावसन्न कहते हैं। (विशेष विस्तार दे० साधु ५)

चा सा, १४४/१ जिनवचनानभिज्ञो मुक्तचारित्रभारो ज्ञानाचारणभ्रष्ट: करणालसोऽवसन्न।=जो जिनवचनोको जानते तक नहीं, जिन्होंने चारित्रका भार सब छोड दिया है, जो ज्ञान और चारित्र दोनोसे भ्रष्ट है और चारित्रके पालन करनेमें आलस करते है, उन्हे अवसन्न कहते है। (भा.पा/टी १४/१३७/२१)

★ अवसन्न साधुका निराकरण आदि—दे० साधु ५

अवसन्नासन्न—क्षेत्र प्रमाणका एक भेद। अपर नाम उत्संज्ञासंज्ञ—दे. गणित I/१/३।

अवसर्पिणी—ध.१३/५,५,५६/३१/३०१ कोटिकोट्योदशैतेषां पल्यानां सागरोपमम्। सागरोपमकोटीना दश कोट्योऽवसर्पिणी ॥३१॥=दस कोडाकोडी पल्योका एक सागरोपम होता है और दस कोडा-कोडी सागरोपमोका एक अवसर्पिणी काल होता है। विशेष दे. काल/४।

अवसाय—न. वि. मू.१/७/१४०/१६ अवसायोऽधिगम:=पदार्थके ज्ञान या निश्चयका नाम अवसाय है।

अवस्था—प. ध पू. ११७ अपि नित्या: प्रतिसमयं विनापि यत्नं हि परिणमन्ति गुणा:। स च परिणामोऽवस्था तेषामेव ॥११७॥=गुण

(या द्रव्य) नित्य है तो भी वे स्वभाव से ही प्रतिसमय परिणमन करते रहते हैं। वह परिणमन ही उन गुणों (या द्रव्यों) की अवस्था है।

अवस्थान—स्वस्थान स्वस्थान, विहारवत् स्वस्थान उपपाद, आदि जीवोंके विभिन्न अवस्थान।—दे. क्षेत्र।

अवस्थित—स.सि. ५/४/१०१/१ धर्मादीनि षडपि द्रव्याणि कदाचिदपि षड्भिति इयत्त्वं नातिवर्तन्ते। ततोऽवस्थितानीत्युच्यते। =धर्मादिक छहों द्रव्य कभी भी छह, इस संख्याका उल्लंघन नहीं करते, इसलिए वे अवस्थित कहे जाते हैं।

अवस्थित अवधिज्ञान—दे. अवधिज्ञान।

अवस्थित गुणश्रेणी—दे. संक्रमण/८।

अवस्थित बंध—दे. प्रकृति बंध/१।

अवांतर सत्ता—दे. अस्तित्व।

अवाक्—दक्षिण दिशा।

अवाय—

१. अवायका लक्षण

ष.ख. १३/५,५/सू. ३६/२४३ अवायो ववसायो बुद्धी विण्णाणि आउंडी पच्चाउंडी ॥३६॥=अवाय, व्यवसाय, बुद्धि, विज्ञप्ति, आमुण्डा और प्रत्यामुण्डा ये पर्याय नाम हैं।

स.सि.१/१५/१११/६ विशेषनिर्ज्ञानाद्याथात्म्यावगमनमवायः। उत्पतननिपतनपक्षविक्षेपादिभिर्बलाकैवेयं न पताकेति। =विशेषके निर्णय द्वारा जो यथार्थ ज्ञान होता है उसे अवाय कहते हैं। जैसे उत्पतन, निपतन, पक्ष-विक्षेप आदिके द्वारा 'यह बक पंक्ति ही है, ध्वजा नहीं' ऐसा निश्चय होना अवाय है। (ध. १३/५,५,२३/२१८/६)

रा.वा./१/१५/३/६०/६ भाषादिविशेषनिर्ज्ञानात्तस्य याथात्म्येनावगमनमवायः। 'दाक्षिणात्योऽयम्, युवा, गौरः' इति वा =भाषा आदि विशेषोंके द्वारा उस (ईहा द्वारा गृहीत पुरुष) की उस विशेषताका यथार्थ ज्ञान कर लेना अवाय है, जैसे यह दक्षिणी है, युवा है या गौर है इत्यादि। (न्या. दी./२/§११/३२/६)

ध. १३/५,५,३६/२४३/३ अवेयते निश्चीयते मीमांसितोऽर्थोऽनेनेत्यवायः। =जिसके द्वारा मीमांसित अर्थ 'अवेयते' अर्थात् निश्चित किया जाता है वह अवाय है।

ध. ६/१,६-१,१४/१७/७ ईहितस्यार्थस्य संदेहापोहनमवायः। =ईहा ज्ञानसे जाने गये पदार्थ विषयक सन्देहका दूर हो जाना (या निश्चय हो जाना) अवाय है। (ध. १/१,१,११५/३५४/३) (ध. ६/४,१,४/१४४/७)

ज.प. १३/५६,६३ ईहिदत्थस्स पुणो थाणु पुरिसो त्ति बहुवियप्पस्स। जो णिच्छियावबोधो सो दु अवाओ वियाणाहि ॥५६॥ जो कम्ममलुसरहिओ सो देवो णत्थि एत्थ संदेहो। जस्स दु एवं बुद्धी अवायणाणं हवे तस्स ॥६३॥ =यह स्थाणु है या पुरुष, इस प्रकार बहुत विकल्परूप ईहित पदार्थके विषयमें जो निश्चित ज्ञान होता है उसे अवाय जानना चाहिए ॥५६॥ जो कर्ममलसे रहित होता है वह देव है, इसमें कोई सन्देह नहीं है, इस प्रकार जिसके निश्चयरूप बुद्धि होती है उसके अवायज्ञान होता है ॥६३॥

२. इस ज्ञानको अवाय कहें या अपाय

रा.वा. १/१५/१३/६१/६ आह-किमयम् अपाय उत अवाय इति। उभयथा न दोषः। अन्यतरवचनेऽन्यतरस्यार्थगृहीतत्वात्। यथा 'न दाक्षिणात्योऽयम्' इत्यपायं व्यागं करोति तदा 'औदीच्यः' इत्यवायोऽधिगमोऽर्थ गृहीतः। यदा च 'औदीच्यः; इत्यवायं करोति तदा 'न दाक्षिणात्योऽयम्' इत्यपायोऽर्थ गृहीतः =प्रश्न—अवाय नाम ठीक है या अपाय? उत्तर—दोनों ही ठीक हैं, क्योंकि एकके वचनमें दूसरेका ग्रहण स्वतः हो जाता है। जैसे अब 'यह दक्षिणी नहीं है' ऐसा अपाय त्याग करता है तब 'उत्तरी है' यह अवाय-निश्चय हो ही जाता है। इसी तरह 'उत्तरी है' इस प्रकार अवाय या निश्चय होनेपर 'दक्षिणी नहीं है' यह अपाय या त्याग हो ही जाता है।

३. अन्य सम्बन्धित विषय

१. अवायज्ञानको 'मति' व्यपदेश कैसे? —दे. मतिज्ञान ३
२. अवग्रहसे अवाय पर्यन्त मतिज्ञानकी उत्पत्तिका क्रम —दे. मतिज्ञान ३
३. अवग्रह व अवायमें अन्तर —दे. अवग्रह २
४. अवाय व श्रुतज्ञानमें अन्तर —दे. श्रुतज्ञान I
५. अवाय व धारणामें अन्तर —दे. धारणा २

अविकल्प—दे. विकल्प।

अविकृतिकरण—आलोचनाका एक दोष—दे. आलोचना २।

अविज्ञातार्थ—न्या. सू./मू. ५-२/६ परिषत्प्रतिवादिभ्यां त्रिरभिहितमप्यविज्ञातमविज्ञातार्थम् ॥४॥

न्या. सू./भा. ५-२/६ यद्वाक्यं परिषदा प्रतिवादिना च त्रिरभिहितमपि न विज्ञायन्ते श्लिष्टशब्दमप्रतीतप्रयोगमतिद्रुतोच्चरितमस्पष्टमादिना कारणेन तदविज्ञातमविज्ञाताथ मसामर्थ्यसंवरणाय प्रयुक्तमिति निग्रहस्थानमिति। =जिस अर्थको वादी ऐसे शब्दोंसे कहे जो प्रसिद्ध न हों, इस कारणसे, या अति शीघ्र उच्चारणके कारणसे, या उच्चारित शब्दके अन्वर्थ वाचक न होनेसे अथवा प्रयोग प्रतीत न होनेसे, तीन बार कहनेपर भी वादीका वाक्य किसी सभासद, विद्वान् और प्रतिवादीसे न समझा जाये तो ऐसे अर्थ कहनेसे वादी 'अविज्ञातार्थ' नामा निग्रह स्थानमें आकर हार जाता है। (श्लो. वा. ४/न्या. २०१/३८४/६)

अविचार—दे. विचार।

अवितथ—दे. विदथ।

अविद्धकर्ण—१. एक प्रसिद्ध नैयायिक-समय ई० ७६२ (सि.वि./प्र. ४/पं० महेन्द्रकुमार); २. एक प्रसिद्ध चार्वाक आचार्य—समय ई.श. ८ (स.वि./प्र. ७४/पं. महेन्द्रकुमार)

अविनाभाव—प. मु. ३/१६ सहक्रमभावनियमोऽविनाभावः ॥१६॥ =सहभाव नियम तथा क्रमभाव नियमको अविनाभाव कहते हैं। (न्या. दी. ३/§४६/६३/५)

पं. ध. ५/४११ अवि नाभावोऽपि यथा येन बिना जायते न तत्सिद्धिः। =जिसके बिना जिसकी सिद्धि न होय उसको अविनाभावी सम्बन्ध कहते हैं।

२. अविनाभावके भेद

प.मु. ३/१६ सहक्रमभावनियमोऽविनाभावः। =अविनाभाव सम्बन्ध दो प्रकारका है—एक सहभाव, दूसरा क्रमभाव।

३. सहभाव व क्रमभाव अविनाभावके लक्षण

प. मु. ३/१७-१८ सहचारिणोर्व्याप्यव्यापकभावयोश्च सहभावः ॥१७॥ पूर्वोत्तरचारिणोः कार्यकारणयोश्च क्रमभावः ॥१८॥ =साथ रहनेवालेमें तथा व्याप्य और व्यापक पदार्थोंमें सहभाव नियम नामका अविनाभाव होता है, जैसे द्रव्य व गुणमें ॥१७॥ पूर्वचर व उत्तरचरोंमें तथा कार्यकारणोंमें क्रमभावी नियम होता है। जैसे—मेघ व वर्षामें।

४. अविनाभावका निर्णय तर्क द्वारा होता है

प.मु. ३/१६ तर्कात्तन्निर्णयः ॥१६॥ =तर्कसे इसका निर्णय होता है।

अविनेय—(स सि. ७/११/३४६/१०) तत्त्वार्थश्रवणग्रहणाभ्यामसंपादितगुणा अविनेयाः। =जिनमें जीवादि पदार्थोंको सुनने व ग्रहण करनेका गुण नहीं है वे अविनेय कहलाते हैं। (रा. वा. ७/११/८ ५३८/२६)

अविपाक—दे० विपाक।

अविभाग प्रतिच्छेद—शक्ति अंशको अविभागप्रतिच्छेद कहते हैं। वह जड़ व चेतन सभी पदार्थोंके गुणोंमें देखे जाते हैं। यथा—

१. द्रव्य व गुणों सम्बन्धी अविभागप्रतिच्छेद

ध. १२/४,२,७,१६६/९२/१० सव्वमंदाणुभागपरमाणुं घेत्तूण वण्णगंधरसे मोत्तूण पासं चेव बुद्धीए घेत्तूण तस्स वण्णाच्छेदो कायव्वो जाव विभागवज्जिदपरिच्छेदो त्ति। तस्स अंतिमस्स खंडस्स अछेज्जस्स अविभागपडिच्छेद इदि सण्णा। =सर्वमन्द अनुभागसे युक्त परमाणुको ग्रहण करके, वर्ण गन्ध रसको छोड़कर, केवल स्पर्शका (एक गुणका) ही बुद्धिसे ग्रहण कर उसका विभाग रहित छेद होने तक प्रज्ञाके द्वारा छेद करना चाहिए। उस नहीं छेदने योग्य अन्तिम खण्डकी अविभाग प्रतिच्छेद संज्ञा है। (रा. वा. २/५/४/१०७/६) (गो. जी./भाषा ५६/१५४/१८)

ध. १४/५,६/५०४/४०१/४एगपरमाणुम्हि आ जहण्णिया वड्ढी सो अविभागपडिच्छेदो णाम। =एक परमाणुमें जो जघन्य वृद्धि होती है। उसे अविभागप्रतिच्छेद कहते हैं।

२. अनुभाग सम्बन्धी अविभागप्रतिच्छेद

ध. १२/४,२,७,१६६/९२/३ तत्थ एक्कम्हि परमाणुम्हि जो जहण्णेण बड्ढिदो अणुभागो तस्स अविभागपडिच्छेदो त्ति सण्णा। =एक परमाणुमें जो जघन्यरूपसे अवस्थित अनुभाग है उसकी अविभाग प्रतिच्छेद संज्ञा है।

३. योग सम्बन्धी अविभागप्रतिच्छेद

ध. १०/४,२,४,१७८/४४०/५ जोगाविभागपडिच्छेदो णाम किं। एक्केम्हि जीवपदेसेजोगस्स जाजहण्णिया वड्ढी सो जोगाविभागपडिच्छेदो।··· एकजीवपदेसट्ठियजहण्णजोगे असंखेज्जलोगेहि खंडिदे तत्थ एगखण्डमविभागपडिच्छेदो णाम। =प्रश्न—योगाविभागप्रतिच्छेद किसे कहते हैं? उत्तर—एक जीवप्रदेशसे योगकी जो जघन्य वृद्धि है, उसे योगाविभागप्रतिच्छेद कहते हैं।···एक जीवप्रदेशमें स्थित जघन्य योगको असंख्यात लोकोंसे खण्डित करनेपर उनमेंसे एक खण्ड अविभागप्रतिच्छेद कहलाता है।

* गुणोंमें अविभागप्रतिच्छेदों रूप अंशकल्पना—दे. गुण २।

अविरत सम्यग्दृष्टि—दे० सम्यग्दृष्टि ५।

अविरति—द्र. सं./टी. ३०/८८/३ अभ्यन्तरे निजपरमात्मस्वरूपभावनोत्पन्नपरमसुखामृततृप्तिविलक्षणा बहिर्विषये पुनर्व्रतरूपा चेत्यविरतिः। =अन्तरंगमें निज परमात्मस्वरूपकी भावनासे उत्पन्न परमसुखामृतमें जो प्रीति, उससे विलक्षण तथा बाह्यविषयमें व्रत आदिको धारण न करना सो अविरति है।

स. सा./ता. वृ. ८८ निर्विकारस्वसंवित्तिविपरीतावृतपरिणामविकारोऽविरतिः। =निर्विकार स्वसंवेदनसे विपरीत आवृत रूप विकारी परिणामका नाम अविरति है।

२. अविरतिके भेद

बा. अणु. ४८ अविरमणं हिंसादी पंचविहो सो हवइ णियमेण। =अविरति नियमसे हिंसा आदि पाँच प्रकारकी है—अर्थात् हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील व परिग्रह रूप है। (न.च.वृ.३०७); (द्र.सं/मू./३०/८८)

स.सि.८/१/३७५/१२ अविरतिर्द्वादशविधाः षट्कायषट्करणविषयभेदात्। =छह कायके जीवोंकी दया न करनेसे और छह इन्द्रियोंके विषयभेदसे अविरति बारह प्रकारकी होती है। रा. वा. ८/१/२६/५६४/२४); (द्र. सं./टी.३७/८६/३)

नोट :—और भी दे. असंयम—

* कर्मबन्धके प्रत्ययके रूपमें अविरति—दे. बंध ३।

* अविरति व कषायमें अन्तर—दे. प्रत्यय।

अविरुद्ध—न. च. वृ १४८ सामण्ण अह विसेसं दव्वे णाणं हवेइ अविरोहो। साहइ तं सम्मत्तं णहु पुण तं तस्स विवरीयं ॥२४८॥ =द्रव्यमें सामान्य तथा विशेषका ज्ञान होना ही अविरुद्ध है वह ही सम्यक्त्वको साधता है, क्योंकि वह उससे विपरीत नहीं है।

अविरुद्धोपलब्धि हेतु—दे. हेतु।

अविशद—दे. विशद।

अविशेषसमा—न्या. सू./मू. व. भा. ५-१/२३ एकधर्मोपपत्तेरविशेषे सर्वाविशेषप्रसंगात्सद्भावोपपत्तेरविशेषसमः ॥२३॥ एको धर्मः प्रयत्नानन्तरीयकत्वं शब्दघटयोरुपपद्यत इत्यविशेषे उभयोरनित्यत्वे सर्वस्याविशेषः प्रसज्यते। =विवक्षित पक्ष और दृष्टान्तव्यक्तियोंमें एक धर्मकी उपपत्ति हो जानेसे अविशेष हो जानेपर पुनः सद्भावकी उपपत्ति होनेसे सम्पूर्ण वस्तुओंके अविशेषका प्रसंग देनेसे प्रतिवादी द्वारा अविशेषसम प्रतिषेध उठाया जाता है ॥२३॥ जैसे कि प्रयत्नानन्तरीयकत्वरूप एक धर्म शब्द व घट दोनोंमें घटित हो जानेसे दोनोंका विशेषरहितपना स्वीकार कर चुकनेपर, पुनः प्रतिवादी द्वारा सम्पूर्ण वस्तुओंके समान हो रहे 'सत्त्व' की घटनासे सबको अन्तरहित या नित्यपनेका प्रसंग देना अविशेषसमा जाति है। (श्लो. वा. ४/न्या. ४०७/५१८/४)

अविष्वग्भाव—स. म. १६/२१७/२४ अविष्वग्भावेनावयविनोऽवयवेषु वृत्तेः स्वीकारात्। =प्रत्येक अवयवों अनेक अवयवोंमें अविष्वग्भाव रूपसे अर्थात् अभेद रूपसे स्वीकार किया गया है।

अव्यक्त—आलोचनाका एक दोष। —दे. आलोचना २।

अव्यवस्था—दे. व्यवस्था।

अव्याघात—ल. सा./भाषा.५६/८८/१ जहाँ स्थिति काण्डकघात न पाइए सो अव्याघात (अपकर्षण) है।— विशेष दे. अपकर्षण।

अव्याप्त—लक्षणका एक दोष।—दे. लक्षण।

अव्यावाध—लौकान्तिक देवोंका एक भेद।—दे. लौकान्तिक।

अव्याबाध सुख—दे. सुख।

अशन—मू. आ./मू. ६४४ असणं खुहप्पसमणं। =जिससे भूख मिट जाय वह अशन है।

अन.ध. ७/१३/६६७ ओदनाद्यशनं। =भात दाल आदि भोज्य सामग्रीको अशन कहते हैं। दे. आहार II/४/१—आहारका दोष।

अशनिघोष—१. मानुषोत्तर पर्वतस्थ अञ्जनकूटका स्वामी भवनवासी सुपर्णकुमार देव। दे. लोक ५/१०/२. (स.पु.५६/२१२-२१८)—पूर्व पापके कारण हाथी हुआ, मुनिद्वारा सम्बोधे जानेपर अणुव्रत धारण कर लिया। पूर्व बैरी सर्पके डस लेनेसे मरकर स्वर्गमें श्रीधर देव हुआ। यह संजयन्त मुनिका पूर्वका सातवाँ भव है।

अशनिजव—महोरग जातिके व्यन्तरदेवका एक भेद—दे. महोरग।

अशय्याराधिनी—यह एक मन्त्र विद्या है—दे. विद्या।

अशरण—अशरणानुप्रेक्षा—दे. अनुप्रेक्षा।

अशुचि—पिशाचजातीय व्यन्तरदेव—दे. पिशाच

अशुचित्वानुप्रेक्षा—दे. अनुप्रेक्षा

अशुद्ध—आ. प. ६ शुद्धं केवलभावमशुद्धं तस्यापि विपरीतम्। =केवल अर्थात् असंयोगी भावको शुद्ध कहते हैं और अशुद्ध उससे विपरीत है।

स. सा./ता. वृ. १०२ औपाधिकमुपादानमशुद्धं, तप्तायःपिण्डवत्। =औपाधिक पदार्थको अशुद्ध कहते हैं जैसे अग्निसे तपाया हुआ लोहेका गोला।

पं. का./ता. वृ. १६/३६/३ परद्रव्यसम्बन्धेनाशुद्धपर्यायः। =पर द्रव्यके सम्बन्धसे अशुद्ध पर्याय होती है।

पं. ध./उ. २२१ शुद्धं सामान्यमात्रत्वादशुद्धं तद्विशेषतः। वस्तु सामान्यरूपेण स्वदते स्वादु सद्विदाम् ॥२२१॥ =वस्तु सम्यग्ज्ञानियोंको सामान्यरूपसे अनुभवमें आती है इसलिए वह वस्तु केवल सामान्य रूपसे शुद्ध कहलाती है और विशेष भेदोंकी अपेक्षा अशुद्ध कहलाती है। (विशेष—दे. नय IV/२/४)

अशुद्ध चेतना—दे. चेतना।

अशुद्धता—पं. ध./उ. १३० तस्यां सत्यामशुद्धत्वं तद्द्वयोः स्वगुणच्युतिः ॥१३०॥ =उस बन्धनरूप परगुणाकार क्रियाके होनेपर जो उन दोनों जीव कर्मोंका अपने-अपने गुणोंसे च्युत होना है वह अशुद्धता कहलाती है।

अशुद्ध द्रव्यार्थिक नय—दे. नय IV/२।

अशुद्ध निश्चय नय—दे. नय V/१

अशुद्धोपयोग—दे. उपयोग II/४/५

अशुभ नाम कर्म—दे. शुभ।

अशुभ योग—दे. योग/२।

अशुभोपयोग—दे. उपयोग II/४।

अशून्य नय—दे. नय I/५।

अशोक—१. एक ग्रह—दे. ग्रह; २. विजयार्धकी उत्तर श्रेणीका एक नगर—दे. विद्याधर; ३. वर्तमान भारतीय इतिहासका एक प्रसिद्ध राजा। यह चन्द्रगुप्त मौर्यका पोता और बिम्बसारका पुत्र था। मगध देशके राज्यको बढ़ाकर इसने समस्त भारतमें एक छत्र राज्यकी स्थापना की थी। यह बड़ा धर्मात्मा था। पहले जैन था परन्तु पीछेसे बौद्ध हो गया था। ई० पू० २६१ में इसने कलिंग देशपर विजय प्राप्त की और वहाँके महारक्तप्रवाहको देखकर इसका चित्त संसारसे विरक्त हो गया। समय—जैन मान्यतानुसार ई० पू० २७७-२३६ है, और इतिहासकारोंके अनुसार ई० पू० २७३-२३२ है (विशेष दे. इतिहास/३/४)

अशोक रोहिणी व्रत—दे. रोहिणी व्रत।

अशोक वृक्ष—दे. वृक्ष/२।

अशोक संस्थान—एक ग्रह—दे. ग्रह।

अशोका—१. अपर विदेहके कुमुदक्षेत्रकी प्रधान नगरी—दे. लोक ५/२ ५. नन्दीश्वर द्वीपकी दक्षिण दिशामें स्थित एक वापी—दे. लोक ४/५।

अश्मक—भरत क्षेत्रके दक्षिणी आर्यखण्डका एक देश—दे. मनुष्य ४।

अश्व—१. चक्रवर्तीके १४ रत्नोंमें-से एक—दे. शलाकापुरुष २; २. एक नक्षत्र—दे. नक्षत्र; ३. लौकान्तिक देवोंका एकभेद—दे. लौकान्तिक; ४. इस लौकान्तिकदेवका लोकमें अवस्थान - दे. लोक/५।

अश्वकर्ण करण—क्ष. सा./भाषा ४६२ चारित्रमोहकी क्षपणा विधिमें, संज्वलन चतुष्कका अनुभाग, प्रथम काण्डकका घात भए पीछे, क्रोधसे लोभ पर्यन्त क्रमसे उसी प्रकार घटता हो है, जिस प्रकार कि घोड़ेका कान मध्य प्रदेशतैं आदि प्रदेश पर्यन्त घटता हो है। इसलिए क्षपककी इस स्थितिको अश्वकर्ण कहते हैं। ऐसी स्थितिमें लानेकी जो विधि विशेष उसे अश्वकर्णकरण कहते हैं। इसीका अपर नाम अपवर्तनोद्वर्तन व आन्दोलनकरण भी है (ध. ६/१,९-८,१६/३६४/६)

२. अश्वकर्णकरण विधान

क्ष. सा. गा. ४६३-४६५/भावार्थ संज्वलन चतुष्कका अनुभागबन्ध व सत्त्व क्रम, प्रथम काण्डकका घात होनेसे पहले निम्न प्रकार था—मानका स्तोक (५११), क्रोधका विशेष अधिक (५१५), मायाका विशेष अधिक (५१८) लोभका विशेष अधिक (५२१)। यहाँ तक जो काण्डक घात होता था उसमें ग्रहण किये गये स्पर्धकोंका भी यही क्रम रहता था, परन्तु अब इस क्रममें परिवर्तन हो जाता है। प्रथम समयके अनुभाग काण्डका क्रम इस प्रकार हो गया—क्रोधके स्पर्धक स्तोक (३८७); मानके विशेष अधिक (४८०); मायाके विशेष अधिक (५१०); लोभके विशेष अधिक (५१६)। इस प्रकार काण्डकका घात भए पीछे शेष स्पर्धकोंका प्रमाण—क्रोधमें १२८, मान में ३२, मायामें ८ और लोभमें २ मात्र रहे। इसी प्रकार इनके स्थिति-बन्ध व स्थिति-सत्त्वका भी यही क्रम हो गया। यह अश्वकर्णकरण यहाँ ही समाप्त नहीं हो जाता, बल्कि आगे 'अपूर्वस्पर्धक करण' तथा 'कृष्टिकरण' में भी बराबर चलता रहता है। दे. स्पर्धक तथा कृष्टि। (क्रमशः)

नोट—ऊपर जो गणनाओंका निर्देश किया है उन्हें सहनानी समझना।

क्ष.सा. ४८७-४८९ भावार्थ/क्रमशः अश्वकर्णकरणका कुल काल अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है। इस कालमें हजारों अनुभागकाण्डक और हजारों स्थितिकाण्डकघात होते हैं। जिससे कि अनुभागमें, अनन्तगुणी हीनशक्तियुक्त अपूर्व स्पर्धकोंकी रचना हो जाती है। उसके अन्त समय तक स्थिति घटकर संज्वलनकी तो ८ वर्ष मात्र और शेष घातिया कर्मोंकी संख्यात वर्ष प्रमाण रह जाती है। अघातिया कर्मोंकी स्थिति असंख्यात वर्ष मात्र रहती है। (क्रमशः)

क्ष. सा. ५१० भावार्थ। (क्रमशः) अश्वकर्ण कालमें क्षपक पूर्व व अपूर्व स्पर्धकोंका यथायोग्य वेदन भी करता है, अर्थात् उन नवीन रचे गये स्पर्धकोंका उदय भी उसी कालमें प्राप्त होता रहता है।

अश्वग्रीव—म.पु. ५७/श्लो० नं० दूरवर्ती पूर्व भवमें राजगृहीके राजा विश्वभूतिके छोटे भाई विशाखभूतिका पुत्र विशाखनन्दी था ॥७३॥ चिरकाल पर्यन्त अनेक योनियोंमें भ्रमण करनेके पश्चात पुण्यके प्रतापसे उत्तर विजयार्धके राजा मयूरग्रीवके यहाँ अश्वग्रीव नामका पुत्र हुआ ॥८७-८८॥ यह वर्तमान युगका प्रथम प्रतिनारायण था—दे० शलाकापुरुष ५।

अश्वत्थ—पीपलका वृक्ष।

अश्वत्थामा—पा.पु. सर्ग/श्लो० गुरु द्रोणाचार्यका पुत्र था (१०/१५०-५२)। कौरवोंकी ओरसे पाण्डवोंके साथ लड़ा (१६/५३)। अन्तमें अर्जुन द्वारा युद्धमें मारा गया (२०/१८४)।

अश्वपति—कैकेय देशका राजा—ई०पू० १४५०।

अश्वपुरी—अपर विदेहस्थ पद्मक्षेत्रकी प्रधान नगरी—दे. लोक ५/२।

अश्वमेघ दत्त—अर्जुनका दूसरा नाम—दे. अर्जुन।

अश्विनी—एक नक्षत्र - दे. नक्षत्र।

अश्विनी व्रत—वसु. श्रा. ३६६-३६७/भावार्थ— कुल समय=१ वर्ष; कुल उपवास=२८. विधि=अश्विनी नक्षत्रमें व्रतविधिको प्रारम्भ करके आगे २७ नक्षत्रोंमें प्रत्येक अश्विनी नक्षत्रपर एक उपवास करे।

अष्ट आयतन—दे. आयतन।

अष्टदिगवलोकन—कायोत्सर्गका एक अतिचार।—दे. व्युत्सर्ग/१।

अष्ट द्रव्य पूजा—दे. पूजा।

अष्ट पाहुड—दे. पाहुड़।

अष्ट पुत्र—भगवान् वीरके तीर्थमें हुए एक अन्तकृत्केवली—दे. अन्तकृत्केवली।

अष्ट प्रवचन माता—दे. प्रवचन।

अष्ट मंगल द्रव्य—दे. चैत्य चैत्यालय १/११।

अष्ट मध्यप्रदेश—१. जीवके आठ मध्यप्रदेश। दे.—जीव/४ २. लोकके आठ मध्य प्रदेश—दे. लोक/२।

अष्टम पृथिवी—दे. मोक्ष/१।

अष्टम भक्त—तीन उपवास—दे. प्रोषधोपवास/१।

अष्टमी व्रत—व्रत-विधान संग्रह/पृ. १२३—कुल समय ८ वर्ष; कुल उपवास=१६६; विधि=प्रतिमासकी प्रत्येक अष्टमीको उपवास करे। इस प्रकार आठ वर्षको १६२ अष्टमी तथा दो अधिक मासोंकी ४ अष्टमी। कुल १६६ अष्टमियोंके १६६ उपवास करे। **जाप्यमन्त्र**=ओं ह्रीं णमो सिद्धाणं सिद्धाधिपतये नमः। इस मन्त्रका त्रिकाल जाप्य करे।

२. गन्ध अष्टमी व्रत; निःशल्य अष्टमी व्रत; मनचिन्तोअष्टमी व्रत—दे० वह वह नाम।

अष्ट मूलगुण—दे. श्रावक/४।

अष्टशती—आचार्य समन्तभद्र (ई. श. २) कृत आप्तमीमांसा या देवागमस्तोत्रपर ८०० श्लोक प्रमाण आ. अकलंक भट्ट (ई. श. ७) द्वारा रचित न्यायपूर्ण व्याख्या। (ती. २/३१७)।

अष्टशुद्धि—दे. शुद्धि।

अष्टसहस्री—आ. समन्तभद्र (ई. श. २) द्वारा रचित आप्तमीमांसा अपरनाम देवागमस्तोत्रकी एक वृत्ति अष्टशती नामकी आ. अकलंक भट्टने रची थी। उसपर ही आ. विद्यानन्दने (ई० ७७५-८४०) ८००० श्लोक प्रमाण वृत्ति रची। यह कृति इतनी गम्भीर व कठिन है कि बड़े-बड़े विद्वान् भी इसे अष्टसहस्रीको बजाय कष्टसहस्री कहते हैं। (ती. २/३६४)।

अष्टांक—क.पा. ५/३,५७१/३३१/८ किं अट्ठंकं णाम। अणंतगुणवड्ढी। कथमेदिस्से अट्ठंकसण्णा। अट्ठण्हमंकाणमणंतगुणवड्ढो त्ति ट्ठवणादो।—प्रश्न—अष्टांक किसे कहते हैं? उत्तर—अनन्तगुणवृद्धिको। शंका—अनन्तगुण वृद्धिको अष्टांक संज्ञा कैसे है? उत्तर—नहीं, क्योंकि आठके अंककी अनन्तगुणवृद्धिरूपसे स्थापना की गयी है। (अर्थात् आठका अंक अनन्तगुणवृद्धिकी सहनानी है।) (ध. १२/४,२,७,२१४/१७०/७) (ल.सा./जी.प्र./४६/७६) गो. क. भाषा/५४६/२) गो.जी./जी.प्र. ३२५/६८४)।

ध. १२/४,२,७,२०२/१३१/६ किं अट्ठंकं णाम। हेट्ठिमुवरिमं सव्वजीवरासिणा गुणिदे जं लद्धं तेत्तियमेत्तेण हेट्ठिमुवरिमंकादो जमहियं ट्ठाणं तमट्ठंकं णाम। हेट्ठिमुवरिमंकरूवाहियसव्वजीवरासिणा गुणिदे अट्ठंकमुप्पज्जदि त्ति भणिदं होदि।=प्रश्न—अष्टांक किसे कहते हैं? उत्तर—अधस्तन उर्वकको सब जीवराशिसे गुणित करनेपर जो प्राप्त हो उतने मात्रसे, जो अधस्तन उर्वकसे अधिक स्थान है उसे अष्टांक कहते हैं। अधस्तन उर्वकको एक अधिक सब जीवराशिसे गुणित करनेपर अष्टांक उत्पन्न होता है, यह उसका अभिप्राय है।

अष्टांग निमित्तज्ञान—दे. निमित्त/२। इस ज्ञानके पृथक्-पृथक् अंग—दे. वह वह नाम।

अष्टांग हृदयोद्योत—दे. आशाधर जी। (ई ११७३-१२४३) द्वारा विरचित एक संस्कृत काव्य ग्रन्थ।

अष्टाह्निक पूजा—दे० पूजा/१।

अष्टाह्निक व्रत—(व्रतविधान संग्रह/पृ० ३६ व क्रियाकोश)। **गणना**—इस व्रतकी पाँच मर्यादाएँ हैं—५१,२४,१५,६,३ अष्टाह्निकाएँ अर्थात् १७ वर्ष, ८ वर्ष, ५ वर्ष, ३ वर्ष व १ वर्ष पर्यन्त किया जाता है। प्रतिवर्ष आषाढ़, कार्तिक व फाल्गुन मासके शुक्ल पक्षमें ८-१५ तक ८ दिन अष्टाह्निका पर्वके हैं। **विधि**—भी तीन प्रकार है—उत्कृष्ट, मध्यम व जघन्य। **उत्कृष्ट**—सप्तमीके पूर्वार्ध भागमें एकाशन; ८-१५ तक ८ दिन उपवास; पड़वाकी दोपहर पश्चात् पारणा। **मध्यम**—सप्तमीको एकाशन; ८ को उपवास; ६ को पारणा; १० को भात व जल; ११ को एक बार अल्प आहार; १२ को पूरा भोजन; १३ को जलसहित नीरस एक अन्नका भोजन; १४ को भात व मिर्च व जल; १५ को उपवास और पडिमाको पारणा। **जघन्य**—सप्तमीको दोपहर पश्चात्से पडिमाको दोपहर तक पूर्ण शीलका पालन, धर्म-ध्यान सहित मन्दिरमें निवास और मौन सहित प्रतिदिन अन्तराय टालकर भोजन। **जाप्यमन्त्र**—प्रत्येक दिन अपने-अपने दिन वाले मन्त्रको त्रिकाल जाप्य करना। ८मीको—"ओं ह्रीं नन्दीश्वरसंज्ञाय नमः।" ६ मी को—"ओं ह्रीं अष्टमहाविभूतिसंज्ञाय नमः।" १०मी को—"ओं ह्रीं त्रिलोकसारसंज्ञाय नमः।" ११ दशी को—"ओं ह्रीं चतुर्मुखसंज्ञाय नमः।" १२ दशीको—"ओं ह्रीं महालक्षणसंज्ञाय नमः।" १३ दशीको—"ओं ह्रीं स्वर्गसोपानसंज्ञाय नमः।" १४ दशीको—"ओं ह्रीं सर्वसम्पत्तिसंज्ञाय नमः।" पूर्णिमाको—"ओं ह्रीं इन्द्रध्वजसंज्ञाय नमः।"

अष्टापद—म.पु. २७/७० शरभः खं समुत्पत्य पतन्नुत्तापितोऽपि सन्। नैव दुःखासिका वेद चरणैःपृष्ठवर्तिभिः ।७०।=यह अष्टापद आकाशमें उछलकर यद्यपि पीठके बल गिरता है, तथापि पीठपर रहनेवाले पैरोंसे यह दुःखका अनुभव नहीं करता। **भावार्थ**—अष्टापद एक जंगली जानवर होता है। उसकी पीठपर चार पाँव होते हैं। जब कभी वह आकाशमें छलांग मारनेके पश्चात् पीठके बल गिरता है तो अपने पीठपर-के पैरोंसे सँभल कर खड़ा हो जाता है।

असंकुचित विकासत्व शक्ति—स.सा./आ./परि./शक्ति सं. क्षेत्रकालानवच्छिन्नचिद्विलासात्मिका असंकुचितविकासत्वशक्तिः॥१३॥=क्षेत्र और कालसे अमर्यादित ऐसी चिद्विलास असंकुचितविकासत्वशक्ति॥१३॥

असंक्षेपाद्धा—दे. अद्धा।

असंख्यात—स.सि.२/३८/१६२/६ संख्यातीतोऽसंख्येयः।=संख्यातीतको असंख्येय कहते हैं। (रा.वा. २/३८/२/१४७/३१)

★ **संख्यात असंख्यात व अनन्तमें अन्तर**—दे. अनन्त/२।

२. असंख्यातके भेद

ध.३/१,२,१५/१२३-१२६ संक्षेपार्थ।" नाम, स्थापना, द्रव्य, शाश्वत, गणना, अप्रदेशिक, एक, उभय, विस्तार, सर्व और भाव इस प्रकार असंख्यात ग्यारह प्रकारका है। (नाम स्थापना द्रव्य व भाव असंख्यातोंके उत्तर भेद निक्षेपों वत जानना) गणना संख्यात तीन प्रकार है परीतासंख्यात, युक्तासंख्यात और संख्यातासंख्यात। ये तीनों भी प्रत्येक उत्कृष्ट मध्यम और जघन्यके भेदसे तीन तीन प्रकारके हैं। (ति.प. ४/३१० की व्याख्या) (रा.वा. ३/३८/५/२०६/३०)

★ **नाम स्थापना द्रव्य व भाव**—दे. निक्षेप।

३. शाश्वतासंख्यात

ध.३/१,२,१५/१२४ धम्मत्थियं अधम्मत्थियं दव्वपदेसगणणं' पडुच्च एगसरूवेण अवट्ठिदमिदि कट्टु सस्सदासंखेज्जं।=धर्मास्तिकाय और अधर्मास्तिकाय द्रव्यरूप प्रदेशोंकी गणनाके प्रति सर्वदा एक रूपसे अवस्थित हैं, इसलिए वे दोनों द्रव्य शाश्वतासंख्यात हैं।

४ अप्रदेशासंख्यात

ध.३/१,२,१५/१२४/१ ज.त अपदेसासंखेज्जयं तं जोगविभागे पलिच्छेदे पडुच्च एगो जोवपदेसो। अथवा सुणेय भगो, असखेज्जपज्जायाणमाहारभूद-अप्पएसएगदव्वाभावादो।=योग विभागमें जो अविभाग प्रतिच्छेद बतलाये हैं,उनकी अपेक्षा जीवका एक प्रदेश प्रदेशासंख्यात है अथवा असंख्यातमें उसका यह भेद शून्य रूप है, क्योंकि, असंख्यात पर्यायोंके आधारभूत अप्रदेशी एक द्रव्यका अभाव है। कुछ आत्माका एक प्रदेश द्रव्य तो हो नहीं सकता, क्योंकि, एक प्रदेश जीव द्रव्यका अवयव है। पर्यायार्थिक नयका अवलम्बन करनेपर जीवका एक प्रदेश भी द्रव्य है, क्योंकि, अवयवोंसे भिन्न समुदाय नहीं पाया जाता है।

५ एकासंख्यात

ध. ३/१,२,१५/१२५/३ ज त एयासखेज्जयं त लोयायासस्स एकदिसा। कुदो। सेढिआगारेण लोयस्स एगदिस पेक्खमाणे पदेसगणणं पडुच्च संखाभावादो।=लोकाकाशकी एक दिशा अर्थात् एक दिशास्थित प्रदेशपंक्ति एकासंख्यात है, क्योंकि, आकाश प्रदेशोंकी श्रेणी रूपसे लोकाकाशकी एक दिशा देखनेपर प्रदेशोंकी गणनाकी अपेक्षा उसकी गणना नहीं हो सकती।

६ उभयासंख्यात

ध. ३/१,२,१५/१२५/४ ज तं उभयासंखेज्जयं तं लोयायासस्स उभयदिसाओ, ताओ, पेक्खमाणे पदेसगणणं पडुच्च संखाभावादो।=लोकाकाशकी उभय दिशाओं अर्थात् दो दिशाओंमें स्थित प्रदेश पंक्ति उभयासंख्यात है, क्योंकि, लोकाकाशके दो ओर देखनेपर प्रदेशोंकी गणनाकी अपेक्षा वे संख्यातीत हैं।

७ विस्तारासंख्यात

ध. ३/१,२,१५/१२५/७ ज त वित्थारासंखेज्जं त लोगागासपदरं, लोगपदरागारपदेसगणणं पडुच्च संखाभावादो।=प्रतर रूप लोकाकाश विस्तारासंख्यात है, क्योंकि, प्रतररूप लोकाकाशके प्रदेशोंकी गणनाकी अपेक्षा वे संख्यातीत हैं।

८ सर्वासंख्यात

ध. ३/१,२,१५/१२५/६ घणागारेण लोगं पेक्खमाणे पदेसगणणं पडुच्च संखाभावादो। ज त सव्वासखेज्जयं त घणलोगो।=घनलोक सर्वासंख्यात है, क्योंकि, घनरूपसे लोकके देखनेपर प्रदेशोंकी गणनाकी अपेक्षा वे संख्यातीत हैं।

९ गणनासंख्यात

१ जघन्य परीतासंख्यात

रा. वा. ३/३८/५/२०६/१७ संख्येयप्रमाणावगमार्थं जम्बूद्वीपतुल्यायामविष्कम्भं योजनासहस्रावगाहं बुद्ध्या कुशूलांश्चत्वारः कर्तव्याः—शलाका-प्रतिशलाका-महाशलाकाख्यास्त्रयोऽवस्थिताः चतुर्थोऽनवस्थितः। अत्र द्वौ सर्षपौ निक्षिप्तौ जघन्यमेतत्संख्येयप्रमाणम्, तमनवस्थितं सर्षपैः पूर्णं गृहीत्वा कश्चिद्देवः एकैकसर्षपमेकैकस्मिन् द्वीपे समुद्रे च प्रक्षिपेत्तावतेन विधिना स रिक्तः। रिक्त इति शलाकाकुशूले एकसर्षपः प्रक्षिपेत्। यत्रान्त्यसर्षपो निक्षिप्तस्तमवधिकृत्वा अनवस्थितं कुशूलं परिकल्प्य सर्षपैः पूर्णं कृत्वा ततः परेषु द्वीपसमुद्रेष्वेकैकसर्षपप्रदानेन स रिक्तः कर्तव्यः। रिक्त इति शलाकाकुशूले पुनरेकः प्रक्षिपेत्। अनेन विधिना अनवस्थितकुशूलपरिवर्धनेन शलाकाकुशूले परिपूर्णे पूर्ण इति प्रतिशलाकाकुशूले एकः सर्षपः प्रक्षेप्तव्यः एवं तावत्कर्तव्यो यावत्प्रतिशलाकाकुशूलं परिपूर्णं भवति। परिपूर्णे इति महाशलाकाकुशूले एकः सर्षपः प्रक्षेप्तव्यः। सोऽपि तथैव परिपूर्णः। एवमेतत् चतुर्ष्वपि पूर्णेषु उत्कृष्टसंख्येयमतीत्य जघन्यपरीतासंख्येयं गत्वैकरूपं पतितम्।=संख्येय प्रमाणके ज्ञानके लिए जम्बूद्वीपके समान १ लाख योजन लम्बे-चौडे और एक योजन गहरे शलाका प्रतिशलाका महाशलाका और अनवस्थित नामके चार कुण्ड बुद्धिसे कल्पित करने चाहिए। अनवस्थित कुण्डमें दो सरसों डालने चाहिए। यह जघन्य संख्याका प्रमाण है। उस अनवस्थित कुण्डको सरसोंसे भर देना चाहिए। फिर कोई देव उससे एक-एक सरसोंको क्रमशः एक-एक द्वीप सागरमें डालता जाय। जब वह कुण्ड खाली हो जाय तब शलाका कुण्डमें एक दाना डाला जाय। जहाँ अनवस्थित कुण्डका अन्तिम सरसों गिरा था उतना बडा अनवस्थित कुण्ड कल्पना किया जाय। उसे सरसोंसे भरकर फिर उससे आगेके द्वीपोंमें एक-एक सरसों डालकर उसे खाली किया जाय। जब खाली हो जाय तब शलाका कुण्डमें दूसरा सरसों डाले। इस प्रकार अनवस्थित कुण्डको तब तक बढाता जाय जब तक शलाका कुण्ड सरसोंसे न भर जाय। जब शलाकाकुण्ड भर जाय तब एक सरसों प्रतिशलाका कुण्डमें डाले इस तरह उसे भी भरे। जब प्रतिशलाका कुण्ड भर जाय तब एक सरसों महाशलाका कुण्डमें डाले। उक्त विधिसे जब वह भी परिपूर्ण हो जाय तब जो प्रमाण आता है, वह उत्कृष्ट संख्यातसे एक अधिक जघन्य परीतासंख्यात है।

रा. वा. हि/फुट नोट—कुल सरसोंका प्रमाण आठ सरसों=१ यव; आठ यव=१ अंगुल, २४ अंगुल=१ हाथ; ४ हाथ=१ धनुष, २००० धनुष=१ कोस; ४ कोस=१ व्यवहार योजन, ५०० व्यवहार योजन=१ बडा योजन। अब १०८,००० योजन विष्कम्भके १००० योजन गहरे कुण्डका घन प्रमाण $=(५०,०००)^२ \times २२/७ \times १००० = ७५ \times १०^{१३}$ यो०। १ घन योजनमें सरसोंका प्रमाण $= (८\times८\times२४\times४\times२०००\times४\times५००)^३ \times ७५\times१०^{१३} = १९७९१२०९२९९९६८\times१०^{३१}$। कुण्डके ऊपर शिखामें सरसों $= १७९९२००८४४५५१६३६ - ३६\ ३६\ ३६\ ३३\ ३६\ ३६\ ३६\ ३६\ ३६\ ३६\ ३६\ ३६\ ३\overset{४}{\overset{\vee}{६}}$। प्रथम कुण्डमें कुल सरसों $= १९९७११२९३८४ ५१३१६ - ३६\ ३६\ ३६\ ३६\ ३६\ ३६\ ३६\ ३६\ ३६\ ३६\ ३६\ ३६\ ३६\ ३\overset{४}{\overset{\vee}{६}}$ (४५ अक्षर)। अन्तिम कुण्डमें सरसोंका प्रमाण ४५ अक्षर×असंख्यात।

२ उत्कृष्ट परीतासंख्यात

रा वा ३/३८/५/२०७/२ जघन्ययुक्तासंख्येय गत्वा पतितम्। अत एकरूपेऽपनीते उत्कृष्टपरीतासंख्येय भवति।=जघन्य युक्तसंख्यात होता है। (दे. आगे स ४) उसमें एक कम करने पर उत्कृष्ट परीतासंख्यात होता है।

३ मध्यम परीतासंख्यात

रा. वा ३/३८/५/२०७/३ मध्यमजघन्योत्कृष्टपरीतासंख्येयम्। =बीचके विकल्प अजघन्योत्कृष्ट परीतासंख्येय है। (तीनों भेदोंका कथन ति. प ४/३०६/प १७६ व्याख्या) (त्रि. सा.१४-३६)

४ जघन्य युक्तासंख्यात

रा वा ३/३८/५/२०६/३३ यज्जघन्यपरीतासंख्येय तद्विरलीकृत्य मुक्तावलीकृता अत्रैकैकस्यां मुक्तायां जघन्यपरीतासंख्येय देयम्। एवमेतद्वर्गितम् प्राथमिकीं मुक्तावलीमपनीय यान्येकैकस्यां मुक्तायां जघन्यपरीतासंख्येयानि दत्तानि तानि संपिण्डय मुक्तावली कार्या। ततो यो जघन्यपरीतासंख्येयसंपिण्डान्निष्पन्नो राशिः स देयः एकैकस्यां मुक्तायाम्। एवमेतत्सवर्गितम् उत्कृष्टपरीतासंख्येयमतीत्य जघन्ययुक्तासंख्येयं गत्वा पतितम्। =जघन्य परीतासंख्येयको फैलाकर मोतीके समान जुदे-जुदे रखना चाहिए। प्रत्येकपर एक एक जघन्य परीतासंख्येयको फैलाना चाहिए। इनका परस्पर वर्ग करे। जो जघन्यपरीतासंख्येय मुक्तावलीपर दिये गये थे उनका गुणाकार रूप एक राशि बनावे। उसे विरलनकर उसपर उस वर्गित राशि को दे। उसका परस्पर वर्ग कर जो राशि आती है वह उत्कृष्ट परीतासंख्येयसे एक अधिक जघन्य युक्तासंख्यात होती है। (यदि क=(ज. परी. असं.) ज. परी असं तो क क=(ज.यु. असं)।

५ उत्कृष्टयुक्तासंख्यात

रा वा ३/३८/५/२०७/६ तत् एकरूपेऽपनीते उत्कृष्ट युक्तासंख्येयं भवति) =उस (जघन्य असंख्येयासंख्येय) मे से एक कम कर लेनेपर उत्कृष्ट युक्तासंख्येय होती है।

६ मध्यमयुक्तासंख्यात

रा वा ३/३८/५/२०७/६ मध्यमजघन्योत्कृष्टयुक्तासंख्येय भवति।=बीच-के विकल्प मध्यम युक्तासंख्येय होते है। (तीनो भेदोका कथन ति. प ४/३१०/पृ १८० व्याख्या) (त्रि. सा ३६-३७)।

७ जघन्य असंख्येयासंख्यात

रा वा ३/३८/५/२०७/४ यज्जघन्ययुक्तासंख्येय तद्विरलीकृत्य मुक्तावली रचिता। तत्रैकैकयुक्ताया जघन्ययुक्तासंख्येयानि देयानि। एवमेतत् सकृद्वर्गितमुत्कृष्टयुक्तासंख्येयमतीत्य जघन्यासंख्येयासंख्येय गत्वा पतितम्। =जघन्ययुक्तासंख्येयको विरलनकर प्रत्येकपर जघन्ययुक्ता-संख्येयको स्थापित करे। उनका वर्ग करने पर जो राशि आती है वह जघन्य असंख्यासंख्य है। (ज यु अस)$^{ज यु असं}$।

८ उत्कृष्ट असंख्येयासंख्यात

रा वा ३/३८/५/२०७/७ यज्जघन्यासंख्येयासंख्येय तद्विरलीकृत्य पूर्व-विधिना त्रिरूपवारान् वर्गितसंवर्गित उत्कृष्टासंख्येयासंख्येय न प्राप्नोति। ततो धर्माधर्मैकजीवलोकाकाशप्रत्येकशरीरजीवबादर-निगोतशरीराणि षडप्येतान्यसंख्येयानि स्थितिबन्धाध्यवसायस्थाना-न्यनुभागबन्धाध्यवसायस्थानानि योगाविभागपरिच्छेदरूपाणि चास-ंख्येयलोकप्रदेशप्रमाणान्युत्सर्पिण्यवसर्पिणीसमयाश्च कृत्वा उत्कृष्ट-संख्येयासंख्येयमतीत्य जघन्यपरीतान्त गत्वा पतितम्। तत् एक-रूपेऽपनीते उत्कृष्टासंख्येयासंख्येय तद्भवति।=जघन्य असंख्येया-संख्येयका विरलनकर पूर्वोक्त विधिसे तीन बार वर्गित करनेपर भी उत्कृष्ट असंख्येयासंख्येय नही होता यदि (क=ज.अस अ)$^{ज अस अस}$ तो ख'=क^{क} और ग=ख^{ख} = उत्कृष्ट असंख्येयासंख्येय से कुछ कम। इसमें धर्म, अधर्म, एक जीव, लोकाकाश, प्रत्येक शरीर जीव बादरनिगोत शरीर ये छहो असंख्येय स्थिति-बन्धाध्यवसाय स्थान, योगके अविभागप्रतिच्छेद, उत्सर्पिणी व अव-सर्पिणी के समय, इन सबोको जोडने पर फिर तीन बार वर्गित संवर्गित करनेपर उत्कृष्ट संख्येयासंख्येयसे एक अधिक जघन्य परीता-नन्त होता है। इसमे से एक कम करनेपर उत्कृष्ट असंख्येयासंख्येय होता है। अर्थात् =(ग+६ राशि+४राशि)$^{(ग+६ राशि+४ राशि)}$ =प'$^{प'}$ फ=प^{प}, ब=फ^{फ} =ज. पर'. अन./ (दे अनन्त) उत्कृष्ट असंख्येयासंख्येय=ब−१।

९ मध्यम असंख्येयासंख्यात

रा वा ३/३८/५/२०७/१२ मध्यममजघन्योत्कृष्टा संख्येयासंख्येय भवति। =मध्यके विकल्प अजघन्योत्कृष्ट असंख्येयासंख्येय हैं। (तीनो भेदोके लक्षण ति प ४/३१०/१८१-१८२); (त्रि सा ३७-४५)।

★ आगममे 'असंख्यात' की यथास्थान प्रयोग विधि— दे. गणित I/१/६

असंख्येय—दे असंख्यात ६

असंख्यासंख्येय—दे. असंख्यात ६/७

असंज्ञी—दे संज्ञी

असंचार—दे सचार

असंदिग्ध—रा वा ६/५/५/५६४/१८ स्फुटार्थं व्यक्ताक्षर चासं-दिग्धम्।=जामें अर्थ स्पष्ट होय और अक्षर व्यक्त होय सो असंदिग्ध कहिये। (चा सा ६७/१)।

असंप्राप्तसृपाटिका—दे सहनन

असंबद्ध प्रलाप—दे वचन

असंभव—१ लक्षणका एक दोष=दे लक्षण, २. आकाशपुष्प आदि असभव वस्तुएँ—दे असत्।

असंभ्रांत—प्रथम नरकका सातवाँ पटल—दे. नरक। ५/११ व रत्नप्रभा।

असंमोह—(यो सा /अ ८/८२,८६) बुद्धिमक्षाश्रिया तत्र ज्ञानमार्गम पूर्वक। तदेव सदनुष्ठानमसंमोह विदो विदु ॥८२॥ सन्त्यसंमोहहेतूनि कर्माण्यत्यन्तशुद्धित। निर्वाणशर्मदायीनि भवातीताध्वगामिनाम् ॥८६॥ —इन्द्रियाधीन बुद्धिको जो ज्ञान आगमपूर्वक व सदनुष्ठान (आचरण) पूर्वक होता है, वह ज्ञान ही असंमोह है ॥८२॥ असंमोहके हेतु अत्यन्त शुद्ध वे कर्म है जो कि भवसे अतीत निर्वाण सुखको देनेवाले है।

असंयतसम्यग्दृष्टि—दे. सम्यग्दृष्टि/५।

असंयम—पं सं /प्रा. १/१३७ जीवा चउदसभेया इंदियविसया य अट्ठवीस तु। जे तेसु णेय विरया असजया ते मुणेयव्वा।१३७।=जीव चौदह भेद रूप हैं और इन्द्रियोके विषय अट्ठाईस है। जीवघातसे और इन्द्रिय विषयोंसे विरत नहीं होनेको असयम कहते हैं। जो इनसे विरत नही हैं उन्हे असंयत जानना चाहिए। (ध. १/१,१, १२३/१६४/३७३) (गो. जी./मू. ४७८) (प सं./सं. २४७-२४८)।

रा वा २/६/६/१०६ चारित्रमोहस्य सर्वघातिस्पर्धकस्योदयात् प्राण्यु-पघातेन्द्रियविषये द्वेषाभिलाषनिवृत्तिपरिणामरहितोऽसंयम औद-यिक।=चारित्रमोहके उदयसे होनेवाली हिंसादि और इन्द्रिय-विषयोमें प्रवृत्ति असयम है। (स. सि. २/६/१५६/८)।

प्र सा /त.प्र /२२१ शुद्धात्मरूपहिंसनपरिणामलक्षणस्यासंयमस्य।=शुद्धा-त्मस्वरूपकी हिंसारूप परिणाम जिसका लक्षण है, ऐसा असंयम...।

पं. ध उ /११३५ व्रताभावात्मको भावो जीवस्यासयमो यत। =व्रतके अभावरूप जो भाव है वह असयम माना गया है।

२. इन्द्रिय व प्राण असंयम

ध ८/३,६/२१/२ असजमपच्चओ दुविहो इंदियासंजमपाणासजमभेएण। तत्थ इंदियासजमो छव्विहो परिस-रस-रूव-गंध-सद्द णोइंदिया-सजमभेएण। पाणासजमो वि छव्विहो पुढवि-आउ-तेउ-वाउ-वणप्फदितसासंजमभेएण।=असयम प्रत्यय इन्द्रियासंयम और प्राणासंयमके भेदसे दो प्रकारका है। इन्द्रियासंयम स्पर्श रस रूप गन्ध शब्द और नोइन्द्रिय जनित असयम के भेदसे छह प्रकारका है। प्राण असयम भी पृथिवी, अप् तेज, वायु, वनस्पति और त्रस जीवोंकी विराधना से उत्पन्न असयमके भेदसे छह प्रकारका है।

असंसार—दे. संसार।

असग—(भ, आ./प्रा २ प्रेमीजी)। शक सं० ६१० (ई० ६८८) के एक महाकवि। आप नागनन्दि आचार्यके शिष्य थे। आपने वर्द्धमान चारित्र व शान्तिनाथ पुराण लिखे है। (ती/४/११)।

असत्—स. सि. १/३२/१३८/७ असदविद्यमानमित्यर्थ'। =असत्का अर्थ अविद्यमान है।

न वि./वृ १/४/१२१/७ न सदिति विजातीयविशेषव्यापकत्वेन न गच्छतीत्यसत्। =जो विशेष व्यापकरूपसे प्राप्त होता हो सो असत् है।

२ आकाशपुष्पादि असंभव वस्तुओंका कथंचित् सत्त्व

रा. वा २/८/१८/१२१/२२ कर्मविशेषवशात् नानाजातिसंबन्धमापन्नवतो जीवतो जीवस्य मण्डूकभावावाप्तौ तत्पर्यायविशेषभाज पुनर्युवतिजन्म-न्यवाप्ते 'य शिखण्डक' स एवायम्' इत्येकजीवसबन्धित्वात् मण्डूक-शिखण्ड इत्यस्ति। एवं बन्ध्यापुत्र-शशविषाणादिष्वपि योज्यम्। आकाशकुसुमे कथम्। तत्रापि यथा वनस्पतिनामकर्मोदयापादित विशेषस्य वृक्षस्य जीवपुद्गलसमुदायस्य पुष्पमिति व्यपदिश्यते, अन्यदपि पुद्गलद्रव्य पुष्पभावेन परिणतं तेन व्याप्तत्वात्। एवमाका-

शेनातिव्याप्तत्व समानमिति तत्तस्यापीति व्यपदेशो युक्त । अथ तत्कृतोपकारापेक्षया तस्येत्युच्यते, आकाशकृतावगाहनोपकारापेक्षया कथ तस्य न स्यात् । वृक्षात् प्रच्युतमप्याकाशान्न प्रच्यवते इति नित्य तत्सम्बन्धि । अथ अर्थान्तरभावात्तस्य न स्यादिति मतम्, वृक्षस्यापि न स्यात् । =वह सत् भी सिद्ध हो जाता है । यथा—कोई जीव मेंढक था और वही जब युवतीको पर्यायको धारण करता है तो भूतपूर्वनयकी अपेक्षा उस युवतीका भी हम मेंढक कह ही सकते है । और उसके युवतीपर्यायापन्न मण्डूककी शिखा होनेसे मण्डूकशिखण्ड व्यवहार हो सकता है । इसी प्रकार वन्ध्यापुत्र व शशविषाणादिमें भी लागू करना चाहिए । प्रश्न—आकाशपुष्पमें कैसे लागू होता है ? उत्तर—वनस्पति नामकर्मका जिस जीवके उदय है । वह जीव और पुद्गलका समुदाय पुष्प कहा जाता है । जिस प्रकार वृक्षके द्वारा व्याप्त होनेसे वह पुष्प पुद्गल वृक्षका कहा जाता है, उसी तरह आकाशके द्वारा व्याप्त होनेके कारण आकाशका क्यों न कहा जाय ? वृक्षके द्वारा उपकृत होनेके कारण यदि वह वृक्षका कहा जाता है तो आकाशकृत अवगाहनरूप उपकारकी अपेक्षा उसे आकाशका भी कहना चाहिए । वृक्षसे टूटकर फूल गिर भी जाय पर आकाशसे तो कभी भी दूर नहीं हो सकता, सदा आकाशमें ही रहता है । अथवा मण्डूकशिखण्डविषयक ज्ञानका विषय होनेसे भी (ज्ञान नयकी अपेक्षा) मण्डूक शिखण्डका सद्भाव सिद्ध मानना चाहिए ।

रा वा, ५/१८/१०/४६७/३२ खरो मृत· गौर्जात स एव जीव इत्येकजीवविवक्षायां खरव्यपदेशभाजो जीवस्य गोजातिसक्रमे विषाणोपलब्धे' अर्थखरविषाणस्यापि जात्यस्तित्वसद्भावात् उभयधर्मासिद्धता । =कोई जीव जो पहिले खर था, मरकर गौ उत्पन्न हुआ और उसके सींग निकल आये । ऐसी दशामें एक जीवकी अपेक्षा अर्थरूपसे भी 'खरविषाण' प्रयोग हो ही जाता है । (स० भं० त./५४/१)

★ असत्का उत्पाद असम्भव है—दे० सत

असती पोष कर्म—दे सावद्य ५ ।

असत्य—

१ प्राणिपीडाकारी वचन

भ आ मू ८३२-८३३ परुस कडुय वयण वेरं कलह च भय कुणइ । उत्तासणं च हीलणमच्चियवयण समासेण ॥८३२॥ हासभयलोहकोहप्पदोसादीहिं तु मे पयत्तेण । एव असतवयणं परिहरिदव्व विसेसेण ॥८३३॥ =मर्मच्छेदी परुष वचन, उद्वेगकारी कटु वचन, वैरोत्पादक, कलहकारी, भयोत्पादक, तथा अवज्ञाकारी वचन इस प्रकारके अप्रिय वचन है। तथा हास्य भीति लोभ क्रोध द्वेष इत्यादि कारणोसे बोले जानेवाले वचन, सब असत्य भाषण है । हे क्षपक ! उसका तू प्रयत्नसे विशेष त्याग कर ।

स सि ७/१४/३५२/६ न सदप्रशस्तमिति यावत् । ऋतं सत्य, न ऋतमनृतम् । किं पुनरप्रशस्तम् । प्राणिपीडाकरं यत्तदप्रशस्तं विद्यमानार्थविषय वा अविद्यमानार्थविषय वा । उक्त च प्रागेवाहिंसाव्रतपरिपालनार्थमितरद्व्रतम् इति । तस्माद्धिंसाकर वचोऽनृतमिति निश्चेयम् । =सत् शब्द प्रशंसावाची है । जो सत् नहीं वह असत् है । असत्का अर्थ अप्रशस्त है । ऋतका अर्थ सत्य और जो ऋत नहीं है वह अनृत है । प्रश्न—अप्रशस्त किसे कहते है ? उत्तर—जिससे प्राणियोंको पीडा होती है उसे अप्रशस्त कहते हैं । भले ही वह चाहे विद्यमान पदार्थको विषय करता हो या चाहे अविद्यमान पदार्थको विषय करता हो । यह पहिले ही कहा है कि शेष व्रत अहिंसा व्रतकी रक्षाके लिए है । इसलिए जिससे हिंसा हो वह वचन अनृत है ऐसा निश्चय करना चाहिए । (रा वा ७/१४/३-४/५४२/१) चा सा, ६२/३)

रा वा. ७/१४/५/५४२/११ असदिति पुनरुच्यमाने अप्रशस्तार्थं यत् तत्सर्वं मनृतमुक्तं भवति । तेन विपरीतार्थस्यप्राणिपीडा करस्य चानृतत्वमुपपन्न भवति—'असत्' कहनेसे जितने अप्रशस्त अर्थवाची शब्द हैं, वे सब अनृत कहे जायेंगे । इससे जो विपरीतार्थ वचन प्राणिपीडाकारी हैं वे भी अनृत है । (पु सि उ ९५) ।

श्लो वा /मू ७/१४ स्वपरसंतापकरणं यद्वचोऽङ्गिनां । यथा दशार्थमप्यत्र तदसत्य विभाव्यते । =जो वचन अपनेको तथा दूसरेको कष्ट पहुँचानेवाला हो वह वचन 'जैसा देखा तैसा बतानेवाला' होनेपर भी असत्य है ।

ध १२/४,२,८,३/२७६/४ किमसतवयणं । मिच्छत्तासजमकसाय-पमादुट्ठाविदो वयणकलापो । =प्रश्न—असत् वचन किसे कहते है ? उत्तर—मिथ्यात्व, असयम, कषाय और प्रमादसे उत्पन्न वचन समूहको असत् वचन कहते है ।

२ असत्यका अर्थ अलीक वचन

त.सू. ७/१४ असदभिधानमनृतम् । =असत् वचनको अनृत कहते है ।

स सि ७/१४/३५२/२ असतोऽर्थस्याभिधानमसदभिधानमनृतम् । =जो पदार्थ नहीं है उसका कथन करना अनृत असत्य कहलाता है ।

रा वा, ७/१४/५/५४२/१ भूतनिह्नवेऽभूतोद्भावने च यदभिधानं तदेवानृत स्यात्, भूतनिह्नवे नास्त्यात्मा नास्ति परलोक इति । अभूतोद्भावने च श्यामाकतन्दुलमात्रमात्मा अङ्गुष्ठपर्वमात्र सर्वगतो निष्क्रिय इति च । =विद्यमानका लोप तथा अविद्यमानके उद्भावन करनेवाले 'आत्मा नहीं है', 'परलोक नहीं है', 'श्यामतंदुलके बराबर आत्मा है' 'अगूठेके पोर बराबर आत्मा है', 'आत्मा सर्वगत है', 'आत्मा निष्क्रिय है' इत्यादि वचन मिथ्या होनेसे असत्य है । (चा,सा ९२/१)

सा ध ४/३९ कन्यागोक्ष्मालीककूटसाक्ष्यन्यासादपलापवत् । = कन्या अलीक, गौ अलीक, कूटसाक्षी, न्यासापलाप करना असत्य है ।

३. असत्यके भेद

भ. आ /मू ८२३ परिहर असतवयण सव्वं पि चेदुव्विधं पयत्तेण । =असत्य वचनके चार भेद है, जिनका त्याग हे क्षपक ! तू प्रयत्न पूर्वक कर ।

ध. १/१,१,२/११७/६ द्रव्यक्षेत्रकालभावाश्रयमनेकप्रकारमनृतम् । =द्रव्य क्षेत्र काल तथा भावकी अपेक्षा असत्य अनेक प्रकारका है ।

पु सि उ ९१ तदनृतमपि विज्ञेय तद्भेदा चत्वार ॥९१॥ =उस अनृतके चार भेद है ।

१. सत्प्रतिषेध रूप असत्य

भ.आ /मू ८२४ पढम असतवयण सभूदत्थस्स होदि पडिसेहो । णत्थि णरस्स अकाले मच्चुत्ति जधेवमादीयं ॥८२४॥ =अस्तित्वरूप पदार्थका निषेध करना, यह प्रथम असत्य वचनका भेद है—जैसे 'मनुष्योंको अकालमें मृत्यु नहीं है' ऐसा कहना ।

पु सि उ ९२ स्वक्षेत्रकालभावै सदपि हि यस्मिन्निषिद्धयते वस्तु । तत्प्रथममसत्य स्यान्नास्ति यथा देवदत्तोऽत्र ॥९२॥ =जिस वचनमें अपने द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव, करके विद्यमान भी वस्तु निषेधित की जाती है, वह प्रथम असत्य होता है, जैसे यहाँ देवदत्त नहीं है ।

२. अभूतोद्भावन रूप असत्य

भ आ /मू ८२६ जं असभूदुब्भावणमेद विदियं असंतवयण तु । अत्थि सुराणमकाले मच्चुत्ति जहेवमादीयं ॥८२६॥ जो नहीं है उसका है कहना यह असत्य वचनका दूसरा भेद है, जैसे देवोकी अकाल मृत्यु नहीं है, फिर भी देवोकी अकाल मृत्यु बताना इत्यादि ।

पु सि उ ९३ असदपि हि वस्तुरूप यत्र परक्षेत्रकालभावैस्तै उद्भाव्यते द्वितीयं तदनृतमरिमत् यथास्ति घट । =जिस वचनविषै पर द्रव्य, क्षेत्र, काल, भावों करके अविद्यमान भी वस्तुका स्वरूप प्रगट किया जाता है, वह दूसरा असत्य होता है । जैसे—यहाँ पर घडा है ।

३. अनालोच्य रूप असत्य

भ.आ./मू. ८२८ तदियं असंतवयणं सत जं कुणदि अण्णजादीय । अविचारित्ता गोणं अस्सोत्ति जहेवमादीयं । =एक जातिके सत्पदार्थ

को अन्य जातिका सत्पदार्थ कहना यह असत्यका तीसरा भेद है। जैसे—बैल है उसका विचार न कर यहाँ घोडा है ऐसा कहना। यह कहना विपरीत सत् पदार्थका प्रतिपादन करनेसे असत्य है।

पु सि.उ ९४ वस्तु सदपि स्वरूपात् पररूपेणाभिधीयते यस्मिन्। अनृतमिदं च तृतीयं विज्ञेयं गौरिति यथाश्व ॥ =स्व द्रव्यादि चतुष्टयसे वस्तु सत् होनेपर भी परचतुष्टय रूप बताना तीसरा अनृत है। जैसे बैलको 'घोडा है ऐसा कहना।

४. असूनृत रूप असत्य

भ आ/मू ८२९ जं वा गरहिदवयणं जं वा सावज्जसंजुदं वयणं। जं वा अप्पियवयणं असत्तवयणं चउत्थं च। =जो निंद्य वचन बोलना, जो अप्रियवचन बोलना, और जो पाप युक्त वचन बोलना वह सब चौथे प्रकारका असत्य वचन है।

पु सि.उ ९५ गर्हितमवद्यसंयुतमप्रियमपि भवति वचनरूपं यत्। सामान्येन त्रेधा मतमिदमनृतं तुरीय तु।=यह चौथा झूठका भेद तीन प्रकारका है—गर्हित अर्थात् निंद्य, सावद्य अर्थात् हिंसा युक्त, और अप्रिय।

* गर्हित व अप्रिय आदि वचन—दे वचन

* असत्यका हिंसामें अन्तर्भाव—दे अहिंसा ३

असत्यवचनयोग—दे वचन

असत्योपचार—दे उपचार

असद्भाव स्थापना—दे निक्षेप ४

असद्भूत नय—दे नय V/५

असमवायी—दे समवाय

असमीक्ष्याधिकरण—दे अधिकरण

असम्यक् वचनोदाहरण—दे उदाहरण

असर्वगतत्व—दे सर्वगतत्व

असही—भ आ/वि १५०/३४५/११ जिनायतनं यतिनिवासं वा प्रविशत् प्रदक्षिणीकुर्यान्निसीधिकाशब्दप्रयोग च। निर्गंतुकाम आपृच्छेति। आदिशब्देन परिगृहीतस्थानभोजनशयनगमनादिक्रिया। =जिनमन्दिर अथवा यतिका निवास अर्थात् मठमें प्रवेश कर प्रदक्षिणा करे। उस समय निसिधिका शब्दका उच्चारण करे, और बहासे लौटते समय आसीधिका शब्दका उच्चारण करें। इसी तरह स्थान, भोजन, शयन, गमनादि क्रिया करते समय भी मुनियोंको प्रयत्नपूर्वक प्रवृत्ति करनी चाहिए।

अन. ध ८/१३२-१३३ वसत्यादौ विशेत् तत्स्थ भूतादिं निसहीगिरा। आपृच्छ्य तस्मान्निर्गच्छेत्तथापृच्छ्यासहीगिरा ॥१३२॥ आत्मन्यात्मासितो येन त्यक्ता वाशास्य भावत। नीसह्यसह्यौ स्तोऽन्यस्य तदुच्चारणमात्रकम्। ॥१३३॥ =साधुओंको जब मठ चैत्यालय या वसति आदिमें प्रवेश करना हो तब उन मठादिकोंमें रहनेवाले भूत यक्ष नाग आदिकोंसे 'निसही' इस शब्दको बोलकर पूछकर प्रवेश करना चाहिए। इसी तरह जब वहाँ से निकलना हो तब 'असही' इसी शब्दके द्वारा उनसे पूछकर निकलना चाहिए ॥१३२॥ निसही और असही शब्दका निश्चयनयकी अपेक्षा अर्थ बताते हैं।-जिस साधुने अपनी आत्माको अपनी आत्मामें ही स्थापित कर रखा है उसके निश्चयनयसे 'निसही' समझना चाहिए। और जिसने इस लोक परलोक आदि सम्पूर्ण विषयोंकी आशाका परित्याग कर दिया है उसके निश्चय नयसे 'असही' समझना चाहिए। किन्तु उनके प्रतिकूल जो बहिरात्मा है अथवा आशावान है उनके ये निसही और असही केवल शब्दोच्चारणमात्र ही समझना चाहिए।

असातावेदनीय—दे वेदनीय।

असाधारण—दे साधारण।

असाम्यता—(ध ५/प्र २७) गणित inequality।

असावद्य कर्म—दे सावद्य/४।

असिकर्म—दे सावद्य/३।

असिक्थ—भ आ/वि ७००/८८२/७ असिक्थग सिक्थरहितं। =भातके सिक्थ जिसमें नहीं है ऐसा भाड असिक्थग है।

असितपर्वत—विजयार्धकी दक्षिण श्रेणीका एक नगर—दे विजयार्ध।

असिद्धत्व—दे पक्ष।

रा वा २/६/७/१०९/१८ अनादिकर्मबन्धसंतानपरतन्त्रस्यात्मनः कर्मोदयसामान्ये सति असिद्धत्वपर्यायो भवतीत्यौदयिकः। पुनर्मिथ्यादृष्ट्यादिषु सूक्ष्मसाम्परायिकान्तेषु कर्माष्टकोदयापेक्षः, शान्तक्षीणकषाययोः सप्तकर्मोदयापेक्षः, सयोगिकेवल्ययोगिकेवलिनोरघातिकर्मोदयापेक्षः। =अनादि कर्मबद्ध आत्माके सामान्यतः सभी कर्मोंके उदयसे असिद्ध पर्याय होती है। दसवें गुणस्थान तक आठों कर्मोंके उदयसे ग्यारहवें और बारहवें गुणस्थानमें मोहनीयके सिवाय सात कर्मोंके उदयसे, और सयोगी और अयोगीमें चार अघातिया कर्मोंके उदयसे असिद्धत्व भाव होता है। (स. सि. २/६/१५९/६) (ध/पु. ५/१७१/१८६/६),

प ध/उ/११४३ नेदं सिद्धत्वमत्रेति स्यादसिद्धत्वमर्थतः। =संसार अवस्थामें उक्त सिद्ध भाव (अष्ट कर्मरहित अष्टगुण सहित) नहीं होता, इस कारणसे यह असिद्धत्व कहलाता है।

२ असिद्धत्व भावको औदयिक कहनेका कारण

ध १४/५,६,१६/१३/१० अघाइकम्मचउक्कोदयजणिदमसिद्धत्तं णाम। =चार अघाति कर्मोंके उदयसे हुआ असिद्धत्व भाव है।

पं. ध./उ./११४१ असिद्धत्वं भवेद्भावो नूनमौदयिको मतः। व्यस्ताद्वा स्यात्समस्ताद्वा जातः कर्माष्टकोदयात् ॥ ११४१ ॥=असिद्धत्वभाव निश्चय करके औदयिकभाव होता है क्योंकि असमस्तरूपसे अथवा समस्तरूपसे आठों कर्मोंके उदयसे होता है।

असिद्ध पक्षाभास—दे पक्ष।

असिद्ध हेत्वाभास—प मु ६/२२ असत्सत्तानिश्चयोऽसिद्धः ॥२२॥ =जिसकी सत्ताका पक्षमें अभाव हो और निश्चय न हो उसे असिद्ध कहते हैं।

न्या/वि/वृ. २/१६७/२९६/ तथा साध्ये सत्यसति च यस्यासिद्धिरसौ असिद्धो नाम। =साध्यके होनेपर अथवा न होनेपर जिसकी सिद्धि नहीं होती, वह हेतु असिद्ध कहलाता है।

न्या दी. ३/§४०/८६ 'अनिश्चितपक्षवृत्तिरसिद्धः, यथा अनित्यः शब्दश्चाक्षुषत्वात्। अत्र हि चाक्षुषत्वं हेतुः पक्षीकृते शब्दे न वर्त्तते श्रावणत्वाच्छब्दस्य। तथा च पक्षधर्मविरहादसिद्धत्वं चाक्षुषत्वस्य। =पक्षमें जिसका रहना अनिश्चित हो वह असिद्ध हेत्वाभास है। जैसे -'शब्द अनित्य है, क्योंकि इन्द्रियसे जाना जाता है'। यहाँ 'चक्षु इन्द्रियसे जाना जाता है' यह हेतु पक्षभूत शब्दमें नहीं रहता है। कारण, शब्द श्रोत्रेन्द्रियसे जाना जाता है। इसलिए पक्षधर्मत्वके न होनेसे 'चक्षु इन्द्रियसे जाना जाना' हेतु असिद्ध हेत्वाभास है। (न्या दी. ३/§६०/१००/२)

२ असिद्ध हेत्वाभासके भेद

प मु ६/२४,२६ स्वरूपेणासत्त्वात् ॥२४॥ संदेहात् ॥२६॥ = असिद्ध हेत्वाभास दो प्रकारका होता है स्वरूपासिद्ध और संदिग्धासिद्ध। (न्या. दी ३/§६०/१००)

न्या. वि./वृ. २/१६७/२२६/५ स तु अनेकधा चायम्—अज्ञात-सन्दिग्ध-स्वरूपाश्रयप्रतिज्ञार्थैकदेशासिद्धविकल्पात्। =वह असिद्ध हेत्वाभास अनेक प्रकारका है—अज्ञात, सन्दिग्ध स्वरूप, आश्रय, प्रतिज्ञार्थ, एकदेश असिद्ध।

३. स्वरूपासिद्ध हेत्वाभास

प.मु. ६/२३-२४ अविद्यमानसत्ताक परिणामी शब्दश्चाक्षुषत्वात् ॥२३॥ स्वरूपेणासत्त्वात् ॥२४॥ ='शब्द परिणामी है, क्योंकि यह आँखसे देखा जाता है।' यह अविद्यमानसत्ताक अर्थात् स्वरूपासिद्ध हेत्वाभास है। (न्या. दी. ३/§४०/८६) (न्या दी. ३/§६०/१००)

न्या वि /वृ. २/१६७/२२६/११ स्वरूपासिद्धो यथा "सहोपलम्भनियमादभेदो नीलतद्धियो:" इत्यत्र यदि युगपदुपलम्भनियमो हेत्वर्थ, सोऽसिद्ध एव दर्शनेऽपि सन्तानान्तरगतस्य तज्ज्ञानस्य कुतश्चित्तत्प्रतिपत्तावपि तद्विषयविशेषस्य अनवगते। =स्वरूपासिद्ध इस प्रकार है—'नील और नीलवान्में अभेद है, सहोपलम्भ नियम होनेसे।' यहाँ यदि युगपत् प्राप्तिको हेतु माना जाये तो वह असिद्ध ही है। विषयदर्शन होनेपर भी सन्तानान्तरगत उस ज्ञानकी कहीं प्राप्ति होनेपर भी उस विषय विशेषकी जानकारी नहीं होती।

४. सदिग्धासिद्ध हेत्वाभास

प.मु. ६/२५-२६ अविद्यमाननिश्चयो मुग्धबुद्धिं प्रति अग्निरत्र धूमात् ॥२५॥ तस्य वाष्पादिभावेन भूतसंघाते सदेहात् ॥२६॥ =अनुमानके स्वरूपसे सर्वथा अनभिज्ञ किसी मूर्ख मनुष्यके सामने कहना कि 'यहाँ अग्नि है क्योंकि धुआँ है' यह अविद्यमान निश्चय अर्थात् सन्दिग्धासिद्ध है, क्योंकि, मूर्ख मनुष्य किसी समय पृथिवी जल आदि भूतसंघात (बटलोई आदि) में भाप आदिको देखकर, यहाँ अग्नि है या नहीं ऐसा सन्देह कर बैठता है। (न्या दी. ३/§६०/१००)

न्या.वि /वृ. २/१६७/२२६/७ सदिग्धासिद्धो यथेह निकुञ्जे मयूर केकायितादिति। तत्र हि यदा स्वरूप एव सदेह' किमय मयूरस्यैव स्वर' आहोस्वित् मनुष्यस्येति तदाश्रये वा किमस्मान्निकुञ्जात् केकायितापात आहोस्विदन्यत इति। =सन्दिग्धासिद्ध ऐसा है जैसे कि—'इस निकुंजमें मोर कूकता है' ऐसा कहना। क्योंकि वहाँ ऐसा सन्देह है कि क्या यह स्वर मोरका है अथवा मनुष्यका है? इसी प्रकार आश्रयमें भी क्या इस कुंजसे बोलता है अथवा किसी अन्यसे ऐसा सन्देह है। इसलिए इसके सन्दिग्धासिद्धपना है ही।

५. आश्रयासिद्ध हेत्वाभास

न्या. वि./वृ. २/१६७/२२८/३ आश्रयासिद्धो यथा भावमात्रानुषङ्गी विनाशो भावानां निर्हेतुकत्वादिति। निरन्वयो ह्यत्र भावप्रध्वंसो धर्मी निर्दिष्ट स चासिद्ध एव। अन्यथा किमनेन हेतुना तस्येवानोऽपि साधनात्। =आश्रयासिद्ध इस प्रकार है—भावोंका विनाश भावमात्रानुषंगी होता है, हेतु रहित होनेसे। यहाँ निरन्वय भावप्रध्वंसको धर्मी कहा गया है, वह असिद्ध ही है। अन्यथा इस हेतुकी क्या आवश्यकता थी, इसी हेतुसे उसको भी सिद्धि हो जाती।

६. अज्ञात हेत्वाभास

प.मु. ६/२७-२८ सांख्यं प्रति परिणामी शब्द' कृतकत्वात् ॥२७॥ तेनाज्ञातत्वात् ॥२८॥ ='शब्द परिणामी है क्योंकि यह किया हुआ है' यहाँ सांख्यके प्रति कृतकत्व हेतु अज्ञात है। क्योंकि सांख्य मतमें पदार्थोंका आविर्भाव तिरोभाव माना गया है, उत्पाद और व्यय नहीं। इसलिए वे कृतकताको नहीं जानते।

७. व्याप्यासिद्ध या एकदेशासिद्ध हेत्वाभास

रा.वा. १/१६/२/६७/२३ केचिदाहुः—प्राप्यकारि चक्षुः आवृतानवगृहात् स्वगिन्द्रियवदिति, अत्रोच्यते-काचाभ्रपटलस्फटिकावृतार्थविग्रहे सति अव्यापकत्वादसिद्धो हेतु वनस्पतिचैतन्ये स्वापवत्। ='चक्षु प्राप्यकारी है, क्योंकि, वह ढंके हुए पदार्थको नहीं देखती, जैसेकि स्पर्शनेन्द्रिय' यह पक्ष ठीक नहीं है, क्योंकि चक्षु, काँच, अभ्रक, स्फटिक आदिसे आवृत पदार्थोंको बराबर देखता है, अत' पक्षमें ही अव्यापक होनेसे उक्त हेतु असिद्ध है, जैसे कि वनस्पतिमें चैतन्य सिद्ध करनेके लिए दिया जाने वाला 'स्वाप (सोना)' हेतु। क्योंकि किन्हीं वनस्पतियोंमें सकोच आदि चिह्नोंसे चैतन्य स्पष्ट जाना जाता है, किन्हीं में नहीं।

असिपत्र—१ असुरकुमार जातीय भवनवासी देवोंका एक भेद।—दे. असुर। २ नरकमें पाये जानेवाले वृक्ष विशेष—दे. नरक २। (परस्परके दु ख)।

असुरवनीपाल—बाबुल या ईरान देशका राजा। समय—(ई-पू / ६६६-६२६)।

असुर—ध १३/५,५,१४०/३६१/७ अहिंसाद्यनुष्ठानरतय' सुरा नाम। तद्विपरीता असुरा। =जिनकी अहिंसादिके अनुष्ठानोंमें रति है वे सुर है। इनसे विपरीत असुर होते है।

२ असुरकुमार देवोंके भेद

ति प २/३४८-३४६ सिकदाणणासिपत्ता महबलकाला य सामसबला हि। रुद्दंबरिसा विलसिदणामो महरुद्दखरणामा ॥३४८॥ कालग्गिरुद्दणामा कुभो वेतरणिपहुदिअसुरसुरा। गंतूण बालुकंत जारइयाण पकोपंति ॥३४६॥ =सिकतानन, असिपत्र, महाबल, महाकाल, श्याम और शबल, रुद्र अबरीष, विलसित, महारुद्र, महाखर, काल तथा अग्निरुद्र, कुम्भ और वैतरणि आदिक असुरकुमार जातिके देव तीसरी बालुकाप्रभा पृथिवी तक जाकर नारकियोंको क्रोधित करते है।

३. असुर देव नरकोमे जाकर नारकियोंको दुख देते हैं परन्तु सब नही

स सि ३/५/२०६/३ पूर्वजन्मनि भावितेनातितीव्रेण सक्लेशपरिणामेन यदुपार्जित पापकर्म तस्योदयात्सततं क्लिष्टा सक्लिष्टा —इति विशेषणान्न सर्वे असुरा नारकाणा दु खमुत्पादयन्ति। किंतर्हि। अम्बाम्बरीषाद्य एव केचनेति। =पूर्व जन्ममें किये गये अतितीव्र सक्लेशरूप परिणामोंसे इन्होंने जो पाप कर्म उपार्जित किया उसके उदयसे ये निरन्तर क्लिष्ट रहते है, इसलिए सक्लिष्ट असुर कहलाते है। सूत्रमें यद्यपि असुरोंको सक्लिष्ट विशेषण दिया है, पर इसका यह अर्थ नहीं कि सब असुर नारकियोंको दु ख उत्पन्न कराते है। किन्तु अम्बरीष आदि कुछ असुर ही दु ख उत्पन्न कराते है।

दे. ऊपर शीर्षक स, २—(सिकतानन आदि अनेक प्रकारके असुरदेव तीसरी पृथिवी तक जाकर नारकियोंको क्रोध उत्पन्न कराते है।)

४ सुरोके साथ युद्ध करनेके कारण असुर कहना मिथ्या है

रा.वा, ४/१०/४/२१६/७ स्यान्मतं युद्धे देवै' सहास्यन्ति प्रहरणादोनित्यसुरा इति तन्न, किं कारणम्। अवर्णवादात्। अवर्णवाद एष देवानामुपरि मिथ्याज्ञाननिमित्त । कुत'। ते हि सौधर्मादयो देवा महाप्रभावा, न तेषामुपरि इतरेषा निकृष्टबलानां मनागपि प्रातिलोम्येन वृत्तिरस्ति। अपि च, वैरकारणाभावात् ॥६॥ ततो नासुरा सुरैरुध्यन्ते। ='देवोंके साथ असुरका युद्ध होता है, अत ये असुर कहलाते है' यह देवोंका अवर्णवाद मिथ्यात्वके कारण किया जाता है, क्योंकि, सौधर्मादिक स्वर्गोंके देव महाप्रभावशाली है। शुभानुष्ठानोंमें रहनेवाले उनके साथ वैरकी कोई सम्भावना नहीं है। निकृष्ट बलवाले असुर उनका किंचित् भी बिगाड नहीं कर सकते। इसलिए अल्पप्रभाववाले असुरोंसे युद्धकी कल्पना ही व्यर्थ है।

★ असुरकुमार देवोंके इन्द्रादि व उनका अवस्थान

—दे. भवन/२,४

असूत्र—दे. सूत्र।

असूनृत—दे असत्य ।

अस्तिकाय—जैनागममें पंचास्तिकाय बहुत प्रसिद्ध है। जीव, पुद्गल, धर्म अधर्म, आकाश और काल, ये छ द्रव्य स्वीकार किये गये हैं। इनमें काल द्रव्य तो परमाणु मात्र प्रमाणवाला होनेसे कायवान् नहीं है। शेष पाँच द्रव्य अधिक प्रमाणवाले होनेके कारण कायवान् है। वे पाँच ही अस्तिकाय कहे जाते है।

१. अस्तिकायका लक्षण

पं का./मू. ५ जेसिं अत्थि सहाओ गुणेहिं सह पज्जएहिं विविहेहिं। ते होंति अत्थिकाया णिप्पण्णं जेहिं तइल्लुक्कं ॥५॥ ते चेव अत्थिकाया तेकालियभावपरिणदा णिच्चा। गच्छंति दवियभाव परियट्टणलिंग-संजुत्ता ॥६॥=जिन्हे विविध गुणों और पर्यायोके साथ अपनत्व है, वे अस्तित्वकाय है, कि जिनसे तीन लोक निष्पन्न है ॥५॥ जो तीनो कालके भावोरूप परिणमित होते है तथा नित्य है ऐसे वे ही अस्तिकाय परिवर्तन लिंग सहित द्रव्यत्वको प्राप्त होते है ॥६॥

नि.सा./मू. ३४ एदे छद्दव्वाणि य कालं मोत्तूण अत्थिकायत्ति। णिद्दिट्ठा जिणसमये काया हु बहुपदेसत्तं ॥३४॥=काल छोडकर इन छह द्रव्योको जिनसमयमें 'अस्तिकाय' कहा गया है। क्योकि उनमें जो बहुप्रदेशीपना है वही कायत्व है। (द्र सं./मू २३)

पं का /त.प्र ५ तत्र कालाणुभ्योऽन्यसर्वेषा कायत्वाख्यं सावयवत्वमवसेयम्। =कालाणुओंके अतिरिक्त अन्य सर्व द्रव्योमें कायत्वनामा सावयवपना निश्चित करना चाहिए।

नि सा /ता.वृ. ३४ बहुप्रदेशप्रचयत्वात् कायः। काया इव कायाः। पञ्चास्तिकायाः। अस्तित्वं नाम सत्ता। अस्तित्वेन सनाथा पञ्चास्तिकायाः। =बहुप्रदेशोके समूह वाला हो वह काय है। 'काय' काय (शरीर) जैसे होते है। अस्तित्व सत्ताको कहते है। अस्तिकाय पाँच हैं। अस्तित्व और कायत्वसे सहित पाँच अस्तिकाय हैं।

२ पंचास्तिकायोंके नाम निर्देश

प.का./मू ४,१०२ जीवा पुग्गलकाया धम्माधम्मा तहेव आगासं। अत्थित्तम्हि य णियदा अणण्णमइया अणुमहंता ॥४॥ एदे कालागासा धम्माधम्मा य पुग्गला जीवा। लब्भंति दव्वसण्णं कालस्स दु णत्थि कायत्तं ॥१०२॥ =जीव, पुद्गलकाय, धर्म, अधर्म तथा आकाश अस्तित्वमें नियत, अनन्यमय और बहुप्रदेशी हैं ॥४॥ ये काल, आकाश, धर्म, अधर्म, पुद्गल और जीव द्रव्य संज्ञाको प्राप्त करते हैं; परन्तु कालको कायपना नही है ॥१०२॥ (पं.का./मू २२) (नि सा./मू. २२), (नि सा /मू ३४), (प्र सा /ता वृ १३५ में प्रक्षेपक गाथा १), (द्र सं./मू २३). (गो.जी /मू ६२०/१०७४), (नि.सा./ता वृ. ३४), (पं.का./ता.वृ २२/४७/११)।

३. पाँचोंकी अस्तिकाय संज्ञाकी अन्वर्थकता

द्र.सं /मू २५ होंति असंखा जीवे धम्माधम्मे अणंतआयासे। मुत्ते तिविह पदेसा कालस्सेगो ण तेण सो काओ ॥२५॥=जीव धर्म तथा अधर्म द्रव्य असंख्यात प्रदेशी है और आकाशमें अनन्त प्रदेश हैं। पुद्गलमें संख्यात असंख्यात व अनन्त प्रदेश हैं और कालके एक ही प्रदेश है, इसलिए काल काय नहीं है। (प.प्र./मू २/२४); (गो.जी./मू ६२०/१०७४)।

पं का /ता वृ. ४/१२/१५ जीवपुद्गलधर्माधर्माकाशानीति पञ्चास्तिकायानां विशेषसंज्ञा अन्वर्था ज्ञातव्या। अस्तित्वे सामान्यविशेषसत्तायां नियता स्थिताः। 'अणुभि प्रदेशैर्महान्त द्व्यणुकस्कन्धापेक्षया द्वाभ्यामणुभ्यां महान्तोऽणुमहान्त' इति कायत्वमुक्तं।...इति पञ्चास्तिकायानां विशेषसंज्ञा अस्तित्वं कायत्वं चोक्तम्।=जीव पुद्गल धर्म अधर्म और आकाश इन पंचास्तिकायोंकी विशेष संज्ञा अन्वर्थक जाननी चाहिए। सामान्य विशेष सत्तामें नियत या स्थित होनेके कारण तो ये अस्तित्वमें स्थित हैं। अणु या प्रदेशोंसे महान् है अर्थात् द्वि अणुक स्कन्धकी अपेक्षा दो अणुओंसे बडे हैं इसलिए अणु महान् है। इस प्रकार इनका कायत्व कहा गया। इस प्रकार इन पंचास्तिकायोको अस्तित्व व कायत्व संज्ञा प्राप्त है। (और भी दे. काय १/१)

४ पुद्गलको अस्तिकाय कहनेका कारण

स सि ५/३९/३१२/१० अणोरप्येकप्रदेशस्य पूर्वोत्तरभावप्रज्ञापननया-पेक्षयोपचारकल्पनया प्रदेशप्रचय उक्त। =एक प्रदेशवाले अणुका भी पूर्वोत्तरभाव-प्रज्ञापन नयकी अपेक्षा उपचार कल्पनासे प्रदेश प्रचय कहा है। (पं का /त प्र. ४/१३)

प्र.सा /त प्र १३७ पुद्गलस्य तु द्रव्येणैकप्रदेशमात्रत्वादप्रदेशत्वे यथोदिते सत्यपि द्विप्रदेशाद्यु द्भवहेतुभूततथाविधस्निग्धरूक्षगुणपरिणाम-शक्तिस्वभावात्प्रदेशोद्भवत्वमस्ति। ततः पर्यायेणानेकप्रदेशत्वस्यापि सभवात् द्व्यादिसंख्यासंख्येयानन्तप्रदेशत्वमपि न्याय्य पुद्गलस्य ॥१३७॥=पुद्गल तो द्रव्यतः एकप्रदेशमात्र होनेसे यथोक्त प्रकारसे अप्रदेशी है, तथापि दो प्रदेशादिके उद्भवके हेतुभूत तथाविध स्निग्ध-रूक्ष-गुणरूप परिणमित होनेकी शक्तिरूप स्वभावके कारण उसके प्रदेशोंका उद्भव है। इसलिए पर्यायतः अनेकप्रदेशित्व भी सम्भव होनेसे पुद्गलको द्विप्रदेशित्वसे लेकर संख्यात असंख्यात और अनन्त प्रदेशित्व भी न्याय युक्त है। (पं.का /ता.वृ ४/१२/१३)

५ कालद्रव्य अस्ति है पर अस्तिकाय नही

पं का./मू १०२ एदे कालागासा धम्माधम्मा य पुग्गला जीवा। लब्भंति दव्वसण्णं कालस्स दु णत्थि कायत्तं ॥१०२=काल और आकाश-द्रव्य और धर्म व अधर्मद्रव्य तथा पुद्गलद्रव्य व जीवद्रव्य ये छहों 'द्रव्य' नामको पाते है। परन्तु कालद्रव्यमें कायत्व नहीं है। (द्र.सं /मू. २५)

स.सि ५/३९/३१२/६ ननु किमर्थमयं कालः पृथगुच्यते। यत्रैव धर्मादिय उक्तास्तत्रैवायमपि वक्तव्यः 'अजीवकाया धर्माधर्माकाशकालपुद्गलाः' इति। नैवं शङ्क्यम्; तत्रोद्देशे सति कायत्वमस्य स्यात्। नेष्यते च मुख्योपचारप्रदेशप्रचयकल्पनाभावात्। =प्रश्न—काल द्रव्यको अलग से क्यों कहा? जहाँ धर्मादि द्रव्योका कथन किया है, वहींपर इसका कथन करना था, जिससे कि प्रथम सूत्रका रूप ऐसा हो जाता 'अजीव काया धर्माधर्माकाशकालपुद्गला।' उत्तर—इस प्रकार शंका करना ठीक नहीं है, क्योंकि वहाँपर यदि इसका कथन करते तो इसे काय पना प्राप्त होता। परन्तु कालद्रव्यको कायवान नहीं कहा है, क्योंकि इसमें मुख्य और उपचार दोनों प्रकारसे प्रदेशप्रचयकी कल्पनाका अभाव है। (रा वा. ५/२२/२४/४८२/४) (प प्र./टी २/२४) (गो.जी./जी.प्र ६२०) (नि.सा /ता वृ. ३४) (पं का /ता.वृ. १०२/१६३/१०)

ध.९/४,१,४५/१६८/४ कोऽनस्तिकायः। कालः,तस्य,प्रदेशप्रचयाभावात्। कुतस्तस्यास्तित्वम्। प्रचयस्य सप्रतिपक्षस्वान्यथानुपपत्तेः। =प्रश्न—अनस्तिकाय कौन है? उत्तर—काल अनस्तिकाय है, क्योंकि, उसके प्रदेशप्रचय नहीं है। प्रश्न—तो फिर कालका अस्तित्व कैसे है? उत्तर—चूँकि अस्तित्वके बिना प्रचयके सप्रतिपक्षता बन नहीं सकती अतः उसका अस्तित्व सिद्ध है।

द्र. स./टी २६/७३/७ अथ मतं—यथा पुद्गलपरमाणोर्द्रव्यरूपेणैकस्यापि द्व्यणुकादिस्कन्धपर्यायरूपेण बहुप्रदेशरूपं कायत्वं जातं तथा—कालाणोरपि द्रव्येणैकस्यापि पर्यायेण कायत्वं भवतीति। तत्र परिहारः—स्निग्धरूक्षहेतुकस्य बन्धस्याभावान्न भवति कायः। तदपि कस्मात्। स्निग्धरूक्षत्वं पुद्गलस्यैव धर्मो यतः कारणादिति।

पं. का /ता. वृ. ४/१३/१२ स्निग्धरूक्षत्वशक्तेरभावादुपचारेणापि कायत्वं नास्ति कालाणूनां। =प्रश्न—जैसे द्रव्यरूपसे एक भी पुद्गल परमाणु द्विअणुक आदि स्कन्ध पर्याय द्वारा बहुप्रदेशरूप कायत्व (उपचारसे) सिद्ध हुआ है, ऐसे ही द्रव्यरूपसे एक होनेपर भी कालाणुके समय घडी आदि पर्यायों द्वारा कायत्व सिद्ध होता है? उत्तर—इसका परि-

हार करते है—कि स्निग्धरूक्ष गुणके कारण होनेवाले बन्धका काल द्रव्यमे अभाव है, इसलिए वह काय नही हो सकता। प्रश्न—ऐसा भी क्यो है ? उत्तर—क्योकि स्निग्ध तथा रूक्षपना पुद्गलका ही धर्म है, कालमे स्निग्ध रूक्ष नही है। स्निग्धरूक्षत्व शक्तिका अभाव होनेके कारण उपचारसे भी कालाणुओके कायत्व नही है।

३ काल द्रव्यको एकप्रदेशी या अकाय माननेकी क्या आवश्यकता

प्र सा /त प्र /१४४ सप्रदेशत्वे हि कालस्य कुत एकद्रव्यनिबन्धन लोकाकाशतुल्यासंख्येयप्रदेशत्व नाभ्युपगम्यते। पर्यायसमयाभिधे.। प्रदेशमात्र हि द्रव्यसमयमतिक्रामत परमाणो पर्यायसमय प्रसिद्धयति। लोकाकाशतुल्यासंख्येयप्रदेशेकद्रव्यत्वेऽपि तस्यैक प्रदेशमतिक्रामत परमाणोस्तत्सिद्धिरिति चेन्नैव। एकदेशवृत्ते सर्ववृत्तित्वविरोधात। सर्वत्रापि हि कालपदार्थस्य य सूक्ष्मो वृत्त्यश स समयो न न तदेकदेशस्य। तिर्यक्प्रचयस्योर्ध्वप्रचयत्वप्रसङ्गाच्च। तथाहि -प्रथममेकेन प्रदेशेन वर्तते ततोऽन्येन ततोऽप्यन्तरेणेति तिर्यक्प्रचयोऽप्यूर्ध्वप्रचयीभूय प्रदेशमात्र द्रव्यमवस्थापयति। ततस्तिर्यक्प्रचयस्योर्ध्वप्रचयत्वमनिच्छता प्रथममेव प्रदेशमात्र कालद्रव्य व्यवस्थापयितव्यम्। =प्रश्न—जब कि इस प्रकार काल (कथंचित्) सप्रदेश है तो उसके एकद्रव्यके कारणभूत लोकाकाशतुल्य असंख्येयप्रदेश क्यो न मानने चाहिए ? उत्तर - ऐसा हो तो पर्याय समय सिद्ध नही होता। इसलिए असंख्यप्रदेश मानना योग्य नहीं है। परमाणुके द्वारा प्रदेशमात्र द्रव्यसमयका उल्लघन करनेपर पर्यायसमय प्रसिद्ध होता है। यदि द्रव्य समय लोकाकाश तुल्य असंख्य प्रदेशी हो तो पर्याय समयकी सिद्धि कहाँसे होगी ? प्रश्न—यदि कालद्रव्य लोकाकाश जितने असंख्य प्रदेशवाला हो तो भी परमाणुके द्वारा उसका एकप्रदेश उल्लंघित होनेपर पर्यायसमयकी सिद्धि हो जायेगी ? उत्तर - यह भी ठीक नही है, क्योकि १ एकप्रदेशकी वृत्तिको सम्पूर्ण द्रव्यकी वृत्ति माननेमे विरोध है। सम्पूर्ण काल पदार्थका जो सूक्ष्म वृत्यंश है वह समय है, परन्तु उसके एकदेशका वृत्यंश समय नही। २ (दूसरे) तिर्यक्प्रचयको ऊर्ध्व प्रचयपनेका प्रसंग आता है। वह इस प्रकार है— प्रथम, कालद्रव्य एक प्रदेशसे वर्त्ते, फिर दूसरे प्रदेशसे वर्त्ते, और फिर अन्य प्रदेशसे वर्त्ते। इस प्रकार तिर्यक्प्रचय ऊर्ध्व प्रचय बनकर द्रव्यको एक प्रदेशमात्र स्थापित करता है (अर्थात् तिर्यक्प्रचय ही ऊर्ध्व प्रचय है, ऐसा माननेका प्रसंग आता है, इसलिए द्रव्य प्रदेशमात्र ही सिद्ध होता है।) इसलिए तिर्यक् प्रचयको ऊर्ध्वप्रचय न माननेवालेको प्रथम ही कालद्रव्यको प्रदेशमात्र निश्चय करना चाहिए।

७. पंचास्तिकायको जानने का प्रयोजन

द्र स /टो ५६/२२०/६ पञ्चास्तिकाय मध्ये स्वशुद्धजीवास्तिकाय एवोपादेय शेष च हेय। =पाँचो अस्तिकायोमे स्वशुद्धजीवास्तिकाय ही उपादेय है, अन्य सब हेय है। (प का /ता वृ ४/१३/१४)

पं का /ता. वृ ५/१६/११ तत्र शुद्धजीवास्तिकायस्य यानन्तज्ञानादिगुणसत्ता सिद्धपर्यायसत्ता च शुद्धासंख्यातप्रदेशरूप कायत्वमुपादेयमिति भावार्थ.। =तहाँ शुद्ध जीवास्तिकायकी जो अनन्तज्ञानादिरूप गुणसत्ता, सिद्धपर्यायरूप द्रव्यसत्ता और शुद्ध असंख्यातप्रदेश रूप कायत्व उपादेय है, ऐसा भावार्थ है। (प्र सा /ता वृ १३६/१९२/१०)

प. का./ता वृ १०३/१६३-१६५/१५ अथ पञ्चास्तिकायाध्ययनस्य मुख्यवृत्त्या तदन्तर्गतशुद्धजीवास्तिकायपरिज्ञानस्य वा फल दर्शयति। द्वादशाङ्गरूपेण विस्तीर्णस्यापि प्रवचनस्य सारभूत एव विज्ञाय य कर्ता मुञ्चति रागद्वेषौ स प्राप्नोति परिमोक्षम्। =इस पंचास्तिकाय नाम ग्रन्थके अध्ययनका तथा मुख्यवृत्तिसे उसके अन्तर्गत बताये गये शुद्धजीवास्तिकायके परिज्ञानका फल दर्शाता हूँ। द्वादशांगरूपसे अति विस्तीर्ण भी इस प्रवचनके सारभूतको जानकर जो राग व द्वेष दोनोंको छोड़ता है वह मोक्ष प्राप्त करता है।

अस्तित्व—१. 'अस्तित्व' शब्दके अनेक अर्थ

१. सामान्य सत्ताके अर्थमें अस्तित्व

रा वा २/७/१३/१११/३२ अस्तित्व तावत् साधारण षड्द्रव्यविषयत्वात्। तत्त कर्मोदयक्षयक्षयोपशमोपशमानपेक्षत्वात् पारिणामिकम्। =अस्तित्व छहो द्रव्योमें पाया जाता है अत साधारण है। कर्मोदय क्षय क्षयोपशम व उपशमसे निरपेक्ष होनेके कारण यह पारिणामिक है।

न च वृ /६१ अत्थिसहावे सत्ता। =अस्तित्व स्वभावको ही सत्ता कहते है।

आ प /६ अस्तीत्येतस्य भावोऽस्तित्व सद्रूपत्वम्। =अस्ति अर्थात् 'है पने के भावको अस्तित्व कहते है। अस्तित्व अर्थात् सद्रूपत्व। (द्र स /मू /२४) (नि सा /ता वृ /३४)

स भ त ४५/६ अस्धात्वर्थोऽस्तित्व सत्त्वपर्यवसन्नम्। ='अस' धातुका अर्थ अस्तित्व है और उसका सत्तारूप अर्थसे तात्पर्य है।

२. अवस्थान अर्थमें अस्तित्व

रा वा ४/४२/४/२५०/१७ आयुरादिनिमित्तवशादवस्थानमस्तित्वम्। =आयु आदि निमित्तोके अनुसार उस पर्यायमें बने रहना सद्भाव या स्थिति है।

३ उत्पाद व्यय ध्रौव्यस्वभाव अर्थमें अस्तित्व

त सू ५/३० उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्त सत्॥३०॥ =जो उत्पाद व्यय और ध्रौव्य इन तीनोसे युक्त अर्थात् इन तीनो रूप है वह सत है।

प्र सा /मू /९६ सब्भावो हि सहावो गुणेहि सगपज्जएहि चित्तेहि। दव्वस्स सव्वकाल उप्पादव्वयधुवत्तेहि ॥९६॥ =सर्वकालमें गुणो तथा अनेक प्रकारकी अपनी पर्यायोमे और उत्पादव्ययध्रौव्यसे द्रव्यका जो अस्तित्व है वह वास्तवमे स्वभाव है।

प का./त प ५/१४ एकेण पर्यायेण प्रलीयमानस्यान्येनोपजायमानस्यान्वयिना गुणेन ध्रौव्य बिभ्राणस्यैकस्यापि वस्तुन समुच्छेदोत्पादध्रौव्यलक्षणमस्तित्वमुपपद्यत एव। =जिसमे एक पर्यायका विनाश होता है, अन्य पर्यायकी उत्पत्ति होती है तथा उसी समय अन्वयी गुणके द्वारा जो ध्रुव है ऐसी एक वस्तुका उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य रूप लक्षण ही अस्तित्व है।

२. अस्तित्वके भेद

प्र सा /त प्र /९५ अस्तित्व हि वक्ष्यति द्विविध—स्वरूपास्तित्वं सादृश्यास्तित्व चेति। =अस्तित्व दो प्रकारका कहेगे—स्वरूपास्तित्व और सादृश्यास्तित्व।

नि सा /ता वृ /३४ अस्तित्वं नाम सत्ता। सा किंविशिष्टा। सप्रतिपक्षा अवान्तरसत्ता महासत्तेति। अस्तित्व अर्थात् सत्ता। वह कैसी है ? महासत्ता और अवान्तर सत्ता।

३ स्वरूपास्तित्व या अवान्तर सत्ता

प्र सा /मू /९६ इद स्वरूपास्तित्वाभिधानम् (प्र सा /त प्र /उत्थानिका) सब्भावो हि सहावो गुणेहि सगपज्जएहि। चित्तेहि। दव्वस्स सव्वकालं उप्पादव्वयधुवत्तेहि ॥ ९६ ॥ =सर्वकालमे गुण तथा अनेक प्रकारकी अपनी पर्यायोसे और उत्पादव्ययध्रौव्यसे द्रव्यका जो अस्तित्व है वह वास्तवमे स्वभाव है।

प्र सा /त प्र./९७ प्रतिद्रव्य सीमानमासूत्रयता विशेषलक्षणभूतेन च स्वरूपास्तित्वेन लक्ष्यमाणानामपि। =प्रत्येक द्रव्यको सीमाको बाँधते हुए ऐसे विशेषलक्षणभूत स्वरूपास्तित्वसे लक्षित होते है।

प का /त प्र ८ प्रतिनियतवस्तुवर्तिनी स्वरूपास्तित्वसूचिकाऽवान्तरसत्ता। =प्रतिनियतवस्तुवर्ती तथा स्वरूपास्तित्वकी सूचना देनेवाली (अर्थात् पृथक्-पृथक् पदार्थका पृथक्-पृथक् स्वतन्त्र अस्तित्व बतानेवाली) अवान्तरसत्ता है।

नि सा /ता वृ /३४ प्रतिनियतवस्तुव्यापिनी ह्यवान्तरसत्ता,.. प्रतिनियतैकरूपव्यापिनी ह्यवान्तरसत्ता,.. प्रतिनियतैकपर्यायव्यापिनी

ह्यवान्तरसत्ता। =प्रतिनियत वस्तु (द्रव्य) मे व्यापनेवाली या प्रतिनियत एक रूप (गुण) में व्यापनेवाली या प्रतिनियत एक पर्यायमे व्यापनेवाली अवान्तर सत्ता है।

प्र सा/ता वृ ९६/१२६/१७ मुक्तात्मद्रव्यस्य स्वकीयगुणपर्यायोत्पादव्ययध्रौव्यैः सहस्वरूपास्तित्वाभिधानमवान्तरास्तित्वभिन्न व्यवस्थापित। =मुक्तात्मद्रव्यके स्वकीय गुणपर्यायोंका उत्पादव्ययध्रौव्यताके जो स्वरूपास्तित्वका अभिधान या निर्देश है वही अभिन्न रूपमे अवान्तर सत्ता स्थापित की गयी है।

पं ध. १/२६६ अपि चावान्तरसत्ता सद्द्रव्यं सद्गुणश्च पर्याय। सच्चोत्पादश्चसौ सदिति ध्रौव्यं किलेति विस्तार ॥२६६॥ =तथा सत् द्रव्य है, सत् गुण है और सत पर्याय है। तथा सत् ही उत्पाद व्यय है, सत् ही ध्रौव्य है, इस प्रकारके विस्तारका नाम ही निश्चयसे अवान्तर सत्ता है।

४ सादृश्य अस्तित्व या महासत्ता

प्र सा/मू ९७ इदं तु सादृश्यास्तित्वाभिधानमस्तीति कथयति—(उत्थानिका)। इह विविहलक्खणाणं लक्खणमेगं सदिति सव्वगयं। उवदिसदा खलु धम्मं जिणवरवसहेण पण्णत्तं। =यह सादृश्यास्तित्वका कथन है—धर्मका वास्तवमें उपदेश करते हुए जिनवरवृषभने इस विश्वमें विविध लक्षणवाले (भिन्न-भिन्न स्वरूपास्तित्ववाले) सर्वद्रव्योंका 'सत्' ऐसा सर्वगत एक लक्षण कहा है।

प्र. सा/त प्र/९७ स्वरूपास्तित्वेन लक्ष्यमाणानामपि सर्वद्रव्याणामस्तित्वैचित्र्यप्रपञ्चं प्रवृत्त्य वृत्त प्रतिद्रव्यमासूत्रित सीमान मभिन्दत्सदिति सर्वगत सामान्यलक्षणभूत सादृश्यास्तित्वमेक खल्ववबोधव्यम्। =(यद्यपि सर्व द्रव्य) स्वरूपास्तित्वसे लक्षित होते है, फिर भी सर्वद्रव्योंका विचित्रताके विस्तारको अस्त करता हुआ, सर्व द्रव्यों में प्रवृत्त होकर रहनेवाला, और प्रत्येक द्रव्यकी बन्धी हुई सीमाको अवगणना करता हुआ 'सत्' ऐसा जो सर्वगत सामान्यलक्षणभूत सादृश्य अस्तित्व है वह वास्तवमे एक ही जानना चाहिए।

पं का/त प्र./८ सर्वपदार्थसार्थव्यापिनी सादृश्यास्तित्वसूचिका महासत्ता प्रोक्तैव। =सर्वपदार्थ समूहमें व्याप्त होनेवाली सादृश्य अस्तित्वको सूचित करनेवाली महासत्ता कही जा चुकी है।

नि सा/ता वृ/३४ समस्तवस्तुविस्तारव्यापिनी महासत्ता, समस्तव्यापकरूपव्यापिनी महासत्ता, अनन्तपर्यायव्यापिनी महासत्ता। =समस्तवस्तुविस्तारमें व्यापनेवाली, अर्थात् छहो द्रव्यो व उनके समस्त भेद प्रभेदोमे व्यापनेवाली तथा समस्त व्यापक रूपों (गुणो) में व्यापनेवाली तथा अनन्त पर्यायोमे व्यापनेवाली महासत्ता है। (प्र सा/ता वृ. ९७/१३०/१४)

अस्तित्व नय—दे नय I/५।

अस्ति नास्ति भग—दे सप्तभगी/४।

अस्ति नास्ति प्रवाद—दे श्रुतज्ञान III।

अस्तेय—१. भेद व लक्षण

१. अस्तेय का लक्षण

त सू ७/१५/३५२/१२ अदत्तादानं स्तेयम् ॥१५॥

स सि ७/१५/३५३/६ यत्र सक्लेशपरिणामेन प्रवृत्तिस्तत्र स्तेयं भवति बाह्यावस्तुनो ग्रहणे चाग्रहणे च। =बिना दी हुई वस्तुका लेना स्तेय है ॥१५॥ इस कथनका यह अभिप्राय है कि बाह्यवस्तु ली जाय या न ली जाय किन्तु जहाँ सक्लेशरूप परिणाम के साथ प्रवृत्ति होती है, वहाँ स्तेय है।

२. अस्तेय अणुव्रत का लक्षण

र. क. श्रा ५७ निहितं वा पतितं वा सुविस्मृतं वा परस्वमविसृष्टं। न हरति यन्न च दत्ते तदकृशचौर्यादुपारमण। =जो रखे हुए तथा गिरे हुए अथवा भूले हुए अथवा धरोहर रखे हुए परद्रव्यको नही हरता है, न दूसरोको देता है, सो स्थूलचोरीसे विरक्त होना अर्थात् अचौर्याणुव्रत है। (वसु श्रा. २११) (गुणभद्र श्रा. १३५)

स सि ७/२०/३५८/६ अन्यपीडाकरं पार्थिवभयादिवसादवश्यं परित्यक्तमपि यददत्त तत प्रतिनिवृत्तादर श्रावक इति तृतीयमणुव्रतम्। =श्रावक राजाके भय आदिके कारण दूसरेको पीडाकारी जानकर बिना दी हुई वस्तुको लेना यद्यपि छोड देता है तो भी बिना दी हुई वस्तुके लेनेसे उसकी प्रीति घट जाती है इसलिए उसके तीसरा अचौर्याणुव्रत होता है। (रा. वा ७/२०/३/५४७/१०)

का. अ ३३५-३३६ जो बहुमुल्ल वत्थु अप्पयमुल्लेण णेव गिण्हेदि। वीसरियं पि ण गिण्हदि लाहे थोवे वि तूसेदि ॥३३५॥ जो परदव्वं ण हरदि मायालोहेण कोहमाणेण। दिढचित्तो सुद्धमई अणुव्वई सो हवे तिदिओ ॥ ३३६ ॥ =जो बहुमूल्य वस्तुको अल्पमूल्यमें नही लेता, दूसरेकी भूली हुई वस्तुको भी नहीं उठाता, थोडे लाभसे ही सन्तुष्ट रहता है ॥३३५॥ तथा कपट लोभ माया व क्रोधसे पराये द्रव्यका हरण नही करता वह शुद्धमति दृढनिश्चयी श्रावक अचौर्याणुव्रती है ॥३३६॥

सा ध ४/४६ चौरव्यपदेशकरस्थूलस्तेयव्रतो मृतस्वधनात्। परमुदकादेश्चाखिलभोग्यान्न हरेद्ददाति न परस्य ॥४६॥ ='चोरी' ऐसे नामको करनेवाली स्थूल चोरीका है व्रत जिसके ऐसा पुरुष या श्रावक मृत्युको प्राप्त हो चुके पुत्रादिकसे रहित अपने कुटुम्बी भाई वगैरहके धनसे तथा सम्पूर्ण लोगोंके द्वारा भोगने योग्य जल, घास आदि पदार्थोंसे भिन्न अर्थात् इनके अतिरिक्त दूसरेके धनको न तो स्वय ग्रहण करे और न दूसरेके लिए देवे।

३. अस्तेय महाव्रत का लक्षण

नि सा/मू ५८ गामे वा णयरे वा रण्णे वा पेच्छिऊण परमत्थं। जो मुचदि गहणभाव तिदियवदं होदि तस्सेव ॥५८॥ =ग्राममें, नगरमें या वनमें परायी वस्तुको देखकर जो उसे ग्रहण करनेके भावको छोडता है उसको तीसरा (अचौर्य) महाव्रत है।

मू आ ७, २११ गामादिसु पडिदाइं अप्पप्पहुदि परेण संगहिदं। णादाणं परदव्व अदत्तपरिवज्जणं त तु ॥७॥ गामे णगरे रण्णे थूलं सचित्तं बहुसपडिक्खं। तिविहेण वज्जिदव्वं अदिण्णगहणं च तण्णित्तं ॥२११॥ =ग्राम आदिकमें पडा हुआ, भूला हुआ, रखा हुआ इत्यादि रूपसे अल्प भी स्थूल सूक्ष्म वस्तुका दूसरेकर इकट्ठा किया हुआ ऐसे परद्रव्यको ग्रहण नही करना वह अदत्तत्याग अर्थात् अचौर्य महाव्रत है ॥७॥ ग्राम नगर वन आदिमें स्थूल अथवा सूक्ष्म, सचित्त अथवा अचित्त, बहुत अथवा थोडा, भी स्वर्णादि, धन धान्य, द्विपद चतुष्पद आदि परिग्रह बिना दिया मिल जाये तो उसे मन वचन कायसे सदा त्याग करना चाहिए। वह अचौर्य व्रत है ॥२११॥

२. अस्तेय निर्देश

१. अस्तेय अणुव्रतके पाँच अतिचार

त सू ७/२७ स्तेनप्रयोगतदाहृतादानविरुद्धराज्यातिक्रमहीनाधिकमानोन्मानप्रतिरूपकव्यवहारा ॥२७॥ =१. चोरी करनेके उपाय बतलाना, २. चोरीका माल लेना, ३ राज्य नियमोके विरुद्ध ब्लैक मार्केट करना या टैक्स चुङ्गी बचाना, ४ मापने व तोलनेके गज बाट कमती बढती रखना, ५ अधिक मूल्यकी वस्तुमें कम मूल्यकी वस्तु मिलाना—ये पाँच अस्तेयके अतिचार है। (र क श्रा ५८) (अन्य भी श्रावकाचार)

सा ध ४/५०में उद्धृत=यशस्तिलकचम्पू—मानवन्न्यूनताधिक्ये स्तेनकर्म ततो ग्रह। विग्रहे सग्रहोऽर्थस्यास्तेनस्यैते निवर्तका। =जो वस्तु तोलने या मापने योग्य है, उसे देते समय कम तौलकर, लेते समय अधिक तौलकर या अधिक मापकर लेना, चोरी कराना, चोरी के माल लेना, और युद्धके समय पदार्थोंका संग्रह करना—ये पाँच अचौर्याणुव्रतके अतिचार है।

२ महाव्रतीके लिए अस्तेयकी भावनाएँ

भ आ मू १२०८-१२०९ अणणुण्णादग्गहण असगबुद्धी अणुण्णवित्ता वि। एदावि तियउग्गहजायणमध उग्गहाणुस्स ॥१२०८॥वज्जणमणण्णुणादगिहप्पवेसस्स गोयरादीसु। उग्गहजायणमणुवीचिए तहा भावणा तहए ॥१२०९॥ =१. उपकरणोंको उसके स्वामीकी परवानगीके बिना ग्रहण न करना, २ उनकी अनुज्ञासे भी यदि ग्रहण करे तो उनमें आसक्ति न करना, ३ अपने प्रयोजनको बताते हुए कोई वस्तु माँगना, ४ या अपनी मर्जीसे भी यदि दातार देगा तो 'बहु मत्रकी सब ग्रहण कर लूंगा'—ऐसी भावना न करना, ५. ज्ञान व चारित्रमें उपयोगी ही वस्तुएँ या उपकरण ग्रहण करना, अन्य नहीं, तथा अनुपयोगी वस्तुकी याचना न करना ॥१२०८॥ ६ घरके स्वामी द्वारा घरमें प्रवेश की मनाई होनेपर उसके घरमें प्रवेश न करना, ७ आगमसे अविरुद्ध ही संयमोपकरणकी याचना करना—ऐसी ये अचौर्य व्रतकी भावनाएँ है ॥१२०९॥ (मू आ ३३९) (अन ध ४/५७/३४५)।

त सू ७/६ शून्यागारविमोचितावासपरोपरोधाकरणभैक्ष्यशुद्धिसधर्माविसंवादा पञ्च ॥६॥=शून्यागारावास, विमोचित या त्यक्तावास, परोपरोधाकरण अर्थात् दूसरेके आनेमें रुकावट न डालना, भैक्षशुद्धि अर्थात् भिक्ष चर्याकी शुद्धि, सधर्माविसंवाद अर्थात् साधर्मीजनोंसे वाद विवाद न करना ये अचौर्यव्रतकी पाँच भावनाएँ है।

(चा पा. मू. ३३)

अन.ध. ४/५७ में आचार आदि शास्त्रोंसे उद्धृत पृ ३४६ उपादान मतस्यैव मते चासक्त बुद्धिता। गार्ह्यस्यार्थ कृतो लानमितरस्य तु वर्जनम्। अप्रवेशोऽमतेऽगारे गृहिभिर्गोचरादिषु। तृतीये भावना योग्ययाच्ञा सूत्रानुसारत ॥ देहण भावण चावि उग्गह च परिग्गहे। सतुट्ठो भत्तपाणेसु तदिय वदमिस्सदो ॥ =यहाँ दो प्रकारसे पाँच पाँच भावनाएँ बतायी है—एक आचार शास्त्रके अनुसार और दूसरी प्रतिक्रमणशास्त्रके अनुसार। —१ तहाँ आचार शास्त्रके अनुसार तो—१ स्वामीके द्वारा अनुज्ञात तथा योग्य ही वस्तुका ग्रहण करना, २ और अनुमत वस्तुमें भी आसक्त बुद्धि न रखना, ३ तथा जितनेसे अपना प्रयोजन सिद्ध हो जाता हो उतना ही उसको ग्रहण करना बाकीको छोड देना, ४ गोचरादिक करते समय जिस गृहमें प्रवेश करनेकी उसके स्वामीकी अनुमति नहीं है, उसमें प्रवेश न करना, ५ और सूत्रके अनुसार योग्य विषयकी ही याचना करना। २. प्रतिक्रमण शास्त्रके अनुसार—१. शरीरकी अशुचिता या अनित्यता आदिका विचार करना, २. आत्मा और शरीरको भिन्न-भिन्न समझना, ३ परिग्रह निग्रह अर्थात् 'जितने भी चेतन या अचेतन परपदार्थ हैं' उनके सम्पर्क से आत्मा अपने हितसे मूर्च्छित हो जाता है'—ऐसा विचार करना; ४ भक्त सन्तोष अर्थात् विधि पूर्वक जैसा भी भोजन प्राप्त हो जाये उसमें ही सन्तोष धारण करना; ५. पान सन्तोष अर्थात् यथा लब्ध पेय वस्तुके लाभालाभमें सन्तोष रखना, उन दोनों की प्राप्तिके लिए गृद्ध न होना।

म पु. २०/१६३ मितोचिताभ्यनुज्ञातग्रहणान्यग्रहोऽन्यथा। संतोषो भक्तपाने च तृतीयव्रतभावना ॥१६३॥=१ परिमित आहार लेना २. तपश्चरणके योग्य आहार लेना, ३. श्रावकके प्रार्थना करने पर आहार लेना; ४. योग्य विधिके विरुद्ध आहार न लेना, ५. तथा प्राप्त हुए भोजनमें सन्तोष रखना—ये पाँच तृतीय अचौर्यव्रतकी भावनाएँ है ॥१६३॥

३. अणुव्रतीके लिए अस्तेयकी भावनाएँ

स सि.७/१/३४७/८तथास्तेन परद्रव्यहरणासक्त सर्वस्योद्वेजनीयो भवति। इहैव चाभिघातवधबन्धहस्तपादकर्णनासोत्तरौष्ठच्छेदनभेदनसर्वस्वहरणादीन् प्रतिलभते प्रेत्य चाशुभा गति गर्हितश्च भवतीति स्तेयाद् व्युपरति श्रेयसी। एवं हिंसादिष्वपायावद्यदर्शनं भावनीयम। =पर द्रव्यका अपहरण करनेवाले चोरका सब तिरस्कार करते है। इस लोकमें वह ताडना मारना, बाँधना तथा हाथ, पैर, नाक, कान, ऊपरके ओष्ठका छेदना, भेदना और सर्वस्वहरण आदि दुःखोंको और परलोकमें अशुभ गतिको प्राप्त होता है, और गर्हित भी होता है, इसलिए चोरीका त्याग श्रेयस्कर है। इस प्रकार हिंसा आदि दोषोंमें अपाय और अवद्यके दर्शनकी भावना करनी चाहिए।

★ व्रतोंकी भावनाओं सम्बन्धी विशेष विचार—दे. व्रत २।

४. अन्याय पूर्वक ग्रहण करनेका निषेध

कुरल १२/३,६ अन्यायप्रभवं वित्तं मा गृहाण कदाचन वरमस्तु तदादाने लाभेवास्तु सुदूरगम् ॥३॥ नीतिं मन परित्यज्य कुमार्गं यदि धावते। सर्वनाश विजानीहि तदा निकटसंस्थितम् ॥६॥=अन्यायसे उत्पन्न धनको कभी भी ग्रहण न करो। भलेही उससे लाभके अतिरिक्त अन्य वस्तुकी सम्भावना न हो अर्थात् उससे केवल लाभ होना निश्चित हो ॥३॥ जब तुम्हारा मन नीतिको त्याग कुमार्गमें प्रवृत्ति करने लगता है तो समझ लो कि तुम्हारा सर्वनाश निकट ही है ॥६॥

५. चोरीकी निन्दा

भ आ मू ८६५/९८४ पदव्वहरणमेदं आसवदारं खु वेति पावस्स। सोगरियवाहपरदारवेहि चोरोहु पावदरो।=परद्रव्य हरण करना पाप आनेका द्वार है। सूअरका घात करने वाला, मृगादिकोंको पकडनेवाला और परस्त्रीगमन करनेवाला, इनसे भी चोर अधिक पापी गिना जाता है।

६ अस्तेयका माहात्म्य

भ आ मू ८७५-८७६ एदे सव्वे दोसा ण होंति परदव्वहरण-विरदस्स। तव्विवरीदा य गुणा होंति सदा दत्तभोइस्स ॥८७५॥ देविंदरायगहवइदेवदसाहम्मि उग्गहं तुम्हा। उग्गहविहीणा दिण्ण गेण्हसु सामण्णसाहण्यं ॥८७६॥ =उपर्युक्त चोरीका दोष जिसने त्याग किया है, ऐसे महापुरुषमें दोष नहीं रहते है, परन्तु गुण ही उत्पन्न होते है। दिये हुए पदार्थका उपभोग लेनेवाले उस महापुरुषमें अच्छे-अच्छे गुण प्रगट होते है ॥८७५॥ देवेन्द्र, राजा, गृहस्थ, राजाधिकारी, देवता और साधर्मिक साधु—इन्हींसे योग्य विधिसे दिया हुआ, मुनिपनाको सिद्धि करनेवाला, जिससे ज्ञानकी सिद्धि व संयमकी वृद्धि होगी, ऐसा पदार्थ हे क्षपक! तू ग्रहण कर ॥८७६॥

७ चोरीके निषेधका कारण

ला सं. २/१६८-१७० ततोऽवश्य हि पाप. स्यात्परस्वहरणे नृणाम्। यादृशं मरणे दुःखं तादृशं द्रविणक्षितौ ॥१६८॥ एवमेतत्परिज्ञाय दर्शनश्रावकोत्तमै। कर्त्तव्या न मतिः क्वापि परदारधनादिषु ॥१६९॥ आस्तां परस्वस्वीकारोद्यद् दुःखं नारकादिषु। यदत्रैव भवेद् दुःखं तद्वर्त्तुं क. क्षमो नर. ॥१७०॥=चोरी करनेवाले पुरुषको अवश्य महापाप उत्पन्न होता है, क्योंकि, जिसका धन हरण किया जाता है उसको जैसा मरनेमें दुःख होता है वैसा ही दुःख धनके नाश हो जानेपर होता है ॥१६८॥ उपरोक्त प्रकार चोरीके महादोषोंको समझकर दर्शनप्रतिमा धारण करनेवाले उत्तम श्रावकको दूसरेकी स्त्री वा दूसरेका धन हरण करनेके लिए कभी भी अपनी बुद्धि नहीं करनी चाहिए ॥१६९॥ दूसरेका धन हरण करनेसे वा चोरी करनेसे जो नरक आदि दुर्गतियोंमें महादुःख होता है वह तो होता ही है किन्तु ऐसे लोगोंको इस जन्ममें ही जो दुःख होते है उनको भी कोई मनुष्य कह नहीं सकता ॥१७०॥

★ चोरीका हिंसामें अन्तर्भाव—दे अहिंसा ३।

८. मार्गमें पड़ी वस्तु मिलनेपर कर्तव्य

मू आ १५७ ज तेण तल्लद्धं सच्चित्ताचित्तमिस्सय दव्वं। तस्स य सो आहरिओ अरिहदि एवंगुणो सोवि ॥१५७॥ =चलते समय मार्गमें शिष्यादि चेतन, पुस्तकादि अचेतन और पुस्तकसहित शिष्यादि मिश्र ये पदार्थ मिल जाँय तो आगे जानेवाले गुणवान् आचार्य ही

उन पदार्थोंके योग्य है अर्थात उनको उठाकर आचार्यके समीप ले जावे।

कुरल १२/१ इदं हि न्यायनिष्ठत्व यन्निष्पक्षतया सदा। न्याय्यो भागो हृदादेयो मित्र य रिपवेऽथवा ॥१॥=न्यायनिष्ठाका सार केवल इसमें है कि मनुष्य निष्पक्ष होकर धर्मशीलताके साथ दूसरेके देय अशको दे देवे, फिर चाहे लेनेवाला शत्रु हो या मित्र।

३. शंका समाधान

१. कर्मादि पुद्गलोंके ग्रहणमें भी दोष लगेगा

स सि ७/१५/३५२/१२ यद्येव कर्मनोकर्मग्रहणमपि स्तेय प्राप्नोति, अन्येनादत्तत्वात्। नैषदोष, दानादाने यत्र सम्भवतस्तत्रैव स्तेयव्यवहार.। कुत, अदत्तग्रहणसामर्थ्यात्।=प्रश्न—यदि स्तेयका पूर्वोक्त (अदत्तादान) अर्थ किया जाता है तो कर्म और नोकर्मका ग्रहण करना भी स्तेय ठहरता है, क्योकि, ये किसीके द्वारा दिये नही जाते? उत्तर—यह कोई दोष नहीं है, क्योकि, जहाँ देना और लेना सम्भव है वहीं स्तेय का व्यवहार होता है॥ प्रश्न—यह अर्थ किस शब्दसे फलित होता है? उत्तर—सूत्रमें दिये गये 'अदत्त' शब्द से।

(रा वा ७,१५/१-३/५४२/१५)

२ पुण्योपार्जन प्रशस्त चोरी कहलायेगा

रा.वा. ७/१५/८/५४३/१ स्यान्मतम् वन्दनाक्रियासम्बन्धेन धर्मोपचये सति प्रशस्तं स्तेय प्राप्नोति, तन्न, कि कारणम्। उक्तत्वात्। उक्तमेतत्—दानादानसभवो यत्र तत्र स्तेयप्रसंग इति।=प्रश्न—वन्दना सामायिक आदि क्रियाओके द्वारा पुण्यका संचय साधु बिना दिया हुआ ही ग्रहण करता है, अत उसको प्रशस्त चोर कहना चाहिये? उत्तर—यह आशका निर्मूल है, क्योकि, यह पहले ही कह दिया गया है कि जहाँ लेन देनका व्यवहार होता है वही चोरी है।

३. शब्द ग्रहण व नगरद्वार प्रवेशसे साधुको दोष लगेगा

रा वा, ७/१५/७ ५४३ स्यादेतत्—शब्दादिविषयस्याद्वारादीन्यदत्तानि आददानस्य भिक्षो स्तेय प्राप्नोतीति। तन्न, कि कारणम्। अप्रमत्तत्वात्। दत्तमेव वा तत्सर्वम्। तथा हि अय पिहितद्वारादीन् न प्रविशति।=प्रश्न—इन्द्रियोके द्वारा शब्दादि विषयोको ग्रहण करने मे तथा नगरके दरवाजे आदिको बिना दिये हुए प्राप्त करनेसे साधुको चोरीका दोष लगना चाहिए? उत्तर—यत्नवान अप्रमत्त और ज्ञानी साधुको शास्त्र दृष्टिसे आचरण करनेपर शब्दादि सुननेमें चोराका दोष नहीं है, क्योकि, वे सब वस्तुएँ तो सबके लिए दी ही गयी है, अदत्त नही है। इसीलिए उन दरवाजोमें प्रवेश नही करता जो सार्वजनिक नही है या बन्द है। (स.सि ७/१५/३५३/२)

अस्थि—१. औदारिक शरीरोंमें अस्थियोका प्रमाण—दे औदारिक १/७, २ इनमें षट्काल कृत वृद्धि हास—दे. काल ४।

अस्थिर—दे स्थिर।

अस्नान—साधुका एक मूलगुण -दे स्नान।

अहंकार—त अनु १५ये कर्मकृताभावा परमार्थनयेन चात्मनोभिन्ना। तत्रात्माभिनिवेशोऽहकारोऽह यथा नृपतिः ॥१५॥=कर्मोके द्वारा निर्मित जो पर्याये है और निश्चयनयसे आत्मासे भिन्न है, उसमे आत्माका जो मिथ्या आरोप है, उसका नाम अहकार है जैसे मै राजा हूँ।

प्र सा ता वृ १४/१४ मनुष्यादिपर्यायरूपोऽहमित्यहकारो भण्यते।=मनुष्यादि पर्यायरूप ही मै हूँ' ऐसा कहना अहंकार है।

द्र स, टी, ४१/१६६/१ कर्मजनितदेहपुत्रकलत्रादौ ममेदमिति ममकारस्तत्रैवाभेदेन गौरस्थूलादिदेहोऽहं राजाऽहमित्यहकारलक्षणमिति।=कर्मोसे उत्पन्न जो देह, पुत्र, स्त्री आदिमें 'यह मेरा शरीर है, यह मेरा पुत्र है', इस प्रकारकी जो बुद्धि है वह ममकार है, और उन शरीरादिमे अपनी आत्मासे अभेद मानकर जो 'मै गौर वर्णका हूँ, मोटे शरीर वाला हूँ, राजा हूँ,' इस प्रकार मानना सो अहंकारका लक्षण है।

अहंक्रिया—म स्तो टी १२/२६ अहमस्य सर्वस्य स्त्र्यादिविषयस्य स्वामिति क्रिया अहक्रिया।—'मै इस स्त्री आदि समस्त विषयोका स्वामी हूँ' इस प्रकारकी क्रियाको अहक्रिया कहते है।

अहमिन्द्र—दे इन्द्र।

अहिंसा—जैन धर्म अहिंसा प्रधान है, पर अहिंसाका क्षेत्र इतना सकुचित नही है जितना कि लोकमें समझा जाता है इसका व्यापार बाहर व भीतर दोनो ओर होता है। बाहरमें तो किसी भी छोटे या बडे जीवको अपने मनसे या वचनसे या कायसे, किसी प्रकारकी भी हीन या अधिक पीडा न पहुँचाना तथा उसका दिल न दुखाना अहिंसा है, और अन्तरगमें राग द्वेष परिणामोसे निवृत्त हो कर साम्यभावमें स्थित होना अहिंसा है। बाह्य अहिंसाको व्यवहार और अन्तरगको निश्चय कहते है। वास्तवमें अन्तरगमें आशिक समता आये बिना अहिंसा सम्भव नही, और इस प्रकार इसके अतिव्यापक रूपमें सत्य अचौर्य ब्रह्मचर्य आदि सभी सद्गुण समा जाते है। इसीलिए अहिंसाको परम धर्म कहा जाता है। जल थल आदिमे सर्वत्र ही क्षुद्र जीवोका सद्भाव होनेके कारण यद्यपि बाह्य में पूर्ण अहिंसा पलनी असम्भव है पर यदि अन्तरगमें साम्यता और बाहरमें पूरा-पूरा यत्नाचार रखनेमें प्रमाद न किया जाय तो बाह्य जीवोके मरने पर भी साधक अहिंसक ही रहता है।

१. अहिंसा निर्देश

★ निश्चय अहिंसाका लक्षण—दे अहिंसा ३/१।

१. अहिंसा अणुव्रतका लक्षण

र क श्रा ५३ सकल्पात कृतकारितमननाद्योगत्रयस्य चरसत्वान्। न हिनस्ति यत्तदाहु स्थूलवधाद्विरमण निपुण ॥५३॥=मन,वचन,कायके सकल्पसे और कृत, कारित, अनुमोदनासे त्रस जीवोको जो नहीं हनता, उस क्रियाको गणधरादिक निपुण पुरुष स्थूल हिंसासे विरक्त होना अर्थात् अहिंसाणुव्रत कहते है। (स सि ७/२०/३५८/७), (रा.वा. ७/२०/१/५४७/६), (सा ध ४/७)।

वसु.श्रा २०६ जे तसकाया जीवा पुव्वुद्दिट्ठा ण हिंसियव्वा ते। एइंदिया वि णिक्कारणेण पढम वयं थूलं ॥२०६=जो त्रस जीव पहिले बताये गये है, उन्हे नही मारना चाहिए और निष्कारण अर्थात् बिना प्रयोजन एकेन्द्रिय जीवोको भी नही मारना चाहिए। यह पहिला स्थूल अहिंसा व्रत है। (सा ध, ४/१०)

का अ/मू ३३१-३३२ जो वावरेइ सदओ अप्पाणसमं परं पि मण्णंतो। णिंदण गरहण-जुत्तो परिहरमाणो महारंभे ॥३३१॥ तसघादं जो ण करदि मणवयकाएहि णेव कारयदि। कुव्वत पि ण इच्छदि पढमवयं जायदे तस्स ॥३३२॥=जो श्रावक दयापूर्ण व्यापार करता है, अपने ही समान दूसरोको मानता है, अपनी निन्दा और गर्हा करता हुआ महा आरम्भको नही करता ॥३३१॥ तथा जो मन, वचन व कायसे त्रस जीवोका घात न स्वय करता है, न दूसरोसे कराता है और न दूसरा करता हो उसे अच्छा मानता है, उस श्रावकके प्रथम अहिंसाणुव्रत होता है।

२. अहिंसा महाव्रतका लक्षण

मू आ, ५,२८६ काये दियगुणमग्गण कुलाउजोणीसु सव्वजीवाण। णाऊण य ठाणादिसु हिंसादिविवज्जणमहिंसा ॥५॥ एइंदियादिपाणा पंचविधा-वज्जभीरुणा सम्म। ते खलु ण हिंसितव्वा मणवचिकायेण सव्वत्थ ॥२८६॥=काय, इन्द्रिय, गुणस्थान, मार्गणास्थान, कुल, आयु, योनि—इनमें सब जीवोको जानकर कायोत्सर्गादि क्रियाओंमें हिंसा आदिका त्याग करना अहिंसा महाव्रत है ॥५॥ सब देश और सब

कालमें मन वचन कायसे एकेंद्रियसे लेकर पंचेन्द्रिय प्राणियोंके प्राण पाँच प्रकारके पापोंसे डरनेवालेको नहीं घातने चाहिए, अर्थात् जीवोंकी रक्षा करना अहिंसाव्रत है ॥२८६॥ (नि.सा./मू. ५६)

३. अहिंसाणुव्रतके पाँच अतिचार

ता.सू. ७/२५ बन्धवधच्छेदातिभारारोपणान्नपाननिरोधाः ।=बन्ध, वध, छेद, अतिभारारोपण, अन्नपानका निरोध, ये अहिंसाणुव्रतके पाँच अतिचार हैं।

सा.ध. ४/१६ मन्त्रादिनापि बंधादिः कृतो रज्ज्वादिबन्मल । तत्तथा यत्नीय स्यान्न यथा मलिन व्रत ॥१६॥=मन्त्रादिके द्वारा भी किया गया बन्धनादिक रस्सी वगैरहसे किये गये बन्धकी तरह अतिचार होता है। इसलिए उस प्रकारसे यत्न पूर्वक प्रवृत्ति करनी चाहिए, जिस प्रकारसे कि व्रत मलिन न होवे।

४. अहिंसा महाव्रतकी भावनाएँ

त.सू. ७/४ वाङ्मनोगुप्तीर्यादाननिक्षेपणसमित्यालोकितपानभोजनानि पञ्च ॥४॥=वचनगुप्ति, मनोगुप्ति, ईर्यासमिति, आदाननिक्षेपणसमिति और आलोकित पान भोजन (अर्थात् देख शोधकर भोजन पान ग्रहण करना) ये अहिंसाव्रतकी पाँच भावनाएँ हैं। (मू.आ. ३३७), (चा.पा./मू. ३१)

५. अहिंसा अणुव्रतकी भावनाएँ

स.सि. ७/६ ३४७/३ हिंसाया तावत् हिंस्रो हि नित्योद्वेजनीय सततानुबद्धवैरश्च इह च वधबन्धपरिक्लेशादीन् प्रतिलभते प्रेत्य चाशुभां गतिं गर्हितश्च भवतीति हिंसाया व्युपरम श्रेयान्। एवं हिंसादिष्वपायावद्यदर्शनं भावनीयम्।=हिंसामें यथा—हिंसक निरन्तर उद्वेजनीय है' वह सदा वैरको बाँधे रहता है, इस लोकमें वध, बन्ध और क्लेश आदिको प्राप्त होता है, तथा परलोकमें अशुभ गतिको प्राप्त होता है, और गर्हित भी होता है, इसलिए हिंसाका त्याग श्रेयस्कर है। इस प्रकार हिंसादि दोषोंमें अपाय और अवद्यके दर्शनकी भावना करनी चाहिए।

★ व्रतोंकी भावना व अतिचार—दे व्रत २।

★ साधुजन पशु पक्षियोंका मार्ग छोड़कर गमन करते हैं —दे. समिति १/३

२. निश्चय अहिंसाकी कथंचित् प्रधानता

१. प्रमाद व रागादिका अभाव ही अहिंसा है

भ.आ./मू. ८०३,८०६ अत्ता चेव अहिंसा अत्ता हिंसत्ति णिच्छओ समये। जो होदि अप्पमत्तो अहिंसगो हिंसगो इदरो ॥८०३॥ जदि सुद्धस्स य बंधो होहिदि बाहिरगवत्थुजोगेण। णत्थि दु अहिंसगो णाम होदि वायवादिबधहेदु ॥८०६॥=आत्मा ही हिंसा है और वह ही अहिंसा है, ऐसा जिनागममें निश्चय किया है। अप्रमत्तको अहिंसक और प्रमत्तको हिंसक कहते हैं ॥८०३॥ यदि रागद्वेष रहित आत्माको भी बाह्य वस्तुमात्रके सम्बन्धसे बन्ध होगा, तो 'जगत्में कोई भी अहिंसक नहीं है', ऐसा मानना पड़ेगा, क्योंकि, मुनि जन भी वायुकायिकादि जीवोंके वधके हेतु हैं ॥८०६॥

स.सि. ७/२२/३६३/१० पर उद्धृत—रागादीणमणुप्पा अहिंसगत्तं त्ति देसिदं समये। तेसिं चे उप्पत्ती हिंसेत्ति जिणेहि णिद्दिट्ठा।=शास्त्रमें यह उपदेश है कि रागादिकका नहीं उत्पन्न होना अहिंसा है। तथा जिनदेवने उनकी उत्पत्तिको हिंसा कहा है। (क.पा./पु. १/१/४२/१०२) (पु.सि.उ. ४४) (अन.ध. ४/२६)

ध./पु. १४/५,६ ६३/५/६० स्वय ह्यहिंसा स्वयमेव हिंसनं न तत्पराधीनमिह द्वयं भवेत्। प्रमादहीनोऽत्र भवत्यहिंसक प्रमादयुक्तस्तु सदैव हिंसक ॥५॥=अहिंसा स्वयं होती है और हिंसा भी स्वय ही होती है। यहाँ ये दोनों पराधीन नहीं है। जो प्रमाद रहित है वह अहिंसक है और जो प्रमाद युक्त है वह सदा हिंसक है।

प्र.सा./त.प्र. २१७-२१८ अशुद्धोपयोगसद्भावस्य मुनिश्चितहिंसाभावप्रसिद्धेस्तथा तद्विनाभाविना प्रयत्नाचरेण प्रसिद्धयदशुद्धोपयोगासद्भावपरस्य परप्राणव्यपरोपसद्भावेऽपि बन्धाप्रसिद्धया मुनिश्चितहिंसाऽभावप्रसिद्धेश्चान्तरङ्ग एव छेदो बलीयान् न पुनर्बहिरङ्ग ॥२१७॥ यदशुद्धोपयोगासहभाव निरुपलेपत्वप्रसिद्धेरहिंसक एव स्यात् ॥२१८॥=अशुद्धोपयोगका सद्भाव जिसके पाया जाता है उसके हिंसाके सद्भावकी प्रसिद्धि सुनिश्चित है, और इस प्रकार जो अशुद्धोपयोगके बिना होता है ऐसे प्रयत आचारसे प्रसिद्ध होनेवाला अशुद्धोपयोगका असद्भाव जिसके पाया जाता है उसके परप्राणोंके व्यपरोपके सद्भावमें भी बन्धकी अप्रसिद्धि होनेसे हिंसाके अभावकी प्रसिद्धि सुनिश्चित है अत अन्तरंग छेद ही विशेष बलवान है बहिरंग नहीं ॥२१७॥ अशुद्धोपयोगका असद्भाव अहिंसक ही है, क्योंकि उसे निर्लेपत्वकी प्रसिद्धि है ॥२१८॥ (नि.सा./ता.वृ. ५६) (अन.ध. ४/२३)

पु.सि.उ. ५१ अविधायापि हि हिंसा हिंसाफलभाजन भवत्येकः। कृत्वाप्यपरो हिंसां हिंसाफलभाजन न स्यात्।=निश्चय कर कोई जीव हिंसाको न करके भी हिंसा फलके भोगनेका पात्र होता है और दूसरा हिंसा करके भी हिंसाके फलको भोगनेका पात्र नहीं होता है, अर्थात् फलप्राप्ति परिणामोंके आधीन है, बाह्य हिंसाके आधीन नहीं।

२. निश्चय अहिंसाके बिना अहिंसा सम्भव नहीं

नि.सा./ता.वृ. ५६ तेषां मृतिर्भवतु वा न वा, प्रयत्नपरिणाममन्तरेण सावद्यपरिहारो न भवति।=उन (बाह्य प्राणियों) का मरण हो या न हो, प्रयत्नरूप परिणामके बिना सावद्यपरिहार नहीं होता।

प्र.प्र./टी. २/६८ अहिंसालक्षणो धर्मः, सोऽपि जीवशुद्धभाव बिना न सभवति।=धर्म अहिंसा लक्षणवाला है, और वह अहिंसा जीवके शुद्ध भावोंके बिना सम्भव नहीं।

३. परकी रक्षा आदि करनेका अहंकार अज्ञान है

स.सा./मू. २५३ जो अप्पणा दु मण्णदि दुक्खिदसुहिदे करेमि सत्ते त्ति। सो मूढो अण्णाणी णाणी एतो दु विवरीदो।=जो यह मानता है कि अपने द्वारा मैं (पर) जीवोंको दुखी सुखी करता हूँ, वह मूढ (मोही) है, अज्ञानी है और जो इससे विपरीत है वह ज्ञानी है। (यो.सा./अ. ४/१२)

४. अहिंसा सिद्धान्त स्वरक्षार्थ है न कि पररक्षार्थ

प.ध./उ. ७५६ आत्मेतराङ्गिनामङ्गरक्षण यन्मत स्मृतौ। तत्पर स्वात्मरक्षाया कृतेनात परत्र तत् ॥१५६॥=इसलिए जो आगममें स्व और अन्य प्राणियोंकी अहिंसाका सिद्धान्त माना गया है, वह केवल स्वात्म रक्षाके लिए ही है, परके लिए नहीं।

३. अहिंसा व्रतकी कथंचित् प्रधानता

१. अहिंसा व्रतका माहात्म्य

भ.आ./मू. ८२२ पाणो वि पाडिहेर पत्तो छड्डो वि ससुमारहदे। एगेण एक्कदिवसक्कदेण हिंसावदगुणेण।=स्वल्प काल तक पाला जानेपर भी यह अहिंसा व्रत प्राणीपर महान् उपकार करता है। जैसे कि शिशुमार ह्रदमें फेंके चाण्डालने अल्पकाल तक ही अहिंसाव्रत पालन किया था। वह इस व्रतके माहात्म्यसे देवोंके द्वारा पूजा गया।

ज्ञा. ८/३२ अहिंसैव जगन्मातादेवानन्दपद्धतिः। अहिंसैव गतिः साध्वी श्रीरहिंसैव शाश्वती ॥३२॥=अहिंसा ही तो जगत्की माता है क्योंकि समस्त जीवोंका परिपालन करनेवाली है; अहिंसा ही आनन्दकी सन्तति है, अहिंसा ही उत्तम गति और शाश्वती लक्ष्मी है। जगत्में जितने उत्तमोत्तम गुण है वे सब इस अहिंसा ही में है।

अ.ग.श्रा. ११/५ चामीकरमयीमुर्वीं ददानः पर्वतैः सह। एकजीवाभयं नून ददानस्य समः कृतः ॥५॥=पर्वतोंसहित स्वर्णमयी पृथिवीका

दान करनेवाला भी पुरुष, एक जीवकी रक्षा करनेवाले पुरुषके समान कहाँसे हो सकता है।

भा पा./टी १३४/२८३ पर उद्धृत "एका जीवदयैकत्र परत्र सकला क्रिया'। परं फलं तु सर्वत्र कृषेश्चिन्तामणेरिव ॥१॥ आयुष्मान् सुभग' श्रीमान् सुरूप कीर्तिमान्नर'। अहिंसाव्रतमाहात्म्यादेकस्मादेव जायते ॥२॥ =एक जीवदयाके द्वारा ही चिन्तामणिकी भाँति अन्य सकल धार्मिक क्रियाओंके फलकी प्राप्ति हो जाती है ॥१॥ आयुष्मान् होना, सुभगपना, धनवानपना, सुन्दर रूप, कीर्ति आदि ये सब कुछ मनुष्यको एक अहिंसा व्रतके माहात्म्यसे ही प्राप्त हो जाते हैं ॥२॥

२. सर्व व्रतोंमें अहिंसाव्रत ही प्रधान है

भ.आ /मू ७८४-७९० णत्थि अणूदो अप्पं आयासादो अणूणयं णत्थि। जह तह जाण महल्लं ण वयमहिंसासमं अत्थि ॥७८४॥ सव्वेसिमासमाणं हिदयं गब्भो व सव्वसत्थाणं। लव्वेसि वदगुणाणं पिंडो सारो अहिंसा हु ॥७९०॥ =इस जगत्में अणुसे छोटी दूसरी वस्तु नहीं है और आकाशसे भी बड़ी कोई चीज नहीं है। इसी प्रकार अहिंसा व्रतसे दूसरा कोई बड़ा व्रत नहीं है ॥७८४॥ यह अहिंसा सर्व आश्रमोंका हृदय है, सर्व शास्त्रोंका गर्भ है और सर्व व्रतोंका निचोड़ा हुआ सार है ॥७९०॥

कुरल ३२/३ अहिंसा प्रथमो धर्म सर्वेषामिति सम्मति। ऋषिभिर्बहुधा गीत सूनृत तदनन्तरम् ॥३॥ =अहिंसा सब धर्मोंमें श्रेष्ठ है। ऋषियोंने प्राय उसकी महिमाके गीत गाये हैं। सचाईकी श्रेणी उसके पश्चात् आती है।

स सि, ७/१/२४३/४ तत्र अहिंसा व्रतमादौ क्रियते प्रधानत्वात्। सत्यादीनि हि तत्परिपालनार्थादीनि सस्यस्य वृत्तिपरिक्षेपवत्। =इन पाँचों व्रतोंमें अहिंसा व्रतको (सूत्रकारने) प्रारम्भमें रखा है, क्योंकि वह सबमें मुख्य है। धान्यके खेतके लिए जैसे उसके चारों ओर काँटोंका घेरा होता है उसी प्रकार सत्यादिक सब व्रत उसकी रक्षाके लिए हैं। (रा वा, ७/१/६/५३४/१)

पु सि,उ ४२ आत्मपरिणामहिंसनं हेतुत्वात्सर्वमेव हिंसैतत्। अनृतवचनादि केवलमुदाहृत शिष्यबोधाय ॥४२॥ =आत्म परिणामोंका हनन करनेमें असत्यादि सब हिंसा ही है। असत्य वचन आदि ग्रहण तो केवल शिष्य जनोंको उस हिंसाका बोध करानेमात्रके लिए है।

ज्ञा ८/७,३०,३१,४२ सत्याद्युच्चरति शैर्यमजातनिबन्धनम्। शीलैश्चर्याविधिष्ठानमहिंसाख्य महाव्रतम् ॥७॥ एतत्समयसर्वस्वमेतत्सिद्धान्तजीवितम्। यज्जन्तुजातरक्षार्थं भावशुद्धया दृढ व्रतम् ॥३०॥ श्रूयते सर्वशास्त्रेषु सर्वेषु समयेषु च। अहिंसालक्षणो धर्म. तद्विपक्षश्च पातकम् ॥३१॥ तप श्रुतमयज्ञानध्यानदानादिकर्मणा। सत्यशीलव्रतादीनामहिंसा जननी मता ॥४२॥ =अहिंसा महाव्रत सत्यादिक अगले ४ महाव्रतोंका तो कारण है, क्योंकि वे बिना अहिंसाके नहीं हो सकते। और शीलादि उत्तर गुणोंकी चर्याका स्थान भी अहिंसा ही है ॥७॥ वही तो समय अर्थात् उपदेशका सर्वस्व है, और वही सिद्धान्तका रहस्य है, जो जीवोंके समूहकी रक्षाके लिए हो। एव वही भाव शुद्धिपूर्वक दृढव्रत है ॥३०॥ समस्त मतोंके शास्त्रोंमें यही सुना जाता है, कि अहिंसा लक्षण तो धर्म है और इसका प्रतिपक्षी हिंसा करना ही पाप है ॥३१॥ तप, श्रुत, यम, ज्ञान, ध्यान और दान करना तथा सत्य, शील व्रतादिक जितने भी उत्तम कार्य हैं उन सबकी माता एक अहिंसा ही है ॥४२॥ (ज्ञा ९/२)

३. व्रतके बिना अहिंसक भी हिंसक है

पु सि. उ, ४८ हिंसायामविरमणं हिंसापरिणमनमपि भवति हिंसा। तस्मात्प्रमत्तयोगे प्राणव्यपरोपणं नित्यम् ॥४८॥ =हिंसामें विरक्त न होना हिंसा है और हिंसारूप परिणमना भी हिंसा होती है। इसलिए प्रमादके योगमें निरन्तर प्राण घातका सद्भाव है।

प्र.सा /त.प्र. २१७ प्राणव्यपरोपसद्भावे तदसद्भावे वा तदविनाभाविनाप्रयत्नाचारेण प्रसिद्धयदशुद्धोपयोगसद्भावस्य सुनिश्चितहिंसाभावप्रसिद्धे। =प्राणके व्यपरोपका सद्भाव हो या असद्भाव, जो अशुद्धोपयोगके बिना नहीं होता ऐसे अप्रयत आचारसे प्रसिद्ध होनेवाला अशुद्धोपयोग जिसके पाया जाता है उसके हिंसाके सद्भावकी प्रसिद्धि सुनिश्चित है।

४. निश्चय व्यवहार अहिंसा समन्वय

१. सर्वत्र जीवोंके सद्भावमें अहिंसा कैसे पले

भ.आ /मू १०१२-१०१३ कध चरे कध चिट्ठे कधमासे कध सये। कध भुंजेज्ज भासेज्ज कध पावं ण बज्झदि ॥१०१२॥ जदं चरे जदं चिट्ठे जदमासे जदं सये। जदं भुंजेज्ज भासेज्ज एवं पावं ण बज्झई ॥१०१३॥ =प्रश्न—इस प्रकार कहे गये क्रमकर जीवोंसे भरे इस जगत में साधु किस तरह गमन करे, कैसे तिष्ठे, कैसे बैठे, कैसे सोये, कैसे भोजन करे, कैसे बोले, कैसे पापसे न बन्धे? उत्तर—यत्नाचारसे गमन करे, यत्नसे तिष्ठे, पीछीसे शोधकर यत्नसे बैठे, शोधकर रात्रिमें यत्नसे सोवे, यत्नसे दोष रहित आहार करे, भाषा समितिपूर्वक यत्नसे बोले। इस प्रकार पापसे नहीं बन्ध सकता।

रा.वा, ७/१३/१२/५४१/५ में उद्धृत—जले जन्तु' स्थले जन्तुराकाशे जन्तुरेव च। जन्तुमालाकुले लोके कथं भिक्षुरहिंसक। सोऽत्रावकाशं न लभते। भिक्षार्ज्ञानध्यानपरायणस्य प्रमत्तयोगाभावात्। किंच सूक्ष्मस्थूलजीवाभ्युपगमात्। सूक्ष्मा न प्रतिपीड्यन्ते प्राणिन स्थूलमूर्तय। ये शक्यास्ते विवर्ज्यन्ते का हिंसा संयतात्मनः। =प्रश्न—जलमें, स्थलमें और आकाशमें सब जगह जन्तु ही जन्तु है। इस जन्तुमय जगतमें भिक्षु अहिंसक कैसे रह सकता है" उत्तर—इस शंकाको यहाँ अवकाश नहीं है, क्योंकि, ज्ञानध्यानपरायण अप्रमत्त भिक्षुको मात्र प्राणवियोगसे हिंसा नहीं होती। दूसरी बात यह है कि जीव भी सूक्ष्म व स्थूल दो प्रकारके है। उनमें जो सूक्ष्म है वे तो न किसीसे रुकते है, और न किसीको रोकते है, अत उनकी तो हिंसा होती नहीं है। जो स्थूल जीव है उनकी यथा शक्ति रक्षा की जाती है। जिनका हिंसाका रोकना शक्य है उसे प्रयत्न पूर्वक रोकनेवाले संयतके हिंसा कैसे हो सकती है।

सा ध ४/२२-२३ कषायविकथानिद्राप्रणयाक्षविनिग्रहात्। नित्योदयां दया कुर्यात्पापध्वान्तरविप्रभां ॥२२॥ विष्वग्जीवचिते लोके क्व चरन् कोऽप्यमोक्ष्यत। भावैकसाधनौ बन्धमोक्षौ चेन्नाभविष्यता ॥२३॥ =अहिंसाणुव्रतको निर्मल करनेकी इच्छा रखनेवाला श्रावक कषाय, विकथा, निद्रा, मोह, और इन्द्रियोंके विधिपूर्वक निग्रह करनेसे पापरूपी अन्धकारको नष्ट करनेके लिए सूर्यकी प्रभाके समान, तथा नित्य है उदय जिसका, ऐसी दयाको करो ॥२२॥ यदि परिणाम ही है एक प्रधान कारण जिनका ऐसे बन्ध और मोक्ष न होते, अर्थात् यदि बन्ध और मोक्षके प्रधान कारण परिणाम या भाव न होते तो चारों तरफसे जीवोंके द्वारा भरे हुए संसारमें कहींपर भी चेष्टा करनेवाला कोई भी मुमुक्षु पुरुष मोक्षको प्राप्त न कर सकता।

२. निश्चय अहिंसाको अहिंसा कहनेका कारण

प.प्र /टी २/१२५ रागाद्यभावो निश्चयेनाहिंसा भण्यते। कस्मात्। निश्चयशुद्धचैतन्यप्राणस्य रक्षाकारणात्। =रागादिके अभावको निश्चयसे अहिंसा कहते है, क्योंकि, यह निश्चय शुद्ध चेतन्यप्राणकी रक्षाका कारण है।

★ अन्तरंग व बाह्य हिंसाका समन्वय —दे. हिंसा

अहित—अहित सम्भाषणकी इष्टता अनिष्टता। —दे. सत्य/२

अहींद्र—मध्य लोकमें द्विचरम् सागर व द्वीप। —दे. लोक ५/१

अहेतुमत्—पु पा./पं जयचन्द/६ जो सर्वकी आज्ञा हो करि केवल प्रमाणता मानिए सो अहेतुमत है।

अहेतु समा—न्या सू./मू व भा. ५०१/१८ त्रैकाल्यासिद्धे र्हेतोरहेतुसम ॥१८॥ हेतु साधन तत्साध्यात् पश्चात्सह वा भवेत। यदि पूर्व साधनमस्ति असति साध्ये कस्य साधनम्। अथ पश्चात्, असति साधने कस्येद साध्यम्। अथ युगपत्साध्यसाधने। द्वयोर्विद्यमानयो' कि कस्य साधनं कि कस्य साध्यमिति हेतुरहेतुना न विशिष्यते। अहेतुना साधर्म्यात् प्रत्यवस्थानमहेतुसम'।=तीनो कालमें वृत्तिताके असिद्ध हो जानेसे अहेतुसमा जाति होती है। अर्थात् साध्यस्वरूप अर्थके साधन करनेमें हेतुका तीनो कालोमें वर्तना नही बननेसे प्रत्यवस्थान देनेपर अहेतुसमा जाति होती है। जैसे—हेतु क्या साध्य से पूर्वकालमें वर्तता है, अथवा क्या साध्यसे पश्चात उत्तरकालमें वर्तता है अथवा क्या दोनो साथ-साथ वर्तते है। प्रथम पक्षके अनुसार साधनपना नही बनता क्योकि साध्य अर्थके बिना यह किसका साधन करेगा। द्वितीय पक्षमे साध्यपना नहीं बनता, क्योकि साधन अभावमें वह किसका साध्य कहलायेगा। तृतीय पक्षमे किसी एक विवक्षितमें ही साधन या साध्यपना युक्त नही होता, क्योंकि, ऐसी अवस्थामे किसको किसका साधन कहे और किसको किसका साध्य। (श्लो.वा ४/न्या ३६५/५१४/१६)

अहोरात्रि—काल प्रमाणका एक भेद। —दे. गणित I/१/४।

[आ]

आंत—दे अंतडी।

आंतरा—न्या.वि./वृ १/१३/२०१/२६ अन्तश्चेतसि भवा आन्तरा'। =अन्तरगमें होवे सो आन्तरा है।

आंदोलन करण—दे अश्वकर्णकरण।

आंध्र—१ मध्य आर्यखण्डका एक देश।—दे मनुष्य ४, २ (म पु./प्र. ५०/प पन्नालाल)—गोदावरी व कृष्णा नदीके बीचका क्षेत्र। इसकी राजधानी अन्ध्र नगर (वेंगी) थी। इसका अधिकांश भाग भाग्यपुर (हैदराबाद) में अन्तर्भूत है। इसीको त्रैलिंग (तेलगा) देश भी कहते है। ३ (ध १/प्र ३२/H.L. Jain) सितारा जिलेका वह भाग भी आन्ध्र देशमें ही था जिसमें आज वेण्या नदी बहती है, तथा जिसमें महिमानगढ नामका ग्राम है।

आंध्र वंश—(ध.१/प्र. ३२/H.L. Jain) इस वशका राज्यकाल ई. पू २३२-२२५ (वी नि २९४-३०१) अनुमान किया जाता है।

आंवली—व्रत विधान सग्रह। पृ. २६ रसोके बिना नीरस केवल एक अन्न जलके साथ लेना आवली' आहार है।

आंसिक—भरत क्षेत्रके दक्षिण आर्यखण्डका एक देश।—दे मनुष्य ४।

आ—(स.सि. ५/६/२७२/२) 'आङ्' अयमभिविध्यर्थ।='आङ्' यह अभिविधि अर्थमें आया है। (अर्थात् 'आ' पद 'तक' अर्थमें सीमाका प्रयोजक है।)

आकंपित—आलोचनाका एक दोष। —दे. आलोचना २।

आकर—म पु /भाषाकार १६/१७६ जहाँपर सोने चाँदी आदिकी खान हुआ करती है उस स्थानको 'आकर' कहते है।

आकस्मिक भय—दे. भय।

आकांक्षा—१ इच्छाके अर्थमें आकाक्षा—दे. अभिलाषा, २. साकांक्ष व निराकांक्ष अनशन—दे अनशन, ३ निःकांक्षित अंग—दे निःकांक्षित।

आकार—इस शब्दका साधारण अर्थ यद्यपि वस्तुओका सस्थान होता है, परन्तु यहाँ ज्ञान प्रकरणमें इसका अर्थ चेतन प्रकाशमे प्रतिभासित होनेवाले पदार्थोकी विशेष आकृतिमें लिया गया है और अध्यात्म प्रकरणमे देशकालावच्छिन्न सभी पदार्थ साकार कहे जाते है।

१. भेद व लक्षण

१. आकारका लक्षण—(ज्ञानज्ञेय विकल्प व भेद)

रा वा १/१२/१/५३/६ आकारो विकल्प। =आकार' अर्थात् विकल्प (ज्ञानमें भेद रूप प्रतिभास)।

क.पा १/१,१५/§३०१/३३१/१ पमाणदो पुधभूदं कम्ममायारो। =प्रमाणसे पृथग्भूत कर्मको आकार कहते है। अर्थात् प्रमाणमे (या ज्ञानमे) अपने से भिन्न बहिर्भूत जो विषय प्रतिभासमान होता है उसे आकार कहते है।

क पा १/१,१५/§३०७/३३८/३ आयारो कम्मकारयं सयलत्थसत्थादो पुध काऊण बुद्धिगोयरमुवणीयं। =सकल पदार्थोके समुदायसे अलग होकर बुद्धिके विषय भावको प्राप्त हुआ कर्मकारण आकार कहलाता है। (ध. १३/५,५,१६/२०७/७)

म पु. २४/१०२ भेदग्रहणमाकार प्रतिकर्मव्यवस्था' ॥१०२॥= घट पट आदिकी व्यवस्था लिये हुए किसी वस्तुके भेद ग्रहण करनेको आकार कहते है।

द्र सं /टी, ४३/१८६/६ आकारं विकल्पं,' केन रूपेण। शुक्लोऽयं, कृष्णोऽयं, दीर्घोऽयं, ह्रस्वोऽयं, घटोऽयं, पटोऽयमित्यादि। =विकल्प को आकार कहते है। वह भी किस रूपसे? 'यह शुक्ल है, यह कृष्ण है, यह बडा है, यह छोटा है, यह घट है, यह पट है' इत्यादि। —दे आकार २/१,२,३ (ज्ञेयरूपेण ग्राह्य)।

२. उपयोगके साकार अनाकार दो भेद

त.सू २/९ स द्विविधोऽष्टचतुर्भेद ॥९॥ =वह उपयोग क्रमसे दो प्रकार, आठ प्रकार व चार प्रकार है।

स सि. २/९/१६३/७ स उपयोगो द्विविध —ज्ञानोपयोगो दर्शनोपयोगश्चेति। ज्ञानोपयोगोऽष्टभेद दर्शनोपयोगश्चतुर्भेद। =वह उपयोग दो प्रकारका है—ज्ञानोपयोग और दर्शनोपयोग। ज्ञानोपयोग आठ प्रकारका है और दर्शनोपयोग चार प्रकारका है। (नि सा /मू. १०), (प.का /मू ४०), (न.च वृ. ११९), (त सा. २/४९), (द्र सं /मू. ४)।

पं सं /प्रा १/१७८। उवओगो सो दुविहो सागारो चेव अणागारो। =उपयोग दो प्रकारका है - साकार और अनाकार। (स सि २/९/१६३/१०), (रा वा. २/९/१/१२३/३०), (ध २/१,१/४२०/१), (ध १३/५,५,१९/२०७/४), (गो.जी /मू. ६७२), (पं सं /सं १/१३२)।

३. साकारोपयोगका लक्षण

पं.सं./प्रा १/१७९ मइसुइओहिमणेहि य जं सयविसयं विसेसविण्णाणं। अंतोमुहुत्तकालो उवओगो सो हु सागारो ॥१७९॥=मति, श्रुत, अवधि और मन पर्ययज्ञानके द्वारा जो अपने अपने विषयका विशेष विज्ञान होता है, उसे साकार उपयोग कहते है। यह अन्तर्मुहूर्तकाल तक होता है ॥१७९॥

क पा १/१,१५/§३०७/३३८/४ तेण आयारेण सह वट्टमाणं सायारं। =उस आकारके साथ जो पाया जाता है वह साकार उपयोग कहलाता है। (ध. १३/५,५,१९/२०७/७)

४. अनाकार उपयोगका लक्षण

पं.सं /प्रा १/१८० इन्दियमणोहिणा वा अत्थे अविसेसिऊण जं गहण। अंतोमुहुत्तकालो उवओगो सो अणागारो ॥१८०॥=इन्द्रिय, मन और अवधिके द्वारा पदार्थकी विशेषताको ग्रहण न करके जो सामान्य अंशका ग्रहण होता है, उसे अनाकार उपयोग कहते है। यह भी अन्तर्मुहूर्त काल तक होता है ॥१८०॥

क पा १/१,१५/§३०७/४ तव्विवरीयं अणायार। =उस साकारसे विपरीत अनाकार है। अर्थात् जो आकारके साथ नहीं वर्तता वह अनाकार है। (ध १३/५,५ ११/२०७/६)।

पं ध /उ ३६४ यत्सामान्यमनाकार साकारं तद्विशेषभाक्। =जो सामान्य धर्मसे युक्त होता है वह अनाकार है और जो विशेष धर्मसे युक्त होता है वह साकार है।

५ ज्ञान साकारोपयोगी है

स.सि २/६/१६३/१० साकारं ज्ञानम्। =ज्ञान साकार है। (रा.वा. २/६/१/१२३/३१), (ध १३/५,५,२६/२०७/५), (म.पु २४/२०१)

ध. १/१,१,११५/३५३/१० जानातीति ज्ञानं साकारोपयोग। =जो जानता है उसको ज्ञान कहते है, अर्थात् साकारोपयोगको ज्ञान कहते है।

स.सा./आ. परि/शक्ति नं० ४ साकारोपयोगमयी ज्ञानशक्ति। =साकार उपयोगमयी ज्ञान शक्ति।

६. दर्शन अनाकारोपयोगी है

पं स /प्रा १/१३८ जं सामण्णं गहणं भावाणं णेव कट्टु आयार। अविसेसिऊण अत्थे दंसणमिदिभण्णदे समए ॥१३८॥ सामान्य विशेषात्मक पदार्थोंके आकार विशेषका ग्रहण न करके जो केवल निर्विकल्प रूपसे अंशका या स्वरूपमात्रका सामान्य ग्रहण होता है, उसे परमागममें दर्शन कहा गया है। (द्र सं /मू ४३) (गो.जी./मू. ४८२/८८८) प.सं /सं १/२१६) (ध १/१,१,४/६३/१४६)

स.सि. २/६/१६३/१० अनाकार दर्शनमिति। =अनाकार दर्शनोपयोग है। (रा.वा २/६/१/१२३/३१), (ध १३/५,५,१६/२०७/६) (म पु.-२४/१०१)

२. शंका समाधान

१. ज्ञानको साकार कहनेका कारण

त सा. २/११ कृत्वा विशेषं गृह्णाति वस्तुजातं यतस्ततः। साकारमिष्यते ज्ञानं ज्ञानयाथात्म्यवेदिभिः ॥११॥ =ज्ञानपदार्थोंको विशेष करके जानता है, इसलिए उसे साकार कहते है। यथार्थरूपसे ज्ञानका स्वरूप जाननेवालोंने ऐसा कहा है।

२. दर्शनको निराकार कहनेका कारण

त सा २/१२ यद्विशेषमकृत्वैव गृह्णीते वस्तुमात्रकम्। निराकारं ततः प्रोक्तं दर्शनं विश्वदर्शिभिः ॥१२॥ =पदार्थोंकी विशेषता न समझकर जो केवल सामान्यका अथवा सत्ता-स्वभावका ग्रहण करता है, उसे दर्शन कहते है उसे निराकार कहनेका भी यही प्रयोजन है कि वह ज्ञेय वस्तुओंकी आकृति विशेषको ग्रहण नहीं कर पाता।

गो जी./जी /प्र. ४८२/८८८/१२ भावानां सामान्यविशेषात्मकबाह्यपदार्थानां आकारं-भेदग्रहणं अकृत्वा यत्सामान्यग्रहण-स्वरूपमात्रावभासनं तत् दर्शनमिति परमागमे भण्यते। =भाव जे सामान्य विशेषात्मक बाह्यपदार्थ तिनिका आकार कहिये भेदग्रहण ताहि न करकै जो सत्तामात्र स्वरूपका प्रतिभासना सोई दर्शन परमागम विषै कहा है।

पं.ध./उ ३६२-३६५ नाकारः स्यादनाकारो वस्तुतो निर्विकल्पता। शेषानन्तगुणानां तल्लक्षणं ज्ञानमन्तरा ॥३६२॥ ज्ञानाद्विना गुणाः सर्वे प्रोक्ता सल्लक्षणाङ्किताः। सामान्याद्वा विशेषाद्वा सत्यं नाकारमात्रकाः ॥३६५॥ =जो आकार न हो सो अनाकार है, इसलिए वास्तवमें ज्ञानके बिना शेष अनन्तों गुणोंमें निर्विकल्पता होती है। अतः ज्ञानके बिना शेष सब गुणोंका लक्षण अनाकार होता है ॥३६२॥ ज्ञानके बिना शेष सब गुण केवल सत् रूप लक्षणसे ही लक्षित होते है इसलिए सामान्य अथवा विशेष दोनों ही अपेक्षाओंसे वास्तवमें वे अनाकाररूप ही होते है ॥३६५॥

३. निराकार उपयोग क्या वस्तु है

ध १३/५,५,१६/२०७/८ विसयाभावादो अणागारुवजोगो णत्थि त्ति सण्णिच्छय णाणं सायारो, अणिच्छयमणागारो त्ति ण वोत्तुं सक्किज्जदे, ससय-विवज्जय-अणज्झवसायमणायारत्तप्पसंगादो। एवं पि णत्थि, केवलिहि दंसणाभावप्पसंगादो। ण एस दोसो अंतरंगविसयस्स उवजोगस्स आणायारत्तब्भुवगमादो। ण अंतरंग उवजोगो वि सायारो, कत्तारादो दव्वादो पुह कम्माणुवलंभादो। ण च दोण्णं पि उवजोगाणमेयत्तं, बहिरंगंतरंगत्थविसयाणमेयत्तविरोहादो। ण च एदम्हि अत्थे अवलं बिज्जमाणे सायार अणायार उवजोगाणमसमाणत्तं, अण्णोण्णभेदेहि पुहाणमसमाणत्तविरोहादो। =प्रश्न—साकार उपयोगके द्वारा सब पदार्थ विषय कर लिये जाते है, (दर्शनोपयोगके लिए कोई विषय शेष नहीं रह जाता), अतः विषयका अभाव होनेके कारण अनाकार उपयोग नहीं बनता, इसलिए निश्चय सहित ज्ञानका नाम साकार और निश्चयरहित ज्ञानका नाम अनाकार उपयोग है। यदि ऐसा कोई कहे तो कहना ठीक नहीं है, क्योंकि ऐसा माननेपर संशय विपर्यय और अनध्यवसायकी अनाकारता प्राप्त होती है। यदि कोई कहे कि ऐसा हो ही जाओ, सो भी बात नहीं है, क्योंकि, ऐसा माननेपर केवली जिनके दर्शनका अभाव प्राप्त होता है। (क.पा. १/१,१५/§३०६/३३७/४); (क.पा. १/१-२२/§३२७/३५८/३) उत्तर—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, अन्तरङ्गको विषय करनेवाले उपयोगको अनाकार उपयोगरूपसे स्वीकार किया है। अन्तरंग उपयोग विषयाकार होता है यह बात भी नहीं है, क्योंकि, इसमें कर्ता द्रव्यसे पृथग्भूत कर्म नहीं पाया जाता। यदि कहा जाय कि दोनों उपयोग एक है, सो भी बात नहीं है, क्योंकि एक (ज्ञान) बहिरंग अर्थको विषय करता है और दूसरा (दर्शन) अन्तरंग अर्थको विषय करता है, इसलिए, इन दोनोंको एक माननेमें विरोध आता है। यदि कहा जाय कि इस अर्थके स्वीकार करनेपर साकार और अनाकार उपयोगमें समानता न रहेगी, सो भी बात नहीं है, क्योंकि परस्परके भेदसे ये अनंग है इसलिए इनमें असमानता माननेमें विरोध आता है। (क.पा. १/१-२०/§३२७/३५८/७)

★ देशकालावच्छिन्न सभी पदार्थ या भाव साकार हैं —दे. मूर्तीक

आकाश—खाली जगह (Space) को आकाश कहते है। इसे एक सर्व व्यापक अखण्ड अमूर्त द्रव्य स्वीकार किया गया है। जो अपने अन्दर सर्व द्रव्योंको समानेकी शक्ति रखता है यद्यपि यह अखण्ड है पर इसका अनुमान करानेके लिए इसमें प्रदेशो रूप खण्डोंकी कल्पना कर ली जाती है। यह स्वयं तो अनन्त है परन्तु इसके मध्यवर्ती कुछ मात्र भागमें ही अन्य द्रव्य अवस्थित है। उसके इस भागका नाम लोक है और उससे बाहर शेष सर्व आकाशका नाम अलोक है। अवगाहना शक्तिकी विचित्रताके कारण छोटे-से लोकमें अथवा इसके एक प्रदेशपर अनन्तानन्त द्रव्य स्थित है।

१ भेद व लक्षण
१ आकाश सामान्यका लक्षण
२ आकाश द्रव्योंके भेद
३ लोकाकाश व आलोकाकाशके लक्षण
४ प्राणायाम सम्बन्धी आकाश मण्डल

२ आकाश निर्देश
१ आकाशका आकार
२ आकाशके प्रदेश
३ आकाश द्रव्यके विशेष गुण
४ आकाशके १६ सामान्य विशेष स्वभाव
५ आकाशका आधार
६ अखण्ड आकाशमे खण्ड कल्पना
७ लोकाकाश व आलोकाकाशकी सिद्धि
३ अवगाहना सम्बन्धी विषय
१ सर्वावगाहना गुण आकाशमे ही है अन्य द्रव्यमे नही तथा हेतु
२ लोकाकाशमे अवगाहना गुणका माहात्मय
३ लोक/असं० प्रदेशोपर एकानेक जीवोकी अवस्थान विधि
४ अवगाहना गुणोकी सिद्धि
५ असं० प्रदेशी लोकमे अनन्त द्रव्योके अवगाहकी सिद्धि
६ एक प्रदेश पर अनन्त द्रव्योके अवगाहकी सिद्धि
४ अन्य सम्बन्धित विषय
★ अन्य द्रव्योमे भी अवगाहन गुण —दे. 'अवगाहन'
★ अमूर्त आकाशके साथ मूर्त द्रव्योके स्पर्श सम्बन्धी —दे. स्पर्श/२
★ अलोकाकाशमे वर्तनाका निमित्त —दे. काल/२
★ अवगाहन गुण उदासीन कारण है —दे. कारण/III/२
★ आकाशका अक्रियावत्त्व —दे द्रव्य/३
★ आकाशमें प्रदेश कल्पना तथा युक्ति —दे द्रव्य/४
★ आकाश द्रव्य अस्तिकाय है —दे. अस्तिकाय
★ आकाश द्रव्यकी सख्या —दे. संख्या /३
★ लोकाकाशके विभागका कारण धर्मास्तिकाय—दे.धर्माधर्म/१
★ लोकाकाशमे उत्पादादिकी सिद्धि —दे. उत्पाद व्ययध्रौव्य/३
★ शब्द आकाशका गुण नही —दे शब्द/२
★ द्रव्योंको आकाश प्रतिष्ठित कहना व्यवहार है —दे द्रव्य/५

१. भेद व लक्षण

१ आकाश सामान्य का लक्षण

त.सू ५/४,६,७,१८ नित्यावस्थितान्यरूपाणि ॥४॥ आ आकाशादेक-द्रव्याणि ॥६॥ निष्क्रियाणि च ॥७॥ अकाशस्यावगाह ॥१८॥=आकाश द्रव्य नित्य अवस्थित और अरूपी है ॥५॥ तथा एक अखण्ड द्रव्य है ॥६॥ व निष्क्रिय है ॥७॥ औरअवगाह देना इसका उपकार है ॥१८॥

प.का./मू.९०सव्वेसि जीवाण सेसाण तह य पुग्गलाणं च।जं देदि विवरम-खिलं तं लोगे हवदि आगासं ॥९०॥ कलोहमें जीवोको और पुद्गलोंको वैसे ही शेष समस्त द्रव्योका जो सम्पूर्ण अवकाश देता है वह आकाश द्रव्य है।

स.सि ५/१८/२८४ जीवपुद्गलादीनामवगाहिनामवकाशदानमवगाह आकाशस्योपकारो वेदितव्य' ॥ =अवगाहन करनेवाले जीव और पुद्गलोंको अवकाश देना आकाशका उपकार जानना चाहिए। (गो /-जी प्र./६०५/१०६०/४)

रा.वा./५/१/२१-२२/४३४ आकाशन्तेऽस्मिन द्रव्याणि स्वय चाकाशत इत्याकाशम् ॥ २१ ॥ अवकाशदानाद्वा ॥२२॥ =जिसमे जीवादि द्रव्य अपनी-अपनी पर्यायोके साथ प्रकाशमान हो तथा जो स्वय अपने को प्रकाशित भी करे वह आकाश है ॥२१॥ अथवा जो अन्य सर्व द्रव्योको अवकाश दे वह आकाश है।

ध ४/१,३,१/४/७ आगास सपदेस तु उड्ढाधो तिरिओविय। खेत्तलोगं वियाणाहि अणतजिण-देसिद ॥४॥ =आकाश सप्रदेशी है और वह ऊपर, नीचे और तिरछे सर्वत्र फैला हुआ है। उसे ही क्षेत्र लोक जानना चाहिए। उसे जिन भगवान्ने अनन्त कहा है।

न च, वृ ६८ चेयणरहियममुत्त अवगाहणलक्खण च सव्वगय । त णहदव्व जिणुद्दिट्ठ ॥६८॥ =जो चेतन रहित अमूर्त, सर्व द्रव्योको अवगाह देनेवाला सर्व व्यापी है=उसको जिनेन्द्र भगवान्ने आकाश द्रव्य कहा है।

द्र.स /मू ११/५७ अवगासदाणजोग्ग जीवादीण वियाण आयासम् ॥११॥ =जो जीवादि द्रव्योको अवकाश देनेवाला है उसको जिनेन्द्रदेवके द्वारा कहा हुआ आकाश द्रव्य जानो। (नि.सा /ता वृ ९/२४)

२ आकाश द्रव्योंके भेद

स सि५/१२/२७८ आकाश, द्विधाविभक्त लोकाकाशमलोकाकाश चेति। =आकाश द्रव्य दो प्रकारका है—लोकाकाश और अलोकाकाश। रा वा ५/१२/१८/४५६/१०) (न च वृ ६८ (द्र सं /मू ११)

३ लोकाकाश व आलोकाकाशके लक्षण

प का /मू ११ जीवा पुग्गलकाया धम्माधम्मा य लोगदोण्ण । तत्तो अणण्णमण्ण आयास अतवदिरित्त ॥११॥ =जीव पुद्गलकाय, धर्म, अधर्म (तथा काल) लोकके अनन्य है। अन्तरहित ऐसा आकाश उससे (लोकसे) अनन्य तथा अन्य है।

बा अ ३९ जीवादि पयट्ठाण समवाओ सो णिरुच्चये लोगो। तिविहो हवेई लोगो अहमज्झिमउड्ढभेयेण ॥३९॥ जीवादि छ पदार्थोका जो समूह है उसे लोक कहते है। और वह अधोलोक,ऊर्ध्वलोक व मध्यलोकके भेद से तीन प्रकारका है। (क अ./मू ११६)

मू आ ५४० लोयदि आलोयदि पल्लोयदिसल्लोयदित्ति एगत्थो तह्माजि-णेहि कसिण तेणेसो वुच्चदे लोओ ॥५४०॥ =जिस कारणसे जिनेन्द्र भगवान् का मतिश्रुतज्ञानकी अपेक्षा साधारण रूप देखा गया है, मन:-पर्यय ज्ञानकी अपेक्षा कुछ उससे भी विशेष और केवलज्ञानकी अपेक्षा सम्पूर्ण रूपसे देखा गया है इसलिए वह लोक कहा जाता है।

स.सि /५/१२/२७८ धर्माधर्मादीनि द्रव्याणि यत्र लोक्यन्ते स लोक इति। =स यत्र तल्लोकाकाशम्। ततो बहि: सर्वतोऽनन्तालोकाकाशम्। =जहाँ धर्मादि द्रव्य विलोके जाते है उसे लोक कहते है। उससे बाहर सर्वत्र अनन्त अलोकाकाश है। (ति.प ४/१३४-१३५), (रा.वा ५/१२/१८/४५६/७), (ध ४/१,३,१/१) (प.का /त प्र ८७/११८), (प्र सा /त.प्र. १२८/१८०), (न.च.वृ. ६६), (द्र स. मू. २०), (पं.का /ता.वृ. २२ /४८), (पं.ध उ. २२) (त्रि.सा ५)

ध १३/५,५,५०/२८८/३ को लोक। लोक्यन्त उपलभ्यन्ते यस्मिन् जीवादय पदार्था स लोक ।=प्रश्न—लोक किसे कहते है? उत्तर—जिसमे जीवादि पदार्थ देखे जाते है अर्थात् उपलब्ध होते है उसे लोक कहते है। (म.प्र. ४/१३), (न.च वृ. १४२-१४३)

४. प्राणायाम सम्बन्धी आकाश मण्डल

ज्ञा सा.५७ अग्नि. त्रिकोण रक्त कृष्णश्च प्रभञ्जन. तथावृत । चतुष्कोण पीत पृथ्वी स्वेत जल शुद्धचन्द्राभम् ॥५७॥=अग्नि त्रिकोण लाल रंग, पवन गोलाकार श्याम वर्ण, पृथ्वी चौकोण पीत वर्ण, तथा जल अर्ध चन्द्राकार शीतल चन्द्र समान होता है।

२. आकाश निर्देश

१. आकाशका आकार

आचारसार ३/२४ व्योमामूर्त स्थितं नित्यं चतुरस्र सम घनम्। अवगाहनाहेतवश्चानन्तानन्त प्रदेशकम् ॥२४॥ =आकाश द्रव्य अमूर्त है, नित्य अवस्थित है, घनाकार चौकोर है, अवगाहनाका हेतु है, अनन्तानन्त प्रदेशी है।

२ आकाशके प्रदेश

त सू ५/९ आकाशस्यानन्ता. ॥९॥ =आकाश द्रव्यके अनन्त प्रदेश है (द्र सं. मू. २५) (नि सा. मू. ३६) (गो जी. मू. ५८७/१०२५)

प्र सा /त प्र १३५/१९१ सर्वव्याप्यनन्तप्रदेशप्रस्तारूपत्वादाकाशस्य च प्रदेशवत्त्वम्। =सर्वव्यापी अनन्तप्रदेशोके विस्तारूप होनेसे आकाश प्रदेशवान् है।

३ आकाश द्रव्यके विशेष गुण

त.सू ५/१८ आकाशस्यावगाह ॥१८॥ =अवगाहन देना आकाशद्रव्यका उपकार है।

ध १५/३३/७ ओगाहणलक्खणमायासदव्वं। =आकाश द्रव्यका असाधारण लक्षण अवगाहन देना है।

आ प २/१/१३४ आकाशद्रव्ये अवगाहनाहेतुत्वममूर्तत्वमचेतनत्वमिति। =आकाश द्रव्यके अवगाहना हेतुत्व, अमूर्तत्व और अचेतनत्वमें (विशेष) गुण हैं।

प्र सा./त प्र १३३ विशेषगुणो हि युगपत्सर्वद्रव्याणां साधारणावगाहहेतुत्वमाकाशस्य। =युगपत् सर्व द्रव्योके साधारण अवगाहका हेतुत्व आकाशका विशेष गुण है।

४. आकाशके १६ सामान्य विशेष स्वभाव

न.च वृ ७० इगवीसं तु सहावा दोण्हं (१) तिण्ह (२) तु सोडसा भणिया। पंचदसा पुण काले दव्वसहावा (३) य णयव्वा ॥९०॥ =जीव व पुद्गलके २१ स्वभाव, धर्म, अधर्म और आकाश द्रव्यके १९ स्वभाव, तथा काल द्रव्यके १५ स्वभाव कहे गये है। (आ प/अधि ४)

न.च वृ./टी ७० (सद्रूप, असद्रूप, नित्य, अनित्य, एक, अनेक, भेद, अभेद, भव्य, अभव्य स्वभाव, विभाव, चैतन्य, अचैतन्य, मूर्त, अमूर्त, एक प्रदेशी, अनेक प्रदेशी, शुद्ध, अशुद्ध उपचरित, अनुपचरित, एकान्त, अनेकान्त। इन चौबीसमे-से अनेक, भव्य, अभव्य, विभाव, चैतन्य, मूर्त, एक प्रदेशत्व, अशुद्ध। इन आठ रहित १९ सामान्य विशेष स्वभाव आकाश द्रव्यमें है) (आ. प./अधि ४)

५. आकाशका आधार

स. सि. ३/१/२०४ आकाशमात्मप्रतिष्ठम्। =आकाश द्रव्य स्वय अपने आधारसे स्थिति है। (स. सि. ५/१२/२७७) (रा वा ३/१/८/१९०/१९)

रा. वा. ५/१२/२-४/४८४ आकाशस्यापि अन्याधारकल्पनेति चेत्, न, स्वप्रतिष्ठत्वात् ॥२॥ ततोऽधिकप्रमाणद्रव्यान्तराधाराभावात् ॥३॥ तथा चानवस्थानिवृत्तिः ॥ ४ ॥=प्रश्न—आकाशका भी कोई अन्य आधार होना चाहिए ? उत्तर—नहीं, वह स्वयं अपने आधारपर ठहरा हुआ है ॥ २ ॥ उससे अधिक प्रमाणवाले दूसरे द्रव्यका अभाव होनेके कारण भी उसका आधारभूत कोई दूसरा द्रव्य नही हो सकता ॥ ३ ॥ यदि किसी दूसरे आधारकी कल्पना की जाये तो उससे अनवस्था दोषका प्रसंग आयेगा, परन्तु स्वयं अपना आधारभूत होनेसे वह नहीं आ सकता है।

६. अखण्ड आकाशमें खण्ड कल्पना

रा वा.५/८/५-६/४५०/३ एकद्रव्यस्य प्रदेशकल्पना उपचारतः स्यात्। उपचारश्च मिथ्योक्तिर्न तत्त्वपरीक्षायामधिक्रियते प्रयोजनाभावात्। न हि मृगतृष्णिकया मृषार्थात्मिकया जलकृत्यं क्रियते इति; तन्न, किं कारणम्। मुख्यक्षेत्राविभागात्। मुख्य एव क्षेत्रविभाग, अन्यो हि घटावगाह्य आकाशप्रदेशः इतरावगाह्याश्चान्य इति। यदि अन्यत्व न स्यात् व्याप्तित्वं व्याहन्यते ॥ ५ ॥ निरवयवत्वानुपपत्तिरिति चेत्, न, द्रव्यविभागाभावात् ॥ ६ ॥=एक द्रव्य यद्यपि अविभागी है वह घटकी तरह सयुक्त द्रव्य नही है। फिर भी उसमे प्रदेश वास्तविक है उपचारसे नही। घटके द्वारा जो आकाशका क्षेत्र अवगाहित किया जाता है वह पटादिके द्वारा नही। दोनो जुदे-जुदे है। यदि प्रदेश भिन्नता न होती तो वह सर्वव्यापी नही हो सकता था। अत द्रव्य अविभागी होकर भी प्रदेशशून्य नही है। अनेक प्रदेशी होते हुए भी द्रव्यरूपसे उन प्रदेशोके विभाग न होनेके कारण निरवयव और अखण्ड द्रव्य माननेमें कोई बाधा नही है।

प्र सा /त प्र १४०/१९८ अस्ति चाविभागैकद्रव्यत्वेऽप्यशकल्पनमाकाशस्य, सर्वेषामणुनामवकाशदानस्यान्यथानुपपत्तेः। यदि पुनराकाशस्यांशा न स्युरिति मतिस्तदाङ्गुलीयुगलं नभसि प्रसार्य निरूप्यतां किमेकं क्षेत्र किमनेकम् ॥=आकाश अविभाग (अखण्ड) एक द्रव्य है। फिर भी उसमें (प्रदेश रूप) खण्ड कल्पना हो सकती है, क्योकि यदि, ऐसा न हो तो सब परमाणुओको अवकाश देना नही बनेगा। ऐसा होनेपर भी, यदि आकाशके अश नही होते (अर्थात् अंश कल्पना नही की जाती) ऐसी मान्यता हो तो आकाशमे दो अँगूलिया फैलाकर बताइये कि दो अँगुलियोका एक क्षेत्र है या अनेक ? (अर्थात् यह दो अगुल आकाश है यह व्यवहार तभी बनेगा जबकि अखण्ड द्रव्यमे खण्ड कल्पना स्वीकार की जाये।)

द्र स /टी. २७/७५ निर्विभागद्रव्यस्यापि विभागकल्पनमायात घटाकाश. पटाकाशमित्यादिवदिति। =घटाकाश व पटाकाशकी तरह विभाग रहित आकाश द्रव्यको भी विभाग कल्पना सिद्ध हुई। (पं. का./त.-प्र ५/१५)

७. लोकाकाश व अलोकाकाशकी सिद्धि

रा. वा ५/१८/१०-१३/४६७/२४ अजातत्वादभाव इति चेत् न, असिद्धेः ॥१०॥ द्रव्यार्थिकगुणभावे पर्यायार्थिकप्राधान्यात् स्वप्रत्ययागुरुलघुगुणवृद्धिहानिविकल्पापेक्षया अवगाहकजीवपुद्गलपरप्रत्ययावगाहभेदविवक्षया च आकाशस्य जातत्वोपपत्तेः हेतोरसिद्धि। अथवा, व्ययोत्पादौ आकाशस्य दृश्येते। यथा चरमसमयस्यासर्वज्ञस्य सर्वज्ञत्वेनोत्पादस्तथोपलब्धेरसर्वज्ञत्वेन व्ययस्तथानुपलब्धेः, एव चरमसमयस्यासर्वज्ञस्य साक्षादनुपलभ्यमाकाशं सर्वज्ञत्वोपपत्तौ उपलभ्यत इति उपलभ्यत्वेनोत्पन्नमनुपलभ्यत्वेन च विनष्टम्। अनावृत्तिराकाशमिति चेत्, न, नामवत् तत्सिद्धेः ॥११॥...यथा नाम वेदनादि अमूर्तत्वात् अनावृत्यपि सदस्तीत्यभ्युपगम्यते, तथा आकाशमपि वस्तुभूतमित्यवसेयम्। शब्दलिङ्गत्वादिति चेत् न पौद्गलिकत्वात् ॥१२॥ प्रधानविकार आकाशमिति चेत्, न तत्परिणामाभावात् आत्मवत् ॥१३॥ =प्रश्न—आकाश उत्पन्न नही हुआ इसलिए उसका अभाव है ? उत्तर—आकाशको अनुत्पन्न कहना असिद्ध है। क्योकि द्रव्यार्थिककी गौणता और पर्यायार्थिककी मुख्यता होनेपर अगुरुलघु गुणोकी वृद्धि और हानिके निमित्तसे स्वप्रत्यय उत्पाद व्यय और अवगाहक जीव पुद्गलोके परिणमनके अनुसार परप्रत्यय उत्पाद व्यय आकाशमें होते ही रहते है। जैसे—कि अन्तिम समयमे असर्वज्ञताका विनाश होकर किसी मनुष्यको सर्वज्ञता उत्पन्न हुई हो तो आकाश पहले अनुपलभ्य था वही पीछे सर्वज्ञको उपलभ्य हो गया। अत आकाश भी अनुपलभ्यत्वेन विनष्ट होकर उपलभ्यत्वेन उत्पन्न हुआ ॥१०॥=प्रश्न—आकाश आवरणाभाव मात्र है ? उत्तर—नहीं किन्तु वस्तुभूत है। जैसे कि नाम और वेदनादि अमूर्त होनेसे अनावरण रूप होकर भी सत् है, उसी तरह आकाश भी ॥११॥ प्रश्न—अवकाश देना यह आकाशका लक्षण नहीं है ? क्योकि उसका लक्षण शब्द है। उत्तर—ऐसा नहीं है क्योकि शब्द पौद्गलिक है और आकाश अमूर्तिक। प्रश्न—

आकाश तो प्रधानका विकार है ? उत्तर—नहीं क्योंकि नित्य तथा निष्क्रिय व अनन्त रूप प्रधानके आत्माकी भान्ति विकार ही नहीं हो सकता। (विशेष दे त सा./१/परि..पृ १६६/शोलापुर वाले प० वंशीधर)।

पं ध /उ २३ सोऽप्यनोको न शून्योऽस्ति षड्भिर्द्रव्यैरशेषतः। व्योममात्रावशेषत्वाद् व्योमात्मा केवलं भवेत् ॥२३॥ =वह अलोक भी सम्पूर्ण छहो द्रव्योंसे शून्य नहीं है किन्तु आकाश मात्र शेष रहनेसे वह अन्य पाँच द्रव्यों से रहित केवल आकाशमय है।

३. अवगाहना सम्बन्धी विषय

१. सर्वावगाहना गुण आकाशमें ही है अन्य द्रव्यमें नहीं तथा हेतु

प्र. सा./त. प्र /१३३ विशेषगुणो हि युगपत्सर्वद्रव्याणां साधारणावगाहहेतुत्वमाकाशस्य एवममूर्तानां विशेषगुणसक्षेपाधिगमे लिङ्गम्। तत्रैककालमेव सकलद्रव्यसाधारणावगाहसंपादनमसर्वगतत्वादेव शेषद्रव्याणामसम्भवदाकाशमधिगमयति। =युगपत् सर्वद्रव्योंके साधारण अवगाहका हेतुत्व आकाशका विशेषगुण है। इस प्रकार अमूर्त द्रव्योंके विशेष गुणोंका ज्ञान होनेपर अमूर्त द्रव्योंको जाननेके लिए लिंग प्राप्त होते है। (अर्थात् विशेष गुणोंके द्वारा अमूर्त द्रव्यों का ज्ञान होता है)। वहाँ एक ही कालमें समस्त द्रव्योंके साधारण अवगाहका संपादन (अवगाह हेतुत्व रूप लिंग आकाशको बतलाता है, क्योंकि शेष द्रव्योंके सर्वगत न होनेसे उनके यह सम्भव नहीं है।

२. लोकाकाशमें अवगाहना गुणका माहात्म्य

ध ४/१,३,२,/२४/२ तम्हा ओगाहणलक्खणेण सिद्धलोगागासस्स ओगाहणमाहप्पमाइरियपरंपरागदोवदेसेण भणिस्सामो। तं जहा-उस्सेहघणंगुलस्स असंखेज्जदिभागमेत्ते खेत्ते सुहुमणिगोदजीवस्स जहण्णोगाहणा भवदि। तम्हि ट्ठिदघणलोगमेत्तजीवपदेसेसु पडिपदेसमभवसिद्धिएहि अणंतगुणा सिद्धाणमणंतभागमेत्ता होदूण ट्ठिदओरालियसरीरपरमाणूणं तं चेव खेत्तभोगास जादि। पुणो ओरालियसरीरपरमाणूहिंतो अणंतगुणाणं तेजइयसरीरपरमाणूणं पि तम्हि चेव खेत्ते ओगाहणा भवदि। तेजइयपरमाणूहिंतो अणंतगुणा कम्मइयपरमाणू तेणेव जीवेण मिच्छत्तादिकारणेहिं संचिदापडिपदेसमभवसिद्धिएहि अणंतगुणा सिद्धाणमणंतभागमेत्ता तत्थ भवंति, तेसिं पि तम्हि चेव खेत्ते ओगाहणा भवदि। पुणो ओरालिय-तेजा-कम्मइय-विस्ससोवचयाणं पदिक्कं सव्वजीवेहि अणंतगुणाणं पडिपरमाणुम्हि तत्तियमेत्ताणं तम्हि चेव खेत्ते ओगाहणा भवदि। एवमेगजीवेणच्छिदअंगुलस्स असंखेज्जदिभागमेत्ते जहण्णखेत्तम्हि समाणोगाहणा होदूण ट्ठिदिओ जीवो तत्थेव अच्छदि। एवमणंताणंताणं समाणोगाहणाणं जीवाणं तम्हि चेव खेत्ते ओगाहणा भवदि। तदो अवरो जीवो तम्हि चेव मज्झिमपदेसमादिं काऊण उववण्णो। एदस्स वि ओगाहणाए अणंताणंत जीवा समाणोगाहणा अच्छंति त्ति पुव्वं व परूवेदव्वं। एवमेगेपदेसा सव्वदिसासु वड्ढावेदव्वा जाव लोगो आपुण्णो त्ति। =अब हम अवगाहन लक्षणसे प्रसिद्ध लोकाकाशके अवगाहन माहात्म्यको आचार्य परम्परागत उपदेशके अनुसार कहते हैं। वह इस प्रकार है—उत्सेधांगुलके असंख्यातवें भाग मात्र क्षेत्रमें सूक्ष्म निगोदिया जीवकी जघन्य अवगाहना है। उस क्षेत्रमें स्थित घनलोक मात्र जीवके प्रदेशमें-से प्रत्येक प्रदेशपर अभव्यसिद्धोंसे अनन्तगुणे और सिद्धोंके अनन्तवें भाग मात्र होकरके स्थित औदारिक शरीरके परमाणुओंका वही क्षेत्र अवकाशपनेको प्राप्त होता है। पुनः औदारिक शरीरके परमाणुओंसे अनन्तगुणे तेजस्कशरीरके परमाणुओंकी भी उसी क्षेत्रमें अवगाहना होती है। तैजस परमाणुओंसे अनन्तगुणे उस ही जीवके द्वारा मिथ्यात्व अविरति आदि कारणोंसे संचित और प्रत्येक प्रदेशपर अभव्य सिद्धोंसे अनन्तगुणे तथा सिद्धोंके अनन्तवें भाग मात्र कर्म परमाणु उस क्षेत्रमें रहते हैं। इसलिए उन कर्म परमाणुओंकी भी उस ही क्षेत्रमें अवगाहना होती है। पुनः औदारिक शरीर, तैजस शरीर और कार्माण शरीरके विस्रसोपचयोंका जो कि प्रत्येक सर्व जीवोंसे अनन्तगुणे हैं और प्रत्येक परमाणुपर उतने ही प्रमाण है। उनकी भी उसी ही क्षेत्रमें अवगाहना होती है। इस प्रकार एक जीवसे व्याप्त अंगुलके असंख्यातवें भागमात्र उसी जघन्य क्षेत्रमे समान अवगाहना वाला होकरके दूसरा जीव भी रहता है। इसी प्रकार समान अवगाहना वाले अनन्तानन्त जीवोंकी उसी ही क्षेत्रमें अवगाहना होती है। तत्पश्चात् दूसरा कोई जीव उसी क्षेत्रमे उसके मध्यवर्ती प्रदेशको अपनी अवगाहनाका अन्तिम प्रदेश करके उत्पन्न हुआ। इस जीवकी भी अवगाहनामें समान अवगाहनावाले अनन्तानन्त जीव रहते है। इस प्रकार यहाँ भी पूर्व के समान प्ररूपणा करनी चाहिए। इस प्रकार लोकके परिपूर्ण होने तक सभी दिशाओंमें लोकका एक एक प्रदेश बढाते जाना चाहिए।

३. लोक/असं.प्रदेशोंपर एकानेक जीवोंकी अवस्थान विधि

त सू. ५/१५ (लोकाकाशस्य) असंख्येयभागादिषु जीवानाम् (अवगाहः)। जीवोंका अवगाह लोकाकाशके असंख्यातवें भागको आदि लेकर सर्वलोक पर्यन्त होता है।

रा वा. ५/१५/३-४/४५७/३१ लोकस्य प्रदेशाः असंख्येया भागाः कृताः, तत्रैकस्मिन्नसंख्येयभागे एको जीवोऽवतिष्ठते। तथाद्वित्रिचतुरादिष्वपि असंख्येयभागेषु आ सर्वलोकादवगाहः प्रत्येतव्यः। नानाजीवानाम् तु सर्वलोक एव। असंख्येयस्याऽसंख्येयविकल्पत्वात्। अजघन्योत्कृष्टासंख्येयस्या हि असंख्येय विकल्पा अतोऽवगाहविकल्पो जीवानां सिद्धः।

रा वा. ५/८/४/४४६/३३ जीवः तावत्प्रदेशोऽपि संहरणविसर्पणस्वभावत्वात् कर्मनिर्वर्तितं शरीरमणु महद्वा अधितिष्ठंस्तावदवगाह्य वर्तते। यदा तु लोकपूरणं भवति तदा मन्दरस्याधश्चित्रवज्रपटलयोर्मध्ये जीवस्याष्टौ मध्यप्रदेशाः व्यवतिष्ठन्ते, इतरे प्रदेशाः ऊर्ध्वमधस्तिर्यक् च कृत्स्नं लोकाकाशं व्याप्नुवते। =लोकके असंख्यात प्रदेश हैं, उनके असंख्यात भाग किये जायें। एक असंख्येय भागमें भी जीव रहता है तथा दो तीन चार आदि असंख्येय भागोंमें और सम्पूर्ण लोकमें जीवोंका अवगाह समझना चाहिए। नाना जीवोंकी अवगाह तो सर्व लोक है। असंख्यातके भी असंख्यात विकल्प हैं। और अजघन्योत्कृष्ट असंख्येयके असंख्येय विकल्प हैं अतः जीवोंके अवगाहमें भेद भी हो जाता है। तथा जीवके असंख्यातप्रदेशी होनेपर भी संकोचविस्तार शील होनेसे कर्मके अनुसार प्राप्त छोटे या बड़े शरीरमें तत्प्रमाण होकर रहता है जब इसकी समुद्घात कालमें लोकपूरण अवस्था होती है तब इसके मध्यवर्ती आठ प्रदेश सुमेरु पर्वतके नीचे चित्र और वज्रपटलके मध्यके आठ प्रदेशोंपर स्थित हो जाते हैं, बाकी प्रदेश ऊपर नीचे चारों ओर फैल जाते हैं।

४. अवगाहना गुणों की सिद्धि

स. सि ५/१८/२८४ यद्यवकाशदानमस्य स्वभावो वज्रादिभिर्लोष्टादीनां भित्त्यादिभिर्गवादीनां च व्याघातो न प्राप्नोति। दृश्यते च व्याघातः। तस्मादस्यावकाशदानं हीयते इति। नैष दोषः, वज्रलोष्टादीनां स्थूलानांपरस्पर व्याघात इति नास्यावकाशदानसामर्थ्यं हीयते तत्रावगाहिनामेवव्याघातात्। वज्रादयः पुनः स्थूलत्वात्परस्परं प्रत्यवकाशदानं न कुर्वन्तीति नासावाकाशदोषः ये खलु पुद्गलाः सूक्ष्मास्ते परस्परं प्रत्यवकाशदानं कुर्वन्ति। यद्येवं नेदमाकाशस्यासाधारणं लक्षणम्, इतरेषामपि तत्सद्भावादिति। तन्न; सर्वपदार्थानां साधारणावगाहनहेतुत्वमस्यासाधारणं लक्षणमिति नास्ति दोषः। अलोकाकाशे सद्भावादभाव इति चेत्; न; स्वाभावापरित्यागात्। =प्रश्न—यदि अवकाश देना अवकाशका स्वभाव है तो वज्रादिकसे लोढा आदिका और भीत आदिसे गायका व्याघात नहीं प्राप्त होता, किन्तु

व्याघात तो देखा जाता है इससे मालूम होता है कि अवकाश देना अवकाश का स्वभाव नहीं ठहरता है ? उत्तर—यह कोई दोष नहीं है क्योंकि वज्र और लोढा आदिक स्थूल पदार्थ है इसलिए इनका आपसमें व्याघात है, अत आकाशकी अवगाह देने रूप सामर्थ्य नहीं नष्ट होती। यहाँ जो व्याघात दिखाई देता है वह अवगाहन करनेवाले पदार्थोंका ही है। तात्पर्य यह है कि वज्रादिक स्थूल पदार्थ हैं, इसलिए वे परस्परमें अवकाश नही देते है यह कुछ आकाशका दोष नहीं है। हाँ जो पुद्गल सूक्ष्म होते है वे परस्पर अवकाश देते है। प्रश्न—यदि ऐसा है तो यह आकाशका असाधारण लक्षण नहीं रहता, क्योंकि दूसरे पदार्थोंमें भी इसका सद्भाव पाया जाता है ? उत्तर—नहीं, क्योंकि आकाश द्रव्य सब पदार्थोंको अवकाश देनेमें साधारण कारण है यही इसका असाधारण लक्षण है, इसलिए कोई दोष नहीं है। प्रश्न—अलोकाकाशमें अवकाश देने रूप स्वभाव नहीं पाया जाता, इससे ज्ञात होता है कि यह आकाशका स्वभाव नहीं है ? उत्तर—नहीं, क्योंकि कोई भी द्रव्य अपने स्वभावका त्याग नहीं करता।

रा. वा. ५/१८/२३/४३४/६ अलोकाकाशस्यावकाशदानाभावात्तद्भाव इति चेत्, न; तत्सामर्थ्याविरहात् ॥२३॥ क्रियानिमित्तत्वेऽपि रूढिविशेषबललाभात् गोशब्दवत् तद्भावेऽपि प्रवर्तते =प्रश्न—अलोकाकाशमें द्रव्योंका अवगाहन न होनेसे यह उसका स्वभाव घटित नहीं होता ? उत्तर—शक्तिकी दृष्टिसे उसमें भी आकाशका व्यवहार होता है। क्रियाका निमित्तपना होनेपर भी रूढि विशेषके बलसे भी अलोकाकाशको आकाश संज्ञा प्राप्त हो जाती है, जिस प्रकार बैठी हुई गऊमें चलन क्रियाका अभाव होनेपर भी चलन शक्ति के कारण गौ शब्दकी प्रवृत्ति देखी जाती है।

गो.जो./जी.प्र. ६०५/१०६०/५ ननु क्रियावतोऽवगाहिजीवपुद्गलयोरेवावकाशदानं युक्तं धर्मादीनां तु निष्क्रियाणां नित्यसंबद्धानां तत् कथम् ? इति तन्न उपचारेण तत्सिद्धेः। यथा गमनाभावेऽपि सर्वगतामाकाशमित्युच्यते सर्वत्र सद्भावात् तथा धर्मादीनां अवगाहनक्रियाया अभावेऽपि सर्वत्र दर्शनात् अवगाह इत्युपचर्यते।=प्रश्न—जो अवगाह क्रियावान तौ जीव पुद्गल है तिनिको अवकाश देना युक्त कहा। बहुरि धर्मादिक द्रव्य तो निष्क्रिय हैं, नित्य सम्बन्धको धरै है नवीन नाहीं आये जिनको अवकाश देना सम्भवै। ऐसे इहाँ कैसे कहिये सो कहो ? उत्तर—जो उपचार करि कहिये है जैसे गमनका अभाव होते संतै भी सर्वत्र सद्भावकी अपेक्षा आकाशको सर्वगत कहिये तैसे धर्मादि द्रव्यनिकैं अवगाह क्रियाका अभाव होतै संतै भी लोक विषै सर्वत्र सद्भावकी अपेक्षा अवगाहनका उपचार कीजिये है। (स.सि.५/१८/२८४/३) रा. वा./५/१८/२/४६६/१८)।

५. असं. प्रदेशी लोकमें अनन्त द्रव्योंके अवगाहकी सिद्धि

स. सि ५/१०/२७५ स्यादेतदसंख्यातप्रदेशो लोकः अनन्तप्रदेशस्यान्तानन्तप्रदेशस्य च स्कन्धस्याधिकरणमिति विरोधः.....नैष दोषः; सूक्ष्मपरिणामावगाहशक्तियोगात्। परमाण्वादयो हि सूक्ष्मभावेन परिणता एकस्मिन्नप्याकाशप्रदेशेऽनन्तानन्ता अवतिष्ठन्ते अवगाहनशक्तेश्चैवाव्याहतास्ति। तस्मादेकस्मिन्नपि प्रदेशे अनन्तानन्तानामवस्थानं न विरुध्यते। (नायमेकान्तः—अल्पेऽधिकरणे महद्द्रव्यं नावतिष्ठते इति...प्रत्यविशेष संघातविशेष इत्यर्थः। सहस्रविसर्पितचम्पकादिगन्धादिवत् ६/रा. वा.)=प्रश्न—लोक असंख्यात प्रदेशवाला है इसलिए वह अनन्तानन्त प्रदेशवाले स्कन्धका आधार है इस बातके माननेमें विरोध आता है। उत्तर—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि सूक्ष्म परिणमन होनेसे और अवगाहन शक्तिके निमित्तसे अनन्त या अनन्तानन्त प्रदेशवाले पुद्गल स्कन्धोंका आकाश आधार हो जाता है। सूक्ष्म रूपसे परिणत हुए परमाणु आकाशके एक-एक प्रदेशमें अनन्तानन्त ठहर जाते है। इनकी यह अवगाहन शक्ति व्याघात रहित है। इसलिए आकाशके एक प्रदेशमें भी अनन्तानन्त पुद्गलोंका अवस्थान विरोधको प्राप्त नहीं होता। फिर यह कोई एकान्तिक नियम नहीं है कि छोटे आधारमें बडा द्रव्य ठहर ही नहीं सकता हो। पुद्गलोंमें विशेष प्रकार सघन सघात होनेसे अल्प क्षेत्रमें बहुतोंका अवस्थान हो जाता है जैसे कि छोटी-सी चम्पाकी कलीमें सूक्ष्म रूपसे बहुतसे गन्धावयव रहते है, पर वे ही जब फैलते है तो समस्त दिशाओंको व्याप्त कर लेते है। (रा. वा ५/१०/३-६/४५३/१४)

स. सि /५/१४/२७६ अवगाहनस्वभावत्वात्सूक्ष्मपरिणामाच्च मूर्तिमतामप्यवगाहो न विरुध्यते एकापवरके अनेकप्रदीपप्रकाशावस्थानवत्। आगमप्रामाण्याच्च तथाऽध्यवसेयम्। =(पुद्गलोंका) अवगाहन स्वभाव है और सूक्ष्मरूपसे परिणमन हो जाता है इसलिए एक मकानमें जिस प्रकार अनेक दीपकोंका प्रकाश रह जाता है उसी प्रकार-मूर्तमान पुद्गलोंका एक जगह अवगाह विरोधको प्राप्त नहीं होता तथा आगम प्रमाणसे यह बात जानी जाती है। (रा वा. ५/१३/४-६/४२७)

रा. वा. /५/१५/५/४५८/७ प्रमाणविरोधादवगाहायुरिति चेत्।...तन्न; किं कारणम् जीवद्वै विध्यात्। द्विविधा जीवाः बादराः सूक्ष्माश्चेति। तत्र बादराः सप्रतिघातशरीराः। सूक्ष्मा जीवाः सूक्ष्मपरिणामादेव सशरीरत्वेऽपि परस्परेण बादरैश्च न प्रतिहन्यन्ते इत्यप्रतिघातशरीराः। ततो यत्रैकसूक्ष्मनिगोतजीवस्तिष्ठति तत्रानन्तानन्ताः साधारणशरीरा वसन्ति। बादराणां च मनुष्यादीनां शरीरेषु संस्वेदजसमूर्च्छनजादीनां जीवानां प्रतिशरीरं बहूनामवस्थानमिति नास्त्यवगाहविरोधः। यदि बादरा एव जीवा अभविष्यन्नपितर्हि अवगाहविरोधोऽजनिष्यत। कथं सशरीरस्यात्मनोऽप्रतिघातत्वमिति चेत् दृष्टत्वात् दृश्यते हि बालाग्रकोटिमात्रच्छिद्ररहिते घनबहलायसभित्तितले वज्रमयकपाटे बहिः समन्तात् वज्रलेपलिप्ते अपवरके देवदत्तस्य मृतस्य मूर्तिमज्ज्ञानावरणादिकर्मतैजसकार्मणशरीरसबन्धित्वेऽपि गृहमभित्त्वैव निर्गमनम्, तथा सूक्ष्मनिगोतानामप्यप्रतिघातित्वं वेदितव्यम्। =प्रश्न—द्रव्य प्रमाणसे जीवराशि अनन्तानन्त है तो वह असंख्यात प्रदेश प्रमाण लोकाकाशमें कैसे रह सकती है ? उत्तर—जीव बादर और सूक्ष्मके भेदसे दो प्रकारके है। बादर जीव सप्रतिघात शरीरी होते है पर सूक्ष्म जीवोंका सूक्ष्म परिणमन होनेके कारण सशरीरी होनेपर भी न तो बादरोंसे प्रतिघात होता है और न परस्पर ही। वे अप्रतिघातशरीरी होते है इसलिए जहाँ एक सूक्ष्म निगोद जीव रहता है वहीं अनन्तान्त साधारण सूक्ष्म शरीरी रहते है। बादर मनुष्यादिके शरीरोंमें भी संस्वेदज आदि अनेक सम्मूर्छन जीव रहते हैं। यदि सभी जीव बादर ही होते तो अवगाहमें गडबड पड सकती थी। सशरीरी आत्मा भी अप्रतिघाति है यह बात तो अनुभव सिद्ध है। निश्छिद्र लोहेके मकानसे, जिसमें वज्रके किवाड लगे हों, और वज्रलेप भी जिसमें किया गया हो, मर कर जीव कार्माण शरीरके साथ निकल जाता है। यह कार्माण शरीर मूर्तिमान ज्ञानावरणादि कर्मोंका पिण्ड है। तैजस शरीरभी इसके साथ सदा रहता है। मरण कालमें इन दोनों शरीरोंके साथ जीव वज्रमय कमरेसे निकल जाता है और उस कमरे में कहीं भी छेद या दरार नहीं पडती। इसी तरह सूक्ष्म निगोदिया जीवोंका शरीरभी अप्रतिघाती ही समझना चाहिए।

ध. ४/१ ३,२/२२/४ कधमणंता जीवा असंखेज्जपदेसिए लोए अच्छंति। ...लोगे मज्झम्हि जदि होंति, तो लोगस्स असंखेज्जदिभागमेत्तेहि चेव जीवेहि होदव्वमिदि ? =णेदं घडदे, पोग्गलाणं पि असंखेज्जत्तप्पसंगादो...लोगमेत्ता परमाणू भवंति, लोगमेत्तपरमाणूहि कम्मसरीरघड-पड-त्थंभादिसु एगो वि ण णिप्पज्जदे, अणंताणंतपरमाणुसमुदयसमागमेण विणा एक्किस्से ओसण्णासण्णिवाए वि संभवाभावा। होदु चेण, सयलपोग्गलदव्वस्स अणुवलद्धिप्पसंगादो सव्वजीवाणमक्कमेण केवलणाणुप्पत्तिप्पसंगादो च। एवमइप्पसंगो माहोदि त्ति अवगेज्झमाण जीवाजीवसत्तण्णहाणुववत्तीदो अवगाहणधम्मिओ लोगागासो त्ति इच्छिदव्वो खीरकुम्भस्स मधुकुंभो व्व। =प्रश्न—असंख्यातप्रदेशवाले लोकमें अनन्त संख्यावाले जीव कैसे रह सकते है ?... यदि लोकके मध्यमें जीव रहते हैं (अलोकमें नहीं) तो वे लोकके असंख्यातवें भागमात्रमें

ही होने चाहिए ? उत्तर-शंकाकारका उक्त कथन घटित नहीं होता, क्योंकि उक्त कथनके मान लेनेपर पुद्गलोंके भी असंख्यातपनेका प्रसंग आता है। अर्थात् लोकाकाशके प्रदेश प्रमाण ही परमाणु होंगे तथा उन लोकप्रमाण परमाणुओंके द्वारा कर्म, शरीर, घट पट और स्तंभ आदिकोंमें-से एकभी वस्तु निष्पन्न नहीं हो सकती है, क्योंकि, अनन्तानन्त परमाणुओंके समुदायका समागम हुए बिना एक अवसन्नासन्न संज्ञक भी स्कन्ध होना सम्भव नहीं है—प्रश्न-एकभी वस्तु निष्पन्न नहीं होवे, तो भी क्या हानि है ? उत्तर—नहीं क्योंकि, ऐसा माननेपर समस्त पुद्गल द्रव्यकी अनुपलब्धिका प्रसंग आता है, तथा सर्व जीवोंके एक साथ ही केवलज्ञानकी उत्पत्तिका भी प्रसंग प्राप्त होता है। (क्योंकि इतने मात्र परमाणुओंसे यदि किसी प्रकार सम्भव भी हो तो भी एक ही जीवका कार्माण शरीर बन पायेगा अन्य सर्व जीव कर्मरहित हो जायेंगे)। इस प्रकार अतिप्रसंग दोष न आवे, इसलिए अवगाह्यमान जीव और अजीव द्रव्योंकी सत्ता अन्यथा न बननेसे क्षीर कुम्भका मधुकुम्भके समान अवगाहन धर्मवाला लोकाकाश है, ऐसा मान लेना चाहिए।

ध.३/१,२,४५/२५८/१ ७९२२८१६२५१४२६४३३७५९३५४३९५०३३६ एत्तिय-मेत्तमणुसपज्जत्तरासिम्हि संखेज्जपदरंगुलेहि गुणिदे माणुसखेत्तादो संखेज्जगुणत्तप्पसंगा। संखेज्जुसेहंगुलमेत्तोगाहणो मणुसपज्जत्तरासी सम्मादि त्ति णामकणिज्ज. सव्वुक्कस्सोगाहणमणुसपज्जत्तरासिम्हि संखेज्जपमाणपदर गुलमेत्तोगाहणगुणगारसुहविरत्थारुवलभादो। = प्रश्न—७९२२८१६२५१४२६४३३७५९३५४३९५०३३६ इतनी मनुष्य पर्याप्त राशिको संख्यात प्रतरांगुल (मनुष्यका निवास क्षेत्र) से गुणा किया जाये तो उस प्रमाणको मनुष्य क्षेत्रसे (४५ लाख योजन व्यास = १६००९०३०६५४६० $\frac{११}{२८}$ वर्ग योजन = ९४४२५१·४६६८१९४३४-०००००००० प्रतरांगुल। इसमें-से दो समुद्रोंका क्षेत्रफल घटानेपर शेष = ६१९७०८४६६८१६४१६२०००००००० प्रतरांगुल। अन्तर्द्वीप तो है पर उनमें मनुष्य अत्यल्प होनेसे विवक्षामें नहीं लिये) संख्यात गुणाका प्रसंग आ जावेगा। उसमें संख्यात उत्सेधांगुलमात्र अवगाहनासे युक्त मनुष्य पर्याप्त राशि समा जायेगी (अधिक नहीं)। उत्तर सो ठीक नहीं, क्योंकि सबसे उत्कृष्ट अवगाहनासे युक्त मनुष्य पर्याप्त राशिमें संख्यात प्रमाण प्रतरांगुल मात्र अवगाहनके गुणकारका सुख विस्तार पाया जाता है (न कि सब मनुष्योंका)।

पं. का./ता. वृ. ९०/१५० अनन्तानन्तजीवास्तेभ्योऽप्यनन्तगुणा पुद्गला लोकाकाशप्रमितप्रदेशप्रमाणा कालाणवो धर्माधर्मौ चेति सर्वे कथमवकाशं लभन्त इति। भगवानाह। एकापवरके अनेकप्रदीपप्रकाश वदेकगूढनागरसगद्याणके बहुसुवर्णदिरूपेनुष्ट्रीक्षीरघटे मधुघटवदेकस्मिन् भूमिगृहे जयघण्टादिवद्विशिष्टावगाहगुणेनासंख्येयप्रदेशेऽपि लोके अनन्तसंख्या अपि जीवाद्यर्थोऽवकाशं लभन्त इत्यभिप्रायः। = प्रश्न—जीव अनन्तानन्त हैं, उससे भी अनन्त गुणे पुद्गल द्रव्य हैं, लोकाकाश प्रदेश प्रमाण काल द्रव्य हैं, तथा एक धर्म द्रव्य व एक अधर्म द्रव्य है। असंख्यात प्रदेशी लोकमें ये सब कैसे अवकाश पाते हैं ? उत्तर—एक घरमें जिस प्रकार अनेक दीपकोंका प्रकाश समा रहा है, जिस प्रकार एक छोटेसे गुटकेमें बहुत-सी सुवर्णकी राशि रहती है ऊष्ट्रीके एक घट दूधमें एक शहदका घड़ा समा जाता है, तथा एक भूमि गृहमें जय-जय व घण्टादिके शब्द समा जाते हैं, उसी प्रकार असंख्यात प्रदेशी लोकमें विशिष्ट अवगाहन शक्तिके कारण जीवादि अनन्त पदार्थ सहज अवकाश पा लेते हैं। (द्र. स./मू./२०/५१)

६. एक प्रदेशपर अनन्त द्रव्योंके अवगाहकी सिद्धि

स सि /५/१०/२७५ परमाण्वादयो हि सूक्ष्मभावेन परिणता एकैकस्मिन्नप्याकाशप्रदेशेऽनन्तानन्ता अवतिष्ठन्ते। = सूक्ष्म रूपसे परिणत हुए पुद्गल परमाणु आकाशके एक-एक प्रदेशपर अनन्तान्त ठहर सकते हैं। (रा. वा./५/१०/३-६/४५३) (विशेष दे. आकाश ३/५)

ध.१४/५,६,५३१/४४५/१एगपदेसियस्स पोग्गलस्स होदु णाम एगागासपदेसे अवट्ठाणं, कथं दुपदेसिय-तिपदेसियसंखेज्जासंखेज्ज अणंतपदेसिय-वग्गणाणं तत्थावट्ठाणं ण, तत्थ अणंतोगाहगुणस्स संभवादो। तं पि कुदो णव्वदे जीव-पोग्गलाणमणंताणं तियत्तण्णहाणुववत्तीदो। = प्रश्न—एक प्रदेशी पुद्गलका एक आकाश प्रदेशमें अवस्थान होवो परन्तु द्विप्रदेशी, त्रिप्रदेशी, संख्यात प्रदेशी, असंख्यात प्रदेशी और अनन्त प्रदेशी स्कन्धोंका वहाँ अवस्थान कैसे हो सकता है ? उत्तर—नहीं। क्योंकि वहाँ अनन्तको अवगाहन करनेका गुण सम्भव है। प्रश्न—सो भी कैसे ? उत्तर—जीव व पुद्गलोंकी अनन्तपनेकी अन्यथा उपपत्ति सम्भव नहीं।

प्र सा /त प्र १४०/११८ स खल्वेकोऽपि विशेषपक्षद्रव्यप्रदेशानां सौक्ष्म्य-परिणतानन्तपरमाणुस्कन्धानां चावकाशदानसमर्थ। = वह आकाशका एक प्रदेश भी बाकीके पाँच द्रव्योंके प्रदेशोंको तथा परम सूक्ष्मता रूपसे परिणमे हुए अनन्त परमाणुओंके स्कन्धोंको अवकाश देनेके लिए समर्थ है।

द्र स /मू २७ जावदियं आयासं अविभागी पुग्गलाणुउट्टद्धं। तं खु पदेसं जाणे सव्वाणुट्ठाणदाणरिहं ॥२७॥ = जितना आकाश अविभागी पुद्गलाणुसे रोका जाता है, उसको सर्व परमाणुओंको स्थान देनेमें समर्थ प्रदेश जानो॥

आकाशगता चूलिका—दे. श्रुतज्ञान III।

आकाशगामी ऋद्धि—दे. ऋद्धि ४।

आकाश पुष्प—दे० असत्।

आकाश भूत—भूत जातिके व्यन्तर देवोंका एक भेद=दे. भूत।

आकिंचन्य धर्म—बा. अ ७१ होऊण य णिस्संगो णियभावं णिग्गहिदु सुहदुहदं। णिद्दंदेण दु वट्टदि अणयारो तस्स किंचण्णं ॥७१॥ = जो मुनि सर्व प्रकारके परिग्रहोंसे रहित होकर और सुख-दुःखके देनेवाले कर्म जनित निजभावोंको रोककर निर्द्वन्द्वतासे अर्थात् निश्चिन्ततासे आचरण करता है उसके आकिंचन्य धर्म होता है। (पं वि./१/१०१-१०२)

स सि ९/६/४१३ उपात्तेष्वपि शरीरादिषु संस्कारापोहाय ममेदमित्यभिसन्धिनिवृत्तिराकिंचन्यम्। नास्य किञ्चनास्तीत्यकिंचन। तस्य भावः कर्म वा आकिंचन्यम् = जो शरीरादि उपात्त हैं उनमें भी संस्कारका त्याग करनेकेलिए 'यह मेरा है' इस प्रकारके अभिप्रायका त्याग करना आकिंचन्य है। जिसका कुछ नहीं है वह अकिंचन है, और उसका भाव या कर्म आकिंचन्य है। (रा. वा. ९/६/२१/५९८/१४) (त. सा. ६/२०) (अन. ध. ६/५४/६०७)

भ.आ./वि. ४८/१५४/१६ अकिंचनतासकलग्रन्थत्याग = सम्पूर्ण परिग्रहका त्याग करना यह आकिंचन्य धर्म है। (का. अ ४०२)

२. आकिंचन्यधर्म पालनार्थ विशेष भावनाएँ

रा वा /९/६/२७/५९९/२६ परिग्रहाशा बलवती सर्वदोषप्रसवयोनिः। न तस्या उपाधिभिः तृप्तिरस्ति सलिलैरिव सलिलनिधेरिह बडवायाः। अपि च, कः पूरयति दुष्पूराशागर्तम्। दिने दिने यत्रास्तमस्तमाधेयमाधारत्वाय कल्पते। शरीरादीषु निर्ममत्वः परमनिवृत्तिमवाप्नोति। शरीरादिषु कृताभिष्वङ्गस्य सर्वकालभिष्वङ्ग एव संसारे। परिग्रहकी आशा बड़ी बलवती है वह समस्त दोषोंकी उत्पत्तिका स्थान है जैसे-पानीसे समुद्रका बडवानल शान्त नहीं होता उसी तरह परिग्रहसे आशा-समुद्रकी तृप्ति नहीं हो सकती। यह आशाका गड्ढा दुष्पूर है इसका भरना बहुत कठिन है। प्रतिदिन जो उसमें डाला जाता है वही समा कर मुँह बाने लगता है। शरीरादिसे ममत्व शून्य व्यक्ति परम सन्तोषको प्राप्त होता है। शरीरादिमें राग करनेवाले सदा संसार परिभ्रमण सुनिश्चित है। (पं वि./१/८२-१०५)

रा. वा.हिं /९/६/६६६ का सारार्थ (जाके शरीरादि विषै ममत्व नाहीं होय सो परम सुख कूं पावै है।)

★ दश धर्मोंकी विशेषताएँ—दे. धर्म/८

★ आकिंचन्य व शौचधर्ममे अन्तर—दे. शौच

आकृति—न्या. सू /मू. व.भा./२/२/६५/१४३ आकृतिर्जातिलिङ्गाख्या ॥६१॥ [सा च नान्यसत्त्वावयवानां तदवयवानां च नियताद् व्यूहादिति।] नियतावयवव्यूहा खलु सत्त्वावयवा जातिलिङ्ग। शिरसा पादेन गामनुमिन्वन्ति। नियते च सत्त्वावयवानां व्यूहे सति गोत्व प्रख्यायत इति।=जिससे जाति और उसके लिंग प्रसिद्ध किये जायें उसे आकृति कहते है। और उसके अगोंकी नियत रचना जातिका चिह्न है। शिर और पादोंसे गायको पहिचानते है। अवयवोंके प्रसिद्ध होनेसे गोत्व प्रसिद्ध होता है कि 'यह गौ है' इत्यादि।

पं. ध./पू ५८ शक्तिर्लक्ष्मविशेषो धर्मो रूपं गुण स्वभावश्च। प्रकृति शील चाकृतिरेकार्थवाचका अमी शब्दा' ॥४८॥ =शक्ति लक्ष्मलक्षण विशेषधर्मरूप गुण तथा स्वभाव प्रकृति-शील और आकृति ये सब शब्द एक ही अर्थके वाचक है।

आक्रंदन—स.सि. ६/११/३२६ परितापजाताश्रुपातप्रचुरविप्रलापादिनिर्व्यर्थक्रन्दनमाक्रन्दनम्। =परितापके कारण जो आँसू गिरनेके साथ विलाप आदि होता है, उससे खुलकर रोना आक्रन्दन कहलाता है। (रा.वा. ६/११/४/५११/२६)

आक्रोश परिषह—स सि. ९/९/४२४ मिथ्यादर्शनोद्रिक्तामर्ष परूषावज्ञानिन्दासभ्यवचनानि क्रोधाग्निशिखाप्रवर्धनानि निशृण्वतोऽपि तदर्थेष्वसमाहितचेतस सहसा तत्प्रतिकारं कर्तुमपि शक्नुवत पापकर्मविपाकमचिन्तयतस्तान्याकर्ण्य तपश्चरणभावनापरस्य कषायविषलवमात्रस्याप्यनवकाशमात्महृदयं कुर्वत आक्रोशपरिषहसहनमवधार्यते।=मिथ्यादर्शनके उद्रेकसे कहे गये जो क्रोधाग्निकी शिखाको बढाते है ऐसे क्रोधरूप, कठोर, अवज्ञा कर, निन्दारूप और असभ्य वचनोंको सुनते हुए भी जिसका उनके विषयोंमें चित्त नही जाता है, यद्यपि तत्काल उनका प्रतिकार करनेमें समर्थ है फिर भी यह सब पाप कर्मका विपाक है इस तरह जो चिन्तवन करता है, जो उन शब्दोंको सुनकर तपश्चरणकी भावनामें तत्पर होता है और जो कषायविषके लेश मात्रको भी अपने हृदयमें अवकाश नहीं देता उसके आक्रोश परिषह सहन निश्चित होता है। (रा.वा. ९/९/१७/६१०/३५) (चा.सा. १२०/४)

आक्षेपिणी कथा—दे. कथा।

आखेट—१. आखेटका निषेध

ला.सं. २/१३६ अन्तर्भावोऽस्ति तस्यापि गुणव्रतसंज्ञिके। अनर्थदण्डत्यागाख्ये बाह्यानर्थक्रियादिवत् ॥१३६॥=शिकार खेलना बाह्य अनर्थ क्रियाओंके समान है, इसलिए उसका त्याग अनर्थदण्ड त्याग नामके गुणव्रतमें अन्तर्भूत हो जाता है।

२. सुखप्रदायी आखेटका निषेध क्यों ?

ला.सं २/१४१-१४८ ननु चानर्थदण्डोऽस्ति भोगादन्यत्र याः क्रिया'। आत्मानन्दाय यत्कर्म तत्कथं स्यात्तथाविधं ॥१४१॥ यथा सुक्चन्दनं योषिद्वस्त्राभरणभोजनम्। सुखार्थं सर्वमेवैतत्तथाखेट क्रियापि च ॥१४२॥ मैवं तीव्रानुभावस्य बन्ध प्रमादगौरवात्। प्रमादस्य निवृत्यर्थं स्मृत व्रतकदम्बकम् ॥१४३॥ सुक्चन्दनवनितादौ क्रियायां वा सुखाप्तये। भोगभावो सुख तत्र हिंसा स्यादानुषङ्गिकी ।१४४। आखेटके तु हिंसाया भाव' स्याद्बहुरिजन्मिन'। पश्चाद्वानुयोगेन भोग स्याद्वा न वा क्वचित् ॥१४५॥ हिंसानन्दन तेनोच्चै रौद्रध्यानेन प्राणिनाम्। नारकस्यायुषो बन्ध' स्यान्निर्दिष्टो जिनागमे ॥१४६॥ ततोऽवश्यं हि हिंसाया भावश्चानर्थदण्डक'। त्याज्यः प्रागेव सर्वेभ्य' संक्लेशेभ्य' प्रयत्नत' ॥१४७॥ तत्रावान्तररूपस्य मृगयाभ्यासकर्मण। त्याग श्रेयानवश्यं स्यादन्यथाऽसातबन्धनम् ॥१४८॥ =प्रश्न—भोगोपभोगके सिवाय जो क्रियाएँ की जाती है उन्हे अनर्थदण्ड कहते है। परन्तु शिकार खेलनेसे आत्माको आनन्द प्राप्त होता है इसलिए शिकार खेलना अनर्थदण्ड नहीं है ॥१४१॥ परन्तु जिस प्रकार पुष्पमाला, चन्दन, स्त्रियाँ, वस्त्राभरण भोजनादि समस्त पदार्थ आत्माको सुख देनेवाले है उसी प्रकार शिकार खेलनेसे भी आत्माको सुख प्राप्त होता है ? ॥१४२॥ उत्तर—ऐसा कहना युक्त नहीं। क्योंकि प्रमादकी अधिकताके कारण अनुभाग बन्धकी अधिक तीव्रता हो जाती है और प्रमादको दूर करनेके लिए ही सर्व व्रत पाले जाते है। इसलिए शिकार खेलना भोगोपभोगकी सामग्री नही है। बल्कि प्रमादका रूप है ॥१४३॥ माला, चन्दन, स्त्री आदिका सेवन करनेमे सुखकी प्राप्तिके लिए ही केवल भोगोपभोग करनेके भाव किये जाते है तथा उनका सेवन करनेसे सुख मिलता भी है और उसमे जो हिंसा होती है वह केवल प्रसगानुसार होता है संकल्पपूर्वक नही ॥१४४॥ परन्तु शिकार खेलने में अनेक प्राणियोकी हिंसा करनेके ही परिणाम होते है, तदनन्तर उसके कर्मोंके अनुसार भोगोपभोगकी प्राप्ति होती भी है और नहीं भी होती है ॥१४५॥ शिकार खेलनेका अभ्यास करना, शिकार खेलने की मनोकामना रखकर निशाना मारनेका अभ्यास करना तथा और भी ऐसी ही शिकार खेलनेके साधन रूप क्रियाओंका करना शिकार खेलनेमें ही अन्तर्भूत हैं। इसलिए ऐसे सर्व प्रयोगोका त्याग भी अवश्य कर देना चाहिए क्योंकि ऐसा त्याग कल्याणकारी है। इसका त्याग न करनेसे असाता वेदनीयका पाप कर्म बन्ध ही होता है जो भावी दुःखोका कारण है ॥१४६-१४८॥

३. आखेट त्यागके अतिचार

सा.ध. २/२२ वस्त्रनाणकपुस्तादि-न्यस्तजीवच्छिदादिकम्। न कुर्यात्यक्तपापश्लिस्तद्धि लोकेऽपि गर्हितम् ॥२२॥=शिकार व्यसनका त्यागी वस्त्र, सिक्का, काष्ठ और पाषाणादि शिल्पमें बनाये गये जीवोके छेदनादिकको नही करे क्योंकि वह वस्त्रादिकमें बनाये गये जीवोका छेदन-भेदन लोकमें निन्दित है।

ला.सं २/१५०-१५३ कार्यं विनापि क्रीडार्थम् कौतुकार्थमथापि च। कर्तव्यमटनं नैव वापीकूपादिवर्त्मसु ॥१५०॥ पुष्पादिवाटिकासूच्चैर्वनेषूपवनेषु च। सरित्तडागक्रीडादिसर शून्यगृहादिषु ॥१५१॥ शस्याधिष्ठानक्षेत्रेषु गोष्ठीनेष्वन्यवेश्मसु। कारागारगृहेषूच्चैर्मठेषु नृपवेश्मसु ॥१५२॥ एवमित्यादि स्थानेषु विना कार्यं न जातुचित्। कौतुकादि विनोदार्थं न गच्छेन्मृगयोज्झितः ॥१५३॥ =बिना किसी अन्य प्रयोजनके केवल क्रीडा करनेके लिए अथवा केवल तमाशा देखनेकेलिए इधर उधर नही घूमना चाहिए। किसी बावडी या कूआँके मार्गमें या और भी ऐसे ही स्थानोंमें बिना प्रयोजनके कभी नहीं घूमना चाहिए ॥१५०॥ जिसने शिकार खेलनेका त्याग कर दिया है उसको बिना किसी अन्य कार्यके केवल तमाशा देखनेके लिए या केवल मन बहलानेके लिए पौधे-फूल, वृक्ष आदिके बगीचोमें, बडे-बडे वनोंमें, उपवनोमें, नदियोंमें, सरोवरोंमें, क्रीडा करनेके छोटे-छोटे पर्वतों पर, क्रीडा करनेके लिए बनाये हुए तालाबोंमें, सूने मकानोंमें, गेहूँ, जौ, मटर आदि अन्न उत्पन्न होने वाले खेतोंमें, पशुओंके बाँधनेके स्थानोंमें, दूसरेके घरोंमें, जेलखानोंमें बडे-बडे मठोंमें, राजमहलोंमें या और भी ऐसे ही स्थानोंमें कभी नही जाना चाहिए ॥१५१-१५३॥

आगम—आचार्य परम्परासे आगत मूल सिद्धान्तको आगम कहते है।

जैनागम यद्यपि मूलमें अत्यन्त विस्तृत है पर काल दोषसे इसका अधिकांश भाग नष्ट हो गया है। उस आगमकी सार्थकता उसकी शब्द रचनाके कारण नहीं बल्कि उसके भाव प्रतिपादनके कारण है। इसलिए शब्द रचनाको उपचार मात्रसे आगम कहा गया है। इसके भावको ठीक-ठीक ग्रहण करनेकेलिए पाँच प्रकारसे इसका अर्थ करनेको

विधि है—शब्दार्थ, नयार्थ, मतार्थ, आगमार्थ व भावार्थ, शब्दका अर्थ यद्यपि क्षेत्र कालादिके अनुसार बदल जाता है पर भावार्थ वही रहता है, इसीसे शब्द बदल जाने पर भी आगम अनादि कहा जाता है। आगम भी प्रमाण स्वीकार किया गया है क्योंकि पक्षपात रहित वीतराग गुरुओं द्वारा प्रतिपादित होनेसे पूर्वापर विरोधसे रहित है। शब्द रचनाकी अपेक्षा यद्यपि वह पौरुषेय है पर अनादिगत भावकी अपेक्षा अपौरुषेय है। आगमकी अधिकतर रचना सूत्रोंमें होती है क्योंकि सूत्रों द्वारा बहुत अधिक अर्थ थोड़े शब्दोंमें ही किया जाना सम्भव है। पीछेसे अल्पबुद्धियोंके लिए आचार्योंने उन सूत्रोंकी टीकाएँ रची है। वे ही टीकाएँ भी उन्हीं मूल सूत्रोंके भावका प्रतिपादन करनेके कारण प्रामाणिक हैं।

---

१ आगम सामान्य निर्देश :—

१ आगम सामान्यका लक्षण
२ आगमाभासका लक्षण
३ नोआगमका लक्षण
★ आगम व नोआगमादि द्रव्य भाव निक्षेप तथा स्थित जित आदि द्रव्य निक्षेप —दे. निक्षेप
★ आगमकी अनन्तता —दे. आगम १/११
★ आगमके नन्दा भद्रा आदि भेद —दे. वाचना
४ शब्द या आगम प्रमाणका लक्षण
५ शब्द प्रमाणका श्रुतज्ञानमें अन्तर्भाव
६ आगम अनादि है
७ आगम गणधरादि गुरु परम्परा से आगत है
८ आगम ज्ञानके अतिचार
९ श्रुतके अतिचार
१० द्रव्य श्रुतके अपुनरुक्त अक्षर
११ श्रुतका बहुत कम भाग लिखनेमें आया है
१२ आगमकी बहुत सी बातें नष्ट हो चुकी हैं
१३ आगमके विस्तारका कारण
१४ आगमके विच्छेद सम्बन्धी भविष्यवाणी
★ आगमके चारों अनुयोगों सम्बन्धी —दे. अनुयोग
★ मोक्षमार्गमें आगम ज्ञानका स्थान —दे. स्वाध्याय
★ आगम परम्पराकी समयानुक्रमिक सारणी —दे. इतिहास/७
★ आगम ज्ञानमें विनयका स्थान —दे. विनय/२
★ आगमके आदान प्रदानमें पात्र अपात्रका विचार —दे. उपदेश/३
★ आगमके पठन पाठन सम्बन्धी —दे. स्वाध्याय
★ पठित ज्ञानके संस्कार साथ जाते हैं —दे. संस्कार

२ द्रव्य भाव आगम ज्ञान निर्देश व समन्वय :—

★ आगमके ज्ञानमें सम्यक्दर्शनका स्थान —दे. ज्ञान III/२
★ आगम ज्ञानमें चारित्रका स्थान —दे. चारित्र ५
१ वास्तवमें भाव श्रुत ही ज्ञान है द्रव्यश्रुत ज्ञान नहीं
२ भावका ग्रहण ही आगम है
★ श्रुतज्ञानके अंग पूर्वादि भेदोंका परिचय —दे. श्रुतज्ञान III
३ द्रव्य श्रुतको ज्ञान कहनेका कारण
४ द्रव्य श्रुतके भेदादि जाननेका प्रयोजन
५ आगमको श्रुतज्ञान कहना उपचार है
★ निश्चय व्यवहार सम्यग्ज्ञान —दे. ज्ञान IV

३ आगमका अर्थ करनेकी विधि :—

१ पाँच प्रकार अर्थ करनेका विधान
★ शब्दार्थ —दे. आगम/४
२ मतार्थ करनेका कारण
३ नय निक्षेपार्थ करनेकी विधि
★ सूक्ष्मादि पदार्थ केवल आगम प्रमाणसे जाने जाते हैं, वे तर्कका विषय नहीं —दे. न्याय/१
४ आगमार्थ करनेकी विधि—
१. पूर्वापर मिलान पूर्वक
२. परम्पराका ध्यान रखकर
३ शब्द का नहीं भावका ग्रहण करना चाहिए
* आगमकी परीक्षामें अनुभवकी प्रधानता —दे. अनुभव
५ भावार्थ करनेकी विधि
६ आगममें व्याकरणकी प्रधानता।
७ आगममें व्याकरणकी गौणता
८ अर्थ समझने सम्बन्धी कुछ विशेष नियम
९ विरोधी बाते आनेपर दोनोंका संग्रह कर लें
१० व्याख्यानकी अपेक्षा सूत्र वचन प्रमाण होता है
११ यथार्थका निर्णय हो जानेपर भूल सुधार लेनी चाहिए

४ शब्दार्थ सम्बन्धी विषय :—

१ शब्दमें अर्थ प्रतिपादनकी योग्यता व शंका
२ भिन्न-भिन्न शब्दोंके भिन्न-भिन्न अर्थ होते हैं
३ जितने शब्द हैं उतने वाच्य पदार्थ भी हैं
४ अर्थ व शब्दमें वाच्य वाचक भाव कैसे हो सकता है
५ शब्द अल्प है और अर्थ अनन्त है
६ अर्थ प्रतिपादनकी अपेक्षा शब्दमें प्रमाण व नयपना
७ शब्दका अर्थ देश कालानुसार करना चाहिए
८ भिन्न क्षेत्र कालादिमें शब्दका अर्थ भिन्न भी होता है
१. कालकी अपेक्षा।
२ शास्त्रोंकी अपेक्षा।
३. क्षेत्रकी अपेक्षा।
९ शब्दार्थकी गौणता सम्बन्धी उदाहरण

५ आगमकी प्रमाणिकतामें हेतु :—

१ आगमकी प्रामाणिकताका निर्देश

२ वक्ताकी प्रामाणिकतासे वचनकी प्रामाणिकता
३ आगमकी प्रामाणिकताके उदाहरण
४ अर्हत् व अतिशय ज्ञान वालोंके द्वारा प्रणीत होनेके कारण
५ वीतराग द्वारा प्रणीत होनेके कारण
६ गणधरादि आचार्यों द्वारा कथित होनेके कारण
७ प्रत्यक्षज्ञानियों द्वारा कथित होनेके कारण
८ आचार्य परम्परासे आगत होनेके कारण
९ समन्वयात्मक होनेके कारण प्रमाण है
१० विचित्र द्रव्यों आदिका प्ररूपक होनेके कारण
११ पूर्वापर अविरोधी होनेके कारण
१२ युक्तिसे अबाधित होनेके कारण
१३ प्रथमानुयोगकी प्रामाणिकता

६ आगमका प्रामाणिकता के हेतुओं सम्बन्धी शंका समाधान :—

१ अर्वाचीन पुरुषों द्वारा लिखित आगम प्रामाणिक कैसे हो सकते हैं
२ पूर्वापर विरोध होते हुए भी प्रामाणिक कैसे
३ आगम व स्वभाव तर्कके विषय ही नहीं
४ छद्मस्थोका ज्ञान प्रामाणिकता का माप नहीं
५ आगममे भूल सुधार व्याकरण व सूक्ष्म विषयोंमे करनेको कहा है प्रयोजन भूत तत्त्वोंमे नही
६ पौरुषेय होनेके कारण अप्रमाणिक नही कहा जा सकता
७ आगम कथंचित् अपौरुषेय तथा नित्य है
८ आगमको प्रमाण माननेका प्रयोजन

७ सूत्र निर्देश :—

१ सूत्रका अर्थ द्रव्य व भाव श्रुत
२ सूत्रका अर्थ श्रुतकेवली
३ सूत्रका अर्थ अल्पाक्षर व महानार्थक
४ वृत्ति सूत्रका लक्षण
५ जिसके द्वारा अनेक अर्थ सूचित न हों वह सूत्र नही असूत्र है
६ सूत्र वही है जो गणधर आदिके द्वारा कथित हो
७ सूत्र तो जिनदेव कथित ही है परन्तु गणधर कथित भी सूत्रके समान है
८ प्रत्येक बुद्ध कथितमे भी कथंचित् सूत्रत्व पाया जाता है
★ सूत्रोपसंयत —दे. समाचार
★ सूत्रसम —दे. निक्षेप ५/८

१. आगम सामान्य निर्देश

१. आगम सामान्यका लक्षण

नि.सा./मू. ८ तस्स मुहग्गदवयणं पुव्वापरदोसविरहियं सुद्धं। आगमिदि परिकहियं तेण दु कहिया हवंति तच्चत्था ॥८॥ =उनके मुखसे निकली हुई वाणी जो कि पूर्वापर दोष (विरोध) रहित और शुद्ध है, उसे आगम कहा है और उसे तत्त्वार्थ कहते है।

र.क.श्रा ९ आप्तोपज्ञमनुल्लङ्घ्यमदृष्टेष्टविरोधकम्। तत्त्वोपदेशकृत्सार्वं शास्त्रं कापथघट्टनम् ॥९॥ =जो आप्त कहा हुआ है, वादी प्रतिवादी द्वारा खण्डन करनेमें न आवे, प्रत्यक्ष अनुमानादि प्रमाणोंसे विरोध रहित हो, वस्तु स्वरूपका उपदेश करने वाला हो, सब जीवोंका हित करनेवाला और मिथ्यामार्गका खण्डन करनेवाला हो, वह सत्यार्थ शास्त्र है।

ध.३/१,२,२/९,११/१२ पूर्वापरविरुद्धादेर्व्यपेतो दोषसंहतेः। द्योतकः सर्वभावानामाप्तव्याहृतिरागमः ॥९॥ आगमो ह्याप्तवचनमाप्तं दोषक्षयं विदुः। क्षीणदोषोऽनृतं वाक्यं न ब्रूयाद्धेत्वसंभवात् ॥१०॥ रागाद्वा द्वेषाद्वा मोहाद्वा वाक्यमुच्यते ह्यनृतम्। यस्य तु नैते दोषास्तस्यानृतकारणं नास्ति ॥११॥ =पूर्वापरविरुद्धादि दोषोंके समूहसे रहित और सम्पूर्ण पदार्थोंके द्योतक आप्त वचनको आगम कहते है ॥९॥ आप्तके वचनको आगम जानना चाहिए और जिसने जन्म जरा आदि १८ दोषोंका नाश कर दिया है उसे आप्त जानना चाहिए। इस प्रकार जो क्षीणदोष होता है वह असत्य वचन नहीं बोलता, क्योंकि, उसके असत्य वचन बोलनेका कोई कारण हो सम्भव नहीं है ॥१०॥ रागसे द्वेषसे अथवा मोहसे असत्य वचन बोला जाता है, परन्तु जिसके ये रागादि दोष नहीं हैं उसके असत्य वचन बोलनेका कोई कारण नहीं पाया जाता है ॥११॥

रा.वा. १/१२/७/५४/८ आप्तेन हि क्षीणदोषेण प्रत्यक्षज्ञानेन प्रणीत आगमो भवति न सर्वः। यदि सर्वः स्यात्, अविशेषः स्यात्। =जिसके सर्व दोष क्षीण हो गये हैं ऐसे प्रत्यक्ष ज्ञानियोंके द्वारा प्रणीत आगम ही आगम है, सर्व नहीं। क्योंकि, यदि ऐसा हो तो आगम और अनागममें कोई भेद नहीं रह जायेगा।

ध. १/१,१,१/२०/७ आगमो सिद्धंतो पवयणमिदि एयट्ठो। =आगम, सिद्धांत और प्रवचन ये शब्द एकार्थवाची है।

प.मु. ३/९९ आप्तवचनादिनिबन्धनमर्थज्ञानमागमः। =आप्तके वचनादिसे होनेवाले पदार्थोंके ज्ञानको आगम कहते हैं।

नि.स./ता.वृ. ८ में उद्धृत/२१ अन्यूनमनतिरिक्तं याथातथ्यं विना च विपरीतात्। नि.सन्देहं वेद यदाहुस्तज्ज्ञानमागमिनः। =जो न्यूनता बिना, अधिकता बिना, विपरीतता बिना यथातथ्य वस्तुस्वरूपको निःसन्देह रूपसे जानता है उसे आगमवन्तोंका ज्ञान कहते है।

पं.का./ता.वृ. १७३/२५५ वीतरागसर्वज्ञप्रणीतषड्द्रव्यादि सम्यक्श्रद्धानज्ञानव्रताद्यनुष्ठानभेदरत्नत्रयस्वरूपं यत्र प्रतिपाद्यते तदागमशास्त्रं भण्यते। =वीतराग सर्वज्ञ देवके द्वारा कहे गये षड्द्रव्य व सप्त तत्त्व आदिका सम्यक्श्रद्धान व ज्ञान तथा व्रतादिके अनुष्ठान रूप चारित्र, इस प्रकार भेदरत्नत्रयका स्वरूप जिसमें प्रतिपादित किया गया है उसको आगम या शास्त्र कहते है।

स.म. २१/२६२/७ आ सामस्त्येनानन्तधर्मविशिष्टतया ज्ञायन्तेऽवबुद्ध्यन्ते जीवाजीवादयः पदार्था यया सा आज्ञा आगम शासनं। जिसके द्वारा समस्त अनन्त धर्मोंसे विशिष्ट जीव अजीवादि पदार्थ जाने जाते है ऐसी आप्त आज्ञा आगम है, शासन है।(स म.२८/३२२/३)

न्या.दी ३/७३/११२ आप्तवाक्यनिबन्धनमर्थज्ञानमागमः। =आप्तके वाक्यके अनुरूप आगमके ज्ञानको आगम कहते हैं।

२. आगमाभासका लक्षण

प.मु. ६/५१-५४/६९ रागद्वेषमोहाक्रान्तपुरुषवचनाज्जातमागमाभासम्। यथा नद्यास्तीरे मोदकराशयः सन्ति धावध्वं माणवकाः। अंगुल्यग्र-

हस्तियूथशतमस्ति इति च विसंवादात् ॥५१-५४॥ =रागी, द्वेषी और अज्ञानी मनुष्योंके वचनोंसे उत्पन्न हुए आगमको आगमाभास कहते हैं। जैसे कि बालको दौडो नदीके किनारे बहुत-से लड्डू पडे हुए है। ये वचन है। और जिस प्रकार यह है कि अगुलीके आगेके हिस्सेपर हाथियोके सौ समुदाय है। विवाद होनेके कारण ये सब आगमाभास है। अर्थात लोग इनमें विवाद करते है इसलिए ये आगम झूठे है।

३ नोआगमका लक्षण

ध. १/१,१,१/२०/७ आगमादो अण्णो णो-आगमो। =आगमसे भिन्न पदार्थको नोआगम कहते है।

४. शब्द या आगम प्रमाणका लक्षण

न्या सू./मू.१/१/७/१५ आप्तोपदेश शब्द ॥७॥=आप्तके उपदेशको शब्द प्रमाण कहते है।

५. शब्द प्रमाणका श्रुतज्ञानमें अन्तर्भाव

रा. वा. १/२०/१५/७८/१८ शाब्दप्रमाण श्रुतमेव। =शब्द प्रमाण तो श्रुत है ही।

गो.जी./भा ३१३ आगम नाम परोक्ष प्रमाण श्रुतज्ञानका भेद है।

६. आगम अनादि है

ज.प. १३/८०-८३ देवासुरिंदमहियं अणंतसुहपिंडमोक्खफलपउरं। कम्ममलपडलदलणं पुण्ण पवित्तं सिवं भद्दं ॥८०॥ पुव्वंगभेदभिण्णं अणंतअत्थेहिं संजुदं दिव्वं। णिच्चं कलिकलुसहरं णिकाचिदमणुत्तरं विमलं ॥८१॥ संदेहतिमिरदलणं बहुविहगुणजुत्तसग्गसोवाणं। मोक्खग्गदारभूदं णिम्मलबुद्धिसंदोहं॥८२॥सव्वण्हुमुहविणिग्गयपुव्वावरदोसरहिदपरिसुद्धं। अक्खयमणादिणिहणं सुदणाणपमाणं णिद्दिट्ठं ॥८३॥ = पूर्व व अंग रूप भेदोंमें विभक्त, यह श्रुतज्ञान-प्रमाण देवेन्द्रों व असुरेन्द्रोंसे पूजित, अनन्त सुखके पिण्ड रूप मोक्ष फलसे संयुक्त, कर्म रूप पटलके मलको नष्ट करनेवाला, पुण्य पवित्र, शिव, भद्र, अनन्त अर्थोंसे संयुक्त, दिव्य नित्य, कलि रूप कलुषको दूर करनेवाला, निकाचित, अनुत्तर, विमल, सन्देहरूप अन्धकारको नष्ट करनेवाला, बहुत प्रकारके गुणोसे युक्त स्वर्गकी सीढी, मोक्षके मुख्य द्वारभूत, निर्मल, एवं उत्तम बुद्धिके समुदाय रूप, सर्वके मुखसे निकला हुआ, पूर्वापर विरोध रूप दोषसे रहित विशुद्ध अक्षय और अनादि निधन कहा गया है ॥८०-८३॥

७. आगम गणधरादि गुरु परम्परासे आगत है

रा.वा. १/१३/१/५२३/२९ तदुपदिष्टं बुद्ध्यतिशयर्द्धियुक्तगणधरावधारितं श्रुतम् ॥२॥ =केवली भगवान्‌के द्वारा कहा गया तथा अतिशय बुद्धि ऋद्धिके धारक गणधर देवोंके द्वारा जो धारण किया गया है उसको श्रुत कहते हैं।

८. आगमज्ञानके अतिचार

भ.आ. वि १६/६२/१५ अक्षरपदादीनां न्यूनताकरणं, अतिवृद्धिकरणं, विपरीत पौर्वापर्यरचनाविपरीतार्थनिरूपणा ग्रन्थार्थयोर्वैपरीत्यं अमी ज्ञानातिचारा। =अक्षर, शब्द,वाक्य, वरण, इत्यादिकोको कम करना बढाना, पीछेका सन्दर्भ आगे लाना, आगेका पीछे करना, विपरीत अर्थका निरूपण करना, ग्रन्थ व अर्थमें विपरीतता करना ये सब ज्ञानातिचार हैं। (भ आ./वि.४८७/७०७)

९. श्रुतके अतिचार

भ आ./वि.१६/६२/१५ द्रव्यक्षेत्रकालभावशुद्धिमन्तरेण श्रुतस्य पठनं श्रुतातिचार। =द्रव्यशुद्धि, क्षेत्र शुद्धि, कालशुद्धि, भावशुद्धिके बिना शास्त्रका पढना यह श्रुतातिचार है।

१०. द्रव्यश्रुतके अपुनरुक्त अक्षर

दे. अक्षर—३३ व्यञ्जन, २७ स्वर और चार अयोगवाह, इस प्रकार सब अक्षर ६४ होते हैं। उन अक्षरोके संयोगोकी गणना $२^{६४}-१$ १८४४६७-४४०७३७०९५५१६१६ होती है।

ध. १३/५,५/१४/१८-२०/२६६/४ सोलससदचोत्तीसं कोडी तेसीद चेव लक्खाइं। सत्तसहस्सट्ठसदा अट्ठासीदा य पदवण्णा ॥१८॥ एद पि संजोगक्खरसंखाए अवट्ठिदं, बुत्तपमाणादो अक्खरेहि वड्ढि-हाणीणभावादो। बारससदकोडीओ तेसीदि हवंति तह य लक्खाइं। अट्ठावण्णसहस्सं पंचेव पदाणि सुदणाणे ॥२०॥ एत्तियाणि पदाणि घेत्तूण सगलसुदणाणं होदि। एदेसु पदेसु संजोगक्खराणि चेव सरिसाणि ण संजोगक्खरावयवक्खराणि; तत्थ संखाणियमाभावादो। ="१६३४-८३०७८८८ इतने मध्यम पदके वर्ण होते है ॥१८॥ यह भी संयोगी अक्षरोकी अपेक्षा (उपरोक्तवत) अवस्थित है। क्योकि उसमें उक्त प्रमाणसे अक्षरोंकी अपेक्षा वृद्धि और हानि नहीं होती। श्रुतज्ञानके एक सौ बारह करोड तिरासी लाख अट्ठावन हजार और पाँच (११२८३५८००५) ही (कुल मध्यम) पद होते हैं ॥१९॥ इतने पदोंका आश्रय कर सकल श्रुतज्ञान होता है, इन पदोंमें संयोगी अक्षर ही समान है, संयोगी अक्षरोंके अवयव अक्षर नहीं, क्योकि, उनकी संख्याका कोई नियम नहीं है। (स.सि १/२०/४१०-४१५; १/२०/४२४ की टिप्पणी जगरूप सहाय कृत) (ह.पु. १०/१४३) (क पा १/§ ७०/८६-९६)।

क.पा. १/१-१/§७२/९२/२ मज्झिमपद · एदेणपुव्वंगाणं पदसंखा परूविज्जदे। =मध्यम पदके द्वारा पूर्व और अगो पदोंकी संख्याका प्ररूपण किया जाता है।

ध ९/४,]	नाम पद	अक्षर प्रमाण	प्रमाण लानेका उपाय
१९४	कुल अक्षर	६४	उपरोक्तवत
,,	अपुनरुक्त सयोगी अक्षर	१८४४६७४४०७३-७०९५५१६१६	एक द्वि आदि सयोगी भंगो का जोड $\frac{६४\times६}{१\times२}$ इत्यादि
१९५	अंगश्रुतके सर्व पदोमें अक्षर	११२८३५८००५	अपुनरुक्त अक्षर÷मध्यम पद
,,	मध्यम पदोमें अक्षर	१६३४८३०७८८८	नियत(इनसे पूर्व और अगोके विभागका निरूपण होता है)
१९६	शेष अक्षर	८०१०८१७५	शेष अक्षर÷३२
,,	१४ प्रकीर्णकों के प्रमाण या खण्ड पदमें	२५०३३८० $\frac{१२}{३२}$	

(गो.जी./जी प्र. ३३६/७३३/१) (ध. १३/५,५,४५/२४७-२६६)

११ श्रुतका बहुत कम भाग लिखनेमें आया है

ध ३/१,२,१०२/३६३/३ अत्थदो पुणो तेसिं विसेसो गणहरेहि विणवारिज्जदे। =अर्थकी अपेक्षा जो उन दोनोंकी त्रय कायिक लब्ध्यपर्याप्तक जीव तथा पंचेन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तक जीवोकी सख्या प्ररूपणामें विशेष है, उनका गणधर भी निवारण नही कर सकते हैं।

गो जी /मू ३३४/७३१ पण्णवणिज्जाभावा अणन्तभागो दु अणभिलप्पाणं। पण्णवणिज्जाणं पुण अणंतभागो सुदणिबद्धो ॥३३४॥ =अनभिलप्यानां कहिए वचनगोचर नाहीं, केवलज्ञानके गोचर जे भाव कहिए जीवादिक पदार्थ तिनके अनन्तवे भागमात्र जीवादिक अर्थ ते प्रज्ञापनीया कहिये तीर्थंकरकी सातिशय दिव्य ध्वनिकरि कहनेमें आवै ऐसे है। बहुरि तीर्थङ्करकी दिव्य ध्वनि करि पदार्थ कहनेमे आवै है तिनके अनन्तवे भाग मात्र द्वादशाग श्रुत विषै व्याख्यान कीजिये है। जो श्रुतकेवलीको भी गोचर नाही ऐसा पदार्थ कहनेकी शक्ति केवलज्ञान

विषैं पाइये है। ऐसा जानना। (सन्मति तर्क२/१६) (रा.वा १/२६/४/८७) (ध ६/४/२,७,२१४/३/१७१) (ध १२/४/१,७/१७/५७)

ध. ध /उ. ६१६ वृद्धे. प्रोक्तमत' सूत्रे तत्त्व वागतिशायि यत्। द्वादशाङ्गबाह्य वा श्रुत स्थूलार्थगोचरम्। =इसलिए पूर्वाचार्योंने सूत्रमें कहा है कि जो तत्त्व है वह वचनातीत है और द्वादशाङ्ग तथा अङ्ग बाह्यरूप शास्त्र-श्रुत ज्ञान स्थूल पदार्थको विषय करने वाला है।

१२. आगमकी बहुतसी बातें नष्ट हो चुकी है

ध ६/४,१,४४/१२६/४ दोसु वि उवएसेसु को एत्थ समंजसो, एत्थ ण बाहइ जिब्भमेलाइरियवच्छओ, अलद्धोवदेसत्तादो दोण्णमेक्कस्स बाहाणुपलंभादो। किंतुदोसुएक्केण होदव्वं। तं जाणिय वत्तव्व। =उक्त (एक ही विषयमें) दो (पृथक्-पृथक्) उपदेशोंमें कौन सा उपदेश यथार्थ है, इस विषयमें एलाचार्यका शिष्य (वीरसेन स्वामी) अपनी जीभ नहीं चलाता अर्थात् कुछ नहीं कहता, क्योंकि इस विषयका कोई न तो उपदेश प्राप्त है और न दोमें-से एकमें कोई बाधा उत्पन्न होती है। किन्तु दोमें-से एक ही सत्य होना चाहिए। उसे जानकर कहना उचित है।

ति प अधिकार/श्लो. (यहाँ निम्न विषयोंके उपदेश नष्ट होनेका निर्देश किया गया है।) नरक लोकके प्रकरणमें श्रेणी बद्ध बिलोंके नाम (२/५४); समवशरणमें नाट्यशालाओंकी लम्बाई चौड़ाई (४/७५७); प्रथम और द्वितीय मानस्तम्भ पीठोंका विस्तार (४/७७२); समवशरणमें स्तूपोंकी लम्बाई और विस्तार (४/८४७); नारदोंकी ऊँचाई आयु और तीर्थंकर देवोंके प्रत्यक्ष भवादिक (४/१४७१); उत्सर्पिणी कालके शेष कुलकरोंकी ऊँचाई (४/१५७२), श्री देवीके प्रकीर्णक आदि चारोंके प्रमाण (४/१६८८), हैमवतके क्षेत्रमें शब्दवान पर्वत पर स्थित जिन भवनकी ऊँचाई आदिके (४/१७१०), पाण्डुक वनपर स्थित जिन भवनमें सभापुरके आगे वाले पीठके विस्तारका प्रमाण(४/१८९७), उपरोक्त जिन भवनमें स्थित पीठकी ऊँचाईके प्रमाण (४/११०२); उपरोक्त जिन भवनमें चैत्य वृक्षोंके आगे स्थित पीठके विस्तारादि (४/११९०), सौमनस वनवर्ती वापिकामें स्थित सौधर्म इन्द्रके विहार प्रासादकी लम्बाईका प्रमाण (४/११५०); सौमनस गजदन्तके कूटोंके विस्तार और लम्बाई (४/२०३२); विद्युत्प्रभगजदन्तके कूटोंके विस्तार और लम्बाई (४/२०४७); विदेह देवकुरुमें यमक पर्वतोंपर और भी दिव्य प्रासाद है, उनकी ऊँचाई व विस्तारादि (४/२०८२), विदेहस्थ शाल्मली व जम्बू वृक्षस्थलोंकी प्रथम भूमिमें स्थित ४ वापिकाओंपर प्रतिदिशामें आठ-आठ कूट है, उनके विस्तार (४।२१८२), ऐरावत क्षेत्रके शलाका पुरुषोंके नामादिक(४/२२६६);लवण समुद्रमें पातालोंके पार्श्व भागोंमें स्थित कौस्तुभ और कौस्तुभाभास पर्वतोंका विस्तार (४/२४६२), धातकी खण्डमें मन्दर पर्वतोंके उत्तर-दक्षिण भागोंमें भद्रशालोंका विस्तार (४/२५८६); मानुषोत्तर पर्वतपर १४ गुफाएँ है, उनके विस्तारादि (४/२७५३); पुष्करार्धमें सुमेरु पर्वतके उत्तर दक्षिण भागोंमें भद्रशाल वनोंका विस्तार (४/२८२२); जम्बूद्वीपसे लेकर अरुणाभास तक बीस द्वीप समुद्रोंके अतिरिक्त शेष द्वीप समुद्रोंके अधिपति देवोंके नाम (५/४८), स्वयम्भूरमण समुद्रमें स्थित पर्वतकी ऊँचाई आदि (५/२४०), अंजनक, हिंगुलक आदि द्वीपोंमें स्थित व्यन्तरोंके प्रासादोंकी ऊँचाई आदि (६/६६); व्यन्तर इन्द्रोंके जो प्रकीर्णक, आभियोग्य और किल्विषक देव होते है उनके प्रमाण (६/७६); तारोंके नाम (७/३२,४६६); गृहोंका सुमेरुसे अन्तराल व वापियों आदिका कथन (७/४५८); सौधर्मादिकके सोमादिक लोकपालोंके आभियोग्य प्रकीर्णक और किल्विषक देव होते है; उनका प्रमाण (८/२६६), उत्तरेन्द्रोंके लोकपालोंके विमानोंकी संख्या (८/३०२), सौधर्मादिकके प्रकीर्णक, आभियोग्य और किल्विषकोंकी देवियोंका प्रमाण (८/३२६); सौधर्मादिकके प्रकीर्णक, आभियोग्य और किल्विषकोंकी देवियोंकी आयु (८/५२३); सौधर्मादिकके आत्मरक्षक व परिषद्की देवियोंकी आयु (८/५४०)।

१३. आगमके विस्तारका कारण

स सि.१/८/३०सर्वसत्त्वानुग्रहार्थो हि सतां प्रयास इति.अधिगमाभ्युपाय-भेदोऽयं कृत। =सज्जनोंका प्रयास सब जीवोंका उपकार करना है, इसलिए यहाँ अलग-अलगसे ज्ञानके उपायके भेदोंका निर्देश किया है।

ध. १/१,१,५/१५३/८ नैष दोष मन्दबुद्धिसत्त्वानुग्रहार्थत्वात्।

ध १/१,१,७०/३११/२ द्विरस्ति—शब्दोपादानमनर्थकमिति चेन्न, विस्तररुचिसत्त्वानुग्रहार्थत्वात्। संक्षेपरुचयो नानुगृहीताश्चेन्न, विस्तररुचिसत्त्वानुग्रहस्य संक्षेपरुचिसत्त्वानुग्रहाविनाभावित्वात्। =प्रश्न—(छोटा सूत्र बनाना ही पर्याप्त था, क्योंकि सूत्रका शेष भाग उसका अविनाभावी है।) उत्तर—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि मन्दबुद्धि प्राणियोंके अनुग्रहके लिए शेष भागको सूत्रमें ग्रहण किया गया है। प्रश्न—सूत्रमें दोबार अस्ति शब्दका ग्रहण निरर्थक है। उत्तर—नहीं, क्योंकि विस्तारसे समझनेकी रुचि रखनेवाले शिष्योंके अनुग्रहके लिए सूत्रमें दो बार अस्ति शब्दका ग्रहण किया गया है। प्रश्न—इस सूत्रमें संक्षेपसे समझनेकी रुचि रखनेवाले शिष्य अनुगृहीत नहीं किये गये है। उत्तर—नहीं, क्योंकि संक्षेपसे समझनेकी रुचि रखनेवाले जीवोंका अनुग्रह विस्तारसे समझनेकी रुचि रखनेवाले शिष्योंका अविनाभावी है। अर्थात् विस्तारसे कथन कर देनेपर संक्षेप रुचिवाले शिष्योंका काम चल जाता है। (प्र.सा /ता वृ.१५)।

१४. आगमके विच्छेद सम्बन्धी भविष्य वाणी

ति. प. ४/१४१३ बीस सहस्स तिसदा सत्तारस वच्छराणि सुदतित्थं धम्मपयट्टणहेदू वोच्छिज्जिस्सदि कालदोसेण =जो श्रुत तीर्थ धर्म प्रवर्तनका कारण है, वह बीस हजार तीनसौ सत्तरह (२०३१७) वर्षोंमें काल दोषसे व्युच्छेदको प्राप्त हो जायेगा।

२. द्रव्य भाव आगम ज्ञान निर्देश व समन्वय

१. वास्तवमें भावश्रुत ही ज्ञान है द्रव्यश्रुत ज्ञान नहीं

ध १३/५,४,२६/६४/१२ ण च दव्वसुदेण एत्थ अहियारो, पोग्गलवियारस्स जडस्स णाणोपलिङ्गभूदस्स सुदत्तविरोहादो। =(ध्यानके प्रकरणमें) द्रव्यश्रुतका यहाँ अधिकार नहीं है, क्योंकि ज्ञानके उपलिंग भूत पुद्गलके विकार-स्वरूप जड वस्तुको श्रुत माननेमें विरोध आता है।

२. भावका ग्रहण ही आगम है

न्या दी /३/§७३ आप्तवाक्यनिबन्धन ज्ञानमित्युच्यमानेऽपि, आप्तवाक्यकर्मके श्रावणप्रत्यक्षेऽतिव्याप्ति.। तात्पर्यमेव वचसीत्यभियुक्तवचनात्। =आप्तके वचनोंसे होनेवाले ज्ञानको आगमका लक्षण कहनेमें भी आप्तके वाक्योंको सुनकर जो श्रावण प्रत्यक्ष होता है उसमें लक्षणकी अतिव्याप्ति है, अत 'अर्थ' यह पद दिया है। 'अर्थ' पद तात्पर्यमें रूढ है। अर्थात् प्रयोजनार्थक है क्योंकि 'अर्थ ही—तात्पर्य ही वचनोंमें है' ऐसा आचार्य वचन है।

३. द्रव्य श्रुत को ज्ञान कहने का कारण

ध ६/४,१,४५/१६२/३ कथं शब्दस्य तत्स्थापनायाश्च श्रुतव्यपदेश.। नैष दोष', कारणे कार्योपचारात्। =प्रश्न—शब्द और उसकी स्थापनाकी श्रुत संज्ञा कैसे हो सकती है? उत्तर—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, कारणमें कार्यका उपचार करनेसे शब्द या उसकी स्थापनाकी श्रुत संज्ञा बन जाती है। (ध.१३/५,५,२१/२१०/८)

प्र. सा /ता.वृ. ३४/४५ शब्दश्रुताधारेण ज्ञप्तिरर्थपरिच्छित्तिर्ज्ञानं भण्यते स्फुटं। पूर्वोक्तद्रव्यश्रुतस्यापि व्यवहारेण ज्ञानव्यपदेशो भवति न तु निश्चयेनेति। =शब्द श्रुतके आश्रयसे ज्ञप्तिरूप अर्थके निश्चयको निश्चय नयसे ज्ञान कहा है। पूर्वोक्त शब्द श्रुतकी अर्थात्

द्रव्यश्रुतकी ज्ञानसंज्ञा (कारणमें कार्यकेउपचारसे) व्यवहार नयसे है निश्चय नयसे नहीं।

४. द्रव्य श्रुत के भेदादि जानने का प्रयोजन

पं.का./ता वृ १७३/२५४/१६ श्रुतभावनाया' फलं जीवादितत्त्वविषये संक्षेपेण हेयोपादेयतत्त्वविषये वा संशयविमोहविभ्रमरहितो निश्चल-परिणामो भवति। =श्रुतकी भावना अर्थात् आगमाभ्यास करनेसे, जीवादि तत्त्वोंके विषयमें वा संक्षेपसे हेय उपादेय तत्त्वके विषयमें संशय, विमोह व विभ्रमसे रहित निश्चल परिणाम होता है।

५. आगमको श्रुतज्ञान कहना उपचार है

श्लो.वा.१/१/२०/२-३/५१८···/अवर्ण हि श्रुत ज्ञान न पुन' शब्दमात्र कम् ॥२॥ तत्रोपचारतो ग्राह्य श्रुतशब्दप्रयोगत' ॥३॥ = 'श्रुत' पदसे तात्पर्य किसी विशेष ज्ञानसे है। हां वाच्योंके प्रतिपादक शब्द भी श्रुतपदसे पकडे जाते है। किन्तु केवल शब्दोंमें ही श्रुत शब्दको परिपूर्ण नही कर देना चाहिए ॥२॥ उपचारसे वह शब्दात्मक श्रुत (आगम)भी शुद्ध शब्द करके ग्रहण करने योग्य है...क्योंकि गुरुके शब्दोसे शिष्योंको श्रुतज्ञान (वह विशेष ज्ञान) उत्पन्न होता है। इस कारण यह कारणमें कार्यका उपचार है। (और भी दे आगम २/३)

३. आगमका अर्थ करने की विधि

१. पाँच प्रकार अर्थ करनेका विधान

स. सा./ता. वृ १२०/१७७ शब्दार्थव्याख्यानेन शब्दार्थो ज्ञातव्यः। व्यवहारनिश्चयरूपेण नयार्थो ज्ञातव्य। सांख्यं प्रति मतार्थो ज्ञातव्य'। आगमार्थस्तु प्रसिद्ध'।हेयोपादानव्याख्यानरूपेण भावार्थोऽपि ज्ञातव्यः। इति शब्दनयमतागमभावार्था व्याख्यानकाले यथासंभवं सर्वत्र ज्ञातव्याः। =शब्दार्थके व्याख्यान रूपसे शब्दार्थ जानना चाहिए। व्यवहार निश्चयनयरूपसे नयार्थ जानना चाहिए। सांख्योंके प्रतिमतार्थ जानना चाहिए। आगमार्थ प्रसिद्ध है। हेय उपादेयकेव्याख्यान रूपसे भावार्थ जानना चाहिए। इस प्रकार शब्दार्थ, नयार्थ, मतार्थ आगमार्थ तथा भावार्थको व्याख्यानके समय यथासम्भव सर्वत्र जानना चाहिए। (पं. का./ता.वृ १/४; २७/६०) द्र. सं./टी २/६)

२. मतार्थ करनेका कारण

ध. १/१,१,३०/२२६/६ तदभिप्रायकदनार्थं वास्य सूत्रस्यावतार। =इन दोनों एकान्तियोके अभिप्रायके खण्डन करनेके लिए ही ···प्रकृत सूत्रका अवतार हुआ है।

स भ.त ७७/१ ननु 'सर्वं वस्तु स्यादेकं स्यादनेकमिति कथं संगच्छते। सर्वस्यवस्तुन' केनापि रूपेणैकाभावात्।·· तदुक्तम् 'उपयोगो लक्षणम्' इति सूत्रे, तत्त्वार्थश्लोकवार्तिके—न हि वयं सदृशपरिणाममनेकव्यक्तिव्यापिन युगपदुपगच्छामोऽन्यत्रोपचारात् इति···पूर्वोदाहृतपूर्वाचार्यवचनानां च सर्वथैक्य निराकरणपरत्वाद् अन्यथा सत्ता सामान्यस्य सर्वथानेकत्वे पृथक्त्वैकान्तपक्ष एवाहृतस्स्यात्। =प्रश्न—सर्व वस्तु कथंचित् एक है कथंचित् अनेक है यह कैसे संगत हो सकता है, क्योंकि किसी प्रकारसे सर्व वस्तुओंकी एकता नहीं हो सकती? तत्त्वार्थ सूत्रमें कहा भी है 'उपयोगो लक्षण' अर्थात् ज्ञान दर्शन रूप उपयोग ही जीवका लक्षण है। इस सूत्रके अन्तर्गत तत्त्वार्थ श्लोक वार्तिकमें—'अन्य व्यक्तिमें उपचारसे एक कालमें ही सदृश परिणाम रूप अनेक व्यक्ति व्यापी एक सत्त्व हम नहीं मानते' ऐसा कहा है—उत्तर—पूर्व उदाहरणोमें आचार्योंके वचनोसे जो सर्वथा एकत्व ही माना है उसीके निराकरणमें तात्पर्य है न कि कथंचित् एकत्वके निराकरणमें। और ऐसा न माननेसे सर्वथा सत्ता सामान्यके अनेकत्व माननेसे पृथक्त्व एकान्त पक्षका ही आदर होगा।

३. नय निक्षेपार्थ करनेकी विधि

स. सि १/६/२० नामादिनिक्षेपविधिनोपक्षिप्तानां जीवादीनां तत्त्वं प्रमाणाभ्यां नयैश्चाधिगम्यते। =जिन जीवादि पदार्थोंका नाम आदि निक्षेप विधिके द्वारा विस्तारसे कथन किया है उनका स्वरूप प्रमाण और नयोंके द्वारा जाना जाता है।

ध. १/१,१,१/१०/१६ प्रमाण-नय-निक्षेपैर्योऽर्थो नाभिसमीक्ष्यते। युक्तं चायुक्तवद्भाति तस्यायुक्त च युक्तवत् ॥१०॥ =जिस पदार्थका प्रत्यक्षादि प्रमाणोके द्वारा, नैगमादि नयोंके द्वारा, नामादि निक्षेपोंके द्वारा सूक्ष्म दृष्टिसे विचार नहीं किया जाता है, वह पदार्थ कभी युक्त (संगत) होते हुए भी अयुक्त (असंगत) सा प्रतीत होता है और कभी अयुक्त होते हुए भी युक्तकी तरह-सा प्रतीत होता है ॥१०॥

ध. १/१,१,१/३/१० विशेषार्थ =आगमके किसी श्लोक गाथा, वाक्य, व पदके ऊपरसे अर्थका निर्णय करनेके लिए निर्दोष पद्धतिसे श्लोकादिकका उच्चारण करना चाहिए, तदनन्तर पदच्छेद करना चाहिए, उसके बाद उसका अर्थ कहना चाहिए, अनन्तर पद-निक्षेप अर्थात् नामादि विधिसे नयोका अवलम्बन लेकर पदार्थका ऊहापोह करना चाहिए। तभी पदार्थके स्वरूपका निर्णय होता है। पदार्थ निर्णयके इस क्रमको दृष्टिमें रखकर गाथाके अर्थ पदका उच्चारण करके, और उसमें निक्षेप करके, नयोके द्वारा, तत्त्व निर्णयका उपदेश दिया है।

मो. मा./प्र./७/३६८/७ प्रश्न—तो कहा करिये? उत्तर—निश्चय नय करि जो निरूपण किया होय, ताकौ तो सत्यार्थ मानि ताका तो श्रद्धान अंगीकार करना, अर व्यवहार नय करि जो निरूपण किया होय ताकौ असत्यार्थ मानि ताका श्रद्धान छोड़ना।···तातै व्यवहार नयका श्रद्धान छोड़ि निश्चयका श्रद्धान करना योग्य है। व्यवहार नय करि स्वद्रव्य परद्रव्यकौ वा तिनकें भावनिकौ वा कारण कार्यादिकौ काहूको काहूविषै मिलाय निरूपण करै है। सो ऐसे ही श्रद्धानसे मिथ्यात्वहै तातै याका त्याग करना। बहुरि निश्चय नय तिनकौ यथावत निरूपै है, काहू को काहूविषै न मिलावै है। ऐसा ही श्रद्धान तैं सम्यक्त्व हो है। तातै ताका श्रद्धान करना। प्रश्न—जो ऐसै है, तो जिनमार्ग विषै दोऊ नयनिका ग्रहण करना कह्या, सो कैसे? उत्तर—जिनमार्ग विषै कहीं तौ निश्चय नयकी मुख्यता लिये व्याख्यान है ताकौ तो 'सत्यार्थ ऐसै ही है' ऐसा जानना। बहुरी कहीं व्यवहार नयकी मुख्यता लिये व्याख्यान है ताकौ 'ऐसे है नाहि निमित्तादिकी अपेक्षा उपचार किया है' ऐसा जानना। इस प्रकार जाननेका नाम ही दोऊ नयनिका ग्रहण है। बहुरि दोऊ नयनिके व्याख्यान कूँ समान सत्यार्थ जानि ऐसे भी है ऐसे भी है, ऐसा भ्रम रूप प्रवर्तने करि तौ दोऊ नयनिका ग्रहण कहा नाहीं। प्रश्न—जो व्यवहार नय असत्यार्थ है, तौ ताका उपदेश जिनमार्ग विषैं काहे को दिया। एक निश्चय नय ही का निरूपण करना था? उत्तर—निश्चय नयको अंगीकार करावनैं कूँ व्यवहार करि उपदेश दीजिये है। बहुरी व्यवहार नय है, सो अंगीकार करने योग्य नाहीं। (और भी दे. आगम ३/८)

४. आगमार्थ करनेकी विधि

१. पूर्वापर मिलान पूर्वक

द्र. सं/टी.२२/६६ [अन्यद्वा परमागमाविरोधेन विचारणीयं···किन्तु विवादो न कर्तव्य'। =परमागमके अविरोध पूर्वक विचारना चाहिए, किन्तु कथनमें विवाद नहीं करना चाहिए।

पं ध /पृ ३३५ शेषविशेषव्याख्यान ज्ञातव्य चोक्तवक्ष्यमाणतया। सूत्रे पदानुवृत्तिर्ग्राह्या सूत्रान्तरादिति न्यायात्॥३३५॥ =सूत्रमें पदोंकी अनुवृत्ति दूसरे सूत्रोसे ग्रहण करनी चाहिए, इस न्यायसे यहाँपर भी शेषविशेष कथन उक्त और वक्ष्यमाण पूर्वापर सम्बन्धसे जानना चाहिए।

रहस्यपूर्णचिट्ठी पं टोडरमलजी कृत/५१२ कथन तो अनेक प्रकार होय परन्तु यह सर्व आगम अध्यात्म शास्त्रन सौ विरोध न होय वैसे विवक्षा भेद करि जानना।

२. परम्परा का ध्यान रख कर

ध ३/१,२,१८४/४८१/१ एदीए गाहाए एदस्स वक्खाणस्स किण्ण विरोहो। होउ णाम।·· ण, जुत्तिसिद्धस्य आइरियपरंपरागयस्स

एदीए गाहाए णाभद्दत्तं काऊण सक्किज्जदि, अइप्पसंगादो। =प्रश्न—यदि ऐसा है तो (देश संयतमें तेरह करोड मनुष्य है) इस गाथाके साथ इस पूर्वोक्त व्याख्यानका विरोध क्यों नहीं आ जायेगा? उत्तर—यदि उक्त गाथाके साथ पूर्वोक्त व्याख्यानका विरोध प्राप्त होता है तो होओ···जो युक्ति सिद्ध है और आचार्य परम्परासे आया हुआ है उसमें इस गाथासे असमीचीनता नहीं लायी जा सकती, अन्यथा अतिप्रसंग दोष आ जायेगा। (ध. ४/१,४,४/११६/२) रहस्यपूर्ण चिट्ठी पं. टोडरमल/पृ ५१२ दे आगम ३/४/१

३. शब्दका नहीं भावका ग्रहण करना चाहिए

स.सि. १/३३/१४४ अन्यार्थस्यान्यार्थेन सम्बन्धाभावात्। लोकसमय विरोध इति चेत्। विरुध्यताम्। तत्त्वमिह मीमांस्यते, न भैषज्यमातुरेच्छानुवर्ति। =अन्य अर्थका अन्य अर्थके साथ सम्बन्धका अभाव है। प्रश्न—इससे लोक समयका (व्याकरण शास्त्र) का विरोध होता है? उत्तर—यदि विरोध होता है तो होने दो, इससे हानि नहीं, क्योंकि यहाँ तत्त्वकी मीमांसा की जा रही है। दवाई कुछ पीडित मनुष्यकी इच्छाका अनुकरण करनेवाली नहीं होती।

रा.वा. २/६/३,८/१०१ द्रव्यलिङ्गं नामकर्मोदयापादितं तदिह नाधिकृतम्, आत्मपरिणामप्रकरणात्।···द्रव्यलेश्या पुद्गलविपाकिकर्मोदयापादितेति सा नेह परिगृह्यते आत्मनो भावप्रकरणात्। =चूँकि आत्मभावोंका प्रकरण है, अतः नामकर्मके उदयसे होनेवाले द्रव्यलिंगकी यहाँ विवक्षा नहीं है। द्रव्य लेश्या पुद्गल विपाकी शरीर नाम कर्मके उदयसे होती है अतः आत्मभावोंके प्रकरणमें उसका ग्रहण नहीं किया है।

ध. १/१,१,६०/३०३/६ अन्यैराचार्यैरव्याख्यातमिममर्थं भणन्तः कथं न सूत्रप्रत्यनीकाः। न, सूत्रवशवर्तिनां तद्विरोधात्। =प्रश्न—अन्य आचार्योंके द्वारा नहीं व्याख्यान किये इस अर्थका इस प्रकार व्याख्यान करते हुए आप सूत्रके विरुद्ध जा रहे है ऐसा क्यों नहीं माना जाये? उत्तर—नहीं·· सूत्रके वशवर्ती आचार्योंका ही पूर्वोक्त (मेरे) कथनसे विरोध आता है। (अर्थात् मैं गलत नहीं अपितु वही गलत है।)

ध. ३/१,२,१२३/४०८/५ आइरियवयणमणेयंतमिदि चे, होदु णाम, णत्थि मज्झेत्थ अग्गहो। =आचार्योंके वचन अनेक प्रकारके होते है तो होओ, इसमें हमारा आग्रह नहीं है।

ध. ५/१,७,३/१९७/६ सव्वभावाणं पारिणामियत्त पसज्जदीदि चे होदु, ण कोइ दोसो। =सभी भावोंके पारिणामिकपनेका प्रसंग आता है तो आने दो।

ध ७/२,१,५६/१०१/२ चक्षुषा दृश्यते वा तं तत्र चक्खुदंसणं चक्षुर्दर्शनमिति वेति ब्रुवते। चक्खिंदियणाणादो जो पुव्वमेव सुवसतीए सामण्णाए अणुहओ चक्खुणाणुप्पत्तिणिमित्तो त चक्खुदंसणमिदि उत्तं होदि।···बालजणबोहणट्ठं चक्खूणं जं दिस्सदि तं चक्खूदंसणमिदि परूवणादो। गाहएगलभजणकाऊण अज्जुवत्थो किण्ण घेप्पदि। ण, तत्थ पुव्वुत्तासेसदोसप्पसंगादो। =जो चक्षुओंको प्रकाशित होता है अथवा आँख द्वारा देखा जाता है वह चक्षुदर्शन है इसका अर्थ ऐसा समझना चाहिए कि चक्षु इन्द्रिय ज्ञानसे पूर्व ही सामान्य स्वशक्तिका अनुभव होता है जो कि चक्षु ज्ञानकी उत्पत्तिमें निमित्तभूत है वह चक्षु दर्शन है।···बालक जनोंको ज्ञान करानेके लिए अन्तरंगमें बाह्य पदार्थोंके उपचारसे 'चक्षुओंको जो दीखता है वही चक्षु दर्शन है' ऐसा प्ररूपण किया गया है। प्रश्न—गाथाका गला न घोट कर सीधा अर्थ क्यों नहीं करते? उत्तर—नहीं करते, क्योंकि वैसा करनेमें पूर्वोक्त समस्त दोषोंका प्रसंग आता है।

प्र.सा./त.प्र. ८६ शब्दब्रह्मोपासनं भावज्ञानावष्टम्भदृढीकृतपरिणामेन सम्यगधीयमानमुपायान्तरम्। =(मोह क्षय करनेमें) परम शब्द ब्रह्मकी उपासनाका, भावज्ञानके अवलम्बन द्वारा दृढ किये गये परिणामसे सम्यक् प्रकार अभ्यास करना सो उपायान्तर है।

स.सा./आ. २७७ नाचारादिशब्दश्रुतं, एकान्तेन ज्ञानस्याश्रयः तत्सद्भावेऽपि···शुद्धात्मभावेन ज्ञानस्याभावात्। =आचारादि शब्दश्रुत एकान्तसे ज्ञानका आश्रय नहीं है, क्योंकि आचारांगादिकका सद्भाव होनेपर भी शुद्धात्माका अभाव होनेसे ज्ञानका अभाव है।

स.सा./ता.वृ. ३/१ स्वसमय एव शुद्धात्मनः स्वरूपं न पुनः परसमय··· इति पातनिका लक्षणं सर्वत्र ज्ञातव्यम्। =स्व समय ही शुद्धात्माका स्वरूप है पर समय नहीं। इस प्रकार पातनिकाका लक्षण सर्वत्र जानना चाहिए।

४. भावार्थ करनेकी विधि

पं.का./ता.वृ २७/६१ कर्मोपाधिजनितमिथ्यात्वरागादिरूप समस्तविभावपरिणामास्त्यक्त्वा निरुपाधिकेवलज्ञानादिगुणयुक्तशुद्धजीवास्तिकाय एव निश्चयनयेनोपादेयत्वेन भावयितव्य इति भावार्थः।

प.का./ता.वृ. ४२/१०१ अस्मिन्नधिकारे यद्यप्यष्टविधज्ञानोपयोगचतुर्विधदर्शनोपयोगव्याख्यानकाले शुद्धाशुद्धविवक्षा न कृता तथापि निश्चयनयेनादिमध्यान्तवर्जिते परमानन्दमालिनी परमचैतन्यशालिनि भगवत्यात्मनि यदनाकुलत्वलक्षणं पारमार्थिकसुखं तस्योपादेयभूतस्योपादानकारणभूतं यत्केवलज्ञानदर्शनद्वयं तदेवोपादेयमिति श्रद्धेयं ज्ञेयं तथैवार्तरौद्रादिसमस्तविकल्पजालत्यागेन ध्येयमिति भावार्थः। =कर्मोपाधि जनित मिथ्यात्व रागादि रूप समस्त विभाव परिणामोंको छोड़कर, निरुपाधि केवलज्ञानादि गुणोंसे युक्त जो शुद्ध जीवास्तिकाय है, उसीको निश्चय नयसे उपादेय रूपसे मानना चाहिए यह भावार्थ है। वा यद्यपि इस अधिकारमें आठ प्रकारके ज्ञानोपयोग तथा चार प्रकारके दर्शनोपयोगका व्याख्यान करते समय शुद्धाशुद्धकी विवक्षा नहीं की गयी है। फिर भी निश्चय नयसे आदि मध्य अन्तसे रहित ऐसी परमानन्दमालिनी परमचैतन्यशालिनी भगवान् आत्मामें जो अनाकुलत्व लक्षणवाला पारमार्थिक सुख है, उस उपादेय भूतका उपादान कारण जो केवलज्ञान व केवल दर्शन हैं, ये दोनों ही उपादेय हैं। यही श्रद्धेय है, यही ज्ञेय है, तथा इस ही को आर्त रौद्र आदि समस्त विकल्प जालको त्यागकर ध्येय बनाना चाहिए। ऐसा भावार्थ है। (पं.का./ता.वृ. ६१/११३)

द्र.सं.टी. २/१० शुद्धनयाश्रितं जीवस्वरूपमुपादेयम्, शेषं च हेयम्। इति हेयोपादेयरूपेण भावार्थोऽप्यवबोद्धव्यः। एवं···यथासंभव व्याख्यानकाले सर्वत्र ज्ञातव्यः। =शुद्ध नयके आश्रित जो जीवका स्वरूप है वह तो उपादेय यानी—ग्रहण करने योग्य है और शेष सब त्याज्य है। इस प्रकार हेयोपादेय रूपसे भावार्थ भी समझना चाहिए। तथा व्याख्यानके समयमें सब जगह जानना चाहिए।

६. आगममें व्याकरणकी प्रधानता

ध. १/१,१,१/२/६-१०/३ धाउपरूवणा किमट्ठं कीरदे। ण, अणवयवधाउस्स सिस्सस्स अत्थावगमाणुववत्तादो। उक्तं च 'शब्दारूपदप्रसिद्धिः पदसिद्धेरर्थनिर्णयो भवति। अर्थात्तत्त्वज्ञानं तत्त्वज्ञानात्परं श्रेय' ॥२॥ इति। =प्रश्न—धातुका निरूपण किस लिए किया जा रहा है (यह तो सिद्धान्त ग्रन्थ है)? उत्तर—ऐसी शंका नहीं करनी चाहिए। क्योंकि जो शिष्य धातुसे अपरिचित है, उसे धातुके परिज्ञानके बिना अर्थका परिज्ञान नहीं हो सकता और अर्थबोधके लिए विवक्षित शब्दका अर्थज्ञान कराना आवश्यक है, इसलिए यहाँ धातुका निरूपण किया गया है। कहा भी है—शब्दसे पदकी सिद्धि होती है, पदकी सिद्धि से अर्थका निर्णय होता है, अर्थके निर्णयसे तत्त्वज्ञान अर्थात् हेयोपादेय विवेककी प्राप्ति होती है और तत्त्वज्ञानसे परम कल्याण होता है।

म पु. ३८/११९ शब्दविद्यार्थशास्त्रादि चाध्येयं नास्य दुष्यति। सुसंस्कारप्रबोधाय वैयात्यख्यातयेऽपि च ॥११९॥ =उत्तम संस्कारोंको जागृत करनेके लिए और विद्वत्ता प्राप्त करनेके लिए इस व्याकरण आदि शब्दशास्त्र और न्याय आदि अर्थशास्त्रका भी अभ्यास करना

चाहिए क्योंकि आचार विषयक ज्ञान होनेपर इनके अध्ययन करनेमें कोई दोष नहीं है।

मो.मा प्र. ८/४३२/१७ बहुरि व्याकरण न्यायादिक शास्त्र है, तिनका भी थोरा बहुत अभ्यास करना। जातैं इनिका ज्ञान बिना बड़े शास्त्रनि का अर्थ भासै नाही। बहुरि वस्तुका भी स्वरूप इनकी पद्धति जानै जैसा भासै तैसा भाषादिक करि भासै नाही। तातैं परम्परा कार्यकारी जानि इनका भी अभ्यास करना।

७. आगममें व्याकरणकी गौणता

प का /ता वृ १/३ प्राथमिकशिष्यप्रतिसुखबोधार्थमत्र ग्रन्थे सधेर्नियमो नास्तीति सर्वत्र ज्ञातव्यम्।=प्राथमिक शिष्योंको सरलतासे ज्ञान हो जावे इसलिए ग्रन्थमें सन्धिका नियम नहीं रखा गया है ऐसा सर्वत्र जानना चाहिए।

८. अर्थ समझने सम्बन्धी कुछ विशेष नियम

ध. १/१,१,१११/३४६/४ सिद्धासिद्धाश्रया हि कथामार्गा।

ध. १/१,१,११७/३६२/१० सामान्यबोधनाश्च विशेषेष्वतिष्ठन्ते। =कथन परम्पराएँ प्रसिद्ध और अप्रसिद्ध इन दोनोंके आश्रयसे प्रवृत्त होती हैं। सामान्य विषयका बोध कराने वाले वाक्य विशेषोंमें रहा करते हैं।

ध. २/१,१/४४१/१७ विशेषविधिना सामान्यविधिर्बाध्यते।

ध. २/१,१/४४२/२० परा विधिर्बाधको भवति।=विशेष विधिसे सामान्य विधि बाधित हो जाती है।... पर विधि बाधक होती है।

ध. ३/१,२,२/१८/१० व्याख्यातो विशेषप्रतिपत्तिरिति।

ध ३/१,२,८२/३१५/१ जहा उद्देसो तहा णिद्देसो। =व्याख्यासे विशेषकी प्रतिपत्ति होती है। उद्देशके अनुसार निर्देश होता है।

ध ४/१,५,१४५/४०३/४ =गौण-मुख्ययोर्मुख्ये सप्रत्ययः। =गौण और मुख्यमें विवाद होनेपर मुख्यमें ही सप्रत्यय होता है।

प. मु. ३/१६ तर्कात्तन्निर्णयः। =तर्कसे इसका (क्रमभावका) निर्णय होता है।

प.ध./पू. ७० भावार्थ—साधन व्याप्त साध्यरूप धर्मके मिल जानेपर पक्षकी सिद्धि हुआ करती है। दृष्टान्तको ही साधन व्याप्त साध्य रूप धर्म कहते हैं।

पं.ध./७२ नामैकदेशेन नामग्रहणम्। =नामके एकदेशसे ही पूरे नामका ग्रहण हो जाता है, जैसे रा. ल कहने से रामलाल।

पं.ध. ४१४...। व्यतिरेकेण विना यन्नान्वयपक्षः स्वपक्षरक्षार्थम्।=व्यतिरेकके बिना केवल अन्वय पक्ष अपने पक्षकी रक्षाके लिए समर्थ नहीं होता है।

९. विरोधी बातें आने पर दोनोंका संग्रह कर लेना चाहिए

ध. १/१,१,२७/२२२/२ उस्सुत्तं लिहंता आइरिया कथं वज्जभीरुणो। इदि चे ण एस दोसो, दोण्हं मज्झे एक्कस्सेव संगहे कीरमाणे वज्जभीरुत्तं णिबट्टति। दोण्ह पि संगहकरेंताणमाइरियाणं वज्ज-भीरुत्ताविणासाभावादो।

ध. १/१,१,३७/२६२/२ उवदेसमंतरेण तदवगमाभावा दोण्हं पि संगहो कायव्वो। दोण्ह संगहं करेंतो संसयमिच्छाइट्ठी होदि त्ति तण्ण, सुत्तुद्दिट्ठमेव अत्थि त्ति सद्दहंतस्स संदेहाभावादो। =प्रश्न—उत्सूत्र लिखने वाले आचार्य पापभीरु कैसे माने जा सकते हैं? उत्तर—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि दोनों का वचनोंमें-से किसी एक ही वचनके संग्रह करनेपर पापभीरुता निकल जाती है अर्थात् उच्छृङ्खलता आ जाती है। अतएव दोनों प्रकारके वचनोंका संग्रह करनेवाले आचार्योंके पापभीरुता नष्ट नहीं होती है, अर्थात् बनी रहती है। उपदेशके बिना दोनोंमें-से कौन वचन सूत्र रूप है यह नहीं जाना जा सकता, इसलिए दोनों वचनोंका संग्रह कर लेना चाहिए। प्रश्न—दोनों वचनोंका संग्रह करनेवाला संशय मिथ्यादृष्टि हो जायेगा? उत्तर—नहीं, क्योंकि संग्रह करनेवालेके 'यह सूत्र कथित ही है इस प्रकारका श्रद्धान पाया जाता है, अतएव उसके सन्देह नहीं हो सकता है।

ध १/१,१,१३/११०/१७३ सम्माइट्ठी जीवो उवइट्ठं पवयणं तु सद्दहदि। सद्दहदि असब्भावं अजाणमाणो गुरु णियोगा ॥११०॥ =सम्यग्दृष्टि जीव जिनेन्द्र भगवान्‌के द्वारा उपदिष्ट प्रवचनका तो श्रद्धान करता ही है, किन्तु किसी तत्त्वको नहीं जानता हुआ गुरुके उपदेशसे विपरीत अर्थका भी श्रद्धान कर लेता है ॥११०॥ (गो.जी./मू. २७), (ल.सा./मू. १०५)।

१०. व्याख्यानकी अपेक्षा सूत्र वचन प्रमाण होता है

क.पा २/१,१५/§४६३/४१७/७ सुत्तेण वक्खाणं बाहिज्जदि ण वक्खाणेण वक्खाणं। एत्थ पुणो दो वि परूवेयव्वा दोण्हमेक्कदरस्स सुत्ताणुसारित्तागमाभावादो।...एत्थ पुण विसंयोजणापक्खो चेव पहाणभावेणावलंबियव्वो पवाइज्जमाणत्तादो। =सूत्रके द्वारा व्याख्यान बाधित हो जाता है, परन्तु एक व्याख्यानके द्वारा दूसरा व्याख्यान बाधित नहीं होता। इसलिए उपशम सम्यग्दृष्टिके अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना नहीं होती यह वचन अप्रमाण नहीं है। फिर भी यहाँ दोनों ही उपदेशोंका ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि दोनोंमें-से अमुक उपदेश सूत्रानुसारी है, इस प्रकारके ज्ञान करनेका कोई साधन नहीं पाया जाता।...फिर भी यहाँ उपशम सम्यग्दृष्टिके अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना होती है, यह पक्ष ही प्रधान रूपसे स्वीकार करना चाहिए। क्योंकि इस प्रकारका उपदेश परम्परासे चला आ रहा है।

११. यथार्थका निर्णय हो जाने पर भूल सुधार लेनी चाहिए

ध. १/१,१,३७/१४३/२६२ सुत्तादो तं सम्मं दरिसिज्जंतं जदा ण सद्दहदि। सो चेय हवदि मिच्छाइट्ठी हु तदो पहुडि जीवो। =सूत्रसे भले प्रकार आचार्यादिकके द्वारा समझाये जाने पर भी यदि जो जीव विपरीत अर्थको छोड़कर समीचीन अर्थका श्रद्धान नहीं करता तो उसी समयसे वह सम्यग्दृष्टि जीव मिथ्यादृष्टि हो जाता है। (गो जी /मू. २८), (ल.सा /मू. १०६)

ध.१३/५,५,१२०/३८१/५ एत्थ उवदेसं लद्धूण एदं चेव वक्खाणं सच्चमण्णं असच्चमिदि णिच्छओ कायव्वो। एदे च दो वि उवएसा सुत्तसिद्धा। =यहाँ पर उपदेशको प्राप्त करके यही व्याख्यान सत्य है, अन्य व्याख्यान असत्य है, ऐसा निश्चय करना चाहिए। ये दोनों ही उपदेश सूत्र सिद्ध हैं। (ध १४/५,६,६६/४), (ध. १४/५,६,११६/१५१/६), (ध. १४/५,६,६५२/५०८/६), (ध. १५/३१७/६)

४. शब्दार्थ सम्बन्धी विषय

१. शब्दमें अर्थ प्रतिपादनकी योग्यता व शंका

प मु.३/१००,१०१ सहजयोग्यतासंकेतवशाद्धि शब्दादयो वस्तु प्रतिपत्तिहेतवः ॥१००॥ यथा मेर्वादय सन्ति ॥१०१॥ =शब्द और अर्थमें वाचक वाच्य शक्ति है। उसमें संकेत होनेसे अर्थात् इस शब्दका वाच्य यह अर्थ है ऐसा ज्ञान हो जानेसे शब्द आदिसे पदार्थोंका ज्ञान होता है। जिस प्रकार मेरु आदि पदार्थ है अर्थात् मेरु शब्दके उच्चारण करनेसे ही जम्बू द्वीपके मध्यमें स्थित मेरुका ज्ञान हो जाता है। (इसी प्रकार अन्य पदार्थोंको भी समझ लेना चाहिए।)

२. भिन्न-भिन्न शब्दोंके भिन्न-भिन्न अर्थ होते हैं

स.सि १/३३/१४४ शब्दभेदश्चेदस्ति अर्थभेदेनाप्यवश्यं भवितव्यम्। =यदि शब्दोंमें भेद है तो अर्थोंमें भेद अवश्य होना चाहिए। (रा. वा. १/३३/१०/९८/३१)

रा.वा. १/६/५/३४/१८ शब्दभेदे ध्रुवोऽर्थभेद इति। =शब्दका भेद होनेपर अर्थ अर्थात् वाच्य पदार्थका भेद ध्रुव है।

३. जितने शब्द हैं उतने वाच्य पदार्थ भी हैं

आप्त मी./मू. २७ संज्ञिन: प्रतिषेधो न प्रतिषेध्याद्ऋते क्वचित् ॥२७॥ =जो संज्ञावान पदार्थ प्रतिषेध्य कहिए निषेध करने योग्य वस्तु तिस बिना प्रतिषेध कहूँ नाहीं होय है।

रा. वा. १/६/५/३४/१८ में उद्धृत (यावन्मात्रा: शब्दा: तावन्मात्रा परमार्था: भवन्ति) जित्तियमित्ता सद्दा तित्तियमित्ता होंति परमत्था। =जितने शब्द होते है उतने ही परम अर्थ हैं।

का.अ./मू. २५२ किं बहुणा उत्तेण य जेत्तिय-मेत्ताणि संति णामाणि, तेत्तिय-मेत्ता अत्था संति य णियमेण परमत्था। =अधिक कहनेसे क्या? जितने नाम है उतने ही नियमसे परमार्थ रूप पदार्थ हैं।

४. अर्थ व शब्दमें वाच्यवाचक सम्बन्ध कैसे

क.पा. १/१३-१४/§११८-२००/२३८/१ शब्दोऽर्थस्य निस्संबन्धस्य कथं वाचक इति चेत्। प्रमाणमर्थस्य निस्सबन्धस्य कथं ग्राहकमिति समानमेतत्। प्रमाणार्थयोर्जन्यजनकलक्षण प्रतिबन्धोऽस्तीति चेत्, न; वस्तुसामर्थ्यस्यान्त समुत्पत्तिविरोधात् ॥§११८॥ प्रमाणार्थयो: स्वभावत एव ग्राह्यग्राहकभावश्चेत्; तर्हि शब्दार्थयो: स्वभावत एव वाच्यवाचकभाव किमिति नेष्यते अविशेषात्। प्रमाणेन स्वभावतोऽर्थसबद्धेन किमितीन्द्रियमालोको वा अपेक्ष्यत इति समानमेतत्। शब्दार्थसबन्ध कृत्रिमत्वाद्वा पुरुषव्यापारमपेक्षते ॥§११९॥

अथ स्यात्, न शब्दो वस्तु धर्म, तस्य ततो भेदात्। नाभेद भिन्नेन्द्रियग्राह्यत्वात् भिन्नार्थक्रियाकारित्वात् भिन्नसाधनत्वात् उपायोपेयभावोपलम्भाच्च। न विशेष्याद्भिन्नं विशेषणम्; अव्यवस्थापत्ते। ततो न वाचकभेदाद्वाच्यभेद इति; न, प्रकाश्याद्भिन्नामेव प्रमाणप्रदीप-सूर्य-मणीन्द्वादीनां प्रकाशकत्वोपलम्भात्, सर्वथैकत्वे तदनुपलम्भात् ततो भिन्नोऽपि शब्दोऽर्थप्रतिपादक इति प्रतिपत्तव्यम् ॥§२००॥

ध. ९/४,१,४५/१७९/३ अथ स्यान्न, नशब्दो: अव्यवस्थापत्ते, (ऊपर क. पा. में भी यही शंका की गयी है) नैष दोष, भिन्नानामपि वस्त्राभरणादीनां विशेषणत्वोपलम्भात्।· कुतो योग्यता शब्दार्थानाम्। स्वपराभ्याम्। न चैकान्तेनान्यत एव तदुत्पत्ति:, स्वतो विवर्तमानानामर्थानां सहायकत्वेन वर्तमानबाह्यार्थोपलम्भात्। =प्रश्न—शब्द व अर्थमें कोई सम्बन्ध न होते हुए भी वह अर्थका वाचक कैसे हो सकता है? उत्तर—प्रमाणका अर्थके साथ कोई सम्बन्ध न होते हुए भी वह अर्थका ग्राहक कैसे हो सकता है? प्रश्न—प्रमाण व अर्थमें जन्यजनक लक्षण पाया जाता है। उत्तर—नहीं, वस्तुको सामर्थ्यकी अन्यसे उत्पत्ति माननेमें विरोध आता है। प्रश्न—प्रमाण व अर्थमें तो स्वभावसे ही ग्राह्यग्राहक सम्बन्ध है। उत्तर तो शब्द व अर्थमें भी स्वभावसे ही वाच्य-वाचक सम्बन्ध क्यों नहीं मान लेते? प्रश्न—यदि इसमें स्वभावसे ही वाच्यवाचक भाव है तो वह पुरुषव्यापारकी अपेक्षा क्यों करता है? उत्तर—प्रमाण यदि स्वभावसे ही अर्थके साथ सम्बद्ध है तो फिर वह इन्द्रिय-व्यापार व आलोक (प्रकाश) की अपेक्षा क्यों करता है? इस प्रकार प्रमाण व शब्द दोनोंमें शंका व समाधान समान है। अतः प्रमाणकी भाँति ही शब्दमें भी अर्थप्रतिपादनकी शक्ति माननी चाहिए। अथवा, शब्द और पदार्थका सम्बन्ध कृत्रिम है। अर्थात् पुरुषके द्वारा किया हुआ है, इसलिए वह पुरुषके व्यापारकी अपेक्षा रखता है। प्रश्न—शब्द वस्तुका धर्म नहीं है, क्योंकि उसका वस्तुसे भेद है। उन दोनोंमें अभेद नहीं कहा जा सकता क्योंकि दोनों भिन्न इन्द्रियों-के विषय है, दोनोंकी अर्थ क्रिया भिन्न है दोनोंके कारण भिन्न हैं, शब्द उपाय है और वस्तु उपेय है। इन दोनोंमें विशेष्य विशेषण भावकी अपेक्षा भी एकत्व नहीं माना जा सकता, क्योंकि विशेष्यसे भिन्न विशेषण नहीं होता है, कारण कि ऐसा माननेसे अव्यवस्थाकी आपत्ति आती है।

[ध ९/४,१,४५/१७९/३ पर यही शंका करते हुए शंकाकारने उपरोक्त हेतुओंके अतिरिक्त ये हेतु और भी उपस्थित किये है—दोनों भिन्न इन्द्रियोंके विषय हैं। वस्तु स्वगिन्द्रियसे ग्राह्य है और शब्द स्वगिन्द्रियसे ग्राह्य नहीं है। दूसरे, उन दोनोंमें अभेद माननेसे 'छुरा' और 'मोदक' शब्दोंका उच्चारण करनेपर क्रमसे मुख कटने तथा पूर्ण होनेका प्रसग आता है, अत: दोनोंमें सामानाधिकरण्य नहीं हो सकता।] (और भी दे नय ४/५) अत: शब्द वस्तुका धर्म न होनेसे उसके भेदसे अर्थभेद नहीं हो सकता? उत्तर—नहीं, क्योंकि, जिस प्रकार प्रमाण, प्रदीप, सूर्य, मणि और चन्द्रमा आदि पदार्थ घट पट आदि प्रकाश्यभूत पदार्थोंसे भिन्न रहकर ही उनके प्रकाशक देखे जाते है, तथा यदि उन्हें सर्वथा अभिन्न माना जाय तो उनके प्रकाश्य-प्रकाशकभाव नहीं बन सकता है, उसी प्रकार शब्द अर्थसे भिन्न होकर भी अर्थका वाचक होता है, ऐसा समझना चाहिए। दूसरे, विशेष्यसे अभिन्न ही विशेषण हो यह कोई नियम नहीं, क्योंकि विशेष्यसे भिन्न भी वस्त्राभरणादिकोंको विशेषणता पायी जाती है। (जैसे-घड़ीवाला या लाल पगड़ीवाला) प्रश्न—शब्द व अर्थ में यह योग्यता कहाँसे आती है कि नियत शब्द नियतही अर्थका प्रतिपादक हो? उत्तर—स्व व परसे उनके यह योग्यता आती है। सर्वथा अन्यसे ही उसकी उत्पत्ति हो, ऐसा नहीं है, क्योंकि, स्वय वर्तनेवाले पदार्थोंकी सहायतासे वर्तते हुए बाह्य पदार्थ पाये जाते है।

क.पा. १/१३-१४/§२१५-२१६/२६५-२६८ अथ स्यात् न पदवाक्यान्यर्थप्रतिपादकानि; तेषामसत्त्वात्। कुतस्तदसत्त्वम्। [अनुपलम्भात्। सोऽपि कुत:।] वर्णानां क्रमोत्पन्नानामनित्यानामेतेषां समुदायाभावात्। न च तत्समुदय (पाठ छूटा हुआ है) अनुपलम्भात्। न च वर्णादर्थप्रतिपत्ति, प्रतिवर्णमर्थप्रतिपत्तिप्रसगात्। नित्यानित्योभयपक्षेषु संकेतग्रहणानुपपत्तेश्च न पदवाक्येभ्योऽर्थप्रतिपत्ति:। नामकेतित: शब्दोऽर्थप्रतिपादक: अनुपलम्भात्। ततो न शब्दादर्थप्रतिपत्तिरिति सिद्धम् ॥§२१५॥ न च वर्ण-पद-वाक्यव्यतिरिक्त: नित्योऽक्रम अमूर्तो निरवयव: सर्वगत: अर्थप्रतिपत्तिनिमित्त स्फोट इति, अनुपलम्भात् ॥§२१६॥ न; बहिरङ्गशब्दात्मकनिमित्त च (तेभ्य:) क्रमेणोत्पन्नवर्णप्रत्ययेभ्य: अक्रमस्थितिभ्य: समुत्पन्नपदवाक्याभ्यामर्थविषयप्रत्ययोत्पत्त्युपलम्भात्। न च वर्णप्रत्ययानां क्रमोत्पन्नानां पदवाक्यप्रत्ययोत्पत्तिनिमित्तानामक्रमेण स्थितिर्विरुद्धा; उपलभ्यमानत्वात्।· न चानेकान्ते एकान्तवाद इव संकेतग्रहणमनुपपन्नम्; सर्वव्यवहाराणा [मनेकान्त एवं सुघटत्वात्। तत:] वाच्यवाचकभावो घटत इति स्थितम्। =प्रश्न—क्रमसे उत्पन्न होनेवाले अनित्य वर्णोंका समुदाय असत् होनेसे पद और वाक्योंका ही जब अभाव है, तो वे अर्थप्रतिपादक कैसे हो सकते हैं? और केवल वर्णोंसे ही अर्थका ज्ञान हो जाय ऐसा है नहीं, क्योंकि 'घ' 'ट' आदि प्रत्येक वर्णसे अर्थके ज्ञानका प्रसंग आता है? सर्वथा नित्य, सर्वथा अनित्य और सर्वथा उभय इन तीनों पक्षोंमें ही संकेतका ग्रहण नहीं बन सकता इसलिए पद और वाक्योंसे अर्थका ज्ञान नहीं हो सकता, क्योंकि संकेत रहित शब्द पदार्थका प्रतिपादक होता हुआ नहीं देखा जाता? वर्ण, पद और वाक्यसे भिन्न, नित्य, क्रमरहित, अमूर्त, निरवयव, सर्वगत 'स्फोट' नामके तत्त्वको पदार्थोंकी प्रतिपत्तिका कारण मानना भी ठीक नहीं; क्योंकि, उस प्रकारकी कोई वस्तु उपलब्ध नहीं हो रही है? उत्तर—नहीं, क्योंकि, बाह्य शब्दात्मक निमित्तोंसे क्रमपूर्वक जो 'घ' 'ट' आदि वर्णज्ञान उत्पन्न होते हैं, और जो ज्ञानमें अक्रमसे स्थित रहते हैं, उनसे उत्पन्न होनेवाले पद और वाक्योंसे अर्थ विषयक ज्ञानकी उत्पत्ति देखी जाती है। पद और वाक्योंके ज्ञानकी उत्पत्तिमें कारणभूत तथा क्रमसे उत्पन्न वर्ण विषयक ज्ञानोंकी अक्रमसे स्थिति माननेमें भी विरोध नहीं आता, क्योंकि, वह उपलब्ध होती है। तथा जिस प्रकार एकान्तवादमें संकेतका ग्रहण नहीं

बनता है, उसी प्रकार अनेकान्तमें भी न बनता हो, सो भी ठीक नहीं है, क्योंकि समस्त व्यवहार अनेकान्तवादमें ही सुघटित होते हैं। (अर्थात् वर्ण व वर्णज्ञान कथंचित् भिन्न भी है और कथंचित् अभिन्न भी) अतः वाच्यवाचक भाव बनता है, यह सिद्ध होता है।

५. शब्द अल्प है और अर्थ अनन्त हैं

रा.वा. १/२६/४/८७/२३ शब्दाश्च सर्वे संख्येया एव, द्रव्यपर्याया पुनः संख्येयाऽसंख्येयानन्तभेदा। =सर्व शब्द तो संख्यात ही होते हैं। परन्तु द्रव्योंकी पर्यायोंके संख्यात असंख्यात व अनन्तभेद होते हैं।

६. अर्थ प्रतिपादनकी अपेक्षा शब्दमें प्रमाण व नयपना

रा.वा. ४/४२/१३/२५२/२२ यदा वक्ष्यमाणैः कालादिभिरस्तित्वादीनां धर्माणां भेदेन विवक्षा तदैकस्य शब्दस्यानेकार्थप्रत्यायनशक्त्याभावात् क्रमः। यदा तु तैरेवाभेदेन वृत्तमात्मरूपमुच्यते तदैकेनापि शब्देन एकधर्मप्रत्यायनमुखेन तदात्मकत्वापन्नस्य अनेकाशेषरूपस्य प्रतिपादनसंभवात् यौगपद्यम्। तत्र यदा यौगपद्यं तदा सकलादेशः; स एव प्रमाणमित्युच्यते।... यदा तु क्रमः तदा विकलादेश स एव नय इति व्यपदिश्यते। =जब अस्तित्व आदि अनेक धर्म कालादि की अपेक्षा भिन्न-भिन्न विवक्षित होते हैं, उस समय एक शब्दमें अनेक अर्थोंके प्रतिपादनकी शक्ति न होनेसे क्रमसे प्रतिपादन होता है। इसे विकलादेश कहते हैं। परन्तु जब उन्हीं अस्तित्वादि धर्मोंकी कालादिककी दृष्टिसे अभेद विवक्षा होती है, तब एक भी शब्दके द्वारा एक धर्ममुखेन तादात्म्य रूपसे एकत्वको प्राप्त सभी धर्मोंका अखण्ड भावसे युगपत् कथन हो जाता है। यह सकलादेश कहलाता है। विकलादेश नय रूप है और सकलादेश प्रमाण रूप है।

७. शब्दका अर्थ देशकालानुसार करना चाहिए

स.म. १४/१७१/२१ में उद्धृत 'स्वाभाविकसामर्थ्यसमयाभ्यामर्थबोधनिबन्धनः शब्दः।" =स्वाभाविक शक्ति तथा संकेतसे अर्थका ज्ञान करानेवालेको शब्द कहते हैं।

८. भिन्न क्षेत्र-कालादिमें शब्दका अर्थ भिन्न भी होता है

१. कालकी अपेक्षा

स.म. १४/१७८/३० कालापेक्षया पुनर्यथा जैनानां प्रायश्चित्तविधौ... प्राचीनकाले षड्गुरुशब्देन शतमशीत्यधिकमुपवासानामुच्यते स्म, सांप्रतकाले तु तद्विपरीते तेनैव षड्गुरुशब्देन उपवासत्रयमेव संकेत्यते जीतकल्पव्यवहारानुसारात्। =जैसे कल्प व्यवहारके अनुसार प्रायश्चित्त विधिमें प्राचीन समयमें 'षड्गुरु' शब्दका अर्थ एक सौ अस्सी उपवास किया जाता था, परन्तु आजकल उसी 'षड्गुरु' का अर्थ केवल तीन उपवास किया जाता है।

२. शास्त्रोंकी अपेक्षा

स.म. १४/१७१/४ शास्त्रापेक्षया तु यथा पुराणेषु द्वादशीशब्देनैकादशी। त्रिपुरार्णवे च अलिशब्देन मदराभिधिर्क्तं च मैथुनशब्देन मधुसर्पिषोर्ग्रहणम् इत्यादि। =पुराणोंमें उपवासके नियमोंका वर्णन करते समय 'द्वादशी' का अर्थ एकादशी किया जाता है; शाक्त लोगोंके ग्रन्थोंमें 'अलि' शब्द मदिरा और 'मैथुन' शब्द शहद और घीके अर्थमें प्रयुक्त होते हैं।

३. क्षेत्रकी अपेक्षा

स.म. १४/१७८/२८ चौरशब्दोऽन्यत्र तस्करे रूढोऽपि दाक्षिणात्यानामोदने प्रसिद्धः। यथा च कुमारशब्दः पूर्वदेशे आश्विनमासे रूढः। एवं कर्कटीशब्दादयोऽपि तत्तद्देशापेक्षया योन्यादिवाचका ज्ञेयाः। ='चौर' शब्दका साधारण अर्थ तस्कर होता है, परन्तु दक्षिण देशमें इस शब्दका अर्थ चावल होता है। 'कुमार' शब्दका सामान्य अर्थ युवराज होनेपर भी पूर्व देशमें इसका अर्थ आश्विन मास किया जाता है। 'कर्कटी' शब्दका अर्थ ककड़ी होनेपर भी कहीं-कहीं इसका अर्थ योनि किया जाता है।

९. शब्दार्थकी गौणता सम्बन्धी उदाहरण

स.भ.त. ७०/४ उक्तिश्चावाच्यतैकान्तेनावाच्यमिति युज्यते। इति स्वामिसमन्तभद्राचार्यवचनं कथं संघटते। न तदर्थापरिज्ञानात्। अयं खलु तदर्थः, सत्त्वाद्येकैकधर्ममुखेन वाच्यमेव वस्तु युगपत्प्रधानभूतसत्त्वासत्त्वोभयधर्मावच्छिन्नत्वेनावाच्यम्। =प्रश्न – अवाच्यताका जो कथन है वह एकान्त रूपसे अकथनीय है, ऐसा माननेसे 'अवाच्यता युक्त न होगी', यह श्री समन्तभद्राचार्यका कथन कैसे संगत होगा? उत्तर—ऐसी शंका भी नहीं की जा सकती, क्योंकि तुमने स्वामी समन्तभद्राचार्यजीके वचनोंको नहीं समझा। उस वचनका निश्चय रूपसे अर्थ यह है कि सत्त्व आदि धर्मोंमें-से एक-एक धर्मके द्वारा जो पदार्थ वाच्य है अर्थात् कहने योग्य है, वही पदार्थ प्रधान भूत सत्त्व असत्त्व इस उभय धर्म सहित रूपसे अवाच्य है।

रा.वा. २/७/५/११/२ रूढिशब्देषु हि क्रियोपात्तकाला व्युत्पत्त्यर्थैव न तन्त्रम्। यथा गच्छतीति गौरिति।

रा.वा. २/१२/२/१२६/३० कथं तर्ह्यस्य निष्पत्तिः 'त्रस्यन्तीति त्रसाः' इति। व्युत्पत्तिमात्रमेव नार्थं प्राधान्येनाश्रीयते गोशब्दप्रवृत्तिवत्। एवंरूढिविशेषबलाद्वा क्वचिदेव वर्तते। =जितने रूढि शब्द हैं उनकी भूत भविष्यत् वर्तमान कालके आधीन जो भी क्रिया है वे केवल उन्हें सिद्ध करनेके लिए है। उनसे जो अर्थ द्योतित होता है वह नहीं लिया जाता है। प्रश्न –जो भयभीत होकर गति करे सो त्रस यह व्युत्पत्ति अर्थ ठीक नहीं है। (क्योंकि गर्भस्थ अण्डस्थ आदि जीव त्रस होते हुए भी भयभीत होकर गमन नहीं करते। उत्तर— 'त्रस्यन्तीति त्रसाः' यह केवल "गच्छतीति गौः" की तरह व्युत्पत्ति मात्र है। (रा.वा. २/१२/१/१२७) (रा.वा. २/३६/३/१४५)

५. आगमकी प्रामाणिकतामें हेतु

१. आगमकी प्रामाणिकताका निर्देश

ध. १/१,१,७५/३१४/५ चेदस्वाभाव्यात्प्रत्यक्षस्येव। =जैसे प्रत्यक्ष स्वभावतः प्रमाण है उसी प्रकार आर्ष भी स्वभावतः प्रमाण है।

२. वक्ताकी प्रामाणिकतासे वचनकी प्रामाणिकता

ध. १/१,१ २२/१६६/४ वक्तृप्रामाण्याद्वचनप्रामाण्यम्। =वक्ताकी प्रमाणतासे वचनमें प्रमाणता आती है। (ज.प. १३/८४)

प.वि. ४/१० सर्वविद्वीतरागोक्तो धर्मः सूनृतता व्रजेत्। प्रामाण्यतो यतः पुंसो वाचः प्रामाण्यमिष्यते ॥१०॥ =जो धर्म सर्वज्ञ और वीतरागके द्वारा कहा गया है वही यथार्थताको प्राप्त हो सकता है, क्योंकि पुरुषकी प्रमाणतासे ही वचनमें प्रमाणता मानी जाती है।

३. आगमकी प्रामाणिकताके उदाहरण

ध. ४/१,५,३२०/३८२/११ तं कधं णव्वदे। आइरियपरंपरागदोवदेसादो। =यह कैसे जाना जाता है कि उपशम सम्यक्त्वके शलाकाएँ पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र होती हैं? उत्तर—आचार्य परम्परागत उपदेशसे यह जाना जाता है। (ध. ५/१,६,३६/३१/५) (ध. १४/१६४/६, १६६/२, १७०/१३; १७३/११; २०८/११, २०६/११; ३७०/१०, ५१०/२)

ध. ६/१,९-१,२८/६५/२ एइंदियादिसु अव्वत्तचेट्ठेसु कधं सुहदुहभावा णज्जंते। ण तत्थ तेसिमव्वत्ताणमागमेण अत्थित्तसिद्धीदो। =प्रश्न—अव्यक्त चेष्टावाले एकेन्द्रिय आदि जीवोंमें सुभग और दुर्भग भाव कैसे जाने जाते हैं? उत्तर—नहीं, क्योंकि एकेन्द्रिय आदिमें अव्यक्त रूपसे विद्यमान उन भावोंका अस्तित्व आगमसे सिद्ध है।

ध. ७/२,१,५६/९६/८ ण दंसणमत्थि विसयाभावादो।

ध. ७/२,१,५६/९८/१ अत्थि दंसणं, सुत्तम्मि अट्ठकम्मणिद्देसादो।... इच्चादिउवसंहारसुत्तदंसणादो च। =प्रश्न—दर्शन है नहीं, क्योंकि

उसका कोई विषय ही नहीं है ? उत्तर—दर्शन है क्योंकि, सूत्रमें आठ कर्मोंका निर्देश किया गया है। ··इस प्रकारके अनेक उपसंहार सूत्र देखनेसे भी, यही सिद्ध होता है कि दर्शन है।

४. अर्हत् व अतिशयज्ञानवालोंके द्वारा प्रणीत होनेके कारण

रा.वा. ८/१६/५६२ तदसिद्धिरिति चेत्, न, अतिशयज्ञानाकरत्वात् ॥१६॥ अन्यत्राप्यतिशयज्ञानदर्शनादिति चेत्, न; अतएव तेषां सम्भवात् ॥१७॥···आर्हतमेव प्रवचनं तेषां प्रभवः। उक्तं च—सुनिश्चितं नः परतन्त्रयुक्तिषु स्फुरन्ति याः काश्चन सूक्तसंपदः। तवैव ता. पूर्व-महार्णवोत्थिता जगत्प्रमाणं जिनवाक्यविप्रुषः. (द्वात्रि १/३) श्रद्धामात्र-मिति चेत्, न, भूयसामुपलब्धेः रत्नाकरवत् ॥१८॥ तदुद्भवत्वाच्चेषामपि प्रामाण्यमिति चेत्, न, निःसारत्वात् काचादिवत् ॥१९॥ =प्रश्न—अर्हत्का आगम पुरुषकृत होनेसे अप्रमाण है ? उत्तर—ऐसा कहना युक्तिसंगत नहीं है, क्योंकि वह अतिशय ज्ञानोंका आकर है। प्रश्न—अतिशय ज्ञान अन्यत्र भी देखे जाते हैं ? अतएव अर्हत् आगमको ही ज्ञानका आकर कहना उपयुक्त नहीं है ? उत्तर—अन्यत्र देखे जानेवाले अतिशय ज्ञानोंका मूल उद्भवस्थान आर्हत प्रवचन ही है। कहा भी है कि 'यह अच्छी तरह निश्चित है कि अन्य मतोंमें जो युक्तिवाद और अच्छी बातें चमकती हैं वे तुम्हारी ही हैं। वे चतुर्दश पूर्व रूपी महासागरसे निकली हुई जिनवाक्य रूपी बिन्दुएँ हैं।' प्रश्न—यह सर्व बातें केवल श्रद्धामात्र गम्य हैं ? उत्तर—श्रद्धा-मात्र गम्य नहीं अपितु युक्तिसिद्ध है जैसे गाँव, नगर या बाजारोंमें कुछ रत्न देखे जाते हैं फिर भी उनकी उत्पत्तिका स्थान रत्नाकर समुद्र ही माना जाता है। प्रश्न—यदि वे व्याकरण आदि अर्हत्प्र-वचनसे निकले हैं तो उनकी तरह प्रमाण भी होने चाहिए ? उत्तर—नहीं, क्योंकि वे निस्सार हैं। जैसे नकली रत्न क्षार और सीप आदि भी रत्नाकरसे उत्पन्न होते हैं परन्तु निःसार होनेसे त्याज्य हैं। उसी तरह जिनशासन समुद्रसे निकले वेदादि निःसार होनेसे प्रमाण नहीं हैं।

रा. वा. ६/२७/५/५३२ अतिशयज्ञानदृष्टत्वात्, भगवतामर्हतामतिशय-वज्ज्ञानं युगपत्सर्वार्थविभासनसमर्थं प्रत्यक्षम्, तेन दृष्टं तद्दृष्टं यच्छास्त्रं तद् यथार्थोपदेशकम्, अतस्तत्प्रमाण्याद् ज्ञानावरणाद्यास्रव-नियमप्रसिद्धिः।=शास्त्र अतिशय ज्ञानवाले युगपत् सर्वविभासन-समर्थ प्रत्यक्षज्ञानी केवलीके द्वारा प्रणीत है, अतः प्रमाण है। इसलिए शास्त्रमें वर्णित ज्ञानावरणादिकके आस्रवके कारण आगमानुगृहीत है।

गो.जी./जी प्र. १९६/४३८/१ किं बहुना सर्वतत्त्वानां प्रवक्तरि पुरुषे आप्ते सिद्धेसति तद्वाक्यस्यागमस्य सूक्ष्मान्तरितदूरार्थेषु प्रामाण्यसुप्रसिद्धं। =बहुत कहने करि कहा ? सर्व तत्त्वनिका वक्ता पुरुष जो है आप्तता-की सिद्धि होतैं तिस आप्तके वचन रूप जो आगम ताकी सूक्ष्म अंत-रित दूरी पदार्थ निविषैं प्रमाणताकी सिद्धि हो है।

रा वा./हि. ६/२७/५२७ अर्हंत सर्वज्ञ ··के वचन प्रमाणभूत हैं···स्वभाव विषैं तर्क नाहीं।

५. वीतराग द्वारा प्रणीत होनेके कारण

ध.१/१,१,२२/१९६/५ विगताशेषदोषावरणत्वात् प्राप्ताशेषवस्तुविषयबोध-स्तस्य व्याख्यातेति प्रतिपत्तव्यम् अन्यथास्यापौरुषेयत्वस्यापि पौरु-षेयवदप्रामाण्यप्रसङ्गात् =जिसने सम्पूर्ण भावकर्म व द्रव्यकर्मको दूर कर देनेसे सम्पूर्ण वस्तु विषयक ज्ञानको प्राप्त कर लिया है वही आगमका व्याख्याता हो सकता है। ऐसा समझना चाहिए। अन्यथा पौरुषेयत्व रहित इस आगमको भी पौरुषेय आगमके समान अप्रमाण-ताका प्रसंग आ जायेगा।

ध. ३/१,२,२/१०-११/१२ आगमो ह्याप्तवचनमाप्तं दोषक्षयं विदुः। क्षीण-दोषोऽनृतं वाक्यं न ब्रूयाद्धेत्वसंभवात् ॥१०॥ रागाद्वा द्वेषाद्वा मोहाद्वा वाक्यमुच्यते ह्यनृतम्। यस्य तु नैते दोषास्तस्यानृतकारणं नास्ति। =आप्तके वचनको आगम जानना चाहिए और जिसने जन्म जरादि अठारह दोषोंका नाश कर दिया है उसे आप्त जानना चाहिए। इस प्रकार जो त्यक्त दोष होता है, वह असत्य वचन नहीं बोलता है, क्योंकि उसके असत्य वचन बोलनेका कोई कारण ही सम्भव नहीं है ॥१०॥ रागसे, द्वेषसे, अथवा मोहसे असत्य वचन बोला जाता है, परन्तु जिसके ये रागादि दोष नहीं हैं उसके असत्य वचन बोलनेका कोई कारण भी नहीं पाया जाता ॥१०॥ (ध १०/४,२,४६०/२८०/२)

ध. १०/५,५,१२१/३८२/१ पमाणत्तं कुदो णव्वदे। रागदोसमोहाभावेण पमाणीभूदपुरिसपरंपराए आगमत्तादो। =प्रश्न—सूत्रकी प्रमाणता कैसे जानी जाती है ? उत्तर—राग, द्वेष और मोहका अभाव हो जाने-से प्रमाणीभूत पुरुष परम्परासे प्राप्त होनेके कारण उसको प्रमाणता जानी जाती है।

स. म. १७/२३७/६ तदेवमाप्तेन सर्वविदा प्रणीत आगमः प्रमाणमेव। तदप्रामाण्यं हि प्रणायकदोषनिबन्धनम्। =सर्वज्ञ आप्त-द्वारा बनाया आगम ही प्रमाण है। जिस आगमका बनानेवाला सदोष होता है, वही आगम अप्रमाण होता है।

अन ध. २/२० जिनोक्तेर्वा कुतो हेतुबाधगन्धोऽपि शङ्क्यते। रागादिना विना को हि करोति वितथं वचः ॥२०॥=कौन पुरुष होगा जो कि रागद्वेषके बिना वितथ मिथ्या वचन बोले। अतएव वीतरागके वचनोंमें अंश मात्र भी बाधाकी सम्भावना किस तरह हो सकती है।

६. गणधरादि आचार्यों-द्वारा कथित होनेके कारण

क. पा. १/१,१५/§११६/१५३ णेदाओ गाहाओ सुत्तं गणहरपत्तेयबुद्ध-सुद-केवलि-अभिण्णदसपुव्वीसु गुणहरभडारयस्स अभावादो; ण, णिद्दोस-पक्खरसहेउपमाणेहि सुत्तेण सरिसत्तमत्थि त्ति गुणहराइरियगाहाणं पि सुत्तत्तुवलंभादो···एदं सव्वं पि सुत्तलक्खणं जिणवयणकमल-विणिग्गयअत्थपदाणं चेव संभवइ ण गणहरमुहविणिग्गयगंथरयणाए, ण सच्चं (सुत्तं) सारिच्छमस्सिदूण तत्थ वि सुत्तत्तं पडि विरोहाभावादो। =प्रश्न—(कषाय प्राभृत सम्बन्धी) एक सौ अस्सी गाथाएँ सूत्र नहीं हो सकती हैं, क्योंकि गुणधर भट्टारक न गणधर हैं, न प्रत्येक बुद्ध हैं, न श्रुतकेवली हैं, और न अभिन्न दशपूर्वी ही हैं ? उत्तर—नहीं, क्यों-कि गुणधर भट्टारककी गाथाएँ निर्दोष हैं, अल्प अक्षरवाली हैं, सहेतुक हैं, अतः वे सूत्रके समान हैं, इसलिए गुणधर आचार्यकी गाथाओंमें सूत्रत्व पाया जाता है। प्रश्न—यह सम्पूर्ण सूत्र लक्षण तो जिनदेवके मुखकमलसे निकले हुए अर्थ पदोंमें ही सम्भव है, गणधरके मुखसे निकली ग्रन्थ रचनामें नहीं ? उत्तर—नहीं, क्योंकि गणधरके वचन भी सूत्रके समान होते हैं। इसलिए उनके वचनोंमें सूत्रत्व होनेके प्रति विरोधका अभाव है।

७. प्रत्यक्ष ज्ञानियोंके द्वारा प्रणीत होनेके कारण

स.सि ८/२६/४०५ व्याख्यातो सप्रपञ्चः बन्धपदार्थः। अवधिमनःपर्यय-केवलज्ञानप्रत्यक्षप्रमाणगम्यस्तदुपदिष्टागमानुमेयः। =इस प्रकार विस्तारके साथ बन्ध पदार्थका व्याख्यान किया। यह अवधिज्ञान, मनःपर्यय ज्ञान और केवलज्ञानरूप प्रत्यक्ष-प्रमाण-गम्य है, और इन ज्ञानवाले जीवोंके द्वारा उपदिष्ट आगमसे अनुमेय है।

८. आचार्य परम्परासे आगत होनेके कारण

ध. १३/५,५,१२१/३८२/१ पमाणत्तं कुदो णव्वदे।·· पमाणीभूदपुरिसपरं-पराए आगदत्तादो। =प्रश्न—सूत्रमें प्रमाणता कैसे जानी जाती है ? उत्तर—प्रमाणीभूत पुरुष परम्परासे प्राप्त होनेके कारण उसकी प्रमाणता जानी जाती है।

९. समन्वयात्मक होनेके कारण

क.पा. १/१,१५/§६३/८२/२ तं च उवदेसं लहिय वत्तव्वं। =उपदेश ग्रहण करके अर्थ कहना चाहिए।

ध. १/१,१,२७/२२२/४ दोण्हं वयणाणं मज्झे कं वयणं सच्चमिदि चे सुदकेवली केवली वा जाणादि। =प्रश्न—दोनों प्रकारके वचनोंमें-से

किसको सत्य माना जाये ? उत्तर—इस बातको केवली या श्रुतकेवली ही जान सकते है। (ध १/१,१,३७/२६२/१), (ध ७/२/११,७५/५४०/४)

ध. ६/४,१,७१/३३३/३ दोण्हं सुत्ताणं विरोहे संतेत्थप्पाबलबणस्स णाइयत्तादो।=दो सूत्रोंके मध्य विरोध होनेपर चुप्पीका अवलम्बन करना ही न्याय है। (ध ६/४,१,४४/१२६/४), (ध १४/५,६,११६/१५१/५)

ध. १४/५,६,११६/२१६/११ सच्चमेदमेक्केणेव होदव्वमिदि, किंतु अणेणेव होदव्वमिदिण्णा वट्टमाणकाले णिच्छओ कादु सक्किज्जदे, जिण-गणहर-पत्तेयबुद्ध-पण्णसमण-सुदकेवलिआदीणमभावादो॥=यह सत्य है कि इन दोनोंमें-से कोई एक अल्पबहुत्व होना चाहिए किन्तु यही अल्पबहुत्व होना चाहिए इसका वर्तमान कालमें निश्चय करना शक्य नहीं है, क्योंकि इस समय जिन, गणधर, प्रत्येकबुद्ध, प्रज्ञाश्रमण, और श्रुतकेवली आदिका अभाव है। (गो. जी /जी. प्र २८८/६१६/२-४) (और भी दे आगम ३/६)

१०. विचित्र द्रव्यों आदिका प्ररूपक होनेके कारण

प्र.सा./त प्र २३५ आगमेन तावत्सर्वाण्यपि द्रव्याणि प्रमीयन्ते विचित्र गुणपर्यायविशिष्टानि च प्रतीयन्ते, सहक्रमप्रवृत्तानेकधर्मव्यापकानेकान्तमयत्वेनैवागमस्य प्रमात्वोपपत्ते। =आगम-द्वारा सभी द्रव्य प्रमेय (ज्ञेय) होते है। आगमसे वे द्रव्य विचित्र गुण पर्यायवाले प्रतीत होते है, क्योंकि आगमको सहप्रवृत्त और क्रमप्रवृत्त अनेक धर्मोंमें व्यापक अनेकान्तमय होनेसे प्रमाणताकी उपपत्ति है।

११ पूर्वापर अविरोधी होनेके कारण

अष्टसहस्री पृ ६२ (निर्णय सागर बम्बई) "अविरोधश्च यस्मादिष्टं (प्रयोजनभूतं) मोक्षादिकं तत्त्वं तेन प्रसिद्धेन प्रमाणेन न बाध्यते। तथा हि यत्र यस्याभिमतं तत्त्वं प्रमाणेन न बाध्यते स तत्र युक्तिशास्त्राविरोधी वाक्।"=इष्ट अर्थात् प्रयोजनभूत मोक्ष आदितत्त्व किसी भी प्रसिद्ध प्रमाणसे बाधित न होनेके कारण अविरोधी हैं। जहाँपर जिसका अभिमत प्रमाणसे बाधित नहीं होता, वह वहाँ युक्ति और शास्त्रसे अविरोधी वचनवाला होता है।

अन. ध. २/१८/१३३ दृष्टेऽर्थेऽध्यक्षतो वाक्यमनुमेयेऽनुमानतः। पूर्वापरा, विरोधेन परोक्षे च प्रमाण्यताम् ॥१८॥=आगममें तीन प्रकारके पदार्थ बताये है—दृष्ट, अनुमेय और परोक्ष। इनमें-से जिस तरहके पदार्थको बतानेके लिए आगममें जो वाक्य आया हो उसको उसी तरहसे प्रमाण करना चाहिए। यदि दृष्ट विषयमें आया हो तो प्रत्यक्षसे और अनुमेय विषयमें आया हो तो अनुमानसे तथा परोक्ष विषयमें आया हो तो पूर्वापरका अविरोध देखकर प्रमाणित करना चाहिए।

क. पा १/१,१५/§३०/४४/४ कथं णामसण्णिदाणं पदवक्काणं पमाणत्तं। ण, तेसु विसंवादाणुवलंभादो। =प्रश्न—नाम शब्द से बोधित होने वाले पद और वाक्योंको प्रमाणता कैसे ? उत्तर—नहीं, क्योंकि, इन पदोमें विसंवाद नहीं पाया जाता, इसलिए वे प्रमाण है।

१२. युक्तिसे बाधित नहीं होनेके कारण

अष्टसहस्री पृ. ६२ (नि. सा बम्बई) "यत्र यस्याभिमतं तत्त्वं प्रमाणेन न बाध्यते स तत्र युक्तिशास्त्राविरोधिवाक्।"=जहाँ जिसकाअभिमत तत्त्व प्रमाणसे बाधित नहीं होता, वहाँ वह युक्ति और शास्त्रसे अविरोधी वचनवाला है।

ति. प. ७/६१३/७६६/३ तदो ण एत्थ इदमित्थमेवेत्ति एयंतपरिग्गहेण असग्गाहो कायव्वो, परमगुरुपरंपरागउवएसस्स जुत्तिबलेण विहडावेदुमसक्कियत्तादो।='यह ऐसा ही है' इस प्रकार एकान्त कदाग्रह नहीं करना चाहिए, क्योंकि गुरु परम्परासे आये उपदेशको युक्तिके बलसे विघटित नहीं किया जा सकता।

ध. ७/२,१,५६/९८/१० आगमपमाणेण होदु णाम दंसणस्स अत्थित्तं ण जुत्तीए चे। ण, जुत्तीहि आगमस्स बाहाभावादो आगमेण वि जच्चा जुत्ती ण बाहिज्जदि त्ति चे। सच्चं ण बाहिज्जदि जच्चा जुत्ती, किन्तु इमा बाहिज्जदि जच्चाभासत्तादो। =प्रश्न—आगम प्रमाणसे भले दर्शनका अस्तित्व हो, किन्तु युक्तिसे तो दर्शनका अस्तित्व सिद्ध नहीं होता ? उत्तर—होता है, क्योंकि युक्तियोसे आगमकी बाधा नहीं होती। प्रश्न - आगमसे भी तो जात्य अर्थात् उत्तम युक्तिकी बाधा नहीं होनी चाहिए ? उत्तर—सचमुच ही आगमसे युक्तिकी बाधा नहीं होती किन्तु प्रस्तुत युक्तिकी बाधा अवश्य होती है, क्योंकि वह उत्तम युक्ति नहीं है।

ध १२/४,२,१३,५५/३१६/१३ ण च जुत्तिविरुद्धत्तादो ण सुत्तमेदमिदि वोत्तुं सक्किज्जदे, सुत्तविरुद्धाए जुत्तित्ताभावादो। ण च अप्पमाणेण पमाणं बाहिज्जदे, विरोहादो। =प्रश्न—युक्ति विरुद्ध होनेसे यह सूत्र ही नहीं है ? उत्तर—ऐसा कहना शक्य नहीं है। क्योंकि जो युक्ति सूत्रके विरुद्ध हो वह वास्तवमे युक्ति ही सम्भव नहीं है। इसके अतिरिक्त अप्रमाणके द्वारा प्रमाणको बाधा नहीं पहुँचायी जा सकती क्योंकि वैसा होनेमें विरोध है। (गो जी/जी प्र १९६/४३६/१५)

ध १२/४,२,१४,३८/४१४/१५ ण च सुत्तपडिकूलं वक्खाणं होदि, वक्खाणाभासहत्तादो। ण च जुत्तीए सुत्तस्स बाहा संभवदि, सयलबाहादीदस्स सुत्तत्तवएसादो।=सूत्रके प्रतिकूल व्याख्यान होता नहीं है। क्योंकि वह व्याख्यानाभास कहा जाता है। प्रश्न—यदि कहा जाय कि युक्तिसे सूत्रको बाधा पहुँचायी जा सकती है ? उत्तर—सो यह कहना भी ठीक नहीं है, क्योंकि जो समस्त बाधाओसे रहित है उसकी सूत्र सज्ञा है। (ध १४/५,६,५५२/४५६/१०)

१३. प्रथमानुयोगकी प्रामाणिकता

नोट—भ आ./मूलमें स्थल-स्थलपर अनेकों कथानक दृष्टान्त रूपमें दिये गये है, जिनसे ज्ञात होता है कि प्रथमानुयोग जो बहुत पीछेसे लिपिबद्ध हुआ वह पहलेसे आचार्योंको ज्ञात था।

६. आगमकी प्रामाणिकताके हेतुओं सम्बन्धी शंका समाधान

१ अर्वाचीन पुरुषों-द्वारा लिखित आगम प्रामाणिक कैसे हो सकते है

ध १/१,१,२२/१९७/१ अप्रमाणमिदानीतन' आगम आरातीयपुरुषव्याख्यातार्थत्वादिति चेन्न, ऐदंयुगीनज्ञानविज्ञानसंपन्नतया प्राप्तप्रामाण्यराचार्यैर्व्याख्यातार्थत्वात्। कथं छद्मस्थानां सत्यवादित्वमिति चेन्न, यथाश्रुतव्याख्यातृणां तदविरोधात्। प्रमाणीभूतगुरुपर्वक्रमेणायातोऽयमर्थ इति कथमवसीयत इति चेन्न, दृष्टविषये सर्वत्राविसंवादात्। अदृष्टविषयेऽप्यविसंवादिनागमभावेनैकत्वे सति सुनिश्चितासंभवद्बाधकप्रमाणकत्वात्। ऐदंयुगीनज्ञानविज्ञानसंपन्नभूयसामाचार्याणामुपदेशाद्वा तदवगते। =प्रश्न—आधुनिक आगम अप्रमाण है, क्योंकि अर्वाचीन पुरुषोने इसके व्याख्यानका अर्थ किया है ? उत्तर—यह कहना भी ठीक नहीं है, क्योंकि इस काल सम्बन्धी ज्ञान-विज्ञानसे युक्त होनेके कारण प्रमाणताको प्राप्त आचार्योंके द्वारा इसके अर्थका व्याख्यान किया गया है, इसलिए आधुनिक आगम भी प्रमाण है। प्रश्न—छद्मस्थोंके सत्यवादीपना कैसे माना जा सकता है ? उत्तर—नही, क्योंकि श्रुतके अनुसार व्याख्यान करनेवाले आचार्यों के प्रमाणता माननेमें विरोध नहीं है। प्रश्न—आगमका विवक्षित अर्थ प्रामाणिक गुरुपरम्परासे प्राप्त हुआ है यह कैसे निश्चित किया जाये ? उत्तर—नहीं, क्योंकि प्रत्यक्षभूत विषयमें तो सब जगह विसंवाद उत्पन्न नही होनेसे निश्चय किया जा सकता है। और परोक्ष विषयमें भी, जिसमें परोक्ष विषयका वर्णन किया गया है वह भाग अविसंवादी आगमके दूसरे भागोंके साथ आगमकी अपेक्षा एकताको प्राप्त होनेपर अनुमानादि प्रमाणोके द्वारा बाधक प्रमाणोका अभाव सुनिश्चित होनेसे उसका निश्चय किया जा सकता है। अथवा

आधुनिक ज्ञान विज्ञानसे युक्त आचार्योंके उपदेशसे उसकी प्रामाणिकता जाननी चाहिए।

क पा. १/१,१५/§६४/८२ जिणउवदिट्ठतासो होदु दव्वागमो पमाणं, किन्तु अप्पमाणीभूदपुरिसपरंपरोलोकमेण आगयत्तादो अप्पमाणं वट्टमाणकालदव्वागमो, त्ति ण पच्चवट्ठादुं जुत्तं; राग-दोस-भयादीदआयरियपरंपरोलोकमेण आगयस्स अपमाणत्तविरोहादो। =प्रश्न—जिनेन्द्रदेवके द्वारा उपदिष्ट होनेसे द्रव्यागम प्रमाण होओ, किन्तु वह अप्रमाणीभूत पुरुष परम्परासे आया हुआ है अतएव वर्तमान कालीन द्रव्यागममें अप्रमाण है? उत्तर—ऐसा कहना ठीक नहीं है, क्योंकि द्रव्यागम राग, द्वेष और भयसे रहित आचार्य परम्परासे आया हुआ है, इसलिए उसे अप्रमाण माननेमें विरोध आता है।

२ पूर्वापर विरोध होते हुए भी प्रामाणिक कैसे है

ध १/१,१,२७/२२१/४ दोण्हं वयणाणं मज्झे एक्कमेवसुत्तं होदि, तदो जिणा ण अण्णहा वाइणो, तदो तव्वयणाणं विप्पडिसेहो इदि चे सच्चमेयं, किन्तु ण तव्वयणाणि एयाइं आइल्लु आइरिय-वयणाइं, तदो एयाणं विरोहस्सत्थि सभवो इदि। =प्रश्न—दोनों प्रकारके वचनोंमें-से कोई एक ही सूत्र रूप हो सकता है? क्योंकि जिन अन्यथावादी नहीं होते, अत इनके वचनोंमें विरोध नहीं होना चाहिए? उत्तर—यह कहना सत्य है कि वचनोंमें विरोध नहीं होना चाहिए। परन्तु ये जिनेन्द्र देवके वचन न होकर उनके पश्चात आचार्योंके वचन है, इसलिए उनमें विरोध होना सम्भव है।

ध. ९/२,२८/५६/१० कसायपाहुडसुत्तेणेद सुत्तं विरुज्झदि त्ति वुत्ते सच्चं विरुज्झई कधं सुत्ताण विरोहो। ण, सुत्तोवसंहारणमसयलसुदधारयाइरियपरतंताण विरोहसभवदसणादो। =प्रश्न—कषायप्राभृतके सूत्रसे तो यह सूत्र विरोधका प्राप्त होता है? उत्तर—सचमुचमें यह सूत्र कषायप्राभृतके सूत्रसे विरुद्ध है। प्रश्न—सूत्रमें विरोध कैसे आ सकता है? उत्तर—अल्प श्रुतज्ञानके धारक आचार्योंके परतन्त्र सूत्र व उपसहारोके विरोधकी सम्भावना देखी जाती है।

ध. १/१,१,२७/२२१/७ कथ सुत्तत्तणमिदि। आइरियपरंपराए णिरंतरमागयाण बुद्धिसु ओहट्टंतीसु वज्जभीरुहि गहिदत्थेहि आइरिएहि पोत्थएसु चडावियाणं असुत्तत्तण-विरोहादो। जदि एवं, तो एयाणं पि वयणाण तदवयत्तादो सुत्तत्तण पावदि त्ति चे भवदु दोण्हं मज्झे एक्कस्स सुत्तत्तणं, ण दोण्ह पि परोप्पर-विरोहादो। =प्रश्न—तो फिर (उन विरोधी वचनोंको) सूत्रपना कैसे प्राप्त होता है? उत्तर—आचार्य परम्परासे निरन्तर चले आ रहे (सूत्रोंको)···बुद्धि क्षीण होनेपर पाप भीरु (तथा) जिन्होने गुरु परम्परासे श्रुतार्थ ग्रहण किया था, उन आचार्योंने तीर्थ व्युच्छेदके भयसे उस समय अवशिष्ट रहे हुए अर्थको पोथियोमे लिपिबद्ध किया, अतएव उनमें असूत्रपना नहीं आ सकता। (ध १३/५,५,१२०/३८१/५) प्रश्न—यदि ऐसा है तो दोनो ही वचनोको द्वादशांगका अवयव होनेसे सूत्रपना प्राप्त हो जायेगा? उत्तर—दोनोंमें से किसी एक वचनको सूत्रपना भले ही प्राप्त होओ, किन्तु दोनोको सूत्रपना प्राप्त नहीं हो सकता है, क्योकि उन दोनों वचनोमें परस्पर विरोध पाया जाता है। (ध १/१,१,३६/२६१/१)

ध १३/५,५,१२०/३८१/७ विरुद्धाणं दोण्णमत्थाणं कधं सुत्तं होदि त्ति वुत्ते—सच्चं, ज सुत्तं तमविरुद्धत्थपरूपयं चेव। किन्तु णेद सुत्तं सुत्तमिव सुत्तमिदि एदस्स उवयारेण सुत्तत्तब्भुवगमादो। कि पुण सुत्तं। गणहर-पत्तेयबुद्ध-सुदकेवलि-अभिण्णदसपुव्वियकहियं···॥३४॥ ण च भूदबलिभडारओ गणहरो पत्तेयबुद्धो सुदकेवली अभिण्णदसपुव्वी वा जेणेदं सुत्तं होज्ज। =प्रश्न—विरुद्ध दो अर्थोंका कथन करनेवाला सूत्र कैसे हो सकता है? उत्तर—यह कहना सत्य है, क्योकि जो सूत्र है वह अविरुद्ध अर्थका ही प्ररूपण करनेवाला होता है। किन्तु यह सूत्र नहीं है, क्योकि सूत्रके समान जो होता है वह सूत्र कहलाता है, इस प्रकार इसमें उपचारसे सूत्रपना स्वीकार किया गया है। प्रश्न—तो फिर सूत्र क्या है? उत्तर—जिसका गणधर देवोंने, प्रत्येक बुद्धोंने श्रुतकेवलियोंने तथा अभिन्न दश पूर्वियोंने कथन किया वह सूत्र है। परन्तु भूतबली भट्टारक न गणधर है, न प्रत्येक बुद्ध है, न श्रुतकेवली है, न अभिन्नदशपूर्वी ही है, जिससे कि यह सूत्र हो सके।

क.पा. ३/३-२२/§५१३/२६२/१ पुव्विल्लवक्खाणं ण भद्दय, सुत्तविरुद्धत्तादो। ण, वक्खाणभेदसंदरिसणट्ठं तप्पवुत्तीदो पडिवक्खणयणिरायरणमुहेण पउत्तणओ ण भद्दओ। ण च एत्थ पडिवक्खणिरायणमत्थि तम्हा वे वि णिरवज्जे त्ति घेत्तव्वं। **प्रश्न**—पूर्वोक्त व्याख्यान समीचीन नहीं है? क्योंकि वे सूत्र विरुद्ध है। उत्तर—नहीं, क्योंकि व्याख्यान भेदके दिखलानेके लिए पूर्वोक्त व्याख्यानकी प्रवृत्ति हुई है। जो नय प्रतिपक्ष नयके निराकरणमें प्रवृत्ति करता है, वह समीचीन नही होता है। परन्तु यहाँ पर प्रतिपक्ष नयका निराकरण नही किया गया है, अत दोनों उपदेश निर्दोष है ऐसा प्रकृतमें ग्रहण करना चाहिए।

३. आगम व स्वभाव तर्कके विषय ही नहीं हैं

ध. १/१,१,२५/२०६/६ आगमस्यातर्कगोचरत्वात्=आगम तर्कका विषय नही है। (ध.४/१४/५,६,११६/१५१/८)

ध. १/१,१,२४/२०४/३ प्रतिज्ञावाक्यत्वाद्धेतुप्रयोग कर्त्तव्य प्रतिज्ञामात्रत' साध्यसिद्धबनुपपत्तिरिति चेन्नेदं प्रतिज्ञावाक्यं प्रमाणत्वात्, ण हि प्रमाणान्तरमपेक्षतेऽनवस्थापत्ते। =प्रश्न—('नरक गति है') इत्यादि प्रतिज्ञा वाक्य होनेसे इनके अस्तित्वकी सिद्धिके लिए हेतुका प्रयोग करना चाहिए, क्योकि केवल प्रतिज्ञा वाक्यसे साध्यकी सिद्धि नहीं हो सकती? उत्तर—नहीं, क्योंकि, ('नरकगति है' इत्यादि) वचन प्रतिज्ञा वाक्य न होकर प्रमाण वाक्य है। जो स्वयं प्रमाण स्वरूप होते हैं वे दूसरे प्रमाणकी अपेक्षा नहीं करते है। यदि स्वयं प्रमाण होते हुए भी दूसरे प्रमाणोकी अपेक्षा की जावे तो अनवस्था दोष आता है।

ध. १/१,१,४१/२७१/३ ते तादृक्षा सन्तीति कथमवगम्यत इति, चेन्न, आगमस्यातर्कगोचरत्वात्। न हि प्रमाणप्रकाशितार्थविगति प्रमाणान्तरप्रकाशमपेक्षते। =प्रश्न—साधारण जीव उक्त लक्षण (अभी तक जिन्होंने त्रस पर्याय नहीं प्राप्त की) होते हैं यह कैसे जाना जाता है? उत्तर—ऐसी शंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि आगम तर्कका विषय नहीं है। एक प्रमाणसे प्रकाशित अर्थज्ञान दूसरे प्रमाणके प्रकाशकी अपेक्षा नहीं करता है।

ध.९/१,९-६.६/१५१/१ आगमो हि णाम केवलणाणपुरस्सरो पाएण अणिदियत्थविसओ अचिंतियसहाओ जुत्तिगोयरादीदो। =जो केवलज्ञानपूर्वक उत्पन्न हुआ है, प्राय अतीन्द्रिय पदार्थोंको विषय करनेवाला है, अचिन्त्य स्वभावी है और युक्तिके विषयसे परे है, उसका नाम आगम है।

४ छद्मस्थोंका ज्ञान प्रामाणिकताका माप नहीं है

ति. प. ७/६१३/पृ. ७६६/पं. ४ अदिदिएसु पदत्थेसु छदुमत्थवियप्पाणमविसंवादणियमाभावादो। तम्हा पुव्वाइरियवक्खाणापरिच्चाएण एसा वि दिसा हेदुवादाणुसारिविणेयपण्णसिस्साणुग्गहण-अवुप्पण्णजणउप्पायणट्ठं चदरिसेदव्वा। तदो ण एत्थ सपदायविरोधो कायव्वो त्ति। =अतिन्द्रिय पदार्थोंके विषयमें अल्पज्ञोके द्वारा किये गये विकल्पोके विरोध न होनेका कोई नियम भी नहीं है। इसलिए पूर्वाचार्योंके व्याख्यानका परित्याग न कर हेतुवादका अनुसरण करने वाले अव्युत्पन्न शिष्योंके अनुग्रहण और अव्युत्पन्न जनोके व्युत्पादनके लिए इस दिशाका दिखलाना योग्य ही है, अतएव यहाँ सम्प्रदाय विरोधकी भी आशंका नहीं करनी चाहिए।

ध १३/५,५,१३७/३८९/२ न च केवलज्ञानविषयीकृतेष्वर्थेषु सकलेष्वपि रजोजुषां ज्ञानानि प्रवर्त्तन्ते येनानुपलम्भाज्जिनवचसस्याप्रमाणत्वमुच्येत। =केवलज्ञानके द्वारा विषय किये गये सभी अर्थोंमें छद्मस्थोंके ज्ञान प्रवृत्त भी नहीं होते हैं। इसलिए यदि छद्मस्थोंको कोई अर्थ नहीं उपलब्ध होते हैं तो जिनवचनोंको अप्रमाण नहीं कहा जा सकता।

ध. १५/३१७/६ सयलसुदविसयावगमें पयडिजीवभेदेण णाणाभेदभिण्णे असंते एदं ण होदि त्ति वोत्तुमसक्कियत्तादो। तम्हा सुत्ताणुसारिणा सुत्ताविरुद्धक्खाणमवलंबेयव्वं। =समस्त श्रुतविषयक ज्ञान होनेपर तथा प्रकृति एवं जीवके भेदसे नाना रूप भेदके न होनेपर यह नहीं हो सकता 'ऐसा कहना शक्य नहीं है। इस कारण सूत्रका अनुसरण करनेवाले प्राणीको सूत्रसे अविरुद्ध व्याख्यानका अवलम्बन करना चाहिए।

प.वि. १/१२५ यः कल्पयेत् किमपि सर्वविदोऽपि वाचि संदिह्य तत्त्वमसमञ्जसमात्मबुद्धया। खे पक्षिणां विचरतां सदृशेक्षितानां संख्यां प्रति प्रविदधाति स वादमन्धः ॥१२५॥ =जो सर्वज्ञके भी वचनोंमें संदिग्ध होकर अपनी बुद्धिसे तत्त्वके विषयमें भी कुछ कल्पना करता है, वह अज्ञानी पुरुष निर्मल नेत्रोंवाले व्यक्तिके द्वारा देखे गये आकाशमें विचरते हुए पक्षियोंकी संख्याके विषयमें विवाद करनेवाले अन्धेके समान आचरण करता है ॥१२५॥ (प वि.१३/३४)

५. आगममें भूल सुधार व्याकरण व सूक्ष्म विषयोंमें करनेको कहा है प्रयोजनभूत तत्त्वोंमें नहीं

नि. सा./मू. १८७ णियभावणाणिमित्तं मए कदं णियमसारणामसुदं। णच्चा जिणोवदेसं पुव्वावरदोस विम्मुक्कं ॥१८७॥ =पूर्वापर दोष रहित जिनोपदेशको जानकर मैंने निज भावनाके निमित्तसे नियमसार नामका शास्त्र किया है।

नि.सा./ता.वृ. १८७/क ३१० अस्मिन् लक्षणशास्त्रस्य विरुद्धं पदमस्ति चेत्। लुप्त्वा तत्कवयो भद्रा कुर्वन्तु पदमुत्तमम् ॥३१०॥ =इसमें यदि कोई पद लक्षण शास्त्रसे विरुद्ध हो तो भद्र कवि उसका लोप करके उत्तम पद करना।

ध.३/१,२,५/३८/२ अदिंदियत्थविसए छदुवेत्थवियप्पिदजुत्तीणं णिण्णयहेयत्ताणुववत्तीदो। तम्हा उवएसं लद्धूण विसेसणिण्णयो एत्थ कायव्वो त्ति। =अतीन्द्रिय पदार्थोंके विषयमें छद्मस्थ जीवोंके द्वारा कल्पित युक्तियोंके विकल्प रहित निर्णयके लिए हेतुता नहीं पायी जाती है। इसलिए उपदेशको प्राप्त करके इस विषयमें निर्णय करना चाहिए।

प. प्र. २/२१४/३१६/२ लिङ्गवचनक्रियाकारकसंधिसमासविशेष्यविशेषणवाक्यसमाप्त्यादिकं दूषणमत्र न ग्राह्यं विद्वद्भिरिति। =लिंग, वचन, क्रिया, कारक, सन्धि, समास, विशेष्य विशेषणके दोष विद्वज्जन ग्रहण न करें।

मनु. श्रा. ५४५ जं किं पि एत्थ भणियं अयाणमाणेण पवयणविरुद्धं। खमिऊण पवयणधरा सोहित्ता तं पयासंतु ॥५४५॥ =अज्ञानकार होनेसे जो कुछ भी इसमें प्रवचन विरुद्ध कहा गया हो, सो प्रवचनके धारक(ज्ञानकार)आचार्य मुझे क्षमा करें और शोधकर प्रकाशितकरें।

६. पौरुषेय होनेके कारण अप्रमाण नहीं कहा जा सकता

रा. वा. १/२०/७/७१/३२ ततश्च पुरुषकृतित्वादप्रामाण्यं स्याद्। ...न चापुरुषकृतित्वं प्रामाण्यकारणम्; चौर्याद्युपदेशस्यास्मर्यमाणकर्तृकस्य प्रामाण्यप्रसङ्गात्। अनित्यस्य च प्रत्यक्षादेः प्रामाण्ये को विरोधः। =प्रश्न–पुरुषकृत होनेके कारण श्रुत अप्रमाण होगा? उत्तर–अपौरुषेयता प्रमाणताका कारण नहीं है। अन्यथा चोरी आदिके उपदेश भी प्रमाण हो जायेंगे क्योंकि इनका कोई आदि प्रणेता ज्ञात नहीं है। प्रत्यक्ष आदि प्रमाण अनित्य हैं पर इससे उनकी प्रमाणतामें कोई कसर नहीं आती है।

७. आगम कथंचित् अपौरुषेय तथा नित्य है

ध १३/५,५,५०/२८६/२ अभूत इति भूतम्, भवतीति भव्यम्, भविष्यतीति भविष्यत्, अतीतानागत-वर्तमानकालेष्वस्तीत्यर्थः। एवं सत्यागमस्य नित्यत्वम्। सत्येवमागमस्यापौरुषेयत्वं प्रसजतीति चेत्-न, वाच्य-वाचकभावेन वर्ण-पद-पंक्तिभिश्च प्रवाहरूपेण चापौरुषेयत्वाभ्युपगमात्। =आगम अतीत कालमें था इसलिए उसकी भूत संज्ञा है, वर्तमान कालमें है इसलिए उसकी भव्य संज्ञा है और भविष्यत् कालमें रहेगा इसलिए उसको भविष्य संज्ञा है और आगम अतीत, अनागत और वर्तमान कालमें है, यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इस प्रकार वह आगम नित्य है। =प्रश्न–ऐसा होनेपर आगमको अपौरुषेयताका प्रसंग आता है। उत्तर–नहीं, क्योंकि वाच्य वाचक भावसे तथा वर्ण, पद व पंक्तियोंके द्वारा प्रवाह रूपसे आनेके कारण आगमको अपौरुषेय स्वीकार किया गया है।

पं. ध./पृ ७३६ वेदः प्रमाणमत्र तु हेतुः केवलमपौरुषेयत्वम्। आगमगोचरतया हेतोरन्याश्रितादहेतुरत्वम् ॥७३६॥ =वेद प्रमाण है यहाँपर केवल अपौरुषेयपना हेतु है, किन्तु अपौरुषेय रूप हेतुको आगम गोचर होनेसे अन्याश्रित है इसलिए वह समीचीन हेतु नहीं है।

८. आगमको प्रमाण माननेका प्रयोजन

आप्त मी./२/पृ.६ प्रयोजनं विशेषो हि तत्र प्रामाण्यसंप्लवः इष्टः। पहले प्रमाण सिद्ध प्रामाण्य आगम तैं सिद्ध भया तौऊ तथा हेतुकूं प्रत्यक्ष देखि अनुमान तैं सिद्ध करै पीछैं ताकूं प्रत्यक्ष जाणैं तहाँ प्रयोजन विशेष होय है ऐसैं प्रमाण संप्लव होय है। केवल आगम ही तैं तथा आगमाश्रित हेतुजनित अनुमान तैं प्रमाण कहि काहै कूं प्रमाण संप्लव कहना।

७. सूत्र निर्देश

१. सूत्रका अर्थ द्रव्य व भाव श्रुत

१ द्रव्य श्रुत

प्र.सा./त.प्र. ३४ श्रुतं हि, तावत्सूत्रं। तच्च भगवदर्हत्सर्वज्ञोपज्ञं स्यात्कारकेतनं पौद्गलिकं शब्दब्रह्म। =श्रुत ही सूत्र है, और वह सूत्र भगवान् अर्हन्त सर्वज्ञके द्वारा स्वयं जानकर उपदिष्ट, स्यात्कार-चिह्नयुक्त पौद्गलिक शब्द ब्रह्म है।

स.म ८/७४/६ सूत्रं तु सूचनाकारि ग्रन्थे तन्तुव्यवस्थयोः। =सूत्र शब्द ग्रन्थ, तन्तु और व्यवस्था इन तीन अर्थोंको सूचित करता है।

२. भाव श्रुत

स.सा./ता.वृ. १५/पृ ४० सूत्रं परिच्छित्तिरूपं भावश्रुतं ज्ञानसमय इति। =परिच्छित्ति रूप भावश्रुत ज्ञान समयको सूत्र कहते हैं।

२. सूत्रका अर्थ श्रुतकेवली

ध १४/५,६,१२/८/६ सुत्तं सुदकेवली। =सूत्रका अर्थ श्रुतकेवली है।

३. सूत्रका अर्थ अल्पाक्षर व महानार्थक

ध ६/४,१,५४/११७/२५६ अल्पाक्षरमसंदिग्धं सारवद् गूढनिर्णयम्। निर्दोषहेतुमत्तथ्यं सूत्रमित्युच्यते बुधैः ॥११७॥ =जो थोडे अक्षरोंसे संयुक्त हो, सन्देहसे रहित हो, परमार्थ सहित हो, गूढ पदार्थोंका निर्णय करनेवाला हो, निर्दोष हो, युक्तियुक्त हो और यथार्थ हो, उसे पण्डित जन सूत्र कहते हैं ॥११७॥ (क.पा. १/१,१५/६८/१५४) (आवश्यक निर्युक्ति सू. ८८६)

क.पा. १/१,१५/७३/१७१ अर्थस्य सूचनात्सम्यक् सूतेर्वार्थस्य सूरिणा। सूत्रमुक्तमनल्पार्थं सूत्रकारेण तत्त्वतः ॥७३॥ =जो भले प्रकार अर्थका सूचन करे, अथवा अर्थको जन्म दे उस बहुअर्थ गर्भित रचनाको सूत्रकार आचार्यने निश्चयसे सूत्र कहा है। (बृ कल्पभाष्य गा. ३१४), (पाराशरोपपुराण अ. १८), (मध्व भाष्य १/११), (मुग्धबोध व्याकरण

टीका), (न्यायवार्तिक तात्पर्य टी. १/१/१२), (प्रमाणमीमांसा पृ ३५) (कल्पभाष्य गा २८५)

आवश्यकनिर्युक्ति सू ८८० अल्पग्रन्थमहत्त्व द्वात्रिंशद्दोषविरहितं यं च। लक्षणयुक्त सूत्र अष्टेन च गुणेन उपमेयं। =अल्प परिमाण हो, महत्त्वपूर्ण हो, बत्तीस दोषोंसे रहित हो, आठ गुणोंसे युक्त हो, वह सूत्र है। (अनुयोगद्वारसूत्र गा सू १२७), (बृहत्कल्पभाष्य/गा. २७७, २८२), (व्यवहारभाष्य १९०)

४. वृत्तिसूत्रका लक्षण

क पा २/२/§२१/१४/६ सुत्तस्सेव विवरणाए संखित्त सद्दरयणाए सगहियसुत्तसेसत्थाए वित्तिसुत्तववएसादो। =जो सूत्रका ही व्याख्यान करता है, किन्तु जिसकी शब्द रचना संक्षिप्त है, और जिसमें सूत्रके समस्त अर्थको संगृहीत कर लिया गया है, उसे वृत्ति सूत्र कहते हैं।

५. जिसके द्वारा अनेक अर्थ सूचित न हों वह सूत्र नहीं असूत्र है

क.पा १/१,१५/§१३३/१६८/५ सूचिदाणेगत्था। अवरा असुत्तगाहा। =जिसके द्वारा अनेक अर्थ सूचित हो वह सूत्र गाथा है, और जिससे विपरीत अर्थ अर्थात् जिसके द्वारा अनेक अर्थ सूचित न हों वह असूत्र गाथा है।

६ सूत्र वही है जो गणधरादिके द्वारा कथित हो

भ.आ /मू.३४ सुत्तं गणधरगधिद तहेव पत्तेयबुद्धकहियं च। सुदकेवलिणा कहियं अभिण्णदसपुव्विगधिदं च ॥३४॥ =गणधर रचित आगमको सूत्र कहते है। प्रत्येक बुद्ध ऋषियोंके द्वारा कहे गये आगमको भी सूत्र कहते हैं, श्रुतकेवली और अभिन्नदशपूर्व धारक आचार्योंके रचे हुए आगम ग्रन्थको भी सूत्र कहते है। (मू आ. २७७), (ध. १३/५,५,१२०/३४/३८१), (क.पा. १/६७/१५३)

७. सूत्र तो जिनदेव कथित ही है परन्तु गणधर कथित भी सूत्रके समान है

क पा. १/१,१५/§१२०/१५४ एदं सव्वं पि सुत्तलक्खणं जिणवयणकमलविणिग्गयअत्थपदाणं चेव संभवइ ण गणहरमुहविणिग्गयगंथरयणाए, तत्थ महापरिमाणत्तुवलंभादो; ण; सच्च (सुत्त-) सारिच्छमस्सिदूण। =प्रश्न—यह सम्पूर्ण सूत्र लक्षण तो जिनदेवके मुख कमलसे निकले हुए अर्थ पदोंमें सम्भव है, गणधरके मुखकमलसे निकली ग्रन्थ रचनामें नहीं, क्योंकि उनमें महापरिमाण पाया जाता है। उत्तर—नहीं, क्योंकि गणधरके वचन भी सूत्रके समान होते है। इसलिए उनकी रचनामें भी सूत्रत्वके प्रति कोई विरोध नहीं है।

८. प्रत्येक बुद्ध कथितमें भी कथंचित् सूत्रत्व पाया जाता है

क.पा १/१५/§११९/१५३/६ णेदाओ गाहाओ सुत्तं गणहर पत्तेय-बुद्धसुदकेवलि-अभिण्णदसपुव्वीसु गुणहरभडारस्स अभावादो, ण; णिद्दोसपक्खरसहेउपदाणेहि सुत्तेण सरिसत्तममत्थित्ति गुणहराइरियगाहाणं पि सुत्तत्तुवलंभादो। =प्रश्न—यह (कषाय पाहुडकी १८०) गाथाएँ सूत्र नहीं हो सकतीं, क्योंकि (इनके कर्ता) गुणधर भट्टारक न गणधर हैं, न प्रत्येक बुद्ध हैं, न श्रुतकेवली है, और न अभिन्नदश पूर्वी ही हैं। उत्तर—नहीं, क्योंकि निर्दोषत्व, अल्पाक्षरत्व, और सहेतुकत्व रूप प्रमाणोंके द्वारा गुणधर भट्टारककी गाथाओंको सूत्र संज्ञाके साथ समानता है।

आगमन—जीवोंके आगमन निर्गमन सम्बन्धी व्यौरा - दे. जन्म ६

आगम नय—दे. नय I/१।

आगम पद्धति—दे. पद्धति।

आगम बाधित—दे बाधित।

आगमाभास—दे आगम 1/२।

आगाल—स.सा /मी.प्र. ८८/१२३/१ द्वितीयस्थितिद्रव्यस्यापकर्षणवशात्प्रथमस्थितावागमनमागाल। =द्वितीय स्थितिके निषेकनिकौ अपकर्षण करि प्रथम स्थितिके निषेकनि विषै प्राप्त करना ताका नाम आगाल है।

२. प्रत्यागालका लक्षण

ल.सा /जी.प्र ८८/१२३/१ प्रथमस्थितिद्रव्यस्योत्कर्षणवशाद् द्वितीयस्थितौ गमनं प्रत्यागाल इत्युच्यते। =प्रथम स्थितिके निषेकनिके द्रव्य कौ उत्कर्षण करि द्वितीय स्थितिके निषेकनि विषैं प्राप्त करना ताका नाम प्रत्यागाल है।

जैन सन्देश १३.१.५५ में श्री रत्नचन्द मुख्तयार। **नोट**—अन्तरकरण हो जानेके पश्चात् पुरातन मिथ्यात्व कर्म तो प्रथम व द्वितीय स्थितिमें विभाजित हो जाता है, परन्तु नया बन्धा कर्म द्वितीय स्थितिमें पड़ता है। उसमें-से कुछ द्रव्य अपकर्षण द्वारा प्रथम स्थितिके निषेकोंको प्राप्त होता है उसको आगाल कहते हैं। फिर इस प्रथम स्थितिको प्राप्त हुए द्रव्योंमें-से कुछ द्रव्य उत्कर्षण द्वारा पुनः द्वितीय स्थितिके निषेकोंको प्राप्त होता है उसको प्रत्यागाल कहते हैं।

आग्नेय—पूर्व दक्षिणवाली विदिशा।

आग्नेयीधारणा—दे. अग्नि।

आज्ञा—स.म २१/२६३/९ आ सामस्त्येनानन्तधर्मविशिष्टतया ज्ञायतेऽवबुद्ध्यन्ते जीवाजीवादय पदार्थाः यया सा आज्ञा आगम शासनम्। =समस्त अनन्त धर्मोंसे विशिष्ट जीव अजीवादिक पदार्थ जिसके द्वारा जाने जाते है वह आप्तकी आज्ञा आगम या जिनशासन कहलाती है।

आज्ञापिनी भाषा—दे. भाषा।

आज्ञाविचयधर्मध्यान—दे. धर्मध्यान १।

आज्ञाव्यापादिकी क्रिया—दे. क्रिया ३/२।

आज्ञासम्यक्त्वदर्शन—दे. सम्यक्त्वदर्शन I/१।

आचरित—वसतिका एक दोष—दे. वसति।

आचाम्ल—भ. आ /मू २५१/४७३ छट्ठट्ठमदसमदुवालसेहिं भत्तेहिं अदिविकट्ठेहिं। मिदलहुगं आहारं करेदि आयंबिलं बहुसो ॥२५१॥ =दो दिनका उपवास, तीन दिनका उपवास, चार दिनका उपवास, पाँच दिनका उपवास, ऐसे उत्कृष्ट उपवास होनेके अनन्तर मित और हलका ऐसा (आचाम्ल) काँजी-भोजन ही क्षपक बहुश: करता है।

वसु श्रा. २ ५ की टिप्पणीमें अभिधान राजेन्द्रकोश "आयंबिलं-अम्लं चतुर्थो रसः, स एव प्रायेण व्यञ्जने यत्र भोजने ओदन-कुल्माषसक्तुप्रभृतिके तदाचाम्लम्। आयंबिलमपि तिविहं उक्किट्ठजहण्ण-मज्झिमभेएहिं। तिविहं ज विउलपुव्वाइ पकप्पए तत्थ ॥१०२॥ मिय-सिंधवसंठि मिरीमेही सोवच्चल च विउलवणे। हिंगुसुगंधिसु पाए पकप्पए साइयं वत्थु ॥१०३॥

सा ध /टी. ५/३५ काँजी सहित केवल भातके आहारको आचाम्लाहार कहते है।

★ **आचाम्लाहारकी महत्ता**—दे. सल्लेखना ४/१२।

आचाम्ल वर्द्धन—दे. सौवीर भुक्ति व्रत।

आचार—

१ आचार सामान्यके भेद व लक्षण

सा.ध ७/३५·· /· ·वीर्याच्छ्रद्धेषु तेषु तु ॥३५॥ =अपनी शक्तिके अनुसार निर्मल किये गये सम्यग्दर्शनादिमें जो यत्न किया जाता है उसे आचार कहते हैं।

मू.आ. १९९ दंसणणाणचरित्ते तव्वे विरियाचरह्मि पंचविहे। वोच्छ अदिचारेऽहं कारिदं अणुमोदिदे अ कदो ॥१९९॥ =सम्यग्दर्शनाचार, ज्ञानाचार, चारित्राचार, तपाचार और वीर्याचार—इस तरह पाँच आचारोंमें कृत कारित अनुमोदनासे होनेवाले अतिचारोंको मैं कहता हूँ। (न.च. ३३६), प्र.सा./त.प्र. २०२) (नि.सा /ता.वृ. ७३)

२. दर्शनाचारके भेद व लक्षण

मू.आ २००-२०१ दंसणचरणविसुद्धी अट्ठविहा जिणवरेहिं णिद्दिट्ठा· · ॥२००॥ णिस्संकिद णिक्कंखिद णिव्वदिगिच्छा अमूढदिट्ठी य। उवगूहण ठिदिकरणं वच्छल्लपहावणा य ते अट्ठ ॥२०१॥ =दर्शनाचारको निर्मलता जिनेन्द्र भगवान्‌ने अष्ट प्रकारकी कही है—। नि शंकित, निष्कांक्षित, निर्विचिकित्सा, अमूढदृष्टि, उपगूहन, स्थितीकरण, वात्सल्य और प्रभावना ये आठ सम्यक्त्वके गुण जानना ॥२०१॥

प्र. सा./त. प्र २०२/२५० अहो नि शङ्कितत्वनि काङ्क्षितत्वनिर्विचिकित्सत्वनिर्मूढदृष्टित्वोपबृंहणस्थितिकरणवात्सल्यप्रभावनालक्षणदर्श – नाचार'। =अहो। नि शंकितत्व, नि कांक्षितत्व, निर्विचिकित्सत्व, निर्मूढदृष्टित्व, उपबृंहण, स्थितिकरण, वात्सल्य और प्रभावना स्वरूप दर्शनाचार है। (प प्र /टी ७/१३)

प.प्र./टी.७/१३/३ यच्चिदानन्दैकस्वभावं शुद्धात्मतत्त्वं तदेव सर्वप्रकारोपादेयभूतं तस्माच्च यदन्यत्तद्धेयमिति। चलमलिनावगाढरहितत्वेन निश्चयश्रद्धानबुद्धि' सम्यक्त्वं तत्राचरणं परिणमनं दर्शनाचार'। =जो चिदानन्दरूप शुद्धात्म तत्त्व है वही सब प्रकार आराधने योग्य है, उससे भिन्न जो पर वस्तु है वह सब त्याज्य हैं। ऐसी दृढ प्रतीति चंचलता रहित निर्मल अवगाढ परम श्रद्धा है, उसको सम्यक्त्व कहते हैं, उसका जो आचरण अर्थात् उस स्वरूप परिणमन वह दर्शनाचार कहा जाता है।

द्र.सं./टी ५२/२१८ परमचैतन्यविलासलक्षण स्वशुद्धात्मैवोपादेय इति रुचिरूपं सम्यग्दर्शनं, तत्राचरण परिणमनं निश्चयदर्शनाचार'। =(समस्त पर द्रव्योंसे भिन्न) और परम चैतन्यका विलासरूप लक्षणवाली, यह निज शुद्धात्मा ही उपादेय है, ऐसी रुचि रूप सम्यग्दर्शन है, उस सम्यग्दर्शनमें जो आचरण अर्थात् परिणमन सो निश्चय दर्शनाचार है।

३ ज्ञानाचारके भेद व लक्षण

मू.आ. २६६ काले विणए उवहाणे बहुमाणे तहेव णिण्हवणे। वंजण अत्थ तदुभय णाणाचारो दु अट्ठविहो ॥२६६॥ =स्वाध्यायका काल, मन वच कायसे शास्त्रका विनय यत्नसे करना, पूजा-सत्कारादिसे पाठ करना, अपने पढानेवाले गुरुका तथा पढे हुए शास्त्रका नाम प्रगट करना छिपाना नही, वर्ण पद वाक्यको शुद्धिसे पढना, अनेकान्तस्वरूप अर्थको शुद्धि अर्थ सहित पाठादिककी शुद्धि होना, इस तरह ज्ञानाचारके आठ भेद है।

प्र.सा./त प्र २०२/२४९ कालविनयोपधानबहुमाननिह्नवार्थव्यञ्जनतदुभयसंपन्नत्वलक्षणज्ञानाचार । =काल, विनय, उपधान, बहुमान, अनिह्नव, अर्थ, व्यंजन और तदुभय सम्पन्न ज्ञानाचार है।

प.प्र ७/१३ तत्रैव संशयविपर्यासानध्यवसायरहितत्वेन स्वसंवेदनज्ञानरूपेण ग्राहकबुद्धि सम्यग्ज्ञान तत्राचरणं परिणमनं ज्ञानाचार'। =और उसी निज स्वरूपमें,संशय-विमोह विभ्रम रहित जो स्वसंवेदनज्ञानरूपग्राहक बुद्धि वह सम्यग्ज्ञान हुआ, उसका जो आचरण अर्थात् उस रूप परिणमन वह (निश्चय) ज्ञानाचार है।

द्र स /टी ५२/२१८ तस्यैव शुद्धात्मनो निरुपाधिस्वसंवेदनलक्षणभेदज्ञानेन मिथ्यात्वरागादिपरभावेभ्य पृथक्परिच्छेदनं, सम्यग्ज्ञानं, तत्राचरण परिणमनं निश्चयज्ञानाचार । =उसी शुद्धात्माको उपाधि रहित स्वसंवेदन रूप भेदज्ञान-द्वारा मिथ्यात्व रागादि परभावोंसे भिन्न जानना सम्यग्ज्ञान है, उस सम्यग्ज्ञानमें आचरण अर्थात् परिणमन वह निश्चयज्ञानाचार है।

४ चारित्राचारके भेद व लक्षण

मू.आ २८८, २९७ पाणिवहमुसावाद अदत्तमेहुणपरिग्गहाविरदी। एस चरित्ताचारो पंचविहो होदि णादव्वो ॥२८८॥ पणिधाणजोगजुत्तो पंचसु समिदीसु तीसु गुत्तीसु। एस चरित्ताचारो अट्ठविधो होइ णायव्वो ॥२९७॥ =प्राणियोंकी हिंसा, झूठ बोलना, चोरी, मैथुन, सेवा, परिग्रह—इनका त्याग करना वह अहिंसा आदि पाँच प्रकारका चारित्राचार जानना ॥२८८॥ परिणामके संयोगसे, पाँच समिति तीन गुप्तियोंमें अकषाय रूप प्रवृत्ति आठ भेदवाला चारित्राचार है।

प्र सा. त प्र २०२/२५० मोक्षमार्गप्रवृत्तिकारणपञ्चमहाव्रततोपेतकायवाङ्मनोगुप्तीर्याभाषैषणादाननिक्षेपणप्रतिष्ठापणसमितिलक्षणचारित्राचार.। =मोक्ष मार्गमें प्रवृत्तिके कारणभूत पंचमहाव्रत सहित कायवचन गुप्ति और ईर्या, भाषा,ऐषणा आदान निक्षेपण और प्रतिष्ठापन समिति स्वरूप चारित्राचार है।

प.प्र टी ७/१३ तत्रैव शुभाशुभसङ्कल्पविकल्पसहितत्वेन नित्यानन्दमयसुखरसास्वादस्थिरानुभव च सम्यग्चारित्र तत्राचरणं परिणमनं चारित्राचार. । =उसी शुद्ध स्वरूपमें शुभ अशुभ समस्त सङ्कल्प रहित जो नित्यानन्दमे निजरसका स्वाद, अनिश्चय अनुभव, वह सम्यग्चारित्र है। उसका जो आचरण, उस रूप परिणमन वह चारित्राचार है।

द्र.सं टी. ५२/२१८ तत्रैव रागादिविकल्पोपाधिरहितस्वाभाविकसुखास्वादेन निश्चलचित्त वीतरागचारित्रं, तत्राचरणं परिणमन निश्चयचारित्राचार. ।=उसी शुद्ध आत्मामे रागादि विकल्प रूप उपाधिसे रहित स्वाभाविक सुखास्वादसे निश्चल चित्त होना, वीतराग चारित्र है, उसमें आचरण अर्थात् परिणमन निश्चय चारित्राचार है।

५. तपाचारके भेद व लक्षण

मू.आ ३४५,३४६,३६० दुविहो य तवाचारो बाहिर अब्भंतरो मुणेयव्वो। एक्केक्को विय छद्धा जधाकम्मं तं परूवेमो ॥३४५॥ अणसण अवमोदरियं रसपरिचाओ य वुत्तिपरिसखा। कायस्स च परितावो विविक्तसयणासणं छट्ठं ॥३४६॥ पायच्छित्तं विणय वेज्जावच्चं तहेव सज्झायं। झाणं च विउस्सगो अब्भन्तरओ तवो एसो ॥३६०॥ =तपाचार के दो भेद है—बाह्य, अभ्यन्तर। उनमें-से भी एक-एकके छह छह भेद जानना। उनको मै क्रमसे कहता हूँ ॥३४५॥ अनशन, अवमौदर्य, रसपरित्याग, वृत्ति-परिसख्यान, काय-शोषण और छट्ठा विविक्तशय्यासन इस तरह बाह्य तपके छ. भेद है ॥३४६॥ प्रायश्चित्त, विनय, वैयावृत्य, स्वाध्याय, ध्यान, व्युत्सर्ग— ये छ. भेद अन्तरङ्ग तपके है।

प्र सा. त./प्र २०२/२५० अनशनावमौदर्यवृत्तिपरिसंख्यानरसपरित्यागविविक्तशय्यासनकायक्लेशप्रायश्चित्तविनयवैयावृत्यस्वाध्यायव्युत्सर्ग लक्षणतपाचार:। =अनशन, अवमौदर्य, वृत्तिपरिसख्यान, रसपरित्याग, विविक्त शय्यासन, कायक्लेश, प्रायश्चित्त, विनय, वैयावृत्य, स्वाध्याय ध्यान और व्युत्सर्ग स्वरूप तपाचार है।

प प्र./टी.७/१३ तत्रैव परद्रव्येच्छाविरोधेन सहजानन्दैकरूपेण प्रतपनं तपश्चरणं, तत्राचरण परिणमनं तपश्चरणाचार ।···अनशनादिद्वादशभेदरूपो बाह्यतपश्चरणाचार.।=उसी परमानन्द स्वरूपमें परद्रव्यकी इच्छाका निरोधकर सहज आनन्द रूप तपश्चरणस्वरूप परिणमन तपश्चरणाचार है।···अनशनादि बाह्यतप रूप बाह्य तपाचार है।

द्र.सं/टी. ५२/२१६ समस्तपरद्रव्येच्छानिरोधेन तथैवानशन आदि द्वादशतपश्चरणबहिरङ्गसहकारिकारणेन च स्वस्वरूपे प्रतपनं विजयनं निश्चयतपश्चरणं तत्राचरणं, परिणमनं निश्चयतपश्चरणाचार.। =समस्त परद्रव्यकी इच्छाके रोकनेसे तथा अनशन आदि बारह तप रूप बहिरङ्ग सहकारि कारणसे जो निज स्वरूपमें प्रतपन अर्थात् विजयन, वह निश्चय तपश्चरण है। उनमें जो आचरण अर्थात् परिणमन निश्चयतपश्चरणाचार है।

६. वीर्याचारका लक्षण

मू आ. ४१३ अणिगूहियबलविरिओ परकामादि जो जहुत्तमाउत्तो। जुज्जदि य जहाथाणं विरियाचारो त्ति णादव्वो ॥४१३॥ =नहीं छिपाया है आहार आदिसे उत्पन्न बल तथा शक्ति जिसने ऐसा साधु यथोक्त चारित्रमें तीन प्रकार अनुमति रहित १७ प्रकार संयम विधान करनेके लिए आत्माको युक्त करता है वह वीर्याचार जानना ॥४१३॥

प्र.सा./त प्र २०२/२५१ समस्तेतराचारप्रवर्तकस्वशक्त्या निगूहनलक्षण वीर्याचार।=समस्त इतर आचारमें प्रवृत्ति करनेवाली स्वशक्तिके अगोपन स्वरूप वीर्याचार है।

प प्र./टी. ७/१४ तत्रैव शुद्धात्मस्वरूपे स्वशक्त्यानवगूहनेनाचरणं परिणमनं वीर्याचार'।...बाह्यस्वशक्त्यनवगूहनरूपो बाह्यवीर्याचार.।= उसी शुद्धात्म स्वरूपमें अपनी शक्तिको प्रकटकर आचरण परिणमन करना वह निश्चय वीर्याचार है। अपनी शक्ति प्रकटकर मुनिव्रतका आचरण यह व्यवहार वीर्याचार है।

द्र.स /टी ५२/२१६ तस्यैव निश्चयचतुर्विधाचारस्य रक्षणार्थं स्वशक्त्यानवगूहन .निश्चयवीर्याचार।=इन चार प्रकारके निश्चय आचारकी रक्षाके लिए अपनी शक्तिका नहीं छिपाना, निश्चयवीर्याचार है।

* निश्चय पञ्चाचारके अपर नाम—दे मोक्षमार्ग २/५।

* दर्शनादि आचार व विनयमे अन्तर—दे. विनय २।

आचारवत्त्व—भ आ वि ४१६/६०८ आयार पञ्चविहं पञ्चप्रकारं आचारं। चरदि विनातिचार चरति। पर वा निरतिचारे पंचविधे आचारे प्रवर्तयति। उवदिसदि य आयार उपदिशति च आचार। एसो णाम एष आचारवान्नाम।

भ.आ /मू ४२० दसविहठिदिकप्पे वा हवेज्ज जो सुट्ठिदो सयायरिओ। आयारव खु एसो पवयणमादासु आउत्तो ॥४२०॥ =जो मुनि पाँच प्रकारका आचार अतिचार रहित स्वयं पालता है, और इन पांच आचारोंमें दूसरोंको भी प्रवृत्त करता है, जो आचारका शिष्योंको भी उपदेश करता है,वह आचारवत्त्व गुणका धारक समझना चाहिए। जो दस प्रकारके स्थिति कल्पमें स्थिर है वह आचार्य आचारवत्त्व गुणका धारक समझना चाहिए। यह आचार्य तीन गुप्ति और समितियोंका जिनको प्रवचनमाता कहते है धारक होता है।

आचार वर्द्धनव्रत—व्रतविधानसंग्रह/पृ. १०७।

गणना—कुलसमय=११६ दिन; उपवास=१००; पारणा १६।

सुदृष्टितर गिणी/यन्त्र—१,२,३,४,५,६,७,८,६,१०; ६,८,७,६,५,४,३,२,१; विधि—निर्भंग रूपेण एक उपवास एक पारणा, फिर दो उपवास एक पारणा, इस प्रकार ऊपर दर्शाये रूपसे बढाता हुआ १० उपवास एक पारणा, फिर घटाता हुआ अन्तमें एक उपवास एक पारणा करे। उपरोक्त अंकमें सर्व अंकोंसे तो उतने-उतने उपवास जानना और बीचके (,) ऐसे स्थानोंमें सर्वत्र एक-एक पारणा जानना।

आचारसार—आ वीरनन्दि (ई श १२मध्य) कृत यत्याचार विषयक ग्रन्थ (ती.३/२७१)।

आचारांग—द्रव्य श्रुतज्ञानका एक भेद —दे श्रुतज्ञान III।

आचार्य—साधुओंको दीक्षा शिक्षा दायक, उनके दोष निवारक, तथा अन्य अनेक गुण विशिष्ट, संघ नायक साधुको आचार्य कहते हैं। वीतराग होनेके कारण पंचपरमेष्ठीमें उनका स्थान है। इनके अतिरिक्त गृहस्थियोंको धर्म-कर्मका विधि-विधान कराने वाला गृहस्थाचार्य है। पूजा-प्रतिष्ठा आदि करानेवाला प्रतिष्ठाचार्य है। सल्लेखनागत क्षपक साधुकी चर्या करानेवाला निर्यापकाचार्य है। इनमें से साधु-रूपधारी आचार्य ही पूज्य है अन्य नहीं।

१. साधु आचार्य निर्देश

१. आचार्य सामान्यका लक्षण

भ.आ./मू. ४१६ आयारं पञ्चविह चरदि चरावेदि जो णिरदिचारं। उवदिसदि य आयारं एसो आयारव णाम। =जो मुनि पाँच प्रकार के आचार निरतिचार स्वयं पालता है, और इन पाँच आचारोंमें दूसरोंको भी प्रवृत्त करता है, तथा आचारका शिष्योंको भी उपदेश देता है उसे आचार्य कहते है (चा सा १५०/४)।

मू आ ५०६,५१० सदा आयारविदण्हू सदा आयरियं चरे। आयारमायारवतो आयरिओ तेण उच्चदे ॥५०६॥ जम्हा पञ्चविहाचार आचरंतो पभासदि। आयरियाणि देसतो आयरिओ तेण उच्चदे ॥५१०॥=जो सर्वकाल सम्बन्धी आचारको जाने, आचरण योग्यको आचरण करता हो और अन्य साधुओंको आचरण कराता हो इसलिए वह आचार्य कहा जाता है ॥५०६॥ जिस कारण पाँच प्रकारके आचरणोंको पालता हुआ शोभता है, और आप कर किये आचरण दूसरोंको भी दिखाता है, उपदेश करता है, इसलिए वह आचार्य कहा जाता है।

नि.सा /मू ७३ पचाचारसमग्गा पंचिंदियदंतिदप्पणिद्दलणा। धीरा गुणगंभीरा आयरिया एरिसा होंति॥७३॥=पचाचारोंसे परिपूर्ण, पंचेन्द्रिय रूपी हाथीके मदका दलन करनेवाले, धीर और गुणगम्भीर, ऐसे आचार्य होते है।

स.सि. ६/२४/४४२ आचरन्ति तस्माद् व्रतानित्याचार्या'। =जिसके निमित्तसे व्रतोंका आचरण करते है वह आचार्य कहलाता है। (रा.वा ६/२४/३/६२३/११)।

ध. १११,१/२६-३१/४६ पवयण-जलहि जलोयर-ण्हायामल-बुद्धिसुद्धछावासो। मेरु व्व णिप्पकंपो सूरो पचाणणो वण्णो ॥२६॥ देसकुलजाइ-सुद्धो सोमंगो संग-संग उम्मुक्को। गयण व्व णिरुवलेवो आयरिओ एरिसो होई ॥३०॥ संगह-णिग्गह-कुसलो सुत्तत्थ विसारओ पहिय-कित्ती। सारण-वारण-साहण-किरियुज्जुत्तो हु आयरिओ ॥३१॥

ध. १/१,१,१/४८/८ पञ्चविधमाचारं चरन्ति चारयंतीत्याचार्या.। चतुर्दशविद्यास्थानपारगा. एकादशाङ्गधरा.। आचाराङ्गधरो वा तात्कालिकस्वसमयपरसमयपारगो वा मेरुरिव निश्चल' क्षितिरिव सहिष्णु सागर इव बहिर्क्षिप्तमल सप्तभयविप्रमुक्तः आचार्य.।=प्रवचन रूपी समुद्रके जलके मध्यमें स्नान करनेसे अर्थात् परमात्माके परिपूर्ण अभ्यास और अनुभवसे जिनकी बुद्धि निर्मल हो गयी है, जो निर्दोष रीतिसे छह आवश्यकोंका पालन करते है, जो मेरुके समान निष्कम्प है, जो शूरवीर है, जो सिहके समान निर्भीक है, जो वर्य अर्थात् श्रेष्ठ है, देश कुल और जातिसे शुद्ध है, सौम्यमूर्ति है, अन्तरङ्ग और बहिरङ्ग परिग्रहसे रहित है, आकाशके समान निर्लेप है। ऐसे आचार्य परमेष्ठी होते है। (२६-३०) जो संघके संग्रह अर्थात् दीक्षा और निग्रह अर्थात् शिक्षा या प्रायश्चित्त देनेमें कुशल हैं, जो सूत्र अर्थात् परमागमके अर्थमें विशारद हैं, जिनकी कीर्ति सब जगह फैल रही है, जो सारण अर्थात् आचरण, वारण अर्थात् निषेध और साधन अर्थात् व्रतोंकी रक्षा करनेवाली क्रियाओंमें निरन्तर उद्यक्त है, उन्हे आचार्य परमेष्ठी समझना चाहिए। (मू आ १५८) जो दर्शन, ज्ञान, चारित्र, तप और वीर्य इन पाँच आचारोंका स्वयं पालन करते है, और दूसरे साधुओंसे पालन कराते है उन्हे आचार्य कहते है। जो चौदह विद्या-

स्थानोंके पारङ्गत हों, ग्यारह अङ्गोंके धारी हों, अथवा आचारांग-मात्रके धारी हों, अथवा तत्कालीन स्वसमय और परसमयमें पारङ्गत हो, मेरुके समान निश्चल हो पृथ्वीके समान सहनशील हो, जिन्होंने समुद्रके समान मल अर्थात् दोषोंको बाहिर फेंक दिया हो, जो सात प्रकारके भयसे रहित हो, उन्हें आचार्य कहते हैं।

भ आ वि ४६/१५४/१२ पञ्चस्वाचारेषु ये वर्तन्ते परांश्च वर्तयन्ति ते आचार्या ।=पाँच आचारोंमें जो मुनि स्वयं उद्युक्त होते हैं तथा दूसरे साधुओंको उद्युक्त करते हैं, वे साधु आचार्य कहलाते हैं। (द्र. स /मू ५२), (प प्र /टी ७/१३), (द.पा /टी पं जयचन्द २/पृ. १३), (क्रि क. १/१)

प ध /उ ६४५-६४६ आचार्योऽनादितो रूढेर्योगादपि निरुच्यते। पञ्चाचार परेभ्य स आचारयति संयमी ॥६४५॥ अपि छिन्ने व्रते साधो पुन सन्धानमिच्छत। तत्समादेशदानेन प्रायश्चित्तं प्रयच्छति ॥६४६॥ =अनादि रूढिसे और योगसे भी निरुक्तार्थसे भी आचार्य शब्दकी व्युत्पत्तिकी जाती है कि जो संयमी अन्य संयमियोंसे पाँच प्रकारके आचारोंका आचरण कराता है वह आचार्य कहलाता है ॥६४५॥ अथवा जो व्रतके खण्डित होनेपर फिरसे प्रायश्चित्त लेकर उस व्रतमें स्थिर होनेकी इच्छा करनेवाले साधुको अखण्डित व्रतके समान व्रतोंके आदेश दानके द्वारा प्रायश्चित्तको देता है वह आचार्य कहलाता है।

२. आचार्यके ३६ गुणोंका निर्देश

भ आ मू ४१७-४१८ आयारवं च आधारवं च ववहारवं पकुव्वीय। आयावायवीदंसी तहेव उप्पीलगो चेव ॥४१७॥ अपरिस्साई णिव्वावओ य णिज्जावओ पहिदकित्ति। णिज्जवणगुणोवेदो एरिसओ होदि आयरिओ ॥४१८॥=आचार्य आचारवान्, आधारवान्, व्यवहारवान्, कर्ता, अपायदर्शनोद्योत, और उत्पीलक होता है ॥४१७॥ आचार्य अपरिस्रावी, निर्यापक, प्रसिद्ध, कीर्तिमान् और निर्यापकके गुणोंसे परिपूर्ण होते हैं। इतने गुण आचार्यमें होते हैं।

बो.पा./टी में उद्धृत १/७२ आचारवान् श्रुताधार. प्रायश्चित्तासनादिद' आयापायकथी दोषाभाषकोऽश्रावकोऽपि च ॥१॥ सन्तोषकारी साधूनां निर्यापक इमेऽष्ट च। दिगम्बरोऽप्यनुद्दिष्टभोजी शय्याशनीति च ॥२॥ आरोगभुक् क्रियायुक्तो व्रतवान् ज्येष्ठसद्गुण। प्रतिक्रमी च षण्मासयोगी च तद्वद्विनिषद्यक. ॥३॥ द्वि षट्तपास्तथा षट्चावश्यकानि गुणा गुरो ॥=आचारवान्, श्रुताधार, प्रायश्चित्त, आसनादिद आयापायकथी, दोषभाषक, अश्रावक, सन्तोषकारी निर्यापक, ये आठ गुण तथा अनुद्दिष्ट भोजी, शय्याशन और आरोगभुक्, क्रियायुक्त, व्रतवान्, ज्येष्ठ सद्गुण, प्रतिक्रमी, षण्मासयोगी, दो निषद्यक, १२ तप तथा ६ आवश्यक यह ३६ गुण आचार्योंके हैं।

अन ध ९/७६ अष्टावाचारवत्त्वाद्यास्तपांसि द्वादशस्थिते। कल्पा दशाऽवश्यकानि षट् षट्त्रिंशद्गुणा गणे ॥७६॥ =आचार्य गणी-गुरुके छत्तीस विशेषगुण हैं यथा—आचारवत्त्व, आधारवत्त्व आदि आठ गुण और छह अन्तरङ्ग तथा छह बहिरङ्ग मिलाकर बारह प्रकारका तप तथा संयमके अन्दर निष्ठाके सौष्ठव उत्तमताकी विशिष्टताको प्रगट करनेवाले आचेलक्य आदि दश प्रकारके गुण-जिनको कि स्थितिकल्प कहते हैं और सामायिकादि पूर्वोक्त छह प्रकारके आवश्यक।

र क श्रा ५ पं. सदासुख कृत षोडशकारण भावनामें आचार्य भक्ति—=“१२ तप, ६ आवश्यक, ५ आचार, १० धर्म, ३ गुप्ति। इस प्रकार ये ३६ गुण आचार्यके हैं।”

३. आचार्योंके भेद

(गृहस्थाचार्य, प्रतिष्ठाचार्य, बालाचार्य, निर्यापकाचार्य, एलाचार्य, इतने प्रकारके आचार्योंका कथन आगममें पाया जाता है।)

४. अन्य सम्बन्धित विषय

★ आचार्यके ३६ गुणोंके लक्षण —दे. वह वह नाम।
★ आचार्योंका सामान्य आचरणादि —दे साधु।
★ आचार्य आगममें कोई बात अपनी तरफसे नहीं कहते —दे. आगम ५/६।
★ आचार्यमें कथंचित् देवत्व —दे देव I/१।
★ आचार्य भक्ति —दे भक्ति १।
★ आचार्य उपाध्याय, साधुमें परस्पर भेदाभेद—दे. साधु ६।
★ श्रेणी आरोहणके समय स्वत. आचार्य पदका त्याग हो जाता है। —दे. साधु ६
★ सल्लेखनाके समय आचार्य पदका त्याग कर दिया जाता है। —दे. सल्लेखना ४
★ गुरु शिष्य सम्बन्ध। —दे. गुरु २
★ आचार्य परम्परा। - दे. इतिहास ४

२. गृहस्थाचार्य निर्देश

१ गृहस्थाचार्यका निर्देश

प ध /उ ६४८ न निषिद्धस्तदादेशो गृहिणां व्रतधारिणाम्। =व्रती गृहस्थोंको भी आचार्योंके समान आदेश करना निषिद्ध नहीं है।

२. गृहस्थाचार्यको आचार्यकी भाँति दीक्षा दी जाती है

पं. ध /उ ६४८ / दीक्षाचार्येण दीक्षेव दीयमानास्ति तत्क्रिया। =दीक्षाचार्यके द्वारा दी हुई दीक्षाके समान ही गृहस्थाचार्यकी क्रिया होती है।

३. अव्रती गृहस्थाचार्य नहीं हो सकता

पं.ध /उ ६४६,६५२ न निषिद्धो यथाम्नायादव्रतिना मनागपि। हिंसाकर्मोपदेशोऽपि नोपयोज्योऽत्र कारणात् ॥६४६॥ नूनं प्रोक्त पदेशोऽपि न रागाय विरागिणाम्। रागिणामेव रागाय ततोऽवश्य निषेधित ॥६५२॥ =आदेश और उपदेशके विषयमें अव्रती गृहस्थोंका जिस प्रकार दूसरेके लिए आम्नायके अनुसार थोड़ा-सा भी उपदेश करना निषिद्ध नहीं है, उसी प्रकार किसी भी कारणसे दूसरेके लिए हिंसाका उपदेश देना उचित नहीं है ॥६४६॥ निश्चय करके वीतरागियोंका पूर्वोक्त उपदेश देना भी रागके लिए नहीं होता है किन्तु सरागियोंका ही पूर्वोक्त उपदेश रागके लिए होता है। इसलिए रागियोंका उपदेश देनेके लिए अवश्य निषेध किया है ॥६५२॥

३. अन्य आचार्य निर्देश

१. एलाचार्यका लक्षण

भ आ /मू १७७/३६५ अनुगुरो' पञ्चाद्दिशति विधत्ते चरणक्रममित्यनुदिक् एलाचार्यस्तस्य विधिना। =गुरुके पश्चात् जो मुनि चारित्रका क्रम मुनि और आर्यिकादिकोंको कहता है उसको अनुदिश अर्थात् एलाचार्य कहते हैं।

२ प्रतिष्ठाचार्यका लक्षण

वसु श्रा ३८८,३८९ देस-कुल जाइ सुद्धो णिरुवम-अंगो विसुद्धसम्मत्तो। पढमाणिओयकुसलो पइट्ठालक्खणविहिविदण्णू ॥३८८॥ सायरगुणोववेदो उवासयज्झयणसत्थथिरबुद्धी। एवं गुणो पइट्ठाहरिओ जिणसासणे भणिओ ॥३८९॥ =जो देश कुल और जातिसे शुद्ध हो, निरुपम अंगका धारक हो, विशुद्ध सम्यग्दृष्टि हो, प्रथमानुयोगमें कुशल हो, प्रतिष्ठाकी लक्षण-विधिका जानकार हो, श्रावकके गुणोंसे युक्त हो,

उपासकाध्ययन (श्रावकाचार) शास्त्रमें स्थिर बुद्धि हो, इस प्रकारके गुणवाला जिन शासनमें प्रतिष्ठाचार्य कहा गया है।

३. बालाचार्यका लक्षण

भ आ./मू २७३-२७४ कालं संभाविता सव्वगणमणुदिसं च बाहरियं। सोमतिहिकरणणक्खत्तविलग्गे मंगलागासे ॥२७३॥ गच्छाणुपालणत्थं आहोइय अत्तगुणसमं भिक्खू। तो तम्मि गणविसग्गं अप्पकहाए कुणदि धीरो ॥२७४॥ =अपनी आयु अभी कितनी रही है इसका विचार कर तदनन्तर अपने शिष्य समुदायको अपने स्थानमें जिसकी स्थापना की है, ऐसे बालाचार्यको बुलाकर सौम्य तिथि, करण, नक्षत्र और लग्नके समय शुभ प्रदेशमें, अपने गुणके समान जिसके गुण है, ऐसे वे बालाचार्य अपने गच्छका पालन करनेके योग्य है ऐसा विचार कर उसपर अपने गणको विसर्जित करते है अर्थात् अपनापद छोड़कर सम्पूर्ण गणको बालाचार्यके लिए छोड देते है। अर्थात् बालाचार्य ही यहाँसे उस गणका आचार्य समझा जाता है, उस समय पूर्व आचार्य उस बालाचार्यको थोडा-सा उपदेश भी देते है।

★ निर्यापकाचार्यका लक्षण —दे. निर्यापक।

★ निर्यापकाचार्य कर्तव्य विशेष —दे. सल्लेखना/५।

आचेलक्य—दे. अचेलकत्व।

आछेद्य—आहारका एक दोष।—दे. आहार II/४/४।

आजीव—१ आहारका एक दोष। दे. आहार II/४/४। २ वसतिका का एक दोष। दे. वसतिका।

आजीवक मत—दे. 'पूरन कश्यप' व त्रैराशिवाद।

आजीविका—साधुको आजीविका करनेका सर्वथा निषेध। दे. मंत्र।

आठ—दे. अष्ट।

आढक—तोलका प्रमाण विशेष। दे. गणित I/१/२।

आतप—स सि ५/२४/२९६ आतप आदित्यादिनिमित्त उष्णप्रकाश-लक्षण। =जो सूर्यके निमित्तसे उष्ण प्रकाश होता है उसे आतप कहते है। रा वा ५/२४/१८/२०/४८९) (ध ६/१ ९-१,२८/६०/४)

रा.वा ५/२४/१/४८५/१९ असद्वेद्योदयाद् आतपत्यात्मानम्, आतप्यतेऽनेन, आतपनमात्रं वा आतपः। =असाता वेदनीयके उदयसे अपने स्वरूपको जो तपाता है, या जिसके द्वारा तपाया जाता है, या आतपन मात्रको आतप कहते हैं।

त सा.३/७१ आतपनोऽपि प्रकाशः स्यादुष्णश्चादित्यकारणः। ...=सूर्य से जो उष्णतायुक्त प्रकाश होता है उसे आतप कहते है।

गो.क./मू ३३ मूलुण्हपहा अग्गी आदावो होदि उण्हसहियपहा। आइच्चे तेरिच्छे उण्हूणपहा हु उज्जोत्तो ॥३३॥ =अग्नि है सो मूल ही उष्ण प्रभा सहित है, ताते वाके स्पर्शका भेद उष्णताका उदय जानना बहुरि जाकी प्रभा ही उष्ण होइ ताकैं आतप प्रकृतिका उदय जानना, सौ सूर्यका बिंब विषैं ऊपजैं ऐसे बादर पर्याप्त पृथ्वीकायके तिर्यंच जीव तिन हीकैं आतप प्रकृतिका उदय है।

द सं/टी. १६/५३ आतप आदित्यविमाने अन्यत्रापि सूर्यकान्तमणि-विशेषादौ पृथ्वीकाये ज्ञातव्यः। =सूर्यके बिम्ब आदिमें तथा सूर्य-कांत विशेष मणि आदि पृथ्वीकायमें आतप जानना चाहिए।

२. आतप नामकर्मका लक्षण

स.सि ८/११/३९१ यदुदयान्निर्वृत्तमातपनं तदातपनाम। =जिसके उदय-से शरीरमें आतपकी प्राप्ति होती है, वह आतप नामकर्म है। (रा.वा ८/११/१५/५७८), (गो.क /जी.प्र.३३/२९/२१), (ध.६/१,९-१,२८/६०/४) (ध.१३/५,५,१०१/३६५/१)

३. आतप तेज व उद्योतमें अन्तर —दे. उदय/४।

आतपन—तीसरे नरकका चौथा पटल—दे. नरक ५/११।

आतपन योग—दे. कायक्लेश।

आत्म—१ आत्म ग्रहण दर्शन है।—दे. दर्शन, २ आत्म रूपकी अपेक्षा वस्तुमें भेदाभेद।—दे. सप्तभंगी/५/८।

आत्मख्याति—आ. अमृतचन्द्र (ई. ९०५-९५५) द्वारा संस्कृत भाषा-में रचित समयसारकी टीका। यह टीका इतनी गम्भीर है कि मानो आ कुन्दकुन्दका हृदय ही हो। इस टीकामें आये हुए कलश रूप श्लोकोंका संग्रह स्वयं 'परमाध्यात्मतरंगिनी' नामके एक स्वतन्त्र ग्रन्थ रूपसे प्रसिद्ध हो गया है। (ती. २/४१५)

आत्मद्रव्य—दे. जीव।

आत्मप्रवाद—द्रव्य श्रुतज्ञानका १२वाँ अंग। दे. श्रुतज्ञान/ III।

आत्मभूत कारण—दे. कारण।

आत्मभूत लक्षण—दे. लक्षण।

आत्ममुखहेत्वाभास—दे. बाधित/स्ववचन।

आत्मरक्ष देव—स सि ४ ४/२३९ आत्मरक्षा शिरीरक्षोपमाना'। =जो अंग रक्षकके समान है वे आत्मरक्ष कहलाते है रा वा ४/४/५/२१३), (म पु.१/२२/३७)

ति प. ३/६६ चत्तारि लोयपाला सावण्णा होंति तेत्तवालाणं। तणु-रक्खाण समाणा सरीररक्खा सुरा सव्वे ॥६६॥ =चारों लोकपाल तत्र-पालोंके सदृश और सब तनु रक्षक देव राजाके अंग रक्षकके समान होते है।

रा.वा ४/४/५/२१३/१ आत्मानं रक्षन्तीति आत्मरक्षास्ते शिरोरक्षोपमा'। आवृतावरणा प्रहरणोद्यता रौद्रा पृष्ठतोऽवस्थायिनः। ...जो अंग-रक्षकके समान है, वे आत्मरक्ष कहलाते है। अंगरक्षकके समान कवच पहिने हुए सशस्त्र पीछे खडे रहनेवाले आत्मरक्ष है।

त्रि.सा २२४=बहुरि जैसे राजाके अंगरक्षक तैसे तनुरक्षक है।

२. कल्पवासी इन्द्रोंके आत्मरक्षकोंकी देवियोंका प्रमाण

ति प ८/३१९-३२० पडिइंदादितियस्स य णियणियइंदेहि सरिसदेवीओ ॥३१९॥ तप्परिवारा कमसो चउएक्कसहस्सयाणि पंचसया। अड्ढा-इज्जमयाणि तहलते सट्ठिबत्तीसं ॥३२०॥ =प्रतीन्द्रादिक तीनकी देवियोंकी संख्या अपने-अपने इन्द्रके सदृश होती है ॥३१९॥ उनके परिवारका प्रमाण क्रमसे चार हजार, एक हजार, पाँच सौ, अढाई सौ, इसका आधा अर्थात् एक सौ पचीस, तिरेसठ और बत्तीस है। अर्थात् सौधर्मेन्द्रके आत्मरक्षोंकी ४०००, ईशानेन्द्र की ४०००, सनत्कुमारेन्द्र की २०००, माहेन्द्रकी १०००, ब्रह्मेन्द्रकी ५००, लान्तवेन्द्रकी २५०, महाशुक्रेन्द्र की १२५, सहस्रारेन्द्र की ६३, आनतादि ४ इन्द्रोंके आत्म-रक्षकोंकी देवियोंका प्रमाण कुल ३२ है।

३. इन्द्रो व अन्य देवोंके परिवारमें आत्मरक्षकोंका प्रमाण

—दे. भवनवासी आदि भेद

आत्मवाद—

१ मिथ्या एकान्तकी अपेक्षा

गो.क मू. ८८१/१०६५ एक्को चेव महप्पा पुरिसो देवो य सव्ववावी य। सव्वंगणिगूढो वि य सचेयणो णिग्गुणो परमो। =एक ही महात्मा है। सोई पुरुष है, देव है। सर्व विषै व्यापक है। सर्वांगपने निगूढ कहिये अगम्य है। चेतना सहित है। निर्गुण है। परम उत्कृष्ट है। ऐसे एक आत्मा करि सबकौ मानना सो आत्मवादका अर्थ है। (स. सि. ८/१/५ की टिप्पणी) जगरूप सहाय कृत।

९ द्रव्यमें अनन्त गुण हैं

ध ६/४,१,२/२७/६ अणंतेसु वट्टमाणपज्जाएसु तत्थ आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तपज्जाया जहण्णोहिणाणेण विसईकया जहण्णभावो। के वि आइरिया जहण्णदव्वस्सुवरिट्ठिदरूव-रस-गंध-फासादिसव्वपज्जाए जाणदि त्ति भणंति। तण्ण घडदे, तेसिमाणंतियादो। ण हि ओहिणाणमुक्कस्सं पि अणंतसंखावगमक्खम, आगमे तहोवदेसाभावादो।=उस (द्रव्य) की अनन्त वर्तमान पर्यायोमेसे जघन्य अवधिज्ञानके द्वारा विषयीकृत आवलीके असंख्यातवें भागमात्र पर्याये जघन्य भाव है। कितने आचार्य 'जघन्य द्रव्यके ऊपर स्थित रूप, रस, गन्ध एवं स्पर्श आदि रूप सब पर्यायोको उक्त अवधिज्ञान जानता है' ऐसा कहते है। किन्तु वह घटित नही होता, क्योंकि, वे अनन्त है। और उत्कृष्ट भी अवधिज्ञान अनन्त संख्याके जाननेमें समर्थ नहीं है, क्योकि, आगममें वैसे उपदेशका अभाव है। (नोट—अनन्त गुणोकी ही एक समयमें अनन्त पर्याये होनी संभव है)।

न. च वृ/६६ इगवीसं तु सहावा जीवे तह जाण पोग्गले णयदो। इयराणं संभवादो णायव्वा णाणवंतेहिं ।६६। =जीव व पुद्गल में २१ स्वभाव जानने चाहिए और शेष सभव स्वभावोको ज्ञानियोसे जानना चाहिए।

ल सा./१/३७–वस्तुनोऽनन्तधर्मस्य प्रमाणव्यक्तितात्मन। =अनन्त धर्म या गुणोके समुदायरूप वस्तुका स्वरूप प्रमाण द्वारा जाना जाता है।

का आ/टी/२२४/१५६/११ सर्वद्रव्याणि त्रिष्वपि कालेषु अनन्तानन्ता सन्ति, अनन्तानन्तपर्यायात्मकानि भवन्ति, अनन्तानन्तसदसन्नित्यानित्यायनेकधर्मविशिष्टानि भवन्ति। अत सर्व द्रव्यं जिनेन्द्रैः अनेकान्तं भणितं।=तीनो ही कालोमे सर्व द्रव्य अनन्तानन्त है, अनन्तानन्त पर्यायात्मक होते है; अनन्तानन्त, सत्, असत्, नित्य, अनित्यादि अनेक धर्मोसे विशिष्ट होते है। इसलिए जिनेन्द्र देवोने सर्व द्रव्योको अनेकान्त स्वरूप कहा है।

ध/पू/४६ देशस्यैका शक्तिर्या काचित् सा न शक्तिरन्या स्यात्। क्रमतो वितर्क्यमाणा भवन्त्यनन्ताश्च शक्तयो व्यक्ता ।४६।=द्रव्यकी एक विवक्षित शक्ति दूसरी शक्ति नही हो सकती अर्थात् सब अपने-अपने स्वरूपसे भिन्न-भिन्न है, इस प्रकार क्रमसे सब शक्तियोका विचार किया जाय तो प्रत्येक वस्तुमे अनन्तो ही शक्तियाँ स्पष्ट रूपसे प्रतीत होने लगती हैं। (पं. ध/पू/५२)।

प.ध/उ./१०१४ गुणाना चाप्यनन्तत्वे वाग्व्यवहारगौरवात्। गुणा केचित्समुद्दिष्टा प्रसिद्धा पूर्वसूरिभि ।१०१४। =यद्यपि गुणोमें अनन्तपना है तो भी प्राचीन आचार्योने अति ग्रन्थ विस्तारसे गौरवदोष आता है इसलिए सक्षेपसे प्रसिद्ध-प्रसिद्ध कुछ गुणोका नामोल्लेख किया है।

१०. जीव द्रव्यमें अनन्तगुणोंका निर्देश

स सा/आ./क २ अनन्तधर्मणस्तत्त्वं पश्यन्ती प्रत्यगात्मन। अनेकान्तमयी मूर्तिर्नित्यमेव प्रकाशिताम् ।२।

स.सा./आ/परि. अत एवास्य ज्ञानमात्रैकभावान्तःपातिन्योऽनन्ता शक्तय उल्लसन्ते।=१ जिसमे अनन्त धर्म है ऐसे जो ज्ञान तथा वचन तन्मयी जो मूर्ति (आत्मा) सदा ही प्रकाशमान है।२। २ अतएव उस (आत्मा) में ज्ञानमात्र एक भावकी अन्त पातिनी अनन्त शक्तियाँ उछलती है।

द्र सं/टी/१४/४३/६ एवं मध्यमरुचिशिष्यापेक्षया सम्यक्त्वादि गुणाष्टकं भणितम्। मध्यमरुचिशिष्यं प्रति पुनर्विशेषभेदेन येन निर्गतित्व, निरिन्द्रियत्व, निरायुषत्वमित्यादिविशेषगुणास्तथैवास्तित्ववस्तुत्वप्रमेयत्वादिसामान्यगुणाः स्वागमाविरोधेनानन्ता ज्ञातव्या। =इस प्रकार (सिद्धोमे) सम्यक्त्वादि आठ गुण मध्यम रुचिवाले शिष्योंके लिए है। मध्यम रुचिवाले शिष्योके प्रति विशेष भेदनयके अवलम्बनसे गति रहितता, इन्द्रियरहितता, आयुरहितता आदि विशेष गुण और इसी प्रकार अस्तित्व, वस्तुत्व, प्रमेयत्वादि सामान्य गुण, इस तरह जैनागमके अनुसार अनन्त गुण जानने चाहिए।

पं.ध/उ/१४३ उच्यतेऽनन्तधर्माधिरूढोऽप्येक सचेतन। अर्थजातं यतो यावत्स्यादनन्तगुणात्मकम् ।१४३। =एक ही जीव अनन्त धर्म युक्त कहा जाता है, क्योकि, जितना भी पदार्थका समुदाय है वह सब अनन्त गुणात्मक होता है।

११ गुणोंके अनन्तत्व विषयक शंका व समन्वय

स सा/आ/क२/प जयचन्द—**प्रश्न**—आत्माको जो अनन्त धर्मवाला कहा है, सो उसमे वे अनन्त धर्म कौनसे है? **उत्तर**—वस्तुमे अस्तित्व, वस्तुत्व, प्रमेयत्व, प्रदेशत्व, चेतनत्व, अचेतनत्व, मूर्तित्व, अमूर्तित्व इत्यादि (धर्म) तो गुण है और उन गुणोका तीनो कालोमे समय समयवर्ती परिणमन होना पर्याय है, जो कि अनन्त है। और वस्तुमें एकत्व, अनेकत्व, नित्यत्व, अनित्यत्व, भेदत्व, अभेदत्व, शुद्धत्व, अशुद्धत्व आदि अनेक धर्म है। वे सामान्यरूप धर्म तो वचन गोचर है, किन्तु अन्य विशेषरूप अनन्त धर्म भी है, जो कि वचनके विषय नही है, किन्तु वे ज्ञानगम्य है। आत्मा भी वस्तु है इसलिए उसमें भी अपने अनन्त धर्म है।

१२. द्रव्यके अनुसार उसके गुण भी मूर्त या चेतन आदि कहे जाते हैं

प्र सा./मू/१३१ मुत्ता इंदियगेज्झा पोग्गलदव्वप्पगा अणेगविधा। दव्वाणमुत्ताण गुणा अमुत्ता मुणेदव्वा ।१३१। =इन्द्रियग्राह्य मूर्तगुण पुद्गलद्रव्यात्मक अनेक प्रकारके है। अमूर्तद्रव्योके गुण अमूर्त जानना चाहिए।

पं का./त प्र/४६ मूर्तद्रव्यस्य मूर्ता गुणा। =मूर्त द्रव्यके मूर्त गुण होते है।

नि सा/ता वृ/१६८ मूर्तस्य मूर्तगुणाः, अचेतनस्याचेतनगुणाः, अमूर्तस्यामूर्तगुणा, चेतनस्य चेतनगुणा। =मूर्त द्रव्यके मूर्तगुण होते है, अचेतनके अचेतन गुण होते है, अमूर्तके अमूर्त गुण होते है, चेतनके चेतनगुण होते है।

गुणक—जिस राशि द्वारा किसी अन्य राशिको गुणा किया जाये —दे० गणित/II/१/५।

गुणकार—गुणकवत्। गणित/II/१/५।

गुणकीर्ति—१. श्रेणिक पुराण, धर्मामृत, रुक्मणि हरण, पद्म पुराण और रामचन्द्र हलदुलि के रचयिता एक मराठी कवि। (ती./४/३१६) २. देशीयगणके आचार्य। समय—ई.६६०–१०४५। दे इतिहास/७/५।

गुणत्व—(वैशे द/१-२/सूत्र १३ तथा गुणेषु भावात् गुणत्वम् ।१३। =सम्पूर्ण गुणोमे रहनेवाला गुणत्व द्रव्य गुण कर्मसे पृथक् है।

गुणधर—दिगम्बर आम्नाय धरसेनाचार्य की भाँति आपका स्थान पूर्वविदों की परम्परा में है। आपने भगवान वीर से आगत 'पेज्ज दोसपाहुड' के ज्ञान को १८० गाथाओं में बद्ध किया जो आगे जाकर आचार्य परम्परा द्वारा यतिवृषभाचार्य को प्राप्त हुआ। इसी को विस्तृत करके उन्होंने 'कषाय पाहुड' की रचना की। समय—वी नि.श. ६ का पूर्वार्ध (वि. पू. श. १)। (विशेष दे कोश १/परिशिष्ट/३/२)

गुणनंदि १—नन्दिसंघ बलात्कारगणकी गुर्वावलीके अनुसार आप जयनन्दिके शिष्य तथा वज्रनन्दिके गुरु थे। समय वि. शक

स. ३५८–३६४ (ई ४३६–४४२)। (—दे० इतिहास/७/२)। मर्कराके ताम्रपटमे इनका नाम कुन्दकुन्दान्वयमे लिया गया है। अन्वयमे छह आचार्योंका उल्लेख है, तहाँ इनका नाम सबके अन्तमे है। ताम्रपटका समय—श ३८८ (ई ४६६) है। तदनुसार भी इनका समय ऊपरसे लगभग मेल खाता है। (क.पा १/प्र ६१/प महेन्द्र)। २. गुणनन्दि न, २, नन्दिसघके देशीय गणके अनुसार अकलकदेवकी आम्नायमे देवेन्द्राचार्यके गुरु थे। समय—वि स ६००-६३० (ई. ८४३-८७३)। (ष ख २/प्र.१०/ H.L. Jain); (दे०—इतिहास/७/५)।

गुणन—गणित विधिमे गुणा करनेको गुणन कहते है—दे० गणित / II/१/५।

गुणनाम—दे० नाम।

गुणपर्याय—दे० पर्याय।

गुणप्रत्यय—दे० अवधिज्ञान।

गुणभद्र—१ पंचस्तूप संघी, तथा महापुराण और जयधवला शेष के रचयिता आ. जिनसेन द्वि० के शिष्य। कृति—अपने गुरु कृत महापुराण को उत्तरपुराण की रचना करके पूरा किया। आत्मानुशासन, जिनदत्त चरित। समय—शक ८२० में उत्तर पुराण की पूर्ति (ई. ८७०–९१०)। (ती./३/८, ६ । २ माणिक्यसेन के शिष्य सिद्धान्तवेत्ता। कृति—धन्यकुमार चरित, ग्रन्थ रचना काल चन्देलवंशी राजा परमार्दि देव के समय (ई ११८२)। (ती /४/५६)। ३. काष्ठा संघ माथुर गच्छ मलय कीर्ति के शिष्य 'रइधु के समकालीन अपभ्रंश कवि। कृति—सावण बारसि विहाण कहा, पक्खइ वय कहा, आयास पंचमी कहा, चदायण वय कहा इत्यादि १५ कथायें। समय—वि.श १५ का अन्त १६ का पूर्व (ई श. १५ उत्तरार्ध) (ती./४/२१६)।

गुणयोग—दे० योग।

गुणवती—(पां पु /७/१०७–११७) वृक्षके नीचे पडी एक धीवरको मिली। रत्नपुरके राजा रत्नागदकी पुत्री थी। धीवरके घर पली। भीष्मके पिताके साथ इस शर्तपर विवाही गयी कि इसकी सन्तान ही राज्यकी अधिकारिणी होगी। इसे योजनगधा भी कहते है। 'व्यासदेव' इसीके पुत्र थे।

गुणवर्मा—पुष्पदन्तपुराणके कर्ता। समय ई० १२३०। (वराग चरित्र/प्र.२२/पं. खुशालचन्द) (ती /४/३०६)

गुणव्रत—**१. लक्षण**

र.क श्रा /६७ अनुबृंहणाद्‌ गुणानामाख्यायन्ति गुणव्रतान्यार्या ।६७।=गुणोंको बढानेके कारण आचार्यगण इन व्रतोको गुणव्रत कहते है।

सा.ध /५/१ यद्गुणायोपकारायाणुव्रताना व्रतानि तत्। गुणव्रतानि।=ये तीन व्रत अणुव्रतोंके उपकार करनेवाले हैं, इसलिए इन्हे गुणव्रत कहते है।

२. भेद

भ आ /मू /२०८१ जं च दिसावेरमणं अणत्थदंडेहि जं च वेरमणं। देसावगासियं पि य गुणव्वयाइं भवे ताइं ।२०८१। =दिग्व्रत, देशव्रत और अनर्थदण्ड व्रत ये तीन गुणव्रत है। (स.सि /७/२१/३५६/६); (वसु. श्रा / २१४-२१६)।

र.क.श्रा /६७ दिग्व्रतमनर्थदण्डव्रतं च भोगोपभोगपरिमाणं। अनुबृंहणाद्‌ गुणानामाख्ययान्ति गुणव्रतान्यार्या। =दिग्व्रत, अनर्थदण्डव्रत और भोगोपभोग परिमाण व्रत ये तीनो गुणव्रत कहे गये है।

महा.पु./१०/१६५ दिग्देशानर्थदण्डेभ्यो विरति स्यादणुव्रतम्। भोगोपभोगसख्यानमप्याहुस्तद्‌गुणव्रतम् ।१६५। =दिग्व्रत, देशव्रत और अनर्थदण्डव्रत ये तीन गुणव्रत है। कोई कोई आचार्य भोगोपभोग परिमाण व्रतको भी गुणव्रत कहते है। [देश व्रतको शिक्षाव्रतोमे शामिल करते है]।१६५।

गुणश्रेणी—दे० सक्रमण/८।

गुण संक्रमण—दे० सक्रमण/७।

गुणसेन—१ लाडबागड सघकी गुर्वावलीके अनुसार आप वीरसेन स्वामीके शिष्य तथा उदयसेन और नरेन्द्रसेनके गुरु थे। समय वि. ११३० (ई १०७३)—दे० इतिहास/७/१०। २. लाडबागडसघकी गुर्वावलीके अनुसार आप नरेन्द्रसेनके शिष्य थे। समय वि ११८० (ई ११२३)—दे० इतिहास/७/१०]।

गुणस्थान—मोह और मन, वचन, कायकी प्रवृत्तिके कारण जीवके अन्तरग परिणामोमे प्रतिक्षण होनेवाले उतार चढावका नाम गुणस्थान है। परिणाम यद्यपि अनन्त है, परन्तु उत्कृष्ट मलिन परिणामोंसे लेकर उत्कृष्ट विशुद्ध परिणामो तक तथा उससे ऊपर जघन्य वीतराग परिणामसे लेकर उत्कृष्ट वीतराग परिणाम तककी अनन्तो वृद्धियोके क्रमको वक्तव्य बनानेके लिए उनको १४ श्रेणियोमें विभाजित किया गया है। वे १४ गुणस्थान कहलाते है। साधक अपने अन्तरग प्रबल पुरुषार्थ द्वारा अपने परिणामोको चढाता है, जिसके कारण कर्मो व सस्कारोका उपशम, क्षय वा क्षयोपशम होता हुआ अन्तमे जाकर सम्पूर्ण कर्मोका क्षय हो जाता है, वही उसकी मोक्ष है।

१	**गुणस्थानों व उनके भावोंका निर्देश**
१	गुणस्थान सामान्यका लक्षण।
२	गुणस्थानोंकी उत्पत्ति मोह और योगके कारण होती है।
३	१४ गुणस्थानोंके नाम निर्देश
*	पृथक् पृथक् गुणस्थान विशेष। —दे० वह वह नाम
४	सर्व गुणस्थानोंमें विरताविरत अथवा प्रमत्ताप्रमत्तादिपनेका निर्देश।
*	ऊपरके गुणस्थानोंमें कषाय अव्यक्त रहती है। —दे० करण/३
*	अप्रमत्त पर्यन्त सब गुणस्थानोंमें अध.प्रवृत्तिकरण परिणाम रहते है। —दे० करण/४।
५	चौथे गुणस्थान तक दर्शनमोहकी और इससे ऊपर चारित्रमोहकी अपेक्षा प्रधान है।
६	सयत गुणस्थानोंका श्रेणी व अश्रेणी रूप विभाजन।
*	उपशम व क्षपक श्रेणी —दे० श्रेणी।
*	गुणस्थानोंमे यथा सम्भव भाव। —दे० भाव/२
७	जितने परिणाम है उतने ही गुणस्थान क्यों नहीं।
८	गुणस्थान निर्देशका कारण प्रयोजन।
२	**गुणस्थानों सम्बन्धी कुछ नियम**
१	गुणस्थानोंमें परस्पर आरोहण व अवरोहण सम्बन्धी नियम।

के व्यवहारको कारण जो कर्म ताके उदयसे हो है। अर्थात् ओघ प्ररूपणाका आधार मोहनीय कर्म है आदेश प्ररूपणाका आधार स्व स्व कर्म है।

२. उपदेशके अर्थमें

पं ध /उ ६४७ आदेशस्योपदेशेभ्य' स्याद्विशेष' स भेदभाक्। आददे गुरुणा दत्त नोपदेशेष्वयं विधि ॥६४७॥=आदेशमें उपदेशोंसे यह भेद रखनेवाला विशेष होता है कि मै गुरुके दिए हुए व्रतको ग्रहण करता हूँ, परन्तु यह विधि उपदेशोमे नही होती है। (अर्थात् आदेश अधिकार पूर्वक आज्ञाके रूपमें होता है और उपदेश साधारण सम्भाषणका नाम है।

आद्धा—दे. अद्धा।

आद्यंतमरण—दे. मरण/१।

आधार—१ (ध. ५/प्र. २७) Base (of Logarithm)

१ आधार सामान्यका लक्षण

स सि ५/१२/२७७/६ धर्मादीना पुनरधिकरणमाकाशमित्युच्यते व्यवहारनयवशात्। एवभूतनयापेक्षया तु सर्वाणि द्रव्याणि स्वप्रतिष्ठान्येव।=धर्मादिक द्रव्योका आकाश अधिकरण है यह व्यवहार नयकी अपेक्षा कहा जाता है। एवभूत नयकी अपेक्षा तो सब द्रव्य स्वप्रतिष्ठ ही है।

२. आधार सामान्यके भेद व लक्षण

गो जी /जी. प्र. ५८३ मे उद्धृत "औपश्लेषिको वैषयिकोऽभिव्यापक इत्यपि आधारस्त्रिविध प्राक्त घटाकाशतिलेषु च।"=आधार तीन प्रकार है—औपश्लेषिक वैषयिक, और अभिव्यापक। १. तहाँ चटाई विषै कुमार सोवे है ऐसा कहिए तहाँ औपश्लेषिक आधार जानना। २. बहुरि आकाश विषै घटादिक द्रव्य तिष्ठे है ऐसा कहिए तहाँ वैषयिक आधार जानना। ३ बहुरि तिल विषै तैल है ऐसा कहिए तहाँ अभिव्यापक आधार जानना।

★ आधार आधेय भाव —दे सबंध।

आधारवत्त्व—भ. आ /मू. ४२८ चोद्दसदसणवपुव्वी महामदी सायरोव्व गभीरो। कप्पववहारधारी होदि हु आधारवत्त णाम।=जो चौदहपूर्व दसपूर्व, और नव पूर्वका ज्ञाता है, जिसमे समुद्र तुल्य गम्भीरता गुण है, जो कल्पव्यवहारका ज्ञाता है अर्थात् जो प्रायश्चित्त शास्त्रका ज्ञाता है उसमे बताए हुए प्रयोगोका जिसने अनुसरण किया है अर्थात् अपराधी मुनियोको जिसने अनेक बार प्रायश्चित्त देकर इस विषयमें विशेष ज्ञान प्राप्त कर लिया है ऐसे आचार्य आधारवत्त्व गुणके धारक माने जाते है।

आध्यान—१ म पु २१/२२८ आध्यान स्यादनुध्यानम् अनित्यत्वादिचिन्तन। ध्येय स्यात् परम तत्त्वम् अवाङ्मनसगोचरम्। =अनित्यत्वादि १२ भावनाओका बार-बार चिन्तवन करना आध्यान कहलाता है तथा मन और वचन के अगोचर जो अतिशय उत्कृष्ट शुद्ध आत्मतत्त्व है वह ध्येय कहलाता है।* २. अध्यापनके अर्थ मे—दे अपध्यान/१।

आनंद—१. भगवान् वीरके तीर्थमे अनुत्तरोपपादक हुए दे अनुत्तरोपपादक, २ विजयार्धकी उत्तर श्रेणीका एक नगर—दे. विद्याधर; ३ विजयार्धकी दक्षिण श्रेणीका एक नगर—दे. विद्याधर; ४ गन्धमादन विजयार्धपर स्थित एक कूट व उसका रक्षक देव—दे. लोक/५/४, ५ म प्र ७३/श्लोक अयोध्या नगरके राजा वज्रबाहुका पुत्र था (४१-४२) दीक्षा धारण कर ११ अगोका अध्ययनपूर्वक तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध किया। सन्यासके समय पूर्वके आठवें भवके बैरी भाई कमठने सिंह बनकर इनको भख लिया। इन्होने फिर प्राणतेन्द्र पद पाया (६१-६८) यह पार्श्वनाथ भगवान्का पूर्वका तीसरा भव है—दे. पार्श्वनाथ, ६. परमानन्दके अपर नाम—दे. मोक्षमार्ग २/५।

आनंदवर्धन—ज./प्र ६ पं. पन्नालाल बाकलीवाल "काश्मीर नरेश" अवन्तिवर्माके समकालीन थे। समय ई ८८४।

आनंदा—रुचक पर्वत निवासिनी दिक्कुमारी देवी—दे. लोक ५/१३

आनंदिता—नन्दन वनके वज्रकूटकी स्वामिनी दिक्कुमारी देवी—दे. लोक ५/५।

आनत—१ कल्पवासी देवोंका एक भेद—दे. स्वर्ग ३; २ तथा उनका अवस्थान—दे. स्वर्ग ५/८, ३. कल्प स्वर्गोंका १३वाँ कल्प—दे. स्वर्ग ५/२, ४. आनतस्वर्गका प्रथम पटल व इन्द्रक—दे स्वर्ग ५/३।

आनपान—दे. उच्छ्वास।

आनयन—स सि. ७/३१/३६६/६ आत्मना सकल्पिते देशे स्थितस्य प्रयोजनवशाद्यत्किचिदानयेत्याज्ञापनमानयनम्। =अपने द्वारा संकल्पित देशमें ठहरे हुए पुरुषको प्रयोजन वश किसी भी वस्तुके लानेकी आज्ञा करना आनयन है। (रा.वा. ७/३१/१/५५६)

आनर्त—म पु /प्र. ४६ पं पन्नालाल "वर्तमान गुजरात का उत्तर भाग।" द्वारावती (द्वारिका) इसकी प्रधान नगरी थी।

आनर्थक्य—स. सि. ७/३२/३७०/२ यावताऽर्थेनोपभोगपरिभोगौ सोऽर्थस्ततोऽन्यस्याधिक्यमानर्थक्यम्। =उपयोग परिभोगके लिए जितनी वस्तुकी आवश्यकता है सो अर्थ है उससे अतिरिक्त अधिक वस्तु रखना उपभोग परिभोगानर्थक्य है।

आनुपूर्वी—

१ आनुपूर्वीके भेद

ध. १/१,१,१/७३/१ पुव्वाणुपुव्वी पच्छाणुपुव्वी जत्थतत्थ णुपुव्वी चेदि तिविहा आणुपुव्वी। =पूर्वानुपूर्वी, पश्चातानुपूर्वी और यथातथानुपूर्वी इस प्रकार आनुपूर्वीके तीन भेद है। (ध. ६/४,१,४५/१३५/१) (क.पा १/१,१/§२२/२८/१) (म.प्र २/०४)

२ पूर्वानुपूर्वी आदिके लक्षण

ध १/१,१,१/७३/१ जं मूलादो परिवाडीए उच्चदे सा पुव्वाणुपुव्वी। तिस्से उदाहरण —उसहमजिय च वन्दे इच्चेवमादि। जं उवरोदो हेट्ठा परिवाडीए उच्चदि सा पच्छाणुपुव्वी। तिस्से उदाहरणं—एस करेमि य पणमं जिणवरवसहस्स वड्ढमाणस्स। सेसाणं च जिणाणं सिव-सुह-कखा विलोमेण ॥६५॥ इदि। जमणुलोम-विलोमेहि विणा जहा तहा उच्चदि सा जत्थतत्थाणुपुव्वी। तिस्से उदाहरण—गय-गवल-सजल-जलहर-परहुव-सिहि-गलय-भमर-सकासो। हरिउल-वंसपईवो सिव-मारुव-नच्छओ-जयऊ ॥६६॥ इच्चेवमादि। =जो वस्तुका विवेचन मूलसे परिपाटी-द्वारा किया जाता है उसे पूर्वानुपूर्वी कहते है। उसका उदाहरण इस प्रकार है, ऋषभनाथकी वन्दना करता हूँ, अजितनाथकी वन्दना करता हूँ इत्यादि। क्रमसे ऋषभनाथको आदि लेकर महावीर स्वामी पर्यन्त क्रमवार वन्दना करना सो पूर्वानुपूर्वी उपक्रम है। जो वस्तुका विवेचन ऊपरसे अर्थात् अन्तसे लेकर आदि तक परिपाटी क्रमसे (प्रतिलोम पद्धतिसे) किया जाता है उसे पश्चातानुपूर्वी उपक्रम कहते है। जैसे-मोक्ष सुखकी अभिलाषासे यह मै जिनवरोंमें श्रेष्ठ ऐसे महावीर स्वामीको नमस्कार करता हूँ। और विलोम क्रमसे अर्थात् वर्द्धमानके बाद पार्श्वनाथका, पार्श्वनाथके बाद नेमिनाथको इत्यादि क्रमसे शेष जिनेन्द्रोको भी नमस्कार करता हूँ ॥६५॥ जो कथन अनुलोम और प्रतिलोम क्रमके बिना जहाँ कहींसे भी किया जाता है उसे यथातथानुपूर्वी कहते है। जैसे—हाथी, अरण्य भैसा, जलपरिपूर्ण और सघनमेघ, कोयल, मयूरका कण्ठ और भ्रमर-

के समान वर्णवाले हरिवंशके प्रदीप और शिवादेवी माताके लाल ऐसे नेमिनाथ भगवान् जयवन्त हों। इत्यादि।

क पा १/१,१/§२२/२८/२ ज जेण कमेण सुत्तकारेहि ठइदमुप्पण्णं वा तस्स तेण कमेण गणणा पुव्वाणुपुव्वी णाम। तस्स विलोमेण गणणा पच्छाणुपुव्वी। जत्थ व तत्थ वा अप्पणो इच्छिदमादिं कादूण गणणा जत्थतत्थाणुपुव्वी होदि। =जो पदार्थ जिस क्रमसे सूत्रकारके द्वारा स्थापित किया गया हो, अथवा, जो पदार्थ जिस क्रमसे उत्पन्न हुआ हो उसकी उसी क्रमसे गणना करना पूर्वानुपूर्वी है। उस पदार्थकी विलोम क्रमसे अर्थात् अन्तसे लेकर आदि तक गणना करना पश्चातानुपूर्वी है। और जहाँ कहींसे अपने इच्छित पदार्थको आदि करके गणना करना यत्रतत्रानुपूर्वी है। (ध. ९/४,१,४५/१३५/१)

आनुपूर्वी नामकर्म—स. सि. ८/११/३९०/१३ पूर्वशरीराकाराविनाशो यस्योदयाद् भवति तदानुपूर्व्यनाम। =जिसके उदयसे पूर्व शरीरका आकार विनाश नहीं होता, वह आनुपूर्वी नामकर्म है। (रा.वा ८/११/११/५७७) (गो.क./जी. प्र. ३३/२९/१६)

ध. ६/१ ९ १,२८/५६/२ पुव्वुत्तसरीराणमंतरे एग दो तिण्णि समए वट्टमाणजीवस्स जस्स कम्मस्स उदएण जीवपदेसाणं विसिट्ठो सठाणविसेसो होदि, तस्स आणुपुव्वि त्ति सण्णा। इच्छिदगदिगमणं... अणुपुव्वीदो। =पूर्व और उत्तर शरीरोंके अन्तरालवर्ती एक, दो और तीन समयमें वर्तमान जीवके जिस कर्मके उदयसे जीव प्रदेशोंका विशिष्ट आकार-विशेष होता है, उस कर्मकी 'आनुपूर्वी' यह संज्ञा है। आनुपूर्वी नामकर्मसे इच्छित गतिमें गमन होता है।

२ आनुपूर्वी नामकर्मके भेद

ष ख. ६/१,९-१/सू ४१/७६ जं आणुपुव्वीणामकम्मं तं चउव्विहं, णिरयगदिपाओग्गाणुपुव्वीणाम तिरिक्खगदिपाओग्गाणुपुव्वीणाम मणुसगदिपाओग्गाणुपुव्वीणामं देवगदिपाओग्गाणुपुव्वीणामं चेदि। =जो आनुपूर्वी नामकर्म है वह चार प्रकारका है—नरकगति प्रायोग्यानुपूर्वी नामकर्म, तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वी नामकर्म, मनुष्यगति प्रायोग्यानुपूर्वी नामकर्म और देवगति प्रायोग्यानुपूर्वी नामकर्म ॥४१॥ (स.सि.८/११/३९१/२), (प.सं./प्रा २/४), (ध. १३/५,५,११४/३७१), (रा वा ८/११/११/५/५७७/२२), (गो क /जी प्र. ३२/२६/२) —दे. नामकर्म (आनुपूर्वी कर्मके असंख्यातें भेद सभव हैं)।

३ विग्रहगति-गत जीवके संस्थानमें आनुपूर्वीका स्थान

रा वा. ८/११/११/५७७/२५ ननु च तन्निर्माणनामकर्मसाध्यं फलं नानुपूर्व्यनामोदयकृतम्। नैष दोष; पूर्वायुरुच्छेदसमकाल एव पूर्वशरीरनिवृत्तौ निर्माणनामोदयो निवर्तते, तस्मिन्निवृत्तेऽष्टविधकर्म तैजसकार्मणशरीरसम्बन्धित आत्मनः पूर्वशरीरसंस्थानाविनाशकारणमानुपूर्व्यनामोदयमुपैति। तस्य कालो विग्रहगतौ जघन्येनैकसमयः, उत्कर्षेण त्रयः समयाः। ऋजुगतौ तु पूर्वशरीराकारविनाशे सति उत्तरशरीरयोग्यपुद्गलग्रहणान्निर्माणनामकर्मोदयव्यापारः। =प्रश्न—(विग्रहगतिमें आकार बनाना) यह निर्माण नामकर्मका कार्य है आनुपूर्वी नामकर्मका नहीं? उत्तर—इसमें कोई दोष नहीं है, क्योंकि पूर्व शरीरके नष्ट होते ही निर्माण नामकर्मका उदय समाप्त हो जाता है। उसके नष्ट होनेपर भी आठ कर्मोंका पिण्ड कार्मण शरीर और तैजस शरीरसे सम्बन्ध रखनेवाले आत्म प्रदेशोंका आकार विग्रहगतिमें पूर्व शरीरके आकार बना रहता है। विग्रहगतिमें इसका काल कमसे कम एक समय और अधिकसे अधिक तीन समय है। हाँ, ऋजुगतिमें पूर्व शरीरके आकारका विनाश होनेपर तुरन्त उत्तर शरीरके योग्य पुद्गलोंका ग्रहण हो जाता है, अतः वहाँ निर्माण नामकर्मका कार्य ही है।

ध. ६/१,९-१,२८/५६/४ संठाणणामकम्मादो संठाणं होदि त्ति आणुपुव्विपरियप्पणा णिरत्थिया चे ण, तस्स सरीरगहिदपढमसमयादो उवरि उदयमागच्छमाणस्स विग्गहकाले उदयाभावा। जदि आणुपुव्विकम्मं ण होज्ज तो विग्गहकाले अणिदसंठाणो जीवो होज्ज। =प्रश्न—संस्थान नामकर्मसे आकार-विशेष उत्पन्न होता है, इसलिए आनुपूर्वीकी परिकल्पना निरर्थक है? उत्तर—नहीं, क्योंकि, शरीर ग्रहण करनेके प्रथम समयसे ऊपर उदयमें आनेवाले उस संस्थान नामकर्मका विग्रहगतिके कालमें उदयका अभाव पाया जाता है। यदि आनुपूर्वी नामकर्म न हो, तो विग्रहगतिके कालमें जीव अनियत संस्थान वाला हो जायेगा। (ध १३/५,५,११६/३७२/२)

४. विग्रहगति-गत जीवके गमनमें आनुपूर्वीका स्थान

ध ६/१,९-१,२८/५६/७ पुव्वसरीरं छड्डिय सरीरंतरमघेत्तूण ट्ठिदजीवस्स इच्छिदगतिगमणं कुदो त्ति आणुपुव्वीदो। विहायगदीदो किण्ण होदि। ण, तस्स तिण्ह सरीराणमुदएण विणा उदयाभावा। आणुपुव्वी संठाणम्हि वावदा कधं गमणहेऊ होदि त्ति चे ण, तिस्से दोसु वि कज्जेसु वावारे विरोहाभावा। अचत्तसरीरस्स जीवस्स विग्गहगईए उज्जुगईए वा जं गमणं तं कस्स फलं। ण, तस्स पुव्वखेत्तपरिच्चायाभावेण गमणाभावा। जीवपदेसाणं जा पसरो सो ण णिक्कारणो, तस्स आउअसंतफलत्तादो। =प्रश्न—

पूर्व शरीरको छोड़कर दूसरे शरीरको नहीं ग्रहण करके स्थित जीवका इच्छित गतिमें गमन किस कर्मसे होता है। उत्तर—आनुपूर्वी नामकर्मसे इच्छित गतिमें गमन होता है। प्रश्न—विहायोगति नामकर्मसे इच्छित गतिमें गमन क्यों नहीं होता है? उत्तर—नहीं, क्योंकि विहायोगति नामकर्मका औदारिकादि तीनों शरीरोंके उदयके बिना उदय नहीं होता है। प्रश्न—आकार विशेषको बनाये रखनेमें व्यापार करनेवाली आनुपूर्वी इच्छित गतिमें गमनका कारण कैसे होती है? उत्तर—नहीं, क्योंकि, आनुपूर्वीका दोनों भी कार्योंके व्यापारमें विरोधका अभाव है। अर्थात् विग्रहगतिमें आकार विशेषको बनाये रखना और इच्छितगतिमें गमन कराना, ये दोनों आनुपूर्वी नामकर्मके कार्य हैं। प्रश्न—पूर्व शरीरको न छोड़ते हुए जीवके विग्रहगतिमें अथवा ऋजुगतिमें (मरण-समुद्घातके समय) जो गमन होता है वह किस कर्मका फल है? उत्तर—नहीं, क्योंकि, पूर्व शरीरको नहीं छोड़ने वाले उस जीवके पूर्व क्षेत्रके परित्यागके अभावसे गमनका अभाव है। पूर्व शरीरको नहीं छोड़नेपर भी जीव प्रदेशोंका जो प्रसार होता है वह निष्कारण नहीं है, क्योंकि वह आगामी भव सम्बन्धी आयुकर्मके सत्वका फल है।

★ आनुपूर्वी प्रकृतिका बंध उदय व सत्त्व प्ररूपणा

—दे. वह वह नाम।

आनुपूर्वी संक्रमण—दे. संक्रमण १०।

आपातातिचार—दे अतिचार ३।

आपृच्छना—दे समाचार।

आपेक्षिक गुण—दे स्वभाव।

आप्त—नि सा./मू ७ णिस्सेस दोसरहिओ केवलणाणाइ परमविभवजुदो। सो परमप्पा उच्चइ तव्विवरीओ ण परमप्पा ॥७॥

नि.सा./ता वृ. ५/११ आप्त शब्दरहितः। शंका हि सकलमोहरागद्वेषादयः। =निःशेष दोषोंसे जो रहित है और केवलज्ञान आदि परम वैभवसे जो संयुक्त है, वह परमात्मा कहलाता है; उससे विपरीत वह परम आप्त नहीं है। आप्त अर्थात् शंका रहित। शंका अर्थात् सकल मोह रागद्वेषादिक (दोष)।

र क श्रा./मू ५-७ आप्तेनोच्छिन्नदोषेण सर्वज्ञेनागमेशिना। भवितव्यं नियोगेन नान्यथा ह्याप्तता भवेत् ॥५॥ क्षुत्पिपासाजरातङ्कजन्मान्तकभयस्मयाः। न रागद्वेषमोहाश्च यस्याप्तः स प्रकीर्त्यते ॥६॥ परमेष्ठी परंज्योतिर्विरागो विमलः कृती। सर्वज्ञोऽनादिमध्यान्तः सार्वः शास्तोपलाल्यते ॥७॥ =नियमसे वीतराग और सर्वज्ञ, तथा आगमका ईश

हो (सच्चा देव) होता है, निश्चय करके अन्य किसी प्रकार आप्तपना नहीं हो सकता ॥५॥ जिस देवके क्षुधा, तृषा, बुढापा, रोग, जन्म, मरण, भय, गर्व, राग, द्वेष, मोह, चिन्ता, रति, विषाद, खेद, स्वेद, निद्रा, आश्चर्य नहीं है, वही वीतराग देव कहा जाता है ॥६॥ जो परम पदमें रहनेवाला हो, उत्कृष्ट ज्योति वाला हो, राग-द्वेष रहित वीतराग हो, कर्मफल रहित हो, कृतकृत्य हो, सर्वज्ञ हो अर्थात् भूत, भविष्यत्, वर्तमानकी समस्त पर्यायों सहित समस्त पदार्थोंको जानने वाला हो, आदि मध्य अन्त कर रहित हो और समस्त जीवोंका हित करनेवाला हो, वही हितोपदेशी कहा जाता है। (अन.ध. २/१४)

द्र सं./टी. ५०/२१० में उद्धृत "क्षुधा तृषा भय द्वेषो रागो मोहश्च चिन्तनम्। जरा रुजा च मृत्युश्च खेदः स्वेदो मदोऽरति ॥१॥ विस्मयो जनन निद्रा विषादोऽष्टादश स्मृता। एतैर्दोषैर्विनिर्मुक्तः सोऽयमाप्तो निरञ्जनः ॥२॥ =क्षुधा, तृषा, भय, द्वेष, राग, मोह, चिन्ता, जरा, रुजा, मरण, स्वेद, खेद, मद, अरति, विस्मय, जन्म, निद्रा और विषाद इन अठारह दोषोंसे रहित निरञ्जन आप्त श्री जिनेन्द्र हैं।

स.म १/८/२१ आप्तिर्हि रागद्वेषमोहानामेकान्तिक आत्यन्तिकश्च क्षयः, सा येषामस्ति ते खल्वाप्ताः। =जिसके राग-द्वेष और मोहका सर्वथा क्षय हो गया है उसे आप्त कहते हैं। (स.म. १७/२३६/११)

न्या.दी. ३/§७४/११३ आप्तः प्रत्यक्षप्रमितसकलार्थत्वे सति परम···हितोपदेशक···ततोऽनेन विशेषेण तत्र नातिव्याप्तिः। =जो प्रत्यक्ष ज्ञानसे समस्त पदार्थोंका ज्ञाता है और परम हितोपदेशी है वह आप्त है। इस परम हितोपदेशी विशेषणसे सिद्धोंके साथ अतिव्याप्ति भी नहीं हो सकती। अर्थात् अर्हन्त भगवान् ही उपदेशक होनेके कारण आप्त कहे जा सकते हैं सिद्ध नहीं।

★ **आप्तमे सर्वदोषोंका अभाव संभव है**—दे. मोक्ष ६/४।

★ **सर्वज्ञताकी सिद्धि**—दे. केवलज्ञान ३,४।

★ **देव, भगवान्, परमात्मा, अर्हंत आदि**—दे. वह वह नाम।

आप्त परीक्षा—आ. विद्यानन्दि (ई ७७५-८४०) द्वारा रचित १२४ संस्कृत श्लोकबद्ध ईश्वर विषयक न्याय ग्रन्थ है। (ती. २/३५३)

आप्त मीमांसा—तत्त्वार्थ सूत्रके मंगलाचरणपर आ समन्तभद्र (ई श २) द्वारा रचित ११५ संस्कृत श्लोकबद्ध न्यायपूर्ण ग्रन्थ है। इसका दूसरा नाम देवागम स्तोत्र भी है। इसमें न्याय पूर्वक भाववाद अभाववाद आदि एकान्त मतोंका निराकरण करते हुए भगवान् महावीरमें आप्तत्वकी सिद्धि की है। इस ग्रन्थ पर निम्न टीकाएँ उपलब्ध है '—१. आचार्य अकलंक भट्ट (ई. ६२०-६८०) कृत ८०० श्लोक प्रमाण 'अष्टशती'। २. आ. विद्यानन्दि (ई. ७७५-८४०) कृत ८००० श्लोक प्रमाण अष्टसहस्री। ३. आ. वादीभसिंह (ई. ७७०-८६०) कृत वृत्ति। ४ आ. वसुनन्दि (ई. १०४३-१०५३) कृत वृत्ति। ५. पं. जयचन्द्र छावड़ा (ई. १८२६) द्वारा लिखी गयी संक्षिप्त भाषा टीका। (जै. २/३०३); (ती. २/१६०)

आबाधा—कर्मका बन्ध हो जानेके पश्चात् वह तुरत ही उदय नहीं आता, बल्कि कुछ काल पश्चात् परिपक्व दशाको प्राप्त होकर ही उदय आता है। इस कालको आबाधाकाल कहते हैं। इसी विषयकी अनेकों विशेषताओंका परिचय यहाँ दिया गया है।

१. आबाधा निर्देश

१. आबाधा कालका लक्षण

ध. ६/१,९-६,५/१४९/४ ण बाधा अबाधा, अबाधा चेव आबाधा। =बाधाके अभावको अबाधा कहते हैं। और अबाधा ही आबाधा कहलाती है।

गो.क मू. १५५ कम्मसरूवेणागयदव्वं ण य एदि उदयरूवेण। रूवेणुदीरणस्स व आबाहा जाव ताव हवे। =कार्माण शरीर नामा नामकर्मके उदय तैं अर जीवके प्रदेशनिका जो चंचलपना सोई योग तिसके निमित्तकरि कार्माण वर्गणा रूप पुद्गलस्कन्ध मूल प्रकृति वा उत्तर प्रकृति रूप होई आत्माके प्रदेशनिविषै परस्पर प्रवेश है लक्षण जाका ऐसे बन्ध रूपकरि जे तिष्ठै है ते यावत् उदय रूप वा उदीरणा रूप न प्रवर्तै तिसकालको आबाधा कहिये। (गो क./भू.११४)

गो.जी./जी.प्र २५३/५२३/४ तत्र विवक्षितसमये बद्धस्य उत्कृष्टस्थितिबन्धस्य सप्ततिकोटाकोटिसागरोपममात्रस्य प्रथमसमयादारभ्य सप्तसहस्रवर्षकालपर्यन्तमाबाधेति। =तहाँ विवक्षित कोई एक समय विषै बन्ध्या कार्माणका समय प्रबद्ध ताकी उत्कृष्ट स्थिति सत्तरि कोडाकोडि सागरकी बंधी तिस स्थितिके पहले समय तै लगाय सात हजार वर्ष पर्यन्त तौ आबाधा काल है तहाँ कोई निर्जरा न होई तातैं कोई निषेक रचना नाहीं।

२. आबाधा स्थानका लक्षण

ध. ११/४,२,६,५०/१६२/६ जहण्णाबाहमुक्कस्साबाहादो सोहिय सुद्धसेसेम्मि एगरूवे पक्खित्ते आबाहाट्ठाणं। एसत्थो सव्वत्थपरूवेदव्वो। =उत्कृष्ट आबाधामें-से जघन्य आबाधाको घटाकर जो शेष रहे उसमें एक अंक मिला देनेपर आबाधा स्थान होता है। इस अर्थकी प्ररूपणा सभी जगह करनी चाहिए।

३. आबाधा काण्डकका लक्षण

ध. ६/१,९-६,५/१४९/१ कधमाबाधाकंडयस्सुप्पत्ती। उक्कस्साबाधं विरलिय उक्कस्सट्ठिदिं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि आबाधाकंडयपमाणं पावेदि। =प्रश्न—आबाधा काण्डककी उत्पत्ति कैसे होती है? उत्तर—उत्कृष्ट आबाधाको विरलन करके उसके ऊपर उत्कृष्ट स्थितिके समान खंड करके एक-एक रूपके प्रति देनेपर आबाधा काण्डकका प्रमाण प्राप्त होता है। उदाहरण—मान लो उत्कृष्ट स्थिति ३० समय; आबाधा ३ समय। तो $\frac{१०\ १०\ १०}{१\ १\ १}$ अर्थात् $\frac{३०}{३}$ =१० यह आबाधा काण्डकका प्रमाण हुआ। और उक्त स्थितिबन्धके भीतर ३ आबाधाके भेद हुए।

विशेषार्थ—कर्म स्थितिके जितने भेदोंमें एक प्रमाण वाली आबाधा है, उतने स्थितिके भेदोंको आबाधा काण्डक कहते है।

ध.११/४,२,६,१७/१४३/४ अप्पणो जहण्णाबाहाए समऊणाए अप्पप्पणो समऊणजहण्णट्ठिदीए ओवट्टिदाए एगमाबाधाकंडयमागच्छदि। ··· सगसगउक्कस्साबाहाए सग-सगउक्कस्सट्ठिदीए ओवट्टिदाए एगमाबाहकंडयमागच्छदि।

ध ११/४,२,६,१२२/२६८/५ आबाहचरिमसमयं णिरुंभिदूण उक्कस्सियं ट्ठिदिं बंधदि। तत्तो समऊणं पि बंधदि। एवं दुसमऊणादिकमेण णेदव्वं जाव पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेगूणाट्ठिदि त्ति। एवमेदेण आबाहाचरिमसमएण बंधपाओग्गट्ठिदिविसेसाणमेगमाबाहाकंडयमिदि सण्णा त्ति वुत्तं होदि। आबाधाए दुचरिमसमयस्स णिरुंभणं कादूण एवं चेव विदियमाबाहाकंडयं परूवेदव्वं। आबाहाए तिचरिमसमयणिरुंभणं कादूण पुव्वं व तदिओ आबाहाकंडओ परूवेदव्वो। एवं णेयव्वं जाव जहण्णिया ट्ठिदि त्ति। एदेण सुत्तेण एगाबाहाकंडयस्स पमाणपरूवणा कदा।

ध.११/४,२,६,१२८/२७१/३ एगेगाबाहट्ठाणस्स पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तट्ठिदिबंधट्ठाणाणमाबाहाकंडयसण्णिदाणं। =१. एक समय कम अपनी-अपनी आबाधाका अपनी-अपनी एक समय कम जघन्य स्थितिमें भाग देने पर एक आबाधा काण्डकका प्रमाण आता है। २···अपनी-अपनी उत्कृष्ट आबाधाका अपनी-अपनी उत्कृष्ट स्थितिमें भाग देने पर एक आबाधा काण्डक आता है। ३ आबाधाके अन्तिम समयको विवक्षित करके उत्कृष्ट स्थितिको बाँधता है। उससे एक समय कम भी स्थितिको बाँधता है इस प्रकार दो समय कम इत्यादि क्रमसे पल्योपमके असंख्यातवें भागसे रहित स्थिति तक ले जाना

चाहिए। इस प्रकार आबाधाके इस अन्तिम समयमें बन्धके योग्य स्थिति विशेषोंको एक आबाधा काण्डक संज्ञा है। यह अभिप्राय है। आबाधाके द्विचरम समयकी विवक्षा करके इसी प्रकारसे द्वितीय आबाधा काण्डककी प्ररूपणा करना चाहिए। आबाधाके त्रिचरम समयकी विवक्षा करके पहिलेके समान तृतीय आबाधाकाण्डककी प्ररूपणा करना चाहिए। इस प्रकार जघन्य स्थिति तक यही क्रम जानना चाहिए। इस सूत्रके द्वारा एक आबाधा काण्डकके प्रमाणकी प्ररूपणा की गयी है। एक-एक आबाधा स्थान सम्बन्धी जो पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र स्थितिबन्ध स्थान है उनकी आबाधा काण्डक संज्ञा है।

२. आबाधा सम्बन्धी कुछ नियम—

१. आबाधा सम्बन्धी सारणी

प्रमाण	विषय	आबाधा काल	
		जघन्य	उत्कृष्ट
	१. उदय अपेक्षा		
गो क/भा. १५०/१८५	संज्ञी पंचे का मिथ्यात्व कर्म	समयोन मुहूर्त	७००० वर्ष
मू १५६/१८६	आयुके बिना ७कर्मोंकी सामान्य आबाधा	प्रतिसागर स्थिति पर साधिक सं उच्छ्वास	प्रतिको को,सागर पर १०० वर्ष (ध.६/१७२)
मू११५/११००			
ध ६/१६६/१३	आयुकर्म (बद्धयमान)	असंक्षेपाद्धा अंतर्मुहूर्त आ/असं.	कोडि पूर्व वर्ष/३
गो क /मू११७	आयुकर्मका सामान्य नियम	आयु बन्ध भये पीछे शेष भुज्य-	मानायु
गो.क.मू ११६	६२५६२५६२$\frac{१६}{३२}$ कोड सा. वाला कर्म	अन्तर्मुहूर्त सं.	अन्तर्मुहूर्त
	२ उदीरणा अपेक्षा		
गो मू. १५६	आयु बिना ७ कर्मोंकी	आवली	×
गो.मू ११८	बध्यमानायु	×	×

भुज्यमानायु (केवल कर्मभूमिया) कदली घात द्वारा उदीरणा होवे, इसलिए उसकी आबाधा भी नहीं है। देव, नारकी व भोग भूमियोंमें आयुकी उदीरणा सम्भव नहीं।

★ कर्मोंकी जघन्य उत्कृष्ट स्थिति व तत्सम्बन्धित आबाधा काल—दे. स्थिति ६।

२. आबाधा निकालनेका सामान्य उपाय

प्रत्येक एक कोडाकोडि स्थितिकी उत्कृष्ट आबाधा = १०० वर्ष

७० या ३० कोडाकोडी स्थितिकी उत्कृष्ट आबाधा = १००×७० या १००×३० या १००×१० = ७००० या ३००० या १००० वर्ष

१ लाख कोड सागर स्थितिकी उत्कृष्ट आबाधा = १०० + (१०×१०) = १ वर्ष

१०० कोड़ सागरकी उत्कृष्ट आबाधा = १ वर्ष + (१०×१०×१०) = १/१००० वर्ष

१० कोड़ सागरकी उत्कृष्ट आबाधा = $\frac{३६५×२४×६०}{१०,०००}$ = ५२$\frac{१४}{२५}$ मिनिट

६२५६२$\frac{१६}{३२}$ कोड सागरकी उत्कृष्ट आबाधा = उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त

नोट—उदीरणाकी अपेक्षा जघन्य आबाधा, सर्वत्र आवली मात्र जानना, क्योंकि बन्ध हुए पीछे इतने काल पर्यन्त उदीरणा नहीं हो सकती।

३. एक कोड़ाकोड़ी सागर स्थितिकी आबाधा १०० वर्ष होती है

ध.६/१,९-६,३१/१७२/८ सागरोवमकोडाकोडीए वाससदमाबाधा होदि। =एक कोडाकोडी सागरोपमकी आबाधा सौ वर्ष होती है।

४. इससे कम स्थितियोंकी आबाधा निकालनेकी विशेष प्रक्रिया

ध.६/१,९-७,४/१८३/६सग-सगजादि पडिबद्धाबाधाकंडएहि सगसगट्ठिदीसु ओवट्टिदासु सग सग आबाधासमुप्पत्तीदो। ण च सव्वजादीसु आबाधाकंडयाणं सरिसत्तं, संखेज्जवस्सट्ठिदिबंधेसु अंतोमुहुत्तमेत्तआबाधोवट्टिदेसु संखेज्जसमयमेत्तआबाधाकंडयदंसणादो। तदो संखेज्जरूवेहि जहण्णट्ठिदिम्हि भागे हिदे संखेज्जावलियमेत्ता णिसेगट्ठिदीदो संखेज्ज गुणहीणा जहण्णाबाधा होदि। =अपनी-अपनी जातियोंमें प्रतिबद्ध आबाधा काण्डकोंके द्वारा अपनी-अपनी स्थितियोंके अपवर्तित करनेपर अपनी-अपनी अर्थात् विवक्षित प्रकृतियोंकी, आबाधा उत्पन्न होती है। तथा, सर्व जातिवाली प्रकृतियोंमें आबाधाकाण्डकों के सदृशता नहीं है, क्योंकि संख्यात वर्षवाले स्थिति बन्धोंमें अन्तर्मुहूर्तमात्र आबाधासे अपवर्तन करनेपर संख्यात समयमात्र आबाधाकाण्डक उत्पन्न होते हुए देखे जाते हैं। इसलिए संख्यात रूपोंसे जघन्य स्थितिमें भाग देनेपर निषेक स्थितिसे संख्यातगुणित हीन संख्यात आवलिमात्र जघन्य आबाधा होती है।

५. एक आबाधाकाण्डक घटनेपर एक समय स्थिति घटती है

ध ६/१,९,५/१४६/४०गाबाधाकंडएणूणउक्कस्सट्ठिदिबंधमाणस्स समऊणतिण्णिवाससहस्साणि आबाधा होदि। एदेण सरूवेण सव्वट्ठिदीणं पि आबाधापरूवणं जाणिय कादव्वं। णवरि दोहि आबाधाकंडएहि ऊणियमुक्कस्सट्ठिदिं बंधमाणस्स आबाधा उक्कस्सिया दुसमऊणा होदि। तीहि आबाधाकंडएहि ऊणियमुक्कस्सट्ठिदिं बंधमाणस्स आबाधा उक्कसिया तिसमऊणा। चउहि· चदुसमऊणा। एवं णेदव्वं जाव जहण्णट्ठिदि त्ति। सव्वाबाधाकंडएसु वीचारट्ठाणत्तं पत्तेसु समऊणाबाधाकंडयमेत्तट्ठिदीणमवट्ठिदा आबाधा होदि त्ति घेत्तव्व। =एक आबाधा काण्डकसे हीन उत्कृष्ट स्थितिको बाँधनेवाले समयप्रबद्धके एक समय कम तीन हजार वर्षकी आबाधा होती है। इसी प्रकार सर्व कर्म स्थितियोंकी भी प्ररूपणा जानकर करना चाहिए। विशेषता केवल यह है कि दो आबाधा काण्डकोंसे हीन उत्कृष्ट स्थितिको बाँधनेवाले जीवके समय प्रबद्धकी उत्कृष्ट आबाधा दो समय कम होती है। तीन आबाधाकाण्डकोंसे हीन उत्कृष्ट स्थितिको बाँधनेवाले जीवके समयप्रबद्धकी उत्कृष्ट आबाधा तीन समय कम होती है। चार आबाधा काण्डकोंसे हीनवालेके उत्कृष्ट आबाधा चार समय कम होती है। इस प्रकार यह क्रम विवक्षित कर्मकी जघन्य स्थिति तक ले जाना चाहिए। इस प्रकार सर्वआबाधा काण्डकोंके विचारस्थानत्व अर्थात् स्थिति भेदोंको, प्राप्त होनेपर एक समय कम आबाधा काण्डकमात्र स्थितियोंकी आबाधा अवस्थित अर्थात् एक-सी होती है, यह अर्थ जानना चाहिए।

उदाहरण—मान लो उत्कृष्ट स्थिति ६४ समय और उत्कृष्ट आबाधा १६ समय है। अतएव आबाधाकाण्डका प्रमाण $\frac{६४}{१६}$=४ होगा।

मान लो जघन्य स्थिति ४५ समय है। अतएव स्थितियोंके भेद ६४ से ४५ तक होंगे जिनकी रचना आबाधाकाण्डकोंके अनुसार इस प्रकार होगी—

१ प्रथमकाण्डक—६४,६३,६२,६१ समय स्थितिकी उ. आबाधा =१६ समय

२. द्वितीयकाण्डक—६०,५९,५८,५७ समय स्थितिकी उ. आबाधा =१५ समय

३. तृतीयकाण्डक—५६,५५,५४, ५३ समय स्थितिकी उ. आबाधा =१४ समय

४. चतुर्थकाण्डक—५२,५१,५०,४९ समय स्थितिकी उ. आबाधा =१३ समय

५ पंचमकाण्डक—४८,४७,४६,४५ समय स्थितिकी उ आबाधा =१२ समय

यह उपरोक्त पाँच तो आबाधाके भेद हुए।

स्थिति भेद—आबाधा काण्डक ५×हानि ४ समय=२० विचार स्थान अतः स्थिति भेद २०−१=१९

इन्हीं विचार स्थानोंको उत्कृष्ट स्थितिमें से घटानेपर जघन्य स्थिति प्राप्त होती है। स्थितिकी क्रम हानि भी इतने ही स्थानोंमें होती है।

६. क्षपक श्रेणीमें आबाधा सर्वत्र अन्तर्मुहूर्त होती है

क.पा.३/३,२२/§३८०/२१०/३ सत्तरिसागरोवमकोडाकोडीण जदि सत्तावाससहस्समेत्ताबाहा लब्भदि तो अट्ठण्हं वस्साणं किं लभामो त्ति पमाणेणिच्छागुणिदफले ओवट्टिदे जेण एगसमयस्स असंखेज्जदिभागो आगच्छदि तेण अट्ठण्णं वस्साणमाबाहा अंतोमुहुत्तमेत्ता त्ति ण घडदे। ण एस दोसो, संसारावत्थं मोत्तूण खवगसेढीए एवं विहनियमाभावादो। प्रश्न—सत्तरि कोडाकोडी सागरप्रमाण स्थितिकी यदि सात हजार वर्ष प्रमाण आबाधा पायी जाती है तो आठ वर्ष प्रमाण स्थिति की कितनी आबाधा प्राप्त होगी, इस प्रकार त्रैराशिक विधिके अनुसार इच्छाराशिसे फलराशिको गुणित करके प्रमाण राशिका भाग देनेपर चूँकि एक समयका असंख्यातवाँ भाग आता है, इसलिए आठ वर्षको आबाधा अन्तर्मुहूर्त प्रमाण होती है, यह कथन नहीं बनता है? उत्तर—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि संसार अवस्थाको छोड कर क्षपक श्रेणीमें इस प्रकारका नियम नहीं पाया जाता है।

७. उदीरणाकी आबाधा आवली मात्र ही होती है

गो.क./मू ९१८/११०३ आवलियं आबाहा उदीरणमासिज्जसत्तकम्माणं। ...॥९१८॥ =उदीरणाका आश्रय करि आयु बिना सात कर्मकी आबाधा आवली मात्र है जाते पीछे उदीरणा होई तो आवली काल भए ही हो जाइ।

८. भुज्यमान आयुका शेष भाग ही बद्धयमान आयुकी आबाधा है

ध. ६/१,९-६,२२/१६६/६ एवमाउस्स आबाधा णिसेयट्ठिदी अण्णोण्णायत्ताओ ण होंति त्ति जाणावणट्ठं णिसेयट्ठिदी चेव परूविदा। पुव्वकोडितिभागमादिं कादूण जाव असंखेपद्धा त्ति एदेसु आबाधावियप्पेसु देव णिरयाण आउअस्स उक्कस्स णिसेयट्ठिदी संभवदि त्ति उत्तं होदि। =उस प्रकार आयुकर्मकी आबाधा और निषेक स्थिति परस्पर एक दूसरेके अधीन नहीं है (जिस प्रकार कि अन्य कर्मोंकी होती है)।...इसका यह अर्थ होता है कि पूर्वकोटी वर्षके त्रिभाग अर्थात् तीसरे भागको आदि करके असंक्षेपाद्धा अर्थात् जिससे छोटा (संक्षिप्त) कोई काल न हो, ऐसे आवलीके असंख्यातवें भागमात्रकाल तक जितने आबाधा कालके विकल्प होते हैं, उनमें देव और नारकियोंके आयुकी उत्कृष्ट निषेक स्थिति सम्भव है। (अर्थात् देव और नरकायुकी आबाधा मनुष्य व तिर्यञ्चोंके बद्धयमान भवमें ही पूरी हो जाती है।) तथा इसी प्रकार अन्य सर्व आयु कर्मोंकी आबाधाके सम्बन्धमें भी यथायोग्य जानना।

गो.क. भाषा १६०/१९५/१२ आयु कर्मकी आबाधा तो पहला भवमें होय गई पीछे जो पर्याय धरया तहाँ आयु कर्मकी स्थितिके जेते निषेक हैं तिन सर्व समयनि विषैं प्रथम समयस्यौं लगाय अन्त समय पर्यन्त समय-समय प्रति परमाणू क्रमतैं खिरै हैं।

९. आयुकर्मकी आबाधा सम्बन्धी शंका समाधान

ध. ६/१,९-६,२६/६/१६६/१० पुव्वकोडितिभागादो आबाधा अहिया किण्ण होदि। उच्चदे—ण तावदेव-णेरइएसु बहुसागरोवमाउट्ठिदिएसु पुव्वकोडितिभागादो अधिया आबाधा अत्थि, तेसिं छम्मासावसेसे भुज्जमाणाउए असंखेपाद्धापज्जवसाणे संते परभवियमाउअबंधमाणाणं तदसंभवा। ण तिरिक्ख-मणुस्सेसु वि तदो अहिया आबाधा अत्थि, तत्थ पुव्वकोडीदो अहियमवट्ठिदीए अभावा। असंखेज्जवस्साऊ तिरिक्ख मणुसा अत्थि त्ति चे ण, तेसिं देव-णेरइयाणं व भुंजमाणाउए छम्मासादो अहिए संते परभवियआउअस्स बंधाभावा।

ध ६/१,९-७,३१/१९३/५ पुव्वकोडितिभागे वि भुज्जमाणाउए संते देवणेरइयदसवाससहस्सआउट्ठिदिबंधसंभवादो पुव्वकोडितिभागो आबाधा त्ति किण्ण परूविदो। ण एवं संते जहण्णट्ठिदिए अभावप्पसंगादो। =प्रश्न—आयुकर्मकी आबाधा पूर्वकोटीके त्रिभागसे अधिक क्यों नहीं होती? उत्तर—(मनुष्यों और तिर्यंचोंमें बन्ध होने योग्य आयु तो उपरोक्त शंका उठती ही नहीं) और न ही अनेक सागरोपमकी आयु में स्थितिवाले देव और नारकियोंमें पूर्व कोटिके त्रिभागसे अधिक आबाधा होती है, क्योंकि उनकी भुज्यमान आयुके (अधिकसे अधिक) छह मास अवशेष रहनेपर (तथा कमसे कम) असंक्षेपाद्धा कालके अवशेष रहनेपर आगामीभव सम्बन्धी आयुको बाँधनेवाले उन देव और नारकियोंके पूर्व कोटिके त्रिभागसे अधिक आबाधाका होना असम्भव है। न तिर्यञ्च और मनुष्योंमें भी इससे अधिक आबाधा सम्भव है, क्योंकि उनमें पूर्व कोटिसे अधिक भवस्थितिका अभाव है। प्रश्न—(भोग भूमियोंमें) असंख्यात वर्षकी आयुवाले तिर्यंच और मनुष्य होते हैं, (फिर उनके पूर्व कोटि के त्रिभाग से अधिक आबाधाका होना सम्भव क्यों नहीं है?) उत्तर—नहीं, क्योंकि, उनके देव और नारकियों के समान भुज्यमान आयुके छह मासोंसे अधिक होनेपर भवसम्बन्धी आयुके बन्धका अभाव है, (अतएव पूर्व कोटीके त्रिभागसे अधिक आबाधाका होना सम्भव नहीं है।) (क्रमशः) प्रश्न—भुज्यमान आयु में पूर्वकोटि का त्रिभाग अवशिष्ट रहने पर भी देव और नारक सम्बन्धी दश हजार वर्षकी जघन्य आयु स्थिति का बन्ध सम्भव है, फिर 'पूर्वकोटिका त्रिभाग आबाधा' है ऐसा सूत्रमें क्यों नहीं प्ररूपण किया? उत्तर—नहीं, क्योंकि, ऐसा मानने पर जघन्यस्थितिके अभावका प्रसंग आता है अर्थात् पूर्वकोटिका त्रिभाग मात्र आबाधा काल जघन्य आयु स्थितिबन्ध के साथ सम्भव तो है, पर जघन्य कर्म स्थितिका प्रमाणलाने के लिए तो जघन्य आबाधाकाल ही ग्रहण करना चाहिये, उत्कृष्ट नहीं।

१०. नोकर्मोंकी आबाधा सम्बन्धी

ध. १४/५,६,२४६/३३२/११ णोकम्मस्स आबाधाभावेण...किमट्ठमेत्थ णत्थि आबाधा। सहावियादो। =नोकर्मकी आबाधा नहीं होनेके कारण...। प्रश्न—यहाँ आबाधा किस कारणसे नहीं है? उत्तर—क्योंकि ऐसा स्वभाव है।

* मूलोत्तर प्रकृतियोंकी जघन्य उत्कृष्ट आबाधा व उनका स्वामित्व —दे स्थिति ६।

आमंत्रिणी भाषा—दे. भाषा।

आमर्षौषध ऋद्धि—दे. ऋद्धि ७।

आमुंडा—ष.ख १३/५,५ सू. ३९/२४३ आवायो ववसायो बुद्धि विण्णाणी आउडी पच्चाउडी ॥३९॥ आमुंडयते संकोच्यते वितर्कितोऽर्थः अनयेति आमुंडा। =अवाय व्यवसाय, बुद्धि, विज्ञप्ति, आमुण्डा, प्रत्यामुंडा ये पर्याय नाम है ॥३९॥ जिसके द्वारा वितर्कित अर्थ 'आमुंडयते' अर्थात् संकोचित किया जाता है वह आमुंडा है।

आम्नाय—स सि ९/२५/४४३/५घोषशुद्धं परिवर्तनमाम्नाय'। =उच्चारणकी शुद्धि पूर्वक पाठको पुन -पुन· दोहराना आम्नाय है।
(त सा ७/१९), (अन ध. ७/८७/७१६)

रा वा. ९/२५/४/६२४/१६ व्रतिनो वेदितसमाचारस्यैहलौकिकफलनिरपेक्षस्य द्रुतविलम्बितादिवाचविशुद्धं परिवर्तनमाम्नाय इत्युपदिश्यते। =आचारपारगामी व्रतीका लौकिक फलकी अपेक्षा किये बिना द्रुतविलम्बितादि पाठ दोषोसे रहित होकर पाठका फेरना, घोखना आम्नाय है। (चा.सा १५३/३)

आय—१ आयका वर्गीकरण—दे. दान। २. सब गुणस्थानों व मार्गणा स्थानोमें आयके अनुसार व्यय।
—दे. मार्गणा।

आयत—१. आयत चतुरस्राकार—(ज प /प्र.१०५) Rectangular।
२ तिर्यक् आयत चतुरस्र—(ज प./प्र. १०५) Cuboid। ३ आयत सामान्य—ऊर्ध्वता सामान्य अर्थात् एक द्रव्यकी सर्व पर्यायो में रहनेवाला एक अन्वय सामान्य।—दे. क्रम ६।

आयतन—

१. आयतन व अनायतनका लक्षण

बो.पा /मू. ५–७ मणवयणकायदव्वा आसत्ता जस्स इंदिया विसया। आयदणं जिणमग्गे णिद्दिट्ठं सजय रूवं ॥५॥ मय राय दोस मोहो कोहो लोहो य जस्स आयत्ता। पंचमहव्वयधरा आयदण महरिसी भणियं ॥६॥ सिद्धं जस्स सदत्थं विसुद्धझाणस्स णाणजुत्तस्स। सिद्धायदणं सिद्धं मुणिवरवसहस्स मुणिदत्थं ॥७॥=जिन मार्ग विषै संयम सहित मुनिरूप है सो आयतन कहा है। कैसा है मुनिरूप—जाकै मन, वचन, काय तथा पंचेन्द्रियोके विषय अधीन है अर्थात् जो इनके वश नहीं है परन्तु यह ही जिनके वशीभूत है ॥५॥ जाकै मद, राग, द्वेष, मोह, क्रोध और माया ये सर्व निग्रह कूं प्राप्त भये है, बहुरि पाँच महाव्रतोको धारण करनेवाले है ॥६॥ जाकै सदर्थ अर्थात् शुद्धात्मा सिद्ध भया है, जो विशुद्ध शुक्लध्यान कर युक्त है। जिन्हे केवलज्ञान प्राप्त भया है, जो मुनिवर वृषभ अर्थात् मुनियोमे प्रधान है ऐसे भगवान् भी सिद्धायतन है ॥७॥

द्र सं./टी ४१/६६ सम्यक्त्वादिगुणानामायतनं गृहमावास आश्रय-आधारकरणं निमित्तमायतन भण्यते तद्विपक्षभूतमनायतनमिति। =सम्यक्त्वादि गुणोका आयतन घर-आवास-आश्रय (आधार) करने का निमित्त, उसको 'आयतन' कहते है और उससे विपरीत अनायतन है।

२ बौद्धके द्वादश आयतन निर्देश

बो.पा./टी.६/पृ ७५ पर उद्धृत "पंचेन्द्रियाणि शब्दाद्या विषया. पञ्चमानसं। धर्मायतनमेतानि द्वादशायतनानि च। =बौद्ध मतमें आयतनका ऐसा लक्षण है—पाँच इन्द्रिय, शब्दादि पाँच विषय, मन व धर्म इस प्रकार १२ आयतन होते हैं।

३. षट् अनायतन निर्देश

द्र स./टी ४१/१६६/२ अथानायतनषट्कं कथयति। मिथ्यादेवो, मिथ्यादेवाराधको, मिथ्यातपो, मिथ्यातपस्वी, मिथ्यागमो, मिथ्यागमधरा. पुरुषाश्चेत्युक्तलक्षणमनायतनषट्कं। =अब छह अनायतनोका कथन करते है—मिथ्यादेव, मिथ्यादेवोके सेवक, मिथ्यातप, मिथ्यातपस्वी, मिथ्याशास्त्र और मिथ्याशास्त्रोके धारक, इस प्रकारके छह अनायतन सरागसम्यग्दृष्टियोको त्याग करने चाहिए।

चा पा /टी ६/३४ पर उद्धृत "कुदेवगुरुशास्त्राणां तद्भक्तानां गृहे गतिः। षडनायतनमित्येवं वदन्ति विदितागमा ॥१॥ प्रभाचन्द्रस्त्वेवं वदति मिथ्यादर्शनज्ञानचारित्राणि त्रीणि त्रयं च तद्भक्ता पुरुषा· षडनायतनानि। अथवा असर्वज्ञ· १ असर्वज्ञायतनं, २ असर्वज्ञज्ञानं, ३ असर्वज्ञज्ञानसमवेतपुरुष., ४ असर्वज्ञानुष्ठान, ५ असर्वज्ञानुष्ठानसमवेतपुरुषश्चेति। =कुदेव, कुगुरु, व कुशास्त्रके तथा इन तीनोके उपासकोके घरोंमें आना-जाना, इनको आगमकारोने षडनायतन ऐसा नाम दिय है ॥१॥ प्रभाचन्द्र आचार्य ऐसा कहते है कि– मिथ्यादर्शन, मिथ्याज्ञान, मिथ्याचारित्र ये तीन तथा इन तीनोके धारक अर्थात् मिथ्यादृष्टि, मिथ्याज्ञानी व मिथ्या आचारवान् पुरुष, यह छह अनायतन है। अथवा १ असर्वज्ञ, २ असर्वज्ञदेवका मन्दिर, ३ असर्वज्ञ ज्ञान, ४ असर्वज्ञ ज्ञानका धारक पुरुष, ५ असर्वज्ञज्ञानके अनुकूल आचार, ६ और उस आचारके धारक पुरुष यह छह अनायतन है।

आयाम—१ Length (ज.प /प्र. १०५)। २. गुणहानि आयाम।
—दे. गणित II/६/२। ३ गुणश्रेणी आयाम—दे. संक्रमण ८।

आयु—जीवकी किसी विवक्षित शरीरमें टिके रहनेकी अवधिका नाम ही आयु है। इस आयुका निमित्तकर्म आयुकर्म कहलाता है। यद्यपि गतिकी भाँति वह भी नरकादि चार प्रकारका है, पर गतिमें और आयुमें अन्तर है। गति जीवको हर समय बँधती है, पर आयु बन्धके योग्य सारे जीवनमें केवल आठ अवसर आते है जिन्हें अपकर्ष कहते है। जिस आयुका उदय आता है उसी गतिका उदय आता है अन्य गति नामक कर्म भी उसी रूपसे संक्रमण द्वारा अपना फल देते है। आयुकर्म दो प्रकारसे जाना जाता है– भुज्यमान व बध्यमान। वर्तमान भवमें जिसका उदय आ रहा है वह भुज्यमान है और इसीमे जो अगले भवकी आयु बँधी है सो बध्यमान है। भुज्यमान आयुका तो कदलीघात आदिके निमित्तसे केवल अपकर्षण हो सकता है उत्कर्षण नही, पर बध्यमान आयुका परिणामोके निमित्त से उत्कर्षण व अपकर्षण दोनों सम्भव है। किन्तु विवक्षित आयुकर्मका अन्य आयु रूपसे संक्रमण होना कभी भी सम्भव नहीं है। अर्थात् जिस जातिकी आयु बँधी है उसे अवश्य भोगना पडेगा।

१ भेद व लक्षण
१ आयु सामान्यका लक्षण
२ आयुष्यका लक्षण
३ आयु सामान्यके दो भेद (भवायु व अद्धायु)
४ आयु सत्त्वके दो भेद (भुज्यमान व बद्धयमान)
५ भवायु व अद्धायुके लक्षण
६ भुज्यमान व बद्धयमान आयुके लक्षण
७ आयु कर्म सामान्यका लक्षण
★ आयु कर्मके उदाहरण—दे. प्रकृतिबन्ध/३
८ आयुकर्मके चार भेद (नरकादि)
९ आयुकर्मके असंख्यात भेद
१० आयुकर्म विशेषके लक्षण
२ आयु निर्देश
१ आयुके लक्षण सम्बन्धी शंका
२ गतिबन्ध जन्मका कारण नही आयुबन्ध है
३ जिस भवकी आयु बँधी नियमसे वही उत्पन्न होता है
★ विग्रह गतिमे अगली आयुका उदय—दे. उदय ४
४ देव नारकियोकी बहुलताकी अपेक्षा असंख्यात वर्षायुष्क कहा है

३ आयु कर्मके बन्धयोग्य परिणाम
१ मध्यम परिणामोमें ही आयु बँधती है
२ अल्पायु बन्ध योग्य परिणाम
३ नरकायु सामान्यके बन्ध योग्य परिणाम
४ नरकायु विशेषके बन्ध योग्य परिणाम
५ कर्म भूमिज तिर्यञ्च आयुके बन्ध योग्य परिणाम
६ भोग ,, ,, ,, ,, ,, ,,
७ कर्म भूमिज मनुष्योंके बन्ध योग्य परिणाम
८ शलाका पुरुषोंकी आयुके बन्ध योग्य परिणाम
९ सुभोग भूमिजोंकी आयुके बन्ध योग्य परिणाम
१० कुभोग भूमिज मनुष्यायुके बन्ध योग्य परिणाम
११ देवायु सामान्यके बन्ध योग्य परिणाम
१२ भवनत्रिक आयु सामान्यके बन्ध योग्य परिणाम
१३ भवनवासी देवायुके बन्ध योग्य परिणाम
१४ व्यन्तर तथा नीच देवोकी आयुके बन्ध योग्य परिणाम
१५ ज्योतिष देवायुके बन्ध योग्य परिणाम
१६ कल्पवासी देवायु सामान्यके बन्ध योग्य परिणाम
१७ कल्पवासी देवायु विशेषके बन्ध योग्य परिणाम
१८ लौकान्तिक देवायुके बन्ध योग्यपरिणाम
१९ कषाय व लेश्याकी अपेक्षा आयु बन्धके २० स्थान
★ आयुके बन्धमे संक्लेश व विशुद्ध परिणामोंका स्थान —दे. स्थिति ४

४ आठ अपकर्ष काल निर्देश
१ कर्म भूमिजोंकी अपेक्षा आठ अपकर्ष
२ भोग भूमिजों तथा देव नारकियोंकी अपेक्षा ८ अपकर्ष
३ आठ अपकर्ष कालोंमे न बँधे तो अन्त समयमें बँधती है
४ आयुके त्रिभाग शेष रहनेपर ही अपकर्ष काल आने सम्बन्धी दृष्टि भेद
५ अन्तिम समयमे केवल अन्तर्मुहूर्त प्रमाण ही आयु बंधती है
६ आठ अपकर्ष कालोंमे बँधी आयुका समीकरण
७ अन्य अपकर्षमें आयु बन्धके प्रमाणमें चार वृद्धि व हानि सम्भव है
८ उसी अपकर्ष कालके सर्व समयोंमें उत्तरोत्तर हीन बन्ध होता है
★ आठ सात आदि अपकर्षोंमें आयु बाँधने वालों का अल्पबहुत्व —दे. अल्पबहुत्व ३/६/१५

५ आयके उत्कर्षण व अपवर्तन सम्बन्धी नियम
१ बद्धयमान व भुज्यमान दोनों आयुओंका अपवर्तन सम्भव है
★ भुज्यमान आयुके अपवर्तन सम्बन्धी नियम —दे. मरण ४
२ परन्तु बद्धयमान आयुकी उदीरणा नही होती
३ उत्कृष्ट आयुके अनुभागका अपवर्तन सम्भव है
४ असंख्यात वर्षायुष्को तथा चरम शरीरियोंकी आयुका अपवर्तन नही होता
★ आयुका स्थिति काण्डक घात नही होता—दे. अपकर्षण ४
५ भुज्यमान आयुपर्यन्त बद्धयमान आयुमे बाधा सम्भव है
६ चारों आयुओंका परस्परमे संक्रमण नही होता
७ सयमकी विराधनासे आयुका अपवर्तन हो जाता है
★ अकाल मृत्युमे आयुका अपवर्तन —दे. मरण ४
८ आयुका अनुभाग व स्थिति घात साथ-साथ होते हैं

६ आयुबन्ध सम्बन्धी नियम
१ तिर्यंचोंको उत्कृष्ट आयु भोगभूमि, स्वयम्भूरमण द्वीप व कर्मभूमिके चार कालोमे ही सम्भव है
२ भोगभूमिजोंमे भी आयु हीनाधिक हो सकती है
३ बद्धायुष्क व घातायुष्क देवोकी आयु सम्बन्धी स्पष्टीकरण
४ चारों गतियोमे परस्पर आयुबन्ध सम्बन्धी
५ आयुके साथ वही गति प्रकृति बँधती है
६ एक भवमे एक ही आयुका बन्ध सम्भव है
७ बद्धायुष्कोंमे सम्यक्त्व व गुणस्थान प्राप्ति सम्बन्धी
८ बद्धयमान देवायुष्कका सम्यक्त्व विराधित नही होता
९ बन्ध उदय सत्त्व सम्बन्धी सयोगी भंग
१० मिश्रयोगोंमे आयुका बन्ध सम्भव नही
★ आयुकी आबाधा सम्बन्धी —दे आबाधा

७ आयुविषयक प्ररूपणाएँ
१ नरक गति सम्बन्धी
२ तिर्यंच गति सम्बन्धी
३ एक अन्तर्मुहूर्तमे ल. अप. के सम्भव निरन्तर क्षुद्रभव
४ मनुष्य गति सम्बन्धी
५ भोग भूमिजों व कर्म भूमिजों सम्बन्धी
★ तीर्थंकरों व शलाका पुरुषोकी आयु —दे. वह वह नाम
६ देवगतिमें व्यन्तर देवो सम्बन्धी
७ देवगतिमें भवनवासियो सम्बन्धी
८ देवगतिमें ज्योतिष देवो सम्बन्धी
९ देवगतिमे वैमानिक देव सामान्य सम्बन्धी
१० वैमानिक देवोमें इन्द्रों व उनके परिवार देवों सम्बन्धी
११ वैमानिक इन्द्रों अथवा देवोंकी देवियों सम्बन्धी
१२ देवों द्वारा बन्ध योग्य जघन्य आयु

★ काय सम्बन्धी स्थिति —दे. काल ५, ६
★ भव स्थिति व काय स्थितिमें अन्तर —दे स्थिति २
★ गति अगति विषयक ओघ आदेश प्ररूपणा—दे जन्म ६
★ आयु प्रकृतियोंकी बन्ध उदय व सत्त्व प्ररूपणा तथा तत्सम्बन्धी नियम व शंका समाधान—दे 'वह वह नाम'
★ आयु प्रकरणमें ग्रहण किये गये पल्य सागर आदिका अर्थ —दे. गणित I/१/६

१. भेद व लक्षण

१. आयु सामान्यका लक्षण

रा.वा. ३/२७/३/१९१/२४ आयुर्जीवितपरिणामम्।

रा.वा ८/१०/२/५७१/१२ यस्य भावात् आत्मन जीवित भवति यस्य चाभावात् मृत इत्युच्यते तद्भवधारणमायुरित्युच्यते। —जीवनके परिणामका नाम आयु है। अथवा जिसके सद्भावसे आत्माका जीवितव्य होता है तथा जिसके अभावसे मृत्यु कही जाती है उसी प्रकार भवधारणको ही आयु कहते है।

प्र सा./त प्र १४६ भवधारणनिमित्तमायु' प्राण'। =भवधारणका निमित्त आयु प्राण है।

२. आयुष्यका लक्षण

गो.जी /भाषा २५८/५६६/१५ आयुका प्रमाण सो आयुष्य है।

३. आयु सामान्यके दो भेद (भवायु व अद्धायु)

भ.आ./वि. २५/८५/१६ तत्रायुर्द्विभेदं अद्धायुर्भवायुरिति च।· अर्थापेक्षया द्रव्याणामनाद्यनिधनं भवत्यद्धायु'। पर्यायार्थापेक्षया चतुर्विधं भवत्यनाद्यनिधनं, साद्यनिधनं, सनिधनमनादि, सादिसनिधनमिति। =आयुके दो भेद है- भवायु और अद्धायु। द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षा द्रव्योंका अद्धायु अनाद्यनिधन है अर्थात् द्रव्य अनादि कालसे चला आया है और वह अनन्त काल तक अपने स्वरूपसे च्युत न होगा, इसीलिए उसको अनादि अनिधन भी कहते है। पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षा जब विचार करते है तो अद्धायुके चार भेद होते है, वे इस प्रकार है—अनाद्यनिधन, साद्यनिधन, सनिधन अनादि, सादि सनिधनता।

४. आयु सत्त्वके दो भेद (भुज्यमान व बद्धयमान)

गो क /भाषा ३३६/४८७/१० विद्यमान जिस आयुको भोगवै सो भुज्यमान अर आगामी जाका बन्ध किया सो बद्धयमान ऐसे दोऊ प्रकार अपेक्षा करि···आयुका सत्त्व है।

५. भवायु व अद्धायुके लक्षण

भ आ./वि. २८/८५/१६ भवधारणं भवायुर्भव· शरीरं तच्च म्रियते आत्मन. आयुष्कोदयेन ततो भवधारणमायुष्काख्यं कर्म तदेव भवायुरित्युच्यते। तथा चोक्तम्—देहो भवोत्ति उच्चदि धारिज्जइ आउगेण य भवो सो। तो उच्चदि भवधारणमाउगकम्म भवाउत्ति। इति आयुर्वशेनैव जीवो जायते जीवति च आयुष एकोदयेन। अन्यस्यायुष उदये सृति मृतिमुपैति पूर्वस्य चायुष्कस्य विनाशे। तथा चोक्तम्—आउगवसेण जीवो जायदि जीवदि य आउगस्सुदये। अण्णाउगोदये वा मरदि य पुव्वाउणासे वा ॥इति॥ अद्धा शब्देन काल इत्युच्यते। आउगशब्देन द्रव्यस्य स्थिति', तेन द्रव्याणां स्थितिकाल अद्धायुरित्युच्यते इति। =१. भव धारण करना वह भवायु है। शरीरको भव कहते हैं। इस शरीरको आत्मा आयुका साहाय्य प्राप्त करके धारण करता है, अत' शरीर धारण करानेमें समर्थ ऐसे आयुकर्मको भवायु कहते है। इस विषयमें अन्य आचार्य ऐसा कहते हैं—देहको भव कहते है। वह भव आयु कर्मसे धारण किया जाता है, अत' भव धारण करानेवाले आयु कर्म को भवायु ऐसा कहा है, आयुकर्मके उदयसे ही उसका जीवन स्थिर है, और जब प्रस्तुत आयु कर्मसे भिन्न अन्य आयु कर्मका उदय होता है, तब यह जीव मरणावस्थाको प्राप्त होता है। मरण समयमें पूर्वायुका विनाश होता है। इस विषयमें पूर्वाचार्य ऐसा कहते है—कि आयु कर्मके उदयसे जीव उत्पन्न होता है और आयुकर्मके उदयसे जीता है। अन्य आयुके उदयमें मर जाता है। उस समय पूर्व आयुका विनाश हो जाता है। २ अद्धा शब्दका 'काल' ऐसा अर्थ है, और आयु शब्दसे द्रव्यकी स्थिति ऐसा अर्थ समझना चाहिए। द्रव्यका जो स्थितिकाल उसको अद्धायु कहते हैं।

६. भुज्यमान व बद्धयमान आयुके लक्षण

गो.क./भाषा ३३६/४८७/१० विद्यमान जिस आयुको भोगवे सो भुज्यमान अर आगामी जाका बन्ध किया सो बद्धयमान (आयु कहलाती है)।

७. आयुकर्म सामान्यका लक्षण

स सि. ८/३/३७८/६ प्रकृतिः स्वभाव·।···आयुषो भवधारणम्।·· तदेवलक्षणं कार्यं। =प्रकृतिका अर्थ स्वभाव है। भवधारण आयु कर्मकी प्रकृति है। इस प्रकारका लक्षण किया जाता है।

स.सि ८/४/३८०/५ इत्यनेन नारकादि भवमेत्तीत्यायु =जिसके द्वारा नारकादि भवोंको जाता है वह आयुकर्म है। (रा वा. ८/४/२/५६८/२), (गो क /जी प्र ३३/२८/११)

ध. ६/१,९-१,९/१२/१० एति भवधारणं प्रति इत्यायु। =जो भव धारणके प्रति जाता है वह आयुकर्म है। (ध १३/५,५,६८/३६२/६)।

गो. क./मू. ११/८ कम्मकयमोहवड्ढियससारम्हि य अणादिजुत्तेहि। जीवस्स अवट्ठाण करेदि आऊ हलिव्व णरं ॥११॥ =आयु कर्मका उदय है सो कर्मकरि किया अर अज्ञान असंयम मिथ्यात्व करि वृद्धिको प्राप्त भया ऐसा अनादि संसार तामैं च्यारि गतिनिमैं जीव अवस्थानको करै है। जैसे काष्ठका खोडा अपने छिद्रमें जाका पग आया होय ताकि तहाँ ही स्थिति करावै तैसे आयुकर्म जिस गति सम्बन्धी उदयरूप होइ तिस ही गति विषै जीवकी स्थिति करावै है। (द्र.सं./टी ३३/९२), (गो क./जी.प्र २०/१३)

८. आयुकर्मके चार भेद (नरकायु आदि)

त.सू. ८/१० नारकतैर्यग्योनमानुषदैवानि ॥१०॥ =नरकायु, तिर्यंचायु, मनुष्यायु और देवायु ये चार आयुकर्मके भेद हैं। (पं.सं./प्रा २/४) (ष. ख. ६,६-१/सू २५/४८), (ष ख./पु. १२/४२,१४/सू. १३/४८३), (ष ख. १३/५,५/सू. ६६/३६२) (म.ब./पु. १/४५/२८) (गो.क /जी.प्र.-३३/२८/११) (पं. सं./सं. २/२०)

९. आयु कर्मके असंख्यात भेद

ध. १२/४,२,१४,१६/४८३/३ पज्जवट्ठियणए पुण अवलंबिज्जमाणे आउअपयडी वि असंखेज्जलोगमेत्ता भवदि, कम्मोदयवियप्पाणमसखेज्जलोगमेत्ताणमुवलभादो। =पर्यायार्थिक नयका आवलम्बन करनेपर तो आयुकी प्रकृतियाँ भी असंख्यात लोकमात्र हैं। क्योंकि कर्मके उदय रूप विकल्प असंख्यात लोकमात्र पाये जाते हैं।

१०. आयुकर्म विशेषके लक्षण

स.सि ८/१०/८ नरकेषु तीव्रशीतोष्णवेदनेषु यन्निमित्त दीर्घजीवन तन्नारकम्। एव शेषेष्वपि। =तीव्र शीत उष्ण वेदनावाले नरकोंमें जिसके निमित्तसे दीर्घ जीवन होता है वह नारक आयु है। इसी प्रकार शेष आयुओंमें भी जानना चाहिए।

२. आयु निर्देश

१. आयुके लक्षण सम्बन्धी शंका

र ग. ८/१०/३/५७५/१४ स्यादेतत्—अन्नादि तन्निमित्तं तल्लाभालाभजीवितमरणदर्शनादिति, तन्न, किं कारणम्। तस्यानुग्राहकत्वात्···

अतश्चैतदेवं यत् क्षीणायुषोऽन्नादिसंनिधानेऽपि मरणं दृश्यते।... देवेषु नारकेषु चान्नाद्यभावाद् भवधारणमायुरधीनमेवेत्यवसेयम्। = प्रश्न—जीवनका निमित्त तो अन्नादिक है, क्योंकि, उसके लाभसे जीवन और अलाभसे मरण देखा जाता है? उत्तर—ऐसा नहीं है क्योंकि अन्नादि तो आयुके अनुग्राहकमात्र हैं, मूल कारण नहीं है। क्योंकि आयुके क्षीण हो जानेपर अन्नादिको प्राप्तिमें भी मरण देखा जाता है। फिर सर्वत्र अन्नादिक अनुग्राहक भी तो नहीं होते, क्योंकि देवों और नारकियोंके अन्नादिकका आहार नहीं होता है। अतः यह सिद्ध होता है कि भवधारण आयुके ही आधीन है।

२ गतिबन्ध जन्मका कारण नहीं आयुबन्ध है

ध.१/१,१,८३/३२४/५ नापि नरकगतिकर्मणः सत्त्वं तस्य तत्रोत्पत्तेः कारणं तत्सत्त्व प्रत्यविशेषतः सकलपञ्चेन्द्रियाणामपि नरकप्राप्ति प्रसङ्गात्। नित्यनिगोदानामपि विद्यमानत्रसकर्मणां त्रसेषूत्पत्तिप्रसङ्गात्। =नरकगतिका सत्त्व भी (सम्यग्दृष्टिके) नरकमें उत्पत्तिका कारण कहना ठीक नहीं है, क्योंकि, नरकगतिके सत्त्वके प्रति कोई विशेषता न होनेसे सभी पंचेन्द्रियोंको नरकगतिका प्रसंग आ जायेगा। तथा नित्य निगोदिया जीवोंके भी त्रसकर्मकी सत्ता विद्यमान रहती है, इसलिए उनको भी त्रसोंमें उत्पत्ति होने लगेगी।

३ जिस भवकी आयु बँधी नियमसे वहीं उत्पन्न होता है

रा वा. ८/२१/१/५८३/१८ न हि नरकायुर्मुखेन तिर्यगायुर्मनुष्यायुर्वा विपच्यते। =‘नरकायु’ नरकायु रूपसे ही फल देगी तिर्यंचायु वा मनुष्यायु रूपसे नहीं।

ध. १०/४,२,४,४०/२३६/३ जिस्से गईए आउअ बद्धं तत्थेव णिच्छएण उप्पज्जदि त्ति। =जिस गतिकी आयु बाँधी गयी है। निश्चयसे वहाँ ही उत्पन्न होता है।

४. देव व नारकियोंको बहुलताकी अपेक्षा असंख्यात वर्षायुष्क कहा गया है

ध. ११/४,२,६,८/१०/१ देवणेरइएसु संखेज्जवासाउसत्तमिदि भणिदे सच्चं ण ते असंखेज्जवासाउआ, किंतु संखेज्ज वासाउआ चेव; समयाहियपुव्वकोडिप्पहुडि उवरिमआउअवियप्पाण असंखेज्जवासाउअत्तब्भुवगमादो। कधं समयाहियपुव्वकोडीए संखेज्जवासाए असंखेज्जवासत्तं। ण, रायरुक्खो व रूढिबलेण परिचत्तसगट्ठस्स असंखेज्जवस्सट्ठस्स आउअविसेसम्मि वट्टमाणस्स गहणादो। =

प्रश्न—देव व नारकी तो संख्यात वर्षायुक्त भी होते हैं, फिर यहाँ उनका ग्रहण असंख्यात वर्षायुष्क पदसे कैसे सम्भव है? उत्तर—इस शंकाके उत्तरमें कहते हैं कि सचमुचमें वे असंख्यात वर्षायुष्क नहीं हैं, किन्तु संख्यात वर्षायुष्क ही हैं। परन्तु यहाँ एक समय अधिक पूर्व कोटिको आदि लेकर आगेके आयु विकल्पोंको असंख्यातवर्षायुके भीतर स्वीकार किया गया है। प्रश्न—एक समय अधिक पूर्व कोटिके असंख्यातवर्षरूपता कैसे सम्भव है? उत्तर—नहीं, क्योंकि, राजवृक्ष (वृक्षविशेष) के समान ‘असंख्यात वर्ष’ शब्द रूढिवश अपने अर्थको छोड़कर आयुविशेषमें रहनेवाला यहाँ ग्रहण किया गया है।

३. आयुकर्मके बन्धयोग्य परिणाम

१. मध्यम परिणामोंमें ही आयु बँधती है

ध. १२/४,२,७,३२/२७/१२ अइजहण्णा आउअबंधस्स अप्पाओग्गा। अइमहल्ला वि अप्पाओग्ग चेव, सभावियादो तत्थ दोण्णं विच्चाले ट्ठिया परियत्तमाणमज्झिमपरिणामा बुच्चंति। =अति जघन्य परिणाम आयु बन्धके अयोग्य हैं। अत्यन्त महान् परिणाम भी आयु बन्धके अयोग्य ही हैं क्योंकि ऐसा स्वभाव है। किन्तु उन दोनोंके मध्यमें अवस्थित परिणाम परिवर्तमान मध्यम परिणाम कहलाते हैं। (उनमें यथायोग्य परिणामोंसे आयु बन्ध होता है।)

गो. क. मू ५१८/९१३ लेस्साणं खलु अंसा छव्वीसा होंति तत्थमज्झिमया। आउगबंधणजोग्गा अट्ठट्ठवगरिसकालभवा। =लेश्यानिके छब्बीस अंश हैं तहाँ छहौ लेश्यानिकै जघन्य, मध्यम, उत्कृष्ट भेदकरि अठारह अंश हैं, बहुरि कापोत लेश्याके उत्कृष्ट अंश तैं आगै अर तेजो लेश्याके उत्कृष्ट अंश तैं पहिलै कषायनिका उदय स्थाननिविषै आठ मध्यम अंश हैं ऐसैं छब्बीस अंश भए। तहाँ आयु कर्मके बन्ध योग्य आठ मध्यम अंश जानने। (रा. वा. ४/२२/१०/२४०/१)

गो. क /जी. प्र. ५४६/७२६/२१ अशेषक्रोधकषायानुभागोदयस्थानान्यसंख्यातलोकमात्रषड्ढानिवृद्धिपतितासंख्यातलोकमात्राणि तेष्वसंख्यातलोकभक्तबहुभागमात्राणि सक्लेशस्थानानि तदेकभागमात्राणि विशुद्धस्थानानि। तेषु लेश्यापदानि चतुर्दशलेश्याशा षड्विंशति'। तत्र मध्यमा अष्टौ आयुर्बन्धनिबन्धना.। =समस्त क्रोध कषाय के अनुभाग रूप उदयस्थान असंख्यात लोकमात्र षट्स्थानपतित हानि वृद्धि लिये असंख्यात लोकप्रमाण है। तिनकौ यथायोग्य असंख्यात लोकका भाग दिए तहाँ एक भाग बिना बहुभाग प्रमाण तौ संक्लेश स्थान हैं। एक भाग प्रमाण विशुद्धिस्थान है। तिन विषै लेश्यापद चौदह हैं। लेश्यानिके अंश छब्बीस है। तिन विषै मध्यके आठ अंश आयुके बन्धको कारण हैं।

२ अल्पायुके बन्ध योग्य परिणाम

भ. आ./वि ४४६/६५४/४ सदा परप्राणिघातोद्यतस्तदीयप्रियजीवितविनाशनात् प्रायेणाल्पायुरेव भवति। =जो प्राणी हमेशा पर जीवोंका घात करके उनके प्रिय जीवितका नाश करता है वह प्रायः अल्पायुषी ही होता है।

३. नरकायु सामान्यके बन्ध योग्य परिणाम

त सू ६/१५,१६ बह्वारम्भपरिग्रहत्वं नारकस्यायुष ॥१५॥ निश्शीलव्रतित्वं च सर्वेषाम् ॥१६॥ =बहुत आरम्भ और बहुत परिग्रहवालेका भाव नरकायुका आस्रव है ॥१५॥ शीलरहित और व्रतरहित होना सब आयुओंका आस्रव है ॥१६॥

स. सि. ६/१५/३३३/६ हिंसादिक्रूरकर्मानुसप्रवर्तनपरस्वहरणविषयातिगृद्धिकृष्णलेश्याभिजातरौद्रध्यानमरणकालतादिलक्षणो नारकस्यायुष आस्रवो भवति। =हिंसादि क्रूर कार्योंमें निरन्तर प्रवृत्ति, दूसरेके धनका हरण, इन्द्रियोंके विषयोंमें अत्यन्त आसक्ति, तथा मरनेके समय कृष्णलेश्या और रौद्रध्यान आदिका होना नरकायुके आस्रव है।

ति. प. ३/२६३-२६४ आउस्स बंधसमए सिलाव्व सेलो वेणूमूले य। किमिरायकसायाणं उदयम्मि बंधेदि णिरयाउ ॥२६३॥ किण्हाय णीलकाऊणुदयादो बंधिऊण णिरयाऊ। मरिऊण तत्थि जुत्तो पावइ णिरयं महाघोरं ॥२६४॥ =आयु बन्धके समय सिलकी रेखाके समान क्रोध, शलके समान मान, बाँसकी जडके समान माया, और कृमिरागके समान लोभ कषायका उदय होनेपर नरक आयुका बन्ध होता है ॥२६३॥ कृष्ण नील अथवा कापोत इन तीन लेश्याओंका उदय होनेसे नरकायुको बांधकर और मरकर उन्हीं लेश्याओंसे युक्त होकर महाभयानक नरकको प्राप्त करता है ॥२६४॥

त सा. ४/३०-३४ उत्कृष्टमानता शैलराजीसदृशरोषता। मिथ्यात्वं तीव्रलोभत्वं नित्यं निरनुकम्पता ॥३०॥ अजस्रं जीवघातित्वं सततानृतवादिता। परस्वहरणं नित्यं नित्यं मैथुनसेवनम् ॥३१॥ कामभोगाभिलाषाणां नित्यं चातिप्रवृद्धता। जिनस्यासादनं साधुसमयस्य च भेदनम् ॥३२॥ मार्जारताम्रचूडादिपापीयः प्राणिपोषणम्। नैशील्यं च महारम्भपरिग्रहतया सह ॥३३॥ कृष्णलेश्यापरिणतं रौद्रध्यानं चतुर्विधम्। आयुषो नारकस्येति भवन्त्यास्रवहेतवः ॥३४॥ =कठोर पत्थरके समान तीव्रमान, पर्वतमालाओंके समान अभेद्य क्रोध रखना, मिथ्यादृष्टि होना, तीव्र लोभ होना सदा निर्दयी बने रहना, सदा जीवघात करना, सदा ही झूठ बोलनेमें प्रेम मानना, सदा परधन

हरनेमें लगे रहना, निरंतर मैथुन सेवन करना, काम भोगोंकी अभिलाषा सदा ही जाज्वल्यमान रखना, जिन भगवान्‌की आसादना करना, साधु धर्मका उच्छेद करना, बिल्ली, कुत्ते, मुर्गे इत्यादि पापी प्राणियोंको पालना, शीलव्रत रहित बने रहना और आरम्भ परिग्रहको अति बढाना, कृष्ण लेश्या रहना, चारों रौद्रध्यानमें लगे रहना, इतने अशुभ कर्म नरकायुके आस्रव हेतु है। अर्थात् जिन कर्मोंको क्रूरकर्म कहते है और जिन्हे व्यसन कहते है, वे सभी नरकायुके कारण है। (रा. वा. ६/१५/३/५२५/३१) (म पु १०/२२-२७)

गो.क./मू. ८०४/९८२ मिच्छो हु महारंभो णिस्सीलो तिव्वलोहसंजुत्तो। णिरयाउगं णिबंधइ पावमई रुद्दपरिणामो ॥८०४॥ =जो जीव मिथ्यातमरूप मिथ्यादृष्टि होइ, बहुत आरंभी होइ, शील रहित होइ, तीव्र लोभ संयुक्त होइ, रौद्र परिणामी होइ, पाप कार्य विषै जाकी बुद्धि होइ सो जीव नरकायुको बाँधै है।

४. नरकायु विशेषके बन्धयोग्य परिणाम

ति प. २/२९६,२९८,३०१ धम्मदयापरिचत्तो अमुक्करो पयडकलहयरो। बहुकोही किण्हाए जम्मदि धूमादि चरिमंते ॥२९६॥ । बहुसण्णा णीलाए जम्मदि तं चेव धूमंतं ॥२९८ । काऊए संजुत्तो जम्मदि धम्मादिमेघंतं ॥३०॥ =दया, धर्मसे रहित, वैरको न छोडने वाला, प्रचंड कलह करने वाला और बहुत क्रोधी जीव कृष्ण लेश्याके साथ धूमप्रभासे लेकर अन्तिम पृथ्वी तक जन्म लेता है ॥२९६॥ । आहारादि चारों संज्ञाओंमें आसक्त ऐसा जीव नील लेश्याके साथ धूमप्रभा पृथ्वी तकमें जन्म लेता है ॥२९८॥ । कापोत लेश्यासे संयुक्त होकर धर्मासे लेकर मेघा पृथ्वी तकमें जन्म लेता है।

५. कर्मभूमिज तिर्यंच आयुके बन्धयोग्य परिणाम

त सू ६/१६ माया तैर्यग्योनस्य ॥१६॥ =माया तिर्यंचायुका आस्रव है।

स.सि. ६/१६/३३४/३ तत्प्रपञ्चो मिथ्यात्वोपेतधर्मदेशना नि शीलतातिसन्धानप्रियता नीलकापोतलेश्यार्तध्यानमरणकालतादि । =धर्मोपदेशमें मिथ्या बातोंको मिलाकर उनका प्रचार करना, शीलरहित जीवन बिताना, अति संधानप्रियता तथा मरणके समय नील व कापोत लेश्या और आर्त ध्यानका होना आदि तिर्यंचायुके आस्रव है।

रा. वा. ६/१६/१/५२६/८ प्रपञ्चस्तु — मिथ्यात्वोपष्टम्भ-धर्मदेशना-नृषारम्भपरिग्रहा-तिनिकृति-कूटकर्म वनिभेदमदृश-रागनि.शीलता - शब्दलिङ्गवञ्चना-तिसन्धानप्रियता-भेदकरण-नर्थोद्भावन-वर्णगन्ध-रसस्पर्शान्यत्वापादन-जातिकुलशीलसदूषण-विसंवादनाभिसन्धिमिथ्याजीविस्व-सद्गुणव्यपलोपा-सद्गुणख्यापन-नीलकापोतलेश्यापरिणाम-आर्तध्यानमरणकालतादिलक्षण प्रत्येतव्य.। =मिथ्यात्वयुक्त अधर्मका उपदेश, बहु आरम्भ, बहुपरिग्रह, अतिवंचना, कूटकर्म, पृथ्वीकी रेखाके समान रोषादि, नि शीलता, शब्द और संकेतादिसे परिवंचनाका षड्यन्त्र, छल-प्रपञ्चकी रुचि, भेद उत्पन्न करना, अनर्थोद्भावन, वर्ण, रस, गन्ध आदिको विकृत करनेकी अभिरुचि, जातिकुलशीलदूषण, विसंवाद रुचि, मिथ्याजीविस्व, सद्गुण लोप, असद्गुणख्यापन, नीलकापोतलेश्या रूप परिणाम, आर्तध्यान, मरण समयमें आर्त रौद्र परिणाम इत्यादि तिर्यंचायुके आस्रवके कारण है। (त. सा. ४/३५-३६) (और भी देखो आगे आयु ३/१२)

गो क /मू.८०५/९८२ उम्मग्गदेसगो मग्गणासगो गूढहियमाइल्लो। सठसीलो य ससल्लो तिरियाउं बधदे जीवो ॥८०५॥ =जो जीव विपरीत मार्गका उपदेशक होई, भलामार्गका नाशक होई, गूढ और जाननेमें न आवै ऐसा जाका हृदय परिणाम होइ, मायावी कपटी होई अर शठ मूर्खता संयुक्त जाका सहज स्वभाव होइ, शल्यकरि संयुक्त होइ सो जीव तिर्यंच आयुको बाँधै है।

६. भोग भूमिज तिर्यंच आयुके बन्धयोग्य परिणाम

ति. प. ४/३७२-३७४ दादूण केइ दाणं पत्तविसेसेसु के वि दाणाणं अणुमोदणेण तिरिया भोगखिदीए वि जायंति ॥३७२॥ गहिदूण जिणलिंगं संजमसम्मत्तभावपरिचत्ता । मायाचारपयट्टा चारित्तं णासयंति जे पावा ॥३७३॥ दादूण कुलिंगीणं णाणादाणाणि जे णरा मुद्धा। तव्वेसधरा केई भोगमहीए हवंति ते तिरिया ॥३७४॥ =कोई पात्र विशेषोंको दान देकर और कोई दानोंकी अनुमोदना करके तिर्यंच भी भोगभूमिमें उत्पन्न होते है ॥३७२॥ जो पापी जिनलिंगको (मुनिव्रत) को ग्रहण करके संयम एवं सम्यक्त्व भावको छोड देते हैं और पश्चात् मायाचारमें प्रवृत्त होकर चारित्रको नष्ट कर देते हैं; तथा जो कोई मूर्ख मनुष्य कुलिंगियों को नाना प्रकारके दान देते हैं या उनके भेषको धारण करते है वे भोग-भूमिमें तिर्यंच होते हैं।

७ कर्मभूमिज मनुष्यायुके बन्धयोग्य परिणाम

त सू. ६/१७-१८ अल्पारम्भपरिग्रहत्वं मानुषस्य ॥१७॥ स्वभावमार्दवं च ॥१८॥ =अल्प आरम्भ और अल्प परिग्रह वालेका भाव मनुष्यायुका आस्रव है ॥१७॥ स्वभावकी मृदुता भी मनुष्यायुका आस्रव है।

स सि ६/१७-१८/३३४/८ नारकायुरास्रवो व्याख्यातः। तद्विपरीतो मानुषस्यायुष इति संक्षेपः। तद्व्यासः—विनीतस्वभावः प्रकृतिभद्रता प्रगुणव्यवहारता तनुकषायत्वं मरणकालासंक्लेशतादि. ॥१७॥...स्वभावेन मार्दवम्। उपदेशानपेक्षमित्यर्थः। एतदपि मानुषस्यायुष आस्रवः। =नरकायुका आस्रव पहले कह आये हैं। उससे विपरीत भाव मनुष्यायुका आस्रव है। संक्षेपमें यह सूत्रका अभिप्राय है। उसका विस्तारसे खुलासा इस प्रकार है—स्वभावका विनम्र होना, भद्र प्रकृतिका होना, सरल व्यवहार करना, अल्प कषायका होना तथा मरणके समय संक्लेश रूप परिणतिका नहीं होना आदि मनुष्यायुके आस्रव है। स्वभावसे मार्दव स्वभाव मार्दव है। आशय यह है कि बिना किसीके समझाये बुझाये मृदुता अपने जीवनमें उतरी हुई हो इसमें किसीके उपदेशकी आवश्यकता न पडे। यह भी मनुष्यायुका आस्रव है। (रा. वा ६/१८/१/५२६/२३)

रा. वा ६/१७/१/५२६/१५ मिथ्यादर्शनालिङ्गितामति-विनीतस्वभावता-प्रकृतिभद्रता-मार्दवार्जवसमाचारसुखप्रज्ञापनीयता मालुकारेखाराजिसदृशरोष-प्रगुणव्यवहारप्रायताऽल्पारम्भपरिग्रह—संतोषाभिरति - प्राण्युपघातविरमणप्रदोषविकर्मनिवृत्ति - स्वागताभिभाषणामौखर्यप्रकृतिमधुरता - लोकयात्रानुग्रह - औदासीन्यानसूयाल्पसंक्लेशता - गुरुदेवतातिथिपूजासंविभागशीलता-कपोतपीतलेश्योपश्लेष-धर्मध्यानमरणकालतादिलक्षण । =भद्रमिथ्यात्व विनीत स्वभाव, प्रकृतिभद्रता, मार्दव आर्जव परिणाम, सुख समाचार कहनेकी रुचि, रेतकी रेखाके समान क्रोधादि, सरल व्यवहार, अल्पपरिग्रह, सन्तोष सुख, हिंसाविरक्ति, दुष्ट कार्योंसे निवृत्ति, स्वागततत्परता, कम बोलना, प्रकृति मधुरता, लोकयात्रानुग्रह, औदासीन्यवृत्ति, ईर्षारहित परिणाम, अल्पसंक्लेश, देव-देवता तथा अतिथि पूजामें रुचि दानशीलता, कपोतपीत लेश्यारूप परिणाम, मरण कालमें धर्मध्यान परिणति आदि मनुष्यायुके आस्रव कारण हैं।

रा वा. ६/२०/१५२७/१५ अव्यक्तसामायिक-विराधितसम्यग्दर्शनता भवनाद्यायुष महर्द्धिकमानुषस्य वा। =अव्यक्त सामायिक और सम्यग्दर्शनकी विराधना आदि महर्द्धिक मनुष्यकी आयुके आस्रवके कारण है। (और भी दे. आयु ३/१२)

भ आ./वि ४४६/६५२/१३ तत्र ये हिंसादय परिणामा मध्यमास्ते मनुजगतिनिर्वर्तका बालिकाराज्या, दारुणा, गोमूत्रिकया, कर्दमरागेण च समाना यथासख्येन क्रोधमानमायालोभा. परिणामा। जीवघातं कृत्वा हा दुष्ट कृतं, यथा दुःखं मरणं वास्माकं अप्रियं तथा सर्वजीवानां। अहिंसा शोभना वस्तु असमर्था हिंसादिकं परिहर्तुमिति च परिणाम। मृषापरदोषसूचकं परगुणानामसहनं वचनं वासज्जनाचार'। साधुनामयोग्यवचने दुर्व्यापारे च प्रवृत्तानां का नाम साधुतास्माकमिति परिणाम'। तथा शस्त्रप्रहारादप्यर्थं परद्रव्यापहरणं, द्रव्यविनाशो हि सकलकुटुम्बविनाशो, नेतरत् तस्माद्दुष्टकृतं

परधनहरणमिति परिणाम· । परदारादिलङ्घनमस्माभि· कृत तदतीचाशोभनं । यथास्मद्दाराणां परैर्ग्रहणे दु·खमात्मसाक्षिक तद्वत्तेषामिति परिणाम· । यथा गङ्गादिमहानदीनां अनवरतप्रवेशेऽपि न तृप्ति· सागरस्यैवं द्रविणेनापि जीवस्य संतोषो नास्तीति परिणाम· । एवमादि परिणामानां दुर्लभता अनुभवसिद्धैव । —इन (तीव्र, मध्यम व मन्द) परिणामोंमें जो मध्यम हिंसादि परिणाम हैं वे मनुष्यपनाके उत्पादक हैं। (तहाँ उनका विस्तार निम्न प्रकार जानना)

१. चारों कषायोंकी अपेक्षा—बालुकामें खिंची हुई रेखाके समान क्रोध परिणाम, लकड़ीके समान मान परिणाम, गोमूत्राकारके समान माया परिणाम, और कीचड़के रंगके समान लोभ परिणाम ऐसे परिणामोंसे मनुष्यपनाकी प्राप्ति होती है।

२. हिंसा की अपेक्षा—जीव घात करनेपर, हा। मैंने दुष्ट कार्य किया है, जैसे दुःख व मरण हमको अप्रिय हैं सम्पूर्ण प्राणियोंको भी उसी प्रकार वह अप्रिय है, जगतमें अहिंसा ही श्रेष्ठ व कल्याणकारिणी है। परन्तु हम हिंसादिकोंका त्याग करनेमें असमर्थ हैं। ऐसे परिणाम···

३ असत्यकी अपेक्षा—झूठे पर दोषोंको कहना, दूसरोंके सद्गुण देखकर मनमें द्वेष करना, असत्य भाषण करना यह दुर्जनोंका आचार है। साधुओंके अयोग्य ऐसे निंद्य भाषण और खोटे कामोंमें हम हमेशा प्रवृत्त हैं, इसलिए हममें सज्जनपना कैसा रहेगा? ऐसा पश्चात्ताप करना रूप परिणाम।

४. चोरीकी अपेक्षा—दूसरोंका धन हरण करना, यह शस्त्रप्रहारसे भी अधिक दुःख दायक है, द्रव्यका विनाश होनेसे सर्वकुटुम्बका ही विनाश होता है, इसलिए मैंने दूसरोंका धन हरण किया है सो अयोग्य कार्य हमसे हुआ है, ऐसे परिणाम।

५ ब्रह्मचर्यकी अपेक्षा—हमारी स्त्रीका किसीने हरण करनेपर जैसा हमको अतिशय कष्ट दिया है वैसा उनको भी होता है यह अनुभवसे प्रसिद्ध है। ऐसे परिणाम होना।

६. परिग्रहकी अपेक्षा—गंगादि नदियाँ हमेशा अपना अनन्त जल लेकर समुद्रमें प्रवेश करती है तथापि समुद्रकी तृप्ति होती ही नहीं। यह मनुष्य प्राणी भी धन मिलनेसे तृप्त नहीं होता है। इस तरहके परिणाम दुर्लभ है। ऐसे परिणामोंसे मनुष्यपनाकी प्राप्ति होती है।

गो.क/मू ८०६/९८३ पयडीए तणुकसाओ दाणरदीसीलसंजमविहीणो। मज्झिमगुणेहिं जुत्तो मणुवाउं बधदे जीवो ॥८०६॥ —जो जीव विचार बिना प्रकृति स्वभाव ही करि मंद कषायी होइ, दानविषै प्रीतिसंयुक्त होइ, शील संयम कर रहित होइ, न उत्कृष्ट गुण न दोष ऐसे मध्यम गुणनिकरि संयुक्त होइ सो जीव मनुष्यायु कौं बाँधै है।

८. शलाकापुरुषोंकी आयुके बन्धयोग्य परिणाम

ति. प.४/५०४-५०६ एदे चउदस मणुओ पदिसुदिपहुदि हु णाहिरायंता। पुव्वभवम्मि विदेहे राजकुमारा महाकुले जादा ॥५०४॥ कुसला दाणादीसुं संजमतवणाणवंतपत्ताणं। णियजोग्गअणुट्ठाणा मद्दवअज्जवगुणेहिं संजुत्ता ॥५०५॥ मिच्छत्त भावणाए भोगाउं बधिऊण ते सव्वे। पच्छा खाइयकम्मं गेण्हंति जिणिंदचरणमूलम्हि ॥५०६॥ —प्रतिश्रुतिको आदि लेकर नाभिराय पर्यन्तमें चौदह मनु पूर्वभवमें विदेह क्षेत्रके भीतर महाकुलमें राजकुमार थे ॥५०४॥ वे सब संयम तप और ज्ञानसे युक्त पात्रोंके लिए दानादिकके देनेमें कुशल, अपने योग्य अनुष्ठानसे संयुक्त, और मार्दव आर्जव गुणोंसे सहित होते हुए पूर्वमें मिथ्यात्व भावनासे भोगभूमिकी आयुको बाँधकर पश्चात् जिनेन्द्र भगवान्के चरणोंके समीप क्षायिक सम्यक्त्वको ग्रहण करते है ॥५०५-५०६॥

९. सुभोग भूमिज मनुष्यायुके बन्धयोग्य परिणाम

ति. प.४/३६५-६७१ भोगमहीए सव्वे जायंते मिच्छभावसंजुत्ता। मंदकसायामाणुवा पेसुण्णासूयदव्वपरिहीणा ॥३६५॥ वज्जिद मसाहारा मधुमज्जोदुंबरेहिं परिचत्ता। सच्चजुदा मदरहिदा वारियपरदारपरिहीणा ॥३६६॥ गुणधरगुणेसु रत्ता जिणपूजं जे कुणंति परवसतो। उववासतणुसरीरा अज्जवपहुदीहिं सपण्णा ॥३६७॥ आहारदाणणिरदा जदीसु वरविविहजोगजुत्तेसुं। विमलतरसंजमेसु य विमुक्कगंथेसु भत्तीए ॥३६८॥ पुव्वं बद्धणराऊ पच्छा तित्थयरपादमूलम्मि। पाविदखाइयसम्मा जायंते केइ भोगभूमीए ॥३६९॥ एवं मिच्छाइट्ठि णिग्गंथाणं जदीण दाणाइ। दादूण पुण्णपाके भोगमही केइ जायंति ॥३७०॥ आहाराभयदाणं विविहोसहपोत्थयादिदाणं। सेसे णाणोवयणं दादूणं भोगभूमि जायते ॥३७१॥ —भोग भूमिमें वे सब जीव उत्पन्न होते हैं जो मिथ्यात्व भावसे युक्त होते हुए भी, मन्दकषायी हैं, पैशुन्य एवं असूयादि द्रव्योंसे रहित हैं, मांसाहारके त्यागी है, मधु मद्य और उदुम्बर फलोंके भी त्यागी हैं, सत्यवादी हैं, अभिमानसे रहित है, वेश्या और परस्त्रीके त्यागी है, गुणियोंके गुणोंमें अनुरक्त हैं, पराधीन होकर जिनपूजा करते हैं, उपवास से शरीरको कृश करनेवाले है, आर्जव आदिसे सम्पन्न है, तथा उत्तम एवं विविध प्रकारके योगोंसे युक्त, अत्यन्त निर्मल सम्यक्त्वके धारक और परिग्रहसे रहित, ऐसे यतियोंको भक्तिसे आहार देनेमें तत्पर हैं ॥३६५-३६८॥ जिन्होंने पूर्व भवमें मनुष्यायुको बाँध लिया है, पश्चात् तीर्थंकरके पाद मूलमें क्षायिक सम्यक्दर्शन प्राप्त किया है, ऐसे कितने ही सयम्कदृष्टि पुरुष भी भोगभूमिमें उत्पन्न होते हैं ॥३६९॥ इस प्रकार कितने ही मिथ्यादृष्टि मनुष्य निग्रन्थ यतियोंको दानादि देकर पुण्यका उदय आनेपर भोगभूमिमें उत्पन्न होते है ॥३७०॥ शेष कितने ही मनुष्य आहार दान, अभयदान, विविध प्रकारकी औषध तथा ज्ञानके उपकरण पुस्तकादिके दानको देकर भोगभूमिमें उत्पन्न होते है।

१०. कुभोग भूमिज मनुष्यायुके बन्धयोग्य परिणाम

ति.प /४/२५००-२५११ मिच्छत्तम्मि रत्ताण मंदकसाया पियंवदा कुडिला धम्मफलं मग्गंता मिच्छादेवेसु भत्तिपरा ॥२५००॥ सुद्धोदणसलिलोदणकंजियअसणादिकट्ठसुकिलिट्ठा। पंचग्गितवं विसमं कायकिलेसं च कुव्वंता ॥२५०१॥ सम्मत्तरयणहीणा कुमाणुसा लवणजलधिदीवेसुं। उपज्जंति अधण्णा अण्णाणजलम्मिमज्जंता ॥२५०२॥ अदिमाणगव्विदा जे साहूणकुणंति किंचि अवमाणं। सम्मत्ततवजुदाणं जे णिग्गंथाणं दूसणा देंति ॥२५०३॥ जे मायाचाररदा सजमतवजोगवज्जिदा पावा। इड्ढिरससादगारवगरुवा जे मोहमावण्णा ॥२५०४॥ थूलसुहुमादिचारं जे णालोचंति गुरुजणसमीवे। सज्झाय वंदणाओ जे गुरुसहिदा ण कुव्वंति ॥२५०५॥ जे छड्डिय मुणिसघं वसंति एक्काकिणो दुराचारा। जे कोहेण य कलहं सव्वेसिंतो पकुव्वंति ॥२५०६॥ आहारसण्णसत्ता लोहकसाएण जणिदमोहा जे। धरि ऊण जिणलिंग पाव कुव्वंति जे घोर ॥२५०७॥ जे कुव्वंति ण भत्ति अरहंताणं तहेव साहूण। जे वच्छल्लविहीणा चाउव्वण्णम्मि संघम्मि ॥२५०८॥ जे गेण्हंति सुवण्णप्पहुदिं जिणलिंगं धारिणो हिट्ठा। कण्णाविवाहपहुदिं संजदरूवेण जे पकुव्वंति ॥२५०९॥ जे भुजंति विहिणा भोयणं घोर पावसंलग्गा। अण्ण अण्णदरुदयादो सम्मत्तं जे विणासंति ॥२५१०॥ ते कालवस पत्ता फलेण पावाण विसमपाकाण। उप्पज्जंति कुरूवा कुमाणुसा जलहिदिवेसुं ॥२५११॥ —मिथ्यात्वमें रत, मन्द कषायी, प्रिय बोलनेवाले, कुटिल, धर्म फलको खोजनेवाले, मिथ्यादेवोंकी भक्तिमें तत्पर, शुद्ध ओदन, सलिलोदन व कांजी खानेके कष्टसे संक्लेशको प्राप्त विषम पचाग्नि तप, व कायक्लेशको करनेवाले, और सम्यक्त्वरूपी रत्नसे रहित अधन्य जीव अज्ञानरूपी जलमें डूबते हुए लवणसमुद्रके द्वीपोंमें कुमानुष उत्पन्न होते है ॥२५००-२५०२॥ इसके अतिरिक्त जो लोग तीव्र अभिमानसे गर्वित होकर सम्यक्त्व व तपसे युक्त साधुओंका किंचित् भी अपमान करते है, जो दिगम्बर साधुओंकी निन्दा करते है, जो पापी संयम तप व प्रतिमायोगसे रहित होकर मायाचारमें रत रहते है, जो ऋद्धि रस और सात इन तीन गारवोंसे महान् होते हुए मोहको प्राप्त है जो स्थूल व सूक्ष्म दोषोंकी गुरुजनोंके समीपमें आलोचना नहीं करते है, जो गुरुके साथ स्वध्याय व वन्दना कर्मको नहीं करते हैं, जो दुराचारी मुनि संघको छोड़कर एकाकी रहते है, जो क्रोधसे सबसे कलह करते है, जो आहार संज्ञामें आसक्त

व लोभ कषायसे मोहको प्राप्त होते है, जो जिनलिंगको धारण कर घोर पापको करते है, जो अरहन्त तथा साधुओंकी भक्ति नहीं करते है, जो चातुर्वर्ण्य संघके विषयमें वात्सल्य भावसे विहीन होते है, जो जिनलिंगके धारी होकर स्वर्णादिकको हर्षसे ग्रहण करते है, जो संयमीके वेषमें कन्याविवाहादिक करते है, जो मौनके बिना भोजन करते हैं, जो घोर पापमें संलग्न रहते है, जो अनन्तानुबन्धी चतुष्टयमें-से किसी एकके उदित होनेसे सम्यक्त्वको नष्ट करते है, वे मृत्युको प्राप्त होकर विषम परिपाकवाले पापकर्मोके फलसे समुद्रके इन द्वीपोंमें कुत्सित रूपसे कुमानुष उत्पन्न होते है॥२५०३-२५११॥(ज प १०/५६-७६) (त्रि सा १२२-१२४)

११ देवायु सामान्यके बन्धयोग्य परिणाम

त सू /६/२०-२१ सरागसंयमसंयमासंयमाकामनिर्जराबालतपांसि दैवस्य ॥२०॥सम्यक्त्वं च ॥२१॥ = सरागसंयम, संयमासंयम, अकाम-निर्जरा और बालतप ये देवायुके आस्रव है ॥२०॥ सम्यक्त्व भी देवायु-का आस्रव है ॥२१॥

स. सि ६/१८/३३४/१२ स्वभावमार्दवं च ॥१८॥ एतदपि मानुषस्यायुष आस्रव। पृथग्योगकरण किमर्थम्। उत्तरार्थम्, देवायुष आस्रवोऽयमपि यथा स्यात। = स्वभावकी मृदुता भी मनुष्यायुका आस्रव है। = प्रश्न-- इस सूत्रको पृथक् क्यों बनाया। उत्तर--स्वभावकी मृदुता देवायुका भी आस्रव है इस बातके बतलाने के लिए इस सूत्रको अलग बनाया है। (रा वा ६/१८/१-२/५२६/२४)

त सा ४/४२-४३ आकामनिर्जराबालतपो मन्दकषायता। सुधर्मश्रवण दान तथायतनसेवनम् ॥४२॥सरागसंयमश्चैव सम्यक्त्व देशसंयम। इति देवायुषो ह्येते भवन्त्यास्रवहेतव ॥ = बालतप व अकामनिर्जराके होनेसे, कषाय मन्द रखनेसे, श्रेष्ठ धर्मको सुननेसे, दान देनेसे, आयुतन सेवी बननेसे, सराग साधुओंका संयम धारण करनेसे, देशसंयम धारण करनेसे, सम्यग्दृष्टि होनेसे, देवायुका आस्रव होता है।

गो. क /मू. ८०७/९८३ अणुव्वदमहव्वदेहिं य बालतवाकामणिज्जराए य। देवाउगं णिबंधइ सम्माइट्ठी य जो जीवो ॥ = जो जीव सम्यग्दृष्टि है, सो केवल सम्यक्त्व करि साक्षात् अणुव्रत महाव्रतनिकरि देवायुकौ बाँधै है बहुरि जो मिथ्यादृष्टि जीव है सो उपचाररूप अणुव्रत महाव्रतनिकरि वा अज्ञानरूप बाल तपश्चरण करि वा बिना इच्छा बन्धादिकतैं भई ऐसी आकाम निर्जराकरि देवायुकौ बाँधे है।

१२. भवनत्रिकायु सामान्यके बन्धयोग्य परिणाम

स. सि. ६/२१/३३६/६ तेन सरागसंयमसंयमासंयमावपि भवनवास्याद्यायुष आस्रवौ प्राप्नुत'। नैष दोष सम्यक्त्वाभावे सति तद्व्यपदेशाभावात्त-दुभयमप्यन्तर्भवति। = प्रश्न--सरागसंयम और संयमासंयम ये भवनवासी आदिकी आयुके आस्रव है यह प्राप्त होता है? उत्तर - यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि सम्यक्त्वके अभावमें सरागसंयम और संयमासंयम नहीं होते, इसलिए उन दोनोंका यहीं अन्तर्भाव होता है अर्थात् ये भी सौधर्मादि देवायुके आस्रव है, क्योंकि ये सम्यक्त्वके होने पर ही होते है।

रा वा. ६/२०/१/५२७/१५ अव्यक्तसामायिक-विराधितसम्यग्दर्शनता भवनाद्यायुष महर्द्धिकमानुषस्य वा पञ्चाणुव्रतधारिणोऽविराधित-सम्यग्दर्शना तिर्यङ्मनुष्या सौधर्मादिषु अच्युतावसानेषूपपद्यन्ते, विनिपतितसम्यक्त्वा भवनादिषु। अनधिगतजीवा जीवा बालतपस अनुपलब्धतत्त्वस्वभावा अज्ञानकृतसंयमा' सक्लेशाभावविशेषात् केचिद्भवनव्यन्तरादिषु सहस्रारपर्यन्तेषु मनुष्यतिर्यक्ष्वपि च। आकामनिर्जरा-क्षुत्तृष्णानिरोध-ब्रह्मचर्य-भूशय्या-मलधारण-परिता-पादिभि परिखेदितमूर्तय' चाटकनिरोधबन्धनबद्धा दीर्घकाल-रोगिण'असक्लिष्टा तरुगिरिशिखरपातिन अनशनज्वलनजलप्रवेशन-विषभक्षण धर्म बुद्धय व्यन्तरमानुषतिर्यक्षु नि शीलव्रता सानुकम्प-हृदया जलराजितुल्यरोषभोगभूमिसमुत्पन्नाश्च व्यन्तरादिषु जन्म प्रतिपद्यन्ते इति। = अव्यक्त सामायिक, और सम्यग्दर्शनकी विरा धना आदि भवनवासी आदिकी आयुके अथवा महर्द्धिक मनुष्यकी आयुके आस्रव कारण है। पञ्च अणुव्रतोंके धारक सम्यग्दृष्टि तिर्यंच या मनुष्य सौधर्म आदि अच्युत पर्यन्त स्वर्गोंमें उत्पन्न होते है। यदि सम्यग्दर्शन विराधना हो जाये तो भवनवासी आदिमें उत्पन्न होते है। तत्त्वज्ञानसे रहित बालतप तपनेवाले अज्ञानी मन्द कषायके कारण कोई भवनवासी व्यन्तर आदि सहस्रार स्वर्ग पर्यन्त उत्पन्न होते है, कोई मरकर मनुष्य भी होते है, तथा तिर्यंच भी। आकाम निर्जरा, भूख प्यासका सहना, ब्रह्मचर्य, पृथ्वीपर सोना, मल धारण आदि परिषहोंसे खेदखिन्न न होना, मूढ पुरुषोंके बन्धनमें पडनेपर भी नही घबडाना, दीर्घकालीन रोग होनेपर भी असंक्लिष्ट रहना, या पर्वतके शिखरसे झंपापात करना, अनशन, अग्नि प्रवेश, विष-भक्षण आदिको धर्म माननेवाले कुतापस व्यन्तर और मनुष्य तथा तिर्यंचोंमें उत्पन्न होते है। जिनने व्रत या शीलोंको धारण नहीं किया किन्तु जो सदय हृदय है, जल रेखाके समान मन्द कषायी है, तथा भोग भूमिमें उत्पन्न होनेवाले व्यन्तर आदिमें उत्पन्न होते है।

त्रि सा /४५० उम्मग्गचारि सणिदाणणलादिमुदा अकामणिज्जरिणो। कुदवा सबलचरित्ता भवणतिय जंति ते जीवा ॥४५०॥ = उन्मार्ग-चारी, निदान करने वाले अग्नि, जल आदिसे झंपापात करनेवाले, बिना अभिलाष बन्धादिक कै निमित्त तैं परिषह सहनादि करि जिनकै निर्जरा भई, पंचाग्नि आदि खोटे तपके करनेवाले, बहुरि सदोष चारित्रके धरन हारे जे जीव है ते भवनत्रिक विषै जाय ऊपजै है।

१३. भवनवासी देवायुके बन्धयोग्य परिणाम

ति. प ३/१९८,१९९,२०६ अवमिदमका केई णाणचरित्ते किलिट्ठ-भावजुदा। भवणामरेसु आउ बधंति हु मिच्छभाव जुदा ॥१९८॥ अविणयसत्ता केई कामिणिविरहज्जरेण जज्जरिदा कलहपिया पाविट्ठा जायते भवणदेवेसु ॥१९९॥जे कोहमाणमायालोहासत्ताकिविट्ठ चारित्ता। बहुराणुबद्धरुचिरा ते उपज्जंति असुरेसु ॥२०६॥ = ज्ञान और चारित्रके विषयमें जिन्होंने शंकाको अभीदूर नहीं किया है, तथा जो क्लिष्ट भावसे युक्त है, ऐसे जो मिथ्यात्व भावसे सहित होते हुए भवनवासी सम्बन्धी देवोंकी आयुको बाँधते है॥१९८॥कामिनीके विरहरूपी ज्वरसे जर्जरित, कलहप्रिय और पापिष्ठ कितने ही अविनयी जीव भवनवासी देवोंमें उत्पन्न होते है ॥१९९॥ जो जीव क्रोध, मान, मायामें आसक्त है, अकृपिष्ठ चारित्र अर्थात् क्रूराचारी है, तथा वैर भावमें रुचि रखते है वे असुरोंमें उत्पन्न होते है।

१४. व्यन्तर तथा नीच देवोंकी आयुके बन्धयोग्य परिणाम

भ आ /मू १८१-१८२/३९८ णाणस्स केवलीणं धम्मस्साइरिय सव्व-साहूणं। माइय अवण्णवादी खिब्भिसिय भावण कुणइ ॥१८१॥ मंताभिओगकोदुगभूदीयम्म पउंजदे जोहु। इड्ढिरससादहेदुं अभिओगं भावण कुणइ ॥१८२॥ = श्रुतज्ञान, केवली व धर्म, इन तीनोंके प्रति मायावी अर्थात् ऊपरसे इनके प्रति प्रेम व भक्ति दिखाते हुए, परन्तु अन्दरसे इनके प्रतिका बहुमान या आचरणसे रहित जीव, आचार्य, उपाध्याय व साधु परमेष्ठीमें दोषोंका आरोपण करनेवाले, और अवर्णवादी जन ऐसे अशुभ विचारोंसे मुनि किल्विष जातिके देवोंमें जन्म लेते है ॥१८१॥ मन्त्राभियोग्य अर्थात् कुमारी वगैरहमें भूतका प्रवेश उत्पन्न करना, कौतुहलोपदर्शन क्रिया अर्थात् अकालमें जलवृष्टि आदि करके दिखाना, आदि चमत्कार, भूतिकर्म अर्थात् बालकादिकोंकी रक्षाके अर्थ मन्त्र प्रयोगके द्वारा भूतोंकी क्रीडा दिखाना-- ये सब क्रियाएँ ऋद्धि गौरव या रस गौरव, या सात गौरव दिखानेके लिए जो करता है सो आभियोग्य जातिके वाहन देवोंमें उत्पन्न होता है ॥

ति प ३/२०१-२०५ मरणे विराधिदम्मि य केई कंदप्पकिब्विसा देवा। अभियोगा समोहप्पहुदीसुरदुग्गदीसु जायंते ॥२०१॥ जे सच्चवयण-

होणा हस्सं कुव्वंति बहुजणे णियमा। कंदप्परत्तहिदया ते कंदप्पेसु जायंति ॥२०२॥ जे भूदिकम्ममंताभियोगकोदूहलाइसंजुत्ता। जणवण्णे य पअट्टा वाहणदेवेसु ते होंति ॥२०३॥ तित्थयरसंघमहिमाआगमगंथादिएसु पडिकूला। दुव्विणया णिण्हविल्ला जायंते किव्विसमुरेसु ॥२०४॥ उप्पहउवएसयरा विप्पडिवण्णा जिणिंदमग्गम्मि। मोहेण संमोहा संमोहसुरेसु जायंते ॥२०५॥

ति प ८/५५६,५६६ सबल चरित्ता क्रूरा उम्मग्गट्ठा णिदाणकदभावा। मंदकसायाणुरदा बंधंते अप्पइड्ढिअसुराउं ॥५५६॥ ईसाणलंतवच्चुदकप्पंत जाव होंति कंदप्पा। किव्विसिया अभियोगा णियकप्पजहण्णठिदिसहिया ॥५६६॥ =मरणके विराधित करनेपर अर्थात् समाधि मरणके बिना, कितने ही जीव दुर्गतियोंमें कन्दर्प, किल्बिष, आभियोग्य और सम्मोह इत्यादि देव उत्पन्न होते है। जो प्राणी सत्य वचनसे रहित है, नित्य ही बहुजनमें हास्य करते हैं, और जिनका हृदय कामासक्त रहता है, वे कन्दर्प देवोंमें उत्पन्न होते है ॥२०२॥ जो भूतिकर्म, मन्त्राभियोग और कौतूहलादि आदिसे संयुक्त है तथा लोगों के गुणगान (खुशामद) में प्रवृत्त रहते है, वे वाहन देवोंमें उत्पन्न होते हैं ॥२०३॥ जो लोग तीर्थंकर व संघकी महिमा एवं आगमग्रन्थादिके विषयमें प्रतिकूल हैं, दुर्विनयी, और मायाचारी है, वे किल्बिष देवोंमें उत्पन्न होते हैं ॥२०४॥ उत्पथ अर्थात् कुमार्गका उपदेश करनेवाले, जिनेन्द्रोपदिष्ट मार्गमें विरोधी और मोहसे संमुग्ध जीव सम्मोह जातिके देवोंमें उत्पन्न होते हैं ॥२०५॥ दूषित चारित्रवाले, क्रूर, उन्मार्गमें स्थित, निदान भावसे सहित और मन्द कषायोंमें अनुरक्त जीव अल्पर्द्धिक देवोंकी आयुको बाँधते हैं ॥५५६॥ कन्दर्प, किल्बिषिक और आभियोग्य देव अपने-अपने कल्पकी जघन्य स्थिति सहित क्रमशः ईशान, लान्तव और अच्युत कल्पपर्यन्त होते हैं ॥५६६॥

१५. ज्योतिषदेवायुके बंध योग्य परिणाम

ति.प. ७/६१७ आयुबंधणभावं दंसणगहणस्स कारणं विविहं। गुणठाणादि पवण्णण भावण लोएव्व त्तव्वं ॥६१७॥ =आयुके बन्धक भाव, सम्यग्दर्शन ग्रहणके विविध कारण और गुणस्थानादिका वर्णन, भावनलोकके समान कहना चाहिए ॥६१७॥

१६. कल्पवासी देवायु सामान्यके बन्धयोग्य परिणाम

स.सि ६/२१/३३६/५ सम्यक्त्वं च ॥२१॥ किमु। दैवस्यायुष आस्रवइत्यनुवर्तते। अविशेषाभिधानेऽपि सौधर्मादिविशेषगतिः। =सम्यक्त्व भी देवायु का आस्रव है। प्रश्न—सम्यक्त्व क्या है? उत्तर—'देवायु का आस्रव है', इस पदकी पूर्व सूत्रसे अनुवृत्ति होती है। यद्यपि सम्यक्त्व को सामान्यसे देवायुका आस्रव कहा है, तो भी इससे सौधर्मादि विशेषका ज्ञान होता है। (रा वा.६/२१/१/५२७/२७)।

रा. वा.६/२०/१/५२७/१३ कल्याणमित्रसम्बन्ध आयतनोपसेवासद्धर्मश्रवणगौरवदर्शना-ऽनवद्यप्रोषधोपवास-तपोभावना-बहुश्रुतागमपरत्व-कषायनिग्रह-पात्रदान-पीतपद्मलेश्यापरिणाम-धर्मध्यानमरणादिलक्षणः सौधर्माद्यायुषः आस्रवः। =कल्याणमित्र ससर्ग, आयतन सेवा, सद्धर्मश्रवण, स्वगौरवदर्शन, प्रोषधोपवास, तपकी भावना, बहुश्रुतत्व आगमपरता कषायनिग्रह, पात्रदान, पीत पद्मलेश्या परिणाम, मरण कालमें धर्मध्यान रूप परिणति आदि सौधर्म आदि आयुके आस्रव हैं। (और भी दे.आयु ३/१२) बन्धयोग्य परिणाम।

१७. कल्पवासी देवायु विशेषके बन्धयोग्य परिणाम

ति.प ८/५५६-५६६ सबलचरित्ता क्रूरा उम्मग्गट्ठा णिदाणकदभावा। मंदकसायाणुरदा बंधंते अप्पइड्ढि असुराउं ॥५५६॥ दसपुव्वधरा सोहम्मप्पहुदि सव्वट्ठसिद्धिपरियंतं। चोद्दसपुव्वधरा तह लंतवकप्पादि बच्चंते ॥५५७॥ सोहम्मादि अच्चुदपरियंतं जंति देसवदजुत्ता। चउविहदाणपवट्टा अकसाया पंचगुरुभत्ता ॥५५८॥ सम्मत्तणाणअज्जवलज्जासीलादिएहि परिपुण्णा। जायंते इत्थीओ जा अच्चुदकप्पपरियंतं ॥५५६॥ जिणलिंगधारिणो जे उक्किट्ठतवस्समेण संपुण्णा। ते जायंति अभव्वा उवरिमगेवज्जपरियंतं ॥५६०॥ परदोअक्खणवदतवदंसणणाणचरणसंपण्णा णिग्गंथा जायंते भव्वा सव्वट्ठसिद्धि परियंतं ॥५६१॥ चरियापरिवज्जधरा मंदकसाया पियंवदा केई। कमसो भावणपहुदि जम्मंते बम्हकप्पंतं ॥५६२॥ जे पंचेंदियतिरिया सण्णी हु अकामणिज्जरेण जुदा। मंदकसाया केई जंति सहस्सारपरियंतं ॥५६३॥ तणुदंडणादिसहिया जीवा जे अमंदकोहजुदा। कमसो भावणपहुदी केई जम्मंति अच्चुदं जाव ॥५६४॥ आ ईसाणं कप्प उप्पत्ती हादि देवदेवीणं। तप्परदो उब्भूदी देवाणं केवलाणं पि ॥५६५॥ ईसाणलंतवच्चुदकप्पंत जाव होंति कंदप्पा। किव्विसिया अभियोगा णियकप्पजहण्णट्ठिदिसहिया ॥५६६॥ =दूषित चरित्रवाले, क्रूर, उन्मार्गमें स्थित, निदान भावसे सहित, कषायोंमें अनुरक्त जीव अल्पर्द्धिक देवोंकी आयु बाँधते है ॥५५६॥ दशपूर्व के धारी जीव सौधर्मादि सर्वार्थसिद्धि पर्यन्त तथा चौदहपूर्वधारी लांतव कल्पसे लेकर सर्वार्थसिद्धि पर्यन्त जाते है ॥५५७॥ चार प्रकारके दानमें प्रवृत्त, कषायोंसे रहित व पंचगुरुओंकी भक्तिसे युक्त ऐसे देशव्रत संयुक्त जीव सौधर्म स्वर्गको आदि लेकर अच्युतस्वर्ग पर्यन्त जाते है ॥५५८॥ सम्यक्त्व, ज्ञान, आर्जव, लज्जा एवं शीलादिसे परिपूर्ण स्त्रियाँ अच्युत कल्प पर्यन्त जाती है ॥५५६॥ जो जघन्य जिनलिंगको धारण करनेवाले और उत्कृष्ट तपके श्रमसे परिपूर्ण वे उपरिमग्रैवेयक पर्यन्त उत्पन्न होते है ॥५६०॥ पूजा, व्रत, तप, दर्शन ज्ञान और चारित्रसे सम्पन्न निर्ग्रन्थ भव्य इससे आगे सर्वार्थसिद्धि पर्यन्त उत्पन्न होते है ॥५६१॥ मंद कषायी व प्रिय बोलनेवाले कितने ही चरक (साधुविशेष) और परिव्राजक क्रमसे भवनवासियोंको आदि लेकर ब्रह्मकल्प तक उत्पन्न होते है ॥५६२॥ जो कोई पंचेन्द्रियतिर्यंच संज्ञी अकाम निर्जरासे युक्त है, और मंदकषायी है वे सहस्रार कल्प तक उत्पन्न होते है ॥५६३॥ जो तनुदंडन अर्थात् कायक्लेश आदिसे सहित और तीव्र क्रोधसे युक्त है ऐसे कितने ही आजीवक साधु क्रमशः भवनवासियों से लेकर अच्युत स्वर्ग पर्यन्त जन्म लेते है ॥५६४॥ देव और देवियोंकी उत्पत्ति ईशान कल्प तक होती है। इससे आगे केवल देवोंकी उत्पत्ति ही है ॥५६५॥ कन्दर्प, किल्बिषिक और अभियोग्य देव अपने अपने कल्पकी जघन्य स्थिति सहित क्रमशः ईशान, लान्तव और अच्युत कल्प पर्यन्त होते हैं।

१८. लौकान्तिक देवायुके बन्धयोग्य परिणाम

ति प.८/६४६-६५१ इह खेत्ते वेरग्गं बहुभेयं भाविदूण बहुकाल। संजमभावेहि मुणी देवा लोयंतिया होंति ॥६४६॥ थुइणिंदासु समाणो सुहदुक्खेसु सबंधुरिउवग्गे। जो समणो सम्मत्तो सो च्चिय लोयंतियो होदि ॥६४७॥ जे णिरवेक्खा देहे णिद्वंदा णिम्ममा णिरारंभा। णिरवज्जा समणवरा ते च्चिय लोयंतिया होंति ॥६४८॥ संजोगविप्पयोगे लाहालाहम्मि जीविदे मरणे। जो समदिट्ठी समणो सो च्चिय लोयंतिओ होदि ॥६४९॥ अणवरदसम पत्ता संजमसमिदीसु झाणजोगेसुं। तिव्वतवचरणजुत्ता समणा लोयंतिया होंति ॥६५०॥ पंचमहव्वय सहिया पंचसु समिदीसु चिरम्मि चेट्ठंति। पंचक्खविसयविरदा रिसिणो लोयंतिया होंति ॥६५१॥ =इस क्षेत्रमें बहुत काल तक बहुत प्रकारके वैराग्यको भाकर संयमसे युक्त मुनि लौकान्तिक देव होते है ॥६४६॥ जो सम्यग्दृष्टि श्रमण (मुनि) स्तुति और निन्दामें, सुख और दुःखमें तथा बन्धु और रिपुमें समान है वही लौकान्तिक होता है ॥६४७॥ जो देहके विषयमें निरपेक्ष, निर्द्वन्द्व, निर्मम, निरारम्भ और निरवद्य है वे ही श्रेष्ठ श्रमण लौकान्तिक देव होते है ॥६४८॥ जो श्रमण संयोग और वियोगमें, लाभ और अलाभमें, तथा जीवित और मरणमें, समदृष्टि होते है वे लौकान्तिक होते है ॥६४९॥ संयम, समिति, ध्यान एवं समाधिके विषयमें जो निरन्तर श्रमको प्राप्त है अर्थात् सावधान है, तथा तीव्र तपश्चरणसे संयुक्त है वे श्रमण लौकान्तिक होते है ॥६५०॥ पाँच महाव्रतोंसे सहित, पाँच समितियोंका चिरकाल तक आचरण करनेवाले, और पाँचों इन्द्रिय विषयोंसे विरक्त ऋषि लौकान्तिक होते हैं ॥६५१॥

१९. कषाय व लेश्याकी अपेक्षा आयु बन्धके २० स्थान

गो जी /मू २९५-६३९ (विशेष देखो जन्म ६/७)

शक्ति स्थान ४	लेश्या स्थान १४	आयुबन्ध स्थान २०
१ शिला भेद समान	१ कृष्ण उ	० अबन्ध
		१ नरकायु
२ पृथ्वी भेद समान	१ कृष्ण म.	१ "
	२ कृष्णादि म उ.	१ "
	३ कृष्णादि २ म. +१ उ.	१ "
		२ नरक तिर्यञ्चायु
		३ नरक तिर्यञ्च मनुष्यायु
	४ कृष्णादि ३ म +१ज.	४ सर्व
	५ कृष्णादि ४ म +१ ज	४ "
	६ कृष्णादि ५ म +१ ज,	४ "
३ धूलिरेखा समान	६ कृष्णादि १ ज +५ म	४ सर्व सर्व
		३ मनुष्यदेव व तिर्यञ्चायु
		२ मनुष्य देवायु
	५ कृष्ण बिना १ ज +४ म	१ देवायु
	४ कृष्ण, नील बिना १ ज, +३ म	१ "
	३ पीतादि १ उ. +२ म	१ "
		० अबन्ध
	२ पद्म, शुक्ल १ ज +१म.	० "
	१ शुक्ल १ म.	० "
४ जलरेखा समान	१ शुक्ल १ उ	० "

४. आठ अपकर्ष काल निर्देश

१. कर्मभूमिजोंकी अपेक्षा ८ अपकर्ष

ध १०/४,२,४,३६/२३३/४ जे सोवक्कमाउआ ते सग-सग भुंजमाणाउट्ठिदीए बे तिभागे अदिक्कते परभवियाउअबंधपाओग्गा होंति जाव असंखेयद्धा त्ति। तत्थ बन्धपाओग्गकालब्भन्तरे आउबन्धपाओग्गपरिणामेहि के वि जीवा अट्ठवारं के वि सत्तवारं के वि छव्वारं के वि पंचवारं के वि चत्तारिवारं, के वि तिण्णिवारं के वि दोवारं के वि एक्कवारं परिणमंति। कुदो। साभावियादो। तत्थ तदियत्तिभागपढमसमए जेहि परभवियाउअबन्धो पारद्धो ते अंतोमुहुत्तेण बंधं समाणिय पुणो सयलाउट्ठिदीए णवमभागे सेसे पुणो वि बन्धपाओग्गा होंति। सयलाउट्ठिदीए सत्तावीसभागावसेसे पुणो वि बन्धपाओग्गा होंति। एव सेसतिभाग तिभागावसेसे बन्धपाओग्गा होंति त्ति णेदव्वं जा अट्ठमी आगरिसा त्ति। ण च तिभागावसेसे आउअ णियमेण बज्झदि त्ति एयन्तो। किंतु तत्थ आउअबंधपाओग्गा होंति त्ति उत्त होदि। =जो जीव सोपक्रम आयुष्क है वे अपनी-अपनी भुज्यमान आयु स्थितिके दो त्रिभाग बीत जानेपर वहाँसे लेकर असंक्षेपाद्धा काल तक परभवसम्बन्धी आयुको बाँधनेके योग्य होते है। उनमें आयु बन्धके योग्य कालके भीतर कितने ही जीव आठ बार, कितने ही सात बार; कितने ही छह बार, कितने ही पाँच बार; कितने ही चार बार, कितने ही तीन बार, कितने ही दो बार, कितने ही एक बार आयु बन्धके योग्य परिणामोमें-से परिणत होते है। क्योंकि, ऐसा स्वभाव है। उसमें जिन जीवोने तृतीय त्रिभागके प्रथम समयमें परभव सम्बन्धी आयुका बन्ध आरम्भ किया है वे अन्तर्मुहूर्तमें आयु बन्धको समाप्त कर फिर समस्त आयु स्थितिके नौवे भागके शेष रहनेपर फिरसे भी आयु बन्धके योग्य होते है। तथा समस्त आयु स्थितिका सत्ताईसवाँ भाग शेष रहनेपर पुनरपि बन्धके योग्य होते है। इस प्रकार उत्तरोत्तर जो त्रिभाग शेष रहता जाता है उसका त्रिभाग शेष रहनेपर यहाँ आठवे अपकर्षके प्राप्त होनेतक आयु बन्ध के योग्य होते है, ऐसा ग्रहण करना चाहिए। परन्तु त्रिभाग शेष रहने पर आयु नियमसे बँधती है ऐसा एकान्त नहीं है। किन्तु उस समय जीव आयु बन्धके योग्य होते है। यह उक्त कथनका तात्पर्य है। (गो क /जी प्र ६२९-६४३/८३६)

गो.जी /जी प्र ५१८/९१३/१७ कर्मभूमितिर्यग्मनुष्याणां भुज्यमानायुर्जघन्यमध्यमोत्कृष्ट विवक्षितमिद ६५६१। अत्र भागद्वयेऽतिक्रान्ते तृतीयभागस्य २१८७ प्रथमान्तर्मुहूर्त परभवायुर्बंधयोग्य, तत्र न बद्धं तदा तदेकभागतृतीयभागस्य ७२९ प्रथमान्तर्मुहूर्त्त। तत्रापि न बद्धे तदा तदेकभागतृतीयभागस्य २४३ प्रथमान्तर्मुहूर्त। एवमग्रेऽग्रे नेतव्यमष्टवार यावत्। इत्यष्टावपकर्षा। स्वभावादेव तद्बन्ध प्रायोग्यपरिणमनं जीवाना कारणान्तरनिरपेक्षमित्यर्थ। =किसी कर्मभूमि या मनुष्य या तिर्यञ्चकी आयु ६५६१वर्ष है। तहाँ तिस आयुका दो भाग गए २१८७ वर्ष रहै तहाँ तीसरा भागकौ लागते ही प्रथम समयस्यो लगाइ अन्तर्मुहूर्त पर्यंत काल मात्र प्रथम अपकर्ष है तहाँ परभव सम्बन्धी आयुका बन्ध होइ। बहुरि जो तहाँ न बन्धे तौ तिस तीसरा भागका दोय भाग गये ७२९ वर्ष आयुके अवशेष रहै तहाँ अन्तर्मुहूर्त काल पर्यन्त दूसरा अपकर्ष है तहाँ पर भवका आयु बाँधै। बहुरि तहाँ भी न बधै तो तिसका भी दोय भाग गये २४३ वर्ष आयुके अवशेष रहै अन्तर्मुहूर्त काल मात्र तीसरा अपकर्ष विषै परभवका आयु बाँधै। बहुरि तहाँ भी न बधै तौ जिसका भी दोय भाग गयें ८१ वर्ष रहै अन्तर्मुहूर्त पर्यन्त चौथा अपकर्ष विषै परभव का आयु बाँधै ऐसे ही दोय दोय भाग गयें २७ वर्ष वा ९ वर्ष रहै वा तीन वर्ष रहै अन्तर्मुहूर्त काल पर्यन्त पाँचवाँ, छठा, सातवाँ वा आठवाँ अपकर्ष विषै परभवका आयुकौ बधनेकौ योग्य जानना। ऐसेही जो भुज्यमान आयुका प्रमाण होई ताके त्रिभाग-त्रिभाग विषै आयुके बन्ध योग्य परिणाम अपकर्षनि विषै ही होई सो ऐसा कोई स्वभाव सहज ही है अन्य कोई कारण नही।

२. भोगभूमिजों तथा देव नारकियोंकी अपेक्षा आठ अपकर्ष

ध. ६/१,९-६,२६/१७०/१ देव णेरइएसु छम्मासावसेसे भुंजमाणाउए असंखेयाद्धापज्जवसाणे सते परभवियमाउअं बंधमाणाणं तदसंभवा। ...असंखेज्ज तिरिक्खमणुसा देव णेरइयाणं व भुंजमाणाउए छम्मासादो अहिए सते परभविआउअस्स बंधाभावा। =भुज्यमान आयुके (अधिकसे अधिक) छह मास अवशेष रहने पर और (कमसे कम) असंक्षेपाद्धा कालके अवशेष रहने पर आगामी भव सम्बन्धी आयुको बाँधनेवाले देव और नारकियोके पूर्व कोटिके त्रिभागसे अधिक आबाधा होना असम्भव है। (वहाँ तो अधिकसे अधिक छह मास ही आबाधा होती है) असंख्यात वर्षकी आयु वाले भोग-भूमिज तिर्यञ्च व मनुष्योके भी देव और नारकियोके समान भुज्यमान आयुके छह माससे अधिक होने पर परभव सम्बन्धी आयुके बन्धका अभाव है।

ध. १०/४,२,४,३६/२३४/२ णिरुवक्कमाउआ पुण छम्मासावसेसे आउअबंधपाओग्गा होंति। तत्थ वि एव चेव अट्ठगरिसाओ वत्तव्वाओ। =जो निरुपक्रमायुष्क है वे भुज्यमान आयुमें छह मास शेष रहने पर आयु बन्धके योग्य होते है। यहाँ भी इसी प्रकार आठ अपकर्षको कहना चाहिए।

गो.क./जी.प्र. १५८/१९२/१ देवनारकाणां स्वस्थितौ षण्मासेषु भोगभूमिजानां नवमासेषु च अवशिष्टेषु त्रिभागेन आयुर्बन्धसंभवात्। =देव नारकी तिनिकै तो छह महीना आयुका अवशेष रहै अर भोगभूमियां कै नव महीना आयुका अवशेष रहै तब त्रिभाग करि आयु बंधै है।

गो.जी./जी प्र. ५१८/६१४/२४ निरुपक्रमायुष्का अनपवर्तितायुष्का देवनारका भुज्यमानायुषिषड्मासावशेषे परभवायुर्बन्धप्रायोग्या भवन्ति। अत्राप्यष्टापकर्षा स्युः। समयाधिकपूर्वकोटिप्रभृतित्रिपल्लितोपम पर्यंत संख्यातासंख्यातवर्षायुष्कभोगभूमितिर्यग्मनुष्याऽपि निरुपक्रमायुष्का इति ग्राह्यं। =निरुपक्रमायुष्क अर्थात् अनपवर्तित आयुष्क देवनारकी अपनी भुज्यमान आयुमें (अधिकसे अधिक) छह मास अवशेष रहने पर परभव सम्बन्धी आयुके बन्ध योग्य होते है। यहाँ भी (कर्मभूमिजो वत्) आठ अपकर्ष होते है। समयाधिक पूर्व कोटिसे लेकर तीन पल्यकी आयु तक संख्यात व असंख्यात वर्षायुष्क जो भोगभूमिज तिर्यंच या मनुष्य है वे भी निरुपक्रमायुष्क ही है, ऐसा जानना चाहिए। (गो.क./जी प्र ६३९-६४३/८३६-८३७)

३. आठ अपकर्ष कालोंमें न बँधे तो अन्त समयमें बँधती है

गो जी /जी प्र. ५१८/६१३/२० नाष्टमापकर्षेऽप्यायुर्बन्धनियम, नाप्यन्योऽपकर्षस्तर्हि आयुर्बन्ध कथं। असंखेयाद्धा भुज्यमानायुषोऽन्त्यावल्यसंख्येयभाग तस्मिन्नवशिष्टे प्रागेव अन्तर्मुहूर्तमात्रसमयप्रबद्धान् परभवायुर्नियमेन बद्ध्वा समाप्नोतीति नियमो ज्ञातव्य। =प्रश्न—आठ अपकर्षोंमें भी आयु न बधै है, तो आयुका बन्ध कैसे होई? उत्तर—सो कहे है—'असंखेयाद्धा' जो आवलीका असंख्यातवाँ भाग भुज्यमान आयुका अवशेष रहै ताकै पहिले (पर-भविक आयुका बन्ध करै है)।

गो. क./जी. प्र. १५८/१९२/२ यद्यष्टापकर्षेषु क्वचिन्नायुर्बद्धं तदावल्यसंख्येयभागमात्राया समयोनमुहूर्तमात्राया वा असंक्षेपाद्धायाः प्रागेवोत्तरभवायुरन्तर्मुहूर्तमात्रसमयप्रबद्धान् बद्ध्वा निष्ठापयति। एतौ द्वावपि पक्षौ प्रवाह्योपदेशत्वात् अङ्गीकृतौ। =यदि कदाचित् किसी ही अपकर्षमें आयु न बधै तो कोई आचार्यके मतसे तौ आवलीका असंख्यातवाँ भागप्रमाण और कोई आचार्यके मतसे एक समय घाटि मुहूर्तप्रमाण आयुका अवशेष रहै तीहिके पहिले उत्तर भवकी आयुकर्मको...बाँधे है। ए दोऊ पक्ष आचार्यनिका परम्परा उपदेश करि अंगीकार किये है।

४. आयुके त्रिभाग शेष रहनेपर ही अपकर्ष काल आने सम्बन्धी दृष्टिभेद

ध. १०/४,२,४,३६/२३७/१० गोदम। जीवा दुविहा पण्णत्ता संखेज्जवस्साउआ चेव असंखेज्जवस्साउआ चेव। तत्थ जे ते असंखेज्जवस्साउआ ते छम्मासावसेसियंसि आउगंसि परभवियं आयुगं णिबधंता बंधंति। तत्थ जे ते संखेज्जवस्साउआ ते दुविहा पण्णत्ता सोवक्कमाउआ णिरुवक्कमाउआ ते त्रिभागावसेससियंसि आउगंसि परभवियं आयुगं कम्मं णिबधंता बधंति। तत्थ जे ते सोवक्कमाउआ ते सिआ तिभागतिभागावसेसयंसि आयुगंसि परभवियं आउगं कम्मं णिबंधंता बंधंति। एदेण विहायपण्णत्तिसुत्तेण सह कधं ण विरोहो। ण एदम्हादो तस्स पुधसूदस्स आइरियभेएण भेदभावण्णस्स एयत्ताभावादो। =प्रश्न—"हे गौतम। जीव दो प्रकारके कहे गये है—संख्यात वर्षायुष्क और असंख्यात वर्षायुष्क। उनमें जो असंख्यात वर्षायुष्क हैं वे आयुके छह मास शेष रहने पर पर-भविक आयुको बाँधते हुए बाँधते है। और जो संख्यात वर्षायुष्क जीव है वे दो प्रकारके कहे गये हैं।—सोपक्रमायुष्क और निरुपक्रमायुष्क। उनमें जो निरुपक्रमायुष्क है वे आयुमें त्रिभाग शेष रहने पर पर-भविक आयुकर्मको बाँधते हुए बाँधते है। और जो सोपक्रमायुष्क जीवहै वे कथंचित् त्रिभाग (कथंचित् त्रिभागका त्रिभाग और कथंचित् त्रिभाग-त्रिभागका त्रिभाग) शेष रहने पर पर-भव सम्बन्धी आयुकर्मको बाँधते है।" इस व्याख्या-प्रज्ञप्ति सूत्रके साथ कैसे विरोध न होगा? उत्तर—नहीं, क्योंकि, इस सूत्रसे उक्त सूत्र भिन्न आचार्यके द्वारा बनाया हुआ होनेके कारण पृथक् है। अत उससे इसका मिलान नहीं हो सकता।

५. अन्तिम समयमें केवल अन्तर्मुहूर्त प्रमाण ही आयु बँधती है

गो क /जी प्र ५१८/६१३/२० असंक्षेपाद्धा भुज्यमानायुषोऽन्त्यावल्यसंख्येयभाग तस्मिन्नवशिष्टे प्रागेव अन्तर्मुहूर्तमात्रसमयप्रबद्धान् परभवायुर्नियमेन बद्ध्वा समाप्नोतीति नियमो ज्ञातव्य। =भुज्यमान आयुके कालमें अन्तिम आवलीका असंख्यातवाँ भाग शेष रहने पर अन्तर्मुहूर्त कालमात्र समय प्रबद्धोंके द्वारा परभवकी आयुको बाँधकर पूरी करै है ऐसा नियम है अर्थात् अन्तिम समय केवल अन्तर्मुहूर्तमात्र स्थितिवाली परभव सम्बन्धी आयुको बाँध कर निष्ठापन करै है।

६. आठ अपकर्ष कालोंमें बँधी आयुका समीकरण

गो क /जी प्र. ६४३/८३७/१६ अपकर्षेषु मध्येप्रथमवारं वर्जित्वा द्वितीयादिवारे बध्यमानस्यायुषो वृद्धिर्हानिरवस्थितिर्वा भवति। यदि वृद्धिस्तदा द्वितीयादिवारे बद्धाधिकस्थितेरेव प्राधान्यं। अथ हानिस्तदा पूर्वबद्धाधिकस्थितेरेव प्राधान्य। =आठ अपकर्षनि विषैं पहली बार बिना द्वितीयादिक बारविषैं पूर्वै जो आयु बाँध्या था, तिसकी स्थिति की वृद्धि वा हानि वा अवस्थिति हो है। तहाँ जो वृद्धि होय तौ पीछैं जो अधिक स्थिति बन्धी तिसकी प्रधानता जाननी। बहुरि जो हानि होय तौ पहिली अधिक स्थिति बंधी थी ताकी प्रधानता जाननी। (अर्थात आठ अपकर्षोंमें बंधी हीनाधिक सर्व स्थितियोंमेंसे जो अधिक है वह ही उस आयुकी बँधी हुई स्थिति समझनी चाहिए)।

७. अन्य अपकर्षोंमें आयु बन्धके प्रमाणमें चार वृद्धि व हानि सम्भव है

ध १६/पृ ३७०/११ चदुण्णमाउआणमवट्ठिद-भुजगारसंकमाण कालो जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ। पुव्वबधादो समउत्तर पबद्धस्स जट्ठिदिं पडुच्च जट्ठिदिसंकमो त्ति एत्थ घेत्तव्व। देव-णिरयाउ-आणं अप्पदरसंकमस्स जह० अंतोमुहुत्त, उक्क. तेत्तीसं सागरोवमाणि सादिरेयाणि। तिरिक्खमणुसाउआणं जह. अंतोमुहुत्तं, उक्क. तिण्णिपलिदोवमाणि सादिरेयाणि। =चार आयु कर्मोंके अवस्थित और भुजाकार संक्रमोंका काल जघन्य व उत्कर्षसे एक समय मात्र है। पूर्व बन्धसे एक समय अधिक बाँधे गये आयुकर्मका ज. स्थितिकी अपेक्षा यहाँ ज स्थिति संक्रम ग्रहण करना चाहिए। देवायु और नरकायुके अल्पतर संक्रमका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे साधिक तेतीस सागरोपम मात्र है। तिर्यंचायु और मनुष्यायुके अल्पतर संक्रमका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे साधिक तीन-तीन पल्योपम मात्र है।

गो क /मू ४४१/५९३ संकमणाकरणूणा णवकरणा होंति सव्व आऊणं। =च्यारि आयु तिनकै संक्रमणकरण बिना नवकरण पाइए है।

८ उसी अपकर्ष कालके सर्व समयोंमें उत्तरोत्तर हीन बन्ध होता है

म.ब २/§२७१/१४५/१२ आयुगस्स अत्थि अवत्तबंधगा अप्पतरबंधगा य।
म.ब २/§३५६/१८२/६ आयु अत्थि अवत्तव्वबंधगा य असंखेज्जभागहाणिबंधगा य। =१. आयु कर्मका अवक्तव्य बन्ध करनेवाले जीव हैं, और अल्पतर बन्ध करनेवाले जीव है। विशेषार्थ—आयु कर्मका प्रथम समयमें जो स्थितिबन्ध होता है उससे द्वितीयादि समयोंमें उत्तरोत्तर वह हीन हीनतर ही होता है ऐसा नियम है।

२. आयु कर्मके अवक्तव्य पद का बन्ध करनेवाले और असंख्यात भागहानि पदका बन्ध करनेवाले जीव है। विशेषार्थ— आयु कर्मका अवक्तव्य बन्ध होनेके बाद अल्पतर ही बन्ध होता है। आयुकर्म का जब बन्ध प्रारम्भ होता है तब प्रथम समयमे एक मात्र अवक्तव्य पद ही होता है और अनन्तर अल्पतरपद होता है। फिर भी उस अल्पतर पदमें कौन-सी हानि होती है, यही बतलानेके लिये यहाँ वह असंख्यात भागहानि ही होती है यह स्पष्ट निर्देश किया है।

५. आयुके उत्कर्षण अपवर्तन सम्बन्धी नियम

१. बद्धयमान व भुज्यमान दोनों आयुओंका अपवर्तन सम्भव है

गो.क /जो प्र ६४३/८३७/१६ आयुर्बन्धं कुर्वता जीवानां परिणामवशेन बद्धयमानस्यायुषोऽपवर्तनमपि भवति। तदेवापवर्तनघात इत्युच्यते उदीयमानायुरपवर्तनस्यैव कदलीघाताभिधानात्। =बहुरि आयुके बन्धको करते जीव तिनके परिणामनिके वशतैं (बद्धयमान आयुका) अपवर्तन भी हो है। अपवर्तन नाम घटनेका है। सो या को अपवर्तन घात कहिए जातैं उदय आया आयुके (अर्थात भुज्यमान आयुके) अपवर्तनका नाम कदलीघात है।

२. परन्तु बद्धयमान आयुकी उदीरणा नहीं होती

गो क./मू. ११८/११०३ । परभविय आउगस्सय उदीरणा णत्थि णियमेण ॥६१८॥ बहुरि परभवका बद्धयमान आयु ताकी उदीरणा नियम करि नाहीं है।

३. उत्कृष्ट आयुके अनुभागका अपवर्तन सम्भव है

ध. १२/४,२,७,२०/२१/३ उक्कस्साणुभागे बंधे आवट्टणाघादो णत्थि त्ति के वि भणंति। तण्ण घडदे, उक्कस्साउअ बंधिय पुणो तं घादिय मिच्छत्तं गंतूणअग्गिदेवेसु उप्पण्णदीवायणेण वियहिचारादो महाबंधे आउअउक्कस्साणुभागतरस्स उवड्ढपोग्गलमेत्तकालपरूवणण्णहाणुववत्तीदो वा। प्रश्न—(उत्कृष्ट आयुको बाँधकर उसे अपवर्तनघातके द्वारा घातकर पश्चात् अधस्तन गुणस्थानोंको प्राप्त होनेपर उत्कृष्ट अनुभागका स्वामी क्यो नही होता)? उत्तर—(नहीं, क्योंकि घातित अनुभागके उत्कृष्ट होनेका विरोध है)। उत्कृष्ट अनुभागको बाँधनेपर उसका अपवर्तन घात नही होता, ऐसा कितने ही आचार्य कहते है। किन्तु वह घटित नहीं होता, क्योंकि ऐसा माननेपर एक तो उत्कृष्ट आयुको बाँधकर पश्चात् उसका घात करके मिथ्यात्वको प्राप्त हो अग्निकुमार देवोंमें उत्पन्न हुए द्विपायन मुनिके साथ व्यभिचार आता है, दूसरे इसका घात माने बिना महाबन्धमें प्ररूपित उत्कृष्ट अनुभागका उपार्ध पुद्गल प्रमाण अन्तर भी नहीं बन सकता।

४. असंख्यात वर्षायुष्कों तथा चरम शरीरियोंकी आयुका अपवर्तन नहीं होता

त. सू. २/५३ औपपादिकचरमोत्तमदेहासंख्येयवर्षायुषोऽनपवर्त्यायुषः ॥५३॥ =औपपादिक देहवाले देव व नारकी, चरमोत्तम देहवाले अर्थात् वर्तमान भवसे मोक्ष जानेवाले भोग भूमियाँ तिर्यंच व मनुष्य अनपवर्ती आयुवाले होते है। अर्थात् उनकी अपमृत्यु नहीं होती। (स.सि २/५३/२०१/४) (रा.वा. २/५३/१-१०/१५७) (ध. ६/४,१,६६/३०६/६) (त.सा. २/१३५)।

५. भुज्यमान आयु पर्यन्त बद्धयमान आयुमें बाधा असम्भव है

ध. ६/१ ९-६,२४/१६८/५ जधा णाणावरणादिसमयपबद्धाणं बंधावलियवदिक्कंताणं ओकड्डण-परपयडि-संकमेहि बाधा अत्थि, तधा आउअस्स ओकड्डण-परपयडिसंकमादीहि बाधाभाव परूवणट्ठ विदियवारमाबाधाणिद्देसादो। =(जैसे) ज्ञानावरणादि कर्मोंके समयप्रबद्धोंके अपकर्षण और पर-प्रकृति संक्रमणके द्वारा बाधा होती है, उस प्रकार आयुकर्मके आबाधाकालके पूर्ण होने तक अपकर्षण और पर प्रकृति संक्रमणके द्वारा बाधाका अभाव है। अर्थात् आगामी भव सम्बन्धी आयुकर्मकी निषेक स्थितिमें कोई व्याघात नहीं होता है, इस बातके प्ररूपणके लिए दूसरी बार 'आबाधा' इस सूत्रका निर्देश किया है।

६. चारो आयुओंका परस्परमें संक्रमण नहीं होता

गो क /मू. ४१०/५७३ बंधे । आउचउक्के ण संकमणं ॥४१०॥ =बहुरि च्यारि आयु तिनके परस्पर संक्रमण नाही, देवायु, मनुष्यायु आदि रूप होइ न परिणमै इत्यादि ऐसा जानना।

७. संयमकी विराधनासे आयुका अपवर्तन हो जाता है

ध ४/१,५,६६/३८३/३ एक्को विराहियसंजदो वेमाणियदेवेसु आउअं बंधिदूण तमावट्टणाघादेण घादिय भवणवासियदेवेसु उववण्णो। =विराधना की है संयमकी जिसने ऐसा कोई संयत मनुष्य वैमानिक देवोंमें आयुको बाँध करके अपवर्तनाघातसे घात करके भवनवासी देवोंमें उत्पन्न हुआ। (ध. ४/१,५,६७/३८५/८ विशेषार्थ)

ध. १२/४,२,७,२०/२१/३ उक्कस्साउअं बंधिय पुणो तं घादियमिच्छत्तं गंतूण अग्गिदेवेसु उप्पण्णदीवायण । =उत्कृष्ट आयुको बाँध करके मिथ्यात्वको प्राप्त हो, द्विपायन मुनि अग्निकुमार देवोंमें उत्पन्न हुए।

८ आयुके अनुभाग व स्थितिघात साथ-साथ होते हैं

ध १२/४,२,१३,४१/१-२/३६५ पर उद्धृत "ट्ठिदिघादे हंमते अणुभागा आऊआण सव्वेसिं। अणुभागेण विणा वि हु आउववज्जाण ट्ठिदिघादो ॥१॥ अणुभागे हमते ट्ठिदिघादो आउआण सव्वेसिं। ठिदिघादेण विणा वि हु आउववज्जाणमणुभागो ॥२॥ =स्थितिघात के अनुभागोका नाश होता है। आयुको छोडकर शेष कर्मोंका अनुभागके बिना भी स्थितिघात होता है ॥१॥ अनुभागका घात होनेपर सब आयुओंका स्थितिघात होता है। स्थिति घातके बिना भी आयुको छोडकर शेष कर्मोके अनुभागका घात होता है।

ध. १२/४,२,७,२०/२१/८ उक्कस्साणुभागेण सह तेत्तीसाउअं बंधिय अणुभागं मोत्तूण ट्ठिदीए चेव ओवट्टणाघादं कादूण सोधम्मादिसु उप्पण्णाणं उक्कस्सभावसामित्तं किण्ण लब्भदे। ण विणा आउअस्स उक्कस्सट्ठिदिघादाभावादो। =प्रश्न—उत्कृष्ट अनुभागके साथ तैंतीस सागरोपम प्रमाण आयुका बाँधकर अनुभागको छोड केवल स्थितिके अपवर्तन घातको करके सौधर्मादि देवोंमें उत्पन्न हुए जीवोंके उत्कृष्ट अनुभागका स्वामित्व क्यो नहीं पाया जाता। उत्तर—नहीं, क्योंकि (अनुभाग घातके) बिना आयुको उत्कृष्ट स्थितिका घात सम्भव नहीं।

६. आयु बन्ध सम्बन्धी नियम

१ तिर्यंचोंकी उत्कृष्ट आयु भोगभूमि, स्वयम्भूरमण द्वीप, व कर्मभूमिके प्रथम चार कालोंमें ही सम्भव है

ति. प.५/२८५-२८६ एवे उक्कस्साऊ पुव्वावरविदेहजादतिरियाणं। कम्मावणिपडिबद्धे बाहिरभागे सयंपहगिरीदो ॥२८४॥ तत्थेव सव्वकालं केई जोवाण भरहे एरवदे। तुरियस्स पढमभागे एदेणं होदि उक्कस्सं ॥२८५॥ =उपर्युक्त उत्कृष्ट आयु पूर्वा पर विदेहोंमें उत्पन्न हुए तिर्यंचोके तथा स्वयंप्रभ पर्वतके बाह्य कर्मभूमि- भागमें उत्पन्न हुए तिर्यंचोके ही सर्वकाल पायी जाती है। भरत और ऐरावत क्षेत्रके भीतर चतुर्थ कालके प्रथम भागमें भी किन्हीं तिर्यंचोंके उक्त उत्कृष्ट आयु पायी जाती है।

२. भोग भूमिजोंमें भी आयु हीनाधिक हो सकती है

ध १४/४,२,६,८/८६/१३ असंखेज्जवासाउअस्स वा त्ति उत्ते देवणेरइयाणं गहणं, ण समयाहियपुव्वकोडिप्पहुडिउवरिमआउअतिरिक्खमणुस्साणं गहणं। ='असंख्यातवर्षायुष्क' से देव नारकियोंका ग्रहण

किया गया है, इस पदसे एक समय अधिक पूर्व कोटि आदि उपरिम आयु विकल्पोंसे संयुक्त तिर्यंचो व मनुष्योंका ग्रहण नहीं करना चाहिए।

३. बद्धायुष्क व घातायुष्क देवोंकी आयु सम्बन्धी स्पष्टीकरण

ध./४/१,५,६७/३८५ पर विशेषार्थ "यहाँ पर जो बद्धायुघातकी अपेक्षा सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टि देवोंके दो प्रकारके कालकी प्ररूपणाकी है, उसका अभिप्राय यह है कि, किसी मनुष्यने अपनी संयम अवस्थामें देवायुबन्ध किया। पीछे उसने संक्लेश परिणामोंके निमित्तसे संयमकी विराधना कर दी और इसलिए अपवर्तन घातकेद्वारा आयुका घात भी कर दिया। संयमकी विराधना कर देने पर भी यदि वह सम्यग्दृष्टि है, तो मर कर जिस कल्पमें उत्पन्न होगा, वहाँकी साधारणत निश्चित आयुसे अन्तर्मुहूर्त कम अर्ध सागरोपम प्रमाण अधिक आयुका धारक होगा। कल्पना कीजिए किसी मनुष्यने संयम अवस्थामें अच्युत कल्पमें संभव बाईस सागर प्रमाण आयु बंध किया। पीछे संयमकी विराधना और बाँधी हुई आयुकी अपवर्तना कर असंयत सम्यग्दृष्टि हो गया। पीछे मर कर यदि सहस्रार कल्पमें उत्पन्न हुआ, तो वहाँकी साधारण आयु जो अठारह सागरकी है, उससे घातायुष्क सम्यग्दृष्टि देवकी आयु अन्तर्मुहूर्त कम आधा सागर अधिक होगी। यदि वही पुरुष संयमकी विराधना केसाथ ही सम्यक्त्वकी विराधना कर मिथ्यादृष्टि हो जाता है, और पीछे मरण कर उसी सहस्रार कल्पमें उत्पन्न होता है, तो उसकी वहाँकी निश्चित अठारह सागरकी आयुसे पल्योपमके असंख्यातवें भागसे अधिक होगी। ऐसे जीवको घातायुष्क मिथ्यादृष्टि कहते हैं।

४. चारों गतियोंमें परस्पर आयुबन्ध सम्बन्धी

१. नरक व देवगतिके जीवोंमें

ध.१२/४,२,७,३२/२७/५ अपज्जत्ततिरिक्खाउअं देव-णेरइया ण बंधंति। =अपर्याप्त तिर्यंच सम्बन्धी आयुको देव व नारकी जीव नहीं बाँधते।

गो.क./जी.प्र.४३६-४४०/८३६/६ परभवायु' स्वभुज्यमानायुष्युत्कृष्टेन षण्मासेऽवशिष्टे देवनारका नारं तैरश्चं च बध्नन्ति तद्बन्धे योग्या' स्युरित्यर्थः।...सप्तमपृथ्वीजाश्च तैरश्चमेव। =भुज्यमान आयुके उत्कृष्ट छह मास अवशेष रहैं देव नारकी है ते मनुष्यायु वा तिर्यंचायुको बाँधै हैं अर्थात् तिस कालमें बन्ध योग्य हो है।.. सप्तम पृथ्वीके नारकी तिर्यंचायु ही को बाँधे है।

२. कर्म भूमिज तिर्यंच मनुष्य गतिके जीवोंमें

नोट—सम्यग्दृष्टि मनुष्य व तिर्यंच केवल देवायु व मनुष्यायुका ही बन्ध करते हैं—दे. बन्धव्युच्छित्ति चार्ट।

रा.वा.२/४६/८/१५५/६देवेषूत्पद्य च्युत' मनुष्येषु तिर्यक्षु चोत्पद्य अपर्याप्तकालमनु भूय पुनर्देवायुर्बद्ध्वा उत्पद्यते लब्धमन्तरम्। =देवोंमें उत्पन्न होकर वहाँसे च्युत हो मनुष्य वा तिर्यंचोंमें उत्पन्न हुआ। अपर्याप्त काल मात्रका अनुभव कर पुन. देवायुको बाँधकर वहाँ ही उत्पन्न हो गया। इस प्रकार देव गतिका अन्तर अन्तर्मुहूर्त मात्र ही प्राप्त होता है। अर्थात् अपर्याप्त मनुष्य वा तिर्यंच भी देवायु बन्ध कर सकते हैं।

गो.क./जी.प्र.४३६—४४०/८३६/७ नरतिर्यञ्चस्त्रिभागेऽवशिष्टे चत्वारि।.. एक विकलेन्द्रिया नारं तैरश्चं च। तेजो वायव'.. तैरश्चमेव बहुरि मनुष्य तिर्यंच भुज्यमान आयुका तीसरा भाग अवशेष रहैं च्यारयों आयुकौबाँधै है...एकेन्द्रिय व विकलेन्द्रिय नारक और तिर्यंच आयुको बाँधै है। तेजकायिक वा वातकायिक तिर्यंचायु ही बान्धै हैं।

गो. क./जी.प्र. ७४५/६००/१ उद्वेलितानुद्वेलितमनुष्यद्विकतेजोवायूनां मनुष्यायुरबन्धादत्रानुत्पत्ते'। =मनुष्य-द्विककी उद्वेलना भये वा न भये तेज वातकायिकनिके मनुष्यायुके बन्धका अभावतैं मनुष्यनिविषैं उपजना नाहीं।

३. भोगभूमि मनुष्य व तिर्यंचगतिके जीवोंमें

गो.क./जी.प्र. ६३६-६४०/८३६/८ भोगभूमिजा षण्मासेऽवशिष्टे देवं। =बहुरि भोग भूमिया छह मास अवशेष रहैं देवायु ही को बाँधै।

५. आयुके साथ वही गति प्रकृति बँधती है

नोट—आयुके साथ गतिका जो बन्ध होता है वह नियमसे आयुके समान ही होता है। क्योंकि गति नामकर्म व आयुकर्मकी व्युच्छित्ति एक साथ ही होती है—दे. बन्ध व्युच्छित्ति चार्ट।

६. एक भवमें एक ही आयुका बन्ध सम्भव है

गो.क./मू./६४२/८३७ एक्के एक्कं आऊ एक्कभवे बंधमेदि जोग्गपदे। अडवारं वा तत्थवि तिभागसेसे व सव्वत्थ ॥६४२॥ =एक जीव एक समय विषै एक ही आयु को बाँधै सो भी योग्यकाल विषै आठ बार ही बाँधै, तहाँ सर्व तीसरा तीसरा भाग अवशेष रहे बाँधै है।

७. बद्धायुष्कोंमें सम्यक्त्व व गुणस्थान प्राप्ति सम्बन्धी

प. सं./प्रा १/२०१ चत्तारि वि छेत्ताइं आउयबंधेण होइ सम्मत्तं। अणुवय-महव्वाइं ण लहइ देवउअं मोत्तुं ॥२०१॥ =जीव चारों ही क्षेत्रों की (गतियोंकी) आयुका बन्ध होनेपर सम्यक्त्वको प्राप्त कर सकता है। किन्तु अणुव्रत और महाव्रत देवायुको छोडकर शेष आयुका बन्ध होने पर प्राप्त नहीं कर सकता। (ध.१/१,१,८५/१६६/३२६), (गो.क./मू./३३४), (गो जी./मू./६५३/११०१)

ध.१/१,१,२६/२०८/१ बद्धायुरसंयतसम्यग्दृष्टिसासादनानामिव न सम्यग्मिथ्यादृष्टिसंयतासंयतानां च तत्रापर्याप्तिकाले संभव' समस्ति तत्र तेन तयोर्विरोधात्। =जिस प्रकार बद्धायुष्क असंयतसम्यग्दृष्टि और सासादन गुणस्थानवालोंका तिर्यंच गतिके अपर्याप्त कालमें सम्भव है, उस प्रकार सम्यग् मिथ्यादृष्टि और संयतासंयतोंका तिर्यंचगतिके अपर्याप्त कालमें सम्भव नहीं है, क्योंकि, तिर्यंचगतिमें अपर्याप्तकालके साथ सम्यग्मिथ्यादृष्टि और संयतासंयतोंका विरोध है।

ध.१२/१,२,७,१६/२०/१३ उक्कस्साणुभागेण सह आउबन्धे संजदासंजदादिहेट्ठिमगुणट्ठाणाणं गमणाभावादो। =उत्कृष्ट अनुभागके साथ आयुको बाँधनेपर संयतासंयतादि अधस्तन गुणस्थानोंमें गमन नहीं होता।

गो जी./जी प्र ७३१/१३२५/१४ बद्धदेवायुष्कादन्यस्य उपशमश्रेण्यां मरणाभावात्। शेषत्रिकबद्धायुष्कानां च देशसकलसंयमयोरेवासंभवात्। =देवायुका जाकै बन्ध भया होइ तिहिं बिना अन्य जीवका उपशम श्रेणी विषैं मरण नाहीं। अन्य आयु जाकैं बंधा होइ ताकै देशसंयम सकलसंयम भी न होइ।

गो क./जी.प्र.३३५/४८६/१३नरकतिर्यग्देवायुस्तु भुज्यमानबद्धयमानोभयप्रकारेण सत्त्वेषु सत्सु यथासंख्यंदेशव्रता' सकलव्रताः क्षपका नैव स्यु'।

गो.क./जी प्र ३४६/४६८/११ असंयते नारकमनुष्यायुषी व्युच्छित्ति', तत्सत्त्वेऽणुव्रताघटनात्। =१. बद्धयमान और भुज्यमान दोउ प्रकार अपेक्षा करि नरकायुका सत्त्व होतैं देशव्रत न होई, तिर्यंचायुका सत्त्व होतैं सकलव्रत न होई, नरक तिर्यंच व देवायुका सत्त्व होतैं क्षपक श्रेणी न होई। २.असंयत सम्यग्दृष्टियोंके नारक व मनुष्यायुकी व्युच्छित्ति हो जाती है क्योंकि उनके सत्त्वमें अणुव्रत नहीं होते।

८. बद्धयमान देवायुष्कका सम्यक्त्व विराधित नहीं होता

गो क./भाषा ३६६/५२६/३बहुरि बद्धयमान देवायु अर भुज्यमान मनुष्यायु युक्त असंयतादि च्यारि गुणस्थानवर्ती जीव सम्यक्त्व तैं भ्रष्ट होइ मिथ्यादृष्टि विषैं होते नाही।

९. बंध उदय सत्त्व सम्बन्धी संयमी भंग

गो.क./मू./६४१/८३६ सगसगगदीणमाउं उदेदि बंधे उदिण्णगेण समं। दो सत्ता हु अबंधे एक्कं उदयागदं सत्तं ॥६४१॥ =नारकादिकनिकैं अपनी-अपनी गति सम्बन्धी ही एक आयु उदय हो है। बहुरि

सत्त्व पर-भवकी आयुका बन्ध भये उदयागत आयु सहित दोय आयु का है—एकबद्धवमान और एक भुज्यमान। बहुरि अबद्धायुके एक उदय आया भुज्यमान आयु ही का सत्त्व है।

गो. क./मू. ६४४/८३८ एवमबधे बंधे उवरदबधे वि होंति भगा हु। एक्कस्सेक्कम्मि भवे एक्काउं पडि तये णियमा।=ऐसे पूर्वोक्त रीति करि बन्ध वा अबन्ध वा उपरत बन्धकरि एक जीवके एक पर्याय विषै एक आयु प्रति तीन भग नियम तैं होय है।

बन्धादि विषै	बन्ध वर्तमान बन्धक	अबन्ध (अबद्धायुष्क)	उपरत बन्ध (बद्धायुष्क)
बन्ध	१	×	×
उदय	१	१	१
सत्त्व	२	१	२

१०. मिश्र योगोंमें आयुका बन्ध सम्भव नहीं

गो क /भाषा १०५/६०/६ जातैं मिश्र योग विषैं आयुबन्ध होय नाहीं।

७. आयु विषयक प्ररूपणाएँ—

१. नरक गति सम्बन्धी

सामान्य प्ररूपणा (मू आ. ११९४-१११६) (स सि ३/६/२२-२३), (स सि ४/३५/११३), (ज प.११/१७८), (म पु. १०/६३), (द्र स./टी ३५/११७)।
विशेष प्ररूपणा (ति प २/२०४-२१४), (रा वा ३/६/७/१६७/१८), (हरि.पु ४/२५०-२६४), (ध ७/२,२,६/११६-१२०), (त्रि.सा. ११८-२००)
सकेत असं =असंख्यात, को =क्रोड, पू =पूर्व (७०५६०००००००००० वर्ष)

पटल सं	प्रथम पृथिवी		द्वितीय पृथिवी		तृतीय पृथिवी		चतुर्थ पृथिवी		पचम पृथिवी		षष्ठ पृथिवी		सप्तम पृथिवी	
	जघन्य	उत्कृष्ट	जघन्य	उत्कृष्ट	जघन्य	उत्कृष्ट	जघन्य	उत्कृष्ट	जघन्य	उत्कृष्ट	जघन्य	उत्कृष्ट	जघन्य	उत्कृष्ट
			सागर	सागर	सागर	सागर	सागर	सागर	सागर	सागर	सागर	सागर	सागर	सागर
सामान्य	१०००० वर्ष	१ सागर	१	३	३	७	७	१०	१०	१७	१७	२२	२२	३३
१	१०००० वर्ष	९०,००० वर्ष	१	१-२/११	३	३-४/६	७	७-३/७	९०	११-२/५	१७	१८-२/३	२२	३३
२	९०,००० ,,	९०,००० ००,,	१-२/११	१-४/११	३-४/६	३-८/६	७-३/७	७-६/७	११-२/५	१२-४/५	१८-२/३	२०-१/३		
३	९०,०००,००,,	अस को पू	१-४/११	१-६/११	३-८/६	४-३/६	७-६/७	८-२/७	१२-४/५	१४-१/५	२०-१/३	२२		
४	अस को पू	१/१० सागर	१-६/११	१-८/११	४-३/६	४-७/६	८-२/७	८-५/७	१४-१/५	१५-३/५				
५	१/१० सागर	१/५ ,,	१-८/११	१-१०/११	४-७/६	५-२/६	८-५/७	९-१/७	१५-३/५	१७				
६	१/५ ,,	३/१० ,,	१-१०/११	२-१/११	५-२/६	५-६/६	९-१/७	९-४/७						
७	३/१० ,,	२/५ ,,	२ १/११	२-३/११	५-६/६	६-१/६	९-४/७	१०						
८	२/५ ,,	१/२ ,,	२-३/११	२-५/११	६-१/६	६-५/६								
९	१/२ ,,	३/५ ,,	२-५/११	२-७/११	६-५/६	७								
१०	३/५ ,,	७/१० ,,	२-७/११	२-९/११										
११	७/१० ,,	४/५ ,,	२-९/११	३-०										
१२	४/५ ,,	९/१० ,,												
१३	९/१० ,,	१ सा												

२. तिर्यञ्च गति सम्बन्धी

प्रमाण (मू आ ११०५-१११९), (ति प ५/२८१-२९०); (रा.वा ३/३९/३-५/२०९), (त्रि.सा. ३२८-३३०), (गो जी./जी प्र २०८/४५८)

संकेत . १ पूर्वांग=८४००,००० वर्ष १ पूर्व=७०५६०००००००००० वर्ष।

क्रम	मार्गणा	विशेष	आयु जघन्य	आयु उत्कृष्ट
	एकेन्द्रिय		सर्व जघन्य अन्तर्मुहूर्त	
१	पृथिवी कायिक	शुद्ध		१२०००वर्ष
२	,, ,,	खर		२२०००वर्ष
३	अप् ,,			७००० ,,
४	तेज ,,			३ दिन रात
५	वायु ,,			३००० वर्ष
६	वनस्पति साधारण			१०००० ,,
	विकलेन्द्रिय			
७	द्वीन्द्रिय			१२ वर्ष
८	त्रीन्द्रिय			४९ दिनरात
९	चतुरिन्द्रिय			६ महीने

क्रम	मार्गणा	विशेष	आयु जघन्य	आयु उत्कृष्ट
	पचेन्द्रिय		सर्व जघन्य अन्तर्मुहूर्त	
१०	जलचर	मत्स्यादि		१ कोड पूर्व
११	परिसर्प	गोह, नेवला, सरीसृपादि		९ पूर्वांग
१२	उरग	सर्प		४२००० वर्ष
१३	पक्षी	कर्म भूमिज भैरुंड आदि		७२००० ,,
१४	चौपाये	कर्म भूमिज		१ पल्य
१५	असंज्ञी पंचेन्द्रिय	,, ,,		१कोड़ पूर्व
	भोग भूमिज			
१६	उत्तम भोगभूमिज	देवकुरु-उत्तर कुरु		३ पल्य
१७	मध्यम ,,	हरि व रम्यक क्षेत्र		२ ,,
१८	जघन्य ,,	हैमवत-हैरण्यवत		१ ,,
१९	कुभोग भूमिज	(अन्तर्द्वीप)		१ ,,
२०	कर्म ,,			१ ,,

३. एक अन्तर्मुहूर्तमें लब्ध्यपर्याप्तकके सम्भव निरन्तर क्षुद्रभव

(गो.जी./मू. १२३-१२५/३३२-३३५); (का.अ./टी. १३७/७५)

क्रम	मार्गणा नाम	सूक्ष्म या बादर	एक अन्तर्मुहूर्तके भव: प्रत्येक में	योग (जोड)
	एकेन्द्रिय (ल.अप.)			
१	पृथिवी कायिक	सूक्ष्म	६०१२	
२	" "	बादर	"	
३	अप् "	सूक्ष्म	"	
४	" "	बादर	"	
५	तेज "	सूक्ष्म	"	
६	" "	बादर	"	
७	वायु "	सूक्ष्म	"	
८	" "	बादर	"	
९	वनस्पति साधारण	सूक्ष्म	"	
१०	" "	बादर	"	
११	" अप्रति प्रत्येक	"	"	६६१३२
	विकलेन्द्रिय (ल अप.)			
१२	द्वीन्द्रिय		८०	
१३	त्रीन्द्रिय		६०	
१४	चतुरेन्द्रिय		४०	१८०
	पंचेन्द्रिय (ल.अप.)			
१५	असंज्ञी		८	
१६	संज्ञी		८	
१७	मनुष्य		८	२४
	कुल योग			६६३३६

४. मनुष्य गति सम्बन्धी :—१ पूर्व = ७०५६०००००००० वर्ष

१. क्षेत्रकी अपेक्षा

प्रमाण = (मू.आ. ११११-१११३); (ति प ४/गा.); (स.सि. ३/२७-३१, ३७/५८-६६); (रा.वा. ३/२७-३१,३७/१९१ १९२,१९८)

विषय	प्रमाण ति.प. गा.	जघन्य आयु	प्रमाण ति.प.४ गा.	प्रमाण अन्य प्रमाण	उत्कृष्ट आयु
भरत-ऐरावत क्षेत्र					
सुषमा सुषमा काल		देव कुरु उत्तर कुरुवत्			
सुषमा काल		हरि-रम्यकवत्			
सुषमा दुषमा काल		हैमवत हैरण्यवतवत्			
दुषमा सुषमा काल		विदेह क्षेत्रवत्			
दुषमा काल		२० वर्ष			१२० वर्ष
दुषमा दुषमा काल		१२ "			२० "
विदेह क्षेत्र	२२५५	अन्तर्मुहूर्त	२२५५		१कोड़ पूर्व
हैमवत हैरण्यवत		१कोड पूर्व			१ पल्य
हरि-रम्यक	४०४	१ पल्य	३३६		२ "
देव-उत्तर कुरु		२ "	३३५		३ "
अन्तर्द्वीपज म्लेच्छ		(१कोड पूर्व)	२५१३		१ "

विषय	प्रमाण ति.प. गा.	जघन्य आयु	प्रमाण ति.प./४ गा.	प्रमाण अन्य प्रमाण	उत्कृष्ट आयु
२. कालकी अपेक्षा—(ति.प. ४/गा.)					
अवसर्पिणी :					
सुषमा सुषमा काल		२ पल्य	३३५		३ पल्य
सुषमा "		१ "	३१६		२ "
सुषमा दुषमा "		१कोड पूर्व	४०४		१ "
दुषमा सुषमा "		१२० वर्ष	१२७७		१कोड़ पूर्व
दुषमा "		२० "	१४७५		१२० वर्ष
दुषमा दुषमा "	१५५४	१५या१६ "	१५३६		२० "
उत्सर्पिणी :					
दुषमा दुषमा काल	१५६४	१५-१६ वर्ष			२० वर्ष
दुषमा "	१५६८	२० "			१२० "
दुषमा सुषमा "	१५७६	१२० "	१५६५		१कोड़ पूर्व
सुषमा दुषमा "	१५६६	१कोड़ पूर्व	१५६८		१ पल्य
दुषमा "	१६००	१ पल्य			२ "
सुषमा सुषमा "	१६०२	२ "	१६०४		३ "

५. भोगभूमिजों व कर्म भूमिजों सम्बन्धी (ति.प. ५/गा.)

उत्तम भोगभू.	२६०	२ पल्य	२६०		३ पल्य
मध्यम " "	२८६	१ "	२८६		२ "
जघन्य " "	२८८	१पूर्व कोड़	२८८		१ "
कर्म भूमि		देखो ऊपर भरत-ऐरावत क्षेत्र			

६. देवगतिमें व्यन्तर देवों सम्बन्धी

१. (मू.आ. ११९६-१११७); २. (त सू. ४/३८-३९); ३. (ति.प. ४, ५,६/गा), ४. (त्रि सा. २४०-२६३); ५. (द स /टी. ३५/१४२)

संकेत—साधिक—अपनेसे ऊपरकी अपेक्षा यथायोग्य कुछ अधिक

प्रमाण ति.प. ६ गा.	प्रमाण अन्य प्रमाण	नाम	आयु जघन्य	आयु उत्कृष्ट	विशेष
		(१) देवोंकी अपेक्षा			
८३	१,२	व्यन्तर सामान्य	सर्वत्र १०,००० वर्ष	१ पल्य	वाहनादिवाले दिशाओंमें स्थित
८४	४,५	किन्नर आदि आठों इन्द्र		"	
"	"	प्रतीन्द्र		"	
"	"	सामानिक		"	
"	"	महत्तर देवी		१/२ पल्य	
"	"	शेष देव		यथायोग्य	
८५	नं. ४	नीचोपपाद		१०,०००वर्ष	
"	"	दिग्वासी		२०,००० "	
"	"	अन्तर निवासी		३०,००० "	
"	"	कूष्माण्ड		४०,००० "	
"	"	उत्पन्न		५०,००० "	
"	"	अनुत्पन्न		६०,००० "	
"	"	प्रमाणक		७०,००० "	
"	"	गन्ध		८०,००० "	
"	"	महा गन्ध		८४,००० "	
"	"	भुजंग (जुगल)		१/८ पल्य	
"	"	प्रातिक		१/४ "	
"	"	आकाशोत्पन्न		१/२ "	

प्रमाण		नाम	आयु		विशेष
ति.प.४ गा.	ति.प.५ गा.		जघन्य	उत्कृष्ट	
		जम्बू द्वीपके रक्षक			
७६		महोरग	सर्वत्र १०,००० वर्ष	१ पल्य	
२७६		वृषभदेव		" "	
१७१२		शाली देव		" "	
	५१	अन्य सर्व द्वीप समुद्रोंके अधिपति देव		१ पल्य	

प्रमाण		नाम	आयु		विशेष
ति.प.४ गा.	ति.प.५ गा.		जघन्य	उत्कृष्ट	
		(२) देवियोंकी अपेक्षा			
१६७२		श्री देवी	सर्वत्र १०,००० वर्ष	१ पल्य	
१७२८		ह्री देवी		" "	
१७६२		धृति "		" "	
२०६		बला देवी		" "	
२५८		लवणा "		" "	

नोट—इसी प्रकार अन्य सर्व देवियोंकी जानना

(३) घातायुष्ककी अपेक्षा—(ध ७/२,२,३०/१२६); (त्रि सा.५४१) सम्यग्दृष्टि=स्वस्व उत्कृष्ट+१/२ पल्य मिथ्यादृष्टि=स्व स्व उत्कृष्ट+पल्य/असं.

७. देव गतिमें भवनवासियों सम्बन्धी

सपरिवार आयु सम्बन्धी=(ति.प ३/१४४-१७५), (त्रि सा. २४०-२४७)
केवल इन्द्रों सम्बन्धी=(मू आ. ११३७-११३६), (त.सू.४/२८), (ज.प ११/१३७), (द.सं./टी. ३५/१४२)
संकेत : सादिक—अपनेसे ऊपरकी अपेक्षा यथायोग्य कुछ अधिक।

क्रम	नाम		आयु सामान्य		मूल भेद		परिषद				आरोहक वाहन या अनीक
	देव सामान्य	इन्द्र	ज०	उ०	इन्द्र	इन्द्राणि	आत्मरक्ष देव	आत्मरक्ष देवी	अभ्यन्तर	मध्यम	बाह्य	सेनापति	
१	असुरकुमार	चमरेन्द्र	[illegible]		१ सागर	२½ पल्य	१ पल्य	[illegible]	२½ पल्य	२ पल्य	१½ पल्य	१ पल्य	½ पल्य
		वैरोचन			सादिक "	३ "	सादिक "		३ "	२½ "	२ "	सादिक "	सादिक "
२	नागकुमार	धरणानन्द			सादिक "	१/८ "	१ कोड़ पूर्व		१/८ "	१/१६ "	१/३२ "	१ कोड पूर्व	१ कोड वर्ष
		भूतानन्द			सादिक "	सादिक "	सादिक "		सादिक "	सादिक "	सादिक "	सादिक "	सादिक "
३	सुपर्णकुमार	वेणु			२½ पल्य	३ कोड पूर्व	१ कोड वर्ष		३ कोड पूर्व	२ कोड पूर्व	१ कोड पूर्व	२ कोड वर्ष	१ लाख "
		वेणुधारी			सादिक "	सादिक "	सादिक "		सादिक "	सादिक "	सादिक "	सादिक "	सादिक "
४	द्वीपकुमार	पूर्ण			२ पल्य	३ कोड वर्ष	१ लाख "		३ कोड वर्ष	२ कोड वर्ष	१ कोड वर्ष	१ लाख "	५०,००० "
		विशिष्ट			सादिक "	सादिक "	सादिक "		सादिक "	सादिक "	सादिक "	सादिक "	सादिक "
५	उदधिकुमार	जलप्रभ			१½ पल्य	३ कोड "	१ लाख "		३ कोड "	२ कोड "	१ कोड "	१ लाख "	५०,००० "
		जलकान्त			सादिक "	सादिक "	सादिक "		सादिक "	सादिक "	सादिक "	सादिक "	सादिक "
६	स्तनितकुमार	घोष			१½ पल्य	३ कोड "	१ लाख "		३ कोड "	२ कोड "	१ कोड "	१ लाख "	५०,००० "
		महाघोष			सादिक "	सादिक "	सादिक "		सादिक "	सादिक "	सादिक "	सादिक "	सादिक "
७	विद्युत्कुमार	हरिषेण			१½ पल्य	३ कोड "	१ लाख "		३ कोड "	२ कोड "	१ कोड "	१ लाख "	५०,००० "
		हरिकान्त			सादिक "	सादिक "	सादिक "		सादिक "	सादिक "	सादिक "	सादिक "	सादिक "
८	दिक्कुमार	अमितगति			१½ पल्य	३ कोड "	१ लाख "		३ कोड "	२ कोड "	१ कोड "	१ लाख "	५०,००० "
		अमितवाहन			सादिक "	सादिक "	सादिक "		सादिक "	सादिक "	सादिक "	सादिक "	सादिक "
९	अग्निकुमार	अग्निशिखा			१½ पल्य	३ कोड "	१ लाख "		३ कोड "	२ कोड "	१ कोड "	१ लाख "	५०,००० "
		अग्निवाहन			सादिक "	सादिक "	सादिक "		सादिक "	सादिक "	सादिक "	सादिक "	सादिक "
१०	वायुकुमार	वेलम्ब			१½ पल्य	३ कोड "	१ लाख "		३ कोड "	२ कोड "	१ कोड "	१ लाख "	५०,००० "
		प्रभञ्जन			सादिक "	सादिक "	सादिक "		सादिक "	सादिक "	सादिक "	सादिक "	सादिक "

२. घातायुष्ककी अपेक्षा (ध. ७/२,२,३०/१२६). (त्रि.सा. ५४१)
सम्यग्दृष्टि इन्द्र स्व स्व उत्कृष्ट+१/२ सागर
मिथ्यादृष्टि " " " +पल्य/असं.

८. देवगतिमें ज्योतिष देवों सम्बन्धी

१. (मू आ ११२२-११२३), २. (त सू. ४/४०-४१), ३. (ति.प. ७/६१७-६२५); ४. (रा.वा. ४/४०-४१/२४६); ५. (हरि.पु. ६/८-६), ६. (ज.प. १२/६५-६६); ७. (त्रि.सा. ४४६)

प्रमाण सं.	नाम	आयु	
		जघन्य प्रमाण नं. ५	उत्कृष्ट

(१) ज्योतिष देव सामान्यकी अपेक्षा

१-७	चन्द्र	१/८ पल्य	१ पल्य + १ लाख वर्ष
,,	सूर्य	,,	१ पल्य + १००० वर्ष
,,	शुक्र	,,	१ पल्य + १०० वर्ष
२,३,४,६,७	बृहस्पति	,,	१ पल्य
नं. १	,,	,,	१ पल्य-१०० वर्ष
नं. ५	,,	,,	३/४ पल्य

प्रमाण सं.	नाम	आयु	
		जघन्य	उत्कृष्ट
१-७	बुध, मंगल	१/८ पल्य	१/२ पल्य
,,	शनि	,,	,,
,,	नक्षत्र	,,	,,
,,	तारे	,,	१/४ पल्य

(२) ज्योतिष देवियोंकी अपेक्षा

(त्रि. सा. ४४६)

सर्व देवियाँ	स्व स्व देवोंसे आधी

(३) घातायुष्ककी अपेक्षा

(ध.७/२,२,३०/१२६), (त्रि. सा. ५४१)

सम्यग्दृष्टि = स्व स्व उत्कृष्ट + १/२ पल्य

मिथ्यादृष्टि = ,, ,, ,, + पल्य/असं.

९. देवगति में वैमानिक देव सामान्य सम्बन्धी

प्रमाण :—स्वर्ग सामान्यकी उत्कृष्ट व जघन्य आयु सम्बन्धी—(मू आ.११६); (त. सू. ४/२६-३४); (ति. प. ८/४५८-४५६), (रा. वा. ४/२६-३४/२४६-२४८); (ज प १६/६५३); (त्रि. सा.५३२);

प्रत्येक पटल विशेष में आयु सम्बन्धी—(टीका सहित ष ख. ७/२,२/सू. ३३-३८/१२६-१३५)

बद्धायुष्ककी अपेक्षा प्रत्येक पटलमें आयु सम्बन्धी—ति. प. ८/४५८-५१२)

घातायुष्क सामान्यकी अपेक्षा ,, ,, ,, ,, —(ति. प. ८/५४१)

घातायुष्क सम्यग्दृष्टि व मिथ्यादृष्टिकी अपेक्षा—(त्रि. सा. ५३३,५४१)

क्रम	नाम	आयु सामान्य		बद्धायुष्ककी अपेक्षा उत्कृष्ट	घातायुष्क सामान्य उत्कृष्ट
		जघन्य	उत्कृष्ट		
	(१) सौधर्म ईशान स्वर्ग सम्बन्धी				
	स्वर्ग सामान्य	साधिक १ पल्य	साधिक २ सागर		
	घातायुष्क	(ध ४/पृ.४६३/११)			
	सम्यग्दृष्टि	१ पल्य + १/२ पल्य	२ सागर + १/२ सागर		
	मिथ्यादृष्टि	१ पल्य + पल्य/असं.	२ सागर + पल्य/असं		
	प्रत्येक पटल				
१	ऋजु	१$\frac{१}{२}$ पल्य	१/२ सागर	६६६,६६६,६६६,६६६,६६$\frac{२}{३}$ पल्य	स्व स्व उत्कृष्ट आयुवत्
२	विमल	१/२ सागर	१७/३० ,,	१,३३३,३३३,३३३,३३३,३३$\frac{१}{३}$,,	
३	चन्द्र	१७/३० ,,	१६/३० ,,	२०,०००,०००,०००,०००,०० ,,	
४	वल्गु	१६/३० ,,	२१/३० ,,	२६६,६६६,६६६,६६६,६६$\frac{२}{३}$,,	
५	वीर	२१/३० ,,	२३/३० ,,	३३३,३३३,३३३,३३३,३३३$\frac{१}{३}$,,	
६	अरुण	२३/३० ,,	२५/३० ,,	४००,०००,०००,०००,००० ,,	
७	नन्दन	२५/३० ,,	२७/३० ,,	४६६,६६६,६६६,६६६,६६$\frac{२}{३}$,,	
८	नलिन	२७/३० ,,	२६/३० ,,	५३३,३३३,३३३,३३३,३३$\frac{१}{३}$,,	
९	कांचन	२६/३० ,,	१-१/३० ,,	६००,०००,०००,०००,००० ,,	
१०	रुधिर	१-१/३० ,,	१-३/३० ,,	६६६,६६६,६६६,६६६,६६$\frac{२}{३}$,,	
११	चारु	१-३/३० ,,	१-५/३० ,,	७३३,३३३,३३३,३३३,३३$\frac{१}{३}$,,	
१२	मरुत	१-५/३० ,,	१-७/३० ,,	८००,०००,०००,०००,००० ,,	
१३	ऋद्धीश	१-७/३० ,,	१-६/३० ,,	८६६,६६६,६६६,६६६,६६$\frac{२}{३}$,,	
१४	वैडूर्य	१-६/३० ,,	१-११/३० ,,	६३३,३३३,३३३,३३३,३३३ ,,	
१५	रुचक	१-११/३० ,,	१-१३/३० ,,	१,०००,०००,०००,०००,००० ,,	
१६	रुचिर	१-१३/३० ,,	१-१५/३० ,,	१,०६६,६६६ ६६६,६६६,६६$\frac{२}{३}$,,	
१७	अङ्क	१-१५/३० ,,	१-१७/३० ,,	१,१३३,३३३,३३३,३३३,३३$\frac{१}{३}$,,	
१८	स्फटिक	१-१७/३० ,,	१-१६/३० ,,	१,२००,०००,०००,०००,००० ,,	
१९	तपनीय	१-१६/३० ,,	१-२१/३० ,,	१,२६६,६६६,६६६,६६६,६६६ ,,	

क्रम	नाम	आयु सामान्य		बद्धायुष्ककी अपेक्षा उत्कृष्ट	घातायुष्क सामान्य उत्कृष्ट
		जघन्य	उत्कृष्ट		
२०	मेघ	१-२१/३० सागर	१-२३/३० सागर	१,३३३,३३३,३३३,३३३,३३३ पल्य	स्व स्व उत्कृष्ट आयुवत्
२१	अभ्र	१-२३/३० ,,	१-२५/३० ,,	१,४००,०००,०००,०००,००० ,,	
२२	हरित	१-२५/३० ,,	१-२७/३० ,,	१,४६६,६६६,६६६,६६६,६६६ ,,	
२३	पद्म	१-२७/३० ,,	१-२६/३० ,,	१,५३३,३३३,३३३,३३३,३३३ ,,	
२४	लोहिताङ्क	१-२६/३० ,,	२-१/३० ,,	१,६००,०००,०००,०००,००० ,,	
२५	वरिष्ट	२-१/३० ,,	२-३/३० ,,	१,६६६,६६६,६६६,६६६,६६६ ,,	
२६	नन्दावर्त	२-३/३० ,,	२-५/३० ,,	१,७३,३३३,३३३,३३३,३३३ ,,	
२७	प्रभंकर	२-५/३० ,,	२-७/३० ,,	१,८००,०००,०००,०००,००० ,,	
२८	पिष्टाक (पृष्ठक)	२-७/३० ,,	२-६/३० ,,	१,८६६,६६६,६६६,६६६,६६६ ,,	
२६	गज	२-६/३० ,,	२-११/३० ,,	१,६३३,३३३,३३३,३३३,३३३ ,,	
३०	मित्र	२-११/३० ,,	२-१३/३० ,,	२०,०००,०००,०००,०००,००० ,,	
३१	प्रभा	२-१३/३० ,,	२-१/२ ,,	साधिक २ सागर	
	(२) सनत्कुमार माहेन्द्र युगल सम्बन्धी				
	स्वर्ग सामान्य	साधिक २ सागर	साधिक ७ सागर		
	घातायुष्क'—				
	सम्यग्दृष्टि	२-१/२ सागर	७-१/२ सागर		
	मिथ्यादृष्टि	२ सागर + पल्य/असं	७ सागर + पल्य/असं.		
	प्रत्येक पटल—				
१	अंजन	२-१/२ सागर	३-३/१४ सागर	२-५/७ सागर	
२	वनमाला	३-३/१४ ,,	३-१/१४ ,,	३-३/७ ,,	
३	नाग	३-१३/१४ ,,	४-६/१४	४-१/७ ,,	
४	गरुड़	४-६/१४ ,,	५-५/१४ ,,	४-६/७ ,,	
५	लांगल	५-५/१४ ,,	६-१/१४ ,,	५-४/७ ,,	
६	बलभद्र	६-१/१४ ,,	६-११/१४ ,,	६-३/७ ,,	
७	चक्र	६-११/१४ ,,	७½ ,,	साधिक ७ ,,	
	(३) ब्रह्म ब्रह्मोत्तर युगल सम्बन्धी				
	स्वर्ग सामान्य	साधिक ७ सागर	साधिक १० सागर		—उत्कृष्ट आयु सामान्य वत्—
	घातायुष्क.—				
	सम्यग्दृष्टि	७ + १/२ सागर	१० + १/२ सागर		
	मिथ्यादृष्टि	७ सागर + पल्य/असं.	१० सागर + पल्य/असं.		
	प्रत्येक पटल—				
१	अरिष्ट	७-१/२ सागर	८-१/४ सागर	७-३/४ सागर	
२	देवसमित	८-१/४ ,,	६ ,,	८-२/४ ,,	
३	ब्रह्म	६ ,,	६-३/४ ,,	६-१/४ ,,	
४	ब्रह्मोत्तर	६-३/४ ,,	१०-१/२ ,,	साधिक १० ,,	
	लौकान्तिक देव	८ सागर	८ सागर	८ सागर	
	(४) लांतव कापिष्ठ युगल सम्बन्धी				
	स्वर्ग सामान्य	साधिक १० सागर	साधिक १४ सागर		
	घातायुष्क '—				
	सम्यग्दृष्टि	१० + १/२ सागर	१४ + १/२ सागर		
	मिथ्यादृष्टि	१० सागर + पल्य/असं.	१४ सागर + पल्य/असं.		
	प्रत्येक पटल—				
१	ब्रह्म निलय	१०-१/२ सागर	१२-१/२ सागर	साधिक १२ सागर	
२	लान्तव	१२-१/२ सागर	१४-१/२ सागर	,, १४ सागर	

क्रम	नाम	आयु सामान्य		महायुष्ककी अपेक्षा उत्कृष्ट	घातायुष्क सामान्य उत्कृष्ट
		जघन्य	उत्कृष्ट		
	(५) शुष्क महाशुक्र युगल सम्बन्धी				
	स्वर्ग सामान्य	साधिक १४ सागर	साधिक १ सागर		
	घातायुष्क :—				
	सम्यग्दृष्टि	१४-१/२ सागर	१६-१/२ सागर		
	मिथ्यादृष्टि	१४ सागर $-\frac{\text{पल्य}}{\text{असं.}}$	१६ सागर $+\frac{\text{पल्य}}{\text{असं.}}$		
	प्रत्येक पटल—				
१	महा शुक्र	१४-१/२ सागर	१६-१/२ सागर	साधिक १६ सागर	
	(६) शतार-सहस्रार युगल सम्बन्धी				
	स्वर्ग सामान्य	साधिक १६ सागर	साधिक १८ सागर		
	घातायुष्क :—				
	सम्यग्दृष्टि	१६-१/२ सागर	१८-१/२ सागर		
	मिथ्यादृष्टि	१६ सागर $+\frac{\text{पल्य}}{\text{असं.}}$	१८ सागर $+\frac{\text{पल्य}}{\text{असं.}}$		
	प्रत्येक पटल :—				उत्कृष्ट आयु सामान्य
१	सहस्रार	१६-१/२ सागर	१८-१/२ सागर	साधिक १८ सागर	
	(७) आनत प्राणत युगल सम्बन्धी				
	स्वर्ग सामान्य	१८ सागर	२० सागर		
	घातायुष्क :—	उत्पत्ति का अभाव त्रि. सा. ५३३)			
	प्रत्येक पटल				
१	आनत	१८-१/२ सागर	१९ सागर	१८-४/६ सागर	
२	प्राणत	१९ सागर	१९-१/२ ,,	१९-२/३ ,,	
३	पुष्पक	१९-१/२ ,,	२० ,,	२० ,,	
	(८) आरण अच्युत युगल सम्बन्धी				
	स्वर्ग सामान्य	२० सागर	२२ सागर		
	घातायुष्क :—	उत्पत्तिका अभाव (त्रि. सा. ५३३)			
	प्रत्येक पटल :—				
१	सातंकर	२० सागर	२०-२/३ सागर	२०-४/६ सागर	
२	आरण	२०-२/३ ,,	२१-१/३ ,,	२१-२/६ ,,	
३	अच्युत	२१-१/३ ,,	२२ ,,	२२ ,,	
	(९) नव ग्रैवेयक सम्बन्धी				
	स्वर्ग सामान्य	२२ सागर	३१ सागर		↑
	घातायुष्क :—	उत्पत्तिका अभाव (त्रि. सा. ५३३)			उत्पत्तिका अभाव
	प्रत्येक पटल :—				
१	अधो—सुदर्शन	२२ सागर	२३ सागर		
२	अमोघ	२३ ,,	२४ ,,		
३	सुप्रबद्ध	२४ ,,	२५ ,,		
४	मध्यम—यशोधर	२५ ,,	२६ ,,		↓
५	सुभद्र	२६ ,,	२७ ,,		
६	सुविशाल	२७ ,,	२८ ,,		
७	ऊर्ध्व—सुमनस	२८ ,,	२९ ,,		
८	सौमनस	२९ ,,	३० ,,		
९	प्रीतिंकर	३० ,,	३१ ,,		

क्रम	नाम	आयु सामान्य		बद्धायुष्क की अपेक्षा उत्कृष्ट	घातायुष्क सामान्य उत्कृष्ट
		जघन्य	उत्कृष्ट		
	(१०) नव अनुदिश सम्बन्धी				
	स्वर्ग सामान्य	३१ सागर	३२ सागर		
	घातायुष्क :—	उत्पत्तिका अभाव (त्रि. सा. ५३३)			
	प्रत्येक पटल :—				
१	आदित्य				
	६ के ६ सर्व				
	विमान	३१ सागर	३२ सागर		
	(११) पंच अनुत्तर सम्बंधी				
	स्वर्ग सामान्य	३२ सागर	३३ सागर		उत्पत्ति का अभाव
	घातायुष्क :—	उत्पत्तिका अभाव (त्रि. सा. ५३३)			
	प्रत्येक विमान :—				
१	विजय	३२ सागर	३३ सागर		
२	वैजयन्त	" "	" "		
३	जयन्त	" "	" "		
४	अपराजित	" "	" "		
५	सर्वार्थ सिद्धि	३३ सागर	" "		

१०. वैमानिक देवोंमें इन्द्रों व उनके परिवार देवों सम्बन्धी

प्रमाण—(ति. प. ८/५१३-५२६)

संकेत—ऊन=किञ्चिदून।

इन्द्र त्रिक=इन्द्र सम्बन्धी प्रतीन्द्र, सामानिक, व त्रायस्त्रिंश यह तीन सामन्त

लो. चतु =लोकपालों सम्बन्धी प्रतीन्द्र, सामानिक, त्रायस्त्रिंश, पारिषद तथा अन्य सामन्त

प्रकी. त्रिक=इन्द्र सम्बन्धी प्रकीर्णक, आभियोग्य व किल्विषक यह तीन प्रकार देव

नोट—उत्कृष्ट आयु दी गयी है। पहले-पहले स्वर्गकी उत्कृष्ट अगले-अगले स्वर्ग में जघन्य आयु है।

नं.	नाम स्वर्ग	इन्द्रादिक		लोकपालादिक				आत्मरक्ष	पारिषद			अनीक	प्रकी. त्रिक
		इन्द्र	इंद्रत्रिक	यम-सोम	कुबेर	वरुण	लो./चतु.		अभ्यन्तर	मध्यम	बाह्य		
		पल्य		पल्य	पल्य	पल्य		पल्य	पल्य	पल्य	पल्य	पल्य	
१	सौधर्म			२-१/२	३	ऊन ३		२-१/२	३	४	५	१	
२	ईशान			३	ऊन ३	साधिक ३		"	"	"	"	"	
३	सनत्कुमार			३-१/२	४	ऊन ४		३-१/२	४	५	६	२	
४	माहेन्द्र			४	ऊन ४	साधिक ४		"	"	"	"	"	
५	ब्रह्म			४-१/२	५	ऊन ५		४-१/२	५	६	७	३	
६	ब्रह्मोत्तर			५	ऊन ५	साधिक ५		"	"	"	"	"	
७	लान्तव			५-१/२	६	ऊन ६		५-१/२	६	७	८	४	
८	कापिष्ठ			६	ऊन ६	साधिक ६		"	"	"	"	"	
९	शुक्र			६-१/२	७	ऊन ७		६-१/२	७	८	९	५	
१०	महाशुक्र			७	ऊन ७	साधिक ७		"	"	"	"	"	
११	शतार			७-१/२	८	ऊन ८		७-१/२	८	९	१०	६	
१२	सहस्रार			८	ऊन ८	साधिक ८		"	"	"	"	"	
१३	आनत			८-१/२	९	ऊन ९		८-१/२	९	१०	११	७	
१४	प्राणत			९	ऊन ९	साधिक ९		"	"	"	"	"	
१५	आरण			९-१/२	१०	ऊन १०		९-१/२	१०	११	१२	८	
१६	अच्युत			१०	ऊन १०	साधिक १०		"	"	"	"	"	

इन्द्र स्वर्गकी उत्कृष्ट आयु° | इन्द्र स्वर्गवत् | इन्द्र सामानिकवत् | कथन नष्ट हो गया है

११. वैमानिक इन्द्रों अथवा देवोंकी देवियों सम्बन्धी

नोट—उत्कृष्ट आयु दी गयी है। जघन्य आयु सर्वत्र एक पल्य है।

संकेत—ऊन=किंचिदून

इन्द्रत्रिक=इन्द्र सम्बन्धी प्रतीन्द्र, सामानिक, त्रायस्त्रिंश यह तीन सामन्त

लो चतु.=लोकपालों सम्बन्धी प्रतीन्द्र, सामानिक, त्रायस्त्रिंश, पारिषद व अन्य सामन्त

प्रकी त्रिक=प्रकीर्णक, अभियोग्य व किल्विषक देव

प्रमाण—सारे चार्टका आधार भूत—(ति.प. ५२७-५४०)

केवल इन्द्रोंकी देवियाँ सम्बन्धी—(मू आ. ११२०-११२१), (ति.प. ८/५२७-५३२); (ध. ७/४,१,६६/गा. १३१-३००); (त्रि.सा. ५४२)

क्रम	नाम स्वर्ग	इन्द्रकी देवियाँ			इन्द्रत्रिक की देवियाँ	लोकपाल परिवारकी देवियाँ			लो. त्रिक	आत्म-रक्षोंकी देवियाँ	पारिषद त्रयकी देवियाँ	अनीकों की देवियाँ	प्रकी. त्रिककी देवियाँ
		दृष्टि नं. १	दृष्टि नं. २	दृष्टि नं ३		सोम-यम	कुबेर	वरुण					
		पल्य	पल्य	पल्य		पल्य	पल्य	पल्य					
१	सौधर्म	५	५	५		१-१/४	१-१/२	ऊन १-१/२					
२	ईशान	७	७	,,		१-१/२	,,	साधिक १-१/२					
३	सनत्कुमार	९	९	१७		२-१/४	२-१/२	ऊन २-१/२					
४	माहेन्द्र	११	११	,,		२-१/२	,,	साधिक २-१/२					
५	ब्रह्म	१३	१३	२५		३-१/४	३/१/२	ऊन ३-१/२					
६	ब्रह्मोत्तर	१५	१५	,,		३-१/२	,,	साधिक ३-१/२					
७	लान्तव	१७	१७	३५		४-१/४	४-१/२	ऊन ४-१/२					
८	कापिष्ठ	१९	१९	,,		१/२	,,	साधिक ४-१/२					
९	शुक्र	२१	२१	४०		५-१/४	५-१/२	ऊन ५-१/२					
१०	महाशुक	२३	२३	,,		५-१/२	,,	साधिक ५-१/२					
११	शतार	२५	२५	४५		६-१/४	६-१/२	ऊन ६-१/२					
१२	सहस्रार	२७	२७	,,		६-१/२	,,	साधिक ६-१/२					
१३	आनत	३४	२९	५०		७-१/४	७-१/२	ऊन ७-१/२					
१४	प्राणत	४१	३१	,,		७-१/२	,,	साधिक ७-१/२					
१५	आरण	४८	३३	५५		८१/४-	८-१/२	ऊन ८-१/२					
१६	अच्युत	५५	३५	,,		८-१/२	,,	साधिक ८-१/२					

इन्द्र सं सामिवत् — कथन नष्ट हो गया है — कथन नष्ट हो गया है — कथन नष्ट हो गया है

१२. देवों-द्वारा बन्ध योग्य जघन्य आयु

ध. ६/४,१,६६/३०६-३०८

क्रम	स्वर्ग	जघन्य आयु	
		तिर्यंचोंकी	मनुष्योंकी
१	सानत्कुमार माहेन्द्र	मुहूर्त पृथक्त्व	मुहूर्त पृथक्त्व
२	ब्रह्म-ब्रह्मोत्तर	दिवस ,,	दिवस ,,
३	लान्तव-कापिष्ठ	,, ,,	,, ,,
४	शुक्र-महाशुक	पक्ष ,,	पक्ष ,,
५	शतार-सहस्रार	,, ,,	,, ,,
६	आनत-प्राणत	मास ,,	मास ,,
७	आरण-अच्युत	,, ,,	,, ,,
८	नवग्रैवेयक	वर्ष ,,	वर्ष ,,
९	अनुदिश-अपराजित	×	,, ,,
१०	सम्यग्दृष्टि कोई भी देव	×	,, ,,

आयोपाय—भ.आ./मू. ४६२ तस्स आयोपायविदंसी खवयस्स ओघपण्णवओ। आलोचेंतस्स अणुज्जगस्स दंसेइ गुणदोसे ॥४६२॥ =जो क्षपक उपर्युक्त कारणोंसे दोषोंकी आलोचना करनेमें भयभीत होता है उसको आयोपाय वर्णन गुणके धारक आचार्य आलोचना करनेमें गुण और न करनेमें हानि कैसी होती है इसका निरूपण कहते हैं।

आरंभ—स.सि. ६/८/३२५/४ प्रक्रम आरम्भः।

स.सि. ६/१५/३३३/९ आरम्भः प्राणिपीडाहेतुर्व्यापारः।=कार्य करने लगना सो आरम्भ है। (रा.वा. ६/८/४/५१४), (चा.सा.८७/५) प्राणियोंको दुःख पहुँचानेवाली प्रवृत्ति करना आरम्भ है।

रा.वा. ६/१५/२/५२५/२५ हिंसनशीला हिंस्राः, तेषां कर्म हैंस्नम् आरम्भ इत्युच्यते।=हिंसनशील अर्थात् हिंसा करना है स्वभाव जिनका वे हिंस्र कहलाते हैं। उनके ही कार्य हैंस्न कहलाते हैं। उनको ही आरम्भ कहते हैं।

ध. १३/५,४,२२/४६/१२ प्राणि-प्राणवियोजनं आरम्भो नाम।=प्राणियोंके प्राणोंका वियोग करना आरम्भ कहलाता है।

प्र.सा./त.प्र. २२१ उपधिसद्भावे हि ममत्वपरिणामलक्षणायाः मूर्च्छायास्तद्विषयकर्मप्रक्रमपरिणामलक्षणस्यारम्भस्य...।=उपाधिके सद्भावमें ममत्व परिणाम जिसका लक्षण है ऐसी मूर्च्छा और उपाधि सम्बन्धी कर्म प्रक्रमके परिणाम जिसका लक्षण है ऐसा आरम्भ...।

आरंभ क्रिया—दे क्रिया ३/२।

आरंभ त्याग प्रतिमा—र.क.श्रा. १४४ सेवाकृषिवाणिज्यप्रमुखादारम्भतो व्युपारमति प्राणातिपातहेतोर्योऽसावारम्भविनिवृत्तः ॥१४४॥ =जो जीव हिंसाके कारण नौकरी खेती व्यापारादिके आरम्भसे विरक्त है वह आरम्भ त्याग प्रतिमाका धारी है। (गुण श्रा. १८०) (का.आ ३८५); (सा.ध. ७/२१)

वसु. श्रा २९८ जं किं पि गिहारंभ बहु थोगं वा सयाविवज्जेइ। आरम्भणियत्तमई सो अट्ठमु सावओ भणिओ ॥२९८॥ जो कुछ भी थोड़ा या बहुत गृह सम्बन्धी आरम्भ होता है उसे जो सदाके लिए त्याग करता है, वह आरम्भसे निवृत्त हुई है बुद्धि जिसकी, ऐसा आरम्भ त्यागी आठवाँ श्रावक कहा गया है।

.सं./टी. ४५/११५ आरम्भादिसमस्तव्यापारनिवृत्तोऽष्टम। =आरम्भादि सम्पूर्ण व्यापारके त्यागसे अष्टम प्रतिमा (होती है।)

२ आरम्भ त्याग व सचित्त त्याग प्रतिमामें अन्तर

ला.सं. ७/३२-३३ इत पूर्वमतीचारो विद्यते वधकर्मण। सचित्तस्पर्शनत्वाद्वा स्वहस्तेनाम्भसां यथा॥३२॥इत. प्रभृति यद्द्रव्य सचित्त सलिलादिवत्। न स्पर्शति स्वहस्तेन ब्रह्मारम्भस्य का कथा ॥३३॥ =इस आठवीं प्रतिमा स्वीकार करनेसे पहले वह सचित्त पदार्थोंका स्पर्श करता था जैसे-अपने हाथसे जल भरता था, छानता था और फिर उसे प्रासुक करता था, इस प्रकार करनेसे उसे अहिंसा व्रतका अतिचार लगता था, परन्तु इस आठवीं प्रतिमाको धारणकर लेनेके अनन्तर वह जलादि सचित्त द्रव्योंको अपने हाथसे छूता भी नहीं है। फिर भला अधिक आरम्भ करनेकी तो बात ही क्या है।

आर—चतुर्थ नरकका प्रथम पटल—दे. नरक ५/११।

आरट्ट—१. (म.प्र./प्र ५०/प. पन्नालाल) पंजाबके एक प्रदेशका नाम; २ भरत क्षेत्रका एक देश—दे मनुष्य ४

आरण—१. कल्पवासी देवोंका एक भेद व उनका अवस्थान—दे. स्वर्ग ३/५; २. स्वर्गोंका पन्द्रहवाँ कल्प—दे. स्वर्ग ५/२; ३. आरण स्वर्गका द्वितीय पटल व इन्द्रक विमान—दे. स्वर्ग ५/३।

आरातीय—प सि १/२०/१२४/१ आरातीयैः पुनराचार्यैः। =आरातीयोंके द्वारा अर्थात् आचार्योंके द्वारा।

आराधना—भ आ./मू./२ उज्जोवणमुज्जवणं णिव्वाहण साहणं च णिच्छरणं। दंसणणाणचरित्त तवाणमाराहण भणिया। =सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान,सम्यकचारित्र व सम्यक्तप इन चारोंका यथायोग्य रीतिसे उद्योतन करना, उनमें परिणति करना, इनको दृढतापूर्वक धारण करना, उसके मन्द पड जानेपर पुनः-पुनः जागृत करना, उनका आमरण पालन करना सो (निश्चय) आराधना कहलाती है। (द्र.सं. ५४)२२१ पर उद्धृत), (अन ध. १/९२/१०१)

स सा./मू. ३०४-३०५ संसिद्धिराधसिद्धं साधिय माराधिय च एयट्ठं। अवगयराधो जो खलु चेया सो होइ अवराधो ॥३०४॥ जो पुण णिरवराधो चेया णिस्संकिओ उ सो होइ। अवराहणाए णिच्चं वट्टेइ अहंति आणंतो ॥३०५॥ =संसिद्धि, राध, सिद्ध, साधित और आराधित ये शब्द एकार्थ है। इसलिए जो आत्मा राधसे रहित हो वह अपराध है ॥३०४॥ और जो चेतयिता आत्मा अपराधी नहीं है, वह शंका रहित है और अपनेको 'मैं हूँ' ऐसा जानता हुआ आराधना कर हमेशा वर्तता है।

न.च.वृ. ३५६ समदा तह मज्झत्थं सुद्धो भावो य वीयरायत्त। तह चारित्तं धम्मो सहावआराहणा भणिया ॥३५६॥ =समता तथा माध्यस्थ, शुद्ध भाव तथा वीतरागता, चारित्र तथा धर्म यह सब ही स्वभावकी आराधना कहलाते है।

द्र.स./टी. ५४/२२२ में उद्धृत "समत्त सण्णाणं सच्चारित्तं हि सत्तवो चेव। चउरो चिट्ठहि आदे तम्हा आदा हु मे सरण।" =सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र और सम्यक्तप, ये चारों आत्मामें निवास करते हैं इसलिए आत्मा ही मेरे शरणभूत है।

अन.ध. १/९८/१०५ वृत्तिर्जातसुदृष्ट्यादेस्तद्गतातिशयेषु या। उद्द्योतादिषु सा तेषां भक्तिराराधनोच्यते ॥९८॥ =जिसके सम्यग्दर्शनादिक परिणाम उत्पन्न हो चुके हैं, ऐसे पुरुषकी उन सम्यग्दर्शनादिकमें रहनेवाले अतिशयों अथवा उद्योतादिक विशेषोंमें जो वृत्ति उसी को दर्शनादिककी भक्ति कहते है। और इसी भक्तिका नाम ही आराधना है।

२. आराधनाके भेद

भ.आ./मू. २,३ दंसणणाणचरित्तं तवाणमाराहणा भणिया ॥२॥ दुविहा पुण जिणवयणे आराहणासमासेण। सम्मत्तम्मि य पढमा विदिया य हवे चरित्तम्मि ॥३॥ =दर्शन, ज्ञान, चारित्र और तप इन चारको आराधना कहा गया है ॥२॥ अथवा जिनागममें संक्षेपसे आराधनाके दो भेद कहे है—एक सम्यक्त्वाराधना, दूसरा चारित्राराधना।

नि सा./ता वृ ७५ दर्शनज्ञानचारित्रपरमतपश्चरणाभिधानचतुर्विधाराधनासदानुरक्ता। =ज्ञान, दर्शन, चारित्र और परम तप नामकी चतुर्विध आराधनामें सदा अनुरक्त।

गो. जी./जी प्र ३६८/७६०/१२ दीक्षाशिक्षागणपोषणात्मसंस्कारसल्लेखनोत्तमार्थस्थानगतोत्कृष्टाराधनाविशेष च वर्णयति। =दीक्षा, शिक्षा, गणपोषण, आत्मसंस्कार, अर्थात् यथायोग्य शरीरका समाधान, सल्लेखना, उत्तम अर्थ स्थानको प्राप्त उत्तम आराधना इनिका विशेष प्ररूपिये है।

★ निश्चय आराधनाके अपर नाम—दे. मोक्षमार्ग २/५

३. उत्तम, मध्यम, जघन्य आराधनाके स्वामित्व

भ आ./मू. ११९८-११२१ सुक्काए लेस्साए उक्कस्सं अंसयं परिणमित्ता। जो मरदि सो ण णियमा उक्कस्साराधओ होई ॥११९८॥ खाइयदंसणचरणं खओवसमिय च णाणमिदि मग्गो। तं होइ खीणमोहो आराहिता य जो हु अरहंतो ॥११९९॥ जो सेसा सुक्काए दु असया जे य पम्मलेस्साए। तल्लेस्सापरिणामो दु मज्झिमाराधणा मरणे ॥११२०॥ तेजाए लेस्साए ये असा तेसु जो परिणमित्ता। काल करेइ तस्स हु जहण्णियाराधणा भणदि ॥११२१॥ =शुक्ल लेश्याके उत्कृष्ट अंशोंसे परिणत होकर जो क्षपक मरणको प्राप्त होता है, उस महात्माको नियमसे उत्कृष्ट आराधक समझना चाहिए ॥११९८॥ क्षायिक सम्यक्त्व और चारित्र और क्षयोपशमिक ज्ञान इनकी आराधना करके आत्मा क्षीणमोही बनता है और तदनन्तर अरहन्त होता है ॥११९९॥ (क्षेपक गाथा) शुक्ल लेश्याके मध्यम अंश, और जघन्य अंशोंसे तथा पद्म लेश्याके अंशोंसे जो आराधक मरणको प्राप्त करते हैं, वे मध्यम आराधक माने जाते है ॥११२०॥ पीत लेश्याके जो अंश हैं, उनसे परिणत होकर जो मरणवश होते हैं, वे जघन्य आराधक माने जाते है।

४. सम्यग्दर्शनकी उत्कृष्टादि आराधनाओंका स्वामित्व

भ. आ./मू. ५१ उक्कस्साकेवलिणो मज्झिमया सेससम्मदिट्ठीण। अविरतसम्मादिट्ठिस्स संकिलिट्ठस्स हु जहण्णा ॥५५॥ =उत्कृष्ट सम्यक्त्वकी आराधना अयोग केवलीको होती है। मध्यम सम्यग्दर्शनकी आराधना बाकीके सम्यग्दृष्टि जीवोंको होती है। परन्तु परिषहोंसे जिसका मन उद्विग्न हुआ है ऐसे अविरत सम्यग्दृष्टिको जघन्य आराधना होती है। (भ.भा./वि ५१/१७५)

आराधना—भगवती आराधनाका अमितगति (वि.१०५०-१०७३) कृत संस्कृत रूपान्तर। (ती २/३९४)

आराधना कथा कोश—दे. कथाकोश।

आराधना पंजिका—भगवती आराधनाकी टीका है—दे.भ.आ.।

आराधना संग्रह—आ. पद्मनन्दि ८ (वि.१३६२ ई.-१३०५) कृत।

आराधना सार—१. आ. देवसेन (वि.९९०-१०१२) कृत ११५ पद्यबद्ध चतुर्विध आराधना विषयक संस्कृत ग्रन्थ। २. आ. रविचन्द

(ई श. १२-१३) कृत चतुर्विध आराधना विषयक संस्कृत पद्यबद्ध ग्रन्थ (ती २/३६६, ३/३१७)।

आरोहक—ल सा /भाषा ३१२/३६७/१ उपशम (तथा क्षपक) श्रेणी पर चढनेवालेका नाम आरोहक कहिये है।

आर्जव धर्म—बा अ ७३ मोत्तूण कुडिल भाव णिम्मलहिदयेण चरदि जो समणो। अज्जवधम्म तइयो तस्स दु संभवदि णियमेण ॥७३॥ =जो मनस्वी प्राणी (शुभ विचार वाला) कुटिल भाव व मायाचारी परिणामोंको छोड़कर शुद्ध हृदयसे चारित्रका पालन करता है, उसके नियमसे तीसरा आर्जव नामका धर्म होता है।

स सि ६/६/४१२/६ योगस्यावक्रता आर्जवम्। =योगोंका वक्र न होना आर्जव है। (रा वा ६/६/४/५११)

भ.आ /वि./४६/१५४ आकृष्टान्तद्वयसूत्रवद्वक्रताभाव आर्जवमित्युच्यते। =डोरीके दो छोर पकड कर खींचनेसे वह सरल होती है। उसी तरह मनमें-से कपट दूर करने पर वह सरल होता है अर्थात् मनकी सरलताका नाम आर्जव है।

पं, वि १/८६ हृदि यत्तद्वाचि बहि फलति तदेवार्जव भवत्येतत्। धर्मो निकृतिरधर्मो द्वाविह सुरसद्मनरकपथौ ॥८६॥ =जो विचार हृदयमें स्थित है, वही वचनमें रहता है तथा वही बाहर फलता है अर्थात् शरीरसे भी तदनुसार ही कार्य किया जाता है, यह आर्जव धर्म है, इससे विपरीत दूसरोंको धोखा देना, यह अधर्म है। ये दोनों यहाँ क्रमसे देवगति और नरकगतिके कारण है।

का. अ./मू ३६६ जो चिंतेइ ण वंकं ण कुणदि वंकं ण जंपदे वंकं। ण य गोवदि णिय दोसं अज्जव-धम्मो हवे तस्स ॥३६६॥ =जो मुनि कुटिल विचार नहीं करता, कुटिल कार्य नहीं करता और कुटिल बात नहीं बोलता तथा अपना दोष नहीं छिपाता वह आर्जव धर्मका धारी होता है क्योंकि मन, वचन, कायकी सरलताका नाम आर्जव धर्म है। (त.सा.६/१६)

२ आर्जवधर्म पालनार्थ विशेष भावनाएं

भ.आ /मू.१४३१-१४३५ अदिगूहिदा वि दोसा जणेण कालंतरेणणज्जंति। मायाए पउत्ताए को इत्थ गुणो हवदि लद्धो ॥१४३१॥ पडि भोगम्मि असते णियडि सहस्सेहिं गूहमाणस्स। चदुरंगहोज्ज दोसो खणेण सो पायडो होइ ॥१४३२॥ जणपायडो वि दोसो दोसोत्ति ण घेप्पए सभागस्स। जह समलत्ति ण घिप्पदि समल पि जए तणायजलं ॥१४३३॥ डभसएहिं बहुगेहि सुपउत्तेहि अपडिभोगस्स। हत्थ ण एदि अत्थो अण्णादो सपडिभोगादो ॥१४३४॥ इह य परत्तय लोए दोसे बहुए य आवहइ माया। इदि अप्पणो गणित्ता परिहरिदव्वा हवइ माया ॥१४३५॥ =दोषोंको अतिशय छिपाने पर भी कालान्तरसे कुछ काल व्यतीत होनेके बाद वे दोष लोगोंको मालूम पडते ही है, इसलिए मायाका प्रयोग करनेपर भी क्या फायदा होता है? ध्यानमें नहीं आता ॥१४३१॥ उत्कृष्ट भाग्य यदि न होगा तो हजारों कपट करके दोषोंको छिपाने पर भी वे प्रगट होते ही है। जैसे--चन्द्रको राहु ग्रस लेता है यह बात छिपती नहीं सर्वजन प्रसिद्ध होती है वैसे ही दोष छिपानेका कितना भी प्रयत्न करो, परन्तु यदि तुम पुण्यवान् न होगे तो तुम्हारे दोष लोगोंको मालूम होगे ही ॥१४३२॥ जो पुण्यवान् पुरुष है उसका दोष लोगोंको प्रत्यक्ष होने पर भी लोग उसको दोष मानते नहीं हैं, जैसे तालाबका पानी मलिन होने पर भी उसके मलिनपनाकी तरफ जन लक्ष्य नहीं देते हैं। इसका अभिप्राय यह है कि--पुण्यवान्को कपट करनेकी कुछ भी आवश्यकता नहीं है क्योंकि दोष प्रकट होने पर भी श्रीमान् मान्य होते ही है ॥१४३३॥ सैकडों कपट प्रयोग करने पर भी और वे मालूम कपट प्रयोग करने पर भी पुण्यवान् मनुष्यसे भिन्न अर्थात् पापी मनुष्यको धन प्राप्त नहीं होता, तात्पर्य कपट करनेसे धन प्राप्त नहीं होता पुण्यसे ही मिलता है ॥१४३४॥ इस प्रकार इस भव व परभवमें मायासे अनेक दोष उत्पन्न होते है ऐसा जानकर मायाका त्याग करना चाहिए ॥१४३५॥ (रा वा.६/६/२७/५१६/१५), (चा सा /-६२/२), (प वि.१/६०), (ज्ञा १६/५८-६७)

अन ध ६/१७-२३/५७७ भावार्थ--'यह कपटी है' इस तरहकी अपकीर्ति को जो सहन कर नहीं सकता उसकी तो बात क्या, जो सहन भी कर सकता है वह भी इस संसार मार्गको बढाने वाली अनन्तानुबन्धी इस मायाको दूरसे छोड दे। क्योंकि नहीं तो तुझे पुंस्त्व पर्याय प्राप्त न होगी। इस लोकमें तेरा कोई भी विश्वास न करेगा। जिन्होंने आर्जव धर्म रूपी नौकाके द्वारा माया रूपी नदीको लाँघ लिया है वे लोकोत्तर पुरुष जयवन्त रहो। परन्तु मायापूर्ण वाक्योंसे अर्थात् 'कुंजरो न नरः' ऐसे मायापूर्ण वाक्योंसे गुरु द्रोणाचार्यको धोखा देनेके कारण युधिष्ठिरको इतनी ग्लानि हुई कि उन्होंने अपने को सत्पुरुषोंसे छिपा लिया। इस प्रकार मायासे बडे-बडे पुरुषोंको क्लेश हुआ है ऐसा जानकर मायाका त्याग कर देना चाहिए।

३. दश धर्म सम्बन्धी विशेषताएं—दे धर्म ८।

आर्त्त—स सि.६/२८/४४५/१० ऋत दुःख, अथवा अर्दनमार्त्तिर्वा, तत्र भवमार्त्तम्। =ऋत, दुःख अथवा अर्दन—आर्त्ति इनमें होना सो आर्त्त है। रा.वा ६/२८/१/६२७/२६), (भा पा./टी.७८/२२६)

आर्त्त अतिचार—दे अतिचार।

आर्त्तध्यान—वैसे तो ध्यान शब्द पारमार्थिक योग व समाधिके अर्थमें प्रयुक्त होता है, परन्तु वास्तवमें किन्ही भी शुभ वा अशुभ परिणामोंकी एकाग्रताका हो जाना ही ध्यान है। संसारी जीवको चौबीस घण्टे ही कलुषित परिणाम वर्तते है। कुछ इष्ट वियोग जनित होते है, कुछ अनिष्ट संयोग जनित, कुछ वेदना जनित और कुछ आगामी भोगोंकी तृष्णा जनित, इत्यादि सभी प्रकारके परिणाम आर्त्तध्यान कहलाते है। जो जीवको पारमार्थिक अधःपतनके कारण है और व्यवहारसे अधोगतिके कारण है। यद्यपि मोक्षमार्गके साधकोंको भी पूर्व अभ्यासके कारण वे कदाचित् होते है, परन्तु ज्यों-ज्यों वह ऊपर चढता है त्यों-त्यों ये छूटते चले जाते है।

१. भेद व लक्षण

१. आर्त्तध्यानका सामान्य लक्षण

स सि ६/२८/४४५/१० ऋत दुःख, अर्दनमर्तिर्वा, तत्र भवमार्तम्। =आर्त्त शब्द 'ऋत' अथवा 'अर्ति' इनमें-से किसी एकसे बना है। इनमें-से 'ऋत'का अर्थ दुःख है और 'अर्ति'का 'अर्दन अर्ति' ऐसी निरुक्ति होकर उसका अर्थ पीडा पहुँचाना है। इसमें (ऋतमें या अर्तिमें) जो होता है वह आर्त (वा आर्तध्यान) है। (रा.वा.६/२८/१/६२७/२६), (भा पा /टी ७८/२२६)

म पु २१/४०-४१ मूर्च्छाकौशील्यकेनाश्यकौसीद्यान्यतिगृध्नुता। भयोद्वेगानुशोकाश्च लिङ्गान्यार्ते स्मृतानि वै ॥४०॥ बाह्यं च लिङ्गमार्तस्य गात्रग्लानिर्निजूर्णता। हस्तान्यस्तकपोलत्व साश्रुतान्यच्च तादृशम्॥४१॥ =परिग्रहमें अत्यन्त आसक्त होना, कुशील रूप प्रवृत्ति करना, कृपणता करना, व्याज लेकर आजीविका करना, अत्यन्त लोभ करना, भय करना, उद्वेग करना और अतिशय शोक करना ये आर्त ध्यानके बाह्य चिह्न है ॥४०॥ इसी प्रकार शरीरका क्षीण हो जाना, शरीरकी कान्ति नष्ट हो जाना, हाथोंपर कपोल रखकर पश्चात्ताप करना, आँसू डालना, तथा इसी प्रकार और भी अनेक कार्य आर्तध्यानके बाह्य चिह्न कहलाते है। (चा सा १६७/४)

ज्ञा २५/२३/२५७ ऋते भवमथार्त्तं स्यादसद्ध्यानं शरीरिणाम्। दिग्मोहान्मत्तनातुल्यमविद्यावासनावशात् ॥२३॥ =ऋत कहिये पीडा-दुःख उपजै सो आर्त्तध्यान है। सो यह ध्यान अप्रशस्त है। जैसे किसी प्राणीके दिशाओंके भूल जानेसे उन्मत्तता होती है उसके समान है। यह ध्यान अविद्या अर्थात् मिथ्याज्ञानकी वासनाके वशसे उत्पन्न होती है।

२. आर्तध्यानका आध्यात्मिक लक्षण

चा सा. १६७/५ स्वसंवेद्यमाध्यात्मिकार्तध्यानं । =(अन्य लोग जिसका अनुमान कर सकें वह बाह्य आर्तध्यान है) जिसे केवल अपना ही आत्मा जान सके उसे आध्यात्मिक आर्तध्यान कहते हैं।


३ आर्तध्यानके भेद

ज्ञा २५/२४ अनिष्टयोगजन्याद्य तथेष्टार्थस्ययाच्चरम् । रुक्प्रकोपात्तृतीयं स्यान्निदानात्तुर्यमङ्गिनाम् ॥२४॥ =पहिला आर्तध्यान तो जीवोंके अनिष्ट पदार्थोंके संयोगसे होता है। दूसरा आर्तध्यान इष्ट पदार्थके वियोगसे होता है। तीसरा आर्तध्यान रोगके प्रकोपकी पीड़ासे होता है और चौथा आर्तध्यान निदान कहिये आगामी कालमें भोगोंकी वांछाके होनेसे होता है। इस प्रकार चार भेद आर्तध्यानके हैं। (म.पु २१/३१-३६), (चा सा १६७/४)

चा सा १६७/४ तत्रार्तं बाह्याध्यात्मिकभेदाद् द्विविकल्पं । =बाह्य और अध्यात्मके भेदसे आर्तध्यान दो प्रकारका है। और वह आध्यात्मिक ध्यान चार प्रकारका होता है।

द्र. स./टी ४८/२०१ इष्टवियोगानिष्टसंयोगव्याधिप्रतिकारभोगनिदानेषु वाञ्छारूपं चतुर्विधमार्तध्यानम् । =इष्ट वियोग, अनिष्ट संयोग और रोग इन तीनोंको दूर करनेमें तथा भोगों वा भोगोंके कारणोंमें वांछा रूप चार प्रकारका आर्तध्यान होता है।

(चा.सा १६७/४)



४. अनिष्ट योगज आर्तध्यानका लक्षण

त.सू ९/३० आर्तममनोज्ञस्य संप्रयोगे तद्विप्रयोगाय स्मृतिसमन्वाहार ॥३०॥ =अमनोज्ञ पदार्थके प्राप्त होने पर उसके वियोगके लिए चिन्ता सातत्यका होना प्रथम आर्तध्यान है।

स सि ९/३०/९ अमनोज्ञमप्रियं विषकण्टकशत्रुशस्त्रादि, तद्दुःखाधाकारणत्वाद् 'अमनोज्ञम्' इत्युच्यते। तस्य संप्रयोगे, स कथं नाम न मे स्यादिति सकल्पश्चिन्ताप्रबन्ध स्मृतिसमन्वाहार प्रथममार्त्तमित्याख्यायते। =विष, कण्टक, शत्रु और शस्त्र आदि जो अप्रिय पदार्थ हैं वे बाधाके कारण होनेसे अमनोज्ञ कहे जाते हैं। उनका संयोग होने पर वे मेरे कैसे न हों इस प्रकारका सकल्प चिन्ता प्रबन्ध अर्थात् स्मृति समन्वाहार यह प्रथम आर्तध्यान कहलाता है। (रा वा.९/३०/१-२/६२८), (म पु २१/३२,३५)।

नि.सा /ता वृ ८९ अनिष्टसंयोगाद्वा समुपजातमार्त्तध्यानम् । =अनिष्टके संयोगसे उत्पन्न होने वाला जो आर्तध्यान ।

चा.सा.१६८/५ एतद्दुःखसाधनसद्भावे तस्य विनाशकाङ्क्षोत्पन्नविनाशसकल्पाध्यवसानं द्वितीयार्तं । =(शारीरिक, व मानसिक) दुःखोंके कारण उत्पन्न होनेपर उनके विनाशकी इच्छा उत्पन्न होनेसे उनके विनाशके संकल्पका बार-बार चिन्तवन करना दूसरा आर्तध्यान है।

का अ./मू. ४७३ दुक्खयर-विसय-जोए-केम इम चयदि इदि विचिंतंतो। चेट्ठदि जो विक्खित्तो अट्ट-ज्झाणं हवे तस्स ॥४७३॥ =दुखकारी विषयोंका संयोग होने पर 'यह कैसे दूर हो' इस प्रकार विचारता हुआ जो विक्षिप्त चित्त हो चेष्टा करता है उसके आर्त्त ध्यान होता है।

ज्ञा. २५/२५-२८ ज्वलनजलविषास्त्रव्यालशार्दूलदैत्यैः स्थलजलबिलसत्त्वैर्दुर्जनारातिभूपैः। स्वजनधनशरीरध्वंसिभिस्तैरनिष्टैर्भवति यदिह योगादाद्यमार्त्तं तदेतत् ॥२५॥ तथा चरस्थिरैर्भावैरनेकै समुपस्थितैः। अनिष्टैर्यन्मनः क्लिष्टं स्यादार्त्तं तत्प्रकीर्तितम् ॥२६॥ श्रुतैर्दृष्टैः स्मृतैर्ज्ञातैः प्रत्यासत्तिं च संसृतैः। योऽनिष्टार्थैर्मनः क्लेशः पूर्वमार्त्तं तदिष्यते ॥२७॥ अशेषानिष्टसंयोगे तद्वियोगानुचिन्तनम्। यत्स्यात्तदपि तत्त्वज्ञैः पूर्वमार्त्तं प्रकीर्तितम् ॥२८॥ =इस जगत्में अपना स्वजन धन शरीर इनके नाश करनेवाले अग्नि, जल, विष सर्प, शस्त्र, सिंह, दैत्य तथा स्थलके जीव, जलके जीव, बिलके जीव तथा दुष्ट जन, वैरी राजा इत्यादि अनिष्ट पदार्थोंके संयोगसे जो हो सो पहिला आर्त्तध्यान है ॥२५॥ तथा चर और स्थिर अनेक अनिष्ट पदार्थोंके संयोग होने पर जो मन क्लेश रूप हो उसको भी आर्त्तध्यान कहा है ॥२६॥ जो सुने, देखे, स्मरणमें आये, जाने हुए तथा निकट प्राप्त हुए अनिष्ट पदार्थोंसे मनको क्लेश होता है उसे पहिला आर्त्तध्यान कहते हैं॥२७॥ जो समस्त प्रकारके पदार्थोंके संयोग होने पर उनके वियोग होनेका बार-बार चिन्तन हो उसे भी तत्त्वके जानने वालोंने पहिला अनिष्ट संयोगज नामा आर्त्तध्यान कहा है ॥२८॥

५. इष्ट वियोगज आर्तध्यानका लक्षण

त.सू ९/३१ विपरीतं मनोज्ञस्य ॥३१॥ =मनोज्ञ वस्तुके वियोग होनेपर उसकी प्राप्तिकी सतत चिन्ता करना दूसरा आर्त्तध्यान है। (म.आ./मू १७०२)

स. सि.९/३१/४४७/१ मनोज्ञस्येष्टस्य स्वपुत्रदारधनादेर्वियोगे तत्संप्रयोगाय सकल्पश्चिन्ताप्रबन्धो द्वितीयमार्त्तमवगन्तव्यम् । =मनोज्ञ अर्थात् अपने इष्ट पुत्र स्त्री और धनादिकके वियोग होनेपर उसकी प्राप्तिके लिए सकल्प अर्थात् निरन्तर चिन्ता करना दूसरा आर्त्तध्यान जानना चाहिए। (रा वा /९/३१/१/६२८)(म पु २१/३२,३४)

चा. सा.१६९/१ मनोज्ञ नाम धनधान्यहिरण्यसुवर्णवस्तुवाहनशयनासनस्रक्चन्दनवनितादिसुखसाधन मे स्यादिति गर्द्धनं । मनोज्ञस्य वियोगस्य उत्पत्तिसकल्पाध्यवसानं तृतीयार्त्तं । ॥ धन, धान्य, चाँदी, सुवर्ण, सवारी, शय्या, आसन, माला, चन्दन और स्त्री आदि सुखोंके साधनको मनोज्ञ कहते हैं। ये मनोज्ञ पदार्थ मेरे हों इस प्रकार चिन्तवन करना, मनोज्ञ पदार्थके वियोग होनेपर उनके उत्पन्न होनेका बार-बार चिन्तन करना आर्त्तध्यान है।

का.अ /मू.४७४ मणहर विसय-विओगे-कह तं पावेमि इदि वियप्पो जो। संतावेण पयट्टो सोच्चिय अट्ट हवे झाणं ॥४७४॥ =मनोहर विषयका वियोग होनेपर 'कैसे इसे प्राप्त करूं' इस प्रकार विचारता हुआ जो दुःखसे प्रवृत्ति करता है यह भी आर्त्तध्यान है।

ज्ञा.२५/२९-३१ राज्यैश्वर्यकलत्रबान्धवसुहृत्सौभाग्यभोगादेर्यच्चित्तप्रीतिकरप्रसन्नविषयप्रध्वंसावेऽथवा। संत्रासभ्रमशोकमोहविवशैर्यत्खिद्यतेऽहर्निशं तत्स्यादिष्टवियोगजं तनुमतां ध्यानं कलङ्कास्पदम् ॥२९॥ दृष्टश्रुतानुभूतैस्तैः पदार्थैश्चित्तरञ्जकैः। वियोगे यन्मनः खिन्नं स्यादार्त्तं तद्द्वितीयकम् ॥३०॥ मनोज्ञवस्तुविध्वंसे मनस्तत्संगमार्थिभिः। क्लिश्यते यत्तदेतत्स्याद्द्वितीयार्त्तस्य लक्षणम् ॥३१॥ =जो राज्य ऐश्वर्य स्त्री, कुटुम्ब, मित्र, सौभाग्य भोगादिके नाश होनेपर, तथा चित्तको प्रीति उत्पन्न करनेवाले सुन्दर स्त्रियोंके विषयोंका प्रध्वंस होते हुए, सन्त्रास, पीड़ा, भ्रम, शोक, मोहके कारण निरन्तर खेद रूप होना सो जीवोंके इष्ट वियोग जनित आर्त्तध्यान है, और यह ध्यान पापका स्थान है ॥२९॥ देखे, सुने, अनुभव किये, मनको रंजायमान करनेवाले पूर्वोक्त पदार्थोंका वियोग होनेसे जो मनको खेद हो वह भी दूसरा आर्त्तध्यान है॥३०॥ अपने मनको प्यारी वस्तुके विध्वंस होनेपर पुनः

उसकी प्राप्ति के लिए जो क्लेश रूप होना सो दूसरे आर्तध्यान का लक्षण है।

नि सा /ता वृ ८६ स्वदेशत्यागाद् द्रव्यनाशाद् मित्रजनविदेशगमनात् कमनीयकामिनीवियोगात्—समुपजातमार्तध्यानम्। =स्वदेशके त्याग से, द्रव्यके नाशसे, मित्रजनके विदेश गमनसे, कमनीय कामिनीके वियोगसे उत्पन्न होनेवाला आर्तध्यान है।

६. वेदना सम्बन्धी आर्तध्यानका लक्षण

त सू ९/३२ वेदनायाश्च ॥३०॥ वेदनाके होनेपर (अर्थात् वातादि विकार जनित शारीरिक वेदनाके होनेपर उसे दूर करनेको सतत चिन्ता करना तीसरा आर्तध्यान है।

ज्ञा २५/३२-३३ कासश्वासभगन्दरजलोदरजराकुष्ठातिसारज्वरैः, पित्तश्लेष्ममरुत्प्रकोपजनितैः रोगैः शरीरान्तकैः। स्यात्सत्त्वप्रबलैः प्रतिक्षणभवैर्यद्याकुलत्वं नृणाम्, तद्रोगैस्त्वमनिन्दितैः प्रकटितं दुर्वार-दुःखाकरम् ॥३२॥स्वप्नान्तरमपि रोगाणां माभूत्स्वप्नेऽपि सम्भव। मनोरिति या नृणां चिन्ता स्यादार्तं तत्तृतीयकम् ॥३३॥ =वात पित्त कफके प्रकोपसे उत्पन्न हुए शरीरको नाश करनेवाले वीर्यसे प्रबल और क्षण-क्षणमें उत्पन्न होनेवाले कास, श्वास भगन्दर, जलोदर, जरा, कोढ़, अतिसार, ज्वरादिक रोगोंसे मनुष्योंके जो व्याकुलता होती है, उसे अनिन्दित पुरुषोंने रोग पीड़ाचिन्तवन नामा आर्तध्यान कहा है, यह ध्यान दुर्निवार और दुखोंका आकार है जो कि आगामी कालमें पाप बन्धका कारण है ॥३२॥ जीवोंके ऐसी चिन्ता हो कि मेरे किंचित् रोगकी उत्पत्ति स्वप्नमें भी न हो सो ऐसा चिन्तवन तीसरा आर्तध्यान है ॥३३॥

★ निदान व अपध्यानके लक्षण—दे० वह वह नाम।

२. आर्तध्यान निर्देश

१. आर्तध्यानमें सम्भव भाव व लेश्या

म पु २१/३८ अप्रशस्ततमं लेश्यात्रयमाश्रित्य जृम्भितम्। अन्तर्मुहूर्तकाल तद् अप्रशस्तावलम्बनम् ॥३८॥ =यह चारों प्रकारका आर्तध्यान अत्यन्त अशुभ कृष्ण नील और कापोत लेश्याका आश्रय कर उत्पन्न होता है, इसका काल अन्तर्मुहूर्त है और आलम्बन अशुभ है। (ज्ञा.२५/४०) (चा. सा./१६९/३)

२. आर्तध्यानका फल

स सि.९/२९ यह संसार का कारण है।

रा वा.९/३३/१/६२९ तिर्यग्भवगमनपर्यवसानम्। =इस आर्तध्यानका फल तिर्यञ्च गति है। (ह. पु ५६/१८), (चा सा.१६९/४)

ज्ञा २५/४२ अनन्तदुःखसंकीर्णस्य तिर्यग्गते, फलं ॥४२॥ =आर्तध्यानका फल अनन्त दुखोंसे व्याप्त तिर्यञ्च गति है।

३. मनोज्ञ व निदान आर्तध्यानमें अन्तर

रा. वा.९/३३/१/३३ विपरीतं मनोज्ञस्येत्यनेनैव निदानं संगृहीतमिति, तन्न, किं कारणम्। अप्राप्तपूर्वविषयत्वान्निदानस्य। सुखमात्रेण प्रलम्भितस्याप्राप्तपूर्वप्रार्थनाभिमुख्यादनागतार्थप्राप्तिनिबन्धनं निदानमित्यस्ति विशेषः। प्रश्न—'विपरीतं मनोज्ञस्य' इस सूत्रसे निदान का संग्रह हो जाता है? उत्तर नहीं, क्योंकि निदान अप्राप्तकी प्राप्ति के लिए होता है, इसमें पारलौकिक विषय-सुखकी गृद्धिसे अनागत अर्थकी प्राप्तिके लिए सतत चिन्ता रहती है। इस प्रकार इन दोनों में अन्तर है।

३. आर्तध्यानका स्वामित्व

१. १–६ गुणस्थान तक होता है

त. सू. ९/३४ तदविरतदेशविरतप्रमत्तसंयतानाम् ॥३४॥ =यह आर्तध्यान अविरत, देशविरत, और प्रमत्त संयत जीवोंके होता है।

स. सि ९/३४/४४७/१४ अविरता सम्यग्दृष्टयस्ताः देशविरता संयतासंयताः, प्रमत्तसंयताः। तत्र विरतदेशविरतानां चतुर्विधमप्यार्तं भवति, प्रमत्तसंयतानां तु निदानवर्ज्यमन्यदार्तत्रयं प्रमादोदयोद्रेकात्कदाचित्स्यात्। =असंयत सम्यग्दृष्टि गुणस्थान तकके जीव अविरत कहलाते हैं, संयतासंयत जीव देशविरत कहलाते हैं, प्रमाद से युक्त क्रिया करनेवाले प्रमत्त संयत कहलाते हैं। इनमें से अविरत और देशविरत जीवोंके चारों ही प्रकारका आर्तध्यान होता है। प्रमत्त संयतोंके तो निदानके सिवा बाकीके तीन प्रमादकी तीव्रता वश कदाचित् होते हैं। (रा वा ९/३४/१/६२९) (ह पु ५६/१८) (म पु २१/३७) (चा सा १६९/३) (ज्ञा २५/३८-३९) (द्र. स/टी ४८ ४८/२०१)

★ साधु योग्य आर्तध्यानकी सीमा—दे. संयत/३

२. आर्तध्यानके बाह्य चिह्न

ज्ञा २५/४३ शङ्काशोकभयप्रमादकलहक्लिश्चत्तभ्रमोद्भ्रान्तयः। उन्मादो विषयोत्सुकत्वमसकृन्निद्राङ्गजाड्यश्रमाः। मूर्छादीनि शरीरिणामविरतं लिङ्गानि बाह्यान्यलं मार्ता—धिष्ठितचेतसां श्रुतधरैर्व्याख्यातिनानि स्फुटम् ॥४३॥ =इस आर्तध्यानके आश्रितचित्तवाले पुरुषोंके बाह्य चिह्न शास्त्रोंके पारगामी विद्वानोंने इस प्रकार कहे हैं कि—प्रथम तो शंका, होती है, अर्थात् हर बातमें सन्देह होता है, फिर शोक होता है, भय होता है, प्रमाद होता है—सावधानी नहीं होती कलह करता है, चित्तभ्रम हो जाता है, उद्भ्रान्ति होती है, चित्त एक जगह नहीं ठहरता, विषय सेवनमें उत्कण्ठा होती है, निरन्तर निद्रा गमन होता है अंगमें जड़ता होती है, खेद होता है, मूर्च्छा होती है, इत्यादि चिन्ह आर्तध्यानीके प्रगट होते हैं।

आर्त्त परिणाम—दे आर्तध्यान।

आर्द्रा—एक नक्षत्र—दे नक्षत्र।

आर्य—ह.पु १५/श्लोक "विजयार्धपर हरिपुर निवासी पवनवेग विद्याधर का पुत्र था (२१-२४) पूर्व जन्म के वैरी ने इसकी समस्त विद्याएँ हर लीं। परन्तु दया से चम्पापुर का राजा बना दिया (४१-५३) इसी के हरि नामक पुत्र से हरिवंश की उत्पत्ति हुई (५७-५८)

आर्य—

१ आर्य सामान्यका लक्षण

स. सि ३/३५/२२९/६ गुणैर्गुणवद्भिर्वा अर्यन्त इत्यार्याः। =जो गुणों या गुणवालोंके द्वारा माने जाते हों—वे आर्य कहलाते हैं। (रा. वा. ३/३६/१/२००)

२ आर्यके भेद-प्रभेद

स.सि ३/३६/२२९/६ ते द्विविधाः - ऋद्धिप्राप्तार्याः अनृद्धिप्राप्तार्याश्चेति। =उसके दो भेद हैं—ऋद्धिप्राप्त आर्य और ऋद्धि रहित आर्य। (रा वा, ३/३६/१/२००)

३ ऋद्धि प्राप्त आर्य—दे ऋद्धि।

४. अनृद्धि प्राप्तार्यके भेद

स. सि ३/३६/२३०/१ अनृद्धिप्राप्तार्याः पञ्चविधाः - क्षेत्रार्याः जात्यार्याः कर्मार्याश्चारित्रार्या दर्शनार्याश्चेति। =ऋद्धिरहित आर्य पाँच प्रकारके हैं—क्षेत्रार्य, जात्यार्य, कर्मार्य, चारित्रार्य और दर्शनार्य। (रा वा, ३/३६/२/२००)

रा. वा /३/३६/२/२०० तत्र कर्मार्यास्त्रेधा-सावद्यकर्मार्या अल्पसावद्यकर्मार्या असावद्यकर्मार्याश्चेति। सावद्यकर्मार्या षोढा-असि-मषी-कृषि-विद्या शिल्प-वणिक्कर्म-भेदात्। चारित्रार्या द्वेधा-अधिगत चारित्रार्या अनधिगमचारित्रार्याश्चेति। दर्शनार्या दशधा-आज्ञा-मार्गोपदेशसूत्रबीजसंक्षेपविस्तारार्थावगाढपरमावगाढरुचिभेदात्। =

उपरोक्त अनृद्धि प्राप्त आर्योंमें भी कर्मार्य तीन प्रकारके हैं—सावद्य कर्मार्य, अल्पसावद्य कर्मार्य असावद्य कर्मार्य। अल्प सावद्य कर्मार्य छ प्रकारके होते हैं—असि, मसि, कृषि, वाणिज्य, विद्या व शिल्पके भेदसे। (इन सबके लक्षणोंके लिए—दे सावद्य) चारित्रार्य दो प्रकार के हैं -अधिगत चारित्रार्य और अनधिगम चारित्रार्य। दर्शनार्य दश प्रकारके है—आज्ञा, मार्ग, उपदेश सूत्र, बीज, संक्षेप, विस्तार, अर्थ, अवगाढ, परमावगाढ रुचिके भेद से। लक्षणों के लिए—दे सम्यग्दर्शन I/१। दश प्रकारके सम्यग्दर्शनके भेद)

५ क्षेत्रार्यका लक्षण

रा. वा ३/३६/२/२००/३० तत्र क्षेत्रार्या काशीकौशलादिषु जाताः। =काशी, कौशल आदि उत्तम देशोंमे उत्पन्न हुओंको क्षेत्रार्य कहते है।

६ जात्यार्यका लक्षण

रा वा.३/३६/२/२००/३१ इक्ष्वाकुज्ञातिभोजादिषु कुलेषु जाता जात्यार्या। =इक्ष्वाकु, ज्ञाति, भोज आदिक उत्तम कुलोंमें उत्पन्न हुओंको जात्यार्य कहते है।

७ चारित्रार्यका लक्षण

रा.वा ३/३६/२/२०१/६ तद्भेद अनुपदेशोपदेशापेक्षभेदकृत। चारित्रमोहस्योपशमात् क्षयाच्च बाह्योपदेशानपेक्षा आत्मप्रसादादेव चारित्रपरिणामास्कान्दिन उपशान्तकषायाश्चधिगतचारित्रार्या। अन्तश्चारित्रमोहक्षयोपशमसद्भावे सति बाह्योपदेशनिमित्तविरति-परिणामा अनधिगमचारित्रार्या। =उपरोक्त चारित्रार्यके दो भेद—उपदेश व अनुपदेशकी अपेक्षा किये गये है। जो बाह्योपदेशके बिना आत्म प्रसाद मात्रसे चारित्र मोहके उपशम अथवा क्षय होनेसे चारित्र परिणामको प्राप्त होते है, ऐसे उपशान्त कषाय व क्षीण कषाय जीव अधिगत चारित्रार्य है। और अन्तरंग चारित्र मोहके क्षयोपशमका सद्भाव होनेपर बाह्योपदेशके निमित्तसे विरति परिणामको प्राप्त अनधिगम चारित्रार्य है।

आर्य कूष्मांड देवी—एक विद्याधर विद्या—दे. विद्या।

आर्यखण्ड—१. आर्यखण्ड निर्देश

ति प/४ २६६-२६७ गंगासिंधुरईहि वेवड्ढणगेण भरहखेत्तम्मि। छक्खंड सजाद ॥२६६॥ उत्तरदक्खिणभरहे खंडाणि तिण्णि होंति पत्तेक्क। दक्खिण तियखंडेसु मज्झिमखंडस्स बहुमज्झे। =गंगा व सिन्धु नदी और विजयार्ध पर्वतसे भरत क्षेत्रके छः खण्ड हो गये है ॥२६६॥ उत्तर और दक्षिण भरत क्षेत्रमें-से प्रत्येकके तीन तीन खण्ड है। इनमें-से दक्षिण भरतके तीन खण्डोंमें मध्यका आर्य खण्ड है।

२. आर्य खण्डमे काल परिवर्तन तथा जीवो व गुणस्थानों सम्बन्धी विशेषताएँ

ति प.४/३१३-३१४,३१६ भरहक्खेत्तम्मि इमे अज्जखंडम्मि कालपरिभागा। अवसप्पिणि उस्सप्पिणिपज्जाया दोण्णि होंति पुढं ॥३१३॥ णरतिरियाण आऊ उच्छेह विभूदिपहुदियं सव्वं। अवसप्पिणिए हायदि उस्सप्पिणियासु वड्ढेदि ॥३१४॥ दोण्णि वि मिलिदे कप्पं छब्भेदा होंति तत्थ एक्केक्क। सुसमसुसम च सुसम तइज्जयं सुसम-दुस्समयं ॥३१६॥ दुस्समसुसमं दुस्समममिदुस्समय च तेसु पढमम्मि। =भरत क्षेत्रके आर्य खण्डमे ये कालके विभाग है। यहाँ पृथक् पृथक् अवसर्पिणी और उत्सर्पिणी रूप दोनो ही कालोंकी पर्यायें होती है ॥३१३॥ अवसर्पिणी काल में मनुष्य एव तिर्यंचोंकी आयु, शरीरकी ऊँचाई और विभूति इत्यादिक सब ही घटते तथा उत्सर्पिणी कालमें बढते रहते है ॥३१४॥ दोनोंको मिलाने पर एक कल्प काल होता है। अवसर्पिणी और उत्सर्पिणीमें-से प्रत्येकके छह भेद है— सुषमासुषमा, सुषमा, सुषमा-दुष्षमा, दुष्षमसुषमा, दुष्षमा और अतिदुष्षमा।

ति प ४/२६३४-२६३६,२६३८ पज्जत्ताणिव्वत्तियपज्जत्ता लद्धियायपज्जत्ता। सत्तरिजुत्तमदज्जाखंडे पुण्णिदरलद्धि णरा ॥२६३४॥ पणपण अज्जाखंडे भरहेरावदम्मि मिच्छगुणट्ठाणं। अवरे वरम्मि चोद्दसपेरंत कआइ दीसंति ॥२६३५॥ पंच विदेहे सट्ठिसमण्णिदसद अज्जखंडए अवरे। छग्गुणट्ठाणे तत्तो चोद्दसपेरंत दीसंति ॥२६३६॥ विज्जाहर-सेढीए तिगुणट्ठाणाणि सव्वकालम्मि। पणगुणठाणा दीसइ छड्डिदविज्जाण चोद्दसट्ठाण ॥२६३८॥

ति. प ५/३००-३०२ पणपणअज्जखंडे भरहेरावदखिदिम्मि मिच्छत्त। अवरे वरम्मि पण गुणठाणाणि कयाइ दीसंति ॥३००॥ पंचविदेहेसट्ठि-ण्णिदसअज्जवरखंडए तत्तो। विज्जाहरसेढीए बाहिरभागे सयंपह-गिरीदो ॥३०१॥ सासणमिस्सविहीणा तिगुणट्ठाणाणि धोवकालम्मि। अवरेवरम्मि पण गुणठाणाइ कयाइ दीसंति ॥३०२॥ =१ मनुष्यकी अपेक्षा पर्याप्त,निवृत्यपर्याप्त और लब्ध्यपर्याप्तके भेदसे मनुष्य तीन प्रकारके होते है। एक सौ सत्तर आर्य खण्डोंमें पर्याप्त, निवृत्यपर्याप्त और लब्ध्यपर्याप्त तीनो प्रकारके ही मनुष्य होते है ॥२६३४॥ भरत व ऐरावत क्षेत्रके भीतर पाँच-पाँच आर्य खण्डोंमें जघन्य रूपसे मिथ्यात्व गुणस्थान और उत्कृष्ट रूपसे कदाचित् चौदह गुणस्थान पाये जाते हैं। ॥२६३५॥ पाँच विदेह क्षेत्रोंके भीतर एकसौ साठ आर्य खण्डोंमें जघन्य रूपसे छः गुणस्थान और उत्कृष्ट रूपसे चौदह गुणस्थान तक पाये जाते है ॥२६३६॥ विद्याधर श्रेणियोंमें सदा तीन गुणस्थान (मिथ्यात्व, असंयत और देशसंयत) और उत्कृष्ट रूपसे पाँच गुणस्थान होते है। विद्याओंको छोड देने पर वहाँ चौदह भी गुणस्थान होते हैं ॥२६३८॥ २. तिर्यन्चों की अपेक्षा—भरत और ऐरावत क्षेत्रके भीतर पाँच पाँच आर्य खण्डोंमें जघन्य रूपसे एक मिथ्यात्व गुणस्थान और उत्कृष्ट रूपसे कदाचित् पाँच गुणस्थान भी देखे जाते है ॥३००॥ पाँच विदेहोंके भीतर एक सौ साठ आर्य खण्डोंमें, विद्याधर श्रेणियोंमें और स्वयंप्रभ पर्वतके बाह्य भागमें सासादन एवं मिश्र गुणस्थानको छोड़कर तीन गुणस्थान जघन्य रूपसे स्तोक कालके लिए होते है। उत्कृष्ट रूपसे पाँच गुणस्थान भी कदाचित् देखे जाते हैं ॥३०१-३०२॥

★ आर्यखण्डमे सुषमा दुषमा आदिकाल—दे. काल ४।

★ आर्यखण्डमे नगर पर्वत व नगरियाँ—दे मनुष्य ४।

आर्यनन्दि—पञ्चस्तूप संघकी पट्टावलीके अनुसार (दे इतिहास७/७) चन्द्रसेनके शिष्य तथा वीरसेन (धवलाकार) के गुरु थे। तदनुसार इनका समय—ई० ७६७-७१८ आता है (आ. अनु. प्र ८/A N Up, H.L Jain), (ह पु/पं. पन्नालाल)।

आर्यमङ्क्षु—दिगम्बर आम्नायमें आपका स्थान आ० पुष्पदन्त तथा भूतबलीके समकक्ष है। आ० गुणधरसे आगत पेज्ज दोसपाहुड के ज्ञानको आचार्य परम्परा द्वारा प्राप्त करके आपने तथा नागहस्तिने यतिवृषभाचार्य को दिया था। समय- वी.नि. ६००-६५० (ई ७३-१२३)। विशेष दे कोश १। परिशिष्ट ३/३)।

आर्यवती—एक विद्याधर विद्या—दे. विद्या

आर्यिका—१. आर्यिका योग्य लिंग—दे. लिंग/१

२. आर्यिकाको महाव्रत कहना उपचार है—दे. वेद/७

३. आर्यिकाको करने योग्य कार्य सामान्य—

मू आ./१८८-१८९ - अण्णोण्णाणुकूलाओ अण्णोण्णहिरक्खणाभिजुत्ताओ। गयरोसवेरमाया सलज्जमज्जादकिरियाओ ॥१८८॥ अज्झयणे परियट्टे सवणे कहणेतहाणुपेहाए। तवविणयसंजमेसु य अविरहिदुपओगजुत्ताओ ॥१८९॥ अविकारवत्थवेसा जल्लमलविलित्तचत्तदेहाओ। धम्मकुलकित्तिदिक्खापडिरूपविसुद्धचरियाओ ॥१९०॥ =आर्यिका परस्परमें अनुकूल रहती हैं, ईर्ष्या भाव नहीं करतीं, आपसमें

प्रतिपालनमें तत्पर रहती हैं, क्रोध, वैर, मायाचारी इन तीनोंसे रहित होती हैं। लोकापवादसे भय रूप लज्जा, परिणाम, न्याय मार्गमें प्रवर्तने रूप मर्यादा दोनों कुलके योग्य आचरण-इन गुणोंकर सहित होती हैं ॥१८८॥ शास्त्र पढ़नेमें, पढ़े शास्त्रके पाठ करनेमें, शास्त्र सुननेमें, श्रुतके चिंतवनमें अथवा अनित्यादि भावनाओंमें और तप, विनय और संयम इन सबमें तत्पर रहती हैं तथा ज्ञानाभ्यास शुभ योगमेंयुक्त रहती हैं ॥१८९॥ जिनके वस्त्र विकार रहित होते हैं, शरीरका आकार भी विकार रहित होता है, शरीर पसेव व मलकर लिप्त है तथा संस्कार (सजावट) रहित है। क्षमादि धर्म गुरु आदिकी सन्तान रूप कुल, यश, व्रत इनके समान जिनका शुद्ध आचरण है ऐसी आर्यिकाएँ होती है।

४. आर्यिका को न करने योग्य कार्य

मू. आ./१९३ रोदणण्हाण भोयणपयण सुत्त च छविवहारभे। विरदाण पादमक्खण धोवण गेय च ण य कुज्जा ॥ १३॥ =आर्यिकाओंको अपनी वसतिकामें तथा अन्यके घरमें रोना नहीं चाहिए, बालकादिकोंको स्नान नहीं कराना। बालकादिकोंको जिमाना, रसोई करना, सूत कातना, सीना, असि, मसि आदि छः कर्म करना, संयमी जनोंके पैर धोना, साफ करना, राग पूर्वक गीत, इत्यादि क्रियाएँ नहीं करना चाहिए ॥१९३॥

५. आर्यिकाके विहार सम्बन्धी

मू. आ./१९२ ण य परगेहमकज्जे गच्छे कज्जे अवस्स गमणिज्जे। गणिणीमापुच्छित्ता संघाडेणेव गच्छेज्ज ॥१९२॥ =आर्यिकाओंको बिना प्रयोजन पराये स्थान पर नहीं जाना चाहिए। यदि अवश्य जाना हो तो भिक्षा आदि कालमें बड़ी आर्यिकाओंको पूछ कर अन्य आर्यिकाओंको साथ लेकर जाना चाहिए।

६. आर्यिकाके अन्य पुरुष व साधुके संग रहने सम्बन्धी

—दे. संगति।

★ आर्यिकाको नमस्कार करने सम्बन्धी —दे. विनय ३।

आलब्ध—कायोत्सर्गका अतिचार—दे व्युत्सर्ग/१।

आलय—स सि ४/२४/२५५/२ एत्य तस्मिन् लीयन्त इति आलय आवास ।=आकर जिसमें लयको प्राप्त होते है वह आलय या आवास कहलाता है। (रा वा. ४/२४/१/२४२)

आलयांग—कल्प वृक्षोंका एक भेद—दे. वृक्ष १।

आलाप—गो जी./जी. प्र ७०७/११४९/१४ गुणस्थाने चतुर्दशमार्गणास्थाने च प्रसिद्धे विंशतिविधानां गुणजीवेत्यादीनां सामान्यपर्याप्तापर्याप्तारत्र आलापा भवन्ति। तथा वेदकषायविभिन्नेषु अनिवृत्तिकरणपञ्चभागेषु अपि पृथक् पृथग् भवन्ति।

गो. जी./जी प्र.७०१/११ तत्रापर्याप्तालाप लब्ध्यपर्याप्त निवृत्यपर्याप्तश्चेति द्विविधो भवति। =ओघ जो गुणस्थान और चौदह मार्गणा स्थान ये परमागम विषैं प्रसिद्ध है। सो इनिविषैं 'गुण जीवा पज्जत्ती' (पं. स /प्रा.१/२) इत्यादिक बीस प्ररूपणानिका सामान्य पर्याप्त, अपर्याप्त ए तीन आलाप हो है। बहुरि वेद अर कषाय करि भेद हैं जिन विषैं ऐसे अनिवृत्तिकरणके पाँच भाग तिनि विषैं पाँच आलाप जुदे जुदे जानना। (वे पाँच इस प्रकार है—सवेद भाग, सक्रोध भाग समान भाग, समाया भाग, बादर कृष्टि लोभ भाग।) तहाँ अपर्याप्त आलाप दो प्रकारका है—लब्ध्यपर्याप्त निवृत्यपर्याप्त।

आलाप पद्धति—आचार्य देवसेन (वि. ९९०-१०१२) द्वारा संस्कृत गद्यमें रचित प्रमाण नय विषयक सूत्र ग्रन्थ (ती २/२८२)

आलापन बन्ध—दे. बन्ध १।

आलुंछन—दे. आलोचना १।

आलेपन—दे. बन्ध १।

आलोक—न्या वि/वृ १/१२/२००/१५ आलोको दर्शनम् = आलोकका नाम दर्शन है।

आलोचना—प्रतिक्षण उदित होनेवाली कषायों जनित जो अन्तरंग व बाह्य दोष साधककी प्रतीतिमें आते हैं, जीवन शोधनके लिए उनका दूर करना अत्यन्त आवश्यक है इस प्रयोजनकी सिद्धिके लिए आलोचना सबसे उत्तम मार्ग है। गुरुके समक्ष निष्कपट भावसे अपने सर्व छोटे या बड़े दोषोंको कह देना आलोचना कहलाता है। यह वीतरागी गुरुके समक्ष ही की जाती है, रागी व्यक्तिके समक्ष नहीं।

१. भेद व लक्षण

१. आलोचना सामान्यके लक्षण

स सा /मू व आ /३८५ज सुहमसुहमुदिण्णं संपडिय अणेयवित्थरविसेसं। तं दोसं जो चेयइ सो खलु आलोयणं चेया ॥३८५॥ =जो वर्तमान कालमें शुभ अशुभ कर्म रूप अनेक प्रकार ज्ञानावरणादि विस्तार रूप विशेषोंको लिए हुए उदय आया है उस दोषको जो ज्ञानी अनुभव करता है, वह आत्मा निश्चयसे आलोचना स्वरूप है। (स सा./आ.३८५)

नि. सा /मू १०९ जो पस्सदि अप्पाणं समभावे संठविदु परिणाम। आलोयणमिदि जाणह परमजिणंदस्स उवएसं ॥१०९॥ = जो (जीव) परिणामको समभावमें स्थाप कर (निज) आत्माको देखता है, वह आलोचन है ऐसा परम जिनेन्द्रका उपदेश जानना।

स. सि ९/२२/४४०/६ तत्र गुरवे प्रमादनिवेदनं दशदोषविवर्जितमालोचनम्। =गुरुके समक्ष दश दोषोंको टाल कर अपने प्रमादका निवेदन करना (व्यवहार) आलोचना है। (रा वा. ९/२२/२/६२०), (त. सा./७/९२), (अन ध /७/३८)

ध १३/५,४,२६/६०/७गुरुणमपरिस्सवाण सुदरहस्साणं वीयरायाणं तिरयणे मेरु व्व थिराणं सगदोसणिवेयणमालोयणा णाम पायच्छित्तं। =अपरिस्रव अर्थात् आस्रवसे रहित, श्रुतके रहस्यको जाननेवाले, वीतराग और रत्नत्रयमें मेरुके समान स्थिर ऐसे गुरुओंके सामने अपने दोषोंका निवेदन करना (व्यवहार) आलोचना नामका प्रायश्चित्त है।

भ. आ /वि. ६/३२/२ स्वकृतापराधगूपनत्यजनम् आलोचना।

भ आ./वि १०/४६/८ कृतातिचारजुगुप्सापुरःसर वचनमालोचनेति। अपने द्वारा किये गये अपराधों या दोषोंको दबानेका प्रयत्न न करके अर्थात् छिपानेका प्रयत्न न करके उसका त्याग करना निश्चय आलोचना है। तथा चारित्राचरण करते समय जो अतिचार होते हैं। उसकी पश्चात्ताप पूर्वक निन्दा करना व्यवहार आलोचना है।

२. आलोचनाके भेद

भ आ /मू /५३३ आलोयणाहु दुविहा ओघेण य होदि पदविभागीय। ओघेण मूलपत्तस्स पयविभागी य इदरस्स ॥५३३॥ =आलोचनाके दो ही प्रकार है – एक ओघालोचना दूसरी पदविभागी आलोचना अर्थात् सामान्य आलोचना और विशेष आलोचना ऐसे इनके और भी दो नाम हैं। वचन सामान्य और विशेष, इन धर्मोंका आश्रय लेकर प्रवृत्त होता है, अत आलोचनाके उपर्युक्त दो भेद है।

मू आ /६१९ आलोचणं दिवसियं रादिअ इरियाबधं च बोधव्वं। पक्खिय चादुम्मासिय संवच्छरमुत्तमट्ठं च ॥६१९॥ गुरुके समीप अपराधका कहना आलोचना है। वह दैवसिक, रात्रिक, ईर्यापथिक, पाक्षिक, चातुर्मासिक सांवत्सरिक, उत्तमार्थ – इस तरह सात प्रकारकी है।

नि सा /मू २०८ आलोयणमालंच्छणवियडीकरणं च भावसुद्धी य। चउविहमिह परिकहियं आलोयण लक्खण समए ॥१०८॥ =आलोचनाका स्वरूप आलोचन, आलुंछन, अविकृतिकरण और भावशुद्धि ऐसे चार प्रकार शास्त्रमें कहा है।

३. आलोचनाके भेदोंके लक्षण

भ आ /मू ५३४-५३५ ओघेणालोचेदि हु अपरिमिदवराधसव्वधादी वा। अज्जोपाए इत्थ सामण्णमहं खु तुच्छेत्ति ॥५३४॥ पव्वज्जादो सव्व कमेण ज जत्थ जेण भावेण। पडिसेविद तहा त आलोचितो पदविभागी ॥५३५॥ =जिसने अपरिमित अपराध किये है अथवा जिसके रत्नत्रय-का—सर्व व्रतोका नाश हुआ है, वह मुनि सामान्य रीतिसे अपराधका निवेदन करता है। आजसे मै पुन: मुनिहोने को इच्छा करता हूँ, मै तुच्छ हूँ अर्थात् मै रत्नत्रयसे आप लोगोंसे छोटा हूँ ऐसा कहना सामान्य आलोचना है॥५३५॥ तीन कालमें, जिस देशमे, जिस परिणाम से जो दोष हो गया है उस दोषकी मै आलोचना करता हूँ। ऐसा कहकर जो दोष क्रमसे आचार्यके आगे क्षपक कहता है उसकी वह पदविभागी आलोचना है ॥५३६॥

नि सा /मू.११०-११२ कम्ममहोरुहमूलच्छेदसमत्थो सकीयपरिणामो। साहीणो समभावो आलुंच्छणमिदि समुद्दिट्ठं ॥११०॥ कम्मादो अप्पाणं भिण्णं भावेइ विमलगुणणिलयं मज्झत्थ भावणाए वियडी-करणं त्ति। विण्णेयं ॥१११॥ मदमाणमायालोहविवज्जिय भावो दु भाव-सुद्धि त्ति। परिकहिदं भव्वाणं लोयालोयप्पदंसीहिं ॥११२॥ =कर्म रूपी वृक्षका मूल छेदनेमें समर्थ ऐसा जो समभाव रूप स्वाधीन निज परिणाम उसे आलंच्छन कहा है ॥११०॥ जो मध्यस्थ भावनामें कर्मसे भिन्न आत्माको—कि जो विमल गुणोका निवास है उसे भाता है उस जीवको अविकृति करण जानना ॥१११॥ मद, मान, माया और लोभ रहित भाव वह भावशुद्धि है। ऐसा भव्योंको लोकके द्रष्टाओने कहा है ॥११२॥

२. आलोचनाके अतिचार व लक्षण

१. आलोचनाके १० अतिचार

भ.आ./मू ५६२ आकपिय अणुमाणिय जं दिट्ठं बादर च सुहुमं च। छण्णं सद्दाउलयं बहुजण अव्वत्त तस्सेवी। =आलोचनाके दश दोष है—आकपित, अनुमानित, यदृष्ट, स्थूल, सूक्ष्म, छन्न, शब्दाकुलित, बहुजन, अव्यक्त, तत्सेवी। (मू आ.१०३०). (स सि ९/२२/४४०/४), (चा. सा. १३८/२)

२. आलोचनाके अतिचारोके लक्षण

भ आ./मू ५६३-६०३ भत्तेण व पाणेण व उवकरणेण किरियकम्मकरणेण। अणकंपेऊण गणिं करेइ आलोयणं कोई ॥५६३॥ णाणह्य मज्झ थाम अगाणं दुब्बलदा अणारोग। णेव समत्थोमि अह तव विकट्ठं पि काहुं जे ॥५७०॥ आलोचेमि य सव्वं जइ मे पच्छा अणुग्गहं कुणह। तुज्झ सिरीए इच्छ सोधो जह णिच्छरेज्जामि ॥५७१॥ अणुमाणेदूण गुरुं एवं आलोचण तदो पच्छा। कुणइ ससल्लो सो से विदिओ आलोयणा दोसो॥५७२॥ जो होदि अण्णदिट्ठं त आलोचेदि गुरुसया-सम्मि। अदिट्ठ गूहतो मायिल्लो होदि णायव्वो ॥५७४॥ दिट्ठ वा अदिट्ठ वा जदि ण कहेइ परमेण विणएण। आयरियपायमूले तदिओ आलोयणा दोसो ॥५७५॥ बादरमालोचतो जत्तो जत्तो वदाओ पडि-भग्गो। सुहुम पच्छादेंतो जिणवयणपरंमुहो होइ ॥५७७॥ इह जो दोस लहुग समालोचेदि गूहदे चूलं। भयमयमायाहिदओ जिणपयण-परमुहो होदि ॥५८१॥ जदि मूलगुणे उत्तरगुणे य कस्सइ तदिए चउ-त्थए पंचमे च वदे ॥५८४॥ को तस्स दिज्जइ तवो केण उवाएण वा ह्वदि सुद्धो। इय पच्छण्णं पुच्छदि पायच्छित्तं करिस्सदि ॥५८५॥

पच्छण्णं पुच्छिय साधु जो कुणइ अप्पणो सुद्धि। तो सो जणेहिं वुत्तो छट्ठो आलोयणा दोसो ॥५८६॥ पक्खियचउमासिय संवच्छरि-एसु सोधिकालेसु। बहु जण सद्दाउलए कहेदि दोसो जहिच्छाए॥५९०॥ इय अव्वत्त जइ साधेतो दोसो कहेइ सगुरुणं। आलोचणाए दोसो सत्तमओ सो गुरुसयासे ॥५९१॥ तेसिं असद्दहतो आइरियाण पुणोवि अण्णाणं। जइ पुच्छइ सो आलोयणाए दोसो हु अट्ठमओ ॥५९६॥ आलोचिदं असेसं सव्वं एदं मएत्ति जाणादि। बालस्सालोचेतो णवमो आलोचणाए दोसो ॥५९९॥ पासत्थो पासत्थस्स अणुगदो दुक्कडं परिकहेइ। एसो वि मज्झसरिसो सव्वत्थविदोस सच्चइओ ॥६०१॥ जाणादि मज्झ एसो सुहसीलत्त च सव्वदोसे य। तो एस मे ण दाहिदि पायच्छित्त महल्लित्ति ॥६०२॥ आलोचिद असेस सव्व एदं मएत्ति जाणादि। सोपव्वयणपडिकुट्ठो दसमो आलोचणा दोसो ॥६०३॥ =

१. आकपित—स्वत भिक्षालब्धिसे युक्त होनेसे आचार्यको प्रासुक और उद्गमादि दोषोसे रहित आहार-पानीके द्वारा वैयावृत्य करना, पिछी, कमण्डलु वगैरह उपकरण देना, कृतिकर्म वन्दना करना इत्यादि प्रकारसे गुरुके मनमें दया उत्पन्न करके दोष कहता है सो आकपित दोषसे दूषित है ॥५६३॥ २ अनुमानित—हे प्रभो! आप मेरा सामर्थ्य कितना है यह तो जानते ही है, मेरी उदराग्नि अतिशय दुर्बल है, मेरे अंगके अवयव कृश है, इसलिए मै उत्कृष्ट तप करनेमें असमर्थ हूं, मेरा शरीर हमेशा रोगी रहता है। यदि मेरे ऊपर आप अनुग्रह करेंगे, अर्थात् मेरेको आप यदि थोडा सा प्रायश्चित्त देंगे तो मै अपने सम्पूर्ण अतिचारोंका कथन करूँगा और आपकी कृपासे शुद्धि युक्त होकर मै अपराधोसे मुक्त होऊँगा ॥५७०-५७१॥ इस प्रकार गुरु मेरेको थोडा सा प्रायश्चित देकर मेरे ऊपर अनुग्रह करेंगे, ऐसा अनुमान करके माया भावसे जो मुनि पश्चात आलोचना करता है,वह अनुमानित नामक आलोचनाका दूसरा दोष है। ३.यदृष्ट—जो अप-राध अन्य जनोंने देखे है, उतने ही गुरुके पास जाकर कोई मुनि कहता है और अन्यसे न देखे गये अपराधोंको छिपाता है, वह मायावी है ऐसा समझना चाहिए। दूसरोंके द्वारा देखे गये हों अथवा न देखे गये हों सम्पूर्ण अपराधोंका कथन गुरुके पास जाकर अतिशय विनयसे कहना चाहिए, परन्तु जो मुनि ऐसा नहीं करता है वह आलोचनाके तीसरे दोषसे लिप्त होता है, ऐसा समझना चाहिए ॥५७४-५७५॥ ४, बादर—जिन-जिन व्रतोंमें अतिचार लगे होंगे उन-उन व्रतोंमें स्थूल अतिचारोंकी तो आलोचना करके सूक्ष्म अति-चारोंको छिपाने वाला मुनि जिनेन्द्र भगवान्के वचनोंसे पराङ्मुख हुआ है ऐसा समझना चाहिए ॥५७७॥ ५ सूक्ष्म—जो छोटे-छोटे दोष कहकर बडे दोष छिपाता है, वह मुनि भय, मद और कपट इन दोषोंसे भरा हुआ जिनवचनसे पराङ्मुख होता है। बडे दोष यदि मै कहूँगा तो आचार्य मुझे महा प्रायश्चित्त देंगे, अथवा मेरा त्याग कर देंगे, ऐसे भयसे कोई बडे दोष नहीं कहता है। मैं निरतिचार चारित्र हूं ऐसा समझ कर स्थूल दोषोंको कोई मुनि कहता नहीं, कोई मुनि स्वभावसे ही कपटी रहता है अत: वह भी बडे दोष कहता नहीं, वास्तवमें ये मुनि जिनवचनसे पराङ्मुख है॥५८१॥ ६. प्रच्छन्न-यदि किसी मुनिको मूलगुणोंमें अर्थात् पाँच महाव्रतोंमें और उत्तर गुणोंमें तपश्चरणमें अनशनादि बारह तपोंमें अतिचार लगेगा तो उसको कौन-सा तप दिया जाता है, अथवा किस उपायसे उसकी शुद्धि होती है ऐसा प्रच्छन्न रूपसे पूछता है, अर्थात् मैने ऐसा-ऐसा अपराध किया है उसका क्या प्रायश्चित्त है? ऐसा न पूछकर प्रच्छन्न पूछता है, प्रच्छन्न पूछकर तदनन्तर मै उस प्रायश्चित्तका आचरण करूँगा, ऐसा हेतु उसके मनमें रहता है। ऐसा गुप्त रीतिसे पूछ कर जो साधु अपनी शुद्धि कर लेता है वह आलोचनाका छठा दोष है ॥५८४-५८६॥ ७ शब्दाकुलित अथवा बहुजन—पाक्षिक दोषोंकी आलोचना, चातुर्मासिक दोषो की आलोचना, और वार्षिक दोषोंकी आलोचना सब यति समुदाय मिलकर जब करते है तब अपने दोष स्वेच्छासे कहना यह बहुजन नामका दोष है। यदि अस्पष्ट रीतिसे गुरुको सुनाता हुआ अपने दोष मुनि कहेगा तो गुरुके चरण सान्निध्य में उसने सातवाँ शब्दाकुलित दोष किया है। ऐसा समझना ॥५९०-५९१॥ ८ बहुजन पृच्छा—परन्तु उनके द्वारा (आचार्यके द्वारा) दिये हुए प्रायश्चित्तमें अश्रद्धान करके यह आलोचक मुनि यदि अन्यको पूछेगा अर्थात् आचार्य महाराजने दिया हुआ प्रायश्चित्त योग्य है या अयोग्य है ऐसा पूछेगा तो यह आलोचनाका बहुजन पृच्छा नामक आठवाँ दोष होगा ॥५९६॥ ९ अव्यक्त—और मैने इसके

(आगम बाल वा चारित्र बाल मुनिके) पास सम्पूर्ण अपराधोंकी आलोचनाकी है मन, वचन, कायसे और कृत, कारित, अनुमोदनासे किये हुए अपराधोंकी मैंने आलोचना की है ऐसे जो समझता है उसको यह आलोचना करना नौवें दोषसे दुष्ट है ॥५६६॥ १० तत्सेवी—पार्श्वस्थ मुनि, पार्श्वस्थ मुनिके पास जाकर उसको अपने दोष कहता है, क्योंकि यह मुनि भी सर्व व्रतोंमें मेरे समान दोषोंसे भरा हुआ है ऐसा वह समझता है। यह मेरे सुखिया स्वभावको और व्रतोंके अतिचारोंको जानता है, इसका और मेरा आचरण समान है, इसलिए यह मेरेको बडा प्रायश्चित्त न देगा ऐसा विचार कर वह पार्श्वस्थ मुनि गुरुको अपने अतिचार कहता नहीं और समान शील-को अपने दोष बताता है। यह पार्श्वस्थ मुनि कहे हुए सम्पूर्ण अति-चारोंके स्वरूपको जानता है, ऐसा समझ कर व्रत भ्रष्टोंसे प्रायश्चित्त लेना यह आगम निषिद्ध तत्सेवी नामका दसवाँ दोष है ॥६०१-६०३॥ (रा.वा ९/२२/२/६२१/१), (चा सा १३८/३), (द पा /टी ९ में उद्धृत), (अन ध ७/४०-४४)

३. आलोचना निर्देश

१. आलोचना वीतरागी गुरुके ही समक्ष की जानी चाहिए

भ आ /मू.व वि./६८६ आलोयणा वि हु पसत्थमेव कादव्विया तत्थ ॥५८६॥ ··· आलोचनागोचरातिचारविषया। तथा क्षपकसमीपे। पसत्थमेव कादव्वा यथासौ न शृणोति तथा कार्या। बहुषु युक्ताचा-रेषु सूरिषु सत्सु। =योग्य आचारोंको जाननेवाले आचार्योंके पास ही सूक्ष्म अतिचार विषयक आलोचना करना हो तो वह भी प्रशस्त ही करनी चाहिए अर्थात् वह क्षपक सुन न सके ऐसी आलोचना करनी चाहिए।

२ आलोचना सुननेकी विधि

भ.आ./मू व वि ५६० पाचीणोदीचिमुहो आयदणमुहो व सुहणिसण्णो हु। ॥५६०॥ निर्व्याकुलमासीनस्य यत् श्रवण तदालोचयितु' सम्माननं। यथा कथंचिच्छ्रवणे मयि अनादरो गुरोरिति नोत्साह परस्य स्यात्। =पूर्वाभिमुख, उत्तराभिमुख अथवा जिनमन्दिराभि-मुख होकर सुखसे बैठकर आचार्य आलोचना सुनते हैं। अथवा निर्व्याकुल बैठकर गुरु आलोचना सुनते है, इस प्रकारसे सुननेसे आलोचना करनेवाले का सम्मान होता है। इधर-उधर लक्ष देकर सुननेसे गुरुका मेरे सम्बन्धमें अनादर भाव है ऐसी आलोचककी समझ होगी, जिससे दोष कहनेमें आलोचना करनेवालेका उत्साह नष्ट होगा।

३ एक आचार्यको एक ही शिष्यकी आलोचना सुननी चाहिए

भ आ./मू व वि ५६०·· आलोयण पडिच्छादि एक्को एक्कस्स विरहम्मि। एक एव शृणुयात्सूरिर्लज्जापरो बहूनां मध्ये नात्मदोष प्रकटयितु-मीहते। चित्तखेदश्चास्य भवति। तथा कथयत एकस्यैवालोचना शृणुयात्। दु खधारत्वाद्बु ग्दनेकवचनसदर्भस्य। तद्दोषनिग्रहं नाय नराक प्रतीच्छति। =आचार्य एक क्षपककी ही आलोचना सुनता है। एक ही आचार्य एकके दोष सुने, यदि बहुत गुरु सुनने बैठेंगे तो आलोचना करनेवाला क्षपक लज्जित होकर अपने दोष कहनेके लिए तैयार होनेपर भी उसके मनमें खेद उत्पन्न होगा। अत' एक ही आचार्य एक ही के दोष सुने, एक कालमें एक आचार्य अनेक क्षपकोंकी आलोचना सुननेकी इच्छा न करे, क्योंकि अनेकोंका वचन ध्यानमें रखना बडा कठिन कार्य है। इसलिए उनके दोष सुनकर योग्य प्रायश्चित्त नहीं दे सकेगा।

४. आलोचना एकान्तमें सुननी चाहिए

भ आ /मू. व वि ५६० आलोयणं पडिच्छदि ··विरहम्मि ॥५६०॥ इत्यनेनैव गतार्थत्वाद्विरहम्मि इति वचनं निरर्थक। यद्यन्येऽपि तत्र स्युर्न एकैकैव श्रुतं स्यात्। न लज्जत्ययमस्य अपराधश्चास्य अनेना-वगत एवेति नान्यस्य सकाशे शृणुयात् इति। एतत्सूच्यते विरहम्मि एकान्ते आचार्यशिक्षेति।=एकान्तमें ही आचार्य आलोचना सुनता है ॥५६०॥ प्रश्न—(एक समयमें एक ही शिष्यकी तथा एक ही आचार्य आलोचना सुने उपरोक्त) इतने विवेचनसे ही एकान्तमें गुरुके बिना अन्य कोई नहीं होगा ऐसे समयमें आलोचना सुननी चाहिए तथा करनी चाहिए' ऐसा सिद्ध होता है अत 'विरहम्मि' यह पद व्यर्थ है? उत्तर—यदि वहाँ अन्य भी होगे तो आलोचकके दोष बाहर फूटने सम्भव है, एक गुरु यदि होगे तो उस स्थानमें प्रच्छन्न रीतिसे दूसरेका प्रवेश होना योग्य नहीं है, यह सूचित करनेके लिए आचार्य ने 'विरहम्मि' ऐसा पद दिया है।

५. आलोचनाका माहात्म्य

रा. वा. ९/२२/२/६२१/१३ लज्जापरपरिभवादिगणनया निवेद्यातिचार यदि न शोधयेद् अपरोक्षितव्ययाधमर्णवदवसीदति। महदपि तपस्कर्म अनालोचनपूर्वकम् नाभिप्रेतफलप्रदम् आविरिक्तकायगतौष-धवत् कृतानालोचनस्यापि गुरुमतप्रायश्चित्तमकुर्वतोऽपरिकर्मसस्यवत् महाफल न स्यात्। कृतालोचनचित्तगत प्रायश्चित्त परिमृष्टदर्पण-तलरूपवत् परिभ्राजते। =लज्जा और पर तिरस्कार आदिके कारण दोषोंका निवेदन करके भी यदि उनका शोधन नहीं किया जाता है तो अपनी आमदनी और खर्चका हिसाब न रखनेवाले कर्जदारकी तरह दुःखका पात्र होना पडता है। बडी भारी दुष्कर तपस्याएँ भी आलोचनाके बिना उसी तरह इष्ट फल नहीं दे सकतीं जिस प्रकार विवेचनसे शरीर मलकी शुद्धि किये बिना खायी गयी औषधि। आलोचना करके भी यदि गुरुके द्वारा दिये गये प्रायश्चित्तका अनु-ष्ठान नहीं किया जाता है तो वह बिना सवारे धान्यकी तरह महा फलदायक नहीं हो सकता। आलोचना युक्त चित्तसे किया गया प्रायश्चित्त माँजे हुए दर्पणके रूपकी तरह निखरकर चमक जाता है।

६ अन्य सम्बन्धित विषय

★ निश्चय व्यवहार आलोचनाकी मुख्यता गौणता —दे. चारित्र

★ सातिचार आलोचना मायाचारी है—दे. माया २

★ किस अपराधमें आलोचना प्रायश्चित्त किया जाता है —दे प्रायश्चित्त

★ तदुभय प्रायश्चित्त— दे. प्रायश्चित्त

आवरक व आवरण—

स सि ८/४/३८०/३ आवृणोत्यावियतेऽनेनेति वा आवरणम्। =जो आवृत करता है या जिसके द्वारा आवृत किया जाता है वह आवरण कहलाता है। (गो जी /जी प्र ३३/२७/१०)।

ध ६/१,९-१,५/८/५ अप्पणो विरोहिदव्वसण्णिहाणे सते वि ज णिम्मू-लदो ण विणस्सदि,तमावरिज्जमाण,ड्डर चावरय ।=अपने विरोधी द्रव्यके सन्निधान अर्थात् सामीप्य होनेपर जो निर्मूलत नहीं विनष्ट होता, उसे आवियमाण कहते हैं, और दूसरे अर्थात् आवरण करनेवाले विरोधी द्रव्यको आवरक कहते हैं।

आवर्जित करण—ध.सा /मू ६२१-६२३ हेट्ठा दंडस्संतो मुहुत्तमा बज्जिद हवे करण। त चसमुग्घादस्स य अहिमुहभावो जिणिदस्स ॥ सट्ठाणे आवज्जिद करणे वि य णत्थि ठिदिरस ण हदी। उदयादि अवट्ठिदया गुणसेढी तस्स दव्व च ॥ जोगिस्स सेसकालो गय जोगी तस्स सखभागो य। जावदियं तावदिया आवज्जिदकरणगुणसेढी ॥ सयोगकेवली जिनको केवली समुद्घात करनेके अन्तर्मुहूर्त पहिले आवर्जित नामा करण हो है। समुद्घात क्रियाको सम्मुखपना, सो ही आवर्जित करण कहिए। आवर्जित यहाँ स्थिति व अनुभागका काण्डक घात नहीं होता। अवस्थित गुणश्रेणी आयाम द्वारा घात

होता है। विशेष इतना कि स्वस्थान केवलीकी अपेक्षा यहाँ गुणश्रेणी आयाम तो असंख्यात गुणाघात है। और अपकर्षण किया गया द्रव्य असंख्यात गुणा है।

आवर्त—१ एक यक्ष—दे 'यक्ष', २ भरतक्षेत्र विन्ध्याचलस्थ एक देश—दे मनुष्य ४, ३ भरत क्षेत्रके उत्तरमें मध्यमे मध्यम्लेच्छ खण्डका एक देश—दे मनुष्य ४, ४ विजयार्धकी दक्षिणश्रेणीका एक नगर—दे विद्याधर, ५ पूर्व विदेहका एक क्षेत्र—दे लोक ५/२।

आवर्त्त—अन ध ८/८८ ८९ शुभयोगपरावर्तनावर्त्तान् द्वादशाहुरा-द्यन्ते साम्यस्य हि स्तवस्य च मनोऽङ्गगो' सयत परावर्त्त्यम् ॥८८॥ =मन, वचन और शरीरकी चेष्टाको अथवा उसके द्वारा होनेवाले आत्म प्रदेशोके परिस्पन्दनको योग कहते हैं। हिंसादिक अशुभ प्रवृत्तियोसे रहित योग प्रशस्त समझा जाता है। इसी प्रशस्त योगको एक अवस्थासे हटाकर दूसरी अवस्थामे ले जानेका नाम परावर्त्तन है और इसका दूसरा नाम आवर्त भी है। इसके मन वचन कायकी अपेक्षा तीन भेद है और यह सामायिक तथा स्तवकी आदिमें तथा अन्तमें किया जाता है। अतएव इसके बारह भेद होते हैं। जो मुमुक्षु साधु वन्दना करनेके लिए उद्यत है उन्हे यह बारह प्रकारका आवर्त करना चाहिए अर्थात उन्हे, अपने मन वचन व काय सामायिक तथा स्तवकी आदि एव अन्तमें पाप व्यापारसे हटाकर अवस्थान्तरको प्राप्त कराने चाहिए ॥८८॥

क्रि क १/१३ कथिता द्वादशावर्त्ता वपुर्वचनचेतसाम्। स्तवसामायिकाद्यन्तपरावर्तनलक्षणा। =मन, वचन, कायके पलटनेको आवर्त कहते है। ये आवर्त बारह होते है। जो सामायिक दण्डके आरम्भ और समाप्तिमें तथा चतुर्विंशतिस्तव दण्डकके आरम्भ और समाप्तिके समय किये जाते है। ध (१३/५,४,२८/९०/३)

भाष्यकार - जैसे 'णमो अरहन्ताण" इत्यादि सामायिक दण्डके पहले क्रिया विज्ञापन रूप मनोविकल्प होता है, उस मनोविकल्पको छोड-कर सामायिक दण्डके उच्चारणके प्रति मनको लगाना सो मन परावर्तन है। उसी सामायिक दण्डके पहले भूमि स्पर्श रूप नमस्कार किया जाता है उस वक्त वन्दना मुद्राको जाती है, उस वन्दना मुद्राको त्यागकर पुन खडा होकर मुक्ताशुक्ति मुद्रा रूप दोनों हाथों-को करके तीन बार घुमाना कायपरावर्तन है। "चैत्यभक्तिकायो-त्सर्गं करोमि" इत्यादि उच्चारणको छोडकर "णमो अरहन्ताणं" इत्यादि पाठका उच्चारण करना सो वाक्परावर्तन है। इस तरह सामायिक दण्डके पहले मन, वचन और काय परावर्तन रूप तीन आवर्त होते है। इसी तरह सामायिक दण्डकके अन्तमें तीन-तीन आवर्त यथायोग्य होते है। एव सब मिलकर एक कायोत्सर्गमें १२ आवर्त होते है।

★ कृतिकर्ममे आवर्त करनेका विधान

—दे कृतिकर्म २/८,४/२।

आवली—१ क्षेत्रका एक प्रमाण विशेष—दे गणित I/१/३। २, काल का एक प्रमाण विशेष—दे गणित I/१। ३ जघन्य युक्तासंख्यात समयों-की एक आवली होती है। इसका छः भेद रूपसे उल्लेख मिलता है यथा अचलावली—गो.क अर्थ.स /पृ. २४ प्रकृति बन्ध भये पीछे आवली काल मात्र उदय उदीरणादि रूप होने योग्य नाही सो अचलावली है। (इसे बन्धावली भी कहते है।) (गो.क /भाषा १५६/१९४/४), अतिस्थापनावली—ल सा /भाषा ५८/६०/१३ स्थितिका अन्त निषेकका द्रव्य को अपकर्षण करि नीचले निषेकनिविषैं निक्षेपण करते तिस अन्त निषेकके नीचैं आवलि मात्र निषेक तो अति स्थापनरूप है अर समय अधिक दोय आवली करि हीन उत्कृष्ट स्थिति मात्र निक्षेप हो है सो यहु उत्कृष्ट निक्षेप जानना। इहाँ बध भए पीछैं आवली कालपर्यन्त तो उदीरणा होइ नाहीं तातै एक आवली तो आबाधा विषैं गई अर एक आवली अतिस्थापन रूप रही अन्तका द्रव्य ग्रह्या ही है तातै उत्कृष्ट स्थिति विषै दोय आवली एक समय घटाया है। अक संदृष्टि करि जैसे उत्कृष्ट स्थिति हजार समय तहाँ सोलह समय तो आबाधाविषैं गये अर नवसै चौरासी निषेक है तहाँ अन्त निषेक का द्रव्य अपकर्षण करि प्रथमादि नवसै सतसठि निषेकनि विषै दीया सो यहु उत्कृष्ट निक्षेप है। अर ताके ऊपरि सोलह निषेकनिविषै न दीया सो यहु अतिस्थापनावली है। (विशेष—दे अपकर्षण), उच्छिष्टावलि—गो क /भाषा/३४२/४१४/८ "उदयकी प्राप्त नाहीं जे नपुंसक वेद आदि तिनिकी क्षय भये पीछै अवशेष उच्छिष्ट रही सर्व स्थिति, समय अधिक आवली प्रमाण है। गो. क /जी प्र ७४४/५ एतावत्स्थितावशिष्टाया विसंयोजनोपशमन-क्षपणा क्रिया नेतीदमुच्छिष्टावलिनाम्।=इतनी स्थिति अवशेष रहे विसयोजनका उपशमन वा क्षपणा क्रिया न होइ सके तातै याको उच्छिष्टावली कहिए। गो क अर्थ सं /पृ.२४ (सम्पूर्ण कर्म स्थिति-की अन्तिम आवली) अन्तके आवली प्रमाण निषेक अवशेष रहैं सो उच्छिष्टावली है। उदयावली=गो अर्थ स /पृ. २४ बहुरि (आबाधा काल भये पीछे) आवली विषै आवने योग्य समूह तो उदयावली है। द्वितीयावली—उदयावलीसे ऊपरके आवला प्रमाण कालको द्वितीयावली या प्रत्यावली कहते हैं। प्रत्यावली—दे अपर द्वितीया-वली, बन्धावली—दे अचलावली, वृन्दावली—(आवल के समय) ३।

आवश्यक—श्रावक व साधुको अपने उपयोगकी रक्षाके लिए नित्य ही छह क्रिया करनी आवश्यक होती है। उन्हींको श्रावक या साधु-के षट् आवश्यक कहते है। जिसका विशेष परिचय इस अधिकारमें दिया गया है।

१ आवश्यक सामान्यका लक्षण

मू आ ५१५ ण वसो अवसो अवसस्स कम्ममावासगं त्ति बोधव्वा। जुत्तित्ति उवायत्ति य णिरवयवा होदि णिज्जुत्ती ॥५१५॥=जो कषाय राग-द्वेष आदिके वशीभूत न हो वह अवश है, उस अवशका जो आचरण वह आवश्यक है। तथा युक्ति उपायको कहते है जो अखण्डित युक्ति वह निर्युक्ति है, आवश्यककी जो निर्युक्ति वह आवश्यक निर्युक्ति है। (नि सा./मू. १४२)

नि सा /मू १४७ आवास जइ इच्छसि अप्पसहावेसु कुणदि थिर भाव। तेण दु सामण्णगुण होदि जीवस्स ॥१४७॥ =यदि तू आवश्यकको चाहता है तो तू आत्मस्वभावोमें थिरभाव कर उससे जीवका सामा-यिक गुण सम्पूर्ण होता है।

भ आ /वि ११६/२७४/१२ आवासयाणं आवश्यकानां। ण वसो अवसो अवसस्स कम्ममावसगं इति व्युत्पत्तावपि सामायिकादिष्वेवाय शब्दो वर्तते। व्याधिदौर्बल्यादिना व्याकुलो भण्यते अवश परवश इति यावत्। तेनापि कर्त्तव्यं कर्मेति। यथा आशु गच्छतीत्यश्व इति व्युत्पत्तावपि न व्याघ्रादौ वर्तते अश्वशब्दोऽपि तु प्रसिद्धिवशात् तुरग एव। एवमिहापि अवश्यं यत्किंचन कर्म इतस्तत' परावृत्तिरा-क्रन्दनं, पूत्करणं वा तद्भण्यते। अथवा आवासकानां इत्ययमर्थः आवासयन्ति रत्नत्रयमात्मनीति। =ण वसो अवसो अवसस्स कम्ममावसं बोधव्वा' ऐसी आवश्यक शब्दकी निरुक्ति है। व्याधि-रोग अशक्तपना इत्यादि विकार जिसमें है ऐसे व्यक्तिको अवश कहते है, ऐसे व्यक्तिको जो क्रियाएँ करना योग्य है उनको आवश्यक कहते है। जैसे—'आशु गच्छतीत्यश्व' अर्थात् जो शीघ्र दौडता है उसको अश्व कहते है, अर्थात् व्याघ्र आदि कोई भी प्राणी जो शीघ्र दौड सकते है वे सभी अश्व शब्दसे संगृहीत होते है। परन्तु अश्व शब्द प्रसिद्धिके वश होकर घोडा इस अर्थमें ही रूढ है। वैसे अवश्य करने योग्य जो कोई भी कार्य वह आवश्यक शब्दसे कहा जाना चाहिए जैसे—लोटना, करवट बदलना, किसीको बुलाना वगैरह कर्तव्य अवश्य करने पडते है परन्तु आवश्यक शब्द यहाँ सामायिकादि क्रियाओमें ही प्रसिद्ध है। अथवा आवासक ऐसा शब्द

मानकर 'आवासयन्ति रत्नत्रयमपि इति आवश्यका.' ऐसी भी निरुक्ति करते है, अर्थात् जो आत्मामें रत्नत्रयका निवास कराते हैं उनको आवासक कहते है।

अन ध. ८/१६ यद्वश्याध्यादिवशेनापि क्रियतेऽक्षावशेन च। आवश्यकमवश्यस्य कर्माहोरात्रिक मुने ॥१६॥ =जो इन्द्रियोके वश्य—आधीन नहीं होता उसको अवश्य कहते है। ऐसे सयमीके अहोरात्रिक—दिन और रातमें करने योग्य कर्मोंका नाम ही आवश्यक है। अतएव व्याधि आदिसे ग्रस्त हो जानेपर भी इन्द्रियोके वश न पडकर जो दिन और रातके काम मुनियोंको करने ही चाहिए उन्हीको आवश्यक कहते है।

२. साधुके षट् आवश्यकोंका नाम निर्देश

मू. आ २२० समदा थओ य वंदण पाडिक्कमणं तहेव णादव्वं। पच्चक्खाण विसग्गो करणीयावासया छप्पि ॥२२॥ =सामायिक, चतुर्विंशतिस्तव, वेदना, प्रतिक्रमण, कायोत्सर्ग - ये छह आवश्यक सदा करने चाहिए। (मू आ ५१६) (रा.वा ६/२२/११/५३०/११) (भ.आ./वि. ११६/२७४/१६) (ध. ८/३,४१/८३/१०) (पु.सि.उ. २०१) (चा.सा. ५५/३) (अन.ध.८/१७) (भा.पा./टी. ७७)

३. अन्य सम्बन्धित विषय

१. साधुके षडावश्यक विशेष—दे. वह वह नाम

२. श्रावकके षडावश्यक—दे श्रावक

३. त्रिकरणोके चार-चार आवश्यक— दे. करण ४/६

४. निश्चय व्यवहार आवश्यकोकी मुख्यता गौणता —दे. चारित्र

आवश्यकापरिहाणि—स सि. ६/२४/३३६/४ षण्णामावश्यकक्रियाणां यथाकालप्रवर्तनमावश्यकापरिहाणि। =छह आवश्यक क्रियाओंका (बिना नागा) यथा काल करना आवश्यकापरिहाणि है। (रा.वा. ६/२४/११/५३०/१५) (ध. ८/३,४१/८५/३) (चा.सा. ५६/३); (भा.पा./टी. ७७)

२. एक आवश्यकापरिहाणिमें शेष १५ भावोंका समावेश

ध. ८/३,४१/८५/४ तीए आवासयापरिहीणदाए एक्काए वि तित्थयरणामकम्मस्स बंधो होदि। ण च एत्थ सेसकारणाणामभावो ण च, दंसणविसुद्धि (आदि)· विणा छावासएसु णिरदिचारदा णाम संभवदि। तम्हा एदं तित्थयरणामकम्मबंधस्स चउत्थकारणं। =उस एक ही आवश्यकापरिहीनतासे तीर्थंकर नामकर्मका बन्ध होता है। इसमें शेष कारणोंका अभाव भी नहीं है, क्योंकि दर्शनविशुद्धि (आदि) ...के बिना छह आवश्यकोमें निरतिचारता सभव ही नहीं है।

३. अन्य सम्बन्धित विषय

* एक आवश्यकापरिहाणिसे ही तीर्थंकरत्वका बन्ध सम्भव है—दे. भावना २

* साधुको आवश्यक कर्म नित्य करनेका उपदेश —दे. कृतिकर्म २

* श्रावकको आवश्यक कर्म नित्य करनेका उपदेश —दे. श्रावक ४

* साधुके दैनिक कार्यक्रम—दे. कृतिकर्म

आवास—ति प. ३/२३ दहसलदुमादीणं रम्माणं उवरि होंति आवासा। णागादीण वेंतरणिलया भवमेक्कमसुराण ॥२३॥ =रमणीय तालाब, पर्वत और वृक्षादिकके ऊपर स्थित व्यन्तर आदिक देवोंके निवास स्थानोको आवास कहते है।

ति.प ६/७ रयणप्पहपुढवीए भवणाणि दीवउदहि उवरिम्मि। भवण पुराणि दहगिरिपहुदीणं उवरि आवासा ॥७॥ =रत्नप्रभा पृथिवीमें भवन, द्वीप समुद्रोके ऊपर भवनपुर और द्रह एव पर्वतादिकोके ऊपर (व्यन्तरोके) आवास होते है।

ध.१४/५,६,६३/८६/६ अडरस्स अंतोट्ठियो कच्छउडभडरंतोट्ठियवक्खारसमाणो आवासो णाम।·· एक्केक्कम्हि आवासे ताओ असंखेज्जलोगमेत्ताओ होंति। एक्केक्कम्हि पुलवियाए जसंखेज्जलोगमेत्ताणि णिगोदसरीराणि। =जो अण्डरके भीतर स्थित है तथा कच्छउडअण्डरके भीतर स्थित वक्खारके समान है उन्हे आवास कहते है। एक एक आवासमें वे (पुलवियाँ—दे पुलवि) असख्यात लोक प्रमाण होती है। तथा एक एक आवासकी अलग-अलग एक-एक पुलविमें असंख्यात लोक प्रमाण शरीर होते है—(विशेष दे. वनस्पति ३/७)

त्रि.सा. २५४ वेंतरणिलयतियाणि य भवणपुरावासभवणणामाणि। दीव समुद्दे दहगिरितरुम्हि चित्तावणिम्हि कमे ॥२५४॥ =भवनपुर, आवास और भवन ए वितरनिलयनिके तीन ही नाम है। तहाँ क्रम करि द्वीप समुद्रनिविषै भवनपुर पाईए है। बहुरि द्रह पर्वत वृक्ष इनविषै आवास पाइए है बहुरि चित्रापृथिवी विषै नीचे भवन पाइए है।

आवासक—दे. आवश्यक

आविद्ध करण—पद्मनन्दि नं. २ का अपरनाम—दे पद्मनन्दि नं.२

आविष्कार—(ध. ५/प्र. २७) Discovery, Invention

आवीचिका मरण—दे मरण १

आवृत्तकरण—क्ष सा. ४६७ अन्य प्रकृति रूप करके कर्मका नाश करना सो आवृत्तकरण है।

आवृष्ट—भरत क्षेत्र मध्य आर्य खण्डका एक देश—दे. मनुष्य ४

आशसा—रा.वा. ७/३७/१/५५८/३३ आकाङ्क्षणमभिलाष· आशंसेत्युच्यते। =आकांक्षा अर्थात् अभिलाषाको आशसा कहते है।

आशय—औदारिक शरीरमें आशयोका प्रमाण—दे औदारिक १/७

आशा—१.—दे राग तथा अभिलाषा, २—रुचक पर्वत निवासिनी दिक्कुमारी देवी—दे. लोक ५/१३।

आशाधर—१ पं. लालाराम कृत सागारधर्मामृतका प्राक्कथन। जैन हितैषी पत्रमें प्रकाशित पं. जीके परिचयके आधारपर 'आपका जन्म नागौरके पास सपादलक्ष (सवा लाख) देशमें माण्डलगढ नगरमें वि. १२३० में हुआ। बादशाह शहाबुद्दीन कृत अत्याचारके भयसे आप देश छोडकर वि. १२४९ में मालवा देशकी धारा नगरीमें जा बसे। उस समय वहाँके राजा विन्ध्यवर्माके मन्त्री विल्हण थे। उन्होने उनका बहुत सत्कार किया। पीछे उनके पुत्र सुभट वर्माका राज्य होनेपर आप वहाँसे छोडकर १० मील दूर नलगच्छ ग्राममें चले गये। आपके पिताका नाम सल्लक्षण (सलखण) और माताका नाम श्री रत्नी था। आपकी जाति बघेरवाल थी। धारा नगरीमें पं. महावीरसे आपने व्याकरणका ज्ञान प्राप्त किया और उच्च कोटिके विद्वान् हो गये, तथा पं. आशाधर नामसे प्रसिद्ध हुए। आपके अनेको शिष्य हुए—१. पं. देवचन्द्र, २. मुनि बादीन्द्र, ३. विशालकीर्ति, ४. भट्टारक देवभद्र; ५ विनयभद्र, ६. मदनकीर्ति(उपाध्याय), ७ उदयसैन मुनि। आप अनेकों विद्वानो व साधुओके प्रशसा-पात्र हुए है—१. धारा नगरीके राजा विन्ध्यवर्माके मन्त्री विल्हण, २ दिगम्बर मुनि उदयसेनने आपका बहुत-बहुत अभिनन्दन किया है, और आपके शास्त्रोको प्रमाण बताया है, ३ उपाध्याय मदनकीर्ति आदि इनके सभी शिष्योने इनकी स्तुति की है। (अन ध./प्रशस्ति) समय —वि १२३०-१३०० (ई. ११७३-१२४३) (पं वि /प्र. ३४/A.N.up.) कृतियाँ—१. क्रिया कलाप (अमर कोश टीका-व्याकरण) सस्कृत,

२. व्याख्यालङ्कार टीका (रुद्रट कृत काव्यालंकार टीका) सं., ३.प्रमेय रत्नाकर (न्याय) संस्कृत, ४. वाग्भट्ट संहिता (न्याय) संस्कृत, ५.भव्य कुमुद चन्द्रिका (न्याय) संस्कृत, ६. अध्यात्म रहस्य (अध्यात्म), ७. ईष्टोपदेश टीका (अध्यात्म) संस्कृत, ८. ज्ञान दीपिका संस्कृत, ९. अष्टाङ्ग हृदयोद्योत संस्कृत, १० अनगार धर्मामृत (यत्याचार) संस्कृत, ११. मूलाराधना (भगवती आराधनाकी टीका) संस्कृत, १२. सागार धर्मामृत (श्रावकाचार) संस्कृत, १३. भरतेश्वराभ्युदय काव्य संस्कृत, १४. त्रिषष्टि स्मृति शास्त्र संस्कृत, १५. राजमति विप्रलम्भ सटीक संस्कृत, १६. भूपाल चतुर्विंशतिका टीका संस्कृत, १७. जिनयज्ञ काव्य संस्कृत, १८. प्रतिष्ठा पाठ संस्कृत, १९. सहस्रनाम स्तव संस्कृत, २० रत्नत्रय विधान टीका संस्कृत। (ती./४/४१), (जै./२/१२८)।

आशिष—ध. ९/४,१,२०/८५/५अविद्यमानस्यार्थस्य आशंसनमाशी.। —अविद्यमान अर्थकी इच्छाका नाम आशीष है।

आशीर्वाद—दे. ऋद्धि ८/१।

आशीर्विष—अपर विदेहस्थ वक्षार, व कूट व उसका रक्षक देव। —दे. लोक ५/३।

आशीर्विष रस ऋद्धि—दे. ऋद्धि ८

आश्चर्य—पद्मह्रदमें स्थित एक कूट—दे. लोक ५/७।

आश्रम—प्र. सा./ता.वृ.५५ विशुद्धज्ञानदर्शनप्रधानाश्रमम्। —विशुद्ध ज्ञान व दर्शनकी प्रधानता रूप आश्रम·· अर्थात् ज्ञान दर्शनकी प्रधानता ही आश्रमका लक्षण है।

२ चतुः आश्रम निर्देश

म. पु ३९/१५२ ब्रह्मचारी गृहस्थश्च वानप्रस्थोऽथ भिक्षुक'। इत्याश्रमास्तु जैनानामुत्तरोत्तरशुद्धितः ॥१५२॥ —ब्रह्मचारी, गृहस्थ, वानप्रस्थ और भिक्षुक ये जैनियोंके चार आश्रम है जो कि उत्तरोत्तर विशुद्धिको प्राप्त होते है। (चा. सा. ४१/५ मे उपासकाध्ययनसे उद्धृत) (सा ध.७/२०)

आश्रय—१. आश्रय आश्रयी भाव—दे. सम्बन्ध; २. आत्माश्रय दोष—दे. आत्माश्रय, ३. अन्योन्याश्रय दोष—दे अन्योन्याश्रय; ४ आश्रयासिद्धत्व हेत्वाभास—दे. असिद्ध।

आश्लेषा—एक नक्षत्र—दे. नक्षत्र।

आषाढ—विजयार्धकी दक्षिण श्रेणीका एक नगर—दे. विद्याधर।

आसन—

१. आसनके भेद

ज्ञा २८/१० पर्यङ्कमर्द्धपर्यङ्कं वज्रं वीरासनं तथा। सुखारविन्दपूर्वे च कायोत्सर्गश्च सम्मत' ॥१०॥ —पर्यंकासन, अर्द्धपर्यंकासन, वज्रासन, वीरासन, सुखासन, कमलासन, कायोत्सर्ग ये ध्यानके योग्य आसन माने गये है।

२ आसन विशेषके लक्षण

अन.ध ८/८३में उद्धृत 'जङ्घाया जङ्घाया श्लिष्टे मध्यभागे प्रकीर्तितम्। पद्मासन' सुखाधायि सुसाध्यं सकलैर्जनैः। बुधैरुपर्यधोभागे जङ्घयोरुभयोरपि। समस्तयो' कृते ज्ञेय पर्यङ्कासनमासनम् ॥२॥ उर्वोरुपरि निक्षेपे पादयोर्विहिते सति। वीरासनं चिरं कर्तुं शक्यं धीरैर्न कातरै' ॥३॥ जङ्घाया मध्यभागे तु संश्लेषो यत्र जङ्घया। पद्मासनमिति प्रोक्त तदासनविचक्षणै'। स्याज्जङ्घयोरधोभागे पादोपरि कृते सति। पर्यङ्को नाभिगोत्तानदक्षिणोत्तरपाणिक'। वामोरुधिदक्षिणोरूर्ध्वं वामोरुपरि दक्षिण.। क्रियते यत्र तद्धीरो चित्तं वीरासनं स्मृतम्।" —जंघाका दूसरी जंघाके मध्य भागसे मिल जाने पर पद्मासन हुआ करता है। इस आसनमें बहुत सुख होता है, और समस्त लोक इसे बडी सुगमतासे धारण कर सकते हैं। दोनों जंघाओं को आपसमें मिलाकर ऊपर नीचे रखनेसे पर्यङ्कासन कहते हैं। पैरोंको दोनों जंघाओंके ऊपर नीचे रखनेसे वीरासन होता है। कातर पुरुष इसे अधिक देर तक नहीं कर सकते, धीर वीर ही कर सकते हैं। (क्रि.क.१/६) किसी-किसीने इन आसनोंका स्वरूप इस प्रकार बताया है कि—जब एक जंघाका मध्य भाग दूसरी जंघासे मिल जावे तब उस आसनको पद्मासन कहते हैं। दोनों पैरोंके ऊपर जंघाओंके नीचेके भागको रखकर नाभिके नीचे ऊपरको हथेली करके ऊपरे नीचे दोनों हाथोंको रखनेसे पर्यंकासन होता है। दक्षिण जंघाके ऊपर बाम पैर और वाम जंघाके ऊपर दक्षिण पैर रखनेसे वीरासन बताया है जो कि धीर पुरुषोके योग्य है।

बो.पा./टी. ५१ में उद्धृत "गुल्फोत्तानकरांगुष्ठरेखारोमालिनासिका'। समदृष्टि. समाः कुर्यान्नातिस्तब्धो न वामन'।"—दोनों पाँवके टखने ऊपरकी ओर करके अर्थात् दोनों पाँवको जंघाओंपर रखकर उनके ऊपर दोनों हाथोंको ऊपर नीचे रखें ताकि हाथके दोनों अँगूठे दोनों टखनोंके ऊपर आ जायें। पेट व छातीकी रोमावली व नासिका एक सीधमें रहें। दोनों नेत्रोंकी दृष्टि भी नासिकापर पड़ती रहे। इस प्रकार सबको समान सीधमें करके सीधे बैठें। न अधिक अकड़ कर और न झुककर। (इसको सुखासन कहते हैं।)

★ आसनोंकी प्रयोग विधि—दे. कृतिकर्म ३।

आसन्न भव्य—दे. भव्य।

आसन्न मरण—दे. मरण १

आसादन—सू. आ. ५४ पंचेव अत्थिकाया छज्जीवणिकाय महवया पंच। पवयणमादु पदत्था तेतीसासणा भणिया ॥५४॥ —जीव आदि पाँच अस्तिकाय, पृथ्वीकायादि स्थावर व दो इन्द्रियसे पाँच इन्द्रिय तक त्रसकाय—इस तरह छह जीवनिकाय, अहिंसा आदि पाँच महाव्रत, ईर्या आदि पाँच समिति, व काय गुप्ति आदि तीन गुप्ति—ऐसे आठ प्रवचन माता और जीवादि नव पदार्थ—इस प्रकार ये तेंतीस पदार्थ है। इनको आसादनाके भी ये ही नाम हैं। इन पदार्थोंका स्वरूप अन्यथा कहना, शंका आदि उत्पन्न करना उसे आसादना कहते हैं। ऐसा करनेसे दोष लगता है इसलिए उसका त्याग कराया गया है।

स.सि. ६/१०/६२७/१३ कायेन वाचा च परप्रकाशस्य ज्ञानस्य वर्जनमासादनम्। —(कोई ज्ञानका प्रकाश कर रहा है) तब शरीर या वचनसे उसका निषेध करना आसादना है।

★ उपघात और आसादनमें अन्तर—दे. उपघात।

आसिका—दे. समाचार।

आसुरी—भ.आ./मू.१८३ अणुबंधरोसविग्गहसंसत्तवो णिमित्तपडिसेवी। णिक्किवणिरणुतावी आसुरिय भावणं होदि। —जिसका कोप अन्य भवमें भी गमन करनेवाला है, और कलह करना जिसका स्वभाव बन गया है, वह मुनि रोष और कलहके साथ ही तप करता है ऐसे तपसे उसको असुरगतिकी प्राप्ति होती है।

मू आ. ६८ खुद्दो कोही माणी मायी तह संकिलिट्ठचरिते। अणुबंधबद्धवेराई असुरेसुंव वज्जदे जीवो ॥६८॥ —दुष्ट, क्रोधी, मानी, मायाचारी, तप तथा चारित्र पालनेमें क्लेशित परिणामोंसे सहित और जिसने वैर करनेमें बहुत प्रीति की है ऐसा जीव आसुरी भावना से असुरजातिके अंबरीष नामा भवनवासी देवोंमें उत्पन्न होता है॥६८॥

आस्तिक्य—गो. जी./जी.प्र.५६१ में उद्धृत "आप्ते श्रुते तत्त्वचित्तमस्तित्वसंयुतं। आस्तिक्यमास्तिकैरुक्तं सम्यक्त्वेन युते नरे ॥२॥ —जो सम्यग्दृष्टि जीव, सर्वज्ञ देवविषैं, व्रतविषैं, शास्त्रविषैं तत्त्वविषैं 'ऐसैं ही है' ऐसा अस्तित्व भाव करि संयुक्त चित्त हो है सो सम्यक्त्व सहित जीव विषैं आस्तिक्य गुण है।

न्या.दी ३/§५६/१८/७ आस्तिक्यं हि सर्वज्ञवीतरागप्रणीत जीवादितत्त्व-रुचिरुपलक्षणम्। =सर्वज्ञ वीतराग देव द्वारा प्रणीत जीवादिक तत्त्वों में रुचि होनेको आस्तिक्य कहते है।

पं.ध./उ ४५२,४६३ आस्तिक्यं तत्त्वसद्भावे स्वतः सिद्धे विनिश्चिति'। धर्मे हेतौ च धर्मस्य फले चाऽस्त्यादि धर्मवित् ॥४५२॥ स्वात्मानु-भूतिमात्र स्यादास्तिक्य परमो गुण'। भवेन्मा वा परद्रव्ये ज्ञानमात्र (त्रे) परत्वत' ॥४६३॥ =स्वत. सिद्ध नव तत्त्वोके सद्भावमें तथा धर्ममें धर्मके हेतुमे और धर्मके फलमें जो निश्चय रखना है वह जीवादि पदार्थोंमें अस्तित्व बुद्धि रखनेवाला आस्तिक्य गुण है ॥४५२॥ केवल स्वात्मानुभूति रूप आस्तिक्य परम गुण है, परद्रव्यमें पररूपपनेसे ज्ञानमात्र जो स्वात्मानुभूति है वह हो व न हो ॥४६३॥

आस्याविष ऋद्धि—दे ऋद्धि ७

आस्रव—जीवके द्वारा प्रतिक्षण मनसे,वचनसे या कायसे जो कुछ भी शुभ या अशुभ प्रवृत्ति होती है उसे जीवका भावास्रव कहते है। उसके निमित्तसे कोई विशेष प्रकारकी जडपुद्गल वर्गणाएँ आकर्षित होकर उसके प्रदेशोमें प्रवेश करती है सो द्रव्यास्रव है। सर्व साधारणजनोंको तो कषायवश होनेके कारण यह आस्रव आगामी बन्धका कारण पडता है, इसलिए साम्परायिक कहलाता है, परन्तु वीतरागी जनोंको वह इच्छासे निरपेक्ष कर्मवश होती है इसलिए आगामी बन्धका कारण नही होता। और आनेके अनन्तर क्षणमें ही झड जानेसे ईर्या-पथ नाम पाता है।

१. आस्रवके भेद व लक्षण

१. आस्रव सामान्यका लक्षण

त सू ६/१-२ कायवाङ्मन कर्मयोग: ॥१॥ स आस्रव' ॥२॥ =काय, वचन, व मनकी क्रिया योग है ॥१॥ वही आस्रव है ॥२॥

रा.वा.१/४/६,६६/२६ आस्रवत्यनेन आस्रवणमात्रं वा आस्रव' ॥६॥ पुण्य-पापागमद्वारलक्षण आस्रव ॥१६॥...आस्रव इवास्रव। क उपमार्थ। यथा महोदधे सलिलमापगामुखैरहरहरापूर्यते तथा मिथ्यादर्शनादि-द्वारानुप्रविष्टै कर्मभिरनिशमात्मा समापूर्यत इति। =जिससे कर्म आवे सो आस्रव है, यह करण साधनसे लक्षण है। आस्रवण मात्र अर्थात् कर्मोका आना मात्र आस्रव है, यह भावसाधन द्वारा लक्षण है। ॥६॥ पुण्यपाप रूप कर्मोके आगमनके द्वारको आस्रव कहते हैं। जैसे नदियोके द्वारा समुद्र प्रतिदिन जलसे भर जाता है, वैसे ही मिथ्या-दर्शनादि स्रोतोंसे आत्मामें कर्म आते है (रा.वा.६/२/४,५/५०६)

२. आस्रवके भेद प्रभेद

(न च वृ /मू आस्रव १५२)

द्रव्य — भाव

(त.सू ६/४), (स.सि.६/४/३२०/८)

ईर्यापथ — साम्परायिक

दृष्टि नं

१. इन्द्रिय, कषाय, अव्रत और २५ क्रिया रूप भेद — (त.सू.६/५), (त सा.४/८)

२. मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग — (रा.अणु.४७),(स.सा /मू १६४), गो क /मू./७८६

३. मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग — (द्र सं /वृ मू ३०), (अन ध २/३७)

४. शुभ और अशुभ — (रा वा १/१४/३६/२५)

मन वचन काय

३. द्रव्यास्रवका लक्षण

न च.वृ १५३ लद्धूण तं णिमित्तं जोगं जं पुग्गले पदेसत्थं परिणमदि कम्मभावं तं पि हु दव्वासवं होदं ॥१५३॥ =अपने-अपने निमित्त रूप योगको प्राप्त करके आत्म प्रदेशोमें स्थित पुद्गल कर्म भाव रूपसे परिणमित हो जाते है, उसे द्रव्यास्रव कहते है ॥१५३॥

द्र.सं /मू. ३१ णाणावरणादीणं जोग्ग जं पुग्गलं समासवदि। दव्वासवो स णेओ अणेयभेओ जिणक्खादो ॥३१॥=ज्ञानावरणादि कर्मोके योग्य जो पुद्गल आता है उसको द्रव्यास्रव जानना चाहिए। वह अनेक भेदों वाला है, ऐसा जिनेन्द्र देवने कहा है ॥३१॥

४. भावास्रवका लक्षण

भ आ /वि ३८/१३४/१० आस्रवत्यनेनेत्यास्रव। आस्रवत्यागच्छति जायते कर्मत्वपर्यायपुद्गलानां कारणभूतेनात्मपरिणामेन स परिणाम आस्रव'। =आत्माके जिस परिणामसे पुद्गल द्रव्य कर्म बनकर आत्मामें आता है उस परिणामको (भावास्रव) आस्रव कहते है। (द्र सं /मू.२९)

द्र.सं /टी २८ निरास्रवस्वसंवित्तिलक्षणशुभाशुभपरिणामेन शुभाशुभकर्मा-गमनमास्रव। =आस्रव रहित निजात्मानुभवसे विलक्षण जो शुभ अशुभ परिणाम है, उससे जो शुभ अशुभ कर्मका आगमन है सो आस्रव है।

५. साम्परायिक आस्रवका लक्षण

त.सू.६/४ सकषायाकषाययो' साम्परायिकेर्यापथयो ॥४॥=कषाय सहित व कषाय रहित आत्माका योग क्रमसे साम्परायिक और ईर्यापथ कर्मके आस्रव रूप है।

स सि ६/४/३२१/१ सम्पराय संसार। तत्प्रयोजनं कर्म साम्परायिकम्। =सम्पराय संसारका पर्यायवाची है। जो कर्म संसारका प्रयोजक है वह साम्परायिक है।

रा.वा ६/४/४-७/५०८ कर्मभि समन्तादात्मन पराभवोऽभिभव' सम्प-राय इत्युच्यते ॥४॥ तत्प्रयोजनं कर्म साम्परायिकमित्युच्यते यथा ऐन्द्रमहिकमिति ॥५॥ मिथ्यादृष्ट्यादीना सूक्ष्मसाम्परायान्तानां कषायोदयविच्छिन्नपरिणामाना योगवशादानीत कर्म भावेनोपश्लिष्य माण आर्द्रचर्मणीव रेणुवत स्थितिमापद्यमान साम्परायिकमित्युच्यते। =कर्मोके द्वारा चारो ओरसे स्वरूपका अभिभव होना साम्पराय है ॥४॥ इस साम्परायके लिए जो आस्रव होता है वह साम्परायिक आस्रव है ॥५॥ मिथ्यादृष्टिसे लेकर सूक्ष्म साम्पराय दशवे गुणस्थान तक कषायका चेप रहनेसे योगके द्वारा आये हुए कर्म गीले चमडेपर धूलकी तरह चिपक जाते है। अर्थात् उनमें स्थिति बन्ध हो जाता है। यही साम्परायिकास्रव है।

★ ईर्यापथ आस्रवका लक्षण—दे. ईर्यापथ कर्म।

६. शुभ अशुभ मानसिक वाचनिक व कायिक आस्रवोंके लक्षण

रा वा १/७/१४/३६/२५ तत्र कायिकी हिंसाऽनृतस्तेयाब्रह्मादिषु प्रवृत्ति-निवृत्तिसंज्ञ। वाचिक परुषाक्रोशपिशुनपरोपघातादिषु वचस्सु प्रवृत्तिनिवृत्तिसंज्ञ'। मानसी मिथ्याश्रुत्यभिघातेर्ष्यासूयादिषु मनस' प्रवृत्तिनिवृत्तिसंज्ञ। =हिंसा, असत्य, चोरी, कुशील आदिमें प्रवृत्ति अशुभ कायास्रव है। तथा निवृत्ति शुभ कायास्रव है। कठोर गाली चुगली आदि रूपसे परबाधक वचनोंकी प्रवृत्ति वाचनिक अशुभास्रव है और इनसे निवृत्ति वाचनिक शुभास्रव है। मिथ्याश्रुति ईर्षा मात्सर्य षड्यन्त्र आदि रूपसे मनकी प्रवृत्ति मानस अशुभास्रव है और निवृत्ति मानसशुभास्रव है।

आस्रव निर्देश

१. अगृहीत पुद्गलोंका आस्रव कम होता है और गृहीत का अधिक

ध ४/१,५,४/३३१/४ जे णोकम्मपज्जएण परिणमिय अकम्मभावं गदूण तेण अकम्मभावेण जे थोवकालमच्छिया ते बहुवारमागच्छंति, अविणट्ठ चउव्विहपाओग्गादो। जे पुण अप्पिदपोग्गलपरियट्टब्भंतरे ण गहिदा ते चिरेण आगच्छंति, अकम्मभावं गदूण तत्थ चिरकालवट्ठाणेण विणट्ठचउव्विहपाओग्गत्तादो। =जो पुद्गल नोकर्म पर्याय से परिणमित होकर पुन अकर्म भावको प्राप्त हों, उस अकर्म भावसे अल्पकाल तक रहते है, वे पुद्गल तो बहुत बार आते है, क्योंकि उनकी द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव रूप चार प्रकारकी योग्यता नष्ट नही होती है। किन्तु जो पुद्गल विवक्षित पुद्गल परिवर्तनके भीतर नहीं ग्रहण किये गये है, वे चिरकालके बाद आते है। क्योकि, अकर्म भावको प्राप्त होकर उस अवस्थामें चिरकाल तक रहनेसे द्रव्य, क्षेत्र, काल व भाव रूप संस्कारका विनाश हो जाता है।

२. आस्रवमें तरतमताका कारण

त सू ६/६ तीव्रमन्दज्ञाताज्ञातभावाधिकरणवीर्यविशेषेभ्यस्तद्विशेष। =तीव्रभाव, मन्दभाव, ज्ञातभाव, अज्ञातभाव, अधिकरण और वीर्य विशेषके भेदसे उसकी अर्थात् आस्रवकी विशेषता होती है।

३. योगद्वारको आस्रव कहनेका कारण

स सि. ६/२/३११/५ यथा सरस्सलिलावाहिद्वारं तदास्रवकारणत्वात् आस्रव इत्याख्यायते तथा योगप्रणालिकया आत्मन कर्म आस्रवतीति योग आस्रव इति व्यपदेशमर्हति। =जिस प्रकार तालाबमें जल लाने का दरवाजा जलके आनेका कारण होनेसे आस्रव कहलाता है उसी प्रकार आत्मामें बँधनेके लिए कर्म योगरूपी नालीके द्वारा आते है इसलिए योग आस्रव सज्ञाको प्राप्त होता है।

४. विस्रसोपचय ही कर्म रूपसे परिणत होते हैं, फिर भी कर्मोंका आना क्यों कहते हो

भ.आ./वि.३८/१३४/११ ननु कर्मपुद्गलानां नान्यत' आगमनमस्ति यमाकाशप्रदेशमाश्रित आत्मा तत्रैवावस्थिता' पुद्गला' अनन्तप्रदेशिन. कर्मपर्याय भजन्ते। तत् किमुच्यते आगच्छंतीति। न दोष। आगच्छन्ति ढौकन्ते ज्ञानावरणादिपर्यायामित्येवं ग्रहीतव्यं। =प्रश्न—कर्मोंका अन्य स्थानसे आगमन नही होता है, जिस आकाश प्रदेशमें आत्मा है उसी आकाश प्रदेशमें अनन्तप्रदेशी पुद्गल द्रव्य भी है, और वह कर्म स्वरूप बन जाता है। इसलिए "पुद्गल द्रव्य आत्मामें आते है' आप ऐसा क्यो कहते हो। उत्तर—यह कोई दोष नही है। यहाँ 'पुद्गल द्रव्य आता है" इसका अभिप्राय "ज्ञानावरणादि पर्याय को प्राप्त होता है" ऐसा समझना। देशान्तरसे आकर पुद्गल कर्मावस्थाको धारण करते हो ऐसा अभिप्राय नहीं है।

५. आस्रवसे निवृत्त होनेका उपाय

मू.आ.२४१ मिच्छत्ताविरदीहि य कसायजोगेहिं जं च आसवदि। दंसणविरमणणिग्गह णिरोधेहि तु णासवदि ॥२४१॥ =मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योगोसे जो कर्म आते है वे कर्म सम्यग्दर्शन विरति, क्षमादिभाव और योग निरोधसे नही आने पाते—रुक जाते है।

स. सा./मू ७३-७४ अहमिक्को खलु सुद्धो णिम्मओ णाणदंसणसमग्गो। तह्मि ठिओ तच्चित्तो सव्वे एए खयं णेमि ॥७३॥ जीवणिबद्धा एए अधुव अणिच्चा तहा असरणा य। दुक्खा दुक्खफलात्ति य णादूण णिवत्तए तेहिं ॥७४॥

स सा./आ.७४ यथा यथा विज्ञानस्वभावो भवतीति। तावद्विज्ञानघनस्वभावो भवति यावत्सम्यगास्रवेभ्यो निवर्तते। इति ज्ञानास्रवनिवृत्त्यो समकालत्वं। =प्रश्न—आस्रवोसे किस प्रकार निवृत्ति होती है। उत्तर—ज्ञानी विचारता है कि मैं निश्चयसे पृथक् हूँ, शुद्ध हूँ, ममता रहित हूँ, ज्ञान दर्शनसे पूर्ण हू, ऐसे स्वभावमें स्थित उसी चैतन्य अनुभवमे लीन हुआ मै इन क्रोधादि समस्त आस्रवोको क्षय कर देता हूँ ॥७३॥ ये आस्रव जीवके साथ निबद्ध है, अध्रुव है, और अनित्य है, तथा अशरण है, दुखरूप है, और जिनका फल दुख ही है ऐसा जानकर ज्ञानी पुरुष उनसे निवृत्ति करता है ॥७४॥ जैसा-जैसा आस्रवोसे निवृत्त होता जाता है, वैसा-वैसा विज्ञान घनस्वभाव होता जाता है। उतना विज्ञान घनस्वभाव होता है, जितना आस्रवोसे सम्यक् निवृत्त हुआ है। इस प्रकार ज्ञान और आस्रवकी निवृत्तिके समकालता है।

भाषाकार—प्रश्न—'आत्मा विज्ञानघनस्वभाव होता जाता है' अर्थात् क्या? उत्तर—आत्मा ज्ञानमे स्थिर होता जाता है।

६. आस्रव व बन्धमे अन्तर

द्र. स./टी. ३३/९४ आस्रवे बन्धे च मिथ्यात्वाविरत्यादि कारणानि समानानि को विशेष। इति चेत्, नैव, प्रथमक्षणे कर्मस्कन्धानामागमनमास्रव, आगमनान्तर द्वितीयक्षणादौ जीवप्रदेशेष्ववस्थानं बन्ध इति भेदः। =प्रश्न—आस्रव बन्ध होनेके मिथ्यात्व, अविरति आदि कारण समान है इसलिए आस्रव व बन्धमे क्या भेद है। उत्तर—यह शंका ठीक नहीं, क्योकि प्रथम क्षणमे जो कर्म स्कन्धोका आगमन है, वह तो आस्रव है और कर्मस्कन्धोके आगमनके पीछे द्वितीय क्षणमे जो उन कर्म स्कन्धोका जीव प्रदेशोंमें स्थित होना सो बन्ध है। यह भेद आस्रव और बन्धमे है।

७. आस्रव व बन्ध दोनों युगपत् होते है

त. सू. ८/२ "सकषायत्वाज्जीव कर्मणो योग्यान्पुद्गलानादत्ते स बन्ध।" =कषाय सहित होनेसे जीव कर्मके योग्य जो पुद्गलोको ग्रहण करता है वह आस्रव है। (और भी दे. साम्परायिक आस्रवका लक्षण)।

८. अन्य सम्बन्धित विषय

* आठ कर्मोंके आस्रव योग्य परिणाम—दे. वह वह नाम
* पुण्यपापका आस्रव तत्त्वमे अन्तर्भाव—दे. तत्त्व २
* कषाय अव्रत व क्रियारूप आस्रवोमे अन्तर—दे. क्रिया
* व्यवहार व निश्चय धर्ममे आस्रव व संवर सम्बन्धी चर्चा —दे. संवर २
* ज्ञानी-अज्ञानीके आस्रव तत्वके कर्तृत्वमे अन्तर —दे. मिथ्यादृष्टि ४

आस्रवानुप्रेक्षा—दे. अनुप्रेक्षा

आहवनीय अग्नि—दे. अग्नि

आहार—आहार अनेकों प्रकारका होता है। एक तो सर्व जगत् प्रसिद्ध मुख द्वारा किया जानेवाला खाने-पीने वा चाटनेकी वस्तुओका है। उसे कवलाहार कहते है। जीवके परिणामो द्वारा प्रतिक्षण कर्म वर्गणाओका ग्रहण कर्माहार है। वायुमण्डलसे प्रतिक्षण स्वत' प्राप्त वर्गणाओंका ग्रहण नोकर्माहार है। गर्भस्थ बालक द्वारा ग्रहण किया गया माताका रजांश भी उसका आहार है। पक्षी अपने अण्डोंको सेते है वह ऊष्माहार है—इत्यादि। साधुजन इन्द्रियोको वशमें रखनेके लिए दिनमें एक बार, खडे होकर, यथालब्ध, गृद्धि व रस निरपेक्ष, तथा पुष्टिहीन आहार लेते है।

I आहार सामान्य

१ भेद व लक्षण

१ आहार सामान्यका लक्षण

२ आहार के भेद-प्रभेद

३ नोकर्माहार व कवलाहारके लक्षण

★ खाद्यस्वाद्यादि आहार —दे. वह वह नाम

★ पानक व काजी आदिके लक्षण —दे. वह वह नाम

★ निर्विकृति आहार का लक्षण —दे. निर्विकृति

२ भोजन शुद्धि

१ भोजन शुद्धि सामान्य

★ भक्ष्याभक्ष्य विचार, जलगालन, रात्रि भोजन त्याग अन्तराय —दे. वह वह नाम

२ अन्न शोधन विधि

३ आहार शुद्धिका लक्षण

★ चौकेके बाहरसे लाये गये आहारकी ग्राह्यता —दे. आहार II/१

★ मन, बचन, काय आदि शुद्धियाँ —दे. शुद्धि

३ आहार व आहार कालका प्रमाण

१ कर्म भूमिया स्त्री, पुरुषका उत्कृष्ट आहार

२ आहारके प्रमाण सम्बन्धी सामान्य नियम

★ भोग भूमियाके आहारका प्रमाण —दे. भूमि

३ भोजन मौनपूर्वक करना चाहिए

II आहार (साधुचर्या)

१ साधुकी भोजन ग्रहण विधि

★ भिक्षा विधि —दे. भिक्षा

१ दिनमे एकबार खडे होकर भिक्षावृत्तिसे व पाणि पात्रमे लेते हैं

२ भोजन करते समय खडे होने की विधि व विवेक

३ खडे होकर भोजन करनेका तात्पर्य

४ नवधा भक्ति पूर्वक लेते हैं

★ नवधा भक्ति —दे. भक्ति ३

★ योग्यायोग्य घर व कुलादि —दे भिक्षा ३

५ एक चौकेमें एक साथ अनेक साधु भोजन कर सकते हैं

६ चौकेसे बाहरका लाया आहार भी कर लेते हैं

७ पंक्तिबद्ध सात घरोंसे लाया आहार ले लेते हैं पर अन्यत्रका नही

★ क्षपकको माँगकर लाया गया आहार ग्राह्य है —दे. सल्लेखना ४

२ साधुके योग्य आहार शुद्धि

१ छियालीस दोषोसे रहित लेते हैं

२ अध:कर्मादि दोषोसे रहित लेते हैं

३ अध:कर्मादि दोषोका नियम केवल प्रथम व अन्तिम तीर्थमे ही है

★ परिस्थिति वश नौकोटि शुद्धकी बजाय पाँच कोटि शुद्धका भी ग्रहण —दे अपवाद ३

★ दातार योग्य आहार शुद्धि —दे. शुद्धि

४ योग मात्रा व प्रमाणमे लेते हैं

५ यथालब्ध व रस निरपेक्ष लेते हैं

६ पौष्टिक भोजन नही लेते हैं

★ भक्ष्याभक्ष्य सम्बन्धी विचार —दे. भक्ष्याभक्ष्य

७ गृद्धता या स्वछन्दता सहित नही लेते

८ दातार पर भार न पड़े इस प्रकार लेते हैं

९ भाव सहित दिया व लिया गया आहार ही वास्तवमें शुद्ध है

३ आहार व आहार कालका प्रमाण

१ स्वस्थ साधुके आहारका प्रमाण

२ साधुके आहार ग्रहण करनेके कालकी मर्यादा

★ साधुके आहार ग्रहणका काल —दे. भिक्षा १ व रात्रि भोजन १

४ आहारके ४६ दोष

१ छियालीस दोषोंका नाम निर्देश

२ चौदह मल दोष

३ सात विशेष दोष

★ उद्देशिक व अध:कर्म दोष —दे. वह वह नाम

४ छियालीस दोषों के लक्षण ।

★ आहारके अतिचार —दे. अतिचार

★ आहार सम्बन्धी अन्तराय —दे. अन्तराय २

★ आहार छोड़ने योग्य व अन्यत्र उठ कर चले जाने योग्य अवसर —दे. अन्तराय २

५ दातार सम्बन्धी विचार

१ दातारके गुण व दोष

२ दान देने योग्य अवस्थाएँ विशेष

६ भोजन ग्रहण करनेके कारण व प्रयोजन

१ संयम रक्षार्थ करते हैं शरीर रक्षार्थ नही

२ शरीरके रक्षाणार्थ भी कथंचित् ग्रहण

३ शरीरके रक्षणार्थ औषध आदिकी भी इच्छा नहीं

४ शरीर व संयमार्थ ग्रहणका समन्वय

★ केवलीको कवलाहारका निषेध —दे. केवली ४

I आहार सामान्य

१. भेद व लक्षण

१ आहार सामान्यका लक्षण

स.सि. २/३०/१८६/६ त्रयाणां शरीराणां षण्णां पर्याप्तीनां योग्यपुद्गल-ग्रहणमाहार। =तीन शरीर और छह पर्याप्तियोंके योग्य पुद्गलोंके ग्रहण करनेको आहार कहते हैं। (रा.वा. २/३०/४/१४०), (ध. १/१, १,४/१५२/७)

रा.वा. ६/७/११/६०४/१६ उपभोगशरीरपर्याप्तियोग्यपुद्गलग्रहणमाहार··· तत्राहार शरीरनामोदयात् विग्रहगतिनामोदयाभावाच्च भवति। =उपभोग्य शरीरके योग्य पुद्गलोंका ग्रहण आहार है। वह आहार शरीर नामकर्मके उदय तथा विग्रह गति नामके उदयके अभावसे होता है।

२. आहारके भेद-प्रभेद

नोट—आगममें चार प्रकारसे आहारके भेदोंका उल्लेख मिलता है। उन्हींकी अपेक्षासे नीचे सूची दी जाती है।

आहार

कर्माहारादि	खाद्यादि	काजीआदि	पानकादि
१	२	३	४
कर्माहार	अशन	कांजी	स्वच्छ
नोकर्माहार	पान	आंवली या	बहल
कवलाहार	भक्ष्य या खाद्य	आचाम्ल	लेवड
लेप्याहार	लेह्य	बेलडी	अलेवड
ओजाहार	स्वाद्य	एकलटाना	ससिक्थ
मानसाहार			असिक्थ

उपरोक्त सूचीके प्रमाण

१ (ध. १/१,१,१७६/४०६/१०), (नि.सा./ता.वृ. ६३ में उद्धृत) (प्र.सा./ता.वृ. २० में उद्धृत प्रक्षेपक गाथा सं. २) (स.सा./ता.वृ. ४०५)
२ (मू.आ. ६७६), (रा.वा. ७/२१/८/५४८/८), (अन.ध. ७/१३/६६७), (ला.सं. २/१६-१७)
३. (व्रत विधान संग्रह पृ. २६)
४. (भ.आ./मू. ७००), (सा.ध. ८/५६)

३. नोकर्माहार व कवलाहारका लक्षण

गो.जी./जी. ३४ समयं समयं प्रत्यनन्ता परमाणवोऽनन्यजनासाधारणा शरीरस्थितिहेतवः पुण्यरूपा शरीरे संबन्धं यान्ति नोकर्मरूपा अर्हत आहार उच्यते न त्वितरमनुष्यवद्भगवति कवलाहारो भवति। =अन्य जनोंको असाधारण ऐसे शरीरकी स्थितिके हेतु भूत तथा पुण्यरूप अनन्ते परमाणु समय-समय प्रति अर्हन्त भगवान्‌के शरीरसे सम्बन्ध-को प्राप्त होते हैं। ऐसा नोकर्म रूप आहार ही भगवान्‌का कहा गया है। इतर मनुष्योंकी भाँति कवलाहार भगवान्‌को नहीं होता।

२. भोजन शुद्धि

१. भोजन शुद्धि सामान्य

भोजन शुद्धिके चार प्रमुख अंग हैं—मन शुद्धि, वचन शुद्धि, काय शुद्धि व आहार शुद्धि। इनमें-से आहार शुद्धिके भी चार अंग हैं—द्रव्य शुद्धि क्षेत्रशुद्धि, कालशुद्धि व भाव शुद्धि। इनमें-से भाव शुद्धि मन शुद्धिमें गर्भित हो जाती है। इस प्रकार भोजन शुद्धिके प्रकरणमें ६ बातें व्याख्यात हैं—मनशुद्धि, वचनशुद्धि, कायशुद्धि, द्रव्यशुद्धि, क्षेत्रशुद्धि व कालशुद्धि।

२. अन्न शोधन विधि

ला.सं. २/११-३२ विद्धं त्रसाश्रितं यावद्वर्जयेत्तभक्ष्यवत्। शतशः शोधितं चापि सावधानैर्हगादिभिः ॥१६॥ सदिग्धं च यदन्नादि श्रितं वा नाश्रितं त्रसैः। मन शुद्धिप्रसिद्धयर्थं श्रावकः क्वापि नाहरेत् ॥२०॥ अविद्धमपि निर्दोषं योग्यं चानाश्रितं त्रसैः। आचरेच्छ्रावकः सम्य-ग्दृष्टः नादृष्टमीक्षणैः ॥२१॥ ननु शुद्धं यदन्नादि कृतशोधनयानया। मैवं प्रमाददोषत्वात्कल्मषस्यास्रवो भवेत् ॥२२॥ गालितं दृढवस्त्रेण सर्पिस्तैलं पयो द्रवम्। लोकं जिनागमाम्नायादाहरेत्स न चान्यथा ॥२३॥ अन्यथा दोष एव स्यान्मासाद्यैचारसंज्ञक। अस्ति तत्र त्रसा-दीनां मृतस्याङ्गस्य शेषता ॥२४॥ दुरवधानतो मोहात्प्रमादाद्वापि शोधितम्। दु शोधितं तदेव स्याद्ज्ञेयं चाशोधितं यथा ॥२५॥ तस्मात्सद्व्रतरक्षार्थं पलदोषनिवृत्तये। आत्मदृग्भिः स्वहस्तैश्च सम्यगन्नादि शोधयेत्॥२६॥ यथास्वार्थं सुवर्णादिक्रियार्थी सम्यगीक्षयेत्। व्रतवानपि गृह्णीयादाहारं सुनिरीक्षितम् ॥२७॥ स्वधर्मेणानभिज्ञेन साभिज्ञेन विधर्मिणा। शोधितं पाचितं चापि नाहरेद् व्रतरक्षकः ॥२८॥ ननु केनापि स्वीयेन सधर्मेण विधर्मिणा। शोधितं पाचितं भोज्यं सुज्ञेन स्पष्टचक्षुषा ॥२९॥ मैवं यथोदितस्योच्चैर्विश्वासो व्रतहानये। अनार्य-स्याप्यनार्द्रस्य संयमे नाधिकारता ॥३०॥ चलितत्वात्सीम्नश्चैव नूनं भाविव्रतक्षतिः। शैथिल्याद्धीयमानस्य संयमस्य कुतः स्थितिः ॥३१॥ शोधितस्य चिरात्तस्य न कुर्यात् ग्रहणं कृती। कालस्यातिक्रमाद्भूयो दृष्टिपूतं समाचरेत् ॥३२॥ =(केवल भावार्थ) घुने हुए वा बींधे अन्नमें भी अनेक त्रस जीव होते हैं, सैकड़ों बार शोधा जाये तो भी उसमें-से जीव निकलने असम्भव है। इसलिए वह अभक्ष्य है। जिसमें त्रस जीवका सन्देह हो 'कि इसमें जीव है या नहीं' ऐसे अन्नका भी त्याग कर देना चाहिए। जो अन्नादि पदार्थ घुने हुए नहीं है, जिनमें त्रस जीव नहीं है, ऐसे पदार्थ अच्छी तरह देख शोधकर काममें लाने चाहिए। शोधा हुआ अन्न, यदि मनकी असावधानीसे शोधा गया है, होशहवाश रहित अवस्थामें शोधा गया है, प्रमाद पूर्वक शोधा गया है तो वह अन्न दु शोधित कहलाता है। ऐसे अन्नको पुन अपने हाथसे अच्छी तरह शोध लेना चाहिए। शोधनकी विधिका अजान-कार साधर्मी, अथवा शोधन विधिके जानकार विधर्मीके द्वारा शोधा गया अन्न कभी भी ग्रहण नहीं करना चाहिए, क्योंकि जो पुरुष अनार्य है अथवा निर्दय है, उसको संयमके काममें संयमकी रक्षा करनेमें कोई अधिकार नहीं है। जिस अन्नको शोधे हुए बहुत काल व्यतीत हो गया है, अथवा उनकी मर्यादासे अधिक काल हो गया है, ऐसे अन्नादिकको पुन अच्छी तरह शोधकर काममें लेना चाहिए। ताकि हिंसाका अतिचार न लगे।

३ आहार शुद्धिका लक्षण

वसु श्रा. २३१ चउदसमलपरिसुद्धं जं दाणं सोहिऊण जइणाए। संज-मिजणस्स दिज्जइ सा णेया एसणासुद्धी ॥२३१॥ =चौदह मल दोषोंसे रहित, यतनसे शोधकर संयमी जनको आहार दान दिया जाता है, वह एषणा शुद्धि जानना चाहिए।

३. आहार व आहार कालका प्रमाण

१. कर्म भूमिया स्त्री पुरुषका उत्कृष्ट आहार

भ.आ./मू. २११ बत्तीस किर कवला आहारो कुक्खिपूरणो होइ। पुरि-सस्स महिलियाए अट्ठावीसं हवे कवला ॥२११॥ =पुरुषके आहारका प्रमाण बत्तीस ग्रास है, इतने ग्रासोंसे पुरुषका पेट पूर्ण भरता है। स्त्रियोंके आहारका प्रमाण अट्ठाईस ग्रास है। (ध. १३/५,४,२६/७/५६)
ह.पु. ११/१२५ सहलसिक्थ कवलो द्वात्रिंशत तेऽपि चक्रिणः। एकश्चासौ सुभद्रायां एकोऽन्येषां तु तृप्तये ॥१२५॥ =एक हजार चावलोंका एक कवल होता है ऐसे बत्तीस कवल प्रमाण चक्रवर्तीका आहार था, सुभद्राका आहार एक कवल था और वह एक कवल समस्त लोगोंकी तृप्तिके लिए पर्याप्त था।

ध.१३/५,४,२६/५६/६ सालितंदुलसहस्से ट्ठिदे जं कूरपमाणं त सव्वमेगो कवलो होदि। एसो पयडिपुरिसस्स कवलो परूविदो। एदे हि बत्तीस-कवलेहि पयडिपुरिसस्स आहारो होदि, अट्ठावीसकवलेहि माहिलियाए। इमं कवलमेदमाहारं च मोत्तूण जो जस्स पयडिकवलो पयडि आहारो सो च घेत्तव्वो। ण च सव्वेसि कवलो आहारो वा अवट्ठिदो अत्थि एक्कुडअ-तंदुलकूरभुंजमाणपुरिसाण एगगलत्थ कूराहार पुरिसाण च उवलंभादो।" =शाली धान्यके एक हजार धान्यों-का जो भात बनता है वह सब एक ग्रास होता है। यह प्रकृतिस्थ पुरुषका ग्रास कहा गया है। ऐसे बत्तीस ग्रासों द्वारा प्रकृतिस्थ पुरुष-का आहार होता है और अट्ठाईस ग्रासों द्वारा महिलाका आहार होता है। प्रकृतमें (अवमौदर्य नामक तपके प्रकरणमें) इस ग्रास और इस आहारका ग्रहण न कर जो जिसका प्रकृतिस्थ ग्रास और प्रकृतिस्थ आहार है वह लेना चाहिए। कारण कि सबका ग्रास व आहार समान नहीं होता, क्योंकि कितने ही पुरुष एक कुडव प्रमाण चावलोंके भात-का और कितने ही एक गलस्थ प्रमाण चावलोंके भातका आहार करते हैं।

२. आहारके प्रमाण सम्बन्धी सामान्य नियम

सा.ध. ६/२४ में उद्धृत "सायं प्रातर्वा बह्विमनवसादयन् भुञ्जीत। गुरुणामर्धसौहित्य लघूना नातितृप्तता। मात्रप्रमाणं निर्दिष्टं सुखं तावद्धिजीर्यति।" =सुबह और शामको उतना ही खावे जिसको जठराग्नि सुगमतासे पचा सके। गरिष्ठ पदार्थोंको भूखसे आधा और हल्के पदार्थोंको तृप्ति होने पर्यन्त ही खावे। भूखसे अधिक न खावे। इस प्रकार खाया हुआ अन्न सुखसे पचता है। यह मात्राका प्रमाण है।

मू.आ. ४६१ अर्धाशनेन सक्थ्यञ्जनेनोदरस्य तृतीयमुदकेन। वायो सचारणार्थं चतुर्थमवशेषयत् भिक्षु। =भिक्षुके उदरका आधा भाग भोजनसे भरे, तृतीय भाग जलसे भरे, और चतुर्थ भाग वायुके संचरणार्थ अवशेष रखे।

३. भोजन मौन पूर्वक करना चाहिए

मू.आ. ८१७ : मोणव्वदेण मुणिणो चरंति भिक्खं अभासंता। =वे मौन व्रत सहित भिक्षाके निमित्त विचरते हैं ॥८१७॥

प.पु. ४/६७ भिक्षां परगृहे लब्धां निर्दोषां मौनमास्थिता' ॥६७॥ =श्रावकोंके घर ही भोजनके लिए जाते हैं, और वहाँ प्राप्त हुई निर्दोष भिक्षाको मौनसे खडे रहकर ग्रहण करते हैं।...॥६७॥

सा.ध. ४/३४-३५ गृद्ध्यै हुङ्कारादिसंज्ञां, संक्लेशं च पुरोऽनु च। मुञ्चन्मौनमदन्कुर्यात्, तपः संयमबृंहणम् ॥३४॥ अभिमानावनेर्गृद्धिरोधाद्वर्धयते तपः। मौनं तनोति श्रेयश्च, श्रुतप्रश्रयतायनात् ॥३५॥ =खाने योग्य पदार्थकी प्राप्तिके लिए अथवा भोजन विषयक इच्छा-को प्रगट करनेके लिए हुङ्कारना और ललकारना आदि इशारोंको तथा भोजनके पीछे संक्लेशको छोडता हुआ, भोजन करनेवाला व्रती श्रावक तप और संयमको बढानेवाले मौनको करे ॥३४॥ मौन स्वाभि-मानकी अयाचकस्वरूप व्रतकी रक्षा होनेपर तथा भोजन विषयक लोलुपताके निरोधसे तपको बढाता है और श्रुतज्ञानकी विनयके सम्बन्धसे पुण्यको बढाता है।

II आहार (साधुचर्या)

१. साधुकी भोजन ग्रहण विधि

१. दिनमें एक बार खडे होकर भिक्षावृत्तिसे व पाणिपात्र में लेते हैं

मू.आ. ३५,८११,६३७ उदयत्थमणे काले णालीतियवज्जियम्हि मज्झम्हि। एकम्हि दुअ तिए वा मुहुत्तकालेयभत्तं तु ॥३५॥... भुंजंति पाणिपत्ते परेण दत्तं परघरम्मि ॥८११॥ जोगेसु मूलजोग भिक्खाचरियं च वण्णियं सुत्ते। अण्णे य पुणो जोगा विण्णाणविहीणएहि कया ॥६३७॥ =सूर्यके उदय और अस्तकालकी तीन घडी छोडकर वा, मध्यकाल-में एक मुहूर्त, दो मुहूर्त, तीन मुहूर्त कालमें एक बार भोजन करना वह एक भक्त मूलगुण है ॥३५॥ पर घरमें परकर दिये हुए ऐसे आहार-को हाथरूप पात्र पर रखकर वे मुनि खाते हैं ॥८११॥ आगममें सब मूल उत्तरगुणोंके मध्यमें भिक्षाचर्या ही प्रधान व्रत कहा गया है और अन्य जो योग हैं वे सब अज्ञानी चारित्र हीन साधुओंके किये हुए जानना ॥६३७॥

प्र.सा./मू. २२६ एकं खलु तं भत्तं अप्पडिपुण्णोदरं जधालद्धं। चरणं भिक्खेण दिवा ण रसावेक्खं ण मधुमंसं ॥२२६॥ =भूखसे कम, यथा लब्ध तथा भिक्षा वृत्तिसे, रस निरपेक्ष तथा मधुमांसादि रहित, ऐसा शुद्ध अल्प आहार दिनके समय केवल एक बार ग्रहण करते हैं ॥२२६॥

प.पु. ४/६७ भिक्षां परगृहे लब्धां निर्दोषां मौनमास्थिता। भुंजते... ॥६७॥ =श्रावकोंके घर ही भोजनके लिए जाते हैं। वहाँ प्राप्त हुई भिक्षाको मौनसे खडे होकर ग्रहण करते हैं।

आचार सार १/४६ एकद्वित्रिमुहूर्तं स्यादेकभक्तं दिने मुने ॥४६॥ =एक,दो व तीन मुहूर्ततक एकबार दिनके समय मुनि आहार लेवे।

२. भोजन करते समय खडे होनेकी विधि व विवेक

मू.आ. ३४ अंजलिपुडेण ठिच्चा कुड्डादि विवज्जणेण समपायं। पडिसुद्धे भूमितिए असणं ठिदिभोयणं णाम ॥३४॥ =अपने हाथ रूप भाजन कर भीत आदिके आश्रय रहित चार अंगुलके अन्तरसे समपाद खडे रह कर अपने चरणकी भूमि, जूठन पडनेकी भूमि, जिमाने वालेके प्रदेशकी भूमि—ऐसी तीन भूमियोंकी शुद्धतासे आहार ग्रहण करना वह स्थिति भोजन नाम मूल गुण है।

भ.आ./वि. १२०६/१२०४/१५ समे विच्छिद्रे, भूभागे चतुरङ्गुलपादान्तरो निश्चलः कुड्यस्तम्भादिकमनवलम्ब्य तिष्ठेत्। =समान व छिद्र रहित ऐसी जमीन पर अपने दोनों पाँवमें चार अंगुल अन्तर रहे इस तरह निश्चल खडे रहना चाहिए। भीत (दीवार) खम्बा वगैरहका आश्रय न लेकर स्थिर खडे रहना चाहिए।

अन.ध. ६/६४ : चतुरङ्गुलान्तरसमक्रम... ॥६४॥ जिस समय ऋषि अनगार भोजन करें उसी समय उनको अपने दोनों पैर उनमें चार अंगुलका अन्तर रखकर समरूप से स्थापित करने चाहिए।

३. खडे होकर भोजन करनेका तात्पर्य

अन.ध. ६/६३ यावत्करौ पुटीकृत्य भोक्तुमुद्ग क्षमेऽहमन्यम्। तावन्नान्यथेत्यामूसयमार्थं स्थितताशनम् ॥६३॥ =जबतक खडे होकर और अपने हाथको जोडकर या उनको ही पात्र बनाकर उन्हींके द्वारा भोजन करनेकी सामर्थ्य रखता हूँ, तभी तक भोजन करनेमें प्रवृत्ति करूँगा, अन्यथा नहीं। इस प्रतिज्ञाका निर्वाह और इन्द्रिय-संयम तथा प्राणि संयम साधन करनेके लिए मुनियोंको खडे होकर भोजन का विधान किया है।

४. नवधा भक्ति पूर्वक लेते हैं

मू.आ. ४८२... ।...विहिसु दिण्णं ॥४८२॥ =विधिसे अर्थात् नवधा भक्ति दाताके सात गुण सहित क्रियासे दिया गया हो। (ऐसा भोजन साधु ग्रहण करें।)

५. एक चौकेमें एक साथ अनेक साधु भोजन कर सकते हैं

यो सा.आ. ८/६४ पिण्ड पाणिगतोऽन्यस्मै दातुं योग्यो न युज्यते। दीयते चेन्न भोक्तव्यं भुङ्क्ते चेच्छेदभाग्यति ॥६४॥ =आहार देते समय गृहस्थको चाहिए कि वह जिस मुनिको देनेके लिए हाथमें आहार ले उसे उसी मुनिको दे अन्य मुनिको देना योग्य नहीं यदि कदाचित् अन्यको भी दे दिया जाये तो मुनिको खाना न चाहिए क्योंकि यदि मुनि उसे खा लेगा तो वह छेद प्रायश्चित्तका भागी गिना जायेगा ॥६४॥

६. चौकेसे बाहरका लाया आहार भी कर लेते हैं

अनेक गृह भोजी क्षुल्लक अनेक घरोंमें से अपने पात्रमें भोजन लाकर, अन्य किसी श्रावकके घर जहाँ पानी मिल जाये, वहाँ पर गृहस्थकी

भाँति मुनिको आहार देकर पीछे स्वयं करता है।—दे. क्षुल्लक १ तथा सल्लेखना गत साधुको कदाचित् क्षुधाकी वेदना बढ़ जानेपर गृहस्थोंके घरसे मंगाकर आहार जिमा दिया जाता है। —दे. सल्लेखना ५। उपरोक्त विषय परसे सिद्ध होता है कि साधु कदाचित् चौकेसे बाहरका भी आहार ग्रहण कर लेते हैं।

जम्बू स्वामी चरित्र १६३ प्रासुक शुद्धमाहारं कृतकारितवर्जितं। आदत्त भिक्षयानीत मित्रेण हृद्धर्मणा ॥१६३॥ =हृद्धर्म नामके मित्र द्वारा भिक्षासे लाया हुआ, कृत, कारित, दोषोंसे वर्जित शुद्ध प्रासुक आहार विरक्त शिवकुमार (श्रावक) घर बैठकर कर लेता था।

७ पंक्तिबद्ध सात घरोंसे लाया हुआ आहार ले लेते हैं पर अन्यत्रका नहीं

मू.आ. ४३८-४४० देसत्तिय सव्वत्तियदुविहं पुण अभिहडं वियाणाहि। आचिण्णमणाचिण्णंदेसाविहडं हवे दुविहं ॥४३८॥ उज्जु तिहि सत्तहिं वा घरेहिं जदि आगदं दु आचिण्णं। परदो वा तेहिं भवे तव्विवरीदं अणाचिण्णं ॥४३८॥ सव्वाभिघड चदुधा सयपरगामे सदेसपरदेसे। पुव्वपरपाडणयडं पढम सर्सपि णायव्वं ॥४४०॥ =अभिघट दोषके दो भेद हैं—एक देश व सर्व। देशाभिघटके दो भेद हैं—आचिन्न व अनाचिन्न ॥४३६॥ पंक्ति बद्ध सीधे तीन अथवा सात घरोंसे लाया भात आदि अन्न आचिन्न अर्थात् ग्रहण करने योग्य है। और इससे उलटे-सीधे घर न हों ऐसे सात घरोंसे भी लाया अन्न अथवा आठवाँ आदि घरसे आया ओदनादि भोजन अनाचिन्न अर्थात् ग्रहण करने योग्य नहीं है। सर्वाभिघट दोषके चार भेद हैं—स्वग्राम, परग्राम, स्वदेश, परदेश। पूर्व दिशाके मोहल्लेसे पश्चिम दिशाके मोहल्लेमें भोजन ले जाना स्वग्रामाभिघट दोष है।

२ साधु के योग्य आहार शुद्धि

१ छियालीस दोषों से रहित लेते हैं

मू. आ ४२१, ४८२, ४८३, ८१२ उग्गम उप्पादण एसण च सजोजणं पमाणं च। गालधूमकारण अट्ठविहा पिंडसुद्धीहु ॥४२१॥ णवकोडीपरिसुद्धं असण वादालदोसपरिहीण। सजोजणायहीणं पमाणसहियं विहिसु दिण्णं ॥४८२॥ विगदिगाल विधूम छक्कारणसजुदं कमविसुद्धं। जत्तासाधणमत्तं चोद्दसमलवज्जिदं भुंजे ॥४८३॥ उद्देसिय कोदयड अण्णादं सकिदं अभिहडं च। सुत्तप्पडिकुट्ठाणि य पडिसिद्धं तं विवज्जेंति ॥८१२॥ =उद्गम, उत्पादन, अशन, संयोजन, प्रमाण, अंगार, धूम कारण—इन आठ दोषों कर रहित जो भोजन लेना वह आठ प्रकारकी पिण्डशुद्धि कही है ॥४२१॥ ऐसे आहारको लेना चाहिए—जो नवकोटि अर्थात् मन, वचन, काय, कृत, कारित अनुमोदनासे शुद्ध हो, ब्यालीस दोषों कर रहित हो, मात्रा प्रमाण हो, संयोजना दोषसे रहित हो, विधिसे अर्थात् नवधा भक्ति दाताके सात गुणसहित क्रियासे दिया गया हो। अंगार दोष, धूमदोष, इन दोनोंसे रहित हो, छह कारणोंसे सहित हो, क्रम विशुद्ध हो, प्राणोंके धारणके लिए हो, अथवा मोक्ष यात्राके साधनेके लिए हो, चौदह मलोंसे रहित हो, ऐसा भोजन साधु ग्रहण करें ॥४८२ ४८३॥ (मू.आ ८११) औद्देशिक क्रीततर, अज्ञात, शंकित, अन्यस्थानसे आया सूत्रसे विरुद्ध और सूत्रसे निषिद्ध ऐसे आहारको मुनि त्याग देते हैं।

भा.पा./मू १०१ छायीसदोस दूसियमसण गसिउ असुद्धभावेण। पत्तोसि महावसण तिरियगईए अणप्पवसो ॥१०१॥=हे मुने। तैं अशुद्ध भावकरि छियालीस दोष करि दूषित अशुद्ध अशन कहिए आहार ग्रस्या खाया ताकारण करि तिर्यञ्च गति विषैं पराधीन भया सता महान् बड़ा व्यसन कहिए कष्ट ताकूं प्राप्त भया ॥१०१॥

मा.पा./प्र. ६/२७०/६ बहुरि जहाँ मुनिकै धात्रीदूत आदि छयालीस दोष आहारादिविषैं कहे हैं तहाँ गृहस्थनिकै बालकनिकौ प्रसन्न करना इत्यादि क्रियाका निषेध किया है। और भी—दे आहार I/२।

२ अधःकर्मादि दोषोंसे रहित लेते हैं

मू.आ. ६२२-६३४ जो ठाणमोणवीरासणेहि अत्थदि चउत्थछट्ठेहिं। भुंजदि आधाकम्मं सव्वेवि णिरत्था जोगा ॥६२२॥ जो भुंजदि आधाकम्मं छज्जीवाण घायण किच्चा। अबुद्धो लोल सजिब्भो णवि समणो सावओ होज्ज ॥६२७॥ आधाकम्म परिणदो पासुगदव्वेवि बधगो भणिदो। सुद्धं गवेसमाणो आधाकम्मेवि सो सुद्धो ॥६३४॥ =जो साधुस्थान मौन और वीरासनसे उपवास बेला तेला आदि कर तिष्ठता है और अधःकर्म सहित भोजन करता है उसके सभी योग निरर्थक है ।६२२। जो मूढ मुनि छह कायके जीवोंका घात करके अधःकर्म सहित भोजन करता है वह लोलुपी जिह्वाके वश हुआ मुनि नहीं है श्रावक है ।६२७। प्रासुक द्रव्य होनेपर भी जो साधु अधःकर्म कर परिणत है वह आगममें बन्धका कर्ता है, और जो शुद्ध भोजन देखकर ग्रहण करता है वह अधःकर्म दोषके परिणाम शुद्धिसे शुद्ध है ।६३४।

मो पा./मू. ७६ ··। आधाकम्मम्मि रया ते चत्ता मोक्खमग्गम्मि। =अधःकर्म जे पापकर्म तामैं रत हैं, सदोष आहार करैं हैं ते मोक्ष मार्ग तैं च्युत है।

रा.वा. ६/६/१६/५६७/१६ भिक्षा शुद्धि···प्रासुकाहारगवेषणप्रणिधाना। =प्रासुक आहार ढूँढना ही मुख्य लक्ष्य है ऐसी भिक्षा-शुद्धि है।

भ.आ./वि ४२१/६१३/६ श्रमणानुद्दिश्य कृतं भक्तादिकं उद्देसिकमित्युच्यते। तच्च षोडशविधं आधाकर्मादि विकल्पेन। तत्परिहारो द्वितीयः स्थितिकल्प ।=मुनिके उद्देश्यसे किया हुआ आहार, वसतिका वगैरहको उद्देशिक कहते हैं। उसके आधाकर्मादि विकल्पसे सोलह प्रकार हैं। उसका त्याग करना यही द्वितीय स्थिति कल्प है।

स.सा./आ. २८६-२८७ अधःकर्मनिष्पन्नमुद्देशनिष्पन्नं च पुद्गलद्रव्यं निमित्तभूतमप्रत्याचक्षाणो नैमित्तिकभूतं बंधसाधकं भावं न प्रत्याचष्टे तथा समस्तमपि परद्रव्यमप्रत्याचक्षाणस्तन्निमित्तकं भावं न प्रत्याचष्टे। =अधःकर्मसे तथा उद्देशसे उत्पन्न निमित्त भूत पुद्गल द्रव्य न त्यागता हुआ नैमित्तिक भूत बन्ध साधक भावोंको भी वास्तवमें नहीं त्यागता है, ऐसा ही द्रव्य व भावका निमित्तनैमित्तिक सम्बन्ध है।

प्र.सा./त.प्र. २२६ समस्तहिंसायतनशून्य एवाहारो युक्ताहार। =समस्त हिंसाके निमित्तोंसे रहित आहार ही योग्य है।

चा.सा.६८/२ उपद्रवणविद्रावणपरितापनारम्भक्रियया निष्पन्नं मन्त्रस्वेन कृतं परेण कारितं वानुमानितं बाधकर्म (जनितं) तत्सेवितोऽनशनादितपस्यभ्रावकाशादियोगविशेषाश्च भिन्नभाजनभरितामृतवत्प्रक्षरन्ति, ततश्च तदभक्ष्यमिव परिहरतो भिक्षोः। =उपद्रवण, विद्रावण, परितापन और आरम्भ रूप क्रियाओंके द्वारा जो आहार तैयार किया गया है—वह चाहे अपने हाथसे किया है अथवा दूसरेसे कराया है अथवा करते हुएकी अनुमोदना की है अथवा जो नीच कर्मसे बनाया गया है ऐसे अधःकर्मयुक्त आहारको ग्रहण करनेवाले मुनियोंके उपवासादि तपश्चरण, अभ्रावकाशादि योग और वीरासनादि विशेष योग सब फूटे बर्तनमें भरे हुए अमृतके समान नष्ट हो जाते हैं।

३ अधःकर्मादि दोषोंका नियम केवल प्रथम व अन्तिम तीर्थमें ही है

भ.आ./वि ४२१/६१३/६ तथा चोक्तं कल्पे—सोलसविधमुद्देसं वज्जेदव्वंति पुरिमचरिमाण। तित्थगराण तित्थे ठिदिकप्पो होदि विदिओ हु। =कल्प नामक ग्रन्थ (कल्प सूत्र) में ऐसा वर्णन है—श्री आदिनाथ तीर्थंकर और श्री महावीर स्वामी इनके तीर्थमें सोलह प्रकारके उद्देशका परिहार करके आहारादिक ग्रहण करना चाहिए, यह दूसरा स्थिति कल्प है।

४ योग्य मात्रा व प्रमाणमें लेते हैं

मू.आ. ४८२ ··।·· पमाण सहियं·· ॥४८२॥ =जो मात्रा प्रमाण हो ऐसा आहार साधु ग्रहण करते हैं।

५ यथा लब्ध व रस निरपेक्ष लेते है

प्र सा /मू २२९· जधा लद्धं । ण रसावेक्खं ण मधुमंस ॥२२९॥ =वह शुद्ध आहार यथालब्ध तथा रससे निरपेक्ष तथा मधु मांसादि अभक्ष्योंसे रहित किया जाता है।

लिं./पा /मू. १२ कंदप्प (८५) इय वट्टइ करमाणो भोयणेसु रसगिद्धि । माई लिंगविवाई तिरिक्खजोणी ण सो समणो ॥१२॥ =जो लिंग धार कर भी भोजनमें रसकी गृद्धि करता है, सो कन्दर्पादि विषै वर्तै है। उसको काम सेवनकी इच्छा तथा प्रमाद निद्रादि प्रचुर रूपसे बढते हैं तब वह लिंग व्यापादी अर्थात् व्यभिचारी कहलाता है। मायाचारी होता है, इसलिए वह तिर्यञ्च योनि है मनुष्य नहीं। इसलिए वह श्रमण नहीं।

र.सा. ११३ भुजेइ जहालाहु लहेइ जइ णाणसंजमणिमित्त । झाणज्झयणणिमित्त अणियारो मोक्खमग्गरओ ॥११३॥ =जो मुनि केवल संयम ज्ञानकी वृद्धिके लिए तथा ध्यान अध्ययन करनेके लिए जो मिल गया भक्ति पूर्वक, जिसने जो शुद्ध आहार दे दिया उसीको ग्रहण कर लेते हैं। वे मुनि अवश्य ही मोक्ष मार्गमें लीन रहते है।

मू.आ ४८१,८१४,९२८· साउ अट्ठं ण···। भुंजेज्जो ॥४८१॥ सीदलमसीदलं वा सुक्कं लुक्खं सुणिद्धं सुद्धं वा । लोणिदमलोणिदं वा भुंजंति मुणी अणासादं ॥८१४॥ पयणं व पायणं वा अणुमणचित्तो ण तस्थ वीहेदि । जेमंतोवि संघादी णवि समणो दिट्ठिसपण्णो ॥९२८॥ =साधु स्वादके लिए भोजन नहीं करते है ॥४८१॥ शीतल गरम अथवा सूखा, रूखा चिकना विकार रहित लोन सहित अथवा लोन रहित ऐसे भोजनको वे मुनि स्वाद रहित जीमते है ॥८१४॥ पाच करनेमें अथवा पाक करानेमें पाँच उपकरणोसे अध कर्ममे प्रवृत्त हुआ और अनुमोदना प्रसन्न जो मुनि उस पचनादिमे नही डरता वह मुनि भोजन करता हुआ भी आत्मघाती है। न तो मुनि है और न सम्यग्दृष्टि है।

प्र.प./मू १११/२,४ प्रक्षेपक गाथा "काऊण णग्गरूव बीभत्स दड्ढमडयसारिच्छ । अहिलससि किं ण लज्जसि भक्खाए भोयणं मिट्ठं ॥१११*२॥ जे सरसि सतुट्ठ-मण विरसि कसाउ वहंसि । ते मुणि भोयणधार गणि णवि परमत्थु मुणंति ॥१११*४॥ =भयानक देहके मैलसे युक्त जले हुए मुरदेके समान रूप रहित ऐसे वस्त्र रहित नग्न रूपको धारण करके हे साधु, तू परके घर भिक्षाको भ्रमता हुआ उस भिक्षामें स्वाद युक्त आहारकी इच्छा करता है, तो तू क्यो नहीं शरमाता ? यह बडा आश्चर्य है ॥१११*२॥ जो योगी स्वादिष्ट आहारसे हर्षित होते है और नीरस आहारमें क्रोधादि कषाय करते हैं वे मुनि भोजनके विषयमें गृद्ध पक्षीके समान है, ऐसा तू समझ। वे परम तत्त्वको नहीं समझते है ॥१११*४॥

आचारसार ४/६४ रोगोका कारण होनेसे लाडू, पेडा, चावलके बने पदार्थ वा चिकने द्रव्यका त्याग द्रव्य शुद्धि है।

अन ध. ७/१० इष्टमृष्टोत्कटरसैराहारैरुद्भटीकृता' । यथेष्टमिन्द्रियभटा भ्रमयंति बहिर्मन' ॥१०॥ =इन इन्द्रियरूपी सुभटोंको यदि अभीष्ट तथा स्वादु और उत्कट रससे परिपूर्ण—ताजी बने हुए भोजनोंके द्वारा उद्भट—दुर्दम बना दिया जाये तो ये अपनी इच्छानुसार—जो-जो इन्हे इष्ट हों उन सभी बाह्य पदार्थोंमें मनको भ्रमाने लगते हैं। अर्थात् इष्ट सरस और स्वादु भोजनके निमित्तसे इन्द्रियाँ स्वाधीन नहीं रह सकतीं।

६ पौष्टिक भोजन नही लेते है

त. सू. ७/७,३५ वृष्येष्टरसस्वशरीरसस्कारत्यागा' पञ्च ॥७॥ सचित्तसम्बन्धसम्मिश्राभिषवदुष्पक्वाहारा ॥३५॥

द्रवो वृष्योवाभिषव' (स सि) =गरिष्ठ और इष्ट रसका त्याग तथा अपने शरीरके सस्कारका त्याग ये ब्रह्मचर्यकी रक्षा करनेके लिए ब्रह्मचर्य व्रतकी पाँच भावनाएँ है ॥७॥ सचित्ताहार, सम्बन्धाहार, सम्मिश्राहार अर्थात् सचित्त या सचित्तसे सम्बन्धको प्राप्त अथवा सचित्तसे मिला हुआ आहार, अभिषवाहार और ठीक न पका हुआ आहार, इनका ग्रहण उपभोग परिभोग परिमाण व्रतके अतिचार है ॥७॥ यहाँ द्रव, वृष्य और अभिषव इनका एक अर्थ है अर्थात् पौष्टिक आहार इसका अर्थ है। (स.सि. ७/३५/३७१/६)

अन.ध. ४/१०२ को न वाजीकृतां दध्न कन्दुं कन्दलयेदृत' । ऊर्ध्वमूलमध शाखमृषय, पुरुषं विदु ॥१०२॥ =मनुष्योंको घोडेके समान बना देनेवाले दुग्ध प्रभृति वीर्य प्रवर्धक पदार्थोंको वाजीकरण कहते हैं। इसमें ऐसा कौन सा पदार्थ है जो कि उद्दृप्त—उत्तेजित होकर कामदेवको उद्भूत नहीं कर देता अर्थात् सभी सगर्व पदार्थ ऐसे ही हैं। क्योंकि ऋषियोंने पुरुषका स्वरूप ऊर्ध्वमूल और अध शाख माना है। जिह्वा और कण्ठ प्रभृति अवयव मनुष्यके मूल है और हस्तादि अवयव शाखाएँ है। जिस प्रकार वृक्षके मूलमें सिञ्चन किये गये सिञ्चनका प्रभाव उसकी शाखाओंपर पडता है उसी प्रकार जिह्वादिक के द्वारा उपयुक्त आहारादिकका प्रभाव हस्तादिक अगोंपर पडता है।

क्रि को ९८२ अतिदुर्जर आहार जे वस्तु गरिष्ट सु होय। नही जोग जिनवर कहे तजै धन्न है सोय ॥९८२॥ =जो अत्यन्त गरिष्ठ आहार है उसको ग्रहण करना योग्य नहीं, ऐसा जिनेन्द्र भगवान्ने कहा है। जो नर उसका त्याग करते है वे धन्य है।

७ गृद्धता या स्वच्छन्दता सहित नही लेते

भ आ /मू. २९०, २९२ एसा गणधरमेरा आयारत्थाण वण्णियासुत्ते। लोगसुहाणुरदाणं अप्पच्छदो जहिच्छाए ॥२९०॥ पिंडं उवधि सेज्जामविसोधिय जो खु भुजमाणो हु। मूलट्ठाणं पत्तो बालो त्ति य णो समणबालो ॥२९२॥ =यह अच्छा संयत मुनि है, ऐसा मेरा जगत्में यश फैले अथवा अपने मतका प्रकाशन करनेसे मेरेको लाभ होगा ऐसे भाव मनमें धारण करके केवल चारित्र रक्षणार्थ ही निर्दोष आहारादिकको जो ग्रहण करता है वही सच्चारित्र मुनि समझना चाहिये।२९०। उद्गमादि दोषोसे युक्त आहार, उपकरण, वसतिका इनका जो साधु ग्रहण करता है जिसको प्राणि संयम व इन्द्रिय संयम है ही नही वह साधु मूल स्थान प्रायश्चित्तको प्राप्त होता है, वह अज्ञानी है, वह केवल नग्न है, वह यति भी नहीं है, और न गणधर ही है।

मू आ /९३१ जो जट्ठा जहा लद्धं गेण्हदि आहारमुवधियादीयं। समणगुणमुक्कजोगी ससारपवड्ढओ होदि ।९३१। =जो साधु जिस शुद्ध अशुद्ध देशमें जैसा शुद्ध अशुद्ध मिला आहार व उपकरण ग्रहण करता है वह श्रमण गुणसे रहित योगी संसारका बढानेवाला ही होता है।

सू. पा /मू. ९ उक्किट्ठसीहचरिय बहुपरियम्मो य गरूयभारो य। जो विहरइ सच्छंद पाव गच्छेदि होदि मिच्छत्तं ।९।

लिं पा /मू १३ धावदि पिंडणिमित्तं कलह काऊण भुंजदे पिंडं। अवरुपरूई संतो जिणमग्गि ण होई सो समणो ।१३। =जो मुनि होकर उत्कृष्ट सिहवत् निर्भय हुआ आचरण करता है और बहुत परिकर्म कहिए तपश्चरणादि क्रिया कर युक्त है, तथा गुरुके भारवाला है अर्थात् बडे पदवाला है, संघ नायक कहलाता है, और जिन सूत्रसे च्युत हुआ स्वच्छन्द प्रवर्तता है तो वह पाप ही को प्राप्त होय है, मिथ्यात्वको प्राप्त होय है ।९। जो लिंगधारी पिण्ड अर्थात् आहारके लिए दौडे है आहारके लिए कलह करके उसे खाता है तथा उसके निमित्त परस्पर अन्यसे ईर्ष्या करता है वह श्रमण जिनमार्गी नही है ।१३। (और भी दे. साधु ५)

८ दातारपर भार न पडे इस प्रकार लेते है

रा. वा ९/६/१६/५९७/२९ दातृजनबाधया विना कुशलो मुनिभवदाहारमिति भ्रमराहार इत्यपि परिभाष्यते। =दातृ जनोको किसी भी प्रकारकी बाधा पहुंचाये बिना मुनि कुशलसे भ्रमरकी तरह आहार लेते है। अत उनकी भिक्षा वृत्तिको भ्रामरीवृत्ति और आहारको भ्रमराहार कहते हैं।

मो मा प्र ६/२७० मुनिनिकै भ्रमरी आदि आहार लेनेकी विधि कही है। ए आसक्त होय दातारके प्राण पीडि आहारादिक ग्रहे है। इत्यादि अनेक विपरीतता प्रत्यक्ष प्रति भासे अर आपकौ मुनि मानै, मूल गुणादिकके धारक कहावै।

९ भाव सहित दिया व लिया गया आहार ही वास्तवमे शुद्ध है

मू.आ. ४८५ पगदा असओ जहा तहादो दव्व दोत्ति त दव्वं। पासुगमिदि सिद्धेवि य अप्पट्ठकदं असुद्धं तु ।४८५। =साधु द्रव्य व भाव दोनोसे प्रासुक द्रव्यका भोजन करे। जिसमें-से एकेन्द्री जीव निकल गये वह द्रव्य प्रासुक है और जो प्रासुक आहार होनेपर भी "मेरे लिए किया गया है" ऐसा चिन्तन करे वह भावसे अशुद्ध जानना, तथा चिन्तन नही करना वह भाव शुद्ध आहार है।

अन.ध ५/६७ द्रव्यत शुद्धमप्यन्न भावाशुद्धया प्रदुष्यते। भावो ह्यशुद्धो बन्धाय शुद्धो मोक्षाय निश्चित' ।६७।=यदि अन्न-भोज्य सामग्री द्रव्यत शुद्ध भी हो किन्तु भावत -'मेरे लिए इसने यह बहुत अच्छा किया' इत्यादि परिणामोकी दृष्टि से अशुद्ध है तो उसको अशुद्ध-सर्वथा दूषित ही समझना चाहिए। क्योकि बन्ध मोक्षके कारण परिणाम ही माने है। आगममें अशुद्ध परिणामोको कर्मबन्ध का और विशुद्ध परिणामोको मोक्षका कारण बताया है। अतएव जो अन्न द्रव्यसे शुद्ध रहते हुये भी भावसे भी शुद्ध हो वही ग्रहण करना चाहिये।

३. आहार व आहार कालका प्रमाण

१ स्वस्थ साधुके आहारका प्रमाण

मू आ. ४६१ अद्धमसणस्स सव्विजणस्स उदरस्स तदियमुदयेण। वाऊ सचरणट्ठं चउत्थमवसेसये भिक्खु ।४६१। =साधु उदरके चार भागोमें-से दो भाग तो व्यजन सहित भोजनसे भरे, तीसरा भाग जलसे परिपूर्ण करे और चौथा भाग पवनके विचरणके लिए खाली छोडे ।४६१।

प्र सा./मू २२९ अपरिपूर्णोदरो यथालब्ध। ।२२९।=यथालब्ध तथा पेट न भरे इतना भोजन दिनमें एक बार करते है।

२ साधुके आहार ग्रहण करनेके कालकी मर्यादा

मू आ. ४६२· / तिगदुगएगमुहुत्ते जहण्णमज्झिमुक्कस्से। =भोजन कालमें तीन मुहूर्त लगना वह जघन्य आचरण है, दो मुहूर्त लगना वह मध्यम आचरण है, और एक मुहूर्त लगना वह उत्कृष्ट आचरण है। (मू. आ. ३५) (अन. ध. ९/९२)

४. आहारके ४६ दोष

१ छियालीस दोषोका नाम निर्देश

मू आ ४२१-४७७ उग्गम उप्पादन एसणं सजोजण पमाणं च। इगालधूमकारण अट्ठविहा पिंडसुद्धी हु ।४२१। आधाकम्मुद्देसिय अज्झोवसोय पूदि मिस्से य। पामिच्चे बलि पाहुडिदे पादुक्कारे य कोदे य ।४२२। पामिच्चे परियट्टे अभिहडमच्छिण्ण मालआरोहे। आच्छिज्जे अणिसट्ठे उग्गदीसादु सेलसिमे ।४२२। घादीदूदणिमित्ते आजीवे वणि वगे य तेगिछे। कोधी माणी मायी लोभी य हवंति दस एदे ।४४५। पुव्वीपच्छा संथुदि विज्जमते य चुण्णजोगे य। उप्पादणा य दोसो सोलसमो मूलकम्मे य ।४४६। सकिदमखिखदपिहिदसंववहरणदायगुम्मिस्से। अपरिणदलित्तछोडिद एसणदोसाइ दस एदे ।६२। = १. सामान्य दोष- उद्गम, उत्पादन, अशन, सयोजन प्रमाण, अंगार या आगर और धूम कारण- इन आठ दोषो कर रहित, जो भोजन लेना वह आठ प्रकारकी पिण्ड शुद्धि कही है। २ उद्गम दोष- गृहस्थके आश्रित जो चक्की आदि आरम्भ रूप कर्म वह अध कर्म है उसका तो सामान्य रीतिसे साधुको त्याग ही होता है। तथा उपरोक्त मूल आठ दोषोमे-से उद्गम दोषके सोलह भेद कहते है -औद्देशिक दोष, अध्यधि दोष, पूतिदोष, मिश्र दोष, स्थापित दोष, बलि दोष, प्रावर्तित दोष, प्राविष्करण दोष, क्रीत दोष, प्रामृश्य दोष, परिवर्तक दोष, अभिघट दोष, अच्छिन्न दोष, मालारोह दोष, आच्छेद्य दोष, अनिसृष्ट दोष, । ३ उत्पादन दोष- सोलह दोष उत्पादनके है- धात्री दोष, दूत, निमित्त, आजीव, वनीपक, चिकित्सक, क्रोधी, मानी, मायावी, लोभी, ये दस दोष। तथा पूर्व सस्तुति, पश्चात् संस्तुति, विद्या, मन्त्र, चूर्णयोग, मूल कर्म छह दोष ये है। ४ अशन दोष- शकित, मृक्षित, निक्षिप्त, पिहित, संव्यवहरण, दायक, उन्मिश्र, अपरिणत, लिप्त, त्यक्त ये दस दोष अशनके है। (चा.सा ६८-७२/४) (अन. ध ५/५-३७) (भा पा /टी ६६)

२ चौदह मल दोष

मू आ ४८४ णहरोमजंतुअट्ठीकणकुडयपुयिचम्मरुहिरमंसाणि। बीयफलकदमूला छिण्णाणि मला चउद्दसा होंति ।४८४। नख रोम (बाल) प्राण रहित शरीर, हाड गेहूँ आदिका कण, चावलका कण, खराब-लोही (राधि) चाम, लोही मास, उगने योग्य गेहूँ आदि, आम्र आदि फल कद मूल- ये चौदह मल है। इनको देखकर आहार त्याग देना चाहिए। (वसु श्रा २३१ का विशेषार्थ)

अन ध ५/३६ पूयास्रपव्यस्थ्यजिनं नख कचमृतविकलत्रयके कन्द। बीज मूलफले कण कुण्डौ च मलाश्चतुर्दशान्नगता ॥३६॥ =जिनसे कि ससक्त-स्पृष्ट होनेपर अन्नादिक आहार्य सामग्री साधुओको ग्रहण न करनी चाहिए उनको मल कहते है। उनके चौदह भेद है। जिनके नाम इस प्रकार है। -पीब-फोडे आदिमें हो जानेवाला कच्चा रुधिर तथा साधारण रुधिर, मास, हड्डी, चर्म, नख, केश मरा हुआ विकलत्रय, कन्द सूरण आदि, जो उत्पन्न हो सकता है ऐसा गेहूँ आदि बीज, मूली अदरख आदि मूल, बेर आदि फल, तथा कण- गेहूँ आदिका बाह्य खण्ड, और कुण्ड -शाली आदिके सूक्ष्म अभ्यन्तर अवयव अथवा बाहरसे पक्व और भीतरसे अपक्वको कुण्ड कहते है।

३ सात विशेष दोष

मू आ ८१२ उद्देसिय कीदयड अण्णाद सकिद अभिहडं च। सत्तप्पडिकुट्ठाणि य पडिसिद्धं तं विवज्जेंति ।८१२। =औद्देशिक, क्रीतकर, अज्ञात, शकित, अन्य स्थानसे आया सूत्रके विरुद्ध और सूत्रसे निषिद्ध ऐसे आहारको वे मुनि त्याग देते है ।८१२।

४ छियालीस दोषोके लक्षण

मू आ ४२७ ४४४-उद्गम दोष : जलतदुल पक्खेवो दाणट्ठ संजदाण सयपयणे। अज्झोवज्झं णेयं अहवा पाग तु जाव रोहो वा ।४२७। अप्पासुएण मिस्स पासुयदव्व तु पूदिकम्म तं। चुल्ली उक्खलिदव्वी भायणमंधत्ति पचविह ।४२८। पासंडेहि य सद्धं सागरेहि य जदण्णमुद्दिसियं। दादुमिदि सजदाण सिद्धं मिस्सं वियाणाहि ॥४२९॥ पागादु भायणाओ अण्णह्मि य भायणह्मिपक्खविय। सघरे वा परघरे वा णिहिद ठविद वियाणाहि ।४३०। जक्खयणागदीणं बलिसेस स बलित्ति पण्णत्त। सजदआगमणट्ठ बलियम्मं वा बलि जाणे ।४३१। पाहुडिहं दुविह बादर सुहुम च दुविहमेवकेक। ओकस्सणमुक्कस्सण-मह कालोवट्टणावड्ढी ।४३२। दिवसे पक्खे मासे वासे परत्तीय बादर दुविह। पुव्वपरमज्झवेलं परियत्तं दुविह सुहुम च ।४३३। पादुक्कारो दुविहो संकमण पयासणा य बोधव्वो। भायण भोयणादीणं मडवविरलादियं कमसो ।४३४। कीदयड पुण दुविह दव्वं भाव च सगपरं दुविह। सच्चित्तादी दव्वं विज्जामतादि भाव च ।४३५। लहरिय रिणं तु भणिय पामिच्छे ओदणादि अण्णदर। त पुण दुविह भणिदं सवड्ढियमवड्ढियं चावि ।४३६। बोहीकूरादीहि य सालीकूरादियं तु ज गहिदं। दादुमिति सजदाण परियट्ट होदि णायव्व ।४३७। देसत्ति य सव्वत्ति य दुविह पुण अभिहड वियाणाहि। आचिण्णमणाचिण्णं देसाविहडं हवे दुविह ।४३८। उज्जुत्तिहि सत्तहि वा घरेहि जदि आगदं दु आचिण्णं। परदो वा तेहि भवे तव्विवरीद अणाचिण्णं

।४३६। सव्वाभिघड चदुधा सयपरगामे सदेसपरदेसे। पुव्वपरपाडण-यड पढम सेस पि णादव्व ।४४०। पिहिद लछिदय वा ओसहघिद-सक्करादि ज दव्व। उब्भिण्णऊण देय उब्भिण्णं होदि णादव्वं ।४४१। णिस्सेणिकट्ठादीहि णिहिद पूवादियं तु घित्तण। मालारोहिं किच्चा देय मालारोहण णाम ।४४२। रायाचोरादीहि य संजदभिक्खसम तु दट्ठूणं। बीहेदूण णिजुज्ज अच्छिज्जं होदि णादव्वं ।४४३। अणिसट्ठ पुण दुविह इस्सरसह णिस्सर चदुवियप्पं। पढमिस्सर सारक्खं वत्तावत्त च सघाडं ।४४४।

मू.आ.४४७-४६१ सोलह उत्पादन दोष—मज्जणमडणधादी खेल्लावणीर-अंबधादी य। पचविधवादिकम्मेणुप्पादो धादिदं सो दु ।४४७। जलथलआयासगद सयपरगामे सदेसपरदेसे। संबंधिवयणणयणं दूदीदोसो भवदि एसो ।४४८। वंजणमगं च सरं छिण्णं भूमं च अत-रिक्खं च। लक्खण सुविणं च तहा अट्ठविह होइ णेमित्तं ।४४९। जादी कुलं च सिप्प तवकम्मं ईसरत्त आजीवं। तेहि पुण उप्पादो आजीव दोसो हवदि एसो ।४५०। साणकिविणतिधिमाहणपासडिय-सवणकागदाणादी। पुण्णं णवेति पुट्ठे पुण्णोत्ति वणीवत्तं वयणं ।४५१। कोमारतणुतिगिच्छारसायणविसभूदखारतंतं च। सालंकियं च सल्लं तिगिच्छदोसो दु अट्ठविहो ।४५२। कोधेण य माणेण य मायालोभेण चावि उप्पादो। उप्पादणा य दोसो चदुव्विहो होदि णायव्वो ।४५३। दायगपुरदो कित्ती तं दाणवदी जसोधरो वेत्ति। पुव्वीसंथुदि दोसो विस्सरिदं बोधण चावि ।४५५। पच्छासथुदिदोसो दाणगहि-दूण तं पुणो कित्ति। विक्खादो दाणवदी तुज्झ जसो विस्सुदो वेत्ति ।४५६। विज्जासाधित सिद्धा तिस्से आसापदाणकरणेहि। तस्से माहप्पेण य विज्जादोसो दु उप्पादो ।४५७। सिद्धे पढिदे मते तस्स य आसापदाणकरणेण। तस्स य माहप्पेण य उप्पादो मंतदोसो दु ।४५८। आहारदायगाणं विज्जामंतेहि देवदाण तु। आहुय साधिदव्वा विज्जामंतो हवे दोसो ।४५९। चेत्तस्सज्जणचुण्ण भूसणचुण्णं च गत्त-सोभयर। चुण्णं तेणुप्पादो चुण्णयदोसो हवदि एसो ।४६०। अवसाण वसियसणं संजोजयण च विप्पजुत्ताण। भणिदं तु मूलकम्मं एदे उप्पादणा दोसा ।४६१।

मू.आ ४६३-४७५ '१० अशन दोष'—असणं च पाणयं वा खादियमध सादिय च अज्झप्पे। कप्पियमकप्पियत्ति य संदिद्धं सकियं जाणे। ।४६३। ससिणिद्धेण य देयं हत्थेण य भायणेण दव्वीए। एसो मक्खिद-दोसो परिहरदव्वो सदा मुणिणा ।४६४। सचित्तपुढविआऊतेऊहरिदं च बीयतसजीवा। ज तेसिमुवरि हठविदं णिक्खित्तं होदि छब्भेयं। ।४६५। सचित्तेण व पिहिदं अथवा अचित्तगुरुगपिहिद च। जं छड्डिय ज देयं पिहिदं तं होदि बोधव्वं ।४६६। संववहरणं किच्चा पदादुमिदि चेल भायणादीणं। असमिक्खय ज देयं सववहरणो हवदि दोसो ।४६७। सूदी सूडी रोगीमदयणपसय पिसायणग्गो य। उच्चारपडिद-वंतरुहिरबेसी समणी अगमविरुया ।४६८। अतिबाला अतिबुड्ढा घासत्ती गब्भिणी य अधलिय। अतरिदाव विसण्णा उच्चत्था अहव णीचत्था ।४६९। पूयण पज्जलण वा सारण पच्छादण च विज्झवण। किच्चा तहग्गिकज्ज णिव्वाद घट्टण चावि ।४७०। लेवणमज्जणकम्म पियमाण दारयं च णिक्खिविय। एव विहादिया पुण दाणं जदि दिति दायगा दोसा ।४७१। पुढवी आऊ य तहा हरिदा बीया तसा य सज्जीवा। पचेहि तेहि मिस्सं आहार होदि उम्मिस्सं ।४७२। तिलतडुलउसणोदय चणोदय तुसोदयं अविधुत्थ। अण्ण तहाविहं वा अपरिणदं णेव गेण्हिज्जो ।४७३। गेरुय हरिदालेण व सेडीय मणो-सिलामपिट्ठेण। सपवालोदणलेवेण व देयं करभायणे लित्त ।४७४। बहुपरिसाडणमुज्झिअ आहारो परिगलत दिज्जत। छड्डिय भुजण-महवा छड्डियदोसो हवेणेओ ।४७५।

मू.आ. ४७६-४७७ संयोजना आदि ४ दोष—संजोजणा य दोसो जो सजएदि भत्तपाण तु। अदिमत्तो आहारो पमाणदोसो हवदि एसो ।४७६। त होदि सयंगालं जं आहारेदि मुच्छिदो सत्तो। त पुण होदि सधूमं ज आहारेदि णिदिदो ।४७७।

१ अध. कर्मादि १६ उद्गम दोष—

१ अध कर्मदोष—दे अध' कर्म। २. अध्यधि दोष—संयमी साधुको आता देख उनको देनेके लिए अपने निमित्त चूल्हेपर रखे हुए जल और चावलोमें और अधिक जल और चावल मिलाकर फिर पकावे। अथवा जब तक भोजन तैय्यार न हो, तब तक धर्म प्रश्नके बहाने साधुको रोक रखे, वह अध्यधि दोष है। ३ पूतिदोष—प्रासुक आहारादिक वस्तु सचित्तादि वस्तुसे मिश्रित हो वह पूति दोष है। प्रासुक द्रव्य भी पूतिकर्मसे मिला पूतिकर्म कहलाता है। उसके पाँच भेद है—चूल्ही (चूल्हा), ओखली, कड़छी, पकानेके बासन तथा गन्ध युक्त द्रव्य। इन पाँचोंमें संकल्प करना कि इन चूल्हि आदि से पका भोजन जब तक साधुको न दे दे तब तक अन्य किसीको नही देंगे। ये ही पाँच आरम्भ दोष है जो पूति दोषमें गर्भित है ॥४२८॥ ४ मिश्रदोष—प्रासुक तैयार हुआ भोजन अन्य भेषधारियों के साथ तथा गृहस्थोके साथ सयमी साधुओको देनेका उद्देश्य करे तो मिश्र दोष जानना ॥४२९॥ ५ स्थापित दोष—जिस बासनमें पकाया था उससे दूसरे भाजनमें पके भोजनको रखकर अपने घरमें तथा दूसरेके घरमें जाकर उस अन्नको रख दे उसे स्थापित दोष जानना ॥४३०॥ ६. बलिदोष—यक्ष नागादि देवताओके लिए जो बलि(पूजन) किया हो उससे शेष रहा भोजन बलिदोष सहित है। अथवा संयमियोके आगमनके लिए जो बलिकर्म (सावद्य पूजन) करे वहाँ भी बलिदोष जानना ॥४३१॥ ७ प्राभृतदोष—प्राभृत दोष-के दो भेद है—बादर और सूक्ष्म। इन दोनोके भी दो-दो भेद है—अपकर्षण और उत्कर्षण। कालकी हानिका नाम अपकर्षण है, और कालकी वृद्धिको उत्कर्षण कहते है।४३२। दिन, पक्ष, महीना वर्ष इनको बदल कर जो आहार दान देना वह बादर प्राभृत दोष है। वह बादर दोष उत्कर्षण व अपकर्षण करनेसे दो प्रकारका है। सूक्ष्म प्राव-र्तित दोष भी दो प्रकारका है। पूर्वाह्न समय व अपराह्न समयको पलटनेसे कालको बढाना घटाना रूप है ॥४३३॥ ८ प्रादुष्कार दोष—प्रादुष्कार दोषके दो भेद है—सक्रमण और प्रकाशन। साधुके आ जानेपर भोजन भाजन आदिको एक स्थानसे दूसरे स्थानपर लेजाना सक्रमण है और भाजनको माजना या दीपकका प्रकाश करना अथवा मण्डपका उद्योतन करना आदि प्रकाशन दोष है॥४३४॥ ९. क्रीत दोष—क्रीतकर दोषके दो भेद है—द्रव्य और भाव। हर एकके पुन' दो भेद है—स्व व पर। सयमीके भिक्षार्थ प्रवेश करनेपर गाय आदि देकर बदलेमें भोजन लेकर साधुको देना द्रव्य क्रीत है। प्रज्ञप्ति आदि विद्या या चेटकादि मन्त्रोके बदलेमें आहार लेके साधुको देना भावक्रीत दोष है ॥४३५॥ १० प्रामृष्य दोष—साधुओंको आहार करानेके लिए दूसरेसे उधार भात आदिक भोजन सामग्री लाकर देना प्रामृष्य दोष है। उसके दो भेद है—सवृद्धिक और अवृद्धिक। कर्जसे अधिक देना सवृद्धिक है। जितना कर्ज लिया उतना ही देना अवृद्धिक है ॥४३६॥ ११ परिवर्त दोष—साधुओको आहार देनेके लिए अपने साठीके चावल आदिक देकर दूसरेसे बढिया चावलादिक लेकर साधुको आहार दे वह परिवर्त दोष जानना ॥४३७॥ १२ अभिघट दोष—अभिघट दोषके दो भेद है—एक देश और सर्वदेश। उसमे भी देशाभिघटके दो भेद है—आचिन्न और अनाचिन्न। पक्तिबद्ध सीधे तीन अथवा सात घरोंसे आया योग्य भाजन आचिन्न अर्थात् ग्रहण करने योग्य है। और तितर बितर किन्ही सात घरोसे आया अथवा पक्तिबद्ध आठवाँ आदि घरोसे आया हुआ भोजन अनाचिन्न है अर्थात् ग्रहण करने योग्य नही है ॥४३९॥ सर्वाभिघट दोषके चार भेद है—स्वग्राम, पर-ग्राम, स्वदेश और परदेश। पूर्वादि दिशाके मोहल्लेसे पश्चिमादि दिशाके मौहल्लेमें भोजन ले जाना स्वग्रामाभिघट दोष है। इसी तरह

शेष तीन भी जान लेने। इसमे ईर्यापथका दोष आता है ॥४४०॥ १३. उद्भिन्न दोष—मिट्टी लाख आदिसे ढका हुआ अथवा नामकी मोहर कर चिह्नित जो औषध घी या शक्कर आदि द्रव्य है अर्थात् सील बन्द पदार्थोंको उघाडकर या खोलकर देना उद्भिन्न दोष है। इसमे चीटी आदिके प्रवेशका दोष लगता है ॥४४१॥ १४ मालारोहण दोष—काष्ठ आदिकी बनी हुई सीढी अथवा पैड़ीसे घरके ऊपरके खनपर चढकर वहाँ रखे हुए पूवा लड्डू आदि अन्नको लाकर साधुको देना मालारोहण दोष है। इसमें दाताको विघ्न होता है ॥४४२॥ १५ आछेद्य दोष—संयमी साधुओंके भिक्षाके परिश्रमको देख राजा, चोर आदि गृहस्थियोंको ऐसा डर दिखाकर ऐसा कहे कि यदि तुम इन साधुओंको भिक्षा नही दोगे तो हम तुम्हारा द्रव्य छीन लेंगे ऐसा डर दिखाकर दिया गया आहार वह आछेद्य दोष है ॥४४३॥ १६. अनिसृष्ट दोष—अनीशार्थके दो भेद है—ईश्वर और अनीश्वर दोनोके भी मिलाकर चार भेद है। पहला भेद ईश्वर सारक्ष तथा ईश्वरके तीन भेद —व्यक्त, अव्यक्त व सघाट। दानका स्वामी देने की इच्छा करे और मन्त्री आदि मना करे तो दिया हुआ भोजन भी अनीशार्थ है। स्वामीसे अन्य जनोका निषेध किया अनीश्वर कहलाता है। वह व्यक्त अर्थात् वृद्ध, अव्यक्त अर्थात् बाल और सङ्घाट अर्थात् दोनोंके भेदसे तीन प्रकारका है ॥४४४॥ (चा सा. ६६/२) (अन.ध. ५/५-६)

२. धात्री आदि १६ उत्पादन दोष

१ धात्री दोष—पोषन करे वह धाय कहलाती है। वह पाँच प्रकारकी होती है—स्नान करानेवाली, आभूषण पहनानेवाली बच्चोको रमानेवाली, दूध पिलानेवाली तथा मातावत अपने पास सुलानेवाली। इनका उपदेश करके जो साधु भोजन ले तो धात्री दोष युक्त होता है। इससे स्वाध्यायका नाश होता है तथा साधु मार्गमे दूषण लगता है ।४४७। २. दूत दोष—कोई साधु अपने ग्रामसे व अपने देशसे दूसरे ग्राममें व दूसरे देशमें जलके मार्ग नावमें बैठकर व स्थलमार्ग व आकाशमार्गसे होकर जाय। वहाँ पहुँचकर किसीके सन्देशको उसके सम्बन्धीसे कह दे, फिर भोजन ले तो वह दूत दोष युक्त होता है।४४८। ३. निमित्त दोष—निमित्त ज्ञानके आठ भेद है—मसा, तिल आदि व्यञ्जन, मस्तक आदि अङ्ग, शब्द रूप स्वर, वस्त्रादिकका छेद वा तलवारादिका प्रहार, भूमिविभाग, सूर्यादि ग्रहोका उदय अस्त होना, पद्म चक्रादि लक्षण और स्वप्न। इन अष्टाग निमित्तोसे शुभाशुभ कहकर भोजन-लेनेसे साधु निमित्त दोष युक्त होता है ।४४९। ४. आजीव दोष—जाति, कुल, चित्रादि शिल्प तपश्चरणकी क्रिया आदि द्वारा अपनेको महान् प्रगट करने रूप वचन गृहस्थोको कहकर आहार लेना आजीव दोष है। इसमें बलहीनपना व दीनपनाका दोष आता है ।४५०। ५ वनीपक दोष—कोई दाता ऐसे पूछे कि कुत्ता, कृपण, भिखारी, असदाचारी, ब्राह्मण, भेषी साधु तथा त्रिदण्डी आदि साधु और कौआ इनको आहारादि देनेमें पुण्य होता है या नही ? तो उसको रुचिके अनुकूल ऐसा कहा कि पुण्य ही होता है। फिर भोजन करे तो वनीपक दोष युक्त होता है। इसमे दीनता प्रगट होती है ।४५१। ६ चिकित्सा दोष—चिकित्सा शास्त्रके आठ भेद है—बालचिकित्सा, शरीरचिकित्सा, रसायन, विषतन्त्र, भूततंत्र, क्षारतन्त्र, शलाकाक्रिया, शल्यचिकित्सा। इनका उपदेश देकर आहार लेनेसे चिकित्सा दोष होता है ।४५२। ७-१०. क्रोधी, मानी, मायी लोभी दोष—क्रोधसे भिक्षा लेना, मानसे आहार लेना, मायासे आहार लेना, लोभसे आहार लेना, इस प्रकार क्रोध, मान, माया, लोभ रूप उत्पादन दोष होता है ।४५३। ११ पूर्वस्तुति दोष—दातारके आगे तुम दानपति हो, यशोधर हो, तुम्हारी कीर्ति लोक प्रसिद्ध है' इस प्रकारके वचनो द्वारा उसकी प्रशसा करके आहार लेना, अथवा दातार यदि भूल गया हो तो उसे याद दिलाया कि पहले तो तुम बडे दानी थे, अब कैसे भूल गये, इस प्रकार प्रशसा करके आहार लेना पूर्व स्तुति दोष है ।४५५। १२ पश्चात् स्तुति दोष—आहार लेकर पीछे जो साधु दाताकी प्रशंसा करे कि तुम प्रसिद्ध दानपति हो, तुम्हारा यश प्रसिद्ध है, ऐसा कहनेसे पश्चात स्तुति दोष लगता है ।४५६। १३ विद्या दोष—जो साधने से सिद्ध हो वह विद्या है, उस विद्याकी आशा देनेसे कि हम तुमको विद्या देगे तथा उस विद्याकी महिमा वर्णन करनेसे जो आहार ले उस साधुके विद्या दोष आता है ।४५७। १४ मन्त्र दोष—पढने मात्रसे जो मन्त्र सिद्ध हो वह पठित सिद्ध मन्त्र होता है, उस मन्त्रकी आशा देकर और उसकी महिमा कहकर जो साधु आहार ग्रहण करता है उसके मन्त्र दोष होता है ।४५८। आहार देनेवाले व्यन्तरादि देवोको विद्या तथा मन्त्रसे बुलाकर साधन करे वह विद्या मन्त्र दोष है। अथवा आहार देनेवाले गृहस्थोंके देवताको बुलाकर साधना वह भी विद्या मन्त्र दोष है।४५९। १५. चूर्ण दोष—नेत्रोंका अञ्जन,भूषण साफ करनेका चूर्ण, शरीरकी शोभा बढानेवाला चूर्ण—इन चूर्णोंकी विधि बतलाकर आहार ले वहाँ चूर्ण दोष होता है ।४६०। १६ मूल कर्म दोष—जो वशमें नही है उनको वशमें करना, जो स्त्री पुरुष वियुक्त है उनका सयोग कराना—ऐसे मन्त्र-तन्त्र आदि उपाय बतलाकर गृहस्थोसे आहार लेना मूलकर्म दोष है। (चा.सा ७१/१),(अन ध ५/२०-२७)

३. शङ्कितादि १० अशन दोष

१. शङ्कित दोष—अशन, पान, खाद्य व स्वाद्य यह चार प्रकार भोजन आगमानुसार मेरे लेने योग्य है अथवा नही ऐसे सन्देह सहित आहार को लेना शङ्कित दोष है ।४६३। २ मृक्षित दोष—चिकने हाथ व पात्र तथा कडछीसे भात आदि भोजन देना मृक्षित दोष है। उसका सदा त्याग करे ।४६४। ३ निक्षिप्त दोष—अप्रासुक सचित्त पृथिवी, जल, तेज, हरितकाय, बीजकाय, त्रसकाय, जीवोके ऊपर रखा हुआ आहार इस प्रकार छह भेद वाला निक्षिप्त दोष है ।४६५। ४ पिहित दोष—जो आहार अप्रासुक वस्तुसे ढँका हो, उसे उघाड कर दिये गये आहार को लेना पिहित दोष है ।४६६। ५ संव्यवहरण दोष—भोजनादिका देन-लेन शीघ्रतासे करते हुए, बिना देखे भोजन-पान दे तो उसको लेनेमें संव्यवहरण दोष होता है ।४६७। ६ दायक दोष—जो स्त्री-बालकका शृङ्गार कर रही हो, मदिरा पीनेमे लम्पट हो, रोगी हो, मुरदेको जलाकर आया हो, नपुंसक हो, आयु आदिसे पीडित हो, वस्त्रादि ओढे हुए न हो, मूत्रादि करके आया हो, मूर्छासे गिर पडा हो, वमन करके आया हो, लोहू सहित हो, दास या दासी हो, अर्जिका रक्तपटिका आदि हो, अंगको मर्दन करने वाली हो,—इन सबोके हाथसे मुनि आहार न ले ।४६८। अति बालक हो, अधिक बूढी हो, भोजन करती जूठे मुह हो, पाँच महीना आदिके गर्भसे युक्त हो, अन्धी हो, भीत आदिके ओटरेमे या सहारेसे बैठी हो ऊँची जगहपर बैठी हो, नीची जगहपर बैठी हो ।४६९। मुँहसे फूँककर अग्नि जलाना, काठ आदि डालकर आग जलाना, काठको जलानेके लिए सरकाना, राखसे अग्निको ढँकना, जलादिसे अग्निका बुझाना, तथा अन्य भी अग्निको निर्वातन व घट्टन आदि करने रूप कार्य करते हुए भोजन देना।४७०। गोबर आदिसे भीतिका लीपना,स्नानादि क्रिया करना, दूध पीते बालकको छोडकर आहार देना, इत्यादि क्रियाओसे युक्त होते हुए आहार दे तो दायक दोष जानना ।४७१। ७ उन्मिश्र दोष—मिट्टी, अप्रासुक जल, पान—फूल, फल आदि हरी, जौ, गेहूँ आदि बीज, द्वीन्द्रियादिक त्रस जीव—इन पाँचोसे मिला हुआ आहार देनेसे उन्मिश्र दोष होता है ।४७२। ८ अपरिणत दोष—तिलके धोनेका जल, चावलका जल, गरम होके ठण्डा हुआ जल, तुषका जल, हरण चूरण आदि कर भी परिणित न हुआ जल हो वह नहीं ग्रहण करना। ग्रहण करनेसे अपरिणत दोष आता है ।४७३। ९. लिप्त दोष—गेरू, हरताल, खडिया, मैनशिल,चावल आदिका चून,

कच्चा शाक—इनसे लिप्त हाथ तथा पात्र अथवा अप्रासुक जलसे भींगा हाथ तथा पात्र इन दोनोंसे भोजन दे तो लिप्त दोष आता है ।४७४। १०. त्यक्त दोष बहुत भोजनको थोड़ा भोजन करे अर्थात् जूठ छोड़ना या बहुत-सा भोजन कर पात्रमें-से नीचे गिराता भोजन करे छाछ आदिसे झरते हुए हाथसे भोजन करेअथवा किसी एक आहार-को (अशन, पान, खाद्य स्वाद्यादिमें-से किसी एकको) छोड़कर भोजन करे तो त्यक्त दोष आता है ।४५७। (चा सा, ७२/१), (अन ध, ५/२६-३६)

४. संयोजनादि ४ दोष

१ संयोजना दोष—जो ठण्डा भोजन गर्म जलसे मिलाना अथवा ठण्डा जल गर्म भोजनसे मिलाना, सो संयोजना दोष है ।४७६। २. प्रमाण दोष—मात्रासे अधिक भोजन करना प्रमाण दोष है ।४७६। ३ अङ्गार दोष—जो मूर्च्छित हुआ अति तृष्णासे आहार ग्रहण करता है उसके अङ्गार दोष होता है। ४ धूम दोष - जो निन्दा अर्थात् ग्लानि करता हुआ भोजन करता है उसके धूम दोष होता है ।४७७। (चा सा ७२/४) (अन ध ५/३७)

५. दातार सम्बन्धी विचार

१ दातारके गुण व दोष

रा वा ७/३६/४/५५६/२६ प्रतिग्रहीतरि अनसूया त्यागेऽविषाद' दित्सतो ददतो दत्तवतश्च प्रीतियोग कुशलाभिसन्धिता दृष्टफलानपेक्षिता निरु-परोधत्वममिदानत्वमित्येवमादि दातृविशेषोऽवसेय' ।=पात्रमें ईर्षा न होना, त्यागमें विषाद न होना, देनेकी इच्छा करने वालेमें तथा देने वालोंमें या जिसने दान दिया है सबमें प्रीति होना, कुशल अभिप्राय, प्रत्यक्ष फलकी आकांक्षा न करना, निदान नहीं करना, किसीसे विसंवाद नहीं करना आदि दाताकी विशेषताएँ है। (स.सि ७/३६/६७३/६)

म.पु २०/८२-८५ श्रद्धा शक्तिश्च भक्तिश्च विज्ञानञ्चाप्यलुब्धता। क्षमा त्यागश्च सप्तैते प्रोक्ता दानपतेर्गुणा. ॥८२॥ श्रद्धास्तिक्यमनास्तिक्ये प्रदाने स्यादनादर । भवेच्छक्तिरनालस्य भक्ति स्यात्तद्गुणादर ॥८३॥ विज्ञानं स्यात् क्रमज्ञत्व देयासक्तिरलुब्धताक्षमातितिक्षादत्तस्यत्याग सहनशीलता ॥८४॥ इति सप्तगुणोपेतो दाता स्यात् पात्रसंपदि। व्यपेतश्च निदानादे. दोषान्निश्रेयसोद्यत ॥८५॥=श्रद्धा, शक्ति, भक्ति, विज्ञान, अलुब्धता, क्षमा और त्याग ये दानपति अर्थात् दान देने वालेके सात गुण कहलाते है ॥८२॥ श्रद्धा आस्तिक्य बुद्धिको कहते है, आस्तिक्य बुद्धि अर्थात् श्रद्धाके न होनेपर दान देनेमें अनादर हो सकता है। दान देनेमें आलस्य नहीं करना सो शक्ति नामका गुण है, पात्रके गुणोंमें आदर करना सो भक्ति नामका गुण है ॥८३॥ दान देने आदिके क्रमका ज्ञान होना सो विज्ञान नामका गुण है, दान देनेकी आसक्तिको अलुब्धता कहते है, सहनशीलता होना क्षमा गुण है और उत्तम द्रव्य दानमें देना सो त्याग है ॥८४॥ इस प्रकार जो दाता ऊपर कहे सात गुणो सहित है और निदानादि दोषसे रहित होकर पात्ररूपी सम्पदामें दान देता है वह मोक्ष प्राप्त करनेके लिए तत्पर होता है ॥८५॥

गुण.श्रा १५१ श्रद्धा भक्तिश्च विज्ञान पुष्टि. शक्तिरलुब्धता। क्षमा च यत्र सप्तैते गुणा दाता प्रशस्यते ॥१५१॥=श्रद्धा, भक्ति, विज्ञान, सन्तोष, शक्ति, अलुब्धता और क्षमा ये सात गुण जिसमें पाये जाये, वह दातार प्रशसनीय है।

पु.सि उ. १६६ ऐहिकफलानपेक्षा क्षान्तिर्निष्कपटतानसूयत्वम्। अवि-षादित्वमुदित्वे निरहङ्कारित्वमिति हि दातृगुणा ॥१६६॥=इस लोक सम्बन्धी फलकी अपेक्षारहित, क्षमा, निष्कपटता, ईर्षारहितता, अखिन्नभाव, हर्षभाव और निरभिमानता, इस प्रकार ये सात निश्चय करके दाताके गुण है।

चा सा २६/६ मे उद्धृत "श्रद्धा शक्तिरलुब्धत्वं भक्तिर्ज्ञानं दया क्षमा। इति श्रद्धादय सप्त गुणा स्युर्गृहमेधिनाम् ॥"=श्रद्धा, भक्ति, निर्लो-भता, भक्ति, ज्ञान, दया और क्षमा आदि सात दान देने वाले गृहस्थो के गुण है। (वसु श्रा १५१)

सा.ध. ५/४७ भक्तिश्रद्धासत्त्वतुष्टि-ज्ञानालौल्यक्षमागुण'। नवकोटि-विशुद्धस्य दाता दानस्य य पति' ॥४७॥=भक्ति, श्रद्धा, सत्त्व, तुष्टि, ज्ञान, अलौल्य और क्षमा इनके साथ असाधारण गुण सहित जो श्रावक मन, वचन, काय तथा कृत, कारित और अनुमोदना इन नौ कोटियों के द्वारा विशुद्ध दानका अर्थात् देने योग्य द्रव्यका स्वामी होता है वह दाता कहलाता है।

२. दान देने योग्य अवस्थाएँ विशेष

भ.आ /वि १२०६/१२०४/१७ स्तनं प्रयच्छन्त्या, गर्भिण्या वा दीयमानं न गृह्णीयात्। रोगिणा, अतिवृद्धेन, बालेनोन्मत्तेन, पिशाचेन, मुग्धेनान्धेन, मूकेन, दुर्बलेन, भीतेन, शङ्कितेन, अत्यासन्नेन, अदूरेण लज्जाव्यावृतमुख्या, आवृतमुख्या, उपानदुपरिन्यस्तपादेन वा दीय-मानं न गृह्णीयात्। खण्डेन भिन्नेन वा कडकच्छुकेन दीयमान वा ॥ =जो अपने बालकको स्तन पान करा रही है और जो गर्भिणी है ऐसी स्त्रियोंका दिया हुआ आहार न लेना चाहिए। रोगी अतिशय वृद्ध, बालक, उन्मत्त, अंधा, गूंगा, अशक्त, भययुक्त, शंकायुक्त, अति-शय नजदीक जो खड़ा हुआ है, जो दूर खड़ा हुआ है ऐसे पुरुषसे आहार नहीं लेना चाहिए। लज्जासे जिसने अपना मुँह फेर लिया है, जिसने जूता अथवा चप्पल पर पाँव रखा है, जो ऊँची जगह पर खड़ा हुआ है, ऐसे मनुष्यका दिया हुआ आहार नहीं लेना चाहिए। टूटी हुई अथवा खण्डयुक्त हुई ऐसी कड़छीके द्वारा दिया हुआ नहीं लेना चाहिए। (अन ध ५/३४ मे उद्धृत) (और भी विशेष—दे. आहार II ४/३ मे दायक दोष)

६. भोजन ग्रहणके कारण व प्रयोजन

१. संयम रक्षार्थ करते हैं शरीर रक्षार्थ नहीं

मू आ ४८१,४८३ ण बलाउसाउअट्ठं ण शरीरस्सुवचयट्ठं तेजट्ठं णाणट्ठं संजमट्ठं झाणट्ठं चेव भुंजेज्जो ।४८१। जत्तासाधणमत्तं चाहसमलवज्जिदं भुंजे ।४८३। =साधु बलके लिए, आयु बढ़ानेके लिए, स्वादके लिए, शरीरके पुष्ट होनेके लिए, शरीरके तेज बढ़नेके लिए भोजन नहीं करते। किन्तु वे ज्ञान (स्वाध्याय) के लिए, संयम पालनेके लिए, ध्यान होनेके लिए भोजन करते है ।४८१। प्राणोंके धारणके लिए हो अथवा मोक्ष यात्राके साधनेके लिए हो, और चौदह मलोंसे रहित हो ऐसा भोजन साधु करे ।४८३।

र सा ११३ भुंजेइ जहालाहं लहेइ जइ णाणसंजमणिमित्तं। झाणज्झयण-णिमित्तं अणियारो मोक्खमग्गरओ ।११३। =मुनि केवल संयम और ज्ञानकी वृद्धिके लिए तथा ध्यान और अध्ययन करनेके लिए जो मिल गया शुद्ध भोजन, उसको ग्रहण करते हैं वे मुनि अवश्य ही मोक्ष मार्गमें लीन रहते है।

अन.ध ५/६१ क्षुच्छम संयम स्वान्यवैयावृत्यसुस्थितिम्। वाञ्छन्ना-वश्यकं ज्ञानध्यानादीश्चाहरेन्मुनि ।६१। =क्षुधा बाधाका उपशमन, संयमकी सिद्धि, और स्व परकी वैयावृत्य,—आपत्तियोंका प्रतिकार करनेके लिए तथा प्राणोंकी स्थिति बनाये रखनेके लिये एवं आव-श्यकों और ध्यानाध्ययनादिकोंको निर्विघ्न चलते रहनेके लिए मुनियोंको आहार ग्रहण करना चाहिए। और भी—दे नीचे मू. आ. ४७६।

२ शरीरके रक्षणार्थ भी कथंचित् ग्रहण

मू. आ.४७६ वेयणवेज्जावच्चे किरियाठाणे य संयमट्ठाए। तध पाण धम्म-चिंता कुज्जा एदेहि आहारं ।४७६। =क्षुधाकी वेदनाके उपशमार्थ,

वैयावृत्य करनेके लिए, छह आवश्यक क्रियाके अर्थ, तेरह प्रकार चारित्रके लिए, प्राण रक्षाके लिए, उत्तम क्षमादि धर्मके पालनके लिए भोजन करना चाहिए। और भी दे ऊपर—(अन ध ५/६१)

र.सा. ११६ बहुदुक्खभायणं कम्मकारणं भिण्णमप्पणो देहो। त देहं धम्माणुट्ठाण कारणं चेदि पोसए भिक्खू ।११६। =यह शरीर दुखोंका पात्र है कर्म आनेका कारण है और आत्मासे सर्वथा भिन्न है। ऐसे शरीरको मुनिराज कभी पोषण नहीं करते हैं, किन्तु यही शरीर धर्मानुष्ठानका कारण है, यही समझकर इस शरीरसे धर्म सेवन करनेके लिए और मोक्षमें पहुँचनेके लिए मुनिराज इसको थोडा सा आहार देते है ।

प पु. ४/९७ । भुञ्जते प्राणधृत्यर्थं प्राणा धर्मस्य हेतव ।७१। =(मुनि) भोजन प्राणो की रक्षाके लिए ही करते है, क्योंकि प्राण धर्मके कारण है ।

३ शरीरके उपचारार्थ औषध आदिकी भी इच्छा नही

मू आ. ८३६-८४० उप्पण्णम्मि य वाही सिरवेयण कुक्खिवेयण चेव। अधियासिति सुधिदिया कायतिगिच्छ ण इच्छंति ।४३६। ण य दुम्मणा ण विहला अणाउला होंति चेय सप्पुरिसो। णिप्पडियम्मसरीरा देंति उर वाहिरोगाण ।८४०। =ज्वररोगादिक उत्पन्न होने पर भी तथा मस्तकमें पीडा होने पर भी चारित्रमे दृढ परिणाम वाले वे मुनि पीडाको सहन कर लेते हैं परन्तु शरीरका इलाज करने की इच्छा नहीं रखते ।८३६। वे सत्पुरुष रोगादिकके आने पर भी मन में खेद खिन्न नही होते, न विचारशून्य होते है, न आकुल होते है किन्तु शरीरमें प्रतिकार रहित हुए व्याधि रोगोके लिए हृदय दे देते है। अर्थात् सबको सहते है ।

४ शरीर व संयमार्थ ग्रहणका समन्वय

मू. आ.८१५ अक्खोमणक्खणमेत्तं भुजंति मुणी पाणधारणणिमित्तं। पाण धम्मणिमित्तं धम्मंपि चरंति मोक्खट्ठं ८१५। =गाडीके धुरा चुपरनेके समान, प्राणोके धारणके निमित्त वे मुनि आहार लेते है, प्राणोको धारण करना धर्मके निमित्त है और धर्मको मोक्षके निमित्त पालते है ।८१५।

प्र सा /त प.२३० बालवृद्धश्रान्तग्लानेन संयमस्य शुद्धात्मतत्त्वसाधनत्वेन मूलभूतस्य छेदो न यथा स्यात्तथा संयतस्य स्वस्य योग्यमति-कर्कशमाचरणमाचरता शरीरस्य शुद्धात्मतत्त्वसाधनभूतसंयमसाधनत्वेन मूलभूतस्य छेदो न यथा स्यात तथा बालवृद्धश्रान्त ग्लानस्य स्वस्य योग्यं मृद्वप्याचरणमाचरणीयमित्यपवादसापेक्ष उत्सर्ग ।=बाल वृद्ध-श्रान्त-ग्लानके संयमका जो कि शुद्धात्म तत्त्व का साधनभूत होनेसे मूलभूत है उसका छेद जैसे न हो उस प्रकारका संयत ऐसा अपने योग्य अति कठोर आचरण आचरते हुए (उसके) शरीरका—जोकि शुद्धात्मतत्त्वके साधनभूत संयमका साधन होनेसे मूलभूत है उसका (भी) छेद जैसे न हो उस प्रकार बाल-वृद्ध-श्रान्त-ग्लानके (अपने) योग्य मृदु आचरण भी आचरना। इस प्रकार अपवाद सापेक्ष उत्सर्ग है।

भा आ ११६-११७ अमो प्ररूढवैराग्यास्तनुमप्यनुपाल्य यत्। तपस्यन्ति चिरं तद्धि ज्ञात ज्ञानस्य वैभवम् ।११६। क्षणार्धमपि देहेन साहचर्यं सहेत कः। यदि प्रकोष्ठमादाय न स्याद्बोधो निरोधक ।११७। =जिनके हृदयमे विरक्ति उत्पन्न हुई है, वे शरीरकी रक्षा करके जो चिरकाल तक तपश्चरण करते है, वह निश्चयसे ज्ञानका ही प्रभाव है ऐसा प्रतीत होता है ।११६। यदि ज्ञान पौचे (हथेलीके ऊपरका भाग) को ग्रहण करके रोकने वाला न होता तो कौन सा विवेकी जीव उस शरीरके साथ आधे क्षणके लिए भी रहना सहन करता? अर्थात् नहीं करता।

अन.ध ४/१४० शरीर धर्मसयुक्तं रक्षितव्यं प्रयत्नत । इत्याप्तवाच-स्तत्त्वदेहस्त्याज्य एवेति ।१४०।

अन.ध ७/१ शरीरमाद्यं किल धर्मसाधनं तदस्य यत्स्थैत्यै ऽशनादिना। तथा यथाक्षाणि वशे स्युरुत्पथं, न यानुधावन्त्यनुबद्धतृड्वशात् ।१। =जिससे धर्मका साधन हो सकता है, उस शरीरकी प्रयत्नपूर्वक रक्षा करनी चाहिए इस शिक्षाको आप्त भगवान्के उपदिष्ट प्रवचनका तुष—छिलका समझना चाहिए, क्योंकि आत्म-सिद्धि के लिए शरीर रक्षाका प्रयत्न निरुपयोगी है ।१४० शरीरके बिना तप तथा और भी ऐसे ही धर्मोंका साधन नहीं हो सकता। अतएव आगममें ऐसा कहा है कि रत्नत्रय रूप धर्मका आद्य साधन शरीर है। इसीलिये साधुओंको भी भोजन पान शयन आदिके द्वारा इसके स्थिर रखनेका प्रयत्न करना चाहिए। किन्तु इस बातको लक्ष्यमें रखना चाहिए कि भोजनादिमें प्रवृत्ति ऐसी व उतनी हो हो जिससे कि इन्द्रियाँ अपने अधीन बनी रहे। ऐसा नहीं होना चाहिए कि अनादिकालकी वासनाके वशवर्ती होकर वे उन्मार्गकी तरफ भी दौडने लगे। ६।

आहारक—जीव हर अवस्थामें निरन्तर नोकर्माहार ग्रहण करता रहता है इसलिए भले ही कवलाहार करे अथवा न करे वह आहारक कहलाता है। जन्म धारणके प्रथम क्षणसे ही वह आहारक हो जाता है। परन्तु विग्रहगति व केवली समुद्घातमें वह उस आहारको ग्रहण न करनेके कारण अनाहारक कहलाता है। इसके अतिरिक्त किन्ही बडे ऋषियोंको एक ऋद्धि प्रगट हो जाती है, जिसके प्रताप से वह इन्द्रियागोचर एक विशेष प्रकारका शरीर धारण करके इस पंच भौतिक शरीरसे बाहर निकल जाते हैं, और जहाँ कहीं भी अर्हन्त भगवान् स्थित हों वहाँ तक शीघ्रतासे जाकर उनका स्पर्श कर शीघ्र लौट आते है, पुनः पूर्ववत् शरीरमे प्रवेश कर जाते हैं, ऐसे शरीरको आहारक शरीर कहते है। यद्यपि इन्द्रियों द्वारा देखा नहीं जाता पर विशेष योगियोंको ज्ञान द्वारा इसका वर्ण धवल दिखाई देता है। इस प्रकार आहारक शरीर धारकका शरीरसे बाहर निकलना आहारक समुद्घात कहलाता है। नोकर्माहारके ग्रहण करते रहनेके कारण इसकी आहारक संज्ञा है।

---

१ आहारक मार्गणा निर्देश

१ आहारक मार्गणाके भेद

२ आहारक जीवका लक्षण

३ अनाहारक जीवका लक्षण

४ आहारक जीव निर्देश

५ अनाहारक जीव निर्देश

६ आहारक मार्गणामे नोकर्मका ग्रहण है, कवलाहारका नही

★ आहारक व अनाहारक मार्गणामे गुणस्थानोंका स्वामित्व —दे. आहारक १/४-५

७ पर्याप्त मनुष्य भी अनाहारक कैसे हो सकते है

८ कार्माण कर्मयोगीको अनाहारक कैसे कहते हो

★ आहारक व अनाहारकके स्वामित्व सम्बन्धी जीव-समास, मार्गणा स्थानादि २० प्ररूपणाएँ —दे. सत्

★ आहारक व अनाहारकके सत्, संख्या, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव, अल्पबहुत्व रूप आठ प्ररूपणाएँ —दे वह वह नाम

★ आहारक मार्गणामे कर्मोका बन्ध उदय व सत्त्व —दे. वह वह नाम

★ भाव मार्गणाकी इष्टता तथा वहाँ आयके अनुसार व्यय होनेका नियम —दे. मार्गणा

२ आहारक शरीर निर्देश

१ आहारक शरीरका लक्षण

★ पाँचों शरीरोंका उत्तरोत्तर सूक्ष्मत्व व उनका स्वामित्व —दे.शरीर १.२

२ आहारक शरीरका वर्ण धवल ही होता है

३ मस्तकसे उत्पन्न होता है

४ कई लाख योजन तक अप्रतिहत गमन करनेमे समर्थ

★ आहारक शरीर सर्वथा अप्रतिघाती नही है —दे. वैक्रियक

★ आहारक शरीर नामकर्म का बन्ध उदय सत्त्व —दे. वह वह नाम

★ आहारक शरीरकी संघातन परिशातन कृति —दे. ध ९/पृ. ३५५-४५१

५ आहारक शरीरमे निगोद राशि नही होती

६ आहारक शरीरकी स्थिति

७ आहारक शरीरका स्वामित्व

★ आहारक शरीरके उत्कृष्ट व अनुत्कृष्ट प्रदेशोके संचय का स्वामित्व —दे. ष. खं १४/५,६/सू. ४४५-४६०/४१४

८ आहारक शरीरका कारण व प्रयोजन

३ आहारक समुद्घात निर्देश

१ आहारक ऋद्धिका लक्षण

२ आहारक समुद्घातका लक्षण

३ आहारक समुद्घातका स्वामित्व

४ इष्टस्थान पर्यन्त संख्यात योजन लंबे सूच्यंगुल योजन चौडे ऊँचे क्षेत्र प्रमाण विस्तार है

★ केवल एकही दिशामे गमन करता है तथा स्थिति संख्यात समय है —दे.समुद्घात

५ समुद्घात गत आत्म प्रदेशोका पुनः औदारिक शरीरमे संघटन कैसे हो

★ सातो समुद्घातके स्वामित्वकी ओघ आदेश प्ररूपणा —दे. समुद्घात

★ आहारक समुद्घातमे वर्ण शक्ति आदि —दे आहारक शरीरवत्

४ आहरक व मिश्र काययोग निर्देश

१ आहारक व आहारक मिश्र काययोगका लक्षण

२ आहारक काययोगका स्वामित्व

३ आहारक योगका स्त्री व नपुंसक वेदके साथ विरोध तथा तत्सम्बन्धी शंका समाधान आदि

★ आहारक शरीर व योगका मन.पर्ययज्ञान, प्रथमोपशमसम्यक्त्व परिहार विशुद्धि संयमसे विरोध है —दे. परिहार विशुद्धि

★ आहारक काययोग और वैक्रियक काययोगकी युगपत् प्रवृत्ति संभव नही —दे. ऋद्धि १०

४ आहारक काययोगीको अपर्याप्तपना कैसे

५ आहारक काय योगमें कथंचित् पर्याप्त अपर्याप्तपना

★ पर्याप्तावस्थामे भी कार्माण शरीर तो होता है, फिर तहाँ मिश्र योग क्यों नही कहते ? —दे. काय ३

६ आहारक मिश्रयोगीमे अपर्याप्तपना कैसे संभव है

७ यदि है तो वहाँ अपर्याप्तावस्थामे भी संयम कैसे संभव है

★ आहारक व मिश्र योगमे मरण सम्बन्धी —दे. मरण ३

१ आहारक मार्गणा निर्देश

१ आहारक मार्गणाके भेद

ष.ख १/१,१/सू. १७५/४०९ आहाराणुवादेण अत्थि आहारा अणाहारा ।१७५। =आहारक मार्गणाके अनुवादसे आहारक और अनाहारक जीव होते है ।१७५।

द्र.सं.वृ./टी.१३/४० आहारकानाहारकजीवभेदेनाहारकमार्गणापि द्विधा । =आहारक अनाहारक जीवके भेदसे आहारक मार्गणा भी दो प्रकार की है ।

२ आहारक जीवका लक्षण

प.सं./प्रा. १/१७६ आहारइ जीवाण तिण्हं एक्कदरवग्गणाओ य । भासा मणस्स णियमं तम्हा आहारओ भणिओ ।१७६। =जो जीव औदारिक वैक्रियिक और आहारक इन शरीरोमें-से-उदयको प्राप्त हुए किसी एक शरीरके योग्य शरीर वर्गणाको तथा भाषा वर्गणा और मनोवर्गणाको नियमसे ग्रहण करता है, वह आहारक कहा गया है ।१७६। (पं.सं./प्रा. १/१७७), (ध. १/१,१,५/१७७-१८/१५३), (पं. सं./सं.१/२४०), (गो. जी./मू. ६६४-६६६) ।

स.सि. २/३०/१८६/६ त्रयाणां शरीराणां षण्णां पर्याप्तीनां योग्यपुद्गलग्रहणमाहारः । =तीन शरीर और छह पर्याप्तियोके योग्य पुद्गलोको ग्रहण करनेको आहार कहते है (रा.वा. २/३०/४/१४०), (त.सा.२/६४)

रा.वा. ६/७/११/६०४/१६ उपभोगशरीरप्रायोग्यपुद्गलग्रहणमाहार तद्विपरीतोऽनाहार । तत्राहार: शरीरनामोदयात् विग्रहगतिनामोदयाभावाच्च भवति । अनाहार: शरीरनामत्रयोदयाभावात् विग्रहगतिनामोदयाच्च भवति । =उपभोग्य शरीरके योग्य पुद्गलोका आहार है । उससे विपरीत अनाहार है । शरीर नामकर्मके उदय और विग्रहगति नामकर्मके उदयाभावसे आहार होता है । शरीर नामकर्मके उदयाभाव और विग्रहगति नामकर्मके उदयसे अनाहार होता है ।

३ अनाहारक जीवका लक्षण

सं.सि. २/३०/१८६/१० तदभावनाहारक ।३०। =तीन शरीरो और छह पर्याप्तियोके योग्य पुद्गलो रूप आहार जिनके नही होता, वह अनाहारक कहलाते है । (रा.वा. २/३०/४/१४०), (रा.वा. ६/७/११-६०४/१६), (त.सा. २/६४)

४ अहारक जीव निर्देश

प.सं./प्रा. १/१७७ विग्गहगइमावण्णा केवलिणो समुहदो अजोगी य । सिद्धा य अणाहारा सेसा आहारया जीवा ।१७७। =विग्रहगत जीव, प्रतर व लोक पूरण प्राप्त सयोग केवली और अयोग केवली, तथा सिद्ध

भगवान्‌के अतिरिक्त शेष जीव आहारक होते हैं। (ध १/१,१,४/१६६/१५३), (गो जी./मू./६६६)

स. सि./२/३०/१८६/११ उपपादक्षेत्रं प्रति ऋजव्या गतौ आहारक। = जब यह जीव उपपाद क्षेत्रके प्रति ऋजुगतिमें रहता है तब आहारक होता है। (क्योंकि शरीर छोड़ने व शरीर ग्रहणके बीच एक समय का भी अन्तर पड़ने नहीं पाता।

५ अनाहारक जीव निर्देश

ष ख. १/१,१/सू १७७/४१० अणाहारा चदुसु ट्ठाणेसु विग्गहगइसमाव-ण्णाण केवलीण वा समुग्घाद-गदाणं अजोगिकेवली सिद्धा चेदि।१७७। = विग्रहगतिको प्राप्त मिथ्यात्व सासादन और अविरति सम्यग्दृष्टि गुणस्थान गत जीव तथा समुद्घातगत सयोगि केवली, इन चार गुण-स्थानोंमें रहनेवाले जीव और अयोगी केवली तथा सिद्ध अनाहारक होते हैं। (स सि १/८/३३/६), (त सा २/६५)

त सू २/३० एक द्वौ त्रीन्वाऽनाहारक। = विग्रहगतिमें एक, दो तथा तीन समयके लिए जीव अनाहारक होता है।

पं. स /प्रा. १/१७७ विग्गहगइमावण्णा केवलिदो समुहदो अजोगी य। सिद्धाय अणाहारा जीवा।१७७। = विग्रहगतिको प्राप्त हुए चारों गतिके जीव, प्रतर और लोक समुद्घातको प्राप्त सयोगि केवली और अयोगि केवली तथा सिद्ध ये सब अनाहारक होते हैं। (ध. १/१,१,४/१६६/१५३), (गो जी /मू. ६६६)

रा.वा २/३०/६/१४०/१२ विग्रहगतौ शेषस्याहारस्याभाव। = विग्रहगति में नोकर्मसे अतिरिक्त बाकीके कवलाहार, लेपाहार आदि कोई भी आहार नहीं होते।

गो. जी /मू. ६६८। कम्मइय अणाहारी अजोगिसिद्धेऽवि णायव्वो। = मिथ्यादृष्टि, सासादन और असंयत व सयोगी इनके कर्मण अवस्था विषै और अयोगी जिन व सिद्ध भगवान् इन विषै अनाहार है।

क्ष. सा /मू ६१६/७३० णवरि समुग्घादगदे पदरे तह लोगपूरणे पदरे। णत्थि तिसमये णियमा णोकम्माहारयं तत्थ।६१६। = इतना विशेष जो केवली समुद्घातको प्राप्त केवली विषै दो तो प्रतर समुद्घातके समय (आरोहण व अवरोहण) और एक लोकपूर्णका समय इन तीन समयनिविषै नोकर्मका आहार नियमसे नहीं होता।

६ आहारक मार्गणामें नोकर्माहारका ग्रहण है कवलाहार का नहीं

ध १/१,१,१७६/४०६/१० अत्र कवललेपोष्मण: कर्माहाराच्च परित्यज्य नोकर्माहारो ग्राह्य, अन्यथाहारकालविरहाभ्यां सह विरोधात्। = यहाँपर आहार शब्दसे कवलाहार, लेपाहार, उष्माहार, मानसिकाहार, कर्माहारको छोड़कर नोकर्माहारका ही ग्रहण करना चाहिए। अन्यथा आहारकाल और विरहके साथ विरोध आता है।

७ पर्याप्त मनुष्य भी अनाहारक कैसे हो सकते हैं

ध १/१,१/५०३/१ अजोगिभगवंतस्स सरीर-णिमित्तमागच्छमाणपरमाणू-णामभाव पेक्खिऊण पज्जत्ताणमणाहारित्तं लब्भदि। = प्रश्न—मनुष्यों में पर्याप्त अवस्थामें भी अनाहारक होनेका कारण क्या है? उत्तर—मनुष्योंमें पर्याप्त अवस्थामें अनाहारक होनेका कारण यह है कि अयोगिकेवली भगवान्‌के शरीरके निमित्तभूत आनेवाले परमाणुओंके अभाव देखकर पर्याप्तक मनुष्यको भी अनाहारकपना बन जाता है।

८ कार्माण काययोगीको अनाहारक कैसे कहते हो

ध. २/१,१/६६६/५ कम्मसरीरगहणमत्थित्तं पडुच्च आहारित्त किण्ण उच्चदि त्ति भणिदे ण उच्चदि, आहारस्स तिण्णि-समय-विरहकालोवलद्धीदो। = प्रश्न-कार्माण काययोगकी अवस्थामें भी कर्म वर्गणाओंके ग्रहणका अस्तित्व पाया जाता है। इस अपेक्षासे कार्माण योगी जीवोंको आहारक क्यों नहीं कहा जाता? उत्तर—उन्हें आहारक नहीं कहा जाता है, क्योंकि कार्माण काययोगके समय नोकर्म वर्गणाओंके आहार का अधिकसे अधिक तीन समय तक विरहकाल पाया जाता है। (आहारक मार्गणामें नोकर्माहार ग्रहण किया गया है कवलाहार नहीं। दे. आहार १/६)

२ आहारक शरीर निर्देश

१ आहारक शरीरका लक्षण

स. सि २/३६/१६१/७ सूक्ष्मपदार्थ निर्ज्ञानार्थम संयमपरिजिहीर्षया वा प्रमत्तसंयतेनाह्रियते निर्वर्त्यते तदित्याहारकम्। = सूक्ष्म पदार्थका ज्ञान करनेके लिए या असंयमको दूर करनेकी इच्छासे प्रमत्त संयत जिस शरीरकी रचना करता है वह आहारक शरीर है। (रा वा २/३६/७/१४६/६)

रा वा २/४६/३/१५२/२६ न ह्याहारकशरीरेणान्यस्य व्याघातो नाप्य-न्येनाहारकस्येत्युभयतो व्याघाताभावादव्याघातीति व्यपदिश्यते।

रा. वा २/४६/८/१५३/१४ दुरधिगमसूक्ष्मपदार्थ निर्णयलक्षणमाहारकम्। = न तो आहारक शरीर किसीका व्याघात करता है, न किसीसे व्याघातित ही होता है, इसलिए अव्याघाती है। सूक्ष्म पदार्थके निर्णयके लिए आहारक शरीर होता है।

ध १/१,१,५६/१६४/२६४ आहरदि अणेण मुणी सुहुमे अट्ठे सयस्स सदेहे। गत्ता केवलि-पास• ।१६४। = छठवें गुणस्थानवर्ती मुनि अपने को सन्देह होने पर जिस शरीरके द्वारा केवलीके पास जाकर सूक्ष्म पदार्थोंका आहरण करता है, उसे आहारक शरीर कहते हैं।

ध १,१,५६/२६२/३ आहरति आत्मासात्करोति सूक्ष्मानर्थानेनेति आहार:। = जिसके द्वारा आत्मा सूक्ष्म पदार्थोंका ग्रहण करता है, उसको आहारक शरीर कहते हैं।

ष खं. १४/५,६/सू २३६/३२६ णिवुणाणं वा णिण्णाणं सुहुवाणं वा आहारदव्वाणं सुहुमदरमिदि आहारयं।२३६।

ध. १४/५,६ २४०/३२७/४ णिउणा, अण्हा, मउआ···णिण्हा धवला सुअंधा सुट्ठु सुंदरा त्ति• अप्पडिहया सुहुमा णाम। आहारदव्वाण मज्झे णिउणदर णिण्णदरं खधं आहारसरीरणिप्पायणट्ठ आहारदि गेण्हदि त्ति आहारय। = निपुण, स्निग्ध और सूक्ष्म आहारक द्रव्योंमें सूक्ष्मतर है, इसलिए आहारक है।२३६। निपुण अर्थात् अण्हा और मृदु, स्निग्ध अर्थात् धवल, सुगन्ध, सुष्ठु और सुन्दर···अप्रतिहतका नाम सूक्ष्म है। आहार द्रव्योंमें-से आहारक शरीरको उत्पन्न करनेके लिए निपुणतर और स्निग्धतर स्कन्दको आहरण करता है अर्थात् ग्रहण करता है, इसलिए आहारक कहलाता है।

गो जी./मू. २३७ उत्तमअगम्हि हवे धादुविहीण सुहं असंहणणं। सुह-सठाणं धवलं हत्थपमाणं पसत्थुदयं।२३७। = सो आहारक शरीर कैसा हो रसादिक सप्तधातु करि रहित हो है। बहुरि शुभ नामकर्मके उदय तैं प्रशस्त अवयवका धारी प्रशस्त हो है, बहुरि संहनन करि रहित हो है बहुरि शुभ जो सम-चतुरस्र संस्थान वा अंगोपांगका आकार ताका धारक हो है। बहुरि चन्द्रमणि समान श्वेत वर्ण, हस्त प्रमाण हो है। प्रशस्त आहा-रक शरीर बन्धननादिक पुण्यरूप प्रकृति तिनिका उदय जाका ऐसा हो है। ऐसा आहारक शरीर उत्तमाग जो है मुनिका मस्तक तहाँ उत्पन्न हो है।

२ आहारक शरीरका वर्ण धवल ही होता है

ध. ४/१,३,२/२८/६ त च हत्थुस्सेधं हसधवल सव्वंगसुन्दरं। = एक हाथ ऊँचा, हसके समान धवल वर्ण वाला तथा सर्वांग सुन्दर होता है। (गो जी /मू २३७)

३ मस्तकसे उत्पन्न होता है

ध. ४/१,३,२/२८/७ उत्तमगसंभवं। = उत्तमांग अर्थात् मस्तकसे उत्पन्न होने वाला है। (गो जी /मू. २३७)

४ कई लाख योजन तक अप्रतिहत गमन करनेमें समर्थ

ध ४/१,३,२/२८/६ अणेयजोजणलक्खगमणक्खमं अपडिहयगमण ।=क्षण-मात्रमें कई लाख योजन गमन करनेमें समर्थ, ऐसा अप्रतिहत गमन वाला । (गो. जी /मू २३८)

५ आहारक शरीरमें निगोद राशि नहीं होती

ध. १४/५,६,९१/८१/८ आहारसरीरा पमत्तसंजदा पत्तेयसरीरा वुच्चंति, एदेसिं णिगोदजीवेहि सह संबंधाभावादो । =आहारक शरीरी, प्रमत्तसंयत ये जीव प्रत्येक शरीरवाले होते हैं। क्योंकि इनका निगोद जीवोंके साथ सम्बन्ध नहीं होता।

६ आहारक शरीरकी स्थिति

गो जी./मू /२३८ अंतोमुहुत्तकालट्ठिदी जहण्णिदरे (२३८) =बहुरि जाकी (आहारक शरीरकी) जघन्य वा उत्कृष्ट स्थिति अन्तर्मुहूर्त काल प्रमाण है ।

७ आहारक शरीरका स्वामित्व

रा. वा. २/४९/६/१५३/६ यदा आहारकशरीरं निर्वर्तयितुमारभते तदा प्रमत्तो भवतीति प्रमत्तसंयतस्येत्युच्यते । =जिस समय मुनि आहारक शरीरकी रचना करता है, उस समय प्रमत्तसंयत ही होता है । (विशेष दे. आहारक/३/३)

८ आहारक शरीरका कारण व प्रयोजन

रा वा. २/४९/४/१५३/१ कदाचिल्लब्धिविशेषसद्भावाज्ज्ञानार्थं कदाचित्सूक्ष्मपदार्थ निर्धारणार्थं संयमपरिपालनार्थं च भरतैरावतेषु केवलिविरहे जातसंशयस्तन्निर्णयार्थं महाविदेहेषु केवलिसकाशं जिगमिषुरौदारिकेण मे महानसंयमो भवतीति विज्ञानाहारकं निर्वर्तयति । =कदाचित ऋद्धिका सद्भाव जाननेके लिए, कदाचित् सूक्ष्म पदार्थोंका निर्णय करनेके लिए, संयमके परिपालनके अर्थ, भरत ऐरावत क्षेत्रमें केवली का अभाव होनेसे, तत्त्वोंमें, संशयको दूर करनेके लिए महा विदेह क्षेत्रमें और शरीरसे जाना तो शक्य नहीं है, और इससे मुझे असंयम भी बहुत होगा, इसलिए विद्वान् मुनि आहारक शरीरकी रचना करता है । (गो जी /मू. २३५-२३६,२३९)

ध.४/१,३,२/२८/७ आणाकणिट्ठदाए असंजमबहुलदाए च लद्धप्पसरूवं । =जो आज्ञाकी अर्थात् श्रुतज्ञानकी कनिष्ठता अर्थात् हीनताके होनेपर और असंयमकी बहुलता होने पर जिसने अपना स्वरूप प्राप्त किया है ऐसा है ।

ध १४/५,६,२३६/३२६/३ असंजमबहुलदा आणाकणिट्ठदा सगखेत्ते केवलिविरहो त्ति एदेहि तीहि कारणेहिं साहू आहारशरीरं पडिवज्जंति । जल-थल-आगासेसु अक्कमेण सुहुमजीवेहि दुप्परिहरणिज्जेहि आऊरिदेसु असंजमबहुलदा होदि । तप्परिणट्ठ·· आहारशरीरं साहू पडिवज्जंति । तेणेदमाहारपडिवज्जणमसंजदबहुलदाणिमित्तमिदि भण्णदि । ·तिस्से कणिट्ठदा सगखेत्ते थोवत्तं आणाकणिट्ठदा णाम । एदं विदियं कारणं । आगमं मोत्तूण अण्णपमाणं गोयरमइक्कमिदूण ट्ठिदेसुव्वप्पज्जाएसु सदेहे समुप्पण्णो सगसदेहे विणासणट्ठं परखेत्तट्ठिय सुदकेवलि-केवलीणं वा पादमूलं गच्छामि त्ति चिंतविदूण आहारसरीरेण परिणमिय गिरि सरि-सायर-मेरु-कुलसेलपायालाण गंतूण तिण्णेण पुच्छिय विणट्ठसंदेहा होदूण पडिणियत्तिदूण आगच्छंति त्ति भणिदं होइ । परखेत्तम्हि महामुणीणं केवलणाणुप्पत्ती । परिणिव्वाणगमण परिणिक्खमण वा तित्थयराणं तदियं कारणं । विडव्वणरिद्धिविरहिदा आहारलद्धिसंपण्णा साहू ओहिणाणेण सुदणाणेण वा देवागमचिंधेण वा केवलणाणुप्पत्तिमवगंतूण वंदणाभत्तीए गच्छामि त्ति चिंतिदूण आहारसरीरेण परिणमिय तप्पदेसं गंतूण तेसिं केवलीणमण्णेसिं च जिण-जिणहराणं वंदणं काऊण आगच्छंति । =असंयम बहुलता, आज्ञा कनिष्ठता और अपने क्षेत्रमें केवली विरह इस प्रकार इन तीन कारणोंसे साधु आहारक शरीरको प्राप्त होते हैं। जल, स्थल और आकाशके एक साथ दुष्परिहार्य सूक्ष्म जीवोंसे आपूरित होनेपर असंयम बहुलता होती है। उसका परिहार करनेके लिए साधु आहारक शरीरको प्राप्त होते हैं । इसलिए आहारक शरीरका प्राप्त करना असंयम बहुलता निमित्तक कहा जाता है । आज्ञा·· उसकी कनिष्ठता अर्थात् उसका अपने क्षेत्रमें थोडा होना आज्ञा-कनिष्ठता कहलाती है । यह द्वितीय कारण है । आगमको छोडकर द्रव्य और पर्यायोंके अन्य प्रमाणोंके विषय न होने पर अपने सन्देह को दूर करनेके लिए परक्षेत्रमें श्रुतकेवली और केवलीके पादमूलमें जाता हूँ ऐसा विचार कर आहारक शरीर रूपसे परिणमन करके गिरि, नदी, सागर, मेरुपर्वत, कुलाचल और पातालमें केवली और श्रुतकेवलीके पास जाकर तथा विनयसे पूछकर सन्देहसे रहित होकर लौट आते हैं, यह उक्त कथनका तात्पर्य है । परक्षेत्रमें महामुनियोंके केवलज्ञानकी उत्पत्ति और परिनिर्माणगमन तथा तीर्थंकरोंके परिनिष्क्रमण कल्याणक यह तीसरा कारण है । विक्रियाऋद्धिसे रहित और आहारक लब्धिसे युक्त साधु अवधिज्ञानसे या श्रुतज्ञानसे देवोंके आगमनके विचारसे केवलज्ञानकी उत्पत्ति जानकर वन्दना भक्तिसे जाता हूँ ऐसा विचार कर आहारक शरीर रूपसे परिणमन कर उस प्रदेशमें जाकर उन केवलियोंकी और दूसरे जिनोंकी व जिनालयोंकी वन्दना करके वापिस आते हैं ।

३ आहारक समुद्घात निर्देश

१ आहारक ऋद्धिका लक्षण

ध. १/१,१,६०/२९८/४ संयमविशेषजनिताहारशरीरोत्पादनशक्तिराहारर्द्धिरिति । =संयम विशेषसे उत्पन्न हुई आहारक शरीरके उत्पादन रूप शक्तिको आहारक ऋद्धि कहते हैं ।

२ आहारक समुद्घातका लक्षण

रा. वा. १/२०/१२/७७/१८ अल्पसावद्यसूक्ष्मार्थ ग्रहणप्रयोजनाहारकशरीरनिर्वर्त्यर्थं आहारकसमुद्घात । ·आहारकशरीरमात्मा निर्वर्तयन् श्रेणिगतित्वात् आत्मदेशानसंख्यातान्निर्गमय्य आहारकशरीरम् ...निर्वर्तयति । =अल्प हिंसा और सूक्ष्मार्थ परिज्ञान आदि प्रयोजनों के लिए आहारक शरीरकी रचनाके निमित्त आहारक समुद्घात होता है । ··आहारक शरीरकी रचनाके समय श्रेणी गति होनेके कारण··· असंख्य आत्मप्रदेश निकल कर एक अरत्नि प्रमाण आहारक शरीर को बनाते हैं ।

ध. ७/२,६,१/३००/६ आहारसमुग्घादो णाम हत्थपमाणेण सव्वंगसुंदरेण समचउरससंठाणेण हंसधवलेण रसरुधिर-मांस-मेदट्ठि-मज्ज-सुक्कसत्तधाउवज्जिएण विसग्गि सत्थादिसयलबाहामुक्केण वज्ज-सिला-थंभ-जल पव्वयगमणदच्छेण सीसादो उग्गएण देहेण तित्थयरपादमूलगमण । =हस्त प्रमाण सर्वांग सुन्दर, समचतुरस-संस्थानसे युक्त, हंसके समान धवल, रस, रुधिर, मांस, मेदा, अस्थि, मज्जा और शुक्र इन सात धातुओंसे रहित, विष अग्नि एवं शस्त्रादि समस्त बाधाओंसे मुक्त, वज्र, शिला, स्तम्भ, जल व पर्वतोंमें-से गमन करनेमें दक्ष, तथा मस्तकसे उत्पन्न हुए शरीरसे तीर्थंकरके पादमूलमें जानेका नाम आहारक समुद्घात है ।

द्र. सं./टी १०/२९ समुत्पन्नपदार्थ भ्रान्ते परमर्द्धिसंपन्नस्य महर्षेर्मूलशरीरं परित्यज्य शुद्धस्फटिकाकृतिरेकहस्तप्रमाण पुरुषो मस्तकमध्यान्निर्गम्य यत्र कुत्रचिदन्तर्मुहूर्तमध्ये केवलज्ञानिनं पश्यति तदर्शनाच्च स्वाश्रयस्य मुने पदपदार्थनिश्चयं समुत्पाद्य पुन स्वस्थाने प्रविशति, असावाहारकसमुद्घात. । =पद और पदार्थमें जिसको कुछ संशय उत्पन्न हुआ हो, उस परम ऋषिके मस्तकमें-से मूल शरीरको न छोड़कर, निर्मल स्फटिकके रंगका एक हाथका पुतला निकल कर अन्तर्मुहूर्तमें जहाँ कहीं भी केवलीको देखता है तब उन केवलीके दर्शनसे अपने आश्रय मुनिको पद और पदार्थका निश्चय उत्पन्न कराकर फिर अपने स्थानमें प्रवेशकर जावे सो आहारक समुद्घात है ।

३ आहारक समुद्घातका स्वामित्व

त. सू. २/४९ शुभ विशुद्धमव्याघाति चाहारक प्रमत्तसंयतस्यैव ।४९। = आहारक शरीर शुभ, विशुद्ध व्याघात रहित है और वह प्रमत्तसंयत के ही होता है।

स सि ८/१/३७६/२ आहारककाययोगाहारकमिश्रकाययोगयो प्रमत्तसंयते सभवात्। =प्रमत्तसंयत गुणस्थानमें आहारक ऋद्धिधारी मुनिके आहारक काय योग और आहारक मिश्र योग भी सम्भव है।

रा. वा. २/४९/७/१५३/८ प्रमत्तसंयतस्यैवाहारकं नान्यस्य। =प्रमत्तसंयतके ही आहारक शरीर होता है।

ध ४/१,३,२/२८/५ आहारसमुग्घादो णाम पत्तिड्ढोण महारिसीणं होदि।

ध. ४/१,३,२/३८/९ मिच्छाइट्ठिस्स सेस-तिण्णि विसेसणाणि ण सभवंति, तक्कारणसजमादिगुणाणमभावादो।

ध ४/१,३,६१/१२३/७ णवरि पमत्तसजदे तेजाहारं णत्थि।

ध ४/१,३,८२/१३५/६ णवरि परिहारविसुद्धो पमत्तसजदस्स उवसमसम्मत्तेण तेजाहार णत्थि। =१. जिनको ऋद्धि प्राप्त हुई है ऐसे महर्षियोंके होता है। २ मिथ्यादृष्टि जीव राशिके (आहारक समुद्घात) सम्भव नहीं, क्योंकि इसके कारणभूत गुणोका मिथ्यादृष्टि और असयत व सयतासयतोंके अभाव है। ३ (प्रमत्त सयतमें भी) परिहार विशुद्धि संयतके आहारक व तैजस समुद्घात नहीं होता। ४. प्रमत्तसयतके उपशम सम्यक्त्वके साथ आहारक समुद्घात नहीं होता है। (ध / ४/१,४,१३५/२८६/११)

४ इष्टस्थान पर्यन्त संख्यात योजन लम्बे सूच्यगुल योजन चौड़े ऊँचे क्षेत्र प्रमाण विस्तार है

गो जी/भाषा ५४७/९४६/९ आहारक समुद्घात विषैं एक जीवकैं शरीर तैं बाह्य निकसै प्रदेश तै सख्यात योजन प्रमाणलम्बा अर सूच्यंगुल का सख्यातवाँ भाग प्रमाण चौडा ऊँचा क्षेत्रकौ रोकैं। याका घनरूप क्षेत्रफल सख्यात घनागुल प्रमाण भया। इसकरि आहारक समुद्घात वाले जीवनिका सख्यात प्रमाण है ताकौ गुणैं जो प्रमाण होइ तितना आहारक समुद्घातविषैं क्षेत्र जानना। मूल शरीर तैं निकसि आहारक शरीर जहाँ जाइ तहाँ पर्यन्त लम्बी आत्माके प्रदेशनिकी श्रेणी सूच्यगुलका सख्यातवाँ भाग प्रमाणचौडी अर ऊँची आकाश विषै है

५ समुद्घात गत आत्म प्रदेशोंका पुनः औदारिक शरीर में संघटन कैसे हो

ध. १/१,१,५६/२९२/८ न च गलितायुष्कस्तस्मिन् शरीरे पुनरुत्पत्तिर्विरोधात्। ततो न तस्यौदारिकशरीरेण पुन संघटनमिति।

ध १/१,१,५६/२९३/३ सर्वात्मना तयोर्वियोगो मरण नैकदेशेन अगलादव्युपसहृतजीवावयवानां मरणानुपलम्भात् जीविताच्छिन्नहस्तेन व्यभिचाराच्च। न पुनरस्यार्थ. सर्वावयवै पूर्वशरीरपरित्याग समस्ति येनास्य मरणं जायेत। =प्रश्न—जिसकी आयु नष्ट हो गयी है ऐसे जीवकी पुन उस शरीरमें उत्पत्ति नहीं हो सकती। क्योंकि, ऐसा माननेमें विरोध आता है। अत जीवका औदारिक शरीरके साथ पुन संघटन नहीं बन सकता अर्थात् एक बार जीव प्रदेशोका आहारक शरीरके साथ सम्बन्ध हो जानेपर पुन उन प्रदेशोका पूर्व औदारिक शरीरके साथ सम्बन्ध नहीं हो सकता। उत्तर—ऐसा नहीं है, तो भी जीव और शरीरका सम्पूर्ण रूपसे वियोग ही मरण हो सकता है। उनका एकदेश रूपसे वियोग मरण नहीं हो सकता, क्योंकि जिनके कण्ठ पर्यन्त जीव प्रदेश संकुचित हो गये हैं, ऐसे जीवोंका मरण भी नहीं पाया जाता है। यदि एकदेश वियोगको भी मरण माना जावे, तो जीवित शरीरसे छिन्न होकर जिसका हाथ अलग हो गया है उसके साथ व्यभिचार आयेगा। इसी प्रकार आहारक शरीरको धारण करना इसका अर्थ सम्पूर्ण रूपसे पूर्व (औदारिक) शरीरका त्याग करना नहीं है, जिससे कि आहारक शरीरके धारण करने वालेका मरण माना जावे।

४ आहारक व मिश्र काययोग निर्देश

१ आहारक व आहारक मिश्र काययोगका लक्षण

प /स /प्रा १/९७-९८ आहरइ अणेण मुणि सुहुमे अट्ठे सयस्स सदेहे। गत्ता केवलिपास तम्हा आहारकाय जोगो सो ।९७। अंतोमुहूत्तमज्झे वियाणमिस्सं च अपरिपुण्णो त्ति। जो तेण संपयोगो आहारयमिस्सकायजोगो सो ।९८। =स्वयं सूक्ष्म अर्थ में सन्देह उत्पन्न होनेपर मुनि जिसके द्वारा केवली भगवान्के पास जाकर अपने सन्देह को दूर करता है, उसे आहारक काय कहते हैं। उसके द्वारा उत्पन्न होने वाले योगको आहारक काययोग कहते हैं। ९७। आहारक शरीरकी उत्पत्ति प्रारम्भ होनेके प्रथम समयसे लगाकर शरीर पर्याप्ति पूर्ण होने तक अन्तर्मुहूर्तके मध्यवर्ती अपरिपूर्ण शरीरको आहारक मिश्र काय कहते हैं। उसके द्वारा जो योग उत्पन्न होता है वह आहारक मिश्र काययोग कहलाता है। (गो. जी./मू. २३६)

ध. १/१,१/१६४-१६५/२९४। तम्हा आहारका जोगा ।१६४। आहारयमुत्तत्थं वियाणमिस्सं च अपरिपुण्णं ति। जो तेण संपयोगो आहारयमिस्सका जोगा ।१६५। =आहारक शरीरके द्वारा होने वाले योगको आहारक काययोग कहते हैं।१६४। आहारकका अर्थ कह आये हैं। वह आहारक शरीर जब तक पूर्ण नहीं होता तब तक उसका आहारक मिश्र कहते हैं। और उसके द्वारा जो सप्रयोग होता है उसे आहारक मिश्र काययोग कहते हैं ।१६५। (गो. जी./मू. २४०)

ध १/१,१,५६/२९३/६ आहारकार्मणस्कन्धत समुत्पन्नवीर्येण योग. आहारमिश्रकाययोग.। =आहारक और कार्मणकी वर्गणाओंसे उत्पन्न हुए वीर्यके द्वारा जो योग होता है वह आहारक मिश्र काययोग है।

२. आहारक काययोगका स्वामित्व

ध खं. १/१,१,५१/सू.५६,६३/२९७,३०६ आहारकायजोगो आहारमिस्सकायजोगो सजदाणमिड्ढिपत्ताण ।५६। आहारकायजोगो आहारमिस्सकायजोगो एक्कम्हि चेव पमत्तसजद-ट्ठाणे ।६३। =आहारक काययोग और आहारक मिश्रकाययोग ऋद्धि प्राप्त छठें गुणस्थानवर्ती सयतोके होता है ।५६। आहारक काययोग और आहारकमिश्र काययोग एक प्रमत्त गुणस्थानमें ही होते है ।६३। (सि सि. ८/२/३७६/३)

३. आहारक योगका स्त्री व नपुंसक वेदके साथ विरोध तथा तत्सम्बन्धी शंका समाधान

ध २/१,१/५१३/१ मणुसिणीण भण्णमाणे आहारआहारमिस्सकायजोगा णत्थि। किं कारणं। जेसिं भावो इत्थिवेदो दव्वं पुण पुरिसवेदा, ते जीवा सजमं पडिवज्जंति। दव्वित्थिवेदा सजमं ण पडिवज्जंति, सचेलत्तादो। भावित्थिवेदाण दव्वेण पुवेदाण पि संजदाणं णाहारिद्धीसमुप्पज्जदि दव्व-भावेहि पुरिसवेदाणमेव समुप्पज्जदि तेणित्थिवेदे पि णिरुद्धे आहारदुग णत्थि। =मनुष्यनी स्त्रियोके आलाप कहने पर आहारक मिश्रकाययोग नहीं होता। प्रश्न—मनुष्य-स्त्रियोंके आहारक काययोग और आहारक मिश्रकाययोग नहीं होनेका कारण क्या है? उत्तर—यद्यपि जिनके भावकी अपेक्षा स्त्री-वेद और द्रव्यकी अपेक्षा पुरुषवेद होता है वे (भाव स्त्री) जीव भी संयमको प्राप्त होते है। किन्तु द्रव्यकी अपेक्षा स्त्री वेदवाले जीव संयम को प्राप्त नहीं होते हैं, क्योंकि, वे सचेल अर्थात् वस्त्र सहित होते हैं। फिर भी भावकी अपेक्षा स्त्री वेदी और द्रव्यकी अपेक्षा पुरुष वेदी संयमधारी जीवोके आहारक ऋद्धि नहीं होती। किन्तु द्रव्य

और भाव इन दोनो ही वेदोकी अपेक्षासे पुरुष वेद वालेके आहारक ऋद्धि होती है। (और भी दे. वेद/६/३)

ध. २/१,१/६६७/३ अप्पसत्थवेदेहि साहारिद्धी ण उप्पज्जदि त्ति। =अप्रशस्त वेदोके साथ आहारक ऋद्धि नही उत्पन्न होते है (क.पा./पु ३/२२/§४२६/२४१/१३)

ध. २/१,१/६८१/६ आहारदुगं वेददुगोदयस्स विरोहादो। =आहारक-द्विक के साथ स्त्रीवेद और नपुसक वेदके उदय होनेका अभाव है। (गो जी./मू ७१५)

४. आहारक काययोगीको अपर्याप्तपना कैसे

ध. २/१,१/४४१/४ सजदा-संजदट्ठाणे णियमा पज्जत्ता। ·· आहारमिस्स कायजोगो अपज्जत्ताण त्ति· अणवगासत्तादो।· अणेयंतियादो· किमेदेण जाणाविज्जदि। एद सुत्तमणिच्चमिदि। =प्रश्न—(ऐसा माननेसे) सयतासंयत और सयतोके स्थानमें जीव नियमसे पर्याप्त होते है। (यह सूत्र कि) "आहारक मिश्रकाययोग अपर्याप्तकोके होता है" बाधा जाता है। उत्तर - इस सूत्रमें अनेकान्त दोष आ जाता है (क्योकि अन्य सूत्रोसे यह भी बाधित हो जाता है।) प्रश्न—(सूत्रमें पडे) इस नियम शब्दसे क्या ज्ञापित होता है। उत्तर—इससे ज्ञापित होता है कि यह सूत्र अनित्य है। कहीं प्रवृत्ति हो और कहीं प्रवृत्ति न हो इसका नाम अनित्यता है।

५. आहारक काययोगमें कथंचित् पर्याप्त अपर्याप्तपना

ध. १/१,१,९०/३३०/६ पूर्वाभ्यस्तवस्तुविस्मरणमन्तरेण शरीरोपादानाद्वा दु खमन्तरेण पूर्वशरीरपरित्यागाद्वा प्रमत्तस्तदवस्थाया पर्याप्त इत्युपचर्यते। निश्चयनयाश्रयणे तु पुनरपर्याप्त। =पहले अभ्यास की हुई वस्तुके विस्मरणके बिना ही आहारक शरीरका ग्रहण होता है, या दु:खके बिना ही पूर्व शरीर (औदारिक) का परित्याग होता है, अतएव प्रमत्त सयत अपर्याप्त अवस्थामें भी पर्याप्त है, इस प्रकारका उपचार किया जाता है। निश्चय नयका आश्रय करने पर तो वह अपर्याप्त ही है।

६. आहारक मिश्रयोगोमें अपर्याप्तपना कैसे सम्भव है

ध १/१,१,७८/३१७/१० आहारकशरीरोत्थापक पर्याप्त संयतस्वान्यथानुपपत्ते। तथा चाहारमिश्रकाययोगोऽपर्याप्तकस्येति न घटामटेदिति चेन्न, अनवगतसूत्राभिप्रायत्वात्। तद्यथा, भवत्वसौ पर्याप्तक औदारिकशरीरगतषट्पर्याप्त्यपेक्षया, आहारशरीरगतपर्याप्तिनिष्पत्त्यभावापेक्षया त्वपर्याप्तकोऽसौ। पर्याप्तापर्याप्तत्वयोर्नैकत्राक्रमेण सभवो विरोधादिति चेन्न इतीष्टत्वात्। कथं न पूर्वोऽभ्युपगम इति विरोध इति चेन्न, भूतपूर्वगतन्यायापेक्षया विरोधासिद्धे:। =प्रश्न—आहारक शरीरको उत्पन्न करने वाला साधु पर्याप्तक ही होता है। अन्यथा उसके संयतपना नही बन सकता। ऐसी हालतमें आहारक मिश्रकाययोग अपर्याप्तके होता है, यह कथन नही बन सकता? उत्तर—नहीं, क्योकि, ऐसा कहने वाला आगमके अभिप्रायको नही समझा है। आगमका अभिप्राय तो इस प्रकार है कि आहारक शरीरको उत्पन्न करने वाला साधु औदारिक शरीरगत छह पर्याप्तियोकी अपेक्षा पर्याप्तक भले ही रहा आवे, किन्तु आहारक शरीर सम्बन्धी पर्याप्तिके पूर्ण नही होने की अपेक्षा वह अपर्याप्तक है। प्रश्न—पर्याप्त और अपर्याप्तना एक साथ एक जीवमें सम्भव नहीं, क्योकि एक साथ एक जीवमें इन दोनोके रहनेमें विरोध है? उत्तर—नही, क्योकि·· यह तो हमे इष्ट ही है? प्रश्न—तो फिर हमारा पूर्व कथन क्यो न मान लिया जाये, अत आपके कथनमें विरोध आता है? उत्तर—नही, क्योकि भूतपूर्व न्यायकी अपेक्षा विरोध असिद्ध है। अर्थात औदारिक शरीर सबन्धी पर्याप्तपनेकी अपेक्षा आहारक मिश्र अवस्थामें भी पर्याप्तपनेका व्यवहार किया जा सकता है।

७. यदि है तो वहाँ अपर्याप्तावस्थामें भी संयम कैसे सम्भव है

ध. १/१,१,७८/३१८/५ विनष्टौदारिकशरीरसंबन्धषट्पर्याप्तेरपरिनिष्ठिताहारशरीरगतपर्याप्तेरपर्याप्तस्य कथं सयम इति चेन्न, सयमस्यास्रवनिरोधलक्षणस्य मन्दयोगेन सह विरोधासिद्धे:। विरोधे वा न केवलिनोऽपि समुद्घातगतस्य सयम तत्राप्यपर्याप्तिकयोगास्तित्व प्रत्यविशेषात्। 'सजदासजदट्ठाणे णियमा पज्जत्ता इत्यनेनार्षेण सह कथं न विरोध स्यादिति चेन्न, द्रव्यार्थिकनयापेक्षया प्रवृत्तसूत्रस्याभिप्रायेणाहारशरीरानिष्पत्त्यवस्थायामपि षट्पर्याप्तीनां सत्त्वाविरोधात्। =प्रश्न—जिसके औदारिक शरीर सम्बन्धी छह पर्याप्तियाँ नष्ट हो चुकी है, और आहारक शरीर सम्बन्धी पर्याप्तियाँ अभी पूर्ण नही हुई हैं ऐसे अपर्याप्तक साधुके संयम कैसे हो सकता है? उत्तर—नहीं, क्योकि जिसका लक्षण आस्रवका निरोध करना है, ऐसे संयमका मन्द योग (आहारक मिश्र) के साथ होनेमें कोई विरोध नही आता है। यदि इस मन्द योगके साथ सयमके होनेमें कोई विरोध आता हो है ऐसा माना जावे, तो समुद्घातको प्राप्त हुए केवलीके भी सयम नही हो सकेगा, क्योंकि वहाँ पर भी अपर्याप्त सम्बन्धी योगका सद्भाव पाया जाता है, इसमें कोई विशेषता नहीं है। प्रश्न—'संयतासयतसे लेकर सभी गुणस्थानोंमें जीव नियम से पर्याप्तक होते है' इस आर्ष वचनके साथ उपर्युक्त कथनका विरोध क्यो नहीं आता? उत्तर—नहीं, क्योकि द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षासे प्रवृत्त हुए इस सूत्रके अभिप्रायसे आहारक शरीरकी अपर्याप्त अवस्थामें भी औदारिक शरीर सम्बन्धी छह पर्याप्तियोके होनेमें कोई विरोध नही आता है। (ध १/१,१.९०/३२६/९)।

आहार पर्याप्ति—दे. पर्याप्ति।

आहार वर्गणा—दे. वर्गणा।

आहार संज्ञा—दे संज्ञा।

आहार्य विपर्यय—दे. विपर्यय।

आहुति मंत्र—दे मत्र १/९।

[इ]

इंगाल—वसतिका एक दोष दे.—वसति।

इंगिनी—दे. सल्लेखना ३।

इंद्र—१ प.पु.७/श्लोक। रथनूपुरके राजा सहसारका पुत्र था। रावणके दादा मालीको मारकर स्वयं इन्द्रके सदृश राज्य किया (८८) फिर आगे रावणके द्वारा युद्धमें हराया गया (३४६-३४७) अन्तमें दीक्षा लेकर निर्वाण प्राप्त किया (१०६) २. मगध देशकी राज्यवंशावलीके अनुसार यह राजा शिशुपालका पिता और कल्की राजा चतुर्मुखका दादा था। यद्यपि इसे कल्की नही कहा गया है, परन्तु जैसा कि वंशावलीमें बताया है, यह भी अत्याचारी व कल्की था। समय वी. नि. ९५८-१००० (ई ४३२-४७४)। (दे इतिहास ३/४)। ३. लोकपाल का एक भेद—दे. लोकपाल।

१. इंद्र सामान्यका लक्षण

ति.प ३/६५ इदा रायसरिच्छा।=देवोमें इन्द्र राजाके सदृश होता है।

स सि १/१४/१०८/३ इन्दतीति इन्द आत्मा। अथवा इन्द्र इति नामकर्मोच्यते।

स सि. ४/४/२३६/१ अन्यदेवासाधारणाणिमादिगुणयोगादिन्दन्तीति इन्द्राः। =इन्द्र शब्दका व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ है 'इन्द्रतीति इन्द्र' जो आज्ञा और ऐश्वर्य वाला है वह इन्द्र है। इन्द्र शब्दका अर्थ आत्मा है। अथवा इन्द्र शब्द नामकर्मका वाची है (रा.वा.१/१/१४/५६/१५); (ध १/१,१,३३/२३३/१)। जो अन्य देवोंमें असाधारण अणिमादि गुणोंके सम्बन्धसे शोभते हैं वे इन्द्र कहलाते हैं। (रा वा. ४/४/१/२१२/१६)।

२. अहमिंद्रका लक्षण

त्रि.सा २२५ । भवणे कप्पे सव्वे हवंति अहमिंदया तत्तो ॥२२५॥ = स्वर्गोंके उपरि अहमिंद्र हैं ते सर्व ही समान हैं। हीनाधिकपना तहाँ नाहीं है।

अन. ध. १/४६/६६ पर उद्धृत "अहमिन्द्रोऽस्मि नेन्द्रोऽन्यो मत्तोऽस्तीत्यात्तकत्थनाः। अहमिन्द्राख्यया ख्याति गतास्ते हि सुरोत्तमाः। नासूया परनिन्दा वा नात्मश्लाघा न मत्सरः। केवलं सुखसाद्भूता दीव्यन्त्येते दिवौकसः। =मेरे सिवाय और इन्द्र कौन है ? मैं ही तो इन्द्र हूँ। इस प्रकार अपनेको इन्द्र उद्घोषित करनेवाले कल्पातीत देव अहमिन्द्र नामसे प्रख्यात हैं। न तो उनमें असूया है और न मत्सरता ही है, एवं न ये परकी निन्दा करते और न अपनी प्रशंसा ही करते हैं। केवल परम विभूतिके साथ सुखका अनुभव करते हैं।

३. दिगिन्द्रका लक्षण

त्रि सा २२३-२२४ दिगिंदा । ।२२३। तंतरालए । २२४। =बहुरि जैसे तत्रादि राजा कहिये सेनापति तैसे लोकपाल हैं।

४. प्रतीन्द्रका लक्षण

ति प ३/६५,६६ जुवरायसमा हुवंति पडिइंदा ॥६५॥ इंदसमा पडिइंदा। ।६६। =प्रतीन्द्र युवराजके समान होते हैं (त्रि.सा २२४) प्रतीन्द्र इन्द्रके बराबर है ।६६।

ज.प.११/३०५, ३०६ ...। पडिइंदा इंदस्स दु चदुसु वि दिसासु णायव्वा ।३०५। तुल्लबलरूवविक्कमपयावजुत्ता हवंति ते सव्वे ।३०६। =इन्द्रके प्रतीन्द्र चारों ही दिशाओंमें जानने चाहिए ॥३०५॥ वे सब तुल्य बल, रूप, विक्रम एवं प्रतापसे युक्त होते हैं।

★ इन्द्रकी सुधर्मा सभाका वर्णन—दे. सौधर्म।

★ भवनवासी आदि देवोंमें इन्द्रोंका नाम निर्देश —दे. वह वह नाम।

५. शत इन्द्र निर्देश

द्र. सं./टी. १/५ पर उद्धृत "भवणालयचालीसा विंतरदेवाणहोंति बत्तीसा। कप्पामरचउवीसा चन्दो सूरो णरो तिरिओ। =भवन, वासी देवोंके ४० इन्द्र, व्यन्तर देवोंके ३२ इन्द्र; कल्पवासी देवोंके २४ इन्द्र, ज्योतिष देवोंके चन्द्र और सूर्य ये दो, मनुष्योंका एक इन्द्र चक्रवर्ती, तथा तिर्यंचोंका इन्द्र सिंह ऐसे मिलकर १०० इन्द्र हैं। (विशेष दे. वह वह नामकी देवगति)।

इंद्रक— ध १४/५,६,६४१/४६५/६ उडु आदीणि विमाणाणिंदियाणि णाम। =उडु आदिक विमान इन्द्रक कहलाते हैं।

द्र स /टी ३५/११५ इन्द्रका अन्तर्भूमय। =इन्द्रकका अर्थ अन्तर्भूमि है।

ति.प.२/३६ का विशेषार्थ "जो अपने पटलके सब बिलोंके बीचमें हो वह इन्द्रक बिल कहलाता है।" (ध.१४/५/६/६४१/४६५/८)।

ति सा.४७६ भाषा "अपने-अपने पटलके बीचमें जो एक एक विमान पाइए तिनका नाम इन्द्रक विमान है।

★ स्वर्गके इन्द्रक विमानोंका प्रमाणादि—दे. स्वर्ग ५/३,५।

★ नरकके इन्द्रक बिलोंका प्रमाणादि—दे. नरक ५/३।

इंद्रजीत—(प. पु /सर्ग/श्लोक) "रावणका पुत्र था (८/१५४) रावणकी मृत्यु पर विरक्त हो दीक्षा धारण कर ली। (७८/८१-८२) तथा मुक्तिको प्राप्त किया (८०/१२८)।

इंद्रयाग—गर्भान्वयादि क्रियाओंमें-से एक—दे. संस्कार २।

इंद्रध्वज—पूजाओंका एक भेद—दे. पूजा १।

इन्द्रनन्दि—(जैन साहित्य और इतिहास पृ. २७०/प्रेमीजी), (जै / १/३८३); (ती. २/४१६; ३/१८०) =देशीयगणके आचार्य दीक्षा गुरु वासवनन्दिके शिष्य बप्पनन्दि। शिक्षागुरु अभयनन्दि। ज्येष्ठ गुरु भाईके नाते नेमिचन्द्र सि. चक्रवर्तीके शिक्षा गुरु। (दे. इतिहास/७/५)। कृतियें-१ नीतिसार, २. समय भूषण, ३. इन्द्रनंदि संहिता; ४. मुनि प्रायश्चित्त(प्रा.), ५ प्रतिष्ठापाठ, ६ पूजा कल्प; ७. शान्तिचक्र पूजा, ८ अंकुरारोपण, ९. प्रतिभा संस्कारारोपण पूजा; १०. ज्वालामालिनी, ११. औषधि कल्प, १२ भूमिकल्प, १३. श्रुतावतार। समय—ज्वालामालिनी कल्पका रचनाकाल शक ८६१। तदनुसार ई. श. १० का मध्य।

इंद्रानन्दि संहिता—आचार्य इन्द्रनन्दि ई. श. १० की अपभ्रंश भाषाबद्ध कृति।

इंद्रपथ— पा पु १६ श्लोक "प्रवाससे लौटनेपर युधिष्ठिर इन्द्रपथ नगर बसाकर रहने लगे थे (४) क्योंकि यह कुरुक्षेत्रके पास है इसलिए वर्तमान देहली ही इन्द्रपथ है। यह सर्व प्रसिद्ध भी है।"

इंद्रपुर—१. (म.पु /प्र.४६ पं. पन्नालाल) वर्तमान इन्दौर, २. रेवा-नदी पर स्थित एक नगर—दे. मनुष्य ४।

इंद्रभूति—पूर्व भवमें आदित्य विमानमें देव थे। (म.पु.७४/३५७) यह गौतम गोत्रीय ब्राह्मण थे। वेदपाठी थे। भगवान् वीरके समवशरणमें मानस्तम्भ देखकर मानभंग हो गया और ५०० शिष्योंके साथ दीक्षा धारण कर ली। तभी सात ऋद्धियाँ प्राप्त हो गयीं (म पु. ७४/३६६-३७०)। भगवान् महावीरके प्रथम गणधर थे। (म. पु. ७४/३५६-३७२)। आपको श्रावण कृष्ण १ के पूर्वाह्न कालमें श्रुतज्ञान जागृत हुआ था। उसी तिथिकी पूर्व रात्रिमें आपने अंगोंकी रचना करके सारे श्रुतको आगम निबद्ध कर दिया। (म. पु. ७४/३६६-३७२)। कार्तिक कृ १५ को आपको केवलज्ञान प्रगट हुआ और विपुलाचल पर आपने निर्वाण प्राप्त किया। (म पु.६६/५१५-५१६)।

इंद्रराज—(क.पा.१/प्र.७३ प. महेन्द्र) गुर्जर नरेन्द्र जगत्तुंगका छोटा भाई था। इसने लाट देशके राजा श्रीवल्लभको जीतकर जगत्तुंगको वहाँका राजा बना दिया था। जगत्तुंगका ही पुत्र अमोघवर्ष प्रथम हुआ। इन्द्रराज राजाका पुत्र कर्कराज था। इसने अमोघवर्षके लिए राष्ट्रकूटोंको जीतकर उसे राष्ट्रकूटका राज्य दिलाया था। राजाजगत्तुंग के अनुसार आपका समय ई. ७९४-८१४ (विशेष दे. इतिहास ३/५)

इंद्रसेन—१. (वरांग चरित्र/सर्ग/श्लोक) मथुराका राजा (१६/५) ललितपुरके राजासे युद्ध होनेपर वरांग द्वारा युद्धमें भगाया गया (१८/१११), २ (प.पु /प्र.१२३/१६७ 'मूल'), (प पु /प्र ६ पं. पन्नालाल) सेनसंघकी गुर्वावलीके अनुसार यह दिवाकरसेनके गुरु थे। समय—वि ६२०-६६० (ई. ५६३-६०३)—दे. इतिहास ७/६।

इंद्राभिषेक—गर्भान्वयादि क्रियाओंमें-से एक—दे. संस्कार २।

इंद्रायुध—(ह. पु. ६६/५२-५३) उत्तर भारतका राजा था। इसके समयमें ही जिनसेनाचार्यने हरिवंशकी रचना प्रारम्भ की थी। तदनुसार इनका समय—श. सं. ७०५ (वि. ८४०) ई. ७५०-७८३।

(ह. पु-/प्र. ५ पं. पन्नालाल) स्व. ओझाके अनुसार इन्द्रायुध और चक्रायुध राठौर वंशमें थे। स्व चिन्तामणि विनायक वैद्यके अनु-

सार यह भण्डिकुल (वंशवंश) के थे। इनका पुत्र चक्रायुध था। इसका राज्य कन्नौजसे लेकर मारवाड तक फैला हुआ था।

इंद्रावतार—गर्भान्वयादि क्रियाओंमे से एक—दे संस्कार २।

इंद्रिय—शरीरधारी जीवको जाननेके साधन रूप स्पर्शनादि पाँच इन्द्रियाँ होती है। मनको ईषत् इन्द्रिय स्वीकार किया गया है। ऊपर दिखाई देनेवाली तो बाह्य इन्द्रियाँ है। इन्हे द्रव्येन्द्रिय कहते है। इनमें भी चक्षुपटलादि तो उस उस इन्द्रियके उपकरण होनेके कारण उपकरण कहलाते है, और अन्दरमे रहने वाला आँखकी व आत्म प्रदेशोकी रचना विशेष निर्वृत्ति इन्द्रिय कहलाती है। क्योकि वास्तवमे जाननेका काम इन्ही इन्द्रियोसे होता है उपकरणोसे नहीं। परन्तु इनके पीछे रहनेवाले जीवके ज्ञानका क्षयोपशम व उपयोग भावेन्द्रिय है, जो साक्षात जाननेका साधन है। उपरोक्त छहो इन्द्रियोमें चक्षु और मन अपने विषयको स्पर्श किये बिना ही जानती है, इसलिए अप्राप्यकारी है। शेष इन्द्रियाँ प्राप्यकारी है। संयमकी अपेक्षा जिह्वा व उपस्थ ये दो इन्द्रियाँ अत्यन्त प्रबल है और इसलिए योगीजन इनका पूर्णतया निरोध करते है।

---

१ भेद व लक्षण तथा तत्सम्बन्धी शंका समाधान

१ इन्द्रिय सामान्यका लक्षण
२ इन्द्रिय सामान्यके भेद
३ द्रव्येन्द्रियके उत्तर भेद
४ भावेन्द्रियके उत्तर भेद
★ लब्धि व उपयोग इन्द्रिय —दे. वह वह नाम
★ इन्द्रिय व मन जीतनेका उपाय —दे संयम २
५ निर्वृत्ति व उपकरण भावेन्द्रियोके लक्षण
६ भावेन्द्रिय सामान्यका लक्षण
७ पाँचों इन्द्रियोके लक्षण
८ उपयोगको इन्द्रिय कैसे कह सकते है
९ चल रूप आत्मप्रदेशोमे इन्द्रियपना कैसे घटितहोता है

२ इन्द्रियोंमें प्राप्यकारी व अप्राप्यकारीपन

१ इन्द्रियोमे प्राप्यकारी व अप्राप्यकारीपनेका निर्देश
★ चार इन्द्रियाँ प्राप्त व अप्राप्त सब विषयोको ग्रहण करती है - दे.अवग्रह ३/५
२ चक्षुको अप्राप्यकारी कैसे कहते हो
३ श्रोत्रको भी अप्राप्यकारी क्यो नही मानते
४ स्पर्शनादि सभी इन्द्रियोमे भी कथंचित् अप्राप्यकारीपने सम्बन्धी
५ फिर प्राप्यकारी व अप्राप्यकारीपनेसे क्या प्रयोजन

३ इन्द्रिय-निर्देश

१ भावेन्द्रिय ही वास्तविक इन्द्रिय है
२ भावेन्द्रियको ही इन्द्रिय मानते हो तो उपयोग शून्य दशामे या संशयादि दशामे जीव अनिन्द्रिय हो जायेगा
३ भावेन्द्रिय होनेपर ही द्रव्येन्द्रिय होती है
४ द्रव्येन्द्रियोंका आकार
५ इन्द्रियोंकी अवगाहना
६ इन्द्रियोका द्रव्य व क्षेत्रकी अपेक्षा विषय ग्रहण
७ इन्द्रियोके विषयका काम व भोग रूप विभाजन
८ इन्द्रियोके विषयो सम्बन्धी दृष्टिभेद
९ ज्ञानके अर्थमे चक्षुका निर्देश
★ मन व इन्द्रियोमे अन्तर सम्बन्धी —दे मन ३
★ इन्द्रिय व इन्द्रिय प्राणमे अन्तर —दे प्राण
★ इन्द्रियकषाय व क्रियारूप आस्रवोमे अन्तर —दे क्रिया
★ इन्द्रियोमे उपस्थ व जिह्वा इन्द्रियकी प्रधानता —दे संयम २

४ इन्द्रिय मार्गणा व गुणस्थान निर्देश

१ इन्द्रिय मार्गणाकी अपेक्षा जीवोके भेद
★ दो चार इन्द्रियवाले विकलेन्द्रिय; और पंचेन्द्रिय सकलेन्द्रिय कहलाते हैं —दे त्रस
२ एकेन्द्रियादि जीवोके लक्षण
३ एकेन्द्रियसे पंचेन्द्रिय पर्यन्त इन्द्रियोका स्वामित्व
★ एकेन्द्रियादि जीवोंके भेद —दे जीव समास
★ एकेन्द्रियादि जीवोकी अवगाहना —दे अवगाहना २
४ एकेन्द्रिय आदिकोमे गुणस्थानोंका स्वामित्व
★ सयोग व अयोग केवलीको पंचेन्द्रिय कहने सम्बन्धी —दे केवली ५
५ जीव अनिन्द्रिय कैसे हो सकता है
★ इन्द्रियोके स्वामित्व सम्बन्धी गुणस्थान, जीवसमास मार्गणा स्थानादि २० प्ररूपणाएँ —दे. सत्
★ इन्द्रिय सम्बन्धी सत् (स्वामित्व),संख्या,क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर भाव व अल्पबहुत्व रूप आठ प्ररूपणाएँ —दे. वह वह नाम
★ इन्द्रिय मार्गणामे आयके अनुसार ही व्यय होनेका नियम —दे मार्गणा
★ इन्द्रिय मार्गणामे सम्भव कर्मोका बन्ध उदय सत्त्व —दे. वह वह नाम
★ कौन-कौन जीव मरकर कहाँ-कहाँ उत्पन्न हो और क्या क्या गुण उत्पन्न करे —दे जन्म ६
★ इन्द्रिय मार्गणामे भावेन्द्रिय इष्ट है —दे इन्द्रिय ३

५ एकेन्द्रिय व विकलेन्द्रिय निर्देश

★ त्रस व स्थावर —दे वह वह नाम
★ एकेन्द्रियोंमे जीवत्वकी सिद्धि —दे. स्थावर
★ एकेन्द्रियोंका लोकमे अवस्थान —दे स्थावर
★ एकेन्द्रिय व विकलेन्द्रिय नियमसे सम्मूर्छिम ही होते है —दे. सम्मूर्च्छन
★ एकेन्द्रिय व विकलेन्द्रियोमे अंगोपाग,संस्थान, संहनन व दुःस्वर सम्बन्धी नियम —दे. उदय

१ एकेन्द्रिय असंज्ञी होते हैं

★ एकेन्द्रिय आदिकोंमें मनके अभाव सम्बन्धी —दे. संज्ञी

★ एकेन्द्रिय जाति नामकर्मके बन्ध योग्य परिणाम —दे जाति

★ एकेन्द्रियोंमें सासादन गुणस्थान सम्बन्धी चर्चा —दे जन्म

★ एकेन्द्रिय आदिकोंमें क्षायिक सम्यक्त्वके अभाव सम्बन्धी —दे तिर्यञ्च गति

★ एकेन्द्रियोंसे सीधा निकल मनुष्य हो क्षायिक सम्यक्त्व व मोक्ष प्राप्त करनेकी सम्भावना —दे. जन्म ५

★ विकलेन्द्रिय व पंचेन्द्रिय जीवोंका लोकमें अवस्थान —दे तिर्यञ्च ३

१. भेद व लक्षण तथा तत्सम्बन्धी शंका-समाधान

१. इन्द्रिय सामान्यका लक्षण

पं. स./प्रा. १/६५ अहमिंदा जह देवा अविसेस अहमहं त्ति मण्णंता। ईसंति एक्कमेक्कं इंदा इव इंदिय जाणे ॥६५॥ =जिस प्रकार अहमिन्द्र-देव बिना किसी विशेषताके 'मैं इन्द्र हूँ, मैं इन्द्र हूँ' इस प्रकार मानते हुए ऐश्वर्यका स्वतन्त्र रूपसे अनुभव करते हैं, उसी प्रकार इन्द्रियों-को जानना चाहिए। अर्थात् इन्द्रियाँ अपने-अपने विषयोंको सेवन करनेमें स्वतन्त्र है। (ध. १/१,१,४/८५/१३७), (गो जी /मू. १६४), (पं.सं./स. १/९८)

स सि.१/१४/१०८/३ इन्दतीति इन्द्र आत्मा। तस्य ज्ञस्वभावस्य तदा-वरणक्षयोपशमे सति स्वयमर्थान् गृहीतुमसमर्थस्य यदर्थोपलब्धिलिङ्ग तदिन्द्रस्य लिङ्गमिन्द्रियमित्युच्यते। अथवा लीनमर्थं गमयतीति लिङ्गम्। आत्मन सूक्ष्मस्यास्तित्वाधिगमे लिङ्गमिन्द्रियम्। यथा इह धूमोऽग्ने ।...अथवा इन्द्र इति नामकर्मोच्यते। तेन सृष्टमिन्द्रिय-मिति। =१. इन्द्र शब्दका व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ है, 'इन्दतीति इन्द्र' जो आज्ञा और ऐश्वर्य वाला है वह इन्द्र है। यहाँ इन्द्र शब्दका अर्थ आत्मा है। वह यद्यपि ज्ञस्वभाव है तो भी मतिज्ञानावरणके क्षयोप-शमके रहते हुए स्वयं पदार्थोंको जाननेमें असमर्थ है। अतः उसको जो जाननेमें लिंग (निमित्त) होता है वह इन्द्रका लिंग इन्द्रिय कही जाती है। २ अथवा जो लीन अर्थात् गूढ पदार्थका ज्ञान कराता है उसे लिंग कहते हैं। इसके अनुसार इन्द्रिय शब्दका अर्थ हुआ कि जो सूक्ष्म आत्माके अस्तित्वका ज्ञान करानेमें लिंग अर्थात् कारण है उसे इन्द्रिय कहते हैं। जैसे लोकमें धूम अग्निका ज्ञान करानेमें कारण होता है। ३. अथवा इन्द्र शब्द नामकर्मका वाची है। अतः यह अर्थ हुआ कि जिससे रची गयी इन्द्रिय है। (रा. वा. १/१४/१/५६), (रा.वा.२/१५/१-२/१२६), (रा वा.६/७/११/६०३/२८), (ध १/१,१,३३/२३२/१), (ध.७/२,१,२/६/७)

ध १/१,१,४/१३५-१३७/६ प्रत्यक्षनिरतानीन्द्रियाणि। अक्षाणीन्द्रियाणि। अक्षमक्षं प्रति वर्तत इति प्रत्यक्षविषयोऽक्षजो बोधो वा। तत्र निरतानि व्यापृतानि इन्द्रियाणि। स्वेषा विषय, स्वविषयस्तत्र निश्चयेन निर्णयेन रतानीन्द्रियाणि।... अथवा इन्दनादाधिपत्यादिन्द्रियाणि। =१ जो प्रत्यक्षमें व्यापार करती है उन्हें इन्द्रियाँ कहते हैं। जिसका खुलासा इस प्रकार है अक्ष इन्द्रियको कहते हैं और जो अक्ष अक्षके प्रति अर्थात् प्रत्येक इन्द्रियके प्रति रहता है, उसे प्रत्यक्ष कहते हैं। जो कि इन्द्रियोंका विषय अथवा इन्द्रियजन्य ज्ञानरूप पड़ता है। उस इन्द्रिय विषय अथवा इन्द्रिय ज्ञान रूप जो प्रत्यक्षमें व्यापार करती है, उन्हें इन्द्रियाँ कहते हैं। २ इन्द्रियाँ अपने-अपने विषयमें रत है। अर्थात् व्यापार करती है। (ध ७/२,१,२/६/७)। ३. अथवा अपने-अपने विषयका स्वतन्त्र आधिपत्य करनेसे इन्द्रियाँ कहलाती है।

गो.जी./जी.प्र १६५ में उद्धृत "यदिन्द्रस्यात्मनो लिङ्ग यदि वा इन्द्रेण कर्मणा। सृष्ट जुष्टं तथा दृष्ट दत्त वेति तदिन्द्रिय। =इन्द्र जो आत्मा ताका चिह्न सो इन्द्रिय है। अथवा इन्द्र जो कर्म ताकरि निपज्या वा सेया वा तैसे देख्या वा दीया सो इन्द्रिय है।

२. इन्द्रिय सामान्यके भेद

त सू. २/१५-१६,१९ पञ्चेन्द्रियाणि ॥१५॥ द्विविधानि ॥१६॥ स्पर्शनरसन-घ्राणचक्षुश्श्रोत्राणि ॥१९॥ =इन्द्रियाँ पाँच है ॥१५॥ वे प्रत्येक दो-दो प्रकारकी है ॥१६॥ स्पर्शन, रसन, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र ये इन्द्रियाँ है ।१९। (रा.वा ६/१७/११/६०३/२९)

स सि २/१६/१७९/१ कौ पुनस्तौ द्वौ प्रकारौ द्रव्येन्द्रियभावेन्द्रियमिति। =प्रश्न—वे दो प्रकार कौन-से है? उत्तर-द्रव्येन्द्रिय और भावेन्द्रिय (रा.वा २/१६/१/१३०/२), (ध १/१ १,३३/२३०/२), (गो जी /मू १६५)

३. द्रव्येन्द्रियके उत्तर-भेद

त सू. २/१७ निर्वृत्त्युपकरणे द्रव्येन्द्रियम् ॥१७॥ सा द्विविधा, बाह्याभ्य-न्तरभेदात् (स सि)। =निर्वृत्ति और उपकरण रूप द्रव्येन्द्रिय है ॥१७॥ निर्वृत्ति दो प्रकारकी है—बाह्य निर्वृत्ति और आभ्यन्तर-निर्वृत्ति। (स सि २/१७/१७५/४), (रा वा २/१७/२/१३०), (ध.१/१, १ ३०/२३२/२)

स.सि २/१७/१७५/८ पूर्ववत्तदपि द्विविधम्। =निर्वृत्तिके समान यह भी दो प्रकारकी है-बाह्य और आभ्यन्तर। (रा वा २/१७/६/१३०/१६) (ध १/१ १,३३/२३६/३)

४ भावेन्द्रियके उत्तर-भेद

त सू २/१८ लब्ध्युपयोगौ भावेन्द्रियम् ॥१८॥ =लब्धि और उपयोग रूप भावेन्द्रिय है। (ध १/१,१,३३/२३६/५)

५ निर्वृत्ति व उपकरण भावेन्द्रियोंके लक्षण

स सि २/१७/१७५/३ निर्वृत्यते इति निर्वृत्ति। केन निर्वृत्यते। कर्मणा। सा द्विविधा, बाह्याभ्यन्तरभेदात्। उत्सेधाङ्गुलासंख्येय-भागप्रमिताना शुद्धात्मप्रदेशाना प्रतिनियतचक्षुरादीन्द्रियसंस्थानेना-वस्थितानां वृत्तिराभ्यन्तरा निर्वृत्ति। तेष्वात्मप्रदेशेष्विन्द्रियव्यप-देशभाञ्जु य प्रतिनियतसंस्थाननामकर्मोदयापादितावस्थाविशेष' पुद्गलप्रचय सा बाह्या निर्वृत्ति। येन निर्वृत्तेरुपकार क्रियते तदुप-करणम्। पूर्ववत्तदपि द्विविधम्। तत्राभ्यन्तरकृष्णशुक्लमण्डल बाह्य-मक्षिपत्रपक्ष्मद्वयादि। एव शेषेष्वपीन्द्रियेषु ज्ञेयम्। =रचनाका नाम निर्वृत्ति है। प्रश्न—यह रचना कौन करता है? उत्तर—कर्म। निर्वृत्ति दो प्रकारकी है—बाह्य और आभ्यन्तर। उत्सेधांगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण और प्रतिनियत चक्षु आदि इन्द्रियोंके आकार रूपसे अवस्थित शुद्ध आत्म प्रदेशोंकी रचनाको आभ्यन्तर निर्वृत्ति कहते है। तथा इन्द्रिय नामवाले उन्हीं आत्मप्रदेशोंमें प्रतिनियत आकार रूप और नामकर्मके उदयसे विशेष अवस्थाको प्राप्त जो पुद्गल प्रचय होता है उसे बाह्य निर्वृत्ति कहते है। जो निर्वृत्तिका उपकार करता है उसे उपकरण कहते है। यह भी दो प्रकारका है।... नेत्र इन्द्रियमें कृष्ण और शुक्लमण्डल आभ्यन्तर उपकरण है तथा पलक और दोनों बरौनी आदि बाह्य उपकरण है। इसी प्रकार शेष इन्द्रियोंमें भी जानना चाहिए। (रा वा २/१७/२-७/१३०), (ध १/१,१ ३३/२३२/२), (ध १/१,१,३३/२३४/६), (ध १/१,१, ३३/२३६/३), (त सा २/४३)

त सा २/४१-४२ नेत्रादीन्द्रियसंस्थानावस्थितानां हि वर्तनम्। विशुद्धा-त्मप्रदेशानां तत्र निर्वृत्तिरान्तरा ॥४१॥ तेष्वेवात्मप्रदेशेषु करणव्यप-देशेषु। नामकर्मकृतावस्थ पुद्गलप्रचयोऽपरा ॥४२॥ =बाह्य व

आंतर निर्वृत्तियोंमें-से आन्तर निर्वृत्ति वह है कि जो कुछ आत्म-प्रदेशोंकी रचना नेत्रादि इन्द्रियोंके आकारको धारण करके उत्पन्न होती है। वे आत्म प्रदेश इतर प्रदेशोंसे अधिक विशुद्ध होते है। ज्ञानके व ज्ञान साधनके प्रकरणमें ज्ञानावरणक्षयोपशमजन्य निर्मलता-को विशुद्धि कहते है ॥४१॥ इन्द्रियाकार धारण करनेवाले अन्तरंग इन्द्रिय नामक आत्मप्रदेशोंके साथ उन आत्मप्रदेशोंको अवलम्बन देने वाले जो शरीराकार अवयव इकट्ठे होते है उसे बाह्य निर्वृत्ति कहते है। इन शरीरावयवोंकी इकट्ठे होकर इन्द्रियावस्था बननेके लिए अंगोपांग आदि नामकर्मके कुछ भेद सहायक होते हैं।

गो जी /टी १६५/३६१/१८ पुनस्तेष्विन्द्रियेषु तत्तदावरणक्षयोपशमविशिष्टात्मकप्रदेशसंस्थानमभ्यन्तरनिर्वृत्ति। तदवष्टब्धशरीरप्रदेशसंस्थानं बाह्यनिर्वृत्ति। इन्द्रियपर्याप्त्यागतनोकर्मवर्गणास्कन्धरूपस्पर्शादिविषय-ज्ञानसहकारि यत्तदभ्यन्तरमुपकरणम्। तदाश्रयभूतत्वगादिकं बाह्यमुपकरणमिति ज्ञातव्यम्। १६५। =शरीर नामकर्मसे रचे गये शरीर के चिन्ह विशेष सो द्रव्येन्द्रिय है। तहाँ जो निज-निज इन्द्रियावरण-की क्षयोपशमताकी विशेषता लिए आत्मा के प्रदेशनिका संस्थान सो आभ्यन्तर निर्वृत्ति है। बहुरि तिस ही क्षेत्रविषै जो शरीरके प्रदेश-निका संस्थान सो बाह्य निर्वृत्ति है। बहुरि उपकरण भी-- तहाँ इन्द्रिय पर्याप्तिकरि आयी जो नोकर्मवर्गणा तिनिका स्कन्धरूप जो स्पर्शादिविषय ज्ञानका सहकारी होइ सो तौ आभ्यन्तर उपकरण है अर ताके आश्रयभूत जो चामडी आदि सो बाह्य उपकरण है। ऐसा विशेष जानना।

६ भावेन्द्रिय सामान्यका लक्षण

रा वा १/१५/१३/६२/७ इन्द्रियभावपरिणतो हि जीवो भावेन्द्रिय-मिष्यते। =इन्द्रिय भाव से परिणत जीव ही भावेन्द्रिय शब्द सेकहना इष्ट है।

गो. जी /मू १६५ मदिआवरणखओवसमुत्थविसुद्धी हु तज्जबोहो। भावेंदियम्। १६५। =मतिज्ञानावरण कर्मके क्षयोपशमसे उत्पन्न जो आत्माकी (ज्ञानके क्षयोपशम रूप) विशुद्धि उससे उत्पन्न जो ज्ञान वह तो भावेन्द्रिय है।

७. पाँचों इन्द्रियोंके लक्षण

स सि. २/१९/१७७/२ लोके इन्द्रियाणां पारतन्त्र्यविवक्षा दृश्यते। अनेनाक्ष्णा सुष्ठु पश्यामि, अनेन कर्णेन सुष्ठु शृणोमीति। ततः पार-तन्त्र्यात्स्पर्शनादीनां करणत्वम्। वीर्यान्तरायमतिज्ञानावरणक्षयोप-शमाङ्गोपाङ्गनामलाभवष्टम्भादात्मना स्पृश्यतेऽनेनेति स्पर्शनम्। रस्यते ऽनेनेति रसनम्। घ्रायतेऽनेनेति घ्राणम्। चक्षोरनेकार्थत्वाद्दर्शनार्थ-विवक्षायां चष्टे अर्थान्पश्यत्यनेनेति चक्षुः। श्रूयतेऽनेनेति श्रोत्रम्। स्वातन्त्र्यविवक्षा च दृश्यते। इदं मे अक्षि सुष्ठु पश्यति। अयं मे कर्ण सुष्ठु शृणोति। ततः स्पर्शनादीनां कर्तरि निष्पत्तिः। स्पृश-तीति स्पर्शनम्। रसतीति रसनम्। जिघ्रतीति घ्राणम। चष्टे इति चक्षु। शृणोति इति श्रोत्रम्। =लोकमें इन्द्रियोंकी पारतन्त्र्य विवक्षा देखी जाती है जैसे इस आँखसे मै अच्छा देखता हूँ, इस कानसे मै अच्छा सुनता हूँ अत पारतन्त्र्य विवक्षामें स्पर्शन आदि इन्द्रियोंका करणपना बन जाता है। वीर्यान्तराय और मतिज्ञाना-वरणकर्मके क्षयोपशमसे तथा अंगोपांग नामकर्मके आलम्बनसे आत्मा जिसके द्वारा स्पर्श करता है वह स्पर्शन इन्द्रिय है, जिसके द्वारा स्वाद लेता है वह रसनाइन्द्रिय है, जिसके द्वारा सूंघता है वह घ्राण इन्द्रिय है। चक्षि धातुके अनेक अर्थ है। उनमेंसे यहाँ दर्शन रूप अर्थ लिया गया है, इसलिए जिसके द्वारा पदार्थोंको देखता है वह चक्षु इन्द्रिय है तथा जिसके द्वारा सुनता है वह श्रोत्र इन्द्रिय है। इसी प्रकार इन इन्द्रियोंकी स्वातन्त्र्य विवक्षा भी देखी जाती है। जैसे यह मेरी आँख अच्छी तरह देखती है, यह मेरा कान अच्छी तरह सुनता है। और इसलिए इन स्पर्शन आदि इन्द्रियोंकी कर्ता कारक में सिद्धि होती है। यथा– जो स्पर्श करती है वह स्पर्शन इन्द्रिय है, जो स्वाद लेती है वह रसन इन्द्रिय है, जो सूंघती है वह घ्राण इन्द्रिय है, जो देखती है वह चक्षु इन्द्रिय है, जो सुनती है वह कर्ण इन्द्रिय है। (रा. वा /२/१९/१/१३१/४) (ध. १/१,१,३३/२३७/६, २४१/५, २४३/४, २४५/५, २४७/२)।

८. उपयोगको इन्द्रिय कैसे कह सकते हैं

ध. १/१,१,३३/२३६/८ उपयोगस्य तत्फलत्वादिन्द्रियव्यपदेशानुपपत्ति-रिति चेन्न,कारणधर्मस्य कार्यानुवृत्तेः। कार्यं हि लोके कारणमनुवर्त-मान दृष्टं यथा घटाकापरिणत विज्ञानं घट इति। तथेन्द्रियनिर्वृत्त उपयोगोऽपि इन्द्रियमित्यपदिश्यते। इन्द्रस्य लिङ्गमिन्द्रेण सृष्टमिति वा य इन्द्रियशब्दार्थः, स क्षयोपशमे प्राधान्येन विद्यत इति तस्येन्द्रिय-व्यपदेशो न्याय्यइति। =प्रश्न—उपयोग इन्द्रियोंका फल है, क्योंकि, उसकी उत्पत्ति इन्द्रियोंसे होती है, इसलिए उपयोगको इन्द्रिय संज्ञा देना उचित नहीं है? उत्तर—नहीं, क्योंकि, कारणमें रहनेवाले धर्म-की कार्यमें अनुवृत्ति होती है अर्थात कार्य लोकमें कारणका अनुकरण करता हुआ देखा जाता है। जैसे, घटके आकारसे परिणत हुए ज्ञान को घट कहा जाता है, उसी प्रकार इन्द्रियोंसे उत्पन्न हुए उपयोगको भी इन्द्रिय संज्ञा दी गयी है। (रा वा २/१८/३-४/१३०)।

९. चलरूप आत्म प्रदेशोंमें इन्द्रियपना कैसे घटित होता है

ध. १/१,१,३३/२३२/७ आह, चक्षुरादीनामिन्द्रियाणां क्षयोपशमो हि नाम स्पर्शनेन्द्रियस्येव किमु सर्वात्मप्रदेशेषूपजायते, उत प्रतिनिय-तेष्विति। किं चातः, न सर्वात्मप्रदेशेषु स्वसर्वावयवैः रूपाद्युपलब्धि प्रसङ्गात्। अस्तु चेन्न, तथानुपलम्भात्। न प्रतिनियतात्मावयवेषु-वृत्तेः 'सिया द्विया, सिया अट्ठिया, सिया द्वियाट्ठिया' (ष. खं /प्र०१२ ४,२,११,५/सू ५-७/३६७) इति वेदनासूत्रतोऽवगतभ्रमणेषु जीवप्रदेशेषु प्रचलत्सु सर्वजीवानामान्ध्यप्रसङ्गादिति। नैष दोष, सर्वजीवावयवेषु क्षयोपशमस्योत्पत्त्यभ्युपगमात्। न सर्वावयवैः रूपाद्युपलब्धिरपि तत्सहकारिकारणबाह्यनिर्वृत्तेरशेषजीवावयव्यापित्वाभावात्।

ध १/१,१,३३/२३४/४ द्रव्येन्द्रियप्रमितजीवप्रदेशानां न भ्रमणमिति किन्नेष्यत इति चेन्न,तद्भ्रमणमन्तरेणाशुभ्रमज्जीवाना भ्रमद्भूम्यादि दर्शनानुपपत्तेः इति। =प्रश्न–जिस प्रकार स्पर्शन-इन्द्रियकाक्षयोपशम सम्पूर्ण आत्मप्रदेशोंमें उत्पन्न होता है उसी प्रकार चक्षु आदि इन्द्रियों का क्षयोपशम क्या सम्पूर्ण आत्मप्रदेशोंमें उत्पन्न होता है, या प्रति-नियत आत्मदेशोंमें। १. आत्माके सम्पूर्ण प्रदेशोंमें क्षयोपशम होता है यह तो माना नहीं जा सकता है, क्योंकि ऐसा मानने पर आत्मा-के सम्पूर्ण अवयवोंसे रूपादिकको उपलब्धिका प्रसंग आ जाएगा। २. यदि कहा जाय, कि सम्पूर्ण अवयवोंसे रूपादिककी उपलब्धि होती ही है, सो यह भी कहना ठीक नहीं है, क्योंकि, सर्वांग-से रूपादिका ज्ञान होता हुआ पाया नहीं जाता। इसलिए सर्वांगमें तो क्षयोपशम माना नहीं जा सकता है। ३. और यदि आत्माके अतिरिक्त अवयवोंमें चक्षु आदि इन्द्रियोंका क्षयोपशम माना जाय, सो भी कहना नहीं बनता है, क्योंकि ऐसा मान लेनेपर 'आत्मप्रदेश चल भी है, अचल भी है और चलाचल भी है, इस प्रकार वेदना प्राभृतके सूत्रसे आत्मप्रदेशों का भ्रमण अवगत हो जानेपर, जीव प्रदेशों की भ्रमणरूप अवस्थामें सम्पूर्ण जीवोंकी अन्धपनेका प्रसंग आ जायेगा, अर्थात उस समय चक्षु आदि इन्द्रियाँ रूपादिको ग्रहण नहीं कर सकेंगी। उत्तर—यह कोई दोष नहीं है,क्योंकि जीवके सम्पूर्ण प्रदेशोंमें क्षयोपशमकी उत्पत्ति स्वीकारकी है। परन्तु ऐसा मान लेने पर भी, जीवके सम्पूर्ण प्रदेशोंके द्वारा रूपादिककी उपलब्धिका प्रसंग भी नहीं आता है, क्योंकि, रूपादिके ग्रहण करने में सहकारी कारण रूप बाह्य निर्वृत्ति जीवके सम्पूर्ण प्रदेशोंमें नहीं पायी जाती है। प्रश्न—द्रव्येन्द्रिय प्रमाण जीव प्रदेशों का भ्रमण नहीं होता, ऐसा क्यों नहीं मान लेते हो? उत्तर—नहीं, क्योंकि, यदि द्रव्येन्द्रिय प्रमाण

जीवप्रदेशोंका भ्रमण नहीं माना जावे, तो अत्यन्त द्रुतगतिसे भ्रमण करते हुए जीवोंको भ्रमण करती हुई पृथिवी आदिका ज्ञान नहीं हो सकता है।

२. इन्द्रियोंमें प्राप्यकारी व अप्राप्यकारीपना

१. इन्द्रियोंमें प्राप्यकारी व अप्राप्यकारीपनेका निर्देश

पं. स /प्रा.१/६८पुट्ठं सुणेइ सद्दं अपुट्ठं पुण वि पस्सदे रूवं। फासं रस च गंध बद्धं पुट्ठं वियाणेइ।६८। =श्रोत्रेन्द्रिय स्पृष्ट शब्दको सुनती है। चक्षुरिन्द्रिय अस्पृष्ट रूपको देखती है। स्पर्शनेन्द्रिय रसनेन्द्रिय और घ्राणेन्द्रिय क्रमशः बद्ध और स्पृष्ट, स्पर्श,रस और गन्धको जानती है।६८।

स सि. १/१९/११८ पर उद्धृत "पुट्ठं सुणेदि सद्दं अपुट्ठं चेव पस्सदे रूवं गंधं रसं च फासं पुट्ठमपुट्ठं वियाणादि। =श्रोत्र स्पृष्ट शब्दको सुनता है और अस्पृष्ट शब्दको भी सुनता है, नेत्र अस्पृष्ट रूपको ही देखता है। तथा घ्राण रसना और स्पर्शन इन्द्रियाँ क्रमसे स्पृष्ट और अस्पृष्ट गन्ध, रस और स्पर्शको जानती है।

ध १३/५,५,२७/२२५/१३ सव्वेसु इंदिएसु अपत्तत्थग्गहणसत्तिसंभवादो। =सभी इन्द्रियोंमें अप्राप्त ग्रहणकी शक्तिका पाया जाना सम्भव है।

२. चक्षुको अप्राप्यकारी कैसे कहते हो

स. सि १/१९/११८/६ चक्षुषोऽप्राप्यकारित्वं कथमध्यवसीयते। आगमतो युक्तितश्च। आगमतः (दे २/१/१)। युक्तितश्च अप्राप्यकारि चक्षुः, स्पृष्टानवग्रहात्। यदि प्राप्यकारि स्यात् त्वगिन्द्रियवत् स्पृष्टमञ्जनं गृह्णीयात् न तु गृह्णात्यतो मनोवदप्राप्यकारीत्यवसेयम्। =प्रश्न—चक्षु इन्द्रिय अप्राप्यकारी है यह कैसे जाना जाता है? उत्तर—आगम और युक्तिसे जाना जाता है। आगमसे (दे. २/१/१) युक्तिसे यथा—चक्षु इन्द्रिय अप्राप्यकारी है, क्योंकि वह स्पृष्ट पदार्थको नहीं ग्रहण करती। यदि चक्षु इन्द्रिय प्राप्यकारी होती तो वह त्वचा इन्द्रियके समान स्पृष्ट हुए अंजनको ग्रहण करती। किन्तु वह स्पृष्ट अंजनको नहीं ग्रहण करती है इससे मालूम होता है कि मनके समान चक्षु इन्द्रिय अप्राप्यकारी है। (रा वा. १/१९/२/६७/१२)।

रा वा १/१९/२/६७/२३ अत्र केचिदाहुः—प्राप्यकारि चक्षुः आवृतानवग्रहात् त्वगिन्द्रियवदिति, अत्रोच्यते—काचाभ्रपटलस्फटिकावृतार्थावग्रहे सति अव्यापकत्वादसिद्धो हेतुः भौतिकत्वात् प्राप्यकारि चक्षुरग्निवदिति चेत्; न, अयस्कान्तेनैव प्रत्युक्तत्वात्। ...अयस्कान्तोपलमप्राप्यलोहमाकर्षदपि न व्यवहितमाकर्षति नातिविप्रकृष्टमिति संशयावस्थमेतदिति। अप्राप्यकारित्वे संशयविपर्ययाभाव इति चेत्, न, प्राप्यकारित्वेऽपि तदविशेषात्। कश्चिदाह—रश्मिवच्चक्षुः तैजसत्वात्, तस्मात्प्राप्यकारीति, अग्निवदिति; एतच्चायुक्तम्, अनभ्युपगमात्। तेजोलक्षणमौष्ण्यमिति कृत्वा चक्षुरिन्द्रियस्थानमुष्णं स्यात्। न च तद्देशं स्पर्शनेन्द्रियम् उष्णस्पर्शोपलम्भि दृष्टमिति। इतश्च, अतैजसं चक्षुः भासुरत्वानुपलब्धेः...नक्तंचररश्मिदर्शनाद् रश्मिवच्चक्षुरिति चेत्, न, अतैजसोऽपि पुद्गलद्रव्यस्य भासुरत्वपरिणामोपलब्धेरिति। किंच, गतिमद्वैधर्म्यात्। इह यद् गतिमद्भवति न तत् संनिकृष्टविप्रकृष्टावर्थविभिन्नकालं प्राप्नोति, न च तथा चक्षुः। चक्षुर्हि शाखाचन्द्रमसावभिन्नकालमुपलभते, तस्मान्न गतिमच्चक्षुरिति। यदि च प्राप्यकारि चक्षुः स्यात्, तमिस्रायां रात्रौ दूरेऽग्नौ प्रज्वलति तत्समीपगतद्रव्योपलम्भनं भवति कुतो नान्तरालगतद्रव्यालोचनम्।...किंच, यदि प्राप्यकारि चक्षुः स्यात् सान्तराधिकग्रहणं न प्राप्नोति। नहीन्द्रियान्तरविषये गन्धादौ सान्तरग्रहणं दृष्टं नाप्यधिकग्रहणम्। पूर्वपक्ष—चक्षु प्राप्यकारी है क्योंकि वह ढके हुए पदार्थको नहीं देखती? जैसे कि स्पर्शनेन्द्रिय? उत्तर—काँच अभ्रक, स्फटिक आदिसे आवृत पदार्थोंको चक्षु बराबर देखती है। अतः पक्षमें भी अव्यापक होनेसे उक्त हेतु असिद्ध है। पूर्व—भौतिक होनेसे अग्निवत् चक्षु प्राप्यकारी है? उत्तर—चुम्बक भौतिक होकर भी अप्राप्यकारी है।...जिस प्रकार चुम्बक अप्राप्त लोहेको खींचता है परन्तु अति दूरवर्ती अतीत अनागत या व्यवहित लोहेको नहीं खींचता। उसी प्रकार चक्षु भी न व्यवहितको देखता है न अति दूरवर्तीको ही, क्योंकि पदार्थोंकी शक्तियाँ मर्यादित हैं। पूर्व—चक्षुके अप्राप्यकारी हो जानेपर चाक्षुष ज्ञान संशय व विपर्ययसे युक्त हो जाएगा? उत्तर—नहीं,क्योंकि प्राप्यकारीमें भी वह पाये ही जाते हैं। पूर्व—चक्षु चूंकि तेजो द्रव्य है। अतः इसके किरणें होती हैं, और यहाँ किरणोंके द्वारा पदार्थसे सम्बन्ध करके ही ज्ञान करता है जैसे कि अग्नि? उत्तर—चक्षुको तेजो द्रव्य मानना अयुक्त है। क्योंकि अग्नि तो गरम होती है, अतः चक्षु इन्द्रियका स्थान उष्ण होना चाहिए। अग्निकी तरह चक्षु में रूप (प्रकाश) भी होना चाहिए पर न तो चक्षु उष्ण है, और न भासुररूपवाली है। पूर्व—बिल्ली आदि निशाचर जानवरों की आँखें रातको चमकती हैं अतः आँखें तेजो द्रव्य हैं। उत्तर—यह कहना भी ठीक नहीं है क्योंकि पार्थिव आदि पुद्गल द्रव्योंमें भी कारणवश चमक उत्पन्न हो जाती है—जैसे पार्थिव मणि व जलीय बर्फ। पूर्व—चक्षु गतिमान है, अतः पदार्थोंके पास जाकर उसे ग्रहण करती है। उत्तर—जो गतिमान होता है, वह समीपवर्ती व दूरवर्ती पदार्थोंसे एक साथ सम्बन्ध नहीं कर सकता जैसे कि—स्पर्शनेन्द्रिय। किन्तु चक्षु समीपवर्ती शाखा और दूरवर्ती चन्द्रमाको एक साथ जानता है। अतः गतिमानसे विलक्षण प्रकारका होनेसे चक्षु अप्राप्यकारी है। यदि गतिमान होकर चक्षु प्राप्यकारी होता तो अँधियारी रातमें दूर देशवर्ती प्रकाशको देखते समय उसे प्रकाशके पासमें रखे पदार्थोंका तथा मध्यके अन्तरालमें स्थित पदार्थोंका ज्ञान भी होना चाहिए। यदि चक्षु प्राप्यकारी होता तो जैसे शब्द कानके भीतर सुनाई देता है उसी तरह रूप भी आँखके भीतर ही दिखाई देना चाहिए था। आँखके द्वारा जो अन्तरालका ग्रहण और अपनेसे बड़े पदार्थोंका अधिक रूपमें ग्रहण होता है वह नहीं होना चाहिए।

३. श्रोत्र को भी अप्राप्यकारी क्यों नहीं मानते

रा वा. १/१९/२/६८/२४ कश्चिदाह—श्रोत्रमप्राप्यकारि विप्रकृष्टविषयग्रहणादिति, एतच्चायुक्तम्, असिद्धत्वात्। साध्यं तावदेतत्—विप्रकृष्टं शब्दं गृह्णाति श्रोत्रम् उत घ्राणेन्द्रियवदवगाढं स्वविषयभावपरिणतं पुद्गलद्रव्यं गृह्णाति इति। विप्रकृष्ट-शब्द ग्रहणे च स्वकर्णान्तर्विलग्नं मशकशब्दो नोपलभ्येत। नहीन्द्रियं किंचिदेकं दूरस्पृष्टविषयग्राहि दृष्टमिति।...प्राप्तावग्रहे श्रोत्रस्य दिग्देशभेदविशिष्टविषयग्रहणाभाव इति चेत्, न; शब्दपरिणतविसर्पत्पुद्गलवेगशक्तिविशेषस्य तथा भावोपपत्तेः, सूक्ष्मत्वात् अप्रतिघातात् समन्तात् प्रवेशाच्च। =पूर्व—(बौद्ध कहते हैं) श्रोत्र भी चक्षुकी तरह अप्राप्यकारी है, क्योंकि वह दूरवर्ती शब्दको सुन लेता है? उत्तर—यह मत ठीक नहीं है, क्योंकि श्रोत्रका दूरसे शब्द सुनना असिद्ध है। वह तो नाककी तरह अपने देशमें आये हुए शब्द पुद्गलोंको सुनता है। शब्द वर्गणाएँ कानके भीतरही पहुँचकर सुनायी देती हैं। यदि कान दूरवर्ती शब्दको सुनता है तो उसे कानके भीतर घुसे हुए मच्छरका भिनभिनाना नहीं सुनाई देना चाहिए, क्योंकि कोई भी इन्द्रिय अति निकटवर्ती व दूरवर्ती दोनों प्रकारके पदार्थोंको नहीं जान सकती। पूर्व—श्रोत्रको प्राप्यकारी माननेपर भी 'अमुक देशकी अमुक दिशामें शब्द है' इस प्रकार दिग्देशविशिष्टताके विरोध आता है? उत्तर—नहीं, क्योंकि वेगवान् शब्द परिणत पुद्गलोंके त्वरित और नियत देशादिसे आनेके कारण उस प्रकारका ज्ञान हो जाता है। शब्द पुद्गल अत्यन्त सूक्ष्म हैं, वे चारों ओर फैलकर श्रोताओंके कानोंमें प्रविष्ट होते हैं। कहीं प्रतिघात भी प्रतिकूल वायु और दीवार आदि से हो जाता है।

४ स्पर्शनादि सभी इन्द्रियोंमें भी कथंचित् अप्राप्यकारीपने संबन्धी

ध १/१,१,११५/३५५/२ शेषेन्द्रियेष्वप्राप्तार्थ ग्रहणं नोपलभ्यत इति चेन्न, एकेन्द्रियेषु योग्यदेशस्थितनिधिषु निधिस्थित प्रदेश एव प्रारोहमुक्त्यन्यथानुपपत्तित स्पर्शनस्याप्राप्तार्थ ग्रहणसिद्धे'। शेषेन्द्रियाणामप्राप्तार्थग्रहण नोपलभ्यत इति चेन्माभूदुपलम्भस्तथापि तदस्त्येव। यद्य पलम्भास्त्रिकालगोचरमशेष पर्यच्छेत्स्यदनुपलब्धस्याभावोऽभविष्यत्। न चैवमनुपलम्भात्। =प्रश्न शेष इन्द्रियोंमें अप्राप्तका ग्रहण नहीं पाया जाता है, इसलिए उनसे अर्थावग्रह नहीं होना चाहिए? उत्तर—नहीं, क्योंकि एकेन्द्रियोंमें उनका योग्य देशमें स्थित निधिवाले प्रदेशमे ही अकुरोंका फैलाव अन्यथा बन नहीं सकता, इसलिए स्पर्शन इन्द्रियके अप्राप्त अर्थका ग्रहण, अर्थात अर्थावग्रह, बन जाता है। प्रश्न —इस प्रकार यदि स्पर्शन इन्द्रियके अप्राप्त अर्थका ग्रहण करना बन जाता है तो बन जाओ। फिर भी शेष इन्द्रियोंके अप्राप्त अर्थका ग्रहण नहीं पाया जाता है? उत्तर—नहीं क्योंकि, यदि शेष इन्द्रियो से अप्राप्त अर्थका ग्रहण करना क्षायोपशमिक ज्ञानके द्वारा नहीं पाया जाता है तो मत पाया जावे। तो भी वह है ही, क्योंकि यदि हमारा ज्ञान त्रिकाल गोचर समस्त पदार्थोंको जाननेवाला होता तो अनुपलब्धका अभाव सिद्ध हो जाता अर्थात् हमारा ज्ञान यदि सभी पदार्थोंको जानता तो कोई भी पदार्थ उसके लिए अनुपलब्ध न होता। किन्तु हमारा ज्ञान तो त्रिकालवर्ती पदार्थोंको जाननेवाला है नहीं, क्योंकि सर्वपदार्थोंको जाननेवाले ज्ञानकी हमारे उपलब्धि हो नहीं होती है।

ध १३/५,५,२७/२२५/१३ होदु णाम अपत्थगहणं चक्खिंदियणोइंदियाण, ण सेसिंदियाणं; तहोवलभाभावादो त्ति। ण, एइंदिएसु फासिंदियस्स अपत्तणिहिग्गहणुवलभादो। तदुवलभो च तत्थ पारोहमोच्छणादुवलब्भदे। सेसिंदियाणपत्तत्थग्गहण कुदोवगम्मदे। जुत्तीदो। तं जहा-घाणिंदिय-जिब्भिंदिय-फासिंदियाणमुक्कस्सविसओ णवजोयणाणि। जदि एदेसिमिंदिया मुक्कस्सखओवसमगदजीवो णवसु जोयणेसु ट्ठिददव्वेहिंतो विप्पडिय आगदपोग्गलाणं जिब्भा-घाण-फासिंदिएसु लग्गाण रस-गंध फासे जाणदि तो समत्तदो णवजोयणब्भंतरट्ठिदग्गहभक्खण तग्गधजणिदअसादं च तस्स पसज्जेज्ज। ण च एवं, तिण्हिंदियखओवसमगचक्कवट्टीण पि असायसायर तोपवेसप्पसंगादो। किं च-तिण्हखओवसमगदजीवाणं मरणं पि होज्ज, णवजोयणब्भंतरट्ठियविसेण जिब्भाए संबंधेण घादियाण णवजोयणब्भंतरट्ठिदअण्णिमा दज्झमाणाणं च जीवाणुवलंभादो। किं च—ण तेसिं महुरभोयणं पि संभवदि, सगखेत्तोत्तोट्ठियतियदुअ-पिचुमंदकडुइरसेण मिलिददुद्धस्स महुरत्ताभावादो। तम्हा सेसिंदियाणं पि अपत्तग्गहणमत्थि त्ति इच्छिदव्व। =पूर्व—चक्षुइन्द्रिय और नोइन्द्रियके अप्राप्त अर्थ करना रहा आवे, किन्तु शेष इन्द्रियोंके वह नहीं बन सकता, क्योंकि, वे अप्राप्त अर्थको ग्रहण करती हुई नहीं उपलब्ध होती? उत्तर- नहीं, क्योंकि एकेन्द्रियोंमें स्पर्शन इन्द्रिय अप्राप्त निधिको ग्रहण करती हुई उपलब्ध होती है, और यह बात उस ओर प्रारोह छोड़नेसे जानी जाती है। पूर्व—शेष इन्द्रियाँ अप्राप्त अर्थको ग्रहण करती हैं, यह किस प्रमाणसे जाना जाता है? उत्तर—१. युक्तिसे जाना जाता है। यथा-घ्राणेन्द्रिय, जिह्वेन्द्रिय और स्पर्शनेंद्रियका उत्कृष्ट विषय नौ योजन है। यदि इन इन्द्रियोंके उत्कृष्ट क्षयोपसमको प्राप्त हुआ जीव नौ योजनके भीतर स्थित द्रव्योंमें से निकलकर आये हुए तथा जिह्वा, घ्राण और स्पर्शन इन्द्रियोंसे लगे हुए पुद्गलोंके, रस, गन्ध और स्पर्शको जानता है तो उसके चारों ओरसे नौ योजनके भीतर स्थित विष्ठाके भक्षण करनेका और उसकी गंधके सूँघनेसे उत्पन्न हुए दुःखका प्रसंग प्राप्त होगा। परन्तु ऐसा नहीं, क्यों कि ऐसा माननेपर इन्द्रियोंके तीव्र क्षयोपशमको प्राप्त हुए चक्रवर्तियों के भी असाता रूपी सागरके भीतर प्रवेश करनेका प्रसंग आता है। २. दूसरे, तीव्र क्षयोपशम को प्राप्त हुए जीवोंका मरण भी हो जायेगा क्योंकि नौ योजनके भीतर स्थित अग्निसे जलते हुए जीवोंका जीना नहीं बन सकता है। ३. तीसरे ऐसे जीवोंके मधुर भोजनका करना भी सम्भव नहीं है, क्योंकि, अपने क्षेत्रके भीतर स्थित तीखे रसवाले वृक्ष और नीमके कटुक रससे मिले हुए दूधमें मधुर रसका अभाव हो जायेगा। इसीलिए शेष इन्द्रियाँ भी अप्राप्त अर्थको ग्रहण करती हैं, ऐसा स्वीकार करना चाहिए।

५ फिर प्राप्यकारी व अप्राप्यकारीसे क्या प्रयोजन

ध. १/१,१,११५/३५६/३ न कात्स्न्येनाप्राप्तमर्थस्यानि सृतत्वमुक्तत्व वा ब्रूमहे यतस्तदवग्रहादि निदानमिन्द्रियाणामप्राप्यकारित्वमिति। किं तर्हि। कथं चक्षुरनिन्द्रियाभ्यामनि सृतानुक्तावग्रहादि तयोरपि प्राप्यकारित्वप्रसगादिति चेन्न योग्यदेशावस्थितेरेव प्राप्तेरभिधानात्। तथा च रसगधस्पर्शानां स्वग्राहिभिरिन्द्रियै स्पष्टं स्वयोग्यदेशाव स्थिति शब्दस्य च। रूपस्य चक्षुषाभिमुखतया, न तत्परिच्छेदिना चक्षुषा प्राप्यकारित्व मनि सृतानुक्तावग्रहादिसिद्धे'। =पदार्थके पूरी तरहसे अनिसृतपनेको और अनुक्तपनेको हम प्राप्त नहीं कहते है। जिससे उनके अवग्रहादिका कारण इन्द्रियोंका अप्राप्यकारीपना होवे। प्रश्न—तो फिर अप्राप्यकारीपनेसे क्या प्रयोजन है? और यदि पूरी तरहसे अनि सृतत्व और अनुक्तत्वको अप्राप्त नहीं कहते हो तो चक्षु और मनसे अनि सृत और अनुक्तके अवग्रहादि कैसे हो सकेंगे? यदि चक्षु और मनसे भी पूर्वोक्त अनि सृत और अनुक्तके अवग्रहादि माने जावेंगे तो उन्हें भी प्राप्यकारित्वका प्रसंग आ जायेगा? उत्तर—नहीं क्योंकि, इन्द्रियोंके ग्रहण करनेके योग्य देशमें पदार्थोंकी अवस्थितिको ही प्राप्ति कहते है। ऐसी अवस्थामें रस, गंध और स्पर्शका उनको ग्रहण करनेवाली इन्द्रियोंके साथ अपने-अपने योग्य देशमें अवस्थित रहना स्पष्ट है। शब्दका भी उसको ग्रहण करनेवाली इन्द्रियके साथ अपने योग्य देशमें अवस्थित रहना स्पष्ट है। उसी प्रकार रूपका चक्षुके साथ अभिमुख रूपसे अपने देशमें अवस्थित रहना स्पष्ट है, क्योंकि, रूपको ग्रहण करनेवाले चक्षुके साथ रूपका प्राप्यकारीपना तथा अनि सृत व अनुक्तका अवग्रह आदि नहीं बनता है।

३ इन्द्रिय-निर्देश

१ भावेन्द्रिय ही वास्तविक इन्द्रिय है

ध.१।१,१,३७/२६३/४ केवलिभिर्व्यभिचारादिति नैष दोष भावेन्द्रियतः पञ्चेन्द्रियत्वाभ्युपगमात्। प्रश्न—केवलीमें पंचेन्द्रिय होते हुए भी भावेन्द्रियाँ नहीं पायी जाती है, इसीलिए व्यभिचार दोष आता है? उत्तर—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि यहाँपर भावेन्द्रियोंकी अपेक्षा पंचेन्द्रियपना स्वीकार किया है।

ध २/१,१/४४४/४ दव्वेंदियाणं णिप्पत्ति पडुच्च के वि दस पाणे भणंति। तण्ण घडदे। कुदो। भाविंदियाभावादो। भाविंदिय णाम पंचण्हमिंदियाण खओवसमो। ण सो खीणावरणे अत्थि। अध दव्विंदियस्स जदि गहणं कीरदि तो सण्णीणमपज्जत्तकाले सत्त पाणा पिंडिदूण दो चेव पाणा भवंति, पंचण्हं दव्वेंदियाणमभावादो। =कितने ही आचार्य द्रव्येन्द्रियोंकी पूर्णताकी अपेक्षा केवलीके दश प्राण कहते है, परन्तु उनका ऐसा कहना घटित नहीं होता, क्योंकि, सयोगी जिनके भावेन्द्रियाँ नहीं पायी जाती है। पाँचों इन्द्रियावरण कर्मके क्षयोपशमको भावेन्द्रियाँ कहते है। परन्तु जिनका आवरण कर्म समूल नष्ट हो गया है उनके वह क्षयोपशम नहीं होता है। और यदि प्राणोंमें द्रव्येन्द्रियोंका ही ग्रहण किया जावे तो संज्ञी जीवोंके अपर्याप्त-

कालमें सात प्राणोंके स्थानपर कुल दो ही प्राण कहे जायेंगे, क्योंकि, उनके पाँच द्रव्येन्द्रियोंका अभाव होता है।

ध ६/२,१,१५/६१/६ पंचिंदियावरणस्स सव्वघादिफद्दयाणं संतोवसमेण देसघादिफद्दयाणमुदएण चक्खु सोद-घाण-जिब्भिंदियावरणाणं देसघादिफद्दयाणमुदयक्खएण तेसिं चेव संतोवसमेण तेसिं सव्वघादिफद्दयाणमुदएण जो उप्पण्णो जीवपरिणामो सो खओवसमिओ वुच्चदे। कुदो। पुव्वुत्ताणं फद्दयाणं खओवसमे हि उप्पण्णत्तादो। तस्स जीवपरिणामस्स एइंदियमिदि सण्णा।

ध. ६/२,१,१५/६६/५ फासिंदियावरणादीणं मदिआवरणे अंतब्भावादो। =स्पर्शेन्द्रियावरण कर्मके सर्वघाती स्पर्धकोंके सत्त्वोपशमसे, उसीके देशघाती स्पर्धकोंके उदयसे, चक्षु, श्रोत्र, घ्राण और जिह्वा इन्द्रियावरण कर्मोंके देशघाती स्पर्धकोंके उदय क्षयसे जो जीव परिणाम उत्पन्न होता है उसे क्षयोपशम कहते हैं, क्योंकि, वह भाव पूर्वोक्त स्पर्धकोंके क्षय और उपशम भावोंसे ही उत्पन्न होता है। इसी जीव परिणामकी एकेन्द्रिय संज्ञा है। स्पर्शनेन्द्रियादिक आवरणोंका मति आवरणमें ही अन्तर्भाव हो जानेसे उनके पृथक् उपदेशकी आवश्यकता नहीं समझी गयी।

२ भावेन्द्रियको ही इन्द्रिय मानते हो तो उपयोग शून्य दशामें या संशयादि दशामें जीव अनिन्द्रिय हो जायेगा

ध १/१,१,४/१३६/१ इन्द्रियवैकल्यमनोऽनवस्थानानध्यवसायालोकाद्यभावावस्थायां क्षयोपशमस्य प्रत्यक्षविषयव्यापाराभावात्तत्रात्मनोऽनिन्द्रियत्वं स्यादिति चेन्न, गच्छतीति गौरिति व्युत्पादितस्य गोशब्दस्यागच्छद्गोपदार्थेऽपि प्रवृत्त्युपलम्भात्। भवतु तत्र रूढिबललाभादिति चेदत्रापि तल्लाभादेवास्तु, न कश्चिद्दोष। विशेषभावतस्तेषां सङ्करव्यतिकररूपेण व्यापृति व्याप्नोतीति चेन्न, प्रत्यक्षे नीतिनियमिते रतानीति प्रतिपादनात्। संशयविपर्ययावस्थायां निर्णयात्मकरतेरभावात्तत्रात्मनोऽनिन्द्रियत्वं स्यादिति चेन्न, रूढिबललाभादुभयत्र प्रवृत्त्यविरोधात्। अथवा स्ववृत्तिरतानीन्द्रियाणि। संशयविपर्ययनिर्णयादौ वर्तन वृत्ति तस्या स्ववृत्तौ रतानीन्द्रियाणि। निर्व्यापारावस्थाया नेन्द्रियव्यपदेश स्यादिति चेन्न, उक्तोत्तरत्वात्। =प्रश्न—इन्द्रियोंकी विकलता, मनकी चचलता और अनध्यवसायके सद्भावमें तथा प्रकाशादिकके अभावरूप अवस्थामें क्षयोपशमका प्रत्यक्ष विषयमें व्यापार नहीं हो सकता है, इसलिए उस अवस्थामें आत्माके अनिन्द्रियपना प्राप्त हो जायेगा? उत्तर—ऐसा नहीं है, क्योंकि जो गमन करती है उसे गौ कहते हैं। इस तरह 'गौ' शब्दकी व्युत्पत्ति हो जानेपर भी नहीं गमन करनेवाले गौ पदार्थमें भी उस शब्दकी प्रवृत्ति पायी जाती है। प्रश्न—भले ही गौ पदार्थमें रूढिके बलसे गमन नहीं करती हुई अवस्थामें भी 'गौ' शब्दकी प्रवृत्ति होओ। किन्तु इन्द्रिय वैकल्यादि रूप अवस्थामें आत्माके इन्द्रियपना प्राप्त नहीं हो सकता है? उत्तर—यदि ऐसा है तो आत्मामें भी इन्द्रियोंकी विकलतादि कारणोंके रहनेपर रूढिके बलसे इन्द्रिय शब्दका व्यवहार मान लेना चाहिए। ऐसा मान लेनेमें कोई दोष नहीं आता है। प्रश्न—इन्द्रियोंके नियामक विशेष कारणोंका अभाव होनेसे उनका संकर और व्यतिकर रूपसे व्यापार होने लगेगा। अर्थात् या तो वे इन्द्रियाँ एक दूसरी इन्द्रियके विषयके विषयको ग्रहण करेंगी या समस्त इन्द्रियोंका एक ही साथ व्यापार होगा? उत्तर ऐसा कहना ठीक नहीं है, क्योंकि इन्द्रियाँ अपने नियमित विषयमें ही रत हैं, अर्थात् व्यापार करती हैं, ऐसा पहले ही कथन कर आये हैं। इसलिए संकर और व्यतिकर दोष नहीं आता है। प्रश्न—संशय और विपर्यय रूप ज्ञानकी अवस्थामें निर्णयात्मक रति अर्थात् प्रवृत्तिका अभाव होनेसे उस अवस्थामें आत्माको अनिन्द्रियपनेकी प्राप्ति हो जावेगी? उत्तर—१. नहीं, क्योंकि रूढिके बलसे निर्णयात्मक और अनिर्णयात्मक इन दोनों अवस्थाओंमें इन्द्रिय शब्दकी प्रवृत्ति माननेमें कोई विरोध नहीं आता है। २. अथवा अपनी-अपनी प्रवृत्तिमें जो रत हैं उन्हें इन्द्रियाँ कहते हैं इसका खुलासा इस प्रकार है। संशय और विपर्यय ज्ञानके निर्णय आदिके करनेमें जो प्रवृत्ति होती है, उसे वृत्ति कहते हैं। उस अपनी वृत्तिमें जो रत हैं उन्हें इन्द्रियाँ कहते हैं। प्रश्न—जब इन्द्रियाँ अपने विषयमें व्यापार नहीं करती हैं, तब उन्हें व्यापार रहित अवस्थामें इन्द्रिय संज्ञा प्राप्त नहीं हो सकेगी? उत्तर—ऐसा नहीं कहना, क्योंकि इसका उत्तर पहले दे आये हैं कि रूढिके बलसे ऐसी अवस्थामें भी इन्द्रिय व्यवहार होता है।

३ भावेन्द्रिय होनेपर ही द्रव्येन्द्रिय होती है

ध १/१,१,४/१३५/७ शब्दस्पर्शरसरूपगन्धज्ञानावरणकर्मणां क्षयोपशमाद्द्रव्येन्द्रियनिबन्धनादिन्द्रियाणीति यावत्। भावेन्द्रियकार्यत्वाद्द्रव्येन्द्रियस्य व्यपदेशः। नेयमदृष्टपरिकल्पना कार्यकारणोपचारस्य जगति सुप्रसिद्धस्योपलम्भात्। =(वे इन्द्रियाँ) शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गन्ध नामके ज्ञानावरण कर्मके क्षयोपशमसे और द्रव्येन्द्रियोंके निमित्तसे उत्पन्न होती हैं। क्षयोपशमरूप भावेन्द्रियोंके होनेपर ही द्रव्येन्द्रियोंकी उत्पत्ति होती है, इसलिए भावेन्द्रियाँ कारण हैं, और द्रव्येन्द्रियाँ कार्य हैं, और इसलिए द्रव्येन्द्रियोंको भी इन्द्रिय संज्ञा प्राप्त होती है। अथवा, उपयोग रूप भावेन्द्रियोंकी उत्पत्ति द्रव्येन्द्रियोंके निमित्तसे होती है, इसलिए भावेन्द्रिय कार्य है और द्रव्येन्द्रियाँ कारण हैं, इसलिए भी द्रव्येन्द्रियोंको इन्द्रिय संज्ञा प्राप्त है। यह कोई अदृष्ट कल्पना नहीं है, क्योंकि कार्यगत धर्मका कारणमें और कारणगत धर्मका कार्यमें उपचार जगत्में निमित्त रूपसे पाया जाता है।

४ द्रव्येन्द्रियोंका आकार

मू.आ १०९१ जवणालिया मसूरिअ अतिमुत्तयचदए खुरप्पे य। इंदियसठाणा खलु फासस्स अणेयसठाणं ॥१०९१॥ =श्रोत्र, चक्षु, घ्राण, जिह्वा इन चार इन्द्रियोंका आकार क्रमसे जौकी नली, मसूर, अतिमुक्तक पुष्प, अर्धचन्द्र अथवा खुरपा इनके समान है और स्पर्शन इन्द्रिय अनेक आकार रूप है। (पं सं/प्रा १/६६), (रा वा १/१९/६/६६/२६), (ध १/१,१,३३/१३४/२३६), (ध. १/१,१,३३/२३४/७), (गो जी/मू १७१-१७२), (पं सं/सं १/१४३)

५ इन्द्रियोंकी अवगाहना

ध १/१,१,३३/२३४/७ मसूरिकाकारा अङ्गुलस्यासंख्येयभागप्रमिता चक्षुरिन्द्रियस्य बाह्यनिर्वृत्तिः। यवनालिकाकारा अङ्गुलस्यासंख्येयभागप्रमिता श्रोत्रस्य बाह्यनिर्वृत्तिः। अतिमुक्तकपुष्पसंस्थाना अङ्गुलस्यासंख्येयभागप्रमिता घ्राणनिर्वृत्तिः। अर्धचन्द्राकारा क्षुरप्राकारा वाङ्गुलस्य संख्येयभागप्रमिता रसननिर्वृत्तिः। स्पर्शनेन्द्रियनिर्वृत्तिरनियतसंस्थाना। सा जघन्येन अङ्गुलस्यासंख्येयभागप्रमिता सूक्ष्मशरीरेषु, उत्कर्षेण संख्येयघनाङ्गुलप्रमिता महामत्स्यादित्रसजीवेषु। सर्वतः स्तोकाश्चक्षुष, प्रदेशाः, श्रोत्रेन्द्रियप्रदेशाः संख्येयगुणाः, घ्राणेन्द्रियप्रदेशा विशेषाधिकाः, जिह्वायामसंख्येयगुणाः स्पर्शने संख्येयगुणाः। =मसूरके समान आकारवाली और घनागुलके असंख्यातवें भागप्रमाण चक्षु इन्द्रियकी बाह्य निर्वृत्ति होती है। यवकी नालीके समान आकारवाली और घनागुलके असंख्यातवें भागप्रमाण श्रोत्र इन्द्रियकी बाह्य निर्वृत्ति होती है। कदम्बके फूलके समान आकारवाली और घनागुलके असंख्यातवें भागप्रमाण घ्राण इन्द्रियकी बाह्य निर्वृत्ति होती है। अर्धचन्द्र अथवा खुरपाके समान आकारवाली और घनागुलके संख्येय भाग प्रमाण रसना इन्द्रियकी बाह्य निर्वृत्ति होती है। स्पर्शन इन्द्रियकी बाह्यनिर्वृत्ति अनियत आकारवाली होती है। वह जघन्य प्रमाणकी अपेक्षा घनागुलके असंख्यातवें भागप्रमाण सूक्ष्म निगोदिया लब्ध्यपर्याप्तक जीवके (ऋजुगतिसे उत्पन्न होनेके तृतीय समयवर्ती) शरीरमें पायी जाती है, और उत्कृष्ट प्रमाणकी

अपेक्षा संख्यात घनांगुल प्रमाण महामत्स्य आदि त्रस जीवोंके शरीरमें पायी जाती है। चक्षु इन्द्रियके अवगाहनारूप प्रदेश सबसे कम हैं, उनसे संख्यातगुणे श्रोत्र इन्द्रियके प्रदेश है। उनसे अधिक घ्राण इन्द्रियके प्रदेश है। उनसे असंख्यात गुणे जिह्वाइन्द्रियके प्रदेश है। और उनसे असंख्यातगुणे स्पर्शन इन्द्रियके प्रदेश है।

६ इन्द्रियोंका द्रव्य व क्षेत्रकी अपेक्षा विषय ग्रहण

१ द्रव्य की अपेक्षा

त सू. २/१९-२१ स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्राणि ।१९। स्पर्शरसगन्धवर्णशब्दास्तदर्थाः ।२०। श्रुतमनिन्द्रियस्य ।२१। =स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र ये इन्द्रियाँ है ॥१९॥ इनके क्रमसे स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण और शब्द ये विषय है ।२०। श्रुत (ज्ञान) मनका विषय है। (प. सं./प्रा. १/१८), (पं.सं./सं. १/८१)

रा.वा. ५/१९/३१/४७२/३० मनोलब्धिमतः आत्मनः मनस्त्वेन परिणामिताः पुद्गलाः तिमिरान्धकारादिबाह्याभ्यन्तरेन्द्रियप्रतिघातहेतुसंनिधानेऽपि गुणदोषविचारस्मरणादिव्यापारे साचिव्यमनुभवन्ति, अतोऽस्त्यन्तःकरणं मनः। =मनोलब्धि वाले आत्माके जो पुद्गल मनरूपसे परिणत हुए है वे अन्धकार तिमिरादि बाह्येन्द्रियोंके उपघातक कारणोंके रहते हुए भी गुणदोष विचार और स्मरण आदि व्यापारमें सहायक होते ही है। इसलिए मनका स्वतन्त्र अस्तित्व है।

ध. १३/५,५,२८/२२८/१३ णोइन्दियादो दिट्ठ सुदाणुभूदेसु अत्थेसु णोईदियादो पुधभूदेसु ज णाणमुप्पज्जदि सो णोइन्दिय अत्थोग्गहो णाम।...सुदाणुभूदेसु दव्वेसु लोगंतरट्ठिदेसु वि अत्थोग्गहो त्ति कारणेणअद्धाणणियमाभावादो। =नोइन्द्रियके द्वारा उससे पृथक्भूत दृष्ट, श्रुत और अनुभूत पदार्थोंका जो ज्ञान उत्पन्न होता है वह नोइन्द्रिय अर्थावग्रह है। क्योंकि लोकके भीतर स्थित हुए श्रुत और अनुभूत विषयका भी नोइन्द्रियके द्वारा अर्थावग्रह होता है, इस कारणसे यहाँ क्षेत्रका नियम नहीं है।

प.ध./पू. ७१५ स्पर्शनरसनघ्राणं चक्षुः श्रोत्रं च पंचकं यावत्। मूर्तग्राहकमेकं मूर्तामूर्तस्य वेदकं च मनः ।५१७। =स्पर्शन, रसन, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र ये पाँचों ही इन्द्रियाँ एक मूर्तीक पदार्थको जाननेवाली है। मन मूर्तीक तथा अमूर्तीक दोनों पदार्थोंको जानने वाला है।

२ क्षेत्रकी अपेक्षा उत्कृष्ट विषय

(मू.आ. १०९२-१०९८), (रा.वा. १/१९/९/७०/३), (ध. ९/४,१,४५/१५२-१५७/१५८), (ध. १३/५,५,२८/२२७/५)

संकेत—ध.=धनुष, यो.=योजन; सर्वलोकवर्ती=सर्वलोकवर्ती दृष्ट व अनुभूत विषय—दे. ध १३।

इन्द्रिय	एकेन्द्रिय	द्वीन्द्रिय	त्रीन्द्रिय	चतुरिन्द्रिय	असंज्ञी प.	संज्ञी प.
स्पर्शन	४०० ध.	८०० ध.	१६०० ध	३२०० ध.	६४०० ध	९ यो.
रसना		६४ ध.	१२८ ध.	२५६ ध	५१२ ध.	९ यो.
घ्राण			१०० ध.	२०० ध.	४०० ध.	९ यो.
चक्षु				२९५४ यो.	५९०८ यो.	४७२६२$\frac{७}{८}$
श्रोत्र					८००० ध.	१२ यो
मन						सर्वलोकवर्ती

७ इन्द्रियोंके विषयका काम व भोगरूप विभाजन

मू.आ. ११३८ कामा दुवे तऊ भोग इंदियत्था विदूहिं पण्णत्ता। कामो रसो य फासो सेसा भोगेत्ति आहीया ।११३८। =दो इन्द्रियोंके विषय काम हैं, तीन इन्द्रियोंके विषय भोग है, ऐसा विद्वानोंने कहा है। रस और स्पर्श तो काम है और गन्ध, रूप, शब्द भोग है, ऐसा कहा है ।११३८। (स सा./ता वृ. ४/११)

८ इन्द्रियोंके विषयों सम्बन्धी दृष्टि-भेद

ध ९/४,१,४५/१५९/१ नवयोजनान्तरस्थितपुद्गलद्रव्यस्कन्धैकदेशमागम्येन्द्रियसंबद्ध जानन्तीति केचिदाचक्षते। तन्न घटते, अध्वानप्ररूपणा वैफल्यप्रसंगात्। =नौ योजनके अन्तरसे स्थित पुद्गल द्रव्य स्कन्धके एक देशको प्राप्त कर इन्द्रिय सम्बद्ध अर्थको जानते है, ऐसा कितने ही आचार्य कहते है। किन्तु वह घटित नहीं होता, क्योंकि, ऐसा माननेपर अध्वान प्ररूपणाके निष्फल होनेका प्रसंग आता है।

९ ज्ञानके अर्थमें चक्षुका निर्देश

प्र सा./पू. २३४ आगमचक्खू साहू इन्दियचक्खूणि सव्वभूदाणि। देवा य ओहिचक्खू सिद्धा पुण सव्वदो चक्खू ।२३४। =साधु आगम चक्षु है, सर्व प्राणी इन्द्रिय चक्षु वाले है, देव अवधि चक्षु वाले है और सिद्ध सर्वतः चक्षु (सर्व ओरसे चक्षु वाले अर्थात् सर्वात्मप्रदेशोंसे चक्षुवान्) है।

४ इन्द्रिय मार्गणा व गुणस्थान निर्देश

१ इन्द्रिय मार्गणाकी अपेक्षा जीवोंके भेद

ष.ख १/१,१/सू. ३३/२३१ इंदियाणुवादेण अत्थि एइंदिया, बीइंदिया, तीइंदिया, चदुरिंदिया, पंचिंदिया, अणिंदिया चेदि। =इन्द्रिय मार्गणाकी अपेक्षा एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पंचेन्द्रिय और अनिन्द्रिय जीव होते है। (द्र सं/टी. १३/३७)

२ एकेन्द्रियादि जीवोंके लक्षण

पं.का./मू. ११२-११७ एदे जीवणिकाया पंचविधा पुढविकाइयादीया। मणपरिणामविरहिदा जीवा एगेंदिया भणिया ।११२। सुंबुकमादुवाहा संखा सिप्पी अपादगा य किमी। जाणंति रस फास जे ते बेइंदिया जीवा ।११४। जूगागुंभीमक्कणपिपीलिया विच्छयादिया कीडा। जाणंति रसं फास गंध तेइंदिया जीवा ।११५। उद्दंसमसयमक्खियमधुकरिभमरा पतंगमादीया। रूवं रसं च गंध फासं पुण ते विजाणंति ।११६। सुरणरणारयतिरिया वण्णरसप्फासगंधसद्दण्हू। जलचरथलचरखचरा बलिया पंचेंदिया जीवा ।११७। =इन पृथ्वीकायिक आदि पाँच प्रकारके जीवनिकायोंको मनपरिणाम रहित एकेन्द्रिय जीव (सर्वज्ञने) कहा है ।११२। शंबूक, मातृकवाह, शंख, सीप और पग रहित कृमि—जो कि रस और स्पर्शको जानते है, वे द्वीन्द्रिय जीव है ।११४। जूँ, कुम्भी, खटमल, चींटी और बिच्छू आदि जन्तु रस, स्पर्श और गन्धको जानते है, वे त्रीन्द्रिय जीव है ।११५। डाँस, मच्छर, मक्खी, मधुमक्खी, भँवरा और पतंगे आदि जीव रूप, रस, गन्ध और स्पर्शको जानते है। (वे चतुरिन्द्रिय जीव है) ।११६। वर्ण, रस, स्पर्श, गन्ध और शब्दको जाननेवाले देव-मनुष्य-नारक-तिर्यंच जो थलचर, खेचर, जलचर होते है वे बलवान् पंचेन्द्रिय जीव है। ।११७। (पं.सं./प्रा. १/६९-७३), (ध. १/१,१,३३/१३६-१३८/२४१-२४५), (प सं/सं १/१४३-१५०)।

३ एकेन्द्रियसे पंचेन्द्रिय पर्यन्त इंद्रियोंका स्वामित्व

त सू २/२२-२३ वनस्पत्यन्तानामेकम् ।२२। कृमिपिपीलिकाभ्रमरमनुष्यादीनामेकैकवृद्धानि ।२३। =वनस्पतिकायिक तकके जीवोंके अर्थात् पृथिवी अप्, तेज, वायु व वनस्पति इन पाँच स्थावरोंमें एक अर्थात् प्रथम इन्द्रिय (स्पर्शन) होती है ।२२। कृमि पिपीलिका, भ्रमर और मनुष्य आदिके क्रमसे एक-एक इन्द्रिय अधिक होती है ।२३। (प स/प्रा. १/६७) (ध १/१,१,३५/१४२/२५८), (प.सं./स १/८२-८६), (गो.जी./मू. १६६)।

स.सि. २/२२-२३/१८०/४ एकं प्रथममित्यर्थः। किं तत्। स्पर्शनम्। तत्केषाम्। पृथिव्यादीनां वनस्पत्यन्तानां वेदितव्यम् ॥२२॥ कृम्यादीनां स्पर्शनं रसनाधिकम्, पिपीलिकादीनां स्पर्शनरसने घ्राणाधिके,

भ्रमरादीनां स्पर्शनरसनघ्राणानि चक्षुरधिकानि, मनुष्यादीनां तान्येव श्रोत्राधिकानीति। =सूत्रमें आये हुए 'एक' शब्दका अर्थ प्रथम है। प्रश्न—वह कौन है? उत्तर—स्पर्शन। प्रश्न—वह कितने जीवोंके होती है। उत्तर—पृथिवीकायिक जीवोंसे लेकर वनस्पतिकायिक तकके जीवोंके जानना चाहिए।२२। कृमि आदि जीवोंके स्पर्शन और रसना ये दो इन्द्रियाँ होती है। पिपीलिका आदि जीवोंके स्पर्शन, रसना, घ्राण ये तीन इन्द्रियाँ होती है। भ्रमर आदि जीवोंके स्पर्शन, रसना, घ्राण और चक्षु ये चार इन्द्रियाँ होती है। मनुष्यादिके श्रोत्र इन्द्रियके मिला देनेपर पाँच इन्द्रियाँ होती है। (रा वा, २/२२/४/१३५); (ध. १/१,१,३३/२३७ २४१,२४३,२४५,२४७)

४. एकेन्द्रिय आदिकोंमें गुणस्थानोंका स्वामित्व

ष.खं. १/१/सू. ३६-३७/२६१ एइंदिया बीइंदिया तीइंदिया चउरिंदिया असण्णि पंचिंदिया एक्कम्मि चेव मिच्छाइट्ठिट्ठाणे।३६। पंचिंदिया असण्णिपंचिंदिय प्पहुडि जाव अयोगिकेवलि त्ति।३७। =एकेन्द्रिय द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और असंज्ञी पंचेन्द्रिय जीव मिथ्यादृष्टि नामक गुणस्थानमें ही होते है।३६। असंज्ञी—पंचेन्द्रिय मिथ्यादृष्टि गुणस्थानसे लेकर अयोगकेवली गुणस्थान तक पंचेन्द्रिय जीव होते है।३७। (रा वा ९/७/११/६०५/२४), (ति.प ५/२९९); गो जी /मू व जी.प्र ६७८/११२१); गो क /जी.प्र. ३०६/४३८/८ पृथ्व्यप्प्रत्येकवनस्पतिषु सासादनस्योत्पत्ति । =पृथ्वी, अप, और प्रत्येक वनस्पतिकायिकोंमें सासादन गुणस्थानवर्ती जीव मरकर उत्पन्न हो जाता है। अन्य एकेन्द्रियोंमें नहीं। विशेष दे जन्म ४/सासादन सम्बन्धी दृष्टिभेद।

५ जीव अनिन्द्रिय कैसे हो सकता है

ष.खं ७/२,१/सू १६-१७/६८ अणिंदिओ णाम कधं भवदि।१६। खइयाए लद्धीए।१७। =प्रश्न—जीव अनिन्द्रिय किस प्रकार होता है? उत्तर—क्षायिक लब्धिसे जीव अनिन्द्रिय होता है।

ध ७/२,१ १७/६८/८ इंदिएसु विणट्ठेसु णाणस्स विणासो णाणाभावे जीवविणासो, जीवाभावे ण खइयालद्धी वि, जेण जुज्जदे। कुदो। जीवो णाम णाणसहावो, तदो इंदियविणासे ण णाणस्स विणासो। णाणसहकारिकारणइंदियाणमभावे कधं णाणस्स अत्थित्तमिदि चे ण···ण चद्दुमत्थावत्थाए णाणकारणत्तेण पडिवण्णिंदियाणि खीणावरणे भिण्णजादीए णाणुप्पत्तिम्हि सहकारिकारणं होंति त्ति णियमो, अइप्पसंगादो, अण्णहा मोक्खाभावप्पसंगा। =प्रश्न—इन्द्रियोंके विनष्ट हो जानेपर ज्ञानका भी विनाश हो जायेगा, और ज्ञानके अभावमें जीवका भी अभाव हो जायेगा।·· जीवका अभाव हो जानेपर क्षायिक लब्धि न हो सकेगी? उत्तर—यह शंका उपयुक्त नहीं है, क्योंकि जीव ज्ञान स्वभावी है।·· इसलिए इन्द्रियोंका विनाश हो जानेपर ज्ञानका विनाश नहीं होता। प्रश्न—ज्ञानके सहकारी कारणभूत इन्द्रियोंके अभावमें ज्ञानका अस्तित्व किस प्रकार हो सकता है? उत्तर—छद्मस्थ अवस्थामें कारण रूपसे ग्रहणकी गयी इन्द्रियाँ क्षीणावरण जीवोंके भिन्न जातीय ज्ञानकी उत्पत्तिमें सहकारी कारण हो ऐसा नियम नहीं है। क्योंकि ऐसा माननेपर अतिप्रसंग दोष आ जायेगा, अन्यथा मोक्षके अभावका ही प्रसंग आ जायेगा।

५. एकेन्द्रिय व विकलेन्द्रिय निर्देश

१. एकेन्द्रिय असंज्ञी होते हैं

पं.का/मू ११९ मणपरिणामविरहिदा जीवा एइंदिया णेया ॥११९॥ =मन परिणामसे रहित एकेन्द्रिय जीव जानना।

इंद्रिय जय—दे संयम २।

इंद्रिय ज्ञान—दे मतिज्ञान।

इंद्रिय पर्याप्ति—दे. पर्याप्ति।

इंद्रिय प्रमाण—दे. प्रमाण।

इंद्रोपपाद—गर्भान्वयादि क्रियाओंमें-से एक—दे संस्कार २।

इकट्ठो—आदाल[२] =१८४४६७,४४०७३७०९५५१६१६।

इक्षुमती—भरतक्षेत्र आर्य खण्डकी एक नदी—दे मनुष्य ४।

इक्षुरस—दे रस।

इक्षुवर—मध्यलोकका सप्तम द्वीप व सागर—दे लोक ५/१।

इक्ष्वाकुवंश—दे. इतिहास १०/२।

इच्छा—दे. अभिलाषा।

इच्छाकार—

मू आ. १२६,१३१ इट्ठे इच्छाकारो तहेव अवराधे।·· ॥१२६॥ संजमणाणुवकरणे अण्णुवकरणे च जायणे अण्णे। जोगग्गहणादिसु अ इच्छाकारो दु कादव्वो ॥१३१॥ =सम्यग्दर्शनादि शुद्ध परिणाम व व्रतादिक शुभपरिणामोंमें हर्ष होना अपनी इच्छासे प्रवर्तना वह इच्छाकार है।

॥१२६॥ संयमके पीछी आदि उपकरणोंमें तथा श्रुतज्ञानके पुस्तकादि उपकरणोंमें और अन्य भी तप आदिके कमण्डलु आहारादि उपकरणोंमें, औषधिमें, उष्णकालादिमें, आतापनादि योगोंमें इच्छाकार करना अर्थात् मनको प्रवर्तना ॥१३१॥

सू पा /मू १४-१५ इच्छायार महत्थं सुत्तठओ जो हु छडए कम्मं। ठाणे ट्ठियसम्मत्तं परलोयसुहंकरो होइ ॥१४॥ अह पुण अप्पा णिच्छदि धम्माइ करेदि णिरवसेसाइं। तह वि ण पावदि सिद्धि संसारत्थो पुणो भणिदो ॥१५॥ =जो पुरुष जिन सूत्र विषैं तिष्ठता संता इच्छाकार शब्दका महान् अर्थ ताहि जानै है, बहुरि स्थान जो श्रावकके भेद रूप प्रतिमा तिनिमैं तिष्ठ्या सम्यक्त्व सहित वर्तता आरम्भ आदि कर्म निकूं छोडै है सो परलोकविषै सुख करनेवाला होय है॥१४॥ इच्छाकारका प्रधान अर्थ आत्माका चाहना है अपने स्वरूप विषैं रुचि करना है सो याकूं जो नाही इष्ट करै है अन्य धर्मके सर्व आचरण करै है तौउ सिद्धि कहिये मोक्ष कूं नहीं पावै है ताकं ससारविषै ही तिष्ठनेवाला कह्या।

★ श्रावक श्राविका व आर्यिका तीनोंकी विनयके लिए 'इच्छाकार' शब्दका प्रयोग किया जाता है।

—दे. विनय ३।

इच्छादेवी—रुचक पर्वत निवासिनी दिक्कुमारी देवी।

—दे. लोक ७।

इच्छानिरोध—दे. तप।

इच्छा निषेध—दे राग।

इच्छानुलोमा भाषा—दे. भाषा।

इच्छा राशि—गो.जी. सदृष्टि 'गणित' सम्बन्धी त्रैराशिक विधिमें अपना इच्छित प्रमाण (विशेष—दे.गणित II/४)

इच्छा विभाग—वसतिकाका एक दोष- दे वसतिका।

इज्या—म पु. ६७/१९३ याज्ञो यज्ञ क्रतु' सपर्येज्याध्वरो मख'। मह इत्यपि पर्यायवचनान्यर्चनाविधे ॥१९३॥ =याग, यज्ञ, क्रतु, पूजा, सपर्या, इज्या, अध्वर, मख, और मह ये सब पूजा विधिके पर्यायवाचक शब्द हैं ॥१९३॥

चा. सा ४३/१ तत्रार्हत्पूजेज्या, सा च नित्यमहश्चतुर्मुखं कल्पवृक्षोऽष्टाह्निक ऐन्द्रध्वज इति। =अर्हन्त भगवान्‌की पूजा करना इज्या कहलाती है उसके नित्यमह, चतुर्मुख, कल्पवृक्ष अष्टाह्निक और इन्द्रध्वज यह पाँच भेद है।

इतरनिगोद—दे वनस्पति २।

इतरेतराभाव—दे. अभाव।

इति—रा वा. १/१३/१/५७/११ इतिशब्दोऽनेकार्थः संभवति। क्वचिदिदेतौ वर्तते—'हन्तीति पलायते, वर्षतीति धावति'। क्वचिदेवमित्यस्यार्थे वर्तते—'इति स्म उपाध्याय कथयति' एवं स्म इति गम्यते। क्वचित्प्रकारे वर्तते—यथा 'गौरश्व.' शुक्लो नील',चरति प्लवते, जिन दत्तो देवदत्त' 'इति,एव प्रकारा इत्यर्थ। क्वचिद्व्यवस्थायां वर्तते—यथा 'ज्वलितिकसंताण' [जैने० २/११२] इति। क्वचिदर्थविपर्यासे वर्तते—यथा 'गौरित्यश्वमाह-गौरिति जानीते' इति। क्वचित्समाप्तौ वर्तते—'इति प्रथकमाह्निकम्, इति द्वितीयमाह्निकम्' इति। कच्छिब्दप्रादुर्भावे वर्तते—'इति श्रीदत्तम, इति सिद्धसेनमिति।' =इति शब्दके अनेक अर्थ होते है—यथा—१ हन्तीति पलायते—'मारा इसलिए भागा' यहाँ इति शब्दका अर्थ हेतु है। २. इति स्म उपाध्याय कथयति—उपाध्याय इस प्रकार कहता है। यहाँ 'इस प्रकार' अर्थ है। ३ 'गौ अश्व' इति'—गाय, घोडा आदि प्रकार। यहाँ इति शब्द प्रकारवाची है। ४. प्रथममाह्निकमिति' यहाँ इति शब्दका अर्थ समाप्ति है। ५ इसी तरह व्यवस्था अर्थ-विपर्यास शब्द प्रादुर्भाव आदि अनेक अर्थ है।

इतिवृत्त—इतिहासका एकार्थवाची है—दे. इतिहास।

इतिहास—किसी भी जाति या संस्कृतिका विशेष परिचय पानेके लिए तत्सम्बन्धी साहित्य ही एक मात्र आधार है और उसकी प्रामाणिकता उसके रचयिता व प्राचीनतापर निर्भर है। अतः जैन संस्कृति का परिचय पानेके लिए हमें जैन साहित्य व उनके रचयिताओंके काल आदिका अनुशीलन करना चाहिए। परन्तु यह कार्य आसान नहीं है, क्योंकि ख्यातिलाभकी भावनाओंसे अतीत वीतरागीजन प्रायः अपने नाम, गाँव व कालका परिचय नहीं दिया करते। फिर भी उनकी कथन शैली पर से अथवा अन्यत्र पाये जानेवाले उन सम्बन्धी उल्लेखों परसे, अथवा उनकी रचनामें ग्रहण किये गये अन्य शास्त्रोंके उद्धरणों परसे, अथवा उनके द्वारा गुरुजनोंके स्मरण रूप अभिप्रायसे लिखी गयी प्रशस्तियों परसे, अथवा आगममें ही उपलब्ध दो-चार पट्टावलियों परसे, अथवा भूगर्भसे प्राप्त किन्हीं शिलालेखों या आयागपट्टोंमें उल्लखित उनके नामों परसे इस विषय सम्बन्धी कुछ अनुमान होता है। अनेकों विद्वानोंने इस दिशामें खोज की है, जो ग्रन्थोंमें दी गयी उनकी प्रस्तावनाओंसे विदित है। उन प्रस्तावनाओंमें से लेकर ही मैंने भी यहाँ कुछ विशेष-विशेष आचार्यों व तत्कालीन प्रसिद्ध राजाओं आदिका परिचय संकलित किया है। यह विषय बड़ा विस्तृत है। यदि इसकी गहराइयोंमें घुसकर देखा जाये तो एकके पश्चात् एक करके अनेकों शाखाएँ तथा प्रतिशाखाएँ मिलती रहनेके कारण इसका अन्त पाना कठिन प्रतीत होता है, अथवा इस विषय सम्बन्धी एक पृथक् ही कोष बनाया जा सकता है। परन्तु फिर भी कुछ प्रसिद्ध व नित्य परिचय में आनेवाले ग्रन्थों व आचार्योंका उल्लेख किया जाना आवश्यक समझकर यहाँ कुछ मात्रका संकलन किया है। विशेष जानकारीके लिए अन्य उपयोगी साहित्य देखनेकी आवश्यकता है।

१ इतिहास निर्देश व लक्षण
१ इतिहासका लक्षण
२ ऐतिह्य प्रमाणका श्रुतज्ञानमें अन्तर्भाव
२ संवत्सर निर्देश
१ संवत्सर सामान्य व उसके भेद। २ वीर निर्वाण संवत्। ३ विक्रम संवत्। ४ शक संवत्। ५ शालिवाहन संवत्। ६ ईसवी संवत्। ७ गुप्त संवत्। ८ हिजरी संवत्। ९ मघा संवत्। १० सब संवतोंका परस्पर सम्बन्ध।
३ ऐतिहासिक राज्य वंश
१ भोज वंश। २ कुरु वंश ३ मगध देशके राज्य वंश (१ सामान्य; २ कल्की; ३ हूण, ४ काल निर्णय) ४ राष्ट्रकूट वंश।
४ दिगम्बर मूलसंघ
१ मूल संघ। २ मूल संघकी पट्टावली। ३ पट्टावलीका समन्वय। ४. मूलसंघ का विघटन। ५ श्रुत तीर्थकी उत्पत्ति। ६ श्रुतज्ञानका क्रमिक ह्रास।
५ दिगम्बर जैन संघ
१ सामान्य परिचय। २ नन्दिसंघ। ३ अन्य संघ।
६ दिगम्बर जैनाभासी संघ
१ सामान्य परिचय। २ यापनीय संघ। ३ द्राविड संघ ४ काष्ठा संघ। ५ माथुर संघ। ६ भिल्लक संघ। ७ अन्य संघ तथा शाखायें।
७ पट्टावलियें तथा गुर्वावलियें
१ मूल संघ विभाजन। २ नन्दिसंघ बलात्कार गण। ३ नन्दिसंघ बलात्कार गणकी भट्टारक आम्नाय। ४ नन्दिसंघबलात्कार गणकी शुभचन्द्र आम्नाय। ५ नन्दिसंघ देशीयगण। ६ सेन या ऋषभ संघ। ७ पंचस्तूप संघ। ८ पुन्नाट संघ। ९ काष्ठा संघ। १० लाड बागड़ गच्छ ११ माथुर गच्छ।
८ आचार्य समयानुक्रमणिका
९ पौराणिक राज्य वंश
१ सामान्य वंश। २ इक्ष्वाकु वंश। ३ उग्र वंश। ४ ऋषि वंश। ५ कुरुवंश। ६ चन्द्र वंश। ७ नाथ वंश। ८ भोज वंश। ९ मातङ्ग वंश। १० यादव वंश। ११ रघुवंश। १२ राक्षस वंश। १३ वानर वंश। १४ विद्याधर वंश। १५ श्रीवंश। १६ सूर्य वंश। १७ सोम वंश। १८ हरिवंश।
१० आगम समयानुक्रमणिका
★ परिशिष्ट
१ संवत्; २ मूलसंघ, ३ गुणधर आम्नाय, ४ नन्दिसंघ

१ इतिहास निर्देश व लक्षण

१ इतिहासका लक्षण

म. पु. १/२५ इतिहास इतीष्टं तद् इति हासीदिति श्रुतेः। इति वृत्तमथैतिह्यमाम्नायं चामनन्ति तत् ।२५। ='इति इह आसीत्' (यहाँ ऐसा हुआ) ऐसी अनेक कथाओंका इसमें निरूपण होनेसे ऋषिगण इसे (महापुराणको) 'इतिहास,' 'इतिवृत्त' 'ऐतिह्य' भी कहते हैं।२५।

२ ऐतिह्य प्रमाणका श्रुतज्ञानमें अन्तर्भाव

रा वा १/२०/१५/७८/१६ ऐतिह्यस्य च 'इत्याह स भगवान् ऋषभः' इति परपरीणपुरुषागमाद् गृह्यते इति श्रुतेऽन्तर्भाव। =*'भगवान् ऋषभने यह कहा' इत्यादि प्राचीन परम्परागत तथ्य ऐतिह्य प्रमाण है। इसका श्रुतज्ञानमें अन्तर्भाव हो जाता है।*

२ संवत्सर निर्देश

१ संवत्सर सामान्य व उसके भेद

इतिहास विषयक इस प्रकरणमें क्योंकि जैनागमके रचयिता आचार्योंका, साधुसंघकी परम्पराका, तात्कालिक राजाओंका, तथा शास्त्रोंका ठीक-ठीक कालनिर्णय करनेकी आवश्यकता पड़ेगी, अतः संवत्सरका परिचय सर्वप्रथम पाना आवश्यक है। जैनागममें मुख्यतः चार संवत्सरोंका प्रयोग पाया जाता है—१ वीर निर्वाण संवत्, २ विक्रम संवत्, ३ ईसवी संवत्, ४ शक संवत्; परन्तु इनके अतिरिक्त भी कुछ अन्य संवतोंका व्यवहार होता है—जैसे १. गुप्त संवत्; २ हिजरी संवत्, ३ मघा संवत्; आदि।

२ वीर निर्वाण संवत् निर्देश

क पा, १/§५६/७५/२ एदाणि [पण्णरसदिवसेहि अट्ठमासेहि य अहिय-] पंचहत्तरिवासेसु सोहिदे वड्ढमाणजिणिंदे णिव्वुदे संते जो सेसो चउत्थकालो तस्स पमाणं होदि। =*उक्त बहत्तर वर्ष प्रमाण कालको (महावीरका जन्मकाल—दे. महावीर) पन्द्रह दिन और आठ महीना अधिक पचहत्तरवर्षमेंसे घटा देनेपर, वर्द्धमान जिनेन्द्रके मोक्ष जानेपर जितना चतुर्थ कालका प्रमाण [या पंचम कालका प्रारम्भ] शेष रहता है, उसका प्रमाण होता है।* अर्थात् ३ वर्ष ८ महीने और पन्द्रह दिन। (ति. प ४/१४७४)।

ध.१ (प्र ३२ H L Jain) *साधारणतः वीर निर्वाण संवत् व विक्रम संवत्में ४७० वर्षका अन्तर रहता है। परन्तु विक्रम संवत्के प्रारम्भ-के सम्बन्धमें प्राचीन कालसे बहुत मतभेद चला आ रहा है, जिसके कारण भगवान् महावीरके निर्वाण कालके सम्बन्धमें भी कुछ मतभेद उत्पन्न हो गया है। उदाहरणार्थ—नन्दि संघकी पट्टावलीमें आ. इन्द्रनन्दिने वीरके निर्वाणसे ४७० वर्ष पश्चात् विक्रमका जन्म और ४८८ वर्ष पश्चात् उसका राज्याभिषेक बताया है। इसे प्रमाण मान-कर बैरिस्टर श्री काशीलाल जायसवाल वीर निर्वाणके कालको १८ वर्ष ऊपर उठानेका सुझाव देते हैं, क्योंकि उनके अनुसार विक्रम संवत्का प्रारम्भ उसके राज्याभिषेकसे हुआ था। परन्तु दिगम्बर तथा श्वेताम्बर दोनों ही आम्नायोंमें विक्रम संवत्का प्रचार वीर निर्वाणके ४७० वर्ष पश्चात् माना गया है। इसका कारण यह है कि सभी प्राचीन शास्त्रोंमें शक संवत्का प्रचार वीर निर्वाणके ६०५ वर्ष पश्चात् कहा गया है और उसमें तथा प्रचलित विक्रम संवत्में १३५ वर्षका अन्तर प्रसिद्ध है।* (जे पी, २८४) *(विशेष दे परिशिष्ट १)*।

दूसरी बात यह भी है कि ऐसा मानने पर भगवान् वीर को प्रतिस्पर्धी शास्ताके रूपमें महात्मा बुद्धके साथ १२-१३ वर्ष तक साथ-साथ रहने-का अवसर भी प्राप्त हो जाता है, क्योंकि बोधि लाभसे निर्वाण तक भगवान् वीरका काल उक्त मान्यताके अनुसार ई पू ५५७-५२७ आता है जबकि बुद्धका ई.पू ५८८-५४४ माना गया है। (जै.सा इ.पी ३०३)

३ विक्रम संवत् निर्देश

यद्यपि दिगम्बर तथा श्वेताम्बर दोनों आम्नायोंमें विक्रम संवत्का प्रचार वीर निर्वाणके ४७० वर्ष पश्चात् माना गया है, तथापि यह संवत् विक्रमके जन्मसे प्रारम्भ होता है अथवा उनके राज्याभिषेकसे या मृत्युकालसे, इस विषयमें मतभेद है। दिगम्बरके अनुसार वीर निर्वाणके पश्चात् ६० वर्ष तक पालकका राज्य रहा, तत्पश्चात् १५५ वर्ष तक नन्द वंशका और तत्पश्चात् २२५ वर्ष तक मौर्य वंशका। इस समयमें ही अर्थात् वी. नि. ४७० तक ही विक्रमका राज्य रहा परन्तु श्वेताम्बरके अनुसार वीर निर्वाणके पश्चात् १५५ वर्ष तक पालक तथा नन्दका, तत्पश्चात् २२५ वर्ष तक मौर्य वंशका और तत्प-श्चात् ६० वर्ष तक विक्रमका राज्य रहा। यद्यपि दोनोंका जोड़ ४७० वर्ष आता है तदपि पहली मान्यतामें विक्रमका राज्य मौर्य कालके भीतर आ गया है और दूसरी मान्यतामें वह उससे बाहर रह गया है क्योंकि जन्मके १८ वर्ष पश्चात् विक्रमका राज्याभिषेक और ६० वर्ष तक उसका राज्य रहना लोक-प्रसिद्ध है, इसलिये उक्त दोनों ही मान्यताओं से उसका राज्याभिषेक वी नि. ४१० में और जन्म ३९२ में प्राप्त होता है, परन्तु नन्दि संघकी पट्टावलीमें उसका जन्म वी नि. ४७०में और राज्याभिषेक ४८८ में कहा गया है, इसलिये विद्वान् लोग उसे भ्रान्तिपूर्ण मानते हैं। (विशेष दे. परिशिष्ट १)

इसी प्रकार विक्रम संवत्को जो कहीं-कहीं शक संवत् अथवा शालिवाहन संवत् माननेकी प्रवृत्ति है वह भी युक्त नहीं है, क्योंकि ये तीनों संवत् स्वतन्त्र हैं। विक्रम संवत्का प्रारम्भ वी नि. ४७० में होता है, *शक संवत्का वी नि ६०५ में और शालिवाहन संवत्का* वी.नि. ७४१ में। *(दे. अगले शीर्षक)*

४. शक संवत् निर्देश

यद्यपि 'शक' शब्दका प्रयोग संवत्-सामान्यके अर्थमें भी किया जाता है, जैसे वर्द्धमान शक, विक्रम शक, शालिवाहन शक इत्यादि, और कहीं-कहीं विक्रम संवत्को भी शक संवत् मान लिया जाता है, परन्तु जिस 'शक' की चर्चा यहाँ करनी इष्ट है वह एक स्वतन्त्र संवत् है। यद्यपि आज इसका प्रयोग प्रायः लुप्त हो चुका है, तदपि किसी समय दक्षिण देशमें इसी का प्रचार था, क्योंकि दक्षिण देशके आचार्यों द्वारा लिखित प्रायः सभी शास्त्रोंमें इसका प्रयोग देखा जाता है। *इतिहासकारोंके अनुसार भृत्यवंशी गौतमी पुत्र* राजा सातकर्णी शालिवाहनने ई ७८ (वी नि ६०५) में शक वंशी राजा नरवाहनको परास्त कर देनेके उपलक्ष्यमें इस संवत्को प्रचलित किया था। जैन शास्त्रोंके अनुसार भी वीर निर्वाणके ६०५ वर्ष ५ मास पश्चात् शक राजाकी उत्पत्ति हुई थी। इससे प्रतीत होता है कि शकराजको जीत लेनेके कारण शालिवाहनका नाम ही शक पड़ गया था, इसलिए कहीं कहीं शालिवाहन संवत्को ही शक संवत् कहने की प्रवृत्ति चल गई, परन्तु वास्तवमें वह इससे पृथक् एक स्वतन्त्र संवत् है जिसका उल्लेख नीचे किया गया है। प्रचलित शक संवत् वीर-निर्वाणके ६०५ वर्ष पश्चात् और विक्रम संवत्के १३५ वर्ष पश्चात् माना गया है। (विशेष दे परिशिष्ट १)

५ शालिवाहन संवत्

शक संवत् इसका प्रचार आज प्रायः लुप्त हो चुका है तदपि जैसा कि कुछ शिलालेखोंसे विदित है किसी समय दक्षिण देशमें इसका प्रचार अवश्य रहा है। शकके नामसे प्रसिद्ध उपर्युक्त शालि-वाहनसे यह पृथक् है क्योंकि इसकी गणना वीर निर्वाणके ७४१ वर्ष पश्चात् मानी गई है। (विशेष दे. परिशिष्ट १)

६. ईसवी संवत्

यह संवत् ईसा मसीहके स्वर्गवासके पश्चात् योरोपमें प्रचलित हुआ और अंग्रेजी साम्राज्यके साथ सारी दुनियामें फैल गया। यह आज विश्वका सर्वमान्य संवत् है। इसकी प्रवृत्ति वीर निर्वाणके ७२५ वर्ष पश्चात् और विक्रम संवत्से ५७ वर्ष पश्चात् होनी प्रसिद्ध है।

७. गुप्त संवत् निर्देश

इसकी स्थापना गुप्त साम्राज्यके प्रथम सम्राट् चन्द्रगुप्तने अपने राज्याभिषेकके समय ईसवी ३२० अर्थात् वी.नि. के ८४९ वर्ष पश्चात् की थी। इसका प्रचार गुप्त साम्राज्य पर्यन्त ही रहा।

८ हिजरी संवत् निर्देश

इस संवत्का प्रचार मुसलमानोंमें है क्योंकि यह उनके पैगम्बर मुहम्मद साहबके मक्का मदीना जानेके समयसे उनकी हिजरतमें विक्रम

सवत् ६५० में अर्थात् वीर निर्वाणके ११२० वर्ष पश्चात स्थापित हुआ था। इसीको मुहर्रम या शाबान सन् भी कहते है।

९. मघा संवत् निर्देश

म. पु. ७६/३९९ कल्की राजाकी उत्पत्ति बताते हुए कहा है कि दुषमा काल प्रारम्भ होनेके १००० वर्ष बीतने पर मघा नामके संवत्में कल्की नामक राजा होगा। आगमके अनुसार दुषमा कालका प्रादुर्भाव वी नि के ३ वर्ष ८ मास पश्चात् हुआ है। अतः मघा संवत्सर वीर निर्वाणके १००३ वर्ष पश्चात् प्राप्त होता है। इस सवत्सरका प्रयोग कहीं भी देखनेमे नहीं आता।

१०. सर्व संवत्सरोंका परस्पर सम्बन्ध

निम्न सारणीकी सहायतासे कोई भी एक संवत् दूसरेमें परिवर्तित किया जा सकता है।

क्रम	नाम	संकेत	१वी नि	२ विक्रम	३ईसवी	४ शक	५ गुप्त	६ हिजरी
१	वीर निर्वाण	वी. नि.	१	पूर्व ४७०	पूर्व ५२७	पूर्व ६०५	पूर्व ८४६	पूर्व ११२०
२	विक्रम	वि	४७०	१	,, ५७	,, १३५	,, ३७६	,, ६५०
३	ईसवी	ई	५२७	५७	१	,, ७८	,, ३१९	,, ५९३
४	शक	श	६०५	१३५	७८	१	,, २४१	,, ५१५
५	गुप्त	गु	८४६	३७६	३१९	२४१	१	,, २७४
६	हिजरी	हि	११२०	६५०	५९४	५३५	२७४	१

३ ऐतिहासिक राज्यवंश

१. भोज वंश

द सा /प्र ३६–३७ (बगाल एशियेटिक सोसाइटी वाल्यूम ५/पृ. ३७८ पर छपा हुआ अर्जुनदेवका दानपत्र); (झा /प्र /प पन्नालाल)—यह वंश मालवा देशपर राज्य करता था। उज्जैनी इनकी राजधानी थी। अपने समयका बडा प्रसिद्ध व प्रतापी वश रहा है। इस वशमे धर्म व विद्याका बडा प्रचार था। बगाल एशियेटिक सोसाइटी वाल्यूम ५/पृ ३७८ पर छपे हुए अर्जुनदेवके अनुसार इसकी वशावली निम्न प्रकार है।

स	नाम	समय		विशेष
		वि. स	ईसवी सन्	
१	सिंहल	९५७–९९७	९००–९४०	दानपत्रसे बाहर
२	हर्ष	९९७–१०३१	९४०–९७४	इतिहासके अनुसार
३	मुञ्ज	१०३१–१०६०	९७४–१००३	दानपत्र तथा इतिहास
४	सिन्धु राज	१०६०–१०९५	१००३–१००८	इतिहासके अनुसार
५	भोज	१०९५–१११२	१००८–१०५५	दानपत्र तथा इतिहास
६	जयसिंह राज	१११२–१११५	१०५५–१०५८	,, ,, ,,
७	उदयादित्य	१११५–११५०	१०५८–१०९३	समय निश्चित है
८	नरवर्मा	११५०–१२००	१०९३–११४३	
९	यशोधर्मा	१२००–१२१०	११४३–११५३	दानपत्रसे बाहर
१०	अजयवर्मा	१२१०–१२४९	११५३–११९२	
११	विन्ध्य वर्मा विजय वर्मा	१२४९–१२५७	११९२–१२००	इसका समय निश्चित है
१२	सुभटवर्मा	१२५७–१२९४	१२००–१२०७	
१३	अर्जुनवर्मा	१२९४–१३७५	१२०७–१२१८	
१४	देवपाल	१३७५–१३८५	१२१८–१२२८	
१५	जैतुगिदेव (जयसिंह)	१३८५–१३९९	१२२८–१२३९	

नोट इस वंशावलीमे दर्शाये गये समय, उदयादित्य व विन्ध्यवर्माके समयके आधारपर अनुमानसे भरे गये है। क्योकि उन दोनोंके समय निश्चित है, इसलिए यह समय भी ठीक समझना चाहिए।

२. कुरु वंश

इस वशके राजा पाञ्चाल देशपर राज्य करते थे। कुरुदेश इनकी राजधानी थी। इस वशमें कुल चार राजाओका उल्लेख पाया जाता है—१ प्रवाहण जैबलि (ई. पू. १४००), २ शतानीक (ई. पू. १४००–१४२०), ३ जन्मेजय (ई. पू. १४२०–१४५०) ४. परीक्षित (ई पू १४५०–१४७०)।

३ मगध देशके राज्यवंश

१ सामान्य परिचय

जे पी /पु—जैन परम्परामें तथा भारतीय इतिहासमें किसी समय मगध देश बहुत प्रसिद्ध रहा है। यद्यपि यह देश बिहार प्रान्तके दक्षिण भागमे अवस्थित है, तथापि महावीर तथा बुद्धके कालमें पञ्जाब, सौराष्ट्र, बङ्गाल, बिहार तथा मालवा आदिके सभी राज्य इसमे सम्मिलित हो गये थे। उससे पहले जब ये सब राज्य स्वतन्त्र थे तब मालवा या अवन्ती राज्य और मगध राज्यमें परस्पर झडपें चलती रहती थी। मालवा या अवन्तीकी राजधानी उज्जयनी थी जिसपर 'प्रद्योत' राज्य करता था और मगधकी राजधानी पाटलीपुत्र (पटना) या राजगृही थी जिसपर श्रेणिक बिम्बसार राज्य करते थे।

प्रद्योत तथा श्रेणिक प्राय समकालीन थे। प्रद्योतका पुत्र पालक था और श्रेणिकके दो पुत्र थे, अभय कुमार और अजातशत्रु कुणिक। अभयकुमार श्रेणिकका मन्त्री था जिसने प्रद्योतको बन्दी बनाकर उसके आधीनकर दिया था।३२०। वीर निर्वाणवाले दिन अवन्ती राज्यपर प्रद्योतका पुत्र पालक गद्दीपर बैठा। दूसरी ओर मगध राज्यमें वी नि. से ६ वर्ष पूर्व श्रेणिकका पुत्र अजातशत्रु राज्यासीन हुआ।३१६। पालकका राज्य ६० वर्ष तक रहा। इसके राज्यकालमें ही मगधकी गद्दीपर अजातशत्रुका पुत्र उदयी आसीन हो गया था। इसने अपनी शक्ति बढा ली थी जिसके द्वारा इसने पालकको परास्त करके अवन्तीपर अधिकारकर लिया परन्तु उसे अपने राज्यमें नहीं मिला सका। यह काम इसके उत्तराधिकारी नन्दिवर्धनने किया। यहाँ आकर अवन्ती राज्यकी सत्ता समाप्त हो गई।३२८,३३१।

श्रेणिकके वशमे पुत्र परम्परासे अनेकों राजा हुए। सब अपने-अपने पिताको मारकर राज्यपर अधिकार करते रहे, इसलिये यह सारा वंश पितृघाती कुलके रूपमें बदनाम हो गया। जनताने इसके अन्तिम राजा नागदासको गद्दीसे उतारकर उसके मन्त्री सुसुनागको राजा बना दिया। अवन्तीको अपने राज्यमें मिलाकर मगध देशकी वृद्धि करनेकेकारण इसीका नाम नन्दिवर्धन पड गया।३३१। यह नन्द वंशका प्रथम राजा हुआ। इस वशने १५५ वर्ष राज्य किया। अन्तिम राजा घनानन्द था जो भोग विलासमें पड जानेके कारण जनताकी दृष्टिसे उतर गया। उसके मन्त्री शाकटालने कूटनीतिज्ञ चाणक्यकी सहायतासे इसके सारे कुलको नष्ट कर दिया और चन्द्रगुप्त मौर्यको राजा बना दिया।३६२।

चन्द्र गुप्तसे मौर्य या मुरुड वशकी स्थापना हुई, जिसका राज्यकाल २५५ वर्ष रहा कहा जाता है। परन्तु जैन इतिहासके अनुसार वह १५५ वर्ष और लोक इतिहासके अनुसार १३७ वर्ष प्राप्त होता है। इस वशके प्रथम राजा चन्द्रगुप्त जैन थे, परन्तु उसके उत्तराधिकारी बिन्दुसार, अशोक, कुनाल और सम्प्रति ये चारों राजा बौद्ध हो गये थे। इसीलिये बौद्धाम्नायमें इन चारोका उल्लेख पाया जाता है, जबकि जैनाम्नायमें केवल एक चन्द्रगुप्तका ही काल देकर समाप्तकर दिया गया है।३१६।

इसके पश्चात् मगध देशपर शक वशने राज्य किया जिसमें पुष्यमित्र आदि अनेकों राजा हुए जिनका शासन २३० वर्ष रहा। अन्तिम राजा नरवाहन हुआ। तदनन्तर यहाँ भृत्य अथवा कुशान

वशका राज्य आया जिसके राजा शालिवाहनने वी. नि ६०५ (ई ७९) में शक वशी नरवाहनको परास्त करनेके उपलक्षमें शक सवत्की स्थापनाकी।(दे इतिहास २/४)। इस वंशका शासन२४२वर्ष तकरहा।

भृत्य वशके पश्चात् इस देशमें गुप्तवंशका राज्य २३१ वर्ष पर्यन्त रहा, जिसमें चन्द्रगुप्त द्वि तथा समुद्रगुप्त आदि ६ राजा हुए। परन्तु तृतीय राजा स्कन्दगुप्त तक ही इसकी स्थिति अच्छी रही, क्योंकि इसके कालमें हूनवशी सरदार काफी जोर पकड चुके थे। यद्यपि स्कन्दगुप्तने इन्हे परास्तकर दिया था तदपि इसके उत्तराधिकारी कुमारगुप्तसे उन्होने राज्यका बहुभाग छीन लिया। यहाँ तक कि ई. ५०० (वी. नि. १०२७) में इस वशके अन्तिम राजा भानुगुप्तको जीतकर हूनराज तोरमाणने सारे पंजाब तथा मालवा (अवन्ती) पर अपना अधिकार जमा लिया, और इसके पुत्र मिहिरपालने इस वंश-को नष्ट भ्रष्ट कर दिया। (क पा १/प्र ५४,६५/पं महेन्द्र)। इसलिये शास्त्रकारोने इस वंशकी स्थिति वी नि ६५८ (ई ४३१) तक ही स्वीकार की। जैनआम्नायके अनुसार वी.नि.६५८(ई ४३१)में इन्द्रसुत कल्कीका राज्य प्रारम्भ हुआ, जिसने प्रजापर बडे अत्याचार किये, यहाँतक कि साधुओसे भी उनके आहारका प्रथम ग्रास शुल्कके रूपमें मांगना प्रारम्भकर दिया। इसका राज ४२ वर्ष अर्थात् वी नि १००० (ई ४७३) तक रहा। इस कुलका विशेष परिचय आगे पृथक्से दिया गया है (दे. अगला उपशीर्षक)।

२ कल्की वंश

ति प. ४/१५०९-१५११ तत्तो कक्की जादो इंदसुदो तस्स चउमुहो णामो। सत्तरि वरिसा आऊ विगुणियइगिवीस रज्जंतो ।१५०९। आचारागधरादो पणहत्तरिजुत्तदुसमवासेसु। वोलीणेसं अद्धो पट्टो कक्किस्स णरवइणो ॥१५१०॥ अहसाहियाण कक्को णियजोग्गे जणपदे पयत्तेण। सुल्कं जाचदि लुद्धो पिंडग्गं जाव ताव समणाओ ॥१५११॥= गुप्त कालके पश्चात् अर्थात् वी नि ६५८ में 'इन्द्र' का सुत कल्की अपर नाम चतुर्मुख राजा हुआ। इसकी आयु ७० वर्ष थी और ४२ वर्ष अर्थात् वी नि. १००० तक उसने राज्य किया ॥१५०९॥ आचारांग-धरो (वी नि ६८३) के पश्चात २७५ वर्ष व्यतीत होनेपर अर्थात् वी. नि ६५८ में कल्की राजाको पट्ट बाँधा गया ॥१५१०॥ तदनन्तर वह कल्की प्रयत्न पूर्वक अपने-अपने योग्य जनपदोको सिद्ध करके लोभ-को प्राप्त होता हुआ मुनियोके आहारमें-से भी अग्रपिण्डको शुल्कमें मांगने लगा। ॥१५११॥ (ह.पु. ६०/४९१-४९२)

त्रि. सा. ८५० पण्णछस्सयवस्स पणमासजुद गमिय वीरणिव्वुइदे। सगराजो तो कक्की चदुणवतियमहिय सगमास ॥ =वीर निर्वाणके ६०५ वर्ष ५ मास पश्चात् शक राजा हुआ और उसके ३९४ वर्ष ७ मास पश्चात् अर्थात् वीर निर्वाणके १००० वर्ष पश्चात् कल्की राजा हुआ।

उ पु. ७६/३९७-४०० दुष्षमाया सहस्राब्दव्यतीतौ धर्महानित' ।३९७। पुरे पाटलिपुत्राख्ये शिशुपालमहीपते। पापी तनूज पृथिवीसुन्दर्यां दुर्जनादिम' ।३९८। चतुर्मुखाह्वय' कल्किराजो वेजितभूतल। ।३९९। समानां सप्ततिस्तस्य परमायु प्रकीर्तितम्। चत्वारिंशत्समा राज्यस्थितिश्चाक्रमकारिण ।४००। =जन्म दु खम कालके १००० वर्ष पश्चात्। आयु ७० वर्ष। राज्यकाल ४० वर्ष। राजधानी पाटलीपुत्र। नाम चतुर्मुख। पिता शिशुपाल।

नोट—शास्त्रोल्लिखित उपर्युक्त तीन उद्धरणोंसे कल्कीराजके विषयमें तीन दृष्टिये प्राप्त होती है। तीनो ही के अनुसार उसका नाम चतुर्मुख था, आयु ७० वर्ष तथा राज्यकाल ४० अथवा ४२ वर्ष था। परन्तु ति.प.में उसे इन्द्र का पुत्र बताया गया है और उत्तर पुराण-में शिशुपालका। राज्यारोहण कालमें भी अन्तर है। ति.प. के अनुसार वह वी.नि. ६५८ में गद्दीपर बैठा, त्रि. सा. के अनुसार वी.नि. १००० में और उ.पु. के अनुसार दु षम काल (वी.नि. ३) के १००० वर्ष पश्चात् अर्थात् १००३ में उसका जन्म हुआ और १०३३ से १०७३ तक उसने राज्य किया। यहाँ चतुर्मुखको शिशुपालका पुत्र भी कहा है। इसपरसे यह जाना जाता है कि यह कोई एक राजा नहीं था, सन्तान परम्परासे होनेवाले तीन राजा थे—इन्द्र, इसका पुत्र शिशु-पाल और उसका पुत्र चतुर्मुख। उत्तरपुराणमें दिये गए निश्चित काल के आधारपर इन तीनोका पृथक्-पृथक् काल भी निश्चित हो जाता है। इन्द्रका वी. नि ६५८-१०००, शिशुपालका १०००-१०३३, और चतुर्मुखका १०३३-१०७३। तीनों ही अत्यन्त अत्याचारी थे।

३. हून वंश

क पा १/प्र ५४/६५ (पं महेन्द्र कुमार)- लोक-इतिहासमें गुप्त वंशके पश्चात् कल्कीके स्थानपर हूनवंश प्राप्त होता है। इसके राजा भी अत्यन्त अत्याचारी बताये गये है और काल भी लगभग वही है, इसलिये कहा जा सकता है कि शास्त्रोक्त कल्की और इतिहासोक्त हून एक ही बात है। जैसा कि मगध राज्य वशोंका सामान्य परिचय देते हुए बताया जा चुका है इस वंशकेसरदार गुप्तकालमें बराबर जोर पक-ड़ते जा रहे थे और गुप्त राजाओके साथ इनकी मुठभेड बराबर चलती रहती थी। यद्यपि स्कन्द गुप्त (ई. ४१३-४३५) ने अपने शासन कालमें इसे पनपने नहीं दिया, तदपि उसके पश्चात् इसके आक्रमण बढते चले गए। यद्यपि कुमार गुप्त (ई. ४३५-४६०) को परास्त करनेमें यह सफल नहीं हो सका तदपि उसकी शक्तिको इसने क्षीण अवश्य कर दिया, यहाँ तक कि इसके द्वितीय सरदार तोरमाणने ई ५०० में गुप्तवंशके अन्तिम राजा भानुगुप्तके राज्यको अस्त व्यस्त करके सारे पजाब तथा मालवापर अपना अधिकार जमा लिया। ई. ५०७ में इसके पुत्र मिहिरकुलने भानुगुप्तको परास्तकरके सारे मगधपर अपना एक छत्र राज्य स्थापित कर दिया।

परन्तु अत्याचारी प्रवृत्तिके कारण इसका राज्य अधिक काल टिक न सका। इसके अत्याचारोंसे तंग आकर विष्णु-यशोधर्म नामक एक हिन्दू सरदारने मगधकी बिखरी हुई शक्तिको सगठित किया और ई ५२८ में मिहिरकुलको मार भगाया। उसने कशमीरमें शरण ली और ई. ५४० में वहाँ ही उसकी मृत्यु हो गई।

विष्णु-यशोधर्म कट्टर वैष्णव था, इसलिये उसने यद्यपि हिन्दू धर्मकी बहुत वृद्धिकी तदपि साम्प्रदायिक विद्वेषके कारण जैन संस्कृ-तिपर तथा श्रमणोपर बहुत अत्याचार किये, जिसके कारण जैना-म्नायमें यह कल्की नामसे प्रसिद्ध हो गया और हिन्दुओंने इसे अपना अन्तिम अवतार (कल्की अवतार) स्वीकार किया।

जैन मान्य कल्कि वंशकी हून वंशके साथ तुलना करनेपर हम कह सकते है वी नि. ६५८-१००० (ई. ४३१-४७३) में होनेवाला राजा इन्द्र इस कुलका प्रथम सरदार था, वी.नि १०००-१०३३ (ई ४७३-५०६) का शिशुपाल यहाँ तोरमाण है, वी.नि. १०३३-१०७३ वाला चतुर्मुख यहाँ ई ५०६-५४६ का मिहिरकुल है। विष्णु यशोधर्मके स्थानपर किसी अन्य नामका उल्लेख न करके उसके कालको भी यहाँ चतुर्मुखके कालमें सम्मिलित कर लिया गया है।

४. काल निर्णय

अगले पृष्ठकी सारणीमें मगधके राज्यवंशो तथा उनके राजाओंका शासन काल विषयक तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

आधार—जैन शास्त्र=ति. प. ४/१५०५-१५०८, ह. पु ६०/४८७-४९१।

सन्धान—ति. प. २/प्र ७, १४। उपाध्ये तथा एच. ऐल. जैन, ध. १/प्र. ३३/एच. एल. जैन; क. पा. १/प्र. ५२-५४ (६४-६५)। पं. महेन्द्रकुमार; इ. सा./प्र. २८/पं. नाथूराम प्रेमी, प. कैलाश चन्द जी कृत जैन साहित्य इतिहास पूर्व पीठिका।

प्रमाण—जैन इतिहास=जैन साहित्य इतिहास पूर्व पीठिका/पृष्ठ संख्या

संकेत—वी नि.=वीर निर्वाण सवत्, ई पू =ईसवी पूर्व, ई.=ईसवी, पू =पूर्व, सं.=सवत्; वर्ष=कुल शासन काल; लोक इतिहास=वर्तमान इतिहास।

नाम	जैन शास्त्र (ति प ४/१५०५ प्रमाण	वी नि.	ई पू	मत्स्य पुराण प्रमाण	वर्ष	जैन इतिहास प्रमाण	ई पू	वर्ष	विशेषताएँ
अवन्ती राज्य									
१. प्रद्योत वंश									
सामान्य				३१७	१२५				
प्रद्योत				,,	२३	३२५	५६०-५२७	३३	श्रेणिक तथा अजातशत्रुका समकालीन।३२२। श्रेणिकके मन्त्री अभयकुमारने बन्दी बनाकर श्रेणिकके आधीन किया था।३२०।
पालक	३२६	१-६०	५२७-४६७			,,	५२७-४६७	६०	इसे गद्दीसे उतारकर जनताने मगध नरेश उदयी (अजक) को राजा स्वीकार कर लिया।३३२।
विशाखयूप				,,	५३				
आर्यक,सूर्यक				३१८	२१				
अजक(उदयी)							४६६-४६७	३२	मगध शासनके ५३ वर्षोंमें से अन्तिम ३२ वर्ष इसने अवन्ती पर शासन किया।२८६। परन्तु दुष्टताके कारण किसी भ्रष्ट राजकुमारके हाथों धोखेसे नि.सन्तान मारा गया।२३२।
नन्दि वर्द्धन							४६७-४४६	१८	इसने मगधमें मिलाकर इस राज्यका अन्तकर दिया।३२८।
मगध राज्य									
१. शिशुनाग वंश									
सामान्य					१२६				
शिशुनाग				३१८	४०				जायसवालजीके अनुसार श्रेणिक वंशीय दर्शकके अपर नाम है। शिशुनाग तथा काकवर्ण उसके विशेषण है।३२२।
काकवर्ण				,,	२६				
क्षेत्रधर्मा				,,	३६				
क्षतौजा				,,	२४				

नाम	बौद्ध शास्त्र महावश प्रमाण	बु नि.	ई पू.	मत्स्यपुराण वर्ष	वर्ष	जैन इतिहास प्रमाण	ई पू	वर्ष	विशेषताएँ
२. श्रेणिक वश									
सामान्य									राज्यके लोभसे अपने अपने पिताकी हत्या करनेके कारण यह कुल पितृघाती नामसे प्रसिद्ध है।३१४।
श्रेणिक (बिम्बसार)					२८	३०८	६०४-६५२	५२	बुद्ध तथा महावीरके समकालीन।३०४। इसके पुत्र अजात-शत्रुका राज्याभिषेक ई. पू. ५५२ में निश्चित है।
अजातशत्रु (कुणिक)	३१६	पू. ८-स. २४	५५२-५२०	३२	२७	,,	५५२-५२०	३२	
भूमिमित्र					१४				बौद्ध ग्रन्थोंमें इसका उल्लेख नहीं है।३२२।
दर्शक					२७				इसकी बहन पद्मावतीका विवाह उदयीके साथ होना माना गया है।३२३।
					२४				
वंशक									
उदयी	३१४	२४-४०	५२०-५०४	१६	३३	३३३	५२०-४६७	५३	अजातशत्रुका पुत्र।३१४। अपरनाम अजक।३२८। ई पू. ४२६में पालकको गद्दीसे हटाकर जनताने इसे अवन्तीका शासक बना दिया परन्तु यह उसे अपने देशमें नहीं मिला सका।३२८।
अनुरुद्ध	,,	४०-४४	५०४-५००	४		३३५	४६७-४५८	६	
मुण्ड	,,	४४-४८	५००-४६६	४		,,	४५८-४४६	८	
नागदास	,,	४८-७२	४६६-४७२	२४		३१४	४४६-४४६	०	पितृघाती कुलको समाप्त करनेके लिए जनताने उसके स्थानपर इसके मन्त्रीको राजा बना दिया।३१४।
सुसुनाग (नन्दिवर्धन)	३१५	७२-६०	४७२-४५४	१८	४०	,,	४४६-४०६	४०	नागदासका मन्त्री जिसे जनताने राजा बनाया।३१४। अवन्ती राज्यको मिलाकर अपने देशकी वृद्धि करनेके कारण नन्दिवर्द्धन नाम पडा।३३१।
कालासोक	,,	६०-११८	४५४-४२६	२८					

नाम	जैन शास्त्र (ति प ४) १५०६			मत्स्य पुराण		जैन इतिहास			विशेषताएँ
	प्रमाण	वी नि	ई. पू	वर्ष	वर्ष	प्रमाण	ई पू.	वर्ष	
३. नन्द वंश *									खारवेल शिलालेखके आधारपर क्योंकि नन्दिवर्द्धनका राज्याभिषेक ई पू. ४५८ में होना सिद्ध होता है इसलिए जायसवाल जीने राजाओंके उपर्युक्त क्रममें कुछ हेर-फेर करके संगति बैठानेका प्रयत्न किया है।३३४। श्रेणिक वंशीय नामदासका मन्त्री हो नन्दिवर्द्धनसे प्रसिद्ध हो गया था। (दे. ऊपर)। वास्तवमें यह नन्द वंशके राजाओंमें सम्मिलित नहीं थे। इस वंशमें नव नन्द प्रसिद्ध है। जिनका उल्लेख आगे किया गया है।३३१।
सामान्य	३२६	६०–२१५	४६७–३१२	१५५[१]	१८३				
अनुरुद्ध नन्दिवर्द्धन (सुसुनाग)						३३४	४६७-४५८	६	
					४०	,,	४५८–४१८	४०	
मुण्ड						,,	४१८–४१०	८	
			लोक इतिहास						
			५२६–३२२	२०४			४१०–३२६	८४	
नव नन्द :— महानन्द					४३	,,	४१०–३७४	३६	नन्दिवर्द्धनका उत्तराधिकारी तथा नन्द वंशका प्रथम राजा।३३१।
महानन्दके २ पुत्र						,,	३७४–३६६	८	
					८८	,,	३६६–३३८	२८[२]	८८ तथा २८ वर्ष की गणनामें ६० वर्षका अन्तर है। इसके समाधानके लिए देखो नीचे टिप्पणी।
महापद्मनन्द (तथा इनके ४ पुत्र)					१२	,,	३३८–३२६	१२	भोग विलासमें पड जानेके कारण इसके कुलको नष्ट करके इसके मन्त्री शाकटालने चाणक्यकी सहायतासे चन्द्रगुप्त मौर्यको राजा बना दिया।३६४।
धनानन्द									

[१]=जैन शास्त्रके अनुसार पालकका काल ६० वर्ष और नन्द वंशका १५५ वर्ष है। तदनन्तर अर्थात् वी नि. २१५ में चन्द्रगुप्त मौर्यका राज्याभिषेक हुआ। श्रुतकेवली भद्रबाहु (वी. नि.१६२) के समकालीन बनानेके अर्थ थे, आचार्य श्री हेमचन्द्र सूरिने इसे वी.नि. १५५ में राज्यारूढ होनेकी कल्पना की। जिसके लिए उन्हे नन्द वंशके कालको १५५ से घटा कर ६५ वर्ष करना पडा। इस प्रकार चन्द्रगुप्त मौर्यके कालको लेकर ६०वर्षका मतभेद पाया जाता है।३१३। दूसरी ओर पुराणोमें नन्द वंशीय महापद्मनन्दिके कालको लेकर ६० वर्षका मतभेद है। वायु पुराणमे उसका काल २८ वर्ष है और अन्य पुराणोंमें ८८ वर्ष। ८८ वर्ष माननेपर नन्द वंशका काल १९३ वर्ष आता है और २८ वर्ष माननेपर १२३ वर्ष। इस कालमें उदयी (अजक) के अवन्ती राज्यवाले ३२ वर्ष मिलानेपर पालकके पश्चात् नन्द वंशका काल १५५ वर्ष आ जाता है। इसलिए उदयी (अजक) तथा उसके उत्तराधिकारी नन्दिवर्द्धनकी गणना नन्द वंशमें करनेकी भ्रान्ति चल पडी है। वास्तवमे ये दोनो राजा श्रेणिक वंशमे है, नन्द वंशमे नहीं। नन्द वंशमे नव नन्द प्रसिद्ध है जिनका काल महापद्मनन्दसे प्रारम्भ होता है।३३१।

नाम	जैन शास्त्र ति प. ४/१५०६			जैन इतिहास			लोक इतिहास		विशेष घटनायें
	वी नि.	ई. पू.	वर्ष	प्रमाण	ई.पू	वर्ष	ई.पू	वर्ष	
४. मौर्य या मुरुड वंश—									
सामान्य	२१५–४७०	३१२–५७	२५५		३२६–२११	११५	३२२–१८५	१३७	
चन्द्रगुप्त प्र.	२१५–२५५	३१२–२७२	४०	३५८ ३३६	३२६–३०२	२४	३२२–२९८	२४	जिन दीक्षा धारण करने वाले ये अन्तिम राजा थे। ति. प. ४/१४८१। बुद्ध निर्वाण (ई पू. ५४४) से २१८ वर्ष पश्चात् गद्दी पर बैठे।२८७। श्रुतकेवली भद्र बाहु (वी. नि. १६२) के साथ दक्षिण गये। (दे. इतिहास ४)।
बिन्दुसार					३०२–२७७	२५	२९८–२७३	२५	चन्द्रगुप्तका पुत्र।३५८।
अशोक					२७७–२३६	४१	२७३–२३२	४१	
कुनाल				३५९	२३६–२२८	८	२३२–१८५	४७	
दशरथ				,,	२२८–२२०	८			कुनालके ज्येष्ठ पुत्र अशोकका पोता।३५१।
सम्प्रति (चन्द्रगुप्त द्वि.)				३५८	२२०–२११	९			कुनालका लघु पुत्र अशोकका पोता चन्द्रगुप्तके १०५ वर्ष पश्चात और अशोकके १६ वर्ष पश्चात गद्दी पर बैठा।३५९।
विक्रमादित्य*	४१०–४७०	११७–५७	६०						* यह नाम क्रमवाह्य है।

वंशका नाम सामान्य/विशेष	जैन शास्त्र ति प ४/१५०७ वी. नि	ई पू.	वर्ष	लोक इतिहास ई. पू.	वर्ष	विशेष घटनायें
५. शक वंश—						
सामान्य	२५५–४८५	२७२– ४२	२३०	१८५–१२०	६५	यह वास्तवमें कोई एक अखण्ड वंश न था, बल्कि छोटे-छोटे सरदार थे, जिनका राज्य मगध देशकी सीमाओंपर बिखरा हुआ था। यद्यपि विक्रम वंशका राज्य वी. नि. ४७० में समाप्त हुआ है, परन्तु क्योंकि चन्द्रगुप्तके कालमें ही इन्होंने छोटी-छोटी रियासतों पर अधिकार कर लिया था, इसलिए इनका काल वी. नि. २५५ से प्रारम्भ करने में कोई विरोध नहीं आता।
प्रारम्भिक अवस्था में	२५५–३४५	२७२–१८२	९०			
१. पुष्य मित्र	२५५–२८५	२७२–२४२	३०			
२. चक्षु मित्र (वसुमित्र)	२८५–३४५	२४२–१८२	६०			वसुमित्र और अग्निमित्र समकालीन थे, तथा पृथक्-पृथक् प्रान्तों में राज्य करते थे।
अग्निमित्र (भानुमित्र)	२८५–३४५	२४२–१८२	६०			
प्रबल अवस्थामें				अनुमानत.		
गर्दभिल्ल (गन्धर्व)	३४५–४४५	१८२– ८२	१००	१८१–१४१	४०	यद्यपि गर्दभिल्ल व नरवाहनका काल यहाँ ई. पू. १४२–८२ दिया है, पर यह ठीक नहीं है, क्योंकि आगे राजा शालिवाहन द्वारा वी. नि. ६०५ (ई ७९) में नरवाहनका परास्त किया जाना सिद्ध है। अत. मानना होगा कि अवश्य ही इन दोनोंके बीच कोई अन्य सरदार रहे होंगे, जिनका उल्लेख नहीं किया गया है। यदि इनके मध्यमें ५ या ६ सरदार और भी मान लिए जायें तो नरवाहनकी अन्तिम अवधि ई. १२० को स्पर्श कर जायेगी। और इस प्रकार इतिहासकारोंके समयके साथ भी इसका मेल खा जायेगा और शालिवाहनके समयके साथ भी।
अन्य सरदार	४४५–५६६	ई. पू. ८२–ई. ३९	१२१	१४१–ई. ८०	२२१	
नरवाहन (नभःसेन)	५६६–६०६	३९–७९	४०	८०–१२०	४०	
६. भृत्य वंश (कुशान वंश)—						इतिहासकारोंकी कुशान जाति ही आगमकारोंका भृत्य वंश है क्योंकि दोनोंका कथन लगभग मिलता है। दोनों ही शकों पर विजय पानेवाले थे। उधर शालिवाहन और इधर कनिष्क दोनोंने समान समय में ही शकोंका नाश किया है। उधर शालिवाहन और इधर कनिष्क दोनों ही समान पराक्रमी शासक थे। दोनोंका ही साम्राज्य विस्तृत था। कुशान जाति एक बहिष्कृत चीनी जाति थी जिसे ई. पू. दूसरी शताब्दीमें देशसे निकाल दिया गया था। वहाँसे चलकर बखतियार व काबुलके मार्गसे ई पू ४१ के लगभग भारतमें प्रवेश कर गये। यद्यपि कुछ छोटे-मोटे प्रदेशों पर इन्होंने अधिकार कर लिया था परन्तु ई. ४० में उत्तरी पंजाब पर अधिकार कर लेनेके पश्चात् ही इनकी सत्ता प्रगट हुई। यही कारण है कि आगम व इतिहासकी मान्यताओंमें इस वंशकी पूर्वावधिके सम्बन्धमें ८० वर्षका अन्तर है।
सामान्य	४८५–७२७	पू. ४२– ई. २००	२४२	४०–३२०	२८०	
प्रारम्भिक-अवस्थामें	४८५ ५६६	पू. ४२– ई. ३९	८१			

वंशका नाम सामान्य/विशेष	लोक इतिहास ईसवी	वर्ष	विशेष घटनायें
प्रबल स्थितिमें			ई. ४० में ही इसकी स्थिति मजबूत हुई और यह जाति शकोंके साथ टक्कर लेने लगी। इस वंशके दूसरे राजा गौतमी पुत्र सातकर्णी (शालिवाहन) ने शकोंके अन्तिम राजा नरवाहनको वी. नि. ६०६ (ई. ७९) में परास्त करके शक संवत्की स्थापना की। (क.पा./१/प्र /५३/६४/पं. महेन्द्र।
गौतम	४०–७४	३४	
शालिवाहन (सातकर्णि)	७४–१२० वी नि ६०१–६४७	४६	
कनिष्क	१२०–१६२	४२	राजा कनिष्क इस वंशका तीसरा राजा था, जिसने शकोंका मूलच्छेद करके भारतमें एकछत्र विशाल राज्यकी स्थापना की।
अन्य राजा	१६२–२०१	३९	कनिष्कके पश्चात् भी इस जातिका एकछत्र शासन ई २०१ तक चलता रहा इसी कारण आगमकारोंने यहाँ तक ही इसकी अवधि अन्तिम स्वीकार की है। परन्तु इसके पश्चात् भी इस वंशका मूलोच्छेद नहीं हुआ। गुप्त वंशके साथ टक्कर हो जानेके कारण इसकी शक्ति क्षीण होती चली गयी। इस स्थितिमें इसकी सत्ता ई. २०१–३२० तक बनी रही। यही कारण है कि इतिहासकार इसकी अन्तिम अवधि ई २०१ को बजाये ३२० स्वीकार करते हैं।
क्षीण अवस्थामें	२०१–३२०	११९	

वंशका नाम सामान्य/विशेष	लोक इतिहास ईसवी	वर्ष	विशेष घटनायें
७ गुप्त वंश—			आगमकारों व इतिहासकारोंकी अपेक्षा इस वंशकी पूर्वावधिके सम्बन्धमें समाधान ऊपर कर दिया गया है कि ई. २०१—३२० तक यह कुछ प्रारम्भिक अवस्थामें रहा है।
सामान्य	जैन शास्त्र	२३१	
प्रारम्भिक-	इतिहास		
अवस्थामें	३२०–४६०	१४०	
चन्द्रगुप्त	३२०–३३०	१०	इसने एकछत्र गुप्त साम्राज्य की स्थापना करनेके उपलक्ष्यमें गुप्त सम्वत् चलाया। इसका विवाह लिच्छिवि जातिकी एक कन्याके साथ हुआ था। यह विद्वानोंका बड़ा सत्कार करता था। प्रसिद्ध कवि कालिदास (शकुन्तला नाटककार) इसके दरबारका ही रत्न था।
समुद्रगुप्त	३३०–३७५	४५	
चन्द्रगुप्त— (विक्रमादित्य)	३७५–४१३	३८	
स्कन्द गुप्त	४१३–४३५	२२	इसके समयमें हूनवंशी (कल्की) सरदार काफी जोर पकड़ चुके थे। उन्होंने आक्रमण भी किया परन्तु स्कन्द गुप्तके द्वारा परास्त कर दिये गये। ई. ४३७ में जबकि गुप्त संवत् ११७ था यही राजा राज्य करता था। (क पा. १/प्र./५४/६५/पं. महेन्द्र)
	वी.नि ९४०–९६२		इस वंशकी अखण्ड स्थिति वास्तवमें स्कन्दगुप्त तक ही रही। इसके पश्चात्, हूनोंके आक्रमणके द्वारा इसकी शक्ति जर्जरित हो गयी। यही कारण है कि आगमकारोंने इस वंशकी अन्तिम अवधि स्कन्दगुप्त(वी. नि ९६२) तक ही स्वीकार की है। कुमारगुप्तके कालमें भी हूनों के अनेकों आक्रमण हुए जिसके कारण इस राज्यका बहुभाग उनके हाथमें चला गया और भानुगुप्तके समयमें तो यह वंश इतना कमजोर हो गया कि ई. ५०० में हूनराज तोरमाणने सारे पंजाब व मालवा पर अधिकार जमा लिया। तथा तोरमाणके पुत्र मिहरपालने उसे परास्त करके नष्ट हो कर दिया।
कुमार गुप्त	४३५–४६०	२५	
भानु गुप्त	४६०–५०७	४७	

८. कल्की तथा हून वंश *

जैन शास्त्रका कल्की वंश			इतिहासका हून वंश		
नाम	वी० नि०	वर्ष	नाम	ईसवी	वर्ष
सामान्य	९५८-१०७३	११५	सामान्य	४३१-५४६	११५
इन्द्र	९५८-१०००	४२		४३१-४७३	४२
शिशुपाल	१०००-१०३३	३३	तोरमाण	४७३-५०६	३३
चतुर्मुख	१०३३-१०५५	४०	मिहिरकुल	५०६-५२८	२
,,	१०५५-१०७३		विष्णु यशोधर्म	५२८-५४६	१८

आगमकारोंका कल्की वंश ही इतिहासकारोंका हूणवंश है, क्योंकि यह एक बर्बर जंगली जाति थी, जिसके समस्त राजा अत्यन्त अत्याचारी होनेके कारण कल्की कहलाते थे। आगम व इतिहास दोनोंकी अपेक्षा समय लगभग मिलता है। इस जातिने गुप्त राजाओं-पर स्कन्द गुप्तके समयसे ई० ४३२ से ही आक्रमण करने प्रारम्भ कर दिये थे। (विशेष दे. शीर्षक २ व ३)

नोट—जैनागममें प्राय सभी मूल शास्त्रोंमें इस राज्य वंशका उल्लेख किया गया है। इसके कारण भी दो है—एक तो राजा 'कल्की' का परिचय देना और दूसरे वीरप्रभुके पश्चात् आचार्योंकी मूल परम्पराका ठीक प्रकारसे समय निर्णय करना। यद्यपि अन्य राज्य वंशोंका कोई उल्लेख आगममें नहीं है, परन्तु मूल परम्पराके पश्चात्के आचार्यों व शास्त्र-रचयिताओंका विशद परिचय पानेके लिए तात्कालिक राजाओंका परिचय भी होना आवश्यक है। इसलिये कुछ अन्य भी प्रसिद्ध राज्य वंशोंका, जिनका कि सम्बन्ध किन्हीं प्रसिद्ध आचार्यों-के साथ रहा है, परिचय यहाँ दिया जाता है।

४. राष्ट्रकूट वंश (प्रमाणके लिए—दे. वह वह नाम)

सामान्य—जैनागमके रचयिता आचार्योंका सम्बन्ध उनमें-से सर्व प्रथम राष्ट्रकूट राज्य वंशके साथ है जो भारतके इतिहासमें अत्यन्त प्रसिद्ध है। इस वंशमें चार ही राजाओंका नामविशेष उल्लेखनीय है—जगतुङ्ग, अमोघवर्ष, अकालवर्ष और कृष्ण तृतीय। उत्तर उत्तरवाला राजा अपनेसे पूर्व पूर्वका पुत्र था। इस वंशका राज्य मालवा प्रान्तमें था। इसकी राजधानी मान्यखेट थी। पीछेसे बढ़ाते-बढ़ाते इन्होंने लाट देश व अवन्ती देशको भी अपने राज्यमें मिला लिया था।

१. जगतुङ्ग—राष्ट्रकूट वंशके सर्वप्रथम राजा थे। अमोघवर्षके पिता और इन्द्रराजके बड़े भाई थे अत: राज्यके अधिकारी यही हुए। बड़े प्रतापी थे इनके समयसे पहले लाट देशमें 'शत्रु-भयंकर कृष्णराज' प्रथम नामके अत्यन्त पराक्रमी और व प्रसिद्ध राजा राज्य करते थे। इनके पुत्र श्री वल्लभ गोविन्द द्वितीय कहलाते थे। राजा जगतुङ्गने अपने छोटे भाई इन्द्रराजकी सहायतासे लाट नरेश 'श्रीवल्लभ' को जीतकर उसके देशपर अपना अधिकारकर लिया था, और इसलिये वे गोविन्द तृतीयकी उपाधि को प्राप्त हो गये थे। इनका काल श. ७१६-७३५ (ई ७९४-८१३) निश्चित किया गया है। २. अमोघवर्ष—इस वंशके द्वितीय प्रसिद्ध राजा अमोघवर्ष हुये। जगतुङ्ग अर्थात् गोविन्द तृतीय के पुत्र होने के कारण गोविन्द चतुर्थ की उपाधिको प्राप्त हुये। कृष्णराज प्रथम (देखो ऊपर) के छोटे पुत्र ध्रुव राज अमोघ वर्ष के समकालीन थे। ध्रुवराज ने अवन्ती नरेश वत्सराज को युद्ध में परास्त करके उसके देशपर अधिकार कर लिया था जिससे उसे अभिमान हो गया और अमोघवर्षपर भी चढ़ाईकर दी। अमोघवर्षने अपने चचेरे भाई कर्कराज (जगतुङ्गके छोटे भाई इन्द्र-राजका पुत्र) की सहायतासे उसे जीत लिया। इनका काल वि. ८७१-९३५ (ई. ८१४-८७८) निश्चित है। ३. अकालवर्ष—वत्सराजसे अवन्ति देश जीतकर अमोघवर्षको दे दिया। कृष्णराज प्रथमके पुत्रके राज्य पर अधिकार करनेके कारण यह कृष्णराज द्वितीयकी उपाधि-को प्राप्त हुये। अमोघवर्षके पुत्र होनेके कारण अमोघवर्ष द्वितीय भी कहलाने लगे। इनका समय ई. ८७८-९१२ निश्चित है। ४ कृष्णराज तृतीय—अकालवर्षके पुत्र और कृष्ण तृतीयकी उपाधिको प्राप्त थे।

४ दिगम्बर मूल संघ—

१ मूलसंघ—

भगवान् महावीरके निर्वाणके पश्चात् उनका यह मूल संघ १६२ वर्षके अन्तरालमें होने वाले गौतम गणधरसे लेकर अन्तिम श्रुतकेवली भद्रबाहु स्वामी तक अविच्छिन्न रूपसे चलता रहा। इनके समयमें अवन्ती देशमें पड़नेवाले द्वादश वर्षीय दुर्भिक्षके कारण इस संघके कुछ आचार्योंने शिथिलाचारको अपनाकर आ. स्थूलभद्रकी आम्नाय में इससे विलग एक स्वतन्त्र श्वेताम्बर संघकी स्थापना कर दी जिससे भगवानका एक अखण्ड दो शाखाओंमें विभाजित हो गया

(विशेष दे श्वेताम्बर)। आ. भद्रबाहु स्वामीकी परम्परामें दिगम्बर मूल संघ श्रुतज्ञानियोंके अस्तित्वकी अपेक्षा वी. नि. ६८३ तक बना रहा, परन्तु संघ व्यवस्थाकी अपेक्षासे इसकी सत्ता आ. अर्हद्बली (वी नि. ५६५-५९३) के कालमें समाप्त हो गई।

ऐतिहासिक उल्लेखके अनुसार मूलसंघका यह विघटन वी. नि. ५७५ में उस समय हुआ जबकि पंचवर्षीय युग प्रतिक्रमणके अवसरपर आ. अर्हद्बलिने यत्र-तत्र बिखरे हुए आचार्यों तथा यतियोंको संगठित करनेके लिये दक्षिण देशस्थ महिमा नगर (जिला सतारा) में एक महान यति सम्मेलन आयोजित किया जिसमें १००-१०० योजनसे आकर यतिजन सम्मिलित हुए। उस अवसर पर यह एक अखण्ड संघ अनेक अवान्तर संघोंमें विभक्त होकर समाप्त हो गया (विशेष दे. परिशिष्ट २/२)

२. मूलसंघकी पट्टावली

वीर निर्वाणके पश्चात् भगवान्‌के मूलसंघकी आचार्य परम्परामें ज्ञानका क्रमिक ह्रास दर्शानेके लिए निम्न सारणीमें तीन दृष्टियोंका तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। प्रथम दृष्टि तिलोय पण्णति आदि मूल शास्त्रोंकी है, जिसमें अंग अथवा पूर्वधारियोंका समुदित काल निर्दिष्ट किया गया है। द्वितीय दृष्टि इन्द्रनन्दि कृत श्रुतावतार की है जिसमें समुदित कालके साथ-साथ आचार्योंका पृथक्-पृथक् काल भी बताया गया है। तृतीय दृष्टि प. कैलाशचन्दजी की है जिसमें भद्रबाहु प्र. की चन्द्रगुप्त मौर्यके साथ समकालीनता घटित करनेके लिये उक्त कालमें कुछ हेर-फेर करनेका सुझाव दिया गया है (विशेष दे. परिशिष्ट २)।

दृष्टि नं. १=(ति प. ४/१४७५-१४९९), (ह पु. ६०/४७६-४८१); (ध ९/४,१ ४४/२३०), (क.पा १/§६४/८४), (म.पु २/१३४-१५०)

दृष्टि नं. २=इन्द्रनन्दि कृत नन्दिसंघ बलात्कार गणकी पट्टावली/श्लो १-१७), (ती. २/१६ पर तथा ४/३४७ पर उद्धृत)

दृष्टि नं. ३=जै पी. ३५४ (प. कैलाश चन्द)।

क्रम	नाम	अपर नाम	दृष्टि नं० १ ज्ञान	दृष्टि नं० १ समुदित काल	दृष्टि नं० २ ज्ञान	दृष्टि नं० २ कुल वर्ष	दृष्टि नं० २ वी नि सं.	दृष्टि नं० २ समुदित काल	दृष्टि नं० ३ वी नि सं.	दृष्टि नं० ३ कुल वर्ष	विशेष
वीर निर्वाण के पश्चात—						वर्ष	०		०		
१	गौतम	इन्द्रभूति गणधर	केवली	६२ वर्ष	केवली	१२	०-१२	६२ वर्ष	०-१२	१२	
२	सुधर्मा	लोहार्य	↑	↑	↑	१२	१२-२४	↑	१२-२४	१२	
३	जम्बू					३८	२४-६२		५४-६२	३८	
४	विष्णु	नन्दि	पूर्ण श्रुतकेवली	१०० वर्ष	श्रुतकेवली या ११ " "	१४	६२-७६	↑	६२-८८	२६	
५	नन्दि मित्र	नन्दि	११ अंग १४ पूर्व	↑	अंग १४ पूर्वधारी	१६	७६-९२		८८-११६	२८	
६	अपराजित		↑		↑	२२	९२-११४		११६-१५०	३४	
७	गोवर्धन					१९	११४-१३३		१५०-१८०	३०	
८	भद्रबाहु प्र		←	↑	→	२९	१३३-१६२	१०० वर्ष	१८०-२२२	४१	
९	विशाखाचार्य	विशाखदत्त	→	↑	→	१०	१६२-१७२	↑	२२२-२३२	१०	
१०	प्रोष्ठिल	चन्द्रगुप्त मौर्य				१९	१७२-१९१		२३२-२५१	१९	
११	क्षत्रिय	कृतिकार्य				१७	१९१-२०८		२५१-२६८	१७	
१२	जयसेन	जय	११ अंग व १० पूर्वधारी	१८३ वर्ष	११ अंग व १०पूर्वधारी	२१	२०८-२२९		२६८-२८९	२१	
१३	नागसेन	नाग				१८	२२९-२४७		२८९-३०७	१८	
१४	सिद्धार्थ					१७	२४७-२६४	१८३ वर्ष	३०७-३२४	१७	
१५	धृतषेण					१८	२६४-२८२		३२४-३४२	१८	
१६	विजय	विजयसेन				१३	२८२-२९५		३४२-३५५	१३	
१७	बुद्धिलिंग	बुद्धिल				२०	२९५-३१५		३५५-३७५	२०	
१८	देव	गंगदेव, गंग				१४	३१५-३२९		३७५-३८९	१४	
१९	धर्मसेन	धर्म, सुधर्म	←	↓	↓	१४ (१६)	३२९-३४५		३८९-४०५	१६	१४को बजाय १६वर्ष लेनेसे संगति बैठेगी
२०	क्षत्र		११अंग धारी→	२२० वर्ष→	११ अंगधारी→	१८	३४५-३६३	↓	४०५-४१७	१२	
२१	जयपाल	यशपाल				२०	३६३ ३८३		४१७-४३०	१३	
२२	पाण्डु					३९	३८३-४२२		४३०-४४२	१२	
२३	ध्रुवसेन	द्रुमसेन				१४	४२२-४३६	२२० वर्ष	४४२-४५४	१२	
२४	कंस					३२	४३६ -४६८		४५४-४६८	१४	
२५	सुभद्र					६	४६८-४७४		४६८-४७४	६	
२६	यशोभद्र	अभय	←	↓	१० अंगधारी	१८	४७४-४९२		४७४-४९२	१८	
२७	भद्रबाहु द्वि	यशोबाहु जयबाहु	आचारांग धारी	११८ वर्ष	९ अंग धारी	२३	४९२-५१५		४९२-५१५	२३	
२८	लोहाचार्य	लोहार्य		६८३	८ अंगधारी	५२ (५०)	५१५-५६५	५६५	५१५-५६५	५०	५२को बजाय ५० वर्ष लेनेसे संगति बैठेगी
					"					५६५	

नं.	नाम	दृष्टि १ नोट	दृष्टि २ ज्ञान	कुल वर्ष	वी.नि.सं	समुदित काल	दृष्टि नं. ३ वी.नि.सं.	कुल वर्ष	विशेष
२८	लोहाचार्य	इन नामोंका उल्लेख तिलोय पण्णति आदिमें नहीं है। लोहाचार्य तक ६८३ वर्ष की गणना पूरी कर दी गई है।	८ अंगधारी	५२ (५०)	५१५-५६५	५६५	५२५-५६५	५०	श्रुतावतारकी मूल पट्टावलीमें इन चारोंका नाम नहीं है। (ध १/प्र. २४/H.L. Jain)। एकसाथ उल्लेख होनेसे समकालीन है। इनका समुदित काल २०वर्ष माना जा सकता है (मुख्तार साहब) गुरु परम्परासे इनका कोई सम्बन्ध नहीं है (दे. परिशिष्ट २)
२९	विनयदत्त		१ अंगधारी	२०	५६५-५८५	↑ २० वर्ष			
३०	श्रीदत्त न. १		"	समकालीन "	"				
३१	शिवदत्त		"	"	"				
३२	अर्हद्दत्त		"	"	"	↓			
३३	अर्हद्बलि (गुप्तिगुप्त)		अंगांशधर अथवा पूर्वविद	२८	५६५-५९३	↑	५६५-५७५	१०	आचार्य काल।
							५७५-५९३	१८	संघ विघटनके पश्चातसे समाधिमरण तक (विशेष दे. परिशिष्ट २)
३४	माघनन्दि		"	२१	५९३-६१४	११८ वर्ष	५७५-५७९	४	नन्दि संघके पट्ट पर।
							५७९-६१४	३५	पट्ट भ्रष्ट हो जानेके पश्चात् समाधिमरण तक। (विशेष दे परिशिष्ट २)
३५	धरसेन		"	१९	६१४-६३३		५६५-६३३	६८	अर्हद्बलीके समकालीन थे। वी नि. ६३३ में समाधि। (विशेष दे. परिशिष्ट २)
३६	पुष्पदन्त		"	३०	६३३-६६३		५९३-६३३	४०	धरसेनाचार्यके पादमूलमें ज्ञान प्राप्त करके इन दोनोंने षट्खण्डागमकी रचना की (विशेष दे. परिशिष्ट २)
३७	भूतबलि		"	२०	६६३-६८३	↓	५९३-६८३	९०	
						६८३			

३. पट्टावली का समन्वय—

ध. १/प्र./H L. Jain/पृष्ठ संख्या—प्रत्येक आचार्यके कालका पृथक्-पृथक् निर्देश होनेसे द्वितीय दृष्टि प्रथमकी अपेक्षा अधिक ग्राह्य है।२८। इसके अन्य भी अनेक हेतु है। यथा—(१) प्रथम दृष्टिमें नक्षत्रादि पाँच एकादशांग धारियोका २२० वर्ष समुदित काल बहुत अधिक है।२९। (२) प. जुगल किशोरजीके अनुसार विनयदत्तादि चार आचार्योंका समुदित काल २० वर्ष और अर्हद्बलि तथा माघनन्दिका १०-१० वर्ष कल्पित कर लिया जाये तो प्रथम दृष्टिसे धरसेनाचार्यका काल वी.नि. ७२३ के पश्चात् हो जाता है, जबकि आगे इनका समय वी नि ५६५-६३३ सिद्ध किया गया है।२४। (३) सम्भवत' मूलसंघका विभक्तिकरण हो जानेके कारण प्रथम दृष्टिकारने अर्हद्बली आदिका नाम वी.नि के पश्चातवाली ६८३ वर्षकी गणनामें नहीं रखा है, परन्तु जैसा कि परिशिष्ट २ में सिद्ध किया गया है इनकी सत्ता ६८३ वर्षके भीतर अवश्य है।२८। इसलिये द्वितीय दृष्टिने इन नामोका भी संग्रहकर लिया है। परन्तु यहाँ यह बात ध्यान देने योग्य है कि इनके कालकी जो स्थापना यहाँ की गई है उसमें पट्टपरम्परा या गुरु शिष्य परम्पराकी कोई अपेक्षा नही है, क्योंकि लोहाचार्यके पश्चात् वी नि ५७४ में अर्हद्बलीके द्वारा संघका विभक्तिकरण हो जानेपर मूल संघकी सत्ता समाप्त हो जाती है (दे. परिशिष्ट २ में 'अर्हद्बली')। ऐसी स्थितिमें यह सहज सिद्ध हो जाता है कि इनकी काल गणना पूर्वावधिकी बजाय उत्तरावधिको अर्थात् उनके समाधिमरणको लक्ष्यमें रखकर की गई है। वस्तुत' इनमें कोई पौर्वापर्य नही है। पहले पहले वालेकी उत्तरावधि ही आगे आगे वालेकी पूर्वावधि बन गई है। यही कारण है कि सारणीमें निर्दिष्ट कालोंके साथ इनके जीवन वृत्तोकी संगति ठीक ठीक घटित नहीं होती है। (४) दृष्टि न. ३ में जैन इतिहासकारोने इनका सुयुक्तियुक्त काल निर्धारित किया है जिसका विचार परिशिष्ट २ के अन्तर्गत विस्तारके साथ किया गया है। (५) एक चतुर्थ दृष्टि भी प्राप्त है। वह यह कि द्वितीय दृष्टिका प्रतिपादन करनेवाले श्रुतावतार में प्राप्त एक श्लोक (दे. परिशिष्ट ४) के अनुसार यशोभद्र तथा भद्रबाहु द्वि. के मध्य ४-५ आचार्य और भी है जिनका ज्ञान श्रुतावतारके कर्त्ता श्री इन्द्रनन्दिको नहीं है। इनका समुदित काल ११८ वर्ष मान लिया जाय तो द्वि दृष्टिसे भी लोहाचार्य तक ६८३ वर्ष पूरे हो जाने चाहिए। (पं.स./प्र./H L. Jain); (स सि/प्र ७८/पं. फूलचन्द)। परतु इस दृष्टिको विद्वानोका समर्थन प्राप्त नही है, क्योंकि ऐसा माननेपर अर्हद्बली आदिका काल उनके जीवन वृत्तोसे बहुत आगे चला जाता है।

४. मूल संघका विघटन

जैसा कि उपर्युक्त सारणीमें दर्शाया गया है भगवान् वीरके निर्वाणके पश्चात गौतम गणधरसे लेकर अर्हद्बली तक उनका मूलसंघ अविच्छिन्न रूपसे चलता रहा। आ० अर्हद्बलीने पंचवर्षीय युगप्रतिक्रमणके अवसर परमहिमानगर जिला सतारामें एक महान यतिसम्मेलन किया,जिसमें सौ योजन तकके साधु सम्मिलित हुए। उस समय उन साधुओंमें अपने अपने शिष्योंके प्रति कुछ पक्षपातकी बू देखकर उन्होने मूलसंघकी सत्ता समाप्त करके उसे पृथक् पृथक् नामोंवाले अनेक अवान्तर संघोमें विभाजित कर दिया जिसमे से कुछके नाम ये है—१. नन्दि, २. वृषभ ३. सिंह, ४ देव, ५ काष्ठा, ६. वीर, ७. अपराजित, ८. पंचस्तूप, ९. सेन, १०.भद्र, ११. गुणधर, १२ गुप्त, १३. सिंह, १४. चन्द्र इत्यादि (ध १/प्र.१४ H L. Jain)।

इनके अतिरिक्त भी अनेको अवान्तर संघ भी भिन्न भिन्न समयोंपर परिस्थितिवश उत्पन्न होते रहे। धीरे धीरे इनमेंसे कुछ संघो में शिथिलाचार आता चला गया, जिनके कारण वे जैनाभासी कहलाने लगे (इनमें छ प्रसिद्ध है—१. श्वेताम्बर, २. गोपुच्छ या काष्ठा, ३. द्रविड, ४. यापनीय या गोप्य, ५ निष्पिच्छ या माथुर और ६. भिल्लक

५ श्रुत तीर्थकी उत्पत्ति —

ध. ४/१,४४/१३० चोद्दसपइण्णयाणमगबज्झाणं च सावणमास-बहुल-पक्ख-जुगादिपडिवयपुव्वदिवसे जेण रयणा कदा तेणिदभूदिभडारओ

वड्ढमाणजिणतित्थगंथकत्तारो। उक्तं च—'वासस्स पढममासे पढमे पक्खम्मि सावणे बहुले। पडिवदपुव्वदिवसे तित्थुप्पत्ती दु अभिजिम्मि ४०।'

ध.१/१,१/६५ तित्थयरादो सुदपज्जएण गोदमो परिणदो त्ति दव्व-सुदस्स गोदमो कत्ता।—चौदह अंगबाह्य प्रकीर्णकोंकी श्रावण मासके कृष्ण पक्षमें युगके आदिम प्रतिपदा दिनके पूर्वाह्नमें रचना की गई थी। अतएव इन्द्रभूति भट्टारक वर्द्धमान जिनके तीर्थमें ग्रन्थकर्त्ता हुए। कहा भी है कि 'वर्षके प्रथम (श्रावण) मासमें, प्रथम (कृष्ण) पक्षमें अर्थात् श्रावण कृ प्रतिपदाके दिन सवेरे अभिजित नक्षत्रमें तीर्थकी उत्पत्ति हुई॥ तीर्थसे आगत उपदेशोंको गौतमने श्रुतके रूपमें परिणत किया। इसलिये गौतम गणधर द्रव्य श्रुतके कर्ता है।

६ श्रुतज्ञानका क्रमिक ह्रास—

भगवान् महावीरके निर्वाण जानेके पश्चात् ६२ वर्ष तक इन्द्रभूति (गौतम गणधर) आदि तीन केवली हुए। इनके पश्चात् यद्यपि केवलज्ञानकी व्युच्छित्ति हो गई तदपि ११ अंग १४ पूर्वके धारी पूर्ण श्रुतकेवली बने रहे इनकी परम्परा १०० वर्ष तक (विद्वानोंके अनुसार १६० वर्ष तक) चलती रही। तत्पश्चात् श्रुत ज्ञानका क्रमिक ह्रास होना प्रारम्भ हो गया। वी नि ६६५ तक १०,६,८ अंगधारियोंकी परम्परा चली और तदुपरान्त वह भी लुप्त हो गई। इसके पश्चात् वी नि ६८३ तक श्रुतज्ञानके आचारांगधारी अथवा किसी एक आध अंगके अंशधारी ही यत्र-तत्र शेष रह गए।

इस विषयका उल्लेख दिगम्बर साहित्यमें दो स्थानोंपर प्राप्त होता है, एक तो तिल्लोय पण्णत्ति, हरिवंश पुराण, धवला आदि मूल ग्रन्थोंमें और दूसरा आ इन्द्रनन्दि (वि ११६) कृत श्रुतावतारमें। पहले स्थानपर श्रुतज्ञानके क्रमिक ह्रासको दृष्टिमें रखते हुए केवल उस उस परम्पराका समुदित काल दिया गया है, जब कि द्वितीय स्थान पर समुदित कालके साथ-साथ उस उस परम्परामें उल्लिखित आचार्योंका पृथक्-पृथक् काल भी निर्दिष्ट किया है, जिसके कारण सन्धाता विद्वानोंके लिये यह बहुत महत्व रखता है। इन दोनों दृष्टियोंका समन्वय करते हुए अनेक ऐतिहासिक गुत्थियोंको सुलझानेके लिए विद्वानोंने थोड़े हेरफेरके साथ इस विषयमें अपनी एक तृतीय दृष्टि स्थापित की है। मूलसंघकी अग्रोक्त पट्टावलीमें इन तीनों दृष्टियोंका तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

५. दिगम्बर जैन संघ

१. सामान्य परिचय

ती म.आ./४/३५८ पर उद्धृत नीतिसार-तस्मिन् श्रीमूलसंघे मुनिजनविमले सेन-नन्दी च संघौ। स्यातां सिंहाख्यसंघोऽभवदुरुमहिमा देवसंघश्चतुर्थ॥ अर्हद्बलीगुरुश्चक्रे संघसंघटनं परम्। सिंहसंघो नन्दि संघ. सेनसंघस्तथापरः॥—मुनिजनोंके अत्यन्त विमल श्री मूलसंघमें सेनसंघ, नन्दिसंघ, सिंहसंघ और अत्यन्त महिमावन्त देवसंघ ये चार संघ हुए। श्री गुरु अर्हद्बलीके समयमें सिंहसंघ,नन्दिसंघ,सेनसंघ (और देवसंघ) का संघटन किया गया।

श्रुतकीर्ति कृत पट्टावली–ततः परं शास्त्रविदां मुनिनामग्रेसरोऽभूदकलंक सूरि.।...तस्मिन्गते स्वर्गभुवं महर्षौ दिव स योगि संघश्चतुर प्रभेदासाद्य भूयानविरुद्धवृत्तात्।· देव नन्दि-सिंह-सेन संघभेद वर्त्तिना देशभेदत प्रभोदभाजि देवयोगिनां। =इन(पूज्यपाद जिनेन्द्र बुद्धि) के पश्चात् शास्त्रवेत्ता मुनियोंमें अग्रेसर अकलंकसूरि हुए। इनके दिवंगत हो जानेपर जिनेन्द्र भगवान् संघके चार भेदोंको लेकर शोभित होने लगे—देवसंघ, नन्दिसंघ, सिंहसंघ और सेनसंघ।

नीतीसार (ती./४/३५८)– अर्हद्बलीगुरुश्चक्रे संघसंघटनं परम्। सिंहसंघो नन्दिसंघः सेनसंघस्तथापरः॥ देवसंघ इतिस्पष्टं स्थपनस्थितिविशेषत =अर्हद्बली गुरुके कालमें स्थान तथा स्थितिकी अपेक्षासे सिंहसंघ, नन्दिसंघ,सेनसंघ और देवसंघ इन चार संघोंका संगठन हुआ। यहाँ स्थानस्थितिविशेषत इस पदपरसे डा नेमिचन्द्र इस घटनाका सम्बन्ध उस कथाके साथ जोड़ते है जिसके अनुसार आ अर्हद्बलीने परीक्षा लेनेके लिए अपने चार तपस्वी शिष्योंको विकट स्थानों में वर्षा योग धारण करनेका आदेश दिया था। तदनुसार नन्दि वृक्षके नीचे वर्षा योग धारण करनेवाले माघनन्दि का संघ नन्दिसंघ कहलाया, वृक्षतलमें वर्षायोग धारण करनेसे श्री जिनसेनका नाम वृषभ पड़ा और उनका संघ वृषभ संघ कहलाया। सिंहकी गुफामें वर्षा योग धारण करनेवालेका सिंहसंघ और दैव दत्ता वेश्याके नगरमें वर्षायोग धारण करनेवाले का देवसंघ नाम पड़ा। (विशेष दे परिशिष्ट/२/८)

२. नन्दि संघ

१ सामान्य परिचय

आ. अर्हद्बलीके द्वारा स्थापित संघमें इसका स्थान सर्वोपरि समझा जाता है यद्यपि इसकी पट्टावलीमें भद्रबाहु तथा अर्हद्बलीका नाम भी दिया गया परन्तु वह परम्परा गुरुके रूपमें उन्हें नमस्कार करने मात्र के प्रयोजनसे है। संघका प्रारम्भ वास्तवमें माघनन्दिसे होता है। गुरु अर्हद्बलीकी आज्ञासे नन्दि वृक्षके नीचे वर्षा योग धारण करनेके कारण इन्हें नन्दिकी उपाधि प्राप्त हुई थी और उसी कारण इनके इस संघका नाम नन्दिसंघ पड़ा। माघनन्दिसे कुन्दकुन्द तथा उमास्वामी तक यह संघ मूल रूपसे चलता रहा। तत्पश्चात् यह दो शाखाओंमें विभक्त हो गया। पूर्व शाखा नन्दिसंघ बलात्कार गणके नामसे प्रसिद्ध हुई और दूसरी शाखा जैनाभासी काष्ठा संघकी ओर चली गई। "लोहाचार्यस्ततो जातो जातरूपधरोऽमरैः। तत पट्टद्वयी जाता प्राच्युदीच्युपलक्षणात्" (विशेष दे आगे शीर्षक ६/४)।

२. बलात्कार गण—

इस संघकी एक पट्टावली प्रसिद्ध है। आचार्योंका पृथक् पृथक् काल निर्देश करनेके कारण यह जैन इतिहासकारोंके लिये आधारभूत समझी जाती परन्तु इसमें दिये गए काल मूल संघकी पूर्वोक्त पट्टावली के साथ मेल नहीं खाते हैं, और न ही कुन्दकुन्द तथा उमास्वामीके जीवन वृत्तोंके साथ इनकी संगति घटित होती प्रतीत होती है। पट्टावली आगे शीर्षक ७के अन्तर्गत निबद्ध की जानेवाली है। तत्सम्बन्धी विप्रतिपत्तियोंका सुयुक्तियुक्त समाधान यद्यपि परिशिष्ट ४में किया गया है तदपि उस समाधानके अनुसार आगे दी गई पट्टावली में जो संक्षिप्त संकेत दिये गये है उन्हें समझनेके लिए उसका संक्षिप्त सार दे देना उचित प्रतीत होता है।

पट्टावलीकार श्री इन्द्रनन्दिने आचार्योंके कालकी गणना विक्रम के राज्याभिषेकसे प्रारम्भ की है और उसे भ्रान्तिवश वी नि.४७० मानकर की है। (विशेष दे परिशिष्ट १)। ऐसा माननेपर कुन्दकुन्दके कालमें ११७ वर्षकी कमी रह जाती है। इसे पाटनेके लिये ४ स्थानों पर वृद्धि की गई है—१ भद्रबाहुके कालमें १ वर्षकी वृद्धि करके उसे २२ वर्षकी बजाय ७३ वर्ष बनाया गया है। २. भद्रबाहु तथा गुप्तिगुप्त (अर्हद्बली) के मध्यमें मूल संघकी पट्टावलीके अनुसार लोहाचार्यका नाम जोड़कर उनके ५० वर्ष बढ़ाये गए है। ३ माघनन्दिकी उत्तरावधि वी नि ५७६ में ३५ वर्ष जोड़कर उसे मूलसंघके अनुसार वी नि ६१४ तक ले जाया गया है। ४ इस प्रकार १+५०+३५=८६ वर्ष की वृद्धि हो जानेपर माघनन्दि तथा कुन्दकुन्द के गुरु जिनचन्द्रके मध्य ३१ वर्षका अन्तर शेष रह जाता है, जिसे पाटनेके लिये या तो यहाँ एक और नाम कल्पित किया जा सकता है और या जिनचन्द्रके कालकी पूर्वावधिको ३१ वर्ष ऊपर उठाकर वी. नि. ६४५ की बजाय ६१४ किया जा सकता है।

ऐसा करने पर क्योंकि वी. नि. ४८८ में विक्रम राज्य मानकर की गई आ इन्द्रनन्दिकी काल गणना वी. नि ४८८+११७=६०५ होकर शक संवत्के साथ ऐक्यको प्राप्त हो जाती है, इसलिए कुन्दकुन्द से आगे वाले सभी के कालोंमें ११७ वर्षकी वृद्धि करते जानेकी बजाये उनकी गणना पट्टावली में शक संवत्की अपेक्षा से कर दी गई है। (विशेष दे परिशिष्ट ४)।

३. देशीय गण

कुन्दकुन्दके प्राप्त होने पर नन्दिसघ दो शाखाओंमें विभक्त हो गया। एक तो उमास्वामीकी आम्नायकी ओर चली गई और दूसरीसमन्तभद्रकी ओर जिस में आगे जाकर अकलंक भट्ट हुए। उमास्वामीकी आम्नाय पुन दो शाखाओंमें विभक्त हो गई। एक तो बलात्कारगण की मूल शाखा जिसके अध्यक्ष गोलाचार्य तू हुए और दूसरी बलाकपिच्छकी शाखा जो देशीय गणके नामसे प्रसिद्ध हुई। यह गण पुन. तीन शाखाओंमें विभक्त हुआ, गुणनन्दि शाखा, गोलाचार्य शाखा और नयकीर्ति शाखा। (विशेष दे. शीर्षक ७/१,५)।

३. अन्य संघ

आचार्य अर्हद्बलीके द्वारा स्थापित चार प्रसिद्ध सघोंमें से नन्दिसंघ का परिचय देनेके पश्चात् अब सिहसघ आदि तीनका कथन प्राप्त होता है। सिंहकी गुफा पर वर्षा योग धारण करने वाले आचार्यकी अध्यक्षतामें जिस सघ का गठन हुआ उसका नाम सिह संघ पडा। इसी प्रकार देव दत्ता नामक गणिकाके नगरमें वर्षा योग धारण करनेवाले तपस्वीके द्वारा गठित सघ देव संघ कहलाया और तृणतल में वर्षा योग धारण करने वाले जिनसेन का नाम वृषभ पड गया था उनके द्वारा गठित सघ वृषभ संघ कहलाया इसका ही दूसरा नाम सेन सघ है। इसकी एक छोटी-सी गुर्वावली उपलब्ध है जो आगे दी जानेवाली है। धवलाकार श्री वीरसेन स्वामी ने जिस सघको महिमान्वित किया उसका नाम पचस्तूप संघ है इसीमें आगे जाकर जैनाभासी काष्ठा सघ के प्रवर्तक श्री कुमारसेन जी हुए। हरिवश पुराणके रचयिता श्री जिनसेनाचार्य जिस संघमें हुए वह पुन्नाट सघ के नामसे प्रसिद्ध है। इसकी एक पट्टावली है जो आगे दी जाने वाली है।

६ दिगम्बर जैनाभासी सघ

१ सामान्य परिचय—

नीतिसार (तो म आ /४/३५८ पर उद्धृत)-पूर्व श्री मूल संघस्तदनु सितपट. काष्ठस्ततो हि तावाभूद्भादिगच्छा पुनरजनि ततो यापुनीसघ एकः।=मूल संघमें पहले (भद्रबाहु प्रथमके कालमें) श्वेताम्बर सघ उत्पन्न हुआ था (दे. श्वेताम्बर)। तत्पश्चात् (किसी कालमे) काष्ठा संघ हुआ जो पीछे अनेको गच्छोमे विभक्त हो गया। उसके कुछ ही काल पश्चात् यापुनी सघ हुआ।

नीतिसार (द पा /टी ११में उद्धृत)-गोपुच्छकश्वेतवासा द्रविडो यापनीय निश्पिच्छश्चेति चैते पञ्च जैनाभासा प्रकीर्तिता।=गोपुच्छ (काष्ठा सघ), श्वेताम्बर, द्रविड, यापनीय और निश्पिच्छ (माथुर सघ) ये पाँच जैनाभासी कहे गये है।

हरिभद्र सूरीकृत षट्दर्शन समुच्चयकी आ गुणरत्नकृत टीका-"दिगम्बरा पुनर्नाग्न्यलिगा पाणिपात्रश्च। ते चतुर्धा. काष्ठसंघ-मूलसंघ-माथुरसघ गोप्यसघ भेदात्। आद्यास्त्रयोऽपि सघा वन्द्यमाना धर्मवृद्धि भणन्ति गोप्यास्तु वन्द्यमाना धर्मलाभ भणति। स्त्रीणा मुक्ति केवलीना भुक्ति सइव्रतस्यापि सचीवरस्य मुक्ति च न मन्यते। सर्वेषा च भिक्षाटने भोजने च द्वात्रिंशदन्तराया मलाश्च चतुर्दश वर्जनीया। शेषमाचारे गुरौ च देवे च सर्वश्वेताम्बरैस्तुल्यम्। नास्ति तेषा मिथ शास्त्रेषु तर्केषु परो भेद.। =दिगम्बर नग्न रहते है और हाथमें भोजन करते है। इनके चार भेद है, काष्ठासघ, मूलसघ, माथुरसघ और गोप्य (यापनीय) संघ। पहलेके तीन (काष्ठा, मल तथा माथुर) वन्दना करनेवालेको धर्मवृद्धि कहते हैं और स्त्री मुक्ति, केवलि भुक्ति तथा सइव्रतोंके सद्भावमें भी सवस्त्र मुक्ति नहीं मानते है। चारो हीसंघों के साधु भिक्षाटनमें तथा भोजनमें ३२ अन्तराय और १४ मलोको टालते है। इसके सिवाय शेष आचार (अनुदिष्टाहार, शून्यवासआदि तथा देव गुरुके विषयमें (मन्दिर तथा मूर्त्तिपूजा आदिके विषयमें) सब श्वेताम्बरोंके तुल्य है। इन दोनोंके शास्त्रोंमें तथा तर्कोंमे (सचेलता,स्त्रीमुक्ति और कवलि भुक्तिको छोड़कर) अन्य कोई भेद नहीं है

द. सा /प्र ४० प्रेमी जी—ये सघ वर्तमानमें प्राय लुप्त हो चुके है। गोपुच्छकी पिच्छिका धारण करने वाले कतिपय भट्टारकोके रूपमें केवल काष्ठा संघका ही कोई अन्तिम अवशेष कहीं कहीं देखनेमे आता है।

२ यापनीय संघ

१ उत्पत्ति तथा काल

भद्रबाहुचारित्र ४/१५४-ततो यापनसंघोऽभूत्तेषां कापथवर्तिनाम्। =उन श्वेताम्बरियोमें से कापथवर्ती यापनीय सघ उत्पन्न हुआ।

द सा./मू २९ कल्लाणे वरणयरे सत्तसए पच उत्तरे जादे। जावणियसंघभावो सिरिकलसादो हु सेवडदो।२९। =कल्याण नामक नगरमें विक्रमकी मृत्युके ७०५ वर्ष बीतने पर (दूसरी प्रतिके अनुसार २०५ वर्ष बीतनेपर) श्रीकलश नामक श्वेताम्बर साधुसे यापनीय संघका सद्भाव हुआ।

२ मान्यताये

द. पा /टी. ११/११/१५-यापनीयास्तु वेसरा इवोभयं मन्यन्ते, रत्नत्रयं पूजयन्ति, कल्पं च वाचयन्ति, स्त्रीणा तद्भवे मोक्ष, केवलिजिनानां कवलाहारं, परशासने सग्रन्थाना मोक्ष च कथयन्ति। =यापनीय संघ (दिगम्बर तथा श्वेताम्बर) दोनोको मानते है। रत्नत्रयको पूजते है, (श्वेताम्बरोके) कल्पसूत्रको बाँचते है, (श्वेताम्बरियोकी भाँति) स्त्रियोका उसी भवसे मुक्त होना केवलियोका कवलाहार ग्रहण करना तथा अन्य मतावलम्बियोको और परिग्रहधारियोंको भी मोक्ष होना मानते है।

हरिभद्र सूरि कृत षट् दर्शन समुच्चयकी आ. गुणरत्न कृत टीका—गोप्यास्तु वन्द्यमाना धर्मलाभ भणन्ति। स्त्रीणां मुक्ति केवलिणां भुक्ति च मन्यन्ते। गोप्या यापनीया इत्युच्यन्ते। सर्वेषा च भिक्षाटने भोजने च द्वात्रिंशदन्तरायामलाश्च चतुर्दश वर्जनीया। शेषमाचारे गुरौ च देवे च सर्वं श्वेताम्बरैस्तुल्यम्। =गोप्य संघ वाले साधु वन्दना करनेवालेको धर्मलाभ कहते है। स्त्रीमुक्ति तथा केवलिभुक्ति भी मानते है। गोप्यसघको यापनीय भी कहते है। सभी (अर्थात् काष्ठा सघ आदिके साथ यापनीय संघ भी) भिक्षाटनमें और भोजनमे ३२ अन्तराय और १४ मलोको टालते है। इनके सिवाय शेष आचारमे (महाव्रतादिमे) और देव गुरुके विषयमे (मूर्ति पूजा आदिके विषयमे) सब (यापनीय भी) श्वेताम्बरके तुल्य है।

३ जैनाभासत्व

उक्त सर्व कथनपरसे यह स्पष्ट है कि यहसंघ श्वेताम्बर मतमे से उत्पन्न हुआ है और श्वेताम्बर तथा दिगम्बरके मिश्रण रूप है। इसलिये जैनाभास कहना युक्ति सगत है।

४ काल निर्णय

इसके समयके सम्बन्धमे कुछ विवाद है क्योकि दर्शनसार ग्रन्थकी दो प्रतियाँ उपलब्ध है। एकमे वि.७०५ लिखा है और दूसरेमे वि.२०५। प्रेमीजीके अनुसार वि. २०५ युक्त है क्योंकि आ. शाकटायन और पाल्य कीर्ति जो इसी सघके आचार्य माने गये हैउन्होने 'स्त्री मुक्ति और केवलभुक्ति' नामक एक ग्रन्थ रचा है जिसका समय वि. ७०५ से बहुत पहले है।

३ द्राविड़ संघ

दे. सा./मू. २४ २७ सिरिपुज्जपादसीसो दाविडसंघस्स कारगो दुट्ठो। णामेण वज्जणदी पाहुडवेदी महासत्तो ।२४। अप्पासुयचणयाणं भक्खणदो वण्णिदो मुणिदेहि। पडिरइय विवरीत विसेसयं वग्गणं चोज्ज ।२५। बीएसु णत्थि जीवो उब्भसण णत्थि फासुग णत्थि। सवज्जं ण हु मण्णइ ण गणइ गिहकप्पियं अट्ठ।२६। कच्छ खेत्त वसहिं वाणिज्ज कारिऊण जीवंतो। ण्हंतो सयिलणीरे पाव पउर स संजेदि ।२७। = श्री पुज्यपाद या देवनन्दि आचार्यका शिष्य वज्रनन्दि द्रविडसंघका उत्पन्न करने वाला हुआ। यह समयसार आदि प्राभृत ग्रन्थोंका ज्ञाता और महात् पराक्रमी था। मुनिराजोने उसे अप्रासुक या सचित्त चने खानेसे रोका, परन्तु वह न माना और बिगड कर प्रायश्चितादि विषयक शास्त्रोकी विपरीत रचनाकर डाली ।२४-२५। उसके विचारानुसार बीजोमे जीव नही होते, जगतमेकोई भी वस्तु अप्रासुक नही है। वह नतो मुनियोंकेलिये खडे-खडे भोजनकी विधिकोअपनाता है, न कुछ सावद्य मानता है और न ही गृहकल्पित अर्थको कुछ गिनता है ।२६। कच्छार खेत वसतिका और वाणिज्य आदि कराके जीवन निर्वाह करते हुए उसने प्रचुर पापका सग्रह किया। अर्थात् उसने ऐसा उपदेश दिया कि मुनिजन यदि खेती करावे, वसतिका निर्माण करावे, वाणिज्य करावे और अप्रासुक जलमे स्नान करें तो कोई दोष नहीं है।

द. सा./टी. ११ द्राविडा' ... 'सावद्य' प्रासुक च न मन्यते, उद्दभोजन निराकुर्वन्ति =द्रविड सघके मुनिजन सावद्य तथा प्रासुकको नही मानते और मुनियोको खडे होकर भोजन करनेका निषेध करते है।

द. सा./प्र ५४ प्रेमी जी—"द्रविड सघके विषयमें दर्शनसारकी वचनिकाके कर्ता एक जगह जिन संहिताका प्रमाण देकर कहते है कि 'सभूषणं सवस्त्रंस्यात् बिम्ब द्राविडसघजम्' अर्थात् द्राविड सघकी प्रतिमाये वस्त्र और आभूषण सहित होती है। न मालूम यह जिनसंहिता किसकी लिखी हुई और कहाँ तक प्रामाणिक है। अभी तक हमे इस विषयमे बहुत सदेह है कि द्राविड संघ सग्रन्थ प्रतिमाओका पूजक होगा।

२ प्रमाणिकता

यद्यपि देवसेनाचार्यने दर्शनसार की उपर्युक्त गाथाओंमें इसके प्रवर्तक वज्रनन्दिके प्रति दुष्ट आदि अपशब्दोका प्रयोग किया है, परन्तु भोजन विषयक मान्यताओके अतिरिक्त मूलसघके साथ इसका इतना पार्थक्य नहीं है कि जैनाभासी कहकर इसको इस प्रकार निन्दा की जाये। (दे. सा./प्र ४५ प्रेमीजी) इस बातकी पुष्टि निम्न उद्धरणपर से होती है—

ह. पु. १/ ३२ वज्रसूरेर्विचारण्य' सहेत्वोर्बन्धमोक्षयो। प्रमाणं धर्मशास्त्राणा प्रवक्तृणामिवोक्तय ।३२। =जो हेतु सहित विचार करती है, वज्रनन्दिकी उक्तियाँ धर्मशास्त्रोका व्याख्यान करने वाले गणधरोकी उक्तियोके समान प्रमाण है।

द. सा./प्र. पृष्ठ संख्या (प्रेमी जी)—इसपर से यह अनुमान किया जा सकता है कि हरिवश पुराणके कर्ता श्री जिनसेनाचार्य स्वयं द्राविड सघी हो, परन्तु वे अपने सघके आचार्य बताते है। यह भी सम्भव है कि द्राविड संघका ही अपर नाम पुन्नाट सघ हो क्योकि 'नाट' शब्द कर्णाटक देशके लिये प्रयुक्त होता है जो कि द्राविड देश माना गया है। द्रमिल सघ भी इसीका अपर नाम है ।४२। २ (कुछ भी हो, इसकी महिमासे इन्कार नहीं किया जा सकता, 'क्योकि) त्रैविद्यविश्वेश्वर, श्रीपालदेव, वैयाकरण दयापाल, मतिसागर, स्याद्वाद विद्यापति श्री वादिराज सूरि जैसे बडे-बडे विद्वान इस सघमे हुए है। ।४२। ३-तीसरी बात यह भी है कि आ देवसेनने जितनी बातें इस संघके लिये कही है, उनमेंसे बीजोको प्रासुकमाननेके अतिरिक्त अन्य बातोका अर्थ स्पष्ट नही है, क्योकि सावद्य अर्थात् पापको न माननेवाला कोई भी जैन संघ नहीं है। सम्भवत सावद्यका अर्थ भी (यहाँ) कुछ और ही हो। ४३। ४-तात्पर्य यह है कि यह संघ मूल दिगम्बर सघसे विपरीत नहीं है। जैनाभास कहना तो दूर यह आचार्योंको अत्यन्त प्रमाणिक रूपसे सम्मत है।

३ गच्छ तथा शाखायें


इस सघके अनेको गच्छ है, यथा—१ नन्दि अन्वय, २ उरुकुल गण, ३ एरेगित्तूर गण, ४ मूलितल गच्छ इत्यादि। (द सा./प्र ४२प्रेमीजी)।

४ काल निर्णय

द. सा. मू. २८-पचसए छव्वीसे विक्कमरायस्स मरणपत्तस्स। दक्खिण-महुरादो द्राविड संघो महामोहो ।२८। =विक्रमराजकी मृत्युके ५२६ वर्ष बीतनेपर दक्षिण मथुरा नगरमें (पूज्यपाद देवनन्दिके शिष्य श्री वज्रनन्दिके द्वारा) यह स घ उत्पन्न हुआ।

५ गुर्वावली

इस सघके नन्दिगण उरुङ्गलान्वय शाखाकी एक छोटी सी गुर्वावली उपलब्ध है। जिसमें अनन्तवीर्य, देवकीर्ति पण्डित तथा वादिराजका काल विद्वद सम्मत है। शेषके काल इन्हींके आधार पर कल्पित किये गए है। (सि वि /प्र. ७५ पं महेन्द्र), (ती. ३/४०-४१, ८८-१२)।



४ काष्ठा संघ

जैनाभासी सघोमे यह सबसे अधिक प्रसिद्ध है। इसका कुछ एक अन्तिम अवशेष अब भी गोपुच्छकी पीछीके रूपमे किन्ही एक भट्टारकोमें पाया जाता है। गोपुच्छको पीछीको अपना लेनेके कारण इस सघ का नाम गोपुच्छ संघ भी सुननेमें आता है। इसकी उत्पत्तिके विषय मे दो धारणाये है। पहलीके अनुसार इसके प्रवर्तक नन्दिसघ बलात्कार गणमें कथित उमास्वामीके शिष्य श्री लोहाचार्य तृ. हुए, और दूसरीके अनुसार पचस्तूप संघमें प्राप्त कुमार सेन हुए। सल्लेखना व्रतका त्याग करके चरित्रसे भ्रष्ट हो जानेकी कथा दोनोंके विषयमें प्रसिद्ध है, तथापि विद्वानोको कुमार सेनवाली द्वितीय मान्यता ही अधिक सम्मत है।

प्रथम दृष्टि

नन्दिसघ बलात्कार गणकी पट्टावली। श्ल. ६ ७—(ती. ४/३६३) पर उद्धृत)-" लोहाचार्यस्ततो जातो जात रूपधरोऽमरै"। तत पट्टद्वयी जाता प्राच्युदीच्युपलक्षणात ।६-७। =नन्दिसंघमें कुन्दकुन्द उमास्वामी (गृद्धपिच्छ) के पश्चात् लोहाचार्य तृतीय हुए। इनके कालसे संघमें दो भेद उत्पन्न हो गए। पूर्व शाखा (नन्दिसघकी रही) और उत्तर शाखा (काष्ठा सघकी ओर चली गई)।

ती. ४/३५१ दिल्लीकी भट्टारक गद्दियोसे प्राप्त लेखोके अनुसार इस सघकी स्थापनाका सक्षिप्त इतिहास इस प्रकार है—दक्षिण देशस्थ भद्दलपुरमें विराजमान् श्री लोहाचार्य तृ. को असाध्य रोगसे आक्रान्त हो जानेके कारण, श्रावकोने मूर्च्छावस्थामें यावज्जीवन संन्यास मरणकी प्रतिज्ञा दिला दी। परन्तु पीछे रोग शान्त हो गया। तब

आचार्यने भिक्षार्थ उठनेकी भावना व्यक्तकी जिसे श्रावकोंने स्वीकार नहीं किया। तब वे उस नगरको छोड़कर अग्रोहा चले गए और वहाँके लोगोंको जैन धर्ममें दीक्षित करके एक नये संघकी स्थापना कर दी।

द्वितीय दृष्टि

द.सा. /मू. ३३, ३८, ३९—आसी कुमारसेणो णंदियडे विणयसेणदिक्खियओ। सण्णासभंजणेण य अगहिय पुण दिक्खओ जादो ।३३। सत्तसए तेवण्णे विक्कमरायस्स मरणपत्तस्स। णंदियवरगामे कट्ठो संघो मुणेयव्वो ॥३८॥ णंदियडे वरगामे कुमारसेणो य सत्थ विण्णाणी। कट्ठो दंसणभट्ठो जादो सल्लेहणाकाले ।३९। =आ विनयसेनके द्वारा दीक्षित आ. कुमारसेन जिन्होंने संन्यास मरणकी प्रतिज्ञाको भंग करके पुन गुरुसे दीक्षा नहीं ली, और सल्लेखनाके अवसरपर, विक्रम की मृत्युके ७५३ वर्ष पश्चात्, नन्दितट ग्राममें काष्ठा संघी हो गये।

द. सा /मू. ३७ सो समणसंघबज्जो कुमारसेणो हु समयमिच्छत्तो। चत्तो वसमो रुद्दो कट्ठं संघं परूवेदी ।३७। =मुनिसंघसे वर्जित, समय मिथ्यादृष्टि, उपशम भावको छोड देने वाले और रौद्र परिणामी कुमार सेनने काष्ठा संघकी प्ररूपणा की।

स्वरूप

कम्मणिज्जरा इव अण्णेसिमणंताणं कम्मक्खंधाणं बंधमकाऊण णिज्जिण्णत्तादो। बन्धको प्राप्त हुए परमाणु दूसरे समयमें ही सामस्त्य भावसे निर्जराको प्राप्त होते हैं, इसलिए ईर्यापथकर्म स्कन्ध महान् व्ययवाले कहे गये हैं। · निर्जरित होकर भी वह ईर्यापथकर्म निर्जरित नहीं है, क्योंकि कषायके सद्भावमें जैसी कर्मोंकी निर्जरा होती है वैसी अन्य अनन्त कर्म स्कन्धोंकी, बन्धके बिना ही निर्जरा होती है। (और भी—दे. ईर्यापथ ४/२)

६. ईर्यापथकर्ममें उदय उदीरणाकी अपेक्षा विशेषता

ध. १३/५,४,२४/५२-५४/क्रमश. ७,२,६ उदिण्णमपि तण्ण उदिण्णं दड्ढगोहूमरासि व्व पत्तणिव्वीयभावत्तादो। (५२/७) वेदिद पि असादवेदणीयं ण वेदिदं, सगसहकारिकारणघादिकम्माभावेण दुक्खजणणसत्तिरोहादो (५३/२)। उदीरिदं पि ण उदीरिदं, बंधाभावेण जम्मंतरुप्पायणसत्तीए अभावेण च णिज्जराए फलाभावादो (५४/६)। =उदीरणा होकर भी उदीर्ण नहीं है, क्योंकि वे दग्ध गेहूके समान निर्बीज भावको प्राप्त हो गये हैं।(१०)। असाता वेदित होकर भी वेदित नहीं है, क्योंकि अपने सहकारी कारण रूप घातिया कर्मोंका अभाव हो जानेसे उसमें दुःखको उत्पन्न करनेकी शक्ति माननेमें विरोध आता है। (११)। उदीरित होकर भी वे उदीरित नहीं है क्योंकि बन्धका अभाव होनेसे और जन्मान्तरको उत्पन्न करनेकी शक्तिका अभाव होनेसे निर्जराका कोई फल नहीं देखा जाता।

७. ईर्यापथकर्ममें सुखकी विशेषता

ध. १३/५,४,२४/५१/३ देव-माणुससुहेहिंतो अणंतगुणसुहुप्पायणत्तादो इरियावहकम्मं सादब्भहियं। =देव और मनुष्योंके सुखसे अधिक सुखका उत्पादक है, इसलिए ईर्यापथकर्मको अत्यधिक साता रूप कहा है।

८ ईर्यापथके रूक्ष परमाणुओंका बन्ध कैसे सम्भव है

ध.१३/५,४,२४/५०/६ जइ एवं तो इरियावहकम्मम्मि ण बंधो, लुक्खेगगुणाणं परोप्परबंधाभावादो। ण, तत्थ दुरहियाणं बंधुवलंभादो। =प्रश्न—यहाँपर रूक्षगुण यदि इस प्रकार है तो (ईर्यापथ कर्मबन्धके नियममें कथित रूपसे) ईर्यापथ कर्मका स्कन्ध नहीं बन सकता, क्योंकि एक मात्र रूक्ष गुणवालोंका परस्पर बन्ध नहीं हो सकता। उत्तर—नहीं, क्योंकि वहाँ भी द्विअधिक गुणवालोंका बन्ध पाया जाता है।

९ ईर्यापथकर्ममें स्थितिका अभाव कैसे कहते हो

ध. १३/५,४,२४/४८/१३ कम्मभावेण एगसमयमवट्ठिदस्स कधमवट्ठाणाभावो भण्णदे। ण, उप्पण्णविदियादिसमयाणमवट्ठाणवएसुवलंभादो। ण, उप्पत्तिसमओ अवट्ठाणं होदि, उप्पत्तीए अभावप्पसंगादो। ण च अणुप्पण्णस्स अवट्ठाणमत्थि, अण्णत्थ तदणुवलंभादो। ण च उप्पत्तिअवट्ठाणाणमेयत्तं, पुव्वुत्तरकालभावियाणमेयत्तविरोहादो। =प्रश्न—जबकि ईर्यापथ कर्म कर्मरूपसे एक समय तक अवस्थित रहता है तब उसके अवस्थानका अभाव क्यों बताया? उत्तर—नहीं क्योंकि उत्पन्न होनेके पश्चात् द्वितीयादि समयोंकी अवस्थान संज्ञा पायी जाती है। उत्पत्तिके समयको ही अवस्थान नहीं कहा जा सकता, क्योंकि ऐसा माननेसे उत्पत्तिके अभावका प्रसंग प्राप्त होता है। यदि कहा जाये कि अनुत्पन्न वस्तुका अवस्थान बन जायेगा, सो भी बात नहीं है; क्योंकि अन्यत्र ऐसा देखा नहीं जाता। यदि उत्पत्ति और अवस्थानको एक कहा जाये सो भी बात नहीं क्योंकि ये दोनों पूर्वोत्तर कालभावी हैं, इसलिए इन्हें एक माननेमें विरोध आता है। यही कारण है कि यहाँ ईर्यापथ कर्मके अवस्थानका अभाव है।

१० ईर्यापथकर्ममें अनुभागका अभाव कैसे है

ध. १३/५,४,२४/४६/६ ण कसायाभावेण अणुभागबंधाभावादो। कम्मइयक्खंधाणं कम्मभावेण परिणमणकालेसव्वजीवेहि अणंतगुणेण अणुभागेण होदव्वं, अण्णहा कम्मभावपरिणामाणुववत्तीदो त्ति। ण एस दोसो जहण्णाणुभागट्ठाणस्स जहण्णफद्दयादो अणंतगुणहीणाणुभागेण कम्मक्खंधो बंधमागच्छदि त्ति कादूण अणुभागबंधो णत्थि त्ति भण्णदे। तेण बंधो एगसमयट्ठिदिणिवत्तयअणुभागसहियो अत्थि चेवे त्ति घेत्तव्वो। =प्रश्न—कार्मण स्कन्धोंका कर्मरूपसे परिणमन करनेके एक समयमें ही सब जीवोंसे अनन्तगुणा अनुभाग होना चाहिए, क्योंकि अन्यथा उनका कर्मरूपसे परिणमन करना नहीं बन सकता? उत्तर—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि यहाँ पर जघन्य अनुभाग स्थानके जघन्य स्पर्धकसे अनन्तगुणे हीन अनुभागसे युक्त कर्मस्कन्ध बन्धको प्राप्त होते हैं; ऐसा समझकर अनुभाग बन्ध नहीं है, ऐसा कहा है। इसलिये एक समयकी स्थितिका निवर्तक ईर्यापथ कर्मबन्ध अनुभाग सहित है ही, ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए।

११ ईर्यापथकर्मके साथ गोत्रादिका भी बन्ध नहीं होता

ध १३/५,४,२४/५२/८ इरियावहकम्मस्स लक्खणे भण्णमाणे सेसकम्माणं वावारो किमिदि परूविज्जदे। ण, इरियावहकम्मसहचरिदसेसकम्माणं पि इरियावहत्तसिद्धीए तल्लक्खणस्स वि इरियावहलक्खणत्तुववत्तीदो। =प्रश्न—ईर्यापथ कर्मका लक्षण कहते समय शेष कर्मोंके (गोत्र आदिके) व्यापारका कथन क्यों किया जा रहा है? उत्तर—नहीं, क्योंकि ईर्यापथके साथ रहनेवाले शेष कर्मोंमें भी ईर्यापथत्व सिद्ध है। इसलिए उनके लक्षणमें भी ईर्यापथका लक्षण घटित हो जाता है।

१२ ईर्यापथकर्मोंमें स्थित जीवोंके देवत्व कैसे?

ध.१३/५,४,२४/५१/८ जलमज्झणिवदियतत्तलोहपिंडओ व्व इरियावहकम्मजलं समसव्वजीवपदेसेहि गेण्हमाणो केवली कधं परमप्पएण समाणत्तं पडिवज्जदि त्ति भणिदे तण्णिण्णयत्थमिदं वुच्चदे—इरियावहकम्मं गहिदं पि तण्ण गहिदं। कुदो। सरागकम्मगहणस्सेव अणंतसंसारफलणिव्वत्तणसत्तिविरहादो। =प्रश्न—जलके बीच पड़े हुए तप्तलोह पिण्डके समान ईर्यापथकर्मरूपी जलको अपने सर्वप्रदेशोंसे ग्रहण करते हुए 'केवली जिन' परमात्माके समान कैसे हो सकते हैं? उत्तर—ऐसा पूछनेपर उसका निर्णय करनेके लिए यह कहा गया है कि ईर्यापथकर्म गृहीत होकर भी गृहीत नहीं है, क्योंकि सरागीके द्वारा ग्रहण किये कर्मके समान पुनर्जन्म रूप संसार फलको उत्पन्न करनेवाली शक्तिसे रहित है।

★ ईर्यापथकर्मविषयक सत्, संख्या, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव, अल्पबहुत्व रूप आठ प्ररूपणाएँ—

—दे. वह वह नाम।

ईर्यापथ क्रिया—दे. क्रिया ३/२।

ईर्यापथ शुद्धि—दे. समिति १।

ईर्यापथ शुद्धि पाठ व विधि—दे. कृतिकर्म ४।

ईर्यासमिति—दे. समिति १।

ईशान—१. कल्पवासी स्वर्गोंका दूसरा कल्प—दे स्वर्ग ५/२, २ पूर्वोत्तर कोणवाली विदिशा।

ईशित्व ऋद्धि—दे. ऋद्धि ३।

ईश्वर—दे. परमात्मा ३

ईश्वर अनीश्वर नय—दे. नय I/५।

ईश्वरवाद—दे. परमात्मा ३।

ईश्वरसेन—पुन्नाट संघकी गुर्वावलीके अनुसार आप नन्दिषेणप्रथमके शिष्य तथा नन्दिषेण द्वि. के गुरु थे।—दे. इतिहास ७/८।

ईषत्प्राग्भार—दे. मोक्ष १।

ईसवी संवत्—दे. इतिहास २।

ईहा—यद्यपि साधारणत प्रतीतिमें नहीं आता परन्तु इन्द्रियो द्वारा पदार्थको जाननेमें क्रम पडता है। पहले अवग्रह होता है, तत्पश्चात् ईहा आदि। अवग्रहके द्वारा ग्रहण किये गये अत्यन्त अस्पष्ट ग्रहण को स्पष्ट करनेके प्रति उपयोगकी उन्मुखता विशेषको ईहा कहते हैं। इसलिए इसे मतिज्ञानका भेदमाना है।

★ मतिज्ञान सम्बन्धी भेद—दे. मतिज्ञा १।

१ ईहाके लक्षण सम्बन्धी शंका

ध १३/५,५,२६/२३०/२ अणवगहिदे अत्थे ईहा किण्ण उप्पज्जदे। ण अवगहिदत्थविसेसाकखणमीहे त्ति वयणेण सह विरोहावत्तीदो। = प्रश्न—अनवगृहीत अर्थमें ईहाज्ञान क्यों नहीं उत्पन्न होता है? उत्तर—नहीं, क्योंकि ऐसा माननेपर अवग्रहके द्वारा ग्रहण किये गये पदार्थमें उसके विशेषकी जाननेकी इच्छा होना ईहा है, इस वचनके साथ विरोध होता है।

★ अवग्रह ईहादिका क्रम—दे मतिज्ञान ३।

२ ईहाके प्रमाणपनेकी सिद्धि

रा. वा. १/१५/११/६१/२ ननु ईहाया निर्णयविरोधिनोत्वात् सशयत्वप्रसङ्ग इति, तन्न; किं कारणम्। अर्थादानात्। अवगृह्यार्थं तद्विशेषोपलब्ध्यर्थमर्थादानमीहा। सशय पुनर्नार्थविशेषालम्बन ।·· एवं सशयितस्योत्तरकालं विशेषोपलिप्सां प्रति यतनमीहेति संशयादर्थान्तरत्वम्। = प्रश्न—निर्णयात्मक न होनेके कारण ईहाज्ञान सशय रूप है? उत्तर—ऐसा कहना ठीक नहीं है, क्योंकि ईहामें पदार्थ विशेषके निर्णयकी ओर झुकाव होता है जबकि सशयमें किसी एक कोटिकी ओर कोई झुकाव नहीं होता।·· सशयका उच्छेद करनेके लिए 'दक्षिणी होना चाहिए' इस प्रकारके एक कोटिके निर्णयके लिए ईहा होती है।

ध. ६/१,९-१,१४/१७/३ णेहा सदेहरूवा, विचारबुद्धीदो सदेहविणासुवलंभा। = ईहाज्ञान सन्देह रूप नहीं है, क्योंकि ईहात्मक विचार बुद्धिसे सन्देहका विनाश पाया जाता है।

ध.९/४,१,४५/१४६/७ पुरुषमवगृह्य किमय दाक्षिणात्य उत उदीच्य इत्येवमादिविशेषाप्रतिपत्तौ संशयानस्योत्तरकाल विशेषोपलिप्सां प्रति यतनमीहा। ततोऽवग्रहगृहीतग्रहणात् सशयात्मकत्वाच्च न प्रमाणमीहाप्रत्यय इति चेदुच्यते—न तावद्गृहीतग्रहणमप्रामाण्यनिबन्धनम्, तस्य संशय-विपर्ययानध्यवसायनिबन्धनत्वात्। न चैकान्तेन ईहा गृहीतग्राहिणी, अवग्रहेणगृहीतवस्त्वशनिर्णयोत्पत्तिनिमित्तलिङ्गमवग्रहागृहीतमध्यवस्यन्त्या गृहीतग्राहित्वाभावात्। न चैकान्तेन अगृहीतमेव प्रमाणं गृह्यते, अगृहीतत्वात् खरविषाणवदसत्ताग्रहणविरोधात्। न चेहाप्रत्ययसंशय, विमर्शप्रत्ययस्य निर्णयप्रत्ययोत्पत्तिनिमित्तलिङ्गपरिच्छेदनद्वारेण सशयमुदस्य तस्य संशयत्वविरोधात्। न च सशयाधारजीवसमवेतत्वादप्रमाणम्, संशयविरोधिन स्वरूपेण सशयतो व्यावृत्तस्य अप्रमाणत्वविरोधात्। नानध्यायरूपत्वादप्रमाणमीहा, अध्यवसितकतिपयविशेषस्य निराकृतसंशयस्य प्रत्ययस्य अनध्यवसायत्वविरोधात्। तस्मात्प्रमाणं परीक्षाप्रत्यय इति सिद्ध। = प्रश्न—अवग्रहसे पुरुषको ग्रहण करके, क्या यह दक्षिणका रहनेवाला है या उत्तरका, इत्यादि विशेष ज्ञानके बिना संशयको प्राप्त हुए व्यक्तिके उत्तरकालमें विशेष जिज्ञासाके प्रति जो प्रयत्न होता है वह ईहा है। इस कारण अवग्रहसे गृहीत विषयको ग्रहण करने तथा संशयात्मक होनेसे ईहा प्रत्यय प्रमाण नहीं है। उत्तर—इस शकाके उत्तरमें कहते है कि गृहीत ग्रहण अप्रामाण्यका कारण नहीं है,क्योंकि उसका कारण संशय, विपर्यय व अनध्यवसाय है। दूसरे ईहा प्रत्यय सर्वथा गृहीतग्राही भी नहीं है, क्योंकि अवग्रहसे गृहीत वस्तुके उस अंशके निर्णयकी उत्पत्तिमे निमित्तभूत लिंगको, जो कि अवग्रहसे नहीं ग्रहण किया है, ग्रहण करनेवाला ईहाज्ञान गृहीतग्राही भी नहीं हो सकता, और एकान्तत अगृहीतको ही प्रमाण ग्रहण कहते हो सो भी बात नही है, क्योकि ऐसा माननेपर अगृहीत होनेके कारण खरविषाणके समान असत होनेसे वस्तुके ग्रहणका विरोध होगा। (ध १३/५,५,२४/२१६/२) ईहा प्रत्यय संशय भी नहीं हो सकता, क्योंकि निर्णयकी उत्पत्तिमें निमित्तभूत लिंगके ग्रहण द्वारा सशयको दूर करनेवाला विमर्श प्रत्ययके संशयरूप होनेमें विरोध है। सशयके आधारभूत जीवमें समवेत होने से भी वह ईहा-प्रत्यय अप्रमाण नही हो सकता, क्योंकि, सशयके विरोधी और स्वरूपत संशयसे भिन्न उक्त प्रत्ययके अप्रमाण होनेका विरोध है। अनध्यवसाय रूप होनेसे भी ईहा अप्रमाण नहीं हो सकता, क्योंकि कुछ विशेषोंका अध्यवसाय करते हुए सशयको दूर करने वाले उक्त प्रत्ययके अध्यवसाय रूप होनेका विरोध है, अतएव परीक्षा प्रत्यय प्रमाण है, यह सिद्ध होता है। (ध. १३/५,५,२३/२१८/५)

ध १३/५,५,२३/२१८/३ = चाविशदावग्रहपृष्ठभाविनी ईहा अप्रमाणम्, वस्तुविशेषपरिच्छित्तिनिमित्तभूताया परिच्छिन्नतदेकदेशायाः संशयविपर्ययज्ञानाभ्या व्यतिरिक्ताया अप्रमाणत्वविरोधात्। = अविशद अवग्रहके बाद होनेवाली ईहा अप्रमाण है, यह कहना भी ठीक नहीं है; क्योंकि वह वस्तु विशेषकी परिच्छित्तिका कारण है और वह वस्तुके एकदेशको जान चुकी है तथा वह संशय और विपर्यय ज्ञानसे भिन्न है। अत उसे अप्रमाण माननेमें विरोध आता है।

३ ईहा व धारणामे ज्ञानपनेकी सिद्धि

लघीयस्त्रय/स्वोपज्ञवृत्ति ६ ईहाधारणयोरपि ज्ञानात्मकत्वमुन्नेयं तदुपयोगविशेषात्। = ईहा और धारणाका भी उनके उपयोग विशेषसे ज्ञानात्मकत्व लगा लेना चाहिए।

प्रमाणमीमांसा १/१/२७ अज्ञानात्मकतायां तु संस्कारस्येह तस्य वा। ज्ञानोपादानता न स्यादूपादेरिव सास्ति च। ईहा च यद्यपि चेष्टोच्यते तथापि चेतनस्य 'सति' 'ज्ञानरूपैवेति' युक्त प्रत्यक्षभेदत्वमस्या।

प्रमाणमीमांसा १/१/३९ ईहाधारणयोर्ज्ञानोपादानत्वात् ज्ञानरूपतोक्तेया। ईहा और धारणा ज्ञानके जनक होनेसे ज्ञानरूप मानना चाहिए।

श्लो वा ३/१/१५/२०-२१/४४७/१९ ज्ञान नेहाभिलाषात्मा संस्कारात्मा न धारणा।२०· तच्च न व्यवतिष्ठते। विशेषवेदनस्येह दृष्टस्येहात्वसूचनात्।२१। = प्रश्न—अभिलाषारूप माना गया ईहाज्ञान और संस्कार स्वरूप धारणा ज्ञान नहीं सिद्ध हो पाते। क्योंकि अभिलाषा तो इच्छा है, वह आत्माका ज्ञानसे भिन्न स्वतन्त्र गुण है। तथा भावना रूप संस्कार भी ज्ञानसे न्यारा स्वतन्त्र गुण है। अतः इच्छा और संस्कार ज्ञान रूप नहीं हो सकते? उत्तर—ऐसा कहना ठीक नहीं है, इस प्रकरणमें वस्तुके अंशोकी आकांक्षारूप दृढविशेष ज्ञानको ईहापना सूचित किया है।

४ ईहाज्ञान अविशद अवग्रहका ही नही अपितु सर्व अवग्रहोका होता है

ध. १३/५,५, २३/२१७/६ न चाविशदावग्रहपृष्ठभाविन्येव ईहेति नियमः, विशदावग्रहेण पुरुषोऽयमिति अवगृहीतेऽपि वस्तुनि किमय दाक्षिणात्य किमुदीच्य इति सशयानस्य ईहाप्रत्ययोत्पत्त्युपलम्भात्। = अविशद अवग्रहके पीछे होनेवाली ही ईहा है, ऐसा कोई एकान्त नियम नहीं है, क्योंकि, विशद अवग्रहके द्वारा 'यह पुरुष है' इस प्रकार ग्रहण किये गये पदार्थमें भी 'क्या यह दक्षिणात्य है या उदीच्य है' इस प्रकारके संशयको प्राप्त हुए मनुष्यके भी ईहा ज्ञानकी उत्पत्ति उपलब्ध होती है।

★ ईहा व संशयमे अन्तर—दे. ईहा २।

★ ईहा कथंचित् संशय रूप है—दे. अवग्रह २/१/२।

५ ईहा व अनुमानमे अन्तर

ध. १३/५,५,२३/२१७/११ नानुमानमीहा, तस्य अनवगृहीतार्थविषयत्वात् न च अवगृहीतानवगृहीतार्थविषययो ईहानुमानयोरेकत्वम्, भिन्नाधिकरणयोस्तद्विरोधात्। किं च--नानयोरेकत्वम्, स्वविषयादभिन्न-भिन्नलिङ्गजनितयोरेकत्वविरोधात्। =ईहा अनुमान ज्ञान नहीं है, क्योंकि अनुमान ज्ञान अनवगृहीत अर्थको विषय करता है, और अवगृहीत अर्थको विषय करनेवाले ईहाज्ञान तथा अनवगृहीत अर्थको विषय करनेवाले अनुमान ज्ञानको एक मानना ठीक नहीं, क्योंकि भिन्न-भिन्न अधिकरणवाले होनेसे उन्हे एक माननेमें विरोध आता है। एक कारण यह भी है कि ईहा ज्ञान अपने विषयसे अभिन्न रूप लिंगसे उत्पन्न होता है, और अनुमान ज्ञान अपने विषयसे भिन्न रूप लिंगसे उत्पन्न होता है, इसलिए इन्हे एक माननेमें विरोध आता है।

★ ईहा व श्रुतज्ञानमे अन्तर—दे. श्रुतज्ञान I/३।

★ ईहा व अवग्रहमें अन्तर—दे. अवग्रह २/१/२।

★ ईहादि तीन ज्ञानोंको मतिज्ञान व्यपदेश सम्बन्धी शंका समाधान—दे. मतिज्ञान ३।

★ ईहा व धारणामे अन्तर—(दे. धारणा २)

[उ]

उक्त—मतिज्ञानका एक विकल्प—दे. मतिज्ञान ४।

उग्रतप—एक ऋद्धि—दे. ऋद्धि ५।

उग्रवंश—एक पौराणिक वंश—दे. इतिहास १०/३

उग्रसेन—(भारतीय इतिहास १/२८६)—अपर नाम जनक था—अत दे. जनक। राजुलके पिता। —दे. बृहत् जैन शब्दार्णव द्वितीय खंड।

म पु. सर्ग श्लो मथुराका राजा व कंसका पिता था।३३-२३। पूर्वभवके वैरसे कंसने इनको जेलमें डाल दिया था।२५-२६। कृष्ण-द्वारा कंसके मारे जानेपर पुन इनको राज्यकी प्राप्ति हो गयी।३६-५१

उग्रादित्याचार्य—(यु.अनु./प्र ४६ प जुगलकिशोर) यह ई श /६ पूर्वार्धके एक ब्राह्मण आचार्य थे। आपने 'कल्याणकारक' नामक एक वैद्यक ग्रन्थ लिखा है (ती ३/२५०)

उच्चकुल—दे. वर्णव्यवस्था १।

उच्चगोत्र—दे वर्णव्यवस्था १।

उच्चार—विष्ठाको उच्चार कहते हैं। औदारिक शरीरमें उसका प्रमाण—दे औदारिक १/७

उच्चारणाचार्य—आपने यतिवृषभाचार्य कृत कषाय प्राभृतके चूर्ण सूत्रोंपर विस्तृत उच्चारणवृत्ति लिखी थी। अतः यतिवृषभाचार्यके अनुसार आपका समय लगभग ई. श. २ तथा ३ के मध्य कहीं होना चाहिए। (ती २/६५)।

उच्छ्वास—स. सि ५/१९/२८८/१ वीर्यान्तरायज्ञानावरणक्षयोपशमाङ्गोपाङ्गनामोदयापेक्षिणात्मनाऽवलम्ब्यमान कोष्ठ्यो वायुरुच्छ्वासलक्षण प्राण इत्युच्यते। =वीर्यान्तराय और ज्ञानावरणके क्षयोपशम तथा अंगोपांग नामकर्मके उदयकी अपेक्षा रखनेवाली आत्मा कोष्ठगत जिस वायुको बाहर निकालती है, उच्छ्वासलक्षण उस वायुको प्राण कहते है। (रा वा ५/१९/३५/४७३/२०) (गो जी /जी प्र ६०६/१०६२/११) (ध ६/१,९-१, २८/६०/१) "उच्छ्वसनमुच्छ्वास।" साँस लेनेको उच्छ्वास कहते है।

२ श्वासोच्छ्वास या आनप्राणका लक्षण

प्र सा /त प्र ६४६ उदञ्चनन्यञ्चनात्मको मरुदानपानप्राण। =नीचे और ऊपर जाना जिसका स्वरूप है, ऐसी वायु श्वासोच्छ्वास या आनप्राण है।

गो जी./जी प्र ५७४/१०१८/११ में उद्धृत अट्ठस्स अणलस्स य णिरुवहदस्स य हवेज्ज जोवस्स। उस्सासाणिस्सासो एगो पाणोत्ति आहीदो। =जो कोई मनुष्य 'आढ्य' अर्थात् सुखी होइ आलस्य रोगादिकरि रहित होइ, स्वाधीनताका श्वासोच्छ्वास नामा एक प्राण कहा है इसीसे अन्तर्मुहूर्तकी गणना होती है।

३ उच्छ्वास नाम कर्मका लक्षण

स. सि. ८/११/३९१/६ यदुदयेतुरुच्छ्वासस्तदुच्छ्वासनामा। =जिसके निमित्तसे उच्छ्वास होता है वह उच्छ्वास नामकर्म है (रा वा. ८/११/१७/५७८/६), (गो. क /जी. प्र. ३३/१६/२१)

ध ६/१, ९-१, २८/६०/१ जस्स कम्मस्स उदएण जीवो उस्सासकज्जुप्पायणक्खमो होदि तस्स कम्मस्स उस्सासो त्ति सण्णा; कारणे कज्जुवयारादो। =जिस कर्मके उदयसे जीव उच्छ्वास और निःश्वासरूप कार्यके उत्पादनमें समर्थ होता है, उस कर्मकी 'उच्छ्वास' यह सज्ञा कारणमें कार्यके उपचारसे है।

४ उच्छ्वास पर्याप्ति व नामकर्ममे अन्तर

रा. वा. ८/११/३२/५७६/१५ अत्राह-प्राणापानकर्मोदये वायोर्निष्क्रमणप्रवेशात्मक फलम्, उच्छ्वासकर्मोदयेऽपि तदेवेति नास्त्यनयोर्विशेष इति उच्यते ·शीतोष्णसबन्धजनितदुःखस्य परस्येन्द्रियस्य यावुच्छ्वासनिःश्वासौ दीर्घनादौ श्रोत्रस्पर्शनेन्द्रियप्रत्यक्षौ तावुच्छ्वासनामोदयजौ, यौ तु प्राणापानपर्याप्तिनामोदयकृतौ [तौ] सर्वससारिणां श्रोत्रस्पर्शनिरुपलभ्यत्वादतीन्द्रियौ। =प्रश्न—प्राणापानपर्याप्ति नाम कर्मके उदयका भी वायुका निकलना और प्रवेश करना फल है, और उच्छ्वास नामकर्मके उदयका भी वही फल है। इन दोनोंमे कोई भी विशेषता नहीं है? उत्तर—पचेन्द्रिय जीवोके जो शीत उष्ण आदिसे लम्बे उच्छ्वास-निःश्वास होते है वे श्रोत्र और स्पर्शन इन्द्रियके प्रत्यक्ष होते है और श्वासोच्छ्वास पर्याप्ति तो सर्व संसारी जीवोके होती है, वह श्रोत्र स्पर्शन इन्द्रियसे ग्रहण नहीकी जासकती।

५ नाडी व श्वासोच्छ्वासके गमनागमनका नियम

ज्ञा २९/९०-९१ षोडशप्रमित कैश्चिन्निर्णीतो वायुसंक्रम। अहोरात्रमिते काले द्व्योर्नाड्योर्यथाक्रमम् ।९०। षट्शतान्यधिकान्याहु सहस्राण्येकविंशतिम्। अहोरात्रे नरि स्वस्थे प्राणवायोर्गमागमौ ।९१। =यह पवन है सो एक नाडीमे नालीद्वयसाढ़े कहिए अढाई घडी तक रहता है, तत्पश्चात् उसे छोड अन्य नाडीमें रहता है। यह पवनके ठहरनेके कालका परिमाण है ।८९। किन्ही-किन्हीं आचार्योंने दोनों नाडियोमें एक अहोरात्र परिमाण कालमें पवनका सक्रम क्रमसे १६ बार होना निर्णय किया है ।९०। स्वस्थ मनुष्यके शरीरमें प्राणवायु श्वासोच्छ्वासका गमनागमन एक दिन और रात्रिमें २१६०० बार होता है ।९१।

६ अन्य सम्बन्धित विषय

★ प्राणपान सम्बन्धी विषय—दे. प्राण।

★ उच्छ्वास प्रकृतिके बंध उदय सत्त्व—दे. वह वह नाम।

★ उच्छ्वास निःश्वास नामक काल प्रमाणका एक भेद—दे गणित I/१/४

उच्छादन—स. सि. ६/२५/३३६/१३ प्रतिबन्धकहेतुसनिधाने सति अनुद्भूतवृत्तिता अनाविर्भाव उच्छादनम्। =रोकनेवाले कारणोंके रहनेपर प्रकट नहीं करनेकी वृत्ति होना उच्छादन है।

उच्छिष्टावली—दे आवली

उज्जिह्व—दूसरे नरकका आठवाँ पटल—दे नरक ५/११

उज्झनशुद्धि—दे शुद्धि।

उज्वल—विद्युत्प्रभ गजदन्त पर्वतपर स्थित एक कूट तथा उसका रक्षक देव—दे लोक ५/१२।

उज्वलित—तीसरे नरकका सातवाँ पटल—दे नरक ५/११।

उटुंबरी—आर्य खण्डकी एक नदी—दे मनुष्य ४।

उडंडदशमीव्रत—(व्रत-विधान संग्रह पृ. १३१), (नवलसाहकृत वर्द्धमान पुराण), विधि—दशमी उडड उडड आहार। पाँच धरनि मिलि जो अविकार।

नोट—यह व्रत श्वेताम्बर व स्थानकवासी आम्नायमें प्रचलित है।

उत्कर्षण—ध १०/४,२,४,२१/५२/४ कम्मपदेसट्ठिदिवड्ढावणमुक्कड्डणा। =कर्मप्रदेशोंकी स्थिति (व अनुभाग) को बढ़ाना उत्कर्षण कहलाता है।

गो क/जी प्र ४३८/५६१/१४ स्थित्यनुभागयोर्वृद्धि उत्कर्षण। =स्थिति और अनुभागकी वृद्धिको उत्कर्षण कहते हैं।

गो जी/भाषा २५८/५६६/१७ नीचले निषेकनिका परमाणू ऊपरिके निषेकनिविषै मिलावना सो उत्कर्षण है। (ल सा/भाषा ५५/८७/४)

२ उत्कर्षण योग्य प्रकृतियाँ

गो क/मू ४४४/५६५ बंधुक्कट्ठकरणं संभवबंधोत्ति होदि णियमेण। =बन्धकरण और उत्कर्षकरणमें दोनों, जिस जिस प्रकृतिकी जहाँ बन्ध व्युच्छित्ति भई, तिस-तिस प्रकृतिका (बन्ध व उत्कर्षण भी) तहाँ ही पर्यंत नियमकरि जानने।

३ उत्कर्षण सम्बन्धी कुछ नियम

क्ष सा/मू ४०२ सकामेदुक्कट्टदि जे असेते अवट्ठिदा होंति। आवलियं से काले तेण पर होंति भजियव्वा।४०२। नियम नं. १—सक्रमणविषै जे प्रकृतिके परमाणू उत्कर्षणरूप करिए है, ते अपने कालविषै आवलिकाल पर्यंत तौ अवस्थित ही रहै। तातैं परै भजनीय हो है, अवस्थित भी रहे और स्थिति आदिकी वृद्धि हानि आदि रूप भी होइ।

क पा ५/४-२२/§१७२,३३६/३३६ उक्कडिदे अणुभागट्ठाणाविभागपडिच्छेदाणं वड्ढीए अभावादो बंधेण विणा तदुक्कड्डणाणुववत्तीदो।३३६-१। परमाणूणं बहुत्तमप्पत्तं वा अणुभागवड्ढिहाणीणं ण कारणमिदि बहुसो परूविदत्तादो।३३६-१२। नियम नं. २—उत्कर्षणके होनेपर अनुभागस्थानके अविभागी प्रतिच्छेदोंकी वृद्धि नहीं होती है, क्योंकि बन्धके बिना उसका उत्कर्षण नहीं बन सकता। नियम नं ३—परमाणुओंका बहुतपना या अल्पना, अनुभागकी वृद्धि और हानिका कारण नहीं है, अर्थात् यदि परमाणु बहुत हों तो अनुभाग भी बहुत हो और यदि परमाणु कम हों तो अनुभाग भी कम हो, ऐसा नहीं है, यह अनेक बार कहा जा चुका है।

ध १०/४,२,४,११/४३/५ बंधाणुसारिणीए उक्कड्डणाएयुवएसविण्णासाणुववत्तीदो।

ध १०/४,२,४,१४,/४६/६ जस्स समयपबद्धस्स सत्तिट्ठिदी वट्टमाणबंधट्ठिदिसमाणा सो समयपबद्धो वट्टमाणबंधचरियट्ठिदि त्ति उक्कड्डिज्जदि।

ध. १०/४,२,४,२१/५२/५ उदयावलियट्ठिदिपदेसा ण उक्कड्डिज्जंति। उदयावलियबाहिरट्ठिदीओ सव्वाओ [ण] उक्कड्डिज्जंति। किंतु चरिमट्ठिदी आवलियाए असंखेज्जदिभागमइच्छिदूण आवलियाए असंखेज्जदिभागे उक्कड्डिज्जदि, उवरि ट्ठिदिबंधाभावादो। अइच्छावणाणिक्खेवाभावा णत्थि उक्कड्डणा हेट्ठा। =नियम नं ४—उत्कर्षण बन्धका अनुसरण करने वाला होता है, इसलिए उसमें दूसरे प्रकारसे प्रदेशोंकी रचना नहीं बन सकती। नियम नं. ५—जिस समयप्रबद्धकी शक्तिस्थिति वर्तमानमें बँधे हुए कर्मकी अन्तिम स्थितिके समान है उस समयप्रबद्धका वर्तमानमें बँधे हुए कर्मकी अन्तिम स्थिति तक उत्कर्षण किया जाता है। नियम नं ६—उदयावलीकी स्थितिके प्रदेशोंका उत्कर्षण नहीं किया जाता है। नियम नं ७—उदयावलीके बाहरकी सभी स्थितियोंका (भी) उत्कर्षण (नहीं) किया जाता है। किन्तु चरम स्थितिके आवलीके असंख्यातवें भागको अतिस्थापना रूपसे स्थापित करके आवलिके असंख्यात बहुभागका उत्कर्षण होता है। क्योंकि इससे ऊपर स्थितिबन्धका अभाव है। अतिस्थापना और निक्षेपका अभाव होनेसे नीचे उत्कर्षण नहीं होता है।

क पा. ७/५-२२/§४३१/२४४ विशेषार्थ "यह पहले बतला आये हैं कि उत्कर्षण सब कर्मपरमाणुओंका न होकर कुछका होता है और कुछका नहीं। जिनका नहीं होता उनका संक्षेपसे ब्योरा इस प्रकार है—१. उदयावलीके भीतर स्थित कर्मपरमाणुओंका उत्कर्षण नहीं होता। २. उदयावलीके बाहर भी सत्तामें स्थित जिन कर्मपरमाणुओंकी कर्मस्थिति (स्थिति) उत्कर्षणके समय बँधनेवाले कर्मोंकी आबाधाके बराबर या उससे कम शेष रही है, उनका भी उत्कर्षण नहीं होता। ३. निर्व्याघात दशामें उत्कर्षणको प्राप्त होनेवाले कर्मपरमाणुओंकी अतिस्थापना कमसे कम एक आवली प्रमाण बतलायी है, इसलिए अतिस्थापनारूप द्रव्यमें उत्कर्षित द्रव्यका निक्षेप नहीं होता। ४ व्याघात दशामें कमसे कम आवलिके असंख्यातवें भाग-प्रमाण अतिस्थापना और इतना ही निक्षेप प्राप्त होनेपर उत्कर्षण होता है। अन्यथा नहीं होता। नोट—इस विषयका विस्तार—दे. (क. पा सुत्त ६-२२/सूत्र ४-४७/पृ २१४-२१६), (क. पा. ७/५-२२/§४२६-४७४/पृ २४२-२७३)

४ व्याघात व अन्य घात उत्कर्षण निर्देश

क. पा, ७/५-२२/§४३१/२४५/५ विशेषार्थ- "जहाँ अतिस्थापना एक आवली और निक्षेप आवलीका असंख्यातवाँ भाग आदि बन जाता है वहाँ निर्व्याघात दशा होती है। और जहाँ अतिस्थापनाके एक आवली प्रमाण होनेमें बाधा आती है वहाँ व्याघात दशा होती है। जब प्राचीन सत्तामें स्थित कर्म परमाणुओंकी स्थितिसे नूतनबन्ध अधिक हो, पर इस अधिकका प्रमाण एक आवली और एक आवलिके असंख्यातवें भागके भीतर ही प्राप्त हो, तब यह व्याघात दशा होती है। इसके सिवा उत्कर्षणमें सर्वत्र निर्व्याघात दशा ही जानना।"

५ स्थिति बन्धोत्सरण निर्देश

ल.सा./भाषा ३१४/३६६/३ जैसे स्थिति बन्धापसरणकरि (दे. अपकर्षण/३) चढतै स्थितिबन्ध घटाइ एक-एक अन्तर्मुहूर्तविषै समान बन्ध करै था, तैसे इहाँ स्थितिबन्धोत्सरणकरि स्थिति बन्ध बधाइ एक एक अन्तर्मुहूर्तविषै समान बन्ध करै है।

६ उत्कर्षण विधान तथा जघन्य उत्कृष्ट अतिस्थापना व निक्षेप

१. दृष्टि नं. १


ल सा/मू. ६१-६४ सत्तग्गाट्ठिदिबंधो अदिठिदुक्कट्ठणे जहण्णेण। आवलि-असंखभागं तेत्तियमेत्तेव णिक्खेवदि।६१। तत्तोदित्थावणगं वड्ढदि


जावावली तदुक्कस्सं। उवरीदो णिक्खेओ वरं तु बधिय ठिदि जेट्ठ ।६२। णोलिय बंधावलियं उक्कट्ठिय उदयदो दु णिक्खिविय। उवरिमसमये विदियावलिपढमुक्कट्टणे जादो ।६३। तक्कालवज्जमाणे बारट्ठिदीए अदित्थिय.वाह । समयजुदावलीयाबाहूणो उक्कस्सठिदि-ब्ब हो ६४।=पूर्व भाषाकार कृत विस्तार -अबाधात विषै स्थितिका उत्कर्षण होते विधान कहिए है। पूर्वै जे सत्ता रूप निषेक थे तिनि विषै जो अन्तका निषेक था ताका द्रव्यको उत्कर्षण करनेका समय विषै बन्ध्या जो समयप्रबद्ध, तीहि विषै जो पूर्व सत्ताका अन्तनिषेक जिस समय उदय आवने योग्य है तिसविषै उदय आवनेयोग्य बन्ध्या समयप्रबद्धका निषेक, तिस निषेकके उपरिवर्ती आवलीका असंख्यात भागमात्र निषेकको अतिस्थापना रूप राखि तिनिके उपरिवर्ती जे तितने ही आवलीके असंख्यातभागमात्र निषेक तिनि विषै तिस सत्ताका अन्त निषेकका द्रव्यको निक्षेपण करिए है। यहु उत्कर्षण विषै जघन्य अतिस्थापना और जघन्य निक्षेप जानना। सदृष्टि--कल्पना करो कि पूर्व सत्ताका अन्तिम निषेक जिस समय उदय होगा उस समयमें वर्तमान समयप्रबद्धका ५०वाँ निषेक उदय होना है तहाँ तिस ५०वेंसे ऊपर ५१ आदि आ ५०/असं निषेक अर्थात् १६/४=४ निषेक अर्थात् ५१-५४ निषेकोंको अतिस्थापना रूप रखकर तिनके ऊपरवाले आवलीके असंख्यातभागमात्र (५४-५८) निषेकों में निक्षेपण करता है। तहाँ ५१-५४ तो आ./असं मात्र निषेक अतिस्थापना रूप है और (५४-५८) आ./असं मात्र निषेक ही निक्षेप रूप है। यह जघन्य अतिस्थापना व जघन्य निक्षेप है।—दे आगे यंत्र। तिस पूर्व सत्त्वके अन्त निषेकतै लगाय तै नीचेके (सत्ताके उपान्तादि) निषेक तिनिका (पूर्वोक्त ही विधानके अनुसार) उत्कर्षण होते, निक्षेप तौ पूर्वोक्त प्रमाण ही रहै और अतिस्थापना क्रमतै एक-एक समय बँधता होइ सो यावत् आवली मात्र उत्कृष्ट अतिस्थापना होइ तावत् यहु क्रम जानना। (यहाँ अतिस्थापना तो ३६-५४ और निक्षेप ५५-५८ हो जाती है यथा—संदृष्टि--अंक सदृष्टि करि सत्ताके अन्त निषेकको उपांत निषेक जिस समय विषै उदय होगा तिस समय हाल बन्ध्या समयप्रबद्धका ४६वाँ निषेक उदय होगा। सो तिस उपान्त निषेकका द्रव्य उत्कर्षण करि ताको ५०वाँ आदि (५०-५४) पाँच निषेकनिको अतिस्थापना रूप राखि ऊपरि ५५वाँ आदि (५५-५८) चार निषेकनिविषै निक्षेपण करिए। बहुरि ऐसे ही उपांत निषेकतै निचले निषेकनिका द्रव्य उत्कर्षण करते, बन्ध्या समय प्रबद्धका क्रमतै ४६वाँ, ४८वाँ आदितै लगाइ छ, सात, आठ आदि एक-एक बँधते निषेक अतिस्थापना रूप राखि ५५वाँ आदि (पूर्वोक्त ही ५५-५८) निषेकनिविषै निक्षेपण करिए है। तहाँ हाल बन्ध्या समय प्रबद्धका ३८वाँ निषेक जिस समयविषै उदय होगा तिस समय विषै उदय आवने योग्य जो पूर्व सत्ताका निषेक ताका द्रव्यको उत्कर्षण करतै हालबन्ध्या समयप्रबद्धका ३६वाँ आदि १६ निषेकनिको (अर्थात् आवली प्रमाण निषेकनिको) अतिस्थापनारूप राखै है। सो यहु उत्कृष्ट अतिस्थापना है। इहाँ पर्यन्त (पूर्वोक्त ही) ५५ आदि (५५-५८) चार निषेकनिविषै निक्षेपण जानना।


बहुरि आवलीमात्र अतिस्थापना भये पीछे, ताके नीचे-नीचेके निषेकनिका उत्कर्षण करते अतिस्थापना तौ आवलीमात्र ही रहै और निक्षेप क्रमतै एक-एक निषेककरि बँधता हो है। अंक संदृष्टि करि जैसे हाल बन्ध्या समयप्रबद्धका ३७वाँ निषेक जिस समय उदय होगा तिस समय विषै उदय आवने योग्य सत्ताके निषेकको उत्कर्षण होतै (पश्चादानुपूर्वीसे) ३८वाँ आदि १६ निषेक (३८-५३) अतिस्थापना रूप हो है, ५४वाँ आदि पाँच निषेक (५४-५८) निक्षेप रूप हो है। बहुरि ताके नीचेके निषेकका उत्कर्षण होतै ३७वाँ आदि (३७-५२) १६ निषेक अतिस्थापना रूप हो है। ५३वाँ आदि (५३-५८) छः निषेक निक्षेप रूप हो है। ऐसै अतिस्थापना तौ तितना ही अर निक्षेप क्रमतै बँधता जानना। उत्कृष्ट निक्षेप कहाँ होइ सो कहिए है। कोई जीव पहिले उत्कृष्ट स्थिति बान्ध पीछे ताकी आबाधा विषै एक आवली गमाइ ताके अनन्तर तिस समयप्रबद्धका जो अन्तका निषेक था ताका अपकर्षण कीया। तहाँ ताके द्रव्यको (सत्ताके) अन्तके एक समयाधिक आवलीमात्र निषेकनिविषै तौ न दीया, अवशेष वर्तमान समय विषै उदय योग्य निषेक तै लगाइ सर्व निषेकनि विषै दीया। ऐसे पहिले अपकर्षण कीया करो। बहुरि ताके ऊपरिवर्ती अनन्तर समय विषै, पूर्वै अपकर्षण किया करतै जो द्रव्य उदयावली (द्वितीयावली) का प्रथम निषेक विषै दीया था ताका उत्कर्षण किया। तब ताके द्रव्यको तिस उत्कर्षण करनेका समय विषै बन्ध्या जो उत्कृष्ट स्थिति लिये समयप्रबद्ध, ताके आबाधाको उल्लंघ पाइये है जे प्रथमादि निषेक, तिनिविषै, अन्तकै समय अधिक आवलीमात्र निषेक छोडि अन्य सर्व निषेकनि विषै निक्षेपण करिए है। इहाँ एक समय अधिक आवली करि युक्त जो आबाधा काल तीहि प्रमाण तौ अतिस्थापना जानना। काहेतै सो कहिए है—जिस द्वितीयावलीका प्रथम निषेकका उत्कर्षण किया सो तो वर्तमान समयतै लगाइ एक-एक समय अधिक आवलीकाल भए उदय आवने योग्य है। अर जिन निषेकनिविषै निक्षेपण किया है, तै वर्तमान समयतै लगाइ बन्धी स्थितिका आबाधाकाल भये उदय आवने योग्य है। सो इनि दोऊनिके बीच एक समय अधिक आवलीकरि युक्त आबाधाकाल मात्र अन्तराल भया। द्वितीयावलीके प्रथम निषेकका द्रव्यको बीचमें इतने निषेक उल्लंघ ऊपरिके निषेकनि विषै दीया सोइ इहाँ अतिस्थापनाका प्रमाण जानना। बहुरि इहाँ एक समय अधिक आवली करि युक्त जो आबाधाकाल तीहि करि हीन जो उत्कृष्ट कर्म स्थिति तीहि प्रमाण उत्कृष्ट निक्षेप जानना। काहे तै सो कहिए है—

एक समय—अधिक आवली मात्र तो अन्तके निषेकनिविषै न दीया अर आबाधाकाल विषै निषेक रचना ही नहीं, तातै उत्कृष्ट स्थितिविषै इतना घटाया। इहाँ इतना जानना- अपकर्षण द्रव्यका नीचले निषेकनिविषै निक्षेपण कीया ताका जो उत्कर्षण होइ तौ जेती बाकी शक्तिस्थिति होइ तहाँ पर्यंत ही उत्कर्षण होइ, ऊपरि न होइ। शक्तिस्थिति कहा सो कहिये है—विवक्षित समय प्रबद्धका जो अन्तका निषेक ताकौ तो सर्व ही स्थिति व्यक्तिस्थिति है, बहुरि ताके नीचे नीचेके निषेकनिके क्रमतै एक समय घाटि, दोय समय घाटि, आदि स्थिति व्यक्तिस्थिति है। बहुरि प्रथमादि निषेकनिकै सर्व ही स्थिति शक्तिस्थिति है। सो उत्कर्षण कीया द्रव्यको, जेती शक्तिस्थिति होइ तहाँ पर्यंत ही दीजिये है, बहुरि पूर्वै निक्षेप अतिस्थापना कहा ताका अंक संदृष्टिकरि स्वरूप दर्शाइये है--संदृष्टि-जैसे पूर्वै समयप्रबद्ध हजार समयकी स्थिति लिये बन्ध्या। तामें सोलह समय व्यतीत भये अन्त निषेकका द्रव्यको अपकर्षणकरि आबाधाके ऊपरि तिस स्थितिके निषेक थे, तिनविषै १७ निषेक (समय अधिक आवली) को छोडि अन्य सर्व निषेकनिविषै द्रव्य दीया। बहुरि ताके अनन्तर समय विषै जो तिस अन्त निषेकका द्रव्य, जो उत्कर्षण करनेका समय तै लगाय १७ समय विषै उदय आवने योग्य ऐसा द्वितीयावलीका प्रथम निषेक तिसविषै दीया था ताका उत्कर्षण किया, तब तीहि समय विषै १००० समय प्रबद्ध प्रमाण स्थितिबन्ध भया। ताकी ५० समय प्रमाण तो आबाधा है और ९५० निषेक है। तिनि निषेकनि विषै अन्तके १७ निषेक छोड अन्य सर्व निषेकनि विषै तिस उत्कर्षण कीया द्रव्यकौ निक्षेपण करिए है। ऐसे इहा वर्तमान समय तै लगाय जाका उत्कर्षण कीया सो तो सतरहवें (१७वें) समय विषै उदय आवने योग्य था, जिस बन्ध्या समयप्रबद्धको प्रथम निषेकविषै दीया, सो ५१वाँ समय विषै उदय आवने योग्य भया। सो इनिके बीचि अन्तराल ३३ समय भया। सोई अतिस्थापना जानना। बहुरि १००० समयकी स्थितिविषै ५० समय आबाधाके और १७ निषेक अन्तके घटाय अवशेष ९३३ निषेकनिविषै

द्रव्य दीया सो यहु उत्कृष्ट निक्षेप जानना।—(इसी बातको नीचे यन्त्रो-द्वारा स्पष्ट किया गया है)—







२. दृष्टि नं. २

ल सा /भाषा/६५-६७ अथवा कोई आचार्य निके मतकरि निक्षेपणविषै ऐसे निरूपण है—उत्कृष्ट स्थिति बन्ध बान्धा था, ताकी बन्धावली-को गमाय पीछे ताका प्रथम निषेकका उत्कर्षणकरि ताके द्रव्यकौ तिस उत्कर्षण करनेके समयविषै बान्ध्या जो उत्कृष्ट स्थिति लिये समय प्रबद्ध ताका द्वितीय निषेकका आदि देकरि अन्त विषै अति-स्थापनावली मात्र निषेक छोडि सर्व निषेकनिविषै निक्षेपण किया तहाँ एक समय अर एक आवली अर बन्धी स्थितिका आबाधाकाल इनिकरि हीन उत्कृष्ट स्थिति प्रमाण उत्कृष्ट निक्षेप हो है। इहाँ बन्धी जो उत्कृष्ट स्थिति ताविषै आबाधाकालविषै तौ निषेक रचना नाहीं, अर प्रथम निषेकविषै द्रव्य दीया नाही, अर अन्तविषै अतिस्थापनावली विषै द्रव्य न दीया तातै पूर्वोक्त प्रमाण उत्कृष्ट निक्षेप जानना। इहाँ पूर्वोक्त प्रकार अंक संदृष्टिकरि कथन जानना।६५। उत्कृष्ट स्थिति लीए जो उत्कर्षण करनेके समय विषय बन्ध्या समयप्रबद्ध ताकी आबाधाकालका जो अग्र कहिए अन्त समय तीहि सेती लगाय एक समय अधिक आवली मात्र समय पहिलै उदय आवने योग्य ऐसा जो पूर्व सत्ताका निषेक ताका उत्कर्षण करतै आवली-मात्र जघन्य अतिस्थापना हो है जातै तिस द्रव्यकौ आबाधा विषै जो एक आवलीमात्र काल रह्या, ताको उल्लंघ करि तिस बन्ध्या समयप्रबद्धके प्रथमादि निषेकनिविषै, अन्तविषै अतिस्थापनावली छाडि निक्षेपण करिए है।

अंक संदृष्टिकरि—जैसे १००० समयकी स्थिति लीए समय प्रबद्ध बान्ध्या ताका ५० समय आबाधाकाल ताके अन्त समयतै लगाइ १७ समय पहिलै उदय आवने योग्य ऐसा वर्तमान समयतै ३४वा समय विषै उदय आवने योग्य पूर्व सत्ताका निषेक ताका उत्कर्षण करि तत्काल बन्ध्या समय प्रबद्धका आबाधा काल व्यतीत भये पीछे प्रथमादि समय विषै उदय आवने योग्य १८० निषेक तिनिविषै अन्तके १७ निषेक छोडि प्रथमादि ६६३ निषेक विषै निक्षेपण करिए है। इहाँ उत्कर्षण कीया निषेकनिके और दीये गये प्रथमादि निषेकनिके बीच अन्तराल १६ समयका भया, सोई जघन्य अति-स्थापना जानना।६६। तहाँतै उतरि तिसतै पहिलै उदय आवने योग्य ऐसा अन्य कोई सत्तास्वरूप समय प्रबद्ध सम्बन्धी द्वितीया-वलीका प्रथम निषेक जो वर्तमान समयतै आवलीकाल भए पीछे उदय आवने योग्य है, ताका उत्कर्षण होतें, नीचे एक समय अधिक आवलीकरि हीन आबाधा काल प्रमाण उत्कृष्ट अतिस्थापना हो है। समय-अधिक आवलीकरि हीन जो आबाधा ताकौ उल्लंघ ऊपरिके जे निषेक तिनिविषै अन्तके अतिस्थापनावली मात्र निषेक छोडि अन्य निषेकनिविषै तिस द्रव्यकौ दीजिए है। इहाँ पूर्वोक्त प्रकार अंक संदृष्टि आदिकरि कथन जानि लेना।

उत्कर्ष समा—न्याय सू/५-१/४ साध्यदृष्टान्तयोर्धर्म विकल्पा-दुभयसाध्यत्वाच्चोत्कर्षसमा।४।

न्या. सू/भाष्य ५-१/४ दृष्टान्तधर्मं साध्ये समाजन् उत्कर्षसम। यदि क्रियाहेतुगुणयोगाल्लोष्टवत् क्रियावानात्मा लोष्टवदेव स्पर्श-वानपि प्राप्नोति। अथ न स्पर्शवान् लोष्टवत् क्रियावानपि न प्राप्नोति विपर्यये वा विशेषो वक्तव्य इति। =दृष्टान्तधर्मको साध्यके साथ मिलानेवालेको 'उत्कर्षसमा' कहते हैं। जैसे—आत्मा यदि डेलके समान क्रियावान है तो डेलके समान ही स्पर्शवान भी हो जाओ। अब वादी यदि आत्मा डेलके समान स्पर्शवान् नहीं मानना चाहेगा तब तो वह आत्मा उसी प्रकार क्रियावान् भी नहीं हो सकेगा। (श्लो वा ४/न्या ३४०/४७४-४७५/१)

उत्कल—(म. पु/प्र ४६/प. पन्नालाल) उडीसादेश।

उत्कलिका—(ध १/प्र ५२/H L Jain) भीमरथ और कृष्णमेख (कृष्णा) नदीके बीचका प्रदेश जो अब बेलगाँव व धारवाड कहलाता है।

उत्कीरण काल—दे. काल/१।

उत्तमवर्ण—भरतक्षेत्रमें विन्ध्याचल पर स्थित एक देश—दे. मनुष्य ४।

उत्तमार्थकाल—दे काल १।

उत्तर—१ चय अर्थात् Common difference (विशेष दे गणित II/५/३), २ दक्षिण घृतवर द्वीपका रक्षक देव—दे व्यंतर ४।

उत्तर कुमार—(पा. पु सर्ग श्लो) राजा विराटका पुत्र था (१८/४२) इसके पिताके कौरवों द्वारा बाँध लिये जानेपर अर्जुनने इसका सारथी बनकर कौरवोंसे युद्ध किया (१८/६१) फिर कृष्ण जरासन्ध युद्धमें राजा शल्य द्वारा मारा गया (१६/१८३)।

उत्तरकुरु—१ विदेह क्षेत्रमें स्थित उत्तम भोगभूमि है। इसके उत्तरमें नील पर्वत, दक्षिणमें सुमेरु, पूर्वमें माल्यवान गजदन्त और पश्चिममें गन्धमादन गजदन्त पर्वत स्थित है—दे. लोक ३/१२। २. उत्तरकुरु सम्बन्धी कुछ विशेषताएँ—दे. भूमि ५।

(ज. प/प्र १४०/A N. Up & H L Jain) दूसरी सदीके प्रसिद्ध इतिहासज्ञ 'टालमी' के अनुसार 'उत्तर कुरु' पामीर देशमें अवस्थित है। ऐतरेय ब्राह्मणके अनुसार यह हिमवानके परे है। इण्डियन ऐंटिक्वेरी १९१९ पृ ६५ के अनुसार यह शकों और हूणोंके सीमान्त थियानसान पर्वतके नले था। वायुपुराण ४५-५८ के अनुसार "उत्तराणा कुरूणा तु पार्श्वे ज्ञेय तु दक्षिणे। समु मूर्मिमाल ह्य नानास्वरविभूषितम्।" इस श्लोकके अनुसार उत्तरकुरु पश्चिम तुर्किस्तान ठहरता है, क्योंकि, उसका समुद्र 'अरलसागर' जो प्राचीनकालमें कैप्सियनसे मिला हुआ था, वस्तुत प्रकृत प्रदेशके दाहिने पार्श्वमें पडता है। श्री राय कृष्णदासके अनुसार यह देश थियासानके अचलमें बसा हुआ है।

उत्तरकुरु कूट—गन्धमादन पर्वतपर स्थित एक कूट। माल्यवान गजदन्तपर स्थित एक कूट व उसका स्वामी देव—दे लोक ५/४।

उत्तरकुरुद्रह—उत्तरकुरुमें स्थित १० द्रहोंमें-से दोका नाम उत्तरकुरु है—दे लोक ५/६।

उत्तरगुण—भ आ /वि. ११६/२७७/८ प्रगृहीतसंयमस्य सामायिकादिक अनशनादिकं च वर्तते इति उत्तरगुणत्व सामायिकादेस्तपसश्च। =जिसने संयम धारण किया है, उसको सामायिकादिक, और अनशनादिक भी रहते है। अत सामायिकादिको और तपको उत्तरगुणपना है।

★ **साधु व श्रावकके उत्तर गुण**—दे. साधु २ तथा श्रावक ५।

उत्तरचरहेतु—दे हेतु।

उत्तरचूलिका—कायोत्सर्गका एक अतिचार—दे. व्युत्सर्ग १।

उत्तरदिशा—उत्तर दिशाकी प्रधानता—दे दिशा

उत्तरधन—चयधन—दे. गणित II/५/३।

उत्तरपुराण—१. आचार्य जिनसेन (ई ८१८-८७८) के 'आदिपुराण' की पूर्तिके अर्थ उनके शिष्य आचार्य गुणभद्र (ई ८९८) ने इसे लिखा था। इसमें भगवान् ऋषभदेवके अतिरिक्त शेष २३ तीर्थंकरोंका वर्णन है। वास्तवमें आचार्य गुणभद्र भी स्वयं इसे पूरा नहीं कर पाये थे। अत इस ग्रन्थके अन्तिम कुछ पद्य उनके भी शिष्य लोकचन्द्रने ई. ८९८ में पूरे किये थे। इस ग्रन्थमें २९ पर्व है तथा ८००० श्लोक प्रमाण है। (ती ३/१) २ आचार्य सकलकीर्ति (ई. १४०६-१४४२) द्वारा रचित दूसरा उत्तर पुराण है। (ती. ३/३३३)

उत्तरप्रतिपत्ति—ध ५/१,६,३७/३२/६ उत्तरमणुज्जुवं आइरियपरंपराएणागदमिदि एयट्ठो। =उत्तर, अनृजु और आचार्य परम्परासे अनागत ये तीनो एकार्थवाची है।

ध. १/प्र. ५७(H. L. Jain) आगममें आचार्य परम्परागत उपदेशोंसे बाहरकी जिन श्रुतियोका उल्लेख मिलता है वह अनृजु होनेके कारणसे उत्तर प्रतिपत्ति कही गयी है। धवलाकार श्री वीरसेन स्वामी इसको प्रधानता नही देते थे। (ध /३ प्र. १५ H L. Jain)

उत्तरमीमांसा—दे 'दर्शन'।

उत्तराध्ययन—द्वादशांग श्रुतज्ञानका ८वाँ अंगबाह्य—दे श्रुतज्ञान III।

उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र—दे. नक्षत्र।

उत्तराभाद्रपद नक्षत्र—दे नक्षत्र।

उत्तराषाढ़ नक्षत्र—दे. नक्षत्र।

उत्तरित—कायोत्सर्गका एक अतिचार—दे व्युत्सर्ग १।

उत्तरोत्तर—(ध ५/प्र. २७) गणितप्रकरणमें successive

उत्पत्ति—जीवोंकी उत्पत्ति—दे जन्म।

उत्पन्नस्थानसत्त्व—दे सत्त्व १।

उत्पल—पद्म ह्रदमें स्थित एक कूट—दे लोक ५/७।

उत्पला—सुमेरु पर्वतके नन्दन आदि तीन वनोमें स्थित पुष्करिणी दे लोक ५/६।

उत्पलोज्ज्वला—सुमेरु पर्वतके नन्दनादि तीनों वनोंमें स्थित पुष्करिणी—दे. लोक ५/६।

उत्पात—एक ग्रह—दे ग्रह।

उत्पातिनी—एक औषधि विद्या—दे विद्या।

उत्पादन—१ आहारका एक दोष—दे. आहार II/४/१,४,२ वस्तिकाका एक दोष—दे वस्तिका।

उत्पादनोच्छेद—दे व्युच्छित्ति।

उत्पादपूर्व—श्रुतज्ञानका प्रथम पूर्व दे. श्रुतज्ञान III

उत्पादलब्धिस्थान—दे लब्धि ५।

उत्पादव्ययध्रौव्य—सत् यद्यपि त्रिकाल नित्य है, परन्तु उसमें बराबर परिणमन होते रहनेके कारण उसमे नित्य ही किसी एक अवस्थाका उत्पाद तथा किसी पूर्ववाली अन्य अवस्थाका व्यय होता रहता है इसलिए पदार्थ नित्य होते हुए भी कथंचित् अनित्य है और अनित्य होते हुए भी कथंचित नित्य है। वस्तुमें ही नहीं उसके प्रत्येक गुणमें भी यह स्वाभाविक व्यवस्था निराबाध सिद्ध है।

---

१ भेद व लक्षण

१ उत्पाद सामान्यका लक्षण

२ उत्पादके भेद

३ स्वनिमित्तक उत्पाद

४ परप्रत्यय उत्पाद

५ सदुत्पाद

६ असदुत्पाद

७ व्ययका लक्षण

८ ध्रौव्यका लक्षण

२ उत्पादादिक तीनोका समन्वय

★ द्रव्य अपने परिणमनमे स्वतन्त्र है—दे. कारण II/१

१ उत्पादादिक तीनोंसे युक्त ही वस्तु सत् है

२ तीनो एक सत्के ही अंश है
३ वस्तु सर्वथा नित्य या सर्वथा अनित्य नही है
४ कथंचित् नित्यता व अनित्यता तथा समन्वय
* वस्तु जिस अपेक्षासे नित्य है उसी अपेक्षासे अनित्य नही है —दे. अनेकान्त ५
५ उत्पादिकमे परस्पर भेद व अभेदका समन्वय
६ उत्पादादिकमे समय भेद नही है
७ उत्पादादिकमे समयके भेदाभेद विषयक समन्वय

३ द्रव्य गुण पर्याय तीनों त्रिलक्षणात्मक हैं

१ सम्पूर्ण द्रव्य परिणमन करता है द्रव्याश नही
२ द्रव्य जिस समय जैसा परिणमन करता है, उस समय वैसा ही होता है
३ उत्पाद व्यय द्रव्याशमे नही पर्यायाशमे होते है
४ उत्पाद व्ययको द्रव्यका अंश कहनेका कारण
५ पर्याय भी कथंचित् ध्रुव है
६ द्रव्य गुण पर्याय भी तीनो सत् है
७ पर्याय सर्वथा सत् नही है
८ लोकाकाशमे भी तीनो पाये जाते है
९ धर्मादि द्रव्योंमे परिणमन है पर परिस्पन्द नही
१० मुक्त आत्माओमे भी तीनो देखे जा सकते है

---

१ भेद व लक्षण

१ उत्पाद सामान्यका लक्षण

स सि. ५/३०/५चेतनस्याचेतनस्य वा द्रव्यस्य स्वां जातिमजहत् उभयनिमित्तवशाद् भावान्तरावाप्तिरुत्पादनमुत्पाद मृत्पिण्डस्य घटपर्यायवत्। =चेतन व अचेतन दोनों ही द्रव्य अपनी जातिको कभी नही छोडते। फिर भी अन्तरग और बहिरंग निमित्तके वशसे प्रति समय जो नवीन अवस्थाकी प्राप्ति होती है उसे उत्पाद कहते है। (रा वा / ५/३०/१/५१४/३२)

प्र. सा /त प्रा. ९५ उत्पाद प्रादुर्भाव'। यथा खल्वुत्तरीयमुपात्तमलिनावस्थं प्रक्षालितममलावस्थयोत्पद्यमान तेनोत्पादेन लक्ष्यते। न च तेन स्वरूपभेदमुपव्रजति, स्वरूपत एव तथाविधित्वमवलम्बते। तथा द्रव्यमपि समुपात्तप्राक्तनावस्थं समुचितबहिरङ्गसाधनसंनिधिसद्भावे विचित्रबहुतरावस्थान स्वरूपकतृ करणसामर्थ्यस्वभावेनान्तरङ्गसाधनतामुपागतेनानुग्रहीतमुत्तरावस्थयोत्पद्यमान तेनोत्पादेनलक्ष्यते। =जैसे मलिन अवस्थाको प्राप्त वस्त्र, धानेपर निर्मल अवस्थासे उत्पन्न होता हुआ उस उत्पादमे लक्षित होता है किन्तु उसका उस उत्पादके साथ स्वरूप भेद नही है, स्वरूपसे ही वैसा है, उसी प्रकार जिसने पूर्व अवस्था प्राप्त की है ऐसा द्रव्य भी, जो कि उचित बहिरग साधनोके सान्निध्यके सद्भावमें अनेक प्रकारकी बहुत-सी अवस्थाएँ करता है, वह—अन्तरंगसाधनभूत स्वरूपकर्ता और स्वरूपकरणके सामर्थ्यरूप स्वभावसे अनुगृहीत होनेपर, उत्तर अवस्थासे उत्पन्न होता हुआ, वह उत्पादसे लक्षित होता है।

ध. १/पृ. २०१ तत्रोत्पादोऽवस्था प्रत्यग्रं परिणतस्य तस्य सत'। सदसद्भावनिबन्धनौ तदतद्भावव्यवहारादेशात्। =सत-तद्भाव और अतद्भावको विषय करनेवाले नयकी अपेक्षासे सद्भाव तथा असद्भावसे युक्त है। इसलिए उत्पादादिकमें नवीनरूपसे परिणत उस सत्की अवस्थाका नाम उत्पाद है। (और भी—दे परिणाम)

२ उत्पादके भेद

स. सि ५/७/२७३/५ द्विविध उत्पाद स्वनिमित्त परप्रत्ययश्च। =उत्पाद दो प्रकारका है—स्वनिमित्तक उत्पाद और परप्रत्यय उत्पाद। (रा वा ५/७/३/४४६/१४)

ध सा /मू ११९ एवविह सहावे दव्वं दव्वत्थपज्जयत्थेहि। सदसब्भावणिबद्धं पादुब्भाव सदा लभदि। =ऐसा (पूर्वोक्त) द्रव्य स्वभावमें द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक नयोंके द्वारा सद्भावसम्बद्ध और असद्भावसम्बद्ध उत्पादको सदा प्राप्त करता है। (पं व /पृ २०१)

३ स्वनिमित्तक उत्पाद

स सि. ५/७/२७३/५ स्वनिमित्तस्तावदनन्तानामगुरुलघुगुणानामागमप्रामाण्यादभ्युपगम्यमानानां षट्स्थानपतितया वृद्धया हान्या च प्रवर्तमानाना स्वभावादेतेषामुत्पादो व्ययश्च। =स्वनिमित्तक उत्पाद यथा—प्रत्येक द्रव्यमें आगम प्रमाणसे अन्तर अगुरुलघुगुण स्वीकार किये गये है। जिनका छह स्थान पतित हानि और वृद्धिके द्वारा वर्तन होता रहता है। अत' इनका उत्पाद और व्यय स्वभावसे होता है। (रा वा ५/७, ३/४४६/१४)

४ परप्रत्यय उत्पाद

स. सि ५/७/२७३/७ परप्रत्ययोऽपि अश्वादिगतिस्थित्यवगाहनहेतुत्वात्क्षणे क्षणे तेषां भेदात्तद्धेतुत्वमपि भिन्नमिति परप्रत्ययापेक्ष उत्पादो विनाशश्च व्यवह्रियते। =परप्रत्यय भी उत्पाद और व्यय होता है। यथा – ये धर्मादिक द्रव्य क्रमसे अश्वादिकी गति, स्थिति और अवगाहनमें कारण है। चूँकि इन गति आदिकमें क्षण क्षणमें अन्तर पडता है, इसलिए इनके कारण भी भिन्न-भिन्न होने चाहिए। इस प्रकार धर्मादिक द्रव्योमें परप्रत्ययकी अपेक्षा उत्पाद और व्ययका व्यवहार किया जाता है। (रा. वा ५/७/३/४४६/१६)

५ सदुत्पाद

प्र सा./त प्र. ११२ द्रव्यस्य पर्यायभूताया व्यतिरेकव्यक्ते' प्रादुर्भाव' तस्मिन्नपि द्रव्यत्वभूताया अन्वयशक्तेरप्रच्यवनाद द्रव्यमनन्यदेव। ततोऽनन्यत्वेन निश्चीयते द्रव्यस्य सदुत्पाद। =द्रव्यके जो पर्यायभूत व्यतिरेकव्यक्तिका उत्पाद होता है उसमें भी द्रव्यत्वभूत अन्वयशक्तिका अच्युतत्व होनेसे द्रव्य अनन्य ही है। इसलिए अनन्यत्वके द्वारा द्रव्यका सदुत्पाद निश्चित होता है। (ध ४/पृ २०१)

६ असदुत्पाद

प्र सा /त.प्र ११३ पर्याया हि पर्यायभूताया आत्मव्यतिरेकव्यक्ते. काल एव सत्त्वात्ततोऽन्यकालेषु भवन्त्यसन्त एव। यश्च पर्यायाणां द्रव्यत्वभूतयान्वयशक्त्यानुस्यूत क्रमानुपाती स्वकाले प्रादुर्भाव तस्मिन्पर्यायभूताया आत्मव्यतिरेकव्यक्ते' पूर्वमसत्त्वात्पर्याया अन्य एव। तत पर्यायाणामन्यत्वेन निश्चीयते द्रव्यस्यासदुत्पाद। =पर्याये पर्यायभूत स्वव्यतिरेकव्यक्तिके कालमे ही सत् होनेसे उससे अन्य कालोमे असत् ही है। और पर्यायोका द्रव्यत्वभूत अन्वयशक्तिके साथ गुंथा हुआ जो क्रमानुपाती स्वकालमें उत्पाद होता है, उसमें पर्यायभूत स्वव्यतिरेकव्यक्तिका पहले असत्त्व होनेसे पर्याये अन्य है। इसलिए पर्यायोकी अन्यताके द्वारा द्रव्यका असदुत्पाद निश्चित होता है।

७ व्ययका लक्षण

स.सि.५/३००/५ पूर्वभावविगमन व्यय.। यथा घटोत्पत्तौ पिण्डाकृतिर्व्यय। =पूर्व अवस्थाके त्यागको व्यय कहते है। जैसे घटकी उत्पत्ति होनेपर पिण्डरूप आकारका त्याग हो जाता है। (रा.वा./ ५/३०/२/४६५/१)

प्र सा /त प्र ९५ व्यय प्रच्यवन । =व्यय प्रच्युति है । (अर्थात् पूर्व अवस्थाका नष्ट होना)

८ ध्रौव्यका लक्षण

स.सि. ५/३०/३००/७ अनादिपारिणामिकस्वभावेन व्ययोदयाभावाद् ध्रुवति स्थिरीभवतीति ध्रुव । ध्रुवस्य भाव कर्म वा ध्रौव्यम् । यथा मृत्पिण्डघटाद्यवस्थासु मृदाद्यन्वय । =जो अनादिकालीन पारिणामिक स्वभाव है उसका व्यय और उदय नहीं होता किन्तु वह 'ध्रुवति' अर्थात् स्थिर रहता है । इसलिए उसे ध्रुव कहते हैं । तथा इस ध्रुवका भाव या कर्म ध्रौव्य कहलाता है । जैसे मिट्टीके पिण्ड और घटादि अवस्थाओंमें मिट्टीका अन्वय बना रहता है । (रा.वा./५/३०/३/४९५/३)

प्र सा /त.प्र.९५ ध्रौव्यमवस्थिति. । =ध्रौव्य अवस्थिति है ।

पं.ध /पू. २०४ तद्भावाव्ययमिति वा ध्रौव्य तत्रापि सम्यगयमर्थ । य' पूर्वपरिणामो भवति स पश्चात् स एव परिणाम । =तद्भावसे वस्तुका नाश न होना, यह जो ध्रौव्यका लक्षण बताया गया है, उसका भी ठीक अर्थ यह है कि जो जो परिणाम (स्वभाव) पहिले था वह वह परिणाम ही पीछे होता रहता है ।

२. उत्पादादिक तीनोंका समन्वय

१. उत्पादादिक तीनोंसे युक्त ही वस्तु सत् है

त सू ५/३० उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्त सत् ॥३०॥=जो उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य इन तीनोंसे युक्त है वह सत् है। (पं.का/मू.१०) (स सा /आ./२) (प्र.सा./त प्र.९९) (का.अ./मू.२३७)

पं.ध./पू. ८९ वस्त्वस्ति स्वत सिद्ध यथा तथा तत्स्वतश्च परिणामी । तस्मादुत्पादस्थितभङ्गमय तत् सदेतदिह नियमात् । =जैसे वस्तु स्वतः सिद्ध है वैसे ही वह स्वत परिणमनशील भी है, इसलिए यहाँ पर यह सत् नियमसे उत्पाद व्यय और ध्रौव्य स्वरूप है। (पं ध./पू ८६)

२. तीनों एक सत्के ही अंश हैं

प्र. सा /त प्र १०१ पर्यायास्तूत्पादव्ययध्रौव्यैरालम्ब्यन्ते उत्पादव्ययध्रौव्याणामशधर्मत्वाद्बीजाङ्कुरपादपवत्।...द्रव्यस्योच्छिद्यमानोत्पद्यमानावतिष्ठमानभावलक्षणास्त्रयोऽशा प्रतिभान्ति।=पर्याये उत्पादव्ययध्रौव्यके द्वारा अवलम्बित हैं, क्योंकि, उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य अशोके धर्म है—बीज, अकुर व वृक्षत्वकी भाँति । द्रव्यके नष्ट होता हुआ भाव, उत्पन्न होता हुआ भाव और अवस्थित रहनेवाला भाव, ये तीनो अश भासित होते है ।

पं.ध./पू २०३-२२८ ध्रौव्य सत कथचिद् पर्यायार्थाच्च केवल न सत । उत्पादव्ययवदिद तच्चैकांश न सर्वदेश स्यात् ॥२०३॥ तत्रानित्यनिदानं ध्वंसोत्पादद्वय सतस्तस्य । नित्यनिदानं ध्रुवमिति तत् त्रयमप्यशभेद स्यात् ।२०६। ननु चोत्पादध्वंसौ द्वावप्यंशात्मकौभवेतां हि । ध्रौव्य त्रिकालविषय तत्कथमंशात्मकं भवेदिति चेत् ॥२१८॥ न पुन सतो हि सर्ग केनचिदशैकभागमात्रेण । सहारो वा ध्रौव्य वृक्षे फलपुष्पपत्रवन्न स्यात् ॥२२५॥ =पर्यायार्थिकनयसे 'ध्रौव्य' भी कथचित् सत्का होता है, केवल सत्का नहीं । इसलिए उत्पादव्ययकी तरह यह ध्रौव्य भी सत्का एक अश है सर्वदेश नहीं है ॥२०३॥ उस सत्यकी अनित्यताका मूलकारण व्यय और उत्पाद है, तथा नित्यताका मूलकारण ध्रौव्यहै । इस प्रकार वे तीनो ही सत्के अशात्मक भेद है ॥२०६॥ प्रश्न—निश्चयसे उत्पाद और व्यय ये दोनो भले अशस्वरूप होवें, किन्तु त्रिकालगोचर जो ध्रौव्य है, वह कैसे अशात्मक होगा ? ॥२१८॥ उत्तर—यह कहना ठीक नहीं है, क्योंकि ये तीनो अश अर्थान्तरोकी तरह अनेक नहीं है ॥२१९॥ बल्कि ये तीनो एक सत्के ही अंश है ॥२२४॥ वृक्षमें फल फूल तथा पत्तेकी तरह किसी अशरूप एक भागसे सत्का उत्पाद अथवा व्यय और ध्रौव्य होते हो, ऐसा भी नही है ॥२२५॥ वास्तवमे वे उत्पादिक न स्वतन्त्र अंशोके होते है और न केवल अंशोके । बल्कि अंशोसे युक्त अशोके होते है ॥२२८॥

३. वस्तु सर्वथा नित्य या सर्वथा अनित्य नहीं है ।

स स्तो /२४ न सर्वथा नित्यमुदेत्यपैति, न च क्रियाकारकमत्र युक्तम् । नैवासतो जन्म सतो न नाशो, दीपस्तम पुद्गलभावधर्मोऽस्ति ॥२४॥ =यदि वस्तु सर्वथा नित्य हो तो वह उत्पाद व अस्तको प्राप्त नहीं हो सकती और न उसमें क्रिया कारककी ही योजना बन सकती है । जो सर्वथा असत है उसका कभी जन्म नही होता और जो सत् है उसका कभी नाश नही होता । दीपक भी बुझनेपर सर्वथा नाशको प्राप्त नही होता, किन्तु उस समय अन्धकाररूप पुद्गलपर्यायको धारण किये हुए अपना अस्तित्व रखता है ।

आ मी ३७,४१ नित्यैकान्तपक्षेऽपिविक्रिया नोपपद्यते । प्रागेव कारकाभाव क्व प्रमाण क्व तत्फलम् ॥३७॥ क्षणिकैकान्तपक्षेऽपि प्रेत्यभावाद्यसभव । प्रत्यभिज्ञानाद्यभावान्न कार्यारम्भ कुत फलम् ॥४१॥=नित्य एकान्त पक्षमे पूर्व अवस्थाके परित्याग रूप और उत्तर अवस्थाके ग्रहण रूप विक्रिया घटित नहीं होती, अत कार्योत्पत्तिके पूर्वमे ही कर्ता आदि कारकोका अभाव रहेगा। और जब कारक ही न रहेगे तब भला फिर प्रमाण और उसके फलकी सम्भावना कैसे की जा सकती है ? अर्थात् उनका भी अभाव ही रहेगा ॥३७॥ क्षणिक एकान्त पक्षमे भी प्रेत्यभावादि अर्थात् परलोक, बन्ध, मोक्ष आदि असम्भव हो जायेगे । और प्रत्यभिज्ञान व स्मरणज्ञान आदिके अभावसे कार्यका प्रारम्भ ही सम्भव न हो सकेगा। तब कार्यके आरम्भ बिना पुण्य पाप व सुख-दु ख आदि फल काहे से होगे ॥४१॥

प का /त प्र. ८/१९/७ न सर्वथा नित्यतया सर्वथा क्षणिकतया वा विद्यमानमात्र वस्तु । सर्वथानित्यत्ववस्तुनस्तत्त्वत क्रमभुवा भावानामभावात्कुतो विकारवत्त्वम् । सर्वथा क्षणिकस्य च तत्त्वत प्रत्यभिज्ञानाभावाद् कुत एक सतानत्वम् । तत प्रत्यभिज्ञानहेतुभूतेन केनचित्स्वरूपेण ध्रौव्यमालम्ब्यमान काभ्या चित्क्रमप्रवृत्ताभ्या स्वरूपाभ्या प्रलीयमानमुपजायमान चैककालमेव परमार्थतस्त्रितयीमवस्था बिभ्राण वस्तु सदवबोध्यम् । =विद्यमानमात्र वस्तु न तो सर्वथा नित्यरूप होती है और न सर्वथा क्षणिकरूप होती है । सर्वथा नित्य वस्तुको वास्तवमे क्रमभावी भावोका अभाव होनेसे विकार (परिणाम) कहाँसे होगा ? और सर्वथा क्षणिक वस्तुमें वास्तवमे प्रत्यभिज्ञानका अभाव होनेसे एक प्रवाहपना कहाँसे रहेगा ? इसलिए प्रत्यभिज्ञानके हेतुभूत किसी स्वरूपमे ध्रुव रहती हुई और किन्ही दो क्रमवर्ती स्वरूपोंसे नष्ट होती हुई तथा उत्पन्न होती हुई—इस प्रकार परमार्थत एक ही कालमें त्रिगुणी अवस्थाको धारण करती हुई वस्तु सत् जानना ।

४. कथंचित् नित्यता व अनित्यता तथा समन्वय

त सू ५/३२ अर्पितानर्पितसिद्धे ।३२।=मुख्यता और गौणताकी अपेक्षा एक वस्तुमे विरोधी मालूम पडनेवाले दो धर्मोकी सिद्धि होती है । द्रव्य भी सामान्यकी अपेक्षा नित्य है और विशेषकी अपेक्षा अनित्य है ।

प, का/मू ५४ एव सदो विणासो असदो जीवस्स होइ उप्पादो । इदि जिणवरेहि भणिद अण्णोण्णविरुद्धम् विरुद्धम्।५४। (प का /त प्र.५४) द्रव्यार्थिकनयोपदेशेन न सत्प्रणाशो नासदुत्पाद । तस्यैव पर्यायार्थिकनयादेशेन सत्प्रणाशो ह्यदुत्पादश्च । =इस प्रकार जीवको सत्का विनाश और असत्का उत्पाद होता है, ऐसा जिनवरोने कहा है, जो कि अन्योन्य विरुद्ध तथापि अविरुद्ध है ।५४। क्योंकि जीवको द्रव्यार्थिकनयके कथनसे सत्का नाश नही है और असत्का उत्पाद नही है तथा उसीको पर्यायार्थिकनयके कथनसे सत्का नाश है और असत्का उत्पाद भी है ।

आप्त. मी. ५७ न सामान्यात्मनोदेति न व्येति व्यक्तमन्वयात् ।५७। =वस्तु सामान्यकी अपेक्षा तो न उत्पन्न है और न विनष्ट, क्योंकि

प्रगट अन्वय स्वरूप है। और विशेष स्वरूपसे उपजै भी है, विनशै भी है। युगपत् एक वस्तुको देखनेपर वह उपजै भी है, विनशै भी है और स्थिर भी रहे है।

न्या वि./मू. १/११८/४३५ भेदज्ञानात् प्रतीयेते प्रादुर्भावास्ययौ यदि। अभेदज्ञानत सिद्धा स्थितिरैन केनचित् ।११८। =भेद ज्ञानसे यदि उत्पाद और विनाश प्रतीत होता है तो अभेदज्ञानसे वह सत् या द्रव्य किसी एक स्थिति अंश रूपसे भी सिद्ध है। (विशेष देखो टीका)

क पा १/१,१३/§३५/५४/१ ण च जीवस्स दव्वत्तमसिद्धं, मज्झावत्थाए अक्कमेण दव्वत्ताविणाभाविविलक्खणत्तुवलंभादो।

क पा १/१,१३/§१८०/२१६/४ सत. आविर्भाव एव उत्पाद, तस्यैव तिरोभाव एव विनाश इति। द्रव्यार्थिकस्य सर्वस्य वस्तु नित्यत्वान्नोत्पद्यते न विनश्यति चेति स्थितम्। =मध्यम अवस्थामें द्रव्यत्वके अविनाभावी उत्पाद व्यय और ध्रुवरूप त्रिलक्षणत्वकी युगपत उपलब्धि होनेसे जीवमें द्रव्यपना सिद्ध ही है। विशेषार्थ—जिस प्रकार मध्यम अवस्थाके अर्थात् जवानीके चैतन्यमें अनन्तरपूर्ववर्ती बचपनके चैतन्यका विनाश, जवानीके चैतन्यका उत्पाद और चैतन्य सामान्यकी सिद्धि होती है, इसी प्रकार उत्पादव्ययध्रौव्यरूप त्रिलक्षणत्वको एक साथ उपलब्धि होती है। उसी प्रकार जन्मके प्रथम समयका चैतन्य भी त्रिलक्षणात्मक ही सिद्ध होता है। अर्थ—सत्का आविर्भाव ही उत्पाद है और उसका तिरोभाव ही विनाश है, ऐसा समझना चाहिए। इस प्रकार द्रव्यार्थिकनयकी अपेक्षासे समस्त वस्तुएँ नित्य है। इसलिए न तो कोई वस्तु उत्पन्न होती है, और न विनष्ट होती है, ऐसा निश्चित हो जाता है। (यो. सा./अ २७) (पं. ध./पू ११,१९८)

प.ध./पू ९०,९१ न हि पुनरुत्पादस्थितिभङ्गमयं तद्विनापि परिणामात्। असतो जन्मत्वादिह सतो विनाशस्य दुर्निवारत्वात् ।९०। द्रव्यं तत कथ चिदुत्पद्यते हि भावेन। व्येति तदन्येन पुनर्नैतद्वितय हि वस्तुतया ।९१। =वह सत् भी परिणामके बिना उत्पादस्थिति भंगरूप नहीं हो सकता है, क्योंकि ऐसा माननेपर जगत्में असत्का जन्म और सत्का विनाश दुर्निवार हो जायेगा ।९०। इसलिए निश्चयसे द्रव्य कथ चित् किसी अवस्थासे उत्पन्न होता है और किसी अन्य अवस्थासे नष्ट होता है, किन्तु परमार्थ रीतिसे निश्चय करके ये दोनों (उत्पाद और विनाश) है ही नहीं ।९१।

पं ध./पू १२०-१२३, १८४, ३३९-३४० नियत परिणामित्वादुत्पादव्ययमया य एव गुणा। टङ्कोत्कीर्णन्यायात्त एव नित्या यथा स्वरूपत्वात् ।१२०। न हि पुनरेकेषामिह भवति गुणानां निरन्वयो नाश। अपरेषामुत्पादो द्रव्य यत्तद्वयाधारम् ।१२१। दृष्टान्ताभासोऽय स्याद्धि विपक्षस्य मृत्तिकायां हि। एके नश्यन्ति गुणा जायन्ते पाकजा गुणास्त्वन्ये ।१२२। तत्रोत्तरमिति सम्यक् सत्यां तत्र च तथाविधायां हि। किं पृथिवीत्वं नष्टं न नष्टमथ चेत्तथा कथं न स्यात् ।१२३। अयमर्थ पूर्वं यो भाव सोऽप्युत्तरत्र भावश्च। भूत्वा भवनं भावो नष्टोत्पन्न न भाव इह कश्चित् ।१८४। अयमर्थो वस्तु यथा केवलमिह दृश्यते न परिणाम। नित्य तदव्ययादिह सर्वं स्यादन्वयार्थनययोगात् ।३३९। अपि च यदा परिणाम. केवलमिह दृश्यते न किल वस्तु। अभिनवभावाभावादनित्यमशनयात् ।३४०। =नियमसे जो गुण हो परिणमनशील होनेके कारणसे उत्पादव्ययमयी कहलाते हैं, वही गुण टकोत्कीर्ण न्यायसे अपने-अपने स्वरूपको कभी भी उल्लघन न करनेके कारण नित्य कहलाते हैं ।१२०। परन्तु ऐसा नहीं है कि यहाँ किसी गुणका तो निरन्वय नाश होना माना गया हो तथा दूसरे गुणोका उत्पाद माना गया हो। और इसी प्रकार नवीन-नवीन गुणोंके उत्पाद और व्ययका आधारभूत कोई द्रव्य होता हो ।१२१। गुणोंको नष्ट व उत्पन्न माननेवाले वैशेषिकोंका 'पिठरपाक' विषयक यह दृष्टान्ताभास है कि मिट्टीरूप द्रव्यमें घडा बन जाने पर कुछ गुण तो नष्ट हो जाते है और दूसरे पक्वगुण उत्पन्न हो जाते हैं ।१२२। इस विषयमें यह उत्तर है कि इस मिट्टीमें-से क्या उसका मिट्टीपना नाश हो गया? यदि नष्ट नहीं होता तो वह निरूपण कैसे न मानी जाय ।१२३। सारांश यह है कि पहले जो भाव था, उत्तरकालमें भी वही भाव है, क्योंकि यहाँ हो होकर होना यही भाव है। नाश होकर उत्पन्न होना ऐसा भाव माना नहीं गया ।१८४। सारांश यह है कि जिस समय केवल वस्तु दृष्टिगत होती है, और परिणाम दृष्टिगत नहीं होते,उस समय तहाँ द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षासे वस्तुपनेका नाश नहीं होनेके कारण सम्पूर्ण वस्तु नित्य है ।३३९। अथवा जिस समय यहाँ निश्चयसे केवल परिणाम दृष्टिगत होते है और वस्तु दृष्टिगत नहीं होती, उस समय पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षासे नवीन पर्यायकी उत्पत्ति तथा पूर्व पर्यायका अभाव होनेके कारण सम्पूर्ण वस्तु ही अनित्य है ।३४०।

५. उत्पादादिकमें परस्पर भेद व अभेदका समन्वय

प्र.सा./मू. १००-१०१ ण भवो भंगविहिणा भंगो वा णत्थि संभवविहीणो। उप्पादो वि य भगो ण विणा धोव्वेण अत्थेण ।१००। उप्पादट्ठिदिभंगा विज्जंते पज्जएसु पज्जाया। दव्वे हि संति णियदं तम्हा दव्वं हवदि सव्व ।१०१। ='उत्पाद' भगसे रहित नहीं होता और भंग बिना उत्पादके नहीं होता। उत्पाद तथा भंग (ये दोनों ही) ध्रौव्य पदार्थके बिना नहीं होते ।१००। उत्पाद ध्रौव्य और व्यय पर्यायोंमें वर्तते है, पर्यायें नियमसे द्रव्यमें होती हैं, इसलिए वह सब द्रव्य है ।१०१। (विशेष दे. त.प्र. टीका)

रा वा ५/३०/६-११/४६५-४६६ व्ययोत्पादाव्यतिरेकाद्द्रव्यस्य ध्रौव्यानुपपत्तिरिति चेत्; न, अभिहितानवबोधात् ।६। स्ववचनविरोधाच्च ।१०। उत्पादादीनां द्रव्यस्य चोभयथा लक्ष्यलक्षणभावानुपपत्तिरिति चेत्, न, अन्यत्वानन्यत्वं प्रत्यनेकान्तोपपत्ते. ।११। =प्रश्न—व्यय और उत्पाद क्योंकि द्रव्यसे अभिन्न होते हैं, अतः द्रव्य ध्रुव नहीं रह सकता? उत्तर—शंकाकारने हमारा अभिप्राय नहीं समझा। क्योंकि हम द्रव्यसे व्यय और उत्पादको सर्वथा अभिन्न नहीं कहते, किन्तु कथंचित् कहते है। दूसरे इस प्रकारकी शंकाओंसे स्ववचन विरोध भी आता है, क्योंकि यदि आपका हेतु साधकत्वसे सर्वथा अभिन्न है तो स्वपक्षकी तरह परपक्षका भी साधक हो होगा। प्रश्न—उत्पादादिकोका तथा द्रव्यका एकत्व हो जानेसे दोनोंमें लक्ष्यलक्षण भावका अभाव हो जायेगा? उत्तर—ऐसा भी नहीं है, क्योंकि इनमें कथंचित् भेद और कथंचित् अभेद है ऐसा अनेकान्त है।

संकेत—'आधार' अर्थात् अमुक बन्ध स्थान या उदय स्थान या सत्त्व स्थान विशेषके साथ 'आधेय' अर्थात् अमुक-अमुक उदय, सत्त्व या बन्ध स्थान होने सम्भव है। उन-उन स्थानोंका विशेष ब्योरा उन उन विषयोंके अन्तर्गत दी गयी सारणियोंमें देखिए।

कुल बन्ध स्थान = ८(१,२३,२५ २६,२८,२९,३०,३१)

कुल उदय स्थान = १२(२०,२१,२४,२५,२६,२७,२८,२९,३०,३१ ९,८)

कुल सत्त्व स्थान = १३(९,१०,७७,७८,७९,८०,८२,८४,८८,९०,९१,९२,९३)

१. बन्ध आधार—उदय सत्त्व आधेयकी स्थान प्ररूपणा

(पं. सं./प्रा. ५/२२२-२२४,२२५-२५२), (गो. क. ७४२-७४५/८९७), (ष सं/सं. ५/२३५-२३९, २७०,२४०-२७०)

क्रम	बन्ध आधार		उदय आधेय		सत्त्व आधेय	
	स्थान	स्थान विशेष	स्थान	स्थान विशेष	स्थान	स्थान विशेष
१	३	२३,२५,२९	९	२१,२४,२५,२६,२७, २८,२९,३०,३१	५	८२,८४,८८,९०,९२
२	१	२८	८	२१,२५,२६,२७,२८, २९,३०,३१	४	८८,९०,९१,९२
३	२	२९,३०	९	२१,२४,२५,२६,२७, २८,२९,३०,३१	७	८२,८४,८८ ९०,९१, ९२,९३
४	१	३१	१	३०	१	९३
५	१	१	१	३०	८	७७,७८,७९,८०,९०, ९१,९२,९३
६	×	×	१०	२० २१,२६,२७,२८, २९,३० ३१,८,९	१०	७७,७८,७९,८०,९०, ९१ ९२,९३,९,१०

२. उदय आधार—बन्ध सत्त्व आधेयकी स्थान प्ररूपणा

(गो.क. ७४६ ७५२/९०९-९२४)

क्रम	उदय आधार		बन्ध आधेय		सत्त्व स्थान	
	स्थान	विशेष	स्थान	स्थान विशेष	स्थान	स्थान विशेष
१	१	२०			३	७७,७८,७९
२	१	२१	६	२३,२५,२९ २८,२९, ३०	९	७८,८०,८२,८४,८८, ९०,९१,९२,९२
३	१	२४	५	२३,२५,२६,२९,३०	५	८२,८४,८८,९०,९२
४	१	२५	६	२३,२५,२६,२८,२९, ३०	७	८२,८४,८८,९०,९१, ९२,९३
५	१	२६	६	,,	९	७७,७९,८२,८४,८८, ९०,९१,९२,९३
६	१	२७	६	,,	८	७८,८०,८४,८८,९०, ९१,९२,९३
७	१	२८	६	,,	८	७७,७९,८४,८८,९०, ९१,९२,९३
८	१	२९	६	,,	१०	७७,७८,७९,८०,८४, ८८,९०,९१,९२,९३
९	१	३०	८	२३,२५,२६,२८,२९, ३० ३१,१	१०	,,
१०	१	३१	६	२३,२५,२६,२८,२९, ३०	६	७७,८०,८४,८८,९०, ९२
११	१	९			३	७८,८०,१०
१२	१	८			३	७७,७९,९

३ सत्त्व आधार—बन्ध उदय आधेयकी स्थान प्ररूपणा—

(गो क ७५३-७५९/९२५-९३१)

क्रम	सत्त्व आधार		बन्ध आधेय		उदय आधेय	
	स्थान	स्थान विशेष	स्थान	स्थान विशेष	स्थान	स्थान विशेष
१	१	९			१	८
२	१	१०			१	९
३	१	७७	१	१ (यश कीर्ति)	६	२५,२६,२८,२९,३०,८
४	१	७८	१	,,	६	२१,२७,२९,३०,३१,९
५	१	७९	१	,,	६	२५,२६,२८,२९,३०,८
६	१	८०	१	,,	६	२१'२७,२९,३०,३१,९
७	१	८२	५	२३,२५,२६, २९,३०	४	२१,२४,२५,२६
८	१	८४	५	,,	९	२१,२४,२५,२६,२७, २८,२९,३०,३१
९	१	८८	६	२३,२५,२६, २८,२९,३०	९	,,
१०	१	९०	७	२३,२५,२६, २८,२९,३०,१	९	,,
११	१	९१	४	२८,२९,३०,१	७	२१,२५,२६,२७,२८, २९,३०
१२	१	९२	७	२३,२५,२६, २८,२९,३०,१	९	२१,२४,२५,२६,२७, २८,२९ ३०,३१
१३	१	९३	४	२९,३०,३१,१	७	२१,२५,२६,२७,२८, २९,३०

४. बन्ध उदय दोनो आधार–सत्व आधेयकी स्थान प्ररूपणा

(ष. सं./प्रा ५/२२५-२५१), (गो क ७६० ७६८/९३६-९४०), (सं. सं./प्रा. ५/२४०-२६९)

क्रम	बन्ध-आधार		उदय-आधार		सत्त्व-आधेय	
	स्थान	स्थान विशेष	स्थान	स्थान विशेष	स्थान	स्थान विशेष
१	१	२३	४	२१,२४,२५,२६	५	८२,८४,८८,९०,९२
२	१	२३	५	२७,२८,२९, ३०,३१	४	८४,८८,९०,९२
३	२	२५,२९	४	२१,२४,२५,२६	५	८२,८४,८८,९०,९२,
४	२	२५,२९	५	२७,२८,२९, ३०,३१	४	८४,८८,९०,९२
५	१	२८	२	२१,२९		९०,९२ (देव उत्तर कुरु का क्षा सम्यग्दृष्टि)
६	१	२८	५	२५,२६,२७, २८,२९	२	९०,९२ (२५,२७ उदय ९० सत्त्व वैक्रि. की अपेक्षा है)
७	१	२८	२	२५,२७	१	९२ (आहारक शरीर उदय सहित प्रमत्त विरत)
८	१	२८	१	३०	४	८८,९०,९१,९२
९	१	२८	१	३१	३	८८,९०,९२
१०	१	२९	१	२१	७	८२,८४,८८,९०,९१, ९२,९३
११	१	२९	२	२५,२६	७	,,

बन्ध-आधार			उदय-आधार		सत्त्व-आधेय	
क्रम	स्थान	स्थान विशेष	स्थान	स्थान विशेष	स्थान	स्थान विशेष
१२	१	२६	१	२४	५	८२,८४,८८,९०,९२
१३	१	२६	४	२७,२८,२९,३०	६	८४,८८,९०,९१,९२,९३
१४	१	२६	१	३१	४	८४,८८,९०,९२
१५	१	३०	३	२७,२८,२९	६	८४,८८,९०,९१,९२,९३
१६	१	३०	२	२१,२५	७	८२,८४,८८,९०,९१,९२, ९३
१७	१	३०	२	२४,२६	५	८१,८४,८८,९०,९२
१८	१	३०	२	३०,३१	४	८४ ८८,९०,९२
१९	१	३१	१	३०	१	९३, (गुणस्थान ७ व ८)
२०	१	१	१	३०	४	९०,९१,९२,९३ (उपशामक)
२१	१	१	१	३०	४	७७,७८,७९,८० (क्षपक)

५ बन्ध सत्त्व दोनो आधार—उदय आधेयकी स्थान प्ररूपणा—

(गो. क ७६९-७७४/९४०-९४३)

बन्ध-आधार			सत्त्व-आधार		उदय-स्थान	
क्रम	कुल स्थान	स्थान विशेष	कुल स्थान	स्थान विशेष	कुल स्थान	स्थान विशेष
१	१	२३	४	८४,८८,९०,९२	९	२१,२४,२५,२६,२७, २८,२९,३०,३१
२	१	२३	१	८२	४	२१,२४,२५,२६
३	२	२५.२६	१	८२	४	"
४	१	२८	१	९२	८	२१,२५,२६,२७,२८, २९,३०,३१
५	१	२८	१	९१	१	३०
६	१	२८	१	९०	१	२१,२६,२८,२९,३०,३१ (संज्ञी तिर्यं वाले स्थान)
७	१	२८	१	८८	२	३०,३१
८	१	२९	१	९३	७	२१,२५,२६,२७,२८, २९,३०
९	१	२९	१	९२	९	२१,२४,२५,२६,२७, २८,२९,३०,३१
१०	१	२९	३	८४,८८,९०	९	"
११	१	२९	१	९१	७	२१,२४,२५,२६,२७, २८,२९,३०
१२	१	२९	१	८२	४	२१,२४,२५,२६
१३	१	३०	१	९१,९३	५	२१,२५,२७,२८,२९ (देवगतिवत्)
१४	१	३०	१	९२	९	२१,२४,२५,२६,२७, २८,२९,३०,३१
१५	१	३०	१	८२,८४,८८,९०	९	"
१६	१	३०	१	८२	४	२१,२४ २५,२६
१७	१	३१	१	९३	१	३०
१८	१	१	१	९०,९१,९२,९३	१	३०
१९	१	१	४	७७,७८,७९,८०	१	३०

६ उदय सत्त्व दोनो आधार—बन्ध आधेयकी स्थान प्ररूपणा

(गो. क. ७७५-७८३/९४४-९४८)

उदय-आधार			सत्त्व आधार		बन्ध-आधेय	
क्रम	कुल स्थान	स्थान विशेष	कुल स्थान	स्थान विशेष	कुल स्थान	स्थान विशेष
१	१	२१	२	९१,९३	२	२९, ३०
२	१	२१	२	९०,९२	६	२३,२५,२६,२८,२९,३०
३	१	२१	३	८२ ८४,८८	५	२३,२५,२६,२९,३०
४	१	२५	२	९१,९३	२	२९,३०
५	१	२५	१	९२	६	२३,२५,२६,२८,२९,३०
६	१	२५	४	८२,८४,८८,९०	५	२३,२५,२६,२९,३०
७	१	२६	२	९१,९३	१	२९
८	१	२६	२	९०,९२	६	२३,२५,२६,२८,२९,३०
९	१	२६	३	८२,८४,८८	५	२३,२५,२६,२९,३०
१०	१	२७	२	९१.९३	२	२९,३०
११	१	२७	१	९२	६	२३,२५,२६,२८,२९,३०
१२	१	२७	३	८४,८८ ९०	५	२३,२५,२६,२९,३०
१३	१	२८	२	९१,९३	२	२९,३०
१४	१	२८	१	९२	६	२३,२५,२६,२८,२९,३०
१५	१	२८	३	८४,८८,९०	५	२३,२५,२६,२९,३०
१६	१	२९	२	९१,९३	२	२९,३०
१७	१	२९	२	९०,९२	६	२३,२५,२६,२८,२९,३०
१८	१	२९	२	८४,८८	५	२३,२५,२६,२९,३०
१९	१	३०	१	९३	२	२९,३१
२०	१	३०	१	९१	२	२८,२९ (नरक सम्मुख तीर्थ. प्रकृति युक्त)
२१	१	३०	३	८८,९०,९२	६	२३,२५,२६,२८,२९,३०
२२	१	३०	१	८४	५	२३,२५,२६,२९,३०
२३	१	३१	३	८८,९०,९२	६	२३,२५,२६,२८,२९,३०
२४	१	३१	१	८४	५	२३,२५,२६,२९,३०
२५	१	३०	४	९०,९१,९२,९३	×	(उपशान्त कषाय)
२६	१	३०	४	७७,७८,७९,८०	×	(क्षीण मोह)
२७	२	३०,३१	४	"	×	(सयोग केवली)
२८	२	,९	४	"	×	(अयोग केवली)
२९	२	८,९	२	९,१०	×	(अयोग केवली)

६ नामकर्म स्थानोंकी त्रिसंयोगी ओघ प्ररूपणा

(पं. सं./प्रा ५/३९९-४१७), (गो. क. ६९२-७०३/८७२-८७७); (पं. सं सं ५/४११-४२८);

क्रम	गुण स्थान	बन्ध स्थान		उदय स्थान		सत्त्व स्थान	
		कुल स्थान	स्थान विशेष	कुल स्थान	स्थान विशेष	कुल स्थान	स्थान विशेष
१	मिथ्यात्व	६	२३,२५, २६,२८, २९,३०	९	२१,२४,२५, २६ २७,२८, २९,३०,३१	६	८२,८४, ८८,९०, ९१,९२
२	सासादन	३	२८,२९,३०	७	२१,२४,२५, २६,२९,३०,३१	१	९०

क्रम	गुण स्थान	बन्ध स्थान		उदय स्थान		सत्त्व स्थान	
		स्थान	स्थान विशेष	स्थान	स्थान विशेष	स्थान	स्थान विशेष
३	सम्यग्-मिथ्यात्व	२	२८,२९	३	२९,३०,३१	२	९०,९२
४	अवि. सम्य.	३	२८,२९,३०	८	२१,२५,२६,२७, २८,२९,३०,३१	४	९०,९१, ९२,९३
५	देश विरत	२	२८,२९	२	३०,३१	४	,,
६	प्रमत्त विरत	२	२८,२९	५	२५,२७,२८ २९,३०	४	,,
७	अप्रमत्त ,,	४	२८,२९, ३०,३१	१	३०	४	,,
८	अपूर्वकरण	५	२८,२९, ३०,३१,१	१	,,	४	,,
९	अनिवृत्ति-करण	१	१	१	,,	८	९०,९१,९२,९३ उपशामक ७७,७८,७९,८० क्षपक
१०	सूक्ष्म साम्पराय	१	१	१	,,	८	उपरोक्त वत्
११	उपशान्त कषाय			१	,,	४	९०,९१, ९२,९३
१२	क्षीण मोह			१	,,	४	७७,७८,७९,८०
१३	सयोग केवली समुद्घ केवली			२	३० ३१	४	,,
				१०	२०,२१,२६, २७,२८,२९, ३०,३१,९,८	६	७७,७८, ७९,८० ९,१०
१४	अयोग केवली			२	९,८	६	,,

७. जीवसमासकी अपेक्षा नामकर्म स्थानकी त्रिसंयोगी प्ररूपणा

(पं. सं./प्रा. ५/२६८-२८०); (गो. क. ७०४-७११/८७८-८८१); (पं. सं./सं. ५/२९४-३०६)

क्रम		बन्ध स्थान		उदय स्थान		सत्त्व स्थान	
१	लब्धपर्याप्त						
	सूक्ष्म एके.	५	२३,२५, २६,२९,३०	१	२१	५	८२,८४, ८८,९०,९२
	बा. एके.	५	,,	१	२४	५	,,
	विकलेन्द्रिय	५	,,	२	२४,२६	५	,,
	असंज्ञी पंचे.	५	,,	२	,,	५	,,
	संज्ञी ,,	५	,,	२	,,	५	,,
२	पर्याप्त						
	सूक्ष्म एके.	५	२३,२५, २६,२९,३०	४	२१,२४,२५,२६	५	,,
	बादर ,,	५	,,	५	२१,२४,२५, २६ २७	५	,,
	विकलेन्द्रिय	५	,,	६	२१,२६,२८, २९,३०,३१	५	,,
	असंज्ञी पंचे.	६	२३,२५, २६,२८, २९,३०	६	,,	५	,,
	संज्ञी पंचे.	८	२३,२५, २६,२८, २९,३०, ३१,१	८	२१,२५,२६, २७,२८,२९, ३०,३१	११	७७,७८,७९ ८०,८२,८४, ८८,९०,९१, ९२,९३

८. नामकर्म स्थानोंकी त्रिसंयोगी आदेश प्ररूपणा

(ष. स./प्रा. ५/५२-२५२,४५९-४७१); (गो. क. ७१२-७३८/८८१-८८७); (प सं./सं. ५/९०-२७०,४३१-४४१)

क्रम	मार्गणा	बन्ध स्थान		उदय स्थान		सत्त्व स्थान	
		कुलस्थान	स्थान विशेष	कुलस्थान	स्थान विशेष	कुलस्थान	स्थान विशेष
	१ गति मार्गणा						
१	नरकगति	२	२९,३०	५	२१,२५,२७, २८,२९	३	९०,९१,९२,
२	तिर्यञ्चगति	६	२३,२५,२६ २८,२९,३०	९	२१,२४,२५, २६,२७,२८, २९,३०,३१	५	८२,८४,८८, ९०,९२
३	मनुष्यगति	८	२३,२५,२६, २८,२९,३०, ३१,१	११	२०,२१,२५ २६,२७,२८, २९,३०,३१, ९,८	१२	७७,७८,७९, ८०,८४,८८, ९०,९१,९२, ९३,९,१०
४	देवगति	४	२५,२६,२९, ३०	५	२१,२५,२७, २८,२९	४	९०,९१,९२, ९३
	२ इन्द्रियमार्गणा						
१	एकेन्द्रिय	५	२३,२५,२६, २९,३०	५	२१,२४,२५, २६,२७	५	८२,८४,८८, ९०,११
२	विकलेन्द्रिय	५	,,	६	२१,२६,२८, २९,३०,३१,	५	,,
३	पंचेन्द्रिय	८	२३,२५,२६, २८,२९,३०, ३१,१	११	२०,२१,२५, २६,२७,२८, २९,३०,३१, ९,८(पं.सं.में २०का स्थान नहीं)	१३	७७,७८,७९, ८०,८२,८४, ८८,९०,९१० ९२,९३,९,१०
	३ काय मार्गणा						
१	पृथिवी काय	५	२३,२५,२६, २९,३०	५	२१,२४,२५, २६,२७	५	८२,८४,८८, ९०,९२
२	अप काय	५	,,	५	,,	५	,,
३	तेज काय	५	,,	४	२१,२४,२५, २६	५	,,
४	वायु काय	५	,,	४	,,	५	,,
५	वनस्पति काय	५	,,	५	२१,२४,२५, २६,२७	५	,,
६	त्रस काय	८	२३,२५,२६, २८,२९,३०, ३१,१	११	२०,२१,२५, २६,२७,२८, २९,३०,३१, ९,८(पं सं.में २०का स्थान नहीं)	१३	७७,७८,७९, ८०,८२,८४, ८८,९०,९१, ९२,९३,९,१०
	४ योग मार्गणा						
१	४ प्रकार मनो-योग	८	२३,२५,२६ २८,२९,३०, ३१,१	३	२९,३०,३१	१०	७७,७८,७९, ८०,८४,८८, ९०,९१,९२-९३
२	,, ,, वचनयोग	८	,,	३	,,	१०	,,

क्रम	मार्गणा	बन्ध स्थान		उदय स्थान		सत्त्व स्थान	
		कुल स्थान	स्थान विशेष	कुल स्थान	स्थान विशेष	कुल स्थान	स्थान विशेष
३	औदारिक काययोग	८	२३,२५,२६,२८,२९,३०,३१,१	७	२५,२६,२७,२८,२९,३०,३१	११	७७,७८,७९,८०,८२,८४,८८,९०,९१,९२,९३
४	औदारिक मिश्रयोग	६	२३,२५,२६,२८,२९,३०	३	२४,२६,२७, पं.सं मे २७ नहीं	११	,,
५	वैक्रियक काययोग	४	२५,२६,२९,३०	३	२७,२८,२९	४	९०,९१,९२,९३
६	वैक्रियक मिश्रयोग	४	,, पं.सं में २५, २६नहीं	१	२५	४	,,
७	आहारक काय योग	२	२८,२९		२७,२८,२९	२	९२,९३
८	आहारक मिश्र योग	२	,,	१	२५	२	,,
९	कार्माण काय योग	६	२३,२५,२६,२८,२९,३०	२	२०,२१,पं सं में २०नहीं	११	७७,७८,७९,८०,८२,८४,८८,९०,९१,९२,९३
	५ वेद मार्गणा						
१	स्त्री वेद	८	२३,२५,२६,२८,२९,३०,३१,१	८	२१,२५,२६,२७,२८,२९ ३०,३१	९	७७,७९,८२,८४,८८,९०,९१,९२,९३
२	पुरुष वेद	८	,,	८	२१,२५,२६,२७,२८,२९,३०,३१	११	७७,७८,७९,८० ८२,८४,८८,९०,९१,९२,९३
३	नपुंसक वेद	८	,,	९	२१,२४,२५,२६,२७,२८,२९,३०,३१	९	७७,७९,८२,८४,८८,९०,९१,९२,९३
	६ कषाय मार्गणा						
१	क्रोधादि चारो कषाय	८	२३,२५,२६,२८,२९,३०,३१,१	९	२१,२४,२५,२६,२७,२८,२९,३०,३१	११	९,८०,८२,८४,८८,९०,९१,९२,९३
	७ ज्ञान मार्गणा						
१	मति श्रुत अज्ञान	६	२३,२५,२६,२८,२९,३०	९	२१,२४,२५,२६,२७,२८,२९,३०,३१	६	८२ ८४,८८,९०,९१,९२
२	विभङ्ग ज्ञान	६	,,	३	२९,३०,३१	३	९०,९१,९२
३	मति श्रुत अवधि ज्ञान	५	२८,२९ ३०,३१,१	८	२१,२५,२६,२७,२८,२९,३०,३१	८	७७,७८,७९,८०,९०,९१,९२,९३
४	मन:पर्यय ज्ञान	५	,,	१	३०	८	,,
५	केवल ज्ञान	×		१०	२०,२१,२६,२७,२८,२९,३०,३१,८,९ (पं.सं. में ४ स्थान ३०,३१,९,८)	६	७७,७८,७९,८०,९,१०

क्रम	मार्गणा	बन्ध स्थान		उदय स्थान		सत्त्व स्थान	
		स्थान	स्थान विशेष	स्थान	स्थान विशेष	स्थान	स्थान विशेष
	८ संयम मार्गणा						
१	सामायिक छेदोपस्था.	५	२८,२९,३०,३१,१	५	२५,२७,२८,२९,३०	८	७७,७८,७९,८०,९०,९१,९२,९३
२	परिहार विशुद्धि	४	२८,२९,३०,३१	१	३०	४	९०,९१,९२,९३
३	सूक्ष्म साम्पराय	१	१	१	३०	८	७७,७८,७९,८०,९०,९१,९२,९३
४	यथाख्यात	×		१०	२०,२१,२६,२७,२८,२९,३०,३१,८,९, पं.सं.में ३०,३१,८,९	१०	७७,७८,७९,८०,९०,९१,९२,९३,९,१०
५	देश संयत	२	२८,२९	२	३०,३१	४	९०,९१,९२,९३
६	असयत	६	२३,२५,२६,२८,२९,३०	९	२१,२४,२५,२६,२७,२८,२९,३०,३१	७	८२,८४ ८८, ९०,९१,९२,९३
	९ दर्शन मार्गणा						
१	चक्षुर्दर्शन	८	२३,२५,२६,२८,२९,३०,३१,१	८	२१,२५,२६,२७,२८,२९,३०,३१	११	७७,७८,७९,८०,८२,८४,८८,९०,९१,९२,९३
२	अचक्षुर्दर्शन	८	२३,२५ २६,२८,२९,३०,३१,१	९	२१,२४,२५,२६,२७,२८,२९,३०,३१	११	७७,७८,७९,८०,८२,८४,८८,९०,९१,९२,९३
३	अवधि दर्शन	५	२८,२९,३०,३१,१	८	२१,२५,२६,२७,२८,२९,३०,३१	८	७७,७८,७९,८०,९०,९१,९२,९३
४	केवल दर्शन	×		१०	२०,२१,२६,२७,२८,२९,३०,३१,८,९ पं.स.में ३० ३१,९,८	६	७७,७८,७९,८०,९,१०
	१० लेश्यामार्गणा						
१	कृष्ण, नील, कापोत	६	२३,२५,२६,२८,२९,३०	९	२१,२४,२५,२६,२७,२८,२९,३०,३१	७	८२,८४,८८,९०,९१,९२,९३
२	पीत या तेज लेश्या	६	२५,२६,२८,२९,३०,३१	८	२१,२५,२६,२७,२८,२९,३०,३१	४	९०,९१,९२,९३
३	पद्म लेश्या	४	२८,२९,३०,३१	८	,,	४	,,
४	शुक्ल लेश्या	५	२८,२९,३०,३१,१	९	२०,२१,२५,२६,२७,२८,२९,३०,३१, (पं.सं.में २० नहीं)	८	७७,७८,७९,८०,९०,९१,९२,९३
५	अलेश्य	×		२	९,८	६	७७,७८,७९,८०,९,१०

क्रम	मार्गणा	बन्ध स्थान		उदय स्थान		सत्त्व स्थान	
		कुलस्थान	स्थान विशेष	कुलस्थान	स्थान विशेष	कुलस्थान	स्थान विशेष
	११ भव्यमार्गणा						
१	भव्य	८	२३,२५,२६, २८,२९,३०, ३१,१,	१२	२०,२१,२४, २५,२६,२७, २८,२९,३०, ३१,८,९, (प स. में २०, ९,८ के स्थान नहीं	१३	७७,७८,७९, ८०,८२,८४, ८८,९०,९१, ९२,९३,९, १० (प.सं० में ९,१० के स्थान नहीं)
२	अभव्य	६	२३,२५,२६, २८,२९,३०,	९	२१,२४,२५, २६,२७,२८, २९,३०,३१,	४	८२,८४,८८, ९०
३	न भव्य न अभव्य			४	३०,३१,९,८	६	७७,७८,७९, ८०,९,१०
	१२ सम्यक्त्व मार्गणा						
१	उपशम सम्यक्त्व	५	२८,२९,३०, ३१,१	५	२१,२५,२९, ३०,३१	४	९०,९१,९२, ९३
२	वेदक सम्यक्त्व	४	२८,२९,३०, ३१	८	२१,२५,२६, २७,२८,२९, ३०,३१	४	"
३	क्षायिक "	५	२८,२९,३०, ३१,१	११	२०,२१,२५, २६,२७,२८, २९,३०,३१, ९,८	१०	७७,७८,७९, ८०,९०,९१, ९२,९३,९,१०
४	सासादन "	२	२८,२९,३०	७	२१,२४,२५, २६,२९,३०, ३१	१ २	९०
५	सम्यग्मिथ्यात्व	२	२८,२९	३	२९,३०,३१	६	९०, ९२
६	मिथ्यात्व	६	२३,२५ २६, २८,२९,३०	९	२१,२४,२५, २६,२७,२८, २९,३०,३१		८२,८४,८८, ९०,९१,९२
	१३ संज्ञीमार्गणा						
१	संज्ञी	८	२३,२५,२६, २८,२९,३० ३१,१	८	२१,२५,२६ २७,२८,२९, ३०,३१	११	७७,७८,७९, ८०,८२,८४, ८८,९०,९१, ९२,९३
२	असंज्ञी	६	२३,२५,२६, २८,२९,३०	९	२१,२४,२५, २६,२७,२८, २९,३०,३१ (पं.सं में २५, २७ के स्थान नहीं)	५	८२,८४,८८, ९०,९२
	१४ आहारक मार्गणा						
१	आहारक	८	२३,२५,२६, २८,२९,३०, ३१,१	८	२४,२५,२६, २७,२८,२९, ३०,३१	११	७७,७८,७९, ८०,८२,८४, ८८,९०,९१, ९२,९३
२	अनाहारक सामान्य	६	२३,२५,२६, २८ २९,३०	४	२०,२१,९,८ (पं स में २० के स्थान नहीं)	१३	७७,७८,७९, ८०,८२,८४, ८८,९०,९१, ९२,९३,९,१०
३	अनाहारक अयोगी	×		२	८,९	२	९,१०

९ औदयिक भाव निर्देश

१ औदयिक भावका लक्षण

स सि. २/१/१४९/९ उपशम. प्रयोजनमस्येत्यौपशमिक । एवं ··· ··· औदयिक ।=जिस भावका प्रयोजन अर्थात् कारण उपशम है वह औपशमिक भाव है। इसी प्रकार औदयिक भावकी भी व्युत्पत्ति करनी चाहिए। अर्थात् उदय ही है प्रयोजन जिसका सो औदयिक भाव है। (रा. वा. २/१/६/१००/२४)।

ध १/१,१,८/१६१/१ कर्मणामुदयादुत्पन्नो गुण' औदयिक'।=जो कर्मोंके उदयसे उत्पन्न होता है उसे औदयिक भाव कहते है। (ध ५/१,७, १/१८५/१३), (प का /त. प्र. ५६/१०६), (गो क/मू. ८१५/९८८); (गो जी./जो प्र ८/२९/१२); (पं. ध./उ. ९७०, १०२४)।

२ औदयिक भावके भेद

त. सू २/६ गतिकषायलिङ्गमिथ्यादर्शनाज्ञानासंयतासिद्धलेश्याश्चतुश्चतुस्त्र्येकैकैकषड्भेदा ।६। =औदयिक भावके इक्कीस भेद है—चार गति, चार कषाय, तीन लिंग, एक मिथ्यादर्शन, एक अज्ञान, एक असंयम, एक असिद्ध भाव और छह लेश्याएँ। (ष. ख. १४/५/१०); (स. सि. २/६/१५९), (रा. वा. २/६/१०८); (ध. ५/१,७,१/६/१८९); (गो क/मू. ८१८/९८९); (न. च. वृ. ३७०), (त. सा/२/७); (नि सा /ता. वृ ४१); (पं ध./उ. ९७३–९७५)

३ मोहज औदयिक भाव ही बन्धके कारण हैं अन्य नहीं

ध. ७/२,१,७/९/९ जदि चत्तारि चेव मिच्छत्तादीणि बंधकारणाणि होंति तो—'ओदइया बंधयरा उवसम-खयमिस्सया य मोक्खयरा। ···/३।' एदीए सुत्तगाहाए सह विरोहो होदि त्ति वुत्तेण होदि, ओदइया बंधयरा त्ति वुत्ते ण सव्वेसिमोदइयाणं भावाणं गहणं गदि-जादिआदिणं पि ओदइयभावाणं बंधकारणप्पसगादो। =प्रश्न—यदि ये ही मिथ्यात्वादि(मिथ्यात्व,अविरत कषाय और योग) चार बन्धके कारण है तो 'औदयिक भाव बन्ध करनेवाले है, औपशमिक, क्षायिक और क्षयोपशमिक भाव मोक्षके कारण है.' इस सूत्रगाथा-के साथ विरोधको प्राप्त होता है। उत्तर—विरोध नहीं उत्पन्न होता है, क्योकि, 'औदयिक भाव बन्धके कारण है' ऐसा कहने पर सभी औदयिक भावोंका ग्रहण नहीं करना चाहिए, क्योकि, वैसा मानने पर गति, जाति आदि नामकर्म सम्बन्धी औदयिक भावोके भी बन्धके कारण होनेका प्रसंग आ जायेगा।

४ वास्तवमें मोहजनित भाव ही औदयिक हैं, उसके बिना सब क्षायिक है

प्र सा./मू ४५ पुण्णफला अरहंता तेसिं किरिया पुणो हि ओदयिगा। मोहादीहि विरहिदा तम्हा सा खाइगत्ति मदा ।४५।

प्र. सा /त प्र. ४५ क्रिया तु तेषां औदयिक्येव। अथैवंभूतापि सा समस्तमहामोहभूभृद्भिभिक्तस्कन्धावारस्यात्यन्तक्षयेसंभूतत्वान्मोहराग द्वेषरूपाणामुपरञ्जकानामभावाच्चैतन्यविकारकारणतामनासादयन्ती नित्यमौदयिकी कार्यभूतस्य बन्धस्याकारणभूततया कार्यभूतस्य मोक्षस्य कारणभूततया च क्षायिक्येव। =अर्हन्त भगवान पुण्यफलवाले है, और उनकी क्रिया औदयिकी है, मोहादिसे रहित है, इसलिए वह क्षायिका मानी गयी है ॥४५॥ अर्हन्त भगवान्की विहार व उपदेश आदि सब क्रियाएँ यद्यपि पुण्यके उदयसे उत्पन्न होनेके कारण औद-यिकी ही है। किन्तु ऐसी होनेपर भी वह सदा औदयिकी क्रिया, महामोह राजाकी समस्त सेनाके सर्वथा क्षयसे उत्पन्न होती है, इस-लिए मोह रागद्वेष रूपी उपरजकोका अभाव होनेसे चैतन्यके विकार-का कारण नहीं होती इसलिए कार्यभूत बन्धकी अकारणभूततासे और कार्यभूत मोक्षकी कारणभूततासे क्षायिकी ही क्यो न माननी चाहिए।

पं. ध /उ १०२४-१०२५ न्यायादध्येवमन्येषा मोहादिघातिकर्मणाम्। यावांस्तत्रोदयाज्जातो भावोऽस्त्यौदयिकोऽखिल ।१०२४। तत्राप्यस्ति

विवेकोऽयं श्रेयानत्रादितो यथा। वैकृतो मोहजो भाव' शेष सर्वोऽपि लौकिक ।१०२५। —इसी न्यायसे मोहादिक घातिया कर्मोंके उदयसे तथा अघातिया कर्मोंके उदयसे आत्मामें जितने भी भाव होते हैं, उतने वे सब औदयिक भाव हैं ।१०२४। परन्तु इन भावोंमें भी यह भेद है कि केवल मोहजन्य वैकृति भाव ही सच्चा विकारयुक्त भाव है और बाकीके सब लोकरूढिसे विकारयुक्त औदयिक भाव है ऐसा समझना चाहिए ।१०२५।

उदयकाल—दे काल १।

उदयदेव—(जीवन्धर चरित्र प्र. ८/A.N.Up) आप ई. ७७०-८६० के एक दिगम्बर आचार्य थे। वादीभसिंह आपकी उपाधि थी—दे. वादीभसिंह। (ती.३/२५)

उदयनाचार्य—किरणावलीके रचयिता नैयायिक भाष्यकार। समय-ई ९८४ (ती २/३५१); (विशेष दे न्याय १/७)।

उदय पर्वत—विजयार्धकी दक्षिण श्रेणीका एक नगर—दे. विद्याधर।

उदयसेन—१ लाडबागड संघकी गुर्वावलीके अनुसार (दे. इतिहास ७/१०) आप गुणसेन प्रथमके शिष्य तथा नरेन्द्रसेनके सधर्मा थे। समय-वि ११५५ (ई. १०९८) २. उपरोक्त ही संघकी गुर्वावलीमें नरेन्द्रसेनाचार्यके शिष्य। समय—वि. ११८० (ई ११२३/A.N.Up) (सिद्धान्तसार संग्रहको प्रशस्ति १२/८८-९५), (आ. जयसेनकृत धर्मरत्नाकर ग्रन्थकी प्रशस्ति१), (सिद्धान्तसार संग्रह/प्र.८/A N.Up (दे इतिहास ७/१०)

उदया— भारतीय इतिहास १/५०१) शिशु नागवंशका एक राजा।

उदयादित्य—१. भोजवंशी राजा जयसिंहके पुत्र,नरवर्माके पिता, मालवा देशके राजा। समय-वि. ११३५-११५० (ई १०५८-१०९३)। (दे इतिहास ३।१)। २. उदयादित्यालंकारके रचयिता एक कन्नड कवि। समय - ई. ११५०। (ती. ४/३११)।

उदयाभावी क्षय—दे. क्षय।

उदयावली—दे आवली।

उदराग्नि प्रशमन वृत्ति—दे भिक्षा १/७।

उदासीन निमित्त—लक्षण—दे निमित्त १. इसकी कथंचित् मुख्यता-गौणता सम्बन्धी विषय—दे कारण III

उदाहरण—दे. दृष्टान्त

उदीच्य—उत्तर दिशा

उदीरणा—कर्मके उदयकी भाँति उदीरणा भी कर्मफलकी व्यक्तताका नाम है परन्तु यहाँ इतनी विशेषता है कि किन्हीं क्रियाओं या अनुष्ठान विशेषोंके द्वारा कर्मको अपने समयसे पहले ही पका लिया जाता है। या अपकर्षण द्वारा अपने कालसे पहले ही उदयमें ले आया जाता है। शेष सर्व कथन उदयवत् ही जानना चाहिए। कर्म प्रकृतियोंके उदय व उदीरणाकी प्ररूपणाओंमें भी कोई विशेष अन्तर नहीं है। जो है वह इस अधिकारमें दरशा दिया गया है।

१ उदीरणाका लक्षण व निर्देश
१ उदीरणाका लक्षण
२ उदीरणाके भेद
३ उदय व उदीरणाके स्वरूपमें अन्तर
४ उदीरणासे तीव्र परिणाम उत्पन्न होते हैं
५ उदीरणा उदयावलीकी नहीं सत्ताकी होती है
६ उदयगत प्रकृतियों की ही उदीरणा होती है
★ बध्यमान आयुकी उदीरणा नहीं होती —दे. आयु ६
★ उदीरणाकी आबाधा —दे. आबाधा
२ कर्म प्रकृतियोंकी उदीरणा व उदीरणास्थान प्ररूपणाएँ
१ उदय व उदीरणाकी प्ररूपणाओंमें कथंचित् समानता व असमानता
२ उदीरणा व्युच्छित्तिकी ओघ आदेश प्ररूपणा
३ उत्तर प्रकृति उदीरणाकी ओघ प्ररूपणा (सामान्य व विशेष कालकी अपेक्षा)
४ एक व नाना जीवापेक्षा मूल प्रकृति उदीरणाकी ओघ आदेश प्ररूपणा
५ मूल प्रकृति उदीरणास्थान ओघ प्ररूपणा
★ मूलोत्तर प्रकृतियोंकी सामान्य उदय स्थान प्ररूपणाएँ (प्रकृति विशेषता सहित उदयस्थानवत्)
★ प्रकृति उदीरणाकी स्वामित्व सन्निकर्ष व स्थान प्ररूपणा —दे. ध. १५/४४-९७
★ स्थिति उदीरणाकी समुत्कीर्तना, भंगविचय व सन्निकर्ष प्ररूपणा —दे. ध १५/१००-१४७
★ अनुभाग उदीरणाकी देश व सर्वघातीपना, सन्निकर्ष, भंगविचय व भुजगारादि प्ररूपणाएँ —दे. ध. १५/१७०-२३५
★ भुजगारादि पदोंके उदीरकोंकी काल, अन्तर व अल्प बहुत्व प्ररूपणा —दे. ध. १५/५०
★ बन्ध उदय व उदीरणाकी त्रिसंयोगी प्ररूपणा —दे. उदय ७

१ उदीरणाका लक्षण व निर्देश

१ उदीरणाका लक्षण

पं.सं./प्रा. ३/३···भुंजणकालो उदओ उदीरणापक्कपाचणफलं'। =कर्मोंके फल भोगनेके कालको उदय कहते हैं और अपक्वकर्मोंके पाचनको उदीरणा कहते हैं। (प्र. सं./स. ३/३-४)

ध. १५/४३/७ का उदीरणा णाम। अपक्कपाचणमुदीरणा। आवलियाए बाहिरट्ठिदिमादि कादूण उवरिमाण ठिदीणं बंधावलियवदिक्कंतपदेसग्गमसंखेज्जलोगपडिभागेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागपडिभागेण वा ओकड्डिदूण उदयावलियाए देदि सा उदीरणा। =प्रश्न—उदीरणा किसे कहते हैं। उत्तर—(अपक्व अर्थात) नहीं पके हुए कर्मोंको पकानेका नाम उदीरणा है। आवली (उदयावली) से बाहरकी स्थितिको लेकर आगेकी स्थितियोंके, बन्धावली अतिक्रान्त प्रदेशाग्रको असंख्यातलोक प्रतिभागसे अथवा पल्योपमके असंख्यातवें भाग रूप प्रतिभागसे अपकर्षण करके उदयावलीमें देना, यह उदीरणा कहलाती है। (ध.६/१,९-८,४/२१४), (गो.क./जी.प्र.४३९/५९२/८)

पं.सं./प्रा. टी ३/४७/५ उदीरणा नाम अपक्वपाचनं दीर्घकाले उदेष्यतोऽप्रनिषेकाद्ध अपकृष्यात्पस्थितिकाधस्तननिषेकेषु उदयावल्यां दत्वा उदयमुखेनानुभूय कर्मरूपं त्याजयित्वा पुद्गलान्तररूपेण परिणमयतीत्यर्थः'। =उदीरणा नाम अपक्वपाचनका है। दीर्घकाल पीछे

उदय आने योग्य अग्रिम निषेकोंको अपकर्षण करके अल्प स्थितिवाले अधस्तन निषेकोंमें या उदयावलीमें देकर, उदयमुख रूपसे उनका अनुभवकर लेनेपर वह कर्मस्कन्ध कर्मरूपको छोड़कर अन्य पुद्गलरूप से परिणमन कर जाता है। ऐसा तात्पर्य है। विशेष दे —उदय २/७

२ उदीरणाके भेद

ध. १५/४३/५ उदीरणा चउविहा—पयडि-ट्ठिदि-अणुभागपदेसउदीरणा चेदि। =उदीरणा चार प्रकारकी है—प्रकृतिउदीरणा, स्थितिउदीरणा, अनुभागउदीरणा, और प्रदेशउदीरणा।

३ उदय व उदीरणाके स्वरूपमें अन्तर

पं. स /प्रा. ३/३ भुंजणकालो उदओ उदीरणापक्कपाचणकाल। =कर्मका फल भोगनेके कालको उदय कहते है और अपक्व कर्मोंके पाचनको उदीरणा कहते है।

ध. ६/१,९-८,४/२१३/११ उदय उदीरणाणं को विसेसो। उच्चदे-जे कम्मक्खधा ओकड्डुक्कड्डुणादिपओगेण विणा ट्ठिदिक्खयं पाविदूण अप्पप्पणो फल देंति, तेसिं कम्मक्खधाणमुदओ त्ति सण्णा। जे कम्मक्खधा महंतेसु ट्ठिदि-अणुभागेसु अवट्ठिदा ओकड्डिदूण फलदाइणो कीरंति तेसिमुदीरणा त्ति सण्णा, अपक्काचनस्य उदीरणाव्यपदेशात्। =प्रश्न—उदय और उदीरणामें क्या भेद है। उत्तर—कहते है—जो कर्म-स्कन्ध अपकर्षण, उत्कर्षण आदि प्रयोगके बिना स्थिति क्षयको प्राप्त होकर अपना-अपना फल देते है, उन कर्मस्कन्धोंकी 'उदय' यह संज्ञा है। जो महान् स्थिति और अनुभागोंमें अवस्थित कर्मस्कन्ध अपकर्षण करके फल देनेवाले किये जाते है, उन कर्मस्कन्धोंकी 'उदीरणा' यह संज्ञा है, क्योंकि, अपक्व कर्म-स्कन्ध पाचन करनेको उदीरणा कहा गया है। (क पा सुत्त./मू गा. ५९/पृ. ४६५)

४ उदीरणासे तीव्र परिणाम उत्पन्न होते हैं

रा. वा. ६/६/१-२/१११/३२ बाह्याभ्यन्तरहेतूदीरणवशादुद्रिक्त परिणाम तीव्रनात स्थूलभावात् तीव्र इत्युच्यते।१। अनुदीरणप्रत्ययसन्निधानात् उत्पद्यमानोऽनुद्रिक्त परिणामो मन्दनात् गमनात् मन्द इत्युच्यते। =बाह्य और आभ्यन्तर कारणोंसे कषायोंकी उदीरणा होनेपर अत्यन्त प्रवृद्ध परिणामोंको तीव्र कहते है। इससे विपरीत अनुद्रिक्त परिणाम मन्द है। अर्थात् केवल अनुदीर्ण प्रत्यय(उदय)के सन्निधानसे होनेवाले परिणाम मन्द है।

५ उदीरणा उदयावलीकी नही सत्ताकी होती है

ध. १५/४४/१ णाणावरणीय-दंसणावरणीय-अंतराइयाणं मिच्छाइट्ठिमादिं कादूण जाव खीणकसाओ त्ति ताव एदे उदीरया। णवरि खीणकसायद्धाए समयाहियावलियसेसाए एदासि तिण्णं पयडीणं उदीरणा वोच्छिज्जदि। =ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, और अन्तराय तीन कर्मोंके मिथ्यादृष्टिसे लेकर क्षीणकषाय पर्यन्त, ये जीव उदीरक है। विशेष इतना है कि क्षीण कषायके कालमें एक समय अधिक आवलीके शेष रहनेपर इन तीनो प्रकृतियोंकी उदीरणा व्युच्छिन्न हो जाती है। (इसी प्रकार अन्य ४ प्रकृतियोंकी भी प्ररूपणा की गयी है। तहाँ सर्वत्र ही उदय व्युच्छित्तिवाले गुणस्थानकी अन्तिम आवली शेष रहनेपर उन-उन प्रकृतियोंकी उदीरणाकी व्युच्छित्ति बतायी है)।

पं. सं./प्रा टी ४/२२६ पृ. १७८ अत्रापक्कपाचनमुदीरणेति वचनादुदयावलिकायां प्रविष्टाया कर्मस्थितेर्नोदीरणेति मरणावलिकायामायुष उदीरणा नास्ति। ='अपक्कपाचन उदीरणा है' इस वचनपर-से यह बात जानी जाती है कि उदयावलीमें प्रवेश किये हुए निषेकों या कर्मस्थितिकी उदीरणा नहीं होती है। इसी प्रकार मरणावलीके शेष रहनेपर आयुकी उदीरणा नहीं होती है।

६ उदयगत प्रकृतियोंकी ही उदीरणा होती है

पं. सं./प्रा. ४७३ उदयस्सुदीरणस्स य सामित्तादो ण विज्जदि विसेसो। मोत्तूण य इगिदालं सेसाणं सव्वपयडीणं। =वक्ष्यमाण ४१ प्रकृतियोंको छोड़कर (देखो आगे सारणी) शेष सर्व प्रकृतियोंके उदय और उदीरणामें स्वामित्वकी अपेक्षा कोई विशेषता नहीं है। विशेषार्थ—सामान्य नियम यह है कि जहाँपर जिस कर्मका उदय होता है, वहाँपर उस कर्मकी उदीरणा अवश्य होती है—किन्तु इसमें कुछ अपवाद है (देखो आगे सारणी) (प सं /स ५/४४२)

ल सा./जी. प्र व भाषा ३०/६७/३ पुनरुदयवता प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशानां चतुर्णामुदीरको भवति स जीव, उदयोदीरणयो स्वामिभेदाभावात्। =प्रकृति, प्रदेश, स्थिति, अनुभाग जे उदयरूप कहे तिनिही का यहु उदीरणा करनेवाला हो है जातै जाकैं जिनिका उदय ताकौ तिनिहीकी उदीरणा भी सभवै।

२ कर्म प्रकृतियोंकी उदीरणा व उदीरणा स्थान प्ररूपणाएँ

१ उदय व उदीरणाकी प्ररूपणाओंमें कथंचित् समानता व असमानता

सं. प्रा ३/४४-४७ उदयस्सुदीरणस्स य सामित्तादो ण विज्जइ विसेसो। मोत्तूण तिण्णि-ठाण पमत्त जोई अजोई य।४४। =स्वामित्व की अपेक्षा उदय और उदीरणामें प्रमत्त विरत, सयोगि केवली और अयोगिकेवली इन तीन गुणस्थानोंको छोडकर कोई विशेष नही है। (गो क./मू. २७८/४०७), (कर्मस्त ३८-३९)

पं सं /प्रा. ५/४७३ उदयस्सुदीरणस्स य सामित्तादो ण विज्जदि विसेसो। मोत्तूण य इगिदालं सेसाणं सव्वपयडीण ।४७३। =वक्ष्यमाण इकतालीस प्रकृतियोंको छोडकर शेष सर्व प्रकृतियोंके उदय और उदीरणामें स्वामित्वकी अपेक्षा कोई विशेषता नही है। (प. सं./प्रा. ५/४७३-४७५), (गो क./मू. २७८-२८१), (कर्मस्त. ३९-४३); (पं. सं./सं. ३/५६-६०)

अपवाद संख्या	अपवाद गत ४१ प्रकृतियाँ
१	साता, असाता व मनुष्यायु इन तीनोंकी उदय व्युच्छित्ति १४वें गुणस्थानमें होती है पर उदीरणा व्युच्छित्ति ६ठे में।
२	मनुष्यगति, पचेन्द्रिय जाति, सुभग, त्रस, बादर, पर्याप्त, आदेय, यश, तीर्थंकर, उच्चगोत्र इन १० प्रकृतियोंकी उदय व्युच्छित्ति १४वें में होती है पर उदीरणा व्युच्छित्ति १३वें में।
३	ज्ञानावरण ५, दर्शनावरण ४, अन्तराय ५, इन १४ की उदय व्युच्छित्ति १२वें में एक आवली काल पश्चात होती है और उदीरणा व्युच्छित्ति तहाँ ही एक आवली पहले होती है।
४	चारो आयुका उदय भवके अन्तिम समय तक रहता है परन्तु उदीरणाकी व्युच्छित्ति एक आवली काल पहले होती है।
५	पाँचो निद्राओं का शरीर पर्याप्ति पूर्ण होनेके पश्चात इन्द्रिय पर्याप्ति पूर्ण होने तक उदय होता है उदीरणा नही।
६	अन्तरकरण करनेके पश्चात् प्रथम स्थितिमें एक आवली शेष रहनेपर— उपशम सम्यक्त्व सन्मुखके मिथ्यात्वका; क्षायिक सन्मुखके सम्यक् प्रकृतिका; और उपशम श्रेणी आरूढके यथायोग्य तीनो वेदोंका (जो जिस वेदके उदयसे श्रेणी चढा है उसके उस वेदका) इन सात प्रकृतियोका उदय होता है उदीरणा नही।
७	जिन प्रकृतियोंका उदय १४वें गुणस्थान तक होता है उनकी उदीरणा १३वें तक होती है (देखो ऊपर नं.२)

ये सात अपवादवाली कुल प्रकृतियाँ ४१ है—इनको छोडकर शेष १०७ प्रकृतियोंकी उदय और उदीरणामें स्वामित्वकी अपेक्षा कोई भेद नहीं।

२ उदीरणा व्युच्छित्तिकी ओघ आदेश प्ररूपणा

(पं.सं /प्रा./परिशिष्ट/पृ. ७४८); पं सं /प्रा ३/४४-४८,५६-६०); (गो.क. २७८-२८१/४०७-४१०)

उदीरणा योग्य प्रकृतियाँ—उदय योग्यवाली ही=१२२

संकेत=प्रकृतियोंके छोटे नाम (देखो उदय ६/१)

ओघ प्ररूपणा

गुण स्थान	व्युच्छिन्न प्रकृतियाँ	अनुदीरणा	पुनः उदीरणा	उदीरणा योग्य	अनुदीरणा	पुनः उदीरणा	कुल उदीरणा
१	आतप, सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारण, मिथ्यात्व =५	तीर्थ.,आहा द्वि सम्य., मिश्र=५		१२२	५		११७
२	१-४ इन्द्रिय, स्थावर, अनन्तानुबन्धी चतुष्क =६	नारकानुपूर्वी =१		११२	१		१११
३	मिश्र मोहनीय =१	मनु. तिर्य. देव-आनु. =३	मिश्रमोह =१	१०२	३	१	१००
४	अप्र. चतु, वैक्रि. द्वि, नरक त्रिक, देव त्रिक, मनु तिर्य. आनु., दुर्भग, अनादेय, अयश =१७		चारो आनु., सम्य =५	९६	५	५	१०४
५	प्रत्या चतु , तिर्य.आयु, नीच गोत्र, तिर्य गति,उद्योत=८			८७			८७
६	आहा. द्वि, स्त्यानगृद्धि. निद्रा निद्रा, प्रचला प्रचला, साता असाता, मनुष्यायु =८		आहा. द्वि=२	७९		२	८१
७	सम्य. मोह, अर्धनाराच, कीलित, सृपाटिका =४			७३			७३
८/१	हास्य, रति, भय,जुगुप्सा=४			६९			६९
८/२	अरति, शोक =२			६५			६५
अंत				६३			६३
९/१५	सवेद भागमें तीनों वेद =३			६०			६०
९/६	क्रोध =१			५९			५९
९/७	मान =१			५८			५८
९/८	माया =१			५७			५७
९/९	लोभ (बादर) =×			५७			५७
१०	लोभ (सूक्ष्म) =१			५६			५६
११	वज्र नाराच, नाराच =२			५४			५४
१२/१	निद्रा, प्रचला =२			५२			५२
१२/२ से ११	५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, ५ अन्तराय =१४						
१३	(नाना जीवापेक्षा) :—वज्रऋषभनाराच, निर्माण, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुस्वर, दुःस्वर, प्रशस्त-अप्रशस्त, विहायो, औदा.द्वि, तैजस, कार्माण, ६ संस्थान, वर्ण रस, गन्ध, स्पर्श, अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास, प्रत्येक शरीर=२९ मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, सुभग, त्रस, बादर, पर्याप्त, आदेय, यश, तीर्थङ्कर, उच्चगोत्र =१० ३९		तीर्थङ्कर =१	३८		१	३९
१४	×						

आदेश प्ररूपणा

यथा योग्य रूपसे उदयवत् जान लेना, केवल ओघवत् ६ठें, १३वें व १४वें गुणस्थानमें निर्दिष्ट अन्तर डाल देना

३. उत्तर प्रकृति उदीरणा की ओघ प्ररूपणा

(प.स./प्रा. ३/६-७); (रा.वा. ९/३६/९/६३१), (पं.सं. ३/१४-१६)

गुण स्थान	कुल उदीरणा योग्य	प्रकृत गुण स्थानकी अवस्थामे कभी भी: कुल प्रकृति	विशेष	प्रकृत गुण स्थानमें अन्यतम प्रकृति की: कुल प्रकृति	विशेष	मरण कालसे १ आवली पूर्व: कुल प्रकृति	विशेष
१	१८	६	१-४ इन्द्रिय जाति-आतप, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त साधारण	६	अनन्तानुबन्धी चतुष्क, चारों आनुपूर्वी, मनु-मनुष्यायु	१	मनुष्यायु
२	६			६	,,		
३	१	१	सम्यग्मिथ्यात्व				
४	१८	८	अप्रत्याख्यानावरण ४, नरक व देवगति, वैक्रियक शरीर व अंगोपांग	५	दुर्भग, अनादेय, अयश, सम्यक प्रकृति, मनुष्यायु	७	चारों आनुपूर्वी,मनुष्य-व नरक आयु
५	११	८	प्रत्याख्यानावरण ४, तिर्यंचगति, उद्योत, नीचगोत्र	२	सम्यक प्रकृति, मनुष्यायु	२	मनुष्य व तिर्यंच आयु
६	६	५	निद्रा निद्रा, प्रचला, प्रचला, स्त्यानगृद्धि साता असाता	४	सम्यक् प्रकृति, मनुष्यायु, आहारक शरीर व अंगोपांग	३	मनुष्यायु, आहारक शरीर व अगोपांग
७	४	३	नीचेवाली तीनों संहनन	१	सम्यक्प्रकृति		
८	६	६	हास्य, रति, अरति, शोक भय, जुगुप्सा				
९	६	६	तीनों वेद, संज्वलन क्रोध, मान, माया सज्वलन लोभ				
१०	१	१	वज्र नाराच, नाराच संहनन				
११	२	२					
१२	२		×			२	निद्रा, प्रचला
१२/ii से १४	१४					१४	५ ज्ञानावरण ४ दर्शनावरण ५ अन्तराय
१३	३८	३८	मनुष्यगति, पंचेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर व अंगोपांग, तैजस व कार्मण शरीर, छहों संस्थान, वज्रऋषभ नाराच संहनन, वर्ण,गन्ध, रस, स्पर्श, अगुरुलघु, उपघात, उच्छ्वास, प्रशस्ताप्रशस्त-विहायोगति,त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, दुःस्वर, आदेय, यश, निर्माण, उच्चगोत्र, तीर्थङ्कर				
१४	×	×	×	×		×	×

४ एक व नानाजीवापेक्षा मूलप्रकृति उदीरणाकी ओघ आदेश प्ररूपणा

१ ओघ प्ररूपणा (पं. सं./प्रा. ४/२२२-२२६); (पं स/सं ४/८६-९१), (शतक २६-३२), (ध. १५/४४)

नाम प्रकृति	गुण स्थान	एक जीवापेक्षया काल		एक जीवापेक्षया अन्तर		नाना जीवापेक्षया अल्प बहुत्व	
		जघन्य	उत्कृष्ट	जघन्य	उत्कृष्ट	अल्प बहुत्व	विशेषका प्रमाण
आयु— (केवल आवली काल अवशेष रहते)	१	१ या २समय	१ आवली कम ३३ सागर	१ आवली	अन्तर्मुहूर्त	सर्वत स्तोक	
स्व स्थितिके अन्त तक	२-६	,,	,,	,,	,,	,,	
वेदनीय	१-६	अन्तर्मुहूर्त	अर्ध. पु परिव.	१ समय	,,	विशेषाधिक	अन्तिम आवलीमें संचित अनन्त
मोहनीय	१-१०	,,	,,	,,	,,	,,	७-१० गुण स्थान वाले जीव
ज्ञानावरणी	१-१२	अनादि सान्त	अनादि अनन्त	निरन्तर	निरन्तर	,,	१-१२ ,, ,, ,,
दर्शनावरणी	१-१२	,,	,,	,,	,,	उपरोक्तवत्	उपरोक्तवत्
अन्तराय	१-१२	,,	,,	,,	,,	,,	,,
नाम	१-१३	,,	,,	,,	,,	विशेषाधिक	सयोगी केवली प्रमाण
गोत्र	१-१३	,,	,,	,,	,,	उपरोक्तवत्	उपरोक्तवत्

२. आदेश प्ररूपणा (दे. ध. १५/४७)

५. मूल प्रकृति उदीरणा स्थान ओघ प्ररूपणा

(पं. स./प्रा ३/६); (पं. सं /प्रा.४/२२२-२२६), (पं स /स. ३/१४) (प. स /सं. ४/८६-९१); (शतक २६-३२), (ध. १५/४८-५०)

सकेत –आ =आवली

भग सं.	स्थानका विवरण	गुण स्थान	गुण स्थानके अन्त तक या कुछ काल शेष रहते	एक जीवापेक्षया काल		एक जीवापेक्षया अन्तर	
				जघन्य	उत्कृष्ट	जघन्य	उत्कृष्ट
१	आठो कर्म	१-६	अन्त तक	१,२ समय	३३ सागर-१आ	१ आवली	अतर्मुहूर्त
२	आयु बिना ७ कर्म	१,२,४,५,६	अन्तर्मुहूर्त शेष रहनेपर	,,	१ आवली	क्षुद्र भव– १ आवली	३३ सागर- १ आवली
×		३		——	यह गुण स्थान नहीं होता		——
३	आयु व वेदनी बिना ६	७-१०	अन्त तक	१,२ समय	अन्तर्मुहूर्त	अन्तर्मुहूर्त	अर्ध. पु. परि.
४	आयु वेदनी व मोहके बिना–५ कर्म	१०	आ शेष रहनेपर	,,	,,	,,	,,
	,,	११-१२	अन्त तक	,,	,,	,,	,,
५	नाम व गोत्र=२ कर्म	१२	आ. शेष रहनेपर	अन्तर्मुहूर्त	कुछ कम १ पूर्व कोडि	निरन्तर	निरन्तर
	,,	१३	अन्त तक	,,	,,	,,	,,
		१४	,,				

भंग स.	स्थानका विवरण	गुण स्थान	गुण स्थानके अन्त तक या कुछ काल शेष रहते	नाना जीवापेक्षया काल		नाना जीवापेक्षया अन्तर		अल्प बहुत्व
				जघन्य	उत्कृष्ट	जघन्य	उत्कृष्ट	
१	आयु, मोह, वेदनीयके बिना ५ कर्म	११-१२		१ समय	अन्तर्मुहूर्त	१ समय	६ मास	सर्वत.स्तोक
२	नाम गोत्र २ कर्म	१३		सर्वदा	सर्वदा	निरन्तर	निरन्तर	सं. गुणे
३	आयु वेदनी बिना ६ कर्म	७		,,	,,	,,	,,	,,
४	आयु बिना ७ कर्म	१-६		,,	,,	,,	,,	अनन्त गुणे
५	सर्व ही ८ कर्म	,,		,,	,,	,,	,,	स. गुणे

उदीर्ण—ध १३/४,२,१०,२/३०३/३ फलदानरूपेण परिणत कर्मपुद्गल-स्कन्ध उदीर्ण । =फलदान रूपसे परिणत हुआ कर्म-पुद्गल स्कन्ध उदीर्ण हुआ कहा जाता है ।

उद्गम—१. आहारका एक दोष—दे आहार II/४/१,४, १. वसतिका का एक दोष—दे वसतिका ।

उद्दावण—(ध १३/२,४,२२/४६/११) जीवस्य उपद्रवण उद्दावण णाम । =जीवका उपद्रव करना उद्दावण कहलाता है ।

उद्दिष्ट—१ आहारकका औद्देशिक दोष

१ दातार अपेक्षा

मू. आ /मू ४२५-४२६ देवदपासडट्ठं किविणट्ठं चावि जं तु उद्दिसिय कदमण्णसमुद्देसं चतुव्विधं वा समासेण ।४२५। जावदिय उद्देसो पासंडोत्ति य हवे समुद्देसो । समणोत्ति य आदेसो णिग्गंथोत्ति य हवे समादेसो ।४२६। =नाग यक्षादि देवताके लिए, अन्यमती पाखंडियोंके लिए, दीनजन कृपणजनोंके लिए, उनके नामसे बनाया गया भोजन औद्देशिक है । अथवा संक्षेपसे समौद्देशिकके कहे जानेवाले चार भेद है ।४२५। १-जो कोई आयेगा सबको देंगे ऐसे उद्देशसे किया (लंगर खोलना) अन्न यावदुद्देश है; २ पाखंडी अन्यलिंगी-के निमित्तसे बना हुआ अन्न समुद्देश है, ३ तापस परिव्राजक आदिके निमित्त बनाया भोजन आदेश है, ४. निर्ग्रन्थ दिगम्बर साधुओंके निमित्त बनाया गया समादेश दोष सहित है । ये चार औद्देशिकके भेद है ।

प पु. ४/६१-६७ इत्युक्ते भगवानाह भरतेयं न कल्पते । साधूनामीदृशी भिक्षा या तदुद्देशसंस्कृता ।६५। =एक बार भगवान् ऋषभदेव संघ अयोध्या नगरीमें पधारे । तब भरत अच्छे-अच्छे भोजन बनवाकर नौकरके हाथ उनके स्थान पर ले गया और भक्ति-पूर्वक भगवान्से प्रार्थना करने लगा कि समस्त संघ उस आहारको ग्रहण करके उसे संतुष्ट करें । ६१-६४। भरतके ऐसा कहने पर भगवान्ने कहा कि हे भरत ! जो भिक्षा मुनियोंके उद्देश्यसे तैयार की जाती है, वह उनके योग्य नहीं है—मुनिजन उद्दिष्ट भोजन ग्रहण नहीं करते ।६५। श्रावकोंके घर ही भोजनके लिए जाते है और वहाँ प्राप्त हुई निर्दोष भिक्षाको मौनसे खडे रहकर ग्रहण करते है ।६६-६७।

भ. आ /वि ४२१/६१३/८ श्रमणानुद्दिश्य कृतं भक्तादिकं उद्देसिगमित्युच्यते । तच्च षोडशविधं आधाकर्मादिविकल्पेन । तत्परिहारो द्वितीय स्थितिकल्प । तथा चोक्तं कल्पे—सोलसविधमुद्देसं वज्जेदव्वं तु पुरिमचरिमाणं । तित्थगराणं तित्थे ठिदिकप्पो होदि विदिओ हु । =मुनिके उद्देशसे किया हुआ आहार, वसतिका वगैरहको उद्देशिक कहते है । उसके आधाकर्मादिक विकल्पसे सोलह प्रकार है । (देखो आहार II/४ में १६ उद्गमदोष) । उसका त्याग करना सो द्वितीय स्थिति कल्प है । कल्प नामक ग्रन्थ अर्थात् कल्पसूत्रमें इसका ऐसा वर्णन है—श्री आदिनाथ तीर्थंकर और श्री महावीर स्वामी (आदि और अन्तिम तीर्थंकरों) के तीर्थमें १६ प्रकारके उद्देशका परिहार करके आहारादि ग्रहण करना चाहिए, यह दूसरा स्थितिकल्प है ।

स. सा /ता वृ २८७ आहारग्रहणात्पूर्वं तस्य पात्रस्य निमित्तं यत्किमप्यशनपानादिकं कृतं तदौपदेशिकं भण्यते । अधःकर्मोपदेशिकं च पुद्गलमयत्वमेतद्द्रव्यं । =आहार ग्रहण करनेसे पूर्व उस पात्रके निमित्तसे जो कुछ भी अशनपानादिक बनाये गये है उन्हे औपदेशिक कहते है । अधःकर्म और औपदेशिक ये दोनो ही द्रव्य पुद्गलमयी है ।

२ पात्रकी अपेक्षा

मू. आ ४८५,६९८ पगदा असओ जम्हा तम्हादो दव्वदोत्ति तं दव्वं । फासुगमिदि सिद्धेवि य अप्पट्ठकदं असुद्धं तु ।४८५। पयणं वा पायणं वा अणुमणचित्तो ण तत्थ बोहेदि । जेमं-तोवि सधादी णवि समणो दिट्ठि संपण्णो ।६९८। =साधु द्रव्य और भाव दोनोंसे प्रासुक द्रव्यका भोजन करे । जिसमेंसे एकेन्द्रिय जीव निकल गये वह द्रव्य-प्रासुक आहार है । और जो प्रासुक आहार होनेपर भी 'मेरे लिए किया है' ऐसा चिन्तन करे वह भावसे अशुद्ध जानना । चिन्तन नहीं करना वह भाव-प्रासुक आहार है ।४८५। पाक करनेमें अथवा पाक करानेमें पाँच उपकरणोंके (पंचसूनासे) अधःकर्ममें प्रवृत्त हुआ, और अनुमोदनासे प्रवृत्त जो मुनि उस पचनादिसे नहीं डरता है, वह मुनि भोजन करता हुआ भी आत्मघाती है । न तो मुनि है और न सम्यग्दृष्टि है ।६९८।

३ भावार्थ

उद्दिष्ट वास्तवमें एक सामान्यार्थ वाची शब्द है इसलिए इसका पृथक्से कोई स्वतन्त्र अर्थ नहीं है । आहारके ४६ दोषोंमें जो अधःकर्मादि १६ उद्गम दोष है वे सर्व मिलकर एक उद्दिष्ट शब्दके द्वारा कहे जाते हैं । इसलिए 'उद्दिष्ट' नामक किसी पृथक् दोषका ग्रहण नहीं किया गया है । तिसमें भी दो विकल्प है—एक दातारकी अपेक्षा उद्दिष्ट और दूसरा पात्रकी अपेक्षा उद्दिष्ट । दातार यदि उपरोक्त १६ दोषोंसे युक्त आहार बनाता है तो वह द्रव्यसे उद्दिष्ट है, और यदि पात्र अपने चित्तमें, अपने लिए बनेका अथवा भोजनके उत्पादन सम्बन्धी किसी प्रकार विकल्प करता है तो वह भावसे उद्दिष्ट है । ऐसा आहार साधु-को ग्रहण करना नहीं चाहिए ।

२ वसतिकाका दोष (भ. आ /वि २३०/४४३/१३)

यावन्तो दीनानाथकृपणा आगच्छन्ति लिङ्गिनो वा, तेषामियमित्युद्दिश्य कृता, पाषंडिनामेवेति वा, श्रमणानामेवेति वा, निर्ग्रन्थानामेवेति सा उद्देसिगा वसदिति भण्यते । ='दीन अनाथ अथवा कृपण आवेंगे, अथवा सर्वधर्मके साधु आवेंगे, किंवा जैनधर्मसे भिन्न ऐसे साधु अथवा निर्ग्रन्थ मुनि आवेंगे उन सब जनोंको यह वसति होगी' इस उद्देश्यसे बाँधी गई वसतिका उद्देशिक दोषसे दुष्ट है ।

३ उद्दिष्ट त्याग प्रतिमा (अ ग श्रा ७/७७)

यो बंधुरबंधुरतुल्यचित्तो, गृह्णाति भोज्यं नवकोटिशुद्धं । उद्दिष्टवर्जी गुणिभिः स गीतो, विभोलुकः संसृति यातुधान्याः ।७७। जो पुरुष भले-बुरे आहारमें समान है चित्त जाका ऐसा जो पुरुष नवकोटिशुद्ध कहिये मन वचनकायकरि करया नाहीं कराया नाहीं करे हुएको अनुमोद्या नाहीं ऐसे आहारको ग्रहण करै है सो उद्दिष्ट त्यागी गुणवंतनिने कह्या है । कैसा है, सो संसार रूपी राक्षसीसे विशेष भयभीत है ।

* उद्दिष्ट आहारमें अनुमति का दोष—दे. अनुमति ३

★ उद्दिष्ट त्याग प्रतिमाके भेद रूप क्षुल्लक व ऐलकका निर्देश—दे श्रावक १

★ क्षुल्लक व ऐलकका स्वरूप—दे वह वह नाम

उद्देश—न्या सू /भा /१/१/२/८/६ नामधेयेन पदार्थमात्रस्याभिधानमुद्देशः । =पदार्थोंके नाममात्र कथनको उद्देश कहते है ।

न्यायदी १/§३ विवेक्तव्यनाममात्रकथनमुद्देशः । =विवेचनीय वस्तु के केवल नामोल्लेख करनेको उद्देश कहते है ।

उद्देशिक—दे. उद्दिष्ट ।

उद्देश्य—विवक्षित धर्मी ।

उद्देश्यता—उद्देश्यमें रहनेवाला धर्म—जैसे घटमें घटत्व ।

उद्देश्यतावच्छेदक—एक धर्मीको अन्य धर्मीसे व्यावृत्त करने-वाला 'त्व' प्रत्यय युक्त धर्म विशेष ।

उद्धार देव—भूत चौबीसीमें दसवें तीर्थंकर—दे. तीर्थंकर ५

उद्धार पल्य—कालका प्रमाण—दे. गणित I/१/५

उद्धार सागर—कालका प्रमाण—दे गणित I/१/५

उद्धृत—(गो. जी./सदृष्टि अधिकार) भाग की हुई राशि।

उद्भाव—उत्पत्ति।

उद्भिन्न—१ आहारका एक दोष—दे. आहार II/४/४; २ वसतिका एक दोष—दे. वसतिका।

उद्भ्रान्त—प्र. नरकका पाँचवाँ पटल—दे. नरक ५/११ व रत्नप्रभा

उद्यवन—(भ. आ./वि. २/१४/१५)उत्कृष्ट यवनं उद्यवनं।...तत्कथं दर्शनादिभिरात्मनो मिश्रणमिति। असकृद्दर्शनादिपरिणतिरुद्यवनं। =उत्कृष्ट मिश्रण होना उद्यवन है, अर्थात् आत्माकी सम्यग्दर्शनादि परिणति होना उद्यवन शब्दका अर्थ है। प्रश्न—सम्यग्दर्शनादि तो आत्मासे अभिन्न हैं, तब उनका उसके साथ सम्मिश्रण होना कैसे कहा जा सकता है? उत्तर—यहाँ पर उद्यवन शब्दका सामान्य सम्बन्ध ऐसा अर्थ समझना चाहिए। अर्थात् बारम्बार सम्यग्दर्शनादि गुणोंसे आत्माका परिणत हो जाना उद्यवन शब्दका अर्थ है।

ध. ८/३,४१/८४ दृष्टयादीना मलनिरसनं द्योतन तेषु शश्वद्,—वृत्ति स्वस्थोद्यवनमुदित धारणं निस्पृहस्य। =दर्शन ज्ञान चारित्र और तप इन चारों आराधनाओंमें लगनेवाले मलोंके दूर करनेको उद्योत कहते है। इन्हींमें इनके आराधकके नित्य एकतान होकर रहनेको उद्यवन कहते है।

उद्यापन—उपवासके पश्चात् उद्यापनका विधान।

—दे. प्रोषधोपवास ३

उद्योत—१. आध्यात्मिक लक्षण

भ. आ./वि. १/१४/६ उद्योतनं शङ्कादिनिरसनं सम्यक्त्वाराधना श्रुतनिरूपिते वस्तुनि संशयप्रतिसज्ञिताया अपाकृति:। अनिश्चयो वैपरीत्य वा ज्ञानस्य मलं, निश्चयेनानिश्चयव्युदास.। यथार्थतया वैपरीत्यस्य निरासो ज्ञानस्योद्योतन भावनाविरहो मलं चारित्रस्य, तासु भावनासु वृत्तिरुद्योतनं चारित्रस्य। तपसोऽसयमपरिणाम. कलङ्कतया स्थितिस्तस्यापप्रकृति' संयमभावनया तपस उद्योतनं। =शका कांक्षा आदि दोषोंको दूर करना यह उद्योतन है। इसको सम्यक्त्वाराधना कहते है। जिसको सशय भी कहते है ऐसी शंकादिको अपने हृदयसे दूर करना (सम्यक्त्वका) उद्योतन है। निश्चय न होना अथवा उलटा निश्चय होना, यह ज्ञानका मल है। जब निश्चय होता है, तब अनिश्चय नहीं रहता। यथार्थ वस्तुज्ञान होनेसे विपरीतता चली जाती है। यह ज्ञानका उद्योतन है। भावनाओंका त्याग होना चारित्रका मल है अर्थात् भावनाओंमें तत्पर होना ही चारित्रका उद्योतन है। असंयम परिणाम होना, यह तपका कलंक है संयम-भावनामें तत्पर रहकर उस कलंकको हटाकर तपश्चरण निर्मल बनाना तपका उद्योतन है।

भौतिक लक्षण—(स. सि. ५/२४/२९६/१०) उद्योतश्चन्द्रमणिखद्योतादिप्रभव. प्रकाश.। =चन्द्र, मणि और जुगनु आदिके निमित्त जो प्रकाश पैदा होता है उसे उद्योत कहते है। (रा. वा. ५/२४/१९/४८९/२१), (त.सा. ३/७१), (द्र सं./टी १६/५३)

ध. ६/१,९-१,२८/६०/९ उद्योतनमुद्योत। =उद्योतन अर्थात् चमकने को उद्योत कहते हैं।

गो. क./मू.-३३/२६ अण्हूणपहा उज्जोओ। =उष्णता रहित प्रभाको उद्योत कहते हैं।

२. उद्योत नाम कर्मका लक्षण

स सि. ८/११/६९१/५ यन्निमित्तमुद्योतन तदुद्योतनाम। तच्चन्द्रखद्योतादिषु वर्तते। =जिसके निमित्तसे शरीरमें उद्योत होता है वह उद्योत नाम-कर्म है। वह चन्द्रबिम्ब और जुगनु आदिमें होता है। (रा.वा ८/११/१६/५७८/७);(ध ६/१,९-१,२८/६०/९),(ध. १३/५,५,१०१/३६५/१); (गो.क/जी.प्र. ३३/२९/२१)

उद्योतन सूरि—आप 'कुवलयमाला' नाम ग्रन्थके रचयिता एक श्वेताम्बराचार्य थे। यह कृति आपने वि. ८३५ (ई.७७८) में समाप्त की थी। (ह पु./प्र ५/५, पन्नालाल), (वरांगचरित्र/प्र २१/पं.खुशालचन्द), (ती. ३/२८७)।

उद्वेग—नि सा/ता वृ ६ इष्टवियोगेषु विक्लवभाव एवोद्वेग। =इष्टके वियोगमें विक्लवभाव या घबराहटका भाव होना उद्वेग है।

उद्वेध—पृथिवी तनपर या बीचमें चौडाई।

उद्वेलन—दे सक्रमण ४।

उद्वेल्लिम—तद्व्यतिरिक्त द्रव्य निक्षेपका एक भेद।—दे.निक्षेप५/६

उन्मग्ना—विजयार्धकी गुफाओंमें स्थित नदी। दे लोक ३/५।

ति. प ४/२३८ णियजलपवाहपडिदं दव्वं गरुवं पि उवरिमम्मि। जम्हा तम्हा भण्णइ उम्मग्गा वाहिणी एसा। =क्योंकि, यह अपने जलप्रवाहमें गिरे हुए भारीसे भारी द्रव्यको भी ऊपर ले आती है। इसलिए यह नदी उन्मग्ना कही जाती है। (रा वा. ३/१०/४/१७१/३३); (त्रि. सा ५६४)

★ **उन्मग्ना नदीका लोकमे अवस्थानादी**—दे. लोक ३/७

उन्मत्त—कायोत्सर्गका एक अतिचार—(दे. व्युत्सर्ग १)।

उन्मत्तजला—पूर्व विदेह की एक विभंगा नदी। दे. लोक ५/८

उन्मान—दे. प्रमाण ५।

उन्मिश्र—१ आहारका एक दोष—दे.आहार II/४/४, २ वस्तिकाका एक दोष—दे. वस्तिका।

उपकरण—ध.६/१,९,३३/२३६/३ उपक्रियतेऽनेनेत्युपकरणम्=जिसके द्वारा उपकार किया जाता है उसे उपकरण कहते है।

संयमोपकरण—(प्र सा/ता. वृ २२३/१) निश्चयव्यवहारमोक्षमार्गसहकारिकारणत्वेनाप्रतिषिद्धमुपकरणरूपोपधि अप्रार्थनीयं—भावसंयमरहितस्यासंयतजनस्यानभिलषणीयम्। =निश्चय व्यवहार मोक्षमार्गके सहकारीकारण रूपसे अप्रतिषिद्ध जो उपकरण रूप उपाधि वह भाव संयमसे रहित असंयत जनोके द्वारा प्रार्थना या अभिलाषा की जाने योग्य नहीं होनी चाहिए।

★ **उपकरण इन्द्रिय**—दे. इन्द्रिय १

★ **जिन प्रतिमाके १०८ उपकरण द्रव्य**—दे. चैत्य १/११

उपकार—उपकरणका सामान्य अर्थ निमित्त रूपसे सहायक होना है। वह दो प्रकार है—स्वोपकार व परोपकार। यद्यपि व्यवहार मार्गमें परोपकार की महत्ता है, पर अध्यात्म मार्गमे स्वोपकार ही अत्यन्त इष्ट है, परोपकार नहीं।

१. उपकार सामान्यका लक्षण

स. सि. ५/१७/२८२/२ उपक्रियत इत्युपकार.। क' पुनरसौ। गत्युपग्रहः स्थित्युपग्रहश्च। =उपकारकी व्युत्पत्ति 'उपक्रियते' है। प्रश्न—यह उपकार क्या है? उत्तर—(धर्म द्रव्यका) गति उपग्रह और (अधर्म द्रव्यका) स्थिति उपग्रह, यही उपकार है।

२ स्व व पर उपकार (और भी दे आगे नं.३)

स. सि. ७/३८/३७२/१३ स्वपरोपकारोऽनुग्रह ।· स्वोपकार पुण्यसंचय परोपकार सम्यग्ज्ञानादिवृद्धि । =स्वय अपना अथवा दूसरेका उपकार करना अनुग्रह है । दान देनेसे जो पुण्यका संचय होता है वह अपना उपकार है (क्योंकि उसका फल भोग स्वयंको प्राप्त होता है), तथा जिन्हे दान दिया जाता है उनके सम्यग्ज्ञानादिकी वृद्धि होती है, यह परका उपकार है, (क्योंकि इसका फल दूसरेको प्राप्त होता है । (रा. वा. ७/३८/१/५५१/१५) ।

३ उपकार व कर्तृत्वमे अन्तर

रा वा ५/१७/१६/४६२/५ स्यादेतत्—गतिस्थित्यो धर्मा-धर्मौ कर्तारौ इत्ययमर्थः प्रसक्त इति तन्न किं कारणम् । उपकारवचनात् । उपकारो बलाधानम् अवलम्बनमित्यनर्थान्तरम् । तेन धर्माधर्मयो गतिस्थितिनिर्वर्तने प्रधानकर्तृत्वमपोदितं भवति । यथा अन्धस्येतरस्य वा स्वजङ्घाबलाद्गच्छत यष्ट्याद्युपकारक भवति न तु प्रेरक तथा जीवपुद्गलाना स्वशक्त्यैव गच्छता तिष्ठता च धर्माधर्मौ उपकारकौ न प्रेरकौ इत्युक्त भवति । =प्रश्न—धर्म और अधर्म द्रव्योको गति स्थितिका उपकारक कहनेसे उनको गति स्थिति करानेका कर्तापना प्राप्त हो जाएगा ? उत्तर—ऐसा नही है, क्योकि, 'उपकार' शब्द दिया गया है । उपकार, बलाधान व अवलम्बन इन शब्दोका एक ही अर्थ होता है अतः इसके द्वारा धर्म और अधर्म द्रव्योंका गति स्थिति उत्पन्न करनेमें प्रधान कर्तापनेका निषेध कर दिया गया । जैसे कि स्वय अपने जघाबलसे चलनेवाले अन्धेके लिए लाठी उपकारक है प्रेरक नही, उसी प्रकार अपनी अपनी शक्तिसे चलने अथवा ठहरने वाले जीव व पुद्गलद्रव्योको धर्म और अधर्म उपकारक है प्रेरक नही।

४ उपकार करके बदला चाहना योग्य नहीं

कुरल २२/१ नोपकारपरा सन्त प्रतिदानजिघृक्षया । समृद्ध किमसौ लोको मेघाय प्रतियच्छति ।१। =महापुरुष जो उपकार करते है, उसका बदला नही चाहते । भला ससार जल-बरसानेवाले बादलोंका बदला किस प्रकार चुका सकता है ।

५ शरीरका उपकार अपना अपकार है और इसका अपकार अपना उपकार है ।

इ उ १६ यज्जीवस्योपकाराय तद्देहस्यापकारकम् । यद्देहस्योपकराय तज्जीवस्यापकारकम् ।१६। =जो तपादिक आचरण जीवका उपकारक है वह शरीरका अपकारक है । और जो धनादिक शरीरके उपकारक है वे जीवके अपकारक है ।

अन.ध.४/१४१—१४२/४५७ योगाय कायमनुपालयतोऽपि युक्त्या, क्लेश्यो ममत्वहतये तव सोऽपि शक्त्या । भिक्षोऽन्यथाक्षसुखजीवितरम्भलाभात् तृष्णासरिद्विधुरयिष्यति सत्तपोऽद्रिम् ।१४१। नैर्ग्रन्थ्यव्रतमास्थितोऽपि वपुषि स्निह्यन्नसह्यव्यथा, भीरुर्जीवितवित्तलालसतया पञ्चत्वचेक्रीयितम् । याच्ञादैन्यमुपेत्य विश्वमहिता न्यक्कृत्य देवीं त्रपां, निर्मानो धनिनिष्ठ्य सद्घटनयास्पृश्यां विधत्ते गिरम् ।१४२। =हे चारित्रमात्रगात्र भिक्षो ! योगसिद्धिके लिए पालते हुए भी इस शरीरको, युक्तिके साथ—शक्तिको न छिपाकर ममत्व बुद्धि दूर करने के लिए क्लेश देकर कृश कर देना चाहिए । अन्यथा यह निश्चित जानकि यह तृष्णारूपी नदी, ऐन्द्रिय-सुख और जीवन स्वरूप दो छिद्रोंको पाकर समीचीन तपरूपी पर्वतको जर्जरित कर डालेगी ।१४१। नैर्ग्रन्थ्य व्रतको भी प्राप्त करके भी जो साधु शरीरके विषयमें स्नेह करता है, वह अवश्य ही सदा असह्य दुःखोसे भयभीत रहता है । और इसीलिए वह जीवन व धनमे तीव्र लालसा रखकर याचनाजन्य दीनताको प्राप्त कर, अत्यन्त प्रभावयुक्त देवी लज्जाका अभिभव करके, अपनी जगपूज्य वाणीको अन्त्यजनोके समान, दयादाक्षिण्यादिसे रहित धनियोसे सम्पर्क कराकर अस्पृश्य बना देता है ।१४२।

६ निश्चयसे कोई किसीका उपकार या अपकार नहीं कर सकता

स सा /पू २६६ दुक्खिदसुहिदे जीवे करेमि बधेमि तह विमोचेमि । जा एसा मूढमई णिरत्थया सा हु दे मिच्छा ।२६६। =हे भाई ! मै जीवोंको दुःखी-सुखी करता हूँ, बाँधता हूँ तथा छुड़ाता हूँ, ऐसी जो तेरी यह मूढमति है वह निरर्थक होनेसे वास्तवमे मिथ्या है ।

यो सा /अ ५/१० निग्रहानुग्रहौ कर्तुं कोऽपि शक्तोऽस्ति नात्मन । रोषतोषौ न कुत्रापि कर्त्तव्याविति तात्त्विकै । =इस आत्माका निग्रह या अनुग्रह करनेमे कोई भी समर्थ नही है, अतः किसीसे भी राग या द्वेष नही करना चाहिए ।

७ स्वोपकारके सामने परोपकारका निषेध

मो पा /पू /१६ परदव्वादो दुग्गई सद्दव्वादो हु सग्गई हवइ । इण णाऊण सदव्वे कुणह रई विरइ इयरम्मि ।१६। =परद्रव्यसे दुर्गति और स्वद्रव्यसे सुगति होती है, ऐसा जानकर स्वद्रव्यमें रति करनी चाहिए और परद्रव्यसे विरत रहना चाहिए ।

इ. उ. ३२ परोपकृतिमुत्सृज्य स्वोपकारपरो भव । उपकुर्वन्परस्याज्ञो दृश्यमानस्य लोकवत् ।३२। =हे आत्मन ! तू लोकके समान मूढ बनकर दृश्यमान शरीरादि परपदार्थोंका उपकार कर रहा है, यह सब तेरा अज्ञान है । अब तू परके उपकारकी इच्छा न कर, अपने ही उपकारमें लीन हो ।

म. पु. ३८/१७६ निःसङ्गवृत्तिरेकाकी विहरन् स महातपाः । चिकीर्षुरात्मसंस्कार नान्य संस्कर्तुमर्हति ।१७६। =जिसकी वृत्ति समस्त परिग्रहसे रहित है, जो अकेला ही विहार करता है, महातपस्वी है, जो केवल अपने आत्माका ही संस्कार करना चाहता है, उसे किसी अन्य पदार्थका संस्कार नही करना चाहिए, अर्थात् अपने आत्माको छोड़कर किसी अन्य साधु या गृहस्थके सुधारकी चिन्तामें नहीं पड़ना चाहिए ।

८ परोपकार व स्वोपकारमें स्वोपकार प्रधान है

भ आ./वि १५४/३५१ में उद्धृत "अप्पहियं कायव्वं जइ सक्कइ परहियं च कायव्वं । अप्पहियपरहियादो अप्पहिदं सुट्ठु कादव्वं ।" =अपना हित करना चाहिए । शक्य हो तो परका भी हित करना चाहिए, परन्तु आत्महित और परहित इन दोनोमे-से कौन-सा मुख्यतया करना चाहिए ऐसा प्रश्न उपस्थित होनेपर अवश्य ही उत्तम प्रकारसे आत्महित करना चाहिए । (अन ध. १/१२/३५ में उद्धृत), (पं. ध /उ ८०४ में उद्धृत)

प.ध./उ ८०४,८०६ धर्मादेशोपदेशाभ्या कर्त्तव्योऽनुग्रह परे । नात्मव्रत विहायस्तु तत्पर पररक्षणे ।८०४। तद्द्विधाथ च वात्सल्यं भेदात्स्वपरगोचरात् । प्रधान स्वात्मसम्बन्धि गुणो यावत्परात्मनि ।८०६। =धर्मके आदेश और उपदेशके द्वारा ही दूसरे जीवोपर अनुग्रह करना चाहिए । किन्तु अपने व्रतोको छोड़कर दूसरे जीवोकी रक्षा करनेमें तत्पर नही होना चाहिए ।८०४। तथा वह वात्सल्य अग भी स्व व परके विषयके भेदसे दो प्रकारका है । उनमें-से अपनी आत्मासे सम्बन्ध रखनेवाला वात्सल्य प्रधान है तथा सम्पूर्ण पर आत्माओंसे सम्बन्ध रखनेवाला जो वात्सल्य है वह गौण है ।८०६। (ला सं. ४/३०५)

परोपकारकी कथंचित् प्रधानता

कुरल ११/१,२/२२/१० या दयः क्रियते भव्यैरात्मस्थापनं विना । स्वर्ग्यमर्त्यबुधौ तस्या प्रतिपादनाय नक्षमौ ।१। शिष्टैरवसर वीक्ष्य यानुकम्पा विधीयते । स्वरूपापि दृष्टेन किन्तु विश्वस्मात् सा गरीयसी ।२। उपकारो विनाशेन सहितोऽपि प्रशस्यते । विक्रोयापि

निजात्मान भव्योत्तम विधेहितम् ।१०। =आभारी बनानेकी इच्छा से रहित होकर जो दया दिखाई जाती है, स्वर्ग और पृथिवी दोनो मिलकर भी उसका बदला नहीं चुका सकते ।११। अवसर पर जो उपकार किया जाता है, वह देखनेमे छोटा भले ही हो, पर जगत्में सबसे भारी है ।१२। यदि परोपकार करनेके फलस्वरूप सर्वनाश उपस्थित हो तो दासत्वमें फँसनेके लिए आत्मविक्रय करके भी उसको सम्पादन करना उचित है ।

भ आ /मू. ४८३/७०४ आदट्ठमेव चिंतेदुमुट्ठिदा जे परट्ठमवि लोए । कट्ठुय फुरुसेहि साहेंति ते हु अदिदुल्लहा लोए ।४८३। =जो पुरुष आत्महित करनेके लिए कटिबद्ध होकर आत्महितके साथ कटु और कठोर वचन तक सहकर परहित भी साधते है, वे जगत्में अतिशय दुर्लभ समझने चाहिए ।

म पु ३८/१६६-१७१ श्रावकानार्यिकासङ्घ श्राविका संयतानपि। सन्मार्गे वर्तयन्नेष गणपोषणमाचरेत् ।१६६। श्रुतार्थिभ्य: श्रुतं दद्याद् दीक्षार्थिभ्यश्च दीक्षणम् । धर्मार्थिभ्योऽपि सद्धर्मं स शश्वत् प्रतिपादयेत् ।१७०। सद्वृत्तात् धारयन् सूरिरसद्वृत्तान्निवारयन्। शोधयश्च कृतादागोमलात् स बिभृयाद् गणम् ।१७१। =इस आचार्यको चाहिए कि वह मुनि, आर्यिका, श्रावक और श्राविकाओंको समीचीन मार्गमें लगाता हुआ अच्छी तरह सघका पोषण करे ।१६६। उसे यह भी चाहिए कि वह शास्त्राध्ययनकी इच्छा करने वालेको शास्त्र पढ़ावे तथा दीक्षार्थियोंको दीक्षा देवे और धर्मार्थियोंके लिए धर्मका प्रतिपादन करे ।१७०। वह आचार्य सदाचार धारण करनेवालोंको प्रेरित करे और दुराचारियोंको दूर हटावे । और किये हुए स्वकीय अपराधरूपी मलको शोधता हुआ अपने आश्रितगणकी रक्षा करे ।१७१।

भ आ /वि ३५७/५६१/१८ किन्न वेत्ति स्वयमपि इति नोपेक्षितव्यम् । परोपकार कार्य एवेति कथयति । तथाहि—तीर्थकृत विनेयजनसबोधनार्थं एव तीर्थविहारं कुर्वन्ति । महत्ता नामैव यत्—परोपकारबद्धपरिकरता ॥ तथा चोक्त—"क्षुद्रा सन्ति सहस्रश: स्वभरणव्यापारमात्रोद्यता: स्वार्थो यस्य परार्थ एव स पुमानेक सतामग्रणी ॥ दुष्पूरोदरपूरणाय पिबति स्रोत:पति बाडवो जीमूतस्तु निदाघसंभृतजगत्सतापविच्छित्तये ॥" =क्या दूसरा मनुष्य अपना हित स्वय नही जानता है ? ऐसा विचार करके दूसरोकी उपेक्षा नही करनी चाहिए । परोपकार करनेका कार्य करना ही चाहिए । देखो तीर्थंकर परमदेव भव्य जनोंको उपदेश देनेके लिए ही तीर्थ विहार करते है । परोपकारके कार्यमें कमर-कसना यही बडप्पन है । कहा भी है—"जगत्में अपना कार्य करनेमें ही तत्पर रहनेवाले मनुष्य हजारो है, परन्तु परोपकार ही जिसका स्वार्थ है, ऐसा सत्पुरुषोमें अग्रणी पुरुष एकाध ही है । बडवानल अपना दुर्भर पेट भरनेके लिए समुद्रका सदा पान करता है, क्योकि वह क्षुद्र मनुष्यके समान स्वार्थी है । किन्तु मेघ ग्रीष्मकालकी उष्णतासे पीडित समस्त प्राणियोका सताप मिटानेके लिए समुद्रका पान करता है । मेघ परोपकारी है और बडवानल स्वार्थी है ।

अन. ध. १/११/३५ पर उद्धृत "स्वदु खनिर्घृणारम्भा परदु खेषु दु खिता । निर्व्यपेक्षा परार्थेषु बद्धकक्षा मुमुक्षव ॥" =मुमुक्षु पुरुष अपने दु खोको दूर करनेके लिए अधिक प्रयत्न नही करते, किन्तु दूसरोके दु खोको देखकर अधिक दु खी होते है । और इसलिए वे किसी भी प्रकारकी अपेक्षा न रखकर परोपकार करनेमें दृढताके साथ सदा तत्पर रहते है ।

१० अन्य सम्बन्धित विषय

★ स्वोपकार व परोपकारका समन्वय—दे. उपकार १/६

★ उपकारार्थ धर्मोपदेशका विधि निषेध—दे. उपदेश

★ उपकारकी अपेक्षा द्रव्यमे भेदाभेद—दे. सप्तभगी ५

★ उपकारक निमित्तकारण—दे. निमित्त १

★ छः द्रव्योंमें परस्पर उपकार्य-उपकारक भाव —दे. कारण III/२

★ उपकार्य उपकारक सम्बन्ध निर्देश—दे. सम्बन्ध


उपक्रम—

ध १/१,१,१/७२/५ उपक्रम इत्यर्थमात्मन उप समीप क्राम्यति करोतीत्युपक्रम । =जो अर्थको अपने समीप करता है उसे उपक्रम कहते है । (ध ६/४,१,४५/(१३४/१०), (क. पा १/१,१/६/१३/४)

म पु.२/१०३ प्रकृतार्थतत्त्वस्य श्रोतृबुद्धौ समर्पणम् । उपक्रमोऽसौ विज्ञेयस्तथोपोद्घात इत्यपि ।१०३। =प्रकृत-पदार्थको श्रोताओकी बुद्धिमें बैठा देना उपक्रम है । इसका दूसरा नाम उपोद्घात भी है ।

२ उपक्रमके भेद

ध=१/१,१,१/पृ. प.



३ प्रक्रमका लक्षण

ध १५/१६/३ प्रकामतीति प्रक्रम कार्मणपुद्गलप्रचय:। =प्रकामतीति प्रक्रम" इस निरुक्तिके अनुसार कार्मण पुद्गल प्रचयको प्रक्रम कहा गया है ।

४ उपक्रम व प्रक्रममें अन्तर

ध. १५/४२/४ पक्कम उवक्कमाण को भेदो । पयडिट्ठिदि-अणुभागेसु दुक्कमाणपदेसग्गपरूवण पक्कमो कुणइ, उवक्कमो पुण बधविदिय-समयप्पहुडि सतसरूवेण ट्ठिदकम्मपोग्गलाण वावार परूवेदि । तेण अत्थि विसेसो । =प्रश्न—प्रक्रम और उपक्रममें क्या भेद है ? उत्तर—प्रक्रम अनुयोगद्वार प्रकृति स्थिति और अनुभागमे आनेवाले प्रदेशाग्रकी प्ररूपणा करता है; परन्तु उपक्रम अनुयोगद्वार बन्धके द्वितीय समयसे लेकर सत्त्वरूपसे स्थिति कर्म-पुद्गलोके व्यापारकी प्ररूपणा करता है । इसलिये इन दोनोमें विशेषता है ।

उपगूहन—१. व्यवहार लक्षण

मू. आ २६१ दंसणचरणविवण्णे जीवे दट्ठूण धम्ममत्तीए । उपगूहणं करंतो दंसणसुद्धो हवदि एसो ।२६१। =सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रमें

ग्लानि सहित जीवोको देखकर धर्मकी भक्ति कर उनके दोषोको दूर करता है, वह शुद्ध-सम्यग्दर्शनवाला होता है।

र क श्रा १५ "स्वय शुद्धस्य मार्गस्य बालाशक्तजनाश्रयाम्। वाच्यता यत्प्रमार्जन्ति तद्वदन्त्युपगूहनम् ।१५। =जो अपने आप ही पवित्र ऐसे जैनधर्मको, अज्ञानी तथा असमर्थ जनोके आश्रयसे उत्पन्न हुई निन्दाको दूर करते है, उसको उपगूहन अग कहते हैं। (द्र. सं /टी ४१/१७४।

पु सि उ २७ परदोषनिगूहनमपि विधेयमुपबृंहणगुणार्थम्। =उपबृंहण गुणके अर्थ अन्य पुरुषोके दोषोको भी गुप्त रखना कर्त्तव्य है।

का. अ /मू ४१६ जो परदोसं गोवदि णियसुकयं जो ण पयडदे लोए। भवियव्व भावणरओ उवगूहणकारओ सो हु। =जो सम्यग्दृष्टि दूसरोके दोषोको ढाकता है, और अपने सुकृतको लोकमें प्रकाशित नही करता, तथा भवितव्यकी भावनामे रत रहता है। उसे उपगूहण-गुणका धारी कहते है।

२ निश्चय लक्षण

स सा /मू. २३३ जो सिद्धभत्तिजुत्तो उवगूहणगोदु सव्वधम्माणं। सो उवगूहणकारी सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो ।२३३। =जो चेतयिता सिद्धोकी शुद्धात्माकी भक्तिसे युक्त है और पर-वस्तुओके सर्वधर्मोको गोपन करनेवाला है (अर्थात् रागादि भावोमे युक्त नही होता है) उसको उपगूहन करनेवाला सम्यग्दृष्टि जानना चाहिये।

स सा /ता वृ २३३ शुद्धात्मभावनारूपपारमार्थिकसिद्धभक्तियुक्त मिथ्यात्वरागादिविभावधर्माणामुपगूहक प्रच्छादको विनाशक। स सम्यग्दृष्टि उपगूहनकारो मन्तव्य। =उपगूहनका अर्थ छिपानेका है। निश्चयको प्रधानकरि ऐसा कहा है कि जो सिद्धभक्तिमें अपना उपयोग लगाया तब अन्य धर्म पर दृष्टि हो न रही, तब सभी धर्म छिप गये। इस प्रकार शुद्धात्माकी भावनारूप पारमार्थिक-सिद्धभक्तिसे युक्त होकर मिथ्यात्व रागादि विभावधर्मोका उपगूहन करता है, प्रच्छादन करता है, विनाश करता है उस सम्यग्दृष्टिको उपगूहनकारी जानना चाहिए।

द्र. स /टी ४१/१७४/१० निश्चयनयेन पुनस्तस्यैव व्यवहारोपगूहणगुणस्य सहकारित्वेन निजनिरञ्जननिर्दोषपरमात्मन' प्रच्छादका ये मिथ्यात्व-रागादिदोषास्तेषा तस्मिन्नेव परमात्मनि सम्यक्श्रद्धानज्ञाना-नुष्ठानरूप स्वसंवेदनज्ञान तेन प्रच्छादन विनाशन' गोपनं झम्पन तदेवो-पगूहनमिति। =निश्चयनयसे व्यवहार उपगूहण-गुणकी सहायतासे, अपने निरञ्जन निर्दोष परमात्माको ढकनेवाले रागादि दोषोको, उसी परमात्मामें सम्यक् श्रद्धान-ज्ञान-अनुष्ठानरूप ध्यानके द्वारा ढकना, नाश करना, छिपाना, झम्पन करना, सो उपगूहन-गुण है।

२ उपबृंहण का लक्षण

रा. वा ६/२४/१/५२९/१३ उत्तमक्षमादिभावनया आत्मनो धर्मपरि-वृद्धिकरणमुपबृंहणम्। =उत्तमक्षमादि भावनाओके द्वारा आत्माके धर्मकी वृद्धि करना उपबृंहण-गुण है। (पु सि उ २७)

भ. आ /वि ४५/१४९/१० उपबृंहणं णाम वर्द्धनं। बृह बृहि वृद्धाविति वचनात्। धात्वर्थानुवादी चोपसर्ग उप इति। स्पष्टेनाग्राम्येण श्रोत्रमन प्रीतिदायिना वस्तुयाथात्म्यप्रकाशनप्रवणेन धर्मोपदेशेन परस्य तत्त्वश्रद्धानवर्द्धन उपबृंहण। सर्वजनविस्मयकारिणीं शतमुखप्रमुखगीर्वाणसंमतिविरचितोपचितसदृशी पूजा संपाद्य दुर्धरतपोयोगानुष्ठानेन वा आत्मनि श्रद्धास्थिरीकरणम्। ='उप-बृंहण', इसका अर्थ बढाना ऐसा होता है। 'बृह बृहि वृद्धौ' इस धातुसे बृंहण शब्दकी उत्पत्ति होती है। 'उप' इस उपसर्गके योगसे 'बृह' धातुका अर्थ बदला नही है। स्पष्ट, अग्राम्य, कान और मनको प्रसन्न करनेवाले, वस्तुकी यथार्थताको भव्योके आगे दर्पणके समान दिखानेवाले, ऐसे धर्मोपदेशके द्वारा तत्त्व-श्रद्धान बढाना वह उप-बृंहण-गुण है। इन्द्र प्रमुख देवोके द्वारा जैसी महत्त्वयुक्त पूजा की जाती है, वैसी जिनपूजा करके अपनेको जिनधर्ममें, जिनभक्तिमें स्थिर करना; अथवा दुर्धर-तपश्चरण वा आतापनादि योग धारण करके अपने आत्मामें श्रद्धा गुण उत्पन्न करना इसको भी उपबृंहण कहते है।

स. सा /आ २३३ यतो हि सम्यग्दृष्टि' टङ्कोत्कीर्णैकज्ञायकभावमयत्वेन समस्तात्मशक्तीनामुपबृंहणादुबृंहक ततोऽस्य जीवशक्तिदौर्बल्य-कृतो नास्ति बन्ध किंतु निर्जरैव। =क्योंकि, सम्यग्दृष्टि टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायकभावमयताके कारण समस्त आत्मशक्तियोकी वृद्धि करता है, इसलिए उपबृंहक है। इसलिए उस जीवकी शक्तिकी दुर्बलतासे होनेवाला बन्ध नही, किन्तु निर्जरा ही है।

पं ध /उ. ७७८ आत्मशुद्धेरदौर्बल्यकरणं चोपबृंहणम्। अर्थाद्दृग्ज्ञप्ति-चारित्रभावादस्खलितं हि तत् ७७८। =आत्माकी शुद्धिमें कभी दुर्बलता न आने देना ही उपबृंहण अग कहलाता है। अर्थात् सम्य-ग्दर्शन ज्ञान और चारित्र रूप अपने भावोसे जो च्युत नही होता है वही उपबृंहण-गुण कहलाता है।

उपग्रह—

रा. वा /५/१७/३/४६०/२५ द्रव्याणा शक्तयन्तराविर्भावे कारणभावोऽनुग्रह उपग्रह इत्याख्यायते। =द्रव्यकी शक्तिका आविर्भाव करनेमें कारण होना रूप अनुग्रह कहा जाता है।

उपग्रह व्यभिचार—दे. नय III/६/७-८।

उपघात—

स सि ६/१०/३२७/१३ प्रशस्तज्ञानदूषणमुपघात। आसादनमेवेति चेत्। सतो ज्ञानस्य विनयप्रदानादिगुणकीर्तनाननु-ष्ठानमासादनम्। उपघातस्तु ज्ञानमज्ञानमेवेति ज्ञाननाशाभिप्राय। इत्यनयोरयं भेद। =प्रशसनीय ज्ञानमें दूषण लगाना उपघात है। प्रश्न- उपघातका जो लक्षण किया है उससे वह आसादन ही ज्ञात होता है? उत्तर—प्रशस्त ज्ञानकी विनय न करना, उसकी अच्छाई की प्रशसा न करना आदि आसादन है। परन्तु ज्ञानको अज्ञान समझ-कर ज्ञानके नाशका इरादा रखना उपघात है इस प्रकार दोनोमें अन्तर है। (रा. वा ६/१०/७/५१७/२३)।

रा वा.६/१०/६/५१७/२१ स्वमते कलुषभावाद् युक्तस्याप्ययुक्तवत्प्रतीति' दोषोद्भावन दूषणमुपघात इति विज्ञायते। =हृदयकी कलुषताके कारण अपनी बुद्धिमे युक्तको भी अयुक्तवत् प्रतीति होनेपर, दोषोको प्रगट करके उत्तम ज्ञानको दूषण लगाना उपघात है।

गो. क /जी. प्र ८००/९७६/८ मनसा वाचा वा प्रशस्तज्ञानदूषणमध्येतृषु क्षुद्रबाधाकरणं वा उपघात.। =मनकरि वा वचनकरि प्रशस्तज्ञानका दोषी होना, वा अभ्यासक जीवनिकौ क्षुधादिक बाधाका करना सो उपघात कहिए।

२. उपघात नाम कर्मका लक्षण

स. सि, ८/११/३९१/३ यस्योदयात्स्वयंकृतोद्बन्धनमेरुपतनादिनिमित्त उपघातो भवति तदुपघातनाम। =जिसके निमित्तसे स्वयंकृत उद्बन्धन और पहाडसे गिरना आदि निमित्तक उपघात होता है वह उपघात नामकर्म है। (रा वा ८/११/१३/५७८/१)।

ध ६/१,९,१,२८/५९/१ उपेत्य घात उपघात आत्मघात इत्यर्थ। ज कम्म जीवपीडाहेउ अवयवे कुणदि, जीवपीड हेवुदव्वाणि वा विसासिपासादीणि जीवस्स ढोएदि त उवघाद णाम। के जीवपीडा कार्यवयवा इति चेन्महाशृङ्ग-लम्बस्तन-तुदोदरादय। जदि उवघाद-णामकम्मं जीवस्स ण होज्ज, तो सरीरादो वाद-पित्त सेभदूसिदादो जीवस्स पीडा ण होज्ज। ण च एवं अणुवलभादो। =स्वयं प्राप्त होनेवाले घातको उपघात अर्थात् आत्मघात कहते है। जो कर्म अवयवोको जीवकी पीडाका कारण बना देता है, अथवा विष, शृग, खड्ग, पाश आदि जीव पीडाके कारण स्वरूप द्रव्योंको जीवके लिए ढोता है, अर्थात् लाकर संयुक्त करता है, वह उपघात नामकर्म कह-लाता है। प्रश्न—जीवको पीड़ा करनेवाले अवयव कौन-कौन है।

उत्तर—महाशृंग (बारहसिंगाके समान बड़े सींग), लम्बे स्तन, विशाल तोंदवाला पेट आदि जीवको पीड़ा करनेवाले अवयव हैं। यदि उपघात-नामकर्म न हो तो बात, पित्त और कफसे दूषित शरीरसे जीवके पीड़ा नहीं होनी चाहिए। किन्तु ऐसा है नहीं, क्योंकि वैसा पाया नहीं जाता। (ध १३/५,५,१०१/३६४/११), (गो क/जी प्र. ३३/२६/१८)।

* उपघात नामकर्म व असाता वेदनीयमें परस्पर सम्बन्ध —दे. वेदनीय २

* उपघात प्रकृतिकी बन्ध उदय सत्त्व प्ररूपणाएँ —दे. वह वह नाम

उपचरित नय—दे नय V/५।

* उपचरित नयके विशेष भेद—दे. उपचार १

उपचरित स्वभाव—दे स्वभाव १

उपचार—अन्य वस्तुके धर्मको प्रयोजनवश अन्य वस्तुमें आरोपित करना उपचार कहलाता है जैसे मूर्त पदार्थोंसे उत्पन्न ज्ञानको मूर्त कहना अथवा मुख्यके अभावमें किसी पदार्थके स्थानपर अन्यका आरोप करना उपचार कहलाता है जैसे संश्लेष सम्बन्धके कारण शरीरको ही जीव कहना। अथवा निमित्तके वशसे किसी अन्य पदार्थको अन्यका कहना उपचार है—जैसे घीका घड़ा कहना। और इस प्रकार यह उपचार एक द्रव्यका अन्य द्रव्यमें, एक गुणका अन्य गुणमें, एक पर्यायका अन्य पर्यायमें, स्वजाति द्रव्यगुण पर्यायका विजाति द्रव्यगुण पर्यायमें, सत्यासत्य पदार्थोंके साथ सम्बन्ध रूपमें, कारणका कार्यमें, कार्यका कारणमें इत्यादि अनेक प्रकारसे करनेमें आता है। यद्यपि यथार्थ दृष्टिसे देखनेपर यह मिथ्या है, परन्तु अपेक्षा या प्रयोजनकी दृष्टिमें रखकर समझें तो कथंचित् सम्यक् है। इसीसे उपचारको भी एक नय स्वीकार किया गया है। व्यवहार नयको ही उपचार कहा जाता है। व्यवहारनय सद्भूत और असद्भूत रूपसे दो प्रकार है तथा इसी प्रकार उपचार भी दो प्रकारका है। अभेद वस्तुमें गुण गुणी आदिका भेद करना भेदोपचार या सद्भूत-व्यवहार है। तथा भिन्न वस्तुओंमें प्रयोजन वश एकता का व्यवहार अभेदोपचार या असद्भूत व्यवहार है। सो भी दो प्रकार का है-अनुपचरित असद्भूत और उपचरित-असद्भूत। तहाँ संश्लेष सम्बन्ध-युक्त पदार्थोंमें एकताका उपचार अनुपचरित असद्भूत-व्यवहार है और भिन्न प्रदेशी द्रव्योंमें एकताका उपचार उपचरित-असद्भूत-व्यवहार है। दोनों ही प्रकारके व्यवहार स्वजाति पदार्थोंमें अथवा विभाजित पदार्थोंमें अथवा उभयरूप पदार्थोंमें होनेके कारण तीन-तीन प्रकारका हो जाता है। इस प्रकार गुणाकार करनेसे इसके अनेकों भंग बन जाते हैं, जिनका प्रयोग लौकिक क्षेत्रमें अथवा आगममें नित्य स्थल-स्थल पर किया जाता है।

१ उपचार के भेद व लक्षण
१ उपचार सामान्यका लक्षण
२ उपचारके भेद प्रभेद
३ उपचारके भेदोंके लक्षण
१. असद्भूत व्यवहारके भेदोंकी अपेक्षा
२. उपचरित असद्भूत-व्यवहारके भेदोंकी अपेक्षा
२ कारण कार्य आदि उपचार निर्देश
१ कारणमें कार्यके उपचारके उदाहरण
२ कार्यमें कारणके उपचारके उदाहरण
३ अल्पमें पूर्णके उपचारके उदाहरण
४ भावीमें भूतके उपचारके उदाहरण
५ आधारमें आधेयके उपचारके उदाहरण
६ तद्वानमें तत्के उपचारके उदाहरण
७ अन्य अनेकों प्रकार उपचारके उदाहरण
३ द्रव्यगुण पर्यायमें उपचार निर्देश
१ द्रव्यको गुणरूपसे लक्षित करना
२ पर्यायको द्रव्यरूपसे लक्षित करना
३ द्रव्यको पर्यायरूपसे लक्षित करना
४ पर्यायको गुणरूपसे लक्षित करना
४ उपचारकी सत्यार्थता व असत्यार्थता
१ परमार्थतः उपचार सत्य नहीं है
२ अन्य धर्मोंका लोप करनेवाला उपचार मिथ्या है
३ उपचार सर्वथा अप्रमाण नहीं है
४ निश्चित व मुख्यके अस्तित्वमें ही उपचार होता है सर्वथा अभावमें नहीं
५ मुख्यके अभावमें भी अविनाभावी सम्बन्धोंमें ही परस्पर उपचार होता है
६ उपचार प्रयोगका कारण व प्रयोजन
५ उपचार व नय सम्बन्धी विचार
१ उपचार कोई पृथक्नय नहीं
२ असद्भूत व्यवहार नय ही उपचार है
* व्यवहार नयके भेदादि निर्देश—दे नय V
उपचार शुद्ध नयमें नहीं नैगमादि नयोंमें ही संभव है

१. उपचारके भेद व लक्षण

१. उपचार सामान्यका लक्षण

आ. प ६ अन्यत्रप्रसिद्धस्य धर्मस्यान्यत्र समारोपणमसद्भूतव्यवहारः। असद्भूतव्यवहार एवोपचारः। उपचारादप्युपचारं यः करोति स उपचरितासद्भूतव्यवहारः। मुख्याभावे सति प्रयोजने निमित्ते चोपचारः प्रवर्तते। सोऽपि सम्बन्धाविनाभावः। =अन्यत्र प्रसिद्ध धर्मका अन्यमें समारोप करके कहना सो असद्भूत-व्यहारनय है। असद्भूत व्यवहारको ही उपचार कहते हैं। (जैसे गुण गुणीमें भेद करके जीवको ज्ञानवान् कहना अथवा मूर्त पदार्थोंसे उत्पन्न ज्ञानको भी मूर्त कहना।) इस उपचारका भी जो उपचार करता है सो उपचरित असद्भूत व्यवहार है (जैसे शरीरको या धन आदिको जीव कहना अथवा अन्नको प्राण कहना इत्यादि)। (न. च./श्रुत. २२,२६)। यह उपचार मुख्यपदार्थके अभावमें, प्रयोजनमें और निमित्तमें प्रवर्तता है, और वह भी अविनाभावी-सम्बन्धोंमें ही किया जाता है।

सू. पा./पं. जयचन्द ६/५४ प्रयोजन साधनेकूं काहूं वस्तु कूं घट कहना सो तो प्रयोजनाश्रित व्यवहार है (जैसे जलमें भीगे हुए वस्त्रको ही जल धारणके कारण घट कह देना)। बहुरि काहू अन्य वस्तुके निमित्ततैं घटमें अवस्था भई ताकूं घटरूप कहना सो निमित्ताश्रित व्यवहार है (जैसे घीका घड़ा कहना अथवा अग्निसे पकनेपर घड़ेको पका हुआ कहना)।

२. उपचारके भेद-प्रभेद

आ. प /५,६ असद्भूतव्यवहारस्त्रेधा। स्वजात्यसद्भूतव्यवहारो, विजात्यसद्भूतव्यवहारो, स्वजातिविजात्यसद्भूतव्यवहारो। उपचरितासद्भूतव्यवहारस्त्रेधा। स्वजात्यसद्भूतव्यवहारो, विजात्यसद्भूत व्यवहारो, स्वजातिविजात्यसद्भूतव्यवहारो ।५। गुण-गुणिनो पर्यायपर्यायिणो स्वभावस्वभाविनो कारककारकिणोर्भेद सद्भूतव्यवहारस्यार्थ। द्रव्ये द्रव्योपचार, पर्याये पर्यायोपचार, गुणे गुणोपचार, द्रव्ये गुणोपचार, द्रव्ये पर्यायोपचार, गुणे द्रव्योपचार, गुणे पर्यायोपचार, पर्याये द्रव्योपचार, पर्याये गुणोपचार इति नवविधोऽसद्भूतव्यवहारस्यार्थो द्रष्टव्य। सोऽपि सबन्धाविनाभाव। संश्लेषसबन्ध, परिणाम-परिणामिसबन्ध, श्रद्धा-श्रद्धेय-संबन्ध, ज्ञानज्ञेयसबन्ध, चारित्रचर्यासबन्धश्चेत्यादि सत्यार्थ असत्यार्थ, सत्यार्थासत्यार्थश्चेत्युपचरितासद्भूतव्यवहार-नयस्यार्थ। = भावार्थ—१ उपचार दो प्रकारका है भेदोपचार और अभेदोपचार। गुणगुणीमें भेद करके कहना भेदोपचार है। इसे सद्भूत व्यवहार कहते है क्योंकि गुणगुणीका तादात्म्य सम्बन्ध पारमार्थिक है। भिन्न द्रव्योमे एकत्व करके कहना अभेदोपचार है। इसे असद्भूत व्यवहार कहते है, क्योंकि भिन्न द्रव्योका संश्लेष या सयोग सम्बन्ध अपारमार्थिक है। यह अभेदोपचार भी दो प्रकारका है—सश्लेष युक्त द्रव्यो या गुणो आदिमें और सयोगी द्रव्यो या गुणोमें। तहाँ सश्लेषयुक्त अभेदको असद्भूत कहते है और सयोगी-अभेदको उपचरित असद्भूत कहते है, क्योंकि यहाँ उपचारका भी उपचार करनेमे आता है, जैसे कि धन पुत्रादिका सम्बन्ध शरीरसे है और शरीरका सम्बन्ध जीवसे। इसलिए धनपुत्रादिका जीवका कह दिया जाता है। २ गुण-गुणीमें, पर्याय-पर्यायीमे, स्वभाव-स्वभावीमे, कारक-कारकीमे भेद करना सद्भूत या भेदोपचारका विषय है। (विशेष दे नय V/५/४-६) ३ एक द्रव्यमें अन्य द्रव्यका, एक पर्यायमे अन्य पर्यायका, एक गुणमें अन्य गुणका, द्रव्यमे गुणका, द्रव्यमें पर्यायका, गुणमें द्रव्यका, गुणमें पर्यायका, पर्यायमें द्रव्यका तथा पर्यायमे गुणका इस तरह नौ प्रकार असद्भूत-अभेदोपचारका विषय है। सो भी स्वजाति-असद्भूत-व्यवहार, विजाति असद्भूत-व्यवहार, और स्वजाति-विजाति-असद्भूत-व्यवहारके भेदसे तीन-तीन प्रकारका है। ४ अविनाभावी—सम्बन्ध कई प्रकारका होता है। जैसे—संश्लेष-सम्बन्ध, परिणाम-परिणामी सम्बन्ध, श्रद्धा-श्रद्धेय सम्बन्ध, ज्ञान-ज्ञेय सम्बन्ध, चारित्र-चर्या सम्बन्ध इत्यादि। ये सब उपचरित-असद्भूत-व्यवहार रूप अभेदोचारके विषय है। सो भी स्वजाति-उपचरित-असद्भूत-व्यवहार, विजाति-उपचरित-असद्भूत-व्यवहार और स्वजाति-विजाति-उपचरित-असद्भूत व्यवहारके भेदसे तीन-तीन प्रकारके है। अथवा सत्यार्थ, असत्यार्थ व सत्यासत्यार्थके भेदमे तीन-तीन प्रकार है। यथा—१ स्वजाति-द्रव्यमें विजाति-द्रव्यका आरोप, २ स्वजाति-गुणमें विजाति-गुणका आरोप, ३. स्वजाति पर्यायमें विजाति पर्यायका आरोप ४ स्वजाति द्रव्यमे विजाति गुणका आरोप, ५. स्वजाति द्रव्यमे विजाति पर्यायका आरोप, ६ स्वजाति गुणमें विजाति द्रव्यका आरोप, ७ स्वजाति गुणमें विजाति पर्यायका आरोप ८ स्वजाति पर्यायमें विजाति द्रव्यका आरोप, ९. स्वजाति पर्यायमें विजाति गुणका आरोप।

५ इसी प्रकार द्रव्य गुण पर्यायमें स्वजाति विजाति व स्वजाति-विजाति (उभयरूप) भेदोमे परस्पर अविनाभावी-सम्बन्ध देखकर यथासम्भव अन्य भी भग बना लेने चाहिए। (न च /वृ १८८,१८९, २२३-२३६/२४० न च /श्रुत २२) ६. इनके अतिरिक्त भी प्रयोजनके वशसे अनेको प्रकारका उपचार करनेमें आता है। यथा—कारणमें कार्यका उपचार, कार्यमें कारणका उपचार, अल्पमे पूर्णका उपचार, आधारमे आधेयका उपचार, तद्वानमें तत्का उपचार, अतिसमीपमें तत्पनेका उपचार इत्यादि-इत्यादि। (इनमें-से कुछका परिचय आगेवाले शीर्षकोमे यथासम्भव दिया गया है।)

३. उपचारके भेदोके लक्षण

न. च /वृ २२६-२३१ स्वजातिपर्याये स्वजातिपर्यायारोपणोऽसद्भूत व्यवहार—"दट्ठूण पडिबिंब भवदि हु त चेव एस पज्जाओ। सज्जाइ असब्भूओ उपयारओ णियजाइपज्जाओ ।२२६-१।" विजातिगुणे विजातिगुणारोपणोऽसद्भूतव्यवहार—"मुत्तं इह मइणाणं मुत्तिमइत्तेण जण्णओ जम्हा। जइ णहु मुत्तणाण तो किं खलुओ हु मुत्तेण ।२२६-२।" स्वजातिविजातिद्रव्ये स्वाजातिविजातिगुणारोपणोऽसद्भूतव्यवहार—"णेय जीवमजीव त पिय णाण खु तस्स विसयादो। जो भण्णइ एरिसत्थ सो ववहारोऽसब्भूदो ।२२७-१।" स्वजातिद्रव्ये स्वजातिविभावपर्यायारोपणोऽसद्भूतव्यवहार. "परमाणु एयदेसी बहुप्पदेसी य जपय जो हु। सा ववहारो णेओ दव्वे पज्जाय उवयारो ।२२७-२।" स्वजातिगुणे स्वजातिद्रव्यारोपणोऽसद्भूतव्यवहारो—"रूव पि भणई दव्व ववहारो अण्ण अत्थसंभूदो। सो खलु जधोवदेसं गुणेसु दव्वाण उवयारो ।२२८।" स्वजातिगुणे स्वजातिपर्यारोपणोऽसद्भूतव्यवहार—"णाण पि हु पज्जाय परिणममाणो दु गिहणए जम्हा। ववहारो खलु जपइ गुणेसु उवयरिय पज्जाओ ।२२९।" स्वजातिविभावपर्याये स्वजातिद्रव्यारोपणोऽसद्भूतव्यवहार.-"दट्ठूणथूलखध पुग्गलदव्वेत्ति जंपए लोए। उवयारो पज्जाए पुग्गलदव्वस्स भण्णइ ववहारो ।२३०।" स्वजातिपर्याये स्वजातिगुणारोपणोऽसद्भूतव्यवहारो—"दट्ठूण देहठाण वण्णंतो होइ उत्तम रूव। गुण उवयारो भणिओ पज्जाए णरिय सदेहो ।२३१।"

न च /वृ २४१-२४४ देसवइ देसत्थो अत्थवणिज्जो तहेव जपतो। मे देसं मे दव्व सचासच्चंपि उभयत्थं ।२४१। पुत्ताइबंधुवग्ग अहं च मम सपदादि जप्पतो। उवयारा सब्भूओ सज्जाइ दव्वेसु णायव्वो ।२४२। आहरणहेमरयणाच्छादीया ममेति जप्पंतो। उवयरियअसब्भूओ, विजाइदव्वेसु णायव्वो ।२४३। देसत्थरज्जदुग्गं मिस्सं अण्णं च भणइ मम दव्वं। उहयत्थे उवयरिदो होइ असब्भूयववहारो ।२४४।

१. असद्भूत व्यवहारके भेदोकी अपेक्षा

१ स्वजाति पर्यायमें स्वजाति पर्यायका आरोप इस प्रकार है। जैसे—दर्पणमे प्रतिबिम्बको देखकर 'यह दर्पणकी पर्याय है' ऐसा कहना। यहाँ प्रतिबिम्ब व दर्पण दोनो पुद्गल पर्याये है। एकका दूसरेमें आरोप किया गया है। २. विजाति गुणमें विजाति गुणका आरोप इस प्रकार है। जैसे—मूर्त इन्द्रियोमें या विषयोसे उत्पन्न होनेके कारण मतिज्ञानको मूर्त कहना। तथा ऐसा तर्क उपस्थित करना यदि यह ज्ञान मूर्त न होता तो मूर्त द्रव्योसे स्खलित कैसे हो जाता? यहाँ ज्ञान गुणका विजाति मूर्त गुणका आरोप किया गया है। ३ स्वजाति-विजाति द्रव्यमें स्वजाति विजाति गुणका आरोप इस प्रकार है। जैसे—जीव व अजीव द्रव्योको ज्ञेय रूपसे विषय करने पर ज्ञानको जीवज्ञान व अजीवज्ञान कह देना। यहाँ चेतन अचेतन द्रव्योमें ज्ञान गुणका आरोप किया गया है। ४. स्वजाति द्रव्यमें स्वजाति विभावपर्यायका आरोप इस प्रकार है। जैसे—परमाणु यद्यपि एकप्रदेशी है, परन्तु परस्परमें बँधकर बहुप्रदेशी स्कन्ध होनेकी शक्ति होनेके कारण बहुप्रदेशी कहा जाता है। यहाँ पुद्गल द्रव्य (परमाणु) का पुद्गल पर्याय (स्कन्ध) में आरोप किया गया है। ५. स्वजाति गुणमें स्वजाति द्रव्यका आरोप इस प्रकार है। जैसे—द्रव्यके रूपको ही द्रव्य कहना यथा—रूपपरमाणु, गन्धपरमाणु आदि। यहाँ पुद्गलके गुणमे पुद्गल द्रव्य (परमाणु) का आरोप किया गया है। ६ स्वजाति गुणमें स्वजाति पर्यायका आरोप इस प्रकार है। जैसे—परिणमनके द्वारा ग्राह्य होनेके कारण ज्ञानको ही पर्याय कह देना। यहाँ ज्ञान गुणमें स्वजाति ज्ञान पर्याय-

का आरोप है। ७ स्वजाति विभाव पर्यायमे स्वजाति द्रव्यका आरोप इस प्रकार है। जैसे - स्थूल स्कन्धको ही पुद्गल द्रव्य कह देना। यहाँ स्कन्धरूप पुद्गलकी विभाव पर्यायमें पुद्गल द्रव्यका उपचार किया गया है। ८. स्वजाति पर्यायमें स्वजाति गुणका आरोप इस प्रकार है। जैसे—देहके वर्णविशेषको देखकर 'यह उत्तम रूपवाला है' ऐसा कहना। यहाँ देह पुद्गल पर्याय है। उसमें पुद्गलके रूपगुणका आरोप किया गया है।

२. उपचरित असद्भूत व्यवहारके भेदोकी अपेक्षा

१. सत्यार्थ उपचरित असद्भूत व्यवहार इस प्रकार है। जैसे-किसी देशके राजाको देशपति कहना। क्योंकि व्यवहारसे वह उस देशका स्वामी है।२४१। २. असत्यार्थ उपचरित असद्भूत व्यवहार इस प्रकार है। जैसे-किसी नगर या देशमें रहनेके कारण 'यह मेरा नगर है' ऐसा कहना। क्योंकि व्यवहारसे भी वह उस नगरका स्वामी नहीं है।२४१। ३ सत्यासत्यार्थ उपचरित असद्भूत व्यवहार इस प्रकार है जैसे--'मेरा द्रव्य' ऐसा कहना। क्योंकि व्यवहारसे भी कुछ मात्र द्रव्य उसका है सर्व नहीं।२४१। स्वजाति उपचरित असद्भूत व्यवहार इस प्रकार है। जैसे--'पुत्र बन्धु-वर्गादि मेरी सम्पदा है' ऐसा कहना। क्योंकि यहाँ चेतनका चेतन पदार्थोंमें ही स्वामित्व कहा गया है। ५. विजाति उपचरित असद्भूत व्यवहार इस प्रकार है। जेसे-'आभरण हेम रत्नादि मेरे है' ऐसा कहना, क्योंकि यहाँ चेतनका अचेतनमे स्वामित्व सम्बन्ध कहा गया है। ६ स्वजाति विजाति उपचरित असद्भूत व्यवहार इस प्रकार है। जैसे---'देश, राज्य, दुर्गादि मेरे है' ऐसा कहना, क्योंकि यह सर्व पदार्थ चेतन व अचेतनके समुदाय रूप है। इनमें चेतनका स्वामित्व बतलाया गया है।

नोट—इसी प्रकार अन्य भी उपचार यथा सम्भव जानना (न च /श्रुत २२); (आ. प. ५)।

२. कारण कार्य आदि उपाचर निर्देश

१. कारणोंमें कार्यके उपचारके उदाहरण

स. सि. ७/१०/३४८/११ हिंसादयो दुःखमेवेति भावयितव्यम्। कथं हिंसादयो दुःखम्। दुःखकारणत्वात्। यथा 'अन्नं वै प्राणा' इति। कारणस्य कारणत्वाद् वा यथा धनं प्राणाः इति। धनकारणमन्नपानमन्नपानकारणाः प्राणा इति। तथा हिंसादयोऽसद्वेद्यकारणम्। असद्वेद्यकर्म च दुःखकारणमिति। दुःखकारणे दुःखकारणकारणे वा दुःखोपचार।=हिंसादिक दुःख ही हैं ऐसा चिन्तन करना चाहिए। =प्रश्न—हिंसादिक दुःख कैसे है? उत्तर—दुःखके कारण होनेसे। यथा-'अन्न ही प्राण है'। अन्न प्राणधारणका कारण है पर कारणमें कार्यका उपचार करके अन्नको ही प्राण कहते है। या कारणका कारण होनेसे हिंसादिक दुःख है। यथा 'धन ही प्राण है'। यहाँ अन्नपानका कारण धन है और प्राणका कारण अन्नपान है, इसलिए जिस प्रकार धनको प्राण कहते है उसी प्रकार हिंसादिक असाता वेदनीयकर्मके कारण है और असाता वेदनीय दुःखका कारण है, इसलिए दुःखके कारण या दुःखके कारणके कारण हिंसादिकमें दुःखका उपचार है। (रा. वा ७/१०/१/५३७/२४)

श्लो. वा. २/१/६/५६/४६४/२३ घृतमायुरन्नं वै प्राणा इति, कारणे कार्योपचार। =निश्चयकर घृत ही आयु है। अन्न ही प्राण है। इन वाक्योमें कारणमें कार्यका उपचार किया गया है।

क.प.१/१,१३-१४/§२४४/२८८/५ (कारण रूप द्रव्यकर्ममें कार्यरूप क्रोधभावका उपचार कर लेनेसे द्रव्य कर्ममें क्रोध भावकी सिद्धि हो जाती है।

ध. १/४,१,४/१३५/८ (भावेन्द्रियोके कारण कार्यभूत द्रव्येन्द्रियोको भी इन्द्रिय संज्ञाकी प्राप्ति)

ध १/१,१,६०/२९८/२(कारणमे कार्यका उपचार करके ऋद्धिके कारणभूत संयमको ही ऋद्धि कहना)।

ध ६/१,१,१,२८/५१/३ (कारणमें कार्यके उपचारसे ही जाति नामकर्मको 'जाति' संज्ञा की प्राप्ति।)

ध ९/४,१,४५/१६२/३ (कारणमें कार्यका उपचार करके शब्द या उसकी स्थापनाको भी 'श्रुत' संज्ञाकी प्राप्ति।)

ध. ९/४,१,६७/३२३/६ (कारणमें कार्यका उपचार करके क्षेत्रादिकोंको भी 'भाव ग्रन्थ' संज्ञाकी प्राप्ति।)

प्र सा /त.प्र. ३४ (कारणमें कार्यका उपचार करके ही द्रव्य श्रुतको 'ज्ञान' संज्ञाकी प्राप्ति।)

२. कार्यमें कारणके उपचारके उदाहरण

स. सि. १/१२/१२२/८ श्रुतमपि क्वचिन्मतिरित्युपचर्यते मतिपूर्वकत्वादिति।=श्रुतज्ञान भी कही पर मतिज्ञानरूपसे उपचरित किया जाता है क्योंकि श्रुतज्ञान मतिज्ञानपूर्वक होता है। (अर्थात श्रुतज्ञान कार्य है और मतिज्ञान उसका कारण)।

रा. वा. २/१८/३/१३१/१ कार्यं हि लोके कारणमनुवर्तमानं दृष्टं यथा घटकारपरिणत विज्ञान घट इति, तथेन्द्रियनिमित्त उपयोगोऽपि इन्द्रियमिति व्यपदिश्यते। =लोकमे कारणकी भी कार्यमें अनुवृत्ति देखी जाती है जैसे घटाकारपरिणत ज्ञानको घट कह देते है। उसी प्रकार उपयोगको भी इन्द्रियके निमित्तसे इन्द्रिय कह देते है।

ध १/१,१,२४/२०२/६ (कार्यमे कारणका उपचार करके मनुष्य गति नामकर्मके कारणसे उत्पन्न मनुष्य पर्यायके समूहको मनुष्य गति कहा जाता है।)

ध ४/१,५,१/३१६/६ (कार्यमे कारणका उपचार करके पुद्गलादि द्रव्योके परिणमनको भी 'काल' संज्ञाकी प्राप्ति।)

प्र सा./त.प्र ३० (कार्यमे कारणके उपचारसे ज्ञानको ज्ञेयगत कहा जाता है।)

३. अल्पमें पूर्णके उपचारके उदाहरण

स सि ७/२१/३६१/१ उपचाराद् राजकुले सर्वगतश्चैत्राभिधानवत्। =जैसे राजकुलमें चैत्रको सर्वगत उपचारसे कहा जाता है इसी प्रकार सामायिक व्रतके महाव्रतपना उपचारसे जानना चाहिए।

४. भावीमें भूतके उपचारके उदाहरण

ध १,१,१६/१८२/४ कर्मणां क्षयोपशमाभ्यामभावे कथं तयोस्तत्र सत्त्वमिति चेन्नेष दोषः, तयोस्तत्र सत्त्वस्योपचारनिबन्धनत्वात्। =प्रश्न— कर्मोंके क्षय और उपशमके अभावमें भी ८वें गुणस्थानमें क्षायिक या औपशमिक भाव कैसे हो सकता है? उत्तर—यह कोई दोष नहीं, क्योंकि, इस गुणस्थानमें क्षायिक और औपशमिक भावका सद्भाव उपचारसे माना गया है। विशेष दे. अपूर्वकरण ४

५. आधारका आधेयमें उपचार

श्लो. वा २/१/६/५६/४६४/२४ मञ्चा क्रोशन्ति इतितात्स्थ्यात्तच्छब्दोपचारः। =मचान पर बैठकर किसान चिल्लाते है, पर कहा जाता है कि मचान चिल्लाते है। यहाँ आधारका आधेयमें आरोप है।

६. तद्वान्में तत्का उपचार

श्लो. वा २/१/६/४६४/२४ साहचर्याद्यष्टिः पुरुष इति। =लाठीवाले पुरुषको लाठिया या गाडीवाले पुरुषको गाडी कहना तद्वानमें तत्का उपचार है।

७ समीपस्थमें तत्का उपचार

श्लो वा.२/१/६/५६/४६४/२५ सामीप्याद्वृक्षा ग्राम इति।=किसी पथिकके पूछने पर यह कह दिया जाता है कि ये सामने दीखनेवाले वृक्ष ही ग्राम है अर्थात अत्यन्त समीप है। यहाँ समीपमें तद्का उपचार है।

८. अन्य अनेकों उपचारोंके उदाहरण

स.सि. ७/१८/३५६/६ शल्यमिव शल्यम्। यथा तत् प्राणिनो बाधाकरं तथा शरीरमानसबाधाहेतुत्वात्कर्मोदयविकार शल्यमित्युपचर्यते।=जिस प्रकार काँटा आदि शल्य प्राणियोंको बाधाकारी होती है, उसी प्रकार शरीर और मन सम्बन्धी बाधाका कारण होनेसे कर्मोदय जनित विकारमें भी शल्यका उपचार कर लेते है। (यहाँ तत् सदृश कारणमें तत्का उपचार है।)

रा.वा. ४/२६/४/२४४/२८ चरमके पासवाला अव्यवहित पूर्वका मनुष्यभव भी उपचारसे चरम कहा जाता है। (यहाँ काल सामीप्यमें तत्का उपचार है)

श्लो.वा. २/१/५/८-१४/१८८/५ (यह भी गौ है वह भी गौ थी। यहाँ धर्मके एकत्व कारण धर्मियोंमें एकत्व का उपचार किया है।

ध. २/१,१/४४६/३ आयोगकेवलीके एक आयु प्राण ही होता है, किन्तु उपचारसे एक, छ, अथवा सात प्राण भी होते है। (यहाँ सश्लेष सम्बन्धको प्राप्त द्रव्येन्द्रिय व शरीरादिमें जीवकी पर्यायका उपचार किया गया है)।

स सा./आ.१०८ (प्रजाके गुण दोषको उपजानेवाला राजा है। ऐसा कहना। यहाँ आश्रयमें आश्रयीका उपचार किया है।)

द्र.सं./टी. १६/५७/१३ (मुक्त जीवोंके अवस्थाके कारण लोकाग्रको भी मोक्ष संज्ञा प्राप्त है। यहाँ आधारमें आधेयका उपचार है।

न्याय दी. १/§१४ (आँखसे जानते है इत्यादि व्यवहार तो उपचारसे प्रवृत्त होता है। उपचारकी प्रवृत्तिमें सहकारिता निमित्त है।)

प ध./पू. ७०२ (अवधि व मन पर्ययज्ञानको एकदेश प्रत्यक्ष कहना उपचार है।)

३. द्रव्यगुण पर्यायमे उपचार निर्देश

१ द्रव्यको गुणरूपसे लक्षित करना

ध १/१,१,१,६/१६१/३ गुणसहचरितत्वादात्मापि गुणसंज्ञां प्रतिलभते। उक्त च—"जेहि दु लक्खिज्जंते उदयादिसु संभवेहि भावेहि। जीवा ते गुणसण्णा णिद्दिट्ठा सव्वदरिसीहि।१०४।"=गुणोके साहचर्यसे आत्मा भी गुणसज्ञाको प्राप्त होता है। कहा भी है—"दर्शनमोहनीय आदि कर्मोंके उदय उपशम आदि अवस्थाओके होनेपर उत्पन्न हुए जीव-परिणामोसे युक्त जो जीव देखे जाते है, उन जीवोको सर्वज्ञदेवने उसी (औपशमिक आदि) गुण सज्ञावाला कहा है।" (गो. क./मू. ८१२/९८६) (और भी दे उपचार १/३)

२ पर्यायको द्रव्यरूपसे लक्षित करना

ध ४/१,५,४/३३७/५ असुद्धे दव्वट्ठिय णये अवलंबिदे पुढविआदीणि अणेयाणि दव्वाणि होंति त्ति वंजणपज्जायस्स दव्वत्तब्भुवगमादो। =अशुद्ध द्रव्यार्थिकनयका अवलम्बन करनेपर पृथिवी जल आदिक अनेक द्रव्य होते है, क्योकि व्यंजन पर्यायके द्रव्यपना माना गया है। (और भी दे उपचार १/३)

ध ८/३,४/६/३ कधमत्थियवसेण अदव्वाणं पज्जयाणं दव्वत्तं। ण, दव्वदो एयंतेण तेसिं पुधभूदाणमणुवलंभादो, दव्वसहावाणं चेवुवलंभा। ... दव्वट्ठियस्स कधमभावव्ववहारो। ण एस दोसो, 'यदस्ति न तद् द्रव्यमतिलङ्घ्य वर्तते' इति दोण्हं पि णए अविलंबिऊण द्विदेणेगमणयस्स भावाभावव्ववहारविरोहाभावादो।=प्रश्न—द्रव्यार्थिक नयसे द्रव्यसे भिन्न पर्यायोके द्रव्यत्व कैसे सम्भव है? उत्तर—पर्याय द्रव्यसे सर्वथा भिन्न नहीं पायी जाती, किन्तु द्रव्य स्वरूप ही वे उपलब्ध होती है। प्रश्न—द्रव्यार्थिककी अपेक्षा पर्यायोमें अभावका व्यवहार कैसे होता है? उत्तर—'जो है वह दोनोका अतिक्रमण करके नहीं रहता' इसलिए दोनो नयोका आश्रय कर स्थित नैगम नयके भाव अभावरूप (दोनो प्रकारके) व्यवहारमें कोई विरोध नही है।

स. सा./आ २१४ प्रवर्तमान यद्यदभिव्याप्य प्रवर्तते, निवर्तमानं च यद्यदुपादाय निवर्तते तत्समस्तमपि सहप्रवृत्तं क्रमप्रवृत्तं वा पर्यायजातमेति लक्षणीयं तदेकलक्षण-लक्ष्यत्वात्। =वह (चैतन्य) प्रवर्तमान होता हुआ जिस जिस पर्यायको व्याप्त होकर प्रवर्तता है और निवर्तमान होता हुआ जिस जिस पर्यायको ग्रहण करके निवर्तता है, वे समस्त सहवर्ती (गुण) या क्रमवर्ती पर्याये आत्मा है, इस प्रकार लक्षित करना चाहिए, क्योकि आत्मा उसी एक लक्षणसे लक्ष्य है।

३ द्रव्यको पर्यायरूपसे लक्षित करना

ध.५/१,७,१/१/१८७/६ भावो णाम किं। दव्वपरिणामो पुव्वावरकोडिविरित्तवट्टमाणपरिणामुवलक्खियदव्वं वा। =प्रश्न—भाव नाम किस वस्तुका है? उत्तर—द्रव्यके परिणामको (पर्यायको) अथवा पूर्वापर कोटिसे व्यतिरिक्त वर्तमान पर्यायसे उपलक्षित द्रव्यको भाव कहते है। (और भी दे उपचार १/३)

४ पर्यायको गुणरूपसे लक्षित करना

म आ./मू. ५७/१८२ अहिंसादिगुणा

भ आ./वि. ५७/१८३/५ एते अहिंसादयो गुणाः परिणामा धर्म इत्यर्थः। ननु सहभुवो गुणा इति वचनात् चैतन्यामूर्तित्वादीनामेवात्मनः सभुवां गुणताम्। हिंसादिभ्यो विरतिपरिणाम पुन कादाचित्कत्वात् मनुष्यत्वादिक्रोधादिवत् पर्याया इति चेन्न गुणपर्ययवद्द्रव्यमित्याद्युभयोपादाने अवान्तरभेदोपदर्शनमेतत्तथा 'गोबलीवर्दम्' इत्युभयोरुपादाने पुनरुक्ततापरिहृतये स्त्रीगोशब्दवाच्या इति कथनमेकस्यैव गुणशब्दस्य ग्रहणे धर्ममात्रवचनात्। =अहिंसादि गुण आत्माके परिणाम है अर्थात् धर्म है प्रश्न—'सहभुवो गुणा' ऐसा आगमका वचन होनेके कारण चैतन्य अमूर्तित्वादि ही आत्माके गुण है क्योकि ये कभी उससे पृथक् नही होते। परन्तु हिंसा आदिसे विरतिरूप परिणाम कादाचित्क होनेके कारण, ये भाव मनुष्यत्वादि अथवा क्रोधादिकी भाँति पर्याय है? उत्तर—'गुणपर्ययवद्द्रव्यम्' इस सूत्रमें दोनोका ग्रहण किया है। यहाँ गुण शब्द उपलक्षण वाचक समझना चाहिए, अर्थात् वह ज्ञानादि गुणोके समान अहिंसादि धर्मोंका भी वाचक है। जैसे—'गोबलीवर्दम्' इस शब्दसे एक ही गौ पदार्थका गो और बलीवर्द दोनों शब्दोके द्वारा ग्रहण होनेसे एकको पुनरुक्तता प्राप्त होती है। इसे दूर करनेके लिए यहाँ गो शब्द का अर्थ 'स्त्री' करना पडता है। उसी तरह 'अहिंसादिगुणा' इस गाथाके शब्दसे यहाँ धर्ममात्रको गुण कहा है, ऐसा समझना चाहिए। (फिर वे धर्म गुण हो या पर्याय, इससे क्या प्रयोजन)

दे. उपचार ३/१ औपशमिकादि भावोको जीवके गुण कहा जाता है।

ल सा./मू. ९७/१३५ उपशमं गुणं गृह्णाति।=(अन्त कोटाकोटी मात्र कर्मों की स्थिति रह जानेपर जीव) उपशम सम्यक्त्व गुणको ग्रहणकरै है।

पं का./ता. वृ. ५/१४/१२ केवलज्ञानादय स्वभावगुणा मतिज्ञानादयो विभावगुणा।=केवलज्ञानादि (शुद्ध पर्याय) स्वभाव गुण है और मति ज्ञानादि (अशुद्ध पर्याये) विभाव गुण है। (प प्रा./टी १/५७) (विशेष दे उपचार १/३)

५ गुणको पर्यायरूपसे लक्षित करना

स सा./मू. ३४५ केहिचि दु पज्जएहि विणस्सए णेव केहिचि दु जीवो। जम्हा तम्हा कुव्वदि सो वा अण्णो व णेयंतो।३४५। =क्योकि जीव कितनी ही पर्यायोसे नष्ट होता है और कितनी ही पर्यायों (गुणो) से नष्ट नही होता। इसलिए 'वही करता है' अथवा 'दूसरा ही करता है' ऐसा एकान्त नही है।

प्र.सा./मू १८ उप्पादो य विणासो विज्जदि सव्वस्स अट्ठजादस्स। पज्जाएण दु केणवि अट्ठो खलु होदि सब्भूदो। =किसी पर्यायसे उत्पाद, किसी पर्यायसे विनाश सर्व पदार्थ मात्रके होता है। और किसी पर्यायसे (गुणसे) पदार्थ वास्तवमें ध्रुव है। (विशेष दे. उपचार १/३)

४. उपचारकी सत्यार्थता व असत्यार्थता

१. परमार्थतः उपचार सत्य नहीं होता

ध. ७/२,१, ३३/७६/४ उवयारेण खओसमियं भाव पत्तस्स ओदइयस्स जोगस्स तत्थाभावविरोहादो।=योगसे क्षयोपशम भावको उपचारसे माना गया है। असलमें तो योग औदयिक भाव ही है। और औदयिक योगका सयोगिकेवलियोमें अभाव माननेमें विरोध आता है। (अत सयोगकेवलियोमें योग पाया जाता है)

ध. १४/५,६,१६/१३/४ सिद्धाणं पि जीवत्तं किण्ण इच्छिज्जदे ण, उवयारस्स सच्चत्ताभावादो। =प्रश्न—सिद्धोके भी जीवत्व क्यो नहीं स्वीकार किया जाता है। उत्तर—नहीं, क्योकि सिद्धोंमें जीवत्व उपचारसे है, और उपचारको सत्य मानना ठीक नही है।

स सा./आ १०५ पौद्गलिक कर्मात्मना कृतमिति निर्विकल्पविज्ञानघनभ्रष्टाना विकल्पपरायणानां परेषामस्ति विकल्प स तु उपचार एव न तु परमार्थ'। =पौद्गलिक कर्म आत्माने किया है' ऐसा निर्विकल्पविज्ञानघनसे भ्रष्ट विकल्प परायण अज्ञानियोका विकल्प है। वह विकल्प उपचार ही है परमार्थ नहीं।

प्र सा./ता वृ २२५ प्रक्षेपक गा. ८/३०४/२५ न उपचार' साक्षाद्भवितुमर्हति अग्निवत् क्रूरोऽयं देवदत्त इत्यादि। =उपचार कभी साक्षात् या परमार्थ नही होता। जैसे—'यह देवदत्त अग्निवत् क्रोधी है' ऐसा कहना। (इसी प्रकार आर्यिकाओके महाव्रत उपचारसे है। सत्य नही)

न्या दी १/§१४ चक्षुषा प्रमीयत इत्यादि व्यवहारे पुनरुपचार शरणम्। उपचारप्रवृत्तौ तु सहकारित्व निबन्धनम्। न हि सहकारित्वेन तत्साधकतमिति करण नाम, साधकविशेषस्यातिशयवत करणत्वात्। =आँखसे जानते है' इत्यादि व्यवहार तो उपचारसे प्रवृत्त होता है और उपचारकी प्रवृत्तिमे सहकारिता निमित्त है। इसलिए इन्द्रियादि प्रमितिक्रियामे मात्र साधक है पर साधकतम नहीं। और इसीलिए करण नहीं है, क्योकि, अतिशयवान् साधकविशेष (असाधारण कारण) ही कारण होता है।

२. अन्य धर्मोका लोप करनेवाला उपचार मिथ्या है

सं स्तो, २२ अनेकमेकं च तदेव तत्त्व, भेदान्वयज्ञानमिद हि सत्यम्। मृषोपचारोऽन्यतरस्य लोपे, तच्छेषलोपोऽपि ततोऽनुपाख्यम्॥ =वह सुयुक्तिनीत वस्तु तत्त्व अनेक तथा एक रूप है, जो भेदाभेद ज्ञानका विषय है और वह ज्ञान ही सत्य है। जो लोग इनमें-से एकको भी असत्य मानकर दूसरेमें उपचारका व्यवहार करते है वह मिथ्या है, क्योकि, दोनोमे-से एकका अभाव माननेपर दूसरेका भी अभाव हो जाता है। और दोनोका अभाव हो जानेपर वस्तुतत्त्व अनुपाख्य अर्थात् निःस्वभाव हो जाता है।

३. उपचार सर्वथा अप्रमाण नहीं है

ध. १/१,१,४/१३५/६ नेयमदृष्टपरिकल्पना कार्यकारणोपचारस्य जगति सुप्रसिद्धस्योपलम्भात्। =यह (द्रव्येन्द्रियको उपचारसे इन्द्रिय कहना) कोई अदृष्ट कल्पना नही है, क्योकि, कार्यगत धर्मका कारणमे और कारणगत धर्मका कार्यमें उपचार जगत्में प्रसिद्ध रूपसे पाया जाता है।

स.म ५/२६/२६ लौकिकानामपि घटाकाश पटाकाशमिति व्यवहारप्रसिद्धेराकाशस्य नित्यानित्यत्वम्। न चायमौपचारिकत्वादप्रमाणमेव। उपचारस्यापि किंचित्साधर्म्यद्वारेण मुख्यार्थस्पर्शित्वात्। =आकाश नित्यानित्य है, क्योकि सर्व-साधारणमें भी 'यह घटका आकाश है', 'यह पटका आकाश है' यह व्यवहार होता है। यह व्यवहारसे उत्पन्न होता है इसलिए अप्रमाण नही कहा जा सकता, क्योकि, उपचार भी किसी न किसी साधर्म्यसे ही मुख्य अर्थको द्योतित करनेवाला होता है।

४. निश्चित व मुख्यके अस्तित्वमें ही उपचार होता है सर्वथा अभावमें नहीं

रा.वा १/१२/१४/५६/१५ सति मुख्ये लोके उपचारो दृश्यते, यथा सति सिंहे अन्यत्र क्रौर्यशौर्यादिगुणसाधर्म्यात् सिंहोपचार क्रियते। न च तथेह मुख्य प्रमाणमस्ति। तदभावात् फले प्रमाणोपचारे न युज्यते। =उपचार तब होता है जब मुख्य वस्तु स्वतन्त्रभावसे प्रसिद्ध हो। जैसे सिंह अपने शूरत्व क्रूरत्वादि गुणोसे प्रसिद्ध है तभी उसका सादृश्यसे बालकमे उपचार किया जाता है। पर यहाँ जब मुख्य प्रमाण ही प्रसिद्ध नही है तब उसके फलमे उसके उपचारकी कल्पना ही नही हो सकती।

ध १/१,१,१६/१८१/४ अक्षपकानुपशमकाना कथ तद्व्यपदेशश्चेन्न, भाविनि भूतवदुपचारतस्तत्सिद्धे सत्येवमतिप्रसङ्ग स्यादिति चेन्न, असति प्रतिबन्धरि मरणे नियमेन चारित्रमोहक्षपकोपशमकारिणा तदुन्मुखानामुपचारभाजामुपलम्भात्। =प्रश्न—इस आठवें गुणस्थानमें न तो कर्मोका क्षय ही होता है और न उपशम ही। ऐसी अवस्थामे यहाँ पर क्षायिक या औपशमिक भावका सद्भाव कैसे हो सकता है? उत्तर—नही, भावीमे भूतके उपचारसे उसकी सिद्धि हो जाती है। प्रश्न—ऐसा माननेपर तो अतिप्रसग आता है? उत्तर—नही, क्योकि प्रतिबन्धक कर्मका उदय अथवा मरण यदि न हो तो वह चारित्रमोहका उपशम या क्षय अवश्य कर लेता है। उपशम या क्षपणके सन्मुख हुए ऐसे व्यक्तिके उपचारसे क्षपक या उपशमक सज्ञा बन जाती है। (ध ५/१,७,६/२०५/६), (ध.७/२,१,४६/६३/२)

ध ५/१,७,६/२०६/४ उवयारे आसइज्जमाणे अइप्पसगो किण्ण होदीदि। चेण, पच्चासत्तीदो अइप्पसगपडिसेहादो। =प्रश्न—इस प्रकार सर्वत्र उपचार करनेपर अतिप्रसग दोष नही प्राप्त होगा?
उत्तर—नही, क्योकि, प्रत्यासत्ति अर्थात् समीपवर्त्ती अर्थके प्रसंगसे अतिप्रसंग दोषका प्रतिषेध हो जाता है। (इसलिए अपूर्वकरण गुणस्थानमे तो उपचारसे क्षायिक व औपशमिक भाव कहा जा सकता है पर इससे नीचेके अन्य गुणस्थानोमें नही।)

ध ७/२,१,५६/९८/२ ण चोवयारेण दंसणावरणणिद्देसो, मुहियस्साभावे उवयाराणुववत्तीदो। =(दर्शन गुणको अस्वीकार करनेपर) यह भी नही कहा जा सकता कि दर्शनावरणका निर्देश केवल उपचारसे किया गया है, क्योकि, मुख्य वस्तुके अभावमे उपचारकी उपपत्ति नहीं बनती।

५ अविनाभावी सम्बन्धोमें ही परस्पर उपचार होता है

आ प./६ मुख्याभावे सति प्रयोजने निमित्ते चोपचार प्रवर्त्तते सोऽपि सम्बन्धाविनाभाव। =मुख्यका अभाव होनेपर प्रयोजन या निमित्त के वशसे उपचार किया जाता है और वह प्रयोजन कार्य कारण या निमित्त नैमित्तिकादि भावोमे अविनाभाव सम्बन्ध ही है।

६ उपचार-प्रयोगका कारण व प्रयोजन

ध ७/२,१,५६/१०१/५ कधमंतरंगाए चक्खिंदियत्तिपडिबद्धाए सत्तीए चक्खिंदियस्स पउत्ती। ण अंतरंगे बहिरंगत्थोवयारेण बालजणबोहणट्ठं चक्खूण जं दिस्सदि त चक्खुदंसणमिदि परूवणादो। गाहाए गलभंजणमकाऊण उजुवत्थो किण्ण घेप्पदि। ण तत्थ, पुव्वुत्तासेसदोसप्पसगादो। =प्रश्न—उस चक्षु इन्द्रियके विषयसे प्रतिबद्ध अतरग (दर्शन) शक्तिमे चक्षु इन्द्रियकी प्रवृत्ति कैसे हो सकती है? उत्तर—नही, यथार्थमें तो चक्षु इन्द्रियकी अतरगमे ही प्रवृत्ति होती है, किन्तु बालक जनोका ज्ञान करानेके लिए अतरगमे बहिरग पदार्थके उपचारसे 'चक्षुओंको जो दिखता है वही चक्षु दर्शन है' ऐसा प्ररूपण किया गया है। प्रश्न—गाथाका गला न घोटकर सीधा अर्थ क्यो नहीं करते? उत्तर—नही करते, क्योंकि, वैसा करनेमें तो पूर्वोक्त समस्त दोषोका प्रसंग आता है।

पं ध /पू. ५४२-५४३ असदपि लक्षणमेतत्सन्मात्रत्वे सुनिर्विकल्पत्वात्। तदपि न विनावलम्बान्निर्विषय शक्यते वक्तुम् ।५४२। तस्मादनन्य-शरण सदपि ज्ञान स्वरूपसिद्धत्वात्। उपचरित हेतुवशात् तदिह ज्ञान तदन्यशरणमिव ।२४३। =निश्चयनयसे तत्त्वका स्वरूप केवल सतरूप मानते हुए, निर्विकल्पताके कारण यद्यपि उक्त लक्षण (अर्थ-विकल्पो ज्ञानं) ठीक नहीं है। इसलिए ज्ञान स्वरूपसे सिद्ध होनेसे अनन्य शरण होते हुए भी यहाँपर वह ज्ञान हेतु (या प्रयोजन) के वशसे उपचरित होकर उससे भिन्नके (ज्ञेयों) के शरणकी तरह मालूम होता है। अर्थात् स्वपर व्यवसायात्मक प्रतीत होता है। (और भी दे. नय V/८.४)

५. उपचार व नय सम्बन्ध विचार

१. उपचार कोई पृथक् नय नहीं है

आ.प. ६ उपचार पृथग् नयो नास्तीति न पृथक् कृत । =उपचार नय कोई पृथक् नय नहीं है, इसलिए असद्भूत व्यवहार नयसे पृथक् उसका ग्रहण नयोंकी गणनामें नहीं किया है।

२. असद्भूत व्यवहार ही उपचार है

आ.प. ६ असद्भूतव्यवहार एवोपचार, उपचारादप्युपचार य करोति स उपचरितासद्भूतव्यवहार । =असद्भूत व्यवहार ही उपचार है। और उपचारका भी जो उपचार करता है सो उपचरितासद्भूत व्यवहार है। (विशेष देखो नय V)

३. उपचार शुद्ध नयमें नहीं नैगमादि नयोंमें ही सम्भव है

क पा १/१,१३-१४/§२४८/२६०/६ एवं णेगम-संगह-ववहाराणं। कुदो। कज्जादो अभिण्णस्स कारणस्स पच्चयभावब्भुवगमादो उजुसुदस्स कोहोदयं पडुच्च जीवो कोहकसाओ। ज पडुच्च कोहकसाओ त पच्चयकसाएण कसाओ। बधसंताणं जीवादो अभिण्णाण वेयणसहावाणमुजुसुदो कोहादिपच्चयभावं किण्ण इच्छदे। ण बधसतेहिंतो कोहादिकसायेणुप्पत्तीए अभावादो। ण च कज्जमणुकताणं कारणत्तवएसो; अव्वत्थावत्तीदो। =इस प्रकार ऊपर चार सूत्रों द्वारा जो क्रोधादि रूप द्रव्यको प्रत्यय कषाय कह आये हैं, वह नैगम संग्रह और व्यवहार नयकी अपेक्षासे जानना चाहिए। प्रश्न—यह कैसे जाना कि उक्त कथन नैगमादिकी अपेक्षासे किया है? उत्तर चूँकि ऊपर (इन सूत्रोंमें) कार्यसे अभिन्न (अविनाभावी) कारणको प्रत्ययरूपसे स्वीकार किया है, अर्थात् जो 'कारण' कार्यसे अभिन्न है उसे ही कषायका प्रत्यय बतलाया है। ऋजुसूत्रकी दृष्टिमें क्रोधके उदयकी अपेक्षा जीव क्रोध कषाय रूप होता है। प्रश्न—बन्ध और सत्त्व भी जीवसे अभिन्न है, और वेदनास्वभाव है, इसलिए ऋजुसूत्रनय क्रोधादि कर्मोंके बन्ध और सत्त्वको भी क्रोधादि प्रत्यय रूपसे क्यों नहीं स्वीकार करता है? अर्थात् क्रोध कर्मके उदयको ही ऋजुसूत्र प्रत्यय कषाय क्यों मानता है, उसके बन्ध और सत्त्व अवस्थाको प्रत्ययकषाय क्यों नहीं मानता? उत्तर—नहीं क्योंकि क्रोधादि कर्मोंके बन्ध और सत्त्वसे क्रोधादि कषायोंकी उत्पत्ति नहीं होती है, तथा जो कार्यको उत्पन्न नहीं करते हैं उन्हें कारण कहना ठीक भी नहीं है, क्योंकि (इस नयसे) ऐसा मानने पर अव्यवस्था दोषकी प्राप्ति होती है।

क.पा.१/१,१३-१४/§२५७/२९७/१ ज मणुस्स पडुच्च कोहो समुप्पण्णो सो तत्तो पुधभूतो सतो कथ कोहो। होत ए ऐसो दोसो जदि सगहादिणया अवलंबिदा। किंतु णइगमओ जयिवसहाइरिएण जेणावलंबिदो तेण ण एस दोसो। तत्थ कथ ण दोसो। कारणम्मि णिलीणकज्जब्भुवगमादो। =प्रश्न—जिस मनुष्यके निमित्तसे क्रोध उत्पन्न हुआ है वह मनुष्य उस क्रोधसे अलग होता हुआ भी क्रोध कैसे कहला सकता है? उत्तर—यदि यहाँ पर संग्रह आदि नयोंका अवलम्बन लिया होता तो ऐसा होता, किन्तु यतिवृषभाचार्यने चूँकि यहाँ पर नैगमनयका अवलम्बन लिया है, इसलिए यह कोई दोष नहीं है। प्रश्न—नैगम नयका अवलम्बन लेने पर दोष कैसे नहीं है? उत्तर—क्योंकि नैगमनयकी अपेक्षा कारणमें कार्यका सद्भाव स्वीकार किया गया है, इसलिए दोष नहीं है।

उपचार-अभेद—अभेदोपचार—दे अभेद।

उपचार छल—दे छल।

उपचार विनय—दे विनय।

उपदेश—मोक्षमार्गका उपदेश परमार्थसे सबसे बड़ा उपकार है, परन्तु इसका विषय अत्यन्त गुप्त होनेके कारण केवल पात्रको ही दिया जाना योग्य है, अपात्रको नहीं। उपदेशकी पात्रता निरभिमानता विनय व विचारशीलतामें निहित है। कठोरतापूर्वक भी दिया गया परमार्थोपदेश पात्रके हितके लिए ही होता है। अतः उपदेश करना कर्तव्य है, परन्तु अपनी साधनामें भंग न पड़े, इतनी सीमा तक ही। उपदेश भी पहिले मुनिधर्मका और पीछे श्रावक धर्मका दिया जाता है ऐसा क्रम है।

१ उपदेश सामान्य निर्देश

१ धर्मोपदेशका लक्षण

२ मिथ्योपदेशका लक्षण

३ निश्चय व व्यवहार दोनों प्रकारके उपदेशोंका निर्देश

* सल्लेखनाके समय देने योग्य उपदेश—दे सल्लेखना ५/११
* आदेश व उपदेशमें अन्तर—दे आदेशका लक्षण
* चारों अनुयोगोंके उपदेशोंकी पद्धतिमें अन्तर —दे. अनुयोग १
* आगम व अध्यात्म पद्धति परिचय —दे. पद्धति
* उपदेशका रहस्य समझनेका उपाय —दे. आगम ३

२ योग्यायोग्य उपदेश निर्देश

१ परमार्थ सत्यका उपदेश असम्भव है

२ पहिले मुनिधर्मका और पीछे श्रावकधर्मका उपदेश दिया जाता है

३ अयोग्य उपदेश देनेका निषेध

४ ख्याति लाभ आदिकी भावनाओंसे निरपेक्ष ही उपदेश हितकारी होता है

३ वक्ता व श्रोता विचार

* वक्ता व श्रोताका स्वरूप —दे. वह वह नाम
* गुरु शिष्य सम्बन्ध —दे. गुरु २
* मिथ्यादृष्टिके लिए धर्मोपदेश देनेका अधिकार अनधिकार सम्बन्धी —दे वक्ता
* सम्यग्दृष्टि व मिथ्यादृष्टिके उपदेशका सम्यक्त्वोत्पत्तिमें स्थान —दे लब्धि ३
* वक्ताको आगमार्थके विषयमें अपनी ओरसे कुछ नहीं कहना चाहिए —दे. आगम ५/६

★ केवलज्ञानके बिना तीर्थंकर उपदेश नहीं देते—दे. वक्ता ३
१ श्रोताकी रुचि-अरुचिसे निरपेक्ष सत्यका उपदेश देना कर्तव्य है
★ हित-अहित व मिष्ट-कटु संभाषण —दे. सत्य २
२ उपदेश श्रोताकी योग्यता व रुचिके अनुसार देना चाहिए
★ उपदेश ग्रहणमें विनयका महत्व —दे. विनय २
★ ज्ञानके योग्य पात्र-अपात्र —दे. श्रोता
३ ज्ञान अपात्रको नहीं देना चाहिए
★ कथंचित् अपात्रको भी उपदेश देनेकी आज्ञा —दे. उपदेश ३/१ में (स. म.)
★ अपात्रको उपदेशके निषेधका कारण—दे. उपदेश ३/४
४ कैसे जीवको कैसा उपदेश देना चाहिए
५ किस अवसरपर कैसा उपदेश देना चाहिए
★ वाद-विवाद करना योग्य नहीं पर धर्महानिके अवसर पर बिना बुलाये बोले —दे. वाद
★ चारों अनुयोगोंके उपदेशका क्रम —दे. स्वाध्याय १
४ उपदेश प्रवृत्तिका माहात्म्य
१ हितोपदेश सबसे बड़ा उपकार है
२ उपदेशसे श्रोताका हित हो न हो पर वक्ताका हित तो होता ही है
३ अतः परोपकारार्थ हितोपदेश करना इष्ट है
४ उपदेशका फल
५ उपदेश प्राप्तिका प्रयोजन

१. उपदेश सामान्य निर्देश

१. धर्मोपदेशका लक्षण

स. सि. ६/२५/४४३/५ धर्मकथाद्यनुष्ठानं धर्मोपदेशम्। =धर्मकथा आदिका अनुष्ठान करना धर्मोपदेश है। (रा.वा. ६/२५/५/६२४/१६), (चा.सा./१५३/५); (त.सा. ७/११); (अन. ध./७/८७/७१६)

२. मिथ्योपदेशका लक्षण

स. सि. ७/२६/३६६/७ अभ्युदयनिःश्रेयसार्थेषु क्रियाविशेषेषु अन्यस्य व्यथाप्रवर्त्तनमभिसन्धापनं वा मिथ्योपदेशः। =अभ्युदय और मोक्षकी कारण भूत क्रियाओंमें किसी दूसरेको विपरीत मार्गसे लगा देना, या मिथ्या वचनों द्वारा दूसरोंको ठगना मिथ्योपदेश है।

३. निश्चय व व्यवहार दोनों प्रकारके उपदेशोंका निर्देश

मो. पा./मू. १६,६० परदव्वादो दुग्गई सद्दव्वादो हु सुग्गई हवइ। इय णाऊणसदव्वे कुणहरई विरइ इयरम्मि ।१६। धुवसिद्धी तित्थयरो चउणाणजुदो करेइ तवयरणं। णाऊण धुवं कुज्जा तवयरणं णाणजुत्तो वि ।६०। =परद्रव्यसे दुर्गति होती है जैसे स्वद्रव्यसे सुगति होती है, ऐसा जानकर हे भव्यजीवो! तुम स्वद्रव्यमें रति करो और परद्रव्यसे विरक्त हो ।१६। देखो जिसको नियमसे मोक्ष होना है और चार ज्ञानके जो धारी है ऐसे तीर्थंकर भी तपश्चरण करते हैं ऐसा निश्चय करके तप करना योग्य है ।६०।

पं. ध./उ. ६५३ न निषिद्धः स आदेशो नोपदेशो निषेधितः। नूनं सत्पात्रदानेषु पूजायामर्हतामपि ।६५३। =निश्चय करके सत्पात्रोंको दान देनेके विषयमें और अर्हंतोंकी पूजाके विषयमें न तो वह आदेश निषिद्ध है तथा न वह उपदेश ही निषिद्ध है।

२. योग्यायोग्य उपदेश निर्देश

१. परमार्थ सत्यका उपदेश असम्भव है

स. श. १६,५६ यत्परैः प्रतिपाद्योऽहं यत्परान् प्रतिपादये। उन्मत्तचेष्टितं तन्मे यदहं निर्विकल्पकः ।१६। यद्बोधयितुमिच्छामि तन्नाहं तदहं पुनः। ग्राह्यं तदपि नान्यस्य तत्किमन्यस्य बोधये ।५६। =मैं उपाध्यायों आदिकोंसे जो कुछ प्रतिपादित किया जाता हूँ तथा शिष्यादिकोंको कुछ जो प्रतिपादन करता हूँ वह सब मेरी पागलों जैसी चेष्टा है, क्योंकि, मैं वास्तवमें इन सभी वचनविकल्पोंसे अग्राह्य हूँ ।१६। जिस विकल्पाधिरूढ आत्मस्वरूपको अथवा देहादिकको समझाने-बुझानेकी मैं इच्छा करता हूँ, वह मैं नहीं हूँ, और जो ज्ञानानन्दमय स्वयं अनुभवगम्य आत्मस्वरूप मैं हूँ, वह भी दूसरे जीवोंके उपदेश-द्वारा ग्रहण करने योग्य नहीं है, क्योंकि केवल स्वसंवेदगम्य है। इसलिए दूसरे जीवोंको मैं क्या समझाऊँ ।५६।

२. पहले मुनिधर्मका और पीछे गृहस्थधर्मका उपदेश दिया जाता है

पु. सि./उ. १७-१६ बहुशः समस्तविरतिः प्रदर्शिता यो न जातु गृह्णाति। तस्यैकदेशविरतिः कथनीयानेन बीजेन ।१७। यो यतिधर्ममकथयन्नुपदिशति गृहस्थधर्ममल्पमतिः। तस्य भगवत्प्रवचने प्रदर्शितं निग्रहस्थानम् ।१८। अक्रमकथनेन यतः प्रोत्सहमानोऽतिदूरमपि शिष्यः। अपदेऽपि संप्रवृत्तः प्रतारितो भवति तेन दुर्मतिना ।१६। =जो जीव बारम्बार दिखलायी हुई समस्त पापरहित मुनिवृत्तिको कदाचित् ग्रहण न करे तो उसे एकदेश पाप क्रिया रहित गृहस्थाचार इस हेतुसे समझावे अर्थात् कथन करे ।१७। जो तुच्छ बुद्धि उपदेशक, मुनिधर्मको नहीं कह करके श्रावक धर्मका उपदेश देता है उस उपदेशकको भगवत्के सिद्धान्तमें दण्ड देनेका स्थान प्रदर्शित किया है ।१८। जिस कारणसे उस दुर्बुद्धिके क्रमभंग कथनरूप उपदेश करनेसे अत्यन्त दूर तक उत्साहमान हुआ भी शिष्य तुच्छस्थानमें सन्तुष्ट होकर ठगाया हुआ होता है ।१६।

३. अयोग्य उपदेशका निषेध

प. ध./उ. ६५४ यद्वादेशोपदेशौ स्तो तौ द्वौ निरवद्यकर्मणि। यत्र सावद्यलेशोऽस्ति तत्रादेशो न जातुचित् ।६५४। =वे आदेश और उपदेश दोनों ही निर्दोष क्रियाओंमें ही होते हैं, किन्तु जहाँपर पापकी थोड़ी-सी भी सम्भावना है वहाँपर कभी भी आदेशकी प्रवृत्ति नहीं हो सकती है।

४. ख्याति लाभ आदिकी भावनाओंसे निरपेक्ष ही उपदेश हितकारी होता है

रा. वा. ६/२५/५/६२४/१८ दृष्टप्रयोजनपरित्यागादुन्मार्गनिवर्तनार्थं संदेहव्यावर्त्तनापूर्वपदार्थप्रकाशनार्थं धर्मकथाद्यनुष्ठानं धर्मोपदेश इत्याख्ययते। =लौकिक ख्याति लाभ आदि फलकी आकांक्षाके बिना, उन्मार्गकी निवृत्तिके लिए तथा सन्देहकी व्यावृत्ति और अपूर्व अर्थात् अपरिचित पदार्थके प्रकाशनके लिए धर्मकथा करना धर्मोपदेश है। (चा. सा. १५३/४)

३. वक्ता व श्रोता विचार

१. श्रोताकी रुचिसे निरपेक्ष सत्यका उपदेश देना योग्य है

भ. आ./मू./४८३ आदट्ठमेव चिंतेदुमुट्ठिदा जे परट्ठमवि लोए। कडुय फरुसेहिं साहेति ते हु अदिदुल्लहा लोए ।४८३। =जो पुरुष आत्महित

करनेके लिए कटिबद्ध होकर आत्महितके साथ कटु व कठोर वचन बोलकर परहित भी साधते हैं, वे जगत्में अतिशय दुर्लभ समझने चाहिए।

स. सि./१/३३/१४४ विरोध होता है तो होने दो। यहाँ तत्त्वकी मीमांसा की जा रही है। दवाई कुछ रोगीकी इच्छाका अनुकरण करनेवाली नहीं होती है। (दे आगम ३/४/३)

पु सि./उ. १०० हेतौ प्रमत्तयोगे निर्दिष्टे सकलवितथवचनानाम्। हेयानुष्ठानादेरनुवदन भवति नासत्यम् ।१००। =समस्त ही अनृत वचनोंका प्रमादसहित योग हेतु निर्दिष्ट होनेसे हेय उपादेयादि अनुष्ठानोंका कहना झूठ नहीं होता।

स म ३/१५/१६ ननु यदि च पारमेश्वरे वचसि तेषामविवेकातिरेकादरोचकता, तत्किमर्थं तान् प्रत्युपदेशक्लेश इति। नैवम्। परोपकारसारप्रवृत्तीनां महात्मना प्रतिपाद्यगता रुचिमरुचि वानपेक्ष्य हितोपदेशप्रवृत्तिदर्शनात्; तेषा हि परार्थस्यैव स्वार्थत्वेनाभिमतत्वात्, न च हितोपदेशादपर पारमार्थिक परार्थ। तथा चार्षम्—"रूसउ वा परो मा वा, विस वा परियत्तऊ। भासियव्वा हिया भासा सपक्खगुणकारिया॥" =प्रश्न—यदि अविवेककी प्रचुरतासे किसीको जिनेन्द्र भगवान्के वचनोंमें रुचि नहीं होती, तो आप उसे क्यों उपदेश देनेका परिश्रम उठाते हैं? उत्तर—यह बात नहीं है, परोपकार स्वभाववाले महात्मा पुरुष किसी पुरुषकी रुचि और अरुचिको न देखकर हितका उपदेश करते हैं। क्योंकि महात्मा लोग दूसरेके उपकारको ही अपना उपकार समझते हैं। हितका उपदेश देनेके समान दूसरा कोई पारमार्थिक उपकार नहीं है। ऋषियोंने कहा है—"उपदेश दिया जानेवाला पुरुष चाहे रोष करे, चाहे वह उपदेशको विषरूप समझे, परन्तु हितरूप वचन अवश्य कहने चाहिए।"

२. उपदेश श्रोताकी योग्यता व रुचिके अनुसार देना चाहिए

ध १/१,१,६६/३११/१ द्विरस्ति-शब्दोपादानमनर्थकमिति चेन्न, विस्तररुचिसत्त्वानुग्रहार्थत्वात्। संक्षेपरुचयो नानुग्रहीताश्चेन्न, विस्तररुचिसत्त्वानुग्रहस्य संक्षेपरुचिसत्त्वानुग्रहाविनाभावित्वात्। =प्रश्न सूत्रमें दो बार 'अस्ति' शब्दका ग्रहण निरर्थक है? उत्तर—नहीं, क्योंकि विस्तारसे समझनेकी रुचिवाले शिष्योंके अनुग्रहके लिए सूत्रमें दो बार 'अस्ति' पदका ग्रहण किया है। प्रश्न—तो इस सूत्रमें संक्षेपसे समझनेकी रुचि रखनेवाले शिष्य अनुगृहीत नहीं किये गये? उत्तर—नहीं, क्योंकि, संक्षेपसे समझनेकी रुचि रखनेवाले जीवोंका अनुग्रह विस्तारसे समझनेकी रुचि रखनेवाले जीवोंके अनुग्रहका अविनाभावी है। अर्थात् विस्तारसे कथन कर देनेपर संक्षेपरुचि शिष्योंका काम चल ही जाता है। (ध १/१,१,५/१५३/७ तथा अन्यत्र भी अनेकों स्थलों पर)

म पु १/१३७ इति धर्मकथाङ्गत्वादर्थाक्षिप्ता चतुष्टयीम्। कथा यथार्हं श्रोतृभ्य, कथक' प्रतिपादयेत् ।१३७। इस प्रकार धर्मकथाके अङ्गभूत आक्षेपिणी विक्षेपिणी' संवेदिनी और निर्वेदिनी रूप चार कथाओंको विचारकर श्रोताकी योग्यतानुसार वक्ताको कथन करना चाहिए।

न्या दी. ३/§३६ वीतरागकथायां तु प्रतिपाद्यानुशयापेक्षेण प्रतिज्ञाहेतू द्वावयवौ, प्रतिज्ञाहेतूदाहरणानि त्रय; प्रतिज्ञाहेतूदाहरणोपनयाश्चत्वार, प्रतिज्ञाहेतूदाहरणोपनयनिगमनानि वा पञ्चेति यथायोगप्रयोगपरिपाटी। तदुक्तं कुमारनन्दिभट्टारकै—"प्रयोगपरिपाटी प्रतिपाद्यानुरोधत:। =वीतराग कथामें तो शिष्योंके आशयानुसार प्रतिज्ञा और हेतु ये दो भी अवयव होते हैं, प्रतिज्ञा, हेतु और उदाहरण ये तीन भी होते हैं, प्रतिज्ञा हेतु उदाहरण और उपनय ये चार भी होते हैं, प्रतिज्ञा हेतु,उदाहरण, उपनय और निगमन ये पाँच भी होते हैं। इस तरह यथायोग्य रूपसे प्रयोगकी यह व्यवस्था है। इसी बातको श्री कुमारनन्दि भट्टारकने 'वादन्याय' में कहा है—

प्रयोगोंके बोलनेकी यह व्यवस्था प्रतिपाद्यों (श्रोताओं) के अभिप्रायानुसार करनी चाहिए। जो जितने अवयवोंसे समझ सके उतने अवयवोंका प्रयोग करना चाहिए।

३. ज्ञान अपात्रको नहीं देना चाहिए

कुरल ७२/४,६,१० ज्ञानचर्चा तु कर्त्तव्या विदुषामेव संसदि। मौर्ख्ये च दृष्टिमाधाय वक्तव्यं मूर्खमण्डले ।४। व्याख्यानेन यशोलिप्सो श्रुत्वेद स्वात्मधार्यताम्। विस्मृत्याग्रे न वक्तव्य व्याख्यानं हतचेतसाम् ।६। विरुद्धाना पुरस्तात्तु भाषण विद्यते तथा। मालिन्यदूषिते देशे यथा पीयूषपातनम् ।१०। =बुद्धिमान् और विद्वान् लोगोंकी सभामें ही ज्ञान और विद्वत्ताकी चर्चा करो, किन्तु मूर्खोंको उनकी मूर्खताका ध्यान रखकर ही उत्तर दो ।४। ऐ वक्तृता में विद्वानोंको प्रसन्न करनेकी इच्छावाले लोगो। देखो, कभी भूलकर भी मूर्खोंके सामने व्याख्यान न देना ।६। अपनेसे मतभेद रखनेवाले व्यक्तियोंके समक्ष भाषण करना ठीक उसी प्रकार है जिस प्रकार अमृतको मलिन स्थानपर डाल देना ।१०।

स श. ५८ अज्ञापित न जानन्ति यथा मा ज्ञापितं तथा। मूढात्मानस्ततस्तेषा वृथा मे ज्ञापनश्रम ।५८। =स्वात्मानुभवमग्न अन्तरात्मा विचारता है, कि जैसे ये मूर्ख अज्ञानी जीव बिना बताये हुए मेरे आत्मस्वरूपको नहीं जानते है, वैसे ही बतलाये जानेपर भी नहीं जानते है। इस लिए उन मूढ पुरुषोंको मेरा बतलानेका परिश्रम व्यर्थ है—निष्फल है। प्रायो मूर्खस्य कोपाय सन्मार्गस्योपदेशनम्। निर्लूननासिकस्येव विशुद्धादर्शदर्शनम्। =प्राय करके सन्मार्गका उपदेश मूर्खजनोंके लिए कोपका कारण होता है। जिस प्रकार कि नकटे व्यक्तिको यदि दर्पण दिखाया जाये तो उसे क्रोध आता है।

ध. १/१,१,१/६२-६३/६८ सेलघण भग्गघड-अहिचालणि-महिसावि-जाहय-सुएहि। मट्टिय-मसय-समाण वक्खाणइ जो सुदं मोहा ।६२। धद-गारवपडिबद्धो विसयामिस-विस-वसेण-घुम्मंतो। सो भट्ठबोहिलाहो भमइ चिर भववणे मूढो ।६३। =शैलघन, भग्नघट, सर्प, चालनी, महिष, मेढा, जोंक, शुक, माटी और मशक (मच्छर) के समान श्रोताओंको (देखो 'श्रोता') जो मोहसे श्रुतका व्याख्यान करता है, वह मूढ रसगारवके आधीन होकर विषयोंकी लोलुपतारूपी विषके वशसे मूर्च्छित हो, बोधि अर्थात् रत्नत्रयकी प्राप्तिसे भ्रष्ट होकर भव वनमें चिरकाल तक परिभ्रमण करता है ।६२-६३।

ध १२/४,२,१३,६६/४/४१४ बुद्धिविहीने श्रोतरि वक्तृत्वमनर्थकं भवति पुसाम्। नेत्रविहीने भर्त्तरि विलासलावण्यवस्त्रीणाम् ।४। =जिस प्रकार पतिके अन्धे होनेपर स्त्रियोंका विलास व सुन्दरता व्यर्थ (निष्फल) है, उसी प्रकार श्रोताके मूर्ख होनेपर पुरुषोंका वक्तापना भी व्यर्थ है ।४।

ध १/१,१,१/७०/१ इदि वयणादो जहाछंदाईणं विज्जादाणं संसार-भयबद्धणमिदि चिंतिऊण धरसेणभयवदा पुणरवि ताण परिक्खा कादुमाढत्ता। ='यथाच्छन्द श्रोताओंको विद्या देना संसार और भयका ही बढानेवाला है' ऐसा विचार कर ही धरसेन भट्टारकने उन आये हुए दो साधुओंकी फिरसे परीक्षा लेनेका निश्चय किया।

क.पा १/१,११-१२/§१३८/१७१/४ 'सुण' यद (इदि) सिस्ससंभालणवयणं अपडिबद्धस्स सिस्सस्स वक्खाण णिरत्थयमिदि जाणावणट्ठं भणिदं। ='नासमझ शिष्योंको व्याख्यान करना निरर्थक है' यह बात बतलानेके लिए ही सूत्रमें 'सुनो' इस पदका ग्रहण किया गया है।

अ.ग श्रा ८/२४ अयोग्यस्य वचो जैनं जायतेऽनर्थहेतवे। यतस्तत' प्रयत्नेन मृग्यो योग्यो मनीषिभि ।२५। =अयोग्य पुरुषके जिनेन्द्रका वचन अनर्थनिमित्त होता है, इसलिए पण्डितोंको योग्य पुरुषोंकी खोज करनी चाहिए।

अन.ध १/१३,१७,२० बहुशोऽप्युपदेश स्यान्न मन्दस्यार्थसंविदे। भवति ह्यन्धपाषाण' केनोपायेन काञ्चनम् ।१३। अव्युत्पन्नमनुप्रविश्य

तदभिप्रायं प्रलोभ्यापाण्यलं, कारुण्यात्प्रतिपादयन्ति सुधियो सदा शर्मदम्। सन्दिग्ध पुनरन्तमेत्य विनयात्पृच्छन्तमिच्छावशान्न व्युत्पन्नविपर्ययाकुलमनो व्युत्पत्त्यनर्थित्वत ।१७। यो यद्विजानाति स तत्र शिष्यो यो वा तद्वेष्टि स तत्र लभ्य। को दीपयेद्भास्वनिधि हि दोषै क पूरयेद्वाम्बुनिधि पयोभि ।२०। =मिथ्यात्वसे ग्रस्त व्यक्तिको बार-बार भी उपदेश दिया जाये पर उसे तत्त्वका समीचीन ज्ञान नहीं होता। क्या अन्धपाषाण भी किसी उपायसे स्वर्ण हो सकता है ।१३। अव्युत्पन्न श्रोताओके अभिप्रायको जानकर आचार्य करुणा बुद्धिसे उन्हे धर्मके फलका लालच देकर भी कल्याणकारी धर्मका उपदेश दिया करते है। इसी प्रकार जो व्यक्ति सदिग्ध है वे यदि विनयपूर्वक आकर पूछें तो उन्हे भी धर्मका उपदेश विशेष रूपसे देते है। किन्तु जो व्यक्ति व्युत्पन्न है, परन्तु विपरीत व दुष्ट-बुद्धिके कारण विपरीत तत्त्वोमें दुराग्रह करते है, उनको धर्मका उपदेश नही करते है ।१७। जो जिस विषयको जानता है अथवा जो जिस वस्तुको नहीं चाहता है उसे उस विषय या वस्तुका प्रतिपादन नहीं करना चाहिए। क्योकि कौन ऐसा है जो सूर्यको दीपकसे प्रकाशित करे अथवा समुद्रको जलसे भरे ।२०।

४. कैसे जीवको कैसा उपदेश देना चाहिए

भ.आ./मू. ६५५,६८६ आक्खेवणी य संवेगणी य णिव्वेयणी य खवयस्स। पावोग्गा होंति कहा ण कहा विक्खेवणी जोग्गा ।६५५। भत्तादोणं भत्तो गोदत्थेहि विण तत्थ कायव्वा। ।६८६।=आक्षेपणी, विक्षेपणी, सवेदनी और निर्वेदनी, ऐसे कथाके चार भेद है। इन कथाओमें आक्षेपणी, सवेदनी और निर्वेदनी कथाएँ क्षपकको सुनाना योग्य है। उसे विक्षेपणी कथाका निरूपण करना हितकर न होगा ।६५५। आगमार्थको जाननेवाले मुनियोको क्षपकके पास भोजन वगैरह कथाओका वर्णन करना योग्य नही ।६८६।

ध १/१,१,२/१०६/३ एत्थ विक्खेवणी णाम कहा जिणवयणमयाणतस्स ण कहेयव्वा, अगाहिदससमय-सब्भावा पर-समय सकहाहि वाउलिद-चित्तो मा मिच्छत्त गच्छेज्ज त्ति तेण तस्स विक्खेवणी मोत्तूण सेसाओ तिण्णि वि कहाओ कहेयव्वाओ। तदो गहिदसमयस्स जिणवयणणिव्विदिगिच्छस्स भोगरइविरदस्स तवसीलणियमजुत्तस्स पच्छा विक्खेवणी कहा कहेयव्वा। एसा अकहा वि पण्णवयतस्स परुवयतस्स तदा कहा होदि। तम्हा पुरिसंतर पप्पसमणेण कहा कहेयव्वा। =इन कथाओंका प्रतिपादन करते समय जो जिन-वचनको नहीं जानता, ऐसे पुरुषको विक्षेपणी कथाका उपदेश नहीं करना चाहिए, क्योकि जिसने स्वसमयके रहस्यको नहीं जाना है, और पर-समयकी प्रतिपादन करनेवाली कथाओके सुननेसे व्याकुलित चित्त होकर वह मिथ्यात्वको स्वीकार न कर लेवे, इसलिए उसे विक्षेपणीको छोड़कर शेष तीन कथाओका उपदेश देना चाहिए। उक्त तीन कथाओ द्वारा जिसने स्वसमयको भली-भाँति समझ लिया है, जो जिन-शासनमें अनुरक्त है, जिन-वचनमें जिसको किसी प्रकारकी विचिकित्सा नहीं रही है, जो भोग और रतिसे विरक्त है, और जो तप, शील और नियमसे युक्त है, ऐसे पुरुषको ही पश्चात् विक्षेपणी कथाका उपदेश देना चाहिए। प्ररूपण करके उत्तम रूपसे ज्ञान करानेवालेके लिए यह अकथा भी तब कथारूप हो जाती है। इसलिए योग्य पुरुषोको प्राप्त करके ही साधुओंको उपदेश देना चाहिए।

मो.मा.प्र. ८/४३६/१६ "आपकै व्यवहारका आधिक्य होय तौ निश्चय पोषक उपदेशका ग्रहणकरि यथावत्, प्रवर्त्तै, अर आपकै निश्चयका आधिक्य होय तौ व्यवहारपोषक उपदेशका ग्रहणकरि यथावत् प्रवर्त्तै।"

५. किस अवसरपर कैसा उपदेश करना चाहिए

म.पु.१/१३५-१३६ आक्षेपिणीं कथां कुर्यात्प्राज्ञः स्वमतसग्रहे। विक्षेपिणी कथां तज्ज्ञः कुर्याद्दुर्मतनिग्रहे ।१३५। संवेदिनीं कथां पुण्यफलसंपत्प्रपञ्चने। निर्वेदिनीं कथां कुर्याद्वैराग्यजनन प्रति ।१३६। =बुद्धिमान वक्ताको चाहिए कि वह अपने मतकी स्थापना करते समय आक्षेपणी कथा कहे, मिथ्यात्वमतका खण्डन करते समय विक्षेपणी कथा कहे, पुण्यके फलस्वरूप विभूति आदिका वर्णन करते समय संवेदिनी कथा कहे तथा वैराग्य उत्पादनके समय निर्वेदिनी कथा कहे।

४. उपदेश प्रवृत्तिका माहात्म्य

१ हितोपदेश सबसे बड़ा उपकार है

स.म ३/१५/२२ न च हितोपदेशादपर पारमार्थिक परार्थ। =हितका उपदेश देनेके बराबर दूसरा कोई पारमार्थिक उपकार नही है।

२. उपदेशसे श्रोताका हित हो न हो पर वक्ताका हित तो होता ही है

स.म ३/१५/२५ में उद्धृत—"उवाच च वाचकमुख्य —"न भवति धर्म श्रोतु सर्वस्यैकान्ततो हितश्रवणात्। ब्रुवतोऽनुग्रहबुद्धया वक्तुस्त्वेकान्ततो भवति।" =उमास्वामी वाचकमुख्यने भी कहा है—सभी उपदेश सुननेवालोको पुण्य नही होता है परन्तु अनुग्रह बुद्धिसे हितका उपदेश करनेवालेको निश्चय ही पुण्य होता है।

३. अतः परोपकारार्थ हितोपदेश करना इष्ट है

भ आ वि /१११/२५८/६ श्रेयोर्थिना हि जिनशासनवत्सलेन कर्तव्य एव नियमेन हितोपदेश, इत्याज्ञा सर्वविदा सा परिपालिता भवतीति शेषा। =जिनमतपर प्रीति रखनेवाले मोक्षेच्छु मुनियोको नियमसे हितोपदेश करना चाहिए ऐसी श्री जिनेश्वरकी आज्ञा है। उसका पालन धर्मोपदेश देनेसे होता है। (और भी दे उपकार ६)

४. उपदेशका फल

भ आ./मू १११ आदपरसमुद्धारो आणा वच्छल्लदीवणा भत्ती। होदि परदेसगत्ते अव्वोच्छित्ति य तित्थस्स ।१११। =स्वाध्याय भावनामें आसक्त मुनि परोपदेश देकर आगे लिखे हुए गुणगणोको प्राप्त कर लेते है।—आत्मपर समुद्धार, जिनेश्वरकी आज्ञाका पालन, वात्सल्य प्रभावना, जिन वचनमे भक्ति, तथा तीर्थकी अव्युच्छित्ति।

स सि. १/८/३०/३ सर्वसत्त्वानुग्रहार्थो हि सता प्रयास। =सज्जनोका प्रयास सब जीवोका उपकार करनेका है।

ध १३/५,५,५०/२८६/३ किमर्थं सर्वकालं व्याख्यायते। श्रोतुर्व्याख्यातुश्च असंख्यातगुणश्रेण्या कर्मनिर्जरणहेतुत्वात्। =प्रश्न—इसका (प्रवचनीयका) सर्व काल किस लिए व्याख्यान करते है? उत्तर—क्योंकि वह व्याख्याता और श्रोताके असंख्यातगुणश्रेणी रूपसे होनेवाली कर्मनिर्जराका कारण है।

५. उपदेशप्राप्तिका प्रयोजन

प्र सा /मू ८८ जो मोह रागदोसे णिहणदि जोण्हमुवदेसं। सो सव्वदुक्खमोक्खं पावदि अचिरेण कालेण ।८८। =जो जिनेन्द्रके उपदेशको प्राप्त करके मोह राग द्वेषको हनता है वह अल्पकालमें सर्व दु खोसे मुक्त हो जाता है।

भा पा./पं. जयचन्द१६५/पृ २७५/२२ वीतराग उपदेशकी प्राप्ति होय, अर ताका श्रद्धान रुचि प्रतीति आचरण करै, तब अपना अर परका भेदज्ञानकरि शुद्ध अशुद्ध भावका स्वरूप जाणि अपना हित अहितका श्रद्धान रुचि प्रतीति आचरण होय, तब शुद्ध दर्शन ज्ञानमयी शुद्ध चेतना परिणामकूं तौ हित जानै, ताका फल ससार निवृत्ति ताकूं जानै, अर अशुद्ध भावका फल ससार है, ताकूं जानै, तब शुद्ध भावका अङ्गीकार अर अशुद्ध भावके त्यागका उपाय करै।

उपधातु—औदारिक शरीरमें धातु-उपधातुका निर्देश व प्रमाण। —दे. औदारिक १।

उपधान—मू. आ २८२ आयंबिल णिव्वियडी अण्णं वा होदि जस्स कादव्वं। त तस्स करेमाणो उपहाणजुदो हवदि एसो ।२८२।

=आचाम्ल आहार (काजी) निर्विकृति आहार (नीरस), तथा और भी जिस शास्त्रके योग्य जो क्रिया कही हो उसका नियम करना, वह उपधान है। उससे भी शास्त्रका आदर होता है।

भ. आ./वि ११३/२६१/१ उपहाणे अवग्रह। यावदिदमनुयोगद्वार निष्ठामुपैति तावदिद मया न भोक्तव्य, इद अनशन चतुर्थ षष्ठादिक करिष्यामीति सकल्प। स च कर्म व्यपनयतीति विनय।=विशेष नियम धारण करना। जब तक अनुयोगका प्रकरण समाप्त होगा तब तक मैं उपवास करूँगा, अथवा दो उपवास करूँगा, यह पदार्थ नहीं खाऊँगा या भोगूँगा, इस तरहसे सकल्प करना उपधान है। यह विनय अशुभ कर्मको दूर करता है।

उपधि—१ परिग्रहके अर्थमे उपधिका लक्षण

रा वा ६/२६/२/६२४ योऽर्थोऽन्यस्य बलाधानार्थमुपधीयते स उपधिरित्युच्यते। =जो पदार्थ अन्यके बलाधानके लिए अर्थात् अन्यके निमित्त ग्रहण किये जाते हो वे उपधि है।

ध १२/४,२,८,१०/२८५/६ उपेत्य क्रोधादयो धीयन्ते अस्मिन्निति उपधि। क्रोधाद्युत्पत्तिनिबन्धनो बाह्यार्थ उपधि। =आकरके क्रोधादि जहाँ पर पुष्ट होते है उसका नाम उपधि है। इस व्युत्पत्तिके अनुसार क्रोधादि परिणामोकी उत्पत्तिने निमित्तभूत बाह्यपदार्थको उपधि कहा गया है।

२. परिग्रह रूप उपधिके भेद व लक्षण

स सि ६/२६/४४३/१० स द्विविध—बाह्योपधित्यागोऽभ्यन्तरोपधित्यागश्चेति। अनुपात्त वास्तुधनधान्यादि बाह्योपधि। क्रोधादिरात्मभावोऽभ्यन्तरोपधि। कायत्यागश्च नियतकाला यावज्जीव वाभ्यन्तरोपधित्याग इत्युच्यते। =वह (व्युत्सर्ग या त्याग) दो प्रकारका है—बाह्योपधि त्याग और अभ्यन्तर उपधि त्याग। आत्मासे एकत्वको नहीं प्राप्त हुए ऐसे वास्तु, धन, धान्य आदि बाह्य उपधि है और क्रोधादिरूप आत्मभाव अभ्यन्तर उपधि है तथा नियत काल तक या यावज्जीवन तक कायका त्याग करना भी अभ्यन्तर उपधि त्याग कहा है। (रा. वा ६/२६/३-५/६२४), (त सा ७/२६), (चा सा.१५४/१), (अन ध ७/६८/७२२); (भा. पा /टी ७८/२२५/१६)

३ अन्य सम्बंधित विषय

★ **मायाका एक भेद है**—दे. माया २।

★ **परिग्रह सम्बन्धी विषय**—दे. परिग्रह।

★ **साधु योग्य उपधि**—दे परिग्रह १।

★ **योग्यायोग्य उपधिका विधि निषेध**—दे. अपवाद ४।

उपधि वाक्—दे. वचन।

उपनय—न्या सू./मू १/१/३८ उदाहरणापेक्षस्तथेत्युपसहारो न तथेति वा साध्यस्योपनय ।३८। =उदाहरणकी अपेक्षा करके 'तथा इति' अर्थात् जैसा उदाहरण है वैसा ही यह भी है, इस प्रकार उपसहार करना उपनय है। अथवा यदि उदाहरण व्यतिरेकी है तो—जैसे इस उदाहरणमें नहीं है उसी प्रकार यह भी नहीं है, इस प्रकार उपसहार करना उपनय है। तात्पर्य यह कि जहाँ वैधर्म्यका दृष्टान्त होगा वहा 'न तथा' ऐसा उपनय होगा और जहाँ साधर्म्यका उदाहरण होगा वहाँ 'तथा' ऐसा उपनय होगा।

न्या सू./भा १/१/३८/३८साधनभूतस्य धर्मस्य साध्येन धर्मेण सामानाधिकरण्योपपादनमुपनयार्थ'। =साधनभूतका साध्यधर्मके साथ समान अधिकरण (एक आश्रयपना) होनेका प्रतिपादन करना उपनय है।

प मु. ३/५० हेतोरुपसहार उपनय ।५०। =व्याप्तिपूर्वक धर्मीमें हेतुकी निस्संशय मौजूदगी बतलाना उपनय है यथा (उसी प्रकार यह भी धूमवान् है) ऐसा कहना।

न्या दी ३/§३२,७२ दृष्टान्तापेक्षया पक्षे हेतोरुपसहारवचनमुपनय। तथा चार्य धूमवानिति ।३२। साधनवत्तया पक्षस्य दृष्टान्तसाम्यकथनमुपनय। यथा चाय धूमवानिति ।७२। =दृष्टान्तकी अपेक्षा लेकर पक्षमें हेतुके दोहरानेको उपनय कहते है। जैसे—'इसलिए यह पर्वत भी धूमवाला है' ऐसा कहना—अथवा साधनवान रूपसे पक्षकी दृष्टान्तके साथ साम्यताका कथन करना उपनय है। जैसे इसीलिए यह धूम वाला है।

★ **उपनय नामक नय**—दे नय V/४।

उपनयाभास—न्या दी /३/§७२ अनयोर्व्यत्ययेन कथनमनयोराभास। =इन दोनो उपनय व निगमनका अयथाक्रममे कथन करना उपनयाभास और निगमन भास है। अर्थात् उपनयकी जगह निगमन और निगमनकी जगह उपनयका कथन करना इन दोनोका आभास है।

उपनय ब्रह्मचारी—दे. ब्रह्मचारी।

उपनीति—सस्कार सम्बन्धी एक गर्भान्वय क्रिया—दे संस्कार २।

उपन्यास—न्या. वि /वृ. १/४१/२६२/२४ उपन्यासो दृष्टान्तः। =उपन्यास अर्थात् दृष्टान्त।

उपपत्तिसमा—न्या सू /मू व भाष्य ५/१/२५ उभयकारणोपपत्तेरुपपत्तिसम ।२५। यद्यनित्यत्वकारणमुपपद्यते शब्दस्येत्यनित्य शब्दो नित्यत्वकारणमप्युपपद्यतेऽस्यास्पर्शत्वमिति नित्यत्वमप्युपपद्यते। (उभयस्यानित्यत्वस्य नित्यत्वस्य च) कारणोपपत्त्या प्रत्यवस्थानमुपपत्तिसम'। =पक्ष व विपक्ष दोनो ही कारणोकी, वादी और प्रतिवादियोके यहाँ सिद्धि हो जानी उपपत्तिसमा जाति है। प्रतिवादी कह देता है कि जैसे तुझ वादीके पक्षमे अनित्यत्वपनेका प्रमाण विद्यमान है तिसी प्रकार मेरे पक्षमें भी नित्यत्वपनेका अस्पर्शत्व प्रमाण विद्यमान है। वर्त जानेसे यदि शब्दमे अनित्यत्वकी सिद्धि कर दोगे तो दूसरे प्रकार अस्पर्शत्व हेतुसे शब्द नित्य भी क्यो नहीं सिद्ध हो जायेगा? अर्थात् होवेगा ही। (श्लो. वा. ४/न्या ४०८/५२१)

उपपाद—स. सि २/३१/१८७/५ उपेत्य पद्यतेऽस्मिन्निति उपपाद। देवनारकोत्पत्तिस्थानविशेषसज्ञा। =प्राप्त होकर जिसमे जीव हलन-चलन करता है उसे उपपाद कहते है। 'उपपाद' यह देव नारकियोके उत्पत्तिस्थान विशेषकी सज्ञा है। (रा. वा.२/३१/४/१४०/२६)

गो जी /जी प्र ८३/२०५/१ उपपदनं संपुटशय्योष्ट्रमुखाकारादिषु लघुनान्तर्मुहूर्तेनैव जीवस्य जननम् उपपाद.। उपपदन कहिए संपुटशय्या वा उष्ट्रादि मुखाकार योनि विषै लघु अन्तर्मुहूर्त कालकरि ही जीवका उपजना सो उपपाद कहिए।

ति. प /२/८ विशेषार्थ "विवक्षित भवके प्रथम समयमे होनेवाली पर्यायकी प्राप्तिको उपपाद कहते है।"

२. उपपादके भेद

ध ७/२,६,१/३००/३ उववादो दुविहो—उजुगदिपुव्वओ विग्गहगदिपुव्वओ चेदि। तत्थ एक्केक्को दुविहो—मारणांतियसमुग्घादपुव्वओ तव्विवरीदओ चेदि। =उपपाद दो प्रकार है—ऋजुगतिपूर्वक और विग्रहगतिपूर्वक। इनमें प्रत्येक मारणान्तिकसमुद्घातपूर्वक और तद्विपरीतके भेदसे दो-दो प्रकार है।

★ **उपपादज जन्म सम्बन्धी अन्य विषय**—दे. जन्म २।

उपपाद क्षेत्र—दे क्षेत्र १।

उपपाद गृह—त्रि. सा /मू. ५२३ पासे उववादिगह हरिस्स अडवास दोहरुदयजुदं। दुगरयणसयणमज्झं वरजिणगेहं च बहुकूडं। =तिह मानस्तम्भके पासि आठ योजन चौड़ा इतना ही लम्बा ऊँचा

उपपादगृह है। बहुरि तीह उपपादग्रहविषै दोय रत्नमई शय्या पाईए है। इहां इन्द्रका जन्मस्थान है। बहुरि इस उपपादगृहकै पासि बहुत शिखरनिकरि संयुक्त जिनमन्दिर है।

उपपाद योगस्थान—दे योग ५।

उपबृंहण—दे उपगूहन।

उपभोग—दे. भोग।

उपमान—न्या /सू./मू. व भाष्य १/१/६ प्रसिद्धसाधर्म्यात्साध्यसाधन मुपमानम् ।६। प्रज्ञातेन सामान्यात्प्रज्ञापनीयस्य प्रज्ञापनमुपमानमिति। यथा गौरेवं गवय इति।—प्रसिद्ध पदार्थ की तुल्यतासे साध्यके साधनको उपमान कहते हैं। प्रज्ञातके द्वारा सामान्य होनेसे प्रज्ञापनीयका प्रज्ञापन करना उपमान है जैसे 'गौ की भाँति गवय होता है' ऐसे कहकर 'गवय'का रूप समझाना। (न्या.वि /मू ३/८५/३६१),(रा वा - १/२०/१५/७८/१७)

२ उपमान प्रमाणका श्रुतज्ञानमें अन्तर्भाव

रा वा १/२०/१५/७८/१८ इत्युपमानमपि स्वपरप्रतिपत्तिविषयत्वादक्षरानक्षरश्रुते अन्तर्भवति। —क्योंकि इसके द्वारा स्व व परकी प्रतिपत्ति हो जाती है। इसलिए इसका अक्षर व अनक्षर श्रुतज्ञानमें अन्तर्भाव हो जाता है।

उपमा प्रमाण—दे प्रमाण ५।

उपमा मान—(ज. प./प्र १०५) Similar Measure

उपमा सत्य—दे सत्य १।

उपमिति भवप्रपञ्च कथा—वि ९६२में श्वेताम्बराचार्य सिद्धर्षि-द्वारा रचित एक ग्रन्थ। (जै /१/४३२)।

उपयुक्त—वसतिकाका एक दोष—दे. वसतिका।

उपयोग—चेतनाकी परिणति विशेषका नाम उपयोग है। चेतना सामान्य गुण है और ज्ञान दर्शन ये दो इसकी पर्याय या अवस्थाएँ है। इन्हींको उपयोग कहते है। तिनमें दर्शन तो अन्तर्चितप्रकाशका सामान्य प्रतिभास है जो निर्विकल्प होनेके कारण वचनातीत व केवल अनुभवगम्य है। और ज्ञान बाह्य पदार्थोंके विशेष प्रतिभासको कहते है। सविकल्प होनेके कारण व्याख्येय है। इन दोनों ही उपयोगोंके अनेकों भेद-प्रभेद है। यही उपयोग जब बाहरमें शुभ या अशुभ पदार्थोंका आश्रय करता है तो शुभ अशुभ विकल्पों रूप हो जाता है और जब केवल अन्तरात्माका आश्रय करता है तो निर्विकल्प होनेके कारण शुद्ध कहलाता है। शुभ अशुभ उपयोग ससारका कारण है अत परमार्थसे हेय है और शुद्धोपयोग मोक्ष व आनन्दका कारण है, इसलिए उपादेय है।

I ज्ञानदर्शन उपयोग

१. भेद व लक्षण

१ उपयोग सामान्यका लक्षण
२ उपयोग भावनाका लक्षण
३ उपयोगके ज्ञानदर्शनादि भेद
४ उपयोगके वाचना पृच्छना आदि भेद
५ उपयोगके स्वभाव विभावरूप भेद व लक्षण
★ ज्ञान व दर्शन उपयोग विशेष—दे वह वह नाम
★ साकार अनाकार उपयोग—दे. आकार

२ उपयोग व लब्धि निर्देश

★ प्रत्येक उपयोगके साथ नये मनकी उत्पत्ति—दे. मन १
१ उपयोग व ज्ञानदर्शन मार्गणामे अन्तर
२ उपयोग व लब्धिमे अन्तर
३ लब्धि तो निर्विकल्प होती है।
★ एक समयमे एक ही उपयोग सम्भव है—दे उपयोग I २/२
४ उपयोगके अस्तित्वमे भी लब्धिका अभाव नही हो जाता
★ उपयोग व इन्द्रिय—दे इन्द्रिय
★ केवली भगवान्‌मे उपयोग सम्बन्धी—दे केवली ६
★ ज्ञान दर्शनोपयोगके स्वामित्व सम्बन्धी गुण-स्थान, मार्गणास्थान, जीव समास आदि २० प्ररूपणाएँ—दे. सत

II शुद्ध व अशुद्धादि उपयोग

१ शुद्धाशुद्ध उपयोग सामान्य निर्देश

१ उपयोगके शुद्ध अशुद्ध आदि भेद
२ ज्ञान दर्शनोपयोग व शुद्धाशुद्ध उपयोगमे अन्तर
★ शुद्ध व अशुद्ध उपयोगोका स्वामित्व—दे. उपयोग II/४/५

२ शुद्धोपयोग निर्देश

१ शुद्धोपयोगका लक्षण
२ शुद्धोपयोग व्यपदेश मे हेतु
★ शुद्धपयोगका स्वामित्व—दे उपयोग II/४/५
३ शुद्धोपयोग साक्षात् मोक्षका कारण है
४ शुद्धोपयोग सहित ही शुभोपयोग कार्यकारी है
★ धर्ममे शुद्धपयोगकी प्रधानता—दे धर्म ३
★ अल्प भूमिकाओमे भी कथचित् शुद्धोपयोग—दे अनुभव ५
★ लौकिक कार्य करते भी सम्यग्दृष्टिको ज्ञान चेतनाका सद्भाव—दे सम्यग्दृष्टि २
★ एक शुद्धपयोगमे ही संवरपनाकैसे है—दे सवर २
★ शुद्धोपयोगके अपर नाम—दे. मोक्षमार्ग २/५

३ मिश्रोपयोग निर्देश

१ मिश्रोपयोगका लक्षण
★ मिश्रोपयोगके अस्तित्व सम्बन्धी शंका—दे अनुभव ५/८
२ जितना रागाश है उतना बन्ध है और जितना वीतरागाश है उतना संवर है
३ मिश्रोपयोग बतानेका प्रयोजन

४ शुभ व अशुभ उपयोग निर्देश

१ शुभोपयोगका लक्षण
२ अशुभोपयोगका लक्षण
३ शुभ व अशुभ दोनो अशुद्धोपयोगके भेद है

४ शुभोपयोग पुण्य है और अशुभोपयोग पाप
* शुभ व विशुद्धमे अन्तर—दे. विशुद्धि
५ शुभ व अशुभ उपयोगोका स्वामित्व
६ व्यवहार धर्म अशुद्धोपयोग है
७ व्यवहार धर्म शुभोपयोग तथा पुण्यका नाम है
८ शुभोपयोगरूप व्यवहारको धर्म कहना रूढि है
९ वास्तवमे धर्म शुभोपयागसे अन्य है
* अशुद्धोपयोग हेय है—दे पुण्य २/६
* अशुद्धोपयोगकी मुख्यता गौणता विषयक चर्चा —दे. धर्म ३-७
* शुभोपयोग साधुको गौण और गृहस्थकोप्रधान होता है —दे. धर्म ६
* साधुके लिए शुभपयोगकी सीमा—दे सयत ३
* ज्ञानोपयोगमे ही उत्कृष्ट सक्लेश या विशुद्ध परिणाम सम्भव है, दर्शनोपयोगमे नही—दे. विशुद्धि

I ज्ञान दर्शन उपयोग—

१. भेद व लक्षण

१ उपयोग सामान्यका लक्षण

पं स/प्रा १/१७८ वत्थुणिमित्तो भावो जादो जीवस्स होदि उवओगो। ।१७८।=जीवका जो भाव वस्तुके ग्रहण करनेके लिए प्रवृत्त होता है, उसे उपयोग कहते है। (गो जी /मू ६७२), (प स/स. १/३३२)

स सि २/८/१६३/३ उभयनिमित्तवशादुत्पद्यमानश्चैतन्यानुविधायी परिणाम उपयोग ।=जो अन्तरग और बहिरग दोनो प्रकारके निमित्तोसे होता है और चैतन्यका अन्वयी है अर्थात् चैतन्यको छोडकर अन्यत्र नही रहता वह परिणाम उपयोग कहलाता है। (प्र. सा /त प्र १५५), (प का / त प्र १६), (स सा./ता.वृ १०), (नि.सा /ता.वृ १०)

रा वा २/१८/१-२/१३०/२४ यत्सन्निधानादात्मा द्रव्येन्द्रियनिर्वृत्तिप्रति व्याप्रियते स ज्ञानावरणक्षयोपशमविशेषो लब्धिरिति विज्ञायते ।१। तदुक्त निमित्त प्रतीत्य उत्पद्यमान आत्मन परिणाम उपयोग इत्युपदिश्यते।=जिसके सन्निधानमे आत्मा द्रव्येन्द्रियोकी रचनाके प्रति व्यापार करता है ऐसे ज्ञानावरण कर्मके क्षयोपम विशेषको लब्धि कहते है। उस पूर्वोक्त निमित्त (लब्धि) के अवलम्बनसे उत्पन्न होनेवाले आत्माके परिणामको उपयोग कहते है। (स सि २/१८/१७६/३); (ध १/१,१ ३३/२३६/६), (त सा २/४५-४६) (गो. जी /जी-प्र १६५/३६१/४), (प का./ता वृ. ४०/८१)

रा वा १/१/३/५२ प्रणिधानम् उपयोग परिणाम इत्यनर्थान्तरम्। =प्रणिधान, उपयोग और परिणाम ये सब एकार्थवाची है।

ध २/१,१/४१३/६ स्वपरग्रहणपरिणाम उपयोग। =स्व व परको ग्रहण करनेवाले परिणामको उपयोग कहते है।

पं का /ता वृ ४०/८०/१२ आत्मनश्चैतन्यानुविधायिपरिणाम उपयोग चैतन्यमनुविधात्यन्वयरूपेण परिणमति अथवा पदार्थ परिच्छित्तिकाले घटोऽयं पटोऽयमित्यर्थ ग्रहणरूपेण व्यापारयति चैतन्यानुविधायि स्फुट द्विविध। =आत्माके चैतन्यानुविधायी परिणामका उपयोग कहते है जो चैतन्यकी आज्ञाके अनुसार चलता है योउसके अन्वयरूपसे परिणमन करता है उसे उपयोग कहते है। अथवा पदार्थ परिच्छित्तिके समय 'यह घट है, 'यह पट है' इस प्रकार अर्थ ग्रहण रूपसे व्यापार करता है वह चैतन्यका अनुविधायी है। वह दो प्रकारका है। (द्र. सं /टी ६/१८/६), (पं. का./ता.वृ ४३/८६/२

गो जी /जी प्र. २/२१/११ मार्गणोपायो ज्ञानदर्शनसामान्यमुपयोग। =मार्गणा जो अवलोकन ताका जो उपाय सो ज्ञानदर्शनका सामान्य भावरूप उपयोग है।

२. उपयोग भावनाका लक्षण

प का /ता वृ ४३/८६/२ मतिज्ञानावरणीयक्षयोपशमजनितार्थग्रहणशक्तिरूपलब्धिर्ज्ञातिरर्थे पुन पुनश्चिन्तनं भावना नीलमिद, पीतमिद इत्यादिरूपेणार्थग्रहणव्यापार उपयोग। =मतिज्ञानावरणके क्षयोपशमजनित अर्थग्रहणकी शक्तिरूप जो लब्धि उसके द्वारा जाने गये पदार्थमे पुन पुन चिन्तन करना भावना है। जैसे कि 'यह नील है', 'यह पीत है' इत्यादि रूप अर्थग्रहण करनेका व्यापार उपयोग है।

३ उपयोगके ज्ञानदर्शन आदि भेद

स सि २/९/१६३/७ स उपयोगो द्विविध—ज्ञानोपयोगो दर्शनोपयोगश्चेति। ज्ञानोपयोगोऽष्टभेद —मतिज्ञान श्रुतज्ञानमवधिज्ञानं मन.पर्ययज्ञान केवलज्ञान मत्यज्ञान श्रुताज्ञान विभङ्गज्ञान चेति। दर्शनोपयोगश्चतुर्विध —चक्षुर्दर्शनमचक्षुर्दर्शनमवधिदर्शन केवलदर्शनं चेति। तयो कथ भेद ? साकारानाकारभेदात्। साकार ज्ञानमनाकारं दर्शनमिति। =वह उपयोग दो प्रकारका है—ज्ञानोपयोग और दर्शनोपयोग। ज्ञानोपयोग आठ प्रकारका है—मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मन पर्ययज्ञान, केवलज्ञान, मत्यज्ञान, श्रुताज्ञान और विभगज्ञान। दर्शनपयोग चार प्रकारका है—चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन, अवधिदर्शन और केवलदर्शन। प्रश्न—इन दोनो उपयोगोमें किस कारण से भेद है ? उत्तर—साकार और अनाकार भेदसे इन दोनो उपयोगोमें भेद है। साकार ज्ञानोपयोग है और अनाकार दर्शनोपयोग। (नि. सा /मू. १०-१२), (प का /मू ४०), (त सू २/९), रा. वा. २/९/१,३/१२३,१२४), न च वृ १४, ११६), त सा २/४६), (द्र सं./मू. ४-५), (गो जी /मू ६७२-६७३)

४. उपयोगके वांचना पृच्छना आदि भेद

ष ख ९/४,१/सू ५५/२६२ (उत्थानिका—सपधि एदेसु जो उवजोगो तस्स भेदपरूवणट्ठमुत्तरसुत्तमागद।) जा तत्थ वायणा वा पुच्छणा वा पडिच्छणा वा परियट्टणा वा अणुपेक्खणा वा अत्थ-थुदि धम्मकहा वा जे चामण्णे एवमादिया। =इन आगम निक्षेपोमे जो उपयोग है उसके भेदोकी प्ररूपणाके लिए उत्तर सूत्र प्राप्त होता है—उन नौ आगमोमे जो वाचना, पृच्छना, प्रतीच्छना, परिवर्तना, अनुप्रेक्षणा, स्तव, स्तुति, धर्मकथा, तथा और भी इनको आदि लेकर जो अन्य है वे उपयोग है। (ष. ख १३/५,५/सू १३/२०३)

५. उपयोगके स्वभाव विभाव रूप भेद व लक्षण

नि सा /मू १०-१४ जीवो उवओगमओ उवओगो णाणदंसणो होइ। णाणुवओगो दुविहो सहावणाण विभावणाण त्ति।१०। केवलमिंदियरहिय असहाय त सहावणाण त्ति। सण्णादिरहियत्ते विहावणाण हवे दुविह।११। मण्णाण चउभेय मदिसुदओही तहेव मणपज्ज। अण्णाण तिण्णियप्प मदियादि भेददो चेव।१२। सह वसणउवओगो ससहावेदरवियप्पदो दुविहो। केवलमिंदियरहिय असहायं त सहावमिदि भणिद।१३। चक्खु-अचक्खू ओही तिण्ण वि भणिद विभावदिच्छित्ति।१४।

नि सा /ता वृ. १०,१३ स्वभावज्ञानम् कार्यकारणरूपेण द्विविधं भवति। कार्यं तावत् सकलविमलकेवलज्ञानम्। तस्य कारणं परमपारिणामिकभावस्थितत्रिकालनिरुपाधिरूप सहजज्ञान स्यात्।१०। स्वभावोऽपि द्विविध, कारणस्वभाव कार्यस्वभावश्चेति। तत्र कारण दृष्टि सदापावनरूपस्य औदयिकादिचतुर्णा विभावस्वभावपरभावानामगोचरस्य सहजपरमपारिणामिकभावस्वभावस्य कारणसमयसारस्वरूपस्य·· खलु

स्वरूपश्रद्धानमात्रमेव। अन्या कार्यदृष्टि' दर्शनज्ञानावरणीयप्रमुखघातिकर्मक्षयेण जातैव ।१३। =जीव उपयोगमयी है। उपयोग ज्ञान और दर्शन है। ज्ञानोपयोग दो प्रकारका है स्वभावज्ञान और विभावज्ञान। जो केवल इन्द्रिय रहित और असहाय है वह स्वभाव ज्ञान है। तहाँ स्वभावज्ञान भी कार्य और कारण रूपसे दो प्रकारका है। कार्य स्वभावज्ञान तो सकल विमल केवलज्ञान है। और उसका जो कारण परम पारिणामिक भावसे स्थित त्रिकाल निरुपाधिक सहजज्ञान है, वह कारण स्वभावज्ञान है ।१०-११। सम्यग्ज्ञान और मिथ्याज्ञान रूप भेद किये जाने पर विभाव ज्ञान दो प्रकारका है ।११। सम्यग्ज्ञान चार भेदवाला है– मति, श्रुत, अवधि तथा मनःपर्यय, और अज्ञान मति आदिके भेदसे तीन भेदवाला है।१२। उसी प्रकार दर्शनोपयोग स्वभाव और विभावके भेदसे दो प्रकारका है। जो केवल इन्द्रिय रहित और असहाय है वह स्वभाव दर्शनोपयोग कहा है। वह भी दो प्रकारका है – कारणस्वभाव और कार्यस्वभाव-तहाँ कारण स्वभाव दृष्टि (दर्शन) तो सदा पावनरूप और औदयिकादि चार विभावस्वभाव परभावोंके अगोचर ऐसा सहज सहज परम पारिणामिकरूप जिसका स्वभाव है, जो कारण समयसार स्वरूप है, ऐसे आत्माके यथार्थ स्वरूप श्रद्धानमात्र ही है। दूसरी कार्यदृष्टि दर्शनावरणीय ज्ञानावरणीयादि घातिकर्मोंके क्षयसे उत्पन्न होती है ।१३। चक्षु, अचक्षु और अवधि ये तीन विभाव दर्शन कहे गये है ।।

२. उपयोग व लब्धि निर्देश

१. उपयोग व ज्ञानदर्शन मार्गणामें अन्तर

ध २/१,१/४१३/५ स्वपरग्रहणपरिणाम उपयोग। न स ज्ञानदर्शनमार्गणयोरन्तर्भवति; ज्ञानदर्शनावरणकर्मक्षयोपशमस्य तदुभयकारणस्योपयोगत्वविरोधात्। =स्व व परको ग्रहण करनेवाले परिणाम विशेषको उपयोग कहते हैं। वह उपयोग ज्ञानमार्गणा और दर्शनमार्गणामें अन्तर्भूत नहीं होता है; क्योंकि, ज्ञान और दर्शन इन दोनोंके कारणरूप ज्ञानावरण और दर्शनावरणके क्षयोपशमको उपयोग माननेमें विरोध आता है।

ध. २/१,१/४१५/१ साकारोपयोगो ज्ञानमार्गणायामनाकारोपयोगो दर्शनमार्गणायां (अन्तर्भवति) तयोर्ज्ञानदर्शनरूपत्वात्। =साकार उपयोग ज्ञानमार्गणामें और अनाकार उपयोग दर्शनमार्गणामें अन्तर्भूत होते हैं; क्योंकि, वे दोनों ज्ञान और दर्शन रूप ही हैं। टिप्पणी – मार्गणाका अर्थ क्षयोपशम सामान्य या लब्धि है और उपयोग उसका कार्य है। अत इन दोनोंमें भेद है। परन्तु जब इन दोनोंके स्वरूपको देखा जाये तो दोनोंमें कोई भेद नहीं है, क्योंकि उपयोग भी ज्ञानदर्शन स्वरूप है और मार्गणा भी।

२. उपयोग व लब्धिमें अन्तर

उपयोग II/१/३ ज्ञानावरण कर्मके क्षयोपशमको लब्धि कहते है और उसके निमित्तसे उत्पन्न होनेवाले परिणामको उपयोग कहते हैं।

का अ/मू २६० एक्के काले एक्क णाण जीवस्स होदि उवजुत्तं। णाणा णाणाणि पुणो लद्धिसहावेण वुच्चंति ।२६०। =जीवके एक समयमें एक ही ज्ञानका उपयोग होता है। किन्तु लब्धिरूपसे एक समय अनेक ज्ञान कहे है। (गो क/भाषा ७१४/६६५/३)

पं. ध./उ ८५४-८५५ नास्त्यत्र विषमव्याप्तिर्यावल्लब्ध्युपयोगयो'। लब्धिक्षतेरवश्य स्यादुपयोगक्षतिर्यत ।८५४। अभावात्तूपयोगस्य क्षतिर्लब्धेश्च वा न वा यत्तदावरणस्यामा दृशा व्याप्तिर्न चामुना ।८५५। =यहाँ सम्पूर्ण लब्धि और उपयोगोंमें विषमव्याप्ति ही होती है। क्योंकि लब्धिके नाशसे अवश्य ही उपयोगका नाश हो जाता है, किन्तु उपयोगके अभावसे लब्धि का नाश हो अथवा न भी हो।

३. लब्धि तो निर्विकल्प होती है

पं. ध./उ ८५८ सिद्धमेतावतोक्तेन लब्धिर्यान्प्रोक्तलक्षणा। निरुपयोगरूपत्वान्निर्विकल्पा स्वतोऽस्ति सा ।८५८। =इतना कहनेसे यह सिद्ध होता है, कि जिसका लक्षण कहा जा चुका है ऐसी जो लब्धि है वह स्वत उपयोग रूप न होनेसे निर्विकल्प है।

४. उपयोगके अस्तित्वमें भी लब्धिका अभाव नहीं हो जाता

पं ध/उ, ८५३ कदाचित्कास्ति ज्ञानस्य चेतना स्वोपयोगिनी। नाल लब्धेर्विनाशाय समव्याप्तेरसभवात् ।८५३। =लब्धि और उपयोगमें समव्याप्ति नहीं होनेसे यदा कदाचित् आत्मोपयोगमें (उपलक्षणसे अन्य उपयोगोंमें भी) तत्पर रहनेवाली उपयोगात्मक ज्ञानचेतना लब्धिरूप ज्ञान चेतनाके नाश करनेके लिए समर्थ नहीं है।

II शुद्ध व अशुद्ध आदि उपयोग

१. शुद्धाशुद्धोपयोग सामान्य निर्देश

१. उपयोगके शुद्ध अशुद्धादि भेद

प्र. सा./मू १५५ अप्पा उवओगप्पा उवओगो णाणदंसण भणिदो। सो वि सुहो असुहो वा उवओगो अप्पणो हवदि ।१५५। =आत्मा उपयोगात्मक है। उपयोग ज्ञानदर्शन कहा गया है और आत्माका वह उपयोग शुभ अथवा अशुभ होता है। (मू. आ/मू. २१८)।

भा पा./मू ७६ भाव तिविहपयार सुहासुह सुद्धमेव णायव्व। =जिनवरदेवने भाव तीन प्रकारके कहे है—शुभ, अशुभ, और शुद्ध। (यह गाथा अष्टपाहुडमे है)।

प्र. सा/त. प्र १५५ अथायमुपयोगोद्वेधा विशिष्यते शुद्धाशुद्धत्वेन। तत्र शुद्धो निरुपराग, अशुद्ध सोपराग। स तु विशुद्धिसक्लेशरूपत्वेन द्वैविध्यादुपरागस्य द्विविध शुभोऽशुभश्च। =इस (ज्ञानदर्शनात्मक) उपयोग के दो भेद है—शुद्ध और अशुद्ध। उनमेसे शुद्ध निरुपराग है और अशुद्ध सोपराग है। वह अशुद्धोपयोग शुभ और अशुभ दो प्रकार का है, क्योंकि उपराग विशुद्धि रूप व सक्लेश रूप दो प्रकारका है।

२ ज्ञानदर्शनोपयोग व शुद्धाशुद्ध उपयोगमें अन्तर

द्र. सं/टी ६/१८/६ ज्ञानदर्शनोपयोगविवक्षायामुपयोगशब्देन विवक्षितार्थपरिच्छित्तिलक्षणोऽर्थग्रहणव्यापारो गृह्यते। शुभाशुभशुद्धोपयोगत्रयविवक्षाया पुनरुपयोगशब्देन शुभाशुभशुद्धभावनैकरूपमनुष्ठान ज्ञातव्यमिति। =ज्ञानदर्शन रूप उपयोगकी विवक्षामें उपयोग शब्दसे विवक्षित पदार्थ के जाननेरूप वस्तुके ग्रहण रूप व्यापारका ग्रहण किया जाता है। और शुभ, अशुभ तथा शुद्ध इन तीनो उपयोगोकी विवक्षामें उपयोग शब्दसे शुभ, अशुभ तथा शुद्ध भावना रूप अनुष्ठान जानना चाहिए।

२. शुद्धोपयोग निर्देश

१. शुद्धोपयोगका लक्षण

भा पा/मू ७७ (अष्ट पाहुड) "सुद्ध सुद्धसहाओ अप्पा अप्पम्मि तं च णायव्व। ।"=शुद्धभाव है सो अपना शुद्धस्वभाव आपमें ही है, ऐसा जानना चाहिए।

प्र. सा/मू १४ सुविदितपयत्थसुत्तो संजमतवसंजुदो विगदरागो। समणो समसुहदुक्खो भणिदो सुद्धोवओगो त्ति।=जिन्होंने पदार्थों और सूत्रोको भली भाँति जान लिया है, जो सयम और तपयुक्त है, जो वीतराग है, और जिन्हे सुख दुख समान है, ऐसे श्रमणको शुद्धोपयोगी कहा गया है।

न. च/वृ, ३५६, ३५४ समदा तह मज्झत्थं सुद्धो भावो य वीयरायत्तं। तहा चरित्त धम्मो सहाव आराहणा भणिया ।३५६। सामण्णे णियबोधे विकलिदपरभाव परसब्भावे। तत्थाराहणजुत्तो भणिओ खलु सुद्धचारित्तो ।३५४। =समता तथा माध्यस्थता, शुद्धभाव तथा वीतरागता, चारित्र तथा धर्म ये सब स्वभावकी आराधना कहे गये है ।३५६। पर भावोंसे रहित परमभाव स्वरूप सामान्य निज बोधमें तथा तत्त्वोंकी आराधनामें युक्त रहनेवाला ही शुद्ध चारित्री कहा गया है ।३५४।

प्र. सा. /त प्र १५ यो हि नाम चैतन्यपरिणामलक्षणेनोपयोगेन यथाशक्ति विशुद्धो भूत्वा वर्तते स खलु ज्ञेयतत्त्वमापन्नानामन्तमवाप्नोति ।=जो चैतन्य परिणामस्वरूप उपयोगके द्वारा यथाशक्ति विशुद्ध होकर वर्तता है वह समस्त ज्ञेय पदार्थों के अन्तको पा लेता है ।

प.वि. ४/६४-६५ साम्यं स्वास्थ्य समाधिश्च योगश्चेतोनिरोधनम्। शुद्धोपयोग इत्येते भवन्त्येकार्थवाचका ।६४। नाकृतिर्नाक्षर वर्णो नो विकल्पश्च कश्चन । शुद्ध चैतन्यमेवैक यत्र तत्साम्यमुच्यते ।६५। =साम्य, स्वास्थ्य, समाधि योग, चित्तनिरोध और शुद्धोपयोग ये सब शब्द एक ही अर्थके वाचक है ।६४। जहाँ न कोई आकार है, न अकारादि अक्षर है, न कृष्ण-नीलादि वर्ण है, और न कोई विकल्प ही है, किन्तु जहाँ केवल एक चैतन्य स्वरूप ही प्रतिभासित होता है उसीको साम्य कहा जाता है ।६५।

प्र.सा /ता.वृ. ६/११/१२ निश्चयरत्नत्रयात्मकशुद्धोपयोगेन

प्र.सा /ता वृ १५/१६/१६ निर्मोहशुद्धात्मसंविच्चिलक्षणेन शुद्धोपयोग-संज्ञेनागमभाषया पृथक्त्ववितर्कवीचारप्रथमशुक्लध्यानेन

प्र.सा /ता वृ १७/२३/१३ जीवितमरणादिसमताभावलक्षणपरमोपेक्षासयम-रूपशुद्धोपयोगेनोत्पन्नो·

प्र सा /ता वृ. २३०/३१५/८ शुद्धात्मन सकाशादन्यद्बाह्याभ्यन्तरपरिग्रहरूप सर्वं त्याज्यमित्युत्सर्गो 'निश्चय नय ' सर्वपरित्याग परमोपेक्षसयमो वीतरागचारित्र शुद्धोपयोग इति यावदेकार्थ ।=निश्चयरत्नत्रयात्मक तथा निर्मोह शुद्धात्माका सवेदन ही है लक्षण जिसका तथा जिसे आगमभाषामे पृथक्त्ववितर्कवीचार नामका प्रथम शुक्लध्यान कहते है वह शुद्धोपयोग है । जीवन मरण आदिमें समता भाव रखना ही है लक्षण जिसका ऐसा परम उपेक्षासयम शुद्धोपयोग है । शुद्धात्मासे अतिरिक्त अन्य बाह्य और आभ्यन्तरका परिग्रह त्याज्य है ऐसा उत्सर्गमार्ग, अथवा निश्चय नय, अथवा सर्व परित्याग, परमोपेक्षा सयम, वीतराग चारित्र, शुद्धोपयोग ये सब एकार्थवाचक है ।

स सा /ता वृ /२१५ परमार्थ शब्दाभिधेय साक्षान्मोक्षकारणभूत शुद्धात्मसंविच्चिलक्षण परमागमभाषया वीतरागधर्मध्यानशुक्लध्यानस्वरूपं स्वसवेद्यशुद्धात्मपद परमसमरसीभावेन अनुभवति ।=परमार्थ शब्दके द्वारा कहा जानेवाला तथा साक्षात् मोक्षका कारण ऐसा जो, शुद्धात्म संविच्चि है लक्षण जिसका, और आगम भाषामे जिसे वीतराग धर्मध्यान या शुक्लध्यान कहते है उस स्वसवेदनगम्य शुद्धात्मपदको परम समरसीभावसे अनुभव करता है ।

मो पा./पं. जयचन्द ७२ इष्ट अनिष्ट बुद्धिका अभावतैं ज्ञान होमें उपयोग लागै ताकूं शुद्धोपयोग कहिये है । सो ही चारित्र है ।

२. शुद्धोपयोग व्यपदेशमें हेतु

द्र. सं /टी. ३४/६७/२ शुद्धोपयोग शुद्धबुद्धैकस्वभावो निजात्मध्येयस्तिष्ठति तेन कारणेन शुद्धध्येयत्वाच्छुद्धावलम्बनत्वाच्छुद्धात्मस्वरूपसाधकत्वाच्च शुद्धोपयोगो घटते ।=शुद्ध उपयोगमें शुद्ध-बुद्ध एक स्वभावका धारक जो स्व आत्मा है सो ध्येय होता है इस कारण शुद्ध ध्येय होनेसे, शुद्ध अवलम्बनपनेसे तथा शुद्धात्मस्वरूपका साधक होनेसे शुद्धोपयोग सिद्ध होता है ।

३. शुद्धोपयोग साक्षात् मोक्षका कारण है

का. अ /मू.४२/६४ असुहेण णिरयतिरियं सुहउवजोगेण दिविजणरसोक्खं । सुद्धेण लहइ सिद्धि एवं लोयं विचिंतिज्जो ।४२। सुहधुवजोगेण पुणो धम्मं सुक्कं च होदि जीवस्स । तम्हा सवरहेदू झाणोत्ति विचिंतये णिच्चं ।६४।=यह जीव अशुभ विचारोसे नरक तथा तिर्यंच गति पाता है, शुभ विचारोसे देवों तथा मनुष्योके सुख भोगता है और शुद्ध उपयोगसे मोक्ष प्राप्त करता है, इस प्रकार लोक भावनाका चिन्तवन करना चाहिए ।४२। इसके पश्चात शुद्धोपयोगसे जीवके धर्मध्यान और शुक्लध्यान होते है, इसलिए संवरका कारण ध्यान है, ऐसा निरन्तर विचारते रहना चाहिए ।६४। (प्र सा /मू ११, १२, १८१) (ति प १/५७-५८)।

ध १२/४,२,८-३/२७६/६ कम्मबधो हि णाम सुहासुहपरिणामेहिंतो जायदे, सुद्धपरिणामेहिंतो तेसि दोण्ण पि णिम्मूलक्खओ ।=कर्मका बन्ध शुभ व अशुभ परिणामोसे होता है, शुद्ध परिणामोसे उन दोनोंका ही निर्मूल क्षय होता है ।

प्र सा./त प्र.१५६ उपयोगो हि जीवस्य परद्रव्यकारणमशुद्ध । स तु विशुद्धिसक्लेशरूपोपरागवशात् शुभाशुभेनोपात्तद्वैविध्य । · यदा तु द्विविधस्याप्यस्याशुद्धस्याभाव क्रियते तदा खल्वयमुपयोग शुद्धश्चावतिष्ठते "स पुनरकारणमेव परद्रव्यसयोगस्य।" =जीवका परद्रव्यके सयोगका कारण अशुद्ध उपयोग है । और वह विशुद्धि तथा संक्लेश रूप उपरागके कारण शुभ और अशुभ रूपसे द्विविधताको प्राप्त होता है । जब दोनो प्रकारके अशुद्धोपयोगका अभाव किया जाता है, तब वास्तवमें उपयोग शुद्ध ही रहता है, और वह द्रव्यके सयोगका अकारण है ।

ज्ञा. ३/३४/६७ निःशेषक्लेशनिर्मुक्तं स्वभावजमनश्वरम् । फलं शुद्धोपयोगस्य ज्ञानराज्य शरीरिणाम् ।३४। =जीवोंके शुद्धोपयोगका फल समस्त दुःखोसे रहित स्वभावसे उत्पन्न और अविनाशी ऐसा ज्ञानराज्य है ।

४. शुद्धोपयोग सहित ही शुभोपयोग कार्यकारी है

प्र सा /त प्र २४७ शुभोपयोगिना हि शुद्धात्मानुरागयोगिचारित्रतया समधिगतशुद्धात्मवृत्तिषु श्रमणेषु वन्दननमस्करणाभ्युत्थानानुगमनप्रतिपत्तिप्रवृत्ति शुद्धात्मवृत्तित्राणनिमित्ता श्रमोपनयनप्रवृत्तिश्च न दुष्यते ।

प्र सा /त प्र. २५४ एवमेष शुद्धात्मानुरागयोगिप्रशस्तचर्यारूप उपवर्णितः शुभोपयोग तदय शुद्धात्मप्रकाशिका समस्तविरतिमुपेयुषा रागसयोगेन शुद्धात्मनोऽनुभवात्क्रमत परमनिर्वाणसौख्यकारणत्वाच्च मुख्य । =शुभोपयोगियोके शुद्धात्माके अनुरागयुक्त चारित्र होता है । इसलिए जिन्होने शुद्धात्म परिणति प्राप्त की है, ऐसे श्रमणोके प्रति जो वन्दन-नमस्कार अभ्युत्थान-अनुगमनरूप विनीत वर्तनकी प्रवृत्ति तथा शुद्धात्म परिणतिकी रक्षाकी निमित्तभूत जो श्रम दूर करनेकी प्रवृत्ति है वह शुभोपयोगियोके लिए दूषित नहीं है ।२४७। इस प्रकार शुद्धात्मानुरागयुक्त प्रशस्त चर्यारूप जो यह शुभोपयोग वर्णित किया गया है वह यह शुभोपयोग शुद्धात्मकी प्रकाशक सर्वविरतिको प्राप्त श्रमणोके (कषाय कणके सद्भावके कारण गौण होता है परन्तु गृहस्थोके मुख्य है, क्योकि) रागके सयोगसे शुद्धात्माका अनुभव होता है, और क्रमश परमनिर्वाणसौख्यका कारण होता है ।

३ मिश्रोपयोग निर्देश

१ मिश्रोपयोगका लक्षण

स सा./आ १७-१८ "यदात्मनोऽनुभूयमानानेकभावसकरेऽपि परमविवेककौशलेनायमहमनुभूतिरित्यात्मज्ञानेन समच्छ्यमानमेव तथेति प्रत्ययलक्षण श्रद्धानमुत्प्लवते तदा समस्तभावान्तरविवेचनेन शङ्कमानस्थात्मनि शक्यत्वादात्मानुचरणमुत्प्लवमानमात्मान साधयतीति साध्यसिद्धिस्तथोपपत्ते । =जब आत्माको, अनुभवमे आनेपर अनेक पर्यायरूप भेद-भावोके साथ मिश्रितता होनेपर भी सर्व प्रकारसे भेद ज्ञानमें प्रवीणतासे 'जो यह अनुभूति है सो ही मैं हूँ' ऐसे आत्मज्ञानसे प्राप्त होता हुआ, 'इस आत्माको जैसा जाना है वैसा ही है' इस प्रकारकी प्रतीतिवाला श्रद्धान उदित होता है, तब समस्त अन्य भावोंका भेद होनेसे, निःशंक स्थिर होनेमें समर्थ होनेसे, आत्माका आचरण उदय होता हुआ आत्माको साधता है । इस प्रकार साध्य आत्माकी सिद्धिकी उपपत्ति है ।

स सा /आ. १६३/क ११० 'यावत्पाकमुपैति कर्मविरतिर्ज्ञानस्य सम्यङ् न सा, कर्मज्ञानसमुच्चयोऽपि विहितस्तावन्न काचित्क्षति क्वित्रापि

समुच्छसत्यवशतो यत्कर्म बन्धाय तन्मोक्षाय स्थितमेकमेव परमं ज्ञान विमुक्त स्वत' ।११०। =जब तक ज्ञानको कर्म विरति (साम्यता) भली-भाँति परिपूर्णताको प्राप्त नहीं होती तब तक कर्म और ज्ञानका (राग व वीतरागताका) एकत्रितपना शास्त्रों में कहा है। उसके एकत्रित रहनेमें कोई भी क्षति या विरोध नहीं है। किन्तु यहाँ इतना विशेष जानना चाहिए कि आत्मामें अवशपनेसे जो कर्म (राग) प्रगट होता है वह तो बन्धका कारण है और जो एक परम ज्ञान है वह एक ही मोक्षका कारण है—जो कि स्वत' विमुक्त है।

प्र सा /त प्र / २४६ परद्रव्यप्रवृत्तिसवलितशुद्धात्मवृत्ते· शुभोपयोगिचारित्र स्यात्। अत' शुभोपयोगिश्रमणानां शुद्धात्मानुरागयोगिचारित्रलक्षणम्। =पर द्रव्य प्रवृत्तिके साथ शुद्धात्मपरिणति मिलित होनेसे शुभोपयोगी चारित्र है। अत शुद्धात्माके अनुरागयुक्त चारित्र शुभोपयोगी श्रमणोका लक्षण है।

प्र. सा /त प्र १६६ "अर्हदादिभक्तिसंपन्न कथंचिच्छुद्धसप्रयोगोऽपि सन् जीवो जीवद्रागलवत्वाच्छुभोपयोगतामजहत् बहुश. पुण्यं बध्नाति, न खलु सकलकर्मक्षयमारभते। =अर्हदादिके प्रति भक्ति सम्पन्न जीव, कथंचित् 'शुद्ध सम्प्रयोगवाला' होने पर भी रागलव जीवित होनेसे 'शुभोपयोगीपने' को नहीं छोड़ता हुआ, बहुत पुण्य बाँधता है, परन्तु वास्तवमें सकल कर्मोंका क्षय नहीं करता।

प्र. सा /ता वृ २५५/३४८/२७ यदा पूर्वसूत्रकथितन्यायेन सम्यक्त्वपूर्वक' शुभोपयोगो भवति तदा मुख्यवृत्त्या पुण्यबन्धो भवति परंपरया निर्वाणं च। नो चेत्पुण्यबन्धमात्रमेव। =जब पूर्वसूत्र कथित न्यायसे सम्यक्त्व पूर्वक शुभोपयोग होता है तब मुख्य वृत्तिसे तो पुण्यबन्ध ही होता है, परन्तु परम्परासे मोक्ष भी होता है। केवल पुण्यबन्ध मात्र नहीं होता।

स. सा/ता वृ /४१४ अत्राह शिष्य —केवलज्ञान शुद्ध छद्मस्थज्ञान पुनरशुद्धं शुद्धस्य केवलज्ञानस्य कारण न भवति। कस्मात्। इति चेत्—'सुद्ध' तु वियाणतो सुद्धमेवप्पयं लहदि जीवो' इति वचनात् इति। नैवं, छद्मस्थज्ञान कथंचिच्छुद्धाशुद्धत्व। तद्यथा—यद्यपि केवलज्ञानापेक्षया शुद्ध न भवति तथापि मिथ्यात्वरागादिरहितत्वेन वीतरागसम्यक्त्वचारित्रसहितत्वेन च शुद्ध। =प्रश्न—केवलज्ञान शुद्ध है और छद्मस्थ ज्ञान अशुद्ध है। वह शुद्ध केवलज्ञानका कारण कैसे हो सकता है? क्योंकि ऐसा वचन है कि शुद्धको जाननेवाला ही शुद्धात्माको प्राप्त करता है। उत्तर—ऐसा नहीं है, क्योंकि, छद्मस्थका ज्ञान भी कथंचित् शुद्धाशुद्ध है॥ वह ऐसे कि—यद्यपि केवलज्ञानकी अपेक्षा तो अशुद्ध ही है, तथापि मिथ्यात्व रागादिसे रहित तथा वीतराग सम्यक्त्व व चारित्र (शुद्धोपयोग) से सहित होनेके कारण शुद्ध है।

द्र स /टी ४८/२०३/६ यद्यपि ध्याता पुरुष स्वशुद्धात्मसंवेदन विहाय बहिश्चिन्तां न करोति तथापि यावतांशेन स्वरूपे स्थिरत्व नास्ति तावतांशेनानीहितवृत्त्या विकल्पा स्फुरन्ति, तेन कारणेन पृथक्त्ववितर्कवीचार ध्यान भण्यते। =यद्यपि ध्यान करनेवाला पुरुष निज शुद्धात्म संवेदनाको छोड़कर बाह्यपदार्थोंकी चिन्ता नहीं करता, तथापि जितने अंशमें उस पुरुषके अपने आत्मामें स्थिरता नहीं है उतने अंशोंमें अनिच्छितवृत्तिसे विकल्प उत्पन्न होते हैं, इस कारण इस ध्यानको 'पृथक्त्ववितर्कवीचार' कहते हैं।

२ जितना रागांश है उतना बन्ध है और जितना वीतरागांश है उतना संवर है

पु. सि./उ २१२-२१६ यैनाशेन सुदृष्टिस्तेनाशेन बन्धन नास्ति। यैनाशेन तु रागस्तेनाशेनास्य बन्धन भवति।२१२। यैनाशेन ज्ञान तेनाशेनास्य बन्धन नास्ति। यैनाशेन तु रागस्तेनाशेनास्य बन्धनं भवति।२१३। यैनाशेन चारित्र तेनाशेनास्य बन्धनं नास्ति। यैनाशेन तु रागस्तेनांशेनास्य बन्धन भवति।२१४। योगात्प्रदेशबन्ध' स्थितिबन्धो भवति तु कषायात्। दर्शनबोधचरित्रं न योगरूपं कषायरूपं च।२१५। दर्शनमात्मविनिश्चितिरात्मपरिज्ञानमिष्यते बोध। स्थितिरात्मनि चारित्रं कुत एतेभ्यो भवति बन्ध'।२१६। =इस आत्माके जिस अंशके द्वारा सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान व सम्यग्चारित्र है, उस अंशके द्वारा इसके बन्ध नहीं है, पर जिस अंशके द्वारा इसके राग है, उस अंशसे बन्ध होता है।२११-२१४। योगसे प्रदेशबन्ध होता है और कषायसे स्थितिबन्ध होता है। ये दर्शन ज्ञान व चारित्र तीनों न तो योगरूप है और न कषायरूप।२१५। आत्म विनिश्चयका नाम दर्शन है, आत्मपरिज्ञानका नाम ज्ञान है और आत्मस्थितिका नाम चारित्र है। तब इनसे बन्ध कैसे हो सकता है।२१६। (पं.ध /उ. ७७३),

प्र सा /ता.वृ २१८/प्रक्षेपक गाथा २/२९२/२१ सूक्ष्मजन्तुघातेऽपि यावतांशेन स्वस्वभावचलनरूपा रागादिपरिणतिलक्षणभावहिंसा तावतांशेन बन्धो भवति, न च पादसंघट्टमात्रेण। =सूक्ष्म जन्तुका घात होते हुए भी जितने अंशमें स्वभावभावसे चलनरूप रागादि परिणति लक्षणवाली भाव हिंसा है, उतने ही अंशमें बन्ध होता है, पाँवसे चलने मात्रसे नहीं।

प्र सा /ता वृ २३८/३२९/१४=यान्तरात्मावस्था सा मिथ्यात्वरागादिरहितत्वेन शुद्धा यावतांशेन निरावरणरागादिरहितत्वेन शुद्धा च तावतांशेन मोक्षकारणं भवति। =जो अन्तरात्मारूप अवस्था है वह मिथ्यात्वरागादिसे रहित होनेके कारण शुद्ध है। जितने अंशमें निरावरण रागादिरहित होनेके कारण शुद्ध है, उतने अंशमें मोक्षका कारण होती है। (द्र स /टी. ३६/१५३/५)

अन ध १/११०/११२ यैनांशेन विशुद्धि स्यात्तेनांशेनास्य नो बन्धनम्। यैनांशेन तु रागः स्यात्तेन स्यादेव बन्धनम्। =आत्माके जितने अंशमें विशुद्धि होती है, उन अंशोंकी अपेक्षा उसके कर्मबन्ध नहीं हुआ करता। किन्तु जिन अंशोंमें रागादिका आवेश पाया जाता है, उनकी अपेक्षासे अवश्य ही बन्ध हुआ करता है।

पं ध /उ ७७२ बन्धो मोक्षश्च ज्ञातव्य समासात्प्रश्नकोविदै। रागांशैर्बन्ध एव स्यान्नारागांशै कदाचन ।७७२। =प्रश्न करनेमें चतुर जिज्ञासुओंको संक्षेपसे बन्ध और मोक्ष इस प्रकार समझ लेना चाहिए कि जितने रागके अंश है उनसे बन्ध ही होता है तथा जितने अरागके अंश है उनसे कभी भी बन्ध नहीं होता।७७२।

मो पा /प जयचन्द/४२ प्रवृत्तिरूप क्रिया है सो शुभकर्मरूप बन्ध करै है और इन क्रियानिमैं जेता अंश निवृत्ति है ताका फल बन्ध नाहीं है। ताका फल कर्मकी एकदेश निर्जरा है।

३ मिश्रोपयोग बतानेका प्रयोजन

द्र.सं./टी. ३४/९९/११ अयमत्रार्थ '—यद्यपि पूर्वोक्तं शुद्धोपयोगलक्षणं क्षायोपशमिकं ज्ञानं मुक्तिकारणं भवति तथापि ध्यातृपुरुषेण यदेव निरावरणमखण्डैकविमलकेवलज्ञानलक्षणं परमात्मस्वरूपं तदेवाहं न च खण्डज्ञानरूपमिति भावनीयम्। इति सवरतत्त्वव्याख्यानविषये नयविभागो ज्ञातव्य इति। =यहाँ सारांश यह है कि यद्यपि पूर्वोक्त शुद्धोपयोग लक्षणका धारक क्षायोपशमिक ज्ञान मुक्तिका कारण है तथापि ध्याता पुरुषको, 'नित्य, सकल आवरणरहित अखण्ड एक सकलविमल—केवलज्ञानरूप परमात्माका स्वरूप ही मैं हूँ, खण्ड ज्ञानरूप नहीं हूँ' ऐसा ध्यान करना चाहिए। इस तरह संवर तत्त्वके व्याख्यानमें नयका विभाग जानना चाहिए।

द्र सं /टी ३६/१५३/५ रागादिभेदविज्ञाने जातेऽपि यावतांशेन रागादिकमनुभवति तावतांशेन सोऽपि बध्यत एव, तस्यापि रागादिभेदविज्ञानफलं नास्ति। यस्तु रागादिभेदविज्ञाने जाते सति रागादिकं त्यजति तस्य भेदविज्ञानफलमस्तीति ज्ञातव्यम्। =रागादिमें भेद विज्ञानके होनेपर भी जितने अंशोंसे रागादिका अनुभव करता है, उतने अंशोंसे वह भेद विज्ञानी बन्धता ही है, अत' उसके रागादिकके भेद विज्ञानका फल नहीं है। और जो राग आदिकका भेदविज्ञान होनेपर राग आदिकका त्याग करता है उसके भेदविज्ञानका फल है, यह जानना चाहिए।

४. शुभ व अशुभ उपयोग निर्देश

१ शुभोपयोगका लक्षण

मू आ २३५ पुण्णस्सासवभूदा अणुकंपा सुद्ध एव उवओगो।=जीवोंपर दया, शुद्ध मन, वचन, कायकी क्रिया, शुद्धदर्शन ज्ञान रूप उपयोग ये पुण्यकर्मके आस्रवके कारण है। (र. सा ६५)

भा.प /मू. ७६ (अष्ट पाहुड) शुभ धर्म्य=धर्मध्यान शुभभाव है।

प्र. सा./मू ६६-१५७ देवजदिगुरुपूजासु चेव दाणम्मि वा सुसीलेसु। उववासादिसु रत्तो सुहोवओगप्पगो अप्पा।६६। जो जाणदि जिणिदे पेच्छदि सिद्धे तहेव अणगारे। जीवेसु साणुकंपो उवओगो सो सुहो तस्स।१५७।=देव गुरु और यतिकी पूजामें तथा दानमें एवं सुशीलोंमें और उपवासादिकमें लीन आत्मा शुभोपयोगात्मक है।६६। जो जिनेन्द्रों (अर्हन्तों) को जानता है, सिद्धो तथा अनगारोंकी श्रद्धा करता है, (अर्थात् पंच परमेष्ठीमें अनुरक्त है) और जीवोंके प्रति अनुकम्पा युक्त है, उसके वह शुभ उपयोग है।(न च. वृ. ३११)

पं.का /मू. १३१, १३६ मोहो रागो दोसो चित्तपसादो य जस्स भावम्मि। विज्जदि तस्स सुहो वा असुहो वा होदि परिणामो।१३१। अरहंतसिद्धसाहुसु भत्तो धम्मम्मि जा य खलु चेट्ठा। अणुगमणं पि गुरूणं पसत्थरागो त्ति वुच्चंति।१३६।

पं.का./त.प्र १३१ दर्शनमोहनीयविपाककलुषपरिणामता मोहः। विचित्रचारित्रमोहनीयविपाकप्रत्यये प्रीत्यप्रीती रागद्वेषौ। तस्यैव मन्दोदये विशुद्धपरिणामता चित्तप्रसादपरिणामः। तत्र यत्र प्रशस्तरागश्चित्तप्रसादश्च तत्र शुभः परिणामः।=दर्शनमोहनीयके विपाकसे होनेवाली कलुषपरिणामताका नाम मोह है। विचित्र चारित्र मोहनीयके आश्रयसे होनेवाली प्रीति अप्रीति राग द्वेष कहलाते हैं। उसी चारित्रमोहके मन्द उदयसे होनेवाला विशुद्ध परिणाम चित्तप्रसाद है। ये तीनो भाव जिसके होते है, उसके अशुभ अथवा शुभ परिणाम है। तहाँ प्रशस्त राग व चित्तप्रसाद जहाँ है वहाँ शुभ परिणाम है।१३१। अर्हन्त सिद्ध साधुओंके प्रति भक्ति, धर्ममें यथार्थतया चेष्टा और गुरुओंका अनुगमन प्रशस्त राग कहलाता है।१३६। (न च.वृ ३०६)

ज्ञा २-७/३ यमप्रशमनिर्वेदतत्त्वचिन्तावलम्बितम्। मैत्र्यादिभावनारूढं मनः सूते शुभास्रवम्।३।=यम, प्रशम, निर्वेद तथा तत्त्वोंका चिन्तवन इत्यादिका अवलम्बन हो, एवं मैत्री प्रमोद कारुण्य और माध्यस्थता इन चार भावोंकी जिस मनमें भावना हो वही मन शुभास्रवको उत्पन्न करता है।

द्र सं./टी. ३८/१५८ मे उद्धृत—"उद्धम मिथ्यात्वविषं भावय दृष्टिं च कुरु परां भक्तिम्। भावनमस्काररतो ज्ञाने युक्तो भव सदापि।६। पञ्चमहाव्रतरक्षां कोपचतुष्कस्य निग्रहं परमम्। दुर्दान्तेन्द्रियविजयं तप सिद्धिविधौ कुरुद्योगम्।२।" इत्यार्याद्वयकथितलक्षणेन शुभोपयोगभावेन परिणामेन परिणतः।=(शुभभाव युक्त कैसे होता है सो कहते है)—मिथ्यात्वरूपी विषको वमन करो, सम्यग्दर्शनकी भावना करो, उत्कृष्ट भक्ति करो, और भावनमस्कारमें तत्पर होकर सदा ज्ञानमें लगे रहो।१। पाँच महाव्रतोंका पालन करो, क्रोधादि कषायोंका निग्रह करो, प्रबल इन्द्रिय शत्रुओंको विजय करो तथा बाह्य और अभ्यन्तर तपकी सिद्ध करनेमें उद्यम करो।२। इस प्रकार दोनो आर्य छन्दोंमें कहे हुए लक्षण सहित शुभ उपयोगरूप परिणामसे युक्त या परिणत हुआ जो जीव है वह पुण्यको धारण करता है।

द्र सं /टी. ४५/१९६/६ तत्त्वाचाराराधनादिचरणशास्त्रोक्तप्रकारेण पञ्चमहाव्रतपञ्चसमितित्रिगुप्तिरूपमप्यपहृतसंयमाख्यं शुभोपयोगलक्षणं सरागचारित्राभिधानं भवति।=वह चारित्र—मूलाचार, भगवती,आराधना आदि चरणानुयोगके शास्त्रोंमें कहे अनुसार पाँच महाव्रत, पाँच समिति और तीन गुप्तिरूप होता हुआ भी अपहृतसंयम नामक शुभोपयोग लक्षणवाले, सरागचारित्र नामवाला होता है।

प्र.सा./ता वृ २३०/३१५/१० तत्रासमर्थः पुरुषः शुद्धात्मभावनासहकारिभूतं किमपि प्रासुकाहारज्ञानोपकरणादिकं गृह्णातीत्यपवादो 'व्यवहारनयः' एकदेशपरित्यागस्तथापहृतसंयमः सरागचारित्रं शुभोपयोग इति यावदेकार्थः।=उस शुद्धोपयोग परमोपेक्षा संयममें असमर्थ पुरुष शुद्धात्मभावनाके सहकारीभूत जो कुछ भी प्रासुक आहार या ज्ञानोपकरणादिक ग्रहण करता है, सो अपवाद है। उसीको व्यवहार नय कहते है। वह तथा एकदेशपरित्याग तथा अपहृत संयम या सराग चारित्र अथवा शुभोपयोग ये सब एकार्थवाची है।

प्र सा /ता वृ ६/१० गृहस्थापेक्षया यथासंभवं सरागसम्यक्त्वपूर्वकदानपूजादिशुभानुष्ठानेन, तपोधनापेक्षया मूलोत्तरगुणादिशुभानुष्ठानेन परिणतः शुभो ज्ञातव्यः।=गृहस्थकी अपेक्षा यथासम्भव सराग सम्यक्त्वपूर्वक दान पूजादिरूप शुभ अनुष्ठानके द्वारा, तथा तपोधनकी या साधुकी अपेक्षा मूल व उत्तर गुणादिरूप शुभ अनुष्ठानके द्वारा परिणत हुआ आत्मा शुभ कहलाता है।

स. सा./आ वृ. ३०६ प्रतिक्रमणाद्यष्टविकल्परूपः शुभोपयोगः।=प्रतिक्रमण आदिक अष्ट विकल्प (प्रतिक्रमण, प्रतिसरण, परिहार, धारणा, निवृत्ति, निन्दा, गर्हा और शुद्धि) रूप शुभोपयोग है।

पं का /ता. वृ १३१/१९५/१३ दानपूजाव्रतशीलादिरूपः शुभरागश्चित्तप्रसादपरिणामश्च शुभ इति सूत्राभिप्रायः।=दान, पूजा, व्रत, शील आदि रूप शुभ राग तथा चित्त प्रसादरूप परिणाम शुभ है। ऐसा सूत्रका अभिप्राय है। (और भी दे मनोयोग ५।

२. अशुभोपयोगका लक्षण

मू आ २३५ विपरीत पावस्स तु आसवहेदू विजाणीहि।=(जीवोंपर दया तथा सम्यग्दर्शनज्ञानरूपी उपयोग पुण्यकर्मके आस्रवके कारण है) तथा इनसे विपरीत निर्दयपना और मिथ्याज्ञानदर्शनरूप उपयोग पापकर्मके आस्रवके कारण जानने चाहिए।

भा पा /मू. ७६। अष्टपाहुड—"असुभश्च आर्त्तरौद्रम्।=आर्त-रौद्र ध्यान अशुभ भाव है।

प्र सा /मू. १५८ विसयकसायोगाढो दुस्सुदिदुच्चित्तदुट्ठगोट्ठिजुदो। उग्गो उम्मग्गपरो उवओगो जस्स सो असुहो॥१५८॥=जिसका उपयोग विषय कषायमें अवगाढ (मग्न), कुश्रुति, कुविचार और कुसंगतिमें लग्न हुआ है, उग्र है तथा उन्मार्गमें लगा हुआ है, उसके अशुभोपयोग है।

पं का /मू. १३१ तथा इसकी त प्र टी (देखो पीछे शुभोपयोगका लक्षण न ४) "यत्र तु मोहद्वेषावप्रशस्तरागश्च तत्राशुभ इति।"=(शुभोपयोगके लक्षणमें प्रशस्त राग तथा चित्त प्रसादको शुभ बताया गया है) जहाँ मोह द्वेष व अप्रशस्त राग होता है, वहाँ अशुभ उपयोग है। (न च वृ. ३०६)

ज्ञा. २-७/४ कषायदहनोद्दीप्तं विषयैर्व्याकुलीकृतम्। सचिनोति मनः कर्म जन्मसम्बन्धसूचकम्।=कषायरूप अग्निसे प्रज्वलित और इन्द्रियोंके विषयोंसे व्याकुल मन संसारके सूचक अशुभ कर्मोंका संचय करता है।

प्र.सा /ता वृ ६/११/११ मिथ्यात्वाविरतिप्रमादकषाययोगपञ्चप्रत्ययरूपाशुभोपयोगेनाशुभो विज्ञेयः।=मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग, इन पाँच प्रत्ययरूप अशुभोपयोगसे परिणत हुआ आत्मा अशुभ कहलाता है।

स सा /ता. वृ ३०६ यत्पुनरज्ञानिजनसम्बन्धिमिथ्यात्वकषायपरिणतिरूपमप्रतिक्रमणं तन्नरकादिदुःखकारणमेव।=जो अज्ञानी जनों सम्बन्धी मिथ्यात्व व कषायकी परिणति रूप अप्रतिक्रमण है वह नरक आदि दुःखोंका कारण ही है। (और भी दे मनोयोग ५)

३. शुभ व अशुभ दोनों अशुद्धोपयोगके भेद है

प्र सा /त प्र १५५ तत्र शुद्धो निरुपरागः। अशुद्धः सोपरागः। स तु विशुद्धि-संक्लेशरूपत्वेन द्वैविध्यादुपरागस्य द्विविधः शुभोऽशुभश्च।=शुद्ध निरुपराग है और अशुद्ध सोपराग है। वह अशुद्धोपयोग शुभ और अशुभ दो प्रकारका है, क्योंकि, उपराग विशुद्ध रूप और संक्लेश रूप दो प्रकारका है।

४. शुभोपयोग पुण्य है और अशुभोपयोग पाप है

मू.आ २३५ पुण्णस्सासवभूदा अणुकंपा सुद्ध एव उवओगो। विवरीद पावस्स दु आसवहेउ वियाणाहि २३५।=अनुकम्पा व शुद्ध (शुभ) उपयोग तो पुण्यके आस्रवभूत है तथा इनसे विपरीत अशुभ भाव पापास्रवके कारण है।

प्र.सा /मू. १५६ उवओगो जदि हि सुहो पुण्ण जीवस्स संचय जादि। असुहो वा तधा पाव तेसिमभावे ण सचयमत्थि।१५६।=उपयोग यदि शुभ हो तो जीवके पुण्य संचयको प्राप्त होता है और यदि अशुभ हो तो पाप सचय होता है। उन दोनोके अभावमें सचय नहीं होता। (प.प्र /मू २/७१)

पं.का./मू १३२ सुहपरिणामो पुण्णं असुहो पावं ति हवदि जीवस्स। दुयो पुद्गलमात्रो भाव कर्मत्वं प्राप्त ।१३२।=जीवके शुभ परिणाम पुण्य है और अशुभपरिणाम पाप है। उन दोनोके द्वारा पुद्गलमात्र भाव कर्मपनेको प्राप्त होते है।

५. शुभ व अशुद्ध उपयोगका स्वामित्व

द्र.सं /टी ३४/९६/६ मिथ्यादृष्टिसासादनमिश्रगुणस्थानेषूपर्युपरि मन्दत्वेनाशुभोपयोगो वर्तते, ततोऽप्यसंयतसम्यग्दृष्टिश्रावकप्रमत्तसंयतेषु पारम्पर्येण शुद्धोपयोगसाधक उपर्युपरि तारतम्येन शुभोपयोगो वर्तते तदनन्तरमप्रमत्तादिक्षीणकषायपर्यन्तं जघन्यमध्यमोत्कृष्टभेदेन विवक्षितैकदेशशुद्धनयरूपशुद्धोपयोगो वर्तते।=मिथ्यादृष्टि सासादन और मिश्र इन तीन गुणस्थानोंमें ऊपर ऊपर मन्दतासे अशुभ उपयोग रहता है। उसके आगे असयत सम्यग्दृष्टि श्रावक और प्रमत्त सयत नामक जो तीन गुणस्थान है, इनमे परम्परासे शुद्ध उपयोगका साधक ऊपर ऊपर तारतम्यसे शुभ उपयोग रहता है। तदनन्तर अप्रमात्त आदि क्षीणकषाय तक ६ गुणस्थानोमे जघन्य, मध्यम, उत्कृष्ट भेदसे विवक्षित एकदेश शुद्ध नयरूप शुद्ध उपयोग वर्तता है। (प्र सा /ता वृ. १८१/२४४/१८), (प्र.सा. ६/११/१५)

पं.ध /उ. २०५ अस्त्यशुद्धोपलब्धिश्च तथा मिथ्यादृशा परम्। सुदृशां गौणरूपेण स्यान्न स्याद्वा कदाचन।=इस प्रकारकी अशुद्धोपलब्धि भी मुख्यरूपसे मिथ्यादृष्टि जीवोके होती है और सम्यग्दृष्टियोके गौण रूपसे कभी-कभी होती है, अथवा नही भी होती है। नोट—(और भी देखो 'मिथ्यादृष्टि ४' मिथ्यादृष्टि व सम्यग्दृष्टिके तत्त्वकर्तृत्वमें अन्तर)।

६ व्यवहार धर्म अशुद्धोपयोग है

स.सा /मू ३०६ पडिकमण पडिसरण परिहारो धारणा णिवत्ती य। णिंदा गरहा सोहो अट्ठविहो होई विसकुम्भो।३०६। (यस्तु द्रव्यरूप' प्रतिक्रमणादि स तार्तीयीकी भूमिमपश्यत स्वकार्यकारणासमर्थत्वेन विषकुम्भ एव स्यात्। त प्र टीका।)=प्रतिक्रमण, प्रतिसरण, परिहार, धारणा, निवृत्ति, निन्दा, गर्हा और शुद्धि यह आठ प्रकारका विषकुम्भ है। क्योकि द्रव्यरूप ये प्रतिक्रमणादि, तृतीय जो शुद्धोपयोगकी भूमिका, उसको न देखनेवाले पुरुषके लिए अपना कार्य (कर्म क्षय) करनेको असमर्थ है।

प.प्र./मू २/६६ वदउ णिदउ पडिकमउ भाउ असुद्धउ जामु। पर तसु संजमु अत्थि णवि ज मण सुद्धि ण तासु।=नि शंक वन्दना करो, निन्दा करो, प्रतिक्रमणादि करो लेकिन जिसके जब तक अशुद्ध परिणाम है उसके नियमसे संयम नही हो सकता, क्योकि उसके मनकी शुद्धता नही है।

७ व्यवहार धर्म शुभोपयोग तथा पुण्यका नाम है

स.सा /मू. २७५ सद्दहदि य पत्तेदि य रोचेदि य तह पुणो य फासेदि। धम्मं भोगणिमित्त ण दु सो कम्मक्खयणिमित्तं।=वह (अभव्य जीव) भोगके निमित्तरूप धर्मकी ही श्रद्धा करता है, उसकी रुचि करता है और उसीका स्पर्श करता है, किन्तु कर्म क्षयके निमित्तरूप (निश्चय) धर्मको नहीं जानता।

र.सा. ६४-६५ दव्वत्थकायछप्पणतच्चपयत्थेसु सत्तणवएसु। बधणमुक्खे तक्कारणरूवे बारसणुवेक्खे।६४। रयणत्तयस्स रूवे अज्जाकम्मो दयाइसद्धम्मे। इच्चेवमाइगो जो वट्टइ सो होइ सुहभावो।६५।=पंचास्तिकाय, छह द्रव्य, सात तत्त्व, नव पदार्थ, बन्धमोक्ष, बन्धमोक्षके कारण बारह भावनाएँ, रत्नत्रय, आर्जवभाव, क्षमाभाव, और सामायिकादि चारित्रमय जिन भव्य जीवोके भाव है, वे शुभ भाव है।

प प्र /मू. २/७१ सुहपरिणामे धम्मु पर असुहे होइ अहम्मु। दोहि वि एहिं विवज्जिपउ सुद्धु ण बधउ कम्मु।=शुभ परिणामोंसे पुण्यरूप व्यवहार धर्म मुख्यतासे होता है, तथा अशुभ परिणामोंसे पाप होता है। और इन दोनोसे रहित शुद्ध परिणाम युक्त पुरुष कर्मोंको नहीं बाँधता। (प्र.सा./मू ११६)

न च वृ. ३७६ भेदुवयारे जइया वट्टदि सो विय सुहासुहाधीणो। तइया कत्ता भणिदो ससारी तेण सो आदो।३७६।=जब तक जीवको भेद व उपचार वर्तता है उस समय तक वह भी शुभ व अशुभके ही आधीन है और इसी लिए वह ससारी आत्मा कर्ता कहा जाता है।

प्र. सा /त प्र. ६९ यदा आत्मा·· अशुभोपयोगभूमिकामतिक्राम्य देवगुरुयतिपूजादानशीलोपवासप्रीतिलक्षणं धर्मानुरागमङ्गीकरोति तदेन्द्रियसुखस्य साधनीभूतां शुभोपयोगभूमिकामधिरूढोऽभिलप्येत। =जब यह आत्मा अशुभोपयोगकी भूमिकाका उल्लंघन करके, देव गुरु यतिकी पूजा, दान, शील और उपवासादिकके प्रीतिस्वरूप धर्मानुरागको अङ्गीकार करता है तब वह इन्द्रिय-सुखके साधनीभूत शुभोपयोग भूमिकामे आरूढ कहलाता है।

द्र.स./मू ४५ असुहादो विणिवत्ती सुहे पवित्ती य जाण चारित्त। वदसमिदिगुत्तिरूव ववहारणया दु जिणभणिदं।४५।=जो अशुभ कार्यसे निवृत्त होना और शुभ कार्यमें प्रवृत्त होना है, उसको चारित्र जानना चाहिए। जिनेन्द्रदेवने उस चारित्रको व्रत समिति और गुप्तिस्वरूप कहा है। (बा अनु. ५४)

स सा./ता. वृ १२५/ प्रक्षेपक गाथा ३ की टीका "य' परमयोगीन्द्र' स्वसवेदनज्ञाने स्थित्वा शुभोपयोगपरिणामरूपं धर्मं पुण्यसङ्ग त्यक्त्वा निजशुद्धात्म· =जो परमयोगीन्द्र स्वसवेदन ज्ञानमें स्थित होकर शुभोपयोग परिणामरूप धर्मको अर्थात् पुण्यसगको छोडकर'॥

प.का /ता.वृ १३१/१६५/१२ दानपूजाव्रतशीलादिरूप' शुभरागश्चित्तप्रसादपरिणामश्च शुभ इति सूत्राभिप्राय।=दान, पूजा, व्रत, शील आदि शुभ राग तथा चित्तप्रसाद रूप परिणाम शुभ है, ऐसा सूत्रका अभिप्राय है।

पं का/ता वृ. १३५/१९९/२३ वीतरागपरमात्मद्रव्यादिलक्षण पञ्चपरमेष्ठिनिर्भरगुणानुराग प्रशस्तधर्मानुरागः अनुकम्पासहितश्चपरिणाम' दयासहितो मनोवचनकायव्यापाररूप शुभपरिणामा चित्ते नास्तिकालुष्यं यस्यैते पूर्वोक्ता त्रय शुभपरिणामा सन्ति तस्य जीवस्य द्रव्यपुण्यास्रवकारणभूते भावपुण्यमास्रवतीति सूत्राभिप्राय।=वीतराग परमात्म द्रव्यसे विलक्षण पंचपरमेष्ठी निर्भर गुणानुराग प्रशस्त धर्मानुराग है। अनुकम्पायुक्त परिणाम व दया सहित मन वचन कायके व्यापाररूप परिणाम शुभ परिणाम है। तथा चित्तमें कालुष्यका न होना, जिसके इतने पूर्वोक्त तीन शुभ परिणाम होते हैं उस जीवके द्रव्य पुण्यास्रवका कारणभूत भाव पुण्यका आस्रव होता है, ऐसा सूत्रका अभिप्राय है। (प का /ता वृ. १०८/१७२/८)

द्र सं /टी ३५/१४६/५ व्रतसमितिगुप्ति भावसंवरकारणभूतानां यद्व्याख्यान कृत तत्र निश्चयरत्नत्रयसाधकव्यवहाररत्नत्रयरूपस्य शुभोपयोगस्य प्रतिपादकानि यानि वाक्यानि तानि पापास्रवसंवरणानि ज्ञातव्यानि।=व्रत, समिति, गुप्ति आदिक भावसंवरके कारणभूत जिन बातोका व्याख्यान किया है, उनमें निश्चय रत्नत्रयको साधने वाला व्यवहार रत्नत्रय रूप शुभोपयोग है उसका निरूपण करनेवाले जो वाक्य है वे पापास्रवके सवरमें कारण जानना (पुण्यास्रवके संवरमें नहीं)।

प प्र./टी २/३ धर्मशब्देनात्र पुण्य कथ्यते ।=धर्म शब्दसे यहाँ पुण्य कहा गया है ।

८. शुभोपयोग रूप व्यवहारको धर्म कहना रूढि है

पं.ध./उ ७१८ रुढितोऽधिवपुर्वाचा क्रिया धर्म शुभाव्हा । तत्रानुकूलरूपा वा मनोवृत्ति सहानया ।७१८।=रूढिसे शरीरकी, वचनकी अथवा उसके अनुकूल मनकी शुभ क्रिया धर्म कहलाती है ।

९. वास्तवमें धर्म शुभोपयोगसे अन्य है

भा.पा./मू ८३ पूयादिसु वयसहियं पुण्ण हि जिणेहि सासणे भणियं । मोहक्खोहविहीणो परिणामो अप्पणो धम्मो ।८३।=जिन शासनमें व्रत सहित पूजादिकको पुण्य कहा गया है और मोह तथा क्षोभ विहीन आत्माके परिणामको धर्म कहा है ।

उपरत बंध—दे. बंध १ ।

उपरितन कृष्टि—दे. कृष्टि ।

उपरितन स्थिति—दे. स्थिति १ ।

उपरिम द्वीप—(ज प /प्र. १०५) Outer island

उपलब्धि—१. ज्ञानके अर्थमें

सि वि /वृ. १/२/८/१४ उपलभ्यते अनया वस्तुतत्त्वमिति उपलब्धि, अर्थादापन्ना तदाकारा च बुद्धि ।=जिसके द्वारा वस्तुतत्त्व उपलब्ध किया जाता हो या ग्रहण किया जाता हो वह उपलब्धि है। पदार्थसे उत्पन्न होनेवाली तदाकार परिणत बुद्धि उपलब्धि है ।

पं.का /त प्र. ३९ चेतयते अनुभवन्ति उपलभन्ते विन्दन्तीत्येकार्थश्चेतनानुभूत्युपलब्धिवेदनानामेकार्थत्वात् ।=चेतता है, अनुभव करता है, उपलब्ध करता है, और वेदता है, ये एकार्थ है, क्योंकि चेतना, अनुभूति, उपलब्धि और वेदना एकार्थक है ।

पं. का /ता वृ ४३/८६/१ मतिज्ञानावरणीयक्षयोपशमजनितार्थग्रहणशक्तिरुपलब्धि । =मतिज्ञानावरणीयके क्षयोपशमसे उत्पन्न अर्थ ग्रहण करनेकी शक्तिको उपलब्धि कहते है ।

२. अनुरागके अर्थमें

ध /उ ४३५ अथानुरागशब्दस्य विधिवर्त्तव्यो यदार्थत । प्राप्तिस्यादुपलब्धिर्वा शब्दाश्चैकार्थवाचका ।४३५।=जिस समय अनुराग शब्दका अर्थकी अपेक्षासे विधिरूप अर्थ वक्तव्य होता है, उस समय अनुराग शब्दका अर्थ प्राप्ति व उपलब्धि होता है, क्योंकि अनुराग, प्राप्ति और उपलब्धि ये तीनो शब्द एकार्थवाचक है ।

३ सम्यक्त्व या ज्ञानचेतनाके अर्थमें

ध /उ २००-२०८ ननूपलब्धिशब्देन ज्ञान प्रत्यक्षमर्थत । तत् किं ज्ञानावृतेः स्त्रोयकर्मणोऽन्यत्र तत्स्यात् ।२००। सत्याद्यावरणस्योच्चैः कर्मणोऽनुदयाद्यथा । दृङ्मोहस्योदयाभावादात्मश्रद्धोपलब्धि स्यात ।२०३। किंचोपलब्धिशब्दोऽपि स्यादनेकार्थवाचक । शुद्धोपलब्धिरित्युक्ता स्यादशुद्धत्वहानये ।२०४। बुद्धिमानत्र संवेद्यो य स्वय स्यात्स वेदक । स्मृतिव्यतिरिक्त ज्ञानमुपलब्धिरिय यत ।२०८।=प्रश्न—वास्तवमें ज्ञान चेतनाको लक्षणभूत आत्मोपलब्धिमे 'उपलब्धि' शब्दसे 'प्रत्यक्षज्ञान' ऐसा अर्थ निकलता है। इसलिए ज्ञानावरणीयको आत्मोपलब्धिका घातक मानना चाहिए, मिथ्यात्व कर्मको नही। किन्तु ऊपरके पद (१९९)मे मिथ्यात्वके उदयको उस आत्मोपलब्धिका घातक माना है। तो क्या ज्ञानघातक ज्ञानावरणके सिवाय किसी और कर्मसे भी उस आत्मोपलब्धिका घात होता है ।२००। उत्तर—१. जैसे वास्तविक आत्माको शुद्धोपलब्धिस्वयोग्यमतिज्ञानावरण कर्मके अभावसे होती है, वैसे ही दर्शनमोहनीय कर्मके उदयके अभावसे भी होती है ।२०३। २ दूसरा उत्तर यह है कि उपलब्धि शब्द भी अनेकार्थ वाचक है, इसलिए यहाँ पर प्रकरणवश अशुद्धताके अभावको प्रगट करनेके लिए 'शुद्ध' उपलब्धि ऐसा कहा है ।२०४। क्योंकि शुद्धोपलब्धिमें जो चेतनावान जीव ज्ञेय होता है वही स्वय ज्ञानी माना जाता है, अर्थात निश्चयसे ज्ञान और ज्ञेयमें कोई अन्तर नहीं होता। इसलिए यह शुद्धोपलब्धि अतीन्द्रिय ज्ञानरूप पडती है। भावार्थ—'उपलब्धि' शब्दका अर्थ जिस प्रकार नेत्रादि इन्द्रियों द्वारा बाह्य पदार्थोंका प्रत्यक्ष ग्रहण करनेमें आता है, उसी प्रकार अतीन्द्रिय ज्ञान द्वारा अन्तरग पदार्थ अर्थात् अन्तरात्माका प्रत्यक्ष अनुभव करना भी उसी शब्दका वाच्य है। अन्तर केवल इतना है कि इसके साथ 'शुद्ध' विशेषण लगा दिया गया है ।

★ **उपलब्धि व अनुपलब्धि रूप हेतु**—दे हेतु ।

उपलब्धि समा—न्या सू /मू. व भाष्य ५।१।२७ निर्दिष्टकारणाभावेऽप्युपलम्भादुपलब्धिसम ।२८। निर्दिष्टस्य प्रयत्नान्तरीयकत्वस्यानित्यत्वकारणस्याभावेऽपि वायुनोदनाद्वृक्षशाखाभङ्गजस्य शब्दस्यानित्यत्वमुपलभ्यते निर्दिष्टस्य साधनस्याभावेऽपि साध्यधर्मोपलब्ध्या प्रत्यवस्थानमुपलब्धिसम ।=वादी द्वारा कहे जा चुके कारण के अभाव होनेपर भी साध्य धर्मका उपलम्भ हो जानेसे उपलब्धि प्रतिषेध है। उसका उदाहरण इस प्रकार है कि वायुके द्वारा वृक्षकी शाखा आदिके भगसे उत्पन्न हुए शब्दमे या घनगर्जन, समुद्र घोष आदिमें प्रयत्नजन्यत्वका अभाव होने पर भी, उसमें साध्य धर्मरूप अनित्यत्व वर्त रहा है। इसलिए शब्दको 'नित्य' सिद्ध करनेमें दिया गया प्रयत्नान्तरीयकत्व हेतु ठीक नहीं है।—(श्लो वा /पु ४/न्या, ४१९/५२५/१३)

२. अनुपलब्धि समा जाति

न्या.सू /मू व भाष्य ५-१/२९ तदनुपलब्धेरनुपलम्भादभावसिद्धौ परीतोपपत्तेरनुपलब्धिसम ।२९। तेषामावरणादीनामनुपलब्धिर्नोपलभ्यते अनुपलम्भान्नास्तीत्यभावोऽस्या सिध्यति अभावसिद्धौ हेत्वभावात्तद्विपरीतमस्तिनावरणादीनामवधार्यते तद्विपरीतोपपत्तेर्यत्प्रतिज्ञातं न प्रागुच्चारणाद्विद्यमानस्य शब्दस्यानुपलब्धिरित्येतन्न सिध्यति सोऽयं हेतुरावरणाद्यनुपलब्धेरित्यावरणादिषु चावरणाद्यनुपलब्धौ च समयानुपलब्ध्या प्रत्यवस्थितोऽनुपलब्धिसमो भवति।=निषेध करने योग्य शब्दकी जो अनुपलब्धि है, उस "अनुपलब्धि" की भी अनुपलब्धि हो जानेसे अभावका साधन करने पर, विपर्याससे उस अनुपलब्धिके अभावकी उपपत्ति करना प्रतिवादीकी अनुपलब्धिसमाजाति बखानी गयी है। इसका उदाहरण इस प्रकार है कि—'उच्चारणके प्रथम नहीं विद्यमान हो रहे हो शब्दका अनुपलम्भ है। विद्यमान शब्दका अदर्शन नहीं है', इस प्रकार स्वीकार करनेवाले वादीके लिए जिस किसी भी प्रतिवादीकी ओरसे यो प्रत्यवस्थान उठाया जाता है, कि उस शब्दके आवरण, अन्तराल आदिकोंके अदर्शनका भी अदर्शन हो रहा है। इसलिए वह आवरण आदिकोंकी जो अनुपलब्धि कही जा रही है उसका ही अभाव है। तिस कारण उच्चारणसे पहिले विद्यमान हो रहे ही शब्दका सुनना आवरणवश नहीं हो सका है, यह बात सिद्ध हो जाती है। क्योंकि अनादिकालसे सदा अप्रतिहत चला आ रहा जो शब्द है, तिसके आवरण आदिकोंके अभावका भी अभाव सिद्ध हो जानेसे उनका सद्भाव सिद्ध हो जाता है। (श्लो वा. ४/न्या ४२५/६२८/१० तथा पृ ५३१/१४)।

उपवन भूमि—समवशरणकी चौथी भूमि—दे समवशरण ।

उपवास—दे —प्रोषधोपवास ।

उपवेल्लन—द्रव्य निक्षेपका एक भेद—दे निक्षेप ५/६ ।

उपशम—कर्मोके उदयको कुछ समयके लिए रोक देना उपशम कहलाता है। कर्मोके उदयके अभावके कारण उतने समयके लिए जीवके परिणाम अत्यन्त शुद्ध हो जाते है, परन्तु अवधि पूरी हो

जाने पर नियमसे कर्म पुन उदयमें आ जाते है और जीवके परिणाम पुन गिर जाते हैं। उपशम-करणका सम्बन्ध केवल मोहकर्म व तज्जन्य परिणामोसे ही है, ज्ञानादि अन्य भावोसे नहीं, क्योकि रागादि विकारोमें क्षणिक उतार-चढाव सम्भव है। कर्मोके दबनेको उपशम और उससे उत्पन्न जीवके शुद्ध परिणामोको औपशमिक भाव कहते हैं।

१. उपशम निर्देश

१ उपशम सामान्यका लक्षण
२ सदवस्थारूप उपशमका लक्षण
३ प्रशस्त व अप्रशस्त उपशम
४ उपशमके निक्षेपोकी अपेक्षा भेद
* निक्षेपो रूप भेदोके लक्षण —दे निक्षेप
५ नो आगम भाव उपशमका लक्षण
६ उपशम व विसयोजनामे अन्तर
* अनन्तानुबन्धी विसंयोजना —दे विसयोजना
* त्रिकरण परिचय —दे. करण ३
* अन्तरकरण विधान —दे अतरकरण
* स्थितिबन्धापसरण —दे. अपकर्षण ३
* मोहोपशम व आत्माभिमुख परिणाममे केवल भाषाका भेद है —दे उपशम ६/१

२ दर्शनमोहका उपशम विधान

१ प्रथमोपशम सम्यक्त्वकी अपेक्षा स्वामित्व
२ प्रथमोपशममे दर्शनमोह उपशम विधि
* अनादि मिथ्यादृष्टि केवल एक मिथ्या-वका ही और सादि मिथ्यादृष्टि १, २ या ३ प्रकृतियोका उपशम करता है —दे. सम्यग्दर्शन IV/२
३ मिथ्यात्वका त्रिधाकरण
४ द्वितीयोपशमकी अपेक्षा स्वामित्व
५ द्वितीयोपशमकी अपेक्षा दर्शनमोह उपशमविधि
* द्वितीयोपशम सम्यक्त्वमे आरोहक सम्बन्धी दो मत —दे सम्यग्दर्शन IV/३/४
६ उपशम सम्यक्त्वमे अनन्तानुबन्धीकी संयोजनाके विधि निषेध सम्बन्धी दो मत
* पुनः पुन दर्शनमोह उपशमानेकी सीमा —दे. सम्यग्दर्शन IV/२

३ चारित्रमोहका उपशम विधान

१ चारित्रमोहकी उपशम विधि
* पुनः पुनः चारित्रमोह उपशमानेकी सीमा—दे. सयम २

४ उपशम सम्बन्धी कुछ नियम व शंकाएँ

१ अ तरायाममे प्रवेश करनेसे पहले मिथ्यात्व ही रहता है
२ उपशान्त-द्रव्यका अवस्थान अपूर्वकरण तक ही है, ऊपर नही
३ नवकप्रबद्धका एक आवली पर्यन्त उपशम सम्भव नही
४ उपशमन काल सम्बन्धी शंका
* दर्शन व चारित्रमोहके उपशामककी मृत्यु नही होती —दे. मरण ३
* उपशम श्रेणीमे कदाचित् मृत्यु सम्भव —दे मरण ३
* मोहके मन्द उदयमे ही यथार्थ पुरुषार्थ सम्भव है दे कारण III/६

५ उपशम विषयक प्ररूपणाएँ

१ मूलोत्तर प्रकृतियोकी स्थिति आदिमे उपशम विषयक प्ररूपणाएँ
* दर्शन चारित्र मोहके उपशामको सम्बन्धी सत्, संख्या, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव व अल्पबहुत्वरूप आठ प्ररूपणाएँ —दे वह वह नाम

६ औपशमिक भाव निर्देश

१ औपशमिक भावका लक्षण
२ औपशमिक भावके भेद-प्रभेद
* क्षायोपशमिक भावमे कथंचित् औपशमिकपनेका विधि निषेध —दे. क्षयोपशम
* गुणस्थानो व मार्गणा स्थानोमे यथासम्भव भावोंका निर्देश —दे, वह वह नाम
* अपूर्वकरण गुणस्थानमे किसी भी कर्मका उपशम न होते हुए भी वहाँ औपशमिक भाव कैसे कहा गया —दे. अपूर्वकरण ४
* औपशमिक भाव व आत्माभिमुख परिणाममे केवल भाषाका भेद है—दे. औपशमिक भावका लक्षण
* औपशमिक भाव जीवका निज तत्व है —दे. भाव २

१. उपशम निर्देश

१. उपशम सामान्यका लक्षण

ध ६/४,१,४५/२१/२२६ उदए सक्कम उदए चदुसु वि दादु कमेण णो सक्क। उवसंत च णिधत्तं णिकाचिदं चावि जं कम्मं। =जो कर्म उदयमें नही दिया जा सके, वह उपशान्त कहलाता है। (ध १५/४/२७६); (गो क./भू ४४०/५९३)

स सि २/१/१४९/५ आत्मनि कर्मण स्वशक्ते कारणवशादनुभूतिरुपशम। यथा कतकादिद्रव्यसम्बन्धादम्भसि पङ्कस्य उपशम। =आत्मामें कर्म की निजशक्तिका कारणवश प्रगट न होना उपशम है। जैसे कतक आदि द्रव्यके सम्बन्धसे जलमें काचडका उपशम हो जाता है।

रा वा. २/१/१/१००/१० यथा सकलुषस्याम्भस कतकादिद्रव्यसपर्काद्ध अध प्राप्तिमलद्रव्यस्य तत्कृतकालुष्याभावात् प्रसाद उपलभ्यते, तथा कर्मण कारणवशादनुद्भूतस्वबीर्यवृत्तिता आत्मनो विशुद्धिरुपशम। =जैसे कतकफल या निर्मलीके डालनेसे मैले पानीका मैल नीचे बैठ जाता है और जल निर्मल हो जाता है, उसी तरह परिणामोंकी विशुद्धिसे कर्मोकी शक्तिका अनुद्भूत रहना अर्थात् प्रगट न होना, उपशम है। (गो जी./जी.प्र ८/२९/१२)

२. सदवस्था रूप उपशमका लक्षण

रा.वा. २/५/३/१०७/१ तस्यैव सर्वघातिस्पर्धकस्यानुदयप्राप्तस्य सदवस्था उपशम इत्युच्यते अनुद्भूतस्ववीर्यवृत्तित्वात्। =अनुदय प्राप्त सर्वघाती स्पर्धकोंकी सत्तारूप अवस्थाको उपशम कहते हैं, क्योंकि इस अवस्थामें उसकी अपनी शक्ति प्रगट नहीं हो सकती।


३. प्रशस्त व अप्रशस्त उपशम

ध. १५/२७६/२ अप्पसत्थुवसामणाए जमुवसंत पदेसग्ग तमोकड्डिदुं पि सक्कं, उक्कड्डिदुं पि सक्कं, पयडीए संकामिदुं पि सक्कं उदयावलिय पवेसिदुं ण उ सक्कं। =अप्रशस्त उपशमनाके द्वारा जो कर्म प्रदेश उपशान्त होता है वह अपकर्षणके लिए भी शक्य है, उत्कर्षणके लिए भी शक्य है, तथा अन्य प्रकृतिमें संक्रमण करानेके लिए भी शक्य है। वह केवल उदयावलीमें प्रविष्ट करनेके लिए शक्य नहीं है।

गो.जी./जी.प्र. ६५०/१०९९/१६ अनन्तानुबन्धिचतुष्कस्य दर्शनमोहत्रयस्य च उदयाभावलक्षणाप्रशस्तोपशमेन प्रसन्नमलपङ्कतोयसमानं यत्पदार्थश्रद्धानमुत्पद्यते तदिदमुपशमसम्यक्त्वं नाम। =अनन्तानुबन्धीकी चौकडी और दर्शनमोहका त्रिक इन सात प्रकृतिका अभाव है लक्षण जाका ऐसा अप्रशस्त उपशम होनेसे जैसे कतकफल आदिसे मल कर्दम नीचे बैठने करि जल प्रसन्न हो है तैसे जो तत्त्वार्थ श्रद्धान उपजै सो यहु उपशम नाम सम्यक्त्व है।

ध. १/१,१,२७/२१२/६ उवसमो णाम किं। उदय-उदीरण-ओकड्डुक्कड्डण-परपयडिसंकम-ट्ठिदि-अणुभाग-कंडयघादेहि विणा अच्छणमुवसमो। =प्रश्न—उपशम किसे कहते हैं? उत्तर—उदय, उदीरणा, उत्कर्षण, अपकर्षण, परप्रकृति संक्रमण, स्थितिकाण्डकघात, अनुभागकाण्डकघातके बिना ही कर्मोंके सत्तामें रहनेको (प्रशस्त) उपशम कहते हैं। (यह उपशम चारित्रमोहका होता है)।

४. उपशमके निक्षेपोंकी अपेक्षा भेद—ध. १५/२७५



५. नोआगम भाव उपशमका लक्षण

ध. १५/२७५/५ णोआगमभावुवसमणा उवसंतो कलहो जुद्धं वा इच्चेवमादि। =नो आगम भावोपशमना—जैसे कलह उपशान्त हो गया अथवा युद्ध उपशान्त हो गया इत्यादि।

६. उपशम व विसंयोजनामें अन्तर

ध. १/१,१,२७/२११/१ सरूवं छड्डिय अण्ण-पयडि-सरूवेणच्छणमणंताणुबंधीणमुवसमो, दंसणतियस्स उदयाभावो उवसमो तेसिमुवसंताणं पि ओकड्डुक्कड्डण-परपयडि संकमाणमत्थित्तादो। =अपने स्वरूपको छोडकर अन्य प्रकृतिरूपसे रहना अनन्तानुबन्धीका उपशम है। और उदयमें नहीं आना ही दर्शनमोहनीयकी तीन प्रकृतियोंका उपशम है, क्योंकि, उत्कर्षण अपकर्षण और परप्रकृतिरूपसे संक्रमणको प्राप्त और उपशान्त हुई उस तीन प्रकृतियोंका अस्तित्व पाया जाता है। विशेषार्थ पृ. २१४—अनन्तानुबन्धीके अन्य प्रकृतिरूपसे संक्रमण होनेको ग्रन्थान्तरोंमें विसंयोजना कहा है और यहाँपर उसे उपशम कहा है। यद्यपि यह केवल शब्द भेद है, और स्वयं वीरसेन स्वामीको द्वितीयोपशम सम्यक्त्वमें अनन्तानुबन्धीका अभाव इष्ट है, फिर भी उसे विसंयोजना शब्दसे न कहकर उपशम शब्दके द्वारा कहनेसे उनका यह अभिप्राय रहा हो कि द्वितीयोपशम सम्यग्दृष्टि जीव कदाचित् मिथ्यात्व गुणस्थानको प्राप्त होकर पुनः अनन्तानुबन्धीका बन्ध करने लगता है और जिन कर्मप्रदेशोंका उसने अन्य प्रकृतिरूप संक्रमण किया था उनका फिरसे अनन्तानुबन्धी रूपसे संक्रमण हो सकता है। इस प्रकार यद्यपि द्वितीयोपशम सम्यक्त्वमें अनन्तानुबन्धीकी सत्ता नहीं रहती है, फिर भी उसका पुनः सद्भाव होना सम्भव है। अतः द्वितीयोपशम सम्यक्त्वमें अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना न कहकर उपशम शब्दका प्रयोग किया गया है।

२. दर्शनमोहका उपशम विधान

१. प्रथमोपशम सम्यक्त्वकी अपेक्षा स्वामित्व

ष.ख. ६/१,९-८/६/२३८ उवसामेंतो कम्हि उवसामेदि, चदुसु वि गदीसु उवसामेदि। चदुसु वि गदीसु उवसामेंतो पंचिंदिएसु उवसामेदि, णो एइंदियविगलिंदिएसु। पंचिंदिएसु उवसामेंतो सण्णीसु उवसामेदि, णो असण्णीसु। सण्णीसु उवसामेंतो गब्भोवक्कंतिएसु उवसामेदि, णो सम्मुच्छिमेसु। गब्भोवक्कंतिएसु उवसामेंतो पज्जत्तएसु उवसामेदि णो अपज्जत्तएसु। पज्जत्तएसु उवसामेंतो संखेज्जवस्साउगेसु वि उवसामेदि, असंखेज्जवस्साउगेसु वि।९। =दर्शनमोहनीय कर्मको उपशमाता हुआ यह जीव कहाँ उपशमाता है? चारों ही गतियोंमें उपशमाता है। चारों ही गतियोंमें उपशमाता हुआ पंचेन्द्रियोंमें उपशमाता है, एकेन्द्रियों व विकलेन्द्रियोंमें नहीं उपशमाता है। पंचेन्द्रियोंमें उपशमाता हुआ, संज्ञियोंमें उपशमाता है असंज्ञियोंमें नहीं। संज्ञियोंमें उपशमाता हुआ गर्भोपक्रान्तिकोंमें अर्थात् गर्भज जीवोंमें उपशमाता है, सम्मूर्च्छिमोंमें नहीं। गर्भोपक्रान्तिकोंमें उपशमाता हुआ पर्याप्तकोंमें उपशमाता है अपर्याप्तकोंमें नहीं। पर्याप्तकोंमें उपशमाता हुआ संख्यात वर्षकी आयुवाले जीवोंमें भी उपशमाता है और असंख्यात वर्षकी आयुवाले जीवोंमें भी उपशमाता है।९।

क.पा. सुत्त ९८/६३२ सायारे पट्ठवओ णिट्ठवओ मज्झिमो य भयणिज्जो। जोगे अण्णदरम्हि दुजहण्णेण तेउलेस्साए।९८। =साकारोपयोगमें वर्तमान जीव ही दर्शन मोहनीयकर्मके उपशमनका प्रस्थापक होता है। किन्तु निष्ठापक और मध्य अवस्थावर्ती जीव भजितव्य हैं। तीनोंमें से किसी एक योगमें वर्तमान और तेजोलेश्याके जघन्य अंशको प्राप्त जीव दर्शनमोहका उपशमन करता है। विशेषार्थ—तेजोलेश्याका यह नियम मनुष्यतिर्यंचोंकी अपेक्षा कहा जाना चाहिए। उक्त नियम देव और नारकियोंमें सम्भव इसलिए नहीं है कि देवोंके सदा काल शुभ लेश्या और नारकियोंके अशुभ लेश्या ही पायी जाती है।

ध. ६/१,९-८,४/२०७/४ ...कोधकसाई माणकसाई मायकसाई लोभकसाई वा, किंतु हायमाणकसाओ। असंजदो।...छण्णं लेस्साणमण्णदरलेस्सो किंतु हायमाणअसुहलेस्सो वड्ढमाण सुहलेस्सो। भव्वो। आहारी।—

(चारों गतियों, तीनों वेदों व तीनों योगोंमेंसे किसी भी गति वेद वा योग वाला हो), क्रोधकषायी, मानकषायी, मायाकषायी अथवा लोभकषायी अर्थात् चारों कषायोंमें से किसी भी कषायवाला हो। किन्तु हीयमान कषायवाला होना चाहिए। असंयत हो। (साकारोपयोगी हो)। कृष्णादि छहों लेश्या में से किसी एक लेश्या वाला हो, किन्तु यदि अशुभ लेश्या हो तो हीयमान होनी चाहिए और यदि शुभ लेश्या हो तो वर्धमान होनी चाहिए। भव्य तथा आहारक हो।

रा वा.९/१/१३/५९८/२३ अनादिमिथ्यादृष्टिर्भव्य षड्विंशतिमोहप्रकृतिसत्कर्मकः सादिमिथ्यादृष्टिर्वा षड्विंशतिमोहप्रकृतिसत्कर्मक सप्तविंशतिमोहप्रकृतिसत्कर्मको वा अष्टाविंशतिमोहप्रकृतिसत्कर्मको वा प्रथमसम्यक्त्व ग्रहीतुमारभमाणः शुभपरिणामाभिमुख अन्तर्मुहूर्तमनन्तगुणवृद्धया वर्द्धमानविशुद्धिः, चतुर्षु मनोयोगेषु अन्यतमेन मनोयोगेन, चतुर्षुवाग्योगेषु अन्यतमेन वाग्योगेन औदारिकवैक्रियककाययोगयोरन्यतरेण काययोगेन वा समाविष्टः हीयमानान्यतमकषायः साकारोपयोगः, त्रिषु वेदेष्वन्यतमेन वेदेन संक्लेशविरहितः वर्धमानशुभपरिणामप्रतापेन सर्वकर्मप्रकृतीनां स्थिति ह्रासयन्, अशुभप्रकृतीनामनुभागबन्धमपसारयन् शुभप्रकृतीना रसमुद्वर्तयन् त्रीणि करणानि कर्तुमुपक्रमते। =अनादि मिथ्यादृष्टि भव्यके मोहकी छब्बीस प्रकृतियोंका सत्त्व होता है और सादिमिथ्यादृष्टिके २६,२७ या २८ प्रकृतियोंका सत्त्व होता है। ये जब प्रथम सम्यक्त्वको ग्रहण करनेके उन्मुख होते हैं तब निरन्तर अनन्तगुणी विशुद्धिको बढ़ाते हुए शुभपरिणामों से संयुक्त होते जाते है। उस समय ये चार मनोयोगोंमें से किसी एक मनोयोग, चार वचनयोगोंमेंसे किसी एक वचनयोग, औदारिक और वैक्रियकमेंसे किसी एक काययोगसे युक्त होते है। इनके कोई भी एक कषाय होती है जो अत्यन्त हीन हो जाती है। साकारोपयोग और तीनों वेदोंमेंसे किसी एक वेदसे युक्त होकर भी सक्लेश रहित हो, प्रवर्धमान शुभ परिणामोंसे सभी कर्मप्रकृतियोंकी स्थितिको कम करते हुए, अशुभ कर्मप्रकृतियोंके अनुभागका खण्डन कर शुभ प्रकृतियोंके अनुभागरसको बढ़ाते हुए तीन करणोंको प्रारम्भ करते है। (ल.सा./मू./२/४१) (और भी दे सम्यग्दर्शन IV/२)

२. प्रथमोपशममें दर्शनमोह उपशम विधि

ष. ख. ६/१,९-८/सू ३-८/२०३-२३८ एदेसि चेव सव्वकम्माणं जावे अंतोकोडाकोडिट्ठिदिं बंधदि तावे पढमसम्मत्तं लभदि।३। सो पुण पंचिंदिओ सण्णी मिच्छाइट्ठी पज्जत्तओ सव्वविसुद्धो।४। एदेसिं चेव सव्वकम्माणं जाधे अंतोकोडाकोडिट्ठिदिं ठवेदि संखेज्जेहि सागरोवमसहस्सेहि ऊणियं ताधे पढमसम्मत्तमुप्पादेदि।५। पढमसम्मत्तमुप्पादेंतो अंतोमुहुत्तमोहट्टेदि।६। ओहट्टेदूण मिच्छत्तं तिण्णि भागं करेदि सम्मत्त मिच्छत्त सम्मामिच्छत्त।७। दंसणमोहणीयं कम्मं उवसमेदि।८। =इन ही सर्व कर्मोंकी जब अन्तःकोटाकोटी स्थितिको बाँधता है तब यह जीव प्रथमोपशम सम्यक्त्वको प्राप्त होता है।३। वह प्रथमोपशम सम्यक्त्वको प्राप्त करनेवाला जीव पंचेन्द्रिय, संज्ञी, मिथ्यादृष्टि, पर्याप्त और सर्व विशुद्ध होता है।४। जिस समय सर्व कर्मोंकी संख्यात हजार सागरोंसे हीन अन्तःकोडाकोडी सागरोपमप्रमाण स्थितिको स्थापित करता है, उस समय यह जीव प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्न करता है।५। प्रथमोपशम सम्यक्त्वको उत्पन्न करता हुआ सातिशय मिथ्यादृष्टि जीव अन्तर्मुहूर्त काल तक हटाता है, अर्थात् अन्तरकरण करता है।६। अन्तरकरण करके मिथ्यात्व कर्मके तीन भाग करता है—सम्यक्त्व, मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व।७। मिथ्यात्वके तीन भाग करनेके पश्चात् दर्शनमोहनीय कर्मको उपशमाता है।८। भावार्थ—सम्यक्त्वाभिमुख जीव पंचलब्धिको क्रम से प्राप्त करता हुआ उपशम सम्यक्त्वको ग्रहण करता है। क्षयोपशम लब्धि, विशुद्धि लब्धि, देशना लब्धि, प्रायोपगमन लब्धि व करण लब्धि-ये पाँच लब्धियोंके नाम है। विचारनेकी शक्ति विशेषका उत्पन्न होना क्षयोपशम लब्धि है। परिणामोंमें प्रति समय विशुद्धिकी वृद्धि होना विशुद्धि लब्धि है। सम्यक् उपदेशका सुनना व मनन करना देशना लब्धि है। उसके कारण हुई परिणामविशुद्धिके फलस्वरूप पूर्व कर्मोंकी स्थिति घटकर अन्तःकोडाकोडी सागरमात्र रह जाती है और नवीन कर्म भी इससे अधिक स्थितिके नहीं बन्ध पाते, यह प्रायोग्य लब्धि है। अन्तमें उस सुने हुए उपदेशका भलीभाँति निदिध्यासन करना करण लब्धि है। करण लब्धिके भी तरतमता लिये हुए तीन भाग होते है—अधःकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण। तहाँ अधःकरणमें परिणामोंकी विशुद्धिमें प्रतिक्षण अनन्त गुणी वृद्धि होती है। अशुभ प्रकृतियोंका अनुभाग अनन्तगुणहीन और शुभ प्रकृतियोंका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक बन्धता है। स्थिति भी उत्तरोत्तरपल्योपमके असंख्यातभाग करि हीन हीन बान्धती है। अपूर्वकरणमें विशुद्धि प्रतिक्षण बहुत अधिक वृद्धिगत होने लगती है। यहाँ पूर्व बद्ध स्थितिका काण्डक घात भी होने लगता है, और स्थिति बन्धापसरण भी। विशुद्धिमें अत्यन्त वृद्धि हो जानेपर वह अनिवृत्तिकरणमें प्रवेश करता है। यहाँ पहलेसे भी अधिक वेगसे परिणाम वृद्धिमान होते है। यह तीनों ही करण जीवके उत्तरोत्तर वृद्धिगत विशुद्ध परिणामोंके अतिरिक्त अन्य कुछ नहीं है। इनके प्राप्त करनेमें कोई अधिक समय भी नहीं लगता। तीनों ही प्रकारके परिणाम अन्तर्मुहूर्तमात्रमें पूरे हो जाते है। तब अनिवृत्तिकरण कालके संख्यातभाग जानेपर अन्तरकरण करता है। परिणामोंकी विशुद्धिके कारण सत्तामें स्थित कर्मप्रदेशोंमेंसे कुछ निषेकोंका अपना स्थान छोड़कर, उत्कर्षण व अपकर्षण-द्वाराऊपर-नीचेके निषेकोंमें मिल जाना ही अन्तरकरण है। इस अन्तरकरणके द्वारा निषेकोंकी एक अटूट पंक्ति टूटकर दो भागोंमें विभाजित हो जाती है—एक पूर्व स्थिति और दूसरी उपरितन स्थिति। बीचमें अन्तर्मुहूर्त प्रमाण निषेकोंका अन्तर पड़ जाता है। तत्पश्चात् उन्हीं परिणामोंके प्रभावसे अनादिका मिथ्यात्व नामा कर्म तीन भागोंमें विभाजित हो जाता है—मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और२ सम्यक्-प्रकृति मिथ्यात्व। ये तीनों ही कोई स्वतन्त्र प्रकृतियाँ नहीं है, बल्कि उस एक प्रकृतिमें ही कुछ प्रदेशोंका अनुभाग तो पूर्ववत् ही रह जाता है उसे तो मिथ्यात्व कहते है। कुछ अनुभाग अनन्तगुणाहीन हो जाता है, उसे सम्यग्मिथ्यात्व कहते है और कुछका अनुभाग घटकर उससे भी अनन्तगुणाहीन हो जाता है, उसे सम्यक्प्रकृति कहते है। तब इन तीनों ही भागोंको अन्तर्मुहूर्तमात्रके लिए ऐसी मूर्च्छित-सी अवस्था हो जाती है कि वे न उदयावलीमें प्रवेश कर पाते है और न ही उनका उत्कर्षण-अपकर्षण आदि हो सकता है। तब इतने कालमात्रके लिए उदयावलीमें-से दर्शनमोहकी तीनों ही प्रकृतियोंका सर्वथा अभाव हो जाता है। इसे ही उपशमकरण कहते हैं। इसके होनेपर जीवको उपशम सम्यक्त्व उत्पन्न हो जाता है, क्योंकि विरोधी कर्मका अभाव हो गया है। परन्तु अन्तर्मुहूर्तमात्र अवधि पूरी हो जानेपर वे कर्म पुनः सचेष्ट हो उठते है और उदयावलीमें प्रवेश कर जाते है। तब वह जीव पुनः मिथ्यात्वको प्राप्त हो जाता है। अथवा यदि सम्यग्मिथ्यात्वका उदय होता है तो मिश्र गुणस्थानको प्राप्त हो जाता है या यदि सम्यक्प्रकृतिका उदय हो जाता है तो क्षयोपशम सम्यक्त्वको प्राप्त हो जाता है। (रा वा /९/१/१३/५९८/३१); (ध. ६/१,९ ८/२०७-२४३), (ल.सा./मू. २ १०८/४१-१४६); (गो जी /जी प्र. ७०४/११४१/१०), (गो क /जी.प्र ५५०/७४२/१५)

३ मिथ्यात्वका त्रिधाकरण

ध. ६/१,९-८,७/२३५ तेण ओहट्टं दूणेत्ति उत्ते खंडयघादेण विणा मिच्छत्ताणुभागं घादिय सम्मत्त-सम्मामिच्छत्त अणुभागायारेण परिणामिय पढमसम्मत्तंपडिवण्णपढमसमए चेव तिण्णिकम्मंसे उप्पादेदि।"... (आगे दे नीचे भाषार्थ) =इसलिए 'अन्तरकरण करके' ऐसा

कहने पर काण्डक घातके बिना मिथ्यात्व कर्मके अनुभागको घातकर और उसे सम्यक्त्व प्रकृति और सम्यग्मिथ्यात्व प्रकृतिके अनुभाग-रूप आकारसे परिणमाकर प्रथमोशम सम्यक्त्वको प्राप्त होनेके प्रथम समयमें ही मिथ्यात्व रूप एक कर्मके तीन कर्मांश अर्थात् भेद या खण्ड उत्पन्न हो जाते है। भावार्थ—प्रथम समयवर्ती उपशमसम्यग्दृष्टि जीव मिथ्यात्वसे प्रदेशाग्रको लेकर (अर्थात् उनकी उदीरणा करके) उनका बहुभाग सम्यग्मिथ्यात्वमें देता है और उससे असंख्यात गुणा हीन प्रदेशाग्र सम्यक्त्व प्रकृतिमें देता है प्रथम समयमें सम्यग्मिथ्यात्वमें दिये गये प्रदेशाग्रकी अपेक्षा द्वितीय समयमें सम्यक्त्वप्रकृति में असंख्यात गुणित प्रदेशोको देता है। और उसी ही समयमें (अर्थात् दूसरे ही समयमें) सम्यक्त्वप्रकृतिमें दिये गये प्रदेशोकी अपेक्षा सम्यग्मिथ्यात्वमें असंख्यात गुणित प्रदेशोको देता है। (इसी प्रकार तीसरे समयमे सम्यक्त्व प्रकृतिका द्रव्य द्वितीय समयके सम्यग्मिथ्यात्वसे असंख्यात गुणा और सम्यग्मिथ्यात्वका द्रव्य सम्यग्मिथ्यात्वसे असंख्यात गुणा)। इस प्रकार (सर्पकी चालवत्) अन्तर्मुहूर्त काल तक गुणश्रेणीके द्वारा सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व कर्मको पूरित करता है, जब तक कि गुणसंक्रमण कालका अन्तिम समय प्राप्त होता है। (ल सा/मू. व जी. प्र./९०-९१/१२६-१२८)

ल.सा./मू./९०/१२५ मिच्छत्तमिस्ससम्मसरूवेण य तत्तिधा य दव्वादो। सत्तीदो य असंखाणतेण य होति भजियकमा। =मिथ्यात्व कर्म मिथ्यात्व मिश्र सम्यक्त्वमोहनीरूपकरि तीन प्रकार हो है, सो क्रमतै द्रव्य अपेक्षा असंख्यातवाँ भागमात्र और अनुभाग अपेक्षा अनन्त भागमात्र जानने। सोई कहिए है—मिथ्यात्वका परमाणूरूप जो द्रव्य ताकौ गुण संक्रम भागहारका भाग देइ एक अधिक असंख्यात-करि गुणिये। इतना द्रव्य बिना (शेष) समस्त द्रव्य मिथ्यात्व रूप ही रहा। अर गुणसंक्रम भागाहारकरि भाजित मिथ्यात्व द्रव्यकौ असंख्यात करि गुणिये इतना द्रव्य मिश्र-मोह रूप परिणम्या। अर गुणसंक्रम भागहारकरि भाजित मिथ्यात्व द्रव्यकौ एककरि गुणिए इतना द्रव्य सम्यक्त्व मोहरूप परिणमा। तातैं द्रव्य अपेक्षा असंख्यात-वाँ भागका क्रम आया। बहुरि अनुभाग अपेक्षा संख्यात अनुभाग कांडकनिके घातकरि जो मिथ्यात्वका अनुभागके पूर्व अनुभागके अनन्तवाँ भागमात्र अवशेष रहा ताके (भी) अनन्तवे भाग मिश्र-मोहका अनुभाग है। बहुरि याके (भी) अनन्तवे भाग सम्यक्त्व-मोहका अनुभाग है, ऐसे अनुभाग है, ऐसे अनुभाग अपेक्षा अनन्तवाँ भागका क्रम आया।९०।"

४. द्वितीयोपशमकी अपेक्षा स्वामित्व

ध ६/१,९-८,१४/२८८/६ संपधि ओवसमियचारित्तप्पडिवज्जणिवाहण बुच्चदे। तं जधा—जो वेदगसम्माइट्ठी जीवो सो ताव पुव्वमेव अणंताणुबंधी विसंजोएदि। =अब औपशमिक चारित्रकी प्राप्तिके विधानको कहते है। वह इस प्रकार है—जो वेदक सम्यग्दृष्टि (४-७ गुणस्थानवर्ती) जीव है वह पूर्वमें ही अनन्तानुबन्धी चतुष्टयका वेदन करता है।

ध.१/१,१,२७/२१०/११ तत्थ ताव उवसामण-विहि वत्तइस्सामो। अणंताणुबंधि कोध-माण-माया-लोभ सम्मत्त सम्मामिच्छत्त-मिच्छत्तमिदि एदाओ सत्तपयडीओ असंजदसम्माइट्ठिप्पहुडि जाव अप्पमत्तसंजदो त्ति ताव एदेसु जो वा सोवाडवसामेदि। =पहले उपशम विधिको कहते हैं—अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया, लोभ, सम्यक्प्रकृति, सम्यग्मिथ्यात्व, तथा मिथ्यात्व इन सात प्रकृतियोका असंयत सम्यग्दृष्टिसे अप्रमत्तसंयत गुणस्थान तक इन चार गुणस्थानोमें रहने वाला कोई भी जीव उपशम करनेवाला होता है।

ल सा./मू./२०५/२५१ उपसमचरियाहिमुहो वेदगसम्मो अणं विजोयित्ता। =उपशम सम्यक्त्वके सन्मुख भया वेदक सम्यग्दृष्टि जीव सो पहिलै पूर्वोक्त विधानतै अनन्तानुबन्धीका विसंयोजन करि ··

गो.क./जी प्र./५५०/७४३/४ तद्द्वितीयोपशमसम्यक्त्वं वेदकसम्यग्दृष्टय-प्रमत्त एव करणत्रयपरिणामै: सप्तप्रकृतिरुपशमय्य गृह्णाति·· । =बहुरि द्वितीयोपशम सम्यक्त्वकौ वेदक सम्यग्दृष्टि अप्रमत्त ही तीन करणके परिणामनिकरि सातौ प्रकृतिकौ उपशमाय ग्रहण करै है।
(गो जी/जी प्र. ७०४/१४१/१७) और भी दे. सम्यग्दर्शन IV/३/२)

ध. १/१,१,२७/२१४ विशेषार्थ—"लब्धिसार आदि ग्रन्थोमें द्वितीयोपशम सम्यक्त्वकी उत्पत्ति अप्रमत्त-संयत गुणस्थान तक ही बतलायी है, किन्तु यहाँपर उपशमन विधिके कथनमें उसकी उत्पत्ति असंयत सम्यग्दृष्टिसे लेकर अप्रमत्तसंयत गुणस्थान तक किसी भी एक गुण-स्थानमें बतलायी गयी है। धवलामें प्रतिपादित इस मतका उल्लेख श्वेताम्बर सम्प्रदायमें प्रचलित कर्मप्रकृति आदि ग्रन्थोमें देखनेमें आता है।"

५. द्वितीयोपशमकी अपेक्षा दर्शनमोह उपशम विधि

ल सा./मू./२०५-२१८/२५१-२७२ उवसमचरियाहिमुहो वेदगसम्मो अण विजायित्ता। अंतोमुहुत्तकाल अधापवत्तोऽपमत्तो य ।२०५। ततो तियरणविहिणा देसणमोह समं खु उवसमदि। सम्मत्तुप्पत्तिव्व अण्ण च गुणसेढिकरणविहो ।२०६। सम्मस्स असंखेज्जा समयपबद्धाणुदीरणा होदि। तत्तो मुहुत्तअंते दंसणमोहतर कुणई ।२०६। सम्मत्तुप्पत्तीए गुणसकमपूरणस्स कालादो। संखेज्जगुणं कालं विसोहिवड्ढीहि। वड्ढदि हु ।२१७। तेण पर हायदि वा वड्ढदि तव्वड्ढिदो विसुद्धीहिं। उवसतदंसणतियो होदि पमत्तापमत्तेसु। २१८। =उपशम चारित्रके सन्मुख भया वेदक सम्यग्दृष्टि जीव सो पहिलै पूर्वोक्त विधानतै अनन्तानुबन्धीका विसंयोजनकरि अन्तर्मुहूर्त काल पर्यन्त अध प्रवृत्त अप्रमत्त कहिये स्वस्थान अप्रमत्त हो है। तहा प्रमत्त अप्रमत्त विषैहजारो बार गमनागमन करि पीछे अप्रमत्त विषै विश्रामकरै है (अन्तर्मुहूर्त काल पर्यन्त वैसे ही परिणामोके साथ टिका रहै है)। २०५। स्वस्थान अप्रमत्त विषै अन्तर्मुहूर्त विश्रामकरि तहाँ पीछे तीन करण विधान करि युगपत् दर्शनमोहकौ उपशमावै है। तहां अपूर्वकरणका प्रथम समयतै लगाय प्रथमोशमवत् गुणसक्रमण बिना अन्य स्थिति व अनु-भाग काण्डकघात व गुणश्रेणी निर्जरा सर्व विधान जानना। अनन्तानु-बन्धीका विसयोजन याकै हो है, ता विषै भी सर्व स्थिति खण्डनादि पूर्वोक्तवत् जानना। २०६। अनिवृत्तिकरण कालका सख्यातवाँ भाग अवशेष रहे सम्यक्त्वमोहनीयके द्रव्यकौ अपकर्षणकरि (उपरितन स्थितिमें, गुणश्रेणी आयाममें, और उदयावली विषै दीजिये है)। सो यहाँ उदयावली विषै दिया जो उदीरणाद्रव्य असंख्यात समयप्रबद्ध प्रमाण आवै है। यातै परे अन्तर्मुहूर्त काल व्यतीत भये दर्शनमोहका अन्तर करै है। २०९। प्रथमोपशम सम्यक्त्वकी उत्पत्तिविषै पूर्वै गुणसक्रमण पूरणकाल (दे उपशम २/३) अन्तर्मुहूर्त मात्र कह्या था, तातै सख्यात गुणा काल पर्यन्त यहू द्वितीयोपशम् सम्यग्दृष्टि प्रथम समयतै लगाय समय समय प्रति अनन्तगुणी विशुद्धताकरि बधै है। ऐसे इहाँ एकान्तानुवृद्धताकी वृद्धिका काल अन्तर्मुहूर्त मात्र जानना ।२१७। तिस एकान्तानुवृद्धिकालतै पीछे विशुद्धता करि घटे वा बधै वा हानि वृद्धि बिना जैसा का तैसा रहै किछू नियम नाही। ऐसे उपशमाए है तीन दर्शनमोह जाने ऐसा जीव बहुत बार प्रमत्त अप्रमत्तनिविषै उलटनि करि प्राप्त हो है ।२१८। (ध. ६/१,९-८,१४/२८८-२९२); (ध. १/१,१,२७/२१०-२१४), (गो. जी./जी प्र. ७०४/११४१/१७); (गो. क./जी प्र ५५०/७४३/४)।

६. उपशम सम्यक्त्वमें अनन्तानुबन्धीकी संयोजनाके विधि निषेध सम्बन्धी दो मत

क पा. २/१-१५/४१७/१ उवसमसम्मादिट्ठिस्स अणंताणुबंधिचउक्कं विसंजोएंतस्स अप्पदरं होदि त्ति तत्थ अप्पदरकालपरूवणा कायव्वा त्ति। ण, उवसमसम्मादिट्ठिस्स अणंताणुबंधिविसंजोयणाए अभावादो। तदभावो कुदो णव्वदे। उवसमसम्मादिट्ठिम्मि अवट्ठिदपद चेव

परूवेमाण उच्चारणाइरियवयणादो णव्वदे। उवसमसम्मादिट्ठिम्मि अणंताणुबंधिचउक्क विसंजोयण भणंत आइरियवयणेण विरुज्झमाणमेदं वयणमप्पमाणभाव किं ण दुक्कदि। सच्चमेद जदि त सुत्त होदि। सुत्तेण वक्खाण बाहिज्जदि ण वक्खाणेण वक्खाण। एत्थ पुण दो वि उवएसा परूवेयव्वा दोहमेक्कदरस्स सुत्ताणुसारित्तवगमाभावादो। किमट्ठमुवसमसम्मादिट्ठिम्मि अणंताणुबंधिचउक्कविसयोजणा णत्थि। उवसमसम्मत्तकाल पेक्खिय अणंताणुबंधिचउक्कस्स बहुत्तादो अणंताणुबंधिविसंयोजणपरिणामाणं तत्थाभावादो वा। एत्थ पुण विसयोजणापक्खो चेव पहाणभावेणावलंबियव्वो पवाइज्जमाणत्तादो चउवीससंतकम्मियस्स सादिरेयवेछावट्ठिसागरोवममेत्तकालपरूवयं सुत्ताणुसारित्तादो च।=प्रश्न—जो उपशमसम्यग्दृष्टि चार अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना करता है उसके अल्पतर विभक्तिस्थान पाया जाता है, इसलिए उपशम सम्यग्दृष्टिमें अल्पतर विभक्तिस्थानके कालकी प्ररूपणा करनी चाहिए ? उत्तर—नहीं, क्योंकि उपशमसम्यग्दृष्टि जीवके अनन्तानुबन्धी चारकी विसंयोजना नहीं पायी जाती है। प्रश्न—'उपशमसम्यग्दृष्टि जीवके अनन्तानुबन्धी चारकी विसंयोजना नहीं होती है' यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ? उत्तर—'उपशमसम्यग्दृष्टिके एक अवस्थित पद ही होता है' इस प्रकार प्रतिपादन करनेवाले उच्चारणाचार्यके वचनसे जाना जाता है। प्रश्न—'उपशमसम्यग्दृष्टिके अनन्तानुबन्धी चारकी विसंयोजना होती है' इस प्रकार कथन करनेवाले आचार्यवचनके साथ यह उक्त वचन विरोधको प्राप्त होता है, इसलिए यह वचन अप्रमाण क्यों नहीं है ? उत्तर—यदि उपशमसम्यग्दृष्टिके अनन्तानुबन्धी चारकी विसंयोजनाका कथन करनेवाला वचन सूत्र वचन होता तो यह कहना सत्य होता, क्योंकि सूत्रके द्वारा व्याख्यान (टीका) बाधित हो जाता है। परन्तु एक व्याख्यानके द्वारा दूसरा व्याख्यान बाधित नहीं होता, इसलिए 'उपशम सम्यग्दृष्टिके अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना नहीं होती है', यह वचन अप्रमाण नहीं है। फिर भी यहाँपर दोनों ही उपदेशोंका प्ररूपण करना चाहिए, क्योंकि दोनोंमें से अमुक उपदेश सूत्रानुसारी है इस प्रकारके ज्ञान करनेका कोई साधन नहीं पाया जाता है। प्रश्न—उपशमसम्यग्दृष्टिके अनन्तानुबन्धी चारकी विसंयोजना क्यों नहीं होती है ? उत्तर—उपशम सम्यक्त्वके कालकी अपेक्षा अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी विसंयोजनाका काल अधिक है, अथवा वहाँ अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजनाके कारणभूत परिणाम नहीं पाये जाते हैं। इससे प्रतीत होता है कि उपशमसम्यग्दृष्टिके अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना नहीं होती है। फिर भी यहाँ उपशमसम्यग्दृष्टिके अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना होती है' यह पक्ष ही प्रधान रूपसे स्वीकार करना चाहिए, क्योंकि इस प्रकारका उपदेश परम्परासे है।

३. चारित्रमोहका उपशम विधान

१. चारित्रमोहकी उपशम विधि

ल. सा./२१७-३०३/२६-३८४ एवं पमत्तमियर परावत्तिसहस्सय तू कादूण। इगवीसमोहणीयं उवसमदि ण अण्णपयडीसु।२१६। तिकरणअधोसरणं कमकरण देसघादिकरणं च। अंतरकरणमुपशमकरण उपशामने भवंति।२२०। =ऐसैं (द्वितीयोपशम सम्यक्त्वकी प्राप्तिके पश्चात्) अप्रमत्तसै प्रमत्तविषै प्रमत्तसै अप्रमत्तविषै हजारों बार पलटनिकरि अनंतानुबंधी चतुष्क बिना अवशेष इकईस चारित्रमोहकी प्रकृतिके उपशमावनेका उद्यम करै है। अन्य प्रकृतिनिका उपशम होता नहीं, जातैं तिनिकै उपशम करना है।२१६। अधःकरण, अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण, ए तीन करण अर, स्थितिबन्धापसरण, क्रमकरण, देशघातिकरण, अनन्तकरण, उपशमकरण ऐसे आठ अधिकार चारित्रमोहके उपशमविधान विषै पाइए है। तहाँ अधःकरण सातिशय अप्रमत्त गुणस्थानवर्ती मुनि करै है। ताका लक्षण वा ताका कीया कार्य जैसे प्रथमोपशम सम्यक्त्वकौ सन्मुख होते कहे है तैसे इहाँ भी जानना। विशेष इतना—इहाँ संयमीके सभवै ऐसी प्रकृतिनिका बन्ध व उदय कहना। अर अनन्तानुबन्धी चतुष्क, नरक, तिर्यंच आयु बिना अन्य प्रकृतिनिका सत्त्व कहना।२२६।

ध. १/१,१२७/२११/३ अपुव्वकरणे ण एक्कं पि कम्ममुवसमदि। किंतु अपुव्वकरणो पडिसमयमणंतगुण-विसोहिए वड्ढतो अंतोमुहुत्तेणंतोमुहुत्तेण एक्केक्कं ट्ठिदि-खंडयं घादेंतो संखेज्जसहस्साणि ट्ठिदिखंडयाणि घादेदि, तत्तियमेत्ताणि ट्ठिदि-बंधोसरणाणि करेदि। एक्केक्कं ट्ठिदि-खंडय-कालब्भंतरे संखेज्ज-सहस्साणि अणुभाग-खंडयाणि घादेदि। पडिसमयमसंखेज्जगुणाए सेढीए पदेस-णिज्जर करेदि। जे अप्पसत्थ-कम्मंसे ण बंधदि तेसिं पदेसग्गमसंखेज्ज गुणाए सेढीए अण्णपयडीसु संकामेदि। पुणो अपुव्वकरण बोलेऊण अणियट्टि-गुणट्ठाणं पविसिऊण तोमुहुत्तमणेणेव विहाणेणाच्छिय बारस-कसाय-णव-णोकसायाणमंतरं अंतोमुहुत्तेण करेदि। अंतरे कदे पढम-समयादो उवरि अंतोमुहुत्तं गंतूण असंखेज्ज-गुणाए सेढिए णउंसय-वेदमुवसामेदि। तदो अंतोमुहुत्तं गंतूण णवुंसयवेदमुवसामिदं-विहाणेणित्थिवेदमुवसामेदि। तदो अंतोमुहुत्तं गंतूण तेणेव विहिणा छण्णोकसाए पुरिसवेद-चिराण-सत-कम्मेण सह जुगव उवसामेदि। तत्तो उवरि समऊण—दोआवलियाओ गंतूण पुरिसवेदणवकबंधमुवसामेदि। तत्तो अंतोमुहुत्तमुवरिगंतूण पडिसमयमसंखेज्जाए गुणसेढिए अपच्चक्खाण-पच्चक्खाणावरणसण्णिदे दोण्णि वि कोधे-काध-सजलण-चिराण सतकम्मेण सह जुगवमुवसामेदि। तत्तो उवरि दो आवलियाओ समऊणाओ गंतूण कोध-सजलण-णवक-बंधमुवसामेदि। तदो अंतोमुहुत्तं गंतूण तेसिं चेव दुविहं माणमसंखेज्जाए गुणसेढीए माणसजलण-चिराण-सत-कम्मेण सह जुगव उवसामेदि। तदो समऊण-दो-आवलियाओ गंतूण माणसंजलणमुवसामेदि। तदो पडिसमयमसंखेज्जगुणाए सेढीए उवसामेंतो अंतोमुहुत्तं गंतूण दुविहं मायं माया-सजलण-चिराण-सतकम्मेण सह जुगव उवसामेदि। तदो दो आवलियाओ समऊणाओ गंतूण माया-सजलणमुवसामेदि। तदो समयं पडि असंखेज्जगुणाए सेढीए पदेसमुवसामेंतो अंतोमुहुत्तं गंतूण लोभ-सजलण-चिराण-संत-कम्मेण सह पच्चक्खाणापच्चक्खाणावरण-दुविहं लोभ लोभ-वेदगद्धाए विदिय-ति-भागे सुहुमकिट्टीओ करेंतो उवसामेदि। सुहुमकिट्टि मोत्तूण अवसेसो बादरलोभो फद्दय गदो सव्वो णवकबंधुच्छिट्ठावलिय-वज्जो अणियट्टि-चरिमसमए उवसंतो णवंसयवेदप्पहुडि जाव बादरलोभसंजलणो त्ति ताव एदासिं पयडीणमणियट्टी उवसामगो होदि। तदो णंतर-समए-सुहुमकिट्टि-सरूव लोभ वेदंतो णट्ठ-अणियट्टि-सण्णो सुहुमसांपराइओ होदि। तदो सो अप्पणो चरिम-समए लोहसंजलण सुहुमकिट्टि-सरूवं णिस्सेसमुवसामिय उवसंत-कसाय वीदराग-छदुमत्थो होदि। एसा मोहणीयस्स उवसामण-विही।''=अपूर्वकरण गुणस्थानमें एक भी कर्मका उपशम नहीं होता किन्तु अपूर्वकरण गुणस्थानवाला जीव प्रत्येक समयमें अनन्तगुणी विशुद्धिसे बढ़ता हुआ एक-एक अन्तर्मुहूर्तमें एक-एक स्थिति खण्डका घात करता हुआ संख्यात हजार स्थिति खण्डोंका घात करता है। और उतने ही स्थितिबन्धापसरणोंको करता है। तथा एक-एक स्थितिखण्डके कालमें संख्यात हजार अनुभाग खण्डोंका घात करता है और प्रतिसमय असंख्यात गुणित-श्रेणीरूपसे प्रदेशकी निर्जरा करता है, तथा जिन अप्रशस्त प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता है, उनकी कर्मवर्गणाओंको उस समय बंधनेवाली अन्य प्रकृतियोंमें असंख्यातगुणित श्रेणीरूपसे संक्रमण कर देता है। इस तरह अपूर्वकरण गुणस्थानको उल्लङ्घन करके और अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें प्रवेश करके, एक अन्तर्मुहूर्त पूर्वोक्त विधिसे रहता है। तत्पश्चात् एक अन्तर्मुहूर्त कालके द्वारा बारह कषाय और नौ नोकषाय इनका अन्तर (करण) करता है। (यहाँ क्रमकरण करता है। अर्थात् विशेष क्रमसे स्थितिबन्धको घटाता हुआ उन २१ प्रकृतियोंका पल्यमात्र स्थितिबन्ध करने लगता है (ल./सा. २२७-

२३८) अन्तरकरण विधिके हो जानेके पश्चात्, क्रमकरण करता है अर्थात् क्रमपूर्वक इन २१ प्रकृतियोंका उपशम करता है।) प्रथम समयसे लेकर ऊपर अन्तर्मुहूर्त जाकर असंख्यातगुणीश्रेणीके द्वारा 'नपुंसकवेदका' उपशम करता है। तदनन्तर एक अन्तर्मुहूर्त जाकर 'स्त्रीवेदका' उपशम करता है। फिर एक अन्तर्मुहूर्त जाकर 'पुरुषवेद' के (एक समय घाट दो आवलीमात्र नवक समयप्रबद्धोंको छोड़कर बाकी सम्पूर्ण) प्राचीन सत्तामें स्थित कर्मके साथ 'छह नोकषायोंका' (युगपत्) उपशम करता है। इसके आगे एक समय कम दो आवली काल बिताकर पुरुषवेदके नवक समय प्रबद्धका उपशम करता है। इसके पश्चात् (पुरुषवेदवत् ही पहिले प्राचीन सत्ताका और फिर नवक समयप्रबद्धका उपशम करनेके क्रमपूर्वक असंख्यातगुणश्रेणीके द्वारा 'संज्वलन क्रोध' के साथ 'अप्रत्याख्यान और प्रत्याख्यान क्रोधोंका' फिर इसी प्रकार 'तीनों मानव मायाका' उपशम करता है। तत्पश्चात् प्रत्येक समयमें असंख्यात गुणश्रेणीरूपसे कर्म प्रदेशोंका उपशम करता हुआ, लोभवेदकके दूसरे त्रिभागमें सूक्ष्मकृष्टिको करता हुआ 'संज्वलन लोभ' के नवक समय प्रबद्धोंको छोड़कर प्राचीन सत्तामें स्थित कर्मोंके साथ प्रत्याख्यान व अप्रत्याख्यान इन दोनों लोभोंका एक अन्तर्मुहूर्तमें उपशम करता है। इस तरह सूक्ष्मकृष्टिगत लोभको छोड़कर और एक समय कम दो आवलीमात्र नवक समय प्रबद्ध तथा उच्छिष्टावली मात्र निषेकोंको छोड़कर शेष स्पर्धकगत सम्पूर्ण बादर लोभ अनिवृत्ति करके चरम समयमें उपशान्त हो जाता है। इस प्रकार नपुंसकवेदसे लेकर जब तक बादर संज्वलन लोभ रहता है तब तक अनिवृत्तिकरण गुणस्थानवाला जीव इन पूर्वोक्त प्रकृतियोंका उपशम करनेवाला होता है। इसके अनन्तर समयमें जो सूक्ष्मकृष्टिगत लोभका अनुभव करता है और जिसने 'अनिवृत्ति' इस संज्ञाको नष्ट कर दिया है, ऐसा जीव सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानवर्ती होता है। तदनन्तर वह अपने कालके चरम समयमें सूक्ष्मकृष्टिगत सम्पूर्ण लोभ संज्वलनका उपशम करके उपशान्तकषाय वीतराग-छद्मस्थ होता है। इस प्रकार मोहनीयकी उपशम विधिका वर्णन समाप्त हुआ। (ध ६/१,९-८,१४/२९२-३१६)

४. उपशम सम्बन्धी कुछ नियम व शंकाएँ

१. अन्तरायाममें प्रवेश करनेसे पहले मिथ्यात्व ही रहता है

ध. ६/१,९-८,९/६/२४० मिच्छत्तवेदणीयं कम्मं उवसामगस्स बोद्धव्वं। उवसंते आसाणे तेण परं होइ भयणिज्जं।=उपशामकके जब तक अन्तर प्रवेश नहीं होता है तब तक मिथ्यात्ववेदनीय कर्मका उदय जानना चाहिए। दर्शनमोहनीयके उपशान्त होनेपर, अर्थात् उपशम सम्यक्त्वके कालमें, और सासादन कालमें मिथ्यात्व कर्मका उदय नहीं रहता है। किन्तु उपशम सम्यक्त्वका काल समाप्त होनेपर मिथ्यात्वका उदय भजनीय है, अर्थात् किसीके उसका उदय भी होता है और किसीको नहीं भी होता है (मिश्रप्रकृति या सम्यक्त्व प्रकृतिका उदय हो जाता है)।

२. उपशान्त द्रव्यका अवस्थान अपूर्वकरण तक ही है ऊपर नहीं

गो. क./जी. प्र. ४५०/५९९/५ यत् उपशान्तद्रव्यं उदयावल्यां निक्षेप्तुमशक्यं तत् अपूर्वकरणगुणस्थानपर्यन्तमेव स्यात्। तदुपरि गुणस्थानेषु यथासंभवं शक्यमित्यर्थः।=उपशान्त द्रव्यका उदयावलीमें प्राप्त करनेको समर्थ न होनेका नियम अपूर्वकरण गुणस्थान पर्यन्त ही होता है। उसके ऊपरके गुणस्थानोंमें यथासम्भव शक्य है।

३. नवक प्रबद्धका एक आवलीपर्यन्त उपशम सम्भव नहीं

ध. १/१,१,२७/२१५ विशेषार्थ/१३ जिन कर्मप्रकृतियोंकी बन्ध, उदय और सत्त्व व्युच्छित्ति एक साथ होती है, उनके बन्ध और उदय व्युच्छित्तिके कालमें एक समय कम दो आवली मात्र नवक समय प्रबद्ध रह जाते हैं। (दे उपशम ३), जिनकी सत्त्व व्युच्छित्ति अनन्तर होती है, वह इस प्रकार है कि विवक्षित (पुरुषवेद आदि) प्रकृतिके उपशम या क्षपण होनेके दो आवली काल अवशिष्ट रह जानेपर द्विचरमावलीके प्रथम समयमें बन्धे हुए द्रव्यका, बन्धावलीको व्यतीत करके चरमावलीके प्रथम समयसे लेकर, प्रत्येक समयमें एक फालिका उपशम या क्षय होता हुआ चरमावलीके अन्त समयमें सम्पूर्ण रीतिसे उपशम या क्षय होता है। तथा द्विचरमावलीके द्वितीय समयमें जो द्रव्य बन्धता है उसका चरमावलीके द्वितीय समयसे लेकर अन्त समय तक उपशम या क्षय होता हुआ अन्तिम फालिको छोड़कर सबका उपशम या क्षय होता है। इसी प्रकार द्विचरमावलीके तृतीयादि समयोंमें बन्धे हुए द्रव्यका बन्धावलीको व्यतीत करके, चरमावलीके तृतीयादि समयसे लेकर एक-एक फालिका उपशम या क्षय होता हुआ क्रमसे दो आदि फालिरूप द्रव्यको छोड़कर शेष सबका उपशम या क्षय होता है। तथा चरमावलीके प्रथमादि समयोंमें बन्धे हुए द्रव्यका उपशम या क्षय नहीं होता है, क्योंकि, बन्ध हुए द्रव्यका एक आवली तक उपशम नहीं होता ऐसा नियम है। इस प्रकार चरमावलीका सम्पूर्ण द्रव्य और द्विचरमावलीका एक समय कम आवली मात्र द्रव्य उपशम या क्षय रहित रहता है, जिसका प्राचीन सत्तामें स्थित कर्मके उपशम या क्षय हो जानेके पश्चात् ही उपशम या क्षय होता है।

४. उपशमन काल सम्बन्धी शंका

प्रश्न—ल सा/जी. प्र. ८७ के अनुसार प्रथम स्थितिके प्रथम समयसे लेकर उसके अन्तिम समय तक प्रति समय द्वितीय स्थितिके द्रव्यको उपशमाता है। परन्तु ल सा/जी प्र. ९४ के अनुसार प्रथम स्थितिके कालसे दर्शनमोहको उपशमाने काल समयकम दो आवली मात्र अधिक है। इन दोनों कथनोंमें विरोध प्रतीत होता है। उत्तर—पहिले कथनमें नवीन बन्धकी विवक्षा नहीं है, और दूसरेमें नवीन बन्धकी विवक्षा है। जो बन्ध हुए पीछे एक आवली तक तो अचल रहता है और उसके आगे एक आवली उसको उपशमाने लगता है। (देखो इससे पहिला शीर्षक)।

५. उपशम विषयक प्ररूपणाएँ

* मूलोत्तर प्रकृतियोंकी प्रशस्त व अप्रशस्त उपशमनाका नाना जीवापेक्षा भंग विचय —दे. ध. १५/पृ.२७७-२८०
* मूलोत्तर प्रकृतियोंकी स्थिति उपशमना सम्बन्धी समुत्कीर्तना व भंग विचय —दे. ध. १५/पृ २८०-२८१
* मूलोत्तर प्रकृतियोंकी अनुभाग उपशमना सम्बन्धी समुत्कीर्तना व भंग विचय —दे. ध. १५/पृ २८२
* मूलोत्तर प्रकृतियोंकी प्रदेश उपशमना सम्बन्धी समुत्कीर्तना व भंग विचय —दे. ध. १५/पृ. २८२

६. औपशमिक भाव निर्देश

१. औपशमिक भावका लक्षण

स. सि. २/१/१४६/९ "उपशमः प्रयोजनमस्येत्यौपशमिकः।" —जिस भावका प्रयोजन अर्थात् कारण उपशम है वह औपशमिक भाव है। (रा. वा. २/१/६/१००/२३)

ध. १/१,१,९/१६१/२ तेषामुपशमादौपशमिकः। ... गुणसहचरित्वादात्मापि गुणसंज्ञां प्रतिलभते।=जो कर्मोंके उपशमसे उत्पन्न होता है उसे औपशमिक भाव कहते हैं। (क्योंकि) गुणोंके साहचर्यसे आत्मा भी गुणसंज्ञाको प्राप्त होता है। (ध. ५/१, ७, १/१८५/१), (ध. ५/

१, ७, ८/१), (गो क./मू. ८१४/९८७); (गो. जी./जी. प्र. ८२९।१३); (पं. ध./उ. ११७)।

पं. का./त. प्र. ५६/१०६ उपशमेन युक्त औपशमिक। =उपशमसे युक्त (भाव) औपशमिक है।

स. सा./ता वृ. ३२० आगमभाषयौपशमिकक्षायोपशमिक-क्षणिकभावत्रयं भण्यते। अध्यात्मभाषया पुन शुद्धाभिमुखपरिणाम शुद्धोपयोग इत्यादि पर्यायसज्ञा लभते। =आगम भाषामें जो औपशमिक क्षायोपशमिक या क्षायिक ये तीन भाव कहे जाते है, वे ही अध्यात्म भाषामें शुद्धाभिमुख परिणाम या शुद्धोपयोग आदि संज्ञाओंको प्राप्त होते है।

२. औपशमिक भावके भेद-प्रभेद

ष. खं. १४/५, ६/सू. १७/१४ जो सो ओवसमिओ अविवागपच्चइओ जीवभावबंधो णाम तस्स इमो णिद्देसो—से उवसंतकोहे उवसंतमाणे उवसंतमाए उवसंतलोहे उवसंतरागे उवसंतदोसे उवसंतमोहे उवसंतकसायवीयरायछदुमत्थे उवसमियं सम्मत्तं, उवसमिय चारित्तं, जे चामण्णे एवमादिया उवसमिया भावा सो सव्वो उवसमियो अविवागपच्चइयो जीव भावबंधो णाम। १७। =जो औपशमिक अविपाकप्रत्ययिक जीव भावबन्ध है उसका निर्देश इस प्रकार है—उपशान्तक्रोध, उपशान्त मान, उपशान्त माया, उपशान्त लोभ, उपशान्तराग, उपशान्त दोष (द्वेष), उपशान्तमोह, उपशान्तकषाय वीतरागछद्मस्थ, औपशमिक सम्यक्त्व, और औपशमिक चारित्र, तथा इनसे लेकर जितने (अन्य भी) औपशमिक भाव है, वह सब औपशमिक अविपाकप्रत्ययिक जीवभावबन्ध है।१७।

त. सू. २/३ "सम्यक्त्वचारित्रे। ३।" =औपशमिक भावके दो भेद है औपशमिक सम्यक्त्व और औपशमिक चारित्र। (स सि. २/३/१५२/६); (न. च. वृ. ३७०); (त. सा २/५), (गो. क./मू ८१६/९८८)

ध. ५/१, ७, १/७ व टीका/१९० "सम्मत्त चारित्त दो चेय ट्ठाणाइमुवसमें होंति। अट्ठ वियप्पा य तहा कोहाइया मुणेदव्वा ।७।... ओवसमियस्स भावस्स सम्मत्त चारित्तं चेदि दोण्णि ट्ठाणाणि। कुदो। उवसमसम्मत्तं उवसमचारित्तमिदि दोण्ह चे उवलंभा। उवसमसम्मत्तमेयविहं। ओवसमियं चारित्तं सत्तविह। तं जहा—णवु सयवेदुवसामणद्धा, ए एय चारित्तं, इत्थिवेदुवसामणद्धाए बिदियं, पुरिस-छण्णोकसायउवसमसामणद्धाए तदियं, कोहुवसामणद्धाए चउत्थं, माणुवसामणद्धाए पंचमं, मायोवसामणद्धाए छट्ठं, लोहुवसामणद्धाए सत्तमोवसमियं चारित्त। भिण्णकज्जलिंगेण कारणभेदसिद्धीदो उवसमियं चारित्तं सत्तविहं उत्तं। अण्णहा पुण आणेयपयारं, समयं पडि उवसमसेडिहि पुध पुध असंखेज्जगुणसेडिणिज्जराणिमित्तपरिणामुवलंभा।" =औपशमिक भावमें सम्यक्त्व और चारित्र ये दो ही स्थान होते है। तथा औपशमिक भावके विकल्प आठ होते है, जोकि क्रोधादि कषायोके उपशमन रूप जानना चाहिए।७। औपशमिक भावके सम्यक्त्व और चारित्र ये दो ही स्थान होते है, क्योंकि औपशमिक सम्यक्त्व और औपशमिक चारित्र ये दो ही भाव पाये जाते है। इनमेंसे औपशमिक सम्यक्त्व एक प्रकारका है और औपशमिक चारित्र सात प्रकारका है। जैसे—नपुंसकवेदके उपशमन कालमें एक चारित्र, स्त्री वेदके उपशमन कालमें दूसरा चारित्र, पुरुषवेद और छ नोकषायोंके उपशमन कालमें तीसरा चारित्र, क्रोधसंज्वलनके उपशमनकालमें चौथा चारित्र, मानसंज्वलनके उपशमनकालमें पाँचवाँ चारित्र, मायासंज्वलनके उपशमनकालमें छठा चारित्र और लोभसंज्वलनके उपशमनकालमें सातवाँ औपशमिक चारित्र होता है। भिन्न-भिन्न कार्योंके लिंगसे कारणोमें भी भेदकी सिद्धि होती है, इसलिए औपशमिक चारित्र सात प्रकारका कहा है। अन्यथा अर्थात् उक्त प्रकारकी विवक्षा न की जाय तो, वह अनेक प्रकार है, क्योंकि, प्रति समय उपशम श्रेणीमें पृथक्-पृथक् असंख्यात गुणश्रेणी निर्जराके निमित्तभूत परिणाम पाये जाते है।

उपशम चारित्र—दे. चारित्र १।

उपशम श्रेणी—दे. श्रेणी ३।

उपशम सत्त्व काल—दे. काल १।

उपशम सम्यक्त्व—दे. सम्यग्दर्शन IV/२

उपशांत कर्म—ध १२/४, २, १०, २/३०३/५ द्वाभ्यामाभ्यां व्यतिरिक्त कर्मपुद्गलस्कन्ध उपशान्त। =इन दोनों उदीरणा या उदय तथा बन्धसे व्यतिरिक्त कर्म पुद्गलस्कन्ध उपशान्त है।

गो. क./जी प्र ४४०/५९३/३ "यत्कर्म उदयावल्यां निक्षेप्तुमशक्यं तदुपशान्तं नाम।"=जो कर्म उदयावली विषै प्राप्त करनेकौ समर्थ न हूजे सो उपशान्त कहिये।

उपशान्त कषाय—पं. सं/प्रा १/२४ कसयाहलं जल वा सरए सरवाणियं व णिम्मलय। सयलोवसंतमोहो उपसंतकसाय होइ।२४। =कतकफलसे सहित जल, अथवा शरदकालमें सरोवरका पानी जिस प्रकार निर्मल होता है, उसी प्रकार जिसका सम्पूर्ण मोहकर्म सर्वथा उपशान्त हो गया है, ऐसा उपशान्तकषाय गुणस्थानवर्ती जीव अत्यन्त निर्मल परिणामवाला होता है।२४। (ध १/१,१,१९/गा १२२/१८९); (गो. जी /मू ६१/१६१); (पं सं.सं १/४७)।

रा वा. ९/१/२२/५९०/१९ सर्वस्योपशमात् उपशान्तकषाय'। =समस्त मोहका उपशम करनेवाला उपशान्त कषाय है। (द्र.सं/टी.१३/३५/६)

ध. १/१,१,१९/१८८/१ उपशान्त कषायो येषां ते उपशान्तकषायाः। वीतो विनष्टो रागो येषां ते वीतरागा'। छद्म ज्ञानदर्शनावरणे, तत्र तिष्ठन्तीति छद्मस्था। वीतरागाश्च ते छद्मस्थाश्च वीतरागछद्मस्था'। एतेन सरागछद्मस्थनिराकरणद्वारेणोपशान्तकषायाश्च ते वीतरागछद्मस्थाश्च उपशान्तकषायवीतरागछद्मस्था'। =जिनकी कषाय उपशान्त हो गयी है उन्हें उपशान्तकषाय कहते है। जिनका राग नष्ट हो गया है उन्हे वीतराग कहते है। 'छद्म' ज्ञानावरण और दर्शनावरणको कहते है उनमें जो रहते है उन्हे छद्मस्थ कहते है। जो वीतराग होते हुए भी छद्मस्थ होते है उन्हे वीतराग छद्मस्थ कहते है। इसमें आये हुए वीतराग विशेषणसे दशम गुणस्थान तकके सरागछद्मस्थोका निराकरण समझना चाहिए। जो उपशान्तकषाय होते हुए भी वीतराग छद्मस्थ होते है उन्हे उपशान्तकषाय वीतराग छद्मस्थ कहते है।

२. इस गुणस्थानमें चारित्र औपशमिक होता है और सम्यक्त्व औपशमिक या क्षायिक

ध. १/१,१,१९/१८९/२ एतस्योपशमिताशेषकषायत्वादौपशमिक, सम्यक्त्वापेक्षया क्षायिक औपशमिको वा गुणः। =इस गुणस्थानमें सम्पूर्ण कषायें उपशान्त हो जाती है, इसलिए (चारित्र मोहकी अपेक्षा) इसमें औपशमिक भाव है। तथा सम्यग्दर्शनकी अपेक्षा औपशमिक और क्षायिक दोनो भाव है।

३ उपशान्त कषाय गुणस्थानकी स्थिति

ल. सा./जी.प्र ३७३/४६१ तत क्षुद्रभवग्रहणं विशेषाधिकं। तत उपशान्तकषाय कालो द्विगुण'।" =नपुंसकवेद उपशमावनेके कालसे क्षुद्रभवका काल विशेष अधिक है, सो यहू एक श्वासके अठारहवें भागमात्र है।३७३। तिस क्षुद्रभवतैं उपशान्तकषायका काल दूना है।

४. अन्य सम्बन्धित विषय

★ उपशम व क्षपक श्रेणी —दे. श्रेणी ३,४

★ इस गुणस्थानकी पुनःपुनः प्राप्तिकी सीमा —दे. संयम २

★ इस गुणस्थानसे गिरने सम्बन्धी —दे. श्रेणी ४

★ यहाँ मरण सम्भव है पर देवगतिमे ही उपजै —दे. मरण ३

★ इस गुणस्थानमे कर्म प्रकृतियोके बन्ध उदय सत्त्वादि प्ररूपणाएँ —दे. वह वह नाम

★ सभी गुणस्थानोंमे आयके अनुसार ही व्यय होता है —दे. मार्गणा

★ इस गुणस्थानमे सम्भव मार्गणास्थान जीवसमास आदि २० प्ररूपणाएँ —दे सत

★ इस गुणस्थानकी सत्, संख्या, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव व अल्पबहुत्व सम्बन्धी आठ प्ररूपणाएँ —दे, वह वह नाम

उपशामक—स. सि ६/४५/४५६/१ एव स' क्षायिकसम्यग्दृष्टिर्भूत्वा श्रेण्यारोहणाभिमुखश्चारित्रमोहोपशमं प्रति व्याप्रियमाणो विशुद्धि-प्रकर्षयोगादुपशमकव्यपदेशमनुभवन् पूर्वोक्तादसख्येयगुणनिर्जरो भवति। =इस प्रकार वह क्षायिक सम्यग्दृष्टि होकर श्रेणीपर आरोहण करनेके सन्मुख होता हुआ तथा चारित्रमोहनीयके उपशम करनेके लिए प्रयत्न करता हुआ विशुद्धिके प्रकर्षवश 'उपशमक' संज्ञाको अनुभव करता हुआ पहले कही गयी निर्जरासे असंख्येय गुण निर्जरा-वाला होता है।

ध. १/१,१,२७/२२४/८ जे पुण तेसिं चेव उवसामणम्हि वावदा ते उव-सामगा। =जो जीव कर्मोंके उपशमन करनेमें व्यापार करते है उन्हे उपशामक कहते है।

क. पा. १/ १-१८/§ ११५/३४७/८ उवसमसेढि चढमाणेण मोहणीयस्स अंतरकरण कदे सो 'उवसामओ' त्ति भण्णदि। =उपशमश्रेणीपर चढनेवाला जीव चारित्रमोहका अन्तरकरण कर लेनेपर उपशामक कहा जाता है। (ध. ६/१,९-८,६/२३२/५)।

२. उपशामकके भेद

उपशामक दो प्रकारका होता है—अपूर्वकरण उपशामक और अनिवृत्तिकरण उपशामक।

उपसंपदा—भ आ./मू ५०६-५१४ तियरणसव्वावासयपडिपुण्णं तस्स किरिय किरियम्मं। विणएणमजलिकदो वाइयवसमं इम भणदि ।५०६। पुव्वज्जादो सव्वं कादूणालोयणं सुपरिसुद्धं। दसणणाणचारित्ते णिसल्लो विहरिदुं इच्छे ।५११। अच्छाहि ताम सुविदिद वीसत्थो मा य होहि उव्वादो। पडिचरएहि समता इणमट्ठं संपहारेमो ।५१४। =मन वचन और शरीरके द्वारा सर्व सामायिक आदि छ आवश्यक कर्म जिसमें पूर्णताको प्राप्त हुए है ऐसा कृतिकर्म कर अर्थात् वन्दना करके विनयके साथ क्षपक हाथ जोडकर श्रेष्ठ आचार्यको आगे लिखे हुए सूत्रके अनुसार विज्ञप्ति देता है।५०६। दीक्षा ग्रहणकालसे आज तक जो जो व्रतादिकोंमें दोष उत्पन्न हुए हो उनकी मै दश दोषोसे रहित आलोचना कर दर्शन ज्ञान और चारित्रमें निःशल्य होकर प्रवृत्ति करनेकी इच्छा करता हूँ ।५११। हे क्षपक, अब तुम निःशंक होकर हमारे संघमें ठहरो, अपने मनमेंसे खिन्नताको दूर भगाओ। हम प्रति-चारकोंके साथ तुम्हारे विषयमें अवश्य विचार करेंगे। (ऐसा आचार्य उत्तर देते है)। इस प्रकार उपसपाधिकार समाप्त हुआ।

भ आ./वि. ५०६ की उत्थानिका ७२८ गुरुकुले आत्मनिसर्गः उपसंपा नाम समाचारः।

भ. आ./वि ६८/१६६/६ उपसंपया आचार्यस्य श्रौकनं =गुरुकुलमें अपना आत्मसमर्पण करना यह उपसपा शब्दका अभिप्राय है ।५०६। आचार्यके चरणमूलमें गमन करना उपसंपदा है ।६८।

उपसंयत—दे. समाचार

उपसमुद्र—म. पु. २९/४६ बहिः समुद्रमुद्वित्तं द्वैप्यं निम्नोपगं जलम्। समुदस्येव निष्यंदम् अब्धेरारात् व्यलोकयत् ।४६। =उन्होंने (भारत चक्रवर्तीकी सेनाने) समुद्रके समीप ही समुद्रसे बाहर उछल-उछल कर गहरे स्थान में इकट्ठे हुए द्वीप सम्बन्धी उस जलको देखा जो कि समुद्रके निष्यंदके समान मालूम होता था। अर्थात् समुद्रका जो जल उछल-उछल कर समुद्र के समीप ही किसी गहरे स्थानमें इकट्ठा हो जाता है वही उपसमुद्र कहलाता है।

उपसर्ग—तीर्थंकरोपर भी कदाचित् उपसर्ग आते है—दे. तीर्थंकर १

उपस्थ—उपस्थ इन्द्रियकी प्रधानता—दे संयम २।

उपस्थापना—१. छेदोपस्थापना चारित्र—दे. छेदोपस्थापना, २. उपस्थापना प्रायश्चित्त—दे प्रायश्चित्त।

उपात्त—रा. वा १/११/६/५२(२४ उपात्तानीन्द्रियाणि मनश्च, अनुपात्तं प्रकाशोपदेशादिपर तत्प्राधान्यादवगम' परोक्ष। =उपात्त इन्द्रियाँ व मन तथा अनुपात्त प्रकाश उपदेशादि पर है। परकी प्रधानतासे होनेवाला ज्ञान परोक्ष है।

रा. वा ६/७/१/६००/७ आत्माना रागादिपरिणामात्मनाकर्मनोकर्मभावेन गृहीतानि उपात्तानि पुद्गलद्रव्याणि, अनुपात्तानि परमाण्वादीनि, तेषां सर्वेषां द्रव्यात्मना नित्यत्वं पर्यायात्मना सततमनुपरतभेदसंसर्ग वृत्तित्वादनित्यत्वम्। =आत्माके रागादि परिणामोंसे कर्म और नो-कर्म रूपमें जिन पुद्गल द्रव्योंका ग्रहण किया जाता है वे उपात्त पुद्गलद्रव्य तथा परमाणु आदि अनुपात्त पुद्गल सभी द्रव्यदृष्टिसे नित्य होकर भी पर्याय दृष्टिसे प्रतिक्षण पर्याय परिवर्तन होनेसे अनित्य है।

उपादान—न्या. वि /वृ १/१३३/४८६/४ विवक्षितं वस्तु उपादानम् उत्तरस्य कार्यस्य सजातीयं कारणं प्रकल्पयेत्। =विवक्षित उत्तर कार्यका सजातीय कारण कल्पित किया गया है।

अष्टसहस्री/पृ. २१० त्यक्तात्यक्तात्मरूपं यत्पूर्वापूर्वेण वर्तते। कालत्रयेऽपि तद् द्रव्यमुपादानमिति स्मृतम्॥ यत् स्वरूपं त्यजत्येव यन्न त्यजति सर्वथा। तन्नोपादानमर्थस्य क्षणिकं शाश्वत यथा॥=जो (द्रव्य) तीनों कालोंमें अपने रूपको छोडता हुआ और नही छोडता हुआ पूर्व रूपसे और अपूर्व रूपसे वर्त रहा है वह उपादान कारण है, ऐसा जानना चाहिए। जो अपने स्वरूपको छोडता ही है और जो उसे सर्वथा नहीं छोडता वह अर्थका उपादान नही होता जैसे क्षणिक और शाश्वत। भावार्थ-द्रव्यमें दो अंश है—एक शाश्वत और एक क्षणिक। गुण शाश्वत होनेके कारण अपने स्वरूपको त्रिकाल नहीं छोडते और पर्याय क्षणिक होनेके कारण अपने स्वरूपको प्रतिक्षण छोडती है। यह दोनो ही अंश उस द्रव्यसे पृथक् कोई अर्थान्तर रूप नहीं है। इन दोनोंसे समवेत द्रव्य ही कार्यका उपादान कारण है। अर्थान्तरभूत रूपसे स्वीकार किये गये शाश्वत-पदार्थ या क्षणिकपदार्थ कभी भी उपादान नहीं हो सकते है। क्योंकि सर्वथा शाश्वत पदार्थ में परिणमनका अभाव होनेके कारण कार्य हो नहीं तब कारण किसे कहें। और सर्वथा क्षणिक पदार्थ प्रतिक्षण विनष्ट हो हो जाता है तब उसे कारणपना कैसे बन सकता है। (ज्ञानदर्पण ५७-५८)

अष्टसहस्री श्लो. ५८ की टीका-"परिणाम क्षणिक उपादान है और गुण शाश्वत उपादान है।"

निमित्त उपादान चिट्ठी पं. बनारसीदास—"उपादान वस्तुकी सहज शक्ति है।"

२. उपादानकी मुख्यता गौणता—दे कारण II

उपाधि—स.म १२/१४६/५ साधनाव्यापकः साध्येन समव्याप्तिश्च खलु उपाधिरधीयते। तत्पुत्रत्वादिना श्यामत्वे साध्ये शाकाद्याहार-परिणामवत्। =साधनके साथ अव्यापक और साध्यके साथ व्यापक हेतुको उपाधि कहा जाता है। जैसे 'गर्भमें स्थित मैत्रका पुत्र श्याम वर्णका है, क्योंकि यह मैत्रका पुत्र है, मैत्रके अन्य पुत्रोकी तरह'

यह अनुमान सोपाधिक है। क्योंकि यह 'मैत्रतनयत्व' हेतु शाकपाकजत्व उपाधिके ऊपर अवलम्बित है।

सं म /रायचन्द ग्रन्थमाला/पृ १८४/१/५ विवक्षित किसी वस्तुमें स्वयं रहकर उसको अनेकों वस्तुओंसे जुदा करने वाला जो धर्म होता है, उसको उपाधि कहते है।

उपाध्याय—नि सा /मू ७४ रयणत्तयसंजुत्ता जिणकहियपयत्थदेसया सूरा। णिक्कंखभावसहिया उवज्झाया एरिसा होंति ।७४। =रत्नत्रयसे संयुक्त जिनकथित पदार्थोंके शूरवीर उपदेशक और नि कांक्षभाव सहित, ऐसे उपाध्याय होते है। (द्र. स /मू ५३)।

मू आ /मू ५११ बारसग जिणक्खादं सज्झाय कथितं बुधे। उवदेसइ सज्झायं तेणुवज्झाय उच्चदि ।५११। =बारह अंग चौदहपूर्व जो जिनदेवने कहे हैं उनको पण्डित जन स्वाध्याय कहते है। उस स्वध्यायका उपदेश करता है, इसलिए वह उपाध्याय कहलाता है।

ध. १/१,१,१/३२/५० चोद्दस-पुव्व-महोपहिमहिगम्म सिवत्थिओ सिवत्थीणं। सीलंधराण वत्ता होइ मुणीसो उवज्झायो ।३२। =जो साधु चौदह पूर्वरूपी समुद्रमें प्रवेश करके अर्थात् परमागमका अभ्यास करके मोक्षमार्गमें स्थित है, तथा मोक्षके इच्छुक शीलधरों अर्थात् मुनियोंको उपदेश देते है, उन मुनीश्वरोंको उपाध्याय परमेष्ठी कहते हैं।

रा. वा. ९/२४/४/६२३/१३ विनयेनोपेत्य यस्माद् व्रतशीलभावनाधिष्ठानादागमं श्रुताख्यमधीयते इत्युपध्याय। =जिन व्रतशील भावनाशाली महानुभावके पास जाकर भव्य जन विनयपूर्वक श्रुतका अध्ययन करते है वे उपाध्याय है। (स.सि ९/२४/४४२/७), (भ. आ./वि. ४६/१५४/२०)।

ध १/१,१,१/५०/२ चतुर्दशविद्यास्थानव्याख्यातार उपाध्याया, तात्कालिकप्रवचनव्याख्यातारो वा आचार्यस्योक्तशेषलक्षणसमन्विता, संग्रहानुग्रहादिगुणहीना'। =चौदह विद्या स्थानोंके व्याख्यान करनेवाले उपाध्याय होते है, अथवा तत्कालीन परमागमके व्याख्यान करनेवाले उपाध्याय होते है। वे संग्रह अनुग्रह आदि गुणोंको छोड़कर पहिले कहे गये आचार्यके समस्त गुणोंसे युक्त होते है। (प प्र /टी, ७)।

पं. ध./उ. ६५९-६६२ उपाध्याय समाधीयान् वादी स्याद्वादकोविद। वाग्मी वाग्ब्रह्मसर्वज्ञ' सिद्धान्तागमपारग' ।६५९। कविर्ब्रुवयसूत्राणां शब्दार्थैः सिद्धसाधनात्। गमकोऽर्थस्य माधुर्ये धुर्यो वक्तृत्ववर्त्मनाम्। ।६६०। उपाध्यायत्वमित्यत्र श्रुताभ्यासोऽस्ति कारणम्। यदध्येति स्वयं चापि शिष्यानध्यापयेद्गुरु ।६६१। शेषस्तत्र व्रतादीना सर्वसाधारणो विधि ।६६२। =उपाध्याय—शंका समाधान करनेवाला, सुवक्ता, वाग्ब्रह्म, सर्वज्ञ अर्थात् सिद्धान्त शास्त्र और यावत् आगमों का पारगामी, वार्तिक तथा सूत्रोंको शब्द और अर्थके द्वारा सिद्ध करनेवाला होनेसे कवि, अर्थमें मधुरताका द्योतक तथा वक्तृत्वके मार्ग का अग्रणी होता है।६५९-६६०। उपाध्यायपनेमें शास्त्रका विशेष अभ्यास ही कारण है, क्योंकि जो स्वय अध्ययन करता है और शिष्योंको भी अध्ययन कराता है वही गुरु उपाध्याय है।६६१। उपाध्यायमें व्रतादिकके पालन करनेकी शेष विधि सर्व मुनियोंके समान है।६६२।

२. उपाध्यायके २५ विशेष गुण

११ अंग व १४ पूर्वका ज्ञान होनेसे उपाध्यायके २५ विशेष गुण कहे जाते हैं। शेष २८ मूलगुण आदि समान रूपसे सभी साधुओंमें पाये जानेके कारण सामान्य गुण है।

३. अन्य सम्बन्धित विषय

* उपाध्यायमें कथंचित् देवत्व—दे. देव I/१

* आचार्य उपाध्याय साधुमें कथंचित् भेदाभेद—दे. साधु ६

* श्रेणी आरोहणके समय उपाध्याय पदका त्याग—दे. साधु ६

उपाध्यविचय—धर्मध्यानका एक भेद—दे. धर्मध्यान १

उपालम्भ—न्या सू /भाषा १-१/४१ स्थापना साधनं प्रतिशेध उपालम्भ.। =स्थापना अर्थात् साधन और प्रतिषेध अर्थात् उपालम्भ।

उपासकाचार—दे. उस नामका श्रावकाचार।

उपासकाध्ययन—द्रव्यश्रुतज्ञानका सातवाँ अंग—दे. श्रुतज्ञान III

उपासना—प्र. सा /ता वृ २६२/३५४/१२ उपासन शुद्धात्मभावनासहकारिकारणनिमित्तसेवा। =शुद्धात्म भावनाकी सहकारी कारणरूपसे की गयी सेवाको उपासना कहते है।

उपेंद्र—(वरांगचरित्र/सर्ग/श्लोक) मथुराके राजाका पुत्र था (१६/५) ललितपुरके राजा देवके साथ युद्धमें वरांग द्वारा मारा गया (१८/६५)

उपेक्षा—स सि १/१०/९७/१० रागद्वेषयोरप्रणिधानमुपेक्षा। =रागद्वेष रूप परिणामोंका नहीं होना उपेक्षा है (भ.आ /वि.१६६६/१५१६/१६)

त अनु/मू १३६ माध्यस्थ्य समतोपेक्षावैराग्यं साम्यमस्पृहा। वैतृष्ण्यं प्रशम, शान्तिरित्येकार्थोऽभिधीयते ।१३६। =माध्यस्थ्य, समता, उपेक्षा, वैराग्य, साम्य, अस्पृहा, वैतृष्ण्य प्रशम और शान्ति ये सब एक ही अर्थको लिए हुए है। (और भी दे. सामायिक १/१)

* अन्तरंग अशुद्धताके सद्भावमें भी उसकी अपेक्षा कैसे करे—दे. अनुभव ६।

उपेक्षा संयम—दे. संयम १।

उपोद्घात—दे. उपक्रम।

उभय दूषण—न्याय विषयक एक दोष।

श्लो. वा.४/न्या. ४५६/५५१/१७ मिथो विरुद्धानां तदीयस्वभावाभावापादनमुभयदोष। =एकान्तरूपसे अस्तित्व माननेपर जो दोष नास्तित्वाभावरूप आता है, अथवा नास्तित्वरूप माननेपर जो दोष अस्तित्वाभावस्वरूप आता है वे एकान्तवादियोंके ऊपर आनेवाले दोष अनेकान्तको माननेवाले जैनके यहाँ भी प्राप्त हो जाते हैं।यह उभय दोष हुआ। (ऐसा सैद्धान्तिकजन जैनोंपर आरोप करते हैं।)

उभयद्रव्य—उभय द्रव्य विशेष—दे कृष्टि।

उभयशुद्धि—सम्यग्ज्ञानका एक अंग

मू आ २८५ विंजणसुद्धं सुत्तं अत्थविसुद्धं च तदुभयविसुद्धं। पयदेण य जप्पंतो णाणविसुद्धो हवइ एसो। =जो सूत्रको अक्षर शुद्ध, अर्थ शुद्ध अथवा दोनोंकर शुद्ध सावधानीसे पढना पढाता है उसीके शुद्ध ज्ञान होता है।

भ आ./वि ११३/२६१/१७ तदुभयशुद्धिर्नाम तस्य व्यञ्जनस्य अर्थस्य च शुद्धि' =व्यंजनकी शुद्धि और उसके वच्य अभिप्रायकी जो शुद्धि है वह उभय शुद्धि है।

२ अर्थ व्यंजन व उभय शुद्धिमें अन्तर

भ. आ /वि. ११३/२६१/१८ ननु व्यञ्जनार्थं शुद्धयो' प्रतिपादितयो तदुभयशुद्धिर्गृहीता न तद्व्तिरेकेण तदुभयशुद्धिर्नामास्ति ततः कथमष्टविधता। अत्रोच्यते पुरुषभेदापेक्षयेयं निरूपणा कश्चिदविपरीतं सूत्रार्थं व्याचष्टे सूत्र तु विपरीतं। तत्तथा न कार्यमिति व्यञ्जनशुद्धिरुक्ता। अन्यस्तु सूत्रमविपरीतं पठन्नपि निरूपयत्यन्यथा सूत्रार्थं इति तन्निराकृतयेऽर्थविशुद्धिरुदाहृता। अपरस्तु सूत्र विपरीतमधीते सूत्रार्थं च कथयितुकामो विपरीतं व्याचष्टे तदुभयापाकृतये उभयशुद्धिरुपन्यास्ता। =प्रश्न—ऊपर व्यंजनशुद्धि और अर्थशुद्धि इन दोनोंका स्वरूप आप कह चुके है, उनमें ही इसका भी अन्तर्भाव हो सकता है, इन दोनोंको छोड़कर तदुभय शुद्धि नामकी तीसरी शुद्धि है नहीं। अतः ज्ञान विनयके

आठ प्रकार सिद्ध नहो होते है। उत्तर—यहाँ पुरुष भेदोंकी अपेक्षासे निरूपण किया है जैसे। कोई पुरुष सूत्रका अर्थ तो ठीक कहता है, परन्तु सूत्रको विपरीत पढता है ठीक पढता नहीं। दीर्घोच्चारके स्थानमें ह्रस्वोच्चार इत्यादि दोषयुक्त बोलता है। ऐसा दोषयुक्त पढना नहीं चाहिए इस वास्ते व्यजनशुद्धि कही है। दूसरा कोई पुरुष सूत्रको ठीक पढ लेता है। परन्तु सूत्रार्थका विपरीत निरूपण करता है। यह भी योग्य नहीं है। इसका निराकरण करनेके लिए अर्थशुद्धि कही है। तीसरा आदमी सूत्र भी विपरीत पढता है और उसका अर्थ भी अटसट कहता है। इन दोनो दोषोंको दूर करने के लिए तदुभयशुद्धिको भिन्न मानना चाहिए।

उभयसारी ऋद्धि—दे ऋद्धि २/४।

उभयासंख्यात—दे. असंख्यात।

उमास्वामी—१ नन्दिसघ बलात्कार गणके अनुसार (दे. इतिहास ५/१३) आप कुन्दकुन्दके शिष्य थे और (ष.खं २/प्र ३/H L. Jain) के अनुसार 'बलाक पिच्छ' के गुरु थे। (त वृ /प्र.६७) में पं. महेन्द्रकुमार 'प्र नाथूराम प्रेमी' का उद्धरण देकर कहते है कि आप यापनीय सघके आचार्य थे। (ष ख. १/प्र ५६/H L Jain) तथा तत्त्वार्थसूत्रकी प्रशस्तिके अनुसार इनका अपर नाम गृद्धपृच्छ है। आप बडे विद्वान व वाचक शिरोमणि हुए है। आपके सम्बन्धमें एक किंवदन्ती प्रसिद्ध है—सौराष्ट्र देशमें द्वैपायन नामक एक श्रावक रहता था। उसने एक बार मोक्षमार्ग विषयक कोई शास्त्र बनानेका विचार किया और 'एक सूत्र रोज बनाकर ही भोजन करूँगा अन्यथा उपवास करूँगा' ऐसासकल्प किया। उसी दिन उसने एक सूत्र बनाया "दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्ग"। विस्मरण होनेके भयसे उसने उसे घरके एक स्तम्भपर लिख लिया। अगले दिन किसी कार्यवश वह तो बाहर चला गया, और उसके पीछे एक मुनिराज आहारार्थ उसके घर पधारे। लौटते समय मुनिकी दृष्टि स्तम्भ पर लिखे सूत्रपर पडी। उन्होंने चुपचाप 'सम्यक' शब्द उस सूत्रसे पहिले और लिख दिया और बिना किसीसे कुछ कहे अपने स्थान को चले गये। श्रावकने लौटने पर सूत्रमें किये गये सुधारको देखा और अपनी भूल स्वीकार की। मुनिकी खोज उनसे ही विनीत प्रार्थना की कि वह इस ग्रन्थको रचना करें, क्योकि उसमें स्वय उसे पूरा करनेकी योग्यता नहीं थी। बस उसकी प्रेरणासे ही उन मुनिराजने 'तत्त्वार्थ सूत्र' (मोक्ष शास्त्र) की १० अध्यायोमें रचना की यह मुनिराज 'उमास्वामी' के अतिरिक्त अन्य कोई न थे। (स सि. प्र ८०/पं फूलचन्द्र) आप बडे सरलचित्त व निष्पक्ष थे और यही कारण है कि श्वेताम्बर तथा दिगम्बर दोनो ही सम्प्रदायोमें आपकी कृतियाँ समान रूपसे पूज्य व प्रमाण मानी जाती है। आपकी निम्न कृतियाँ उपलब्ध है— तत्त्वार्थ सूत्र, सभाष्य तत्त्वार्थाधिगम, ये दो तो उनकी सर्वसम्मत रचनाएँ है। और (ज प /प्र ११०/A N Up) के अनुसार 'जम्बू द्वीपसमास' नामकी भी आपकी एक रचना है।
समय—पट्टावलीके अनुसार श. सं. १०१-१४२ (वी नि ७०६-७४७)। परन्तु 'विद्वज्जनबोध'के अनुसार वह वी नि ७७० प्राप्त होता है। "वर्ष सप्तशते सप्तत्या च विस्मृतौ।" इसलिए विद्वानोने उनकी उत्तरावधि ७४७ से ७७० कर दी है। (विशेष दे कोष १/परिशिष्ट ४,४) इसके अनुसार इनका समय ई १७१-२४३ (ई. श. ३) आता है। मूलसघमें आपका स्थान (दे इतिहास ७/१)

उमास्वामी नं २—श्रावकाचार' और 'पच नमस्कार स्तवन' नामके ग्रन्थ जिन उमास्वामीकी रचनाएँ है वे तत्त्वार्थ सूत्रके रचयिता उमास्वामी नं १ से बहुत पीछे होनेके कारण लघु-उमास्वामी कहे जाते है। (सभाष्य तत्त्वार्थाधिगम। प्र ५ में प्रेमीजी की टिप्पणी)

उरुकुल गण—एक जैनाभासी सघ (दे इतिहास ६/७)।

उरुबिल्व—(म. पु/प्र ४६/पं पन्नालाल)—वर्तमान 'बुद्ध-गया' नामका नगर। यह बिहार प्रान्तमें है।

उर्मिमालिनी—अपर विदेहस्थकी एक विभंगा नदी—दे. लोक ५/६

उर्वक—(ध १२/४,२,७,२१४/१७०/६) एत्थ अणंतभागवड्ढीए उव्वंकसण्णा।=यहाँ अनन्त भाग वृद्धिकी उर्वक अर्थात् 'उ' संज्ञा है। (षट् स्थानपतित हानि-वृद्धि क्रमके छह स्थानोको सहननी क्रमश ४,५,६,७,८ और 'उ' स्वीकार की गयी है)। (गो. जी /मू. ३२५/६८४), (ल.स /जी.प्र ७६/६)।

उशीनर—भरतक्षेत्रमें आर्यखण्डका एक देश—दे मनुष्य ४।

उष्ण परीषह—स.सि. ६/६/४२१/६ निर्वाते निर्जले ग्रीष्मरविकिरणपरिशुष्कपतितपर्णव्यपेतच्छायातरुण्यटव्यन्तरे यदृच्छयोपनिपतितस्यानशनाद्यभ्यन्तरसाधनोत्पादितदाहस्य दवाग्निदाहपुरुषवातातपजनितगलतालुशोषस्य तत्प्रतीकारहेतून् बहूननुभूतानचिन्तयत प्राणिपीडापरिहारावहितचेतसश्चारित्ररक्षणमुष्णसहनमित्युपवर्ण्यते।=निर्वात और निर्जल तथा ग्रीष्मकालीन सूर्यकी किरणोंसे सूखकर पत्तोके गिर जानेसे छायारहित वृक्षोसे युक्त ऐसे वनके मध्य जो अपनी इच्छानुसार प्राप्त हुआ है, अनशन आदि अभ्यन्तर साधन वश जिसे दाह उत्पन्न हुई है, दवाग्निजन्य दाह, अतिकठोर वायु और आतपके कारण जिसे गले और तालुमें शोष उत्पन्न हुआ है, जो उसके प्रतीकारके बहुत-से अनुभूत हेतुओको जानता हुआ भी उनका चिंतवन नही करता है तथा जिसका प्राणियोकी पीडाके परिहारमें चित्त लगा हुआ है, उस साधुके चारित्रके रक्षणरूप उष्णपरीषहजय कही जाती है। (रा.वा ६/६/७/६०६/१२), (चा सा ११२/४)।

उष्ण योनि—दे योनि १।

उष्माहार—दे आहार I/१।

उष्ट्रकूट—दे कूट।

उष्मगर्भ कूट—मानुषोत्तर पर्वतका एक कूट—दे लोक/७।

[ऊ]

ऊँच—दे. उच्च।

ऊर्जयन्त—सौराष्ट्र देशके जूनागढ नगरमें स्थित गिरनारपर्वत॥

ऊर्ध्वक्रम—दे क्रम।

ऊर्ध्वगच्छ—गुणहानि आयाम—दे गणित II/६/२।

ऊर्ध्व गति—जीव व पुद्गलका ऊर्ध्व गमन—दे गति १।

ऊर्ध्व प्रचय—दे क्रम/ऊर्ध्वक्रम।

ऊर्ध्व लोक—दे स्वर्ग ५।

ऊहा—ष.ख. १३/५ ५/सू३८/२४२ ईहा ऊहा अपोहा मग्गणा गवेसणा मीमांसा इदि।=ईहा, ऊहा, अपोहा, मार्गणा, गवेषणा और मीमांसा ये ईहाके पर्याय नाम है।

तत्त्वार्थाधिगम भाष्य १/१५ ईहाऊहातर्कपरीक्षाविचारणाजिज्ञासा इत्यनर्थान्तरम्। =ईहा, ऊहा, तर्क, परीक्षा, विचारणा, जिज्ञासा ये सब शब्द एकार्थवाची है।

स सि १/४३/४५५/६ तर्कणमूहनं वितर्क श्रुतज्ञानमित्यर्थ । =तर्कणा करना, अर्थात् ऊहा करना, वितर्क अर्थात् श्रुतज्ञान कहलाता है।
ध.१३/५,५,३८/२४२/८ अवगृहीतार्थस्य अनधिगतविशेष उह्यते तर्क्यते अनया इति ऊहा। =जिससे अवग्रहके द्वारा ग्रहण किये अर्थमें नहीं जाने गये विशेषकी 'ऊह्यते' अर्थात् तर्कणा करते हैं वह ऊहा है।
प.मु. ३/११-१३/२ उपलम्भानुपलम्भनिमित्त व्याप्तिज्ञानमूह' ।११। इदमस्मिन्सत्येव भवत्यसति न भवत्येवेति च ।१२। यथाग्नावेव धूमस्तदभावे न भवत्येवेति च ।१३। =उपलब्धि और अनुपलब्धिकी सहायतासे होनेवाले व्याप्तिज्ञानको तर्क कहते हैं। और उसका स्वरूप ऐसा है –'इसके होते ही यह होता है और इसके न होते होता ही नहीं है' जैसे—अग्निके होते ही धुआँ होता है, अग्निके न होते होता ही नहीं ।११-१३। (स./म.२८/३२१/२७)

[ऋ]

ऋक्षराज—(प./पु.८ श्लोक) रावणकी सहायतासे इन्द्रके लोकपाल यमको जीतकर किष्कुपुरको प्राप्त किया (४१८)।

ऋजुगति—दे विग्रहगति २।

ऋजुमति—दे. मन पर्ययज्ञान २।

ऋजुसूत्रनय—दे. नय III/५।

ऋण—Minus दे रिण।

ऋतु—१. कालका प्रमाण विशेष—दे. गणित I/१/४।
२. सौधर्म स्वर्गका प्रथम पटल व इन्द्रक – दे. स्वर्ग ५/३।

ऋद्धि—कायोत्सर्गका एक दोष – व्युत्सर्ग १।

ऋद्धि—तपश्चरणके प्रभावसे कदाचित् किन्हीं योगीजनोंको कुछ चामत्कारिक शक्तियाँ प्राप्त हो जाती हैं। उन्हें ऋद्धि कहते हैं। इसके अनेकों भेद-प्रभेद हैं। उन सबका परिचय इस अधिकारमें दिया गया है।


---

१. ऋद्धिके भेद-निर्देश
१ ऋद्धियोंके वर्गीकरणका चित्र
२ उपरोक्त भेदो प्रभेदोंके प्रमाण
२ बुद्धि ऋद्धि निर्देश
★ केवल, अवधि व मन पर्ययज्ञान ऋद्धियाँ —दे. वह वह नाम
१ बुद्धि ऋद्धि सामान्यका लक्षण
२ बीजबुद्धि निर्देश
१. बीजबुद्धि का लक्षण
२ बीजबुद्धिके लक्षण सम्बन्धी दृष्टिभेद
३ बीजबुद्धिकी अचिन्त्य शक्ति व शंका
३ कोष्ठ बुद्धिका लक्षण व शक्ति निर्देश
४ पादानुसारी ऋद्धि सामान्य व विशेष
(अनुसारिणी, प्रतिसारिणी व उभयसारिणी)
५ संभिन्न श्रोतृत्व ऋद्धि निर्देश
६ दूरास्वादन आदि, पाँच ऋद्धि निर्देश
★ चतुर्दश पूर्वी व दश पूर्वी—दे श्रुतकेवली
★ अष्टांग निमित्तज्ञान—दे. निमित्त २
७ प्रज्ञाश्रमणत्व ऋद्धि निर्देश
१. प्रज्ञाश्रमणत्व सामान्य व विशेषके लक्षण (औत्पत्तिकी, परिणामिकी, वैनयिकी, कर्मजा)
२. पारिणामिकी व औत्पत्तिकीमें अन्तर
३ प्रज्ञाश्रमण बुद्धि व ज्ञानसामान्यमें अन्तर
★ प्रत्येक बुद्धि ऋद्धि—दे. बुद्ध
८ वादित्व बुद्धि ऋद्धि
३ विक्रिया ऋद्धि निर्देश
१ विक्रिया ऋद्धिकी विविधता
२ अणिमा विक्रिया
३ महिमा, गरिमा व लघिमा विक्रिया
४ प्राप्ति व प्राकाम्य विक्रियाके लक्षण
५ ईशित्व व वशित्व विक्रिया निर्देश
१ ईशित्व व वशित्वके लक्षण
२. ईशित्व व वशित्वमें अन्तर
३. ईशित्व व वशित्वमें विक्रियापना कैसे है ?
६ अप्रतिघात, अंतर्धान व काम रूपित्व
४ चारण व आकाशगामित्व ऋद्धि निर्देश
१ चारण ऋद्धि सामान्य निर्देश
२ चारण ऋद्धिकी विविधता
३ आकाशचारण व आकाशगामित्व
१ आकाशगामित्व ऋद्धिका लक्षण
२. आकाशचारण ऋद्धिका लक्षण
३ आकाशचारण व आकाशगामित्वमें अन्तर
४ जलचारण निर्देश
१ जलचारणका लक्षण
२. जलचारण व प्राकाम्य ऋद्धिमें अन्तर
५ जंघा चारण निर्देश
६ अग्नि, धूम, मेघ, तंतु, वायु व श्रेणी चारण ऋद्धियों का निर्देश
७ धारा व ज्योतिष चारण निर्देश
८ फल, पुष्प, बीज व पत्रचारण निर्देश
५ तपऋद्धि निर्देश
१ उग्रतप ऋद्धि निर्देश
१ उग्रोग्र तप व अवस्थित उग्रतपके लक्षण
★ उग्रतप ऋद्धिमें अधिकसे अधिक उपवास करनेकी सीमा व तत्सम्बन्धी शंका —दे. प्रोषधोपवास २
२ घोरतप ऋद्धि निर्देश
३ घोर पराक्रमतप ऋद्धि निर्देश


४ घोर ब्रह्मचर्यतप ऋद्धि निर्देश
१. घोर व अघोर गुण ब्रह्मचारीके लक्षण
२. घोर गुण व घोर पराक्रम तपमें अन्तर
५ दीप्ततप व महातप ऋद्धि निर्देश
६ बल ऋद्धि निर्देश
१ मनोबल, वचनबल व कालबल ऋद्धिके लक्षण
७ औषध ऋद्धि निर्देश
१ औषध ऋद्धि सामान्य
२ आमर्ष, क्ष्वेल, जल्ल, मल व विट औषध
१. उपरोक्त चारोंके लक्षण
२. आमर्शौषधि व अघोरगुण ब्रह्मचर्यमें अन्तर।
३ सर्वौषध ऋद्धि निर्देश
४ आस्यनिर्विष व दृष्टिनिर्विष औषध ऋद्धि निर्देश
८ रस ऋद्धि निर्देश
१ आशीर्विष रस ऋद्धि
(शुभ व अशुभ आशीर्विशके लक्षण)
२ दृष्टि विष व दृष्टि अमृत रस ऋद्धि निर्देश
१. दृष्टिविष रस ऋद्धिका लक्षण २.दृष्टि अमृत रस ऋद्धिका लक्षण
३ दृष्टि अमृत रस ऋद्धि व अघोर ब्रह्मचर्य तपमें अन्तर
३ क्षीर, मधु, सर्पि, व अमृतस्रावी रस ऋद्धियोंके लक्षण
४ रस ऋद्धि द्वारा पदार्थोंका क्षीरादि रूप परिणमन कैसे सम्भव है ?
९ क्षेत्र ऋद्धि निर्देश
१ अक्षीण महानस व अक्षीण महालय ऋद्धिके लक्षण
१० ऋद्धि सामान्य निर्देश
१ शुभ ऋद्धिकी प्रवृत्ति स्वतः भी होती है पर अशुभ ऋद्धियोंकी प्रयत्न पूर्वक ही
२ एक व्यक्तिमें युगपत् अनेक ऋद्धियोंकी सम्भावना
३ परन्तु विरोधी ऋद्धियाँ युगपत् सम्भव नहीं
★ परिहार विशुद्धि, आहारक व मनःपर्ययका परस्पर विरोध —दे परिहारविशुद्धि
★ आहारक व वैक्रियकमें विरोध—दे. ऊपरवाला शीर्षक
★ तेजस व आहारक ऋद्धि निर्देश—दे. वह वह नाम
★ गणधरदेवमें युगपत् सर्वऋद्धियाँ—दे. गणधर
★ साधुजन ऋद्धिका भोग नहीं करते—दे. श्रुतकेवली १/२

१. ऋद्धिके भेद निर्देश

१. ऋद्धियोंके वर्गीकरणका चित्र



* बुद्धिका वर्गीकरण अगले पृष्ठ पर



२. उपरोक्त भेद-प्रभेदोंके प्रमाण

ऋद्धि सामान्य—(ति. प ४/९६८), (ध ९/४,१,७/१८/५८), (स. सि. ३।३६/२३०/२); (रा. वा ३/३६/३/२०१/२१); (चा. सा. २११), (वसु श्रा ५१२), (नि सा/ता. वृ/११२)।

बुद्धि ऋद्धि सामान्य—(ति प. ४/९६९-९७१) (रा. वा ३/३६/३/२०१/२२); (चा सा २११/२) पदानुसारी—ति. प. ४।९८०), (रा.वा.३/३६/३/२०१/३०), (ध ९/४,१ ८/६०/५), (चा सा २१२/५) दशपूर्वित्व—(ध ९/४,१,८/६९/५) अष्टांग महानिमित्तज्ञान—(ति प. ४/१००२); (रा. वा ३/३६/३/२०२/१०); (ध ९/४,१,१४/९९/७२), (चा सा. २१४/३) प्रज्ञाश्रमणत्व—(ति प ४/१०१९), (ध ९/४,१,१८/८१/१), (चा. सा २१७/१)।

विक्रिया सामान्य—(दे ऊपर क्रिया व विक्रिया दोनोंके भेद) क्रिया—(ति.प ४/१०३३); (रा. वा ३/३६/३/२०२/२७), (चा.सा २१८/१)। विक्रिया—(ति प ४/१०२४-१०२५); रा वा ३/३६/३/२०२/३३), (ध ९/४,१,१५/५/४), (चा सा. २१९/१), (वसु श्रा ५१३)। चारण—(ति प. ४/१०३५,१०४८), (ध. ९/४,१,९७/२१/७९); (रा. वा. ३/३६/३/२०२/२७), (ध ९/४,१,१७/८०, ८८)।

तप सामान्य - ति. प. ४/१०४९-१०५०), (रा. वा ३/३६/३/२०३/७), (चा.सा. २२०/१)। उग्रतप—(ति.प. ४/१०५०), (ध. ९/४,१,२२।८७/५)। (चा. सा. २२०/१)। घोरब्रह्मचर्य—(ध. ख. ९/४,१/२८-२९/९३-९४); (चा. सा. २२०/१)।

बल—(ति प. ४/१०६१); (रा वा ३/३६/३/२०३/१८), (चा. सा.२२४/१)

औषध- (ति. प ४/१०६७) (रा.वा ३/३६/३/२०३/२४); (चा.सा २२५/१)

रस सामान्य—(ति प ४।१०७७), (रा. वा ३/३६/३/२०३/३३), (चा. सा २२६/४)। आशाविष—(ध. ९/४,१,२०/८६/४) दृष्टिविष—(ध ९/४,१,२१/८७/२)।

क्षेत्र—(ति प ४/१०८८), (रा. वा. ३/३६/३/२०४/९), (चा सा २२८/१)

२. बुद्धि ऋद्धि निर्देश

१. बुद्धि ऋद्धि सामान्यका लक्षण

रा. वा ३/३६/३/२०१/२२ बुद्धिरवगमो ज्ञान तद्विषया अष्टादशविधा ऋद्धय'। =बुद्धि नाम अवगम या ज्ञानका है। उसको विषय करनेवाली १८ ऋद्धियाँ है।

२. बीजबुद्धि निर्देश

१. बीजबुद्धिका लक्षण

ति. प. ४/९७५-९७७ णोइंदियसुदणाणावरणाण वीरअंतरायाए। तिविहाणं पगदीणं उक्कस्सखउवसमविसुद्धस्स ।९७५। संखेज्जसरूवाणं सद्दाण तत्थ लिंगसंजुत्त। एक्क चिय बीजपद लद्धूण परोवदेसेण ।९७६। तम्मि पदे आधारे सयलसुदं चिंतिऊण गेण्हेदि। कस्स वि महेसिणो जा बुद्धि सा बीजबुद्धि त्ति ।९७७।=नोइन्द्रियावरण, श्रुतज्ञानावरण, और वीर्यान्तराय, इन तीन प्रकारकी प्रकृतियोके उत्कृष्ट क्षयोपशमसे विशुद्ध हुए किसी भी महर्षिकी जो बुद्धि, संख्यातस्वरूप शब्दोंके बीचमें-से लिंग सहित एक ही बीजभूत पदको परके उपदेशसे प्राप्त करके उस पदके आश्रयसे सम्पूर्ण श्रुतको विचारकर ग्रहण करती है, वह बीजबुद्धि है। ९७५-९७७। (रा. वा ३/३६/३/२०१/२६)। (चा सा २१२/२)।

ध. ९/४,१,७/५६-१, ५९-९ बीजमिव बीज। जहाबीजं मूलंकुर-पत्त-पोर-खंद-पसव-तुस-कुसुम-खीरत दुलाणमाहारं तहा दुवालसंगत्थाहार ज पदं तं बीजतुल्लत्तादो बीज। बीजपदविसयमदिणाणं पि बीज, कज्जे कारणोवचारादो। एसा कुदो होदि। विसिट्ठोग्गहावरणीयक्खओवसमादो। (५९-९)=बीजके समान बीज कहा जाता है। जिस प्रकार बीज, मूल, अंकुर, पत्र, पोर स्कन्ध, प्रसव, तुष, कुसुम, क्षीर और तंदुल आदिकोका आधार है, उसी प्रकार बारह अंगोंके अर्थका आधारभूत जो पद है वह बीज तुल्य होनेसे बीज है। बीजपद विषयक मतिज्ञान भी कार्यमें कारणके उपचारसे बीज है।५६। ... यह बीज बुद्धि कहाँसे होती है। वह विशिष्ट अवग्रहावरणीयके क्षयोपशमसे होती है।

२. बीज बुद्धिके लक्षण सम्बन्धी दृष्टिभेद

ध ९/४,१,७/५७/९ बीजपदट्ठिदरूवदेसादो हेट्ठिमसुदणाणुप्पत्तीए कारण होदूण पच्छा उवरिमसुदणाणुप्पत्तिणिमित्ता बीजबुद्धि त्ति के वि आइरिया भणंति। तण्ण घडदे, कोट्ठबुद्धियादिचदुण्हं णाणाणमक्कमेणेक्कम्हि जीवे सव्वदा अणुप्पत्तिप्पसगादो। ण च एक्कम्हि जीवे सव्वदा चदुण्ह बुद्धीण अक्कमेण अणुप्पत्ती चेव। त्ति सुत्तगाहाए वक्खाणम्मि गणहरदेवाणं चदुरमलबुद्धीण दंसणादो। किंच अत्थि गणहरदेवेसु चत्तारि बुद्धीओ अण्णहा दुवालसंगाणमणुप्पत्तिप्पसगादो। =बीजपदसे अधिष्ठित प्रदेशसे अधस्तन श्रुतके ज्ञानकी उत्पत्तिका कारण होकर पीछे उपरिम श्रुतके ज्ञानकी उत्पत्तिमें निमित्त होनेवाली बीज बुद्धि है। (अर्थात् पहले बीजपदके अल्पमात्र अर्थको जानकर पीछे उसके आश्रय पर विषयका विस्तार करनेवाली बुद्धि बीजबुद्धि है, न कि केवल शब्द-विस्तार ग्रहण करनेवाली) ऐसा कितने ही आचार्य कहते है। किन्तु वह घटित नही होता। क्योकि, ऐसा माननेपर कोष्ठबुद्धि आदि चार ज्ञानोकी (कोष्ठबुद्धि तथा अनुसारी, प्रतिसारी व

तदुभयसारी ये तीन पदानुसारीके भेद)। युगपत् एक जीवमें सर्वदा उत्पत्ति न हो सकनेका प्रसंग आवेगा। और एक जीवमें सर्वदा चार बुद्धियोंको एक साथ उत्पत्ति हो ही नहीं, ऐसा है नहीं क्योंकि—(सात ऋद्धियोंका निर्देश करनेवाली) सूत्रगाथाके व्याख्यानमें (कही गयी) गणधर देवोंके चार निर्मल बुद्धियाँ देखी जाती है। तथा गणधर देवोंके चार बुद्धियाँ होती है, क्योंकि उनके बिना (उनके द्वारा) बारह अंगोंकी उत्पत्ति न हो सकनेका प्रसंग आवेगा।

३. बीज बुद्धिकी अचिन्त्य शक्ति व शंका

ध ९/४, १, ७/५६/३ "संखेज्जसद्दअणंतलिंगेहि सह बीजपदं जाणंती, बीजबुद्धि त्ति भणिदं होदि। णं बीजबुद्धि अणंतत्थं पडिबद्धअणंत-लिंगबीजपदमवगच्छदि, खओवसमियत्तादो त्ति। ण खओवसमिएण परोक्खेण सुदणाणेण इत्यादि (देखो केवल भावार्थ) =संख्यात शब्दोंके अनन्त अर्थोंसे सम्बद्ध अनन्त लिंगोंके साथ बीजपदको जाननेवाली बीज बुद्धि है, यह तात्पर्य है। प्रश्न—बीज बुद्धि अनन्त अर्थोंसे सम्बद्ध अनन्त लिंगरूप बीजपदको नहीं जानती, क्योंकि वह क्षायोपशमिक है? उत्तर—नहीं, क्योंकि, जिस प्रकार क्षयोपशमजन्य परोक्ष श्रुतज्ञानके द्वारा केवलज्ञानसे विषय किये गये अनन्त अर्थोंका परोक्ष रूपसे ग्रहण किया जाता है, उसी प्रकार मतिज्ञानके द्वारा भी सामान्य रूपसे अनन्त अर्थोंको ग्रहण किया जाता है, क्योंकि इसमें कोई विरोध नहीं है। प्रश्न—यदि श्रुतज्ञानका विषय अनन्त संख्या है, तो 'चौदह पूर्वोंका विषय उत्कृष्ट संख्यात है' ऐसा जो परिकर्ममें कहा है, वह कैसे घटित होगा? उत्तर—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि उत्कृष्ट, उत्कृष्ट-संख्यातको ही जानता है, ऐसा यहाँ नियम नहीं है। प्रश्न—श्रुतज्ञान समस्त पदार्थोंको नहीं जानता है, क्योंकि, (पदार्थोंके अनन्तवें भाग प्रज्ञापनीय हैं और उसके भी अनन्तवें भाग द्वादशांग श्रुत के विषय है) इस प्रकारका वचन है? उत्तर—समस्त पदार्थोंका अनन्तवाँ भाग द्रव्यश्रुतज्ञानका विषय भले ही हो, किन्तु भाव श्रुतज्ञानका विषय समस्त पदार्थ है, क्योंकि, ऐसा माने बिना तीर्थंकरोंके वचनातिशयके अभावका प्रसंग होगा।

३ कोष्ठबुद्धिका लक्षण व शक्तिनिर्देश

ति प ४/९७८-९७९ "उक्कस्सिधारणाए जुत्तो पुरिसो गुरुवएसेणं। णाणाविहगंथेसु वित्थारे लिंगसद्दबीजाणि ।९७८। गहिऊण णियमदीए मिस्सेण विणा धरेदि मदिकोट्ठे। जो कोई तस्स बुद्धी णिद्दिट्ठा कोट्ठ-बुद्धी त्ति ।९७९। =उत्कृष्ट धारणासे युक्त जो कोई पुरुष गुरुके उपदेशसे नाना प्रकारके ग्रन्थोंमेंसे विस्तारपूर्वक लिंग सहित शब्दरूप बीजोंको अपनी बुद्धिमें ग्रहण करके उन्हें मिश्रणके बिना बुद्धिरूपी कोठेमें धारण करता है, उसकी बुद्धि कोष्ठबुद्धि कही गयी है। (रा. वा. ३/३६/३/२०१/२८), (चा सा २१२/४)।

ध ९/४,१,६/५३/७ कोट्ठय शालि वीहि-जव-गोधूमादिनामाधारभूत कुस्थलो पल्यादि। सा चासेसदव्वपज्जायधारणगुणेण कोट्ठसमाणा बुद्धी कोट्ठो, कोट्ठा च सा बुद्धी च कोट्ठबुद्धी। एदिस्से अल्प-धारणकालो जहण्णेण संखेज्जाणि उक्कस्सेण असंखेज्जाणि वस्साणि कुदो। 'कालसमा सव्वं च धारणा' त्ति सुत्तुवलंभादो। कुदो एदं होदि। धारणावरणीयस्स तिव्वखओवसमेण। =शालि, व्रीहि, जौ और गेहूँ आदिके आधारभूत कोथलो, पल्ली आदिका नाम कोष्ठ है। समस्त द्रव्य व पर्यायोंको धारण करनेरूप गुणसे कोष्ठके समान होनेसे उस बुद्धिको भी कोष्ठ कहा जाता है। कोष्ठ रूप जो बुद्धि वह कोष्ठबुद्धि है। (ध १३/५,५,४०/२४३/११) इसका अर्थ धारणकाल जघन्यसे संख्यात वर्ष और उत्कर्षसे असंख्यात वर्ष है, क्योंकि, 'असंख्यात और संख्यात काल तक धारणा रहती है' ऐसा सूत्र पाया जाता है। प्रश्न—यह कहाँसे होती है? उत्तर—धारणावरणीय कर्मके तीव्र क्षयोपशमसे होता है।

४ पदानुसारी ऋद्धि सामान्य व विशेषके लक्षण

ति प ४/९८०-९८३ बुद्धीविपक्खणाण पदाणुसारी हवेदि तिविहप्पा। अणुसारी पडिसारी जहत्थणामा उभयसारी ।९८०। आदि अवसाण-मज्झे गुरूवदेसेण एक्कबीजपदं। गेण्हिय उवरिमगंथं जा गिण्हदि सा मदी हु अणुसारी ।९८१। आदिअवसाणमज्झे गुरूवदेसेण एक्कबीजपदं। गेण्हिय हेट्ठिमगंथं बुज्झदि जा सा च पडिसारी ।९८२। णियमेण अणियमेण य जुगवं एगस्स बीजसद्दस्स। उवरिमहेट्ठिमगंथं जा बुज्झइ उभयसारी सा ।९८३।

ध. ९/४,१,८/६०/२ पदमनुसरति अनुकुरुते इति पदानुसारी बुद्धि.। बीजबुद्धीए बीजपदमवगतूण एत्थ इद एदेसिमक्खराण लिंग होदि ण होदि त्ति इहिदूणसयलसुदक्खर-पदाइमवगच्छंती पदाणुसारी। तेहि पदेहिंतो समुप्पज्जमाण णाण सुदणाणं ण अक्खरपदविसयं, तेसिमक्खरपदाणं बीजपदताभावादो। सा च पदाणुसारी अणु-पदि-तदु भयसारिभेदेण तिविहो। कुदो एद होदि। ईहावायावरणीयाण तिव्वक्खओवसमेण।=(ध. ९/६०)—पदका जो अनुसरण या अनुकरण करती है वह पदानुसारी बुद्धि है। बीज बुद्धिसे बीजपदको जानकर, 'यहाँ यह इन अक्षरोंका लिंग होता है और इनका नहीं', इस प्रकार विचारकर समस्त श्रुतके अक्षर पदोंको जाननेवाली पदानुसारी बुद्धि है (उन पदोंसे उत्पन्न होनेवाला ज्ञान श्रुतज्ञान है, वह अक्षरपदविषयक नहीं है, क्योंकि, उन अक्षरपदोंका बीजपदमें अन्तर्भाव है। प्रश्न—यह कैसे होती है? उत्तर—ईहावरणीय कर्मके तीव्र क्षयोपशमसे होती है।

ति. प—विचक्षण पुरुषोंकी पदानुसारिणी बुद्धि अनुसारिणी, प्रतिसारिणी और उभयसारिणीके भेदसे तीन प्रकार है, इस बुद्धिके ये यथार्थ नाम है ।९८०। जो बुद्धि आदि मध्य अथवा अन्तमें गुरुके उपदेशसे एक बीजपदको ग्रहण करके उपरिम (अर्थात् उससे आगेके) ग्रन्थको ग्रहण करती है वह 'अनुसारिणी' बुद्धि कहलाती है ।९८१। गुरुके उपदेशसे आदि मध्य अथवा अन्तमें एक बीजपदको ग्रहण करके जो बुद्धि अधस्तन (पीछे वाले) ग्रन्थको जानती है, वह 'प्रतिसारिणी' बुद्धि है ।९८२। जो बुद्धि नियम अथवा अनियमसे एक बीजशब्दके (ग्रहण करनेपर) उपरिम और अधस्तन (अर्थात् उस पदके आगे व पीछेके सर्व) ग्रन्थको एक साथ जानती है वह 'उभयसारिणी' बुद्धि है ।९८३। (रा वा ३/३६/३/२०१/३०), (ध. ९/४,१,८/६०/५), (चा. सा २१२/५)

५ संभिन्नश्रोतृत्वका लक्षण

ति. प. ४/९८४-९८६ सोदिंदियसुदणाणावरणाण वीरियंतरायाए। उक्क-स्सक्खउवसमे उदिदंगोवंगणामकम्मम्मि ।९८४। सोदुक्कस्सक्खिदीदो बाहिं संखेज्जजोयणपएसे। संठियणरतिरियाणं बहुविहसद्दे समुट्ठते ।९८५। अक्खरअणक्खरमए सोदूणं दसदिसासु पत्तेक्कं। जं दिज्जदि पडिवयणं तं चिय संभिण्णसोदित्तं ।९८६।=श्रोत्रेन्द्रियावरण, श्रुत-ज्ञानावरण, और वीर्यान्तरायका उत्कृष्ट क्षयोपशम तथा अंगोपांग नामकर्मका उदय होनेपर श्रोत्रेन्द्रियके उत्कृष्ट क्षेत्रसे बाहर दशों दिशाओंमें संख्यात योजन प्रमाण क्षेत्रमें स्थित मनुष्य एवं तिर्यंचोंके अक्षरानक्षरात्मक बहुत प्रकारके उठनेवाले शब्दोंको सुनकर जिससे (युगपत्) प्रत्युत्तर दिया जाता है, वह संभिन्नश्रोतृत्व नामक बुद्धि ऋद्धि कहलाती है।

(रा. वा ३/३६/३/२०२/१), (ध. ९/४,१,९/६१/४), (सा चा २१३/१)

ध. ९/४,१,९/६२/६ कुदो एदं होदि। बहुबहुविहखिप्पावरणीयाणं खओवसमेण।=यह कहाँसे होता है? बहु, बहुविध और क्षिप्र (मति) ज्ञानावरणीयके क्षयोपशमसे होता है।

६ दूरादास्वादन आदि ऋद्धियोंके लक्षण

ति. प. ४/९८७-९९७ १—जिब्भिंदिय सुदणाणावरणाण वीरियंतरायाए। उक्कस्सक्खउवसमे उदिदंगोवंगणामकम्मम्मि ।९८७। जिब्भुक्कस्स-

खिदोदो बाहिं सखेज्जजोयणठियाण । विविहरसाण सादं जाणइ दूरसादित्तं ।१८८। २–घाणिंदिय सुदणाणावरणाणं वीरियंतराय ए । उक्कस्सक्खउवसमे उदिदगोवंगणामकम्मम्मि ।१८९। घासुक्कस्सखिदोदो बाहिं सखेज्जजोयणठियाणि । अट्ठविहप्पासाणि ज जाणइ दूरपासत्तं ।१९०। ३–घाणिंदियसुदणाणावरणाणं वीरियंतरायाए । उक्कस्सक्खउवसमे उदिदगोवंगणामकम्मम्मि ।१९१। घाणुक्कस्सखिदोदो बाहिरसखेज्जजोयणपएसे । ज बहुविधगंधाणि त घायदि दूरघाणत्तं ।१९२। ४–सोदिंदियसुदणाणावरणाण वीरियंतरायाए । उक्कस्सक्खउवसमे उदिदंगोवंगणामकम्मम्मि ।१९३। सोदुक्कस्सखिदोदो बाहिरसखेज्जजोयणपएसे । चेट्ठताणं माणुसतिरियाणं बहुवियप्पाणं ।१९४। अक्खरअणक्खरमए बहुविहसद्दे विसेससंजुत्ते । उप्पण्णे आयण्णइ ज भणिअ दूरसवणत्त ।१९५। ५–रूविंदियसुदणाणावरणाणं वीरिअंतराआए । उक्कस्सक्खउवसमे उदिदंगोवंगणामकम्मम्मि ।१९६। रूउक्कस्सखिदोदो बाहिरं सखेज्जजोयणठिदाइं । ज बहुविहदव्वाइ पेक्खइ तं दूरदरिसिणं णाम ।१९७।—वह वह इन्द्रियावरण, श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तराय इन तीन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट क्षयोपशम तथा अंगोपांग नामकर्मका उदय होनेपर उस उस इन्द्रियके उत्कृष्ट विषयक्षेत्रसे बाहर संख्यात योजनोंमें स्थित उस उस सम्बन्धी विषयको जान लेना उस उस नामकी ऋद्धि है। यथा—जिह्वा इन्द्रियावरणके क्षयोपशमसे 'दूरास्वादित्व', स्पर्शन इन्द्रियावरणके क्षयोपशमसे 'दूरस्पर्शत्व', घ्राणेन्द्रियावरणके क्षयोपशमसे 'दूरघ्राणत्व', श्रोत्रेन्द्रियावरणके क्षयोपशमसे 'दूरश्रवणत्व' और चक्षु रिन्द्रियावरणके क्षयोपशमसे 'दूरदर्शित्व' ऋद्धि होती है।

७ प्रज्ञाश्रमणत्व ऋद्धि निर्देश

१ प्रज्ञाश्रमणत्व सामान्य व विशेषके लक्षण

ति प ४/१०१७-१०२१ पयडीए सुदणाणावरणाए वीरयतरायाए। उक्कस्सक्खउवसमे उप्पज्जइ पण्णसमणइड्ढी ।१०१७। पण्णासवण्णइड्ढिजुदो चोद्दसपुव्वीसु विसयसुहुमत्त । सव्वं हि सुदं जाणदि अकअज्झअणो वि णियमेण ।१०१८। भासंति तस्स बुद्धी पण्णासमणइड्ढी सा च चउभेदा। अउपत्तिअ-परिणामिय-वइणइकी-कम्मजा णेया ।१०१९। भवतर सुदविणएण समुल्लसिदभावा। णियणियजादिविसेसे उप्पण्णा पारिणामिकी णामा ।१०२०। वइणइकी विणएणं उप्पज्जदि बारसगसुदजोग्गं । उवदेसेण विणा तवविसेसलाहेण कम्मजा दुरिमा ।१०२१।—श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तरायका उत्कृष्ट क्षयोपशम होनेपर 'प्रज्ञाश्रमण' ऋद्धि उत्पन्न होती है। प्रज्ञाश्रमण ऋद्धिसे युक्त जो महर्षि अध्ययनके बिना किये ही चौदहपूर्वोंमे विषयकी सूक्ष्मताको लिए हुए सम्पूर्ण श्रुतको जानता है और उसको नियमपूर्वक निरूपण करता है उसकी बुद्धिको प्रज्ञाश्रमण ऋद्धि कहते है। वह औत्पत्तिकी, पारिणामिकी, वैनयिकी और कर्मजा, इन भेदोंसे चार प्रकारकी जाननी चाहिए ।१०१७-१०१९। इनमें-से पूर्व भवमें किये गये श्रुतके विनयसे उत्पन्न होनेवाली औत्पत्तिकी (बुद्धि है) ।१०२०।

ध.९/४,१,१८/२२/८२, विणएण सुदमधीदं किह वि पमादेण होदि विस्सरिदं । तमुवट्ठादि परभवे केवलणाणं च आहवदि ।२२।—एसो उप्पत्तिपण्णसमणो छम्मासोपवासगिलाणो वि तब्बुद्धिमाहप्पजाणावणट्ठं पुच्छावावदचोद्दसपुव्विस्स विउत्तरं वाहओ।—विनयसे अधीत श्रुतज्ञान यदि किसी प्रकार प्रमादसे विस्मृत हो जाता है तो उसे वह परभवमें उपस्थित करती है और केवलज्ञानको बुलाती है ।२२। यह औत्पत्तिकी प्रज्ञाश्रमण छह मासके उपवाससे कृश होता हुआ भी उस बुद्धिके माहात्म्यको प्रकट करनेके लिए पूछने रूप क्रियामें प्रवृत्त हुए चौदहपूर्वीको भी उत्तर देता है। निज-निज जाति विशेषोंमे उत्पन्न हुई बुद्धि 'पारिणामिकी' है, द्वादशांग श्रुतके योग्य विनयसे उत्पन्न होनेवाली 'वैनयिकी' और उपदेशके बिना ही विशेष तपकी प्राप्तिसे आविर्भूत हुई चतुर्थ 'कर्मजा' प्रज्ञाश्रमण ऋद्धि समझना चाहिए ।१०२०-१०२१। (रा वा. ३/३६/३/२०२/२९), (ध ९/४,१,१८/८१/१), (चा सा /२१६/४)।

ध.९/४,१,१८/८३/१ उसहसेणादीण-तित्थयरवयणविणिग्गयबीजपदट्ठावहारयाण पण्णाए कत्थं तब्भावो। पारिणामियाए, विणय-उप्पत्तिकम्मेहि विणा उप्पत्तीदो।—प्रश्न- तीर्थंकरोके मुखसे निकले हुए बीजपदोके अर्थका निश्चय करनेवाले वृषभसेनादि गणधरोकी प्रज्ञाका कहाँ अन्तर्भाव होता है? उत्तर—उसका पारिणामिक प्रज्ञामें अन्तर्भाव होता है, क्योंकि, वह विनय, उत्पत्ति और कर्मके बिना उत्पन्न होती है।

२ पारिणामिकी व औत्पत्तिकीमे अन्तर

ध ९/४,१,१८/८३/२ पारिणामिय-उप्पत्तियाण को विसेसो। जादिविसेसजणिदकम्मक्खओवसमुप्पण्णा पारिणामिया, जम्मंतरविणयजणिदससकारसमुप्पण्णा उप्पत्तिया, त्ति अत्थि विसेसो।—प्रश्न—पारिणामिकी और औत्पत्तिकी प्रज्ञामें क्या भेद है? उत्तर—जाति विशेषमें उत्पन्न कर्म क्षयोपशमसे आविर्भूत हुई प्रज्ञा पारिणामिकी है, और जन्मान्तरमें विनयजनित संस्कारसे उत्पन्न प्रज्ञा औपपत्तिकी है, यह दोनोंमें विशेष है।

३ प्रज्ञाश्रमण बुद्धि और ज्ञान सामान्य मे अन्तर

ध ९/४,१,१८/८४/२ पण्णाए णाणस्स य को विसेसो णाणहेदुजीवसत्ती गुरूवएसणिरवेक्खा पण्णा णाम, तक्कारिय णाण। तदो अत्थि भेदो।—प्रश्न—प्रज्ञा और ज्ञानके बीच क्या भेद है? उत्तर—गुरुके उपदेशसे निरपेक्ष ज्ञानकी हेतुभूत जीवकी शक्तिका नाम प्रज्ञा है, और उसका कार्य ज्ञान है, इस कारण दोनोमे भेद है।

८ वादित्वका लक्षण

ति प ४/१०२३ सक्कादि.ण वि पक्ख बहुवादेहि णिरुत्तरं कुणदि। परदव्वाइं गवेसइ जीए वादित्तरिद्धी सा ।१०२३।—जिस ऋद्धिके द्वारा शक्रादिके पक्षको भी बहुत वादसे निरुत्तर कर दिया जाता है और परके द्रव्योंकी गवेषणा (परीक्षा) करता है (अर्थात् दूसरोंके छिद्र या दोष ढूँढता है) वह वादित्व ऋद्धि कहलाती है। (रा. वा. ३/३६/३/२०२/२५); (चा. सा. २१७/५)

३ विक्रिया ऋद्धि निर्देश

१ विक्रिया ऋद्धिकी विविधता

ति. प. ४/१०२४-२५, १०३३ अणिमा महिमा-लघिमा गरिमा पत्ती-य तह अ पाकम्मं। ईसत्तवसित्ततादं अप्पडिघादत्तधाणाच ।१०२४। रिद्धी हु कामरूवा एव रूवेहिं विविहभेएहि। रिद्धी विकिरिया णामा समणाणं तवविसेसेण ।१०२५। दुविहा किरियारिद्धी णहयलगामित्तचारणत्तेहि ।१०३३।

ध.९/४.१.१५/७५,४ अणिमा महिमा लहिमा पत्ती पागम्मं ईसित्तं वसित्तं कामरूवित्तमिदि विउव्वणमट्ठविहं। एत्थ एगसजोगादिणा विसदपचवण्णासविउव्वणभेदा उप्पाएदव्वा, तइयकारणस्स बडचित्तयत्तादो (पु.७६/६)।—अणिमा, महिमा, लघिमा, गरिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व, वशित्व, अप्रतिघात, अन्तर्धान और कामरूप इस प्रकारके अनेक भेदोसे युक्त विक्रिया नामक ऋद्धि तपोविशेषसे श्रमणोंको हुआ करती है। ति. प./ (रा वा ३/३६/३/२०२/३३); (चा. सा. २१६/१); (ब. सु श्रा ५१३)। नभस्तलगामित्व और चारणत्वके भेदसे 'क्रियाऋद्धि' दो प्रकार है। (रा. वा. ३/३६/३/२०२/२७); (चा सा. २१८/१)। अणिमा, महिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य ईशित्व, वशित्व, और कामरूपित्व—इस प्रकार विक्रिया ऋद्धि आठ प्रकार है। यहाँ एकसयोग, द्विसयोग आदिके द्वारा २५५ विक्रियाके भेद उत्पन्न करना चाहिए, क्योंकि, उनके कारण विचित्र हैं। एकसंयोगी =८, द्विसंयोगी=२८, त्रिसयोगी=५६; चतुःसंयोगी=७०; पच-

संयोगी=५६, षट्संयोगी=२८, सप्तसंयोगी=८; और अष्टसंयोगी=१। कुल भंग=२५५ (विशेष देखो गणित II/४)।

२ अणिमा विक्रिया

ति. प. ४/१०२६ अणुतणुकरणं अणिमा अणुछिद्दे पविसिदूण तत्थेव। विकरदि खंदावार णिएसमवि चक्कवट्टिस्स।१०२६। =अणुके बराबर शरीरको करना अणिमा ऋद्धि है। इस ऋद्धिके प्रभावसे महर्षि अणुके बराबर छिद्रमें प्रविष्ट होकर वहाँ ही, चक्रवर्तीके कटक और निवेशकी विक्रिया द्वारा रचना करता है। (रा.वा ३/३६/३/२०२/३४) (ध. ९/४,१,१५/७५/५) (चा. सा. २१६/२)

३ महिमा गरिमा व लघिमा विक्रिया

ति. प. ४/१०२७ मेरूवमाणदेहा महिमा अणिलाउ लहुत्तरो लहिमा। वज्जादिंतो गुरुवत्तणं च गरिमं त्ति भणंति।१०२७। =मेरुके बराबर शरीरके करनेको महिमा, वायुसे भी लघु (हलका) शरीर करनेको लघिमा और वज्रसे भी अधिक गुरुतायुक्त (भारी) शरीरके करनेको गरिमा ऋद्धि कहते है। (रा वा ३/३६/३/२०३/१), (ध. ९/४,१,१५/७५/५), (च सा. २१६/२)

४ प्राप्ति व प्राकाम्य विक्रिया

ति.प ४/१०२८-१०२९ भूमीए चेट्ठंतो अंगुलिअग्गेण सूरिससिपहुदिं। मेरुसिहराणि अण्ण ज पावदि पत्तिरिद्धी सा।१०२८। सलिले विय भूमीए उम्मज्जणिमज्जणाणि ज कुणदि। भूमीए विय सलिले गच्छदि पाकम्मरिद्धी सा।१०२९। =भूमिपर स्थित रहकर अंगुलिके अग्रभागसे सूर्य-चन्द्रादिकको, मेरुशिखरोंको तथा अन्य वस्तुको प्राप्त करना यह प्राप्ति ऋद्धि है।१०२८। जिस ऋद्धिके प्रभावसे जलके समान पृथिवीपर उन्मज्जन-निमज्जन क्रियाको करता है और पृथिवीके समान जलपर भी गमन करता है वह प्राकाम्य ऋद्धि है। १०२९। (रा वा ३/३६/३/२०३/३); (चा सा २१६/३)

ध. ९/४,१,१५/७५/७ भूमिट्ठियस्स करेण चदाइच्चदिबिच्छिवणसत्ती पत्ती णाम। कुलसेलमेरुमहीहर भूमीण बाहमकाऊण तासु गमणसत्ती तच्छरणबलेणुप्पण्णा पागम्मं णाम। =(प्राप्तिका लक्षण उपरोक्तवत ही है)—कुलाचल और मेरुपर्वतके पृथिवीकायिक जीवोंको बाधा न पहुँचाकर उनमें, तपश्चरणके बलसे उत्पन्न हुई गमनशक्तिको प्राकाम्य ऋद्धि कहते है।

चा.सा. २१६/४ अनेकजातिक्रियागुणद्रव्याधीनं स्वाङ्गाद् भिन्नमभिन्नं च निर्माणं प्राकाम्यं सैन्यादिरूपमिति केचित्। =कोई-कोई आचार्य; अनेक तरहकी क्रिया गुण वा द्रव्यके आधीन होनेवाले सेना आदि पदार्थोंको अपने शरीरसे भिन्न अथवा अभिन्न रूप बनानेकी शक्ति प्राप्त होनेको प्राकाम्य कहते है। (विशेष दे वैक्रियक।१। पृथक् व अपृथक् विक्रिया)

५. ईशित्व व वशित्व विक्रिया

ति.प. ४/१०३० णिस्सेसाण पहुत्त जगाण ईसत्तणामरिद्धी सा। वसमेंति तवबलेण जं जीओहा वसित्तरिद्धी सा।१०३०। =जिससे सब जगत् पर प्रभुत्व होता है, वह ईशित्वनामक ऋद्धि है और जिससे तपोबल द्वारा जीव समूह वशमें होते है, वह वशित्व ऋद्धि कही जाती है। (रा वा ३/३६/३/२०३/४) (चा.सा २१६/५)।

ध. ९/४,१,१५/७६/२ सव्वेसि जीवाणं गामणयरखेडादीणं च भुंजणसत्ती समुप्पण्णा ईसित्तं णाम। माणुस मायंग-हरि-तुरयादीणं सगिच्छाए विउव्वणसत्ती वसित्तं णाम। =सब जीवों तथा ग्राम, नगर, एवं खेड़े आदिकोंके भोगनेकी जो शक्ति उत्पन्न होती है वह ईशित्व ऋद्धि कही जाती है। मनुष्य, हाथी, सिंह एवं घोड़े आदिक रूप अपनी इच्छासे विक्रिया करनेकी (अर्थात् उनका आकार बदल देनेकी) शक्तिका नाम वशित्व है।

२. ईशित्व व वशित्व विक्रियामें अन्तर

ध ९/४,१,१५/७६/३ ण च वसित्तस्स ईसित्तम्मि पवेसो, अवसाणं पि हदाकारेण ईसित्तकरणुवलंभादो। =वशित्वका ईशित्व ऋद्धिमें अन्तर्भाव नहीं हो सकता, क्योंकि, अवशीकृतोंका भी उनका आकार नष्ट किये बिना ईशित्वकरण पाया जाता है।

३ ईशित्व व वशित्वमें विक्रियापना कैसे है ?

ध ९/४ १,१५/७६/५ ईसित्तवसित्ताण कधं वेउव्वियत्तं। ण, विविहगुणइड्ढिजुत्तं वेउव्वियमिदि तेसिं वेउव्वियत्तविरोहादो। =प्रश्न—ईशित्व और वशित्वके विक्रियापना कैसे सम्भव है? उत्तर—नहीं, क्योंकि, नाना प्रकार गुण व ऋद्धि युक्त होनेका नाम विक्रिया है, अतएव उन दोनोंके विक्रियापनेमें कोई विरोध नहीं है।

६. अप्रतिघात अन्तर्धान व कामरूपित्व

ति.प ४/१०३१-१०३२ सेलसिलातरुपमुहाणब्भंतरं होइदूण गमणं व। ज वच्चदि सा ऋद्धी अप्पडिघादेत्ति गुणणामं।१०३१। ज हवदि अदिसत्त अदइड्ढाणाभिधाणरिद्धी सा। जुगवं बहुरूवाणि ज विरच्चदि कामरूवरिद्धी सा।१०३२। =जिस ऋद्धिके बलसे शैल, शिला और वृक्षादिके मध्यमें होकर आकाशके समान गमन किया जाता है वह सार्थक नामवाली अप्रतिघात ऋद्धि है।१०३१। जिस ऋद्धिसे अदृश्यता प्राप्त होती है, वह अन्तर्धाननामक ऋद्धि है; और जिससे युगपत् बहुत-से रूपोंको रचता है, वह कामरूप ऋद्धि है।१०३२। (रा.वा. ३/३६/३/२०३/५), (चा सा. २१६/६)।

ध ९/४,१,१५/७६/४ इच्छिदरूवग्गहणसत्ती कामरूवित्तं णाम। = इच्छित रूपके ग्रहण करनेकी शक्तिका नाम कामरूपित्व है।

४. चारण व आकाशगामित्व ऋद्धि निर्देश

१. चारण ऋद्धि सामान्य निर्देश

ध. ९/४,१,१६/८४/७ चरणं चारित्तं संजमो पावकिरियाणिरोहो त्ति एयट्ठो तम्हि कुसलो णिउणो चारणो। =चरण, चारित्र, संजम, पापक्रियानिरोध इनका एक ही अर्थ है। इसमें जो कुशल अर्थात् निपुण है वे चारण कहलाते है।

२. चारण ऋद्धिकी विविधता

ति. प. ४/१०३४-१०३५, १०४८ "चारणरिद्धी बहुविहवियप्पसंदोह वित्थरिदा।१०३४। जलजंघाफलपुप्फ पत्तग्गिसिहाण धूममेघाणं। धारामक्कडतंतूजोदीमरुदाण चारणा कमसो।१०३५। अण्णो विविहा भेदा चारणरिद्धीए भाजिदा भेदा। तं सरूवं कहणे उवएसो अम्ह उच्छिण्णो १०४८। =चारण ऋद्धिके क्रमसे जलचारण, जंघाचारण, फलचारण, पुष्पचारण, पत्रचारण, अग्निशिखाचारण, धूमचारण, मेघचारण, धाराचारण, मर्कटतन्तुचारण, ज्योतिषचारण और मरुच्चारण इत्यादि अनेक प्रकारके विकल्प समूहोंसे विस्तारको प्राप्त हैं। १०३४-१०३५। इस चारण ऋद्धिके विविध भेदोंसे युक्त विभक्त किये हुए और भी भेद होते हैं। परन्तु उनके स्वरूपका कथन करनेवाला उपदेश हमारे लिए नष्ट हो चुका है।१०४८।

ध. ९/४,१,१७/९ ७८/१० तथा पृ. ८०/६ जल जंघ-तंतु-फल-पुप्फ-बीय-आयास-सेडीभेएण अट्ठविहा चारणा। उत्तं च (गा सं २१)।७८-१०। चारणाणमेत्थ एगसंजोगादिकमेण विसदपंचपचासभंगा उप्पाएदव्वा। कधमेग चारित्तं विचित्तसत्तिसमुप्पायं। ण परिणामभेएण णाणाभेदभिण्णचारित्तादो चारणबहुत्तं पडि विरोहाभावादो। कधं पुण चारणा अट्ठविहा त्ति जुज्जदे ण एस दोसो, णियमाभावादो, विसदपंचवंचासचारणाणं अट्ठविहचारणेहिंतो एयंतेण पुधत्ताभावादो च। =जल, जंघा, तन्तु, फल, पुष्प, बीज, आकाश और श्रेणीके भेदसे चारण ऋद्धि धारक, आठ प्रकार है। कहा भी है। (गा सं २१ में भी यही आठ भेद कहे है। (रा.वा ३/३६/३/२०२/२७), (चा सा. २१९/१।

यहाँ चारण ऋषियोंके एक संयोग, दो संयोग आदिके क्रमसे २५५ भंग उत्पन्न करना चाहिए। एक संयोगी=८, द्विसंयोगी=२८, त्रिसंयोगी=५६, चतु संयोगी=७०; पंचसंयोगी=५६, षट्संयोगी=२८, सप्तसंयोगी=८, अष्टसंयोगी=१। कुल भंग=२५५। (विशेष दे. गणित II/४) प्रश्न—एक ही चारित्र इन विचित्र शक्तियोंका उत्पादक कैसे हो सकता है? उत्तर—नहीं, क्योंकि परिणामके भेदसे नाना प्रकार चारित्र होनेके कारण चारणोंकी अधिकतामें कोई विरोध नहीं है। प्रश्न—जब चारणोंके भेद २५५ हैं तो फिर उन्हें आठ प्रकार का बतलाना कैसे युक्त है? उत्तर—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, उनके आठ होनेका कोई नियम नहीं है। तथा २५५ चारण आठ प्रकार चारणोंसे पृथक् भी नहीं हैं।

३. आकाशचारण व आकाशगामित्व

१. आकाशगामित्व ऋद्धिका लक्षण

ति प ४/१०३३ १०३४। अट्ठीओ आसीणो काउसग्गेण इदरेण। १०३३। गच्छेदि जोए एसा रिद्धी गयणगामिणी णाम।१०३४।=जिस ऋद्धिके द्वारा कायोत्सर्ग अथवा अन्य प्रकारसे ऊर्ध्व स्थित होकर या बैठकर जाता है वह आकाशगामिनी नामक ऋद्धि है।

रा वा ३/३६/३/२०२/३१ पर्यङ्कावस्था निषण्णा वा कायोत्सर्गशरीरा वा पादोद्धारनिक्षेपणविधिमन्तरेण आकाशगमनकुशला आकाशगामिन।''=पर्यङ्कासनसे बैठकर अथवा अन्य किसी आसनसे बैठकर या कायोत्सर्ग शरीरसे [पैरोंको उठाकर रखकर (धवला)] तथा बिना पैरोंको उठाये रखे आकाशमें गमन करनेमें जो कुशल होते हैं, वे आकाशगामी है। (ध ९/४,१,१७/८०/५), (चा सा २१८/४)।

ध. ९/४,१,१६/८४/५ आगासे जहिच्छाए गच्छंता इच्छिदपदेस माणुसुत्तर पव्वदावरुद्ध आगासगामिणो त्ति घेत्तव्वो। देवविज्जाहरणं णग्गहणं जिणसद्दणुवत्तीदो। =आकाशमें इच्छानुसार मानुषोत्तर पर्वतसे घिरे हुए इच्छित प्रदेशोंमें गमन करनेवाले आकाशगामी हैं, ऐसा ग्रहण करना चाहिए। यहाँ देव व विद्याधरोंका ग्रहण नहीं है, क्योंकि 'जिन' शब्दकी अनुवृत्ति है।

२ आकाशचारण ऋद्धिका लक्षण

ध. ९/४,१,१७/८०/२ चउहि अंगुलेहिंतो अहियपमाणेण भूमीदो उवरि आयासे गच्छंतो आगासचारणो णाम। =चार अंगुलसे अधिक प्रमाणसे भूमिसे ऊपर आकाशमें गमन करनेवाले ऋषि आकाशचारण कहे जाते हैं।

३. आकाशचारण व आकाशगामित्वमें अन्तर

ध. ९/४,१,१६/८४/६ "आगासचारणाणमागासगामीण च को विसेसो। उच्चदे—चरण चारित्तं संजमो पावकिरियाणिरोहो त्ति एयट्ठो, तम्हि कुसला णिउणा चारणा। तवविसेसेण जणिदआगासट्ठियजीव (-वध) परिहरणकुसलत्तणेण सहिदो आगासचारणो। आगासगमणमेत्तजुत्तो आगासगामी। आगासगामित्तादो जीववधपरिहरणकुसलत्तणेण विसेसिदआगासगामित्तस्स विसेसुवलंभादो अत्थि विसेसो। =प्रश्न—आकाशचारण और आकाशगामीके क्या भेद है? उत्तर—चरण, चारित्र, संयम व पापक्रिया निरोध, इनका एक ही अर्थ है। इसमें जो कुशल अर्थात् निपुण है वह चारण कहलाता है। तप विशेषसे उत्पन्न हुई, आकाशस्थित जीवोंके (वधके) परिहारकी कुशलतासे जो सहित है वह आकाशचारण है। और आकाशमें गमन करने मात्रसे आकाशगामी कहलाता है। (अर्थात् आकाशगामीको जीववध परिहारकी अपेक्षा नहीं होती)। सामान्य आकाशगामित्वकी अपेक्षा जीवोंके वध परिहारकी कुशलतासे विशेषित आकाशगामित्वके विशेषता पायी जानेसे दोनोंमें भेद है।

४ जलचारण निर्देश

१. जलचारणका लक्षण

ध ९/४,१,१७/७९-३, ८१-७ तत्थ भूमीए इव जलकाइयजीवाणं पीडमकाऊण जलमप्फुसंता जहिच्छाए जलगमणसत्था रिसओ जलचारणा णाम। पउमिणिपत्तं व जलपासेण विणा जलमज्झगामिणो जलचारणा त्ति किण्ण उच्चदि। ण एस दोसो, इच्छिज्जमाणत्तादो।७९-३। आसकखासधूमरोहिमादिचारणाणं जलचारणेसु अंतब्भावो, आउक्काइयजीवपरिहरणकुशलत्तं पडि साहम्मदंसणादो।८१-७।=जो ऋषि जलकायिक जीवोंको बाधा न पहुँचाकर जलको न छूते हुए इच्छानुसार भूमिके समान जलमें गमन करनेमें समर्थ है, वे जलचारण कहलाते हैं। (जलपर भी पादनिक्षेपपूर्वक गमन करते हैं)। प्रश्न—पद्मिनीपत्रके समान जलको न छूकर जलके मध्यमें गमन करनेवाले जलचारण क्यों नहीं कहलाते? उत्तर—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि ऐसा अभीष्ट है। (ति. प ४/१०३६) (रा वा ३/३६/३/२०२/२८) (चा. सा २१८/२)। ओस, ओला, कुहरा और बर्फ आदि पर गमन करनेवाले चारणोंका जलचारणोंमें अन्तर्भाव होता है। क्योंकि, इनमें जलकायिक जीवोंके परिहारकी कुशलता देखी जाती है।

२ जलचारण व प्राकाम्य ऋद्धिमें अन्तर

ध ९/४,१,१७/९१/५ जलचारण-पागम्मरिद्धीणं दोण्हं को विसेसो। घणपुढवि-मेरुसायराणमंतो सव्वसरीरेण पवेससत्ती पागम्मं णाम। तत्थ जीवपरिहरणकुसलत्तं चारणत्तं। =प्रश्न—जलचारण और प्राकाम्य इन दोनों ऋद्धियोंमें क्या विशेषता है? उत्तर—सघन पृथिवी, मेरु और समुद्रके भीतर सब शरीरसे प्रवेश करनेकी शक्तिको प्राकाम्यऋद्धि कहते हैं, और यहाँ जीवोंके परिहारकी कुशलताका नाम चारण ऋद्धि है।

५. जंघाचारण निर्देश

ति प १०३७ चउरंगुलमेत्तमहिं छड्डिय गयणम्मि कुडिलजाणु विणा। ज बहुजोयणगमणं सा जंघाचारणा रिद्धी।१०३७। =चार अंगुल प्रमाण पृथिवीको छोड़कर आकाशमें घुटनोंको मोड़े बिना (या जल्दी जल्दी जंघाओंको उत्क्षेप निक्षेप करते हुए—रा. वा.) जो बहुत योजनों तक गमन करना है, वह जंघाचारण ऋद्धि है। (रा. वा ३/३६/३/२०२/२१), (चा सा. २१८/३)।

ध ९/४,१,१७/७९/७, ८१/४ भूमीए पुढविकाइयजीवाणं बाहमकाऊण अणेगजोयणसयगामिणो जंघाचारणा णाम।७९-७। चिक्खल्लछारगोवर-भूसादिचारणाणं जंघाचारणेसु अंतब्भावो, भूमीदो चिक्खल्लादीण कथंचि भेदाभावादो।८१-४।=भूमिमें पृथिवीकायिक जीवोंको बाधा न करके अनेक सौ योजन गमन करनेवाले जंघाचारण कहलाते हैं। कीचड़ भस्म, गोबर और भूसे आदि परसे गमन करनेवालोंका जंघाचारणोंमें अन्तर्भाव होता है, क्योंकि, भूमिसे कीचड़ आदिमें कथंचित् अभेद है।

६. अग्नि, धूम, मेघ, तन्तु, वायु व श्रेणी चारण

ति प ४/१०४१-१०४३, १०४५, १०४७ अविराहिदूण जीवे अग्गिसिहालग्गिए विचित्ताणं। ज ताण उवरि गमणं अग्गिसिहाचारणा रिद्धी।१०४१। अधउड्ढतिरियपसरं धूमं अवलंबिऊण ज देंति। पदखेवे अक्खलिया सा रिद्धी धूमचारणा णाम।१०४२। अविराहिदूणजीवे अपुकाए बहुविहाण मेघाणं। ज उवरि गच्छिइ मुणी सा रिद्धी मेघचारणा णाम।१०४३। मक्कडयतंतुपंतीउवरि अदिलघुओ तुरदपदखेवे। गच्छेदि मुणिमहेसी सा मक्कडतंतुचारणा रिद्धी।१०४५। णाणाविहगदिमारुदपदेसपंतीसु देंति पदखेवे। ज अक्खलिया मुणिणो सा मारुदचारणा रिद्धी।१०४७। =अग्निशिखामें स्थित जीवोंको विराधना न करके उन विचित्र अग्नि-शिखाओंपरसे गमन करनेको 'अग्निशिखा चारण' ऋद्धि कहते हैं।१०४१। जिस ऋद्धिके प्रभावसे मुनिजन नीचे ऊपर

और तिरछे फेलनेवाले धुएँका अवलम्बन करके अस्खलित पादक्षेप देते हुए गमन करते है वह 'धूमचारण' नामक ऋद्धि है।१०४२। जिस ऋद्धिसे मुनि अप्कायिक जीवोंको पीडा न पहुँचाकर बहुत प्रकारके मेघोपरसे गमन करता है वह 'मेघचारण' नामक ऋद्धि है ।१०४३। जिसके द्वारा मुनि महर्षि शीघ्रतासे किये गये पद-विक्षेपमे अत्यन्त लघु होते हुए मकडीके तन्तुओकी पक्तिपरसे गमन करता है वह 'मकडातन्तुचारण' ऋद्धि है ।१०४५। जिसके प्रभावसे मुनि नाना प्रकारकी गतिसे युक्त वायुके प्रदेशोकी पक्ति परसे अस्खलित होकर पदविक्षेप करते है, वह 'मारुतचारण' ऋद्धि है । (रा वा ३/३६/३/२०२ २७); (चा सा २१८/१)।

ध ९/४,१,९७/८०-१,८१-८ धूमग्गि-गिरि-तरु-तंतुसताणेसु उड्ढारोहण-सत्तिसजुत्ता सेडीचारणा णाम ।८०-१। धूमग्गिवाद-मेहादिचारणाणं तंतु-सेडिचारणेसु अंतब्भावो, अणुलोमविलोमगमणेसु जीवपीडा अकरणसत्तिसजुत्तादो ।=धूम, अग्नि पर्वत, और वृक्षके तन्तु समूह परसे ऊपर चढनेकी शक्तिसे संयुक्त 'श्रेणी चारण' है। धूम, अग्नि, वायु और मेघ आदिकके आश्रयसे चलनेवाले चारणोका 'तन्तु-श्रेणी' चारणोमें अन्तर्भाव हो जाता है, क्योकि, वे अनुलोम और प्रतिलोम गमन करनेमें जीवोको पीडा न करनेकी शक्तिसे संयुक्त है।

७ धारा व ज्योतिष चारण निर्देश

ति प ४/१०४४,१०४६ अविराहिय तल्लीणे जीवे वज्जमुक्कवारिधाराण। उवरि ज जादि मुणी सा धाराचारणा ऋद्धि।१०४४। अधउड्ढतिरियपसरे किरणे अविलंबिदूण जोदीण । ज गच्छेदि तवसी सा रिद्धी जोदि-चारणा णाम । १०४६ । =जिसके प्रभावसे मुनि मेघोसे छोडी गयी जलधाराओमे स्थित जीवोको पीडा न पहुँचाकर उनके ऊपरसे जाते है, वह धारा चारण ऋद्धि है । १०४४ । जिससे तपस्वी नीचे ऊपर और तिरछे फेलनेवाली ज्योतिषी देवोके विमानोकी किरणोका अवलम्बन करके गमन करता है वह ज्योतिश्चारण ऋद्धि है ।१०४६। (इन दोनोका भी पूर्व वाले शीर्षकमें दिये धवला ग्रन्थके अनुसार तन्तु श्रेणी ऋद्धिमें अन्तर्भाव हो जाता है।)

८. फल पुष्प बीज व पत्रचारण निर्देश

ति प ४/१०३८-१०४० अविराहिदूण जीवे तल्लीणे बहुप्फलाण विविहाण। उवरिम्मि ज पधावदि स च्चिय फलचारणा रिद्धी । १०३८ । अविराहिदूण जीवे तल्लीणे बहुविहाण पुप्फाणं । उवरिम्मि जं पसप्पदि सा रिद्धी पुप्फचारणा णाम ।१०३०। अविराहिदूण जीवे तल्लीणे बहुविहाण पत्ताण । जा उवरि वच्चदि मुणी सा रिद्धी पत्तचारणा णामा ।१०३१। =जिस ऋद्धिका धारक मुनि वनफलोमें, फूलोमें, तथा पत्तोमें रहनेवाले जीवोकी विराधना न करके उनके ऊपरसे जाता है वह फलचारण, पुष्पचारण तथा पत्रचारण नामक ऋद्धि है।

ध ९/४,१,९७/७९-७,८१ ५ तंतुफलपुप्फबीजचारणाणं पि जलचारणाणं व वत्तव्वं ।७९-७। कुंथुदेही-मुक्कण-पिपीलियादिचारणाणं फलचारणेसु अंतब्भावो, तस जीवपरिहरणकुसलत्तं पडि भेदाभावादो। पत्तंकुरत्तण पवालादिचारणाण पुप्फचारणेसु अंतब्भावो, हरिदकायपरिहरणकुसलत्तेण साहम्मादो ।८१/५। =तन्तुचारण, फलचारण, पुष्पचारण और बीजचारणका स्वरूप भी जलचारणोके समान कहना चाहिए (अर्थात् उनमें रहने वाले जीवोको पीडा न पहुँचाकर उनके ऊपर गमन करना)। ७९-७। कुंथुजीव, मुत्कण, और पिपीलिका आदि परसे संचार करनेवालोका फलचारणोमें अन्तर्भाव होता है, क्योकि, इनमें त्रसजीवोके परिहारकी कुशलताकी अपेक्षा कोई भेद नही है ॥ पत्र, अकुर, तृण और प्रवाल आदि परसे संचार करनेवालोका पुष्पचारणोमें अन्तर्भाव होता है, क्योकि, हरितकाय जीवोके परिहारकी कुशलताकी अपेक्षा इनमें समानता है।

५. तपऋद्धि निर्देश

१. उग्रतपऋद्धि निर्देश

ध ९/४,१,२२/८७-५, ८९-६ उग्गतवा दुविहा उग्गुग्गतवा अवट्ठिदुग्गतवा चेदि। तत्थ जो एक्कोववास काऊण पारिय दो उववासो करेदि, पुणरवि पारिय तिण्णि उववासे करेदि। एवमेगुत्तरवड्ढीए जाव जीविद त तिगुत्तिगुत्तो होदूण उववासे करेंतो उग्गतवो णाम। एदस्सुववास पारणाणयणे सुत्तं—"उत्तरगुणिते तु धने पुनरप्यष्टापितेऽत्र गुणमादिम्। उत्तरविशेषितं वर्गित च योज्यान्येन्मूलम् । २३। इत्यादि तत्थ दिक्खट्ठेमेगोववास काऊण पारिय पुणो एक्कवेत्तरेण गच्छतस्स किंचिणिमित्तेण छट्ठोववासो जादो। पुणो तेण छट्ठोववासेण विहर तस्स अट्ठमोववासो जादो। एव दसमदुवालसादिकमेण हेट्ठा ण पदंतो जाव जीविदंतं जो विहरदि अवट्ठिदुग्गतवो णाम। एद पि तवोविहाण वीरियंतराइयक्खओवसमेण होदि। =उग्रतप ऋद्धिके धारक दो प्रकार है –उग्रोग्रतपऋद्धि धारक और अवस्थित-उग्रतप ऋद्धि धारक। उनमें जो एक उपवासको करके पारणा कर दो उपवास करता है, पश्चात् फिर पारणा कर तीन उपवास करता है। इस प्रकार एक अधिक वृद्धिके साथ जीवन पर्यन्त तीन गुप्तियोसे रक्षित होकर उपवास करनेवाला 'उग्रोग्रतप' ऋद्धिका धारक है। इसके उपवास और पारणाओका प्रमाण लानेके लिए सूत्र– (यहाँ चार गाथाएँ दी है जिनका भावार्थ यह है कि १४ दिन में १० उपवास व ४ पारणाएँ आते है। इसी क्रमसे आगे भी जानना) (ति प ४/१०५०-१०५१) दीक्षाके लिए एक उपवास करके पारणा करे, पश्चात् एक दिनके अतरसे ऐसा करते हुए किसी निमित्तसे षष्ठोपवास (बेला) हो गया। फिर (पूर्वोक्तवत् हो) उस षष्ठोपवाससे विहार करनेवाले के (कदाचित्) अष्टमोपवास (तेला) हो गया। इस प्रकार दशम-द्वादशम आदि क्रमसे नीचे न गिरकर जो जीवन पर्यन्त विहार करता है, वह अवस्थित उग्रतप ऋद्धिका धारक कहा जाता है। यह भी तपका अनुष्ठान वीर्यान्तरायके क्षयोपशमसे होता है। (रा वा ३/३६/३ २०३/८), (चा.सा २२०/१)।

२. घोर तपऋद्धि निर्देश

ति.प ४।१०५५ जलमूलप्पमुहाणं रोगेणच्चंतपीडिअंगा वि। साहंति दुद्धर रतव जोए सा घोरतवरिद्धी ।१०५५।

ध ९/४,१,२६/९२/२ उववासेसुछम्मासोववासो, अवमोदरियासु एक्कवत्तो उत्तिपरिसंखासु चच्चरे गोयराभिग्गहो, रसपरिच्चागेसु उण्हजलजुदोयणभोयण, विवित्तसयणासणेसु वय-वग्घ-तरच्छ छवल्लादिसावयसेवियासुसज्झविज्झुडईसु णिवासो, कायकिलेसेसु तिव्वहिमवासादिणिवदतसिएसु अब्भोकासरुक्खमूलादावणजोगग्गहण। एवमब्भंतरतवेसु वि उक्कट्ठतवपरूवणा कायव्वा। एसो बारह विह वि तवो कायरजणाणं भयजणणो त्ति घोरत्तवो। सो जेसिं ते घोरत्तवा। बारसविहतवुक्कट्ठवट्ठाए वड्ढमाणा घोरत्तवा त्ति भणिद होदि। एसा वि तवजणिदरिद्धी चेव, अण्णहा एवं विहाचरणाणुववत्तीदो। =(ति. प.) जिस ऋद्धिके बलसे ज्वर और शूलादिक रोगसे शरीरके अत्यन्त पीडित होने पर भी साधुजन दुर्द्धर तपको सिद्ध करते है, वह घोर तपऋद्धि है ।१०५५। उपवासोमे छह मासका उपवास' अवमोदर्य तपोमे एक ग्रास, वृत्तिपरिसख्याओमे चौराहेमें भिक्षाकी प्रतिज्ञा, रसपरित्यागोमे उष्ण जल युक्त ओदनका भोजन, विविक्तशय्यासनोंमें वृक, व्याघ्र, तरक्ष, छवल आदि श्वापद अर्थात् हिंस्र जीवोसे सेवित सह्य, विन्ध्य आदि (पर्वतोकी) अटवियोमे निवास, कायक्लेशोंमें तीव्र हिमालय आदिके अन्तर्गत देशोमे, खुले आकाशके नीचे, अथवा वृक्षमूलमें, आतापन योग अर्थात् ध्यान ग्रहण करना। इसी प्रकार अभ्यन्तर तपोमे भी उत्कृष्ट तपकी प्ररूपणा करनी चाहिए। ये बारह प्रकार ही तप कायर जनोको भयोत्पादक है, इसी कारण घोर तप

कहलाते हैं। वह तप जिनके होता है वे घोरतप ऋद्धिके धारक है। बारह प्रकारके तपोंको उत्कृष्ट अवस्थामें वर्तमान साधु घोर तप कहलाते है, यह तात्पर्य है। यह भी तप जनित (तपसे उत्पन्न होनेवाली) ऋद्धि ही है, क्योंकि, बिना तपके इस प्रकारका आचरण बन नहीं सकता। (रा वा. ३/३६/३/२०३/१२); (चा सा २२२/२)।

३. घोर पराक्रम तप ऋद्धि निर्देश

ति प. ४/१०५६-१०५७ णिरुवमवड्ढततवा तिहुवणसंहरणकरसत्तिजुत्ता। कंटयसिलग्गिपव्वयधूमुक्कापहुदिवरिसणसमत्था।१०५६। सहस त्ति सयलसायरसलिलुप्पीलस्स सोसणसमत्था। जायंति जीए मुणिणो घोरपरक्कमतव त्ति सा रिद्धी।१०५७। =जिस ऋद्धिके प्रभावसे मुनि जन अनुपम एवं वृद्धिगत तपसे सहित, तीनों लोकोंके संहार करनेकी शक्तिसे युक्त, कंटक, शिला, अग्नि, पर्वत, धुआँ तथा उल्का आदिके बरसानेमें समर्थ; और सहसा सम्पूर्ण समुद्रके सलिलसमूहके सुखानेकी शक्तिसे भी संयुक्त होते है वह घोर-पराक्रम-तप ऋद्धि है।१०५६-१०५७। (रा.वा. ३/३६/३/२०३/१६), (ध ६/४,१,२७/६३/२), (चा. सा. २२३/१)

४. घोर ब्रह्मचर्य तप ऋद्धि निर्देश

ति. प. ४/१०५८-१०६० जीए ण होंति मुणिणो खेत्तम्मि वि चोरपहुदिबाधाओ। कालमहाजुद्धादी रिद्धी सघोरबम्हचारित्ता।१५८। उक्कस्सखउवसमे चारित्तावरणमोहकम्मस्स। जा दुस्सिमण णासइ रिद्धी सा घोरबम्हचारित्ता।१०५९। अथवा—सव्वगुणेहि अघोरं महेसिणो बम्हसद्दचारित्तं। विप्फुरिदाए जीए रिद्धी साघोरबम्हचारित्ता (१०६०।" —जिस ऋद्धिसे मुनिके क्षेत्रमें भी चौरादिककी बाधाएँ और काल एवं महायुद्धादि नहीं होते है,वह 'अघोर ब्रह्मचारित्व' ऋद्धि है।१०५८। (ध. ६/४,१,२६/६४/३); (चा. सा २२३/४) चारित्रमोहनीयका उत्कृष्ट क्षयोपशम होने पर जो ऋद्धि दुःस्वप्नको नष्ट करती है तथा जिस ऋद्धिके आविर्भूत होनेपर महर्षिजन सब गुणोंके साथ अघोर अर्थात् अविनश्वर ब्रह्मचर्यका आचरण करते है वह अघोर ब्रह्मचारित्व ऋद्धि है।१०५९-१०६०। (रा वा तथा चा. सा में इस लक्षणका निर्देश ही घोर गुण ब्रह्मचारीके लिए किया गया है) (रा. वा ३/३६/३/२०३/१६), (चा. सा. २२३/३)।

ध. ६/४,१,२६/६३-६, ६४-२ घोरा रउद्दा गुणा जेसिं ते घोरगुणा। कधं चउरासादिलक्खगुणाणं घोरत्तं। घोरकज्जकारिसत्तिजणणादो। ६४/। ·ब्रह्म चारित्र पञ्चव्रत-समिति-त्रिगुप्त्यात्मकम्, शान्तिपुष्टिहेतुत्वात्। अघोरा शान्ता गुणा यस्मिन् तदघोरगुणं अघोरगुणं, ब्रह्मचरन्तीति अघोरगुणब्रह्मचारिणः। एत्थ अकारो किण्ण सुणिज्जदे। संधिणिद्देसादो।६६-२। =घोर अर्थात् रौद्र है गुण जिनके वे घोर गुण कहे जाते है। प्रश्न—चौरासी लाख गुणोंके घोरत्व कैसे सम्भव है। उत्तर—घोर कार्यकारी शक्तिको उत्पन्न करनेके कारण उनके घोरत्व सम्भव है। ब्रह्मका अर्थ पाँच व्रत, पाँच समिति और तीन गुप्तिस्वरूप चारित्र है, क्योंकि वह शान्तिके पोषणका हेतु है। अघोर अर्थात् शान्त है गुण जिसमें वह अघोर गुण है। अघोर गुण ब्रह्म (चारित्र) का आचरण करनेवाले अघोर गुण ब्रह्मचारी कहलाते है। (भावार्थ—अघोर शान्तको कहते है। जिनका ब्रह्म अर्थात् चारित्र शान्त है उनको अघोर गुण ब्रह्मचारी कहते है। ऐसे मुनि शान्ति और पुष्टिके कारण होते है, इसीलिए उनके तपश्चरणके माहात्म्यसे उपरोक्त ईति, भीति, युद्ध व दुर्भिक्षादि शान्त हो जाते है। (चा. सा २२३/३)। —प्रश्न—'णमो घोरगुणबम्हचारीणं' इस सूत्रमें अघोर शब्दका अकार क्यों नहीं सुना जाता? उत्तर—सन्धियुक्त निर्देश होनेसे।

२. घोर गुण और घोर पराक्रम तपमें अन्तर

ध. ६/४,१,२८/६३/८ ण गुण-परक्कमाणमेयत्तं,गुणजणिदसत्तीए परक्कमववएसादो। =गुण और पराक्रमके एकत्व नहीं है, क्योंकि गुणसे उत्पन्न हुई शक्तिकी पराक्रम संज्ञा है।

५. तप्त दीप्त व महातप ऋद्धि निर्देश

ति प. ४/१०५२-१०५४ बहुविहउववासेहि रविसमवड्ढतकायकिरणोघो। कायमणवयणबलिणो जीए सा दित्ततवरिद्धी।१०५२। तत्ते लोहकवाहे पडिअंबुकण व जीए भुत्तण्णं। भिज्जहि धाऊहि सा णियभाणाएहिं तत्ततवा।१०५३। मदरपंतिप्पमुहे महोववासे करेदि सव्वे वि। चउसण्णाणबलेण जीए सा महातवा रिद्धी।१०५४।

ध. ६/४,१,२३/६०/५ तेसिं ण केवलं दित्ती चेव वड्ढदि किंतु बलो वि वड्ढदि। तेण ण तेसिं भुत्ती वि तेण कारणाभावादो। ण च भुक्खादुक्खवसमणट्ठं भुंजंति, तदभावादो। तदभावो कुदोवगम्मदे। =जिस ऋद्धिके प्रभावसे मन, वचन और कायसे बलिष्ठ ऋषिके बहुत प्रकारके उपवासों द्वारा सूर्यके समान दीप्ति अर्थात् शरीरकी किरणोंका समूह बढ़ता हो वह 'दीप्त तप ऋद्धि' है।१०५२। (रा. वा ३।३६/३,२०३/६); (चा सा २२१/२)। (धवलामें उपरोक्तके अतिरिक्त यह और भी कहा है कि उनके केवल दीप्ति ही नहीं बढ़ती है, किन्तु बल भी बढ़ता है। इसीलिए उनके आहार भी नहीं होता, क्योंकि उसके कारणोंका अभाव है। यदि कहा जाय कि भूखके दुःखको शान्त करनेके लिए वे भोजन करते है सो भी ठीक नहीं है, क्योंकि उनके भूखके दुःखका अभाव है।) तपी हुई लोहेकी कड़ाहीमें गिरे हुए जलकणके समान जिस ऋद्धिसे खाया हुआ अन्न धातुओं सहित क्षीण हो जाता है, अर्थात् मल-मूत्रादि रूप परिणमन नहीं करता है, वह निज ध्यानसे उत्पन्न हुई तप्त 'तप ऋद्धि' है।१०५३। (रा वा ३/३६/३/२०३/१०), (ध. ६/४,१,२४/६१/१), (चा सा २२१/३)। जिस ऋद्धिके प्रभावसे मुनि चार सम्यग्ज्ञानों (मति, श्रुत, अवधि व मन पर्यय) के बलसे मन्दिर पंक्ति प्रमुख सब ही महान् उपवासोंको करता है वह 'महा तप ऋद्धि' है। (रा. वा. ३/३/६३/२०३/११)।

ध ६/४,१ २५/६१/५ अणिमादिअट्ठगुणोवेदो जलचारणादिअट्ठविहचारणगुणालंकरियो फुरंतसरीरप्पहो दुविहअक्खीणरिद्धिजुत्तो सव्वोसहीसरूवो पाणिपत्तणिवदिदसव्वाहारो अमियसादसरूवेण पल्लट्टावणसमत्थो सयलिंदेहिंतो वि अणंतबलो आसी—दिट्ठिविसलद्धिसमण्णिओ तत्ततवो सयलविज्जाहरो मदि सुद ओहि मणपज्जवणाणेहि मुणिदतिहुवणवावारो मुणी महातवो णाम। कस्मात्। महत्त्वहेतुस्तपोविशेषो महानुच्यते उपचारेण, स येषां ते तपस' इति सिद्धत्वात्। अथवा महसा हेतुं तप उपचारेण महा इति भवति। =जो अणिमादि आठ गुणोंसे सहित है, जलचारणादि आठ प्रकारके चारण गुणोंसे अलंकृत है, प्रकाशमान शरीर प्रभासे संयुक्त है, दो प्रकारकी अक्षीण ऋद्धिसे युक्त है, सर्वौषध स्वरूप है, पाणिपात्रमें गिरे हुए आहारको अमृत स्वरूपसे पलटानेमें समर्थ है, समस्त इन्द्रोंसे भी अनन्तगुणे बलके धारक है, आशीर्विष और दृष्टिविष लब्धियोंसे समन्वित है, तप्ततप ऋद्धिसे संयुक्त है, समस्त विद्याओंके धारक है, तथा मति, श्रुत, अवधि, मन पर्यय ज्ञानोंसे तीनों लोकोंके व्यापारको जाननेवाले है, वे मुनि 'महातप ऋद्धि'के धारक है। कारण कि महत्त्वके हेतुभूत तपविशेषको उपचारसे महान् कहा जाता है। वह जिनके होता है वे महातप ऋषि है, ऐसा सिद्ध है। अथवा, महस् अर्थात् तेजोरूप हेतुभूत जो तप है वह उपचारसे महा होता है। (तात्पर्य यह कि सातों ऋद्धियोंकी उत्कृष्टताको प्राप्त होनेवाले ऋषि महातप युक्त समझे जाते है।)

६. बल ऋद्धि निर्देश

ति प./४/१०६१-१०६६ बलरिद्धी तिविहप्पा मणवयणसरीरयाणभेएण। सुदणाणावरणाए पगडीए वीरियंतरायाए।१०६१। उक्कस्सखउवसमे मुहुत्तमेत्तंतरम्मि सयलसुद। चिंतइ जाणइ जीए सा रिद्धी मणबला णामा।१०६२। जिब्भिंदियणोइंदिय—सुदणाणावरणविरियविग्घाणं। उक्कस्सखओवसमे मुहुत्तमेत्तंतरम्मि मुणी।१०६३। सयलं पि

सुद जाणइ उच्चारइ जोए विप्फुरंतीए। असयो अहिकठो सा रिद्धीउ णेया वयणबलणामा।१०६४। उक्कस्सखउसमे पविसेसे विरियविरंधपगढीए।मासचउमासपमुहे काउसग्गे वि समहोणे।१०६५। उच्चट्ठिय तेल्लोक्कं भुत्ति कणिट्ठंगुलीए अण्णत्थ । धरिद जीए समत्था सा रिद्धी कायबलणामा।१०६६।=मन वचन और कायके भेदसे बल ऋद्धि तीन प्रकार है। इनमें-से जिस ऋद्धिके द्वारा श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तराय इन दो प्रकृतियोंका उत्कृष्ट क्षयोपशम होनेपर मुहूर्तमात्र कालके भीतर अर्थात् अन्तर्मुहूर्त कालमें सम्पूर्ण श्रुतका चिन्तवन करता है वह जानता है, वह 'मनोबल' नामक ऋद्धि है।१०६१ १०६२।जिह्वेन्द्रियावरण,नोइन्द्रियावरण,श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तरायका उत्कृष्ट क्षयोपशम होनेपर जिस ऋद्धिके प्रगट होनेसे मुनि श्रमरहित और अहीनकंठ होता हुआ मुहूर्तमात्र कालके भीतर सम्पूर्ण श्रुतको जानता व उसका उच्चारण करता है,उसे 'वचनबल' नामकऋद्धि जानना चाहिए।१०६३-१०६४। जिस ऋद्धिके बलसे वीर्यान्तराय प्रकृतिके उत्कृष्ट क्षयोपशमकी विशेषता होनेपर मुनि, मास व चतुर्मासादिरूप कायोत्सर्गको करते हुए भी श्रमसे रहित होते है, तथा शीघ्रतासे तीनों लोकोंको कनिष्ठ अँगुलीके ऊपर उठाकर अन्यत्र स्थापित करनेके लिए समर्थ होते है, वह 'कायबल' नामक ऋद्धि है। १०६५-१०६६। (रा. वा ३/३६/३/२०३/१६), (ध ६/४,१, ३५-३१/६८-६६); (चा. सा./२२४/१)।

७. औषध ऋद्धि निर्देश

१. औषध ऋद्धि सामान्य

रा वा. ३/३६/३/२०३/२४ औषधर्द्धिरष्टविधा-असाध्यानामप्यामयानां सर्वेषां विनिवृत्तिहेतुरामर्शक्ष्वेलजल्लमलविट्सर्वौषधिप्राप्तास्याविषदृष्टिविषविकल्पात्। =असाध्य भी सर्व रोगोंकी निवृत्तिकी हेतुभूत औषध-ऋद्धि आठ प्रकारकी है—आमर्ष, क्ष्वेल, जल्ल, मल, विट्, सर्व, आस्याविष और दृष्टिविष। (चा सा २२५/१)।

२. आमर्ष क्ष्वेल जल्ल मल व विट् औषध ऋद्धि

ति प ४/१०६८-१०७२ रिसिकरचरणादीणं अच्छियमेत्तम्मि। जीए पासम्मि। जीवा होंति णिरोगा सा अम्मरिसोसही रिद्धी।१०६८। जीए लालासेमच्छोमलसिहाणआदिआ सिग्घ। जीवाणं रोगहरणा सच्चिय खेलोसही रिद्धी।१०६९। सेयजलो अगरय जल्लं भण्णेत्ति जीए तेणावि। जीवाण रोगहरणं रिद्धी जल्लोसही णामा।१०७०। जीहोट्ठद तणासासोत्तादिमलं पि जीए सत्तीए। जीवाण रोगहरणं मलोसही णाम सा रिद्धी।१०७१।=जिस ऋद्धिके प्रभावसे जीव पासमें आनेपर ऋषिके हस्त व पादादिके स्पर्शमात्र से ही निरोग हो जाते है, वह 'आमर्षौषध' ऋद्धि है।१०६८। जिस ऋद्धिके प्रभावसे लार, कफ, अक्षिमल और नासिकामल शीघ्र ही जीवोंके रोगोंको नष्ट करता है वह 'क्ष्वेलौषध ऋद्धि है।१०६९। पसीनेके आश्रित अगरज जल्ल कहा जाता है। जिस ऋद्धिके प्रभावसे उस अगरजसे भी जीवों के रोग नष्ट होते है,वह 'जल्लौषधि' ऋद्धि कहलाती है।१०७०। जिस शक्तिसे जिह्वा, ओठ, दाँत, नासिका और श्रोत्रादिकका मल भी जीवोंके रोगोंको दूर करनेवाला होता है, वह 'मलौषधि नामक ऋद्धि है। (रा वा. ३/३६/३/२०३/२५), (ध. ६/४,१,३०-३३/६५-६७), (चा. सा. २२५/२)।

२. आमर्षौषधि व अघोरगुण ब्रह्मचर्यमें अन्तर

ध. ६/४,१,३०/६६/१ तवोमाहप्पेण जेसिं फासो सयलोसहरूवत्तं पत्तो तेसिमाम्मरिसो सहिपत्ता त्ति सण्णा।=ण च एदेसिमघोरगुणबंभयारीणं अंतब्भावो, एदेसिं वाहिविणासणे चेव सत्तिदंसणादो।=तप के प्रभावसे जिनका स्पर्श समस्त औषधियोंके स्वरूपको प्राप्त हो गया है,उनको आमर्षौषधि प्राप्त ऐसी संज्ञा है। इनका अघोरगुणब्रह्मचारियों में अन्तर्भाव नहीं होता, क्योंकि, इनके अर्थात् अघोरगुण ब्रह्मचारियोंके केवल व्याधिके नष्ट करनेमें ही शक्ति देखी जाती है। (पर उनका स्पर्श औषध रूप नहीं होता)।

३. सर्वौषध ऋद्धि निर्देश

ति. प. /४/१०७३ जीए पस्सजल्लाणिलरोमणहादीणि वाहिहरणाणि। दुक्करबजुत्ताण रिद्धी सव्वोही णामा।१०७३।=जिस ऋद्धिके बलसे दुष्कर तपसे युक्त मुनियोंका स्पर्श किया हुआ जल व वायु तथा उन के रोम और नखादिक व्याधिके हरनेवाले हो जाते हैं, वह सर्वौषधि नामक ऋद्धि है। (रा वा ३/३६/३/२०३/२६), (चा सा २२५/५)

ध. ६/४,१,३४/६७/६रस रुहिर-मास-मेदट्ठि-मज्ज-सुक्क-पुप्फस-खरीस-कालेज्ज मुत्त-पित्तचुच्चारादओ सव्वे ओसाहत्त पत्ता जेसिं ते सव्वोसहिपत्ता।=रस, रुधिर, मास, मेदा, अस्थि, मज्जा, शुक्र, पुप्फस खरीष, कालेय, मूत्र, पित्त, अँतडी, उच्चार अर्थात् मल आदिक सब जिनके औषधिपनेको प्राप्त हो गये है वे सर्वौषधिप्राप्त जिन है।

४. आस्यनिर्विष व दृष्टिनिर्विष औषध ऋद्धि

ति. प /४/१०७४ १०७६ तित्तादिविविहम्मण्ण विभुजुत्तं जीए वयणमेत्तण। पावेदि णिव्विसत्तं सा रिद्धी वयणणिव्विसा णामा।१०७४। अहवा भुवाहाहि परिभूदा भुत्ति होंति णीरोगा। सोदुं वयणं जीए सा रिद्धी वयणणिव्विसा णामा।१०७५।रोगाविसेहि पहदा दिट्ठीए जीए भुत्ति पावंति। णीरोगणिव्विसत्तं सा भणिदा दिट्ठिणिव्विसा रिद्धी।१०७६।

रा वा ३,३६,३/२०३/३० उग्रविषसंपृक्तोऽप्याहारो येषामास्यगतो निर्विषीभवति यदीयास्यनिर्गत वचःश्रवणाद्वा महाविषपरीता अपि निर्विषीभवन्ति ते आस्याविषा ।=(ति.प.)—जिस ऋद्धिसे तिक्तादिक रस व विषसे युक्त विविध प्रकारका अन्न वचनमात्रसे ही निर्विषताको प्राप्त हो जाता है, वह 'वचननिर्विष' नामक ऋद्धि है।१०७४। (रा वा)—उग्र विषसे मिला हुआ भी आहार जिनके मुखमें जाकर निर्विष हो जाता है, अथवा जिनके मुखसे निकले हुए वचनके सुनने मात्रसे महाविष व्याप्त भी कोई व्यक्ति निर्विष हो जाता है वे 'आस्याविष' है। (चा सा. २२६/१)। (ति प) अथवा जिस ऋद्धिके प्रभावसे बहुत व्याधियोंसे युक्त जीव, ऋषिके वचनको सुनकर ही झटसे नीरोग हो जाया करते है, वह वचन निर्विष नामक ऋद्धि है।१०७५। रोग और विषसे युक्त जीव जिस ऋद्धिके प्रभावसे झट देखने मात्रसे ही निरोगता और निर्विषताको प्राप्त कर लेते है, वह 'दृष्टिनिर्विष' ऋद्धि है।१०७६। (रा वा ३/३६/३/२०३/३२), (चा.सा २२६/२)

८ रस ऋद्धि निर्देश

१. आशीविष रस ऋद्धि

ति प. ४/१०७८ मर इदि भणिदे जीओ मरेइ सहस त्ति जीए सत्तीए। दुक्खरतवजुदमुणिणा आसीविस णाम रिद्धी सा। =जिस शक्तिसे दुष्कर तपसे युक्त मुनिके द्वारा 'मर जाओ' इस प्रकार कहने पर जीव सहसा मर जाता है, वह आशीविष नामक ऋद्धि कही जाती है। (रा वा. ३/३६/३/२०३/३४), (चा सा २२६/५)

ध ६/४,१,२०/८५/५ अविद्यमानस्यार्थस्य आशंसनमाशी, आशीविष एषां ते आशीविषा। जेसिं जं पडि मरिहि त्ति वयणं णिप्पडिदं तं मारेदि, भिक्खं भमेत्तिवयणं भिक्खं भमावेदि, सीसं छिज्जउ त्ति वयणं सीसं छिंददि, आसीविसा णाम समणा। कधं वयणस्स विससण्णा। विसमिव विसमिदि उवयारादो। आसी अविसममियं जेसिं ते आसीविसा। जेसिं वयणं थावर जंगम-विसपूरिदजीवे पडुच्च 'णिव्विसा होतु' त्ति णिस्सरिदं ते जीवावेदि। वाहिवेयण-दालिद्दादिविलयं पडुच्च णिप्पडिदं सत्तं तं तं तह कज्जं करेदि ते वि आसीविसा त्ति उत्तं होदि।=अविद्यमान अर्थकी इच्छाका नाम आशिष है। आशिष है विष (वचन) जिनका वे आशीविष कहे जाते है। 'मर जाओ' इस प्रकार जिनके प्रति निकला हुआ जिनका वचन उसे मारता

है, 'भिक्षाके लिए भ्रमण करो' ऐसा वचन भिक्षार्थ भ्रमण कराता है, 'शिरका छेद हो' ऐसा वचन शिरको छेदता है, (अशुभ) आशीर्विष नामक साधु है। प्रश्न—वचनके विष संज्ञा कैसे सम्भव है ? उत्तर—विषके समान विष है। इस प्रकार उपचारसे वचनको विष संज्ञा प्राप्त है। आशिष है अविष अर्थात् अमृत जिनका वे (शुभ) आशीर्विष हैं। स्थावर अथवा जंगम विषसे पूर्ण जीवोंके प्रति 'निर्विष हो' इस प्रकार निकला हुआ जिनका वचन उन्हें जिलाता है, व्याधिवेदना और दारिद्र्य आदिके विनाश हेतु निकला हुआ जिनका वचन उस उस कार्यको करता है, वे भी आशीर्विष है, यह सूत्रका अभिप्राय है।

२. दृष्टिविष व दृष्टि अमृत रस ऋद्धि

१. दृष्टिविष रस ऋद्धिका लक्षण

ति प. ४/१०७९ जीए जीवो दिट्ठो महासिणा रोसभरिदहिदएण। अहिदट्ठं व मरिज्जदि दिट्ठिविसा णाम सा रिद्धी ।१०७९। =जिस ऋद्धिके बलसे रोषयुक्त हृदय वाले महर्षिसे देखा गया जीव सर्प द्वारा काटे गयेके समान मर जाता है, वह दृष्टिविष नामक ऋद्धि है (रा वा. ३/३६/३/२०४/१), (चा सा २२७/१)

ध ९/४,१,२१/८६/७ दृष्टिरिति चक्षुर्मनसोर्ग्रहणं, तत्रोभयत्र दृष्टिशब्दप्रवृत्तिदर्शनात्। तत्साहचर्यात्कर्मणोऽपि। रुट्ठो जदि जोएदि चिंतेदि किरियं करेदि वा 'मारेमि' त्ति तो मारेदि, अण्ण पि असुहकम्म सरंभपुव्वावलोयणेण कुणमाणोदिट्ठविसो णाम। =दृष्टि शब्दसे यहाँ चक्षु और मन (दोनों) का ग्रहण है, क्योंकि उन दोनोंमें दृष्टि शब्दकी प्रवृत्ति देखी जाती है। उसकी सहचरतासे क्रियाका भी ग्रहण है। रुष्ट होकर वह यदि 'मारता हूँ' इस प्रकार देखता है, (या) सोचता है व क्रिया करता है तो मारता है; तथा क्रोधपूर्वक अवलोकनसे अन्य भी अशुभ कार्यको करनेवाला (अशुभ) दृष्टिविष कहलाता है।

२. दृष्टि अमृतरस ऋद्धिका लक्षण

ध. ९/४,१,२१/८६/९ एव दिट्ठअमियाण पि जाणिदूण लक्खणं वत्तव्व। =इसी प्रकार दृष्टि अमृतोंका भी लक्षण जानकर कहना चाहिए। (अर्थात् प्रसन्न होकर वह यदि 'नीरोग करता हूँ' इस प्रकार देखता है, (या) सोचता है, व क्रिया करता है तो नीरोग करता है, तथा प्रसन्नतापूर्वक अवलोकनसे अन्य भी शुभ कार्यको करनेवाला दृष्टि-अमृत कहलाता है)।

३. दृष्टि अमृत रस ऋद्धि व अघोरब्रह्मचर्य तपमें अन्तर

ध. ९/४,१,२९ ९४/६ दिट्ठअमियाणमघोरगुणबंभयारीणं च को विसेसो। उवजोगसहेज्जदिट्ठीए दिट्ठिलद्धिजुत्ता दिट्ठिविसा णाम। अघोरगुणबंभयारीण पुण लद्धी असंखेज्जा सव्वगयगया, एदेसिमगलग्गवादे वि सयलोवद्दवविणासणसत्तिदंसणादो तदो। अत्थि भेदो। णवरि असुद्धलद्धीण पउत्ती लद्धिमंताणमिच्छावसवट्टणी। सुहाणं पउत्ती पुण दोहि वि पयारेहि संभवदि, तदिच्छाए विणा वि पउत्तिदंसणादो। =प्रश्न—दृष्टि-अमृत और अघोरगुणब्रह्मचारीके क्या भेद है ? उत्तर—उपयोगकी सहायता युक्त दृष्टिमें स्थित लब्धिसे संयुक्त दृष्टि-विष कहलाते हैं। किन्तु अघोरगुणब्रह्मचारियोंकी लब्धियाँ सर्वांगगत असंख्यात हैं। इनके शरीरसे स्पृष्ट वायुमें भी समस्त उपद्रवोंको नष्ट करनेकी शक्ति देखी जाती है इस कारण दोनोंमें भेद है।

विशेष इतना है कि अशुभ लब्धियोंकी प्रवृत्ति लब्धियुक्त जीवों की इच्छाके वशसे होती है। किन्तु शुभ लब्धियोंकी प्रवृत्ति दोनों ही प्रकारोंसे सम्भव है, क्योंकि, उनकी इच्छाके बिना भी उक्त लब्धियोंकी प्रवृत्ति देखी जाती है।

३. क्षीर-मधु-सर्पि व अमृतस्रावी रस ऋद्धि

ति प. ४/१०८०-१०८७ करयलणिक्खित्ताणि रुक्खाहारादियाणि तक्काल। पावंति खीरभाव जीए खीरोसवी रिद्धी ।१०८०। अहवा दुक्खप्पहुदी जीए मुणिवयणसवणमेत्तेण। पसमदि णरतिरियाणं स च्चिय खीरोसवी रिद्धी।१०८१। मुणिकरणिक्खित्ताणि लुक्खाहारादियाणि होंति खणे। जीए महुररसाइ स च्चिय महुवासवी रिद्धी ।१०८२। अहवा दुक्खप्पहुदी जीए मुणिवयणसवणमेत्तेण। णासदि णरतिरियाणं तच्चिय महुवासवी रिद्धी।१०८३। मुणिपाणिसठियाणि रुक्खाहारादियाणि जीय खणे। पावंति अमियभाव एसा अमियासवी ऋद्धी ।१०८४। अहवा दुक्खादीण महेसिवयणस्स सवणकालम्मि। णासंति जीए सिग्घ रिद्धी अमियआसवी णामा ।१०८५। रिसिपाणितलणिक्खित्त रुक्खाहारादिय पि खणमेत्ते। पावेदि सप्पिरूव जीए सा सप्पियासवी रिद्धी ।१०८६। अहवा दुक्खप्पमुह सवणेण मुणिंदवयणस्स। उवसामदि जीवाणं एसा सप्पियासवी रिद्धी ।१०८७। =जिससे हस्ततलपर रखे हुए रूखे आहारादिक तत्कालही दुग्धपरिणामको प्राप्त हो जाते हैं, वह 'क्षीरस्रावी' ऋद्धि कही जाती है।१०८०। अथवा जिस ऋद्धिसे मुनियोंके वचनोंके श्रवणमात्रसे ही मनुष्य तिर्यंचोंके दुःखादि शान्त हो जाते हैं उसे क्षीरस्रावी ऋद्धि समझना चाहिए।१०८१। जिस ऋद्धिसे मुनिके हाथमें रखे गये रूखे आहारादिक क्षणभरमें मधुररससे युक्त हो जाते हैं, वह 'मधुस्रव' ऋद्धि है, ।१०८२। अथवा, जिस ऋषि-मुनिके वचनोंके श्रवणमात्रसे मनुष्य-तिर्यंचके दुःखादिक नष्ट हो जाते हैं वह मधुस्रावी ऋद्धि है।१०८३। जिस ऋद्धिके प्रभावसे मुनिके हाथमें स्थित रूखे आहारादिक क्षणमात्रमें अमृतपनेको प्राप्त करते हैं, वह अमृतस्रावी नामक ऋद्धि है।१०८४। अथवा जिस ऋद्धिसे महर्षिके वचनोंके श्रवण कालमें शीघ्र ही दुःखादि नष्ट हो जाते हैं, वह अमृतस्रावी नामक ऋद्धि है।१०८५। जिस ऋद्धिसे ऋषिके हस्ततलमें निक्षिप्त रूखा आहारादिक भी क्षणमात्रमें घृतरूपको प्राप्त करता है, वह 'सर्पिरास्रावी ऋद्धि है।१०८६। अथवा जिस ऋद्धिके प्रभावसे मुनीन्द्रके दिव्य वचनोंके सुननेसे ही जीवोंके दुःखादि शान्त हो जाते हैं, वह सर्पिरास्रावी ऋद्धि है।१०८७। (रा वा ३/३६/३/२०४/२), (ध ९/४,१,२८/४१/९१-१०१) (चा सा २२७/२)—नोट-धवलामें हस्तपुटवाले लक्षण है। वचन वाले नहीं। रा. वा व चा. सा. में दोनों प्रकारके है।

४. रस ऋद्धि द्वारा पदार्थोंका क्षीरादि रूप परिणमन कैसे सम्भव है ?

ध ९/४,१,३८/१००/१ कधं रसतरेसु ट्ठियदव्वाणं तक्खणादेव खीरासादसरूवेण परिणामो। ण, अमियसमुद्दम्मि णिवदिदविसस्सेव पंचमहव्वय-समिइ तिगुत्तिकलावघडिदजलिउदंजलिणिवदियाण तदविरोहादो। =प्रश्न—अन्य रसोंमें स्थित द्रव्योंका तत्काल ही क्षीर स्वरूपसे परिणमन कैसे सम्भव है ? उत्तर - नहीं, क्योंकि, जिस प्रकार अमृत समुद्रमें गिरे हुए विषका अमृत रूप परिणमन होनेमें कोई विरोध नहीं है, उसी प्रकार पाँच महाव्रत, पाँच समिति और तीन गुप्तियोंके समूह से घटित अंजलिपुटमें गिरे हुए सब आहारोंका क्षीर स्वरूप परिणमन करनेमें कोई विरोध नहीं है।

९. क्षेत्र ऋद्धि निर्देश

१. अक्षीण महानस व अक्षीण महालय ऋद्धिके लक्षण

ति. प ४/१०८९-१०९१ लाभंतरायकम्मक्खउवसमसंजुदए जीए फुडं। मुणिभुत्तमसेसमण्णं धामत्थं पियं जं क पि ।१०८९। तद्दिवसे खज्जंतं खयधारेणं चक्कवट्टिस्स। भिज्जइ न लवेण वि सा अक्खीणमहाणसा रिद्धी ।१०९०। जीए चउधणुमाणे समचउरंसालयम्मि णरतिरिया। मंतियसंखेज्जा सा अक्खीणमहालया रिद्धी ।१०९१। =लाभान्तराय-कर्मके क्षयोपशमसे संयुक्त जिस ऋद्धिके प्रभावसे मुनिके आहारसे शेष, भोजनशालामें रखे हुए अन्नमेंसे जिस किसी भी प्रिय वस्तुको यदि उस दिन चक्रवर्तीका सम्पूर्ण कटक भी खावे तो भी वह लेशमात्र क्षीण नहीं होता है, वह 'अक्षीणमहानसिक' ऋद्धि है।१०८९-१०९१। जिस ऋद्धिसे समचतुष्कोण चार धनुषप्रमाण क्षेत्रमें असंख्यात मनुष्य

तिर्यंच समा जाते है, वह 'अक्षीण महालय' ऋद्धि है। १०९०। (रा.वा. ३/३६/३/२०४/६), (ध. ९/४,१,४२/१०१/८ केवल अक्षीण महानसका निर्देश है, अक्षीण महालयका नहीं), (चा सा २२८/१)।

१०. ऋद्धि सामान्य निर्देश

१. शुभ ऋद्धिकी प्रवृत्ति स्वतः भी होती है पर अशुभकी प्रयत्न पूर्वक ही

ध ९/४,१,२९/९५/१ असुहलद्धीण पउत्ती लद्धिमंताणमिच्छावसवट्टणी सुहाण लद्धीणं पउत्ती पुण दोहि वि पयारेहिं संभवदि, तदिच्छाए विणा वि पउत्तिदंसणादो। =अशुभ लब्धियोंकी प्रवृत्ति लब्धियुक्त जीवोंकी इच्छाके वशसे होती है। किन्तु शुभ लब्धियों की प्रवृत्ति दोनों ही प्रकारोंसे (इच्छासे व स्वत:) सम्भव है, क्योंकि, इच्छाके बिना भी उक्त लब्धियोंकी प्रवृत्ति देखी जाती है।

२. एक व्यक्तिमें युगपत् अनेक ऋद्धियोंकी सम्भावना

ध. १/१,१, ५९/२९८/६ नैष नियमोऽप्यस्त्येकस्मिन्नक्रमेण नद्धयो भूयस्यो भवन्तीति। गणभृत्सु सप्तानामपि ऋद्धीनामक्रमेण सत्त्वोपलम्भात्। आहारर्द्धया सह मनःपर्ययस्य विरोधो दृश्यते इति चेन्नैवं नाम दृष्टत्वात्। न चानेन विरोध इति सर्वाभिर्विरोधो वक्तुं पार्यतेऽव्यवस्थापत्तेरिति। =एक आत्मामें युगपत् अनेक ऋद्धियाँ उत्पन्न नहीं होती, यह कोई नियम नहीं है, क्योंकि, गणधरोंके एक साथ सातों ही ऋद्धियोंका सद्भाव पाया जाता है। प्रश्न—आहारक ऋद्धिके साथ मन पर्ययका तो विरोध देखा जाता है। उत्तर—यदि आहारक ऋद्धिके साथ मन पर्ययज्ञानका विरोध देखनेमें आता है तो रहा आवे। किन्तु मन पर्ययके साथ विरोध है, इसलिए आहारक ऋद्धिका दूसरी सम्पूर्ण ऋद्धियोंके साथ विरोध है ऐसा नहीं कहा जा सकता है। अन्यथा अव्यवस्थाकी आपत्ति आ जायेगी। (विशेष देखो 'गणधर')।

३. परन्तु विरोधी ऋद्धियाँ युगपत् सम्भव नहीं

ध १३/५,३,२५/३२/३ पमत्तसंजदस्स अणिमादिलद्धिसंपण्णस्स विउव्विदसमए आहारसरीरुट्ठावणसंभवाभावादो। =अणिमादि लब्धियोंसे सम्पन्न प्रमत्त संयत जीवके विक्रिया करते समय आहारक शरीरकी उत्पत्ति सम्भव नहीं है।

गो.जी./मू. २४२/५०५ वेगुव्वियआहारयकिरियाण समं पमत्तविरदम्हि। जोगोवि एक्ककाले एक्केव य होदि नियमेण ॥

गो.जी./म.प्र. २४२/५०५ प्रमत्तविरते वैक्रियकयोगक्रिया आहारकयोगक्रिया च सम युगपन्न संभवत। यदा आहारकयोगमवलम्ब्य प्रमत्तसंयतस्य गमनादिक्रिया प्रवर्तते तदा विक्रियर्द्धिबलेन वैक्रियकयोगमवलम्ब्य क्रिया तस्य न घटते, आहारकर्धिविक्रियर्द्धयोर्युगपदवृत्तिविरोधात् अनेन गणधरादिनामितरर्द्धियुगपद्वृत्तिसम्भवो दर्शित। =छट्ठे गुणस्थानमें वैक्रियिक और आहारक शरीरकी क्रिया युगपत् नहीं होती। और योग भी नियमसे एक कालमें एक ही होता है। प्रमत्त विरत षष्ठ गुणस्थानवर्ती मुनिकैं समकालविषै युगपत् वैक्रियक योगकी क्रिया अर आहारक काययोगकी क्रिया नाहीं। ऐसा नाहीं कि एक ही काल विषै आहारक शरीरको धारि गमनागमनादि क्रियाकौं करै अर तभी विक्रिया ऋद्धिके बलसे वैक्रियककाययोगको धारि विक्रिया सम्बन्धी कार्यकौं भी करैं। दोऊमें सौ एक ही होइ। यातैं यहु जान्या कि गणधरादिकनिकैं और ऋद्धि युगपत् प्रवर्तै तो विरुद्ध नाहीं।

ऋद्धि गौरव—दे गौरव।

ऋद्ध प्राप्त आर्य—दे. आर्य।

ऋद्धि मद—दे मद।

ऋद्धीश—सौधर्म स्वर्गका १३वाँ पटल—दे स्वर्ग ५/३।

ऋषभ—स्वर सप्तकमेंसे एक—दे. स्वर।

ऋषभनाथ—(म पु /सर्ग/श्लोक) पूर्वके ११वें भवमें 'जयवर्मा' थे (५/१०५), १०वें भवमें राजा 'महाबल' हुए (४/१३३) तब किसी मुनिने बताया कि अगले दसवें भवमें भरत क्षेत्रके प्रथम तीर्थङ्कर होंगे। पूर्वके नवें भवमें 'ललितांग' देव हुए (५/२५३), ८वें भवमें 'वज्रजंघ' (६/२१), ७वें भवमें भोग-भूमिज आर्य (६/३३), ६ठे भवमें 'श्रीधर' नामक देव (६/१०५), ५वें भवमें 'सुविधि' (६/१२१-१२२), चौथे भवमें 'अच्युतेन्द्र' (१०/१७१), तीसरे भवमें 'वज्रनाभि' (११/८,६) और पूर्वके दूसरे भवमें अर्थात् तीर्थङ्करसे पूर्ववाले भवमें सर्वार्थसिद्धिमें 'अहमिन्द्र' हुए (११/१२१), वर्तमान भवमें इस चौबीसीके प्रथम तीर्थङ्कर हुए। (१३/१), (म पु ४७/३५७-३५९) आप अन्तिम कुलकर नाभिरायके पुत्र थे। (१३/१) उस समय प्रजाको असि, मसि आदि छह कर्म सिखाये (१६/१७६,१८०)। (त्रि.सा./८०२), तथा क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र इन वर्णोंकी स्थापना की (१६/१८३)। आषाढ कृ १ को कृतयुगका आरम्भ होनेपर आप प्रजापतिकी उपाधिसे विभूषित हुए (१६/१९०) नृत्य करते-करते नीलांजना नामकी अप्सराके मर जानेपर आपको संसारसे वैराग्य आ गया (१७/७,११) एक वर्ष तक आहारका अन्तराय रहा। एक वर्ष पश्चात् राजा श्रेयांसके यहाँ प्रथम पारणा हुआ (२०/८०), यद्यपि दीक्षा लेते समय आपने केश लौंच कर लिया था पर एक वर्षके योगके कारण केश बढकर लम्बी लम्बी जटाएँ हो गयी थी।—दे केश लोंच। जन्म व निर्वाण काल सम्बन्धी—दे मोक्ष ४/३) उनके पाँच कल्याणकोंका क्षेत्र, काल, उनकी आयु व राज्य काल आदि तथा उनका संघ आदि सम्बन्धी परिचय—दे तीर्थङ्कर ५।

ऋषि—मू आ /८८९ समणोत्ति संजदोत्ति य रिसिमुणिसाधुत्ति वीदरागोत्ति। णामाणि सुविहिदाणं अणगार भदंत दंतोत्ति।८८९। =उत्तम चारित्रवाले मुनियोंके ये नाम हैं—श्रमण, संयत, ऋषि, मुनि, साधु वीतराग, अनगार, भदंत, दान्त, यति।

प्र.सा./ता.वृ २४९ में उद्धृत—"स्याद्दृषि। प्रसृतर्द्धिरारूढ।"=ऋद्धि प्राप्त साधुको ऋषि कहते हैं। (चा.सा. ४७/१ में उद्धृत) (सा.ध. ७/२० में उद्धृत)।

२. ऋषिके भेद व उनके लक्षण

प्र.सा./ता.वृ २४९में उद्धृत—राजब्रह्मा च देवपरम इति ऋषिविक्रियाक्षीणशक्तिप्राप्तो बुद्ध्यौषधीशो विगयदयनपटुविधवेदी क्रमेण।" =ऋषि चार प्रकारके कहे गये हैं—राजर्षि, ब्रह्मर्षि, देवर्षि और परमर्षि। तिनमें विक्रिया और अक्षीण (क्षेत्र) शक्ति प्राप्त साधु राजर्षि कहलाते हैं, बुद्धि व औषधि ऋद्धियुक्त साधु ब्रह्मर्षि कहलाते हैं; आकाशगामी ऋद्धि सम्पन्न देवर्षि और विश्ववेदी केवल ज्ञानी अर्हंत भगवान् परमर्षि कहलाते हैं। (चा.सा ४७/१में उद्धृत), (सा.ध ७/२० में उद्धृत)

३. अन्य सम्बन्धित विषय

* मुख्य ऋषि गणधर हैं—दे गणधर।
* प्रत्येक तीर्थंकरके तीर्थमें ऋषियोंका प्रमाण —दे तीर्थङ्कर ५।
* पिछले कालके भट्टारक भी अपनेको ऋषि लिखने लग गये थे —जै. २/११

ऋषिकेश—चतुर्मुख पूजाके कर्ता आचार्य—दे वृ.जै शब्दा.द्वि. खं.

ऋषिदास—भगवान् वीरके तीर्थके एक अनुत्तरोपपादक। —दे. अनुत्तरोपपादक।

ऋषि पंचमी व्रत—(व्रतविधान संग्रह १०६)—कुल समय = ५ वर्ष ५ मास, उपवास संख्या=६५, विधि=आषाढ शुक्ल ५ से प्रारम्भ करके प्रति मासकी दो-दो पञ्चमियोंको उपवास करे, जाप्यमंत्र=नमस्कार मंत्रका त्रिकाल जाप्य करे।

ऋषिपुत्र—निमित्त शास्त्र तथा ऋषिपुत्र संहिताके रचयिता एक ज्यौतिषाचार्य। समय—ई.श. ६-७ की सन्धि। (ती २/२६२,२६६)

ऋषि मंडल यंत्र—दे यंत्र।

ऋषि मंत्र—दे मन्त्र १/६।

ऋषिवंश—एक पौराणिक राज्य वंश—दे इतिहास १०/४।

[ए]

एकट्ठी—दो के अंकको छः दफे वर्ग करनेसे जो संख्या आवे वह होगी। (त्रि. गा. ६६)—दे वृ. जै. शब्दा द्वि. खंड।

एंद्रदत्त—विनयवादी।

एक—१. द्रव्यमें एक अनेक धर्म—दे. अनेकांत ४, २. मतिज्ञानका एक भेद—दे मतिज्ञान ४, ३. एक संख्याको नोकृति कहते है—दे. कृति; एकको गणितमें रूप भी कहते है; ४. षट्द्रव्योमें एक अनेक विभाग—दे द्रव्य ३।

एकजटि—८८ ग्रहोमें ७४वाँ ग्रह ज्योतिषी देव (त्रि. गा. ३६६)—दे वृ. जै शब्दा द्वि. खंड

एकत्व—आप्त मी ३४ सत्सामान्यात्तु सर्वैक्यं पृथग्द्रव्यादिभेदतः। भेदाभेदव्यवस्थायामसाधारणहेतुवत् ।३४। =भेदाभेदकी विवक्षामें असाधारण हेतुके तुल्य सत्सामान्यसे सबको एकता है और पृथक्-पृथक् द्रव्य आदिकके भेद से भेद भी है।

स.सा /आ /परि /शक्ति नं ३१ अनेकपर्यायव्यापकैकद्रव्यमयतारूपा एकत्वशक्ति। अनेक पर्यायोमें व्यापक ऐसी एक द्रव्यमयतारूप एकत्व शक्ति है।

प्र.सा /त /प्र १०६ तद्भावो ह्येकत्वस्य लक्षणम्। =तद्भाव एकत्वका लक्षण है।

आ.प. ६ स्वभावानामेकधारत्वादेकस्वभावः। =अनेक स्वभावोका एक आधार होनेपर 'एक स्वभाव' है।

वै.द. ७/२/१ रूपरसगन्धस्पर्शव्यतिरेकादर्थान्तरमेकत्वम्। =रूप, रस, गन्ध, स्पर्शके व्यतिरेकसे अर्थान्तरभूत एकत्व है।

★ परके साथ एकत्व कहनेका अभिप्राय—दे कारक २

★ परमएकत्वके अपर नाम—दे. मोक्षमार्ग २/५।

एकत्व प्रत्यभिज्ञान—दे. प्रत्यभिज्ञान।

एकत्व भावना—दे. अनुप्रेक्षा।

एकत्व विक्रिया—दे. वैक्रियक।

एकत्वानुप्रेक्षा—दे अनुप्रेक्षा।

एकदिशात्मक—(ध. ५/प्र. ३७) one directional

एकदेश—दे. देश।

एकनासा—रुचक पर्वत निवासिनी देवी—दे लोक ५/१३

एकपर्वा—एक औषधि विद्या—दे. विद्या।

एकभक्त—एकाशना—दे प्रोषधोपवास/१, २ साधुका मूल गुण—दे साधु।

मू.आ ३५ उदयत्थमणे काले णालीतियवज्जियम्मि मज्झम्हि। एकम्हि दुअ तिए वा मुहुत्तकालेयभत्त तु ।३५। =सूर्यके उदय और अस्तकाल की तीन घडी छोडकर, वा मध्यकालमें एक मुहुर्त, दो मुहुर्त, तीन मुहुर्त कालमें एक बार भोजन करना एकभक्त है। (मू आ. ४६२), (विशेष दे. आहार II/१)

एकरात्रि प्रतिमा—भ आ /वि ४०३/५६५/७ एकरात्रिभवा भिक्षु-प्रतिमा निरूप्यते। उपवासत्रयं कृत्वा चतुर्थ्यां रात्रौ ग्रामनगरादेर्बहिर्देशे श्मशाने वा प्राङ्मुख उदङ्मुखश्चैत्याभिमुखो वा भूत्वा चतुरङ्गुलमात्रपदान्तरो नासिकाग्रदृष्टिस्त्यक्तस्तिष्ठेत्। सुष्ठु प्रणिहित चित्त चतुर्विधोपसर्गसह. न चलेन्न पतेत् यावत्सूर्य उदेति।—तीन उपवास करनेके अनन्तर चौथी रात्रिमें ग्राम-नगरादिकके बाह्य प्रदेशमे अथवा श्मशानमें, पूर्वदिशा, उत्तरदिशा अथवा चैत्य (प्रतिमा)के सन्मुख मुख करके दोनो चरणोंमें चार अंगुल प्रमाणका अन्तर रखकर नासिकाके अग्रभागपर वह यति अपनी दृष्टि निश्चल करता है। शरीरपर का ममत्व छोड देता है, अर्थात् कायोत्सर्ग करता हुआ मनको एकाग्र करता है। देव, मनुष्य, तिर्यञ्च व अचेतन इन द्वारा किया हुआ चार प्रकार उपसर्ग सहन करता है। वह मुनि भयसे आगे गमन करता नही और नीचे गिरता भी नहीं। सूर्योदय होने तक वहाँ ही स्थित रहता है। यह एकरात्रि प्रतिमा कुशल है।

एकलठाणा—(व्रतविधान संग्रह २६) - मात्र एक बार परोसा हुआ भोजन सन्तोष पूर्वक करना।

एकल विहारी—मू आ १४६ तवसुत्तसत्तएगत्तभावसंघडणधिदिसमग्गो य। पविआ आगमबलिओ एयविहारी अणुण्णादो ।१४६। =तप, सूत्र शरीर व मनके बलसे युक्त हो, एकत्व भावनामें रत हो, शुभ परिणाम, उत्तमसहनन तथा धृति अर्थात् मनोबलसे युक्त हो, दीक्षा व आगममें बलवान् हो तात्पर्य यह कि तपोवृद्ध, ज्ञानवृद्ध, आचारकुशल व आगम कुशल गुण विशिष्ट साधुको ही जिनेश्वरने अकेले विहारके लिए सम्मति दी है। (और भी दे जिनकल्प)

★ पंचमकालमे एकलविहारी साधुका निषेध—दे. विहार।

एकलव्य—पा.पु /सर्ग (श्लोक) गुरुद्रोणाचार्यका शिष्य एक भील था, स्तूपमें गुरुद्रोणाचार्यकी स्थापना करके उनसे शब्दार्थ वेधनी विद्या प्राप्त की (१०/२२३); फिर गुरु द्रोणाचार्यके अर्जुन सहित साक्षात दर्शन होनेपर गुरुकी आज्ञानुसार गुरुको अपने दाहिने हाथ का अँगूठा अर्पण करके उसने अपनी गुरुभक्तिका परिचय दिया। (१०/२६२)

एकविंशति गुणस्थान प्रकरण—श्वेताम्बराचार्य सिद्धसेन दिवाकर (ई. ५५०) द्वारा रचित संस्कृत भाषाबद्ध गुणस्थान-प्ररूपक एक ग्रन्थ।

एकविध—मतिज्ञानका एक भेद—दे. मतिज्ञान ४।

एकशैल—पूर्व विदेहका एक वक्षार, उसका एक कूट तथा उसका रक्षक देव—दे लोक ५/३।

एकश्रेणी वर्गणा—दे वर्गणा।

एकसंख्या—एक संख्याको नोकृति कहते है—दे. कृति।

एक संस्थान—एक ग्रह—दे. ग्रह।

एकसे एककी संगति—(ध ५/प्र २७)—One to one correspondence.

एकांत—वस्तुके जटिल स्वरूपको न समझनेके कारण, व्यक्ति उसके किसी एक या दो आदि अल्पमात्र अंगोका जान लेने पर यह समझ बैठता है कि इतना मात्र ही उसका स्वरूप है, इससे अधिक कुछ नहीं। अत उसमें अपने उस निश्चयका पक्ष उदित हो जाता है, जिसके कारण वह उसी वस्तुके अन्य सहभूत अंगोंको समझनेका प्रयत्न करनेकी बजाय उनका निषेध करने लगता है। उनके पोषक अन्य वादियोके साथ विवाद करता है। यह बात इन्द्रिय प्रत्यक्ष विषयोमें तो इतनी अधिक नही होती, परन्तु आत्मा, ईश्वर, परमाणु आदि परोक्ष विषयोंमें प्राय करके होती है। दृष्टिको संकुचित कर देने वाला यह एकान्त-पक्षपात राग-द्वेषकी पुष्टता करनेके कारण तथा व्यक्तिके व्यापक स्वभावको कुण्ठित कर देनेके कारण मोक्षमार्गमें अत्यन्त अनिष्टकारी है। स्याद्वाद-सिद्धान्त इसके विषको दूर करनेको एकमात्र औषधि है। क्योंकि उसमें किसी अपेक्षासे ही वस्तुको उस रूप माना जाता है, सर्व अपेक्षाओसे नही। तहाँ पूर्व कथित एकान्त मिथ्या है और किसी एक अपेक्षासे एक धर्मात्मक वस्तुको मानना सम्यक् एकान्त है।

---

१ सम्यक् मिथ्या एकान्त निर्देश

१ एकान्तके सम्यक् व मिथ्या भेद निर्देश
२ सम्यक् व मिथ्या एकान्तके लक्षण
★ नय सम्यक् एकान्त होती है —दे नय I/२
३ एकान्त शब्दका सम्यक् प्रयोग
★ एकान्त शब्दका मिथ्या प्रयोग —दे एकान्त ४/५
४ सर्वथा शब्दका सम्यक् प्रयोग
★ सर्वथा शब्दका मिथ्या प्रयोग —दे. एकान्त ४/५

२ एवकारकी प्रयोग विधि

★ एवकारके अयोग व्यवच्छेद आदि निर्देश —दे. 'एव'
१ एवकारका सम्यक् प्रयोग
२ एवकारका मिथ्या प्रयोग
३ एवकार व चकार आदि निपातोंकी सम्यक् प्रयोग विधि
४ विवक्षा स्पष्ट कह देनेपर एवकारकी आवश्यकता अवश्य पडती है
५ बिना प्रयोगके भी एवकारका ग्रहण स्वत हो ही जाता है
६ एवकारका प्रयोजन इष्टार्थविधारण
७ एवकारका प्रयोजन अन्ययोगव्यवच्छेद
★ स्यात्कार प्रयोग निर्देश —दे. स्याद्वाद ५
★ एवकार व स्यात्कारका समन्वय —दे. स्याद्वाद ५

३ सम्यगेकान्तकी इष्टता व इसका कारण

★ वस्तुके अनेको विरोधी धर्मोमे कथंचित् अवरोध दे. अनेकांत ४/५
१ वस्तुके सर्व धर्म अपने पृथक्-पृथक् स्वभावमे स्थित है
२ किसी एक धर्मकी विवक्षा होनेपर उस समय वस्तु उतनी मात्र ही प्रतीत होती है
३ एक धर्म मात्र वस्तुको देखते हुए अन्य धर्म उस समय विवक्षित नही होते
★ धर्मोमे परस्पर मुख्य गौण व्यवस्था —दे. स्याद्वाद ३
४ ऐसा साक्षेप एकान्त हमे इष्ट है
★ वस्तु एक अपेक्षासे जैसी है अन्य अपेक्षासे वैसी नही है —दे अनेकान्त ५/४

४ मिथ्या-एकान्त निराकरण

१ मिथ्या-एकान्त इष्ट नही है
२ एवकारका मिथ्याप्रयोग अज्ञान सूचक है
३ मिथ्या-एकान्तका कारण पक्षपात है
४ मिथ्या एकान्तका कारण संकीर्ण दृष्टि है
५ मिथ्या-एकान्तमे दूषण
६ मिथ्या-एकान्त निषेधका प्रयोजन

५ एकान्त मिथ्यात्व निर्देश

१ एकान्त मिथ्यात्वका लक्षण
२ ३६३ एकान्त मत निर्देश
★ ३६३ वादोके लक्षण —दे. वह वह नाम
३ एकान्त मिथ्यात्वके अनेको भंग
४ कुछ एकान्त दर्शनोका निर्देश
★ षट् दर्शनो व अन्य दर्शनोका स्वरूप —दे. वह वह नाम
★ जैनाभासी सघ —दे. इतिहास ६।
★ एकान्तवादी जैन वास्तवमे जैन नही —दे जिन २
५ एकान्त मत सूची
★ सब एकान्तवादियोके मत किसी न किसी नयमे गर्भित है —दे. अनेकान्त २/६

---

१. सम्यक् मिथ्या एकान्त निर्देश

१. एकान्तके सम्यक् व मिथ्या भेद निर्देश

रा. वा. १/६/७/३५/२३ एकान्तो द्विविध'—सम्यगेकान्तो मिथ्यैकान्त इति।=एकान्त दो प्रकारका है सम्यगेकान्त और मिथ्या एकान्त। (स. भ. त ७३/१०)।

२. सम्यक् व मिथ्या एकान्तके लक्षण

रा.वा.१/६/७/३५/२४ तत्र सम्यगेकान्तो हेतुविशेषसामर्थ्यापेक्षः प्रमाणप्ररूपितार्थैकदेशादेश । एकात्मावधारणेन अन्यशेषनिराकरणप्रवणप्रणिधिर्मिथ्यैकान्त । =हेतु विशेषकी सामर्थ्यसे अर्थात् सुयुक्तियुक्त रूपसे, प्रमाण द्वारा प्ररूपित वस्तुके एकदेशको ग्रहण करनेवाला सम्यगेकान्त है और एक धर्मका सर्वथा अवधारण करके अन्य धर्मोका निराकरण करनेवाला मिथ्या एकान्त है।

स भ.त. ७३/११ तत्र सम्यगेकान्तस्तावत्प्रमाणविषयीभूतानेकधर्मात्मकवस्तुनिष्ठैकधर्मगोचरो धर्मान्तराप्रतिषेधकः। मिथ्यैकान्तस्त्वेकधर्म-

मात्रावधारणेनान्याशेषधर्मनिराकरणप्रवणः। =सम्यगेकांत तो प्रमाण सिद्ध अनेक धर्मस्वरूप जो वस्तु है, उस वस्तुमें जो रहनेवाला धर्म है, उस धर्मको अन्य धर्मोंका निषेध न करके विषय करनेवाला है। और पदार्थोंके एक ही धर्मका निश्चय करके अन्य सम्पूर्ण धर्मोंका निषेध करनेमें जो तत्पर है वह मिथ्या-एकान्त है। (विशेष दे विकलादेश)।

३. 'एकान्त' शब्दका सम्यक् प्रयोग

प्र.सा./मू.५६ जादं सयं समत्तं णाणमणंतत्थवित्थडं विमलं। रहियं तु ओग्गहादिहिं सुहं ति एगंतियं भणियं ॥५६॥ =स्वजात, सर्वांगसे जानता हुआ तथा अनन्त प्रदेशोंमें विस्तृत, विमल और अवग्रह आदिसे रहित ज्ञान एकान्तिक सुख है, ऐसा कहा है।

प्र.सा./मू.६६ एगंतेण हि देहो सुहं ण देहिस्स कुणदि सग्गे वा। विसयवसेण दु सोक्खं दुक्खं वा हवदि सयमादा ॥६६॥ =एकान्तसे अर्थात् नियमसे स्वर्गमें भी आत्माको शरीर सुख नहीं देता, परन्तु विषयोंके वशसे सुख अथवा दुःख रूप स्वयं आत्मा होता है।

स.श. ७१ "मुक्तेरेकान्तिकी तस्य चित्ते यस्याचला धृतिः। तस्य नैकान्तिकी मुक्तिर्यस्य नास्त्यचला धृतिः ॥ =जिस पुरुषके चित्तमें आत्मस्वरूपकी निश्चल धारणा है, उसकी एकान्तसे अर्थात् अवश्य मुक्ति होती है। तथा जिस पुरुषकी आत्मस्वरूपमें निश्चल धारणा नहीं है उसकी एकान्तसे मुक्ति नहीं होती है।

ध.१/१,१,१४१/३९२/७ सव्ययस्यानन्तस्य न क्षयोऽस्तीत्येकान्तोऽस्ति। =व्यय होते हुए भी अनन्तका क्षय नहीं होता है, यह एकान्त नियम है।

स.सा./आ. १४ सयुक्तत्वं भूतार्थमप्येकान्ततः स्वयंबोधबीजस्वभावमुपेत्यानुभूयमानतायामभूतार्थम्। =यद्यपि मोह संयुक्तता भूतार्थ है तो भी एकान्त रूपसे स्वयं बोध बीजस्वरूप चैतन्य स्वभावको लेकर अनुभव करनेसे वह अभूतार्थ है।

स.सा./आ.२७२ प्रतिषिध्य एव चायं, आत्माश्रितनिश्चयनयाश्रितानामेव मुच्यमानत्वात् पराश्रितव्यवहारनयस्यैकान्तेनामुच्यमानेनाभव्येनाप्याश्रियमाणत्वाच्च।" =और इस प्रकार यह व्यवहार-नय निषेध करने योग्य ही है; क्योंकि, आत्माश्रित निश्चयनयका आश्रय करनेवाले ही मुक्त होते हैं और पराश्रित व्यवहार नयका आश्रय तो एकान्ततः मुक्त नहीं होनेवाला अभव्य ही करता है।

प्र.सा./त.प्र. २१६ तस्य सर्वथा तदविनाभावित्वप्रसिद्धयदैकान्तिकाशुद्धोपयोगसद्भावस्यैकान्तिकबन्धत्वेन छेदत्वमेकान्तिकमेव। =ऐसा जो परिग्रहका सर्वथा अशुद्धोपयोगके साथ अविनाभावित्व है उससे प्रसिद्ध होनेवाले एकान्तिक अशुद्धोपयोगके सद्भावके कारण परिग्रह तो एकान्तिक बन्धरूप है।

४. सर्वथा शब्दका सम्यक् प्रयोग

मो.पा./मू ३२ इदि जाणिऊण जोई ववहारं चयइ सव्वहा सव्वं। झायइ परमप्पाणं जह भणियं जिणवरिंदेण ॥३२॥ =ऐसे पूर्वोक्त प्रकार जानकरि योगी ध्यानी मुनि है सो सर्व व्यवहारको सर्वथा छोडे है और परमात्मको ध्यावै है। कैसे ध्यावै है—जैसे जिनवरेन्द्र तीर्थंकर सर्वज्ञ देवने कह्या है, तैसे ध्यावै है।

इ.उ. २७ एकोऽहं निर्ममः शुद्धो ज्ञानी योगीन्द्रगोचरः। बाह्याः संयोगजा भावा मत्तः सर्वेऽपि सर्वथा ॥२७॥ =मैं एक हूँ, निर्मम हूँ, शुद्ध हूँ, ज्ञानी हूँ, योगीन्द्रोंके गोचर हूँ। इनके सिवाय जितने भी रागद्वेषादि संयोगी भाव हैं वे सब सर्वथा मुझसे भिन्न हैं।

स.सा./आ. ३१ स्पर्शादीन्द्रियार्थांश्च सर्वथा स्वतः पृथक्करणेन विजित्योपरतसमस्तज्ञेयज्ञायकसंकरदोषत्वेन परमार्थतोऽतिरिक्तमात्मानं संचेतयते स खलु जितेन्द्रियो जिन इत्येका निश्चयस्तुतिः। =इस प्रकार जो मुनि स्पर्शादि द्रव्येन्द्रियों व भावेन्द्रियों तथा इन्द्रियोंके विषयभूत पदार्थोंको सर्वथा पृथक् करनेके द्वारा जीतकर ज्ञेयज्ञायक संकरदोषके दूर होनेसे सर्व अन्यद्रव्योंसे परमार्थतः भिन्न ऐसे अपने आत्माका अनुभव करते हैं वे निश्चयसे जितेन्द्रिय जिन हैं। इस प्रकार एक निश्चय स्तुति हुई।

स.सा./आ २९६/क १८४ एकश्चितश्चिन्मय एव भावो, भावाः परे ये किल ते परेषाम्। ग्राह्यस्ततश्चिन्मय एव भावो, भावाः परे सर्वत एव हेयाः ॥१८४॥ =चैतन्य तो एक चिन्मय ही भाव है, और जो अन्य भाव हैं वे वास्तवमें दूसरोंके भाव हैं। इसलिए चिन्मय भाव ही ग्रहण करने योग्य है, अन्य भाव सर्वथा त्याज्य हैं।

प्र.सा./त.प्र. १६२ ममानेकपरमाणुद्रव्यैकपिण्डपर्यायपरिणामस्यार्कर्तुरनेकपरमाणुद्रव्यैकपिण्डपर्यायपरिणामात्मकशरीरकर्तृत्वस्य सर्वथा विरोधात्। =मैं अनेक परमाणु-द्रव्योंके एक पिण्डरूप परिणामका अकर्ता हूँ, (इसलिए) मेरे अनेक परमाणु द्रव्योंके एकपिण्ड पर्यायरूप परिणामात्मक शरीरका कर्ता होनेमें सर्वथा विरोध है।

प्र.सा./त.प्र. २१६ तस्य सर्वथा तदविनाभावित्वप्रसिद्धिः। =परिग्रहका सर्वथा अशुद्धोपयोगके साथ अविनाभावित्व है।

यो.सा./अ ६/३५ न ज्ञानज्ञानिनोर्भेदो विद्यते सर्वथा यतः। ज्ञाने ज्ञाते ततो ज्ञानी ज्ञातो भवति तत्त्वतः ॥३५॥ =ज्ञान और ज्ञानीका परस्परमें सर्वथा भेद नहीं है, इसलिए जिस समय निश्चय नयसे ज्ञान जान लिया जाता है उस समय ज्ञानी आत्माका भी ज्ञान हो जाता है।

२. एवकारकी प्रयोग विधि

१. एवकारका सम्यक् प्रयोग

प.प्र./मू. १/६७ अप्पा अप्पु जि परु जि परु अप्पा परु जिण होइ। परु जि कयाइ वि अप्पु णवि णियमें पमणहि जोइ ॥ =निज वस्तु आत्मा ही है, देहादि पदार्थ पर ही है। आत्मा तो परद्रव्य नहीं होता और परद्रव्य भी कभी आत्मा नहीं होता। ऐसा निश्चय कर योगीश्वर कहते हैं।

रा.वा. १/७/१४/३९/१९ अधिकरणमात्मन्येवासौ तत्र तत्फलदर्शनात्, कर्मणि कर्मकृते च कायादावुपचारतः। =(आस्रवका) अधिकरण आत्मा ही होता है, क्योंकि कर्म-विपाक उसमें ही दिखाई देता है। कर्म निमित्तक शरीरादि उपचारसे ही आधार है।

स.सा./आ १०६ पुद्गलकर्मणः किल पुद्गलद्रव्यमेवैकं कर्तृ, अथैते पुद्गलकर्मविपाकविकल्पादत्यन्तमचेतना सन्तस्त्रयोदशकर्तारः केवला एव यदि व्याप्यव्यापकभावेन किंचनापि पुद्गलकर्म कुर्युस्तदा कुर्युरेव, किं जीवस्यात्रापतितम्। =वास्तवमें पुद्गलकर्मका, पुद्गलद्रव्य ही एक कर्ता है, तथा अब, जो पुद्गलकर्मके विपाकके प्रकार होनेसे अत्यन्त अचेतन हैं ऐसे ये तेरह (गुणस्थान) कर्ता ही, मात्र व्याप्यव्यापक भावमें यदि कुछ भी पुद्गलका कर्म करे तो भले कर्म करे, इसमें जीवका क्या आया।

स.सा./आ २६५ अध्यवसानमेव बन्धहेतुर्न तु बाह्यवस्तु, तस्य बन्धहेतोरध्यवसानस्य हेतुत्वेनैव चरितार्थत्वात्। =अध्यवसान ही बन्धका कारण है बाह्य वस्तु नहीं, क्योंकि बन्धका कारण जो अध्यवसान है, उसके ही हेतुपना चरितार्थ होता है। (स.सा./आ.१५६/क. १०६-१०७)। (स.सा./आ २७१/क १७३)।

स.सा./आ ७१ ज्ञानमात्रादेव बन्धनिरोधः सिद्ध्येत्। =ज्ञानमात्रसे ही बन्धका निरोध सिद्ध होता है।

स.सा./आ २९७ यो हि नियतस्वलक्षणावलम्बिन्या प्रज्ञया प्रविभक्तश्चेतयिता सोऽयमहं, ये स्वमी अवशिष्टा अन्यस्वलक्षणलक्ष्या व्यवह्रियमाणा भावाः, ते सर्वेऽपि चेतयितृत्वस्य व्यापकस्य व्याप्यत्वमनायान्तोऽत्यन्तं मत्तो भिन्नाः। ततोऽहमेव मय्येव ममैव मत्त एव मय्येव मामेव गृह्णामि। =नियत स्वलक्षणका अवलम्बन करनेवाली प्रज्ञाके द्वारा भिन्न किया गया जो यह चेतक है, सो यह मैं हूँ, और अन्य स्वलक्षणोंसे लक्ष्य जो यह शेष व्यवहाररूप भाव हैं, वे सभी

चेतक-स्वरूपी व्यापकके व्याप्य न होनेसे, मुझसे अत्यन्त भिन्न है। इसलिए मैं ही, अपने द्वारा ही, अपने लिए ही, अपनेमें-से ही, अपनेमें ही, अपनेको ग्रहण करता हूँ।

प्र सा /त प्र २३६ अत आत्मज्ञानशून्यमागमज्ञानतत्त्वार्थश्रद्धानसंयतत्वयौगपद्यमप्यकिंचित्करमेव। =इसलिए आत्मज्ञानशून्य आगमज्ञानतत्त्वार्थश्रद्धान और संयतत्वकी युगपतता भी अकिंचित्कर ही है।

प्र सा /त प्र, २६३ स्वतत्त्वज्ञानानामेव श्रमणानामभ्युत्थानादिका प्रवृत्त योऽप्रतिषिद्धा इतरेषां तु श्रमणाभासानां तां प्रतिषिद्धा एव।=जिनके स्वतत्त्वका ज्ञान प्रवर्तता है, उन श्रमणोंके प्रति ही अभ्युत्थानादिक प्रवृत्तियाँ अनिषिद्ध हैं, परन्तु उनके अतिरिक्त अन्य श्रमणाभासोंके प्रति वे प्रवृत्तियाँ निषिद्ध ही हैं।

पं का /त प्र १० अविशेषाद्द्रव्यस्य सत्स्वरूपमेव लक्षणम्। =सत्तासे द्रव्य अभिन्न होनेके कारण 'सत्' स्वरूप ही द्रव्यका लक्षण है।

का आ /मू, २२५ जे वत्थु अणेयंत तं चिय कज्जं करेदि णियमेण। बहुधम्मजुदं अत्थं कज्जकरं दीसदे लोए। =जो वस्तु अनेकान्तरूप है, वही नियमसे कार्यकारी है, क्योंकि, लोकमें बहुधर्मयुक्त पदार्थ ही कार्यकारी देखा जाता है।

२ एवकारका मिथ्या प्रयोग

रा वा ४/४२/१५/२५३/२७ तत्रास्तित्वैकान्तवादिन 'जीव एव अस्ति' इत्यवधारणे अजीवनास्तित्वप्रसङ्गभयादिष्टतोऽवधारणविधि 'अस्त्येव जीव' इति नियच्छन्ति तथा चावधारणसामर्थ्यात् शब्दप्रापितादभिप्रायवशवर्तिन सर्वथा जीवस्यास्तित्व प्राप्नोति।=यदि अस्तित्व-एकान्तवादी 'जीव ही है' ऐसा अवधारण करते हैं, तो अजीवके नास्तित्वका प्रसंग आता है। इस भयसे 'अस्त्येव' ऐसी प्रयोग विधि इष्ट है। परन्तु इस प्रकार करनेसे भी शब्द प्राप्त अभिप्रायके वशसे सर्वथा ही जीवके अस्तित्व प्राप्त होता है। अर्थात् पुद्गलादिके अस्तित्वसे जीवका अस्तित्व व्याप्त हो जाता है, अत जीव और पुद्गलमें एकत्वका प्रसंग आता है। (अत 'स्यात् अस्त्येव' ऐसा प्रयोग ही युक्त है।)

पं का /त प्र १० न चानेकान्तात्मकस्य द्रव्यस्य सन्मात्रमेव स्वरूपं।=अनेकान्तात्मक द्रव्यका सत् मात्र ही स्वरूप नहीं है।

३ एवकार व चकार आदि निपातोंकी सम्यक् प्रयोग विधि

श्लो वा २/१/३/५३/४३२/१० तत्र हि ये शब्दा स्वार्थमात्रेऽनवधारिते सकेतितास्ते तदवधारणविवक्षायामेवमपेक्षन्ते तत्समुच्चयादिविवक्षायां तु चकारादिशब्दम्। =तिन शब्दोंमें जो शब्द, नहीं—नियमित किये गये अपने सामान्य अर्थके प्रतिपादन करनेमें सकेत ग्रहण किये हुए हो चुके हैं, वे शब्द तो उस अर्थके नियम करनेकी विवक्षा होनेपर अवश्य 'एवकार' को चाहते हैं। जैसे जल शब्दका अर्थ सामान्य रूपसे जल है। और हमें जल ही अर्थ अभीष्ट हो रहा है तो 'जल ही है' ऐसा एवकार लगाना चाहिए। तथा जब कभी जल और अन्नके समुच्चय या समाहारकी विवक्षा हो रही है, तब 'चकार' शब्द लगाना चाहिए, तथा विकल्प अर्थकी विवक्षा होनेपर 'वा' शब्द जोडना चाहिए (जैसे जल वा अन्न)।

४ विवक्षा स्पष्ट कर देनेपर एवकारकी आवश्यकता अवश्य पड़ती है।

रा वा ५/२५/१२/४६२/१७ इत्येवं सति युक्तम्, हेतुविशेषसामर्थ्यार्पणे अवधारणाविरोधात्, द्रव्यार्थतयावस्थानाच्च। =इस प्रकार विशेष विवक्षामें 'कारणमेव' यह एवकारका भी विरोध नहीं है।

रा वा १/१/५/५/१ एवंभूतनयवक्तव्यवशात् ज्ञानदर्शनपर्यायपरिणत आत्मैव ज्ञान दर्शन च तत्स्वाभाव्यात्। =एवंभूत नयकी दृष्टिसे ज्ञानक्रियामें परिणत आत्मा ही ज्ञान है और दर्शन क्रियासे परिणत आत्मा ही दर्शन है, क्योंकि ऐसा ही उसका स्वरूप है।

श्लो वा, २/१/६/४६-५२/४०३ तत्र प्रश्नवशात्कश्चिद्विधौ शब्द प्रवर्तते। स्यादस्त्येवाखिल यद्वत्स्वरूपादिचतुष्टयात्।४६।=तिन सात प्रकारके (सप्त भंग) वाचक शब्दोंमें कोई शब्द तो प्रश्नके वशसे विधान करनेमें प्रवृत्त हो रहा है, जैसे कि स्वद्रव्यादि चतुष्टयसे पदार्थ कथंचित् अस्तिरूप ही है। (इसी प्रकार कोई शब्द निषेध करनेमें प्रवृत्त हो रहा है जैसे पर द्रव्यादिकी अपेक्षा पदार्थ कथंचित् नास्तिरूप है। इत्यादि)

श्लो वा २/१/६/५६/४७४/३० येनात्मनानेकान्तस्तेनात्मनानेकान्त एवेत्येकान्तानुषङ्गोऽपि नानिष्ट। प्रमाणसाधनस्यैवानेकान्तत्वसिद्धे नयसाधन्यैकान्तव्यवस्थिते।=जिस विवक्षित प्रमाण रूपसे अनेकान्त है, उस स्वरूपसे अनेकान्त ही है, ऐसा एकान्त होनेका प्रसंग भी अनिष्ट नहीं है। क्योंकि प्रमाण करके साधे गये विषयको ही अनेकान्तपना सिद्ध है और नयके द्वारा साधन किये विषयको एकान्तपना व्यवस्थित हो रहा है।

पं का /त प्र ११ द्रव्यार्थादेशायामनुपन्नमनुच्छेदं सत्स्वभावमेव द्रव्यम्। =द्रव्यार्थिक नयसे तो द्रव्य उत्पाद व्यय रहित केवल सत्स्वभाव ही है।

का अ /मू, २६१ जं वत्थु अणेयंत एयंतं तं पि होदि सविपेक्खं। सुयणाणेण णएहि य णिरवेक्खं दीसदे णेव। =जो वस्तु अनेकान्त रूप है वही सापेक्ष दृष्टिसे एकान्त रूप भी है। श्रुतज्ञानकी अपेक्षा अनेकान्त रूप है और नयोंकी अपेक्षा एकान्त रूप है। बिना अपेक्षाके वस्तुका स्वरूप नहीं ही देखा जा सकता है।

नि सा /ता वृ १६६ व्यवहारेण व्यवहारप्रधानत्वात् निरुपरागशुद्धात्मस्वरूपं नैव जानाति, यदि व्यवहारनयविवक्षाया कोऽपि जिननाथतत्त्वविचारलब्ध कदाचिदेव वक्ति चेत् तत्रय न खलु दूषणमिति। =व्यवहारमें व्यवहारकी प्रधानताके होनेके कारण, 'निरुपराग शुद्धात्मस्वरूपको नहीं ही जानता है', ऐसा यदि व्यवहार नयकी विवक्षासे कोई जिननाथके तत्त्व विचारमें निपुण जीव कदाचित् कहे तो उसको वास्तवमें दूषण नहीं है।

पं का /ता वृ ५६/१०६/१० क्षायिकस्तु केवलज्ञानादिरूपो यद्यपि वस्तुवृत्त्या शुद्धबुद्धैकजीवस्वभाव तथापि कर्मक्षयेणोत्पन्नत्वादुपचारेण कर्मजनित एव। =केवलज्ञानादि रूप जो क्षायिक भाव वह यद्यपि वस्तुवृत्तिसे शुद्ध बुद्ध एक जीव स्वभाव है, तथापि कर्मके क्षयसे उत्पन्न होनेके कारण उपचारसे कर्मजनित ही है।

द्र स/टी १६/५२/१० जीवसंयोगेनोत्पन्नत्वाद्व्यवहारेण जीवशब्दो भण्यते, निश्चयेन पुन पुद्गलस्वरूप एवेति। =जीवके संयोगसे उत्पन्न होनेके कारण व्यवहार नयकी अपेक्षा जीव शब्द कहा जाता है, किन्तु निश्चय नयसे तो वह शब्द पुद्गल रूप ही है।

न्याय. दी ३/§८५ स्यादेकमेव वस्तु द्रव्यात्मना न नाना। द्रव्य रूपसे अर्थात् सत्ता सामान्यकी अपेक्षा वस्तु कथंचित् एक ही है, अनेक नहीं।

न्या दी ३/§८२/१२६/६ द्रव्यार्थिकनयाभिप्रायेण स्वर्णं स्यादेकमेव, पर्यायार्थिकनयाभिप्रायेण स्यादनेकमेव।=द्रव्यार्थिक नयके अभिप्रायसे स्वर्ण कथंचित् एक ही है और पर्यायार्थिक नयके अभिप्रायसे (कड़ा आदि रूप) कथंचित् अनेक है।

५ बिना प्रयोगके भी एवकारका ग्रहण स्वतः हो ही जाता है

श्लो वा /१,६/श्लो ५६/२५७ सोऽप्रयुक्तोऽपि वा तज्ज्ञैस्सर्वत्रार्थात्प्रतीयते। यथैवकारोऽयोगादिव्यवच्छेदप्रयोजन। =स्याद्वादके जाननेवाले बुद्धिमान जन यदि अनेकान्त रूप अर्थके प्रकाशक स्यात्का प्रयोग न भी करें तो प्रमाणादि सिद्ध अनेकान्त वस्तुके स्वभावसे ही

सर्वत्र स्वयं ऐसे भासता है जैसे बिना प्रयोग भी अयोगादिके व्यवच्छेदका बोधक एवकार शब्द।

क.पा. १/१,१३-१४/श्लो. १२३/३०७ अन्तर्भूतैवकारार्थाः गिरः सर्वा स्वभावतः/१२३ /=जितने भी शब्द है उनमें स्वभावसे ही एवकारका अर्थ छिपा हुआ रहता है।

स्या. दी. ३/§८१ उदाहृतवाक्येनापि सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणां मोक्षकारणत्वमेव न संसारकारणमिति विषयविभागेन कारणाकारणात्मकत्वं प्रतिपाद्यते। सर्वं वाक्यं सावधारणम् इति न्यायात्। =इस पूर्व (सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्गः) उद्धृत वाक्यके द्वारा भी सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान सम्यग्चारित्र इन तीनोंमें मोक्षकारणता ही है संसार कारणता नहीं, इस प्रकार विषय विभागपूर्वक कारणता और अकारणताका प्रतिपादन करनेसे वस्तु अनेकान्त स्वरूप कही जाती है। यद्यपि उक्त वाक्यमें अवधारण करनेवाला कोई एवकार जैसा शब्द नहीं है तथापि 'सभी वाक्य अवधारण सहित होते हैं' इस न्यायसे उसका ग्रहण स्वतः हो जाता है।

६ एवकारका प्रयोजन इष्टार्थावधारण

क. पा. १,१३-१४ श्लो. १२३/३०७ एवकारश्च गोऽयमिष्टतो नियमाय सः।१२३।=जहाँ भी एवकारका प्रयोग किया जाता है वहाँ वह इष्टके अवधारणके लिए किया जाता है।

श्लो. वा. २/१/६/५३/४४६/२५ अथास्त्येव सर्वमित्यादिवाक्ये विशेष्यविशेषणसम्बन्धसामान्याद्योतनार्थम् एवकारोऽन्यत्र पदप्रयोगे नियतपदार्थवियुक्तानर्थोऽपीति निजगुस्तदा न दोष।='अस्त्येव सर्वं' सभी पदार्थ हैं ही इत्यादि वाक्योंमें तो सामान्य रूपसे विशेष्य विशेषण सम्बन्धको प्रगट करनेके लिए एवकार लगाना चाहिए। तथा दूसरे स्थलोंपर इस पदके प्रयोग करनेपर नियमित पदार्थोंको प्रगट करनेके लिए भी एवकार लगाना चाहिए। इस प्रकार कहेंगे तो कोई दोष नहीं है। यह स्याद्वाद सिद्धान्तके अनुकूल है।

७ एवकारका प्रयोजन अन्ययोग व्यवच्छेद

ध. ११/४,२,६,१७७/श्लो. ७ ८/३१७/१० विशेष्याभ्यां क्रियया च सहोदितः। पार्थो धनुर्धरो नील सरोजमिति वा यथा।७। अयोगमपरयोगमत्यन्तायोगमेव च। व्यवच्छिनत्ति धर्मस्य निपातो व्यतिरेचकः।८।=निपात अर्थात् एवकार व्यतिरेचक अर्थात् निवर्तक या नियामक होता है। विशेषण-विशेष्य और क्रियाके साथ कहा गया निपात क्रमसे अयोग, अपरयोग (अन्य योग) और अत्यन्तायोग व्यवच्छेद करता है। जैसे—'पार्थो धनुर्धर' और 'नील सरोजम्' इन वाक्योंके साथ प्रयुक्त एवकार (विशेष देखो 'एव')

क.पा.१/१,१३-१४/श्लो. १२४/३०७ निरस्यन्ती परस्यार्थं स्वार्थं कथयति श्रुतिः। तमो विधुन्वती भास्यं यथा भासयति प्रभा।१२४।=जिस प्रकार प्रभा अन्धकारका नाश करती है, और प्रकाश्य पदार्थोंको प्रकाशित करती है, उसी प्रकार शब्द दूसरे शब्दके अर्थका निराकरण करता है और अपने अर्थको कहता है।

श्लो. वा. २/१,६/श्लो. ५३/४३१ वाक्येऽवधारणं तावदनिष्टार्थ निवृत्तये। कर्त्तव्यमन्यथोक्तसमत्वात् तस्य कुत्रचित्।=किसी वाक्यमें 'एव' का प्रयोग अनिष्ट अभिप्रायके निराकरण करनेके लिए किया जाता है, अन्यथा अविवक्षित अर्थ स्वीकार करना पड़े।

स. भ. २२/२६७/२३ एवकारः प्रकारान्तरव्यवच्छेदार्थः।=एवकार प्रकारान्तरके व्यवच्छेदके लिए है।

प्र. सा./ता. वृ. ११५/१६२/२० अत्र तु स्यात्पदस्येव यदेवकारग्रहणं तन्नयसप्तभङ्गीज्ञापनार्थमिति भावार्थः।=यहाँ जो स्यात् पदवत् ही एवकारका ग्रहण किया है वह नय सप्तभङ्गीके ज्ञापनार्थ है, ऐसा भावार्थ जानना।

३. सम्यगेकान्तकी इष्टता व इसका कारण

१ वस्तुके सर्व धर्म अपने पृथक्-पृथक् स्वभावमें स्थित हैं

प्र.सा./त.प्र. १०७ एकस्मिन् द्रव्ये यः सत्तागुणस्तन्न द्रव्यं नान्यो गुणो न पर्यायो, यच्च द्रव्यमन्यो गुणः पर्यायो वा स न सत्तागुण इतीतरेतरस्य यस्तस्याभावः स तदभावलक्षणोऽतद्भावोऽन्यत्वनिबन्धनभूतः। =एक द्रव्यमें जो सत्ता गुण है वह द्रव्य नहीं है, अन्य गुण नहीं है, या पर्याय नहीं है। और जो द्रव्य, अन्यगुण या पर्याय है वह सत्ता गुण नहीं है,—इस प्रकार एक दूसरे में जो 'उसका अभाव', अर्थात् 'तद्रूप होनेका अभाव' है वह तद् अभाव लक्षण 'अतद्भाव' है जो कि अन्यत्वका कारण है।

२ किसी एक धर्मकी विवक्षा होनेपर उस समय वस्तु उतनी मात्र ही प्रतीत होती है

श्लो. वा. २/१,६,५३/४४४/२० ज्ञानं हि स्याद् ज्ञेयं स्याद् ज्ञानम्।... न च ज्ञानं स्वतः परतो वा, येन रूपेण ज्ञेयं तेन ज्ञेयमेव येन तु ज्ञानं तेन ज्ञानमेवेत्यवधारणे स्याद्वादिविरोधः, सम्यगेकान्तस्य तथोपगमात्। =ज्ञान कथंचित् ज्ञेय है और कथंचित् ज्ञान है स्याद्वादियोंके यहाँ इस प्रकारका नियम करनेपर भी कोई विरोध नहीं है कि ज्ञान स्व अथवा परकी अपेक्षासे जाननेवाले होकर जिस स्वभावसे ज्ञेय है, उससे ज्ञेय ही है और जिस स्वरूपसे ज्ञान है उससे ज्ञान ही है।

पं. का./त. प्र. ८ येन स्वरूपेणोत्पादस्तत्तथोत्पादैकलक्षणमेव, येन स्वरूपेणोच्छेदस्तत्तथोच्छेदैकलक्षणमेव, येन स्वरूपेण ध्रौव्यं तत्तथा ध्रौव्यैकलक्षणमेव, तत उत्पद्यमानोच्छिद्यमानावतिष्ठमानानां वस्तुन स्वरूपाणां प्रत्येकं त्रैलक्षण्याभावादत्रिलक्षणत्वं त्रिलक्षणायाः। =जिस स्वरूपसे उत्पाद है उसका उस प्रकार से 'उत्पाद' एक ही लक्षण है। जिस स्वरूपसे व्यय है उसका उस प्रकारसे व्यय एक ही लक्षण है और जिस स्वरूपसे ध्रौव्य है उस प्रकारसे ध्रौव्य एक ही लक्षण है। इसलिए वस्तुके उत्पन्न होनेवाले, नष्ट होनेवाले और ध्रुव रहनेवाले स्वरूपोंमेंसे प्रत्येकको त्रिलक्षणका अभाव होनेसे त्रिलक्षणा-सत्ताको अत्रिलक्षणपना है।

प्र.सा./त.प्र. ११४ सर्वस्य हि वस्तुनः सामान्यविशेषात्मकत्वात्तत्स्वरूपमुत्पश्यतां यथाक्रमं सामान्यविशेषौ परिच्छन्ती द्वे किल चक्षुषी द्रव्यार्थिकं पर्यायार्थिकं चेति। तत्र पर्यायार्थिकमेकान्तनिमीलितं विधाय केवलोन्मीलितेन द्रव्यार्थिकेन यदावलोक्यते तदा... तत्सर्वं जीवद्रव्यमिति प्रतिभाति। यदा तु द्रव्यार्थिकमेकान्तनिमीलितं विधाय केवलोन्मीलितेन पर्यायार्थिकेनावलोक्यते तदा विशेषानेकानवलोकयतामनवलोकितसामान्यानामन्यदन्यत् प्रतिभाति। यदा तु ते उभे अपि द्रव्यार्थिकपर्यायार्थिके तुल्यकालोन्मीलिते विधाय तत इतश्चावलोक्यते तदा जीवसामान्यं जीवसामान्ये च व्यवस्थिता विशेषाश्चतुल्यकालमेवावलोक्यन्ते। =वास्तवमें सभी वस्तु सामान्यविशेषात्मक होनेसे वस्तुका स्वरूप देखनेवालोंके क्रमशः सामान्य और विशेषको जाननेवाली दो आँखे है—द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक। इनमेंसे पर्यायार्थिक चक्षुको सर्वथा बन्द करके जब मात्र खुले हुए द्रव्यार्थिक चक्षुके द्वारा देखा जाता है तब 'वह सब जीव द्रव्य है' ऐसा दिखाई देता है। और जब द्रव्यार्थिक चक्षुको सर्वथा बन्द करके मात्र खुले हुए पर्यायार्थिक चक्षुके द्वारा देखा जाता है तब पर्यायस्वरूप अनेक विशेषोंको देखनेवाले और सामान्यको न देखनेवाले जीवोंको (वह जीव द्रव्य नारक, मनुष्यादि रूप) अन्य अन्य भासित होता है। और जब उन द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक दोनों आँखोंको एक ही साथ खोलकर उनके द्वारा देखा जाता है तब जीव सामान्य तथा जीव सामान्यमें रहनेवाले पर्यायस्वरूप विशेष तुल्यकालमें ही अर्थात् युगपत् ही दिखाई देते है। (और भी दे. अगले शीर्षकमें प. ध. के श्लोक)

३. एक धर्म मात्र वस्तुको देखते हुए अन्य धर्म उस समय विवक्षित नहीं होते

—दे. स्याद्वाद ३ (गौण होते है पर निषिद्ध नही)

का.आ./मू. २६४ णाणा धम्म जुदं पि य एय धम्म पि वुच्चदे अत्थं। तस्सेय विवक्खादो णत्थि विवक्खा हु सेसाण ।२६४। =नाना धर्मोंसे युक्त भी पदार्थ के एक धर्मको नय कहता है, क्योंकि उस समय उसी धर्मकी विवक्षा है, शेष धर्मोंकी विवक्षा नहीं है।

पं.ध./पू. २६६,३०२,३३६,३४०,७५७ तत्र यत सदिति स्यादद्वैत द्वैतभाव-भागपि च। तत्र विधौ विधिमात्र तदिह निषेधे निषेधमात्र स्यात् ।२६६। अपि च निषिधत्वे सति नहि वस्तुत्वं विधेरभावत्वात्। उभयात्मकं यदि खलु प्रकृत न कथ प्रतीयेत ।३०२। अयमर्थो वस्तु यदा केवलमिह दृश्यते न परिणाम। नित्यं तदव्ययादिह सर्व स्यादन्वयार्थ नययोगात ।३३६। अपि च यदा परिणाम केवलमिह दृश्यते न किल वस्तु। अभि-नवभावानभिनवभावाभावादनित्यमंशनयात् ।३४०। नास्ति च तदिह विशेषै' सामान्यस्य विवक्षितायां वा। सामान्यैरितरस्य च गौणत्वे सति भवति नास्ति नय: ।७५७। =यद्यपि सत् द्वैतभावको धारण करनेवाला है तब भी अद्वैत है, क्योंकि, सत्में विधि विवक्षित होने-पर वह सत् केवल विधिरूप ही प्रतीत होता है। और निषेध विव-क्षित होनेपर केवल निषेध ही ।२६६। निषेधत्व विवक्षित होनेके समय अविवक्षित होनेके कारण विधिको वस्तुपना नहीं है ।३०२। सारांश यह है कि जिस समय केवल वस्तु दृष्टिगत होती है परिणाम दृष्टि-गत नहीं होता, उस समय यहाँपर द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षासे वस्तु-त्वका नाश नही होनेके कारणसे सभी वस्तु नित्य है ।३३६। अथवा जिस समय यहाँपर केवल परिणाम दृष्टिगत होता है, वस्तु दृष्टिगत नही होती, उस समय पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षासे नवीन-पर्यायकी उत्पत्ति और पूर्व-पर्यायके अभाव होनेसे सब ही वस्तु अनित्य है ।३४०। और यहाँपर वस्तु, सामान्यकी विवक्षामें विशेष धर्मकी गौणता होनेपर विशेषधर्मोंके द्वारा नहीं है। अथवा इतरकी विवक्षामें अर्थात् विशेषकी विवक्षामें सामान्यधर्मकी गौणता होने पर, सामान्य धर्मोंके द्वारा नहीं है। इस प्रकार जो कथन है वह नास्तित्व-नय है ।७५७। (विशेष दे. स्याद्वाद ३)

४. ऐसा सापेक्ष एकान्त हमें इष्ट है

स स्तो./मू. ६२ यथैकश कारकमर्थसिद्धये, समीक्ष्य शेषं स्वसहायकार-कम्। तथैव सामान्यविशेषमातृका, नयास्तवेष्टा गुणमुख्यकल्पत ।६२। =जिस प्रकार एक एक कारक, शेष अन्यको अपना सहायकरूप कारक अपेक्षित करके अर्थकी सिद्धिके लिए समर्थ होता है, उसी प्रकार आपके मतमें सामान्य और विशेषसे उत्पन्न होनेवाले अथवा सामान्य और विशेषको विषय करनेवाले जो नय है वे मुख्य और गौणकी कल्पनासे इष्ट है।

ध. १/१,१,६५/३३५/४ नियमेऽभ्युपगम्यमाने एकान्तवाद प्रसजतीति चेन्न, अनेकान्तगर्भैकान्तस्य सत्त्वाविरोधात्। =प्रश्न—'तीसरे गुण-स्थानमें पर्याप्त ही होते है' इस प्रकार नियमके स्वीकार करनेपर तो एकान्तवादके सद्भाव माननेमें कोई विरोध नही आता।

४. मिथ्या एकान्त निराकरण

१ मिथ्या एकान्त इष्ट नही है

स स्तो./मू. ६८ अनेकान्तात्मदृष्टिस्ते सतो शून्यो विपर्यय। तत सर्वं मृषोक्त स्यात्तदयुक्त स्वघातत ।६८। =आपकी अनेकान्तदृष्टि सच्ची है और विपरीत इसके जो एकान्त मत है वे शून्यरूप असत् है। अत' जो कथन अनेकान्तदृष्टिसे रहित है वह सब मिथ्या है; क्योकि, वह अपना ही घातक है। अर्थात् अनेकान्तके बिना एकान्त की स्वरूप-प्रतिष्ठा बन ही नहीं सकती।

स. म./श्लो. २६/२६७ य एव दोषा' किल नित्यवादे विनाशवादेऽपि समस्त एव। परस्परध्वंसिषु कण्टकेषु जयत्यधृष्यं जिनशासनं ते।२६। =जिस प्रकार वस्तुको सर्वथा नित्य माननेमें दोष आते है, वैसे ही उसे सर्वथा अनित्य माननेमें दोष आते है। जैसे एक कण्टक (पाँवमें चुभे) दूसरे कण्टकको निकालता है या नाश करता है, वैसे ही नित्यवादी और अनित्यवादी परस्पर दूषणोको दिखाकर एक दूसरे का निराकरण करते है। अतएव जिनेन्द्र भगवान्का शासन अर्थात् अनेकान्त, बिना परिश्रमके ही विजयी है।

२. एवकारका मिथ्या प्रयोग अज्ञानसूचक है

स. म. २४/२६१/१३ उक्त प्रकारेण उपाधिभेदेन वास्तवं विरोधाभावम-प्रबुध्यैवाज्ञात्वैव एवकारोऽवधारणे। स च तेषां सम्यग्ज्ञानस्याभाव एव न पुनर्लेशतोऽपि भाव इति व्यनक्ति। =इस प्रकार सप्तभंगी-वादमें नाना अपेक्षाकृत विरोधाभावको न समझकर अस्तित्व और नास्तित्व धर्मोंमें स्थूल रूपसे दिखाई देनेवाले विरोधसे भयभीत होकर, अस्तित्व आदि धर्मोंमें नास्तित्व आदि धर्मोंका निषेध करने वाले एवकारका अवधारण करना, उन एकान्तवादियोंमें सम्यग्ज्ञानका अभाव सूचित करता है। उनको लेशमात्र भी सम्यग्ज्ञानका सद्भाव नही है ऐसा व्यक्त करता है।

३. मिथ्या-एकान्तका कारण पक्षपात है

ध. १/१,१,३७/२२२/३ दोण्ह मज्झे एक्कस्सेव संगहे कीरमाणे वज्जभीरुत्त विणट्ठति। दोण्ह पि संगह करेंताणमाइरियाणं वज्जभीरुत्ता-विणासादो। =दोनो प्रकारके वचनो या पक्षोमें-से किसी एक ही वचनके संग्रह करनेपर पापभीरुता निकल जाती है, अर्थात् उच्छृ-ङ्खलता आ जाती है। अतएव दोनो प्रकारके वचनोका संग्रह करने-वाले आचार्योंके पापभीरुता नष्ट नही होती, अर्थात् बनी रहती है।

४. मिथ्या एकान्तका कारण संकीर्ण दृष्टि है

पं वि. ४/७ भूरिधर्मात्मक तत्त्वं दुःश्रुतेर्मन्दबुद्धय। जात्यन्धहस्ति-रूपेण ज्ञात्वा नश्यन्ति केचन ।७। =जिस प्रकार जन्मान्ध पुरुष हाथीके यथार्थ स्वरूपको नही ग्रहण कर पाता है, किन्तु उसके किसी एक ही अगको पकड कर उसे ही हाथी मान लेता है, ठीक इसी प्रकारसे कितने ही मन्दबुद्धि मनुष्य एकान्तवादियोके द्वारा प्ररूपित खोटे शास्त्रोके अभ्याससे पदार्थको सर्वथा एकरूप ही मानकर उसके अनेक धर्मात्मक स्वरूपको नही जानते है और इसीलिए वे विनाश-को प्राप्त होते है।

५. मिथ्या एकान्तमें दूषण

सं स्तो. २४,४२ न सर्वथा नित्यमुदेत्यपैति, न च क्रियाकारकमत्र युक्तम्। नैवासतो जन्म सतो न नाशो, दीपस्तम पुद्गलभावतोऽस्ति ।२४। तदेव च स्यान्न तदेव च स्यात्, तथाप्रतीतेस्तव तत्क-थंचित्। नात्यन्तमन्यत्वमनन्यता च, विधेर्निषेधस्य च शून्यदोषात् ।४२। =यदि वस्तु सर्वथा नित्य हो तो वह उदय अस्तको प्राप्त नहीं हो सकती, और न उसमे क्रिया कारककी ही योजना बन सकती है। जो सर्वथा असत् है उसका कभी जन्म नही होता और जो सत् है उसका कभी नाश नही होता। दीपक भी बुझनेपर सर्वथा नाशको प्राप्त नहीं होता, किन्तु उस समय अन्धकाररूप पुद्गल-पर्यायको धारण किये हुए अपना अस्तित्व रखता है ।२४। आपका वह तत्त्व कथंचित् तद्रूप है और कथंचित् तद्रूप नही है। क्योंकि, वैसे ही सत् असत् रूपकी प्रतीति होती है। स्वरूपादि चतुष्टयरूप विधि और पररूपादि चतुष्टयरूप निषेधके परस्परमें अत्यन्त भिन्नता तथा अभिन्नता नही है, क्योंकि वैसा माननेपर शून्य दोष आता है।

न च वृ. ६७ णिरवेक्खे एयन्ते संकरआदिहि ईसिया भावा। णो णिज-कज्जे अरिहा विवरीए ते वि खलु अरिहा ।६७। =निरपेक्ष-एकान्त

माननेपर, इच्छित भी भाव, सकर आदि दोषोंके द्वारा अपना कार्य करनेमें समर्थ नहीं हो सकते। तथा सापेक्ष माननेपर वे ही समर्थ हो जाते हैं।

प्र सा/त प्र ९७ एकान्तेन ज्ञानमात्मेति ज्ञानस्याभावोऽचेतनत्व-मात्मनो विशेषगुणाभावादभावो वा स्यात्। सर्वथात्मा ज्ञानमिति निराश्रयत्वात् ज्ञानस्याभाव आत्मन शेषपर्यायाभावस्तदविनाभावि-नस्तस्याप्यभाव स्यात्। =यदि यह माना जाये कि एकान्तसे ज्ञान आत्मा है तो, (ज्ञान गुण ही आत्म द्रव्य हो जानेसे) ज्ञानका अभाव हो जायेगा, और (ऐसा होनेसे) आत्मके अचेतनता आ जायेगी, अथवा (सहभावी अन्य सुख वीर्य आदि) विशेषगुणोका अभाव होनेसे आत्माका अभाव हो जायेगा। यदि यह माना जाये कि सर्वथा आत्मा ज्ञान है तो (आत्मद्रव्य एक ज्ञान गुण रूप हो जायेगा, इसलिए ज्ञानका कोई आधारभूत द्रव्य नहीं रहेगा, अत)। निराश्रयताके कारण ज्ञानका अभाव हो जायेगा अथवा आत्माकी शेष पर्यायोका अभाव हो जायेगा और उनके साथ ही अविनाभाव सम्बन्धवाले आत्माका भी अभाव हो जायेगा।

स. सा/आ ३४८/क. २०८ आत्मान परिशुद्धमीप्सुभिरतिव्याप्ति प्रपद्यान्धकै, कालोपाधिबलादशुद्धिमधिका तत्रापि मत्वा परे। चैतन्य क्षणिक प्रकल्प्य पृथुके शुद्ध जुषन्तो रतेरात्मा व्युज्झित एष हारवदहो नि सूत्रमुक्तेधिभि। २०८।=आत्माको सर्वथा शुद्ध चाहनेवाले अन्य किन्ही अन्धबौद्धोने कालकी उपाधिके कारण भी आत्मामें अधिक अशुद्धि मानकर अतिव्याप्तिको प्राप्त होकर, शुद्ध ऋजुसूत्र नयमें रत होते हुए चैतन्यको क्षणिक कल्पित करके, इस आत्माको छोड दिया, जैसे हारके सूत्र (डोरे) को न देखकर मात्र मोतियोको ही देखनेवाले हारको छोड देते है।

प. वि. १/१३७ व्यापी नैव शरीर एव यदसावात्मा स्फुरत्यन्वह, भूता-नन्वयतो न भूतजनितो ज्ञानी प्रकृत्या यत। नित्यै वा क्षणिकेऽथवा न कथमप्यर्थ क्रिया युज्यते, तत्रैकत्वमपि प्रमाणदृढया भेदप्रतीत्या-हृतम्।१३७। आत्मा व्यापी नहीं है, क्योकि, वह निरन्तर शरीरमें ही प्रतिभासित होता है। वह भूतोसे उत्पन्न भी नहीं है क्योकि, उसके साथ भूतोका अन्वय नहीं देखा जाता है, तथा वह स्वभावसे ज्ञाता भी है। उसको सर्वथा नित्य अथवा क्षणिक स्वीकार करनेपर उसमें किसी प्रकारसे अर्थ क्रिया नहीं बन सकती है। उसमें एकत्व भी नहीं है, क्योकि वह प्रमाणसे दृढताको प्राप्त हुई भेदप्रतीति द्वारा बाधित है।

६ मिथ्या एकान्त निषेधका प्रयोजन

रा वा/हि ८/१/५९८ तिनकूं नाके समझ मिथ्यात्वकी निवृत्ति होय, ऐसा उपाय करना। यथार्थ जिनागमकूं जान अन्यमतका प्रसंग छोडना। अरु अनादिसे पर्याय बुद्धि जो नैसर्गिक मिथ्यात्व ताकूं छोड अपना स्वरूपको यथार्थ जान बन्धसूं निवृत्त होना।

५. एकान्तमिथ्यात्व निर्देश

१ एकान्त मिथ्यात्वका लक्षण

स. सि ८/१/३७१/७ इदमेवेत्थमेवेति धर्मिधर्मयोरभिनिवेश एकान्त। "पुरुष एवेद सर्वम्" इति वा नित्य एव वा अनित्य एवेति। =यही है, इसी प्रकार है, धर्म और धर्मीमें एकान्तरूप अभिप्राय रखना एकान्त-मिथ्यादर्शन है। जैसे यह सब जग परब्रह्मरूप ही है। या सब पदार्थ अनित्य ही है या नित्य ही है। (रा वा ८/१/१८/५६४/१८), (त सा ५/४)।

ध. ८/३,६/२०/३ अत्थि चेव, णत्थि चेव, एगमेव, अणेगमेव, सावयव चेव, निरवयव चेव, णिच्चमेव, अणिच्चमेव, इच्चाइओ एयंताहि-णिवेसो एयतमिच्छत्त। =सत् ही है, असत् ही है, एक ही है, अनेक ही है, सावयव ही है, निरवयव ही है, नित्य ही है, अनित्य ही है, इत्यादिक एकान्त अभिनिवेशको एकान्त मिथ्यात्व कहते है।

स स्तो/टी ४१ स्वरूपेणेव स्वरूपेणापि सच्चमित्यादि कान्त। =स्वरूप की भाँति पररूपसे भी सत् है, ऐसा मानना एकान्त है।

२ ३६३ एकान्त-मिथ्यामत निर्देश

भा. पा/मू १३५ असियसय किरियवाई अक्किरियाण च होइ चुलसीदी। सत्तट्ठी अण्णाणी वेणैया होति बत्तीसा।१३५।=क्रियावादियोके १८०, अक्रियावादियोके ८४, अज्ञानवादियोके ६७, और वैनयिक वादियोके ३२ भेद है। सब मिलकर ३६३ होते है। (स सि ८/१/३७५/१० पर उद्धृत उपरोक्त गाथा), (रा वा ८/१/८/५६१/३२), (ज्ञा ४/२२ में उद्धृत दो श्लोक), (ह पु १०/४७ ४८), (गो. क/मू ८७६/१०६२), (गो जी/जी प्र ३६०/७७०)

३ एकान्त मिथ्यात्वके अनेकों भंग

रा वा/हि ८/१/५९४ (आप्तमीमासाका सार) स्वामी समन्तभद्राचार्यने आप्तपरीक्षाके अर्थ देवागम स्तोत्र (आप्त मीमासा) रच्या है। तामै सत्यार्थ आप्तका तौ स्थापन और असत्यार्थका निराकरणके निमित्त दस पक्ष स्थाप्ये है—१ अस्ति-नास्ति, २ एक-अनेक, ३ नित्य-अनित्य, ४ भेद-अभेद, ५ अपेक्ष-अनपेक्ष, ६ दैव-पुरुषार्थ, ७ अन्तरग-बहिरग, ८ हेतु-अहेतु, ९ अज्ञानतै बन्ध और स्तोकज्ञानसे मोक्ष, १० परकै दुख और आपकै सुख करे तो पाप—परके सुख अर आपके दुख करै तो पुण्य। ऐसे १० पक्ष विषै सप्त भग लगाय ७० भग भये। तिनिका सर्वथा एकान्त विषै दूषण दिखाये है। जाने ए कहे सो तौ आप्ताभास है, अर अनेकान्त साधै है ते दूषण रहित है। ते सर्वज्ञ वीतरागके भाषे है।

४. कुछ एकान्त दर्शनोंका निर्देश

श्वेताश्वरोपनिषद् १/२ काल स्वभावो नियतिर्यदृच्छा भूतानि योनि पुरुषश्चेति चिन्त्यम्। संयोग एषा न त्वात्मभावादात्माप्यनीश सुख-दु खहेतो।२। =आत्माको सुख-दु ख स्वय अपनेसे नहीं होते, बल्कि काल, स्वभाव, नियति, यदृच्छा, पृथिवी आदि चतुर्भूत, योनि, पुरुष व चित्त इन ६ बातोके सयोगसे होता है, क्योकि आत्मा सुख दु ख भोगनेमें स्वतत्र नहीं है।

ध ९/४,१,४५/७९/२०८ पढमो अबधयाण विदियो तेरासियाण बोद्ध-व्वो। तदियो य णियदिपक्खे हवदि चउत्थो सममयम्मि।७९। =इनमें प्रथम अधिकार अबन्धकोका, और द्वितीय त्रैराशिक अर्थात् आजीविकोका जानना चाहिए। तृतीय अधिकार नियति पक्षमें और चतुर्थ अधिकार स्वसमयमें है।

रा वा ८/१/वा./पृ. यज्ञार्थं पशव सृष्टा स्वयमेव स्वयभुवा (मनु ५/३९) २२/५६३, अग्निहोत्र जुहुयात् स्वर्गकाम (मैत्रा. ६/३६)। २७/५६४; पुरुष एवेद सर्वं यच्च भूत यच्च भव्यम् (ऋ वे. १०/९०)। २७/५६४; पक्ति १९-, एवं परोपदेशनिमित्तमिथ्यादर्शनविकल्पा अन्ये च संख्येया योज्या, उह्या, परिणामविकल्पात् असख्येयाश्च भवन्ति, अनन्ताश्च अनुभागभेदात्।२७/५६४ पक्ति १४। =यज्ञार्थ ही पशुओं-की सृष्टि स्वय स्वयभू भगवान्ने की है (मनु ५/३९), स्वर्गकी इच्छा करनेवालोको अग्निहोत्र करना चाहिए (मैत्र ६/३६), जो कुछ भी हो चुका है या होनेवाला है वह सर्व पुरुष ही है (ऋ वे. १०/९०), और इस प्रकार परोपदेशनिमित्तक-मिथ्यादर्शनके विकल्प अन्य भी सख्यात रूपसे लगा लेने चाहिए। परिणामोके भेदसे वे ही असख्यात है और अनुभागके भेदसे वे ही अनन्त है।

ध ९/४,१,४५/पृ/प सूत्रे अष्टाशीतिशतसहस्रपदै ८८००००० पूर्वोक्तसर्व-दृष्टयो निरूप्यन्ते, अबन्धक अलेपक अभोक्ता अकर्ता निर्गुण सर्व-गत अद्वैत नास्ति जीव समुदयजनित सर्वं नास्ति बाह्यार्थो नास्ति सर्वं निरात्मक सर्वं क्षणिक अक्षणिकमद्वैतमित्यादयो दर्शनभेदाश्च निरूप्यन्ते। (२०७/४) त्रयीगतमिथ्यात्वस्य ख्यापयितुमिदमाह (२०८/३) =सूत्र अधिकारमें अठासी लाख ८८००००० पदो द्वारा पूर्वोक्त सब मतोंका निरूपण किया जाता है। इसके अतिरिक्त—जीव अबन्धक है,

अलेपक है; अभोक्ता है; अकर्ता है; निर्गुण है; व्यापक है; अद्वैत है; जीव नहीं है; जीव (पृथिवी आदि चार भूतोंके) समुदायसे उत्पन्न होता है; सब नहीं है अर्थात् शून्य है; बाह्य पदार्थ नहीं है, सब निरात्मक है, सब क्षणिक हैं; सब अक्षणिक अर्थात् नित्य है; अथवा अद्वैत है; इत्यादि दर्शनभेदोंका भी इसमें निरूपण किया जाता है। यह त्रयोगत मिथ्यात्वके भेदोंका प्रतिपादक है।

गो.क. ८७७,८८७-८९३ ८९४/१०६३-१०७३; =१. कालवाद, २ ईश्वरवाद; ३. आत्मवाद; ४ नियतिवाद; ५. स्वभाववाद ।८७७।—६ अज्ञानवाद ।८८७।; ७. विनयवाद ।८८८।; ८ पौरुषवाद ।८९०।; ९. दैववाद ॥८९१॥; १०. संयोगवाद ॥८९२॥; ११. लोकवाद ॥८९३॥

गो.क./मू ८९४/१०७३ जावदिया वयणवहा तावदिया चेव होंति णयवादा। जावदिया णयवादा तावदिया चेव होंति परसमया' ।८९४। =जितने वचनके मार्ग हैं तितने ही नयवाद हैं। जितने नयवाद हैं तितने ही परसमय है।

षड्दर्शन समुच्चय २,३ दर्शनानि षडेवात्र मूलभेदव्यपेक्षया। देवता तत्त्वभेदेन ज्ञातव्यानि मनीषिभि' ॥२॥ बौद्धं नैयायिकं सांख्यं जैनं वैशेषिकं तथा। जैमिनीय च नामानि दर्शनानाममून्यहो ॥३॥ =मूल भेदोंकी अपेक्षा दर्शन छह हैं—बौद्ध, नैयायिक, सांख्य, जैन, वैशेषिक तथा जैमिनीय।

★ जैनाभासी संघ—दे. इतिहास ६।

नीतिसार/सोमदेवसूरि १ गोपुच्छक' श्वेतवासो द्राविडो यापनीय.। निःपिच्छिकश्चेति पञ्चैते जैनाभासा' प्रकीर्तिता'। =गोपुच्छक, श्वेताम्बर, द्रविड, यापनीय, निष्पिच्छ, ये पाँच जैनाभास कहे गये हैं (बो पा /टी ६/७५ पर उद्धृत); (द पा /टी. ११/११ में उद्धृत), (द.सा./पृ २४ पर उद्धृत), विशेष दे. इतिहास ५।

द सा./पृ ४१ पर उद्धृत "कष्ठासघो भुवि ख्यातो जानन्ति नृसुरासुरा'। तत्र गच्छाश्च चत्वारो राजन्ते विश्रुता क्षितौ ॥१॥ श्री नन्दितट-संज्ञश्च माथुरो बागडाभिध'। लाडबागड इत्येते विख्याता' क्षिति-मण्डले ॥२॥" (सुरेन्द्रकीर्ति)। =पृथिवीपर कष्ठासंघ विख्यात है। उसे नर, सुर व असुर सब जानते हैं। उस संघमें चार गच्छ पृथिवी पर स्थित है—१. श्रीनन्दितट, २ माथुरगच्छ, ३. बागड-गच्छ, ४. लाड-बागड़ गच्छ।

५ एकान्त मत सूची

इनका स्वरूप—दे. वह वह नाम।

नं.	नाम	मत	नं.	नाम	मत
१	अक्रियावाद	एकस्वतंत्रवाद	१४	एतिकायन	अज्ञानवादी
२	अज्ञानवाद	"	१५	ऐन्द्रदत्त	विनयवादी
३	अद्वैतवाद	"	१६	औपमन्यु	"
४	अनित्यवाद	"	१७	कणाद	असत्वादी
५	अभाववाद	"	१८	कण्व	अज्ञानवादी
६	अवक्तव्यवाद	"	१९	कपिल	सांख्यदर्शन
७	अश्वलायन	क्रियावादी	२०	काणेविद्ध	क्रियावादी
८	अस्थूण	विनयवादी	२१	कालवाद	एकस्वतत्रवाद
९	आजीवक	त्रैराशिकवाद एकस्वतंत्रदर्शन	२२	काष्ठासंघ	जैनाभास
			२३	कुथुमि	अज्ञानवादी
१०	आत्मवाद	"	२४	कौरिकल	क्रियावादी
११	ईश्वरवाद	"	२५	कौशिक	"
१२	उदयनाचार्य	वैशेषिक दर्शन	२६	गार्ग्य	अक्रियावादी
१३	उलूकमत	अक्रियावादी	२७	गौतम	असत्कार्यवाद
२८	चारित्रवाद	क्रियावाद	६४	मुण्ड	क्रियावादी
२९	चार्वाक मत	एक दर्शन	६५	मोद	अज्ञानवादी
३०	जतुकर्ण	विनयवादी	६६	मौद्गलायन	अक्रियावा.बौद्ध
३१	जैमिनी	मीमांसक	६७	याज्ञिक	एकमत
३२	तापस	विनयवादी	६८	यापनीय	जैनाभासीसंघ
३३	त्रिवर्गतवाद	एकस्वतत्रवाद	६९	योगमत	सांख्य दर्शन
३४	त्रैराशिकवाद	"	७०	रोमश	क्रियावादी
३५	दर्शनवाद	श्रद्धानवाद	७१	रोमहर्षिणी	विनयवादी
३६	दैववाद	एकस्वतंत्रवाद	७२	लोकवाद	एकवाद
३७	द्रविडसंघ	जैनाभास	७३	वल्कल	अज्ञानवादी
३८	द्रव्यवाद	सांख्यदर्शन	७४	वशिष्ठ	विनयवादी
३९	नारायण	अज्ञानवादी	७५	वसु	अज्ञानवादी
४०	नास्तिक	चार्वाक	७६	वाल्मीकि	विनयवादी
४१	नित्यवाद	एकस्वतत्रवाद	७७	विज्ञानवाद	अद्वैतवाद
४२	निमित्तवाद	परतत्रवाद	७८	विनयवाद	एकवाद
४३	नियतिवाद	एकस्वतंत्रवाद	७९	विपरीतवाद	मिथ्यात्वका एक भेद
४४	नैयायिक	एकदर्शन			
४५	पाराशर	विनयवादी	८०	वेदान्त	एक दर्शन
४६	पुरुषवाद	सांख्यमत	८१	वैयाकरणीय	वैशेषिक द.
४७	पुरुषार्थवाद	एकवाद	८२	वैशेषिक	एक दर्शन
४८	पूरण	मस्करीमत	८३	व्याघ्रभूति	अक्रियावादी
४९	पैप्पलाद	अज्ञानवादी	८४	व्यास एलापुत्र	विनयवादी
५०	प्रकृतिवाद	सांख्य द.	८५	शब्दाद्वैत	अद्वैतवाद
५१	प्रधानवाद	"	८६	शिवमत	वैशेषिक
५२	बादरायण	अज्ञानवाद	८७	शून्यवाद	बौद्ध
५३	बौद्ध	एकदर्शन	८८	श्रद्धानवाद	एकवाद
५४	ब्रह्मवाद	अद्वैतवाद	८९	संयोगवाद	"
५५	भट्टप्रभाकर	मीमांसक	९०	सत्यदत्त	विनयवादी
५६	भिल्लक	जैनाभासीसंघ	९१	सदाशिववाद	सांख्य
५७	मरीचि	क्रियावादी	९२	सम्यक्त्ववाद	श्रद्धानवाद
५८	मस्करी	अज्ञानवादी	९३	सांख्य	एक दर्शन
५९	माठर	अक्रियावादी	९४	स्वतंत्रवाद	एक वाद
६०	माण्डलीक	क्रियावादी	९५	स्वभाववाद	"
६१	माथुर	जैनाभासीस घ	९६	हरिश्मश्रु	क्रियावादी
६२	मध्यन्दिन	अज्ञानवादी	९७	हारित	"
६३	मीमांसा	एकदर्शन			

एकान्तानुवृद्धि—१. एकान्तानुवृद्धि योग-स्थान—दे. योग ५; २. एकान्तानुवृद्धि संयम व संयमासंयम लब्धि स्थान—दे लब्धि ५।

एकांतिक—प्र सा./ता वृ. ५१/७७ एकांतिकम् नियमेनेति। =एकान्तिक अर्थात् नियमसे।

एकाग्रचितानिरोध—स सि ९/२७/४४४/६ अग्रं मुखम्। एकमग्रमस्येत्येकाग्र'। नानार्थावलम्बनेन चिन्ता परिस्पन्दवती, तस्या अन्यार्थेभ्यो व्यावर्त्य एकस्मिन्नग्रे नियम एकाग्रचिन्तानिरोध इत्युच्यते। =अग्र' पदका अर्थ मुख है। जिसका एक अग्र होता है वह एकाग्र कहलाता है। नाना पदार्थोंका अवलम्बन लेनेसे चिन्ता परिस्पन्दवती होती है। उसे अन्य अशेष मुखोंसे लौटाकर एक अग्र अर्थात् एक विषयमें नियमित करना एकाग्रचिन्तानिरोध कहलाता है। (चा.सा.१६६/६); (प्र सा /त.प्र १९१); (त. अनु. ५७)।

रा.वा.९/२७/४-७/६२५/२५(१) अत्र अग्रं मुखमित्यर्थः ।३। अन्तःकरणस्य वृत्तिरर्थेषु चिंतेत्युच्यते ॥४॥...गमनभोजनशयनाध्ययनादिषु क्रियाविशेषेषु अनियमेन वर्तमानस्य एकस्याः क्रियायाः कर्तृत्वेनावस्थानं निरोध इत्यवगम्यते। एकमग्रं मुखं यस्य सोऽयमेकाग्रः, चिन्तायाः निरोधः चिन्तानिरोधः, एकाग्रे चिन्तानिरोध एकाग्रचिन्तानिरोधः। कुतः पुनरसौ एकाग्रत्वेन चिन्तानिरोध ॥५॥ यथा प्रदीपशिखा निराबाधे प्रज्वलिता न परिस्पन्दते तथा निराकुले देशे वीर्यविशेषादवरुध्यमाना चिन्ता विना व्याक्षेपेण एकाग्रेणावतिष्ठते ॥६॥ (२) अथवा अङ्ग्यते इत्यग्रः अर्थ इत्यर्थः, एकमग्रं एकाग्रम्, एकाग्रे चिन्तायाः निरोधः एकाग्रचिन्तानिरोधः। योगविभागान्मयूरव्यंसकादित्वाद्वा वृत्तिः। एकस्मिन् द्रव्यपरमाणौ भावपरमाणौ वाऽर्थे चिन्तानियम इत्यर्थः ॥७॥

रा.वा. ९/२७/२०-२१/६२७/१ (३) अथवा, प्राधान्यवचने एकशब्द इह गृह्यते, प्रधानस्य पुंस आभिमुख्येन चिन्तानिरोध इत्यर्थः, अस्मिन्पक्षेऽर्थो गृहीत ॥२०॥ (४) अथवा अङ्गतीत्यग्रमात्मेत्यर्थः। द्रव्यार्थतयैकस्मिन्नात्मन्यग्रे चिन्तानिरोधो ध्यानम्, ततः स्ववृत्तित्वात् बाह्यध्येयप्राधान्यापेक्षा निवर्तिता भवति ॥२१॥ =१ अग्र अर्थात् मुख, लक्ष्य। चिन्ता—अन्तःकरण व्यापार। गमन, भोजन, शयन और अध्ययन आदि विविध क्रियाओंमें भटकनेवाली चित्तवृत्तिका एक क्रियामें रोक देना निरोध है। जिस प्रकार वायुरहित प्रदेशमें दीपशिखा अपरिस्पन्द-स्थिर रहती है उसी तरह निराकुल देशमें एक लक्ष्यमें बुद्धि और शक्तिपूर्वक रोकी गयी चित्तवृत्ति बिना व्याक्षेपके वहीं स्थिर रहती है, अन्यत्र नहीं भटकती। (चा सा. १६६/६); (प्र सा./त प्र १६६); (त अनु.६३-६४);। २. अथवा अग्र शब्द 'अर्थ' (पदार्थ) वाची है, अर्थात् एक द्रव्यपरमाणु या भावपरमाणु या अन्य किसी अर्थमें चित्तवृत्तिको केन्द्रित करना ध्यान है। ३ अथवा, अग्र शब्द प्राधान्यवाची है, अर्थात् प्रधान आत्माको लक्ष्य बनाकर चिन्ताका निरोध करना। (त अनु. ५७ ५८)। ४ अथवा, 'अङ्गतीति अग्रम् आत्मा' इस व्युत्पत्तिमें द्रव्यरूपसे एक आत्माको लक्ष्य बनाना इष्ट ही है। ध्यान स्ववृत्ति होता है, इसमें बाह्य चिन्ताओंसे निवृत्ति होती है। (भ.आ./वि. १६६६/१५२१/१६), (त अनु ६२-६५); (भा.पा./टी.७८/२२६/१)।

त. अनु. ६०-६१ प्रत्याहृत्य यदा चिन्तां नानालम्बनवर्त्तिनीम्। एकालम्बन एवैनां निरुणद्धि विशुद्धधीः ॥६०॥ तदास्य योगिनो योगश्चिन्तैकाग्रनिरोधनम्। प्रसंख्यान समाधिः स्याद्ध्यानं स्वेष्टफलप्रदम् ॥६१॥ =जब विशुद्ध बुद्धिका धारक योगी नाना अवलम्बनोंमें वर्तनेवाली चिन्ताको खींचकर उसे एक आलम्बनमें ही स्थिर करता है – अन्यत्र जाने नहीं देता – तब उस योगीके 'चिन्ता का एकाग्र निरोधन' नामका योग होता है, जिसे प्रसंख्यान, समाधि और ध्यान भी कहते है और वह अपने इष्ट फलका प्रदान करनेवाला होता है। (पं. वि ४/६४)।—दे ध्यान १/२—अन्य विषयोंकी अपेक्षा असत् है पर स्वविषयकी अपेक्षा सत्।

★ **एकाग्र चिन्तानिरोधके अपर नाम**—दे मोक्षमार्ग २/५।

एकानंत—(ज.प./प्र. १०५) Unidirectional finite.

एकावली यष्टि—जो लड़ी केवल मोतियोंसे बनाई जाती है, उसे सूत्र भी कहते है। (आ.पृ ५६३) —दे बृ जै.शब्दा द्वि खंड।

एकावली व्रत—

१. बृहद् विधि

कुल समय=१ वर्ष; कुल उपवास=८४। विधि=एक वर्ष तक निरंतर प्रतिमासकी शुक्ल. १, ५, ८, १४ तथा कृष्ण ४, ८, १४ इन सात तिथियोंमें उपवास करे। इस प्रकार १२ महीनोंके ८४ उपवास करे। —जाप्य मन्त्र—नमस्कार मन्त्रका त्रिकाल जाप्य करे। (किशन सिंह क्रियाकोश), (व्रतविधान संग्रह पृ. ७६)

२ लघु विधि

हरि पु. ३४/६७—कुल समय=४८ दिन, कुल उपवास=२४; कुल पारणा =२४। विधि—किसी भी दिनसे प्रारम्भ करके १ उपवास १ पारणाके क्रमसे २४ उपवास पूरे करे। जाप्य मन्त्र=नमस्कार मन्त्रका त्रिकाल जाप्य करे (व्रतविधान संग्रह ७७)।

एकासंख्यात—दे. असंख्यात।

एकीभावस्तोत्र—आचार्य वादिराज सूरि (ई. १०१०–१०६५) द्वारा २६ संस्कृत छन्दोंमे रचित एक भक्तिपूर्ण आध्यात्मिक स्तोत्र, जिसमे रचयिताने अपना कुष्ठरोग शान्त किया था। (ती. ३/१०३)

एकेन्द्रिय—वे संसारी जीव जिनके एक स्पर्श इन्द्रिय मात्र हो जैसे पृथ्वीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक, वनस्पतिकायिक इन पाँचोंमें जबतक जीव रहता है तबतक वे सचित्त, फिर जीव निकल जानेपर ये अचित्त कहलाते हैं। एकेन्द्रिय जीव छूकरके जानते हैं व इसीसे काम करते है। इनके स्पर्शइंद्रिय, शरीरबल, आयु, श्वासोच्छ्वास ऐसे चार प्राण होते है।

—दे बृ. जैन शब्दा. द्वि. खंड।

एकेन्द्रियजाति—नामकर्मकी एक प्रकृति—दे. जाति (नामकर्म) १

एकेन्द्रिय जीव—दे इन्द्रिय ४।

एकेन्द्रिय भेद—एकेंद्रिय जीवोंके ४२ भेद हैं—पृथ्वी, जल, तेज, वायु, नित्य निगोद, साधारण वनस्पति, इतर निगोद, सा व.। इन छ के सूक्ष्म व बादरकी अपेक्षा १२ भेद हुए। प्रत्येक वनस्पति सप्रतिष्ठित और अप्रतिष्ठित भेदसे दो प्रकार। ऐसे १४ प्रकार हर एक पर्याप्त, निर्वृत्यपर्याप्त व लब्ध्य पर्याप्त इस तरह ४२ भेद हुए। (जै सि प्र ५४-५७) —दे बृ. जै शब्दा. द्वि. खंड।

एतिकायन—एक अज्ञानवादी - दे. अज्ञानवाद।

एर—(प पु २५/५५) दशरथपुत्र रामचन्द्रजी आदिके विद्या गुरु।

एरिगित्तर गण—एक जैनाभासी संघ (दे. इतिहास ६/७)

एलाचार्य—१. उप आचार्य—दे आचार्य ३। २ कुन्दकुन्दका अपर नाम (दे. कुन्दकुन्द २) ३. तमिल वेद कुरलकाव्यके रचयिता। समय—ई श २ (कुरलकाव्य प्र./पं. गोविन्दराम)। ४. धवलाकार वीरसेन स्वामी (ई. ७७०–८२७) के समकालीन उनके शिक्षा गुरु। समय—ई श. ८–९ की सन्धि। (जै. १/२४२); (ती. २/३२०)

एलापुत्र व्यास—एक [illegible] —दे वैनयिक।

एलेय—(ह.पु १७/श्लो.नं.) [illegible] राजा दक्षका पुत्र था ॥३॥ अपनी पुत्रीके साथ व्यभिचार करनेवाले अपने पिताके कुचारित्रसे ॥१५॥ दुःखी हो अन्यत्र जाकर इलावर्धन नाम पुरि नाम नगर व माहिष्मती नामक नगरी बसायी। अन्तमें दीक्षा धारण [illegible] ॥१६-२४॥

एवंभूत नय—दे नय III/८।

एवकार—

१. एवकारके ३ भेद

ध ११/४,२,६,१७७/श्लो ७–८/३१७/१० विशेषणविशेष्याभ्यां क्रियया च सहोदितः। पार्थो धनुर्धरो नील सरोजमिति वा यथा ॥८॥ अयोगमपरैर्योगमत्यन्तायोगमेव च। व्यवच्छिनत्ति धर्मस्य निपातो व्यतिरेचकः। =निपात अर्थात् एवकार व्यतिरेचक अर्थात् निवर्तक या नियामक होता है। विशेषण, विशेष्य और क्रियाके साथ कहा गया निपात क्रमसे अयोग, अपरयोग (अन्य योग) और अत्यन्तायोगका व्यवच्छेद करता है। जैसे—'पार्थो धनुर्धर', और 'नीलं सरोजम्',

इन वाक्योंके साथ प्रयुक्त एवकार। (अर्थात् एवकार तीन प्रकारके होते हैं—अयोगव्यवच्छेदक, अन्ययोगव्यवच्छेदक और अत्यन्तायोगव्यवच्छेदक)। (स. भ. त. २५-२६)

स भ त २५/१ अयं चैवकारस्त्रिविध –अयोगव्यवच्छेदबोधक', अन्ययोगव्यवच्छेदबोधक, अत्यन्तायोगव्यवच्छेदबोधकश्च इति।=यह अवधारण वाचक एवकार तीन प्रकारका है—एक अयोगव्यवच्छेद-बोधक, दूसरा अन्ययोगव्यवच्छेदबोधक, और तीसरा अत्यन्तायोगव्यवच्छेद-बोधक।

२. अयोगव्यवच्छेद बोधक एवकार

दे 'एवकार' में ध /११ विशेषणके साथ कहा गया एवकार अयोगका अर्थात् सम्बन्धके न होनेका व्यवच्छेद या व्यावृत्ति करता है।

स भ त २५/३ तत्र विशेषणसंगतैवकारोऽयोगव्यवच्छेदबोधक, यथा शङ्ख पाण्डुर एवेति। अयोगव्यवच्छेदो नाम—उद्देश्यतावच्छेदकसमानाधिकरणाभावाप्रतियोगित्वम्। प्रकृते चोद्देश्यतावच्छेदक शङ्खत्व, शङ्खत्वावच्छिन्नमुद्दिश्य पाण्डुरत्वस्य विधानात् तथा च शङ्खत्वसमानाधिकरणो योऽत्यन्ताभाव' न तावत्पाण्डुरत्वाभाव, किन्त्वन्याभाव। =विशेषणके साथ अन्वित या प्रयुक्त एवकार तो अयोगकी निवृत्तिका बोध करानेवाला होता है, जैसे 'शङ्ख पाण्डुर एव' शङ्ख श्वेत ही होता है। इस वाक्यमें उद्देश्यतावच्छेदकके समानाधिकरणमें रहनेवाला जो अभाव उसका जो अप्रतियोगी उसको अयोग व्यवच्छेद कहते हैं। जिस वस्तुका अभाव कहा जाता है, वह वस्तु उस अभावका प्रतियोगी होता है और जिनका अभाव नहीं है वे उस अभावके अप्रतियोगी होते हैं। अब यहाँ प्रकृत प्रसंगमें उद्देश्यताका अवच्छेदक धर्म शङ्खत्व है, क्योंकि शङ्खत्व धर्मसे अवच्छिन्न जो शङ्ख है उसको उद्देश्य करके पाण्डुत्व धर्मका विधान करते हैं। तात्पर्य यह है कि उद्देश्यतावच्छेदक शंखत्व नामका धर्म शंखरूप अधिकरणमें रहता है; उसमें पाण्डुत्वका अभाव तो है नहीं क्योंकि वह तो पाण्डुवर्ण ही है। इसलिए वह उस शंखमें रहने वाले अभावका अप्रतियोगी हुआ। उसके अयोग अर्थात् असम्बन्धकी निवृत्तिका बोध करनेवाला एवकार यहाँ लगाया गया है। क्रमश —

स.भ त. २७/४ प्रकृतेऽयोगव्यवच्छेदकस्यैवकारस्य स्वीकृतत्वात्। क्रियासङ्गस्यैवकारस्यापि क्वचिदयोगव्यवच्छेदबोधकत्वदर्शनात्। यथा ज्ञानमर्थं गृह्णात्येवेत्यादौ ज्ञानत्वसमानाधिकरणात्यन्ताभावाप्रतियोगित्वस्यार्थग्राहकत्वे धात्वर्थे बोध।=प्रकृत (स्याद्वस्त्येव घट) में यद्यपि एवकार क्रियाके साथ प्रयोग किया गया है, विशेषणके साथ नहीं, परन्तु यह अयोग-व्यवच्छेदक ही स्वीकार किया गया है। कहीं-कहीं क्रियाके साथ संगत एवकार भी अयोगव्यवच्छेदबोधक अर्थमें देखा जाता है। जैसे—'ज्ञानमर्थं गृह्णात्येव' ज्ञान किसी न किसी अर्थको ग्रहण करता ही है इत्यादि उदाहरणमें उद्देश्यतावच्छेदक ज्ञानत्व धर्मके समानाधिकरणमें रहनेवाला जो अत्यन्ताभाव है उसका अप्रतियोगी जो अर्थग्राहकत्व धर्म है उसरूप धात्वर्थका बोध होता है। परन्तु सर्वथा क्रियाके साथ एवकारका प्रयोग अयोगव्यवच्छेद बोधक नहीं होता, जैसे-'ज्ञान रजतको ग्रहण करता ही है' इस उदाहरणमें, सब ही ज्ञानोंके रजतग्राहकत्वका सद्भाव न पाया जानेसे और किसी-किसी ज्ञानमें उसका सद्भाव भी होनेसे यह प्रयोग अत्यन्ताभाव व्यवच्छेद बोधक है न कि अयोग-व्यवच्छेद बोधक। (न्यायकुमुद चन्द्र/भाग २/पृ. ६९३)

३. अन्ययोगव्यवच्छेद बोधक एवकार

दे. 'एवकार' में ध. ११/ विशेष्यके साथ कहा गया एवकार अन्ययोगका व्यवच्छेद करता है; जैसे—'पार्थ ही धनुर्धर है', अर्थात् अन्य नहीं।

स.भ त. २६/१ विशेष्यसङ्गतैवकारोऽन्ययोगव्यवच्छेदबोधकः। यथा—पार्थ एव धनुर्धर इति। अन्ययोगव्यवच्छेदो नाम विशेष्याभिन्नतादात्म्यादिव्यवच्छेद। तत्रैवकारेण पार्थान्नित्तादात्म्याभावो धनुर्धरे बोध्यते। तथा च पार्थान्नित्तादात्म्याभाववद्धनुर्धराभिन्नः पार्थ इति बोध।"=विशेष्यके साथ संगत जो एवकार है वह अन्ययोगव्यवच्छेदरूप अर्थका बोध कराता है जैसे—'पार्थ एव धनुर्धर।' धनुर्धर पार्थ ही है इस उदाहरणमें एवकार अन्ययोगके व्यवच्छेदका बोधक है। इस उदाहरणमें एवकार शब्दसे पार्थसे अन्य पुरुषमें रहनेवाला जो तादात्म्य वह धनुर्धरमें बोधित होता है। अर्थात् पार्थसे अन्य व्यक्तिमें धनुर्धरत्व नहीं है, ऐसा अर्थ होता है। यहाँपर धनुर्धरत्वका पार्थसे अन्यमें सम्बन्धके व्यवच्छेदका बोधक पार्थ इस विशेष्य पदके आगे एव शब्द लगाया गया है। (न्यायकुमुदचन्द्र/भाग २/पृ. ६९३)

४. अत्यन्तायोग व्यवच्छेद बोधक एवकार

दे 'एवकार' में ध ११ क्रियाके साथ कहा गया एवकार अत्यन्तायोगका व्यवच्छेद करता है। सरोज नील होता ही है।

स भ त २६/४ क्रियासङ्गतैवकारोऽत्यन्तायोगव्यवच्छेदबोधक, यथा नील सरोज भवत्येवेति। अत्यन्तायोगव्यवच्छेदो नाम—उद्देश्यतावच्छेदकव्यापकाभावाप्रतियोगित्वम्। प्रकृते चोद्देश्यतावच्छेदकं सरोजत्वम्, तद्धर्मावच्छिन्ने नीलाभेदरूपधात्वर्थस्य विधानात्। सरोजत्वव्यापको योऽत्यन्ताभाव तान्नीलाभेदाभाव, कस्मिंश्चित्सरोजे नीलाभेदस्यापि सत्त्वात्, अपि त्वन्याभाव, तदप्रतियोगित्व नीलाभेदे वर्तते इति सरोजत्वव्यापकात्यन्ताभावाप्रतियोगिनीलाभेदवत्सरोजवर्तित्वयुक्तस्थले बोध। =क्रियाके संगत जो एवकार है वह अत्यन्त अयोगके व्यवच्छेदका बोधक है। जैसे—'नील सरोज भवत्येव' कमल नील होता ही है। उद्देश्यता-अवच्छेदक धर्मका व्यापक जो अभाव उस अभावका जो अप्रतियोगी उसको अत्यन्तायोगव्यवच्छेद कहते हैं। उपरोक्त उदाहरणमें उद्देश्यतावच्छेदक धर्म सरोजत्व है, क्योंकि उसीसे अवच्छिन्न कमलको उद्देश्य करके नीलत्वका विधान है। सरोजत्वका व्यापक जो अभाव है वह नीलके अभेदका अभाव नहीं हो सकता क्योंकि किसीमें किसी सरोजमें नीलका अभेद भी है। अत नीलके अभेदका अभाव सरोजत्वका व्यापक नहीं है, किन्तु अन्य घटादिक पदार्थोंका ज्ञान सरोजत्वका व्यापक है। उस अभावकी प्रतियोगिता घट आदिमें है और अप्रतियोगिता नीलके अभेदमें है। इस रीतिसे सरोजत्वका व्यापक जो अत्यन्ताभाव उस अभावका अप्रतियोगी जो नीलाभेद उस अभेद सहित सरोज है ऐसा इस स्थानमें अर्थ होता है (भावार्थ यह है कि जहाँपर अभेद रहेगा वहाँपर अभेदका अभाव नहीं रह सकता। इसलिए सरोजत्व व्यापक अत्यन्ताभावका अप्रतियोगी नीलका अभेद हुआ और उस नीलके अभेदसे युक्त सरोज है, ऐसा अर्थ है। न्यायकुमुदचन्द्र/भाग २/पृ. ६९३)

★ एवकार पदकी सम्यक् व मिथ्या प्रयोगविधि —दे एकान्त २

एशान—१. कल्पवासी देवोंका एक भेद—दे. स्वर्ग १। २ इन देवों का लोकमें अवस्थान—दे स्वर्ग ५। ३ विजयार्धकी उत्तर श्रेणीका एक नगर—दे विद्याधर।

एषणा—ध १३/५,४ २६/५५/२ किमेसणं, असण-पाण खादिय-सादियं।=प्रश्न—ऐषणा किसे कहते हैं? उत्तर—अशन, पान, खाद्य और स्वाद्य इनका नाम एषणा है। २ आहारका एक दोष—दे आहार II/४। ३ वस्तिकाका एकदोष—दे वसतिका'। ४. आहार सम्बन्धी विषय—दे आहार। ५ लोकेषणा—दे राग ४।

एषणा-शुद्धि—दे शुद्धि।

एषणा-समिति—दे. समिति १।

एसोदस व्रत—कुल समय—६५० दिन, कुल उपवास—५५०, कुल पारणा—१००। विधि—पहले एक वृद्धि क्रमसे १ से लेकर १० उपवास तक करे। फिर एक हानि क्रमसे १० से लेकर १ उपवास तक करे बीचमें एक एक पारणा करे। यन्त्र—१ उपवास, १ पारणा, २ उपवास, एक पारणा, ३ उपवास, एक पारणा, इसी प्रकार ४-१, ५-१; ६-१; ७-१, ८-१; ९-१; १०-१ – १०-१, ९-१, ८-१, ७-१ ६-१; ५-१, ४-१, ३-१; २-१, १ यह सर्वविधि दस बार करनी (वर्धमान पु.), (व्रतविधान सं. पृ. १००)।

एसोनव—कुल समय—४८५ दिन, कुल उपवास—४०५, कुल पारणा—८१, विधि—उपरोक्त एसोदसव्रत ही है। अन्तर इतना है कि वृद्धि व हानि क्रम १-९ व ९-१ तक जानना। तथा १० की बजाय ९ बार दुहराना। जाप्य मन्त्र—नमोकार मन्त्रका तीन बार जाप्य करना। (वर्द्धमान पुराण)।' (व्रतविधान संग्रह/पृ. ११)

[ऐ]

ऐतिह्य—इतिहासका एकार्थवाची=दे. इतिहास १।

ऐरावत—१ शिखरी पर्वतका एक कूट व उसका स्वामी देव—दे. लोक ५/४, २. पद्म ह्रदके वनमें स्थित एक कूट-दे लोक ५/७, ३ उत्तर-कुरुके दस ह्रदोंमें-से दो ह्रद—दे. लोक ५/६।

ऐरावत क्षेत्र—रा.वा. ३/१०/२०/१८१/२६ रक्तारक्तोदयो बहुमध्य-देशभाविनो अयोध्या नाम नगरी। तस्यामुत्पन्न ऐरावतो नाम राजा। तत्परिपालत्वाज्जनपदस्यैरावताभिधानम्। =रक्ता तथा रक्तोदा नदियोंके बीच अयोध्या नगरी है। इसमें एक ऐरावत नामका राजा हुआ है। उसके द्वारा परिपालित होनेके कारण इस क्षेत्रका नाम ऐरावत पड़ा है। ऐरावत क्षेत्रका लोकमें अवस्थानादि—दे. लोक ३,३।

★ **ऐरावत क्षेत्रमें काल परिवर्तन आदि**—दे 'भरत क्षेत्र'।

ऐरावत हाथी—ति. प. ८/२७८-२८४ सक्कदुगम्मि य वाहणदेवा एरावदणाम हत्थि कुव्वंति। विक्किरियाओ लक्ख उच्छेह जोयणा दोहे ॥२७८॥ एदाणं बत्तीसं होंति मुहा दिव्वरयणदामजुदा। पुह रुणंति किंकिणिकोलाहलसद्दकयसोहा ॥२७९॥ एक्केक्कमुहे चचल-चंचुज्जलचमरचारुरूवम्मि। चत्तारि होंति दंता धवला वररयणभर-खचिदा ॥२८०॥ एक्केक्कम्मि विसाणे एक्केक्कसरोवरो विमलवारी। एक्केक्कसरोवरम्मि य एक्केक्क कमलवणसंडा ॥२८१॥ एक्केक्ककमलसंडे बत्तीस विकस्सरा महापउमा। एक्केक्क महापउम एक्केक्क जोयणं पमाणेण ॥२८२॥ वरकंचणकयसोहा वरपउमा सुरविकुव्वणबलेण। एक्केक्क महापउमे णाडयसाला य एक्केक्का ॥२८३॥ एक्केक्काए तीए बत्तीस वरच्छरा पणच्चंति। एवं सत्ताणीया णिद्दिट्ठा वारसिदाणं ॥२८४॥ —सौधर्म और ईशान इन्द्रके वाहन देव विक्रियासे एक लाख उत्सेध योजन प्रमाण दीर्घ ऐरावत नामक हाथीको करते हैं ॥२७८॥ इनके दिव्य रत्नमालाओंसे युक्त बत्तीस मुख होते हैं जो घण्टिकाओं-के कोलाहल शब्दसे शोभायमान होते हुए पृथक् पृथक् शब्द करते हैं ॥२७९॥ चञ्चल एवं चन्द्रके समान उज्ज्वल चमरोंसे सुन्दर रूपवाले एक-एक मुखमें रत्नोंके समूहसे खचित धवल चार दाँत होते हैं ॥२८०॥ एक-एक हाथी दाँतपर निर्मल जलसे युक्त एक-एक उत्तम सरोवर होता है। एक-एक सरोवरमें एक-एक उत्तम कमल वनखण्ड होता है ॥२८१॥ एक-एक कमलखण्डमें विकसित ३२ महापद्म होते हैं। और एक-एक महापद्म एक-एक योजन प्रमाण होता है ॥२८२॥ देवोंके विक्रिया बलसे वे उत्तम कमल उत्तम सुवर्णसे शोभायमान होते हैं। एक-एक महा-पद्मपर एक-एक नाट्यशाला होती है ॥२८३॥ उस एक-एक नाट्य-शालामें उत्तम बत्तीस-बत्तीस अप्सराएँ नृत्य करती हैं ॥२८४॥ (म पु. १२/३२-५६), (ज.प ४/२५३-२६१)

ऐलक—वसु श्रा. ३०१, ३११ एयारसम्मि ठाणे उक्किट्ठो सावओ हवे दुविहो। वत्थेक्कधरो पढमो कावीणपरिग्गहो बिदिओ ॥३०१॥ एमेव हवइ विदिओ णवरि विसेसो कुणिज्ज णियमेण। लोचधरिज्ज पिच्छं भुंजिज्जो पाणिपत्तम्मि ॥३११॥ =ग्यारहवें प्रतिमा स्थानमें गया हुआ मनुष्य उत्कृष्ट श्रावक कहलाता है। उसके दो भेद हैं—प्रथम एक वस्त्रका रखनेवाला और दूसरा कोपीनमात्र परिग्रहवाला ॥३०१॥ प्रथम उत्कृष्ट श्रावक (क्षुल्लक) के समान ही द्वितीय उत्कृष्ट श्रावक होता है। केवल विशेष यह है कि उसे नियमसे केशोंका लौंच करना चाहिए, पीछी रखना चाहिए और पाणिपात्रमें खाना चाहिए ॥३११॥ (सा.ध ७/४८-४९)

ला सं ७/५५-६२ उत्कृष्ट श्रावको द्वेधा क्षुल्लकश्चैलकस्तथा—एकादश-व्रतस्थौ द्वौ स्तो द्वौ निर्जरकौ क्रमात् ।५५। तत्रैलक स गृह्णाति वस्त्र कौपीनमात्रकम्। लोच श्मश्रुशिरोलोम्नां पिच्छिका च कमण्डलुम्। ।५६। पुस्तकाद्युपधिश्चैव सर्वसाधारणं यथा। सूक्ष्म चापि न गृह्णो-यादोषत्सावद्यकारणम् ।५७ कौपीनोपधिमात्रत्वाद् विना वाच्यमी क्रिया। विद्यते चैलकस्यास्य दुर्धरं व्रतधारणम् ।५८। तिष्ठेच्चै-त्यालये संघे वने वा मुनिसन्निधौ। निरवद्ये यथास्थाने शुद्धे शून्य-मठादिषु ।५९। पूर्वोदितक्रमेणैव कृतकर्मविधावनात्। ईषन्मध्याह्नकाले च भोजनार्थं मटेत्पुरे ।६०। ईर्यासमितिसंशुद्ध पर्यटेद्गृहसंख्यया। द्वाभ्यां पात्रस्थानीयाभ्या हस्ताभ्यां परमशनुयात् ।६१। दद्याद्धर्मो-पदेशं च निर्व्याज मुक्तिसाधनम्। तपो द्वादशधा कुर्यात्प्रायश्चि-त्तादि वाचरेत् ।६२। =उत्कृष्ट श्रावक दो प्रकारका होता है—एक क्षुल्लक और दूसरा ऐलक। इन दोनोंके कर्मकी निर्जरा उत्तरोत्तर अधिक अधिक होती रहती है ।५५। ऐलक केवल कौपीनमात्र वस्त्रको धारण करता है। दाढ़ी, मूँछ और मस्तकके बालोंका लोच करता है और पीछी कमण्डलु धारण करता है ।५६। इसके सिवाय सर्व साधारण पुस्तक आदि धर्मोपकरणोंको भी धारण करता है। परन्तु ईषत् सावद्यके भी कारणभूत पदार्थोंको लेशमात्र भी अपने पास नहीं रखता है ।५७। कौपीन मात्र उपधिके अतिरिक्त उसकी समस्त क्रियाएँ मुनियोंके समान होती हैं तथा मुनियोंके समान ही वह अत्यन्त कठिन-कठिन व्रतोंको पालन करता है ।५८। यह या तो किसी चैत्यालयमें रहता है, या मुनियोंके संघमें रहता है अथवा किसी मुनिराजके समीप वनमें रहता है अथवा किसी भी सूने मठमें वा अन्य किसी भी निर्दोष और शुद्ध-स्थानमें रहता है ।५९। पूर्वोक्त क्रमसे समस्त क्रियाएँ करता है तथा दोपहरसे कुछ समय पहले सावधान होकर नगरमें जाता है ।६०। ईर्यासमितिसे जाता है तथा घरोंकी संख्याका नियम भी लेकर जाता है। पात्रस्थानीय अपने हाथोंमें ही आहार लेता है ।६१। बिना किसी छल-कपटके मोक्षका कारणभूत धर्मोपदेश देता है। तथा बारह प्रकारका तपश्चरण पालन करता है। कदाचित् व्रतादिमें दोष लग जानेपर प्रायश्चित्त लेता है ।६२।

२. ऐलक पद व शब्दका इतिहास

वसु श्रा./प्र. ६३/१८/H L Jain इस 'ऐलक' पदके मूल रूपकी ओर गम्भीर दृष्टिपात करनेपर यह भ. महावीरसे भी प्राचीन प्रतीत होता है। भगवती आराधना, मूलाचार आदि सभी प्राचीन ग्रन्थोंमें दिगम्बर साधुओंके लिए अचेलक पदका व्यवहार हुआ है। पर भग-

वान् महावीरके समयसे अचेलक साधुओके लिए नग्न, निर्ग्रन्थ और दिगम्बर शब्दोका प्रयोग बहुलतासे होने लगा। स्वयं बौद्ध ग्रन्थोमें जैन-साधुओके लिए 'निग्गंठ' या 'णिगंठ' नामका प्रयोग किया गया है, जिसका कि अर्थ निर्ग्रन्थ है। अभीतक नञ् समासका अर्थ प्रतिषेधपरक अर्थात् 'न+चेलक =अचेलक' अर्थ लिया जाता था। पर जब नग्न साधुओको स्पष्ट रूपसे दिगम्बर व निर्ग्रन्थ आदि रूपसे व्यवहार होने लगा तब नञ् समासके ईषत् अर्थका आश्रय लेकर 'ईषत्+चेलक =अचेलक' का व्यवहार प्रारम्भ हुआ प्रतीत होता है। जिसका कि अर्थ नाममात्रका वस्त्र धारण करनेवाला होता है। ग्यारहवी-बारहवी शताब्दीसे प्राकृतके स्थानपर अपभ्रंश भाषाका प्रचार प्रारम्भ हुआ और अनेक शब्द सर्वसाधारणके व्यवहारमे कुछ भ्रष्ट रूपसे प्रचलित हुए। इसी समयके मध्य 'अचेलक' का स्थान 'ऐलक' पदने ले लिया। जो कि प्राकृत व्याकरणके नियमसे भी सुसग बैठ जाता है। क्योकि, प्राकृतमें 'क,-ग-च-ज त-द-प-य-वा प्रायो लुक्' (हैम प्रा. १, १७७) इस नियमके अनुसार 'अचेलक' के चकारका लोप हो जानेसे 'अ, ए, ल, क' पद अवशिष्ट रहता है। यही (अ+ए=ऐ) सन्धिके योगसे 'ऐलक' बन गया। उक्त विवेचनसे यह बात भलीभाँति सिद्ध हो जाती है कि 'ऐलक' पद भले ही अर्वाचीन हो, पर उसका मूल रूप 'अचेलक' शब्द बहुत प्राचीन है। इस प्रकार ऐलक शब्दका अर्थ नाममात्रका वस्त्रधारक अचेलक होता है, और इसकी पुष्टि आ समन्तभद्रके द्वारा ग्यारहवी प्रतिमाधारीके लिए दिये गये 'चेलखण्डधर' (वस्त्रका एक खण्ड धारण करनेवाला) पदसे भी होती है।

★ क्षुल्लक व ऐलकमे अन्तर तथा इन दोनो भेदोका इतिहास व समन्वय—दे. क्षुल्लक २।

★ उद्दिष्ट त्याग सम्बन्धी—दे उद्दिष्ट।

ऐश्वर्य मद—दे मद।

ऐहिक फलानपेक्षा—दातारका पहला गुण कि वह इस लोकके फलकी इच्छा न करे कि मुझे धन, पुत्र व यश हो। (पु श्लो. १६६)
—दे. बृ. जै. शब्दा द्वि खंड

[आ]

ओघ—गुणस्थान जो १४ होते है। (गो. जी /गा. ३)
—दे.बृ जै. शब्दा. द्वि. खंड।

ध १/१,१,८/१६०/२ ओघेन सामान्येनाभेदेन प्ररूपणमेकः। =ओघ, सामान्य या अभेदसे निरूपण करना पहली ओघप्ररूपणा है।

ध. ३/१,२,१/६/२ ओघं वृन्दं समूह संपात' समुदय' पिण्ड' अविशेष' अभिन्न सामान्यमिति पर्यायशब्दा। गत्यादि मार्गणस्थानैरविशेषितानां चतुर्दशगुणस्थानाना प्रमाणप्ररूपणमोघनिर्देश'। =ओघ, वृन्द, समूह, सपात, समुदय, पिण्ड, अविशेष, अभिन्न और सामान्य ये सब पर्यायवाची शब्द है। इस ओघनिर्देशका प्रकृतमें स्पष्टीकरण इस प्रकार हुआ कि गत्यादि मार्गणा स्थानोसे विशेषताको नहीं प्राप्त हुए केवल चौदहो गुणस्थानोके अर्थात् चौदहों गुणस्थानवर्ती जीवोके प्रमाणका प्ररूपणा करना ओघनिर्देश है।

गो जी./मू. ३/२३ सखेओ ओघोत्ति य गुणसण्णा सा च मोहजोगभवा। वित्थारादेसोत्ति य मग्गणसण्णा सकम्मभवा।३। =संक्षेप तथा ओघ ऐसी गुणस्थानकी संज्ञा अनादिनिधन ऋषिप्रणीत मार्गविषै रूढ है। बहुरि सो सज्ञा 'मोहयोगभवा' कहिए दर्शन व चारित्र मोह वा मन वचन काय योग तिनिकरि उपजी है। बहुरि तैसे ही विस्तार आदेश ऐसी मार्गणास्थानको सज्ञा है। सो अपने-अपने कारणभूत कर्मके उदयतै हो है।

ओघालोचना—दे आलोचना १।

ओज—शरीरमें शुक्र नामकी धातुका नाम तथा औदारिक शरीरमें इसका प्रमाण—दे औदारिक १/७।

ध १०/४,२,४,३/२३/१ जो रासी चदुहि अवहिरिज्जमाणो दोरूवरगो होदि सो बादरजुम्म। जो एगरूवो सो कलियोजो। जो तिरूवो सो तेजोजो। उक्त च—चोद्दस बादरजुम्म सोलस कदजुम्ममेत्थ कलियोजो। तेरस तेजोजो खलु पण्णरसेवं खु विण्णेया।३। =जिस राशिको चारसे अवहृत (भाग) करनेपर दो रूप शेष रहते है वह बादरयुग्म कही जाती है। जिसको चारसे अवहृत करनेपर एक अंश शेष रहता है वह कलिओज-राशि है। और जिसको चारसे अवहृत करनेपर तीन अंश शेष रहते है वह तेजोज-राशि है। कहा भी है—यहाँ चौदहको बादरयुग्म, सोलहको कृतयुग्म, तेरहको कलिओज और पन्द्रहको तेजोज राशि जानना चाहिए। (क्योकि १४=(४×३)+२, १६=(४×४)+०; १३=(४×३)+१; १५=(४×३)+३.)।

ओजाहार—दे. आहार I/१।

ओद्दावण—ध १३/५,४,२२/४६/११ जीवस्य उपद्रवण ओद्दावणं णाम =जीवका उपद्रवण करना ओद्दावरण कहलाता है।

ओम्—

१ पंच परमेष्ठीके अर्थमे

द्र. सं./टी ४६/२०७/११ 'ओ' एकाक्षर पञ्चपरमेष्ठिनामादिपदम्। तत्कथमिति चेत् "अरिहता असरीरा आयरिया तह उवज्झया मुणिणा। पढमक्खरणिप्पण्णो ओंकारो पच परमेट्ठी।६।" इति गाथाकथितप्रथमाक्षराणां 'समान सवर्णे दीर्घीभवति' 'परश्च लोपम्' 'उवर्णे ओ' इति स्वरसन्धिविधानेन ओ शब्दो निष्पद्यते। =ओ यह एक अक्षर पाँचो परमेष्ठियोके आदि पदस्वरूप है। प्रश्न—'ओ' यह परमेष्ठियोके आदि पदरूप कैसे है? उत्तर—अरहंतका प्रथम अक्षर 'अ', सिद्ध यानि अशरीरीका प्रथम अक्षर 'अ', आचार्यका प्रथम अक्षर 'आ', उपाध्यायका प्रथम अक्षर 'उ', साधु यानि मुनिका प्रथम अक्षर 'म्' इस प्रकार इन पाँचो परमेष्ठियोके प्रथम अक्षरोसे सिद्ध जो ओकार है वही पच परमेष्ठियोके समान है। इस प्रकार गाथामें कहे हुए जो प्रथम अक्षर (अ अ आ उ म्) है। इनमें पहले 'समानः सवर्णे दीर्घीभवति' इस सूत्रसे 'अ अ' मिलकर दीर्घ 'आ' बनाकर 'परश्च लोपम्' इससे अक्षर 'आ' का लोप करके अ अ आ इन तीनोके स्थानमें एक 'आ' सिद्ध किया। फिर 'उवर्णे ओ' इस सूत्रसे 'आ उ' के स्थानमें 'ओ' बनाया। ऐसे स्वरसन्धि करनेसे 'ओम्' यह शब्द सिद्ध होता है।

२. पर ब्रह्मके अर्थमे

वैदिक साहित्यमे अ+उ+म् इस प्रकार अढाई मात्रासे निष्पन्न यह पद सर्वोपरि व सर्वस्व माना गया है। सृष्टिका कारण शब्द है और शब्दोंकी जननी मातृकाओ (क ख आदि) का मूल होनेसे यह सर्व सृष्टिका मूल है। अत परब्रह्मस्वरूप है।

३. भगवद्वाणीके अर्थमे

उपरोक्त कारणसे ही अर्हन्त वाणीको जो कि ओंकार ध्वनि मात्र है, सर्व भाषामयी माना गया है (दे दिव्यध्वनि)।

प्रणवमंत्र—पदस्थ ध्यानमें इस मंत्रको दो भौहोके बीचमें व अन्यत्र विराजमान करके ध्यान किया जाता है।—दे बृ जै शब्द, द्वि खण्ड।

४. तीन लोकके अर्थमें

अ=अधोलोक, उ=ऊर्ध्वलोक और म=मध्यलोक। इस प्रकारकी व्याख्याके द्वारा वैदिक साहित्यमें इसे तीन लोकका प्रतीक माना गया है।

जैनाम्नायके अनुसार भी ॐकार त्रिलोकाकार घटित होता है। आगममें तीन लोकका आकार चित्र जैसा है, अर्थात् तीन वातवलयोंसे वेष्टित पुरुषाकार, जिसके ललाटपर अर्द्धचन्द्राकारमें बिन्दुरूप सिद्धलोक शोभित होता है। बीचोबीच हाथीके सूंडवत् त्रसनाली है। यदि उसी आकारको जल्दीसे लिखनेमें आवे तो ऐसा लिखा जाता है। इसीको कलापूर्ण बना दिया जाये तो 'ॐ' ऐसा ओंकार त्रिलोकका प्रतिनिधि स्वयं सिद्ध हो जाता है। यही कारण है कि भेदभावसे रहित भारतके सर्व ही धर्म इसको समान रूपसे उपास्य मानते हैं।



'ॐ'

५ प्रदेशापचयके अर्थमें

ध. १०/४,२,४,३/२३/६ सिया ओमा, कयाइं पदेसाणमवचयदंसणादो। =(ज्ञानावरणकर्मका द्रव्य) स्यात् 'ओम्' है, क्योंकि कदाचित् प्रदेशोंका अपचय देखा जाता है।

६. नो ओम् नो विशिष्ट

ध १०/४,२,४,३/२३/७ सिया णोमणोविसिट्ठापदेक्कं पदावयवे णिरुद्धे हाणीणमभावादो। =(ज्ञानावरणका द्रव्य) स्यात् नो ओम् नोविशिष्ट है; क्योंकि, प्रत्येक पदभेदकी विवक्षा होनेपर वृद्धि-हानि नहीं देखी जाती है।

७ ओंकार मुद्रा

अनामिका, कनिष्ठा और अंगूठेसे नाक पकडना। (क्रियामंत्र पृ ८७ नोट) —दे वृ जै शब्द द्वि. खंड।

ओलिक—मध्य-आर्य-खण्डका एक देश —दे मनुष्य ४।

[औ]

औंड्र—भरतक्षेत्र आर्य खण्डका एक देश—दे मनुष्य ४।

औदयिक भाव—दे. उदय ६।

औदारिक—तिर्यंच व मनुष्योंके इस इन्द्रिय गोचर स्थूल शरीरको औदारिक शरीर कहते हैं और इसके निमित्तसे होनेवाला आत्मप्रदेशोंका परिस्पन्दन औदारिक-काययोग कहलाता है। शरीर धारण के प्रथम तीन समयोंमें जब तक इस शरीरकी पर्याप्ति पूर्ण नहीं हो जाती तब तक इसके साथ कार्मणशरीरको प्रधानता रहनेके कारण शरीर व योग दोनों मिश्र कहलाते हैं।

१ औदारिक शरीर निर्देश

१ औदारिक शरीरका लक्षण
२ औदारिक शरीरके भेद
★ पाँचों शरीरोंकी उत्तरोत्तर सूक्ष्मता —दे शरीर १
★ औदारिक शरीरोंकी अवगाहना —दे अवगाहना
★ महामत्स्यका विशाल शरीर —दे. समूर्च्छन
★ प्रत्येक व साधारण शरीर —दे वनस्पति
३ औदारिक शरीरका स्वामित्व
★ पाँचों शरीरोंके स्वामित्वकी ओघ आदेश प्ररूपणा —दे शरीर २
★ संमूर्च्छन जन्म व शरीर —दे समूर्च्छन
★ गर्भज जन्म व शरीरोत्पत्तिका क्रम —दे जन्म २
४ औदारिक शरीरके प्रदेशाग्रका स्वामित्व
५ षट्कायिक जीवोंके शरीरका आकार
★ औदारिक शरीरोंकी स्थिति —दे. स्थिति
★ औदारिक शरीरमें कुछ चिह्नविशेषोंका निर्देश (व्यंजन व लक्षण निमित्त ज्ञान) —दे. निमित्त २
६ औदारिक शरीरमें धातुओं-उपधातुओंका उत्पत्ति क्रम
★ योनिस्थानमें शरीरोत्पत्तिका क्रम —दे. पर्याप्ति २
७ औदारिक शरीरमें हड्डियों आदिका प्रमाण
★ षट्कालोंमें हड्डियों आदिके प्रमाणमें हानि-वृद्धि- —दे. काल ४
★ औदारिक शरीरके अंगोपांग —दे. अंगोपांग
★ तीर्थंकरों व शलाकापुरुषोंके शरीरोंकी विशेषताएँ —दे तीर्थंकर व शलाका
★ औदारिक-शरीर नामकर्मके बन्ध-उदय सत्व आदि की प्ररूपणाएँ —दे वह वह नाम
★ औदारिक शरीरकी संघातन परिशातन कृति —दे ध ९/४,१,७१/३५५-४५१
★ औदारिक-शरीरका धर्म साधनत्व —दे शरीर ३
★ साधुओंके मृत शरीरकी क्षेपण विधि —दे सल्लेखना ११
★ मुक्त जीवोंका चरम शरीर —दे मोक्ष ५
★ द्विचरम शरीर। —दे चरम

२ औदारिक काययोग निर्देश

१ औदारिक काययोगका लक्षण
२ औदारिक मिश्र काययोगका लक्षण
३ औदारिक व मिश्र काययोग का स्वामित्व
★ पर्याप्त व अपर्याप्त अवस्थाओंमें कार्मण काययोगके सद्भावमें भी मिश्र काययोग क्यों नहीं कहते? —दे काय ३
★ सभी मार्गणाओंमें भावमार्गणा इष्ट है —दे. मार्गणा
★ सभी मार्गणा व गुणस्थानोंमें आयके अनुसार ही व्यय होनेका नियम —दे. मार्गणा
★ औदारिक व मिश्र काय-योग सम्बन्धी गुणस्थान, मार्गणास्थान, व जीवसमास आदि २० प्ररूपणाएँ —दे सत्

★ औदारिक व मिश्र काय-योगकी सत् संख्या, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव, अल्पबहुत्व रूप आठ प्ररूपणाएँ —दे. वह वह नाम

१. औदारिक शरीर निर्देश

१. औदारिक शरीरका लक्षण

ष.ख. १४/५,६/ सूत्र २३७/३२२ णामाणिरुत्तीए उरालमिदि ओरालिय ।२३७। =नामनिरुक्तिकी अपेक्षा उराल है इसलिए औदारिक है।

स. सि. २/३६/१११/५ उदार स्थूलम्। उदारे भवं उदारं प्रयोजनमस्येति वा औदारिकम्। =उदार और स्थूल ये एकार्थवाची शब्द हैं। उदार शब्दसे होने रूप अर्थ में या प्रयोजनरूप अर्थ में ठक् प्रत्यय होकर औदारिक शब्द बनता है। (रा.वा. २/३६/५/१४६/५) (और भी दे. आगे औदारिक /२/१।

ध. १/१,१,५६/२६०/२ उदार पुरु महानित्यर्थ, तत्र भवं शरीरमौदारिकम्। अथ स्यान्न महत्त्वमौदारिकशरीरस्य। कथमेतदवगम्यते। वर्गणासूत्रात्। किं तद्वर्गणासूत्रमिति चेदुच्यते 'सव्वत्थोवा ओरालियसरीर दव्व वग्गणापदेसा, ...। न, अवगाहनापेक्षया औदारिकशरीरस्य महत्त्वोपपत्ते'। यथा 'सव्वत्थोवा कम्मइय-सरीर-दव्ववग्गणाए ओगाहणा ओरालिय-दव्व-वग्गणाए ओगाहणा असंखेज्जगुणा त्ति। =उदार, पुरु और महान् ये एक ही अर्थके वाचक हैं। उसमें जो शरीर उत्पन्न होता है उसे औदारिक शरीर कहते हैं। प्रश्न औदारिक शरीर महान् है यह बात नहीं बनती है। प्रतिप्रश्न—यह कैसे जाना। उत्तर - वर्गणासूत्रसे यह बात मालूम पड़ती है। प्रतिप्रश्न—यह वर्गणा सूत्र कौन-सा है। उत्तर—वह वर्गणा-सूत्र इस प्रकार है, 'औदारिक शरीरद्रव्य सम्बन्धी वर्गणाओंके प्रदेश सबसे थोड़े हैं।...इत्यादि। उत्तर—प्रकृत में ऐसा नहीं है, क्योंकि अवगाहनकी अपेक्षा औदारिक शरीरकी स्थूलता बन जाती है। जैसे कहा भी है—'कार्मण शरीर सम्बन्धी द्रव्यवर्गणाकी अवगाहना सबसे सूक्ष्म है। (इसके पश्चात् अन्य शरीरों सम्बन्धी द्रव्य वर्गणाओंकी अवगाहनाएँ क्रमसे असंख्यात असंख्यात गुणी है। और अन्तमें) औदारिक शरीर सम्बन्धी-द्रव्य-वर्गणाकी अवगाहना इससे असंख्यात गुणी है।

ध. १४/५,६,२३७/३२२/५ उरालं थूलं बट्ट महल्लमिदि एयट्ठो। कुदो उरालत्तं, ओगाहणाए। सेससरीराणं ओगाहणाए एदस्स सरीरस्स ओगाहणा बहुआ त्ति ओरालियसरीरमुरालं त्ति वुच्चदि। कुदो बहुत्तमवगम्मदे। महामच्छोरालियसरीरस्स पंचजोयणसदविक्खंभेण जोयणसहस्सायामदंसणादो। अथवा सेससरीराणं वग्गणोगाहणादो ओरालियसरीरस्स वग्गणओगाहणा बहुआ त्ति ओरालियवग्गणाणमुरालमिदि सण्णा। =उराल, बृत्त, स्थूल और महान् ये एकार्थवाची शब्द हैं। प्रश्न - यह उराल क्यों है। उत्तर— अवगाहनाकी अपेक्षा उराल है। शेष शरीरोंकी अवगाहनासे इस शरीरकी अवगाहना बहुत है, इसलिए औदारिक शरीर उराल है। प्रश्न—इसकी अवगाहनाके बहुत्वका ज्ञान कैसे होता है। उत्तर - क्योंकि, महामत्स्यका औदारिक शरीर पाँच सौ योजन विस्तारवाला और एक हजार योजन आयामवाला देखा जाता है। अथवा शेष शरीरोंकी वर्गणाओंकी अवगाहनाकी अपेक्षा औदारिक शरीर की वर्गणाओंकी अवगाहना बहुत है, इसलिए औदारिक शरीरकी वर्गणाओंकी उराल ऐसी संज्ञा है।

२. औदारिक शरीरके भेद

ध. १/१,१,५८/२६६/१० औदारिक शरीरं द्विविध विक्रियात्मकमविक्रियात्मकमिति। =औदारिक शरीर दो प्रकारका है—विक्रियात्मक और अविक्रियात्मक। (ध. १/४,१,६६/३२८/१)।

३. औदारिक शरीरका स्वामित्व

त. सू. २/४५ गर्भसंमूर्च्छनजमाद्यम् ।४५। =पहला (औदारिक शरीर) गर्भ और संमूर्च्छन जन्मसे पैदा होता है।

स. सि. २/४५/१९७/१ यद् गर्भजं यच्च संमूर्च्छनजं तत्सर्वमौदारिकं द्रष्टव्यम्। =जो शरीर गर्भ—जन्मसे और संमूर्च्छन जन्मसे उत्पन्न होता है वह सब औदारिक शरीर है, यह इस सूत्रका तात्पर्य है। (रा.वा. २/४५/१५१/१८)

रा.वा. २/४६/८/१५३/२३ औदारिक तिर्यङ्मनुष्याणाम्। =तिर्यंच और मनुष्योंका औदारिक शरीर होता है।

४. औदारिक शरीरके प्रदेशाग्रका स्वामित्व

१. औदारिक शरीरके उत्कृष्ट व अनुत्कृष्ट प्रदेशाग्रोंके स्वामित्व सम्बन्धी प्ररूपणा— दे (ष.खं. १४/५,६ सूत्र ४१७-४३०/३६७-४११)

२. औदारिक शरीरके जघन्य व अजघन्य प्रदेशाग्रोंके स्वामित्व सम्बन्धी प्ररूपणा—दे. (ष.ख. १४/५,६/सूत्र ४७६-४८२/४२३-४२४)

५. षट्कायिक जीवोंके शरीरोंका आकार

मू.आ. १०८६ मसुरिय कुसग्गबिंदू सूइकलावा पडाय संठाणं। कायाण संठाणं हिंडतसा णेगसंठाणा।१०८६। =पृथिवीकायिकके शरीरका आकार मसूरके आकारवत्, अप्कायिकका डाभके अग्रभागमें स्थित जलबिन्दु सा, तेजस्कायिकका सूचीसमुदायवत् अर्थात् ऊर्ध्व बहुमुखाकार, वायुकायिकका ध्वजादिवत् आयत, चतुरस्र आकार है। सब वनस्पति और दो इन्द्रिय आदि त्रस जीवोंका शरीर भेद रूप अनेक आकार वाला है। गो. जी./मू. २०१/४४६

६. औदारिक शरीरमें धातु-उपधातुका उत्पत्ति क्रम

ध. ६/१,६-१-२८/श्लो. ११/६३ रसाद्रक्तं ततो मांसं मांसान्मेदः प्रवर्त्तते। मेदसोऽस्थि ततो मज्जा मज्ज्ञः शुक्रं ततः प्रजाः।११।

ध. ६/१, ६-१,२८/६३/११ चउवीसकलासमाइं चउरसीदिकलाओ च तिहिसत्तभागेहि परिहीणणवदिहाओ च रसो, रसरूवेण अच्छिय रुहिरं होदि। तं हि तत्तियं चेव कालं तत्थच्छिय मांसरूवेण परिणमइ। एवं सेसं धादूणं वि वत्तव्वं। एवं मांसेण रसो सुक्करूवेण परिणमइ। =रससे रक्त बनता है, रक्तसे मांस उत्पन्न होता है, मांससे मेदा पैदा होती है, मेदासे हड्डी बनती है, हड्डीसे मज्जा पैदा होती है, मज्जासे शुक्र उत्पन्न होता है और शुक्रसे प्रजा उत्पन्न होती है।११। २५८४ कला ८४ काष्ठा काल तक रस रसस्वरूपसे रहकर रुधिररूप परिणत होता है। वह रुधिर भी उतने ही काल तक रुधिर रूपसे रह कर मांसस्वरूपसे परिणत होता है। इसी प्रकार शेष धातुओंका भी परिणाम-काल कहना चाहिए। इस तरह एक मांसके द्वारा रस शुक्र रूपसे परिणत होता है। (गो. क./जी. प्र. ३३/३० पर उद्धृत श्लोक नं. १)

गो. क./जी.प्र. ३३/३० पर उद्धृत श्लोक नं. २ "वात पित्त तथा श्लेष्मा सिरा स्नायुश्च चर्म च। जठराग्निरिति प्राज्ञैः प्रोक्ता सप्तोपधातवः।" =वात, पित्त, श्लेष्म, सिरा, स्नायु चर्म, उदराग्नि ये सात उपधातु हैं।

७. औदारिक शरीरमें हड्डियों आदिका प्रमाण

भ.आ./मू. १०२७-१०३५/१०७२-१०७६ अट्ठोणि हुंति तिण्णि हु सदाणि अरिदाणि कुणिममज्जाए। सव्वम्मि चेव देहे सधीणि हवंति तावदिया।१०२७। णहरूण णवसदाइं सिरासदाणि य हवंति सत्तेव। देहम्मि मंसपेसाणि हुंति पंचेव य सदाणि।१०२८। चत्तारि सिरा-

जालाणि हुंति सोलस य कंडराणि तहा। छच्चेव सिराकुच्चा देहे दो मसरज्जू य ।१०२९। सत्त तयाओ कालेज्जयाणि सत्तेव होंति देहम्मि देहम्मि रामकाडोण होंति सीदी सदसहस्सा ।१०३०। पक्कामयासयत्थाय अतगुंजाओ सोलस हवंति। कुणिमस्स आसया सत्त हुंति देहे मणुस्सस्स ।१०३१। थूणाओ तिण्णि देहम्मि होंति सत्तुत्तर च मम्मसदं। णव होंति वणमुहाइ णिच्च कुणिम सवताइ ।१०३२। देहम्मि मच्छुलिंग अजलिमित्त सयप्पमाणेण। अजलिमित्तो मेदो उज्जोवि य तत्तिओ चेव ।१०३३। तिण्णि य वसजलीओछच्चेव अजलीओ पित्तस्स। सिंभो पित्तसमाणो लोहिदमद्धाढगं होदि ।१०३४। मुत्त आढगमेत्त उच्चारस्स य हवंति छप्पच्छा। वीस सहाणि दंता बत्तीसं होंति णगदीए ।१०३५। =इस मनुष्यके देहमें ३०० अस्थि है, वे दुर्गन्ध मज्जा नामक धातुसे भरी हुई है। और ३०० ही सन्धि है। १०२७। ९०० स्नायु है, ७०० सिरा है, ५०० मासपेशिया है ।१०२८। ४ जाल है, १६ कडरा है, ९ सिराओंके मूल है, और २ मांस रज्जू है ।१०२९। ७ त्वचा है, ७ कालेयक है, और ८०,०००,०० कोटि रोम है ।१०३०। पक्वाशय और आमाशयमें १६ आते रहती है, दुर्गन्ध मलके ७ आशय है ।१०३१। ३ स्थूणा है, १०७ मर्मस्थान है, ९ व्रणमुख है, जिससे नित्य दुर्गन्ध स्रवता है ।१०३२। मस्तिष्क, मेद, ओज, शुक्र, ये चारो एक एक अजलि प्रमाण है ।१०३३। वसा नामक धातु ३ अंजलिप्रमाण, पित्त और श्लेष्म अर्थात् कफ छह-छह अजलिप्रमाण और रुधिर १/२ आढक है। १०३४। मूत्र एक आढक, उच्चार अर्थात् विष्ठा ९ प्रस्थ, नख २० और दांत ३२ है। स्वभावत शरीरमे इन अवयवोका प्रमाण कहा है।

२. औदारिक काययोग निर्देश

१. औदारिक काययोगका लक्षण

पं.स./प्रा. १/९३ पुरु महदुदारुरालं एयट्ठं तं वियाण तम्हि भवं। ओरलिय त्ति वुत्त ओरालियकायजोगो सो ।९३। =पुरु, महत्, उदार और उराल ये शब्द एकार्थवाचक है। उदार या स्थूलमें जो उत्पन्न हो उसे औदारिक जानना चाहिए। उदारमें होनेवाला जो काययोग है, वह औदारिक काययोग कहलाता है। (ध. १/१,१,५६/१६०/२९१); (गो जी /मू २३०/४९२), (प स /सं १/१७३)

ध. १/१,१,५६/२८९/१२ औदारिकशरीरजन्मितवीर्याज्जीवप्रदेशपरिस्पन्दनिबन्धनप्रयत्नः औदारिककाययोग। =औदारिक शरीर द्वारा उत्पन्न हुई शक्तिसे जीवके प्रदेशोमे परिस्पन्दका कारणभूत जो प्रयत्न होता है उसे औदारिक काययोग कहते है।

गो.जी./जी.प्र २३०/४९३/१ औदारिकायार्थं वा आत्मप्रदेशानां कर्मनोकर्मापकर्षणशक्तिः सैव औदारिककाययोग इत्युच्यते तदा औदारिकवर्गणास्कन्धाना औदारिककायत्वपरिणमनकारणं आत्मप्रदेशपरिस्पन्दो वा औदारिककाययोग इति।.. अथवा औदारिककाय एव औदारिककाययोग इति कारणे कार्योपचारात्। =१ औदारिक शरीरके निमित्त आत्मप्रदेशनिके कर्म नोकर्म ग्रहणकी शक्ति सो औदारिक काययोग कहिए। २ अथवा औदारिकवर्गणारूप पुद्गल स्कन्धनिकौ औदारिक शरीररूप परिणमावनेकौ कारण जो आत्मप्रदेशनिका चचलपना सो औदारिक काययोग है। ३. अथवा औदारिककाय सोई औदारिककाययोग है, यहाँ कार्य विषै कारणका उपचार जानना।

२. औदारिक मिश्रकाययोगका लक्षण

प.स./प्रा. १/९४ अंतोमुहुत्तमज्झं वियाण मिस्सं च अपरिपुण्णो त्ति। जो तेण सपओगो ओरालियमिस्सकायजोगो सो ।९४। =औदारिक शरीरकी उत्पत्ति प्रारम्भ होनेके प्रथम समयसे लगाकर अन्तर्मुहूर्त तक मध्यवर्ती कालमें जो अपरिपूर्ण शरीर है, उसे औदारिकमिश्र जानना चाहिए। उसके द्वारा होनेवाला जो सप्रयोग है, वह औदारिक मिश्रकाययोग कहलाता है। अर्थात् शरीरपर्याप्ति पूर्ण होनेसे पूर्व कार्माण शरीरकी सहायतासे उत्पन्न होनेवाले औदारिककाययोगको औदारिक-मिश्रकाययोग कहते है ।९४। (ध. १/१,१,५६/१६१/२९१)। (गो जी /मू २३१/४९४), (प.स /सं १/१७३)।

ध. १/१,१,५६/२९०/१ कार्मणौदारिकस्कन्धाभ्या जनितवीर्यात्तत्परिस्पन्दनार्थ प्रयत्न औदारिकमिश्रकाययोग। =कार्मण और औदारिक वर्गणाओके द्वारा उत्पन्न हुए वीर्यसे जीवके प्रदेशोमें परिस्पन्दके लिए जो प्रयत्न होता है, उसे औदारिकमिश्रकाययोग कहते है।

गो जी./जी प्र २३१/४९४/११ प्रागुक्तलक्षणमौदारिकशरीर तदेवान्तर्मुहूर्तपर्यन्तमपूर्ण अपर्याप्त तावन्मिश्रमित्युच्यते अपर्याप्तकालसम्बन्धिसमयत्रयसभविकार्मणकाययोगोत्कृष्टकार्मणवर्गणासंयुक्तत्वेन परमागमरूढया वा अपर्याप्त अपर्याप्तशरीरमिश्रमित्यर्थ। तत कारणादौदारिककायमिश्रेण सह तदर्थं वर्तमानो य सप्रयोग आत्मन कर्मनोकर्मादानशक्तिप्रदेशपरिस्पन्दयोगः स शरीरपर्याप्तिनिष्पत्त्यभावेन औदारिकवर्गणास्कन्धाना परिपूर्णशरीरपरिणमनासमर्थ औदारिककायमिश्रयोग इति विजानीहि। =औदारिक शरीर यावत्काल अन्तर्मुहूर्त पर्यन्तपूर्ण न होइ अपर्याप्त होइ तावत् काल मिश्र कहिए। अपर्याप्तकाल सम्बन्धी तीन समयनिविषै जो कार्माण योग ताकौ उत्कृष्ट कार्मणवर्गणाकरि संयुक्त है तातै मिश्र नाम है।—२ अथवा परमागम विषै ऐसे ही रूढि है। जो अपर्याप्त शरीरकौ मिश्र कहिए सो तिस औदारिक मिश्रकरि सहित सप्रयोग कहिए ताके अर्थ प्रवर्त्या जो आत्माके कर्म नोकर्म ग्रहणैकी शक्ति धरै प्रदेशनिका चचलपना सो योग है, सो शरीर पर्याप्तिकी पूर्णताके अभावतै औदारिक वर्गणा स्कन्धनिकौ सम्पूर्ण शरीररूप परिणमावनेकौ असमर्थ है, ऐसा औदारिक मिश्रकाययोग तू जानि।

३. औदारिक व मिश्र काययोगका स्वामित्व

ष ख १/१,१/सू. ५७, ७६/२९५, ३१५ ओरालियकायजोगो ओरालियमिस्सकायजोगो तिरिक्खमणुस्साण ।५७। ओरालियकायजोगो पज्जत्ताणं ओरालियमिस्सकायजोगो अपज्जत्ताण ।७६। =तिर्यंच और मनुष्योके औदारिक काययोग और मिश्रकाययोग होता है ।५७। औदारिक काययोग पर्याप्तकोके और औदारिक मिश्रकाययोग अपर्याप्तकोके होता है ।७६।

पं. सं /प्रा. ४/१२ ओरालमिस्स-कम्मे सत्तापुण्णा य साण्णिपज्जत्तो। ओरालकायजोए पज्जत्ता सत्त णायव्वा ।१२। =औदारिक मिश्रकाय योग और कार्मणकाय योगमे सातो अपर्याप्तक तथा सज्ञिपर्याप्तक ये जीव समास होते है। औदारिक काययोगमें सातो पर्याप्तक जीव समास जानने चाहिए ।१२।

गो जी./मू. ६८०/११२३ ओरालं पज्जत्ते थावरकायादि जाव जोगोत्ति। तम्मिस्समपज्जत्ते चदुगुणठाणेसु णियमेण ।६८०। मिच्छे सासण सम्मे पंवेदयदे कवाडजोगिम्मि। णरतिरियेवि य दोण्णिवि होंतित्ति जिणेहि णिद्दिट्ठं ।६८१। =औदारिक काययोग एकेन्द्रिय स्थावर पर्याप्त मिथ्यादृष्टिते लगाय सयोगी पर्यन्त तेरहगुणस्थाननिविषै है। बहुरि औदारिक मिश्रकाययोग अपर्याप्त चार गुणस्थाननिविषै ही है नियमकरि ।६८०। मिथ्यादृष्टी सासादन पुरुषवेदका उदयकरि सयुक्त, असंयत, कपाट समुद्घात सहित सयोगी, इति अपर्याप्तरूप च्यारि गुणस्थाननिविषै सो औदारिक मिश्रयोग पाइये है। बहुरि औदारिकविषै तौ पर्याप्त सात जीवसमास और औदारिकमिश्रविषै अपर्याप्त सात जीव समास और सहयोगीकै एक पर्याप्त जीव समास ऐसे आठ जीव समास है ।६८१।

औदार्यचिन्तामणि—भट्टारक श्रुतसागर (वि १५४४-१५५६) द्वारा रचित ४५८ सूत्रबद्ध प्राकृत व्याकरण (ती. ३/३९८)।

औद्देशिक—आहारका एक दोष—दे आहार II/४, (विशेष दे. उद्दिष्ट)

औद्र—भरतक्षेत्र आर्यखण्डका एक देश—दे मनुष्य ४।

औपदेशिक—औपदेशिक आहार—दे. उद्दिष्ट।

औपपादिक—जो उपपाद जन्म से पैदा हो देव व नारकी। —दे. बृ. जै. शब्दा. द्वि. खंड।

औपपादिक जन्म—दे जन्म २।

औपमन्यु—एक विनयवादी —दे. वैनयिक।

औपशमिक भाव—दे उपशम ६।

औषधि—१ ला.सं. २/१६ शुंठ्यादि भेषजं —सौठ मिर्च पीपल आदि औषधियाँ कहलाती हैं। २. पूर्व विदेहस्थ पुष्कल क्षेत्रकी मुख्य नगरी—दे. लोक ७।

औषधी—विदेहोंके बत्तीस देशोंमें बत्तीस राज्यधानी, उनमें है सातवीं राज्यधानी (त्रि. गा. ७१२)

औषधि ऋद्धि—दे. ऋद्धि ७।

औषधि कल्प—आ. इन्द्रनन्दि (ई. श १०-११) द्वारा रचित एक वैद्यक शास्त्र।

औषधि दान—दे. दान।

औषधिवाहिनी—अपर विदेहस्थ विभंगा नदी—दे. लोक ५/८

औस्तुभास—लवण समुद्रके बडवामुख आदि दिशा सम्बन्धी पातालोंके दोनों तरफ एक-एक पर्वत है। पूर्वदिशाके पातालकी पश्चिम दिशामें पर्वतका नाम (त्रि. गा. ६०५-६०६) यहाँपर जो व्यंतर रहता है उसका भी नाम औस्तुभास है। —दे. बृ. जै. शब्द. द्वि. खंड।

इति प्रथमः खण्डः

जैनेन्द्र सिद्धान्त कोश

भाग ४

[परिशिष्ट]

[परिशिष्ट]

परिशिष्ट १—(संवत् विचार)

१. वीर संवत् विचार

पृष्ठ ३०६ पर भगवान् वीरके निर्वाणकी चर्चा करते हुए यह बताया गया है कि विक्रम संवत्को लेकर इस विषयमें प्राचीन कालसे ही कुछ मतभेद चला आ रहा है। विक्रम संवत्का प्रारम्भ कुछ विद्वान् तो विक्रमके जन्मसे मानते हैं, कुछ उनकी मृत्युसे और कुछ उनके राज्याभिषेकसे। पहली दो मान्यताओंकी अपेक्षा तो महावीर-की निर्वाण तिथिमें कोई अन्तर नहीं पड़ता परन्तु तीसरी मान्यतासे अवश्य उसे १८ वर्ष ऊपर उठाना अनिवार्य हो जाता है। इसका कारण यह है कि पहली दो मान्यताओंके अनुसार वीर निर्वाण संवत् तथा प्रचलित विक्रम संवत्के मध्य ४७० का जो लोकप्रसिद्ध अन्तर है वह ज्योंका त्यों बना रहता है क्योंकि विक्रम जन्मसे उसके संवत्का प्रारम्भ माननेवाले उसका जन्म वीर निर्वाणके ४७० वर्ष पश्चात् मानते हैं और मृत्युसे उसका प्रारम्भ माननेवाले उसकी मृत्युको वीर निर्वाणके ४७० वर्ष पश्चात् मानते है। विक्रमकी आयु ७८ वर्ष मानी गई है जिसमें से १८ वर्ष उनका बाल्यकाल है और ६० वर्ष राज्य-काल। वी. नि ४७० में जन्म माननेवालोंकी अपेक्षा उनका राज्या-भिषेक वी.नि ४८८ में हुआ और ४७० में उनकी मृत्यु माननेवालोंकी अपेक्षा वह वी.नि. ४१० में हुआ। इस विषयमें एक तृतीय मान्यता भी है जिसके अनुसार वी. नि. ४१० में उनका जन्म हुआ और ४२८ में राज्याभिषेक।

आ. इन्द्रनन्दि कृत 'श्रुतावतार' नामक ग्रन्थमें अत्यन्त प्रसिद्ध दो पट्टावलियें प्राप्त होती है, एक गौतम गणधरसे प्रारम्भ होनेवाली श्रुतधर आम्नायकी अथवा मूल संघकी और दूसरी नन्दिसंघके बलात्कार गणकी। दोनोंमें ही आचार्योंका पृथक् पृथक् काल निर्देश किया गया है। पहलीमें उसकी गणना वीर निर्वाणकी अपेक्षासे की गई है और दूसरीमें विक्रम राज्यकी अपेक्षा। परन्तु यहाँ विक्रमका राज्याभिषेक वीर निर्वाणके ४८८ वर्ष पश्चात मानकर चला गया है। इसकी चर्चा तो आगे विक्रम संवत्के अन्तर्गतकी जायेगी, यहाँ केवल इतना बता देना इष्ट है कि उनकी इस मान्यताके आधारपर वी नि. ४८८ में राज्याभिषेक माननेवाले विद्वान् वी.नि. और विक्रम संवत्के मध्य जो ४७० वर्षका अन्तर प्रसिद्ध चला आ रहा है, उसमें १८ वर्ष की वृद्धि करनेकी माग करते है, अर्थात् उनके अनुसार वीरका निर्वाण प्रचलित मान्यतासे १८ वर्ष पहले होना चाहिए, और तदनुसार महावीर की २५००वी निर्वाण जयन्ती जो ई १९७३ में मनाई गई वह ई १९५५ में मनाई जानी चाहिये थी।

परन्तु जैसा कि आगे सिद्ध किया जानेवाला है आ इन्द्रनन्दिसे इस विषयमें कुछ भूल हुई है और उसको आधार मानकर यह भ्रान्ति प्रचलित हो गई है। भगवान्का निर्वाण विक्रम संवत्के प्रचारसे ४७० वर्ष पूर्व ही होना निश्चित है, क्योंकि तिल्लोय पण्णत्ति, त्रिलोक सार व हरिवंशपुराण आदि अत्यन्त प्राचीन तथा मूल शास्त्रों में शक राजाकी उत्पत्ति वीर निर्वाणके ६०५ वर्ष पश्चात होनेका स्पष्ट उल्लेख किया गया है और शक संवत् तथा विक्रम संवत्में १३५ वर्ष-का अन्तर प्रसिद्ध है। ऐसा माननेपर भगवान् बुद्धके साथ इनकी संगति बैठानेमें भी कोई बाधा नहीं आती है। जैसा कि आगे दर्शाया गया है। विक्रम राज्यको वी नि ४८८ में हुआ माननेवाली दृष्टिके अनुसार वीर निर्वाणकी तिथिको १८ वर्ष ऊपर उठा देनेपर इस संगतिकी कालावधि यद्यपि बढ जाती है अर्थात बोधि लाभके पश्चात दोनो महापुरुष ४४ वर्ष तक साथ साथ रह सकते हैं, तदपि ४७० वर्षवाली मान्यताके अनुसार भी इन दोनों महापुरुषोंको १२-१३ वर्ष तक अपने धर्मोंके प्रतिस्पर्धी शास्ताओंके रूपमें साथ-साथ विच-रण करनेका अवसर प्राप्त हो जाता है।

नाम	जन्म	आयु	वैराग्य	बोधि		निर्वाण	
	ई.पू.	वर्ष	ई. पू.	वि पू.	ई. पू.	वि.पू.	ई. पू.
महावीर—दृष्टि नं. १	६१७	७२	५८७	५१८	५७५	४८८	५४५
दृष्टि नं २	५४६	७२	५६६	५००	५५७	४७०	५२७
बुद्ध—प्रसिद्धि	६१४	८०	५६५		५८८		५४४

(जै /पी ३०३)

२. विक्रम संवत् विचार

१ नाम विचार

भारतका यह सर्व प्रधान संवत् है। जैसा कि आगे शक संवत्के प्रकरणमें बताया जानेवाला है कहीं कहीं विक्रम, शक तथा शालिवाहन इन तीनो संवतोको एक मानकर प्रवृत्तिकी जाती रही है, परन्तु वास्तवमें यह ठीक नहीं है। तीनों संवत् स्वतन्त्र है। शक संवत्का प्रारम्भ वीर-निर्वाणके ६०५ वर्ष पश्चात् होना निश्चित है, शालिवाहनका ७४१ वर्ष पश्चात और विक्रम संवत्का ४७० वर्ष पश्चात्।

२. मतभेद

इस विषयमें तीन मान्यतायें है—१ यह संवत् विक्रमसे प्रारम्भ हुआ, २ उसके राज्याभिषेकसे प्रारम्भ हुआ, ३ उसकी मृत्युसे प्रारम्भ हुआ। इन तीनों घटनाओं के कालोंमें भी मतभेद है। एकके अनुसार वीर निर्वाणके ४७० वर्ष पश्चात उनका जन्म हुआ, दूसरेके अनुसार उस समय उनका राज्याभिषेक हुआ और तीसरेके अनुसार उस समय उनकी मृत्यु हुई। वी. नि ४७० मे जन्म माननेवालोके अनुसार उनका राज्याभिषेक वी नि ४८८ मे हुआ और वी नि. ४७० में उनकी मृत्यु माननेवालोके अनुसार उनका राज्याभिषेक वी नि. ४१० में हुआ। क्योंकि ७८ वर्ष प्रमाण उनकी आयुमें से १८ वर्ष उनका बाल्यकाल माना गया है और ६० वर्ष राज्यकाल। इस विषय-में एक तीसरी मान्यता भी है जिसके अनुसार उनकी आयु ७१ वर्ष थी जिसमें-से ८ वर्ष बाल्यकाल १६ वर्ष देशाटन, ५५ वर्ष राज्य। इसमें से ११ वर्ष मिथ्यामतावलम्बी और ४० वर्ष जिनधर्मावलम्बी। यथा—

इन्द्रनन्दि कृत श्रुतावतारमें निबद्ध श्रुत धराम्नाय/श्ल १८-१९ व (ती. ४/३४६ पर उद्धृत) सत्तरि-चउ-सद-जुत्तो जिणकाला विक्कमो हवई जम्मो। अठवरस बाललीला सोडसवासे हि भम्मिए देसे।१८। पण-रसवासे रज्जं कुणन्ति मिच्छावदेससंजुत्तो। चालीसवरस जिणवर-धम्म पालीय सुरपयं लहियं।१९। =महावीर-निर्वाणके ४७० वर्ष पश्चात् विक्रमका जन्म हुआ। आठ वर्षोंतक उन्होंने बाललीलाकी,

१६ वर्षोंतक देशाटन किया, १५ वर्ष मिथ्योपदेश सहित राज्य किया और ४० वर्षतक जिनवरका धर्म पालन करके उन्होंने देवपद प्राप्त किया।

इन्द्रनन्दि श्रुतावतारमें ही निबद्ध नन्दिसंघ बलात्कारगणकी पट्टावली। सरस्वती गच्छके अनुसार--वीरात् ४९२, विक्रमजन्मान्तर वर्ष २२, राज्यान्तर वर्ष ४=वीर-निर्वाणके ४९२ वर्ष पश्चात अथवा विक्रम जन्मके २२ वर्ष पश्चात् अथवा उसके राज्यारोहणसे ४ वर्ष पश्चात भद्रबाहु (द्वि) मूलसंघके पट्टपर बैठे। इनके शिष्य गुप्तिगुप्त हुए जिनके द्वारा नन्दि आदि चार संघोंकी स्थापना हुई। (यहाँ वी.नि.४७० में विक्रमका जन्म और ४८८ में उनका राज्याभिषेक माना गया है।)

इन्द्रनन्दि श्रुतावतारमें ही निबद्ध नन्दिसंघ बलात्कारगणकी पट्टावली। पारिजातगच्छकी अपेक्षा (ती. ४/३४६)-श्री वीर-निर्वाणके ४९२ वर्ष पश्चात्, सुभद्राचार्यके २४ वर्ष पश्चात्, विक्रम जन्मके २२ वर्ष पश्चात अथवा विक्रम राज्यके ४ वर्ष पश्चात द्वितीय भद्रबाहु हुए। (यहाँ भी पहले की भाँति वी नि. ४७० में विक्रमका जन्म और वी. नि. ४८८में उसका राज्याभिषेक माना गया है।)

परन्तु श्वेताम्बराचार्य मेरुतुंग एक साथ दो मान्यताओंकी ओर संकेत करते हैं। एकके अनुसार वी.नि. ४७० में विक्रमका जन्म हुआ और दूसरीके अनुसार वी. नि. ४७० में उसका राज्याभिषेक हुआ। यथा—

मेरुतुंग कृत 'विचारश्रेणी'—सत्तरि चदुसदजुत्तो जिणकाला विक्कमो हवई जम्मो। -विक्कमरज्जारंभो परओ सिरिवीरणिव्वुई भणिआ। सुन्नं मुणिवेयजुत्तो विक्कमकालाउ जिणकालो।' =१ वीर निर्वाणके ४७० वर्ष पश्चात विक्रमका जन्म हुआ। २ वीर निर्वाणकी तिथिमें 'सुन्नमुणिवेय' (४७०) वर्ष जोड देनेपर अर्थात् वीर निर्वाणके ४७० वर्ष पश्चात विक्रमका राज्य आरम्भ हुआ।

३. ऊहापोह

दिगम्बराचार्य इन्द्रनन्दीकी तथा श्वेताम्बराचार्य मेरुतुंगकी मान्यताओं का उल्लेख किया गया। जिनके अनुसार विक्रमका जन्म तो वी नि ४७० में ही हुआ परन्तु उसका राज्याभिषेक वी नि ४७० में, ४८८में अथवा ४९४ में माना गया। अब प्राचीन ग्रन्थ तिल्लोयपण्णत्तिकी अपेक्षा विचार करते है, जिसे दिगम्बर तथा श्वेताम्बर सभी विद्वानों ने विक्रम संवत् विषयक खोजके लिए आधार स्वरूप माना है। इसका कारण यह है कि विक्रम संवत्का जितना सम्बन्ध वीर निर्वाणके साथ है उतना ही मगधदेशके इतिहासमें मौर्य वंशके साथ भी है। इस विषयमें दो मान्यतायें प्रसिद्ध है। एकके अनुसार वीर निर्वाणके पश्चात् ६० वर्ष पालकका राज्य रहा १५५ वर्ष नन्द वंशका और २५५ वर्ष मौर्य वंशका। इस प्रकार ४७० वर्षकी गणना पूरी करके उसके पश्चात् विक्रमका जन्म अथवा राज्यारोहण हुआ। दूसरी मान्यताके अनुसार वीर निर्वाणके पश्चात् १५५ वर्ष तक पालक तथा नन्दवंश दोनोंका राज्य रहा और उसके पश्चात २५५ वर्ष तक मौर्य वंशका शासन चला। इस प्रकार ४१० वर्षके पश्चात विक्रमका राज्य प्रारम्भ हुआ जो ६० वर्ष अर्थात् वी. नि ४७० तक रहा। क्योंकि तिल्लोयपण्णत्तिमें मगधदेशके इन राज्यवंशोंका सुनिश्चित काल दिया गया है इसलिये विक्रम संवत्की खोज करनेमें उसकी सहायता ली जा सकती है।

ति प. ४/१५०५-१५०६ जक्काले वीरजिणे णिस्सेयससंपय समावण्णो। तक्काले अभिसित्तो पालयणामो अवंतिसुदो ।१५०५। पालकरज्ज सट्ठि इगिसयपणवण्ण विजयवंसभवा। चाल मुरुदयवंसा तीस सुपुस्समित्तम्मि ।१५०६। =जिस कालमें भगवान् वीरने निर्वाण संपदाको प्राप्त किया था, उसी दिन पालक नामक अवन्तिसुत (अवन्तिक राजा) का राज्याभिषेक हुआ था। उसका राज्य ६० वर्ष तक रहा। तदुपरान्त १५५ वर्ष पर्यन्त विजयवंशियोंका (नन्दवंशका) और ४० वर्ष मुरुंडवंशियोंका (मौर्यवंशका) राज्य रहा। इसके पश्चात ३० वर्ष पुष्पमित्रने राज्य किया।

तिल्लोयपण्णत्तिकारने यद्यपि ४० वर्ष पूरे मौर्यवंशका राज्यकाल बताया है, परन्तु वास्तवमें यह काल उस वंशके प्रथम राजा चन्द्रगुप्तका है। आगे चलकर इसी वंशमें अशोक सम्प्रति आदि हुए। उन सबका समुदित काल दिगम्बर तथा श्वेताम्बर दोनों आम्नायोंमें १५५ वर्ष माना गया है। (दे. इतिहास ३/४)।

इस प्रकार जैन शास्त्रोंके अनुसार चन्द्रगुप्त मौर्यका काल वी. नि. २१५-२५५ आता है और जैन इतिहासकारोंने उसे वी. नि. २०१-२२५ (ई० पू० ३२६-३०२) पर स्थापित किया है। दूसरी ओर भद्रबाहु प्र० का काल मूलसंघकी पट्टावलीमें वी. नि. १३३-१६२ (ई. पू. ३९४-३६५) बताया गया है। (दे. इतिहास ४/४)। चन्द्रगुप्तका काल शास्त्रके अनुसार वी नि. २१५-२५५ माननेपर भद्रबाहु स्वामीके साथ उसकी समकालीनता किसी प्रकार भी घटित नहीं होती। इतिहास-मान्य काल (वी. नि २०१-२२५) स्वीकार करनेपर भी दोनोंकी उत्तरावधिमें लगभग ६० वर्षका अन्तर रह ही जाता है, जबकि द्वादशवर्षीय दुर्भिक्षके समय चन्द्रगुप्तका जिनदीक्षा धारण करके भद्रबाहु स्वामीके साथ दक्षिणकी ओर गमन करना शास्त्र तथा इतिहास दोनोंके द्वारा सिद्ध है (दे परिशिष्ट २)।

(१) इस आपत्तिसे बचनेके लिए श्वेताम्बराचार्य श्री हेमचन्द्र सूरि वीर निर्वाणसे लेकर चन्द्रगुप्तके राज्याभ्यंभ तककी जो २५५ वर्ष काल गणना शास्त्रोंमें दी गई है उसमें ६० वर्षकी कमी कर देनेका सुझाव देते है।३५७। अपनी इस कल्पनाको साकार बनानेके लिए वे नन्द वंशके कालको १५५ वर्षकी बजाय ९५ वर्ष मानकर।३१३। उसे वी. नि. २१५ में समाप्त करनेकी बजाय वी नि. १५५ में समाप्त कर देते है। ६० वर्षकी इस कमीको आप विक्रम संवत्की काल गणनामें हेर-फेर करके पूरा करते है अर्थात उसका प्रारम्भ विक्रम की मृत्युकालमें न मानकर उसके राज्यारोहण से अर्थात (४७०-६०) =वी नि ४१० से मान लेते है। (जै./पी./पृष्ठ संख्या); (ध. १/प्र ३०, H I, Jain)

(२) इस मतभेदसे प्रेरित होकर प्रसिद्ध जैन इतिहासज्ञ डा० हेमन्त जेकोबीको वीर निर्वाण संवत्के विषयमें शंका उत्पन्न हो जाना स्वाभाविक है। उसका समाधान करनेके लिए जार्ज चार्पेन्टियरने वीर निर्वाण तथा विक्रम संवत्के मध्यवर्ती अन्तरालको ४७० वर्षसे घटाकर ४१० कर दिया, अर्थात् वीर निर्वाणके ४७० वर्ष पश्चात् विक्रमकी मृत्यु मानकर उसमेंसे उसका शासनकाल (६० वर्ष) हटा दिया और विक्रम संवत्का प्रारम्भ उसके राज्यारोहणसे मान लिया। (जै./पी. २८५)

(३) स्व. पं काशीलाल जायसवालने इस मान्यतामें अनेकों आपत्तियें प्रस्तुत करके वी नि. ४७० में विक्रमका जन्म होना सिद्ध किया, और इसमें उनके बाल्यकालवाले १८ वर्ष मिलाकर उन्हें वि नि ४८८ में राज्यारूढ कर दिया, क्योंकि १८ वर्षकी आयुमें उनका राज्यारूढ होना प्रसिद्ध है। इस प्रकार विक्रम संवत्का प्रारम्भ विक्रमके राज्यसे अर्थात वी. नि. ४८८ में माननेका उन्होंने सुझाव दिया। (जै./पी २८७)

(४) परन्तु प. जुगलकिशोर जी मुख्तारने जायसवाल जी की इस मान्यतामें अनेकों आपत्तियें उठाकर वीर निर्वाण तथा विक्रम संवत्के मध्य जो ४७० वर्षका अन्तर प्रसिद्ध है उसे ज्योंका त्यों बनाये रखना अधिक संगत समझा। परन्तु इस कालमें इन्होंने विक्रमका जन्म अथवा राज्याभिषेक न मानकर उसकी मृत्यु मानी। अर्थात् विक्रम संवत्का प्रारम्भ इन्होंने विक्रमकी मृत्युसे स्वीकार किया।२९१। इस विषयमें उसके जन्म अथवा राज्याभिषेकसे संवत् का प्रारम्भ माननेवाली जो श. इन्द्रनन्दि तथा मेरुतुंग सूरिकी मान्य-

ताओंका उल्लेख पहले किया गया है उन्हें आपने भ्रान्तिपूर्ण घोषित किया।२६२। (जै./पी २६१, २६२)

(५) अन्य संवतोंके साथ तुलना करनेपर इस मतको समर्थन प्राप्त होता है, क्योंकि एकमात्र शक संवत्को छोड़कर ईसवी, शालिवाहन, हिजरी, वीर निर्वाण आदि जितने भी सवत् व्यवहार भूमिपर प्रचलित है उन सबका प्रारम्भ उस उस पुरुषकी मृत्युसे ही हुआ है। इस विषयमें आ. देवसेन (वि. ९९०) से भी हमें समाधान प्राप्त होता है, क्योंकि अपने दर्शनसार ग्रन्थमें यापनीय, द्रविड, काष्ठा आदि जैनाभासी संघोंकी उत्पत्ति का काल उन्होंने विक्रमकी मृत्युसे ही गिनकर स्थापित किया है (दे. इतिहास ६)।

ध १/प्र. ३०/ H L. Jain (ऐसा माननेपर सारी उलझनें सुलझ जाती हैं। *यथा*—) मेरुतुंगाचार्यने अपनी 'विचारश्रेणी' के पृष्ठ ३ पर जो विक्रमस्य राज्य ६० वर्षाणि' कहा है, उसके अनुसार उसका राज्यारम्भ ४७०-६०=वी. नि. ४१० में घटित हो जाता है, और साथ-साथ हैमचन्द्र सूरिकी मान्यताका (वि. स.=वी. नि. ४७०) भी समर्थन हो जाता है किन्तु इसे विक्रम सवत्का प्रारम्भ नहीं मानना चाहिए।

शक संवत्के साथ भी इसकी संगति ठीक बैठ जाती है, क्योंकि जैसा कि अगले प्रकरणमें बताया जाने वाला है शक संवत्का प्रचार जैन शास्त्रोंके अनुसार वीर निर्वाणसे ६०५ वर्ष पश्चात् होना निश्चित है। प्रचलित विक्रम तथा शक संवत के मध्य १३५ वर्षका अन्तर सर्व-प्रसिद्ध है। इससे यह सिद्ध है कि विक्रम संवत्का प्रारम्भ (६०५-१३५) वीर निर्वाणके ४७० वर्ष पश्चात हुआ।

३. शक संवत् विचार

१ नाम विचार

'शक' शब्दका प्रयोग संवत् सामान्यके अर्थमें होता है। यथा—

ज्योतिर्मुख ११ 'युधिष्ठरो-विक्रमशालिवाहनौ, ततो नृप' स्याद्विजयाभिनन्दन'। ततस्तु नागार्जुनभूपति' कली, कल्की षडेते शककारका' स्मृता'।'=कलियुगमें युधिष्ठर, विक्रम, शालिवाहन, विजयाभिनन्दन, नागार्जुन और कल्की ये छः राजा शककारक अर्थात् सवत् चलानेवाले कहे गए है।

संवत्को 'शक' नामसे कहा जानेकी भी प्रवृत्ति प्रचलित रही है, जैसे—श्री महावीर या वर्द्धमान शक, विक्रम शक, शालिवाहन शक इत्यादि। परन्तु यहाँ 'शक' नामके जिस सवत्की चर्चा की जानी इष्ट है वह एक स्वतन्त्र संवत् है जिसका प्रचार वर्तमानमें यद्यपि लुप्त हो चुका है, तदपि किसी समय भारतमें इसका व्यवहार प्रचुर था। प्राचीन जैन ग्रन्थोंमे इसका प्रयोग प्रचुरतासे किया गया प्राप्त होता है। जैसा कि अगले उद्धरणोसे पता चलता है कि विक्रम तथा शालिवाहन नामक सवत्तोंको भी कभी कभी शक संवत् कह दिया जाता था, तदपि वास्तवमें उनके साथ इसकी कोई एकार्थता नहीं है।

दे. आगे शीर्षक न. ४ — मैसूर मुम्मडि वाले शिलालेखमे शक सवत्को विक्रमांक लिखा है, और मैसूर डिस्ट्रिक्ट वाले शिलालेखोंमे शालिवाहनको शक लिखा है।

त्रि. सा ८५० माधवचन्द्र कृत टीका—श्री वीरनाथ निवृत्ते सकाशात् पञ्चोत्तरषट्छतवर्षाणि पंचमासयुतानि गत्वा पश्चात् विक्रमांक शकराजो जायते। =वीर निर्वाण के ६०५ वर्ष और ५ मास बीत जाने पर विक्रमांक शक राजा उत्पन्न होगा।

अकलंक चरित्र —"विक्रमांक शकाब्दीय शतसप्तप्रयाजुषि। कालेऽकलंकयतिनो बौद्धैर्वादो महानभूत।" =विक्रमार्क शकाब्द ७०० में अकलंक यतिका बौद्धोके साथ महान शास्त्रार्थ हुआ था।

र. क. श्रावकाचार—पं. कमलकृत सुखबोधिनी टीका—'शालिवाहन संज्ञ श्रीशकराज शब्दगणे'=शालिवाहन नामक श्रीशकराजके संवत्सरमे। परन्तु जैसा कि ऊपर त्रिलोकसारकी टीकामे कहा गया है और आगे पृथक् शीर्षकके अन्तर्गत बताया जानेवाला है शक नामक प्रसिद्ध संवत से तात्पर्य न तो विक्रम सवत्से है और न शालिवाहन सवत् से, यह एक स्वतन्त्र संवत् है जिसकी प्रवृत्ति भारतमे वीर निर्वाणके ६०५ वर्ष ५ मास पश्चात प्रारम्भ हुई थी। ऊपर जो त्रिलोकसारके टीकाकार ने विक्रम तथा शक संवत् की एकार्थता बताई है उसको यद्यपि मैसूरके प्रसिद्ध विद्वान पं. ए. शान्तिराज शास्त्रीका समर्थन प्राप्त है, तदपि डॉ. के. बी. पाठक इसे टीकाकारकी भूल घोषित करते है (जै सा. इ/पी २९७)।

इसी प्रकार 'शालिवाहन' संवत्के विषयमें भी जानना। अर्थात् ऊपर जो रत्नकरण्ड श्रावकाचारके टीकाकारने शालिवाहन और शक संवत्की एकार्थता बताई है वह उनकी भूल है। ऐतिहासिक मान्यता के अनुसार भृत्यवंशी गोतमी पुत्र सातकर्णी शालिवाहनने ई. सन् ७८ (वी. नि. ६०५) में शकराज नरवाहन (नहपान) को परास्त करके, शकोंके जीतनेके उपलक्ष्यमें शक संवत् प्रचलित किया था (क. पा. १/प्र. ५३/पं महेन्द्र कुमार)। आगममें विशेष प्रकारसे शक संवत्का उल्लेख किया जानेपर इसीसे तात्पर्य होता है। जैसा कि अगले शीर्षकके अन्तर्गत बताया जाने वाला है शालिवाहन नामसे प्रसिद्ध एक स्वतन्त्र संवत् है जो वीर निर्वाणके ७४१ वर्ष पश्चात प्रवृत्त हुआ था।

२. काल विचार

ति प ४/१४९६-१४९९-वी जिणेसिद्धिगदे चउसदइगिसट्ठिवासपरिमाणे। कालम्मि अदिक्कते उप्पण्णो एत्थ सकराओ ॥१४९६॥ अहवा वीरे सिद्धे सहस्सणवकम्मि सगसयब्भहिए। पणसीदिम्मि यतीदे पणमासे सकणिओ जादो ॥१४९७॥ चोद्दससहस्ससगसयतेणउदीवाससकालविच्छिदे। वीरेसरसिद्धीदो उप्पण्णो सगणिओ अहवा ॥१४९८॥ णिव्वाणे वीरजिणे छव्वाससदेसु पंचवरिसेसं। पणमासेसु गदेसुं संजादो सगणिओ अहवा ॥१४९९॥ =१ वीर जिनेन्द्रके मुक्त होनेके पश्चात् ४६१ वर्ष प्रमाण कालके व्यतीत होनेपर यहाँ शक राजा उत्पन्न हुआ ॥१४९६॥ अथवा—२ वीर भगवान्के सिद्ध होनेके पश्चात् ९७८५ वर्ष ५ मासके बीतनेपर शक नृप उत्पन्न हुआ ॥१४९७॥ अथवा—३ वीर भगवान्की मुक्तिके पश्चात् १४७९३ वर्ष व्यतीत होनेपर शकनृप उत्पन्न हुआ ॥१४९७॥ (ध. ९/गा. ४२ या ४६/१३२)। अथवा—४.वीर भगवान्के निर्वाणके पश्चात् ६०५ वर्ष ५ मासके बीत जानेपर शक नृप उत्पन्न हुआ ॥१४९९॥

ध ९/४,१,४४/गा ४३/१३२ सत्तसहस्सा णवसद पंचाणउदी सपंचमासा य। अइकंता वासाणं जइया तइया सुगुप्तीए। =७९९५ वर्ष ५ मास व्यतीत हो जाने पर शक नरेन्द्रकी उत्पत्ति हुई ॥४३॥

शास्त्रोंमे उद्धृत इन मूल गाथाओंमें शक राजाकी उत्पत्ति वीर निर्वाणके ४६१, १३८५, १४७९३, ६०५ और ७९९५ वर्ष पश्चात बताई गई है। तथापि ६०५ वर्ष ५ मास वाली चतुर्थ मान्यता ही सर्वसम्मत है।

ध ९/४,१,४४/गा. ४१/१३२-पंच य मासा पंच य वासा छच्चेव होंति वाससया। सगकालेण य सहिया थावेयव्वो तदो रासी =६०५ वर्ष ५ मास प्रमाण शकका काल जोड़ देनेसे वीर जिनेन्द्रका निर्वाण काल प्राप्त होता है।

त्रि. सा. ८५० पण्णछस्सयवस्सं पणमासजुदं गमिय वीरणिव्वुइदे। सग राजो तो कक्की चदुणवतियमहिय सगमास। =श्री वर्द्धमान भगवान् के निर्वाण जानेके ६०५ वर्ष ५ मास पश्चात शक राजा हुआ, और तदन्तर ३९४ वर्ष ७ मास पश्चात् अर्थात् वी. नि. १००० में कल्की राजा हुआ।

ह. पु ६०/५५१—वर्षाणां षट्शती त्यक्त्वा पञ्चाग्रां मासपञ्चकम्। मुक्तिं गते महावीरे शकराजस्ततोऽभवत्॥ =भगवान महावीरके मोक्ष चले जानेके ६०५ वर्ष ५ मास पश्चात् शक राजा हुआ।

तित्थोगाली पयन्ना ६२३—'पंच य मासा पंच य वासा छच्चेव होंति वाससया। परिनिव्वु अस्सऽरिहतो, तो उप्पन्नो (पडिवन्नो) सगो राया॥ —भगवान् महावीरके निर्वाण जानेके ६०५ वर्ष ५ मास पश्चात् शक राजा हुआ।

मेरुतुंग कृत 'विचारश्रेणी'—श्रीवीरनिर्वृत्तेर्वर्षै: षड्भि पञ्चोत्तरै: शतै, शकसवत्सरस्यैषा प्रवृत्तिर्भरतेऽभवत्॥ —वीर निर्वाणके ६०५ वर्ष ५ मास पश्चात भारतमें शक संवत्की प्रवृत्ति हुई।

सारांश—इस प्रकार दिगम्बर तथा श्वेताम्बर दोनों ही आम्नायों में वीर निर्वाणके ६०५ वर्ष ५ मास पश्चात् शक संवत्की प्रवृत्ति मान्य है। इसके अतिरिक्त त्रिलोकसारमें (दे, ऊपर) जो शक राजाके साथ साथ उसके ३९४ वर्ष ७ मास पश्चात् अर्थात् वीर-निर्वाणके १००० वर्ष पश्चात कल्कीको राजाके होनेकी बात कही है, उससे भी इस मतकी पुष्टि होती है, क्योंकि इतिहास भी लगभग इसी कालमें अत्यन्त अत्याचारी हूणवंशके राज्यका उल्लेख करता है (दे, इतिहास ३/२-३)

४. शालिवाहन संवत् विचार

शक संवत्की भाँति इसका प्रचलन भी आज प्राय लुप्त हो चुका है, परन्तु दक्षिण देशमें कहीं कहीं आज भी इसका उल्लेख देखा जाता है। शिलालेखोंमें इसका काल वीर निर्वाणसे ७४२ वर्ष पश्चात् इङ्गित किया गया है। कहीं कहीं शक संवत्को भी शालिवाहन कहनेकी प्रवृत्ति रही है, परन्तु यह एक स्वतन्त्र संवत् है जिसका प्रारम्भ शक राजके ६४ वर्ष पश्चात होता है।

मैसूर राज सुम्मडि कृष्णराज द्वारा ई १८३० में श्रवणबेलगोलके जैन मठको दिया गया शिलालेख—'नानादेशनृपालमौलि स्वस्ति श्री-वर्द्धमानाख्ये जिने मुक्ति गते स हि वहिणरन्ध्राब्धि नेत्रैश्चवत्सरेषु मितेषु वै (२४९३) विक्रमांकसमाब्दिन्दुगजसमाजहस्तिभि (१८८८)। सतीषु गणनोयासु गणिज्ञैर्वु धैस्तदा। शालिवाहन वर्षेषु नेत्रबाणनगेन्दुभि (१७५२) प्रमितेषु विकृत्यब्दे श्रावणे मासि मङ्गले। —यहाँ २४९३ महावीर शक, १८८८ विक्रम शक, और १७५२ शालिवाहन शक इन तीनोंका उल्लेख है। महावीर शक और विक्रम शकके मध्य २४९३-१८८८=६०५ वर्षका अन्तर बताया गया है इसपरसे यह सिद्ध होता है कि उस कालमें शक संवत्को विक्रम संवत् कहनेकी प्रथा रही होगी। इसी प्रकार महावीर और शालिवाहन शकके मध्य २४९३-१७५२=७४१ वर्षका अन्तर दर्शाया गया है। इसपरसे सिद्ध होता है कि शालिवाहन संवत्का प्रारम्भ वीर निर्वाणके ७४१ वर्ष पश्चात होना निश्चित है।

मैसूर डिस्ट्रिक्ट शासन पुस्तक/भाग २/पृ ५७ शिलालेख नं १५४—'श्री शक १७६० स्वस्ति श्री वर्द्धमानाब्दा २५०१।' —यहाँ शालिवाहनको शक कहा गया है, क्योंकि वर्द्धमान तथा शकके मध्य यहाँ २५०१-१७६०=७४१ वर्षका अन्तर स्पष्ट है।

शिलालेख संग्रह/भाग १/शिलालेख नं. ३५५, ४८१ और ४८२—इन तीनों अभिलेखोंमें शालिवाहन १७७८ और उसके साथ वर्द्धमान २५१९ लिखा गया है। दोनोंके मध्य २५१९-१७७८=७४१ वर्षका अन्तर है।

इसी प्रकार शिलालेख नं ३५६, ३६१ और ४८० में शालिवाहन १७८० और उनके साथ वर्द्धमान २५२१ दिया है। दोनोंके मध्य २५२१-१७८०=७४१ वर्षका अन्तर दृष्टव्य है। इसपरसे पता चलता है कि शालिवाहन संवत्का प्रचार वीर निर्वाणके ७४१ वर्ष पश्चात् प्रारम्भ हुआ।

परिशिष्ट २—(मूलसंघ विचार)

१ सामान्य परिचय

पृष्ठ ३१८ पर इतिहास वाले प्रकरणके अन्तर्गत भगवान् वीरके पश्चात् श्रुत तीर्थके प्रारम्भका और उसके क्रमिक ह्रासका विवेचन करते हुए श्रुतधरोंकी आम्नाय वाले मूलसंघका निर्देश किया गया है। इस विषयमें वहाँ इन्द्रनन्दि कृत 'श्रुतावतार' से लेकर दो पट्टावलियें उद्धृत की गई है। पृष्ठ ३१६ पर उद्धृत की गई पहली पट्टावली श्रुतधरोंकी आम्नायवाले मूल संघसे सम्बन्ध रखती है और पृष्ठ ३२३ पर उद्धृत दूसरी पट्टावली मूल संघके विभाजनके पश्चात होने वाले नन्दिसंघ बलात्कारगणकी आचार्य परम्पराका उल्लेख करती है। दोनोंमें आचार्योंका पृथक् पृथक् काल निर्देश किया गया है, परन्तु उन कालोंमें अनेक प्रकारकी विप्रतिपत्तियें है। यथा—

(१) मूलसंघ वाली प्रथम पट्टावलीमें पञ्चम श्रुतकेवली भद्रबाहु प्र के नामका उल्लेख किया गया है और उनका काल यहाँ वी. नि १३३-१६२ बताया गया है। परन्तु इनके विषयमें यह बात सर्वप्रसिद्ध है कि द्वादशवर्षीय दुर्भिक्षके समय इन्होंने १२००० साधुओंके विशाल संघको साथ लेकर उज्जैनीसे दक्षिणकी ओर प्रयाण किया था उस समय चन्द्रगुप्त मौर्य भी जिन दीक्षा धारण करके इनके साथ गये थे और श्रवणबेलगोलमें इन दोनोंकी समाधि हुई थी। इस आख्यान परसे दोनों की समकालीनता सिद्ध है, परन्तु भद्रबाहु स्वामी के उक्त कालकी संगति चन्द्रगुप्तके कालके साथ नहीं बैठ रही है, क्योंकि जैसा कि पृष्ठ ३१३ पर मगध देशकी राज्य वंशावलीमें दिखाया गया है चन्द्रगुप्त मौर्यका काल शास्त्रोंके अनुसार वी नि २१५-२५५ और जैन इतिहासकारों के अनुसार ई पू ३२६-३०२ (वी नि. २०१-२२५) निर्धारित किया गया है।

(२) भद्रबाहु द्वि., अर्हद्बलि तथा माघनन्दि इन तीन नामोंका उल्लेख उक्त दोनों पट्टावलियों में किया गया है। एक ही आचार्यके द्वारा एकही ग्रन्थमें उल्लिखित होनेपर भी दोनों स्थानों पर निर्दिष्ट इनके कालोंमें भिन्नताकी प्रतीति हो रही है।

(३) श्रुतधरोंकी आम्नायका निर्देश करनेवाली मूलसंघकी पट्टावलीमें माघनन्दिके पश्चात् षट्खण्डागमके रचयिता आ धरसेन, पुष्पदन्त तथा भूतबलिके नाम दिये गये है, परन्तु इनका जो काल यहाँ निर्दिष्ट किया गया है उस की संगति कुन्दकुन्दके कालके साथ बैठती प्रतीत नहीं हो रही है, जबकि कुन्दकुन्दके विषयमें यह बात प्रसिद्ध है कि उन्होंने षट्खण्डागमके आद्य तीन खण्डोंपर 'परिकर्म' नामकी एक टीका लिखी थी।

(४) नन्दिसंघवाली दूसरी पट्टावलीमें कुन्दकुन्दका काल वि सं. ४९-१०१ दिया गया है, जबकि जैन इतिहासकार इन्हें वी नि. ६५०-७०० वि (१८०-२३०) में स्थापित कर रहे है।

(५) पेज्जदोसपाहुड (कषाय पाहुड) के रचयिता आ गुणधर, आर्यमक्षु, नागहस्ति, और यतिवृषभ जैसे अत्यन्त प्रसिद्ध आचार्यों का नाममूलसंघकी पट्टावलीमें सर्वथा छोड दिया गया है जबकि आ धरसेनकी भाँति वे भी श्रुतधरोंकी आम्नायमें समाविष्ट है।

इनके अतिरिक्त अन्य भी अनेकों अवान्तर बाधायें है जिनका सयुक्तियुक्त निवारण करनेके लिये उक्त दोनों पट्टावलियोंके प्रकाशमें आचार्यों के कालका ठीक ठीक निर्धारण करना अत्यन्त आवश्यक है। नन्दिसंघकी पट्टावलीके सम्बन्ध में तो चर्चा आगे परिशिष्ट ३ में की जायेगी। यहाँ श्रुतधरोंकी आम्नाय वाले मूलसंघकी, तत्सम्बन्धी पट्टावली और उसमें उल्लिखित प्रधान आचार्योंकी चर्चा की जायेगी।

२. मूलसंघ परिचय

भगवान् महावीर की निर्वाण-प्राप्तिके पश्चात् उनके संघमें ६२ वर्ष तक इन्द्रभूति (गौतम गणधर) आदि तीन केवली हुए। इनके पश्चात् केवलज्ञानका विच्छेद हो गया परन्तु १००-१५० वर्ष तक पूर्ण श्रुत-ज्ञान (११ अंग १४ पूर्व) के धारी पाँच श्रुतकेवलियोंकी परम्परा चलती रही। आ भद्रबाहु प्रथम इस परम्पराकी अन्तिम कड़ी थे। इनके पश्चात् पूर्ण श्रुतज्ञान भी विच्छिन्न हो गया। फिर श्रुतज्ञानके हानिक्रमसे ११, १०, ६ तथा ८ अंगधारी होते रहे। भद्रबाहु द्वितीय तथा लोहाचार्य इस परम्परामें अन्तिम अष्टांगधारी थे। इनके पश्चात् अथवा इनके कालमें ही कुछ आचार्य एकांग अथवा आचारांगधारी भी होते रहे। फिर एक अंगधारीकी परम्परा भी समाप्त हो गई और किसी एक अंगके अंशधारी होते रहे। अंशधारियोंकी यह शृङ्खला वीर निर्वाण के ६८३ वर्ष पश्चात् तक चलती रही। आ अर्हद्बली, माघनन्दि, गुणधर, धरसेन आदि आचार्य इसी परम्परामें हुए आगे चलनेपर अंगांशका यह ज्ञान भी समाप्त हो गया।

पंचम श्रुतकेवली भद्रबाहु स्वामी प्रथम तक भगवान् वीरका यह मूलसंघ अखण्ड रूपसे चलता रहा। परन्तु इनके समयमें उज्जैनीमें बड़ा भयंकर द्वादशवर्षीय दुर्भिक्ष पड़ा जिसके कारण उन्हें यह देश छोड़कर ससंघ दक्षिणकी ओर प्रयाण करना पड़ा। उस समय इनके संघमें १२००० साधु थे, जिनमें से कुछ इनके साथ न जाकर उज्जैनी में अथवा मार्गमें ही रुक गए। पीछे परिस्थितिवश उनको सिंहवृत्ति का त्याग करके अपवाद मार्ग अपनाना पड़ा। इससे अर्ध फालक संघकी नींव पड़ी जो धीरे धीरे शैथिल्यमें परिणत होता हुआ वि. १३६ में सौराष्ट्र देशको प्राप्त होनेपर सांगोपांग श्वेताम्बर संघमें परिणत हो गया। (विशेष दे श्वेताम्बर) इस प्रकार पंचम श्रुत केवली भद्रबाहु प्रथमके युगमें भगवान्का अखण्ड मूल संघ दिगम्बर तथा श्वेताम्बरके रूपमें द्विधा विभक्त हो गया। स्थूलभद्रकी आम्नाय श्वेताम्बर संघकी ओर चली गई और प्रोष्ठिल शाखा दिगम्बर बनी रही। दुर्भिक्ष समाप्त हो जानेके पश्चात् यह संघ पुन दक्षिणसे मगध तथा उज्जैनीकी ओर लौट आया, और आचार्य अर्हद्बली तक अविच्छिन्न रूपसे चलता रहा।

जैसा कि आगे आ अर्हद्बलीकी चर्चा करते हुए बताया गया है, आ अर्हद्बलीने यत्र तत्र बिखरे हुए दिगम्बर संघको संगठित करनेके लिये दक्षिण देशस्थ महिमानगर जिला (सितारा) में एक महान यति सम्मेलन किया जिसमें १००-१०० योजन तकके यति आकर सम्मिलित हुए। इस यति-सम्मेलनकी योजना उन्होंने पंचवर्षीय युगप्रतिक्रमणके अवसरपर की थी। उस समय उन्होंने यह महसूस किया कि काल प्रभावसे वीतरागियोंमें अपने अपने संघ तथा शिष्योंके प्रति कुछ पक्षपात जाग्रत हो चुका है। यह पक्ष आगे जाकर संघकी क्षतिका कारण न बन जाये इस उद्देश्यसे उन्होंने अखण्ड दिगम्बर संघको नन्दिसंघ आदि अनेक अवान्तर संघोंमें विभाजित कर दिया। इसके पश्चात् ये सकल संघ अपने-अपने आचार्यकी अध्यक्षतामें स्वतन्त्र रूपसे विचरण करने लगे। यद्यपि संघका विभाजन वी नि. ५७५ में कर दिया गया तदपि धरसेन आदि कुछ अंगांश धारियों की वीतराग परम्परा यत्र तत्र बिखरी हुई वी नि. ६८३ चलती रही।

वीर निर्वाणसे लेकर उसके ६८३ वर्ष पश्चात् तककी यह परम्परा मूलसंघमें गणनीय है, जिसका उल्लेख दो स्थानों पर प्राप्त होता है, एक तो तिलोय पण्णत्ति तथा धवला आदि मूल ग्रन्थोंमें और दूसरे आ इन्द्रनन्दि कृत 'श्रुतावतार' नामक शास्त्रमें। मूल ग्रन्थोंमें ज्ञान हानिका क्रम दर्शानेके लिये आचार्योंका केवल समुदित काल दिया गया है और ६८३ वर्षकी यह श्रुतधर परम्परा भद्रबाहु द्वितीय तथा लोहाचार्य पर आकर समाप्त कर दी गयी है। परन्तु इन्द्रनन्दि कृत श्रुतावतारमें समुदित कालका निर्देश करनेके साथ साथ प्रत्येक आचार्यका पृथक् पृथक् काल भी दिया गया है। यहाँ ६८३ वर्षकी काल गणना लोहाचार्य पर समाप्त न करके षट्खण्डागमके रचयिता अंगांशधारी आ धरसेन, पुष्पदन्त तथा भूतबलि तक ले जाई गई है, अर्थात् अर्हद्बली आदिको भी इसीमें समेट लेती है। इसलिये यह पट्टावली सन्धाताओंके लिये बड़े महत्वकी है। (दे. कोश पृ. ३१६ इतिहास ४/२) ११ अंग १० पूर्व धारियोंकी परम्परा तक दोनों की दृष्टि समान है, परन्तु आगे चलनेपर ६८३ वर्षकी उक्त गणनाके कारण कुछ मतभेद हो गया है।

३ भद्रबाहु प्रथम

मूलसंघकी पट्टावलीमें (दे पृ ३१६) इस नामके दो आचार्य प्राप्त होते है, एक तो वे जिनकी गणना विष्णु आदि पाँच श्रुतकेवलियोंमें की गई है और दूसरे वे जिन्हें आचारांगधारी अथवा अष्टांगधारी कहा गया है। इन्हींसे नन्दिसंघ बलात्कारगणकी पट्टावलीका प्रारंभ होता है। दोनोंके सम्बन्धमें प्रचलित उक्तियें परस्परमें कुछ इस प्रकार घुल मिल गई है कि इन दोनोंका ही जीवन वृत्त प्राय धूमिल हो गया है। (जै /पी. ३४६)। यथा—

१. गुरु शिष्य विचार

मूल संघकी पट्टावलीमें विशाखाचार्यको भद्रबाहु प्रथमका शिष्य कहा गया है जबकि नन्दि संघकी पट्टावलीमें भद्रबाहु द्वितीयके शिष्य 'गुप्तिगुप्तका' अपर नाम 'विशाखाचार्य' है। हरिषेण कथाकोष तथा भद्रबाहु चरित्रके अनुसार चन्द्रगुप्त मौर्यका दीक्षा नाम विशाखाचार्य था और वे भद्रबाहु प्र. के शिष्य थे जबकि श्वेताम्बराम्नायमें इस नामके साथ-साथ उनका अपर नाम गुप्तिगुप्त भी था और वे 'भद्रबाहु द्वि.' के शिष्य थे। मूलसंघकी पट्टावलीमें भद्रबाहु द्वि के शिष्य 'लोहाचार्य' और उनके शिष्य अर्हद्बली' है जबकि नन्दि संघकी पट्टावलीमें यह भी गुप्तिगुप्तका अपर नाम है अर्थात् ये भद्रबाहुके प्रशिष्य न होकर शिष्य है। लोहाचार्यका नाम यहाँ भद्रबाहुकी सातवीं पीढ़ीमें (उमास्वामीके पश्चात्) दिया गया है।

२. ज्ञान विचार

मूल संघमें भद्रबाहु प्र को पंचम श्रुतकेवली कहा गया है और इस मतकी पुष्टि श्रवणबेलगोलसे प्राप्त शिलालेख नं १७,१८,४०,५४ तथा १०८ से होती है, जबकि शिलालेख नं १ तथा भावसंग्रह ५३ में (दे श्वेताम्बर) इन्हें निमित्तज्ञानी कहा गया है। दूसरी ओर भद्रबाहु द्वि को दिगम्बर आम्नायमें चरम निमित्तधर तथा आचारांगधारी माना गया है जबकि श्वेताम्बर आम्नायमें इन्हें श्रुतकेवली कहा गया है। (जै /पी ३४६, ३४७)

३. द्वादशवर्षीय दुर्भिक्ष

बृहद् कथाकोष २३१, आराधना कथाकोष ६१, भावसंग्रह ५४-५५, भद्रबाहु चरित्र ३-अपने निमित्तज्ञानसे उज्जैनीमें द्वादश वर्षीय दुर्भिक्ष आनेवाला जानकर आप १२००० साधुओंके साथ दक्षिणापथकी ओर विहार कर गये थे। मगध सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य जो कि इस समय अपनी उज्जैनी वाली राजधानीमें ही विद्यमान थे, इस घटनासे प्रभावित होकर दीक्षित हो गये थे और इन्के साथ ही दक्षिणापथकी ओर चले गये थे।

परन्तु श्वेताम्बर मुनि कल्याण विजय जी तथा डा० प्लाटो इस घटनाका सम्बन्ध भद्रबाहु द्वि के साथ जोड़ते है। इनकी इस मान्यताको विद्वानोंका समर्थन प्राप्त नहीं है क्योंकि भद्रबाहु द्वि के काल (वी.नि. ४६२–५१५ वि २२-४५) में न तो दुर्भिक्ष विषयक कोई उल्लेख प्राप्त होता है और न ही उस समय चन्द्रगुप्त नामक किसी राजाके अस्तित्व की कोई सूचना मिलती है। अत इस घटनाका सम्बन्ध भद्रबाहु प्र के साथ ही सिद्ध होता है। (जै /पी. ३५१)

४. चन्द्रगुप्त मौर्यकी समकालीनता

उपर्युक्त दिगम्बर ग्रन्थोमें द्वादशवर्षीय दुर्भिक्षके समय चन्द्रगुप्त मौर्य का भद्रबाहु प्र से दीक्षित होना लिखा है, और ति प ४/१४८१ में चन्द्रगुप्तको ही जिनदीक्षा धारण करनेवाला अन्तिम मुकुटबद्ध राजा कहा गया है। ऊपर इन्हीं का दीक्षाका नाम विशाखाचार्य कहा गया है। यद्यपि नन्दि संघकी पट्टावलीमें भद्रबाहु द्वि के शिष्य गुप्तिगुप्तका नाम विशाखाचार्य कहा गया है और श्वेताम्बर मुनि कल्याण विजयजी तथा डा प्लाटो गुप्तिगुप्तको ही चन्द्रगुप्त कल्पित करते है, परन्तु दिगम्बर विद्वानोको प्राय यह मत मान्य नही है। कुछ श्वेताम्बर विद्वान् अशोकके पौत्र सम्प्रति (ई पू २२०–२११) को चन्द्रगुप्त द्वि मानकर भद्रबाहु प्र (वी नि १३३–१६२, ई पू ३९४–३६५) के साथ उसकी समकालीनता घटित करना चाहते है, परन्तु इनका यह मत भी मान्य नहीं है क्योकि एक तो सम्प्रति बौद्ध थे और दूसरे उनके विषयमें दीक्षा धारण करनेका कही उल्लेख प्राप्त नही होता। अत चन्द्रगुप्त मौर्य (ई पू ३२६–३०२) का ही भद्रबाहु प्र के साथ दीक्षित होकर दक्षिणापथकी ओर जाना सिद्ध है। इस विषयमें एक यह ऐतिहासिक तथ्य भी है कि इतिहासमें इनके राज्याभिषेक आदिका तो उल्लेख मिलता है परन्तु इनकी मृत्यु कैसे तथा कहाँ हुई इस विषयमें कोई उल्लेख कही प्राप्त नही होता है। (जै /पी ३४४)।

५ समाधिमरण

द्वादश वर्षीय दुर्भिक्ष वाली घटनामें तीन मान्यताये प्रसिद्ध है। आराधना कथाकोष ६१ के अनुसार मुनिसघको दक्षिणापथकी ओर भेजकर स्वय अतिवृद्ध होनेके कारण उज्जैनीमें ही रह गये थे और चन्द्रगुप्त भी दीक्षा धारण करके इनकी सेवामें वहाँ ही रहे। वृहद् कथाकोष २३१के अनुसार आप दोनो मार्गमें भाद्रपद देशमे रुक गये थे। परन्तु श्रवणबेलगोलसे प्राप्त पूर्वोक्त शिलालेखोंके आधारपर डा स्मिथने भद्रबाहु स्वामीका और इनके १२ वर्ष पश्चात् चन्द्रगुप्तका समाधिमरण श्रवणबेलगोलमें होना निश्चित किया है। (जै.पी.३४३-३४५)।

६ श्वेताम्बर दिगम्बर सघभेद

दुर्भिक्षके कालमे भद्रबाहु स्वामी (प्र) के आदेशसे दक्षिणापथकी ओर विहार कर जाने वाले १२००० साधुओमे से यद्यपि अधिकतर दक्षिण देशमे चले गये थे, तदपि उनका कुछ भाग प्रमादवश उज्जैनीमे या मार्गमें ही रह गया। परिस्थितियोसे बाध्य होकर इन्हे भिक्षावृत्तिका त्याग करके अपवाद मार्गका आश्रय ले लेना पडा। यह अपवाद ही धीरे धीरे शिथिलाचारमे प्रवर्तित हो गया। फलस्वरूप अर्धफालक संघकी उत्पत्ति हुई जो आगे जाकर वि १३६ (वी नि ६०६) मे श्वेताम्बर सघके रूपमें परिवर्तित हो गया। उस समय इस सघके आचार्य जिनचन्द्र थे जिन्हे भद्रबाहु स्वामीके प्रशिष्य और शान्त्याचार्यका शिष्य माना गया है। (दे. श्वेताम्बर २-३)

७. समय

चन्द्रगुप्त मौर्यके साथ इनकी समकालीनता सिद्ध कर दी गई, परन्तु यहाँ यह आपत्ति आती है कि चन्द्रगुप्त मौर्यका काल ई. पू. ३२६–३०२ (वी. नि २०१-२२५) सिद्ध है, जबकि मूलसघकी पट्टावलीमें भद्रबाहु प्र का काल वी. नि. १३३-१६२ निर्दिष्ट किया गया है। दोनोके कालोमें लगभग ६० वर्षका अन्तर स्पष्ट है। इसे पाटनेके लिये दो ही मार्ग है। या तो चन्द्रगुप्तके कालको ६० वर्ष ऊपर ले जाये और या भद्रबाहुके कालको ६० वर्ष नीचे लाया जाये। श्वेताम्बर मुनि पहले मार्गका अवलम्बन लेते है और नन्द वशके शास्त्रोक्त १५५ वर्ष कालमें से ६० वर्ष निकाल कर उसे ९५ वर्ष कर देते है। इस प्रकार इस वशके अनन्तर प्रारम्भ होनेवाले मौर्य वशका काल वी. नि २१५ की बजाय वी नि. १५५ में प्रारम्भ हो जाता है (दे इतिहास ३/३-४ की टिप्पणी) परन्तु ऐसा माननेमें अन्य बहुत सारी आपत्तियें खडी हो जाती है।

इसलिये पं. कैलाश चन्द दूसरे मार्गका अवलम्बन लेते है। मूल संघकी पट्टावलीमें इङ्गित तृतीय दृष्टिके अनुसार आप नक्षत्र आदि पाँच एकादशांगधारियोके २२० वर्ष कालमें से ६० वर्ष निकाल कर विष्णु आदि पाँच श्रुतकेवलियोके १०० वर्ष कालमें मिलानेका सुझाव देते है। जिससे दोनो स्थानोंपर पाँच पाँच आचार्योंका समुदित काल १६०-१६० वर्ष हो जाता है। ऐसा करनेसे यद्यपि दृष्टि न. २ में कथित आचार्योंका पृथक् पृथक् काल गडबडा जाता है तदपि अन्य अनेको आपत्तियोका समाधान प्राप्त हो जाता है। जैसा कि पहले कहा जा चुका है भद्रबाहु स्वामीके विषयमें प्राचीन कालसे बहुत सी भूले चली आ रही है, इसलिये बहुत सम्भव है कि श्रुतावतारके कर्ता आ इन्द्र नन्दिसे भी काल-निर्धारण करनेमें कुछ भूल हुई हो। पं. कैलाश चन्दजी के द्वारा इस समन्वयके अनुसार भद्रबाहु प्र का काल वी. नि १८०-२२२ (ई पू ३४७-३०५) हो जाता है। दूसरी ओर चन्द्रगुप्त मौर्यका काल ई पू ३२६-३०२सिद्ध किया जा चुका है,इसलिये ई पू ३०५ मे दीक्षित होकर भद्रबाहु स्वामीके साथ इनका दक्षिणापथको चले जाना घटित हो जाता है। (जै /पी. ३५४)

इसे मान लेनेपर दूसरी आपत्ति श्वे. दि सघभेदकी ओरसे उत्पन्न होती है, क्योकि यह बात सर्व मान्य है कि यह भेद द्वादशवर्षीय दुर्भिक्ष के कारण परिस्थितिवश उत्पन्न हुआ था, और भद्रबाहु प्र के उपर्युक्त कालके अनुसार यह दुर्भिक्ष वी. नि २२२ (वि पू २४८) मे पडा था, जबकि सघभेद वि. १३६मे हुआ कहा गया है। दोनोमे ३८४ वर्षका अन्तर स्पष्ट है। इस आपत्तिका समाधान दर्शनसारकी प्रस्तावनामे प्रेमी जी ने किया है। इसके अनुसार वि. पू २४८ मे उस सघमे कुछ शैथिल्य ही आया था जो उस समय केवल अर्धफालक सघके रूपमे अभिव्यक्त हुआ था। दुर्भिक्ष समाप्त हो जाने पर भी सघने अपना स्थितिकरण नहीं किया और इसी रूपमे ३८० वर्ष तक "उज्जैनी (अवन्ती)" तथा मगध देशमे घूमता रहा। मथुराके कंकाली टीलेसे प्राप्त कुछ मूर्तिये इस विषयमे प्रमाण है। पीछे वि १३६ के आसपास यह संघ जब सौराष्ट्र देशमे आया तो वहाँके राजा के कहनेसे इसने वस्त्रो का ग्रहण कर लिया और आवश्यकताके अनुसार विधि-विधान बनाकर तात्कालिक आचार्य जिन चन्द्र ने इसे सांगोपाग "श्वेताम्बर संघका" रूप दे दिया। (दे.श्वेताम्बर ५)। ये जिन चन्द्र आचार्य कौन थे, इसकी चर्चा आगे जिनचन्द्रके नामसे की गई है। इस प्रकार भद्रबाहु प्र का काल वी. नि. १८०-२२२ (ई पू ३४७-३०५) सर्वथा निर्दोष है, और यही मूल संघकी दृष्टि नं ३ में दिया गया है।

४ भद्रबाहु द्वितीय

दूसरे भद्रबाहु वे है जिनकी गणना मूलसंघकी पट्टावलीमे अष्टांगधारियो अथवा आचाराग धारियोमें की गई है। दूसरी ओर आ. देवसेनने अपने भाव सग्रहमें इनका नाम भद्रबाहु गणी कहा है और निमित्तज्ञानी कहकर इनका सम्बन्ध द्वादशवर्षीय दुर्भिक्षके तथा दिगम्बर श्वेताम्बर सघभेदके साथ जोडा है। तदनुसार इनके शिष्य शान्त्याचार्य थे और उनके शिष्य जिनचन्द्र। द्वादशवर्षीय दुर्भिक्ष समाप्त हो जानेपर जब शान्त्याचार्यने अपने सघसे शैथिल्य छोडकर शुद्धाचारी हो जानेके लिये कहा तो उनके शिष्य जिनचन्द्र ने उन्हे जानसे मार डाला या मरवा दिया और सघका नायक बनकर अपने सघको श्वेताम्बर सघके रूपमे परिणत कर दिया। यह घटना वि. १३६ मे घटित हुई कही गई है (दे श्वेताम्बर)। दूसरी ओर मूलसघ तथा नन्दि सघकी पट्टावलीके अनुसार इनकी शिष्य परम्परामें क्रमश लोहाचार्य,अर्हद्बली, माघनन्दि, तथा जिनचन्द्र प्राप्त होते है।

यहाँ जिनचन्द्रका समय शक. सं. ४०-४६ (वि. १७५-१८४) स्थापित किया गया है और इन्हे कुन्दकुद का गुरु बताया गया है। यद्यपि दोनो स्थानो पर जिनचन्द्र भद्रबाहुकी शिष्य-परम्परामे हैं और दोनोंके कालोमें भी कोई विशेष अन्तर नही है, केवल ३६ वर्षका अन्तर है, तदपि दोनोके जीवनवृत्तोमें इतना बडा अन्तर है कि इन दोनोंको एक व्यक्ति स्वीकार करने को जी नही चाहता। तथापि यदि जिस किस प्रकार इन्हे एक व्यक्ति घटित कर दिया जाय (दे परिशिष्ट ४/जिनचन्द्र) तो दोनो भद्रबाहु एक व्यक्ति सिद्ध हो जाते हैं। इतना हो जानेपर भी ये दोनो भद्रबाहु एक व्यक्ति थे या दो यह सन्देह बना ही रहता है। यदि ये दोनों भिन्न व्यक्ति है तो कहा जा सकता है भद्रबाहु गणी का काल अपने प्रशिष्य श्वेताम्बर सघाधीश जिनचन्द्र (वि. १३६) को अपेक्षा ४० वर्ष पहले वि. ६६ (वी.नि ५६६) होना चाहिए।

श्रुतधरोंकी परम्पराका निर्देश करने वाली मूलसघीय उक्त पट्टावलीमें भद्रबाहु द्वि. का काल वी. नि. ४६२-५१५ बताया गया है। दूसरी ओर नन्दि सघ बलात्कार गणकी पट्टावलीमें (दे. परिशिष्ट ४) इतिहास ७/२) वह विक्रम राज्यके पश्चात ४-२६ वर्ष स्थापित किया गया है पट्टावलीके कर्ता आ इन्द्रनन्दिके अनुसार विक्रम राज्यका प्रारम्भ वी. नि ४८८ मे कल्पित किया गया है यथा—"वीरात ४६२ विक्रमजन्मान्तर वर्ष २२, राज्यान्तर वर्ष ४" (विशेष दे. परिशिष्ट १/२) इसलिये तदनुसार इनका समय पट्टावली में वी. नि ४६२-५१४ बन जाता है। इस प्रकार दोनो पट्टावलियोंमे इनकी पूर्वावधि तो समान आ जाती है परन्तु उत्तरावधिमे एक वर्ष का अन्तर रह जाता है जिसे स्मृतिकी भूल कहकर हटायाजा सकता है। विद्वानोने इनका यही समय स्वीकार किया है। (प.सं /प्र H.L. Jain); (स. सि. प्र /७८/पं फूलचन्द), (विशेष दे. परिशिष्ट ४ मे नन्दिसंघ)।

५. लोहाचार्य

मूल संघकी पट्टावलीमे (दे पृ ३१६) इस नामके दो आचार्य प्राप्त होते है। एक तो द्वि. केवली सुधर्मा स्वामीका अपर नाम है और दूसरा भद्रबाहु द्वि के पश्चात् अष्टागधारियोकी अथवा आचारांग धारियोकी परम्परामे माने गए है। नन्दिसघकी पट्टावलीमे यद्यपि भद्रबाहु द्वि. के पश्चात् इनका नामोल्लेख नहीं किया गया है तदपि जैसा कि परिशिष्ट ३ में बताया जानेवाला है, वहाँ इनका ग्रहण अनुक्तरूपसे स्वयं हो जाता है। मूलसंघकी पट्टावलीमें प्रथम दृष्टिसे इनका काल भगवान् वीरके निर्वाणके पश्चात ६८३ वर्ष तककी काल गणना पर जाकर समाप्त हो जाता है परन्तु श्रुतावतारकी द्वितीय दृष्टिसे वह वी. नि. ५१५-५६५ प्राप्त होता है। अर्हद्बलि माघनन्दि तथा धरसेन आदिको ६८३ वर्षकी अवधिमें समेटनेके लिये यह पहले की अपेक्षा अधिक सगत है। श्रुतावतारमें ही निबद्ध नन्दिसंघकी पट्टावलीमें भी युक्तिपूर्वक इनका यही काल प्राप्त होता है (दे. परिशिष्ट ४)। (ध १/प्र. २६/H. L Jain); (स. सि /प्र. ७८/पं. फूल चन्द); (ह. पु./प्र. ३ पं. पन्ना लाल)।

एक तीसरे लोहाचार्य भी हैं जिनका उल्लेख नन्दिसंघकी पट्टावलीमें उमास्वामी के पश्चात् किया गया है ये लोहाचार्य उपर्युक्त लोहाचार्य द्वि. से भिन्न ही कोई व्यक्ति हैं, क्योंकि पट्टावलीमें इन्हें वी. नि. ७४७-७५८ में स्थापित किया गया है। इस प्रकार दोनोंके कालोंमें २ शताब्दीका अन्तर है (दे. परिशिष्ट ४)

६. विनयदत्तादि चार आचार्य

मूलसघकी पट्टावलीमें (दे पृ.३१६)लोहाचार्यके पश्चात विनयदत्त, श्रीदत्त, शिवदत्त और अर्हदत्त इन चारों आचार्योंका नामोल्लेख किया गया है। यद्यपि इनका उल्लेख न तो तिलोय पण्णत्ति आदि-मूल ग्रन्थोंमें कहीं पाया जाता है और न ही आ इन्द्रनन्दि कृत श्रुतावतारमें दी गई मूल सघकी पट्टावलीमें कहीं इनका पता चलता है (ध १/प्र २४/ H. L. Jain)। परन्तु आ इन्द्रनन्दिने वहाँ ऐसा उल्लेख अवश्य किया है कि आ. गुणधर तथा धरसेनके अन्वयका ज्ञान काल दोषसे इस समय हमे प्राप्त नहीं है (दे परिशिष्ट ३) इसके आधारपर तथा अन्य किन्हीं साक्ष्योके आधारपर प जुगल किशोर जी मुख्तारने इन्हें लोहाचार्य तथा अर्हद्बलिके मध्य स्थापित किया है। पुन्नाट संघकी पट्टावलीमें लोहाचार्य तथा अर्हद्बलीके मध्य विनयंधर, गुप्तिश्रुति, गुप्तर्द्धि और शिवगुप्त ये चार नाम दिये है। (दे. इतिहास ७/८/पृ. ३२७) सम्भवत ये उपर्युक्त विनयदत्त आदिके ही अपर नाम है। इससे पता चलता है कि इनका गुरु परम्परासे कोई सम्बन्ध नहीं है। क्योंकि इनका नाम एक साथ आता है इसलिये इन्हें समकालीन अनुमान किया जा सकता है। पं. जुगल किशोर जी इन चारोंका समुदित काल २० वर्ष अनुमान करते है।

७. अर्हद्बली

मूलसंघकी पट्टावली (दे. पृ. ३१६) में कथित द्वितीय दृष्टिमें इनके नामका उल्लेख इस बातका सूचक है कि लोहाचार्यके पश्चात् मूलसंघका पट्ट आपको अवश्य प्राप्त हुआ था, परन्तु प्रथम दृष्टिमें इनका उल्लेख प्राप्त न होनेसे यह कहा जा सकता है कि इनके कालमें मूलसंघ विघटित हो गया था। यथा—

इन्द्रनन्दिकृत नीतिसार - अर्हद्बली गुरुश्चक्रे संघसंघटनं परम्। सिंहसंघो नन्दिसंघ, सेनसंघस्तथापर'। देवसंघ इति स्पष्टं स्थानस्थितिविशेषत' /—आ अर्हद्बलिके कालमें मूलसघ-सिंह, नन्दि, सेन तथा देव नामक चार संघोंमें विभाजित हो गया।

मेमिदत्त कृत आराधना कथाकोष/कथा नं. —यहाँ यह बात प्रसिद्ध है कि पंचवर्षीय युगप्रतिक्रमणके समय आपने दक्षिण देशस्थ महिमानगर (जिला सतारा) में एक महान यति सम्मेलन किया था, जिसमें १००-१०० योजन तकके यति आकर सम्मिलित हुए थे। उस अवसर पर उनमें अपने अपने शिष्योंके प्रति कुछ पक्षपातकी गन्ध देखकर आपने मूलसघको नन्दिसंघ आदिके नामसे अनेक शाखाओंमें विभक्त कर दिया था।१४। आ. धरसेनका पत्र पाकर इस सम्मेलनमें-से ही आपने पुष्पदत्त तथा भूतबलि नामके दो नवदीक्षित परन्तु सुयोग्य साधुओंको उनकी सेवामें भेजा था।२८। ध. १/प्र. १४,२८ (H. L. Jain) (विशेष दे. अगला शीर्षक)

नन्दिसंघकी पट्टावलीमें (दे. आगे परिशिष्ट ४) आपके दो अपर नाम बताये गए हैं, गुप्तिगुप्त तथा विशाखाचार्य। इसपरसे आपके चन्द्रगुप्त होनेका सन्देह होता है, क्योंकि एक तो आपके नामके साथ 'गुप्त' शब्द पाया जाता है और दूसरे चन्द्रगुप्त मौर्यका दीक्षाका जो नाम विशाखाचार्य बताया गया है उसका भी आपके नामके साथ सम्बन्ध देखा जाता है। तीसरे आप भद्रबाहुके शिष्य नहीं तो प्रशिष्य अवश्य है। इस हेतुसे श्वेताम्बर विद्वान् आपको चन्द्रगुप्त कल्पित करके द्वादशवर्षी दुर्भिक्षका सम्बन्ध भद्रबाहु द्वि. के साथ जोडते है परन्तु इसका निराकरण पहले किया जा चुका है (दे. शीर्षक २ पर भद्रबाहु प्रथम)

पृ. ३१६ पर दी गई मूल संघकी पट्टावलीमें आपका काल वी नि. ५६५-६१३ कहा गया है जब कि परिशिष्ट ३ में कथित नन्दिसंघकी पट्टावलीमे द्वितीय दृष्टिके अनुसार लोहाचार्यके ५० वर्ष जोड देनेपर वह वी. नि. ५६५-६७५ प्राप्त होता है। दोनोंमें इनकी पूर्वावधि समान है परन्तु उत्तरावधिमें १८ वर्षका अन्तर है। इसपर से यह अनुमान होता है कि नन्दिसंघकी पट्टावलिमें कहा गया काल आपके आचार्य पदकी अपेक्षासे है और मूलसंघकी पट्टावलीमे जीवन कालकी अपेक्षासे अर्थात् इनका आचार्य पद संघ विघटनके समय समाप्त हो जाता है और वी. नि. ५६३ में इनकी समाधि होती है।

(विशेष दे अगला शीर्षक)। परन्तु अन्य कोई साक्ष्य उपलब्ध न होनेसे मैं स्वयं इस विषयमें अपनी जिह्वा हिलानेके लिए समर्थ नहीं हूँ। हो सकता है कि नन्दी संघकी पट्टावलीमें कही गई इनकी उत्तरावधि वास्तवमें इनके अनन्तरवर्ती माघनन्दीकी पूर्वावधि है, जो कि उत्तरावधिके रूपमें इन्हें प्राप्त हो गई है। इस विषयमें यह हेतु भी है कि नन्दी संघकी पट्टावली वास्तवमें आ. माघनन्दिसे प्रारम्भ होती है। उनसे पहले जो भद्रबाहु स्वामी तथा अर्हद्बलीका नाम लिया गया है वह केवल परम्परा गुरुके रूपमें उन्हें नमस्कार करनेके लिए है। (दे परिशिष्ट ४/१)। इसलिए मूलसंघकी पट्टावलीमें कथित वी. नि. ५६५–५९३ ही इनका काल मानना उचित है।

आपके द्वारा आयोजित यति सम्मेलनकी संगति आ. धरसेनकी उत्तरावधि (वी. नि. ६३३) के साथ बैठानेके लिए हम आपके आचार्यकालकी उत्तरावधि ५९३ से आगे बढ़ाकर ६३० तक ला सकते हैं, और ऐसा करनेमें कोई विशेष आपत्ति भी नहीं आती है, क्योंकि आ धरसेनको आपके पश्चाद्वर्ती न मानकर आपके समकालीन माना गया है। तदपि कोई साक्ष्य उपलब्ध न होनेसे इस विषयमें मैं स्वयं अपनी जिह्वा हिलानेके लिए समर्थ नहीं हूँ। (विशेष दे. अगला शीर्षक)।

८. यति सम्मेलन

यहाँ यह प्रश्न होता है (दे इससे पूर्ववर्ती शीर्षकमें आ. अर्हद्बली) कि यह सम्मेलन किस कालमें हुआ। (१) इस अवसर पर अनेकों संघोंमें विभाजित होकर मूलसंघकी सत्ता समाप्त हो गई थी और साथ-साथ आ. 'अर्हद्बली'का आचार्यत्व भी। इसलिए यह अनुमान होता है कि नन्दिसंघकी पट्टावलीमें कथित (दे परिशिष्ट ४) आ अर्हद्बलीके कालकी उत्तरावधि (वी. नि ५७५) ही इस सम्मेलनकी योजनाका काल है। सम्मेलन 'पंचवर्षीय युगप्रतिक्रमणके अवसरपर हुआ था। क्योंकि ५के अंकसे ५७५ पूरा-पूरा विभाजित हो जाता है इसलिए यह भी अनुमान होना सम्भव है कि भगवान् 'महावीरके' पश्चात् यह ११५वाँ युग प्रतिक्रमण हुआ होगा। परन्तु इतने मात्र परसे इस विषयमें निश्चित रूपसे कुछ कहना इतिसाहस होगा।

(२) क्योंकि दूसरी ओर आ. धरसेन स्वामीका सम्बन्ध भी इस घटनाके साथ सिद्ध है। उनका पत्र पाकर आ अर्हद्बलीने इसी सम्मेलनमें से दो नव-दीक्षित साधु उनकी सेवामें भेजे थे और जैसा कि आगे आ. धरसेनके प्रकरणमें बताया जाने वाला है उन्होंने इन साधुओंको बहुत शीघ्र ही 'महाकर्म प्रकृति' विषयक अध्ययन कराके अपना समाधि मरण निकट जान इन्हें अपने पाससे विदा कर दिया था। इस परसे दो सूचनायें प्राप्त होती है। एक तो यह कि अत्यन्त वीत-राग तथा तपस्वी होनेके कारण उन्होंने भक्तप्रत्याख्यानकी बजाय इङ्गिनी मरण स्वीकार किया था। दूसरी यह कि अपने शरीरकी स्थितिसे आशंकित रहनेके कारण उनका यह अध्ययन बहुत शीघ्र समाप्त किया था। यही कारण है कि अध्ययन प्रारम्भ करानेसे पहले उन्होंने इन शिष्योंके शिष्यत्वकी तथा प्रतिभाकी परीक्षा ली थी। इसलिये इस विषयमें कोई सन्देह नहीं किया जा सकता कि इन दोनोंने गुरुदत्त ज्ञानको अवधारण कर लिया हो। इस परसे हम यह कह सकते है कि इन दोनों सुयोग्य साधुओंकी प्राप्ति उन्हें अपने समाधि कालसे अधिकसे अधिक दो चार वर्ष पूर्व हुई थी और उसी समय यति सम्मेलन घटित हुआ था। आ. धरसेनके कालकी उत्तरा-वधि क्योंकि वी.नि.६३३ निर्धारित की गई है (दे आगे शीर्षक १०) इसलिये यति सम्मेलनका काल वी. नि. ६३० के आस-पास होनेकी सम्भावना प्रतीत होती है।

(३) परन्तु ऐसा माननेपर आ. अर्हद्बलिकी उत्तरावधि (वी. नि. ५९३)के साथ तथा आ. माघनन्दिकी पूर्वावधि (वी नि ५७५) के साथ संगति नहीं बैठती। इसलिए या तो अर्हद्बलिकी उत्तरावधिको ५९३ से नीचे उतारकर ६३० पर लाना चाहिये अथवा आ. धरसेनकी उत्तरा-वधिको ६३३से ऊपर उठाकर ५९५ या ५९७ पर लाना चाहिये। परन्तु ऐसा करनेसे उनके द्वारा 'जोणिपाहुड' ग्रन्थकी रचना सम्भव नहीं हो सकेगी, क्योंकि उसका रचनाकाल वी नि. ६०० माना गया है। इसलिये आ अर्हद्बलिकी उत्तरावधि वी.नि. ६३० मानी जा सकती है। यह बात सर्वमान्य भी है कि अर्हद्बलि माघनन्दि तथा धरसेन इन तीनोंके नाम भले ही मूलसंघकी पट्टावलीमें आगे-पीछे लिखे गये हों परन्तु वास्तवमें ये समकालीन थे।

(४) दूसरी बाधा माघनन्दि स्वामीकी पूर्वावधिके साथ आती है। यदि अर्हद्बलिकी उत्तरावधिके अनुसार सम्मेलनकी योजनाका काल वी. नि. ५९३ या ६३० माना जाता है तो माघनन्दिके कालकी पूर्वावधि भी यहाँ घटित होती है जबकि नन्दिसंघकी पट्टावलीमें वह वी नि ५७५ पर स्थापित की गई है। परन्तु इसका समाधान यह किया जा सकता है कि भले ही सम्मेलनके अवसर पर अनेकों संघोंकी स्थापना की गई हो, परन्तु सभी संघोंकी स्थापना उसी दिन हुई हो यह नहीं कहा जा सकता। सिंहसंघ, नन्दिसंघ, सेन या वृषभसंघ और देवसंघ ये जो चार प्रधान संघ है इनकी उत्पत्तिके विषयमें अनेकों धारणायें है। एकके अनुसार ये मूलसंघमें-से उत्पन्न हुए, एकके अनुसार ये मूलसंघमें हुए अर्थात् इन चारोंसे समवेत ही मूलसंघ माना जाता रहा। एकके अनुसार इनके संस्थापक अर्हद्बली थे और एकके अनुसार अकलंक देव थे। एकके अनुसार इनकी स्थापना अर्हद्बलिने स्वेच्छासे की थी और एकके अनुसार उनके जीवनकालमें स्थिति तथा स्थान की विशेषताके कारण यह स्वत हो गई थी। (दे. इतिहास ५/१ पृ ३१८)। इस अन्तिम धारणाके अनुसार नन्दिसंघकी उत्पत्ति उस समय हुई थी जबकि आ अर्हद्बलीके महातपस्वी माघनन्दिने नन्दि वृक्षके नीचे वर्षायोग धारण किया था। (दे. इतिहास ५/१ पृ ३१८)। हो सकता है कि यह घटना सम्मेलन वाली घटनासे बहुत पहले वी. नि ५७५ में घट चुकी हो और उसी समय माघनन्दि स्वामी नन्दि-संघका आद्य पट्ट प्राप्त हो गया हो।

९. माघनन्दि

पृ. ३१६ पर दी गई मूल संघकी पट्टावलीमें तथा आगे परिशिष्ट ३ में निर्दिष्ट नन्दिसंघकी पट्टावलीमें दोनों में ही आपका नाम अर्हद्बली अथवा गुप्तिगुप्तके पश्चात् आता है परन्तु, दोनों स्थानोंपर दिया गया आपका काल भिन्न है। मूलसंघकी श्रुतधर परम्परामें आपकी गणना पूर्वविदोंमें की गई है और काल वी नि ५९३-६१४ स्थापित किया गया है जबकि नन्दिसंघमें निर्दिष्ट द्वितीय दृष्टिके अनुसार वह वी नि. ५७५-५७९ बताया गया है (दे परिशिष्ट ४) इससे सिद्ध होता है कि ५९३ आपके आचार्यपदकी पूर्वावधि नहीं थी। आ. अर्हद्बलि-की उत्तरावधि ही यहाँ नाम क्रमके कारणसे आपकी पूर्वावधिके रूपमें प्राप्त हो गई है। वस्तुत: अर्हद्बलिके शिष्य हो कर भी आप उनके पश्चाद्वर्ती न होकर समकालीन थे। इससे पहले जो यति सम्मेलनके विषयमें चर्चा की गई है उसके अनुसार नन्दिसंघकी स्थापना आ. अर्हद्बलिके कालमें उस समय हुई थी जबकि श्री माघनन्दिजीके तपकी परीक्षा करनेके लिये उन्होंने इनको नन्दी वृक्ष, जिसकी कुछ भी छाया नहीं होती है उसके नीचे वर्षायोग धारण करनेका आदेश दिया था, और उनके आदेशकी पालनामें सफल हो जानेपर आप को नन्दिकी उपाधि प्राप्त हुई थी। आपकी इस योग्यताको देखकर उस समय जिस संघका आद्य पट्ट आपको सौंपा गया था वही आपकी इस उपाधिके कारण नन्दि संज्ञाको प्राप्त हुआ था। आपके कालकी पूर्वावधि इस बातको सूचित करती है कि यह घटना वी. नि. ५७५ में घटी थी।

यहाँ यह शंका होती है कि नन्दिसंघकी पट्टावलीमें आपका आचार्यकाल केवल ४ वर्षके पश्चात् वी. नि ५७९ में क्यों समाप्त

कर दिया गया जबकि मूलसघकी पट्टावलीमें आपकी सत्ता वी नि ६१४ तक पायी जाती है। यद्यपि इसका उत्तर खोजनेकी आवश्यकता विद्वानोंको आजतक प्रतीत नहीं हुई है तदपि इस विषयमें अपनी ओरसे मैं एक विलष्ट कल्पना प्रस्तुत करता हूँ। इस शंकाका निवारण करनेके लिये मुझे इनके विषयमें प्रसिद्ध वह कथा याद आती है जिसके अनुसार एक कुम्हारकी कन्यापर आसक्त होकर आप चरित्र-भ्रष्ट हो गए थे। हो सकता है कि यह घटना आचार्यपद प्राप्ति से ४ वर्ष पश्चात वी नि ५७९ में घटित हुई हो और उसके कारण आपका आचार्यत्व अकस्मात समाप्त हो गया हो।

यहाँ पुन यह शंका होती है कि ऐसा होनेपर जब इनका साधुपद ही समाप्त हो गया तो नन्दिसघकी पट्टावलीके कर्ता आ इन्द्रनन्दिने अपने श्रुतावतारमें वी नि. ६१४ तक आपका स्मरण कैसे किया। इसके उत्तरमें मैं आपका ध्यान उक्त कथानकके द्वितीय भागकी ओर ले जाता हूँ, जिसके अनुसार कुछ ही दिनोके पश्चात् किसी एक सैद्धान्तिक शंक का समाधान पानेके लिये सकल संघका अनुमतिसे एक साधु स्वय इनसे मिलनेके लिये कुम्हारके घरपर गए थे और उन्हे इस प्रकार अपने पास आया देखकर आपके हृदयमे आत्म ग्लानि जागृत हो गई थी। प्रतीत होता है कि यह घटना उनकी पदच्युतिके कुछ ही दिनोके पश्चात् घटित हुई थी, अन्यथा सघके हृदयमे उनके प्रति इतना बहुमान शेष न रह गया होता। प्रायश्चित पूर्वक पुन दीक्षा धारण कर लेनेपर जब आपने अपना स्थितिकरण कर लिया तो बहुत सम्भव है कि आपकी ज्ञान गरिमाके कारण सकल सघने पुन आपको अपना आचार्य स्वीकार कर लिया हो, और उसके पश्चात् समाधि मरण होने तक आप सघके आग्रहसे उसी पदपर आसीन रहे हो। ऐसा मान लेनेपर नन्दिसघके पदपर आप का पूरा काल ४ वर्षकी बजाय ३९ वर्ष हो जाता है। इसमेंसे वी नि ५७५ से ५७९ तकके ४ वर्ष तो भ्रष्ट होनेसे पहलेके है और ५७९ से ६१४ तकके ३५ वर्ष पुन दीक्षा लेनेके पश्चात के है। नन्दिसंघकी पट्टावलीमे इनके पूर्ववर्ती ४ वर्षोंका ही उल्लेख किया गया है जबकि मूलसघकी पट्टावलीमे इनका पूरा जीवनकाल दिया गया है। यदि नन्दि सघवाली पट्टावलीमे उनका ३५ वर्ष प्रमाण यह दूसरा काल भी जोड़ लिया जाय तो इनके तथा इनके पश्चाद्वर्ती जिनचन्द्रके मध्य जो ६७ वर्षका अन्तर है वह घटकर केवल ३२ वर्ष रह जाता है। (दे आगे परिशिष्ट ४ मे नन्दिसंघकी पट्टावली)।

१०. धरसेन

मूलसंघकी पट्टावली (दे पृ ३१६) में आपकी स्थापना अङ्गाशधारियो अथवा पूर्वविदोंकी आम्नायमें की गयी है। विद्याभ्यासी होनेके कारण सौराष्ट्र देशके गिरनार गिरीकी चन्द्रगुफामें अकेले रहते थे। भगवान् महावीरसे आगत 'महा कर्मप्रकृति' का ज्ञान आपको आचार्य परम्परासे प्राप्त था। उसका अवच्छेद न हो जाये इस आशंकासे आपने दो युवा तथा योग्य साधु भेजनेके लिए दक्षिणपथके आचार्यो के उस महायति सम्मेलनको पत्र भेजा था, जो कि उस समय आ अर्हद्बलिने महिमानगर (जिला सतारा) मे पञ्चवर्षीय युगप्रतिक्रमणके अवसर पर एकत्रित किया था। आ अर्हद्बलि द्वारा वहाँसे भेजे गए पुष्पदन्त तथा भूतबलि नामसे प्रसिद्ध दो नव दीक्षित साधुओंको उस विषयका अध्ययन करानेके पश्चात् अपनी मृत्यु निकट जान आषाढ शु. ११ को आपने उन्हे अपने पाससे विदा कर दिया। कुछ समय पश्चात् ही वहा आपकी इङ्गिनीमरण समाधि हो गई। (ध ९/४,१,४४/१३३), (ब. नेमिदत्त कृत आराधना कथाकोषमें आ. धरसेनकी कथा), (ध. १/प्र १८/H.L. Jain), (सिद्धान्तसारादि संग्रह/श्रुतावतार/प्रस्तावना २१/पृ ३१६)। उन दोनो साधुओंने इनके पाससे विदा होकर अङ्कलेश्वरमें चातुर्मास किया और पीछे षट्खण्डागम नामक ग्रन्थमें गुरुदत्त ज्ञानको निबद्ध कर दिया (दे. आगे पुष्पदन्त-भूतबलि)।

मूलसंघकी पट्टावलीके अनुसार

लोहाचार्य तक अगधारियोकी परम्परा चलती रही। उनके पश्चात विनयदत्त आदि चार अगांशधारी हुए और उनके पश्चात् क्रमश अर्हद्बलि, माघनन्दि तथा धरसेनका नामोल्लेख किया गया। ये तीनों आचार्य अगांशमेंसे भी छुट पुट किसी एक आध प्राभृतको जाननेवाले थे। इनकी परम्परामे क्योंकि धरसेनका नाम माघनन्दिके पश्चात् आया है इसलिए यह सन्देह हो जाना स्वाभाविक है कि माघनन्दि धरसेनके गुरु थे, परन्तु ऐसा कोई निश्चित साक्ष्य उपलब्ध नहीं है उक्त क्रमका तात्पर्य यह हो सकता है कि ये तीनो समकालीन थे, अन्यथा अर्हद्बलि द्वारा आयोजित यति सम्मेलनका धरसेनके द्वारा पत्र देना सम्भव न होता। दूसरी बात यह भी है कि उस समय वे अति वृद्ध हो चुके थे और इसीलिए स्वय यति सम्मेलनमें सम्मिलित नहीं हुए। यही कारण है कि नन्दी सङ्घका नायकत्व माघनन्दिको सौंपा गया। दूसरी ओर षट्खण्डागमकी रचनाके निमित्तसे प्राप्त पुष्पदन्त तथा भूतबलिके द्वारा एक स्वतन्त्र परम्पराकी स्थापना हुई जिसका उल्लेख उन सङ्घोंकी सूचीमें नहीं हो सका जिनकी स्थापना अर्हद्बलिने की थी। माघनन्दिके पश्चात् नन्दिसङ्घका नायकत्व उनके शिष्य जिनचद्रके हाथमें गया। यही कारण है कि नन्दिसंघकी पट्टावलीमें माघनन्दिकी बजाय जिनचन्द्रका नाम आता है। (ध १/प्र.१५-१६/H L Jain), (ती २/२८-४५), (जै १/२३-४४)।

इन्द्र नन्दि कृत श्रुतावतारमें (दे पृ ३१७) इनका काल वी नि ६१४-६३३ बताया गया है। इससे इनकी पूर्वावधि वी नि ६१४ जाननेमे आती है। परन्तु वास्तवमे ऐसा नहीं है। पट्टावलीमे दिये गए क्रमके अनुसार माघनन्दिकी उत्तरावधि ही इन्हे पूर्वावधिके रूपमे प्राप्त हो गई है। जो अर्हद्बलीके समकालीन होनेके कारण वी नि ५६५ होनी चाहिए थी। दूसरी बात यह है कि धरसेनाचार्यको महा-निमित्तज्ञानी माना गया है। इसी बातको लक्ष्य करके उनके शिष्य भूतबलिने षट्खण्डागममें 'प्रज्ञाश्रमणो'को नमस्कार किया है (ष ख ४/१/६८)। इस प्रज्ञाश्रमणके द्वारा रचित मन्त्र तन्त्र विषयक 'जोणि-पाहुण' नामक एक ग्रन्थ उपलब्ध है जिसका काल वी नि ६०० के आसपास निर्धारित किया गया है। मुख्तार साहब इस सर्व कथनको ज्यो का त्यो मानकर भी इनका काल वी नि ६१४-६३३ निर्धारित करते है (जै १/४४)। परन्तु क्योंकि यह काल माननेपर उनके द्वारा 'जोणिपाहुण' की रचना सम्भव नहीं हो सकेगी। इसलिए इनकी पूर्वावधिको ६१४ से उठ कर अर्हद्बलीके समकक्ष ५६५ पर जाना चाहिए। अर्थात् इनका काल वी नि ५६५-६३३ (ई ३८-१०६) होना चाहिए। प्राय सभी विद्वान् इस विषयमें एकमत है। (ध १/प्र. २१/H L Jain), (ती २/४५), (जै २/४३-४४)। स्वयं इनके निवास-स्थान गिरनार गिरिकी चन्द्रगुफामे प्राप्त शक स, ७२ (ई १५०) के एक शिलालेखके आधारपर डा ज्योति प्रसादने इन्हे ई श १ में स्थापित किया है, जिसपरसे उपर्युक्त मान्यताको समर्थन प्राप्त होता है। (ती. २/४७)।

११. पुष्पदन्त भूतबली—

विबुध श्रीधरके श्रुतावतारमे भविष्यवाणीके रूपमे जो कथा दी गई है उसमे इन दोनोके जीवनपर प्रकाश पड़ता है। तदनुसार वसुन्धरा नगरीके राजा नरवाहन सुबुद्धि नामक सेठके साथ दीक्षा धारण करेंगे। उस समय वहाँ एक लेखवाहक आयेगा। वे मुनि उससे लेख लेकर बाँचेंगे कि गिरनारके समीप गुफावासी धरसेन मुनीश्वर कुछ दिनोमे नरवाहन और सुबुद्धि नामक मुनियोंको पठन श्रवण और चिन्तन कराकर आषाढ शु. ११ को शास्त्र समाप्त करेंगे। भूत-जन रात्रिको उनमेंसे एककी बलिविधि (पूजा) करेंगे और दूसरेके चार दान्तोंका सुन्दर बना देंगे। अतएव भूत-बलिके प्रभावोंसे नर-वाहन मुनिका नाम भूतबलि और चार दान्त समान हो जानेसे

सुबुद्धि मुनिका नाम पुष्पदन्त होगा। (ती.२/५० पर उद्धृत सिद्धान्त सारादि संग्रह ग्रन्थाक २१ पृ ३१६-३१७) इस कथानकपर से यह सिद्ध होता है कि धरसेनाचार्य इनके शिक्षागुरु थे। दीक्षा गुरु नहीं। इनके दीक्षागुरु वास्तवमें अर्हद्बलि थे। श्रवणबेलगोलके शिलालेख नं १०५ में इन्हें स्पष्ट रूपसे अर्हद्बलिका शिष्य कहा गया है। (ध १/प्र. १८/H. L Jain)।

जिनका नाम नरवाहन कहा गया है वे राजा जिनपालितके समकालीन तथा उनके मामा थे। इस परसे यह अनुमान किया जाता है कि राजा जिनपालितकी राजधानी 'वनवास' ही आपका जन्म-स्थान था। आप कल्याणकी कामनासे वहाँसे चलकर आ. अर्हद्बलि-की शरणके लिये पुण्ड्रवर्धन आये और उनसे दीक्षा लेकर तुरत उनके साथ महिमा नगर (जिला सतारा) चले गए जहाँ कि गुरु अर्हद्बलि ने बृहत् यति सम्मेलनकी योजना की थी। उसी सम्मेलनमें आकर सुबुद्धि श्रेष्ठिने दीक्षा ली थी। इन्हींका नाम आगे जाकर भूतबलि पड़ा। इस सम्मेलनसे गुरु अर्हद्बलिके द्वारा भेजे गए ही ये दोनों अध्ययन करनेके लिये गिरनारगिर आचार्य धरसेनस्वामी को प्राप्त हुए थे। आषाढ शु. ११ को अध्ययन पूरा हो जानेपर धरसेन गुरुसे विदा ले ये दोनों गिरनारके निकट अंकलेश्वर आ गए और वहाँ चातुर्मास धारण कर लिया।

इन्द्रनन्दिकृत श्रुतावतार १३२-१३४ (ती २/५१,५४) जग्मतुरथ करहाटे तयो' स य' पुष्पदन्त नाम मुनि'। जिनपालिताभिधानं दृष्टवाऽसौ भगिनेय स्व ॥ दत्त्वा दीक्षा तस्मै तेन सम देशमेत्य वनवासम्। तस्थौ भूतबलिरपि मधुर.यां द्रविडदेशेऽस्थात्। १३२-१३३। अथ पुष्पदन्त मुनिरप्यध्यापयितुं स्वभागिनेयं तम्। कर्मप्रकृतिप्रभाभृतमुपसंहार्यैव गडभिरिह खण्डै ॥१३४॥ =वर्षावास पूरा करके पुष्पदन्त और भूत-बलि दोनोंने दक्षिणकी ओर विहार किया और दोनों 'करहाटक' (कोल्हापुर) पहुँचे। वहाँ उनमें से पुष्पदन्त मुनिने अपने भानजे राजा जिनपालितसे भेंट की और उसे दीक्षा देकर अपने साथ ले 'वनवास' देशको चले गए। तथा भूतबलि द्रविड देशकी मदुरा नगरीमें ठहर गए। उधर वनवासमें अपने भानजे जिनपालितको पढानेके लिये पुष्पदन्त मुनिने 'कर्म प्रकृति प्राभृत' का छः खण्डोंमें उपसंहार किया और 'वीसदि सूत्र' की नाम से जीवस्थान नामक प्रथम अधिकारकी रचनाकी। उसे जिनपालितको पढाकर भूतबलिका अभिप्राय अवगत करनेके लिये उसीके हाथ उसे उनके पास भेज दिया। इसपरसे भूत-बलिने पुष्पदन्त गुरुका षट्खण्डागम रचनेका अभिप्राय जान लिया। उनकी आयु अल्प ही शेष रह गई है यह जान कर उन्होंने धरसेन गुरुसे प्राप्त सकल ज्ञानको 'षट्खण्डागम' के नामसे निबद्ध कर दिया। (ध १/प्र. २०/H. L. Jain), (जै १/४५)

इस परसे यह अनुमान करना सहज है कि आयुमें पुष्पदन्त भूतबलिकी अपेक्षा वृद्ध थे और उनके स्वर्गारोहणके पश्चात् भी भूतबलि २०-२५ वर्ष जीवित रहते रहे। अत इन दोनोंके साधु जीवनका प्रारम्भ आ.अर्हद्बलिके अन्तिम पादमें होता है। और अन्त भूतबलिकी अपेक्षा पुष्पदन्तका पहले हो जाता है। मूलसंघकी पट्टावलीमें अर्हद्बलिके कालकी अन्तिम अवधि वी नि. ५६३, पुष्प-दन्तकी ६३३ और भूतबलिकी ६८३ बताई गई है (दे. पृ ३१६ पर इतिहास ४/२) इनकी पूर्वावधिमें पूर्वापर्य केवल उनके नाम क्रमके कारणसे है। उसका प्रारम्भ वास्तवमें यति सम्मेलनके कालसे होता है। यदि वह सम्मेलन वी. नि. ६३० में घटित किया जाय (दे. शीर्षक ७ पर अर्हद्बलि) तो इनकी पूर्वावधि वी. नि ५३० सिद्ध हो जाती है। परन्तु विद्वानोंने यति सम्मेलनके कालका निर्धारण न करके अर्हद्बलि की उत्तरावधि को ही इनकी पूर्वावधि मान लिया है। तदनुसार आ. पुष्पदन्तका काल वी. नि. ५६३-६३३ (ई. ६६-१०६) और भूतबलिका वी. नि. ५६३-६८३ (ई ६६ १५६) प्राप्त होता है। डॉ. ज्योति प्रसादने पुष्पदन्तको ई. ५०-८० में और भूतबलिको ई ६६-९० में स्थापित किया है। डॉ नेमि चन्द ने सामान्य रूपसे इन दोनोंको ई. श. १-२ में निर्धारित किया है। (ती २/५३,५७),

परिशिष्ट ३—(गुणधर आम्नाय)

१ सामान्य परिचय

आ इन्द्रनन्दि कृत श्रुतावतारमें मूलसंघके प्रधान प्रधान आचार्योंका विचार कर लिया गया। उसके अनुसार (दे पृ ३१६) श्रुतधरों की अविच्छिन्न वी.नि. ३४५ पर आकर समाप्त हो जाती है। तत्पश्चात् २२० वर्षतक अंगधारियोंकी परम्परा चलती रही और तदुपरान्त ११८ वर्षतक किसी किसी एक पूर्व का अथवा पूर्वांशका ज्ञान ही शेष रह गया। इन पूर्वांशोंको सुरक्षित रखनेके लिए उन्हें लिपिबद्ध करने या करानेकी की परम्परा वी नि. ६१४ ६८३ के आस-पास प्रारम्भ हुई। मूलसंघकी पट्टावलीके अन्तमें कथित आ. धरसेन, पुष्पदन्त तथा भूतबलिकी गणना इसी परम्परामें की जाती है। इसी परम्परामें आ. गुणधरकी भी एक आम्नाय है जिसका उल्लेख उक्त श्रुतावतारमें उपलब्ध नहीं होता है। इसका कारण यह है कि श्रुतावतारके कर्ता आ. इन्द्रनन्दिने यद्यपि इस आम्नायका नाम तो सुन रखा था परन्तु इसकी गुरु परम्पराका ज्ञान उन्हें नहीं था। 'गुणधरसेनान्वयगुर्वो' पूर्वापरक्रमोऽस्माभि' न ज्ञायते, तदन्वयकथ-कागममुनिजनाभावात्'। (इन्द्रनन्दि कृत श्रुतावतार १५१) (ती. २/३०)। जिस प्रकार धरसेनकी आम्नायमें आ. पुष्पदन्त तथा भूत-बलि प्राप्त होते है उसी प्रकार इस आम्नायमें आर्यमक्षु, नागहस्ति तथा यतिवृषभ प्राप्त होते है। दोनों आम्नायें प्राय: समकालीन तथा समकक्ष होते हुए भी परस्परमें एक दूसरेसे पृथक् तथा स्वतन्त्र थी। धरसेनकी आम्नायने जिस प्रकार भगवान् वीरसे आगत 'महाकर्म प्रकृति प्राभृत' के ज्ञानको षट्खण्डागमके रूपमें लिपिबद्ध किया, इसी प्रकार आ गुणधरकी इस आम्नायने भगवान् वीरसे आगत 'पेज्जदोसपाहुड'के ज्ञानको 'कसायपाहुड' के नामसे लिपिबद्ध किया।

२. गुणधर

ज. ध /मंगलाचरण ६-जेणिह कसायपाहुडमणेयणयमुज्ज्वलं अणंतत्थं। गाहाहि विवरियं तं गुणहरभडारयं।

ज. ध. ६ की व्याख्या=ज्ञानप्रवादके निर्मल दसवें वस्तु अधिकारके तृतीयकसायपाहुडरूपी समुद्रके जलसे प्रक्षालित मतिज्ञानरूपी नेत्र-धारी एव त्रिभुवन-प्रत्यक्ष-ज्ञानकर्ता गुणधर भट्टारक है, और उनके द्वारा उपदिष्ट गाथाओंमें सम्पूर्ण कसायपाहुडका अर्थ समाविष्ट है। तृतीय कषाय प्राभृत महासमुद्रके तुल्य है और आचार्य गुणधर उसके पारगामी है।

आचार्य वीरसेनके उक्त कथनसे यह ध्वनित होता है कि आचार्य गुणधर पूर्वविदोंकी परम्परामें सम्मिलित थे किन्तु धरसेनाचार्य पूर्वविद होते हुये भी पूर्वविदोंकी परम्परामें नहीं थे। (ती. २/२६)।

पञ्चम पूर्वगत 'पेज्जदोसपाहुड' का जो ज्ञान आपको पूर्वांशधारियों की परम्परामें प्राप्त हुआ था उसे सुरक्षित करनेकी भावनामें आपने यद्यपि उसे १८० गाथाओंमें उपसंहृत कर दिया था तदपि आपने इन गाथाओंको लिपिबद्ध नहीं किया था। आचार्य परम्परासे वे गाथायें नागहस्तिको और उनके पादमूलसे यतिवृषभको प्राप्त हुईं। ७००० चूर्णिसूत्रोंकी रचना द्वारा विस्तृत करके उन्होंने ही इन १८० गाथाओंको 'कषायपाहुड' के नामसे लिपिबद्ध किया। (दे. कषायपाहुड अथवा कोश २/परिशिष्ट १)।

इस सर्व कथनपरसे यह अनुमान सहज हो जाता है कि आप धरसेन स्वामीसे अधिक नहीं तो २-३ पीढी पूर्व अवश्य होने चाहिए। हमारे इस अनुमानकी पुष्टि इस तथ्यसे भी होती है कि

आचार्य गुणधर द्वारा कथित १८० गाथा प्रमाण 'पेज्जदोस पाहुड' की भाषा धरसेन द्वारा कथित षट्खण्डागमकी अपेक्षा प्राचीन प्रतीत होती है, और षट्खण्डागममें 'पेज्जदोसपाहुड' का तथा उसकी मान्यताओंका उल्लेख स्थल-स्थलपर पाया जाता है। इनके इस परिवर्तित्वकी अवधिको और अधिक स्पष्ट करनेके लिये हम आ अर्हद्बलिके द्वारा महिमा नगरमें आयोजित उस यति सम्मेलनकी ओर अपना लक्ष्य ले जा सकते है, जिसमें कि उन्होने मूल संघको अनेक संघोमें विभाजित किया था। इन संघोकी सूचीमें 'गुणधर संघ' का नाम आता है (दे इतिहास ४/६)। इस प्रकार से यह प्रतीत होता है कि अर्हद्बलिके समयमें मूलसघमें पृथक् आ गुणधरका भी एक स्वतन्त्र संघ अवश्य विद्यमान था, जो कि उस समय तक अपनी ज्ञान गरिमाके कारण इतनी ख्याति प्राप्त कर चुका था कि आ अर्हद्बलिका उनके व्यक्तिगत नामसे एक संघको सत्ता स्वीकार करनी पडी। इन्द्रनन्दि कृत श्रुतावतारमें अथवा मूलसंघकी पट्टावलीमें उनके नामका उल्लेख न होनेका भी कारण सम्भवत यही हो कि आचार्य अर्हद्बलीकी भाति आ गुणधर भी उस समय एक स्वतन्त्र संघके अधिपति थे। इस हेतुसे इन्हे अर्हद्बलीसे भी कम से कम एक पीढी पूर्व अर्थात् लोहाचार्यके समकालीन अवश्य होना चाहिए। मूलसघ की पट्टावलीके अनुसार लोहाचार्यका काल क्योकि वी नि ५१५-५६५ है, इसलिए आपको भी हम वी नि. शताब्दि ६ के पूर्वार्धमें अर्थात् वि पू प्रथम शताब्दिमें प्रतिष्ठित कर सकते है। लगभग यही समय डा नेमिचन्द्रने भी निर्धारित किया है (ती २/३०)।

इनकी गुरुपरम्परा विषयक ज्ञान क्योकि विस्मृतिके गर्भमें लीन हो चुका है, इसलिये इनके कालका निर्धारण करनेमें इससे अधिक खोज की जानी सम्भव नहीं है। 'गुणधरधरसेनान्वयगुर्वो पूर्वापरक्रमोऽस्माभि । न ज्ञायते तदन्वयकथकागममुनिजनाभावात् ॥१५१॥" (इन्द्रनन्दि कृत श्रुतावतार १५१, ती २/३० पर उद्धृत)।

१. आर्यमक्षु और नागहस्ती

इन दोनों महाश्रमणोका नाम दिगम्बर तथा श्वेताम्बर दोनो आम्नायोमे अति सम्मानसे लिया जाता है। दिगम्बर आम्नायमे इनका स्थान आ पुष्पदन्त तथा भूतबलिके समकक्ष पूर्वांशविदोकी उस अन्तिम परम्परामे है जो कि भगवान्से आगत उत्तरोत्तर हीयमान श्रुतको लिपिबद्ध करने अथवा करानेमे अग्रगण्य रही है। इनके कालका निर्णय करनेके लिए विद्वानोने दिगम्बर तथा श्वेताम्बर दोनो ही आम्नायोसे साक्ष्य ग्रहण किये है।

(१) दिगम्बर आम्नायके अनुसार इन दोनोको आ गुणधर कथित 'पेज्जदोसपाहुड' की १८० गाथाके आचार्य परम्परासे प्राप्त हुई थीं। 'पुणो ताओ सुत्तगाहाओ आइरिय परपराए आगच्छमाणाओ मंखुणागहत्थीणं पत्ताओ।' (ज ध १/पृ ८८)। आ. गुणधरके मुखकमलसे विनिर्गत इन गाथाओके अर्थको इन दोनों आचार्योंके पादमूलमे सुनकर आ. यति वृषभने (ई १५०-१८०) मे ६००० चूर्ण सूत्रोंकी रचना की थी। 'पुणो तेसि दोन्हं पि पादमूले असीदिसदगाहाणं गुणहरमुहकमल विणिग्गयाणमत्थं सम्म सोऊण जयिवसह भडारएण पवयणवच्छलेण चुण्णिसुत्तं कयं।' (ज ध १/§६८/८८)। ये यति वृषभाचार्य आर्यमंक्षुके शिष्य और नागहस्तिके अन्तेवासी थे। 'जो अज्जमखुसीसो अतेवासी वि णागहत्थिस्स। वित्तिसुत्तकत्ता जइवसहो मे वरं देऊ।८। (ज ध १०/पृ ४)। इन साक्ष्योपरसे यद्यपि इनके कालका सुनिश्चित ग्रहण नहीं होता है तदपि इतना अनुमान अवश्य हो जाता है कि ये दोनों आचार्य गुणधर देवकी चौथी पीढ़ीमें कहीं हुए हैं। आर्यमंक्षु नागहस्तिके ज्येष्ठ गुरुभ्राता है। यति वृषभाचार्यको दीक्षा देनेके कुछ ही काल पश्चात इनकी समाधि हो गई। तदुपरान्त २०-२५ वर्ष तक नागहस्तिकी सेवामें उपस्थित रहते हुए यतिवृषभाचार्यने कषायपाहुडको लिपिबद्ध किया। अत आर्यमंक्षुको पुष्पदन्त (वी नि ६३३-६६३) का और नागहस्तिको भूतबली (वी.नि. ६६३-६८३) का समकालीन होना चहिए।

(२) श्वेताम्बर आम्नायोमे आ धर्मघोष (वि स १३२७) कृत सिरिदुसमकाल समणसघ थय' नामक एक पट्टावली प्रसिद्ध है। तदनुसार राजा पुष्यमित्रका स्वर्गवास वी. नि ६१८ मे हुआ। उनके पश्चात इस संघमे पाँच आचार्य हुए। इन पाँचोमें 'वायरसेन'का काल तीन वर्ष, नागहस्तीका ६६ वर्ष, रेवतीमित्रका ५६ वर्ष, जभदेवसूरिका ७८ वर्ष और नागार्जुनका ७८ वर्ष माना गया है। इसपर से नागहस्तिका काल वी नि ६२०-६८६ निश्चित हो जाता है। (ती, २/७५)। दूसरी ओर नन्दि सूत्रकी मलयगिरि टीकामे आर्यमंक्षुको आर्यनन्दिलका और नन्दिलको नागहस्तिका गुरु बतलाया गया है। साथ ही आर्यमंक्षुको श्रुतसागरक पारगामी और नागहस्तिको 'कर्मप्रकृति' ज्ञानमें प्रधान कहा गया है। इसपरसे यह कहा जा सकता है कि ये नागहस्ति सम्भवत वही है जिनकी चर्चा कि यहाँ की जा रही है। (जै १/१२)। यदि यह ठीक है और पूर्वोक्त समणसघ वाले नागहस्ति भी वही है तो निर्धारण करनेमे कुछ भी कठिनाई नहीं रह जाती कि नागहस्तिका काल वी नि ६२०-६८६ है और आर्यमंक्षुका लगभग वी नि ६००-६५०। ऐसा माननेसे दिगम्बर आम्नायकी उपर्युक्त धारणाओके साथ भी विरोध नहीं आता है। विपरीत इसके उसकी परिपुष्टि होती है। यद्यपि आ. वज्रयशके नामवाली एक तीसरी पट्टावलीके अनुसार आर्यमंक्षुका काल वी.नि. ४६७ आता है। (दे. आगे शीर्षक ४)। परन्तु उपर्युक्त साक्ष्योंके साथ मेल न बैठनेके कारण इस मान्यताका ग्रहण शक्य नहीं है। हो सकता है कि प्रकृत आर्यमंक्षुसे पूर्ववर्ती ये कोई अन्य ही आर्यमंक्षु हों, और पट्टावली न होनेके कारण प्रकृत आर्यमंक्षुका उस पट्टावलीमे उल्लेख न किया गया हो।

यहाँ यह बात विशेष रूपसे विचारणीय है कि जयधवलाकार वीरसेन स्वामीने यतिवृषभको आर्यमंक्षुका शिष्य बतलाया है न कि नागहस्तिका। तथापि यतिवृषभने अपने किसी भी ग्रन्थमें उनका स्मरण नहीं किया है। इसके समाधानार्थ हम अपना लक्ष्य श्वेताम्बर आम्नायमे प्रसिद्ध उस कथाकी ओर ले जाते है जिसके अनुसार चारित्रसे भ्रष्ट हो जानेके कारण आर्यमंक्षु मरकर यक्ष हो गए थे। (जै १/१५) गुरु होते हुए भी चारित्र भ्रष्ट हो जानेके कारण वे स्मरण किये जाने योग्य नहीं रह गये हों, ऐसा होना सम्भव है। इसका दूसरा कारण यह भी हो सकता है कि सम्भवत वे श्वेताम्बर हों। श्वेताम्बर पट्टावलियोमे उनका नामोल्लेख होना और दिगम्बर पट्टावलीमें न होना इस सन्देहका समर्थक है। इसलिए बहुत सम्भव है कि वे आ यतिवृषभके केवल शिक्षा गुरु हों, दीक्षा गुरु नहीं। परन्तु निश्चित रूपसे इस विषयमे कुछ नहीं कहा जा सकता है, क्योकि इसका दूसरा हेतु यह भी हो सकता है कि गणधर स्वामीकी आम्नायमे होनेके कारण दिगम्बर होते हुए भी ये मूलसंघसे बाहर हो। (दे. इससे पहला शीर्षक)।

४ वज्रयश

जैसा कि इससे पहले आर्यमंक्षु वाले प्रकरणमें सकेत किया है श्वेताम्बर आम्नायमें वज्रयशकी एक पट्टावली प्राप्त है, जिसके अनुसार आर्यमंक्षुका काल वी नि. ४६७ आता है, परन्तु अन्य साक्ष्योंके आधारपर उनका काल वी. नि ६००-६५० निर्धारित किया गया है। इसलिये इन वज्रयशके विषयमें भी एक संक्षिप्त सी जानकारी प्राप्त कर लेनी उचित है।

तिल्लोयपण्णत्तिमें इन्हें अन्तिम प्रज्ञाश्रमण कहा गया है। 'पण्णसमणेसु चरिमो वइरजसो णाम ओहिणाणीसु' (ति प. ४/१४८०)। श्वेताम्बराचार्य श्रीधर्मघोष (वि. सं. १३२७) द्वारा सगृहीत जिस 'सिरिदुसमकाल-समणसंघ-थयं' नामक पट्टावलीका इससे पहले आर्यमंक्षुकी

चर्चा करते हुए उल्लेख किया गया है, उसमें इनका नाम 'आयरसेन' के रूपमें नागहस्तिसे पहले आता है और तदनुसार इनका समय भी वी. नि. ६१७-६२० निश्चित किया गया है। परन्तु कल्पसूत्रकी स्थविरावलीमें 'अज्जवइर' नामके दो आचार्योंका उल्लेख प्राप्त होता है। दोनों परस्परमें गुरु शिष्य कहे गए है। 'अज्जवइर प्र०' का काल वी. नि ४९६-५८४ और 'अज्जवइर द्वि.' का वी. नि. ६१७-६२० बताया गया है। इन दोनोके पहले आर्यमक्षु का नाम आता है और उनके अनन्तर नागहस्तिका (ती २/७५-७६)। उपर्युक्त आयरसेन तथा इस अज्जवइर द्वि. का काल समान देखकर यह अनुमान होता है कि ये दोनों एक ही व्यक्ति थे। परन्तु पहली पट्टावलीमें आयरसेनसे पहले नागहस्तिका नाम आता है और द्वि. में दोनों अज्जवइरसे पहले आर्यमक्षुका नाम है। पहलीमें आर्यमक्षुका नाम नहीं है और दूसरीमें नागहस्तिका। दूसरी ओर तिलोय पण्णत्तिमें जिन्हे अन्तिम प्रज्ञाश्रमण कहा गया है वे यतिवृषभके दादा गुरु अर्थात् नागहस्तिके गुरु ये 'अज्जवइर' द्वि. ही प्रतीत होते है। इसलिये यहाँ इन दोनोसे पहले जो आर्यमक्षुका नाम दिया गया है वह विचारणीय हो जाता है, क्योंकि उपर्युक्त कालोंके अनुसार उनका काल वी. नि ४६७ प्राप्त होता है (ती. २/७६) जबकि इनका काल वी. नि. ६००-६५० निर्धारित किया जा चुका है। इस विप्रतिपत्तिका समाधान प्राप्त करनेके लिये हम कह सकते है कि अज्जवइर की भाँति आर्यमक्षु नाम के व्यक्ति भी दो हुए हों यह बात असम्भव नही है। यहाँ जिनका उल्लेख किया गया वे आर्यमक्षु प्रथम हों और वहाँ जिनका उल्लेख किया गया है वे द्वितीय हों।

५. यतिवृषभाचार्य

आप आर्यमंक्षुके शिष्य तथा नागहस्तिके अन्तेवासी कहे गए है। इनके द्वारा प्राप्त आ० गुणधरदेव के 'पेज्जदोसपाहुड' विषयक ज्ञानको इन्होने ही ६००० चूर्णि सूत्र रचकर 'कषाय पाहुड' के रूपमे लिपिबद्ध किया था। (दे, शीर्षक न० ३)। इसके अतिरिक्त 'तिलोयपण्णति' भी आपका एक प्रसिद्ध ग्रन्थ है। निम्न साक्ष्योको समक्ष रखकर विद्वानोंने आपके काल का सुनिश्चित अवधारण किया है—

(१) वी.नि ६८१ में विद्यमान आ नागहस्ति के आप अन्तेवासी थे। (२)—वी नि. ६६३ ६८३ में विद्यमान आ. भूतबलिकृत षट्खण्डागममें कषायप्राभृतके अनेको ऐसे अभिमतोका उल्लेख है जिन्हे धवलाकार श्री वीरसेन स्वामीने तन्त्रान्तर कहा है। (३)—सर्वार्थसिद्धि (वि. श ६, वी. नि. श १०) और विशेषावश्यक भाष्य (वि. ६६६, वी. नि. ११३६) में आपके अभिमतोंका उल्लेख प्राप्त होता है। (४) वि. ५१५ (वी. नि ६८५) में रचित आ० सर्वनन्दिके 'लोक विभागका उल्लेख तिलोयपण्णतिमें पाया जाता है। (५) तिलोयपण्णतिमें धर्मव्युच्छित्तिका काल २०३१७ वर्ष पश्चात् होना कहा गया है। (ति. प. ४/१४९३) जिसका अर्थ यह होता है कि २१००० वर्ष प्रमाण पञ्चम कालमें से ६८३ वर्ष बीत जानेके समय आप विद्यमान थे (६) तिलोय पण्णतिमें वीर निर्वाण के १००० वर्ष पश्चात् तकके राजाओका सुनिश्चित काल दिया गया है। (ति प ४/१४९९-१५०६)।

इन सकल साक्ष्योंपर से दो परिणाम प्राप्त होते है। आद्य तीनके आधारपर आपका काल आ नागहस्ति (वी. नि. ६२०) से लेकर भूतबलि (वी नि. ६८३) तक कहीं होना चाहिये। अत: हम आपको वी. नि. श. ७ अथवा वि. श ३ के पूर्वार्धमें स्थापित कर सकते है। परन्तु उपान्त तीन साक्ष्योंपरसे कुछ विद्वान् आपको वि. श. ५-६ में कल्पित करते है। इन दोनों कालोंके मध्य इतना बडा अन्तराल है कि किसी एकका त्याग करनेके लिये बाध्य होना पडता है। तहाँ आद्य तीन साक्ष्य इतने प्रबल है कि उनका त्याग किसी प्रकार भी सम्भव नहीं। इसलिये उपान्त तीनके त्यागके लिये समुचित समाधानका अन्वेषण करना चाहिये।

डा. ज्योतिप्रसादजीने ऐतिहासिक साक्ष्यके आधारपर राजाओके कालकी चर्चा करनेवाली गाथाओको किसी अन्य व्यक्तिके द्वारा प्रक्षिप्त मान कर छोड दिया। (ती २/८६)। इसी प्रकार चतुर्थ प्रमाणके त्यागमें भी यह हेतु दिया जा सकता है कि तिलोयपण्णतिमें यतिवृषभने जिस लोक विभागकी चर्चा की है वह वास्तवमें सर्वनन्दि कृत ग्रन्थ नहीं है, प्रत्युत 'लोक विभाग' विषयक वह ज्ञान है जो कि आचार्य परम्परा द्वारा नागहस्तिको और उनके पाससे इनको प्राप्त हुआ था। इस प्रकार यतिवृषभाचार्यका काल वी नि. श ७, वि श ३ का पूर्वार्ध, और ई श २ का उत्तरार्ध ही समुचित प्रतीत होता है। (तदनुसार इन्हे वी नि ६७०-७००, वि २००-२३०, ई. १४३-१७३ में स्थापित किया जा सकता है।

अपने तिलोयपण्णति ग्रन्थमें आचार्य यतिवृषभने स्वयं धर्मकी व्युच्छित्तिका काल २०३१७ वर्ष पश्चात् होना कहा है। इसका अर्थ यह हुआ कि २१००० वर्ष प्रमाण पचम कालके (२१०००-२०३१७=६८३ वर्ष बीत जानेके समय आप विद्यमान थे। भगवान् वीरका निर्वाण पचम काल प्रारम्भ होनेके ३ वर्ष ८ मास पहले बताया गया है (दे महावीर)। इस प्रकार भी आपका काल (६८३+३ वर्ष ८ मास)=६८६ वर्ष ८ मास अर्थात् वी. नि ६७०-७०० प्राप्त होता है।

परिशिष्ट ४—(नन्दिसंघ विचार)

१. चार संघोंकी स्थापना

अब तकके कथनपर से यह अवधारण हो गया कि भगवान् वीरके निर्वाणके पश्चात् गौतम गणधरसे लेकर अर्हद्बलि तक उनका मूल संघ अविच्छिन्न रूपसे चलता रहा। आ अर्हद्बलिके युगमे आकर यह सघ ज्ञानका अत्यन्त ह्रास हो जानेके कारण धीरे-धीरे विघटित होना प्रारम्भ हो गया और इसका स्थान अनेकों अवान्तर सघोने ले लिया। आचार्य अर्हद्बलिके विषयमे यह बात सर्वप्रसिद्ध है कि पचवर्षीय युग प्रतिक्रमणके समय उन्होने दक्षिण देशस्थ महिमा नगर (जिला सतारा) मे एक महान् यति सम्मेलन किया था, जिसमे १००-१०० योजनके यति आकर सम्मिलित हुये थे। उनमे अपने शिष्योके प्रति कुछ पक्षपातकी बू देखकर आ अर्हद्बलिने अनेक संघों में विभाजित करके मूलसघकी सत्ता समाप्त कर दी। यद्यपि आचार्य वरके द्वारा संस्थापित संघोंमें नन्दिसघ आदिका नामोल्लेख भी किया गया है, तथापि सामान्य कथन होनेसे इस बातको सिद्धि नहीं होती कि इन सारे संघोंकी स्थापना उन्होने उसी समय की थी। हो सकता है कि इससे पहले भी अत्यन्त योग्य अपने शिष्योकी अध्यक्षतामें वे अनेक संघोकी नींव डाल चुके हो। इससे पहले हम यति सम्मेलनकी चर्चा करते हुये यह बात सिद्ध कर चुके है कि सिहसंघ, नन्दिसंघ, सेन या वृषभ सघ और देवसंघ इन चार सघों की स्थापना यति सम्मेलन वाली घटनासे बहुत पहले वी. नि. ५७५ मे उस समय हुई थी जबकि अपने चार अत्यन्त योग्य तथा समर्थ शिष्योकी परीक्षा करनेके लिये उन्होने उनको पृथक्-पृथक् विकट स्थानोंमें वर्षायोग धारण करनेका आदेश दिया था। वर्षायोग समाप्त हो जानेपर उनकी सामर्थ्यसे सन्तुष्ट होकर उन्होने उन चारोंकी अध्यक्षतामें पृथक्-पृथक् उक्त चार सघोकी स्थापना की थी। तहाँ नन्दिवृक्ष जिसकी छाया कुछ भी नही होती है उसके नीचे वर्षायोग धारण करनेवाले शिष्यको नन्दिकी उपाधि प्राप्त हुई और उसकी अध्यक्षतामे जिस संघकी स्थापना की गई उसका नाम नन्दिसघ पडा। तृणतलमेंवर्षायोग धारण करनेवाले शिष्यको वृषभकी उपाधि प्राप्त हुई और उसका संघ वृषभ संघ कहलाया। इसी प्रकार सिंहकी गुफामें जिसने वर्षायोग धारण किया उसके सघका नाम सिंहसंघ

और दैवदत्ता नामक वेश्याके नगरमें वर्षायोग धारण करनेवालेके संघका नाम देवसंघ पड़ा। (दे परिशिष्ट २/८)

२. नन्दिसंघ बलात्कार गण

नन्दिवृक्षके नीचे वर्षायोग धारण करनेवाले वे तपस्वी हमारे प्रसिद्ध माघनन्दि आचार्यके अतिरिक्त अन्य कोई नहीं है, जिनकी चर्चा पहले की जा चुकी है (दे.परिशिष्ट २/१)। इनके नामके साथ लगी हुई नन्दि उपाधिके कारण ही उनके इस संघका नाम नन्दिसंघ पड़ गया है। इस संघकी एक पट्टावली प्रसिद्ध है जिसमें आचार्योंका पृथक-पृथक् काल निर्देश किया गया है और इसलिये वह इतिहासज्ञोंके लिये बड़े महत्त्वकी वस्तु है। यद्यपि इस पट्टावलीके कर्ता भी वही इन्द्रनन्दि हैं जिन्होंने कि मूलसंघकी पट्टावलीका संकलन किया है और इन दोनों पट्टावलियोंको अपने श्रुतावतारमें एक साथ निबद्ध किया है। परन्तु गौतम गणधरसे लेकर भूतबलि तकके ६८३ वर्षोंकी गणना जिस प्रकार उन्होंने वीर निर्वाणकी अपेक्षासे की है, उस प्रकार इस पट्टावलीमें नहीं की है। 'वीरात् ४६२ विक्रमजन्मान्तर वर्ष २२, राज्यान्तर वर्ष ४' अर्थात् वीर निर्वाणके ४६२ वर्ष पश्चात् अथवा विक्रम जन्मके २२ वर्ष पश्चात् अथवा उसके राज्याभिषेकसे ४ वर्ष पश्चात् श्री भद्रबाहु स्वामी (द्वितीय) हुये। इतना कहकर उनका काल २२ वर्ष, गुप्तिगुप्तका १० वर्ष, माघनन्दिका ४ वर्ष इत्यादि—इस प्रकार आचार्योंका काल निर्देश कर दिया गया है। इस परसे यह स्पष्ट है इन्द्रनन्दिने आचार्योंके काल गणना, यहाँ विक्रमके राज्याभिषेकको वी नि ४८८ में घटित मानकर उसकी अपेक्षा की है। इसलिये एक आचार्यके द्वारा रचित होते हुये भी दोनों पट्टावलियोंमें दिये गये काल परस्परमें मेल खाते प्रतीत नहीं होते। इस संगतिको बैठानेके लिए यहाँ दोनों पट्टावलियोंका तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया जा रहा है।

१ पट्टावलीमें आचार्योंका जो काल दिया गया है। उसकी गणना विक्रम राज्यको वी नि ४८८ में मानकर की गई है, जबकि विद्वानों ने इस मान्यताको भ्रान्ति-पूर्ण सिद्ध किया (दे परिशिष्ट १)। २ इसमें भद्रबाहु द्वितीय तथा अर्हद्बलि (गुप्तिगुप्त) के नाम सम्मिलित कर दिये गये हैं, जबकि संघके साथ परम्परा गुरुके अतिरिक्त इनका अन्य कोई सम्बन्ध नहीं है। इन्हें नमस्कार करके पट्टावली वास्तवमें माघनन्दिसे प्रारम्भ की गई है। ३. इन दोनोंके मध्य लोहाचार्यका नाम छोड़ दिया है जिनका काल मूलसंघकी पट्टावलीमें ५० वर्ष दिया गया है। इसका कारण सम्भवतः यह रहा हो कि आगे-पीछे वालेको नमस्कार हो जाने पर मध्यवर्तीको वह स्वयं प्राप्त हो जाती है। ४. अर्हद्बलि (गुप्तिगुप्त) का काल यहाँ वी नि ५६५ से ५७५ तक केवल १० वर्ष दिया गया है जबकि उक्त पट्टावलीमें वह ५६५ से ५९३ तक २८ वर्ष दिया गया है। इसका हेतु यह हो सकता है कि यहाँ उनका आचार्यत्व काल दिया गया है और वहाँ जीवन काल। वी नि. ५७५ में मूलसंघका विघटन होनेके साथ आपका आचार्यत्व समाप्त हो जाता है परन्तु जीवन समाप्त नहीं होता है। वह वी नि. ५९३ तक चलता रहा है। ५ माघनन्दिका काल यहाँ वी नि ५७५ से ५७९ तक केवल चार वर्ष दिया गया है, जबकि वहाँ ५९३ से ६१४ तक २१ वर्ष दिया गया है। इसका कारण सम्भवतः यह रहा हो कि इनके जीवनकी एक प्रसिद्ध घटनाके अनुसार पट्ट-प्राप्तिके कुछ काल पश्चात् ये चारित्रसे भ्रष्ट हो गये थे और कुछ दिनोंके या १-२ महीनेके पश्चात् दीक्षित होकर अपनी ज्ञान गरिमाके कारण पुनः आचार्य पदपर प्रतिष्ठित हो गए थे (दे परिशिष्ट २/१) यहाँ केवल भ्रष्ट होनेसे पहलेवाला काल दिया गया है, पुनः प्राप्त आचार्यत्वका द्वितीय काल नहीं। दूसरी ओर वी. नि ५९३ इनकी पूर्वावधि नहीं है। वह वास्तवमें वी नि ५७५ में नन्दि संघकी स्थापनासे प्रारम्भ होती है। सारणीमें दी गई यह पूर्वावधि वास्तवमें इनके पूर्ववर्ती अर्हद्बलिकी उत्तरावधि है जो इन्हें पूर्वावधिके रूपमें प्राप्त हो गई है। (विशेष दे. परिशिष्ट २/१)। ६. इन सब बातोंको ध्यानमें रखकर यदि इन तीनके कालका निर्णय किया जाये तो विक्रम राज्यको वी. नि ४८८ में माननेवाली आ. इन्द्रनन्दिकी उक्तिके अनुसार भी इनका काल मूलसंघके साथ सर्वथा मिल जाता है। १ वर्षका अन्तर रहता है जिसे दूर करनेके लिये भद्रबाहुके कालमें १ वर्षकी वृद्धिकी जा सकती है।

इस प्रकार तीन आचार्योंके कालकी संगति बैठ जानेपर भी कुन्दकुन्द तथा उमास्वामीके कालके साथ इसकी संगति नहीं बैठती है। इस आपत्तिको दूर करनेके लिये पं फूलचन्द्रजी यहाँ निर्दिष्ट कालको विक्रमके राज्याभिषेकसे न मानकर शक संवत् माननेका सुझाव देते हैं (स.सि./प्र ७८)। ऐसा करनेसे यद्यपि कुन्दकुन्द तथा उमास्वामीके साथ तो संगति बैठ जाती है, परन्तु प्रथम तीनका काल गड़बड़ा जाता है जिसके समाधानमें पण्डितजी श्रुतावतारमेंदिये गए इस श्लोककी याद दिलाते हैं—'गुणधरधरसेनान्वय गुर्वोः पूर्वापरक्रमोऽस्माभिः। न ज्ञायते तदन्वयकथकागममुनिजनाभावात् ।१५१। इसके अनुसार मूलसंघकी पट्टावली (दे, इतिहास ४/४) में आप यशोबाहु तथा भद्रबाहु द्वि के मध्य ३-४ नाम और जोड़ देनेका सुझाव देते हैं, परन्तु ऐसा करने से आ धरसेन आदिका काल गड़बड़ा जाता है, इसलिये इसका कोई अन्य ही उपाय सोचना चाहिये। पट्टावलीमें कुन्दकुन्दका काल वि. राज्य संवत् ४९-१०१ दिया गया है जो वी नि. ४८८ वाली उक्त मान्यताके अनुसार वी. नि. ५३७-५८९ आता है जबकि शक संवत्की अपेक्षा वह वी नि ६५४-७०६ प्राप्त होता है। दोनोंमें ११७ वर्षका अन्तर है। इसमें-से लोहाचार्य वाले ५० वर्ष घटा देनेपर ६७ वर्ष रहते हैं। माघनन्दिका ५७९ से ६१४ तकका ३५ वर्ष प्रमाण द्वितीय आचार्यत्व काल जोड़ लिया जाये तो यह अन्तर संकुचित होकर केवल ३१ वर्ष रह जाता है। इसे यदि जिनचन्द्रके १ वर्ष प्रमाण कालमें जोड़कर उनका आचार्यत्व काल ४० वर्ष बना दें तो यह अन्तर पट जाता है और इन्द्रनन्दिकी मान्यता शक संवत् वाली मान्यताके तुल्य हो जाती है। नीचेवाली सारणीमें इन दोनों दृष्टियोंका तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

संकेत '—प्र. दृष्टि=विक्रम राज्यको शक संवत् मानकर। द्वि. दृष्टि=विक्रम राज्यको वी नि. ४८८ में मानकर १ वर्षकी यथोक्त वृद्धिके साथ भद्रबाहुके कालकी संगति बैठा लेनेके उपरान्त, उसमें क्रमशः अगले अगलेका आचार्यत्व काल जोड़ते जाना और साथ साथ उस आचार्यत्व कालमें यथोक्त वृद्धि भी करते जाना।

नाम	प्र दृष्टि		द्वि दृष्टि		
	वि.रा.	वी.नि.	काल	वी.नि.	विशेषता
भद्रबाहु २	४-२६	६०९-६३१	२२	४६२-५१४	
			१	५१४-५१५	मूलसंघके समान
लोहाचार्य			५०	५१५-५६५	"
गुप्तिगुप्त (अर्हद्बली)	२६-३६	६३१-६४१	१०	५६५-५७५	नन्दिसंघोत्पत्ति तक
			१८	५७५-५९३	यति सम्मेलन तक
माघनन्दि—					
प्र. आचार्यत्व	३६-४०	६४१-६४५	४	५७५-५७९	भ्रष्ट होनेसे पहले
द्वि. "			३५	५७९-६१४	पुनः दीक्षाके बाद
जिनचन्द्र	४०-४९	६४५-६५४	९	६१४-६२३	
			३१	६२३-६५४	काल वृद्धि
पद्म नन्दि (कुन्दकुन्द)	४९-१०१	६५४-७०६	५२	६५४-७०६	
उमास्वामी	१०१-१४२	७०६-७४७	४१	७०६-७४७	
			२३	७४७-७७०	जैन इतिहासानुसार
लोहाचार्य ३	१४२-१५३	७४७-७५८	आगे द्वि. दृष्टिका प्रयोजन समाप्त		

३. जिनचन्द्र

नन्दिसंघकी पट्टावलीमें उल्लिखित आचार्योंमें से भद्रबाहु द्वि. तथा माघनन्दि विषयक विचार परिशिष्ट २ में कर लिया गया। माघनन्दिके पश्चात् कुन्दकुन्दके गुरु आ. जिनचन्द्रका नाम आता है। विद्वत्समाज में भी आप कुन्दकुन्दके गुरु स्वीकार किये गए हैं। (दे. कुन्दकुन्द) पट्टावलीके अनुसार आपका काल वी. नि. ६१४-६२३ आता है परन्तु कुन्दकुन्दके कालके साथ संगति बैठानेके लिये पट्ट-कालमें ३१ वर्ष जोडकर इनकी उत्तरावधि ६२३ की बजाय ६५४ कल्पित कर ली गई है। इसलिये भले ही इनकी उत्तरावधिके विषय में हमें सन्देह बर्तता हो तदपि इनकी पूर्वावधि वी. नि. ६१४के विषयमें हमें अब अधिक सन्देह नहीं रह गया है।

यहाँ एक विप्रतिपत्ति उत्पन्न होती है। श्वेताम्बर संघके आदि प्रवर्तकका नाम भी जिनचन्द्र कहा गया है और उनका काल भी लग-भग यही बताया गया है, क्योंकि उनके द्वारा श्वेताम्बर संघकी यह स्थापना वि. सं. १३६ (वी नि ६०६) में बताई गई है। इनके दादा गुरु भद्रबाहु गणी बताये जाते हैं और गुरुशान्त्याचार्य जिनकी हत्या करके कि ये श्वेताम्बर संघके गणी बने थे। (दे श्वेताम्बर)। दूसरी ओर कुन्दकुन्दके गुरु जिनचन्द्रका उल्लेख यहाँ किया जा रहा है उनके भी दादा गुरु नहीं तो पडदादा गुरु अवश्य भद्रबाहु ही थे। इस परसे यह सन्देह होता है कि ये दोनों एक ही व्यक्ति थे। परन्तु कुन्द-कुन्द जैसे महान आचार्यके गुरु ऐसे घोर कर्मी हों ये बात गले नहीं उतरती। दोनोंके गुरु भी भिन्न हैं। तथापि इस विषयमें निश्चित रूपसे कुछ कहा नहीं जा सकता क्योंकि कुन्दकुन्दके विषयमें यह बात प्रसिद्ध है कि इनका श्वेताम्बरोंके साथ बहुत बडा शास्त्रार्थ हुआ था। जिसमें उन्होंने सरस्वतीकी मूर्तिसे यह बात कहला दी थी कि दिगम्बर मत प्राचीन है (दे. कुन्दकुन्द)। इससे यह अनुमान होता है कि अवश्य ही इनके गुरुने इनसे श्वेताम्बर संघके जन्म तथा शैथिल्यकी चर्चा की होगी और उस संघकी ओरसे इनके गुरुके प्रति कुछ दुर्व्यवहार हुआ होगा।

यद्यपि इस विषयमें विद्वानोंने चर्चा करना आवश्यक नहीं समझा है तदपि इस स्थलपर उसकी चर्चा करना मुझे आवश्यक प्रतीत होता है। इस विषयमें यहाँ विचारकोंके समक्ष एक क्लिष्ट कल्पना प्रस्तुत करता हूँ जिसकी युक्तता अथवा अयुक्तता के विषयमें मुझे कुछ भी आग्रह नहीं है। बहुत सम्भव है कि ये दोनों एक ही व्यक्ति हों। भद्रबाहु प्र के कालमें मूलसंघका जो भाग दक्षिणकी ओर न जाकर उज्जैनीमें रुक गया था उसने परिस्थितिसे बाध्य होकर अर्धफालक संघका रूप धारण कर लिया था जो वि. सं. १३६ तक उसी रूपमें विचरण करता रहा (दे. श्वेताम्बर) हो सकता है कि वि. सं १३६ में इस संघके आचार्य शान्त्याचार्य हों और उनके शिष्य जिनचन्द्र हों। शान्त्याचार्यने जब संघसे प्रायश्चित पूर्वक अपना स्थितिकरण करनेकी बात कही तो इन्होंने कुछ षड्यन्त्र करके उन्हें मरवा दिया और बेधडक होकर अपना शैथिल्य पोषण करनेके लिये सांगोपांग श्वेताम्बर संघकी नींव डाल दी। यद्यपि उस समय वासनासे प्रेरित होकर इन्होंने यह घोर अनर्थ कर डाला तदपि ब्रह्महत्याका यह महापातक इनके अन्तष्करणको भीतर ही भीतर जलाने लगा। बहुत प्रयत्न करने पर भी जब वह शान्त नहीं हुआ तो ये दिगम्बर संघकी शरणमें आये क्योंकि अपनी ज्ञान गरिमा तथा तपश्चरणके कारण उस समय आ. माघनन्दिका तेज दिशाओं विदिशाओंमें व्याप्त हो रहा था। गुरुके चरणोंमें लोटकर आत्मग्लानिसे प्रेरित हो आपने अपने दुष्कृत्यकी घोर भर्त्सना की और खुले हृदयसे आलोचना करके उनसे प्रायश्चित देनेके लिये प्रार्थना की। मित्र शत्रुमें समचित्त परमोपकारी गुरु ने उनके हृदयको शुद्ध हुआ देखकर उन्हें समुचित प्रायश्चित्त दिया और उन्हें पुनः दीक्षा देकर अपने संघमें सम्मिलित कर लिया। ५-६ वर्ष पर्यन्त उग्र तपश्चरण करके जिनचन्द्रने अपनी समस्त कालिमायें धो डालीं और जिनेन्द्रके समीचीन शासनमें चन्द्रकी भाँति उद्योत फैलाने लगे। सकल संघके साथ अपने गुरुके भी वे विश्वासपात्र बन गए, बिल्कुल उसी प्रकार जिस प्रकार कि ब्राह्मण इन्द्रभूति भगवान् महावीरके। गुरु प्रवर माघ-नन्दिने स्वयं अपने हाथोंसे वी. नि ६१४ में उन्हें संघके पट्टपर आसीन कर दिया और उनकी छत्रछायामें सकल संघ ज्ञान तथा चारित्रमें उन्नत होने लगा। इस घटनाके ८-९ वर्ष पश्चात वी. नि. ६२३ में कुन्दकुन्दने उनसे दीक्षा धारणकी।

दिगम्बर संघके आचार्य बन जानेके कारण अवश्य ही इनके ऊपर श्वेताम्बर संघकी ओरसे कुछ आपत्तियें आई होंगी जिन्हें इन्होंने समतासे सहन किया। परन्तु शिष्य होनेके नाते कुन्दकुन्द उसे सहन न कर सके और आचार्य पदपर प्रतिष्ठित होते ही श्वेता-म्बर संघके इस अनीति पूर्ण दुर्व्यवहारको रोकने तथा अपने संघकी रक्षा करनेके लिये उन्होंने उसके साथ मुंहदर मुंह होकर शास्त्रार्थ किया। कुन्दकुन्द के तप तथा तेजके समक्ष वह संघ टिक न सका और लज्जा तथा भय वश उसे अपनी प्रवृत्तियें रोक लेनी पडी।

४. उमास्वामी (गृद्धपिच्छ)

पट्टावलीमें जिनचन्द्रके पश्चात् कुन्दकुन्दका और उनके पश्चात् गृद्धपिच्छका नाम आता है। कुन्दकुन्दके विषयमें विस्तृत चर्चा द्वितीय खण्डमें यथा स्थान निबद्ध है, पुनः उसका उल्लेख यहाँ करना न्याय-विरुद्ध है। इनके शिष्य गृद्धपिच्छके विषयमें कुछ जानकारी देना अवश्य यहाँ प्रयोजनीय है। इनका नामोल्लेख नन्दिसंघके बलात्कारगण तथा देशीयगण दोनों ही गणोंमें प्राप्त होता है। बला-त्कार गणवाली पूर्वोक्त पट्टावलीमें इनके शिष्य लोहाचार्य तृ बताये गए हैं और देशीयगणमें बलाकपिच्छ। इससे यह जाना जाता है कि आपके दो शिष्य थे। उनमेंसे लोहाचार्य तृ बलात्कार गणके आचार्य-पद पर प्रतिष्ठित हुए और बलाकपिच्छकी अध्यक्षतामें इस संघका देशीयगण उत्पन्न हुआ जो आगे जानेपर पुनः दो शाखाओंमें विभा-जित हो गया—गुणनन्दि शाखा और गोलाचार्य शाखा।

(दे. इतिहास ७/१,५)

१ नाम

निम्न उद्धरणोंसे पता चलता है कि आपका असली नाम उमास्वामी था और किसी एक विशेष घटनाके कारण गृद्धपिच्छकी उपाधि आपको प्राप्त हो गई थी। आप ही दिगम्बर तथा श्वेताम्बर दोनों आम्नायों-में मान्य तत्त्वार्थसूत्रके कर्ता हैं।

ध. ४/१,५,२/३१६ तह गिद्धपिंछाइरियप्पयासिदतच्चत्थसुत्ते वि 'वर्तना-परिणामक्रियाः परत्वापरे च कालस्य' इदि दव्वकालोपरुविदो—गृद्ध पिच्छाचार्यके द्वारा प्रकाशित तत्त्वार्थसूत्रमें 'वर्तनापरिणाम क्रिया परत्वापरत्वे च कालस्य' कह कर द्रव्यकालकी प्ररूपणा की गई है।

श्ल. वा./मू./पृ. ६ एतेन गृद्धपिच्छाचार्यपर्यन्तमुनिसूत्रेण व्यभिचारता निरस्ता।—इसपरसे गृद्धपिच्छाचार्य पर्यन्त मुनिसूत्रके द्वारा व्यभि-चार निरस्त कर दिया गया।

तत्त्वार्थसूत्रकी अनेक प्रतियोंमें उपलब्ध अन्तिम पद्य—तत्त्वार्थसूत्रकर्तारं गृद्धपिच्छोपलक्षितम्। वन्दे गणीन्द्रसंजातमुमास्वामीमुनीश्वरम्।—गौतम गणधरकी परम्परामें प्राप्त तत्त्वार्थसूत्रके कर्ता उमास्वामीको मैं प्रणाम करता हूँ, जो गृद्धपिच्छके नामसे उपलक्षित किये जाते हैं।

पार्श्वनाथ चरित (वादिराज कृत) १/१९ अतुच्छगुणसम्पातं गृद्धपिच्छं नतोऽस्मि तम्। पक्षीकुर्वन्ति यं भव्या निर्वाणायोत्पतिष्णवः।—आकाशमें उडनेकी इच्छावाले पक्षी जिस प्रकार अपने पङ्खोंका सहारा लेते हैं, उसीप्रकार मोक्षरूपी नगरको जानेके लिए भव्यलोग जिस मुनीश्वरका सहारा लेते है उस महामना अगणित गुणोंके भण्डारस्वरूप गृद्धपिच्छ नामक मुनिराजके लिये मेरा सविनय नमस्कार है।

इनके अतिरिक्त श्रवणबेलगोलसे प्राप्त शिलालेख सं. ४०,४२,४३,४७,५०, १०५,१०८ में उमास्वामीका अपर नाम गृद्धपिच्छ पाया जाता है और एक अभिलेखमें इस उपाधिके सार्थक्य की भी चर्चा की गई है। (दे. शिलालेख संग्रह / भाग १)

शिलालेख सं १०८/पृ २१०-२११ अभूदुमास्वातिमुनि. पवित्रे वंशे तदीये सकलार्थवेदी। सूत्रीकृतं येन जिनप्रणीतं शास्त्रार्थजातं मुनिपुङ्गवेन॥ स प्राणिसंरक्षणसावधानो बभार योगी किल गृद्धपक्षान्। तदा प्रभृत्येव बुधा यमाहुराचार्यशब्दोत्तरगृद्धपिच्छम्॥

शिलालेख सं.४३/पृ.४३ अभूदुमास्वातिमुनिश्वरोऽसावाचार्यशब्दोत्तरगृद्धपिच्छ। तन्वये तत्सदृशोऽस्ति नान्यस्तात्कालिकाशेषपदार्थवेदी॥ = आचार्य कुन्दकुन्दके पवित्र वंशमे सकलार्थके ज्ञाता उमास्वाति मुनीश्वर हुए, जिन्होंने जिनप्रणीत द्वादशाङ्गवाणीको सूत्रोंमें निबद्ध किया। इन आचार्यने प्राणिरक्षाके हेतु गृद्धपिच्छोंको धारण किया। इसी कारण वे गृद्धपिच्छाचार्यके नामसे प्रसिद्ध हुए।

शिलालेख सं. १०५/पृ. ११८ श्रीमानुमास्वातिरय यतीशस्तत्त्वार्थसूत्र प्रकटीचकार। यन्मुक्तिमार्गाचरणोद्यतानां पाथेयमार्ह्य भवति प्रजानां॥ तस्यैव शिष्योऽजनि गृद्धपिच्छ-द्वितीयसंज्ञस्य बलाकपिच्छ। यत्सूक्तिरत्नानि भवन्ति लोके मुक्त्यङ्गनामोहनमण्डनानि॥ = यतियोंके अधिपति श्रीमान् उमास्वातिने तत्त्वार्थसूत्रको प्रगट किया, जो मोक्षमार्गके आचरणमें उद्यत मुमुक्षुजनोंके लिये उत्कृष्ट पाथेय है। उन्हींका गृद्धपिच्छ दूसरा नाम है। इनके एक शिष्य बलाकपिच्छ थे। जिनके सूक्तिरत्न मुक्ति अंगनाके मोहन करनेके लिये आभूषणोंका काम देते है।

२. तत्त्वार्थसूत्रके रचयिता

उक्त प्रकार दिगम्बर साहित्य तथा अभिलेखोका अध्ययन करनेसे यह ज्ञात होता है कि तत्त्वार्थसूत्रके रचयिता गृद्धपिच्छाचार्य, अपर नाम उमास्वामी या उमास्वाति है। इस परसे श्वेताम्बर विद्वान् पं. सुखलाल जी अपनी तत्त्वार्थसूत्र (विवेचन) की प्रस्तावनामें तत्त्वार्थसूत्रके कर्ता गृद्धपिच्छ उमास्वामीको न मानकर वाचक उमास्वातिको मानते है। परन्तु उनका यह कहना घटित नहीं होता क्योंकि वाचक उमास्वातिके द्वारा रचित श्वेताम्बरमान्य तत्त्वार्थाधिगम नामक शास्त्र वास्तवमे तत्त्वार्थसूत्र न होकर उसका भाष्य है। इसलिये वे इन उमास्वातिसे भिन्न है। (ती. २/१४८,१५१), (जै २/२२८,२४४)

कुछ विद्वान् तत्त्वार्थसूत्रका कर्ता कुन्दकुन्दको मानते है, परन्तु विस्तृत समीक्षा करके पं० जुगल किशोर जी मुख्तारने इस मतका निराकरण किया है। (दे. जैन साहित्य और इतिहास पर विशद प्रकाश। पृ. १०२-१०५), (ती. २।१४७)

३. अन्य परिचय

प्रेमी जी आपको यापनीय संघका कल्पित करते है (ध १।प्र. ५१। H.L. Jain), परन्तु प. कैलाश चन्द जी को यह मत मान्य नहीं है। (जै. २।२३४). आप कुन्दकुन्दके शिष्य थे और इनके शिष्य बलाक पिच्छ थे। (दे. इतिहास ७।१.५), (उपर्युक्त शिलालेख सं. १०५)। इसलिये तत्त्वार्थसूत्रमें आपने कुन्दकुन्द के पंचास्तिकाय नियमसार आदि ग्रन्थोंका अनुसरण किया है (जै २/२६३-२६४), (ती. २/१५६)। आपकी आयु ८४ वर्ष और आचार्यकाल ४० वर्ष ८ मास है। (ती. २ १५२)।

४. समय

नन्दि संघकी पट्टावलीमें इनका समय विक्रम राज्याभिषेक को वीर निर्वाण ४७० में मानकर उसके १०१ वर्ष पश्चात् प्रारम्भ किया है। जिसके अनुसार वह वी. नि. ५८९-६३० प्राप्त होता है। परन्तु विद्वज्जनबोधकके निम्न पदपरसे वह निश्चित रूपसे वी. नि. ७७० (वि. ३००) बताया गया है।

विद्वज्जनबोधक-वर्षसप्तशते चैव सप्तत्या च विस्मृतौ। उमास्वामिमुनिर्जातः कुन्दकुन्दस्तथैव च॥ = वीर निर्वाण संवत ७७० (वि. ३००) में उमास्वामी मुनि हुए और उसी समय (इससे कुछ पूर्व) कुन्दकुन्दाचार्य भी हुए। (स. सि /—७८। प. फूलचन्द) (ती. २/१५२), (जै. २।२९०) (तत्त्वार्थाधिगम /प्र ५/ प्रेमी जी)।

डा उपाध्येने कुन्दकुन्दका काल ई.श १ सिद्ध किया है। उमास्वामीको इससे कुछ पश्चात् होना चाहिये। इसलिये इन्हे हम ई श. १ के अन्तिम चरण और ई श २ के प्रथम चरणमें प्रतिष्ठित कर सकते है। (ती २/१५३)। प. कैलाशचन्द जी ने विद्वज्जनबोधकके अनुसार इनकी उत्तरावधि वी.नि. ७७० और पूर्वावधि वी.नि. ७०६ (कुन्दकुन्दकी पूर्वावधि) मानकर इन्हे वी. नि ७०६ ७७० अथवा वि. श ३ के अन्त (ई. श १ २ में स्थापित किया है।) (जै. २/२७२)। तत्त्वार्थसूत्रके रचना कालपरसे भी इसकी पुष्टि होती है। (दे. तत्त्वार्थसूत्र)

समाप्त